मानक अंग्रेज़ी-हिन्दी कोश

STANDARD ENGLISH-HINDI DICTIONARY

(भारत सरकार की सहायता से प्रकाशित)

मानक अंग्रेज़ी-हिन्दी कोश

STANDARD
ENGLISH-HINDI DICTIONARY

•

सम्पादक
सत्यप्रकाश, डी० एस-सी०
बलभद्र प्रसाद मिश्र, एम० ए०

•

शक १८९२ : सन् १९७१
हिन्दी साहित्य सम्मेलन • प्रयाग

(भारत सरकार की सहायता से प्रकाशित)

प्रकाशक : रामप्रताप त्रिपाठी, शास्त्री
सहायक मंत्री
हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

•

प्रथम संस्करण—१९७१
मूल्य : ६८ रु०

•

मुद्रक : सम्मेलन मुद्रणालय, प्रयाग

प्रकाशकीय

हिन्दी साहित्य सम्मेलन अपनी स्थापना के समय से ही हिन्दी का राष्ट्रव्यापी प्रचार करने तथा हिन्दी साहित्य के विविध अंगों के अभावों की पूर्ति के लिए रचनात्मक प्रयास करता रहा है। देश को स्वाधीनता मिलने से पूर्व सम्मेलन अपनी सम्बद्ध संस्थाओं तथा अपने वार्षिक अधिवेशनों के माध्यम से राष्ट्रभाषा आन्दोलन के लिए चतुर्मुख संघर्ष करता रहा और साथ ही प्रकाशन की अनेक उपयोगी योजनाएँ बना कर सत्साहित्य के निर्माण एवं प्रकाशन कार्य में भी लगा रहा। साहित्य निर्माण की उन अनेक योजनाओं में से विज्ञान एवं तकनीकी शब्दावली, पारिभाषिक शब्दकोश तथा मानक कोशों के निर्माण की योजना भी सम्मेलन के विचाराधीन रही। सन् १९४७ ई० में देश की स्वतंत्रता की घोषणा होने के साथ ही सम्मेलन ने प्राशासनिक कार्यों में हिन्दी को अग्रसर करने की दृष्टि से एक पर्याय-शब्द-समिति का गठन कर शासन-शब्द-कोश के निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया। इस कोश के निर्माता विश्वविश्रुत विद्वान् तथा हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तत्कालीन अध्यक्ष महापंडित राहुल सांकृत्यायन थे, जिन्होंने केवल १५ दिनों में शासन-शब्द-कोश का सम्पादन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। शासन-शब्द-कोश अपने युग का सर्वप्रथम प्रयास था जिसे हिन्दी जगत ने बड़ा आदर दिया।

इसी प्रसंग में विविध वैज्ञानिक विषयों के पांच पारिभाषिक शब्द-कोश और प्रकाशित किये जाने के अनन्तर एक ऐसे सर्वांगपूर्ण मानक हिन्दी कोश तथा मानक अंग्रेजी-हिन्दी कोश की आवश्यकता का अनुभव किया गया, जिनमें हिन्दी में ज्ञान-विज्ञान की सभी शाखाओं की प्रचुर शब्द-सम्पत्ति संचित हो। सम्मेलन के आदाता श्री जगदीश स्वरूप जी ने विषय की उपयोगिता और आवश्यकता का अनुभव कर सन् १९५३ ई० में एक कोश-निर्माण-परामर्श-दातृ समिति का गठन किया, जिसमें हिन्दी और अंग्रेजी के अनेक सुप्रसिद्ध विद्वान् थे। मानक हिन्दी कोश के सम्पादक श्री रामचन्द्र वर्मा और मानक अंग्रेजी-हिन्दी कोश के सम्पादक डा० हरदेव बाहरी नियुक्त किये गये। मानक हिन्दी कोश का प्रकाशन हो चुका है। उसका ग्रंथि-विमोचन संस्कार राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद जी ने किया था। हिन्दी-जगत में वह अपने ढंग का अनुपम कोश है। किन्तु मानक अंग्रेजी-हिन्दी कोश अनेक अप्रत्याशित कारणों से निर्धारित समय में प्रकाशित नहीं हो सका। समिति के निश्चय के अनुसार मानक अंग्रेजी-हिन्दी कोश का शब्द-चयन अंग्रेजी के अनेक सुप्रसिद्ध कोशों के आधार पर किया गया। कोश के प्रकाशन का यह प्रथम प्रयास जब सफल नहीं हुआ तो दूसरी बार सम्मेलन ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी डा० यदुवंशी एवं डा० सिद्धेश्वर वर्मा के निदेशन में दिल्ली में कोश का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया, जो सम्मेलन के पूर्व साहित्य मंत्री श्री रामचन्द्र टण्डन जी के तत्वावधान में होता रहा। किन्तु यह सामग्री भी केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जब अनुमोदित नहीं हो सकी तो सम्मेलन के प्रधम शासी निकाय ने जून १९६५ में एक नूतन सम्पादक समिति गठित की। इसके अधीन कुछ कार्य हुआ भी किन्तु उसकी गति आगे न बढ़ सकी। तब अन्त में डा० सत्यप्रकाश जी को अप्रैल १९६७ में इस कोश के सम्पादन एवं मार्गदर्शन का कार्यभार सौंपा गया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। डा० सत्यप्रकाश के निदेशों के अनुसार सम्पूर्ण कोश सामग्री का सम्पादन तथा प्रेस कापी बनाने और संशोधन आदि का महत्वपूर्ण कार्य सम्मेलन के पूर्व प्रधान मंत्री पं० बलभद्र प्रसाद मिश्र जी को सौंपा गया, जिन्होंने बड़ी तत्परता और निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन किया। मुझे स्वभावतः हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि लगभग अठारह वर्ष पुराना प्रयास आज सफल हो रहा है।

इस कोश के सम्पादन कार्य के निमित्त ६२, ५०० रु० का अनुदान दे कर तथा इसके प्रकाशन के निमित्त ६४, २७५ रु० का अनुदान देकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हिन्दी साहित्य सम्मेलन के आर्थिक भार को कम कर दिया है। केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के निदेशक, डॉ० गोपाल शर्मा तथा निदेशालय के अन्य अधिकारियों के प्रति, कोश के निर्माण और मुद्रण के विभिन्न चरणों में, उनके मुक्त सहयोग और मार्गदर्शन के लिये हिन्दी साहित्य सम्मेलन अपना हार्दिक आभार प्रकट करता है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह मानक अंग्रेजी-हिन्दी कोश अपने निर्दोष रचना-विधान, विपुल शब्द-सम्पदा और मुद्रणादि की विशेषताओं के कारण हिन्दी जगत में अपेक्षित सम्मान प्राप्त करेगा तथा प्रशासन और सार्वजनिक क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता स्वीकार की जायगी।

मौलिचन्द्र शर्मा
सचिव

भूमिका

१९४७ ई० में राष्ट्र स्वतंत्र हुआ, और इसे समृद्ध बनाने के सर्वतोन्मुखी प्रयास आरम्भ हुए। देश की राष्ट्रभाषा एवं समस्त जनपदों की सम्पर्क भाषा हिन्दी घोषित की गयी। पिछले पचास-साठ वर्षों में इस देश में अंग्रेजी भाषा का प्रचुर प्रचलन हुआ था। अब यह आवश्यक समझा गया, कि भारतीय भाषायें अपने को सम्पन्न बनायें, जिनसे उनका उपयोग समस्त राष्ट्रिय कार्यों में होने लगे। पिछली दो शतियों में अंग्रेजी की व्यापकता न केवल अपने देश में बढ़ी, यह भू-भाग के अनेक देशों की सम्पर्क भाषा भी बन गयी। यूरोप में यह इंग्लैण्ड (या यूनाइटेड किंगडम) की जन-भाषा थी। कैनाडा में अंग्रेजी और फ्रेंच को मान्यता मिली। दक्षिणी अफ्रीका में अंग्रेजी और ऐफ्रिकान (एक प्रकार की डच भाषा) भाषाओं को स्वीकार किया गया। दक्षिण अमरीका में स्पेनिश और अंग्रेजी को प्रधानता मिली। आस्ट्रेलिया और संयुक्त राष्ट्र अमरीका में अनेक यूरोपीय देशों के व्यक्ति थे, जिन्होंने धीरे-धीरे अंग्रेजी को व्यवहार की भाषा बना लिया। भारतवर्ष का शिक्षित वर्ग थोड़ा-बहुत अंग्रेजी से परिचित हो गया था और स्वतंत्रता मिलने से पूर्व अंग्रेजी भाषा इस देश में विश्वविद्यालयों, हाईकोर्टों, बैंकों और विदेशी-विनिमय की भाषा बन गई थी। इस स्थिति में स्वतंत्रता के अनन्तर परिवर्तन होना आवश्यक था।

इस परिवर्तन के लिए आवश्यक था कि प्रादेशिक भाषाओं एवं राष्ट्रभाषा के विद्वान् लेखक हिन्दी और अन्य प्रादेशिक भाषाओं में आवश्यक साहित्य का सृजन करें। अट्ठारहवीं शती से ही यूरोप में शिल्प और आधुनिक विज्ञान का प्रचलन बढ़ा और यह सब साहित्य यूरोपीय भाषाओं में था। नये प्रजातंत्र-समाज की नींव पड़ी। शिल्प, वाणिज्य और व्यवसाय ने यूरोप के समाज का ढाँचा बदल दिया। समाजशास्त्र संबंधी नयी विचारधारा का साहित्य भी यूरोपीय भाषाओं में था। छपाई की सुविधा ने साहित्य के प्रकाशन को प्रोत्साहन दिया। छपाई की कला का प्रारंभिक उद्भव चीन में हुआ, किन्तु इसका पोषण यूरोप और बाद में अमरीका में हुआ। प्रकाशन की सुविधा ने जन-साहित्य के सृजन को प्रोत्साहन दिया। इस प्रकार यूरोपीय देश नये प्रकार के साहित्य-निर्माण में अग्रणी हो गए। इधर यातायात की सुविधा और युगयुग में उपलब्ध होने वाले सुगम साधनों (जहाज, रेल, वायुयान आदि) ने जन-सम्पर्क में भी आशातीत अभिवृद्धि की। इस प्रकार यूरोपीय देशों का वाङ्मय अति सम्पन्न हो गया। देश की स्वतंत्रता के साथ यह अनुभव होने लगा कि यह युग-साहित्य भारत की भाषाओं को भी उपलब्ध हो। साहित्य इस युग में अब किसी देश की सीमाओं में नहीं बाँधा जा सकता, यह अन्तर्राष्ट्रिय, और जनमात्र की सम्पत्ति है।

भारतीय भाषाओं को इस युग-साहित्य की उपलब्धि इस समय चार-पाँच भाषाओं के माध्यम से ही सकती है, (जिनमें भारतीयों की दृष्टि से अंग्रेजी प्रमुख है)—अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, रूसी और जापानी। आज ये पाँच भाषायें ही अधिक समृद्ध हैं, और आधुनिक वैज्ञानिक, दार्शनिक, समाजशास्त्रीय, और तकनीकी अनुसन्धान और अनुशीलन इन्हीं पाँच के माध्यम से अधिक होते हैं। यूरोप के छोटे-छोटे देशों (जैसे स्पेन, पुर्तगाल, डेनमार्क, स्वीडन, ग्रीस) की भी अपनी भाषायें हैं, जो उच्च विश्वविद्यालय स्तर तक शिक्षा का माध्यम अपने-अपने देशों में है। भारतीयों की घनिष्टता अंग्रेजी शासन के कारण अंग्रेजी भाषा से अधिक रही। फ्रेंच-शासित नगरों में (जैसे चन्द्रनगर, पांडिचेरी आदि में) और आज भी मारिशस में भारतीयों को फ्रेंच भाषा पर भी वैसा ही अधिकार है, जैसा अन्यत्र अंग्रेजी पर। अतः यह आवश्यक था कि अंग्रेजी साहित्य की सहायता से भारतीय वाङ्मय का भण्डार भरा जाय। इस कार्य के निमित्त जनता, पाठक, लेखक, अध्यापक एवं विद्यार्थी वर्ग, सबके लिए अच्छे मानक अंग्रेजी-हिन्दी कोश की सदा से आवश्यकता प्रतीत होती रही है। पिछले तीस-चालीस वर्षों में इस दिशा में कुछ अच्छे प्रयास भी हुए हैं जिनका उल्लेख हमने इस भूमिका में अन्यत्र किया है। हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग ने भी केन्द्रीय शासन के अनुदान से ऐसा ही **मानक अंग्रेजी-हिन्दी कोश** की आयोजना हाथ में ली, जो अब जनता के समक्ष प्रस्तुत है। इस कोश में हमने अद्यावधि प्रकाशित लगभग सभी अंग्रेजी कोशों, अंग्रेजी-संस्कृत कोशों, अंग्रेजी-हिन्दी कोशों और भारतीय शासन के शब्दायोग द्वारा प्रकाशित समस्त पारिभाषिक साहित्य से सहायता ली है। यह स्मरण रखना चाहिए कि यह कोश पारिभाषिक शब्दावली का नितान्त सहायक कोश नहीं है। सामान्य साहित्य में प्रचलित पारिभाषिक शब्दों का ही इसमें समावेश किया गया है। आधुनिक शिल्प और वैज्ञानिक विषयों पर शास्त्रीय ग्रन्थ लिखने वालों को तो इस दिशा में सहायता शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित साहित्य से ही मिल सकेगी। सामान्य साहित्य में जो शास्त्रीय सामग्री स्वभावतः आ जाती है, उसके शब्दों को ही इस संकलन में स्थान दिया गया है। संकेताक्षरों से इंगित कर दिया गया है कि अमुक शब्द किस शास्त्र-विशेष का है, और उसके लिए अधिकृत शब्द आयोग के किस प्रकाशन से लिया गया है। ऐसी आशा की जाती है कि शब्दायोग द्वारा स्वीकृत शब्द सबको यथाशक्य मान्य होंगे, जिससे कि इनके प्रचलन को प्रश्रय प्राप्त हो।

मानव वाङ्मय का प्राचीनतम शब्द-कोश—वैदिक संहितायें

संसार की प्राचीनतम भाषायें कितनी हैं, यह कहना कठिन है। समस्त भाषाओं का एक ही मूल है, अथवा इनके अनेक स्रोत

हैं, यह विषय भी विवादास्पद है। पर यह बात निर्विवाद है, कि प्राचीन मानवीय भाषा का जो स्वरूप वैदिक वाङ्मय के रूप में इतने विस्तार से अब भी सुरक्षित है, उतना अन्य किसी उस भाषा का नहीं, जो अपने को उतना ही प्राचीन घोषित करने का अधिकार रखती है। वैदिक भाषा का शब्द-भण्डार भारत में ही नहीं, भारत से चलकर समस्त यूरोपीय देशों में पश्चिम की ओर पहुँचा, और एशिया के अनेक खण्डों में भी। सर विलियम जोन्स और उनके सदृश अनेक यूरोपीय विद्वानों का ज्यों-ज्यो परिचय संस्कृत और वैदिक साहित्य से बढ़ा, उनकी रुचि भाषाशास्त्र में नये रूप से प्रेरित हुई। भारतीय भाषाओं के परिचय से पूर्व वे अपने शब्दों की निरुक्तियों का स्रोत लैटिन या ग्रीक भाषाओं तक ही समझते थे। इस विचारधारा में परिवर्तन शीघ्र हो गया। ईरानियों के प्राचीनतम साहित्य गाथा एवं अवेस्ता का शब्द समूह वैदिक शब्दों के आधार पर था, पुरानी और नई फारसी भी आर्यवंशीय भाषा थी और धीरे-धीरे वह स्पष्ट हो गया कि लैटिन और यूनानी भाषा के शब्द (एवं प्राचीनतम यूरोपीय भाषाओं के शब्द भी) अपना साहचर्य वैदिक शब्दों से स्थापित कर सकते है। इस खोज ने यूरोपीय विद्वानों की रुचि भारतीय भाषाओं के अध्ययन के प्रति बढ़ा दी। यह स्पष्ट हो गया कि वैदिक भाषा न केवल भारतीयों की ही प्राचीनतम मातामही है, यह यूरोपीयों की भी है।

वैदिक संहिताओं की विशेषताओं का उल्लेख करना यहाँ अभीष्ट नही है, किन्तु यह बात उल्लेखनीय है कि इन संहिताओं के अनेक स्थल शब्द कोश की दृष्टि से महत्त्व के हैं। यजुर्वेद और अथर्ववेद के अनेक सूक्त ऐसे प्रतीत होते हैं, मानो कि उनमें शब्द-भण्डार ही सजा सजाया प्रस्तुत कर दिया गया है। इस विशेषता के आधार पर हम कह सकते हैं, कि शब्दकोश का प्राचीनतम रूप हमें वैदिक संहिताओं मे प्राप्त होता है। ऋग्वेद में भी इस शब्द-भण्डार की कुछ झाँकी कतिपय सूक्तो में हमे प्राप्त होती है। उदाहरण के लिए हम ऋग्वेद के दशम मण्डल का यक्ष्मा-सूक्त (१०।१६३) लेंगे। इसमे मानव शरीर के निम्न अगो का उल्लेख है—

> अक्षि, नासिका, कर्ण, **चुबुक** (चिबुक), शीर्ष्ण, मस्तिष्क, जिह्वा, ग्रीवा, उष्णिह, कीकस, **अनूक्य**, अंस, बाहु, अन्त्र, गुदा, उरस्, हृदय, **मतस्ना**, यवन (यकृत), प्लाशि, ऊरु, अष्ठीवद्, पार्ष्णि, **प्रपदा**, श्रोणि, **भासद**, **भंसस्**, मेहन, वनकरण, लाम, नख, पर्व।

इस सूक्त के ६ मन्त्रों मे मानव-शरीर के इतने अगो का उल्लेख मानों कोशकार की पद्धति पर दिए गए शब्दों का ही दूसरा क्रम है। इसी पद्धति पर यजुर्वेद के पच्चीसवे अध्याय के प्रथम नौ मन्त्रों मे पशु के अगों की सूची ऋग्वेद की सूची से भी बड़ी है—

> दद् (दाँत), दन्तमूल, **दन्त्य**, दष्ट्र, अग्रजिह्व, जिह्वा, तालु, हनु, आस्य, अण्ड, श्मश्रु, भ्रू, वर्त (वर्त्म), पक्ष्म, कनीनका, नासिका, प्राण, अपान, अधर, ओष्ठ, सदन्तर प्रकाश, अनूकाश, मस्तिष्क, कनीनका, कर्ण, श्रोत्र, अधर कण्ठ, तेवनी, शुष्क कण्ठ, मन्या, शीर्ष्ण, स्तुप, केश, **स्वपस-वह्**, **शकुनिसाद**, शफ, स्फूर, जङ्घा, जाम्बील, अति-रुच्, दोस्, अस, पक्ष, निपक्ष, दक्षिण-पार्श्व, उत्तर-पार्श्व, स्कन्ध, प्रथमा कीकसा, **पुच्छ**, **भासद**, श्रोणि, ऊरु, **अल्मा**, स्फुरा, कुष्ठा, **वनिष्ठु**, स्थूलगुद, अण्ड, वृषण, शेप, रेतस्, पित्त, प्रदर, पायु, शक पिण्ड, क्रोड, **पाजस्य**, अजु, **मसत्**, पुरीतत्, उदर, मतस्ना, वृक्क, प्लाशि, प्लीहन्, क्लोम, ग्ला, हिरा, कुक्षि, उदर, भस्मन्, नाभि, रस, वृषण् विधृद्, ऊरुमण्, वसा, अभ्रु, दृणीका, अमन् (**असृक्**), अग, रूप, त्वक्।

इसी प्रकार की एक लम्बी सूची अथर्ववेद (२०।९६।१७-२३) मे भी है।

यजुर्वेद म इस प्रकार की सूचियां की अनेक शृखलाये है जिनके कुछ उदाहरण हम यहाँ देंगे—

१. अनेक प्रकार के वर्ष—सवत्सर, परिवत्सर, इडावत्सर, इद्वत्सर, और वत्सर (२७।४५)।
   वर्ष के प्रमुख भाग—उषस्, अहोरात्र, अर्धमास, मास, ऋतु (२७।४५)।
२. बारह मासों के वैदिक नाम—मधु, माधव, शुक्र, शुचि, नभस्, नभस्य, इष, ऊर्ज, सहस्, सहस्य, तपस्, तपस्य (२२।३१)।
३. अनेक प्रकार की क्रियायें—यते (जाते हुए को), धावते (दौड़ते हुए को), **उद्यतायाय**, (दूर भागते हुए को), उद्दृतााय (तेजी से दूर जाते हुए को), शूकराय ("शू"-"शू" करके बोलते हुए को), सूकराय ("शू-शू" से डरे हुए को), निषण्णाय (बैठे हुए को), उत्क्षिताय (उठते हुए को), जवाय (वेग वाले को), बलाय (बल वाले को), विवर्तमानाय (लुढकते हुए को), विवृत्ताय (लुढके हुए को), **विधून्वानाय** (उछलते हुए को), **विधूताय** (उछले हुए को), शूभ्रूषमाणाय (सुनते हुए को), भूषते (ध्यान से सुनने वाले को), ईक्षमाणाय (देखते हुए को), ईक्षिताय (देखे जाने वाले को), वीक्षिताय (ध्यान से देखे जाने वाले को), निमेषाय (आँख मूँदने वाले को), यद् अत्ति (भोजन को), यद् पिबति (पेय को), यन्मूत्र करोति (मूत्र को), कुर्वते (काम करते हुए को), कृताय (जो कुछ किया, उसको) (२२।८)।
४. अन्नो की सूची—व्रीहि, यव, माष, तिल, मूग, खल्व, श्रिंयङ्गु, अणु, श्यामाक, नीवार, गोधूम, मसूर (१८।१२)।
५. धातुओं की सूची—हिरण्य, अयस्, श्याम, लोह, सीस, त्रपु (१८।१३)।
६. विभिन्न आयु के गो-परिवार की सूची—त्र्यवि (३×६=१८ अर्थात् १८ माह का बछड़ा), दित्यवाट् (दो वर्ष का बछड़ा), पञ्चावि (५×६ ३० अर्थात् २½ वर्ष का बछड़ा), त्रिवत्स (तीन वर्ष का बछड़ा), तुर्यवाट् (चार वर्ष का बछड़ा), पष्ठवाट् (छः वर्ष का), उक्ष (सांड़), वशा, ऋषभ, वेहत्, अनड्वान्, धेनु (१८।२६-२७)।
७. पात्रों के नाम—**स्रुक्**, चमस्, वायव्य, द्रोण-कलश, द्रावाज, **अधिषवण** (१८।२१)।

८. विषम संख्याओं के नाम—एका, तिस्र, पञ्च, सप्त, नव, एकादश, त्रयोदश, पञ्चदश, सप्तदश, नवदश, एकविंशति, त्रयोविंशति, पंचविंशति, सप्तविंशति, नवविंशति. एकत्रिंश, त्रयस्त्रिंश (१८।२४)।

९. संख्या चार के गुणित—चतस्र, अष्ट, द्वादश, षोडश, विंशति, चतुर्विंशति, अष्टाविंशति, द्वात्रिंश, षट्त्रिंश, चत्वारिंश, चतुश्चत्वारिंश, अष्टाचत्वारिंश (१८।२५)।

१०. दशम पद्धति की संख्यायें—एक दश, शत, सहस्र, अयुत, नियुत, प्रयुत, अर्बुद, न्यर्बुद, समुद्र, मध्य, अन्त, पराधं (१७।१२)।

११. वे शब्द जो आगे शिव के नाम पड़े—रुद्र, शिव, गिरिशन्ता, गिरित्र, गिरिशाच्छा, नीलग्रीव, कपर्दिन, पशुपति, गणपति, गिरिशय, शितिकण्ठ, शम्भ, मयोभव, शंकर, मयस्कर, मूलानामधिपति (अध्याय १६)।

यजुर्वेद के २४ वे अध्याय में ६०९ जातियों के पशुओं, या जीवों का (गैंडे और हाथी से लेकर मक्खी-मच्छर तक) उल्लेख है जिसकी सूची यहां देना आवश्यक नहीं है। इसी प्रकार इसके तीसवें अध्याय में पुरुषमेध के संदर्भ में सौ से ऊपर व्यवसायियों के नाम हैं (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र से लेकर कौलाल, मणिकार, इषुकार, धनुष्कार, ज्याकार, रज्जुसर्ज, भिषज्, नक्षत्रदर्श, हस्तिप, अश्वप, गोपाल, अविपाल, अजपाल, वैतालिक, कैवालिक, सुराकार, दार्वाहार, वास:पत्यूली, रजयित्री, अवस्तोष, अब्जजीवकारी, कोशकारी, पैवर, केवर्त, मैनाल, पर्णक, पौल्कस, ह्लेच्छ, वरूडकार, वाणिज, किनव, नवदर्श, चरकाचार्य, बहुवादिन, आडम्बराघात, वीणावाद, तूणवध्म, शंखध्म, वनप, दारप, गणक, अभिचारिक, वशनर्तिन, आदि उल्लेखनीय हैं।

वैदिक ऋचाओं में शब्दों को मञ्जित करने की अनेक प्रणालियाँ दीखती हैं। 'सम्बद्ध साहचर्य' (Associated Parallelism) की पद्धति भी अनेक स्थलों पर पायी जाती है, जैसे 'मनसापरिक्रमा' के ६ मन्त्रों में ६ विषयों के शब्द साहचर्य में इस प्रकार रख दिए गए हैं (अथर्ववेद ३।२७।१-६)—

दिशा	अधिपति	रक्षितृ	इषु
प्राची	अग्नि	असित	आदित्य
दक्षिण	इन्द्र	निरर्दिचराजी	पितृ
प्रतीची	वरुण	पृदाकु	अन्न
उदीची	सोम	स्वज	अशनि
ध्रुव	विष्णु	कल्माषग्रीव	वीरुध
ऊर्ध्व	बृहस्पति	श्वित्र	वर्ष

शतपथ ब्राह्मण में इस प्रकार के सम्बद्ध-साहचर्य के प्रचुर उदाहरण मिलते हैं। वैदिक ऋषकों में तो ऐसा साहचर्य स्पष्ट ही है। ऊपर की सूची में जो ६ रक्षितृ बताये गए हैं, उन्हें कुछ आचार्य सात जाति के मर्त्य मानते हैं। यह अवैदिक कल्पना है जो बाद को वितियोग युग में इन मन्त्रों के साथ सम्बद्ध कर दी गयी। ये ६ इस पृथिवी के पोषक या रक्षक निम्न हैं—(१) असित—काले मेघ, (२) निर्ऋदिचराजी—टेढ़ी चलने वाली नदियां, (३) पृदाकु—चितकबरे मैदान, (४) स्वज—अपने आप उत्पन्न पर्वत, (५) कल्माषग्रीव—ऊंची रंग बिरंगी ग्रीवाओं के जंगल और (६) श्वित्र—स्फेद बर्फ से लदी पहाड़ों की चोटियां।

उणादि सूत्र या उणादि कोष और शब्दों की नित्यता

मानवीय संस्कृत व्याकरण में उणादि सूत्रों का विशेष स्थान है। संस्कृत व्याकरण शास्त्र का इतिहास लिखने वाले विद्वान् श्री युधिष्ठिर मीमांसक ने अपनी भावनाएं इस प्रकार व्यक्त की हैं, "अति पुराकाल में जब संस्कृत भाषा के सम्पूर्ण नाम (जाति-द्रव्य-गुण-शब्द) और अव्यय (स्वरादि-निपात) शब्द एक स्वर से यौगिक माने जाते थे, उस समय उणादिसूत्र शब्दानुशासन के क्रुदन्त प्रकरण के अन्तर्गत ही थे, परन्तु उत्तरकाल में मनुष्यों की धारणा-शक्ति और मेधा के ह्रास के कारण जब यौगिक शब्दों के धातु-प्रत्यय सबद्ध यौगिकार्थ की अप्रतीति होने लगी तब यौगिकार्थ की अप्रतीति तथा स्वरवर्णानुपूर्वी विशिष्ट समुदाय से अर्थ विशेष की प्रतीति होने के कारण संस्कृत भाषा के सहस्रों शब्द वैयाकरणों द्वारा रूढ मान लिये गये। इस अवस्था में भी वैयाकरणों में शाकटायन तथा नैरुक्तों में गार्ग्य भिन्न सभी आचार्य तथाकथित रूढ शब्दों को भी यौगिक ही मानते रहे। पाश्चात्य निरुक्त के प्रथमाध्याय के १२-१३-१४ वे खण्डों में इस विषय की गम्भीर विवेचना की गई है और अन्त में तथाकथित रूढ शब्दों के यौगिकत्व पक्ष की स्थापना की है।"

"शाकटायन अतिरिक्त प्राय: सभी वैयाकरणों द्वारा सहस्रों शब्दों को रूढ मान लेने पर भी उन्होंने यौगिकत्व रूपी प्राचीन पक्ष की रक्षा तथा नैरुक्त आचार्यों के सिद्धान्त को दृष्टि में रखते हुए रूढ शब्दों के धातु-प्रत्यय निदर्शन के लिए उणादिसूत्र रूपी क्रुदन्त भाग को शब्दानुशासन से पृथक् करके उसे शब्दानुशासन के खिलपाठ अथवा परिशिष्ट का रूप दिया।"

इस समय जितने उणादिसूत्र उपलब्ध हैं उनमें पंचपादी और दशपादी उणादिसूत्र प्राचीनतर है। संभवत: पंचपादी इन दोनों

---

१. संस्कृत व्याकरण शास्त्र का इतिहास, भाग २, पृष्ठ १६६।

में अधिक प्राचीन है। काशकृत्स्न का उणादिसूत्र उपलब्ध नही है। केवल धातुपाठ के आधार पर इसका अनुमान लगाया जा सकता है। इसी प्रकार शन्तनु का उणादिसूत्र भी किसी समय उपलब्ध रहा हो, किन्तु आज अप्राप्त है। आचार्य आपिशालि ने भी किसी उणादिपाठ का अवश्य प्रवचन किया होगा परन्तु वह भी इस समय प्राप्त नही है। इस समय तो हमे आचार्य पाणिनि के **पंचपादी** और **दशपादी** उणादिसूत्र ही प्राप्त है। यह कहना कठिन है कि पचपादी के रचनाकार शाकटायन थे। किन्तु कुछ आचार्य पंचपादी की रचना पाणिनि की बताते है। दशपादी पाठ के **प्रवक्ता** के सम्बन्ध मे भी हम निश्चयपूर्वक बहुत नही कह सकते। श्री युधिष्ठिरजी की धारणा यह है कि पचपादी उणादिसूत्र आपिशलि के रचे हुए है और दशपादी उणादि सूत्र पाणिनि-प्रोक्त है। हम यहाँ इस विवाद मे नही पड़ना चाहते। हमारा अभिप्राय केवल यह दर्शाना है कि प्राचीन सस्कृत कोशो की परम्परा में उणादि कोश का भी विशेष स्थान है, चाहे उनका नाम उणादि सूत्र रहा हो या उणादिपाठ या उणादि कोश। इस विवाद स हमे यहाँ कोई विशेष लाभ नही। अनेक आचार्यों ने उणादिसूत्रों की व्याख्या भी की है। प्राचीन वैदिक भाष्यकारो ने अपने भाष्यों मे इनसे सहायता भी ली है। स्वामी दयानंद ने **उणादिकोश** को विशेष महत्व दिया। वैदिक शब्दों के सबध म यह धारणा अति प्राचीन थी कि इस वाङ्मय के प्रत्येक नाम आख्यातज है, अर्थात् किसी न किसी धातु या क्रिया स इनका सबध है और इनका अभिप्राय भलप्रकार के लिए शब्दो के यौगिक अर्थों का जानना आवश्यक है। सस्कृत काशा के रचयिता शब्दो का निर्वचन का बहुत ध्यान रखते है। निरुक्त विभिन्न होने पर अर्थ भी विभिन्न होता है। वैदिक वाङ्मय के शब्द यौगिक और **योगरूढ** है। बाद का लौकिक भाषा म यह शब्द रूढ़ि हो गये। शब्दो के रूढ़ि हो जाने के अनन्तर भी उनको यौगिकता सम्पूर्णतया विनष्ट नही हो जाती और इसीलए युग-युग म ये शब्द उपसर्ग और प्रत्ययों से समृक्त होकर नवीन शास्त्रीय परिभाषाओं के बनान म भी सहायक होत है। उणादि सूत्रो म विषया का प्रतिपादन किस प्रकार है, इसका अनुमान निम्न सूत्रो द्वारा लगाया जा सकता है—

> क्वुन् शिल्पिसज्ञयोरपूर्वस्यापि॥ रजक.। इक्षुकुट्टक.। तक्षक.। ध्रुवक.। अभ्रकम्। चरक.। चषक.। भञ्जक.। शाल-भञ्जिका। काष्ठपुत्रिका। पुष्पप्रचायिका। शुनक.। भषक.। (उणादि, २।३२)

इसकी व्याख्या स्वामी दयानन्द ने इस प्रकार की है, जो महत्व की है—शिल्पिन सज्ञायां च गम्यमानायां सापपदादनुपपदाद्वा सामान्या-द्धातोः क्वुन् भवति। रजतीति रजक.। वस्त्रशाधका वा। इक्षून् कुट्टयतीति, इक्षुकुट्टक.। गाँठकस्य सज्ञा। तक्षति तनूकरातीति तक्षको वर्धकि. शिल्पी। ध्रुवको गमभावका जन. सज्ञा वा, अभ्रांत गच्छति येन तदभ्रकमाथर्व सज्ञा वा। चरतीति चरको वैद्यकशास्त्र गन्ता वा। चषति भक्षयत्यस्मिन्निति चषक पानपात्र शाल वा। भञ्जतीति भञ्जक.। भल्यभेद. प्राकारो वा। शालान् भञ्जन्ति यस्या सा शालभञ्जिका क्रीडा। काष्ठ पुत्रयति यस्या सा काष्ठपुत्रिका। क्रीडा वा। पुष्पं. **प्रचायन्ते** पूजयन्ति यस्या सा पुष्पप्रचायिका **क्रीडा** वा। शुनान गच्छतीति शुनक. श्वा। भषति भत्सयतीति भषक. श्वा वा।

इसी प्रकार उणादि कोष म एक सूत्र है—

> द्रुदक्षिभ्यामिनन्। द्रविणम्। दक्षिण। दक्षिणा। (२।५०)

इसकी व्याख्या द्रविण, दक्षिण और दक्षिणा शब्दों की निर्वचन के सबध मे स्वामी दयानन्द की इस प्रकार है—

> द्रवति गच्छति द्रुयते प्राप्यत वा। तद् द्रव्य सुवर्ण पराक्रमा वा। दक्षते वर्धते शीघ्रकारी भवति वा। स दक्षिण मर्त्येषाम-भागः परतन्त्रोजुवर्तन च स्त्रिया दक्षिणादान प्रतिष्ठा वा॥

सायणाचार्य ने भी **ऋग्वेद** के भाष्य मे यदाकदा उणादि सूत्रो की सहायता शब्दो की निर्वचनियों मे ली है। उदाहरणत **ऋग्वेद** (८-६-३०) के मन्त्र "आदित्यलस्य रसो ज्यातिरध्यन्ति वासरम्' म रसः की व्युत्पत्ति म सायण **उणादि कोश** क निम्न सूत्र का उल्लख करते है—

> स्रुरिभ्या तुट् च। स्रोत.। रेतः। (४।२०२)

री गति रेपणयो, अस्मात् "स्रुरीभ्यां तुट् च" इत्यसुन् **तुडागमश्च**। यद्वा। रेण्युदकनाम। रेतस्विन उदकवत (सायण)। रीयते स्रवतीति रेत. वीर्य वा (दयानन्द)।

इस बीसवीं शती मे प० क्षेमकरणदास त्रिवेदी ने अपने अथर्ववेद एव गोपथ ब्राह्मण के भाष्य मे उणादि सूत्रो से बड़ी सहायता ली है।

वैदिक शब्दों की निरुक्ति का प्रथम प्रयास ब्राह्मण ग्रन्थों में

वैदिक शब्दों (विशेषतया नामों) की यह विशेषता मानी जाती है कि ये आख्यातज है, अर्थात् किसी न किसी आख्यात (क्रिया या धातु) मे बने है। 'धातु' शब्द के दो अवयव है—'धा' + 'तु'। 'धा' क्रिया शब्द है और 'तु' कृत् प्रत्यय। 'धा' का अर्थ धारण करना है (**निघण्टु**, 'धानुदधाने'—१।२०)। पाणिनि के धातुपाठ मे 'धा' धारण करना अथवा पुष्ट करना अर्थ मे प्रयुक्त है। 'धातु' शब्द स्वय बहुत प्राचीन है, वैदिक सहिताओं मे भी इसका प्रयोग है किन्तु यह व्याकरण का पारिभाषिक शब्द बाद को बना। **अमरकोश** मे 'धातु के अनेक अर्थ है, जिनमे से एक अर्थ 'शब्द यानि:' भी है, अर्थात् सभी शब्द धातु से प्रसूत होते हैं—

श्लेष्मादि रसरक्तादि महाभूतानि तद्गुणाः।
इन्द्रियाण्यश्मविकृतिः शब्दयोनिश्च धातवः॥३॥

(अमरकोश, ३। २४६५)

नाम आख्यातज हैं, इसके सम्बन्ध में **निरुक्त** में विवेचना की गयी है और विभिन्न मतों का दिग्दर्शन भी कराया गया है—

तत्र नामान्याख्यातजानीति शाकटायनो नैरुक्तश्च समयश्च।
न सर्वाणीति गार्ग्यो वैयाकरणानां चैके। (**निरुक्त** १,१२)

पतञ्जलि के **महाभाष्य** (३।३।१) में इस संबंध में ऐसा उल्लेख है—

नाम च धातुजमाह निरुक्ते व्याकरणे शकटस्य च तोकम्

शब्दों की निरुक्ति की प्रथा व्याकरण काल से भी पुरानी प्रतीत होती है। शास्त्र के रूप में व्याकरण का प्रारम्भिक उदय **ऐतरेय** और **शतपथ** ब्राह्मणकाल में प्रारम्भ हो गया था। गिनतियों के लिंग भेद के संबंध में एक आख्यायिका **शतपथ** में इस प्रकार है—

देव और असुर दोनों (प्रजापति की सन्तान) अपने-अपने महत्व के लिए लड़ पड़े। जब इंडों और धनुष से एक दूसरे को नहीं जीत सके, तो उन्होंने निर्णय किया कि हम ब्रह्म-वाणी से जीतेंगे। जो हमारी कही वाणी को जोड़े में (दो-दो मिलकर) अर्थात् पुंलिंग या स्त्रीलिंग नहीं समझ सकेगा वह पराजित हो जायगा। देवों ने इन्द्र से कहा—'बोलो'

इन्द्र ने कहा—'एको मम', औरों ने कहा 'अस्माकं एका' (इसमें एकः पुंलिंग है और **एका** स्त्रीलिंग)

इन्द्र ने कहा—'द्वौ मम', दूसरों ने कहा 'अस्माकं द्वे' (इसमें **द्वौ** पुंलिंग, और **द्वे** स्त्रीलिंग)

इन्द्र ने कहा—'त्रयो मम', दूसरों ने कहा—'अस्माकं तिस्रः'

इन्द्र ने कहा—'चत्वारो मम', दूसरों ने कहा, 'अस्माकं चतस्रः'

इन्द्र ने कहा—'पंच मम'

किन्तु अन्य लोग 'पंच' का जोड़ा न बना सके, और इस प्रकार असुर पराजित हो गए।

'**खल**' शब्द **पुंलिंग** है और '**खलू**' स्त्रीलिंग। इसी विशेषता के आधार पर 'खला' को पहले **पीना** चाहिए और 'खलू' को बाद को, ऐसा तर्क **शतपथ** ब्राह्मण (१।३।१।१) में दिया है। 'पयस्या' (दही) शब्द स्त्रीलिंग है और 'वाजिनम्' (मट्ठा या छाछ) **पुंलिंग** है, इस तर्क पर दोनों को मिलाकर प्रजनन किया जा सकता है—

मिथुनादिद्धा एतमेतत्प्रजनयति। योषा पयस्या रेतो वाजिनम्। तस्मान्मिथुनात्प्रजननात्प्रजनयति, तस्मादेषात्र पयस्या भवति।
(**शतपथ** २।४।४।२१)

इसी प्रकार की व्याकरण सम्बन्धी कुछ विशेषताएँ ब्राह्मणकाल में शास्त्रीयता प्राप्त करने लगी थीं। **ऋग्वेद** का ब्राह्मण **ऐतरेय** है, **यजुर्वेद** का **शतपथ**, **अथर्ववेद** का **गोपथ** और **सामवेद** का **ताण्ड्य** और **साम ब्राह्मण**। **गोपथ** के समय व्याकरण के विभिन्न अवयव निर्धारित हो गए थे, ऐसा अनुमान 'ओंकार' की व्युत्पत्ति के प्रसंग में किए गए प्रश्नों से होता है। प्रश्न इस प्रकार है—

ओंकारं पप्रच्छामः को धातुः कि प्रातिपादिकं कि नामाख्यातं किं निपातः कि वचनं का विभक्तिः क. प्रत्ययः कः स्वर उपसर्गो निपातः कि वै व्याकरणं को विकारः को विकारी कति मात्राः कतिवर्णः कत्यक्षरः कतिपद क संयोगः कि स्थानानुप्रदानकरणं शिक्षका. किमक्षरायत्तिः कि छन्दः को वर्ण इति पूर्वे प्रष्टवन्तः। (**गोपथ** १।१।२४)

इस उद्धरण से स्पष्ट है कि **गोपथ** ब्राह्मण के समय तक व्याकरणशास्त्र परिपक्व अवस्था तक आ गया था।

शतपथ ब्राह्मण की व्युत्पत्तियों के सम्बन्ध में मैंने विस्तार से पं० गंगाप्रसाद उपाध्याय कृत "रत्न-दीपिका" हिन्दी टीका की अंग्रेजी भूमिका में लिखा है (अध्याय ६, Etymological Derivations)। उदाहरण के लिये **अग्नि** शब्द की व्युत्पत्ति इसमें इस प्रकार दी है—

तदाऽऽत्मन्नेवेमेतमग्निं देवानामजनयत। तस्मादग्निः।...स जातः पूर्वः प्रेयाय यो वै पूर्वं एत्यग्रऽएतीति वै तमाहुः सोऽएवाऽग्न्याग्निता। (**शतपथ** २।२।४।२)

अर्थात् इस अग्नि को देवों ने पहले उत्पन्न किया। इसलिये अग्नि का **अग्नि** नाम है। **अग्नि** और **अग्नि** एक बात है। वह उत्पन्न होकर पूर्व की ओर अर्थात् आगे गया। जो पहले (पूर्व) जाता है, उसको कहते हैं—आगे (अग्रे) गया। यही अग्नि की अग्निता है।

इसी प्रकार **अग्नि** और **आग्नेयी** शब्दों की व्युत्पत्तियाँ भी मनोरञ्जक हैं।

तदेतेनैवेदं। रेतश्चर्मण्वा बस्मिन्वा बभ्रुस्तद्ध स्म पृच्छत्यत्रैव त्यादिति ततोऽग्नि सम्बभूव **तस्माद्वाग्नेया** योषित्तस्मात्तेस्त्रैयै हि योनायै वाचो देवताया एते सम्भूताः। (शतपथ १।४।५।१३)

अर्थात् तब देव उस रेत (वीर्य) को चमड़े में या अन्य किसी चीज में ले आये। उन्होंने पूछा—"अत्र?" (अरे! क्या यह यहाँ है?)।

इस प्रकार अत्रि उत्पन्न हुआ (अन्न शब्द से अत्रि)। इसीलिए आत्रेयी स्त्री से समागम करने में दोष होता है, क्योंकि देवी वाणी रूपी स्त्री से यह सब उत्पन्न हुए हैं (आत्रेयी वह स्त्री है, जिसका अभी (अब) गर्भपात हो चुका हो)।

देवताओं को असुरों से बड़ा भय रहता था। जब वे किसी शब्द की रचना करते थे, तो उन्हें वह शब्द असुरों से छिपाना पड़ता था, जिससे कि असुर उनके अभिप्रायों को समझ न पायें। इस छिपाने के प्रयास में देव अपने शब्दों को थोड़ा सा विकृत कर देते थे। यह विकृति के उदाहरण शतपथ ब्राह्मण में ही नहीं, ऐतरेय और गोपथ में भी हैं। उदाहरण के लिए व्याकरण-संमत शुद्ध शब्द, और देवों द्वारा परिवर्तित 'परोक्ष' शब्द नीचे दिये जाते हैं—

व्याकरण संमत	परोक्ष शब्द
अग्ने (अग्नि)	अग्ने (अग्नि)
अश्नु	अश्मन्, अश्व
इन्द्र	इन्द्र
उल्ख	उखा
उदुम्बर	उदुम्बर
उरुकर	उलूखल
दीक्षित	दीक्षित
दूर्वा	दूर्वा
पूष्कर	पुष्कर
प्लक्ष	प्लक्ष
मघवत्	मघवत्
श्मशान (शवाग्न)	श्मशान
हिरण्य	हिरण्य

'परोक्षं परोक्षकामाय हि देवाः', 'परोक्षेण परोक्षप्रिया इव हि देवा भवन्ति प्रत्यक्षद्विषः' अर्थात् देवता प्रत्यक्ष के द्वेषी और परोक्ष-प्रिय होते हैं, इस प्रकार के वाक्यों का प्रयोग करके ब्राह्मण साहित्य में व्याकरण-संमत शब्दों को विकृत करके व्यवहार में लाया गया है। गोपथ में 'वरुण' से 'वरुण' शब्द और 'मृत्यु' से 'मृत्यु' शब्द इसी पद्धति पर बना बनाया गया है—

> यच्च वृत्वाऽतितिष्ठंस्तदवरुणोऽभवत् तं वा एतं वरुण सन्त वरुण इत्याचक्षते।
>
> स समुद्राद्वमृच्यत स मृच्युरभवत्तं वा एतं मृच्युं सन्त मृत्युरित्याचक्षते। (गोपथ १।१।७)

गोपथ में समुद्र, वरुण, मृत्यु और अंगिरा का इस कण्डिका में उल्लेख है। चारों दिशाओं में जिस स्थल पर वह कर आयी (सम् अवद्रवन्त), उसे 'समुद्र' कहा जाने लगा। वे डरी हुई बोलीं—हम आपकी ही राजा वरुण करती है, वरुण करके (वृत्वा) जो वह ठहरी उसमें 'वरुण' शब्द बना, जिसे परोक्ष-प्रिय देवों ने 'वरुण' बना डाला। वह वरुण समुद्र से छूटा (अमुच्यत), वह 'मृच्यु' (छूटा हुआ) हुआ। यह 'मृच्यु' शब्द ही परोक्षप्रिय देवों ने 'मृत्यु' के रूप में ग्रहण किया। उस वरुण 'मृत्यु' को सब ओर से दबाया गया। उसके सब अंगों से रस बहा—वह 'अंग-रस' हुआ (सर्वेभ्योऽङ्गेभ्यो रसोऽस्रत् सोऽङ्गिरसोऽभवत्) इस 'अंगरस' को ही देवताओं ने परोक्षभाव से 'अंगिरा' कहा।

शतपथ ब्राह्मण में 'श्मशान' के संबंध में इस प्रकार कहा गया है—

> उस (यजमान) के कल्याण की बात करते हैं। उसके लिये श्मशान बनाते हैं। घर के रूप में या स्मारक के रूप में। जो कोई मरता है, वह 'शव' हो जाता है। उसके लिये अन्न बनाया जाता है। यह हो गया 'शवान्न'। 'शवान्न' ही 'श्मशान' है परोक्षरूप में। पितरों में खाने वालों को कहते हैं—'श्मशा'। वे परलोक में उस मनुष्य के पुण्यों को बिगाड़ देते हैं, जिसका श्मशान कर्म नहीं हुआ। उसके लिए यह अन्न तैयार होता है। यह हुआ 'श्मशान्न', 'श्मशान' का परोक्षरूप 'श्मशान' है। (शतपथ १३।८।१।१)

ब्राह्मण ग्रन्थों की व्युत्पत्तियां एवं निरुक्तियां का अपना निराला पन है। उसके तर्कों की एक अपनी पद्धति है। इसका हम यहां संकेतमात्र उल्लेख ही कर देना चाहते हैं। वस्तुतः शब्द-रचना की शास्त्रीय पद्धति में ब्राह्मणयुग के विद्वानों का प्रचुर हाथ रहा है।

निघण्टु — प्राचीनतम वैदिक कोश

साधारणतया विद्वानों की ऐसी धारणा है कि वैदिक वाङ्मय का सबसे प्राचीन कोश यास्क का निघण्टु है। इससे पहले की कोई

कोश-रचना संभवतः संसार के किसी वाङ्मय की निराली ही नहीं है। निघण्टु कोश में पांच अध्याय हैं, जिनके खण्डों और पदों की संख्या निम्न प्रकार है—

काण्ड	अध्याय	खण्ड संख्या	पद संख्या
नैघण्टुक	प्रथम	१७	२१ + १५+१६+६ + १५ + ८+२३+१६+ १२+३०+५७+ १००+३७ + २६ + १०+ ११+११=४१४
	द्वितीय	२२	२६+१५+२५+१२+२२+१८+२८+१०+ २८ + २८ + ९+१०+११+ १२२ + २६+ ११+४६+१०+३३+१८+४+४=५१६
	तृतीय	३०	१२+११+२५+२२+१०+२०+१६+१०+ ११+६+८+ ९+१२+ ४४ + २४ + १३+ १५+८+१७ + १०+२१+२+१४ + १४ + ६+५+६+६+२६ + २४ =४२७
नैगम	चतुर्थ	३	६२+८४+१३२=२७८
दैवत	पंचम	६	३+१३+३६+३२+३६+३१=१५१
	योग	७८	१७८६

श्री चन्द्रमणि विद्यालंकार ने **पंचाध्यायी निघण्टुकोश** की शब्द संख्या १७७३ बतायी है, जिसमें तीसरे अध्याय के १३वें खण्ड के १२ उपमा सूचक शब्दों को नहीं गिना गया है। प्रथम तीन अध्यायों के संकलन का नाम नैघण्टुक काण्ड है, जिनमें ४१४ + ५१६+ ४२७ १३५७ शब्द हैं। यास्क की निघण्टु शैली पर ही बाद को **अमरकोश** आदि कोश बने जिनमें पर्यायवाची शब्दों को एक-एक वर्ग में संकलित किया गया। प्रथम अध्याय में पृथिवी के २१ पर्याय, स्वर्ग के १२ पर्याय, अन्तरिक्ष के १६ पर्याय, जलना-क्रिया के ११ (ज्वलतिकर्माण:) और जलना-संज्ञा के ११ पर्याय दिए गए हैं, नदी के ३७ पर्याय हैं। पानी से संबंध रखने वाले १०० शब्द दिए गए हैं। वाणी या वाङ् से संबंध रखने वाले ५७ शब्द हैं।

निघण्टु की शैली स्पष्ट करने के लिए हम 'हिरण्य' के पर्याय वाला खण्ड यहां उद्धृत करेंगे—

हेम। चन्द्रम्। रूक्मम्। अय:। हिरण्यम्। वेश:। कृशनम्। लोहम्। कनकम्। काञ्चनम्। भर्म्म। अमृतम्। मरुत्। वसम्। जातरूपमिति पञ्चदश हिरण्यनामानि॥ (१।१२)

इसी प्रकार १० अदिष्टोपयोजन इस प्रकार गिनाये हैं—

हरी इन्द्रस्य। रोहितोऽग्ने। हरित आदित्यस्य। रास मावश्विनो:। अजा: पूष्ण:। पृषत्यो मरुताम्। अरुष्यो गाव उषसाम्। श्यावा: सवितु:। विश्वरूपा बृहस्पते। नियतो वायो:। इति दशाऽदिष्टोपयोजनानि॥ (१।१५)

इसके पहले वाले खण्ड में अश्व के २६ नाम गिनाये थे। इस खण्ड में अश्ववाची दस नाम विशेष देवताओं के साथ आदिष्ट प्रयोग वाले हैं—ऐसा वेदज्ञ लोग साहचर्य ज्ञान के लिए बताते हैं। इन्द्र के साथ 'हरी' का प्रयोग आता है। ताण्ड्य ब्राह्मण (६।१।१) में लिखा है—पूर्वपक्षापरपक्षौ वा इन्द्रस्य हरी, ताभ्यां हीदं सर्वं हरति'; एवं, दोनों पक्ष इन्द्र (सूर्य) के दो 'हरि' हैं। ऐतरेय ब्राह्मण में —'ऋक् साम्ने वा इन्द्रस्य हरी' (२।३।६)। इसमें **इन्द्र** (जीवात्मा) के **हरी** (धारण करने वाले) ऋक् तथा सामवेद कहे हैं। इसी प्रकार अन्य ९ का भी भिन्न भिन्न देवताओं के साथ साहचर्य समझना चाहिए।

निघण्टु का रचयिता कौन है, यह निश्चय करना कठिन है। यास्क के नाम से ही यह प्रचलित है। यास्क ने ही **निघण्टु** रचा और फिर **निरुक्त** नाम से इसकी व्याख्या की। कतिपय विद्वानों का विचार है कि यास्क के पूर्व (एक या कई) निघण्टु विद्यमान था। संभवतः यास्क ने इसमें संशोधन या परिवर्धन किए हों। वर्तमान रूप तो यास्क का ही दिया हुआ है। **निरुक्त** ग्रन्थ के आरम्भ में यास्काचार्य के शब्द हैं—

समाम्नाय: समाम्नात: स व्याख्यातव्य:। तमिमं समाम्नायं निघण्टव इत्याचक्षते। निघण्टव: कस्मादिमा इमे भवन्ति। छन्दोभ्य: समाहृत्य समाहृत्य समाम्नाता:।

अर्थात् वैदिक कोश का उल्लेख किया गया, अब उसकी व्याख्या करनी है। इस वैदिक कोश (समाम्नाय) को "**निघण्टु**" नाम से पुकारते हैं। इस कोश को निघण्टु क्यों कहा जाता है? क्योंकि कोशवर्ती ये सब शब्द निश्चय करके वेदमंत्रों के अर्थों को प्रकट करते हैं, अतः इसे निघण्टु कहा गया।

औपमन्यव आचार्य ने निघण्टु शब्द निगन्तु से संबद्ध किया है।

त निगन्तव एव सन्तो निगमनान्नि घण्टव उच्यन्त इत्यौपमन्यव:।

अर्थात् निश्चयपूर्वक वेदमंत्रार्थ ज्ञापक होने से ये **निघण्टु** होते हुए **निघण्ट्** कहे जाते हैं।

निघण्टु में चार जातियों के पद हैं—**नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात।**

निघण्ट् के चतुर्थाध्याय के विषय में यास्काचार्य उसकी व्याख्या के प्रारम्भ में लिखते हैं—तदैकपदिकमित्याचक्षते, और इसी प्रकार पंचमाध्याय की व्याख्या के प्रारम्भ में 'तद्दैवतमित्याचक्षते' अर्थात् यास्क का कथन है कि आचार्य लोग चतुर्थाध्याय को **"ऐकपदिक"** और पंचमाध्याय को **"दैवत"** नाम से संबोधित करते हैं। ये शब्द ही बताते हैं कि यास्क से पूर्व कोई न कोई वैदिक निघण्टु अवश्य था और संभवतः वह भी पांच अध्यायों का था। **निघण्ट** के विद्वान् चन्द्रमणि विद्यालंकार का मत है कि निघण्टु का आदि रचयिता वृषाकपि है, जो वैदिक ऋषि भी हैं, और जिसका उल्लेख **महाभारत** के शान्तिपर्व, अध्याय ३४२, श्लोक ८८-८९ में आता है—

वृषो हि भगवान्धर्मः ख्यातो लोकेषु भारत।
नैघण्टुकपदाख्याने विदि्ध मां वृषभात्मजम्।
कपिः वराहः श्रेष्ठश्च धर्मश्च वृष उच्यते।
तस्माद् वृषाकपिं प्राह काश्यपो मां प्रजापतिः॥

इसका मूल नाम वृष था, और उसके गुरु ने उसका नाम वृषाकपि रक्खा। पर यह सब कितना ऐतिहासिक तथ्य है, यह कहना कठिन है।

प्रो० वी० के० राजवाडे ने **"शास्त्र का निघण्ट"** (१९४०) प्रकाशित किया, जिसमें **निघण्टु** के अध्यायों का समीक्षात्मक विवेचन है। राजवाडे महोदय का कथन है कि निघण्टु में अनेक शब्द उत्तर-वैदिक हैं। उनका कथन है कि **ऋग्वेद** में 'गो' शब्द कभी पृथिवी के अर्थ में व्यवहृत नहीं हुआ। गो का पृथिवी का पर्याय होना उत्तर-वैदिक है। इसी प्रकार वे **हिरण्य** के अर्थ में लोहे, कनक और काञ्चन शब्द भी उत्तरवैदिक मानते हैं। **ऋग्वेद** में **हिरण्य** शब्द (१०।२७।५) धनकण के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है, न कि प्रकाशरेखा के अर्थ में जैसा कि **निघण्ट** में प्रथम अध्याय के पंचम खण्ड की सूची द्वारा प्रस्तुत है। यह **हिरण्य** शब्द भी इस अर्थ में उत्तरवैदिक है। राजवाडेजी ने और भी आपत्तियाँ की हैं। अध्याय १ में ही खण्ड ७ के 'नक्ता' और "नक्ष्या" शब्दों का अर्थ रात्रि नहीं है। 'नक्ष्या' (१।५३।७) 'नदी' पद का एकवचन है। यह इन्द्र के एक मित्र का नाम है। 'नक्ष्या' पद 'नक्षी' का ही रूप है जिसका अर्थ है 'जहाज'। इसी प्रकार 'धनाची' में तान्त्यर्थ है 'प्रकाशमान' और यह शब्द 'उषा के साथ ही अन्य प्रकाशमान तत्वों के लिए प्रयुक्त हुआ है। खण्ड ८ में परिगणित विभावरी, सूनरी, भास्वती, चित्रामघा, वाजिनी, वाजिनीवती, सम्नावरी, **अरुषी**, एवं सुनृतावरी **'उषा'** की संज्ञायें (या उसके पर्याय) न होकर उसकी विशिष्टता के द्योतक हैं। एक शब्द **"इडावती"** (**ऋग्वेद** १।११३।२) है, उसे भी **निघण्ट** के उपर्युक्त शब्दों के साथ परिगणित किया जाना चाहिए था, पर ऐसा नहीं किया गया। श्री राजवाडे के कथनानुसार निम्न शब्द भी उत्तरवैदिक है, यद्यपि **निघण्टु** में उन्हें परिगणित किया गया है—

अभीशु, क्षेदयः, हलाहक, नीर, अम्ब, जल, पार्वती, औज्वै श्रवम और तार्क्ष्य।

तृतीय अध्याय के खण्ड ३ में आया शब्द **'पृतना'** का अर्थ मनुष्य नहीं, प्रत्युत **ऋग्वेद** (२।८०।५) में 'सेना' है। **'खम'** शब्द भी उत्तरवैदिक है। इसी प्रकार आलोचकों का आक्षेप है कि खण्ड १८ के सवनि, स्वंसनि, श्वोवसनि, भरण्यनि, दीर्घनि, ईर्णनि, ईड्यनि, गव्यनि, जवनि, पतनि द्रवनि, आदि विभिन्न सत्यर्थक धातुओं के बीच में भय करना, उड़ना हिलना, आदि गति संज्ञाओं को स्थान देना उचित नहीं है। राजवाडे जी ने इसी प्रकार उल्लेख किया है कि **ऋग्वेद** में **'पत'** का अर्थ उड़ना, **'वृत्'** का अर्थ रथ के समान धीरे-धीरे घूमना 'हल्' का अर्थ वध करना या चोट करना है, जबकि निघण्ट में इन सभी का अर्थ है 'जाना'।

राजवाडे जी के कथनानुसार तृतीय अध्याय का १२वां खण्ड तो बहुत ही विवादास्पद है। इसे नैघण्टुक काण्ड के अन्तर्गत रखना सर्वथा अनुचित है। यही बात १३वें खण्ड के लिए भी है, क्योंकि इस खण्ड के पद समानार्थी पर्याय नहीं हैं—'इन्द्रयमा'—इनका उपयोग तुलना करते समय होता है। खण्ड २४ का **"अलिम्लुच"** और खण्ड २७ का 'अहनाय' शब्द इन विचारकों के अनुसार उत्तर-वैदिक है।

नैघण्टुक काण्ड में प्रयुक्त बहुत से शब्द पुनः नैगमकाण्ड में भी पाने जाते हैं। चतुर्थ अध्याय के द्वितीय खण्ड में कुछ ऐसे शब्द हैं जिनके अर्थ प्रथम तीन अध्यायों में आ चुके हैं। उदाहरणार्थ—

अन्धः (४।२।६)—पदनाम, (२।७।१)—अन्ननाम
वराहः (४।२।२१) पदनाम, (१।१०।१३)—मेघनाम
स्वसरणि (४।२।२२)—पदनाम, (१।९।५)—अहःनाम
(३।४।१०)—गृहनाम
शर्या (४।२।२३)—पदनाम,—(२।५।५)—अंगुलिनाम
मिनम् (४।२।२४)—पदनाम. (२।७।८)—अन्ननाम
वयुनम् (४।२।४८)—पदनाम, (३।९।१०)—प्रज्ञानाम

यही नहीं, **निघण्ट्** में एक ही अध्याय में एक पद कई खंडों में विभिन्न अर्थों में पुनरुक्त हुआ है—

पृथिवी, भू:—(१।१)—पृथिवी के अर्थ में
पृथिवी, भू:, व्योम—(१।३)—अन्तरिक्ष के अर्थ में
व्योम—(१।६)—दिक् के अर्थ में
व्योम—(१।१२)—उदक के अर्थ में
गौ:—(१।१)—पृथिवी के अर्थ में
गौ:—(१।४)—साधारण नाम
गौ:—(१।११)—वाङ्नाम

इसी प्रकार इरा, मही, अदिति, आप:, अप:, हरित्, तेज:, अक्षर:, आन:, नर:, दीधितय:, अभीशव:, पय:, स्वराणि, योनि: आदि अनेक शब्द है, जो अनेक खण्डो में विभिन्न अर्थों में पुनरुक्त हुए है। एक शब्द के अनेक अर्थ होना स्वाभाविक ही है।

निघण्टु के चतुर्थ अध्याय को ऐकपदिक कहते हैं क्योंकि इसमें अज्ञात या सन्दिग्ध व्युत्पत्तियो वाले २७८ पद है। यास्क ने इन पर अपनी व्याख्या की है, जो यास्क की विशेषता है। **निघण्टु** का पचम अध्याय **दैवत काण्ड** है—'तद्यानि नामानि प्राधान्यस्तुतीना देवताना तदैवतमित्याचक्षते' अर्थात् इस अध्याय में प्रयुक्त पद देवताओं के नाम है, ऐसा कुछ आचार्यों का मत है। प्रश्न यह है, कि देवता क्या है? यास्क कहते है—यत्काम ऋषिर्यस्या देवतायामार्थपत्यमिच्छन् स्तुति प्रयुङ्क्ते तद्दैवत. स मन्त्रो भवति, अर्थात् सबद्दष्ट। परमात्मा जिस अर्थ के प्रकाश की कामना करता हुआ जिस देवता में उस अर्थ के स्वामित्व की इच्छा रखता हुआ जिस देवता के लिए उस अर्थ के वर्णन को प्रयुक्त करता है वह मंत्र उस देवता वाला होता है। प्रत्येक वैदिक मंत्र का कोई न कोई देवता है। यह देवता मत्र के तत्त्वार्थ का द्योतक है, ऐसा समझना चाहिए। और इस दृष्टि से यास्क ने मत्रों को परोक्षकृत, प्रत्यक्षकृत, और आध्यात्मिक, इन तीन प्रकार का माना है।

यास्क का निरुक्त

यास्काचार्य का **निरुक्त** उनके नाम से ही प्रचलित **निघण्टु** की सांदाहरण व्याख्या है। वैदिक ऋचाओं मे प्रयुक्त कुछ पदो की पर्यायवाची क्रम से दी गयी सूची **निघण्टु** मे है, पर इन पदों की निरुक्तियां निरुक्त मे दी गयी है। **निरुक्त** का आश्रय सायण और दयानन्द दोनो ने अपने भाष्यो मे बड़ी प्रचुरता से किया है। **निघण्टु** के रचयिता यास्क हो या न हों, किन्तु **निरुक्त** के रचयिता तो यास्क ही है, इसमे मत-भेद नही है। यास्क की निरुक्तियां वैदिकार्थ जानने के लिए एक नयी पद्धति आरम्भ करती है और यह **निरुक्त** का विशेषता है। **उणादि सूत्रों** के बाद इसीलिए **निरुक्त** का बड़ा महत्व है।

यास्कीय **निरुक्त** कितना है, इसमे कुछ मतभेद है। देवराज यज्वा **निघण्टु टीका** की भूमिका मे लिखते है—

"भगवता यास्केन समाम्नाय नैघण्टुक-नैगम-दैवताकाण्डरूपेण त्रिविध गवादिदेवपर्यन्त निर्बुवता।" इस लेख के आधार पर वैदिक साहित्य के विद्वान् सत्यव्रत सामाश्रमी ने यह परिणाम निकाला कि देवराज यज्वा को द्वादशाध्यायी निरुक्त ही यास्कीय अभिप्रेत था। यज्वा का इस पंक्ति द्वारा इतना ही कहना अभिप्रेत है कि यास्क ने नैघण्टुक, नैगम और दैवताकाण्ड इन तीनों विभागो में विभक्त 'गो' से लेकर 'देवपत्नी' तक के समाम्नाय (अर्थात् निघण्टु) का व्याख्यान किया है। **निघण्टु** ग्रन्थ 'गो' शब्द से आरम्भ होता है (१।१।१) और '**देवपत्नी**' शब्द पर समाप्त होता है (५।६।३१)। इतने व्याख्यान के अतिरिक्त सबसे महत्व की तो वह भूमिका है, जो यास्क ने **निरुक्त** के आरम्भ मे दी है, और अन्त म दिये गए दैवतकाण्डके परिशिष्ट भी उल्लेखनीय है।

भिन्न-भिन्न निरुक्तो म अध्याय गणना भिन्न-भिन्न प्रकार से पायी जाती है। किसी-किसी मे चौदह अध्याय है, और किसी मे चौदहवां अध्याय तेरहवे अध्याय के साथ सम्भविष्ट कर दिया गया है। सभवत: तेरहवें अध्याय के अवशिष्ट पदो को ही लोग चौदहवां अध्याय मानते हैं। वस्तुत: निघण्टु का निरुक्त-भाष्य तो १२वें अध्याय पर ही समाप्त हो जाता है—'**देवपत्नी**' शब्द की व्याख्या पर—

इन्द्राणीन्द्रस्य पत्नी, अग्नाय्यग्ने: पत्नी, अश्विन्यश्विनो. पत्नी, राट् राजते, रोदसी रुद्रस्य पत्नी, वरुणानां च वरुणस्य-पत्नी। व्यन्तु देव्य. कामयन्तां य ऋतु. कालो जावानाम्।

यह व्याख्या (उत ग्ना व्यन्तु देवपत्नीरिन्द्राण्यग्नाय्यश्विनीराट्। आ रोदसी वरुणानी शृणोतु व्यन्तु देवीर्य ऋतुर्जनीनाम्' नामक ऋक् मत्र (५।४६।८) के सबध मे की गयी है। इस प्रकार **निघण्टु** का भाष्य तो १२ अध्याय तक **निरुक्त** मे समाप्त हो जाता है। आगे के दो अध्याय अतिरिक्त से संबंध रखते है, और ये **निरुक्त** के परिशिष्ट है ऐसा समझना चाहिए। ये भी यास्क-रचित है इसमे सन्देह करना व्यर्थ है।

यास्क ने अपने **निरुक्त** मे जहां अनेक शब्दों की निरुक्तियां दी है, वहां सख्याबाची शब्दों की भी, जो महत्त्व की बात है। संख्याओं के भारतीय नाम कुछ विकृत होकर भारत से बाहर भी अन्य देशों मे (यूरोप मे भी) पहुँचे।

एका इला संख्या। द्वौ द्युतरा संख्या। त्रयस्तीर्णतमा संख्या। चत्वारश्चलिततमा संख्या। अष्टौ अश्नोते। नव न वननीया, न अवाप्ता वा। दश दस्ता, दृष्टार्था वा। विंशतिर्द्विदशत:। शतं दशदशत:। सहस्रंसहस्रत्। अयुतं नियुतं प्रयुतं तत्तदभ्यस्तम्।

अम्बुधो मेघो भवति, अरणमम्ब तद्दोऽम्बुदः अम्बुमद् मातीति वा, अम्बुमद् भवतीति वा। स यथा महान् बहुर्भवति वर्षंस्तदिवा-बुंदम्। (निरुक्त, नैघण्टुक काण्ड ३।२।१०)

ये गिनतियाँ विदेशी भाषाओं में किस प्रकार रूपान्तरित हुई, यह बात निम्न सारणी से स्पष्ट है—

संस्कृत	अंग्रेजी	यूनानी	लैटिन	रूसी	जर्मन	फ्रांसीसी	इटैलियन
एक	One	Oine	Unus	Ah-Deen	Ein	Un, Une	Uno
द्वि	Two	Dyo	Duo	Dvo	Zwei	Deux	Due
त्रि	Three	Treis	Tres	Tri	Drei	Trois	Te
चतुर्	Four	Tettares / Tessares	Quatuor	Chih-tihree	Vier	Quatre	Quattro
पंच	Five	Pente	Quinque	Pyat	Funf	Cinq	Cinque
षष्, षट्	Six	Hex	Sex	Shyast	Sechs	Six	Sei
सप्त	Seven	Hepta	Septem	Sem	Sieben	Sept	Sette
अष्ट	Eight	Octo	Okto	Vaw-seem	Acht	Huit	Otto
नव	Nine	Ennea	Novem	Day-weet	Neun	Neuf	Nove
दश	Ten	Deka	Decem	Day-Seet	Zehn	Dix	Dieci

निरुक्त की कुछ व्युत्पत्तियाँ मनोरञ्जक भी हैं, जैसे कूप (निघण्टु ३।२३।१)—कूपः कस्मात् ? कुपानं भवति, कुप्यनेवा (निरुक्त ३।४।१९)—कोई अत्यन्त पिपासित व्यक्ति किसी कुएँ पर पहुँचे, और वहाँ डोल आदि जल निकालने का साधन न हो, तो वह बड़ा कुपित होता है, इसलिए कुएँ का नाम कूप पड़ा।

ऋग्वेद के एक मन्त्र में 'तत्स' और 'नम' शब्दों का प्रयोग हुआ है, जिनका अर्थ क्रमशः पिता और माता है, तत=daddy, नम=mammy—

कारुरहं ततो भिषगुपलप्रक्षिणी ननाः। (ऋग् ९।११२।३) अर्थात् मैं कारु. (शिल्पी) हूँ, मेरा पिता भिषक् है और मेरी मा उपलप्रक्षिणी अर्थात् गरम बालू पर भूंजनेवाली (भड़भूंजिन) या सक्तूकारिका (सत्तू बनाने वाली) है। निरुक्त में "तत" के लिए कहा है—तत इति सन्तानानाम पितुर्वा पुत्रस्य वा, अर्थात् जिससे भी वंशपरम्परा चले वह "तत" है, पुत्र भी 'तत' और पिता भी 'तत' (तन्यते यः सः ततः पुत्रे., तन्यते यस्मात् स. ततः पिता)। इसी प्रकार 'ननां नमतेर्मंता दुहिता वा' अर्थात् ननां का अर्थ माँ भी है, और बेटी भी। 'नमति अपत्यं यां सा ननां, नमति या सा ननां पुत्री।'

दो अक्षरों या दो व्यञ्जनों को मिलाकर नवविधों की संज्ञा रखने के ये तत और ननां प्राचीनतम उदाहरण हैं—दादा, नाना, काका, चाचा, मामा, पापा, डैडी आदि के।

बहुत से शब्द जो आगे चलकर व्यक्तिवाचक संज्ञायें बन गए, वैदिक समय में केवल यौगिकार्थ में प्रयुक्त होते थे, ऐसा निरुक्त के आचार्य का पक्ष है। यास्क के समय में भी भिन्न-भिन्न देशों में एक ही शब्द भिन्न अर्थों में प्रयुक्त होते थे—इस प्रकार प्रकृत और विकृत दोनों प्रकार के ही शब्द विद्यमान थे।

अथापि प्रकृतय एवैकेषु भाष्यन्ते, विकृतय एकेषु। शवतिर्गतिकर्मा कम्बोजेष्वेव भाष्यते। कम्बोजाः कम्बलभोजाः कमनीय भोजाः वा। कम्बलः कमनीयो भवति। विकारमस्यार्येषु भाषन्ते शव इति। दातिर्लवनार्थे प्राच्येषु, दात्रमुदीच्येषु। निरुक्त (२।१।२)

अर्थात् गत्यर्थक 'शव' धातु प्रकृत-रूप में कम्बोज में ही बोली जाती है, और इसके विकृत रूप 'शव' को आर्यावर्त में बोलते हैं—शव = गुजरा हुआ = मुर्दा। इसी प्रकार कम्बोज = कम्बल-भोज- कम्बलों से सबका पालन करने वाले। इसकी दूसरी व्युत्पत्ति कम्बोज = कमनीय भोज = कम्भोज = उत्तम पदार्थों का भोग करने वाले। 'कम्बल' कमनीय होता है, सुन्दर होता है, इसकी व्युत्पत्ति 'कमु' कान्तौ धातु से 'कल्' प्रत्यय, और 'बुक्' का आगम (उणादि ११७७)। इसी प्रकार यास्क ने एक और उदाहरण दिया है—काटने के अर्थ में 'दा' के प्रकृत-रूप प्राच्य देशों में बोले जाते हैं, और इसका विकृत रूप 'दात्र' उत्तरी देशों में बोला जाता है।

यास्क एक एक शब्द की कई व्युत्पत्तियाँ भी देते हैं, जैसे पुरुषः पुरिशयः, पुरिशय पूरयतेर्वा (२।१।३) अर्थात् (१) शरीर या पुर (नगर) में रहने वाला होने से जीवात्मा और नागरिक दोनों पुरुष हैं, (२) पुरिशय, शरीर या नगर में शयन करने वाला, (३) 'पूरी' आप्यायने धातु से 'कुषन्' प्रत्यय (उणादि ४।७४); मनुष्य का पुरुषत्व इसी में है कि उन्नति करे, (४) पूरयति अन्तः—यह निर्बन्धन अन्तर्यामी पुरुष को लक्ष्य में रख के किया गया है, पुरुष शब्द वैदिक साहित्य में स्वयं पूर्णार्थक भी है—पुरुष इव स्नब्धो विधि निष्ठ्यैष्कल्पेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्'— (यास्क ने यह उद्धरण किसी वैदिक-साहित्य का दिया है; कहाँ का है, यह पता नहीं)।

वशिष्ठ और पराशर के संबंध में यास्क निरुक्त में कहते हैं—

पराशरः पराशीर्णस्य वसिष्ठस्य स्थविरस्य जज्ञे।

अर्थात् पराशीर्ण=वसिष्ठ=स्थविर, इसका पुत्र पराशर कहलायेगा (६।६।३०)।

इन्द्रोऽपि पराशर उच्यते, पराशातयिता यातूनाम्।

अर्थात् इन्द्र को भी पराशर कहा जाता है, क्योंकि वह शत्रुओं का अतिदमन करता था—परा+शद्+रक्=पराशर (द् का लोप)।

संसार के कोश-साहित्य में **निघण्टु और निरुक्त** का शैली एवं प्राचीनता की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है, यह निर्विवाद है।

ए. बेरिडेल कीथ की कोश-नामावली

प्रो० ए० बेरिडेल कीथ (A. Berriedale Keith) भारतीय संस्कृत-साहित्य के अच्छे लब्धप्रतिष्ठ विद्वान् हैं। उन्होंने अपने 'संस्कृत-साहित्य के इतिहास' (*A History of Sanskrit Literature*) में निम्न कोशों का परिचय दिया है—

कात्यायन—नाममाला
वाचस्पति—शब्दार्णव
विक्रमादित्य—संसारावर्त
व्याडि—उत्पलिनी
अमरसिंह[1]—नामलिंगानुशासन (अमरकोश नाम से भी विख्यात)
पुरुषोत्तम देव[2]—त्रिकाण्ड शेष, और हारावली
शाश्वत[3]—अनेकार्थसमुच्चय
हलायुध—अभिधानरत्नमाला (c. ९५० ई०)
यादवप्रकाश[4]—वैजयन्ती (११ वीं शती का)
हेमचन्द्र[5]—अभिधान-चिन्तामणि (१२ वीं शती), अनेकार्थसंग्रह
जैन धनञ्जय—नाममाला (११२३-११४० ई०)
महेश्वर—विश्वप्रकाश (११११ ई०)
मङ्ख[6]—अनेकार्थ कोश (१२ वी शती)
केशवस्वामिन्—नानार्थार्णव संक्षेप (१२०० ई० के लगभग)
मेदिनीकर—अनेकार्थ शब्दकोश (या मेदिनी कोश)
इरुगप—नानार्थरत्नमाला

कहा जाता है कि क्षीर स्वामिन् (११ वीं शती), वन्द्यघटीय सर्वानन्द (११५९ ई०) और राज्यमुकुटमणि (१४३१ ई०) ने भी कोश रचे और उनके ग्रन्थों में पूर्ववर्ती १६ लेखकों का उल्लेख है। **एकाक्षर कोश** का समय अनिश्चित है, यह छोटी सी रचना है। द्विरूप और त्रिरूप-कोश में शब्द कई रूपों में दिए गए हैं। ज्योतिष् और आयुर्वेद के कोश भी बने। वैदिक निघण्टुओं की परम्परा बौद्ध ग्रन्थों ने भी अपनायी, और गद्य में दी गयी व्याख्याओं सहित कोश तैयार हुए। इनमें से उल्लेखनीय **महाव्युत्पत्ति** (edited by J. P. Minayeff, 1911) है; इसमें बौद्ध-मामयी प्रचुरता से है, क्रिया पद, वाक्यांश और वाक्य दिये गए हैं।

हिन्दू और मुस्लिम भावनाओं के कारण फारसी-संस्कृत कोश अकबर के समय से पूर्व न बन पाये। **पारसी प्रकाश** (A. Weber,

---

१. अमरसिंह बौद्ध था और महायान साहित्य और कालिदास के ग्रन्थों से परिचित। ७०० ई० के ग्रन्थ न्यास (जिसका रचयिता जिनेन्द्र बुद्धि था) में इसका उल्लेख नहीं है। ७-८ वी शती के बाद देश में बौद्ध धर्म का बहुत कुछ लोप हो गया, अतः अमरसिंह ८ वी शती के बाद का नहीं है। ६ ठी शती में यह था, यह कल्पना इस जनश्रुति के आधार पर है कि यह विक्रमादित्य के नवरत्नों में से था।

२. इसने पहले **त्रिकाण्ड शेष** लिखा, फिर बारह वर्ष बाद छोटा ग्रन्थ **हारावली**। बौद्ध ग्रन्थों में संकलित पर्यायों (synonyms) और भिन्नार्थी (homonyms) नामों का अच्छा कोश।

३. अमरसिंह के समान ही पुराने काल का। भिन्नार्थी नामों की व्याख्या एक छन्द, आधे छन्द या चौथाई छन्द में है, इस क्रम से सज्जित।

४. **वैजयन्ती** में शब्दों का संग्रह अक्षर-संख्या क्रम से, आदि-अक्षर क्रम से और लिंगानुसार है।

५. हेमचन्द्र के **अभिधान-चिन्तामणि** में ६ अध्यायों में पर्याय दिए हैं, जिनका आरंभ जैन-देवताओं से होता है, फिर विशेषण और प्रत्यय दिए हैं। अन्त में **निघण्टु शेष** नाम से वनस्पतिशास्त्र के शब्दों (या औषधों) का संकलन है। **अनेकार्थ संग्रह** में ६ अध्यायों में भिन्नार्थ नामों का संकलन, एकम्, द्विकम्, त्रिकम्, चतुष्कम्, पंचकम्, षट्कम् (१ अक्षर, २ अक्षर आदि) अकारादि क्रम से और अन्ताक्षर क्रम में सजा कर दिए हैं।

६. इसमें अमर, शाश्वत, हलायुध और धन्वन्तरि के कोशों को आधार माना गया है।

über den Parasiprakāśa, ABA, 1887) फ़ारसी का पुराना कोश है। इसी नाम का एक कोश वेदांतराय ने लिखा, जिसमें ज्योतिष् के पदों का संग्रह है।

९७२ ई० में धनपाल ने अपनी बहिन सुन्दरी के निमित्त "पैय्य लच्छी (प्राकृत-लक्ष्मी) नाममाला" नामक प्राकृत भाषा का कोश बनाया, जिसके आधार पर हेमचन्द्र ने अपना कोश 'देशी नाममाला' रचा (R. Pischel, द्वारा संपादित, BSS., १७,१८८०)। इस ग्रन्थ में हेमचन्द्र ने ऐसे देशी शब्द दिए हैं, जो संस्कृत शब्दों के न तो तद्भव है, न तत्सम।

कुछ प्रचलित कोश

बहुत दिनों से विद्वानों के बीच में अमरकोश और मेदिनी का प्रचलन अधिक है, इसलिए इनका कुछ उल्लेख यहाँ आवश्यक है।

अमरकोश—अमरसिंह कृत इस कोश में २९८९ पंक्तियाँ हैं जिनमें लगभग १०,००० शब्द है। इसके विभिन्न काण्डों में संग्रह की सामग्री निम्न प्रकार सज्जित है—

प्रथम काण्ड—परिभाषा, स्वर्ग वर्ग, व्योम वर्ग, दिग्वर्ग, काल वर्ग, धी वर्ग, शब्दादि वर्ग, नाट्य वर्ग, पाताल-भोगि वर्ग, नरक वर्ग, वारि वर्ग।

द्वितीय काण्ड—भूमि वर्ग, पुर वर्ग, शैल वर्ग, वनौषधि वर्ग, सिंहादि वर्ग, मनुष्य वर्ग, ब्रह्म वर्ग, क्षत्रिय वर्ग, वैश्य वर्ग, शूद्र वर्ग।

तृतीय काण्ड—विशेष्यनिघ्नवर्ग, संकीर्ण वर्ग, नानार्थ वर्ग, अव्यय वर्ग, लिंगादि संग्रह वर्ग।

इस प्रकार समस्त अमरकोश में तीन काण्ड है। अमरकोश संस्कृत कोशों में सर्वाधिक प्रचलित है, और संस्कृत ग्रन्थों के अनेक टीकाकारों (जैसे मल्लिनाथ आदि) ने इसके उद्धरण दिए है। प्राचीन समय में ये कोश भी कण्ठस्थ किए जाते थे, अतः ये सब पद्य में रचे गए। अमरकोश का अमरसिंह ने नाम 'नामलिंगानुशासनम्' दिया। कोश के अन्त में श्लोक है—इत्यमरसिंहकृतौ नाम लिंगानुशासने। सामान्यकाण्डस्तृतीयः साङ्ग एव समाप्तितः। इसी प्रकार के श्लोक प्रथम और द्वितीय काण्ड के अन्त में भी हैं। इटली के विद्वान् पावोलीनी ने लगभग सत्तर वर्ष पूर्व यह सिद्ध किया था कि अमरकोश के समान संस्कृत के कोश कवियों के लिए ही महत्त्वपूर्ण हैं अन्यथा काम में कम आने वाले शब्दों के संग्रह है।

'नामलिंगानुशासनम्' शब्द में नाम शब्द से संज्ञायें अभिप्रेत है। अमरकोश में इस प्रकार संज्ञा और उसके लिंग भेद का अनुशासन है। अव्यय भी दिए गए है (३।६)। किन्तु धातु नहीं। धातुओं के कोश भिन्न होते थे (देखो काव्यप्रकाश, काव्यानुशासन आदि)। हलायुध ने अपना कोश लिखने का प्रयोजन 'कविकण्ठविभूषणार्थम्' बताया है। धनञ्जय ने अपने कोश का इसी प्रकार उद्देश्य 'कवीना हित काम्यया' ऐसा कहा है। अमरसिंह इस संबध में मौन है। प्रस्तावना में श्लोक केवल इतना है—

समाहृत्यान्यतन्त्राणि संक्षिप्तैः प्रतिसंस्कृतैः।
सम्पूर्णमुच्यते वर्गैर्नामलिंगानुशासनम्॥

किन्तु अन्य कोशकारों के समान अमरसिंह का उद्देश्य तो कवियों की हितकामना ही रहा होगा, यह स्पष्ट है।

अमरकोश में अनेक स्थलों पर (विशेषतया देवताओं के नामों के संबंध में) ऐसे नामों का संकलन प्रचुरता से है, जिनका कदाचित् ही कहीं साहित्य में प्रयोग हुआ हो, जैसे—

देवानञ्चति देवद्यङ् विष्वद्यङ् विष्वगञ्चति।
यः सहाञ्चति सध्यङ् स स तिर्यङ् यस्तिरोऽञ्चति॥

(तृतीय काण्ड, २०९२-९३)

अमरकोश में शब्द-विन्यास कैसा है, इसका अनुमान निम्न पंक्तियों से लग जायेगा—

वदो वदावदो वक्ता वागीशो वाक्पतिः समौ।
वाचोयुक्तिपटुर्वाग्मी वावदूकोऽति वस्तरि॥
स्याज्जल्पाकस्तु वाचालो वाचाटो बहुगर्ह्यवाक्।
दुर्मुखे मुखराबद्धमुखौ शुक्लः प्रियंवदे।
लोहलः स्यादस्पष्टवाग्गर्ह्यवादी तु कदूवदः॥

(तृतीय काण्ड, २०९४-९८)

अव्ययों की चार पंक्तियाँ देखिए—

ह्यो गतेऽनागतेऽह्नि श्व. परश्वन्तु परेऽह्नि।
तदा तदानीं युगपदेकदा सर्वदा सदा॥
एतर्हि संप्रतीदानीमधुना सांप्रतं तथा।
दिग्देशकाले पूर्वादौ प्रागुदक्प्रत्यगादयः॥

(तृतीय काण्ड, २८९५)

यह स्मरण रखना चाहिए कि कठिन, दुर्लभ एवं विचित्र शब्द ढूँढ-ढूँढ कर रखना कोशकारों का एक गुण माना जाता था। १४२१ वीं पंक्ति में एक शब्द 'नमस्या' है—

पूजा नमस्याऽर्चितिः सपर्याहंणाः समाः।

यह वस्तुतः ऋग्वेद का शब्द (१०।१०४।७) है, जिसका विकृत रूप नमाज है (नमस्या=adorations, विलसन)।

उपभूषन्ति गिरो अप्रतीतमिन्द्रं नमस्या जरितुः पनन्त।

(ऋग् १०।१०४।७)

इसी प्रकार एक वैदिक शब्द द्विवचन में प्रयुक्त वास्तव्यौ है—

ना सत्याविश्विनौ दक्षावाश्विनेयौ च तावुभौ। (पंक्ति १०२)

अमरकोश में वैदिक शब्दों के साथ कतिपय प्राकृत शब्द भी संस्कृत ही समझ कर रख दिए गए हैं। ऐसा समझ पड़ता है कि अमरसिंह के समय जीती-जागती संस्कृत भाषा में अनेक प्राकृत शब्द भी उतनी ही मान्यता प्राप्त कर चुके थे जितनी कि सामान्य संस्कृत शब्द। जैसे छुरिका, ढक्का (बाजा), गर्गरी (गग्गरी), डुलि आदि।

स्याच्छस्त्री चासिपुत्री च छुरिका चासिधेनुका।

(पंक्ति १६५२)

स्याद्ढक्का पटहो ढक्का भेरी स्त्री दुन्दुभिः पुमान्।

(पंक्ति ३७३)

कुठरी दण्ड विष्कम्भो मन्थनी गर्गरी समे। (पंक्ति १८५५)

शिली गण्डूपदी भेकी वर्षाभ्वी कमठी डुलिः। (पंक्ति ५१५)

बौद्धों के प्रभाव से भी संस्कृत शब्दमय में परिवर्तन हुआ। बुद्ध का एक नाम पर्याय अर्कबंधु है। बौद्ध-प्रभावितसंस्कृत में बताया गया है कि अर्क किसी पहले जन्म में बुद्ध का नाम था। अमरकोश में हमें लिखा मिलता है—गौतमश्चार्कबन्धुश्च मायादेवी सुतश्च सः (पंक्ति ३०)। बुद्ध के अनेक अन्य नाम भी हैं—

सर्वज्ञः सुगतो बुद्धो धर्मराजस्तथागतः।
समन्तभद्रो भगवान् मारजिल्लोकजिज्जिनः॥
षडभिज्ञो दशबलोऽद्वयवादी विनायकः।
मुनीन्द्रः श्रीघनः शास्ता मुनिः शाक्यमुनिस्तु यः।
स शाक्यसिंहः सर्वार्थसिद्धः शौद्धोदनिश्च सः॥

(पंक्ति २५-२९)

अमरकोश का रचयिता अमरसिंह बौद्ध था या नहीं, यह कहना कठिन है। इसने आरम्भ में जो मंगलाचरण दिया है उसमें प्रच्छन्न-रूप से बुद्ध की स्तुति है, ऐसा प्रतीत होता है—न कि किसी हिन्दू देवता की—

यस्य ज्ञानदयासिन्धोरगाधस्यानघा गुणाः।
सेव्यतामक्षयो धीराः स श्रियेऽमृताय च॥

देवताओं की नामावली देने से पूर्व अमरसिंह ने बुद्ध के पर्याय अपने कोश में दिए हैं। इससे भी स्पष्ट है कि अमरसिंह की आस्था बौद्धधर्म के प्रति काफ़ी थी।

अमरकोश ने अपनी सामग्री किस पूर्ववर्ती कोश से ली, इसका उल्लेख उसके कोश में कहीं नहीं मिलता। केवल इतना कहा है—'समाहृत्यान्यतंत्राणि', पर ये कौन से तंत्र हैं, यह कहीं नहीं दिया। पाश्चात्य विद्वान् कर्न और पिशल का अनुमान है कि अमरसिंह का समय ५५० ई० के आस-पास होगा, क्योंकि यह विक्रमादित्य के नवरत्नों में गिना जाता है, जिनमें से एक रत्न वराहमिहिर था जिसका समय ५५० ई० निश्चित है। ब्यूलर अमरसिंह को लक्ष्मणसेन की सभा का एक रत्न मानते हैं। हलायुध ने अपने कोश में एक कोशकार अमरदत्त का उल्लेख किया है, पर यह अमरदत्त अमरसिंह ही हैं, यह कहना कठिन है।

मेदिनीकोश—इस कोश का रचयिता मेदिनिकर है, जिसके पिता का नाम प्राणकर था, जैसा कि इसने स्वयं उपसंहार में लिखा है—

षट्शतगाथाकोषप्रणयनविख्यातकौशलेनाऽयम्।
मेदिनिकरेण कोषः प्राणकरसूनुना रचितः॥

इसने आरंभ में ही स्वीकार किया है कि पूर्वाचार्यों की कृतियों की सहायता से ही यह कोश तैयार किया गया है—

पूर्वाचार्यकृतीर्वीक्ष्य शब्दशास्त्रं निरूप्य च।
नानार्थशब्दकोशोऽयं लिंगभेदेन कथ्यते॥

ये पूर्वाचार्य कौन हैं, इसका कुछ पता उपसंहार की पंक्तियों से लगता है—

उत्पलिनीशब्दार्णवसंसारावर्तनामभाल्याम्।
मातुरि वरुचिशाश्वतोपालि तरन्ति देवहरकोषान्॥
अमरसुभाकूहलायुधगोवर्धनरभसपालकृतकोषान्।
यद्वामरदत्ता जयमङ्गलाधरधरणिकोषांश्च।
हारावल्यभिधानं त्रिकाण्डशेषं च रत्नमालाञ्च।
अपि बहुदोषं विश्वप्रकाशकोषं च सुविचार्यं।
वाग्भटमाधववाचस्पतिधन्वंयाडिताररपालाख्यान्।
अपि विश्वरूपविक्रमादित्यनामलिङ्गानि सुविचार्यं।
कात्यायनवामनचन्द्रगोमि रचितानि लिङ्गशास्त्राणि।
पाणिनिपदानुशासनपुराणकाव्यादिकं च सुनिरूप्य॥

मेदिनिकर की यह सूची ग्रन्थों, कोशों और ग्रन्थकारों की दृष्टि से काफ़ी विशद और प्रशस्त है। स्पष्ट है कि मेदिनी कोशकार ने बड़े परिश्रम से इस कोश का प्रणयन किया। इस कोश की कई विशेषतायें भी हैं। शब्दों की संख्या लगभग पाच सहस्र है।

इस कोश का मुख्य भाग **'शब्द वर्ग:'** जिसमें क्रान्त वर्ग से ह्रान्त वर्ग तक के शब्दों का समावेश है, अर्थात् पहले वे सब शब्द दिए गए हैं जिनका अन्त 'क' अक्षर से होता है, फिर जिनका अन्त 'ख' अक्षर मे होता है, फिर 'ग' अक्षर से अन्त होने वाले शब्द और इसी प्रकार वर्णमाला के सभी व्यंजनों से अन्त होने वाले शब्द यथाक्रम रक्खे गए है, और इस प्रकार अन्त मे 'ह' मे अन्त होने वाले शब्द हैं।

यही नहीं क्रान्त वर्ग में 'कैकम्', 'कद्विकम्', 'कत्रिकम्', 'कचतुष्कम्', 'कपञ्चकम्' और 'कषट्कम्' है, अर्थात् एक अक्षर वाले शब्द जो 'क' से अन्त होते हों, दो अक्षर वाले शब्द जो 'क' अक्षर मे अन्त होते हो, तीन अक्षर वाले शब्द जो 'क' से अन्त होते हों, इत्यादि-इत्यादि। उदाहरण के लिए—

कैकम्—कः, कं।

कद्विकम्—अर्कः, अंकः, कल्कः, काकः।

कत्रिकम्—अशोकः, अलकः, अभीकः, अन्तिकं, कनकं।

कचतुष्कम्—अङ्गारकः, कपर्दकः, काकलकः, कौलेयकः, गोमेदकः, चर्चरीकः, मयूरकः, माणवकः।

कपञ्चकम्—अनेडमूक, उपकारिकः, कृमिकण्टकं, गोजगरिकं, चिलमीलिका, शतपर्विका, शीतचम्पक, सुखसन्तक, हेमपुष्पिका।

कषट्कम्—गाममदगुरिका, मदनशलाका, मातुलपुत्रकः, सिन्दूरतिलकः।

मेदिनी कोश की यह विशेषता है कि द्विक, त्रिक, चतुष्क, पञ्चक, षट्क आदि सभी मे शब्दो का चयन अकारादि क्रमसे किया गया है, इस प्रकार समस्त कोश में 'अन्त' वर्णक्रम के साथ साथ 'अकारादि वर्णक्रम' का भी ध्यान रक्खा गया है।

शब्दों का अर्थ भी साथ-साथ दिया है, और उनका लिंग भी कही-कही बता दिया है। उदाहरणत —

आहारः स्यादाहरणे भोजने च पुमानयम्।

अर्थात् आहारः का अर्थ भोजन है, और यह पुल्लिग शब्द है। इसी प्रकार—

उर्वरा सर्वशस्याढ्या भूमौ स्याद् भूमिमात्रके।

अर्थात् उर्वरा का अभिप्राय ऐसी भूमि से है, जिसमें सब प्रकार का अन्न प्रचुरता से होता हो।

अब हम दो आयुर्वेद कोशों का उल्लेख करेंगे।

भिषगार्य की अभिधानमञ्जरी—वैद्यसारथि प्रेस कोट्टयम्, ने भिषगार्य की अभिधानमञ्जरी प्रकाशित की है (द्वितीय संस्करण १९५२), जिसके रचयिता भिषगार्य के संबंध मे विस्तार से कुछ ज्ञात नही है।

इस ग्रन्थ के पहले बत्तीस वर्गों में 'मदनादिगण वर्ग' के द्रव्य-वनस्पतियों आदि का उल्लेख है। फिर 'शुक-धान्यादि वर्ग' के पाँच वर्ग हैं, फिर 'संकीर्णवर्ग' के छः वर्ग है। इसका एक उदाहरण इस प्रकार है—

शिलाजतु शिलालं स्याच्छैलेयं गिरिजाह्वयम्।
शिलाह्वयं चाश्मजतु गिरिजं गिरिवातु च॥
पद्मलोहयोनिः शैलाह्वं योगवाही रसायनम्।
शब्दैर्जतूत्तरैश्चोक्त शिलापर्यायवाचकैः॥

(मदनादि, २५७)

शिवदत्त मिश्र का शिवकोश

यह शिवार्चवाची पर्यों का महत्त्वपूर्ण कोश है, जिसका सम्पादन आर० जी० हर्षे (R. G. Harshe) ने १९५० में किया, और जो डेकन कॉलिज, पूना से प्रकाशित हुआ। इस कोश की रचना १६७७ ई० (१५९९ शकाब्द) में हुई। इसमें आर्या और अनुष्टुप् छन्दों का मिश्रण है। इसमें २८६० प्रमुख शब्द और अर्थों को भी व्यक्त करने वाले शब्दों को लेकर ४८६० शब्दों के लगभग का संग्रह है। इस कोश में पशु-पक्षियों, कीटों और सर्पों को भी स्थान मिला है। शिवदत्त ने न केवल यह कोश रचा, इसकी व्याख्या भी स्वयं इसने दे दी हैं, इसलिए इस कोश का महत्त्व और बढ़ गया है। इस ग्रन्थ में अनेक (३७ के लगभग) आयुर्वेदिक ग्रन्थों की सूची तो है ही, कोशों की सूची भी है।

अजय या अजयपाल—अनेकार्थ या नानार्थ संग्रह (११४० ई० के पूर्व का)
महाक्षपणक—अनेकार्थध्वनिमञ्जरी (संभवतः इसका रचयिता दुर्गसिंह या गढसिंह हो)
अमरसिंह—नामलिंगानुशासनम्
अमरचन्द १—(जिनचन्द्र सूरि का शिष्य) एकाक्षरनाममाला, और सुधाकलश
अमरचन्द २ (जिनदत्त का शिष्य)—पद्मानन्दकाव्य, कलाकलाप, बालभारत आदि
अमर (३)—अमरमाला
उज्ज्वलदत्त—?
व्याडि—उत्पलिनी
शुभाक—उत्पलमालिनी
? —केसरमाला (अमरकोश के टीकाकार सर्वानन्द ने टीका सर्वस्व में इसका उल्लेख किया है)
तारपाल—मेदिनिकर ने मेदिनी में इसका उल्लेख किया है।
पुरुषोत्तम देव—त्रिकाण्डशेष, द्विरूप कोश, हारावली।
धरणीदास (धरणीधर)—धरणी (मेदिनिकर ने इसका उल्लेख किया है)।
? —धर्मिष्ठ।
? —नामगुणमाला।
धन्वन्तरि, धनञ्जय या दण्डिन्—नाममाला।
? —माधवी (या माधवीकाम) राय मुकुट और सुभूति ने इसका उल्लेख किया है।
? —माला (या मालतीमाला) मल्लिनाथ ने इसका उल्लेख किया है।
कालिदास—रत्नकोश (मल्लिनाथ, रायमुकुट आदि ने इसका उल्लेख किया है)।
मेदिनिकर—मेदिनी।
रन्तिदेव—इसका कामशास्त्र प्रसिद्ध है, इसने कोश भी रचा जिसका उल्लेख मेदिनिकर ने किया है।
रभसपाल—रभस (इस कोश के केवल उद्धरण मिलते हैं)।
रामशर्मा तर्कवागीश—अमरकोश टीका, उणादि कोश, मुग्धबोध टीका।
रामाश्रम (भानु जी दीक्षित)—अमरकोश पर टीका।
? —लोचन (यह मूल-कोश है, न कि टीका, इसका उल्लेख शिवकोश में है)।
वाचस्पति—वैयाकरण और कोशकार—वनस्पतियों के नाम शिव कोश में हैं।
महेश्वर—विश्वप्रकाश।
यादव भट्ट—वैजयन्ती (यादव प्रकाश)।
वोपालित सिंह—वोपालित (प्राचीन कोश, जिसका उल्लेख हलायुध, मेदिनिकर आदि ने किया है)।
व्याडि—इसके कोश का अनेक ने उल्लेख किया है।
? —शब्दार्णव, इस कोश का उल्लेख पुरुषोत्तम और मेदिनिकर ने किया है।
क्षीरस्वामिन् (या स्वामी)—अमरकोश का टीकाकार।
हलायुधभट्ट—अभिधान रत्नमाला (जो हलायुध कोश नाम से भी प्रसिद्ध है)।

हम शिवकोश का एक उदाहरण यहाँ देंगे—ट से अन्त होने वाले पदों का—

टच—करहाटः पचकन्दे पिण्डितेऽथ घनस्तटम्।
कैवर्तीमुस्तके जिह्मे शालूके वा कुटन्नटः॥ (१३७)

इसकी व्याख्या इस प्रकार की है—

> टच। करहाट इति। पद्मकन्दः—शालूकं। पिण्डितो-मदनफलं। 'करहाटो मरुवकः शल्यको विषपुष्पक' इति धन्विष्ठः। अथ कुटन्नटमिति। कैवर्तीमुस्तकं-परिपेलवं। 'परिपेलवं प्लवं वन्यं तत्कुटन्नट संज्ञकं। जायते मण्डुकाकारं शैवालदलस-चयं'-इत्यमरः। जिह्मं-तगरं। शालूकाऽरलूः। 'शालूको विजनो मल्लः पृथु शिम्बः कुटन्नटं' इति केयवेधः। कुटन्नटं–'जिह्मो कैवर्तकी मुस्तेऽरलूके तु कुटन्नटं' इति विश्वलोचनः।

मोनियर-विलियम्स की संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनरी

इस प्रसिद्ध संस्कृत-अंग्रेजी शब्द कोश का प्रथम संस्करण भारतमंत्री (सेक्रेटरी आव् स्टेट फॉर इण्डिया इन् कौन्सिल) की सहायता से ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस से १८९९ ई० में प्रकाशित हुआ। ग्रन्थ की समाप्ति मोनियर-विलियम्स की मृत्यु से कुछ ही दिन पूर्व हो पायी थी (मृत्यु अप्रैल ११, १८९९ को दक्षिण फ्रान्स के कैने (Cannes) स्थान में हुई)। इस कोश की सामग्री एकत्रित करने के लिए मोनियर-विलियम्स महोदय तीन बार १८७५-६, १८७६-७ और १८८३-४ ई० में भारत भी आए और भारत सरकार के अतिथि भी रहे। मोनियर-विलियम्स के कतिपय छात्र भारत में विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य कर रहे थे, और उनसे भी उन्हें यथेष्ट सहायता मिली। शब्दकोश में सभी सम्मिलित शब्दों की संख्या एक लाख अस्सी हजार के लगभग है, और मोनियर-विलियम्स ने एक बृहत् सूची उन ग्रन्थों की दी है जिनके शब्द इस कोश में सम्मिलित किए गए हैं। मोनियर-विलियम्स ऑक्सफोर्ड-यूनिवर्सिटी में बोडन-चेयर (Boden Chair) पर नियुक्त प्राध्यापक थे। इस पद की संस्थापना १८११ में कर्नल बोडन ने की थी एक विशेष उद्देश्य से—

> "To promote the translation of the scriptures into Sanskrit, so as to enable his countrymen to proceed in the conversion of the natives of India to the Christian religion."

यह कहना कठिन है कि मोनियर-विलियम्स की कोश-रचना से इस उद्देश्य की सिद्धि कितनी हुई और ईसाई-धर्म वाली कितनी पुस्तकें संस्कृत में अनूदित हुईं, किन्तु यह कोश अपने ढंग का अद्वितीय ग्रन्थ है, और रचयिता के अध्यवसाय एवं विद्वत्ता का परिचायक है। उसका उपयोग विद्वानों के क्षेत्र में बराबर हो रहा है, और इसके संस्करण अब भारत में भी प्रकाशित होने लगे हैं। प्रो० एच० एच० विलसन ने इस कोश की रचना से पूर्व ईसाई-साहित्य के पारिभाषिक शब्दों का संस्कृत में अनुवाद किया, और एक सूची तैयार की। रेवरेण्ड जी० वेंगर (G. Wenger) ने मोनियर-विलियम्स के कोश से समुचित सहायता बाइबिल के संस्कृत अनुवाद में प्राप्त की। डा० येट्स (Yates) की संस्कृत-डिक्शनरी का भी रेव० वेंगर ने संपादन किया था।

बोडन-चेयर पर पहला नियुक्त अध्यापक प्रो० एम० एच० विलसन (Wilson) था, जिसने अंग्रेजी में ऋग्वेद का अनुवाद भी किया। विलसन की इच्छा संस्कृत-अंग्रेजी कोश सम्पादित करने की भी थी और उसने २००० के लगभग संस्कृत की धातुओं को वैज्ञानिक पद्धति पर क्रमबद्ध भी कर लिया था। विलसन इस काम को पूरा न कर पाया और उसने अपनी संकलित समस्त सामग्री मोनियर-विलियम्स को सौंप दी। इसी समय जर्मन भाषा में एक विशालकाय संस्कृत-जर्मन शब्द कोश तैयार किया जा रहा था—*Sanskrit-German Wörterbuch* जिसके संपादक ब्यूटलिंक (Böhtlingk) और रौथ (Roth) थे।

मोनियर-विलियम्स ने अपनी भूमिका में भाषाओं की चार प्रमुख शाखाओं का उल्लेख किया है—

(क) भारतीय—जिसके अन्तर्गत संस्कृत, पुरानी प्राकृत, शिलालेखों की प्राकृत, बौद्ध साहित्य की पाली, जैनियों की अर्ध-मागधी और देश की आधुनिक प्राकृत भाषायें, हिन्दी, मराठी, गुजराती, बंगाली, उड़िया आदि हैं।

(ख) ईरानी—जिसके अन्तर्गत अवस्ता (जिंद) भाषा, पुरानी पारसी या एक्रीमीनियन भाषा, पहलवी, आधुनिक फारसी, और इनसे संबंध रखने वाली आर्मीनियन और पश्तो हैं।

(ग) यूरोपीय—जिसके अन्तर्गत केल्टिक, ट्यूटोनिक, स्लैवोनिक और लिथुएनियन, ये ६ भाषायें हैं और जिनसे संबद्ध आज की सभी यूरोपीय भाषायें हैं।

(घ) सेमेटिक या शेमेटिक—जिसके अन्तर्गत ऐसीरियन, हिब्रू, आरमीनियन, अरबी और हिम्यरिटिक भाषायें हैं। एबिसीनिया की भाषा इथिओपिक या गे-एज (Ge-ez) भी इनके साथ गिनी जा सकती है।

मोनियर-विलियम्स ने अपने कोश में वैदिक संहिताओं, ब्राह्मण ग्रन्थों, श्रौत सूत्रों, धर्म सूत्रों, काव्य ग्रन्थों, साहित्य के शास्त्रीय ग्रन्थों, नाटकों, पुराणों, दर्शनों, ज्योतिष ग्रन्थों, आयुर्वेद, कृषि आदि से संबद्ध ग्रन्थों आदि से सामग्री संकलित की है।

मोनियर-विलियम्स का संस्कृत-अंग्रेजी कोश १८९९ ई० में तैयार हुआ, किन्तु इससे कहीं पूर्व नवम्बर ५, १८५१ ई० को आपका इंगलिश-संस्कृत कोश तैयार हो चुका था। अपनी भूमिका में योग्य लेखक ने अपने विचार इस प्रकार व्यक्त किए—

> If at our Universities and Colleges, where are educated many who are destined to fill the highest offices in our home government, the composition of Latin prose is demanded of all candidates

for degrees, with much more reason may Sanskrit composition be made an essential of this Institution where are trained the whole body of civilians to whom the government of our Indian Empire is to be intrusted.

अर्थात् भारत की सिविल सर्विस के कर्मचारियों के लिए यह अनिवार्य कर देना चाहिए कि उन्हें संस्कृत लिखने का अच्छा अभ्यास हो, और इस उद्देश्य की पूर्ति तभी हो सकती है, जब विद्यार्थियों को अंग्रेजी-संस्कृत कोश उपलब्ध हो। भारतीय भाषाओं से संबंध रखने वाले कुछ कोशों का मोनियर-विलियम्स ने उल्लेख भी किया है, जो उसके समय में तैयार हो चुके थे।

अंग्रेजी-हिन्दुस्तानी कोश—डा० गिलक्राइस्ट (Gilchrist) कृत और शेक्सपियर (Shakespear) और डा० डंकन फोर्बेस (Forbes) कृत

अंग्रेजी-बंगाली कोश—राम कमल सेन कृत

अंग्रेजी-मराठी कोश—मेजर कैण्डी (Candy) कृत

अंग्रेजी-तेलगू कोश—मॉरिस (Morris) कृत

अंग्रेजी-कन्नड कोश—रीव (Reeve) कृत

अंग्रेजी-फारसी-अरबी कोश—प्रो० जॉनसन (Johnson) कृत (जो उस समय तैयार हो रहा था)।

इस समय विल्सन का संस्कृत-अंग्रेजी कोश प्रकाशित हो चुका था। डा० केरी (Carey) और डा० येट्स (Yates) के बाइबिल के संस्कृत अनुवाद छप चुके थे। विशप कॉलिज कलकत्ता के प्रिन्सपल डा० मिल (Mill) ने संस्कृत भाषा में यीशू मसीह का इतिहास लिखा था। मोनियर-विलियम्स फिर यह लिखते हैं—

And since it is found that no vernacular tongue is adequate to express the ideas of religion and science, without borrowing its terms from the Sanskrit, the utility of a English Sanskrit Dictionary will be recognized by all who have to compose in these dialects, whether in Hindi, Bengali, Uriya, Telugu, Canarese, Tamil, Malayalam or Marathi.

मोनियर-विलियम्स के इस कथन में आज सौ वर्ष बाद भी कोई अन्तर नहीं पड़ा है। केन्द्रीय शासन के **शब्दायोग** द्वारा जो भारतीय भाषाओं में पारिभाषिक शब्दावली बन रही है (या बनी है), उसमें संस्कृत कोशों से ही सहायता लेनी पड़ी है, और मोनियर-विलियम्स का अंग्रेजी-संस्कृत कोश आज भी बड़े काम का है। अब इसका पुनर्मुद्रण भारत में हो गया है (प्रकाशक मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, वाराणसी, पटना, १९५६)। इस कोश से दो तीन शब्द नमूने के रूप में यहाँ दिए जाते हैं—

CELL, S. (A small cavity) बिलं, छिद्रं, रन्ध्र, कूपः, कुहरं,—(A small apartment) कुटी, कक्षः,—(In a prison) कारागारे कुटी or कक्षः or उपरोधकः, अवरोधनशालिका, गुप्तिः. F.-(A cottage) कुटीरं,—(The habitation of a religious person) मठः, आश्रमः।

CELLULAR, a. मूषकपूविशिष्टः-ष्टा-ष्टं, सूक्ष्म रन्ध्रपूर्णः-र्णा-र्णं, मधुकोषाकारः-रा-रं।

CEMENT, S. (The matter with which two bodies are made to cohere, as mortar) सुधा, लेपः, विलेपः, सलग्नीकरणार्थम् अतिस्यानद्रव्यं,—(Bond of union) बंधनं, सबन्धः, आबन्धः, सन्धिः m.

वामन शिवराम आप्टे का संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोश

प्रिन्सपल वामन शिवराम आप्टे कोंकण-परिवार के प्रसिद्ध विद्वान् थे (१८५८—१८९२)। उनके ग्रन्थों में कुछ ये हैं—

The Practical Sanskrit Dictionary (1890)

The Student's English Sanskrit Dictionary (1884)

जो व्यक्ति मोनियर-विलियम्स के बड़े कोशों का उपयोग नहीं कर सकते, उनके लिए ये कोश बड़े सुविधाजनक हैं। आप्टे ने अपनी सामग्री मोनियर-विलियम्स के कोश से ही ली है, ऐसा स्पष्ट है, किन्तु शब्द की सजावट अपनी पद्धति पर है। इस कोश में पारिभाषिक शब्दों की पूरी व्याख्या देने का प्रयास भी किया गया है, विशेषतया न्याय, अलंकार, वेदान्त, व्याकरण और नाट्यशास्त्र के शास्त्रीय शब्दों की। उद्धरण भी शास्त्रीय ग्रन्थों से दिए गए हैं। नमूने के लिए हम उपमा शब्द को यहाँ देते हैं।

उपमा 1. Resemblance, similarity, equality; स्फुटोपमं मूतिसितेन शम्भुना Śi. 1.4; 17.69; Ki, 6.23; **इहोपमा सताम्** Pt. 2.8, the same is the case with the good.–2. (In Rhet.) comparison of two objects different from each other, simile, comparison, **साधर्म्यमुपमा भेदे** K.P.10; or **सादृश्यं सुन्दरं वाक्यार्थोपस्कारकमुपमालंकृतिः** R.G.; or **उपमा यत्र सादृश्य-लक्ष्मीरल्लसति : द्वयोः। हंसीव कूजते कीर्तिः स्वर्गङ्गायवगाहते**" Chandr. 5.3; Kāv. 2.14; **उपमा कालिदासस्य Subhā.**

(Dandin mentions 32 varieties of उपमा see 2.57-65); see K.P. 10 *ad loc* also, 3 The Standard of Comparison (उपमान); यथा दीपो निवातस्थो नेङ्गते सोपमा स्मृता Bg. 6.19; आत्मानमृषमां कृत्वा स्वेषु दारेषु रम्यताम् Rām 5.21.8; द्रव्य below; mostly at the end of comp. like', 'resembling' बुबुधे न बुधोपमः R. 1.147; So स्वर्गोपम, अमरोपम, अनुपम etc. 4. A likeness (as a picture, portrait etc.)-5 Heresy, irreligious doctrine; विचमः परधर्मश्च आभास उपमा छलः। अधर्मशाखाः पञ्चेमा धर्मज्ञोऽधर्मवत्त्यजेत्॥ Bhāg 7.15.12

आप्टे के कोश का संशोधित संस्करण परशुराम कृष्ण गोडे और सी० जी० कार्वे द्वारा सम्पादित होकर पुनः १९५७ में प्रसाद प्रकाशन, पूणे से मुद्रित हुआ। इसी प्रकार अंग्रेजी-संस्कृत कोश भी पुनः सम्पादित होकर प्रकाशित हुआ है।

भारतीय भाषाओं के १९वीं शती के अन्त तक प्रकाशित शब्दकोश

संस्कृत

अमर सिंह (१००० ई० से पूर्व का **अमरकोश**. कलकत्ता. १८०७; १८३४. बंबई १८६०, लखनऊ १८६३; मद्रास १८७० (ग्रन्थ लिपि में), कोट्टयम् १८७३, (मलयाळम लिपि में); काशी से १८६७ में महेश्वर की अमर विवेक टीका सहित

राजा राधाकान्त देव का **शब्दकल्पद्रुम**, कलकत्ता १८२१-५७ (८ जिल्दों में). ८७३० पृष्ठ, द्वितीय संस्करण १८७४

महाचार्य का **शब्द स्तोभ महानिधि**, कलकत्ता, १८६९-७० भाग १-७; ५२८ पृष्ठ

हलायुध का **अभिधानरत्नमाला**, Aufrecht (आउफरेस्ट) द्वारा संपादित, लंडन, १८६१

तारानाथ तर्कवाचस्पति का **वाचस्पत्य**, कलकत्ता, १८७३ इत्यादि भाग १-३, १६८० पृष्ठ

संस्कृत-बंगाली : शब्दसिन्धु—कलकत्ता १८०८

अमरकोश, रामोदय विद्यालंकार द्वारा अनूदित. कलकत्ता १८३१

मथुरानाथ तर्करत्न का **शब्द संदर्भ सिन्धु**, कलकत्ता १८६२

संस्कृत-मराठी कोश—अनन्त शास्त्री लेलेकर. पूना. १८५३, ४९५ पृष्ठ

माधव चन्द्र, बंबई, १८७०, ६९५ पृष्ठ

संस्कृत-तेलुगु अमरकोश-मद्रास १८६१, ed. Kala, Guruḷalala-prabodhika टीका सहित, मद्रास १८६१, और भी १८७५ (५१६ पृष्ठ)

अमरपद-पारिजात नामक टीका सहित (संस्कृत और तेलुगु में)—वविल्ल रामस्वामी शास्त्री कृत मद्रास, १८६२, १८६३; तृतीय संस्करण, जगमोहन तर्कालंकार और क्षेत्रमाहन द्वारा संपादित १८७२ (६०० पृष्ठ)

सूर्यप्रकाश राव्—**सर्वशब्दसबोधिनी**, मद्रास, १८७५ (१०६८ पृष्ठ)

संस्कृत-तिब्बतन (या भंगोल)—शीफनेर (Schiefner), *Buddhistische* Triglotte, पीटर्सबुर्ग १८५९, **व्युत्पत्ति या महाव्युत्पत्ति** (Tanguir से), सूत्र का खण्ड १२३

संस्कृत-लैटिन—Paulinus a Sancto Bertholomeo (पॉलिनस ए सैक्टो बर्थोलोमिओ), *Amarsinhæ, Sectio de coelo*, रोम, १७९८ Bopp बर्लिन १८२८-३०, द्वितीय संस्करण १८४०-४४, तृतीय संस्करण, १८६६

संस्कृत-अंग्रेजी—Amarakosha (अमरकोश), कोलब्रूक Colebrooke सीरामपुर, १८०८, १८४५, Rousseau (रूसो), लंडन, १८१२ Wilson (विलसन), कलकत्ता, १८१५.. द्वितीय संस्करण १८३२; Goldstücker (गोल्डस्टकर) बर्लिन, १८६२ Yates (येट्स) १८४६; Benfey (बेनफे), लंडन, १८६५, Ram Jasen (रैमजेसन), बनारस १८७१ (७१३ पृष्ठ), Williams (विलियम्स) ऑक्सफोर्ड, १८७२

अंग्रेजी-संस्कृत— Williams (विलयम्स), लंडन

फ्रेंच—Amarakosha (अमरकोश)— Loiseleur Deslongchamps द्वारा अनूदित, पेरिस १८३९-४५, दो भाग, ७९६ पृष्ठ; Bernouf और Leupol नैन्सी, १८६३-६४

जर्मन—Bohtlingk और Roth, सेंट पीटर्सबर्ग, १८५३ इत्यादि, १८७५ तक ७ खण्ड

इटैलियन—Gubernatis, Torino (टोरिनो), १८५६ इत्यादि, २ भाग, अपूर्ण।

रूसी—Kossovich सेंट पीटर्सबर्ग, १८५९

धातु कोश (Roots)— Wilkins लंडन, १८१५; Rosen, बेरोलिनी, १८२७, वेस्टरमार्ड, बोना, १८४०-४१

विष्णु परशुराम शास्त्री पण्डित (संस्कृत और मराठी), बम्बई १८६५
तारानाथ तर्कवाचस्पति, **वाचस्पत्यम्**, कलकत्ता, १८६९
ल्यूपोल्ड (Leupol) पेरिस १८७०

पर्याय—(Synonym,)—हेमचन्द्र का **अभिधानचिन्तामणि**, कोलब्रुक संपादित, कलकत्ता, १८०७; बोटलिक (Bohtlingk) और रु (Rieu) द्वारा जर्मन में अनूदित, सेंट पीटर्सबर्ग, १८४७

(Homonyms)—मेदिनिकर का **मेदिनीकोश**, बनारस, १८६५; कलकत्ता १८६९; १८७२

(Derivatives)—**हीरोचन्द और रूजी रत्नजीत, धातु मंजरी**, बंबई, १८६५

न्यायदर्शन के पारिभाषिक शब्द—भीमाचार्य झलकीकर का **न्यायकोश** (संस्कृत), बंबई, १८७५ (१८३ पृष्ठ)

ऋग्वेद—ग्रैसमन (Grassmann), लाइपत्सिग, १८७३-७५

बंगाली

मेनोल (Manoel), लिस्बोआ (Lisboa), १७४३
फार्स्टर (Forster), कलकत्ता, १७९९-१८०२, दो जिल्द (८९३ पृष्ठ)
केरी (Carey), मीरामपुर, १८१५-२५, दो जिल्द
मार्शमन (Marshman) संपादित, सीरामपुर १८२७-२८, दो जिल्द, तृतीय संस्करण, वही से, १८६४-६७; मार्शमन द्वारा संक्षिप्त, वही से, १८७१; दो जिल्द (९६३ पृष्ठ)
मॉर्टन (Morton) कलकत्ता, १८२८
हाउटन (Houghton), लंदन, १८३३
एडिआ (Adea), **शब्द सुधि**, कलकत्ता, १८५४ (६०४ पृष्ठ)

अंग्रेजी—रामकमल सेन, कलकत्ता, १८३४, दो जिल्द, लंदन १८३५
रोजेरिओ (D. Rozario) डिक्शनरी आव इंग्लिश, बंगाली, हिन्दुस्तानी, कलकत्ता
एडिआ (Adea) **अभिधान**, कलकत्ता, १८५४ (७६१ पृष्ठ)

अंग्रेजी-लेटिन—रामकृष्णसेन, कलकत्ता, १८२१

अंग्रेजी-बंगाली-मणीपुरी—गार्डन (Gordon), कलकत्ता, १८३७

कन्नड

रीव (Reeve), मद्रास, १८२४-३२, दो जिल्द; सेण्डरसन (Sanderson) द्वारा संपादित, बंगलोर, १८५८ (१०४० पृष्ठ) उर्मी के द्वारा संक्षिप्त, १८५८ (२७६ पृष्ठ)
Dictionarium Canarense, Bengalon १८५५
School Dictionary मंगलोर, १८७६ (५७५ पृष्ठ)

गुजराती

अंग्रेजी— मिरजा मुहम्मद कामिल, बंबई, १८४६
शापुरजी एदिलजी, बंबई, १८६८ (८९६ पृष्ठ)
कर्शनदास मूलजी, बंबई, १८६८ (६४३ पृष्ठ)

हिन्दी

रूसो (Rousseau), लंदन, १८१२
एडम (Adam), कलकत्ता, १८२९
थांम्पसन (Thompson), कलकत्ता, १८४६
बल (Bale), लंदन, १८७६ (८०९ पृष्ठ)

हिन्दी-अंग्रेजी—एडम (Adam), कलकत्ता, १८३३

अंग्रेजी-उर्दू-हिन्दी—मथुराप्रसाद मिश्र, बनारस, १८६५ (१३४५ पृष्ठ)

हिन्दुस्तानी

फर्गुसन (Ferguson), लंदन, १७७३
हैनरी हैरिस-इंग्लिश एण्ड हिन्दुस्तानी डिक्शनरी, मद्रास १७९०
गिलक्राइस्ट (Gilchrist), कलकत्ता, १८००, (डिक्शनरी आव इंग्लिश एण्ड हिन्दुस्तानी, १८८७-१७९८; एडिनबरा सं० १९१०)

हण्टर (Hunter) द्वारा संपादित, एडिनबरा १८१०; लंडन, १८२५
टेलर (Taylor) कलकत्ता, १८०८, दो जिल्द
ग्लैडविन (Gladwin), फारसी और हिन्दुस्तानी, कलकत्ता, १८०५, दो जिल्द
राबर्ट शेड्डान डाबी—ए पॉकेट डिक्शनरी आव इंग्लिश एण्ड हिन्दुस्तानी, लंडन, १८४६-४७
हेनरी ए० ग्रण्ट—एंग्लो हिन्दुस्तानी बोकेबुलेरी, कलकत्ता १८५०
शेक्सपीयर (Shakespeare), लंडन, १८१७; १८२०; १८३४; १८४९
फोर्ब्स (Forbes), ए डिक्शनरी ऑव् हिन्दुस्तानी एण्ड इंग्लिश, लंडन, १८४७; १८५७
बर्ट्रण्ड (Bertrand), फ्रेंच, पेरिस, १८५८
ब्राइस (Brice), लंडन, १८६४
फैलन (Fallon), न्यू इंग्लिश एण्ड हिन्दुस्तानी डिक्शनरी, बनारस, १८७६ इत्यादि, २५ भागों में (१२०० पृष्ठ)
जी० सी० विटवर्थ—एन इंग्लोइंडियन डिक्शनरी, लंडन, १८८५
रेवरेण्ड ए० टी० एडम—इंग्लिश-हिन्दवी डिक्शनरी, १८३८, इंग्लिश हिन्दी डिक्शनरी; प्रकाशक, कलकत्ता स्कूल बुक एण्ड वर्नाक्यूलर लिटरेचर सोसायटी, १८७०
मथुराप्रसाद मिश्र—ट्राइ-लिंग्वल डिक्शनरी (इंग्लिश-उर्दू-हिन्दी)—लाजरस एण्ड कंपनी, बनारस १८६५
अंग्रेजी मिलग्राइस्ट, १७८७-९०, दो जिल्द
थाम्पसन, सीरमपुर, १८३८।

काश्मीरी

एल्मस्ली (Elmslie), लंडन , १८७२

खासिआ

रॉबर्ट्स (Roberts), कलकत्ता, १८७५

मलयालम

फेब्रिसियस (Fabricius) और ब्राइटहौप्ट (Breithaupt), Weperg, १७७९
बेली (Bailey), कोट्टयम, १८४६
गुण्डर्ट (Gundert), मंगलोर, १८७१ (११७१ पृष्ठ)

मराठी

केरी (Carey), सीरामपुर, १८१०
केनेडी (Kennedy), बंबई, १८२४
जगन्नाथ शास्त्री कमवत्त, बंबई, १८२९-३१; तीन जिल्द
मोल्सवर्थ (Molesworth), बंबई, १८३१; १८४७; केण्डी (Candy) द्वारा संपादित, बंबई, १८५७ (९५७ पृष्ठ); संक्षिप्त बाबा पद्मनजी द्वारा, बंबई, १८६३, दूसरा संक्षिप्त संस्करण, लंडन, १८७६ (६४४ पृष्ठ)
मराठी-अंग्रेजी—मोल्सवर्थ, बंबई, १८४७।

उड़िया

मोहन प्रसाद ठाकुर, सीरामपुर, १८११
सटन (Sutton), कटक, १८४१-४८, तीन जिल्द (८५६ पृष्ठ)

पाली

क्लफ (Clough), कोलम्बो, १८२४
मोग्गलन थेरो (सिंहल-पुरोहित, १२वीं शती का), अभिधानप्पिका (पाली-अंग्रेजी-सिंहल भाषा), वास्के डुवे सुभेटी (Waskeduwe Subheti) द्वारा संपादित, कोलम्बो, १८६५
चिल्डर्स (Childers), लंडन, १८७२-७५ (६५८ पृष्ठ)
धातुकोश (Roots)—कीलबंश, धातुमंजूषा (पाली, सिंहल और अंग्रेजी) कोलम्बो, १८७२

प्राकृत

डेलिअस (Delius) *Radices, Bonnae ad Rh.* १८३९

पंजाबी

स्टार्की (Starkey), १८५०
लोडियाना मिशन, लोडियाना, १८५४-६० (४४४ पृष्ठ)

पश्तो (अफ़ग़ानी)

डॉर्न (Dorn), सेंट पीटर्सबर्ग, १८४५
रेवर्टी (Raverty), लंदन, १८६०; १८६७
बेल्यू (Bellew), लंदन, १८६७

सिन्धी

ईस्टविक (Eastwick), बंबई, १८४३, (७३ पृष्ठ)
स्टक (Stack), बंबई, १८५५ (दो जिल्द)

सिंहल

क्लफ (Clough), कोलम्बो, १८२१-३० (दो जिल्द)
केलेवे (Callaway) अंग्रेजी, पुर्तगाली, सिंहल, कोलम्बो, १८१८
School Dictionary, कोलम्बो, १८२१
ब्रिजनेल (Bridgenell)-सिंहल-अंग्रेजी, कोलम्बो, १८४७
निकलसन (Nicholson)—अंग्रेजी-सिंहल, १८६४ (६४६ पृष्ठ)

तमिल

प्रोवेंजा (Provenza) (पुर्तगाली), अम्बलकोटी, १६७९
सदुर अगुरार्दी (*Sadur Agwardi*), बेशी (Beschi) द्वारा १७३२ में लिखित, मद्रास, १८२७; पांडिचरी, १८७५,
ब्लिन (Blin) (फ्रेंच), पेरिस, १८३४
रॉटलर (Rottler), मद्रास, १८३४-४१ (चार जिल्द)
जैफ्ना बुक सोसाइटी (तमिल), जैफ्ना, १८४२ (लगभग ५८, ५०० शब्द)
नाइट (Knight) और स्पॉलडिंग (Spaulding) अंग्रेजी-तमिल, जैफ्ना १८४२; *Dictionary* १८५२ (वही से)
पोप (Pope)–द्वितीय संस्करण (वहीं से), १८५९
विन्सलो (Winslow), मद्रास, १८६२ (९९२ पृष्ठ, ६७,४५२ शब्द)

तेलुगु

केम्पबेल (Campbell), मद्रास, १८२१
सी० पी० ब्राउन (Brown), मद्रास; अंग्रेजी-तेलुगु, १८५२ (१४२९ पृष्ठ); १८५२ (१३१९ पृष्ठ)
मिश्रित तेलुगु, वही से, १८५४

बीसवीं शती के प्रकाशित कतिपय अंग्रेजी-हिन्दी कोश

गणेश काशीनाथ काले—**इंग्लिश हिन्दी कोश**, प्रकाशक गंगा विष्णु श्रीकृष्णदास, बंबई, १९०८
सी० फिनौल—इंग्लिश हिन्दी वोकेबुलेरी आव् ३००० वर्ड्स, कलकत्ता, १९११
पापुलर इंग्लिश हिन्दी डिक्शनरी, इंडियन प्रेस, इलाहाबाद, १९३६
स्टूडेण्ट्स मॉडर्न प्रैक्टिकल डिक्शनरी (इंग्लिश-हिन्दी) सतदेव एण्ड कपनी, लाहौर, १९३६
रेवरेंड एम० टी० एडम—इंग्लिश एण्ड हिन्दी डिक्शनरी कलकत्ता १९३९
एस० डब्ल्यू० फेलन—इंग्लिश-हिन्दुस्तानी डिक्शनरी का नया संस्करण, संपादक, डा० सूर्यकान्त, प्रकाशक गुलाबसिंह एंड संस, दिल्ली, १९५३
हरदेव बाहरी—**बृहद् अंग्रेजी-हिन्दी कोश**, ज्ञान मंडल, काशी, १९६१, संशोधित संस्करण, १९६९
फादर बुल्के—अंग्रेजी-हिन्दी कोश, प्रकाशक कैथोलिक, प्रेस, रांची, १९६८, संशोधित संस्करण १९७०

हिन्दी भाषा में पुराने कोश

प्रयाग विश्वविद्यालय के हिन्दी परिषद् प्रकाशन ने अचलानन्द जखमोला की एक पुस्तक **हिन्दी कोश साहित्य** (१५००-१८०० ई०) प्रकाशित की है। इस पुस्तक में योग्य लेखक ने हिन्दी में समय समय पर रचे गए पुराने कोशों का अच्छा उल्लेख किया है। जखमोला ने अपने विवेचन की सुविधा के लिए कोशों को तीन वर्गों (या श्रेणियों) में वर्गीकृत किया है: (१) वे कोश जिनके रचयिता एवं जिनका रचनाकाल बहुत कुछ निश्चित है। ऐसे ६६ कोशों का इस पुस्तक में उल्लेख है। (२) वे कोश, जिनके रचयिताओं के नाम तो ज्ञात हैं, पर रचना-तिथि अज्ञात। ऐसे ९ कोशों का उल्लेख किया गया है। (३) वे कोश जिनके रचयिताओं का नाम और जिनकी रचना-तिथि सभी अज्ञात है। ऐसे ७ कोशों का इस पुस्तक मे उल्लेख है। इन कोशों में से कुछ ही ऐसे हैं जो प्रकाशित हो सके हैं।

संभवतः हिन्दी कोशों मे सब से पुराना अमीर खुसरो का **'खालिकबारी'** है। अगर सचमुच ही इसकी रचना अमीर खुसरो ने की तो यह १२५३-१३२५ ई० के बीच की रचना होगी जो कि खुसरो का जीवन-काल है। एक जीर्ण शीर्ण कोश **'अल्फा खुदाई'** भी किसी अज्ञात लेखक का है, जो १६८८ ई० में लिखा गया और जिसमें भी खालिकबारी का उल्लेख है। खालिकबारी के कई संस्करण भी प्रकाशित हो चुके हैं। इसमें हिन्दी, अरबी और फारसी के पर्याय शब्दों को एक साथ छन्दोबद्ध किया गया है। इसमें हिन्दी के तद्भव तथा देशज शब्द हैं, संस्कृत के तत्सम तो बहुत थोडे ही। इस कोश की एक विशेषता यह भी है कि इसमें कतिपय वाक्य अथवा वाक्य खण्डों के भी अरबी-फारसी रूप दिए गए हैं। खालिकबारी और अल्लाखुदाई की कोश-पद्धति निम्न उदाहरणों से व्यक्त होगी—

खरगोश खरहा बाशद आदू बुवद हिरना,
अंगूस्तरी अंगूठी पैराया आभरन—खा० बा०, पंक्ति ९९
हिरना गिरगिट, कज़दुम बिच्छू, रासू न्यौल।
सग है कुत्ता, माही मछली, लुब्मा कौल।
दुश्मन बैरी कूस दमामा, बारां मेह।
इश्क मुहब्बत, आशिक मित्र, जानी नेह। खा० बा०, पंक्ति ३६-३७।
हल्ल गंधी व फार्सी अत्तार, इत्र सोंधा व नीली अस्त अमार।
पुलिया दर लफ्ज फ़र्सी तहाफ़, माया पूंजी नकीज जिद है खिलाफ।
—अ० खु० पंक्ति १४७-४८

परम्पराबद्ध हिन्दी समानार्थी कोशों में **'डिंगल नाममाला'** सब से प्राचीन उपलब्ध कोश है, जिसे हरिराज ने १५६१ ई० के निकट रचा। इस छोटे से कोश में केवल २७ छन्द हैं। अष्टछाप के प्रसिद्ध वैष्णव कवि नन्ददास ने दो कोश ग्रन्थों की रचना की **नाममाला** (१५६८ ई०) और **अनेकार्थ** (१५६८ ई०)। नामाला कोश की अनेक हस्तलिखित प्रतियाँ भी प्राप्त हैं और मुद्रित भी। मुद्रित प्रतियों में विशेष उल्लेखनीय बलभद्र प्रसाद मिश्र और विश्वम्भर नाथ मेहरोत्रा सम्पादित एवं प्रयाग विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित (१९४० ई०) है। उमाशंकर शुक्ल द्वारा सम्पादित प्रति १९४२ ई० की है। ब्रजरत्नदास द्वारा सम्पादित, नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित संस्करण सं० २००६ वि० का है। इस ग्रन्थ मे २६४-३०० के लगभग दोहे विभिन्न प्रकाशित संस्करणों में हैं। नन्ददास ने इस कोश में अमरकोश के अनुकरण पर पर्याय संकलन करते हुए मानवती राधा का मान वर्णन किया है—

गूंथनि माला नाम की अमर कोस के माह।
मानवती के मान पर मिलैं अर्थ सब आह॥

नन्ददास कृत **अनेकार्थ कोश** शाश्वत कृत **अनुपम्बाय** से पर्याप्त मात्रा में प्रभावित है। इसमें कुल ११३ शब्दों के भिन्न भिन्न अर्थ दोहाबद्ध किए गए हैं। उमाशंकर शुक्ल ने इसका संपादन किया है। कुछ प्रतियों में तो नाम माला के अनेक शब्द अनेकार्थ में भी सम्मिलित हो गए हैं, और पुस्तक का कलेवर बढ़ गया है।

अन्य प्रकाशित कोश ये हैं—

अनर्घ प्रबोध—गरीबदास रचित, १६१५ ई०, प्रकाशक स्वामी लक्ष्मीराम ट्रस्ट जयपुर (सं० २००४ वि०)
प्रकाशनाममाला—मियाँ नूर रचित, १६९७ ई०, ग्रन्थ वीथिका के अन्तर्गत आगरा विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित। छंद संख्या १३४२।
हमीरनाममाला—हमीरदान रतनू रचित, १७१७ ई०, प्रकाशक राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर, १९५७, छंद संख्या ३११
एकाक्षरी नाममाला—वीर भाण रचित, १७३० ई०, प्रकाशक राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर, १९५७, छन्द संख्या ३४
नाम प्रकाश—भिखारीदास रचित, १७३८ ई०, प्रकाशक गुलशन अहमद यंत्रालय, प्रतापगढ़ (१८९९ ई०)
अनेकार्थ—चन्दनराम रचित, १८०९ ई०, मुद्रक बोधोदय प्रेस, बांकीपुर, १८८० ई०, छन्द संख्या २८५ (दोहे)

अवधान माला—उदैराम रचित, १८३५ के लगभग, प्रकाशक राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर, १९५७, ५६१ दोहे

अनेकारथी—उदैराम रचित, १८३५ के लगभग, प्रकाशक राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर, १९५७, ८९ दोहे

एकाक्षरी नाममाला—उदैराम रचित, १८३५ के लगभग, प्रकाशक राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर १९५७, २८२ दोहे

हम हमीरनाममाला से अर्जुन के पर्याय-स्वरूप एक उदाहरण यहाँ देते हैं—

अरजुण नाम ॥

धनंजय अरिजन जिसन कपीधज, निराकार-रूपी ब्रहनट।
पारथ सव्यसाची मचिषंडव, सज्रनंदन विमच्छ सुभट॥
गुडाकेस ब्रलसेन फालगुण सुनर मोक वेधी-सबद।
राधावेधा सुगत किरीटी महीसूर मरदां-मरद॥

हरिचरणदास ने १७८१ ई० में जो **कर्णाभरण** लिखा, उसमें छन्द १२०० मूल, ७०० टीका, थे और उसमें प्रत्येक पर्याय के साथ एक गिनती दे दी थी, जिससे उनके पहचानने में दुविधा न हो—

श्री नारायण नाम—

कृष्ण १ विष्ण २ वैकुण्ठ ३ भजौ केसव ४ नारायन ५
हृषीकेश ६ दैत्यारि ७ स्वभू ८ दामोदर ९ हुगन
गरुड़ध्वज १० गोविन्द ११ पुंडरीकाक्ष १२ सु माधव १३
पीताम्बर १४ अच्युत १५ उपेन्द्र १६ सार्गी १७ सुनि सत्य १८ व
पुनि चक्रपाणि १९ इन्द्रावरज २० वासुदेव २१ रु सुनि हरि २३
पुरुषोत्तम २४ श्रीपति २५ रु सौरि २६ जनार्दन २७ हिये धरु

हरिचरणदास ने फिर इसकी टीका की है।

अंग्रेजी भाषा

अन्य भाषाओं के समान अंग्रेजी भाषा भी एक प्रवाह है, और आजकल की जीवित भाषा होने के कारण इसे अब भी स्थिरता नहीं मिली है। देश और काल दोनों से ही यह निरन्तर प्रभावित होती आयी है। भूमण्डल के दूरस्थ कोनों तक पहुँच जाने के कारण इसका शब्द-भंडार भी बढ़ गया है, और न जाने कितनी बोलियों के शब्द इसमें प्रविष्ट या आत्मसात हो गए हैं। विभिन्न देशों के लोगों की बोलचाल में आने के कारण इसके शब्दों के उच्चारण भी अब मानक नहीं रह गए। प्रत्येक देश का व्यक्ति अपनी सुविधा या परिपाटी के अनुसार इस भाषा को बोलने की चेष्टा करता है, और इसे सर्व-ग्रधान भाषा न सही, अपनी दूसरी-भाषा तो माने बैठा ही है। भारत में ही पंजाबी, उत्तरप्रदेशी, बंगाली, तमिल भाषी, सबकी अंग्रेजी अपनी विचित्रता लिए हुए है. उच्चारण में (उदात्त—अनुदात्त में) तो बहुत ही अन्तर है। अव्ययों के प्रयोगों में भी यह भिन्नता देखने को मिलती है। इंग्लैण्ड की अंग्रेजी स्कॉटलैण्ड से भिन्न है। अमरीका की अंग्रेजी क्या है, यह कहना कठिन है (अमरीकावासी तो इसे अब अंग्रेजी या **इंग्लिश** न कहकर **'अमरीकी'** कहना चाहता है—उसे इंग्लिश भाषा और इंग्लिश साहित्य से अब चिढ सी हो गयी है, उसके अब अपने भाषा-शास्त्री हैं, और अपने साहित्यकार)।

अंग्रेजी भाषा ने साधारणतया अभिप्राय उस भाषा से है, जो इंग्लैण्ड में (लंदन के शाही घराने में) बोली जाती है, और हमारी दृष्टि से यह वह भाषा है, जो अंग्रेज अपने साथ भारत में लाया, और जिसको उसने भारत के शासन की भाषा बनाया। इस भाषा का उद्गम ८वीं शती में माना जा सकता है। इसके इतिहास को हम सुविधा के लिए तीन खण्डों में विभाजित कर सकते हैं। प्राचीन अंग्रेजी, मध्यकालीन अंग्रेजी और आधुनिक अंग्रेजी। प्राचीन अंग्रेजी (Old English) को एंग्लो-सैक्सन (Anglo-Saxon) भी कहते हैं। कभी-कभी इस विभाग के और भी उपविभाग कर दिए जाते हैं, जैसे पुरोवर्ती प्राचीन अंग्रेजी (Early-Old), पश्चवर्ती प्राचीन अंग्रेजी (Late Old), प्रथम संक्रमण काल की अंग्रेजी, पुरोवर्ती मध्यकालीन अंग्रेजी, पश्चवर्ती मध्यकालीन अंग्रेजी, द्वितीय संक्रमण काल की अंग्रेजी, पुरोवर्ती आधुनिक इत्यादि। इन विभागों का काल-निर्देश इस प्रकार कुछ-कुछ किया जा सकता है—

पुरानी या प्राचीन—८ वीं शती से १०५० ई० तक
प्रथम संक्रमण—१०५० से ११५० तक
पुरोवर्ती मध्यकालीन—११५० से १२५० या १३०० तक
पश्चवर्ती मध्यकालीन—१३०० से १४०० तक [चौसर (Chaucer) की मृत्यु इस समय हुई]
पुरोवर्ती आधुनिक (अथवा द्वितीय संक्रमण)—१५ वी शती
आधुनिक—१५ वीं शती के बाद।

यह वर्गीकरण कोई बहुत स्वाभाविक या वैज्ञानिक नहीं है। भाषा के प्रवाह में निरंतर सातत्य रहा है, और कहीं पर भी उसे अवरुद्ध मान लेना अच्छा नहीं लगता। इंग्लैण्ड में भी पुराने समय में अलग-अलग नगरों में (और ग्रामों में भी) अंग्रेजी अलग-अलग तरह से बोली जाती थी। लोगों की यह बोलचाल की भाषा थी, न कि यह साहित्यिक। जैसे अपने भारत में हर १०–२० कोस पर बोली बदलती है, यही अवस्था इंग्लैण्ड की भी थी। व्यापारी और व्यवसायी एक स्थान से दूसरे स्थानों पर जाते थे। ईसाई पादरी भी जनता में सामान्य संपर्क बढ़ाने में लगे थे (अधिकतर गिरजे का पादरी ही पढ़ा लिखा व्यक्ति था, बाकी जनता अपढ़ थी)। नगर या ग्राम का विवरण पादरी ही लिखता था। इसीलिए क्लर्क्स ही क्लर्क था (आज तो हम दफ्तर के किसी भी बाबू को क्लर्क कहते हैं)। धीरे-धीरे लंदन और उसके समीप की भाषा को साहित्यिकों ने अपनाया, शासन ने भी अपनाया और इन परिस्थितियों में अंग्रेजी भाषा का उदगम हुआ।

प्रारंभ में अंग्रेजी गम्भीर साहित्य, शास्त्रीय साहित्य, दर्शन, विज्ञान और धर्म की भाषा न थी, और न कोई विद्वान् इस भाषा के माध्यम से शिक्षा-दीक्षा ही पाता था। विश्वविद्यालयों का प्रारम्भ धर्मशास्त्र के अध्ययन के निमित्त हुआ, और इस शिक्षा का माध्यम लैटिन था (ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज में अभी हाल तक प्रत्येक स्नातक के लिए लैटिन जानना अनिवार्य माना जाता था)। न्यूटन ऐसे वैज्ञानिक ने अपना ग्रन्थ प्रिन्सिपिया लैटिन भाषा में ही लिखा। विद्वान् दार्शनिक भी अंग्रेजी भाषा को इतना समर्थ या समृद्ध नहीं समझते थे, कि वे इस भाषा में गंभीर विचारों को व्यक्त कर सकें। इसलिए शास्त्रीय विषयों के लिए ग्रीक और लैटिन का आश्रय लिया जाता था।

प्राचीन अंग्रेजी पर जर्मन भाषा (गोथिक) का बड़ा प्रभाव था, जैसे जर्मन भाषा का शब्द (guten) प्राचीन अंग्रेजी में ३ रूपों में विद्यमान था—Gódne, gódum, gódan। जर्मन का guter शब्द दो रूपों में प्राचीन अंग्रेजी में था—gódre और gódra। जर्मन शब्द liebten के प्राचीन अंग्रेजी में दो रूप थे—lufedon और lufeden। प्राचीन अंग्रेजी में संज्ञाओं में चार कारक थे—Nominative (कर्ता), Accusative (कर्म), Genitive (संबंध) और Dative (संप्रदान)। प्रथम पुरुष और मध्यम पुरुष के सर्वनामों में द्विवचन भी था, अन्य पुरुष के सर्वनाम के समस्त रूप 'he' से बनाये जाते थे (न कि he, she, और they से)। काल दो ही थे, वर्तमान और भूत (भविष्यत के लिए वर्तमान का ही प्रयोग होता था)। वाक्यों में शब्द-विन्यास प्राचीन अंग्रेजी में उसी प्रकार का था, जैसे जर्मन भाषा में। हम एक वाक्य प्राचीन अंग्रेजी का देते हैं, और उसके शब्दों का आजकल की अंग्रेजी में यथाक्रम अनुवाद। इससे हमें पुरानी अंग्रेजी के वाक्य-विन्यास का अनुमान हो जायगा—

प्राचीन अंग्रेजी—Donne pv vlean daege hi hine to paem ade beran wyllao, ponne todaelao hi his feoh 'paet paer to lafe bio aefter paem gedrvnce and paem plegan, on fif ooce syx, hwilum on ma swa swa paes feos andefn bio.

आधुनिक अंग्रेजी—Then the same day (that) they him to the pile bear will, then divide they his property that there to remainder is, after the drinking and the sports, into five or six, at times into more, according as of the property the value is.

अब हम पुरानी अंग्रेजी की एक कविता भी देते हैं, जिसमें अनुप्रास, उपमा, रूपक आदि अलंकारों की सज्जा है। (यह कविता बिओवुल्फ Beowulf की है)—

पुरानी—Strâet waes Stân-fâh, stig wisode
Gumum aetgaedere, guo-byrne scân.
Heard hond-locen, hring-iren scir.
Song in searwum, pa hie to sele furoum.
In hvra gryre gaet wum, gangan ewomon.

आधुनिक—The street was stone variegated, (it) pointed the path
To (the) men together; the war-mailcoat shone,
Hard hand-locked. The ring-iron sheer (bright ring-mail)
Sang in their cunning-trappings, as they to hall forth
In their horror-accoutrements to go came.

पुरानी अंग्रेजी मर्मांगी या विशुद्ध भाषा थी, जिसमें विदेशी भाषाओं का बहुत ही कम अंश था। इसे यौगिक शब्दों को बनाने में किसी अन्य का आश्रय नहीं लेना पड़ता था। जर्मन युद्धों में जब रोमन लोगों से संपर्क हुआ तो कुछ लैटिन अभिधानीयक शब्द भी इसमें आ गए, जैसे—

Straete (street), camp (battle), cásere (caesar), mil (mile), pin (punishment), cyrice (church), biscop (bishop), cese (cheese), butor (butter), pipor (pepper), offend या elephantus (camel), pund (pound), ynce (inch) आदि।

उस समय इंग्लैण्ड पर जो आक्रमण करते थे, वे केवल विध्वंस ही करना चाहते थे। भाषा पर प्रभाव पड़ता तो था पर कम ही। ईसाइयत के फैलने पर धर्म संबंधी शब्दावली भी अंग्रेजी में मिलने लगी। प्राचीन अंग्रेजी की वर्णमाला भी आजकल से कुछ बातों में भिन्न थी—k, q, और z का प्रयोग नहीं होता था, q के स्थान पर cw का प्रयोग होता था। v व्यंजन का उच्चारण f के रूप में होता था। नार्मन-विजय के बाद तक प्राचीन अंग्रेजी का युग चला (११०० ई० तक)।

नार्मन विजय होने पर देश पर विदेशी शासन हो गया। फ्रांसीसी भाषा की नार्मन बोली सम्पर्क की भाषा बन गई। फ्रान्सीसी भाषा का प्रभाव उत्तरोत्तर बढ़ता गया। प्राचीन अंग्रेजी लोग भूलने लगे और कुछ पीढ़ियों में ही प्राचीन अंग्रेजी से संपर्क रखने वाले व्यक्ति पढ़े-लिखो में तो रह ही नही गए। साहित्य, विज्ञान, कला और दर्शन के क्षेत्र में फान्सीसी और लैटिन भाषाओ का प्रभाव बढ़ गया। १२वीं शती में अंग्रेजी भाषा के व्याकरण में बड़ी ही उलझनें पैदा हो गयीं। शब्दों के उच्चारण में भी परिवर्तन हो गया।

मध्ययुगीन अंग्रेजी में बोलचाल की या ग्राम्य भाषा की प्रधानता रही। १४ वी शती तक तो अंग्रेजी को सरकारी भाषा की मान्यता प्राप्त ही नहीं हुई थी, अतः तीन शतियाँ तो अंग्रेजी भाषा की ऐसी बीती, जिसमें यह कहना कठिन है कि मानक अंग्रेजी क्या रही। प्रत्येक जिले का लेखक अपने स्थान की बोली में लिखता था (जैसे हमारे प्रदेश मे कोई ब्रज बोली मे लिखे, कोई अवधी में, कोई बुन्देलखंडी में, कोई भोजपुरी में)। स्थिति ऐसी भी हो जाती थी कि एक प्रान्त का व्यक्ति दूरस्थ प्रान्त की बोली को कभी-कभी बिल्कुल भी समझ नही पाता था। दक्षिण प्रान्तों के अंग्रेजों की बोली का उत्तर प्रान्त वालों के लिए अनुवाद करना पड़ता था, जैसा कि *Cursor Mundi*, 20,0064 की निम्न पंक्तियों से स्पष्ट है—

In Sotherin Inglis was it drawin,
And turnid ic haue it till ur awin
Langage of pe northin lede
That can na nothir Inglis rede

मध्यकालीन बोलियाँ तीन भागों में वर्गीकृत की जा सकती है—उत्तर प्रदेशीय, मध्यप्रदेशीय, और दक्षिण प्रदेशीय। क्रिया के वर्तमान काल के रूपों की भिन्नता से इन बोलियो की भिन्नता का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है—

दक्षिण प्रदेशीय	
एकवचन	**बहुवचन**
उ० Ich singe	We singeþ
म० Dou singest	Ze singeþ
अ० He singeþ	Hy singeþ
मध्य प्रदेशीय	
उ० Ich, I, singe	We singen
म० Dou singest	Ze singen
अ० He singeþ	Hy, thei, singen
उत्तर प्रदेशीय	
उ० Ich, I syng (e)	We syng (e), we pat synges
म० Du synges	Ze syng(e); Ze foules synges
अ० He synges	Thay syng (e), Men synges

आप देखेंगे कि आजकल की अंग्रेजी के समान बहुवचन में क्रियाओं के रूपों में तीनों पुरुषो के लिए कोई परिवर्तन नही है। शब्दों या अक्षरो के उच्चारण में भी प्रदेश-प्रदेश मे अन्तर था। *Cursor Mundi* सन् १३०० के लगभग की धार्मिक इतिहास की बृहत् पद्य रचना है (जैसे पुराण हो)। चौदहवीं शती मे रिचार्ड रोले (Richard Rolle) के धार्मिक और भक्ति-साहित्य के ग्रन्थ बने। इस युग के विख्यात लेखको में Dan Jon Gaytrigg और William of Nassington का नाम लिया जा सकता है। चौदहवीं शती के अन्त का एक स्कॉट लेखक जॉन बारबर (John Barbour) था, जिसका वर्णविन्यास उत्तरप्रदेशीय अंग्रेजी के लेखकों से मिलता-जुलता था।

अंग्रेजी के मध्यकालीन युग में डेनमार्क के बहुत से व्यक्ति इंग्लैण्ड में बस गए और ये अपने साथ स्कैण्डिनेविया की बहुत सी शब्दावली लाए, जो धीरे-धीरे अंग्रेजी का स्थायी अंग बन गयी। इसी प्रकार आये शब्दों की सूची में कुछ शब्द ये हैं—Blunt, bull, die, dwell, ill, kid, raise, same, thrive, wand, wing। ये शब्द पहली बार Orin (ओर्म) की रचनाओं में पाए जाते हैं। Ormulum (ओर्मुलम) का रचयिता ध्वनि-शास्त्र का विशेषज्ञ था और शब्दों की वह यथेच्छ स्पेलिंग किया करता था। ओर्मुलम की कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार हैं—

And att te kirrke-dure toc
þe peos' ta twezzenn bukkess
And o patt an he lazzde *þaer*
All *þezzre* sake and sinne,
—*White's Ormulum*

ओर्मुलम की रचना के तीन वर्ष बाद की कविता "Story of Genesis and Exodus" है जिसमे दक्षिण प्रदेश की बोली का पुट अधिक है। १२५८ ई० में हेनरी तृतीय की प्रसिद्ध राजघोषणा हुई जिसमें ग्राम्य बोली को शासकीय महत्व दिया गया। इस राजघोषणा की भाषा से अनुमान लगाया जा सकता है कि उस समय लंडन की बोली किस प्रकार की थी। मैं केवल कुछ पंक्तियाँ ही इसमे से यहाँ उद्धृत करूँगा—

Henri *þurz* godes fultume king on Englenelоandе. Lhoauerd on Yrloandе. Duk on Normandie on Aquitaine and eorl on Aniow Send igretinge to alle hise holde ilaerde and ileawede on Huntendoneschire, *þaet* witen ze wel alle *þaet* we willen and vnnen paet *þaet* ver raedes-men alle o*þer þe* moare dael of heom *þaet* beo*þ* ichosen *þurz* us and *þurz þaet* loandes folk on vre kuneriche...

प्राचीन अंग्रेजी, अन्त की मध्यकालीन अंग्रेजी (चौसर आदि की) और आधुनिक जर्मन का साम्य निम्न पंक्तियों मे देखा जा सकता है—

प्राचीन अंग्रेजी—Him *þuhte þaet* his heorte wolde brecan.
चौसर के समय की—Him thoughtè that his hertè woldé breké.
आधुनिक जर्मन—Ihm däuchte dasz sein Herze wollte brechen
आधुनिक अंग्रेजी—He thought that his heart would break.

धीरे-धीरे अंग्रेजी पर फ्रेंच भाषा का प्रभाव कम होने लगा। १५वीं शती के फ्रेंच युद्धों ने इंग्लैण्ड में अनुशासनहीनता फैला दी। इस शती में अंग्रेजी भाषा में साहित्य के प्रति पूर्णतया उपेक्षा रही। शब्दों (नामों और धातुओं के रूपों) में अराजकता रही। भाषा के लिए यह प्रबल नक्रमण का काल था। समय की भावनाओं को कैक्सटन (Caxton) ने अपने वर्जिल के एनिएड्स (Virgil's *Eneydos*) के अनुवाद की भूमिका में (१४९०) इस प्रकार व्यक्त किया है—

I doubted that it sholde not please some gentylmen whiche late blammed me, sayeing, y' in my translacyons I had over curyous termes, whiche coud not be vnderstande of comyn peple, and desired me to vse olde and homely termes in my translacyons.

इस उद्धरण से उस समय की भाषा का और अक्षरों के प्रयोग का कुछ अनुमान लग जायगा (जिस स्थान पर हम u अक्षर का उपयोग करते हैं, वहाँ पर v का उपयोग देखिये)। कैक्सटन प्रेस के प्रकाशनों से स्पष्ट है कि मध्यकालीन अंग्रेजी चुपके-चुपके किस प्रकार आधुनिक अंग्रेजी में परिणत होती जा रही थी। छापेखानों की सुविधा होने पर प्रकाशित पुस्तकें देश के कोने-कोने तक पहुंचने लगी और साधारण जनता की भी इनके प्रति रुचि बढ़ी। इसका प्रभाव यह हुआ, कि भाषा की उच्छृंखलता समाप्त होने लगी और इसे कुछ स्थिरता प्राप्त हुई। यह अब किसी एक जनपद की भाषा न रही, समस्त देश की भाषा बनने लगी। आधुनिक अंग्रेजी का आरम्भ इस प्रकार कैक्सटन के समय से समझना चाहिए। व्याकरण में भी सरलता आने लगी। स्थिति यह हो गयी कि एक ही शब्द संज्ञा, विशेषण और क्रिया तीनों के रूप में प्रयुक्त होने लगा। iron शब्द संज्ञा, क्रिया, विशेषण तीनों हुआ, clean शब्द विशेषण, क्रिया, क्रिया-विशेषण तीनों हुआ। डा० एबट (Abbott) का निम्न वाक्य देखिए—

You can *happy* your friend, *malice* or *foil* your enemy, or *fell* an axe on his neck, you can speak and act *easy*, *free*, *excellent*, you can talk of *fair* instead of beauty and a *pale* instead of a *paleness*. A *he* is used for a man and a lady is described by a gentleman as the fairest *she*, he has yet beheld.

यूरोपवासियों की प्रवृत्ति समुद्रयात्रा में बढ़ने लगी थी। १६वीं शती में स्पेनवासियों के अनेक शब्द नाविकों के सम्पर्क के फलस्वरूप अंग्रेजी में आ गए। अमरीकी शब्दों के स्पेनिश रूप भी भाषा में आत्मसात् होने लगे जैसे potato, tobacco, cargo, armadillo, alligator और galleon.

अंग्रेजी भाषा के इतिहास में १६११ का वर्ष महत्व का है। यह वर्ष शेक्सपियर की साहित्यिक रचनाओं के अन्त का है। इस वर्ष बाइबिल का अधिकृत अनुवाद जनता के समक्ष आया। ऐसा कहा जा सकता है कि ट्यूडर-अंग्रेजी (Tudor English) की समाप्ति का यह वर्ष है। इस समय अंग्रेजी भाषा को शब्दों और वाक्यविन्यासों की दृष्टि से आधुनिक स्थिरता प्राप्त हो गयी थी—वर्तनी (स्पेलिंग) के क्षेत्र में अभी निरंकुशता थी; यह तो रिस्टोरेशन (Restoration) काल तक चली। यही युग था जब वैज्ञानिक साहित्य भी नये परिवेश में हमारे सामने आ रहा था, जिसने अपनी शब्दावली के लिए ग्रीक और लैटिन उपसर्गों और प्रत्ययों का आश्रय लिया। इसी युग में यूरोप के अन्य देशों के वासियों की देखादेखी अंग्रेज लोग भी नये-नये उपनिवेशों की खोजों के लिए निकल पड़े, और इन उपनिवेशों में जाकर बसने लगे। उनके सम्पर्क दूरस्थ भू-भागों से हो गए। उनके द्वारा अंग्रेजी दूरस्थ देशों में पहुँची, और विभिन्न भाषा-भाषियों के संपर्क में आयी। इस संपर्क ने भाषा की विशुद्धता को विकृत तो किया, किन्तु फलतः इससे भाषा की समृद्धि ही बढ़ी। अमरीका में लगभग सभी देशों के यूरोपीय थे, जिनकी भाषायें प्रारम्भ में अलग-अलग थीं, किन्तु ये निकट आने लगीं। परिस्थिति ने अमरीका में एक नयी राष्ट्रियता को जन्म दिया, और उन्होंने अंग्रेजी को अपने देश की मान्य भाषा बना लिया। बीसवीं शती के मध्यकाल में उन्होंने इसे इतना समृद्ध किया, कि वह उनके देश के गौरव की भाषा बनी। अमरीका में प्रकाशन व्यवसाय के रूप में पहुँच गया, और आज तो अंग्रेजी की लोकप्रियता एवं उपादेयता अमरीकी प्रकाशनों के कारण अधिक है, न कि इंग्लैण्ड के प्रकाशनों के कारण।

वर्तमान युग विज्ञान और तकनीकी का है, फलतः अंग्रेजी शब्द-कोश में अब तो अधिकांश शब्द वैज्ञानिक या तकनीकी है। प्रत्येक नूतन आविष्कार अपने साथ नयी शब्दावली लाता है (अथवा पुराने शब्दों को नये अर्थ प्रदान करता है)। प्रत्येक नयी विचारधारा (दर्शन, राजनीति और समाजशास्त्र के क्षेत्र में भी) नये पारिभाषिक शब्दों के परिधान में व्यक्त की जाती है, और इस प्रकार शब्दों के भण्डार में निरन्तर अभिवृद्धि होती है। प्रत्येक महायुद्ध भी समाप्त होते-होते साहित्य में अनेक नये शब्द छोड़ जाता है।

इस समय यूरोपीय भाषाओं में अंग्रेजी के साथ-साथ फ्रेन्च, जर्मन, इटैलियन, और रूसी भाषा का भी महत्व अधिक है। एक कृत्रिम भाषा के निर्माण का भी प्रयास हुआ—एस्पेरेन्टो (Esperanto)। अन्तर्राष्ट्रिय परिषदों और सम्मेलनों ने भाषाओं के पारस्परिक सम्पर्क में सहायता की। अंग्रेजी का आधुनिक शब्द भंडार इसी का परिणाम है।

डिक्शनरियों के विविध वर्ग

अंग्रेजी भाषा में "**डिक्शनरी**" शब्द का प्रयोग ऐसे शब्द-कोश या शब्दार्थ-कोश के अर्थ में आता है, जिसमें शब्दों का क्रम अकारादि क्रम से दिया हो, जिसमें शब्दों का उच्चारण, उनकी निरुक्ति और उनकी व्याकृतियाँ, इनके विभिन्न अभिप्राय या अर्थ, उनके वर्तनी (स्पेलिंग), उनके पर्यायें (समानार्थक शब्द) और उनके विपर्यायें (उनके अभिप्रायों के विरोधी शब्द) और उनसे संबंध रखने वाले विभिन्न प्रयोग भी दिए हों। **डिक्शनरी** शब्द लैटिन के dictum-, dicto- शब्द से निकला है, जिसका अर्थ "शब्द" या "उच्चारण" है। अंग्रेजी-साहित्य में कुछ और भी शब्दों का प्रयोग होता है जो महत्व के हैं—इनसाइक्लोपीडिया encyclopoedia, विश्व कोश), कॉनकॉर्डेन्स (concordance, पदानुक्रमणिका), ग्लासरी (glossary, शब्द सूची), गजेटियर (gazetteer, भौगोलिक नामावली), थिसारस (thesaurus, शब्द भण्डार) और इण्डेक्स (index, अनुक्रमणिका)।

इनसाइक्लोपीडिया या विश्वकोश बहुधा कई खण्डों में प्रकाशित ऐसा ज्ञानभण्डार है जिसमें विविध विषयों पर (ज्ञान के लगभग सभी क्षेत्रों का समावेश करते हुए) संक्षिप्त रूप से आवश्यक पठनीय सामग्री दी जाती है। ये विषय ग्रन्थ में अकारादि क्रम से सज्जित रहते हैं। विश्वकोश सामान्य और विशेष दोनों कोटियों के हो सकते हैं। **सामान्य विश्वकोशों** में विषयों के चयन सभी क्षेत्रों से करते हैं, और पठनीय सामग्री का स्तर पाठक की दृष्टि से उच्चतम से ले कर साधारण तक हो सकता है। बच्चों के लिए लिखे गए विश्वकोशों में सामग्री उस स्तर की होती है, जिससे बच्चों को लाभ हो सके, और उनके लिए सुगम भी हो। विशेषज्ञों के लिए जो विश्वकोश है उनके लेखों में ज्ञान के अद्यावधि स्तर से परिचित कराने का प्रयत्न किया जाता है। **विशेष** विश्वकोशों में विषय-प्रतिपादन का क्षेत्र सीमित कर दिया जाता है, जैसे रसायन-विश्वकोश, शिल्प-विश्वकोश, विज्ञान-विश्वकोश, आयुर्वेद-विश्वकोश आदि। आजकल के युग में ज्ञान-विज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र में इतना कार्य हुआ है, कि सबसे परिचय सामान्य विश्वकोश में कराना सम्भव नहीं है, इसलिए अलग-अलग विषय-क्षेत्रों के अलग-अलग विश्वकोश सम्पन्न भाषाओं में प्रकाशित हो रहे हैं। अंग्रेजी साहित्य में सामान्य विश्वकोश का सर्वोत्कृष्ट प्रयास **इन्साइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका** है, और हिन्दी में नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित **विश्वकोश**। इन विश्वकोशों में विषय-सामग्री का प्रतिपादन विषयों के अकारादि क्रम से होता है, और शब्दकोश के अन्त में पदों की एक विस्तृत अनुक्रमणिका पृष्ठ-संख्यासहित अकारादि क्रम से दे दी जाती है जिससे विभिन्न विषय विश्वकोश में आसानी से ढूँढे जा सकें।

पदानुक्रम कोश, पदानुक्रमणिका या कॉनकॉर्डेन्स बहुधा एक विशद् ग्रन्थ या एक कोटि के विशेष साहित्य की होती है। जैसे वैदिक पदानुक्रमणिका में दिया होगा, कि अमुक-अमुक पद या शब्द सब वेदों में या समस्त वैदिक साहित्य में कहां-कहां प्रयुक्त हुआ है। व्यास के महाभारत की या तुलसी के मानस की, या बाइबिल की इस प्रकार की पदानुक्रमणिकाएं हो सकती है। वैदिक साहित्य में विश्वेश्वरानन्द और नित्यानन्द की पदानुक्रमिणकाएँ या कोष की वैदिक कॉनकॉर्डेन्स अथवा विश्वबन्धु शास्त्री का 'वैदिक पदानुक्रम-कोष.' अति महत्त्व की हैं।

ग्लॉसरी या शब्दसूची भी अकारादि क्रम से दी गयी वह सामग्री है जो किसी बड़े ग्रन्थ या पाठ्य-पुस्तक के अन्त में दे दी जाती है। इसमें शब्दों के साथ उनकी परिचयात्मक परिभाषाएं भी सरल रूप से दे दी जाती है, जिससे पाठ्यविषय को समझने में सरलता हो। उदाहरण के लिए मान लीजिए कि पुस्तक **परमाणुओं** पर है। पुस्तक में प्रतिपादित सामग्री में प्रोटॉन, न्यूट्रॉन, रेडियो-ऐक्टिविटी, न्यूक्लियस, कॉस्मिक रश्मि, आदि अनेक पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग हुआ है, जिनसे पाठक का परिचय न हो। इन शब्दों के सामान्य अभिप्रायों को सूची के रूप में पुस्तक के अन्त में दे दिया जाता है। वर्तमान अर्थशास्त्र या राजनीति के ग्रन्थ के अन्त में ऐसी ग्लासरी या शब्दसूची दे देना अच्छा रहता है।

गजेटियर का संबंध भौगोलिक सामग्री से है। अंग्रेजी की वेब्स्टर डिक्शनरी के अन्त में एक गजेटियर या **डिक्शनरी ऑफ जिओग्राफी** दी गयी है, जिसमें प्रदेशों, पर्वतों, नगरों, सागरों, नदियों के नाम दिए हुए है, और संक्षिप्त निर्देश भी कि ये किस देश में किस भौगोलिक स्थान पर हैं। हमारे देश में प्रत्येक जिले का एक **गजेटियर** तैयार किया गया था, जिसमें उस जिले के विभिन्न भौगोलिक स्थलों और वहां की विशेषताओं का विस्तृत प्रतिपादन था।

एक अन्य प्रकार की शब्द-सूची व्यक्तियों के नामों की और उनके परिचय की भी होती है जिसे हम **बायोग्राफिकल-डिक्शनरी या परिचय-शब्दकोश** कह सकते हैं। हिंदी-सेवी-संसार (सं० कालिदास कपूर एवं प्रेमनारायण टंडन १९५८, द्वितीय खंड सं० प्रेमनारायण टंडन, १९६५) तथा हिंदी-साहित्यकार-कोश (सं० प्रेमनारायण टंडन, १९६२, लखनऊ, नामक परिचय-शब्दकोशों में हिन्दी साहित्य के कवियों, उपन्यास-लेखकों और विविध विषयों के साहित्यिक लेखकों का संक्षिप्त जीवन-परिचय और उनकी कृतियों का निर्देशन रहता है। दर्शन, विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति, इतिहास, सभी विषयों के अलग-अलग परिचय-शब्द-कोश हो सकते है। नोबल पुरस्कार-विजेताओं का परिचय-शब्दकोश भी महत्त्व का है। इसी प्रकार अनेक देशों में Who's Who (**कौन क्या है**) भी प्रकाशित होते रहते है, जिनसे पता चलता रहता है कि अमुक क्षेत्र में कौन-कौन उल्लेखनीय व्यक्ति है, और उनकी विविध क्षेत्रों में क्या देन है। इन परिचय-शब्दकोशों में इन व्यक्तियों की जन्म-तिथि, जन्मस्थान, अध्ययन-काल और जीवन संबंधी अन्य विवरण भी दिए जाते है। वैज्ञानिक क्षेत्र में अनुसंधान-कार्य करने वाले व्यक्तियों की नामावली भी इस युग में बड़े महत्त्व की मानी जाती है। प्रत्येक वैज्ञानिक ग्रंथ के अन्त में एक **विषयसूची** (Subject Index) होती है और एक **लेखक-सूची** (Author Index), जिसमें पता चल सके कि ग्रन्थ में उसने लेखक (वैज्ञानिक) का नाम किस-किस पृष्ठ पर आया है, जिससे कि उस वैज्ञानिक के कार्य का अध्ययन किया जा सके।

आजकल ऐसे भी अनेक कोश प्रतिवर्ष प्रकाशित होते हैं जिनसे पता चल सके कि किस-किस विषय पर किस-किस अनुसन्धान-पत्रिका में कौन सा मौलिक निबन्ध प्रकाशित हुआ है, अथवा किस-किस अनुशीलक ने किस-किस विषय पर किस पत्रिका में कौन सा निबन्ध प्रकाशित किया है। वैज्ञानिक साहित्य इस युग में इस तीव्र गति से विशद मात्रा में प्रकाशित हो रहा है कि इस प्रकार की **संक्षिप्तियों** और **सूचियों** के बिना कार्य का पता लगाना असम्भव है।

थेसारस शब्द का लैटिन रूप thesaurus और ग्रीक रूप thesauros है जिसका अर्थ treasure, भण्डार या कोश है। यह बहुधा **पर्यायवाची** (synonyms) शब्दों का और कभी-कभी **विपर्यायों** (antonyms) का भी संग्रह होता है। संस्कृत साहित्य के अमर-कोश, मेदिनी कोश और यास्क का वैदिक निघण्टु भी हम इसी श्रेणी में रख सकते है। शुक्ल का विपर्याय या विरोधी दुःख है जन्म का मृत्यु है, दिन का रात्रि है, स्वर्ग का नरक है। अश्व, हय, घोटक, वाजि, ये पर्याय है। कमल के पर्याय नीरज, पंकज, पुष्कर आदि है। अंग्रेजी में रॉजेट (Roget) का *Thesaurus* प्रसिद्ध है।

डिक्शनरी शब्द का प्रयोग 'कोश' अर्थ में व्यापकता से भी प्रयुक्त हो सकता है। रासायनिक शब्दों का कोश (Dictionary of Chemical Terms, वर्तमान अंग्रेजी मुहावरों का कोश (Dictionary of Modern English Usage) (जेम्स फाउलर की १९६५)। **हिन्दी लोकोक्ति-संग्रह** भी मुहावरों की डिक्शनरी है। वेण्टवर्थ (Wentworth) और फ्लेक्सनर (Flexner) की एक '**डिक्शनरी आफ अमेरिकन स्लैंग**' (*Dictionary of American Slang*, १९६०) है। **स्लैंग** शब्द का आदि-अर्थ तो, '**अपशब्द**' या फिर यह शब्द उन गोपनीय शब्दों के अर्थ में प्रयुक्त होने लगा जिनका व्यवहार अपराधी और दुष्ट लोग करते थे, जिनको साधारणतया दूसरे न समझ पावें। स्लैंग का हम भाषा के या बोलचाल के अनाहित्यिक अशिष्ट शब्द मान सकते हैं। ये नीचे के स्तर की जनता के व्यवहार के शब्द है। हमारी भाषा की अशिष्ट गालियां भी इसी श्रेणी में रखी जा सकती हैं, जिनके अपशब्दों को साधारणतया कोश में सम्मिलित करना अशिष्ट समझा जाता है। स्लैंग शब्दों की अपशब्दता विभिन्न लोक-साहित्यों में मिटती जा रही है, और बहुधा उन्हें

लोकसम्मत लोकोक्ति साहित्य में सम्मिलित किया जाने लगा है। ऐसा माना जाता है कि बहुत से स्लैंग भाव-व्यंजनाओं को व्यक्त करने में साहित्यिक शब्दों की अपेक्षा अधिक समर्थ हैं।

डिक्शनरियों या शब्दकोशों के चयन के शास्त्र को भाषाशास्त्र का एक आवश्यक उपांग माना जाने लगा है। इस अंग का नाम **लेक्सिकोग्राफ़ी** (Lexicography) या **शब्दकोशशास्त्र** है। हम इसे **निघण्टुशास्त्र** कह सकते हैं, क्योंकि निघण्ट एक वेदांग माना जाता रहा है और यास्क का निघण्ट वैदिक शब्दों का सबसे प्राचीन कोश है। निघण्ट में शब्दों का चयन है, और निरुक्त में शब्दों की निरुक्तियाँ, अर्थात् वह शब्द किन धातुओं, उपसर्गों या प्रत्ययों की सहायता से बना, और उसके अनुरूप उसका क्या अर्थ हुआ।

अंग्रेजी भाषा के शब्दकोशों में उस ढंग की निरुक्तियाँ नहीं दी जाती जिस प्रकार संस्कृत साहित्य के शब्दकोशों में। अंग्रेजी में बहुधा इतना ही दिखाने है, कि अमुक शब्द पुरानी अंग्रेजी या लैटिन या ग्रीक या इसी प्रकार की किसी पुरानी भाषा के किस शब्द के निकटतम है। दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि वह किस प्राचीन शब्द का अपभ्रंश है। हाँ, यदि कोई एक शब्द किसी अन्य शब्द में उपसर्ग या प्रत्यय लगा कर बना है, तो पद-विच्छेद करके यह भी प्रदर्शित कर देते हैं। शब्द का आरंभ धातुओं या क्रियाओं से होता है। इन क्रियाओं में उपसर्ग लगा कर विभिन्न भावों का सामर्थ्य उत्पन्न किया जाता है। संस्कृत निरुक्तियों में तो उपसर्गों का चमत्कार है—*हृ* धातु में उपसर्ग लगा कर कितने भाव उत्पन्न कर लिए गए—विहार, आहार, संहार, उपहार, प्रहार। अंग्रेजी में appear=ap+parere=ad+parere (ad का ap हो जाता अगर इसके आगे p हो) *ad*=to, *parere*=to come forth, be visible प्रकट होना।

साधारणतया हम अंग्रेजी शब्दकोशों को चार भागों में विभक्त कर सकते हैं—

१. ऐतिहासिक विशिष्ट शब्दकोश—Historical Scholarly Dictionary
२. उच्चारण शब्दकोश—Pronouncing Dictionary
३. वैज्ञानिक-तकनीकी शास्त्रीय शब्दकोश—Technical and Specialized Dictionary
४. सामान्य व्यवहार-शब्दकोश—General Purpose Dictionary

ऐतिहासिक विशिष्ट शब्दकोश—इस कोटि के अंग्रेजी शब्दकोशों में सबसे अधिक सम्मान ऑक्सफ़ोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी (ओ०इ०डि०) *Oxford English Dictionary* को प्राप्त है। इसके सम्पादन और संकलन में लगभग ७०-७५ वर्ष लगे, और इसका प्रथम सम्पूर्ण संस्करण ऑक्सफ़ोर्ड से १९३३ ई० में हुआ। यह १२ जिल्दों और एक परिशिष्ट में समाविष्ट है। इसके पूर्व *A New English Dictionary on Historical Principles* (न्यू० इ० डि०) ऑक्सफ़ोर्ड से दस जिल्दों में १८८४-१९२३ में प्रकाशित हुई थी, जिसका नव-सम्पादित रूप ओ० इ० डि० है। इस कोश के सम्पादक-मण्डल में जेम्स ए० एच० मरे (Murray), हेनरी ब्रेडले (Henry Bradley), विलियम ए० क्रेगी (William A Craigie) और सी० टी० ओनिअन्स (Onions) थे, और सहस्रों पाठकों और विद्वानों के सहयोग से यह तैयार की गयी थी। कई दशक इसके तैयार करने में लगे। इसमें १५००० कलाएँ पढ़ी की सामग्री है, ७ लाख के लगभग इसमें शब्द हैं, और १५ लाख के लगभग इसमें उद्धृत सूक्तियाँ हैं। प्रयत्न यह किया गया था कि १७वीं शती से लेकर अद्यावधि तक जितने भी शब्दों का अंग्रेजी भाषा या साहित्य में प्रयोग हुआ है और जितने भी अर्थों या अभिप्रायों में, सबका संकलन इस कोश में हो जाय (जैसा प्रयास कुछ लघु स्तर पर हिन्दी शब्दसागर में किया गया था)। शब्दों के आगे पश्चिमापार्ती ऐतिहासिक क्रम में इस कोश में दी गयी, और इनकी पुष्टि में जो सूक्तियाँ दी गयी, उनके आगे सन्-संवत्सर अंकित कर दिए गए। अनन्य प्रयास करने के अनन्तर भी भूल-चूक का रह जाना, या कमियों का होना स्वाभाविक था। इसी नींव में अंग्रेजी केवल अंग्रेजों की भाषा न रह गयी, यह विदेशों में भी पहुँची, विशेष रूप से यह अमरीका में भी पोषित हुई। न्यू० इ० डि० में जो उच्चारण दिए गए थे, वे ब्रिटेन के थे, और पुरानी पद्धति पर दिए हुए थे। इस नवीन वैज्ञानिक युग में उच्चारण को अंकित करने और अध्ययन करने के नवीनतम यंत्र बने। स्वाभाविक है कि न्यू० इ० डि० में जो उच्चारण दिए थे, वे देशस्थ से और महत्तों को अग्राह्य। कहाँ उदात्त स्वर है, कहाँ अनुदात्त, इसमें भी कोई व्यापक नियम हो नहीं सकता। अमरीका की अंग्रेजी में सरलीकरण का आन्दोलन चला। यहाँ जो अंग्रेजी बनी उसके बोलने वाले वे व्यक्ति थे जो यूरोप के विभिन्न देशों की अपनी-अपनी भाषाएँ लेकर अमरीका आये थे। हमारे भारत में भी पंजाबी, उत्तर प्रदेशीय, बंगाली, बिहारी और दक्षिण भारत का अंग्रेजी विद्वान् अपने-अपने ढंग के उच्चारण करता है जिनमें से बहुत से उच्चारण तो हमने गरुअल से गलत सीख लिए। अस्तु, कुछ भी हो, ओ० इ० डि० अंग्रेजी भाषा का एक आदर्श महान् प्रयास है। जर्मन भाषा के शब्दकोश का ऐसा ही महत्त्वपूर्ण प्रयास जैकब और विलहेल्म ग्रिम (Jacob und Wilhelm Grimm) ने १८५२ में आरंभ किया था और अनेक विद्वानों के सहयोग से *Deutsches Wörterbuch* (जर्मन शब्दकोश) कई दशकों में तैयार हो पाया। फ्रांसीसी भाषा में भी इसी प्रकार एक बड़ा कोश लिट्रे (Littré) का *Dictionnaire de la Langue française* (फ्रेंचभाषा शब्दकोश) है जिसका सम्पादन १८६३-७२ में हुआ था, और जिसका नया संस्करण १९५६-५८ का है। इस प्रकार विश्व की अन्य भाषाओं के भी प्रमुख शब्दकोश हैं, जिनका सम्पादन ऐतिहासिक दृष्टिकोण से किया गया है।

अमरीका में जो अंग्रेजी विकसित हो रही है उसका भी एक अच्छा शब्दकोश तैयार किया जाने लगा। यह प्रयास उतना विशालकाय तो नहीं जितना ऑक्सफ़ोर्ड वाले शब्दकोश का, फिर भी महत्त्वपूर्ण है। १९३८-४४ में यूनिवर्सिटी ऑफ़ शिकागो प्रेस से *A Dictionary of American English on Historical Principles* (ऐतिहासिक सिद्धान्तों के आधार पर अमरीकी अंग्रेजी का शब्दकोश) (डि० ए० ई०) सर विलियम ए० क्रेगी (Craigie) (जो ओ० इ० डि० के सम्पादकों में से एक थे) और जेम्स हलबर्ट (James Hulbert) के सम्पादन में आरम्भ हुआ। इसका दूसरा संस्करण १९६० में निकला। यह बड़ी-बड़ी जिल्दों के चार खण्डों में है और इसमें २६,००० शब्द हैं। इन शब्दों में से बहुत से तो ऐसे हैं जिनका अमरीका में ही जन्म हुआ। कुछ इंग्लैंड की अंग्रेजी के ऐसे भी शब्द हैं, जिनके अर्थ अंग्रेजी में कुछ थे पर अमरीका में आकर कुछ और ही हो गए। कुछ ऐसे भी शब्द है जो इंग्लैण्ड में अब व्यवहार में नहीं आते हैं, पर अमरीका में आकर उन्हें फिर से जन्म मिल गया है। इस अमरीकन शब्दकोश (डि० ए० ई०) में अर्थों को सम्पुष्ट करने वाली तिथियाँ (सन्-संवत्सर) भी दे दी गयी हैं। इस कोश में वे स्लैंग नहीं दिए गए जो ओ० इ० डि० में थे, और १८७५ के बाद वाले स्लैंग तो बिल्कुल त्याग दिए गए हैं। और भी कई अमरीकी विशेषताएँ ऐसी हैं जो इस कोश में नहीं दी हैं। इन सब कमियों या दोषों के निराकरण के लिए मिटफोर्ड एम० मेथ्यूज़ (Mitford M. Mathews) ने एक और डिक्शनरी सम्पादित की जिसका नाम *A Dictionary of Americanisms on Historical Principles* (DA) था जिसे यूनिवर्सिटी ऑफ़ शिकागो प्रेस ने १९५१ में प्रकाशित किया (द्वितीय संस्करण, १९५६)। इन दोनों अमरीकी कोशों में अमरीकी-अंग्रेजी की स्थिति १९५० तक की अंकित की गयी है और ये दोनों कोश अमरीकी-अंग्रेजी के अच्छे प्रयास हैं। यूनाइटेड स्टेट्स और कनाडा का *Linguistic Atlas* (भाषाशास्त्रीय मानचित्र) हान्स कुरैठ (Hans Kurath) के सम्पादन में १९३१ में आरंभ हुआ था, पर पूरा न हो पाया।

कुरैठ और शेरमन एम० कुहन (Sherman M. Kuhn) ने एक और अच्छा ऐतिहासिक कोश तैयार किया *Middle English Dictionary* (M.E.D) (एम० इ० डि०)। १९५६ से यह निकलना आरम्भ हुआ। अभी संभवतः अपूर्ण है। इसमें मध्य युग की अंग्रेजी के शब्दों का संकलन है, जो उस साहित्य के आधार पर किया गया जो भाग्यवश अब तक बचा हुआ है। यह ओ० इ० डि० की अपेक्षा अधिक पूर्ण है। इस कोश का प्रकाशक मिशिगन यूनिवर्सिटी प्रेस है। कैनेडियन अंग्रेजी के ऐतिहासिक शब्दकोश के निकालने की भी आयोजना थी, और इसी प्रकार की विभिन्न अन्य स्थलों की बोलचाल की अंग्रेजी की भी। इनमें से कुछ नाम ये हैं—

Dictionary of American Regional English, by American Dialect Society.

American Dialect Dictionary, 1944, by Harold Wentworth

English Dialect Dictionary, six volumes, Oxford 1898-1905, by Joseph Wright.

A Dictionary of Older Scottish Tongue—अपूर्ण, Sir William Craigie के सम्पादन में।

Dictionary of Jamaican English—by Frederic G Cassidy and R. B Le Page (1967), इसमें १६५५ से १९६२ के साहित्य का समावेश है।

१९३४ ई० तक ही वेब्स्टर और मेरिअम-वेब्स्टर की दस डिक्शनरियाँ निकल चुकी थीं :—नूह वेब्स्टर (Noah Webster) की *An American English Dictionary of the English Language* १८२८: संशोधित संस्करण १८४०; नवीन संशोधित संस्करण (C. A. Goodrich सम्पादित) १८५३: संक्षिप्त संशोधित और परिवर्द्धित संस्करण, पर्यायों सहित, गुड्रिच सम्पादित, १८५९; असंक्षिप्त परिवर्द्धित संस्करण (१८२८ वाले संस्करण की अपेक्षा तिगने शब्द)। नूह पोर्टर (Noah Porter) के सम्पादन में, १८६४; व्यक्तिवाची उच्चारणों सहित, १८७१; मौलिक उच्चारणों सहित, १८८४, अन्तर-राष्ट्रिय (International) नूह पोर्टर और कैम्पबेल के संपादन में, १८९०; परिशिष्ट सहित अन्तर्-राष्ट्रिय, १९००: नवीन अन्तर-राष्ट्रिय (New International) हैरिस और स्लेन के सम्पादन में, १९०९।

उच्चारण शब्दकोश—अंग्रेजी में उच्चारण विषयक दो उल्लेखनीय प्रयास हो चुके हैं। डेनियल जोन्स (Daniel Jones) ने १९१७ में *An English Pronouncing Dictionary* (अंग्रेजी उच्चारण-शब्दकोश) सम्पादित किया, जिसका नाम बाद को *Everyman's English Pronouncing Dictionary* (लोकसम्मत अंग्रेजी उच्चारण-शब्दकोश) हो गया। इसका संशोधित १२वाँ संस्करण १९६३ का है। इस कोश में वे उच्चारण दिए हुए हैं जिन्हें दक्षिण इंग्लैण्ड का उच्चस्तरीय शिष्ट समाज व्यवहार में लाता है, और इसका नाम अंगीकृत उच्चारण (Received Pronunciation) है (अ० उ०)। दूसरा प्रयास जॉन एम० केन्यन (John S. Kenyon) और थॉमस ए० नात (Thomas A. Knott) का है। इन लोगों ने १९४४ में अपनी *Pronouncing Dictionary of American English* अर्थात् अमरीकी-अंग्रेजी का उच्चारण शब्दकोश (अ० अं० उ० श०) सम्पादित किया। इसमें कुछ चुने हुए शब्दों और वाक्य-पदों के वे विभिन्न मानक उच्चारण दिये हुए हैं जिनका व्यवहार अमरीका में होता है। उच्चारण को अंकित करने के लिए इस कोश में अन्तर्राष्ट्रिय ध्वन्यात्मक वर्णमाला (अ० ध्व० व०) (International Phonetic Alphabet) का उपयोग किया गया है। इस वर्णमाला से विद्वन्मण्डली तो परिचित है, पर जनता कम। अमरीकी उच्चारण का विशाल संग्रह तो वेब्स्टर की *Third New*

International Dictionary of the English Language (W-3) में मिलेगा जिसके मुख्य सम्पादक फ़िलिप बी० गोव (Philip B. Gove) हैं (१९६१ संस्करण), प्रकाशक G. & C. Merriam Co.। इसके १९६६ के संस्करण में लगभग ५ लाख उच्चारण अंकित किये गए हैं (मूल और परिशिष्ट, दोनों में मिलाकर)।

तकनीकी, वैज्ञानिक और विशिष्ट शब्दकोश—ऐसे शब्दकोश यूरोप की विभिन्न भाषाओं में सर्वत्र पाये जाते हैं। इनमें मानवशास्त्र, प्राणिशास्त्र, रसायन, विधि और कानून, चिकित्सा, धातुविज्ञान, भौतिकी, मनोविज्ञान, युद्ध विज्ञान, आदि विविध तकनीकी या वैज्ञानिक विषयों का संकलन रहता है। कुछ शब्दकोश तो निरुक्तियों के लिए ही तैयार किए गए हैं, जैसे वाल्टर डब्ल्यू० स्कीट (Walter W. Skeat) की *Concise Etymological Dictionary of the English Language* (अंग्रेजी भाषा की निरुक्तियों का संक्षिप्त शब्दकोश, १८८२)। बहुत से तो शब्दकोश द्विभाषा संबंधी हैं, जैसे हीथ और कैसेल (Heeth and Cassell) की अनेक डिक्शनरियाँ, जर्मन-इंग्लिश डिक्शनरी, फ्रेंच-इंग्लिश डिक्शनरी आदि। वैज्ञानिक शब्दावली की भी ऐसी अनेक डिक्शनरियाँ हैं, जिनमें विभिन्न भाषाओं के वैज्ञानिक पर्यायवाची शब्दों का पता चल सके। कुछ कोश ऐसे भी होते हैं, जिनमें परस्पर पर्यायों का दो खंडों में अकारादि क्रम से संकलन होता है जैसे जर्मन-इंग्लिश और इंग्लिश-जर्मन और इसी प्रकार से इंग्लिश-स्पैनिश और स्पैनिश-इंग्लिश। हिन्दी भाषा में वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्दावली का प्रयास हुआ है, उसका उल्लेख हम आगे करेंगे। यूरोपीय भाषाओं में ऐसे शब्दकोश फ्रेंच, जर्मन, इटैलियन, स्पेनिश, स्वीडिश, यिडिश (यहूदी) और रूसी भाषाओं के विशेष उल्लेखनीय हैं। चीनी और जापानी भाषा में भी ऐसे पर्यायकोश हैं।

सामान्य उपयोग के शब्दकोश—ऐसे बड़े प्रयासों में निम्न उल्लेखनीय हैं—

१. Webster's New International Dictionary of the English Language, सम्पादक विलियम ए० नील्सन (William A. Neilson) और अन्य सहकारी, द्वितीय संस्करण, १९३४।
२. Webster's Third New International Dictionary of the English Language, (W-3) सम्पादक फ़िलिप० बी० गोव, (P B Gove) १९६१, प्रकाशक G. & C. Merriam Co.
३. Standard Dictionary of the English Language, New york, 1893-94, संशोधित संस्करण १९४९, १९६३, सम्पादक फंक और वैगनल्स (Funk and Wagnalls)
४. एक समय था जब Century Dictionary : An Encyclopedic Lexicon of the English Language, 1889-91 की भी धूम थी जिसका सम्पादन विलियम ड्वाइट व्हिटनी (William Dwight Whitney) ने किया था। बाद को इसके कई संक्षिप्त संस्करण भी निकले, पर धीरे-धीरे इस 'सेण्चुरी' डिक्शनरी का प्रचार बन्द हो गया। छोटी डिक्शनरियों में अच्छा प्रचलन निम्न का रहा (इनमें १२०,००० शब्द हैं)—
५. Shorter Oxford English Dictionary, १९३३, तृतीय संस्करण, १९४४, जो बृहद् ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी—ओ० इ० डि०—का संक्षिप्त रूप है। इसमें २५०० क्वार्टो पृष्ठ हैं।
६. The Concise Oxford, १९११।
७. Merriam-Webster Seventh New Collegiate Dictionary, १९६३; (W-3) का संक्षिप्त रूप।
८. The College Edition of Webster's New World Dictionary of the American Language, १९५३ World Publishing Co.
९. The American College Dictionary, Random House, १९४७.
१०. Standard College Dictionary-Funk and Wagnalls, १९६३।
११. Thorndike-Barnhart—World Book Encyclopaedia Dictionary, १९६३।
१२. Random House Dictionary of the English Language, १९६६
१३. Henry C. Wald's Universal Dictionary of the English Language, १९३२, परिशिष्ट १९३६, १९५२

यूरोपीय शब्दकोशों का इतिहास

संभवतः शब्दों के भण्डार के लिए **डिक्शनरी** शब्द के लैटिन रूप dictionarius का सर्वप्रथम प्रयोग १२२५ में हुआ जब जॉन गार्लेण्ड (John Garland) ने इस शब्द का प्रयोग अपने लैटिन भाषा के उस शब्द-संकलन के लिए किया जो विद्यार्थियों के उपयोग के लिए तैयार किया गया था। यह ठीक है कि गार्लेण्ड के संकलन में शब्दों का चयन अकारादि क्रम से नहीं था, विषय के अनुसार था। लैटिन शब्दों के साथ बीच-बीच में इसमें कहीं-कहीं अंग्रेजी शब्द भी पर्याय के रूप में दे दिए गए थे। इस ऐंग्लो-सैक्सन युग में और भी कई संकलन इस प्रकार के बने जिनका बहुधा उद्देश्य लैटिन के क्लिष्ट शब्दों का पर्याय या अभिप्राय साधारण लैटिन में देना होता था। कभी-कभी इन संकलनों में पुरानी अंग्रेजी (ऐंग्लो-सैक्सन) के शब्द भी अभिप्राय समझाने के लिए दे दिये जाते थे। बाइबिल का अध्ययन

मुख्य अभिप्राय था, और पुराने समय में उपयोग लैटिन भाषा की बाइबिल का होता था। इस प्रकार के संकलनों में निम्न मुख्य हैं—

१. Erfurt Glossary (*Classae Amplonianae*)

२. *Corpus Glossary* (आठवीं शती की हस्तलिखित प्रति), कॉर्पस ग्लोसरी, इंग्लैण्ड की सबसे पुरानी द्वैभाषिक विश्वकोश है। ८वीं शती से १६वीं शती तक तो द्वैभाषिक शब्दकोशों का निर्माण होता रहा अर्थात् लैटिन शब्दों का अंग्रेजी में पर्याय देना (जैसे अपने देश में संस्कृत-हिन्दी कोश)। अंग्रेजी लिपि में मुद्रित सबसे पहला शब्दकोश *Promptorium Pervulorum sive Clericorum* (१४९९) है जिसका सम्पादन एक डोमिनिकन पादरी गैलफिडस ग्रैमिटिकस (अर्थात् वैयाकरण गिओफ्रे) (Galfridus Grammaticus or Geoffrey, the grammarian) ने किया। इंग्लैण्ड के प्रथम मुद्रक विलियम कैक्सटन (William Caxton) के सहायक विकिन डि वर्डे (Wynkyn de Worde) ने **प्रोम्प्टोरियम** का प्रकाशन किया था। इसी ने १५०० ई० में एक पुस्तक 'शब्दवाटिका' (*Ortus* i. e. *Hortus Vocabulorum*) भी प्रकाशित की जिसमें लैटिन शब्दों के अंग्रेजी पर्याय दिए हुए थे। यह संकलन अकारादि क्रम में थे। पर साथ ही साथ कुछ शब्दकोश विषय के अनुसार क्रमशः शब्दों का चयन देते थे और अधिकतर आरंभ मानव-शरीर के अंगों से किया जाता था। एंग्लो-सैक्सन युग से लेकर १९वीं शती तक यह प्रथा रही। लैटिन पढ़ने वालों की सुविधा के लिए ये शब्दकोश तैयार किये जाते थे। ऐसे कोशों में कुछ मुख्य ये है—

१. एलफ्रिक (Aelfric) की *Latin-Old English Vocabulary* (१०वीं शती)।

२. *Janua Linguarum* (१६११)—अर्थात् भाषा-द्वार। इसमे लैटिन-स्पेनिश शब्द हैं, अर्थात् स्पेन की भाषा वालों के लैटिन सीखने का कोश। इसका अंग्रेजी अनुवाद भी १६१७ में लंडन में छपा। बाद को यह चार भाषाओं मे परिवर्तित हो गया और इसका नाम *Janua Lingarum Quadrilinguis or a Messe of Tongues*: Latine, English, French and Spannish. Neatly Served up together, for a wholesome reparty to the worthy curiositice of the Studious अर्थात् इसमें लैटिन, अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश इन चार भाषाओं के पर्याय थे। इस कोश मे ५००० शब्द थे जिन्हें १२ शतकों मे वर्गीकृत किया गया था। १२०० वाक्यों में ये शब्द समझाये गये हैं।

३. Comenius का *Janua linguarum reserata*, १६३१।

४. *Orbit sensualum pictus*, १६५८, इसमें शब्दों के अर्थ उदाहरणसहित दिये गये।

द्वैभाषिक शब्दकोशों का प्रचलन धीरे-धीरे बढ गया। १६वीं शती में फ्रेंच-इंग्लिश, वेल्श-इंग्लिश, इंग्लिश-स्पैनिश इटैलियन-इंग्लिश, इस प्रकार के अनेक द्वैभाषिक कोश निकले। थॉमस कूपर (Thomas Cooper) का थेसारस "Thesaurus १५६५ में निकला जिसने काफी ख्याति प्राप्त की। इन कोशों के प्रचार ने अंग्रेजी का सम्यक् अन्य भाषाओं से स्थापित किया, और अंग्रेजी का शब्द-भण्डार धीरे-धीरे बढने लगा। अंग्रेजी में नये संकर शब्दों की रचना भी आरंभ हो गयी। अंग्रेजी भाषा पुष्ट होने लगी।

अंग्रेजी का सर्वप्रथम कोश कौन सा है, यह निश्चय करना कठिन है। कुछ लोग रिचार्ड हुलोइट (Richard Huloet) के *Abcedarium Anglico-Latinum pro Tyrunculis* (१५५२) को पहला मानते हैं, और कुछ राबर्ट कौड्रे (Robert Cawdrey) के *Table Alphabeticall* (१६०४) को। हुलोइट की पुस्तक "प्रारम्भिक तरुण विद्यार्थियों" के लिए है। इसमे शब्दों की पहले अंग्रेजी में व्याख्या दी है, उसके बाद लैटिन भाषा में इस व्याख्या मे प्रयुक्त शब्दों का अनुवाद। जैसे—

Bachler, or one unmarried, or having no wife, Agamus, mi। हुलोइट के समय में *Wench* का अभिप्राय केवल लडकी या तरुण महिला से था अतः उसके कोश में इस प्रकार दिया है— Trymme wench gorgiously decked Phalerata foemina. हुलोइट के एबीसीडेरियम में २६,००० शब्द हैं।

कौड्रे के कोश में २५०० क्लिष्ट अंग्रेजी शब्दों का संकलन है। शब्दों के साथ-साथ संक्षेप में परिभाषाएँ दे दी गयी है, जो बहुधा पर्याय-मात्र ही रह जाती हैं। यह वस्तुतः स्कूल के अध्यापक की रचना है, विशेषता यह है कि यह अकारादि क्रम मे है। इस संकलन के मुख-पृष्ठ पर निम्न शब्द हैं—

> "Conteyning and teaching the true writing and understanding of hard usual English words, borrowed from the Hebrew, Greeke, Latine or French etc./With the interpretation thereof by plaine English Wordes, gathered for the benefit and helpe of Ladies, gentlewomen or any other unskilfull persons/Whereby they may the more easily and better understand many hard English words, which they shall heare or read in Scriptures, Sermons or elsewhere and also be made able to use the same aptly themselves."

सत्रहवीं और अट्ठारहवीं शती के कोश : कौड्रे के कोश के बाद ही अंग्रेजी मे कई कोश बन गये। १६२३ में हेनरी कांकेरेम (Henry Cockeram) की *English Dictionary* और इससे सात वर्ष पूर्व जॉन बुलोकर (John Bullokar) की *English*

Expositor (१६१६) प्रकाशित हुई। कौकेरेम के संकलन के शीर्षक में 'डिक्शनरी' शब्द का प्रयोग इतिहास में महत्त्वपूर्ण है। १७२१ में नैथन बेली (Nathan Bailey) की *Universal Etymological English Dictionary* तैयार हुई। इसी बीच लगभग ९ अन्य कोश भी बने। १७५५ में लंडन में स्कॉट बेली (Scott Bailey) और जॉनसन (Johnson) के प्रसिद्ध कोशों की रचना हुई।

शब्दकोशों की दृष्टि से १७ वीं और १८ वीं शती महत्त्व की है। इस युग में अंग्रेजी भाषा धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी। इसका प्रयोगात्मक युग था, परिवर्तन और विकास के पथ पर भाषा अग्रसर हो रही थी। अन्य भाषाओं से इसका संपर्क बढ़ रहा था जिनसे अंग्रेजी का शब्द-भंडार पुष्ट होने लगा। चिकित्सा, विधि और न्याय के क्षेत्र में अनेक नये शब्दों का प्रयोग होने लगा, और ये शब्द भी कोशों में स्थान पाने लगे। बुलोकर और कौकेरेम के कोशों में चिकित्सा और विधि के शब्द आए। कोल्स (Coles, १६७६) के कोश में बोलचाल के शब्द बढ़े। ब्लाउण्ट (Blount, १६५६) के कोश में सर्वप्रथम शब्द-निरुक्ति की पद्धति अपनायी गयी। फिलिप्स (Phillips, १६५८) के कोश में भाषा के इतिहास का समावेश किया गया। केर्सी-फ़िलिप्स (Kersey-Phillips, १६७६) के कोश में क्लिष्ट, सरल और वैज्ञानिक शब्दों का एक क्रम में संकलन किया गया। सर्वप्रथम संक्षिप्त कोश केर्सी का *Dictionarium Anglo-Britannicum* १७०८ का माना जाता है। मार्टिन (Martin, १७४९) के कोश में परिभाषाओं का चयन पहली बार वैज्ञानिक पद्धति पर दिया गया। अभिप्राय यह है कि सेमुअल जॉनसन के ऐतिहासिक कार्य से पूर्व भाषा शब्दकोश की रूपरेखा बहुत कुछ परिपुष्ट हो चुकी थी।

१७५५ में स्कॉट बेली की लोकप्रिय डिक्शनरी *A New Universal Etymological English Dictionary* तैयार हुई थी। इससे पहले नैथन बेली की १७२१ की डिक्शनरी थी जिसके भी कई संस्करण निकल चुके थे, पर सबसे अधिक ख्याति सैमुअल जॉनसन को अपने कोश के संबंध में मिली। बेली की डिक्शनरी जॉनसन के शब्दकोश की भूमिका (१७३६ का संस्करण) बनी। बाद के कोशों की आधारशिला जानसन की डिक्शनरी हुई।

जॉनसन की डिक्शनरी की दो विशेषताएँ है—प्रथम तो यह, कि इसमें शब्दों का चयन, उनकी परिभाषाएँ, सभी बड़ी सतर्कता से और सावधानी रखते हुए दी गयी है। दूसरी विशेषता यह है कि जॉनसन ने शब्दों के अर्थों और अभिप्रायों को व्यक्त करने के लिए प्रचुरमात्रा में साहित्य से उद्धरण दिए हैं। परिभाषाओं का उचित क्रम में देना कोई नई बात न थी क्योंकि जॉनसन से पूर्व भी बेंजामिन मार्टिन (Benjamin Martin) ने अपने *Lingua Britannica Reformata*, १७४९, में परिभाषाएँ देने की पद्धति का अच्छा प्रचलन आरम्भ कर दिया था। अंग्रेजी से इतर यूरोप की कुछ अन्य भाषाओं के कोशों में यह पद्धति पहले से विद्यमान थी, जैसे निम्न कोशों में—

१. रॉबर्ट ऐन्सवर्थ (Robert Ainsworth) के *Thesaurus linguae Latinae compendiarius*, १७३६ (लैटिन कोश)

२. एबेल बॉयर (Abel Boyer) के *Dictionaire* [sic] *Royal*, Francois-Anglois et Anglois-Francois (१६९९) (फ्रेंच-अंग्रेजी कोश)।

कोश में शब्दों के अभिप्रायों को साहित्यिक उद्धरणों से परिपुष्ट करना भी जॉनसन की कोई अपनी नई सूझ नहीं थी। उससे पूर्व लैटिन, ग्रीक, इटैलियन, फ्रेंच और पर्तुगीज के कोशों में यह पद्धति अपनायी जाने लगी थी। फ्रेंच और इटैलियन अकादमियों ने भाषाओं को स्वस्थ, स्वच्छ और अविकृत बनाये रखने का अच्छा प्रयास किया था, और भाषा को मानक रूप मिल जाय, यह उनका प्रयत्न था। यह कार्य शब्दकोशों के द्वारा होना संभव था, ऐसा उन्हें विश्वास था। इन कोशों में दिए गए शब्दार्थ जनता में मान्य माने जाने लगेंगे, वर्तनी (स्पेलिंगों) को भी स्थिरता प्राप्त होने लग जायगी और भाषा के प्रयोग में जो मनमानापन या उच्छृंखलता आने लगी थी वह रुक जायगी। किन्तु जॉनसन जानता था कि प्रगतिशील भाषा के संबंध में ऐसा प्रयास न तो अभीष्ट होगा और न सफल हो सकेगा।

जॉनसन का कोश अपने युग के लिए मानक कोश रहा। जॉनसन ने कोश-संकलन की शास्त्रीय पद्धति को प्रश्रय दिया। उसके कोश में भाषा का इतिहास, व्याकरण और सामान्य उपयोग के शब्दों की विस्तृत सूची, परिभाषाएँ और उदाहरण है। जॉनसन ने शब्दों के उच्चारण अपने कोश में नहीं दिए। शब्दों की निरुक्तियों के लिए उसने फ्रैन्सिस जूनिअस (Francicus Junius) और स्टेफेन स्किनर (Stephen-Skinner) के ग्रन्थों से गृहायता ली। उस समय तक यूरोपीय भाषाशास्त्र का सम्पर्क भारतीय भाषाओं के उद्गम से न हो पाया था, अतः शब्दों की निरुक्तियों के संबंध में जॉनसन इससे अधिक नहीं कर सकता था। कुछ विद्वानों का विचार है कि जॉनसन में अपनी निजी कुछ सकीर्णताएँ भी थीं, और वह सर्वदा निष्पक्ष न रह पाया। इसकी झलक के प्रचुर प्रमाण उसके कोश में मिलते हैं। एक मनोरंजक उदाहरण यह है कि वह स्कॉट-भाषियों के प्रति अनुदार था। ओट्स (*oat.*) शब्द के अर्थ देने में उसने अपनी भावना को इस प्रकार व्यक्त किया है—

OATS—A grain, which in England is generally given to horses, but in Scotland supports

the people. (यह लिखने के बाद जॉनसन साहित्य से उन उद्धरणों को प्रस्तुत करता है, जिसमें ओट्स और घोड़ों का उल्लेख है)। अर्थात् OATS वह अन्न है जो इंग्लैंड में घोड़ों को दिया जाता है पर स्कॉटलैण्ड के आदमियों का यह मुख्य भोजन है। व्यंजना स्पष्ट है। किसी को चना खाते देख कर हम उसके प्रति यह कहें कि यह घोडे का दाना खाता है, क्योंकि हमारे देश में घोड़ों को चना दिया जाता है—बस ऐसी ही मिलती-जुलती व्यंजना है।

कुछ भी हो, जॉनसन का यह कोश अंग्रेजी भाषा के कोशों में मुख्य और युग-विधायक स्थान रखता है। जॉनसन महान् साहित्यिक था। उसका जन्म १८ सितम्बर १७०९ को हुआ। इसके कोश की आयोजना १७४७ में प्रकाशित हुई। इसका समर्पण, लॉर्ड चेस्टर-फ़ील्ड को किया गया। चेस्टरफ़ील्ड ने आरंभ में तो इस कोश में कुछ रुचि ली और संशोधन भी सुझाये, पर बाद को वह इसके प्रति उदासीन हो गया। जॉनसन को पूरे कार्य में साढ़े आठ वर्ष लगे। इसके कोश में ४०,००० शब्द थे। शब्दों की संख्या तो जॉनसन के पूर्ववर्ती नैथैनिअल बेली (Nathaniel Bailey) के कोश में अधिक थी। पर जॉनसन के कोश की विशेषता यह थी कि उसने साहित्य के विस्तृत क्षेत्र में से शब्दों का संकलन और उनके अभिप्रायों का सोदाहरण प्रदर्शन किया था। जॉनसन ने अपना कोश विरोधी और प्रतिकूल परिस्थितियों में तैयार किया था, और जब तैयार हो गया, तो साहित्यिक जगत् ने इसे बड़े आदर से अपनाया। फिर तो लॉर्ड चेस्टरफ़ील्ड ने भी प्रशंसा की, पर जॉनसन चेस्टरफ़ील्ड की उपेक्षा को भूल न सका—उसके शब्द ये है (चेस्टरफ़ील्ड द्वारा की गयी प्रशंसा पर)—

> The notice which you have been pleased to take of my labours, had it been early, had been kind; but it has been delayed till I am indifferent, and cannot enjoy it; but I am solitary, and cannot impart it; till I am known and do not want it. . .

जॉनसन ने जिन स्थितियों में कोश का सम्पादन किया, वह निम्न पंक्तियों से व्यक्त होगा—

> In this work, when it shall be found that much is omitted, let it not be forgotten that much likewise is performed; and though no book was ever spared out of tenderness to the author, and the world is little solicitous to know where proceeded the faults of that which it condemns; yet it may gratify curiosity to inform it, that the *English Dictionary* was written with little assistance of the learned, and without any patronage of the great; not in the soft obscurities of retirement, or under the shelter of academick bowers, but amidst inconvenience and distraction, in sickness and sorrow.

वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्दावली

१९वीं शती में भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक साहित्य कुछ विशेष न था। जो कुछ संस्कृत साहित्य था, वह पुरानी परम्परा का (आयुर्वेद, ज्योतिष, गणित, दर्शन और समाजशास्त्र के क्षेत्र का) था। यूरोपवासी १६ वीं शती से ही भारत में आने लगे थे, पर वे अपने साथ आधुनिक विज्ञान का सन्देश इस देश में लाने में असमर्थ रहे। यह इतिहास का विचित्र घटना है। यूरोप में भौतिक और रसायन एवं शिल्प में इतना विकास हो गया, किन्तु भारत में इस नवीन विचारधारा का संकेत भी न पहुँचा, यह एक प्रकार का चमत्कार है। न्यूटन, बॉयल, डार्विन आदि की खोजों के प्रति यह देश उदासीन क्यों रहा यह कहना कठिन है।

सन् १८०५ में रामन और अरबी लिपियों में लन्दन में **डिक्शनरी ऑफ़ मोहमडन लॉ, बंगाल रेवेन्यू टर्म्स, हिन्दू एण्ड अबर बर्ड स युजेड इन दि ईस्ट इंडीज, विद एक्सप्लेनेन्ट्स** प्रकाशित हुआ था। फिर जोसेफ टेलर का कोश **'ऐन इंग्लिश एण्ड हिन्दुस्तानी नेवेल डिक्शनरी ऑफ़ टेकनिकल टर्म्स एण्ड सी-फ़ेजेज'** प्रकाशित हुआ। १८२५ में पीटर पैटन (सर्जन) ने स्वास्थ्य विभाग के अफ़सरों के लिए चिकित्साशास्त्र के अंग्रेजी, अरबी, फ़ारसी तथा संस्कृत शब्दों का संग्रह प्रस्तुत किया जो कलकत्ता के गवर्नमेंट लीथोग्राफिक प्रेस से छपा था। इसी प्रकार **'कंचहरा टर्मिनॉलिजीज ऑर वोकेब्युलेरे ऑफ़ लॉ टर्म्स** (१८२३), संपादक पीटर पार्सेस; **'ए डिक्शनरी ऑफ़ कमर्शल टर्म्स, विद वेट्स डिनोमिनेशन्स इन वेरियस लेंग्वेजेज'** (१८५०), संपादक एलेक्जेंडर ग्राकनर, **इंग्लिश-हिन्दुस्तानी लॉ एण्ड कमर्शल डिक्शनरी ऑफ़ वर्ड्स एण्ड फ़ेजेज यूज्ड इन सिविल एण्ड क्रिमिनल रेवेन्यू एण्ड कमर्शल एफ़ेयर्स** (१८५८), संपादक एस० डब्ल्यू० फैलन तथा **'ए वोकेब्युलेरी इंग्लिश-हिन्दुस्तानी ऑफ़ द यूज ऑफ़ मिलिटरी स्टूडेन्ट्स'** का प्रकाशन हुआ।

उन्नीसवीं शती के अन्त से वैज्ञानिक शिक्षा के पठन-पाठन का कुछ क्रम शिक्षा-संस्थाओं में आरंभ हो गया था। अतः यह आवश्यकता प्रतीत होने लगी कि भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक विषयों को व्यक्त किया जाय। इस दृष्टि से पारिभाषिक शब्द बनाने के कई प्रयास देश में आरंभ हुए। संभवतः इस दिशा में सर्वप्रथम प्रयास बंबई प्रेसिडेन्सी में हुआ, जिसका उल्लेख एन० बी० राणाडे ने अपने अंग्रेजी-मराठी कोश में किया है। दूसरा प्रयास बंगीय साहित्य परिषद् का था। गुरुकुल कांगड़ी में शिक्षा का माध्यम हिन्दी था। इसके अधिकारियों की प्रेरणा से प्रो० रामशरणदास ने एनेलिटिकल केमिस्ट्री से संबंध रखने वाली पुस्तकें रचीं, और

प्रो० महेशचरण सिंह ने रसायन और विद्युत् शास्त्र विषयक पुस्तकें। सुधाकर द्विवेदी जी ने गणित संबंधी कई पुस्तकें हिन्दी को दीं— चलन-कलन, चलराशि-कलन और समीकरण-मीमांसा। लक्ष्मीशंकर मिश्र की सरल त्रिकोणमिति छपी।

उन्नीसवीं सदी के आरंभ में ही काशी नागरी प्रचारिणी सभा का ध्यान इस ओर गया, और उसने सात विषयों की शब्दावली का कार्य हाथ में लिया। सम्पादकों में थे—माधव राव सप्रे, महावीर प्रसाद द्विवेदी, सुधाकर द्विवेदी, श्यामसुन्दरदास और ठाकुर प्रसाद। कार्य में सहयोग देने के लिए अन्य प्रदेशों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। इस प्रयास के फलस्वरूप १९०१ में श्यामसुन्दरदास का गणित विषयक, १९०२ में महावीर प्रसाद द्विवेदी का दर्शन विषयक, ठाकुर प्रसाद खत्री का भौतिकी विषयक कोश प्रकाशित हुए। बाद को नागरी प्रचारिणी सभा ने भूगोल, रसायन आदि विषयों के शब्दों का भी संकलन कर के पूरा कोश एक जिल्द में प्रकाशित कर दिया। १९१२ में ठाकुर प्रसाद खत्री का **'व्यावहारिक पदार्थ कोश'** प्रकाशित हुआ।

१९१३ में प्रयाग में विज्ञान परिषद् संस्था की स्थापना हुई (गंगानाथ झा, रामदास गौड़ और सालिगराम भार्गव के प्रयास से) और १९१४ में **'विज्ञान'** पत्रिका प्रकाशित होने लगी, जिसके आश्रय से हिन्दी में वैज्ञानिक विषयों पर लिखने की प्रवृत्ति बढ़ी, और सभी विषयों की शब्दावलियों की रचना की नींव पड़ी। १९३० में विज्ञान परिषद् से **वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्दावली** (सं० सत्यप्रकाश) प्रकाशित हुई।

बाद के प्रकाशित कोशों में एक प्रशंसनीय प्रयास सुखसंपत्ति राय भंडारी का था जो १९२६ में प्रारंभ हुआ, और बृहद् परिमाण पर भंडारी जी ने यह कार्य संपादित किया। भारतीय हिन्दी परिषद् ने १९४२ में फिर यह कार्य हाथ में लिया, और **अंग्रेजी-हिन्दी वैज्ञानिक कोश** के दो भाग प्रकाशित किए (A से Hyp तक की ५१२ पृष्ठों में सामग्री) जिसके प्रधान संपादक सत्यप्रकाश और सहकारी संपादकों में निहालकरण सेठी, फूलदेव सहाय वर्मा, ब्रजमोहन, महावीर प्रसाद श्रीवास्तव प्रभृति लोग थे। इस कोश के प्रकाशन का कार्य फिर बन्द कर दिया गया, क्योंकि केन्द्रीय शासन ने बड़े परिमाण पर इस कार्य को आरंभ किया था। इस कोश की संकलित सामग्री के आधार पर प्रान्तीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन (उत्तर प्रदेश) की ओर से निहालकरण सेठी की **भौतिकी** शब्दावली प्रकाशित हुई और ब्रजमोहन ने गणित शब्दावली **'गणितीय कोश'** नाम से प्रकाशित की (१९५४), प्रकाशक, चाखम्बा संस्कृत सीरीज, वनारस)।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने ए० सी० सेनगुप्त के सहयोग से समय-समय पर **'प्रत्यक्ष शरीर कोश'** (१९५१), **'भूतत्व विज्ञान कोश'** (१९५३), **'चिकित्सा-विज्ञान कोश'** (१९५५) प्रकाशित किए। सम्मेलन ने ब्रजकिशोर मालवीय का **'जीव रसायन कोश'** (२००९ वि०) भी प्रकाशित किया। केशव प्रसाद मिश्र की **'वैद्युत शब्दावली'** भी प्रकाशित हुई। महेश्वर सिंह सूद का **'जन्तुविज्ञान शब्द कोश'** भी व्यावसायिक अध्यवसाय का परिचायक है। राजकमल प्रकाशन की **'इकनिअल हिन्दी डिक्शनरी'** भी उल्लेखनीय है।

मानव-शास्त्रों के शब्दकोश भी महत्त्वपूर्ण हैं। **'व्यापारिक कोश'** (सं० ब्रजवल्लभ) १९०८ में छपा, १९२७ में भगवानदास केला की **राजनीति शब्दावली** छपी, और १९३२ में उन्हीं की **'अर्थशास्त्र शब्दावली'** (पुन. प्रकाशित १९४९ में दयाशंकर दुबे के सहयोग से)। रामनारायण मिश्र की **'भूगोल शब्दावली'**, कान्तानाथ गर्ग का **'वाणिज्य शब्दकोश'** (१९५४), सत्यप्रकाश की **'समाचारपत्र शब्दकोश'**, गदाधर प्रसाद की **'अर्थशास्त्र शब्दावली'** (१९३२), ये भी उल्लेखनीय हैं।

रघुवीर ने इस क्षेत्र में स्तुत्य प्रयास किया। १९५० में आपकी *Consolidated Great Indian Dictionary of Technical Terms* प्रकाशित हुई। १९५५ में रघुवीर और लोकेशचन्द्र द्वारा संपादित *A Comprehensive English-Hindi Dictionary of Government and Education Words* निकली और फिर १९५८ में *English-Hindi Dictionary of Administration* जी० एस० गुप्त के सहयोग में निकली। रघुवीर के इस साहित्यिक प्रयास में बहुत समय तक हमें सहायता मिलती रहेगी। रघुवीर यूरोपीय शब्दों को आत्मसात कर लेने के पक्ष में न थे, अतः उनके शब्दों को स्वीकार करने में बहुतों को संकोच हुआ। फिर भी रघुवीर के काम का अपना आदरणीय स्थान है।

जिन देशी राज्यों में शासन का कार्य भारतीय भाषाओं के माध्यम में होता था, उन्होंने भी शब्दावलियों के निर्माण एवं प्रचार में रुचि दिखायी। बड़ौदा सरकार ने १९३२ में **'सयाजीराव शासनकल्पतरु'** प्रकाशित कियी। १९४० में हरिहर निवास द्विवेदी का **'शासन-शब्दसंग्रह'** प्रकाशित हुआ। हिन्दी सभा, सीतापुर ने १९४८ में **'न्यायालय-शब्दकोश'** तैयार कराया। इसी वर्ष बरेली से **जगदीशशरण अग्रवाल** का **'न्यायालय-शब्दसंग्रह'** निकला। १९५१ में जे० एन० बाजपेयी तथा राधाकृष्ण द्वारा **'व्यवहार शब्दकोश'** प्रकाशित हुआ। रामचन्द्र वर्मा और गोपालचन्द्र सिंह की **'आरक्षित (पुलिस) शब्दावली'** २००५ वि० में छपी, एवं **'सैनिक शब्दावली'** १९४८ में। राहुल सांकृत्यायन, विद्यानिवास मिश्र और प्रभाकर माचवे का **'शासन-शब्द कोश'** २००५ वि० में हिन्दी साहित्य सम्मेलन से छपा। इसी प्रकार गोरखनाथ चौबे का **'राजकीय कोश'** १९५० में; सोमनाथ उपाध्याय का **'त्रिभाषी राजकीय शब्दकोश'** १९५८ में प्रकाशित हुए। ज्ञानमण्डल द्वारा प्रकाशित **'पारिभाषिक शब्दकोश'** में शासन-कार्य में प्रयुक्त होने वाले ५००० अंग्रेजी शब्दों की परिभाषा और हिन्दी पर्याय है। उत्तर प्रदेश में डॉ० संपूर्णानन्द जी की अध्यक्षता में प्रशासन और विधि संबंधी शब्दों के हिन्दी पर्याय निर्णय करने के लिए एक समिति १९४८ में बनी (१९५४ में पुनर्घटित)। इसने भारतीय संविधान का हिन्दी अनुवाद भी छापा।

उस्मानिया यूनिवर्सिटी में बहुत समय से वैज्ञानिक शिक्षा का माध्यम उर्दू था, और अजुमन-ए-तरक्की उर्दू ने पारिभाषिक शब्द

करीब इस्तलाहात इल्मिया नाम से उर्दू में छापे (१९२५)। यशवन्त रामकृष्ण दाते और चिन्तामणि गणेश कार्वे का 'शास्त्रीय परिभाषा कोश' १९४८ में मराठी मे महाराष्ट्र कोश मण्डल, पूना ने प्रकाशित किया।

भारतीय शासन का कार्य

१९४७ ई० में देश स्वतन्त्र हुआ। १९५०-५१ में भारत सरकार ने देश भर के लिए हिन्दी में वैज्ञानिक शब्दावली और एक पारिभाषिक शब्दकोश तैयार करने के लिए भाषाशास्त्रियों और वैज्ञानिकों का एक बोर्ड बनाया। 'पारिभाषिक शब्दावली बोर्ड' के विचारार्थ विषय निम्न थे—

(१) हिन्दी और देश की प्रमुख साहित्यिक भाषाओं मे अन्तर्राष्ट्रिय वैज्ञानिक और पारिभाषिक शब्दावली अपनाने के बारे मे केन्द्रीय शिक्षा परामर्श बोर्ड के प्रस्ताव पर अमल करना।

(२) ऐसे सिद्धान्त निर्धारित करना जिनके आधार पर अन्तर्राष्ट्रिय पारिभाषिक शब्दावली को भारतीय भाषाओं की प्रकृति के अनुरूप बनाया जा सके।

(३) विभिन्न भारतीय भाषाओं मे प्रचलित शब्दावली के सग्रह का प्रबन्ध करना, ज्ञान की जिन शाखाओं में विदेशी शब्दो का प्रयोग उचित न हो, उनके लिए भाषाओं के आधार पर उचित शब्दावली का निर्माण करना।

(४) वैज्ञानिक विषयो पर आदर्श पुस्तकें तैयार करने के लिए, नीति निश्चित करना और उसका पालन करना।

वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्दावली बोर्ड ने निम्न सिद्धान्त निर्धारित किए—

(१) अन्तर्राष्ट्रिय शब्दावली से हमारा अर्थ उन वैज्ञानिक और पारिभाषिक शब्दों से है जो कि समय-समय पर वैज्ञानिक सघों की अन्तर्राष्ट्रिय परिषद् की कार्रवाईयों में प्रकाशित किए जाते है।

(२) यह बोर्ड यूनिवर्सिटी कमीशन और केन्द्रीय शिक्षा परामर्श बोर्ड (Central Advisory Board of Education) के विचारों से सहमत है कि जहाँ तक हो सके हिन्दी और भारत की दूसरी प्रमुख भाषाओं की पुस्तकों में अन्तर्राष्ट्रिय वैज्ञानिक और पारिभाषिक शब्दो का प्रयोग किया जाये। वनस्पतिविज्ञान, प्राणिविज्ञान और भूगर्भशास्त्र के अन्तर्राष्ट्रिय शब्द ज्यों के त्यों ले लिए जायें।

(३) गणित और अन्य विज्ञानो मे प्रयोग किए जाने वाले प्रतीक-चिह्न और सूत्र बिना किसी परिवर्तन के ग्रहण कर लिए जायें, अर्थात् रोमन लिपि मे लिखे हुए अक्षर और अंक ही हिन्दी मे प्रयुक्त किए जायें।

(४) वैज्ञानिक शब्दावली कोश तैयार करने मे अन्तर्राष्ट्रिय पारिभाषिक शब्दों का नागरीकरण किया जाय और उनका मूल रूप रोमन लिपि के कोष्ठक मे दिया जाय। जहाँ कहीं जरूरी हो, शब्दों का अनुवाद और व्याख्या भी दी जाय।

इस बोर्ड ने विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों की अनेक समितियां बनायीं, और उन समितियों ने कार्य आरम्भ किया। पहले तो प्रस्तावित सूचियां प्रकाशित हुईं, और बाद को अनेक विषयों की अधिकृत सूचियां भी अलग-अलग छपीं। प्रारम्भ मे कार्य हाई स्कूल स्टैण्डर्ड का पूरा किया गया, और फिर धीर-धीर इसे बढ़ाकर विश्वविद्यालयों के उच्चतम स्टैण्डर्ड तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। प्रारम्भ से ही विशुद्ध विज्ञानों के साथ-साथ अनेक उपयोगी विज्ञानों की पारिभाषिक शब्दावली तैयार कराने का प्रयास किया गया।

१९५५ मे वनस्पति शास्त्र, गणित, भौतिक और रसायन की अधिकृत सूचियां, १९५६ मे कृषि विज्ञान की अधिकृत सूची सैकण्डरी स्कूलों के लिए प्रकाशित हुई। साथ ही साथ इन दो वर्षों (१९५६-५७) मे निम्न विषयों की प्रस्तावित सूचियां भी छपा—

कृषि (तीन सूचियां), वनस्पति विज्ञान (तीन सूचियां), रसायन (चार सूचियां), इंजीनियरिंग (दो सूचियां), गणित और सांख्यिकी (तीन सूचियां), प्राकृतिक भूगोल, जल-वायु विज्ञान, चिकित्सा (तीन सूचियां), भौतिकी, प्राणिविज्ञान (दो सूचियां), कॉमर्स, डिप्लोमेसी, क्रिकेट्स (सात सूचियां), अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, शिक्षा-मनोविज्ञान (दो सूचियां), सामान्य शासन, बैंकिंग और व्यापार, प्रागितिहास, सूचना और प्रसारण, श्रम-वाणिज्य, विधि (दो सूचियां), विदेश सचार, डाक और तार (चार सूचियां), रेल (दो सूचियां), यात्रा, ट्रान्सपोर्ट (सड़कों पर की), ट्रान्सपोर्ट (जहाजी) (दो-दो सूचियां)।

(१) मिनिस्ट्री ऑफ़ एडुकेशन (शिक्षा मन्त्रालय) ने १९५० मे शब्दावली-बोर्ड बनाया था। इस बोर्ड ने विचार कर के अन्तर्राष्ट्रिय शब्द निम्न निर्धारित किए, जिन्हे बिना अनुवाद के अपनी लिपि मे ले लेना था—

(क) Units of weights, measures etc. (तौल और नाप की इकाइयां)

(ख) Terms based on proper names, which commemorate the names of eminent scientists etc., e.g. Fahrenheit scale फारेनहाइट स्केल, voltmeter वोल्टमापी (व्यक्तिवाचक संज्ञाओं पर दिए गए शब्द)।

भौतिकी में भावनात्मक शब्द (concepts वाले) अधिक हैं, और रसायन शास्त्र में द्रव्य या पदार्थ संबंधी। भावनात्मक शब्द प्रत्येक की अपनी मातृभाषा मे होने चाहिए, जिस भाषा मे बालक को शिक्षा पानी है, अतः इन शब्दों के अनुवाद का प्रयास किया गया। रसायन विज्ञान की स्थिति दूसरी थी। ९७ या १०४ तत्त्वों में से केवल ८ ही ऐसे थे जिनके भारतीय नाम थे (स्वर्ण, रजत, लोह, यशद, वंग, ताम्र, सीस और पारद)। अतः अन्य तत्त्वों के नामों के अनुवाद की आवश्यकता नहीं समझी गई, और ये सब

नाम अन्तर्राष्ट्रिय रूप में ही हिन्दी में अपना लिए गए (देवनागरी लिपि में)। जहाँ कहीं भी नाम ज्यों के त्यों अपनाये गए हिन्दी की प्रकृति का ध्यान रखा जाना आवश्यक समझा गया, जैसे— litre लिटर, gramme ग्राम, erg अर्ग।

(२) कुछ शब्द साहित्य में प्रचलित थे, पर साधारणतया उन्हें पर्याय ऐसा माना जाता था। वैज्ञानिक शब्दावली में इनके सामान्य अर्थों को छोड़ कर दिया गया—

Force बल, power शक्ति, work कार्य, heat ऊष्मा, temperature ताप। ऐसी आशा की गयी कि धीरे-धीरे ये शब्द अपने विशिष्ट अर्थों में ही अब वैज्ञानिक साहित्य में समझे जाने लगेंगे।

(३) वैज्ञानिक शब्दावली में यथार्थता की विशेष आवश्यकता होती है। **ऊष्मा** और **ताप** शब्द सामान्यतया पर्याय हैं, किन्तु विज्ञान में ऊष्मा को heat और ताप को temperature के लिए रूढ़ किया गया। इसी प्रकार गणित के शब्द 'probability' के लिए (जिसका अभिप्राय यह है—the ratio of the frequency of the form of an event by the entire frequency) **'संभावना'** शब्द का प्रयोग साधारणतया किया जाने लगा था, पर संस्कृत में एक शब्द 'प्राथिकत्व' है, जिसका उपयोग गणित के इस शब्द के लिए अधिक यथार्थ है। इसलिए Probability को **प्राथिकता** से व्यक्त करना स्वीकार किया गया।

(४) जहाँ तक संभव हुआ, अनेक प्रस्तावित शब्दों पर गहरा विचार करने के अनन्तर सरलतम शब्द को स्वीकार किया गया। जैसे air pump को **वातावकर्षक पम्प, वात-निष्कासन पम्प** न कहकर केवल **वायु-पम्प** कहना स्वीकार किया गया।

(५) हिन्दी समस्त राष्ट्र के संपर्क की भाषा (या राष्ट्रिय भाषा) है, इसको सदा ध्यान में रखा गया। अतः यह आवश्यक समझा गया कि भारत की अन्य प्रादेशिक भाषाओं की शब्दावलियों पर भी विचार कर लिया जाय, और जहाँ से भी जो शब्द अच्छा मिले, हिन्दी में ले लिया जाय। जैसे—

Legislative	विधानांग	कन्नड
Executive	कार्यांग	कन्नड
Judiciary	न्यायांग	कन्नड
Memorandum	यादी	मराठी
Brackets	बन्धनी	बंगाली
Debit	नामें डालना	मारवाड़ी

इस प्रकार सभी प्रादेशिक भाषाओं के शब्दों को सहज अपनाना स्वीकार किया गया। इससे हिन्दी की समृद्धि बढ़ेगी ही, ऐसी आशा की गई।

(६) शब्दावली में स्थिरता का होना विशेष गुण है, किन्तु उसमें आगे भी गुंजाइश होनी चाहिए, इसका ध्यान रखा गया। फलतः,

(क) संस्कृत परम्परा के अनुसार (जैसा मन में भी है) Botany को **उद्भिदशास्त्र** कहना चाहिए था, किन्तु आधुनिक हिन्दी में **वनस्पति विज्ञान** शब्द इस अर्थ में प्रचलित हो गया है, अतः इस आधुनिक शब्द को ही मान्यता दी गयी।

(ख) थर्मामीटर और तापमापी दोनों शब्द Thermometer के लिए स्वीकार किए गए। संभवतः हिन्दी में दोनों ही आत्मसात हो सकते हैं (जैसे कचहरी, कोर्ट, न्यायालय, ये तीनों ही चल सकते हैं)।

(ग) पारिभाषिक शब्दावली की लोच संकर शब्दों में भी प्रतीत होती है, जैसे *ovidation* के लिए **ऑक्सीकरण** (अर्थात् oxygen **ऑक्सिजन में ऑक्सि** प्रत्यय लेकर हिन्दी के व्याकरण में **ऑक्सीकरण** बना लिया गया। इसी प्रकार galvanometer के लिए **गैलवैनोग्राफी** अथवा law and order के लिए **क़ानून और व्यवस्था** (फ़ारसी-संस्कृत संकर)।

शब्दावली-निर्माण में कठिनाइयाँ एवं विभिन्नार्थों के कारण संघर्ष

(क) पारिभाषिक शब्दावली बनाने का कार्य सरल नहीं है। उदाहरण के लिए संस्कृत में **inference** के लिए सर्वमान्य शब्द **अनुमान** है, पर हिन्दी में **अनुमान** शब्द conjecture के अर्थ में प्रयोग में आने लगा है। ऐसी स्थिति में क्या करना ठीक होगा, यह एक प्रश्न है?

(ख) गणित की अनेक पाठ्य पुस्तकों में **सम** का प्रयोग equal के अर्थ में होने लगा है। even number को **सम** कहते हैं, मोनियर विलियम्स ने even के लिए **युग्म** शब्द दिया है (odd संख्याएँ युग्म नहीं होतीं, ये **अयुग्म** हैं)। **सम** की अपेक्षा **युग्म** शब्द कठिन और जटिल है। प्रश्न है कि even के लिए इन दोनों में से कौन सा शब्द अपनाया जाय।

(ग) हिन्दीभाषी साधारण जनता **वर्गीमॉडर, साउड स्वीकर** आदि शब्दों का प्रचुर व्यवहार करने लगी है। पर सभी अंग्रेजी शब्द अपनाये जा सकेंगे, यह आशा करना व्यर्थ है। जो शब्द आम जनता के लिए नहीं हैं, उनके तो अनुवाद करना ही उचित होगा, और ये शब्द बोलचाल की भाषा से लेना असंभव होगा, इस प्रकार coordinates के लिए **निदेशांक** शब्द अनुचित न होगा।

(घ) साधारण बोलचाल मे plinth के लिए '**कुरसी**' शब्द का प्रयोग होता है। प्लिंथ का शास्त्री अभिप्राय lowest member of a base है। '**कुरसी**' शब्द से यह भावना व्यक्त नही होती है। क्या इसके लिए कोई अति प्राचीन अब्द खोजा जाय? अगर प्राचीन यथार्थ शब्द मिल भी जाय तो उसके प्रचलित होने की सभावना क्या है, इस पर भी विचार करना पड़ेगा।

समन्वय

भारतीय शासन के **शब्दायोग** के संघटन में सन् १९५० से अब तक कई परिवर्तन हो चुके हैं। पारिभाषिक शब्दावली की रचना ने २० वर्ष की लम्बी अवधि पार कर ली, अब यह कार्य समाप्त सा है। शब्दायोग ने समय-समय पर यह सामग्री बहुत कुछ प्रकाशित कर दी है, फिर भी संभवतः बहुत सी अभी प्रकाशित होने को है। योग्य विद्वान् देश की विभिन्न उपसमितियों में इस आयोग द्वारा आमंत्रित होकर जब सम्मिलित होते हैं, उनके विचारों में भी परिवर्तन हो जाता है, और इसके फलस्वरूप पिछले स्वीकृत कार्य मे फिर हेर-फेर कर दिया जाता है। फल यह हुआ है कि शब्दायोग की शब्दावली मे अभी स्थिरता नही आयी है। एक ही शब्द पर कई समितियों ने जब विचार किया, तो पर्याय भी कई दिए। अतः यह आवश्यक है कि समस्त शब्दावली पर सुधरे ढंग से विचार करके **समन्वय** कर लिया जाय। वस्तुतः अन्तिम निर्णय तो तभी हो पायेगा, जब इस शब्दावली का सभी प्रादेशिक भाषाओं में उपयोग होने लगेगा। अन्तिम निर्णय तो अध्यापकों, शिष्यों, पाठकों और लेखकों पर अर्थात् साहित्य का उपयोग करने वाली जनता पर निर्भर है। स्वाभाविक है कि प्रस्तावित शब्दों के मँजने में समय लगेगा ही।

जिन विदेशी शब्दों को ज्यों का त्यों लेने का परामर्श दिया गया है, उनको देवनागरी लिपि में लिखना भी साधारण कार्य नही है। गुरुमुख से बहुत शब्दों के उच्चारण हमने गलत सीखे। जैसे glucose **ग्लूकोज** नहीं है, **ग्लूकोस** है, ethyl, methyl शब्द **इथाइल, मिथाइल** नहीं हैं, ये **एथिल, मेथिल** हैं; oxygen **ऑक्सीजन** नहीं है, **ऑक्सिजन** है। protein का शुद्ध उच्चारण **प्रोटीइन** है, न कि प्रोटीन; oxidase का उच्चारण **ऑक्सिडेस** है, न कि **ऑक्सिडेज**। इसी प्रकार acanthaceae **ऐकेन्थेसी** नहीं, **ऐकेन्थेसीई** है। शुद्ध उच्चारण के लिए वेब्स्टर की पुरानी डिक्शनरी देखनी चाहिए। इधर संयुक्त राष्ट्र अमरीका मे वेब्स्टर के नाम पर अनेक अनधिकृत डिक्शनरियाँ प्रकाशित हुई हैं, जिनमें काफी उच्छृंखलता है।

हिन्दी में अंग्रेजी प्रत्यय अपना लेने पर हिन्दी वर्तनी (स्पेलिंग) की एकरूपता रखनी आवश्यक है, इसमे सुविधा होगी। उदाहरण के लिए Acetic acid के लिए यदि हमने **ऐसीटिक अम्ल** लिखना स्वीकार किया है, (अर्थात् acet इस प्रत्यय या पदांश के लिए **ऐसीट**) तो acetal, acetaldehyde acetamide, acetate, acetin, acetyl, acetylene, acetylide आदि शब्दों में **ऐसीट** पदांश ही रखना सुविधाजनक होगा न कि अंग्रेजी कोश के आधार पर प्रत्येक शब्द के उच्चारण के उदाहरण अनुसार। इस पद्धति पर ये शब्द इस प्रकार लिखे जाने चाहिए—ऐसीटैल, ऐसीटैल्डिहाइड (या ऐसीट्ऐल्डिहाइड), ऐसीटैमाइड, ऐसीटेट, ऐसीटिन, ऐसीटिल, ऐसीटिलीन, ऐसीटिलाइड (न कि ऐसेट-ऐमाइड, ऐसेटिलिन, ऐसेटिलाइड आदि)। लेखकों और पाठकों को चाहिए कि इस प्रकार के संशोधित शब्दावलियों में कर लें।

इसी प्रकार fluorine के लिए **फ्लओरीन** शब्द ठीक होने पर भी मान्य करना पड़ेगा। क्लोरीन और ब्रोमीन के समान इसका **क्लोरीन** रूप ही सुविधाजनक होगा। इसी प्रकार cyanide, cyanate, cyanogen के लिए साइआनाइड, साइआनेट, साइआग्नोजन—ये रूप दुरूह होंगे। इसके लिए सायनाइड, सायनेट, सायनोजन, ये शब्द मान्य और हिन्दी की प्रकृति के अनुसार अच्छे रहेंगे।

अंग्रेजी लिपि में उच्चारण की अनिश्चितता के कारण व्यक्तिवाचक संज्ञाओं (विदेशी नामों) के ठीक उच्चारण का पता चलना भी आसान नही है। Dulong and Petit's law में दोनों व्यक्तिवाचक नाम फ्रेंच है अतः ये **डूलांग् और पेटी का नियम**, ऐसा लिखना होगा। Grignard's reagent **ग्रिगनार्ड अभिकर्मक** नहीं है, यह **ग्रीग्नार-अभिकर्मक** है।

पारिभाषिक शब्दावली संबंधी सिद्धान्तों का आलोचनात्मक अध्ययन

भारतीय भाषा में वैज्ञानिक साहित्य-निर्माण का संभवतः प्रथम प्रयास बड़ौदा में १८८८ ई० मे हुआ, जिसके लिए महाराजा सयाजीराव गायकवाड ने ७०००० का दान दिया था, और प्रो० गज्जर ने पुस्तकों की रचना प्रारंभ की। फिर अगले प्रयास बंगीय साहित्य परिषद्, गुरुकुल कांगड़ी, नागरी प्रचारिणी सभा, विज्ञान परिषद्, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, भारतीय हिन्दी परिषद्, आदि संस्थाओं द्वारा हुए। शब्दावली के सिद्धान्तों के निर्धारण में सदा मतभेद रहा और अनेक प्रयोग किए गए। इस विषय का आलोचनात्मक अध्ययन सर्वप्रथम 'विज्ञान' में प्रकाशित 'वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्दावली' शीर्षक लेखों में (लि० मन्यप्रकाश) हुआ। रामायनिक तन्त्रों के अनावार करने के प्रयास की निरर्थकता के संबंध में निहालकरण सेठी ने एक लेख 'विज्ञान' में दिया। हिन्दी-उर्दू मिली हुई 'हिन्दुस्तानी' के पोषक व्यक्तियों ने आम-फहम की भाषा में शब्दावली बनाने का प्रयास किया, जिसकी विफलता की

की ओर मैंने (सत्यप्रकाश) कुछ संकेत भूमा के साहित्य सम्मेलन के वार्षिक अधिवेशन में विज्ञान गोष्ठी के अध्यक्षीय भाषण में किया था। इण्टर-एडुकेशन बोर्ड की ओर से सर अकबर हैदरी की अध्यक्षता में एक समिति सिद्धान्तों के निर्धारण के लिए बनी, जिसके सुझावों की ओर मैंने विज्ञान गोष्ठी में जयपुर वाले अध्यक्षीय भाषण (हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अधिवेशन) में विस्तार से संकेत किया था। हैदरी समिति ने अन्तर्राष्ट्रिय शब्दों का यथारूप अपना लेने का सुझाव दिया था, जो उचित प्रतीत न होने पर भी अधिक व्यावहारिक सिद्ध हुआ है। गणितीय शब्दावली के सिद्धान्तों का विवाद विवेचन गणितीय कोश में ब्रजमोहन ने किया, जिसमें उन्होंने भास्कर की 'बीजगणितम्' में दी गयी और 'लीलावती' की शब्दावली का भी उल्लेख किया है। इधर हाल में ही आगरा विश्वविद्यालय से कई विद्वानों ने गणित और रसायन-शब्दावलियों पर आलोचनाएं लिख कर डाक्टर उपाधिया भी ली (उपाध्याय ने गणित पर और ओंप्रकाश शर्मा और सक्सेना ने रसायन विज्ञान पर)। ओप्रकाश शर्मा के आलोचनात्मक ग्रन्थ,-भारतीय भाषाएँ और वैज्ञानिक शब्दावली (१९६५,साहित्य संगम आगरा), तथा वैज्ञानिक शब्दावली : इतिहास और सिद्धांत (१९६९, फैंक ब्रदर्स एण्ड कम्पनी, दिल्ली) तथा गोपाल शर्मा का इस संबध मे एक शोध-प्रबन्ध 'सामाजिक विज्ञानो की पारिभाषिक शब्दावली का समीक्षात्मक अध्ययन' एस० चन्द एण्ड क०, रामनगर, नई दिल्ली से प्रकाशित हुआ (१९६८)। अभी हाल मे 'हिन्दुस्तानी' नामक शोध-पत्रिका में हरिमोहन मालवीय का एक विवरणात्मक लेख 'हिन्दी मे पारिभाषिक शब्द-निर्माण का इतिहास' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है (१९६८), जिसमे उपयोगी सामग्री का समावेश है। रघुवीर ने मूल सिद्धान्तों का विवेचन अपने कोशों की भूमिका में तथा अनेक लेखों मे किया। वस्तुतः पिछले पचास वर्षों के प्रयास ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब प्रश्न सिद्धान्तों का नही है। प्रश्न है, व्यावहारिकता का, और ऐसे शब्दो के प्रयोग का जिन्हे देश भर मे मान्यता प्राप्त हो सके, और जिनके उपयोग से साहित्य आसानी मे जनता को उपलब्ध कराया जा सके। निश्चित है कि बहुत से शब्द अपने अंग्रेजी परिधान मे हमारी भाषा मे ज्यो के त्यो या कुछ विकृति के साथ आ जायंगे (क्योंकि यूरोपीय भाषाओ मे सबसे अधिक हमारा परिचय दैवात् अंग्रेजी से ही है), विवरणात्मक भावनाओ वाले शब्द संस्कृत शब्दो (उपसर्गों, प्रत्ययों और धातुओं) की सहायता से बनाये जायंगे (संभवतः कुछ समय तक एक ही शब्द के लिए कई पर्याय प्रचलित रहें)। देशज या ग्रामीण भाषाओं मे बने शब्द सापेक्षतः कम होंगे। साथ ही साथ जो फारसी-अरबी शब्द प्रादेशिक भाषाओं के अंग बन चुके हैं, उनका भी प्रयोग होता रहेगा। वैज्ञानिक साहित्य प्रति दश वर्ष मे बहुत कुछ बदल जाता है, और ऐसी स्थिति मे पुराने पारिभाषिक शब्द या तो लुप्त होंने लगते है अथवा उनके अर्थ बदल से जाते हैं। वैज्ञानिक शब्दावली मे शाश्वतता होगी, ऐसी आशा करना कठिन है। अन्तर्राष्ट्रिय परिषदें समय-समय पर नामकरण की नवीन पद्धतियो की प्रस्तावना करती रहती हैं (रासायनिक यौगिको के नामो के संबध मे तो ऐसा बहुत देखा जाता है)।

मानक अंग्रेजी-हिन्दी कोश की विशेषताएं

इस कोश मे उपलब्ध अंग्रेजी शब्दों का चयन विभिन्न मान्य और प्रामाणिक स्रोतों से किया गया है। अर्थ-निर्धारण की दृष्टि से मुलतः सभी प्रसिद्ध अंग्रेजी कोशो मे सहायता ली गयी है किन्तु संदिग्ध स्थलो के निराकरण एव सगत पर्यायो के चयन की दृष्टि से पूर्व प्रकाशित अंग्रेजी-संस्कृत एवं अंग्रेजी-हिन्दी कोशो मे भी सहायता ली गयी है, जिनका उल्लेख हम पीछे दी हुई सूचियो मे कर आये हैं। पारिभाषिक शब्दो (व्याख्या के लिए देखो, वदरीनाथ कपूर द्वारा संपादित 'वैज्ञानिक परिभाषा कोश' १९६५) के पर्याय ही अधिक दिए गए है, व्याख्यायें कम। ये व्याख्यायें पूर्ण या निर्दोष है ऐसा सर्वत्र नहीं माना जा सकता।

उपयोग की दृष्टि मे यह कोश अंग्रेजी के सामान्य एव विशेष दोनों प्रकार के पाठको की सुविधाओं को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है और उद्देश्य यह भी रहा है कि आज जब कि हिन्दी मे अंग्रेजी की ललित, वैज्ञानिक एवं मानवशास्त्र सम्बन्धी विपुल सामग्री के अनुवाद की आवश्यकता है उस दृष्टि मे यह कोश हिन्दी मे अनुवाद करने वाले विद्वानो के लिए पर्याप्त हो। अतएव पर्याप्त मात्रा मे तकनीकी शब्दो के अर्थ और पर्याय कोश मे दिये गये है। विशेष रूप मे वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा अब तक प्रकाशित शब्दावलियो मे पर्यायो का चयन किया गया है और जहाँ आयोग के पर्याय है उन्हें ताराकित (*) करके निर्दिष्ट कर दिया गया है। यदि ऐसे समस्त विशुद्ध तकनीकी शब्दो और उनके पर्यायो के साथ उनकी व्याख्याओ को कोश मे सम्मिलित किया जाता तो इसमे कोश के आकार की वृद्धि होती और यह कोश सर्वसाधारण की पहुंच के बाहर होता।

त्रिभाषी कोशो मे सर्वाधिक कठिन कार्य शब्दो की ठीक और पूर्ण व्याख्या प्रस्तुत करना है। इस कोश मे समस्त हिन्दी पर्यायो के साथ ही जहाँ कही भी आवश्यकता प्रतीत हुई है, महत्त्वपूर्ण शब्दों को व्याख्यायित किया गया है और उनकी सुप्रयुक्तता की दृष्टि से कोष्ठक में यथासम्भव उनका वाक्यो मे प्रयोगात्मक स्वरूप भी निर्दिष्ट कर दिया गया है।

प्रस्तुत कोश मे शब्दों के अर्थ-समूहो को संकेतित करने की दृष्टि मे सख्याएँ दी गयी है और इस बात की सतर्कता रखी गयी है कि एक प्रकार का अर्थबोध कराने वाले पर्याय एक ही सख्या के अंतर्गत आ जायं। कही-कही अर्थ-व्याप्ति के कारण एक ही शब्द को अन्य अर्थ समूहों मे भी देना पडा है। फिर भी ऐसे दो या तीन बार प्रयुक्त पर्याय अपनी विशेष स्थिति के कारण ही व्यवहृत हुए है। तकनीकी पर्यायो मे से प्रचलित पर्याय तो अर्थ-समूहो मे यथास्थान दिये गये हैं किन्तु नये एव अप्रचलित अथवा अंग्रेजी के

वे पर्याय जिन्हें वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग ने स्वीकृत किये हैं उन्हें अंतिम संख्या के साथ पृथक् समूह में दिया गया हैं, यद्यपि उनका सम्बन्ध अर्थ के किसी समूह से है।

इस कोश में मुहावरों एवं विशिष्ट प्रयोगों को मूल शब्द के बाद दिया गया है। इसके अनन्तर सामासिक शब्द तथा अन्त में मूल शब्द से बने हुए विशेषण, क्रियाविशेषण आदि रूपों को अर्थसहित दिया गया है। एक ही उपसर्ग से बने शब्दों को पृथक्-पृथक् न देकर उन्हें कुछ समूहों में दिया जाना संगत लगा है।

इस कोश को उच्चारण और व्युत्पत्ति की दृष्टि से प्रामाणिक बनाने की पूरी चेष्टा की गयी है। उच्चारण की ध्वनियों को संकेतित करने के लिए प्रत्येक पृष्ठ पर पाद-टिप्पणी के रूप में अंग्रेजी रूप और उनके हिन्दी उच्चारण हैं जिससे शब्दों के उच्चारण में प्रयुक्त मूल ध्वनियों के स्वरूप को समझने में सामान्य पाठक को सुविधा होगी।

व्युत्पत्ति की दृष्टि से यह भारतीय भाषाओं में प्रथम कोश है, जिसमें अंग्रेजी में व्यवहृत शब्दों की मूल एवं प्रामाणिक व्युत्पत्तियाँ दी गयी हैं। व्युत्पत्तियों के साथ ही उनके मूल अर्थों का संकेत अंग्रेजी में दे दिया गया है और यही प्रयास रहा है कि एक मूल से उद्भूत समस्त शब्द मूल शब्द-समूह के साथ रखे हों। लेकिन यथास्थान उनका सामान्य वर्णक्रम में उल्लेख करके 'दे०' संकेत देकर रोमन में मूल शब्द का उल्लेख कर दिया गया है। इस प्रकार पाठकों को किसी भी शब्द की मूल धातु आदि का बोध सहज ही हो जायेगा और इससे अर्थ को आत्मसात करने में पाठकों को सुविधा होगी।

abstruse (ăb stroos') [L. *abstrûsus*, p. p. of *abstrûdere* (*abs-*, away, *trûdere*, to push)] कठिन, गूढ़ार्थ, गूढ़, दुर्बोध* (मा० २ भी), गहन, जटिल, दुर्बोध, प्रच्छन्न, सूक्ष्म, मुश्किल। **abstrusely** क्रि० वि० दुर्बोधता से, गूढ़ ढंग से। **abstruseness** सं० गहनता, जटिलता, सूक्ष्मता, गूढ़ता, दुर्बोधता।

absurd (ăb sĕrd') [F. *absurde*. from L. *absurdus*, (*ab-* away, *surdus*, deaf)] वि० १. अनर्थक, अयुक्त, असंगत, न्याय-विरुद्ध, ऊटपटाँग, ऊलजलूल; २. तर्कहीन; ३. मूर्खतापूर्ण, हास्यास्पद, बाहियात, लचर; ४. (प्र०) अर्थहीन*, बेतुका* । **absurdity** सं० १. असंगति, अयुक्तता, निरर्थकता, मूर्खता, तर्कहीनता; २. बेतुकापन* (प्र० भी), अनर्थकता, लचरपन; ३. (प्र०) अर्थहीनता*; ४. (मा० २) विसंगति* । **absurdly** क्रि० वि० बेतुकेपन से, हास्यास्पद ढंग से, मूर्खतापूर्ण ढंग से, बेहूदगी से ।

abundance (ă bŭn' dăns) [O. F. *abondance*, from L. *abundantia* (*abundant-*, stem of pres. p. of *abundāre*, to ABOUND] सं० १. बहुतायत, प्रचुरता, विपुलता, बहुलता; २. उमड़ना, उबाल, उद्रेक (भावों का); ३. भीड़, रेलपेल, भरमार; ४. समृद्धि, संपन्नता, मालामाली; ५. (वि० १) बाहुल्य* । **abundant** वि० १. बहुत, पर्याप्त से अधिक, घना, प्रचुर, विपुल, ज्यादा, प्रभूत; २. संपन्न, मालामाल । **abundantly**क्रि० वि० बहुतायत से, प्रचुरता से ।

abuse[1] (ă būz') [O. F. *abuser*, L. *abūsus*, p. p. of *abūti* (*ab-*, from, *amiss uti*, to use)] क्रि० स० १. दुरुपयोग करना; २. दुर्व्यवहार करना; ३. गाली देना, बुरा भला कहना, गाली-गलौज करना, इज्जत लेना; ४. धोखा देना ।

abuse[2] (ă būs') सं० १. दुरुपयोग* (प्र०, मा० १ भी), दुर्व्यवहार, अपवाद, निंदा, गाली, गाली-गलौज, अपशब्द । २. कुरीति, कुचाल, बुरा दस्तूर; ३. कुकर्म; ४. अपराध, दोष । **abusive** वि० अपमानजनक, निन्दात्मक, निन्दापूर्ण, अश्लील, कुरीति-पूर्ण, मुँहफट, बदजबान, गाली-गलौज का । **abusively** क्रि० वि० अश्लीलता से, कुचाल से, गाली-गलौज से । **abusiveness** सं० अश्लीलता, मुँहफटपना, बदजबानी ।

abut (a bŭt', [O. I. *abouter abuter*, (*a.* to, *but* end), cp. F *aboutter*, to join end to end] क्रि० स० १. छूना, लगा होना, सीमाएँ एक होना, मिला हुआ होना; २. भिड़ना, टक्कर खाना, जा मिलना; ३. टिका हुआ होना, सहारे पर होना । **abutment** सं० १. लगाव, टेक, थूनी, सहारा, पाया, कैची, स्तंभ; २. पीलपाया, अन्याधार* (प्र० १, ३ मा० १ भी) ३. संधिस्थल, संधि; ४. मेल, जोड़ । **abutter** सं० (विधि) प्रतिवेशी*, पार्श्ववर्त्ती*, साथ में लगी भूमि या जायदाद का मालिक ।

abyss (a bĭs', [L. *abyssus*, Gr. *abussos* (*a-*, without, *bussos*, depth), bottomless] सं० १. पाताल, गंभीर गर्त, गहरी गुफा, अतल गर्त, अगाध खाई, २. आद्य अस्त व्यस्तता; ३. (मा० १, वि० १) चिरंतर*, नरक* । **abyssal** वि० १. अगाध, अतल, गहरा, समुद्र-तल से ३०० फैदम से अधिक नीचे का; २. (वि० १) वितलीय* । **abysm** (a bizm') [O. F. *abisme* (F *abîme*), late L. *abyssimus*, *superl. of abyssus*], सं० ABYSS का पुराना रूप, अब भी काव्य में व्यवहृत; (दे० abyss) । **abysmal** वि० १ अगाध, अतल, अथाह; २. (वि० १) नितलीय* । **abysmally** क्रि० वि० अगाध रूप से, घोर रूप से ।

academic (ăk a dem' ik) [as foll.] वि० १. अफ़लातून के दार्शनिक विचारों से संबद्ध या उसके अनुकूल, अफलातून का अनुयायी; २. सशयी, अविश्वासी, शंकाशील; ३. बौद्धिक, बौद्धिक संबंधी* (प्र० मा० २ भी). शिक्षा-संबंधी, शैक्षणिक* (प्र० भी), पांडित्यपूर्ण, सैद्धांतिक, शास्त्रीय, निगूढ़, अव्यावहारिक, केवल तर्कगत; ४. सिद्धांतवादी, कट्टरपंथी; ५. अधिविद्य; ६. (मा० २) शैक्षिक*; ७ (मा० २) विद्या*, शास्त्रीय* । सं० विश्वविद्यालय का सदस्य । **academical** वि० १. अकादमीय, विश्वविद्यालय या ज्ञानपीठ से संबद्ध; २. शिक्षा-संबंधी, बौद्धिक; २. अव्यावहारिक। सं० (बहु०) विद्यालय या विद्वत्सभा की भूषा या पहनावे । **academically** क्रि० वि० १. सिद्धांततः; २. अव्यावहारिक रूप में ।

academy (ă kăd' ĕ mi) [F. *académie*, L. *academia*, Gr. *akadēmia* (the gymnasium in the suburbs of Athens where Plato taught, named after the hero *Acadēmos*)] सं० १. (प्र०, मा० १) अकादमी*, (यूनान में एथेन्स के निकट का) उद्यान (जिसमें अफ़लातून के प्रवचन होते थे); २. अफ़लातून के अनुयायी या उसकी दार्शनिक पद्धति; ३. विश्वविद्यालय, विहार, विद्यापीठ या अन्य विद्या-संस्थान; ४. कला-विशेष की शिक्षा का केन्द्र (जैसे राजकीय मिलिटरी एकेडेमी); ५. साहित्य, कला आदि की गौरव-संस्था; ६. (प्र०, मा० १) विद्वत्परिषद्* । **academician** (a kăd ĕm ish' ăn) सं० अकादमी, ज्ञानपीठ या कला-संस्था-विशेष का सदस्य ।

Acanthus (a kăn' thŭs) [L. *acanthus*. Gr. *akanthos* (*akanthn*, a thorn, *aké*, a point)] सं० १. अकेथस; २. एक कँटीला पौधा; ३. यूनानी स्थापत्य में इस पौधे की पत्तियों का अकन ।

acapsular (ă kăp' sū lar) [CAPSULE] वि० (बन०) निडोहा, अबीजकोषी ।

acardiac (ă kar' di ăk) [Gr. *arkardios* (*a-*, priv., *cardia*, heart)] वि० हृत्पिंड-हीन ।

acarpellous वि० १. (बन०) बिना बुगचे का, जिसमें फूल का बुगचा न हो, फल्हीन; २. (वि० १) अनंडपी* ।

acarpous (a kar' pŭs) [Gr. *akarpos* (*a-*, priv., *karpos*, fruit)] वि० (बन०) फलहीन, अफल, फल न देनेवाला ।

acatalepsy (a kăt' a lep si)[Gr. *akatalēpsia* (*a-*, priv., *kata*, comm. *lēpsis*, a taking hold,)]सं० (दर्शन) अबोधगम्यता, अग्राह्यता, रहस्यमयता, संशयवाद, अनिश्चयवाद, अज्ञेयवाद । **acataleptic** वि० संशयवादी, अनिश्चयवादी, अज्ञेयवादी ।

acauline, **acaulescent**, (a kaw' lin), **acaulose**, **acaulous** [Gr. *a-* priv. *kaulos*, stalk, stem] वि० १. (बन०) बे-तना निस्तम्भ, होनाछ (वृक्ष); २. (वि० १) अस्तम्भी* ।

Accadian (a kād' i an) [Heb. *Accad* (Gen. x. 10)] वि० १. अक्कादी, अकाद से संबंधित । सं० कीलाक्षर लिपि में अभिलेखों में मुरक्षित एक भाषा ।

accede (ak sēd' [L. *accēdere* (*ac-*, *ad-*, to, *cēdere*, to come)] क्रि० अ० १. स्वीकार करना*, मान लेना* (प्र० भी). मानना, सहमत होना, मंजूर करना; २. शामिल होना, सम्मिलित होना* (प्र० भी); ३. पदारूढ होना, कार्यभार सम्हालना; ४. जुड़ना, ५. प्रवेश करना; ६. पहुँचना ।

accelerate (ak sel' er āt) [L. *accelerāre*, to hasten (*ac-*, *ad-*, to, *celer*, swift); -ATE] क्रि० स० और अ० १. गति, चाल या वेग बढ़ाना. शीघ्रता करना. तेज करना या होना; २. क्रदम बढ़ाना, अग्रसर होना; ३. (वि० १) त्वरित करना* । **accelerated** वि० १. (भौ०) त्वरित* (वि० १, आ० भी), द्रुततर, अधिक तेज । **~motion** सं० १. अधिक तेज चाल, द्रुततर गति, वर्द्धित गति; २ (वि० १) त्वरित गति* । **~erosion** त्वरित अपरदन । **accelerating** वि० १. वेगवर्धक, गतिवर्धक, त्वरावर्धक, क्रमशः तीव्र गति करने वाला; २. (वि० १, ३० १, २) त्वरक* । **acceleration** सं० १. वेग-वर्द्धन, अधिक तेज करना; २. गति-वृद्धि, वेगवृद्धि ३. (आ०, वि० १) त्वरण*। **~of moon** (ग० ज्यो०) चद्रमा की औसत गति मे वृद्धि । **~of planets** (ग० ज्यो०)

सूर्योच्च (मध्याह्न) से सूर्यनिम्न (मध्य रात्रि) तक का वर्जित वेग। **~of stars** (ग० ज्यो०) तारों की गति की सूर्य की गति से अधिकता। **~of tides** अनुमानित समय से पहले ही ज्वार का आ जाना। **downward~** अधोमुखी त्वरण। **~due to gravity** गुरुत्वीय त्वरण। **accelerative** वि० १. गतिवर्धक, वेगवर्धक, त्वरायक, गति बढ़ाने वाला; २. (वि० १) त्वरक*। **accelerator** सं० वेगवर्धक (व्यक्ति या यंत्र); २. (इं० ३. वि० १) त्वरक* (पदार्थ), त्वरित्र* (यंत्र)।

accent (ăk' sĕnt) [F. *accent*, L. *accentum*, acc. of *accentus* (*ad-*, to, *cantus*, singing)] क्रि० स० १. स्वराघातपूर्वक उच्चारण करना; २. स्वरांकन करना; ३. (शब्द या अक्षर पर) ज़ोर देना, बल देना; ४. स्वराघात चिह्न लगाना; ५. उठाना, ऊँचा या तीव्रतर करना, उदात्त करना; ६. प्रकट करना, स्पष्ट करना। स० १. आघात, स्वराघात, स्वरपात; २. तीन प्रकार के चिह्न जिन्हेंतीव्र (ˊ) (acute), गंभीर (ˋ) (grave) और लघु (ˇ) (circumflex) कहते हैं और जो नियमतः यूनानी और कुछ सीमा तक फ्रांसीसी शब्दों में छंद-यति तथा बलाघात दिखाने के लिए प्रयुक्त होते हैं; ३. लहजा, सुर, उच्चारण का निजी, स्थानीय या राष्ट्रीय ढंग बोलने या उच्चारण की विशिष्ट शैली; ४. (छंद) लयात्मक बलाघात; ५. (संगी०) नियमित या अनियमित अंतर पर ताल; ६. (ला०) तीव्रता, प्रबलता, स्पष्ट अंतर, सूक्ष्म भेद। **accentual** वि० स्वराघात-संबंधी, स्वराघात-विषयक। **~prosody** or **verse** स्वराघात (न कि अक्षर-संख्या) पर आश्रित छंद। **accentually** क्रि० वि० स्वराघातपूर्वक, बलाघातपूर्वक। **accentuate** क्रि० स० किंतु प्रयोग अधिकतर लाक्षणिक होता है। **accentuation** (ăk sent ū ā' shŭn), सं० १. स्वराघात; २. बलाघातपूर्ण उच्चारण, बल, ज़ोर (accent के सभी अर्थों में); ३. (आ०) प्रबलन*; ४. (इं० २) पूर्व प्रबलन*।

accentor (ăk sen' tôr), सं० एक प्रकार की गानेवाली चिड़िया।

accept (ăk sept') [F. *accepter*, L. *acceptare*, freq. of *accipere* (*ac, ad-*, to, *capere*, to take)] क्रि० स० १. ग्रहण करना, स्वीकार करना*, मानना* (प्र० भी); २. हामी भरना, मंज़ूर करना, राज़ी होना, लेना, सकारना; ३. (विधि) प्रतिगृहीत करना*। **acceptable** वि० १. ग्राह्य, मान्य, स्वीकार्य, स्वीकार करने योग्य; २. प्रिय, रुचिर; ३. अनुकूल। **acceptability**, **acceptableness** सं० स्वीकार्यता, मान्यता, ग्राह्यता, अनुकूलता। **acceptance** सं० १. स्वीकृति* (प्र० भी); २. ग्रहण, मंज़ूरी, पसंद, रज़ामंदी, अनुमोदन, अनुमति, अदायगी का डिम्मा लेना, सकारना; ३. स्वीकृत हुंडी, सकारी हुई हुंडी; ४. (प्र०) स्वीकार*, ५. (विधि) प्रतिग्रहण*। **accepted** वि० १. स्वीकृत; २. मान्य, माना हुआ; ३. गृहीत; ४. सकारा हुआ; ५. (विधि) प्रतिगृहीत*। **acceptation** सं० १. स्वीकृत या सामान्य अर्थ; २. मान्यता। **acceptor** सं० १. स्वीकर्ता, सकारनेवाला, स्वीकार करनेवाला; २. (आ०) स्वीकारक*, ग्राहक*; ३. (वि० १) ग्राही*, स्वीकारी*; ४. (विधि) प्रतिगृहीता*।

access सं० १. पहुँच* (प्र०, विधि भी), गति, पैठ, प्रवेश* (प्र०, विधि भी), अभिगम; २. बढ़ती, बढ़ोतरी, वृद्धि, अधिकता, बहुलता; ३. समीप पहुँचने का अधिकार या साधन; ४. अधगति, पेशक़दमी; ५. रास्ता, मार्ग, प्रवेशद्वार, मोखा; ६. लगाव, आसक्ति, संलग्नता; ७. (क्रोध-का) आवेग, उद्रेक, आवेश; ८. (रोग का) प्रकोप, आक्रमण; ९. (वि० १) अभिगम्यता*। **accessible** वि० १. प्रवेश-योग्य; २. अभिगम्य; ३. प्राप्य, सुलभ, सुगम; ४. प्रभावित किये जाने योग्य; ५. मान लेनेवाला; ६. पहुँचने योग्य। **accessibility** सं० १. प्रवेशयता, अभिगम्यता, सुलभता; २. (वि० १) अभिगम्यता*।

accessary (ăk ses' ă ri) [see ACCEDE], सं० और वि० १. सहायक* (वि० १ भी), सहयोगी, सहकारी, संगी; २. साथ, युक्त; ३. आनुषंगिक, गौण* (वि० १ भी); ४. उपांग; ५. (प्र०) उपसाधन*, उपसाधक*; ६. (वि० १) अतिरिक्त*। **accession** (ăk sesh' ŭn) [L. *accessio*, as prec.] सं० १. सम्मिलन, अभिमिलन, प्रवेश; २. राजतिलक, राज्यारोहण* (प्र०. विधि भी), गद्दी पर बैठना; ३. बढ़ती, अभिवृद्धि, समायोग; ४. (विधि) अनुवृद्धि*, पदारोहण*; ५. (प्र०) अधिमिलन*। **accessory** (ăk ses' ŏri) [late L., *accessōrius*, adj.; see ACCEDE], वि० १. सहायक, संगी, सहयोगी, अतिरिक्त*, उपांग*, गौण* (वि० १ भी); २. संलग्न, संबद्ध। सं० १. (बहु व०) उपकरण, साथ की चीज़ें, पुर्ज़े; २. (प्र०) उपसाधन*।

accidence (ăk' si dĕns) [L. *accidentia*, pl. neuter n. or the same word taken as fem. sing.; see FOLL.] सं० १. (व्याकरण का) विभक्ति-विचार, रूप-विचार, प्रत्यय, शब्द-रूप; २. मूल तत्त्व, प्राथमिक सिद्धांत।

accident (ăk' si dĕnt) [F. *accident*, L., *accidens -entis*, pres. p. of *accidere* (*ac-, ad-*, to, *cadere*, to fall)] सं० १. घटना, दुर्घटना* (प्र०. विधि भी), अप्रत्याशित या आकस्मिक घटना; २. वारदात; ३. संयोग* (प्र० भी), दैवयोग, दुर्भाग्य, दुर्दैव, असामान्य गुण; ४. आनुषंगिक पदार्थ। **accidental** (ăk si den' tăl) वि० और सं० १. आकस्मिक* (वि० १, विधि भी), अप्रत्याशित, सांयोगिक, अचानक होनेवाला; २. नैमित्तिक गौण, सहायक, प्रासंगिक, ३. (आ०, इ० ३, प्र०, वि० १) संयोगी*, आगन्तुक*। **~colours** (भौ०) अनुभूतिगत रंग, अनुवर्ण, अनुरंग। **~lights or accidentals**, सं० (चित्र०) कृत्रिम प्रकाश। **~sharps, flats, naturals**, (संगी०) इकहरी श्रुतियों पर लगायें जानेवाले चिह्न। **accidentally** क्रि० वि० १. अचानक, अकस्मात्, एकाएक; २. संयोग से; ३. आकस्मिक या अप्रत्याशित रूप से; ४. अनजाने ही, अनिच्छा से।

Accipiter (ak sip' iter) [L. *accipiter* (*accipio*, to take, accept)] सं० शिकारी चिड़ियों की एक जाति का पक्षी, बाज़।

accipital, वि० १. श्येनवत्, बाज़-सा; २. खूनी, हिंसक, ३. तीक्ष्ण दृष्टि, गृद्ध-दृष्टि, पैनी दृष्टिवाला।

acclaim (ă klām') [L. *acclāmāre* (*ac-, ad-*, to, *clāmāre*, to shout)] क्रि० स० १. जयजयकार करना, जय बोलना; २. स्वागत करना, अभिनंदन करना; ३. घोषित करना; ४. मानना। **acclamation** (ăk kla mā' shŭn) [L. *acclāmātiōnem*, acc. *acclāmātio*] सं० १. अभिनंदन; २. जयजयकार, हर्ष-ध्वनि, ३. प्रशंसा, स्तुति; ४. प्रशंसा-घोष, शाबाशी, उत्साहपूर्वक अनुमोदन या समर्थन।

acclimatize (ak' lī'mă tīz) (*Am.*), **acclimate** (ăklī' māt) [F. *acclimater*] क्रि० स० १. नई जलवायु का आदी होना, बनना या बनाना; २. जलवायु के अनुकूल बनाना। **acclimatization** सं० १. जलवायु का अभ्यस्त होना; २. (वि० १) पारिस्थितिक अनुकूलन* (देo **acclimation**)। **acclimation** सं० १. वायु-जलानुकूलन, दशानुकूलन* आ० भी), हवा-पानी रास आना, जलवायु का अनुकूल पड़ना; २ (भा० १) पारिस्थितिक अनुकूलन*, पर्यनुकूलन*; ३ (भा० १) जलवायु-अनुकूलन*; ४ (भा० ३, वि० १) पारिस्थितिक अनुकूलन*।

acclivity (ă kliv' i ti) [L. *acclivitātem*, acc. of *acclivitas* (*ac-, ad-, clivus*, a slope)] सं० उत्संग, (पहाड़ी की) चढ़ाई, चढ़ान।

accolade (ăk kō lād') [F. *accolade*, It. *accolata*, fem. p.p. of *accolare* (L. *ac-*, *ad-*, *collum*, neck), to embrace about the neck], सं० १. (समादर का प्रतीक) आलिंगन, चुंबन या तलवार के फल से कंधे का स्पर्श; २. (संगी०) खूँटी, चूड़ी, वह खड़ी पट्टी जिसमें किसी बाजे की पट्टियाँ जड़ी हुई हों।

accommodate (à kom' mō dāt) [L. *accommodāre* (*ac-*, *ad-*, *commodus*, fitting; COM-, with, *modus*, measure)] क्रि० स० १. संयोजन या संधान करना, योग्य या उपयुक्त बनाना; २. अनुकूल करना; ३. सुलह या मेल-मिलाप कराना; ४. झगड़ा निपटाना; ५. सुविधा देना; ६. जगह या स्थान देना, ठहराना; ७. निभाना, गुंजाइश निकालना; ८. व्यवस्था करना; ९. उपकृत करना, कृपा करना; १०. सजाना, सज्जित करना। **accommodating** वि० १. उपकारी, अनुकूल, कृपालु, दयालु, उदार; २. सरल, सीधा-सादा; ३. समझौता करनेवाला, दबनेवाला। **accommodatingly** क्रि० वि० १. कृपापूर्वक; २. अन्दाज से; ३. सरलता से; ४. मुरव्वत से; ५. समझौते की दृष्टि से। **accommodation** (à kom o dā' shŭn) सं० १. समंजन* (मा० २ भी); २. अनुकूलन; ३. मेल; ४. समझौता; ५. उपयोगी वस्तु; ६. सहूलियत, गुंजाइश, सुविधा; ७. निवास, आवास, वासस्थान, जगह, ठौर; ८. आतिथ्य; ९. ऋण, उधार; १०. नेत्र-व्यवस्थापन; ११. (प्र०, वि० १) वास*; १२ (प्र०, मा० १) निर्वाह*।

accompaniment (à kŭm' pan i mĕnt) [ACCOMPANY] सं० १. सहवस्तु, सलग्नी; २. (संगी०) संगत* (वि० १ भी), संगति। **accompan (y) ist** सं० संगत या संगति करनेवाला, सुर मिलानेवाला।

accompany (a kŭn' pā ni) [F. *accompagner*] क्रि० स० १. साथ देना, संग होना, सम्मिलित होना; २. साथ चलना या जाना; ३. सहवर्ती या एक काल में होना; ४. (संगी०) संगत या संगति करना, सुर मिलाना।

accomplice (à kom' plis) [F. *complice*, L *complicem*, nom. *complex* (*com-*, together, *plicāre*, to fold); *ac* is either indef. art. *a* or due to erroneous assimilation to *accomplish*] सं० १. सहापराधी, (विधि) अपराध में साझी*, उपसाधक*; २. (दुष्कर्म में) साथी, संगी।

accomplish (à kŭm' plish) [O. F. *acomplir* (mod. F. *accomplir*, pres. p. *accomplissant*) from late L. *acomplēre* (*ac-*, *ad-*, *complēre*, to fill up)] क्रि० स० १. निष्पादन, संपादन, संपन्न करना, समाप्त करना, पूरा करना; २. पारंगत, निपुण, प्रवीण या दक्ष होना। **accomplished** वि० प्रवीण, निपुण, विशारद, पारंगत, गुणसम्पन्न, सुघड़। **accomplishment** सं० १. समापन, समाप्ति, निष्पत्ति; २. सफलता, सिद्धि; ३. योग्यता, दक्षता, निपुणता, कुशलता; ४. गुणसंपन्नता, शिष्टता, शालीनता, तहजीब, सुसंस्कृति; ५. (अनादर से) दिखावटी दक्षता, निपुणता या शिष्टता।

accord (à kôrd') [O. F. *acorder*, late L. *accordāre* (*ac-*, *ad-*, to, *cor*, *cordis*, heart)] क्रि० स० और अ० १. एकरस होना; २. फबना, सजना; ३. मिलना, मेल खाना, अनुकूल होना; ४. संगति में रहना; ५. देना, प्रदान करना; ६. मानना, हामी भरना। सं० १. संमति* (मा० १ भी), सहमति; २. मेल-मिलाप, मतैक्य, आपस का राजीनामा; ३. शांति-संधि; ४. रंगों का मेल या सामंजस्य; ५. स्वरैक्य, ताल-मेल; ६. (मा० १) अनुकूलता*; ७. (मा० १) स्वीकरण*। **~of one's own** अपने आप, अपनी ही इच्छा से। **accordance** सं० अनुकूलता, ताल-मेल, सहमति, अनुसारता, सादृश्य। **in ~with** तदनुसार, के अनुसार। **accordant** वि० १. अनुवर्ती; २. समरस सम्मत; ३. अनुकूल, अनुरूप, समान। **according** क्रि० वि० अनुसार, **~as** तदनुसार* (प्र० भी), अनुसार। **~to** के अनुसार, के मुताबिक। **accordingly** क्रि० वि० १. तदनुसार, तदनुकूल; २. इसलिए, सो, अतः, अतएव; ३. उसी प्रकार से।

accordion (à kôr' di ŏn) [It. *accordare*, to tune; -ION] सं० एकाउियन, अरगन बाजा, एक प्रकार का धौंकनियों वाला बाजा। **accordionist** सं० एकाउियन या अरगन बजानेवाला।

accost (à kost') [F. *accoster*, late L. *accostāre* (*ac-*, *ad-*, to, *costa*, a rib, side)] क्रि० स० संबोधन करना, बातचीत आरंभ करना, (वेश्या का पुरुष को) राह चलते टोकना या अपनी ओर आकर्षित करना। सं० १. संबोधन; २. नमस्कार, अभिवादन, समामत्रण।

account[1] (à kount') [O. F. *aconter*, late L. *acomptāre* (*ac-*, *ad-*, to, *com-*, together, *putāre*, to reckon)] क्रि० स० १. गणना करना, संख्यान करना, हिसाब लगाना, लेखा रखना, जोड़ना; २. मानना, समझना; ३. उत्तरदायी होना जिम्मेदार होना, ८. स्पष्ट करना, ५ कारण बताना; ६. (शिकार में) मारना, मारने का जिम्मेदार होना। **to~for** लेखा देना, हिसाब समझाना। **be accounted of** मान्य होना, गिनती में आना।

account[2]. सं० १. गिनती, गणना, जोड़, मीजान; २. लेखा* (प्र०, विधि भी) हिसाब, खाता* (प्र० भी), जमा-नाम का लेखा, लेन देन का हिसाब. आय-व्यय का लेखा, जमा-खर्च का हिसाब; ३. अंदाज, तखमीना, अनुमान, कूत. आँक; ४. ब्यौरा; ५. विवरण, रिपोर्ट, वर्णन, उल्लेख, प्राक्कथन, वृत्तांत, बयान; ६. महत्त्व। **current ~** चालू खाता, चल लेखा। **~rendered** दिया गया लेखा, उपस्थापित लेखा। **ask, demand an ~** लेखा माँगना, हिसाब माँगना। **balance or square ~with some one** हिसाब चुकता करना, लेखा भुगतान करना। **call or bring to ~** जवाब तलब करना, पूछ-ताछ करना। **cash ~** रोकड़ खाता। **cash ~ book**, रोकड़ बही। **close an ~** खाता उठाना, लेखा बंद करना। **find one's ~** लाभ उठाना, लाभ में रहना। **give a good ~of** (किसी को) हराना, खेद जताना। **give ~of** कारण खोजना, स्पष्ट करना। **go to one's ~** मर जाना। **great ~** कयामत का दिन। **held in some or no ~** गण्य-मान्य या नगण्य होना। **joint ~** संयुक्त लेखा, साझे का हिसाब, साझे का खाता। **keep ~** खर्च का हिसाब रखना, जमा के साथ खर्च का लेखा करना, आय की तुलना में व्यय को आँकने के लिए लेखा रखना। **lay one's ~with** आशा करना, भरोसा या उम्मीद रखना। **leave out of ~** नगण्य या हीन समझना, तुच्छ समझना। **loss ~** हानि-लेखा। **make little ~of** कुछ न समझना, कोई महत्त्व न देना, किसी गिनती में न लाना। **money of ~** मुद्रा जो चालू न हो, किंतु हिसाब-किताब में काम आती हो (जैसे गिन्नी)। **on ~** खाते में, अंतरिम भुगतान के रूप में। **on ~of** के कारण। **on no ~** कदापि नहीं, बिल्कुल नहीं। **on one's ~** किसी के हिसाब में, किसी के लिए। **on one's own ~** अपनी जिम्मेदारी पर, निजी दायित्व पर। **open an ~** खाता खोलना, लेखा खोलना। **profit~** लाभ

लेखा, मुनाफे का खाता। **rough ~** कच्ची बही। **sale for the ~** उधार या मियादी बिक्री। **take ~of** ध्यान देना, ख्याल रखना। **take into ~** महत्त्व देना, आदर देना। **turn to ~** उपयोगी बनाना, काम का बनाना। **yield, render an ~** लेखा देना, हिसाब देना। **accountability** सं० उत्तरदायित्व, लेखादेयता, हिसाब की जिम्मेदारी। **accountable** वि० उत्तरदायी, जवाबदेह, लेखादेय। **accountancy** सं० लेखाकर्म, लेखा-पद्धति, मुनीमी, हिसाब-किताब।

accountant (*a* koun' tant) सं० लेखापाल, आंकिक, गणक, हिसाब रखनेवाला, मुनीम, लेखादायी, हिसाब का उत्तरदायी। **~general.** महालेखापाल, महांकिक, सरकारी कार्यालयों का मुख्य लेखापाल। **accountantship** सं० लेखापाल या मुनीम का पद।

accoutre (*a* koo' ter) [med. F. *accoustrer* (F. *accoutrer*) prob. from *à* prep. and *cousture, couture*, a sacristan] क्रि० स० (**~tring. ~tred**), अलंकरण करना, प्रसाधन करना, सज्जित करना, सजाना, बनाव-ठनाव करना, वस्त्र या लिबास पहनाना। **accoutrement** (*a* koo' ter ment) सं० (प्रायः बहु व० में) १. अलंकरण, साज-सज्जा; २. प्रसाधन साज-सामान, सजाव सिंगार का सामान; ३. (सैन्य०) शस्त्र और वस्त्र के अतिरिक्त सैनिकों का सामान—पड़ताला, थैला आदि।

accredit (*a* kred' it) [F. *accréditer* (*à crédit*; see CREDIT)] क्रि० स० स्वीकार करना, मानना, प्रमाणित करना, स्वीकृति देना, अधिकृत करना, अधिकार देना (राजदूत को), अधिकार-पत्र देकर भेजना। **accredited** वि०, १. प्रत्यायित, मान्य, स्वीकृत, माना हुआ, भरोसे का; २. अधिकृत, प्रमाणयुक्त।

accrete (*a* krēt', [L. *accrētus*, p. p. of *accrēscere*, to grow (*ac-, ad-* to *crēscere*)] क्रि० स० और अ० १. साथ-साथ उगना या उगाना, जुड़वां या मिलकर उगना या बढ़ना, अथवा उगाना या बढ़ाना; २. (इस प्रकार की वस्तुओं को) एकत्र करना, जोड़ना, आकर्षित करना; ३. जमा करना या इकट्ठा करना या होना। वि० (वनः०) १. सहवर्धित* (वि० १ भी), सहविकसित, किसी और के साथ उगकर एक रूप या संयुक्त; २. जड़वां, मिला हुआ। **accretion** सं० १. उपवृद्धि; २. सहविकास, भिन्न वस्तुओं का (आंशिक रूप से) एक हो जाना; ३. वह संपूर्ण वस्तु जो इस प्रकार बने; ४. बाहरी पदार्थ का लगाव ५. इस प्रकार में अभिलग्न पदार्थ; ६. (विधि) उत्तराधिकार-प्राप्ति*, उत्तराधिकार में प्राप्त धन की वृद्धि; ७. (वि० १) अभिवृद्धि*।

accrue (*a* kroo') [O. F. *acreue*, growth, orig. p. p of *acroître* (L. *accrescere*), to grow] क्रि० अ० १. प्रोद्भवन, २. प्रापण; ३ वृद्धि होना, लाभ या फ़ायदा होना, हासिल होना, बढ़ना; ४. उपार्जित होना, जुड़ना; ५. (स्वाभाविक विकास, लाभ, परिणाम) प्राप्त होना; ६. विशे० मूलधन पर ब्याज का बढ़ना; ७. निकलना, उद्भूत होना; ८. (प्र०, विधि) प्रोद्भूत होना*; ९. (प्र०) उपचित होना*, जमा होना*। **accrued** (वि०) १. उपार्जित, प्राप्त; २. (प्र०) उपचित*; ३ (प्र०, विधि) प्रोद्भूत*।

accumulate (*a* kū' mū lāt) [L. *accumulātus*, p. p. of *accumulāre*, to heap up (*ac-, ad-* to, *cumulāre*)] क्रि० स० और अ० १. संचय करना या होना, जमा करना, जोड़ना, ढेर लगाना या लगना, इकट्ठा होना या करना; २. संग्रह करना, धीरे-धीरे संकलित करना (प्रायः ला० रूप में—संपत्ति, दुर्भावना आदि को); ३. धन एकत्र होना या करना, धन कमाना या बटोरना; ४. (विश्वविद्यालय की कई डिग्रियों को) एक साथ पा लेना; ५. ढेर लगाना (साहित्यिक और ला० रूप में भी—कूड़ा, संकट आदि का)। **accumulation** (कर्तृवाच्य या कर्मवाच्य) १. संचय* (वि० १ विधि भी). संग्रह, वृद्धि; २. भिन्न क्रियाओं का एक में मिलन; ३. (बर्फ, कागजों, संपत्ति का) ढेर, अंबार, राशि; ४. राशिकरण; ५. (वि० १) सचयन*। **accumulative** वि० १. संचयी, पंजीभूत, संचयात्मक (जैसे proof, evidence, आजकल इसके लिए cumulative प्रयुक्त); २. व्यवस्थित रूप से बढ़नेवाली (ऋणशोधन निक्षेप निधि); ३. इकट्ठा करनेवाला, पैसा जोड़ने वाला। **accumulatively** क्रि० वि० संचित करते हुए, पैसा जमा करते हुए। **accumulator.** १ सं० संचयकर्ता, संचयी, एकत्र करनेवाला व्यक्ति; २. जोड़, जुटाऊ, धन जोड़नेवाला; ३. बिजली को संचित करनेवाला यंत्र।

accurate (*a'* kū rat) [L. *accūrātus*, p. p. of *accūrāre* (*ac-, ad-, cūrāre*, from *cūra*, care)] वि० १. यथार्थ* (प्र० भी). ठीक, सही, सम्यक्; २. परिशुद्ध, सुनाप; ३. खरा, अचूक; ४ सूक्ष्म। **accuracy** सं० १. यथार्थता* (प्र० भी), परिशुद्धता, सत्यता, सूक्ष्मता* (वि० १ भी)।

accurse (*a* kėrs') [A.-S. *a* intens., *cwsian* to curse] क्रि० स० अभिशाप देना, शाप देना। **accursed** वि० १ अभिशप्त, शापित; २. हतभाग्य, अभागा; ३. संकट-ग्रस्त; ४ घृणित, निंद्य, घिनौना।

accusative (*a* kū' za tiv) [F. *accusatif*, L. *accūsātīvus* (*accūsa*), lit. trans. of Gr. *aitiatikē* the case of accusing or of effect]. सं० और वि० १. अभियोगात्मक, आरोप-संबंधी. (कर्म)। **~case,** कर्मकारक, कर्म। **accusatival,** वि० कर्म-कारक-संबंधी।

accuse (*a* kūz') [O.F. *auser*, L. *accūsāre* (*ac-, ad-*, to, *causa*, reason, cause, lawsuit)] क्रि० स० १. अभियोग लगाना, आरोप लगाना, दोष या इल्जाम लगाना; २. दोष देना, दोषी ठहराना। **accused** वि० १. अभियुक्त* (विधि भी)। **accuser** सं० अभियोक्ता, अभियोग लगाने वाला व्यक्ति, अभियोक्ता, अभियोगी। **accusingly** क्रि० वि० अभियोग लगाते हुए, दोषारोपण करते हुए। **accusation** (ăk kū *zā'* shun), सं० १. दोष, अभियोग* (विधि भी), आरोप, इल्जाम, आरोप थोपा जाना, अभियोगी करार दिया जाना, दोषारोपण, अभियोजन। **accusatory** (*a* kū' za tōr i, वि० अभियोगात्मक, आरोपी। **~language** अभियोगात्मक भाषा। **~manner** अभियोगात्मक व्यवहार। **accusatorial** वि० १. अभियोक्तकीय, दोषारोपण-संबंधी, अदालती। **~procedure** अदालती कार्य-विधि जिसमें सरकारी अभियोक्ता और न्यायाधीश एक न हों (inquisitorial का विलोम)। **accusal** सं० कभी-कभी ACCUSATION के स्थान पर प्रयुक्त।

accustom (*a* kŭs' tum) [CUSTOM] क्रि० स० (प्रायः कर्मवाच्य में) आदी हो जाना, अभ्यस्त हो जाना, अभ्यास डाल लेना, आदत डाल देना। **accustomed** वि० अभ्यस्त, परिचित, आदी।

ace (ās) [O. F. *as*, L. *as*, a unit] सं० १. एक, इक्का (ताश का), इकाई; २. टेनिस आदि में एक प्वाइंट या अंक, टेनिस की सर्विस लौटायी न जा सके; ३. न्यूनतम मात्रा, बाल-बाल

(जैसे within an ~ of); ४. (मूलतः फ्रांसीसी) विमान-चालक, जिसने युद्ध में शत्रु के दस या दस से अधिक वायुयानों को गिराया हो; ५. सर्वश्रेष्ठ, किसी कार्य में सबसे आगे रहनेवाला (विशेषण के रूप में भी प्रयुक्त)।

aceldama (ə kel' də ma, *or* ə sel' də mə) [Gr. *akeldama*, cp. Syr. *ōkēl damō*, the field of blood] सं० रक्तपात-क्षेत्र, वधस्थल, हत्या-स्थान।

acephalous (ə sef' ə lŭs) वि० १. अशीर्ष* (वि० १ भी), बेसिरा, बिना सिर का (प्राणि०); २. किसी सरदार या मुखिया को न माननेवाला; ३. (प्राणि०) शिरोहीन, ४. (वन०) टूटी हुई या कटी हुई फुनगीवाला; ५. (छंद०) ऐसा पद्य जिसका आरंभिक अक्षर लुप्त हो।

acerbate क्रि० स० कभी-कभी EXACERBATE के स्थान पर प्रयुक्त।

acerbity (ə sĕr' bi ti) [F. *acerbité*, L. *acerbitātem*, acc. of *acerbitas* (*acerbus*)] सं० कटुता, अम्लता, खटास, खट्टापन, तीक्ष्णापन, कड़ुआपन।

acescent (ə ses' ĕnt) [L. *acescere*, inceptive of *acēre*, to be sour] वि० खट्टा, तुर्श।

acetabulum (ă sē tăb' ū lŭm) [L. *acētābulum*, from *acētum*, vinegar, *-ābulum*, dim. of *-abum*, a vessel or holder] सं० १. (रोमन पुरातत्व) सिरके का प्याला; २. कमर के पास का प्याले जैसा भाग जिसमें जाँघ की हड्डी बैठती है; इसी प्रकार का कीड़े का अंग जिसमें जुड़नेवाले अंग की हड्डी बैठती है; ३. (प्रा०, कृ०, वि० १) उलूखल,* ऐसी ओखली;* ४ (वि० १, कृ०) शाणि-उलूखल।

acetarious (ă sē tā' rĭ ŭs) [L *acētāria*, salad plants neut. pl. of *acētārius*, a, pertaining to vinegar] वि० सिरके या सलाद में काम आनेवाले पत्ते।

acetic (ə sē' tĭk *or* ə set' ĭk) [NOT.] सं० और वि० १. (रसा०) शौक्तिक, सिरका-सबंधी, सिरके का, २. (वि० १) ऐसीटिक*।

acetated वि० शौक्तिक, सिरकेवाला। **acetify** क्रि० स० और अ० १ अम्लीकरण करना, अम्लयुक्त करना; २. सिरका बनना, ३. खट्टा होना। **acetification** सं० अम्लीकरण, खटास, खट्टापन। **acetifier** सं० अम्लनिर्माता, सिरका बनानेवाला, जिससे सिरका बने। **acetous** वि० १. सिरके के गुणवाला; २. खट्टा।

acetone (ăs' ĕ tōn [from prec.] सं० १. अकार्बनिक यौगिक का रंगहीन स्वच्छ विलायक; २. (आ०, वि० १) ऐसीटोन*।

acetylene (ə set' ĭ lēn) [NOT.-YL.-ENE] सं० (वि० १) ऐसीटिलीन*, एक रंगहीन ज्वलनशील गैस।

ache (āk) [A-S. *acan*], क्रि० अ० वेदना, पीड़ा या व्यथा होना, दुखना, दर्द करना, शूल होना, टीस उठना, कसक होना।

achieve (ə chēv') [O. F. *achever*, from phrase *venir à chef*, late L. *ad caput venire*, to come to a head] क्रि० स० १. निष्पादित करना, संपन्न करना, समाप्त करना; २. प्राप्त करना, पाना, पूरा करना, हासिल करना; ३. (लक्ष्य पर) पहुँचना, सफलता प्राप्त करना। **achievement** सं० १. समाप्ति, पूर्णता, निष्पत्ति; २. सफलता, सिद्धि, सफल प्रयत्न, पराक्रम, कारनामा, जौहर। **achievable** वि० निष्पाद्य, निष्पादनीय, प्राप्तव्य, संपन्न करने योग्य, हासिल करने योग्य, प्राप्य, पाने योग्य।

achilous (ă kī' lŭs) [Gr. *a-*, not, *cheilos*, lip] वि० (वन०) ओष्ठ-रहित, बिना ओठों या होठों का, निरोष्ठ।

achlamydeous (ăk lə mĭd' ē ŭs), [Gr. *a-*, priv., *chlamus -udos*, a cloak] वि० १ (वन०) अपरिदली* (वि० १ भी), वेष्टनहीन।

achromatic (ăk rō măt' ĭk) [Gr. *achrōmatos* (*a-*, priv., *chrōma -atos*, colour)] वि० १. (भौ०) रंगहीन, निर्वर्ण, वर्णहीन, बिना रंग का; २. प्रकाश को बिना विश्लेषित किये पारगमित करनेवाला; ३. (आ०) विवर्णी*; ४. (वि० १) अवर्णक* । **achromaticity** सं० अवर्णता, निर्वर्णता, बेरंगी। **achromatism** सं० १. वर्णहीनता, निर्वर्णता; २. (वि० १) अवर्णता*। **achromatize** क्रि० स० अवर्ण करना, वर्णहीन करना, निर्वर्ण करना, रंगहीन करना।

acid (ăs' id) [L. *acidus*, sour (*acēre*, to be sour)] १. सं० (आ०, कृ०, रसा०. वि० १) अम्ल*. तेज़ाब*, ऐसिड; २. खट्टा पदार्थ। वि० १. (रसा०) अम्लीय, तेज़ाबी; २. खट्टा। **~test** १. अम्ल-परीक्षण, रासायनिक परीक्षण (जिसमें अम्ल के द्वारा मिश्रणों या यौगिकों की रचना का पता लगता है; २. (ला०) कठिन परीक्षा, कड़ी परीक्षा, अग्नि-परीक्षा, यथार्थ परख। **acidic** वि० १. आम्लिक, खटासयुक्त; २. (आ०, कृ०. वि० १) ऐसिडी*, अम्लीय*, आम्ल*। **acidifiable** वि० अम्लशक्तीय, अम्ल बनाने योग्य, खट्टा करने योग्य। **acidification** सं० १. खट्टा करना; २. (आ०, वि० १) अम्लीकरण*, ऐसिडीकरण*, अम्लीभवन*, ऐसिडीभवन*। **acidity** सं० १, अम्लपित्त (रोग), २. खटाई, खटास, खट्टापन; ३. (आ०, कृ०, वि० १) अम्लता*, ऐसिडता* । **acidify** क्रि० स० और अ० १. आम्लिक करना, खट्टा करना या होना, खटास लाना; २. (रसा०) आम्लिक करना, तेज़ाब में बदलना; ३. (वि० १) अम्लीय करना*, आम्ल करना*, ऐसिडी करना*। **acidifier** सं० अम्लकारक, खट्टा करनेवाला। **acidimeter** सं० १. अम्लमापक, अम्ल की तेज़ी मापने का यंत्र; २. (कृ०, वि० १) अम्लतामापी*, अम्लमापी*, ऐसिडीमीटर*। **acidulated** वि० १. अम्लीकृत* (वि० १ भी), खट्टा किया हुआ। **acidulous** (ə sid' ū lŭs) [L. *acidulus* dim. of *acidus*] वि० ईषदम्ल, खटलूस, कुछ-कुछ खट्टा, अम्लवत्।

acidosis (ă sĭ dō' sĭs) सं० (कृ०) अम्लरक्तता*, रक्त में अम्लीय तत्त्व की अधिकता।

acinus (ăs' ĭn ŭs) [L. *acinus*, a berry growing in a cluster] (बहु० acini) सं० १. मकोय जाति का एक मिश्रफल, बेरी; २. अंगूर या बेरी का बीज या फल; ३. (श० वि०) गुच्छिक ग्रंथि, गुच्छेदार गिल्टी, ४. (कृ०, वि० १) गुच्छकोष्ठक*, एसिनस*। **aciniform** वि० गुच्छेदार।

ack-ack (ăk ăk') [Morse names of letters formerly used by signallers] वि० (गाम्य) वायुयान-विध्वंसक, हवामार (तोप आदि)।

acknowledge (ăk nol' ĕj) [A.-S. *on*, KNOWLEDGE, or from obs. v. *acknowledge* (*acknowe*, A. -S. *oncnāwan*, to know)] क्रि० स० १. स्वीकार करना, अंगीकार करना, मानना, क़बूल करना, अधिकार मानना, मान्यता देना; २. आभार प्रकट करना; ३ पसंद करना; ४. प्राप्ति-स्वीकार करना, पहुँच

की सूचना देना; ५. हामी भरना; ६. रसीद देना, पावती देना। ~ **fact etc.** अभिस्वीकार करना, मानना, क़बूल करना। ~ **receipt of** १ प्राप्ति स्वीकार करना, प्राप्ति-सूचना देना, पावती देना; २. (विधि) अभिस्वीकार करना*। **acknowledgement,** सं० १. स्वीकृति, स्वीकार, अंगीकार; २. प्राप्ति-स्वीकृति, रसीद, जवाब; ३. कृतज्ञता-प्रकाश, आभारोक्ति; ४. (प्र०, विधि) अभिस्वीकृति*; ५. (प्र०) पावती*, प्राप्ति-सूचना* । ~ **due** (प्र०) रसीदी पावती सहित*।

aclinic (ā klin' ik) [Gr. *a-*, priv., *klinein*, to bend, see -ic] वि० १. अनत* (वि० १ भी), बिना झुकाव का। ~ **line** चुंबकीय भूमध्यरेखा, जहाँ चुंबकीय सुई झुकती नहीं।

acme (ăk' mē) [Gr. *akmē*, an edge], सं० १. चरमबिंदु, पराकाष्ठा; २. चरमसीमा, परिपूर्णता, चरमोत्कर्ष, शिखर, पराकोटि।

acne (ăk' nē) [prob. Gr. *aknein*, without itch] सं० मुँहासा, फुंसी, मुँहासे का रोग।

acock (ă kok') क्रि० वि० (टोपी) टेढ़ी या तिरछी रखकर, बाँकेपन से।

acolyte (ăk' ŏ līt) [late L. *acolythus, acolitus*, from Gr. *akoiouthos*, a follower] सं० १. (गिरजे का) छोटा अधिकारी, पादरी का सहकारी, सहायक, सेवक, अनुचर; २. नौसिखिया।

aconite (ăk' o nīt) [F. *aconit*, L. *aconitum*, Gr. *akoniton*] सं० १. बच्छनाग, एक विषैला पौधा या उसका रस, २ (आ०) वत्सनाभ*, ऐकोनाइट*। **aconitic** वि० १. विषाक्त, विषैला; २. (वि० १) ऐकोनिटिक। **aconitine** सं० बच्छनाग का विष।

acorn (ā kôrn) [A.-S. *æcern* (*æcer*, a field), fruit of the field, *i.e.* of the open country] सं० बाँज, ओक या शाहबलूत का फल या बीज, बंजूफल। ~ **shell** १. बालदार घोंघा; २. (वि० १) ऐकॉर्न*, बाँजफल*।

acotyledon (ā kot'il ē' don) [mod. L. *acotyledones*, from Gr. *a-*, priv., COTYLEDON] सं० निर्दल पौधा, जिसके बीज में दैवल न हों। **acotyledonous** वि० अबीज, बिना दैवल या दाल का।

acouchy सं० अकूसी, अमरीकी घूस या चूहा, एक कुतरनेवाला जानवर।

acoustic (ă koo' stik, ă kou' stik) [F. *acoustique*, from Gr. *akoustikos* (*akouein*), to hear] वि० १. श्रवण-संबंधी, श्रुति-विषयक, ध्वनि-संबंधी; २. पानी के नीचे प्रसारित ध्वनि-तरंगों से विस्फोट्य (सुरंग)*; ३. (आ०, वि० १) ध्वनिक*। **acoustical** वि० १. श्रवण-संबंधी, ध्वनि-संबंधी; २. (वि० १) ध्वनिक*। **acoustically** क्रि० वि० श्रवण की दृष्टि से, ध्वनि की दृष्टि से। **acoustics** सं० १. श्रवण शास्त्र, ध्वनिविद्या शास्त्र, नादविद्या; २. (वि० १) ध्वानिकी*, ध्वनि-विज्ञान*। **acoustician** सं० श्रवणशास्त्री, ध्वनिवेत्ता।

acquaint (ă kwānt') [O. F. *acointer*, late L. *adcognitare* (*ad-*, to, *cognitum*, p.p. of *cognoscere*, to know; *co-*, *cum-*, with, *gnoscere*, *nascere*, to know)] क्रि० स० परिचय कराना, पहचान कराना, सूचना देना, जताना, खबर देना, सूचित करना, अवगत कराना। **acquaintance** सं० १. परिज्ञान, ज्ञान, जान-पहचान, परिचय; २. परिचित व्यक्ति, मुलाक़ाती।

acquest (ă kwest') [O. F. *acquest*, from late L. *acquisitum*; see ACQUIRE] सं० १. प्राप्ति, उपलब्धि, कमाई; २. (विधि) अर्जित संपत्ति*, उत्तराधिकार से अतिरिक्त प्राप्त संपत्ति*।

acquiesce (ăk wi es') [Fr. *acquiescer*, L. *acquiescere* (*ac-*, *ad-*, to, *quiescere*, to rest, from *quies*, rest)] क्रि० अ० सम्मति, अनुज्ञा, अनुमति देना, मान लेना, मौन सम्मति देना, चुपचाप स्वीकार कर लेना, उपमति देना। ~ **in** सहमत होना, सम्मति देना, स्वीकार करना, मान लेना, विवश होकर मानना। **acquiescence** सं० सम्मति, अज्ञा, अनुमति, मौन स्वीकृति, मौन अनुमति, मौन स्वीकार, रज़ामन्दी। **acquiescent** वि० मौन अनुमति देनेवाला, संतुष्ट, राज़ी, चुपचाप मान लेनेवाला।

acquire (ă kwīr') [O. F. *aquerre*, *acquerre*, from L. *acquirere* (*ac-*, *ad-*, to, *quærere*, to seek)] क्रि० स० १. अर्जन करना* (प्र०, विधि भी) अर्जित करना, अभिग्रहण करना, उपार्जन करना; २. पाना, प्राप्त करना, हासिल करना। सं० **acquirement** अर्जन, उपार्जन, प्राप्ति, उपलब्धि, कमाई (गुण या विद्या)।

acquisition (ăk wi zish' ŏn) [as prec.] सं० १. प्राप्ति, अर्जन* (क्रि०, प्र०, विधि भी), उपलब्धि, कमाई, अर्जित पदार्थ या गुण, हासिल की हुई चीज़, लब्ध वस्तु; २. (क्रि०) अधिग्रहण*। **acquisitive** वि० अर्जनशील, कमाई करनेवाला, जमा या इकट्ठा करनेवाला, बटोरनेवाला। **acquisitiveness** सं० उपार्जन-वृत्ति, ईप्सा, अर्थ-लालसा, बटोरने की प्रवृत्ति।

acquit (ă kwit') [O. F. *aquiter*, late L. *aquitare* (*ac-*, *quitare*, to settle)] क्रि० स० मुक्त करना, अपराधमुक्त करना, पापमुक्त करना, निर्दोष ठहराना, बरी करना, रिहा करना, छोड़ देना; २. (कर्तव्य या दायित्व) निभाना, पूरा करना; ३. अदा करना, ऋण चुकाना, बेबाक करना। **acquittal** सं० १. मुक्ति, पाप-मुक्ति, अपराध-मुक्ति, रिहाई, छुटकारा, कर्ज़-अदायगी, ऋण से मुक्ति, चुकौती, बेबाक़ी; २. (कर्तव्य) पूर्ति, निर्वाह, पालन। **acquittance** सं० १. रिहाई, मुक्ति, ऋणमुक्ति, निस्तारण, छुटकारा; २. कर्ज़अदायगी, बेबाक़ी, भुगतान; ३. भरपाई रसीद, पावती; ४. (विधि) निस्तारण*।

acre (ā' ker) [A.-S. *æcer*, a field (cp. O. Sax. *akar*, O. H. G. *achar*, L. *ager*, Gr. *agros*, Sansk. *ajra*)] सं० १. एकड़* (वि० १ भी), भूमि का माप ४८४० वर्गगज़; २. खेत, जुती या घिरी हुई भूमि का टुकड़ा। **acred** सं० जुती हुई भूमि, खेती में लगी भूमि। **acreage** सं० १. एकड़-संख्या; २. कुल एकड़ या उनकी माप; ३. (क्रु, वि० १) क्षेत्रफल*; ४. (क्रु, वि० १) रक़बा* (एकड़ों में)।

acrid (ăk' rid) [L. *acer* *ācris*, sharp, pungent, probably assim. to ACID] वि० १. कटु, चरपरा, तीखा, कड़वा; २. जलन पैदा करनेवाला, ३. (जंग की तरह) खा जानेवाला; ४. चिड़चिड़ा, झल्लानेवाला, उग्र प्रकृति, तेज़-तबियत; ५. (आ०, वि० १) तीक्ष्ण*, उग्र*। **acridity** सं० तेज़ी, जलन, झल्लाहट, चरपराहट।

acrimony (ăk' ri mō ni) [L. *acrimonia* (*acer ācris*, -MONY), sharpness] सं० कटुता, तीक्ष्णता, उग्रता, तीखापन, बदमिज़ाजी, रूखापन। **acrimonious** क्रि० वि० कटुतापूर्वक, उग्रतापूर्वक, तीक्ष्णतापूर्वक, तीखेपन से, तेज़ी से।

acrobat (ăk' ro băt) [F. *acrobate*, Gr. *akrobatos* (ACRO-, *batos*, verb. a. of *bainein*, to go)] सं० १. सूत्राग्रण, कलाग्रण, नट, बाज़ीगर; २. रस्सी पर नाचनेवाला, कलाबाज़; ३. राजनीति अथवा बहस में जल्दी-जल्दी रंग बदलनेवाला; ४. (ला०) गिरगिट।

acrobatic वि० नटों-जैसा, नट-संबंधी। **acrobatically** क्रि० वि० नटपने से, नटों की तरह। **acrobatism** सं० नट की कला, कलाबाज़ी।

---

a=आ, (Father) फ़ादर, ă=ऐ, (Fat) फ़ैट; ā=ए, (Fate) फ़ेट; aw=ā=आँ, (Fall) फ़ॉल, â=अ़, (Taar) तअ़र; e=ऐ, (Bell) बैल; ē=अ, (Her) हर, e=ई, (Beef) बीफ़, i=इ, (Bit) बिट, ī=आइ, (Bite) बाइट; o=आ, (Not) नॉट, ō=ओ, (No) नो; ô=ओ, (North) नॉर्थ; oo=ऊ, (Food) फ़ूड, u=उ, (Bull) बुल, ū=अ, (Sun) सन; ü=यू, (Music) म्यूज़; ou=आउ, (Bout) बाउट; oi=ऑइ, (Join) ज्वॉइन।

acrogen (ăk' rŏ jen) [Gr. ACRO-, *genēs*, born] सं० (वन०) एकोजन, ठंठलवाला, सदाबहार पुष्पहीन पौधा, जो चोटी से बढ़ता हो। **acrogenous** वि० १. अग्रयोनिक, अग्रवर्धी* (वि० १ भी), चोटी से बढ़नेवाला।

acrolith (ăk' rŏ lith) [Gr. ACRO-, *lithos*, stone] सं० ऐसी प्रतिमा जिसका सिर और हाथ-पैर पत्थर के हों।

acronychal, acronycal (à kron' ik ăl) [Gr. ACRO-, *nux nuktos*, night] वि० रात्रिकालिक, निशाकालिक, रात के आगमन के समय होनेवाला (विशे० तारों के निकलने या डूबने के विषय में)।

acropetal (à krop' et ăl) [Gr. *akron*, a point; L. *petere*, to seek], वि० १. (वन०) ऊर्ध्ववर्द्धी, ऊर्ध्वमुखी, नीचे से ऊपर की ओर बढ़ने या उगनेवाला; २. (वि० १) अग्राभिसारी*।

acropolis (à krop' ŏ lis) [Gr. ACRO-, *polis*, city], सं० १. (पुरानी) दुर्ग अथवा नगर का ऊँचा भाग; २. गढ़ी, कोट; ३. (वि० १) ऐक्रोपोलिस*।

across (à kros') [A. -S. *a-*, on, CROSS] क्रि० वि० और पूर्व० १. पार, तीरान्तर; २. सलीब जैसा, आर-पार, किसी चीज के साथ क्रास की आकृति बनाते हुए, देड़ा-मेड़ा, तिरछा; ३. पास, समीप।

acrostic (à kros' tik) [Gr. *acrostichis* (ACRO-, *stichos*, a row)] सं० १. अक्षरबद्ध कविता; २. हिंदू कविता जिसकी पंक्तियाँ वर्णमाला के क्रमिक अक्षरों से आरम्भ होती हैं; ३. अक्षराबंद; ४ बंधन अक्षरी।

act (ăkt) [F. *acte*, or directly from L. *actus*, a doing, and *actum* (pl. *acta*), a thing done, from *agere*, to do, to drive] सं० १. कर्म, कार्य, कृत्य, काम करना, कार्यावस्था, क्रिया करने की प्रक्रिया, कार्यवाही; २. आचरण; ३. विधान सभा द्वारा स्वीकृत कानून (२०, विधि) अधिनियम*, दंड, विधि; ४. (नाटक का) अंक; ५ (विश्वविद्यालयों में) उपाधि के लिए तैयार किया गया प्रबंध। क्रि० अ० और स० १ अभिनय करना, रूप भरना, नाटक करना, छद्मवेश धारण करना, नकल उतारना, नकल करना, अनुकरण करना, बहुरूपिया बनना, काम करना, जमल करना, कर्तव्य निभाना, पूरा करना, कार्य सम्पादन करना २. (वि० १) क्रिया करना*। **~ of God** भगवान का भाग्य का फेर, विधि-विधान। **~and deed** कार्यात्मक कानूनी दस्तावेज। **acting** वि० और सं० १. (विशे० क्रियावाचक अर्थों में) स्थानापन्न, कार्यवाहक अभ्यास रूप में कोई कार्य करनेवाला या किसी पद को सम्हालनेवाला; २. अभिनय, ३. (प्र०) कार्यकारी*। **~a copy** अभिनेताओं के उपयोग के लिए रंगमंचीय निर्देशों सहित नाटक की प्रति। **actor** सं० १. अभिनेता, स्वांगी, नट, पात्र, ऐक्टर, २. प्रबंधक, संचालक, कर्ता। **actress** सं० अभिनेत्री, नटी, नर्तकी, स्वांग भरनेवाली।

actinic (ăk tin' ik) वि० १. क्रियाशील* (आ० भी), कार्यकारी; २. (आ०) ऐक्टिनिक*, विकारक*, रसायन विकारक*। **actinism** (ăk tin izm) [-ISM] सं० किरणीय क्रियाशीलता, सूर्य की किरणों की वह विशेषता जिससे रासायनिक परिवर्तन (जैसे फोटोग्राफी में) उत्पन्न होते हैं।

actinium (ăk tin' i ŭm) सं० १. ऐक्टिनियम* (वि० १ भी), एजातु रेडियम से प्राप्त रेडियो सांक्रम पदार्थ; २. ऐसा तत्त्व जो सूर्य के प्रकाश में काला पड़ जाता है। **actinotherapy** सं० प्रकाश-किरणों द्वारा रोगों की चिकित्सा, (आ०) किरण-चिकित्सा*।

actinometer (ăk tinom' ĕter) सं० (वि० १) ऐक्टिनोमीटर*, किरण-क्रियामापी*, सूर्य-किरणों की तीव्रता मापने का यंत्र।

action (ăk' shŭn) [F. *action*, L. *actiōrem*, acc. of *actio*, a doing, performance] सं० १. कार्य*, क्रिया*, कर्म* (आ०, प्र०, वि० १ भी), शक्ति-प्रयोग, प्रभाव, असर, अमल; २. (नाटक में) घटना-क्रम; ३. अभिनय की मुद्रा या भाव, अभिनय-पद्धति, शरीर चालन, यंत्र-गति; ४. क़ानूनी कार्यवाही, नालिश, दावा, मुकदमा; ५. सेनाओं के बीच मुठभेड़, युद्ध, लड़ाई; ६. कार्यवाही, कारवाई, कार्यकलाप। क्रि० स० क़ानूनी कारवाई करना, दावा करना, नालिश करना, मुकदमा दायर करना, मुकदमा चलाना। **actionable** वि० १. वाद-योग्य, अभियोज्य, क़ानूनी कार्यवाही के योग्य, नालिश करने योग्य; २. (विधि) अनुबोध्य*।

active (ăk' tiv) [F. *actif -ive*, L. *activus*] वि० १. क्रियाशील* (प्र० वि० १ भी) कर्मशील, कार्यरत, कर्मठ, कामकाजी; २ सचेष्ट, चुस्त, फुर्तीला; ३. परिश्रमी, मेहनती, उद्यमी; ४. जागरूक, चेतन, अपने आप करनेवाला; ५. (व्या०) कर्तृवाच्य; ६. (आ०, वि० १, विधि) सक्रिय*। **activate** क्रि० स० १. सक्रिय बनाना, क्रियाशील करना; स्फूर्ति देना, चेतन करना, तेजी लाना, २. (भौ०) रेडियो-सक्रिय करना। **actively** क्रि० वि० तत्परता से, कर्मठता से, फुर्ती से, तेजी से, सरगर्मी से, मुस्तैदी से। **activity** (ăk tiv i ti) सं० १. क्रिया, कार्य-व्यापार; २. कर्मठता, क्रियाशीलता; ३. मेहनत, परिश्रम; ४. मुस्तैदी, फुर्ती, सरगर्मी, चुस्ती, उत्साह; ५. (बहु व०) सक्रिय शक्तियाँ; ६. गतिविधि, कार्य-कलाप, हलचलें; ७. कार्य-क्षेत्र; ८ (आ०, प्र०, वि० १) सक्रियता*।

acton (ăk' tan) [O. F. *auqueton* (F. *hoqueton*), Sp. *alcoton* (*algodon*), Arab. *al-qutun*, the cotton] सं० १.कवच के नीचे पहनने की रुईदार बंडी; २. चमड़े की सदरी जिस पर कवच जड़ा हो।

actual (ăk' tū ăl) [F. *actuel*, L. *actuālis* (*actus*, verb. n. of *agere* to act); see ACT, -AL] वि० १. वास्तविक* (विधि, वि० १ भी), यथार्थ, असली, सही; २. वर्तमान, मौजूदा; ३. प्रचलित, चालू, (बहु व०) वास्तविक आँकड़े। **actuality** (-al' i ti) सं० १. वास्तविकता, यथार्थता, सच्चाई, असलियत; २. (बहु व०) वर्तमान परिस्थितियाँ, मौजूदा हाल। **actualize** क्रि० स० १. कार्य द्वारा यथार्थ करना, अमल में ले आना; २. कार्यान्वित करना; ३. यथार्थ करना, सच कर दिखाना, जीता-जागता बना कर पेश करना (वर्तमान में), जान डाल देना। **actualization** (-ăl shun) सं० यथार्थीकरण, वास्तवीकरण। **actually** १. वस्तुत:, वास्तव में* (विधि भी), असल में, यथार्थत:, सचमुच; २. ठीक-ठीक; ३. फिलहाल।

actuary (ăk' tū a ri) [L. *actuārius*, amanuensis, account-keeper] सं० १. बीमाविज्ञ* (वि० १ भी), बीमा-व्यापार का सख्या-विशेषज्ञ; २. प्रबंधक; ३. धर्म-प्रमाणक; ४ (वि० १) ऐक्चुएरी। **actuarial** (ăk tū ār' i ăl) वि० १. बीमा के अंकों से संबंधित, २. (वि० १) बीमा*।

actuate (ăk' tū āt) [med. L. *actuātus*, p.p. of *actuāre* (*actus*)] क्रि० स० १. प्रवृत्त करना* (वि० १ भी), संचालित करना, चलाना; २. प्रेरित करना; ३. उकसाना, शह देना, उत्तेजित करना, ४. (वि० १) चालू करना*। **actuation** सं० संचालन, प्रेरणा, उकसाव।

acuity (a kū' i ti) [F. *acuité*, med. L. *acuitātem* (*acus*, needle, *acuere*, to sharpen)] सं० १. नुकीलापन (सुई का);

२. तीक्ष्णपन (तेजाब का); ३. तेज़ी, तीव्रता (रोग की); ४. चुभन, पैनापन; ५. (आ०) तीक्ष्णता* (जैसे ~of vision दृष्टि-तीक्ष्णता)।

aculeus (ə kū' lē ŭs) [L. *acūleus*, a sting (dim. of *acus*, a needle)] सं० (बहु०) १. (प्राणि०) शूल* (वि० १ भी), दंश; २. डंक, (वन०) काँटा, कंटक। **actuleate** (ə kū' le āt) [L. *aculeātus* (ACULEUS, -ATE)] वि० १. (प्राणि०) दंशक, डंकवाला; २. (वन०) तीक्ष्ण, कँटीला, चुभनेवाला; ३. नुकीला, पैना।

acumen (ə kū' mĕn) [L. *acūmen* (*acuere*, to sharpen)] सं० मति-सूक्ष्मता, विवरणता, बुद्धि-प्रखरता, कुशाग्रता, विलक्षणता, सूक्ष्म दृष्टि, सूक्ष्म-सूझ, चतुरता, पैठ।

acumi'nate (ə kū' min' āt) [L. *acuminātus*, pointed]. वि० १. उदग्र, तीक्ष्ण, नुकीला, अनीदार; २. (वि० १) लम्बाग्र*। क्रि० स० नोकीला बनाना, नोक निकालना; २ तेज़ करना, धार रखना, पैना करना। **acumination** सं० तीक्ष्णता, पैनापन, नुकीलापन।

acute-, acuti- [L. *acūtus*, sharp], (समास में उपसर्ग रूप में प्रयुक्त), तेज़, पैना, तीक्ष्ण, तीक्ष्णपर्णी, तेज़ पत्तोंवाला, नुकीला, जिसके कोने नोकदार हों।

acute (ə kūt') [L. *acūtus* (*acuere*, to sharpen)], वि० १ तेज़, पैना, तीक्ष्ण तीक्ष्ण, तीव्र, नुकीला; २. (गणि०) न्यूनकोण, समकोण से कम, ३. (रोग) उग्र; ४ अतिपाती (पुराने का उलटा), ५. प्रखर, (ध्वनियाँ) ऊँची, कर्कश। **acutely** क्रि० वि० तीक्ष्णता से, तीव्रता से, तेज़ी से। **acuteness** सं० तीक्ष्णता, तीव्रता, उग्रता, तेज़ी, पैनापन।

ad- (ăd) [*ad*, to, at] उप० अधि*, स*।

adage (ăd' āj) [F. *adage*, L. *adagium* (*ad-*, to. *agium*, a saying, from *aio*, I say)] सं० लोकोक्ति, सूक्ति, सूत्र, उक्ति, कथन, कहावत।

Adam (ăd' am) [Heb. *ā-dām*, man] सं० १. प्रादि मनुष्य, २. आदम, बाबा। **not know one from Adam's** चेहरे की पहचान न होना। **Adam's ale or wine** पानी। **Adam's apple** कठ, कंठमणि, टेंटुआ, घाँटी, जो जवान होने पर गलेमें निकल आता है।

adamant (ăd' ă mănt) [O. F. *adamaunt*, L. *adamas-antem*, Gr. *adamas* (*a-*, not, *damaō*, I tame)] वि० १ कठोर, वज्र, सख्त, दृढ, पक्का, विचलित न होनेवाला। क्रि०स० दृढ़ रहना, हठपूर्वक अनुरोध ठुकराना। सं० हीरा, चमक पत्थर। **adamantine** वि० १. वज्रतुल्य, हीरक सम* (वि० १ भी) कठोर, कड़ा।

Adamite (ăd' ăm īt) [ADAM] सं० १. आदमपुत्र, आदमी, मानव; २. नग्न मनुष्य, आदमपंथी, ऐसे ईसाई सम्प्रदायों का नाम जो नग्नता में आदम का अनुकरण करते थे; ३. (बहु व०) संसार के लोगों का एक वर्ग, जिसको मात्र आदम की संतान मानते हैं।

adapt (ă dăpt') [F. *adapter*, L. *adaptāre* (*ad-*, to, *aptare*, from, *aptus*, fit)] क्रि० स० १. बिठाना, जमाना, लगाना (एक वस्तु का दूसरी में); २. अनुकूल बनाना, अनुयुक्त करना, माफिक बनाना (किसी प्रयोजन के लिए); ३. बदलना, ढालना; ४. रूपान्तर करना (जैसे plays adapted from)। **adaptability** सं० १. अनुकूलनीयता, अनुकूलनशीलता* (वि० १ भी)। **adaptable** वि० १. अनुकूलनीय, अनुकूलनशील* (वि० १ भी), बदले जाने की क्षमता रखनेवाला, बदलने योग्य। **adaptation** सं० १. रूपान्तरण* (प्र० भी); २. अनुकूलन* (आ०, कृ०, प्र०, वि० १ भी), जमाना, ठीक करना, बदलना; ३. (प्र०) रूपान्तर*। **adaptive** वि० अनुकूलनशील, परिस्थितियों के अनुसार अपने को ढालनेवाला।

add (ăd) [L. *addere* (*ad-*, to, *dare*, to put)] क्रि० स० और अ० १. परिसंख्या करना, गणना करना, जोड़ना, योग करना* (वि० १ भी), मिलाना (जैसे ~insult to injury); २. बढ़ाना, अधिक करना (जैसे this adds to our difficulties); ३. आगे कहना (जैसे he added that); ४. जोड़ निकालना (जैसे ~up or together); ५. जोड़ने की क्रिया करना (जैसे ~correctly) ६. शामिल करना, सम्मिलित करना (जैसे ~in); ७. (वि० १) जोड़ना*।

addax (ăd' ăks) [African] सं० अड़ियल, उत्तरी अफ्रीका तथा अरब का एक प्रकार का बड़ा बारहसिंगा जिसके सींग मुड़े हुए होते हैं।

addendum (ă den' dŭm) [L. *addendum*, gen. of *addere* (ADD)] सं० १. परिशिष्ट, संलग्न वस्तु, बाद में जोड़ी चीज़, तत्सिम्मा, २. (प्र०) अनुशेष*, सयोजन*, अनुपूरक*।

adder (ăd' ĕr) [A.-S *nadre* (*n* has disappeared through mistaken division of a *naddre* as an *addre*)] सं० छोटा ज़हरीला साँप, गेहुँअन साँप। **adder's tongue** एक प्रकार की पत्ती, अहि-जिह्वा, फुकमार। **~puff** फुकमार या फुफकारनेवाला सर्प। **death ~** मारक साँप, विषैला साँप। **horned ~** शृंगी-सर्प। **flying ~** एक प्रकार की बड़ी विषैली मछली।

addict[1] (ă dikt') [L. *addictus*, p. p. of *addicere* (*ad-*, to, *dicere*, to say)] क्रि० स० १. अभ्यस्त होना, आसक्त होना, आदत डालना, आदी होना, व्यसन लगाना, लत डालना, २. (रोमन विधि) न्यायाधीश के आदेश से सौंप देना, सुपुर्द करना। **addiction** सं० १ आसक्ति, प्रसक्ति, परायणता, लत, लगाव; २ (आ०) व्यसन*।

addict[2] (ăd' ikt) सं० १. आदी, लती, परायण, २. नशेबाज़, मदिरासेवी; ३ (आ०) व्यसनी*।

Addison's disease सं० ऐडिसन रोग (सन् १८५५ में ऐडिसन नामक डाक्टर द्वारा खोजा हुआ रोग) जिसके लक्षण हैं रक्तहीनता, निर्बलता और त्वचा का बदरंग होना।

addition (ă dish' ŭn) सं० १. योग, सकलन, परिवर्द्धन, सयोजन, सम्मेलन, जोड़ने की प्रक्रिया; २. जोड़ी हुई वस्तु; ३. जोड़, मीजान; ४. वृद्धि, आधिक्य, बढ़ोतरी; ५. (वि० १) याग*, जोड़*। **in ~to** इसके अतिरिक्त, इसके अलावा, साथ ही। **additional** वि० १. अधिक, अधिकता, अतिरिक्त* (प्र० भी), और फ़ालतू, अनुपूरक; २. अपर रूप में; ३. (प्र०) अपर*।

addle (ăd' l) [A.-S. *adela*, mire, filth], वि० १. रिक्त, व्यर्थ, भ्रष्ट, नष्ट, रद्दी, सड़ा हुआ, गदा; २ खाली; ३. असम्पूर्ण, नासमझ, जड़बुद्धि, ऊलजलूल, बोखल, मूढ़, दुष्ट। क्रि० स० और अ० १. चकराना, बोखलाना, दुविधा में पड़ना, परेशान करना या होना, मूढ़ हो जाना; २. (अंडों का) खराब हो जाना, सड़ जाना या सड़ाना। **addled** वि० १. दुष्ट, बोखलाया हुआ, भ्याकुल, परेशान, ऊलजलूल; २. नष्ट, खराब, गदा; ३. सड़ा हुआ (अंडे के लिए)।

address (ă dres') [F. *adresser*, late L. *addirectiare* (*ad-*, to, *directum*, *directum*, DIRECT)] क्रि० स० १. संबोधन करना; २. निर्देश करना, कहना, बोलना, निवेदन करना; ३. लिखना;

४. पता लिखना; ५. व्याख्यान देना, भाषण देना, ६. (किसी काम में) लग जाना; ७. (गोल्फ खेल में) निशाना लेना। सं० १. तत्परता, दक्षता, निपुणता, पटुता होशियारी; २. पता, सिरनामा; ३. जहाज को भेजने की क्रिया; ४. बातचीत का ढंग; ५. (किसी श्रोतावर्ग के सामने) भाषण, व्याख्यान; ६. मानपत्र, अभिनंदनपत्र; ७. समावेदन, (बहु व०) शिष्टतापूर्ण प्रस्ताव। **addressee** (ăd dres sē') सं० १. प्राप्तिकर्ता, सिरनामादार, पानेवाला (पत्र आदि का); २. (प्र०) प्रेष्य*। **addressograph** सं० १. पता छापने की मशीन; २. (प्र०) पता-लेखी*।

adduce (à dūs') [L. *addūcere* (*ad*, to, *dūcere*, to lead)] क्रि० स० उपस्थित करना, प्रस्तुत करना, सामने लाना, पेश करना, प्रमाण देना, मिसाल या उदाहरण देना, उद्धृत करना। **adduceable, adducible** वि० प्रस्तुत करने योग्य, प्रमाण देने योग्य, उद्धरणीय।

adducent वि० (श० क्रि०) सामान्य केन्द्र की ओर खिंचनेवाली (मांस-गिरियाँ)। **adduct** क्रि० स० १. (श० क्रि०) सामान्य केन्द्र की ओर खींचना; २. (वि० १) अभिवर्तन करना*। **adduction** १ प्रमाण प्रस्तुत करने की क्रिया, प्रस्तुतीकरण; २. सामान्य केन्द्र की ओर खींचने की क्रिया, केन्द्र-नयन, अभिवर्तन; ३. (आ०, वि० १) अभिवर्तन*।

adenoid (ăd en oid) वि० (बहु व०) गले की ग्रंथि के आकारवाली, नाक के पीछे और गले के बीच स्पंज जैसी एक ग्रंथि (जिससे प्रायः फेफड़े के फैलने में रुकावट होती है) के आकारवाला, (आ०) ग्रथ्याभ*। सं० (आ०) एडिनॉइड*, कण्ठशालक*।

adept (à dept') [L. *adeptus*, p.p. of *adipisci* (*ad-*, to, *apisci*, to attain)] सं० और वि० निपुण, चतुर, प्रवीण, पटु, पारगत; २. कुशल, दक्ष, ३. रासायनिक या कीमियागर।

adequate (ăd' e kwāt) [L. *adaequātus* p.p. of *adaequāre* (*ad-*, to, *aquare*, to make equal, from *aequus*, equal)] वि० १ समुचित, यथोचित, यथेष्ट, पर्याप्त, काफी, पूरा; २. मुनासिब उचित। **adequacy** सं० १. यथेष्टता, पर्याप्तता; २. उपयुक्तता, समीचिता। **adequately** क्रि० वि० पर्याप्त या यथेष्ट रूप से, पूरे तौर पर समुचित ढंग से, यथायोग्य।

adespota सं० (बहु व०) साहित्यिक कृतियाँ जिनके रचयिता अज्ञात हों।

adhere (ăd hēr') [L. *adhaerēre* (*ad-*, to, *haerēre*, to stick)] क्रि० अ० १ संलग्न रहना, अनुषक्त रहना, सबद्ध रहना, सलग्न रहना, स्थिर रहना, चिपकना* (कु० भी), टिकना, डटे या जमे रहना; २ साथ लगे रहना; ३ चिमटे रहना। **adherence** सं० १. संगक्तता, अनुबद्धता, लगाव, संबंध; २. समर्थन, तरफदारी, हिमायत; ३. स्थिरता, दृढ़ता, टिकाव। **adherent** वि० तथा सं० १. संगक्त, अनुबद्ध, अनुषक्त सम्बद्ध चिपका, हुआ, चिमटा हुआ, लगा हुआ; २. समर्थक, हिमायती, अनुगामी, ३. हामी, तरफदार, पक्षपाती; ४. (आ०) अनुलग्न*; ५. (वि० १) आसजित*।

adhesion (ăd hē' zhŭn) [ADHERL] सं० (श० और ला०) १ संगक्ति आसक्ति, आसंग, संलग्नत्व, चिपकाव, लगाव; २. समर्थन; ३. मेल, जोड़, बंध, लगाव, सृजन के कारण, त्वचा का अप्राकृतिक मेल; ४. (आ०, कु०) आसंजन*; ५. (आ०) आश्लेष*; ६. (कु०) अभिलाग*; ७. (वि० १) आसजन*। **adhesive** १. वि० संलग्नशील, चिपचिपा, लसलसा, लसदार, चेपदार, चिपकनेवाला, लिपटनेवाला; २. (आ०, कु०, वि० १) आसंजन-शील*, आसंजक*। **adhesively** क्रि० वि० संलग्नशील ढंग से, आसक्त ढंग से, ससक्त ढंग से, चिपकते हुए, चिपचिपाते हुए, लिपटते हुए।

adhibit (ăd hib' it) [L. *adhibit-*, stem in *adhibit-us*, p.p. of *adhibēre* (*ad-*, to, *habēre*, to, hold)] क्रि० स० १. संलग्न करना, लगाना, चिपकाना, नत्थी करना, जोड़ना; २. मालिश करना, मलना, दवा देना। **adhibition** सं० १. संलग्नीकरण, चिपकाना, नत्थी करना; २. मालिश, प्रयोग लगाना।

adiabatic (ăd i à băt' ik) [Gr. *adiabatos* (*a-*, not, *dia*, through, *batos*, passable, from *bainō*, I go)- IC] वि० (भौ०) जिसमे ऊष्मा प्रवेश न करे; २. सतोष्ण, जिसकी ऊष्मा घटे-बढ़े नहीं; ३. (वि० १) रुद्धोष्म*; ४ (कु०) स्थिरोष्म*, ५. (कु०, वि० १) ऐडियाबैटिक*।

Adiantum (ăd i à' ăn' tŭm) [Gr. *adiantos*], सं० हंसपदी, बालछड़, एक प्रकार की फर्न या घास।

adiaphorism (ăd i ăf' ŏr izm)[Gr. *adiaphoros*, not different (*a-*, not, *dia*, apart, *pherein*, to bear); -ism] सं० धार्मिक उदारता या सहिष्णुता, विचार-स्वातंत्र्य, धार्मिक उदारतावादी. (धार्मिक दृष्टि से) उदार या स्वतंत्र।

adieu (à dū') [F. *à*, to, *Dieu*, God], विस्म० और सं० १. स्वस्ति, (बिदाई का) नमस्कार, प्रणाम; २ बिदाकालीन अभिवादन, 'भगवान् भला करे।' **make, take one's ~** (चलते समय) राम-राम कहना, नमस्कार करना, बिदा लेना।

adipocere (ăd' i pō sēr)[F. *adipocire* (L. *adeps -ipem*, fat, F. *cire*, L. *cera*, wax)] सं० १. भूरे रंग का चर्बी जैसा पदार्थ जो मृत शरीर से रिसता है; २. (आ०) शवसिक्थ*।

adipose (ăd' i pōs) [L. *adeps -ipem*, fat], वि० और सं० १. वसास्त्र, (आ०, वि० १) वसामय*, चर्बीदार, चर्बीला, चिकनाई-दार, चर्बी-संबंधी, वसा-विषयक। सं०जानवर की चर्बी, पशु-वसा, (आ०) वसा*। **adiposity** स० चर्बीलापन, चिकनाई।

adit (ăd' it) [L. *aditus*, approach, (*ad-*, to, *ire*, to go)], सं० प्रवेश, पहुँच, रास्ता, पैठ, गलियारी (खानों में)।

adjacent (à jā' sĕnt) [L. *adjacentem*, pres. p. of *adjacēre* (*ad-*, to, at, *jacēre*, to lie)] वि० सलग्न* (वि० १ भी), समीपस्थ, पार्श्ववर्ती, आसन्न* (वि० १ भी), निकटस्थ, समीप का, पास का, मिला हुआ; २. (वि० १) निकटवर्ती*। **adjacency** सं० सामीप्य, निकटस्थता, संलग्नता।

adjective (ă jĕk tiv) [F. *adjectif -ve*, L. *adjectivus*, *adjectus*, p.p. of *adjicere* (*ad-*, to, *jacere*, to throw) -IVE] वि० और सं० १. अतिरिक्त; २. आश्रित, अवलंबित. ३. अधीन; ४. (व्या०) विशेषण, किसी संज्ञा की विशेषता बतानेवाला शब्द; ५. (वि० १) परत*, बन्धक*। **~colours** अस्थायी रग, कच्चे रग। **~law** कानून का सहायक अंग, अधिनियम का अतिरिक्त भाग, व्यवहार-विधि। **~noun** विशेषण, गुणवाचक शब्द। **adjectival** वि०, विशेषणात्मक, विशेषणपरक। **adjectively** क्रि० वि०, विशेषणात्मक रूप से, विशेषण की तरह, अतिरिक्त रूप से।

adjoin (à join') [O. F. *ajoindre*, L. *adjungere* (*ad-*, to, *jungere*, to join)] क्रि० स० १ सलग्न होना, युक्त करना, सयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना, लगा, मिला या सटा हुआ होना; २. पास होना। **adjoining** वि० समीपस्थ, समीपवर्ती, सलग्न, पास का।

adjourn (à jĕrn') [O.F. *ajorner*, late L. *adjornāre*, appoint a day (*jurnus*, day, L. *diurnus*)] क्रि० स० और अ० १. स्थगित करना* (प्र० भी), टाल देना, मुल्तवी करना, आगे बढ़ाना, अवधि देना; २. सभा का समय बदलना; ३. (प्र०)

काम रोकना। **~ment** सं० १. कार्य-स्थगन, स्थगन-काल, अवधि-दान, सभा का काल-परिवर्तन; २. (प्र०) स्थगन*।

adjudge (a jŭj') [O.F. *ajüger*, L. *adjūdicāre*: see ADJUDICATE] क्रि० स० निर्णय देना, राय देना, विचारपूर्वक फैसला करना, न्याय करना, अपराधी ठहराना, सजा देना। **~ment** १. न्यायानुसार देना, दिला देना; २. (अदालती) हुक्म, आदेश, निर्णय, अभिनिर्णय।

adjudicate (a joo' di kāt) [L. *adjūdicāre* (*ad-*, to, *jūdicāre*, to judge)] क्रि० स० और अ० १. निर्णय करना, फ़ैसला करना, निबटारा करना, फ़तवा देना, न्यायाधीश का फैसला सुनाना, बरी ठहराना, (न्यायपूर्वक विचार करके) आज्ञा देना; २. (विधि) न्याय-निर्णीत करना*। **adjudication** सं० (अदालती) हुक्म, आदेश, डिग्री, फ़ैसला, फ़तवा, निर्णय, दिवालिया करार देना। **adjudicator** सं० न्यायाधीश, जज, क़ाज़ी, न्यायकर्ता, निर्णयकर्ता।

adjudicative वि० न्यायालय-सम्बन्धी, अदालती, न्याय-संबंधी।

adjunct (ăj' ungkt) [L. *adjunctus*, p.p. of *adjungere* (*ad-*, to, *jungere*, to join)] सं० १. मातहत, अधीन, आश्रित, सलग्न, पुछल्ला, जुड़ी हुई वस्तु; २. (व्या०) विधेय या उद्देश्य आदि का विस्तार। **adjunctive** वि० १. अनुबंध; २. (तर्क०) अनावश्यक विशेषता, अनावश्यक गुण, जोड़नेवाले, संयोजक। **ajunctivaly** क्रि० वि० जोड़ते हुए, संबद्ध करते हुए, आश्रित ढंग से।

adjure (à joor') [L. *adjūrāre*, to swear to (*ad-*, to, *jūrāre*, to swear); late L., to put to an oath] क्रि० स० १. अभिशाप के भय से शपथ दिलाकर (कुछ करने को) लाचार करना; २. शपथ दिलाना, सौगंध दिलाना, कसम खिलाना, हलफ़ दिलाना; ३. अनुरोध करना, शपथपूर्वक निवेदन करना, विनती करना, मिन्नत करना, आग्रहपूर्वक कहना। **adjuration** सं० १. शपथ, सौगन्ध, हलफ़; २. अनुरोध, मिन्नत, प्रार्थना, आग्रहपूर्वक निवेदन।

adjust (a jŭst') [O.F. *ajuster*, late L. *adjuxtāre*, bring together (*ad-*, to, *juxta*, near)] क्रि० स० १. ठीक करना, क्रमबद्ध करना, तरतीब देना, व्यवस्थित करना, समंजन करना, समायोजन करना, मेल बैठाना; २. जमाना; ३. (आदर्श अथवा उद्देश्य के) अनुरूप बनाना, उपयुक्त बनाना; ४. (वि० १) समायोजन करना*। सं० १. व्यवस्था, क्रम, संगति, समायोजन, तरतीब, क्रम, मेल, मुज़ाबा। **adjustable** वि० १. ठीक करने योग्य, जिसे क्रमबद्ध किया जा सके; २. (वि० १) समायोज्य*। **adjustment** सं० १. व्यवस्था, क्रम, संगति, मेल, सुलझाव, निबटारा; २. (आ० वि० १) समायोजन*।

adjutage (a joo' tăj), **ajutage** (ăj' u tăj) [F. *ajutage* (*ajouter*, to join on; see ADJUST] सं० हवादार, कृत्रिम फव्वारे का मुँह।

adjutant (ăj' ū tănt) [L. *adjutans*, pres. p. of *adjūtāre*, freq of *adjūvāre*, see below], वि० तथा सं० १. सहायक, सहकारी, नायब; २. (सैन्य०) वह अधिकारी जो आदेश पहुँचा कर या पत्र-व्यवहार आदि करके उच्च सैनिक अधिकारियों की सहायता करता है; ३. गरुड़, लमटंगा, भीमकाय भारतीय सारस; ३. (प्र०) ऐडजूटेण्ट*। **adjutancy** सं० उच्च सैनिक अधिकारी के सहायक का पद।

adjuvant (ăj' u vănt) [L. *adjūvāre* (*ad-*, to, *jūvāre*, to help): -ANT)] वि० और सं० १. सहायक, सहायी, मददगार; २. गुणवर्द्धी (वस्तु); ३. (आ०) सहयोगी*, सहओषध*।

admeasure (ăd mezh' ŭr) [O.F. *amesurer*, late L. *admensūrāre*] क्रि० स० बाँटना, (ठीक-ठीक) बँटवारा करना, हिस्से लगाना, बखरा करना। **admeasurement** सं० १. विभाजन, बँटवारा, बाँटने या बँटवारा करने की क्रिया; २. तुलना, बराबरी, नाप, पैमाइश, लंबाई-चौड़ाई।

adminicle (ăd min' ikl) [L. *adminiculum*, a prop. (*manus*, hand)] सं० १. सहायता, मदद; २. (विधि) समर्थक, साक्ष्य, गवाही, शहादत। **adminicular** वि० १. सहायता-संबंधी; २. साक्ष्य संबंधी, प्रमाण-विषयक।

administer (ad min' is tĕr) [O.F. *aministrer*, L. *administrāre*]. क्रि० स० और अ० १. प्रबंध करना, व्यवस्था करना, इंतज़ाम करना, बंदोबस्त करना; २. (न्याय या धार्मिक कृत्य) करना, पूरा करना, परिपालन करना; ३ शपथ दिलाना, हलफ़ उठवाना; ४. (कोई वस्तु) देना, जुटाना; ५. (आ० कू०) (दवा) देना*, लगाना*, खिलाना*; ६. कार्य करना, प्रबंध करना; ७. (सुख-सुविधा) पहुँचाना; ८. (प्र०) देना, प्रशासन करना, दिलाना। **administrable** वि० प्रबंधनीय, प्रशासनीय, प्रबंध करने योग्य, परिपालनीय।

administration (ăd min is trā' shŭn), सं० १. प्रबंध, व्यवस्था, बंदोबस्त, इंतज़ाम; २. राज्य-व्यवस्था, शासन-व्यवस्था, प्रशासन* (प्र० भी); ३. मन्त्रिमंडल, शासन, सरकार; ४. (विधि) बिना वसीयत के मृत व्यक्ति की जायदाद का प्रबंध*; ५ न्याय-व्यवस्था; ६ औषधि-प्रयोग। **Letters of ~** बिना वसीयत के व्यक्ति की जायदाद का प्रबंध करने का अधिकार-पत्र। **administrative** (ad min' is trā tiv) वि० १. प्रबंध संबंधी; २ प्रशासनीय, प्रशासकीय* (प्र० वि० १ भी), प्रशासन-संबंधी इंतज़ाम संबंधी; ३ कार्यवाहक; ४. (प्र०, वि० १) प्रशासी*, प्रशासन-, प्रशासकीय; ५ (विधि) प्रशासनिक* । **administratively** क्रि० वि० प्रशासन की दृष्टि से, प्रशासकीय दृष्टि से। **administrator** सं० १ प्रबंधक, प्रशासक* (प्र० भी); २ संगठन-संगठन की योग्यता रखने-वाला, संगठनकर्ता; ३. (धर्म, न्याय आदि का अधिकृत) कर्ता, प्रबंधक, व्यवस्थापक; ४. प्रयोगकर्ता या देनेवाला (ओषधि); ५. अधिकृत प्रबंधक (नाबालिग की जायदाद का अथवा योग्य प्रबंधक नियुक्त किये बिना मर जानेवाले व्यक्ति की जायदाद का)। **~ship** सं० १. प्रशासकीय पद, प्रबंधक का पद, प्रशासकत्व। **administratrix** (बहु व० **~trices** सं०) प्रशासिका, प्रबंधिका, प्रबंधकर्त्री।

admirable (ăd' mir abl) [L. *admirabilis*] वि० १. प्रशंसनीय, सराहनीय; २. श्लाघ्य, अत्युत्तम, अनूपम, सुन्दर, अद्भुत। **admirably** क्रि० वि० प्रशंसनीय ढंग से, सराहनीय ढंग से, बहुत खूबी के साथ, बड़े ही सुन्दर ढंग से।

admiral (ăd' mir al) [O.F. *amiral*, Arab. *amir*, a prince (Latinized as *amīrālis*, and through confusion with *admirāri*, converted into *admirālis*)], सं० १. एडमिरल, किसी देश की नौ-सेना का प्रधान जल-सेनापति, नौबलाध्यक्ष, नौ-सेनापति, जहाज़ी बेड़े का सबसे बड़ा अधिकारी; २. बेड़े का नायक; ३. मछलीमार या आपाती बेड़े का विशिष्ट उच्चाधिकारी या नायक; ४. नौ-सेनापति का जहाज़; ५. व्यजपोत; ६. (प्र०) ऐडमिरल*। **~of the fleet, Vice-Rear ~** ब्रिटिश नौ-सेना के चार पद; **Red ~, White ~** यूरोपीय तितलियों की दो जातियाँ। **~-ship** सं० नौ-सेनापतित्व, नौबलाध्यक्ष या जल-सेनापति का पद।

admiralty (ăd' mi răl ti), सं० १. नौकाधिकरण, नौ-सेनापति का पद; २. जल-सेनाधिपति का विभाग या कार्यालय; ३. नौ-सेना का निरीक्षण करनेवाले प्रशासन-विभाग की एक शाखा; ४. नौ-वहन-विभाग;

५. (अलं०) सागरों का शासन; ६. (विधि) नवाधिकरण* ~court नौबलाध्यक्ष या नौसेनापति का न्यायालय, समुद्री मामलों और अपराधों के निबटाने या फैसला करने की अदालत, नाविक न्यायालय।

admire (ăd mīr') [F. *admirer*, L. *admirări* (*ad-*, at, *mirări*, to wonder)] क्रि० स० १. प्रशंसा करना, सराहना करना, तारीफ़ करना; २. आदर करना; ३. पसन्द करना; ४. विस्मययुक्त प्रसन्नता अथवा समर्थन का भाव रखना; ५. (बोल०) (किसी का) बखान करना, प्रकट रूप से प्रशंसा करना; ६. (प्राचीन) विस्मित होना, आश्चर्य-चकित होना, अचंभा करना। **admirer** सं० प्रशंसक, सराहना करनेवाला, पसंद करनेवाला, प्रेमी। **admiration** (ăd mi rā' shŭn), सं० १. प्रशंसा, सराहना, तारीफ़; २. (प्राचीन) विस्मय, आश्चर्य। **note of ~** (!) विस्मयसूचक चिह्न।

admit (ăd mit') [O.F. *amettre*, L. *admittere* (*ad-*, to, *mittere*, to send)] क्रि० स० और अ० १. कबूल करना, अंगीकार करना; २. ठीक या सच, स्वीकार करना, मान लेना; ३. अनुमति देना, प्रवेश करने देना*, (प्र०भी) आने देना, भर्ती करना; ४. अन्दर आने देना*, स्वीकार करना*, दाखिल करना*। **admittance** सं० १. प्रवेश, दाखिला, आना-जाना; २. प्रवेशानुमति; ३. (वि०१) प्रवेश्यता* । **admissible** (ăd mis' ibl) [late L. *admissibilis*, from *admissus*, p.p. of *admittere*] वि० १. मान्य, मानने योग्य, ग्राह्य* (प्र०, विधि भी), स्वीकार्य* (विधि भी), उचित; २. (विधि) (प्रमाण के रूप में) स्वीकार करने योग्य*; ३. (पद अथवा स्थान आदि के लिए) स्वीकृत होने योग्य, प्रवेश पाने योग्य, प्रवेश्य; ४. अंगीकार के योग्य। **admissibility** सं० १. ग्राह्यता*, स्वीकार्यता* (प्र० भी), प्रामाणिकता, मान्यता। **admittable** वि० प्रवेश्य, मान्य, प्रतिग्राह्य, उचित। **admission** (ad mish' un) [L. *admissio*, from *admissus*; -ION.] सं० १. स्वीकृति* (विधि भी), स्वीकार, मंजूरी, मान लेना, भरती, प्रवेश* (प्र० भी), पैठ, दाखिला, पहुँच, आना-जाना; २. (प्र०) अभिस्वीकृति*, ३. अन्दर आना। **admissive** वि० स्वीकार करने की इच्छुक, मानने को तैयार। **~of** जगह रखना, समाई रखना, गुंजाइश रखना, जगह होना, अवकाश होना। **admittedly** क्रि० वि० निस्सन्देह, निश्चय ही, मानते हुए, स्वीकार करते हुए।

admix (ad miks') [L. *ad-*, to, MIX (formed like L. *admiscere*, p.p. *admixtus*)] क्रि० स० और अ० मिश्रित करना, सम्मिश्रण करना, घोलना, मिलाना, मिश्रण होना। **admixture** सं० १. सम्मिश्रण, मिश्रण, मिलावट; २. (वि० १) अभिमिश्रण*।

admonish (ad mon' ish) [O.F. *amonester*, late L. *admonestare*, L. *admonēre* (*ad-*, to, *monēre*, to advise)] क्रि० स० १. भर्त्सना करना; २. झिड़कना, सावधान करना, चेतावनी देना; ३. सलाह देना, परामर्श देना; ४. सूचित करना, याद दिलाना। **admonishment** सं० १. चेतावनी; २. भर्त्सना; ३. परामर्श, बोध, शिक्षा, सीख, सलाह। **admonition** (ăd mon ish' ŭn), सं० १. अनुबोधन, उपदेश; २. अनुशासन, ३. चेतावनी; ४. उपालंभ-सीख; ५. भर्त्सना* (प्र० भी), झिड़की। **admonitory** वि० १. चेतावनीपूर्ण; भर्त्सनापूर्ण; २. शिक्षाप्रद, सीखवाला।

adnominal (ăd' nom' in al) [L. *adnōmen* (var. of *agnōmen*); -AL] वि० संज्ञा से संलग्न, विशेषण-संबंधी, विशेषणात्मक।

adnoun (ăd' noun) [L. *ad-*, to, NOUN (like *adverb*)] सं० विशेषण; संज्ञा के रूप में प्रयुक्त होनेवाला विशेषण।

ado (ă doo') [Scand. *at*, to, DO] सं० १. कार्य, उपद्रव व्यापार; २. झमेला, होहल्ला, बखेड़ा।

-ado [Sp. and Port. *-ado*, L. *-atus*, in p.p. of verbs in *āre*] प्रत्यय, संज्ञाएँ बनाने में प्रयुक्त (जैसे *bravado*)।

adobe (a dō' bē, á dōb') [Sp. *adobe*, from *adobar*, to daub, plaster, late L. *adobāre*] सं० कच्ची ईंट, कच्ची ईंट का घर।

adolescent (ăd ō les' ent) [F. *adolescent*, L. *adolēscens -ntem*, pres. p. of *adolēscere*, to grow up] सं० तथा वि० १. किशोर, तरुण (१४ से २५ वर्ष तक का पुरुष और १२ से २१ वर्ष तक की स्त्री); २. (ला०) अपरिपक्व, अधकचरा; ३. (वि०१) पाकपूर्व*। **adolescence, adolescency** सं० १. किशोरावस्था* (वि० १ भी), कौमार्य, तारुण्य, तरुणाई, उठती जवानी,; २ (आ०) कौमार*, किशोरता*।

Adonis (a dō' nis) [Gr., name of a youth beloved by Venus for his beauty, Phoen, *adōn*, lord, title of a divinity] सं० १. ऐडोनिस, सुंदर युवक जिसे वीनस प्यार करती थी २. रँगीला, बाँका, बना-ठना, छैला; ३. (कृमि०) एक प्रकार की नीली तितली; ४. (वन०) पौधा-विशेष। **adonize** (ăd' ō nīz) क्रि० स० और अ० १. शृंगार करना, सजाना, सँवारना; २. सजना, सँवरना, छैला बनना; ३. ऐडोनिस की नक़ल करना।

adopt (a dopt') [F. *adopter*, L. *adoptāre* (*ad-*, to, *optāre*, to choose)] क्रि० स० १. अपनाना*, अंगीकार करना* (प्र०भी), मंजूर करना, स्वीकार करना; २. गोद लेना, दत्तक लेना, किसी को अपना सबधी बनाना; ३. ग्रहण करना, चुनना, पसंद करना। **adoptable** वि० १. ग्रहणीय; २. गोद लेने योग्य; ३. चुनने योग्य; ४. ले लेने योग्य। **adoptability** सं० १. ग्रहणीयता, चयनीयता; २. गोद लिये जाने की योग्यता। **adoption** १. स्वीकृति, अंगीकार, मंजूरी; २. गोद, गोद लेने का (कार्य या) संस्कार; ३. ग्रहण; ४. (प्र०) अंगीकरण*; ५. (विधि) दत्तक-ग्रहण*। **adoptive** वि० १. ग्रहणीय; २. दत्तक, गोद लिया हुआ; ३. गोद लेने योग्य।

adorable (a dōr' ăbl) [as foll.] वि० १. आदरणीय, सम्माननीय; २. पूजनीय, अर्चनीय; ३. प्यार करने योग्य; ४. प्रिय। **adorably** क्रि० वि० १. प्रिय रूप में; २. सादर, सस्मान, श्रद्धापूर्वक; ३. भक्ति के साथ।

adore (a dōr') [O.F. *aōrer*, *aourer* (F. *adorer*), L. *adōrāre* (*ad-*, to, *ōrāre*, to pray, from *os oris*, the mouth)] क्रि० स० १. अधिकतम आदर और स्नेह रखना; २. श्रद्धा करना, आदर करना, इज्जत करना, क़द्र करना; ३. आराधना करना, पूजा करना, पूजना, अर्चना करना; ४. (धर्म०) विधिवत सम्मानपूर्वक भक्ति दिखाना। **adorer** सं० १. उपासक, आराधक, अर्चक, भक्त, पुजारी; २. प्रशंसक; ३. प्रेमी, अनुरागी, चाहनेवाला। **adoration** सं० १. श्रद्धा, आदर, सम्मान; २. पूजा, अर्चना; ३. प्यार, अनुराग।

adorn (a dōrn') [O.F. *aōrner* (F. *adorner*), L. *adornāre* (*ad-*, to, *ornāre*, to deck)] क्रि० स० शृंगार करना, सुशोभित करना, अलंकृत करना, सजाना, सँवारना, सजाना-बजाना, आभूषण पहनाना, गहनों से सजाना। **adornment** सं० शृंगार, सजावट, सज्जा, अलंकरण, बनाव-सिंगार।

adown (a doun') [A.-S *of-dune*, off the down or hill] क्रि० वि० और पूर्व० (प्रा० का०) नीचे, नीचे की ओर।

adrenalin (ăd ren' ă lin) सं० १. अधिवृक्क रस, पशुओं के गुर्दे से निकाला हुआ रस; २. (वि०१) अधिवृक्क*।

adrift (ă drift') क्रि० वि० बहता हुआ, डाँवाडोल, भटकता हुआ।

adroit (ă droit') [F. *à*, to, *droit*, right, late L. *dīctum* (L. *directum*) see DIRECT] वि० निपुण, पटु, दक्ष, चालाक, चतुर, होशियार, मुस्तैद। **adroitly** क्रि० वि० मुस्तैदी से, दक्षतापूर्वक, होशियारी से। **adroitness** सं० दक्षता, होशियारी, चालाकी, मुस्तैदी।

adry (ă dri') क्रि० वि० और पूर्व० १. शुष्क, सूखा, खुश्क; २. प्यासा।

adscititious (ăd sit ish' ŭs) [L. *adscītus* (*as-citus*), p.p. of *adsciscere*, adopted, received from others (*ad-*, to, *scīt-*, part. stem of *scīscere*, to acknowledge, freq. of *scire*, to know)] वि० अतिरिक्त, पूरक, परिशिष्ट, बाहरी, बाहर से लिया, जोड़ा या अपनाया हुआ।

adulate (ăd' ū lāt) [L. *adūlātus*, p.p. of *adūlārī*, to flatter] क्रि० स० चाटुकारिता करना, चापलूसी करना, खुशामद करना, चिकनी-चुपड़ी कहना। **adulation,** सं० चाटुकारिता, श्लाघा, स्तुतिपूर्वक अनुनय, चापलूसी, खुशामद, चिकनी-चुपड़ी बातें। **adulator** स० चाटुकार, चापलूस, खुशामदी। **adulatory** वि० अतिप्रशंसायुक्त, चाटुकारितापूर्ण, खुशामदी, चापलूसी का।

adult (ă dŭlt') [L. *adultus*, p.p. of *adolescere*, to grow up (*ad-*, to, *olescere*, freq. of *olēre*, to grow)] वि० और सं० १. प्रौढ़*, वयस्क* (प्र०, वि० १ भी), बालिग़, सयाना, बड़ा।

adulterate[1] (ă dŭl' tĕr āt) [L. *adulterātus*, p.p. of *adulterāre*, commit adultery, corrupt (*ad-*, to, *alterāre*, to change, from *alter*, other), cp. *adulter*, an adulterer, a debaser of the coinage] क्रि० स० १. अपमिश्रण करना* (वि० १ भी), दूषित करना, अशुद्ध बनाना, भ्रष्ट करना, खराब करना, बिगाड़ना; २. वर्णसंकर करना, मिलावट करना। **adulterant** वि० और सं० १. अपद्रव्य, हीन मिश्रण; २. मिलावट मे काम आनेवाली (वस्तु), मिलौनी, खोट; ३. (कृ०) मिलावट*, अपमिश्रण*। **adulteration** १. मिलावट* (कृ० भी), खोट; २. वर्णसंकरता; ३ भ्रष्टीकरण; ४. (आ०, कृ०, वि० १) अपमिश्रण*। **adulterator** सं० अपमिश्रण करनेवाला, मिलावट करनेवाला, भ्रष्ट करनेवाला, दूषित करनेवाला, खोट डालनेवाला।

adultery (ă dŭl' tĕr i) [L. *adultērium* (superseding older *avoutrie*, from O.F. *avoutterie*, L. *adulter*); [see ADULTERATE] सं० १. परगमन, (मा० २, ३) व्यभिचार*, परभार्यालंघन, परस्त्रीगमन, परपुरुषगमन, परपुरुषसंगति, विवाहित स्त्री-पुरुषों का अनुचित यौन-संबंध; २. (विधि) जार कर्म*। **adulterer** परस्त्रीगामी, व्यभिचारी, जार, अनुचित यौन-संबंध का अपराधी। **adulteress** सं० परपुरुषगामिनी, व्यभिचारिणी, जारिणी, छिनाल, कुलटा। **adulterate**[2] वि० १. वर्णसंकर, हरामी, दोगला; २. दूषित, खोटा, नक़ली, जाली, मिलावटी। **adulterine** वि० १. जारज, व्यभिचारजात, दोगला; २. दूषित, अशुद्ध, मिलावटवाला; ३. खोटा, नक़ली, जाली; ४. अवैध, ग़ैरक़ानूनी; ५. अनियमित, बिना लाइसेंस का, नाजायज़। **adulterous** वि० व्यभिचारी, जार या अनुचित यौन-संबंधी। **adulterously** क्रि० वि० व्यभिचार से, परगमन से।

adumbrate (ă dŭm'-, ăd' um brāt) [L. *adumbrāre*, to cast a shadow (*ad-*, to, *umbrāre*, to shadow, from *umbra*, shadow)] क्रि० स० १. रूप-रेखा प्रस्तुत करना, ख़ाका खींचना या बनाना; २. झलक दिखाना, अस्पष्ट रूप से संकेत करना, इशारा देना; ३. (पहले से) अनुमान लगा लेना, अन्दाज़ लगा लेना; ४. छा जाना, छिपा लेना, ढँक लेना। **adumbral** वि० १. छाया हुआ; २. छायादार, छतनार। **adumbration** (ăd ŭm brā' shŭn) सं० १. प्रतिबिंब, पाण्डु-लेखकरण २. छाया, प्रतिच्छाया, परछाईं; ३. ख़ाका, रूपरेखा; ४. संकेत इशारा; ५. झलक, झलक दिखाना। **adumbrative** वि० झलक दिखानेवाला, अस्पष्ट रूप से संकेत करनेवाला।

adust (ă dŭst') [L. *adūstus*, p.p. of *adūrere*, to burn (*ad-*, to, *ūrere*, burn)] वि० १. दग्ध, भस्मीभूत, झुलसा हुआ, जला हुआ; २. भूना हुआ; ३. सूखा, शुष्क; ४. धूप या लू का मारा, धूप से तपा हुआ; ५. उदास, खिन्न, मुरझाया हुआ, निढाल।

advance (ăd vans') [O.F. *avancer*, pop. L. *abantēāre*, from *abante* (*ab-*, away, *ante*, before)] क्रि० स० और अ० १. प्रस्तुत करना, अग्रसर करना, बढ़ावा देना, पेश करना; २. गति तीव्र करना; ३. पेशगी देना, अगाऊ देना, अग्रिम देना; ४. उधार देना, ऋण देना; ५. चढ़ाना, तेज़ करना, वृद्धि करना; ६. आगे बढ़ना, अग्रसर होना; ७ उन्नति करना, उन्नत होना; ८ मूल्य या भाव बढ़ना, (क़ीमतें) चढ़ना। स० १. प्रगति, बढ़ती, २. धावा, आक्रमण; ३. पेशगी* अग्रिम* (प्र० भी), अगाऊ; ४ उधार, ऋण; ५. प्रस्ताव. निवेदन। **~copy of book** प्रकाशन से पूर्व की प्रति। **in~** पूर्व, पहले, पहले से। **advanced** वि० १. उच्च, उन्नत, आगे बढ़ा हुआ, अग्रवर्ती, विकसित, प्रौढ़, २. (वि० १) प्रगत*।

advancement (ăd vans' mĕnt) सं० अभ्युदय, उत्कर्ष, उन्नति, वृद्धि, बढ़ती, तरक्क़ी. उन्नयन।

advantage (ad van' taj) [F. *avantage*] सं० १. लाभ*, फ़ायदा* (प्र०, विधि भी) हित, नफ़ा; २ बेहतरी, भलाई* (प्र०, विधि भी) ३ श्रेष्ठता; ४ पूर्वता, पूर्ववर्तिता; ५. लाभदायक परिस्थिति, अनुकूल स्थिति। क्रि० स० १ लाभदायक होना, फ़ायदेमंद होना, हितकारी होना; २. लाभ पहुँचाना, हित करना; ३. आगे बढ़ाना, तरक्क़ी देना। **advantageous** वि० लाभप्रद, उपयोगी, हितकारी, हितकर। **advantageously** क्रि० वि० १. लाभपूर्वक, सफलतापूर्वक; २. फ़ायदे से। **have the~of, gain~, an~over** (तुलना मे) बेहतर हालत मे होना, अपेक्षाकृत अच्छी स्थिति प्राप्त करना। **take ~ of a circumstance** परिस्थिति से या अवसर से लाभ उठाना। **take ~ of a person** चालाकी या धूर्तता से किसी व्यक्ति से लाभ उठाना। **take a person at ~** किसी व्यक्ति को अचानक आ पकड़ना, बेख़बरी में आ पहुँचना। **~ ground** मौक़े की जगह, उम्दा मौक़ा, काम की जगह, महत्त्व का स्थान।

advent (ăd' vĕnt) [O.F. *advent, awent*, L. *adventus*, arrival (*ad-*, to, *venire*, to come)] सं० १. आगमन, अवतार; २. (ईसाई०) मसीह का पुनरागमन; ३. बड़े दिन से पहले का मौसम।

adventitious (ăd vĕn tish' ŭs) [L. *adventīcius*, coming from abroad] वि० १. आकस्मिक, अनिश्चित, सांयोगिक; २. (बन०) अपस्थानिक; ३. (भू०) आगन्तुक।

adventure (ăd ven' chŭr) [O.F. *aventure*, L. *adventūra*, fut. p. of *adventre*; see ADVENT] सं० १. साहस* (बि० १ भी), अद्भुत कर्म, जोखिम, खतरा; २. साहस का काम, अप्रत्याशित घटना; ३. व्यापारिक सट्टा; ४. खतरे का काम, विपत्तिपूर्ण कार्य। क्रि० स० और अ० साहस करना, जोखिम उठाना, खतरे में पड़ना, जान पर खेलना, हिम्मत करना, बीड़ा उठाना।

adventurer सं० १. साहसिक* (मा० १, वि० १ भी), साहसी, दिलेर; २. साहसिक व्यवसायी, जान पर खेलनेवाला, सट्टेबाज़; ३. (मा० १) जाँबाज़*। **adventuresome** वि० निर्भीक, हिम्मतवाला, दिलेर, हौसलेवाला। **adventuress** सं० स्त्री० १. साहसी या दिलेर स्त्री; २. प्रगल्भ स्त्री, वीरांगना। **adventurous** वि० १. साहसिक, प्रगल्भ, निर्भय; २. साहसी, जोखिम उठानेवाला, जीवटवाला; ३. जाँबाज़, दिलेर, सूरमा; ४. मनचला; ५. उतावला, जल्दबाज़। **adventurously** क्रि० वि० १. साहसपूर्वक, जीवट के साथ, दिलेरी से; २. जोखिम के साथ, जोखिम उठाते हुए।

adverb (ăd' vĕrb) [F. *adverbe*, L. *adverbium* (*ad-*, to, *verbum*, word)] सं० क्रिया-विशेषण, अव्यय। **adverbial** वि० १. क्रिया-विशेषण-संबंधी, क्रियाविशेषणात्मक; २. क्रियाविशेषण जैसा। **adverbially** क्रि० वि० क्रियाविशेषण की भाँति, क्रियाविशेषण के रूप में।

adversary (ăd' ver sa ri) [O.F. *aversier*, L *adversarius*; see ADVERSE] सं० शत्रु* (मा० १ भी), अरि, विपक्षी, विरोधी, प्रतिपक्षी, प्रतिद्वन्द्वी बैरी, दुश्मन। **the ~** शैतान।

adversative वि० विरोधी, मतभेदसूचक, विरोधसूचक। **adversatively** क्रि० वि० विरोधसूचक ढंग से, विरोध प्रकट करते हुए।

adverse (ăd' vĕrs) [O.F. *avers*, *advers*, L. *adversus*, p.p. of *advertere* (*ad-*, towards, *vertere*, to turn)] वि० १. विपरीत, प्रतिकूल* (प्र०भी), बुरा, विरुद्ध; २. हानिकर, अनिष्टकर, आघातकारी, ३. उल्टा। **adversely** क्रि० वि० १. प्रतिकूलता से, विपरीत ढंग से, २. उल्टे ढंग से; ३. हानिकारी रूप में। **adversity** (ad vĕr' si ti) सं० १. आपत्ति, विपत्ति, विपदा, दुःख, मुसीबत, आफत, आपत्काल, २, दुर्भाग्य, बदनसीबी।

advert (ăd vĕrt') [F. *avertir*, late L. *advertĕre*, L. *advertĕre* (*ad-*, to, *vertĕre*, to turn) क्रि० अ० १. संकेत करना निर्देश करना; २. ध्यान आकर्षित करना; ३. उल्लेख करना, ज़िक्र करना, हवाला देना, इशारा करना।

advertise (ăd' ver tiz) [F. *avertiss-*, stem of *avertir*, *avertissement*, L. *advertir*; see ADVERT] क्रि० स० १ विज्ञापन देना* (प्र० भी); २. प्रचारित करना; ३. घोषणा करना, सूचना देना, ऐलान करना; ४. चेतावनी देना, ढोल पीटना, शोर मचाना; ५. विज्ञापित करना* (प्र० भी)। **~for** विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना द्वारा माँग करना।

advertisement (ăd vĕr' tiz ment) सं० १. घोषणा, विज्ञापन* (विधि भी), प्रचार, इश्तिहार, आम-ऐलान, डिंडोरा, शोर।

advice (ăd vis') [O.F. *avis*, L. *ad-*, to, *visum*, seen (*vidēre*, to see)] सं० १. मंत्रणा, परामर्श*, सलाह* (प्र०, मा० १, विधि भी), सीख; २. सूचना* (प्र० भी), समाचार, खबर, संज्ञापन २. (बहु०) सूचना, संदेश, संवाद, खबर; ३. (बाणि०) सौदे या जेन-देन की औपचारिक सूचना।

advise (ăd viz') [O.F. *aviser*, late L. *advisāre*; see ADVICE] क्रि० स० और अ० १. सलाह देना, परामर्श देना, सीख देना, नसीहत देना; २. मंत्रणा देना; ३. सिफ़ारिश करना; ४. (वाणि०) सूचना देना, ऐलान करना; ५. सलाह करना, परामर्श करना, राय लेना। **advised** वि० १. बोधपूर्वक, सुविचारित; २. सोचा-समझा। **ill ~** वि० बिना-विचारे, अविचारपूर्ण, मूर्खता का, अनुचित। **advisedly** क्रि० वि० सोच-समझ कर, जान-बूझकर, होशियारी से, विचारपूर्वक, सावधानी से, एहतियात से। **advisable** वि० १. उचित, उपयुक्त, मुनासिब, सिफ़ारिश के योग्य; २. अवसरोचित, हितकर। **advisability, advisableness** सं० औचित्य, उपयुक्तता। **advisably** क्रि० वि० औचित्यपूर्वक, ठीक ढंग से, उचित रीति से। **adviser (or)** सं० सलाहकार*, परामर्शदाता* (मा० १ भी)। **advisory** वि० १. सलाहकारी, परामर्श-दाता; परामर्शदात्री २. परामर्श विषयक, सलाहकार।

advocate (ăd' vo kăt) [L. *advocātus* p.p. (used as n.) of *advocāre* (*ad-*, to, *vocāre*, to call)] सं० १. वकील, मुख्तार, पैरवीकार, दूसरे की वकालत या पैरवी करनेवाला; २. समर्थन में बोलनेवाला, समर्थक, हामी; ३. (प्र०, विधि) अधिवक्ता*, एडवोकेट*। क्रि० स० पक्ष-समर्थन करना, पक्ष-पोषण करना, वकालत करना, पैरवी करना, समर्थन करना, हिमायत करना, खुले तौर पर सिफ़ारिश करना। **Devil's ~** रोमन कैथोलिक चर्च में) किसी की धर्म-दीक्षा का विरोधी। **advocacy** सं० १. वकील का कार्य, पैरवीकारी; २. पक्षसमर्थन* (प्र०, मा० १ भी), हिमायत ३. (प्र०, मा०१) वकालत*। **advocateship** सं० वकील का पद, अधिवक्ता का पद। **advocatory** वि० वकालत-सम्बन्धी, अधिवक्ता-सम्बन्धी।

advowson (ad vou' zon) [O. F. *avoson*, L. *advocatiōnem* (ADVOCATE, -ION] सं० (धर्माधि) देने का अधिकार।

adynamia (ă di năm' i a) [Gr. *adunamia* (*a-*, not, *danamis*, power)] सं० १. जीवनी-शक्ति की कमी; २. शारीरिक निर्बलता; ३. बलहीनता, कमज़ोरी, क्षीणता, शिथिलता, सुस्ती, ढीलापन। **adynamic** (ă di năm' ik) वि० निर्बल, शिथिल, क्षीण, बलहीन, कमज़ोर, ढीला, सुस्त।

adytum (ă' di tŭm) [L. *adytum*, Gr. *aduton* (*a-*, not, *dutos*, verb. a. from *duein*, to enter) सं० (मा०१) गर्भगृह*, मंदिर का अंतरग भाग, एकान्त कक्ष, निजी कक्ष, पवित्र प्रकोष्ठ।

adze (ădz) [A.-S. *adesa*] सं० १.कुल्हाड़ी, (कू० मा० १) बसूला*/ लेसा*। क्रि० स० १. बसूले या कुल्हाड़ी से छीलना या काटना। **edile** (ē' dil) [L. *ædilis* (*ædes*, a building), -ILE] सं० ईडाइल* (प्राचीन रोम में एक नगर-अधिकारी) (मा० १ भी)।

aegis (ē' jis) [L. *aegis*, Gr. *aigis*] सं० १. (मा० १) ईजिस* (ज्यूस और अथेना द्वारा धारण किया जानेवाला एक प्रकार का रक्षात्मक प्रतीक); २. संरक्षण; ३. तत्त्वावधान।

aeolipyle, -pile (ē' o li pil, or ē ol' i pil) [F. *eolipyle*, L. *Æoli pulæ*, Gr. *Aiolou pulai*, gates of Æolus] सं० वाष्पशक्ति-दर्शक विशेष यंत्र।

aeolotropy (ē o lot' rō pi) [Gr. *aiolos*, changeful, *tropia*, turning] सं० १. स्थानांतरजन्य भौतिक गुण-परिवर्तन; २.(वि २) विषमदैशिकता*।

aeon (ē' on) [L. *æon*, Gr. *aiōn*] सं० १. कल्प, युग* (मा० १ भी); २. गणनातीत काल, अनंत काल, अनंतता; ३. (अफ़लातून के दर्शन में) अनादिकाल से विद्यमान परम शक्ति।

aerate (âr' āt) क्रि० स० १. हवा देना, हवा में रखना, हवा भरना; २. कार्बोनिक ऐसिड गैस भरना; ३. (इ० १) वायुमिश्रण*, वातन*, वायु-संचारण*, अथवा वायु-संचरण (करना)। **aeration** सं० १. कार्बोनिक ऐसिड गैस भरने की क्रिया; २. वायु-संचारण; ३. (आ०, इ० १, कृ०) वातन*; ४ (इ०१) वायु-संचारण*, वायु-संचरण*; ५. (इ० १, कृ०) वायु-मिश्रण*।

aerial (âr' i āl) [L. *aërius*, Gr. *aerios* (*aër*, air), -AL.] वि० १. हवाई, गैसीय, वायु-संबंधी, वायव्य; २. हवा की भाँति क्षीना, ईथरीय; ३. कल्पित, काल्पनिक; ४. वायुमंडल में की या वायुमंडल-संबंधी; ५. हवा में पाई जानेवाली या चलनेवाली; ६. (आ०) वायवी*; ७ (कृ०) वायव*। सं० १. (इ० १) एरियल*, बेतार यंत्र में काम आनेवाला तार; २. आकाशी विद्युत्-ग्राहक। **~railway, ~ropeway** मोटे तार के रस्से से लटकी हुई चलनेवाली गाड़ी। **~Derby** वार्षिक हवाई दौड़। **aerially** क्रि० वि० १ वायुद्वारा, वायुवेग से, ईथर की तरह; २.कल्पना में। **aeriality** (âr' i āl' i ti) सं० १. हवाईपन, वायवीयत्व, ईथरीयता; २. काल्पनिकता। **aeriform** वि० १. वायुरूपीय, हवा-जैसा; २. गैसीय; ३. सारहीन, निस्सार; ४. अवास्तविक, काल्पनिक।

aerie, aery (â' ēr i), **eyrie, eyry** (I' ri) [med. L. *aeria*, F. *aire* (from L. *área*, a spot of level ground, or *átrium*, an open hall)] सं० १. शिकारी पक्षी (गरुड़, चील, बाज) का बहुत ऊँचाई पर बना घोंसला; २ पहाड़ की ऊँचाई पर बना मानवीय निवास-स्थान; ३. शिकारी पक्षी के अंडे-बच्चे।

aero- [*abr*, *aeros*, the air] अन्य शब्दों के साथ, हवाई जहाज-सम्बन्धी, वायुयान-विषयक।

aerobatics (âr ō bāt' iks) सं० हवाई कलाबाजी, विमान-कौशल।

aerobe सं० ऑक्सीजन मात्र पर जीवित रहनेवाला रोगाणु।

aerobic वि० १. वातापेक्षी, ऑक्सीजनजीवी; २.(इ० ३) वायुजीवी*/ ऑक्सीजीवी*।

aerodrome (âr' ō drōm) [AERO-, Gr. *dromos*, race, race-course] सं० १. वायुयानों के उतरने का स्थान; २. (प्र०) हवाई अड्डा*/ विमान-क्षेत्र*।

aerodynamics (âr ō dī nām' iks) सं० वायुगति-विज्ञान, वायुगतिकी, गैसों की गति।

aerodyne (âr' ō dīn) वायु से भारी वायुयान।

aero'oil (âr' ō foil) सं० १. हवाई जहाज के पंखे या डैने; २. (वि० १) वायु-प्रतिक्रियक*।

aerogram (âr' ō grăm) सं० बेतार-संदेश।

aerolite (âr ō līt) सं० १. हवाई पत्थर; २. उल्काश्म, टूटा तारा।

aeronaut (âr' o nawt) सं० विमानचालक, वायुयान-चालक। **~nautical** क्रि० वि० वायुयानचालन-संबंधी, विमान-चालन-विषयक। **~nautics** सं० १. विमान-विद्या; २. विमान-चालन-विज्ञान, कला अथवा कार्य, वैमानिकी।

aeroplane (âr' ō plān), (*Am.*) **airplane** (âr'plān) सं० वायुयान, विमान, हवाई जहाज।

aerostat (âr ō stăt) सं० वायु से हलका विमान। **aerostatics** सं० १. गैसों की स्थिति की भौतिकी; २. विमान-संचालन-विद्या।

aeruginous (ē roo' jin ŭs) [L. *ærūginōsus*, rusty (*ærūgo-inis*, verdigris, from *æ eris*, copper)] वि० ताम्रकिट्टी, तांबे के मोरचे जैसा या उसके रंग का।

Æsculapius (ēs kū lā' pi ŭs) [L.] सं० ऐस्कुलैपिउस (प्राचीन रोम में ओषधि-देवता), चिकित्सक, वैद्य। **Æsculapian** वि० चिकित्सा-संबंधी।

esthete (ēs' thēt) [Gr. *aisthētes*, one who perceives] सं० सौंदर्योपासक, सौंदर्यप्रेमी। **esthetic** (ēs' thet' ik) वि० १. सौंदर्यबोध-विषयक, सौंदर्यशास्त्र-संबंधी; २. सौंदर्यबोध-सम्पन्न; ३. सुरुचिपूर्ण; ४. (मा० ३) सौंदर्यात्मक*/ सौंदर्यपरक*। **esthetical** वि० सौंदर्यबोध-विषयक। **esthetically** क्रि० वि० १. सौंदर्यबोध की दृष्टि से; २. सौंदर्यशास्त्र की दृष्टि से, सौंदर्य की दृष्टि से, सुरुचि की दृष्टि से। **estheticism** (ēs thet' is izm) सं० सौंदर्यवाद। **esthetics** (ēs thet' iks) सं० १ (मा० ३) सौंदर्यशास्त्र*, सौंदर्य-विज्ञान, ललित-कला; २. (मा० २) सौंदर्य-मीमांसा*।

estho-physiology (ēs thō fiz i ol' ō ji) [Gr. *aisth-* (*stem of aisthanomai*, I perceive), PHYSIOLOGY] सं० ज्ञानेन्द्रियों का वैज्ञानिक अध्ययन।

estival, estival (es' ti val, ēs tī' vāl) [L. *æstivālis*, from *æstivus* (*æstus*, heat) वि० ग्रीष्मकालीन, गर्मी में होनेवाला। **estivate** (ēs' ti vāt or ēs' ti vāt) [L. *æstivāre*, -ATE] क्रि० अ० १.गर्मियाँ बिताना, ग्रीष्म ऋतु बिताना; २.(प्राणि०) ग्रीष्म-ऋतु में जड़ तथा शिथिल रहना, ग्रीष्मस्वपन। **estivation** सं० १. (प्राणि०) ग्रीष्मस्वपन, (ग्रीष्म ऋतु की) शिथिलता, सुस्ती; २. (कृ०) पुष्पदल विन्यास*।

etiology (ē ti ol' ō ji) [L. *ætiologia*, Gr *aitiologia* (*aitia*, a cause, - LOGY)] सं० १. हेतु-निर्धारण; २. हेतुकी, हेतु विज्ञान, हेतु-दर्शन; ३. कार्य-कारण-तत्त्वज्ञान; ४. (चिकि०) व्याधि-निदान-विज्ञान; ५. निदान-विद्या; ६. (कृ०) रोग-हेतु-विज्ञान*; ७. (मा० २) रोग-विज्ञान*। **etiological** वि० १. हेतु-दर्शन-संबंधी; २. निदान-विद्या का। **etiologically** क्रि० वि० १. हेतु-दर्शनानुसार; २. निदान-विद्या की दृष्टि से, निदान की दृष्टि से।

afar (a lar') [*a-*, on, FAR] क्रि० वि० १. दूर, दूरी पर, फासले पर, परे; २ दूर तक। **from~** दूर से, फासले से।

affable (âf' abl) [L. *affābilis* (*af-* *ad-*, to, *fāri*, to speak), -ABLE] वि० १.प्रियवादी, विनीत, विनम्र, शालीन, मृदुल। **affability** (âf a bil' i ti)सं० विनम्रता, सुशीलता, सौजन्य, मिलनसारी, शिष्टाचार। **affably** क्रि० वि० १. विनयपूर्वक; २. शालीनता से, मिलनसारी से।

affair (a fâr') [O.F. *afaire* (*a*, to, *faire*, to do, L. *facere*)] सं० १. कार्य, काम-धंधा; २. बात, प्रसंग, मामला, मसला; ३. कारबार; ४. (बहुव०) जीवन के साधारण कर्म, उद्यम, मामले, कारबार। **~of honour** १. द्वन्द्व-युद्ध; २. सम्मान-रक्षार्थ युद्ध।

affect[1] (a fekt'; [F. *affecter*, L. *affectāre*, freq. of *afficere* (*ad-*, to, *facere*, to do, act,)] क्रि० स० १ प्रभाव डालना, असर डालना, अनुकरण करना, बहाना करना, दिखाना, ढोंग करना, जताना, बताना; २ (मा० २) भाव*। सं० १. (मनो०) भाव; २.भावावेश, आवेग; ३. इच्छा, (आ०) भाववृत्ति*। **affectation** (âf fek tā' shŭn) सं० १. प्रदर्शन, आडंबर, कृत्रिमता, दिखावा, बनावट, बहाना, ढोंग; २. (अप्र०) उद्यम, पेशा, घोषित व्यवसाय। **affected** (à fek' ted) वि० १. आडंबरी, दिखावे का, आडंबरपूर्ण, दिखावटी, बना हुआ, ढोंगी, पाखंडी; २. झूठमूठ का, बहाना किया हुआ; ३. (क्रि० वि० के साथ) किसी ओर प्रवृत्त, उन्मुख, झुका हुआ; ४. (रोग आदि से) ग्रस्त, प्रभावित, विचलित, अभूत; ५. शारीरिक रूप में

प्रभावित। **affectedly** क्रि० वि० कृत्रिम ढंग से, झूठमूठ, दिखावे के साथ, बनावटी तौर पर। **affectedness** सं० प्रदर्शन, पाखंड, आडंबर, बनावट, दिखावा, ढोंग। **affectingly** क्रि० वि० प्रभावपूर्ण ढंग से, असर डालते हुए।

affect[2] (ə fekt') [L. *affic're*] क्रि० स० १. आक्रमण करना, ग्रस्त करना, पकड़ लेना, घेर लेना (जैसे रोग का); २. प्रभावित करना, विचलित करना, प्रभाव डालना* (विधि भी); ३. (हृदय को) स्पर्श करना; ४. (कर्म वा० अप्र०) नियुक्त होना (किसी नौकरी आदि के लिए)।

affection (ə fek' shŭn) [F. *affection*, L. *affectiōnem*] सं० १. (मा० २, ३) स्नेह*, प्रेम, चाह, (मा० ३) अनुराग*, प्रीति, मुहब्बत; २. रोग व्याधि; ३. प्रवृत्ति, स्थिति, हालत, कैफ़ियत; ४. विशेषता, गुण; ५. (मा० २) भाव*। **affectional** वि० भावपूर्ण, आवेगपूर्ण, प्रवृत्यात्मक। **affectionably** क्रि० वि० सस्नेह, प्रेमपूर्वक, स्नेहपूर्वक, प्यार से। **affectionate** (ə fek' shŭn ăt) वि० स्नेही, प्रेमी, स्नेहपूर्ण, प्रेमपूर्ण, प्रीतियुक्त, अनुरागी। **affectionateness** सं० स्नेहशीलता, प्रीतियुक्तता, वत्सलता। **affective** वि० १. भावावेग-संबंधी, भाव-विषयक, आवेगपूर्ण, भावात्मक; २. (आ०) आवेशी*।

afferent (ăf' fĕr ĕnt) [L. *afferre* (*ad-*, to, *ferre*, to bring), -ENT] वि० १ अन्तर्मुखी, भीतर की ओर जानेवाला; २ (मा० २, वि०१) अभिवाही*।

affiance ə fī' ăns) [O.F. *afiancer;* late L. *affidare*, to trust] स० १. आस्था, विश्वास, निष्ठा, भरोसा, सहारा; २. (मा०१), वाग्दान*, सगाई, मँगनी। क्रि० स० विवाह में वचनबद्ध होना, शपथ लेना, प्रतिज्ञा करना (प्राय. कर्म वा० में), प्रतिश्रुत होना, वाग्दान करना।

affidavit (ăf i dā' vit) [late L., he made oath, from *affidāre*; see AFFIANCE] सं० (प्र०, मा० १, विधि) शपथपत्र*, हलफ़नामा*।

affiliate ə fĭl' i āt) [L. *affiliāre*, to adopt (*ad-*, to, *filius*, a son)] क्रि० स० १. अपनाना, अंगीकार करना; २. (जारज संतान का) पिता निश्चय करना, जोड़ना, ३. (प्र०, मा० १) संबद्ध करना*; ४. (मा० १) सहभद्र करना*। **affiliation** (ə fĭl i ā' shŭn) सं० १. संबद्धता; २. दत्तक-ग्रहण; ३ (प्र०) संबंधन*; ४. (मा० १) सहभद्रता*।

affined (ə fīnd', [F. *affiné* (L. *affinis*, related to)] वि० संबंधित, संबद्ध। **affinity** (ə fĭn' i ti) [F. *affinité* L. *affinitātem* (*af-*, *ad-*, to, *finis*, end, border)] सं० १. मेल, मिलाप, नाता, निकट संबंध, बंधना* (मा० २, वि० १, स्था० भी); २. अनुरक्ति, आकर्षण, खिंचाव (ला०) सादृश्य, समानता, अनुरूपता; ३ (रस०) अतर्मिश्रण, विलयन; ४. (वि० १) अफ़ानता*; ५ (मा० ३) विवाह-संबंध*।

affirm (ə fĕrm') [O.F. *afermer*, L. *affirmāre* (*af-* *ad-*, to, *firmāre*. from *firmus*, strong)] क्रि० स० और अ० १. ज़ोर देना, ज़ोर देकर कहना, दृढतापूर्वक कहना, दावे के साथ कहना; २ औपचारिक घोषणा करना; ३. (विधि) विधिपूर्वक पुष्टि करना*; ४. (तर्क, स्था०) स्वीकृतिसूचक कथन करना, सकारना, स्वीकार करना, मानना, प्रमाणित करना, कायम रखना, मान्य करना; ५. (मा०१, विधि) प्रतिज्ञा करना*। **affirmable** वि० निश्चयपूर्वक कथनीय, अनुमोदनीय, पुष्ट करने योग्य। **affirmation** सं० पुष्टि, निश्चयपूर्वक कथन, दृढ़ कथन; २. प्रमाणीकरण, पुष्टीकरण; ३. (मा० १, विधि) प्रतिज्ञान*। **affirmative** (ə fĕrm' ə tĭv) वि०, १. स्वीकृतिसूचक, सकारात्मक, निश्चयात्मक, अस्तिवाची, अंगीकारसूचक, हामी का; २. (मा० १, विधि) स्वीकारात्मक*; ३. (मा० १) प्रतिज्ञात्मक*; ४ (मा० २) विधायक*। **affirmatory** वि० निश्चयात्मक, पुष्टि-संबंधी।

affix (ə fĭks') [med. L. *affixāre*, freq. of L. *affigere* (*af-*, *ad-*, to FIX)] क्रि० स० १. जोड़ना*, लगाना* (प्र० भी), मिलाना, बाँधना, नत्थी करना; २. शामिल करना, चिपकाना। स० प्रत्यय, उपसर्ग, विभक्ति। **Affixture** सं० जोड़ा, नत्थी, संलग्नी।

Affiatus (ə flā' tŭs) सं० १. आदि प्राकृतिक ज्ञान, दैवज्ञान, इलहाम, दिव्यानुभूति; २. काव्यानुभूति की प्रेरणा।

afflict (ə flĭkt') [O. F. *aflit*, L. *afflictus*, p.p. of *affligere*, (*af-*, *ad-*, to, *fligere*, to dash, strike)] क्रि० स० दुःख देना, कष्ट देना, पीड़ा पहुँचाना, सताना, तकलीफ़ देना, मुसीबत में डालना। **Affliction** सं० १. कष्ट, दुःख, क्लेश, संताप, मानसिक कष्ट, विपदा, दुर्भाग्य, पीड़ा, व्यथा, तकलीफ़, आफ़त, मुसीबत।

affluent (ăf' flu ĕnt) [F. *affluent*, L. *affluentem*, pres. p. of *affluere* (*af-*, *ad-*, to *fluere*, flow)] वि० १. समृद्ध, धनवान, सम्पन्न, खुशहाल, मालदार, अमीर, दौलतमंद; २. प्रवाहशील, बहता हुआ, जारी; ३. भरपूर, प्रचुर। स० १. सहायक नदी*/उपनदी* (इ०, वि०१ भी)। **affluently** क्रि० वि० समृद्धिपूर्वक, प्रचुरतापूर्वक, बहुतायत से, खुशहाली के साथ। **affluence** सं० १. समृद्धि, आधिक्य, प्रचुरता, सम्पन्नता, नयनता, धन-बाहुल्य, बहुतायत, खुशहाली; सुस्थिति २. प्रवाह, बहाव, ३. **Afflux** (ăf' flŭks) [med. L. *afluxus (fluere)*] १. प्रवाह, बहाव; २. उत्थान, वृद्धि, उठान; ३. (क्रु०) चढ़ाव*; ४. (इ० ३) जलोत्थान*।

afford (ə fôrd') [A.S. *ge-forthian* (*ge-*, intens., *forthian*, to further)] क्रि० स० सामर्थ्य रखना, गुंजाइश निकालना, देना, पहुँचाना, संपन्न होना, जुटाना, वश का होना, समाई होना।

afforest (ə for' ĕst) [med. L. *affrestāre* (*af-*, *ad-*, to, *foresta*] क्रि० स० वनरोपण करना* (क्रु० भी), जंगल लगाना।

afforestation (ə for ĕs tā' shŭn) स० १. वनरोपण* (प्र०, वि०१ भी), जंगल लगाने का कार्य।

affranchise (ăfrăn' chīz, -iz) [F. *affranchir* (*af franchiss-*) *à*, to, *franchir*, to free)] क्रि० स० १. मुक्त करना, छुटकारा देना, आज़ाद करना; २. (प्र०) मताधिकार देना*।

affray (ə frā') [O.F. *effreer*, *esfreer*, late L. *exfridare* (*ex-*, intens., O.H.G. *fridu*, cp. A.-S. *frith*, peace)] सं० १ शान्ति-भंग, कलह, दंगा-फ़साद, बलवा, हुंगामा; २. (विधि) दंगा*।

affreightment (ə frāt' ment). सं० १. माल-संविदा, सामान ले जाने के लिए जहाज़ को आज्ञापत्र देना; २. (जहाज़) किराए पर करना।

affront (ə frŭnt') [O.F. *afronter*, late L. *affrontāre*, *af-*, *ad-*, to against, *frontrm*, acc. of *frons*, forehead)] सं० १. तिरस्कार, अपमान, निरादर, अवज्ञा मानहानि; २. हेठी, हतक, तौहीन; ३. धृष्टता, गुस्ताखी। क्रि० स० १. अपमान, करना; २. तिरस्कार करना, निरादर करना; ३. सामना करना, मुकाबला करना।

affusion (ə fū' zhŭn) [L. *affundere* (*af-*, *ad-*, to, *fundere*, *-fus-*, to pour)] सं० (मा० १) अभिसिंचन*, अभिषेचन, आषेक,

(बनस्पति में, ज्वर में) रोगी के शरीर पर (५० से ७०° फ़ारेनहाइट ताप का) पानी डालना, तर करना, नहलाना ।

afield (à fēld') क्रि० वि० १. खेत या मैदान में; २. रणभूमि में; ३. घर से दूर; ४. विदेश में। **far**~ बाहर, दूरी पर।

afire (a fir') क्रि० वि० और वि० प्रज्वलित (शा० और ला०) दहकमान, ज्वलंत, जलता हुआ।

aflame (à flām'), क्रि० वि० और वि० प्रज्वलित, ज्वालामय, दहकमान, जलता हुआ, दहकता हुआ, लपटों से युक्त।

afloat (a flōt'), क्रि० वि० १. प्लवमान, तिरता हुआ, बहता हुआ, उड़ता हुआ, नदी या समुद्र में चलने, बाढ़ की स्थिति में लबालब, २ (वाणि०) चालू दस्तावेज; ३. अस्थिर, डाँवाडोल; ४. ऋणमुक्त; ५. पूरे ज़ोर पर।

afoot (a fut') क्रि० वि० और वि० १. पैदल चलता हुआ, पैदल, पाँव-पाँव; २. गतिशील, जारी, चालू, कार्यशील, काम में लगा हुआ।

afore (a fōr') [A.-S. *onforan* (ON, prep., *foran*, in front)] क्रि० वि० और वि० १ सम्मुख; २. सामने, आगे; ३ (अप्र०) पहले, पूर्व, पूर्व समय में।

afraid (à frād') [p.p. of AFFRAY] वि० १ भीत, भयभीत, भयान्वित, शंकान्वित, डरा हुआ; २ (बोल०) खेदपूर्वक स्वीकार करना या मानना।

afresh (à fresh') क्रि० वि० प्रारंभ से, अभिनव ढंग से, फिर से, नए सिरे से।

Afrikaans (áf ri kanz') [Dut] सं० दक्षिण अफ्रीकी अथवा केप डच।

aft (aft, áft) [A.-S. *eftan*)] क्रि० वि० १. अनन्तर, पश्चात्, २. (नौ०) पिछाड़ी, पीछे, (जहाज के) पिछले भाग की ओर। **fore and**~ आर-पार, आगे से पीछे तक।

after (af' ter, áf' ter) [A.-S. *after* (*af*, off, *ter*, comp. suf.; cp., Gr. *apo-ter-o*)] क्रि० वि० पीछे, उपरान्त, बाद में, पश्चात्। पूर्व० १. पीछे-पीछे, पीछे; २. सबध में, बारे में; ३. के लिए, के बाल्ते, के हेतु; ४. गौण, कम महत्त्व का, महत्त्व में दूसरे दर्जे पर; ५ के अनुसार, अनुकरण में, देखा-देखी; ६ (संयो० में) निदान, अन्त में, के पीछे, के बाद। वि० १. परवर्त्ती, पश्चवर्ती, बाद का, पीछे का, २ (नौ०) पीछे का, पिछला। **~all** निदान, अन्त में, बहरहाल, कुछ भी हो, आखिरकार। **~birth** सं० १. गर्भाम्निली, जेर* (क्रि० भी), जेरी, खेड़ी; २. (आ०) अपरा-कला*। **~-care** सं० (चिकित्सा के बाद की) देखभाल या संभाल, परिचर्या, सेवा-शुश्रूषा। **~ damp** सं० १ (वि० १) विस्फोटक गैस,* दमघोंट गैस (जैसे खान में विस्फोट के बाद की)। **~-glow** सं० १. सांध्यलालिमा, सायंप्रकाश, सांझ का झुटपुटा, सांझ की लाली, २. (वि० १) उत्तरदीप्ति*। **~-grass** सं० फ़सल काटने के बाद उगी हुई घास, पछीती घास, खूँटी की घास, (क्र०) उत्तर घास*। **aftermath** [A.-S, *mæth*, a mowing] सं० १ पछीती घास; २ (ला०) परिणाम, फल, नतीजा (जैसे the ~ of war)। **aftermost** वि० (नौ०) जहाज का सबसे पिछला भाग। **afternoon** सं० अपराह्न, दोपहर-बाद, तीसरा पहर। **~-piece** सं० (नाटक के अंत का) प्रहसन, छोटा नाटक। **~-thought** पश्चद्विचार, बाद का विचार, फिर विचार आने पर सफाई या बहाना। **afterward, afterwards** [A.-S. *æftanweard* (*æftan*, AFT, WARD)] क्रि० वि० तदुपरांत, तदनन्तर, बाद में, बाद को, उसके बाद, पीछे।

again (a gān', a gen') [A.-S. *ongean* (on, prep., on or in *gagn*, *gegn*, in a direct line with, opposite)] क्रि० वि० १. पुनः, बारंबार, फिर, दुबारा; २. एक बार और; ३. अतिरिक्त, अलावा, आगे; ४. दूसरी ओर, दूसरी तरफ़; ५. जवाब में, उत्तर में। **~and~** बार-बार, बारंबार। **ever and~, now and~** कभी-कभी, यदाकदा, जब-तब। **as much~** दूना, दुगना, उतना ही और। **half as much~** डेढ़ा, डेढ़ गुना।

against (a gānst', a genst') [AGAIN] पूर्व० और संयो० विरुद्ध, प्रतिकूल, विपरीत, विरोध में, आमने-सामने, खिलाफ़।

agana सं० इगुआना जाति की छिपकली-विशेष जो भारत और अफ्रीका में पाई जाती है।

agami (ăg' à mi) [native name in Guiana] सं० १. अगमी, अमरीकी पक्षी-विशेष; २. (वि० १) अयुग्मन*, अयुग्मकता*।

agamic (a găm' ik) [Gr. *agamos* (*a*-not, *gamos*, marriage) वि० (प्राणि०) अमैथुनिक। **agamogenesis** (ăg a mō jen' es is) [Gr. *agamos*, GENESIS] सं० (प्राणि०) अलिंग-जनन, योनि संबध बिना जनन, (मा० ३) अमैथुनी प्रजनन*। **agamous** वि० (प्राणि०) अव्यक्त-योनि, वह जीव जिसमें नर या मादा का चिह्न प्रकट न हो।

agape (a gāp') क्रि० वि० और वि० विस्मित, विस्मयोत्फुल्ल लोचन, ऊर्ध्वमाण, भौचक्का, मुँह फैलाए हुए, मुँह बाए हुए। सं० (मा० १) एगेप* (आदिम ईसाई धर्म में प्रीतिभोज)। **agapemone** (ăg a pem' ō nē) [Gr. *agapē*, *monē*, a dwelling] सं० वासनागृह, लीलागृह (बुरे अर्थ में)।

agar-agar (à' gar à' gar) [E. Ind. native]. सं० अगर-अगर, एक समुद्री घास, २ (आ०) एगार*।

agaric (ăg' a rik, a găr' ik) [L *agaricum*, Gr. *agarikon*] सं० १ कुकुरमुत्ता, खुंभी; २. खुंभी की विभिन्न जातियों का नाम; ३ (वि० ३) एगेरी*।

agastric (a găs' trik) [Gr. *a-*, priv., *gaster*, the belly] वि० जठरशून्य, (प्राणि०) आमाशय-हीन, उदर-हीन।

agate (ăg' at) [F. *agathe*, It. *agatha*, L. *achātes*, Gr *achatēs*] सं० १. एक प्रकार के मूल्यवान पत्थर का नाम; २ गोमेदक; ३. मुलमानी पत्थर; ४ तारकशों का एक औजार जिससे सोने के तार को चमकाते हैं; ५. छापाई में एक टाइप का नाम (५ पाइंट का टाइप जिसे इंग्लैंड में सबी कहते हैं), ६. (इ० ३. मा० १, वि० १) एगेट*। **agatic** (a găt' ik) अकीक गोमेद*।

agaze (à gāz') क्रि० वि० टकटकी बाँधे हुए, एकटक, घूरते हुए, आँखें फाड़े हुए।

age (āj) [O.F *aage*, *edage*, late L. *ætāticum* (L. *ætas-atis*, from, *ævitas ævum*, an age)] सं० १. (मा० ३) अवस्था*, २. समय; ३. पीढ़ी, युग; ४. (बोल०) युग-युग, लंबा समय; ५ (आ०, प्र०, मा० ३, वि० १) वय*, (विधि, प्र०, मा० २, ३) आयु*, (प्र०) उम्र*; ६.(इ० १)वयस्क*(=of a tree); ७. (मा० १, वि० १) युग*, ८. (वि० १) काल*। क्रि० स० और अ० १. बूढ़ा होना, वयो-वृद्ध होना, २. (वि० १) काल-प्रभावित होना*, काल प्रवाहित करना*। **come of~, full ~** वयस्कता प्राप्त करना, वयस्कता। **moon's~** चांद्रातिथि, शुक्लपक्ष में प्रतिपदा के बाद का समय जितने दिनों चाँद हो। **over~** निश्चित आयु से अधिक। **aged** (ājd, ā' jed), वि० १. बूढ़ा, जीर्ण, पुरातन, बूढ़ा, २. पुराना; ३. आयु का, उम्र का; ४. (वि० १) काल प्रवाहित*। **agedness**

सं० बुढ़ापा, जरा, बुढ़ापन, पुरानापन। **ageless** वि० चिरयुवा, कभी वृद्ध न होनेवाला।

agency (ā' jĕn sĭ) [med. L. *agentia (agere)*] सं० १. कर्तृत्व, कर्म; २. माध्यम, साधन, निमित्त, द्वारा, जरिया; ३. आढ़त, एजेंसी, मुनीमी, ४. कारिंदगी, पेशकारी, ५. गुमाश्तगीरी, मुख्तारी; [प्र०, मा०१] अभिकरण*, एजेंसी; ६ [इं० १] कारण*, कारकत्व*।

agenda (a jen' da) [L. pl. of *agendum*, neut ger. of *agere*, to do] सं० १. कार्यावली, कार्यक्रम-पत्र; २ विचारणीय विषय, एजेंडा; ३. स्मृति-पुस्तिका; ४. [प्र०, मा० १] कार्य-सूची*, कार्यक्रम*।

agent (ā' jĕnt) [L. *agentem*, acc. of *agens*, pres. p. of *agere*, to do] सं० १. (मा० २) कर्ता*, करनेवाला, कारणद्वार, कारिंदा, दलाल, एजेंट* [मा० १ भी], प्रतिनिधि; २. पदार्थ पर प्रभाव डालने-वाली प्राकृतिक शक्ति; ३. [आ०, इ० ३, वि० ३] कारक*; ४. [विधि, प्र०] अभिकर्ता*; ५. [आ०] पदार्थ*; ६. [इ० १, वि० १] कर्मक*। **agential** (a jen' shal) वि० कारिंदा का, एजेंट का।

agent provocateur (a' zhon prō vok' a tûr') (F.) सं० दुरुत्साहक, अपराध के लिए उकसानेवाला।

agglomerate (a glom' er āt) [L. *agglomerāre* (*ag-, ad-*, to, *glomus -meris*, a ball)] सं० १ पिंड, पुंज, ढेरी; २ पिंडीकृत, पुंजीकृत, ढेरी रूप में एकत्रित; ३ [भूगर्भ०] ऊष्मा के कारण ज्वालामुखी के लावा का पुंज; ४ पुंजीभूत पिंड। वि० (वि० १) पुंजित*, संपिंडित*, ज्वालामुखय*। क्रि० स० और अ० इकट्ठा करना, पुंज बनाना, ढेरी बनाना; २ पिंड बनना, एकत्र होना। **agglomeration** सं० १ पुंज, ढेरी, राशि, पिंड, एकत्रीकरण, पुंजीकरण, पिंडीकरण; २. [मा० ३] जमाव*, मकुलन*, संकुल*; ३. [वि० ३] संगिंडन*। **agglomerative** वि० पुंजीभूतशील, संचयी, संचयकर्ता।

agglutinate (a gloo' tin āt) [L. *agglutinātr (af-, ad-*, to, *gluten -inis*, glue)] वि० संयुक्त, सम्लिष्ट, जुड़ा हुआ, चिपका हुआ। क्रि० स० और अ० १. संश्लेषण करना, संयोजन करना, संलग्न करना, जोड़ना, साँटना, चिपकाना. (गोंद या सरेस से) जुड़ना, चिप-कना; २. सम्लिष्ट भावों को व्यक्त करने के लिए सरल शब्दों को जोड़ना या उनका समस्त पद बनाना; ३ गोंद (सरेस) बनना या बनाना। **agglutination** सं० १. सम्लिष्टता, संयोजन, संलग्नता, जुड़ाई, चिपकाव; २ [मा० २] अभिश्लेषण*; ३. [आ० २] समुहन*; ४. [कृ०] ग्लूटिनेशन*। **agglutinative** वि० चिपचिपा, लसदार, लसलसा, चिपकाऊ, संश्लेषात्मक, संयोजनात्मक, सलग्नात्मक।

aggrandize (ag' grăn diz) [F. *agrandir* (leng-thened stem *-iss-*), to greaten (L. *ad-*, to, *grandis*)] क्रि० स० १. (शक्ति, संपत्ति या पद) वृद्धि करना, महत्त्व देना, बढ़ाना, फैलाना, बड़ा करना; २. बढ़ाकर कहना, ३ सजाना, चमकाना; ४. [मा०१] विवर्धन करना*। **aggrandizement** (a grăn' diz ment), सं० १. अभ्युदय, उत्कर्ष, उन्नति, उदय, तरक्की, वृद्धि, बढ़ती, बढ़ोत्तरी; २. अतिशयोक्ति; ३ साज, सजावट, ४. [मा०१] विवर्धन*।

aggravate (ăg' ra vāt) [L. *aggravātus*, p.p. of *aggravāre* (*ad-*, to, *gravāre*, to make heavy, *gravis*, heavy)] क्रि० स० १. प्रवृद्धि करना, वृद्धि करना, उपचय करना, बढ़ाना, अधिक भीषण करना, और विशाइता, संगीन बनाना, गंभीर बनाना* [मा० १ भी]; २ [बोल०] उत्तेजित करना, भड़काना, छेड़ना, उत्पादना, भार बढ़ाना। **aggravation** (ăg ra vā' shŭn) सं० १. वृद्धि, उपचय, बढ़ती, गुस्ता; २. संगीनी; ३. भड़काव, उत्तेजना; ४. प्रकोप, उद्दीपन; ५. [मा० १] प्रकोपन*।

aggregate (ăg' rē gāt) [L. *aggregātus*, p.p. of *aggregāre* (*ag-, ad-*, to, *grex gregis*, a flock)] सं० और वि० १. संग्रह, समूह, राशि, जोड़, जमा, कुल, सामूहिक, समुच्चित, समस्त, एकत्र, राशिकृत, इकट्ठा; २. (प्र०, मा० १) कुल*, समाहार*, पूर्णयोग*; ३. (आ०, इ० ३, कृ०, वि० १) समुच्चय*, पुंज*; ४. (इ० ३) मिलावा*, ५. (मा० २) सचाट*। **in like ~** सब कुछ मिलाकर, इकट्ठा। क्रि० स० और अ० संग्रह करना, राशि करना, संचित करना, एकत्र करना या होना, जमा करना या होना, जोड़ना या जुड़ना, संयुक्त करना या होना, एक जगह करना, इकट्ठा करना। **aggregation** सं० १. समष्टि, संग्रह, जमा, एकी-करण, राशिकरण; २. (कृ०, वि १) समुच्चय*, समुच्चयन*। **aggregative** वि० एकत्रित, राशिकृत, समुच्चित, जमा किया हुआ।

aggress (a gres') [F. *aggresser*, late L. *aggressāre*, freq. of *aggredior* (*ad-, gradior*, I walk)] क्रि० अ० अतिक्रमण करना, आक्रमण करना, चढ़ाई करना, हमला करना, उवदैन्दी करना, छेड़ना, लड़ाई शुरू करना। **aggression** (agresh' un) सं० (मा० १, २) आक्रमण*, अतिक्रमण, अग्रधर्षण, हमला, चढ़ाई, ज्यादती, उवदैन्दी। **aggressive** (a gres' iv) सं० और वि० आक्रमणशील, आक्रांता, प्रथमापकारी, लड़ाका, झगड़ालू, युद्धतत्पर, पहले चढ़ाई या आक्रमण करनेवाला, [मा० १, २] आक्रामक*। **aggressively** क्रि० वि० आक्रमण करते हुए, चोट करते हुए, झगड़ालू ढंग से। **aggressiveness** सं० युद्धतत्परता, आक्रमणशीलता, लड़ाकापन [मा० ३] आक्रा-मकता*। **aggressor** सं० आक्रमणकारी, आक्रामक, प्रथमा-पकारक, हमला करनेवाला, छेड़नेवाला, ज्यादती करनेवाला; [मा० १] अग्रधर्षी*, अग्रधर्षक*।

aggrieve (a grēv') [O.F. *agrever*, L. *ad-, gravāre*, to weigh down (*gravis*, heavy)] क्रि० स० दुःख देना, खिन्न करना कष्ट पहुँचाना, तंग करना, सताना, पीड़ित किया जाना।

aghast (a gast') [p.p. of obsolete v. AGAST, to frighten; A.-S. *gæstan*] वि० १. डरा हुआ, भयाभिभूत, भयभीत, संत्रस्त, आतंकित; २. आश्चर्यचकित, विस्मित, स्तब्ध, चकराया हुआ, भौचक्का, हक्का-बक्का, गुमसुम, सन्नाटे में।

agile (ăj' il, ăj' īl) [L. *agilis*, nimble (*agere*, to do)] वि० १. चंचल, चपल, फुर्तीला; २ चुस्त, तेज़, चालाक। **agility** सं० १. चंचलता, २. चपलता, चुस्ती, फुर्ती। **agilely** क्रि० वि० चंचलता से, फुर्ती से, चुस्ती से।

agio (ăj' i ō, ă' ji ō) [It. *ago*, ease] सं० मुद्रा-विनिमय पर दिया जानेवाला बट्टा, बट्टा, मुद्रा बदलवाई, विनिमय-व्यवसाय, सर्राफा।

agiotage (ăj' i ō tăj), सं० १. विनिमय-व्यवसाय, सर्राफ़ी; २ (हुंडियों और हिस्सों के क्रय-विक्रय में) सट्टा।

agist (ā jist') [O.F. *agister* (*à*, to, *giste*, *gîte*, to lodge)] क्रि० स० १ चराना, चराई पर ले जाना; २. खिलाना (पशु आदि को); ३. (भूमि या उसके स्वामी पर) कर लगाना, महसूल लगाना; ४ चराई लेना, चिराई लेना। **agistment** सं० चराई, चिराई।

agitate (ăj' i tāt) [L. *agitātus*, p.p. of *agitāre*, freq. of *agere*, to drive] क्रि० स० १. आंदोलन करना, हलचल करना,

हिलाना-डुलाना, विक्षुब्ध करना, भड़काना, उत्तेजित करना, उभारना, भबराना; २. तर्क-वितर्क या वाद-विवाद करना, बहस करना; ३. (वि०१) हिलाना*/ चलाना* / विलोडन करना*। **agitation** सं० १. आदोलन,संक्षोभ, प्रक्षोभ, हलचल* (मा० १ री), खलबली, बेचैनी, घबराहट, उत्तेजना, उद्वेग; २ वाद-विवाद, बहस, उधेड़-बुन; ३. (वि०१) प्रक्षोभन*/ विलोडन*; ४.(प्र०, मा०१) आन्दोलन*; ५. (मा०२) क्षोभ*। **agitator** सं० १. (मा० ३) आन्दोलन-कर्ता*, आन्दोलनकारी, भड़कानेवाला, उत्तेजित करनेवाला, उभारनेवाला, हलचल डालनेवाला; २. हिलाने, मिलाने या फेंटने का यंत्र, प्रक्षोभक; ३. (वि०१) विलोडक*।

agitato (ăj i tä' tō) [It.] क्रि० वि० (सगी०) विक्षुब्धता से, घबराहट से।

aglet-aiglet (ăg' lĕt, ăg' lĕt) [F. *aiguillette*, dim. of *aiguille*, needle (late L *acūcula* L. *acucula*, dim. of *acus*, needle)] सं० १.घुंडी या फुंदना; २. फीते में लगा धातु का सिरा; ३. बटों व सलमा-सितारे का काम; ४. सनोबर, बेल, आदि वृक्षों के लटकते कलिका-गुच्छ।

agley (a glā') क्रि० वि० तिरछी, पथभ्रष्ट निष्फल।

aglow (a glō') क्रि० वि० और वि० चमकता हुआ, प्रदीप्त, दीप्तिमान, अग्नित्व, चमकता हुआ, दमकता हुआ।

agnail (ăg' nāl) [A.-S. *angnegl* (*ang*, light. painful, *negl*, nail)], सं० नख की जड में उखड़ी खाल या चमड़ी, २ (पहले) अँगूठे या पैर का चट्टा।

agnate (ăg' nāt) [F. *agnat*, L. *agnātus* (*ad-*, *gnātus*, born, p.p. of (*g*) *nasci*, to be born)] सं० और वि० १. समोत्र, सपिंड, सपिण्ड्य, एक ही पूर्वज की सतति, एकवंशीय; २ सजातीय, सराष्ट्रीय; ३ (ला०) समस्वभावी; ४ (मा०३) पितृबंधु*। **agnatic** वि० समोत्र, सजातीय। **agnation** सं० समोत्रता, सजातीयता।

agnomen (ăg nō' men) [L. *ad-*, to, (*g*)*nōmen*, name] सं० १. कल्पित नाम, उपनाम; २. (रोम में) नाम के साथ जोड़ा गया अतिरिक्त नाम।

Agnostic (ag nos' tik) [Gr. *agnōstos*, ignorant of, unknown, unknowable (*a-*, not, *gno-*, know)] सं० और वि० अज्ञेयवादी, संशयवादी, अनीश्वरवादी। **Agnosticism** सं० (मा० २) अज्ञेयवाद*, संशयवाद, अनीश्वरवाद।

ago (a gō') [M.E. *agone*, p.p. of v. *ago*-(*a-*, forth, *go*)] वि० और क्रि० वि० १. व्यतीत, पूर्व, पहला; २. दीर्घकाल से, बहुत समय पूर्व। **long ~** बहुत काल हुए।

agog (a gog') [perhaps from O.F. *en gogues* (*gogue*, mirth, fun)]. क्रि० वि० और वि० १. चंचल, अस्थिर; २.आतुर, उत्सुक; ३. आवाहुए, उतावला।

agonic (a gon' ik) [Gr. *agōnios*, without an angle (*a-*, not, *gōnia*, angle)] वि० १. कोणरहित, निष्कोण; २. (वि० १) शून्य विक्षांती* । **~line** अकोणिक रेखा, अविनत रेखा।

agonistic (ăg ō nis' tik) [G. *agōnistikos* of or pertaining to *an agōnistēs*, competitor in the athletic games (*agōn*, a gathering or assembly, from *agein*, to lead)] वि० १. खेल-प्रतियोगिताओं से सम्बन्धित (विशे० प्राचीन यूनान में) २. (अलं०) विवादात्मक, विवादात्मक; ३. इन्द्रात्मक, उबर्दस्ती का; ४. प्रभावशील; ५. अनीश्वरवादी, निरीश्वरवादी। **agonistical** वि० १. खेल-प्रतियोगिताओं से संबद्ध; २. विवादात्मक; ३. इन्द्रात्मक। **agonistically** क्रि० वि० हठधर्मी से, विवाद से, इन्द्रात्मक ढंग से।

agonize (ăg' ō nīz) [L. *agonizare*] क्रि० स० और अ० १. व्यथा पहुँचाना, संतप्त करना, सताना, यातना देना, क्लेश सहना, तिलमिलाना, तकलीफ देना, तकलीफ सहना, कष्ट से बेचैन होना, तड़पना; २. अखाड़े में कुश्ती लड़ना, शक्ति आजमाना, मल्लयुद्ध करना। **agonizingly** १. क्रि० वि० (प्रभाव के लिए) अत्यधिक दुःख करते हुए; २. अत्यन्त दुःख से, पीड़ा से, तड़पते या तड़पाते हुए।

agony (ăg' o ni) [L. *agōnia*, from Gr. *agōnia*, contest (from *agōn*, see AGONISTIC)] सं० १. व्यथा, यातना, वेदना, मानसिक पीड़ा, संताप, क्लेश; २. हृदयोन्माद; ३. मृत्यु-पीड़ा, मरण-कष्ट; ४. अत्यधिक शारीरिक कष्ट; ५. संघर्ष, कोपत। **~column** समाचारपत्रों में किसी के खो जाने आदि के विज्ञापनों का स्तंभ।

agora (ăg' ŏr à) [Gr. *agora*] सं० (मा० १) अगोरा* (प्राचीन ग्रीस में सभा भवन अथवा मंडी)। **agoraphobia** सं० १. जनातंक, भीड़ का भय; २. खुली जगह का भय; ३. (मा० २) विकृत स्थान भीति* ४. (मा० ३) विवृति भीति*।

agrarian (a grā' i an) [L. *agrārius*, pertaining to land (*ager*, land)] वि० और सं० १. भूमि या कृषि-संबंधी, क्षेत्रिक; २. भू-संपदा-संबंधी, जागीर या जमींदारी-संबंधी; ३. भू-सुधारवादी; ४. (कृ०, प्र०, मा० १, वि० १) भूमि-संबंधी*। **~outrage** जमींदार-किसान का झगड़ा। **agrarianism** सं० भू-सुधारवाद; २. भूमि के पुनर्वितरण का आग्रह। **agrarianize** क्रि० स० और अ० १ भूमि-पुनर्वितरण करना; २. भूमि-सुधार करना।

anasarcous वि० जलोदर सम्बन्धी; जलधरयुक्त, शोथपूर्ण, देहशोथ।

anastatic (ăn ă stăt' ik) [Gr. *anastatos*, caused to stand up (*ana*, up, *sta-*, stand)] वि० उभरा हुआ, उठा-उठा। **~-printing** जस्ते की चादर पर उभरे हुए या उठे हुए अक्षरों की छपाई, एक प्रकार की छपाई।

anastigmatic वि० वैषम्यहीन, अनबिन्दुक (फोटोग्राफी के लेन्स के लिए विशे० प्रयुक्त जिनमें ये वैषम्य सुधारे जाते हैं)। **anastigmat** सं० १. निबिन्दु शीशा, इस प्रकार से सुधारा हुआ वीक्ष शीशा; २. (वि० १) अनबिन्दुक*।

anastomose (ă năs' to mōz) [F. *anastomoser*, v. from mod. L. *anastomōsis*, from *anastomoein*, to provide with a mouth (*stoma*)] क्रि० स० १ सम्मिलन होना, अनमिलन होना; २. नसों या धमनियों का मुँह मिलाना, या परस्पर मिलकर जाल-सा बनाना; ३. (वि० १) शाखा-मिलन होना*। **anastomosis** सं० (बहु व०~oses) १. (धमनियों, शाखाओं या नदियों आदि का) सम्मिलन* (आ० भी), जाल, अन्तर्मिलन. मिश्कर जाल-सा बन जाना, नस-जाल; २. (वि० १) शाखा-मिलन*।

anathema (ă năth' ĕ ma) [L., an excommunicated person, from Gr. *anathema* (*ana*, up, *tithēmi*, to put)] सं० १. शापित वस्तु, अभिशापग्रस्त वस्तु, अभिशप्त वस्तु, कोसी हुई चीज़; २. ईश्वर का अभिशाप; ३. चर्च के द्वारा किसी व्यक्ति या सिद्धान्त के बहिष्कार का फतवा या शाप; ४. जाति-बहिष्कार; ५. अभिशाप, आकोस, शाप; ६. गाली, फटकार, धिक्कार, लानत।

anathematize (ă năth' ĕ ma tīz) क्रि० स० और अ० १. सरापना, शाप देना, अभिशप्त करना; २. फटकारना, धिक्कारना, लानत-मलामत करना।

anatomy (ă năt' ŏ mi) [F. *anatomie*, L. *anatomia*, Gr. *anatomia*, abstract n. (*anatomē*, cutting up, from *temnein*, to cut)] सं० १. (आ०) शरीर-रचना-विज्ञान* ; २. शल्य-विज्ञान, चीर-फाड़ का विज्ञान; ३. चीर-फाड़, शल्यक्रिया; ४. शरीर-गठन, शरीर-रचना; ५. विश्लेषण; ६. व्यवच्छेदन; ७. (प्रच०) शरीर, पंजर, ढाँचा; ८. ठठरी, जर्जर ममी; ९. बहुत दुर्बल व्यक्ति या पशु, जिसके केवल हड्डियाँ रह गई हों; १०. (आ०, वि० १) शारीर*। **anatomical** वि० १. शरीर-विज्ञान विषयक, शरीर-शास्त्र

सम्बन्धी; २. शरीर-रचना-विषयक; ३. शल्यशास्त्र-विषयक, चीर-फाड़-सम्बन्धी; ४. (आ०) शरीर-रचना सम्बन्धी*/शारीरी*/शारीरिक*। **anatomically** क्रि० वि० १. शरीर-विज्ञान की दृष्टि से; २. शरीर-रचना की दृष्टि से। **anatomist** सं० १. शरीर-विज्ञानविद्, शरीर-विज्ञानवेत्ता; २. शरीर-रचना-शास्त्री, शल्यशास्त्री, शरीर की चीर-फाड़ करनेवाला; ३. (ला०) विश्लेषक, विश्लेषणकर्ता। **anatomize** (ə nŏt' mīz) क्रि० स० और अ० १. शल्यक्रिया करना; २. (ला०) विश्लेषण करना, व्यवच्छेदन करना, चीरना, फाड़ना, चीर-फाड़ करना।

anatta (ə nät' ə) [? native Am.] सं० एक प्रकार का नारंगी रंग जिससे पनीर रँगते हैं।

anbury, ambury (ăn'-, ăm' bĕr i) [? A.-S. *ang-*, pain (cp. AGNAIL), BERRY] सं० १. गिल्टी, गुमरा (जो घोड़ों और बैलों के निकल आती है); २. गाँठ; ३. शलग्म तथा उसी प्रकार के पौधों का एक रोग।

-ance [F -*ance*, L *antia* and *entia*] प्रत्य०, प्रत्यय, जो गुणवाचक या क्रियावाचक संज्ञाओं के बनाने में प्रयुक्त होता है (जैसे assistance, furtherance, temperance आदि)।

ancestor (ăn' sĕs tor) [O.F. *ancestre*, L. *antecessor*, one who goes before (*ante*, before, *cēdere*, go)] सं० १. (मा० १, वि० १, विधि) पूर्वज*, पुरखा*, पितर, पूर्वपुरुष, कुलपुरुष, बाप दादा, दादा-नाना। **ancestress** सं० पुरखिन, पूर्वजा, दादी-नानी। **ancestral** (ăn ses' tral) वि० १. पैतृक, पुरखौती से चली आती हुई, खानदानी, पुश्तैनी, मौरूसी, बाप-दादा का, बपौती, आनुवंशिक; २. पूर्वज-विषयक; ३. पूर्वपुरुष सम्बन्धी; ४. (आ०) पूर्वज*। **ancestry** (ăn' sĕs tri) [O.F. *ancesserie*] सं० १ वंशावली, पितरावली, शजरा, पितृ-परम्परा; २. पुरत, पीढ़ी; ३ घराना, खानदान, वंश, कुल; ४. पुराना घराना, पुराना खानदान; ५. (मा० १) वंशक्रम*, कुल-परम्परा*; ६. (वि० १) पूर्वज-परम्परा*।

anchithere (ăng' ki thēr) [Gr. *anki*, near, *thērion*, a wild beast] सं० टट्टू के बराबर का एक अश्मीभूत या प्रस्तरित (फॉसिल) पशु जिसे घोड़े का पुरखा माना जाता है।

anchor (ăng' kor) [A.-S. *ancor*, L. *anuora*, Gr. *agkūra*, an anchor] सं० १. लंगर* (इ० २ भी) (जहाज़ का), नांगर, लंगल; २. (ला०) सहारा, भरोसा, आसरा; ३. (इ० २) स्थिरक*। क्रि० स० १. जहाज़ का लंगर डालकर खड़ा करना, ठहराना; २. (ला०) जकड़ना, कसना, दृढ़तर बनाना; ३. स्थिर करना। क्रि० अ० लंगर गिराना, रुकना, ठहरना। **at** ~ ठहरा हुआ, स्थिर, जिसका लंगर डाला गया हो। **come to (an)** ~ लंगर डालना, लंगर गिराना। **kedge** ~ छोटा लंगर। **sheet** ~ बड़ा लंगर। **weigh** ~ लंगर उठाना। ~**plate** लंगरी चादर, लकड़ी या धातु का भारी टुकड़ा जिस पर लटकन पुलों के तार थमे हुए होते हैं। ~**stroke** एक प्रकार की तोप। ~**watch** उस समय का पहरा जब जहाज़ लंगर डाले रहता है। ~**bower** मँझोला लंगर। ~**cast** लंगर डालना, लंगर गिराकर जहाज़ रोकना।

anchorage (ăng' kor aj) सं० १.लंगर डालना, लंगरवानी; २. लंगर पर रुकना या ठहरना; ३. जकड़; ४. (इ० ३) स्थिरक*, स्थिरण*। ~-**ground** १.लंगर-स्थान, बन्दरगाह, पत्तन, पोतबन्धन-स्थान; २. (ला०) सहारे की वस्तु, भरोसा, आसरा; ३. (कु०, वि० १) लंगरगाह*। ~-**dues** १. लंगरवानी का कर या चुंगी, जहाज़-ठहराई, पोत-भाड़ा, लंगर का महसूल; २. (प्र०) लंगर-शुल्क*।

anchoret (ăng' kŏ ret), **anchorite** (ăng' kŏ rīt) [F. *anachorète*, L. *anachōrēta*, Gr. *anakhōrētēs* (*ana-*, *khōreein*, to withdraw. retire)] सं० यति, साधु, संन्यासी, योगी, वैरागी, जोगी, उदासी, एकान्तवासी, वनवासी, एकान्तप्रिय व्यक्ति। **anchoretic** वि० १. संन्यासी संबंधी, साधु-विषयक, वैरागी का; २. वैराग्यपूर्ण, विरक्तिपूर्ण। **anchoress** (ăng' kŏ res), **ancress** (ăng' kres) [M. E. *ancre*, *anker* (L. *anachōrēta*), -ess] सं० संन्यासिनी, तपस्विनी, वैरागिन, जोगिन।

anchovy (ăn chŏ' vi, ăn' chŏ vi) [Sp. *anchova*, perhaps Basque *anchua*, a dried fish] सं० एंकोवी (मछली), हेरिंग जाति की छोटी मछली। ~**paste**, ~**sauce** एंकोवी की बनी चाशनी और चटनी। ~**pear** पश्चिमी द्वीपसमूह का एक फल जो आम की भाँति खाया जाता है। ~**toast** एंकोवी लगा हुआ टोस्ट।

anchusa सं० रेषेदार तनेवाले एक प्रकार के पौधे।

anchylose (ăng' ki lōz) [Gr. *ankulōsis*, stiffening of joints, from *ankuloin*, to crook (*ankulos*, crooked)] क्रि० स० और अ० १. (संधियों और अस्थियों के लिए) कड़ा करना; २. मिलाना, जोड़ना; ३. कड़ा होना, जुड़ना, मिलना। **anchylosis** (ăng ki lō' sis) सं० संधि-काठिन्य, जोड़ों का कड़ा पड़ जाना।

ancient[1] (ān' chent) [O.F. *ancien*, late L. *antiānus*, old (*ante*, before), -AN, assim. to -ENT] वि० और सं० १. (प्र०, मा० १) प्राचीन*, पुरातन, प्राक्तन (विशे० पश्चिमी रोमन साम्राज्य के पतन के पूर्व का); २. बहुत दिनों का, दीर्घ-कालीन, मुद्दत का, पुराना; ३. बूढ़ा। ~**lights** १. ऐसी खिड़की जिससे पड़ोसी इमारत द्वारा प्रकाश से वंचित न कर सके। **the** ~**of Days** ईश्वर, आदिपुरुष। **the ancients** प्राचीन काल की सभ्य जातियाँ। **anciently** क्रि० वि० प्राचीन काल में, पूर्व समय से। **ancientness** सं० प्राचीनता, पुरातापन। **ancientry** सं० १. प्राचीनता, पुरातापन, पुरातनता; २. पुराना ढंग, प्राचीन शैली, पुरानी चाल, पुराना दस्तूर।

ancient[2] (ān' chent) [corr. of ENSIGN] सं० १. ध्वज, झंडा; २. झंडाधारी।

ancillary (ăn sil' ar i) [L. *ancillāris* (*ancilla*, a maid)] वि० १ मातहत, अधीन, सहायक* (वि० १ भी), उपसाधन, पूरक, गौण, (मा० १) अनुषंगी*, आनुषंगिक* (प्र० भी)।

ancle दे० ANKLE।

ancon (ăng' kŏn) [L., from Gr. *agkōn*, a bend] सं० १. (श० क्रि०) कुहनी; २. (वास्तु०) कमाचा, दीवार की कुहनी जिस पर कार्निस का सहारा होता है। ~**sheep** लम्बे शरीर और छोटी टाँगोंवाली भेड़ की एक जाति जिसके आगे के दो पैर मुड़े होते हैं।

and (ănd) [A.-S. *and*, *ond*, *end*, cp. O.H.G. *anti* (cognate with L. *ante*, before, Gr. *anti*, against); A.-S. *and-*, over against, as in *andswarian*, answer; *and*, and if was often shortened to *an*] संयो० और, एवं, तथा, व, विशेष प्रयोग **and/or** और/या, एक या दोनों जैसे राम और मोहन अर्थात् या तो दोनों, या दोनों में से कोई एक। **four** ~ **twenty** चौबीस। **miles** ~ **miles** मीलों। **mind** ~ **bring** याद करके लाओ। **nice** ~ **thin** कलात्मक रूप से सूक्ष्म, नज़ाकत के साथ बारीक। **try** ~ **come** आने की कोशिश करो, कोशिश करके आओ। **there are books** ~ **books** पुस्तकें अनेक प्रकार की (अच्छी और बुरी) हैं। **two** ~ **two** दो-दो करके।

stir ~you are a dead man हिले कि मारे गए। **two~ten pence** दो पौंड दस पेंस।

andalusian सं० और वि० अंडालूसी, (स्पेन के एक प्रान्त) अंडालूसिया का निवासी। **~wool** अंडालूसी ऊन, एक बढ़िया मुलायम क़िस्म का ऊन। **~fowl** अंडालूसी पक्षी, नीलापन लिये हुए चरेलू (पालतू) मुर्गी।

Anderson shelter (ăn' dĕr son) [Sir J. Anderson, Home Secretary (1939-40)] सं० विमान के आक्रमण से बचने के लिए पनालीदार फ़ौलाद का बना हुआ आश्रय-स्थल जो एक जगह से दूसरी जगह हटाया जा सके या मोड़ कर रखा जा सके।

andiron (ănd' ī ĕrn) [O. F. *andier*] सं० अगिन-टेक, अंगीठी के लोहे के सींकचे जिन पर लकड़ी रुकती है।

androecium(ăn dresh' i ŭm) [Gr. *aner*, a man, *oikion*, a house] सं० १ (वन०) पुंकेसर, पुंकोष, नरदान, किसी फूल के पुंकेसर-समूह का नाम; २. (कृ०, वि० १) पुमस*।

androgynous (ăn droj' in ŭs) वि० उभयलिंगी, नर-मादा, द्विलिंगी। **androgyny** सं० उभयलिंगता, द्विलिंगता, (वन०) उभय-कोषधारी (फूल, पौधा), (ऐसा पौधा) जिसके एक ही फूल पर पुष्प-केसर और गर्भ-केसर दोनों हों; २. (वि० १) पुजनक*।

ane(yin, ăn) [Scot.] सं०, वि० और दर्ब एक, कोई।

-ane [L. *-anus*, cp.-AN; also formed to range with -ENE, -INE, and -ONE in chamical termmology for hydrocarbons] प्रत्य० १. -AN का एक दूसरा रूप, जो कभी उससे भिन्न अर्थ भी देता है (जैसे germane, humane, mundane); २. (रसा०) हाइड्रोकार्बन के भिन्न प्रकारों का नामकरण करने में -NE, -INE, -ONE का प्रयोग किया गया है।

anecdote (ăn' ĕk dōt) [med. Lat. *anecdota*, Gr. *anekdota*, things unpublished (*an-*, not, *ekdotos*, published, from *ek-*, out, *didōmi*, I give;] सं० कथा, आख्यायिका, उपकथा, उपाख्यान* (भा० १ भी), चुटकुला, क़िस्सा, ऐसी लघुकथा जो मूल बात या आख्यान से सुसंबद्ध न हो। **anecdota** इतिहास के अप्रकाशित विवरण, अप्रकाशित ऐतिहासिक बातें। **anecdotage** (ăn' ĕk dō tăj) [-AGE] सं० १. लघु-कथाएँ, कहानियाँ, क़िस्से, आख्यायिकाएँ, उपाख्यानमाला, कथाचक्र; २. (विनोद के अर्थ में) बुढ़ापक्षा, जिसमें आदमी बेकार बकवास करता है। **anecdotal, anecdotical** वि० उपकथा सम्बन्धी, उपाख्यान-विषयक। **anecdotist** सं० (उपर्युक्त प्रकार के) चुटकुले या उपाख्यान कहने, लिखने या बनानेवाला।

anele (ă nēl') [*anelien*, A.-S. *on-*, on, *elein*, to oil (*ele*, L. *oleum*, oil)] क्रि० स० १. (अप्र०) मालिश करना, अनुलेप करना, तेल मलना, २ (कैथोलिक ईसाइयों में) मरनेवाले के सिर पर पवित्र तेल मलना या लगाना।

anemograph (ă nem' ō grăf) [Gr. *anemos*, wind] सं० १. वायुवेगविन्दर्शक यंत्र, पवनवेगालेखक (यंत्र), पवनयंत्र, हवा की गति और दिशा की कागज़ पर अंकित करनेवाला यंत्र, २. (वि० २) पवनलेखी*। **anemographic** वि० पवनयंत्रीय, पवनवेगालेखक सम्बन्धी।

anemometer (ăn ĕ mom' ĕ tĕr) [Gr. *anemos*, wind] सं० (कृ०, वि० १) एनीमोमीटर*, पवनवेगमापी*, वायुवेगमापी, (वि० १) पवनमापी*, पवन-वेगमापक, हवा की गति को मापने वाला यंत्र। **anemometeric** वि० पवन-वेगमापन संबंधी। **anemometry** सं० १. पवन वेग-मापन, हवा का वेग नापना; २. वायुदाबमापी यंत्र, एक यंत्र जिससे किसी सुषिर या अन्य बाजों में हवा का दाब नापा जाता है।

anemone (ă nem' ō ni) [Gr. *anemōnē*, wind-flower (*anemos*, wind)] सं० १. वायुपुष्प, गुलहवा, पौधों का एक प्रकार; २. (वि० १) आनेमोनि*। **sea-~** बहुत से समुद्री फूल-पौधों का प्रचलित नाम।

anemophilous (ăn ĕ mof' i lŭs) [*anemos*, wind, *philos*, loving] वि० १. पवन-जात, वायु-जात, वायुपरागित* (वि० १ भी), (वह फूल) जिसमें परागकेसर हवा से उड़कर पहुँचता है।

anent (ă nent') [A.-S. *on-efen* (*on*, in, *efen*, even, equal), even with, on a level with] (अप्र०, स्काट०) सम्बन्ध में, विषयक, बारे में, बाबत।

-aneous [L. *-aneus*] प्रत्य० विशेषण बनाने के लिए प्रयोग में आनेवाला प्रत्यय।

aneroid (ăn' ĕr oid) [F. *anéroïde* (Gr. *a-*, priv., *nēros*, wet, *-oid*)] वि० और सं० १. (~barometer) एक निर्द्रव वायुदाबमापक, वह वायुदाबमापक (बैरोमीटर) जो हवा का दाब किसी द्रव पदार्थ से नहीं, बल्कि एक वायुविहीन संदूक़ के लचीले ढक्कन के ऊपर अपनी क्रिया से बतलाता है; २. (वि० १) निर्द्रव*।

aneurysm, aneurism (ăn' ū rizm) [Gr. *aneurisma*, a widening (*an, ana*, up, *eurunein*, to widen, from *eurus*, wide)] सं० १. धमनी-अर्बुद, धमनी का खतरनाक अरवस्थ फैलाव, असाधारण स्फीति, असामान्य फैलाव; २. (आ०) ऐन्यूरिज्म*। **aneurysmal, aneurismal** वि० १. धमनी अर्बुद विषयक, धमनी स्फीति सम्बन्धी; २. (आ०) ऐन्यूरिज्मी*।

anew (ă nū') क्रि० वि० १. पुनः, फिर से, दोबारा, दोहराकर, दूसरी तरह से, भिन्न प्रकार से; २. नए ढंग से, अभिनव शैली से।

anfractuosity (ăn frăk tū os' i ti) [F. *anfractuosité*] सं० १ गहनता, कुटिलता, जटिलता, (शा० और ला०) उलझन, चक्कर, फेर, पेचीदगी; २. (प्रायः बहु व०) चक्करदार रास्ता, पेचदार रास्ता।

angary (ăng ga ri), **angaria** (ăng găr' i a) [Gr. *angaria*, duty of a mounted courier] सं० युद्ध-संकटाधिकार* (भा० १ भी), युद्ध सम्बन्धी आवश्यकता, किसी युद्धरत राष्ट्र द्वारा किसी तटस्थ राष्ट्र की सम्पत्ति छीनने या उसको नष्ट करने का अधिकार।

angel (ān' jĕl) [A.-S. *ærgel*, *engel*, L. *angelos*, Gr. *angelos*, a messenger; soft *g* due to O.F *angele*] सं० १. देवदूत*, फ़रिश्ता* (भा० ३ भी), स्वर्गीय दूत, २. परी, अप्सरा, हूर; ३. सुन्दर या सुकुमार अबोध मनुष्य, प्रेम-व्यापार में सहायक, ४. ऐंजिल, एक सोने का पुराना अंग्रेज़ी सिक्का, जिसका मूल्य छ शिलिंग आठ पेंस और दस शिलिंग के बीच में होता था और जिस पर मिरेल का (एक सर्पराज को मारते हुए) चित्र होता था, इस सिक्के का पूरा नाम ~noble है। **~-fish** ऐंजिल मछली, एक प्रकार की शार्क मछली। **angels on horse-back** समुद्र के गोदन के टुकड़े से ढँके हुए घोंघे की रकाबी। **~ of death** मृत्युदूत, यमराज। **visits like those of angels** बहुत कम आना-जाना। **entertain an~ unawares** ऐसे की सेवा करना जो एक महत्त्वपूर्ण व्यक्ति सिद्ध हो।

angelic (ăn jel' ik), **angelical** वि० १. देवदूत-विषयक, स्वर्गदूत सम्बन्धी; २. देवदूत-सदृश, दिव्य; ३. दिव्य या अलौकिक गुणोंवाला।

~Doctor टामस एकुनास (Thomas Aquinas)। **angelical** वि० स्वर्गीय दूत सम्बन्धी, देवदूत के गुणवाला, दिव्य। **angelically** क्रि० वि० देवदूत की भाँति, स्वर्गीय दूत के रूप में। **angelolatry** (ān jĕl' ol' ă tri) सं० देवदूत-पूजन, स्वर्गदूत-पूजन, फ़रिश्ता-परस्ती। **angelology** सं०, १. देवदूत-सिद्धान्त, देवदूतवाद; २. (मा० †) देवदूत-शास्त्र*।

angelica (ăn jĕl' ik ă) [med. L. *herba angelica*] सं० अंजलीक, एक सुगंधित पौधा जिसका प्रयोग भोजन और औषधि आदि बनाने में होता है। **candied ~root** अंजलीक-पात्र, अंजलीक पौधे की जड़ से बनाया गया मुरब्बा या मिठाई।

angelus (ăn' jĕ lŭs) [First word of opening, *Angelus domini*] सं० देवदूत-पूजा, अवतार-पूजा, ईसामसीह के अवतार के उपलक्ष्य में की जानेवाली पूजा या दुआ, जो रोमन कैथोलिक पादरियों के द्वारा घंटी बजाकर प्रात:, मध्याह्न और सूर्यास्त के समय की जाती है।

anger (ăng' gĕr) [Icel. *angr*, grief, sorrow] सं० क्रोध* (मा० २ भी), अमर्ष, रोष, कोप, गुस्सा, नाराज़ी, रिस। क्रि० स० गर्म होना, रुष्ट होना, कुपित होना, लाल होना। क्रि० स० क्रुद्ध करना, रोष दिलाना, कुपित करना, गुस्सा दिलाना।

angevin वि० १. अंजू की, अंजू (Anjou) का; २. जैफरे द्वारा स्थापित राजवंश का; ३. हेनरी द्वितीय से रिचार्ड तृतीय तक इंग्लैंड के सम्राटों में से किसी का। ४. जैफरे द्वारा स्थापित अंजू के राजवंश का सदस्य, इंग्लैंड का कोई सम्राट् (हेनरी द्वितीय से रिचार्ड तृतीय तक)।

angina (ăn. jī' nă, ăn' ji nă) [L. *angina* (*angere*, to strangle)] सं० १. कंठ-प्रदाह, कंठरोध, गलअत; २. तालुग्रंथि-प्रदाह; ३. प्रदाह; ४. (ला०) एंजाइना*, हृद्शूल*, मुलपाक* गलांत*। **~pectoris** [L. *pectoris* of or in the chest] हृद्घोट, हृत्पीड़ाका कुंचन, हृत्शूल, छाती या सीने का दर्द या सूजन जो हृदय के अस्वस्थ होने पर अधिक काम करने से उत्पन्न होती है।

angio- [Gr. *angeion*, a vessel (dim. of *angos*, a chest)] समास में (मध्यनया) वीर्यवाहिनी और रक्तवाहक नाड़ियों।

angle[1] (ăng' gĕl) [A.-S. *angel*, *angul*, fish-hook (cp. L. *uncus*, hook, Gr. *ankōn*, a bend)] सं० काँटा, कँटिया (जिससे मछली पकड़ी जाती है)। क्रि० स० बंसी लगाना, काँटे से मछली पकड़ना, काँटा डालना, चारा डालकर फँसाना (शा० और ला०)। **angler** सं० १. मछुवा, बंसीबाज़, बंसी से मछली पकड़नेवाला; २. (प्राणि०) एंगलर, जालदार मछली, शिकारी मछली (जिसे एक ब्रिटिश शिकारी मछली जो अपने सिर और मुँह के रेशों से छोटी मछलियों को आकृष्ट करके उनका शिकार करती है)।

angle[2] (ăng' gĕl) [O.F. *angle*, L. *angulum*, from same root as prec.] सं० १. कोण* (आ०, वि० १ भी), वह स्थान जो दो मिलनेवाली रेखाओं या धरातलों के बीच में हो (जैसे ज्यामिति आदि में), २. कोना, गोशा; ३. तीक्ष्ण प्रलंबता; ४. (ला०) दृष्टिकोण। **acute~** न्यूनकोण। **obtuse~** अधिककोण। **right~** समकोण। **~iron** ढेंचे को मज़बूत बनाने के लिए L आकार का लोहे का टुकड़ा। **~wise** कोणरूपेण, कोण-जैसा। **angled** वि० कोणयुक्त, कोणवाला, कोण की तरह मुड़ा हुआ, कोनेदार।

Angle[3] (ăng' gĕl) [L. *anglus*, A.-S. *engle*, the people of *Angul*, district of Holstein, so-called from its shape (see ANGLE[1]] सं० (बहु व०) ऐंगिल, प्राचीन जर्मन जाति की एक शाखा, जो नॉर्थम्बरिया, मर्सिया और पूर्व अंगलिया (इंग्लैंड) में बस गई थी।

Anglican (ăng' gli kăn) [med. L. *Anglicānus*, from *Anglicus* (*Anglus*, ANGLE[3])] वि० और सं० अंगलीकी, आंग्लिक, इंग्लैंड के नए सुधारवादी चर्च का अनुयायी (विशेष हाई चर्च के नियमों का)। **~Chant** छंदरहित शब्दों के गाने के लिए दो या दो से अधिक ऐसे वाक्यांशों का संक्षिप्त समवेत-मधुर स्वर, जिनमें से प्रत्येक, गीत के सुर से आरम्भ होता हो (जैसे स्तोत्र, तो शमन (Solomon) का बनाया हुआ गीत)। **Anglicanism** सं० इंग्लैंड के चर्च के प्रति भक्ति, आंग्लिकवाद।

Anglicism (ăng' gli sizm) [L. *Anglicus*, English] सं० १. अंग्रेज़ी मुहावरा, अंग्रेज़ी भाषा के विशिष्ट प्रयोग; २. आंग्लवाद, अंग्रेज़ी राजनीतिक सिद्धान्त, इंग्लैंड के राजनीति. सिद्धान्त। **Anglicize** (ăng' gli sīz) क्रि० स० रूप या चरित्र में अंग्रेज़ बनाना, अंग्रेज़ी रहन-सहन करना, बनाना, अंग्रेज़ियत में ढालना।

Anglo-[L. *Anglus*] (समास में) १. इंग्लैंड का, इंगलिस्तानी, अंग्रेज़ी; २. अंग्रेज़- (जैसे anglo-Catholic), अंग्रेज़ जाति का (जैसे Anglo-American)। **~-Catholic** वि० और सं० ऐंग्लो कैथोलिक, इंग्लैंड का कैथोलिक धर्मानुयायी, सनातनधर्मी अंग्रेज़। **~-Indian** सं० १. ऐंग्लो-इंडियन; २. यूरोपीय और भारतीय माता-पिता से उत्पन्न वर्णसंकर संतति; ३. भारत में रहनेवाला (या जो बहुत समय तक रह चुका हो) अंग्रेज़। **~mania** (ăng glō mā ni ă) सं० अंग्रेज़-परस्ती, अंग्रेज़ियत-परस्ती, अंग्रेज़ी रीति-रिवाज़ों या रहन-सहन की अत्यधिक प्रशंसा। **~phil** सं० अंग्रेज़ियत-परस्त, इंग्लैंड, अंग्रेज़ या अंग्रेज़ी तौर-तरीक़ों का प्रशंसक या हिमायती। **~phobe** सं० अंग्रेज़ियत-विरोधी, इंग्लैंड, अंग्रेज़ या अंग्रेज़ी तौर-तरीक़ों के प्रति अत्यधिक घृणा, भय या शत्रुता रखनेवाला। **~phobia** सं० अंग्रेज़ियत-विरोध, इंग्लैंड, अंग्रेज़ या अंग्रेज़ी तौर-तरीक़ों के प्रति अत्यधिक भय, घृणा या शत्रुता का भाव। **~-Saxon** सं० १. ऐंग्लो-सैक्सन, सैक्सन जाति जो इंग्लैंड में आ बसी थी और यूरोप महाद्वीप के सैक्सनों से भिन्न हो गई थी २. नार्मन-विजय के पूर्व की पुरानी अंग्रेज़ी भाषा तथा उसे बोलनेवाले लोग, पुरानी अंग्रेज़ी (भाषा), प्राचीन कालीन अंग्रेज़। वि० अंग्रेज़ जाति का। **~-Saxondom** सं० ऐंग्लो-सैक्सन दश या देश। **~-Saxonism** सं० १. ऐंग्लो-सैक्सनीयता, ऐंग्लो-सैक्सनवाद; २. ऐंग्लो-सैक्सन जाति के दावों में विश्वास।

angola (ăng gō' la), **angora** (ăng gō' ră) [*Angora* (a town in Asia Minor), L. *Angyra*, Gr. *Ankyra*] सं० १. अंगोरा, अंगोरा की बकरियों के ऊन से बना कपड़ा। **~cat** विलायती बिल्ली, बिल्ली की एक जाति जिसके बाल लम्बे होते हैं।

angostura (ăng gos tū' ră), **angustura** (ăng gŭs tū' ră) [*Angustura*, a town on the Orinoco (now called Ciudad Bolivar)] सं० अंगोस्तुरा छाल, एक प्रकार की छाल जो ज्वरनाशक और बलवर्द्धक औषधि के रूप में काम आती है।

angry (ăng' grī) वि० १. क्रुद्ध, रुष्ट, कुपित, सरोष, ख़फ़ा, गुस्सा, नाराज़; २. चिढ़ जानेवाला, कोपी, गुस्सैल; ३. तुनुकमिज़ाज; ४. प्रज्वलित, भड़का हुआ; ५. कष्टप्रद, पीड़ादायक, दुःखद। **angrily** क्रि० वि० कोपपूर्वक, गुस्से से, झुंझलाकर, बिगड़कर, भड़कते हुए, आवेश से।

Angstrom unit (Eng. pron. ăng' strŭm ū' nit) [A. J. Angstrom (1814-74)] सं० १. अंगस्ट्राम इकाई, सेन्टीमीटर

का दस-करोड़वाँ भाग जो अल्प प्रवाह धुरी (शार्टवेव लेन्स) को प्रकट करने में प्रयुक्त होता है (संक्षे० A. U.); २. (वि० १) ऐंस्ट्रम मात्रक*।

anguine (ăng' gwin) [L. *anguinus (anguis)*] वि० साँप-सा, सर्प-सदृश, साँप की तरह।

anguish (ăng' gwish) [O. F. *anguisse, angoisse*, the sense of choking, L. *angustia*, tightness, narrowness (*angustus*, narrow; *angere*, to suffe, choke)] सं० १. दाहण दुःख, पीड़ा, परिताप, अतिशय शारीरिक या मानसिक पीड़ा, व्यथा, कष्ट, वेदना, चिन्ता, बेहद दर्द; २. (मा० २) परिवेदना*/ संताप*।

angular (ăng' gū lar) [L. *angulāris (anguius*, ANGLE २)] वि० १. कोणयुक्त २. कोनेदार, तीक्ष्ण कोने-वाला; ३. कोण में या कोण पर स्थित; ४. कोण द्वारा नापा हुआ (जैसे ~ divergence); ५. पतला-दुबला, दुबला, क्षीण, कृश, अस्थूल; ६. अक्खड़, कड़ा कठोर, मृदुलताहीन, लोच-रहित; ७. (आ०, वि० १.) कोणीय*, कोणिक*, **angularity** सं० १. कोणयुक्तता; २. कोनेदार होना; ३. दुबलापन, अस्थूलता, कृशता; ४. कठोरता, अक्खड़पन। **angularly** क्रि० वि० १ कोण-युक्तता से; २. कोनेदार होने से; ३. कृशतापूर्वक; ४ कठोरता से। **angulate** वि० कोण या कोना से बना हुआ, कोणयुक्त, कोनेदार। क्रि० स० कोनेदार बनाना। **angulation** सं० कोनेदार बनाना, कोणीयकरण।

angusti- (समास में) सकीर्ण, तंग (जैसे ~foliate तंग पत्तोंवाला, rostrate सकीर्ण चंचु)।

anhydrous (ăn hī' drŭs) [Gr. *anúdros (an-*, not, *hudor*, water)] वि० १. (आ०) अजल*, २. (इ० ३, कृ०, वि० १) निर्जल*, अनार्द्र*, बिना पानी का*।

aniconic वि० (यूनानी३ रा०) जीवेतर, जो मनुष्य या पशु के आकार को न हो (मूर्ति या प्रतीक)।

anicut, ana- सं० १. (एग्लो-इंडियन) सिंचाई के लिए दक्षिणी भारत में बना हुआ नदी का बाँध; २. (इ० १, कृ०, वि० १) ऐनिकट*।

aniga (a nī') [NIGH; formed in imitation of *adown, afar*, etc.] क्रि० वि० और पूर्व० निकट, पास, समीप, करीब, नजदीक।

anil (ăn' il) [F., from Sp. *anil*, Arab. *an-nīl* (*al-*, the *nil*, from Sansk. *nīli*, indigo, from *nīla*, blue)] सं० १. नील* (पौधा और रंग); २ (वि० २) ऐनिल*।

anile (ăn' īl) [L. *anilis* (*anus*, an old woman)] वि० बूढ़ा-सदृश, बुढ़िया जैसी; २. मरियल, निर्बल, अशक्त, क्षीण। **aniility** (a nil' i ty) [L. *antilitas*] सं० बुढ़ापन, जिसमें बचपन की प्रवृत्ति जग जाती है, बचपना-भरा बुढ़ापा, सठियापा।

aniline (ăn' i lin) [ANIL] सं० १. नीलील, नीली (विभिन्न रंगों का रासायनिक आधार, जो मूलतः नील से प्राप्त होता है, किन्तु अब तारकोल से लिया जाता है); २. (आ०, वि० १) ऐनिलीन*।

animadvert (ăn i mădvĕrt') [L. *animadvertere* (*animus*, the mind; *ad-*, to *vertere*, to turn)] क्रि० अ० १. आलोचना करना, गुण-दोष-विचार करना; २. निन्दा या तिरस्कार करना, लानत-मलामत करना, भर्त्सना करना, परीक्षा करना, चर्चा करना। **animadversion** (ăn i mad vĕr' shun) सं० १. आलोचना, टीका-टिप्पणी, दोष-विवेचन; २. निन्दा, तिरस्कार; ३. दोषारोपण, भर्त्सना, उपालंभ; ४. परीक्षण, चर्चा।

animal (ăn' i mal) [L., n. from neut. a *animāle*, having breath (*anima*, breath)] सं० १. जीव, जीवधारी, जानदार; २. पशु* (आ० भी०), जानवर, ढोर, डंगर, हैवान, चौपाया, चतुष्पद; ३. पशु सदृश या बर्बर मनुष्य, जंगली आदमी; ४. (आ०, वि० १) प्राणी*, जंतु*; ५. (विधि) जीव-जन्तु*। वि० १. पाशविक, हैवानी; २. जीवधारियों या जानदारों से संबंधित (वनस्पति को तुलना में) शारीरिक, दैहिक; ३. ऐन्द्रिक, इन्द्रिय संबंधी; ४. विषयों। **~magnetism** १. पाशव चुम्बकत्व; २. मेस्मरिज्म के सिद्धान्त के लिए मेस्मर को दिया हुआ नाम। **~spirits** कल्लोल, मन की लहर, खुशदिली। **animally** क्रि० वि० पाशविकता से, पाशविक ढंग से, बर्बरता से, कामुकता से; पशु या जीवधारियों के रूप में। **animalism** सं० १. पशुता, पशुत्व, पशु-धर्म, हैवानियत, पाशविकता; २. कामुकता, वासना; ३. ऐंद्रियता; ४. पशुवाद, मनुष्य को मात्र पशु मानने का सिद्धान्त। **animality** सं० १. पशु-प्रकृति; २. पाशविक स्वभाव, पशुवृत्ति, पशुता; ३. जन्तु-जगत्, पशु-संसार। **animalize** क्रि० स० १. पशु बनाना, पाशविक बनाना, पाशविक वृत्तियों को जगाना; २. वासनामय बनाना, विषयासक्त करना। **animalization** सं० पशुकरण, पशु या जानवर बनाना।

animalcule (ăn i măl' kūl) [L. *animalculum*, dim. of *animal*, the L. form with pl. **animalcula** is still used, esp. in scientific works] १. कीटाणु, अणुजीव, कीरी, क्षुद्र कीट, छोटे कीड़े (जो सूक्ष्मदर्शक यंत्र से देख जा सकते हैं); २. (आ०, वि० १) जंतुक*। **animalculism** सं० १. कीटाणुवाद, अणुकांटों के कारण शारीरिक घटनाओं के हान का सिद्धान्त। **animalculist** सं० कीटाणुवादी, उक्त सिद्धान्त मे विश्वास रखनवाला।

animate (ăn' i mat) [L. *animātus*, p.p. of *animāre*, to give life to, -ATE] क्रि० स० १. प्राण फूंकना, जीवन देना, प्राण डालना, जिलाना; २. चेतन बनाना, सजीव बनाना; ३. स्फूर्तिमय कर देना, अनुप्राणित करना (जैसे animated discussion गरमा-गरम बहस); ४. उत्साहित करना, उत्तेजित करना, ५. उत्फुल्ल करना, ६. आश्वस्त करना, ७ उभारना, उकसाना, जोश दिलाना; ८. हिम्मत बाँधना, ढाढ़स देना। वि० १. जीवित, जीवधारी; २. जीवन्त, जानदार, निन्दा, स्फूर्त, जीता-जागता; ३. प्राणवान; ४. चुस्त, उत्साहपूर्ण, प्रोत्साहित, पुरजोश, आश्वस्त; ५. फ्रफुल्ल; ६. सजीव, चेतन। **animatedly** क्रि० वि० उत्साहपूर्वक, दिलदिलासे, गरमा-गरमी से। **animatoin** सं० १. जान, सजीवता, चेतनता, जीवन्तता, जोश; २. गरमा-गरमी। **animator** सं० १. प्राण फूकनेवाला, सजीव बनानेवाला; २. उत्साहवर्धक, उकसानेवाला; ३. व्यंग्य-चित्रकार, कार्टून बनानेवाला।

animism (ăn' im izm) [L. *anima*] १. सर्वात्मवाद, जीवात्मवाद, आत्मवाद, यह सिद्धान्त कि प्राणियों का उत्पत्ति एक अभौतिक आत्मा के द्वारा हुई है; २. सर्वचेतनवाद, सभी निर्जीव वस्तुओं और प्राकृतिक पदार्थों का चेतन आत्मा के द्वारा स्फूर्ति-दान; ३. आध्यात्मिकता, अध्यात्मवाद (भौतिकवाद के विलोमस्वरूप) ४. (मा०१) जड़ात्मवाद*; ५. (मा०२, ३) जीववाद*। **animist** सं० १. जीवात्मवादी, आत्मवादी; २. अध्यात्मवादी। **animistic** वि० आध्यात्मिक, अध्यात्मवाद-विषयक, अध्यात्मवाद से संबंधित।

animosity (ăn i mos' i ti) [F. *animosité*, L. *animositātem* (*animōsus*, spirited, see foll.)] सं० द्वेष, विरोध, घोर शत्रुता, दुश्मनी, बैर, मात्सर्य, अदावत, कीना, लाग।

animus (ăn' i mŭs) [L. mind, spirit, passion] सं० १. ज्ञान, प्राण; २. शत्रुता; ३. जीवनी शक्ति, उद्देश; ४. शत्रुता, विद्वेष, बैर, दुश्मनी; ५. (मा० २) एनिमस*।

anion (ăn' i on) [Gr. *ana*, up, *ion*, going] सं० १ एनायन, धन-आयन; २. (ई० २, क्रु०, वि० १) ऋणायन*।

anise (ăn' is) [F., from L. *anīsum*, Gr. *anison*, *anēthon*, anise, or dill] सं० १. सौंफ वृक्ष, सौंफ का पौधा; २. (आ०) अनीसी*; ३ (क्रु०) सौंफ*। **aniseed** सं० शतपुष्पी, सौंफ* (क्रु० भी) (बीज)। **anisette** (ăn i zet') [F., dim. of *anis*] सं० सौंफी शराब, शराब जिसमें सौंफ की सुगंध मिलाई गई हो, सौंफ की सुगंध से बसी हुई शराब।

aniso- [Gr. *anisos*, unequal, uneven (*an-*, not, *isos*, equal)] (समास में) विषम, असमान, असम, अनमिल, अ-, अन।

anker (ăng' kĕr) [Dut.] सं० १. ऐंकर, ८½ गैलन का माप; २. हालैंड, उत्तरी जर्मनी, डेनमार्क, स्वीडन, रूस (और पहले इंग्लैंड में भी) में शराब और स्प्रिट का माप; ३. पीपा जिसमें ऐंकर भर शराब या स्प्रिट समाती है।

ankh (Angk) [Egypt., life or soul] सं० (मिस्र में प्राचीन काल में) अँख* (मा० १ भो), चाभी की शक्ल का क्रास जो दीर्घ-जीवन और गतिवर्द्धक शक्ति का प्रतीक माना जाता था।

ankle, ancle (ăng' kel) [A.S. *ancléow*. perhaps from Dut. *anklaauw* (cp. *klaauw*, claw); mod. *ankle* may be from O F. *ris. ankel*. Dut. *enkel* (cp. L. *ang-*, bend, crook, root of *angulus*)] सं० १. घुटिका, घुटटी, गुल्फ संधि, काब; २ टखना, टखने और पिंडली के बीच का भाग। **anklet** सं० १. नूपुर*, पायल* (मा० १ भ), पायजेब, मजीर, गुल्फ, भूषण, २. घुटने के लिए पट्टी या पट्टा।

anna (ăn' ā) [Hind. *ana*], सं० आना रुपये का सोलहवाँ भाग।

annals (ăn' alz) [L. *annāles*, annual (*annus*, year)] सं० बहु व०) १. वार्षिकी, वार्षिक वृत्तान्त, वर्ष-क्रमानुसार घटनाओं का विवरण; २. इतिवृत्त, इतिहास, ऐतिहासिक लेखसंग्रह; ३. ऐतिहासिक अभिलेख; ४. (मा० १) आख्यान*/ ख्यात* (राजस्थान)।

annalist सं० (मा० १) आख्यान-लेखक*, आख्यानक*, वार्षिक वृत्तान्त-लेखक, इतिवृत्त-लेखक, वर्णक्रमानुसार इतिहास-लेखक।

annalistic वि० वार्षिक वृत्तान्त संबंधी, वार्षिक वृत्तान्त जैसा।

annates (ăn' āts) [F. *annate*. med. L. *annāta*, fruits of a year. *annus*, year)] सं० (बहु व०) १. (रोमन कैथोलिक) ऐप्रेट्स, पहला मालियाना, पहला नजराना, पोप को दी जानेवाली प्रथम वार्षिक भेट; २. नए पादरी की प्रथम वर्ष की आय जो (रोम में) पोप को भेज दी जाती है।

anneal (ă nēl') [A.S. *onælan* (*alan*, to burn), whence M.E. *anelen*. later confused with O F. *neeler*, to enamal, late L. *nigellāre*, to blacken (*nigellus*, dim. of *niger*, black)] क्रि० स० (धा० और ला०) (कड़ा करने के लिए धीरे-धीरे) आँच कम करना, तपाना, पानी देना, ताव देना, धीमी-धीमी आँच से कड़ा करना, शीशे, धातु या मिट्टी के बर्तन को धीमी-धीमी आँच देकर पकाना; २. (ई० ३, वि० १) अनील करना*, तापानुशीतन*।

annectent (a nek' tĕnt) [L. *annectens*, to knit or bind to] वि० संयोजक, जोड़नेवाला।

Annelida (à nel' i dà) [mod. L., F. *annelés*, ringed, O. F. *annel*, ring, L. *anellus*, dim. of *anulus*, ring] सं०, बहु व० (वि० १) एनेलिडा*, कुंडल कीड़े*, वृत्ताकारी कीड़े, उनका परिवार या समूह। **annelid** सं० एनेलिड, कुंडल कीड़ा, वृत्ताकारी कीड़ा। **annelidan** वि० एनेलिड या कुंडल कीड़ों का।

annex (à neks') [F. *annexer*, L. *annexum*, p.p. of *annectere* (*ad-*, to, *nectere*, to bind)] क्रि० स० १. संयुक्त करना, संलग्न करना, मिलाना, शामिल करना (अधीनस्थ भाग की भाँति); २. समाबेश करना. (पुस्तक आदि में) परिशिष्ट जोड़ना, सम्मिलित करना, लगाना; ३. (किसी प्रदेश आदि को) हस्तगत करना, अधिकार में लेना, हड़पना, कब्जा कर लेना, राज्य में मिला लेना; ४. (गुण, वृद्धि या निष्कर्ष के रूप में) मिलाना, बढ़ाना; ५. (प्र०, मा० १) अनुबद्ध करना*/ जोडना*/ नत्थी करना*/ शामिल करना*।

annexable वि० मिलाने योग्य, संयोजनीय, सम्मिलित करने योग्य, हस्तगत करने योग्य, शामिल करने योग्य, वश मे करने योग्य।

annexation सं० १. संयोजन; २. संयुक्तता; ३. नत्थी; ४. परिशिष्ट, अनुबंधन; ५. मेल, लगाव; ६. राज्य हड़प लेना; ७. अनुबद्ध करना; ८. (मा० १) अधिनहन*/ मिला लेना*। **annex** (ăn' eks) सं० १. परिशिष्ट, नत्थी, किसी प्रलेख का पूरक अंश; २. उपभवन, पूरक-भवन, मुख्य भवन के साथ लगी हुई इमारत।

annihilate (à ni' hil āt) [L. *annihilātus*, p.p. of *annihilāre* (*ad-*, to, *nihil*, nothing)] क्रि० स० नाश करना, नष्ट करना, उन्मूलन करना, समूच्छेद करना, मिट्टी में मिलाना, सत्यानाश करना, नेस्त-नाबूद करना, मटियामेट करना, तहस-नहस करना।

annihilation सं० १. सत्यानाश, उन्मूलन, सर्वनाश, ध्वंस, विनाश, समूच्छेदन; २. (धर्म) आत्मा और देह का विनाश; ३. प्रलय, महाप्रलय; ४. (वि० २) विलोपन*। **annihilationism** सं० शून्यवाद, प्रलयवाद, ध्वंसवाद, यह विश्वास कि कुछ महापापों का परिणाम महाप्रलय या ससार का महाध्वंस है। **annihilationist** सं० शून्यवादी, प्रलयवादी, ध्वंसवादी, उपर्युक्त मत का विश्ववासी। **annihilator** सं० १. नष्ट करनेवाला, मिटा देनेवाला, समूच्छेदक, नाशक, ध्वंसक, उन्मूलनकर्ता; २. (वि १) शून्यकारी*।

anniversary (ăn i vĕr' sà ri) [L. *anniversārius* (*annus*, year, *versus*, p.p. of *vertere*, to turn)] सं० वार्षिकी, वार्षिक दिवस, सावत्सरिक. जयंती, वार्षिकोत्सव, वर्षगाँठ-समारोह, वर्षी, वर्षगाँठ, बरसी।

Anno Domini (ăn' ō dom' in ī) [L.] १ भगवान् ईसा के वर्ष में, ईसा के जन्म के बाद, ईसवी सन् मे (प्रायः A. D.); २. (बोल०) बढती हुई अवस्था, ढलती उम्र, बुढापा।

annotate (ăn' ō tāt) [L. *annotātus*, p.p. of *annotāre*, (*ad-*, to, *notāre*, to mark)] क्रि० स० और अ० टीका लिखना, भाष्य लिखना, व्याख्या करना, अर्थ लिखना, टिप्पणी करना (पुस्तक या लेखक आदि पर)। **annotation** सं० १ टीका, व्याख्या, टिप्पणी, भाष्य, कुंजी; २. (मा० १) अभिटिप्पण*। **annotator** सं० टीकाकार, व्याख्याकार, टिप्पणी-लेखक, भाष्यकार, अर्थकर्ता।

announce (à nouns') [O F. *anoncer*, L. *annuntiāre*] क्रि० स० १. घोषित करना, घोषणा करना, ढिंढोरा पीटना, मुनादी करना; २. (किसी के पहुँचने आदि का) समाचार देना, सूचना देना, संदेश देना, खबर देना, अवगत कराना, ३. अनुभूति देना, महसूस कराना (बिना कहे); ४. (प्र०) आख्यापन*, ऐलान करना*। **announcer** सं० घोषणा करनेवाला, घोषक, समाचार सुनानेवाला, २. (प्र०) आख्यापक*; ३. (प्र०) वाचक*।

announcement सं० १. घोषणा; २. समाचार, संदेश, सूचना, विज्ञप्ति, विज्ञापन; ३. मुनादी; ४. (भा० १) आख्यापन*/ऐलान*।

annoy (ə noi') [O. F. *anoier, anuier*, to **molest**, annoy, from *anoi anui*. annoyance vexation, L. *in odio* in hatred] सं० (भा० का०) १. क्षुब्धता, झंझलाहट, खीझ, चिढ़, २. बाधा; ३. पीड़ा। क्रि० स० १. क्रुद्ध करना, उद्विग्न करना, चिढ़ाना, झंझलाहट उत्पन्न करना, छेड़छाड़ करना, छेड़ना; २. सताना, दिक् करना, हैरान करना, तंग करना, परेशान करना, क्लेश या दुःख देना; ३. बाधा पहुँचाना; ४. (विधि) क्षुब्ध करना*। **annoyance** सं० १. खीझ, झंझलाहट* (भा० २ भी); २. पीड़ा, तकलीफ़; ३. छेड़-छाड़, बाधा; ४. परेशानी, हैरानी; ५. अनिच्छा, घृणा, अरुचि; ६. (भा० २) अवक्लेशन*; ७. (विधि) क्षोभ*।

annual (án' ū əl) [F. *annuel* late L. *annuālis* (L. *annālis*, years, from *annus*, year)] वि० और सं० १. वार्षिक* (कृ०, वि० १ भी), आब्दिक, एक बरसी, सांवत्सरिक, प्रतिवार्षिक; २. एक वार्षिक, इकसाला, सालाना, एक वर्ष तक रहनेवाला. प्रतिवर्ष होनेवाला, साल के साल आनेवाला; ३. (पौधा) एकवर्षीय, केवल एक साल तक रहनेवाला; ४. (पुस्तक आदि) वार्षिकी, वार्षिक पत्रिका; ६. अब्दकोष। **annually** प्रतिवर्ष, हर साल, सालाना।

annuity (ə nū i ti) [F. *annuité*, med. L. *annuitātum* (*annuus*, yearly)] सं० १. वार्षिक वृत्ति, वार्षिक वेतन या वृत्ति; २. वार्षिक अनुदान, सालाना धन, इस प्रकार धन लगाना जिसमें (मूल) धन लगानेवाले को प्रतिवर्ष एक निश्चित रकम मिले; ३. (प्र०, मा० १, विधि) वार्षिकी*; ४. (वि० १) वार्षिक भुक्ति*। **deferred**~ विलम्बित वार्षिक वृत्ति, जो एक निश्चित समय के बाद मिले। **an immediate**~ तात्कालिक वार्षिक वृत्ति, धन लगाने के बाद जो तुरन्त मिलने लगे। **life**~ आजीवन वार्षिक वृत्ति, सालाना। **perpetual**~ स्थायी वार्षिक वृत्ति। **reversionary**~ उत्तराधिकार की वार्षिक वृत्ति, ऐसी वार्षिक वृत्ति जिसके बारे में कोई शर्त की गई हो। **terminable**~ समाप्य वार्षिक वृत्ति जो मूलधन लगानेवाले की मृत्यु के एक निश्चित समय के बाद मूल के बेबाक हो जाने पर बंद हो। **annuitant** सं० वार्षिकी भोगी वार्षिक वेतन या वृत्ति पानेवाला, बरसोड़ी पानेवाला।

annul (ə nŭl') [O.F. *anuller*, late L. *annullāre* (*ad-*, to *nullus*, none)] क्रि० स० १. नष्ट कर देना, उन्मूलन करना, ध्वंस करना; २. हटा देना, मिटा देना, उखाड़ देना, उठा देना; ३. खंडन करना; ४. अवैध घोषित करना; ५. मंसूख करना; ६ (प्र०, विधि) बातिल करना*, ७. (प्र०) रद्द करना*। **annulment** १. उन्मूलन; २. अवैधकर्ता, मन्सूखी।

annular (án' ū lar) [L. *annulārius* (*annulus*, ring dim. of *ānus*. a round shape)] वि० १. कुंडलाकार, चक्राकार, मंडलाकार, अँगूठी जैसा, २. (आ०) वलयी*, वर्तुलाकार*, ३. (ई० ३, वि० १) वलयाकार*/छल्लेदार*। **~eclipse** वलय-ग्रहण, कुंडल-ग्रहण, इस ग्रहण में प्रकाश-वृत्त दिखाई देता है। **~ligament** कुंडलाकार संधिबंधन, वे कुंडलाकार पुट्ठे जो कलाई और टखने के जोड़ पर होते हैं। **~space** कुंडलाकार अवस्थान, वह जगह जो सिलिंडर की बाहरी और भीतरी सतह के बीच होती है। **annularly** चक्राकार रूप से, कुंडलाकारतः।

annulate (án' ū lāt), **annulated** [L. *annulātus* (*annulus*, see prec.)] वि० १. चक्र-चिह्नित, छल्लेदार, जिसमें छल्ले हों या छल्ले की तरह निशान हों; २. छल्लों या कुंडलों से बना हुआ। **annulation** सं० छल्लेदार बनाना, कुंडलीकरण, चूड़ियाँ डालना। **annulet** (án' ū let) [-ET] सं० १. छल्ला, छोटी अँगूठी या मुँदरी; २. (वास्तु०) स्तंभ-चक्र, स्तंभ-कुंडल, खंभे को घेरनेवाला छोटा चक्र। **annuloid** (án' ū loid) वि० कुंडलाकार, वलयाकार, अँगूठी सदृश। **annulose** (án' ū lōs) वि० छल्लेदार, अँगूठीदार, चूड़ीदार।

annunciate (ə nŭn' si āt) [ANNOUNCE] क्रि० १. घोषित करना, मुनादी करना, ढिंढोरा पीटना, ऐलान करना, विख्यात करना; २. (किसी का आगमन या तैयारी) जताना, बताना, खबर देना; ३. किसी तर्क के प्रतिज्ञा भाग को स्पष्ट करके कहना, यह बताना कि हम अमुक बात को सिद्ध करना चाहते हैं। **annunciation** (ə nŭn si ā' shŭn) सं० १. घोषणा, सूचना, विज्ञप्ति, ऐलान, ढिंढोरा; २. ईसा के अवतार की सूचना या खुशखबरी जो कि देवदूत जिब्रील ने कुमारी मेरी को दी थी; ३. इस दिवस का उत्सव (Lady-day) २५ मार्च। **annunciator** सं० १. उद्घोषक, घोषणा करनेवाला, ऐलान करनेवाला, सूचक, सूचना देनेवाला; २. दिशा-सूचिका, सुई जो घंटी या टेलीफोन से बुलाए जाने की दिशा की ओर संकेत करती है।

anode (án' ōd) [Gr. *anodos*, a way up] सं० १. (विद्युत्) धनाग्र, धनोद, धनोड; २ (ई० २, वि० १) ऐनोड*।

anodyne (án' o din) [Late L. *anōdynus*, Gr. *anōdunos* (*an-*, not, *odunē*, pain) वि० और सं० १. (दवा) पीड़ाहर, कष्टहर, शूलहर, वेदना-निग्रह, दर्द दूर करनेवाली; २. (कोई चीज़) मस्तिष्क को शान्ति देनेवाली, शान्तिदायक; ३ (आ०, वि० ३) वेदनाहर*/एनोडाइन*/शूलशामक*/शूलहर*।

anoetic वि० १. (मनो०) अविचार चेतन, विचार-रहित या अकल्प चेतनायुक्त; २. (भा० २) निस्संज्ञान*। **anoesis** सं० विचार-रहित, कल्पाहीन चेतना, संज्ञानभूति।

anoint (ə noint') [O.F. *enoint*, anointed, p.p. of *enoindre* (L. *in-*, *unger*, to smear, p.p *unctus*,)] क्रि० स० १. मरहम लगाना; २. तेल लगाना, (तेल) मालिश करना; ३. चुपड़ना (विशे० धार्मिक उत्सवों में बपतिस्मा या राज्याभिषेक के समय), भिगोना; ४ रगड़ना, मलना; ५. अभिषेक करना, किसी पुरुष को राजा बनाने के लिए उसके सिर पर पवित्र जल या तेल मलना। **the Lord's Anointed** ईसामसीह, अभिषिक्त सम्राट्, दैवी अधिकार-प्राप्त सम्राट्।

anomaly (ə nom' a li) [L. *anōmalia*, Gr. *anōmalia*, unevenness. *anōmalos* (*an-*, not. *homalos*, even)] सं० १. (गति आदि की) विषमता, असंगतता, एक-सा या बराबर न होना, अनियम, अनरीति; २. अपसामान्य, अनियमितता, व्यभिचार, वैकायदगी; ३. (ग० ज्यो०) मंदकेन्द्र, ग्रह या उपग्रह के अन्तिम भाग या बिन्दु से कोणीय दूरी, कोणिकान्तर; ३. (आ०, प्र०, वि० १) असंगति*; ४. (कृ०) अपधर्म*/विसंगति*/नियम-विरोध*। **anomalistic** (a nom a lis' tik) [-IST, -IC] वि० (ग० ज्यो०) विधि-विरुद्ध, नियम-विरुद्ध, वैकायदा। **~year** मंदकेन्द्र वर्ष, पूर्व्वी के एक राशि से दूसरे राशि में जाने का समय। **~month** मंद केन्द्र मास, चन्द्रकक्ष के एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु तक चाँद के जाने का समय। **anomalous** (ə nom' a lŭs) वि० १. अनियमित, नियम-विरुद्ध; २. अवैध, नीति-विरुद्ध, विधि-विरुद्ध; ३. असामान्य, असंगत; ४. अप-चालित, अपसामान्य, वैकायदा; ५. (आ०, वि० १) असंगत*/विषम*; ६. (विधि) विलक्षण*/वंचक*; **anomalously** क्रि० वि० १. अनियमित रूप से, वैकायदा; २. अनोखेपन से; ३. असामान्य रूप से। **anomalousness** सं० १. अनियमितता,

नियम-विरुद्धता; २. अवैधता; ३. असामान्यता, विचित्रता ।

anomalure सं० विचित्र पुच्छ, अफ़्रीका की चित्रित पूँछवाली गिलहरी ।

anon (ə non') [A.-S. *on ān*, in one moment] क्रि० वि० १. तुरन्त, शीघ्र, झट से, अभी, फ़ौरन, जल्दी, चटकी बजाते, आनन-फ़ानन में (वैद्यय दिखाने में); २. अब फिर से, दोबारा। **ever and ~** क्रि० वि० ठहर-ठहर के, रह-रह के, अब-तब, कभी-कभी, जब-तब।

anonaceous (ăn ō nā' shŭs) [mod. L. *anŏna*, ANANAS] वि० अनन्नास का, अनन्नास से संबंधित।

anonymous (ə non' i mŭs) [Gr. *anōnumos* (*an-*, not, *onoma*, name)] वि० १. नाम-संज्ञाहीन, अविदित, अनिर्दिष्ट लेखक नाम, गुमनाम, बेनाम, अनामिक, अज्ञात नामा, जिसका नाम ज्ञात न हो; २. (पुस्तक इत्यादि) अज्ञात लेखक की, गुमनाम; ३. (आ०) अनामी*; ४. (विधि) अनाम* । **anonymously** क्रि० वि० गुमनाम तौर पर, नाम छिपाकर, अज्ञातनामा रूप से। **anonym** (ăn' o nim) [F. *anonyme*, Gr. *anōnumos*] सं०१ अनाम व्यक्ति, अज्ञातनामा, गुमनाम आदमी, नामरहित या गुप्त नाम मनुष्य; २ कल्पित नाम, उपनाम, छद्मनाम। **anonymity** सं० अनामिता, नाम का न देना, नाम को गुप्त रखना। **anonymousness** सं० अनामिकता, बेनामी, गुमनामी, अज्ञातनामा होना।

Anopheles (ə nof' e lēz) [Gr.] सं० १. मच्छर (विशे० मलेरिया के) की कुछ जातियाँ; २. (आ०, वि० १) एनो-फ़ेलीज़*।

anosmia (a noz' mi à) [mod. L., from Gr. *an-*, priv., *osmē*, smell] सं० १ घ्राणाभाव, सूँघने की शक्ति का नाश, गंध का ग्रहण न कर सकना; २. (आ०) अघ्राणता*; ३ (भा० २) गंधअग्राहिता*।

another (a nŭth' ēr) सर्व० और वि० १. अन्य, इतर, अपर, एक और, एक अन्य, दूसरा, दूसरा कोई, कोई दूसरा, कोई और, और कोई; २. (कानूनी कार्रवाई के लिए) एक दूसरा या अतिरिक्त (बिना नाम का व्यक्ति); ३. किसी का प्रतिरूप, नमना, दूसरा (जैसे ~solomon); ४. (क्रिकेट के ११ खिला-ड़ियों की सूची में लिखित) अज्ञातनामा खिलाड़ी, वह जिसका चुना जाना बाकी हो; ५. अन्य, कोई और; ६. विपरीत या मेल के अर्थ में (जैसे one man's meal is ~ man's poison) जो वस्तु एक के लिए गुणकारी है वही दूसरे किसी के लिए विष के समान हो सकती है। **such ~** ऐसा ही दूसरा, ऐसा ही एक और।

anourous (a nour' ŭs, à nūr' ŭs) [Gr. *an-*, not, *oura*, tail] वि० पुच्छहीन, बेदुम, जिसके पूँछ न हो।

anserine (ăn' sēr in) [L. *anserinus*, pertaining to a goose (*anser*)] वि० १. हंस का या हंस की भाँति, राजहंस-सा; २. मूर्ख, बुद्धू, नासमझ, बेवकूफ़, जड़, मुर्ख।

answer (an' sēr) [A.-S. *andswaru*, a reply (*and-*, against, *swar-*, stem of *swerian*, to swear)] सं० १. उत्तर* (वि० १ भी), जवाब; २. बचाव, रक्षा; ३. समाधान, हल; ४. बदला, प्रतिकार बदले में किया गया कोई काम। क्रि० स० और अ० उत्तर देना, प्रत्युत्तर करना, प्रतिवचन करना, जवाब देना। **~to the name of** हाज़िरी कहना। **~the door** १. दरवाज़े की कुंडी की खड़खड़ाहट का जवाब देना; २. दस्तक का जवाब देना; ३. (किसी अभियोग या आरोप का) खंडन करना, जवाब देना; ४. (किसी व्यक्ति या वस्तु के लिए) उत्तरदायी होना, जवाबदेह होना, ज़िम्मेदार होना; ५. अनुकूल होना, माफ़िक होना, उपयुक्त होना, मेल खाना, ठीक बैठना। **~my hopes** आशाओं के अनुकूल होना, मनोवांछित होना। **~your description** तुम्हारे वर्णन के अनुसार होना, तुम्हारे कहने के मुताबिक़ होना, पूरा उतरना (जैसे ~my purpose), काम देना, पूरा पड़ना, उपयुक्त होना, (जैसे will not ~काम न देगा) पूरा नहीं पड़ेगा, पूरा नहीं उतरेगा। **~back** (ग्राम्य) अपमानजनक शब्दों में उत्तर देना, अपशब्द कहना, बुरा-भला कहना, ढिठाई से पेश आना। **answerable** वि० १. (किसी व्यक्ति के प्रति या काम के लिए) उत्तरदायी, उत्तरदाता, प्रष्टव्य, परानुयोगाधीन, ज़िम्मेदार, जवाबदेह; २. (प्राचीन०) जोड़ का, जवाब का, अनुसार, मुताबिक़, अनुकूल; ३. (विधि) जवाबदार*।

ant (ănt) [A.-S. *æmette*, grad. contracted to *amte*, *ante*, *ant*] सं० १. पिपीलिका; २. चींटी* (कु०, वि० १ भी)। **~bear** चींटीख़ोर रीछ, पिपीलिकाभक्षी रीछ। **~eggs** चींटी के अंडे। **~catchers**, **~thrush** चींटीख़ोर, पिपीलिकाभक्षी (चिड़िया)। **~eater** चींटीख़ोर, पिपीलिकाभक्षी अनेक प्रकार के जानवर जो चींटियों पर जीवित रहते हैं। **~fly** परदार चींटी, पंखवाली चींटी, जिसे मछली पकड़ने के काँटे में लगाते हैं। **~hill** घेहूर, बिमौरा, बाँबी, दमकोरा, चींटी या दीमक के घर के ऊपर की मिट्टी का ढेर। **white ~** दीमक।

antacid (ănt ăs' id) वि० और सं० १. अम्लत्वनाशक*/अम्लाप-कर्षक* (कु० भी), खटाईमार, खट्टापन दूर करनेवाला (विशे० भेदे में); २. (आ०) प्रत्यम्ल*।

antagonist (ăn tăg' ō nist) [late L. *antagōnista*, Gr. *antagōnistēs*, an adversary, from *antagōnizesthai*, (*ant-*, *anti-*, against, *agōnizesthai*, to struggle)] सं० १. प्रतिरोधी, प्रतिपक्षी, विपक्षी; २. शत्रु, दुश्मन, बैरी; ३. प्रतिद्वन्द्वी; ४. (भौ०) विरोधी पुट्ठा, विरोधी मांसपेशी; ५. (आ०, कु०) विरोधी*। **antagonism** सं० १. सक्रिय विरोध; २. प्रति-द्वन्द्विता; ३. शत्रुता, बैर, दुश्मनी, लाग; ४ विरोधी सिद्धांत, प्रति-कूल या विपरीत मत, ५. (आ०, कु०, भा० ३, वि० १) विरोध*। **antagonistic** वि० १. विरोधपूर्ण, विपरीत, प्रतिकूल; २. प्रतिरोधी, प्रतिपक्षी, शत्रुता का; ३. (भा० ३, वि० १) विरोधी*। **antagonistically** क्रि० वि० विरोधी ढंग से, विरोधी के रूप में, दुश्मनी से, शत्रुतापूर्वक। **antagonize** (ăn tăg' ō nīz) क्रि० स० १. (किसी शक्ति आदि का) प्रभाव कम कर देना, प्रभाव समाप्त करना, विफल करना, रद्द करना, तोड़ देना; २. विरोध करना, प्रति-कार करना, मुख़ालिफ़त करना; ३. विरोधी बनाना, मुख़ालिफ़ बनाना; ४. बैरी बनाना, दुश्मन बनाना; ५. लड़ाना, डहुवाना, बैर डालना, एक को दूसरे के विरोध में खड़ा करना; ५. (दो के बीच) दुश्मनी पैदा करना, बैर मोल लेना, विरुद्ध कर लेना।

antalkali (ănt ăl' kà lī) सं० १. प्रतिक्षार, क्षारनाशक तत्त्व, खार-निवारक तत्त्व, ऐल्कोली का प्रभाव समाप्त करनेवाला पदार्थ। **antalkaline** वि० क्षारनाशक, खार-निवारक, प्रतिक्षारीय।

antaphrodisiac (ănt ăf rō diz' i ăk) वि० और सं० वासना-निरोधक, संभोग की इच्छा को रोकनेवाला, योनि-लालसा का बाधक।

Antarctic (ăn tark' tik) [M. E. *antartik*, O. F. *antartique*, L. *antarcticus* (ANT-, ARCTIC)] वि० १. दक्षिणी; २. दक्षिणी ध्रुव का; ३. (वि० १) ऐन्टार्कटिक*, दक्षिण ध्रुवीय*। **~circle**

७

दक्षिणी ध्रुव सम्बन्धी वृत्त, ६६° ३२′ दक्षिण की समानान्तर रेखा। ~Pole (पृथ्वी या आकाश का) दक्षिणी ध्रुव।

ante (ăn′ ti) [L., before] सं० एंटे, ताश के पोकर नामक खेल के खिलाड़ी द्वारा नए कार्ड निकालने से पहले रक्खा जानेवाला दाँव। क्रि० स० ताश के खेल में दाँव लगाना, बाजी लगाना।

antecedence (ăn tē sē′ dĕns) सं० १. (समय या नैमित्तिक सम्बन्ध में) प्राथमिकता, प्रधानता, पूर्ववर्तिता, पूर्वगामिता; २. (ग० ज्यो०) उल्टी चाल, विपरीत गति। **antecedent** वि० १. पूर्व, पूर्ववर्ती* (मा० २ भी), पूर्वगामी, पहला; २. कल्पित, मान्य, अनुमानित। सं० १. पूर्वगत वस्तु या परिस्थिति, पूर्ववृत्त* (मा० १ भी); २. (तर्क०) विधिमूलक वाक्य का भाग, पूर्वांग शर्त; ३. (व्या०) संज्ञा-उपवाक्य अथवा संज्ञा-वाक्य जिसकी ओर सर्वनाम या क्रियाविशेषण (विशे० संबंध-वाचक) का संकेत करे, पूर्वगामी (शब्द); ४. पूर्वपद* (मा० २ भी); ५. (मा० २) हेतुवाक्य*, अनुपात की प्रथम राशि, पहला अंक; ६ (बहु व०) पूर्वकथा, अतीत इतिहास, प्राचीन इतिहास, पिछला हाल (विशेषतः व्यक्ति का); ७. (भूगर्भ वि० १.) पूर्ववर्ती*। **antecedently** क्रि० वि० १. आगे, पूर्व रूप से, पहले से; २. अनुमानित रूप से, कल्पित रूप से।

antechamber (ăn′ tē chām bĕr) [F. *antichambre (anti-*, ANTE, *chambre*, CHAMBER)] सं० उपकक्ष, उपशाला, बाहरी दालान, ड्योढ़ी, कोठरी, वह छोटा कमरा जिसमें से होकर बड़े या प्रमुख कमरे में जाया जाय।

antechapel (ăn′ tē chăp′ ĕl) सं० गिरजे के पश्चिमी ओर का बाहरी भाग।

antedate (ăn′ tē dāt′) सं० १. वास्तविक तिथि के पूर्व की तिथि डालना (विशे० किसी दस्तावेज के सम्बन्ध में); २. (मा० १) पूर्वतिथिनिर्धारण*, पूर्वकाल-निर्धारण (तिथि या समय को पहले रखना या पहले का बताना)। क्रि० स० १. (प्रलेख या घटना आदि के सम्बन्ध में) पूर्व तिथि डालना, गततिथि डालना, वास्तविक तिथि से पूर्व की तिथि का मानना; २. (समय की दृष्टि से) पहले आना, पूर्वघटित होना; ३. पहले से अनुमान करना, पहले ही समझ बैठना, पूर्व कल्पना करना।

antediluvian (ăn tē dī loo′ vi ăn) [L. *diluvium*, flood] वि० और पं० १. जलप्रलय-पूर्व, जलप्लावन से पूर्व का; २. प्रलय के पूर्व के समय की ओर संकेत करता हुआ; ३. जलप्लावन या प्रलय के पूर्व के; समय के अनुकूल; ४ प्रलय पूर्व, ५. दकियानूसी, पुराने ढंग का (मनुष्य), पुरानी चाल का (मनुष्य), बाबा आदम के जमाने का, बहुत बूढ़ा व्यक्ति, अत्यन्त वृद्ध; ६. लू के तूफान से पहले की घटनाएँ; ७. (मा० १) प्राक्प्रलय*, ।

antelope (ăn′ tē lōp) [O. F. *antelop*, late L. *antalopus*, late Gr. *anthoḷops*] १. कृष्णसार मृग, कुरंग, हिरन की एक जाति विशेष; २. (वि० १) ऐन्टीलोप*, बारहसिंगा*।

antemundane (ăn tē mŭn′ dān) वि० सृष्टि-पूर्व, संसार की उत्पत्ति के पहले का या सृष्टि से पहले घटित होनेवाला।

antenatal (ăn tē nā′ tăl) वि० १ उत्पत्ति-पूर्व, जन्म से पूर्व का; २ (आ०) जन्म-पूर्व*।

antenna (ăn ten′ ă) [L., sail-yard] सं० (बहु व० ~ae) १. कीट-स्पर्शेन्द्रिय, कुछ कीड़ों के मुँह के आगे बहुत पतले बाल होते हैं, जिनके द्वारा वे टटोलते हैं, ये उनकी स्पर्शेन्द्रियाँ हैं; २. शृंगिका* (कृ० भी); ३. (वन०) रंग-बिरंगे फूलोंवाले पौधों के नर फूल के परागकेसर की प्रवृन्तना; ४. (बेनार०) एरियल, बेतार का रेफ, आकाशी विद्युत् ग्राहक; ५. (वि० १, भौ०) ऐन्टेना*; ६. (आ०) स्पर्श-शृंगिका*। **antennal, antennary** वि० १. स्पर्शेंतु सम्बन्धी; २. स्पर्शेन्द्रिय-विषयक, एरियल का। **antenniferous** वि० १. स्पर्शतंतुयुक्त; २. मुंछवाला, फनैदार। **antenniform** वि० मूँछ के प्रकार का, उपशृंग सदृश।

antenuptial (ăn tē nŭp′ shi ăl) वि० प्राग् वैवाहिक, विवाह-पूर्व, विवाह के पूर्व उत्पन्न या घटित होनेवाला।

antependium (ăn tē pen′ di ŭm) [late L. (*antependére*) to hang] सं० वेदिका-वरण, वेदी के आगे का पर्दा।

antepenult (ăn tē pēn ŭlt′), **antepenultimate** (ăn tē pen ŭl′ ti măt) [L. *antepenultimus* (L. *pæne*, almost, *ultimus*, latest, last)] वि० और सं० उपान्त्यपूर्व, अन्तिम दो से पूर्व (मूलतः एवं प्रायः अक्षरों (Syllables) के सम्बन्ध में)।

anteprandial (ăn tē prān′ di ăl) [L. *prandium*, dinner] वि० प्राग्भोज, भोज के पूर्व, सहभोज के पहले का (प्रचलन)।

anterior (ăn tēr′ i ər) [L. comp. of *ante*, before] वि० १. प्राक्तन, पूर्व, आवर्ती, ऊर्ध्व, अगला, सामने का, बहुत आगे का; २. पूर्ववर्ती, पूर्वकालिक; ३. (आ०, कृ०) अग्र*। **anteriority** सं० अग्रवर्तिता, पूर्वकालिकता। **anteriorly** क्रि० वि० आगे, पहले, पूर्वकाल में।

anteroom (ăn′ tē rum) सं० १. पूर्ववर्ती कक्ष, दालान, वह कमरा जिससे होकर दूसरे कमरे में जाया जाय; २. (सैन्य०) अफसरों के भोजनालय के साथ की बैठक।

anthelion (ăn thē′ li ŏn) सं० (बहु-व० ~lia) प्रकाश-चक्र, ज्योति-चक्र, बादल या कुहरे पर सूर्य के प्रकाश से बननेवाला प्रकाश-चक्र।

anthelmintic (ăn thĕl min′ tik) [Gr. *helmins-minthos*, a worm] वि० और सं० १. कीड़ामार (दवा), २. अँतड़ियों के कीड़ों का मारनेवाली (दवा); ३. (आ०) कृमिनाशक*, ४. (कृ०, वि० ३) कृमिहर*. ५. कृमिघ्न*; ६. (वि० ३) प्रतिहेल्मिंटिक*।

anthem (ăn′ them) [A.-S. *antefn*, late L. *antiphōna*, Gr. *antiphōna* (ANTIPHON)] सं० १. ईश्वर-स्तुति, स्तुति-गान, गीत, गान, तराना; २. गिरजाघर में दो मंडलियों द्वारा प्रश्न और उत्तर के रूप में बारी-बारी से गाए जानेवाला भजन; ३. छंदहीन रचना जो धर्मग्रंथ से ली जाती है और गाकर पढ़ी जाती है, गद्यमुक्त, गद्यगीत; ४. प्रसन्नता या प्रशंसा का गीत, स्तोत्र, स्तुति-रूप भजन, गान।

anther (ăn′ thēr) [M.F. *anthere*, L. *anthēra*, medicine made of flowers, Gr *anthēra*, fem. a , flowery (*anthos*, a bud)] सं० १. (वन०) पराग-कोश, एथर* (कृ०, वि० १ भी), परागपिटक, परागसहित पुंकेसर। ~-dust पराग, पराग-कोश की धूल, परागकेशर। ~-valve परागटोपिका, परागकेशर की टोपी जिससे निकल कर परागकेशर बिखरता है। **antheral** वि० परागकेशर सम्बन्धी। **antheriferous** वि० परागयुक्त। **antheroid** वि० परागवत्, पराग-सदृश।

anthology (ăn thŏl′ o ji) [Gr. *anthologia*, a gathering of flowers (*anthos*, flower, *legein*, to collect)] सं० १. काव्य-संग्रह, काव्य-माला, काव्यांजलि, काव्य-कुसुमावली, चुनी हुई छोटी-छोटी कविताओं (विशेषतः मुक्तक आदि) का संग्रह, मुक्ति-संग्रह; २. साहित्यिक संकलन; ३. गद्य-चयन, गद्यावली; ४.

पद्यावली, पद्य-संग्रह। **anthologist** सं० संग्रहकर्ता, संकलन-कर्ता, संग्रहकार, काव्य-संग्राहक।

Anthony (ăn' thō ni) [St. *Anthony*, the patron saint of swineherds] सं० १. संत एंथोनी (ईसाई धर्म के विश्वास के अनुसार) सूअर के चरवाहों या पालकों का संरक्षक; २. झोल में सबसे छोटा छौना (सूअर का बच्चा)। **St. Anthony's fire** विसर्प, अग्निविसर्प, एक चर्मरोग जिसमें त्वचा खूब लाल हो जाती है।

anthracene (ănth' rā sēn) [Gr. *anthrax*, coal] सं० १. (वि० १) एंथ्रासीन*; २. अंगारिन, कोलतार के लावण में प्राप्त मिश्रित हाइड्रोकार्बन; ३. मिश्रित मजीठ का मूल तत्त्व।

anthracite (ăn' thra sīt) [L. *anthracites*, Gr. *anthrakitēs*, resembling coals (*anthrax*, coal, carbon)] सं० १. (वि० १) एंथ्रासाइट*; २. अंगारोश्म, झुर्रे कोयला, एक प्रकार का कोयला जिसमें पत्थर का अंश अधिक और राल का अंश प्रायः नहीं के बराबर होता है। **anthracitic** वि० उक्त कोयले का सा, झुर्रे कोयले के सा। **anthracitous** वि० अंगाराश्मयुक्त, उक्त कोयले से युक्त।

anthrax (ăn' thrăks) [L. from Gr., a carbuncle, also coal] सं० १ गिलटी रोग, सांघातिक फोड़ा, दूषित फोड़ा; २. भेड़ों अथवा मवेशियों का ज्वर, फुंसी-फोड़े का सक्रामक रोग जो पशुओं से मनुष्यों में आ जाता है; ३. (आ०, कृ०, वि० १) ऐन्थ्रक्स*/गिल्टी रोग*।

anthropo- [Gr. *anthrōpos*, a man] (समास में) मनुष्य से संबद्ध, मनुष्य का।

anthropocentric (ăn thrō pō sen' trik) वि० नरकेन्द्रित, मानव-केन्द्रित, मनुष्य में केन्द्रित।

anthropogeny (ăn thro poj' e ni) सं० मानव-उत्पत्ति-शास्त्र, मानव-उत्पत्ति की विद्या।

anthropography (ăn thrō pog' ra fi) सं० मानव जाति के भौगोलिक वितरण का विज्ञान, नृ-भूगोल।

anthropoid (ăn' thro poid) सं० और वि० १. मनुष्य-सदृश (जैसे बन्दर, लंगूर), मनुष्य-जैसा, मानव के आकार का, आदमीनुमा; २. मानवाकृतिक जीव। **~ape** वनमानुष, मनुष्य-सा बिना पूँछ का बन्दर।

anthropolite, anthropolith (ăn throp' ō līt lith), सं० फॉसिल मानव, प्रस्तरीभूत मानव।

anthropology (ăn thro pol' o ji) सं० १, मानव-शास्त्र, मानव-जातिशास्त्र, नृविज्ञान, नृतत्त्व; २. मानव-शरीर-विज्ञान और मानव-मनोविज्ञान, ३. (आ०, वि० १) मानव-विज्ञान*। **anthropological** वि० मानव-विज्ञान संबंधी, मनुष्य-शास्त्र-विषयक। **anthropologically** क्रि० वि० मानव-विज्ञान के रूप में, नृतत्त्व की दृष्टि से। **anthropologist** सं० १. मानव-विज्ञान-वेत्ता, नृतत्त्वशास्त्री, नृविज्ञानविद्; २. (प्र०, वि० १) मानव-विज्ञानी*।

anthropometry (ăn thrō' pom' e tri) सं० १. मानव-शरीर-माप; २. मानवमिति, शरीर को नापना।

anthropomorphous (ăn thro po mōr' fūs) [Gr. *anthrōpomorphos* (*anthrōpos*, man, *morphē*, form)] वि० मानवाकारी, मानवरूपी, मनुष्य की आकृति का। **anthropomorphise** (ăn thrō' pō mōr fīz) [-IZE] क्रि० स० (ईश्वर आदि में) मानवीय आकार या व्यक्तित्व को आरोपित करना, मानवीकरण करना। **anthropomorphism** सं० सगुणवाद, अवतारवाद। **anthropomorphist** सगुणवादी, अवतारवादी। **anthropomorphic** वि० १. सगुणवादी, अवतारवादी, ईश्वर आदि में मानव-प्रकृति का धारणा से संबद्ध; २. (आ० १) मानवाकृतीय*।

anthropophagous (ăn thrō pof' a gŭs) वि० मानव-भक्षी, आदमखोर। **anthropophagy** सं० मानव-भक्षण, आदमखोरी।

anti-[Gr.] उप० १. विपरीत, विरुद्ध, प्रतिकूल, प्रतिरोधी* (आ० भी), २. विनिमय में, बदले में; ३. विरोध में, प्रतिकूल, इसका प्रयोग विरोध की अभिव्यक्ति करनेवाले शब्द बनाने के लिए उपसर्ग के रूप में होता है (जैसे ~king, ~national, ~slavery)। **~aircraft** वि० वायुयान-विध्वंसी, वायुयान को नष्ट करनेवाली मशीन। **~aircraftgun** विमान-विध्वंसी तोप, विमान-भेदी तोप, हवाई जहाज को उड़ा देनेवाली तोप। **~Jacobin** वि० और सं० जैकोबिन्स-विरोधी, जैकोबिन्स (१७८९ ई० में फ्रांस का क्रान्तिकारी दल) का विरोधी अथवा फ्रांस की क्रान्ति का विरोधी।

antimonarchical वि० राजतंत्र-विरोधी, राजनीतिज्ञों का वह दल जिसका मत है कि किसी देश में एक राजा का शासन नहीं होना चाहिए।

antiar (ăn' ti ar) [Javanese, *antjar*] सं० १. अंतजर, ऐंटियर, जावा द्वीप का एक वृक्ष; २. अंतजर-विष, उक्त वृक्ष से प्राप्त विष।

antibilious (ăn ti bil' i ŭs) वि० पित्तनाशक, पित्तहारक, पित्तशमक।

antibody (ăn' ti bo di) सं० १. रोग-प्रतिकारक, (श० क्रि०) प्रतिपिंड* (वि० १ भी), रक्त में वे सबल तत्त्व जो ह्रासकारी रक्त-तत्त्वों को प्रभावहीन करते हैं; २. (आ०) ऐण्टिबॉडी*; ३. (वि० १) प्रतिरक्षी*।

antic (ăn' tik) [It. *antico*, L. *antiquus*, ancient] वि० १ (अप्र०) हास्यास्पद, कौतुकपूर्ण, विलक्षण, अनोखा, विचित्र, अजीबो-गरीब। सं० १. विलक्षण मुद्रा, अद्भुत स्थिति, विचित्र अंग-विन्यास (प्रायः बहु व०); २. (अप्र०) पाखंडी वेंष, नीमहकीम, ऐसे दवा बेचनेवाले जो कुछ जानते नहीं, पर अपनी झूठी प्रशंसा करके सड़कों आदि के किनारे अपनी दवाएँ आदि बेचते हैं, बाजारू दवा-फरोश; ३. भाँड़, विदूषक, मसखरा, नक्काल।

Antichrist (ăn' ti krīst) [O. F. *antecrist*, L. *antechristus*, Gr. *antichristos*] सं० १. ईसा-विरोधी, शैतान, ईसा का निन्दक या शत्रु; २. अनीसा अवतार, दज्जाल, ईसा मसीह का बहुत बड़ा व्यक्तिगत विरोधी जिसके संबंध में प्राचीन ईसाई धर्म की यह धारणा थी कि वह संसार के अन्त होने के पहले प्रकट होगा। **antichristian** वि० १. दज्जाली, ईसा मसीह के विरोध से संबंधित; २. ईसाई धर्म-विरोधी; ३. ईसाई-विरोधी। **antichristianism** सं० ईसाई धर्म-विरोध, ईसाई धर्म का विरोधी मत, दज्जालीवाद।

anticipate (ăn tis' i pāt) [L. *anticipātus*, p.p. of *anticipāre* (*ante-*, before, *capere*, to take)] क्रि० अ० १. निश्चित समय से पूर्व प्रयोग करना, पहले ही से प्रयोग में लाना; २. (किसी व्यक्ति या वस्तु को) पहले से ही प्राप्त कर लेना, ग्रहण कर लेना; ३. शीघ्रता करना, गति तेज करना, जल्दी करना; ४. पूर्व ज्ञान करना, पहले से समझ लेना, निश्चित समय से पहले तर्क-वितर्क करके विचार लेना, सोच रखना; ५ (भविष्य में होनेवाली किसी घटना के संबंध में) पहले से अटकल लगाना; ६. आगे की बात सोचना;

७. पहले से आशा करना, उम्मीद लगाना; ८. प्रत्याशा करना। **anticipant** सं० और वि० १. पूर्व प्रयोगकारी; २. पहले से अनुमान लगानेवाला; ३. आशान्वित, आशा लगानेवाला। **anticipation** सं० १. पूर्वाशा; २. पूर्वानुमान* (विधि भी); ३. पूर्व प्रयोग; ४. पूर्व विचार; ५ (मा० २) पूर्वभास*; ६ (मा० २, विधि) प्रत्याशा*। **thanking you in~** १. पहले से ही धन्यवाद; २. किसी जाँच या प्रार्थना संबंधी पत्र के अन्त में प्रयुक्त वाक्य। **anticipative** वि० १. पूर्वानुमानिक, पूर्वानुमानयुक्त; २ आशापूर्ण। **anticipatively** क्रि० वि० १. पहले ही से; २. पहले ही सोचते हुए; ३. पहले से आशा लगाए हुए, आशापूर्वक। **anticipator** (ăn tis'i pā tor ī) सं० १. पूर्वानुमानकर्ता, पहले से अनुमान लगानेवाला; २. पूर्व-प्रयोगकर्ता; ३. पहले से आशा लगानेवाला; ४. अग्रसोची। वि० १. पूर्वानुमानित, पूर्वानुमान-विषयक; २. पूर्व प्रयोग-संबंधी; ३. पूर्वाशा विषयक; ४. (मा० २) पूर्वाभासी*।

anticlimax (ăn ti klī' măks)सं० १. प्रतिचरम; २. चरमोत्थान के बाद ऐसी घटना या भावना जिससे उसका प्रभाव कम हो जाता है. ३. अवनति, पतन, उतार, पूर्व उत्थान के बाद पतन, पहले की बढ़ती के बाद गिरावट।

anticlinal (ăn ti klī' năl) [*Gr. klinein*, to lean] वि० १. (भूगर्भ०) ऐसी पर्वत-श्रेणी जिसकी परतें एक-दूसरे के सहारे झुकी हों और जहाँ से वे उलटी दिशाओं में ढलुआँ हो गई हों, एक-दूसरे पर झुकी हुई (परतें); २. (शा० वि०) कोहानी, ऐसा पिंजर जिसमें रीढ़ का एक खड़ा मुहरा हो और दोनों ओर की रीढ़ें जिस पर झुकी हों; ३. (वि० १) अपनत*।

anticyclone (ăn' ti sī' klōn) सं० १. प्रति-चक्रवात* (वि० १ भी), अधड़, दाब के कारण वायु का बाहर की ओर प्रवाह, अधिक दाब के कारण वायुमण्डलीय क्षेत्र से वायु का चक्कर खाते हुए बाहर को उठना; २. बात-भार और बाह्योन्मुख वात-प्रवाह का सम्पूर्ण क्रम।

antidote (ăn' ti dōt) [*L. antidotum*, Gr. *antidoton* a remedy, neut. of *antidotos*, given against (ANTI- *didōmi* I give)] सं० १. प्रतिविष, विष मारक औषधि जो रोग को मिटाने या विष के प्रभाव को समाप्त करने के लिए दी जाती है, विष-निवारक, रोगनाशक; २. (ह्०) विषघ्न*; ३. (आ०, वि० ३) ऐन्टीडोट*। **antidotal** वि० विषहर, विषघ्न, जहरमार, रोगहर।

antigen (ăn' ti jen) सं० १ प्रतिपिण्डजन, एक ऐसा तत्त्व जो हानिकारक तत्त्वों को नष्ट करने के लिए खून में मिलाया जाये; २. (आ०) ऐन्टिजन* / प्रतिजन*।

antigropelos (ăn ti grop' ĕ lŏs) [Coined from Gr. *anti*, against, *hugros*, wet, *pēlos*, mud] सं० (बहु व०) पनमोजे, बरसाती मोजे, ऐसे मोजे जिन पर पानी का प्रभाव न हो।

antilogarithm (ăn ti log' ă rithm) सं० ऐंटीलॉगरिथ्म, प्रतिलघुगणक, प्रतिलघुरिथ्म, ऐसी संख्या जिससे लघुगणक (लॉगरिथ्म) का संबंध हो (जैसे २ का प्रतिलघुगणक १०० है)।

antilogy (ăn til' o ji) [Gr. *antilogia* (*logia*, speaking)] सं० १. उक्ति-विरोध, विरोधाभक शब्दों का वर्णन, शब्दों का पारस्परिक विरोध; २. (मा० २) वदतोव्याघात*।

antimacassar (ăn ti mă kăs' ăr) सं० कुर्सी का ओहार, कुर्सियों इत्यादि का गिलाफ़, जो शोभा के लिए अथवा उन्हें मैल या चिकनाहट से बचाने के लिए चढ़ाया जाता है।

antimasque, antimask (ăn' ti mask) सं० भाण, नौटंकी अथवा संगीत-नाट्य के अंकों के बीच का हास्यपूर्ण विष्कंभक।

antimony (ăn' tim' ŏ ni') [med L. *antimōnium*, prob. from Arab] सं० १. शामुन, सौबीर, कोतोजन, अंजन*, (मा० १ भी), सुरमा, धातुविशेष; २. (आ०, वि० १) ऐन्टिमनी*।

Antinomian (ăn ti nō' mi an) [med. L. *Antinomi*, name of sect (Gr. *anti-*, against, *nomos*, law)] वि० और सं० १. स्वेच्छाचारी, नैतिक नियमों की अनिवार्यता स्वीकार न करनेवाला; २. स्वेच्छाचारी से संबद्ध, स्वेच्छाचारी-विषयक। सं० स्वेच्छाचारवादी, ऐसा व्यक्ति जो यह माने कि ईसाइयों पर किसी प्रकार के नैतिक नियमों का बंधन आवश्यक नहीं है।

antinomy (ăn tin' ŏ mi) [L. from Gr. *antinomia*] सं० १. विधि की विषमता या दो कानूनों के बीच का परस्पर विरोध या संघर्ष; २. अधिकार-भेद या संघर्ष; ३. विरोधाभास, (मा० २) विप्रतिषेध*।

antipathy (ăn tip' ă thi) [L. from Gr. *antipatheia* (*anti-*, against, *pathein*, to suffer)] सं० १. शत्रुता, वैर, विरोध, विद्वेष* (मा० ३ भी), द्वन्द्व-भाव, वैर-भाव, चिढ़; २. अरुचि, अनिच्छा, घृणा, नफ़रत; ३. (मा० २) विमुखता*। **antipathetic** (ăn ti pa thet' ik)वि० प्रतिकूल भावनायुत, छिलाफ़ तबियत का। **antipathetical** वि० १. स्वभाव-विरुद्ध; २. विरोधी; ३. (मा० ३) विद्वेषपूर्ण*। **antipathetically** क्रि० वि० १. विरोध करते हुए; २. स्वभाव-विरोध के रूप में। **antipathic** (ăn ti păth' ik) [F. *antipathique* (*antipathie*, ANTIPATHY)] वि० १. विरोधी प्रकृति का, प्रतिकूल स्वभाव का; २. (चिकि०) विरोधी लक्षण अथवा प्रभाव रखनेवाला या उत्पन्न करनेवाला, प्रतिकूल लक्षणोवाला।

antiphlogistic (ăn ti flŏ jis' tik) वि० (औषधि या लेप आदि) प्रदाहनाशक, प्रदाहघ्न, जलन या सूजन कम करनेवाली। **antiphlogisticine** सं० १ प्रदाहनाशक औषधि; २. शोथघ्न औषधि, सूजन कम करनेवाली दवा; ३. (आ०) शोथरोधी*; ४ (क्रु०) शोथहारी*।

antiphon (ăn' ti fon) [late L. *antiphōna*, Gr. *antiphōna*, pl. of *antiphōnon*, an anthem (*anti-*, in return, *phōnē*, voice)] सं० १. प्रतिगान, प्रत्युत्तर गान, जवाबी गीत, भजन-मंडलियों द्वारा प्रत्युत्तर रूप में गाये जानेवाले भजन अथवा धार्मिक गीत, ऐसे भजन जो भजन-मंडलियाँ एक-दूसरे के उत्तर में गाती हैं; २. समान छंद या पद, जो स्वतन्त्र रूप से (बिना प्रत्युत्तर के भी) गाये जायँ। वि० प्रतिगान, प्रत्युत्तर गान, जवाबी गीत। **antiphonal** (ăn tif' o nal) बारी-बारी से गाया हुआ, उत्तर-प्रत्युत्तर में गाया हुआ। सं० प्रत्युत्तर गानों या जवाबी गीतों का संग्रह, प्रत्युत्तर गीत-संकलन। **antiphonally** क्रि० वि० उत्तर-प्रत्युत्तर के रूप में गाते हुए, बारी-बारी से गाते हुए। **antiphonary** सं० प्रतिगान-पुस्तिका, जवाबी गीतों या भजनों की पुस्तक। **antiphony** सं० १. प्रतिगान, प्रत्युत्तरगान; २. प्रत्युत्तरगान-गायन; ३. उक्त गायन का उत्तर-प्रत्युत्तर, प्रतिध्वनि या गूंज।

antipodes (ăn tip' ŏ dēz) [L., from Gr. *antipodes*, sing. *antipous* (*anti-*, against, *pous*, foot)] सं० (बहु व०) १. प्रतिलोम, प्रतिमुख स्थान, परस्पराभिमुख स्थान, व्यासाभिमुख स्थान (जिसे० हमारे अपने भूप्रदेश के बिल्कुल विपरीत); २. (एक व० antipode) बिल्कुल विपरीत; ३.(वि० १)प्रतिविन्यासी*, बिल्कुल सामने-सामने। **antipodal** वि० प्रतिमूल, परस्पराभि-

मुख, जो आमने-सामने हो। **antipode** (ăn' ti pōd) सं० रोम के पोप का प्रतिद्वंद्वी, पोप का प्रतियोगी, धार्मिक नियमानुसार चुने हुए पोप के विरोध में निर्वाचित पोप।

antipole (ăn' ti pōl) सं० १. प्रतिमुख ध्रुव, परस्परविमुख ध्रुव, आमने-सामने के ध्रुव; २. बिल्कुल उलटा, एक-दूसरे के सर्वथा विपरीत, पूर्णरूपेण प्रतिकूल; ३. (वि० १) प्रतिविन्यासी*।

antipyretic (ăn ti pī ret' ik) [Gr. *puretos*, fever] वि० और सं० १. ज्वरान्तक, ज्वरनाशक, ज्वरनिवारक, ज्वरहारी, तापहर, ज्वर दूर करनेवाली; २. (आ०) ज्वरहर*; ३. (कु०, वि० १) ज्वरनाशी* / ज्वररोधी* (औषध, हवें)।

antipyrin सं० एक विशेष प्रकार की ज्वरनाशक दवा।

antiquary (ăn' ti kwăr i) [L. *antiquarius*] सं० पुरातत्त्वान्वेषी, पुरातत्त्वविद्, प्राचीन पदार्थसंग्रही, पुरानी वस्तुओं या सामग्री का संग्रह तथा अध्ययन करनेवाला। **antiquarian** (ăn ti kwăr'ian) वि० १. पुरातत्त्व-विषयक, प्राचीन पदार्थ-संग्रह-संबंधी; २. प्राचीन काल की वस्तुओं के अध्ययन से सम्बन्धित; ३. (मा० १) पुरातनिक*। सं० १. चित्रकारी के लिए बड़े आकार का कागज़; २. प्राक्कालीन विषय-कोविद, पुरातत्त्वविद्, पुरानी चीज़ों का संग्रह एवं अध्ययन करनेवाला। **antiquarianism** सं० १. प्राचीन वस्तुओं का संग्रह करने की प्रवृत्ति या कला, पुरातत्त्व-वादिता; २ (मा० १) पुरातनवाद*।

antiquate (ăn' ti kwāt) क्रि० स० १. किसी प्रथा को पुराना समझ कर हटा देना या छोड़ देना; २. पुराने ढर्रे का होने के कारण हटा देना; ३. प्राचीन अथवा पुराना बनाना।

antique (ăn tēk') [F. *antique*, L. *antiquus*, *antecus* (*ante-*, before)] वि० १. प्राचीन, पूर्वकालीन, पुराने समय का, पहले ज़माने का, क़दीमी, पुरातन, प्राक्तन, जो पुराने समय से चला आया हो; २. परम्परागत; ३. रूढ़िवादी, दक़ियानूसी; ४. अप्रचलित, लुप्तप्रयोग, प्राचीन; ५. पुरानी चाल का, पुराने ढर्रे का। सं० प्राचीन काल अथवा समय का अवशेष, पुरातन अवशेष। **the ~** प्राचीन शैली, पुराना ढंग, पुरानी तर्ज़। **antiqueness** सं० प्राचीनता, पुरातनपन, २. प्राचीन युग (विशेष मध्ययुग के पहले का), ३. पुरान लोग, अगल लोग, प्राचीन काल के लोग, पूर्वज; ४ (मा० १) पुरातनता* / पुराकाल*; ५. प्राचीन काल की प्रथाएँ, रीति-रिवाज, घटनाएँ या दृष्टान्त आदि (प्राय: बहु व०); ६. पुरावशेष*, (मा० १ भा) पुरानी वस्तुएँ, पुराने खंडहर, ऐतिहासिक अवशेष।

antirrhinum (ăn ti ri' nŭm) [L., from Gr. *antirhinon* (*anti-*, instead of, *rhis*, *rhinos*, nose)] सं० १. प्रतिनासा, नासापुष्पित पौधों की एक प्रजाति, एक विशेष प्रकार का पौधा, जिसके फूल को यदि उँगली से दबा दे, तो उसका मुँह फूल जाता है; २. (वि० १) ऐण्टीराइनम*।

antiscorbutic (ăn ti skōr bū' tik) वि० और सं० (चिकि०) रक्तशोधक, रक्त-विकार को दूर करनेवाली (औषधि)।

antiscriptural वि० धर्मग्रन्थ-विरोधी, धर्मशास्त्रों का निन्दक।

antiseptic (ăn ti sep' tik) [Gr. *sēptikos*, putrefying (*sēpto*, decayed, from *sēpein*, to make rotten)] वि० और सं० १. (आ० एव लो०) रोगाणुरोधक, विकारनिवारक, पूतिनाशक, जीवाणुनाशक, कृमिनाशक, सड़न रोकनेवाली; २. (आ०, ई० ३, कु०, वि० १) पूतिरोधी* / ऐण्टिसेप्टिक*। **antiseptically** क्रि० वि० विकार-निवारक के रूप में, विकार-निवारक ढंग से, सड़न रोकते हुए। **antisepticism** सं० रोगाणुराध, विकार-निवारक या कृमिनाशक चिकित्सा, सड़न रोकने के लिए अपनाई गई पद्धति।

antistrophe (ăn tis' trō fi) [L., from Gr. *antistrophē* (*strophē*, a turning, a verse)] सं० १. यूनानी नाटकों में समवेत गान गानेवाली गायन-मंडली द्वारा बाईं ओर से दाईं ओर मुड़ते समय गाई जानेवाली पंक्तियाँ; २. उल्टा सबध। **antistrophic** (ăn ti strof' ik) वि० १. यूनानी गायन-मंडलियों के बाईं ओर से दाहिनी ओर का मुड़ते समय के गान से संबंधित; २. उलटे सबधवाला; ३. उलटे सबध-विषयक।

antitheism (ăn ti thē' izm) सं० अनीश्वरवाद, नास्तिकता, नास्तिकवाद। **antitheist**, **antitheistic** सं० और वि० अनीश्वरवादी, नास्तिक, ईश्वर के अस्तित्व में विश्वास न रखनेवाला।

antithesis (ăn tith' ē sis) [Gr. (*thesis*, a setting, from *tithēmi*, I place)] सं० १. (बहु ०० ~ **theses**) विपर्यय* (वि० २ भा०), प्रतिपक्षता, अर्थविपरीत्य, अर्थविपरीतता, विरोधा शब्दों द्वारा प्रकट अर्थों का अन्तर; २. (दो वस्तुओं का या दो वस्तुओं में) विरोध, व्यतिक्रम, विपरीतता; ३. विरोधा, उलटा, प्रतिकूल; ४. (मा० २) प्रतिपक्ष*, ५. (वि० २) वैपरीत्य*; **antithetic** (ăn ti thet' ik) वि० विपर्ययात्मक, विरोधात्मक, पारस्परिक विरोधी भावा या विचारा का, विषयय सबधा, पारस्परिक विरोध-विषयक। **antithetical** वि० विरोधात्मक, अथान्तरन्यास सबधी, पारस्परिक विरोधा। **antithetically** क्रि० वि० पारस्परिक विरोधा रूप स, अर्थ-विरोध या भाव-विरोध के रूप में।

antitoxin (ăn ti tok' sin) [Gr. *toxikon*, poison] सं० १. टाक्सिनहर, जीवविषहर, कीटाणु-विषनाशक, विषहर्तृ, विष-निवारक, राग क विष का हटान वाला शोधर का एक तत्त्व; २. (आ०, वि० १) प्रतिजीवविष*; ३. (कु०) एंटीटाक्सिन*। वि० विषघ्न आषधि सम्बन्धी, उक्त तत्त्व-विषयक।

antitype (ăn' ti tīp) [Gr. *antitupos*, answering to, as an impression to a die (*tupos*, a blow, a stamp, cognate with *tuptein*, to strike)] सं० मूल आदर्श। **antitypical** वि० मूल सम्बन्धी, असली, जो मूल हो।

antivenine (ăn ti ven' in) [L. *venenum*, poison] सं० प्रतिविष, जीवविषहर, विषनाशक, विषघ्न, बहुसार, (विशेष सर्प) विषमारक, साप क विष का नष्ट करनवाला।

antler (ănt' ler) [O.F. *antoillier*, late L. *antocularium* (*ramum*), the branch (orig., the lowest or brow antler) which is in front of the eye (*ante-*, before, *oculus*, eye)] सं० १. शाखायुक्त सींग (जस बारहासंगका), सींग जिसम कई शाखाएं हों, हिरन या बारहासंग का सींग; २. एक सींग का एक शाखा। **antlered** वि० शाखादार सींगवाला।

antonomasia (ăn ton o ma' zi a) [L., from Gr. *antonomasia*, *antonomazein*, to name instead (*anti-*, instead, *onomazein*, to name)] सं० १. व्यक्तिवाचक नाम के स्थान पर उपाधि इत्यादि का प्रयाग (जस the iron Duke); २. सामान्य विचार को प्रकट करने के लिए व्यक्तिवाचक नाम का प्रयाग (जसे a Solomon)।

antonym (ăn' to nim) [Gr. *antōnuma* (*anti-*, instead of,

onuma, a name)] सं० विलोम, विपरीतार्थी, विरोधार्थी, विपर्याय (जैसे अच्छे का बुरा)।

antrum (ăn' trum) [Gr. *antron*, a cave] सं० (बहु० ०) १. शरीर-विवर, अस्थि-कोटर (विशे० ऊपर के जबड़े में). दाढ़-कोटर, खोंडरा, हनु-शर्म-कोटर; २. (आ०) कोटर*।

anus (ā' nŭs) [L., a rounding, ring] सं० १. पायु, मलद्वार, गुदा-द्वार (जानवरों का); २. (आ०, कृ०. वि० १) गुदा*।

anvil (ăn' vil) [A.-S. *onfilt* (etym. doubtful)] सं० १. (इ० ३, कृ०, मा० १, वि० १) निहाई* (लोहार की), एरण, ऐरन; २. (शा० फि०) कान की एक हड्डी; ३. (मा० १) निघाती*।

anxious (ăngk' shŭs) [L. *anxius* (*angere*, to choke)] वि० १. चिन्तित, व्यग्र, व्याकुल, आकुल, चिन्तातुर, परेशान, बेताब; २. (कोई काम करने के लिए) आतुर, उत्कठित, उत्सुक; ३. परेशानी में डालनेवाला, चिन्ताजनक (जैसे an ~ business)। **anxiously** क्रि० वि० बेचैनी या परेशानी के साथ, व्यग्रता से, आकुलता के साथ। **anxiety** (ăng zi. e ti) [L. *anxietas*] सं० १. चिन्ता* (मा० ३ भी), उत्कण्ठा, औत्सुक्य, मनस्ताप, व्यग्रता, चित्ताद्रेक; आकुलता, फिक्र, बेचैनी, सोच, परेशानी; २. (कोई काम करने के लिए) आतुरता, उत्कंठा, उत्सुकता; ३. (मा० २) दुश्चिंता*।

any (en' i) [A.-S. *ænig* (ān, one, +*ig*, adj. ending)] वि० १ (प्रश्नवाचक वाक्यों में) एक, कोई, कुछ, थोड़ा सा, कोई भी (जैसे have you ~ wool)); २. (निषेधात्मक वाक्यों में) कोई, कुछ भी, किसी प्रकार का, एक भी (जैसे cannot see ~ difference); ३. (स्वीकारात्मक वाक्यों में) कोई-सा, कोई भी, हर एक, प्रत्येक, जौन सा, जो कोई, जो कोई भी (जैसे ~ chemist will tell you)। सर्व० कोई एक, (~ कोई)। क्रि० वि० बिल्कुल, किसी भी स्थिति में, किसी भी प्रकार से (जैसे is that ~ better ?)। **anybody** (en' i bod i) [cp NOBODY] सं० और सर्व० १. कोई, कोई व्यक्ति, कोई भी, २. महत्त्वपूर्ण, विशिष्ट, बड़ा या प्रभावशाली व्यक्ति, (जैसे if you wish to be ~body); ३. सामान्य व्यक्ति, अदना आदमी (जैसे two or ~bodies कोई भी तीन)। **anyhow** क्रि० वि० और संयो० १. येन-केन प्रकारेण, किसी भी तरह, किसी-न-किसी प्रकार से, कैसे भी हो, जैसे भी बन पड़े, जैसे भी हो सके जो भी हो, किसी भी अवस्था में, किसी भी हालत में, किसी मूल्य पर; २. जैसे-तैसे, गिर पड़ कर, मर-मच कर, यों ही अव्यवस्थित ढंग से। **anything** सर्व० और सं० १. कुछ भी, २. प्रत्येक वस्तु, हर चीज; ३. कोई एक चीज (जो भी हो); ४. किसी भी प्रकार की चीज, कोई भी वस्तु। **anyway** क्रि० वि० और संयो० (दे० anyhow)। **anywhere** क्रि० वि० किसी जगह, किसी भी स्थान पर, कहीं, कहीं भी। **anywise** क्रि० वि० किसी भी ढंग से, किसी भी प्रकार से, कैसे ही, कैसे भी, येन-केन प्रकारेण।

Anzac (ăn' zăk) [from initials of Australian (and) New Zealand Army Corps] १. सं० (बहु व०) प्रथम महायुद्ध (१९१४-१८) में आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सेनाएँ; २. (एक व०) उन सेनाओं का सिपाही या कोई अफ़सर।

aorist (ā' o rist) [Gr. *aoristos*, unlimited (*a-*, not, *horizein*, to limit)] वि० और सं० १. (व्या०) अनियमित, अनिश्चित (भूतकालिक क्रिया जो निश्चित अतीत काल को न बताती हो); २. (यूनानी व्या०) अनिश्चित भूत; ३. अद्यतन भूतकाल, लङ्-लकार, ऐसा अतीत काल जिसमें काल का बंधन न हो। **aoristic** वि० १. अनिश्चित; २. अद्यतन भूतकालीय।

aorta (ā ôr' ta) [late L., from Gr. *aortê* (*aeirein*, to lift)] सं० १. मुख्य धमनी, शरीर की मुख्य धमनी या नाड़ी, प्रमुख रोहिणी, आवर्ता, वह महाधमनी जो हृदय की बायीं ओर से निकलती है; २. (आ०, कृ०, वि० १) महाधमनी*। **aortic** वि० १. मुख्य धमनी सम्बन्धी, आवर्ती, २. (आ०, कृ०) महाधमनी-*।

ap- (AD-, assim. before *p*) 'p' से आरम्भ होनेवाले शब्दों के साथ 'ad-', अर्थ में प्रयुक्त।

apace (a pās') क्रि० वि० सत्वर, शीघ्र झटपट, तुरन्त, फ़ौरन, शीघ्रता से, तेज़ी से, फुर्ती से।

apache (a pash') [F., from N. Am. Indian] सं० १. (पेरिस का) गुंडा, आवारा, (मारपीट करनेवाला) शोहदा; २. उत्तरी अमरीका की Apache नामक आदिम जाति का व्यक्ति।

apanage, appanage (ăp' a nāj) [O. F. *apaurer*, to nourish, med. L. *apānāre* (*ap-*, *ad-*, to, *pānis*, bread)] सं० १. राजसतान-व्यवस्था, राजाओं आदि के छोटे बच्चों के भरण-पोषण के लिए व्यवस्था (मूलतः प्रान्त या पद के प्रचलित अर्थ में), २. ऊपरी आमदनी या लाभ, ऊपरी पावना; ३. अधीन प्रदेश, पराधीन क्षेत्र; ४. नैसर्गिक अथवा स्वाभाविक गुण या विशेषता।

apart (a part') [F. *à part*, to one side, singly, L. *ad partem*] क्रि० वि० १. एक ओर, एक तरफ, २ पार्श्व में; ३. पृथक्, विप्रगत, अलग, अलहदा, जुदा, दूर; ४. एकान्त, निर्भृत; ५. स्वतन्त्र, स्वतन्त्र रूप से, आज़ादी से; ६. अपने ढंग पर; ७. अलग से। **set ~** १. पृथक् कर रखना, अलग कर रखना, निकाल रखना, अलगाना; २. बचाकर रखना, सुरक्षित रखना। **jesting ~** हँसी-मज़ाक छोड़कर, दिल्लगी की बात छोड़कर।

Apartheid (a part' hāt) [Afrikaans, APART,—HOOD] सं० पृथक्वाद, जातीय पृथक्करण।

apartment (a part' ment) [F. *appartement*, med. L. *appartumentum*, from *appartire*, to apportion *ad-*, to *partire*, to divide)] सं० १. कक्ष, कमरा, कोठरी; २. (बहु व० और अप्र०) कमरे, कई कमरे, कोठरियों का समूह, कक्ष-समूह।

apathy (ăp' a thi) [P. *apathe*, L. *apathia*, Gr. *apatheia* (*a-*, not, *pathein*, to suffer)] सं० १. कठोरता, निर्दयता, हृदयहीनता; २. निश्चेतन, अनानक्ति, निःस्पृहता, ३. (मा० २, ३) उदासीनता*, औदासीन्य*; ४. निरुत्साह, मानसिक निष्क्रियता या क्षीणापन, दिमाग़ी काहिली, मानसिक जड़ता, मुर्दादिली, जड़ता, ५. (आ०) भावहीनता*। **apathetic** (ăp a thet' ik) वि० १. बीतराग, निःस्पृह, निरीह, विरक्त; २. हृदयहीन, भावनाहीन, मुर्दादिल, शुष्क हृदय, पत्थर, जिस पर भावनाओं का प्रभाव न पड़े; ३. निरुत्साह; ४. निरपेक्ष; ५. बेपरवाह; ६. (आ०) उदासीन*। **apathetically** क्रि० वि० १. उदासीनता से, निरपेक्षतापूर्वक; २. बेपरवाही से; ३. हृदयहीनता से, शुष्कता से।

ape (āp) [A.-S. *apa* (cp. Dut. *aap*, Icel. *api*, O. H. G. *affo*)] सं० १. वानर, कपि* (वि० १ भी), बेदुमा बन्दर, पुच्छहीन बन्दर, (जैसे गोरिल्ला, चिम्पैन्ज़ी आदि); २. नकलची, नक्काल, नक़ल करनेवाला; ३. बहुरूपिया, भाँड़। क्रि० स० १. अनुकरण करना, नक़ल करना, देखा-देखी करना; २. बहुरूप बनाना, भाँड़पन करना, नक़्ल-ची करना। **play the~** नक़ल उतारना, नक़ल करना, तरह-तरह के रूप बनाना, बन्दर की तरह अनुकरण करना। **apish**

वि० १. बंदर-जैसा, बंदर-सदृश; २. बंदर की प्रकृति अथवा आकृति का; ३. बंदर-सा आचरण करनेवाला; ४. मूर्ख, बुद्धू, पोंगा, गावदी, घामड़। **apishly** क्रि० वि० १. मूर्खतन, बुद्धूपने से; २. बंदर जैसा व्यवहार करते हुए। **apishness** सं० बुद्धपन, बानर-सदृश व्यवहार, बंदरपन।

apeak (ə pēk') [F. *à pic*, vertically, vertical (*à*, at, *pic* summit)] क्रि० वि० और वि० (नौ०) ऊर्ध्व मूल, ऊपर की ओर, लम्बरूप, सिर ऊपर को उठाकर, सिर ऊपर को करके (जैसे oars ~चप्पू ऊपर को करके)।

apepsy (ā pep' si) [Gr. *apepsia* (*a-*, not *peptein*, to digest)] सं० अजीर्णता, मंदाग्नि, अपच, पाचन-शक्ति का अभाव या कमी, मेदे की कमजोरी।

aperient (ə pēr' i ənt), **aperetive** (ə per i tiv) L. *apperire*, to open] वि० और सं० १. रेचक, रेचन, रेचनकारी (औषधि), दस्तावर (दवा); २. (आ०) मृदुविरेचक*।

aperitif (ä per' it ēf') [F.] सं० क्षुधावर्धक मदिरा, भूख जगानेवाली मदिरा जो भोजन से पहले पी जाती है।

aperture (ăp' ĕr tūr) [L. *apertura*] सं० १. छिद्र* (इ० ३, आ०, वि० १ भी), रन्ध्र, सूक्ष्मद्वार, द्वारर (आ०, इ० ३, वि० १ भी), छेद, सुराख, मूँह, गाभा; २. झरोखा; ३. व्यास; ४. कैमरे आदि में प्रकाश जाने के लिए सूक्ष्म रन्ध्र।

apery सं० १. नकाली, नकल करना; २. बहुरूपियापन, भाँड़पन, हास्यपूर्ण अभिनय, बन्दर की-सी नकल; ३. मर्कट-क्रीड़ा; ४ बंदरघर।

apetalous (ə pet' ə lus) [Gr. *apetalous*, leafless (*a-*, not, *petalon*, leaf)] वि० १. दलहीन, निष्पत्र, निर्दल, बेपंखुड़ी, पखड़ीरहित, बिना पंखुड़ियों का; २ (वि० १) अदलीय*।

apex (ā' peks) [L.] सं० १ शिखा, चूड़ा, शृंग, सिरा, अनी, पत्ती, चोटी, नोक; २ (आ०, इ० ३, कृ०, वि० १) शिखाग्र*, शीर्ष*, शृंगेश्वर*, शिखरी (किसी कोन या कोण का)।

aphasia (ə fā' zhə) [Gr. speechlessness] सं० १. वाक्रोध, गूँगापन, मस्तिष्क या मर्म पर किसी आघात के कारण वाक्शक्ति का लुप्त हो जाना या बोली बन्द हो जाना; २. (आ०) वाचाघात*। **aphasic** वि० और सं० वाक्रोध संबंधी, वाचाघात-विषयक (चिकित्सा या औषधि)।

aphelion (ə fē' li ən) [L. *aphelium*, Gr. *aph' helion*, away from the sun] सं० (बहु व० ~lia) १. अपसौरिका, नक्षत्र या धूमकेतु के कक्ष पर सूर्य से सब से दूर का बिन्दु; २. (वि० १) सूर्योच्च* / रविउच्च* / अपसौर*।

apheliotropic (ə fē li ō trop' ik) [Gr. *tropikos*, turning] वि० (वन०) सूर्योच्चानुवर्ती, सूर्य-विमुख, सूर्य की ओर से मुड़ जानेवाला। **apheliotropism** सं० सूर्योच्चानुवर्तित्व, सूर्यविमुखता, सूरज की ओर से मुड़ जाना। **apheliotropically** क्रि० वि० सूर्य से विमुख होकर या होते हुए।

aphesis (ăf' ē sis) [Gr. from *aphienai* (*aph-*, *apo-*, away, *ienai*, to let go)] सं० आदि स्वर-लोप, शब्द के आरंभ में स्वरापातहीन स्वर का क्रमिक लोप, व्यवहारानुसार किसी शब्द के पहले स्वर का लुप्त हो जाना (जैसे (c)squirc)। **aphetic** (ə fet' ik) आदि स्वर-लोप-विषयक, आदि स्वर लोप संबंधी, शब्द के आरंभिक स्वर के क्रमिक लोप का। **aphetize** क्रि० सं० आदि स्वर लोप करना, शब्द का आरम्भिक स्वर उड़ा देना।

aphis (ăf' is, ā' fis) [mod. L. (etym. unknown)] सं० (बहु व० ~ides) १. तरुयूक, लारी, तोला, मोला, पौधे का जूँआ, एक कीटाणु जिसे मादा पक्षी खाते हैं और जिससे चींटियाँ मधु प्राप्त करती हैं; २. (वि० १) ऐफ़िस*। **aphidian** तरुयकीय, पौधे के जुएँ का।

aphonia (ā fō' ni ə) [Gr., from *aphōnos*, voiceless (*a-*, not, *phōnē*, voice)] सं० मूकता, वाक्शक्ति वाग्विहीनता, बे-आवाज़ हो जाना, गूँगापन, वाक्शक्ति का सम्पूर्णतया लुप्त हो जाना।

aphorism (ăf' ó rizm) [Gr. *aphorismos*, a definition, from *aphorizein* (*aph-*, *apo-*, off, *horizein*, to mark)] सं० १. सूत्र, वचन, सूक्ति, छोटे छंद; २. संक्षिप्त सारगर्भित सूत्र, कहावत, लोकोक्ति; ३. नीति-वचन, नीति-छंद; ४. परिभाषा। **aphoristic** वि० १. सूक्ति-सदृश, सूक्ति के ढंग का; २. परिभाषा सम्बन्धी, सूक्तिपूर्ण, सूक्तिमय।

aphrodisiac (ăf ro diz' i ăk) [Gr. *aphrodisiakos*, from *aphroditos*, from *Aphrodité*, the goddess of sensual love] वि० १. रति-विषयक; २. (मा० ३) कामोद्दीपक*। सं० मैथुन या संभोग की इच्छा उत्पन्न करनेवाली (दवा)।

aphyllous (ā fil' üs) [Gr. *aphullos* (*a-*, not, *phullon*, leaf)] वि० (वन०) पत्रहीन, पर्णरहित, निष्पत्र, बिना पत्तोंवाला, जिसके पत्ते न होते हों; २. (वि० १) अपर्ण*।

apiarian (ā pi ā' i ən) वि० मधुमक्षिका-पालन संबंधी, मधमक्खी पालन-विषयक, शहद की मक्खियों के पालन के बारे में। **apiarist** सं० मधुमक्षिका-पालक, मधुमक्खी-रक्षक, शहद की मक्खियाँ पालनेवाला। **apiary** (ā' pi ər i) [L. *apiārium*, neut. of *apiārius*, pertaining to bees (*āpis*, bee)] सं० १ मधुमक्षिका-कर्तृ, मधुमक्षिका-पालन-स्थल, मधुमक्षिकालय, शहद की मक्खियों को रखने का छत्ता; २ (कृ०) मधुवाटिका* / मक्खी-शाला।

apical वि० १. अग्रस्थ, शीर्षस्थित, सिरे का, नोक या चोटी पर का, शिखर संबंधी, ऊर्ध्व विदु-विषयक; २. (वि० १) शिखाय*/ शीर्षस्थ*। **apically** क्रि० वि० १ शिखर या चोटी पर होते हुए, ऊर्ध्वस्थ होते हुए, २. अग्रस्थ होते हुए।

apiculture (ā' pi kŭl tūr) [L. *apis*, a bee] सं० (कृ०) मधुमक्खी-पालन*, शहद की मक्खियों को पालना।

apiece (ə pēs') [*a piece*, for one piece] क्रि० वि० पृथक्-पृथक्, एकैक, एकैकशः, एक-एक करके, अलग-अलग, फरदन-फरदन, हर एक को, प्रत्येक को (जैसे five pounds~)।

apish दे० APE।

aplantic (ăp lă năt' ik) [Gr, *aplanētos* (*a-*, priv. *planaein*, to wander) वि० (फोटो०) गोलाविपथ (वीक्ष), अनपेरिक, अपेरण से मुक्त।

aplomb (ə plon')[F. *aplomb*, perpendicular (*à plomb*, by the plummet)] सं० १ सीधा खड़ा होना; २ शान्तचित्तता, संयम, अपने ऊपर काबू रखना।

apnœa (ăp nē' ə) [mod. L., from Gr. *apnoia*. from *apnoos*, breathless (*a-*, not, *pnoē*, breath)] सं० अश्वसन, श्वासावरोध, श्वास-निरोध, साँस रोकना, प्राणायाम।

apo- (Gr. *apo-*, away. from) उप० १. (अल्पप्राण स्वर केपूर्व ap~, महाप्राण स्वर के पहले aph~) दूर से, बहुत दूर, अलग, अन (नहीं) के अर्थों में; २. (समास में) असम्बद्ध, विलग, पृथक्, असंयुक्त।

apocalypse (ə pok' ə lips) [L. *apocalypsis*, Gr.

apokalupsis, from *apokaluptein*, to uncover (*apo-*, off, *kaluptein*, to cover)] सं० १. आकाशवाणी, इलहाम, बोध, प्रकाश, ईश्वर-ज्ञान (विशे० वह जो सेन्ट जॉन को पटमोस द्वीप में प्राप्त हुआ था); २. आसमानी किताब, इलहाम की किताब, ईश्वर-ज्ञान की पुस्तक, वह पुस्तक जिसमें उक्त ज्ञान लिखा गया हो। **apocalyptic, apocalyptical** वि० ईश्वर-ज्ञान विषयक, इलहामी। **apocalyptically** क्रि० वि० ईश्वर ज्ञान के रूप में, इलहाम के तौर पर, आकाशवाणी के रूप में।

apocope (ə pok' o pē) [L., from Gr. *apocopē* (*apo-*, away, *koptein*, to cut) सं० अन्त्याक्षर-लोप, शब्द के अंतिम वर्ण या अक्षर का लोप।

apocrypha (ə pok' ri fə) [Gr. *apokrupha*, neut. pl., things hidden, from *apokruptein* (*apo-*, away, *kruptein*, to hide)] सं० अपोक्रिफा, प्राचीन टेस्टामेन्ट की पोथियाँ (के खण्ड) जो मूलतः हिब्रू में नहीं लिखी गयी हैं और जिन्हें यहूदी शास्त्रीय नहीं मानते तथा जिन्हें सुधारान्दोलन (Reformation) के समय धर्म-नियम से बहिष्कृत कर दिया गया था, इंजील का संदिग्ध अंश। **apocryphal** वि० १. अपोक्रिफीय, इंजील के संदिग्ध अंश से संबंधित; २. अप्रामाणिक, शंकापूर्ण, संदेहजनक, संदिग्ध, जिसका प्रमाण संदिग्ध या संदेहजनक हो; ३. नकली, झूठा, छलपूर्ण।

apod (ăp' od) [Gr. *apous* (*a-*, not, without, *pous podos*, foot)] सं० और वि० अपदी, बेपैरा, बेपर, ऐसा कीड़ा, चिड़िया या मछली जिसके पर या पैर न हों या पूरी तरह न निकले हों, पदरहित। **apodal** वि० १ अपदी, बेपैरा, बेपर, बिना परोंवाली, २. (वि० १) अवृन्त* / अपाद*।

apodictic (ăp ō dik' tik), **apodeictic** (ăp ō dik' tik) [L. *apodicticus*, Gr. *apodeiktikos* (*apodeiknunai*, to show)] वि० १. स्पष्ट रूप से दर्शाने के सम्बन्ध में, प्रत्यक्ष प्रमाण-विषयक; २. भली भाँति सिद्ध, पूर्णतः स्थापित, पूर्ण रूप से प्रमाणित, सुस्थापित। **apodictically** क्रि० वि० सुप्रमाणित रूप से, सुनिश्चित ढंग से, प्रत्यक्ष प्रमाणपूर्वक।

apodosis (ə pod' ō sis) [L., from Gr. *apodosis* a giving (*apodidonai*, to give back)] सं० १. (बहु व०~**doses**) वाक्य का अंतिम खण्ड; २. विधि-वाक्य का अनुवर्ती या आनुषंगिक खण्ड।

apogee (ăp' ō jē) [F. *apogée*, late L. *apogeum*, Gr. *apogaion*, neut. a., away from the earth (APO-, *gaia*, earth)] सं० १. भूमण्डल, चन्द्रमंडल अथवा अन्य किसी नक्षत्र-मंडल का ऐसा बिन्दु जो पृथ्वी से सबसे दूर हो; २. पृथ्वी से सूर्य की सर्वाधिक दूरी, जब कि पृथ्वी सूर्यीय्य अर्थात् सूर्य से दूरतम स्थान में हो; ३. (ला०) दूरतम बिन्दु; ४. उच्चतम या दूरतम स्थान; ५. चरमोत्कर्ष; ६. (वि० १) भूमिउच्च*, अपभू*। **apogean** वि० १. भूमण्डल संबंधी; २. (वि० १) भूमि-उच्चीय*।

apolaustic (ăp ō law' stik) [Gr. *apolaustikos* (*apolaustin*, to enjoy)] वि० सुखार्थी, सुखाकांक्षी, आत्मरंजक, अपने इन्द्रिय-सुख में लीन।

apollinaris सं० अपोलीनारिस जल, (प्रथिया) प्रथिया में स्थित अपोलीनारिस सोते का जल जिसका निर्यात किया जाता है।

Apollo सं० १ यूनानी पुराण-माया में सूर्य को एपोलो कहते हैं; २. (काव्य०) रवि, दिनकर; ३. अत्यन्त सुन्दर पुरुष; ४. चंद्र-अभियान के लिए प्रयुक्त अमरीकी अंतरिक्ष-यान; ५. (वि० १) अपोल्लो* / मिथुन* / जेमिनीरम*।

Apollyon (ə pol' i ŏn) [L., from Gr. *apolluōn*, pres. p. of *apolluein*, to destroy] सं० शैतान, इबलीस।

apologia (ăp ol ō' jə) [L., from Gr.] सं० पक्ष-पोषण, अपने आचरण या विचारों का लिखित समर्थन।

apologue (ăp' o log) [F., from L. *apologus*, from Gr. (*apo-*, off, *logos*, speech) सं० १. उपकथा, उपाख्यान; २. नीति-कथा, शिक्षाप्रद आख्यायिका, नैतिक आख्यान; ३. उपदेशात्मक आख्यायिका।

apology (ə pol' ō ji) [L. *apologia*, from Gr. (*apo*, off, *legein*, to speak] सं० १. क्षमा-प्रार्थना, क्षमा-याचना; २. स्वदोष-स्वीकार, अपराध की खेदपूर्वक स्वीकृति; ३. माफी माँगना; ४. निर्दोषिता का आश्वासन, निरपराधिता का विश्वास दिलाना; ५. स्पष्टीकरण, सफाई, जवाब; ६. समर्थन, मत-पुष्टि। **~for** तुच्छ नमूना, घटिया नमूना, साधारण-सी बानगी। **apologetic** वि० १. व्यपदेशक, क्षमायाचक, खेदपूर्वक गलती या भूल को स्वीकार करता हुआ (व्यक्ति); २. क्षमा-प्रार्थना-सूचक; ३. पक्ष-समर्थक। सं० (प्रायः बहु व०) युक्तियुक्त अथवा तर्कपूर्ण पक्ष-समर्थन, हिमायत, (विशे० ईसाई धर्म की)। **apologetical** वि० १. क्षमा-याचना-पूर्ण; २. क्षमा-प्रार्थना-सूचक। **apologetically** क्रि० वि० १. क्षमा-याचना करते हुए; २. पक्ष-समर्थन करते हुए। **apologetics** सं० (मा० १) ख्रीष्टीयता-मंडनवाद*। **apologist** सं० पक्षसमर्थक, पक्षपोषक, वह व्यक्ति जो तर्क या युक्ति द्वारा (विशे० ईसाई धर्म का) पक्ष समर्थन करता है। **apologize** क्रि० अ० १. क्षमा-याचना करना, क्षमा माँगना, कसूर मानना; २. भूल अथवा अपराध स्वीकार करना, माफी चाहना।

apophthegm (ap' of them) [Gr. *apophthegma* (*apo-*, off, out, *phthengesthai*, to speak)] सं० सूक्त, सूक्ति, सुभाषित, उक्ति, सारगर्भित कथन, संक्षिप्त कथन। **apophthegmatic** वि० सूक्ति संबंधी, सूत्र-विषयक। **apophthegmatically** क्रि० वि० सूत्र रूप में, सूक्ति के ढंग से।

apoplexy (ăp' o plek si) [F. *apoplexie*, late L., from Gr. *apoplēxia* (*apoplēssein*, to cripple with a blow)] सं० १. मिर्गी, अपस्मार, रक्तमूर्च्छा, अंग-विकृति, २. (आ०, कृ०) रक्ताघात*, अपस्मार*। **apoplectic** वि० १. रक्तमूर्च्छा-सम्बन्धी, अपस्मार-विषयक, मिर्गी-सम्बन्धी; २. अपस्मारोत्पादक, मिर्गी उत्पन्न करनेवाला; ३. जिसे मिर्गी का रोग हो, अपस्मारग्रस्त। **apoplectically** क्रि० वि० मिर्गी के रूप में, मिर्गीवाले की तरह।

aposiopesis (ăp ō si ō pē' sis) [L., from Gr., from *aposiōpasin* (*apo-*, off, away, *siōpaein*, to be silent)] सं० (बहु व० ~**peses**) आकस्मिक वाग्वरोध, बोलते हुए अचानक रुक जाना।

apostasy (ə pos' tə si) [L., from Gr. *apostasia*, previously *apostasis* (*apo-*, away, *stasis*, a standing, from *sta-*, stem of *istēmi*, I stand)] सं० १. धर्म-त्याग, स्वधर्म-त्याग, धर्मभ्रंश, परधर्माश्रय, धर्म-विमुखता; २. धर्म, नियम, सिद्धान्त, प्रतिज्ञा या समाज का त्याग।

apostate (ə pos' tāt) [O. F. *apostate*, late L. *apostata*, Gr. *apostatēs*] सं० और वि० धर्मभ्रष्ट, स्वधर्म-च्युत, विधर्मी, धर्म-हीन (व्यक्ति), अपना धर्म छोड़नेवाला।

apostatical (ăp ō stăt' ik əl) वि० १. स्वधर्मत्याग सम्बन्धी, स्वमत-त्याग-विषयक; २. विधर्मी का। **apostatize** (ə pos'

tă tĭz) क्रि० अ० १. धर्म-परिवर्तन करना, अपना धर्म परित्याग करना, धर्म छोड़ना; २. परधर्मावलम्बन करना, एक धर्म छोड़कर दूसरा धर्म स्वीकार करना।

apostil (ă pos' til) [F. *apostille* (etym. doubtful)] सं० हाशिये में दी गयी टिप्पणी, हाशिये का नोट, उपान्तस्थ टिप्पणी।

apostle (ă pos' ĕl) [O.F. *apostle, apostre*, L. *apostolus*, Gr. *apostolos*, a messenger (*apo-*, away, *stellein*, to send)] सं० १ दिव्य संदेशवाहक, ईश्वर-प्रेरित, ईशदूत, पैगम्बर, नबी, (विशेष उन बारह व्यक्तियों में से कोई, जिनको ईसा मसीह ने ईश्वरी संदेश का प्रचार करने के लिए भेजा था); २. (ईसाई०) धर्म-प्रचारक, किसी देश में सर्वप्रथम सफल ईसाई धर्म-प्रचारक या मिशनरी (जैसे ~of Germany); ३. सुधार का नेता, अगुवा (जैसे ~ of temperance)। **~-spoons** रसूली चम्मच, ऐसी चम्मचें जिन पर धर्म-प्रचारकों की आकृतियाँ बनी हों। **apostleship** सं० ईश्वर-दौत्य, धार्मिक, नेतृत्व, (धार्मिक क्षेत्र में) नायकत्व।

apostolate (ă pos' tŏ lăt) [L. *apostolātus*] सं० १. धार्मिक नेतृत्व, धर्म-प्रचारकत्व; २. धर्म-प्रचार करने का कार्य; ३ प्रचार का नेतृत्व। **apostolic** (ăp ŏ stol' ik) वि० १. ईसाई धर्म-प्रचारकों से संबंधित; २. धार्मिक नेता जैसा, मिशनरी जैसा; ३. धार्मिक नेता या प्रचारक के स्वभाव का; ४. पोप सम्बन्धी, पोप-विषयक। **apostolical** वि० १. धर्म-प्रचारक संबंधी; २. पोप का। **apostolically** क्रि० वि० मिशनरी के ढंग से, मिशनरी की तरह से, धर्म-प्रचारक के रूप में।

apostrophe (ă pos' trŏ fi) [L, from Gr. *apostrophē*, a turning away (*apostrephein*, to turn away)] सं० १ (सार्वजनिक भाषण या कविता में प्रायः मृत अथवा अनुपस्थित व्यक्ति-विशेष के प्रति) संबोधन। २. अक्षर-लोप या संबंध कारक का चिह्न (') (जैसे can't और boy's में)। **apostrophic** वि० २. (उपरिलिखित प्रकार से) संबोधन सबंधी, संबोधन-विषयक; २. अक्षर-लोप या संबंधकारक चिह्न-वाला। **apostrophize** क्रि० स० तथा अ० (उपरिलिखित प्रकार से) संबोधन करना।

apothecary (ă poth' ĕ kă ri) [O.F. *apotecaire*, late L. *apothēcārius*, from *apothēca*, a storehouse, Gr. *apothēkē* (*apo-*, away, *tithēmi*, I put)] सं० (ब्र्र०) अत्तार, ओषधि विक्रेता, आयुर्वि तैयार करके बेचनेवाला (जैसे apothecaries company), (वि० ३) ओषध-व्यापारी*।

apotheosis (ăp ŏ thē' ŏ sis, ă poth ĕ ŏ' sis) [L., from Gr. *apotheōsis* (*apo-*, *theoō*, I deify, from *theos*, a god)] सं० (बहु० ~oses) १. (शा० और ला०) देवीकरण* (मा० १ भी), किसी मनुष्य को देवता की पदवी देना; २. ऋषीकरण, सतस्वारोपण, साधु बनाना या साधु की पदवी देना; ३ देवी आदर्श, स्वर्गीय आदर्श; ४. सांसारिक जीवन से मुक्ति, ऐहिक जीवन से छुटकारा। **apotheosize** क्रि० स० १. किसी व्यक्ति को देवता की पदवी पर आसीन करना, देवता बनाना; २. सांसारिक जीवन से मुक्त करना।

appal, appall (ă pawl') [O.F. *apalir, apallir*, to grow pale, to make pale] क्रि० स० भयभीत करना, आतंकित करना, संत्रस्त करना, डराना। **appallingly** क्रि० वि० भयभीत करते हुए, आतंकित करते हुए, डराते हुए।

apparatus (ăp ă rā' tŭs) [L. *ad-*, to *parare*, to prepare] सं० (बहु० ~uses) १. वैज्ञानिक उपकरण, यंत्र-सामग्री, यंत्र संबंधी साज-सामान, औजार इत्यादि; २. किसी प्रयोग के लिए यंत्रों का संचय; ३. कर्मेन्द्रियाँ, शारीरिक अंग प्रत्यंग जिनके द्वारा प्रकृति अपना कार्य करती है; ४. (आ०,ई० ३, क्र०, प्र०, वि० १) उपकरण*। **~criticus** किसी दस्तावेज या प्रलेख के सूक्ष्म अध्ययन के लिए सामग्री।

apparel (ă par' ĕl) [O.F. *aparail*, n., and *apareiller*, v., to dress (*à*, L. *ad-*, to, *pareiller*, to assort, make fit, from *pareil*, like, late L. *pariculum*, dim. of *par*, equal)] क्रि० स० वस्त्रालंकृत करना, कपड़े पहनना, पोशाक या लिबास पहनना। सं० १. जरी या कारचोबी का काम (जो ईसाई पादरियों के धार्मिक वस्त्रों पर बना होता है); २. (अप्र०) वस्त्र, परिधान, आभरण, लिबास, कपड़े, पहनावा।

apparent (ă pār' ĕnt', ă pār' ĕnt) [O. F. *aparant, aparent*, L. *appārēntem*, p.p. of *appārēre*, to come into sight] वि० १. व्यक्त, अभिव्यक्त, स्फुट, प्रत्यक्ष, स्पष्ट, साफ, खुला हुआ, प्रकट; २. जाहिरी, ऊपरी, ऊपर से वास्तविक, बाह्य; ३. भासमान, प्रतीयमान; ४. (वि० १) आभासी*। **heir~** उत्तराधिकारी, युवराज। **apparently** क्रि० वि० स्पष्टतया, प्रत्यक्ष रूप से, जाहिर में, देखने में, बाह्यतः, ऊपर-ऊपर से।

apparition (ăp ă rish' ŭn) [F., from L. *appāritiōnem*, from *appārēre*, see APPEAR] सं० १. दिव्य दर्शन, दर्शन, उदय; २. आभास, छाया; ३. रूप, आकृति, सूरत, शक्ल; ४. पिशाच, प्रेत, भूत, साया; ५. (वि० १) आविर्भाव*।

apparitor (ă par' i tŏr) [L., see APPEAR] सं० १. रोम के मजिस्ट्रेट का सरकारी नौकर; २. असैनिक या धार्मिक न्यायालय का अधिकारी; ३. घोषणा करनेवाला, प्रतिहारी, प्रवेशक; ४. भेंट या दर्शन करानेवाला, चोबदार।

appeal (ă pēl') [O. F. *apeler*, to invoke, L. *appellāre* (*ad-*, to, *pellere*, to drive)] क्रि० स० और अ० १. पुनरावेदन करना, पुनर्विचार की प्रार्थना करना (छोटे न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध बड़े अधिकरण में); २. छोटी अदालत से बड़ी अदालत में मुकदमा ले जाना; ३. (किसी सबूत या साक्ष्य की ओर) ध्यान आकर्षित करवाना; ४. (किसी वस्तु के लिए, किसी व्यक्ति से) अभ्यर्थना करना, प्रार्थना करना, अनुरोध करना, विनम्र निवेदन करना; ५. (प्र०, मा० १) अपील करना*। सं० १ पुनरावेदन, पुनर्विचार-प्रार्थना, पुनरावेदन-अधिकार, अपील का अधिकार; २. (प्र०, मा० १, विधि) अपील*। **court of ~** पुनर्विचार न्यायालय, अपील-कोर्ट। **do not~to me** रुचिकर न होना, आकर्षक न होना, भला न लगना। (**pictures**) **~to the eye** लुभानी हैं, अच्छी लगती हैं, आकर्षित करती हैं। **~to the country** (जनमत लेने के लिए) संसद् भंग करना, पार्लियामेंट ठंडा करना। **appealable** वि० पुनर्विचार करने योग्य, अपील करने योग्य, पुनरावेद्य, अपील के योग्य, जिससे अपील की जा सके।

appear (ă pēr') [O.F. *aper-*, stem of *aparoir*, to appear (pres. subj. *apere*), L. *appārēre* (*ad-*, to, *pārēre*, come into sight)] क्रि० अ० १. प्रकट होना, दिखाई देना, दृष्टिगोचर होना, दीख पड़ना; २. उपस्थित होना, हाजिर होना, पेश होना; ३. सर्वसाधारण के सामने उपस्थित होना; ४. छपना, प्रकाशित होना; ५. व्यक्त होना, स्पष्ट होना, अभिव्यक्त होना; ६. लगना, भास होना, जान पड़ना; ७. (विधि) उपसंजात होना*, प्रतीत होना* **appearance** सं० १. हाजिरी, पेशी, उपस्थिति (क्रियागत अर्थों में); २. प्रत्यक्षता, दृष्टिगोचरता;

३. अभिव्यक्ति, उदय, आविर्भाव, प्रादुर्भाव, आभास, छाया; ४. पिशाच, प्रेत, भूत, साया; ५. शक्ल, वेष, दिखावा; ६. (विधि) उपसंजाति*; ७. (आ० इ० ३) रूप*, स्वरूप*; ८. (इं० ३) प्रतीति*। **put in an~** उपस्थित होना, हाजिर होना, पेश होना, सामने आना, शक्ल दिखाना। **save or keep~** दिखावा करना, अपनी बाहरी हालत बनाए रखना। **to all~** बाहर से, देखने में।

appease (ə pēz') [O. F. *apeser, apaisier* (*à*, to, *pais*, peace, L. *ad pacem, pax*)] क्रि० स० १. (झगड़े को) शान्त करना, निबटा देना, सुलझाना; २. (व्यक्ति को) शान्त करना, समझाना, सान्त्वना देना, मनाना, दिलासा देना, प्रसन्न करना; ३. (भूख अथवा पूर्वाग्रह का) बुझाना, शान्त करना, सन्तुष्ट करना। **appeasement** तुष्टीकरण*, तोषण*, (मा० १ भी), तुष्टि, उपशमन, अपतुष्टि। **appeasable** शान्त करने योग्य, शमनीय, तोषणीय।

appellant (ə pel' ənt) [F. *appellant*, see APPEAL] वि० और स० १. प्रार्थना करनेवाला, प्रार्थी, अपील करनेवाला, पुनरावेदनकर्ता; २. (विधि) अपील संबंधी*। **appellate** वि० पुनर्विचार करनेवाला, अपील सुननेवाला। **~jurisdiction** अपील सुनने का अधिकार। **appellation** (ăp ēl ā' shŭn) सं० १. अभिधान* (प्र०, मा० १ भी), नाम; २. नामकरण; ३. परिभाषा; ४. उपाधि, (प्र०, मा० १ भी) पदवी*। **appellative** (a pel' ə tiv) सं० १. जातिवाचक (शब्द), सामान्य जातिवाचक संज्ञा; २. नाम; ३. उपाधि, पदवी; ४. नामकरण। वि० १. श्रेणीवाचक, जातिवाचक; २ सनाम; ३ नामधारी।

append (ə pend') [L. *appendere* (*ad-*, to, *pendere*, to hang)] क्रि० स० १. अनुबंध करना, संयोजन करना; २. टाँगना; ३. टाँकना; ४. संलग्न करना, जोड़ देना, नत्थी करना, मिलाना, लिखकर जोड़ना; ५. परिशिष्ट जोड़ना। **appendage** सं० १. संलग्नक, संलग्नी, उपाहित भाग, परिशिष्ट उपकरण; २. नत्थी की हुई या जोड़ी हुई वस्तु, अवयव, पुछल्ला; ३. (आ०, कु०, वि० १) उपांग*; ४. (प्र०, मा० १) संलग्न*, अनुबंध*। **appendant** सं० १. (सम्पत्ति, वस्तु या व्यक्ति) जो किसी के अधीन हो, साथ लगा हो या अवलम्बित हो। वि० १ उपांग, बँधा हुआ; २. जुड़ा हुआ, अधीनस्थ।

appendicitis सं० अपेंडिसाइटिस, उंडुकशोथ, उण्डुकशोथ, उपान्त्रदाह उपान्त्रशूल।

appendix (ə pen' diks). सं० १. बहु व० **~ices, ixes,**) (पुस्तक, लेख आदि का) परिशिष्ट* (प्र०, मा० १ भी), उपांग, परिशेषिका; २. उपांत्र; ३. किसी अंग के ऊपर निकला हुआ भाग, (विशे० **~vermi** from आँतों का); ४. (आ०) पुच्छ*।

apperception (ăp ər sep' shŭn) [F. *apperception*, mod. L. *appercipere* (*ad-*, to, *percipere*, see PERCEIVE)] सं० १. संप्रत्यक्ष, मानसिक बोध, (मनो०) अन्तर्बोध* और उसकी प्रक्रिया; २. किसी वस्तु को देखकर अपने पूर्वज्ञान के अनुसार उसका बोध करना। **apperceive** क्रि० स० (मनो०) १. संप्रत्यक्ष करना; २. किसी वस्तु को देखकर उसका अपने पूर्व ज्ञान से मेल बैठाना।

appertain (ăp ər tān') [O. F. *apartenire*, late L. *appertinēre* (*ad-*, to, *pertinēre*, to pertain)] क्रि० अ० १. अधिकार में होना; २. उपयुक्त होना, मुनासिब होना (किसी चीज के); ३ अनुबंधित होना; ४. अलगाव होना, संबंधित होना।

appetence, appetency (ăp' ē tens, -tēn si) [F. *appétence*, L. *appetentia*, see next] सं० १. उत्कण्ठा, कामना, अभिलाषा, इच्छा, स्पृहा, (बड़ी) चाह, ललक, लगन; २. मेल, लगाव।

appetent (ăp' ē tēnt) [L. *appetent -ntem*, prcs. p. of *appetere* (*ad-*, to, *petere*, to seek)] वि० १. उत्कण्ठित, अभिलाषी, लालायित, उत्सुक; २. विकल, बेचैन।

appetite (ăp' ē tīt) [O. F. *apetit*, L. *appetitus*] सं० १. काम, राग, अभिलाषा, रुचि, इच्छा; २. क्षुधावेग, खलान; ३. प्राकृतिक आवश्यकताओं को पूरा करने की इच्छा, विशे० भूख* (क्रु० भी), क्षुधा* (आ० भी); ४. अभिरुचि। **appetitive** (ă pet' i tiv) वि० १. कामना जगानेवाला; २. क्षुधावर्धक, भूख बढ़ानेवाला; ३. स्वादिष्ट। **appetize** (ăp' ē tīz) क्रि० स० १. भूख जगाना; २. रुचि बढ़ाना। **appetizer** सं० १. भूख जगानेवाला पदार्थ; २. (आ०) क्षुधावर्धक* (वस्तु)।

applaud (ə plawd') [L. *applaudere* (*ad-*, together, *plaudere*, to clap)] क्रि० स० और अ० १. प्रशंसा करना, श्लाघा करना, सराहना; २. उच्च स्वर से अनुमोदन करना, (अनुमोदनार्थ एवं प्रशंसा घ धक) ताली बजाना, वाह-वाह करना। **applause** (a plawz') [L. *applausus*, p. p. of *applaudere*] सं० १. जय-जयकार, हर्षध्वनि, उच्च स्वर से अनुमोदन; २. साधुवाद; ३. प्रशंसा, श्लाघा, स्तुति। **applausive** वि० सराहना युक्त, प्रशंसापूर्ण, वाहवाही से भरा। **applausively** क्रि० वि० सराहनापूर्वक, प्रशंसापूर्वक, तारीफ के साथ।

apple (ăp' il) [A.-S. *æpl, æppel* (O.H.G. *aphul*, G. *apfel*)] १. सेब; २. पुतली; ३. (नि०) उत्कोल, कोई भी बहुत गूदेवाला रही फल जिसमें बहुत से छेद हों। **~ of discord, golden~** १. जूनो, मिनर्वा और वीनस द्वारा अभीप्सित सेब; २ कलह बीज, झगड़े की जड़। **~of Sodom, Dead sea~** भस्मीभूत हो जानेवाला फल। **~of the eye** १. आंख की पुतली, २. प्रिय वस्तु। **~brandy** सेब से बनी शराब। **~butter** सेब की चटनी। **~cart** योजना (जैसे upset over ~-cart किसी की योजना को विफल बना देना)। **~-cheese** सेब के खोजरे से बनी टिकिया। **~dumpling** सेब का हलुआ। **~green** १. एक प्रकार का हरा रंग, सेब-सैमा हरा; २. (वि०१) सेब हरित*। **~-john** जॉन सेब, इसके सम्बन्ध में प्रसिद्ध है कि दो साल तक रक्खे रहने के बाद जब यह मुलने लगता है और इसमें झुर्रियाँ पड़ जाती हैं तो इसका स्वाद बहुत अच्छा हो जाता है। **~-pie bed** ऐसा बिस्तर जिसमें इस प्रकार चादर लगाई गई हो कि सोनेवाले की टाँगें नीचे न गिर सकें। **~-pie order** पूर्ण व्यवस्था, पूर्ण शान्ति। **~-pomace** रस निकालने के बाद बचा हुआ खोजरा (सेब का)। **~sauce** १. चाटुकारिता, झूठी चापलूसी; २. (विस्म०) बकवास; ३. सेब की चटनी।

applique (ă pli kā') [F., p.p. of *appliquer*. to apply] सं० १. सजावट का काम; २. किसी एक वस्त्र से काटा हुआ और दूसरी पर लगाया गया कढ़ाई का काम (विशे० वस्त्र तैयार करने में); ३. (मा० १) आसजी पदार्थ*, आसजी*। क्रि० स० इस प्रकार का सजावट अथवा कढ़ाई का काम करना।

apply (ə plī') [O.F. *aplier*, L. *applicāre* (*ad-*, to *plicāre*, fold together, fasten)] क्रि० स० और अ० १. पास लाना, नजदीक रखना; २. (शा० एव ला०) (क्रोधादि आदि) लगाना, लेप करना, चढ़ाना, प्रयोग करना, पिलाना, पीना; ३. उपयोग करना, काम में लाना, प्रयोग करना; ४. (किसी काम में) लगाना, निरत हो जाना; ६. संबंधित होना, बारे में होना; ७. पूरी तरह ध्यान लगाना; ८. चुन में रहना, लागू होना; ९. (सहायता के

लिए) निवेदन करना, आवेदन करना, अर्जी देना, प्रार्थना-पत्र देना; १०. (विधि) लागू होना*, उपयोजन करना*। **appliance** सं० १. औज़ार; २. उपयोग, व्यवहार; ३. (ई०, कृ०) साधन*; ४. (ई०१, कृ०, प्र०) साधित*; ५. (ई० १) युक्ति*; ६. (प्र०) उपकरण*। **applicable** (ăp' lik ăbl), वि० १. व्यवहार्य, उपयोज्य, लागू; २. उपयुक्त, उचित, ठीक, मुनासिब; ३. (प्र०) प्रयोज्य*; ४. (प्र०, वि० १, विधि) लागू*; ५. (वि० १) अनु-प्रयोज्य*। **applicability** (ăp lik á bil' i ti) सं० १. व्यवहार्यता; २. उपयुक्तता; ३. (प्र०, मा० १) प्रयोज्यता*, लागू होना*। **applicant** (ăp' li-kánt) सं० १. प्रार्थी, निवेदक, याचक, उम्मीदवार; २. (प्र०) आवेदक*। **application** (ăp li kā' shŭn) सं० १. भोजन-विधान, प्रयोग, संप्रयोग, निवेशन, न्यास, अर्पण; २. मनोनियोग, चित्तासक्ति, अध्यवसाय, अभिनिवेश, आसक्ति, अनुष्ठान; ३. उपयोग; ४. संबंध; ५. साधनों का उपयोग; ६. (पलस्तर) चढ़ाना; ७. लेप करना, (मलहम) लगाना; ८. (नियम आदि का) लागू करना; ९. उपयुक्तता, संगति; १०. मेहनत करने की शक्ति, श्रम-सामर्थ्य; ११. प्रार्थनापत्र, दरख़्वास्त; १२. (प्र०, विधि) आवेदन*; १३. (प्र०, मा० १) आवेदन-पत्र*, अर्ज़ी; १४. (प्र०, मा० १) प्रयोज्यता*, लागू होना*; १५. (वि० १) अनु-प्रयोग* ; १६. (कृ०) डालना*।

appoint (ă point') [O.F. *apointer* (à, to, *point*, the point)]. क्रि० स० १. (समय, स्थान आदि) निश्चित करना, तय करना, नियत करना, निर्धारित करना, ठहराना; २. (वस्तु) संकेत करना, बताना; ३. (विधि) घोषित करना*, घोषणा करना*; ४. नियुक्त करना; ५. (प्र० और विधि) मनोनीत करना*/ लगाना*। **well or badly appointed** अच्छी या बुरी तरह से सज्रद्ध, सजा हुआ। **appointee** (ă poin tē') सं० नियुक्त* (प्र०भी), मनोनीत (व्यक्ति)। **appointment** (ă point' mĕnt) सं० १. नियोग, अधिकार, पद, २. नियम, विधि, आज्ञा, शासन; ३ उपकरण; ४. निरूपण, स्थापन; ५. समय, संकेत; ६. मिलने के लिए स्थान या समय का निश्चय, नियत कार्य, निश्चित कार्य; ८. अध्यादेश, ९ डिग्री; १० पद, नौकरी, जगह; ११. (प्रायः बहु व०) सामान, असबाब; १२. (प्र०, मा० १) नियुक्ति*। **break an ~** नियत समय या स्थान पर न पहुँचना। **keep an ~** नियत समय या स्थान पर पहुँचना।

apport (ă pōrt') [L. *apportare*, to bring], सं० प्रेतवादियों की सभा में जादू से अथवा नज़रबंदी करके दिखाई जानेवाली कोई भौतिक वस्तु।

apportion (ă pōr' shŭn) [O. F. *apportionner* (à, to, *portionner*, to portion)] क्रि० स० १. भाग देना, बाँटना, हिस्सा देना; २. उचित अंश वितरित करना; ३.विभाजन करना; ४. (प्र०, मा०१) प्रभाजन*। **apportionment** सं० विभाजन, बाँट, बँटवारा।

apposite (ăp' ŏ zĭt) [L. *appositus*, p.p. of *apponere* (*ad-*, to, *ponere*, to place, put)] वि० १. युक्त, उपयुक्त, संगत, समुचित, यथार्थ, ठीक, दुरुस्त; २. जमता हुआ, जँचता हुआ। **appositely** क्रि० वि० ठीक से, समुचित रूप से, यथार्थतः। **appositeness** सं० उपयुक्तता, संगति, प्रसंगानुकूलता।

apposition (ă pŏ zish' ŭn) सं० १. (मोहर) लगाना, मोहरबंद करना; २. पास-पास रखना, अगल-बगल रखना; ३. (व्या०) समानाधिकरण, वाक्य में एक शब्द के साथ दूसरे शब्द को समान स्थान पर रखना; ४. (वि० १) स्तराधान* । **appositional** वि० पास-पास, समानाधिकरणीय।

appraise (ă prāz') [PRAISE] क्रि० स० १. (विशे० सरकारी मूल्य-निर्धारक के सम्बन्ध में) मूल्य निश्चित करना, नियत करना, निर्धारण करना; २. मूल्यांकन करना, मूल्य आँकना, अन्दाज़ लगाना। **appraisable** वि० १. मूल्य निश्चित करने के योग्य, मूल्यांकनीय; २. अनुमेय। **appraisal** सं० १. अनुमान लगाना; २. आँकना* (कृ०भी), कूतना। **appraisement** सं० १. मूल्यांकन* (मा० १ भी); २.अनुमान, अंदाज़ा; ३. (मा० १) मूल्य-निरूपण*।

appreciate (ă prē' shi ăt) [L. *appretiātus*, p.p. of *appretiāre*, to fix a price on (*ad-*, to, *pretium*, a price)] क्रि० स० और अ० १. (किसी के मूल्य, गुण अथवा परिमाण के बारे में) अंदाज़ लगाना, अनुमान लगाना, मूल्यांकन करना, आँकना; २. जाँचना, परखना, ख़ूबी को समझना; ३. अनुभव करना, महसूस करना; ४. विशेष आदर-भाव रखना, बहुत अधिक सम्मान करना, क़द्र करना; ५.प्रशंसा करना, महत्त्व देना, दाद देना, मानना; ६. मूल्य बढ़ाना, भाव बढ़ाना, मँहगा करना, मूल्य बढ़ जाना। **appreciably** क्रि० वि० १. विशेष, ख़ास, काफ़ी, अनुमेय रूप में। **appreciation** (ă prē shi ā' shŭn) सं० १. मूल्यांकन, निर्णय, परख; २. बोध, अनुभव, समझ; ३. यथोचित मूल्यांकन; ४. आदर, मान, प्रशंसा, सराहना, बड़ाई, क़दर, दाद; ५. मूल्य-वृद्धि; ६. समालोचना, विवेचन, दोष-गुण विवेचन, गुणावगुण ज्ञान-विवेचन; ७. (प्र०) सराहना* / वृद्धि* (जैसे मूल्य)। **appreciative, appreciatory** वि० गुणग्राही, प्रशंसात्मक, आदर-भाव रखनेवाला। **appreciatively** क्रि० वि० प्रशंसापूर्वक, आदरपूर्वक। **appreciable** वि० १. विशेष, उल्लेख्य, उल्लेखनीय, अच्छा, बढ़िया, पसंद करने योग्य; २. अनुमेय, आँकने योग्य; ३. बुद्धिग्राह्य, जानने य.य; ४. (वि० २) अवगम्य*; ५. (वि० ३) सुप्रेक्ष्य*।

apprehend (ăp ré hend') [F. *appréhend*, L. *apprehendere* (*ad-*, to, *prehendere*, to scize)] क्रि० स० १. बंदी बनाना, पकड़ना, धर लेना, गिरफ़्तार करना; २. बोध पाना, अनुभव करना, महसूस करना; ३. समझना, बूझना; ४. आशंका करना, भय खाना, डरना। **apprehensible** वि० सुबोध, बोधगम्य, समझने योग्य, गोचर। **apprehensibility** सं० बोधगम्यता। **apprehension** सं० १. ग्रहण, आशेष; २. पकड़ना, पकड़ा जाना, गिरफ़्तारी; ३. बोध, मति अवधारण, तर्क, समझ, ४. अनुमान; ५. भय, डर, खटका; ६. (विधि) पकड़ा जाना*; ७. (आ०, विधि) आशंका*। **apprehensive** वि० १. इन्द्रिय या मानसिक ग्राह्यता-विषयक; २. बोधगम्य, बुद्धिगम्य, इन्द्रियगम्य; ३. बुद्धिमान, प्रबुद्ध, समझदार; ४. अशान्त, बेचैन; ५. भयभीत, आशंकित, सशंक। **apprehensively** क्रि० वि० १. इन्द्रिय-बोध द्वारा २. आशंका से, भय से, खटके से, बेचैनी से; ३. बोध-गम्यता से। **apprehensiveness** सं० भय, डर, सशंकता, बोधगम्यता।

apprentice (a pren' tis) [O.F. *aprentis*, from *apprendre*, to learn (L. *apprehendere*. see prec.)] सं० १. नौसिखिया, नौसिखुवा, (किसी कला या शिल्प का) सीखना प्रारम्भ करनेवाला या सीखनेवाला, शिष्य, विद्यार्थी, शागिर्द; २. (प्र०, मा० ३) शिक्षु*/ अप्रेंटिस*; ३. (ई०, मा० ३) शिक्षार्थी*; ४. (मा० ३) शिक्षा-नवीस* (बँगला)। क्रि० स० नौसिखिये के रूप में लगाना, अप्रेंटिस रखना। **apprenticeship** शिष्यता, नौसिखियापन, शागिर्दी।

apprise (ă prīz') [F. *appris*, p.p. of *apprendre*, see APPREHEND] क्रि० स० १.ज्ञापित करना, ख्यापित करना, सूचित करना, इत्तिला देना, जताना, सूचना देना, सूचित करना, आगाह

करना, अवगत करना, बताना; २. अवगत होना, जानना, वाक़िफ़ होना।

apprize (ə prīz)' [O.H. *aprisier*, to appraise (*à*, to, *prisier*, to prize or praise, perhaps from *à prix*, cp. *mettre à prix*)] क्रि० स० १. कूतना, आँकना, मूल्य निर्धारित करना, मूल्यांकन करना; २. क़द्र करना, दाद देना, सराहना करना; ३. पहचानना, वाक़िफ़ होना।

appro. सं० दे० approval or approbation।

approach (ə proch') [O.F. *aprochier*, late L. *appropiāre* (*ad-*, to, *propius*, compar. of *prope*, near)] क्रि० स० और अ० १. समीप आना, पास आना, पहुँचना; ३. प्रवेश पाना; ३. (गोल्फ़) गेंद को छेद के पास पहुँचाने के लिए निशान लगाना; ४. (स्वभाव आदि) एक-सा होना, मिलता-जुलता होना, अनुरूप होना; ५. प्रस्ताव करना, बातचीत या निवेदन करना; ६. (सैन्य०) खन्दक खोदना, मोरचा बनाना। सं० १. गम्यता; २ प्रवेश; ३. सन्निकर्ष, आसन्नता, पहुँच; ४. रास्ता, मार्ग; ५. समानता, मिलना-जुलता होना ; ६. (गोल्फ़) छेद तक पहुँचने के लिए 'टी' से मारी हुई हिट; ७. (सैन्य०) खन्दक, मोरचा; ८. (आ०) अभिगम*; ९. (मा० ३) उपागम*/ (विचार) पद्धति*।

approachable वि० प्रवेश्य, उपागम्य, पहुँचने योग्य, जिस तक पहुँच हो सके। **approachability** सं० गम्यता, प्रवेश, पहुँच।

approbate (ăp' rō bāt). क्रि० स० १. औपचारिक रूप से अनुमोदन करना; २. स्वीकार करना, मान्यता देना, मंज़ूरी देना, सहमति प्रकट करना; ३. प्रशंसा करना।

approbation (ă pro bā' shŭn) सं० १. स्वीकृति, मंज़ूरी; २. अनुमोदन, सहमति; ३. प्रशंसा। **approbatory** वि० स्वीकरणीय, अनुमोदनीय।

appropriate (ə prō' pri āt) [L. *appropriātus*, p.p. of *appropriāre* (*ad-*, to, *proprius*, one's own)] क्रि० स० १. अधिकार में कर लेना, स्वामी बन बैठना; २. अपना लेना, हथिया लेना, हड़प लेना, क़ाबू रखना; ३ काम में लाना, उपभोग करना, प्रयोग करना (किसी विशिष्ट काम के लिए); ४. विनियोग करना, अलग रखना; ५. मद में डालना; ६. (विधि) विनियोजित करना*। वि० उचित, उपयुक्त, संगत, ठीक, वाजिब, मुनासिब। **appropriately** क्रि० वि० उपयुक्तता से, उचित रूप से, उचित रीति से, ठीक ढंग से। **appropriateness** सं० उपयुक्तता, औचित्य, संगति। **appropriation** सं० १. अधिकार, स्वामित्व; २. प्रयोग, उपयोग, ३. विनियोजन* (मा० १ भी); ४. मद, रक़म। **appropriative** वि० १. अधिकार या स्वामित्व-संबंधी; २. उपयोग संबंधी, विनियोग विषयक। **appropriator** १. उपयोगकर्ता, विनयोजक; २. हड़प लेने वाला।

arrogance (ăr' o gans), **arrogancy** (ăr' o gan si) [F. *arrogance*, L *arrogantia* see below] सं० १. औद्धत्य, अभिमान, घमंड, अहंकार, गर्व, २. अक्खड़पन, धृष्टता; ३. दबंगई, गुस्ताखी, दर्प* (मा० २ भा)। **arrogant** (ăr' o gănt) [F. *arrogant*, L. *arrogantem*, pres. p. of *arrogāre* (see ARROGATE)] वि० १. उद्धत, अहंकारपूर्ण, प्रगल्भ, गर्वित, समद, धृष्ट, उद्दंड अक्खड. २. घमंडी, अहंकारी, अहंवादी, गर्वीला, अभिमानी, हेकड़, गुस्ताख। **arrogantly** क्रि० व० १. धृष्टतापूर्वक, घमंड से, हेकड़ी से; २. गुस्ताखी से।

arrogate (ăr' o gāt) [L. *arrogātus*, p.p. of *arrogāre* (*ad-*, to, *rogāre*, to ask)] क्रि० स० १ बेजा दावा करना; २.अनधिकार चेष्टा करना; ३. किसी वस्तु पर झूठा दावा करना; ४. मिथ्या अभिमान करना, दुराग्रह करना। **arrogation** (ăr o gā' shŭn) सं० १. अनधिकार चेष्टा, अनुचित अधिकार, बेजा दावा, झूठा दावा, दुराग्रह; २. मिथ्या अभिमान।

arrow (ăr' ō) [A.-S. *arcue*, *earh* (Goth, *arhwazna*; allied to L *arcus*, a bow)] सं० १. बाण* (वि० १ भी), शर, सायक, विक्षिख, शिलीमुख, नाराच, २. बाण के आकार का आभूषण, चिह्न या सुई; ३. (कू०) हड्डी (पृष्ठ) काण्ड*; ४. (वि० १) कील*। **~broad or~head** ब्रिटिश सरकारी भाण्डारों (स्टोर्स) का निर्देशन-चिह्न या मार्क। **~headed characters** कीलाक्षर, कीलाकार अक्षर, कीलाकृत लिपि। **~-root** अरारूट। **~-stitch** तिकोनी तुरपन, तिकोनी सीवन या सिलाई। **arrowy** वि० १. बाणाकार, तीर-सा; २. शरपूर्ण, बाणों से भरा हुआ; ३.बाणों का।

arse (ars) [A.-S. *ærs*, *ears* (Icel. and M.H.G. *ars*; cp. Gr. *orrhos*)] सं० (अव ग्रा०) कमर के पीछे का भाग, चूतड़, पुट्ठा, नितम्ब।

arsenal (ar' sén ăl) [It.' *arsenale*, *arzenà*, *darsena*, Arab. *dār accinā'āh* (*dār*, house, *al*, the, *cinā'āh*, art. trade)] सं० १. अस्त्रागार, शस्त्रागार*, आयुधागार* (मा० १ भी), आयुधशाला, हथियारघर; २. (ला०) शस्त्रास्त्र-समूह।

arsenic (ar' sé nik) [O.F. *arsenic*, L. *arsenicum*, Gr. *arsenikon* (a. *arrenikos -on*, male, masculine, used as n. from idea of the alchemists that this was a masculine metal), Arab. *az-zernikh* (*al*, the, *zernikh*, orpiment, Pers. *zerni*, orpiment, *zar*, gold)] सं० १. आर्सेनिक* / संखिया* (आ० भी); २. (प्रच०) फेनाश्मन, मनःशिला, एक श्वेत खनिज जो घातक विष होता है। वि० १. संखिया का, संखियावाला, आर्सेनिकीय, आर्सेनिक-विषयक, हरताली; २. (विशे० रसा०) आर्सेनिकमिश्रित, आर्सेनिकपूर्ण, संखिया मिला, उन तत्त्वों से सम्बन्धित जिनमें आर्सेनिक मिलता हो। **Flowers of ~** संखिया के फूल। **arsenical** वि० आर्सेनिकीय, हरताली, संखिया का। **arsenious** (ar sé' ni ŭs) वि० १. संखियादार, संखियावाला, हरताली; २. विशे० संखियामिला मिश्रण, (ऐसा मिश्रण) जिसमे तीन के गुट के रूप मे एक अश संखिया का हो; ३. (वि०१) आर्सेनियस*।

arsis (ar' sis) [L. from Gr. *arsis*, a raising, a lifting (*airein*, to lift)] सं० अंग्रेजी छंद के मात्रा-निर्देश में स्वराघात-युक्त अक्षर।

arson (ar' son) [O.F. *arson*, late L. *arsto-ônem* (*ardēre*, to burn, p.p. *arsus*)] सं० गृहदहन अपराध, किसी के मकान या सम्पत्ति को (या अपने मकान आदि को, यदि उसका बीमा कराया हुआ हो) जान-बूझकर आग लगाना।

art[1] (art) दे० TO BE।

art[2] (art) [O.F. *art*, L. *ars artem* (stem *ar-*, to fit)] सं० १ कला* (मा० २ भी), कला-कौशल, शिल्प, शिल्प-विद्या, व्यवसाय, हुनर, कारीगरी; २. (विशे० प्रकृति के प्रतिकूल) मानवीय कौशल, निपुणता, कुशलता, दक्षता; ३ अनुकरणात्मक और आकृतिमूलक कार्यों में प्रयुक्त चातुर्य (जैसे चित्रकला, मूर्तिकला आदि); ४. (गुण०) कलात्मक रचनावाला; ५. कलाकृति, कलावस्तु, कोई चीज जिसमें कौशल का प्रयोग किया गया हो; ६ (बहु००) विद्या या शिक्षा की कतिपय शाखाएँ (जैसे साहित्य, इतिहास आदि) जिनकी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बी० ए०, एम० ए० आदि की उपाधियाँ मिलती है, सामान्य शिक्षा; ७ किसी शास्त्र या विज्ञान का प्रायोगिक रूप, व्यावहारिक उपयोग, ८ औद्योगिक व्यवसाय, ९ अौद्योगिक वृत्ति; १०. उद्योग-संघ, श्रम-पालियों का समूह, कारीगरों का दल; ११. कुशलता, चतुराई, युक्ति, काम करने का ढंग; १२ हुनर, ढब; १३. धूर्तता, कपट, माया, छल, मक्कारी, चालाकी, चाल, १४. कपटपूर्ण योजना, छलपूर्ण युक्ति, बुद्धि-चातुरी, दाँव, घात; १५. हथकंडा, १६ वैदग्ध्य, चातुर्य; १७. (विधि, वि० १) आर्ट*। **black ~** इन्द्रजाल, माया, जादू। **fine arts** ललित कला* जिनमें मन (मानस) का विशिष्ट स्थान होता है। **~and part** कला एव (या) क्रिया, कौशल और व्यवहार, कला एव अभिनय (जैसे ब~and part in, सभी प्रकार से व्यस्त होना)। **artful** वि० चतुर, मायावी, छली, कपटी, छलिया,

चालाक, चंट, धूर्त, मक्कार, धोखेबाज, चालबाज (व्यक्ति एवं कार्य)। **artfully** क्रि॰ वि॰ छल से, चालाकी से, मक्कारी से, धोखेबाजी से। **artfulness** सं॰ कपटीपन, चालबाजी, चालाकी, छल, धूर्तता। **artless** वि॰ १. कलाहीन, अकुशल, अनाड़ी; २. असंस्कृत, अनभ्य; ३. भद्दा, भोंडा, अनगढ़; ४ बुद्धू, सीधा-सादा, ऋजु, अकृत्रिम, प्राकृतिक, स्वाभाविक, नैसर्गिक; ५. निष्कपट, छलरहित, सच्चा, सरल, शुद्ध-हृदय, भोला। **artlessly** क्रि॰ वि॰ १. कलाहीनता में; २. भद्दे ढंग से; सरलता से। **artlessness** सं॰ १. कलाहीनता, अकुशलता, २. अकृत्रिमता, स्वाभाविकता; ३. सरलता, निष्कपटता, भोलापन। **arty** वि॰ १. (बोल॰) मिथ्यारूप से कलात्मक, कृत्रिम, बनावटी, दिखाऊ, झूठा; २. नकली कलाकार, बनावटी या दिखावटी कलाबत। **~and crafty** (विनो॰ प्राय: फ़र्नीचर के लिए) कला की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण, न कि उपयोगिता या आराम के विचार से।

artefact, artifact (ar' ti fākt) [L. *ars, artis*, art *factus*, made] सं॰ १. मानवीय कला एवं कार्य-कुशलता की उपज, मनुष्य-द्वारा निर्मित वस्तु; २. मानवीय शिल्प, कलाकृति, ३ (पुरा॰) प्रागैतिहासिक कलावस्तु (अप्राकृतिक); ४. (आ॰) कृतक*।

artel सं॰ मजदूर-संस्था, रूस के श्रमिकों की संस्था या समुदाय (मा॰३) आरटल*।

arterial (ar tēr' i āl) [as foll.] वि॰ १ धमनीय* (वि॰ १ भी); धमनी सम्बन्धी, नाड़ी की प्रकृति का, नाड़ी-सदृश, धमनी का, २. (आजकल प्राय: मुख्य सड़कों और यातायात के पथों के लिए प्रयुक्त) जैसे ~railway, ~road, ~traffic; ३.(आ॰) धमनी-। **arterialize** (ar tēr' i ā liz) क्रि॰ स॰ फेफड़े में ऑक्सीजन पहुँचा कर शिरा के रक्त को धमनी के रक्त में बदलना, धमनी का कर देना, नाड़ी धमनी-चक्र से युक्त करना। **arterialization** सं॰ १. उपर्युक्त क्रिया; २. धमनीचक्र-संयोजन।

arteriosclerosis (ar tēr i ō skle rō' sis) सं॰ (आ॰) धमनी-काठिन्य* धमनियों या नाड़ियों का कड़ा पड़ना, (विशे॰ वृद्धावस्था के कारण)।

arteriotomy (ar tē ri ot' ō mi) सं॰ फ़स्द खोलना, धमनी-छेदन, रक्त निकालने के लिए धमनी को खोलना, नसों की चीर-फाड़।

arteritis (ar ter ī' tis) सं॰ धमनी-प्रदाह, धमनी की सूजन।

artery (ar' ter i) [L. *artēria*, Gr. *artēria* (prob. from *aeirein*, to raise)] सं॰ १. धमनी* (आ॰, वि॰ १ भी); २. रक्तवाहिनी, रोहिणी नस, जिससे रक्त हृदय से शरीर के सभी भागों में पहुँचता है (आ॰ भी)।

Artesian (ar tē' zhān) [F. *Artésien* from *Artois*, an old province of France] वि॰ १. फ़व्वारी; २. (आ॰, वि॰ १) उत्क्षुत*/ आर्टीज़ियन*। **~well** फ़व्वारी कुआँ, नलकूप, फूटते पानी का कुआँ।

arthritic (ar thirt' ik) [L. *arthritikus*, Gr. *arthritikos*, from *arthron*, a joint' (orig. through O. F. *artetique*, afterwards corrected)] वि॰ संधि-प्रदाह सम्बन्धी, गठिया-विषयक। **arthritis** (ar thrī' tis) [-rits] सं॰ १. सन्धि-प्रदाह, संधिकांति, जोड़ों की सूजन, गठिया, सन्धिवात; २. (आ॰, कृ॰) सन्धिशोथ*।

arthro- [Gr. *arthron*, a joint] (समास में) जोड़। **arthropathy** जोड़ का दर्द। **arthrosis** जोड़बन्दी, हड्डियों का जोड़।

artichoke (ar' ti chōk) [It. *articiocco, articioffo* (O. Sp. *alcarchofa*); Arab. *al-kharshif*] सं॰ आर्टीचोक, हाथी-चक* (कृ॰ भी), एक प्रकार का पौधा। **Jerusalem ~** सूरजमुखी जाति का एक पौधा।

article (ar' ti kel) [F. *article*, L. *articulus*, dim. of *artus*, joint] सं॰ १. (लिखित वस्तु का) अंश, अवतरण, भाग, अनुच्छेद, धारा, दफ़ा (जैसे Thirty-nine Articles); २. लेख, निबंध; ३. विवरण, ब्यौरा; ४. नियम (जैसे articles of association), तत्त्व-सिद्धान्त (जैसे ~ of faith); ५. (प्र॰, मा॰ १, वि॰ १) वस्तु*; ६. (प्र॰, मा॰ १) अनुच्छेद*; ७. (प्र॰ मा॰ १) नियम*। क्रि॰ स॰ १. अनुच्छेद बनाकर रखना, अवतरणों में प्रस्तुत करना, भिन्न अंशों में प्रकट करना, धाराओं में बाँटना; २. आरोप करना, दोषारोपण करना, अभियोग लगाना, अपराधी ठहराना; ३. शिक्षाधीन काल या उम्मीदवारी की धाराओं या नियमों से बाँधना, प्रतिबन्ध लगाना, नियंत्रण रखना। **leading ~in newspaper** सम्पादकीय लेख। **the next ~**विशिष्ट वस्तु, चीज, पदार्थ। **in the~of death** मृत्यु के क्षण में, अन्तिम समय।

articular (ar tik' ū lar) [L. *articulāris* (see ARTICLE)] वि॰ १. संधि सम्बन्धी, जोड़ों का, जोड़दार, गठीला; २. (आ॰) सन्धायक*; ३. (वि॰१) सन्धि* / सन्धिका*।

articulate (ar tik' ū lāt) [as prec.] वि॰ १. संधिक, संधियुक्त, ग्रन्थियुक्त, ग्रथिल, गाँठदार, जोड़दार, पोरदार; २. स्पष्टतः जोड़ा हुआ; ३. स्पष्ट, परिस्फुट, व्यक्त (जैसे ~ speech)। सं॰ ग्रन्थियुक्त पशु, ग्रन्थिल जन्तु। क्रि॰ स॰ और अ॰ १. जोड़ना, जोड़ डालना, जोड़ के द्वारा मिलाना, जोड़बन्दी करना; २. शब्दों में विभाजित कर लेना, अलग-अलग शब्द बोलना; ३. स्पष्ट उच्चारण करना, साफ शब्दों में बोलना। क्रि॰ अ॰ स्पष्ट बोलना, स्पष्ट शब्दों में बोलना, स्पष्ट उच्चारण करना। **articulately** क्रि॰ वि॰ स्पष्ट रूप से, स्पष्टतः, ज़ोर से ढंग से। **articulateness** सं॰ गठीलापन, स्पष्टता। **articulation** (ar tik ū lā' shŭn) सं॰ १ ग्रन्थन, ग्रन्थियों या संधियों का संयोजन, जोड़बन्दी; २. पोर, ग्रन्थि, संधि, जोड़, गाँठ; २ स्पष्टोच्चारण, साफ बोलना; ३. व्यंजन; ४. (आ॰) संधि*; ५ (वि॰ २) उच्चारण-स्पष्टता*/स्पष्ट उच्चारण*। **articulatory** वि॰ १. जोड़बन्दी का; २. स्पष्टोच्चारण सम्बन्धी।

artifice (ar' ti fis) [F. *artifice*, L. *artificium* (*ars artis* art, *-ficium*, suf. from *facere*, to make)] सं॰ १. उपाय, युक्ति* (वि॰१ भी), साधन, तरकीब, हिकमत; २. चतुराई, निपुणता, होशियारी, कार्यदक्षता, व्यपदेश, कपट, छलछद्म, चालबाजी, चाल, चालाकी। **artificer** (ar tif' i sér) सं॰ १. शिल्पी, शिल्पकार, कारीगर, २. आविष्कारक, निर्माता।

artificial (ar ti fish' ăl) [as prec.] वि॰ १. शिल्पनिर्मित, कारीगरी से बना हुआ; २. (विधि, वि॰ १) अवास्तविक*, बनावटी, नकली, अप्राकृतिक; ३. झूठा; ४. वास्तविक किन्तु शिल्प-निर्मित; ५. (आ॰, वि॰ १, विधि) कृत्रिम*। **artificiality, artificialness** सं॰ कृत्रिमता, बनावट, नकल, नकलीपन। **artificially** क्रि॰ वि॰ कृत्रिम रूप से, बनावट से, नकली तौर पर। **artificialize** क्रि॰ स॰ कृत्रिम निर्माण करना, शिल्प द्वारा बनाना।

artillery (ar til' ēr i) [O.F. *artillerie, artiller*, to fortify equip, late L. *artillātor*, a maker of machines (*articula, ars, art*)] सं॰ १.युद्धास्त्र, आग्नेयास्त्र, तोपें, तोपखाना; ३. तोपची दल, तोप चलानेवाला सैन्यदल, गोलन्दाज सेना। **~train** तोपगाड़ी,

तोपखाने की गाड़ी। **~man, artillerist,** तोपची, गोलन्दाज, तोप चलाने में कुशल।

artisan (ar ti zăn') [F. prob. from It. *artigiano* (L. *artitus*, p.p. of *artire*, to instruct in arts)] सं० १. कारीगर*, (ई०१, प्र०, मा० १, वि० १ भी) मिस्त्री, दस्तकार, शिल्पी* (ई० ३ भी)।

artist (ar' tist) [F. *artiste*, It. *artista*, late L. *artusta* (*ars artis*, art)] सं० १. शिल्पी, कलाकार* (मा० १ भी); २. चित्रकार, आर्टिस्ट; ३. पंडित, निपुण। **artist's proof** आर्टिस्ट प्रूफ, उत्कीर्णन या नक्काशी की प्रतिलिपि, जिसमे कलाकार का अनुमोदन और संशोधन हो तथा अन्य प्रतिलिपियों की अपेक्षा अच्छी हो। **artiste** (ar tēst') ([F.] कलाबंत, व्यावसायिक या पेशेवर गायक, नर्तक आदि। **artistic** (or tis' tik), **artistical,** वि० कलात्मक, कलापूर्ण, मनमोहक, सुन्दर। **artistically** क्रि० वि० कलात्मक ढंग से, कलात्मकता से, सुन्दर रूप में। **artistry** सं० कलाकारिता, कला-कौशल, कलात्मकता।

artless, arty दे० ART[2]।

Arum (âr' ŭm) [L., from Gr. *aron*], सं० एरम, अरबी, घुइयाँ* (कं० भी)। **~ lily** एरमलिली, एक प्रकार का सफ़ेद फूलदार लम्बा पौधा।

-ary [L. *-ārius -ārium*] प्रत्य० विशेषण और संज्ञा-वाचक शब्द बनाने में प्रयुक्त (जैसे arbitrary, dictionary, exemplary)।

Aryan, Arian (âr' i ăn) [Sansk. *ārya* noble, a worshipper of the gods of the Brahmins; the earlier *Arian* (from L. *ariānus*) of Aria, eastern Persia (Gr. *Areia*, *Aria*, prob. from O. Pers. *Ariya*, a nation.l name)] वि० १. आर्य, भारोपीय, इंडोयूरोपीय; २ भारत-ईरानी। सं० १. आर्य; २. आर्य-परिवार का सदस्य; ३. नात्सी जर्मनी में विशेष सैमाइट (यहूदी) के विरुद्ध प्रयुक्त क्योंकि नात्सी अपने को आर्य कहते थे।

as[1] (ăz) [A.-S. *eal swā*, all so, quite so (M.E. *alswa*, *also*, *als*, *as*) क्रि० वि० १. ज्योंही, जैसे ही; २. जिस तरह से, जितना (सम्बन्धवाचक क्रि० वि० या संयोजक), ऐंड जैसा, इतना जितना (दशासूचक, स्थितिसूचक); ३. (रीतिवाचक) जैसा, जैसा कि, जिस तरह, की तरह, की भाँति; ४. (समय) जब, ज्योंही, जिस समय, जब भी, जब कि; ५. (कारण) क्योंकि, चूंकि, इसलिए; ६. (परिणाम) जिससे कि, ताकि, कि; ७. (उदाहरण) जैसे, उदाहरण-स्वरूप; ८. सम्बन्धवाचक सर्वनाम) जो किसी गुण का उदाहरण किसी वस्तु से देने के लिए जैसा या समान के अर्थ में प्रयुक्त (जैसे ~busy,~be)। **~from** औपचारिक तिथि के लिए। **~good ~dead.** मृत के समान, मरे के बराबर। **~much** ऐसा ही, बिलकुल यही। **~regards** to बारे में, सम्बन्ध में, विषय में (जैसे ~regards to you)। **~well ~** अतिरिक्त, साथ ही साथ, अलावा। **~yet** अभी तक, इस समय तक।

as[2] (ăs) [L.] सं० ऐस, रोम का तांबे का सिक्का, जो मूल रूप मे १२ औंस का होता था, किन्तु अन्त मे आधा औंस का कर दिया गया।

as- [AD-] उपसर्ग=AD-, S से आरम्भ होनेवाले शब्दों मे प्रयुक्त (जैसे assume, assimilate)।

asafetida (ăs a fet' i dă) [med. L. *asa* (Pers. *aza*, mastic) *fœtida*, stinking] सं० हींग* (कं० भी)।

asbestos (ăz bes' tŏs) [Gr. inextinguishable (*a-*, not, *sbestos*, from *sbennunai*, to quench)] सं० १. ऐस्बेस्टस* (ई० ३, वि० १, ३ भी), शिलातन्तु, एक प्रकार की न जलनेवाली तन्तुमय धातु, अबद्द; २. (ई० ३, वि० १, ३) सिलासूत्र। **asbestic, asbestoid** ऐस्बेस्टस जैसा। **asbestine** वि० (शा० और ला०) ऐस्बेस्टस संबंधी, ऐस्बेस्टस की भाँति, अदाह्य, न जलनेवाला।

ascend (ă send') [L. *ascendere* (*ad-*, to, *scandere*, to climb)] क्रि० स० और अ० १. ऊपर जाना, ऊपर आना, चढ़ना, (वस्तुओं का) ऊपर उठना, ऊपर चढ़ना; २. चढ़ाया जाना, बुलन्द या ऊँचा किया जाना; ३. ऊपर को बढ़ना, होना, उन्नति करना, तरक्की करना, ऊँचा होना; ४. (विचार, पद, गुण या श्रेणी में) बढ़ना, उन्नति करना, तरक्की करना, ऊँचा होना; ५. (ध्वनियों का) उच्च होना, ऊँचा होना; ६. ऊपर चढ़ना, चढ़ना, सवार होना, स्रोत या उद्गम की ओर बढ़ना (जैसे~river); ७. आरूढ़ होना, आसीन होना, गद्दी पर बैठना (जैसे~the throne); ८. (वि० १) आरोहण करना*।

ascendence सं० (मा० २) प्रभाविता*, प्राधान्य*, (मा० ३) प्रभुत उत्कर्ष*। **ascendancy, ascendency** (ă send' ăn si) [O.F. *ascendant*,-ANCY] सं० १. शक्तिशाली नियत्रण, प्रभुता, अभिभव; २ (मा० १) सत्ता*/ उत्कर्ष*। **ascendant, ascendent** (ă send' ănt) [O.F. *ascendant*, L. *ascendens -entem*] वि० १. उदीयमान, उच्चगामी, अधिरोही, उठता हुआ, चढ़ता हुआ; २. (ग० ज्यो०) नभबिन्दु या शिरोबिन्दु की ओर बढ़ता हुआ; ३ (फ० ज्यो०) पूर्वी क्षितिजोपरि, पूर्वी क्षितिज के बिल्कुल ऊपर; ४. प्रधान, प्रबल, श्रेष्ठ, उत्तम, प्रभुतावान्। सं० १. जन्मकुंडली, जन्मपत्री, कुंडली; २. जन्मकाल मे पूर्व क्षितिज पर समुदित राशिचक्र का अंश-विशेष; ३ सर्वोपरि सत्ता; ४. पूर्वज, पुरखा, पूर्वपुरुष। **house of the ~** राशिचक्र के ५ अंश, इस बिन्दु के ऊपर से २५ अश उसके नीचे तक। **in the ~** परम, अतिश्रेष्ठ, प्रधान, प्रबल, उदीयमान, प्रभा बिखेरता हुआ। **lord of the ~** इसके अन्तर्गत कोई नक्षत्र या ग्रह।

ascension (a sen' shŭn) [as prec.] सं० १. ऊर्ध्वगमन, उत्कर्ष, आरोहण, आरोह, उदय, चढ़ना, ऊपर आना; २. पुनर्जीवन के उपरान्त चालीसवें दिन ईसा का ऊर्ध्वगमन; ३. स्वर्गारोहण। **~day** पवित्र बृहस्पतिवार, जिस दिन ईसा का ऊर्ध्वगमन-पर्व मनाया जाता है। **~tide** ऊर्ध्वगमन के बाद १० दिनो की अवधि। **ascensional** वि० ऊर्ध्वगमन-सबधी, आरोहण-विषयक। **ascensive** (ă sen' siv) वि० उदीयमान, आरोही, चढता हुआ, उठता हुआ; २. प्रगतिशील, उन्नतिशील; ३. गतिमान, गतिशील, बढ़ता हुआ; ४. (व्या०) बलसूचक।

ascent (a sent') सं० १. (शा० और ला०) ऊर्ध्वगमन, आरोहण* (वि० १ भी), चढ़ाव*; २. उन्नति, उत्कर्ष, उत्थान, उदय, अभ्युदय; ३. मार्ग जिसके द्वारा कोई ऊपर चढता है, चढ़ाई; ४. ढलान; ५. सीढ़ियाँ, जीना।

ascertain (ăs er tān') [O.F. *acertainer, acertener* (*à*, to, CERTAIN] क्रि० स० खोज निकालना, जान लेना, पता चलाना, दरियाफ्त कर लेना, निश्चय कर लेना, निर्णय कर लेना। **ascertainable** वि० पता चलाने योग्य, निश्चित करने योग्य। **ascertainment** सं० निश्चय, जाँच-पड़ताल, खोज।

ascetic (a set' ik) [Gr. *askētikos*, given to exercises, *asketēs*, an athlete, a monk (*askeein*, to work, exercise)] वि० और सं० १. कठोर संयमी, कठोर साधनाशील; २. तापस, तपस्वी, योगी, यति; ३. साधक, हठयोगी; ४. संन्यासी, सर्वत्यागी; ५. एकान्तवासी, बैरागी; ६. मुनि; ७. वानप्रस्थ। **ascetical** वि०

१. वीतराग; २. तापसिक, तपस्वी सम्बन्धी। **ascetically** क्रि० वि० १. संन्यासी के रूप में, तपस्वी की भाँति; २. वैराग्य से। **asceticism** (ə'set'i sizm) सं० १. तपस्या, साधना, २.संन्यास; ३. वैराग्य, संयम, त्याग; ४. एकान्तवास; ५. (मा० २) यतित्ववाद*, ६. (मा० २) यतित्व*।

Ascidium (ə sid' i ŭm) [L., from Gr. *ackidion*, a small leather bottle (*askos*, a wine-skin)] सं० असिडिअम, वर्मी जीव का एक प्रकार विशेष, जिसके चारो ओर चमड़े की-सी झिल्ली होती है।

Asclepiad (ăs klē' pi ăd) सं० ऐस्क्लेपियड, दो दीर्घ अक्षरों या मात्राओं का पद। **asclepiadean** वि० (as klē pi ădē' an) ऐस्क्लिपियड छन्द से सबंधित।

Ascot सं० १. एस्कॉट हीथ (बर्कशायर, इंगलैंड) में घुड़दौड का मैदान; २. एस्कॉट की घुड़दौड़।

ascribe (ə skrīb') [L. *ascribere* (*ad-*, to, *scribere*, to write)] क्रि० स० १. आरोप करना, निक्षेप करना; २ लगाना, मढ़ना, थोपना; ३. सम्बन्ध ठहराना; ४. (किसी व्यक्ति या वस्तु से) संबंधित समझना, नाता जोड़ना। **ascribable** वि० आरोपणीय, आरोप्य, निक्षेपणीय, संबंध-योग्य। **'ascription** (ə' skrip shun) सं० १. आरोपण, निक्षेपण; २. लगाना, मढ़ना; ३. संबंध-योजन, विशे० प्रवचन आदि की समाप्ति पर; ४. ईश्वर के स्तुतिपरक शब्द।

asdic (ăs' dik) [initials of Allied Submarine Detection Investigation Committee] सं० पनडुब्बी के खोज निकालने या पता लगाने का यंत्र, पनसंधा। **Allied submarine Detection Investigation Committee** का संक्षेप।

aseity सं० (पार०) अनादिसत्ता, स्वयंभू।

asepsis (ā sep' sis) [Gr. *a-*, not; SEPSIS] सं० १. ऐसेप्सिस, अपूय, अपूतिरोध, दुर्गन्ध फैलानेवाले पदार्थ या हानिकारक कीटाणुओं का अभाव; २. शल्यशास्त्र की पूय-निवारक पद्धति, कीटाणु या सड़न दूर करने की पद्धति; ३. (आ०) अपूति*। **aseptic** वि० १. जैवविष-शून्य, पूति-अद्यूषित, दुर्गंधहीन, रक्तदोष-रहित, सड़न (दुर्गंध) या रक्तदोष से मुक्त; २. (शल्य-चिकित्सा या चीर-फाड़) कीटाणुओं को समाप्त करना, सड़न या जहरबाद के कीड़ों से खाली करना (घाव, यंत्र, वस्त्र आदि को); ३. सड़ानेवाले पदार्थों का निवारण करनेवाली पद्धति से संबंधित, रोगाणु-निवारक क्रिया-विषयक; ४. (आ०) अपूतित*, अपूतिक*। सं० न सड़नेवाला पदार्थ, दुर्गन्धरहित वस्तु।

asexual (ā seks' ŭ ăl) [Gr. *a-*, not, SEXUAL] वि० १. (जीव०) अयौनिज, अलिंगी, निलिंग, यौनिरहित, अलिंग, २. जिसमें नर या मादा का भेद न हो; ३. (आ०, वि० १) अलैंगिक*/अलिंगी*। **asexuality** (ā seks ŭ āl' it i) सं० यौनिहीनता, अयौनिजत्व, लिंगहीनता, निलिंगत्व।

ash [1] (ăsh) [A.-S. *æsce*, *æsc*, *axe* (cp. Icel. *askr*, Goth. *azgō*)] सं० १. (प्रायः बहु व०) पाशु, मूति, भस्म* (आ०, क्रि०, वि०१ भी), भभूत, राख* (इं० ३, क्रि०, वि० १ भी); २. (शा० और ला०) चिताभस्म, फूल, अस्थियाँ, अवशेष। **lay in ashes** जलकर बराबर (या खाक) हो जाना। **sack cloth and ashes** पश्चात्तापपूर्वक वेष। **bring back the ashes** (क्रिकेट) हार मिटाना। ~ **fire** धीमी आँच जो रासायनिक क्रियाओं में प्रयोग की जाती है। ~**furnace** शीशा बनाने की भट्ठी। ~**Wednesday** ईसाइयों के चालीस दिन के व्रत का प्रथम दिवस जब प्रायश्चित्त करनेवालो के सिरो पर राख डाली हैं।

ash [2] (ăsh) [A.-S. *æsc*, cp. Icel. *askr*, O.H.G. *asc*, cp. *G. esche*)] सं० १. ऐश, अखरोट की तरह का जंगली वृक्ष-विशेष; २. इस पेड़ की लकड़ी। ~**fly**, ~**grub** ऐश-मक्खी, ऐश पर पाई जानेवाली मक्खियाँ जिन्हे मछली पकड़ने के काँटे के आगे लगाया जाता है। ~**key** ऐश, ऐश का बीज। ~**leaf kidney** पहली फ़सल का आलू, अगेता आलू। **mountain** ~ पर्वती ऐश, एक प्रकार का पेड़।

ashamed (ə shāmd) [p.p. of *ashame*, obs. v. (*a-*, intens., SHAME), A.-S. *asceamod*] वि० १. लज्जित, व्रीडित, त्रपित, संकुचित, शर्मिंदा, सीधा हुआ; २. अपराध की भावना से घबड़ाया हुआ या परेशान। ~**of** (किसी बात या व्यवहार आदि से) लज्जित, शर्मिंदा। ~**for** के कारण लज्जित। ~**to do** किसी काम के करने मे लज्जित (अनिच्छा) होना।

ashen [1] (ăsh' ĕn) वि० १. ऐश वृक्ष से संबंधित; २. ऐश-निर्मित, ऐश का बना हुआ।

ashen [2] (ăsh' ĕn) वि० १. भस्ममय; २. भस्म संबंधी; ३. राख का; ४.पांशुवर्ण, भस्म के रंग का, धूसर, राख जैसा, स्लेटी (रंग मे), पीला (चेहरे के रंग के बारे मे)।

ashet (ăsh' ĕt) [F. *assiette*] सं० बड़ी प्लेट, रकाबी (प्रायः अण्डाकार)।

Ashkenazim सं० (बहु व०) पोलिश-जर्मन यहूदी।

ashlar (ăsh' lăr) [O. F. *aisele*, L. *axilla*, dim. of *axis*, axis, board, plank] सं० १ चौकोर पत्थर, पत्थर का चौका, कटा हुआ वर्गाकार पत्थर; २. वर्गाकार पत्थर से निर्मित भवन आदि; ३. वर्गाकार पत्थरों की शिल्पकारी या कारीगरी; ४. उसी प्रकार की चुनाई जो कि छोटे पत्थरों या ईंटों की दीवाल के अगले हिस्से पर हो; ५. (ई० ३) संगीन चिनाई; ६. (ई० ३, मा० १) एश्लर*/तराशा पत्थर*। **ashlaring** सं० १.अटारी में तन्नों की छोटी सीधी दीवार जो फ़र्श के ऊपर कड़ियों के साथ तक खड़ी की गई हो; २. कटे हुए पत्थरों की चुनाई; ३. चौकोर पत्थरो की कारीगरी; ४. संगीन चिनाई, एश्लर चिनाई।

ashore (ə shōr') क्रि० वि० तट पर, तीर पर, तट की ओर, किनारे पर।

ashy वि० १. भस्मीय, भस्म का, राख का; ३. राख संबंधी; ३. स्लेटी, भस्मपूर्ण, भस्मावृत, राख से ढका हुआ; ४. धूमर, पांशुवर्ण, भस्म के रंग का, राख-जैसा; ५. पीला, पाण्डुर।

Asiatic (ā shi ăt' ik) [L. *Asiāticus*, Gr. *Asiātikos*] वि० और सं० एशियाई, एशियावासी, एशिया का।

aside (ə sīd') [*formerly on side*] क्रि० वि० एक तरफ, एक ओर, एक दिशा को, किनारे पर, दूर, अलग। सं० १. एकान्त कथन, एकान्त भाषण; २. परोक्ष प्रयत्न, अप्रत्यक्ष यत्न, अप्रकट उद्यम। **set** ~ (निर्णय या फैसले का) रद्द करना, मसूख करना, तोड़ देना, हटाना। **speak** ~ अलग हटकर कहना, एकान्त या अकेले में क ना, गुप्त रूप से कहना।

asinine (ăs' in in) [L. *asininus* (*asinus*, an ass)] वि० १. गार्दभ, गर्दभ संबंधी, गदहे के बारे मे; २. बुद्धिहीन, नासमझ, बुद्धू, मूर्ख, अहमक़, बेवकूफ़, गदहा। **asininity** सं० मूर्खता, बुद्धपन, बेवकूफ़ी, गदहापन।

-asis (L. *-āsis*, Gr. *-āsis*) प्रत्य० रोगों के नामों को बनानेवाला।

ask (ăsk) [A.-S. *ascian*] क्रि० स० और अ० १. पूछना, जवाब माँगना, उत्तर माँगना, दरियाफ़्त करना; २. निवेदन करना, अनुरोध करना, माँगना; ३. न्योता देना, निमंत्रण देना, आमंत्रित करना,

निमंत्रित करना, बुलाना; ४. (वस्तुओं की) अपेक्षा रखना, ज़रूरत समझना, आवश्यकता समझना, माँग करना। **~for trouble, ~for it** (मा०) कष्ट को निमंत्रण देना, मुसीबत मोल लेना। **~the banns** इच्छित विवाह की सूचना प्रकाशित करना ताकि यदि किसी को आपत्ति हो तो प्रकट करे। **be asked in church** इच्छित विवाह घोषित होना।

askance (ə skâns', -skans), **askant** (ə skânt') [etym. doubtful] क्रि० वि० १. तिर्यक्, कनखियों से, कटाक्ष से, वक्र या कुटिल दृष्टि से, बाँकी नज़र से; २. छिपे हुए मतलब से, अप्रत्यक्ष अर्थ में, लाक्षणिक अर्थ में। **look ~ at** संदेह की दृष्टि से देखना, शंकापूर्ण या अविश्वास से देखना, शुबहा करना।

askari (ăs ka' rē) [At. *askar*, an army] सं० अस्करी, अफ़्रीकी सैनिक, यूरोपीय ढंग से प्रशिक्षित अफ़्रीकी सिपाही।

askew (ə skū') [SKEW] क्रि० वि० तिरछेपन से, टेढ़ेपन से, वक्रता से। वि० तिर्यक्, वक्र, कुटिल, टेढ़ा, तिरछा। **look ~** आँखें चार न करना, नज़र चुराकर देखना, मुँह सामने न देखना, आँख न मिलाना, तिरछा देखना।

aslant (ə slant') क्रि० वि० १. झुकाकर, तिरछेपन से, टेढ़ेपन से कुटिलता से, वक्रता से। पूर्व० १. झुका हुआ, तिरछा, टेढ़ा; २. पार, आर-पार, एक ओर से दूसरी ओर।

asleep (ə slēp') क्रि० वि० और वि० (मा० और ला०) १. सुप्त, निद्रित, शयित, निद्रालस, सोया हुआ, सोया, नींद में, २. (शरीरावयव) सुप्त, सोया हुआ; ३. (खेलने का लट्टू, भौंरा) सोया हुआ, स्थिर-सा, जिसका घूमना दिखाई न पड़े।

aslope (ə slōp') [A.-S. *aslúpan*, to slip away; or from *a-*, on, SLOPE] क्रि० वि० और वि० १. प्रवण, ढाल्, ढलुवाँ; २. आड़ा, तिरछा, आरपार, ऐंड़ा-बेंड़ा।

asp[1] (ăsp, asp), **aspic** (ăs' pik) [L. *aspis*, Gr. *aspis*] सं० १. एण सर्प, मिस्र और लीबिया का छोटा विषैला फनदार साँप; २. (काव्य०) विषैला साँप, काल-सर्प।

asp[2] (ăsp, asp), **aspen** (ăs' pen) [A.-S. *aspe* (cp. O.H.G. *aspa*, G. *espe*)] सं० ऐस्प, एक प्रकार का सफ़ेदे का पेड़ (सीधा, लम्बा) जिसकी पत्तियाँ हिलती रहती हैं।

asparagus (ə spăr' ə gŭs) [L., from Gr. *asparagos* (etym. doubtful.)] सं० (वि० १) ऐस्पैरागस*, शतावरी (एक सुस्वादु सब्ज़ी जो ठंडे देश में होती है)।

aspect (ăs' pekt) [L. *aspectus*, p.p. of *aspicere*, to behold (*ad-*, to, at; *specere*, to look)] सं० १. (मा० २) पक्ष*, पहलू, रुख़, तरफ़, दृष्टिकोण, देखने का पहलू या रुख़; २. उन्मुखता, अभिमुखता; ३ रूप, आकार, स्वरूप (विशे० मस्तिष्क में आनेवाला); ४. अवस्था, दशा, अवस्थान, दर्शन, निरीक्षण, संबंध; ५. (वि० १) अभिमुखता*।

aspen (ăs' pen) [ASP[2]] वि० १. ऐस्प वृक्ष संबंधी, ऐस्पवत्, ऐस्प के पेड़ की तरह; २. कम्पित, काँपता हुआ, थरथराता हुआ। सं० ऐस्प का वृक्ष, दे० ASP १.

aspergillum (ăs pĕr jil' ŭm) [*-illum*, dim suf.] सं० ऐस्परजिलम, पवित्र जल छिड़कने की कूँची।

asperity (ə sper' i ti) [O.F. *aspreté*, L. *asperitātem*, nom. *asperitas* (*asper*, rough)] सं० १. तीव्रता, कर्कशता, रौक्ष्य, खुरदुरापन, ऊबड़खाबड़, खुरदुरी सतह, असमतल; २. (ऋतु की) तीव्रता, तीक्ष्णता, उग्रता; ३. (स्वभाव की) कर्कशता, कठोरता, उग्रता, तेज़ी, तीक्ष्णता, तीखापन; ४. विषमता, असमानत्व।

asperse (ə spĕrs') [L. *aspersus*, p.p. of *aspergere* (see ASPERGE)] क्रि० स० १. छिड़कना, सींचना, बिखेरना, निंचित करना; २. (किसी व्यक्ति, चरित्र की) निन्दा करना, आक्षेप करना, छींटे उछालना, दोषारोपण करना, तोहमत लगाना, बदनाम करना; ३. झूठा अभियोग लगाना, कलंक लगाना, कलंकित करना।

aspersorium (ăs pĕr sôr' i ŭm) सं० पवित्र जल-कलश, पवित्र जल का पात्र (जैसे गंगाजली)।

aspersion (ə spĕr' shŭn) सं० १. छिड़काव, सिंचन; २. निन्दा, आक्षेप, दोषारोपण, लांछन, कलंक, अपवाद, तोहमत, छींटाकशी।

asphalt, asphalte (ăs' fălt, ăs fălt') [late L. *asphaltum*, Gr. *asphallon* (foreign in origin)] सं० १. अस्मज, डामर, सड़कें आदि बनाने का मसाला जो कोयला, डामर और राल से मिलकर बनता है; २. अलकतरा (तारकोल) और रेत का इसी प्रकार का मिश्रण; ३ (इं० ३, वि० १) ऐस्फाल्ट*। क्रि० स० सड़क पर डामर बिछाना। **asphaltic** वि० डामर संबंधी, (इं० ३) ऐस्फाल्टी*, (वि० ३) ऐस्फाल्टिक*, ऐस्फाल्टीय*।

asphodel (ăs' fō del) [Gr. *asphodelos* (etym. doubtful), see also DAFFODIL] सं० १. कुमुदिनी (लिली) के प्रकार का एक पौधा; २ (काव्य०) स्वर्ग का अमर पुष्प, पारिजात पुष्प, पारिजात कुसुम।

asphyxia (ăs fiks' i ə), **asphyxy** (ăs fiks' i) [Gr. *asphuxia* (*a-* not, *sphuzein*, to throb, pulsate)] सं० १. चेतनाभाव, गश, बेहोशी, रक्त में आक्सीजन के अभाव के कारण मूर्च्छा; २. दम घुटना, साँस रुकना; ३. (आ० ३) श्वासावरोध* / अनाक्सी श्वसन*। **asphyxial** वि० १. मूर्च्छा संबंधी; २. श्वास-रोधात्मक। **asphyxiate** क्रि० स० मूर्च्छित करना, बेहोशी लाना, गला घोटना, दम घोटना।

aspic[1] [ASP[1]] सं० (काव्य०) दे० ASP[1].

aspic[2] (ăs' pik) [F., etym. doubtful] सं० मांस-जेली, पशु-पक्षी के मांस और अंडे की स्वादिष्ट लपसी।

Aspidistra (ăs pi dis' tra) [Gr. *aspis*, a shield; *astoni*, star] सं० अस्पिडिस्ट्रा, चौड़ी गावदुम पत्तियोंवाला पौधा।

assirant दे० ASPIRE।

aspirate (ăs' pi rāt) [L. *aspirātus*, p.p. of *aspirāre* (see ASPIRE)] वि० और सं० महाप्राण (व्यंजन, एक ही श्वास में 'ह्' ध्वनि से युक्त उच्चरित (व्यंजन) जैसे ख, घ, थ आदि, ह् की ध्वनि, हकार, महाप्राण। क्रि० स० १. महाप्राणयुक्त उच्चारण करना, 'ह्' ध्वनि; २. वर्तन में से (गैस) निकालना, हवा निकालना, पात्र को वायु-रिक्त करना।

aspiration (ăs pi rā' shŭn) सं० १. श्वास-ग्रहण, साँस खींचना या लेना; २. महत्त्वाकांक्षा, (मा० २, ३) आकांक्षा*, स्पृहा*, तीव्र इच्छा, लालसा, अभिलाषा; ३. गैस बाहर निकालने क्रिया; ४. वर्ण-शोधण, तरलपनयन; ५. महाप्राणता; ६ (आ० ध्व०) चूषण*।

aspirator (ăs' pi rā tŏr) सं० १. वायु-चूषक, वातशोषक, चूषित्र, बात-शोषण यंत्र, हवा खींचने की मशीन; २. पूयशोषक, पूयचूषक, फोड़े से पीप निकालने का यंत्र; ३. सूप-यंत्र, सूप, छाज; ४ (आ०, वि० १) चूषित्र* / ऐस्पिरेटर*।

aspire (ə spīr') [L. *aspirāre* (*ad-*, to' *spirāre*, to breathe, blow)] क्रि० अ० स्पृहा करना, तीव्र इच्छा होना, (मा० ३) आकांक्षा करना*/ आकांक्षा रखना*, चाहना, ली लगाना, इरादे बाँधना, उम्मीदें बाँधना, ऊँचा होना, ऊपर चढ़ना, ऊपर जाना, उठनी,

उम्रीद करना (प्राय: ला०) **aspirant** वि० और सं० १. स्पृही, इच्छुक, आकांक्षी, अभिलाषी, इच्छु; २. उम्मीदवार, प्रार्थी, अर्थी (व्यक्ति)।

aspirin (ăs' pi rin) सं० (कृ०) एस्पिरीन*, सिरक बिटपिन, पीड़ा-निवारक और ज्वर-प्रशामक औषधि।

a-squint (ă skwint') क्रि० वि० और वि० १. तिरछी नज़र से, टेढ़ी दृष्टि से, भेंगेपन से (विशे० आँख की खराबी के कारण); २. भेंगा, तिरछा देखनेवाला।

ass (ăs) [A.-S. *assa, esol* (cp. Dut. *ezel*, G. *esel*, Goth. *asilus*, L. *asinus*)] सं० (बहु व० ~es) गर्दभ, रासभ, खर, वैशाखनन्दन, गधा (विशे० अज्ञानता के प्रतीक रूप मे प्रयुक्त)। **make an ~ of** मूर्ख बनना या बनाना, बेवकूफ़ी या मूर्खता करना, नासमझी दिखाना, उल्लू बनना या बनाना। **Asse's bridge** (Pous Asinorum) ज्यामिति मे एक रूप, ओकलैडिस के पहले भाग की पाँचवी शक्ल (जो आकृति में गदहे-सी है)।

assagai, assegai (ăs' a gi) [Arab. *azzaghayah* (al, the, Berber *zaghayah*); either through F. *azagaye* or Port. *azagaia*] सं० ऐसगई, मज़बूत लकड़ी का पतला भाला या बल्लम (विशे० दक्षिणी अफ़्रीका के आदिवासी लोग लड़ाई के समय जिसका प्रयोग करते है)।

assail (ă sāl') [O.F. *assailer, assailler*, late L. *adsalire* (*ad-*, to, at, *salire*, to leap)] क्रि० स० १ (शा० और ला०) आक्रमण करना, धावा बोलना, चढ़ाई करना, टूट पड़ना, हमला करना, चढ़ बैठना, छापा मारना; २. चोट करना, आक्षेप करना, ३. (कार्य के संबंध में) दृढ़तापूर्वक करना, जमकर करना, पीछे पड़ जाना, पिल पड़ना, पूर्ण निश्चय से लग जाना; ४. (प्रश्नो की) झड़ी लगा देना, ताँता बाँधना, भरमार करना, बौछार करना, नाक मे दम कर देना। **assailable** वि० १. आक्रमणीय, छापा मारने लायक; २. आक्षेप करने योग्य। **assailant** सं० १. आक्रमणकारी, आघातक, चढ़ाई करनेवाला; २. (विधि) हमलावर*।

assassin (ă sās' in) [F. *assassin* or It. *assassino*, med. L. *assassinus*, Arab. *hashshāshin*, hashish-eaters] सं० १. हत्यारा, घातक, प्राणघातक, प्राणहारक, उपाशुघातक, खनी, क्रातिल, मार डालनेवाला, गुप्तघातक, गुप्तघाती, धोखे से मारनेवाला; २. (इति०) जिहाद मे ईसाइयों की हत्या करने के लिए भेजे गए धर्मांध मुसलमान; ३. (मा० १) हत्यारा* / हंता*। **assassinate** क्रि० स० १. धोखे से हत्या करना, छलपूर्वक वध करना, छल से मारना, छिपकर क़त्ल करना; २. (मा० १) हत्या करना* । **assassination** सं० १. गुप्त हत्या, गुप्त वध, छलपूर्ण हत्या, घात, धोखे का क़त्ल; २ खून; ३ (मा० १) हत्या*। **assassinator** सं० हत्यारा क्रातिल, दग़ा से क़त्ल करनेवाला।

assault (ă sawlt') [O. F. *asaut, assaut*, L. *ad-*, to, at, *saltus*, a leap (ASSAIL)] सं० (शा० एवं ला०) १. आक्रमण, चढ़ाई, हमला, (मा० १) धावा*, हल्ला, गढ़ी की दीवारो पर टूट पड़ना, धावा बोलना, चढ़ आना; २. (विधि) शैरकानूनी हमला*, (मा० १) प्रहार*, मारपीट। क्रि० स० १. (शा० एवं ला०) आक्रमण करना, चढ़ाई या हमला करना, प्रहार करना, हिंसात्मक आक्रमण करना; २. आक्षेप करना, चोट करना; ३. गढ़ी पर अचानक ही टूट पड़ना, एकदम धावा बोलना, चढ़ आना। **assaultable** वि० आक्रमणीय, चढ़ाई के लायक।

assay (ă sā') [O.F. *assai*, L. *exagium*, from *exagere*, *exigere*, to weight, try (ex-, out, *agere*, to drive, deal)] सं० १. (मा० १) धातु-परीक्षण*, निकष, परख, जाँच (विशे० सिक्कों या सोने-चाँदी की); २. इस प्रकार से परखी जानेवाली धातु, परीक्षणीय धातु; ३. (अप्र०) प्रयत्न, प्रयास, कोशिश, उद्योग; ४. (आ०) निर्धारण*; ५. (वि० १) आमापन*। क्रि० स० और अ० १. बहुमूल्य धातुओं की शुद्धता की परीक्षा करना, कसौटी पर कसना, निकष पर चढ़ाना, परखना, जाँचना (ला० भी); २. (किसी कठिन काम को करने का) प्रयास करना, प्रयत्न करना। **assayable** वि० परीक्षणीय, परखने या जाँचने योग्य।

assemble (ă sem' bel) [O. F. *assembler*, late L. *assimulāre* (*ad-*, to, *simul*, together)] क्रि० स० और अ० १. एकत्र करना या होना, इकट्ठा होना या करना, जमा करना या होना; २. (यांत्रिक) मशीन या ढाँचे के पुर्ज़ों को फ़िट करना, पुर्ज़े जोड़ना; ३. (प्र०) जुड़ना*, एकत्र होना*, इकट्ठा होना*, जोड़ना, सम्मिलित होना, इकटठा करना, समवेत करना; ४ (इं० ३) समंजन*। **assemblage** (ă sem' blaj) सं० १. एकत्रीकरण, समूहीकरण, संग्रहीकरण, (मा० १) संचयन*; २. जमाव, जमघट, आदमियों का जमघट; ३. संग्रह, समूह, संघात, समाहार; ४. (वि० १) समुच्चय*; ५. (मा० १) सम्मेलन*।

assembly (ă sem' bli), सं० १. समाज, मंडली. (प्र०, मा० १, विधि) जमाव*, (प्र०, मा० १) सभा*, सदन, असेम्बली (विशे० विधान-सभा); २. ढोल और बिगुल द्वारा सेना का आह्वान, बुलावा, पुकार; ३. किसी मशीन का या उसके पुर्ज़ों का जमाव, फ़िटिंग; ४ संयोजन, मघटन; ५. (प्र०, मा० १) सम्मेलन*; ६ (इ०२) समुच्चय*। **~ room** नाचघर, नृत्यगृह। **~shop** स्थान जहाँ पर मशीन या उसके पुर्ज़े जोड़े जाते है।

assent (a sent') [O.F. *asenter*, L. *assentire* (*ad-*, to, *sentire*, to feel)] क्रि० अ० १, (किसी प्रस्ताव को) स्वीकार करना, मान लेना, मंज़ूर करना, क़बूल करना, २. अनुमति देना, (किसी इच्छा का) पालन करना; ३. (किसी वक्तव्य या सम्मति पर) एकमत होना, सहमत होना, स्वीकृति प्रकट करना। सं० सहमति, (मा० १) अनुमति*, (विधि, प्र०) सम्मति*, अनुमोदन*, स्वीकृति* (मा० १ भी), अनुज्ञा, मंज़ूरी (जैसे royal~), राजानुमति, शाही मंज़री। **assentor** सं० स्वीकर्ता, स्वीकार करनेवाला, माननेवाला, क़बूल करनेवाला। **assentation** (ăs en tā' shun) सं० दासवत् सहमति, निर्विवाद स्वीकृति, चपचाप स्वीकार कर लेना, बिना चूँ-चपट किये मान लेना। **assentient** वि० और सं० स्वीकर्ता, अनुमति देनेवाला, माननेवाला या क़बूल करनेवाला, (व्यक्ति)।

assert (a sĕrt') [L. *asserius*, p.p. of *asserere*, to add to, take oneself (*ad-*, to, *serere*, to join, bind)] क्रि० स० १. (अधिकारों का) दावा करना, अधिकार जताना; २. आग्रह करना; ३. प्रतिपादन करना, दृढ़तापूर्वक कहना या मानना, ४. निश्चयपूर्वक कहना; ५. घोषणा करना, घोषित करना, स्थापित करना, ६. (विधि) प्रास्थान करना*। **~oneself** दावे पर कायम रहना, अपने अधिकारो पर आग्रह करना, जमे रहना, डटे रहना, लड़ना। **assertable** वि० १. दावा करने लायक; २. आग्रह करने योग्य; ३. दृढ़तापूर्वक कहने योग्य। **assertive** वि० १. दर्शक; २. स्वत्वसूचक, अधिकार-द्योतक; ३. निश्चयात्मक, दृढ़। **assertively** क्रि० वि० १. दावे के तौर पर; २. दृढ़ता के साथ। **assertiveness** सं० १. दर्शकपन, दृढ़ता के साथ कथन, आग्रह, किसी बात पर जमे रहना; २. (मा० २) आग्रहिता*। **assertion** सं० १. (अधिकार का) दावा, बयान, निश्चित मत, आग्रह, दृढ़तापूर्वक कथन, अधिकार

पर अड़ना; २. निश्चयात्मक कथन; ३. समर्थन; ४. पूर्वपक्ष, वचन, प्रतिज्ञा; ५. (विधि) प्राक्ष्यान*; ६. (मा० १) अभिकथन*, अभिवचन*। **self**~ स्वत्वाग्रह, अपने हक़ का दावा, अपने अधिकार के समर्थन की माँग। **assertor** सं० १. दावेदार, दावा करनेवाला; २. हिमायती; ३. पक्षपोषक, समर्थक, वकील, अधिवक्ता।

assess (ă sĕs') [O.F. *assesser*, late L. *assessāre*, freq. of *assidēre* (*ad-*, to, *sedēre*, to sit)] क्रि० स० १. (कर, अर्थदण्ड या जुर्माने की) रकम निश्चित करना, स्थिर करना, नियत करना, निर्धारित करना; २. रकम निर्धारित करना और मनुष्यों या जन-समुदाय पर कर लगाना, लगाना, आरोपित करना (कर रूप में); ३. (मनुष्यों, जन-समुदायों, संपत्ति पर) जुर्माना करना, अर्थदण्ड लगाना; ४. टैक्स या महसूल लगाना, राज्य-कर लगाना, कर लगाना; ५. आँकना, कूतना, राज्य-कर के लिए सम्पत्ति का मूल्यांकन करना; ६. अनुमान लगाना, अन्दाज़ा लगाना। **assessable** वि० १. कर लगाने योग्य; २. जुर्माना करने योग्य; ३. निर्धारणीय, मूल्यांकन के योग्य। **assessably** क्रि० वि० १ अनुमानतः; २. निर्धारणीय रूप में; ३. दण्डनीय रूप में। **assessment** सं० १. मूल्यांकन* (कृ० भी); २. लगान, जमाबंदी; ३. कर निर्धारण, राजस्वग्रहण; ४ कर-निरूपण, अर्थदण्ड-आरोहण; ५. (प्र०) कर-निर्धारण*; ६. (कृ०, प्र०, मा० २, विधि) निर्धारण.*।

assessor (ă sĕs' ŏr) सं० १. ऐसेसर, (विधि, प्र०) सभ्य*, सभासद*, पंच, जज या मजिस्ट्रेट का सहायक; २. निर्धारक, कर-निर्धारक, कर-निरूपक, कर लगानेवाला, संपत्ति-कर का आगणक।

assets (ăs' ĕts) [A.-F. *asetz*, O.F. *asez*, enough, late L. *ad satis*, *sufficiency* (*satis*, enough)] सं० १. बहु व० (एक व०~**et**) (विधि) आस्ति*, परिसम्पत्ति, विभव, संपत्ति, रिक्थ-सपदा, प्रचुर धन, वसीयत लिखनेवाले के ऋण और दायदान को निपटाने के लिए उत्तराधिकारी द्वारा प्राप्त पर्याप्त धन; २. इस प्रकार के प्रयोग करने योग्य सपदा या जायदाद; ३ दिवालिये या देनदार की सम्पत्ति या माल-असबाब; ४. किसी व्यक्ति या कम्पनी की सपदा जिससे ऋण चुकाया जा सके; ५. (एक व०) आय-व्यय-विवरण-पत्र में इस सम्पत्ति को मद या विषय; ६. (चिधिल अर्थ में) विभूति, संपत्ति, पूँजी, मालमत्ता, सम्पदा, जायदाद; ७. (अनुपयुक्त रूप में) विशेषता, खूबी, कोई उपयोगी गुण; ८. (प्र०) आस्तिभार*, परिसम्पत्ति* (कृ० भी)।

asseverate (ă sĕv' ĕr āt) [L. *asseverātus*, p.p. of *asseverāre* (*ad-*, to *severus* earnest, serious)] क्रि० स० १. शपथपूर्वक कहना, वचन देना, क़सम खाकर कहना, प्रतिज्ञा करना, दृढ निश्चय से कहना; २. गंभीरतापूर्वक घोषित करना। **asseveration** सं० १. प्रतिज्ञा, वचन, शपथपूर्वक क़सम, २ क़ौल; ३. दृढ़ोक्ति।

assibilate क्रि० स० १. सी-सी की ध्वनि करना, हिस-हिश की आवाज़ करना; २. सिसकार की आवाज़ से किसी का ध्यान आकर्षित करना। **assibilation** सं० सिसकार, सी-सी, हिस-हिश।

assiduous (ă sĭd' ū ŭs) [L. *assiduus* from *assidēre* (see ASSESS] वि० उद्यमी, परिश्रमी, कर्मठ, व्यवसायी, अध्यवसायी, उद्योगी, तत्पर, परायण, मेहनती, लगनवाला, जुटकर करनेवाला। **assiduously** क्रि० वि० उद्योगपूर्वक, परिश्रम से, लगकर, जुटकर, लगन से, मेहनत से। **assiduousness** सं० परिश्रम, उद्योगशीलता, लगन, अध्यवसाय। **assiduity** सं० १. अवसाय, उद्यम, तत्परता, अभियोग, उद्योग, प्रसक्ति, मनोयोग, गहरा ध्यान, अत्यधिक अवधान; २. (बहु व०) सतत ध्यान, लगातार सीर।

assign (ă sīn') [O.F. *assigner*, L. *assignāre* (*ad-*, to, *signāre*, to mark)] क्रि० स० १. भाग देना, हिस्सा देना, अंश देना, अंश के रूप में प्रदान करना, किसी का स्वत्व प्रदान करना; २. समर्पित करना, सौपना, नाम करना, दे डालना (विशे० व्यक्तिगत संपदा); ३. (स्थानादि) नियत करना, निर्धारित करना, निश्चित करना, ठहराना, पक्का करना; ४. निर्दिष्ट करना, स्पष्ट उल्लेख करना, नाम देना; ५. (किसी घटना की तिथि) स्थिर करना, निश्चित करना; ६. कारण बताना, कारण देना, कारण निश्चित करना; ७. (विधि) समनुदेशित करना*; ८ (प्र०) सौपना*, नियत करना*। सं० भागी, प्रतिभाजन-भागी, वह व्यक्ति जिसकी संपदा या अधिकार क़ानूनी तौर पर हस्तान्तरित किया जाता है। **assignable** वि० १. प्रतिभाजनीय, हिस्सा देने लायक़; २. समर्पणीय, हस्तान्तरणीय; ३. निर्धारणीय, नामनीय। **assignor** सं० १. प्रतिभाजनकर्ता; २. हस्तान्तरणकारी; ३. निर्धारक, ठहरानेवाला; ४. सौपनेवाला, नाम करनेवाला।

assignat (ăs' ig năt, a sin ya') [F.] सं० असिन्याँ, फ्रांस की क्रान्तिकारी सरकार के द्वारा चलाये गये नोट या काग़ज़ी सिक्के।

assignation (ăs ig nā' shŭn) [ASSIGN] सं० १. प्रतिभाजन, संविभाजन, स्वत्व-विभाजन; २. अर्पण, समर्पण, औपचारिक हस्तान्तरण, सुपुर्दगी; ३. (स्थान और समय का) निश्चय, निर्धारण, स्थिरीकरण, ठहराव; ४. कारण का अनुमान।

assignee (ăs i nē') सं० १. प्रतिनिधि, प्रणिधि, स्थानापन्न व्यक्ति; २. भागी, प्रतिभाजन-भागी, अधिन्यासी, संपत्ति-प्राप्तकर्ता; ३. (विधि) समनुदेशिती*। **~in bankruptcy** किसी दिवालिये की संपदा का प्रबन्धकर्ता।

assignment (ă sīn' ment) सं० १. बाँट, प्रतिभाजन, अंश-निर्धारण, समर्पण, सुपुर्दगी, अर्पण देना, समनुदेश, क़ानूनी हस्तान्तरण; २. हस्तान्तरण-प्रलेख; ३. (कारणों का) निर्देश या कथन, उज़ह बताना; ४. प्रदत्त कार्य, सौपा हुआ काम; ५. (प्र०, मा० १, विधि) समनुदेशन*, (प्र०, मा० १) नियत कार्य*, सुपुर्द कार्य*; ६. (मा० २) दत्त कार्य*; ७. (वि० २) निर्दिष्टीकरण*।

assimilate (ă sim' i lāt) [L. *assimilāre* (*ad-*, *similis*, like) -ATE] क्रि० स० और अ० १. हूबहू बना देना, एक-सा करना, समान कर लेना, एक करना, एकमेल करना; २. तुलना करना, समता करना, बराबरी करना; ३. (आ० एवं ला०) पचा लेना, मिला लेना, सोख लेना, आत्मसात कर लेना, समाविष्ट कर लेना, सम्मिलित कर लेना; ४. खपा लेना; ५. समाना, पच जाना, घुल-मिल जाना, सोख लिया जाना, समाविष्ट हो जाना; ६. (वि० १) स्वागीकरण करना*, अपनाना*। **assimilability** (ă sim il ă bil' i ti) सं० समावेश-शक्ति, पचा लेने का गुण, आत्मीकरण की क्षमता। **assimilable** वि० १ पचाने योग्य; २. मिलाने योग्य; ३. समीकरणीय, सदृश करने योग्य; ४. तुलनीय। **assimilation** सं० १. समता, साम्य, ऐक्य, २. स्वीकरण; ३. एकीकरण, सदृशीकरण; ४.आत्मीकरण* (इ० १ भी); ५. परिपाक, परिणाम; ६. मेल, खपत, अपनाना, आत्मसात होना, (मा० ३) आत्मसातन*; ७. (आ०, ई० १, कृ०, मा० ३, वि० १) स्वागीकरण*; ८. आत्मसात करना। **assimilative** वि० १. तुलनात्मक; २. सदृशीकरणक्षम; ३. समावेश के योग्य, पचा लेने की शक्तिवाला; ४. (वि० १) स्वांगीकारक*। **assimilator** सं० १. तुलना करनेवाला; २. सदृश कारक; ३. समावेष्टा, मिलानेवाला, पचानेवाला। **assimilatory** वि० १. तुलना-विषयक, सदृशीकरण संबंधी; २. समावेश संबंधी, पचा लेने से संबंध रखनेवाला।

assist (ă sist') [F. *assister*, L.*assistere* (*ad-*, to, *sistere*,

to place, from *stāre*, to stand)] क्रि० स०, अ० और सं० सहायता करना, उपकार करना, अनुग्रह करना, सहायता देना, मदद देना, हाथ बँटाना, सहयोग देना, सहारा देना। **assistance** सं० १. (मा० ३) सहायता*, मदद; २. हाथ बँटाना, शरीक होना, सम्मिलित होना; ३. बेसबाल खेल में खिलाड़ी की बाजियाँ या गोल। **assistant** वि० और स० १. सहायक, सहकारी, हाथ बँटानेवाला, मददगार; २. उपसहायक।

assize (अ सिज़') [O.F. *asse*, orig. fem. p.p. of *asseoir*, at sit (L. *assidēre*, see ASSESS)] स० १. अर्ध-परिमाण, (रोटी और शराब का) सरकारी मूल्य, कानूनी क़ीमत; २. मुक़दमे का विचार जिसमें न्यायाधीश के सहायक असेसर तथ्यपूर्ण प्रश्नों का निर्णय करते हैं (विशे० इंग्लैंड की काउंन्टियों के नियत-कालिक न्यायालयों में); ३. (मा० १) न्यायालय*, न्याय-सभा*। **great ~** अंतिम निर्णय।

associate (अ सो' शि ऐट) [L. *associāre* (*ad-*, to, *sociāre*, to join, from *socius*, an ally). -ATE] वि० १. (संगति, कार्य अथवा पद में) सहयोगी; २. संबद्ध, सलग्न, मिला-जुला। सं० १. साझी, समीदार, हिस्सेदार, शरीक, (वि० १) सहचारी*, २. साथी, संगी, सहचर, सहगामी; ३. सहकारी, (विधि) दोस्त*, किसी एसोसियेशन या सस्था का उप-सदस्य; ४. सबद्ध वस्तु, ५. सहकार, साझेदारी। क्रि० स० और अ० १. (मनुष्यों या वस्तुओं को या एक वस्तु को दूसरी वस्तु से) मिलाना, सयुक्त करना, सम्मिलित करना, सश्लिष्ट करना; २. सहगामी बनाना, साथी बनाना, सहकारी बनाना, शरीक करना, शामिल करना, ३. विचार में संयुक्त करना, सबद्ध करना, जोड़ना; ४. (किसी विषय में) साझीदार होना, अपने कोसाझीदार बनाना, हिस्सेदार बनाना, सहयोगी बनाना, सहगोमी बनाना; ५. (सामान्य उद्देश्य के लिए) एकत्र होना, मिलना, एक हो जाना, एक दिल हो जाना, मेल-मिलाप होना, मेलजोल होना, रब्त-ज़ब्त होना; ६. (प्र०) सम्मिलित करना*; ७. (वि० १) संगुणित होना*। **associateship** सं० १. संगति, साथ; २. उपसदस्यता। **associable** वि० सम्मिलन-योग्य, मिलनशील, जो विचार में किसी दूसरे के साथ मिलाया जा सके। **associability** सं० मिलनशीलता, सम्मिलन। **association** (अ सो सि ए' शन) सं० १. सबध* (प्र० भी,, समागम, सयोग, सग, (मा० २, ३) साहचर्य*, संगत, मेलजोल (सभी अर्थों में); २. एसोसिएशन, समाज, मडली, सभा, (मा० २) सस्था*, (मा० ३) समिति*, अंजुमन, मजलिस; ३. घनिष्ठता, मित्रता, पक्की दोस्ती; ४. (आ०, प्र०, मा० १, वि० १) सगम*; ५ (आ०) सहवास*, सहसम्बन्ध*; ६. (इ०, प्र०, मा० १, २) मंच*; ७. (प्र०) समाज*। **deed of ~** सस्था या कम्पनियों का विवरण-पृष्ठ, नियमावली। **~ of ideas** विचार-समति, विचार-क्रम, विचार-समागम, किसी वस्तु और तत्सम्बन्धी विचारों का मानसिक सम्बन्ध। **football ~** (संक्षिप्त रूप Soccer) फुटबाल का खेल। **associative, associatory** वि० सम्बद्ध, सहकारी, सहयोगी, सहयोग सम्बन्धी। **associator** सं० सहकर्मी, सहयोगी, साझीदार, हिस्सेदार, सयोजक, जोड़नेवाला, मेलजोल रखनेवाला।

assonant (अ' ो नांत) [F., from L. *assonānt-em*, pres. p. of *assonāre* (*ad-*, to, *sonāre*, to sound; *sonus*, sound)] वि० १. समस्वरयुक्त; २. समध्वनि या समस्वरवाला। **assonance** सं० १. (दो अक्षरों में) ध्वनि-साम्य, ध्वनि-समता; २. स्वर-सादृश्य, स्वरानुरूपता; ३. स्वर-साम्य, दो शब्दों में उच्चरित स्वरों की अनुरूपता, ४. आंशिक अनुरूपता या आंशिक सादृश्य।

assort (अ सॉर्ट') [O.F. *assorter* (*à*, to *sorte*, sort, manner, kind, L. *sors*)] क्रि० स०, १. वर्गीकरण करना, चुनना, छाँटना, अलग-अलग करना, श्रेणी में बाँटना, यथाक्रम करना, अलग-अलग छाँटना, श्रेणी-विभाजन करना, वर्गानुसार विभाजित करना; २. तरतीब देना; ३. एकत्र करना, साथ-साथ रखना, मिलाकर रखना, दूसरी वस्तुओं के साथ समूह में रखना; ४. सामान भरना, गोदाम या दूकान को नाना प्रकार की वस्तुओं से यथाक्रम भरना। क्रि०अ० १. साथी होना, साथ देना, सहयोगी होना; २. वर्गगत होना, श्रेणीगत होना। **~ ill with** १. पटरी न खाना, न पटना, प्रतिकूल होना, ठीक न बैठना; २. बेजोड़ होना, अनमेल होना। **~ well with** पटना, अनुकूल होना, ठीक बैठना। **assortment** सं० १. वर्गीकरण, क्रमानुकूल विन्यास, पृथक्करण; २. छँटाव, छँटा हुआ माल; ३. तरह-तरह का सामान (वर्गीकृत), एक प्रकार या नाना प्रकार की वर्ग-विभक्त सामग्री।

assuage (अ स्वाज़') [O.F. *assouagier*, L. *assuāviāre* (*ad-*, to, *suāvis*, sweet) क्रि० स० १. (व्यक्ति, भावना या व्यथा को) शान्त करना, शमन करना, प्रशमित करना; २. ढाढस देना, दिलासा देना, धैर्य बँधाना, ठंडा करना; ३. घटाना, हल्का या कम करना; ४. (भूख, इच्छा को) शान्त करना, तृप्त करना; ५. भूख या प्यास बुझाना। **assuagement** सं० १. शान्ति, प्रशमन, समाधान, दिलासा; २. तृप्ति; ३. कमी।

assume (अ सूम') [L. *assūmere*, to take to oneself (*ad-*, to, *sūmere*, to take)] क्रि० स० १. धारण करना, ग्रहण करना, अपना लेना, अख्तियार करना, कार्यभार ग्रहण करना, पद ग्रहण करना, काम सँभालना, ज़िम्मा लेना, ज़िम्मेदारी लेना, भार लेना, उत्तरदायित्व सँभालना; २. हथिया लेना, हक़ मारना, अनुचित रूप से अपहरण करना, अन्यायपूर्वक छीनकर दखल करना, अधिकार छीन लेना; ३. स्वाँग भरना, रूप भरना, वेश बदलना; ४. छल करना; ५. बहाना करना; ६. मान लेना, फ़र्ज़ करना, समझ लेना, कल्पना करना; ७. स्वीकार करना; ८. (वि० १) मानना*; ९ ग्रहण करना, (प्र०, वि० १) कल्पना करना*। **assuming** अभिमानी, अहंकारी, गर्वीला, दंभी, घमंडी। **assumable** वि० कल्पना करने योग्य, ग्रहण करने योग्य। **assumably** क्रि० वि० मान करके, कल्पना करते हुए।

assumption (अ सम्प' शन) [L. *assūmptus*, p.p. of *assūmere*] सं० १. (कु०, प्र०, मा० १, वि० १) कल्पना*, धारणा*, पूर्वधारणा*, अनुमान*, प्रमेय*; २. मान्यता, पक्की बात; ३. (प्र०, मा० १) ग्रहण*, दायित्व-ग्रहण*; ४. (मा० २, वि० १) अभिगृहीत*; ५. (मा० ३) अभिग्रहण*; ६. कुमारी मेरी का स्वर्ग में स्वागत, इस सम्मान में प्रीतिभोज; ७. कल्पित वस्तु, अनुमानित वस्तु, फ़र्ज़ की हुई चीज़; ८. घमंड, गर्व, अहंकार, दम्भ, शेखी। **assumptive** वि० १. कल्पित, फ़र्ज़ी, माना हुआ; २. स्वीकृत, स्वीकार्य; ३. शेखीबाज़, घमंडी, अहंकारी, गर्वीला, अभिमानी।

assumption दे० ASSUME।

assure (अ शोर') [O.F. *asseürer*, late L. *adsēcūrāre* (*ad-*, to, *sēcūrus*, safe)] क्रि० स० १. सुरक्षित करना, निरापद करना, खातिरजमा रखना; २. जीवनबीमा कराना; ३. किसी घटना (या बात) आदि को निश्चित करना, जाँच-पड़ताल करना, पक्का करना, असंदिग्ध बनाना, बिल्कुल ठीक-ठाक कर लेना; ४. भरोसा दिलाना, यक़ीन दिलाना, विश्वास जमाना, समाश्वासन देना, भरोसे के साथ कहना, किसी व्यक्ति को किसी तथ्य का विश्वास दिलाना, किसी व्यक्ति को किसी वस्तु के सम्बन्ध में विश्वासपूर्वक बताना; ५. (प्र०) आश्वस्त करना*। **assurance** (अ शूर' अन्स) सं० १.

(मा० १) आश्वासन*, विश्वास, प्रत्याशा, वचन, भरोसा, तसल्ली; २. गारन्टी, जिम्मेदारी, उत्तरदायित्व; ३. अभय वचन; ४. सुनिश्चित घोषणा, दृढ़ कथन, विश्वासपूर्ण वक्तृत्व; ५. (विधि) उपाधि-ग्रहण*, अधिकार-ग्रहण, अधिकार-सुरक्षण; ६. (मा० १) बीमा* (प्र०, विधि भी) (जैसे life~, fire~, marine~), निश्चय, निश्चितता, पक्कीन, पक्का भरोसा, आत्म-विश्वास; ७. आत्मनिर्भरता, अपने ऊपर भरोसा; ८. गुस्ताखी, उद्धतता; ९. (प्र०) आश्वासन*; १०. (वि०) हस्तान्तरण-पत्र*। **assuredly** (ə shoor' ĕd li) क्रि० वि० सुरक्षित रूप से; निःसंदेह, विश्वास-पूर्वक, असंदिग्ध रूप से, बिना संदेह के, निश्चित रूप से, निश्चय के साथ। **assuredness** सं० १. सुरक्षा; २. भरोसा, इत्मीनान, विश्वास, सुनिश्चय, असंदिग्धता।

assurgent (ə sûr'j ənt) [L. *assurgere* (*ad-*, to, against, *surgere*, to rise)] वि० १. उदीयमान, ऊर्ध्वगामी, उठता हुआ, उगता हुआ, चढ़ता हुआ, उभरता हुआ, बढ़ता हुआ, ऊँचा होता हुआ; २. (वन०) तिरछा उगनेवाला, टेढ़ा बढ़नेवाला; ३. झगड़ालू, विवादी; ४. आक्रमणशील; ५. (वि० १) बग़ावती*।

Assyriology (ə sir i ol' ə ji) [-LOGY] सं० १. असीरिया-ज्ञान; २. असीरिया की भाषा, इतिहास और प्राचीन तत्वों का अध्ययन। **Assyriologist** सं० असीरिया-विषयक ज्ञान का पंडित, असीरिया की भाषा, इतिहास और प्राचीन तत्त्वों का अध्येता।

astatic (ā stăt' ik) [Gr. *astatos* (*a-*, not, *sta-*, stem of verb, stand)] वि० अस्थिर, चंचल, डाँवाडोल, अस्थैतिक* (वि० १ भी)। **~ galvanometer** अस्थैतिक गैल्वनोमापी, अस्थैतिक धारामापी। **~ needle** अस्थैतिक सूची, अस्थैतिक सुई।

Aster (ăs'- as ter) [L., from Gr. *astēr*, a star] सं० तारक-वृक्ष, तारा फूलवाला पौधा। **China~** १. चीनी तारक वृक्ष, एक प्रकार का तारा फूल का पौधा; २ (मा०, कु०, वि० १) तारक*, तारा*, ऐस्टर*।

-aster [L., diminutive and contemptuous termination] प्रत्यय अनादर या तुच्छतासूचक प्रत्यय जो लैटिन और रोमन सज़ाओं में लगता है (जैसे **poetaster** कवि मन्य, झूठा कवि)।

asterisk (ăs' tĕr isk) [L. *asterisca*, Gr. *asteriskos*] सं० तारक-चिह्न, सदर्भ चिह्न (*) तारा चिह्न। तारांकित करना, तारक-चिह्न अंकित करना, तारा लगाना।

asterism (ăs' tĕr izm) [Gr. *asterismos*] सं० १. तारक-पुंज, नक्षत्र-समूह; २ ध्यान आकर्षित करने के लिए तीन तारक-चिह्न (***); ३. (वि० १) तारा-पुंज।

astern (ə stĕrn') क्रि० वि० (नौ०/वि०) नाव या पोत के पिछले भाग में। **~ of** १. (जहाज़, नौका के) पीछे, पिछवाड़े, पीछे की ओर; २. बहुत पीछे की ओर।

asteroid (ăs' tĕr oid) वि० १. तारा-रूप, तारा-कार, नक्षत्र-सदृश, २. (वि० १) ऐस्टर-सदृश*। सं० १. उपग्रह, क्षुद्रग्रह, एक छोटा ग्रह जो सूर्य के चारों ओर घूमता है; २ एक प्रकार की आतिशबाज़ी। **asteroidal** वि० ऐस्टर (उपग्रह) विषयक।

asthma (ăs' mə) [Gr. *asthma-matos*, from *azein*, to breathe hard (*ain*, to blow)] सं० (मा०, कृ०) दमा*; ऐस्थमा*/ श्वास*। **asthmatic** (ăs măt' ik) वि० १. दमा का, श्वास-रोग सम्बन्धी; २. दमे की दूर करनेवाली, श्वास-रोग-निवारक, श्वास-रोग में उपयोगी (दवा)। सं० दमे का मरीज़, श्वास-रोगी। **asthmatical** वि० दमा संबंधी, श्वास-रोग संबंधी। **asthmatically** क्रि० वि० १. दमे के रोग के विचार से; २. श्वास-रोगी की भाँति।

asthore सं० प्रिय, प्रियतम, प्रेयसि, प्यारा, प्यारी।

astigmatism (ā stig' mə tizm) [Gr. *a-*, not, *stigma*, point] वि० १. दृष्टि-वैषम्य, विदृष्टि, आँख का एक रोग जिसमें प्रकाश की किरणें एक ही स्थान पर केन्द्रित नहीं हो पातीं; २. (वि० १) अविन्दुकता* (उपकरण में)। **astigmatic** वि० १. विदृष्टिक, विषमदृष्टिक; २. (वि० १) अविन्दुक*; ३. (आ०) ऐस्टिग्मैटिक*/ आस्टिग्मेटिज़्म / दृष्टिवैषम्य*।

astir (ə stĕr') [*a*, on, *stir*] क्रि० वि० और वि० १. गतिशील, अस्थिर, चंचल, गति में, हिलता-डुलता हुआ; २. जाग्रत, जागा हुआ, सचेत, बिछौना छोड़कर उठा हुआ, सोकर उठा हुआ; ३. उत्तेजित, उत्तेजना में, क्षोभ में; ४. घबराया हुआ।

astonish (ə ston' ish) [earlier *astony*, M. E. *astone*, O.F. *estoner* (F. *étonner*), to amaze (L. *ex-*, out, *tonāre*, to thunder)] क्रि० स० चकित होना या करना, विस्मित होना या करना, आश्चर्यान्वित करना, अचम्भे में डालना, चकरा देना, हक्का-बक्का करना। **astonished** वि० १. स्तब्ध, हक्काबक्का, चौंधियाया हुआ; २. त्रस्त, व्याकुल। **astonishment** सं० अचम्भा, आश्चर्य, विस्मय, हैरानी, हैरत, ताज्जुब।

astound (ə stound') [M.E. *astoned*, p.p. of *astone*] क्रि० स० १. विस्मयाकुल करना, दंग करना या होना, हक्का-बक्का करना या होना, स्तब्ध करना, चकित करना या होना, भौचक्का करना, घबड़ा देना, भय-ध्वनि या आश्चर्य से धक्का पहुँचाना; २. विस्मित करना, अचम्भे में डालना, आश्चर्यान्वित करना।

astraddle (ə străd' el) क्रि० वि० और वि० घुड़सवार की तरह, घोड़े पर चढ़कर, दोनों ओर पैर डालकर।

astragal (ăs' trə gəl) [L. *astragalus*, Gr. *astragalos*] सं० १. (स्था०) छोटा, गोला या घेरा जो खम्भे के ऊपर या नीचे होता है; २. तोप के मुँह के पास का घेरा या चक्कर; ३. (इ० ३) हाटिका*। **Astragalus** (ə străg' ə lŭs) सं० १. अस्ट्रैगेलस, गुल्फिका, गुल्फास्थि* (वि० १ भी); २ बाँडी उत्पन्न करनेवाली जाति का एक पौधा, एक प्रकार की सब्जी; ३. (आ०) ऐस्ट्रेगेलस*/ घुटि-कास्थि*।

astrakhan (ăs trə kăn') सं० अस्तराखन, रूस के अस्तराखन नामक स्थान के छोटे मेमनों की खाल, जिस पर ऊन जैसे रोएं होते हैं।

astral (ăs' trəl) [L. *astrālis* (*astrum*, Gr. *astron*, a star)] वि० १ नक्षत्रीय, नाक्षत्रिक, तारा सम्बन्धी, नक्षत्रमय, तारामय; २. (वि० १) तारक*। **~ body**, मानव का आध्यात्मिक रूप, सूक्ष्म शरीर, अगुप्त शरीर। **~ hatch**, ज्योतिष-वातायन, विमान में गुम्बद के आकार की खिड़की, जिससे विमान-चालक गणित-ज्योतिष सम्बन्धी प्रेक्षण करता है। **~ lamp** तारकदीप, ऐसा लैम्प जिसकी परछाईं नीचे न पड़ती हो। **~ spirits**, नक्षत्र-लोकी, नक्षत्रलोक के वासी, तारों में रहनेवाली (आत्माएं)।

astray (ə strā') [prob. O.F. *estraié*, p.p. of *estaier*, to stray [L. *extra-*, out of bounds, *vagāre*, to wander)] क्रि० वि० या वि० (शा० और ला०) पथभ्रष्ट, भ्रान्त, मार्ग-च्युत, विपथगामी, उन्मार्गगामी, गुमराह, भटका हुआ, भूला हुआ, भूला-भटका।

astrict (ə strikt') [L. *astrictus*, p.p. of *astringere* (*ad-*, to, *stringere*, to bind)] क्रि० स० १. (कभी-कभी) जकड़ना, कसकर

बाँधना, मज़बूती से बाँधना, आबद्ध करना; २. क्रब्जियत पैदा करना, बद्धकोष्ठ करना, अपच उत्पन्न करना; ३. नैतिक रूप से बाँधना, सदाचार की दृष्टि से संयत करना; ४. क़ानून में जकड़ना, क़ानूनी तौर पर पाबन्द करना; ५. रोकना, सीमित करना, सीमाबद्ध करना, सीमा के भीतर रखना, बंधन में रखना, प्रतिबन्ध लगाना। **astriction** सं० १. दृढ़ बंधन, मज़बूत बंधन, कोष्ठबद्धता, कब्जियत; २. संयम, निग्रह, नैतिक बंधन, आचार सम्बन्धी नियंत्रण; ३. क़ानूनी दबाव, ४. प्रतिबन्ध। **astrictive** वि० १. शरीर-तंतु-संकोचनकारी, शरीर के तंतुओं को सिकोड़नेवाला; २. संकोचक, जकड़नेवाला; ३ क्रब्जियत उत्पन्न करनेवाला, कोष्ठबद्धताकारी; ४. रक्तस्राव-रोधक, रक्तप्रवाह-रोधक।

astride (अ स्ट्राइड') क्रि० वि०, वि० १. अश्वारोही की भाँति, घुड़सवार की तरह टाँगों को अगल-बगल डाले हुए; २ (सैन्य०) सड़क के पार तैनात किया हुआ या बैठाया हुआ। (पूर्व०) आरपार।

astringe (अ स्ट्रिंज') [L. *astringere*, see ASTRICT] क्रि० स० १. एक साथ बाँधना, इकट्ठा बाँधना, सम्बद्ध करना; २. दबाना, भींचना; ३. क्रब्जियत पैदा करना, क़ब्ज़ पैदा करना। **astringent** वि० १. बंधनकारी; २. बाँधनेवाला, संकोचक, संकोचन-शील' (क्रि० भी), सिकोड़नेवाला; ३. (आ०) स्तम्भक* (औषधि); ४ रक्तस्राव-रोधक, रक्तप्रवाह रोधक; ५. कषाय, कसैला, ६. कड़ा, रूक्ष, सख्त, तेज़, तीखा, उग्र, कठोर, कर्कश। सं० १. रक्तरोधक औषधि; २. तीखी, कसैली या कड़वी दवा। **astringently** क्रि० वि० १. बंधन के रूप में; २. रक्तस्राव-रोधक के रूप में; ३. तेज़ी से, तीव्रता से; ४. कठोरता से; ५. कठोरता से, कर्कशता से। **astringency** सं० १. बंधन; २. रक्तस्राव-रोधक* (आ०, क्रि०, वि० १ भी); ३. तीखापन, तीव्रता, कषाय, उग्रता, ४ कठोरता, कर्कशता।

astro- [Gr. *astron*, a star] (समास में) नक्षत्र या तारा के अर्थ में प्रयुक्त (जैसे *astrogony*), नक्षत्र-सृष्टि-विद्या, तारों की उत्पत्ति की विद्या। **astrolithology** उल्काश्मों की विद्या। **astrc-physics** १. नक्षत्रीय भौतिकी जिसमें नक्षत्रों के भौतिक तत्त्वों का विश्लेषण होता है; २. (वि० १) तारा भौतिकी*, खगोल भौतिकी*।

astroite सं० १. अस्ट्राइट, एक प्रकार का रत्न, जो प्राचीन काल में ज्ञात था; २. एक प्रकार का छिद्रयुक्त मूँगा।

astrolabe (ऐस्' त्रो लेब) [O.F. *astrelabe*, med. L. *astrolabium* (L. *lab-*, stem of v. to take)] सं० वेध-यंत्र, नक्षत्र-यंत्र, उन्नता मापने के लिए पूर्वकाल में प्रयुक्त यंत्र-विशेष।

astrology (अ स्ट्रॉल' ए जी) [F. *astrologie*, L. *astrologia* (Gr. *logia*)] सं० १. फलित ज्योतिष, प्रश्न ज्योतिष, मुहूर्त ज्योतिष, नक्षत्रफल-गणन विद्या (जिसे पहले natural ~**asiasosy** भी कहा जाता था), दैवज्ञविद्या; २. (वि० १) ज्योतिष* I **astrologer** सं० ज्योतिषी* (वि० १ भी), फलित ज्योतिषी, दैवज्ञ, गणक, ज्योतिषिक, कार्तान्तिक, दैवचिन्तक, मौहूर्तिक, सांवत्सरिक। **astrologic(al)** वि० फलित ज्योतिष सम्बन्धी, प्रश्न ज्योतिष-विषयक। **astrologically** क्रि० वि० फलित ज्योतिष की दृष्टि से, प्रश्न ज्योतिष के अनुसार।

astronomy (अ स्ट्रॉन' ए मी) [O.F. *astronomie*, L. *astromonia*, Gr. from *astronomos*, star-arranging, *a.* (*nemein*, to distribute, arrrange)] सं० १. गणित ज्योतिष, खगोल विद्या, नक्षत्र विद्या; २. ज्योति विद्या, ज्योति-शास्त्र, ज्योतिर्विज्ञान; ३. (वि० १) खगोल विज्ञान*, खगोलिकी*। **astronomer** सं० १. गणितज्योतिषी, खगोलवेत्ता, ज्योतिर्विद, खगोल-शास्त्री; २. (वि० १) खगोलज्ञ*। **astronomic(al)** वि० १. गणितज्योतिष सम्बन्धी, गणितज्योतिष-विषयक, खगोल-विद्या का; २. (वि० १) खगोलीय*। ~**figures**, ~**distances** अपरिमित संख्याएँ, फ़ासले। **astronomically** क्रि० वि० १ गणितज्योतिष की रीति या विधि से; २. गणितज्योतिष के अनुसार।

astute (अ स्टूट') [L. *astūtus*, cr. fty, cunning (*astus*, craft, cunning)] वि० १. विदग्ध, चतुर, धूर्त, कार्यज्ञ, विचक्षण, कपटी, चालाक, मक्कार, चालबाज़, कुटिल; २. सयाना, बुद्धिमान, मेधावी, कुशाग्र बुद्धि, निपुण, कार्यदक्ष, होशियार, तेज़। **astutely** क्रि० वि० १. धूर्तता से, कुटिलता से, चालबाज़ी से, २. सयानेपन से, बुद्धिमानी से, चतुराई से। **astuteness** सं० १. धूर्तता; २. चालाकी, चालबाज़ी; ३. बुद्धिमत्ता, निपुणता, विचक्षणता।

asunder (अ सन' दर) [A-S. *onsundran*] क्रि० वि० पृथक्-पृथक्, अलग-अलग, जुदा-जुदा, दूर-दूर। **tear** ~ धज्जियाँ उड़ाना, टुकड़े-टुकड़े करना, पुर्ज़े-पुर्ज़े करना।

asylum (अ सा' लम) [L., from Gr. *asulon*, neut. of *asulos*, inviolable (*a-*, not, *sulē*, a right of seizure)] १. शरण* (भा० १ भी), आश्रय-स्थान, आश्रम, शरणालय, शरण-स्थान, २. अपराधियों अथवा ऋणियों के लिए आश्रय-स्थान, ३. आश्रय, विश्राम-स्थल; ४. उपचारालय; ५ अनाथालय, अनाथा-श्रम (विशे० पागलखाना)।

asymmetry (अ सिम' ए त्री) सं० १ असमति, समनिहीनता, बेडौलपन; २. (वि० १) असममिति*।

asymptote (ऐस' इम् तोट) [Gr. *asumptotos*, not. coinciding (*a-*, not, *sun-*, together, *ptōtos*, falling, from *piptein*, to fall.] सं० १. अनन्तस्पर्शी, अनन्तस्पर्शी रेखा, एक रेखा जो दी हुई वक्ररेखा के समीप तो आती-जाती है, किन्तु परिमित दूरी में उससे नहीं मिलती, २. (आ०, वि० १) अनन्तस्पर्शी अवस्था*।

asyadeton (अ सिन्' दे टन) [Gr. *asundeton a-*, not, *sun-*, with, *deîn*, to bind)] सं० संयोजक-लोप अलंकार, एक अलंकार, जिसमें समुच्चयबोधक का लोप होता है।

at (ऐट) [A-S. *æt* (cp. feel. *at*, O H.G. *az*, L. *ad*, पूर्व० (आ० और लो०) पर, ऊपर, पै, में, हालत में। **good** ~ **repartee** १. हाज़िरजवाब; २. (आ० और लो०) की ओर, की तरफ़। ~**all** बिलकुल, नितान्त, किसी भी दशा में, सभी तरह से। ~**an arm's length** दूर ही रखना, दूर ही रहना। ~**best** भली भाँति, उत्तम रूप में। ~**daggers drawn** जानी दुश्मन, खून के प्यासे। ~**one** मेल और प्रेम में सामंजस्य और समझौते के साथ। ~**one's mercy** के हाथ में होना। ~**play fighting** लड़ने की नक़ल करना, लड़ाई का खेल। ~**sea** हैरानी, दुविधा में, भौचक्का। ~**that** इस अनुमान में। ~**worst** १. बुरी से बुरी अवस्था में, निकृष्ट रूप में; २ कम से कम, अधिक से अधिक, ज़्यादा से ज़्यादा।

at- [AD-] सं० (बोल०) Auxiliary Territorial Service (A.T.S.) की सदस्या।

at- उप० **AD-** जब T से आरम्भ होनेवाले शब्दों से पहले आता है, तब **at** में परिणत हो जाता है, दे० AD।

ataraxia (ऐत' अ रैक्' सि अ), **ataraxy** (ऐत' अ रैक् सि,

ataraxia (*a-*, not, *tarassein*, to disturb)] सं० १. वैराग्य, उदासीनता, निस्पृहता, रागहीनता, विषय-मुक्ति; २. गतिभंग।

ataunto (ə tawn' tō) [O.F. *autant*, so much] क्रि० वि० (नौ० वि०) सभी बेंचें हूए पालों के साथ। **all~** जहाज के आकार का और ब्रिस्टल के फ़ैशन का।

atavism (ăt' ə vizm) [F. *atavisme*, L. *atavus*, an ancestor] सं० १. पूर्व पैतृकानुवृत्ति, पूर्वजों से सादृश्य या साम्य, पुरखों की अनुरूपता; २. प्राचीन आदर्श का पुनरुद्धार; ३. पूर्व पुरुषों के रोग की आवृत्ति; ४. (कृ०, मा० ३, वि० १) पूर्वजता*/ ऐटाविज़्म*; ५. (मा० ३) पूर्वज प्रत्यावर्तन*। **atavistic** वि० पुरखा रोगी, पूर्वजों के रोग से पीड़ित, (मा० ३) पूर्व प्रत्यावर्ती*/ ऐटाविस्टिक*।

ataxy (ă tăk' si, ăt' ăk si) [Gr. *ataxia* (*a-*, not, *taxis*, order, from *tassein*, to arrange)] सं० १. शारीरिक क्रिया-वैषम्य; २. गति-भंग। **locomotor~** हाथ-पाँव आदि के चलाने में शारीरिक निर्बलता, शिथिलता। **ataxic** वि० १. जन्तुओं के शारीरिक क्रिया-वैषम्य से सम्बन्धित; २ गतिभंग संबंधी। **~ fever** मोतीझरा, मोतिया-बुखार, मियादी बुखार।

ate (et, दे० EAT।

-ate[1] [L. *-atus* in nouns of state, or *-atus*, *-āta*, *-ātum*, p.p. of 1st conj., through F. *-at*, as in *prélat*, *vénat*] प्रत्य० १. प्राय पदसूचक संज्ञा बनाने के लिए प्रयुक्त (जैसे legate, magistrate आदि); २. रासायनिक लवण (जैसे नाइट्रेट, सल्फेट)

-ate[2] विशेषण बनाने के लिए प्रत्यय (जैसे candidate, desolate, ovate)।

-ate[3] प्रत्य० विशेषण के समानान्तर क्रिया बनाने के लिए प्रयुक्त (जैसे aggravate, isolate, separate)।

atelo-, atelo- [Gr. *atelēs*, imperfect (*a-*, not, *telos*, end, completion)] (समास में) अपूर्ण, (जैसे atelogiosia, atelomathia, atelostomia जीभ, जबड़े और मुँह का अपूर्ण विकास)।

atelier (ă tel' yā) [F., O.F. *astelier*, from *astelle*, small plank or splint] सं० १. कारखाना, वर्कशॉप; २. चित्रशाला, स्टूडियो।

Athanasian (ăth ə nā' shi ən shən) वि० ऐथानेसियस सम्बन्धी, ऐथानेसियस का (कान्स्टाइन के राज्य में सिकन्दरिया का सबसे बड़ा बिशप)। **~ creed** ऐथानेसियस का धार्मिक मत।

atheism (ā' thē izm) [F. *athéisme*, from Gr. *atheos* (*a-*, not, *theos*, God)] सं० अनीश्वरवाद, अनीश्वरता, नास्तिकता, नास्तिक मत, (मा० २) निरीश्वरवाद*। **atheist** सं० (मा० १ भी) नास्तिक*, अनीश्वरवादी, निरीश्वरवादी। **atheistic** वि० (ā thē i stik) नास्तिकता सम्बन्धी, नास्तिक का, अनीश्वरवाद-विषयक। **atheistically** क्रि० वि० नास्तिकता से, नास्तिक भाव से।

Athenæum (ăth ē nē' əm) [L., from Gr. *Athēnaion*] सं० १. साहित्यिक या वैज्ञानिक गोष्ठी या सभा (विशे० लन्दन की); २ वाचनालय; ३. पुस्तकालय।

athirst (ə thėrst') [A.-S. *ofthyst*, *ofthyrsted*, p.p. of *ofthystan*, to be thirsty] वि० १ तृषित, पिपासु, तृषार्त, प्यासा; २. उत्सुक, व्यग्र, उत्कंठित, लालायित, इच्छुक।

athlete (ăth' lēt) [L. *athleta*, Gr. *athlētēs*, from *athlein*, to contend (*athlon*, *aethlon*, a prize)] सं० १. मल्ल, मल्ल योद्धा, पहलवान; २. क्रीड़ा-प्रतियोगी, शारीरिक व्यायामों का प्रतियोगी, खिलाड़ी; ३. बलिष्ठ, बलवान, हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा (व्यक्ति)। **athletic** (ăth let' ik) वि० १. कसरती, कुश्ती से संबद्ध, मल्ल-क्रीड़ा विषयक; २. बेलकूद संबंधी, व्यायाम संबंधी; ३. बाहुवीर, बलवान्, सशक्त शरीर, पराक्रमी, हट्टा-कट्टा, मजबूत, (मा० २) सुडौलकाय*। सं० (बहु व०) १. मल्ल-क्रीड़ा-अभ्यास, शारीरिक व्यायामों का अभ्यास; २. मल्ल। **athletically** क्रि० वि० कसरत के रूप में, कसरती की तरह।

at-home सं० १. मेहमान का घर पर स्वागत-सत्कार; २. प्रीति-भोज।

athwart (ə thwôrt') [a-, on, THWART] क्रि० वि० और पूर्व० १. आर-पार, एक ओर से दूसरी ओर को, (विशे० आड़ा, तिरछा); २. विरुद्ध, प्रतिकूल, विपक्ष में, विरोध में, खिलाफ़, बरखिलाफ़। **~-hawse** लंगर पर रुके हुए किसी दूसरे जहाज के अग्र भाग के आरपार।

-atic [F. *-atique*, L. *-āticus*] प्रत्य० विशेषण बनाने के लिए प्रयुक्त प्रत्यय, (जैसे dramatic, fanatic)।

atile [F. *-atile*, L. *-ātilis*] प्रत्य० विशेषण बनाने के लिए प्रयुक्त, प्रत्यय, (जैसे versatile, volatile)

a-tilt (a tilt') क्रि० वि० १. टेढ़ा, तिरछा; २. नत, झुका हुआ, एक ओर को मुड़ा हुआ (प्राय: ला०)। **run, ride ~** घोड़े पर से भाला चलाना, घोड़े पर चढ़कर बल्लम को ताने हुए दौड़ना।

-ation [L. *-atio -ōnis*] प्रत्य० भाववाचक संज्ञा बनानेवाला प्रत्यय (जैसे agitation)।

-ative [L. *-ativus*, *-a*, *-um*] प्रत्य० विशेषण बनाने के लिए प्रयुक्त (जैसे affirmative, talkative, authoritative), प्राय. **-ate** पर अन्त होनेवाली क्रियाओं के साथ लगता है (जैसे demonstrative)।

atlantes (ăt lăn' tēz) सं० (बहु व०) (वास्तु०) पुरुषाकारी स्तम्भ, आदमी की शक्ल के खम्भे।

Atlantic (ăt lăn' tik) [ATLANTIS] वि० लीबिया के एटलस पर्वत से संबंधित। सं० अटलाण्टिक महासागर।

atlantosaurus सं० अश्मीभूत कीड़ा, एक बहुत बड़े आकार के कीड़े का फ़ॉसिल (प्रस्तर रूप)।

atlas (ăt' ləs) [Gr. *Atlas -antos*, a Titan, fabled to hold up the pillars of the univers-] सं० १. एटलस, मान-चित्रावली, नक्शों की पुस्तक; २. चित्र बनाने का बड़े आकार का कागज़, ३. (ग० क्रि०) शीर्षधर, चूड़ावलय, गर्दन की प्रथम कशेरुका, अतिलेश सबसे ऊपर की गुरिया जिस पर खोपड़ी टिकी हुई है; ४. लीबिया का एक पर्वत; ५. यूनानी देवता एटलस जिसने सृष्टि को उठा रखा था; ६. (आ०, वि० १) ऐटलस*/ शीर्षधर*। **Atlas** (of Tauri) ऐटलस (—f वृष / f टॉराई)।

atmo- [Gr. *atmos*, vapour] (समास में) उपसर्ग के रूप में वाष्प के अर्थ में प्रयुक्त, (जैसे **atmology** वाष्प-विज्ञान)। **atmolysis** वाष्प-विश्लेषण, वाष्प का पृथक्करण। **atmometer** १. वाष्पमापक; २. (वि० १) वाष्पनमापी*।

atmosphere (ăt' mō sfēr) [ATMO-, Gr. *sphaira*, a ball] सं० १. वायुमंडल* (कृ० भी), अर्तां क्ष; २. परिवेष्टन, घेरा; ३. वातावरण, मानसिक या नैतिक परिस्थिति; ४. हवा, वायु, वात; ५. (बहु व०) हवा का दबाव, वायुभार, एक वर्ग इंच पर १५ पौंड का दबाव जो कि वायुमंडल के द्वारा धरती पर होता है; ६. (earth's) —(unit) परिमंडल, वाष्पमंडल, ऐटमॉस्फ़ियर। **atmospherical** वि० १. वायुमंडलीय, वायुमंडलिक; २. वातावरण सम्बन्धी; ३. वायु-विषयक। **atmospherics** सं०

(बहु व०) १. आकाश में विद्युत् वाष्पों के कारण बेतार या रेडियो की स्पष्ट ध्वनि प्राप्त करने में अवरोध, लक्षोभ, नभःक्षोभ; २. (वि० १) (एक व०) वायुमंडलीय*। **atmospherically** क्रि० वि० १. वायुमंडल के अनुसार; २. वातावरण के अनुकूल; ३. वायु के द्वारा।

atoll (ə tol', ăt' ŏl) [Maldive *atollon, atoll*] सं० १. मूँगा टापू, प्रवाल-वलय, मूँगे की गोलाकार पहाड़ी जिसके बीच एक क्षीण-सी बनी होती है; २. (वि० १) अडल* (मलयालम), प्रवाल-द्वीप वलय*।

atom (ăt' əm) [Gr. *atomos*, indivisible] सं० १. अणु, कण, लव, लेश, जर्रा; २. कणिका, सूक्ष्म अंश, छोटा सा हिस्सा, अति-क्षुद्र भाग, ३. ज़रा सी चीज़, छोटी चीज़, लघु वस्तु; ४. (आ०, वि० १) ऐटम*, परमाणु*। **physical ~** भौतिक परमाणु, पदार्थ का वह छोटे से छोटा कण जो विभाजित नहीं किया जा सकता। **chemical ~** रासायनिक परमाणु। **~bomb** ऐटम बम, परमाणु बम।

atomic (ə tom' ik) वि० १. पारमाणविक, परमाणु संबंधी, परमाण रूप; २. (आ०) परमाणवीय*। **~bomb** (मा० १) परमाणु बम/ अणुबम, ऐटम बम। **~number** परमाणु संख्या। **~philosophy** परमाणु-दर्शन, परमाणुवाद, परमाणु-सिद्धान्त, जिसके अनुसार सभी पदार्थों की रचना परमाणु से मानी जाती है। **~theory** परमाणु-सिद्धान्त, परमाणुवाद। **~warfare** पारमाणविक युद्ध। **~weight** परमाणु-भार। **atomical** वि० पारमाणविक, परमाणु-विषयक। **atomically** क्रि० वि० पारमाणविक रूप में, परमाणु-सिद्धान्त के अनुसार।

atomicity (ă tom is' i ti) सं० १. परमाणुवीयता, किसी तत्व के अणु में परमाणुओं की संख्या; २. (पहले) संयोजकता; ३ (वि० १) परमाणुकर्ता*।

atomism (ăt' ə mizm) सं० १. (मा० २) परमाणुवाद*, परमाणु-दर्शन; २. परमाणु-क्रिया-सिद्धान्त, सूक्ष्मवाद। **atomist** सं० परमाणुवादी, परमाणु-दार्शनिक, सूक्ष्मवादी। **atomistic** वि० परमाणुवादीय, परमाणुवाद या परमाणुवादीय से सम्बन्धित, परमाणुवादी का।

atomize (ăt' ə mīz) क्रि० स० १. कणीकरण, परमाणुओं में परिवर्तित करना, परमाणु बनाना; २. (वि० १) कणित करना*। **atomization** सं० १. कणीकरण, परमाणुओं में परिणति; २. (वि० १) कणीकरण*/ कणन*; ३. (कृ०) कणित करना*।

atomizer (ăt ə mī zer) सं० १. (चिकि०) कणीकारक, छिड़कने का यंत्र; २. (कृ०, मा०, वि० १) कणिज*, ऐटोमाइज़र*; ३. (कृ०) कणीकरण*।

atomy[1] (ăt' ə mi) सं० १. परमाणु, ज़र्रा; २. क्षुद्र जीव।

atomy[2] (ăt' ə mi) [*anatomy*, first syl. mistaken for article *an*] सं० १. कंकाल, अस्थिपंजर, पंजर, ढाँचा; २. कृश शरीर, दुर्बल या दुबला शरीर, क्षीण शरीर।

atonic (ə ton' ik) [med. L. *atonicus*, Gr. *atonos*, without tone (*a-*, not, *tenein*, to stretch)] वि० १. अस्वरित, स्वराघातहीन, स्वराघात-रहित; २. (निदान०) निस्तेज, तेजहीन, कान्तिहीन। सं० अस्वरित शब्द, स्वराघातहीन शब्द।

atop (ə top') क्रि० वि० ऊपर, चोटी पर, शिखर पर, सिर पर, ऊपरी भाग में।

atrabilious (ăt rə bil' i us) [L. *ātra bilis*, black bile] वि० १. कृष्णपित्ती, काले पित्तवाला; २. उदास, चिन्तित, म्लान-चित्त, विमनस्क, दुर्मनस्; ३. चिड़चिड़ा, कोधी, झल्लानेवाला। **atrabiliousness** १. कृष्णपित्तता, काला पित्त होना; २. उदासी, चिन्ता; ३. चिड़चिड़ापन, क्रोध, झल्लाहट।

a-trip (ə trip') [*a-*, on, TRIP] क्रि० वि० (जहाज के लंगर के सम्बन्ध में) पृथ्वी से थोड़ा ऊँचा, थोड़ा ई' ऊपर।

atrium (ā' tri ŭm) [L.] सं० १. आँगन, (रोमन) गृह का प्रांगण; २. बरसाती, ड्योढ़ी (विशे० चर्च के द्वार के समक्ष), उत्कोष्ठ; ३. (आ०, वि० १) अलिन्द*/ परिकोष्ठ*।

atrocious (ə trō' shŭs) [L. *atrox -ōcis* (*ātər*, black)] वि० १. नृशंस, निर्दय, निष्ठुर, अत्याचारी, अनाचारी, ज़ालिम, बेदर्द; २. भीषण, घोर; ३. बीभत्स, पाशविक, शर्मनाक; ४. बहुत बुरा, बहुत खराब। **atrociously** क्रि० वि० १. नृशंसता से; २. बीभत्सतापूर्वक, पाशविकता से; ३. निर्दयता से, बहुत खराबी के साथ। **atrociousness** सं० १. नृशंसता, निर्दयता, अनाचार, अत्याचार; २. बीभत्सता, पाशविकता; ३. ज़ुल्म, बहुत खराबी। **atrocity** (ə tros' i ti) सं० १. निर्दयता, नृशंसता* (मा० १ भी), बेरहमी, क्रूरता, अत्याचार, ज़ुल्म, ज्यादती, भीषणता; २. बीभत्सता; ३ भयंकर भूल।

atrophy (ăt' rō fi) [F. *atrophie*, L. *atrophia*, from Gr., from *atrophos*, ill-fed (*a-*, not, *trephein*, to nourish)] सं० १. (पौष्टिक भोजन के अभाव के कारण) अपक्षय* (कृ० मा० ३ भी), क्षय, क्षीणता, निर्बलता; २. सूखा रोग; ३. (आ० और ला०) दुर्बलता, कृशता; ४. अपक्षय; ५. (आ०) शोष*; ६. (आ०, कृ०, वि० १) अशुष्टि*; ७. (कृ०, वि० १) क्षीणता*, दुबलापन*। क्रि० स० और अ० घुलाना, घुलना, सुखाना या सूखना, कृश करना या होना, दुर्बल बनाना या होना, शक्ति-क्षय करना या होना।

atropine सं० (ăt' rō pīn) [Gr. *atropos*, inflexible, name of one of the Fates] १. एक प्रकार का ज़हरीला अकलीदार तत्व जो धतूरे जैसे पौधे से मिलता है; २. (आ०, वि० १) ऐट्रोपीन*।

atta (ăt' ə) सं० आटा, पिसा हुआ गेहूँ।

attaboy (ăt' ə boi') विस्म० उत्साहवर्धक या प्रशंसा के लिए प्रयुक्त सम्बोधन।

attach (ə tăch') [O. F. *atachier* (F. *attacher*), from *a*, to, Genevese *tache* (ca. Port. *tacha*, nail, Eng. *tack*, L. G. *takki*)] क्रि० स० और अ० १. संलग्न करना, संबद्ध करना, मिलाना, बाँधना, जोड़ना, लगाना, नत्थी करना, टाँकना, साथ लगाना; २. (किसी मनुष्य के साथ, समुदाय, या अभियान में) सम्मिलित होना, जा मिलना, शामिल होना, साथ हो जाना; ३. मित्र बनाना, सगी बनाना, साथी बनाना, मित्रता में बाँधना; ४. अनुरक्त बनाना, प्रेमी बनाना, भक्त बनाना; ५ (अभौतिक वस्तु, नाम, उत्तरदायित्व आदि को) जोड़ना, संयुक्त करना, संबंधित करना; ६. महत्त्व देना या प्रदान करना, आदर देना, सम्मानित करना; ७. (विधि) कुर्की करना*, ज़ब्त करना*, क़ानूनी अधिकार से किसी व्यक्ति या संपत्ति को अधिकार में कर लेना; ८. लगना, पकना, आ पड़ना; ९. सम्बद्ध होना। **attachable** वि० १. संलग्नीय, बाँधने योग्य, जोड़ने योग्य, नत्थी करने योग्य; २. सम्मिलित करने योग्य, मिलाने योग्य; ३. मित्र बनाने योग्य; ४. कुर्क करने योग्य, ज़ब्त करने योग्य, संबद्ध होने योग्य। **attachment** सं० १. नत्थी, जोड़, संयोजन; २. संपीडित वस्तु, नत्थी की हुई चीज़, जुड़ी हुई या सम्बद्ध वस्तु; ३. बाँधने के साधन; ४. आसक्ति* (मा० २ भी), अभिनिवेश, प्रीति, स्नेह, अनुराग, अनु-

---

ə=ə, (Fr. her) भर्र; ā=ए, (Fat) फ़ैट; ā=ए, (Fate) फ़ेट; aw=a=आ, (Fall) फ़ॉल; ă=ए, (Fair) फ़ेअर; e=ऐ, (Bell) बेल, ē=ई, (Hey) हे; ĕ=ए, (Beef) बीफ़; ĭ=आइ, (Bite) बाइट; o=ओ, (No) नो; ŏ=ओ, (No) नो; ô=ऑ, (North) नॉर्थ, oo=ऊ, (Food) फ़ूड, ŭ=उ, (Bull) बुल; ū=यू, (Sun) सन्; ū=यू, (Muse) म्यूज़; ou=आउ, (Bout) बाउट; oi=ऑइ, (Join) ज्वाइन।

रक्ति,भक्ति, प्रसक्ति, आसक्ति, लगन; ६. जल्दी, (विशे० foreign) ऋण-पूर्ति के लिए किसी परदेशी के माल की कुर्की या जब्ती; ७. (विधि) कुर्की*; ८. (वि० १)संलग्न*; ९. (क्र०) संलगी* / संलग्न*।

attache (ă tăsh' ā) [F.] सं० (प्र०, मा० १) सहचारी*. आसंगी, राजदूत का सहकारी, दूतावास-सहकारी, (प्र०, मा० १) अताशे*। **~case.** अटैची केस, चमड़े का छोटा संदूक या बक्स।

attack (ă tăk') [F. *attaquer*, It. *attaccare*, to join (battle) (see ATTACH)] क्रि० स० १. (शा० और ला०) आक्रमण करना, चढ़ाई करना, हमला करना, धावा बोलना, धावा करना, चढ़ आना; २. अभियोग लगाना, निन्दा करना, अप्रिय आलोचना करना, आक्षेप करना; ३. (रोगादि का) बुरा असर पड़ना, बुरा प्रभाव पड़ना, कुप्रभाव पड़ना, घातक सिद्ध होना। सं० १. (शा० और ला०) प्रहार, आक्रमण*, हमला* (आ०, मा० १ भी), अभियान, चढ़ाई; २. आक्षेप, निन्दा, अभियोग; ३. उलटा असर, प्रतिकूल प्रभाव, हानिकारक प्रभाव, मारक प्रभाव; ४. (विधि) धावा*। **attackable** वि० आक्रमणीय, आक्षेप्य।

attain (ă tān') [O. F. *atteign-*, pr. s. stem of *ataindre*, to reach, attain (L. *ad-*, to, *tangere*, to touch)] क्रि० स० और अ० १. पहुँचना, आ लगना, पाना, पा जाना, प्राप्त करना, हासिल करना, पूर्ण करना, साध लेना, सिद्ध करना। **attainable** वि० १. प्राप्य, लभ्य, प्राप्तव्य, प्रापणीय; २. साध्य; ३. गम्य, गमनीय। **attainability, attainableness** सं० १. प्राप्यता, लभ्यता, प्रापणीयता, २ गमनीयता; ३. साध्यता। **attainment** सं० १. लाभ, अधिगम, अवाप्ति, प्राप्ति, प्राप्ति की क्रिया; २. प्राप्त वस्तु, विशेषकर वैयक्तिक सिद्धि, गुण या योग्यता; ३ उपलब्धि, सिद्धि; ४ हुनर; ५ (मा० २) अवाप्ति*।

attainder (ă tān' der) [O.F. *ataindre*, to ATTAIN in wrong modified by confusion with *taindre*, to dye, stain] सं० आयत्तेय, मनुदत्त या विधान-बहिष्कृति का परिणाम (जैसे सजाति या नागरिक अधिकारों का हरण इत्यादि)।

attaint (ă tānt', fig. से० १ मौत अथवा देशनिकाले का दंड देना; २ अधीन करना, अन्तर्गत लाना, ३ (रोगों आदि का) हमला करना, आक्रमण करना, प्रभाव डालना, लग जाना, पैदा हो जाना, उड़कर लगना, संक्रामक रोग का फैलना; ४. दूषित करना, कलंकित करना, दाग लगाना. कलंक का टीका लगाना, बदनाम करना, अपमानित करना, सानना।

attar (ăt' ar) [Pers. *'atar*, essence, Arab. *'ițr*, aroma] सं० अतर, इत्र, गुलाब का इत्र।

attemper (ă tem' pĕr) [O. F. *atemprer*, L. *attemperāre* (*ad-*, to, *temperāre*, to temper, moderate)] क्रि० स० १ मिश्रण द्वारा हल्का करना, मिलाना; २. समोना, ताप मद्धिम करना; ३. ठंडा करना; ४. धीमा करना; ५. शान्त करना, सान्त्वना देना; ६. अनकूल करना, माफिक करना; ७. जगह देना; ८. एक स्वर में करना, मेली करना, एकरूप बना लेना; ९. (धातु को) ताव देना, पानी चढ़ाना, बुझाकर देना, आब देना। **attemperment** सं० १. मिश्रण, समोना; २ प्रशमन; ३. संयमन (तापमान का); ४. अनुकूलन, ताव, बुझाव, आब।

attempt (ă temt') [O. F. *atempter*, undertake, L. *attemptāre*, *attentāre* (*ad-*, to, *tentāre*, strive after)] क्रि० स० १. प्रयत्न करना, प्रयास करना, कोशिश करना, चेष्टा करना, उद्योग करना, उद्यम करना; २. (दुश्मन या किले पर) अधिकार करने की चेष्टा करना, जीतने का यत्न करना; ३. (विधि) प्रयत्न करना*। सं० १. यत्न, प्रयास, कोशिश; २. उद्योग, उद्यम; ३. (विधि) प्रयत्न*। **to ~ the life of** हत्या का प्रयत्न करना, जान लेने की कोशिश करना। **attemptable** वि० १. यत्न-साध्य; २. उद्योगनीय; ३. कोशिश करने योग्य।

attend (ă tend') [O. F. *atendre*, to wait, L. *attendere* (*ad-*, to, *tendere*, to stretch)] क्रि० स० और अ० १. ध्यान देना, ध्यान लगाना, मन लगाना, चित्त लगाना; २. गौर करना, सोचना; ३. (किसी जगह) उपस्थित होना, (विधि) हाज़िर होना*, मौजूद होना, शामिल होना; ४. परिचर्या करना, चाकरी बजाना, सेवा में उपस्थित रहना, सेवा में खड़े रहना; ५. भेंट के लिए उपस्थित होना; ६. साथ जाना, साथ होना; ७. (भाषण आदि में) पहुँचना, उपस्थित होना। **attendance** सं० १. उपस्थित होने की क्रिया; २. परिचर्या, शुश्रूषा, उपचार; ३. उपस्थान, उपस्थिति*, हाज़िरी* (प्र०, मा० २, विधि भी); ४. उपस्थित जन-समूह, श्रोता अथवा दर्शक-समुदाय, उपस्थित जनता। **to dance ~ on** १. किसी की सुविधानुसार उपस्थित होना; २. दरबारदारी करना, चाकरी बजाना। **attendant** वि० और स० १ हाज़िरी बजानेवाला; २ सहगामी, सहवर्ती, अनुगामी, ३. आनुषंगिक, उपस्थित, हाज़िर, मौजूद; ४. अनुचर, परिचारक, सेवक, दास, चाकर; ५. अनुगामी, पीछे-पीछे चलनेवाला, पिछलगू, अनुयायी, छुटभैया; ६. (आ०, प्र०) सेवक* / परिचर*। **~circumstance** सहवर्ती परिस्थितियाँ। **~crowd** उपस्थित जनसमूह।

attention (ă ten' shun) [as prec.] सं० १ ध्यान देने की क्रिया (जैसे give~, pay~); २. मनोयोग, ध्यान* (आ०, विधि भी), (मा० २) अवधान*, खयाल, तवज्जह, चौकसी, गौर, मनन; ३. सावधानता; ४. मनोयोग, मनोयोग की क्षमता, एकाग्रता, निविष्टचित्तता, दत्तचित्तता, विचार, चिन्ता, चिन्ता, फ़िक्र; ५. अप्रमोद, अप्रयुक्तता; ६. (बहु व०) शिष्टाचार, औपचारिक विनम्रता, शालीनता, भद्रता; ७ आवभगत, आदर-सत्कार! **pay one's ~** (महिलाओं को) आवभगत करना, खुशामद करना, रिझाने की चेष्टा करना। **come to ~, stand at ~** १. (सैन्य०) सीधे तनकर खड़े होना या हो जाना; २ (सैन्य०) सीधे तनकर खड़े होने का आदेश, होशियार! सावधान!

attentive (ă ten' tiv) वि० १. सावधान, अप्रमत, दत्तचित्त; २. समाहित, दत्तावधान, अवहित, संयत, ध्यान रखनेवाला; ३. विनम्र, क्षातिरदारी करनेवाला, आदर-सत्कार करनेवाला; ४. उद्योगी, परिश्रमी, मेहनती, उद्यमी। **attentively** क्रि० वि० १. मनोयोग-पूर्वक, दत्तचित्तता से, सावधानी से, ध्यानपूर्वक; २. विनम्रता से, मौजन्यपूर्वक; ३ परिश्रम से। **attentiveness** सं० १. सावधानी, दत्तचित्तता, मनोयोग; २. विनम्रता, सौजन्य; ३. उद्योग।

attenuate (ă ten' ū āt) [L. *attenuātus*, p.p. of *attenuāre* (*ad-* to, *tenuis*, thin] क्रि० स० १. बारीक करना, कृश करना, क्षीण करना; २. पतला करना; ३. (अन्य चीजों से संगति मिलाने के लिए) पतला करना; ४. (मूल्य या बल को) घटाना, कम करना, क्षीण करना; ५. उतारना। वि० १ कृश, क्षीण; २. सूक्ष्म; ३. पतला, बारीक; ४. विरल; ५. हलका किया हुआ। **attenuation** सं० १. कृशीकरण, तनुकरण, पतला करने की क्रिया; २. कृशता, क्षयता, कृशांगत्व, सूक्ष्मता, पतलापन; ३. घटाव, कमी, उतार; ४. (ई० १, वि० १) क्षीणन* / क्षीणता*; ५. तनुकरण।

attest (ă test') [F. *attester*, L. *attestāri* (*ad-*, to, *testis*, a witness)] क्रि० स० १. प्रमाणित करना; २. साक्ष्यांकन करना;

३. तस्दीक करना; ४. हस्ताक्षर करना, दस्तखत करना; ५. साक्षी देना, गवाही देना; ६. (किसी व्यक्ति को) शपथ दिलाना; ७. (रंगरूट की स्वामिभक्ति, राजभक्ति या निष्ठा की) शपथ दिलाना; ८. हलफ़ लेना। कि० अ० साक्षी देना, गवाह होना, शहादत देना, गवाही देना। **attestor** सं० १. प्रमाणकर्ता; २. शपथ दिलानेवाला, हलफ़ लेनेवाला; ३. साक्षी, गवाह। **attestation** (ऐt tés tē shún) सं० १. साक्षात्कार*, (प्र० मा० १ भी) तस्दीक*; प्रमाणीकरण, २. प्रमाण-पत्र; ३. प्रमाण, ४. साक्ष्य, प्रत्यक्ष प्रमाण, साक्षी, गवाही, शहादत; ५. हस्ताक्षर अथवा शपथ द्वारा, औपचारिक पुष्टि; ६. शपथ-ग्रहण; ७. (विधि, प्र०, मा० १) अनुप्रमाणन*;

Attic[1] (ऐt' ik) [L. *Atticus*, Gr. *Attikos*] वि और सं० १. एथीनी, एथेंस सम्बन्धी; २. एथेंसवासियों द्वारा बोली जानेवाली यूनानी भाषा। **~salt, ~wit** परिष्कृत बुद्धिमत्ता, परिष्कारपूर्ण, बुद्धिचातुर्य, विदग्धता, अच्छी सूझ। **Atticism** (ऐt' i sizm) सं० १. एथेंस की भाषा की शैली, मुहावरा; २. (उस भाषा की) परिष्कृत मनोहरता; ३. (उसमें) परिमार्जित भाषण अथवा अभिव्यंजना-शैली; ४. एथेंस से अनुराग या लगाव। **atticize** क्रि० अ० एथेंस की परिष्कृत भाषा-शैली का अनुकरण करना, एथीनी लहजे की नक़ल करना, एथेंस या उससे सबद्ध चीजों के प्रति प्रेम या भक्ति रखना।

attic[2] (ऐt' ik) [F. *attique*, as prec.] सं० १. क्षौम, अटु, ऐसे भवन का ऊपरी खंड जिसका नीचे का खड ऊँचा होता है; २. घर की सबसे ऊपरवाली मंजिल; ३. सबसे ऊपर की मंजिल का कमरा, अटारी; ४. ऐटिक। **~order** यूनानी इमारतों के पाँच खंडों में से किसी एक का चौकूटा खंभा।

attire (ऐ tir') [O.F. *atirer* (ऐ, to, *tire*, a row) [see TIER.)] क्रि० स० कपड़े पहनना, वस्त्र धारण करना, सँवारना, सिंगार करना, सजाना। सं० वस्त्र, परिधान, कपड़ा, लिबास, पोशाक, (मा० १) वेशभूषा*।

attitude (ऐt' i tūd) [F., from It. *attitudine*, L. *aptitūdinem* (*aptus*, fitted)] सं० १. (चित्रकला आदि में) शरीर की मुद्रा, अग-विन्यास; २. आसन; ३. ढग, रग-ढग, ४. ठड; ५. अन्दाज, रूप; ६. स्थिति; ७. निश्चित अवधारण जिससे कोई मतामत प्रकट हो; ८. रवैया, मनोभाव; ९. मनोवृत्ति; १० (आ०) संस्थिति*, वृत्ति*, ११. (मा० २, ३) अभिवृत्ति*। **~of mind** १. दृष्टिकोण; २ विचार-पद्धति, चिन्तन-शैली। **to strike an~** रूप भरना, कोई नाटकीय मुद्रा धारण करना। **attitudinize** क्रि० अ० १. मुद्राओं का अभ्यास करना; २. चेहरे बनाना, सूरत या हुलिया बनाना; ३. बनावटी ढग से बोलना, लिखना, व्यवहार करना, बनकर बोलना।

attorn (ऐ tērn') [O.F. *atorner* (ऐ, to, *tourner*, L. *tornāre*, to turn)] क्रि० स० और अ० १. (विधि) हस्तान्तरित करना*; २. हटाना या हटना, ३. नये ज़मीदार को विधिवत मान्यता देना। **attornament** सं० १. हस्तान्तरण; २ स्थानान्तरण; ३ क़ानूनी मान्यता। **attorney** (ऐ tēr' ni) [O.F. *aloerné*, p.p. *atorner*] १. परकार्य-साधक; २. ए (खो), प्रतिनिधि, कारिन्दा; ३. व्यवसाय। सं० १. (विधि) वकील न्यायवादी, मुख्तार; २. (अवसाय अथवा क़ानूनी मामलों में) दूसरे के एवज में काम करनेवाला; ३. (प्र०. विधि) अटार्नी*। **~-General** (मा० १) अटार्नी-जनरल*, महान्यायवादी*, मुख्य सरकारी वकील, वकील जिसे तमाम सरकारी मुकदमों में कानूनी कार्रवाई का अधिकार हो।

letter or warrant of~ १. मुख्तारनामा; २. नियुक्ति-पत्र, वह दस्तावेज जिसके द्वारा कोई किसी को अपनी ओर से कार्रवाई करने के लिए नियुक्त करता है। **power of~** इस प्रकार मिला हुआ अधिकार। **attorneyship** सं० मुख्तारी, वकालत, न्यायवादी का पद।

attract (ऐ trākt') [L. *attractus*, p.p. of *attrahere* (*ad-*, to, *trahere*, to draw)] क्रि० स० १. (अपनी ओर) आकर्षित करना, आकृष्ट करना, (विशे० भौतिक शक्तियों का); २. (किसी व्यक्ति में) सुलद आवेगों को जाग्रत करना; ३. लुभाना, मोहित करना, आकृष्ट करना; ४. अपनी ओर ध्यान खींचना। **attractable** वि० आकर्षण-योग्य, मोहित करने योग्य। **attractability** सं० आकर्षणीयता, आकर्षण-योग्यता। **attraction** (ऐ trāk' shún) सं० १. (मा० २, वि० १) आकर्षण*/ समाकर्षण* / अनुकर्षण*, अपनी ओर खींचने की क्रिया तथा गुण; २. खिचाव, खीच, कशिश, दिलकशी, लुभाव, मोह, सम्मोहन; ३. आकर्षण-शक्ति; ४. आकर्षित करनेवाली वस्तु (ला०)। **~of gravity** गुरुत्वाकर्षण। **magnetic~** चुम्बकीय आकर्षण, लोहे को अपनी ओर खींचने में चुम्बक की क्रिया। **molecular~** आणविक आकर्षण। **capillary~** वि० १ भी) केशिकाकर्षण* [जिसमें कोई द्रव पदार्थ केश जैसी नलिका के ऊपर खिच आता है)। **attractive** (ऐ trāk' tiv) वि० १. आकर्षक, आकर्षण-शक्ति-सम्पन्न (विशे० ला०); २. मनोहर, मनोहारी, चित्ताकर्षक, आकर्षणशील, चित्तापहारी, मोहक, प्रलोभक। **attractively** क्रि० वि० आकर्षक रूप में, मनोहारी ढग से। **attractiveness** सं० आकर्षणशीलता, मनोहरता, मोहकता।

attribute[1] (ऐt' ri būt) [L. *attribūtus -um*, p.p. of *attribuere*, to assign (*ad-*, to, *tribuere*, to give)] सं० १. धर्म*; (मा० १ भी), २. गुण* (मा० ३ भी); ३ (विधि भी) लक्षण*, विशेषता*; ४. किसी वस्तु का विशेष गुण; ५. व्यक्ति अथवा पद के उपयुक्त मान्य भौतिक पदार्थ या लक्षण; ६. विशेष गुण, ७. (व्या०) गुणवाचक शब्द, विशेषतावोधक शब्द, विशेषण। **attribute**[2] (ऐ trib' ūt) क्रि० स० १. (किसी गुण के) किसी का या किसी के उपयक्त ठहराना, निश्चित करना, आरोपित करना, मत्थे मढना, सिर थोपना, सिर मढ़ना; २ विशेषता बतलाना, ३. सबध जोड़ना (परिणाम या प्रभाव के कारण); ४. कारण बताना, (समय या स्थान) निर्धारित करना, निश्चय करना। वि० १. ठहराने योग्य; २. वाच्य, विशेषता बताने योग्य, सबध जोड़ने योग्य। **attribution** (ऐt ri bū' shun) सं० १. ठहराने या संकेत करने की क्रिया; २. (किसी शासक आदि को दिया गया) अधिकार, सत्ता। **attributive** (ऐ trib' ū tiv) वि० १. (तर्क०) विशेषक; २. (व्या०) गुणवाचक, गुणबोधक। सं० गुणसूचक शब्द (सामा० विशेषण अथवा उसका समानधर्मी)। **attributively** विशेषक की भाँति, गुणवाचक के रूप में।

attrited (ऐ tri' ted) वि० सश्रिषघर्षित, घिसा-पिसा, घिसा-पिटा, घिसा हुआ, रगड़ से घिसा हुआ। **attrition** (ऐ trish' ún) सं० १. घर्षण* (आ० भी), सघर्षण, पेषण, क्षय, रगड़, विसाव; २. (धर्म) पाप के लिए अनुताप, पश्चात्ताप, पश्चत्ताप; ३. (इं०, वि० १) सश्रिषघर्षण*; ४. (मा. २) अनुशय*। **war of~** देर तक रहनेवाला युद्ध जिसमे जीत उसी पक्ष की हो सकती है जो अधिक देर तक टिका रह सके।

attune (ऐ tūn') [*at-*, AD-, TUNE] क्रि० स० १. (शा० तथा ला०) एक सुर करना, एक स्वर में बाँधना, एक लय-ताल

में बाँधना, समस्वर करना, स्वर-संगति के अनुकूल बनाना; २. (बाद्य के) सुर मिलाना, स्वर ठीक करना।

atypical वि० विचित्र, अद्भुत, अजातिक, जो किसी निश्चित वर्ग या श्रेणी के अनुकूल न हो।

aubade (ō bad') [F., from Sp. *albada* (*alba*, dawn)] सं० उषा के आगमन का सूचक संगीत, उषाकालीन संगीत, सुबह की शहनाई, सबेरे की नौबत।

auberge (ō bärzh') [F. *auberge*, O.F. *alberge*, *helberge*, O.H.G. *heri-berga*, army shelter (cp. G. *herberg*, inn, and Eng. HARBOUR)] सं० सराय, मुसाफ़िरख़ाना।

Aubrietia (ō brē' shā) सं० ओब्रेशा, बसंत में फूलनेवाला एक प्रकार का छोटा पौधा।

auburn (aw' bėrn) [O.F. *auborne*, L. *alburnus*, whitish (*albus*, white)] वि० कपिश, पांडुवर्ण, सुनहरा, सुनहला-भूरा, (विशे० केश)।

aue couranted (फ्रेंच) वि० बहुविद्, बहुज्ञ, वर्तमान का पूरा जानकार, जानकार।

auction (awk' shŭn) [L. *auctio -onem*, an increase, auction (*auctus*, p.p. of *augēre*, to increase)] सं० नीलाम* (क्रि०, प्र० भी)। क्रि० स० नीलाम द्वारा बिक्री करना, नीलाम करना, बोली पर बेचना। **Dutch** ~ उलटा नीलाम, ऐसा नीलाम जिसमें ग्राहक के मिलने तक मूल्य कम करते जाते हैं। ~**bridge** एक प्रकार का ताश का खेल, ब्रिज के खेल की वह किस्म जिसमें हर खिलाड़ी खेल का दाँव अपने पास रखने के लिए हाथ बोलता है। **auctioneer** (awk shŭ nēr') सं० नीलाम करनेवाला, नीलाम-कर्ता* (क्रि० भी)। क्रि० स० नीलाम करना।

audacious (aw dā' shŭs) [L. *audax -acis* (*audēre*, to dare)] वि० १. साहसी, हिम्मतवाला, जीवट का, दिलेर, बहादुर, निडर; २. उद्धत, धृष्ट, ढीठ, अक्खड़, गुस्ताख़। **audaciously** क्रि० वि० १ साहसपूर्वक, जीवट के साथ, बेधड़क होकर, दिलेरी से; २ ढिठाई से। **audaciousness, audacity** सं० १. साहसिकता, जीवट, निडरता, बहादुरी, दिलेरी; २. गुस्ताख़ी, धृष्टता, ढिठाई; ३. निर्लज्जता; ४. अक्खड़पन।

audible (aw' dibl) [med. L. *audibilis* (*audire*, to hear)] वि० १ कर्णगोचर, श्रवण-क्षम; २. स्पष्ट, जो सुना जा सके; ३. (मा० २, विधि) श्रव्य*। **audibility** (aw di bil' i ti) सं० कर्णगोचरता, श्रवणीयता, स्पष्टता, श्रव्यता* (वि० १ भी)। क्रि० वि० स्पष्टता से, ज़ोर से, ऊँचे स्वर से, इस तरह कि सुनाई पड़ सके।

audience (aw' di ens) [F. *audience*, L. *audientia* (*audiens -nem*, pres. p. of *audire*)] सं० १. समाकर्णन, श्रवण, निशमन, सुनवाई, सुनाई; २. दर्शन* (मा० १ भी); ३. औपचारिक भेंट; ४ (मा० १) मुलाक़ात*; ५. सुननेवाले; ६. श्रोता* (मा० १ भी); ७. सभा; ८. (किसी नाटक या प्रदर्शन के) दर्शक, प्रेक्षक* (मा० १ भी); ९. (पुस्तक के) पाठक। **give** ~ दर्शन देना, मुलाक़ात करना, भेंट के लिए बुलाना।

audile (aw' dil) [L. *audire*, to hear] वि० तथा सं० १. (प्रायः असाधारण घटनाओं के विषय में) श्रावणी स्नायुओं द्वारा प्राप्त; २. श्रवण सम्बन्धी प्रभावों के लिए विशेष रूप से संवेदनशील (व्यक्ति), श्रवणपरक, श्रवणापेक्षी।

audiometer (aw di om' ĕt ėr) [L. *audire*, to hear] सं० १. श्रवण-शक्तिमापी, श्रवण-शक्ति की परीक्षा का यंत्र; २. (आ०, वि० १) श्रव्यतामापी*; ऑडियोमीटर*।

audiphone (aw' di fōn) [L. *audire*, to hear, Gr. *phonē*, sound] सं० १. ऑडियोफ़ोन, श्रुतियंत्र; २. वह यंत्र जिसे ऊपर के दाँतों पर दबाकर रखने से सुनने में सहायता मिलती है।

audit (aw' dit) [L. *auditus*, hearing (*audire*, to hear)] सं० १. हिसाब की जाँच, आय-व्यय-परीक्षण, आय-व्यय की सरकारी परीक्षा, लेखा-परीक्षण; २. कड़ी पूछताछ (विशे० क़यामत के दिन); ३. ज़मींदार और असामी के बीच हिसाब का मियादी भुगतान; ४. (प्र०) लेखा-परीक्षा*। क्रि० स० (आधिकारिक रूप से) हिसाब की जाँच करना, आय-व्यय-परीक्षण करना, हिसाब-किताब जाँचना। ~**ale** विशेष प्रकार की जौ की शराब जो इंग्लैंड के विश्वविद्यालयों में तैयार की जाती है और जो पहले आय-व्यय-परीक्षण के लिए प्रयुक्त होती थी। ~**house, ~room** जाँचघर, गिरजाघर का एक कमरा जहाँ हिसाब की जाँच का काम किया जाता है।

audition (aw dish' ŭn) सं० १. श्रवण-शक्ति, सुनने की ताक़त; २. सुनना, ३. गायक की परीक्षा के लिए गाना सुनना, आश्रवण, स्वर-परीक्षण, श्रवण* (मा० २ म)। **auditive** वि० श्रवण-शक्ति सम्बन्धी, सुनने से संबंधित।

auditor (aw' di tŏr) सं० १. श्रोता, सुननेवाला; २. गणित-शोधक-परीक्षक, हिसाब की जाँच करनेवाला, आय-व्यय-परीक्षक; ३. (प्र०) लेखा-परीक्षक*। **auditorship** सं० लेखा-परीक्षक का पद या कार्य। **auditorial** (aw di tōr' iăl), वि० लेखा-परीक्षण संबंधी, लेखा-परीक्षण-विषयक, हिसाब की जाँच का। **auditress** सं० महिला लेखा-परीक्षक।

auditorium (aw di tōr' i ŭm) सं० १. श्रोता-भवन, श्रोता-मंडप, श्रोताओं के बैठने का भवन, दर्शक-कक्ष; २. (इं० ३, वि० १) सभा-भवन*।

auditory (aw' di tŏr i) वि० १. श्रवण संबंधी* (आ० भी), सुनने से संबंधित; २. कर्णगोचर, श्रुतिगत, कर्णगत, कान में आया हुआ। सं० श्रोताओं की सभा, श्रोतृवर्ग, सुननेवाले।

au fait वि० जानकार, जाननेवाला, सीखा हुआ।

au fond क्रि० वि० तह में, मूलतः, जड़ में, असल में।

Augean (aw jē' ăn) [L. *Augeas*, Gr. *Augeias*] वि० मलिन, गन्दा, गलीज़ (जैसे कि आजिअस अस्तबल थे जिन्हें हरक्यूलिस ने नदी लाकर साफ़ किया था)।

auger (aw' gĕ r [A-S. *nafugār* (*nafu*, the nave of a wheel, *gār*, a bore)] सं० आमर*, बरमा*, बेधनी*, (इं० ३, क्रि० भी)। लकड़ी में छेद करने का औज़ार, भुई-बरमा, धरती में छेद करने का बरमा।

aught (awt) [A-S. *āwiht* (*ā*, one, *wiht*, a creature)] सं० कु० भी, कोई चीज़, कोई बात। क्रि० वि० (अ०) कितना ही, किसी :: में, किसी हद तक।

augment[1] (awg ment') [F. *augmenter*, L. *augmentum*, an increase (*augēre*, to increase)] क्रि० स० और अ० १ वृद्धि करना, अधिक बड़ा बनाना, बढ़ाना; २. महत्तर, उच्चतर या श्रेष्ठतर बनाना; ३. स्वरागम होना या (नया) स्वर जोड़ना; ४. बढ़ना, वृद्धि पाना। **augment**[2] (awg' ment) सं० स्वरागम, जो प्राचीन आर्य भाषाओं में भूतकालिक पदों में उपसर्ग-रूप में प्रयुक्त होता है।

augmentation (awg men tā' shŭn) सं० १. विस्तार; २. वृद्धि; ३. वर्धन; ४. बढ़ाव, उपचय, समुन्नति, बढ़ती, बढ़ोतरी; ५. योग, जोड़; ६. (संगी०) किसी पद (आलाप या तान) को मूल पद से बढ़ाकर गाना; ६. (आ०, वि० १) संवर्धन*।

augmentative (awg men' tá tiv) वि० १. संवर्धक; २. वर्धनशील, वृद्धिशील; ३. (व्या०) आगम, आदेश या अभ्युत्पत्ति शब्द सम्बन्धी, जो मूल शब्द के अर्थ की शक्ति को बढ़ाये। सं० मूल शब्द के अर्थ को बढ़ानेवाला शब्द।

au grand serieux क्रि० वि० बहुत गंभीरता के साथ।

augur[1] (aw' gúr) [L. (prob. *avis, aui*, a bird, *-gur*, telling, connected with *garrire* to talk, *garrulus*, talkative, Sanik. *gar*, to shout)] सं० शकुनज्ञ, निमित्तज्ञ, पूर्वलक्षणज्ञ, भविष्यवक्ता, नजूमी, प्राचीन रोम का धार्मिक अधिकारी, जो पक्षियों के व्यवहार, आधिदैविक घटनाओं आदि के शकुन-अपशकुन देखकर भविष्य बताता था। क्रि० स० और अ० १. शकुन बताना; २. भविष्यवाणी करना, भविष्य बताना; ३. पूर्व सूचना होना, खबर होना या देना, पता देना। **~ill** अपशकुन होना, अशुभ होना, बुरे लक्षण होना। **~well** अच्छे शकुन होना, शुभ होना। **it augurs ill** लक्षण बुरे दिखाई देते हैं, अपशकुन दिखाई पड़ता है। **augural** वि० १. शाकुनिक, शगुन संबंधी, सगुनी; २. भविष्यसूचक, भविष्य बतानेवाला, आगे का संकेत देनेवाला (घटनाचक्र आदि)। **augurship** भविष्यवक्ता का पद या कार्य, नजूमी का ओहदा। **augury** (-w' gúri) [O. F. augure, L. augurium] सं० १. (पक्षियों के उड़ने इत्यादि के आधार पर की गई) भविष्यवाणी, भविष्य-कथन; २ शकुन मंबंधी समारोह या संस्कार; ३. सगुन; ४. (मा० ३) शकुन*; लक्षण*; ५. पूर्व भावना, पूर्वाभास, खटका; ६. होनहार, भावी, भवितव्यता; ७. (मा० ३) शकुन-विचार*।

august (aw gúst') [L. *augustus*, honoured, venerable] वि० १. भव्य, गरिमायुक्त, प्रालीशान; २. राजसी, शाही; ३. मान्य, श्रद्धास्पद, सम्माननीय। **augustly** क्रि० वि० भव्य रूप में गरिमा पूर्वक; २. श्रद्धास्पद रूप में। **augustness** सं० भव्यता, गरिमा।

August (aw' gúst) सं० अगस्त, (आंग्लस्स सीजर के नाम पर) वर्ष का आठवाँ मास।

Augustan (aw gúst' án) वि० १. आँग्स्टस सीज़र के राज्य से सम्बद्ध, लैटिन साहित्य के सर्वश्रेष्ठ युग का; २. सर्वश्रेष्ठ, प्रथम कोटि का, संस्कृत, शास्त्रीय या क्लासिकल (किसी भी राष्ट्र का साहित्य)। सं० किसी भी साहित्य के सर्वश्रेष्ठ युग का लेखक।

auk (awk) [Swed. *alka*, a puffin] सं० १. आँक, उत्तरी समुद्री पक्षी जिसके छोटे-छोटे पंख केवल तैरने में सहायक होते हैं, २. (वि० १) आँक।

aulic (aw' lik) [F. *aulique*, L. *aulicus*, Gr. *aulikos* (*aulé*, a court,)] वि० राजदरबार-संबंधी। **~ Council** १. (प्राचीन जर्मन साम्राज्य में) सप्त ट् की निजी परिषद्; २. (बाद में) आस्ट्रिया के युद्ध-विभाग का संचालन करनेवाली परिषद्।

aumbry सं० दे० AMBRY।

au naturel क्रि० वि० या वि० सादे ढंग से तैयार किया हुआ, सीधे-सादे ढंग से बिना आडम्बर या तड़क्लुफ़ के बनाया या पकाया हुआ (खाद्य पदार्थ)।

aunt (ant) [O. F. *aunte*, L. *amita*; till 17th century *naunt* is common (*my naunt for mine aunt*; cp. F. *tante*, prob. *ta ante*)] सं० १. बुआ, फूफी, पिता की बहन; २. मौसी, माँ की बहन. ३. चाची। **~sally** एक प्रकार का खेल जिसमें एक काठ की औरत के मुँह में एक पाइप होता है और खेलनेवाले उस पर लकड़ियाँ फेंकते हैं।

au pair वि० (दो पक्षों के बीच व्यवस्था के विषय में) परस्पर सेवा द्वारा चुकाया हुआ (पैसे के लेन-देन के बिना ही)।

au pied de la lettre क्रि० वि० शब्दशः, शाब्दिक रूप में।

aura (aw' rá) [L., from Gr. *aura* breath, breeze] सं० १. (फूलों आदि की) भीनी-भीनी गंध, महक या सुगंधि या लुभावू की लहर; २. किसी व्यक्ति की उपस्थिति से फैला हुआ अथवा बननेवाला वातावरण; ३.आभा, प्रभा-मंडल (विशे० रहस्यवादी अर्थ में, शरीर अथवा आत्मा या एक विशेष आवरण जैसा); ४. (बिद्युत्) किसी नोकीली चीज से निकली हुई बिजली से उत्पन्न वायु-धारा; ५. (निदा०) धरधरी, थरथरी, कँपकँपी; ६. यह अनुभव कि सर्दी की एक लहर शरीर के किसी हिस्से से सिर तक दौड़ रही है; ७. मिरगी या मूर्च्छा रोग का प्रारम्भिक लक्षण; ८. (आ०) पूर्वाभास।

aural (aw' rál) [L. *auris*, the ear] वि० १. श्रव्य, श्रवण सम्बन्धी, कान सम्बन्धी, श्रवणेंद्रिय सम्बन्धी; २. कान द्वारा ग्रहण किया हुआ, कर्णगोचर। **aurally** कर्णगोचर होने पर, कर्णगोचर रूप में। **auriform** वि० १. कर्ण-सदृश, कान की-सी आकृति का; २. (वि० १) पालि-रूप*।

aurist सं० कर्ण-चिकित्सक, कर्णवैद्य, कर्ण-विशेषज्ञ, कान की बीमारियों का जानकार।

Aurelia (aw tē' li á) [It. silkworm, fem of *aurelio*, shining, golden (L. *aurum*, gold)] सं० १. (अण्ड०) आइसोलस, ह्रेमकोइया, गंडाला कमला; २. पंख निकलने के पूर्व की अवस्था (विशे० तितली की); ३. (प्राणि०) गनीला, फारकोसी समुद्री जन्तुओं की एक जाति-विशेष; ४. (वि० १) औरीलिया*। **aurelian** वि० १. हेमकोय्या से संबंधित; २.औरिलिया का; ३ स्वर्णिम, सुनहरा। सं० कीट-पतंगों का संग्रह करनेवाला अथवा पालनेवाला।

aureola (aw rē o lá) [L., golden, fem. of *aureolus* from *aurum* gold (*auriola corona*, golden crown)] सं० स्वर्णिम ज्योति-किरीट, दिव्य मुकुट जो शहीदों, कुमारियों और मनीषियों आदि को संसार, देह अथवा पाप पर विजय पाने के लिए मिलता है। **aureole** (aw' ri ōl) सं० १ स्वर्णिम किरीट, दिव्य मुकुट; २ (प्राचीन चित्रों में सिर के चारों ओर अंकित) स्वर्णवलय, स्वर्णिम मंडल; ३ (सिर के चारों ओर का) आभामंडल, (ईसी विभूतियों के चारों ओर दीखनेवाली) तेजोराशि, तेजोमंडल, ४. ग्रहण में दिखाई पड़नेवाला ज्योतिमंडल। **au revoir** क्रि० वि० फिर फिर मिलेंगे, फिर मिलने तक (के लिए विदा), विदाकालीन अभिवादन।

auric (aw' rik) [L. *aurum*, gold] वि० १. स्वर्णिम, सुनहरा, सोने-जैसा; २. स्वर्ण सम्बन्धी; ३. स्वर्ण-निर्मित, सोने का; ४. (रसा०) जिसमें सोना तीसरे अंश के रूप में हो।

auricle (aw' ri kel) [L., external ear, dim. of *auris*, ear] सं० १. कर्ण, कान, पशओं का बाह्य कर्ण; २. अलिंद, कर्णक, हृत्कोष्ठ; ३. (वि० १) हृत्कोष्ठीयकर्णपालि*; ४. (आ०) उत्कोष्ठ*; बहिःकर्ण*, (मा० २) बाह्य कर्ण*। **~of heart** अलिंद, औरिकिल। **~(pinna)** कर्णपल्लव। **auricula** (aw rik' ū lá) सं० १. आरिकुला, एक प्रकार का फूल जिसकी पत्तियाँ रीछ के कान जैसी होती हैं; २. घोंघा की एक जाति।

auricular (aw rik' ū lár) वि० १. कान सम्बन्धी, कान का; २. चुपचाप कान में कहा हुआ (जैसे~confession); ३. हृत्कोष्ठ सम्बन्धी, हृत्कोष्ठ के आकार का। **~witness** सुनी हुई बात कहनेवाला गवाह। **auricularly** १. चुपचाप कहते हुए; २. हृत्कोष्ठ के ढंग से। **auriculate** वि० कर्ण सदृश, कानों की आकृति का-सा, कान की तरह का, कानों-जैसा।

auriferous (aw rif' ĕr ŭs) [L. *aurifer* (*aurum*, gold. *-fer*, producing)] वि० १. स्वर्णमय* (वि० १ भी), सुवर्णमिश्रित, स्वर्ण उत्पन्न करनेवाला, सोना देनेवाला।

Auriga सं० १. उत्तरी नक्षत्रमंडल; २. ब्रह्महृदय (तारा); ३. (वि० १) प्रजापति* / औराहण*।

Aurignacian (ō rē nyā' shi ăn) [grotto of *Aurignac*, France] वि० पूर्वपाषाणकालीन, पूर्वपाषाण युग का, जिसका पता पिरेनीज आरिन्याक गुफा में प्राप्त अवशेषों से लगा है।

aurilave सं० कर्ण-शोधक यंत्र, कान साफ करने का यंत्र।

aurochs (aw' roks) [G. *aurochs* (*auerochs*) O. H. G. *ur-ohso* (cp. A.-S. *ūr*), whence L. *ūrus*] सं० १. आव-रोक्स, जंगली बैल (जिसकी जाति अब लुप्त हो चुकी है); २. (अशुद्ध अर्थ में) यूरोपीय अरना भैंसा।

aurora (aw rōr' ă) [L. the goddess of the dawn] सं० १. मेरु-प्रकाश, नुमेरु-ज्योति; २. पृथ्वी के उत्तरी तथा दक्षिणी चुम्बकीय ध्रुव से उत्पन्न आलोक; ३. उषा, पौ फटना, तड़का, भोर; ४. सूर्योदय के समय आकाश का रंग; ५. लालिमा, अरुणिमा; ६. (वि० १) ध्रुवीय ज्योति*/आरोरा*, (रोमीय, पुराणों की) प्रभात की देवी। **~borealis** १. उत्तरी मेरु-प्रकाश; २. उत्तर ध्रुवीय आभा; ३. (वि० १) उत्तर ध्रुवीय ज्योति*। **~australis** १ दक्षिणी मेरु-प्रकाश; २. दक्षिण ध्रुवीय आभा; ३. (वि० १) दक्षिण ध्रुवीय ज्योति*। **auroral** वि० १ मेरु-प्रकाश संबंधी; २. उषा संबंधी, अरुणिमायक्त।

aurum (aw' rŭm) [L.] सं० स्वर्ण, हेम, सवर्ण, सोना। **~fulminans** स्वर्ण-विस्फोट, सोने का एक ऐसा मिश्रण जो चमक कर भक से उड़ जाय। **~mosaicum** टिन का बाइसल्फाइड, कांसे का चूर्ण। **~potabile** (pō tă' bi lē) पेय स्वर्ण, स्वर्णासव, ऐसा सोना जो पिया जा सके। **aurous** (aw' rŭs) वि० १. (रसा०) स्वर्ण्य, स्वर्णम, जिसमें सोना एक संयुज होता है; २. (वि० १) औरस*।

auscultation (aws kŭl tā' shŭn) [L. *auscultātiō-nem*, from *auscultāre*, to listen (*aus-* *auris*, the ear)] सं० १. श्रवण, सुनना, सुनने की क्रिया, परिश्रवण, श्रवण-निदान। विशे० १. (चिकि०) हृदय, फेफड़े आदि की गति को सुनना; २. हृदय-गति-परीक्षा; ३. परिश्रवण*/श्रवण-निदान*। **auscultator** (aws' kŭl tā to r) सं० हृदयगति-परीक्षक। **auscultatory** (aws' kŭl tă to ri) वि० हृदयगति-परीक्षा संबंधी।

auspicate (aw' spi kāt) [L. *auspicātus*, p.p. of *auspicāre*, to take omens] क्रि० स० उद्घाटन करना, प्रारम्भ करना, नींव रखना। कि० अ० शकुन होना, पूर्वाभास होना, पहले से मालूम पड़ना या दिखना।

auspice (aw. *in pl.* **~ices**) (aw' spis, aw' spi siz) [F. *auspice*, L. *auspicium*] सं० १. शकुन के लिए पक्षियों को देखना, २. शकुन, पूर्व लक्षण, निमित्त, सायत; ३. शुभ समारम्भ; ४. नेतृत्व, संरक्षण; ५. आश्रय; शरण; ६. तत्त्वावधान; ७. अनुग्रह, प्रसाद। **under the ~ of** तत्त्वावधान में, संरक्षण में, देख-रेख में। **auspicious** (aw' spish' ŭs) वि० मंगल, शुभ, पुण्य, शिव, मांगलिक, शुभशकुन का, मंगलप्रद, कल्याणकारी, इष्ट, अनुकूल, अच्छा, नेक, मुबारक, सौभाग्यदायक। **auspiciously** क्रि० वि० शुभमुहूर्त में, अच्छे शकुन से, सायत में, मांगलिक रूप से। **auspiciousness** सं० शुभ, मंगल, कल्याण, सौभाग्य, अनुकूलता।

authentic (aw then' tik) [O.F. *autentique*, L. *authenticus*, Gr. *authentikos*, vouched for, *authenteō*, one who does things himself (*autos-*)] वि० १. सत्य, अकल्पित, सप्रमाण, प्रमाणयुक्त, प्रामाणिक, विश्वासी, ठीक, सही, असली, वास्तविक, खरा, पक्का, भरोसे का, एतबारी; २. (संगी०) धार्मिक रागों के विषय में अन्तिम से एक सप्तक के भीतर की ध्वनियों वाला; ३. (मा० १) अधिप्रमाणित*। **authentically** क्रि० वि० १. विश्वस्त रूप से; २. प्रामाणिक रूप में, प्रामाणिक ढंग से, भरोसे से; ३. ठीक-ठीक, असली तौर पर। **authenticate** क्रि० स० १. (किसी की सचाई) सिद्ध करना, प्रमाणित करना, पुष्ट करना, पक्का करना, सही, असली या सच्चा ठहराना, तस्दीक करना; २. (किसी रचना का किसी को) रचयिता प्रमाणित करना, प्रामाणिक रूप से रचयिता का निश्चय करना; ३. (विधि) अधिप्रमाणीकृत करना, न्यायोचित ठहराना। **authentication** सं० १. प्रमाणीकरण; २. सत्यकरण; ३ (विधि) अधिप्रमाणीकरण*/तस्दीक*। **authenticator** सं० १. प्रमाणित करनेवाला; २. सत्य सिद्ध करनेवाला। **authenticity** सं० १. विश्वसनीयता; २. प्रामाणिकता*, (मा० २), ३. सच्चाई, असलियत; ४. खरापन।

author (aw' thŏ r) [O. F. *autour auctor*, L. *auctor -em* (*auctus*, p.p. of *augere*, to make to grow)] सं० १. (किसी स्थिति-विशेष, अवस्था, घटना इत्यादि का) प्रवर्तक, स्रष्टा, मूल कर्ता, संस्थापक, शुरू करनेवाला; २. ग्रंथकार, लेखक, प्रणेता, (शिथिल अर्थों में); ३. कर्ता*, रचयिता* (विधि)। **author's writings** ग्रंथकार की रचनाएं, कृतियां। **authoress** सं० लेखिका, ग्रंथकर्त्री, ग्रंथ लिखनेवाली। **authorial** (aw thōr' i ăl) ग्रंथकार संबंधी, लेखक-वियत्रक। **authorship** सं० १. लेखक का पेशा, लेखक का जीवन; २. पुस्तक का मूल उद्गम-स्रोत; ३. कृतित्व, कर्तृत्व, प्रवर्तकता।

authority (aw thor' i ti) [F *autorité*, L. *auctoritātem* (*auctor*)] सं० १. प्रभुत्व* (मा० ३ भी), प्रभाव, शक्ति; २. ऐश्वर्य, आधिपत्य, आज्ञा, शासन, शासनतन्त्र; प्राधिकार, हुक्म, अख्तियार (किसी कार्य को करने-कराने के लिए), (मा० ३) सत्ता*; ३. प्रत्यायोजित शक्ति; ४. अधिकारी, पार्षिकारी, सत्ताधारी, हाकिम, ओहदेदार; ५. वैयक्तिक प्रभाव (विशे० सम्मति या मत पर), असर; ६. साक्ष्य का आधार, साक्षी का बल; ७ किसी समस्या का समाधान करने के लिए कोई उपयक्त उद्धरण या पुस्तक; ८. प्रमाण, आधार, निदर्शन (किसी वक्तव्य के समर्थन में प्रस्तुत किया जाने-वाला) प्रमाण, घोषणा (जैसे on the ~ of plato); ९. पंडित, विद्वान, ऐसा व्यक्ति जिसका मत माना जाए, विशे० किसी विषय का विशेषज्ञ; १०. (प्र०, मा० १, २, विधि) प्राधिकार*/प्राधिकारी*; ११. (मा० २) आप्त*, आप्त वचन*। **authoritarian** वि० निरंकुश अधिकारवादी, प्रभुत्ववादी (विशे० राज०) वैयक्तिक स्वतन्त्रता के विरुद्ध सत्ताहत शक्ति को मान्यता देने का पक्ष लेना। सं० सत्तावादी, सत्ता के प्रति अधीनता का पोषक। **authoritative** वि० १ अधिकृत, आधिकारिक, अधिकार-युक्त, दबदबे का, आदेशात्मक, शासनात्मक रूप; २. सप्रमाण, प्रामाणिक, प्रमाणयक्त, बौधिक प्रामाणिक सांत्वना। **authoritatively** क्रि० वि० १. अधिकृत रूप से, आधिकारिक ढंग से, आदेशात्मक रूप से; २. प्रमाण के साथ। **authoritativeness** सं० १. आधिका-रिकता; २. प्रभुता, दबदबा; ३. प्रामाणिकता। **authorize** (aw' thŏ rīz) क्रि० स० १. अनुमति देना, स्वीकृति देना, इजाजत देना, मंजूरी देना, अधिकार देना, हक देना; २. आधार सिद्ध करना, सही साबित करना; ३. अधिकृत करना, प्रत्यारोपित

करना; ४. (मा० १, विधि) प्राधिकृत करना*। **Authorized version** (संक्षेप A V) १६११ ई० की बाइबिल, प्रामाणिक बाइबिल का पाठ। **authorizable** वि० अनुमोदन-योग्य, आज्ञापनीय; अधिकार देने योग्य। **authorization** सं० स्वीकृति, मंजूरी, अधिकार, अधिकार देने का कार्य।

auto- (aw' tō) [Gr. *autos*, self] (समास में) १. अपना, निज, स्वयं अपना; २. स्वतः, स्वतन्त्र रूप से; ३. (वि० १) स्व, स्वतः*। ~**phagous**, ~**phagy** (अनशन के दौरान में अपने स्नायुओं का शोषण) आत्म-भक्षण, अपने को खाना। ~**suggestion** आत्म-सम्मोहन।

autobahn (aw' tō bən) [G.] सं० (बहु व० ~**en**) (जर्मनी का) राजमार्ग, राजपथ, खास सड़क।

autobiography (aw tō bī og' ra fi) [AUTO-, BIOGRAPHY] सं० १. आत्मवृत्त कथन, आत्मचरित-रचना, आत्मचरित-लेखन, आपबीती लिखना; २. आत्मकथा* (मा० १ री), आत्म-जीवनी, रामकहानी, आत्म-चरित, आपबीती; ३. जीवन-चरित* (मा० ३ भी)। **autobiographer** (aw tō bī og' rā fer) सं० आत्म-कथा-लेखक, आत्मकथाकार, आपबीती लिखनेवाला। **autobiographic** वि० १. आत्मचरित संबंधी, आत्मकथा-विषयक. २. (वि० ३) स्वतःलेखा*। **autobiographical** आत्म-चरितात्मक, आत्म-कथात्मक। **autobiographically** क्रि० वि० आत्मचरित के रूप में, आत्मकथा की रीति से।

autocar (aw' tō kar) [AUTO-, CAR] सं० मोटरगाड़ी, मोटरकार।

autocarpous (aw tō kär' pus) केवल बीजकोष से युक्त।

autocephalous (aw tō sef' ā lŭs) [Gr. having an independent head] वि० १. स्वशिरयुक्त, सुदसरा, जिसके पास अपना सर हो; २. (विशप या गिरजाघर के लिए) स्वतन्त्र, स्वाधीन, आज़ाद।

autochthon (aw tok' thŏn, -thŏn) [Gr., sprung from the land itself] सं० (प्राय: बहु व० ~**ones** [L.], **or**~**ons**) १. स्वस्थानिक, प्राचीनतम निवासी; २. आदिवासी, आदिम निवासी, मूल निवासी; ३. (मा० ३) मूल वासी*। **autochthonic**, (aw tŏk thon' ik) **autochthonous** (aw tok' thŏ nŭs) वि० १. मूल निवासी-विषयक, आदिवासी संबंधी; २. प्राचीनतम निवासी का। **autochthonism, autochthony** सं० आदि-वासित्व, आदिवासियों के सिद्धान्त, मत, रीति-रिवाज आदि।

autocracy (aw tok' rā si) [Gr. *autokrateia* (AUTO-*krateein*, to rule)] सं० १. साम्राज्य, आधिराज्य; २. निरंकुश शासन, (मा०, १ प्र०) स्वेच्छाचारी* (शासन), स्वैरतंत्र; ३. (मा० १) एकतन्त्र* (शासन); ४. निरंकुशता, एकाधिपत्य* (मा० १ भी), स्वेच्छाचारिता। **autocrat** (aw' to krăt) [F. *autocrate*, G. *autokratēs*] सं० अधिराज, निरंकुश शासक, स्वेच्छाचारी शासक* (मा० १ भी)। **autocratic**(al) वि० स्वेच्छाचारी, निरंकुशतापूर्ण। **autocratically** क्रि० वि० स्वेच्छापूर्वक, निरंकुशतापूर्वक। **autocratrix** (aw tok' ra triks) सं० १. निरंकुश शासिका, स्वेच्छाचारी सम्राज्ञी; २. रूस की सम्राज्ञी की पदवी।

autoerotism (aw tō ē' ŏt izm) सं० स्वयं कामावेग (जैसे हस्तमैथुन, स्वरति)।

autogamy (aw tog' ā mi) स्वयं-सेचन, स्वगामी, स्वाभिधान, स्वयुग्मन* (कु० भी)।

autogenous (aw toj' ē nŭs) [Gr- *autogenēs* (AUTO-*genēs*, produced, *gen-*, stem of *gignesthai*, to be begotten)] स्वयं उत्पादक। **autogeny** (aw trj' ē ni) सहज-जनन, अस्तप्रजनन, स्वाभाविकता।

autogiro (aw tō jī' rō) सं० आटोजिरो, एक प्रकार का जिरोप्लेन (gyroplane), एक प्रकार का वायुयान जो अपने सुरे पर घूमता है।

autograph (aw' tō grăf) [L. *autographus*, Gr. *autographos* (AUTO-, *grapheın*, to write)] सं० १. स्वहस्तलेख, लेखक की निजी पांडुलिपि; २. किसी व्यक्ति की अपनी हस्तलिपि, (विशेष हस्ताक्षर); ३. अपने हाथ से लिखी गई प्रतिलिपि; ४. (प्र०) स्वलेख*, स्वाक्षर*। **2.** सं० १. अपने हाथ से लिखना, स्वयं लिखना; २. अपने हाथ से नक़ल करना या उतारना, स्वहस्तलेख से प्रतिलिपि करना; ३. हस्ताक्षर करना। **autographic(al)** (aw tō graf' ik, -al) वि० १. पांडुलिपि संबंधी; २. हस्तलिपि-विषयक; ३. हस्ताक्षर संबंधी। **autographically** क्रि० वि० पांडुलिपि के रूप मे, हस्तलिपि के ढंग से, अपनी कलम से। **autography** (aw tog' rā fi) सं० १. स्वहस्तलेख; २. लेखक या ग्रंथकार की स्वहस्त-लिपि; ३ किसी लेख या लीथो द्वारा की गई नकल, पत्थर पर लिखकर प्रतिलिपि उतारना।

autoharp सं० तंतुवाद्य, एक क़िस्म का तारवाला बाजा।

autolysis (aw tol' i sis) [Gr. *lysis*, loosening] सं० १. आत्म विनाश, शरीर के अपने रक्तोदक (सिरम) की क्रिया द्वारा शरीर के कोषों का विनाश; २. (आ०, वि० १) स्वव्यय*।

automatic, automatical (aw tō măt' ik, -k al) [Gr. *automatos*, acting of itself (AUTO-, *-matos*, allied to Sansk. *matas*, thought, known)] वि० १ स्वप्रेरित, स्वचालित, आत्मचालित, स्वतःचालित, स्वतःप्रवृत्त, स्वयं गतिशील, अपने आप होने या चलनेवाला, स्वदबन्द काम करनेवाला; २. अपने आप भरने और छूटनेवाली (बंदूक, पिस्तौल आदि); ३ (आ०, ई० १, वि० १) स्वचालित*, स्वचल*, (मा० २) स्वचलित*। सं० १. स्वतःचलित बन्दूक, पिस्तौल आदि; २. यत्नवत्, स्वतः प्रेरित, अचेतन अथवा उपचेतन मनोवेग से किया गया (कार्य)। **automatical** वि० उपर्युक्त अर्थों में। **automatically** क्रि० वि० स्वतः, आपसे आप। **automaticity** (aw to ma tis' i ti) सं० स्वत चलन, स्वत. प्रवृत्ति। **automatism** (aw tom' a tizm) सं० १ स्वयंचालित क्रिया; २ स्वत प्रेरित क्रिया, अनैच्छिक क्रिया, यह सिद्धान्त कि पशु प्राय: अपनी बुद्धि या विचार से कार्य नहीं करते बल्कि बिना सोचे-समझे चलते हैं; ३. बिना सोचे-समझे एक ढर्रे पर चलना, ४ क्रिया या गति की आवि-र्भूत करनेवाली शक्ति. ५. (मनो०) अचेतन अथवा उपचेतन अवस्था में की जानेवाली क्रिया, ६. (आ०) स्वचलता*।

bland (blănd) [L. *blandus*, agreeable] वि० १. विनीत, सौम्य* (आ० भी), सुशील; २ अप्रमत्तपूर्ण, तानें के तौर का; ३. स्निग्ध, हल्का, शान्तिदायक। **blandly** क्रि० वि० १. विनीत भाव से; २. व्यंग्य के साथ। **blandness** सं० १. सौम्यता, विनय; २. व्यंग्य।

blandish (blăn' dish) [O. F. *blandiss-*, stem of *blandir*, L. *blandiri*, to flatter (*blandus*, see prec.)] सं० १. चापलूसी करना, खुशामद करना, चाटुकारी करना; २ चिकनी-चुपड़ी बातें करना; ३ फुसलाना, बहलाना। **blandishment** सं० (प्रायः बहु व० में) चाटूक्तियाँ, चिकनी-चुपड़ी बातें, खुशामदभरी बातें।

blank (blăngk) [F. *blanc*, white, (It. *bianco*, L. *blancus*, O. H. G. *blanch*, O. Teut. *blankoz*, shining)] सं० १. लाटरी का टिकट जिस पर इनाम न मिले; २. किसी प्रलेख आदि में भरने के लिए छोड़ी गई खाली जगह, रिक्त स्थल; ३. स्थान जहाँ कुछ न हो, खाली (मस्तिष्क आदि); ४. पालियामेंट के विधेयकों में इंग्लैंड टाइप में छपे हुए शब्द; ५. घटना-हीन समय; ६ निरर्थक वस्तु; ७. ठप्पा लगाने के पहले सिक्के का धातु-पत्र; ८ खाली कारतूस, (२० खाली कारतूस); ९ शब्द अथवा अक्षर के स्थान पर खींची गई छोटी रेखा। वि० १. शुभ्र, कोरा, सादा, सफ़ेद (जिसमें कुछ लिखा या छपा न हो); २. खाली, रिक्त (प्रलेख आदि में हस्ताक्षर के लिए छोड़ा हुआ स्थान); ३. रिक्त स्थान (वि० १ भी); ४. (इ० २) अलेख*, निरंक*। **look** ~ १. हैरान लगना; २. हक्का-बक्का हो जाना। **~-cartridge** १ कारतूस जिसमें बारूद न हो; २ अतुकान्त (छन्द)। **~cheque** १. सादा चेक, चेक जिसमें प्राप्तकर्ता अपने आप रुपये भर ले; २. रिक्त, अपूर्ण, न भरा हुआ; ३. रुचि-हीन; ४. अभिव्यक्तिशून्य घटना, परिणाम अथवा आकृति। **blankly** क्रि० वि० १. अभिव्यक्ति शून्यता से; २. शून्यता से, शून्य दृष्टि से; ३. साफ़-साफ़, दो टूक। **blankness** सं० १. कोरापन, रिक्तता, खालीपन; २. हैरानी।

blanket (blăng' két) [O.F. *blankete, blanquette*, dim. of *blanc*, see BLANK] सं० १. कम्बल, खाट पर ओढ़ने के लिए ऊनी चादर; २. घोड़े पर डालने का कपड़ा; ३. अनभ्यों के द्वारा वस्त्र के रूप में प्रयुक्त कपड़ा; ४. आवरण* (वि० १, २ भी), ५ (ई० मैल*। क्रि० सं० १. कम्बल ओढ़ना, कम्बल ओढ़ाना; २ दबाना, दबा देना (बदनामी, प्रश्न आदि के बारे में); ३ दण्ड देने के लिए कम्बल में डालकर उछालना; ४. स्वयं हवा के अनुकूल जा कर (दूसरी नाव की) हवा रोकना; ५. (वि० १) आवृत करना*। **born on wrong side of the~** वर्णसंकर, दोगला, अवैध बालक। **wet~** व्यक्ति जो बातचीत न चलने दे, रूखा आदमी।

blare (blăr) [prob. imitated from the sound (cp. Dut. *blaren*, M.H.G. *bëren*, *G. plarren*)] सं०, क्रि० स० और अ० १. उच्च नाद, ढोल की आवाज़ (करना); २. डमडम (करना); ३. ऊँचे स्वर में कहना; ४. डंके की चोट (पर कहना)।

blarney (blar' ni) सं०, क्रि० स० और अ० १. लल्लो-चप्पो (करना); २. फुसलाना, बहलाना।

blase (bla' zā) [F.] वि० उकताया हुआ, विरक्त (सुख से)।

blaspheme (blăs fēm') [O.F. *blasfemer*, L. *blasphēmāre* Gr. *blasphēmeein*, from *phemos*, evil speeking.] क्रि० स० और अ० १. ईश्वर-निन्दा करना, धर्म-विरुद्ध बातें करना; २. गाली देना, बुरा-भला कहना। **blasphemer** सं० ईश्वर-निंदक, गाली बकनेवाला। **blasphemous** (blăs' fĕ miŭs) वि० निंदात्मक, ईश्वर-निंदाविषयक। **blasphemously** क्रि० वि० ईश्वर-निंदा करते हुए, धर्म-विरोध के रूप में। **blasphemy** (blăs' fĕ mi) सं० ईश्वर-निन्दा, धर्म-निन्दा, धर्म-विरोध।

blast (blast) [A.-S. *blæst* (cp. O. H. G. *blâst*, Goth. *-blesan*, to blow)] सं० १. वायुवेग, झोंका* (इ० ३ भी), हवा का तेज़ झोंका; २. वायु-नाओं की ध्वनि; ३. धातु को गलाने में प्रयुक्त वायु की धार; ४. विस्फोट के लिए प्रयुक्त बारूद का परिणाम; ५. (विस्फोट से उत्पन्न) तीव्र गरम हवा की भभक; ६. विस्फोट* (वि० १ भी); ७. (आ० इ० ३) वाट्या। क्रि० स० १. विनाश, क्षय, बारूद आदि से उड़ा देना, सुरंग लगाना; २. कुम्हला देना, झुलसा देना, सुखा देना, नष्ट कर देना, धूल में मिला देना (पौदा, पशु, अवयव, प्रसिद्धि, उन्नति, नाम, चरित्र, आशा); ३. (इ० ३) विस्फोट करना*। **~-furnace** १ इंजन भट्टी, धमन-भट्टी, जिसमें इंजन द्वारा संपीडित गरम हवा भोंकी जाती है; २ (इ० ३, वि० १) वाट्या-भट्टी*, झोंका-भट्टी*। **blasted** देवी विपत्ति पड़े, भाड़ में जाये आदि।

blasto- [see -BLAST], बहुत से प्राणिविज्ञान संबंधी शब्दों में पहला पद जिसका अर्थ बीज, अंकुआ, अंकुर, कली आदि होता है। **blastoderm** (blăs' tō dĕrm) [Gr. *derma*, skin] सं० १. निषिक्त, अंडकोष के पहले खण्ड-विन्यास में पाया जानेवाला कोशिका-बिम्ब, यक्कस्तर; २. (आ०, वि० १) ब्लास्टोडर्म*; ३. (वि० १) कोरक-चर्म*; ४ (आ०) बीजजन स्तर*।

blatant (blā' tănt) [etym. doubtful; prob. coined by Spenser (perh. from Sc. *blaitand*, bleating)] वि० शोरगुल से भरा, शोर मचानेवाला, ऊधमी, गुल-गपाड़ा करनेवाला। **blatantly** क्रि० वि० ऊधम के साथ, शोर मचाते हुए। **blatancy** सं० गुलपाड़ा, शोरगुल, ऊधम।

blather, blatherskite दे० BLETHER।

blaze[1] (blāz) [A.-S. *blæse, blase* a blaze, a torch (cp. M.H.G. *blas*, a torch, *G. blass*, pale)] सं० १. अग्नि, ज्वाला, लपट, लौ, शोला, अग्नि-शिखा, अर्चि, २ ज्वाला, जगमगाहट, भड़क, धधक, चमक, प्रज्वाल, तेज; ३ (प्रा० (blazes) नरक; ४. विस्फोट (आवेश का); ५ रंग की चमक, तड़क-भड़क, चकाचौंध; ६. शाहरत, प्रसिद्धि (जैसे ~of publicity)। क्रि० अ० १. दहकना, लहकना, लपट निकलना, धधकना, भड़कना; २. जगमगाना, दमकना, चमकना, दैदीप्यमान होना; ३. आवेश में आना, फूट पड़ना; ४. फैलना; ५ चमक-दमक या तड़क-भड़क दिखाना, ६. प्रकाश देना, रोशनी देना। **~away** १. बराबर गोली चलाते जाना, २. किसी काम में निरन्तर जुटे रहना। **blazer** सं० ब्लेज़र, (नाव मेंने अथवा गोल्फ आदि के लिए) रंगीन जैकेट या कोट; २ (प्रा०) मरुद झूठ। **blazing indiscretion** जन्दबाज़ी और खुले ढंग की स्पष्टवादिता। **blazing scent** तीव्र गन्ध।

blaze[2] (blāz) [Icel. *blesi* (cp. G. *blässe*] सं० १. बैल या घोड़े के मस्तक का सफ़ेद निशान; २. मार्ग-निर्देश के लिए छाल काट कर पेड़ पर बनाये गये चिह्न। क्रि० स० छाल काटकर वृक्ष में चिह्न बनाना।

blaze[3] (blāz) [Icel. *blāsa*, to blow (cp. Dut. *blazen*, G. *blasen*) from O. Teut. *blesan*, to blow (cp. L. *flāre*)] क्रि० स० डंके की चोट पर कहना, डुग्गी पीटना, घोषणा करना।

~abroad सूचना फैलाना, समाचार प्रसारित करना, दूर-दूर तक फैलाना।

blazon (blā' zŏn) [F. *blasòn*, a coat of arms (some of the later senses prob. influenced by BLAZE[2]] सं० १. ध्वजा, कुल-चिह्नयुक्त ढाल; २. इनका सही-सही वर्णन; ३. प्रलेख, विवरण, (विशे० गुणों आदि की) प्रशस्ति। क्रि० स० १. कुल-चिह्न बनाना, मार्का बनाना अथवा अंकित करना; २. (किसी वस्तु पर) रंग से अथवा सजावट के साथ कुलचिह्न, नाम इत्यादि अंकित करना; ३. चमकाना, आभा प्रदान करना; ४. उपयुक्त शब्दों में कहना, सामने रखना; ५. घोषित करना, निश्चयपूर्वक कहना। **blazonment** सं० १. (कुलचिह्न आदि का) अंकन; २. चमक-दमक, आभा; ३. घोषणा। **blazonry** सं० १. कुलचिह्न या वैयक्तिक चिह्न, चिह्नों या ध्वजा-चिह्नों आदि के अंकन अथवा चित्रण करने की कला; ३. रंग-बिरंगे दृश्य, तड़क-भड़क से भरी सजावट।

-ble [-ABLE; IBLE] प्रत्य० योग्य, क़ाबिल, लायक आदि अर्थों में प्रयुक्त।

bleach (blēch) [A.-S. *blæcan* (O. Teut. *blaikjan*, cp. G. *bleichen*, and A.-S. *blāc*, pale)] क्रि० स० और अ० धूप में रखकर अथवा किसी रासायनिक प्रक्रिया द्वारा सफ़ेद करना, रंग उड़ाना, विरंजन करना। **bleaching-powder** रंगकट, चूने की क्लोराइड, विरंज्य चूर्ण, सफ़ेद करने का पाउडर। **bleacher** सं० १ सफ़ेद करनेवाला (विशे० वस्त्र-उद्योगों में), इसके लिए प्रयत्न बरतन अथवा रसायन; २. (अमरीकी प्रायः बहुव०) खेल के मैदान में दर्शकों के बैठने के लिए खुले में रखे हुए तख़्ते।

bleak[1] (blēk) [Icel. *bleikr* (O Teut. *blaikyôn*, white. cp. BLEACH) or A.-S. *blāc*, as prec.] सं० ब्रिटेन की नदियों में पाई जानेवाली एक विशिष्ट प्रकार की मछली।

bleak[2] (blēk) [A.-S *blāc* (see prec.] वि० १. फीका, रंगहीन, बदरंग, विवर्ण; २ नंगा, अरक्षित, खुला, बेआड़ा; ३ शीतपूर्ण, ठंडा, सर्द; ४ उजाड़, वीरान, सूना, उदास।

blear (blēr) [ctym. doubtful] वि० और क्रि० स० १. धुंधला (करना), धुंधभरा, चुंधा (बनाना); २. अस्पष्ट रूपरेखावाला (बनाना)। **~eyed** धुंधली आँखोंवाला अथवा मन्दबुद्धि। **blearly** वि० अस्पष्ट, मन्दबुद्धि आदि।

bleat (blēt) [A.-S *blætan* (cp. Dut. *blaten*, O H G. *plâzan*, G. *blöken*)] सं०, क्रि० अ० और स० १. मेंड, बकरी, बछड़े की 'मे मे' आवाज़ (करना), मिमियाना; २. डर कर अथवा मूर्खता से भीमे बोलना, मिमिया कर बोलना।

bleb (bleb) [cp. BLOB, BUBBER; imit of action of making a bubble with the lips] सं० १. फफोला, छाला (त्वचा पर); २. बुलबुला* (वि० १ भी), बुल्ला, बुदबुद (पानी में); ३. बुल्ला (शीशे में)

bleed (blēd) [A.-S. *blēdan* (cp. BLOOD)] क्रि० अ० और स० (भू० कृ० **bled**) १. रुधिर बहना, ख़ून निकलना या बहना, रिसना, निःस्रवण, रक्त बहना या बहाना; २ आघात, घाव लगना या कष्टपूर्ण मृत्यु प्राप्त करना; ३. (पौधों का) दूध निकलना या निकालना, ४. धन देना, ख़ूब खर्च करना, मुँहा जाना; ५. नश्तर लगा कर रक्त निकालना; ६. रुपया जबर्दस्ती निकालना, धन ले लेना; ७. (ग्रा०) घातक, हत्यारा। **bleeder** सं० वह व्यक्ति जिसके छोटी-सी या थोड़ी-सी चोट से बहुत रक्त बहे।

bleeding heart सं० विभिन्न प्रकार के पौधों का नाम (जैसे wallflower)।

blemish (blem' ish) [O.F *blemir*, *blesmir*, from *blaisme*, *blesme*, *bléme*, pale (etym doubtful)] क्रि० स० दोष, कलंक, सुंदरता को दूषित करना, विकृत करना, धब्बा लगाना, दाग़ लगाना। सं० १.शारीरिक अथवा नैतिक दोष, दूषण, विकृति, विकार; २. धब्बा, दाग़; ३. कमी, न्यूनता।

blench (blench) [A.-S. *blencan*, to deceive (perh. causal to a v. *blinkan*, to BLINK)] क्रि० अ० और स० १. सहसा चौंकना, झिझकना, हिचकना; २. बिदकना, काँपना; ३. आँख बन्द कर लेना, मुँह फेर लेना, हट जाना, आँख बचाना।

blend[1] (blend) [A.-S *blandan*] क्रि० स० १. अंधा करना, अंधा बनाना; २. (ला०) विचार से अंधा करना।

blend[2] (blend) [A.-S. *blandon* or Icel. *blanda*] क्रि० स० और अ० (भू० कृ० **~ed or blent**) १ मिश्रण करना, संमिश्रण करना, मिलाना, एक करना (विशे० विशिष्ट गुण उत्पन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार की चाय और मदिरा आदि को); २ पूरी तरह मिलना, घुल जाना, घुलना, घोल-मेल होना; ३. (विभिन्न अंशों को) (इस प्रकार) मिलाना (कि वे अलग-अलग पहिचाने न जा सकें), घुल-मिल जाना; ४. एक होना, एक यौगिक बन जाना; ५ एक-दूसरे में पूरी तरह मिल जाना (जैसे विभिन्न प्रकार के रंग)। सं० १. संमिश्रण, मिलावट, विभिन्न प्रकार की चाय और मदिरा आदि का मिश्रण; २. मिश्रण* (वि० १ भी)।

blende (blend) [G., from *blenden*, to deceive, because it yielded no lead] सं० १. जस्ते का देशी सल्फ़ाइड, क्षार; २. (वि० १) ब्लैंड*।

Blenheim (blen' im) [Duke of Marlborough's seat near Woodstock, Oxfordshire] सं० ब्लेनीम कुत्ता, एक प्रकार का स्पेनियल जाति का कुत्ता। **~orange** सुनहरा सेब।

blenno-, blenn- (रोगनिदान-विद्या में अनेक शब्दों का मूल), श्लेष्मा-संबंधी।

blenny (blen' i) [L. *blennius*, Gr. *blennos*, from the mucous coating of the scales] सं० ब्लेनी, एक प्रकार की काँटेदार समुद्री मछली।

blent (blent) भू० कृ० दे० BLEND[2]

blepharo- [Gr. *blepharon*, eyelid]. (रोगनिदान-विद्या में कुछ शब्दों का मूल) पलक सम्बन्धी, पलक का।

blesbok (bles' bok) [S. Afr. Dut.] सं० दक्षिणी अफ़्रीका का एक बड़ा हिरन।

bless (bles) [A.-S. *blētsian*, *bladsian*, *bleáisien*; orig. to redden with blood, to bless (*blōd*, BLOOD)] क्रि० स० (भू० और भू० कृ० blessed, कभी-कभी blest) १ पवित्र करना, मंत्र पढ़कर किसी चीज़ को पवित्र करना (विशे० भोजन); २ पवित्र समझना, आराधना करना (ईश्वर), ३ सौभाग्य-दायक समझना (विशे० अपने ग्रहों को); ४ आशीर्वाद देना, आशीष देना, आशीर्वचन कहना; ५ शुभकामना करना, असीस देना; ६. ईश्वर की कृपा याचना करना, आशीष माँगना, वरदान माँगना; ७ दुआ माँगना; सफल या सुखी बनाना, सम्पन्न करना; ९. (शिष्ट प्रयोग) शाप देना, सरापना। **God ~me, ~me; ~you** ! आदि आश्चर्य अथवा असंतोष के अवसर पर कहे जानेवाले वाक्य। **blessed** (bles' ĕd), **blest** (b'est) वि० १. पवित्र, मंत्रपूत; २. माननीय, सम्मानयोग्य, पूज्य, पूजार्ह; ३. महाभाग, धन्य, कल्याण, भाग्यवान्,

सौभाग्यशाली; ४. स्वर्गस्थ, स्वर्गीय; ५. शुभ, मंगलमय, सुखदायी; ६. (व्यंग्य से) अभिशप्त, अभागा। **~with** सौभाग्यशाली। **blessedness** सं० १. धन्यता, कृतार्थता, प्रसन्नता; २. आनन्द, परमानंद, परम सुख; ३. ईश्वर-कृपा, ईश्वरानुग्रह (का पात्र होना); ४ परमपद, अपवर्ग। **single**~ (परिहास) अविवाहित होने के लिए प्रयुक्त मुहाविरा। **blessing** सं० १. ईश्वर-कृपा; २. आशीष, आशीर्वचन, मंगल-कामना, कृपा-याचना, आशीर्वाद; ३. खाना खाने के पहले अथवा बाद में कहे गए प्रार्थना-वचन, बरकत; ४. दैवी या प्राकृतिक देन, वरदान; ५. लाभ, सुख, उपकार; ६. कृपाह। **~in disguise** अग्रिम परन्तु भविष्य के लिए सुखकर बात या वस्तु, छिपे रूप में वरदान।

blether(bleth' ĕr), **blather** (blă th' er)[L. Icel. *blathra*, to talk nonsence (*blathr*, nonsence)]. क्रि० अ० और स० प्रलाप, बकवास (करना), असंगत प्रलाप (करना)। **blather-skate, blather-skite**(बोल०) बकवादी, बक्की, लबार, प्रलापी।

blew BLOW का भूतकालिक रूप।

blewits (bloo' its) [prob. from BLUE]. सं० (बकाइन के डठल के समान डठलवाली एक प्रकार की) लम्बी, कुकुरमुत्ता।

blight (blit) [etym. doubtful]सं० १. पौधों का, वायुमंडल से अज्ञात कारणों से उत्पन्न, रोग; २. करंजवा, मोर्चे, गेरुई आदि से उत्पन्न विशेष प्रकार का पौधों का रोग; ३. पौधों में कीड़े लगने का रोग; ४. उमस, घुप; ५. कोई अस्पष्ट, बुरा प्रभाव; ६. (कु०, वि० १) ब्लाइट*/ अमभारी*। क्रि० स० १. बुरा प्रभाव डालना, शुरू में ही खत्म कर देना, सिर उठाते ही मार देना; २. नष्ट कर देना, मुरझा देना, झुलसा देना। **blighter** सं० (ग्रा०) दुखदायी व्यक्ति।

Blighty (bli' ti) [Urdu *Bilati*, provincial, removed at some distance]. सं० (सैन्य०, ग्रा०) सैनिकों द्वारा स्वदेश, इंग्लैंड या घर के लिए प्रयुक्त शब्द। **a~one** वह घाव जिसके बाद घर जाने की छुट्टी मिल जाय।

blimp (blimp) [etym. unknown] सं० १. एक छोटा वायुयान; २.गिलाफ़; ३. ब्लिम्प, व्यंग्य-चित्रकार डेविड लो (जन्म १८९१)द्वारा आविष्कृत एक चरित्र जो अधेड़ आयु का, अकड़बाज़, शानशौकतपसंद और प्रतिक्रियावादी है। **blimpery** १. प्रतिक्रियावादी; २. अकड़-बाज़। **blimpishness** १. प्रतिक्रियावादिता २. अकड़बाज़ी।

blind (blind) [A.-S. (also Dut., Swed., G., etc.)] वि० १. अंधा, नेत्रहीन, प्रज्ञाचक्षु; २. नासमझ, विवेकहीन, बेअक्ल, अंधाधुंध; ३. दूरदर्शिता, विवेक तथा नैतिक और बौद्धिक ज्ञानरहित; ४. उच्छृङ्खल, प्रमत्त, धृष्ट, अपरिणामदर्शी; ५.यंत्रवत्; ६. कठिनता से पता लगनेवाला; ७. (ग्रा०) मदमस्त, मतवाला, शराब पिए हुए; ८. (आ०) अज्ञात*, अघ*; ९. (कु०) रुद्धवर्ष*। सं० १. ओट, आड़, दृष्टिरोध, प्रकाश-वरोध; २. झिलमिली, खिड़की का पर्दा; ३. धोखे की टट्टी, शिकार की टट्टी। क्रि० स० और अ० १. अंधा करना, नेत्रहीन या दृष्टिहीन करना; २. किंकर्तव्यविमूढ़ करना, असमंजस में डालना; ३. धोखा देना, विश्वासघात करना। क्रि० अ० (ग्रा०) अंधाधुंध चलना (विशे० मुख्यतया इस प्रकार मोटर चलाना)। **~alley** १. वह गली जिसका द्वार एक तरफ खुला हो और दूसरी तरफ बन्द हो; २. अंधी गली; ३. (ई० ३, मा० १) अंधवीथिका* बंद गली*; ४. (मा० १) अवरुद्ध स्थिति*। **~door** ईंटों से चुना हुआ द्वार। **~fold** कि० और क्रि० वि० १. बंधचक्षु, आँखों पर पट्टी बाँधना, पट्टी द्वारा आँख बंद करके; २. असावधान, अविवेकी; ३. बिना सोचे-समझे, असावधानी से। क्रि० स० आँखों पर पट्टी बाँधना, पट्टी से आँख बंद करके दृष्टिहीन करना (सा० भी)। **~-letter, -man, -reader** (डाकघर संबंधी) १. गुप्त, छिपा हुआ; २ अशुद्ध पतेवाला पत्र और उसे निबटनेवाले अधिकारी। **~man's-buff** आँखमिचौनी, कुलू-मिच्चा का खेल। **~man's holiday** गोधूलि, झुटपुटा, धुंधलका। **~-story** गिरजा की अनेक खिड़कियोंवाली दीवाल के नीचे की अंधकारमयी गैलरी। **~-worm** बम्बही के प्रकार का कीड़ा, अतिक्षुद्र पशु, सरीसृप। **blindage** सं० किलेबंदी व घेरे की आड़। **blinding**सं० १. नई बनी हुई सड़क के छोटे-छोटे गड्ढों को कंकड़-गिट्टी आदि की तह बिछाकर भरने की क्रिया; २. ककड़-गिट्टी आदि (जो भरा जाता है); ३. (इ० ३) छानस*/ महीन भरन*/ रध्रपूरन*/ ४. छाना देना* । **blindly** क्रि० वि० १. अंधत्व, बिना देखे, अंधे की तरह, टटोलते हुए; २. बिना सोचे-समझे, असावधानी से। **blindness** सं० १ अंधता* (आ० भी), अंधत्व, दृष्टिहीनता; २. बौद्धिक या नैतिक चेतना का अभाव, मूर्खता; ३. असावधानी, सोच-समझ का अभाव, अज्ञान, मोह।

blink (blingk) [M E *blenken* (cp. Dut. and G. *blinken*; A.-S. *blencan*, see BLENCH¹] क्रि० अ० और स० १. पलक मारना, पलक झपकाना,२.आँख मिचकाना, आँख झपकाना; ३. ध्यान न देना, उपेक्षा करना, टालना। सं० १ दृष्टिनिपात, निर्मीलन; २. चमक, झलक, टिमटिमाहट, प्रकाश की चमक; ३. क्षितिज की श्वेतता, दूरवर्ती बर्फीले मैदानों का प्रतिबिंब (जैसे ice~)। **blinker** स० (क्रियागत अर्थों में प्रायः वह व०) अंधेरी, अनुवट, घोड़े की आँखों का पर्दा जिसके कारण वह अगल-बगल न देख सके।

bliss (blis) [A.-S. *blis*, *bliss*, *bliths* (*blithe*, happy); sense influenced by BLESS¹] सं० १. आनंद* (मा० २ भी), सुख; २. कल्याण; २. परमानन्द, हर्ष, परम सुख, सुखानिधान, स्वर्गिक सुख; ३. मोक्ष, अपवर्ग, सिद्धि, परमपद। **blissful** वि० आनंदपूर्ण, प्रसन्न, मगन, धन्य। **blissfully** क्रि० वि० आनंदपूर्वक, मानंद। **blissfulness** सं० १. आनंद, प्रसन्नता; २. सुख, आनंदपूर्णता; ३. परमानंद।

blister (blis' tĕr) [M.E. *blister*, *blester*, perh. from O.F. *blestre*, Icel. *blástr*, a blowing, a swelling (*blása*, to blow)] सं० १. (रगड़ या जलने आदि से पड़ा हुआ छोटा) फफोला* (आ०, कु०, वि० १ भी), छाला* (आ०, कु० भी), सूजन, स्फोट; २. उसी प्रकार का पौधे, धातु, रंगी हुई लकड़ी आदि पर फुलाव, कटफूल्ला; ३. (चिकि०) छाला या फफोला उत्पन्न करने-वाला लेप; ४. (कु०) ब्लिस्टर*। क्रि० १. फफोला उठाना, छाला उत्पन्न करना; २. छाले से शरीर का भर जाना; ३. (ग्रा०) उबाना, अरुचिकर बातों से थकाना, समय नष्ट करना (वृथा बकवाद से)। **~gas** त्वचा पर छाले उत्पन्न कर देनेवाली विषैली गैस।

blithe (bli *th*) [A.-S. *blithe* (cp. O. H. G. *blidi*, Icel. *blithr*, Dut. *blijde*)] वि० प्रफुल्ल, आनंदित, प्रसन्न, प्रसन्नवदन, प्रमुदित (मुख्यतया काव्य०)। **blithely** क्रि० वि० सानंद, सहर्ष,आनंदपूर्वक, प्रसन्नतापूर्वक। **blithesome** वि० प्रफुल्ल, प्रफुल्लित, प्रसन्न।

blithering (blith' ĕr ing) (BLETHER) वि० १. (बोल०) वाचाल, बड़बड़िया, लबाड़ी, लबारी, बक्की, व्यर्थ की बकवाद करने-वाला; २. पूरा, पक्का, परले सिरे का; ३. घृणित, घृण्य, तुच्छ। **~idiot** मूर्ख, बकवादी।

blitz (blits) [G., lightning] सं० (बोल०) प्रबल आक्रमण (विशे०

हवाई हमला)। क्रि० स० आक्रमण में हानि पहुँचाना या नष्ट करना (विशे० कर्मवाच्य जैसे blitzed area)। ~**krieg** सं० १. सूक्ष्मानी युद्ध; २. युद्ध जिसका उद्देश्य तेजी से शत्रु पर विजय प्राप्त करना होता है; ३. (मा० १) ब्लिट्ज़ क्रीग* / तड़ित् युद्ध* (द्वितीय महायुद्ध में जर्मनी द्वारा प्रयुक्त)।

blizzard (bliz' ărd) [etym. doubtful; perhaps fashioned on BLOW, BLAST, etc.] सं० हिमझञ्झावात* (वि० १ भी), बर्फ़ की आँधी, अंधा कर देनेवाला बर्फ़ीला तूफ़ान, हिमतूफ़ान, बर्फ़ानी तूफ़ान।

bloat (blōt) [M.E. *bloat, blowt*, soft (prob. var. of *blote*, see BLOATER)] क्रि० स० मछली को नमक लगाकर सुखाना या साफ़ करना। **bloated** क्रि० स० और अ० वि० १. फुलाना, सुजाना; २. फूलना, अफरना, उभरना; ३. (मुख्यतः भू० कृ० में वि० की भाँति) स्फीत, फूला हुआ, उभरा हुआ। वि० १. पेटपन से; २. अत्यधिक बढ़ा हुआ, बहुत बड़ा; ३. परिपुष्ट, हृष्टपुष्ट, मोटू।

blob (blob) [BLEB] सं० १. बूंद, छींट, छींटा; २. गोला, गोल पदार्थ; ३. दाग, रंग का धब्बा; ४. (क्रिकेट) शून्य, कोई रन नहीं बना। **blobber lipped** वि० मोटे और बाहर की ओर निकले हुए ओठोंवाला।

bloc (blok) [F.] सं० १. दल, गुट, पार्टी, गठजोड़, गिरोह, गुट* (मा० १ भी), किसी सरकार की सहायता के लिए अनेक पार्टियों का संगठन, जुटाव; २. संघ (राष्ट्रों का), विशेष लाभ के लिए संगठन, गुटबंदी। **sterling** ~ पौंड-भाषना में संबद्ध देश।

block (blok) [prob. from F. *bloc* (O.H.G. *bloh*, M.H.G. *bloch*, G. *block*)] सं० १. काष्ठ, कुंदा, गुटका, लक्कड़; २. पेड़ का ठूँठ; ३. नौ, मुर्दा, बागडों, खर्दड, लकड़ी आदि के टुकड़े करने आदि के लिए या घोड़े पर चढ़ने के लिए ज़मीन में गड़ा हुआ लकड़ी का मोटा कुंदा; ४ कालबूत, टोप को सही आकार देने के लिए प्रयुक्त फरमा या साँचा; ५. चिरनी, चिरड़ी, चरखी, गगरी, गड़ारी; ६. गरारियों का क्रम (चौपट्टे में लगा हुआ); ७. ब्लाक, ठप्पा, छपाई का साँचा, उत्कीर्ण काष्ठ: ८. किसी वस्तु का भारी टुकड़ा; ९. शिला; १०. तराशा हुआ इमारती पत्थर; ११ ब्लाक* (इं०१, कृ०, वि० १ भी) (मकानों का), भवन-समूह; १२ हठी या कठोर व्यक्ति; १३. निरोध, राक, (आ०भी) रोध*; १४. (सरद०) विपेयक का विरोध करने की सूचना; १५. (यातायात) अत्यधिक भीड़ के कारण गाड़ियों की आगे बढ़ने में असमर्थता; १६. (क्रिकेट) बल्ला रखने की जगह; १७. किसी व्यक्ति को बसने के लिए सरकार द्वारा दिया गया भूमिखंड; १८. शेयरों आदि की बड़ी राशि; १९. (आस्ट्रेलिया) रम्यमार्ग, अवरोह, प्रत्यूह, अंतराय; २०. पिंड, भार; २१. खंड* (आ०, कृ०, इं० १ वि० १ भी), खंडक*, गुटका* (इ० १, कृ० भी); २२. (वि० १) समूह*; २३. (वि० १) अज्ञात*; २४. (वि० १) स्तंभ*, आरेख। क्रि० स० १. (मार्ग आदि) अवरुद्ध करना, बाधा देना, बेटिप्रत करना, रोकना; २. रोड़े अटकाना, मार्ग में कठिनाइयाँ या रुकावटें खड़ी करना। (उक्षति, वृद्धि, बढ़ती आदि के)। **barber's** ~ बनावटी बालों के लिए काठ का सिर। **chip of old** ~ पिता के अनुरूप पुत्र (विशे० चरित्र में)। **cut blocks with razor** युक्ति का दुरुपयोग करना। **the** ~ मौत (गर्दन मारने से)। ~**buster** (या०) पूरे ब्लाक (मकानों के) को नष्ट कर सकने में सक्षम बहुत बड़ा बम। ~**chain** मादकिल आदकि की बेन या जंजीर। ~**head** मूढ़, मूर्ख, दुर्बुद्धि। ~**house** १. मार्ग की रक्षा के लिए एकान्त में बना क़िला; २. चौकियों (पुलिस आदि की) के क्रम की कोई चौकी; ३. गोली चलाने के छिद्रों से युक्त लकड़ी का एक-मंज़िला मकान; ४. चौकोर काष्ठखंडों का बना हुआ मकान। ~**-letters, ~-writing** पूरी इबारत या शब्द जिसका हर अक्षर बड़ा और अलग-अलग हो। ~**out** १. रूपरेखा या योजना (कार्य की) बनाना; २. (मुद्रा या किसी अन्य परिसम्पत्ति) के व्यय अथवा प्रगेय को अवरुद्ध करना, सीमित करना, प्रतिबन्ध लगाना (मृण्यतया भू० कृ० में)। ~**system** १. (रेलवे) व्यवस्था जिसके अनुसार एक गाड़ी के निकल जाने की सूचना के बिना दूसरी गाड़ी प्रवेश नहीं कर सकती; २. (इं० १) खंड-प्रणाली* / ब्लाक-प्रणाली*। ~**tin** शुद्ध टीन के पिंड, मोटी टीन। ~**up, ~in** १. बन्द करना, बन्दी बनाना; २. (संसद) किसी बिल के विरोध की घोषणा करना; ३. (क्रिकेट) गेंद को बल्ले से रोकना; ४. टोप को कालबूत या साँचे पर चढ़ाना; ४. पुस्तक की जिल्द पर ठप्पे लगाना या अक्षर उभाड़ना। **blockish** वि० १. हठी; २. कठोर हृदय।

blockade (blok ād') [as prec.] सं० १. घेरा, नाकाबदी* (मा० १ भी), समवरोध, परिवेष्टन, किसी स्थान का शत्रु की सेनाओं द्वारा घिराव ताकि लोग भूखों मरें या आत्म-समर्पण कर दें; २. अवरोधन; ३. (मा० १) बैरोध*/ अवरोध*। क्रि०स० १. समवरोध करना, परिवेष्टन करना, घेरना, नाकेबंदी करना, घेरा डालना; २. रोकना (द्वार, दृश्य आदि)। **paper** ~ काग़ज़ी नाकेबंदी, जो कार्य रूप में परिणत न की जाय। **raise** ~ नाकेबंदी या घेरा उठाना, घेरा डालनेवालों को ऐसा करने को बाध्य करना। **run** ~ १. घेरा डालनेवाली सेना से बच निकलना; २. घेरा पार कर जाना। ~**runner** जहाज़, कप्तान आदि जो नाकेबंदी से बच निकले। **blockader** १. घेरनेवाला, घेरा डालनेवाला; २. रोकनेवाला, अवरोधक।

bloke (blōk) [etym. unknown] स० (बोल०) १. पुरुष, व्यक्ति, छोकरा; २. भोंदू, आलसी, शिथिल या सँवार आदमी। **The** ~ (या०) जहाज़ का कप्तान।

blond, blonde (used with fem. substantives), (blond) [F. (Sp. *blondo*, It. *biondo*, late L. *blundus*) prob. of Teut. origin] वि० और स० १. (केश-विषयक) सुनहरे, हल्के चमकीले, भूरे रंग का; २. (वर्ण-विषयक) गोरा, गौर, (सं० सुनहरे केश और गौरवर्ण का पुरुष अथवा स्त्री); ३. (वि० १) लल्लाट*। ~**lace** १. दुहरे धागे और षड्भुज छिद्रों की जाली का (सफ़ेद या काला) रेशमी फ़ीता।

blood (blŭd) [A.-S. *blōd* (cp. Goth. *blōth*, G. *blut*, Icel. *blōth*, Dut. *bloed*)] सं० १. रक्त*/ रुधिर* (आ०, वि० १ भी), शोणित, खून, लहू, लोहू; २. (ला०) रस,अंगूर आदि का रस; ३. हत्या, वध, क़त्ल; ४. बलि; ५. खून-खराबे का अपराध या पातक; ६. मनोविकार; ७. प्रकृति, स्वभाव; ८. सुस्सा, जोश, आवेश; ९. साहस; १० वंश, कुल, गोत्र; ११. नाता, संबंध, नातेदारी, संबंधी; १२. कुलीन, अभिजात, संतति, उत्पत्ति (मनुष्य, अश्व की); १३. छैला, बाँका, शौकीन आदमी। क्रि० स० १. (शब्द०) चोरा या नश्तर लगाकर थोड़ा रक्त निकालना (प्रायः bleed); २. (शिकारी कुत्ते को) प्रथम बार खून चखाना, रक्त का मज़ा देना, (ला० भी, व्यक्तियों को) उत्तेजित करना। **bad** ~ १. झगड़ा, वैर, द्वेष; २. अनबन, मनमुटाव, वैमनस्य। **blue** ~ कुलीनता। **cannot get ~out of stone** पाषाण-हृदय से क्या मिलती। **flesh and** ~ अपना, सगा-सम्बन्धी। **fresh** ~ १. नया खून; २. नया व्यक्ति। **his** ~ **is up** वह लड़ने-मरने पर उतारू है। **in cold** ~ १, बिना किसी उत्तेजना के; २. निर्दयता से। **kit of** ~, ~**horse** सुशिक्षित, कुलीन, सुसंस्कृत, नस्ली (घोड़ा)। **let** ~ १. खून लेना, लोह लेना; २. फ़सद खोलना। **own**

flesh and ~ मसा-संबंधी। **prince etc of the royal ~, the ~** राजवंश का (राजकुमार आदि)। **runs in the ~** रक्त में है। **see things ~shot** १ खून ही खून देखना; २ (किसी के सर पर) खून सवार होना। **~ally** लाल कंजा या बच्चों के खेलने की लाल धारीदार काँच की गोली। **~and iron** बल का कठोरतापूर्वक प्रयोग। **~-fued** १. खानदानी वैर, वंश-शत्रुता, दो वंशों का वैर; २. (वि० २) कुलवैरी*। **~-guilty** हत्या का अभियक्त। **~-heat** शरीर ताप (स्वस्थ व्यक्ति का) ९८.५० फा०। **~-hound** खोजी कुत्ता, भेदिया कुत्ता, खून की गंध से अपराधी का पता लगानेवाला कुत्ता। **~letting** १ चोरा लगाकर रोगियों का रक्त निकालना; २. फ़स्द खोलना; ३. (आ०) रक्त मोक्ष*। **~-money** १. किसी को मृत्युदंड दिलाने पर साक्षी को प्राप्त धन; २. मनुष्यों की हत्या पर मुआवजे में प्राप्त धन; ३. (मा० ३.) वैर-देय*। **~poisoning** जहरबाद। **~-red** रक्तवर्ण, लोहित वर्ण, खून-सा लाल। **~relation** सगा, रक्त से संबंधित, विवाह से नहीं। **~royal** राजवंश, शाही नस्ल। **~orange** लाल रसवाली नारंगी। **~-shed** खून-खराबा। **~shot** खूनी आँख, रक्तपूर्ण आँख, अत्यन्त लाल आँख। **~-stained** आरक्त, खून से रँगा हुआ, रक्तरंजित, रक्तांकित। **~-stock** अच्छी नस्ल के घोड़े। **~-stone** १. बहुमूल्य पत्थर जिन पर लाल रंग के छींटे या धारियाँ होती हैं, विशे० सूर्यकमल; २. (वि० १) पितोनिया*/ब्लडस्टोन*। **~-sucker** शोषक; जोक। **~-thirsty** १ खून का प्यासा; २. खूँखार, ज़ालिम। **~-thirstiness** स० रक्त-पिपासा, खून की प्यास। **~-vessel** (शरिरवाहिनी) नाड़ी, रग, शिरा। **~-worm** १. लाल रंग का कीड़ा जिसे मछली पकड़ने में चारे के रूप से मलकाटे लगाते हैं; २. (वि० १) रुधिर-कृमि।**~-wort** लाल जड़ों या पत्तियोंवाले पौधे। **~is thicker than water** अपना सो अपना पराया सो पराया। **bloody** वि० और क्रि० वि० १. रक्त का; २. रक्त-सदृश; ३. रक्त-स्राव; ४. रक्तरंजित, रक्तमय, रक्त से सना हुआ, लहूलुहान, खून से लथपथ; ५. लाल; ६ रक्तपात संबंधी; ७. हत्या संबंधी; ८. रक्तपात-प्रिय; ९. हत्या-समृत, रक्तपात के परिणाम-स्वरूप; १०. रक्त-पिपासु, हत्यारा; ११. खूनी, क्रूर, निर्दय, नृशंस, १२. (अशिष्ट भाषा में) नारकीय, घृणित, गर्हित। **~finger** (पौधों के प्रचलित नामों में) ऊँचा श्वेत या बैंगनी फूलवाला पौधा। **~flux** रक्तार्श, खूनी पेचिस, खूनी आँव। **bloodily** क्रि० वि० रक्त-पिपासा से, अत्याचार से। **bloodiness** स० रक्त-पिपासा, हत्यारापन, खून की प्यास। **bloodless** वि० १. रक्तहीन, बेखून; २. मृत्र, मृत, मुर्दा; ३. पीला; ४ हत्यारहित, बिना रक्त-पात; ५. अहिंसात्मक। **bloodlessly** क्रि० वि० बिना रक्तपात किए।

bloom[1] (bloom) [Icel *blōm*, a blossom (cp. O. H. G. *bluome*, G. *blume*), from the root *blō-*, to blow, to flourish (cp. L *flos flōrēre*)] सं० १. पुष्प, कुसुम, फूल; २. पुष्पित अवस्था, प्रस्फुटित अवस्था; ३. जवानी, जोबन, यौवन, नवयौवन; ४. पूर्णता; ५. रास* (क्रू० भी), लाली, लालिमा, अरुणिमा, ६. तेज, चमक; ७. अंगूर, बेर आदि के ऊपर की धूल; ८ नवलता, नूतनता, अम्लानता; ९. किशमिश, एक प्रकार का मुनक्का; १० पुष्पयुज* (क्रू० भी); ११. (वि० १) फल्लिका*/ब्लूम*। क्रि० अ० १. फूलना*, खिलना* (क्रू० भी), कुसुमित या विकसित होना, बहार आना; २. जोबन आना; ४. यौवन या सौन्दर्य को प्राप्त होना; ४ पूर्ण होना, चरमोत्कर्ष को प्राप्त करना; ५. बढ़ना। **take the ~ off** बासी करना। **bloomer**[1] १. खिलनेवाला पौधा; २. (ग्रा०) भारी भूल, भयंकर त्रुटि, प्रमाद। **blooming** वि० (किशगत अर्थों में); १. फला, फूला, ताज़ा, विकसित आदि; २. (वि० १) दलप्रकारी*, ३ (ग्रा० भी) अश्लील BLOODY के स्थान पर शिष्ट प्रयोग।

bloom[2] (bloom) [A.-S. *blōma*] सं० पिघला हुआ लोहा जिसे हथौड़े से पीट कर छड़ बनाते हैं,बलवाँ लोहे की छड़। क्रि० स० पिघले हुए लोहे की छड़ें बनाना। **bloomery** स० पिघले हुए लोहे की छड़ें बनाने का कारखाना।

bloomer (bloo' mėr) [Mrs. *Bloomer* (Am.) who introduced it (1850)] सं० और वि० ब्लूमर, (स्त्रियों का एक पहनावा) पतलून और छोटा घाघरा या साया (प्राय: बहुव०)। स० (बहुव०) निकर या हाफ़पैंट जो स्त्रियाँ और लड़कियाँ साइकिल चलाने या खेलने आदि में साथे के साथ या उसके बिना पहनती हैं।

Bloomsbury स० ब्लूमसबरी, लंदन का वह भाग जिसमें ब्रिटिश संग्रहालय है, (पूर्व) लन्दन का एक हैसनेबल मुहल्ला।

blossom (blos' om) [A.-S. *blōstma, blōstm* (prob. cognate with BLOOM[1]] स० मंजरी* (क्रू०, वि० १ भी), बौर, मौर, मुकुल, फल आने से पहले का फूल, २ उठान, बढ़ती, वृद्धि, ३. होनहारपन, उदीयमानता; ४ (क्रू०, वि० १) पुष्पयुज*। क्रि० अ० (ग्रा० और ला०) बोरना (वृक्ष का), मुकुलित होना, मंजरी आना, बौर आना; २ खिलना, पुष्पित होना, विकसित होना, स्फुटित होना, फूलना, बहार आना, फलना-फूलना, समृद्ध होना, ३. कुते का पागल हो जाना। **~faced, ~nosed** फले हुए मुख या नाकवाला। **blossomless** वि० मंजरीहीन, अपुष्पित, बिना बौर का। **blossomy** वि० पुष्पपूर्ण, विकसित, बौरया (वृक्ष)।

blot[1] (blot) [etym doubtful] सं० १. धब्बा, दाग; २. विलप्तता; ३. दोष, खराबी, बुराई, विकार, ४ अपयश, कलंक, लांछन, ५ कलंक का टीका। क्रि० स० और अ० १. धब्बा लगाना या डालना; २. मलिन करना; ३ (लेखनी, स्याही से) धब्बे डालना, दाग लगाना, ४ ऊटपटाँग लिखाई में भरना; ५. (मान, यश में) बट्टा लगना या लगाना, नाम बदनाम करना, कलंकित करना, यश मलिन करना, ६ सोख्ते से सुखाना। **~out** १ (लेख) मिटाना, पोंछना; २. उच्छेद करना, विलुप्त करना, ३ नष्ट करना। **blotter** स० १ स्याहीसोख सोख्ता; २ (इ० ३) शोषक*। **blottesque** (blot esk') वि० और स० मोटे-मोटे धब्बों की चित्रकारी। **blotting-paper** सोख्ता, स्याही सोख, स्याही-चूस।

blot[2] (blot) [etym doubtful (prob. conn. with Dan *blot*, bare, naked)] सं० १ पंसि के तेल में बिना डोरवाला मछरा, २. (युद्ध-नीति आदि) निर्बल पक्ष, कमजोर पहलू।

blotch (bloch) [prob. from BLOT[1]] सं० १. थापड़, दद्दोरा, सूजन, २ व्रण, स्फोट, छाला, फली, फुंसिया; ३ धब्बा, स्याही या रंग का पुचारा; ४ दाग* (वि० १ भी)। **blotched (-chat), blotchy** वि० १ सूजा हुआ, २ फोड़ेदार; ३ धब्बेदार।

blotto (blot' ō) वि० (ग्रा०) शराब के नशे में चूर, पिये हुए, मदोन्मत्त, मदहोश।

blouse (blouz) [F. (etym. unknown)] सं० १ ब्लाउज, (विशे० फ्रांसीसी) कारीगरों का कुरता जिस पर पेटी बाँधते हैं; २ स्त्रियों की ढीली हल्की कुरती जिसके नीचे कमर पर पेटी बाँधी जाती है।

blow[1] (blō) [A.-S. *blāwan* (cp. O.H.G. *blāhan*, G. *blähen*, L. *flāre*) क्रि० अ० और स० १. (वायु का) चलना, बहना; २. फूँकना, फूँक मारना, फूत्कार करना, दीर्घोच्छ्वास लेना; ३. (नली से) फूँक मार कर बुलबुले बना कर शीशे के पात्र बनाना; ४. (खेल

मछलियों का) फूंकार से हवा व पानी निकालना; ५. बिजली का फ्यूज उड़ाना, अधिक विद्युतप्रवाहित-प्रवाह से तार का गलना; ६. धौंकनी, धौंकनी से हवा देना; ७. आरंभ का बाजा बजाना; ८. सांस फूलना; ९. हवा भरना या निकालना; १०. फूंक से उड़ाना या उड़ना; १३. नाक साफ करना; १४. मक्के से उड़ा देना, बिस्कोट द्वारा उड़ा देना; १५. (प्रा०) धोखा देना, दग़ा देना, द्रोह करना १६. (मक्खियों का) अंडे देना; १७. (प्रा०) शाप देना; १८. क्रसम खाना; १९. (प्रा०) (रुपया-पैसा) फूंकना, उड़ाना। सं० १. प्रवाह, बहाव, शुद्ध वायु का झोंका; २. वंशी-वादन; ३. सिनकना, नाक साफ करना। **~great guns** तूफान आना, जोर की आंधी आना, प्रचंड झंझावात का प्रवाहित होना। **~hot and cold** इनमयाना, ढांवाडोल होना, हिचकिचाना, विचलित होना। **~in** १. हवा की तरह प्रवेश करना; २. सहसा आ पड़ना या आ कूदना। **~off steam** १. फालतू भाप को निकालना; २. फालतू शक्ति निकालना। **~one's own trumpet** अपना राग अलापना, अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना। **~out** १. टायर का बिस्फोट; २. (बिद्युत्) फ्यूज उड़ना; ३. झट कर लाया गया भोजन, अधिक भोजन। **~out one's brains** गोली मार देना, विशे० गोली मार कर आत्महत्या करना। **~over** १ शान्त होना, थमना; २ टल जाना, गुजर जाना, निकल जाना। **~the expenses** अधाधुध खर्च करना, अपव्यय करना। **~up** १. फुलाना, हवा भरना; २ (बिस्फोट से) उड़ाना, उड़ जाना; ३. फटकारना, धिक्कारना, भर्त्सना करना; ४ निंदा करना; ५. तिरस्कार करना। **~upon** झूठी-सच्ची उड़ाना, कठहेतु करना, बदनाम कराना। **~-ball** पीले फूल-वाले एक पौधे के बीजों का डोंडा या पोटा। **~-fly** मास-मक्खी। **~ hole** १. छूंछ के नथुने; २. बायुद्वार, सुरंग आदि से हवा या धुंआ निकलने का मार्ग। **~-lamp** एक स्थान पर गर्मी को एकत्र करने का लैम्प। **~ pipe** धौंकनी, फूंकनी, तीर नली। **blower** सं० १. धौंकनी* (आ० भी), फूंकनी; २. अंगीठी की झरनी के आगे का लोहे का तवा; ३. (कोयले की खान में) गैस का निकास-मार्ग, गैस निकालने का बड़ा छिद्र; ४. (इ० २, वि० १) आध्माता* / ब्लोअर*। **blowy** १. हवादार; २. तूफानी, आंधी का (मौसम या स्थान)।

blow[2] (blō) [A.S. *blōwan* (O.H.G. *bluojan*, G. *blühen*, cp. L. *florēre*, soo also BLOOM*)] क्रि० अ० विकसित होना, फूल देना, फूल बनना, खूब फूलना, बहुत खिलना। स० १. निखारना; २. प्रफुल्लता, स्मितता; ३. पुष्पों का विकास, प्रस्फुटन; ४. बहार। **in full ~** फूलों की बहार।

blow[3] (blō) [etym. doubtful] सं० १. घूंसे, मुक्के, थप्पड़ आदि की मार; २ प्रहार, आघात* (वि० १ भी), अभिघात, थपेड़ा; ३. विपत्ति, निर्धनि; ४. धक्का। **to come to, exchange blows** लड़ना, हाथापाई करना। **at one ~**एक बार में, एक बार में। **strike a ~for or against** किसी के समर्थन या विरोध में लड़ना, सहायता करना, विरोध करना।

blowzed, blowzy (Conn. with BLUSH) वि० १. लाल चेहरे-वाला; २. भद्दा, बदी शक्लवाला; ३. बिखरे हुए बालोंवाला।

blub (blŭb) [short for BLUBBER] क्रि० अ० (प्रा०) रोना, आंसू बहाना, रुदन करना, टिसुवे बहाना।

blubber (blŭb'ér) [prob. imit. in origin (cp. BABBLE, BLEB, BUBBLE)] सं० १. छूंछ की चर्बी; २. जेली-फिश (नाविकों का दिया हुआ नाम); ३. रोदन, रुदन, रोना; ४. (वि० १) तिमिवसा*। वि० १. सूजे हुए, फूले हुए, बाहर की ओर निकले हुए (ओंठ)। क्रि० स० और अ० १. सिसकना, सिसकियां भरते हुए या सिसकते हुए रोना, चिल्ला कर रोना, चीत्कार करना; २. (अधिक रोने से) मुंह भींग जाना, कुरूप होना, विरूप होना, सूज जाना।

Blucher (bloo' kér, bloo' chér) [from the Prussian, Field-Marshal von *Blücher* (1742-1819)] सं० (बहु व०) लंबकड़ें, पुराने नमूने के जूते।

bludgeon (blŭj' ŏn) [etym. doubtful] सं० १. सोटा, डंडा; २. मुंगरी, गदा। क्रि० स० १. बार-बार सोटे से मारना; २. सोटे से बार-बार पीटना या प्रहार करना, ठोकना।

blue (bloo) [O F. *bleu* (O.H.G. *blāo*, G. *blau*, O. Teut. *blewwe*, cp. L. *flāvus*, yellow)] वि० १. नील, श्याम, श्यामवर्ण, नीला* (वि० १ भी), आसमानी, आकाश या समुद्र के रंग का घूमिल अथवा अधिक गहरे काले रंग की वस्तुओं का भी, जैसे धुंआ, दूरस्थ पहाड़ियां आदि); २. किसी विशिष्ट राजनैतिक दल का, प्रायः टोरी; ३. विद्युषी; ४. शिक्षित; ५. अशिष्ट, बदलील (बातें); ६. (आ० ब्लू*। सं० १. नीला रंग; २.नील जो धोबी प्रयोग करते हैं; ३.नीला कपड़ा आदि; ४. आकाश; ५. समुद्र; ६. (बहु व०) रायल हॉर्स गार्ड (राजकीय रक्षक—घुड़सवार); ७. किसी राजनैतिक दल का चिह्न या सदस्य; ८. विश्वविद्यालय की टीम का खिलाड़ी; ९. वह बिल्ला जो ऐसे खिलाड़ी को दिया गया हो। क्रि० स० १. नीला करना, नीला रंगना, नील वर्ण का करना; २.नील देना, नील लगाना; ३. (प्रा०) रुपया-पैसा फूंकना, उड़ाना। **Cambridge~** हल्का नीला रंग (कैम्ब्रिज के खिलाड़ी का) **drink till all is~** पीकर धुत्त हो जाना, पीकर बेहोश होना, अत्यधिक पी जाना। **look~** निढाल या उदास दिखाई पड़ना, पस्त नज़र आना। **once in a~moon** यदाकदा, छठे-छमासे, भूले-भटके, कभी-कभी, कभी-कभार। **Oxford~**गहरा नीला रंग (ऑक्सफोर्ड के खिलाड़ी का)। **the~ (squadoon)** ब्रिटेन की जल-सेना की एक डिवीजन। **the dark~**ऑक्सफोर्ड के खिलाड़ी। **the light~**कैम्ब्रिज के खिलाड़ी। **true~** स्वाभिभक्त, विश्वासपात्र। **~bell** (स्कॉटलैंड और उत्तरी इंग्लैंड) गर्मी और पतझड़ में होनेवाले हल्के नीले रंग के फूल, (दक्षिणी इंग्लैंड) नम स्थानों का बसंत में खिलनेवाला सफेद या नीले रंग का जंगली गोभेद। **~blood** कुलीनता, आभिजात्य* (आ० ३ भी), उच्च-वंशोत्पत्ति। **~book** १. संसद या प्रिवी कौंसिल की रिपोर्ट; २. अमरीका के सरकारी अधिकारियों का व्यक्तिगत वृत्तात; ३. किसी सरकारी विभाग या राजनीतिक संगठन द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट। **~-bottle** १.नीला फूल; २. मासमक्खी। **~chip** (स्टॉक एक्सचेंज, शेयर संबंधी) पर्याप्त रूप से विश्वसनीय पूंजी निवेश या व्यापार मे लगी पूंजी जिसके धन-विनियोग की पर्याप्तता पर विश्वास किया जा सके (यह न्यासकार की संरक्षता में किए गए धन-विनियोग से कम सुरक्षित रहता है)। **~-coat boy** धर्माध्य विद्यालय का छात्र। **~devils** १. उदासी, उदासीनता, श्मशीनी; २. विषाद, खिन्नता, अवसाद, उद्वेग; ३. मनोमालिन्य। **~funk** भारी डर, घोर आतंक, अत्यधिक भय। **~gum** १. सफेदे के प्रकार का एक वृक्ष; यूकेलिप्टस* (वि०१भी)। **~-jacket** नौसेना का सैनिक। **~laws** (अमरीकी) उपविधि। **~Mantle** कालेज ऑफ आर्म्स के चार चोबदारों में से एक। **~mould** कुछ पनीरों पर की फफूंद, फफूंदी। **~murder** (बोल०) झटपट, द्रुतगति से। **~nose** (बोल०) नोवास्कोशिया का। **~pencil** क्रि० स० सुधारना, जांचना, नीली

पेंसिल से चिह्न लगाना, अंगुलियाँ दिखाना। ~Peter सफ़ेद वर्ण-वाला नीला झंडा जो जहाज चलाने के पूर्व फहराया जाता है। ~pill पारे की और पित्त रोगनाशक गोलियाँ। ~print १. इंजीनियरी या दूसरी योजनाओं की अंतिम अवस्था वहत करने-वाला मुद्रित लेख, नक्शा, खाका; २. (ला०) योजना, व्यवस्था; ३. पूरा खाका, अंतिम रूप-रेखा; ४. (इ० २) ब्लू प्रिंट*; ५. (मा० १) रूप-रेखा* / नीला नक्शा*। ~ribbon १. गार्टर का फ़ीता, नाइट की पदवी का चिह्न-विशेष; २. सर्वोच्च सम्मान; ३. मादक पदार्थों का बहिष्कार करनेवालों का चिह्न। ~rock एक प्रकार का कछुवर। ~ruin घटिया जिन (gin) शराब। ~stocking बिदुषी, साहित्यिक रुचि की और अध्ययनशीला स्त्री। ~stone नीला घोया, तूतिया। ~water समुद्र, विस्तृत सागर, मिस्थ। ~water school युद्ध-नीतिज्ञ जो नौसेना को ब्रिटेन की रक्षा के लिए पर्याप्त समझते हैं। the Blues or ~trot एक प्रकार का नृत्य। the Bluebeard सं० १ अनेक पत्नियों का पति, २ स्त्रीघाती नायक (एक प्रसिद्ध कथा का नायक, जिसने अपनी पत्नियों की हत्या करके उनके शवों को एक बंद कमरे में लटका रखा था)। bluish वि० नीलाभ* (वि० १ भी), नीला-सा, आनील। blueness सं० नीलापन, नीलिमा।

bluff[1] (blŭf) [Naut., etym. doubtful (cp. M. Dut. *blaf*, flat broad)] वि० १ सामने के सीधे चौड़े भागवाला (जहाज के अग्रभाग और चट्टान के लिए); २ उद्दवाज; ३ स्पष्ट वाली, ४. बेनकल्लुफ़, अक्खड़, ५. सरल, निष्कपट, साफ़, शुद्ध अनुकरणवाला, ६ रूखा, पन्थ, उग्र; ७ (वि० १) वक्ष० सं० गोधाग्र, शीर्ष-देश, जिसका सामने का भाग खड़ा और विस्तृत हो। bluffly क्रि० वि० १. चौड़े घुमाव के साथ; २ स्पष्टवादिता से; ३ सरलता से; ४. अक्खड़पन से। bluffness सं० १. जहाज़ या चट्टान का घुमाव, घुमाव, २ सरलता, ३ स्पष्ट-वादिता, अक्खड़पन।

bluff[2] (blŭf) [etym. unknown] सं० १. घोड़े के आँखों की पट्टी; २. ताश का एक खेल, ब्लफ़; ३. ताश के खेल में बहकाने की क्रिया; ४ धौंस, धपकी, दबाव, आधिपत्य-सूचक आचरण, ५. गीदड़-भभकी, खाली-धमकी, धोखा, झाँसा। क्रि० स० और अ० १. (ताश के एक खेल में) अनुचित प्रभाव डाल कर विरोधी को पत्ते फेंकने को बाध्य करना; २. राजनैतिक विरोधियों, प्रतिद्वंदियों या विदेशी शक्तियों आदि के साथ दबाव डालने की नीति अपनाना, इस प्रकार का व्यवहार करना; ३ धमकाना, धौंस जमाना, धुड़की देना, गीदड़ भभकी देना, झाँसा देना।

blunder (blŭn' der) [etym. doubtful] क्रि० स० और अ० १ अंधाधुंध चलना, बिना देखे चलना, गिरते-पड़ते जाना, ठोकरें खाते हुए चलना; २. लड़खड़ाना; ३. ठोकना; ४. भारी गलती करना, भयंकर भूल करना, प्रमाद करना; ५. (व्यवसायादि का) कुप्रबंध करना; ६. (व्यापार) चौपट करना, ७ बिगाड़ देना। सं० १ भारी भूल, गलती, चूक; २. प्रमाद; ३ दोष। ~away १ संयोग से मिल जाना; २ आकस्मिक सफलता आदि पाना। ~out बक देना, बिना सोचे-समझे कह बैठना। ~upon कुप्रबन्ध द्वारा चौपट करना, नष्ट करना। blunderer सं० १ प्रमादी, भारी भूल करनेवाला, २ ठोकर खानेवाला। blunderhead सं० दे० DUNDERHEAD। blunderingly क्रि० वि० १ भूल से, सप्रमाद; २. कुप्रबंध से।

blunderbuss (blŭn' der bŭs) [Dut. *donderbus*, thunder-gun] सं० पुराने ढंग की चौड़े मुँहवाली छोटी बन्दूक।

blunge (blŭnj) [prob. onomat.] क्रि० स० (चीनी मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए) मशीन से गारा या मसाला मिलाना या बनाना।

blunt (blŭnt) [etym doubtful] वि० १. स्थूल, अविवर्ध, मद, कुंद, मुड़; २. कठोर, भावहीन, निष्ठुर; ३. रूक्ष, रूखा, कड़ा, कर्कश; ४. भोंथरा, कुंठित, कुंद, धारहीन, अतीक्ष्ण, खुटहा; ५. स्पष्टवादी, स्पष्टवक्ता; ६ (आ०) अकर्तक* सं० १. छोटी-मोटी सुई; २. (आ०) नामा, नक़दी, नक़द धन; ३. सुँहफट, खरीखरी कहनेवाला। क्रि० स० १. कुंठित करना; २. खुंडा करना, खुटहल करना; ३. भावुकता घटाना, चेतनता कम करना; ४ सुग्राहिता घटाना। bluntish वि० १. मंद सा; २. कुंठित-सा; ३ जरा रूखा, स्पष्टवादी। bluntly क्रि० वि० १. मोटे ढंग से (बना हुआ); २. घृष्टता से, अशिष्टता से, उजड्डता से, रूखेपन से; ३. दो-टूक; ४. संक्षेपतः। bluntness सं० १ कुंठा, खुंडापन, खुटहलपन, भोंथरापन, २. स्पष्टवादिता।

blur (blĕr) [etym. dubtful] सं० १. स्याही आदि का धब्बा, दाग, २. धुंधलापन, अस्पष्टता, ३. कलंक, मल, दूषण। क्रि० स० और अ० १. (स्पष्ट लेख आदि पर) स्याही आदि से धब्बे डालना, लेखना, पोतना, मलिन करना; २ गंदा करना, मैला करना, दूषित करना; ३ बदशक्ल करना, बदसूरत करना, कुरूप करना, विरूप या विकृत करना, ४ धुँधला करना, अस्पष्ट बनाना; ५. मिटाना, पोंछना; ६ मन्द करना (बोध आदि)।

blurb (blĕrb) [etym. unknown] सं० १ पुस्तक के कवर पर या अन्यत्र विज्ञापनों में मुद्रित प्रकाशक द्वारा पुस्तक की प्रशंसा, प्रशस्ति, २ अभिनंदन।

blurt (blĕrt) [prob. an imitative word] क्रि० स० १ फट पड़ना, फूट पड़ना, २ बिना सोचे कह देना, कह बैठना, कह डालना, ३ अनजाने बोल पड़ना, बोल उठना, बक देना, बोल देना।

blush (blŭsh) [A.-S. *āblisian* (cp. Dut. *blozen*, to blush, Dan. *blus*, a blaze, a torch, A.-S. *bæl-blys*, a fire-blaze)] क्रि० अ० १ (दृष्टि या शब्द में, प्रकलज्जा, लज्जा या किसी अन्य कारण से) मुख पर लाली आ जाना, लज्जा से गाल लाल हो जाना; २ झेंपना, शरमाना, लजाना, नकुचाना, लज्जा करना, लज्जा से मुँह नीचा कर लेना; ३ लाल होना, गलाबी होना। सं० १ दृष्टि, नज़र, २ झाँकी, झलक; ३ लाज, झेंप, शर्म से चेहरे पर लाली आ जाना, लज्जा से मुख का लाल होना, लज्जा से उद्भत भुवाराणिमा; ४. लालिमा, रक्तिमा, रक्तिमाभा; ५ प्रभा, दीप्ति। at the first ~ १. पहली झलक में; २ देखते ही। put to the ~ १ लज्जित करना, लजाना, शरमाना, झेंपना। ~pink, ~rosy लाल, गुलाबी। blushingly क्रि० वि० १. लजा कर, लज्जापूर्वक; २. झेंपते या शरमाते हुए।

bluster (blŭs' ter) [onomat'; cp. BLAST] क्रि० स० और अ० १ (वायु, लहरों, व्यक्तियों का) प्रबल होना, तूफान या झंझावात आना; २ गरजना, हंगामा मचाना, तुमुल कोलाहल करना या होना; ३. घड़कना, धमकाना, अभिमान या अक्खड़पन से बोलना; ४ लाल-पीला होना, गुस्सा झाड़ना; ५. झड़कना, भभकना, अकड़ना, धौंस जमाना। सं० १. अंधड़, आँधी, ज़ोर का या प्रबल झोंका; २. गरजना (बातचीत में), गर्वोक्ति, अभिमानपूर्ण वचन; ३. घुड़की, धमकी, ४. तर्जन। blusterer सं० १. दर्बाव, अक्खड़; २. कोलहलकारी; ३. दम्भी। blusteringly क्रि० वि० १. कोलाहल-पूर्वक; २. कलह से। blusterous, blustery वि० १. प्रचंड, प्रबल; २. अभिमानी, दम्भी; ३. दर्पपूर्ण।

bo, boh (bō) [imit.] विस्म० बो, बोह, दूसरों को चौंकाने या डराने के लिए प्रयुक्त शब्दोच्चारण। सं० सखी, साथी, पुराना मित्र (इनके पुकारने या अभिवादन का शब्द)। **Can't say ~to a goose** बड़ा भीरु है, बड़ा डरपोक है।

Boa (bō' ā) [L. (etym. unknown)] सं० १. अजगर, शिकार को दबोच कर मारनेवाला एक प्रकार का बड़ा विषहीन सर्प; २. (स्त्रियों का) रोएँदार खाल या परों का गुलूबंद। **boa constrictor** साधारण का अजगर।

boanerges (bō ā nēr' jēz) [Gr., from Heb. *b'ney regesh*, sons of thunder (Mark iii. 17)] सं० उच्च स्वर में उपदेश देनेवाला या भाषण देनेवाला।

boar (bōr) [A.-S. *bār* (cp. Dut. *beer*, Gr. *brā*)] सं० १. बधिया न किया गया नर-शूकर, बराह, सूअर; २. शूकर-मांस, सुअर का गोश्त। **boar's head** सुअर का पूरा सिर जो बड़े दिन या किसी त्योहार के अवसर पर पकाया जाता है।

board (bōrd) [A.-S. *bord*, board, plank, table (cp. Dut. *boord*, M.H.G. and G. *bort*, Icel. *borth*); *bord*, in the sense of border, rim, ship's side, appears to be a distinct word which was early associated; and at later periods the F. *bord* (from Teut.) influenced the development of meaning] सं० १ (लकड़ी का) फट्टा, पट्टा, पट्ट* (मा० २ भी),पटरी, पटरा (कम से कम १० से० मी० चौड़ा और ५ मे० मी० मोटा); २. (नोटिस आदि लगाने में प्रयुक्त) बोर्ड* (इ० २ भी), पाटा, काठ का तख्ता* (इ० ३ भी); ३. (बहु व०) रंगमंच; ४ गत्ता, दफ्ती; ५. (विशिष्ट प्रयोग में) मेज; ६ दस्तरख्वान, ७. भोजन, खाना; ८ सभागार, सभा की मेज; ९. मंत्रिमंडल, पार्षद; १०. बोर्ड*, परिषद*, मंडल* (प्र०, मा० १ भी), मण्डली, समिति; ११. जहाज का पार्श्व, १२ पाल बाँधने का रस्सा, १३. (इ० ३) फलक*। क्रि० स० और अ० १. फट्टा या तख्ते से ढँक देना, पाट देना; २. निश्चित दर पर भोजन प्राप्त करना या देना; ३. चिकित्सक समिति के समक्ष परीक्षा करना, ४ जहाज का बराबर आना (बहुधा आक्रमण के विचार से); ५ जहाज की राह बदलना; ६ गाड़ी या जहाज पर सवार होना, ७ पाल के रस्से बाँधना। **bed and ~** वैवाहिक संबंध। **go by the ~** १. मस्तूल आदि का डेक पर गिर पड़ना; २. गिर जाना; ३. असफल होना। **groaning~**प्रचुर भोजन, डेरों भोजन। **on ~**१. जहाज पर, पोत पर २. नाव पर। **on the boards** बेतन पानेवाला) अभिनेता। **sweep the~** (खेल में) सब कुछ जीत लेना। **~of Trade** ब्रिटेन का व्यापार-विभाग या मंत्रालय। **~money, ~wages** १. भोजन के बदले मिलनेवाला वेतन; २ भोजन-वृत्ति। **~out** अदस्थ या अशक्त होने पर सेना से (किसी व्यक्ति का) पृथक् किया जाना। **~school** किसी बोर्ड या परिषद द्वारा संचालित विद्यालय। **~with** किसी के घर पैसा देकर भोजन प्राप्त करना। **boarder** सं० १. किसी के यहाँ रुपये देकर रहनेवाला व्यक्ति जो खाना भी वहीं खाता हो; छात्रावास में रहनेवाला विद्यार्थी। **boarding** सं० (क्रियापद अर्थों में) तख्तों की जड़ाई, तख्ते लगाना। (इ० ३) तख्ताबंदी*। **~house, ~school** जिसमें व्यक्ति या विद्यार्थी शुल्क देकर रहते और भोजन करते हैं। **~out** क्रि० अ० घर के अतिरिक्त कहीं और भोजन करना। क्रि० स० (निराश्रित बच्चों को) परिवारों में रखना। **~ship** पिंडित वस्तुओं के लिए तटस्थ देश के जहाजों की तलाशी लेना।

boast (bōst) [etym. doubtful] सं० १ बड़ाई, आत्मश्लाघा, आत्म-स्तुति; २. डींग, शेखी; ३. घमंड, गर्व, अहंकार; ४. गर्वोक्ति, दर्पोक्ति; ५. (मा० २) विकत्थन*। क्रि० अ० और स० १. डींग मारना, डींग हाँकना, शेखी बघारना, लम्बी-चौड़ी हाँकना; २. आत्मश्लाघा करना, अभिमान करना, किसी वस्तु पर गर्व करना, दर्प करना। **make~of** डींग मारना, गर्व के साथ करना। **boaster** आत्मश्लाघी, डींग हाँकनेवाला। **boastful** वि० १. शेखी-खोर; २ घमंडी, गर्वीला। **boastfully** क्रि० वि० १. आत्मश्लाघा से, शेखी में; २ गर्वपूर्वक, मदपूर्ण। **boastfulness** सं० १. डींग, शेखी; २. आत्मश्लाघा; ३. गर्व, दर्प।

boat (bōt) [A.-S. *bāt*; etym. obscure, prob. from Teut. (whence Icel. *bātr* Dut. *boot*, and perh. F. *bateau*, etc.)] सं० १ जलयान, तरणी, नौका* (वि० १ भी), नाव, किश्ती, तरी; २. मछली पकड़नेवाली नाव; ३. डाक की नौका; ४ स्टीमर, छोटा जहाज, ५. चटनी आदि रखने का किश्तीनुमा बरतन। क्रि० अ० और स० १. नाव चलाना, २. नौका-विहार करना; ३. नाव में रखना या ले जाना। **have oar in every one's~** हरएक के कार्य में हस्तक्षेप करना। **in the same~** एक ही नाव पर; २. समान परिस्थिति में। **ship's~** जहाज पर ले जायी जानेवाली नावें। **take~** नाव में बैठना। **~-bill** दक्षिणी अमरीका का उकाब। **~ fly** पानी में पीठ के बल तैरनेवाला कीड़ा। **~-hook** कंटिदार लग्गी, काँटा और कील लगा हुआ बड़ा बाँस। **~-house** नावघर, नौका-स्थान (नदी किनारे नाव के खड़े होने का स्थान)। **~-man** मल्लाह, माँझी, खेवट। **~-race** नावों का दौड़। **~swain** मुख्य नाविक, प्रधान नाविक। **~-train** रेलगाड़ी जो जहाज के चलने के समय पहुँचती हो। **boatage** सं० नाव-भाड़ा, नौका का भाड़ा। **boates** सं० (नौका-विहार के समय पहना जानेवाला) खूबर का टोप, टापिका। **boatful** सं० नाव भर।

bob[1] (bob) [etym. doubtful; prob. onomat.] सं० १ (घड़ी का) लटकन* (वि० १ भी); २ साहुल; ३. (पेतस की) पूँछ, पुछेला, झलझल; ४ (बालों का) जूड़ा, (~wig बनावटी बाल, विग) अश्व की आकृति के घुँघराले बाल, ५. घोड़े की कटी हुई पूंछ, छिन्न-पुच्छ, ६ केंचुओं का गुच्छा, एक विशेष प्रकार के सामुद्रिक या जमीन के कीड़ों का गुच्छा; ७ (छं०) छन्द के अन्त की छोटी पंक्ति; ८ (वि० १) गोलक* / गोला*; ९. झटका, हिलोरा, उछाल, १०. (स्त्रियों का किसी को घुटने टेका कर) अभिवादन; ११ घंटे बजाने में स्वर-परिवर्तन; १२ (आ० (बहु०) शिलिंग। क्रि० अ० १. हिलकोरे लेना, हिलना, डोलना, उछलना, ऊपर-नीचे होना; २.झटकना, नाचना; ३. टक्कर खाकर पीछे आना, उलट कर आना; ४ पानी पर तैरते हुए या लटके हुए फलादि को मुँह से पकड़ना; ५. (स्त्रियों का घुटने झुकाकर किसी को) अभिवादन करना; ६ केंचुओं के गुच्छे का चारा लगाकर मछली पकड़ना। क्रि० स० १. (स्त्रियों के) बाल काट कर बाल काटना; २. खटखटाना, खड़खड़ाना, खटखट करना; ३. झटकना, झटका देना। **~up like a cork** हार के पश्चात् पुनः कार्यरत होना या फिर मैदान में आना। **pretty~** बहुत फुर्तीला, भला-चंगा। **~-sled, ~-sleigh** सं० बेपहिए का दोहरा ठेला। **~-tail** वि० १. छिन्नपुच्छ, कटी दुम; २. लड़ुरा, दुमकटा। सं० दुमकटा घोड़ा या कुत्ता। **tag rag and~-tail** १ तेली-तमोली, रमतूकत्, हजारी-बाजारी, धनी-जूलाहे; २. भीड़-भाड़; ३. उपद्रवी मनुष्यों का समूह। **bobbed hair** कान या कंधे के बराबर तक कटे हुए बाल। **bobbish** वि० १. (आ०) चपल, चंचल, फुर्तीला; २. भला-चंगा, अच्छा-भला, स्वस्थ।

bob[3] (bob) [prob. from *Robert*] सं० १. व्यक्ति; २. साथी।
dry-~ क्रिकेट खेलनेवाला (ईटन का विद्यार्थी)। **wet-~** नौका-विहार करनेवाला (ईटन का विद्यार्थी)। **light-~** पदाति सैनिक, पैदल सेना का सिपाही।

Bobadil (bob' ă dil) [character in Jonson's *Every Man in His Humour*] सं० आत्मश्लाघी, डींग मारनेवाला, शेखीबाज़।

bobbery (bob' ĕr i) [Hind. *bāp re* ! O father !] स० १. बाधा, विघ्न; २. दंगा, गड़बड़ी, फ़साद; ३. कोलाहल, हल्ला; ४. झगड़ा, मारपीट; ५. खलबली। वि० १. कोलाहलपूर्ण; २. कष्टप्रद, कष्टदायक; ३. बेसमझ, लड़कपन के काम करनेवाला; ४. चपल, चंचल; ५. कीड़ाशील, खिलाड़ी, खिलवाड़ करनेवाला। **~pack** शिकारी और अन्य जातियों के कुत्तों का झुंड, बहुधा वे कुत्ते जिन्हें गीदड़ के शिकार के लिए रखा जाता है।

bobbin (bob' in) [F. *bobine* (etym. unknown)] सं० १. रील, गट्ठर, चरखी, फिरकी* (क्रि० वि० १ भी); २. अरगल उठाने की छड़ डोरी; ३. (क्रि० वि० १) बाविन*। **bobbinet** सं० मशीन से बुनी हुई जाली की बेल या फीता।

bobby (bob' i) [from Sir *Robert* Peel, who introduced the new police 1828] सं० (ग्रा०) पुलिस का सिपाही।

bobby-sox सं०; बहुव० टखने तक के छोटे मोज़े। **bobby-soxer** सं० १. इस प्रकार के मोज़े पहननेवाली लड़की; २. (प्राय: हीन भाव से) अल्पवयस्क लड़की या किशोरी जो फ़िल्म अभिनेताओं (विशे० गायकों) का अनुकरण करती है।

bobcat सं० बाबकैट, बाबविल्ली, बिल्ली जैसा एक अमरीकी जानवर।

bobolink (bob' ŏ link) [earlier *Bob Lincoln* or *Bob o' Lincoln*, from the cry] सं० बाबलिंक, उत्तरी अमरीका की एक गानेवाली चिड़िया।

bobstay (bob' stā) [etym. unknown] सं० जहाज़ की अगली नोक को नीचे की ओर थामे रहनेवाली रस्सी।

bocardo सं० १. तर्कपूर्ण सूत्र; २. (ग्रा० २) बोचार्डो* दे०, BARBARA।

Boche (bosh) [F. slang] सं० और वि० (ग्रा०) (तिरस्कार में) जर्मन, जर्मनी का निवासी।

bock (bok) [a mistaken sense, from F., the G. *bock*, goat, used to describe a strong kind of beer, being taken for a measure] सं० १. बॉक, जर्मनी की गहरे रंग की जौ की शराब, जर्मन खब-सुरा; २. जौ की शराब का एक गिलास।

bode (bōd) [A.-S. *bodian*(*bod*, a message, *boda* a messenger). cp. Icel. *botha*, to announce] क्रि० स० और अ० १. शकुन बताना, शगुन होना, भविष्य बतलाना, पहले से (अपशकुन) सूचित करना; २. अच्छा या बुरा भविष्य होना। **bodeful** वि० कुलक्षण, कुलच्छन, सूचित अपशकुन या अशुभसूचक। **bodment**, सं० शकुन, भविष्यवाणी, भविष्य कथन। **bodingly** क्रि० वि० शकुन की दृष्टि से।

bodega (bō dē' gā) [Sp., from L. *apotheca*, Gr. *apothēkē*; see APOTHECARY] सं० शराब की दुकान या गोदाम।

bodice (bod' is) [orig. *pair of bodies*] सं० कंचुक, चोली, अंगिया, आंगी।

bodkin (bod' i kin) [etym. unknown] सं० १. सुआ, सूजा; २. बड़े छेदवाली मोटी सुई; ३. (बालों में) लगाने वाली सुई, बालपिन; ४. दो मनुष्यों के बीच में दबा हुआ व्यक्ति।

Bodleian (bod lē' ăn, bod' li ăn) [Sir Thomas *Bodley* (1545-1613)] वि० १. बॉडलियन (पुस्तकालय)। सं० ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय का सर टामस बाडले द्वारा संस्थापित पुस्तकालय।

body (bod' i)सं० १. शरीर*, देह* (आ०, मा० २, वि० १ भी), काया, तन, बदन; २. लाश, शव, मुर्दा; ३. ढाँचा, धड़, तना, मुख्य भाग; ४. (प्रसंगानुसार) जहाज़ का अग्रभाग या पेटा; ५. (प्रावहना को छोड़) मुख्य प्रलेख या दस्तावेज़; ६. आदमी, व्यक्ति, लोग; ७. निकाय*/ मंडल*/ सभा* (मा० १ भी), मंडली, मजलिस, जत्था, झुंड, वृन्द; ८. उपदेश-संग्रह, नीति-संग्रह, सूचना-संग्रह आदि; ९. पिंड* (आ०, इ० ३, वि० १ भी); १०. (आ०) काण्ड*/ ब.डी*; ११. (वि० १) कार्य*। क्रि० स० १. आकार देना, मूर्त बनाना, सशरीर बनाना (विरल); २. (प्राय: forth के साथ) मानसिक आकार देना, कल्पना में लाना; ३. बाह्य आकार देकर प्रदर्शित करना; ४. नक़ल दिखाना, प्रतिरूप दिखाना; ५. चिह्न द्वारा व्यक्त करना। **full-~** भरे-पूरे शरीरवाला। **heavenly-~** चाँद, सूरज और तारे। **in a-~** इकट्ठा, सब मिलकर। **keep-~and soul together** जीवित रहना, ज़िन्दा रहना। **wine of good-~** बढ़िया शराब। **~colour** अपारदर्शी। **~fear** शारीरिक हानि का भय। **~guard** अंगरक्षक* (मा० १ भी)। **~of christ** १. पवित्र रोटी; २. (धार्मिक) संस्कार संबंधी रोटी। **~politic** राज-संगठन, सारा समाज, मुल्क के तमाम लोग, सारा देश। **~servant** निजी नौकर। **~snatcher** मुर्दा-चोर, मुर्दे को क़ब्र से निकाल कर चीरफाड़ के लिए बेचनेवाला व्यक्ति। **bodied** वि० १. शरीर-धारी, शरीरवाला, शरीरयुक्त; २. मूर्त, साकार, विशे० संयुक्त रूप में (जैसे able-~ स्वस्थ व्यक्ति)। **bodiless** वि० १. निराकार, अमूर्त. अशरीरी; २. शरीर से पृथक्। **bodily** वि० शारीरिक, जिस्मानी, शरीर संबंधी, देह संबंधी। क्रि० वि० १. सदेह, सशरीर; २. बिल्कुल, पूरे का पूरा, सम्पूर्णता, सांगोपांग; ३. सम्पूर्ण शरीर से।

Boeotian (bē ō' shi ăn, -shăn) [*Boeotia*, a district of ancient Greece, the inhabitants of which were proverbially stupid] वि० और सं० १. अत्यत मूर्ख, निहायत बेवक़ूफ़, बिल्कुल बुद्धू; २. मंद, सुस्त (व्यक्ति)।

Boer (bō' er) [Dut. *boer*, countryman, tarmer (see BOOR)] सं० और वि० १. डच (हालैंड-निवासी) या डच वंशीय; २. दक्षिणी अफ़्रीका-निवासी; ३. (वि० १) बूर*।

bofors सं० (~gun.) हल्की विमाननाशक तोप।

bowl[1] (bōl) [S.-S. *bolla*, Teut. stem *bul-*, to swell] सं० १. पात्र, भाजन, एक प्रकार का बर्तन, २ कटोरा* (मा० १ भी), चषक, प्याला; ३. तम्बाकू के पाइप, चम्मच आदि का आगे का कटोरी जैसा भाग। **the~** मद्यपान, शराब पीना, **~ful** प्याला भर।

bowl[2] (bōl) [F. *boule*, L. *bulla*, a bubble]सं० १. गुल्लिका, लकड़ी का गेंद जो दोनों तरफ़ चपटा और एक तरफ़ थोड़ा भारी हो जिससे वह टेढ़ा चले; २ स्किटल खेल का किनारों पर चिपटा हुआ गेंद; ३. (बहुव०) बाउल, इस गेंद से खेला जानेवाला खेल; ४. (बोल०) स्किटल नाम का खेल। क्रि० स० और अ० १. स (दे० bowl[2])

गेंद का खेल खेलना; २. गेंद को जमीन पर लुढ़काना; ३. कलाबाजी खाते हुए या पहिए पर चलना; ४. (क्रिकेट) गेंद फेंकना, विकेट पर गेंद की ठोकर लगाना, आउट करना। **~lover** १ शिरा वेना, (डा०) उलट-पुलट करना; २. असहाय बना देना। **~along** (पैदल या सवारी में) तेज जाना। **bowler**[1] सं० क्रिकेट में गेंद फेंकनेवाला। **bowler**[2] सं० दे० BILLYCOCK। **bowling** सं० (क्रियागत अर्थों में) (क्रिकेट) गेंद फेंकना। **~alley** स्किटल खेलने का लम्बा अहाता। **~crease** वह रेखा जिसके पीछे से क्रिकेट का गेंद फेंका जाता है। **~green** गेंद खेलने का घास से भरा मैदान।

bowman सं० (बहु व० **-men**) दे० BOW[1] और BOW[2]।

Bow-street (bō' street) सं० और वि० बोस्ट्रीट, लंदन में कवेन्ट गार्डन के पास की सड़क जिस पर लंदन की कोतवाली स्थित है। **~officer, ~runner** पुलिस-अधिकारियों के पुराने नाम।

bow wow (bou' wou) [imit.], वि० और सं० १. कुत्ते का भौंकना; २. उसका अनकरण, ३ (बच्चों की भाषा में) कुत्ता। **the bow-wow style** बातचीत करने या लिखने की हठपूर्ण शैली।

box[1] (boks) [A.-S. *box*. L. *buxus*, Gr. *puxos*] सं० १ बॉक्स, एक प्रकार की हरी झाड़ी (विशे० जिसमें गहरी हरी चिमड़ी पत्तियाँ हों), जो प्रायः उद्यानों के किनारे लगाई जाती है। **Bastard~** इस झाड़ी की लकड़ी जिसे बढ़ई और नकाशिए काम में लाते हैं।

box[2] (boks) [from prec.] सं० (काठ, गत्ते या धातु का) बॉक्स* (क्रि० भी), पेटिका, पिटक, मंजूषा, पिटारा, डिब्बा, पेटी* (इं० २ भी); २ चालक के बैठने की जगह; ३. बॉक्स, नाटकघर में अलग बैठने की जगह; ४ रेलगाड़ी में घोड़ों के लिए डिब्बा; ५. संतरी या मिगनलवाले की झोंपड़ी; ६. कई यत्रों की रक्षा के लिए उन्हें ढकनेवाला बॉक्स, (क्रि०) धानी*। क्रि० स० १. सन्दूक में रखना या डालना; २. सन्दूक देना; ३. कचहरी में कागजात दाखिल करना; ४ दूसरे डिब्बों या खानों में अलग करना। **~barrage** दे० BARRAGE। **fishing or shooting~** देहात में शिकार अथवा मछली पकड़ने के लिए जाने पर अस्थायी रूप से ठहरने की झोपड़ी। **in the same~** १. एक ही मुसीबत या स्थिति में; २. एक ही स्थिति में। **in the wrong~** बुरी हालत में, विपन्न स्थिति में। **witness~** गवाह का कटघरा। **~bed** १. ऐसा बिस्तर या पलंग, जिसकी छत लकड़ी की हो और किनारों पर लिपकने-वाली लकड़ी की पट्टियाँ लगी हों; २. वह पलंग जो मोड़ कर बक्स की तरह बन्द हो जाता हो। **~cloth** ऊन के जैसा घना बुना हुआ कपड़ा। **~ car** गाड़ी चलाने के समय पहना जानेवाला भारी लबादा। **~drain** चौकोर मोरी। **~iron** खोलदी इम्दी (लोहा करने की) जिसमें हीटर रखने का स्थान होता है। **~keeper** नाटकघरों में बॉक्स श्रेणी पर काम करनेवाला। **~kite** एक प्रकार की वैज्ञानिक पतग जिसमें दो वर्गाकार संदूकचे समानान्तर लगे हों। **~office** (नाटकघर का) टिकट-घर। **~pleat** कपड़े की दोहरी तह। **~spanner** मारनोल, डिबरी खोलने या कसने का कल्ला। **~up** ठूँसना, भरना, दबाना। **~up the watch** (ग्रा०) संतरी को उसकी झोंपड़ी में गिरा देना। **~the compass** १. (नौ० वि०) ठीक क्रम में दिग्-सूचक के संकेतों को दुहराना; २. (ला०) राजनीति या तर्क में बात पलट कर जहाँ के तहाँ पहुँच जाना। **boxer**[1] सं० बक्स में रखने या बंद करनेवाला। **to~haul** क्रि० अ० (स्थानाभाव के कारण) जहाज को अपने पठान (पेंदे) पर घुमाना। **Boxing-day** सं० क्रिसमस के बाद का पहला सप्ताह-दिन, जिसमें क्रिसमस के उपहार-रूप बक्से दिए जाते हैं।

box[3] (boks) [etym. doubtful (perh. imit.)] सं० घूँसा, मुक्का, थप्पड़, चाँटा (कान पर)। क्रि० स० और अ० १. किसी के कान पर घूँसा मारना; २. घूँसेबाजी करना, मुक्केबाजी करना। **boxer**[2] सं० घूँसेबाज; २. विदेश-विरोधी चीनी गुप्त दल का सदस्य। **boxing gloves** घूँसेबाजी में पहनने के गद्दीदार दस्ताने। **boxing weights** घूँसेबाजी के वजन। [—Heavy weight १२ स्टोन, ६ पौंड से ऊपर। Light Heavy w. (or crush) १२ स्टोन, ६ पौंड। Middle w. ११ स्टोन, ६ पौंड। Welter w. १० स्टोन, ७ पौंड (अमरीका में १४५ पौंड या कम)। Light w. ९ स्टोन, ९ पौंड। Feath.er w. ९ स्टोन। Bantam w. ८ स्टोन, ६ पौंड। Fly w. ८ स्टोन।]

box and cox सं० दो व्यक्ति (जो बारी-बारी से एक ही पात्र का अभिनय करते हैं) जो कभी इकट्ठा नहीं होते और कभी एक समय घर पर नहीं होते।

box calf सं० बछड़े का कमाया हुआ दानेदार पीला चमड़ा।

boy (boi) [etym. doubtful; perh. from E. Fris. *boi*, young gentleman (cp. Dut. *boef*, knave, M.H.G. *buobe* G. *bube*)] सं० १. बाल* / बाँय* (प्र० भी), लड़का, छोकरा, लौंडा; २. किशोर, तरुण; ३. वह व्यक्ति जिसमें बचपना बहुत हो; ४ नौकर, गुलाम; ५. बैरा; ६. देशी मजदूर; ७. अधीन देशों का पुरुष, ८. मित्रता में पुकारने के शब्द (जैसे old~, my~ आदि)। **~friend** युवक मित्र। **~ hood** कौमार्य, शैशव, बाल्यकाल, बाल-पन, बचपन, किशोरावस्था, लड़कपन। **~husband** बालक पति। **~scout** बालचर। **boy's love** इंग्लैंड में दक्षिणी वन। **boyish** सं० १ बचकाना, बाल-सुलभ; २ बच्चे की भाँति उमग भरा; ३. छोटा, तुच्छ। **boyishly** क्रि० वि० बचकाने ढग से। **boyishness** सं० बचकानापन, बचपना।

boycott (boi' kot) [first used in 1880 to describe the action of the Land League towards Capt. Boycott, an Irish landlord] क्रि० स० १ (किसी व्यक्ति, वर्ग या राष्ट्र को) सामाजिक अथवा व्यापारिक संबंध न रखकर दण्डित करना, बहिष्कार करना, बॉयकाट करना; २. इस उद्देश्य से माल का लेन-देन न करना। सं० बहिष्कार* / बॉयकाट* (मा० २, ३ भी)।

brabble (brăbl) [etym. doubtful; prob. imit. (cp. Dut *brabbelen* to stammer, jabbers] क्रि० अ० और सं० (प्रा०) कलह करना, झगड़ा करना।

brace (brās) [O.F. *brace*, *brasse*, L. *brāchia*, the arms, Gr. *brachiōn*, the arm] स० १. बंध, चर्मबंध, बँधनी* (क्रि० भी), कमानी, धनुकोष्ठक*/ धनुर्बन्धनी* (वि० १ भी), बंद, कसनी, ननी, पट्टी; २ (बहुव०) पतलून को बाँधने की गेलिस; ३. गाड़ी के ढाँचे को कमानी से जोड़नेवाला पट्टा; ४. छापे में जोड़ने का चिह्न; ५. युग, युग्म, युगलद्वय, ६. मकान को सुदृढ करने के लिए लगाई गई लकड़ी या धातु की आड़; ७. (ग्रा०) बर्मा* / ब्रेस*; ८. बंधन* (इं० ३ भी); ९. (इं० ३) हाथ-बरमा*। क्रि० स० १. कमकर बाँधना, तानना, जकड़ना; २. टिका देना, आड़ लगाना, सहारा देना; ३. दो को साथ बाँधना; ४. (नौ० वि०) पाल को रस्सी से घुमाना। **to splice the main~** शराब पीना, मद्यपान करना। **~and bit** १. बरमा; २. (नौ० वि०) पाल को ताने रखने के लिये मुस्तूल की लकड़ी में लगी हुई रस्सियाँ। **bracer** (ग्रा०) आनंदप्रद पेय। **~oneself**

up तत्पर होना, तैयार होना, उठना, चुस्त होना, प्रस्तुत होना। **bracing air** सुखकर वायु।

bracelet (brās' let) [O.F. *bracel*] सं० १. कंकण, वलय, कंगन* (भा० १ भी), हस्तसूत्र, दस्तबंद, कड़ा; २. हथकड़ी। **bracketed** वि० हथकड़ी पहने हुए, हथकड़ी में जकड़ा।

bracer (brā' sĕr) [O.F. *brassere*, L. *brachium*, arm, सं० (तीरंदाजी और तलवार चलाने में) कलाई का पट्टा, तस्मा, पट्टी।

brach (brăch) [O.F. *brachet*, *braquet*, dim. of *brac*, O.H.G. *bracco* (G. *bracke*), a dog that hunts by scent] सं० (अप०) शिकारी कुत्तिया।

brachial (brā' ki ăl) [L. *brāchiālis* (*brāchium*, arm)] वि० बाहु संबंधी, भुजा का, भुजा के समान, बाज़ू का सा; (आ०) प्रगण्ड*। **brachiate** (brā' ki āt) वि० १. (वन०) पौदा जिसकी शाखाएँ तने से जोड़े में इस प्रकार निकलें कि समकोण बनाती जायें; २. समकोणीय शाखा-युगल-युक्त, बाहुगामी।

brachy- (Gr. *brachus*, short], *comb. form.* Short. **brachycephalic** (brāk i sĕ fāl' ik) [Gr. *kephalē*, head] (समास में वैज्ञानिक शब्दावली में प्रयोग में आनेवाला) लघु-, अल्प-छोटा-। **brachycephalic** (brāk i sĕ fāl' ik) वि० १. छोटे सिरवाला, लघु शिरवाला (खोपड़ियों के विषय में जिनकी चौड़ाई लम्बाई की ४/५ हो); २ ऐसी खोपड़ीवाले व्यक्ति अथवा जाति के विषय में; ३ (वि० १) लघुशिरस्क*।

brachylogy (brā kil' ŏ ji) [-LOGY] सं० १. भाषण की संक्षिप्तता, संक्षिप्त, अभिव्यक्ति; २. संक्षेप दोष, अत्यधिक संक्षेप के कारण बोलने में अशुद्धि।

bracken (brāk' ĕn) [Swed. *bräken*, fern] सं० १. फर्न (सुन्दर महीन पत्तियों का एक पौधा), सेवार, २ कोई बड़ा फर्न, ३ (सामू०) फर्नी का झुंड।

bracket (brāk' ĕt) [formerly *bragget*, Sp. *bragueta*, dim. of *braga*, L. *brāca*, sing. of *brace*, *braccæ*, breeches (the sense affected by confusion with L. *brāchium*, arm)] सं० १ बैकेट* (इ० १, ३, वि० १, २ भी); दीवारगीरी, पाक (जिसे मूर्तियाँ रखने या मेहराब आदि के सहारे के लिए दीवार में बनाया जाता है), २. दीवार में लगाने की छोटी अलमारी, लकड़ी या धातु का नोकीला सहारा; ३ तोपगाड़ी का टेका; ४. पैसा या इसके मैल के लिए दीवार में निकलता हुआ सहारा, ५ कोष्ठक ( ), [ ], { }, जिनसे शब्दों या अंकों को घेरा जाता है, ६. (सैन्य०) चाँदमारी में दो बिन्दुओं की दूरी, ७ (बहुव० में) (वि० १) कोष्ठक*, बंधनी*। क्रि० स० १. अधवान या प्रासंगिक अंश को कोष्ठक में रखना; २ (गणि०) पूर्ववर्ती या परवर्ती के साथ विशेष संबंध रखना, ३. किसी सीने या पट्टी से (नामों आदि को) जोड़ना जिनसे उनके बीच संबंध या समानता प्रगट हो, ४ (सैन्य०) गोल की मार (दूरी) का पता लगाने के लिए एक गोला चाँद (लक्ष्य) से पीछे और एक आगे चलाना। **~turn** स्कटिंग में तीसरे जोड़े में से एक की भाँति। **bracketed** समान, बराबर।

brackish (brāk' ish) [formerly *brack*, Dut. *brak*] वि० खारा* (क्रि० भी), खारी (पानी)।

bract (brākt) [L. *bractea*, a thin plate] सं० १. फूल के नीचे की छोटी पत्ती, हरित दल, निपत्र, अधःपत्र; २. बर्क; ३ (कुछ) सहपत्र*। **bracteal** (brāk' tē ăl) वि० १. अधःपत्रीय, निपत्रीय, अधःपत्रयुक्त। **bracteate** २. (वि० १) सहपत्री*।

brad (brăd) [M.E. *brod*, Icel. *broddr*; a spike (cp. A.-S. *brord*)] सं० चपटी कील*, चोबा* (इ० ३ भी)।

bradawl (brād' awl) [AWL] सं० बेधने का छोटा बरमा, सूजा*/ आर* (इ० ३ भी)।

bradbury सं० (अप्र०, ग्रा०) करेंसी नोट, विशे० एक पौंड वाला।

Bradshaw सं० (B.'s Railway guide के लिए प्रयुक्त) इंग्लैंड में रेलों के समय और भाड़ों का विवरण देनेवाली पुस्तिका।

brady- [Gr. *bradus*, slow] (संयुक्त रूप में प्रयोग में आनेवाला) मंद, धीमा, सुस्त। **bradypepsy** मंदाग्नि, मंद पाचन।

brae (brā) (Icel. *brá*, eyelid, brow (cp. A.-S. *brǽw*)] सं० १. ढालू किनारा, खड़ा किनारा; २. सीधा तट, दुरारोह तट; ३. पर्वत-पार्श्व, पहाड़ी का किनारा।

brag (brăg) [etym. doubtful] सं० १. आत्म-प्रशंसा, आत्म-श्लाघा, विकत्थन, वृथा स्तुति, डींग, शेखी। क्रि० स० और अ० अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना, डींग हाँकना, डींग मारना, शेखी बघारना, घमण्ड करना, आत्म-प्रशंसित करना; २. बेंग, ताश का एक खेल। **braggadocio** (brăg à dŏ' shi ō) [BRAG] सं० दंभ, घमण्ड, आत्मश्लाघा, डींग, शेखी। **braggart** (F. *bragard*, from *braguer*, to brag) सं० और वि० दंभी, दांभिक, आत्मशंसी, आत्मश्लाघी, विकत्थनशील, पिंडीबाज़, शेखीबाज़।

Brahma, Brahmapootra (bra' mà, bra mà poo' trà) (*Brahmapootra*, name of river] १ भारत की प्रसिद्ध नदी; २. (एक प्रकार की पालतू) मुर्गी।

Brahmin (bra' min) [Sansk. *brāhmana*, from *brahman*, worship] सं० ब्राह्मण, विप्र, द्विज, द्विजन्मा, भूसुर भूदेव। **brahminic(al)**, **brahmanic (al)** वि० ब्राह्मण संबंधी; **brahminee** (bra min ē') [Sansk. *brāhmani*, fem. of *brāhmana*] सं० १. ब्राह्मणी। वि० १. ब्राह्मण जाति का; २. ब्राह्मण संबंधी, ब्राह्मणीय। **~bull**, **~ox** अवध्य वृषभ, पवित्र बैल।

Brahminism (bra' min izm) सं० १. ब्राह्म धर्म, २. ब्राह्मणवाद।

Brahmoist वि० ब्रह्मसमाजी।

braid (brād) [A.-S. *bregd*, *bræd*, trick, deceit, from *bregdan*, *bredan*, to move to and fro, weave (cp. Icel. *bregtha*, O.H.G. *bretlan*)] सं० १ वेणी* (इ० २ भी), चोटी, कबरी, केशबंध, चोटिया, गूँथे हुए बाल; २. बालों में गूँथा हुआ फीता आदि; ३ रेशम या धागे आदि की गुंथी हुई डोरी। क्रि० स० १. (बाल, फल, धागे का) गूँथना, बाल गूँथना, हार गूँथना; २. वेणी करना; ३. फीते आदि से (बालों आदि का) सजाना; ४. व्यवस्थित करना, फीते आदि की गोट या किनारी लगाना। **braiding** सं० १. गूँथन, गुम्फन* (वि० १ भी)।

braidism (brā' dizm) [Dr. James *Braid* (1795-1860), who applied and explained the system in 1842] सं० देo HYPNOTISM (सर्वप्रथम १८४२ में डॉ० ब्रेड द्वारा वैज्ञानिक ढंग से प्रतिपादित और प्रयुक्त)।

brail (brāl) [O.F. *brail*, *brailel*, L. *brācāle*, breechgirdle (*brace*, breeches)] सं० पाल समेटने के लिए लगी हुई रस्सियाँ। क्रि० स० रस्सियों से पाल समेटना।

braille (brāl) [Louis *Braille* (1809-52), the inventor] सं० ब्रेल प्रणाली या उस प्रणाली की छपाई, अंधों के पढ़ने और लिखने के लिए उभरे अक्षरों की छपाई, उत्कीर्ण लेख।

brain (brān) [A.-S. *bragen* (Dut. *brein*, perh. conn. with Gr. *brechmae*, forehead)] सं० १. मस्तिष्क* (आ०, मा० २, वि० १भी), गोबैं, दिमाग़, भेजा; २. मति, बुद्धि, मेधा, समझ, सहन (एक० समूची इंद्रिय, बहुव० पदार्थ); ३. संवेदना अथवा विचार आदि का केन्द्र (बहुधा महत्त्वसूचक); ४ बौद्धिक शक्ति। क्रि० स० भेजा निकालना। **blow out one's~** १ मिर में गोली मारना; २. भेजा निकाल देना। **cudgel one's~** दिमाग़ लड़ाना, माथापच्ची करना। **~-pick, suck one's** किसी के विचारों को कुरेद-कुरेद कर जानना और काम में लाना। **~-to have a thing on the~** किसी बात की धुन होना। **turn one's~** किसी का दिमाग़ फिरा देना, बिगाड़ देना। **~-fag** स्नायविक थकान, दिमाग़ी थकावट। **~-fever** सरसाम। **~-fever bird** कोयल। **~-pan** खोपड़ी। **~-sauce** बुद्धि-प्रखरता, बुद्धि-चातुर्य। **~-sick** पागल, विक्षिप्त, बावला। **~-storm** अस्थायी मानसिक असंतुलन जिसमें अनियंत्रित भावावेग और तीव्र आवेशपूर्ण कार्य दिखाई पड़ते है। **Brains Trust** १ विशेषज्ञ-मण्डल, बुद्धिवादी वर्ग, २. विद्वत्परिषद्, सरकार को परामर्श देनेवाले या निर्देशन करनेवाले विशेषज्ञ, ३. कोई भी विशेषज्ञ-दल; ४. रेडियो पर श्रोताओं के चुने हुए प्रश्नों का तुरन्त उत्तर देनेवाले विशेषज्ञों का दल; ५. (मा० १) विज्ञमंडल*। **~-wave** (बोल०) अचानक प्रेरणा या अनोखी सूझ। **brainless** वि० निर्बुद्धि, बुद्धिहीन, मूर्ख, जड़। **brainy** वि० चतुर, प्रखर बुद्धि, होशियार।

braird (brārd) [A.-S. *breord*, brim, border, edge, point] सं० अंकुर, कोंपल। क्रि० अं० कोंपल निकलना, अंकुर निकलना।

braise (brāz) [F. *braiser*, from *braise*, hot charcoal] क्रि० स० १. मास को (नीचे और ऊपर दोनों जगह आग देकर) पकाना; २. दम देकर पकाना।

brake[1] (brāk) [BRACKEN] स० दे० BRACKEN।

brake[2] (brāk) [M.L.G. *brake* or O. Dut. *brake* (Dut. *braak*) a flax-brake, Dut. *breken*, to break] सं० १ सन कूटने की मोगरी; २. बेंद की छाल निकालने का क़रीब जैसा यंत्र। **~-harrow** हेंगा, पटेला, हेंगी, उठे हुए खेत के ढेले तोड़ने का यंत्र।

brake[3] (brāk) [etym. doubtful; perh. from prec., or from O.F. *brac*, an arm, lever] सं० १, ब्रेक* (इ० ३, वि० १ भी), रोक, पहियों को रोकने का यंत्र; २. लगाम, ३ (इं० ३) अवरोध*। क्रि० स० (पहियों, गाड़ी आदि में) ब्रेक लगाना, रोक लगाना, रोकना। **~-van** १. ब्रेकवान (इ० १ भी), ब्रेक-डिब्बा, रेल का वह डिब्बा जिसमें ब्रेक हों; २. गार्ड का डिब्बा। **brakeless** वि० बेरोक, बिना ब्रेक का। **brakesman** स० ब्रेकमैन, गाड़ी रोकनेवाला, ब्रेकवाला।

brake[4] (brāk) [etym. doubtful; perh. from M.L.G. *brake*, tree-stumps, or conn. with BREAK] सं० १. गुल्म, झाड़ी; २. ब्रेक* (क्रि०भी)।

bramah (bra' mā) [Joseph *Bramah*, an inventor (1740-1814)] [ब्रामा द्वारा आविष्कृत] ताला, शिकंजा, क़लम बनारस।

bramble (brăm' bel) [A.-S. *brembel*, *brémel*, dim. of O. Teut. word corr. to A.-S. *brom*, broom (cp. Dut. *braam*, blackberry, O.H.G. *brāma*, bramble, G. *brombeere*, blackberry)] सं० १ एक तरह की काँटेदार झाड़ी; २. कृष्ण बदरी, एक प्रकार के बेर की झाड़ी; ३ कँटीली झाड़ी*। (क्रि०भी) **brambly** वि० झाड़ीदार*।

brambling (brăm' bling) [BRAMBLE, -LING] सं० एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

bran (brăn) [O.F., etym. doubtful] सं० १ भूसा* (क्रि० भी), भूसी, चोकर* (क्रि०, वि० १ भी); २. (क्रि०) चावल की भूसी*। **~-pie** (LUCKY BAG) पैंठ में दुकानों पर रखा वह थैला जिसमें से, कुछ धन-राशि देकर खरीदार कोई भी एक वस्तु ले सकता है।

brancard (brăng' kārd) [F., a litter, from *branche*, BRANCH] सं० एक प्रकार की पोंड़ागाड़ी।

branch (branch) [F. *branche*, late L. *branca*, a paw] सं० १ शाखा* (आ०, इ० १, २, विधि, वि० १ भी), डाल, डाली, टहनी, २ पहाड़ों की श्रेणी, ३ नदी, सड़क, कुटुंब, जाति, वर्ग आदि की शाखा, ४. ज्ञान के विभिन्न विषय या शाखा, ५ (२) विधान-मण्डल, बैंक या अन्य व्यवसाय आदि की शाखा; ६ बाँच। क्रि० अं० डाल लगाना, टहनी उगना, शाखाओं में बँटना, शाखा फूटना, फूट निकलना, बँट जाना, फैलना। **root and~** वि० और क्रि० वि० आमूल, समूल, जड़ से, पूरी तरह से। **branched** वि० १. डालीदार, २ शाखावाला, ३. (आ०, वि० १) शाखित। **branchless** वि० शाखाहीन, बिना डाली। **branchlet** स० छोटी डाली, टहनी।

branchy वि० शाखा बहुल, बहुत-सी शाखाओंवाला।

branchia, branchiæ (brăng' ki á, -ki' ē) [L. *branchia*, **-æ**, Gr. *branchia*, pl. of *branchion*] स० बहु० मछली आदि जलचरों के गलफड़े। **branchial, -ate, -ferous, -form** वि० १. गलफड़ों संबंधी; २. (आ०) गिल*। **branchio**-समास में प्रयुक्त (उपयुक्त अर्थ में)।

brand (brănd) [A.-S. (cp. O. Teut. *brandoz*, from *bran-*, pret. stem of *brinnan*, to burn, O.H.G. *brant*, brand, sword)] सं० १ लुकठा, लोका, लुआठा; २. (गर्म लोहे का) दाग; ३ कलंक, लांछन, धब्बा, दाग, टीका; ४ रेखाभंक, छाप, मार्का, व्यापार-चिह्न; ५ विशेष प्रकार का माल, ६ दाग लगाने का ठप्पा, ७. पौधों की बीमारी (जिसमें पत्ते जले हुए-से दिखाई पड़ते हैं); ८ तलवार; ९. (काव्य०) मशाल, १० (क्रि०) आग*। क्रि० स० १ जलते हुए लोहे से दागना (भेदक कार्य, दंड, स्वामित्व या मार्क के लिए), २. स्मृति पर अंकित करना, मन में बैठाना; ३. कलंक का टीका लगाना, कलंकित करना, छाप लगाना, टीका लगाना। **a~from the burning** छुड़ाया हुआ व्यक्ति, २ अन्य धर्म ग्रहण करनेवाला। **the~of cain** हत्या का पाप। **~-new, bran new** एकदम नया, बिल्कुल नया।

brandish (brăn' dish) [F. *brandir* (pres. p. *brandissant*), from O. Teut. *brandoz*, see prec.] क्रि० स० [प्रदर्शन अथवा वास्तविक प्रयोग के प्रारंभ स्वरूप, अस्त्र आदि] घमाना, चमकाना, भाँजना। **~threat** धमकी देना।

brandling (brănd' ling) [BRAND, -LING] सं० १. केंचुए जैसा एक लाल कीड़ा जो (मछलियों के) दाने के काम आता है; २ दागना (आ० १ भी) (~of horse), ३. (आ० ३) दाहांकन*।

brandreth (brănd' reth) [Icel. *brand-reith*, a grate (*brandr*, BRAND, *reith*, a vehicle)] सं० पीपे की बैठकी, चौकठा, घिरनीचर।

brandy (brăn' di) [formerly *brandwine*, Dut. *brandewijn*, burnt or distilled wine (*brandt*, p.p. of *branden*. to

burn)] सं० १. सुरा, आसव, बारुणी, भाँडी* (वि० १ भी), एक विशेष प्रकार की विलायती शराब। ~-ball एक प्रकार की मिठाई। ~-pawnee भाडी और पानी। ~-snap सोंठ के बिस्कुट।

brank ursine (brängk' ĕr sin) [med. L. *brancs ursina* bear's paw] सं० एक प्रकार का कटीदार पौधा।

bran-new दे० BRAND-NEW।

brant (-goose) दे० BRENT।

brash[1] (brăsh) [etym. doubtful] सं० १. चट्टान या बर्फ़ का टुकडा; २. झाड़ियों या पौधों की कतरन।

brash[2] (brăsh) [onomat] वि० १ (बोल०) उतावला; २. अदूरदर्शी, उद्दंड, धृष्ट।

brass (bras) [A.-S. *bræs*] स० पीतल* (इ० ३, क्रि०, वि० १ भी); २. कब्र या समाधि; ४. निर्लज्जता, ढिठाई, बेशर्मी; ५. (इ० ३, क्रि०, वि० १) पित्तल*। वि० पीतल का बना हुआ। क्रि० स० (ग्रा०) अदा कर देना। **part ~rags** (नौ० वि०, ग्रा०) मैत्री भंग करना, दोस्ती तोडना। **the ~** पीतल के बाजे। **~band** पीतल के बाजे बजानेवालो की मडली। **~farthing** बहुत मामूली रकम, फूटी कौड़ी। **~hat** (सेना० ग्रा०) सेना का उच्च अधिकारी। **~plate** (दरवाजे या खिडकी पर लगाने की) पीतल की पट्टी जिस पर नाम आदि लिखा रहता है। **~rags** मल्लाहों का झाडन। **~tacks** (ग्रा०) असल बात, मुख्य बात, मतलब की बात, असल मामला। **brassy** वि० १. रग, आवाज या स्वाद मे पीतल जैसा; २ ढीठ, धृष्ट, गुस्ताख; ३ अहकारी बननेवाला, ४ झटे दावे करनेवाला। स० गोल्फ (एक खेल) का बल्ला (जिसके नीचे पीतल लगा रहता है)। **brassily** ढिठाई से, धृष्टतापूर्वक। **brassiness** स० धृष्टता, ढिठाई, गुस्ताखी।

brassage (brăs' âj) [F., from *brasser*, to stir up or mix (molten metals)] स० सिक्के ढालने का पारिश्रमिक।

brassard (brăs' ârd) [F. *bras*, arm +ARD] स० बाँह पर लगाने का बिल्ला।

brasserie (brăs' e ri) [F., from *brasser*, O.F. *bracer* to brew, from *brace*, malt] स० बीयर की दुकान या बीयर पीने का स्थान (जहाँ खाने की वस्तुएँ भी मिलती हैं)।

brassiere (brăs' ĕ ăr) [F.] स० कचुक, चोली, अँगिया।

brassy दे० BRASS।

brat (brăt) [etym. doubtful; perh. from. prec.] स० छोकरा, लौडा, छिनरा, छौना।

brattice (brăt' is) [M E. *bretasce, brutase*, O.F. *bretesce, broteske*, prob. from G. *brett*, board] **bratticing** स० (कोयले की खान मे) लकडी की ओट, मलाबदार रोशनदान।

bravado (brá va' dō) [Sp. *bravada*] स० (बहु० **-oes, -os**) १. बहादुरी का दिखावा, नाम की बहादुरी, दिखावे की बहादुरी, बनावटी साहस, डीग, शेखी, भबकी; २. धमकी।

brave (brāv) [F. *bravo*, It. *bravo*, gallant, fine (etym. unknown)] वि० १ साहसी, वीर, शूर, बहादुर, विक्रान्त, पराक्रमी, जीवट का, सूरमा, योद्धा, दिलावर, दिलेर; २. (ग्रा० सा०) सुन्दर वेश मे, सुसज्जित, दिखाऊ, शोभ्य, ईमानदार, प्रशसनीय। सं० अमरीका का आदिवासी (रेड इडियन) योद्धा। क्रि० स० ललकारना, साहसपूर्वक सामना करना, मुक़ाबिले में डट जाना, सामना करना, मुक़ाबिला करना। **the ~** शूरवीर, योद्धा, बहादुर आदमी। **~it out** संदेह या दोषारोपण का साहसपूर्वक सामना करना। **bravely** क्रि० वि० वीरतापूर्वक, बहादुरी से। **bravery** सं० १. धैर्य, पराक्रम, वीरता, शूरता, बहादुरी, साहस; २. ऐश्वर्य, शान, आडम्बर; ३. आत्म-प्रदर्शन; ४. सजधज।

bravo[1] (bra' vō) [It.] सं० (बहु० **-ose,-os**) पेशेवर हत्यारा, खूनी, जान पर खेलनेवाला (हत्यारा)।

bravo[2] (bra vō') [It.] [*int. fem.*, **brava**; *superl.* **bravissimo, -ma**, (bra vis' i mō,- ma) Capital ! well done !] सं० और विस्म० १. अभिनेता आदि के लिए प्रशंसा-सूचक आवाज, शाबासी; २. साधु-साधु ! वाह-वाह ! शाबास !

bravura (brá voo' rá) [It., bravery] स० १. प्रतिभापूर्ण प्रदर्शन, कला का प्रदर्शन; २ अत्यधिक प्रदर्शन, दिखावा; ३. (विशेषकर कंठ) सगीत की ऐसी शैली जिसमे असाधारण क्षमता की आवश्यकता होती है।

brawl[1] (brawl) [etym. doubtful; prob. imit.] क्रि० अ० चीख-पुकार करना, गुल-गपाडा करना, झगड़ा करना। सं० १ झगड़ा, विवाद द्वंद्व, गाली-गलौज, शोरगुल, हंगामा, टटा, मारधाड़, बखेडा; २. नदी की सरसराहट। **brawler** सं० झगडालू, उपद्रवी, दगाई, बखेड़िया।

brawl[2] (brawl) [F. *branle* (*branles*, see BRANGLE)] सं० एक फ्रांसीसी नृत्य।

brawn (brawn) [O.F. *braon*, flesh for roasting, W.G. *brâdo*, from *brâdan*, to roast (cp. A.-S. *brædan*, O.H.G. *prâtan*, G. *braten*)] सं० १. पुट्ठा, मासपेशी; २. खट्टा किया हुआ जगली सुअर का मांस। **brawny** वि० १. पुष्ट, मजबूत; २. गठीला; ३. (आ०) मांसल* / घनीभूत*। **brawniness** स० १. गठीलापन; २. मजबूती; ३ मांसलता।

braxy (brăk' si) [etym. doubtful] स० भेड़ो की मिरगी। वि० मिरगी का रोगी, मिरगी के रोगवाली भेड़ का (मास)।

bray[1] (brā) [O.F. *breier* (F. *broyer*), perh. conn. with BREAK] क्रि० स० कूटना (मुसल से खरल मे), खरल करना।

bray[2] (brā) [O.F. *braire*, low L. *bragire* (cogn. with L. *fragor*, a crashing noise)] १ रेंक, गधे की आवाज, गर्दभ-स्वर; २. तुरही की आवाज। क्रि० अ० और स० रेंकना। **~out** कर्कश स्वर मे बोलना।

braze[1] (brāz) [O.F. *braser*, Icel. *brasa*, to harden by fire] क्रि० स० पीतल से जोड़ना, टाँका लगाना, झालना, (इ० २) ब्रेजन*, (वि० २) पीतल से झालना* /पीतल का टाँका लगाना*। स० १. निर्लज्ज, धृष्ट, निस्त्रपावरण; २ उच्चताप टाँका।

braze[2] (brāz) [BRASS] क्रि० स० पीतल जैसा रग चढ़ाना।

brazen (brā' zĕn) [A.-S. *bræsen*, from *bræs*, brass] वि० १. पीतलहा, पीतल का बना हुआ; २ पीलापन, पीतल की तरह का, पीतल की भाँति मजबूत, पीला अथवा खनकनेवाला। क्रि० स० निर्लज्ज बनाना, ढीठ या बेशर्म बनाना। **~age** १ द्वापर-युग; २. ससार की अवनति का तीसरा युग (स्थाभिम, रौप्य, पीतलहा, लौह)। **~faced** निर्लज्ज, बेहया, बेशर्म, ढीठ। **~out** ढिठाई से काम निकालना। **brazenly** क्रि० वि० निर्लज्जतापूर्वक, ढिठाई से, बेहयाई से, बेशर्मी से। **brazier**[1] स० ताम्रकार, कांस्यकार; ठठेरा, कँसेरा। **brazicry** सं० ठठेरे का काम और उसकी दुकान।

brazier[2] (brā' zi ĕr) [F. *brasier*, from *braise*, live coals] स० (ग्रा० १) अँगीठी*, बोरसी, जलते अगारे उठाने का तवा।

brazil (brá zil') [etym. unknown] स० और वि० (Also ~

wood) दक्षिणी अमरीका की एक कड़ी लाल लकड़ी जिससे रंग निकलता है। ~-nut एक बड़ा तिकोना फल जिसमे गरी होती है।

breach (brēch) [A.-S. *brice, bryce (brecan,* to BREAK)] सं० १. (सं० वि०) लहरों का टकराना, २. (नियम, कर्त्तव्य, शर्त, विशेषाधिकार, या वादे की, विशेषकर विवाह के वादे की) उपेक्षा या इन्हें तोड़ना; ३ अतिक्रमण; ४. सबध-विच्छेद, नाता तोड़ना, विच्छेद. पार्थक्य, अलगाव, बँटवारा, लड़ाई-झगड़ा, फूट, बिगाड़, अनबन; ५. दरार या छिद्र (विशेष दुर्ग की दीवार में गोलाबारी से); ६. झील मछली का तड़प कर पानी से ऊपर उछलना; ७. भंग*क०, मा० १, विधि १भी)। क्रि० स० और अ० १. तोड़ कर निकल जाना, दरार डालना, फूट डालना; २. (झील मछली का) तड़प कर पानी से ऊपर उछलना, ३. (मा० १) तोड़ना*। **clean~** मस्तूल आदि का बह जाना। **clear~** लहरों का जहाज के ऊपर से बह जाना। **stand in the~** युद्ध में सबसे अधिक खतरे के पास होना, (ला०) जोखिम में होना। **~of close** अनधिकार-प्रवेश, अतिक्रमण। **~of the peace** शांति-भंग (मा० १ भी), उपद्रव, दंगा, मारपीट, बदअमनी।

bread (bred) [A.-S. *brēad,* piece of a loaf (cp. O.H.G. *prōt,* G. *brod*)] सं० रोटी, पावरोटी, नान। **break~** १ किसी के साथ खाना खाना; २ मंगेदी भोज मे शामिल होना। **daily~** आजीविका, रोज़ी। **eat the~ of idleness, affliction~** रोटियां तोड़ना, निकम्मा जीवन बिताना, दुःख मे दिन काटना। **know which side one's ~is buttered** अपने हानि-लाभ को समझना, अपना स्वार्थ पहचानना। **make one's~** रोज़ी कमाना, जीविका-उपार्जन करना, रोटी कमाना। **ship's~** (सं० वि०) कड़ा बिस्कुट। **standard~** गेहूं के आटे की रोटी। **take the~ out of one's mouth** किसी की रोज़ी छीनना, मुँह का कौर छीनना। **~butter** १ मक्खन-टोस्ट; २. आत्मप्रेम भोजन; ३ रोटी। **~butter cheese** १ साधारण भोजन; २. आजीविका। **~butter letter** १. आजीविका; २. मेहनाना द्वारा जाने के बाद लिखा गया आतिथ्य के लिए धन्यवाद का पत्र। **~butter miss** स्कूल की लड़की। **~and milk** दूध-रोटी। **~and scrape** रोटी जिस पर साममात्र को मक्खन चुपड़ा हो। **~and wine** मंगेदी भोजन। **~basket** (*sl*) पेट। **~buttered on both sides** संपन्नता, संतुष्टि। **~crumb** रोटी का गदा, रोटी के छोटे-छोटे टुकड़े, चूरा। **~fruit,~tree** दक्षिणी सागर का एक पेड़ जिसके फल से रोटी बनती है। **~line** भोजन पाने की प्रतीक्षा मे ग़रीब लोगो की पंक्ति। **~-staff** अनाज, आटा। **~-ticket** राशन पाने का टिकट। **~-winner** परिवार का भरण-पोषण करनेवाला व्यक्ति (अथवा कला, व्यवसाय, औज़ार आदि)। **breadless** वि० बेरोज़गार, मोहताज।

breadth (bredth) [A.-S. *brædu,* later *brede,* assim. to LENGTH. etc.] सं० १ चौड़ाई* (वि० १ भी), पनहा, अर्ज; २ पूरे अर्ज का कपड़ा; ३ पाट, विस्तार, फैलाव, परिसीमा, दूरी, स्थान, अवकाश, गुंजाइश; ४ विशालता (मन की, हृदय की, विचारों की), उदारता, विशालहृदयता, रवादारी, ५. व्यापकता, महिष्णुता, सहनशीलता; ६. व्यापक प्रभाव। **~ways, ~wise** क्रि० वि० अर्ज से, चौड़ाई मे। **to a hair's ~** बाल-बाल, बिल्कुल।

break[1] (brāk) [A.-S. *brecan* (cp. Goth. *brican,* O.H.G. *prechan,* G. *brechan,* from O.Teut. stem *brek-,* cp. L. *frangere*)] क्रि० स० और अ० (**broke,** वाइविल मे **brake;** **broken,** कभी-कभी **broke**) १. (किसी पूरी वस्तु का) तोड़ना, टूटना, दो या अधिक टुकड़े करना या होना, भंग होना या करना; २. फोड़ना, फूटना, फटना, तड़कना, चटखना, चूर-चूर कर देना; ३. अपनी जगह से सरक जाना; ४. रास्ता बनाना या निकालना, तोड़ कर घुसना; ५ रोकना या तोड़ना (आँधेरा, जादू, यात्रा, मौन, व्रत आदि); ६ बदलना; ७. तितर-बितर करना; ८. हल करना, बूझना (पहेली); ९. (मुक्केबाज़ी मे रेफ़री, निर्णायक की आज्ञा पर) पकड़ से छूटना; १०. (एक अंश का) बिना काटे किसी से अलग हो जाना, छूट जाना, ११ प्रयत्नपूर्वक, अचानक या उग्रता से रास्ता बनाना या कुछ उत्पन्न करना; १२. (जेल, घेरे आदि से) भाग निकलना, छूट जाना; १३. कमज़ोर होना या बनाना, पशु करना, निरुत्साहित करना, नष्ट करना, बर्बाद करना, अंत करना समाप्त करना, बंद करना, खाली करना, थका देना; १४. वश मे करना, काबू मे करना, अनुशासित करना; १५ प्रभावहीन करना या बनाना, अतिक्रमण करना, उल्लघन करना, उपेक्षा करना, अवज्ञा करना। **abcess breaks** फोड़े फूटना। **ball~** गेंद का मुड़ जाना। **cloud~** बादलो का फटना। **day~** दिन निकलना। **frost~** कुहरा हटना। **merchant~** व्यापारो का दिवाला निकलना। **troops~** सेना का घबराहट मे बिखरना। **voice~** भावावेश मे आवाज़ का भर्रा जाना, कंठ फटना, वयस्क होने पर आवाज़ का पक्का होना। **weather~** मौसम बदलना। **~a head** बरफ़ का बनना। **~a horse** घोड़े को वश मे करना, रिझाना। **~a lance with** संघर्ष करना। **~an officer** निकाल देना, बर्खास्त करना। **~a set** विरोध, संघर्ष के अंग अलग-अलग बेचना। **~away from** निकल भागना। **~bank** दीवाला निकालना। **~blow, ~bread with** १ विरोध के द्वारा निम्न स्तर होना; २ किसी से साथ बैठकर भोजन करना। **~butterfly on wheel** महत्त्व का आयोजन करना, अनुचित काम मे शक्ति लगाना। **~down** १. शक्ति-ह्रास, स्वास्थ्य-भंग, कार्यभंग, २ मिसमार कर देना, बैठ जाना, ३. ढहा देना, ढह जाना, कमर टूट जाना, ३ विघटन* (भा० भी); ४ भंग* (इ० ३ भी) (of codeneener) ५ (इ० १) फ़ेल होना*, ब्रेक डाउन*, ६ नीचा लग। **~fall** जोर या प्रभाव कम करना। **~free or loose** आज़ाद हो जाना। **~ground** हल चलाना, ज़मीन तयार करना, हाल डालना, घेरा डालना, या (ला०) कोई भी कार्य प्रारंभ करना। **~in** १. प्रवेश करना, दाखिल होना; २. दखल देना, बीच मे बात काटना। **~into house** सेंध लगाना। **~neck** क्रि० १. अधाधुंध, खतरनाक, विपत्तिपूर्ण, भयानक; २ गर्दनतोड़। **~news a jest** १. (गप्प) खबर पहुंचाना या सुनाना; २. मज़ाक करना। **~off** खत्म कर देना या होना, समाप्त कर देना, तोड़ देना। **~open** खोल डालना, खोल कर घुसना। **~out** १ (किसी बर्तन आदि का) खोलना और सामान निकालना; २ (बीमारी का) फैलना; ३ (लड़ाई का) छिड़ जाना, ४ चिल्ला उठना। **~out a flag** झंडा खोलना। **~out of prison** जेल से दीवार या सरबाजा तोड़ कर भाग निकलना। **~person on wheel** पहिये से बाँधकर हड्डियाँ तोड़ डालना। **~prisician's head** व्याकरण की भूलें करना। **~the back of** कमर तोड़ देना, निबटा देना। **~the heart** दिल तोड़ना, निराश करना। **~the ice** १. लज्जा या संकोच को तोड़ना या हटाना, २ बातचीत प्रारम्भ करना। **~the neck** मार डालना। **~the ranks** पंक्ति भंग करके अव्यवस्था उत्पन्न कर देना। **~through obstacles** बाधाओं की तोड़ कर निकल आना।

~up १. बर्बाद होना या करना; २. चले जाना, अलग होना; ३. कमज़ोर होना, दुर्बल होना। सं० ह्रास, क्षय, विघटन, अवनति, पतन, बिखराव, बिखरना, छिन्न-भिन्न या टुकड़े-टुकड़े होना। **~with** लड़ना, सम्बन्ध विच्छेद करना, सम्पर्क तोड़ना। **breakable** वि० टूटने-फूटनेवाला, । **breakables** सं० आसानी से टूट जानेवाली वस्तुएँ।

break[2] (brāk) [from prec.] सं० १. भंजन, तोड़ना, टूटना; २. (क्रिकेट में) गेंद का टप्पा खाकर मुड़ना; ३. (बिलियर्ड में) लगातार जीते हुए पाइंट; ४. दरार, टूटी या फूटी हुई जगह, ध्यवधान, अन्तराल, फ़ासला; ५. पढ़ाई के बीच में मनोरंजन का अवकाश; ६ (बोल०) अवसर; ७. (संगी०) स्वर के विभिन्न स्तरों के अलग होने का बिन्दु; ८. अनियमितता, अव्यवस्था; ९. (वि० १, भूगर्भ०) अवकाश* / भग*; १० (मौ०) विच्छेद*। **a bad ~** (बोल०) अनुचित कथन या अविचारपूर्ण कार्य। **~back** गेंद का उलटी तरफ़ जाकर गिरना। **~of day** प्रात, उषाकाल, भोर, तड़का।

break[3] सं० १. अड़ंगड़ा, गाड़ी का ढाँचा जो नये घोड़ों को मिलाने में काम आता है; २. बड़ी गाड़ी।

breakag_ (brāk' ij) [as prec.] सं० टूट-फूट।

breaker[1] (brā' ker) [BREAK[1]] सं० १. क्रियागत अर्थों में (विशे० एक्त रूप में जैम house~); २. किनारे अथवा चट्टानों से टकरानेवाली महासागर की बड़ी लहर; ३. (वि० १) भग्नोर्मि*।

breaker[2] (brā' kėr) [Sp. *barrica*] सं० (नौ० वि०) छोटा पीपा।

breakfa (brek' fast) [BREAK, FAST] सं० १. कलेवा, नाश्ता, ... खरी। क्रि० स० और अ० कलेवा करना या कराना। **breakfastless** क्रि० वि० निराहार भूँह, जिसने सुबह से कुछ न खाया हो।

breakwater (brāk' water) सं० १ बाँध, लहरों की रोक के लिए बनाया गया बंद, पनकट दीवार; २. (वि० १) तरंगरोध*; ३ (कृ०) बगल जल*।

bream[1] (brēm) [O.F. *bresme* (F. *brême*), (cp. M.H.G. *brasem*. G. *brasen*; poss. from stem *brē-*, to glitter)] सं० १ ब्रीम, २. धनुराकार पीठवाली पीले रंग की मीठे पानी की मछली। **sea~** समुद्री ब्रीम, इसी प्रकार की खारी पानी की मछली।

bream[2] (brēm) [etym. doubtful] क्रि० स० (जहाज के पेंदे को) आग से तूलस: कर साफ करना।

breast (brest) [A.-S. *breost*, O.Teut. *braustom* (G. *brust*, Dut. *borst*)] सं० १. स्तन* (आ०, वि० १ भी), कुच, छाती (गुरुओं की भी), वक्षस्थल, पयोधर, चूँची, पशुओं की चूचुक; २ (लाक्ष०) पृष्ठता का स्थान, शारीरांश अथवा आत्मिक पृष्ठता प्रदान करने वाली वस्तु; ३ मीना, शरीर या वस्त्र, कोट आदि का सामने का भाग; ४. पशुओं के शरीर का भी बड़ी भाग, ५. हृदय, चित्त, मन, दिल, अंतःकरण; ६. आवेग, भावनाएँ, विचार; ७ (आ०) उर*। क्रि० स० सीना सामने करना, सामना करना, टक्कर लेना, जूझना (पहाड़ या लहरों से)। **make clean ~of** दिल का भेद खोलना मन की बात कहना, अंगीकार करना, क़बूल करना, मान जाना। **~bone** पसली और सीने को मिलानेवाली पतली चपटी हड्डी। **~drill, ~hob** सीने की टेक से चलाया जानेवाला बरमा, फावड़ा या कुदाली। **~harness** घोड़े का साज जिसमें गरदन की बजाय सीना बद्ध हो। **~high** १. सीने तक, सीने तक ऊँचा, सीने तक (डूबा हुआ); २. शिकार की तेज़ गंध जिससे कुत्ते सिर उठा कर दौड़ते हैं। **~pin** जड़ाऊ पिन, टाई आदि में लगायी जानेवाली। **~plate** १. (मा० १) वक्षस्त्राण*, उरस्त्राण*, छाती पर पहना जानेवाला कवच, सीनाबद्ध; २ कछुए के सीने की हड्डी; ३. कछुए के सड़ूक की तख्ती। **~~summer** (bres[1] ŭm ėr) **bres-summer** [SUMMER[2]] सं० शहतीर, कड़ी (छत के नीचे आर-पार महारे के लिए लगी हुई)। **~wall** धुस्स, मिट्टी का बंद। **~wheel** घुरी पर पानी पड़ने से चलनेवाला पहिया। **~work** कुछ फ़ीट ऊँचा धुस्स, अस्थायी रक्षा की दीवार। **breasted** वि० कुचयुक्त।

breath (breth) [A. *breth*, O. Teut. *brethoz*, steam, or from stem *bre-* (...yan *bhrē-*), to heat, burn] सं० १. श्वास*, साँस* (आ० भी), प्रश्वास, निश्वास, दम; २. हवा का झोंका, मंद वायु; ३. सुगंधि की लपट, ४. फेफड़ों में खींची तथा निकाली गयी हवा; ५. साँस लेने की शक्ति; ६ कानाफूसी, फुसफुस। **a ~of fresh air** ताज़ी हवा का एक झोंका। **below one's ~** फुसफुसाकर कहना, बहुत धीमे बोलना। **catch, hold one's ~** डर के मारे या आवेग के कारण साँस रोकना। **draw ~** साँस लेना, दम लेना, जीना। **in one or the same ~** एक साँस में, एकबारगी। **keep to cool porridge ~** चुपचाप रहना। **out of ~** साँस फूल जाना, दम उखड़ना, हाँफना, थककर चूर हो जाना। **spend, waste ~** बेकार समझाना, बेकार बोलना, वृथा बकवाद करना। **take ~** दम लेना, सुस्ताना। **take away person's ~** अवाक कर देना, स्तब्ध कर देना, विस्मय से अभिभूत कर देना, हैरत में डालना, दंग कर देना। **~of life, nostrils** आवश्यकता। **breathless** वि० १. निर्जीव, प्राणहीन, निष्प्राण, बेजान; २. निश्च्छ्वास, उत्कण्ठा वाय, बेदम, हाँफता हुआ; ३. साँस रोके हुए, ४. स्तब्ध, निश्चल, मृत। **breathlessly** क्रि० वि० १. हाँफते हुए; २. असमंजस में, दुविधा में। **breathy** वि० (गायक के कंठ के विषय में) जिसका स्वर प्रारंभ में स्पष्ट न हो, जिसमें गाने के साथ साँस भी सुनाई दे। **breathiness** सं० इसी का नाम।

breathe (brēth) [from prec.] क्रि० अ० और स० १. साँस लेना, श्वास लेना; २. जीना, जीवित रहना; ३. जीवित जान पड़ना; ४. दम लेना, रुकना, सुस्ताना, विश्राम करना; ५. बजाना; ६. कहना; ७. धीमी-धीमी हवा चलना; ८ फूँकना; ९. चुपके से या आवेश में बोलना; १०. (सादगी वग़ैरह) टपकना। **allow to ~** आराम देना, साँस लेने देना, दम लेने देना। **force to ~** थका देना, हाँफा देना। **~again, freely** दम में दम आना, जान में जान आना, आश्वस्त होना, चिन्तामुक्त होना। **~foul** गंदी हवा भीतर लेना। **~new life into** नये प्राण फूँकना। **~one's last** मरना, दम तोड़ना, आखिरी साँस लेना। **~strife** झगड़ा टपकना। **~upon** कलंकित करना, मलिन करना, धब्बा डालना। **breather** सं० १. (क्रियागत अर्थों में; विशे० घड़ी भर का व्यायाम; २. विश्राम के लिए थोड़ा सा अवकाश, दम भर का अवकाश या फ़ुरसत, दम लेने का मौक़ा। **breathing** सं० १. (क्रियागत अर्थों में) साँस लेना आदि; २. (आ० वि० १) श्वसन*। वि० (क्रियागत अर्थों में) विशे० सजीव या जीवन्त (मूर्ति, चित्र आदि)। **~space** साँस लेने का अवसर, अवकाश, दम भर।

breccia (brech' á, brech' i á) [Gr., gravel, rubble (cp. F. *brèche*, O.H.G. *brecha*, breaking, *brechan*, to BREAK)]

सं० १. चूने आदि के कारण जमे हुए नुकीले पत्थरों की चट्टान; २. (वि० १) संकोणाश्म*।

breed दे० BREED।

breech (brēch) [A.-S. *brēc*, pl. of *brōc*' (M.H.G. *bruoch*, breeches)] सं० १. (एकव०, अप्र०) पश्चाद् भाग, नितम्ब; २. (बहुव०) **breeches** (brich' ĕz) (जैसे pair of breeches) बिरजिस, घुटनों के नीचे बाँधी जानेवाली पतलून, जो आजकल केवल घुड़सवारी या दरबारी पोशाक के रूप में काम में आती है; ३. (बोल०) ढीली पतलून या निकर; ४. बंदूक या तोप में नाल के बाद का हिस्सा; ५. (आ०) स्फिक्*। क्रि० स० (अप्र०) लड़के को बिरजिस पहनाना। **wear the breeches** पति को दबाकर रखनेवाली स्त्री के विषय में कहा जाता है। **~block** बंदूकों के पीछे के छेद को बंद करने की डाट। **~loader** तोड़ेदार बंदूक, मुँह के बजाय पीछे से भरी जानेवाली बंदूक। **Breeches Bible** १५६० की जेनेवा बाइबिल। **breeches-buoy** डूबने से बचानेवालों के पहनने का जाघिया। **breeched** वि० १. बिरजिस पहने हुए; २. जिसके पास बिरजिस हो। **breeching** सं० १. पिछाड़ी, जोत, चमड़े की वह पट्टी जो गाड़ी के घोड़ों को पीछे ढकेलने के लिए उनके पुट्ठे से बँधी रहती है; २. (नौ० वि०) जहाज से तोप को बाँधनेवाली रस्सी। **breechless** वि० बिना बिरजिस के।

breed (brēd) [A.-S. *brēdan* (cp. G. *brüten*, A.-S. *brōd*, BROOD)] (भू० कृ० **bred**) क्रि० स० और अ० १. जनना, (संतान) उत्पन्न करना, पैदा करना, जन्म देना; २. (अंडे) सेना, गर्भ में रखा करना; ३. संतान-वृद्धि करना; ४. गर्भवती होना, गाभिन होना, गाभिन होना; ५. उत्पादन करना, परिणाम निकलना, फल होना; ६. (पशुओं की) नस्ल बढ़ाना; ७. (पशुओं या पौधों का) तैयार करना, तैयार होना; ८. (किसी काम या पेशे के लिए) पालन करना, पैदा होना, फैलना। सं० १. जाति, नस्ल* (कृ०, वि० १ भी), कुल, संतति, कुटुम्ब, परिवार, समूह; २. वंशानुगत लक्षणोंवाला कुटुम्ब। **~in and in** निकट संबंधियों में ही विवाह करना। **what is ~ in the bone** वंशानुगत लक्षण।

breeder सं० अभिजनक, पालनेवाला, पैदा करनेवाला। **breeding** सं० १. (क्रियागत अर्थों में,) विशेष शिक्षण का परिणाम या फल, व्यवहार, बर्ताव, चलन, ढब; २. शिष्टाचरण, उत्तम, आचार-व्यवहार; ३. (कृ०, मा० ३, वि० १, २) प्रजनन*।

breeze[1] (brēz) [Sp. *brisa*, the N.E. wind, prob. from F. BISE] सं० पवन, मन्दानिल, मंद, धीमी हवा, बयार, हवा का झकोरा; २. कभी-कभी भूमि या समुद्र की ओर से चलनेवाली हवा; ३. (ग्रा०) झगड़ा, लड़ाई, क्रोध-प्रदर्शन, झड़प, तकरार; ४. (ई० ३) पाटकड़ी*; ५. (कृ०) ममीर*। **breezeless** वि० वह स्थान जहाँ हवा न जाये। **breezy** वि० १ हवादार; २. तरोताज़ा; ३. आनंदित, प्रसन्न, खुशनुमा; ३. चिन्दादिल। **breezily** क्रि० वि० १. प्रसन्नतापूर्वक; २ चिन्दादिली से। **breeziness** सं० प्रसन्नता, ताज़गी, चिन्दादिली।

breeze[2] **brize** (brēz) [A.-S. *briosa* (etym. doubtful) सं० डांस, डाभमक्खी, गोमक्खी।

breeze[3] (brēz) [F. *braise*, live coals (see BRAZIER)] सं० १. केरी, राख, भुसल (सीमेंट की ईंटें बनाने के काम में आनेवाली); २. (वि० १) ममीर*।

Brehon (brē' hŏn) [O. Ir. *breithemh*, a judge (*breith*, judgment)] सं० और वि० प्राचीन आयरलैंड का न्यायाधीश। **~law** आयरलैंड का विधान जो जेम्स प्रथम के समय में भंग कर दिया गया।

brekker सं० (विश्व० ग्रा०) कलेवा, नाश्ता।

Bren gun (bren) [2 first letters of Brno (Czechoslovakia) and Enfield] सं० (सम्पूर्ण B. gun) बेन, बेनगन, एक हलकी मशीनगन। **~carrier** ऐसी छोटी फ़ौजी गाड़ी जिस पर गोलियों का असर न हो, और जिसके पहिए (टैंक के समान) पटों पर चलते हों।

brent-goose (brent' goos) [etym. doubtful; cp. Swed *brandgås*. G. *brandgans*] सं० एक छोटी जाति का हंस जो जाड़ों में इंग्लैंड में दिखाई पड़ता है।

brer (brĕr) [Negro contr. of BROTHER] सं० (अमरीकी हब्शी बोली में 'brother' का संक्षिप्त रूप) भाई (विशे० पशु-कथाओं में जैसे~ Fox, ~Rabbit)

bressummer दे० BREAST।

brethren दे० BROTHER।

Breton वि० और सं० फ्रांस में ब्रिटनी का (रहनेवाला)।

bretwalda (bret wawl' dă) [A.-S.] सं० १. ब्रिटनी का अधिपति; २. इंगलैंड के पुराने राजाओं की उपाधि।

breve (brēv) [BRIEF] सं० १. (इति०) राजा अथवा पोप से प्राप्त अधिकारपत्र; २. (संगी०) स्वर (दो अर्द्ध-स्वरों के बराबर जिनका प्रयोग अब बहुत कम होता है); ३. छापाई में प्रयुक्त छंदशास्त्र का अर्ध-चंद्राकार (⏑) चिह्न।

brevet (brev' et) [F., dim of *bref*, a letter (cp. BRIEF)] सं० १. विशेषाधिकार की सरकारी सनद; २. विशे० उपयुक्त वेतन बिना सैनिक पद दिये जाने का दस्तावेज़; ३. अवैतनिक, सम्मानसूचक, नाममात्र का पद। क्रि० स० किसी को ऐसा पद प्रदान करना।

brevi- (brev' i, brē' vi) [L. *brevis*] (वैज्ञानिक शब्दावली में समासरूप में प्रयुक्त) संक्षिप्त, लघु।

breviary (brē' vi ă ri) [L. *breviārium* (*brevis*, short)] सं० स्तोत्र-संग्रह (रोमन कैथलिक चर्च की वह पुस्तक जिसमें दीक्षा प्राप्त व्यक्तियों के पाठ के लिए प्रतिदिन की प्रार्थनाएँ लिखी रहती हैं।)

brevier (bre vēr') [BREVIARY] सं० छापाई के अक्षरों (टाइप) का एक आकार-विशेष।

brevirostrate (brev i ros' trāt) छोटी नोकवाला, छोटी चोंचवाला।

brevity (brev' i ti) [L. *brevitas -tātem*] सं० १. क्षेप, समास, संहार, संक्षेपण; २. कथन की संक्षिप्तता, संक्षेप, अल्पता, छोटाई; ३. अल्प काल (जीवन का), छोटी अवधि।

brew (broo) [A.-S. *brēowan* (cp. O.H.G. *briuwan*, G. *brauen*; cp. L. *dēfrutum*, new wine boiled down)] क्रि० स० और अ० १ मद्य बनाना* (वि० १ भी), शराब बनाना, सत खींचना, अर्क निकालना; २. उबाल कर या मिलाकर (चाय या शराब) बनाना; ३ ममीर उठाना; ४. इन क्रियाओं द्वारा बनना, इन प्रक्रियाओं में से गुज़रना; ५. पकना, पकाना, खींचना, उठना, उठाना, पैदा करना, मिलाकर बनाना, उपाय करना, तरकीब करना, ६. उत्पन्न करना, प्रारंभ करना, चालू कर देना, बना डालना, मंसूबा बाँधना; ७ पक जाना, दृढ़ हो जाना, पुख्ता हो जाना; ८. शक्ति संचित करना, शक्तिशाली होना, प्रबल होना (प्रायः दुष्परिणामों के विषय में); ९ (वि० १) मद्य बनना*। सं० १. शराब बनाने की प्रक्रिया, सत अथवा अर्क खींचने की विधि; २. मद्यकरण, एक बार में

बनाई हुई शराब का परिमाण, एक घान की शराब की मात्रा; ३. उस वस्तु की विशेषता, गुण या प्रकार जिससे शराब बनाई जाये। **drink as you have brewed** जैसी करनी वैसी भरनी, जैसा बोना वैसा काटना। **~house** शराब का कारखाना (अब कम प्रचलित)। **brewage** सं० १. निश्चवाष-मिश्रित वस्तुओं से निकाली हुई शराब; २. (शा० और ला०) मिश्रण की प्रक्रिया अथवा परिणाम। **brewer** सं० शराब बनानेवाला। **brewery** सं० शराब की भट्टी* (वि० १ भी), शराब का कारखाना, (वि० १) मद्य निर्माणशाला*। **browing** सं० मद्यकरण* (वि० १ भी)। **Brewster Sessions** सं० शराब बेचने का लायसेंस देने के लिए अदालत या इजलास।

brewis (broo' is) (O.F. *broustz*, dim. of *bro.* O.H.G. *brad*] सं० (अप्र० और बो०) रसा, झोल, शोरवा, यखनी।

briar दे० BRIER।

Briareus (brī ār' ă ŭs, bri' ă roos) [Gr. mythol] सं० विपुल बाहु, बहुभुज व्यक्ति, कई हाथोंवाला आदमी।

bribe (brib) [O.F. *bribe*, a piece of bread given to a beggar] सं० १. उत्कोच* (प्र० भी), उपायन, घूस* (प्र० भी), मुँहभराई; २. रिश्वत* / लांच* (प्र०, विधि भी)। क्रि० स० घूस देना, रिश्वत देना, मुँह भरना, मुट्ठी गरम करना। **bribability** स० रिश्वत या घूस लेने की योग्यता। **bribable** वि० जिसे रिश्वत या घूस दी जा सके। **briber** सं० १. घूसदेनेवाला, २ मुट्ठी गरम करनेवाला। **bribee** सं० घूस लेनेवाला, रिश्वतखार। **bribery** सं० १ उत्कोच-ग्रहण* / रिश्वतखोरी* / घूसखोरी* (प्र० मा० १ भी)।

bric a-brac (brik' ă brăk) [F. phrase *de bric et de broc*, by hook or by crook], सं० प्राचीन दुष्प्राप्य और अद्भुत वस्तुओं का संग्रह, पुराना फर्नीचर, चीनी मिट्टी की वस्तुएँ, पर्व इत्यादि।

brick (brik) [*F. brique*, a fragment (cp. M. Dut. *brick, bracke*), from the Teut root *brek-*, BREAK] सं० १. सुथा, ईंट* (इ० ३ भी), २. ईंट जैसी रोटी, चाय का ढेला, ३ बच्चों के घर बनाने के लकड़ी के टुकड़े, ३. (प्रा०) उदार या दयावान व्यक्ति, भलामानस, सज्जन, (इ० ३) इंटिका*। वि० ईंट का बना हुआ, पक्का। क्रि० स० ईंटों से चन देना, ईंटा कर चिनाई करना, ईंट से भर देना (खिड़की इत्यादि)। **drop a~** स० १ (प्रा०) बिना सोचे-विचारे काम कर बैठना; २ कोई विवेक-हीन बात कह देना जो अवसरोचित न हो। **like a hundred of bricks** (बोल०) बेहद जोर से, प्रबलता से। **~bat** १. ईंट का टुकड़ा (विशेष फेंककर मारने के लिए); २. ढेला। **~-dust** ईंट का चूरा, ईंट जैसा रंग। **~-kiln** ईंट का भट्ठा, पजावां। **~layer** राज, राजगीर। **~work** १. ईंट की चिनाई* (इ० ३ भी), ईंट की इमारत, २. ईंट का बना हुआ, पक्का। **bricken** (अप्र०) ईंट का, पक्का। **bricky** वि० ईंटों से भरा हुआ, ईंटों के रंग का, ईंटों जैसा।

bricole (brik' ol, bri kōl') [*F. briole*, late L. *briccola* (etym. doubtful)] सं० टेनिस और बिलियर्ड खेल का एक हाथ, गेंद मारने का एक ढंग-विशेष।

bride[1] (brīd) [A.-S. *bryd* (cp. O. H. G. *prut*, G. *braut*, from O. Teut. *brūdiz*)] सं० वधू, नववधू, पाणिगृहीता, दुलहिन, नयी ब्याही स्त्री। **~cake** विवाह के अवसर पर खाया और मित्रों को भेजा जानेवाला केक। **bridal** सं० १. विवाह-भोज, शादी की दावत, ज्यौनार; २. विवाहोत्सव, शादी, ब्याह; वि० १. वधू का, दुलहन का; २. वैवाहिक, विवाह-संबंधी, शादी का। **bridally** क्रि० वि० १. वैवाहिक रीति से, वैवाहिक विधि से; २. वधू की भाँति। **bride-groom** [A.-S. *brydguma* सं० वर, दुलहा, नौशा, पति। **bridesmaid** सं० जन्या, दुलहन की अविवाहिता सहेली, सहबाली, वधू-सखी, अविवाहिता कन्या (जो विवाह के समय वधू के साथ-साथ रहे)। **bridesman** सं० सहबाला, वर-सखा, वर का सहचर, दूल्हे का साथी।

bride[2] (brīd) [*F. bride*, BRIDLE] सं० १. लेस की महीन जाली; २. बॉनेट (पश्चिमी देशों में स्त्रियों की टोपी) की डोरी।

bridewell (brīd' wel) [from a prison near St. Bride's (Bridget's) Well, near Fleet Street, London] सं० बंदीगृह, कारागार, कारावास, जेल, अपराधियों को सुधारने का स्थान।

bridge[1] (brij) [A.-S. *bryg* (cp. O.H.G. *prucca*, G. *brücke**, from Teut. *brugj-*)] सं० १. (उत्तर के लेखकों द्वारा स्थानीयता लाने के लिए brig के रूप में प्रयुक्त) सेतु* / पुल* (इ० १, २, ३, वि० १ भी) २. (नौ० वि०) जहाज में प्रधान अधिकारी के लिए चबूतरा; ३. नाक का बाँसा; ४. घुरच, जवार, ब्रिज (बेला, सारंगी आदि बाजों में लकड़ी या हाथीदांत की पट्टी जैसी जिसके ऊपर से तार जाते हैं); ५. (बिलियर्ड) क्यू के लिए बाँधे हाथ का सहारा; ६. (इ० ३, वि० १) ब्रिज*। क्रि० स० पुल बाँधना, सेतु बाँधना, पाटना, पुल बनाकर पार करना। **~-head** सीमा-प्रदेश की नदी के पार शत्रु के क्षेत्र में चौकी या मोरचा। **~-train** तैरते हुए पुल बनाने की सामग्री सहित सैनिक इंजीनियर। **bridgeless** वि० बिना पुल की (नदी आदि)। **~of boats** नावों का पुल। **~of gold, golden~** पराजित शत्रुके भागने के लिए आसान रास्ता।

bridge[2] (brij) [etym. doubtful] सं० ताश का एक खेल जिसका प्रारंभ रूस में हुआ और जिसमें एक खिलाड़ी के पत्ते खोल दिये जाते हैं और उन्हें उसका गड्यां खेलता है। **auction~** और **contract~** इसी खेल के विभिन्न प्रकार।

bridle (brī' del) [A.-S. *bridel*, cogn.with *bregdan* (see BRAID[1])] सं० १. वल्गा, रश्मि, लगाम* (क्रि० भी), दहाने समेत, २ निग्रह, संयम, बंधन, रोक; ३ (नौ० वि०) लंगर की जंजीर; ४. (ज्ञ० वि०) किसी अंग की गति को रोकनेवाली झिल्ली। क्रि० स० और अ० १. (घोड़े आदि को) लगाम लगाना; २ रोक-थाम करना, नियंत्रण लगाना, रोक लगाना, वश में करना, क़ाबू में लाना, अधीन करना; ३ असंतोष प्रकट करना; ४. अहंकार प्रकट करना; ५. नाक-भौं सिकोड़ना (बहुधा ~up)। **give horse the~, lay~on his neck** लगाम छोड़ देना, बाग ढीली करना, नियंत्रण हटा लेना, रोक हटाना। **horse going well up to~** इशारे पर चलनेवाला घोड़ा। **~-bridge, ~-path, ~-road** १. वह पुल, रास्ता आदि जिस पर घोड़े जा सकें पर गाड़ियां आदि न जा सकें; २. (वि० १) अश्वमार्ग*; (इ० ३) अश्वपथ*।

bridoon (bri doon') [F. *bridon* (see BRIDE[2])] सं० सेना के घोड़ों की लगाम या लगाम की डोरी।

Brie सं० एक प्रकार का पनीर।

brief (brēf) [O.F. *bref*, L. *breve*, *brevis* (cp. Gr. *brachus*)] सं० १. व्यक्ति अथवा समुदाय को पोप का अनुशासन संबंधी पत्र; २. अधिकार-पत्र, (विधि०) किसी मुक़दमे के तथ्यों और क़ानूनी पक्षों का ब्यौरा जो वकील की जानकारी के लिए तैयार किया जाता है, अभियोग-सार, खुलासा; ३. काग़ज़ या टाइप करने की

मधीन का आकार-विशेष; ४. (वायु०) सैनिकों की दिए गए (मा० १), निर्देश* / आदेश, हिदायत आदि; ५. (प्र०) पक्षपत्र*, पक्षकथन*, ब्री.फ़*, (मा० १) विषय-सार*। क्रि० स० १. (विधि०) तथ्यों का संक्षिप्त ब्यौरा तैयार करना, खुलासा बनाना; २. किसी वकील को मुक़दमे के बारे में जानकारी देना या उससे परिचित कराना; ३. वायुसेना के सैनिकों को हवाई हमले के बारे में निर्देश देना, स्थिति से परिचित कराना। वि० १. स्वल्प, संक्षिप्त, क्षणिक, अल्पकालीन, थोड़ी देर का; २ थोड़ा। **briefing room** निर्देश-कक्ष, वह कमरा जहां ऐसे निर्देश दिए जाते हैं। **a~** वकील के लिए कोई काम। **be~** संक्षिप्त बोलना, कम बोलना। **hold~for** किसी का वकील होना, किसी की तरफ से बहस करना। **in~** संक्षेप में, थोड़े में। **watching~** ऐसे वकील का काम जो अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित किसी मक़दिमेकल के लिए मुक़दमे को देखता हो। **~-bag** चमड़े का छोटा थैला। **briefless** वि० वह वकील जिसके पास कोई मुक़दमा का काम न हो। **briefly** क्रि० वि० संक्षेप में, संक्षेपतः, थोड़े में, मतलब यह कि। **briefness** सं० १. संक्षेप, समाहार; २. समास, मुहार, ३ परिमितता।

brier, briar[1] (brī'er) [A.-S. *brēr, brær* (etym. doubtful)] सं० १. (अप० रूप bierc भी) कंटीदार झाड़ी, विशेष० जंगली. गुलाब की; २. गोखुर, कंटक गुल्म। **sweet~** सुगंधपूर्ण फूलों और पत्तियोंवाला जंगली गुलाब। **~rose** जंगली गुलाब। **briery** वि० कंटीदार, झाड़ीदार।

brier, briar[2] (brī'er) [F. *bruyère*, heath] सं० झाड़ी विशेष जिसकी जड़ तम्बाकू के पाइप के लिए काम में आती है।

brig[1] [Sc. and North. from of BRIDGE.] दे० BRIDGE।

brig[2] (brig) [short for BRIGANTINE] सं० दो मस्तूलवाली विशेष प्रकार की नाव, मस्तूली नाव या छोटा जहाज।

brigade (brigād') [F., from It *brigata*, a troop, *brigare*, to quarrel, late L. *briga*, trade] सं० १. चमू, वाहिनी, सैन्यदल, गुल्म, ब्रिगेड, सेना का एक उपविभाग, २. पैदल सेना की टुकड़ी जिसमें साधारणतः तीन बटालियन और बहुधा तोपखाने की एक रेजीमेंट होती है, ३ इसी प्रकार की एक अश्वारूढ़ गाड़ियों की टुकड़ी; ४. संगठित अथवा वर्दीधारी कार्यकर्ताओं का दल। क्रि० स० १. ब्रिगेड तैयार करना; २ (रेजीमेंट इत्यादि) मिला कर ब्रिगेड बनाना; ३. दल, टुकड़ी, जत्था बनाना।

brigadier (brig à dēr') सं० ब्रिगेडियर, वाहिनीपति, चमूपति, एक ब्रिगेड का नायक, ब्रिगेड का सबसे ऊंचा अफ़सर।

brigand (brig' ănd) [F., prob. from It. *brigante*, pres. p. of *brigare* see prec.] सं० दस्यु, चोर, डाकू, लुटेरा, बटमार, डकैत। **brigandage** सं० डकैती, बटमारी*, (मा० १भी) लूटपाट, (मा० १) लूटन* / राहजनी*। **brigandish** वि० लुटेरों का सा, डाकुओं जैसा। **brigandism** सं० डकैती, बटमारी।

brigantine (brig' ăn tēn) [F. *brigantin brigandin*, It. *brigantino*, a pirate-ship, *brigante*, BRIGAND] सं० दो मस्तूलोंवाला जहाज जिसके मस्तूलों में चौकोर पाल लगे हों।

bright (brīt) [A.-S. *brorht*, O.Teut. *berhtoz*, shining] वि० १. भासुर, भ्राजमान्, दीप्तिमान्, भड़कीला (रंग आदि), चमकता हुआ, दमकता हुआ, चमकीला* (वि० १ भी), चमकदार, देदीप्यमान्; २. प्रसन्नता अथवा आशा से उद्दीप्त; ३. उज्ज्वल, भड़कीला, तीव्र; ४. प्रख्यात, विख्यात, प्रसिद्ध ; ५. सजीव, उत्फुल्ल, उल्लसित, फुर्तीला, उत्साही; ६. हाज़िर-जवाब (बहुध० व्य०); ७. विशद, निर्मल, शुचि; ८. (वि० १) दीप्त*, द्युतिमान्*, चटक*। क्रि० वि० चमक-दमक से, चमकते हुए, उल्लासपूर्वक। **brighten** क्रि० स० और अ० १.चमक उठना, प्रदीप्त हो उठना, चमकाना, भड़कीला बनाना; २. उल्लासित हो उठना। **brightish** वि० चमकीला, चमकता-सा। **brightly** क्रि० वि० चमकते हुए, प्रसन्नतापूर्वक, खुशी-खुशी। **brightness** सं० १. तेज, द्युति, रुचि, कांति, प्रभा, चमक, चमकीलापन, चमक-दमक, दीप्ति, उज्ज्वलता; २. प्रसन्नता; ३. शोभा; ४. (मा० २, वि० १) द्युति*, (मा० २) तेजस्विता*।

Bright's disease (brits di zēz') [Dr. R. *Bright* (1789 1858)] सं० गुर्दे का एक रोग।

brill (bril) [etym. unknown] सं० ब्रिल मछली, एक प्रकार की चपटी मछली।

brilliant (bril' i ănt, bril' yănt) [F. *brillant*, pres. p. of *briller*, to shine, perh. from late L. *beryllāre*, to sparkle (*beryllus*, a gem)] वि० १. चमकीला*/चटक* (वि० १ भी), चमकदार, तेजस्वी, उज्ज्वल; २. प्रख्यात, विख्यात, प्रसिद्ध, नामी, ३. आकर्षक, ध्यान खींचनेवाला; ४ प्रतिभावान, प्रतिभाशाली, होनहार, बुद्धिमान, कुशाग्र बुद्धि, ५ भड़कीला, विज्ञावटी, शानदार, तड़क-भड़कवाला। सं० १ सबसे बढ़िया नगीन और दमक का हीरा; २. छपाई के अक्षरों (टाइप) का एक आकार। **brilliance** सं० १ चमक* (द० १, वि० १ भी), चमक-दमक, २. प्रतिभा, कुशाग्र बुद्धि; ३. (मा० २) कांति. ४. (मा० २) तेजस्विता। **brilliancy** चमकीलापन* (वि० १ भी), कांति* (वि० १ भी) । **brilliantine** सं० बालों में लगाने का एक प्रकार का तेल या क्रीम। **brilliantly** क्रि० वि० १ चमकते हुए, चमक-दमक के साथ; २ प्रतिभापूर्वक, प्रतिभा से, आकर्षक या भड़कीले ढंग से।

brim (brim) [etym. doubtful (cp. G *gerame*, border, *brame*, brim, edge) (A.-S. *brim*, the sea, water is preb. not the same word)] सं० १ (प्याले, कटोरे या खोखले बर्तन का) कंठ, प्रांत, मुख, धार, किनारा, कगार; २. टोपी का बाहर निकला हुआ हिस्सा, ३. (आ०) पर्यन्त*। क्रि० स० और अ० (प्रांत और लांघ) भरना, लबालब भरना या भरा होना, परिपूर्ण करना या होना। **~-ful** किनारे तक लबालब, ऊपर तक भरा हुआ। **~over** छलक जाना, छलक कर बह जाना, ऊपर से बह जाना। **brimless** वि० बिना कगारे का, बिना किनारे का। **brimmed** वि० कगारदार, किनारेदार। **brimmer** सं० भरा हुआ प्याला, लबालब भरा हुआ कटोरा।

brimstone (brim' stŏn) [M.E. *bren, brennen*, to burn, STONE] सं० १ गंधक* (का पुराना नाम) (वि० १ भी); २ नरकाग्नि का ईंधन; **~butterfly, ~moth** गंधकी या पीले रंग की एक तितली या पतिंगा। **~and treacle** बच्चों की एक दवाई। **brimstony** वि० गंधकी, गंधक का।

brindle, brindled (brindl, -d) [Shak. *brinded*, prob. variant of BRANDED] वि० शबल, चित्रित, कल्माषित, चितकबरा।

catarrh (kă tar') [F. *catarrhe*, late L. *catarrhus*, Gr. *katarrhoos*, from *katarrhein* (CATA-*rhein*, to flow)] सं० श्लेष्मा* (कृ० भी), कफ, जुकाम, नज़ला* (कृ० भी), सर्दी (जुकाम सम्बन्धी)।

catarrhine (kăt' ă rĭn) [Gr. *rhin rhinos*, the nostril] वि० और सं० (प्राणि०) (बन्दर) जिसके नथुने परस्पर मिले, तिरछे और नीचे की ओर झुके हों।

catastrophe (kă tăs' trō fi) [Gr. *katastrophē* (*strephein*, to turn)] सं० १. नाटक का निर्वाह, निर्वहण, परिणाम; २. आपद्, सर्वनाश, तबाही; ३. (भूगर्भ०) उथल-पुथल, महान उत्क्रान्ति, उलट-फेर; ४. आकस्मिक और व्यापक विपदा, अनर्थ*/ विपात*/महाविपत्ति* (मा० १ भी), मुसीबत, बला, आफ़त, भीषण दुर्घटना। **catastrophic** (kăt ăs trof' ik) वि० विपत्तिपूर्ण, आफ़त-भरा, बला का। **catastrophism** सं० (भूगर्भ०) उथल-पुथल का सिद्धान्त, उत्क्रान्तिवाद, प्रलयवाद*/ प्रलयवाद* (मा० १ भी)। **catastrophist** उत्क्रान्तिवादी।

catawba (kă taw' bă) [A. S. Catawba river named after *Katahba*, Indians] सं० कटावा, अमरीकी अंगूर और शराब।

catch (kăch) [O.North. F. *cachier* (cp. O.F. *chacir*, TO CHASE), prob. from a late L. *captāre* (L. *captāre*, TO chase, freq. of *capere*, to take)] क्रि०स० और अ० (भू०, भू०कृ० caught, caught) १. पकड़ना, फाँसना, पकड़ लेना, धर लेना, पकड़ पाना, पा लेना (गाड़ी आदि); २. चौंका देना, अचानक धर लेना; ३. मारना, थप्पड़ लगाना; ४. (आग) लग जाना, जल उठना; ५. फँस जाना; ६. छीनना, लपक लेना, उचक लेना; ७. गति रोकना, रोक लेना; ८. (साँस) रोकना, बात काटना; ९. लगना, लग जाना (सर्दी आदि); १०. पाना, प्राप्त करना, समझना, समझ पाना; ११. फँसा लेना, खींचना, आकर्षित करना। सं० १. ग्रहण, पकड़ने की क्रिया, पकड़ी हुई मछलियाँ; २. क्रिकेट में गेंद लोकना या उसमें सफलता; ३. भुलावा देनेवाला प्रश्न, प्रवंचना, धोखा, अनवधानता; ४. (~o.t) पकड़ लेने का भाव, स्थिति, अनुमान के विपरीत स्थिति; ५. दरवाजे या खिड़की को खुला रखने का गुटका, बिल्ली, अड़ानी; ६. फाँसने लायक वस्तु या व्यक्ति; ७. तीन या अधिक लोगों के गाने का गीत, समवेत गान। **~a likeness** चर्बा उतारना, ठीक-ठीक आकृति बना देना। **~as, ~can** लंकाशायर में प्रचलित एक प्रकार की कुश्ती या द्वन्द्व युद्ध। **~at** हाथ मारना, झपटना, पाकर प्रसन्न होना। **~a tartar** अपने से बलवान से जा भिड़ना। **~at, in doing** कुछ करते पकड़े जाना या पकड़ना। **~ball** (क्रिकेट में) गेंद लपक लेना। **~cold, fever** सर्दी लग जाना, बुखार हो जाना। **~crab** दे० CRAB। **~drain** पहाड़ी के आँचल से पानी को न बहने देने के लिए मोरी या नाली। **~em-alive-o** मक्खीपकड़ कागज़, चिपचिपा कागज़। **~fire** आग लगना। **~fly** (वन०) मक्खीचूस, एक पौधा जिसके तिनके चिपकदार होते हैं। **~nap-**

king होते में जा पकड़ना। **~on** १. पढ़ना; २. फैलना; ३. समझना। **~out** १. (क्रिकेट) गेंद के लपक लिये जाने पर बैटसमन का आउट हो जाना; २ पकड़, गिरफ्त, उलट-फेर कर देनेवाली घटना। **~penny** छरफसीट, ऐसी वस्तु जो देखने में आकर्षक हो और जिसे भुलावे में आकर खरीद लिया जाय। **~word** (kăch wărd) १. इस प्रकार रखा हुआ शब्द कि ध्यान आकर्षित करे; २. पृष्ठ का अंतिम शब्द, जो दूसरे पृष्ठ पर प्रारंभ का शब्द हो; ३. पद का तुक (शब्द); ४. अभिनेता की बात का अंतिम शब्द, संकेत-वचन; ५. राजनीति आदि में किसी विशेष समय में प्रचलित कोई शब्द; ६. सूत्र, नारा; ७. चलती बात, चलता-फिरता फ़िकरा। **catchable** वि० ग्राह्य, पकड़ने योग्य, जो पकड़ा जा सके। **catcher** सं० १. ग्रहीता, ग्राहक, पकड़नेवाला व्यक्ति; २. बागुरा, जाल। **catching** वि० (क्रियागत अर्थों में विशे०) १. संक्रामक (रोग), उड़नी (बीमारी); २. आकर्षक। **catchment** सं० जलागम, जहाँ का वर्षा-जल बह कर नदी आदि में जाय। **~basin** जलागम-क्षेत्र, थाला, अपवाह-क्षेत्र, बहेत। **catchy** वि० १. आकर्षक, मोहक; २. चलती धुन, लोकप्रिय धुन।

catchpole (kăch' pōl) [med. L. *chassipullus*, chasefowl (CHASE[1], *pullus*, fowl)] सं० दरबर, कुर्क अमीन, नायब नाज़िर।

cate सं० (अप्र०, प्रायः बहु०) बढ़िया भोजन, स्वादिष्ट भोजन (दे० CATES भी)।

catechize (kăt' ĕ kiz) [L. *catēchizāre*, Gr. *katēchizein*, *katēchein*, to din into the ears (*ēchein*, to sound, *ēcho*, ECHO)] क्रि० स० १. प्रश्नोत्तर या धार्मिक प्रश्नोत्तर द्वारा शिक्षा देना; २. प्रश्न करना, मौखिक परीक्षा लेना। **catechetic,-al** (kăt ĕ ket' ik, -ăl) [L. *catēchēticus*, Gr. *katēchētikos* (*kat kchēt;*) from *katēchein*, as above)] वि० १. मौखिक शिक्षा संबंधी; २. धार्मिक सिद्धान्तों के अनुसार, (प्रश्नोत्तर द्वारा बातचीत आगे बढ़ाने के लिए) प्रश्नोत्तरीयुक्त, प्रश्नोत्तरमय। **catchetically** क्रि० वि० प्रश्नोत्तर के साथ। **catechism** सं० १. प्रश्नोत्तर, प्रश्नोत्तर पाठ, प्रश्नोत्तर द्वारा शिक्षण; २. (भा० ९) प्रश्नोत्तरी*/ वाक्योवाक्य* (प्राचीन शब्द); ३. प्रश्नोत्तरमाला, प्रश्नोत्तर-पुस्तक; ४. (विशे०) धार्मिक सिद्धान्तों के संबंध में प्रश्नमाला, प्रश्नावली। **Church ~** ऐंग्लिकन चर्च की प्रश्नोत्तर-पुस्तक। **longer and shorter ~** प्रेसबिटेरियन ईसाइयों की प्रश्नोत्तर-मालाएं। **catechismal** वि० प्रश्नोत्तरमाला संबंधी। **catechist** (kăt ĕ kist) सं० प्रश्नोत्तर-शिक्षक, प्रश्नोत्तरवादी।

catechu (kăt ĕ choo, kă choo') [Malay *kăchu*] सं० कत्था* (कु० भी), खैर।

catechumen (kăt ĕ kū' mĕn) [F. *catéchumène*, L. *catēchūmenus*, Gr. *katēchoumenos* (*katēchein*, see CATECHIZE)] सं० नवशिष्य, नवदीक्षा, बपतिस्मा के पहले ईसाई धर्म का शिक्षण प्राप्त करनेवाला व्यक्ति, नौमुरीद, नया क्रिस्तान।

category (kăt' ĕ gŏr i) [L. *categoria*, Gr. *katēgoria*, a statement, from *katēgoros*, an accuser (CATA-, AGORA, the assembly)] सं० १. (मूल ग्रीक अर्थ कथन या वक्तव्य) श्रेणी, विभाग, वर्ग, समान जाति के तत्त्वों का वर्ग; २. [अरस्तू द्वारा प्रतिपादित श्रेणियाँ हैं—सार (substance), मात्रा (quantity), गुण (quality), संबंध (relation), स्थान (place), समय (time), स्थिति (posture), अधिकार (possession), कार्य (action), आवेश (passion)]; ३. इन्द्रियों से प्राप्त बोधों को अवगत करने के लिए मस्तिष्क की कार्य कारण-संकल्पना का वर्ग; ४. मुद्दा, मद; ५. (कु०, मा० ३, वि० १) संवर्ग*; ६. (मा० २) पदार्थ*/ कोटि*। **categorical** वि० १. (तर्क० संबंध्य संबंधी) निरुपाधि, निरुपाधिक* (मा० २ भी), स्वतंत्र, निरपेक्ष; २. स्पष्ट, सीधा, दो-टूक, बिलकुल। **~imperative** १. (नीति०) निरपेक्ष कर्तव्य; २. विवेक की आज्ञा या आदेश (जो सर्वोपरि नैतिक क़ानून माना जाता है); ३. (मा० २) निरपेक्ष नियोग*। **categorically** क्रि० वि० स्पष्टतया, निरपेक्षतः, दोटूक, सीधा, साफ़।

catena (kă tē' nă) [L., see foll.] सं० १. सम्बन्ध-शारिणी, शृंखला, सिलसिला; २. (कु०) कटिना* (मृदा शृंखला)। **catenate** (kăt'ē nāt) क्रि० स० १. क्रमबद्ध करना, माला में पिरोना, कड़ी में बाँधना, शृंखलाबद्ध करना; २. (वि० १) शृंखलित करना*। सं० १ ज़ंजीरों की तरह जोड़ या संयोजन; २. संबंध, अन्वय, परस्परान्वय; ३. शृंखलात्व, क्रमता, परंपरा।

catenary (kă tē' năr i) [L. *catēnārius* (*catēna*, a chain)] वि० और सं० दो बिन्दुओं से अलग-अलग लटकती हुई ज़ंजीरों के सिरों को मिला कर एक झूला जैसा बनाया गया वक्र। **~bridge** झूलता पुल।

cater[1] (kā' tĕr) [F. *quatre*, L. *quatuor*, four] सं० (अप्र०) ताश या पासे का चौआ।

cater[2] (kā' tĕr) [M.E. *catour*, a caterer, earlier *acatour*, O.F. *acateor* (*acat*, *achat*, a purchasing, late L. *accaptāre*, to purchase, freq. of *accipere*, to receive)] सं० (for के साथ) १. खाने की सामग्री जुटाना; २. खान-पान का प्रबन्ध करना, मनोरंजनादि का प्रबंध करना; ३. सेवा करना, ज़रूरत पूरी करना, बन्दोबस्त करना। **caterer** सं० भोजनादि की व्यवस्था करनेवाला, भंडारी।

cateran (kăt' ĕr ăn) [Gael. *ceathairne*, peasantry] सं० १. (स्काट०) पर्वतीय योद्धा; २. डाकू, लुटेरा; ३. पथचोर, गोरूचोर। **cater-cousin** (kā' tĕr kŭz ĕn) [prob. from CATER[1] (not from CATER[2])] सं० (अप्र०) घनिष्ठ, निकट। **be ~** घनिष्ठता होना, अच्छा संबंध होना।

caterpillar (kăt' ĕr pil ăr) [etym. doubtful; perh. a con of O.North. F. *catepelose* (O.F. *chatepelose*), hairy-cat (*chate*, fem. of *chat*, cat, *pelose*, L. *pilōsus*, hairy, assim to PILL[2])] सं० १. तितली का लार्वा या पहला रूप; २. फ़ौज़ा, झाँझा; ३. लुच्चा, लुटेरा व्यक्ति; ४. (यां०) टैंक, ट्रैक्टर आदि के पहियों पर चढ़ाई जानेवाली हथपाही पट्टी या माल; ५. संगली पहियेदार (टैंक आदि); ६. (कृ०) सूंडी*/ इल्ली*; ७. (वि० १) कैटरपिलर*।

caterwaul (kăt' ĕr wawl) [CAT[1], WAUL] क्रि० अ० और सं० १. बिल्ली का सा घोर-गुल (करना); २. बिल्लियों की तरह लड़ना, बिल्लियों की सी लड़ाई।

catgut (kăt' gŭt) सं० १. तंतु, तंत्री, तांत, आन्त्रतन्त्रि; २. सारंगी आदि का तांत, बाद्य-यंत्र, तंतिवाद्य बाजा।

cath- दे० CAT-, CATA-।

catharsis (kă thar' sis) [Gr. *katharsis*, from *kathairein*, *kathoros*, clean] सं० (औष०) विरेचन, सफ़ाई; २. रूपक या नाटक द्वारा सामाजिकों के मनोगत भावों की अभिव्यक्ति; ३. (भा० २) कैथार्सिस* / भाव-विरेचन*; ४. (भा० ३) रेचन*, उदर-शोधक, जुलाब। **cathartic** वि० (औष०) रेचक* (कु० भी)।

Cathay सं० (अप्र० और काव्य० में) चीन।

cathedral (kă thē' drăl) [as prec.] सं० (=church भी)

प्रधान गिरजा, विशप के अधीन क्षेत्र का गिरजा, मुख्य गिरजाघर* (आ० १ भी)।

Catherine (kăth' ĕr in) [F. *Catherine*, mod. L. *Catharina*, earlier *katerina*, Gr. *Aikaterina* (assim. to *katharos*, pure)], **~-wheel** [referring to the martyrdom of St. Catherine] सं० १. गोल सलाखों वाली खिड़की; २. सूरजमुखी खिड़की; ३. सूरजमुखी चक्र, चर्खी, घनचक्कर, कलाबाजी, पहलू पर या करवट की कलाबाजी।

catheter (kăth' ĕt ĕr) [L., from Gr. *katheter*, from *cathienai*, to let down (*ienai*, to send)] सं० (ओष०) मूत्र निकालने की नली, कैथीटर* (आ०, ह० भी), नालशलाका* (आ० भी), मूत्रनलिका* (ह० भी)।

cathode (kăth' ōd) [Gr. *kathodos*, descent] सं० १. (विद्यु०) धनाग्र, बिजली की धारा का (नैगेटिव) ऋण छोर; २. (ई०२, ३, वि० १) कैथोड*।

catholic (kăth' ō lik) [F. *catholique*, L. *catholicus*, Gr. *katholikos*, from *kath'holou*, on the whole, universally (CATH-, *holou*, gen. of *holos*, the whole)] वि० १. सर्वसामान्य, साधारण, सार्वलौकिक, सार्वभौम; २. विश्वव्यापी, सर्वग्रिय; ३. उदार, सहिष्णु, (धर्म सबधी)। **~church** सं० १. ईसाई जगत्; २. प्रोटेस्टेंट, मेथोडिस्ट, प्यूरिटन, ऐग्लिकन आदि का विरोधी रोमन कैथोलिक मत; ३. रोमन कैथोलिक मत, प्राचीन और कट्टर ईसाई मत, ४. रोमन कैथोलिक मतावलम्बी। **~Emancipation** रोमन कैथोलिक चर्च के अनुयायियो की स्वतत्रता। **~Epistles** जेम्स, पीटर, जूड और जॉन के पत्र। **~king, His~ majesty** स्पेन के बादशाह। **Old~** जर्मनी के उस दल का सदस्य, जो १८७०-७१ म रोम से अलग हो गया था। **catholically** क्रि० वि० १. सार्वभौमिक रूप से; २. सहिष्णुता या अकट्टरता से। **catholicism** सं० कट्टर ईसाईपन, रोमन कैथोलिक मत। **catholicity** (kăth o lis' i tĭ) सं० १ सार्वभौमिकता; २. विशालता; ३. उदारता, सहिष्णुता; ४ अकट्टरता; ५ रोमन कैथोलिक चर्च के सिद्धान्तो की अनुकूलता। **catholicize** (ka thol' i sīz) क्रि० स० १. सार्वभौम बनाना; २. रोमन कैथोलिक बनाना। **catholico-** समास मे प्रयुक्त होनेवाला रूप।

catholicon (ka thol' i kŏn) [F., from Gr. *katholikon*, neut. of *katholikos*, see prec.] सं० रामबाण, अक्सीर या अमोघ औषधि, सब रोगो को दूर करनेवाली औषधि।

Catiline (kăt' i lin) [L., Sergius *Catalina*, a Roman conspirator, *d.* 63 B.C.] सं० १. षड्यंत्रकारी; २. दुरभिसधिकारी; ३. दुर्जन; ४. लुच्चा, बदकार।

cation (kă' ti on) [Gr. *katienai*, to go down] सं० १. न्यूयन, धनायन* (ई० २, ह०, वि० १ भी); २. विद्युत-संश्लेषण मे कैथोड से निकाला हुआ विद्युत्-धनात्मक तत्त्व।

catkin (kăt' kin) [prob. from Dut. *katteken*, kitten, dim. of *katte* (CAT-, -KIN)] सं० १. सनोबर अथवा बेत के पेड़ों के लटकते हुए गुच्छेदार फूल; २. (वि० १) कैटकिन*।

catling (kăt' ling) [CAT-, -LING1] सं० १. छोटी बिल्ली, बिलौटा; २. पतला तांत; ३. नश्तर, शल्य-छुरी, जर्राही की छुरी।

catoptric (kă top' trik) [Gr. *katoptrikos*, from *katoptron*, a mirror (CAT-, *optesthai*, to see)] वि० १. दर्पण या प्रतिबिम्ब संबंधी; २. परावर्तन सबधी; ३. (वि० १) परावर्तनी*।

catoptrics सं० (बहु०) परावर्तन विज्ञान, परावर्तिकी (प्रकाश-विज्ञान का वह अग जिसमें परावर्तन या प्रतिबिंब से बने हुए आकारों का वर्णन रहता है।)

Catsup सं० KETCHUP का एक रूप।

cattle (kăt'l) [O. North. F. *catel* (O.F. *chatel*), late L. *capitāle*, L. *capitāle*, neut. of *capitālis*, CAPITAL2 (cp. CHATTLE)] सं० १. गोकुल, गोवश, पशु-समूह, पशु* (ह०भी), मवेशी, ढोर* (ह० भी), डगर; २. गोधन, गाय-बैल आदि; ३. (आ०) घोड़ा, अश्व। **~-feeder** (पशु०) चारा-नाप, चारा नापने की मशीन। **~-leader** नकेल, नथ, पशुओ को बस मे रखनेवाली उनकी नाक की रस्सी। **~-lifter** पशु-चोर, ढोर चुरानेवाला। **~-pen** बाड़ा, हाता, गोठ, पशु-शाला, पशुओं को रखने या बाँधने का स्थान। **~-piece** पशु-चित्र, मवेशियो के चित्र। **~-plague** पशुओ की मरी, पशुओ का एक छूत का रोग दे० RINDERPEST। **~-rustler** पशु-तस्कर, डगर-चोर।

Caucasian (kaw kā' zhan, -shi an) वि० और सं० गोरी जाति का व्यक्ति, भारोपीय, भारत-यूरोपीय, कॉकेशस* (वि० ३भी)।

caucus (kaw' kus) [etym. doubtful, perh. Algonkin *[kaw-kaw-asu*, a counsellor] सं० १. गुट, दल, गिरोह; २. चुनाव लड़ने या नीति निर्धारित करने आदि के लिए बुलायी गयी स्थानीय राजनीतिक दल की समिति [प्राय. विरोधी दल के लिए ही व्यवहृत]; ३. (आ० ३, दल-नेताओ की बैठक। क्रि० अ० और स० १. बैठक या समिति बुलाना; २. इसके साधनो द्वारा व्यवस्था या शासन करना। **the~** राजनीतिक सत्ता के लिए गुटबन्दी या दलबन्दी। **caucuser** सं० गुटबन्दी या दलबन्दी में विश्वास रखनेवाला। **caucusdom** सं० गुटबन्दी, दलबन्दी।

caudal (kaw' dal) [L. *caudātis* (*cauda*, tail)] वि० १. लागूलीय, पूँछ का, दुम का, दुम की तरह; २. पुच्छास्थि; ३. (आ०, ह०, वि० १) पुच्छीय*। **caudally** क्रि० वि० दुमदारी से, दुम या पूँछ की तरह लगे फिरने से। **caudate** वि० दुमदार, पूँछवाला।

caudle (kaw del) [O. North. F. *cawel*, n.ccl. L. *caldellum*, dim. of *caldum* (L. *calidum*, neut. of *calidis*, warm)] सं० काढ़िल, विलायती अछवानी, मसाले, चीनी और शराब के मिश्रण से बनाया गया एक तरल पदार्थ, जो बीमारो मुख्यत. उच्चाओ या प्रसूता स्त्रियो को दिया जाता है।

caught दे० CATCH।

caul (kawl) [O.F. *cale*, a little cp, etym. doubtful] सं० १. शिरोवेष्टन, स्त्रियो की टोपी का पिछला भाग, जिस पर जाली का काम किया हुआ रहता है; २. टोपी को ढकने का जालीदार खोल; ३. गर्भवेष्टन, भ्रूण-झिल्ली, भ्रूण या गर्भ के बच्चे के चारो ओर लिपटी हुई झिल्ली; ४. इस झिल्ली का वह हिस्सा, जो कभी-कभी शिशु के सिर पर पाया जाता है (यह एक शुभ शकुन समझा जाता है और यह माना जाता है कि ऐसे बच्चे को डूबने का डर नही होता); ५. दे० MENTUM; ६. (ई० ३) विनीयरदार्बी*।

cauldron, caldron (kawl' drŏn) [O.No.th. F. *caudron* (F. *chaudron*), L. *caldārium*] सं० १. देग; २. कढ़ाहा* (ह० ३ भी), गहरी तलीवाला कढ़ाहा, कड़ाह* (ह० ३ भी)।

caulescent (kaw les' ent) [L. *caulis*, stalk, ESCENT] वि० १. (वन०) जिसका तना दिखायी देता हो, स्तम्भवान, तने का; २. (वि० १) दृश्य-स्तंभी*।

cauliflower (kol i'-, kaw' li flou ĕr) [earlier *cole-*, *colie-*

flxie, Lon. O. No. th. F. *col.* (cp. O.F. *chol*, F. *chou, chou-fleur*), from L. *caulis*, stem] सं० १. गोभी; २. फूलगोभी* (कृ०, वि० १ भी)।

caulis (kaw' lis) [L., a stalk] सं० (बहु० **caules**) तना।

caulme वि० (बन०) तने का।

caulk, calk (kawk) [O.F. *cauquer* (L. *calcāre*, to tread, from *calc*, the heel)] क्रि० स० १. (जहाजों की) दराड़ें या संधियाँ बंद करना, (संधियों को) पोटीन और पिघली हुई राल आदि से भर कर बंद करना (या लोहे के जलपोत में लोह-चादरों के जोड़ों को) खुटूल या कुन्द छेनी से पीट कर ठीक करना, ताकि उनमें से पानी न आ सके; २. (इ० १, वि० १) काँक करना। **caulker** सं० १. सन्धि या जोड़ आदि ठीक करनेवाला; २. (किसी गत तथा ग्रा० अर्थों में) अंतिम माप।

caulo- [Gr. *kaulos* (cp. L. *caulis*), stem] समस्त पदों में प्रयुक्त।

cause (kawz) [F., from L. *causa*] सं० १. कारण* (आ०, मा० २ भी), हेतु, निमित्त, वजह, सबब; २. ऐसा पूर्व वृत्त, जिसके पीछे अनिवार्यतः और निरपेक्षतः कोई निश्चित महत्वपूर्ण घटना हो; ३. कर्ता, सयोजक, किसी कृत्य का आधार, तर्क या हेतु; ४. उपयुक्त कारण, औचित्य (विशे० show ~ में प्रयुक्त); ५. उद्देश्य, आदर्श, हित, पक्ष, तर्क, मतलब, दावा, बात; ६. (कानून) नालिश या अभियोग का कारण; ७. केस, मामला, मुकद्दमा, अभियोग (pleading ~ मुकद्दमे की पैरवी करना या वकालत करना); ८. नालिश, वाद; ९. किसी व्यक्ति अथवा दल द्वारा किये गये झगड़े का कोई एक पक्ष या रुख, झगड़े की रफ़्तार, संघर्ष की गति; १०. अपने पक्ष के समर्थन में किये गये प्रयत्न। क्रि० स० १. अस्तित्व में लाना, सभव करना, उत्पन्न करना, पैदा करना; २. राजी या सहमत करना, (किसी व्यक्ति अथवा वस्तु को क्रमशः करने अथवा होने के लिए) करवाना, मचाना, बनाना, प्रेरित या क्रियान्वित करना। **efficient ~** निमित्त कारण। **final ~** मंजिल, लक्ष्य, उद्देश्य। **first ~** करतार, ब्रह्म, परमात्मा, खुदा। **formal ~** विचार या परिभाषा। **make common ~** सम्मिलित हो जाना, एकही उद्देश्य की प्राप्ति के प्रयत्नों के लिए दूसरों से मिलना, पक्ष लेना, योग देना, साथ हो जाना, मिल जाना, शरीक होना। **material ~** उपादान कारण। **show ~** कारण बताना। **~celebre** [F.] सं० (बहु० परन्तु उच्चारण एकव० की तरह) धूमधाम का मुकद्दमा, प्रसिद्ध मुकद्दमा। **~list** मुकद्दमों की सूची। **causal** वि० १. कारण-विषयक, नैमित्तिक कारण-सूचक, सकारण, कारणवश, कारण-युक्त; २. कारण और कार्य की प्रकृति-विषयक; ३. (वि० १) कारणात्मक*। **causally** क्रि० वि० कारणतः, कारणपूर्वक। **causality** सं० १. कारणता, कारणत्व, कारण का स्थानापन्न; २. कार्य-कारण संबंध, कारणवाद, यह सिद्धांत कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है; ३. (मा० २) कार्य-कारण-भाव*; ४. (मा० ३) कार्य-कारणता*। **causation** सं० १. कारणत्व, हेतुता, प्रोत्साहन, उद्बोधन, कार्य या फल का उत्पादन, जनन या उत्पत्ति; २. कारण और कार्य का सबंध; ३. कार्य-कारण-सिद्धांत, यह सिद्धांत कि प्रत्येक कार्य का कारण होता है। **causationism** सं० कार्य-कारणवाद। **causationist** कार्य-कारणवादी। **causative** वि० १ हेतुक, उत्पादक; २. (व्या०) कारण-वाचक, कारण-सूचक, णिजन्त। **causatively** क्रि० वि० हेतुतः, कारणपूर्वक, कारण-वाचक रूप से। **causeless** वि० १. संयोगवश, आकस्मिक; २. अकारण, स्वयंभू; ३. कुदरती या स्वाभाविक कारणों के बग़ैर; ४. ग़लत, निराधार। **causelessly** क्रि० वि० आकस्मिक, निराधार रूप से। **causer** सं० १. निर्माता, उत्पादक, विधायक, पैदा करनेवाला; २. प्रेरक या निर्माता (वस्तु का)।

causerie (kō zēr ē') [F., from *causer*, to chat] सं० (बहु० उच्चारण एकव० की तरह) वार्ता, जनप्रवाद, समाचारपत्र या साहित्यिक पत्रिका में लेख, जो बातचीत के अन्दाज़ में हो, लेख-स्तम्भ ('गपशप' आदि शीर्षक का)।

causeuse सं० (बहु० ~ उच्चारण एकव० की तरह) छोटा कोच या सोफ़ा, जिस पर दो व्यक्तियों के बैठने का स्थान हो।

causeway (kawz' wā), **causey** (kaw' zi) [O. North. F. *caucié* (O.F. *chaucié*, F. *chaussée*), late L. *calciāta via* (L. *calcāre*, to tread, from *calx -cis*, heel) way] सं० १. सेतु* (मा० १ भी), चरण, पैड़ा, पुलिया, बन्ध के ऊपर का रास्ता, जगह अथवा किसी जल-खंड को पार करने के लिए बनायी गयी ऊँची सड़क; २. फुट-पाथ, सड़क के किनारे पैदल चलनेवालों के लिए बनाया गया ऊँचा मार्ग* / सेतुक* (इ० ३ भी)। क्रि० स० उच्च मार्ग या फुट-पाथ बनाना।

caustic (kaw' stik) [L. *causticus*, Gr. *kaustikos* (*kaiein*, to burn, fut. *kaus-*)] वि० और सं० १. नाशक, मांस-सतुओं को जलाने अथवा धीरे-धीरे गला देनेवाला पदार्थ; २. तिग्म, प्रखर तीक्ष्ण, कट, जला-कटा, कठोर, मर्मभेदी; ३. (गणि०) किसी टेढ़े तल से प्रतिबिंबित या कम होती हुई किरणों के प्रतिच्छेद से निर्मित तल या वक्र; ४. (आ०, वि० १) दाहक* / कास्टिक*। **common or lunar ~** सिल्वर नाइट्रेट, गधक के तेज़ाब में चाँदी को गला कर बनाया गया द्रव पदार्थ जो ज़र्राही में काम आता है। **caustically** क्रि० वि० तीक्ष्णन से, कटुतापूर्वक, कठोरता से, मर्मभेदी तौर से। **causticity** सं० दाह, जलन, गलन, मास-दाह।

cauterize (kaw' ter īz) [F. *cautériser* late L. *cautērizāre*, from pp. of Gr. *kaiein*, to burn] क्रि० स० १ दाग़ देना, गर्म लोहे या कास्टिक से दागना; २. (आ०) कठोर, निर्दय या क्रूर बनाना, ३ (कृ०) प्रदाहन*। **cauterization** सं० १. दगाई, दागने की प्रक्रिया; २. (आ०) दागना* / दहनकर्म* / दहन* कास्टीकरण*; ३ (कृ०) प्रदाह करना*; ४. (वि० १) दाहकीकरण* / **cautery** (kaw' ter i) सं० १. प्रदाहन* (कृ० भी), दाग़नेवाला धातु-खंड; २. दगाई, दागने की क्रिया, ३. (आ०) दहन* / कास्टरी*; ४. (कृ०) प्रदाह यंत्र*; ५. (वि० ३) दाहक*।

caution (kaw' shun) [F., from L. *cautio -ōnis* (*cautus*, p.p. of *cavēre*, to take heed)] सं० १. सावधानी, सतर्कता, होशियारी, खबरदारी, चौकसी, समझदारी, सुरक्षा के प्रति सजगता; २. चेतावनी (ड्रिल में आदेश का प्रारंभिक शब्द); ३. सतर्क करनेवाला तत्त्व; ४. (डाँट-फटकार के साथ दी गयी) चेतावनी; ५. (ग्रा०) असाधारण वस्तु; ६. डरावना, ७. अजनबी, अनोखा या विलक्षण व्यक्ति। क्रि० स० चेतावनी देना, आगाह करना, खबरदार करना, (किसी व्यक्ति को प्रायः कुछ करने अथवा न करने पर) डाँटना, फटकारना, झिड़कना, धमकाना। **~money** अवधान-द्रव्य, जमानत का पैसा। **cautionary** वि० सतर्क करनेवाला, होशियार करनेवाला, चेतावनी देनेवाला। **cautious** वि० सावधान, दक्ष, सतर्क, खबरदार, चौकस। **cautiously** क्रि० वि० सावधानी से, सतर्कतापूर्वक, खबरदारी से, होशियारी से, चौकसी से।

cavalcade (kāv ăl kād') [F., from It. *cavalcata*, fem. of

cavalcato, p.p. of *cavalcar* (late L. *caballicāre*, from L. *caballus*, a horse)] सं० घुड़सवारों का दस्ता या दल।

cavalier (kăv´ă lēr´) [F., from It *cavaliere* (L. *caballārius*, from *caballus*, horse)] सं० और वि० १. घुड़सवार, अश्वारोही; २. शूर-वीर, जवांमर्द, बाँका, बहादुर, योद्धा-पुरुष, विशे० नारी-संरक्षक; ३. राजतन्त्रवादी, १७वीं शती में इंग्लैण्ड में घटित गृह-युद्ध में तत्कालीन स्टुअर्ट राजा चर्ल्स प्रथम का पक्षपाती योद्धा; ४. (भा० १) कैवेलियर*। वि० १. अक्खड़, अभद्र; २. बेपरवाह, रूखा, शुष्क; ३. घमंडी, अभिमानी। **cavalierly** क्रि० वि० १. अक्खड़पन से, अभद्रतापूर्वक; २. रूखेपन से।

cavally (kă văl´ i) [Sp. and Port. *cavalla*. mackerel (It *caballo*. L. *caballus*, horse)] सं० कावली, एक प्रकार की मछली।

cavalry (kăv´ăl rĭ) [F. *cavallerie*, It. *cavalleria* (*cevaliere* CAVALIER)] सं० रिसाला, अश्वारोही सेना, घुड़सवार सेना (प्राय० बहु० की क्रिया के साथ प्रयुक्त)।

cavatina (kăv´ă tē´ nă) [It.] सं० छोटा-सा गीत, उसी प्रकार का वाद्य संगीत।

cave[1] (kāv) [F., from L. *cava*, neut. pl. of *cavus*, hollow (cp Gr. *kuō*, a cavity)] सं० १. गर्त, गह्वर, कन्दर, कन्दरा, गुफा* / गुहा* (वि० १ भी), खोह, माँद; २. (राजनीति) फट, अलहदगी, किसी प्रश्न पर मतभेद के कारण पार्टी या दल के एक भाग द्वारा दल का परित्याग; ३. असंतुष्ट राजनीतिज्ञ, इस प्रकार अलग हो जानेवाले राजनीतिक व्यक्ति। क्रि० स० और अ० १. खोदना करना, (खोद कर) गुफा आदि बनाना; २. किसी प्रश्न पर दल के एक भाग का उससे अलग होना; ३. हार मानना, दब जाना, दबाव के आगे झुकना, आत्म-समर्पण करना, विरोध छोड़ देना; ४. कठोर प्रहार करना (विशे० किसी व्यक्ति के टोप या सर पर); आकार या शक्ल-सूरत बिगाड़ देना, पैचैसाना* (वि० १ भी)। **idols of the ~** पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण। **~in** बैठ जाना, नीचा हो जाना, किसी गुफा आदि का, किसी दीवार का अन्दर धँस जाना, टूट कर गिर जाना। **~dweller** गुहावासी, विशे० गुहा में रहनेवाले प्रागैतिहासिक मनुष्य। **~-fish** **~-rat**, **~-spider**, **~-swallow** गह्वरवासी, गुफा आदि में रहनेवाले मछली, चूहा, मकड़ी, अबाबील आदि जीव (bat bear etc. गह्वरवासी रीछ आदि या स्तन्य जातियाँ जिनके हाड़ या अस्थि-शेष गुफाओं में मिलते हैं)। **~-man** आदिम (आदि-युग के) आवेगों, भावनाओं, प्रवृत्तियों एवं व्यवहारवाला मनुष्य। **cavelet** सं० छोटी गुहा या गुफा।

cave[2] (kā´ vē) [L., beware] विस्मo (स्कूल आ०) खबरदार, सावधान (अध्यापक के आने की चेतावनी)।

caveat (kā´ ve ăt, kă´ [L., let him beware] सं० १ प्राक्सूचन; २ निषेध, वारिणी* (भा० १ भी), कार्रवाई या कार्यवाही का निलंबन या बंद करने की प्रक्रिया; ३. चेतावनी; ४. शर्त, उपबंध; ५ (भा० १) आपत्ति-सूचना*। **enter, put in a~** उजड़ारी या आपत्ति करना, कार्यवाही रोकने की प्रार्थना करना।

caveat emptor लैटिन वाक्य (क्रेता स्वयं सावधान रहे) माल विक्रेता की आशा के अनुकूल न हो, तो उसकी जिम्मेदारी से बरी होने की बात।

cavendish (kăv´ en dĭsh) [perh. from the maker's name. सं० तंबाकू-टिकिया, तंबाकू की पत्तियों की दबी हुई मीठी गोल टिकिया।

cavern (kăv´ ĕrn) [F. *caverne*. L. *caverna* (*cavus*, see CAVE)] सं० (अलं०) १. भूँडुवरा, कन्दरा* (वि० १ भी), भूमिगत गुहा, ज़मीन के अन्दर पायी जानेवाली खोह या गुफा। **caverned** वि० गुहामय, गुहायुक्त, गुफा के समान। **cavernous** वि० १. कंदरायुक्त, गुहाओं से परिपूर्ण, गुफा आदि से भरा हुआ; २. गुफा के समान विशाल, गहरा या गहन; ३. रंध्रमय, छोटे-छोटे छेदों से युक्त। **~darkness** घटाटोप अँधेरा, सूचे भेद अंधकार। **~eyes** धँसी हुई आँखें। **~mouth** धँसा हुआ या पिचका हुआ मुँह। **caves(s)on** सं० नकेल, नथ, पट्टा, अडियल घोड़ों को सिधाने के लिए उनकी नाक में पहनाया गया दृढ़ बंधन।

caviar, caviare (kav´ i ar, kăv yar´, kăv i ăr´[etym. doubtful] सं० मछली के अंडों का अचार, सिरके, तेल आदि में डाले हुए मछली के अंडे, जो बड़े चाव से खाये जाते हैं। **~to the general** बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद।

cavil (kăv´ il) [O.F. *caviller*, L. *cavillāri* (*cavilla*, jeer, mockery)] क्रि० अ० और स० १. हुज्जत करना; २ मीन-मेख निकालना, नुक्ताचीनी करना, व्यर्थ आपत्ति करना; ३. छिद्रान्वेषण, खोट निकालना। **caviller** सं० छिद्रान्वेषी, दोषदर्शी, हुज्जती, खोट निकालनेवाला।

cavity (kăv´ i tĭ) [F. *cavité* (L. *cavus*, CAVE)] सं० १. छिद्र, रन्ध्र, बिवर, ठोस वस्तु में खोखली या पोली जगह; २. गर्त, गहढ़ा; ३. (आ०, इ० २, वि० १) गुहिका*; ४.(आ०) गुहा*; ५. (इ० ३, वि० १) कोटर*।

cavort (kă vôrt´) [perh. corr. of CURVET] क्रि० अ० १. (घोड़े के विषय में) उछलना-कूदना, कुद-फाँद करना; २. इठला या इतरा कर चलना; ३ ऐंठ कर या गर्व से चलना।

cavy, cavey (kā´ vi) [French Guiana native *cabiai*] सं० केवी, अमरीका का चूहे जैसा जीव, घस।

caw (kaw) [imit.] सं० विस्म० कौवे का काँव-काँव शब्द, काँव-काँव। **~out** क्रि० अ० और स० काँव-काँव करना, कौवे जैसा शब्द करना।

Caxton (kăk´ tŏn) [pers. name] सं० १. विलियम कैक्सटन (प्रथम अंग्रेज मुद्रक, मृत्यु १४९२ ई०) द्वारा छापी गयी या मुद्रित पुस्तक; २ कैक्सटन के ढंग के छापाई के अक्षर या टाइप।

cay, key[1] (kā, kē) [Sp. *cayo*, med. L. *caium*, prob. from celt (cp. W. *cae*, a hedge, field Bret. *kaé*, an enclosure. an embankment) सं० मूँगे या बालू आदि का द्वीपी तट या चट्टान, प्रवाल-माला।

cayenne (kā ĕn´), **Cayenne pepper** [Braz. *ky'onha*, assim. to *Cayenne*, in French Guiana] सं० तीखी या तेज़ लाल मिर्च।

cayman, caiman (kā´ măn) [Carib. *acaʼyouman*] सं० केमन, घड़ियाल, छिपकली आदि की जाति के (लुप्तप्राय) विशालकाय जन्तु, विशे० अमरीका के छोटे और गोल नाक-मुँहवाले जन्तु।

Cd., Cmd. दे० COMMAND* paper।

ce दे० CEE।

ceanothus (sē ă nō´ thŭs) [Gr. *kranothos*, a kind of thistle] सं० सेनोथस, फूल देनेवाला एक पौधा।

cease (sēs) [F. *cesser*. L. *cessāre*, freq. of *cēdere* (p.p. *cessus*), to go. to yield] क्रि० अ० और स० १. त्याग देना, हट जाना, छोड़ देना; २. बन्द करना, बन्द होना, रुकना; ३. (भाव, क्रिया या गति का) समाप्त करना या होना, अन्त होना या करना; ४. हट जाना, हाथ उठाना, हाथ रोकना, खत्म होना, निबटना; ५. (संघर्ष, उद्योग आदि) निपटाना, चुकाना। सं० १. समाप्ति, पर्यवसान, निवर्तन।

without~ अनवरत, लगातार। **~fire** (सैन्य०) युद्ध-विराम, लड़ाई-बन्दी, शत्रुकबन्दी। **ceaseless** वि० लगातार, अविरत, अनवरत, निरंतर, बड़ाचढ़ा, ताबड़तोड़। **ceaselessly** क्रि० वि० निरंतर लगातार, अनवरत रूप से। **ceaselessness** सं० निरंतरता, अनवरतता, नैरंतर्य।

cecity (सेँ' सि टि) [L. *cæcitas*, from *cæcus*, blind] सं० अंधता, अदृष्टि, दृष्टिहीनता, तिमिर, अंधापन [प्राय: ला०]।

cedar (सी' डर) [O.F. *cedre*, L. *cedrus*, Gr. *kedros*] सं० १. देवदार* (वि० १ भी); २ देवदार जाति के वृक्ष; ३. देवदार से मिलते-जुलते अन्य वृक्ष; ४. (वि० १) सीडर*/देवदार*। **Atlas ~** एटलस पहाड़ का देवदार। **~wood.** देवदार की लकड़ी। **cedarn, cedaren** वि० (काव्य०) देवदार का, देवदार संबंधी।

cede (सीड) [L. *cēdere*, to yield] क्रि० स० १. छोड़ देना, दे देना, सौंपना, सुपुर्द करना, प्रदान करना; २. स्वीकार करना, मान लेना, झुक जाना; ३. हवाले करना, अर्पण करना* (भा० १ भी), समर्पित करना; ४. परित्याग करना (राज्य-क्षेत्र आदि); ५. झुक जाना।

cedilla (सि दि' ला) [Sp. *cedilla*, It. *zeaglia*, dim. of Gr. *zēta*, z] सं० C के नीचे लगनेवाला चिह्न, जो सीत्कार की ध्वनि का संकेत करता है।

cee (सी) सं० C वर्ण। **~spring** अर्द्ध वृत्ताकार गाड़ियों की कमानी, जिसकी आकृति C वर्ण के समान होती है।

ceil (सील) [prob from F. *ciel*, heaven L *cælum* (influenced by L *celāre*, to emboss; cp. late L. *celātūra*, a vaulted roof)] सं० १. वितान, अन्त:पटल, अन्तश्छादन, भीतरी छत, चाँदनी; २. (उड्डयन) किसी वायुयान द्वारा गन्तव्य अधिकतम ऊँचाई; ३. मौसम (काल) विशेष में वायुयान की अधिकतम गन्तव्य ऊँचाई; ४. मूल्य या मजदूरी की उच्चतम सीमा या शिखर।

celadon (सेल' ड़ॉन) [F. perh. after the character of that name in D'Urfé's *Astrée*] सं० और वि० १. बेतस हरित, सरपत, पानी के किनारे उगनेवाला एक वृक्ष; २. उस वृक्ष संबंधी।

celandine (सेल' अन डीन) [O. F. *celindoine*, L. *chelidonia*, Gr. *chelidonion*, swallow-wort, neut. of *chelidonios* (*cheilōn*, swallow)] सं० सेलेन्डाइन, पीले फूलवाले पौधे। **greater ~** कुकरौंधा। **lesser ~** अंजीरा।

Celanese सं० १. कृत्रिम रेशम (चीनांशुक), रेशम का प्रकार-विशेष; २. (वि० ३) सिलानीज*।

-cele (सील) [Gr. *kēlē*, a tumour] चिकित्साविषयक समस्त पदों में प्रयुक्त, शोथ, अर्बुद, सूजन।

celebrate (सेल' ऐ ब्रेट) [L. *celebrātus*, p.p. of *celebrā celeber -bris*, frequented, populous)] क्रि० स० और अ० १. (सार्वजनिक रूप में और विधिवत्) अनुष्ठान करना (धर्मोत्सव आदि), (Eucharist के अवसर पर) एवजी पादरी का कार्य सम्पादन करना; २. (पर्व, उत्सव, घटना आदि) मनाना, (समारोह के साथ) करना, कर्मकाँडों के साथ अनुष्ठान करना; ३. प्रसिद्ध करना, प्रचार करना, प्रशंसा करना। **celebrated** वि० (भू० कृ०) प्रसिद्ध, यशस्वी, ख्यात, विख्यात, नामी, माना हुआ, मशहूर। **celebration** सं० १. अनुष्ठान; २. विधिवत् मनाया जाना, प्रशंसा-स्तुति; ३. प्रचार, प्रसिद्धि; ४. समारोह, उत्सव, रचाव, धूमधाम, खुशी, आनन्द मनाना। **celebrant** सं० एवजी (स्थानापन्न) पादरी, धर्मोत्सव सम्पादन करनेवाला, कर्मकाण्डी पादरी। **celebrity** (से leb' ri ti) सं० १. प्रतिष्ठा, यश, कीर्ति, ख्याति, नामवरी; २. विख्यात व्यक्ति, प्रसिद्ध आदमी, (गुणवाचक भी जैसे ~concert)।

celeriac (से ler' i ăc) सं० १. सेलेरिऐक, शलजमी जड़वाला, शाक-प्रभेद; २. अजमोदा।

celerity (से ler' i ti) [F. *célérité*, L. *celeritas -tātem* (*celer*, swift, cp. Gr. *kelēs*, a runner)] सं० वेग, त्वरा, फुर्ती, चुस्ती।

celery (सेल' ऐ रि) [F. *céleri*, prov. It. *seleri*, *selení*, from L. from Gr. *selinon*, parsley] सं० १. सेलरी* (वि० १ भी), खुरासानी, अजवायन या अंजमोदा; २. सलाद और साग के काम आनेवाला सहेद डठलवाला पौधा; ३. (आ०) सिलेरी*।

celeste सं० और वि० १. आसमानी रंग, नीला रंग; २. (~ऑर्गन भी) ऑर्गेन और हारमोनियम बाजों में आवाज बदलने या रोकने का उपक्रम। वि० आसमानी, नीला, आसमानी नीला।

celestial (से les' ti ăl) [O.F., from L. *cælestis*: AL] वि० और सं० १. खगोलीय* (वि० १ भी), आसमानी, आकाशीय, आकाश का या आकाश संबंधी (~map); २. स्वर्गीय, दिव्य, अलौकिक, दैवीरूप से उत्तम, सुन्दर आदि। **~Empire** चीन, दिव्य साम्राज्य, (चीन के देशीय नाम का अनुवाद)। **~globe** खगोल, आकाश-मंडल। **celestially** क्रि० वि० दिव्यतापूर्वक, दिव्य रूप से।

celibate (सेल' ि बात) [orig. the unmarried state, from F. *célibat*, L. *cælibātus*, celibacy (*cælebs -libem*, unmarried)] वि० और सं० १. अविवाहित, कुँआरा; २. बाल-ब्रह्मचारी, जो विवाह न करने की वचनबद्ध या कटिबद्ध हो। **celibacy** सं० अविवाह, कुँआरापन, ब्रह्मचर्य, अविवाहित जीवन। **celibatarian** वि० और स० अविवाहित, ब्रह्मचारी, कुँआरा, क्वारा।

cell (सेल) [O.F. *celle*, L. *cella* (cp. *cēlāre*, to hide)] सं० १. बिल, रंध्र, छिद्र, अधोनस्थ भिक्षुणी-विहार, विहार, मठ (इति०), वैरागी या संन्यासी का कुटीर, कोठरी* (भा० १ भी), कुटी; २. झाँपड़ी, कुटीर (काव्य०); ३. कक्ष, समाधि (काव्य०); ४. आश्रम या क्रैदखाने की छोटी कोठरी, एकान्त-कक्ष; ५. खाना (मधुमक्खी के छत्ते का); ६. (विद्यु०) दो घात्वीय तत्त्वों के साथ विद्युत्-शक्ति संबंधी नल्क; ७ विद्युद्घटक, विद्युत् उत्पन्न करनेवाला यंत्र; ८. बैटरी की इकाई; ९. कोशिका-गुहा (जीव या स्नेनिक पदार्थों संबंधी); १०. (जीव०) प्राय. झिल्ली में बन्द (घिरा) जीवद्रव्य (प्रोटोप्लाज्म) का हिस्सा, सजीवी रचनाओं का अन्तिम तत्त्व; ११. किसी पूर्वकथ का कटोरीदार खाना, कोषमय कक्ष; १२. (ला० व्यक्तियों के बारे में) (क्रान्तिकारी) प्रचार-केन्द्र; १३. (आ०, कृ०, वि० १) कोशिका*; १४. (कृ०) कोष्ठिका*; १५. (आ०, इं० १, २, कृ०, वि० १, ३) सेल*; १६. (वि० ३) कोशा*। **condemned ~** काल-कोठरी, मृत्युदंड प्राप्त क़ैदी की कोठरी। **cells of brain** मस्तिष्क की विभिन्न क्षमताओं (योग्यताओं) के अलग-अलग कात्पनिक विभाग।

cellar (सेल' ऑर) [O.F. *celier* (F. *cellier*), L. *cellārium*] सं० १. अधःकोष्ठ* (इं० ३ भी), भूमिगृह, गुप्ति, तहखाना* (इं० ३, भा० १ भी), भूमिस्थ गोदाम, भूमि के नीचे का गोदाम; २. कोठरी, गोदाम, शराब का तहखाना, शराब का भंडार, सुराघर। क्रि० स० तहखाने में गोदाम में भरना। **~flap** तहखाने का दरवाजा। **~plate** कोयले के गोदाम के मुँह पर की तख्ती। **cellarage** सं० तहखाने का भंडार, तहखाने का

शराब-भंडार। **cellarer** सं० मठ या विहार में शराब और खाद्य का भंडारी, भोजनाधिकारी। **cellaress, cellaret** (sel ár et'), सं० भोजन-कक्ष (खाने के कमरे) में शराब की बोतलें रखने का बक्स, आलमारी या दराज।

'cello सं० (बहुव० ~os) VIOLONCELLO का संक्षिप्त रूप।

cellist सं० वायलिन बजानेवाला।

Cellophane (sel' ŏ fān) सं० सेलोफ़ेन* (आ०, वि० ३ भी), लपेटने की एक पारदर्शी वस्तु।

cellule (sel' ūl) [L. *cellula*, dim. of *cella*, CELL] (शरीर०) सं० १. कोशिका; २. गुहा, उल्लूखल (दे० CELL)। **cellular** वि० १. एक कमरे, कोष्ठ या खानेवाला, खानादार, कोष्ठमय; २. गुहावाला; ३. छेदार; ४ (आ०) कोशिका-*; ५. (वि० १) कोशिकीय*/ कोशिकामय*। **~shirt** जालीदार कमीज। **~tissue** (शरीर०) कोशि-ऊतक, कोशि-तंतु। **~plant** कोष-वनस्पति, वह पौधा जिसके तने, पत्तियाँ स्पष्ट या पृथक् न हों। **cellularity** सं० कोष्ठमयता, कोषमयता, खानेदार होना। **cellulate, cellulated, celluliferous** (sel ū lif'ĕr us), **cellulous** वि० कोष्ठमय, खानादार, कोष्ठ-सा, खाना-सा। **cellulation** सं० कोषयुक्तता, कोष्ठमयता।

cellulo- समस्त पदों में प्राप्त रूप।

celluloid (sel' ū loid) सं० सैलुलॉइड* (कृ०, वि० १ भी), कपूर और सेल्यूलोस नाइट्रेट से बना हुआ प्लास्टिक।

cellulose (sel' ū lōz) वि० १. छिद्रोज या कोष्ठोज; २. खानों से बना हुआ; ३. कोष्ठमयता; ४. (आ०, कृ०, वि० १) सेलुलोज*। सं० १. (रसा०) सेल्यूलोस, वह पदार्थ जिससे पौधों के ठोस भागों का निर्माण होता है (प्रचलित प्रयोग)। **~acetate, ~nitrate** (सेल्यूलोस एसिटेट या सेल्यूलोस नाइट्रेट का) सम्मिश्रण, जिससे धातु या लकड़ी के सामान पर वार्निश करने से सेल्यूलोस की तरह चमक आती है। क्रि० स० सेल्यूलोस की वार्निश करना। **cellulosity** सं० छिद्रमयता।

celsius दे० CENTIGRADE।

Celt (kelt, selt), **Kelt** ([F. *Celte*, L. *Celtæ*, pl. Gr. *Keltoi, Keltai*] सं० केल्ट (प्रजाति), गैली के समान एक प्राचीन जाति (जिसमें ब्रिटेन, कार्नवाली, वेल्शिय, आयरलैंडीय, मैंक्स आदि सम्मिलित हैं) का सदस्य या उसकी शाखा; २. (वि० १, मा० १) सेल्ट*। **Celtic, Keltic** (L. *Celticus*) वि० और सं० केल्टिक, केल्ट जाति की (भाषा)। **~fringe** ग्रेट ब्रिटेन की स्कॉट (स्कॉच), आयरलैंडीय, वेल्शिय और कार्नवाली जातियाँ। **Celtically** क्रि० वि० केल्ट जातीय ढंग पर, केल्ट जाति के अनुरूप। **Celticism** सं० केल्टीयता, केल्टिकीय गुण या विशिष्टता। **Celticize** क्रि० अ० और स० केल्ट बनाना या हो जाना। **Celto-**, CELT का समस्त पदों में प्रयुक्त रूप। **Celtologist** सं० केल्ट विद्या का पंडित। **Celtomaniac** सं० वह व्यक्ति जिसे केल्ट जाति और भाषा से घोर अनुराग हो। **Celtophil** सं० केल्ट-मित्र।

celt[2] (selt) [late Lat. *celtis*, a chisel, a hypothetical word from a reading *celte* (perh. *certe*) in the Vulgate book of Job] सं० १. (पुरा०) कुठार, कसि, पत्थर या लोहे का बना हुआ प्रागैतिहासिक कुठार, (आदिम) कुल्हाड़ी* (मा० १ भी); २. (वि० १) सेल्ट*।

cement (sĕ ment') [O. F. *ciment*, L. *cementum* (prob. short for *cædimentum*, from *cædere*, to cut)] सं० १. सीमेन्ट* (आ०, इं० ३, वि० १ भी), कोई वस्तु जो नरम हालत में चीजों को परस्पर जोड़ने के लिए काम आये, जोड़नेवाला मसाला; २. (आ०) ऐक्य, एकता का सिद्धान्त; ३. दाँत बनने का पदार्थ, नुकीले दाँत का अस्थिमय आवरण या पपड़ी। क्रि० स० १. सीमेन्ट से जोड़ना, सीमेन्ट लगाना, सीमेन्ट भरना; २. संबंध जोड़ना, बाँधना, जोड़ना, मिलाना; ३. पक्का करना, मजबूत करना; ४. चिपकाना। **hydraulic ~**जल-सीमेंट, वह सीमेंट जो पानी के नीचे जम सके।

cemetery (sem' ĕ tĕr ĭ) [L. *cœmitērium*, Gr. *koimētērion*, orig. dormitory (*koimaein*, to put to sleep)] सं० क़ब्रिस्तान* (आ० १ भी), शव-स्थान या शव-भूमि जो गिरजे की सीमा में न हो।

cenobite दे० COENOBITE।

cenotaph (sen' ŏ tăf) [F. *cénotaphe*, L. *cenotaphium*, Gr. *kenotaphion* (*kenos*, empty, *taphos*, tomb)] सं० १. समाधि, छतरी* (मा० १, ३ भी), स्मारक, यादगार, रौज़ा, खाली क़ब्र, अन्यत्र दफ़नाये हुए व्यक्ति का स्मारक या स्मारक-स्तंभ; २. क़ब्र, जिसमें से मुर्दा उठ गया हो; ३. (मा० १, ३) शून्य समाधि*; ४. (मा० ३) शून्य चैत्य*। **The Cenotaph** ह्वाइट हॉल में १९१४-१८ तथा १९३९-४५ के महायुद्ध में मरे सैनिकों का स्मारक।

cense (sens) [from obs. n. *cense*, incense, or short for v. INCENSE] क्रि० स० १. सुगंधित करना, खुशबूदार बनाना; २. धूप जला कर पूजा करना, धूप देना। **censer** (sen' sĕr) [O.F. *censier, encensier* (late L. *incensum*, incense, p.p. of *incendere*, to burn; cp. *candēre*, to glow)] सं० धूपदानी, अगरदान, धूपपात्र, धूप जलाने का पात्र, धूपदान* (मा० १ भी)।

censor (sen' sŏr) [L., from *censēre*, to tax, to appraise] सं० १. सेंसर* (मा० १, २ भी), प्राचीन रोम का मजिस्ट्रेट, जो नागरिकों की जनसंख्या की गणना और सूची रखता था तथा जनसाधारण के आचार की निगरानी करता था; २. पारखी, आचारोपदेष्टा, दूसरों के आचरण और शील, सदाचार आदि पर मत व्यक्त करनेवाला; ३. पत्रावेक्षक, प्रावेक्षक, सरकारी तौर से पुस्तकों, नाटकों, समाचारों या सैन्य जानकारियों आदि को आपत्तिजनक, सदाचार-विरोधी (अश्लील), विद्रोहपूर्ण, अनुचित ठहरानेवाला; ३. विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारी, निरीक्षक; ४. (मनोवि०) वह शक्ति, जिसके द्वारा अचेतन मन के तत्त्व चेतनाशिगत नहीं होने पाते; ५. (मा० २) अवष्टम्भक* / अवरोधक*; ६ (मा० १) अभिवेचक*; ७ प्राचीन रोम का एक मजिस्ट्रेट; ८. पत्रावेक्षण, दोषदेखन। क्रि० स० ऐसी शक्ति का प्रयोग करना, नियंत्रण करना, निरीक्षण द्वारा मुक्त या नियंत्रित करना। **censorial** वि० दोषदर्शी, आलोचनात्मक। **censorious** वि० १. दोषान्वेषी, दोष निकालनेवाला; २. छिद्रान्वेषी। **censoriously** क्रि० वि० दोषान्वेषिता से, छिद्रान्वेषिता से। **censoriousness** सं० १. दोषान्वेषिता; २. छिद्रान्वेषिता, छिद्रान्वेषण, नुक्ताचीनी। **censorship** सं० सेंसर-कार्य, निरीक्षण, दोष-विवेचन, प्रावेक्षण।

censure (sen' shŭr) [F., from L. *censūra* (*censēre*, see prec.)] सं० १. दोषारोपण, मलामत; २. निन्दा* (मा० १, २ भी); ३. तिरस्कार; ४. झिड़क, फटकार, भर्त्सना, डाँट; ५. परिनिंदा* (प्र०, मा० १ भी), निंदा-प्रस्ताव* (मा० १ भी); ६. (मा० १) सेंसर*। क्रि० स० दोष निकालना, विरोधी आलोचना करना, निंदा करना। **censurable** वि० निंद्य, तिरस्करणीय।

census (sen' sŭs) [L., from *censēre* (see CENSOR)] सं० १.

लोक-परिगणना, चक्षुश्चुवारी, जनगणना* (आ०, भा० १, ३, वि० १ भी), सेन्सस* (आ०, वि० १ भी); २. गिनती करना, गणना* (आ, ड० भी), संगणना* (भा० १, ३ भी)। ~paper जनगणना का कागज, जो जनगणना के लिए दिया जाता है।

cent (sent) [L. *centum*] सं० १. शत, सैकड़ा, सौ; २. अमरीका आदि का एक अत्यन्त छोटा सिक्का, डालर का सौवाँ भाग; ३. (वि० १) सेंट्* । **per~** प्रतिशत, प्रति सैकड़ा, सैकड़ा। **three per~** तीन प्रतिशत, लोक-प्रतिभूति की ब्याज-दर। **~per~** शत-प्रतिशत अर्थात् ब्याज मूलधन के बराबर। **don't care a~** रत्ती भर परवाह न करना, कौड़ी को न पूछना। **cental** सं० सेंटल, सौ पौंड तौल का बाट (अनाज के लिए)।

centaur (sen' tawr) [L. *centauros*, Gr. *kentauros*, etym. doubtful] सं० १. सेन्टौर, नरावर* (भा० १ भी), जीव जिसके सिर तथा हाथ आदि मनुष्य के स्थान हैं और शेष भाग घोड़े-सा; २. दोग़ला, दोनस्ला, वर्णसंकर, हुमेला (व्यक्ति या वस्तु, पौधा आदि); ३. शहसवार, पक्का घुड़सवार; ४. किफ़र* (भा० १ भी); ५. ऋक्ष, एक ग्रह। **centauress** सं० नरावरिका, दोग़ली, दोनस्ली।

centaury (sen' taw ri, -tēr i) [L. *centaurēa, centaurēum*, Gr. *kentaureion* (nom. *kentaureios* after the Centaur Cheiron)] सं० १. सेन्टौरी, ओषधि में प्रयुक्त होनेवाला कड़वे स्वाद का पौधा; २. विभिन्न प्रकार के पौधों का नाम।

centenarian (sen tē nār' i án) वि० और सं० शतायु, शतंजीवी, शतवर्षीय, सौ साल का (व्यक्ति)। **centenary** (sen tē' ná ri, sen' tē nár i) [L. *centēnārius*, from *centēni*, a hundred each (*centum*, CENT)] वि० शताब्दीय, शतवर्षीय, सौ वर्ष का। सं० १. सदी, शती, शताब्दी, सौ बरसी; २. सौवीं वर्षगाँठ, जन्मशती; ३. शताब्द-समारोह, शतवर्ष-समारोह, सौ वर्ष पर होनेवाला महोत्सव। **centennial** (sén ten' i ál) वि० और सं० १. शतवार्षिक, शताब्द, शतवर्ष, शतवर्षीय; २. शतजीवी, शतंजीवी; ३. शताब्दिक, शताब्दी से संबंध रखनेवाला; ४. सौवीं वर्षगाँठ का, सौवें जन्म-दिवस का।

centesimal (sén tes' i mál, -tē' si mál) [L. *centēsimus*, -AL] वि० शतिक* (वि० १), सैकड़ों में गिना हुआ। **centesimally** क्रि० वि० सौवें हिस्से ले-लेकर।

centi- ([L. *centum*, a hundred] १. (सौ) का समस्त पदों में प्रयुक्त रूप; २. शतांश, दाशमिक मापपद्धति में १/१०० का अभिधान, सौवाँ अभिधान।

centigram (sent' i grám), **centigramme** सं० (वि० १) सेंटीग्राम। दे० GRAMME।

centigrade(sent' i grād) वि० १. (आ०, वि० १) सेंटीग्रेड*; २. शतांशिक जिसमें सौ अंश (अंशांक) हों, (सेल्सियस के थर्मामीटर ० हिमांक और १०० क्वथनांक वाला)।

centilitre सं० (वि० १) सेंटीलीटर*, दे० LITRE।

centillion सं० सेप्टिलियन, दस लाख का सौवाँ घात (१ के आगे ६०० शून्य रखने पर बनी हुई संख्या)।

centime (son' tēm) सं० सैन्तीं, फ्रांसीसी सिक्का, फ्रांक का सौवाँ हिस्सा।

centimetre सं० वि० १) सेंटीमीटर*। दे० METRE।

centipede (sen' ti pēd) [L. *centipeda* (CENTI-, *pes pedis*, foot)] सं० १. शतपदी, कनखजूरा* (कु० भी), गोजर; २. (कु०) सैन्टीपीड* / शतपाद* / काष्ट*।

centner (sent' nér) [G., from L. *centēnārius*, CENTENARY] सं० सेंटनर, एक जर्मन तौल, जो क़रीब १ हंडरवेट के बराबर होता है।

cento (sen' tō) [L. a patchwork] सं० (बहु० ~०s) संकलित पुस्तक, अन्य लेखकों की रचनाओं या उद्धृत अंशों का पुस्तकरूप में संकलन।

central (sen' trál) [L. *centrālis* (*centrum*, CENTRE)] वि० १. केन्द्रीय* (आ०, ई० ३ भी), केन्द्रस्थित, मध्य, मध्यस्थित, बीच का, दरम्यानी; २. प्रमुख, प्रधान, मुख्य, अग्रणी; ३. प्रमुखवान्; ४. मध्यवर्ती* (आ०भी), केन्द्रस्थ* (ई० ३)। **~Empires, Powers** (इति०) जर्मनी और आस्ट्रिया-हंगरी। **~heating** केन्द्रीय स्रोत से नल द्वारा प्राप्त वाष्प या उष्ण जल से किसी भवन को गरम रखने का ढंग। **centralism, centralist** सं० १. केन्द्रीयण, केन्द्रीकरण नीति या केन्द्रीय शासनवाद या केन्द्रीयत वाद; २. केन्द्रीकरण नीति के समर्थक या केन्द्रीय शासनवादी। **centrality** (sen trăl' i ti सं० केन्द्रीयता। **centralize** क्रि० अ० और स० १. केन्द्रीकरण करना, एक जगह करना, इकट्ठा करना, केन्द्रीय सरकार को करना; २. (किसी राज्य आदि को) केन्द्रीकरण-पद्धति के अधीन करना। **centralization** (sen trá li zā' shún) सं० १. केन्द्रीकरण* (भा० १ भी); २. केन्द्रीकरण की पद्धति। **centrally** क्रि० वि० बीचोबीच, केन्द्र में होकर। **centralness** सं० केन्द्रीयता, केन्द्रस्थिति, मध्यस्थिति।

centre, center (sen' ter) [F. *centre*, L. *centrum*, Gr. *kentron*, a spike (*kentein*, to prick)] सं० और वि० १. केन्द्र* (आ०, ई० ३, वि० १ भी), मध्यबिन्दु, मध्यस्थल; २. बिन्दु; ३. धुरा, धुरी, कीली, जिस पर कोई वस्तु घूमती है, विवर्तनी, संतुलन-बिन्दु, खराद, चाक आदि में गतिशील वस्तु (चक्कर खाता हुआ पदार्थ) को रोकने (स्थिर करने) वाला बिन्दु (व्यवस्था करने योग्य सूच्याकार आकृति); ४. सेंकेन्द्रण या विभजन का बिन्दु; ५. नाभीय, मध्य भाग; ६. स्रोत, उद्गम, उत्पत्ति-स्थान; ७. (ग्रेनियन लीग आदि या अमरीका में रहनेवाले आयरलैण्डवासियों का क्रिटिश प्रभुता के खिलाफ़ विद्रोही दल का) संघटनकर्ता, लीडर, नेता (विशे० head-); ८. चाँदमारी का केन्द्र-बिन्दु; ९. उदर, गर्भ; १०. (वास्तु०) गुंबद या मेहराब बनाने के लिए लकड़ी का ढूला* (ई० ३भी), ढाँचा, निर्दा या साँचा; ११. (सैन्य०) पक्ष सेनाओं के मध्य की सेना, मुख्य सेना; १२. (राजनीति, मू० फ्रेंच) (the ~) मध्यमार्गी, नरम-पंथी; left~ अतिमार्गी, चरमपंथी, उग्र दल, आमूल परिवर्ती दल; right~, प्रतिगामी, प्रतिक्रियावादी, प्रतिक्रियाशीलों; १३. (फुटबाल, हॉकी) अगली पंक्ति के बीच का खिलाड़ी (~forward भी); १४. गेंद को बग़ल से केन्द्र की ओर (पैरों या हॉकी से) बढ़ाना; (ई० ३) ढूला*। क्रि० अ० और स० १. केन्द्र में या केन्द्र के चतुर्दिक या केन्द्र के समीप एकत्र होना, केन्द्रीभूत करना या होना, केन्द्रित करना; २. एक जगह करना; ३. जमना; ४. जमाना; ५. गड़ना; ६. गाड़ना; ७. टिकना; ८. घूमना; ९. केन्द्र का निशान डालना, केन्द्रण करना, संकेन्द्रण करना; १०. केन्द्र (या मध्य) मालूम करना; ११. (फुटबाल, हॉकी) गेंद या पैर से गेंद को बग़ल से केन्द्र की ओर मारना। **~of attraction** १. (भौ०) गुरुत्वाकर्षण; २. (ला०) आकर्षण-केन्द्र। वि० केन्द्रस्थ, केन्द्रीय। **~bit** बरमा, छेद करनेवाला औज़ार (जो लकड़ी या लोहे आदि को काटता हुआ छेद करता है)। **~board** नाव में हवा के ज़ोर का तख़्ता। **dead~** दे० DEAD। **~most** केन्द्र-निकटवर्ती। **~of gravity** गुरुत्वाकर्षण-केन्द्र, गुरुत्व-केन्द्र, भार-केन्द्र, आकर्षण-केन्द्र।

~of mass समतल फलक पर का बिन्दु, जो किसी वस्तु को दो बराबर भारवाले हिस्सों में विभाजित करता है। ~piece मेज के बीच की सजावट। ~rail दो पटरियों के बीच डाली गयी तीसरी पटरी, जिससे पहाड़ी रेलों (रेलगाड़ियों) का दांतेदार पहिया आदि चल सके, बीच की (तीसरी) पटरी। ~second (a) बड़ी में मध्यस्थित सेकंड की सुई। centr(e)ing सं० हला, मेहराब, गुम्बद आदि की निर्मिति के लिए अस्थायी ढाँचा या निर्माण। centreless वि० केन्द्रहीन, बिना केन्द्र का। centric (al) वि० मध्यस्थित का, मध्यवर्ती, केन्द्रस्थ, केन्द्रीय। centrically क्रि० वि० बीचोबीच, मध्यस्थ, केन्द्र में। centricity (sen tris' i ti) सं० केन्द्रस्थिति, मध्यास्थिति, केन्द्रीयता।

centrifugal (sen trif' ū găl) [*centrum*, CENTRE, *fugere*, to fly from] वि० १. अपकेन्द्री* (ई०३, मा० १, वि० १ भी), केन्द्रापसारी* (आ० भी), केन्द्रातिग; २. केन्द्र से हटने या हट जानेवाली; ३. केन्द्र-विमुख। ~force अपकेन्द्री शक्ति, केन्द्रापसारी शक्ति, वह शक्ति जिससे किसी केन्द्र पर घूमनेवाली वस्तु केन्द्र से दूर हो रही हो। ~machine etc. जिन मशीनों में अपकेन्द्री शक्ति काम में लायी जाती हो, केन्द्रापसारक पम्प आदि। ~inflorescence (वन०) केन्द्रापसारक पुष्पक्रम, केन्द्रापसारी पुष्पक्रम, जिसमें ऊपर चोटी के फूल पहले विकसित हों और उसके बाद (क्रमानुसार) नीचे की ओर के फूलों का विकास हो। centrifugally क्रि० वि० केन्द्रापसारतया, केन्द्र से हटते हुए।

centripetal (sen trip' é tăl) [*centrum*, CENTRE, *petere*, to seek] वि० १. केन्द्राभिमुख, केन्द्रगामी, केन्द्र (मध्य) की ओर जानेवाला; २. (आ०) केन्द्राभिसारी*; ३. (ई० ३, मा० १, वि० १) अभिकेन्द्री*; ४. (वि० १) अभिकेन्द्र*। ~force केन्द्राभिमुख शक्ति। ~machine केन्द्राभिमुख मशीन या यंत्र। ~inflorescence केन्द्राभिमुख पुष्प, नीचे से ऊपर की ओर विकास। centripetally क्रि० वि० केन्द्राभिमुखतया, केन्द्र की ओर अभिमुख होते हुए।

centro- ([L. *centrum*, centre] का समस्त शब्दों में प्रयुक्त रूप, केन्द्र, केन्द्रीय।

centuple (sen' tūpl) [F., from late L. *centuplum*, neut. -us, L. *centuplex centum*, a hundred] वि० और स० सौगुना। क्रि० स० सौगुना करना, सौ से गुणा करना। centuplicate (sen tū' pli kăt) वि० और सं० १. (विशे० in ~) वह वस्तु जिसकी सौ प्रतिलिपियाँ की या ली जायँ, सौ प्रतिलिपियाँ करना या लेना।

centurion (sen tū' ri ŏn) [L. *centurio*] सं० सेंटूरियन, रोम की सेना का शतपति, सौ सैनिकों का कमांडर।

century (sen' tū ri) [F. *centurie*, L. *centuria* (*centum*, a hundred)] सं० १. (रोमन इति०) सैनिकों (मूलतः १००) का दस्ता; २. मतदान के लिए राजनीतिक क्षेत्र; ३. किसी की शती (विशे० क्रिकेट के १०० रन की); ४. सदी*/शताब्दी*/ शती* (मा० १ भी), किसी काल या युग से १०० वर्षों की अवधि, (विशे० ईस्वी सदी first~, १-१००; nineteenth~, १८०१-१९०० आदि); ५. शताब्द, सौ वर्ष, कोई भी लगातार सौ साल।

cephal-, cephalo- (sef' ăl, -ă lō) [Gr. *kephalē*, the head] 'सिर' के अर्थ में समस्त पदों में प्रयुक्त।

cephalic (se făl' ik) वि० १. सिर या कपाल का; २. सिर, मस्तक, कपाल संबंधी; ३. (आ०) शीर्ष*/, सिफेलिन*; ४. (वि० १) शिरस्य*।

cephalopod (se făl' ŏ pod) सं० [ई सेफैलोपॉड, कपालपाद, कोमल देहवाले जीव (घोंघा आदि) जिनके सिर पर स्पष्ट विज्ञायी पड़ने वाले लोचदार अंग या बाल होते हैं।

cephalothorax (sef á lō thōr' áks) सं० १. कपाल-वक्ष, सिर और सीना मिले हुए कीड़े, जैसे मकड़ा आदि; २. (क्रु०, वि० १) शिरोवक्ष*।

ceramic, keramic (sē-, kē răm' ik) [Gr. *keramikos* (*keramos*, potter's earth, pottery)] वि० १. मृत्तिकला संबंधी, कुम्भकला संबंधी, मिट्टी के बर्तन बनाने की कला संबंधी; २. (ई० २, ३, मा० १) सिरेमिक*/ चीनी मिट्टी की*। ceramics सं० १. कुम्भकला, कुम्हारी, मिट्टी के बर्तन बनाने की कला; २. (ई० ३, मा० १) मृत्तिका शिल्प*। ceramist (scr'-, ker' á mist) सं० कुम्भकार, कुम्हार, मिट्टी के बर्तन बनानेवाला।

cerastes (sē răs' tēz) [L., from Gr. *kerastēs* (*keras*, horn)] सं० सिरस्टीज, उत्तरी अफ्रीका का सींगवाला साँप, शृंगी सर्प।

cerastium सं० १. शृंगिकी, सींगनुमा बीज-कोशों वाली जड़ी-बूटियों के प्रकार; २. (वि० १) सेरेस्टियम*।

cerato- [Gr. *keras keratos*, a horn] समस्त पदों में सींग के अर्थ में प्रयुक्त।

Cerberus (sĕr' ber ŭs) [L., from Gr. *kerberos*] सं० सर्बरस, नरक-द्वार का प्रहरी तीन सिरोंवाला कुत्ता। sop to~ (लो०) १. अधिकारी आदि को संतुष्ट करने के लिए कुछ देना, घूस देना, मुटठी गर्म करना; २. कुत्ते को टुकड़ा डालना।

cere (sēr) [F. *cire*, L. *cēra* (cp. *cērāre*, to wax)] सं० मोम-झिल्ली, कुछ चिड़ियों की चोंच के नीचे की (निचले भाग की) खुली हुई मोम-सी झिल्ली।

cereal (sēr' i ăl) [L. *cerealis* (*ceres*, the goddess of corn)] वि० १. गल्ले या अनाज का, अनाज संबंधी। सं० (प्रायः बहु०) गल्ला, अन्न, खाद्यान्न, धान्य* (वि० १ भी); २. (अमरीकी) गेहूँ, मकई या अन्य अनाज की बनी हुई खाद्य वस्तु, भोज्य पदार्थ (प्रायः नाश्ते के लिए)।

cerebellum, cerebel (ser é bel' ŭm) [L., dim. of *cerebrum*, brain)] सं० (बहु० la) १. मस्तिष्क का पिछला भाग; २. (आ०, मा० २, वि० १) सेरिबलम* / अनुमस्तिष्क*। **cerebral** वि० १. मस्तिष्क संबंधी; २. (आ०) प्रमस्तिष्क*; ३. (वि० १) प्रमस्तिष्कीय*। **unconscious**~ अचेतन-मस्तिष्क क्रिया, ऐसे परिणाम जो सचेत विचार बिना प्राप्त हों। ~letter मूर्द्धन्य अक्षर, मूर्द्धन्य वर्ण। **cerebration** सं० १. मस्तिष्क-क्रिया; २. (आ०) प्रमस्तिष्क-व्यापार*।

cerebrum (se reb' rŭm) [L., brain] सं० मस्तिष्क, प्रमस्तिष्क* (मा० २ भी), (आ०, वि० १) प्रमस्तिष्क*/ सेरीब्रम*। **cerebro-** (scr'é brō) समस्त रूप में। ~spinal (scr é brō' spī' năl) [SPINAL] मस्तिष्क और मेरु का। ~meningitis गर्दनतोड़ बुखार, एक ज्वर, जिसमें चित्तियाँ पड़ जाती हैं।

cerecloth सं० मोमजामा, मोमी कपड़ा, जो लपेटने (विशे० शव को लपेटने) के काम आता है।

ceremen सं० (प्रायः बहु०) कफ़न, शव को लपेटने का कपड़ा।

ceremonial (se ri mō' ni ăl) [as foll.] वि० १. विधिवत्, रीतिबद्ध; २. शिष्टाचार-युक्त; ३. औपचारिक* (मा० १ भी),

रस्मी; ४. समारंभ संबंधी; ५. समारोह संबंधी। सं० १. रीति, चाल, प्रथा; २. शिष्टाचार, समयोचित सभ्य आचरण; ३. रूढ़ि-पालन; ४. कर्मकांड या संस्कार की पुस्तक (रो० कै० चर्च); ५. (मा० १) उपचार-कृत्य* । **ceremonialism** सं० १. औपचारिकता; २. प्रथावाद; ३. शिष्टाचारवाद; ४. रीति-बंधन। **ceremonialist** सं० १. औपचारिकतावादी; २. शिष्टाचार-परायण; ३. प्रथावादी। **ceremonially** क्रि० वि० १. विधिपूर्वक, रीत्यनुसार, यथारीति; २. औपचारिकता से; ३. रस्मी तौर पर।

ceremony (ser' ĕ mō ni) [O. F. *ceremonie*, L. *cærumônia* (cp. Sansk. *karman*, an action, a rite)] सं० १. धार्मिक रीति या प्रथा, रस्म, विधि, अनुष्ठान* / संस्कार* (मा० २ भी); २. उपचार, औपचारिकता; ३. शिष्टाचार, सौजन्य; ४. दिखावा, प्रदर्शन, आडंबर; ५. राज-व्यवहार; ६. नियमानुसार आचरण, यथोचित व्यवहार। **stand upon** ~ १. शिष्टाचार या प्रथा का नियमानुसार पालन करना, नियम-निष्ठता बरतना; २. तकल्लुफ़ करना। **without** ~ सादगी से, बिना दिखावे के, बेतकल्लुफ़ी से। **master of ceremonies** शिष्टाचार-निरीक्षक, सरकारी या सार्वजनिक स्वागत-समारोहों के अवसर पर समारोह के तौर-तरीक़े या विधि का निर्देशन करनेवाला। **ceremonious** वि० शिष्टाचार, सौजन्य या संस्कारयुक्त, प्रथानुयायी, संस्कारात्मक, रस्मी, आडंबरपूर्ण, संस्कार सम्बन्धी। **ceremoniously** क्रि० वि० १. बहुत आदरपूर्वक; २. शिष्टाचारपूर्वक, सौजन्य से; ३. औपचारिकता से, रस्मी तौर पर। **ceremoniousness** सं० १. अति आदर; २. अति प्रश्रय; ३. अति सौजन्य; ४. नियम-निष्ठा; ५. आडंबर; ६. संस्कार; ७. रस्मीपन।

ceriph दे० SERIF ।

cerise (sē rēz') [F., *cherry*, L. *cerasus*, Gr. *kerasos*] वि० और सं० हल्कीलाल रंग का या हल्का लाल रंग।

cerium (sēr' i ŭm) [after the planet *Ceres*] सं० सीरियम* (वि० १), एक धातु-तत्त्व। **ceric, cerous** वि० सीरियमी, सीरियम का।

cero- [L. *cēra* or Gr. *kēros*, wax] मोम या सिक्थ का समस्त रूप। **ceroplastic** (sēr ŏ plăs' tik) [PLASTIC] वि० १. मोमी, मोम की बनी हुई (मूर्ति आदि); २. मोमी मूर्तिकला-विषयक। **ceroplastics** सं० मोमी मूर्तिकला।

cert सं० (ग्रा०) अवश्यंभावी घटना या परिणाम, (certain का संक्षिप्त रूप)।

certain (sĕr' tăn) [O. F. *certein*, L. *certus*, -AN] वि० १. निश्चित, पक्का; २. अचूक; ३. अटल, नियत; ४. विश्वसनीय; ५. बड़की, अवश्यम्भावी; ६. निर्विवाद; ७. विश्वसनीय, दृढ़; ८. कोई, कोई भी, किसी (जैसे a ~person, lady of a ~age) **for** ~ निश्चयपूर्वक, विश्वस्त रूप से, असंदिग्ध रूप से। **certainly** क्रि० वि० १. अवश्य, ज़रूर; २. असन्दिग्ध रूप से, निस्संदेह, विश्वस्त रूप से; ३. सत्य मानते हुए; ४. (उत्तर देने में) मैं इसे स्वीकार करता हूँ, निस्संदेह। **certainty** सं० १. ध्रुवत्व, ध्रुव, असंशय, निश्चय; २. पक्की बात, यक़ीन; ३. असंदिग्ध तथ्य; ४. असंदिग्ध संभावना; ५. परम या निरपेक्ष निश्चय, दृढ़, विश्वास; ६. (विधि) निश्चय*। **bet on a** ~ प्रायः बेईमानी से शर्त लगाना या बदना (जब परिणाम का शून्य ज्ञान हो)। **to, for, a** ~ सन्देह से परे, सन्देहमुक्त।

clumsy (klŭm' zi) [M.E. *clumsed*. p.p. of *clumsen*. to benumb (cp. CLAM. CLAMMY)] वि० १ अचतुर, अदक्ष, अकुशल; २ अमुन्दर, बेढगा, अनगढ़, बेडौल; ३. भोंडा, भद्दा, कुडब; ४. अनाडी, फूहड़। **clumsily** क्रि० वि० १. बेढगेपन से; २. भोंडेपन से; ३. अनाड़ीपन से। **clumsiness** सं० १. बेढगापन; २. भोंडापन; ३. अनाड़ीपन; ४ फूहड़पन।

clunch (klŭnch) [prob. var. of CLUMP (cp. BUMP, BUNCH; HUMP, HUNCH)] सं० क्लच, सफेद चूने का पत्थर।

clung दे० CLING I

cluster (klŭs' tĕr) [A.-S. *clyster* (prob from the same root as CLOT)] सं० गुच्छ* (वि० १ भी), गुच्छा, झुरमुट, झड़, भीड़, जनसमदाय, जनसमूह। क्रि० स० तथा अ० १. गुच्छा होना या बनना, झुड होना या बनना; २ इकट्ठा होना या करना ३ एकत्र होना या करना, **clustered columns, pillars, shafts** स्तम्भों आदि का झुरमुट।

clutch[1] (klŭch) [M.E. *cloche*. *cloke*. a claw (A.-S. *clyccan*. to bring together, clench)] सं० १. ग्रह, ग्रहण, पकड, जकड, २. मुष्टि-बध, हस्त, पाणि, नख, बध, (बहु०) मुट्ठी, चगुल, शिकंजा, ३ क्लच* (क्र० भी), (मोटर आदि में) फ्रेन का वह हिस्सा, जो उठाये जाने वाले माल को पकड़ता है। क्रि० स० और अ० १ जकड़ना, घर पकडना, मजबूती से मुट्ठी में पकडना, चगुल में ले लेना, २. झपटना, दबोचना, झपट्टा मारना।

clutch[2] (klŭch) [var. of obs. *clekch*, from *cleck*. to hatch] सं० १. अंडों की झोल; २. मुर्गी के बच्चों का झुड, एक साथ निकले चूजों का झुड।

clutter (klŭt' ĕr) [var. of *clotter*, freq. of CLOT] सं० १. कोलाहल, तुमुल रव, हड़बोंग; २. बौखलाहट; ३. गड़बड, अस्त-व्यस्तता, विशृङ्खलता, ४. बेतरतीब सामान। क्रि० स० और अ० १. बौखला जाना, घबरा जाना; २. सामान को इधर-उधर फेंक देना या बेतरतीबी से रखना।

clydesdale सं० गाड़ी आदि में जोते जानेवाले भारी घोड़ो की एक नस्ल। वि० ऐसी नस्ल का।

clypeus (klip' ē ŭs) [L., a shield] सं० १. ढाल, कीड़ों के सिर का ढालनुमा भाग; २. (वि० १) मुखपाली*, क्लिपियस*। **clypeal** वि० ढाल-सी। **clypeate** वि० ढालदार। **clypeiform** वि० ढाल जैसा, ढाल के आकार का। **clypeo-** समासों में प्रयुक्त रूप।

clyster (klis' tĕr) [L., from Gr. *klustēr* (*kluzein*, to wash out)] सं० (चिकि० अब विरल प्रयोग) पिचकारी, बस्ति, दे० ENEMA भी। क्रि० स० पिचकारी देना या लगाना।

co- [L., the form of *cum* used before vowels, etc.] उप० cum का संक्षिप्त लैटिन रूप; १. क्रियाओं के पूर्व साथ या सह- के अर्थ में प्रयुक्त (जैसे ~operate, ~adjust); २. विशेषणों और क्रियाविशेषणों के पूर्व संयुक्त रूप से, साथ-साथ और परस्पर के अर्थ में प्रयुक्त (जैसे ~eternally, ~adjacent); ३. संज्ञाओं के पूर्व संयुक्त और पारस्परिक के अर्थ में प्रयुक्त (जैसे ~heir, ~equality); ४. कुछ गणित शब्दों में Complement का संकेत, (जैसे ~sine, ~declination); ५. सह*, स*, स*।

coacervation (kō ăs' er vā' shŭn) [L. *coacervare* (co-, *acervus*, heap)] सं० १. ढेर, अंबर, राशीकरण; २. (वि० ३) को॰सर्वेशन*।

coach (kōch) [F. *coche*, Magyar *kocsi*, belonging to *Kocs*, village in Hungary] सं० १. कोच, बग्घी, शाही घोड़ा-गाड़ी (stage~ भी); २. शिकरम, चार पहिए की गाड़ी जिसम प्रायः चार घोड़े जुते होते है; ३. सवारी गाड़ी; ४. रेल का डिब्बा; ५. (नौ० वि०) युद्धपोत का पिछला कमरा; ६. निजी ट्राइवेट ट्यूटर, शिक्षक, विद्यार्थी को घर पर पढ़ाने-वाला शिक्षक; ७. उस्ताद, सिखाने वाला (मल्ल विद्या या व्यायाम की टीमों का)। क्रि० अ० और स० १. किराए की घोड़ा गाड़ी में यात्रा करना; २. पढ़ाना, सिखाना, शिक्षा देना (विद्यार्थी को परीक्षा के लिए और नाविकों को नौका दौड़ के लिए); ३. सुझाव देना, हिदायत करना, सिखाना-पढ़ाना; ४. गृह शिक्षक से पढ़ना। **drive ~ and six through Act of Parliament** संसद् के अधिनियम को बेकार बना देना। **hackney-~** किराए की घोड़ा गाड़ी। **mourning ~**जनाज़े की गाड़ी। **slow ~**दे० slow। **~box** कोचवान के बैठने की जगह। **~built** लकड़ी से बना (मोटरकारों की बॉडी के संबंध में)। **~dog** दे० carriage dog। **~house** बग्घीखाना, गाड़ीघर। **~man** कोचवान, गाड़ीवान, साईस। **coachful** सं० गाड़ी भर, क्षेप भर। **coachmanship** सं० साईसी, कोचवानी।

coadjutor (kō ăd' joo' tŏr) [L., *coadjūtāre*, to help] सं० सहायक, सहकारी (विशे० विशप या किसी अन्य पादरी का)।

coadunate (kō ăd' ū nāt) [L. *coadūnāre* (co-, AD-, *unus*, one)] वि० (ग्रा० क्रि० और वन०) जुड़वाँ, जुड़े हुए।

coagulate (kō ăg' ū lāt) [from obs. a. *coagulate*, coagulated or directly from L. *coāgulātus*, p.p. of *coāgulāre*, from *coāgulum*, dim. n. of *coagere* (co-, *agere*, to drive, impel)] क्रि० स० और अ० १. जमाना, जमना, गाढ़ा हो जाना; २. स्कंदन करना, आतंचन होना। **coagulant** सं० स्कंदनकारी (वस्तु), स्कन्दक* (आ०, वि० १, ३भी)। **coagulation** सं० १. जमाव, गाढ़ापन; २. (आ०, वि० १) स्कंदन*; ३. (आ०) आतंचन*। **coagulator** सं० १. जमाने या गाढ़ा करनेवाली वस्तु; २. आतंचक।

coaita (kō I' tă) [Braz. *coata*] सं० कोइटा, दक्षिणी अमरीका का लालमुँहा छोटा बंदर।

coal (kōl) [A.-S. *col* (cp. Dut. *kool*, Icel. and Swed. *kol*, G. *kohle*)] सं० १. कोयला* (ए० ३ भी); २. पत्थर का कोयला* (वि० १ भी)। क्रि० स० और अ० १. (जहाज आदि में) कोयला भरना या लादना; २. कोयला देना। **blow the coals** भड़काना, भावना या भाव को उत्तेजित करना। **haul, call, over the coals** झिड़कना, धुड़कना, डाट-डपट करना, भर्त्सना करना। **heap coals of fire** बुराई के बदले भलाई करना। **(to carry) coals to Newcastle** उल्टे बाँस बरेली को। **~bed, -seam** कोयले की तह। **~black** कोयले-सा काला। **~box, -scuttle, -vase** कोयलादान, कोयला रखने का बर्तन। **~dust** कोयले का चूरा। **~factor** कोयले का आढ़ती या दलाल। **~field** कोयला-क्षेत्र, वह स्थान जहाँ कोयले की खानें हों। **~fish** शेल मछली, काले रंग की कार्ड मछली। **~flap, -plate** कोयलेखाने का ढक्कन जो फ़र्श में जुड़ा होता है। **~gas** कोयले की गैस। **~heaver** कोयला निकालने या ढोने वाला। **~hole** कोयले की कोठरी। **~master, -owner** कोयले की खान का ठेकेदार या मालिक। **~measures** १. (भूगर्भ०) कोयले की पर्तों से निर्मित चट्टान; २. (वि०) कोयला युक्त संस्तर। **~mine, -pit** कोयले की खान। **~screen** कोयले की छलनी, बड़े और छोटे कोयलों को अलगाने की छलनी। **~tar** १. कोलतार*, तारकोल*; अलकतरा*, डामर* (वि० १ भी)। **~tit** कोलटिट, काले रंग की एक छोटी चिड़िया। **~whipper** १. कोयला ढोने वाला; २. कोयला उठाने की मशीन। **coalless** बिना कोयले की, जिसमें कोयला न हो। **coaly** वि० कोयलामय, कोयलेदार।

coalesce (kō a les') [L. *coalescere* (co-, *alescere*, incept. of *alere*, to nourish)] क्रि० अ० १. मिलकर एक हो जाना, सम्मिलित हो जाना, सम्मिलित होना* (वि० १भी), जुड़ना; २. (राजनीतिज्ञों या राजनीतिक दलों का) सम्मिलित होना, संयुक्त होना; ३.(वि०१) संलीन होना*। **coalescence** सं० १. संयोग, मिलाव, मेल, जोड़; २. (वि० १) सम्मेलन* / संलयन*। **coalescent** वि० सम्मिलित, संयुक्त, जुड़ा हुआ। **coalition** सं० १. सम्मिलन, मेल, संयोग, सल्लेष, संयुक्त होना, इत्तिहाद; २. (राज०) विभिन्न सिद्धान्तों वाली राजनीतिक पार्टियों का किसी विशेष उद्देश्य के हेतु अस्थायी ऐक्य या सहयोग; ३. सहमिलन, सहमिश्रण। **coalitionist** सं० ऐक्यवादी, सम्मिलनवादी।

coalmouse, colemouse (kōl' mous) [A.-S. *colmāse* (*col*, coal, *māse*; cp. O.H.G. *meisa*, W.G. *mōwa*, a bird)] सं० कोलमाउस, एक छोटी और काले रंग की चिड़िया (दे० coal-tit भी)।

coamings (kō' mingz) [etym. doubtful] सं० जहाज की मेंड़, अड़वाल या कठघरा।

coarse (kārs) [prob. from *in course* ordinary (cp. MEAN, PLAIN)] वि० १. साधारण, मामूली, घटिया (जैसे (fish. fare); २.मोटा*, स्थूल* (ए० ३, वि० १ भी); ३. खुरदरा, अमाजित; ४. ग्राम्य, असभ्य, अशिष्ट, उजड्ड; ५. (भाषा के लिए) अश्लील, ग्राम्य; ६. खर्खर* (आ०भी); ७. (ई० ३, वि०

१) पटिया*। ~fare मोटा-झोटा खाना। ~fibred मोटे रेशे का। ~fish मामूली मछली। ~grained भोंडा, मोटा-झोटा (ला०, मनुष्य के लिए प्रयुक्त)। coarsely क्रि० वि० अक्खड़पन से, भोंडेपन से। coarsen क्रि० स० मामूली या घटिया होना, मोटा या खुरदरा होना। coarseness सं० १. ग्राम्यता; २. घटियापन; ३. स्थूलता, मोटापन; ४. अशिष्टता, भोंडापन। coarsish वि० १. साधारण-सा; २. मोटा-सा; ३. भोंडा-सा।

coast (kōst) [O.F. *coste* (F. *côte*) [L. *costa*, a rib, a side] सं० १. तट, तीर, छोर, समुद्र का किनारा (sea-~); २. (अमरीका और कनाडा में प्रयुक्त) फिसलनी गाड़ी; ३. ढलान पर से पैरगाड़ी की चाल, जिसमें चलानेवाला अपने पैरों को या तो स्थिर रखता है या ऊपर रख लेता है। ~guard(s man) १. समुद्री पुलिस; २. समुद्री पुलिस का सिपाही; ३. तट-रक्षक। ~line समुद्र-तट की रेखा। ~waiter चुंगी का अधिकारी, जो तटीय व्यापार का कर उगाहता है। coaster सं० १. तटपोत, तटीय पोत या नाव; २. मदिरा की सुराही रखने की चाँदी की ट्रे या थाली; ३. साइकिल के अगले चिमटे पर पैर रखने की जगह। क्रि० अ० १. जहाज या नाव को किनारे-किनारे ले जाना; २. एक ही तट के बन्दरगाहों में व्यापार करना; ३. पहाड़ी पर से फिसलना; ४. बिना पैर मारे ढलान पर साइकिल चलाना। coastal वि० तटीय* (अ०, वि० १ भी), तटवर्ती* (अ० भी०), समुद्र-तटीय* (वि० १ भी)। coastwise वि० और क्रि० वि० किनारे-किनारे।

coat (kōt) [O.F. *cote* (F. *cotte*), med. L. *cota*, *cotta*, O.H.G. *chozza*, fem. *choz*, *chozzo*, a coarse, shaggy stuff or a garment of this] सं० १. कोट, स्त्रियों का बटनदार ओवरकोट या लबादा; २ (अप०, बोल०) पेटीकोट (साहित्य में विशे० ~and skirt मुहावरे में); ३. पशुओं की खाल या चमड़ा; ४. फलों का छिलका; ५. (अ० क्रि०) किसी अंग की झिल्ली, परदा; ६. तह, परत, मुलम्मा, झिल्ली; ७. (रसा०) लेप* (इ० २ भी), विलेप, ८. (इ० ३) कोट*, आस्तर*; ९. (कृ०) चमबिरण*। क्रि० स० १. पुचरा फेरना, तह चढ़ाना; २. लीपना-पोतना; ३. क़लई करना, मुलम्मा करना। dust one's~ ठोकना, मरम्मत करना, मारना-पीटना। frock~ फ्रॉक कोट। great~ओवरकोट, लबादा। red~ १. सैनिकों का लाल कोट; २. अंग्रेजी सेना का सैनिक। trail one's~, tails~ छेड़ कर लड़ाई करना, अकारण लड़ना। turn one's~ गद्दारी करना, किसी का साथ छोड़ कर अन्य किसी से जा मिलना, पहलू बदल लेना, रंग बदल लेना। wear the king's~ सेना में भर्ती होना। ~armour वंशचिह्न युक्त वर्म, बख्तर, जिस पर वंश-चिह्न बना हो। ~card (अब बहुधा) (ताश का) बादशाह, बेगम, गुलाम। ~dress शाम के पहनने का एक प्रकार का कोट। ~of arms वंश-चिह्न, कुल-चिह्न। ~of mail बख्तर, कवच, वर्म। coated वि० १. कोट पहने, लिपा-पुता, ढका हुआ, छिलके या झिल्ली वाला; २. लेपित*, विलेपित*, कोट किया हुआ* (वि० १ भी)। coatee (kō tē') सं० कोटी, छोटा कोट (विशे० सैनिकों का)। coating सं० १. रंग या लेपन की तह; २. कोट का कपड़ा; ३. लेप*/ कोट*/ आस्तरण* (इ० २ भी)। क्रि० स० विलेपन*/ लेप करना* (आ०, इ० १, ३ भी)। coatless वि० १. बिना कोट का; २. बिना छिलके या आवरण का।

coati (kō a' tī) [Braz. (*coa*, a cincture, *tim*, a nose)] सं० कोआटी, अमरीकी मांसाहारी जानवर जो कंधे और लचीले घूमनवाला होता है और मुखविन्यास से मिलता-जुलता होता है।

coax (kōks) [formally *cokes*, from *cokes*, a fool, a gull] क्रि० स० और अ० १. अनुनय करना; २. पुचकारना; ३. बहलाना, बहकाना, फुसलाना; ४. मनाना, खुशामद करना। ~away, out फुसलाना, बहकाना। ~thing out of person किसी को फुसला कर कोई वस्तु उससे ले लेना। coaxer सं० १. फुसलानेवाला; २. बहकानेवाला; ३. लुभानेवाला।

coaxal, -ial (kō ăk' sal, -sī ăl) वि० १. (गणि०) समवर्तीय, एक धुरीवाला; २. (वि० १) समाक्ष*।

cob (kob) [etym. doubtful)] सं० १. हंस, राजहंस; २. टट्टू, छोटे क़द का घोड़ा; ३. बड़ी सुपारी (~nut भी), ४ कायले का गोल डला; ५. गोल सिरे की रोटी; ६. गारा, पानी में सनी हुई मिट्टी और भूस आदि जिससे दीवार का निर्माण करते हैं। ~corn दे० CORN। cobby वि० टट्टू का, टट्टू संबंधी।

cobalt (kō' bawlt) [prob. from G. *kobold*, a mine demon, because the mineral was at first troublesome to the miners] सं० १. निकल के समान एक धातु; २. नीला रंग, जो इस धातु से बनाया जाता है; ३. (वि० १.) कोबाल्ट*। **cobaltic** (kō bawl' tik) वि० १. कोबाल्टी, कोबाल्ट संबंधी; २ (वि० १) कोबाल्टिक*। **cobaltiferous** वि० कोबाल्टपूर्ण। **cobaltous** वि० कोबाल्ट का, कोबाल्ट-सा। **cobalto-** समासों में प्रयुक्त रूप।

cobble[1] (kob' ĕl') [etym. unknown] क्रि० स० १. गाँठना, थिगली लगाना; २. मरम्मत करना, ३. जूते गाँठना। **cobbler** सं० १ मोची* (प्र० भी), चमार, जूते गाँठनेवाला; २. अनाड़ी कारीगर, अनिपुण शिल्पी; ३. काम्बर, बर्फ मिला शराब, शरबत, नींबू आदि का (प्रायः sherry~) पेय। **cobblers wax** मोम (जिसे चमार सिलाई के समय तागे में लगाते हैं।)

cobble[2] (kob el) [COB] सं० १. पत्थर, पानी के कारण घिसट कर सुडौल हुआ पत्थर जो फ़र्श में लगाया जाता है, (~stone भी); २. (बहु०) पनपत्थरी कोयले, पनपत्थर के आकार के कोयले; ३. (वि० १) बटिया,*/ गोलाश्मिका*। क्रि० स० पनपत्थर का फर्श करना।

Cobdenism (kob' dĕn izm) सं० कॉब्डेनवाद. निर्बाध व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, और खर्चों, शांति, अहस्तक्षेप और साम्राज्य-विरोध पर आधारित नीति। **Cobdenite** वि० और सं० कॉब्डेनवादी, कॉब्डेनवादिता।

coble (kō' bĕl) [W. *ceubal* (*ceuo*, to hollow or excavate)] सं० कोबल, स्कॉटलैण्ड और उत्तर-पूर्व इंग्लैण्ड में मछली के शिकार की नाव।

cobra (kō' brā), **cobra de capello** (dē ká pel' ō) [Port., snake of (with) a hood] सं० नाग, फनवाला, फनियर साँप, फनदार जहरीला साँप।

cobweb (kob' web) [COB (A. S. *-coppe*, found in *attercoppe*, poison-spider), WEB (COB a spider may, how ever, be from COBWEB)] सं० १. जाल, सूत-जाल, मकड़ी का जाला* (आ० भी), (इससे लगने वाला) पदार्थ, इस जाले के सूत्र; २. मकड़ी के जाले-सी महीन चीज (इसी प्रकार की); ३. सूक्ष्म, काल्पनिक तर्क; ४. कबाड़, कूड़ा; ५. जाल, फंदा, छ्रक, धोखा, प्रपंच; ६. (आ०) लूताजाल*। वि० महीन,

पतली, कमज़ोर या सूत। **blow away the cobwebs** हवा खाना। **cobwebs of antiquity** पुराना काठ-कबाड़ (विशे० ला०)। **cobwebs of law** क़ानून का जाल, क़ानून के पेंच (विशे० ला०)। **cobwebbed** (-bd) वि० १. कमज़ोर, निर्बल; २. महीन, हवा-सा। **cobwebbery** सं० जाल, ऐब-पेंच, हेर-फेर। **cobwebby** वि० तंतुजालमय, मकड़ी के जाले-सा, मकड़ी के जालों से भरा।

coca (kō'ka) [Sp., from Peruv. *cuca*]. सं० कोका, दक्षिणी अमरीका की एक झाड़ी (जिसकी पत्तियाँ नशे के लिए चबायी जाती हैं)।

cocaine (kō kā' in, ko kān') [from prec., -INE], सं० कोकीन, कोका के रस से बनी हुई (अंग को सुन्न या निर्जीव करने की) दवा। **cocainize** क्रि० स० सुन्न करना, कोकीन से प्रभावित करना। **cocainization** सं० १. कोकीन का व्यवहार करना; २. (आ०) कोकीन प्रभावन*। **cocainism** सं० कोकीन का प्रभाव।

cocagee (kok a jē') [Ir. *cac a' ghdidh*, goose dung]. सं० १. कोकेजी, एक प्रकार का सेब, जिससे शराब बनती है; २ इस सेब की शराब।

coccyx (kok' siks) [L., from Gr. *kokkux -ugos*, the cuckoo (from the resemblance to a cuckoo's bill)] सं० १. गुदास्थि, मेरुदंड से मिलनेवाली मानव-शरीर की छोटी तिकोनी हड्डी, दुमची की हड्डी; २. पक्षियों आदि की ऐसी हड्डी; ३ (आ०, वि० १) कॉक्सिक्स*। **coccygeal** वि० १ गुदास्थि संबंधी; २. (आ० २, वि० १) अनुत्रिक*। **coccyg-, coccyg (eo)-**, समास में प्रयुक्त रूप।

cochin-china (koch' in chī' na) सं० कोचीन-चीनी मुर्ग़ी, कोचीन चीनी मुर्ग़ियों की जाति। वि० इस नस्ल की मुर्ग़ियाँ।

cochineal (koch' i nēl) [F. *cochenille*, Sp. *cochinilla*. L. *coccineus, coccinus* (*coccum*, a berry, scarlet)] सं० १. कोचिनियल, किरमदाना, मैक्सिको आदि में नागफनी पौधे पर पाले गए कीड़ों के सुखाए हुए शरीर जो किरमिजी रंग बनाने के काम आते हैं; २. (वि० १) किरमिजी रंगक*।

cochlea (kok'le ā) [L., from Gr. *kochlias*, a shell, a screw. *kochlon*, a shell-fish] सं० १. कनखोवा, कान के भीतर की शंख के समान पोली जगह; २. (आ०, वि० १) कर्णावर्त*, कॉक्लिया*।

cock[1] (kok) [A.-S. *cocc* (cp. F. *coq*), low L. *coccum*, acc. of *coccus*, onomat. (cp. Gr. *kokku*, cuckoo)] सं० १. कुक्कुट, मुर्ग़ी, ताम्रचूड, मुर्ग़ा* (दूं० भी); २. नरपक्षी (केवल पालतू पक्षियों (मुर्ग़ी आदि) के लिए, दे० BLACK ~ भी); प्रकरणवश अन्य पक्षियों के लिए संज्ञाओं के समास में (जैसे Prairie woodcock) और उपo में (=नर, जैसे ~-robin); ३. नल की टोंटी, डब्बा; ४. (अशिष्ट प्रयोग) लिंग, शिश्न; ५. बंदूक़ का घोड़ा, कुत्ता; ६. तराज़ू की काँटा; ७. (दूं० ३) टोंटी*, कॉक*। क्रि० स० और अ० १. खड़ा करना, चढ़ाना, तानना. तनकर या अकड़ कर खड़े होना; २. घोड़ा चढ़ाना (बंदूक़ का)। **at half, full ~** बंदूक़ का घोड़ा छोड़ने के लिए आधा या पूरा तैयार। **live like fighting cocks** मस्त रहना, निश्चिंतता से जीवन यापन करना। **old ~** यार, प्रिय मित्र। **that ~won't fight** यह उपाय न चलेगा, यह योजना नहीं पूरी होगी। **this beats ~fighting** अत्यंत रोचक, मुर्ग़ों की लड़ाई से भी दचिकर। **~-a-doodle-doo** १. मुर्ग़े की बाँग, कुकड़ूकूँ; २. (बच्चों की भाषा में) मुर्ग़ा। **~-a-hoop** वि० और क्रि० वि० १. खुश, प्रसन्नचित; २. खुशी से, जयोल्लास से, उल्लासित से। **~and bull story** बनावटी कहानी, बेसिरपैर की बात। **~crow, crowing** तड़का, सुबह, मुर्ग़ों की बाँग का समय। **~-eyed** वि० (आ०) १. भैंगा, ऐंचाताना; २. विषम, वक्र; ३. टेढ़ा, मूर्ख, मूढ़। **~fighting** १. मुर्ग़े लड़ाना, मुर्ग़ेबाज़ी; २. मुर्ग़ों की लड़ाई। **~horse** क्रि० वि० (आ० ~ -horse भी) सवार होकर, चढ़ कर। **~lobster** नर झिंगा। **~nest** मुर्ग़े के बैठने की जगह जो घास आदि को एक जगह खोद कर बनाता है। **~of the north** पहाड़ों की छोटी गानेवाली चिड़िया। **~of the school** (लड़कों में) तीसमार खाँ, स्कूल का सिंह। **~of the walk** दल का सरदार, छाया हुआ। **~of the wood** जंगली मुर्ग़, एक प्रकार का बड़ा तीतर। **~one's eye** आँख मारना, आँखों में कुछ कहना, आँखों से इशारा करना। **~one's hat** बाँकी या तिरछी टोपी पहनना या लगाना। **~one's nose** नाक-भौं चढ़ाना। **~pit** सं० १. मुर्ग़ों के लड़ने की जगह, मुर्ग़ों की पाली; २. अखाड़ा, मैदान, दंगल; ३. युद्धपोत की निचली मंजिल जो छोटे अफ़सरों के निवास के काम आती है और युद्धकाल में अस्पताल का काम देती है; ४. (वै०) कॉकपिट, हवाई जहाज़ में चालकों का स्थान। **~pit of Europe** बेल्जियम देश। **cock's comb** १. मुर्ग़े की कलँगी, कुक्कुट के माथे की चूड़ा; २. बीजदार पीला पौधा या अन्य प्रकार के पौधे जो पकने पर लहलहाहट करते हैं, और दे० COXCOMB। **cock's foot** घूब, शिखी पाद। **cock's head** एक प्रकार की तिपतिया घास, शिखी शीर्ष। **~shot-shy** निशानेबाज़ी के लिए निश्चित स्थान, लक्ष्य जिस पर डंडे या पत्थर से अभ्यास करते हैं, ऐसी निशानेबाज़ी। **cock's metal** तिहाई शीसे में दो तिहाई ताँबे का मिश्रण। **~sparrow** नाटे क़द का ज़िन्दादिल आदमी। **cock's spur** (मुर्ग़े के आकार का) गैस बर्नर, फुलहू। **~the ears** कान खड़े करना, सतर्क या सावधान होना, चौकन्ना होना। **~toft** मचान, दुछत्ती। **cocksure** वि० १. निश्चित; २. पूरा यक़ीन वाला, पूर्ण निश्चय रखने वाला; ३. आत्मविश्वासी; ४. मतांध, हठी, टेकी। **cocksureness** सं० १. पूर्ण विश्वास; २. पूर्ण निश्चय, आत्म-विश्वास; ३. मतांधता, हठ।

cock[2] (kok) [from prec. v.] सं० १. चढ़ाव, निकोड़, चढ़ाँवा, फूलंग (नाक आदि की); २. इशारा, कटाक्ष (आँख का); ३. बाँकटोपिया ढंग या बाना; ४. घोड़ा चढ़ी बंदूक़ (दे० cock[1])। **knock into a cocked hat** शकल बिगड़ जाना, पहचान में न आना।

cock[3] (kok) (cp. Dan. *kok*, a heap, keel. *kokkr*, a lump, a ball] सं० और क्रि० स० गरी, भूसे का ढेर लगाना, गरी लगाना।

cockabondy (kok à bon' di) [W. *coch a bon ddu*, red with black trunk] सं० एक प्रकार का केलुआ जो मछली पकड़ने में चारे के रूप में प्रयुक्त होता है।

cockade (kó kād') [F. *coquarde*, saucy, from *coq* (cp. cock[1])] सं० १. टोप के लिए चमड़े का फूल, चिह्न, तुर्रा; २. (वि० १) कोकेड*। **cockaded** वि० १. तुर्रादार, चमड़े के फूलवाला; २. हुनोबर राजवंश के नौकरों-चाकरों की वर्दी का तुर्रा या फूल।

cockaigne (kŏ kān') [O.F. *coquaigne* (F. *cocagne*), perh. from *coquer*, to cook, or conn, with G. *kuchen*. cake] सं० १. कोकेन, विलासियों का काल्पनिक प्रदेश; २. आलसियों का स्वर्ग; ३. (cockney के प्रकरण में श्लेषपूर्ण प्रयोग) लंदन।

cock-a-leekie दे० COCKY LEEKY।

cockalorum (koka a lôr' ŭm) [COCK[1]] सं० (बोल०) बड़ा आदमी, छोटे क़द का व्यक्ति जो अपने को बहुत बड़ा आदमी समझता हो। **high ~** हाई कॉकोलरम, बच्चों का एक खेल।

cockatoo (kok à too') [Malay *kakatūa*] सं० काकातूआ, एक प्रकार का तोता, जिसकी कलँगी बड़ी होती है।

cockatrice (kok' à tris, -tris) [O.F. *cocatrice*, late L. *cancātrix*, the treader (trans. of Gr. *ichneumōn*, from *ichneuein*, to trace)] सं० अजगर, दे० BASILISK भी।

cockchafer (kok' chā fer) सं० भौंरा।

cocker[1] (kok' ĕr) [etym. doubtful; perh. from COCK[1] (in allusion to the call of a hen to her chicken); cp. M.Dan. *kokre*, to keep on calling] क्रि० स० लाड़-प्यार करना, दुलार करना, नाज उठाना, नख़रे सहना, (बच्चे, बीमार आदि को, प्रायः up के साथ)। **~spaniel** सं० काकर-स्पेनियल, कुत्ते की एक जाति।

Cocker[2] (kok' ĕr) [Edward *Cocker* (1631-75), a teacher and arithmetician] सं० (According to ~) ठीक, दुरुस्त, सही, शुद्ध, यथातथ्य।

cockerel (kok' ĕr ĕl) सं० १. मुर्ग़ का पट्ठा; २. लड़का या अयडाल्ू लड़का; ३. (क्रि०) पट्ठा मुर्ग़ा।

cockle[1] (kok' ĕl) [A.-S. *cocerel*] सं० (corn-~ भी) १. काकल, लाल फूलोंवाला एक पौधा, जो साधारणतः गेहूँ के खेत में पैदा होता है; २. गेहूँ का एक रोग, जिसमें दाने काले पड़ जाते हैं।

cockle[2] (kok' ĕl) [F. *coquille*, a shell, L. *conchylia*, Gr. *konchulion*, dim. of *honchē*, a mussel] सं० १. काकल, एक प्रकार का घोंघा जो खाया जाता है; २. घोंघे का खोल (~shell भी); ३. छोटी उथली नाव (~boat भी)। **~ of the heart** भाव, भावनाएँ। **delight, warm the cockles** प्रसन्न करना, पुलकित करना।

cockle[3] (kok' ĕl) [F. *coquiller*. to blister, to pucker] क्रि० अ० और स० उभरना, उभारना, निकलना, निकालना, मोड़ना, शिकन डालना, बल पड़ना। सं० उभार, शिकन, सिलवट, बल, पेंच (काग़ज़, शीशा आदि में)।

cockle[4] (kok' ĕl) [etym. doubtful; perh. from Dut. *kōkel*, G. *kachel*, a stove-tile] सं० लोहे का स्टोव या अँगीठी जो कमरे को गरम रखने के काम आती है।

cockney (kok' ni) [M.E. *cokeney* (*coken*, gen. pl., *ey*, A.-S. *æg*), a cock's egg, a term applied to small yolkless eggs, occasionally laid by fowls; hence applied to a foolish or effeminate person, a townsman] सं० और वि० (बहुव० ~s) लंदनिया, लंदन का रहनेवाला, लंदनी (प्रायः निंदा०, विशे० ~accent)। **cockneydom** १. छोटा वर्ग; २. लंदनियों की विशेषता; ३. लंदनियों की दुनिया। **cockneyese** सं० लंदनियों की बोली। **cockneyfy** क्रि० स० लंदनिया बनना, लंदनियों की सी विशेषता या प्रकृति बनाना, लंदनिया होना। **cockneyish** [वि० लंदनिया-सा, लंदनियों की सी बू-बास रखने वाला (व्यक्ति या वस्तु)। **cockneyism** सं० १. लंदनी-पन; २. लंदनी शैली; ३. लंदनी मुहावरा का उच्चारण। **cockneyize** क्रि० स० और अ० लंदनियों का सा बनना या बनाना।

cockroach (kok' rōch) [Sp. *cucaracha* (assim. to COCK. ROACH)] सं० १. तिलचट्टा* (वि० १ भी), तैलचोर, भौंरे के आकार का कीड़ा [black bettle]।

cocksy, coxy, coxiness दे० COCKY आदि।

cocktail (kok' tāl) [COCK[3]. TAIL (a tail that cocks up, or like a cock's)] सं० १. दुमकटा घोड़ा; २. घुड़दौड़ का घोड़ा, जो खूब सधा हुआ हो, मगर असील न हो; ३. ओछा व्यक्ति, अपने वंश या मर्यादा से ऊपर पहुँचा आदमी; ४. एक प्रकार का भौंरा; ५. मद्यपान; ६. एक मिश्रित मदिरा। **cocktailed** वि० १. दुमकटा; २. ओछा।

cock-up (kok' ŭp) [COCK[2]] सं० (टाइप०) अन्य अक्षरों से बड़ा अक्षर।

cocky (ko ki) [COCK[1]], **cocksy, coxy** वि० अहंकारी, घमंडी, उद्धत, धृत, गुस्ताख़, बेअदब। **cockily, coxily** क्रि० वि० घमंड से, अहंकार से, धृष्टतापूर्वक, गुस्ताख़ी से। **cockiness, coxiness** सं० घमंड, अहंकार, दुर्विनीतता।

cocky-leeky (kok i lē' ki) [Sc. (COCK[1], LEEK)] सं० स्कॉटलैंडीय लहसुन के साथ पका हुआ मुर्ग़ का शोरबा।

cockyolly bird (kok i ol' i bĕrd) सं० (बच्चों की बोली में) नन्हा-मुन्ना पक्षी।

coco-, cocoa[1] (kō' kō), **coker** (kō' kĕr) [Port. and Sp. *coco*, a bugbear, a grimace (COKER is a commercial term to distinguish it from the foll.)] (बहुव० ~os) सं० १. (~**nut**, ~**tree**, ~**nut-tree** भी) नारियल का पेड़, नारियल, खोपरा; २. (प्रा०) आदमी का सिर, खोपड़ी। **~nut** गरी का गोला, खोपा-गरी* (क्रु० भी)। **double ~nut** सेकिलिज़ (Seychelles) द्वीप का बड़ा और दुहरे सिर का नारियल। **that accounts for the milk in the ~nut** (हँसी में) अब इसका स्पष्टीकरण हो गया। **~nut milk** नारियल का पानी। **~nut butter** नारियल का तेल। **~nut matting** नारियल की चटाई।

cocoa[2] (kō' kō) [corr. of CACAO] १. सं० कोको, इसके बीज के चूर्ण को प्रायः अन्य चीज़ों के साथ मिला कर बनायी हुई दुकनी; २. इसके बीजों या इसके चूर्ण से बनाया हुआ पेय। **~bean** कोको का बीज। **~nib** कोको की पत्ती। **~powder** एक प्रकार का बारूद।

cocoon (kŏ koon') [F. *cocon*, dim. of *coque*, a shell, L. *concha*, Gr. *konchē*] सं० १. रेशम-कोश*, कृमिकोश*, कीटकोश* (क्रु० भी); विशे० रेशम का कोया; २. दूसरे कीड़ों के इसी प्रकार के कोश, काकून*/ कोया* (आ० भी)। क्रि० स० और अ० कोश या कोया बनाना, कोश या कोये में लपेटना। **cocoonery** सं० रेशम के कीड़े पालने का स्थान, कोयों के घर, कृमिगृह।

cocotte (kŏ kot') [F.] चरित्रहीना, फ़ैशनेबल वेश्या (जास में)।

cod[1] (kod) [etym. doubtful] सं० कॉड मछली, एक प्रकार की समुद्री बड़ी मछली (~fish भी)। **~bank** वह समुद्र-तट जहाँ कॉड मछली अधिक पायी जाती है। **~liver oil** कॉड मछली का तेल* (वि० १भी), जो कॉड के यकृत से प्राप्त होता है और दवा के काम आता है।

cod[2] (kod) [etym. unknown] क्रि० स० और अ० (प्रा०) बोला देना, मूर्ख बनाना।

coda (kō' dā) [It., from L. *cauda*, tail] सं० (संगी०) एक गत के बाद जोड़ा हुआ प्रकीर्ण अंश (आ० भी)।

coddle (kod' ĕl) [prob. short for CAUDLE] क्रि० स० १ दुलारना, रोगी की तरह रखना; २ शीत और बकान से बचाना, आराम देना, स्नेह के साथ पालना; ३ लाड़-प्यार करना; ४. मोटा करना; ५. परिपक्व करना। सं० दुलारने वाला, लाड़-प्यार करने वाला, रोगी की तरह नखरे करने वाला।

code (kōd) [F., from L. *côdex -icem* see codex] सं० १. संहिता* (आ० १ भी), विधि-संहिता, विधि-संग्रह, क्रमबद्ध परिनियमों और विधि-निकाय के संग्रहों का ऐसा विन्यस्त संग्रह, जिससे उन संग्रहों में किसी प्रकार की असंगति आदि न रह जाय; २ नियमावली, किसी विषय के नियम या विधान; ३ धर्म-संहिता किसी वर्ग या समाज का सदाचार या नैतिकता (विशे० ~of honour); ४. किसी वर्ग की प्रचलित प्रथाएँ, सदाचार के नियम; ५. कूट भाषा, संकेत-लिपि, संकेत भाषा; ६. संकेत*/ कोड* (आ०, ई० २, फ्र०, मा० १, विधि. वि० १ भी), सेना आदि की संकेत-पद्धति; ७. (तार) संकेतावली, संक्षेपण या संगोपन के विचार से अक्षरों, अंकों या शब्दों का समुच्चय। क्रि० स० (codify भी) १. संदेश को संकेतों द्वारा व्यक्त करना, संकेतबद्ध करना, संक्षिप्त करना, संकेतों में समाचार भेजना। **codifier** सं० १ संहिताकार, विधि-संग्रह, व्यवस्था करनेवाला। **codification** सं० संहिताबंधन, संहिताकरण* (फ्र० भी), नियमावली बनाना। **codify** क्रि० स० संहिताबद्ध करना, विधि (कानून) को संहिता में क्रमपूर्वक रखना, विधिबद्ध या नियमबद्ध करना।

codeclination (kō dek li na' shŭn) सं० (ग० ज्यो०) क्रान्तिपूरक, उत्तरी ध्रुव की दूरी।

codeine (kō' dē in) [Gr *kôdeia*, head. poppy-head] सं० कोडीआइन, पोस्त्याखार।

codex (kō' deks) [L. *côdex, caudi-x*, a tree-trunk, a wooden tablet, a book] सं० (बहु० ~ices) पोथी, पांडुलिपि, हस्तलिखित ग्रन्थ* (आ० १ भी) (विशे० प्राचीन बाइबिल या प्राचीन शास्त्रीय पोथी के), संहिता* (आ० भी)।

codger (koj' er) [prob. var. of CADGER] सं० (बोल०) १. आदमी, व्यक्ति; २. अजीब दकियानूस बूढ़ा आदमी, विचित्र वृद्ध व्यक्ति।

codicil (kod' i sil) [M.F. *codicille* (now *codicille*) L. *côdicillus*, dim. of *côdex*] सं० अनुबन्ध, उपांग (विशे० वसीयतनामे का, जिसके द्वारा पहली वसीयत रद्द की गयी हो या बदली गई हो)। **codicillary** वि० क्रोड-पत्र संबंधी, वसीयत के सम्बन्ध में।

codling[1] (kod' ling) सं० छोटी काँड (मछली)।

codling[2] (kod' ling). **-lin** [M.F *querdling* (perh. Ir. *quoirt* apple-tree, -LING] सं० एक प्रकार का लम्बूतरा सेब। **~and cream** पानी के किनारे उगनेवाली एक बूटी।

codpiece सं० (इतिo) काँडपीस, बिरजिस के ऊपर लगा हुआ थैला।

co-ed (kō ed) सं० (बोल०) सहशिक्षण-संस्था की छात्रा (महिला या लड़की)।

coeducation (kō ed ū kā' shŭn) सं० सहशिक्षा। **coeducational** वि० सहशिक्षण संबंधी, सहशिक्षा संबंधी, सहशिक्षा वाला।

coefficient (kō ē fish' ĕnt) सं० १. सहयोगी, सहकारी (वस्तु या व्यक्ति); २. (आ०, ई० २, ३, कृ०, मा० ३, वि० १) गुणांक*। **differential~** अंतरीय गुणांक। **~of friction, expansion** घर्षण गुणांक, प्रसार गुणांक।

coeliac (sē' li ăk) [L. *coliacus*. Gr. *koiliakos* (*koilia*, bowels, *khilos* hollow)] वि० (शo क्रि०) १. आँतरिक, जठरीय, पेट संबंधी; २. (आ०) कुक्षि*; ३. (वि० १) उदरगुहा संबंधी।

coelo- (se' lō), **coel-** (sēl) [Gr. *koilos*, hollow] वैज्ञानिक, विज्ञान संबंधी समासों में गर्त के अर्थ में प्रयुक्त।

coeno- (sē nō), **ceno-** (sēn) [Gr. *koinos*, common] समासों में सामान्य के अर्थ में प्रयुक्त।

coenobite (sē' nō bīt) [late L. *cenobita*. from Gr. *koinobion*, a convent (COENO-, *bios*, life)] सं० मठ या विहारवासी सम्प्रदाय का सदस्य। **coenobitic, -al** (sē nō bit' ik, -ăl) वि० मठीय या विहार संबंधी। **coenobitism** सं० मठवाद या विहारवाद।

coequal (kō ē' kwăl) वि० और सं० (अप्र०, धर्म० या जोर देने के लिए) समान, सम, तुल्य। **coequality** (kō ē kwol' i ti) सं० समानता, समता, तुल्यता। **coequally** क्रि० वि० समानता से, समता से, तुल्यतापूर्वक।

coerce (kō ērs') [L. *coercêre* (co-, *arce*, to enclose, cp. *area*, a chest)] क्रि० स० और अ० १. दबाव डालना, दबाना, बाध्य करना, जोर डालना, बलपूर्वक रोकना, बलप्रयोग द्वारा किसी को शांत, अनुगत या किसी कार्य के लिए तैयार करना; २. बल-प्रयोग करना; ३. बल-प्रयोग द्वारा प्राप्त करना, बलात करवाना। **a coerced obedience** विवश अधीनता, बलपूर्वक शासन। **coercible** वि० दमनीय, संपीड्य। **coercion** सं० १. निग्रह, संयम, नियंत्रण, २. जोर-जबर्दस्ती, जबर्दस्ती; ३. जब्र; ४. दबाव, जोर; ५. दमन, दमनकारी शासन (विशे० आपत्तिग्रस्त का सैनिक शासन जिसमें साधारण स्वाधीनता को समाप्त कर दिया गया था); ६. (आ० ३) अवपीडन*। **~Act. Bill** अपीनियम या विधेयक, जिसके द्वारा साधारण स्वाधीनता समाप्त कर दी जाय। **coercionary** वि० दमन-संबंधी, जोर या दबाव-विषयक आदि। **coercionist** सं० जबिर, दमनकारी, बलप्रयोक्ता। **coercive** वि० दमनकारी, सख्त, कड़ा, जबर्दस्ती का। **coercively** क्रि० वि० बलप्रयोग से, बलपूर्वक, दमन से। **coerciveness** सं० दमन, बल-प्रयोग।

coessential (kō ē sen' shăl) वि० समप्रकृति, समानधर्मा।

coetaneous (kō ē tā' nē ŭs) [T. *coetaneus* (co-etas, -*ĕtis*, age)] वि० समकालीन, देड समवयस्क।

coeternal (kō ē tĕr' năl) वि० सम-नित्य, सम-सनातन। **coeternally** क्रि० वि० सम-नित्यतापूर्वक, समसनातनता की दृष्टि से।

coeval (kō ē' văl) [L. *coævus* (co-, *ævum*, an age)] वि० और सं० १. समानजन्मा; २. समानवय, समवयस्क, समानवयस्क; ३. एक ही युग का, समकालीन, समयगीत (व्यक्ति)। **coevality** सं० १. समवयस्कता; २. समकालीनता; ३ समयगीयत। **coevally** क्रि० वि० १ समवयस्कतापूर्वक; २. समकालीनता से।

coexecutor (kō ĕg zek' ū tŭr), **co-executrix** सं० १. सहनिष्पादक; २. किसी अन्य के साथ मिल कर किसी इच्छापत्र या वसीयत को क्रियान्वित करनेवाला।

coexist (kō ĕg zist') क्रि० अ० यगपत् रहना, अवस्थित होना, एक ही काल में होना। **coexistence** सं० सह-अस्तित्व* (आ० १, २ भी), सहभाव, सहजीवन, सहवर्तन। **coexistent** वि० समकाल में विद्यमान, सहवर्ती, समकालीन, सहभावशील। **coexistensive** वि० १. सहविस्तृत; २. समकालीन।

coffee (kof' i) [Turk *qahveh*. Arab *qahwah*] सं० १. कॉफी,

कहना* (कु० भी); २. कॉफी के साथ उपाहार, हल्का भोजन, भोजन के साथ लेत में दी जानेवाली कॉफी; ३. कच्चे, भुने हुए या पिसे कॉफी के बीज; ४. इसकी झाड़ी। **~-bean** कॉफी के बीज। **~-cup** कॉफी कप, कॉफी की प्याली (विशे० आकार की)। **~-grounds** कॉफी की तलछट। **~-house, -palace** कॉफी हाउस, कॉफी-घर। **~-mill** कॉफी के दानों को पीसने की चक्की। **~-pot** कॉफी-पात्र, जिसमें कॉफी तैयार की या दी जाती है। **~-room** कॉफी-खाना, होटल का भोजन-कक्ष। **~-tavern** मिताखारी (मादक द्रव्यों से परहेज़ी) उपाहार-गृह।

coffer (kof' ər) [O.F. *cofre*, L. *cophinum*, acc. of *cophinus*, Gr. *kophinos* (doublet of COFFIN)] सं० १. तिजोरी, सन्दूक (रुपये, जेवर आदि का), खजाने का सन्दूक; २. (बहु०) खजाना, कोषागार, कोष, पूँजी, फंड; ३. हिन्दहार छत, धँसा हुआ भाग (छत आदि का); ४ (इं० ३) पेंटी*। **~-dam** कोठी, जलावरोध, पुल बनाने में पानी के नीचे नींव डालने की संदूक, जिसमें पानी नहीं घुस पाता, पक्का बाँध बनाने से पहले पानी के प्रवाह को हटाने के लिए अस्थायी दीवार।

coffin (kof' in) [O.F. *cofin*, L. *cophinum*, as prec.] सं० १. कफ़न; २. ताबूत* (मा० १ भी), शवाधान, शवाधार, शवभाजन, शवपेटिका* (मा० १ भी). (आ०) शवपेटी*; ३. निकम्मा जहाज; ४. (घोड़े का) सुम* (कु० भी), खुर। क्रि० स० १. ताबूत में रखना, शवाधार में रखना या डालना, कफ़नाना, दफ़नाना; २. सेंतना, सेंतकर रखना (विशे० किताबों को)। **drive nail into one's ~** मौत बुलाना, मौत को निमंत्रण देना (जीवन या आदत द्रव्यों के सेवन आदि से) स्वयं अपनी मृत्यु या विनाश का कारण होना। **~-bone, -joint** १. सुम की हड्डी; २. सुम की हड्डी का ऊपरी जोड़। **~-plate** ताबूत की (धातु की ढक्कनदार) तख्ती जिस पर मृत व्यक्ति के नामादि लिखे रहते हैं। **coffinless** विशे० १. बेताबूत, बिना कफ़न और कफ़न के; २. बेसुम का।

coffle (kof'l) [Arab. *qāfilah*, caravan] सं० एक रस्सी से बँधे हुए जानवरों या गुलामों आदि की क़तार।

cog[1] (kog) [from Scand. (cp. Swed. *kugge*, Norw. *kvg*)] सं० १. (पहिये का) दाँत, दाँता* (ई० ३ भी); २. किनरी। **hunting ~** पहिये का कुत्ता। **~-wheel** दाँतेदार पहिया। **cogged** वि० दाँतेदार, दाँतेवाला।

cog[2] (kog) [perh. conn. with prec. (cp. Norw. *kogga*, Swed. *kugga*, to dupe, cheat)] क्रि० स० (-gg-) पाँसे के खेल में) चालाकी या धूर्तता करना, पाँसे बना कर फेंकना, ऐयारी से पाँसे फेंकना। [loaded dice के स्थान पर cogged dice का प्रयोग, जो अप्र० शब्दों के अनुयायी करते हैं, ग़लत है]।

cogent (kō' jənt) [L. *cōgentum*, acc. pres. p. of *cōgere*, to compel (co-, *agere*, to drive)] वि० १. प्रबल, ज़ोरदार; २. अकाट्य; ३. ठीक, समुचित, माकूल; ४. निश्चायक। **cogency** सं० प्रबलता, ज़ोर; २. अकाट्यता; ३. औचित्य, माकूलियत; ४. निश्चायकता। **cogently** क्रि० वि० १. प्रबलता से, ज़ोर से; २. ठीक ढंग से, माकूलियत से; ३. निश्चयपूर्वक

cogitate (koj' i tāt) [L. *cogitātus*, p.p. of *cōgĭtāre*, to think (co-, *agitāre*, freq. of *agere*, to drive)] क्रि० अ० १. गौर करना, सोचना, ध्यान करना, चिन्तन करना, विचार करना; २. युक्ति निकालना; ३. (दर्शन०) धारणा बनाना; ४. आलोचन करना, अवधारण करना। **cogitable** वि० १. विचारणीय, चिन्त्य, मनोगोचर, चिन्तनीय, विचार-योग्य; २. बोधगम्य, ग्राह्य। **cogitation** सं० १. चिन्तन, ध्यान, विचार, वितर्क, विमर्श, आलोचन; २. अवधारण; ३. मन: कल्पना, बोध* (आ० भी)। **cogitative** वि० १. ध्यानस्थ, ध्यानावस्थित, विचार-मग्न; २. विचारवान। **cogitatively** क्रि० वि० १. विचार-पूर्वक; २. ध्यानपूर्वक। **cogitativeness** सं० ध्यानस्थता, विचारशीलता, विमर्शयुक्तता।

cognac (kō' nyăk) [name of place] सं० कोन्याक, फ्रान्स की एक उत्तम शराब।

cognate (kog' nāt) [L. *cognātus* (co-, *gnātus*, *nātus*, p.p. of *gnasci*, *nasci*, to be born)] वि० और सं० १. बन्धु, सगोत्र, सजाति, सजात* (वि० १ भी) एक जातीय, सहवर्गीय; २. समान जातीय, समानप्रभव; ३. समप्रकृति, समगुण; ४. संबंधी; ५. (भा० वि०) एक भाषा-परिवार का, एक ही मूल शब्द के प्रतिनिधि, निकले हुए, एक परिवार की भिन्न भाषाओं का समानान्तर विकास (जैसे L. pater, father का सजातीय है, जिससे paternal की व्युत्पत्ति हुई है); ६. एक धातु से उत्पन्न शब्द (व्या०)। **~object, accusative** क्रिया की धातु से उत्पन्न कर्म (जैसे die the death में death); **cognateness** सं० सजातीयता, सजातीयत्व, संबंधभाव। **cognation** सं० बन्धुता, जातिभाव, बान्धवत्व, सजातीयत्व, अब विशे० भा० वि० में।

cognition (kog nish' ən) [L. *cognitio -ōnem*, from *cognoscere*, to learn (co-, *gnoscere*, cognate with know)] सं० (दर्शन०) संज्ञान* (मा० २ भी), संकल्पना, बोध, ज्ञान, ऐन्द्रिय ज्ञान, अनुबोध। **cognitional** वि० १. संज्ञान संबंधी; २ अनुभूति या धारणा संबंधी; ३ सहज ज्ञान संबंधी। **cognitive** वि० १. संज्ञान संबंधी, परिज्ञान संबंधी; २ ज्ञानी, ज्ञानवान।

cognizance (kog' ni zăns, kon' i zăns) [O.F. *conoissance* (L. *cognoscere*, see COGNITION), ass, im to L. *cog-*] सं० १. विचारण, अनुसंधान, चर्चा, संज्ञान* (मा० २, विधि भी), अवगति, ध्यान, पहचान; २ विधिवत् विचार या हस्तक्षेप करने (का अधिकार); ३. अभिज्ञान, परिचय का चिह्न या लक्षण; ४. (मा० २) विचाराधिकार*/ परिज्ञान*। **fall within one's ~** जानकारी में आना, किसी के संज्ञान-क्षेत्र में होना, विचार या हस्तक्षेप के योग्य होना। **have ~of** वाक्फ़िय होना, पहचान होना, जानकारी होना (सरकारी तौर पर)। **take ~of** ध्यान में लाना, ध्यान देना, सतर्क होना, हस्तक्षेप करना।

cognizant (kog' ni zənt) [from prec.] वि० १. ज्ञात, परिज्ञात; २. जानकार; ३. (दर्शन०) ज्ञानी, परिज्ञाता।

cognize (kog niz') [formed from COGNIZANCE] क्रि० स० (दर्शन०) पहचानना, परिज्ञान करना, ज्ञान रखना। **cognizable** (kog' niz ăbl, con' iz ăbl) वि० विचार या हस्तक्षेप के योग्य। **cognizably** क्रि० वि० १. प्रत्यक्ष रूप से, प्रकटतया; २ अभियोक्तव्य रूप से।

cognomen (kog nō' mĕn) [L. co-, *gnōmen*, *nōmen*, name, from *gno-*, stem of *gnoscere*)] सं० १. उपनाम, छोटा या बिगड़ा हुआ नाम; २. उपाधि, वंशगत उपाधि; ३ गोत्र-नाम, वंशीय नाम; ४ नाम, संज्ञा; ५ (प्राचीन रोम) तृतीय या पारिवारिक नाम (जैसे Cicero, Caesar) या चतुर्थ नाम; वैयक्तिक (विशे० जैसे Africanus)।

cognoscente (kon ˌyō shen' tā) [It., from L.*cognoscens -tem*, pres. p. of *cognoscere*, see prec.)] सं० (बहुव०~tī) जानकार, विशेषज्ञ, पारखी।

cognoscible वि० ज्ञातव्य, ज्ञेय, बोध्य, परिज्ञेय। (विशे० दर्शा०)।

cognovit (kog nō' vit) [L., he has acknowledged, perf. tense of *cognoscere*, COGNOSCE] सं० (विधि) इकबाल दावा, वाद-स्वीकृति, सफाई पक्ष का यह मान लेना कि वादी का दावा सच्चा है।

cohabit (kō hăb' it) [F. *cohabiter*, L. *cohabitāre* (co-, *habitāre*, to dwell, freq. of *habēre*, to hold)] क्रि० अ० सहवास करना, विशे० पति-पत्नी की तरह रहना (प्राय: अविवाहित व्यक्तियों का)। **cohabitation** सं० सहवास* (वि० १, विधि भी)।

coheir (kō ăr'), **coheiress**, सं० सह-उत्तराधिकारी या सह-उत्तराधिकारिणी, सह-दायाद, सह-दायादा।

cohere (kō hēr') [L. *cohærēre* (co-, *hærēre*, to stick)] क्रि० अ० १. चिपकना, चिपट जाना, जमना, जुड़ना, संश्लिष्ट होना, संलग्न होना (अंशत: या पूर्णत:); २. सुसंगत होना, सर्वांपूर्ण या सामंजस्यपूर्ण होना (तर्क, शैली आदि का), इकरंग होना; ३. (वि० १) ससक्त होना*। **coherence, -ency** सं० सुसंगति, संलग्नता, संगति, सामंजस्यभाव, संसक्ति, समनुगति, संबद्धता*, ससक्तता* (वि० १ भी)। **coherent** वि० १. सयुक्त, संलग्न, संश्लिष्ट, चिपका, चिपटा हुआ, संबद्ध* (वि० १ भी), जुड़ा हुआ; २. सामंजस्यपूर्ण, समनुगत, आनुषंगिक, संगत, समुचित, सुसगत (तर्क, विवरण आदि); ३. (आ०, वि० १) ससक्त*। **coherently** क्रि० वि० सुसगति से, जुड़कर, संलग्नतापूर्वक, सगतिपूर्वक, सामंजस्य भाव से। **coherer** सं० कोहेरर* (वि० १ भी), अनुकूलक यंत्र।

coheritor (kō her' i tor) सं० दे० COHEIR

cohesion (kō hē' zhŭn) [F. *cohésion* (L. *cohæs-*, part. stem. of *cohærēre*, COHERE)] सं० १. ससक्ति* (आ० भी), अंतराकर्षण, संयोग, सश्लेष, संलग्नता, संयुक्त होने की प्रवृत्ति; २. लगाव; ३. सटा हुआ होना; ४. (इ० १, ३, कृ०, वि० १, मा० १) ससजन*। **cohesive** वि० १. संसक्त, ससजित, संलग्नशील, संयोग-शील, चिपटनेवाला; २. (वि० १) संसंजक*। **cohesively** क्रि० वि० संसक्ति या सजन से, सयोगपूर्वक, संलग्नतापूर्वक। **cohesiveness** सं० ससजन, ससक्ति, संलग्नशीलता, संयोगशीलता।

cohort (kō' hort) [F. *cohorte*, L. *cohors -tem*, orig. an enclosure (co-, *hort-*, cp *hortus*, garden, Gr. *chortos*, GARTH, GARDEN)] सं० १. कोहोर्ट, रोम की सेना का एक दस्ता या दल; २. सेनादल, योद्धाओं का दल; ३. जत्था, समूह; ४. (वि० १) चोहार्ट*।

coif (koif) [O F. *coife*, low L. *cofia*, a cap, prob. from M.H G. *kupfe* (*kopf*, the head)] सं० १. (इति०) कनटोप, टोपी, शिरोवेष्टन; २. क्वायर, सार्जेंट की सफ़ेद टोपी।

coiffeur (kwa fĕr') [F., from *coiffer*, to dress the hair (*coiffe*, O.F. *coife*, COIF)] सं० नाई, हज्जाम, बाल बनाने वाला। **coiffure** सं० बाल बनाने या काटने का ढंग, केशविन्यास*; धम्मिल* (मा० २ भी)।

coign (koin) [COIN] सं० निकला हुआ कोना, कोनिया, दो दीवारों के बीच में निकला हुआ पत्थर। **~of vantage** पर्यवेक्षण स्थान, वह स्थान जहाँ से कोई वस्तु स्पष्ट दिखायी दे।

coil[1] (koil) [O.F. *coillir* (F. *cueillir*), L. *colligere*, *legere*, to gather)] क्रि० स० और अ० १. गोला बनाना, पिंडी बनाना, कुंडल बनाना, लच्छी या लच्छा बनाना; २. गोल मोड़ना, कुंडलीकृत करना, लपेटना; ३. बल खाकर या टेढ़ा-मेढ़ा चलना, साँप के समान चलना। सं० १. लच्छा, गोला, अंटी, पिंडा; २. कुंडल* (इ० २, ३, वि० १ भी), गेंडुली, कुंडलीकृत या मंडलीकृत वस्तु; ३. वक्रता (जैसे साँप की), घुंघराले बाल, कुंचित केश; ४. गोलायित तार, तार, सूत आदि की पिंडी; ५. (विद्यु०) वेष्टन, मंडल।

coil[2] (koil) [prob. from prec.] सं० (प्रा० और काव्य०) खड़बड़, उपद्रव, अव्यवस्था, हुड़कम्प, हड़बड़ी। **this mortal ~** जीवन की अशांति, खलबली, हंगामा, हुल्लड़।

coin (koin) [O. F., a wedge, hence a stamp on a coin from L. *cuneum*, acc of *cuneus*, a wedge]. सं० १. सिक्का* (मा० १, वि० १ भी), टंक, मुद्रा* (वि० १ भी), नाणे, पैसा, टका, धन, अर्थ। क्रि० स० १. सिक्का या मुद्रा बनाना, ढालना; २. धातु को सिक्के में परिणत करना; ३. (मानसिक) श्रम आदि से पैसा पैदा करना; ४. आविष्कार करना; ५. गढ़ना, बनाना, रचना (विशे० नये शब्द)। **false ~** १. जाली या खोटा सिक्का आदि; २. (आ०) नकली, झूठा, बनावटी, धोखे की चीज़, जाली चीज़। **pay one in his own ~** जैसे को तैसा, तुर्की-ब-तुर्की। **~money** तेंदी के धन कमाना, रुपया बनाना। **coinless** वि० बेपाई, बेछदाम, निर्धन, कंगाल।

coinage (koi' năj) [O. F. *coignage* (COIN-, AGE)] सं० १. मुद्रा, सिक्का; २. ढलाई, ढालना; ३. ईजाद, आविष्कार; ४. गढ़त, कल्पित बात (जैसे ~of one's brain)। **decimal ~** दाशमिक सिक्के।

coincide (kō in sīd') [F. *coincider* med L. *coincidere* (co-, IN[2], *cadere*, to fall] क्रि० अ० १. एक साथ होना, एक ही समय होना; २. एकमत होना; ३. जोड़ खाना, मेल खाना, ठीक बैठना, एकाकार होना; ४. (वि० १) सपाती होना। सं० १. संयोग, दैवयोग, इत्तिफ़ाक़; २. मेलजोड़; ३. सम्मति, एकमत्य; ४. (कृ०) व्यक्तिकरण प्राथिकता; ५. (मा० २, वि० १) सपात*। **coincident** वि० १ सपाती* (इ० ३, मा० २, वि० १ भी), सम्मिपतित, एकीभूत, अविरुद्ध; २. समकालीन; ३. एकगत, एक-सा। **coincidental** वि० सायोगिक, इत्तिफ़ाकी। **coincidently** क्रि० वि० १. साथ-साथ, युगपत; २. अकस्मात्, सयोगवश, दैवात।

coiner सं० १. (किसी वस्तु अर्थों में) विशे० जाली सिक्के बनानेवाला; २. (विधि) सिक्काकार*, मानकार*।

coinstantaneous (kō in stăn tā' ne us) वि० समक्षणीय, तात्क्षणिक, ठीक उसी क्षण में (होने वाला)।

coir (koir) [Malay *kāyar*, cord] सं० १. नारियल की जटा* (इ० १ भी), नारियल के छिलके का रेशा जो रस्सी, चटाई आदि बनाने के काम आता है; २. (इ० १) कॉयर*; ३. (इ० ३) नारियल जटा*।

coition (kō ish' ŭn) [L. *coitio -ōnem*, from *coire* (co-, *īre*, to come)] सं० मैथुन* (वि० १ भी), सहवास, संयोग, रति।

coke (kōk) [prob. the same as M.E. *colke*, the core of an apple; etym. doubtful] सं० कोक* (इ० ३, वि० १ भी), पत्थर का कोयला जिसे आँच देकर कार्बन निकाल देते है और जो लोहे को पिघलाने मे काम आता है।

coker, -mut दे० COCO।

col (kol) [F., from L. *collum*, neck] सं० १. तंग घाटी (पर्वत माला की); २. (वि०१) कॉल*।

col- १ के पूर्व com- का रूप (जैसे collapse, colleague में) सह*, सं*, स*।

cola, kola (kō' la) [W. African native] सं० (~nut, ~seed भी) १. कोला, पश्चिमी अफ्रीका का एक पेड़; २. इस पेड़ के बीज जो अचार, मसाला, पौष्टिक ओषधि और अल्कोहल-धारक के रूप में व्यवहृत होते हैं।

colander, cullender (kŭl' en dĕr) [ult. from med. L. *cōlātōrium* (*cōlāre*, to strain)] सं० छलनी, छनना, हाँगी, चलनी। क्रि० सं० छानना, चालना।

colatitude (kō lăt' i tūd) सं० १. (ग० ज्यो०) अक्षांश-पूरक, कोटि, इसके और ९०° के बीच का अन्तर; २. (वि० १) कोटिधर*।

colcannon (kol kăn' on) [COLE, termination obscure] सं० कालकनन, आयरलैण्ड का एक खाना (आलू और करमकल्ले से बना हुआ)।

colchicum (kol' ki kŭm, -chi kŭm) [L., from Gr. *Kolchikon* (*Kolchis*, on the Black Sea)] सं० १. कोलकिकम, हरिणतुत्थ जो केसर से मिलता-जुलता है; २. हरिणतुत्थ का सत जो वात-रोग में ओषधि के काम आता है।

colcothar (kol' ko thar) [Arab *qolqotār*, perh. corr. of Gr. *chalchanthos*, *chalkos*, copper, *anthos*, a flower)] सं० १. (अरबी) कोलकांथर* (वि०३भी); २. लोहे का लाल रंग का ऑक्साइड जिससे शीशे आदि पर पालिश करते है, लाल रंग की कसीस।

cold (kōld) [A.-S. *cald*, from Teut. *kal-* (cp. Icel. *kaldr*, Dut. *koud*, G. *kalt*)] वि० १. सर्द, शीतल, ठंडा* (वि० १ भी), हिमवत्, अनुष्ण, शीतार्त, अतप्त, जो गरम या उष्ण न किया गया हो; २. प्रतिरोधात्मक, जो गरम न किया गया हो या जो गरम करने के बाद ठंडा हो गया हो, हिमार्त्त; ३. निरुत्साह, निर्झर्ग, मित्रतारहित, स्नेहहीन, उदासीन, रूखा, भावशून्य, एकान्तप्रिय, अनासक्त; ४. कंपा देने वाला, निरुत्साहकारक, अवस डकारक, अरुचिकर (जैसे ~ comfort, counsel, news) ५. हल्की महक, हल्की बू (शिकार)। सं० १. ठंडक, ठंढ, शीत* (आ०, वि० १ भी); २. सर्दी, जुकाम, नजला। **~in death** मृत, मुर्दा, मर गया, ठंडा हो गया। **give the ~ shoulder to**, ठंढपन से पेश आना, उदासीनता दिखाना, रुखाई का बर्ताव करना; **have person ~** किसी की दया के सहारे। **idea leaves one ~** विचार, जो उत्साहित न करे। **in ~ blood** १. निर्दयता या निष्ठुरता से, बेरहमी से; २. जान-बूझ कर; ३. सोच-विचार कर। **left out in the ~** बेपरवाही बरती जाना, उपेक्षित होना। **throw ~ water on plan**, पानी फेर देना, दबाना, दिल तोड़ना, हतोत्साह करना, उत्साह भंग करना। **~blast** धौंकनी की हवा, भाथी की हवा। **~blooded** १. शीतरक्तमय (मछली और सरीसृप); २. (ला०भी) आलसी, मन्दगति, धीमा, सुस्त; ३. निर्दयी, निष्ठुर, बेरहम; ४. (आ०) अनियत-तापी*/ असमतापी*/ शीतरायक* (व्यक्ति)। **~bloodedness** सं० शीतरक्त विशिष्टता, निष्ठुरता। **~coil** ठंढी पट्टी, (ट्यूब में ठंडा पानी भर कर बनाई हुई जिसे सूजन या जलन के स्थान पर लपट देते हैं)। **~colours** ठंढे रंग (नीला, धूमैला आदि)। **~feet** (मूल सैनिक, ला०) डरा हुआ, भयभीत, जो लड़ने का इच्छुक न हो। **~hammer** ठंढे लोहे को पीटना। **~hearted** वि० उदासीन, विरक्त, तोताचश्म। **~heartedness** सं० विरक्ति, उदासीनता, तटस्थता, तोताचश्मी। **~heartedly** क्रि० वि० उदासीनतापूर्वक, रुखाई से। **~livered** सर्द, भावशून्य, उदासीन, ठंढी (मिट्टी), ठंढी मिट्टी का। **~meat** ठंढा गोश्त, जो पकाने के बाद सर्द हो गया हो। **~pig** ठंढे पानी के छींटे देकर जगाना, ठंढे पानी के छींटे (किसी को जगाने के लिए)। **~shoulder** बकरी की रान या पुट्ठा (भूना हुआ)। **~snap** अकस्मात् सर्द मौसम का आ जाना, चिल्ला जाड़ा। **~steel** तलवार, संगीन आदि (वे हथियार जो बारूद से नहीं चलते)। **~without** कड़वी शराब (बिना शर्बत के साथ)। **coldish** वि० ठंडा-सा, सर्द-सा। **coldly** क्रि० वि०, बेपरवाही से, उदासीनता से, रुखाई से। **coldness** सं० ठंढक, सर्दी, शीतलता, रूखापन, उदासीनता।

cold-short (kōld' shōt) [prob. from Swed. *kall kōr* (Norw. and Dan. *koldskjör* from *kall* or *kold* COLD and *skor*, brittle] वि० ठंडा होकर पट से टूट जाने वाला (लोहा)।

cole (kōl) [L. *caulis*, a stalk, a cabbage] सं० (प्राचीन नाम समास रूप छोड़ कर अब प्रायः अव्यवहृत) कोल, एक प्रकार का करमकल्ला। **~seed** एक पौधे का बीज जिससे कोल्हा तेल प्राप्त होता है। **~slaw** सं० करमकल्ले का सलाद।

coleopter (kol e op' ter) [Gr. *koleos*, a sheath, *pteron*, a wing] सं० कोलियोप्टेरा, एक प्रकार के भौंरे की जाति। **coleopterous** वि० कोलियोप्टेरा (एक प्रकार के भौंरे) की जाति का।

colic (kol' ik) [F. *colique*, L. *colicus*, Gr. *kolikos* (*kolon*, COLON)] सं० कालिक, दर्द, उदर-शूल, जठर-व्यथा, एक प्रकार का बहुत तेज दर्द, शूल* (आ० भी)। **colicky** वि० उदर-शूल-विषयक, पेट के दर्द संबंधी।

colitis (kō lī' tis) सं० १. कोलनाति, जठर-शोथ, महान्त्री शोथ, बड़ी आँत के भीतरी आवरण की सूजन; २. (आ०, कु०) बृहदान्त्र-शोथ*।

collaborate (kō lăb' o rāt) [COL-, L. *laborāre*, to LABOUR (modelled on L. *collaboration*)] क्रि० स० १. सहयोग करना, मिल कर काम करना, मिल कर रचना करना, संयुक्त रूप से कार्य-संपादन करना (विशे० साहित्य या कला संबंधी रचनाओं में ; २. साथ काम करना, साथ देना, हाथ बटाना, सहकारी होना; ३. देशद्रोह करके शत्रु से मिल जाना। **collaboration** सं० १. सहयोग; २. (शत्रु के साथ) सहयोग, देशद्रोह करके शत्रु से मिलना। **collaborator** सं० १. सहयोगी* (आ०, वि०१भी), सहकारी, देशद्रोही (जो शत्रु से जा मिले)।

collapse (kō lăps') [L. *collapsus*, p.p. of *collābi* COL-, *lābi*, to glide down, to lapse)] क्रि० अ० १. भंग होना, टूट जाना, गिर पड़ना; २ एकाएक गिरना; ३. हारना, जी छोड़ना, हिम्मत हार देना; ४. सिकुड़ना, दब जाना नष्ट होना; ५. जवाब दे देना; ६. ढेर हो जाना, स्नायविक गड़बड़ी से गिर पड़ना; ७. मानसिक तेज या शक्ति का क्षय हो जाना, ८ टूटना* (कु० भी)। सं० १ शक्तिपात; २. हृदयावसान; ३ अवसान, पतन; ४ हार; ५ उत्साहभंगिता; ६. (आ०, ई० ३ वि० १) निपात*;

७. (कृ०) अवसाद* । **collapsible, collapsable** वि० तह हो जाने वाला, तोड़ेदार (कुर्सी, दरवाज़ा आदि) ।

collar (kol' ăr) [O.F. *colier*, L. *collāre*, a band for the neck *collum*, neck)] सं० १. कॉलर* (आ०, ई० ३, वि० १ भी), गर्दनी जो परिधान के ऊर्ध्वभाग का पूरक है; २. नाइट की पद-मुक्तक ज़ंजीर, नाइट के तमगे की ज़ंजीर; ३. पट्टा, गलपट्टा, गलमेखला, छल्ला (कुत्तों, कैदियों के गले में); ४. वह छल्ला जिसमें मछलियों का चारा पिरोया हुआ होता है; ५ गोल लपेट कर बाँधा हुआ मांस; ६. चारोंदार कंठा, हँसुली (जानवरों की गर्दन के चारों ओर); ७ हँसुली की हड्डी, ग्रीवास्थि, हँसुली, कंठास्थि । कि० स० १. गला पकड़ना, गला नापना; २ गिरफ्तार करना; ३ (फुटबाल) विरोधी से गेंद छीनने की कोशिश करना; ४. (आ०) झपट लेना, छीनना, ला-भी जाना; ५. गोश्त के टुकड़े को लपेट कर गोल बनाना। **~beam** दो बल्लियों को जोड़ने वाली बल्ली, दो कड़ियों को जोड़ने वाली शहतीर। **~bone** अक्षक, ग्रीवास्थि, हँसुली, कंठास्थि। **~harness** गले का साज, (विपरीतार्थक दे० BREAST-HARNESS) । **~of ss or esses** प्राचीन काल में ढैकाहस्टर का प्रतीक था, अब भी कभी-कभी परिधान में लगाया जाता है। **~work** कठिन किंचाई (विशे० पहाड़ी पर की), (लो०) कठोर परिश्रम (against the~ भी)। **collared** वि० कंठेदार, पट्टेदार, कॉलरदार। **collarless** वि० बिना पट्टे का, बिना कॉलर का।

collarette (kol a ret') [F. *collerette*, dim. of *collier*, see COLLAR] सं० कॉलरेट, जनाना कॉलर (जो क्रीते या समूर आदि का होता है)।

collate (ko lāt') [L. *collātus*, p.p. of *conferre*, to bring together (COL-, *latus*, orig. *tlatus*, conn. with *tollere*, to bear, Gr. *tlēnai*, bone)] क्रि० स० १. (पांडुलिपि या प्रूफ़ की एक प्रति को दूसरी प्रति से) मिलाना, जांचना, सूक्ष्म रूप से तुलना करना; २. पुस्तकों के पन्ने लगाना; ३. इकट्ठा करना, एकत्र करना, एक स्थान पर रखना, एक साथ रखना; ४. पादरी नियुक्त करना।

collation सं० (COLLATE के क्रियागत अर्थों में) १. संपरीक्षण, समाकलन, संतुलन, परितुलन; २. (रोमन कैथोलिक चर्च) जलपान, नाश्ता, उपवास की संध्या का हल्का आहार; ३. उपाहार, (cold~) प्रायः असाधारण समय पर किया जाने वाला। **collator** सं० १. संशोधक; २. पन्ने लगाने वाला।

collateral (ko lat' e ăl) [late L. *collateralis* (COL-, *lateralis*, from *latus* -eris, side)] वि० और सं० १. संपार्श्वक* (मा० २ वि० भी), एक पार्श्वस्थ, बराबर-बराबर, समानान्तर; २. सहायक, आनुषंगिक; ३. अप्रधान, प्रासंगिक; ४. भिन्नशाख, उपलोम; ५. संपिंड, सगोत्र; ६. सबंधी, बंधु। ७. (आ०) समपार्श्वी*। **~security** गिरवी, रेहन। **collaterally** क्रि० वि० १. पार्श्वपार्श्विक; २. प्रसंगतः; ३. अप्रधानतः।

colleague (kol' ēg) [F. *colligue*, L. *collēga* (COL-, *legere*, to choose)] सं० सहकर्मी*, सहयोगी*, साथी* (मा० १ भी), सहकारी, साथ काम करने वाला।

collect[1] (kol' ĕkt) [F. *collecte*, late L. *collecta*, a summing-up, fem. p.p. of *colligere*, to collect (COL-, *legere*, to gather)] सं० Common Prayer Book की संक्षिप्त प्रार्थना, विशे० Epistle और प्रातःकाल प्रार्थना के पूर्व (ईसाइयों की प्रार्थना पुस्तक की) संक्षिप्त प्रार्थना, ईसाई प्रार्थना, कलेक्ट* (मा० १ भी)।

collect[2] (kō lekt') [as prec.] क्रि० स० और अ० १. एकत्र करना, संग्रह करना* (विधि भी), जमा करना, इकट्ठा करना, जोड़ना, जमा होना, इकट्ठा होना; २. उगाहना, पाना, वसूल करना, बटोरना; ३. (नमूना, पुस्तक आदि) संग्रह करना; ४. होश में आना, सचेत होना; ५. (संज्ञा, शक्ति, साहस) पुनः प्राप्त करना; ६. (बोल०) लाना, जा कर लाना या लेना (जैसे he went to~ his suitcase); ७. निष्कर्ष निकालना, परिणाम निकालना। **~a horse** घोड़े को वश में रखना। **collectable, collectible** वि० संग्रहणीय, संग्रह योग्य। **collected** वि० १. एकत्र, संगृहीत; २. शांत, स्थिर। **collectedly** क्रि० वि० अनाविष्ट रूप से, प्रकृतिस्थता से।

collectanea (kŏl ĕk tā' neă) [L. neut. pl. of *collectaneus*, gathered together (see prec.)] सं० बहुव० संकलन, सुभाषित-संग्रह।

collection (kō lek' shŭn) [O.F., from L. *collectio -ōnem* (see COLLECT)] सं० १. संग्रह* (वि० २ भी), संचय; २. उगाही; ३. अर्थ या मुद्रा-संग्रह; ४. चंदा (धार्मिक कार्यों के लिए); ५. राशि, अंबार, ढेर, उछीरा; ६. समूह, समुदाय, जमाव; ७. समुच्चय, संग्रह, (साहित्यिक कला वस्तु आदि का); ८. (बहुव०) ऑक्सफ़ोर्ड और दूसरे कॉलेजों की तिमाही या त्रैमासिक परीक्षा।

collective (kō lek' tiv) [COLLECT. -IVE] वि० सामूहिक, इकट्ठा, कुल, सब का। **~fruit** अनेक फूलों का फल (जैसे शहतूत)। **~idea** सामूहिक दक्तव्य। **~note** कई राज्यों द्वारा हस्ताक्षरित पत्रक। **~noun** समूहवाचक संज्ञा। **~ownership** संयुक्त स्वामित्व, भूमि या उत्पादन के साधनों का सामूहिक स्वामित्व। **collectively** सम्मिलित रूप से, सामूहिक रूप से, एकत्र होकर। **collectivity** सं० सामूहिकता।

collectivism (kō lek' tiv izm) [as prec. -ISM] सं० समूहवाद* (मा० २ भी), यह सिद्धांत कि सर्पत्ति का स्वामित्व सामूहिक होना चाहिए, समष्टिवाद*; सामूहिकतावाद* (मा० १ भी)। **collectivist** सं० और वि० समूहवादी, सामूहिकतावादी। **collector** (kō lek' tŏr, सं० १.संग्राहक* (प्र०, वि० १, ३ भी), समाहर्ता* (प्र० भी), वसूल करने वाला, उगाहने वाला (नमूने, रेल के टिकट, कर, चंदा और विचित्र वस्तुएं); २. विभिन्न मशीनों में संग्राहक यंत्र, ३. कलक्टर, जिलाधीश ४. (प्र०, वि० १, ३) संग्राही*; ५. (कृ०, प्र०, विधि०) कलेक्टर*। **collectorate** सं० कलक्टरी या कलक्टर के अधिकार-क्षेत्र का दफ़्तर। **collectorship** सं० कलक्टरी, कलक्टर का पद।

colleen (kō lēn') [Ir. *cailin*, dim. of *cail*, a country woman] सं० कोलीन, बालिका, लड़की।

college (kol' ej) [M.P. *college*, L *collēgium* (*collēga*, COLLEAGUE)] सं० १. समव्यवसायी व्यक्तियों का संघ, गण; २. कालिज*, महाविद्यालय* (प्र०, मा० २ भी); ३. विद्यालय-भवन; ४. उपाधि देने वाला छोटा विश्वविद्यालय; ५. व्यावसायिक अध्ययन-केन्द्र; ६. बड़ा सार्वजनिक माध्यमिक स्कूल; ७. गैर-सरकारी स्कूल, इनमें से किसी का भवन। **sacred~**, **~of cardinals** पोप की सभा जिसमें सत्तर सदस्य होते हैं। **~living** जीविका-

साहाय्य (कालेज को)। ~pudding बालूचे की पुडिंग या फिरनी। colleger सं० एटन (Eton) के स्थापना काल के सत्तर विद्यार्थियों में से एक। collegial वि० कालेज संबंधी, महाविद्यालय संबंधी। collegian सं० १. कालेज का विद्यार्थी; २. (पुराना ग्रा०) क़ैदी, बंदी।

collegiate (kə lē' ji āt) [L. *collēgiātus*, member of a college (*collēgium*, COLLEGE)] वि० कालेज-संबंधी, कालेज का, महाविद्यालय संबंधी। क्रि० स० कालेज के ढंग का बनाना, कालेज का पद देना, कालेज की स्थिति प्रदान करना। ~church १. कालेज-चर्च; २. पादरी संघ के लिए प्रदत्त; ३. (स्कॉटलैंड और अमेरिका में) संयुक्त पादरी पद। ~school स्कूल जिसके अधिकारी उसे कालेज से कम न समझते हों। collegiately क्रि० वि० कालेज के ढंग से।

collet (kol' ət) [F., dim. of *col*, L. *collum*, the neck] सं० नगूठी के नग का घर या बैठक।

collide (kə līd') [L. *collidere* (COL-, *laedere*, to strike, hurt) क्रि० अ० १. टकराना, टक्कर खाना, लड़ जाना, भिड़ जाना; २. भिड़ना, मुठभेड़ होना; ३. खटपट होना, मतभेद होना, संघर्ष होना।

collie (kol' i) [perh. COAL, black] सं० (स्कॉटलैंड में) गड़रिये का कुत्ता।

collier (kol' yər) [M.E. *col*, COAL, -IER] सं० १. कोयला-खनक, कोयला खोदने वाला; २. कोयला ढोने वाला जहाज; ३. ऐसे जहाज का मल्लाह। colliery वि० कोयले की खान, कोयला खान* (ई० १ भी)।

colligate (kol' i gāt) [L. *colligātus*, p.p. of *colligāre* (COL-, *ligāre*, to bind)] क्रि० स० १. संग्रह करना, एकत्र करना; २. व्यवस्थित करना, सुसबद्ध करना, सुविन्यस्त करना (विशेष अलग अलग तथ्यों को)। colligation सं० १. सबंध, व्यवस्थापन, क्रमविन्यास; २. संधान; ३. एकत्रीकरण; ४. (वि० १) गुणांक*।

collimate (kol' i māt) [L., *collimāre*, a misreading for *collinēare*, to aim (COL-, *linēare*, from *linea*, a line)] क्रि० स० १. समरेखण करना, सीध में रखना; २. दृष्टि-रेखा ठीक करना (दूरबीन आदि की); ३. समानांतर करना (दूरबीक्षण-यंत्र करिणें); ४. (वि० १) संधानित करना*। collimation १. समरेखण, सीध; २ संबधन; ३ संधान* / समांतरण* (वि० १ भी)। collimator सं० १. समरेखक; २. दृष्टिरेखा ठीक करने के लिए किसी यंत्र में लगी हुई छोटी दूरबीन; ३. रंगावलीक्ष (स्पेक्ट्रोस्कोप) की नली जो कि सप्तवर्ण (प्रिज्म) पर समानान्तर किरणें फेंकती हैं; ४. (वि० १) समातरित्र*, संधानक*, कालीमेटर*।

collinear (kō lin' ē ər) वि० १. एक रेखीय, एक ही रेखा में; २. एक ही रेखा पर स्थित; ३. (वि० १) समरेख*।

collins सं० (बोल०) दे० ROOPER।

collision (kə lizh' ən) [L. *collisio -onem* (see ḷōā- KĪNE)] सं० १. संघट्ट, संघर्षण, टक्कर* (वि० १ भी), भिड़न्त, मुठभेड़ (विशेष जहाज या रेलगाड़ियों की); २. (ला० व्यंजना का) कटु संघोष; ३. विरोधी दलों का संघर्ष; ४. (वि० १) संघट्टन*। come in~ with किसी चीज से टकराना या लड़ना। ~mat जहाज में टक्कर लगने से बने हुए छेद को बंद करने का बोरिया।

collocate (kol' ō kāt) [L. *collocātus* p.p. of *collocare*] क्रि० स० १. एक साथ रखना; २. सँजाना, सँजोना, व्यवस्थित करना, व्यवस्था देना; ३. स्थान-विशेष में ठहराना। collocation सं० १. क्रम; २. सजावट, व्यवस्थापन, ३. स्थापन, निवेशन; ४. (ला० २) संस्थिति*।

collocutor (kol' ō kū tər) [late L., from *colloqui*, to confer *eoloque*, to talk)] सं० वार्तालाप का साथी (जैसे my ~said)।

collodion (kə lō' di ən) [Gr. *kollōdēs (kolla*, glue)] सं० १. फ़ोटोग्राफ़ी और शल्य क्रिया में प्रयुक्त होने वाला तेजाबी द्रव; २. (वि० १) कोलोडियन*। collodioned वि० कोलोडियनी। collodionize क्रि० स० कोलोडियन बनाना। collodio- कोलोडियन शब्द का समास रूप।

collogue (kə lōg') [perh. from F. *colloque*, a conference, or from L. *colloqui* (see COLLOY), influenced by COLLEAGUE] क्रि० अ० गुप्त रूप से बात करना, गुपचुप बात करना, कानाफूसी करना, फुसफुसाना।

colloid (kol' oid) [Gr. *kolla*, glue, -OID] वि० और सं० १. चिपचिपा, लसदार (पदार्थ); २. (निदा०) श्लैष्म तंतु, जो किसी बीमारी में बिगड़ कर चिपचिपे हो जाते हैं; ३. (रसा०) कोलाइड* (आ०, ई० ३, कृ०, वि० १ भी), श्लिष्पाभ, कलाई, श्लेषाभ, अर्द्ध द्रव की अवस्था का पदार्थ। colloidal वि० १. कोलाइडीय, श्लिष्पाभीय, श्लेषाभीय, श्लैष्म; २. (आ०, ई० ३, कृ०, वि० १) कोलाइडी*।

collop (kol' əp) [etym. doubtful] सं० १. मास-खंड, बोटी, मांस का टुकड़ा; २. (ई०) मोटे आदमी या जानवर की चमड़ी की सलवट या बट।

colloquial (kə lō' kwi əl) [COLOQUY] वि० १. बोलचाल का या संबंधी, प्रचलित, आम बोलचाल का; २. सामान्य बोलचाल से संबंध रखनेवाला; ३. शिष्ट या समृसत भाषा का नहीं। colloquialism सं० बोलचाल की शैली या ढंग। colloquialist सं० बोलचाल की बोली का समर्थक या प्रयोक्ता। colloquially क्रि० वि० बोलचाल के ढंग से।

colloquy (kol' ō kwi) [L. *colloquium*, from *colloqui* (COL-, *loqui*, to talk)] सं० १. वार्तालाप, संलाप, बोलचाल, बातचीत; २. कालोकी, प्रेस्बीटेरियन गिरजे की न्याय तथा विधान-सभा। colloquist सं० दे० COLLOCUTOR।

collotype (kol' ō tīp) [Gr. *colla*, glue] सं० १. रासायनिक द्रव की सिल्ली जिस पर सूर्य की किरणें के पड़ने से चिह्न बन जाते हैं और उन्हीं का प्रतिबिम्ब कागज पर छाप लेते हैं; २. चित्र छापने की एक विधि। ~plate प्रतिबिम्बदायी झिल्ली। ~process प्रतिबिम्ब-ग्रहण की प्रक्रिया।

collude (kə lood') [L. *colludere* (COL-, *ludere*, to play)] क्रि० अ० (अप्र०) १. षड्यंत्र रचना, कपट-संधि करना, साँठ-गाँठ करना, मिली भगत करना, साजिश करना, २. दलबन्दी करना; ३. जालसाजी करना।

collusion (kə loo' zhən) [F., from L. *colliāsio -onem* (*colliders*, see prec.)] सं० १. कपट, साँठगाँठ, जाल, कपट संधि, गुप्तसंधि, मिली भगत; २. षड्यंत्र, दुरभिसंधि*। (ला० १ भी)। collusive वि० षड्यंत्रपूर्ण, कपटमय। collusively क्रि० वि० साँठगाँठ से, जालसाजी से, कपटपूर्वक।

collyrium (kə lir' i əm) [L., from Gr. *kollurion*, a

poultice (*hollura*, a roll of coarse bread)] सं० (बहु० ~las) १. सूरमा, अंजन, नेत्ररंजन, कज्जल, काजल; २. दस्त लाने वाली दवा की बत्ती; ३. (आ०) नेत्रबिन्दु*।

colly-wobbles (kol' i wobz') सं० (बहु० बोल०) गड़गड़, गड़गड़, पेट की गड़गड़ाहट।

Colney Hatch सं० कोलनी हैच, लंदन प्रदेश के पागलखाने का नाम।

colocynth (kol' ŏ sinth) [L.*colocynthis* Gr *kolokunthis*] सं० १. ईंद, बाल्मी, इंद्रायण* (आ० भी)। कड़वी लौकी जिसका विरेचक औषधि के रूप में प्रयोग होता है; २. रेचक औषधि।

colon[1] (kŏ' lŏn) [Gr. *Kolon* a member, limb. clause] सं० कोलन, द्विबिन्दु, विराम चिह्न के रूप में प्रयुक्त दो बिन्दु (:), प्रायः इसके आगे डैश (—) भी रहता है।

colon[2] (kŏ' lŏn) [L., from Gr. *Kolon*] सं० (शु० वि०) कोलन* (आ०, कु० भी)। मलाशय, स्थूलान्त्र, आँतड़ी का बड़ा भाग, (सीकम या उंडुक या अंधनाली से गुदा नलिका या उत्तरगुद तक' बृहदान्त्र* (आ०, कु० भी)। **colonitis** सं० बृहदांत्र-शोथ, बड़ी आँतड़ी की सूजन, कोलन*। बृहदांत्र* (वि० १ भी)।

colonate (kŏ' lŏn āt) सं० १. भूदास-प्रथा, अर्धदासता, कमिया प्रथा; २. परवर्ती रोम राज्य की स्थायी कृषिदास-पद्धति।

colonel (kĕr' nĕl) [F., from It. *colonello*, dim.of *colonna*. column (formerly *coronel*, also from F., due to confusion with *corona*, crown)] सं० १. कर्नल* (प्र० भी). एक उच्च सैन्य पदाधिकारी, रेजिमेंट को सबसे बड़ा अफसर; २. लेफ्टिनेंट कर्नल का संक्षेप भी। **~commandent** सेना का उच्च अधिकारी। **colonelcy.** **~ship** सं० कर्नली, कर्नल का पद कर्नल के कार्य के लिए सामान्य शब्द।

colonial (kŏ lŏ' ni ăl) वि० और सं० औपनिवेशिक, उपनिवेशिक उपनिवेश का (निवासी)[1] **~office** उपनिवेश कार्यालय या विभाग (ब्रिटेन का)। **colonialism** सं० १. उपनिवेशवाद, उपनिवेशिता* (वि० १ भी)। **colonially** क्रि० वि० औपनिवेशिक दृष्टि से।

colonist (kol' o' nist) [from foll.] सं० १. उपनिवेशक* (वि० १ भी); २. उपनिवेशवादी; ३. उपनिवेश बसाने वाला या उसमें बस जाने वाला; ४. कालोनीवासी* (कु० भी); ५. (वि० १) उपनिवेशी*।

colonize (kol' ŏ nīz) [L. *colonus*, orig. a farmer,-IZE] क्रि० स० और अ० १. उपनिवेश की स्थापना करना, नई बस्ती बसाना, नई जगह जाकर बस जाना; २. उपनिवेश में सम्मिलित होना; ३. (अमरीकी राज०) किसी प्रदेश में दल-विशेष के मतदाता बसाना। **colonization** सं० १. आबादकारी; २. बसावट*। उपनिवेशन* (वि० १ भी)। **colonizer** सं० उपनिवेश बसाने वाला।

colonnade (kol ŏ nād') [F., from It. *colonnata*(*colonna* L. *columna*, a COLUMN)] सं० १. समानांतर स्तंभ-पंक्ति, स्तंभमाला, स्तंभ-श्रेणी, स्तंभों की पंक्ति, दालान या बरामदा जिसमें बहुत से खंभे हों; २. नम्भाला, वृक्ष-श्रेणी; ३. (मा० १) स्तंभावली* (स्थापत्य)।

colony (kol' ŏ ni) [F.*colonie*, L. *colŏnia* (*colŏnus*, a farmer, from *colere*, to till)] सं० १. (ग्रीक इतिं०) प्रवासियों द्वारा स्थापित स्वतंत्र नगर; २. (रोम इति०) विजित प्रदेश में सैनिक उपनिवेश या छावनी; ३. किसी नए स्थान में बाहरी लोगों की बस्ती जिनका अपनी मातृभूमि से राजनैतिक संबंध बना रहे; ४. उपनिवेश* (मा० १, ३ भी); ५. एक राष्ट्र या व्यवसायि वर्गों की किसी नगर में बस्ती. विशे० विशिष्ट प्रकार के निवास में (इसी प्रकार पक्षि-पक्षियों के विषय में भी जैसे ~of sparrows)]; ६. (जीव०) प्राणिदल, जीव-वृन्द, कीट-बस्ती, (जैसे मूंगे में); ७. (आ०, मा० १ वि० १) कालोनी*; ८. (वि० १) निवह*; ९. (मा० १) उपनगर*।

colophon (kol' ŏ fŏn) [late L., from Gr. *kolophōn*, a summit] सं० १. प्राचीन पुस्तकों के अंतिम पृष्ठ पर अलंकृत रूप में मद्रक, प्रकाशक और तिथि आदि का विवरण-सूचक लेख, जो अब मुखपृष्ठ पर रहता है; २. (मा० १) पुष्पिका* (प्राचीन शब्द)। **from title page to~** आदि से अंत तक।

colophony (kŏ lof' ŏ ni) [L. *colophonia*, pertaining to *Colophōn* in Asia Minor. where first obtained] सं० १. कोलोफोनी* (कु० भी), डामर, राल, उदायिस, बुलक, तारपीन, तेल चलाने के बाद प्राप्त होने वाली राल; २. काली राल जिससे तारपीन चुआते हैं। **colophonate** (kŏ lof' o nāt) सं० डामर नमक, काली राल के अम्ल का लवण।

coloquintida (kol ŏ kwin' ti dă) [med. L.] दे० COLOCYNTH।

Colorado (kol ŏ ra' dŏ) [sp.] सं० संयुक्त राज्य अमरीका का एक राज्य। **~beetle** सं० कोलोराडा बेटल, काली धारियों वाला पीला भौंरा जो आलू की फ़सल को हानि पहुँचाता है।

coloration (kŭl-, kol ŏ rā' shŭn) [F., from L. *colōrāre*, to colour-*(color*, COLOUR)] सं० १. रंजन* (वि० १ भी), रंगाई, रंजना; २. वर्णक्रम, वर्ण-सामंजस्य; ३. (चित्र में) रंग-भराई, रंगने का कार्य; ४. प्राकृतिक रंग (विशे० जानवरों का); ५. सजीव या इतर वस्तुओं का वर्ण।

coloratura (kol ŏ rā too' rā) [It. *coloratura*, L. *colōrātura*, from *colōrāre*, see prec.] सं० स्वर-संगीत में कलात्मक छंद (बहुव० गुण जैसे ~Soprano)।

coloriffic (kŭl-, kol ŏ rif' ik) [F. *colorifique* L. *color -brem* -FIC] वि० १. वर्णोत्पादक, वर्णजनक, रंग पैदा करने वाला; २. गहरे रंग का, बहुत रंगीन।

colorimeter (kol ŏ rim' ĕr ĕt) [L. *color*. colour] सं० १. रंगमापी, वर्णमापक यंत्र, रंग की कमी-बेशी जाँचने का यंत्र; २. (वि० १) वर्णमापी*/ कलरी-मीटर*।

colossal (kŏ los' ăl) [COLOSSUS, -AL] वि० १. विशाल मूर्ति का, विशाल मूर्ति संबंधी; २. अतिमानुषाकार, विराट्, वृहत्, दीर्घकाय, बड़ा भारी, बहुत सुंदर, ३. मनोरंजक; ४. खुशनुमा ५. विशाल* (मा० १ भी)। **colossally** क्रि० वि० विशालता से, सुन्दरता से।

colossus (kŏ los' ŭs) [L., from Gr. *kolossos*], (बहुव० ~i, ~uses) सं० १. बृहत्प्रतिमा, विशाल मूर्ति, भीमकाय मूर्ति, साधारण या सामान्य डील-डौल या आकार से बड़ी मूर्ति; २. विशालकाय पुरुष; ३. (ला०) साम्राज्य (~of Rhodes के समान)।

colostrum (kŏ los' trŭm) [L.] सं० पेउस* (आ० भी), पेउसी* (कु० भी), खीस* (आ०, कु० भी), प्रथम स्तन्य* (आ० भी), नवदुग्ध* (कु० भी)।

colotomy (kol ot' ŏm i). सं० १. (शु०) पेट का चीरा, बड़ी आंत का चीरा; २. (आ०) बृहदांत्र छिद्रीकरण*।

colour (kŭl' ĕr) [O.F. *color*. L.*colōrem*. acc. of *color*] सं० १. आँख पर विच्छिन्न प्रकाश-किरण की

मिश्रण, रूप २. रंग* वर्ण* (आ०, ई० ३, मा०, वि० १ भी); ३. वर्ण-मिश्रण का सिद्धांत; ४. (चेहरे की) लाली, सुर्खी; ५. ऊपरीय, चमक-सूरत; ६. चमक, आभा; ७. (कला) रंग ई, रंग भरने का नियम; ८. प्रकाश और छाया के आनुपातिक प्रभाव का प्रत्यक्षीकरण; ९. रंजक चूर्ण; १०. (बहु०) रंगीन फीता, वर्दी या बाना जिसे बल या संस्था विशेष के सदस्य पहनते हैं; ११. सेना या जहाज का झंडा; १२. (रेजिमेंट का) रेशमी झंडे का जोड़ा; १३. रंगीन पहनावा या पोशाक; १४. छल, हीला, बहाना, बनावटी बात; १५. (संगी०) कंठ-ध्वनि या बाजे का सुर या तर्ज, तर्ज अदा; १६. गायन के प्रकार; १७. (सामान्य) स्वरूप, गुण, प्रकार, रंग-ढंग, अर्थ-भेद या अर्थाभास। क्रि० स० और अ० १. रंगना, रंजित करना; २. रंग भरना, रंग देना; ३. बात बनाना, मिलावट करना, नमक-मिर्च लगाना, हाशिया चढ़ाना, अपनी तरफ़ से झूठ मिला देना (जैसे highly coloured details); ४. प्रभाव डालना (जैसे motive coloured act); ५. लजाना, शरमाना, झेंपना, लज्जित होना। **accidental, complimentary ~** सहायक रंग, पूरक रंग, हर्ष रंग का दूसरा सहायक रंग होता है जिसे नियम परिमाण में मिलाने पर वह रंग सफ़ेद हो जाता है। **change ~** रंग बदलना, लाल या पीला हो जाना। **come of with flying colours** सफलता पाना, बाज़ी ले जाना या मारना, मैदान मार लेना। **fundamental, primary, simple colours** मूल वर्ण अर्थात् (लाल, हरा और बैंगनी या चित्रकारों में लाल, नीला और पीला, शेष रंग इन्हीं के विभिन्न परिमाण में मिश्रण से बनते हैं)। **get one's, give one his colours** खेलने या व्यायाम करने वालों की संस्था में ले लिया जाना, वर्दी पाना। **give no ~ for saying** कहने का बहाना न होना, बात बनाने का अवसर न होना। **local ~** स्थानगत विशेषता। **lose ~** रंग उड़ना, रंग फक हो जाना। **man of ~** काला आदमी विशे० नीग्रो। **nail colours to mast** जमे रहना, जगह से न हटना, नीचे उतरने से इनकार करना। **sail under false colours** पाखंड या ढोंग रचना। **secondary ~** मिश्रित वर्ण, दो मूल वर्णों के मिश्रण से बना वर्ण। **see the ~ of one's money** रुपया पाना, धन लेना। **show one's colours** अपना असली स्वरूप प्रकट करना, अपनी असलियत ज़ाहिर करना। **take one's ~ from** का रंग-ढंग अपनाना। **~bar** वर्ण-भेद, जाति-भेद, गोरे-काले का अर्थ, गोरे काले के बीच क़ानूनी भेदभाव। **~blind** वर्णांध, रँगौंधिया, रंग पहचानने में असमर्थ। **~box** वर्ण-मंजूषा, रंगों का डिब्बा। **~man** रंग विक्रेता, रंग बेचने वाला। **~-scheme** किसी कमरे की सजावट या क्यारी में विविध रंग के फूल उगाने की व्यवस्था। **~sergeant** झंडा सिपाही, ध्वजवाही सैनिक, ध्वजरक्षक। **~wash** रंगीन पुताई, डिस्टेम्पर। **colourable** वि० १. मनोहर, रमणीक; २. कृत्रिम, नक़ली, जाली; ३. आभासी, सत्य न सिद्ध। **coloured** वि० अश्वेतज* (आ० १ भी)। **~person** अमौर जातीय, अश्वेत जातीय। **colourful** वि० रंगीन, रंग-बिरंगा, चमकीला, शानदार, भड़कीला। **colouring** सं० (क्रियागत अर्थों में) रंजन, रंगाई, विशे० रँगने की शैली या वह पद्धति जिसमें चित्रकार वर्णों का उपयोग करता है। **colourist** सं० चित्रकार, रंगसाज़। **colouristic** वि० १. रंगशाली पूर्ण; २. वर्ण कुशलता संबंधी। **colourless** वि० १. रंगहीन, वर्णहीन* (वि० १ भी), बेरंग, अवर्ण; २. पीला, ज़र्द, विवर्ण; ३. फीका, हल्के रंग का; ४. वैशिष्ट्यहीन, वैशिष्ट्य रहित; ५. रूखा-फीका; ६. तटस्थ, उदासीन। **colourlessly** क्रि० वि० रंगहीनता से, फीकेपन से। **colourlessness** सं० रंगहीनता, पीलापन, फीकापन। **colourly** वि० १. (वाणिज्य) चोखा, पक्का; २. प्रसिद्ध; ३. इस प्रकार के रंग का माल जिससे उसकी श्रेष्ठता प्रकट होती हो (जैसे चाय, काँझी आदि)।

colporteur (kōl pōr tĕr', kol' pōr tĕr) [F. from *colporter* (*col*, neck, *porter*, to carry)] सं० फेरीवाला पुस्तक-विक्रेता (विशे० बाइबिल-विक्रेता, जिसे बाइबल सोसाइटी ने बाइबल बाँटने के लिए रखा हो)।

colt[2] (kōlt) [A.-S : etym. unknown] सं० १. अश्व-शावक, बछेरा; २. चार-पाँच साल तक का जवान घोड़ा; ३. किशोर, कच्चा या अनुभवशून्य व्यक्ति (विशे० क्रिकेट का पेशेवर नया खिलाड़ी); ४. अल्हड़ बछेड़ा; ५. अनाड़ी; ६. (मै० वि०) कोड़ा, डंड देने के काम आने वाली रस्सी। क्रि० स० कोड़े से मारना। **colt's foot** कोल्ट्स फूट, लंबी पत्तियों और पीले फूलों वाली एक घास। **colt's tail** छिछातिमेघ, बादल जिसके किनारे फटे हुए हों। **colthood** सं० १. बछेरागपन; २. अनाड़ीपन। **coltish** वि० १. चपल, तरल, चंचल, लोल; २. बछेड़े सा; ३. अनाड़ी।

colt[3] (kōlt) [inventor, S. *Colt* (1814-62)] सं० American revolver के लिए प्रयुक्त, एक प्रकार का ऑटोमैटिक तमंचा या पिस्तौल।

colter दे० COULTER।

columbine (kol' ŭ brĭn) वि० साँप जैसा, सर्पवत् विशे० कोलूबर (निविष साँप) से मिलता-जुलता।

columbarium (kol ŭm bâr' i ŭm) [L., neut. of *colrembārius columb dove*)] सं० (बहु० ~**ia**) कोल क्रियम (आधुनिक प्रयोग) अस्थिशेष रखने का भवन।

columbine[1] (kol' ŭm bīn) [O.F. *columbin*, late L.*columbina* (*columba*, a dove)] सं० १. कोलंबाइन, कपोतीय, गुल कबूतर* (वि० १ भी); २. निगुसन, एक पौधा जिसका फूल पाँच कबूतरों के गुच्छे-सा होता है।

columbine[2] (kol' ŭm bīn) [It. *colombina* a comedy, character] सं० मूक-अभिनय में हारलेक्वीन की प्रेमिका।

column (kol' ŭm) [earlier *colompne*, F. *colompne*, *colombe*, *L. columna* (cogn. with *collis*, hill, *celsus*, high)] सं० १. (वास्तु०), लाट, मीनार, (ला०) अवलंब, टेक, सहारा, (श० वि० और बन) स्तंभाकार अंग या अवयव, मशीन का इस प्रकार का भाग या पुर्ज़ा; २. कालम*, स्तंभ* (आ०, ई० ३, कृ०, मा० १, वि० १ भी), साना* (प्र० भी), विषय-विशेष का कलंक (अखबार आदि का); ३. सेना का दस्ता, टुकड़ी, कतार; जहाज़ों का बेड़ा या काफ़िला जब वे एक दूसरे के पीछे जा रहे हों; ४. (कृ०) दण्ड*। **~of smoke** सीधा उठता हुआ धुँवा। **~of water, mercury** किसी नली में रखे हुए पानी या पारे का स्तंभ। **columnist** (समाचारपत्र का) स्तंभ-लेखक* (प्र० भी)। **columnar** सं० वि० १. स्तंभाकार* (वि० १ भी), खंभे-सा; २. (कृ०, वि० १) स्तंभी*।

colure (kŏloor') [L. *colūrus*, Gr. *kŏlourus* (*kol-os*, docked, *ouros*, tail)] सं० उन्मध्यल* (वि० भी), ध्रुववृत्त, अयनवृत्त।

colza (kol' zā) [F. *colza*, *colzat*. L. G. *kŏl-ŏl* (Dut. *koolsaad*)] सं० गोभी का बीज, करमकल्ले का बीज। **~oil** गोभी के बीज का तेल जो जलाने के काम आता है।

com- (L., the combining from *cum-*. (chiefly before *b*, *f*, *m*, *p*)] १. उप० लैटिन cum का रूप, जो समास में b, p, m और कभी-कभी स्वरों के पूर्व प्रयुक्त होता है, r के पूर्व cor-

हो जाता है, 1 के पूर्व colg, स्वरों, L और in के पूर्व co- और अन्य व्यंजनों के पूर्व con-, f के पूर्व भी com- आता है; (comfort); २. इकट्ठा, सहित, पूर्णतया, साथ-साथ।

coma[1] (kō' mâ) [late L., from Gr. *kōma -atos* (cp. *koimaein*, to put to sleep)] सं० १. कुम्भकर्णी निद्रा, घोर नींद, अतिमूर्च्छा* (मा० २ भी), संमूर्च्छा* (कृ० भी), बेहोशी की नींद, प्रहार, गफ़लत, शिथिलता; २. (कृ०, वि० १) कामा*; ३. (मा० २) निश्चेतना*। **comatose** (kom' á tōz) वि० १. अचेत, संज्ञाहीन; २. निद्रातुर।

coma[2] (kō' mâ) [L., from Gr. *komē*, the hair] सं० (बहु० ~ae) १. (वन०) संगुच्छ, बीजरोम, रेशेदार अँखुआ, बीज के अंत में लगी हुई गुच्छा, बीज की दाढ़ी, बीज का गुच्छा; २. (ग० ज्यो०) पुच्छलतारे के गिर पर लिपटी हुई नीहारिका या धूमावरण, प्रतिबिम्ब-विकार; ३. पुच्छ*/ पूँछ* (वि० १)।

comb (kōm) [A.-S. *camb*, from Teut. *kambo-* (cp. Dut. *kam*, Icel. *kambr*, G. *kamm*; Gr. *pomphos*, a peg, Sansk. *gambhas*, a tooth)] सं० १. कघी* (वि० १ भी), कंघा; २. ऊन साफ करने या बिजली संग्रह करने का कंघे जैसा यंत्र; ३. (मृग आदि पशियों की) कलँगी* (कृ० भी); ४. पहाड़ या लहर की चोटी; ५. मधु-कोष, शहद का छत्ता*। क्रि० स० और अ० १ कंघी करना; २. (घोड़े आदि को) खरहरा करना; ३. ऊन या सन को साफ करना; ४. तुरमना, बल निकालना; ५. (लहर का) बल खाना, बल मारना, पैचानी होना; ६. पूर्ण रूप से (किसी स्थान) को ढूँढना, खोजना; ७. छानना, चुन-चुन के निकालना, साफ करना। **curry ~** खरहरा। **cut the~ of** तिरस्कृत करना, शेखी झाड़ देना। **~out** कंघी करने की प्रक्रिया या स्थिति। सैनिक चुन लेना, छाँट लेना, निकल लेना (विशे०) सेवानिवृत्त व्यक्तियों में से ढूँढ कर सेना में भरती करना। **combed** वि० कंघीदार; कंघे किया हुआ। **comber** (क्रियागत अर्थों में) १. कंघी करने वाला; २. (विशे०) चुनकी, ऊन या सन साफ करने वाली मशीन; ३. बल खाने वाली लहर। **combing** सं० १. (क्रियागत अर्थों में) कंघी करना आदि; २ (विशे० बहुव०) कघी करने से उतरे या झड़े हुए बाल।

combat (kŭm'-, kom' băt) [O.F. *combatre* (com-, *batre*, L. *batuere*, to fight)] क्रि० स० तथा अ० १. लड़ना, भिड़ना, युद्ध करना, संघर्ष करना; २. विरोध करना; ३. सामना करना, मुकाबिला करना, प्रतिरोध करना। स० योधन, युद्ध, संग्राम, समर, संमाघात, संघर्ष-वृत्ति, लड़ाई, मुठभेड, टक्कर, द्वंद्व, संघर्ष, २. सामना; ३. मुकाबिला। **single ~** द्वंद्वयुद्ध।

combatant (kŭm'-, kom' bă tănt) [F., as prec.] सं० योद्धा। वि० लड़ने वाला, युद्ध में भाग लेने वाला।

combative (kŭm'-, kom' bă tiv). वि० लड़ाका, झगड़ालू, जुझारू। **combatively** क्रि० वि० झगड़ालूपन से, जुझारूपन से। **combativeness** सं० लड़ाकूपन, झगड़ालूपन, जुझारूपन।

combe दे० COOMB।

combination (kom bi nā' shŭn) [O. F., from L. *combinātio-ōnem* (*combināre*, to COMBINE)] सं० १. मेल, योग, जुटाव, मिश्रण, सम्मिलन, संयोग*, संयोजन* (वि० १ भी), एका; २. वस्तुओं या व्यक्तियों का संघ; ३. (गणि० बहुव०) सचय* (वि० १ भी), संचयन; ४. (रसा०) संयोग, भिन्नगुणात्मक पदार्थों का संमिश्रण; ५. (बहुव०) नीचे पहनने का वस्त्र जिसमें पायजामा और कुर्ता एक साथ सिले होते हैं, एक में सिला कुर्ता-पायजामा; ६. साइडकार वाली मोटर साइकिल (पूर्ण रूप motor-cycle). (दे० २) संयुक्ति*। **~lock** तिजोरियों और बहुमूल्य वस्तुएँ रखने के कमरों में सुरक्षा के लिए ताला बंद करने का पेचीदा ढंग। **~room** कैम्ब्रिज में common-room दे० COMMON।

combine[1] (kŏm bīn') [L. *combināre* (com-, *bini*, two by two)] क्रि० स० और अ० १. संयुक्त करना, मिलाना, मिलना, मिल जाना, संयुक्त होना; २. एकत्र करना, इकट्ठा करना; ३. इकट्ठा हो जाना, एकत्र हो जाना; ४. विभिन्न गुण रखना; ५. एक पदार्थ में संघटित करना या होना, रासायनिक यौगिक बनाना; ६. मिल कर काम करना, सहयोग से काम करना। **combined operation** संयुक्त आक्रमण।

combine[2] (kom' bīn) सं० १. एका, जत्था, घडा, गुट्ट (विशे० ऐसे लोगों का जो मिल कर वस्तुओं के मूल्य चढ़ा देना चाहते हों या व्यापार में अड़चन डालना चाहते हों); २. व्यापारियों या फर्मों का एका, समुच्चय या गुट्ट; ३. फ़सल काटने और कटने की मशीन।

combustible (kŏm bŭs' tibl) [F., from L. *combustibilis* (*combustus*, see prec.)] वि० और सं० १. दाह्य* (सं० २, क्रि० वि० १ भी), दाह-ग्राहक, ज्वलनाई, दहनशील, ज्वलनशील, जल उठने वाला, आग पकड़ने वाला (पदार्थ); २. भड़क उठने वाला। **combustibility** सं० १. दहनशीलता, ज्वलनशीलता; २. (वि० १) दाह्यता*।

combustion (kŏm bŭs chŭn) [F., from L. *combustio-ōnem* (as prec.)] सं० १. दाह, दहन* (क्रि० भी), ज्वलन, जलना; २. (रसा० आदि) रासायनिक संयोग से प्रकाश और ताप की अभिवृद्धि; ३. सजीव स्नायु का जारण।

come (kŭm) [A.-S. *cuman* (cp. Dut. *komen*. Icel. *koma*, G. *kommen*: Sansk *gam*, Gr. *bainein*, L. *venire*)] क्रि० अ० १. आना, चलना, पहुँचना, आगे बढ़ना (स्थान, समय या परिणाम); २. लाया जाना, आनीत होना; ३. गिरना, उतरना; ४. निकलना, बाहर होना; ५. किसी बिंदु तक हाथ या औज़ार या फेंकी हुई चीज पहुँचना; ६. होना, पाया जाना; ७. गुजरना, घटित होना; ८. भविष्य का वर्तमान हो जाना; ९. फल होना, नतीजा होना (that is what comes of grumbling); १०. भीतर आना, प्रविष्ट होना; ११. होना (जैसे comes to 2/6); १२. उतराना; १३. आकार धारण करना (जैसे the butter will not~ मक्खन नहीं उतराएगा); १४. पड़ना, विवश होना (जैसे have~ to believe); १५. (दूरी) तय करना. पार करना (जैसे have~ three miles); १६. (ग्रा०) पार्ट अदा करना, भाग लेना; १७. होना, साबित होना (जैसे string comes united); १८. तो क्या; १९. फिर सोच लो; २०. जल्दीबाजी न करो। **light~, light go** १. चार दिन की चाँदनी; २. आसानी से हाथ आना और फिर जल्दी ही हाथ से निकल जाना। **to~ and go** आवागमन, इधर-उधर की आवाजाही। **to~ down** पतन, ह्रास, क्षीणता। **~about** १ होना, हो जाना, गुजरना, बीतना; २. अकस्मात (होना)। **~across** १. मठभेड हो जाना, (किसी को) कोई चीज या व्यक्ति मिलना; २. किसी का सामना होना; ३ पाना, दिखना। **~along** १. माथ-साथ चले आना; २. उत्ती करना। **~a sneeze** (मुहावरे में) छींकना। **~at** १. बात पर पहुँच जाना; २. पा लेना। **~away** अलग हो जाना, चले आना, हट जाना। **~by** १ पड़ा पाना, मिल जाना, हाथ आना;

२. हाथ लगना, पाना। **~down** १. नीचे आना, २. गिरना, उतरना, कम होना, क्षीण होना। **~down upon** १. झिड़कना, डाँट-डपट करना; २. सजा देना। **~down with** अदा करना, उतारना। **~forward** १. सामने आना, सामने निकल आना; २. आगे आना, मैदान में उतरना। **~home to** समझ में आ जाना, हृदयंगम हो जाना। **~in** १. अंदर आना; २. खेल शुरू करना; ३. दौड़ आदि में कोई दर्जा पाना (जैसे वह तीसरा आया); ४. चला जाना; ५. आमदनी होना, आमदनी की तरह बसूल होना, विजय पाना। **~in for** हिस्सा पाना या लेना। **~in one's way** रोकना, रुकावट डालना। **~into** कब्जा पाना। **~into one's head** मन में आ जाना। **~it strong** १. ताकत दिखाना, जोर करना; २. बढ़ा कर कथन मारना। **~near doing** बाल-बाल बचना या असफल होते-होते रह जाना। **~off** १. अलग होना; २. अपने को किसी प्रतियोगिता से बचा लेना; ३. बच निकलना। **~on.** १ पैरवी करना; २ कहा मानो। **~on upon** १ आगे बढ़ना, झपटना; २. उन्नति करना; ३. (नुकसान या हवा का) आ जाना; ४. बहस के लिए पेश करना; ५ लड़ने लगना। **~out** १ हड़ताल कर देना; २. परीक्षा में उत्तीर्ण होना, सफल होना; ३. स्पष्ट होना; ४. छपना, प्रकाशित होना; ५. समाज में या रंगमंच पर पहली बार आना। **~out of** (शा०) निकल जाने की आज्ञा देना। **~out with** १. कह देना; २. बताना, प्रस्तुत करना, उपस्थित करना, पेश करना। **~over** १. गैर जगा लेना, प्रभावित कर लेना; २. फ़ासला तय करके आना; ३. राय बदलना; ४. (दूसरी ओर) आ मिलना; ५. आ निकलना। **~round** १. मिलने के लिए आना; २. होश आना, होश में आना। **~short** कमर रहना (कर्त्तव्य की पूर्ति में)। **~to** १. उत्तराधिकार में पाना; २. होश में आना; ३ हरकत न करना; ४. ताजा होना। **~to an end** खत्म हो जाना, मर जाना। **~to blows** लड़ाई पर उतर आना, मुक्का-मुक्की कर देना। **~to light** प्रगट हो जाना, जाहिर हो जाना। **~to one-self** १. होश में आना; २. दिल काबू में आना। **~to stay** स्थायी होना, टिक जाना। **~under** अधीन होना, किसी के प्रभाव में आना। **~under notice** किसी बात का मालूम हो जाना। **~up** १. विश्वविद्यालय में प्रविष्ट होना; २ (कुछ कहने के लिए) आगे बढ़ना या पास आना; ३. कंधे से कंधा मिला कर चलना; ४. उगना, फटना; ५ मालूम होना। **~upon** १. आ पड़ना; २. अचानक आक्रमण करना; ३. (मन में) बैठ जाना या असर करना; ४. माँगना; ५ बोझ बनना, भार हो जाना; ६. (अकस्मात्) मिलना।

comeatable /kŭm ăt' ă bĕl/ [COMP. AT. -ABLE] वि० सुगम, सुप्राप्य, पहुँच में, पहुँच के अंदर, जिस तक पहुँच हो सके।

comedian /kŏ mē' dĭ ăn/ [F *comédien*] सं० नट, नर्तक, सुखांत नाटक का अभिनेता या लेखक।

comedienne /kom ăd i en'/ [F] सं० कमेडी की अभिनेत्री, सुखान्त नाटक में अभिनय करनेवाली।

comedietta /kŏ mĕdĭet' ă/ [It., dim. of *comedia*, COMEDY] सं० छोटी कमेडी, हल्का सुखान्त नाटक।

comedy /kom' ĕ dĭ/ [O.F. *comedie*, L. *cŏmœdia*, Gr. *kōmōidia*, from *kōmōidos*, a comic actor (*kōmos*, a revel *aoidos*, a singer)] सं० १. भाव, प्रहसन, हर्ष-प्रधान नाटक, कमेडी, अधिकतर दैनिक जीवन का चित्रण करनेवाला हल्का, विनोदपूर्ण अथवा [illegible] सुखान्त नाटक, साधारण व्यक्तियों पर प्रचलित भाषा में लिखा गया नाटक; २ जीवन अथवा नमाशे जैसी कोई जीवन-घटना;

३. खेल, तमाशा। **old, middle and new~** प्राचीन, मध्ययुगीन और नवीन कमेडी, प्राचीन ग्रीक कमेडी का वर्गीकरण। **comed'ist** सं० १. कमेडी नाटक का लेखक; २. सुखान्त नाटक का लेखक।

comely (kŭm' lĭ) [A.-S *cymlic* (*cyme*, fine, beautiful, *lic*, like -ly)] वि० सुरूप, सुंदर, चारु, मनोहर, दिलफ़रेब (अधिकतर स्त्राकृति के लिए, कभी-कभी आचार-व्यवहार के लिए भी प्रयुक्त)। **comeliness** सं० सुरूपता, सुंदरता, चारुता।

comer (kŭm' ĕr) सं० आनेवाला। **all comers** १. अर्जी देने वाले; २. चुनौती स्वीकार करने वाले।

comestible (kŏ mes' tĭbl) [F., from late L. *comestibilis*, from *comest-*, stem of *comestus*, *comēsus*, p.p. of *comedere* (*com-*, *edere*, to eat)] सं० (प्राय: बहुव०) खाद्य-पदार्थ, खाने की चीज़।

comet (kom' ĕt) [L. *comēta*, *comētes*, Gr. *komētēs* (*komē*, the hair)] सं० पुच्छल तारा* (वि० १ भी), झार तारा; **~wise** जिस वर्ष पुच्छलतारा दिखाई दिया हो उस वर्ष निकाली हुई शराब, जिसे श्रेष्ठ समझा जाता है। **~year** धूमकेतु-वर्ष, जिस वर्ष पुच्छलतारा दीख पड़े। **cometary, cometic** वि० धूमकेतु संबंधी।

comfit (kŭm' fĭt) [O.F. *confit*, L. *confectum*, neut. p.p. of *conficere* (*con-*, *facere*, to make)] सं० कमफ़िट, एक प्रकार की मिठाई जिसके अंदर सूखा मेवा या गिरी होती है और जो ऊपर चीनी से पगी होती है।

comfort (kŭm' fŏrt) [O.F *conforter*, L. *confortare* (*con-*, *fortis*, strong)] सं० १. सौख्य, सुख-स्वास्थ्य, दिलासा, धीरज; २. सान्त्वना, तसल्ली, आश्वासन। क्रि० स० आश्वासन देना, सान्त्वना देना, तसल्ली देना, धीरज देना, ढाढस बँधाना, आराम पहुँचाना। **creature ~** अच्छा खाना, कपड़ा आदि। **~the kings enemies** (अप्र०) सुब्बाह के शत्रुओं को सहायता देना। **comfortable** (kŭm' fŏr tăbl) [A.-F. *confortable*, as prec.] वि० १. सुखकर, सुखप्रद, आराम का; २. आश्वासक, शांतिप्रद; ३. विनोदक; ४. सुखी; ५. सुघा, सुखमय। **the ~words** बाइबिल के चार अंश। **comfortably** क्रि० वि० चैन से, आराम से, सुखपूर्वक, मौज से।

comforter (kŭm' fŏr tĕr) सं० १. आश्वासक; २ आराम देने वाला, सुख पहुँचाने वाला, ढाढस या धीरज बँधाने वाला, शांतिदायक; ३. ऊनी, जो बच्चों के मुँह में उनको बहलाने के लिए दे दी जाती है; ४. ऊनी रूमाल। **the ~** पवित्र आत्मा। **job's ~** ऐसा आदमी जो बीमार बँधाने का बहाना करके हतोत्साह कर दे।

comfortless (kŭm' fŏrt les) वि० निरामंद, बेआराम, बेचैन, दुखी, आराम से रहित।

comfrey (kŭm' frĭ) [O.F., *confirie*, med. L. *cumfiria* (etym. doubtful)] सं० (बहुव० ~s) कंफ़े, खुरदरी पत्तियों वाला एक लम्बा पौधा जिसमें खंभे या बैंगनी फूलों के गुच्छे निकलते हैं।

comfy वि० (बोल०) सुखप्रद, आराम का, आरामदेह, सुघ, सुखमय।

comic (kom' ĭk) [L. *cŏmicus*, Gr *kōmikos* (*kōmos*, a revel)] वि० १. कमेडी-संबंधी; २. हासजनक, हासकर, हास्योत्पादक। सं० १. (बोल०) संगीत-कला का विदूषक, मसखरा (*comique*); २. हास्य रस की पत्रिका या पत्र। **comic-** समासों में प्रयुक्त रूप जैसे **~opera** हास्यरसपूर्ण संगीत-रूपक। **comical**

(kom' ik al) वि० १. हास्योत्पादक, हास्यपूर्ण, हँसानेवाला; २. विचित्र, अनोखा, निराला। **comicality** सं० १. हास्योत्पादकता, कौतुक; २. विचित्रता। **comically** क्रि० वि० हास्यपूर्ण, मसखरेपन से, अनोखेपन से, निरालेपन से।

Cominform (kom' in fôrm) [Rus.] सं० कामिनफार्म' (मा० भी), साम्यवादियों की अन्तर्राष्ट्रीय संस्था जो १९४७ में कामिन्टर्न संस्था द्वारा किए जाने वाले प्रचार को चालू रखने के लिए स्थापित की गई। **Comintern** (kom' in tûrn) सं० कामिन्टर्न* (मा० १ भी), तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय, रूसी साम्यवादी संघ, (देखिए Third INTERNATIONAL)।

comitadji सं० (बलकान प्रदेशों में) अव्यवस्थित सैनिक दल व समूह का सदस्य।

comity (kom' i ti) [L. *cŏmĭtās -tātem* (*cŏmis*, courteous)] सं० सौजन्य, सौहार्द* (मा० १ भी)। **~of nations** राष्ट्रों की पारस्परिक सौजन्य, एक दूसरे की विधियों और परम्पराओं को महत्त्वपूर्ण मान्यता।

comma (kom' ə) [L., from Gr. *komma*, a stamp, a clause (*koptein*, to strike, cut)] सं० १. कामा, अर्धविराम, अल्पविराम चिह्न (अंकों के अलंकार के लिए भी प्रयुक्त होता है); २. (संगी०) सुर में सूक्ष्म अन्तराल अथवा तार्किक या अतर। **inverted commas** उल्टे अल्पविराम जो किसी उद्धरण के आदि और अंत में लगते हैं। **~bacillus** अर्धविराम के आकार के काड़े जाड़ेके में मिलते हैं।

command (kə mand') [O.F. *comander*, late L. *commandāre* (**com-**, *mandāre*, to entrust)] क्रि० स० और अ० १. आदेश देना, आज्ञा देना, हुक्म देना; २. काबू पाना, कब्जे में होना, अधिकार होना, नियंत्रण होना; ३. नायक होना, नायकत्व करना (जहाज, सेना आदि का); ४. नियमन करना, नियंत्रण करना, ५. प्राप्त करना, ६. पार होना, अधिकार होना, ऊपर होना, ऊपर से देखना। सं० १. आदेश, आज्ञा, हुक्म, २. प्रभुत्व, प्रभुता, सरदारी, ३. शासन, अधिकार; ४. वश, काबू; ५. कमान, सैनिक अधिकारों के अधीन खंड सबल, ६. (मा० १, विधि) समादेश। **in ~of** के नायकत्व में, की सरदारी में, के अधीन। **~-in-chief** प्रधान सेनापति का पद। **~night** नाटक या अभिनय जो सम्राट की आज्ञा से हो। **~of language** भाषा पर अधिकार, भाषा का अच्छा ज्ञान। **~paper** (ind. भी) ब्रिटेन में संसद के सामने रखा गया पत्र या दस्तावेज। **~performance** नाटक या अभिनय जो सम्राट की आज्ञा से हो।

commandant (kom an dänt') सं० १. सेनानायक, विशे० किलेदार, गढ़पति, दुर्गपति; २. (प्र०, मा० १) कमांडेंट, ३. (मा० १) कुमदान*। **commandantship** सं० सेनानायक का पद।

commanding सं० १. (क्रियागत अर्थों में) विशे० प्रभावशाली, शानदार, रोबदाब का (व्यक्ति, मंत्यस्था आदि); २. दूर-दूर तक दिखाई देने वाला, विस्तृत परिदृश्य उपस्थित करने वाला (पहाड़ी, स्थिति)।

commandeer (kom ən dēr') [out. *kommandieren*, from F. *commander*, to command] क्रि० स० १. प्रभावित करना, सिक्का बैठाना, रोब जमाना; २. छीन लेना, जब्त कर लेना (सेना के लिए सामग्री आदि); ३. बेगार में लेना, बेगार में लगाना।

commander (kə man' der) सं० (क्रियागत अर्थों में) १. सेनापति, कमांडर (प्र० भी); २. अमीर, समन्त, सरदार; ३. लड़की की बड़ी मुगरी। **wing~** हवाई सेना का अधिकारी। **~of the faithful** खलीफा की उपाधि। **~in-chief** १. प्रधान (स्थल) सेनापति; २. प्रधान (नौ) सेनापति; ३. प्रधान (वायु) सेनापति; ४. (प्र०, मा० १) कमांडर-इन-चीफ*। **commandership** सं० १. सेनापतित्व; २. सेना का अध्यक्ष पद, प्रधान पद।

commandment (kə mand' mənt) सं० शास्त्र-धर्म, आज्ञा, ईश्वरीय आदेश धर्मादेश* (मा० २ भी)। **the Ten~** मूसा को (ईश्वर द्वारा दिए) दस आदेश। **the Eleventh~** कोई भी उपदेश जिस परिहास में इन दस धर्म आदेशों के बराबर का स्थान दिया जाता है।

commando (kə man' dō) [Port., from *commandar*, to command], (बहु० **~os**) सं० सेना में काम करने के लिए बुलाए गए दल, कमांडो* (मा० १ भी) (विशेष सेवार्थ सैन्य दल), छापामार सैनिक।

commemorate (kə mem' ə rāt) [L. *commemorātus*, p.p. of *commmorāre* (**com-**, *memorāre*, to mention, from *memor*, mindful)] क्रि० स० १. वाणी अथवा लेख में अमर करना, अभिनंदन करना; २. संस्मरणोत्सव मनाना, स्मृति दिवस मनाना; ३. (वस्तुओं के बारे में) स्मारक होना, यादगार होना। **commemoration** सं० १. स्मृतिपर्व, पुण्यस्मृति, (किसी सन्त या पवित्र कार्य के स्मरणार्थ) उत्सव, स्मरणोत्सव; २. श्राद्ध, उर्स; ३. (आक्सफोर्ड यूनि०) वार्षिक स्मरणोत्सव स्मृति-उत्सव। **commemorative** वि० स्मारक-रूप, यादगार का, अभिनंदनात्मक।

commence (kə mens') [O.F. *comencer* (cp. It. *cominciare*) from L. **com-**, *initiāre*, to begin (*initium*, a beginning, from **in-**, *ire*, to go)] क्रि० स० और अ० १. आरम्भ करना व होना; २. शुरू करना; ३. पहल करना, छेड़ना; ४. पूर्ण उपाधि पा लेना (एम्० ए० आदि की); ५. (अप्र०) प्रारम्भ करना (वकालत आदि)। **commencement** सं० (त्रियागत अर्थों में) १. आरंभ, प्रारम्भ, मूलपात, श्रीगणेश, शुरू, शुरुआत; २. (कैम्ब्रिज, ब्रर्वालन, और अमरीकी विश्वविद्यालयों में) दीक्षान्त-समारोह, उपाधि-वितरणोत्सव।

commend (kə mend') [L. *commendāre* (**com-**, *mandāre*, to entrust)] क्रि० स० प्रशंसा करना, सराहना करना। **~one's soul to God** अपने आपको ईश्वर के हवाले करना, ईश्वर को सौंप देना। **~me to** (अप्र०) १. नमस्ते करना, सलाम कहना; २. (प्राय: अन्य्य म) अर्पण करना, ३. देना। **commendable** वि० प्रशंसनीय, सराहनीय, श्लाघ्य, स्तुत्य। **commendableness** सं० प्रशंसनीयता आदि। **commendably** क्रि० वि० भली भाँति, प्रशंसनीय ढंग से। **commendation** सं० १. प्रशंसा, स्तुति, प्रशस्ति, श्लाघा, सराहना, तारीफ; २. सिफारिश। **commendatory** (kə men' də tō ri) वि० १. प्रशंसात्मक, श्लाघापूर्ण; २. सिफारिशी; ३. मूल अधिकारी को अनुपस्थिति में किसी अन्य को प्राप्त वृत्ति सबधी अथवा वृत्ति का।

commendam (kə men' dəm) [L., in trust] सं० स्थायी धार्मिक कर्मचारी की अनुपस्थिति में अस्थायी रूप से दी जाने वाली वृत्ति।

commensal (kə men' səl) [F. from med. L. *commensālis* (**com-**, *mensa*, table)] वि० और सं० १. सहभोजी* (वि० १ भी),

हुम्च्याला, हुमनिवाला, एक ही मेज पर खाने वाला, २. परोपजीवी, परपिण्डोपजीवी (प्राणी, पौधा)। **commensalism, commensality** सं० सहभोजित्व, परजीविता।

commensurable (kŏ men' shēr ăbl) [L. *commensūrābilis* (COM-, *mensūrābilis*, from *mensūrāre*, see foll.)] वि० १. अनुक्रम्य, अनुगुण, सदृश, सम; २. समपरिमाण (with, to); ३. (संख्या) नियत, एक ही संख्या से निःशेष रूप से विभाज्य (संख्याएँ) समानुपातिक; ४. (वि० १) सम्मेय*। **commensurability, commensurableness** सं० समपरिमाणत्व, सम्मेयता, समानुपातिकता। **commensurably** क्रि० वि० समपरिमाण रूप में, समानुपातिकता में।

commensurate (kŏ men' shēr ăt) [L. *commensūrātus* (COM-, *mensūrātus*, p.p. of *mensūrāre*, to measure, from *mensūra*, a measure)] वि० अनुकूल, सम्मेय, समपरिमाण, समानुपातिक। **commensurately** क्रि० वि० अनुकूलता से, सम्मेयता से, समानुपातिकता से। **commensurateness** सं० अनुकूलता, सम्मेयता, समानुपातिकता।

comment (kom' ĕnt) [O.F. *comment*, (L. *commentum*, invention comment, neut. p.p. of *comminisci* (COM-, *menisci*, from the root *men-*, cp. *mens*, mind, *memini*, I remember)] सं० १. टीका, टिप्पणी, व्याख्या, वृत्ति, भाष्य; २. आलोचना, विवेचना; ३. (घटनाओं आदि के लिए ला०) निरूपण, उद्धरण, व्याख्या, चर्चा, राय। क्रि० अ० १. टीका व व्याख्या लिखना, भाष्य करना (किसी पुस्तक पर); २. (विशे० विरोधी भाव से) टीका-टिप्पणी करना, आलोचना करना, राय देना, मत प्रकट करना, व्याख्या करना। **commentary** सं० १. टीका* (मा० १ भी), टिप्पणी, भाष्य; २. किसी पुस्तक अथवा घटना या प्रदर्शन पर निरंतर टिप्पण, आँखों देखा हाल; ३. टीका-टिप्पणी, आलोचना; ४. व्याख्या, व्याख्यात्मक वर्णन, राय। **commentation** सं० आलोचन, टिप्पण, राय (देना), आलोचना (करना)। **commentator** (kom' en ta tor) सं० १. टीकाकार, भाष्यकार; २. किसी घटना, प्रदर्शन आदि के संबंध में व्याख्याता; ३ रेडियो द्वारा आँखों देखा हाल प्रसारित करने वाला।

commerce (kom' ĕrs) [F., from L. *commercium* (COM-, *merx-cis*, wares, merchandise)] सं० १. वाणिज्य* (मा० १, विधि भी), व्यापार, तिजारत, सौदागरी, क्रय-विक्रय (विशे० बड़े परिमाण में); २. संसर्ग, संसर्ग, सहगमन; ३. कॉमर्स*, ताश का एक खेल। **~destroyer** युद्धपोत जो शत्रु के वाणिज्य-पोतों को नष्ट करता हो या उनका पीछा करता हो। **chamber of ~** व्यावसायिक मंडल, वाणिज्य मंडल।

commercial (ko mĕr' shăl) वि० वाणिज्यिक, व्यापारिक* (वि० १ भी), वाणिज्य संबंधी, तिजारती। सं० १. व्यापारी का एजेन्ट जो वस्तुओं के नमूने दिखाता और आर्डर लेता है; २. विज्ञापनकर्ता द्वारा संचालित रेडियो या टेलीविजन कार्यक्रम। **~room** होटल में व्यापारिक एजेण्टों के लिए कमरा। **commercialism** सं० वाणिज्यवाद। **commercialist** सं० वाणिज्यवादी, वाणिज्य-प्रेमी। **commerciality** सं० वाणिज्यत्व। **commercialize** क्रि० स० बाजार में लाना, वाणिज्य में चलाना। **commercially** क्रि० वि० वाणिज्य की दृष्टि से।

comminate (kom' i nāt) [L. *co comminātus*), p.p. of *comminări* (*minăre*, to threaten] क्रि० स० भय दिखाना धमकी देना। **commination** सं० १. दैवी शाप का भय, दैवी क्रोध का आतंक; २. ऐच्छिकन धर्म-व्यवस्था में बाइबिल के उन अंशों का पाठ जिनमें पापियों के लिए दैवी दंडों का वर्णन है। **comminatory** वि० भयप्रदर्शक, अभिशाप संबंधी।

commingle (kŏ ming' gel) [COM-, MINGLE] क्रि० स० और अ० मिश्रित होना या करना, मिलना, सम्मिश्रण करना, मिलाना, गड्डमड्ड होना या करना।

comminute (kom' i nūt) [L. *comminūtus*, p.p. of *comminuo* (*minuere*, to make smaller)] क्रि० स० १. टुकड़े-टुकड़े करना, खण्ड-खण्ड करना; २. (ग्रायद्य को) छोटे-छोटे भागों में बाँटना। **comminution** सं० विभाजन, बँटवारा।

commiserate (kŏ miz' ĕr āt) [L. *commiserātus*, p.p. of *commiserări* (*miserări*, to pity)] क्रि० स० और अ० १. दया का अनुभव करना, दया आना, दया करना, दया-पूर्ण व्यवहार करना; २. सहानुभूति प्रकट करना। **commiseration** सं० दया, कृपा, सहानुभूति (प्रकट करना)। **commiserative** (ko miz' er' ă tiv) वि० सदय, अनुकम्पाशील, कृपालु, सहानुभूतिशील। **commiseratively** क्रि० वि० अनुकम्पापूर्वक, दया करके।

commissar (kom' i sar) [Rus., a commissioner] सं० कमीसार* (मा० १ भी), प्राध्यक्ष, रूस के सरकारी विभागों के अध्यक्ष का नाम।

commissariat (kom i sâr' i ăt) [F., as foll.] सं० १. (विशे० सेना०) कमसरियट, रसद आदि पहुँचाने का विभाग, मंडीखाना, रसद विभाग; २. सांविधत लोकसेवा का एक विभाग।

commissary (kom' i sări) [Late L. *commissārius*, from *commissus*, p.p. of *committere* (*mittere*, to send)] सं० १. प्रतिनिधि; २. नायब, विशेष का प्रतिनिधि (उसकी अनुपस्थिति में अथवा किसी विशेष क्षेत्र में); ३. सेना के रसद विभाग का अध्यक्ष; ४. (वि० १) अधिकारी* (मा० १) कमिसरी* (रूस), कमिसार। **~-general** कमसरियट का प्रधान अध्यक्ष, कमसरियट सेवा का अध्यक्ष। **commissaryship** रसद विभाग की अध्यक्षता।

commission (ko mish' un) [F., from L. *commissio -ōnem* (see prec.)] सं० १. आदेश, आज्ञा; २. शासनपत्र, आयोगपत्र; ३. हिदायत, अधिकार, किसी विशेष कार्य के लिए अधिकार-प्राप्त व्यक्तियों का समूह, कमीशन, आयोग* (कु०, मा० १, विधि भी); ४ स्थल-सेना, जल-सेना, वायु-सेना के लिफ्टिनेंट या पाइलट-अफसर या और ऊँचे पदाधिकारियों का अधिकार प्रदान करनेवाला आदेश-पत्र या कमीशन; ५. एक प्रशासक के बजाय कुछ लोगों के मंडल के अंतर्गत (विभाग); ६ शस्त्र-सज्जित और तत्पर (युद्धपोत); ७. अस्तित्वार, कार्यभार, सौंपा गया काम; ८. दलाली*, आढ़त*, कमीशन* (कु० भी); ९. अपराध करना, जुर्म करना। क्रि० स० अधिकार देना, अख्तियार देना, सौंपना, आदेश देना, हुक्म देना, (अधिकारी को) जहाज का भार देना, (पोत आदि को) चालू करना, (अफसर को) जहाज की कमान लेना, (कलाकार को) कोई चित्रादि बनाने के लिए कहना। **~ day** अदालत के खुलने का दिन जब जजों का आदेश-पत्र पढ़ा जाता है। **in ~** अधिकार-प्राप्त व्यक्ति या अधिकारी आदि। **on the ~** अधिकार प्राप्त। **~ of the peace** जस्टिस आफ़ द पीस को दिया गया अधिकार-पत्र।

commissionire (kŏ mish ŏ nâr') [F. *commissionnaire*, commissioner] सं० १. संदेशवाहकों या हरकारों के रूप में नियुक्ति के लिए कमीशनधर कोर का सदस्य; २. नाट्यशालाओं,

लिसेमाधरों और बड़ी दुकानों का द्वारपाल या दरबान।
commissioned वि० १. आयुक्त, अधिकृत, आज्ञप्त (अधिकारी); २. (जहाज आदि के बारे में) चालू। **commissioner** सं० १. कमिश्नर* / आयुक्त* (मा० १, विधि भी), आयोग अथवा आज्ञप्ति द्वारा नियुक्त पदाधिकारी; २. कमिश्नरी का शासक; ३. आयोग का सदस्य (विशे०) सरकारी बातों का (जैसे charity~ आदि); ४. जिलाधिकारी, जिलाध्यक्ष। **high~** उच्चायुक्त* (मा० १ भी), लंदन में भारत अथवा अन्य ब्रिटिश उपनिवेशों के दूतावास का उच्चाधिकारी। **commissionership** आयुक्त का पद या कार्य।
commissure (kom' i shŭr) [L. *commissūra*, from *commiss-*, *us* p.p. of *committere* (see foll.)] सं० १. जोड़, सीवन, सिलाई; २. दो हड्डियों के बीच का जोड़, योजनिका, होठों या पलकों के मिलने की रेखा, समामिल; ३. रेशे और नसें जो मस्तिष्क के दोनों भागों और रीढ़ की हड्डी के दोनों भागों को मिलाती हैं। **commissural** वि० १. जोड़ संबंधी, समामिल संबंधी, योजनिका संबंधी; २. (मा० २, वि० १) मधारी*; ३. (वि० १) परियोजी*।
commit (ko mit') [L. *committere* (com-, *mittere*, to send)] (भू० और भू० कृ० **committed**) क्रि० स० १. (उपचार या संरक्षण के विचार से) अर्पण करना, सौंपना, सुपुर्द करना; २. हवालात व कागजात में डालना; ३. (विषेयक को) समिति के सामने रखना; ४. आचरण करना (अपराध, चूक); ५. वचनबद्ध होना, वायदा करना, समझौता करना; ६. बँध जाना, पाबंद होना। **committal** सं० १. जेल में डालना, हवालात भेजना; २. समिति को भेजना; ३. वचनबद्ध होना। **commitment** सं० १ वचन, वायदा, कौल; २. (मा० २) वचन-निबद्धता*; ३ (विधि) सुपुर्दगी*। **committable** वि० करने योग्य, सौंपने योग्य, जेल में डालने योग्य।
committee (kŏ mit' i) [late A.-F. (F. *commis*), p.p. of *committre*, L. *committere*, as prec.] सं० १. समिति* (मा० १ भी), कमेटी, किसी विशेष कार्य के लिए (किसी बड़े दल में से) बनाई गई कुछ लोगों की सभा; २. (विधि) जामिन*; ३. जिसे कोई काम सौंपा गया हो। **joint~** संयुक्त समिति (विभिन्न दलों के व्यक्तियों की)। **standing~** स्थायी समिति। **~man** समिति का सदस्य। **~of supply, ways** संभरण समिति, साधनों की समिति। **~of the whole house** पूरे सदन की समिति।
commix (kŏn iks') क्रि० स० और अ० (अप्र० काव्य०) मिलना-जुलना। **commixture** सं० मेल-जोल।
commode (ko mŏd') [F., from L. *commodus*, convenient (*modus*, measure)] सं० १. दराजदार पेटी, दराजों वाली आलमारी; २. शृङ्गार-आलमारी, सिंगार-दराज; ३. (विशे० night~) कमोड, स्टूल में लगा हुआ मलमूत्र-विसर्जन का पात्र।
commodious (kŏ mŏ' di ŭs) [O.F. *commodieux*, late L. *commodiōsus*, for L. *commodus*, as prec.] वि० बड़ा, खुला, विशद, विस्तृत, लम्बा-चौड़ा। **commodiously** क्रि० वि० विशदता से, खुले-खुले। **commodiousness** सं० विशदता, खुलापन।
commodity (kŏ mod' i ti) [F. *commodité*, L. *commoditātem*, acc. of *commoditās* (*commodus*, see COMMODE)] सं० १. वस्तु, माल, सामान, जिन्स, व्यापार की वस्तु, पण्य* (वि० १ भी), पण्य द्रव्य, पदार्थ, द्रव्य।
commodore (kom' ŏ dōr) [formerly *commandore* (derivation obscure, from L. *commandāre*, to COMMAND)] सं० १. कमोडोर* (प्र०श्रे०), नौसेना का एक अधिकारी (जो कप्तान से बड़ा और रियर एडमीरल से छोटा होता है); २. (औपचारिक पद) तीन या चार पोतों का संचालक; ३. चालकों का कप्तान; ४. नौकागोष्ठी का अध्यक्ष; ५. पोत-दल का प्रवर अधिकारी; ६. कमोडोर के अधीन पोत।
common (kom' ŏn) [O.F. *comun*, L. *communis* (*-mūnis*, bound, earlier *mænis*, obliging, ready to serve)] वि० १. सामान्य* (वि० १, विधि भी), साधारण* (वि० १ भी), साझे का; २. सार्वजनिक, आम, सब का, पंचायती; ३. मामूली, तुच्छ, घटिया, ओछा, हल्का; ४. (गणि०) सामान्य, एकाधिक का। सं० १. शामिलाती जमीन, सामूहिक भूमि व क्षेत्र-विशेष, खुली हुई बेजाती जमीन; २ (जगाई का) अधिकार जो किसी को दूसरे की भूमि पर होता है। **in~** संयुक्त अधिकार में, सबके हिस्से में। **in~with** वैसा ही। **philosophy of ~sense** सामान्य बुद्धि पर आचरण करने का जीवन-दर्शन। **~cause** सर्वसामान्य हित। **~chord** सामान्य तन्तु। **~consent** सर्वसम्मति। **~experience** साधारण अनुभव, सामान्य, मामूली। **~gender** (स्त्रीलिंग अथवा पुंलिंग) उभय लिंग। **~ground** तर्क आदि के लिए सामान्य भूमि। **~honesty** सामान्य ईमानदारी। **~law** देशाचार, देश-व्यवहार, इंग्लैण्ड का अलिखित क़ानून जो प्राचीन परंपरा पर आधारित है। **~metre** चार पंक्तियों का एक विशेष छंद जिसकी पंक्तियों में 8, 6, 8, 6 मात्राएँ होती हैं। **~multiple** सामान्य गुणक। **~noun** (व्या०) जातिवाचक संज्ञा। **~prayer** प्रार्थना जो षष्ठ एडवर्ड के समय में गिरजों में प्रचलित हुई। **~room** सामान्य कक्ष, जिसमें ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में विद्यार्थी गत के खाने के बाद एकत्र हो सकें। **~sense** १. सामान्य बुद्धि; २. (मा० ३) व्यवहार-बुद्धि* / व्यवहार ज्ञान*। **~time** (संगी०) दुहरा या चौहरा ताल। **commonly** क्रि० वि० १. साधारणतः, सामान्यतः, सामान्यतया, आमतौर पर; २. साधारण रूप में, साधारण तौर पर, ३. क्षुद्रता, निम्नता, घटिया तौर पर। **commonness** सं० सामान्यता, तुच्छता आदि।
commonable (kom' ŏn ăbl) वि० १. (पशुओं के लिए) सामूहिक भूमि पर चराये जाने वाले; २. सामूहिक, पंचायती (भूमि), शामिलाती जमीन। **commonage** सं० १. सामान्य भूमि-अधिकार, साझे की जमीन, सार्वजनिक भूमि; २. सर्वसाधारण, जनसाधारण।
commonalty (kom' ŏn ăl ti) [O F. *communalté*, from *comunal*, L. *commundlis*] सं० १ जनसाधारण* (मा० १ भी), साधारण जनता; २. मानवता, मानव-जाति; ३. निकाय, संस्था।
commoner (kom' o nĕr) सं० १. सामान्य व्यक्ति, २ (विशे) हाउस ऑफ कॉमन्स का सदस्य; ३ ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी का वह विद्यार्थी, जिसे सामान्य फंड से कुछ नहीं मिलता; ४. सामूहिक भूमि पर अधिकार रखने वाला, सामूहिक भूमि का हकदार। **first~** स्पीकर, अध्यक्ष। **the great~** बड़ा विलियम पिट।
commoney (kom' ŏ ni) सं० (खेलने की) गोली या अंटा।
commonplace (kom' ŏn plās) [cp. L. *locus, communis*, a common topic] सं० और वि० १. महत्त्वपूर्ण विचारणीय

वर्ग की उपयोग के लिए स्मरण-पुस्तिका में लिखे जायँ; २. सामान्य विषय, सामान्य प्रकरण, साधारण बातें; ३. घिसी-पिटी बात, कही-कहाई बात, रोजमर्रा का कथन; ४. निरर्थक बात; ५. साधारण, सामान्य, तुच्छ या क्षुद्र वस्तु। वि० १. साधारण, क्षुद्र, घटिया, तुच्छ; २. मौलिकताहीन, अवौलिक। क्रि० स० और अ० १. स्मरणीय बातों को उद्धृत करना; २. स्मरण पुस्तिका में टाँकना; ३. घिसी-पिटी बातें कहना, थोथी बातें कहना, साधारण बातें दोहराना, सुनी-सुनाई बातें कहना। **commonplaceness** सं० अमौलिकता, क्षुद्रता।

commons (kom' ónz), सं० (बहु०) १. जनसाधारण, सामान्य जन; २. अंग्रेजी या उसी प्रकार के दूसरे संविधान में तृतीय प्रशासन-व्यवस्था जिसकी प्रतिनिधि संसद का अवर (निचला) सदन होता है; ३. सम्मिलित आहार, साझे की रसद; ४. सामान्य स्थिति (जैसे Doctor's~) ५. (ऑक्स०, केम्ब्रि०) नियत दर पर बिकने वाली खाद्य-सामग्री; ६. दैनिक भोजन (जैसे short~)।

commonwealth (kom' ón welth) [cp. L. *res publica*] सं० १. स्वतंत्र राज्य व राष्ट्र, स्वतंत्र राष्ट्र; २. राष्ट्र-मण्डल* (मा० १, विधि भी); ३. प्रजातंत्र (ला० भी जैसे ~of learning विद्या का प्रजातंत्र); ४. इंग्लैण्ड की प्रजातंत्रीय सरकार (१६४१-६०); ५. संघीकृत आस्ट्रेलियाई राज्यों की उपाधि; ६. टोली, मंडली (अभिनेताओं की जो आय में बराबर के भागीदार हों); ७. (पूर्व०) जनहित, लोकहित; ८. (मा० १, विधि) कामनवेल्थ* (क्रामवेल के समय में)। **British ~of nations** ब्रिटिश कामनवेल्थ (१९१९ में जनरल स्मट्स ने ब्रिटिश साम्राज्य के लिए ये शब्द गढ़े)।

commotion (kó mó' shún) [O.F. *cómocion*, L. *commōtiōnem*, acc. of *commōtio* (*motio*, from *movēre*, to move)] सं० १. उत्तेजना, उपद्रव, हलचल; २. खलबली, उपप्लव, विप्लव, विक्षोभ।

commove (kó moov') [F. *commouvoir*, L. *commovēre*, as prec.] क्रि० स० १. जोर से हिलाना, झकझोरना, झँझोड़ना (शा० और ला०); २. उभाड़ना, भड़काना।

commune[1] (kom' ún) [F., from late L. *communa*, neut. pl. of *communis*, COMMON] सं० १. कम्यून* (मा० ३, वि० १ भी) स्थानीय प्रशासन के निमित्त (फ्रांस का) सबसे छोटा विभाग; २. दूसरे देशों में इस प्रकार का प्रशासकीय क्षेत्र। **the~** (of Paris) १. फ्रांसीसी क्रान्ति-काल की अतिकट्टरवादी शासन-सत्ता; २. १८७१ की स्थानीय स्वायत्त शासनवादी सरकार। **communal** (ko mū' nál, kom' ū nál) वि० १. मण्डलीय, पंचायती; २. पैरिस कम्यून का; ३. सामूहिक, आपसी, सार्वजनिक, सार्वजनीन; ४. संवर्गीय (भारत) एक प्रदेश के परस्पर-विरोधी धर्म-सम्प्रदाय का, साम्प्रदायिक* (वि० १ भी), जातिगत, जातीय, फ़िरकावादी; ५. (मा०३, वि० १) सामुदायिक*; ६. (वि० १) समुदायी*। **communalism** (kó mū' nál izm, kom' ū-) सं० १. स्थानीय स्वायत्त शासन का सिद्धान्त; २. साम्प्रदायिकता* (मा० ३, वि० १ भी), फ़िरकापरस्ती; ३. (मा० ३, वि० १) सामुदायिकता*। **communalist** सं० १. स्थानीय स्वायत्त शासनवादी; २. साम्प्रदायिकतावादी। **communalistic** वि० १. स्थानीय शासन-सिद्धान्त संबंधी; २. साम्प्रदायिक। **communalise** क्रि० स० (किसी वस्तु को) सर्वसामान्य की सम्पत्ति बना देना, सामूहिक संपत्ति बन लेना। **communalisation** सं० सामूहिकीकरण।

commune[2] (kó mūn', kom' ūn) [O. F., *comunier*, L. *communicāre* (*communis* COMMON)] क्रि० अ० १. (किसी से) दिल की बात कहना, घनिष्ठ वार्त्तालाप करना; २. अन्त:मन में बात करना; ३. (अमरीकी प्रयोग) मसीही बनना या माना जाना, ईसाई संप्रदाय में ले लिया जाना।

communicate (kó mū' ni kāt) [L. *communicāre*, *communis*, COMMON)] क्रि० स० और अ० १. खबर देना, खबर पहुँचाना, संदेश पहुँचाना*/ सूचित करना* (प्र०भी), इत्ला देना, बताना* (प्र० भी), पत्र-व्यवहार करना, लिखा-पढ़ी करना; २. पहुँचाना, बताना, प्रेषित करना (उष्णता, वेग, संवाद आदि); ३. हिस्सा देना, भाग देना, हिस्सा बँटाना; ४. होली कम्यूनियन प्राप्त करना; ५. सम्मिलित होना; ६. सम्बन्ध स्थापित करना, संचारण करना; ७. (कमरों आदि के विषय में) बीच में द्वार होना, एक ही द्वार होना। **communicable** (kō ū' ni kábl) वि० प्रेषणीय, ज्ञापनीय, सूचनीय। **communicability, communicableness** सं० १. प्रेषणीयता, संवाद-क्षीलता; २. औपसर्गिकता। **communicably** क्रि० वि० प्रेषणीयतापूर्वक, संवादशीलता पूर्वक। **communicant** सं० १. होली कम्यूनियन (ईसाई सम्प्रदाय) में सम्मिलित होने वाला, २ सूचना देने या भेजने वाला। **communication** (ko' mū' ni kā' shún) सं० १. सूचना भेजने का साधन; २. कथन, निवेदन, विज्ञापन, संदेश* (मा० १ भी); ३. दान, विसरण, संगम, संव्यवहार; ४. संकथा, संलाप* (मा० १ भी), संवाद, ५. संप्रेषण (विशे० समाचार); ६ दी हुई सूचना; ७. संगमन, सम्पर्क*/ संसर्ग* (मा० १ भी); ८. सामान्य मार्ग, सामान्य पथ, रेल या तार आदि का संबंध, यातायात, संचार; ९. संचार-व्यवस्था; १०. (सेना बहुव०) आधार-क्षेत्र और मोर्चे के बीच का संबंध; ११. (इ० २, प्र०, मा० १, वि० १ भी); संचार* १२. संसूचना* (प्र०, मा० १ भी); १४. (प्र०, मा० १) पत्रादि-व्यवहार*; १५. (मा० २) नज्ञापन*। **communicative** वि० १. प्रेषणशील; २ मुखर, बातूनी, संवादशील। **communicatively** क्रि० वि० १. संवाद-शीलता से, २. बातूनीपन से। **communicativeness** सं० १. संवाद शीलता; २. बातूनीपन। **communicator** सं० १. संप्रेषक (व्यक्ति, वस्तु); २. तार यंत्र का संप्रेषक भाग; ३. संवाद-यंत्र (जो रेलों में ड्राइवर और गार्ड के साथ संबंध स्थापित करने के लिए लगा रहता है)।

communion (kó mū' nyón) [F., from L. *communio -ōnem* (*communis*, COMMON)] सं० १. भाग लेना, सहभागित्व; २. भाईचारा, मित्रता, सहचरता, सहकारिता (विशे० कैथोलिक मत की विभिन्न शाखाओं में); ३. धार्मिक सम्प्रदाय; ४. संसर्ग, सम्पर्क; ५. ईसा के अंतिम भोज के स्मरणोत्सव में भाग लेना (Holy~ भी); ६. (मा० २) साधुत्व*। **close~** बपतिस्मा न पाये हुए व्यक्ति का सामूहिक धार्मिक उत्सवों में भाग लेने का निषेध। **open~** बपतिस्मा लेने के बाद धार्मिक उत्सवों में भाग लेने की अनुमति। **~cloth, cup** होली कम्यूनियन के समय प्रयुक्त कपड़ा या प्याला। **~rail** कुछ गिरजों में कम्यूनियन की मेज के सामने का जंगला। **~table** होली कम्यूनियन के समय प्रयुक्त मेज। **communionist** सं० (close, open~ दे० ऊपर) का समर्थक। **fellow~** सहसम्प्रदायी, समानधर्मा।

communique (kom ū' ni kā) [Fr.] सं० विज्ञप्ति* (मा० १ भी), सरकारी सूचना-पत्र।

Communism (kom' ū nizm) [L. *communis*, common] सं० कम्यूनिज्म*/ साम्यवाद* (मा० १ भी), सम्पत्ति के समाजीकरण

का सिद्धान्त जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार काम करे और अपनी आवश्यकतानुसार धन प्राप्त करे। **Communist** सं० १. साम्यवादी; २. साम्यतंत्री। **Communistic** वि० साम्यवादी, साम्यतंत्री।

communality (kŏ mū' ni ti) [O.F. *communeté*, L. *communitātem*, acc. of *communitās* (*communis*, COMMON)] सं० १. सम्मिलित स्वामित्व, साझेदारी, साझा, शिरकत (जैसे ~ of goods); २. लक्षण, स्वभाव, विशेष गुण, चारित्रिक वैशिष्ट्य-भेदक विशेषता; ३. मेल, साथ, सहचरता, (राजनैतिक, नागरिक या सामाजिक) संगठन, संघ, गिरोह, मंडली; ४. झिरका, एक स्थान के समस्त निवासी, समाज; ५. समान धर्म और व्यवसाय वाले (जैसे the mercantile ~, the Jewish ~), लोकसमाज; ७. मठाय, सामाजिक या अन्य प्रकार के लोकहितकारी संगठन; ८. समुदाय* (मा० १, २, ३, विधि, वि० १ ची)। **the** ~ जनता, आम जनता, जनसाधारण। **~singing** मिल कर गाना।

communize क्रि० स० सामूहिकीकरण (जमीन आदि)। **communization** सं० सामूहिकीकरण, साम्यीकरण।

commute (kŏ mūt') [L. *commūtāre*, *mūtāre*, to change)] क्रि० स० और अ० १. अदल-बदल या अदला-बदली करना, (दो वस्तुओं की); २. एक उपकार के बदले दूसरा उपकार करना, बदला देना; ३. दंड को बदलकर कम करना या (दूसरा) हल्का दंड देना; ४. विनिमयन करना (मुगतान में गिनकी का); ५. (अम०) सीजन टिकट खरीदना और प्रयोग में लाना (विशे० किसी नगर में एक जगह से दूसरी जगह काम पर जाने और फिर आने के लिए)। **commutation** (kom ū tā' shŭn) सं० १. विनिमय, परिवर्तन* (प्र० भी); २. अदला-बदली करने का कार्य; ३. दंड आदि को कम करना; ४. अदायगी को एकमुश्त कर देना; ५. (प्र०, मा० ३, विधि) लघुकरण*; ६. (मा० ३) **~act** अन्तर्वर्तन-व्यवस्था, (इंग० १८३६ की लगान बटाने की व्यवस्था। **~ticket** (अम०) सीजन टिकट, अस्थायी टिकट जो कुछ अवधि के लिए चालू किये जाते हैं। **commutable** वि० १. विनिमेय, अदला-बदला करने योग्य, विनिमय करने योग्य २. परिवर्तनीय, परिवर्तन करने योग्य। **commutability** सं० १. विनिमेयता, अदला-बदली, परिवर्तनशीलता; (वि० १) क्रम-विनियमता*। **commutative** (kom' ū-, kŏ mū' tā tiv) वि० १. विनिमेय, विनिमयशील. व्यवस्य, परिवर्तन योग्य या सबंधी; २. (वि० १) **कम्यूबिलेव*। commutator** सं० १. अदला-बदली, परिवर्तन या विनिमय की वस्तु या व्यक्ति; २. विद्युत्धारा की गति बदलने का उपकरण या यंत्र; ३. (इं० १, वि० १) दिक् परिवर्तक*/ कम्यूटेटर*।

comose (kō' mōs) [*comōsus* (*coma*, the hair)] वि० १. गछेदार, गछीला, बीजों के अन्त में सुनहले, रेशमी बालों के गुच्छेवाला, (दे० COMA भी); २. बालदार, केशयुक्त; ३. रोयेंदार, रोयें से ढका हुआ, कोमल (पौधा)।

compact[1] (kom' pākt) [L. *compactus*, p.p. of *comparvisci* (*pacisci*, to covenant)] सं० १. दो पक्षों के मध्य समझौता, इकरार; २. वचन, कौल; ३. हल्की छोटी चिपटी शृंगार-मंजूषा या उसके रखने का डिब्बा; ४. संहति* (वि० १ भी); ५. (मा० १) संविदा*/ समनुषंग* । **general** ~ १. सामान्य समझौता; २. आम इकरारनदी।

compact[2] (kŏm pākt') [L. *compactus*, p.p. of *compingere* (*pangere*, to fasten)] वि० १. संगठित, ठोस, गठीला, गाढ़ा; २. दृढ़, कसा हुआ, चुस्त, कई पदार्थों से बना हुआ; ३. अविरल, सघन, घना; ४. (शैली) चुस्त, सूत्रात्मक, समासपूर्ण। क्रि० स० १. कसना; २. जोड़ना, जमाना, ठोस या घना करना; ३. संक्षिप्त करना; ४. बनाना, सजाना, रचना करना, निर्माण करना; ५. (वि० १) संहत करना*/ संहत होना*। **compactly** क्रि० वि० कसाव से, चुस्ती से, सुसम्बद्धतापूर्ण। **compactness** सं० १. कसाव, सघनता, समासता; २ संहति*, ठोसपन* (इं० ३ भी); ३. (वि० २) संहतता*।

compages (kŏm pā' jēz) [L., joining together (*pag-*, root of *pangere*, as COMPACT[2])] २. सं० १. ढाँचा, खाका, रूप-रेखा, ठठ्ठर, खाखड़ा; २. पैचीदा या संश्लिष्ट ढाँचा (शा० और ला०)। **compaginate** (kŏm pāj' i nāt) [L. *compāgindtus*, p.p. of *compāgindre* (*com*-*ĕgo* -*inem*, *compāges*)] क्रि० स० दृढ़तापूर्वक जोड़ना या मिलाना। **compagination** सं० दृढ़ जुड़ाई, कसाव, जोड़।

companion[1] (kŏm păn' yŏn) [O.F. *compaignon*, late L. *compānio* -*ōnem* (*pānis*, bread)] सं० १. सहचर* (वि० १ भी), साथी, मित्र, संगी, सखा; २. साक्षी, हिस्सेदार, सहभागी; ३. छोटी पुस्तकों का नाम (जैसे gardener's ~); ४. उपाधि जो नाइट की पदवियों में निम्नतम होती है (जैसे ~ of the Bath); ५. व्यक्ति (प्रायः स्त्री) जिसे किसी अन्य के साथ रहने के लिए वेतन मिले; ६. मेल खाने वाली चीज, जोड़-तोड़ की चीज, साथ का, जोड मिलाने वाला (वि० भी जैसे ~volume)। क्रि० स० और अ० १. साथ देना, संग रहना, संग लगना। **~in arms, ~of his retreat** १. साथी सिपाही; २. सहपाठक। **companionate marriage** दोस्ताना शादी, ऐसी शादी जिसमें संतति-नियमन हो और जिसमें तलाक सम्भव हो। **companionable** वि० मिलनसार। **companionably** क्रि० वि० मिलनसारी से। **companionableness** सं० मिलनसारी। **companionship** सं० १. मित्रता, भाईचारा, साहचर्य, संगति; २. (मृद०) कम्पोजीटरों का दल जो साथ-साथ काम करते हैं।

companion[2] (kŏm păn' yŏn) [ult. from L. *compānāticum*, provisions (cp. Dut. *kompanje*, O.F. *compagne*, It. *compagna comera della compagna* provision-room or pantry)] सं० (नौ०) रोशनदान, समुत्थित ढाँचा जो डेक पर होता है और जिससे निचले केबिनों में प्रकाश पहुँचता है। **~hatch** रोशनदान का दारजा। **~hatchway** जहाजी छत्ता, ताखा जो डेक से केबिन तक होता है। **~ladder** डेक से केबिन तक की सीढ़ियाँ। **~way** केबिन की सीढ़ियाँ, तागड़ सीढ़ी।

company (kŭm' pă ni) [O.F. *compaignie*. from *compaignon*, see prec.] सं० १. साथ, संगति, साहचर्य; २. जन-समूह, गण, जमात, प्रायः साथ रहनेवाला, हमसोहबत; ३. सामाजिक गोष्ठी; ४ अतिथि; ५. कंपनी. मंडल, व्यक्तियों का समूह जो समान उद्देश्य (विशे० व्यापारिक) के लिए संगठित हों; ६. खिलाडियों का दल, मंडली; ७. पैदल सेना का उपविभाग जिसका नायक मेजर या कैप्टेन हो, (दे० TROOP. BATTERY)]; *cf.* R.A.S.C., R.E., आदि की इकाई। क्रि० अ० १. मेल करना, एक साथ या एक वर्ग में लाना (with के साथ प्रयुक्त)। **bear, keep a person~** साथ रखना या संग जाना। **good~** अच्छा

साथी। **in~** साथ, साथ-साथ। **keep~** मित्र होना, मिलना। **limited liability~** सीमित दायित्व की कम्पनी। **part~** (with) साथ छोड़ना, अलग हो जाना। **ship's~** मल्लाह-मंडली, जहाजी लोगों का दल। **sin in good~** पाप में अच्छे-अच्छे मेरे साथ हैं। **~manners** बनावटी शिष्टाचार, दिखावटी शिष्टता या व्यवहार। **~officer** कैप्टेन या उससे निम्न सायुक्त-अधिकारी। **~sergeant-major** कम्पनी या गुल्म का उच्च अनायुक्त अधिकारी।

comparative (kŏm păr′ á tiv) [as foll.] वि० १. तुलनात्मक; २. उपमात्मक, जोड़-तोड़ का; ३. आपेक्षिक; ४. तुलना द्वारा निर्णीत (जैसे the ~merits of); ५. तुलना द्वारा स्पष्ट या प्रत्यक्ष (जैसे in ~comfort); ६. अपेक्षाकृत या अपेक्षया सुखी। **the ~method** तुलनात्मक पद्धति (विशे० विज्ञान-विषयक, जैसे ~anatomy तुलनात्मक शरीर-विज्ञान)। **~adjective, adverb** (व्या०) तुलनात्मक विशेषण, तुलनात्मक क्रिया-विशेषण। **~degree** आपेक्षिक मात्रा या परिमाण। **comparatively** क्रि० वि० तुलना में, मुकाबिले में, अपेक्षाकृत।

compare (kŏm păr′) [O. F. *comparer*, L. *compārāre* (*com-*, *par*, equal)] क्रि० स० और अ० १. तुलना करना, मिलान करना, मिलाना, तुलना होना, मिलान होना (विशे० निषेध-पूर्वक जैसे, not to be compared to); २. समानता या सादृश्य देखना, दिखाना (एक को दूसरे वस्तु से, दो वस्तुओं की परस्पर); ३. (दो पुस्तकों के अंशों, अवतरणों आदि में) एकता या समानता को परखना या जाँचना; ४. (व्या०) (विशेषणों और क्रिया-विशेषणों का) तुलनात्मक और अतिशयार्थवाचक बनाना; ५. समान होना। सं० तुलना, सादृश्य, उपमान, मिलान (जैसे beyond, without, past ~)। **~notes** विचार-विनिमय करना, विचार-विमर्श करना। **comparable** वि० तुल्य, टक्कर का, बराबर का, जोड़ का, मुकाबिले का, जैसा।

comparison (kŏm păr′ i sŏn) [O.F. *comparaison*, L. *compartio -ōnem*, as prec.] सं० १. तुलना* (वि० १ भी), मुकाबिला, समानता, सादृश्य, बराबरी; २. उपमा, दृष्टान्त; **degrees of~** (विशेषणों और क्रिया-विशेषणों के विषय में) १. मूल, सामान्य रूप; २. तुलनाबोधक, तुलनात्मक; ३. अतिशयार्थ-वाचक। **in~** की तुलना में, मुकाबिले में।

compart (kŏm part′) [O.F. *compartir*, late L. *compartīre* (*com-*, *partīre*, from *pars -tis*, part)] क्रि० स० १. अलग-अलग भाग करना, भाग करना, टुकड़े करना, खंड-खंड करके विभक्त करना; २. दर्जों या श्रेणियों में बाँटना। **compartment** (kŏm part′ mĕnt) [F. *compartiment*, late L. *compartimentum* (as prec.)] सं० १. डिब्बा, खाना, कमरा, दरजा, कोष्ठ, भाग, विभाग, कला, खंड* (कु० भी), (जो पर्दा या ओट लगा कर बना दिया जाय विशे०) रेल का डिब्बा; २. जहाज के बन्द भाग या खाने (जिनमें पानी नहीं पै सकता); ३. (राज०) किसी विधेयक का पृथक् भाग या विचारार्थ विषय जिस पर संसद् में विचार या बहस के लिए सरकार द्वारा निश्चित समय दिया गया हो।

compass (kŭm′ pás) [F. *compas*, a circle, a round, a pair of compasses, late L. *compassus*, a circle, a circuit; later, a pair of compasses (cp. *compassāre*, to pace round, encompass; relation to *compassus* obscure)] सं० १. वृत्त, परिधि, मंडल, परिवेष्टन; २. क्षेत्रफल, विस्तार, हद, सीमा, पर्यन्त (ला० भी जैसे beyond my ~); ३. ध्वनि का क्षेत्र, आवाज़ का विस्तार, सीमा, पहुँच, विषय, परिमाण; ४. चक्कर, (जैसे fetch, go, a ~); ५. (mariner's ~) (दे० १, ३, कि० १) कुतुबनुमा*, / दिक्सूचक*/ कम्पास*। क्रि० स० १. प्रदक्षिणा करना, घेरना, घेर लेना; २. परिधि में बाँधना, परिवृत्त करना, आवेष्टित करना; ३. समझना, बोधगम्य करना; ४. उपाय निकालना, तदबीर निकालना, युक्ति करना; ५. पूरा करना, सम्पन्न करना, पूर्ण करना, निष्पन्न करना। **beam compasses** इसमें परकार जिसकी एक भुजा घटा-बढ़ा सकते हैं। **bow compasses** धनुहिया परकार जिसकी भुजा अन्दर की ओर मोड़ सकते हैं। **go a~** चक्कर से जाना। **pair of compasses** परकार, परकाल। **~plane** दबे हुए तल को सम करनेवाला उथनोदर रन्दा। **~saw** टेढ़ी आरी, पतले फल की आरी जो गोंठे और खाम निकालने के काम आती है। **~window** अर्द्धवृत्ताकार वातायन, गोल खिड़की जो बाहर की ओर निकली हुई हो। **compassable** वि० घेरने योग्य, वेष्टनीय, सम्भाव्य।

compassion (kŏm păsh′ ŏn) [O.F., from L. *compassio -ōnem*, from *compatī* (*com-*, *pati*, to suffer)] सं० १ सवेदना, दूसरों के प्रति दया-भाव, अनुकम्पा* (मा० २ भी), दया, सहानुभूति, करुणा* (मा० २ भी), तरस। **compassionate** (kŏm păsh′ ŏ nāt) वि० सदय, करुणार्द्र, दयाशील, दयालु, दयावान, कृपालु, रहम-दिल। क्रि० स० १ दया दिखाना, दयापूर्ण व्यवहार करना, तरस खाना, रहम करना; २. सहानुभूति प्रकट करना। **~allowance** कारुण्य आधिदेय, कारुण्य भत्ता, कृपा-वृत्ति, शासकीय नियमों द्वारा पेंशन या भत्ता न दे सकने की स्थिति में प्रदत्त साहाय्य-वृत्ति। **~leave** दयापूर्वक प्रदत्त अवकाश। **compassionately** क्रि० वि० दयापूर्वक, दयालता से। **compassionateness** सं० १. दयालुता, रहमदिली; २. सहानुभूति।

compatible (kŏm păt′ i bĕl) [F., from late L. *compatibilis*, from *compatī*, see prec.] वि० संगत, मेल खानेवाला, उपयुक्त, अनरूप, अनुकूल, माफिक। **compatibility** सं० अनुकूलता* (कु० भी), संगतता*, उपयुक्तता* (कु०, मा० १ भी), अनरूपता, समति* (मा० १ भी)। **compatibly** क्रि० वि० अनरूपता से, अविरोधपूर्वक, अविवादतः।

compatriot (kŏm păt′ ri-, -pā′ ti ŏt) [F. *compatriote*] सं० देशवासी, स्वदेशीय, एकदेशीय, हमवतन। **compatriotic** वि० एकदेशीय।

compeer (kŏm pēr′) [prob. from an O.F. *comper*, L. *compar*] सं० १. समान, बराबरीवाला, समानपदस्थ; २. हमजोली, साथी, संगी।

compel (kŏm pel′) [O.F. *compeller*, L. *compellere* (*pellere*, to drive)] क्रि० स० १. विवश करना, मजबूर करना, बाध्य करना, लाचार करना, दबाव डालना, दबाना; २. किसी काम को बलपूर्वक या जोर डाल कर करा लेना (जैसे ~submission); ३. (काव्य) प्रेरणा देना, अनुप्राणित करना। **compellable** वि० बाध्य, विवशकरणीय।

compend दे० COMPENDIUM।

compendium (kŏm pen′ di ŭm) [L., from *compendere* (*pendere*, to hang, weigh)] सं० (बहु० ~s, ~a) १. संक्षेपण; २. सार* (मा० १ भी), सारांश, संक्षेप; ३. (प्र०, मा० १) सार-संग्रह*। **compendious** (kŏm pen′ di ús)

[O.F. *compendieux*, L. *compendiōsus*, as prec.] वि० सारगर्भित, संक्षिप्त किंतु गंभीर या व्यापक (रचना और रचनाकार)। **compendiously** क्रि० वि० संक्षेपतः, संक्षिप्त किंतु व्यापक रूप में। **compendiousness** सं० सारगर्भितता, गंभीरतासंवलित, संक्षिप्तता।

compensate (kom' pĕn sāt) [L. *compensātus*, p.p. of *compensāre* (*pensāre*, freq. of *pendere*, to weigh)] क्रि० स० और अ० १. बदला देना, मुआवजा देना; २. प्रत्युपकार करना; ३. क्षतिपूर्ति करना, क्षतिपूरण करना (किसी को उसकी वस्तु के बदले या योंही); ४. प्रतिदान करना, हर्जाना देना, दंड-स्वरूप देना (किसी को वस्तु के लिए); ५. (यां०) प्रतिकूल दोलक या पेंडुलम आदि का लगाना, पासंग लगाना। **compensation** सं० हर्जाना, बदला, प्रतिफल, प्रतिदान, दंड, क्षतिपूर्ति*; मुआविज़ा* (फ़ा०, मा० १, २ भी), प्रतिकर* (मा० १ भी), प्रतिपूरक* (मा० १ भी', प्रतिपूर्ति* (मा० १, २, ३ भी)। **~balance, pendulum** घड़ी का प्रतीकार या पूरित दोलक जो गरमी-सरदी के प्रभाव को दूर करे। **compensational** वि० क्षतिपूरक, हानिपूरक। **compensative** वि० क्षतिपूरक, हानिपूरक। सं० प्रतिकृत यंत्र। **compensator** सं० क्षति-पूरक, बदला देनेवाला। **compensatory** वि० क्षतिपूरक।

compere (kom' pâr) [Fr.] सं० प्रस्तुत करनेवाला, रेडियो आदि में मनोरंजन का या रेडियो से प्रसारित होनेवाले मनोरंजक कार्यक्रमों का संचालक जो कलाकारों का परिचय देता है और बारी-बारी से संक्षिप्त टिप्पणी देता चलता है।

compete (kŏm pēt') [F. *compéter*, L. *combetere* (*petere*, to fall upon, aim at)] क्रि० अ० १. मुक़ाबला करना, होड़ लगाना, होड़ा-होड़ी करना, बराबरी करना; २. चेष्टा करना, प्रयत्न करना (with, for, और in के साथ); ३. प्रतियोगिता करना, प्रतिस्पर्द्धा करना।

competent (kom' pē tĕnt) [F. from L. *competentem*, nom. *competens*, pres. p. of *competere*. to COMPETE] वि० १. योग्य, समर्थ* (प्र०, मा० ३, वि० १ भी), सक्षम* (मा० ३, विधि भी), २. (जज, अदालत, गवाह, वैधानिक रूप से) योग्य, अधिकारी; ३. उपयुक्त, उचित, वाजिब (जैसे it was ~ to him to refuse)। **competence** सं० १. जीवनोपायों की पर्याप्तता, प्रानर्घ्य या समृद्धि; २. जीवन-निर्वाह-समर्थता; ३. योग्यता, लियाकत, सामर्थ्य* (प्र०, वि० १ भी). कार्यक्षमता, क्षमता* (वि० १ भी), शक्ति (कार्य-निर्वाह की); ४. (अदालत या मैजिस्ट्रेट आदि की) वैधानिक योग्यता, अधिकार। **competently** क्रि० वि० योग्यतापूर्वक, वैधानिक योग्यतापूर्वक।

competition (kom pē tish' ŭn) [L. *competitio*, from *competere*, COMPETE] सं० १. होड़, प्रतियोगिता* (फ़ा०, मा० २, ३, वि० १ भी); २. (परीक्षा द्वारा, बाज़ार में, आदि) स्पर्धा, प्रतिस्पर्धा* (मा० ३ भी)। **~-wallah** प्रतियोगिता-परीक्षा द्वारा चुने हुए आई० सी० एस० अफ़सर। **competitive** वि० प्रतियोगितामूलक, प्रतियोगितात्मक, प्रतियोगिता संबंधी। **competitively** क्रि० वि० प्रतियोगितापूर्वक। **competitor** सं० प्रतियोगी, प्रतिस्पर्द्धी, प्रतिद्वन्द्वी, प्रत्यर्थी, प्रतिपक्ष। **competitory** वि० प्रतियोगी संबंधी. प्रतियोगी का। **competitress** सं० प्रतियोगिनी, प्रतिस्पर्द्धिनी, प्रतिद्वन्द्विनी।

compile (kŏm pīl') [O.F. *compiler*, L. *compilāre*, to plunder, to pillage (COM-, *pilāre*, to thrust. from *pilum*, a javelin)] क्रि० स० १. (पुस्तक रूप में सामग्री को) संकलित करना, एकत्र करना, संगृहीत करना; २. संकलित सामग्री से ग्रन्थ-निर्माण करना, संग्रह तैयार करना; ३. (क्रिकेट, पो०) बहुत-से रन बनाना। **compilation** सं० संग्रहीकरण, संकलन करना, संग्रह, संग्रह-पुस्तक, संकलित पुस्तक।

complacent (kŏm plā' sĕnt) [L. *complacens -ntem*, pres. p. of *complacēre* (COM-, *placēre*, to please)] वि० १. सुसन्तुष्ट, सुप्रीत, आत्मतुष्ट; २. प्रसन्न; ३. वह जो संतुष्ट होकर सतर्कता खो बैठा हो। **complacently** क्रि० वि० आत्म-तुष्टिपूर्वक, तृप्ति से, संतोषपूर्वक। **complacence, -cy** सं० १. शांति, सुचपूर्ण शांति, सुख; २. आत्मप्रसन्नता, आत्मसंतोष, आत्मतृप्ति; ३. संतुष्ट होकर सतर्कता खो बैठना, संतुष्ट होकर बैठ जाना या निष्क्रिय हो जाना।

complain (kŏm plān') [O.F. *complaign-*, stem of *complaindre*, late L. *complangere* (COM-, *plangere*, to bewail)] क्रि० अ० १. असंतोष प्रकट करना, दुखड़ा रोना; २. तकलीफ़ बतलाना, अपना कष्ट बताना (रोगों के लिए); ३. (किसी अपराधी या अपराध के विषय में) अभियोग लगाना, शिकायत करना; ४. (काव्य०) विलाप करना, रोना-पीटना, आर्त्तनाद करना। **complainant** सं० १. अभियोक्ता, वादी, प्रार्थी, मुद्दई; २. फ़रियाद, शिकायत*/ परिवाद* (विधि भी), शिकवा; ३. उलाहना, दुःख-कथन; ४. (औपचारिक रूप से या आकारयद) अभियोग लगाना; ५. (अम०) अभियोग, नालिश, दीवानी कार्रवाई में वादी का अभियोग, मुक़दमा; ६. शिकायत, अभियोग का विषय, कारण या आधार; ७. कष्ट, व्याधि, रोग।

complaisant (kŏm' plĭ zănt) [F.] वि० १. दयालु; २. शिष्ट, भद्र; ३. विनयी, विनीत; ४. अनुनयी, अनुग्राही; ५. आदरपूर्ण, सम्मान। **complaisance** सं० १. उपकार-शीलता; २. विनय, भद्रता, सुशीलता, शिष्टता; ३. दाक्षिण्य, अनुवृत्ति; ४. आदर, सम्मान।

complement (kom' plē mĕnt) [L. *complēmentum*, from *complēre* (*plēre*, to fill)] सं० १. परिपूरक, पूरक* (वि० १, २ भी), संपूरक; २. कर्मी-दल, (जहाज या यान के लिए मज़दूरों की पूरी संख्या, संपूर्णता, पूर्ति। क्रि० स० १. पूर्ण करना, सम्पन्न करना, भरना; २ पूरक बनाना। **~of an angle** (गणि०) किसी कोण का समपूरक (९० अंश से कम का)। **~of the predicate** (व्या० पूरक (शब्द)। **complemental** (kom plē ment' ăl) वि० अभाव-पूरक, परिपूरक, भरती का। **complementally** क्रि० वि० १. अभाव पूरक के रूप में; २ परिपूरक की भाँति। **complementary** वि० १. पूरक* (इं० ३, वि० १ भी), परिपूरक; २. (प्र०) मानार्थ*। **~angles** समपूरक कोण (९० अंश पूरा करना)। **~colours** दे० COLOUR।

complete (kŏm plēt') [L. *complētus*, p.p. of *complēre*, as prec.] वि० १ पूरा, संपूर्ण*, पूर्ण* (वि० १ भी) २. समस्त, समग्र; ३. समाप्त, संसिद्ध, निवृत्त, अवसित; ४. बिल्कुल, पूरा-पूरा (जैसे ~surprise)। क्रि० स० १ समाप्त करना, तैयार करना, खत्म करना: २ पूरा करना, पूर्ण करना; ३. (धन की कमी की) पूर्ति करना, भरना। **completely** क्रि० वि० १. पूर्णता से; २. पूरी तरह से; ३. सभी तरह से; ४. कुशलता से। **completeness** सं० १. पूर्णता, संपूर्णता; २. समस्तता, समग्रता, संसिद्धि; ३ समाप्ति; ४. सम्पन्नता; ५.

चिकता, जटिलता। **completion** सं० १. समाप्ति*, पूर्ति* (वि०२ भी), समापन, संपादन; २. पूर्णविद्या, सिद्धि, निष्पत्ति, निर्वृत्ति; ३. परिपाक; ४. (विधि) पूर्ण करना*। **completive** वि० पूरक, पूर्णकारी।

complex (kom' pleks) [L. *complexus*, p.p. of *complectere*, COMPLECT] सं० १. जटिल बात, उलझा प्रश्न, पेंचीदा मामला, उलझन; २. (मनो०) मानसिक ग्रन्थि, मनोग्रंथि* (मा० २, ३ भी), भावना, वहम; ३. (ई०३, वि०१) संजाव* संकुल*। वि० १. मिश्रित, मिश्र; २. पेंचीदा, दुरूह,क्लिष्ट, संकीर्ण, उलझा, जटिल* (ई० ३, वि०१ भी) संश्लिष्ट (मा० १ भी) समिश्र*/संकर* (वि० १ भी)। **~sentence** मिश्रित वाक्य। **complexity** सं० मिश्रता, संकुलता, घालमेल; २. उलझन, पेंचीलापन, जटिलता, दुरूहता। **complexly** क्रि० वि० मिश्रित रूप से, संकुलता से, जटिलता से, पेंचीलेपन से, उलझन से।

complexion (kŏm plek' shŭn) [F., from L. *complexio -ônem*, a comprehending; later, a bodily habit or combination of qualities (*complectere*, as prec.)] सं० १. रंग, रँगत, स्वाभाविक वर्ण, आकार-प्रकार, स्वरूप (विशे० चेहरे का); २. (ला०) पक्ष, पहलू (जैसे his conduct weares another~); ३. (वि० २) संकुप*। **complexioned** वि० खास पहलू लिये हुए। **complexionless** वि० १. वर्णहीन, विवर्ण, बेरंग, बेपहलू।

compliance (kŏm pli' ăns), सं० १. मानना, परिपालन, तामील; २. निवेदनानुसार अथवा आदेशानुसार) कार्य-पालन; ३. आज्ञापालन; ४. ऐसी वश्यता या आज्ञाकारिता जो अपनी प्रतिष्ठा के अनुकूल न हो; ५. (वि० १) अनुवृत्ति*; ६. अनुपालन* (प्र०, मा० १, विधि भी), पालन* (प्र०, मा० १ भी)। **in~ with** इच्छानुकूल, आज्ञानुसार। **compliant** वि० नम्र, विनयी, विनीत। **compliantly** क्रि० वि० विनयपूर्वक विनीत भाव से, नम्रतापूर्वक।

complicate (kom' pli kāt) [L. *complicâtus*, p.p. of *complicâre* (*plicâre*, to fold)] क्रि० स० १. मिलाना, मिश्रित करना, संकुलित करना (दूसरी वस्तुओं के साथ); २. जटिल बनाना, उलझाना, पेंच डालना, पेंचीदा बनाना, संकुल करना (विशे० भू० कृ० के रूप में प्रयुक्त)। **complicacy** सं० १. उलझाव, उलझन, पेंचीदगी; २. जटिल रचना, उलझी बनावट। **complication** सं० १. उलझन, पेंच, फंसा, उलझाव; २. जटिल स्थिति, उलझी परिस्थिति; ३. जटिल प्रश्न, उलझा मामला; ४. गाँठ, गुत्थी, पेंचीदगी; ५. संकीर्णता, संमिश्रता।

complicity (kŏm plis' i ti) [F. *complicité*, from *complice*, as prec.] सं० १. बुरे काम में साझेदारी; २. (विधि) सहअपराधिता*।

compliment (kom' pli mĕnt) [F., from It. *complimento*, Sp. from L. *complêmentum*, COMPLEMENT (perh. through Sp. *complimiento*, fulfilment of courtesies)] सं० १. प्रशंसा, विनयपूर्ण प्रशंसा, श्लाघा, विनम्र प्रशंसोक्ति, स्तुति वचन (जैसे pay, make a~); २. अभिनन्दन, स्तुति, स्तवन; ३. (बहु०) औपचारिक अभिवादन, प्रणाम, राम-राम, नमस्कार (जैसे make, pay, send one's compliments)। क्रि० स० १. प्रशंसा करना, अभिनन्दन करना, तारीफ़ करना, अभ्यर्थना करना (व्यक्ति या वस्तु की); २. भेंट देना, पुरस्कार देना, पारितोषिक प्रदान करना, सौजन्य-स्वरूप (किसी व्यक्ति को कोई वस्तु) प्रदान करना। **compliments of the season** सामयिक अभिवादन, समयोचित अभिनन्दन। **complimentary** वि० १. सम्मान-सूचक, अभिनन्दनमय, प्रणंसात्मक, उपहार-रूप; २. (प्र०) मानार्थ*।

compline (kom' plin) [M.E. and O.F. *complie*, L. *complêta* (*hôra*), fem. of *complêtus*, COMPLETE, because it completed the hours of daily service] सं० (ई० धर्म) दिन की अंतिम उपासना।

comply (kŏm pli') [It. *complire*, from Sp. *complir* (now *cumplir*), to complete (cp. COMPLIMENT)] क्रि० अ० मानना, स्वीकार करना, पालन करना, तामील करना, किसी की इच्छानुसार काम करना, आदेशानुसार कार्य करना, आज्ञापालन करना। **~with** अनुपालन करना*/ पालन करना* (प्र०, विधि भी)।

compo (kom' pō) [COMPOSITION] सं० (बहुव० -so) COMPOSITION का संक्षि०, विशे० सीमेंट या महीन चूना, छत का पलस्तर।

component (kŏm pō' nĕnt) [L. *compônens -nîem*, prcs. p. of *compônere* (*pônere*, to put)] वि० और सं० १. अंग*, (इ०३भी), अंश, भाग; २. अंशभूत, अंगभूत* (मा० १ भी), अवयवभूत-रचक, संघटक; ३. घटक* (ई० ३, मा०२, वि०१ भी); ४. (मा० १) उपांग*/ उपांगी*; ५. (वि० २) सबद्ध-घटक*। **~part** अंग, भाग, उपांश, अवयव।

comport (kŏm pôrt') [F. *comporter*, late L. *compôrtâre* (*portâre*, to carry)] क्रि० म० और अ० आचरण या व्यवहार करना। **~with** सम्मत होना, ठीक बैठना, सजना, फबना, ठीक पड़ना, अनुकूल होना, उपयुक्त होना।

compose (kŏm pōz') [F. *composer* (*com-*, with, and *poser*, from late L. *pausâre*, to cease, to place, to pose), confused with L. *compônere*, COMPOUND*)] क्रि० स० १. रचना करना, निर्माण करना, बनाना (विशे० कर्म० be composed of); २. साहित्य सृजन करना, रचना, प्रणयन करना, ग्रन्थ लिखना, लिखना (काव्य आदि); ३. (संगी०) आविष्कृत करके सुन्दर ढंग से प्रस्तुत करना, धुन बनाना; ४. शब्दों को संगीत में बाँधना, सँजोना, स्वरलिपि तैयार करना; ५. (मुद्रण) कम्पोज करना, शब्द बनाने के लिए अक्षर जोड़ना, टाइप बैठाना; ६. एकत्र करना, इकट्ठा करना, संकलित करना,जोड़ना; ७. कलात्मक ढंग से व्यवस्थित करना, सुरुचिपूर्ण जमाना; (झगड़ा) निपटाना; ८. (विग्रह का) समाधान करना* (मा० १ भी), मिटाना; ९. यथाविहित अथवा यथाप्रचलन व्यवस्थित करना; १०. किसी विशेष प्रयोजन से सँवारना, ठीक बैठाना (जैसे ~yourself to write, ~your countenance, ~your thoughts for action); ११. स्वस्थचित्त होना, प्रशान्त होना; १२. (स्वयं को) प्रशान्त करना, (उत्तेजनाओं का) शमन करना, (उद्वेग) शांत करना (विशे० भू० कृ० के रूप में)। **composedly** क्रि० वि० १. शांतिपूर्वक, प्रशान्त चित्त से; २. स्वस्थ भाव या मन से, स्थिर बुद्धि से; ३. आत्मविश्वास के साथ, इत्मीनान के साथ; ४.ठंडे दिल और दिमाग से। **composedness** सं० १. शांति, प्रसन्नता; २. अव्याकुलता; ३. स्वस्थचित्तता; ४. इत्मीनान, अनुद्विग्नता। **composer** सं०

रचयिता, स्वरकार, रचनेवाला, स्वरलिपिकर्ता (कवि, प्रायः गीतकार, संगीतकार), ग्रंथकार। **composing** सं० (क्रियागत अर्थों में कैसे) टाइप बैठाना, मुद्रायोजन, अक्षरयोजन, रचना आदि। **~machine** कम्पोजिंग की मशीन, टाइप बैठाने की मशीन। **~stick** टाइप जमाने की या कम्पोज़ करने की वातु की पटरी।

composite (kom' pó zit) [L. *compositus*, p.p. of *componere* (com-, *ponere*, to put)] वि० और सं० १. संयुक्त* (वि० १, २ भी), संहत*/ संमिश्र*/ सम्मिश्रित*/ मिश्र* (मा० २ भी), संयोजित, समन्वित, मिश्रित, मिला-जुला, विविध अंगों से निर्मित; २. (वास्तु०) प्राचीन यूनान की पंचम गृह-निर्माण-शैली; ३. फूलों के पौधे की एक जाति; ४. लोहे और लकड़ी से बने (जहाज)। **~candle** नारियल के तेल और चर्बी से बनी हुई मोमबत्ती। **~(railway) carriage** रेलगाड़ी, जिसमें विभिन्न दर्जों के डिब्बे लगे हों। **~photograph** ऐसा फोटो, जो अनेक निगेटिवों से उनको ठीक प्रकार से ऊपर रखकर लिया जाता है। **compositely** क्रि० वि, संयुक्त रूप से, संयोजित विधि से, समन्वित रीति से, मिले-जुले ढंग पर। **compositeness** सं० संयुक्तता, मयोजित्व, संप्रथिता। **compositive** वि० मिश्रण-शील, मिलानेवाला।

composition (kom po zish' ún) [F., from L. *compositio, -ónem*, as prec.] सं० १. एकत्रीकरण, सचयन, सकलन, जमाव, सघटन* (इ० ३, कृ० भी); २. रचना*, निर्माण*, (मा० १ भी), निदयन, बनावट; ३. समासीकरण; ४. वाक्य-रचना, वाक्य-गठन; ५. साहित्य-सर्जन, काव्य-रचना; ६. ग्रन्थकरण, प्रणयन, रचना, लेखन; ७. गीत-रचना, गायन, गायकी; ८. टाइप बैठाना; ९. मानसिक अवस्था, दिमाग़ी हालत, मन:स्थिति (जैसे a touch of madness in his~); १०. कम से लगाना, व्यवस्था देना (चित्र के भागों आदि का); ११. सयोजित पदार्थ, यौगिक; १२. मिश्रण, मिलावट; १३. संगीत, पद, गीत, कविता, कहानी आदि; १४. (मा० २) सहति*; १५. (वि० २) समीजन*; १६. युद्ध-विराम, युद्ध-विरति के लिए समझौता; १७. सधि, सुलह; १८ संयुक्त कृत्रिम पदार्थ, यौगिक पदार्थ (विशे० जो प्राकृतिक पदार्थ के स्थान पर काम आये); १९. किसी बड़ी रकम या अनुग्रह के बदले में धन देने का समझौता (जैसे made a~ with his creditors)।

compositor (kóm poz' i tór) सं० १. कम्पोज़ीटर, छपाई के अक्षर जोड़नेवाला, कम्पोज़ करनेवाला; २. (ग्र०) अक्षर-योजक*।

composmentis (kom' pos men' tis) [L., master of or controlling the mind] वि० (व्यक्ति) जो होश में हो, जिसकी अक्ल ठिकाने हो। **non compos** जिसकी अक्ल ठिकाने न हो, जो होश में न हो।

compossible (kóm pos' ibl) [O.F., from med. L. *compossibilis*] वि० १. सहजीवी, एक साथ रहने योग्य; २. (मा० २) सहसभव*/ सहसभाव्य*।

compost (kom' post) [O.F. *composte*, L. *compositus*] सं० १. मिश्रित खाद, मिली-जुली खाद, कम्पोस्ट* (इ० ३, कृ०, वि० ३ भी) (खाद); २. मिश्रण* (इ० २ भी), मिलावट। क्रि० स० कम्पोस्ट (मिली-जुली खाद) का प्रयोग करना, खाद तैयार करना, मिश्रसार बनाना।

composure (kóm pó' zúr, -zhér) सं० शांति, स्थिरता, धैर्य, इत्मीनान।

compotation (kom pó tá' shún) [*compōtātio -onem* (*pōtātio*, from *pōtāre*, to drink)] सं० सहपान, साथ बैठ कर तेज़ शराब अधिक पीना। **compotator** सं० सहपायी।

compote (kom' pōt) [F. *compote*, O.F. *composte*, L. *compostа, compostа*, fem. of *compositus*] सं० मुरब्बा, चाशनी में रखे हुए फल।

compound[1] (kóm pound') [M.E. *compounen*, O. F. *componre, compondre*, L. *compōnere* (*-ponere*, to put)] क्रि० स० और अ० १. (शा० और ला०) मिश्रित करना, मिलाना; २. समासि पद बनाना, समास बनाना; ३. सपूर्ण निर्मित करना, बनाना; ४. झगड़ा निपटा लेना, आपस में मामला तय कर लेना; ५. ऋण को आंशिक भुगतान से निपटाना, चुकता करना; ६. (ऋण, क़र्ज़, अपराध) को बनादि के बदले माफ़ करना, छुटकारा देना, लभा करना; ७. सुलह करना, मान लेना, समझौता करना, सम्मत होना, राज़ी होना, सहमत होना। वि० १. यौगिक* (कृ०, मा० २, वि० १ भी), अनेकाधी, अनेकांशनिमित, अनेकावयवघटित; २. समस्त, सामासिक; ३. मिश्रित; ४. सामूहिक; ५. (प्राणि० और वन०) संयुक्तवर्गी, मिश्रवर्गी, संयुक्तावयवी (जैसे ~animal, ~flower), (इ० ३) संयुक्त*। सं० १. तत्त्व-मिश्रण, तत्त्व-संयोग; २. संयुक्त पदार्थ, यौगिक वस्तु; ३. समस्त पद। **to~ a felony** व्यक्तिगत कारणों से अपराधी को छोड़ देना। **~addition** मिश्रयोग। **~fracture** हड्डी का ऐसा टूटना कि उसकी कि हुसरा घाव कर दे। **~householder** ऐसा किरायेदार, जिसके कर (टैक्स) गृहस्वामी दे दे और उन्हें भाड़े में शामिल कर ले। **~interest** दे० INTEREST। **~subtraction** मिश्रघटाव, मिश्रशोध, मिश्रवियोग, मिश्रव्यवकलन। **compoundable** क्रि० संयोजनीय, मिलाने योग्य, समाधान योग्य।

compound[2] (kom' pound) [prob. from Malay.dam KAMPONG)] सं० (भारत, चीन आदि में) आहाता, हाता, बाड़ा, घेरा, प्रांगण (मकान, कारख़ाने आदि का)।

comprador (kom pra dór') [Port., from late L. *comparātor -ibrem*, from *comparāre*, to provide, to purchase] सं० (चीन के यूरोपीय व्यवसाय-गृह का) प्रमुख चीनी सेवक, मुनीम, प्रबंधक।

comprehend (kom pré hend') [L. *comprehendere* (*prae-*, beforehand, *hendere*, obs., to seize, cogn. with Gr. *chandanein*. and OET)] क्रि० स० १. समझना, जानना; २. अनुभव करना, महसूस करना; ३. सम्मिलित करना, समाविष्ट करना, मिलाना। **comprehensible** वि० १. बोधगम्य, सुबोध, बुद्धिग्राह्य, बुद्धिगम्य; २. समावेश्य, समावेटल्य, मिलाने लायक़। **comprehensibly** क्रि० वि० सुबोधता के साथ, समझते हुए। **comprehensibility** सं० सुबोधता, बुद्धिगम्यता।

comprehension (kom pré hen' shún) [L. *comprehensio -ónem*, as prec.] सं० १. समझना, ग्रहण, धारणा; २. बुद्धि, समझ; मेधा; ३. आकलन-शक्ति; ४. धारणा-शक्ति, ग्रहण-शक्ति, अवधारणा (जैसे a term of wide~); ५. सहिष्णुता, सहनशीलता (विशे० धर्म संबंधी); ६. (मा० २) व्यापकार्थ*; ७. (मा० २) बोध*। **comprehensive** वि० १. धारणा संबंधी, बुद्धि संबंधी (जैसे ~faculty); २. (शा० और ला०) व्यापक. विस्तीर्ण (जैसे ~term, ~grasp)। **comprehensively** क्रि० वि० व्यापक रूप से, विस्तार से। **comprehensiveness** सं० व्यापकता।

compress (kŏm prĕs') [O.F. *compresser*, L. *compressāre*, freq. of *comprimere* (*premere*, to press)] क्रि० स० १. चापना, दबाना, भींचना; २. पेलना, निचोड़ना, ३. (हवा को) घना करना; ४. (भाषा को) गठित, सूत्रात्मक या समासात्मक करना; ५. (विचारों को) संक्षिप्त करना, घटाना, थोड़े में कहना; ६. (कु०) गद्दी लगाना/पैड लगाना*। स० १. खून बहना बन्द करने के लिए मुलायम गद्दी आदि; २. बाटरप्रूफ पट्टी से ढका तार कपड़ा, जो सूजन आदि पर बाँधा जाता है; ३. (प्र०) सरीडेज*; ४. (कु०) गद्दी*/पैड*। **compressible** वि० १. संपीड्य* (वि० १ भी), सकोचनीय, दबाने के योग्य। **compressibility** सं० १. संपीड्यता* (ई० १, वि० १ भी), संकोचनीयता। **compression** (kŏm presh' ŭn) स० १. (शा० और ला०) संकोचन, संहति, दाब, भिचाव, सवरण, समाहृति; २. (इ० ३. वि० १) संपीडन*। **compressive** वि० दबाने वाला। **compressor** सं० १. संपीडक* (ई० १ भी), सकोचक, दबानेवाला; २. (वि० १) संपीडक*; ३. (मा० १) निहार्इ*/निघात*।

comprise (kŏm prīz') [F. *compris*, p.p. of *comprendre*, L. *comprehendere* COMPREHEND] क्रि० स० १. सम्मिलित करना, समावेष्टित करना, समाविष्ट करना, समाविष्ट होना* (विधि भी), शामिल करना, बना लेना; २. रचित होना, धारण करना; ३. घना करना, संकुचित करना, छोटा करना. सीमित करना, सीमा में बाँधना। **comprisable** वि० समावेश्य, संश्लेनीय, मिलाने योग्य, शामिल करने योग्य।

compromise (kom' prō mīz) [F. *compromis*, p.p. of *compromettre*, L. *comprōmittere* (COM-, *prōmittere*, PROMISE)] सं० संधि, समझौता, राजीनामा, सुलह* (मा० १ भी), आपसी निपटारा, रफा-दफा; २. मध्य मार्ग, बीच का रास्ता; ३. (मा० १) परित्याग* (सिद्धांतों आदि का)। क्रि० स० और अ० समझौता करना* (मा० १ भी), निपटारा करना, मामले को रफा-दफा करना, रजामंदी करा देना। क्रि० अ० १. समझौता करना, राजी होना; २. (बेसमझी या अदूरदर्शितापूर्ण कार्य से दूसरे को या स्वयं को) संदेहास्पद स्थिति में डालना, जोखिम में डालना, खतरे में डालना; ३. (मा० १) परित्याग करना* (सिद्धान्तों आदि का)।

comprovincial वि० और सं० (व्यक्ति विशे० विशप) एकप्रदेशीय, एकदेशज, एकप्रान्तीय व्यक्ति।

comptroller सं० १. लेखा-नियंत्रक, (हिसाब का) निरीक्षक, नियंत्रक* (प्र०, मा० १ भी); २. कुछ उपाधियों में CONTROLLER की अशुद्ध वर्तनी (जैसे ~of accounts)।

compulsion (kŏm pŭl' shŭn) [L. *compulsio -ōnem* (*compellere*, COMPEL)] सं० बलप्रयोग, जबर्दस्ती, दबाव, ज़ोर; २. विवशता, बाध्यता* (मा० २ भी)। **under, upon~** विवशता से, बाध्य होकर, मजबूरी से। **compulsive** वि० बाधक, विवशताकारी, मजबूर करनेवाला, दबाव डालनेवाला. बाध्यकारी* (मा० २ भी)। **compulsively** क्रि० वि० १. बलपूर्वक, जबर्दस्ती से, दबाव से; २. विवशतापूर्वक। **compulsory** (kŏm pŭl' sĕrĭ) वि० १. अनिवार्य*/बाध्य* (प्र० भी), आवश्यक, ज़रूरी, लाज़मी; २. जबर्दस्ती लादा हुआ (काम); ३. (विधि) विवश्यक*; ४. (वि० १) अविकल्पतः*। **compulsorily** क्रि० वि० १. अनिवार्यतः, लाज़मी तौर पर; २. बलपूर्वक, जबर्दस्ती। **compulsoriness** सं० १. अनिवार्यता; २. बलपूर्णता।

compunction (kŏm pŭngk' shŭn) [O.F., from *L.compunctio -ōnem*, from *compungere* (*pungere*, to prick)] सं० १. खेद, मनोव्यथा, अनुताप; २. पश्चाताप, पछतावा, झिझक, द्विविधा (shes without~); ३. ताप* (मा० २ भी)। **compunctious** वि० १. खेदपूर्ण, व्यथित, अनुतप्त; २. पश्चातापपूर्ण। **compunctiously** क्रि० वि० १. खेदपूर्वक; २. पश्चातापपूर्वक।

compurgation (kom pĕr gā' shŭn) [L. *compurgātiōnem*, from *compurgāre*, *purgāre*, to purify)] सं० दोष-परिशोधन, अपवाद-निर्मूलन, (विशे० क्रिटिश इतिह०) शपथ के द्वारा मुकदमे की सुनवाई और परिशोधन, सनिर्दोषण* (मा० ३ भी)। **compurgator** (kom' pĕr gā tŏr) सं० स्वदोष-शोधन-विषयक।

compute (kŏm pūt') [F. *computer*, L. *computāre putāre*, to think)] क्रि० स० १. गणना करना, गिनना; २. जोड़ लगाना; ३. लेखा या हिसाब करना, ४. अनुमान करना, तख्मीना लगाना। **computable** वि० गणनीय, गिनने योग्य। **computative** वि० गण्य, गणना संबंधी। **computation** (kŏm pū tā' shŭn) सं० १. गणना, गिनती, हिसाब; २. (कु०, मा० २, वि० १) परिकलन*।

comrade (kom' rād) [F. *camarade*, Sp. *camarada*, a chamber-mate (*camara*, L. *camera*, CHAMBER)] सं० १. कॉमरेड, साथी, सगी, मित्र; २. सहयोगी, सहकारी, सहकर्मी; ३. ट्रेड यूनियन आदि का साथी-सदस्य। **comradeship** सं० मैत्री, साथीपन, दोस्ती।

comstockery सं० कला या साहित्य में नग्न यथार्थवाद का विरोध।

Comtism (kom' tizm, kon' tizm) सं० फ्रांस के दार्शनिक ऑगस्ट कॉम्ते (१७९८-१८५७) का प्रत्यक्षवाद, दे० POSITIVISM।

Comtist सं० प्रत्यक्षवादी।

con[1] (kon) [A.-S. *cunnian*, see CAN] क्रि० स० रटना, कंठ करना, घोंट लेना, ज़बानी याद करना, रट्टा लगाना।

con[2] (kon) [prob. a form of *cond*, earlier *condue*, O.F *condure*, L. *conducere*, to CONDUCT] क्रि० स० जहाज को सीधा परिचालित करना। **conning-tower** (जहाज़ या पनडुब्बी का वक्तव्वंद) परिचालन-कक्ष।

con[3] (kon) [short for L. *contra*, against] दे० CONTRA।

con- (L. *cum*, with, see COM-] उप० c, d, f, g, j, l, m, n, p, q, s, t, v के साथ com के अर्थ में लगनेवाला उपसर्ग, सह, सं, स-।

conacre (kon' ā kĕr) [Corr. of *cornacre*] सं० (आयरलैण्ड में) जुती हुई भूमि पट्टे पर देना।

con amore क्रि० वि० (इटालियन) जोश के साथ।

conation (ko nā' shŭn) [L. *cōnātio -ōnem*. from *cōnārī*, to endeavour] सं० १. (दर्शन०) इच्छा-शक्ति, कामना; २. इच्छा-शक्ति का प्रयोग; ३. (मा० २) क्रियावृत्ति*। **conative** (kon' ā tiv) वि० इच्छा-शक्ति संबंधी, क्रियावृत्तिक*/क्रियात्मक* (मा० २ भी)।

concatenate (kŏn kăt' ĕ nāt) [late L. *concatēnātus*, p.p. of *concatēnāre* (*catēna*, a chain)] क्रि० स० (ला०) शृंखलाबद्ध करना, सिलसिला मिलाना, जोड़ना। **concatenation** (kŏn kăt' ĕnā' shŭn) सं० १. माला, परंपरा, श्रेणी, पंक्ति, शृंखला, क्रमबद्धता; २. घटनावली, विचारमाला।

concave (kon' kāv) [F., from L. *concavus* (*cavus*, hollow)] वि० नतोदर, निम्नोदर, अवतल* (वि० १ भी)। तु० CONVEX। सं० नतोदर तल; विशे० नमश्चषक, गगनतल। **concavely** क्रि० वि० नतोदर रूप में, निम्नोदर अवस्था में। **concavity** सं० नतोदरता, अवतलता* (वि० १ भी)। **concavo-** समास में प्रयुक्त रूप, नतोदर अवस्था में। **~-convex** दोनों ही ओर नतोदर। **~-convex** १. नतोदरोत्तोदर, एक ओर नतोदर और दूसरी ओर उन्नतोदर; २. (वि० १) अवतलोत्तल*।

conceal (kŏn sēl') [O.F. *conceler*, L. *concelāre* (*cēlāre*, to hide)] क्रि० स० १. छिपाना, छिपी लेना, गुप्त रखना, बात दबा लेना; २. प्रच्छन्न रखना। **concealment** सं १. छिपाव, संगोपन; २. गुप्त स्थान, छिपने या छिपाने का स्थान।

concede (kŏn sēd') [L. *concēdare* (*cēdere*, to yield)] क्रि० स० १. मानना, मान लेना, मान जाना; २. सुविधा देना, छूट देना, रियायत करना, (खेल आदि में प्वाइंट आदि) देना, ४. (खेल०, ह्रा०) खेल हारना, पराजित होना।

conceit (kon sēt') [*L. concepta*, fem. p.p. of *concipere*, CONCEIVE (on anal. of DECEIT)] सं० १. अहंकार, दंभ*/ अहम्मन्यता* (भा० २ भी), दर्प, गर्व, घमंड, मिथ्याभिमान; २. आत्मश्लाघा, आत्मप्रशंसा; ३. आडंबरप्रियता, ४. कल्पना, भावना, चिंता, विचार; ५. मति, बुद्धि। क्रि० स० (अप्र०) कल्पना करना, समझ लेना। **in my own~** मेरी राय में, मेरे विचार से। **out of~** किसी से अप्रसन्न। **conceite** वि० (मूलतः self~) घमंडी, अहम्मन्य, अहंकारी, मिथ्याभिमानी, आत्मश्लाघी। **conceitedly** क्रि० वि० मिथ्याभिमान से।

conceive (kŏn sēv') [O.F. *conceiv-*, stem of *concever*, L. *concipere* (*capere*, to take)] क्रि० स० और अ० १. गर्भवती होना, गर्भ धारण करना* (कु० भी), पेट रहना, २. पैर भारी होना, गर्भ होना, ३ विचार करना, धारणा करना; ४. कल्पना करना, अनुमान करना; ५. गाभना; ६. संक्षिप्त तथा स्पष्ट रूप में व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना (जैसे conceived in plain terms)। **conceivable** वि० बोधगम्य, विचारणीय, समझ में आनेवाली। विचारणीयता। **conceivability, conceivableness** सं० बोधगम्यता। **conceivably** क्रि० वि० बोधगम्य अवस्था में।

concelebrate (kŏn sel' ĕ brāt) [L. *concelebrātus* p.p. of *concelebrāre*] क्रि० अ० (रोमन कैथोलिक चर्च, नवनियुक्त पादरी का) नियोक्ता विशप के साथ प्रार्थना में शामिल होना। **concelebration** सामूहिक प्रार्थना।

concentrate (kŏn' sĕn trāt) [CONCENTRE first in use, afterwards Latinized in form as if from a p.p. *concentrātus* (*concentrāre*)] क्रि० स० और अ० १. केन्द्रित करना या होना, संघन करना या होना, इकट्ठा करना या होना, (सैन्य दल, शक्ति, ध्यान) एकत्र करना; २. केन्द्रीभूत करना, केन्द्रित करना; ३. एकाग्र करना; ४. (रसा०) तरल पदार्थ आदि का सांद्रण, गाढ़ा होना; ५. (भू० कृ० में ला० प्रयोग, घुला आदि का) घनीभूत होना; ६. साद्र करना*, गाढ़ा करना*, संकेन्द्रित करना*, (वि० १ भी), (वि० ३) सान्द्र*/ सान्द्रित*। **concentration** सं० १. केन्द्रीयकरण; २. एकाग्रता*/ अनन्यमनस्कता* (भा० २ भी)/ ३. (वि० १) सांद्रण*/ गाढ़ापन*/ साद्रता*; ४. (वि० १) संकेन्द्रण*। **~camp** राजनीतिक बंदी-शिविर। **concentrative** वि० १. एकोन्मुख, एकाग्र। **concentrativeness** सं० केन्द्रीयता, एकोन्मुखता। **concentrator** सं० १. केन्द्रीभूत करनेवाला; २. समाहारक; ३. (वि०) सांद्रक।

concentre (kŏn sen' tĕr) [F. *concentrer*] क्रि० स० और अ० एक केन्द्र या समान केन्द्र पर लाना या आना। **concentric** वि० १. एककेंद्रीय, संकेंद्र, एक केंद्र, समान केंद्र; २. (सं० ३, वि० १) संकेंद्री*। **concentrically** क्रि० वि० समकेंद्रिकतापूर्वक, (भा० १) संकेंद्रता। **concentricity** सं० समकेंद्रीयता। **~fire** एक ही स्थान पर निरंतर गोली या गोले बरसाना।

concept (kŏn' sept) [L. *conceptum*, neut. p. p. of *concipere*, to CONCEIVE] सं० १. संकल्पना* (भा० ३, वि० १ भी), भावना, विचार, परिकल्पना, धारणा* (वि० १ भी), खयाल; २. (भा० २, ३) संप्रत्ययन*।

conception (kŏn sep shŭn) सं० १. गर्भ-धारण* (कृ० भी); २. विचार, धारणा; ३. (वि० १) संकल्पना*। **conceptional** वि० १. विचार संबंधी; २. धारणाविषयक। **conceptive** वि० १. विचारक्षम, २. विचार या धारणा संबंधी; ३. गर्भधारण संबंधी।

conceptual (kŏn sep' tū ăl) [med. L. *conceptuālis*, from L. *conceptus*, CONCEPT] वि० १. सांबोधिक, संकल्पना, धारणा या विचार संबंधी; २. (भा० २) संप्रत्ययात्मक*। **conceptualism** सं० १. संबोधवाद, प्रत्ययवाद, यह विचार कि जगत् का अस्तित्व संबोध, प्रत्यय या विचार मात्र पर आश्रित है; २. यह सिद्धांत कि मन सूक्ष्म अवस्थाओं के आनुषंगिक विचारों की परिकल्पना कर सकता है; ३. (भा०२) संप्रत्ययवाद*। **conceptualist** संबोधवादी।

concern (kŏn sĕrn') [F. *concerner*, L. *concernere* (*cenere*, to separate, sift), in med. L., to refer to, regard] क्रि० स० १. संबंध रखना, सरोकार रखना, ससर्ग रखना, सपृष्ट होना; २. दिलचस्पी लेना, रुचि रखना; ३. (भू० कृ० में) चिंतित, उद्विग्न, (जैसे a concerned air, an concerned to hear) सं० १ संबंध, लगाव, वास्ता; २. चिंता, फिक्र, परेशानी, बेचैनी; ३. व्यवसाय-संघ, फर्म, कारोबार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय, ४. (बोल०) नीज़। **be concerned in** भाग लेना। **I am not concerned** मेरा कोई सरोकार नहीं। **of vital~** अत्यधिक महत्त्व का। **concerning** पूर्व० बाबत, विषयक। **concernment** सं० १. कार्य, विषय; २. महत्त्व, गौरव, गुरुता; ३. लगाव, संबंध; ४. चिंता, उद्वेग।

concert[1] (kŏn sĕrt') [F. *concerter*, It *concertare*, to accord together (cp. Sp. *concertar*, to bargain), L. *concertāre*, to dispute, contend (CON-, *certāre*, to vie)] क्रि० स० १. (पारस्परिक सहमति द्वारा या अकेले भी) पहले से प्रबंध करना; २. सलाह करना, मंत्रणा करना।

concert[2] (kon' sĕrt) [It. *concerto*, as prec.] सं० १ मेल, एकता, सहमति, २. (संगी०) समवेत स्वर या ध्वनि (जैसे voices raised in~)। ३. संगीत-गोष्ठी, गायन-वादन-उत्सव; ४. (भा० १) सहति*; ५. (वि० २) कन्सर्ट*। **the~ of Europe** योरप की मुख्य शक्तियों का संघ (इसके सदस्य १८१५ से विशेष अवसरों पर संयुक्त रूप से कार्य करते रहे हैं।) **~grand** संगीत-गोष्ठियों में बजाया जानेवाला बड़ा पियानो। **~pitch** १. ऊँचा सुर, उदात्त स्वर; २.असाधारण कार्यक्षमता या कटिबद्धता। **concerted** वि० १. (concert के क्रियागत अर्थों में) सम्मिलित, इकट्ठा; २. (संगी०) गायन या वादन के लिए अंगों में विन्यस्त।

concertina (kon sĕr tē' nă) सं० कन्सर्टीना* (वि० २ भी), एक प्रकार का बाजा (जो दो चौकनियों से बजता है)।

concerto (kón chér' tō) [It.] सं० (बहुव० -os) कनचेर्तो, संगीत-रचना, वाद्यवृन्द के लिए रचित तीन बद का गीत।

concession (kón sesh' ún) [F., from L. *concessio -onem*, from *concédere*, to CONCEDE] सं० १. अर्पण; २. छूट, रियायत* (प्र० भो०), सुविधा, सुभीता, अनुमोचन, (विशे० नवा०) अनुग्रह-प्राप्ती या रियायत पाने वाले को अनुदान, ३. वह भूखंड, जिसका अधिकार और व्यवहार किसी राज्य, कम्पनी या व्यक्ति के लिए स्वीकृत किया जा चुका हो। **concessionary** वि० रियायती, छूट का। **concessionnaire** (kon ses i o nár') सं० रियायत पानेवाला (विशे० सरकार द्वारा किसी विदेशी को प्रदत्त एकाधिकार का पानेवाला)। **concessive** वि० १. रियायती या रियायतविषयक; २. अनुमोदनसूचक।

concetto (kón ches' ō) [It., from L. *conceptum*, CONCEPT] सं० (बहुव० -ti) कल्पना, आत्म-प्रकाशन, बनावट, बनावटी बाँकपन, (साहित्य में) मनगढ़त या काल्पनिक पेचीदे प्रयोग। **conceittism** सं० कनचेत्तीवाद।

conch (kongk) [L. *concha*, Gr. *konchē*, mussel, COCKLE] सं० १. शख* (वि० १ भो), सीप, घोघा, २. एक कोमलाग जलजीव का खोल या आवरण, विशे० (रोमन पुराण में) ट्राइटन नामक समुद्र के देवता का बिगुल, ३ (वास्तु०) अर्द्ध गोलाकार गुंबद, ४. कान का बाहरी भाग, इसका छेद (concha भी); ५. (प्रा०) बहामा का निवासी। **conchiferous** वि० (प्राणि० और भूगर्भ०) शखगर्भित, शखमय। **conchology** सं० शाखिकी, शखविज्ञान, शखविद्या। **conchological** वि० शखविज्ञान सबधी। **conchologist** सं० शखविज्ञानी, शखवैज्ञानिक।

conchy (kong kē) सं० (प्रा०) युद्ध-विरोधी, शांतिप्रिय (जो सिद्धान्त रूप म युद्ध का विरोधी हो)।

concierge (kon si árzh') [F.] स० (फ्रांस आदि मे) दरबान, चौकीदार।

conciliar (kón sil' i ár) [L. *concilium*, COUNCIL] वि० धार्मिक परिषद् का, शिरोधार्य की, परिषद् सबधी।

conciliate (kón sil' i át) [L. *conciliātus*, p.p. of *conciliāre* (*concilium*, as prec.)] क्रि० स० १. (मनान, सद्भाव) प्राप्त करना, पाना; २. शांत करना, झगड़ा मिटाना, समझौता कराना, ३. राजी करना; ४. मिला लेना; ५. अनुकूल करना, संतुष्ट करना, मनाना* (मा० १ भी), अपने पक्ष मे कर लेना; ६. (विरोधी सिद्धातो का) समन्वय करना, मान लेना* (मा० १ भी)। **conciliation** सं० १. मिलाप, सुलह* (मा० ३ भी), राजीनामा, समझौता* (मा० ३ भी); २. मेल-मिलाप, मनाना, राजी करना, मैत्री, समाधान* (मा० १ भी); ३. (मा० ३) संरक्षण* **court of ~** वह न्याया-लय, जो विरोधी पक्षों मे समझौता कराने का प्रयत्न करे। **conciliative** (kón sil' i á tiv), **conciliatory** वि० १. समन्वयात्मक, समझौते का; २. मैत्रीपूर्ण; ३. सधि-विषयक; ४. (मा० १) सामयुक्त* साथ*। **conciliator** सं० १. मेल कराने वाला; २. समझौता कराने वाला; ३. सुलह कराने वाला* / संरक्षक* / (मा० ३ भी)। **conciliatoriness** सं० समन्वय, मित्रता, सुलह, समझौता।

conciseness (kón sin' us) [L. *concīnnus*, well-adjusted] वि० १. उपयुक्त, शोभन; २. सामंजस्यपूर्ण, स्वच्छ, प्रांजल। **concinnity** सं० सुषमा, साहित्यिक शैली की सुषमा, प्रांजलता और स्पष्टता।

concise (kón sis') [L. *concīsus*, p.p. of *concīdere* (*cædere*, to cut)] वि० छोटा, लघु, संक्षिप्त, सासारिक, मितासर। **concisely** क्रि० वि० संक्षेपत:, समासत:। **conciseness** सं० संक्षेप, सासारिकता। **concision** सं० १. कर्तन, छेदन, उच्छेद, कटाई, काट-छाँट; २. संक्षिप्तता।

conclave (kon' klāv) [F., from L. *conclāve* (*clāvis*, key)] सं० १. पोप के निर्वाचन के लिए कार्डिनलों की सभा या समास्थान; २. गुप्त-सभा (जैसे in ~)।

conclude (kón klood') [L. *concludere* (*claudere*, to shut) क्रि० स० और अ० १. समापन करना, नि:पन्न करना, पूरा होना या करना, समाप्त होना या करना; २. (वस्तुओं के सबध मे) समाप्त होना; ३. नतीजा निकालना, निष्कर्ष निक लना, परिणाम पर पहुँचना; ४. (संधि आदि) तय करना, निर्णय करना; ५. निश्चय करना। **conclusion** (kón kloo' zhón) सं० १. उपसहार* (मा० ३ भी), समापन, पूर्ति, अंत, समाप्ति, अवसान; २. साराश, अतिम परिणाम; ३. निष्कर्ष* (मा० १, वि० १ भी), नतीजा, अनुमान; ४. निश्चय, निर्णय; ५. (तर्क०) परिणाम* (वि० १ भी); ६. (शांति आदि की) निष्पत्ति, प्रबंध। **in ~** अंत में, समाप्त रूप में। **try conclusions with** किसी के साथ (किसी कला या कौशल का) मुकबला करना। **conclusive** वि० १. अकाट्य, अंतिम, प्रामाणिक, पक्का; २. निर्णायक, निश्चयात्मक; ३. निश्चयक* (वि० १ भ०)। **conclusively** क्रि० वि० निश्चय-पूर्वक, निश्चित रूप से, पक्के तौर पर। **conclusiveness** सं० अकाट्यता, निर्णायकता।

concoct (kón kokt') [L. *concoctus*, p. p. of *concoquere* (*conquere*, to cook)] क्रि० स० १. गढ़ना, मनगढ़ा करना, कूट रचना, षड्यंत्र रचना; २. काढ़ा तैयार करना, क्वाथ बनाना; ३. (शोरबा, पेय, कहानी, षड्यंत्र) मिला कर बनाना या तैयार करना; ४. योजना बनाना, उपाय करना। **concoction** सं० १. क्वाथ, मिश्रण, काढ़ा; २. योजना। **concoctive** वि० मिश्रित। **concoctor** सं० १. मिश्रण तैयार करने वाला, २. षड्यंत्री।

concolorous (kón kúl' ór us) [L. *concolor*] वि० (प्रा० इति०) सवर्णीय, समानवर्णीय, एक रंग के।

concomitant (kón kom' i tánt) [L. *concomitans -ntem*, pres. p. of *concomitāri* (*comitāri*, to accompany)] वि० और स० १ सहगामी* (वि० १ भी), सहवर्ती, समन्वित, सगी, सहचारी, सहभावी, साथ रहनेवाला। स० १. साथी, २. आनुषंगिक, सहगामी वस्तु, संलग्न पदार्थ, साथ लगा हुआ। **concomitantly** क्रि० वि० १. सयुक्त रूपेण; २. समन्वित रूप से। **concomitance, concomitancy** सं० १. सहगमन, सहवर्तन* (मा० २ भी), सहअस्तित्व, विशे० ईसा का शरीर और रक्त जो ईसाइए रव्वानी (उत्सव-विशेष) पर रोटी और शरीर के रूप मे माना जाता है; २. सहगामिता* (वि० २ भी)।

concord (kon'-, kong' kórd) [F. *concorde*, L. *concordia* (*cor cordis*, heart)] सं० १. मेल, मैत्री, एकता, ऐक्य, सहमति; २. संधि, समझौता; ३. (संगी०) स्वरसाम्य, सवादन, तालमेल, स्वर-मिलन; ४. (व्या०) अन्वय, रूपान्वय, शब्दो मे लिंग, वचन आदि की एकता; ५. (वि० १) सुमनति*/ सुध्वता*। **concordance** (kón kór' dáns) सं० १. मेल, मेलजोल, मैत्री, सादृश्य; २. निर्घंट, वर्णानुक्रम से मुख्य शब्दों या विषयों की सप्रसग व्याख्या जो किसी पुस्तक (विशे० बाइबिल) या किसी लेखक के ग्रंथों में हों; ३. (वि० १) सुसंगति*, सुध्वरता*; ४. (वि० २) संवादिता*। **real ~** सप्रसंग व्यवस्था। **verbal ~** वर्णानुक्रम व्यवस्था।

concordant वि० १. अनुकूल, सदृश, अनुगुण; २. एक सुर-ताल का। **concordantly** क्रि० वि० सादृश्यपूर्वक, एकतानता से।

concordat (kón kôr' dăt) [F., from late L. *concordātum*, p.p. of *concordāre*, to agree (as prec.)] सं० धर्मसन्धि* (मा० १ भी), पोप और किसी धर्मनिरपेक्ष राज्य या सरकार के बीच समझौता।

concourse (kon' kôrs) [O.F. *concours*, L. *concursus* (*con-cursus*, see CONCUR)] सं० १. जमाव, जमघट, भीड़; २. समूह, समवाय (जैसे (fortuitous ~of atoms)।

concrescence (kón kres' ĕns) [L. *concrēscentia*, from *concrēscere* (see foll.)] सं० १. (जीव०) सहवृद्धि, सहवर्द्धन; २. (वि० १) संगमन*।

concrete (kon' krēt) [L. *concrētus*, p.p. of *concrēscere* (*crēscere*, to grow)] वि० १. (व्या०) पदार्थवाची (संज्ञा); २. ठोस, मूर्त* (मा० २ भी), यथार्थ, वास्तविक। सं० १. ठोस वस्तु; २. चूना, कंकड़ और सीमेंट का मिश्रण या मसाला; ३. (इं० ३, वि० १) कंक्रीट*। क्रि० स० और अ० १. ठोस बनाना, राशीकृत करना, पिंडीकृत करना; २. कंक्रीट से भरना। **concretely** क्रि० वि० १. वस्तुतः, वास्तव में; २. ठोस तौर पर।

concretion (kón krē' shŭn) [L. *concrētio -ōnem* (see CONCRETE)] सं० १. ठोस (बनाना), ठोसपन; २. ठोस आकार या रूप; ३ (निद न०) अश्मरी, पथरी; ४. (भूगर्भ०) ठोस बने या घनीभूत कण; ५ (कृ०) कंकर*; ६. (वि० १) संग्रथन*। **concretionary** वि० सहत, घनीभूत, ठोस, पिंडीभूत।

concubine (kon' kubin) [F. from L. *concubina* (*con-, cubāre*, to lie)] सं० १. रखेल, रखेली; २. (बहुविवाह करनेवाली जातियों में) उपपत्नी* (मा० ३ भी)। **concubinage** (kon' kū' blinâj) सं० १. उपपत्नी-प्रथा* (मा० १, ३ भी). रखेल-प्रथा* (मा० १ भी), उपपत्नीत्व, रखेलपन; २. बिना विवाह के स्त्री-पुरुष का सहवास; ३. रखेल होना या रखना। **concubinary** वि० और सं० १. रखेल (स्त्री); २. रखैला, रखेल का (बच्चा), लौंडी बच्चा।

concupiscence (kón kū' pi sens) [L. *concupiscentia*, desire, from *concupiscere*, incept. of *concupere* (*cupere*, to desire)] सं० १. काम, काम-वासना, अभिलाषा; २ एषणा, सांसारिक पदार्थों की इच्छा; ३. (मा० २) विषयैषणा*, भोगैषणा*। **concupiscent** वि० कामुक, कामार्त, कामार्त, एषणी।

concur (kón kĕr') [L. *concurrere* (*currere*, to run)] क्रि० अ० १ साथ साथ होना, एक साथ होना; २. (परिस्थिति आदि का) सहयोग करना, योगदान देना; ३. एकमत होना, सहमत होना, एक राय होना। **concurrence** सं० १ संगमन*, (वि० १ भी), सहयोग, सहमति, एक राय; ३ अनुमति, मंजूरी; ४. (मा० २) देव-सम्मति*; ५. (मा० २) सहघटन*। **concurrent** वि० और सं० १. सहवर्ती, सहगामी, संगामी* (इं० ३, वि० १ भी), साथ-साथ चलने वाला (जैसे समानान्तर रेखाएँ); २ समकालीन, समकालिक; ३. सहकारी, सहयोगी; ४. एकमत, सहमत; ५. समानान्तर (परिस्थिति)। ~**fire insurance** संयुक्त आग बीमा जिसकी हिस्सेदारी कई कम्पनियों पर एक साथ हो। ~**lease** वह पट्टा जो मियाद खत्म होने से पहले फिर लिखा लिया जाय। **concurrently** क्रि० वि० साथ-साथ, समानान्तर रूप से।

concuss (kón kŭs') [L. *concussus*, p.p. of *concutere* (*con-, quatere*, to shake)] क्रि० स० १. जोर से हिलाना, विलोड़ित करना (प्राय: ला०); २. धमकी देना, रुबाब डालना। **concussion** (kón kŭsh' on) सं० १. विक्षोभ, संघट्ट, संक्षोभ; २. आघात, धक्का; ३. (शल्य०) सिर का आघात, मस्तिष्क आदि की चोट जो प्रहार से हो। ~**bellows** स्वर्णकालित धौंकनी, जो बाजे में स्वतः गतिशील रहती है। ~**fuse** (तोप आदि के गोले का) पलीता, जो धक्के से बल उठे।

condemn (kón dem') [O.F. *condemner*, L. *condemnāre*, (*damnāre*, to condemn)] क्रि० स० १. निंदा करना, बुरा बतलाना, दोषी ठहराना, कलंक लगाना, खिलाफ़ फ़ैसला देना; २. अपराधी क़रार देना; ३ दंड देना, सजा देना, प्राण-दंड देना, सिर काटने का हुक्म देना (ला० भी); ४. उक्त कर लेना (तस्कर-व्य पार के लिए लायी गयी वस्तुएँ आदि); ५. निकम्मा ठहराना; ६ रद्द कर देना। **his looks ~ him** उसकी शक्ल ही उसे अपराधी ठहरा रही है। **his own conduct is his ~** उसका आचरण ही उसके अपराध का निर्णायक है। **condemned cell, pew, sermon** मृत्यु-दंड पाए हुए व्यक्तियों के लिए जेल की कोठरी, गिरजाघर में बैठने का स्थान, धर्मोपदेश। **condemnable** (kón dem' ăbl) वि० गर्हणीय, निंदनीय। **condemnation** सं० १. निंदा* (मा० १ भी) बुराई, इल्जाम, दोष; २. दण्डाज्ञा, अपराध-निर्णय, दंड, सजा; ३. धिक्कार या दंडाज्ञा का कारण, तिरस्कार*/ भर्त्सना* (मा० १ भी)। **condemnatory** (kón dem' nă tôr i) वि० निंदात्मक, भर्त्सनापूर्ण, इल्जाम या कलंक का।

condense (kón dens') ([F. *condenser*, L. *condensāre* (*densāre*, to thicken, from *densus*, thick)] क्रि० स० और अ० १. गाढ़ा करना या होना, सघन करना या होना; २ (प्रकाश-किरणों को) घनीभूत करना; ३. (विद्युत् का) संघनन करना, विद्युत् की तीव्रता को बढ़ाना; ४. गैस या भाप से द्रव में परिवर्तित करना या होना; ५. छोटा करना, संक्षिप्त करना। **condensable** वि० गाढ़ा करने योग्य। **condensability** सं० १ घनता; २. विज्ञापण; ३ संक्षेपण। **condensation** सं० १. संघनन* (कृ०, वि० १ भी), घनीकरण, गाढ़ा करना; २. सघनित वस्तु; ३. घनता; ४. (इं० ३) द्रवण*; ५. (मा० २) संक्षेपण*। **condensed milk** गाढ़ा किया हुआ दूध।

condenser (kón dens' ĕr) सं० १. (condense क्रियागत अर्थों में), १ (विशे०) भाप को पानी के रूप में बदलने का एक यंत्र; २ (बिजली का) संघनित्र* (कृ०, वि० १, २ भी); ३. प्रकाश के संद्रण में प्रयुक्त कांच के लेन्स; ४. (कृ०, वि० १, २) द्रवणित्र*; ५. (इं० १, २, वि० १) संचारित्र*; ६. (वि० १) संग्राही*। **condensery** सं० सघनन-गृह, दूध गाढ़ा करने का कारखाना।

condescend (kón dĕ send') [F. *condescendre*, late L. *condēscendere* (*dēscendere*, to DESCEND)] क्रि० अ० १. (अनुग्रह या उपकार के लिए) झुकना, दबना, अपने पद को कम कर लेना, प्रवृत्त होना; २ छोटों की बात मानना, छोटों से सहमत होना। ~**upon** (स्कॉटलैण्ड में प्रयुक्त) (व्यौरों का) विवरण देना, स्पष्टीकरण करना। **condescending** वि० १. कृपाशील, कृपा-प्रदर्शन करने वाला; २. संरक्षणशील। **condescendingly** क्रि० वि० १. कृपाशीलता से; २. संरक्षणशीलता से।

condescension सं० १. कृपा, अनुकंपा, कृपालुता, अनुग्रह, प्रसाद; २. दर्प-त्याग, गौरव-त्याग, नम्रता; ३. छोटों के प्रति उदारता; ४. पालक-भाव, परिपोषकता।

condign (kón din') [F. *condigne* L. *condignus* (*dignus*, worthy)] वि० १. यथार्थ, अनुरूप, उचित, योग्य, उपयुक्त; २. मुनासिब; ३. पर्याप्त, अनुरूप (दंड), मुनासिब (सजा)। **condignly** क्रि० वि० १. अनुरूपतः; २. मुनासिब तौर से।

condiment (kon' di mént) [F., from L. *condimentum*, from *condire*, to pickle, to spice, from *condere*, to put together, store up (*-dere*, *-dere*, to put)] सं० मिर्च-मसाला आदि, भोजन को स्वादिष्ट या जायकेदार बनाने वाला पदार्थ, मसाला* (क्र० भी)। **condimental** वि० स्वादिष्ट, जायकेदार, चटपटा।

convive (kon' viv, kon' vīv) [L. *convivа*, from *convivere* (later use from F. *convive*, L. *convivа*)] सं० मित्र, अतिथि, साथी (किसी भोज में)। **convivial** (kón viv' i ăl) वि० १. दावत का; २. आमोद-प्रमोद या उत्सव का; ३. आनंदमय, मंगलमय, उल्लासमय। **convivialist** सं० मंगल मनानेवाला, आमोदी, प्रमोदी, प्रफुल्ल। **conviviality** सं० आमोद-प्रियता, प्रफुल्लता। **convivially** क्रि०वि० आनंदपूर्वक, प्रफुल्लतापूर्वक, खुशी-खुशी।

convocation (kon vō cā' shŭn) सं० १. कन्वोकेशन, दीक्षांत समारोह; २. समवेत आमंत्रण, इकट्ठा बुलावा, एकत्र होने का निमंत्रण, (व्यक्तियों को) साथ-साथ बुलाने का काम; ३. (चर्च ऑफ इंग्लैण्ड) कैंटरबरी या यार्क प्रांत के पादरियों की धार्मिक सभा; ४. ऑक्सफ़ोर्ड या डरहम विश्वविद्यालय की विधान-सभा। **convocational** वि० १. समवेत आमंत्रण संबंधी; २. धार्मिक सभाविषयक; ३. (ऑक्सफ़ोर्ड या डरहम की) विधान-सभा से संबद्ध।

convoke (kón vōk') [F. *convoquer*, L. *convocāre* (CON-, *vocāre*, to call)] क्रि० स० बुलाना, एकत्र या इकट्ठा होने के लिए बुलाना या बुलावा भेजना।

convolute, -luted (kon' vō loot, -loo téd) [L. *convolūtus*, p. p. of *convolvere* (CON-, *volvere*, to roll)] वि० १. (वन०, शंख वि०) कुंडलित, बल खाया हुआ, पेंचदार, चक्करदार या लपेटदार; २. (वि० १) संवलित*। सं० कुंडल, चक्कर या लपेट। **convolution** सं० ऐंठन, बल; २. बल्लिका, लपेट, फेरा; ३ (मा० २, वि० १, २) संवलन*। **convolve** क्रि० स० और अ० १. लपेटना; २. गोला बनाना (विशे० भू० कृ० में)। **convolvulus** (kón vol' vū lŭs) [L., as prec.] सं० १. (बहु० ~-luses) कनवोल्वुलस, एक प्रकार के ऐंठे हुए फूलों का पौधा,* शाखपेंचा या इश्कपेंचा; २. (वि० १) का-वाल्वुलस*।

convoy (kón voi') [F. *convoiter*, CONVEY] क्रि० स० १. सुरक्षित के जाना, रखवाली से ले जाना; २. (युद्धपोत का आपातिक या यात्री जहाज के साथ) रक्षार्थ जाना, देख-भाल के लिए जाना; ३. समस्त सेनाओं से देख-भाल या रक्षा करना; ४ (अ०) ले जाना (अतिथियों आदि को)। सं० १. फ़ौजी दस्ता, रक्षक-दल, २. रक्षक-बेड़ा, रखवाले जहाज; ३. जहाज़ों का काफ़िला; ४. समुद्री संरक्षण, समुद्री रखवाली; ५. (ई० ३) सार्थ*; कारवाँ*।

convulse (kón vŭls') [L. *convulsus*, p. p. of *convellere* (*vellere*, to pluck)] क्रि० स० १. ज़ोर से कँपाना, मरोड़ना, ऐंठना, झकझोर देना, झँझोड़ देना, ज़ोर से हिला देना, वेग से आंदोलित कर देना (शा० और ला०); २. क्षुब्ध करना, विक्षोभ पैदा करना; ३. हँसी से लोटा देना, इतना हँसाना कि पेट में बल पड़ जायँ (प्रायः कर्म० में)। **convulsion** सं० १. आक्षेप*/ ऐंठन*, कम्पेश* (कु० भी), (प्रायः बहु० और विशे०) शिशुओं के शरीर की ऐंठन; २. (बहु०) अट्टहास, ठहाके, हँसते-हँसते पेट में बल पड़ जाना; ३. तीव्र सामाजिक या राजनीतिक आंदोलन; ४. तीव्र शारीरिक गड़बड़। **convulsionary** वि० १. ऐंठन संबंधी; २. अट्टहासपूर्ण; ३. आंदोलनकारी। **convulsive** वि० ऐंठन संबंधी (शा० और ला०)। **convulsively** क्रि० वि० ऐंठन के साथ, मरोड़ के साथ।

cony (kō' ni) [O.F. *conil, conil*; the sing. *cony* from the pl. *conys* or *conies*, from the O. F. pl. *coniz*, L. *cuniculum*, acc. of *cuniculus*, a rabbit (etym. doubtful)] (बहु० ~-ies, ~-eys) सं० १. शशक, खरगोश, खरहा, (अब केवल विधियों में प्रयुक्त और फ़र या पशम का बाजारी नाम); २. फ़िलस्तीन का एक मोटी चमड़ी का सूअर जैसा छोटा चौपाया, जो चट्टानों की दरारों में रहता है, पर्वतीय शशक, पहाड़ी खरगोश। **~catcher** ठग, धूर्त, वंचक, दग़ाबाज़।

coo (koo) [imit.] क्रि० अ०, गुटुर्गूँ-गुटुर्गूँ करना या ऐसी आवाज़ करना। सं० फ़ाख्ता या कबूतरों की गुटुर्गूँ जैसी आवाज़। **bill and~** १. प्यार या मुहब्बत की बातें करना; २ चाव से कहना, प्रेमपूर्वक बतलाना।

cooee (koo' ē) [imit.] सं० आस्ट्रेलियाई संकेत-ध्वनि, आस्ट्रेलिया के निवासियों द्वारा वहाँ के मूल निवासियों से सीखी हुई इशारे की आवाज़। क्रि० स० ऐसी आवाज़ करना या निकालना, संकेत करना, इशारा करना।

cook[1] (kuk) [A.-S. *cĕc*, L. *coquus*, a cook (*coquere*, to cook cogn. with Gr. *pessein*, Sansk. *pach*)] सं० पाचक, रसोइया, बावर्ची। क्रि० स० और अ० १. पकाना, भंजन बनाना; २. (ला०) रचना करना, गढ़ना; ३. (ग्रा०) थकना, थकान होना; ४. गोलमाल करना। **too many cooks spoil the broth** दो मुल्लाओं में मुर्गी हलाल, अधिक जोगी मठ उजाड़। **~his goose** किसी का नाश करना, अरमानों का ख़ून करना, सपने धूल में मिलाना। **~house** चौका, खुली रसोई, खुला रसोईघर (जहाज़ पर ~room या पाकशाला भी कहते हैं)। **~shop** भोजनालय, ढाबा, होटल। **cooker** सं० १. कुकर, पकाने का स्टोव; २. पकाने का बर्तन (पतीला, पतीली, भगौना, कड़ाही आदि); ३. फल, सब्ज़ी, तरकारी आदि जो अच्छे पकते हैं; ४. (हिसाब-किताब में) रद्दो-बदल करनेवाला, जालसाज़, बेईमान। **cookery** सं० १. पाक-कला, भोजन बनाने की कला; २. पाक-अभ्यास, भोजन बनाने का अभ्यास। **~book** पाक-कला की पुस्तक। **cooky** सं० (बोल०) (प्रायः स्त्री०) रसोइया, बावर्ची।

cook[2] (kuk) [Sc., etym. doubtful] क्रि० अ० प्रकट होना और छिपना।

cookie (kuk' i) [prob. from Dut. *koekje*] सं० १. (स्कॉ०) सादा बन (मीठी डबल रोटी); २. छोटी चपटी केक; ३. बिस्कुट।

cool (kool) [A.-S. *cōl*, from Teut. *kōl-, kal-* (cp. Dan. *kōl*, G. *kühl*, L. *gelu*)] वि० १. शीतल* (वि० १ भी), ठंडा, सर्द; २. गंभीर, शांत, संजीदा; ३. उत्तेजनाहीन; ४. सुस्त, उत्साहहीन, मरियल; ५. दुर्विनीत, सुस्ताख, बदतमीज़, बेअदब

(जैसे a~ hand)); ६. खनखनाते हुए रुपये। सं० १. सर्द हवा, ठंढी जगह या शीतल स्थान; २. शीतलता, ठंढक, सर्दी; ३. उत्तेजनाहीनता; ४. गंभीरता; ५. सुस्ती; ६. गुस्ताखी। क्रि० अ० और स० १. शीतल होना, ठंढा होना; २. शांत होना (शा० और ला०)। **it cost me a~ thousand** मुझे खनखनाते हुए एक हजार रुपये देने पड़े। **~down** १. ठंढा पड़ना, शीतल करना; २. शांति करना (शा० और ला०)। **~headed** धीर-गंभीर, ठंढे स्वभाव का, शीघ्र उत्तेजित न होनेवाला। **~one's coppers** ग्रह गलत करना, सुरा-पान करना, शराब से दिल को ठंढा करना। **~one's heels** प्रतीक्षा करना, राह देखना, बाट जोहना, इंतजार करना। **~scent** (शिकार की) मद्धिम, धीमी गंध। **~tankard** शीतल पेय, ठंढी की हुई शराब. पानी आदि। **coolant** सं० १. पानी या कोई द्रव पदार्थ, जो काटने या छेद करनेवाले औजार की लोक पर लगाया जाता है, ताकि घर्षण कम हो; २. (कृ० १) शीतक*; ३. (वि० २, ३) शीतलक*। **cooler** सं० १. कूलर, शीतक; २. ठंढा करनेवाला यांत्रिक बर्तन (जैसे wine, butter~); ३. (ग्रा०) कालकोठरी, जेल की कोठरी; ४. रेफ्रीजरेटर; ५. (कृ०) शीतित्र*; ६. (वि० ३) शीतलक यंत्र* / शीतलित्र*। **coolish** वि० कुछ शीतल, किसी हद तक ठंढा, कुछ सर्द। **coolly** क्रि० वि० शीतलता से, संजीदा तौर से, गंभीरतापूर्वक, शांतिपूर्वक, बिना घबराये। **coolness** सं० शीतलता, गंभीरता, उत्साहहीनता, उदासीनता। **coolth** सं० (बोल० या हास्य०) १. शीतलता, ठंढक; २. सुस्ती; ३. गुस्ताखी।

coolie (koo' li) [Hind. *qūlī*] सं० कुली।

coomb सं० १. पर्वतीय उपत्यका, पहाड़ी घाटी, पहाड़ के बगल की घाटी या उपत्यका; २. समुद्री खाड़ी, सागर के किनारे से बहनेवाली खाड़ी। दे० COMBE भी।

coon (koon) [short for RACOON] सं० १. धूर्त, मक्कार या बहानेबाज व्यक्ति; २. (बोल०) हबशी (दे० RACOON)। **gone~** असाध्य, लाइलाज, जिसके बारे में कोई आशा न हो। **~can** सं० (conquian भी) दो आदमियों से खेला जानेवाला सादा (ताश का) खेल।

coop (koop) [M. E. *cupe*, a basket, perh. from L. *cupa*, a lute, a cask] सं० १. दरवा* / खाँचा* (कृ० भी), टापा, बेंठी या मूंदाी हुई मुर्गियों आदि के ऊपर रखने का टोकरा या झाबा अथवा पिंजरा; २. मुर्गियों आदि के घूमने-फिरने का स्थान; ३. मछुआ-टोकरी, वह टोकरी, जिसमें मछलियाँ पकड़कर रखी जायँ। क्रि० स० १. टोकरे या झाबे में रखना, पिंजरे में बंद करना; २. (~up भी) (व्यक्तियों को) बंद करना, नजरबंद करना, क़ैद करना।

cooper (koo' pĕr) [prob. from W. G. (cp. M. Dut. *cuper*, G. *küfper*), med. L. *cuparius*, from *cupa*, a cask] सं० १. पीपागर, कुप्पीसाज, पीपे, कुप्पे या ड्रम बनानेवाला; २. (जहाज पर) काष्ठ-मांडों या लकड़ी के ड्रमों की मरम्मत करने वाला, मदिरा का परीक्षक या नमूना देनेवाला; ४. बोतलों में भरनेवाला या विक्रेता, जो शराब को बोतलों या पीपों में भरकर बेचता है (wine~ भी); ५. मदिरा का एक प्रकार, (स्कॉच और पोर्ट का समान मात्रा में) मिश्रण, कूपर। क्रि० स० १. (पीपे, कुप्पे या ड्रम की) मरम्मत करना; २. पीपे या ड्रम में भरना; ३. पीपों या ड्रमों को नयी चमक देना, नया जैसा कर देना। **dry, wet ~** सूखे या गीले पदार्थों के लिए पीपे बनाने वाला। **white~** डोल या कठौता बनानेवाला। **cooperage** (koo' per aj) सं० १. कुप्पसाजी, पीपागीरी; २. पीपे या कुप्पे आदि बनाने की दुकान। **coopery** सं० कुप्पेसाजी का काम।

co-operate (kŏ op' ĕr āt) [late L. *coöperātus*, p. p. of *coöperāri* (*co-*, *operāri*, to work, from *opus operis*, work)] क्रि० अ० १. सहयोग देना, (किसी काम में किसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए किसी व्यक्ति के साथ) मिलकर काम करना, हाथ बटाना, सहकार करना, मदद करना; २. (वस्तुओं का) किसी फल या परिणाम को उत्पन्न करने के लिए साथ-साथ या इकट्ठा एकत्र हो जाना। **co-operant** वि० और सं० सहकर्मी, साथ-साथ करनेवाला। **co-operation** सं० १. सहयोग* (मा० १ भी), सहकारिता* (कृ०, मा० १ भी), एक ही उद्देश्य के लिए साथ-साथ किया गया कर्म; २. (अर्थ०) सहकारी संगठन या सहकारी संस्था। **co-operative** वि० १. सहयोगी, सहकारी* (कृ०, वि० १ भी); २. सहयोगाकांक्षी या सहयोग चाहने वाला; ३. सहकारी संस्था* (कृ० भी)। **~society** सहकारी समिति, माल बनाने या बेचनेवाली ऐसी संस्था, जिसके लाभ का उसके सदस्यों में समान वितरण हो। **~store** सहकारी भंडार या सहकारी गोदाम, सहकारी समिति का भंडार। **co-operatively** क्रि० वि० सहयोगपूर्वक, सहकारिता से। **co-operator** सं० सहयोगी, सहकारी* (कृ० भी), मददगार, सहकारी संस्था-सदस्य* (कृ० भी)।

co-opt (kŏ opt') [L. *cooptāre* (*co-*, *optāre*, to choose)] क्रि० स० १. सहयोजन करना, विद्यमान सदस्यों द्वारा चुनना, अपने में लेना; २. (प्र०, मा० १) सहयोजित करना*। **co-optation** सं० सहयोजन।

co-ordinate (kŏ ôrd' in āt) [L. *ordinātus*, p. p. of *ordināre*, to arrange (*ordo -inis*, ORDER)] वि० १. समश्रेणी, एक दर्जे का, विशे०, (व्या०) समानवर्ती वाक्यांश, (तुल० SUBORDINATE); २. समश्रेणी वाली या एक ही दर्जे की वस्तुओं से युक्त या बना हुआ; ३. (वि० १) निर्देशी* । सं० १. समान या समश्रेणी वस्तु; २. (वि० १) निर्देशांक* (पद्धति) / उपसहसंयोजक*। क्रि० स० १. समश्रेणी या एक दर्जे का बनाना; २. समान पदवाला बनाना; ३. (भागों को) ठीक से जोड़ना या सम्बद्ध करना; ४. तालमेल करना, सामंजस्य करना। **co-ordinately** क्रि० वि० समान पद से। **co-ordination** सं० १. समन्वय* (प्र०, मा० १, वि० १ भी), सामंजस्य, तालमेल* (प्र०, मा० १ भी), २. उपसहसंयोजकता। **co-ordinative** वि० समन्वयकारी, सामंजस्यकारी, समन्वयविषयक, तालमेल लानेवाला।

coot (koot) [Dut. *koet*, the sea-coot] सं० कूट, विभिन्न तैराक और गोताखोर पक्षियों का नाम। **bald as a~** बिल्कुल गंजा, जिसके सर पर एक भी बाल न हो। **bald~** बाल्ड कूट, बतख की तरह एक पक्षी।

cootie (koot i) सं० (सैनिक ग्रा०) जूँ, जुआ, चीलर।

cop[1] (*kop*) [A.-S.] सं० १. शिखर* (वि० १ भी); २. पक्षी के सिर पर कलँगी; ३. पिंदिया, कातते समय तकुए पर लपेटी जानेवाली धागे की लंबी नोकदार गुल्ली।

cop[2] (kop) [etym. doubtful)] क्रि० सं० १. (ग्रा०) पकड़ना, लपक लेना (जैसे ~it इसे पकड़ लो, सजा भुगतना), गिरफ्तार करना। सं० १. पकड़, गिरफ्त (विशे० मुहावरों में जैसे a fair ~ अच्छी पकड़); २. (ग्रा०) पुलिसमैन, पुलिस का सिपाही।

copaiba, -va (kō pā'-, pī' bā, -vā) [Sp., from Braz. *cupauba*] सं० कोपैबा, ओषधि और कलाओं में काम आनेवाला एक प्रकार का सुगंधित तेल या रोगन ।

copal (kō' pāl) [Sp., from Mex. *copalli*, resin, incense] सं० १ राल, चपड़ा आदि विभिन्न पदार्थ, जो वार्निश बनाने में काम आते हैं; २. (वि० २) कोपल* ।

coparcener (kō par' se ner), **coparcenary, -ery** सं० १. सहभागी, संदायादता, समान उत्तराधिकार; २. हमवारिस या सम उत्तराधिकारी (दे० PARCENARY, PARCENER) ।

copartner (kō part' nĕr) सं० सहभागी, साझी, साझेदार, हिस्सेदार, भागीदार। **copartnership** सं० सहभागिता, साझा, साझेदारी, मजदूरों या श्रमिकों की साझेदारी, लाभ में मजदूरों को भी हिस्सेदार बनाने का विधान, ताकि वे लोग अधिक चाव तथा लगन से काम कर सकें। **copartnery** सं० साझा, साझेदारी।

cope[1] (kōp) [late L. *cāpa*] सं० पादरियों का चोग़ा या लबादा, जो वे जुलूसों आदि में पहनते हैं; २. (ढलाई) साँचे का बाहरी हिस्सा। क्रि० सं० और अ० १. लबादे से सजाना; २. (दीवार आदि पर) मुँडेर बनाना; ३. महराब बनाना। **~over** (क्रि० अ०) मुँडेर की भाँति आगे को निकालना या बढ़ाना। **~stone** शिखर, कँगूरा, मुँडेर।

cope[2] (kōp) [O. F. *couper*, to strike (see COUP)] क्रि० अ० १ (किसी व्यक्ति या काम से) जमकर मुक़ाबला करना, डटकर सामना करना, सफलतापूर्वक भिड़ जाना; २. निपटाना, पूरा करना, निभाना, सम्हालना।

cope[3] (kōp) [from L. G. (cp. Dut. *koopen* cogn. with A.-S. *cēapian*, *cēap*, see CHEAP)] क्रि० स० और अ० १. खरीदना; २. वस्तु-विनिमय करना; ३ सौदा होना, लेन-देन होना। **coper** सं० (horse~भी) अश्व-विक्रेता, घोड़ा का सौदागर या व्यापारी।

copeck (kō' pek) [Rus. *kopeika*] सं० कोपेक, रूसी ताम्र-मुद्रा, रूसी तांबे का सिक्का (रूबल का सौवाँ भाग)।

coper सं० कोपर, उत्तरी सागर में मछुओं के लिए (नाव में बनी) शराब की दुकान।

Copernican (kō pĕr' nik ăn) [*Copernicus*, L. form of G. *Koppernik*] वि० कोपर्निकस (मृ० १५४३ ई०) नामक प्रसिद्ध खगोल-शास्त्री का सिद्धांत कि पृथ्वी सहित सब ग्रह सूर्य के चारों ओर घूमते हैं न कि सूर्य पृथ्वी के चारों ओर घूमता है।

copious (kō' pi ŭs) [L. *cōpiōsus*, from *cōpia*, plenty] वि० १. अधिक, प्रचुर, बहुल, विपुल, विस्तृत, बहुत, ज्यादा; २. बहुत-सी बातों की खबर या पता रखनेवाला; ३. प्रचुर ज्ञान-संपन्न; ४. बाग्बहुल, बातूनी; ५. प्रचुर शब्द-भंडार-संपन्न (भाषा), जिसका शब्द-भंडार बड़ा व्यापक हो। **copiously** क्रि० वि० अधिकता से, प्राचुर्य से, बाहुल्य से, बहुतायत से। **copiousness** सं० अधिकता, प्राचुर्य, बाहुल्य, विस्तार, विपुलता, बहुतायत।

copper[1] (kop' ĕr) [A.-S. *copor*, L. *cuprum Cyprium*, Gr. *Kuprios*, Cyprian] सं० १. ताम्र*/ तांबा* (ई० ३, वि० १ भी); २. बौंज, कसि या कांस्य के (पहले तांबे के होने के कारण) विभिन्न सिक्के; ३. तसला, लांडी या भट्ठाई-बर में प्रयुक्त बर्तन। क्रि० स० (जहाज के पेंदे आदि पर) तांबा चढ़ाना। **hot coppers** अधिक शराब पीने के कारण झुलसा हुआ मुख और कंठ। **~beech** ताम्रवृक्ष, ताम्रवर्णी पल्लव-पुक्त वृक्ष, तांबे जैसे रंग की पत्तियोंवाला पेड़। **~bit** टाँका या झाल लगाने का औज़ार, जिसकी नोंक तांबे की होती है। **~bottom** (जहाज की पेंदी पर) तांबा चढ़ाना (विशे० भू० कृ० में)। **~captain** नकली कप्तान, झूठ-मूठ का कप्तान। **~head** १. अमरीका का एक विषैला सर्प; २. (भा० १) कॉपरहेड* (अमरीकी गृह-युद्ध के समय उत्तरी राज्यों का वह व्यक्ति, जिसकी सहानुभूति दक्षिणी राज्यों से थी)। **~Indian** उत्तरी अमरीका के आदिवासी रेड इंडियन। **~plate** १. कुछ लिखने या खोदने योग्य स्वच्छ चिकना ताम्रपट्ट या तांबे की चादर; २. तांबे का छापा (लेख); ३. सुपाठ्य, सुन्दर, सादा-सुथरा। **~smith** सं० ठठेरा, तांबे का काम करनेवाला, कसेरा।

copper[2] (kop' ĕr) सं० (ग्रा०) पुलिसमैन, पुलिस का सिपाही (तुल० cop[2])।

copperas (kop' ĕr ăs) [M. E. and O. F. *coperose*, L. *cuprōsa*, from *cuprum*, copper] सं० तूतिया, नीला थोथा, कसीस, हिरा कस, कोपेरस* (वि० १ भी)।

coppice (kop' is) [O. F. *copeiz*, cut wood, from a late L. *colpātīcium* (*colpāre*, to strike, to cut, see COUP)] सं० १. झाड़-झंखाड़, जंगली झाड़ियों और छोटे पौधों की कुछ मौसमी फसलों की लगातार जानेवाली बाढ़; २ गुल्मवन* (क्रु०, वि० १ भी)। **~wood** जंगली झाड़ियाँ, सूखे पेड़ आदि।

copra (kop' rä) [Port. and Sp., prob. from Malay *koppara*, coco-nut] सं० गोला, नारियल की सुखायी हुई गिरियाँ, खोपरा*, गरी* (वि० १ भी)।

copro- [Gr. *kopros*, dung] (खाद या गोबर) का समस्त पदों में प्रयुक्त रूप। **coprolite** (kop' ro lit) [-LITE] सं० खुदी हुई खाद या गोबर अथवा जानवरों की लीद आदि, कोप्रोलाइट* (क्रु० भ०)। **coprolitic** वि० खुदी हुई खाद या गोबर का। **coprology** (kŏp' rol' ŏ jĭ) [-LOGY] सं० साहित्य में अश्लीलता, साहित्य में गंदे विषयों का विचार या व्यवहार। **coprophagan** (ko prof' ă găn) [Gr. *koprophagos* (COPRO-, *phagein*, to eat)] सं० गुबरीला, गुबरैला, गोबर, लीद आदि खानेवाला (कीड़ा), मलजीवी* (क्रु० भी)।

copse (kops) सं० दे० COPPICE। क्रि० स० झाड़-झंखाड़ समझना, झाड़-झंखाड़ से ढकना। **~wood** झाड-झंखाड़, झाड़ी आदि। **copsy** वि० झाड़-झंखाड़वत्, झाड़ीवाला।

Copt (kopt) [F. *Copt*, Arab. *qupt*, Copt. *gyptios*, *kyptaios*, Gr. *Aigyptios*, Egyptian] सं० कॉप्ट, मोनोफाइसिट्स के जैकोबी संप्रदाय या फ़िरक़े का मिस्र-निवासी ईसाई। **Coptic** वि० और सं० १. कॉप्टिक, मिस्री ईसाइयों का; २. मिस्री ईसाइयों की (भाषा)।

copula (kop' ŭ lă) [L. *cōpula* (co-, *apere*, to fasten), with dim. suf.] (बहुव० -lae) सं० १. (तर्क०, व्या०) वह क्रि० लगा देने से विधेय हो जाता है; २. (श० वि०) आत्म, अस्ति-बध आदि का संयोजक भाग; ३. योजक* (भा० २ भी); ४. (संगीत) मींड, गमक; ५. (वि० १) सेतुक*। **copular** वि० संयोजक।

copulate (kop' ŭ lāt) [L. *cōpulātus*, p. p. of *cōpulāre*, as prec.] क्रि० स० और अ० संभोग करना, समागम करना, सहवास करना, मैथुन या रति-कर्म करना; २. मिलना, मिलाना। **copulat'on** (kop' ŭ lā' shŭn) सं० १. संभोग, सहवास, समागम, मैथुन* (क्रु०,

वि० १ भी), रति-कर्म; २. व्याकरणिक या तर्क का संबंध; ३. मिलना* / मिलाना* (क्रि० भी)। **copulative** (kop' ú lá tiv) वि० संयोजक, संयोगकारी, जोड़नेवाला; २. मैथुन संबंधी। सं० १ (व्या०) अर्थ की अन्वितिवाले संयोजक शब्द या वाक्यांश, संयोजक उद्देश्य और विधेय भी; २. संयोजक; ३. अव्यय या उपसर्ग। **copulatively** क्रि० वि० १. संयोजक के रूप में; २. मैथुन द्वारा। **copulatory** वि० संगोग संबंधी, मैथुनविषयक।

copy (kop' i) [F. *copie*, L. *cópia* abundance, med. L. a' transcript] सं० १. लेख या तस्वीर आदि की) कापी, प्रतिलिपि; २. अनुकरण, नक़ल; ३. (लेखन-कला के) नमूने के अनुकूल लिखा गया पृष्ठ; ४. प्रति* (विधि भी), पट्टलेख, वह लेख, जिसमें किसानों की भूमि-ग्रहण-विषयक प्रविष्टियाँ लिखी होती हैं; ५. (पुस्तक आदि का) लिखित या मुद्रित नमूना या आदर्श; ६. प्रतिमान, मॉडल, पांडुलिपि। क्रि० स० और अ० (मूल से) १. अनुलिपि करना, प्रतिलिपि बनाना, प्रतिलिपि करना; २. नक़ल उतारना, अनुकरण करना; ३. परीक्षा में पड़ोसी की नक़ल टीपना, नक़ल उतारना। **clean, fair**~ १. मूल मसौदे की अनुलिपि, पक्की कापी; २. स्वच्छ नक़ल। **foul, rough**~ मूल मसौदा, कच्ची कापी। ~**book** सुलेख-कापी, सुलेख-पुस्तिका। ~**book maxims, morality** पुस्तकीय (साधारण, तुच्छ) आचार, सिद्धान्त या नैतिकता। ~**cat** अनुकर्ता, (बोल०) नकलची, नक़्क़ाल, नक़ल करनेवाला, अक्षम अनुकर्ता। **copyist** सं० १. अनुलिपि-कारक; २. प्रतिलिपिकारक, नकलनवीस। **copy-writer** सं० लेखक, कातिब, विज्ञापन के लिए कापी तैयार करनेवाला।

copyhold (kop' i hōld) सं० और वि० १. पट्टलेख, खेती या अधिकार की जमाबंदी; २. पट्टेदारी पर ली गयी (भूमि)। **copyholder** सं० पट्टलेखधारी।

copyright (kop' i rit) सं० स्वत्व, सर्वाधिकार, कापीराइट, प्रतिलिप्यधिकार, एक निश्चित अवधि तक, लेखक, चित्रकार आदि को अपनी कृति मुद्रित या प्रकाशित कराने अथवा बेचने का पूर्ण अधिकार। क्रि० (पुस्तकों आदि के) प्रतिलिप्यधिकार द्वारा रक्षित। क्रि० स० (पुस्तक आदि के लिए) प्रतिलिप्यधिकार प्राप्त करना।

coque (kok') सं० १. रिबन या रेशम आदि के फ़ीते का फंदा या फुंदना; २. (आधुनिक प्रयोग) पर या पक्ष जो सजावट या स्त्रियों के गहना आदि में काम आते है।

coquet (ko ket') [F., dim. of *coq*, cock] वि० १. हाव-भाव दिखलानेवाली; २. नाज़-नख़रेवाली, अलबेली, छबीली, बाँकी।

coquette (ko ket') क्रि० अ० १. नख़रा दिखाना, हाव-भाव दिखलाना, (स्त्री का) पुरुषों को आकर्षित करना; ३. (विषय, प्रस्ताव आदि में) समय गँवाना या इनसे खिलवाड़ करना। सं० १. नाज़-नख़रेवाली, तितली, छबीली, हाव-भाव दिखानेवाली, माशूक़, बेपरवाह; २. एक प्रकार की कलँगीदार चिड़िया, जिसके परों के फड़फड़ाने से तेज़ आवाज़ होती है। **coquetry** (kō' ket ri) सं० १. हाव-भाव* (मा० २ भी), नाज़-नख़रा, थिरकपन, छबीलापन; २. (ला०) तुच्छ वस्तु, साधारण विषय, मामूली बात; ३. (कला के परिणामस्वरूप उत्पन्न आकर्षक) सौंदर्य, लावण्य, कलात्मकता, ख़ूबसूरती; ४. (मा० २) बेयारी* (कन्नड़)।

coquito (kō kē' tō) [Sp., dim. of *coco*, COCO-NUT] सं० चिली देश का एक प्रकार का ताड़ का पेड़, जिससे ताड़-मधु या ताड़ का शहद निकलता है।

cor- [COM-] उप० दे० COM-, (r वर्ण के पहले COM- न होकर cor- होता है)। सह, सं०, क्र।

coracle (kor' á kel) [W. *curwgl*, dim. of *curwg*, a trunk (cp. O. Ir. *curach*, boat)] सं० १. कोरेकल, वेल्स और आयरलैंड की झीलों और नदियों में चलने वाली ककड़ी की बनी जल-निरोधक पदार्थ से ढँकी हुई एक प्रकार की नाव; २. (मा० १) हरिगोड* (कन्नड़)।

coraco- (रा० वि०) उरोस्नि- (जैसे ~bronchitis आदि)।

coracoid (kor' á koid) [mod L. *coracoidēs*, Gr. *korakoeidēs* (*korax -akos*, a raven)] सं० वि० (रा० वि०) चुकीले तंत्र या रचना-विधान (जो कंधे के सँकरे चपटे भाग से लेकर छाती की हड्डी तक फैला हुआ है) विषयक, काक-चंचुवत् (अस्थि), कौवे की चोंच की शक्लवाला।

coral (kor' ál) [O. F., from L. *corallum*, Gr. *korallion*] सं० १. प्रवाल* / कोरल* (मा० १ भी), विद्रुम, मूँगा* (मा० १, वि० १ भी); २. साफ़ किये गये मूँगे का खिलौना, जो बच्चे को इस विचार से दिया जाता है कि उसके दाँत शीघ्र निकल आयेंगे; ३. केकड़े का अण्डाप्त (या जिसमें जान न पड़ी हो ऐसा) अंडा। वि० १. विद्रुमवत् (विशे० लाल मूँगे जैसा)। ~**island** प्रवाल द्वीप, मूँगे का टापू। ~**rag** प्रवाल-कंकड़, मूँगे का पत्थर, चूना-पत्थर, जिसमें मूँगे जम या चिपक जाते हैं। ~**reef** प्रवाल-दीर्घमाला, मूँगे की चट्टान या दीवार। **corallí** (kor' á li) समस्त शब्दों में प्रयुक्त, प्रवाल या मूँगा (जैसे coralliferous, coralliform प्रवालयुक्त, प्रवाल-सदृश)। **coralline** (kor' á lin) सं० चूर्णीय या चूने के स्वभाव की संयुक्त तनैवाली एक समुद्री घास, प्रवाल-जंतु* (प्र० भी), पौधे की शक्ल के विभिन्न मिश्रित जीव। वि० मूँगे जैसा लाल, नारंगी, मरजानी। ~**ware** इटली के लाल चीनी मिट्टी के बर्तन। ~**zone** समुद्र की गहराइयाँ जिनमें प्रवालजंतुओं की बहुतायत या अधिकता होती है। **corallite** [-LITE] सं० १. जीवाश्म-प्रवाल, विभिन्न छोटे-छोटे जीवाणुओं के देहावशेष अथवा शरीर-चिह्नों से युक्त प्रवाल; २. लाल संगमर्मर; ३. (वि० १) कोरालाइट* / प्रवालनाभ*। **coralloid** [-OID] वि० और सं० १. (शरीर) प्रवालाकार, मूँगे जैसा; २. प्रवालाभ शरीर, मूँगे जैसा शरीर; ३. (वि० १) प्रवालाभ*।

coram (लैटिन में) पूर्व० के सामने (जैसे ~judice जज के सामने, ~populo जनता के सामने)।

coranglais सं० कोरैंग्लेसिस, एक अंग्रेज़ी बाजा।

corbel (kôr' bel) [O.F., from low L. *corbellum*, from *corvellus*, dim. of *corvus*, a raven] सं० (वास्तु०) टोडा* (इं० ३, मा० १ भी), खूँटी, घोड़िया, छत की कड़ियों के बीच में आड़ी लगी हुई छोटी कड़ी। ~**off, out** क्रि० स० और अ० खूँटियों या कड़ियों पर छज्जा बनाना। ~**table** छज्जा, टोड़। **corbelled** वि० खूँटीदार, कड़ियोदार।

corbie (kôr' bi) [O. F. corbin, dim. of *corb*, a raven] सं० १. (स्कॉटलैंड) कौए जैसा रावेन नामक एक बड़ा, काला और तीखी आवाज़वाला (विशे० मांसाहारी कौआ; २. बायस, काक, कौआ, काग। ~**steps** मकान की ऊँची दीवार के सिरे पर बनी हुई तिकोनी रचना के दोनों ढलवाँ किनारों पर बने हुए सीढ़ी के आकार के जोड़।

cord (kôrd) [F. *corde*, L. *chorda*, Gr. *chordē*, the string of a musical instrument] सं० १. रज्जु, रस्सी, सुतली, डोरी* (इं० २ भी), डोर, पतली रस्सी या मोटा धागा; २. (रा० वि०)

जीव के शरीर में डोरी जैसी आकृतिवाली वस्तु (जैसे spinal, umbilical, vocal~)। ३. कपड़े की डोरी; ४. डोरियों, डोरीवाला कपड़ा, (विशे० कार्डाय), उभरी हुई डोरियोंवाला सूती, रेशमी या ऊनी कपड़ा; ५. (बहुव०) कार्डाय की बिजाइस या पतलूनें आदि; ६. लकड़ी नापने का एक पैमाना (प्रायः १२८ वन फुट); ७. (ला०) (~of discipline) अनुशासन की पाबंदी या कड़ाई; ८. (four ~of evidence) साक्ष्य या सबूत की चौगुनी पाबंदियां या विशेषताएं। क्रि० स० डोरियों या रस्सियों से बांधना। **corded** वि० १. रज्जु-बद्ध, रस्सी से बंधा हुआ; २. रज्जु-युक्त, रस्सियोंवाला या रस्सियों से सजा हुआ; ३. डोरीदार, डोरीवाले (कपड़े आदि का)। **cordage** सं० डोरियाँ, रस्सियां, रस्से (विशे० जहाज के मस्तूल के)।

cordate (kôr' dāt) [L. *cor cordis*, heart] वि० हृदयाकार* (वि० १ भी), हृदय के आकार का, दिल की शक्ल का।

cordelier (kôr de lēr') [F., from *cordelle*, dim. of *corde*, CORD] सं० कठोर शासन या नियमों को पालनेवाला सन्यासी (जिसकी कमर में बटी हुई डोरी या तगड़ी पड़ी रहती है)।

cordial (kôr' di ăl) [F., from med. L. *cordialis*, (*cor cordis* the heart)] वि० और सं० १. हृदयोत्तेजक या पुष्टिकारक (दवाई, भोजन, पेय), (विशे०) सुगंधित और मीठी शराब; २. हार्दिक, दिली, नेक; ३. गहरा, तपाकभरा; ४. दोस्ताना, याराना, मित्रवत्, मैत्रीपूर्ण। **cordiality** सं० सौजन्य, सौमनस्य, सौहार्द, मैत्री, तपाक, नेकदिली। **cordially** क्रि० वि० सौजन्यपूर्वक, मैत्रीपूर्वक, तपाक से, नेकदिली से।

cordiliers (kôr dil yā' ā) [Sp., from *cordilla*, a string or rope, dim. of *cuerda*, L. *chorda*, cord] सं० पर्वत-श्रेणी, पर्वत-समूह, गिरि-श्रेणी।

cordite (kôr' dīt) [CORD, -ITE] सं० धूमरहित विस्फोटक पदार्थ, रज्जु-स्फोटक, कॉरडाइट* (दे० ३ भी)।

cordon (kôr' dŏn) [F.] सं० १. कँगूरा, बुर्ज या बुर्जी; २. सेना के पड़ावों की क़तार; ३. पुलिस आदि का घेरा; ४. बीमारी आदि से प्रभावित तथा अप्रभावित क्षेत्रों के बीच में विभाजक रेखा या रक्षा-पंक्ति; ५. सजावट आदि का गोटा या फ़ीता; ६. नाइट की परपरा का द्योतक रिबन या फ़ीता; ७. छंटे या तराशे गये फलदार पेड़, जिनकी शाखाएं इस विचार से काटी गयी हों कि उनका एक ही तना रह सके; ८. (क्रि०) कॉर्डन*। **~bleu** (हास्य०) कुशल रसोइया, पूरा महाराज।

cordovan (kôr do văn') सं० कार्डोवा का चमड़ा। वि० कार्डोवा से संबंधित।

corduroy (kôr' dū roi) [prob. from F. *corde du roi*, king's cord] सं० और वि० १. कार्डाय, घटिया मोटा सूती डोरियां, जो प्रारंभ में (विशे०) मजदूरों द्वारा पहना जाता था; २. (बहुव०) कार्डाय की पतलूनें। **~road** दलदल या कीचड़ पर घुसी के तने डालकर बनायी गयी सड़क।

cordwain (kôrd' wān) [O.F. *cordoan*, late L. *cordoānum*, from *Cordoa*, Cordova (see CORDOVAN)] सं० (अप्र०) स्पेनी चमड़ा, जो प्रारंभ में जूते बनाने के काम आता था। **cordwainer** सं० मोची, चमार (अब केवल श्रेणी-नाम आदि के रूप में प्रचलित)।

core[1] (kôr) [etym. doubtful (L. *cor*, the heart, and O. F. *cor*, horn, have been suggested)] सं० १. गूदा, गिरी, अन्तर्मांस, अन्तरतमांश, सेव, नाशपाती आदि की कड़ी स्फोटिका या बीज-कोश; २. कटा हुआ या काट लिया गया केंद्रीय या बीज का भाग (विशे० छेदन में चट्टान का); ३. विद्युच्चुंबक या उपपादन-पिंडी का मध्यवर्ती लौह-दंड; ४. अंदरूनी सच्चा, ढलाई आदि में बीच में पोला या खोखला स्थान रखने के लिए प्रयुक्त साँचा; ५. रस्सी के बीच की लड़ या तार; ६. अंदरूनी या आंतरिक भाग (ला०) (जैसे rotten to the~); ७. हृदय, गर्भ, दिल; ८. पेड़ों का गिल्टियों का रोग। क्रि० स० बीजकोश हटाना, (विशे० चट्टान आदि का) केंद्रीय भाग काटना। **corer** सं० १. स्फोटिका या बीजकोश निकालनेवाला; २. चट्टान का केंद्रीय भाग काटने या तराशनेवाला। **coreless** वि० १. स्फोटिका-हीन, बीज-कोश-रहित; २. हृदय-हीन, बेदिल।

core[2] (kôr) [Sc. prob. for CORPS] सं० १. मंडली, दल, टोली, पार्टी; २. भीड़, समूह।

co-relation दे० CORRELATION।

co-religionist (kō rē lij' ŭn ist) सं० सह-धर्मावलंबी, सह-धर्मानुयायी, हममजहब, एक ही धर्म या दीन को माननेवाला।

coreopsis (ko rē op' sis) [Gr. *koris*, a bug; *optis*, appearance] सं० स्वर्णगुच्छ, पीले फूलोंवाला पौधा, किरणवार पौधा।

co-respondent (kō rē spon' dĕnt) सं० सह-उत्तरवादी, तलाक़ के मामले में मुहालेह या प्रतिवादी के साथ-साथ जिस पर दावा किया गया हो ऐसा व्यक्ति।

corf (korf) [prob. from L. G. (cp. Dut. *korf*, G. *korb*)] सं० १. पिटक, झाबा, टोकरा, छबड़ा, बड़ी डलिया, जो प्रारंभ में खानों आदि में प्रयुक्त होती थी, २. ऐसी डलिया या टोकरी, जिसमें मछलियां पानी में जीवित रखी जा सकें, मछलियां को पानी में जीवित रखनेवाली टोकरी।

corgie (kôr' gi) [W.] सं० कॉर्गी, वेल्स का छोटा कुत्ता।

coriaceous (kor i ā' shŭs) [L. *coriāceus*, from *corium*, skin, leather] वि० १. चर्मवत्, चमड़े जैसा, चर्मिल* (वि० १ भी)।

coriander (kor i ăn' dĕr) [F. *coriandre*, L. *coriandrum*, Gr. *koriannon*] सं० धनिये का पौधा। **~seed** धनिया* (क्रि०, वि० १ भी)।

Corinthian (ko rin' thi ăn) वि० और सं० १. कॉरिंथ (यूनान)-निवासी, कॉरिंथ का रहनेवाला; २. (अप्र०) छैला; ३. (मा० १) कॉरिंथी* (कॉरिंथ—प्राचीन ग्रीस का नगर)। **Epistles to the Corenthians** बाइबिल (न्यू टेस्टामेंट) की पुस्तकें। **~order** (वास्तु०) एक यूनानी वास्तु-शैली, जिसमें स्तंभ के शिखरों या खंभों के ऊपर वाले सिरों का आकार घंटे की तरह होता है और कंटीली पत्तियों की क़तारें बनायी जाती हैं। **Corinthianesque** (ko rin thi ăn esk') वि० कॉरिंथी या यूनानी वास्तु-कला से संबद्ध।

cork (kôrk) [etym. doubtful (cp. O. Sp. *alcorque*, a cork shoe, and Sp. *corcho*)] सं० १. सिंदूर, ओक, वज्रु या बाँज वृक्ष का बल्कल या छाल; २. मछली फंसाने की डोरी आदि से बंधा हुआ काग का टुकड़ा, जो पानी के ऊपर तैरता रहता है; ३. कार्क*, काग* (क्रि०, वि० १ भी), डाट; ४. (वन०) अंतर्बल्कल, ऊँचे पेड़ों की छाल का आंतरिक भाग या अन्दरूनी भाग। वि० कार्क या काग का बना हुआ। क्रि० स० और अ० १. टेढ़ी चाल चलना, छलेदार मार्ग से चलना; २. कार्क या काग लगाना, डाट लगाकर बन्द करना, जले हुए काग से काला करना। **like a~** स्वस्थ होता हुआ, निराशा या उत्साहहीनता से बीमारी मुक्त होता हुआ या छूटकारा पाता हुआ। **~jacket** काग-जैकेट (पानी में व्यक्ति के सहायतार्थ)। **~screw**

कार्यपेंच, बोतल से काग निकालने के लिए बना हुआ लोहे का पेंच। **~screw curl** छल्लेदार कार्यपेंच। **~wood** काग-काष्ठ, विशिष्ठ छिद्रयुक्त हल्की लकड़ियाँ। **corkage** सं० १. शराबखाने में डाट लगाने या निकालने का काम; २. शराब-पिलाई का भाड़ा, होटलवाले द्वारा वसूल की गयी रक़म, जो वह तब वसूल करता है, जब शराब उसके यहाँ की न हो। **corked** वि० १. काग या डाट से बंद किया हुआ; २. जले हुए काग से काला किया हुआ; ३. बुरी तरह काग से बंद होने के कारण सड़ी हुई (शराब)। **corker** सं० (प्रा०) वार्ता-प्रतिरोधक परिस्थिति, ऐसी परिस्थिति, जिसमें आगे बातालाप करने की गुंजाइश ही न रह जाय (विशे० सड़ेद झूठ)। **corky** वि० १. काग का या काग-सदृश, काग या डाट जैसा; २. (बोल०) चंचल (विशे० स्त्री), उच्छृङ्खल, बड़बिल, छिछोरा, जिन्दादिल।

corm (kôrm) [Gr. *kormos*, the trimmed trunk of a tree] सं० १. (वन०) घनकंद* (कृ०, वि० १ भी), ज़मीन के अंदर रहनेवाला गाँठ या घुंडी जैसा तना; २. (वि० १) कार्म*।

cormo- [as prec.] (जातियों आदि के विकास में प्रयक्त पदों से) तने, वंश या गोत्र का समास रूप।

cormorant (kôr' mŏ rănt) [O. F. *cormerant*, L. *corvus marinus*, sea-crow] सं० १. पनकौवा* / जलकाग* (वि० १ भी), तीन फुट लंबा एक प्रकार का लाल या बहुत भूरेवाला समुद्री पक्षी; २. लोभी, लालची या नोच-खसोट करनेवाला व्यक्ति।

corn[1] (kôrn) [A.-S. from Teut. *korno*- (cp. Dut. *koren*, Dan. and Swed. *korn*, Goth. *kaurn*, G. *korn*), Aryan *gṛnôm* (L. *grānum*, GRAIN)] सं० १. दाना, बीज; २. कण (विशे० अनाज का (सिर्फ आदि के बीज भी); ३. (समूहवाचक एकव०) धान्य* (वि० १ भी), शस्य, अन्न, नाज, अनाज* (कृ० भी), गल्ला; ४. फसल या अनाज के पौधे भी; ५. मक्का* (कृ०, वि० १ भी), मकई। क्रि० स० १. नमक छिड़कना; २. नमक डालकर (अन्न आदि को) सुरक्षित रखना (विशे० भू० कृ०)। **~brash** (मृगयाँ) कंकड़, रोड़ा, मोटी बालू का चनेदार पत्थर। **~chandler** परचूनी, अनाज का खुदरा व्यापारी। **~cob** मक्की का गूल्ला, भुट्टा। **~cob pipe** भुट्टे की खुंड या मक्के के गल्ले का बनाया गया हुक्का। **~crake** शस्य-चुरकुटी, घास के लुदक मैदानों या खेतों में रहनेवाला पक्षी। **~exchange** गल्ले का विनिमय-संस्थान (गल्ले के व्यापार के लिए)। **~factor** गल्ले या अनाज का व्यापारी या विक्रेता। **~flag** कृषाणपर्ण प्रजाति, एक प्रकार का पौधा, जिसके पत्ते छोटी तलवार जैसे होते हैं। **~flour** मकई का आटा, मैदा, चावल या दूसरे अनाजों का महीन या बारीक पिसा हुआ आटा। **~flower** नीलकपी, रक्त-अंहफेन आदि, अनाज के बीच पैदा होनेवाले अनेक पौधे। **~laws** धान्य-विधि, अनाज के व्यापार को संतुलित रखनेवाले क़ानून (विशे० आयात-निरोधक अंग्रेज़ी कानून, जो सन् १८४६ में निरस्मित या रद्द कर दिये गये। **~rent** अनाज के रूप में या अनाज की कीमत के हिसाब से दिया गया भाड़ा या लगान। **~stalk** (बोल०) लंबू, लंबा आदमी, (आस्ट्रेलिया विशे० न्यू साउथ वेल्स में उत्पन्न यूरोपीय कुत्ते के लोगों के लिए प्रयुक्त उपनाम)। **~stone** सं० १. लाल हरी चित्तियोंवाला एक पत्थर, कॉर्न-स्टोन* (वि० १ भी)। **corny** वि० १. घट्टे या गोखरू का; २ घट्टेदार, गोखरू-युक्त (जिसमें घट्टे या गोखरू पड़ गये हों)।

corn[2] (kôrn) [O. F. *corn*. L. *cornū*, horn] सं० घट्टा, गोखरू, लगातार रगड़ लगने से शरीर पर निशेष पाँवों में पड़नेवाला कड़ा निशान या चिह्न। **tread on my corns** मेरी भावनाओं को ठेस पहुँचा, मेरे दिल को चोट पहुँचाओ। **~plaster** गोखरू या घट्टे पर लगाने का लेप या मरहम।

cornea (kôr'nēă) [L., fem. of *corneus*, horny (*cornū*, horn)] सं० १. कार्निया, स्वच्छ मंडल* (कृ०, मा० २, वि० १ भी), स्वच्छ नेत्र-पटल, श्वेत मण्डल* (कृ०, मा० १, वि० १ भी), आँख की पुतली के आच्छादन का अगला कड़ा और पारदर्शक भाग।

cornel (kôr' nĕl) [ult. from L. *cornus*; derivation obscure] सं० वृक्षों की एक जाति-विशेष, जिसमें ईबबदरी और ईबकाष्ठ भी सम्मिलित हैं।

cornelian (kôr nē' lĭ ăn) [F. *cornaline*; etym. doubtful] सं० लाल, माणिक्य, मंद लाल या रक्ताभ, स्फटिक या मूल्यवान पत्थर।

corneous (kôr' nē ŭs) [L. *corneus* (*cornū*, horn)] वि० १. शृंग्य, सींग जैसा; २. शृंगी, सींगदार; ३. कठोर, कड़ा।

corner (kôr' nĕr) [O. F. *cornier*, late L. *cornēria*, from L. *cornū*, horn] सं० १. कोण, कोना, मोड़, नुक्कड़; २. प्रक्षिप्त कोण (विशे० जहाँ दो सड़कें मिलती हैं); ३. दीवार आदि का कोना या कोला; ४. गुप्त या पोशीदा अथवा दूरवर्ती स्थान; ५. भूभाग, भूखंड, प्रदेश, प्रांत (जैसे all the corners of the earth); ६. सटोरियों को ऊँची कीमत पर अपने से माल खरीदने को मजबूर करने के इरादे से बाज़ार में किसी एक वस्तु के सारे माल की खरीद (व्यापक रूप में) एकाधिकार या इजारे द्वारा बाज़ार में माल का भाव ऊँचा चढ़ाने के लिए बनाया गया गुट या संगठन; ७. (फुटबाल और हॉकी में) कार्नर किक या कार्नर हिट, यदि एक पक्ष का कोई खिलाड़ी अपनी ही आउट-लाइन के पार गेंद फेंक दे, तो विरोधी पक्ष को खिलाड़ी को कार्नर-फ्लैग से हिट मारने का दिया गया अधिकार; ८. महत्त्वपूर्ण भाग या अंग। क्रि० स० १. कोना निकालना, कोना बनाना; २. कोने में बैठाना या लगाना, कोने में इकेलना (विशे० लo)। ३. ख़ाल करना: ४. बाज़ार में एकाधिकार द्वारा (व्यापारियों को ऊँचे भाव पर माल खरीदने के लिए) मजबूर करना या (वस्तु पर) नियंत्रण करना; ५. बाज़ार को मुट्ठी में करना, एकाधिकार करना, सारा माल खरीद लेना। **cut off a~** कतराकर निकलना, किनारा करना, पगडंडी पर चलना, छोटा रास्ता पकड़ना। **done in a~, hole and~ transactions** १. गुप्त या प्रच्छन्न कार्यवाही; २. पोशीदा कार्रवाई। **drive into a~** (लo) मुसीबत या कठिनाई में डालना, ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न कर देना, जिनसे बचाव सम्भव न हो सके। **put (child) in the~** बच्चे को (सज़ा के तौर पर) कोने में बैठाना। **the~** (प्रा०) टाटरसाल का जुआघर (मूलतः हाइड पार्क के कोने के पास होने के कारण)। **turn the~** कोने से मुड़ जाना, एक गली के कोने से दूसरी में मुड़ जाना, (लo) खतरे से निकल आना, (बीमारी आदि से) बच जाना या स्वास्थ्य-लाभ करना। **~boy, man** लोफर, आवारागर्द, लफंगा, सड़क का गुंडा। **~chisel, punch** काटने, साफ करने आदि के लिए कोणीय टाँकी या छेद करने की मशीन आदि। **~man** हब्शी गायकों या चारणों की पंक्ति के सिरे का चारण। **~stone** प्रक्षिप्त कोण-प्रस्तर, दीवार के प्रक्षिप्त कोने का पत्थर, कोने का पत्थर (लo), महत्त्वपूर्ण अंग या भाग, नींव।

cornet[1] (kôr' nĕt) [O. F. from late L. *cornetum*, L. *cornū*] सं० (cornet-a-piston(s), corno-pean भी) १. तुरही का एक भेद, तुरही या नफीरी जैसा एक बाजा; २.

नुकीली (बना और गरम बेचने वालों जैसी) पुड़िया, कुल्फी जैसी पुड़िया; ३. आइसक्रीम से भरा हुआ नीचे से गोल और ऊपर से नोकदार नीला बिस्कुट; ४. धार्मिक संस्था की सदस्या के सिर की पोशाक। **solo~, echo~** तुरही (जैसे बाजे) के बटन (आवाज बढ़ाने या घटाने के लिए)। **~player, cornetist** सं० तुरही (जैसा बाजा) बजानेवाला।

cornet[3] (kôr' nēt) [F., *cornette*, dim. of *corne*, as prec.] सं० १. (प्राचीन काल में) ध्वजवाहक अश्वसेना-नायक; २. फ़ौजी कुरसवारों की टुकड़ी का झंडाबरदार या झंडा लेकर चलनेवाला अफ़सर। **cornetcy** सं० अश्वसेना का नायकत्व, फ़ौजी कुरसवारों की टुकड़ी की झंडाबरदारी।

cornice (kôr' nis) [F. *cornice* (now *corniche*), It. *cornice* (etym. doubtful)] सं० (वास्तु०) १. कॉर्निस* (इं० १, मा० १, चि० १ भी), कंगनी* (इं० ३ भी), छत के कुछ ही नीचे सजावट के लिए दीवार पर उभारी गयी पट्टी या पतली मुँडेर; २. (पर्वतारोहण) ढालू चट्टान के सिरे पर कठोर बर्फ़ का जमाव या ढेर। **corniced** वि० (सजावट की) पट्टीदार या पतली मुँडेर से युक्त, कंगनी या कॉर्निस से युक्त।

corniferous (kôr nif' ĕr ŭs) [L. *cornifer* (*cornū*, horn, -FEROUS)] वि० कंकड़ पैदा करनेवाली (खान), कंकड़-युक्त, कंकड़वाला, कँकरीला।

Cornish (kôr' nish) वि० कार्निवाल का। सं० कार्निश भाषा (१८ वीं शती से लुप्त)। **~boiler** रेंभाकार वाहिनी-बाष्पित्र, एक प्रकार का बेलनाकार वाष्पपात्र, जिसमें पानी आदि को नली द्वारा गर्म किया जाता है। **~Riviera** इंग्लैंड के दक्षिण-पश्चिम में स्थित प्रदेश।

cornopean (kôr nō' pē ăn) दे० CORNET।

cornucopia (kôr nū kō' pi ă) [L. *cornu copiæ*] (बहुव० ~as) सं० १. मंगल शृंग, शुभ सींग, बकरी का सींग, जो पुराने समय की कला में समृद्धि का प्रतीक माना जाता था; २. सींग जैसा बर्तन, अक्षय भंडार, खामदी का ढेर।

cornute (kor' nūt') [L. *cornūtus*, horned from *cornū*, horn] वि० स० १. सींग देना; २. अभिचारी बनाना। **cornuted** वि० शृंगाकार, सींग जैसा।

cornу वि० १. शस्य-संपन्न, अनाज का या अनाज की बहुतायतवाला, धान्य-प्रचुर; २. (ग्रा० लतीफ़ों के बारे में) प्राचीन, पुराना।

corolla (kō rol' ă) [L., dim. of *corĕna*, a crown] सं० १. (वन०) दलपुंज* (इं० भी), दली, फूल के अंदरवाली कोमल पंखुड़ियों का कटोरा; २. (इं०) कोरोला*। **corollaceous** (kor ō lā' shŭs) वि० दलपुंजविषयक, दलीय।

corollary (kō rol' ă ri) [L. *corollārium*, the price of a garland, a gratuity, a corollary, from *corollārius*, pertaining to a garland, as prec.] सं० १. अनुप्रमेय, अनुनिर्णय; २. प्रत्यक्ष निगमन, भवितव्य, सहज; ३. उपसिद्धान्त, अनुमान, परिणाम, नतीजा; ४. (मा० २) उपनिगमन*।

corona (kō rō' nă) [L., a crown] (बहुव० ~næ) सं० १. परिमंडल, सूर्य या चंद्र का प्रभा-मंडल या तेज का घेरा, (सूर्य के सामने आने के कारण बादल या कुहरे के किनारे पर, दे० anthelion), प्रकाश-चक्र या चमकता हुआ घेरा; २. सूर्य [के पूरे ग्रहण के समय चंद्रमा का श्वेत प्रभा-मंडल (जब माना जाता है कि यह प्रभा-मंडल सूर्य से संबद्ध है); ३. निरजावर का गोल प्रकाश-मांड; ४. प्रकाश करने के लिए लगायी गयी हाँडी आदि; ५. (वास्तु०) कार्निस या कँगनी का बाहर की ओर काफ़ी निकला हुआ भाग; ६. (श० वि०) शरीर के विभिन्न मुकुटाकार अंग या ताज की शक्ल के हिस्से; ७. (वन०) मुकुट, संपुटि, बीज के सिर या दली के आंतरिक भाग से संलग्न वस्तु; ८. विद्युत् को विसंवाहक उपकरण लगाकर बेकार होने से रोकना।

coronach (kor' ō nach) [Ir. (cp. Gael. *corranach*), from *comh-*, together, *rānach*, an outcry, from *rān*, howl] सं० अंत्येष्टि-गीत, क्रांतिहा, स्कॉटलैण्ड के पहाड़ी प्रदेशों और आयरलैंड में मृतक की सद्गति के लिए की जानेवाली प्रार्थना।

coronal (kō rō' năl) [F., from L. CORONA] वि० १. मुकुट सम्बन्धी, शेखर, ताज का, किरीटीय; २. कपाल संबंधी; ३. पुष्पफ़ संबंधी, दलीय* (वि० १ भी)। सं० १. पुष्पहार, माला, गजरा; २. मुकुट। **~suture** सं० १. पुरःकपाल-सीवन, शीर्ष-सीवन, कपाल-सीवनी; २. कपाल संबंधी; ३. नलीय, कंजदल संबंधी; ४. किरीटीय।

coronary (kor' ō nar i) [L. *corōnārius*, as prec.] वि० (श० वि०) ताज की तरह, मुकुट-सदृश, ताज या मुकुट की भाँति गोल या घेरदार।

coronate, -ated (kor' ō nāt, -nā tĕd) [L. *corōnātus*, p. p. of *corōnāre*, as prec.] वि० (वन० और प्राणि०) किरीटयुक्त, मुकुटयुक्त।

coronation (kor ō nā' shŭn) [as prec.] सं० राज्याभिषेक* (मा० १ भी), अभिषेक, राजसिंहासनारोहण, राजपोशी, गद्दीनशीनी, राजा या उसकी पत्नी को गद्दी पर बैठाने का समारोह। **~oath** राज्याभिषेक-शपथ।

coroner (kor' ō nĕr) [A.-S. *coruner*, from *coruna*, L. *corona*, CROWN] सं० १. कारोनर, संदिग्ध मृत्यु के कारणों की जाँच करनेवाला या दुर्घटना आदि में मरे व्यक्तियों के घावों की परीक्षा करनेवाला अधिकारी; २. (मूलतः) सम्राट् की निजी संपत्ति का व्यवस्थापक अधिकारी; ३. भूमि में गड़े हुए खज़ाने के विषय में जाँच करने वाला अधिकारी। **coroner's inquest** कारोनर द्वारा मृत्यु के कारण की जाँच। **coronership** सं० १. कारोनर का पद, सम्राट् की निजी संपत्ति के व्यवस्थापक अधिकारी का पद; २. भूमि में छिपे हुए खज़ाने के विषय में जाँच करने वाले अधिकारी का पद।

coronet (kor' ō nĕt) [O.F., dim. of *corone*, as prec.] सं० १. मुकुटक, छोटा मुकुट (सम्राट् के पद से छोटे पद को व्यक्त करने के लिए); २. सिगारपट्टी, महिलाओं के सिर पर पहना जानेवाला, पट्टी जैसा सोने का जड़ाऊ आभूषण; ३. माला, हार, गजरा; ४. (श० वि०) सुमशीर्ष* (कुछ भी), घोड़े के खुर के जोड़ का सबसे निचला भाग। **coroneted** वि० मुकुटकचारी (विशे० इंग्लैंड के लॉर्डों से संबद्ध)।

coroneid (kor' ō noid) [Gr. *korōnē*, a crow] वि० (श० वि०) काकचंचुवत्, कौए की चोंच के समान मुड़ा हुआ।

corozo (kō rō' zō) [native name] (बहुव० ~s) सं० १. कोरोज़ो, दक्षिण-अमरीकी ताड़-वृक्ष। **~nut** दक्षिण-अमरीकी ताड़-फल, जिसके रस को जमाकर नकली हाथीदाँत बनाया जाता है।

corporal[1] (kôr' pō răl) [F. (var. *caporal*, It. *caporale*, perh. from confusion with *capo*, head), as foll.] सं० सार्जेंट के नीचे का अफ़सर, दफ़ादार, कार्पोरल (the little-~ नैपोलियन प्रथम)। **ship's~** जहाज़ का दफ़ादार।

corporal[2] (kor' pō răl) [O. F. *corporel*, L. *corporālis*

(*corpus -oris*, the body)] वि० १. शारीरिक, जिस्मानी, कायिक, दैहिक (जैसे ~punishment शारीरिक दंड); २. निजी, व्यक्तिगत, वैयक्तिक। सं० वह कपड़ा, जिस पर मास (रोमन कैथोलिकों का एक पर्व-विशेष) के अवसर पर चढ़ायी जाने वाली वस्तुएँ रखी जाती हैं। **~oath** (अप्र०) किसी पवित्र वस्तु को छूकर की गई शपथ या क्रसम। **corporality** सं० १. भौतिक अस्तित्व; २. शरीर, तन, बदन, चोला, देह, काया, गात, कलेवर; ३. (बहुव०) शारीरिक विषय; ४. शारीरिक इच्छाएँ या आवश्यकताएँ आदि। **corporally** क्रि० वि० शारीरिक रूप से, कायिक रूप से।

corporate (kôr' pó rát) [L. *corporātus*, p.p. of *corporāre* (as prec.)] वि० १. निगम-निर्मित (जैसे ~body या body~ निगम-निकाय); २. संस्था, अनेक व्यक्तियों से निर्मित (एक निकाय); ३. सामूहिक। **~town** १. निगम-नगरी; २. नगर, जिसमें महःपालिका का अधिकार हो। **[corporately** क्रि० वि० निगमित रूप से।

corporation (kôr pō rā' shûn) [L. *corporātio*, as prec.] सं० १. निगम* (कृ०, ०, मा० १ भी), कार्पोरेशन* (प्र०, मा० १ भी), विशे० एक व्यक्ति के रूप में काम करने के लिए अधिकृत निकाय या संस्था; २. (बोल०) पेट, तोंद, उदर। **municipal~** निगम, नगर-निगम। **~aggregate** सामूहिक निगम। **~sole** एकल निगम। **corporative** (kor' pó rá tiv) वि० निगम का, संस्था का। **corporator** (kôr' pó rā tór) सं० निगम का सदस्य।

corporeal (kór pôr' é ál) [L. *corporeus* (*corpus -oris*)] वि० १. दैहिक, शारीरिक, कायिक, जिस्मानी; २. भौतिक, पदार्थविषयक; ३. (कानून) मूर्त, वास्तविक, ज़ाहिर (जैसे ~hereditament मूर्त दाय)। **corporeally** क्रि० वि० १. शारीरिक रूप से; २. भौतिक दृष्टि से; ३. वास्तविक रूप से, ज़ाहिरा तौर से।

corporeity (kôr pō rē' i ti) [med. L. *corporeitās*, from *corporeus*, as prec.] सं० १. पार्थिवता, भौतिकता, भौतिकत्व; २. अनास्थिर, शरीर-सत्त्व, पंचतत्त्व।

corposant (kôr' pō zánt) [Port. *corpo santo*, L. *corpus sanctum*, sacred body] सं० १. कभी-कभी तूफ़ान के समय जहाज़ पर दिखायी पड़नेवाला प्रकाश-कंदुक; २. (St. Elmo's fire) संत एल्मो की आग।

corps (kôr) [F.] सं० (बहुव० भी) १. सैनिक-दल, सेना की टुकड़ी, सैन्य दल, सेना-भाग, सैन्य गुल्म, कोर (चिकित्सा, आयुध या गुप्त चर्या आदि के लिए); २. जर्मन विश्व-विद्यालय की विद्यार्थी-परिषद्, विद्यार्थी-संघ, दल*, कोर* (मा० १ भी)। **army~** सैन्य-निकाय, फ़ौजी दस्ता। **~de ballet** (dé ba lā) नर्तक-समुदाय, नर्तक-समूह, एक प्रकार का बैले) नृत्य करनेवालों की टोली। **~diplomatique** (dip lō ma tēk') किसी राजधानी में विदेशी दूतों का समूह।

corpse (kôrps) [O. F. *cors*(F. *corps*), L. *corpus*, the body] सं० लाश, शव, मुर्दा। **~candle** रोशनी, जो श्मशान, क़ब्रिस्तान और गिरजाघर में दिखायी देती है और मौत का शकुन समझी जाती है।

corpulent (kôr' pū lént) [F., from L. *corpulentus* (*corpus*, body)] वि० १. स्थूल, मांसल, मोटा, भरा-पुरा, भारी (शरीरवाला); २. मोटा, चर्बीयुक्त, पीन। **corpulence, -ency** सं० १. पीनता, स्थूलता, मांसलता, मोटापा, मोटाप, गरीपन।

corpus (kôr' pús) [L.] (बहुव० **~pora**) सं० १. पुस्तक-संग्रह, ग्रन्थ-संग्रह* (वि० १ भी), किसी विषय पर सभी उपलब्ध ग्रन्थों का संग्रह; २. (शु० क्रि०) गिरु, पशुओं के शरीर में विशेष प्रकार की बनावट। **Corpus Christi** ईसाई समुदाय का प्रीतिभोज, दावत (जो Trinity Sunday त्रिदेव रविवार) के बाद गुरुवार को होता है। **~delicti** अपराध-सार। **~juris** विधि-संग्रह।

corpuscle (kôr' pŭsl), **corpusculе** (-pŭs' kŭl) [L. *corpusculum*, dim. of *corpus*, body] सं० १. कणिका* (मा० २ भी), देहाणु; शरीर का सूक्ष्मतम अंश (विशे० बहुव०) नेपर्देदीय प्राणियों के रक्त का सूक्ष्मतम कण, रुधिरकोशा; २. कण, परमाणु, अणु (विशे० विद्युत् का), ज़र्रा। **corpuscular** वि० १. कणिका संबंधी, देहाणु का; २. आणविक। **~(emission) theory of light** दे० EMISSION।

corral (kó ral') [Sp., from *corro*, a ring of people (*correr* (*toros*), to hold a bull-fight, L. *currere*, to run)] सं० १. (अमरीका आदि में) घोड़ो, अन्य पशुओं का बाड़ा, पशुशाला; २. गाड़ीखाना, यान-शिविर, पड़ाव में गाडियों के लिए सुरक्षित अहाता; ३. घेरा, बाड़, बाड़ा, अहाता (जंगली पशुओं को पकड़ने के लिए)। क्रि० स० गाड़ीखाना बनाना, पशुशाला बनाना, बाड़ा बनाना, बाड़े में बन्द करना, घेरे में करना (बाड़ के), पशुशाला में बन्द करना।

correct (kŏ rekt') [L. *correctus*, p.p. of *corrigere* (*regere*, to rule, to order)] क्रि० स० १. शोधन करना, ठीक करना, क्रम में रखना, सुधारना, दुरुस्त करना, सही करना; २. निर्दोष बनाना, दोष या त्रुटि का सुधार करना; ३. शुद्ध करना, शोधित करना, शोधना, संशोधन करना, रद्दोबदल करना; ४. (सुधार के लिए) (व्यक्ति को) उत्ताहित करना, नर्मी से झिड़कना; ५. (व्यक्ति का) दोष-शोधन करना, भूल का सुधार करना, दंड देना; ६. प्रताड़ित करना, ताड़ना देना, सज़ा देकर सुधारना, डाँट-डपट करना; ७. प्रतिकार करना, प्रतिकरण करना, (हानि, कारक चीज़ों से) रोकना; ८. मिलाना (वायुभार-मापक यंत्र), सही करना, (मापक यंत्र के) अनुरूप करना। वि० १. शुद्ध, सही, ठीक, दुरुस्त,; २. यथार्थ, तथ्य, सत्य, अभ्रान्त, अचूक, सम्यक्, उचित, समुचित, यथातथ्य, अतितथ्य; ३. शुद्ध, विशुद्ध, निर्दोष, दोषरहित, प्रकृत, साधुवत, परिशुद्ध, स्वच्छ, यथोचित (आचरण, शिष्टाचार आदि); ४. उपयुक्त, अनुकूल, अनरुप (चित्र आदि के)। **the~card** (ग्रा०) खेल-कूद-प्रतियोगिता आदि का कार्यक्रम, शिष्टाचार आदि।

correctly क्रि० वि० १. सच्चाई से; २. सही ढंग से, ठीक से।

correctness सं० १. शुद्धता, सच्चाई; २. निर्दोषिता, उपयुक्तता; ३. दुरुस्ती, ठीक होने का भाव।

corrector सं० १. संशोधक, शोधक, समाधाता; २. पत्रावेक्षक, दोषवेचक, आलोचक, दोषान्वेषी; ३. दण्ड-प्रणेता, दंड देनेवाला। **~of the press** प्रूफ़-रीडर, प्रूफ़ पढ़नेवाला।

correction (kŏ rek' shûn) सं० १. संशोधन, सुधार, शोधन* (मा० २ भी), शुद्धि, दुरुस्ती; २. संशोधित वस्तु, सुधारी हुई वस्तु; ३. दंड, सज़ा, डाँट-डपट, शासन, अनुशासन, निग्रह (जैसे house of~)। **I speak under~** संभवतः (मैं जो कुछ कहता हूँ) यह ठीक न हो या ग़लत हो या सुधार की गुंजाइश हो। **correctional** वि० १. संशोधित, सुधार किया हुआ; २. अनुशासन

संबंधी; ३. सुधारक* (मा० २ भी)। **correctitude** सं० शालीनता, संशुद्धि, शुचिता (विशे० आचरण की)।

corrective (kŏ rek' tiv) वि० और सं० १. संशोधक, शोधक, संशोधनात्मक; २. प्रतिकारक, संशोधनक्षम, दुरुस्त करनेवाली (वस्तु)। **correctively** क्रि० वि० सुधार के साथ, प्रतिकार-पूर्वक।

correlate (kor' é lāt) सं० सहसंबद्ध वस्तुएँ, अन्योन्य संबद्ध दो वस्तुओं में से प्रत्येक (विशे० ऐसी सम्बद्ध कि एक दूसरे को समाहित कर लें)। क्रि० अ० और स० १. परस्पराश्रित होना, परस्पर संबंधयुक्त होना (with, to के साथ); २. परस्पर सम्बन्ध दिखाना, पारस्परिक संबंध स्थापित करना। **correlation** सं० परस्पर सम्बन्ध, अन्योन्यसम्बन्ध, सह-सम्बन्ध* (क्रु०, मा० २ भी)। **correlative** (kŏ rel' á tiv) वि० १. परस्पर संबद्ध, परस्पर संबंध रखनेवाला, सहसंबंधी* (मा० २ भी); २. समान, अनुरूप, अनुगुण, एक-सा, एक जैसा; ३. (व्या०) अन्योन्यान्वय (जैसे either और or)। सं० अन्योन्याश्रित शब्द या वस्तु, परस्पर-संबद्ध शब्द या वस्तु, अन्योन्याश्रयी। **correlatively** क्रि० वि० परस्पर सम्बन्ध से, अन्योन्य सम्बन्ध से। **correlativity** सं० परस्पर संबद्धता, अन्योन्य संबद्धता, परस्पर संबंध।

correspond (kor é spond') [F. *correspondre*, med. L. *correspondāre* (COR-, *respondāre*, to RESPOND)] क्रि० अ० १. अनुरूप होना, उपयुक्त होना, मेल खाना, समरूप होना*, समान होना* (प्र०, विधि भी), सदृश होना, एक ही प्रकार का होना; २. एक तोल या एकमत होना, तदनुसार होना, मुताबिक होना, ठीक बैठना, जोड़ का होना, अनुकूल होना (पद, धन आदि में); ३. पत्र-व्यवहार होना या करना* (प्र० विधि भी), संवाद देना, संवाद करना, लिखा-पढ़ी करना। **correspondence** सं० १. मेल, अनुरूपता, तदनुरूपता, समानता; २. संपर्क, संसर्ग; ३. पत्र-व्यवहार, लिखा-पढ़ी, चिट्ठी-पत्री; ४. (मा० २) संवाद*/संवादिता*। **~school** पत्र-व्यवहार-स्कूल, वह संस्था, जिसमें पत्र-व्यवहार द्वारा निर्देशन किया जाय और उसी माध्यम से सारी पढ़ाई हो। **correspondent** सं० १. संवाददाता* (प्र० भी), संवाद-प्रेषक (समाचारपत्र आदि का विशे० जिस व्यक्ति की नियुक्ति इसीलिए हो), लिखनेवाला; २. व्यक्ति या व्यावसायिक संस्था, जो नियमित रूप से दूसरे से संबंध रखे (विशे० दूसरे देश के व्यक्ति या व्यावसायिक संस्था से)। वि० १. तत्संवादी, तत्स्थानी, तुल्य, अनरूप, संवादी, संपर्की* (विधि भी)। **correspondently** क्रि० वि० १. अनुरूपता से; २. संवाददाता के रूप में। **corresponding member** तत्स्थानी सदस्य, अवैतनिक सदस्य, जो परिषद् के कार्यों में राय नहीं दे सकता (विद्वत् परिषद् आदि का)। **correspondingly** क्रि० वि० अनुरूपता से, समरूपता से, मतैक्यपूर्वक।

corridor (kor' i dôr) [F., from It. *corridore* (*correre*, to run, L. *currere*)] सं० १. गैलरी*/गलियारा* (मा० १ भी), बरामदा, दालान, कमरों के बीच का प्रशस्त पथ; २. हथोड़ी, दहलीज, मकानों में आगे या कुछ बाहर निकला हुआ छायादार छज्जा; ३. (राज०) समुद्र-तट तक पहुँचने के लिए किसी राज्य में से होकर गुजरनेवाला संकीर्ण गलियारा, जिसका पूर्ण प्रवेशाधिकार किसी दूसरे राज्य को प्राप्त हो (जैसे Polish-~ प्रशिया से डांजिग तक); ४. (ई० ३) संपथ*/गृहवीथिका*। **~ train** गलियारी गाड़ी, रेलगाड़ी, जिसमें एक छोर से दूसरे छोर तक जाने का सकीर्ण मार्ग रखा गया हो।

corrie (kor' i) [G fr. *coire*, cauldron] सं० (स्कॉट०) पर्वत-विवर, पर्वतीय प्रदेश में वृत्ताकार विवर, पर्वतीय खाँचा, गह्वर, कंदरा, गुहा, गुफा।

corrigendum (kor i jen' dŭm) [L., ger. of *corrigere*, to CORRECT] सं० १. (बहु० **~da**) शुद्धि-पत्र* (प्र०, मा० १ भी), संशोधन, सुधार (विशे० मुद्रित पुस्तक का)।

corrigible (kor' ij ibl) [F., from L. *corrigere*, as prec.] वि० १. संशोधनीय, शोधनीय, सुधारने योग्य; २. विनम्र, विनीत (व्यक्ति) जो अपनी भूल को मान ले।

corrival (kŏ rī' vál) [F., from L. *corrivālis*) (*rivālis*)] सं० दे० RIVAL।

corroborate (kŏ rob ŏ rāt) [L. *corrōborātus*, p.p. of *corrōborāre* (COR-, *rōborāre*, to strengthen, from *rōbur* -*boris*, strength)] क्रि० स० १. पुष्ट करना, पक्का करना, सच्चा बनाना, तस्दीक करना, संपुष्ट करना* (प्र०, विधि भी), सपुष्टि करना* (प्र० भी), समर्थन करना, अनुमोदन करना (विधि आदि); २ प्रमाणित करना, साक्ष्य आदि के आधार पर पुष्टि करना, शहादत देना। **corroborant** वि० और सं० १. शक्तिवर्द्धक, पौष्टिक, बलदायक, बलकर (औषधि); २. पुष्ट करनेवाला (तथ्य, विषय), तस्दीक़ी। **corroboration** सं० १. पुष्टि, पुष्टीकरण, प्रमाणीकरण; २. समर्थन, तस्दीक। **corroborative, corroboratory** वि० १. संपोषी, संपोषक, पुष्टिकारक, अनुमोदक, समर्थक; २. प्रमाणित करने योग्य। **corroborator** सं० संपोषक, साक्षी, अनुमोदक, पुष्टि करनेवाला, प्रमाणित करने वाला, तस्दीक़ करनेवाला।

corroboree (kŏ rob' ŏ rē) [Austral. abor.] सं० कॉरॉबरी* (मा० ३ भी), एक प्रकार का नृत्य, आस्ट्रेलिया के आदिवासियों का नाच।

corrode (kŏ rōd') [L. *corrōdere* (*rōdere*, to gnaw)] क्रि० स० और अ० १. संघर्षण से क्षय हो जाना, क्रमशः क्षय या नष्ट हो जाना, घिसकर कम करना या होना, गल जाना, मोर्चा खा जाना, विलयन होना (जंग लगने से, रसायनकारकों से, बीमारियों से, और ला० भी); २. ह्रास होना, क्षीण होना, सड़ना, खराब होना। **corrosion** (kŏ rō' zhún) सं० सं० क्षरण, संक्षारण* (इं० १, ३, क्रु० भी), क्षय, ह्रास, नाश। **corrosive** वि० और सं० संक्षारक* (क्रु० भी), क्षयकारक, नाशक, भक्षक, खा जानेवाला (शा० और ला०)। **~sublimate** (वा०) पारदिक क्लोराइड, पारे का जहर, एक प्रकार का तीक्ष्ण विष, जिसमें पारा होता है। **corrosively** क्रि० वि० क्षयपूर्वक। **corrosiveness** सं० क्षयकारिता, क्षय-सहीलता, संक्षारकता।

corrugate (kor' ŭ gāt) [L. *corrūgātus*, p. p. of *corrūgāre* (*rūgāre*, to wrinkle, from *rūga*, a wrinkle)] क्रि० स० और अ० लहरिया डालना, धारियाँ बनाना, शिकन पड़ना या डालना, सिकुड़ना, सिकोडना, नाली पड़ना या डालना। **corrugation** सं० १. लहरिया, धारी, नाली (डालना), सिकुड़न, शिकन; २. (ई० १, ३) वलीयन*, वलीकरण*। **corrugator** सं० वलीयक, सीताकार, पेशी जो भौं चढ़ाने में सिकुड़ती है।

corrupt (kŏ rŭpt') [L. *corruptus*, p.p. of *corrumpere* (*rumpere*, to break)] वि० १. विकृत, विगड़ा हुआ; २. दूषित, भ्रष्ट* (प्र०, विधि भी), अपवित्र, क्षीण, जीर्ण, गलित, विगलित, बुरा, खोटा; ३. दुराचारी, दुश्चरित्र, कलंकित, बदचलन; ४. घूमखोर, रिश्वतखोर, घूम खानेवाला; ५. (भाषा, पाठ्य-पुस्तकादि) अशुद्ध, भ्रमपूर्ण। क्रि० स० और अ० १.

बिगाड़ना, खराब होना, सड़ाना, गंदा करना या होना, दूषित करना, विकृत करना, कलुषित करना, कलंकित करना; २. (शा० और ला०) उत्कोच देना, घूस देना, रिश्वत देना; ३. (भाषा) भ्रष्ट करना* (प्र० भी), भ्रष्ट होना, बिगाड़ना; ४. दुराचारी होना, दुश्चरित्र होना। **~practices** भ्रष्टाचार, कदाचार, घूसखोरी (विशे० निर्वाचनों में)। **corruptibility** सं० भ्रष्टता, भ्रंशता। **corruptible** वि० १. दूषणीय, दूषणक्षम, भ्रष्ट होने योग्य, दूषित होने योग्य; २. नश्वर, क्षयिण, सड़ने योग्य, बिगड़ने योग्य; ३. पतित या मलिन होने योग्य; ४. जिसे घूस दिया जा सकता हो या भ्रष्ट किया जा सकता हो। **corruptibly** क्रि० वि० दूषित प्रकार से, गंदे ढंग से, दूषण के साथ। **corruption** सं० १. सड़न, सड़ाँध; २. दूषण, विकार, दोष, विकृति, खराबी; ३. दुश्चरित्रता, दुराचरण, खोटापन, बदचलनी; ४. घूसखोरी, रिश्वतखोरी; ५. भ्रष्टाचार* (प्र०, मा० १ भी), कदाचार, नैतिक पतन, अधःपतन; ६. (भाषा आदि का) अशुभ्रष्टीकरण, बिकृति, ७. बिगाड़ना। **~of blood** (क़ानून) अधिकार-लोप। **corruptive** वि० १. दूषक, बिगाड़नेवाला; २. जो बिगाड़ा जा सके। **corruptly** क्रि० वि० भ्रष्टतापूर्ण ढंग से, दूषित रीति से।

corsac (kôr' sák) [Turk.] सं० (प्राणि०) कोरसैक, तातारी लोमड़ी, एक प्रकार की छोटी लोमड़ी।

corsage (kôr' saj) [O.F.] सं० कंचुकी, कुच-बंध, अँगिया, चोली।

corsair (kôr' sâr) [F. *corsaire*, M. It. *corsaro*, late L. *cursārius* (*cursus*, a course, from *currere*, to run)] सं० १. किसी राष्ट्र द्वारा आयुक्त और अधिकृत ऐसा गैर-सरकारी युद्धपोत, जिसका प्रयास शत्रु-राष्ट्रों के खिलाफ किया जाय विशेष वाणिज्य पोतों पर कब्जा करने के लिए, विशेषतः उत्तरी अफ्रीका और जिब्राल्टर का); २. इस प्रकार के युद्धपोत का कप्तान; ३. (मा० १) दस्यु-पोत*; ४. (मा० १) जलदस्यु*।

corse (kôrs) [O. F. *cors*, CORPSE] सं० (अप्र०, काव्य०) दे० CORPSE।

corset (kôr' sét) [F., dim. of O. F. *cors*, body] सं० कंचुक, चोली, अँगिया, एक प्रकार की शरीर से एकदम सटी हुई अँगिया, जिसे कमर के नीचे से लेकर छाती तक पहना जाता है। **corseted** वि० कंचुकीयक्त (स्त्री)।

corslet (kôrs' let) [F. *corselet* double dim. (*-el* and *-et*) of *cors*, as prec.] सं० १. बख्तरबंद, उरस्त्राण, कवच, सन्नाह, जिरह; २. एक तंग पहनावा, जो सारे शरीर पर कस कर पहना जाता है; ३. (प्राणि०) कीटाणु का सीना, कीड़े का सीना।

cortege (kôr' tázh') [F. from It. *corteggio* (*corte*, a court) सं० १. सेवकों की क़तार; २. जुलूस।

Cortes (kôr' tez) [Sp. and Port., pl. of *corte*, court] सं० (बहु०) स्पेन या पुर्तगाल की विधान-सभा के दो सदन, कॉर्टिज* (स्पेन की संसद्) (मा० १ भी)।

cortex (kôr' teks) [L.] (बहु० **~tices**) सं० १. वल्कल, आवरण, बाह्य त्वचा, छाल, छिलका, पोस्त; २. बहिरांश, बाह्यक, बाह्य भाग, मस्तिष्क की बाहरी त्वचा (आवरण, छिलका), जिसका रंग भूरा होता है; ३. वृक्क (गुर्दा, मूत्राशय) का बाहरी भाग या छिल्ली।

cortical (kôr' ti kál) वि० १. (वन०) वल्कीय, वाल्कल, बहिर्देशीय, बाह्यक, वल्कल संबंधी, छिल्ली का; २. बाह्य त्वचा का; ३. (प्राणि०, शा० वि०) जन्तु के शरीर या अंगों की बाह्य त्वचा संबंधी।

corticate, corticated (kôr' ti kát, -ā ted) वि० १. वल्कलयुक्त, छिलकेदार, पोस्तदार, छिल्लीदार; २. छिलके के सदृश, छिलका-सा, छिल्ली-सा, छाल जैसा।

corundum (kó rún' dúm) [Tamil *kurundam*] सं० १. एक ही प्रकार का स्फटिक खनिज पदार्थ (जो विभिन्न रंगों का होता है), कुरुविन्द; २. स्फटिक और रासायनिक द्रव्य के खनिज पदार्थ के प्रकार; ३. (वि० १) कुरंड*/ कोरंडम*/ कुरुविन्द*।

coruscate (kor' us kát) [L. *coruscātus*, p. p. of *coruscāre*] क्रि० अ० काँचना, उज्ज्वल होना, स्फुटित होना, दीप्यमान होना, विद्युदाभापूर्ण होना, छटा दिखाना (शा० और ला०), चमकना, जगमगाना, काँधना। **coruscant** (ko rús' kənt) वि० प्रकाशमान, देदीप्यमान, चमकीला, उज्ज्वल, चमक-दमकवाला, जगमगाता हुआ। **coruscation** सं० चमक-दमक।

corvee (kôr vā') [F., from late L. *corrogāta* (*opera*) requisitioned work (COR-, *rogāre*, to ask)] सं० १. बेगार* (मा० ३ भी), बेगार-प्रथा; २. दासता, शूलाभी के कारण पारिश्रमिक के बिना कार्य कराने की प्रथा; ३. विधि द्वारा मान्य परिश्रम, उद्योग (जैसा कि फ्रांस में १७३६ के पूर्व कृषकों, मजदूरों को वैधानिक तौर पर करना पड़ता था)।

corvette (kôr vet') [F., from Port. *corveta*, Sp. *corbeta*, prob. from L. *corbita* (*navis*), a ship of burden (*corbis*, basket)] सं० १. (नौ०) रणपोत, जंगी जहाज़, एक प्रकार की जंगी नाव (इति०); २. (अब) अंगरक्षक जहाज़, छोटा तेज़ चलने वाला अंगरक्षक जहाज़।

corvine (kôr' vin) [L. *corvinus* from CORVUS], **corvus** (kôr' vús) [L., a raven] वि० काक संबंधी, काले कौए का, कौए जैसा।

corybant (kor' i bánt) [F. *Corybante*, L. *Corybantem*, acc. of *Corybās*, Gr. *Korubas -antos*] सं० (बहु०-**s, -es**) (यूनानी देवमाला में) सीबली देवी का पुजारी पुरोहित, पंडा (यह पूजा अत्यधिक नृत्य के साथ सम्पन्न की जाती है)। **corybantian, corybantic, corybantine** वि० सीबली देवी के पुजारी या पूजा का।

Corydon (kor' i dón) [L., from Gr. *Koruðōn*] सं० १. देहाती या गँवार, ठेठ गँवार; २. ग्राम्य-गीत, देहाती गीत या ग्रामीण कविता।

corymb (kor' imb) [F. *corymbe*, L. *corymbus*, Gr. *korumbos*, a cluster] सं० १. (वन०) पुष्पन-जाति, मंजरि-गुच्छ, पुष्प-स्तवक विशेष, चामर; २. एकबर्क्षक (लंबा डंठल), जिसमें पुष्प बराबर-बराबर लगे हों, चिपिटक; ३. (वि० १) समशिख*, कोरिम्ब* । **corymbose** (kor im bōs') वि० चामरीय, पुष्पन जाति का, चिपिटक संबंधी।

coryphaeus (kor i fē' ús) [L., from Gr. *Koruphaios* (*Koruphḗ*, the head)] सं० गायन-मंडली का नायक, सहगान-मंडली का नेता, ध्रुपद-अभिनायक (ला० भी)।

coryphee (kor' i fā) [F., from prec.] सं० नृत्य का परिचालक, प्रमुख नर्तक, सर्वप्रधान नर्तक।

coryza (kó rī' zā) [L., from Gr. *korūza*, running at the nose] सं० जुकाम*, प्रतिश्याय* (क्रु० भी)।

cos[1] (kos) [Gr. *Kós*] सं० (Cos lettuce भी) कॉस, एक प्रकार का पौधा, जिसे कॉस-द्वीप से यूरोप में लाया गया।

cos[2] सं० COSINE का संक्षिप्त रूप।

cossaque (kó sak') [F., *cossaque*, a Cossack] सं० रेवड़ी जैसी मिठाई।

cosse (kōs) क्रि० अ० सुखपूर्वक होना, चैन से बैठना, मौज से बैठना।

cossecant (kō sek' ănt) [CO-, SECANT] सं० (त्रिकोण०) व्युत्क्रम ज्या (संक्षे० cosec)

cossismal (kō siz' măl) [CO- SEISMAL] वि० और सं० सप्रभूकम्पक (रेखा या यंत्र)।

cosh (kosh) [?] सं० [ग्रा०] सोंटा, गदा।

cosher (kŏsh' ĕr) [KOSHER] क्रि० स० १. खिलाना-पिलाना, संतुष्ट करना, अधिक पेट भरना; २. लाड़-प्यार से पालना, अधिक प्यार करना, दुलार करना।

cosignatory (kō sig' ná tō ri) [CO-, SIGNATORY] वि० और सं० सहहस्ताक्षरकर्ता* (मा० २ भी), दूसरों के साथ हस्ताक्षर करनेवाला (व्यक्ति)।

cosine (kō' sīn) [CO-, SINE] सं० १. (त्रिकोण०) कोज्या (संक्षे० cos); २. (वि० १) कोटिज्या* / कोसाइन*।

cosiettize क्रि० स० (फ़ौलाद विशे० साइकिल-फ्रेमों पर) मोर्चा-निवारक पॉलिश करना।

cosmetic (kóz met' ik) [F. *cosmetique*, Gr. *Kosmētikos* (*kosmein*, to adorn, from *kosmos*, order)] वि० और सं० १. प्रसाधन-सामग्री, अंगराग* (वि० १ भी), शृंगार-सामग्री, सौन्दर्यवर्धक वस्तुएँ।

cosmic (koz' mik) [Gr. *Kosmikos*, from *kosmos*, order, th world] वि० ब्रह्मांड, जागतिक, विश्व संबंधी, विश्वीय, ब्रह्मांड का, सार्वभौम (विशे० पृथिवी से भिन्न)। **~philosophy** ब्रह्मांड-दर्शन, विश्वीय दर्शन। **~rays** ब्रह्मांड-रश्मि, विश्वीय किरण, विश्वीय रश्मि। **cosmical** वि० ब्रह्मांडीय* (वि० १ भी), सार्वभौमिक। **cosmically** क्रि० वि० ब्रह्मांडीय सिद्धान्त से, विश्व-निर्माण-रीति से। **cosmicism** सं० ब्रह्मांडवाद, ब्रह्मांड की स्वतः क्रियाशीलता एवं गतिशीलता की धारणा। **cosmist** सं० ब्रह्मांडवादी।

cosmo- (Gr. *kosmos*, the universe] समास में विश्व, ब्रह्मांड के अर्थों में प्रयुक्त। **cosmogeny** विश्व का विकास, प्रादुर्भाव। **cosmology, cosmologist, cosmological** विश्व-विज्ञान, ब्रह्मांडिकी* / ब्रह्मांड-विज्ञान* (वि० १ भी), विश्वविद्, विश्वविज्ञान संबंधी। **cosmoplastic** विश्व-सचकन।

cosmogony (kóz mog' ŏ ni) [Gr. *Kosmogonia*] सं० १. विश्वोत्पत्तिवाद, जगत्सृष्टिवाद, जगदुत्पत्तिवाद, सृष्टि, विश्व-विकास का सिद्धान्त*, ब्रह्मांडोत्पत्ति*, ब्रह्मांडोत्पत्ति-सिद्धांत* (वि० १ भी); २. सृष्टि-सर्जन* / सृष्टि-वर्णन* (मा० १ भी); ३. (मा० २) विश्वोत्पत्ति-मीमांसा* / सृष्टि-मीमांसा*। **cosmogonic(al)** (kóz mo gon' ik, -ăl) वि० विश्वोत्पत्ति संबंधी, सृष्टि का। **cosmogonist**(kóz mog' ŏ nist) सं० विश्व-तत्त्ववेत्ता, विश्वोत्पत्ति का जानकार।

cosmography (kóz mog' rá fi) [Gr. *kosmographia*] सं० १. जगद्विवरण, भू-विवरण, पृथ्वी-विवरण-विद्या, विश्व का सचित्र विवरण, विश्व-लेखन, सृष्टि-वर्णन* (मा० १ भी), सृष्टि-चित्रण, भू-निर्माण कौशल तत्त्व; २. (वि० १) विश्व-रचना*। **cosmographer** सं० १. जगद्विवरण-लेखक, विश्व-वर्णन-लेखक, सृष्टि का वर्णन करनेवाला, विश्व-तत्त्व-लेखक; २. (वि० १) विश्व-रचना-विज्ञ*। **cosmographic, -ical** (koz mŏ gráf' ik, -ăl) वि० १. विश्व-तत्त्व संबंधी, जगद्विवरण संबंधी; २. सृष्टि-वर्णन का, विश्व-लेखन का, विश्व-रचना संबंधी* (वि० १ भी)।

cosmopolis सं० सार्वभौम नगर, ऐसा नगर, जिसमें सभी देशों के राष्ट्रजन रहते हों।

cosmopolitan (koz mŏ pol' i tăn) [Gr. *kosmopolitēs* (*kosmos*, the world, *politēs*, a citizen)] वि० और सं० १. सार्वदेशिक, सार्वभौम, विश्वव्यापी, वैश्व, सार्वत्रिक; २. विश्वप्रेमी, विश्वबन्धु (का), राष्ट्रीय पक्षपात से रहित, सार्वभौमी, उदार स्वभाववाला (व्यक्ति), सर्वदेशवासी; ३. (मा० १, वि० १) विश्वजनीन*, ४. (मा० १) सर्वदेशीय* / विश्ववादी*। **cosmopolitanism** सं० विश्वबंधुत्व, सार्वभौमता, विश्ववाद*, सर्वदेशीयता* (मा० १ भी)। **cosmopolitanize** क्रि० स० और अ० विश्वबंधु बनना, विश्वप्रेमी होना, उदार स्वभाव का होना, सार्वभौमी होना, सर्वदेशीय होना। **cosmopolite** (koz mop' ŏ lit) सं० सर्ववासी, सर्वत्रस्थायी, सर्वदेशवासी विश्वनागरिक* (मा० १, वि० १ भी)। वि० निर्विशेषण सर्वलोक-मित्र, राष्ट्रीय पक्षपात से रहित, सार्वभौम सिद्धान्त को माननेवाला। **cosmopolitanism** सं० सार्वभौमता, विश्वनागरिकता, निर्विशेषण सर्वलोकमित्रता है। **cosmopolitical** वि० सार्वनैतिक, विश्वव्यापी राजधर्म संबंधी, विश्व-बंधुत्व का, विश्वव्यापी* (वि० १ भी)।

cosmorama (koz mo ra' mă) [KOSMO-, Gr. *horama*, a spectacle, from *horaein*, to see] सं० बाइस्कोप, जिसमें विश्व के समस्त भाग दिखाये जायँ, विश्व की दृश्यावली, भू-चित्र-दर्शन, विश्व के विभिन्न भागों के सूक्ष्म निरूपण (का चित्र, सूक्ष्म निरूप-दर्शन)। **cosmoramic** वि० विश्वचित्र-प्रदर्शन संबंधी।

cosmos[1] (koz' mos) [Gr.] सं०१. ब्रह्माण्ड, विश्व* (मा० २ भी, व्यवस्थित विश्व, क्रमबद्ध विश्व; २. विचारावलि आदि की व्यवस्थित प्रणाली; ३. विचार-धारा, शृंखला, अनुभव का पुंज; ४. (मा० २) विश्व-व्यवस्था*।

cosmos[2] सं० पौधा, जिसमें विभिन्न रंगों के डेलिया जैसे फूल लगते हैं।

Cossack (kos' ăk) [Rus. *kozak'*, Turk. *guzzag*, a vagabond, an adventurer] सं० कज़ाक, दक्षिणपूर्वी रूस की एक जाति (विशे०) रूस की अल्प शस्त्रास्त्र-सज्जित अश्वारोही सेना। **~post** (सेना के) कुछ अश्वारोहियों की दूरवर्ती चौकी।

cosset (kos' et) [etym. doubtful (perh. from A.-S. *cotsæta*, cot-sitter, brought up within doors)] सं० पालतू मेमना, भेड़ का पलुआ बच्चा। क्रि० स० पोसना, लाड़ करना, प्यार करना, प्रेम करना, लाड़ला बनाना, चाहना।

cost (kost) [O. F. *coster* (F. *coûter*) L. *constāre* (CON-, *stāre*, to stand)], क्रि० अ० १. व्यय होना, लागत पड़ना, खर्च पड़ना, प्राप्य होना, उपार्जनीय होना (जैसे ~him five thillings, ~the writer infinite labour); २. हानि सहना, क्षति होना (जैसे ~him his crown); ३. (वाणि०) भाव निश्चित करना, मूल्य निर्धारित होना, दाम नियत होना। **~him dear(ly)** (यह उसे) बहुत महँगा पड़ा, (इसमें) उसे क्षति उठानी पड़ी। सं० १. व्यय, खर्च* (वि० भी), मूल्य, दाम, लागत, क्रीमत* (कु० भी); २. (बहुव०) अदालती खर्च, न्यायालय से मुकदमा जीतनेवाले को दिलवायी जानेवाली रक़म; ३. मजूरी, मजदूरी, मेहनताना, पारिश्रमिक आदि; ४. घाटा, हानि। **prime~** ५. (इं० ३) परिव्यय*। **at~** लगी क्रीमत पर, प्रारंभिक

लागत। **at all costs** हर हालत मे, प्रत्येक दशा में, किसी भी क़ीमत पर, सब प्रकार से, चाहे जो कुछ हो। **at the ~of** इसे खोकर, इसके बदले मे, इसकी क्षति उठाकर। **count the~** कार्य प्रारंभ करने के पूर्व आने वाली विपत्ति, संकट, भय और आपत्ति पर विचार करना। **prime~**, **~price** १. असली लागत, क़ीमत (जिस पर व्यापारी ने माल खरीदा हो); २. उत्पादन-लागत। **to a person's~** किसी व्यक्ति की हानि, नुक़सान होना। **~accountant, clerk** आय-व्यय-लेखक, अकौंटिया, व्यापार आदि का आय-व्यय का हिसाब रखनेवाला (विशे० जिससे कि अपव्यय की जाँच की जा सके)। **~book** खतान-खाता, परिव्यय-लेखा (खनिज पदार्थ के व्यय, लाभांश आदि की बही, खाता, पुस्तक)। **costless** वि० बिना मूल्य के, बिना लागत के, बिना व्यय के। **costly** वि० बहुमूल्य, मूल्यवान, क़ीमती, महँगा। **costliness** सं० महार्घता, महँगाई।

costa (kos' tă) [L.] सं० (बहुव० **~tæ**) शिरा*/ पर्शुका* (वि० १ भी)। **costal** वि० पार्श्विका, पंजर संबंधी, पसली का। **costate** वि० १. पसलीदार, पसलीवाला, वह जिसके, पसलियाँ हों; २. (वि० १) शिरायुक्त*।

costard (kos' tărd) [perh. from O. F. *coste*, a rib (as prec). referring to apples with prominent ribs]. सं० १. काश्टर्ड, एक प्रकार का बड़ा सेब; २ (अप०) खोपड़ी, सिर।

costean (kos tēn') [Corn. *cothar*, dropped, *stean*, tin] क्रि० अ० (खनि०) (खनिज पदार्थ का पता लगाने के लिए) खोदना, चट्टान तक खुदाई करना।

coster, costermonger (kos' tĕr mŭng' gĕr) [COSTARD, MONGER] सं० फल-विक्रेता, फेरीवाला, काछी, कोइरी, फल, मछली आदि को ठुमाड़िया ठेलागाड़ी पर मल्कों पर बेचनेवाला व्यक्ति।

costive (kos' tiv) [O.F. *costive*', *costeve*', L. *constipātus*, CONSTIPATED] वि० १. बद्धकोष्ठ, अवरुद्ध मल, आनद्ध, मलबद्ध, कब्ज़वाला, मलावरोध का; २. (ला०) कृपण, कंजूस, सूम, लालची। **costiveness** सं० कोष्ठबद्धता, मलबद्धता, भारीपन (पेट का), मलावरोध, कब्ज़।

costly दे० COST।

costmary (kost' mâr i) [A.-S. *cost* (?), L. *costum*, Gr. *kostos*, Arab. *qust*; *Mary* (St. Mary)] सं० कॉस्टमरी, एक महकीला तथा सदाबहार पौधा (जो पहले औषधि में और शराब की सुगंधि के लिए प्रयुक्त होता था)।

costume (kos' tūm, kos tūm') [F., from It. *costume*, late L. *costūma*, L. *consuētūdinem*, acc. of *consuētūdo*, CUSTOM] सं० १ वेश-सज्जा, पोशाक, पोशाक का ढंग या रीति (बालों की भी); २. वेश-भूषा* (मा० ३ भी), वेश-आभरण, वस्त्र, पोशाक, लिबास, पूरा पहनावा, गरिच्छद। क्रि० स० १ पोशाक बनवा देना; २. सज्जित करना, वेश बनाना। **~piece** ऐतिहासिक नाटक-वेश (जिसमें अभिनेता तत्कालीन पहनावा पहनते हैं)। **costumer, costumier** (kŏs tū mĕr, kos tū' mi ĕr) सं० पोशाकें बेचनेवाला या बनानेवाला।

cosy (kō' zi) [etym. doubtful] वि० सुखकर, आरामदेह, सुख-चैन का, सुरक्षित आरामदायक (स्थान), चैन से बैठा हुआ। सं० बैतानिक (शामियाने से सजा हुआ) आसन (दो व्यक्तियों के लिए)। **tea, egg~** चायदानी आदि का गद्देदार टोप, ढक्कन। **cosily** क्रि० वि० सुख से, चैन से, मजे से, आराम से। **cosiness** सं० सुख, आनन्द, चैन, आराम।

cot[1] (kot) [A.-S. *cot*, *cote* (cp. Dut. and Icel. *kot*, G. *koth*)] सं० १. छप्पर, बाड़ा (जैसे bell~, sheep~); २. (काव्य०) कुटीर, कुटिया, झोंपड़ी। क्रि० स० (पशुओं को) बाड़े में बन्द करना, बाड़े के अन्दर करना, बाड़े में रखना।

cot[2] (kot) [from Hind. *khāt*] सं० १. शय्या, खटोला, खाट, छोटी खाट, मचिया, चारपाई; २. (नौ०), मंच, हिंडोला, झूला, डोला (अफ़सरों, बीमार व्यक्तियों आदि के लिए); ३. (बच्चों को झुलाने का) पालना, डोला, हिंडोला, छोटा झूला; ४. बच्चों के चिकित्सालय का दोला।

cot[3] (kot) सं० संक्षे० दे० COTANGENT।

cotangent (kō tăn' jĕnt) १. (त्रिकोण०) कोटिस्पर्श रेखा, कोटिस्पर्शी; २. (संक्षि० cot) (वि० १) कोटिस्पर्शज्या*, कोटैन्जेन्ट*।

cote (kōt) [COT[1]] सं० १. ओसारा, छप्पर, घेरा, बाड़ा विशे० पशुओं का (जैसे dove, hen, sheep~) २. (वि० १) कोट*।

co-temporary दे० CONTEMPORARY।

cotenant (kō ten' ănt) सं० १. सहकृषक, साझीदार काश्तकार; २. साथी किरायेदार।

coterie (kō' tĕr i) [F., from low L. *coteria*, an association of cottars for holding land, from *cota*, a COT[1] (of Teut. orig.)] सं० १. मंडली* (मा० १ भी), अंतरंग-मंडली, एक प्रकार की खानेवाले लोगों की मंडली; २. गुणीजन-मंडली, संघ, गुट* गोष्ठी*, (मा० १ भी); ३. (मा० १) संयुक्त कृषक-दल*।

coterminous वि० CONTERMINOUS का परिवर्तित रूप।

cothurnus (kō thĕr' nŭs) [L, from Gr. *kothornos*] सं० (बहुव० **-ni**) ऊँचा जूता विशेष, मोटे तले का, जिसे एथेन्स के दुःखान्त नाटकों के अभिनेता पहनते थे (ला० भी समुन्नत शैली आदि का)।

cotidal (kō tī' dăl) वि० १. समज्वार संबंधी, एक समय के ज्वार-भाटे का, समज्वारीय* (वि० १ भी)। **~line** समज्वार-रेखा, मानचित्रों में वह रेखा, जो उन तटीय स्थानों को मिलाये, जहाँ उस समय एक ही साथ ज्वार-भाटा आता है।

cotillion (kō til' yŏn), **cotillon** (kō tē' lyon) [F. *cotillon*, lit. a petticoat, dim of *cotte*, coat] सं० कोटीलियन, कई प्रकार के नृत्यों का नाम, इनके साथ का संगीत।

cotoneaster (ko tō nē ăs' tĕr) [L. *cotonea*, quince, -ASTER] सं० कोटोनेस्टर, उत्तरी यूराप के छोटे वृक्षों या भूमि के साथ फैले हुए गुल्म (के विभिन्न प्रकार), जो नागफनी के अनुरूप होने है और जिनमें गुलाब जैसे लाल फूल लगते हैं।

cotta (kot' ă) [med. L. (see COAT)] सं० कोटा* (मा० १ भी), पादरी का सफेद कोट।

cottage (kot' ăj) [COT[1], -AGE] सं० १ कुटीर*, झोंपड़ी, कुटिया, कुटी; २. मजदूरों और ग्रामीणों का छोटा निवास-स्थान; ३ देहाती मकान। **~hospital** अस्थायी चिकित्सालय, दवाखाना, फौजी अस्पताल (जो किसी झोंपड़ी में हो)। **~loaf** कटिज लोफ, एक प्रकार की पाव) रोटी। **~piano** छोटा पियानो। **cottager** सं० कुटीरवासी, झोंपड़ीवासी, कुटीवासी, झोंपड़ीवाला।

cottar (kot' ăr) [COT[1] or COTE[1], perh. through med.

L. *cotĕrius* (*cota*, COTE¹] सं० १. स्काटलैंड का कृषक (जिसकी झोपड़ी खेत में हो और जो काम पड़ने पर निश्चित पारिश्रमिक पर काम करे), दे० COTTER; २. (भा० १) कॉटर* (खिदमती काश्तकार)।

cotter (kŏt' er) [etym. doubtful] सं० १. कुंजी, चाभी; २. फाली, कीलक, पच्चर, पेंच, पेंचदार कील आदि, जो पुर्जों को ठीक बैठाने के लिए लगते हैं, यंत्र के भागों को कसकर बाँधने की कील; ३. विशे० ऐसी कील, जो पार जाकर फँस जाती है; ४. (आ० इं० १, ३) कॉटर* । **~pin** फली को ठीक रखने की कील।

cottier (kot' i ĕr) [O. F. *cotier*, med. L. *cotĕrius* (*cota*, COTE¹] सं० १. उटजवासी, झोपड़ीवाला, मड़ई में रहनेवाला; २. आयरलैंड का वह लेतिहर, जो सबसे अधिक लगान की बोली बोलकर भूमि-स्वत्व और खेत के पट्टेदार (बटाईदार) के रूप में रहता है। **~tenure** सबसे अधिक लगान की बोली देनेवाली बटाईदारी।

cotton (kotn) [F. *coton*, from Sp. *coton*, Arab. *qutun*] सं० १. तूल, कपास*, रुई* (कृ०, वि० १ भी), कपास के डोडे में का रेशेदार फूआ, जिसे कातकर सूत, कपड़ा आदि बनाते हैं; २. कपास का पौधा; ३. डोडा, सूत, धागा, डोरा, तागा; ४. सूती कपड़ा, सूती वस्त्र। क्रि० अ० १. एकमन होना, सहमत होना, राजी होना, एक होना, अनुकूल होना, एक राय का होना; २. अनुरागी होना, अनुरक्त होना; ३. किसी का हो रहना, लगा रहना। **~cake** खली (पशुओं को खिलाने की)। **~grass** सफ़ेद रंग के रेशमी रेशोंवाली लंबी नर्म घास। **~lord** कपास का धनी व्यापारी, कपास के व्यापार का धनी-मानी अग्रणी व्यापारी। **~on** (to) (आ०) समझना, जानना। **~on to** (वस्तु, व्यक्ति को) समझलेना। **~spinner** सूत कातनेवाला, सूत की मशीन का स्वामी। **~tail** कॉटनटेल, सफ़ेद पुँछवाला अमरीकन खरगोश। **~up** (किसी पर) डोरे डालना, मैत्री बढ़ाना। **~waste** रद्दी सूत (जो मशीन साफ़ करने के काम आता है)। **~wool** कच्ची रुई (विशे० कपड़ों में भरने के लिए)। **~yarn** धागा, तागा, डोरा। **cotton-cracy** (kotn ok' ra sı) सं० १. रुई के धनाढ्य व्यापारी, अग्रणी व्यवसायी; २. रुई के धनाढ्य व्यापारियों का संघ। **cotto-nopolis** सं० (विनोद०) रुईनगर, रुईपुरी, मैनचेस्टर। **cottony** वि० १. रुई-सदृश, रुईदार; २. रुई का, कपास का।

cotyledon (Kotı lē' dŏn) [Gr. *kotuledŏn* a cup-shaped hollow, from prec.] सं० १. बीजपत्र* (कृ०, वि० १ भी), प्ररोह, अंकुर, आद्यदल, गर्भदल, नाभिपत्र, अंकुआ, बीजपतिया, उगे हुए पौधों के प्रथम पत्र, पौधों के विभिन्न प्रकार; २. (वि० १) कॉटिलीडन*। **cotyledonous** वि० बीजपत्री, बीजपत्रिक, आद्यदलिक, नाभिपत्रवाला।

cotyloid (kot' i loid) वि० (ब० वि०) कटोरीदार, प्याले के आकार का।

couch¹ (kouch) [F. *coucher*, L. *collocāre* (COL-; *locāre*, to place, from *locus*, place)] सं० १. शय्या, बिछौना; २. पलंग, खाट; ३. सोफ़ा, कौच, गद्दीदार लंबी चौकी, आरामकुर्सी की तरह का आसन; ४. बेहन की क्यारी। क्रि० स० और अ० १. शयन करना, विश्राम करना, लेटना (अब केवल भू० कृ० के रूप में प्रयुक्त); २. क्यारी में अंकुरित होने के लिए बीज बोना, बेहन बोना, अनाज बोना; ३. (निशाना मारने के लिए बर्छी आदि) झुकाना, नीचे लाना, ; ४. निकाल देना, साफ़ करना, आँख का जाला निकालना (मोतियाबिन्द संबंधी); ५. व्यक्त करना (विचार आदि को शब्दों में); ६. छिपाना (अर्थ को शब्दों के घूँघट से), ढाँकना; ७. (पशुओं आदि का मांद आदि में) लेटना; ८. दुबकना, लुकना, छिपना, लपक लेने के लिए, दुबककर बैठना, झुकना, सिकुड़ना, दबे-दबे रहना; ९. घात लगाना, अवसर की ताक में रहना। **~person, person's eye** आँखों से मोतियाबिंद का जाला निकालना।

couch² (kooch, kouch) [QUITCH] क्रि० स० काँछ घास साफ़ करना। **~grass** सं० काउच, एक प्रकार की घास, जिसकी जड़ें दूर तक फैली रहती हैं।

couchant (kou' chănt) [F., pres. p. of *coucher*, to lie (see COUCH¹)] वि० उकड़ूँ या शय्या-मुद्रा में बैठा (पशु)।

Couéism (koo' ā ĭzm) [Emil *Coué* (1857-1926)] सं० कूवेवाद, सहज निर्देश द्वारा चिकित्सा की पद्धति, फ्रांस के मनोविज्ञान-विशेषज्ञ द्वारा आविष्कृत पद्धति।

cougar (koo' gär) [F. *couguar*, adapted from Guarani name] सं० कुगर, अमरीकी तेंदुआ।

cough (kof, kawf) [A.-S. *cohhetan*, prob. representing an unrecorded *cohhian* (cp. Dut. *kuchen*, to cough, G. *keuchen*, to pant); imit. in orig.] सं० १ कफ़, खाँसी; २. श्वास-प्रदाह, खाँसी की प्रवृत्ति। क्रि० अ० और स० खाँसना, कासना, खाँ-खाँ करना, खखारना। **~down** खाँस-खाँसकर चुप करा देना, खाँसकर वक्ता को चुप कराना (बोलने न देना)। **~out, up** १. खाँसकर थूकना, खाँसकर कफ निकालना, श्लेष्म निकालना; २. खाँसकर कहना, खाँसकर निःसारित करना। **~up** (भा० १. बेगमसे बोल उठना, बेसाख्ते कह देना, कह उठना; २. अनिच्छा से बोलना; ३. निकालना, देना।

could दे० CAN².

couleur de rose गुलाब के फूल जैसे रंग का।

coulisse (koo lēs') [F., from *couler*, to flow] सं० १. (प्राय: बहु०) अभिनयशाला के पार्श्व; २. इन दो पार्श्वों के बीच का स्थान; ३. नाली, खाई आदि (जिस पर जल को रोकने या निकालने का फाटक इधर-उधर हटाया जा सकता है)।

couloir (kool' war) [F., from *couler*, to flow] सं० पहाड़ी नाली, पानी के बहाव से ढालू बनी हुई कंदरा या गड्ढा।

coulomb (kool' lom) [C. A. de *Coulomb* (1736-1806), French physicist] सं० १. विद्युत् की मात्रा, जो एक एम्पीयर के करेंट द्वारा एक सैकंड में प्रवाहित होती है; २. (दे० २, वि० १) कूलॉम*।

coulter (kōl' ter) [A.-S. *culter*, L. *culter*] सं० १. फाल, लोहे का वह फल, जो हल के नीचे लगा रहता है और जिससे ज़मीन खुदती या जुतती है; २. (कृ०) कोल्टर*।

coumarin (koo' má rin) [F. *coumarine*; Guiana native name *cumaru*', the Tonka bean] सं० कूमेरिन, अतंतमूलि, महकीला स्फटिकमय पदार्थ, जो 'टोंका' सेम आदि के बीजों में पाया जाता है, एक प्रकार का स्फटिकमय और सुगंधित अर्क।

council (koun' sil) [F. *concile*, L. *concilium* (CON-, *calāre*, to summon)] सं० १. गिरजा या पुरोहित संबंधी परिषद्, सभा (जैसे oecumenical, diocesan); २. (न्यू टेस्टामेंट) प्राचीन यरूशलम में यहूदियों का सर्वोच्च न्यायालय और परिषद्* (प्र०, मा० १ भी); ३. परामर्शदात्री या मंत्रणात्मक परिषद्, मंत्रणा-सभा, (जैसे (इनि०) Great~, ~of tenants-in-chief and great ecclesiastics), परिषद्, निकाय (जैसे the king, queen, crown, in~, Privy~); ४. निकाय, जो विशिष्ट शासन आदि के राज्यपाल की

सहायता करता है; ५. नगर, उपनगर, देहात आदि का स्थानीय प्रशासनीय परिषद् (जैसे county ~)। **~board** परिषद् की मेज (जिसके इर्द-गिर्द परिषद् के सदस्य बैठें)। **~chamber, house** परिषद्-सदन या परिषद्-भवन, सरकारी भवन (जहाँ परिषद् विचार-विमर्श के लिए बैठे)। **~of State** राज्य-परिषद्। **~of war** युद्ध-परिषद् (जो लड़ाई के मैदान में आपत्काल में परामर्श देने के लिए होती है)। **councillor** सं० १. पारिषद्, सभासद, परिषद् का सदस्य; २. (पद०) पार्षद*। **councillorship** सं० सभासद का पद, परिषद्-सदस्यता।

counsel (koun' sél) [O. F. *conseil*, L. *consilium*, from *consulere*, to consult (see CONSUL)] सं० १. परामर्श, सम्मति; २. सलाह, मशविरा, मंत्रणा, राय; ३. धार्मिक व्यवस्था; ४. समुपदेशक, समुपदेष्टा, वैधानिक परामर्शदाता; ५. (मंत्रणाकारों का निकाय; ६. विधिवेत्ता, वकील, बैरिस्टर; ७. (ब०) परामर्शदाता*/ काउंसेल*। क्रि० स० सम्मति देना, मंत्रणा देना, परामर्श देना, मशविरा देना, राय देना, सलाह देना, सिफ़ारिश करना। **keep one's (own) or another's~** गुप्त रखना, अपने तक रखना, रहस्य में रखना। **King's, Queen's~** (संक्षे० K. C., Q. C.) राज-अभिवक्ता, सरकारी वकील (जिन्हें अन्य वकीलों से, मंत्रणाकारों से श्रेष्ठता प्राप्त हो)। **take~** राय लेना, सम्मति लेना, परामर्श लेना, मंत्रणा करना, मशविरा करना। **~of perfection** १ धार्मिक निर्देशदेय; २. मूलतः सृष्टि या उसके अनुयायी (धर्मप्रचारक) का। **counsellor** सं० १ परामर्शदाता* (मा० १ भी), मंत्रणाकार; २. (~at Law भी) समुपदेष्टा, विधिवक्ता, कानूनी परामर्श देनेवाला बैरिस्टर (आजकल केवल आयरलैंड में इस अर्थ में प्रयुक्त होता है); ३ (मा० २) उपदेशक*।

count[1] (kount) [O. F. *conter*, L. *computāre*, to COMPUTE] सं० १. गणना* (वि० १ भी), गणन, गिनना, गिनती* (वि० १ भी), संख्या, तादाद; २. लेखा, हिसाब; ३. पूर्ण संख्या, कुल योग, पूरी संख्या; ४. (कानून) अपराध, अभियोग-पत्र का प्रत्येक अपराध; ५ गणनाक* वि०१ भी; । क्रि०स० और अ० १. गिनना, गिनती करना, हिसाब लगाना, हिसाब करना, गिनती गिनना, गणना करना; २. अंकों को क्रमबद्ध दुहराना, संख्या को क्रमबद्ध गिनना; ३. (गणना में) उपस्थित करना, लेना, हिसाब में शामिल करना, अन्तर्भूत करना; ४. समझना, ख्याल करना, सोचना, विचारना (किसी वस्तु के संबंध में), ५. गणना-योग्य होना, गिनती में आना, गिनने लायक होना, असर रखना (जैसे that does not ~ भी)। **a ~-out** ब्रिटेन के हाउस ऑफ़ कॉमन्स का स्थगन (कम से कम चालीस सदस्यों के उपस्थित न होने के कारण)। **be counted out** (मुक्केबाजी की प्रतियोगिता में) पुन न उठ पाना, उठने में असमर्थ होना। **keep~** गिनने में सावधान रहना। **lose~** गिनने में चूक करना, गिनती भूल जाना। **~for** योग्य होना, गिनती के लायक़ होना, अति योग्य होना, मूल्यांक होना, विशिष्ट होना। **~kin (with)** (स्कॉट०) प्रमाण रूप से सजातीय होना, संबंधित होना। **~on, upon** भरोसा करना, आभरा होना। **~out** १ (धूंसेबाजी) प्रतियोगिता की अवधि के लगभग दस सेकंड का समय, जो मुक्केबाजी में चोट खाये हुए मुक्केबाज को देते हैं ताकि वह पुनः लड़ने के लिए तैयार हो; २. भंडार से गिन-गिनकर निकालना। **~out the house** (हाउस ऑफ़ कॉमन्स का) स्थगन करना। **~up** कुल योग निकालना। **counting house** सं० १. महाजनी कार्यालय, लेखा-कार्यालय, हिसाबघर, खातांघर; २. महामिखाना, दफ़्तर, कार्यालय। **countless** वि० असंख्य, बेहिसाब, बेशुमार, अनगिनत, बहुत अधिक, जिसकी गणना न हो सके।

count[2] (kount) [O. F. *conte*, L. *comitem*, acc. of *comes*, companion] सं० काउंट, सामन्त (अर्ल, इंग्लैंड के एक उच्च श्रेणी के सामन्त के समान)। **~palatine** है० PALATINE। **countship** सं० काउंट का पद।

countenance (koun' té nánś) (O. F. *contenance*, aspect, demeanour, L. *continentia* (*continēre*, to contain)] सं० १. मुखमंडल, मुखाकृति, आकार, रूप, आकृति, सूरत, शक्ल, (जैसे change (one's) ~ भावावेश में शक्ल बदल जाना) २. शांति, स्थैर्य, प्रसाद, अजोभ, असंक्षोभ. संप्रत्यय (जैसे put out of ~, keep person in ~)। क्रि० स० १. स्वीकृति देना, मंजूरी देना, पृष्ट करना, समर्थन करना; २. प्रोत्साहन देना, बढावा देना, हिम्मत दिलाना, सहायता देना, साहाय्य करना, उत्साह बढ़ाना, प्रेरित करना, उत्तेजित करना। **keep one's ~** चेहरा न बदलना, चेहरे की शांति कायम रखना, न हँसना। **put out of ~** अर्थ करना, घबड़ाना, व्याकुल करना, हताश करना। **keep (person) in ~** सहमति, समर्थन करना।

counter[1] (koun' tér) [A.-F. *counteour*, O.F. *countour*, L. *computātōrium*, from *computāre*, to COMPUTE] सं० १. गणक, धातु या पंसि आदि का अँकडा (कंकडी, जो जुआ विशेष ताश की हार-जीत का हिसाब रखने के लिए होता है; २. जाली सिक्का, खोटा सिक्का, नकली सिक्का; ३. व्यवहार-पट्टल, लिडकी, पटल* काउंटर* (प्र० भी), गणना-फलक (बैंक, साहूकार या दूकानदार की मेज़), मेज या तख्ता (जिस पर दूकान में रुपये गिने जाते हैं और खरीदी हुई वस्तु बदले में दी जाती है); ४. (वि०१) गणिक*। **~jumper** साहूकार का सहायक, दूकान का कर्मचारी।

counter[2] (koun' tér) [F. *contre*, L. *contra*, against] सं०१. घोडे के कंधों और गर्दन के नीचे का हिस्सा, छाती, सीने का भाग; २. जहाज का पश्च भाग; ३. (तलवार आदि का) पैंतरा (जिसमें हाथ उसी स्थिति में रहता है परन्तु तलवार की नोक घुमकर चक्राकार बनाती है); ४. (जूता बनाने में) जूते का पिछला भाग, एडीवाला भाग। वि० १. विपरीत, विरुद्ध, प्रतिकल; २. प्रतिमुख, प्रतिपक्ष; ३. दोहरा, द्विगुणित। क्रि० वि० १. उलटे ओर, विपरीत दिशा में (जैसे hunt, run, go ~); २. विरुद्ध, विपरीत, उल्टा, मुखालिफ़, खिलाफ़, विपर्यस्त, प्रतिलोम (जैसे act, go ~, ~instruction etc.)। क्रि० स० और अ० १. विरोध करना या होना, खंडन करना, विपरीत करना या होना, प्रतिवाद करना, इन्कार करना; २. (शतरंज में) चाल को तोड़ना; ३. (मुक्केबाजी में) काट करना, तोड़ करना, रोकना, काटना, वार रोक कर वार करना।

counter[3] सं० ~rocking turn का संक्षे० (दे० ROCK[3])।

counter[4] सं० COUNTER* उप० जो इन अर्थों में प्रयक्त होता है १. व्यक्तम, विरोध, निराशा, प्रतिद्वन्द्विता; २. विपरीत स्थिति या उल्टी दिशा; ३. अनुरूपता, समानता; ४. प्रतिलिपि, नक़ी, बैसा। **~agent** (koun' tér á jent) सं०प्रतिक्रियात्मक (प्रतिकारात्मक) व्यक्ति या शक्ति, विरोधी शक्ति। **~approach** सं० (सैन्य०) हंगामी दमदमा, दोहरा मोर्चा, जो घिरी हुई सेना किले के बाहर आक्रमणकारियों को रोकने के लिए बना लेती है। **~attack** (koun' tér á ták') सं० प्रत्याक्रमण*

(मा० १ भी), जवाबी हमला, किले के सैन्य दल का आक्रमण-कारियों पर धावा। कि० स० और अ० प्रत्याक्रमण करना, जवाबी हमला करना। **~-attraction** (koun'tĕr ă trăk' shŭn) सं० प्रत्याकर्षण, विपरीत आकर्षण, विरोधी आकृष्टि, उल्टा आकर्षण, ध्यान का दूसरी ओर खिंचाव। **~-ceiling** सं० भरत, भरन, भराव (जो फर्श की घरनों में भरा जाता है)। **~chain** सं० प्रतिवाद, अभियोग में प्रतिवादी की अभियाचना, जवाबी दावा, उल्टा दावा। **~clockwise** दे० CLOCK[1]। **~-espionage** सं० १. जवाबी जासूसी, शत्रु के जासूसों का भेद मालूम करने की कार्यवाही, शत्रु के जासूसों के विरुद्ध कार्यवाही; २. प्रतिवादी गुप्तचर्या, प्रतिगुप्तचर्या* (मा० १ भी)। **~irritant** सं० प्रदाहक, प्रत्युत्तेजक, प्रति-संतापक, उत्तेजना उत्पन्न करनेवाली (वस्तु) (ला० भी)। **~-irritation** सं० प्रत्युत्तेजना, प्रदाह। **~-reformation** सं० प्रतिसुधार, विशे० वह सुधार-आन्दोलन जो प्रोटेस्टेंटों के तोड़ पर कैथोलिक गिरजा में हुआ, प्रति (धर्म) सुधार आन्दोलन* (मा० १ भी)। **~-tenor** सं० (संगी०) उच्चतम मर्दाना सुर, मध्यम सुर, स्वर, सबसे ऊँची मर्दाना तान, ऊँचे सुर में गानेवाले (व्यक्ति)।

counteract (koun' tĕr ăkt') कि० स० १. प्रतिकूल कार्यवाही के द्वारा विघ्न डालना, रोक-थाम करना, प्रतिक्रिया करना, काट करना, निष्फल करना; २. तटस्थ करना, प्रभावहीन या विफल बनाना। **counteraction** सं० प्रतिक्रिया, प्रतिकार, प्रतियोग, प्रतिव्याघात। **counteractive** वि० प्रतिकारात्मक, विफलीकृत, प्रभावहीन।

counterbalance (koun' tĕr băl' ăns) सं० १. प्रतितोलन, प्रतिसंतुलन* (वि० १ भी), समार, पासंग, धड़ा। कि० स० १. प्रतितुलित करना, पासंग करना, बराबर करना, धड़ा करना या बाँधना।

counterblast (koun' tĕr blast) सं० तीव्र प्रतिवाद, प्रतिरोध, प्रत्यालोचना।

counterchange (koun'tĕr chānj) कि० स० और अ० १. विनिमय करना, अदल-बदल करना, परस्पर बदलना, अदला-बदली करना; २. चितकबरा करना, रंग-बिरंगा करना। कि० अ० स्थानान्तरित करना।

countercharge (koun' tĕr charj) सं० प्रत्यारोप, विपरीत, आरोप या आक्षेप, आरोप लगाने वाले के विरुद्ध आरोप।

countercheck (koun' tĕr chek) सं० प्रतिरोध, प्रतिबंध, रोक, अटकाव, तोड़।

counterfeit (koun' tĕr fĕt) [O. F. *contrefait*, p. p. of *contrefaire* (L. *contra*, against *facere*, to make)] वि० और सं० १. कृत्रिम, जाली, नक़ली, खोटा, बनावटी (सिक्का, व्यक्ति तथा लेख आदि); २. (विधि) कूटकृत*। कि० स० १. अनुकरण करना, नक़ल करना, नक़ली बनाना, जाली बनाना (सिक्का, बैंक-नोट, हस्तलिपि आदि); २. छल या बहाना करना, छद्म रूप धारण करना, कृत्रिम भावनाओं को प्रकट करना, प्रवंचना करना (रोष, प्यार आदि का); ३. (ला०) सदृश होना, अनुरूप होना, समरूप होना, हूबहू होना।

counterfoil (koun' tĕr foil) सं० प्रतिपत्रक, प्रतिरूप, अधपन्ना, रसीद, मुसन्ना, नक़ल (किसी चेक, रसीद आदि का, जिसमें मारे ब्योरे हों और जिसे देनेवाला अपने पास रख ले)।

counterfort (koun' tĕr fôrt) [F. *contrefort*] सं० थूनी, चाँड़, पुश्ता* (ई० ३ भी) (जो किसी दीवार, चबूतरे या छज्जे आदि की मज़बूती के लिए बनाया जाय), (ई० ३) बप्र०।

countermand (koun tĕr mand') [O.F. *contremander* (L. *contra*, against, *mandāre*, to command)] कि० स० १. भंग करना, खंडन करना, मनसूख करना, रद्द करना, तोड़ना; २. वापस बुला लेना या लौटाना (किसी व्यक्ति या सेना को पूर्वादेश के विरुद्ध); ३. रद्द करना या वापस ले लेना (माल आदि मँगाने के आदेश को)। सं० प्रत्यादेश, विपरीताज्ञा, पूर्वादेश का खंडन, पूर्वादेश-प्रत्याहार, मनसूखी।

countermarch (koun' tĕr march) सं० प्रतियान, उल्टा कूच, प्रतियात्रा। कि० अ० और स० प्रतियान करना या होना, उल्टा कूच करना, प्रतियात्रा करना, प्रत्यावर्तन करना।

countermark (koun' tĕr mark) सं० १. विशेष चिह्न, प्रतिचिह्न* (मा० १ भी), प्रतिलक्षण (अधिक सुरक्षा आदि के लिए); २. पहचानने का छापा, चिह्न (विभिन्न व्यापारियों के माल पर); ३. विशृङ्खतोद्योतक चिह्न, अन्तर्चिह्न (जो किसी सोने-चाँदी आदि वस्तु पर लगाया जाता है)।

countermine (koun' tĕr mīn) सं० १. (सैन्य०) प्रतिसुरंग, प्रतिसेंध, जवाबी सुरंग (जो शत्रु की सुरंग बेकार करने के लिए बनायी जाय); २. जल-सुरंग, प्रतिजल-सुरंग, (जो समुद्र में फट-कर) शत्रु की जल-सुरंगों को उड़ा दे; ३ (ला०) प्रति-षड्यंत्र, जोड़ का तोड़, धोखा देना, प्रतिकूल कौशल। कि० स० प्रतिसुरंग से जवाब देना, प्रत्याक्रमण करना। कि० अ० प्रतिसुरंग बनाना, जल-सुरंग बनाना, प्रति-षड्यंत्र रचना।

countermure (koun' tĕr mūr) [F. *contremur* (COUNTER-, *mur*, L. *murus*, wall)] सं० प्रतिप्राचीर, दीवार पर दीवार (अतिरिक्त सुरक्षा के लिए)।

counterpane (koun' tĕr pān) [earlier *counterpoint*, O.F. *contrepointe*. corr. of *coultepointe*, L. *culcita puncta*. stitched QUILT (*puncta*, p.p. of *pungere*, to prick)] सं० शय्यावरण, पलंगपोश।

counterpart (koun' tĕr part) सं० १. प्रतिलिपि, प्रतिमूर्ति, प्रतिबिंब, प्रतिवस्तु, प्रतिरूप (व्यक्ति या वस्तु का); २. सहायक अंग, INDENTURE का विपरीत अंग (भाग); ३. (विधि) प्रतिलेख।*

counterplot (koun' tĕr plot) स० प्रतिषड्यंत्र, जोड़ का तोड़, जवाबी चाल। कि० अ० और स० १. प्रतिषड्यंत्र द्वारा विफल करना, प्रतिषड्यंत्र करना, (किसी के विरुद्ध) प्रतिषड्यंत्र रचना; २. षड्यंत्र रोकना या न चलने देना।

counterpoint (koun' tĕr point) [F. *contrepoint*, med. L. *contrapunctum*, point against point (*contra*, against, *punctum*, p.p. of *pungere*, to prick)] सं० १. (संगी०) १. आनुषंगिक सुर, सुर-संगति; २. नियमानुसार सुर जोड़ने की कला, ढंग, रीति। **double, triple~** अधोमुखीय आनुषंगिक सुर (जिसमें सुर कुछ ऊपर या कुछ नीचे जोड़ा जा सकता है)। **strict~** नियमित आनुषंगिक सुर (नियम-संहिता के अनुसार शास्त्रीय प्रयोग के रूप में)।

counterpoise (koun' tĕr poiz) [F. *countrepois* (now *poids*) सं० १. समतोलन, प्रतिसंतुलन, प्रतिभार, प्रतितोलन, पासंग, बराबर बोझ; २. समान बल, समबल; ३. संतुलन, समतुल्यता, समता, साम्य; ४. (ई० १, कि० १) प्रति-तोल*; ५. (वि० १) धड़ा*। कि० स० १. संतुलित करना, समतोलन करना, प्रतितोलन करना; २. समान करना, बराबर करना, कमी पूरा करना; ३. (शा० और ला०) समतोल करना, संतुलन करना, क्षतिपूर्ति करना।

counterscarp (koun' tĕr skarp) [F. *contrescarpe*, It. *contrascarpa* (*contra*, against, *scarpa*, SCARP)] सं० (दुर्ग०) खाई की बाहरी दीवार, खाई का ढाल।

countershaft (koun' tĕr shaft) सं० प्रतिधुर।

countersign (koun' tĕr sīn) [F. *contresigner*] सं० १. सैनिक संकेत वाक्य या विशेष चिह्न, सामरिक संकेत या शब्द, मित्र-शत्रु जानने का सांकेतिक शब्द (पहरेवालों का सांकेतिक शब्द, जिसके प्रयोग से वे मित्र या शत्रु को पहचान लेते हैं, तुल० PAROLE); २. प्रतिहस्ताक्षर, हस्ताक्षरों को प्रमाणित करने के लिए किये गये हस्ताक्षर, तस्दीक़ी दस्तख़त। क्रि० स० १. प्रतिहस्ताक्षर करना, (हस्ताक्षर किये हुए पत्र, काग़ज़ात पर अपना) हस्ताक्षर जोड़ना; २. तस्दीक़ करना, अनुमोदन करना, मंज़ूर करना, दृढ़ करना, पुष्टि करना, समर्थन के लिए हस्ताक्षर करना।

countersink (koun' tĕr singk) क्रि० स० १ (बिल के सिरे को) पेंचदार कील या पेंच डालने के लिए ढलुआ बनाना, घुरी बनाना, प्रतिगतित करना; २. (इस बिल में) पेचदार कील बैठाना, धँसाना, लगाना।

countervail (koun tĕr vāl') [O.F. *contrevail*, stem of *contrevaloir* (*contre*, against, *valoir*, L. *valēre*, to avail] क्रि० स० और अ० १. समतोलन करना, तुल्यभार करना, बराबर करना, बल का बराबर होना, बराबर की जोड़ का करना, घटा बाँधना; २. प्रतिलाभ उठाना, प्रत्युपयोग करना। **countervailing duty** बाहर से आये माल पर इतना शुल्क लगा देना कि उसका मूल्य देश में बने माल जितना हो जाय।

counterweigh (koun' tĕr wā) सं० समतोलन, समभार, प्रतिभार, तुल्यभार, पासंग, प्रतितोलक भार* (इं० १ भी)।

counterwork (koun' tĕr wĕrk) सं० १. (सैन्य०) प्रतिकोट, जवाबी मोर्चा या दमदमा (जो शत्रु के तोड़ पर बनाया जाय); २ (सामा०) विरोधी कार्यवाही, रचना, विपरीत कार्य (शत्रु के)। क्रि० स० १. रोकना; २. हराना, पस्त करना, व्यर्थ करना, व्यर्थ करने की चेष्टा करना, विफल करना। क्रि० अ० विरुद्ध कार्य करना, विरोध करना, विरोध में काम करना।

countess (koun' tĕs) [O.F. *cuntesse*, late L. *comitissa*, fem of *comes*, COUNT] सं० १. (इंग्लैंड के) काउन्ट या अर्ल की पत्नी या विधवा,; २. काउन्ट या अर्ल के समान पदवाली महिला, सामंता।

countrified (kŭn' tri fīd) [p.p. of *countrify*] वि० ग्राम्य, ग्रामीण, अशिष्ट, अश्लील, देहाती, उजड्ड, बेहूदा, गँवार, गाँव का (चाल-ढाल आदि में)।

country (kŭn' tri) [O.F. *cuntrée*, *contrée*, late L. *contrāta*, a region over against, from *contrā*, against] सं० १. प्रदेश, भूभाग, भूखंड; २ देश* (विधि भी), मुल्क, राज्य-क्षेत्र, राज्यभूमि, राष्ट्र की सीमा; ३. जन्मभूमि, पितृभूमि, स्वदेश, मातृभूमि, वतन; ४. ग्राम, ग्रामीण प्रदेश, देहात, गाँव, जनपद, देहाती ज़िले, (विशे० राजधानी के अतिरिक्त सारा प्रदेश), पल्लीग्राम। **appeal to the ~** निर्वाचकों, वोटरों से अभ्यर्थना, दे० APPEAL[2]। **in the ~** (क्रिकेट ग्रा०) विकटों से दूर। **~club** क्लब, जिसका स्थान (खुले वातावरण में खेल-कूद के लिए) ग्रामीण प्रदेश में हो। **~cousin** देहाती भाई, भैया, (देहाती) चाल-ढाल का या संबंधी। **country-dance** [altered to *contre-danse* in French, this being often mistaken for the orig. form] सं० ग्राम्य नृत्य, जनपद-नर्तन, देहाती नाच (विशे० मूरीपीय नाच, जिसमें नर्तक-युगल आमने-सामने दो पंक्तियों में खड़े होकर नाचते हैं)। **~-house, -seat** ग्राम्य आवास, भद्र पुरुष का ग्रामीण निवास-स्थान। **~man** सं० (स्त्री० ~ WOMAN) १. अपने (या किसी विशेष) देश का व्यक्ति, देशवासी, देशबन्धु; २. ग्रामीण, गाँववाली, देहात का रहनेवाला, गाँव का आदमी। **~note** स्थानीय बनावार (बैंक) की कागजी मुद्रा, स्थानीय नोट। **~party** राजनैतिक दल, जो उद्योगों (वस्तु-निर्माण) की अपेक्षा कृषि संबंधी हितों का समर्थन करता है, कृषि-समर्थक राजनैतिक दल। **~side** १. विशिष्ट ग्रामीण प्रदेश, देहाती ज़िले, देहाती क्षेत्र; २. ग्राम्य जनता, देहाती, देहात के निवासी, देहाती आबादी।

county (kount' ti) [O.F. *cunté*, *comté*, L. *comitātus* (see COUNT[3])] सं० १. काउंटी*, इंग्लैंड और आयरलैंड का प्रादेशिक विभाजन, जो प्रशासन, न्याय और राजनीति के दृष्टिकोण से प्रमुख इकाई होती है, इलाक़ा; २. अधिकतर ब्रिटिश उपनिवेशों में प्रशासनीय विभाजन, सूबा, ज़िला; ३. प्रान्त, प्रदेश (अमरीका में) राज्य के नीचे का राजनीतिक और प्रशासनिक विभाजन; ४. उस इलाक़े के रहनेवाले। **the~** काउन्टी में पैतृक स्थानवाला परिवार, जमींदार वंश। **~corporate** नगर अथवा क़स्बा, जो प्रशासनिक इकाई हो। **~council** काउंटी की प्रतिनिधि प्रशासनिक परिषद्। **~court** सं० स्थानीय कचहरी, जिसमें ऋण के मुक़दमे जाते हैं। क्रि० स० (बोल०) इसमें मुक़दमा लड़ना। **~family** वह परिवार, जिसका पैतृक स्थान किसी सूबे में हो। **~palatine** उस सूबेदार का सूबा, जिसे अपने सूबे में सम्पूर्ण न्याय-अधिकार होते हैं; दे० PALATINE। **~town** सूबे का प्रशासन-केन्द्र।

coup[1] (koo) [F., from O.F. *colp* (It. *colpo*), late L. *colpus*, *colaphus*, L. *colaphus*, Gr. *kolaphos*, a blow] सं० १. पूरी चोट, भरपूर वार, सफल आघात या चाल; २. (बिलियर्ड का खेल) गेंद को थैली में पहुँचाने के लिए सीधा आघात; ३. (मा० १) सहसाघात*, बलात् राज-परिवर्तन*, आकस्मिक राज-परिवर्तन*, तख़्तापलट*। **~de tat** राज्य-विप्लव, सिंहासन या तख़्त उलटना। **~de grace** अंतिम प्रहार, आखिरी चोट। **~de main** आकस्मिक गहरा आघात, सहसा सैन्याघात* (मा० १ भी)। **~d' œil** व्यापक दृष्टिक्षेप, सामान्य अवलोकन। **~de theatre** नाटकीय रूप से आकस्मिक और सनसनीपूर्ण कार्य या घटना।

coup[2] (koup) [Sc. for COPE[2]] क्रि० स० और अ० अस्त-व्यस्त करना या होना, उथल-पुथल करना।

coup[3] (koup) [perh. from Icel. *Kaupa*, to buy, to bargain, or a var. of COPE[2]] क्रि० स० (स्कॉ०) विनिमय करना, बँटाई करना। **couper** स० विनिमयकर्ता।

coupe[1] (koo' pā) [F., p.p. of *couper*, to cut (as COUP[1])] सं० १. कूप, चौपहिया बंद गाड़ी, जिसमें अंदर दो व्यक्तियों के लिए स्थान हो और बाहर वाहक का; २ रेलगाड़ी के आखिर में छोटा डिब्बा।

couple (kŭp' el) [O. F. *cople*, L. COPULA] सं० १. (दो शिकारी कुत्तों को एक में बाँधने की) ज़ंजीर, तस्मा; २. (ला०) (go, hunt, run in couples शिकारी कुत्तों का जोड़ा लेकर निकलना, शिकार खेलना, दौड़ाना आदि) युगल, युग, जोड़ी जोड़ा (शिकारी कुत्तों का), (बहुब० के लिए समुदायवाचक, एक~

couniles); ३. स्त्री-पुरुष जिनकी सगाई हो चुकी हो, दम्पति, वर-वधू, मियाँ-बीबी; ४. नृत्य के साथी, नाच में जोड़ा, नर्तक-युगल; ५. चरन का जोड़ा, चक्री की जोड़ी; ६. (गति०) विरुद्ध दिशाओं में काम करनेवाली दो सम और समान्तर शक्तियाँ; ७. (वि० १) बलयुग्म*। कि० अ० और स० १. आपस में बाँधना, जोड़ना (विशे० कुत्तों की जोड़ी को); २. रेल के डिब्बों को कपलिंग (अनुयोजक) द्वारा बाँधना, कड़ी लगाना, कुप्पा डालना; ३. (व्यक्तियों को) मिलाना, एक करना; ४. विवाह-सूत्र में बाँधना, विवाह होना; ५. विचार अथवा शब्दों में साथ लाना (दो वस्तुओं को परस्पर अथवा एक के साथ दूसरी को); ६. मैथुन या सहवास करना, एक पर्लग होना। **coupler** सं० (क्रियागत अर्थों में) विशे० पियानो में हाथ से बजने वाले दो पर्दों अथवा हाथ और पैर से बजनेवाले पर्दों को संयोजित करने का उपकरण, अथवा स्वरों को ऊँचे या नीचे सप्तक से मिलाने का उपकरण (octave→) (ई० १) युग्मक*/ कप्लर*। **couplet** सं० १. पद्य की दो अनुक्रम पंक्तियाँ; २. दो पंक्तियों का पद, शेर, दोहा, सोरठा।

coupling सं० (क्रियागत अर्थों में) १. विशे० रेल के डिब्बों को जोड़नेवाला कुप्पा, मिथुनक; २. (यंत्र के पुर्जों को जोड़ने का काँटा, पेचवर; ३. (ई० १, २, वि० १) युग्मन*; ४ (ई० १) कपि-ग्म*; ५ (ई० २) युग्मक*।

coupon (koo' pon) [F., a piece cut off, from *coupere*, to cut] सं० १. कूपन* (प्र० भी), चिट, पुर्जा, वह पर्ची, जिस पर एक निश्चित अवधि के अन्तरत खाद्य, भ्रमण के अभिकरण की सेवाएँ या कटौले के अंतर्गत खाद्य-सामग्री मिल जाय (जैसे (clothing, petrol→, २. (राज०) दल-नेता द्वारा किसी व्यक्ति को संसद् के लिए चुनाव योग्य होने की मान्यता।

courage (kŭr' āj) [O. F. *corage, courage*, from L. *cor*. the heart, -AGE] सं० साहस* (आ० भी), बीरता, शौर्य, पौरुष, हिम्मत, बहादुरी, दिलावरी उत्साह। **~of one's opinions** अपने मन के अनुसार काम करने का साहस। **Dutch ~** नशे की हिम्मत, मद का पौरुष। **loose ~** हिम्मत हारना। **pluck up~** साहस बटोरना। **take~** साहस करना। **take one's~ in both hands** पौरुष के साथ (किसी काम को करने के लिए) उद्यत होना। **courageous** (kŭ rā' jŭs) वि० पौरुषी, शूर, वीर, निर्भीक, हिम्मती, निडर, दिलेर। **courageously** क्रि० वि० साहस से, हिम्मत से। **courageousness** सं० साहस, वीरता, शूरता, हिम्मत, दिलेरी।

courier (kur' i ĕr) [M. E. *corour*, O. F. *coreor* (F. *coureur*), late L. *curriitorem*, acc. of *curritor*, from L. *currere*, to run (coalescing later with F. *courier*, It. *corriere*, med. L. *currerius*, from It. *corre*, L. *currere*, to run)] सं० १. महाद्वीप में यात्रा का प्रबन्ध करनेवाला सवक; २. कुछ समाचार पत्रों का नाम (जैसे Liverpool→); ३. संदेशवाहक, हरकारा* (मा० १ भी); ४. (मा० १) वातहर*।

courlan सं० कूरलन, उष्ण कटिबंधीय अमरीकी पक्षी जो अपनी भयानक चीख के लिए प्रसिद्ध है।

course (kors) [O. F. *cours*, L. *cursum*, acc. of *cursus*, a running from *currere*, to run] सं० १. (आगे की ओर) गति, प्रगति, चाल रफ्तार, प्रसरण; २. (शिकार में) शिकार का पीछा (विशे० कुत्तों द्वारा खरगोशों का); ३. जाने की दिशा, मार्ग* (वि० १, विधि भी); ४. घुड़दौड़ का मैदान (-RACE→); ५. नदी का पेटा; ६. जलमार्ग, न ला, जिसमें से पानी प्रवाहित होता है; ७. गोल्फ के खेल का मैदान; ८. जीवन-वृत्ति, चर्या; ९. भोजन-माला; १०. कैथिड्रल संस्था के सदस्यों की कार्य्य-सूची; ११. भोजन का अनुक्रम, विभाग (विशे० सूप, मछली, मांस आदि); १२. ईमारत में पत्थर आदि की तह, परत, स्तर* / रद्दा* (ई० ३ भी); १३. (नौ०) जहाज का रास्ता; १४. पथ, मार्ग, रास्ता, लीक, हर्रा, ढंग; १५. चलन, व्यवहार; १६. क्रम, प्रसंग, सिलसिला, दौरान, चक्कर; १७. पाठ्यक्रम* (मा० २ भी); १८. अनुक्रम* (विधि भी)। कि० स०, अ० और सं० १. शिकार आदि का पीछा करना, पीछे दौड़ना, खदेड़ना; २. इधर-उधर दौड़ना; ३. बहना, बहाव में जाना, प्रवाहित होना; ४. दौड़ाना, शिकारी कुत्तों को (शिकार के पीछे) लगाना। **by~** के सामान्य नियम के अनुसार। **hold, change, take~** अपने मार्ग पर रहना, एक रास्ते पर चलना, परिवर्तन करना। **in due~**होते-होते, वक्त पर, काम होते, अलबत्ता। **in the~** of इनके बीच, दौरान में। **matter of~** साधारण बात, सामान्य बात। **of~** निश्चय करके। **ship's~** जहाज का मार्ग। **~of events** घटना-क्रम। **~of nature** प्रकृति-क्रम। **courser** सं० (काव्य०) तीव्रगामी अश्व, तेज दौड़नेवाला घोड़ा।

court (kôrt) [O.F. *cort*, L. *cŏrtem, cohortem*, acc. of *cohors*, an enclosure, a cohort (cp. Gr. *chortos*, a courtyard, L. *hortus*, a garden)] सं० १. हाता, आँगन, चौक; २. कॉलेज का चतुःशाल, २. (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय) प्रदर्शनी-भवन, अजायबघर का उप-विभाग; ३. गली में खुलनेवाला बाइंदार अहाता; ४. खेल का मैदान (जैसे tennis→ आदि); ५. राजमहल, राजदरबार* (मा० १ भी); ६. दरबारी लोग, राज-परिषद, राजा और मन्त्रि-परिषद्; ७. राज-सभा* (मा० १ भी), राज-न्यायालय; ८. राजपरिषद्* (मा० २ भी), न्यायालय, कोर्ट* (प्र०, वि० १ भी), अदालत (~of law)। कि० स० १. विशेष ध्यान देना, सम्भ्रम प्रदर्शित करना, प्रसाद प्राप्त करने की इच्छा करना; २. प्रेम करना, रिझाना, मुहब्बत दिखाना; ३. फुसलाना, बहलाना, फँसाना; ४. जीत लेने की इच्छा करना; ५. निमंत्रण देना, बुलाना (जैसे you are courting disaster तुम आफ़त बुला रहे हो)। **county~** प्रान्तीय न्यायालय। **criminal~** फौजदारी न्यायालय। **drumhead ~-martial** (युद्ध के समय में) जलटे ड्रम के चारों ओर लगाया गया कोर्ट मार्शल। **law~, ~of justice** न्यायालय* (प्र०भी)। **out of~** १. अदालत के बाहर अदालत में सुने जाने के अयोग्य (तर्क), कम्पनी के सदस्यों की बैठक; २. प्रसन्न करने के लिए खुशामद, ध्यान (जैसे p. y to→) देना। **police~** पुलिस न्यायालय। **~card** (मूलतः) राजा, रानी और गुलाम। **~circular** न्यायालय की दैनिक रिपोर्ट, जो समाचारपत्रों में छपती है। **~guide** न्यायालय के समक्ष लाये गये लोगों की तालिका। **~martial** सं० सेना और नौसेना की अदालत, कोर्ट मार्शल, अदालत में पेश होना, कोर्ट मार्शल कहना या होना, सेना न्यायालय* (विधि भी)। **~of admiralty** १. नौ-सेना न्यायालय; २. नौकाधिकरण न्यायालय* (वि० १ भी)। **~of common pleas** सामान्य न्यायालय। **~of equity** अनुविधान न्यायालय। **~of judicature** अदालत। **~plaster** कटे अंग पर लगने का पलस्तर (स्त्रियाँ पहले से अदालत में जाने पर मुँह पर लगाया करती थीं)। **~roll** पर्चों का न्यायालय रजिस्टर (वि० copy)।

courteous (kĕr'-, kŏr' tē ŭs) [O. F. *cortois, curteis*] वि० शिष्ट, विनीत, नम्र, भद्र, शालीन। **courteously** क्रि० वि०

शिष्टता से, विनयपूर्वक, नम्रता से । **courteousness** सं० शिष्टता, विनय, नम्रता ।

courtesan, -san (kôr'-, kĕr' tē zăn) [F. *courtisane*, It. *cortégiana* (*corte*, court)] सं० १. वेश्या, रंडी, गणिका* (मा० १ भी), कोठेवाली ।

courtesy (kĕr'-, kôr' tē si) [O. F. *cortesie*, from *corteis*, COURTEOUS] सं० शिष्ट आचरण अथवा स्वभाव, शिष्टाचार, शिष्टता । **by~** कृपा रूप में (अधिकार रूप में नहीं) । **~of England, Scotland** (विधि) पति का मृत पत्नी की सम्पत्ति पर अधिकार, पट्टा, दे० COURTESY । **~title** उपाधिरूप, जिस पर कोई क़ानूनी अधिकार न हो ।

courtier (kôr' ti er) [from O. F. *cortoier*, to live at court (*cort*, court)] सं० राजदरबारी*, राज-समाजद* (मा० १ भी), राज-भृत्य, मुसाहिब* (मा० १ भी) ।

courtly (kôrt' li) वि० १. सुजन, शिष्ट, शालीन; २. चापलूस, खुशामदी, चाटुकार ।

courtship (kôrt' ship) सं० रिझाना, प्रेम (करना), प्रणय, (विवाह के उद्देश्य से) रिझाना, प्रणय-याचन*/प्रियाराधन*/कोर्टशिप* (मा० ३ भी) ।

couscous, couscousou (koos' koos, -soo) [F., from Arab. *kuskus*, from *kaskasa*, to pound] सं० कुसकुसी अफ्रीका का एक विशेष प्रकार का भोजन, जो मोटे आटे का शोरवे की भाप में पकाकर बनाया जाता है ।

cousin (kŭzn) [F., from late L. *cosinus*, L. *consobrinus*, a cousin-german on the mother's side, from *soror*, a sister)] सं० १. चचेरा, ममेरा, फुफरा अथवा मौसेरा भाई या बहिन, २. (बहुव०) सहोदरज संतति* (मा० ३ भी) । **call cousins** १. सम्बन्ध निकालना, रिश्ता जोड़ना; २. दूसरे देश के सरदार या राजा द्वारा मित्रबन्द संबोधन । **my first~** मर चाचा या मामा के लड़के का लड़का । **my second~** माता-पिता के चचेरे आदि (भाई या बहिन) की संतान । **~Jacky** कार्नवालनिवासी का उपनाम, चिढ़ाने का नाम । **cousinly** वि० रिश्तदारी का, बिरादरी का ।

coute que coute कि० वि० चाहे जो हो, किसी भी क़ीमत पर ।

couvade (ku vad') [F., from *couver*, to hatch, L. *cubare*, to lie] सं० १. कुछ आदिम जातियों का रिवाज, जिसके अनुसार पत्नी के सूतिका-गृह में जाने पर पति भी बीमारी का बहाना करके पड़ा रहता है, २. (मा० ३) कुवेद* / (पति) व्याज-प्रसूति* ।

cove[1] (kōv) [A.-S. *cofa*, a chamber (cp. Icel. *kofi*, G. *koben*, a hut or cabin)] सं० १. छोटी खाड़ी; २. घिरा हुआ दर्रा; ३. (वास्तु०) अवतल मेहराब, दीवार और छत का दीवार और फर्श के बीच गोल जोड़ या सन्धि; ४. (वि० १) लघु निवेशिका* । कि० स० १. गोलाई में आना (विशे० दीवाल और छत का जोड़); २. अन्दर को झुकना, भीतर की ओर ढालू होना ।

cove[2] (kōv) [etym. doubtful] सं० (ब्रि०) पट्ठा, यार, छोकरा ।

coven (kŭv' ĕn) [CONVENT], सं० (स्कॉ०) चुड़ैलों या जादूगरनियों की सभा ।

covenant (kŭv' ĕ nănt) [O. F. pre. p. of *convenir* (see CONVENE)] सं० १. प्रसंविदा* (मा० १ भी), संविदा, प्रतिज्ञा-पत्र, प्रतिश्रव, करार; २. (विधि) प्रतिश्रवपत्र, इक़रारनामा (इसकी धारा); ३. भगवान् और इसराइलियों के बीच प्रतिश्रव । कि० स० और अ० संविदा करना, प्रतिज्ञा करना, इक़रार करना । **Ark of the~** दे० ARK । **land of the~** कर्ण प्रदेश । **Solemn League and Covenant** (ईसा०) धर्म-संघ और प्रतिश्रव (जिसके अनुसार १६४३ में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में ईसाई प्रेसबिटेरियनवाद स्थापित हुआ) । **Covenant of the League of Nations** राष्ट्र-संघ का प्रसविदा (जो १९१९ में प्रथम महायुद्ध के बाद मसौदे तथा अन्य सन्धियों द्वारा निश्चित हुआ) । **covenanted** वि० प्रतिश्रुत, प्रतिवचनबद्ध, इक़रारनामे में बँधा हुआ (विशे० इण्डियन सिविल सर्विस का जिसे ~service भी कहते हैं) । **~bond*** (मा० १ भी) । **covenanter** सं० संविदा करने वाला, इक़रारनामा लिखने वाला, (विशे० स्कॉ० इति० राष्ट्रीय संधिदा, १६३८ का ईसाई धार्मिक संघ और संविदा का अनुयायी) ।

covent garden सं० लंदन के सब्ज़ी और फलों के बाज़ार (के लिए प्रयुक्त) ।

Coventry (kov'-, kŭv' ĕn tri) [town in Warwickshire] सं० बहिष्कारयोग्य का एक क़स्बा । **send person to~** बहिष्कार करना, हुक्का-पानी बंद करना, बिरादरी से निकाल देना ।

cover (kŭv' er) [O. F. *cuerir*, *couvir*, L. *cŏoperire* (cŏ-, *operire*, to shut)] कि० स० और अ० ढापना, मढ़ना, ढका जाना; २. आवृत्त करना, ३. छुपाना, फैलाना; ४. आड़ में लेना, बचाना; ५. पर्याप्त होना, काफ़ी होना; ६. पूरा करना, तय करना, तय करना,; ७. तानना, ताकना, मार करना; ८. समाचार देना; ९. आच्छादित करना, ढकना, ओढ़ाना (कपड़े आदि से लाद ~with disguise); १०. विकर्ण करना, छितराना, बिखेरना, ऊपर पड़ जाना, ऊपर बिछ जाना, ११. फैल जाना, रक्षा करना; १२. अधिकार में रखना, वश में रखना, माल छिपाना, गुप्त रखना; १३. शामिल होना, समावेश करना; १४. (पत्रकारिता) संवाद देना; १५. विवरण देना; १६. पर्याप्त होना, काफ़ी होना; १७. बीमा करना, बीमे से सुरक्षित रखना; १८. (लम्बी घोड़े का घोड़ों के साथ) संभोग करना । सं० १. ढकने वाली वस्तु, आच्छादन, आवरण, आवरक* (वि० २ भी); २. ढक्कन, ढकना, ओट, नक़ाब, चादर, पर्दा, बिलाफ़; ३. (पुस्तक की) जिल्द; ४. जिल्द के दोनों सिरे (जैसे from, to~) खोल; ५. लिफ़ाफ़ा, पत्र-आवरण (address person under~ to another इसरे व्यक्ति के पते से किसी को पत्र भेजना); ६. साइकिल के टायर की टेंटी; ७. गृह, आश्रय, स्थान (take~ सेवा-सुश्रूषा के लिए भूमि पर बनाये गये आश्रय-स्थान में जाना); ८. आक्रमण से सुरक्षा; ९. स्थल तथा समुद्रीय रक्षा के लिए वायुयानों की टुकड़ी (जैसे air, fighter~); १०. बहाना, मिस, हीला (जैसे under the~ of humbility); ११. जंगल-झाड़ी आदि में छिपने की जगह (दे० covert) १२. (वाणि०) देय का बयं पूरा करने और आकस्मिक हानि की पूर्ति के लिए अलग रखी गयी निधि; १३. खाने की मेज पर हर व्यक्ति के लिए रखे जाने वाले बर्तन, नैपकिन आदि । **~in** भर देना, पाटना । **~point** (गेंद रोक लेने के लिए) पीछे खड़े होने का स्थान । **~up** छिपा देना, गुप्त रखना । **~with gun** १. बन्दूक तानना, लक्ष्य करना, बंदूक से निशाना लगाना; २. (सेना, क्रिकेट) पीछे खड़े होना (सामने वाले व्यक्ति के) । **covering** आवरण* (वि० २ भी), आच्छादन, आवरक* (वि० २ भी) ।

coverlet (kŭv'er let), **coverlid** (kŭv' er lid) [A.-F. *covrlit* (COVER, lit, bed)] सं० १. शय्यास्तरण, पलंगपोश,

खेड़, दुछाई, रवाई, दोहर; २. गिलाफ़, खोल, आच्छादन वस्त्र, चादर।

covert (kŭv' ĕrt) [O. F., *p. p.* of *covrir*, to COVER] वि० (चमकी, दृष्टि आदि के लिए) गूढ़, प्रच्छन्न, गुप्त, छिपी हुई। सं० आश्रय-स्थान, विशे० शिकार के छिपने की झाड़ी, झाड़खंड। **~coat** सं० हल्का लंबादा, छोटा ओवरकोट। **covertly** क्रि० वि० गूढ़ रीति से, प्रच्छन्नतः, छिपे तौर पर। **coverture** सं० १. आच्छादन, आवरण; २. आड़, ओट, आश्रय स्थान, पनाह; ३. पति-आश्रय, पति के आश्रय में स्त्री की स्थिति, सुहाग, पति संरक्षण।

covet (kŭv' et) [A.-F. and O. F. *coveiter* (L. *cupere*, to desire)] सं० १. आकांक्षा करना, लालसा करना, ललचाना, स्पृहा रखना, लोभ होना, अत्यधिक चाहना (प्रायः दूसरे की वस्तु के प्रति), २. प्राप्त करने के लिए उत्सुक होना। **covetable** वि० स्पृहणीय, ललचने योग्य। **covetous** वि० १. लोलुप, लालसायुक्त, स्पृही (दूसरे की संपत्ति आदि का); २. लोभी, अभिलाषी, लालची। **covetously** क्रि० वि० १. स्पृहापूर्वक; २. लालसापूर्वक, ललक के साथ। **covetousness** सं० लोलुपता, स्पृहा।

covey (kŭv' i) [O. F. *covée* (F. *couvée*), f'm. p.p. of *couver*, to hatch, L. *cubāre*, to lie down] सं० (बहु० **-s**) १. तीतरों का झुंड; २. कुटुम्ब; ३. गिरोह, वृन्द, दल, टुकड़ी, झुण्ड।

covin (kŭv' in) [O.F., from late L. *covenium*, a convention (*conventre*, to CONVENE)] सं० (विधि, अप्र०) षड्यंत्र, कूटकर्म, कूटमंत्रणा, जाल, साजबाज।

cow[1] (kou) [A.-S. *cu*, from Teut *kō-* (cp. Dut. *koe*, G. *kuh*, Gael. *bo*, L. *bos*, Gr. *bous*)] सं० (बहु० **~s**, अप्र० **kine**) १. गो, धेनु, गाय* (कु० भी); २. हाथी, गैंडा, ह्वेल और सील मछलियों की मादा। **~bane** एक प्रकार का विषैला जल-पौधा। **~boy** चर वाहा, गोप, पशुओं को चरानेवाला। **~catcher** रेल के इंजन का छाज। **~fish** १. गो-मत्स्य; २. शृंग मत्स्य, अमरीका और भारत में पायी जानेवाली सींगवाली मछली, जिसकी आँखों के ऊपर दो सींग जैसे काँटे होते हैं। **~grass** काउग्रास, गोघास, एक प्रकार की घास या झाड़ी। **~heel** गाय-बैल का खुर या उससे बना खाद्य पदार्थ। **~herd** गोप, चरवाहा, ग्वाला। **~hide** १. गो-चर्म, गाय का चमड़ा; २. गो-चर्म का बनाया हुआ चाबुक या कोड़ा। **~itch** दे० COWAGE। **~pose** सं० गोधन-सीतला, गो-चेचक, गाय को निकलने वाली माता (विशेष प्रकार की बीमारी)। **~puncher** दे० BOY। **~shot** (किसी० ग्रा०) झुककर गेंद झपट लेने का तरीक़ा। **~tree** गोतरु, दक्षिणी अमरीका का एक प्रकार का पेड़, जिसमें से दूध जैसा अर्क निकलता है। **~with the iron tail** पानी का पम्प (जो दूध में पानी मिलाने के लिए प्रयुक्त होता है)। **cowish** वि० गाय जैसा, गोसदृश, डरपोक, भीरु।

cow[2] (kou) [prob. from Icel *kūga*] भयभीत करना, त्रस्त करना, डराना।

cowage, cowhage (kou' áj) [Hind. *kawānch*] सं० केवाँच, कोंछ, एक प्रकार का पौधा, जिसकी फली से खुजली होने लगती है।

coward (kou' árd) [O. F. *coart* (It. *codardo*), from *cos* (It. *coda*), a tail, L. *cauda*; see -ARD] सं० और वि० कायर, भीरु, कापुरुष, डरपोक, बुजदिल। **cowardice** सं० कायरता* (मा० २ भी), कापुरुषता, भीरुता* (मा० २ भी), बुजदिली, डरपोकपन, बोदापन, परतहिम्मती। **moral~** नैतिक कायरता, तिरस्कार-भीरुता। **cowardliness** सं० कायरता, बुजदिली। **cowardly** क्रि० वि० कायरता से, बुजदिली से। वि० कायर, भीरु।

cower (kou' ĕr) [etym. doubtful (cp. Icel. *kūra*, to doze, to be quiet, Dan. *kure*, G. *kauern*)] क्रि० अ० १. झुककर खड़े होना या बैठना, पालथी मारकर बैठना; २. (विशे० भय के कारण) लुकना, दबकना, लिहरकर बैठना।

cowl[1] (koul) [M. E. *cowle, cule*, A.-S. *cugele*, late L. *cuculla*, a frock, L. *cucullus*, a hood (blended with M.E. *covel, cuvel*, A.-S. *cufle*, cp. Dut. *kowel*)] सं० १. काउल, भिक्षुओं का टोपयुक्त परिधान; २. शिरच्छद टोप; ३. चिमनी या दूरबक आदि पर का टोप जैसा आवरण। **cowled** वि० १. आवरण-युक्त, ढक्कनदार; २. टोपदार।

cowl[2] (koul) [O. F. *cuvele* (later *cuveau*), a small tub, L. *cūpella*, dim. of *cūpa*, a vat, a large cask] सं० पानी की नाँद, कुंडायुक्त हंडा, जिसके कुंडों में लाठी डालकर दो व्यक्ति उठाते हैं। **~staff** उपर्युक्त कार्य में प्रयोग की जाने वाली लाठी।

cowry, cowrie (kou' ri) [Hind. *kawri*, Sansk. *kaparda*] सं० १. कौड़ी (जो हिन्द महासागर में पायी जाती है और दक्षिण एशिया तथा अफ़्रीका आदि में मुद्रा के रूप में प्रयुक्त होती थी); २. कौड़ी में रहने वाला जीव, जंतरपाद; ३. घोंघा, कौड़ी जैसा कोई भी अन्य जीव, ब्रिटेन के तट पर पायी जाने वाली common **~** भी।

cowslip (kou' slip) [A.-S. *cū-slyppe*, cow-dung] सं० काउस्लिप, साबजबान, चरागाहों में उगने वाला पीले सुगंधित फूलों वाला एक पौधा। **~tea** काउस्लिप चाय, इस पौधे के फूलों की चाय। **~wine** काउस्लिप शराब, इसके फूलों से निकाली गयी शराब।

cox [COXSWAIN] क्रि० स० और अ० १. (बोल०) दौड़नौका का खेने वाला; २. दौड़नौका को खेना; दे० COXSWAIN।

coxa (kok' sa) [L] सं० (बहु० **~æ**) नितम्ब, कूल्हा, चूतड़।

coxal वि० नितम्बीय, कूल्हे का।

coxcomb (koks' kōm) सं० १. दम्भी, पाखण्डी, अहंकारी, ढकोसलेबाज व्यक्ति; २. छैला, बाँका। **coxcombical** वि० पाखंडी, ढकोसलेबाज। **coxcombry** सं० १. पाखंड, ढकोसला; २. छिछोरापन; ३. छैलापन।

coxswain (koksn, kok' swān) [COCK[1], SWAIN] सं० १. (संक्षिप्त रूप COX) कर्णधार, माँझी, खेवट, मल्लाह; २. ऐसा व्यक्ति, जो स्थायी रूप से (बड़े अधिकारी की अनुपस्थिति में) नाव और बाकी मल्लाहों का निर्देशन करता है। **coxswainless** वि० कर्णधारहीन, माँझी के बिना। **coxswainship** सं० कर्णधार पद, मल्लाहगीरी।

coxy दे० COCKY।

coy (koi) [F. *coi* (fem. *coite*), L. *quiētus*, QUIET] १. लज्जालु, लजीली, शर्मीली, (प्रायः लड़कियों के लिए); २. (स्थान के लिए) एकांत, निर्जन, दृष्टि से बचा हुआ। **~of speech** मितभाषी, अल्पभाषी। **coyly** क्रि० वि० लज्जाशीलता से, शर्मीलेपन से, लजाते हुए। **coyness** सं० लज्जाशीलता, शर्मीलापन।

coyote (kō yō' ti, -yōt') [Sp., from Mex. *coyotl*] सं० क्वायोट, उत्तरी अमरीका में पाया जानेवाला एक भेड़िया।

coypu (koi poo') [Indian name] सं० कॉपपू, दक्षिणी अमरीका का ऊदबिलाव जैसा एक जानवर, समुद्री चूहा।

cox (kŏz) सं० (अप्र०) COUSIN का संक्षिप्त रूप।

coze क्रि० अ० और स० १. गप्प, इधर-उधर की बात (करना); २. गप्प लड़ाना।

cozen (kŭzn) [perh. from COUSIN (cp. F. *cousiner*, to claim kindred)] क्रि० स० और अ० १. (साहि०) प्रतारण करना, ठगना, छलना; २. (of, out of के साथ) धोखा देना, लूट करना, ३. (into के साथ) बहकाना, फुसलाना; ४. कपटपूर्ण व्यवहार करना, छल-कपट करना। **cozenage** सं० प्रतारणा, छल-कपट, ठगी, धोखेबाज़ी।

cozy वि० दे० COSY।

crab[1] (kräb) [A.-S. *crabba* (cp. Icel. *krabbi*, Dut. *kreeft*, G. *krebs*; also Dut. and L.G. *krabben*, to scratch)] सं० १. कर्कट, केकड़ा; २. कर्क, ककैराशि; ३. काँटा, भारी बोझ उठाने का यंत्र, जिसमें काँटे लगे रहते हैं; ४. पांसे का खेल-विशेष; ५. (ई० ३) कैब*/ विच* / catch a ~ नाव खेते समय ग़लत तरह से चलाने के कारण पतवार का अटक जाना। **~louse** ककैयूक, जूँ, चिल्लड़। **crab's eyes** कैंब मछली के आमाशय में पायी जाने-वाली चूने की गुल्थी, ककाक्षि, ककैटाक्ष। **~pot** केकड़ा पकड़ने का जाल या फंदा। **crablet** छोटा केकड़ा। **crablike** वि० और क्रि० वि० कर्कटसदृश, केकड़े जैसा।

crab[2] (kräb) [cogn. with prec. (cp. Dut. and L. G. *krabben*)] क्रि० स० और अ० १. (बाज आदि का) नोचना, खरोंचना, खुरचना, पंजे चलाना, खरोंटना, लड़ना, भिड़ जाना; २. (बोल०) धज्जियाँ उड़ाना, नोचना, खसोटना, ख़लील करना।

crab[3] (kräb) [et m. doubtful] सं० कर्कश, चिड़चिड़ा व्यक्ति। **~-apple** कर्कश्व, जंगली सेब।

crabbed (kräb' d) [CRAB[2] influenced later in sense by CRAB[1]] वि० १. तीक्ष्ण, तीखा, रूखा, चिड़चिड़ा; २. कटु स्वभाव, बदमिज़ाज; ३. (लेख एवं स्वर) कठिन, दुर्बोध, अस्पष्ट, उलझा हुआ, पेचीदा; ४. (हस्तलिपि) खराब, अस्पष्ट, दोषपूर्ण; ५. खट्टा, तुर्श, विनविना। **crabbedly** क्रि०वि० १. तीक्ष्णता से; २. जटिलतापूर्वक; ३. खट्टेपन से, आदि। **crabbedness** सं० जटिलता, तीक्ष्णपन, खट्टापन, आदि। **crabby** वि० तीखा, चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज, (लेख) जटिल, दुर्बोध, पेचीदा।

crack (krăk) [A.-S. *cracian* (cp. Dut. *kraken* and *krak ken* G. *krachen*, imit. in origin)] सं० १. गर्जन, गरज, कड़क, तड़ाका, धमाका (जैसे ~ of doom प्रलय-गर्जन); २. विदार*, दरार* (ई० १, २ भी), पाट; ३. प्रहार (~ on the head) ४. (अप्र० ग्रा०) ढोंग, जीट, गप्प, झूठ; ५. (स्कॉ० और उत्तर) गपशप, तड़ाक-पड़ाक बातें; ६. (बहुव०) समाचार, नयी ख़बर; ७. विवर, छिद्र, रंध्र, दरार; ८. विदारण* (ई० ३ भी), आशिक, भग; ९. तेज़ घोड़ा, खिलाड़ी; १०. चोर, लुटेरा; ११. सेंध, चोरी; १२. (ई० ३) तरेड़*, (बोल०) सर्वोत्तम, उत्कृष्ट, पहले दर्ज का, बढ़िया। क्रि० स० और अ० १. तड़कना, टूटना कड़कना, गरजना, दरार पड़ना, खंडित होना या करना, हानि पहुँचाना, तड़ाके का शब्द करना या होना, चटकाना, कड़काना, (~ a joke मज़ाक करना); २. गपशप करना, गप्प मारना; ३. फोड़ना, तोड़ना (~ a bottle); ४. लाली कर देना, पी डालना; ५. घर में चुस जाना, सेंध लगाना; ६. चिटकाना, दरार डालना, चटकना; ७. (आवाज़) फटना; ८. भंजन, क्षति; ९. भारी तेलों की गर्मी और दाब द्वारा हल्के हाइड्रोकार्बन (जैसे पेट्रोल आदि) बनाने के लिए विच्छिन्न करना। **~brained** १. सनकी, पागल; २. सिरफिरा। **crackable** वि० भंजनीय, चिटकने वाला, तोड़ने योग्य। **cracked** (भू० कृ०) उद्भ्रांत, सनकी, सिरफिरा। **~jaw** (बोल०) कठिनता से उच्चरित होने वाला शब्द। **cracker** सं० (क्रियागत अर्थों में), वि० १. पटाखा, गोला; २. एक प्रकार की मिठाई, स्फोटक बताशा; ३. भंजक यंत्र, तोड़ने का यंत्र (जैसे nut~ सरौता); ४. पतला कड़ा बिस्कुट; ५. तड़ाका, धमाका; ६. टूट जाना, भंग; ७. (स्कूली, ग्रा०) गप्प, झूठ, बकवाद। **~jack** (ग्रा०) असाधारणतः बढ़िया चरित्र या कुशल व्यक्ति। **crackers** वि० उद्भ्रांत, सनकी। **cracky** वि० १. दरारदार, दराड़दार; २. चिटकने वाली; ३. (बोल०) विक्षिप्त, उद्भ्रान्त, सनकी।

crackle (krăk' ĕl) [from prec] क्रि० अ० कड़कड़ाना, चरचराना, पटपट शब्द करना। सं० १. स्वनन; २. कड-कड़ शब्द, पट-पट ध्वनि. स्वन। **~-china, -glass, -ware** शीशे या चीनी के बर्तन, जिनमें छोटी-छोटी दरारें हों। **crackling** सं० (क्रियागत अर्थों में), सूअर के भुने हुए मांस की खस्ता त्वचा।

cracknel (krăk'nĕl) [corr. of F. *craquelin* (cp. dial. *crackling*)] सं० कैकनेल, एक प्रकार का कुरकुरा बिस्कुट।

cracksman (kräks' măn) [CRACK (slang), MAN] सं० १. सेंध लगाने वाला, सेंधमार; २. चोर।

cracy ([F. *-cratie*, Gr. *-kratia*, from *kratos*, power] प्रत्य० ग्रीक धातुओं में जोड़ा जाने वाला प्रत्यय, राज्यतंत्र, शासनतंत्र के अर्थ में। **democracy** सं० प्रजातंत्र (the democracy जनता)। **plutocracy** सं० धनिकतंत्र।

cradle (krā' dĕl) [A.-S. *cradol* (etym. doubtful)] सं० १. पालना, हिंडोला, झूला (बच्चों के लिए); २. (ला०) स्थान जहाँ किसी वस्तु या कला आदि का विकास हुआ हो (जैसे ~of an art, ~of a nation); ३. पालने से मिलता-जुलता ढाँचा; ४. (नौ०) जिस पर बनाने या मरम्मत करते समय जहाज़ रखे जा हैं; ५. हिंमया का पाड़; ६. टाट (जो अनाज काटने में सुविधाजनक सिद्ध होता है); ७. (उत्कीर्णन) एक प्रकार की दाँतदार छेनी, टाँकी; ८. (खनि०) मिट्टी का छाज, नाँद जिसमें सोना मिली मिट्टी को पानी में उछालते हैं। क्रि० स० १. पालने में झुलाना; २. झूले पर जहाज़ को चढ़ाना, हिंडोले में शरण लेना, काटना, दूर करना। **cat's ~** दे० CAT। **cradling** सं० (क्रियागत अर्थों में) (स्था०) लकड़ी या लोहे का टट्टर, ठाट, चालट्टा।

craft (kräft) [A.-S. *creft* (cp. Dut. *kracht*, Swed., Dan., and G. *kraft*, power)] सं० १. कौशल, प्रवीणता, पटुता; २. धूर्तता, चालाकी, मक्कारी, ठगी, धोखा, छल; ३. शिल्प, व्यवसाय, विशेष व्यवसाय के लोग (जैसे handi~, priest~, state~)। ४. नाव, लोका, जहाज़, (बहुव० भी यही)। **the ~** फ्रीमेसनों का वर्ग। **the gentle ~** मछली पकड़ना। **~ brothers** दस्तकारों का संघ। **~guild** दस्तकारों की बिरादरी, एक ही व्यवसाय के लोग। **craftsman** सं० कारीगर, दस्तकार, शिल्पकार*/ शिल्पी* (प्र० मा०)। **craftsmanship** सं० शिल्प, कारीगरी, दस्तकारी।

crafty (kräf' tĭ) [see prec.] वि० धूर्त, कुटिल, शठ, कपटाचारी, फ़रेबी, चालाक, मक्कार। **craftily** क्रि० वि० चालाकी से, कुटिलतापूर्वक। **craftiness** सं० धूर्तता, चालाकी, मक्कारी, कुटिलता।

crag[1] (kräg) [cp. W. *craig*, Gael. and Ir. *creag*] सं० १. ऊबड़ चट्टान, खुरदरी चट्टान, खड़ी चट्टान; २. भूम* (वि० १ भी)। **cragsman** सं० ऐसी चट्टान पर कुशलता से चढ़ने वाला। **cragged, craggy** वि० असम, ढालू, ऊबड़-खाबड़, ऊँचा-नीचा, चट्टानीभरा। **craggedness, cragginess** सं० ढलवांपन, उबड़खाबड़पन।

crag[2] (kräg) [poss. from CRAG[1]] सं० (भूगर्भ०) क्ले, एक प्रकार की बालू-मिश्रित मिट्टी की तह, जो इंग्लैंड के विभिन्न स्थानों जैसे नारफ़ोक, सफ़ोक और एसेक्स में पायी जाती है।

crake (krāk) [imit.; cp. CROAK, CROW] सं० और क्रि० अ० १. एक प्रकार का पक्षी, कुकुटकिया ,corn~ शस्य-कुक्कुटिका भी); २. शस्य-कुक्कुटिका की आवाज, ३. कुड़कुड़ाहट, शस्य-कुक्कुटिका की आवाज करना, कुड़कुड़ाना।

cram (krām) [A.-S. *crammian*, from *crimman*, to insert (cp. O.H.G. *chrimman*, G. *krimmen*)] क्रि० स० और अ० १. ठँसना, ठूँस-ठूँसकर भरना, लबालब भरना, खचाखच भरना, २. घुसड़ना, घुसाना, ठूँसना, भरना, भर देना; ३. ठूँस ठूँसकर खाना, ४. (ला०) परीक्षा के लिए तैयार होना, रटना, घोटा लगाना; ५. (विशिष्ट उद्देश्य से) सीखना, तैयार करना। सं० १. भीड़, २. परीक्षा के लिए तैयारी, रट्टा घोटा; ३. (ग्रा०) अशुद्ध, झूठ। **~down one's throat** (कोई बात) बार-बार कहना। **cramful** ठसाठस भरा हुआ।

crambo (krām' bō) [L. *crambé*, in ref. to Juvenal's *crambe repetita*, cabbage served up again, Sat. vii. 154] सं० तुकबन्दी का खेल, काफ़ियाबाज़ी, तुकमिलानी, एक प्रकार का खेल, जिसमें एक खिलाड़ी कोई शब्द बोलता है और दूसरा उसके तुक का शब्द बोलता है। **dumb~** एक प्रकार का खेल, जिसमें एक व्यक्ति कोई शब्द अपने मन में रख कर उसके तुक का शब्द बोल देता है और दूसरे को वह शब्द बूझना पड़ता है।

cramoisy (krām' oi zi), **cramesy** (krām' e zi) (coll.) [L. *cremesi*, and O. F. *cramesi* (later *cramoisi*); Sp. *carmesi*; see CRIMSON] वि० और सं० १. (अप्र०) गहरे लाल रंग का कपड़ा, किरमिजी कपड़ा, २. (क्रियागत अर्थों में) रटने वाला, घोटने वाला (विशेष विद्यार्थी); ३. असत्य कथन, झूठी बात।

cramp[1] (kramp) [O.F. *crampe* (cp. Dut. *kramp*; also O. H. G. *krimphan*, G. *krampfen*, to cramp)] सं० १. ऐंठन* (कुछ भी), कुंडलन मरोड़, ठिठुरन, तनाव, जो पुट्ठों में आकस्मिक दर्द या कौंचने श्रम से उत्पन्न हो जाता है, २. (कु०) उलझट*। वि० १. कठिन, मांसल, पेशीदार (अंग या मुख का भाग), २. ठहरा हुआ, मंद हुआ, सिकुड़ा हुआ, मरोड़दार। क्रि० स० १. ऐंठ जाना, अकड़ जाना, जकड़ जाना, २. घेर लेना, घोटना, कसकर बाँधना सीमाबद्ध करना, ३. (ला०) सीमित करना; ४. (शक्ति आदि का) विरोध करना, विघ्न करना, संयत करना; ५. संदेही द्वारा कसना, शिकंजे में कसना। **~fish** पनडुब्बी, तारपीडो। **crampedness** सं० १. ऐंठन, तनाव, अकड़, कसाव, २. नियंत्रण, बँधाई। **crampness** सं० पेचीदगी, जटिलता, ऐंठन।

cramp[2] (kramp [Dut. *kramp*, see prec.] सं० १. शिकजा* (ह० ३ भी), धातु की छड़, जिसके सिरे कड़ियों और दीवार को थामे रखने के लिए झुके होते हैं, २. सँड़सा (दो तख्तों आदि का मिलाकर दबाने के लिए); ३. निरोध, निग्रह, रोक।

crampon (krām' pŏn) [F., from late L. *crampo -bnem*, from L.G. (cp. CRAMP[1-3])] सं० १. धातु का बना हुआ काँटा, कुंडा, कुलाबा (लोहे की चीजें उठाने या पकड़ने के लिए); २. कीलोदार लोहे का तला (बर्फ़ पर चलने के लिए)।

cran (krān) [Sc., etym. doubtful] सं० (स्कॉ०) क्रैन, समुद्री मछलियों के तौलने का माप, पैमाना (३७॥ गैलन)।

cranage (krān'āj) सं० १. घाट पर क्रैन के उपयोग का अधिकार; २. क्रैन की ढलाई के रूप में दिया गया किराया, क्रैन भाड़ा* (प्र० भी)।

cranberry (krān' bĕr i) [L. G. *kr. ambere* (G. *kranbeere*), introd. by N. Amer. colonists] सं० क्रैनबेरी, ब्रिटेन, उत्तरी योरप और उत्तरी अमरीका में पायी जाने वाली एक झाड़ी का छोटा गहरे लाल रंग का बेर जैसा फल (जैसे करौंदा)।

crane[1] (krān) [A.-S. *cran* (cp. Dut. *kraan*, G. *kranich*, Gr. *geranos*, L. *grus*)] सं० १ बक; २. सारस* (वि० १ भी); ३. क्रौंच। क्रि० स० और अ० सारस की भाँति गर्दन आगे निकालना। **~at** देखकर, पीछे हटना (कठिनाइयों में)। **~fly** एक प्रकार की मक्खी। **crane's bill** एक प्रकार की झाड़ी।

crane[2] (krān) [as prec.] सं० १. बहुत भारी बोझ उठाने का यंत्र, क्रेन* (इ० १, वि० १ भी); २. दमकला; ३. माइफ़न; ४. तरल पदार्थ निकालने के लिए मुड़ी हुई नली। क्रि० स० और अ० क्रेन द्वारा हटाना या उठाना। **water~** दमकला, इंजन में पानी पहुँचाने का नल।

cranio- [L. *cránium*, Gr. *kranion*, the skull] समस्त पदों में प्रयुक्त रूप, खोपड़ी (शब्द)।

cranium (krā' ni ŭm) [L., from Gr. *kranion*] सं० (बहु० **~ia**) १ कपाल[5] (आ०, वि० १ भी), करोटि, खोपड़ी, २. कपालास्थि सिर की हड्डियाँ; ३. (वि० १) कपालीय*। **cranial** वि० १ कपाल संबंधी, कापालिक, २ कपालीय* (वि० १ भी)।

crank[1] (krängk) [A.-S. *cranc*, orig. past of *cringan* (a form of *crincgan*, to be bent up)] सं० १ चक्करनला, घरी फेर, गुल्फक घरी, फेंक; २. कुहनी (घंटा लगाने की), ३ घुमता चक्कला (जो दंड के रूप में कीलियों में चलवाया जाता है); ४. (इ०, १, कु०) फेंक*, (इ० १) कार्पर*। क्रि० स० १ चक्करघन्नी की आकृति में मोड़ना या उसमें बाँधना; २ कुहनी बनाना, कुहनी बैठाना, कुहनी से जकड़ना। **~up** घुरी को घुमाकर (मोटर के इंजन को) फेंक-हैंडल से चालू करना।

crank[2] (krängk) [etym. doubtful; perh. conn. with prec.] सं० १. वक्रोक्ति, २. घुमा-फिराकर कही गयी बात, मनकीपन, मनकमरा विचार या कार्य, ३. सनकी व्यक्ति।

crank[3] (krängk) [conn. with CRANK[1] and CRANKY] वि० दुर्बल, क्रमडोर, डावाँडोल, ढीला (मशीन आदि), बोदा, जिसकी पुर्जे ढीली हों।

crankle (krängkl) [CRANK[1]] क्रि० अ० ऐंठना, मरोड़ना, घुमाव देना। सं० ऐंठन, मरोड़, पेंच, घुमाव।

cranky (krăng' ki) [formed from CRANK[1-3] in the various senses] वि० १. रुग्ण, क्षीण, दुर्बल; २. ढीला, बोदा; ३. सनकी, झक्की, अस्थिर, अस्थिरमति, मनमौजी; ४. पेचीदा, मरोड़दार; ५. (नौ०) डगमग, डगमगाता हुआ, डावाँडोल। **crankily** क्रि० वि० १. सनकीपन से; २. ढीलेपन से, बोदेपन से; ३.पेचीदगी से। **crankiness** सं० १. रुग्णता;

२. डीकापन, डोदापन, दुर्बलता; ३. सनकीपन, झक्कीपन; ४. (जहाज की) डगमगाहट।

crannog (krăn' ŏg) [Ir., from *crann*, a tree, a beam] सं० केनाग, स्काटलैण्ड या आयरलैण्ड की प्राचीन झोंपड़ी जो झीलों में शहतीरों पर बनायी जाती थी।

cranny (krăn' i) [prob. from F. *cran*, a notch, a chink)] सं० छिद्र, रंध्र, सन्धि, दरार, सुराख।

crannied वि० छिद्रपूर्ण, दरारदार।

crape (krāp) [F., CRÊPE] सं० १. क्रेप (अब प्रायः CREPE) एक प्रकार का काला रेशमी (या बनावटी रेशम का) पतला कपड़ा; २. (इस कपड़े की) पट्टी या फीता (जो शोक-चिह्न के रूप में वस्त्रों पर लगाया जाता है)। क्रि० स० क्रेप से ढकना, पहनाना, ओढ़ाना। **~cloth** क्रेप जैसा ऊनी कपड़ा। **crapy** वि० १. क्रेप का; २. क्रेप-सा।

craps (krăps) [orig. unknown] सं० (बहुव०) क्रैप्स, एक प्रकार का पासे का खेल। **shoot ~** क्रैप्स का खेल खेलना।

crapulent (krăp' ū lĕnt) [L. *crāpulentus*, from *crāpula*, drunkenness, Gr. *kraipalē*, nausea, the effect of a debauch] वि० १. शराबी, बहुत अधिक पीने वाला, शराब का लती; २. नशे के परिणामों से पीड़ित। **crapulence** सं० १. अत्यधिक मदिरापान, बहुत ज्यादा शराब पीना; २. नशे से उत्पन्न रोग। **crapulous** वि० शराबी, बेहद शराब पीने वाला।

crash[1] (krăsh) [imit. (cp. CRACK, CRAZE] क्रि० अ० १. धमाका करना, धमाके से चलना या बढ़ना, २. (वायुयान या विमान-चालक का) धरती पर गिरना। क्रि० स० धमाकेदार करना, धमाके से तोड़ना, फेंकना या चलाना। सं० १. चीनी के बर्तन टूटने का शब्द, धमाका, गरज, गड़गड़ाहट, शोर, तेज़ संगीत, जोर का घड़ाका, धमाका या चकनाचूर होने की आवाज़; २. (ला०) व्यापारिक साख की समाप्ति, दवादी। **~dive** (पनडुब्बी का) खतरे के समय जल्दी से और गहरी डबकी मारना, गहरे पैठना। **~land** (वायुयान या चालक का) जल्दी में धमाके के झटके के साथ धरती पर उतरना (प्रायः विमान के पहियों को नीचे किए बिना)।

crash[2] (krăsh) [etym. doubtful] सं० तौलिया आदि का मोटा कपड़ा, बेस।

crasis (krā' sis) [Gr., a mixture, a blending, from *krannunai*, to mix] सं० १. (यूनानी व्या०) दो अक्षरों (syllables) के स्वरों की संधि (जैसे kai और ego के स्थान पर kagō); २. (आ०) केमिस*।

crass (krăs) [L. *crassus*] वि० १. बौंगा, महा, भोंडा; २. (ला०) फूहड़, बुद्धू, नितान्त मूर्ख। **crassitude** सं० स्थूलता (बुद्धि की), मूर्खता. जड़ता, फूहड़पन, भोंडापन, अनाड़ीपन, बुद्धूपन। **crassly** क्रि० प्रदेपन से, अनाड़ीपन से, मूर्खता से। **crassness** सं० १. महापन, भोंडापन, अनाड़ीपन; २. मूर्खता।

-crat (F. *-crate*, Gr. *-kratēs* (cf. *-kratia*, -CRACY)] सं० प्रत्य०, समर्थक या सदस्य, किसी तंत्र का और उसी की भाँति जोड़ा और प्रयोग किया जाने वाला (जैसे aristocrat, autocrat आदि)। **-cratic(al)** वि० प्रत्य० -तांत्रिक।

cratch (krăch) [O.F. *creche* (F. *crèche*), O.H.G. *chrippa*] सं० चरनी, चरही, कुंडा (पशुओं को मैदान या आँगन में चारा खिलाने के लिए)।

crate (krāt) [L. *crātes*, or Dut. *krat*] सं० झाँपा, टोकरा, शीशा, फल आदि भेजने के लिए लकड़ी आदि का खुला ढाँचा या बक्स का बेंत।

crateful सं० झाँपाभर, टोकरा भर।

crater (krā' tĕr) [L., from Gr. *kratēr*, a bowl for mixing wine (*kerannunai*. to mix)] सं० १. ज्वालामुखी पहाड़ का मुख; २. कटोरे की आकृति का गर्त या गड्ढा (विशे० गोले या बम आदि के विस्फोट के कारण बना हुआ); ३. (आ०) विवर*; ४. (इं० १) विस्फोट-विवर*; ५ (वि० १) गर्त*, ज्वालामुखी विवर*, (इं० १, वि० १) क्रेटर*। **craterform** वि० १. ज्वालामुखी की आकृति का; २. कटोराकार* (वि० १ भी)।

cravat (krā văt') [F. *cravate*, orig. a Croat, G. *krabate*, Croatian] सं० गलबंद, टाई (अब अप० या दुकानों में प्रयुक्त)। **cravatted** वि० गलबंद पहने हुए, टाई लगाये हुए।

crave (krāv) [A.-S. *crafian*] क्रि० स० और अ० १. याचना करना, अनुनय-विनय करना, माँगना, भीख माँगना; २. लालसा करना, उत्कट अभिलाषा होना, बहुत चाहना, तरसना।

craven (krā' vĕn) [M. E. *cravant*, prob. from O.F. *cravant*. pres. p. of *craver* (*craver*), to burst, break, overcome] वि० और सं० कायर, भीरु, कातर, डरपोक, हीन, नीच (व्यक्ति)। **cry ~** आत्म-समर्पण करना, हथियार डाल देना। **cravenly** क्रि० वि० भीरुतापूर्वक, कायरतापूर्वक, नीचता से।

craw (kraw) [rogn. with Dut. *kraag*, the neck] सं० पोटा, ओझ (पक्षियों या कीड़ों का)।

crawfish दे० CRAYFISH।

crawl[1] (krawl) [prob. from Scand. (cp. Icel. and Swed. *krafla*, to grop, Dan. *kravle*, to crawl)] क्रि० अ० १. रेंगना* (वि० १ भी), घिसटना, पेट के बल चलना, धरती पर धीरे-धीरे खिसकना; २. धीरे-धीरे चलना; ३. दीनतापूर्वक घिसटना; ४. शुशामद करना, चापलसी करना; ५. (धरती पर चारों ओर) कीड़े-मकोड़ों का रेंगते फिरना, कीड़ों-मकोड़ों की अधिकता होना; ६. सुरसुरी महसूस करना। सं० १. मंदगति (रेंगने की क्रिया या भाव); २. (वि० १) विसर्प*। **the ~** तैराकी का हाथ, तेजी से तैरने का ढंग। **crawler** सं० (क्रियागत अर्थों में)। रेंगनेवाला आदि; २. बच्चे का झबला; ३. जूँ; ४. भाड़े की तलाश में धीरे-धीरे चलने वाली गाड़ी या टैक्सी। **crawly** वि० वि० रेंगता हुआ, सुरसुरी भरा।

crawl[2] [Dut *kraal*] सं० कछुओं, मछलियों आदि को जीवित रखने के लिए उथले पानी में बना हुआ गड्ढा या घेरा।

crayfish (krā' fish), **crawfish** (kraw' fish) [M.E. *crevice*, O. F. *crevisse*, *crevice* (F. *écrevisse*), O. H. G. *crebiz* (cp. CRAB)] सं० झींगा (मछली), केकड़े जैसी शक्ल की मीठे पानी की मछली।

crayon (krā' on) [F., from *craie*, L. *crēta*, chalk] सं० १. चित्रकारी के लिए रंगीन खड़िया; २. रंगीन खड़िया का बना हुआ चित्र; ३. बिजली के आर्क लैम्प में कार्बन की नोंक। क्रि० स० रंगीन खड़िया से चित्र बनाना, रेखाचित्र बनाना।

craze (krāz) [perh. from Swed. *krasa* (cp. F. *écraser*)] क्रि० स० और अ० १. पागल कर देना, हवास बिगाड़ना, सिड़ी बना देना; २. (चीनी के बर्तनों पर) छोटी-छोटी दरार बनाना; ३. ऐसी दरारें बनना। सं० १. उन्माद, पागलपन, सिड़ीपन,

सनक, झक्त; २. शौक, ३. सौदा; ४. (ई० ३) सतह चटकन*/पृष्ठ-विदरण*। **be the~** किसी फ़ैशन आदि का अत्यधिक प्रचलित होना, कोई रिवाज चल पड़ना, कोई शौक-विशेष का बहुत लोकप्रिय हो जाना। **crazing** सं० (क्रियापद अर्थों में) (ई० ३) पृष्ठ-विदरण*/ सतह चिटकन*। **~mill** गन्ना पीसने की चक्की। **crazy** (krāzi) वि० १. (जहाज, इमारत आदि) डावाँडोल, कमजोर; २. रुग्ण, दुर्बल, क्षीण; ३. भ्रांत चित्त, पागल, सिड़ी, दीवाना, बावला, सनकी; ४. (बोल०) अत्यधिक उत्साहपूर्ण; ५. (फ़र्श या रजाई इत्यादि) छोटे-बड़े टुकड़ों को जोड़कर बनाया हुआ। **crazily** क्रि० वि० १. डावाँडोल ढंग से; २. क्षीणतापूर्वक, दुर्बलतापूर्वक; ३. पागलपन से, सनक या बावलेपन से। **craziness** सं० दुर्बलता, उन्माद, पागलपन, सनक* (मा० ३ भी), बावलापन, सिड़ीपन।

creak (krēk) [imit. (cp. CRARE, CRACK)] सं० कर्कश शब्द, चरचराहट, चरमराहट (किवाड़ या जूते आदि की)। क्रि० अ० चरचराना, चरमराना, चूँ-चूँ करना। **creaky** वि० कर्कश शब्द करनेवाला, चरचराता हुआ।

cream (krēm) [F. *crème*, O. F. *cresme* (see CHRISM)] सं० १. मलाई, बालाई, नवनी, क्रीम* (कृ०, वि० १ भी), साढ़ी (जो दूध को मथने पर ऊपर तैर आए); २. मलाई की मिठाई आदि; ३. (किसी वस्तु आदि का) सार, (विशे०) किसी चुटकुले का मुख्य भाव; ४. किसी द्रव पदार्थ का ऊपर आ जाने वाला अंश; ५. मलाई जैसे पदार्थ (कोल्ड क्रीम आदि); ६. सफ़ेद चोंडा। क्रि० अ० और स० १. (दूध या किसी अन्य द्रव पदार्थ से) मलाई छानना या सार निकालना; २. (दूध में) मलाई डालना, मलाई पड़ना; ३. मलाई उतारना; ४. किसी वस्तु का सार ले लेना; ५. (चाय आदि में) मलाई मिलाना। **~cheese** दूधिया पनीर। **~coloured** दूधिया, पीलापन लिए सफ़ेदी। **~fruit** क्रीम फ़्रूट, दूधिया फल (एक अफ्रीकी फल)। **~laid, -wove, paper** दूधिया रंग का काग़ज़। **~of tartar** एक प्रकार की रौनगी दवा। **~separator** दूध से मलाई निकालने का यंत्र। **creamer** सं० १. मलाई उतारने की पौनी; २. मलाई निकालने का यंत्र। **creamery** सं० १. मक्खन बनाने का कारखाना; २. दूध, मलाई आदि की दूकान; ३. (कृ०) क्रीमरी*। **creamy** वि० मलाईदार, मलाई जैसा चिकना, स्निग्ध। **creaminess** सं० मलाईपन, चिकनापन।

crease (krēs) [ctym. doubtful] सं० १. तह की सिलवट, शिकन, सिकुड़न; २. (क्रिकेट) खेलनेवाले और गेंद फेंकने वाले की हद; (दे० POPPING)। क्रि० स० और अ० १. किसी चीज में सिलवटें डालना, २. सिलवटें पड़ना। **creasy** वि० सिलवटदार, सिकुड़नवाला, सिकुड़ा हुआ।

create (krē ātˈ) [L. *creātus*, p. p. of *creāre*] क्रि० स० १. सृष्टि करना, सर्जन करना, पैदा करना, उत्पन्न करना, अस्तित्व में लाना, जन्म देना; २. निर्माण करना, बनाना, बनाकर खड़ा करना, रचना; ३. किसी पद या उपाधि से भूषित करना। **creative** वि० सृजनात्मक, सृष्टिमूलक, उत्पादक। **creatively** क्रि० वि० सृजनात्मक ढंग से, सृजनात्मक रूप में। **creativeness** सं० सृजनात्मकता, सृष्टि-क्षमता, उत्पादकता।

creatine (krēˈ ă tin) [Gr. *kreas, -atos*, meat] सं० क्रिएटिन* (वि० १ भी), मांस के रस में पाया जानेवाला एक तत्त्व।

creation (krē āˈ shŭn) [F., from L. *crēātio -ōnem* (*creāre*, to CREATE)] सं० १. सृष्टि* (मा० २, वि० १ भी), संसार, जगत, सचराचर, निखिल विश्व; २. सर्जन; ३. उपाधि इत्यादि से सम्मान करना; ४. मानवीय कल्पना और बुद्धि द्वारा (विशे० किसी दर्जी या अभिनेता की) सृष्टि, रचना, उपज या निर्माण। **creationism** सं० १. सृष्टि-सिद्धान्त जिसके अनुसार ईश्वर प्रत्येक मनुष्य के जन्म के समय उसकी आत्मा की रचना करता है; २. आत्मवाद, सृष्टि-रचना-सिद्धान्त (विकासवाद से भिन्न)। **creationist** सं० सृष्टि-सिद्धान्तवादी। **creator** सं० १. स्रष्टा, सृष्टिकर्त्ता; २. उत्पादक, पैदा करने वाला। **The~** ब्रह्मा, ईश्वर, विधाता, जगत्कर्ता, प्रजापति। **creatorship** सं० विधात्री, रचनेवाली, सृष्टि करनेवाली।

creature (kréˈ chèr) [F. *créature*, L. *creatura*, as prec.] सं० १. रची हुई वस्तु, सर्जित पदार्थ; २. प्राणी, प्राणधारी जीव; ३. जन्तु, पशु, जानवर (प्रायः मानव से भिन्न अर्थ में); ४. मानव, मनुष्य, व्यक्ति, इंसान (प्रायः प्रशंसा, निंदा अथवा समर्थन आदि का सूचक); ५. उपजीवी, जिसकी उन्नति दूसरे के सहारे हुई हो; ६. साधन मात्र, कठपुतली जैसा। **the~** (प्रायः cratur लिखा जाता है) घिनौनी, शरीर, अन्य नशीली वस्तु। **creaturely** वि० प्राणी संबंधी, जीव-विषयक।

creche (krāsh) [F.] सं० १. शिशु-गृह* (मा० ३ भी), बालगृह, शिशुओं की देखभाल के लिए साजर्वनिक स्थान; २. (आ०) क्रेच, शिशु-सदन*।

credat judaeus (Afella) (लैटिन) अविश्वासमूचक वाक्यांश, मैं ऐसे झूठों में नहीं आता, यह चकमा किसी और को देना।

credence (kréˈ dĕns) [F., from med. L. *crédentza* (*créderе*, to believe)] सं० १. विश्वास, मान्यता, भरोसा, परिचय, प्रतीति, यकीन, एतबार; २. धार्मिक कृत्य की सामग्री रखने के लिए छोटी मेज़। **give~to** विश्वास करना, यकीन करना। **letter of~** परिचय-पत्र, प्रमाणपत्र।

credential (kre den' hăl) सं० (प्रायः बहु०) परिचय-पत्र, अधिकार-पत्र, प्रमाण-पत्र, सनदें, (ला०) प्रत्यय-पत्र* (प्र०, मा० १ भी)।

credible (kredˈ ibl) वि० विश्वसनीय, प्रामाणिक, विश्वास के योग्य, यकीन के काबिल (व्यक्ति या कथन), प्रत्येय। **credibility** सं० विश्वसनीयता, प्रामाणिकता, विश्वासपात्रता, प्रत्येयता। **credibly** क्रि० वि० विश्वासपूर्वक, प्रामाणिकता के साथ।

credit (kredˈ it) [F. *crédit*, It. *credito*, L. *créditus -um*, p.p. of *créderе*, as prec.] सं० १. विश्वास, यकीन, भरोसा, एतबार; २. प्रतिष्ठा, कीर्ति, श्रेय* (प्र०, विधि भी), ख्याति (जैसे *~to the* school); ३. प्रशंसा, गुणों की स्वीकृति या मान्यता* (प्र० भी); ४. आदर अथवा सम्मान का कारण; ५. किसी की ऋण चुकाने की योग्यता और नेकनीयती में विश्वास; ६. उधार*, जमा*, ऋण*, कर्ज़* (कृ०, प्र०, वि० १, विधि भी); ७ ईमानदारी की नेकनामी; ८. बैंक आदि के खाते में किसी के नाम से जमा रकम; ९. (बहीखातों में) खाते में जमा करके रकम मिलने की स्वीकृति। क्रि० स० १. विश्वास करना, भरोसा करना, यकीन करना; २. जमा के खाते में ले जाना, खाते में रकम जमा करना, जमा करना* (वि० १ भी)। **give~to** विश्वास करना, भरोसा करना। **give person~ for** कोई रकम किसी के खाते में जमा करना, (ला०) किसी में कोई गुण स्वीकार करना। **letter of~** प्रत्यय-पत्र, साख-पत्र। **~person with** (ला०) किसी व्यक्ति की गणमान्यता को मानना, मान्यता देना, श्रेय देना।

creditable (kredˈ it ăbl) वि० १. सराहनीय, प्रशंसनीय,

तारीफ़ के लायक, यशस्कर, कीर्तिकर; २. विश्वसनीय, प्रतिष्ठाजनक, गौरवपूर्ण। **creditably** क्रि० वि० गौरवपूर्वक, प्रतिष्ठापूर्वक।

creditor (kred' i tor), सं० १. महाजन, ऋणदाता* (क्रि०भी), लेनदार* (विधि भी), साहूकार, कर्ज देने वाला; २. (बहीखाते में) जमा का पक्ष (संक्षेप cr.), अंग्रेजी ढंग में दायीं तरफ़, महाजनी पद्धति में बायीं तरफ़।

credo (krē' dō) [L., I believe] सं० (बहु० ~os) १. धर्म-विश्वास, आस्था-भाव, श्रद्धा, ईमान, (विशे० वे ईसाई विश्वास जिन्हें निकाइया की सभा अनिवार्य मानती थी); २. निकाइया मत का भजन।

credulous (kred' ū lŭs) [L. *crēdulus* (*crēdere*, to believe)] वि० १. विश्वासप्रवण, सहज ही विश्वास कर लेने वाला; २. सीधा-सादा, भोला, भोला-भाला, श्रद्धालु। **credulity, credulousness** सं० १. विश्वास-प्रवणता, श्रद्धालुता २. भोलापन। **credulously** क्रि० वि० १. विश्वास-प्रवणता से, श्रद्धापूर्वक; २. भोलेपन से।

creed (krēd) [A.-S. *crēda*, L. *crēdo*] सं० १. ईसाई धर्म-सूत्र या संक्षिप्त विवरण (विशे० चार पैगम्बरों के सिद्धान्तों के अनुसार); २. धर्म, धार्मिक पंथ*, मत* (मा० २ भी), मजहब, सम्प्रदाय; ३. किसी विषय के सिद्धान्त। **creedless** वि० सिद्धान्तहीन, धर्महीन।

creek (krēk) [etym. doubtful (cp. O. F. *crique*, Dut. *krēke*, *kreek*, Swed. *krik*, Icel. *kriki*)] सं० १. उपसागर, खाड़ी, सँकरी खाड़ी* (वि० १ भी); २. छोटा बदरगाह; ३. नदी की छोटी धारा या शाखा; ४. (अमरीका और उपनिवेशों में) महायक नदी; ५. पहाड़ों के बीच का संकीर्ण मैदान, खड्ड; ६. (इ० १) उपधारा*; ७. (वि० १) निवेशिका*।

creel (krēl) [Sc., etym. doubtful] सं० (मछलियाँ रखने का) बड़ा झाबा, खाँचा, मछवाही टोकरा।

creep (krēp) [A.-S. *crēopan*, from Teut. *creup* (cp. Dut. *kruipen*, Swed. *krypa*)] क्रि० अ० १. रेंगना, सर्पण करना, पेट के बल चलना या सरकना; २. दबे पाँव, धीरे-धीरे या चुपके-चुपके चलना; ३. चुपके-चुपके प्रवेश करना, नजर बचा कर घुसना, छिप कर घुसना; ४. हीनता या दीनतापूर्वक जीवन व्यतीत करना; ५. (पौधों का) बेल चढ़ना, लता का पेड़ों या दीवार पर चढ़ना; ६. (नौ०) काँटा घसीटते चलना। सं० १. रेंगना; २. (बोल बहुव० में जैसे it gives me the creeps) भय, डर, थरथरी; ३. (रेल के पुर्ज़े की) कमान, महराब; ४. (बाड़े इत्यादि में) आने-जाने का रास्ता, मोखा; ५. (भूगर्भ०) वातावरण में परिवर्तन के फलस्वरूप जर्जर शिलाओं का धीरे-धीरे खिसकना, अलस विरूपण*, मंद विरूपण* (वि० १ भी); ६. (इ० ३) विलंबित विरूपण* । **flesh creeps** (शरीर० सुन्न हो जाना, चीटियों सा चलना (भय आदि के कारण)। **~mouse** वि० भीरु, डरपोक, कायर, संकोची, शर्मीला, दब्बू। **creeper** सं० (क्रियागत अर्थों में) १. रेंगनेवाला; २. लता, लतिका, बेल, बल्ली, बल्लरी; ३. (बोल०) लंका में चाय की खेती का काम सीखनेवाला; ४. काँटा, लोहे का आँकड़ा (पानी में से वस्तुएँ निकालने का यंत्र); ५. (वि० १) विसर्पी लता*। **creepy** वि० १. रेंगनेवाला, रेंगता हुआ; २. रोमांचकर, (बदन में) सनसनी डालनेवाला; ३. सनसनी पड़ा, सुन्न। **~crawly** वि० रेंगता हुआ।

creese (krēs) [Malay *kris*] सं० कीज, लहरदार फल वाला मलाया का खंजर, छुरा, कटार।

cremate (krē māt') [L. *cremātus*, p.p. of *cremāre*, to burn] क्रि० स० दाह, दाहकर्म, दाहसंस्कार करना, जलाना (विशे० शव का)। **cremation** सं० १. दाह-क्रिया, दाह-कर्म, दाह-संस्कार*, दाह* (मा० ३ भी), शव-दाह* (आ० भी)। **cremationist** सं० १. शव की दाह-क्रिया का पक्षपाती; २. दाहकर्ता, दाह-क्रिया करनेवाला। **cremator** सं० शव अथवा कूड़ा-करकट जलाने वाला व्यक्ति या भट्ठी। **crematorium** (krē mā tor' i ŭm) (बहुव०~s,~ia), सं० १. दाह-भूमि, श्मशान, मरघट, मसान, शव जलाने का स्थान; २. शवदाह-गृह* (आ० भी)।

creme (krām) [F., CREAM] सं० **~de menthe** पोदीने की शराब। **~de la~** १. रूह, जौहर; २. सर्वश्रेष्ठ (व्यक्ति आदि)।

Cremona (krē mō' nā) [town in the north of Italy] सं० क्रिमोना बायलिन, क्रिमोना नामक स्थान का बना हुआ बेला (बायलिन)।

crenate, -nated (krē' nāt, nā tĕd) [late L. *crēna*, a notch] वि० १. (दन्, प्राणि०) दँतीला; २. (आ०) दन्त*; दन्तिल*; ३. (वि० १) कुंठदंती*। **crenation** सं० दँतीलापन, दन्तुरता।

crenature (krē' nā, kren' ā tūr) सं० गोल दाँत या कटाव (पत्ती इत्यादि के किनारे पर)।

crenel (kren' ĕl), **crenelle** (krē nel') [O. F. *crenel* (F. *créneau*), dim. of *cren*, *crena* (ax prec.)] सं० बंदूक चलाने के लिए दुर्ग की दीवार के कँगूरों में खाली जगह। **crenel(l)ate** (kren' ĕ lāt) [F. *créneler* (ax prec.)] क्रि० स० (दुर्ग की दीवार में) बंदूक चलाने के लिए छिद्र बनाना। **crenellation** सं० उपर्युक्त अर्थ में।

creole (krē' ōl) [F. *créole*, Sp. *criollo*, prob. a negro corr. of *criadillo*, dim of *criado*, instructed, bred, p.p. of *criar*, to create] सं० केओल, वेस्ट इंडीज, मॉरीशस आदि में बसनेवाले हब्शी या फिरंगी (पशु आदि) जो बाहर से आकर वेस्ट इंडीज के हो गये हों।

creosote (krē' ō sōt) [Gr. *kreas -atos*, flesh, *sōt* (*sōtēr*, saviour), from *sōzein*, to save, preserve] सं० १. क्रिओसोट* (इ० १, ३, कृ०, वि० १ भी), एक प्रकार का रासायनिक तैल, क्रिमिनाशक औषधि; २. (आव०) कारबोलिक अम्ल या नेजाब।

crepe (krāp) [F., from L. *crispa*, curled] सं० क्रेप, शोकसूचक काली क्रेप के अतिरिक्त अन्य क्रेप जैसा कपड़ा। **~de Chine** रेशमी प्रकार की क्रेप। **~rubber** जूतों के तले के लिए काम में आने वाली बहुत टिकाऊ रबर।

crepitate (krep' i tāt) [L. *crepitātus*, p. p. of *crepitāre*, freq. of *crepāre*, to creak] क्रि० अ० १. चटचटाना, चरचराना, चट्-चट् शब्द होना; २. (भीगे आदि का) थुतकाराना, आवाज करते हुए तीव्रा द्रव पदार्थ निकालना। **crepitant** वि० १. चटचटाता हुआ, चरचराता हुआ, थुतकाराता हुआ; २. (आ०) करकनी*। **crepitation** सं० १ चटचटाना, फेफड़ों की आवाज (जो डॉक्टर अपने यंत्र से सुनते हैं); २ (आ०) क्रेपीटेशन*।

crepon (krep' on) [F., as CREPE] सं० क्रेपन, क्रेप जैसा किन्तु उससे मजबूत कपड़ा।

crept दे० CREEP।

crepuscular (kre pŭs' kū lăr) वि० १. गोधूलि संबंधी, गोधूलि का झुटपुटा; २. (प्राणि०) धूमिल प्रकाश या झुटपुटे में निकलने या सक्रिय होने वाला; ३. घूमिल, धुंधलका।

crescendo (krĕ shen' dō) [It., pres. p. of *crescere*, to grow (see foll.)] क्रि० वि०, सं० और वि० १. (संगी०) स्वरोत्कर्ष, क्रमशः बढ़ती हुई ध्वनि-गंभनता के साथ (बजाया जानेवाला संगीत-रचना का अंश) (संक्षेप cresc, crese); २. (ला०) चरम बिन्दु की ओर प्रगति, चोटी की ओर चढ़ाई, चढ़ाई।

crescent (kre' sĕnt) [L. *crescens -ntem*, pres. p. of *crescere*, to grow (incept. of *crere*, to CREATE)] सं० १. बढ़ती हुई चंद्रकला, दूज का चाँद, नया बालचन्द्र* (आ०, वि० १ भी), चाँद, नवेन्दु, नवचंद्र; २. (शुक्ल पक्ष के प्रारंभ और कृष्ण पक्ष के अंत की) चंद्रकला; ३. हिलाल, तुर्की के मुसलानों का (चंद्रकला का) चिह्न; ४. तुर्की राजसभा; ५. मुस्लिम धर्म, इस्लाम; ६. कोई नवचंद्राकार आकृति, विशेषकर इस आकृति में मकानों की पंक्ति; ७. चन्द्रार्ध* (आ० भी)। वि० १. वर्धमान, बढ़ता हुआ, बढ़नेवाला, नवचंद्राकार।

cress (kre.) [A.-S. *cærse*, from Teut. *kras-* (cp. Dut. *kers*, G. *kresse*, F. *kresson*; O. H. G. *chressan*, to creep)] सं० केस, चन्द्रसूर, चनसूर, पौधे जिनकी पत्तियाँ कड़वी होती हैं और जो सलाद में खाने के काम आती हैं, (जैसे garden, water~)।

cresset (kres' ĕt) [O.F. *cresset*, *craisset*, from *crasse*, CREESH] सं० १. आकाशदीप, मशाल, कंदील, किसी लटठे या खंभे पर रक्खा दीपक; २. (आधु०) शमादान, समुद्री किनारे के गोदामों में रोशनी के लिए लगाई जाने वाली हाँड़ी।

crest (krest) [O.F. *criste*, L. *cristæ*] सं० १. शिखा* (आ०, क्रु०, वि० १ भी), चूड़ा, कलँगी (पशुओं के सिर पर), तुर्रा, परों की चोटी; २. शिरस्त्राण (की चोटी, नोक), किरीट, मुकुट; ३. शृंग, शिखर, शीर्ष* (ई० १, क्रु०, वि० १ भी), चोटी (पहाड़ों आदि की), पशुओं की गर्दन की रेखा; ४. अयाल, केसर; ५. (श० वि०) अस्थि-शिखर, हड्डी का उभार; ६. कुल-चिह्न (ढाल, शिरस्त्राण आदि पर या मुहर या कागज पर)। क्रि० स० और अ० १. चूड़ा लगाना, चोटी लगाना, चोटी का काम देना; २. (पहाड़ या लहर के) शिखर पर पहुँचना, चोटी तक पहुँचना: ३. लहरों का चोटी बन जाना, शिखर बन जाना, (पानी की) झाल हो जाना। **~fallen** १. नत शीर्ष, झुके हुए सिर वाला: २. उदास, खिन्न, विषण्ण, लज्जित, शर्मिन्दा; ३. हारा हुआ, पिटा हुआ।

cretaceous (krĕ tā' shŭs) [L. *crētāceus*, from *crēta*, chalk) वि० १. खड़िया जैसा, खड़िया के गुणों वाला; २. (वि० १) क्रिटेशस*।

cretify क्रि० स० खड़ियाना, चूने या खड़िया से भर देना।

cretification सं० खड़ियाने की क्रिया।

cretic (krē' tik) [L. *crēticus*, from *crēta*, Crete] सं० मध्य गुरु, जगण (छंद), छंद का एक पद जिसमें दीर्घ, लघु और फिर दीर्घ इस क्रम से वर्ण होते हैं।

cretin (krē' tin) [F. *crétin*, Swiss patois *crestin*, *creistin*, L. *Christiānum*, Christian] सं० विकलांग मूढ़ व्यक्ति (विशे० आल्प्स पर्वतों की घाटियों के निवासियों में पाये जाने वाले), अबटुवामन*; क्रेटिन* (आ० भी), जड़वामन* (मा० २ भी)। **cretinism** सं० वंशगत विकलांग मूढ़ता, विकलांग मूढ़ता का रोग, अबटुवामनता*; क्रेटिनता* (आ० भी), जड़वामनता* (मा० २ भी)। **cretinize** क्रि० स० विकलांग और मूढ़ बनाना। **cretinous** वि० विकलांग मूढ़ व्यक्ति संबंधी।

cretonne (kret' ŏn, krē tŏn') [F., from *Creton*, a viallge in Normandy] सं० छींटदार कपड़ा, एक प्रकार का सूती फूलदार कपड़ा।

crevasse (kré vás') [F., see foll.] सं० १. हिमदरार, हिमखंडकी, दरार* (आ० भी); २. (वि० १) हिमविदर*।

crevice (krev' is) [M.E. and O. F. *crevace* (F. *crevasse*), late L. *crepātia*, from *crepāre*, to crackle, to burst] सं० १. छिद्र, तरेड़, दरार* (ई० १ भी); २. (वि० १) विदरिका*।

crew[1] (kroo) [From O.F. *creue*, p.p. of *croistre*, (F. *croître*), to grow; or from O. F. *acreue*, AGGRUE (*acreuse*, eventually becoming a *creue*)] सं० १. नाविकवृंद, मल्लाहों का जत्था, (जहाज या नाव के सारे) मल्लाह, कर्मी-दल; २. संघ, गण, वर्ग, मंडल, समूह (व्यक्तियों का); ३. गुट, दल, टोली, जत्था, ४. (ई० १) कास्क*।

crew[2] दे० CROW।

crewel (kroo' ĕl) [etym. unknown] सं० क्रेवेल, एक प्रकार का बटा हुआ महीन तागा जिससे कशीदाकारी करते हैं। **~work** १ (बटे हुए तागे का) कशीदा, कढ़ाई।

crib (krib) [A.-S. (cp. Dut. *krib*, O.H.G. *krippha*, G. *krippe*, Icel. and Swed. *krubba*)] सं० १. नाँद, हौदा, चरही, खोर, खोली. गवादनी (सलाखदार या जंगलेदार), २. खोपड़ी, कुटीर, कुटिया, छप्पर, फूस का घर; ३. खटोला, पालना; ४. मत्स्यजाल, मछली पकड़ने का टोकरा; ५. स्नान के भीतर का ढाँचा; ६. दलदल या ढीली मिट्टी वाली जमीन पर नींव डालने के लिए प्रयुक्त लकड़ी के भारी खंभे; ७. (अम०) खत्ती, कोठी, कुठला (ज्वार, मकई आदि रखने के लिए); ८. (ताश में) कमी के पत्ते, भर्ती के पत्ते; ९. (बोल०) शब्द-चौर्य, ग्रन्थ-चौर्य, पुस्तकापहार, लेख-अपहरण, लेख की चोरी (अनुवाद, नोट आदि) (विशे० जिसका प्रयोग परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा-भवन में निषिद्ध है); १०. (वि० १) शिखर*; ११ (ई० १) किल* ढाँचा*/ आधार*। क्रि० स० १. आबद्ध करना, छोटी जगह में बन्द करना, घेरना, संकीर्ण स्थान में बन्द रखना; २. नाँद, चरही या गवादनी बनाना; ३. हथलपकी करना, छोटी-मोटी वस्तुएँ चराना; ४. अपहरण करना; ५. नक़ल कर लेना। **~biting** (घोड़ों का) नाँद या चरही पर दाँत मारना और साथ में ज़ोर-ज़ोर से साँस लेना।

cribbage (krib' ăj) सं० क्रिबेज, ताश का एक खेल जिसे दो, तीन या चार व्यक्ति मिल कर खेलते हैं।

cribriform (krib' ri fôrm) [L. *cribrum*, a sieve, -FORM], वि० १. (श० वि०, वन०) छिद्रिल, शतपोन रूप, छलनी-सा, चलनी-जैसा; २. (आ०, वि० १) चालनी*; ३. (वि० १) चालनी रूप*।

crick (krik) [prob. onomat] सं० १. अकड़न, ऐंठन, मरोड़, अकड़ाव, झटका (गर्दन या पीठ के पुट्ठों में); २. कठोरता, कड़ापन, अचानक ऐंठन। क्रि० स० (गर्दन आदि में) अकड़ाव हो जाना, मरोड़ आना, झटका आना, ऐंठ जाना।

cricket[1] (krik' ĕt) [O.F. *criquet*, from *criquer*, to creak (imit.)] सं० १. (house~ भी), झींगुर* (क्रु०, वि० १ भी) टिड्डा, झिल्लीक।

cricket[2] (krik' et) [etym. doubtful (perh. from O. F. *criquet*, a stick serving as a mark in some game with a ball)] सं० क्रिकेट का खेल। क्रि० अ० क्रिकेट खेलना। **not~** (बोल०) अनियम, अन्यायपूर्ण खेलना, न्याय न करना। **cricketer** सं० क्रिकेट का खिलाड़ी।

cricoid (kri' koid) [Gr. *krikoeidēs* (*krikos*, *kirkos*, a ring, -OID)] वि० और सं० १. वृत्ताकार, गोलाकार, वर्तुल, वलय

उपास्थि (हलक, कंठनली की कोमलास्थि, कड़ी लचीली हड्डी, मुष्किास्थि) ; २. (आ०) मुष्किा* / क्रिकाइड*।

crier ((krī' ĕr) [O. F. *criere, criour*, from *crier*, to CRY] सं० १. पुकारने वाला; २. चिल्लाने वाला; ३. ढिंढोरा पीटने वाला; ४. कड़खैत; ५. घोषक (town~ नगरघोषणाधिकारी); ६. अदालतों में पुकारने वाला अर्दली।

crikey (krī' ki) [perh. euphem. for L. *Christe*, O. Christ] विस्म० (प्रा०) आश्चर्य, अचम्भे का द्योतक, विस्मयबोधक।

crime (krīm) [F., from L. *crimen* (*cernere*, to decide, cp Gr. *krinein*, to separate, *krima*, a decision] सं० १. अपराध* (मा० २, वि० १ भी), जुर्म, क़सूर, दोष, अपकृत्य; २. पातक, पाप, गुनाह। क्रि० स० १. (सैन्य०) सैनिक अपराधी सिद्ध करना, सैनिक अपराध लगाना। **~sheet** आरोप-पत्र (नियमों का उल्लंघन करनेवाले सैनिकों के विरुद्ध)। **crimeless** वि० १. निरपराध, निर्दोष; २. पापमुक्त।

criminal (krim' in ăl) वि० और सं० १. दोषयुक्त, पापपूर्ण, पापमय, अनुचित, अभियोगात्मक, आपराधिक* (विधि भी), फ़ौजदारी, दंड संबंधी; २. अपराधी, पापी, कृतापराध, मुजरिम, गुनहगार, ३. (मा० ३) अपराध-मूलक*; ४ (विधि) दांडिक*। **~conversation, connection,** दे० CONVERSATION, CONNECTION। **criminality** सं० अपराधिता* (मा० १, ३ भी)। **criminally** क्रि० वि० अपराध की दृष्टि से, अपराधपूर्ण ढंग से।

criminate (krim' in āt) क्रि० स० १. अभियोग लगाना, अपराध लगाना, अपराध में फँसाना* (विधि भी), २. अभिशस्त करना; ३. अपराधी ठहराना, दोषी बनाना, ४. तिरस्कार करना, ५. निन्द्य समझना, जुगुप्सा या उपक्रोश का भागी समझना। **crimination** सं० १. अभियोग, दोषारोप, २. अभिशंसन। **criminative, criminatory,** वि० १.अपराधी ठहरानेवाला; २. आपादक, कलंककर।

crimine, -ny विस्म० (अप्र०) आश्चर्य, अचंभे का द्योतक, विस्मय बोधक।

criminography, criminology (krim in og' rā fi, -ol' ō ji) सं० आपराधिकी*, अपराध-विज्ञान* (मा० ३ भी)।

criminous (krim' in ŭs) वि० अभियुक्त, अपराधी, (केवल मज़ाकरा में, जैसे ~clerk clergyman) अपराधी पादरी, पापकर्मा पादरी।

crimp[1] (krimp) [cp. CRAMP] क्रि० स० १. तह, चुनन, चोटी, गुच्छे, लच्छे या झालर बनाना, मरोड़ी या झालर डालना, घुंघरदार या लहरदार बनाना; २. शिकन डालना, झुर्री डालना, सिकुड़न डालना, ३. (मछली के मांस को) दबाना; ४. सँचि या शिकंज में दबा कर बनाना (जैसे चमड़े आदि को दबा कर जीन आदि बनाना)।

crimp[2] (krimp) [etym. doubtful] सं० ऐसा एजेन्ट जो मल्लाहों या सिपाहियों के रूप में भर्ती के लिए आदमियों को फँसाता है (ला० भी)। क्रि० स० सिपाही या मल्लाह के काम के लिए लोगों को फँसाना या प्रभावित करना।

crimson (krim' zon) [Sp. *cremesin, carmes*', Arab. *girmazi*, see also CRAMOISY] वि० और सं०, रक्ताहण, शोणित, लोहित, गहरा लाल, गहरा लाल रंग, किरमिजी* (वि० १ भी)। क्रि० स० और अ० १. लाल रंग का हो जाना, गहरे लाल रंग का बनाना या रँगना।

cringe (krinj) [M. E. *crengen*, causal from *cr ngan*, to sink, to fall] क्रि० अ० १. दबना, झुकना, सिकुड़ना, अवनत होना; २. झुक कर प्रणाम करना; ३. अजलिबद्ध होना, बहुत अनुरोध दिखाना; ४. चापलूसी या खुशामद करना, गिड़गिड़ाना; ५. (चाटुकारी से) हीनता दिखाना, दासवत व्यवहार करना, अनुरोधपूर्वक व्यवहार करना, चापलूस या दीन बनना (प० के साथ)। सं० चाटुकारिता, चापलूसी, ठकुरसोहाती, दासवत-शुकार, हीनता-व्यंजक प्रणति।

cringle (kring' gl̆) [cp. L. G. *kr.ngel*, dūm. of *kr.ng*, a circle, a ring; cogn, with CRANK, CRINKLE] सं० (नॉ०) गासी, अगुस्ताना (रस्से के सिर पर जिसमें दूसरी रस्सी डाल कर गांठ दे सकें)।

crinite (krī' nīt) [L. *crinitus*, from *crinis*, hair] वि० (वन०, प्राणि०) रोयेदार, पशमदार, बालदार, रोमवाला।

crinkle (kring' kĕl) [A.-S. *crinkan*, cp. CRANK, CRINGE]] क्रि० स० और अ० ऐंठना, मरोड़ना, झुर्री पड़ना या डालना, शिकन पड़ना। स० ऐंठन, मरोड़, शिकन। **crinkly** वि० १. मरोड़वाला, ऐंठा हुआ; २. झुर्रीदार, शिकनदार। **crinkum-crankum** (kring' kum kräng' kŭm) स० और वि० मरोड़दार, ऐंठनदार, पेचदार (वस्तु) (शा० और ला०)।

crinoid (krin' oid) [Gr. *krinoeidēs* (*krinon*, a lily, -OID) वि० और सं० (प्राणि०) कुमुदाकार, कुमुदिनी (कोई) के आकार का (जीव)। **crinoidal** वि० १. कुमुदाकार; २. (वि० १) क्राइनाइडी*।

crinolette (krin ō let') [F., dim. of foll.] सं० पुश्ती, घाघरे का महारा (साथ को उभरा हुआ रखने के लिए सहारे की कोई वस्तु)।

crinoline (krin' ō lin) [F. (*crin*, L. *crinis*, hair; *lin*, L. *linum*, flax)] सं० १. बुकरम, घाड के बालों आदि का गझ कपड़ा, जो घाघरे के अस्तर के काम में आता था; २. वृत्ताकार घाघरा, घेरदार साया; ३. जाली (तारपोशी से जगी जहाजों की सुरक्षा के लिए)।

crio- (Gr. *krois*, a ram). समास में ग्रीक kriós मेष, मेढ़ा के अर्थ में प्रयुक्त (जैसे crioshinx मेषशिर), मेढ़ा के समान सिरवाला। **criocerátite** मेषशृंग।

cripple (krip' ĕl) [A.-S. *crypel*, conn. with *créopan*, to creep, from O. Teut. *kruipan*] सं० १. पंगु, अशक्त* (आ० भी), विकलांग, अंगहीन, अपंग, लंगड़ा, लूला; २. चौकी, संदली, ऊँची तिपाई (जिस पर चढ़ कर खिड़कियाँ आदि साफ़ करते हैं)। क्रि० स० और अ० १. पंगु करना, लँगड़ा करना (ला०), २. रीढ़ तोड़ देना, कमर तोड़ना, बेबस करना, निकम्मा करना, बेकार करना, काट-छाँट करना, अशक्त करना, विकलांग करना, अपांग करना, गतिहीन करना; ३. बिगाड़ना, खराब करना, अयोग्य बनाना, निर्बल करना, कमजोर करना; ४. भचक कर, लँगड़ा कर चलना, लँगड़ाना। **crippledom, crippleshood** सं० पंगुता, लँगड़ापन, लूलापन।

cris दे० CRESSE।

crisis (krī' sis) [L., from Gr. *krisit* a separating, decision, from *krineis*, to decide] सं० (बहुव० **crises**) १. संकट वेला, मोड़; २. नाजुक क्षण, नाजुक स्थिति; ३. चरम बिन्दु (विशे० बीमारी का); ४. संकट* (आ०, मा० १, ३ भी), संकट-काल (राजनैतिक, व्यावसायिक दृष्टि से जैसे cabinet, financial~); ५. (आ०) संकटावस्था*; ६. (आ०) क्रान्ति*।

crisp (krisp) [A.-S., from, *crispus*, curled.] वि० १. करारा, कुरकुरा, मुरमुरा, खस्ता, भंगुर; २. बलदायक, स्वास्थ्यप्रद (जैसे ~air); ३. तीव्र, खरा, तेज़, फुर्तीला (जैसे ~manner, style आदि); ४. छल्लेदार, घुँघराले (बाल आदि)। सं० (बहुव०) सूखा कर भूने हुए आलू के पतले टुकड़े (जो बाज़ार में छोटे-छोटे पैकेटों में बिकते हैं)। क्रि० स० और अ० लहरिया बनाना, घुँघराला बनाना, छल्लेदार होना, कुरकुरा बनना या बनाना, खस्ता होना, सरा होना। **crisply** क्रि० वि० करारेपन से, कुरकुरेपन से, खस्तापन से। **crispness, crispness**, कुरकुरापन, करारापन, खस्तापन। **crispy** वि० १. कुंचित, छल्लेदार, घुँघराला; २. करारा, कुरकुरा, खस्ता; ३. तीव्र, फुर्तीला, तेज़।

crispate (kris' pāt) [L.*crispātus*, p.p. of *crispāre*, as prec.] वि० १. कुरकुरा, सिकन पड़ा हुआ; २. (वन०, प्राणि०) लहरियेदार किनारेवाला; ३. (वि० १) कुंचित*। **crispation** सं० १. कुंचन* (वि० २ भी), आकुंचन, केशाकुंचन, अलकाकुंचन; २. हिलोर, लहर, झकोरा; ३. लहराती चाल; ४. संकोचन, सवृत्ति, अवकुंचन, सिकुड़न।

criss-cross [CHRIST-CROSS-ROW, CHRIST] सं० आड़ी-तिरछी रेखाएँ, तरसें आदि। वि० १. आड़ी-तिरछी रेखाओं की तरह, जालदार (जैसे ~pattern, traffi); २. कर्कश, कर्कश स्वभाव, प्रनीच, सदावक्र, खब्बीस, चिड़चिड़ा (व्यक्ति, स्वभाव आदि)। क्रि० वि० आड़े, एक दूसरे के विपरीत, प्रतिकूल (जैसे everyth ing went~)। क्रि० स० १. आड़ा-तिरछा चलना, तिर्यक्, व्यत्यस्त गति से चलना; २. जालों का काम करना।

cristate (kris' tāt) [L. *cristātus*, from *crista*, a crest] वि० (प्रा० इति०) १. शिखरयुक्त, कलगीदार केवाला, २. (वि० १) किरीटी*।

criterion (kri' teri ŏn) [Gr., as foll.] सं० (बहुव०-**ia**) १. मानदंड, कसौटी* (मा० २, ३, भी), निकष* (मा० २, वि० वि० १, २ भी)।

critic (krit' ik) [L. *criticus*, Gr. *kritikos* (*krités*, a judge, from *krinein*, to judge)] सं० १. आलोचक* (मा० २ भी), समालोचक, समीक्षक, गुणदोष-परीक्षक, गुणदोष-निरूपक; २. परखनेवाला, जाँचनेवाला। **critical** वि० १. छिद्रान्वेषी, दोष-दर्शी, दोषज्ञाही; २. समालोचना-पटु, चतुर समालोचक, गुणदोषज्ञ, नुक्ताचीन, समालोचनात्मक, आलोचनापूर्ण, आलोचना संबंधी; ३. सूक्ष्म, नाजुक, खतरनाक, संकटमय, सकटपूर्ण, अनिश्चित, अनिर्णीत, संशयात्मक (जैसे ~condition, operation); ४. (गणि०, भौति०) चरम, क्रांतिक (जैसे ~angle)। **~temperature** चाप-तापमान, तापमान वह जिसके ऊपर गैस केवल दबाव से द्रवरूप में परिवर्तित न की जा सके। **critically** क्रि० वि० गुण-दोष की दृष्टि से, आलोचनात्मक दृष्टि से, सूक्ष्म रूप से।

criticism (kri' ti sizm) सं० १. समालोचना* (मा० २ भी), आलोचना* (आ० भी); २. आलोचनात्मक निबंध, टीका-टिप्पणी, ३. समीक्षा*, मीमांसा* / संपरीक्षा* (मा० २ भी); ४. गुणदोष-विवेचन, नुक्ताचीनी, जाँच-पड़ताल; ५. समीक्षावाद*, संपरीक्षा-वाद* (मा०२ भी)। **higher~** मूलपाठ-निर्धारण या समीक्षा (विशे० इंग्लिश के पाठ की)। **textual~** पाठालोचन, पाठसमीक्षा, पाठ-समालोचना।

criticise (kri' ti siz) क्रि० स० १. समीक्षा करना, टीका-टिप्पणी करना, समालोचना करना, गुणदोष-विवेचन करना, गुणावगुण-निरूपण करना, जाँच करना, राय देना; २. दोष निकालना, मीन-मेख निकालना, छिद्रान्वेषण करना; ३. ऐब निकालना, बुराई करना।

criticisable वि० समालोचनीय, समालोच्य, आलोच्य, आलोचना-योग्य, छिद्रान्वेषण करने योग्य।

critico- समास में, सूक्ष्म रूप से, आलोचना-सहित के अर्थ में प्रयुक्त (जैसे criticohistorical)।

critique (kri tēk') सं० १. समालोचनात्मक निबंध, समालोचना* (मा० २ भी); २. समालोचन-कला; ३. संपरीक्षा* (मा० २ भी)।

croak (krōk) [prob. imit.] सं० १. टरटर शब्द, टर्राहट (मेढक आदि का); २. कर्कश रव, कौंव-कौंव का शब्द (कौए का)। क्रि० अ० और स० १. टरटराना, कौंव-कौंव करना, बड़बड़ाना, गुर्राना, अपशकुनसूचक शब्द निकालना, बुरी आवाज़ निकालना; २. (प्रा०) मरना, जान जाना; ३. अपशकुन की सूचना देना; ४. (प्रा०) (अम०) मार डालना, हत्या करना। **croaker** सं० १. (क्रियागत अर्थों में) कर्कश रव करनेवाला आदि; (विशे०) अशकुन-अशुभ वक्ता, बुरे शकुनों का (भविष्य) वक्ता। **croaky** वि० १. काकरव, भेकनाद संबंधी; २. कर्कश, कर्कश रव संबंधी।

Croat (krō' ăt) [O. Slav. *Khrvoat*] सं० कोट, क्रोटिया (यर्गाल्लाविया प्रदेश) का निवासी।

croceate (krō' se ăt, -shē ăt) वि० केसरी, केसरिये रंग का, ज़ाफ़रानी।

crochet (krō' shā) [F., dim. of *croche*, a hook] सं० कसीदाकारी, कुरेशियाकारी, क़शीदा। क्रि० स० १. कसीदा काढ़ना या बनाना, कसीदाकारी करना; २. क्रोशिये से शाल आदि बनना।

crocidolite (krō sid' ŏ lit) [Gr. *krokis -idos*, the nap of cloth, -LITE] सं० १. लोहे और सोडियम का रेशेदार सिलिकेट, नील शिला तंतु; २. पीला खनिज पदार्थ (जो इससे निकाला जाता है) जो सजावट के काम आता है; ३. (वि० १, २) क्रोसिडोलाइट*।

crock[1] (krok) [A.-S. *crocca* (cp. O. Ir. *crocan*, Gael. *crog*, Icel. *krukka*, Dut. *kruik*, G. *krug*)] सं० १. मिट्टी का बर्तन, २. (बोल०) धातु-पात्र, धातु का बर्तन; ३. ठीकरा, मिट्टी के बर्तन का टुकड़ा जो गमलों आदि को ढँकने के काम आता है, ४. (कुं) ठीकरी*। **crockery** सं० काँकरी, मृत्पात्र, मिट्टी या चीनी मिट्टी के बर्तन।

crock[2] (krok) [etym. doubtful; prob. cogn. with CRACK (cp. Norw. *krake*, a weakly or sickly animal; M. Dut. *kraecke*, E. Fris. *krakke*, a broken-down horse, house, or man)] सं० १. अयोग्य, अक्षम, बेकार हुआ, नालायक, रोगी व्यक्ति, २. थका-माँदा, ३. (स्का०) भेंड़ी, बूढ़ी भेंपी। क्रि० स० और अ० अक्षम करना, अयोग्य करना। **~up** थक जाना, मंदा पड़ना, रह जाना।

crocket (krok' ĕt) [A.-F. *crocket*, var. of F. CROCHET] सं० एक प्रकार की सजावट (जो मकान के कंगूरों पर बनायी जाती है)।

crocodile (krok' ŏ dil) [F., from L. *crocodilus*, Gr. *krokodeilos*] सं० १. नक्र*, मगर* (वि० १ भी), घड़ियाल, मगर, (विशे० नील नदी का); २. (बोल०) महिला विद्यालय की दो-दो छात्राओं का मिल कर चलना। **~tears** टसुए, झूठ-मूठ का रोना, कृत्रिम आँसू। **crocodilian** (krok' ŏ dil' i ăn) वि० मगर का, घड़ियाल संबंधी।

crocus (krō' kŭs) [L., from Gr. *krokos*] सं० १. कोकस* (वि० ३ भी), एक प्रकार का पौधा (अधिकतर पीले फूलों वाला); २. सोने का झोला जिससे क़लई की जाती है। **~sativus** कोकस सेटाइवस, कोकस की जाति का एक पौधा, जिससे केसर प्राप्त होती है।

Croesus (krē' sus) [king of Lydia, 6th cent. B.C.] सं० धनाढ्य, धनी, अमीर (व्यक्ति)।

croft (kroft) [A.-S.] सं० १. बाटिका, बाड़ी, छोटा बगीचा; २. छोटा खेत; ३. किराए का बगीचा। **crofter** सं० बाड़े वाला (छोटी अधिसंपत्ति का), (विशे० स्कॉ० का) कृषक, किराये के खेतवाला।

Cro-Magnon वि० क्रोमैनन, यूरोपीय जातीय प्रागैतिहासिक काल का लंबा और ऊँचे सिरवाला।

cromlech (krom' lek) [W.,from *crom*, bent, *llech*, stone, slab] सं० १. शिलास्मारक* (मा० १ भी), (ब्रेत्स में और पहले के इंग्लैण्ड में भी) विशाल शिलाखंड से निर्मित समाधि या स्तूप; २. (फ्रांस में) उन्नत, ऋजु, दंडवत प्रागैतिहासिक खड़े पत्थरों का चक्र या गोल घेरा; ३. (मा० १) क्रॉमलेक*।

cromorne (krō mōrn'), **cremona**² (kre mō' nā) [F., corr. of G. *krummhorn*, crooked horn] सं० क्रोमोर्न, ऑर्गन बाजे की खुंडी।

crone (krōn) [O. North. F. *carogne*, an old woman (I. *caro carnis*, see CARRION)] सं० १. बूढ़ा स्त्री, बूढ़ी औरत, बुढ़िया; २. बूढ़ी भेड़।

crony (krō' ni) [etym. unknown] सं० सुहृद, घनिष्ठ मित्र, दिली दोस्त या सहेली।

crook (kruk) [Prob. from Icel. *krōkr* (cp. Swed. *krok*, Dan. *krog*, O. H. G. *krocho*)] सं० १. कूक, (गड़रिया या पादरी की) मुड़े सिरे की लाठी, २. वक्र मुड़ी, घुमावदार (वस्तु), ३. हुक, अँकड़ा; ४. वक्र रेखा, मोड़; ५. वक्रता, वक्रीकृत करने की क्रिया, ६ (ग्रा०) कुटिल, बदमाश, छली, धोखेबाज। वि० दे० CROOKED। क्रि० स० और अ० मोड़ लेना, मुड़ना, वक्र कर देना, घुमावदार बनाना वक्र रेखा बनाना। **by hook or~** दे० HOOK। **on the~** (ग्रा०) बेईमानी से, बदमाशी से, धोखे से, छल से। **~back(ed)** कुबड़ा, झुकी हुई कमरवाला। **crooked** (kruk' ĕd) वि० १. वक्र, टेढ़ा, मुड़ा हुआ, झुका हुआ; २ वक्रीकृत, विकृताकार; ३. कुरूप, बेडौल, बदमुंह; ४. कुबड़ा ५. जरा-विकृत, ६. (ला०) धूर्त, कुटिल, खोटा, छली, चालबाज, ७ तिरछी मुंह सिर या उंगली की (लाठी)। **crookedly** क्रि० वि० १ वक्रता से,तिरछेपन से कुटिलता से; २ तिर्यक् गति से। **crookedness** सं० १. वक्रता, टेढ़ापन, तिरछापन; २. धूर्तता, बदमाशी, खोटापन।

Crookes सं० अंग्रेज वैज्ञानिक सर विलियम क्रूक्स, (मृत्यु १९१९) का नाम जो उनके द्वारा आविष्कृत यंत्र-सामग्री आदि के गुणवाचक शब्द के रूप में प्रयुक्त होता है। **~rays** कैथोड किरण। **~tube** विरलीकरण वृत्त का साप्टोकरण करनेवाला काचशून्य-नाल। **~vacuum** कूक्स का उच्चतम शून्यक।

croon (kroon) [Sc., imit. (cp. Dut. *kreunen*, to groan)] क्रि० स० और अ० गुनगुनाना, गुंजारना। सं० गुनगुनाहट, गुंजार। **crooner** सं० १. गुनगुनानेवाला, मन्द्रस्वर से गानेवाला, २. अतीव भावात्मक गीतों का गायक।

crop (krop) [A.-S., a bird's crop, a swelling, a head or bunch sticking out (cp. L. G. and Dut. *krop*, G. *kropf*, W. *cropa*)] सं० १. पक्षिजठर, गलथानिका, जन्नग्रह, पोटा, पेचा (पक्षियों का); २. मुठिया, दस्ता, सिरा (कोड़े और चाबुक का); ३. फ़सल*, सस्य* (ब्रु०, वि० १ भी), उपज, पैदावार (विशे० अनाज की); ४. फ़सल की कुल पैदावार; ५. कमाया हुआ चमड़ा; ६. केशच्छेद, बालों की तराश; ७. खसखसे बाल; ८. अग्रभाग, शिखा, सिरे से कटा हुआ टुकड़ा; ९. मांस के विशिष्ट टुकड़ों के नाम (जैसे neck and~ दे० NECK)। क्रि० स० और अ० १. काटना, छाँटना; २. पशुओं का पौधों के सिरों को काटना; ३. फ़सल काटना; ४. कतरना (बाल, दुम, कपड़ों के रोयें, पुस्तक के कोर, कान आदि); ५. बपन करना, बोना; ६. भूमि में लगाना या रोपना, पौधे लगाना; ७. उगना, पैदावार होना; ८. आ धमकना, निकल पड़ना, अनपेक्षित या अवांछित रूप से आ पहुँचना (up के साथ); ९. उपजना, अंकुरित होना (मस्तिष्क में)। **hunting~** कुंडीदार चाबुक। **in, under, out of~** कर्षणाधीन (भूमि)। **~eared** छिन्नकर्ण, लूनकर्ण, कटकटा, कनफटा, खसखसे बालों वाला। अकृष्ट खेती, जिसकी काश्त नहीं की जा रही हो। **~out, forth** प्रकट होना, उदित होना, प्रत्यक्ष होना, प्रादुर्भूत होना. दृष्टिगत होना, आविर्भूत होना। **~over** वेस्टइंडीज में ईख काटने के समय का वार्षिक भोज या प्रीतिभोज। **~up, out** उठना, उठ खड़ा होना, उत्पन्न होना, पैदा होना, (भूगर्भ०) सहसा उदगम होना, सतह पर आ जाना, उभरना, ऊपर (भूमि पर) आ जाना, निकलना, अंकुरित होना। **cropper** सं० १. काटने या बोने वाला (व्यक्ति या यंत्र), कतरनी, कैंची, कर्त्तनी, कर्तरी; २. बड़े पोटे वाला एक प्रकार का कबूतर; ३. (ग्रा०) भारी पतन, गिराव, उतार (जैसे came a~); ४. (ब्रु०) हिस्सेदार श्रमिक*/ बटाईदार*। **good, heavy, light~** पौधा जिससे अच्छी, अत्यधिक या सामान्य फ़सल होती है। **croppy** सं० खसखसे बालों वाला व्यक्ति, (विशे० इति०) आयरलण्ड का राजद्रोही, १७९८ में फ्रांस की क्रांति का समर्थक।

croquet (krō' kā) [O. North. F. *croket*, var. of F. CROCHET] सं० १. (मंगरी आदि द्वारा खेला जानेवाला) खेल-विशेष, क्रोकिट खेल; २. क्रोकिट खेल की गेंद फेंकने की क्रिया। क्रि० स० १. (क्रोकिट खेल में विपक्षी की) गेंद को हटाना; २. अपनी गेंद को पहुँचाना।

croquette (krō ket') [F., from *croquer*, to crunch] सं० कोफ़्ता, कबाब, मसालेदार और भूने हुए स्वादिष्ट कोफ़्ते [मांस आलू, और चावल आदि के)।

crore (krōr) [Hind. *kror*] सं० करोड़, करोड़ (संख्या विशे० रुपयों की)।

crosier (krō' zhyĕr) [O. F. *crossier*, *crocier*, from *croce*, a bishop's staff, late L. *crocia* (cp. O. F. *croc*, a crook, a hook); confused with F. *crosier*, from *crois*, L. *crux crucis*, CROSS] सं० १. बिशप या एबट की देहाती छड़ी, ग्रामीण डंडा; २. (असं०) ईसाइयों के सर्वश्रेष्ठ पादरी (आर्च बिशप) का क्रॉस।

cross¹ (kros) [A.-S. *cros*, L. *crux crucis*] सं० १. क्रॉस, तिर्यक् लौहकील, खूँटा, फाँसी, सूली जिसके द्वारा प्राचीन समय में मृत्यु-दंड दिया जाता था (विशे० वह जिस पर ईसा मसीह को लटकाया गया था), सलीब; २. क्रूस, सलीब का चिह्न (धार्मिक निशान के रूप में); ३. सलीब का चिह्न जो धार्मिक संस्कार के रूप में दाहिने हाथ से बनाया जाता है, स्वस्तिक; ४. त्रिशूल का डंडा (जिसके सिर पर सलीब की शक्ल हो और आर्च बिशप या जुलूस के आगे लेकर चलते हैं); ५. कीर्तिस्तंभ, स्मारक चिह्न, यादगार (विशे० सलीब

के आकार की शहर के बीचों-बीच (market~ भी); ६. ईसाई-धर्म; ७. परीक्षा, क्लेश, संकट, कष्ट, दुःख, क्रीश; ८. क्रूस के आकार की वस्तु [Greek ~(+); Latin ~(+); St. Andrew's ~(×); Tau, ~of St. Anthony (T)] ९. मांझट पदवी के वर्गीनुसार पदक, तमग़ा, (Grand ~सबसे ऊँचे वर्ग का पदक); १०. व्यक्तिगत वीरता के लिए पदक, (जैसे Victoria, George, Distinguished Service, Military, Distinguished Flying~); ११. दोगला, वर्णसंकर, दोगला (पशु); १२. संकरीकरण; १३. मिश्रण, मेल, जोड़ (दो वस्तुओं के मध्य); १४. (ग्रा०) धोखा, छल, ठगी; १५. चतुष्पथ, चौराहा, चौरास्ता, चौमुहानी। वि० १. तिर्यक्, इस पार से उस पार तक रखा हुआ, आड़ा, तिरछा; २. अनुप्रस्थ, क्षैतिज, परस्पर-देवन, एक दूसरे को काटते हुए; ३. विपरीत, विरुद्ध, प्रतीप, प्रतिकूल, उलटा (किसी उद्देश्य आदि का); ४. (बोल०) सदा बक, चिड़चिड़ा, बक स्वभाव का (जैसे as ~as two sticks); ५. (ग्रा०) बेईमान, कुटिल, कपटी, बेईमानी से कमाया हुआ (धन आदि)। **fiery~** खूनी सलीब (स्कॉटलैण्ड में जनता को विद्रोह आदि के लिए उत्तेजित करने का चिह्न)। **on the~** कोना-कोनी, कर्णरेखात्। **Southern~** तारा-समूह, तारा राशि, राशि-नक्षत्र, ऋक्ष। **~bearer** क्रूस-वाहक, सलीब ले जानेवाला। **~belt** कारतूसों की पेटी, यज्ञोपवीत की तरह पहनी पेटी। **~bench** १. तटस्थ, निष्पक्ष सदस्यगण (इंग्लैण्ड में हाउस ऑफ़ लार्ड्स के भवन में बेंच जिस पर वे सदस्य बैठते हैं जो किसी दल के साथ नहीं हैं); २. निष्पक्ष, पक्षपात-शून्य, समदर्शी (जैसे the ~bench mind)। **~bill** विषमचंचु (पक्षी), पक्षी-विशेष जिस की चोंच के सिरे ऊपर-नीचे निकलते रहें। **~bones** (बहुव०) आड़ी रखी हुई हड्डियों की आकृति जो प्रायः खोपड़ी के नीचे मृत्यु के चिह्न के रूप में बनाई जाती हैं। **~bow** क्रॉस धनुष, कलदार धनुष, एक प्रकार का धनुष जिससे तीर या पत्थर आदि फेंकते हैं। **~bred** वर्णसंकर, दोगला, दोगल्ला, संकरज। **~buttock** कि० स० कूल्हे पर लाद कर फेंकना। सं० (कुश्ती में) कूल्हे से फेंकने का दाँव। **~counter** (घुसेबाज़ी) प्रतिपक्षी के सिर पर अपने दूसरे हाथ से उसके घूँसे के उत्तर में मुक्का मारने की क्रिया। **~cut** सं० १. आड़ा कटाव, आड़ा मार्ग आदि; २. पहियेदार तिर्यक्सूरंगा, (स्कोटिंग) की एक शक्ल। **~file** रेशों को आड़े-बेड़े काटनेवाला (वि० ~saw) में। **~entry** प्रतिप्रविष्टि (बहीखाता)। एक रक्रम का जमाखर्च की मदों में दर्ज। **~examine** कि० स० प्रतिपरीक्षण करना, जिरह करना, प्रतिपरीक्षा करना* (विधि भी)। **~examination** प्रतिपरीक्षण, जिरह, प्रतिपरीक्षा* (विधि भी)। **~fertilese** (पौधों को) पैवंद लगाना। **~garnet** T आकार का कब्जा (जो औज़ार की मूठ के द्वारा दरवाज़े आदि के साथ जोड़ा जाता है)। **~grain** सं० विलोम, प्रतिलोम, प्रतीप। **~grained(-ed)** वि० १. खुरदरे या उलटे रेशे की (लकड़ी); २. (ग्रा०) चिड़चिड़ा, औंधी खोपड़ी का। **~hatch** चौखाने बनाना, नक्शाकशी करना, एक दूसरे को काटती हुई समान्तर रेखाओं को उत्कीर्ण करना। **~heading** (अखबारों आदि में) कॉलम या स्तंभ के आर-पार फैले हुए शीर्षक जो पाठक को लेख या विवरण का सारांश बतलाते हैं। **~legged** १. आलथी-पालथी मारे हुए, पलथी मारे हुए; २. (कुर्सी पर) टाँग पर टाँग रखे हुए, इस प्रकार बैठा हुआ (व्यक्ति) जिसकी एक टाँग दूसरी की विपरीत दिशा में हो। **~light** १. प्रतिपक्षी-प्रकाश, दूसरी (रोशनी) को काटती हुई रोशनी; २. (ग्रा०) एक दूसरे दृष्टिकोण से विषय का स्पष्टीकरण या व्याख्या। **~patch** वक स्वभाव का फूहड़ व्यक्ति, चिड़चिड़ा व्यक्ति, बदमिज़ाज। **~purpose** (बहु०) १. विरोधी प्रयोजन, प्रतिपक्षी उद्देश्य; २. संघर्षोत्पन्न प्रयोजन, ऐसा उद्देश्य या प्रयोजन जिसमें विरोध या झगड़े की गुंजाइश हो; ३. एक खेल-विशेष। **~be at~** १. एक दूसरे के बारे में गलतफ़हमी का शिकार होना या मिथ्या धारणाएँ बनाना; २. एक ही उद्देश्य की पूर्ति के लिए परस्पर विरोधी योजनाएँ बनाना। **~question** सं० प्रति-प्रश्न, जिरह में पूछे गये सवाल। क्रि० स० प्रति प्रश्न करना, जिरह करना, (अभियुक्त या गवाह आदि द्वारा दिये गये) विवरण की सत्यता की प्रश्नों द्वारा जाँच करना। **~que tion's and crooked answers** एक प्रकार का खेल, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के उत्तर में किसी और ही प्रश्न का उत्तर प्राप्त होता है। **~reference** अन्त-र्निर्देश, विषय पर अधिक प्रकाश डालने के लिए पुस्तक के एक संदर्भ से दूसरे का हवाला। **~road** १. चौराहा या चौराहे की सड़क, किसी सड़क को काटने या मिलाने वाली सड़क; २. चनुष्पथ। **at the ~roads** (लाo) व्यक्ति की ज़िंदगी आदि में) निर्णायक मोड़ आना। **~ruff** झिल्ली या बिज (नाश के खेल) में साक्षियों की लौट या पलट तुरुप (दे० RUFF)। क्रि० स० लौटकर या पलट कर तुरुप बोलना, एक बार तुरुप बोलने के बाद विपक्षी खिलाड़ी को ज्यादा हाथ बोलने देख कर अपनी ही तुरुप रखने के लिए दुबारा उसमें भी अधिक हाथ बोलना। **~stitch** प्रति टाँका, एक दूसरे को काटता हुआ टाँका, दोगुनी टाँका, दोगुनी टाँके की कसीदा। **~trees** (बहुव०) एक दूसरे को काटती हुई दो बल्लियाँ जो निचले मस्तूल के ऊपरी सिरे पर ऊपर वाले मस्तूल को सहारा देने के लिए लगी होती हैं। **~voting** प्रतिमतदान, प्रतिकूल मतदान, अपने दल के विरुद्ध वोट देना (जैसे there was no ~votin)। **~word** वर्ग-पहेली, शब्द-पहेली।

cross[2] (kro) [Fr.a:-prec] क्रि० स० और अ० १. आड़ा-बेड़ा रखना (जैसे ~swords युद्ध में, लाo भी); २. क्रम, सलीब का चिह्न बनाना। (श्रद्धासहित भय-निवारण के लिए, दैवी सरक्षा के लिए); ३. आर-पार रेखा खींचना; ४. कलम फेरना, काटना, काट देना, रेखित करना, रेखण करना (जैसे ~out, off, today कर देना); ५. आड़े खिंचना, (विशेष लिखे हुए लेख पर) खिंचना, ६. पार जाना, पार करना या होना, लाँघना, उतरना, तै करना (मार्ग, नदी आदि को), पार कराना या ले जाना, पार उतरना या उतारना, ७. सवार हो जाना (घोड़े, घोड़े की जीन पर); ८. ले जाना, होना, गुज़रना (एक ओर से दूसरी ओर तक); ९. भेंट होना, मार्ग में मिलना, पास से गुज़र जाना; १०. विरोध करना, खंडन करना, काटना, निष्फल करना, मुफ़्लिल पैदा करना, व्यर्थ करना (व्यक्ति, संकल्प, योजनाओं का); ११. (पशु०) संकरीकरण करना, संकरज करना दोगला बनाना। **two persons letters~** दो व्यक्तियों के पत्रों का (जो एक दूसरे के नाम हों) मार्ग में होना। **~cheque** क्रॉस चेक। **~fortune teller's hand with** किसी के हाथ घरना, (मुद्रा आदि) देना। **~one's mind** सूझना, ध्यान में आना, दिल में आना, ख्याल गुज़रना। **~the path of** भेंट होना, मार्ग काटना, विरोध करना, लंघन करना। **crossing** सo १. (क्रियागत अर्थों में विशे०) चौराहा, चौरास्ता, वह स्थल जहाँ दो रेल की पटरियाँ आपस में एक दूसरी को काटती हों; २ मोड़, वह स्थल जहाँ से सड़क या गली कटती हो। **level~** जहाँ रेल की पटरी सड़क को काटती हो,

रेल का फाटक। ~sweeper चौराहे पर झाड़ देने वाला, चौराहे वाला बेहतर। crossly क्रि० वि० १. आड़ेपन से, तिरछेपन से; २. चिड़चिड़ेपन से; ३. प्रतिकूल, विरोध-पूर्वक। crossness सं० वक्रस्वभाव, बदमिजाज, चिड़चिड़ापन। crosswise क्रि० वि० आड़े, बेढ़े।

cross- सं० १. (समास में) वस्तुरूपता से, बाह्यार्थता में (जैसे ~bearer), या गुण० रूप में तिरछे भाग वाला (जैसे दे० ~BOW), फूल के चिह्नवाला (जैसे ~PUN)। वि० आड़ा-बेड़ा (जैसे ~bar, -beam, -keys, -piece, -section, दे० ~BONES)। क्रि० वि० क्रियाओं में (जैसे ~breed, -fertilize दे० ~EXAMINE, QUESTION), उप० दे० ACROSS (जैसे ~country)।

crosse (kros) [F., from O. F. *croc*, a crook or hook] सं० फ्रांस, एक बल्ला (जो कन्दुक-क्रीड़ा विशेष LACROSSE के खेलने में काम आता है)। दे० LA-ROSSE।

crosslet (kros' let) सं० छोटी सलीब।

crotch (kroch) [etym. doubtful (cp. CRUTCH)] सं० १. द्विधाकरण, दो विभागों या शाखाओं में विभाजन (विशे० मानव-शरीर का); २ (कृ०) तुलाकी कोण*।

crotchet (kroch' et) [F. *crochet*, dim. of *croc*, a hook] सं० १. (संगी०) मध्यम ताल-मूल्य विशेष; २. खामखयाली, कपोलकल्पना। **crotcheteer** सं० कपोलकल्पनाशील व्यक्ति, बहसी। **crotchetiness** सं० कपोलकल्पनात्व। **crotchety** वि० १ कपोलकल्पनाशील; २ कर्कशी, सनकी।

croton (krō' ton) [Gr. *kroton*, a tick] सं० १. क्रोटन* (आ०, वि० १ भी), जपाकुसुमादि, पौधों की एक जाति जिसके एक प्रकार के जमालगोटे से एक अतिरेचक या जबर्दस्त दस्तावर तेल (~oil) प्राप्त किया जाता है, २ (आ०) जमालगोटा*।

crouch (krouch) [etym. doubtful] क्रि० अ० दबना, झुकना, नत होना (विशे० भयभीत होकर या दासी की भाँति)। सं० दबाव, झुकाव।

croup[1] (kroop) [F. *croupe* (cp. CROP)] सं० पुट्ठा, चूतड़ (विशे० घोड़े का)।

croup[2] (kroop) [imit] सं० (आ०) क्रूप*, कंठशोथ, एक बीमारी, जिसमें बच्चे को खाँस-खाँसकर और श्वास-मार्ग पर सूजन आ जाती है; इसकी पहचान सेम खोमी है।

croupier (kroo' pēr) [F., orig., one who rides on the CROUP.] सं० १. जुए की मेज का कार्य-पाल जो पैसे जमा करता है और जीतने वालों को देता है, २. सार्वजनिक भोज का उपाध्यक्ष।

crouton (kroo' ton) सं० शोरबे के साथ खायी जाने वाली तली हुई डबल रोटी।

crow[1] (krō) [A.-S. *crāwe*, from *crawan* (see full.)] सं० वायस, कौवा, काग, काग, काक (विशे० बड़े आकार का कौवा)। **as the ~flies, in a ~line** सीधी लाइन या पंक्ति में। **eat ~** दाँतों में निनका दबाना, मजबूर होकर अपनी इच्छा के विरुद्ध काम करना। **have a ~to pluck with him** झिड़ाचिंपण करना, खरादियाँ निकालना। **white~** सफ़ेद कौवा अर्थात् असम्भव वस्तु। **~ bar** मल्ल० (इ० ३ भी), लौह-दंड (प्रायः सिरे पर मुकोदार) जिसका प्रयोग खोदने के लिए किया जाता है। **~berry** काकबदरी, एक प्रकार की छोटी झाड़ी का फल। **~bill** (घास से गोली निकालने का) चिमटा। **~foot** १. विभिन्न पौधों का नाम (विशे० बटरकप नामक पीले फूलों का पौधा); २. (नौ०) पाल तानने में छोटी छोटी रस्सियों का (पाल की मुख्य कड़ी को सहारा देने के लिए) प्रयोग; ३. (सैन्य० crow's foot भी) लौह-गोलक, शत्रु के घोड़ों को लँगड़ा बनाने के इरादे से उनके मार्ग में फेंके जाने वाले लोहे के गोलक जैसी कंटिदार छोटी गोलियाँ। **~quill** कावपंखी कलम, सुलेख के लिए कौवे के पर या लोहे की कलम। **crow's foot** आँख की झुर्री, आँख के नीचे पड़ी हुई झुर्री। **crow's footed** काक-पद-चिह्नित, कौवे के पाँवों जैसे निशानों से युक्त। **crow's nest** छोटे मस्तूली के शिकारी की नावों आदि के मस्तूल के ऊपरी भाग पर लगा हुआ सुरक्षित स्थान (पिंजड़ा) जिसमें सुरक्षित रूप से बैठ कर चारों तरफ़ का ध्यान रखा जा सकता है। **~toe** नील-पुष्प, हल्के नीले फूल (दूसरे फूल भी जैसे बटरकप)।

crow[2] (krō) [A.-S. *crāwan* (cp. Dut. *kraaijen*, G. *krahen*), imit.] (भू० **crew, crowed**) क्रि० अ० १. मुर्ग़ का बाँग लगाना या कुकड़ कूँ करना; २. किलकारी मारना, किलकना, बच्चे का हर्षध्वनि करना; ३. असीम उल्लास प्रकट करना, प्रसन्न होकर अट्टहास करना, खुशी जाहिर करना। सं० १. बाँग, कुकड़ कूँ, मुर्ग़ की आवाज़; २. किलकारी, शिशुओं की हर्ष-ध्वनि। **~over** विजय पाना, जीतना, फाड़ खाना।

crowd[1] (kroud) [A. S. *crūdan*] सं० १. जनसमूह, भीड़* (भा० २, ३ भी), लोगों का जमघट, हुजूम, झुंड के झुंड लोग; २. (बोल०) मंडली, गुट, दल, थोक; ३. (वस्तुओं के) ढेर या चट्टे; ४. (भा० २) समा*; ५. (भा० ३) जनसंकुल*। क्रि० अ० और स० १. इकट्ठा होना, भीड़ करना, भीड़ लगाना; २. (स्थान आदि को) भरना, जगह घेरना, स्थान पर अधिकार जमाना, जगह में ठूँस-ठूँस कर भरना; ३. (स्थान आदि को) भीड़ की भाँति अव्यवस्थित रूप से भर देना; ४. (सीमित स्थान या किसी भी जगह में) ठेलठाल कर या धक्का-मुक्की करके रास्ता निकालना या बनाना; ५. (वस्तु या व्यक्ति को) घुसेड़ना, ठूँसना, घुसाना, धकिया कर लगाकर; ६. (नौ० जहाज़ या जहाज़ियों का) तेज़ी से बढ़े जाना। **the~** १. जनता, जनसाधारण; २. (बोल०) टुकड़ी, टोली, साथ वाले। **would pass in a~** बाहर से खोटा न दिखाई देनेवाला, जिसे देखते ही कोई यह न समझ सके कि यह खोटा है। **~of sail** जहाज़ पर चढ़े हुए ढेर के ढेर पाल या बादबान। **~out** भीड़ लगाकर (किसी को) बाहर निकालना, निकाल फेंकना, घुसने न देना। **~sail** (गति तीव्र करने के लिए) बहुत अधिक पाल खोल देना।

crowd[2] (kroud) [W. *crwth*) सं० वायलिन के समान छह तारों वाला वाद्य यंत्र। क्रि० अ० उक्त वाद्य बजाना। **crowder** सं० उक्त वाद्यवादक।

crown (kroun) [A.-F. *coroune*, O. F. *corone*, L. *corōna*, a garland, a crown (cogn. with Gr. *korone*, the curved end of a bow)] सं० १. मुकुट* (कृ०, वि० १ भी), ताज, सेहरा, किरीट* (आ० भी), विजय का सेहरा (आ० भी) (जैसे martyr's ~शहीदों का सेहरा, *no cross no ~*बिना बलिदान के विजय नहीं मिलती); २. राजमुकुट, शाही ताज, (आ०) राजतंत्रीय सर्वोच्च सत्ता; ३. मुकुट के आकार का कोई आभूषण, ताज जैसा गहना; ४. ब्रिटिश सिक्का (पाँच शिलिंग के बराबर) विदेशी मुद्रा (विशे० दे० CROWN); ५. शिखर* (इ० ३, कृ० भी), चोटी, सिरा, सर्वोच्च भाग (विशे० खोपड़ी का चाँद); ६. सिर, शीश, मुकुट के बीच के हीरे का ऊपरी भाग, सेहराब या महराबदार इमारत का सबसे ऊँचा या केन्द्रीय भाग; ७. टोप का सबसे ऊपर का भाग; ८. दाँत का दिखाई देने वाला या मसूड़े से बाहर का भाग; ९. काग़ज़का फाउन साइज़ (१५"×२०")। क्रि० स० १. आच्छिक करना, गद्दी पर बैठाना, राजतिलक करना, ताज पहनाना, मुकुट पहनाना

(व्यक्ति के सिर पर ताज या मुकुट रखना); २. सम्मान देना, विभूषित करना पुरस्कृत करना, इनाम देना, पारितोषिक प्रदान करना; ३. मुखिया बनना, सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करना, शिरोमणि होना, सुसज्जित करना (सा० और ला०) ४ अंतिम रूप देना (जैसे ~all); ५. सफल होना, प्रयत्नों को फलीभूत करना; ६. कामयाब होना, पूरा करना, ड्राट के एक फ्रेक्र के सेल में एक ड्राट के ऊपर ड्राट रख कर साबरन बनाना। **~a tooth** (दंत-विज्ञान) दाँत पर सोना चढ़वाना या सोने की टोपी लगवाना। **~and anchor** जुए का खेल-विशेष। **~colony** राज-उपनिवेश वह उपनिवेश जो साम्र ज्य के अधीन हो। **~derby** डर्बी में बने हुए ताज मार्का चीनी के बर्तन। **~glass** गोल शीशे जिनमें सीसा या लोहा न लगा हो (विशे० खिड़कियों में लगाये जाने वाले)। **~land** राजकीय भूमि, सरकारी जमीन, साम्राज्य के अधीन देश। **~law** कानून फौजदारी। **~lawyer** सरकारी वकील। **~office** सदर अदालत के साधारण मामलों से संबंध कार्यालय। **~prince** युवराज, राज्य का उत्तराधिकारी (विशे० जर्मनी और उत्तरी यूरोप में)। **~princess** युवराज्ञी, राज्य के उत्तराधिकारी की पत्नी। **~wheel** घड़ी, संधि दाँतों या कटानों वाला पहिया, दे० CONTRATE। **crowned** वि० (क्रियागत अर्थों में) अभिषिक्त। **high ~** ऊँची या नीची छत का होना (टोप का)। **~heads** राजा या रानियाँ।

crowner सं० (अप्र० या बोल०) दे० CORONER।

crucial (krooshl, kroo' shi ăl) [F., from L. *crux crucis*, a cross] वि० १. निश्चायक, निर्णायक, कसौटी का नाजुक या संकटपूर्ण (स्थिति, परीक्षा आदि); २. (श० वि०) क्रॉस या सलीब के आकार का छेद अथवा कटाव (जैसे ~incision); ३. (आ०) स्वस्तिक*।

crucian (krooshn, kroo' shyăn) [L. G. *karusse*, perh. from L. *coracinus*, Gr. *karakinos*] सं० कूशन, एक प्रकार की पीली मछली जो कॉर्प मछली से मिलती-जुलती है।

cruciate (kroo' shi ăt) [med. L. *cruciātus* (L. *crux crucis*. cross)] वि० १. (प्राणि और वन०) क्रॉस या सलीब के आकार का; २. (आ०) स्वस्तिक-*।

crucible (kroo' sibl) [late L. *crucibulum*, perh. from *crux*, see prec.] सं० १. घड़िया* (ई० ३, वि० १ भी), मूषा, कुठाली, घरिया, पिघलानेवाला बर्तन (प्राय: मिट्टी का); २. (ला०) अग्नि-परीक्षा, कठिन परीक्षा; ३. (ई० ३, वि० १) कूसिबल*।

crucifer (kroo si fĕr) [L. *crucifer* (*crux crusis*, a cross, *-fer*, a bearer) सं० राजिकाकुल्य, सलीब, एक प्रकार के पौधे। **cruciferous** (**-oo-**) वि० १. सलीबधारी, क्रॉस या सलीब पहने हुए; २. सलीब-रञ्जित; ३. (वन०) राजिकाकुल्य, एक प्रकार के पौधों (जिनके फूलों की चार पंखुड़ियाँ आपस में एक दूसरे को काटती हैं) का।

crucif x (kroo' si fiks) [O. F. *crucefix*, L. *cruci f xus*, fixed to a cross] सं० १. क्रॉस या सलीब में ईसा मसीह का चित्र या मूर्ति; २. (अनुचित अर्थ) क्रॉस। **crucifixion** सं० १. सलीबी मौत, क्रॉस या सलीब पर बाँध कर दिया गया मृत्युदण्ड; २. सर्वोच्च यौन कष्ट या वीर्य का क्षय। **the~** १. (ईसा मसीह की) सलीबी मौत; २. उसका चित्र। **cruciform** (kroo' si fôrm) वि० १. क्रॉस या सलीब के आकार का; २. (आ०, मा० १, वि० १) क्रॉस रूप*; ३. (आ०) स्वस्तिकाकार*।

crucify (kroo' si fī) [O. F. *crucifie*, late L. *crucifigere* (L. *cruci figere*, fix to a cross)] क्रि० स० १. सलीब देना, क्रॉस या सलीब पर बाँध कर मृत्युदंड देना; २. (ला०) (भावों, पापों, इच्छाओं का) दमन करना, कम करना, वश में करना; ३. (सैन्य०, सिपाही की) उलटी मूर्क्क कसवाना या उसके हाथों को कमर के पीछे इस प्रकार बाँध देना कि हाथों का आकार क्रॉस या सलीब जैसा हो जाय।

crude (krood) [L. *crūdus*, raw] वि० १. कुदरती, अधूरा, बिना किसी परिवर्तन या परिमार्जन के स्वाभाविक रूप वाला; २. (भोजन आदि) अपरिपक्व, अधकचरा, कच्चा* (आ०, वि० १ भी); ३. (बीमारियों आदि की) नई, अपूर्ण, अपरिपक्व; ४.(ला०) अपरिष्कृत* (आ०, मा० १ भी), अपरिमार्जित; ५. अनगढ़, असभ्य, अभद्र; ६. रूखा, बेढंगा, भद्दा, भोंडा* (मा० १ भी); ७. (व्या० शब्द का) असली या मौलिक (रूप); ८.(आ० भी) स्थूल*। **crudely** क्रि० वि० १. कुदरती तौर से, स्वाभाविक रूप से; २. कच्चेपन से; ३. अभद्रतापूर्वक, रूखाई से। **crudeness** १. अपरिपक्वता, कच्चापन; २. रूखाई, अभद्रता, असभ्यता।

cruel (kroo' ĕl) [F., from L. *crūdēlis* (cogn. with *crūdus*, CRUDE)] वि० १. क्रूर, कठोर, बेदर्द, निदुर, निर्दय, निर्मम, निष्ठुर, हृदयहीन, पाषाण-हृदय, संगदिल, पत्थर दिल; २. दूसरों के कष्टों को देख कर प्रसन्न होने वाला; ३ निर्दय या निष्ठुर (काम); ४. कष्टकर, दारुण, दर्दनाक, पुरदर्द। **cruelly** क्रि० वि० निष्ठुरता से, निर्दयतापूर्वक, संगदिली से। **cruelty** सं० १. क्रूरता* (मा० २, विधि भी), कठोरता, निर्दयता, निर्ममता, निष्ठुरता।

cruet (kroo' et) [A.-F., dim. of O.F. *crue*, *cruie*, prob. from O. L. G. *cruca* (cp. O. H. G. *krug*), a pot] सं० १. सिरकादानी, डाट लगी हुई शीशे की छोटी शीशी जिसमें सिरका या तेल रहता है; २. यूकारिस्ट उत्सव में मदिरा या जल के लिए प्रयुक्त छोटा बर्तन। **~stand** सिरकेदानी या छोटी बोतलों के रखने या लटकाने का स्थान।

cruise (krooz) [Dut. *kruisen*, to cross, from *kruis*, L. *crux crucis*, a cross] क्रि० अ० १. किसी बंदरगाह पर रुके बिना जहाज का सैर करना, २. युद्ध-काल में वाणिज्य की रक्षा के लिए जहाज से घूमना; ३. जल-दस्युता करना, लूटने के इरादे से जहाज में इधर-उधर घूमना; ४. जहाज पर सैर या तफरीह करना; ५. (वायुयान का) मंद गति से उड़ना। सं० १. दरिया की सैर, समुद्र-पर्यटन, जल-यात्रा; २. हवाई यात्रा। **cruiser** सं० कूजर, शीघ्रगामी युद्धपोत। **armoured ~** युद्ध-पोत से हल्के शस्त्रास्त्रों से युक्त शीघ्रगामी जहाज। **protected ~** तख्तावंदी या सुरक्षित डेक-रहित शीघ्रगामी युद्धपोत। **~weight** (फुटबाजी) लाइट-वैवी वेट (१७४ पौंड से कम)।

cruive (kroov) [Sc., etym. doubtful] सं० (स्कॉ०) मछली पकड़ने का झाबा या टोकरा।

crumb (krŭm) [A.-S. *crūma* (cp. Dut. *kruim*, G. *krume*)] सं० १. क्षुद्र खंड, छोटे टुकड़े, (विशे० रोटी के); २. (ला०) (सुख या आनन्द का) कण या अणु; ३. उबल रोटी के बीच की पर्त; ४. (कृ०) मृदु कण*। क्रि० स० १. छोटे-छोटे टुकड़ों से ढकना या गाढ़ा करना; २. खंड-खंड करना, टुकड़े करना, विशे० रोटी को चूर-चूर करना या बहुत छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ना। **~cloth** झालीन पर बिछाया जाने वाला कपड़ा, (विशे० मेज के नीचे और झालीन के ऊपर झालीन को गंदा होने से बचाने के लिए

बिछाया गया कपड़ा। 1. **crumby** वि० १. खंडमय, टुकड़ेदार; २. कण-युक्त; ३. (दे० १) अवचूर्णय*।

crumble (krŭm' bel) [as prec.] क्रि० स० और अ० १. टुकड़े करना या होना, चूर-चूर करना या होना, लीलमलील करना, खंड-खंड करना; २. टुकड़े-टुकड़े होना, चूर-चूर या लीलमलील होना। **crumbly** वि० भुरभुरा, खिलना, बिखरना, टुकड़े-टुकड़े हो जाने वाला, फैल जाने वाला।

crummy (krŭm' i) वि० १. (ब्रा०) स्वस्थ, हृष्ट-पुष्ट (महिला); २. मोटी, चिकनी, देखने में अच्छी (महिला); ३. धनी, संपन्न, अमीर, मालदार।

crump (krŭmp) [onomat.] क्रि० स० (बोल०) मारना (विशे० क्रिकेट-बाल को)। मं० १. जोरदार हिट; २. मूसलाधार वर्षा; ३. ज़ोर से गिरने की क्रिया; ४. (सेना ब्रा०) फटता हुआ गोला; ५. फटने हुए बम या वारूद के गोले की आवाज या ध्वनि।

crumpet (krŭm' pĕt) [ctym. doubtful] सं० १. कुलचा; २. तवे पर बनाई गई अनाज, अंडे या दूध आदि की मुलायम टिकिया; ३. (ब्रा०) शीर्ष, सिर (जैसे barmy on the~) दे० BARMY।

crumple (krŭm' pel) [from obs. *crump*, to bend or curl up] क्रि० स० और अ० १. मोड़ना-गोड़ना, कुछ वस्तुओं को एक साथ कुचलना; २. शिकन डालना, सिलवट डालना; ३. लहर या झुर्री डालना; ४. शिकन या झुर्री पड़ जाना; ५. (ब्रा०) लड़खड़ाना, टूट जाना, जवाब दे जाना।

crunch (krŭnch) [imit.] क्रि० स० और अ० १. चबाना, कुतरना, (विशे०) कचर-कचर करके या दाँतों से ज़ोर-ज़ोर से (शब्द करते हुए) चबाना; २. (कंकड़ आदि का पैर से) खड़ना, रौंदना, कुचलना, घिसना; ३. मर्दन करना, (भीरों को) रौंदते हुए तरक्क़ी करना, कुचलते हुए आगे बढ़ना। सं० कचर-कचर (ध्वनि), मर्दन-ध्वनि।

crupper (krŭp' er) [O. F. *croupure* (as CROUP¹)] सं० १. दुमची, लोदखोरा, (घोड़े का) पुच्छ-बंध; २. घोड़े का पुट्ठा या चूतड़।

crural (kroo' ral) [L. *crūrālis* (*crūs crūris*) the shank] वि० (स० वि०) टाँग का।

crusade (kroo sād') [F. *croisade* (O. F. *croisée* and Sp. *cruzada*, med. L. *crucāta*, p.p. of *crucīāre*, to mark with a cross)] सं० १. (ईसा०) जिहाद*; क्रूसेड*, धर्म-युद्ध* (ब्रा० १ भ), सलीबी जंग (तुर्कों से पवित्र भूमि वापस लेने के लिए ईसाइयों द्वारा की गई) चढ़ाई या अभियान; २. (धार्मिक उद्देश्यों को लेकर किया गया) चर्च या गिरजों का आंदोलन या संघर्ष; ३. चढ़ाई, ४. (ला०) अवगुण-विरोधी आंदोलन, कुसत्कार-विरोधी आंदोलन, आम बुराई के विरुद्ध सामूहिक संघर्ष (जैसे temperance~ मद्य-निषेध आंदोलन या शराबबंदी आंदोलन)। क्रि० अ० १. धर्मयुद्ध में भाग लेना; २. अवगुण-विरोधी आंदोलन में सम्मिलित होना। **crusader** (kroo sād' der) सं० १. धर्म-योद्धा, धर्म-युद्ध में भाग लेने वाला; २. (अवगुण-विरोधी आंदोलन का) भागीदार, मुजाहिद*/ धर्मयुद्धकर्ता*/ युद्धकर्ता* (ब्रा० १ भी)।

crusado (kroo sā' dō) [Port. *crusado*, as prec.] सं० क्रूसेडो, पुर्तगाली सिक्का।

crush (krŭsh) [O. F. *cruisir*, *croissir*, from Teut. (cp. Dan. *kryste*, Swed. *krossa*)] क्रि० स० और अ० १. कूटना, कुचलना, मसलना, रौंदना; २. (वस्त्र आदि को) मोसना, दबोचना, दबोचकर शिकन या सलवटें डालना; ३. (ला०) जीत लेना, परास्त या अभिभूत करना, वश में कर लेना (जैसे curshing defeat, reply करारी हार या पराजय, मुँहतोड़ जवाब, ईंट का जवाब पत्थर से); ४. बलपूर्वक मार्ग निकालना; ५. दूसरों को (परिस्थितियों, व्यक्तियों आदि को) दबा कर रास्ता निकालना। सं० १. दबाने या कुचलने की क्रिया, संदलन* (ब्रा०, वि० १ भी), पिच्चन* (ब्रा० भी); २. अत्यधिक भीड़ या जमाव; ३. (बोल०) जनसमूह, किसी सामाजिक उत्सव पर जमा हुए लोगों की भीड़; ४. (आस्ट्रेलिया) आइदार मार्ग जिससे पशुओं को पंक्ति बाँध कर दाग़ने के लिए लाया जाता है। **have a~on** (ब्रा०) किसी के साथ प्रेम होना। **~cup** *of wine* मद्यपान करना, शराब पीना। **~hat** तह हो जाने वाली टोपी, जिसमें कमानी लगी होती है और जो दूटने की बजाय तह हो जाती है। **~out** तहस-नहस करना, नेस्तनाबूद करना, नामोनिशान मिटाना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना, सत्यानाश करना, पूर्णरूपेण पद-दलित या पदाक्रांत कर देना। **~room** थियेटर या नृत्यशाला में अंकों के बीच सैर करने या घूमने का स्थान।

crust (krŭst) [O. F. *crouste*, L. *crusta*] सं० १. पपड़ी* (ब्रा०, कु०, वि० १ भी), पर्पटी* (दे० ३, वि० १ भी), पटल* (वि० १ भी); २. पर्त, रोटी की ऊपरी पतली कड़ी पर्त; ३. किसी भी वस्तु का बाहरी कड़ा खोल, आवरण, पर्त, तल या छिलका (जैसे मुलायम बर्फ़ के ऊपर की कड़ी तह); ४. रोटी का सूखा कड़ा टुकड़ा; ५. केक, पाई आदि के ऊपर की पपड़ी; ६. ब्रूरंट, पपड़ी; ७. (मुहा०) धरती की ऊपरी तह या परत; ८. किसी वस्तु के तल पर चढ़ी पर्त या लेप, वल्कल, पेड़ की छाल; ९. पशु-चर्म, जानवर की खाल; १०. (ला०) कोई भी ऊपरी, मतही, थोथी वस्तु। क्रि० स० १. पर्त या खोल से ढकना; २. किसी वस्तु के तल पर परत या लेप चढ़ाना; ३. आवृत होना, परत या खोल से ढका जाना। **~hunt** जमी हुई बर्फ़ पर बारहसिंगे आदि का शिकार। **~of wine** शराब की बोतल के किनारे का जमाव या फफूँदन। **crusted** वि० १. पपड़ीयुक्त, तहवाला, परतवाला, पपड़ीवाला, पपड़ीदार* (ब्रा० १ भी); २. (शराब) जिसमें फफूंद लग गई हो; ३. (ला०) प्राचीन, दकियानूसी, पुराना, जीर्णशीर्ण; ४. दोषपूर्ण (जैसे ~prejudice, theory) **crusty** वि० १. पपड़ीदार, पपड़ी-जैसा; २. कड़ा; ३. शीघ्र-कोपी, चिड़चिड़ा; ४. रूखा, टका-सा; ५. संक्षिप्त। **crustily** क्रि० वि० १. कड़ेपन से; २. चिड़चिड़ेपन से; ३. रूखेपन से; ४. संक्षिप्ततापूर्वक। **crustiness** सं० १. कड़ापन, २. रूक्षता; ३. चिड़चिड़ापन; ४. संक्षिप्तता।

crustacea (krŭs tā' shi ā) [mod.L., neut. pl. of *crustāceus*, a. (L. *crusta*, see prec.)] सं० (बहु०) क्रस्टेशिया* (आ०, वि० १ भी), कठिन वर्ग, बड़ा विशाल जीव-समुदाय, अधिकांशतः समुद्री और कठोर ढाँचों से युक्त जैसे केकड़े, झींगे आदि। **crustacean** वि० और सं० कठिन-विषयक, कठिन जीव। **crustaceology** सं० कठिन-शास्त्र, कठिन-जीव-विज्ञान। **crustaceous** वि० १. पर्त जैसा, कड़े खोल वाला; २. कड़ी त्वचा या खाल वाली (जीवों) से संबद्ध (विशे० जीव०), कठिन वर्ग-विषयक।

crutch (krŭch) [A.-S. *cyce*, from Teut. *kruc-*, (cp. Dut. *kruk*, Dan. *krukke*, G. *krücke*)] सं० १. बैसाखी* (आ०भी), चिड़िया, लंगड़ की लकड़ी, वह लकड़ी जिसके ऊपरी सिरे पर काठ की चिड़िया-सी बनी होती है और जिस बग़ल में दबाकर लकड़ी का सहारा ले कर लंगड़ा आदमी चलता है (प्रायः pair of

crutches), २. आधार, अवलंब, टेक, सहारा, बूती (शा० और ला०); ३. एक प्रकार की रकाब, घोड़े की एक ही तरफ़ दोनों पाँव लटका कर बैठने में पैरों का दो भागों में बँटा हुआ सहारा; ४. विभाजन, द्विभाजन, (मानव-शरीर का) द्विधाकरण, दो भाग करने की क्रिया (तुल० FORCH); ५. (नौ०वि०) विभिन्न दो भागों वाले या दो टाँगों वाले औजार या यंत्र; ६. सलीब जैसा टुकड़ा, क्रॉस या क्रॉस (×) के आकार का टुकड़ा।

crutched (krŭcht) [M. E. *crouch*, to cross] वि० बैसाखी युक्त, बैसाखी या खिड़िया के सहारे चलने वाला। **~rutched** (krŭch' ĕd) विभक्त रूप (बहु व०) १. सलीबधारी साधु-वर्ग, एक धार्मिक फ़िरका जिसके सदस्य गले में क्रॉस या सलीब डाले रहते हैं; २. लंदन में सलीबधारी साधुओं का आवास-स्थान या विहार।

crux (krŭks) [L. CROSS] सं० १. सार प्रश्न, मर्म, निचोड़, २. कठिनाई, मुश्किल; ३. कठिन समस्या, पहेली, पेचीदी बात; ४. (वि० १) क्रास*। **~ansata** दे० ANKH।

cry (krī) [F. *crier*, L. *quiritare*, lit. to cry for the help of the *Quirites*, or Roman citizens] सं० १. (दुःख, दर्द, भय, उल्लास आदि की) चीख, किलकारी, आह कराह, चीख-पुकार; २. कोलाहल, चिल्लाहट, हल्ला-गुल्ला चीत्कार* (आ० भी), शोर-शराबा, हुड़ाई. ३. विनती, प्रार्थना, गुहारिश; ४. फेरी वाले की आवाज़, गलियों में बर्तन आदि बेचने की आवाज़; ५. अफ़वाह; ६. चर्चा, जनता की आवाज़ (जैसे war~ य battle~) ७. रोने का दौरा, ८. शिकारी कुत्तों के भौंकने की आवाज़ (ला० भी जैसे full~)। **a far~** दूर की बात, भविष्य के गर्भ की बात। **follow in the~** पिछलगुओं में शामिल हो जाना। **much~ an~ little wool** सारी रात मिमियाई बच्चा एक ही बियाई, बड़े प्रयत्नों और चीख-पुकार के बाद बहुत थोड़ी या नामलूम सफ़लता पाना। **within~** आवाज़ की पहुँच के अंदर। **~baby** बच्चों की तरह रोने या चिल्लानेवाला। **crying** वि० (कियागत अर्थों में) (विशे० बुराई या दोष) बड़ी भारी बुराई, ऐसी बुराई जो साफ़ दीख पड़े।

cryogen (krī' o jen) [-GEN] १. सं० (रसा०) ठिठुरानेवाला या जमानेवाला मिश्रण; २. (ठिठुराने या जमाने के लिए) बर्फ़ में मिलाई जानेवाली वस्तु। **cryolite** (krī' o lit) [-LITE] सं० १. काइलाइट* (वि० १ भी), तुषारिज, ग्रीनलैण्ड में बहुलता से प्राप्त होने वाला (औद्योगिक दृष्टि से मूल्यवान्) पदार्थ।

crypt (kript) [L. *crypta*, Gr. *kruptē*, fem. of *kruptos*, hidden (*kruptein*, to hide)] सं० १. तलघर*/ तहखाना* (आ० १ भी), (भूमि के नीचे कमरा आदि, विशे० गिरजे के नीचे का) तहखाना जिसमें क्रब्रिस्तान का काम लिया जाता है); २. दरी*, प्रच्छन्न*/ गुप्त*/ (आ० भी)। **crypti-** वि० गुह्य, प्रच्छन्न, रहस्यपूर्ण, गूढ़, गोपक*; गुप्त* (वि० १ भी)।

crypt-, crypto- प्रच्छन्न या गुप्त का समस्त रूप (जैसे **~branchiater** जल-जंतुओं की गुप्त साँसें)। (**~communist** साम्यवाद का प्रच्छन्न समर्थक*)। **cryptology** सं० गूढ़ भाषा, पहेली की भाषा।

cryptesthesia सं० असाधारण ज्ञान, अंतर्दृष्टि, पैनी दृष्टि, अद्भुत दृष्टि*।

cryptogam (krip' to găm) [Gr. *-gamos*, married (*gamein*, to marry)] सं० १. बंध्या वनस्पति, अपुष्पोद्भिद्, फूलरहित पौधा, बेफूल पौधा; २. (आ०, कृ०, वि० १) क्रिप्टोगैम*; (कृ०) अपुष्पी पादप*। **cryptogamic, cryptogamous** वि० पुष्पहीन, बेफूल। **cryptogamist, cryptogamy** सं० अपुष्पोद्भिद्-शास्त्री, बंध्या वनस्पति का जानकार, बंध्या वनस्पति-शास्त्र, अपुष्पोद्भिद्-ज्ञान।

cryptogram (krip' to gram), **cryptograph** (krip' to gráf) सं० बीज लेख, सांकेतिक लेख, गुप्त लेख*, छद्म लेख*, गुप्त संदेश*, छद्म संदेश*, कूट लेख*/ कूट संदेश* (मा० १ भी)। **cryptographer,** सं० बीज-लेखक, संकेत-लेखक, गुप्तलिपि में लिखनेवाला। **cryptography** बीज लेख-विद्या, गुप्त लेखन-विद्या, सांकेतिक लेखन, कूट लेखन, गुप्त लेख विद्या*/ छद्म लेख विद्या*/ छद्म संदेश विद्या*/ कूट लेख विद्या*/ कूट संदेश विद्या* (मा० १ भी)। **cryptographic** वि० गुप्त-लेख-विषयक, बीज लेख संबंधी।

cryptomeria सं० सुरद्रुम की भाँति का एक सदाबहार पेड़, जापानी देवदार।

crystal (kris' tăl) [O. F. *cristal*, L. *crystallum*, Gr. *krustallos*, ice, rock-crystal, from *krustainein*, to freeze (*kruos*, frost)] सं० १. क्रिस्टल* (आ०, वि० १ भी), स्फट, स्फटिक* (मा० १ भी), बिल्लौर, बर्फ़ की तरह स्वच्छ पारदर्शक पदार्थ; २. स्फटिक शिलाल, स्फटिकाश, बिल्लौर का टुकड़ा; ३. (~glass भी) स्फट-काँच, बहुत साफ़ शीशा, ४. शीशे के बहुत साफ़ बर्तन आदि, ५ (रसा०, खनि०) क्रिस्टल, रवा, केलास। वि० १. स्फटिक-निर्मित, स्फटिक से बना हुआ; २. केलास-निर्मित; ३. स्फटिकवत्, केलासवत्; ४. बिल्लौर जैसा, स्फटिक जैसा (स्वच्छ)। **~gazing** भविष्य बताने के लिए स्फटिक के दाने या स्याही के बिंदु आदि को टकटकी बाँध कर देखना, (बाँझ०) भविष्य-फल, भविष्यवाणी, भविष्य-कथन। **~palace** शीश महल, सन् १८५१ ई० में नुमाइश के लिए हाइड पार्क में बनाई गई शीशे और लोहे की इमारत जिसको दुबारा साउडनहाम में बनवाया गया और जो सन् १९३६ ई० में आग में नष्ट हो गई। **~rock** स्फटिक शिला। **~set** क्रिस्टल सेट, स्फटिक लगा रेडियो सेट। **crystalline** (kris' ti lin, -lin) वि० १. मणिम, स्फटिक-निर्मित, स्फटिकवत्, स्वच्छ स्फटिकवत्, स्फटिक जैसा, २. (आ० इ० ३. वि० १) क्रिस्टलीय*/ रवेदार*। **~heaven** मध्यवर्ती आकाश। **~lens of eye** आँख का पारदर्शक अवयव, नेत्र-कांच। **crystallize** (kris' ta liz) क्रि० स० और अ० १. जम कर स्फटिक जैसा होना. २. (ला०) स्पष्ट होना, साफ़ होना, खुलना, उभर आना; ३. रूप निखरना, रूप धारना, ठोस रूप धारना; ४. पूरा होना, पक्का करना। **~fruit** चीनी के रवे चढ़ा हुआ एक चीनी के घोल में मूरक्षित रक्खा हुआ फल। **crystallizable** वि० रवे या केलास बनाने योग्य या बनने योग्य। **crystallization** सं० १. केलासीकरण, रवे बनाने की प्रक्रिया; २. (आ०, वि० १) क्रिस्टलन*, क्रिस्टलीकरण*।

crystallo- [Gr. *krustallos*, CRYSTAL] स्फटिक या केलास का समस्त रूप। **crystallogenic** (kris' ă log' e nik) [-OGENY] वि० और सं० स्फट-जनक, केलास-जनक। **crystallographer** स्फटिक-रचना, केलास-रचना स्फटिक रूपाध्येता, स्फटिक या केलास के रूप का अध्ययन करनेवाला, स्फटिक रूप-विषयक, स्फटिक के आकार से संबद्ध। **crystallography** सं० स्फटिक-रूप-विद्या, स्फटिक या केलास के आकार आदि का ज्ञान करानेवाली

विद्या या शास्त्र। **crystalloid** (kris' tă loid) वि० १. स्फटिकवत्, स्फटिक या केलास जैसा, बिल्लौर की तरह; २. स्फटिक रचना का (आकार); ३. (आ०, वि० १) क्रिस्टलाभ*; तुल० COLLOID ।

ctenoid (tē' noid) [Gr. *ktenoides (kteis ktenos*, a comb)] वि० और सं० १. कंघे जैसे शल्कों या दाँतों वाली मछली; २. (वि० १) कंकताभ*।

cub (kŭb) [etym. doubtful] सं० १. लोमड़ी का बच्चा; २. रीछ या अन्य जंगली जानवरों का बच्चा; ३. (प्रायः unlicked ~ अशिक्षित या उजड्ड बालक) असभ्य या अशिष्ट युवक (जैसे wolf~ वॉय स्काउट की एक श्रेणी)। क्रि० स० और अ० बियाना, बच्चे पैदा करना या होना। **~-hunting** लोमड़ी के बच्चों का शिकार खेलना। **cubbing** सं० लोमड़ी के बच्चों का आखेट या शिकार। **cubfish** वि० १. शावकवत्, बच्चे के समान; २. असभ्य; ३. अशिष्ट। **cubhood** सं० १. शावकत्व, बचपना; २. असभ्यता, अशिष्टता।

cubage (kū' bāj) सं० घनफल ।

cubature (kū' bă tūr) [CUBE] सं० दे० CUBAGE ।

cubby (kŭb'i) [cp. obs. *cub*, a stall or pen, L. G. *kübbung, kübje*, a shed], सं० [प्रायः ~hole] सुखकर या आरामदेह, सुखदायक स्थान, आरामदेह जगह।

cube (kūb) [F., from late L. *cubum*, acc. of *cubus*, Gr. *kubos*] सं० १ घन* (वि० २ भी), वर्ग युक्त ठोस पदार्थ; २. घनाकार पदार्थ; ३. अंक और उसके वर्ग का गुणनफल। क्रि० स० १. (संख्या का) घन निकालना; २. (ठोस या घनाकृति का) घनत्व मालूम करना; ३. घनों से ढकना या छाना। **cubic, -bical** वि० १ घनाकार, तीन आयामों वाला, २. (आ०, इ० ३.) घनीय*; ३. (उ० ३) घनाकृति-*, घन-*। **~content** घनत्व, घनफल, अंकों के घन निकालना। **~equation** घन-समीकरण। **~foot, inch** घनफुट, घनइंच। **cubically** क्रि० वि० तीन आयामों की दृष्टि से रखते हुए। **cub form** वि० घनाकार, तीन आयाम युक्त।

cubeb (kū' beb) [F. *cubèbe* (Sp. and It. *cubeba*). Arab. *kabābah*] सं० कबाबा, कबाब चीनी, जावा का एक नीले स्वाद का फल जो औषधि के रूप में और खाना बनाने में काम आता है।

cubicle (kū' bi kel) सं० (स्कूलों आदि में छोटे व अलग) कमरे, शयन कक्ष, छात्रावासों के कमरे, कक्षक* (आ० भी), कोष्ठ* (उ० २ भी)।

cubist (kū' bist) सं० क्यूबिस्ट, घनवादी। **cubism** सं० क्यूबिज्म, घनवाद, कला का एक वाद-विशेष, जिसमें चित्रादि ऐसे बनाये जाते हैं कि वे ज्यामिति की आकृतियों के पुंज-से दिखाई पड़ें।

cubit (kū' bit) [L. *cubitus*, a hand, an elbow] १.क्यूबिट लंबाई का प्राचीन मान—१८ से २२ इंच तक, २ हाथ* (वि० १ भी)। **cubital** वि० १ अग्रबाहुक, कुहनी से आगे के हाथ या हाथ के कार्य करनेवाले भाग से संबद्ध (पशुओं की टाँग के अगले भाग से संबद्ध); २. (वि० १) क्यूबिटल*; अंतः-प्रकोष्ठिक*।

cuboid (kū' boid) [Gr. *kuboeidēs*] वि० और सं० १. घनाभ*; घनाकार* (वि० १ भी), घन-सदृश; २. (आ०, वि० १) घनास्थि*। **~bone** १. पाँव की घनाकार अस्थि; २. लंब समांतर फलकी। **cuboidal** वि० १ लंब समांतर फलकी-विषयक।

cucking-stool (kŭk' ing stool) [prob. from obs. *cuck*, to void excrement (cp. Icel. *kúka*)] सं० (इति०) दंड-कुर्सी, उपद्रवी या बदचलन स्त्रियों को दंड देने के लिए प्रयुक्त कुर्सी, जिस पर बिठा कर उन्हें पानी में गोते दिए जाते थे।

cuckold (kŭk' ŏld) [O. F. *cucuald*, from *cucu*, cuckoo (cp. F. *coucou*, cuckoo, *cocu*, cuckold)] सं० कुलटा का पति, भ्रष्टा स्त्री का पति, वह जिसकी पत्नी औरों के साथ गुलछर्रे उड़ाती हो। क्रि० अ० परपुरुष-गमन।

cuckoo (kuk' oo) [F. *coucou*, imit. (cp. L. *cuculus*, Gr. *kak kaukx*)] सं० १. कोकिल, कोकिला, पिक, परिभृत, कोयल, २. अनाड़ी, पोंगा, बौंघाबसंत, बुद्धू या फूहड़ व्यक्ति। वि० (आ०) दीवाना, पागल, सनकी, झक्की, पिनकी। **~ clock** कोयल-घड़ी, ऐसी घड़ी जो कोयल की तरह कूकती या कुहू-कुहू करके बजती हो। **~-flower** लेडीस्मीक का पौधा, एक प्रकार के हल्के गुलाबी फूलों का पौधा। **~-pint** कुक्कू पिंट, एक प्रकार के फूलों का पौधा। **~-spit** कीटफेन, कुछ विशेष कीड़ों के लारवा (अंडे से तुरंत निकले हुए बच्चे) द्वारा अपनी रक्षा के लिए अपने ही अंदर से निकाला गया अपने चारों ओर लपेटा गया झाग-जैसा पदार्थ।

cucullate, cucullated (kū' kŭ lāt,-lā tĕd) [late L. *cucullātus*, p. p. of *cucullāre* (L., *cucullus*, a hood)] वि० (वन०, प्राणि०) टोपीदार, टोपी की आकृति जैसा।

cucumber (kū' kŭm ber) [orig. *cucumer*, L. *cucumeren*, acc. of *cucumis* (later influenced by *F.concombre*, now *concombre*)] सं० १. ककड़ी*, खीरा* (क्रि०, वि० १ भी), रतातट; २. इनकी बेल। **cool as a~** अविचलित, अविचल, धीर, शान्त, संयत।

cucurbit (kū kĕr' bit) [F. *cucurbite*, L *cucurbita*] सं० १ कद्दू* (क्रि० भी, तुंबा; २. (क्रि०) कुकुरबिट*। **cucurbitaceous** वि० कद्दू, जैसा, कद्दू की जाति का।

cud (kŭd) [A.-S. *cwidu*, *cwidu* (cp. Icel. *kvatha*, resin, O.H.G. *chuti, quiti*, glue)] सं० जुगाली*; पागुर* (क्रि० भी), (पशुओं की जुगाली की क्रिया और वह चारा जिससे वे जुगाली करते हैं)। **chew the~** १. जुगाली करना; २. (आ०) सोच विचार करना, उधेड़-बुन में होना।

cudbear (kŭd' bār) [named by the inventor, Dr. *Cuthbete*, Gordon] सं० १. बैंगनी या नीललोहित रंग (जिसे विभिन्न पौधों की काटयों से बनाते हैं); २. एक प्रकार की काई।

cuddle (kŭdl) [etym. doubtful] क्रि० स० और अ० १. आलिंगन करना, गले लगाना, प्यार करना, लाड़ करना, दुलार करना, चिमटाना, २. सट कर सोना, गले लगाकर सोना; ३. परस्पर चिमटना; ४. सिकुड़कर पड़े रहना, गुड़ीमुड़ी होना। सं० आलिंगन, गलबहियाँ। **cuddlesome, cuddly** वि० १. गले लगाने वाला, चिमटाने वाला, आलिंगन करनेवाला, २. आलिंगन करने योग्य, चिमटाने योग्य।

cuddy[1] (kŭd' i) [Sc.; etym. doubtful (perh. an abbreviation of *Cuthbert*)] सं० १. (स्कॉटलैंड) गधा, मूर्ख, बेवकूफ; २. मछली का बच्चा; ३. पत्थर आदि उठाने के लिए तिपाई पर लगा यंत्र।

cuddy[2] (kŭd' i) [etym. doubtful)] सं० १. आधे डैक वाली नाव का कमरा, २. (इति०) बड़े जहाज का कमरा; ३. कोठरी, आलमारी।

cudgel (kŭa jĕl) [A.-S. *cycgel*; etym. doubtful)] सं० सोंटा, डंडा, लाठी; १. क्रि० स० डंडे से पीटना। **take up cudgels for** हिमायत करना, जोरों से पक्ष लेना, पक्ष में जुट जाना, मदद के लिए दौड़ना। **~one's brains for** माथा-पच्ची करना, दिमाग़ लड़ाना। **~play** गदकेबाज़ी, डंडेबाज़ी।

cudweed (kŭd' wēd) सं० एक प्रकार के कपासी पौधे का चारा (जो उन पशुओं को दिया जाता है, जिन्हें जुगाली करने की आदत न रही हो)।

cue[1] (kū) [etym. doubtful] सं० १. (रंगमंच) क्यू, नाटक में अभिनेता के किसी कथन के अंतिम शब्द जिनसे दूसरे को बोलने का संकेत मिले; २. (संगी०) गायक अथवा वादक के लिए भी इसी प्रकार के संकेत; ३. कार्य-संकेत, संकेत* (मा० २ भी), इशारा, ४. उचित मार्ग, सही रास्ता।

cue[2] (kū) [O. F. *cue* [F. *queue*] L. *cauda*, a tail] सं० १. वेणी, चोटी, चुटिया (CUEUE भी); २. बिलियर्ड आदि के खेल का डंडा। **cueist** सं० बिलियर्ड का खिलाड़ी।

cuff[1] (kŭf) [cp. Swed. *kuffa*, to thrust, to push] क्रि० स० मुक्का या तमाचा मारना, घूँसा मारना। सं० १. मुक्का, घूँसा, तमाचा; २. मुष्टि-प्रहार।

cuff[2] (kŭf) [etym. doubtful] सं० १. कफ़ (आस्तीन का); २. पट्टी (कपड़े की जो कलाई पर लगाते हैं)। **cuffed** वि० कफ़दार।

cufic, -k वि० मुख्यतः शिलालेखों में पायी जानेवाली प्राचीन अरबी वर्णमाला संबंधी। सं० कूफ़ा, ऐसी वर्णमाला।

cuirass (kwi răs', kū răs') [F. *cuirasse*, It *corazza*, late L. *corācium*, L. *coriācea*, fem. *coriāceus*, leathern (*corium*, leather)] सं० १. कवच* / ज़िरहबक्तर* (मा० १ भी). वक्षत्राण; २. स्त्रियों की कसी हुई चोली, अँगिया, मदनी, बाँडी। **cuirassier** (kwir-, kūr á sēr') सं० कवचधारी अश्वारोही. कवचबंद घुड़सवार सैनिक।

cuisine (kwi zēn) [F.] सं० १. रसोईघर संबंधी व्यवस्था, पाकशाला का प्रबंध; २. पाक-शैली, रंधन-शैली, भोजन बनाने की शैली।

cuisse, cuish सं० (इति०) रानबंद, रानपोश (प्रायः बहु०)।

cul-de-sac (kul' dē săk) [F., bottom of a bag] सं० १ बंद गली, २. (श० वि०) एक किनारे पर खुली हुई नली; ३. (आ० अंध छानी*।

-cule (F. *-cule*, L. *-culus- cula -culum* (which is fully anglicized in *-l*) प्रत्य० छोटाई का सूचक, जो अंग्रेज़ी शब्दों में -cle और -cule के रूप में लगता है (जैसे article, corpuscle, corpuscle, fasciculus, Auricule, vasculum आदि)।

culinary (kŭ' lin ăr i) [L. *culinārius* (*culina*, a kitchen)] वि० रसोईघर संबंधी, रसोई संबंधी* (कृ० भी), पाक संबंधी* (आ० भी); २. पकाने योग्य (जैसे ~plants)।

cull (kŭl) [O. F. *cuillir*, L. *colligere*, to COLLECT] क्रि० स० १. चुनना, तोड़ना (फूलों का); २. चुनना, छाँटकर निकालना, छाँटना, अलग करना। सं० १. छाँटकर निकाला हुआ ऐसा पशु जो संतानोत्पत्ति के योग्य न हो; २. छाँटन* (कृ० भी)।

cullender दे० COLANDER।

cullet (kŭl' et) [COLLET] सं० १. काँच की छाँट, शीशे का बेकार टुकड़ा (जिसे फिर पिघला कर शीशा बनाया जाए); २. (ई० ३) रद्दी काँच*।

cully (kŭl' i) [etym. doubtful)] सं० १. (प्रा०) भोला-भाला, मूर्ख, मूढ़; २. मित्र, संगी, साथी।

culm[1] (kŭlm) [L. *culmus*] सं० (बन०) कल्म* (कृ०, वि० १ भी), नरसल, नरकुल, तना, डंठल (विशे० घास का)। **culmiferous** वि० (बहु०) डंठलयुक्त (पौधा)।

culm[2] (kŭlm) [prob. cogn. with COAL] सं० कोयले का चूरा।

culminate (kŭl' mi nāt) [late L. *culminātus*, p.p. of *culmināre* (see prec.)] क्रि० अ० १. (ग्रा० और ला० in के साथ) पराकाष्ठा को प्राप्त होना, उत्कर्ष होना, ऊँचा चढ़ना, ऊँचाई पर पहुँचना, चरमावस्था प्राप्त करना, परिणाम होना, नतीजा होना, खत्म होना, पूरा होना, २. (ग० ज्यो०) मध्याह्न रेखा पर होना; ३. शिखर पर पहुँचना। **culminant** वि० १. शिखर का, चोटी का, पराकाष्ठा संबंधी, उच्च, २. मध्याह्न रेखा पर पहुँचा हुआ (नक्षत्र)। **culmination** सं० १. शिखर, उत्कर्ष, बुलन्दी; २. परिणाम, नतीजा; ३. पराकाष्ठा, पराकोटि, चरमावस्था* (वि० १ भी)।

culpable (kŭl' păbl) [O. F. *culpable* (F. *coupable*), L. *culpābilis* (*culpa*, a fault)] वि० १. दंडनीय, दंडयोग्य, अपराधपूर्ण, निंदनीय, दोषपूर्ण; २. संदोष, दोष लगाने योग्य (जैसे ~negligence, hold him~)। **culpability, culpableness** सं० दंडनीयता, अपराधपूर्णता, गुनहगारी। क्रि० वि० दोषपूर्वक, दंडनीय ढंग से, गुनहगारी से।

culprit (kŭl' prit) [from the A.-F. legal abbrev. *culpit* or (prob. in full *cul'pab'e: prist or prest d'averer*, guilty : I am ready to confess)] सं० १ अपराधी, दोषी. मुजरिम; २. पापी, गुनहगार।

cult (kŭlt) [L. *cultus*, from *colere*, to till, to worship] सं० १. उपासना-विधि* (मा० १ भी), उपासना अथवा पूजा की पद्धति; २. (किसी व्यक्ति या वस्तु की) भक्ति, उपासना* पूजा* (मा० ३ भी), वाद; ४. मत, मतसमुदाय*, कल्प* (मा० ३ भी), ५. सम्प्रदाय* (मा० २ भी), पंथ* (मा० २, ३ भी)।

cultivate (kŭl' ti vāt) [late L. *cultivātus*, p.p. of *cultivāre* (cp. *cultus*, CULT)] क्रि० स० १. कृषि करना, जोतना*, खेती करना* (कृ० भी); २. (ला०) उन्नत करना, बनाना, सँवारना, सुधारना, विकसित करना; ३ पालना, पुष्ट करना, बढ़ाना (व्यक्ति, मन, व्यवहार आदि का, विशे० भू० कृदन्त रूप में); ४. सिखाना, ध्यान देना, इच्छुक होना, प्रिय समझना (गुण, कला, व्यक्ति, उसके परिचय को); ५. जुताई करना, ज़मीन तैयार करना; ६. (कृ०) कर्षण*। **cultivable** वि० १. खेती के योग्य, जोतने योग्य, २ (कृ०, वि० १) कृष्य*। **cultivation** सं० १. कृषि* (वि० १ भी), कृषिकर्म, खेती, जुताई* (वि० १ भी), काश्त; २. अनुशीलन ३. विकसित अवस्था; ४. (ग्रा० और ला०) काशिश; ५. वृद्धि, तरक्क़ी, उन्नति। **cultivator** सं० १. कृषक*, किसान* (कृ० भी). काश्तकार, खेतिहर; २. सरावन, हेगा, पाटा, पटेला; ३. (कृ०) कल्टीवेटर* (यंत्र)।

cultrate (kŭl' trāt) [L. *cultrātus* (*culter*, knife)] वि० छुरी की, धार जैसे किनारे या होंठ वाला (पशु आदि)। **cultriform** वि० छुरी की धार जैसी आकृति का।

culture (kŭl' tyŭr, -ch ĕr) [F., from L., *cultūra* (cp, *cultus*, CULT)] सं० १. कर्षण, कृषि, खेती, काश्त, जुताई, २. उत्पादन, उपज, पालन (मधुमक्खी, मछली, जीवाणु, आदि का); ३. सज्जन,

संवर्धन, इस भाँति उत्पन्न जीवाणु; ४. (मानसिक अथवा शारीरिक) शिक्षण द्वारा उन्नति या सुधार; ५. संस्कृति* (भा० २, ३, वि० १ भी), शिष्टता, तहजीब; ६. संवर्धन*, पालन* (कृ०, वि० १ भी)। क्रि० स० १. जोतना, बोना, खेती करना, फसल लगाना; २. विकसित करना, विकास करना (भा० और ला०)। **cultural** वि० १. सांस्कृतिक* (भा० १ भी), संस्कृति संबंधी; २. कर्षन संबंधी* / कृषि संबंधी* / क्रि०-* (कृ० भी)। **cultured** वि० संस्कृत, विकसित। **culturist** सं० १. संस्कृति का पक्षपाती, समर्थक; २. उत्पादक।

culver (kŭl' vĕr) [A. -S. *culfre*] सं० (बोल०) जंगली कबूतर। **~keys** इंग्लैण्ड के पीले लुगदूदार पौधे।

culverin (kŭl' vĕr in) [O. F. *coulevrine*, fem. of *coulevrin*, adder-like (*couleuvre*, L. *colubra*, snake, whence *colubrinus*, COLUBRINE)] सं० (इति०) बड़ी तोप, बन्दूक आदि।

culvert (kŭl' vĕrt) [etym. unknown] सं० नाली, पटी हुई नाली (जैसे सड़क के नीचे); २. पुलिया* (इ० १, ३ वि० १ भी); ३. बिजली के (समुद्री) तार की नाली।

cum उप० साथ, सहित* (आ० भी), सह*, सं*, स*। **~dividend** (संज्ञे० **~div.**) मुनाफे सहित।

cumber (kŭm' bĕr) [O. F. *combrer*, to hinder, late L. *cumbrus*, a heap (cp. G. *kummer*, trouble, prov. rubbish)] क्रि० स० और स० १. रोकना, रुकावट डालना, बाधा डालना; २. भारी करना, बोझिल करना, लाद देना। स० १. विघ्न, बाधा, रुकावट; २. बोझ, भार। **cumbersome** वि० १. बोझिल, भारी; २. भद्दा, बेडौल, बेढंगा, ३. कष्टकर। **cumbersomely** क्रि० वि० भद्दपन से, बेढंगे तौर पर। **cumbersomeness** सं० भारीपन, भद्दापन, बेढंगापन। **cumbrous** वि० दे० CUMBERSOME। **cumbrously** क्रि० वि० दे० CUMBERSOMELY। **cumbrousness** सं० दे० CUMBERSOMENESS।

Cumbrian (kŭm' brĭ ăn) [L. *Cumbria*, Celt *Cymry*, Welsh, or *Cymru*, Welsh] वि० और सं० १. कंबरलैंड का (निवासी), कंबरी; २ कंब्रियाई, इंग्लैण्ड के प्राचीन साम्राज्य कंब्रिया का।

cumin (kŭm' ĭn) [A. -S. *cymen*, L. *cuminum*, Gr. *kuminon*] सं० १. सहेद जीरा* (कृ० भी), जीरा* (वि० १ भी), एक मसाले का पौधा।

cummer (kŭm' ĕr), **kimmer** (kĭm' ĕr) [Sc., from F. *commere*, late L. *commāter* (COM-, *mater*, mother)] सं० १. (स्कॉटलैंड) किसी बच्चे की धर्ममाता; २. सहेली, सखी, सहचरी; ३. स्त्री, औरत।

cummerbund (kŭm' ĕr bŭnd) [Hind. *kamarband* (Pers. *kamar*, the waist, *band*, a band)] सं० (आंग्ल-भारतीय) कमरबंद, पटका।

cumquat (kŭm' kwŏt) [Chin. *kin keu*, golden orange] सं० कमकट, बेर के आकार का संतरे जैसा एक फल।

cumshaw (kŭm' shaw) [Chin, pigeon English] सं० उपहार, इनाम, बखशीश।

cumulate (kū' mū lāt) [L. *cumulātus*, p. p. of *cumulāre*, to heap up (*cumulus*, a heap)] वि० १. एकत्रित, संचित* (वि० १ भी), पुंजीभूत, ढेर किया हुआ। क्रि० स० और अ० इकट्ठा करना, ढेर लगाना, एकत्र करना, ढेर होना। **cumulation** सं० १. एकत्रीकरण, समूह, ढेर, पुंज, संचय* (आ०, वि० १ भी), राशि; २. (आ०) संचयन*। **cumulative** वि० १. संचयी* (कृ०, वि० १ भी), एकत्रित, पुंजीभूत, संचित; २. सामूहिक, सब मिलाकर, निरंतर वृद्धि के फलस्वरूप शक्ति मे बढ़ना हुआ, ३. (विधि) आकलित*। **~preference shares** ऐसे हिस्से जिनके स्वामी को दूसरे हिस्सेदारों से पहले बकाया सूद पाने का अधिकार हो। **~voting** उपचित मतदान (वह मतदान-प्रथा जिसमे प्रत्येक मतदाता के उम्मीदवारों की संख्या के बराबर मत होते हैं और वह चाहे तो उन सब मतों को एक ही उम्मीदवार का दे सकता है)। **cumulatively** क्रि० वि० पुंजीभूत रूप में, संचित रूप मे, एक साथ। **cumulativeness** सं० पुंजीभूत, बहुलता।

cumulus (kū' mū lŭs) [L., see prec.] सं० (बहुव० **~ĭ**) १. ढेर, पुंज; २. कपासी* (वि० १भी), मेघपुंज, कूजमेघ; ३. (आ०) कूटक*। **cumulo-** समासो म प्रयक्त। **cumulous** वि० मेघपुंज संबंधी, सामूहिक, पुंजविषयक।

cuneate (kū' nē ăt) [L. *cuneus*, a wedge, -ATE] वि० १. फन्नी के आकार का, खूंटे के आकार का; २. (आ०) कीलक*; ३. (आ०, वि० १) फालाकार*।

cuneiform (kū' nē ĭ fôrm, kū nē' fôrm) [as prec.] सं० १. फन्नी लिपि, फारस असीरिया आदि के प्राचीन शिलालेखों की कीलीं लेखन-विधि; २. (आ०, भा० १) कीलाकार*; ३. (आ०, वि० १) फालाकार*।

cunette सं० दुर्ग की खाई में खोदी गई मुख्य नाली।

cunning (kŭn' ĭng) [pres. p. of M. E. *cunnen*, A.S. *cunnan*, to know] सं० १. चतुरता, चालाकी, पटुता, उस्तादी; २. धूर्तता, कपट, चालाकी, मक्कारी; ३. (अप्र०) योग्यता, क्षमता, दक्षता, कौशल, सयानापन। वि० १. धूर्त, कपटी, मक्कार, चालाक; २. (अप्र०) चतुर, पटु, निपुण, दक्ष, योग्य, कुशल, सयाना। **cunningly** क्रि० वि० निपुणतापूर्वक, चतुराई से, चालाकी से।

cup (kŭp) [A.-S. *cuppe*, late L. *cuppa*, a cup. L. *cūpa*, a vat, a cask] सं० १. चषक* (आ०, इ० १ भी), पात्र, प्याला, कप* (आ०, इ० १ भी), कटोरा; २. गोल गड्ढा या छिद्र, (विशे०) पुष्पकोष या अस्थिकोटर; ३. (ईसा के अंतिम भोज की स्मृति मे होने वाले उत्सव पर प्रयोग मे आनेवाला) शराब का प्याला; ४. भाग्य, तकदीर, भाग, खंट, अंश, हिस्सा, अनुभव; ५. शराब, शराब का प्याला आदि, ६. (आ०) गर्न*। क्रि० स० सिगी से किसी व्यक्ति का खून लेना। **a bitter ~** कड़वा अनुभव, असफलता। **challenge~** पारितोषिक पात्र, इनामी प्याला (सोने चाँदी आदि का जो किसी प्रतियोगिता मे विजेता को पुरस्कार-स्वरूप दिया जाता है)। **his ~ was full** सुख या दुःख की पराकाष्ठा। **in one's cups** शराब के नशे मे, मस्ती की हालत मे। **one's ~ of tea** (बोल०) जो किसी के लिए सर्वोत्तम, उपयुक्त या अनुकूल हो। **the cups that cheer but not inebriate** चाय। **~-bearer** साकी (विशे० राजमहल का)। **~-moss** एक प्रकार की वनस्पति। **cups and ball** एक प्रकार का खेल। **~-shake** इमारती लकड़ी की दो परतों के बीच की दरार। **cupful** सं० प्याला भर, एक प्याला।

cupboard (kŭb' ŏrd) सं० आलमारी (वर्त्तनों या सामान आदि के लिए)। **skeleton in the ~** दे० SKELETON। **~love** मतलब का प्रेम, झूठमूठ का प्रेम।

cupel (kū' pĕl) [late L. *cūpella*, dim. of *cūpa*, a cask]

सं० १. कुठाली, घरिया (सोना या चाँदी गलाने के लिए) ; २. (वि० १) खर्पर*/ क्यूपेल*। क्रि० स० १. कुठाली में तपाना या गलाना। **cupellation** सं० १. ताव, तपाई, गलाई; २. (वि० १) खर्परण*, क्यूपेलीकरण*।

cupid (kū' pid) [L. *Cupīdo* (*cupere*, to desire)] सं० १. प्राचीन रोम में प्रेम का देवता; २. कामदेव, मदन; ३. सुंदर लड़का। **cupid's bow** ऊपर का होंठ जो कामदेव के धनुष की आकृति का होता है।

cupidity (kū pid' i ti) [F. *cupidité*, L. *cupiditās -tātem*, from *cupidus*, desirous, as prec.] सं० १. धनलिप्सा, अर्थलिप्सा* (मा० २ भी), लालसा, तृष्णा, लोभ, लालच; २. कामुकता, कामना; ३. अति तृष्णा* (मा० २ भी)।

cupola (kūp' ō lă) [It., from L. *cūpula*, CUPEL] सं० १. गुम्बद* (आ०, इ० १, ३, मा० १, वि० १ भी), छतरी* (आ० भी), गोलाकार छत; २. गुम्बद की छत; ३. घूमती हुई छतरी (जहाज़ी तोपों की रक्षा के लिए); ४. (ग० वि०, प्राणि०) गुम्बद जैसा अंग या विधि; ५. (इ० १, वि० १) क्यूपोला*। **~furnace** धातुएँ गलाने की भट्ठी। **~man** गुम्बदिया* (प्र० भी)।

cupreous (kū' pri ŭs) [L. *cupreus*, copper] वि० ताँबे का या ताँबे-जैसा। **cupric** (kū' prik) वि० १. ताम्रयुक्त, ताँबा मिला, ताम्रिक; २. (वि० १) क्यूप्रिक*। **cupriferous** (kū prif' ĕr ŭs), **cuprous** वि० ताम्रयुक्त, ताँबा मिला। **cupro-** समासों में प्रयुक्त।

cupule (kūp' ūl) [L., CUPOLA] सं० १. (वन०, प्राणि०) चषिका, प्याले की आकृति का अवयव, पात्र आदि; २. (वि० १) प्यालिका*।

cur (kĕr) [mit. ep. Icel. *kurra*, to murmur, grumble, L. *G. kurren*, to snarl)] सं० १. आवारा या बाज़ारू कुत्ता, घटिया नस्ल का काटनेवाला कुत्ता; २. चिड़चिड़ा, निकम्मा या दब्बू आदमी, दुम दबाऊ। **currish** वि० १. कुत्ते के समान, दुष्ट प्रकृति, चिड़चिड़ा, कटखन्ना; २. नीच प्रकृति का। **currishness** सं० चिड़चिड़ापन, कटखन्नापन। **currishly** क्रि० वि० चिड़चिड़ेपन से, कटखन्नेपन से।

curacao (kū rá sō') [island, north of Venezuela (often misspelt *Curacoa*)] सं० करकाउ, कड़वी नारंगी की शराब।

curare (kū ra' ri) [Guiana Ind. *courali*] सं० कोरारी, एक प्रकार का ज़हरीला गोंद (जिसे दक्षिणी अमरीका के निवासी अपने तीर बुझाने के लिए काम में लाते हैं)। **curarine** सं० कोरारी का विष या तैल। **curarize** क्रि० स० विषैला गोंद लगाना, कोरारी द्वारा ज़हरीला बनाना।

curassow (kū' rá sō) [CURACAO] सं० करासो, मध्य तथा दक्षिणी अमरीका का एक पक्षी।

curate (kū' rāt) [med. L. *cūrātus* (L. *cūra*, a care, charge, cure)] सं० १. नायब पादरी, उपपादरी, पादरी का सहायक; २. (हँसी में) छोटी अतिरिक्त छड़ या सलाख (आग भड़काने की); ३. (मा० १) क्यूरेट* (पादरी)। **~-in-charge** स्थानापन्न उपपादरी। **curacy** सं० १. नायबदारी (क्यूरेट) का पद; २. स्थायी पादरी की वृत्ति।

curative (kū' rá tiv) वि० और सं० रोग नाशक, रोगहर* (आ०भी), रोग को दूर करने वाली (वस्तु), आरोग्यकारी, नीरोगकारी दवा, औषधि।

curator (kū rā' tŏr) [L., from *cūrāre*, to CURE] सं० १. संग्रहाध्यक्ष*, संग्रहालय-अध्यक्ष* (प्र०, मा० १, वि० १ भी), संग्रहालय का प्रबंधक, रक्षक या अधिकारी; २. विश्वविद्यालय का प्रबन्धकर्त्ता; ३. (स्काट० विधि) अवयस्क, पागल आदि का संरक्षक; ४. (आ०) क्यरेटर*; ५. (विधि) रक्षक* । **curatorial** वि० प्रबन्धकीय, संरक्षकीय। **curatorship** सं० प्रबन्धक का पद।

curb (kĕrb) [F. *courbe*, from L. *curvus*, bent, curved] सं० १. ज़जीर, लगाम, रहाना (घोड़े को वश में रखने के लिए); २. (ला०) बंधन, रोक, नियंत्रण; ३. घोड़े की ठाँग की सूजन; ४. (कुएँ की) मेंड़; ५. किनारा, पट्टी, गरदनी (किसी गोल चीज़ के चारों ओर लोहे या लकड़ी की); ५. (इ० ३) उपांग*, कर्ब*; ६. (इ० ३) जगबट*। क्रि० स० १. लगाम लगाना, रोकना, खींचना, जकड़ना, बाँधना, २. (ला०) बंधन लगाना, नियंत्रण करना, निग्रह करना, संयत करना, दबाना, दे० KERB भी। **~roof** ढालूआँ छत। **curby** वि० सूजनवाला।

curcuma (kĕr' kū mă) [Arab-*kurkum*, saffron (cp. CROCUS)] सं० १. हरिद्रा, हल्दी, कुरकुमा; २. हल्दी का पेड़। **~ paper** कुरकुमा काग़ज़ जिसमें क्षार आदि की जाँच की जाती है।

curd (kĕrd) [perh. from A.-S. stem *crud-*, *crūdan*, to CROWD] सं० १. दधि, दही* (कु० भी); २ सामन मछली की रुरवी; ३. (कु०) कर्ड*। **~soap** कर्ड साबुन, एक प्रकार का विलायनी साबुन। **curdy** वि० दही जैसा, दही का, दधिवत्* (आ०भी)।

curdle (kĕr' dĕl) क्रि० स० और अ० १. दही जमाना या जमना; २. जमाना या जमना; ३. घनीभत होना। **~the blood** (ला०) भय से रक्त जम जाना।

cure[1] (kūr) [O.F., from L. *cūra*, care, whence *cūrāre*, to take care of] स० १. औषधि, उपचार, दवा, इलाज, २. चिकित्सा, ३. उपाय, तदबीर (किसी विशेष आपदि या पथ्य द्वारा); ४ उपशम, शान्ति (आध्यात्मिक या नैतिक); ५. संस्करण, रबड़ में गंधक मिलाने की प्रक्रिया, ६. (आ०, वि० १) रोगभेषज*/ रोगभक्तिकर*। क्रि० स० और अ० १. इलाज कर देना, अच्छा कर देना. नीरोग करना, स्वस्थ कर देना या हो जाना (ला० भी); २. प्रतिकार करना, उपचार करना (किसी बुराई का); ३ (मांस, फल आदि को) सुरक्षित रखना, खराब होने से बचाना, नमक लगाकर या धुआँ कर संस्करण करना, ४. रबड़ में गंधक मिलाना, रबड़ में गंधक का मिलना। **curability** सं० १. नीरोग होने की क्षमता; २. इलाज की सम्भावना या योग्यता। **curable** वि० इलाज के योग्य, क्षमनीय। **cureless** वि० असाध्य, लाइलाज, निरुपाय।

cure[2] (kūr) [slang; perh. abbrev. of CURIOUS] सं० (ब्रा०) अनोखा या सनकी व्यक्ति।

cure[3] (kū' rā) [F.] सं० फ्रांस आदि देशों में जिले या काउंटी का पादरी।

curette (kū ret') [F.] सं० १. डॉक्टर (सर्जन) का छोटा-सा यंत्र, खुरचनी, २. (आ०) आवरो*/ क्युरेट*। क्रि० स० इस यंत्र द्वारा खुरचना।

curfew (kĕr' fū) [A.-F. *coevrefu*, O.F. *couvrefeu* (*couvrir* to COVER, *feu*, L. *focum*, acc. of *focus*, fire)] सं० १. एक मध्ययुगीन नियम जिसके अनुसार शाम को आग बझाने का समय निश्चित रहता था; २. इसका समय; ३. शाम को निश्चित

समय पर बजने वाला घंटा; ४. वह समय जिसके बाद निवासियों को घर से बाहर निकलने की आज्ञा नहीं होती, कर्फ्यू। **~-bell** शाम को आग बुझाने का समय सूचित करने वाला घंटा।

curia (kū' ri á) [L.] सं० १. प्राचीन रोम के तीनों क़बीलों के दस-दस विभागों में से एक, बिरादरी; २ उनका मंदिर, उपासना का स्थान; ३. रोमी सीनेट भवन; ४. प्राचीन इटली में नगरों की सीनेट; ५. न्यायालय (विशे० सामंती व्यवस्था में); ६. पोप का दरबार या न्यायालय। **curial** वि० १. रोमी बिरादरी संबंधी, रोमी सीनेट का; २. पोप न्यायालय या दरबार का। **curialism** सं० पोप की अदालत का सिद्धान्त।

curio (kū' ri ō) [short for CURIOSITY] सं० (बहुव० **~os**) अद्भुत कलाकृतियाँ, अनोखी कलात्मक वस्तुएँ या रचनाएँ, (मा० १) **विचित्र कलावस्तु*/ कौतुक वस्तु***।

curious (kū' ri ús) [O. F. *curios*, L. *cūriōsus* (*cūra*, care)] वि० १. जिज्ञासु, उत्सुक, इच्छुक, खोजी, जानने की प्रबल इच्छा वाला; २. कुतूहली, कौतुकी, ३. अत्यंत सावधान; ४. अजीब, अनोखा, अनूठा, अद्भुत, विस्मयजनक, विचित्र, विलक्षण; ५. प्रेम-विषयक, काम-विषयक, कामदीपक, अश्लील (पुस्तक-चित्रेखाओं के सूचीपत्रों में अश्लील चित्रों अथवा पुस्तकों के लिए प्रयुक्त)। **curiosity** सं० १. कौतूहल, उत्सुकता, कुतूहल*, जिज्ञासा*, (मा० २ भ) उत्कंठा; २. विलक्षणता, अनोखापन*। **~** अनोखी, अद्भुत या अपाप्य वस्तुएँ। **curiously** क्रि० वि० कौतूहलपूर्वक, उत्सुकतापूर्वक, अनोखे ढंग से। **curiousness** सं० जिज्ञासा, कौतूहल, उत्सुकता, विलक्षणता, निरालापन, अनोखापन।

curl (kėrl) [earlier *crul*, *crulle* (cp. Dut. *krul* G. *krolle*)] सं० १. घुँघराली लट, कुंचित अलक, काकुल; २. घुमावदार, ऐंठी हुई, मोड़ी हुई वस्तु, ३. घूम जाना, मुड़ जाना, कुंचन; ४. आल आदि पौधों की बीमारी जिसमें पत्तियाँ मुड़ जाती हैं, ५. (वि० १) कर्ल*। क्रि० स० और अ० १. मुड़ना, मोड़ना, कुंचित होना, कुंचित करना, २. घुँघराला बनाना, छल्लेदार बनाना (**~up** भी)। ३. (प्रा०) चक्कर खा कर गिर पड़ना; ४. एक प्रकार का खेल (दे० curling) खेलना। **~paper** बालों में घुँघर डालने के लिए प्रयुक्त कागज। **~of the lip** घृणा प्रगट करने के लिए) होठों को निकोड़ना। **curling** (kėr' ling) सं० किंगताल अर्थात् म १ कुंचन* (कु० भी); २. कुंडली खेल (जो अधिकतर स्कॉटलैण्ड में जमी हुई बर्फ़ पर खेलते हैं)। **~irons, tongs** बालों को घुँघराला बनाने के यंत्र-विशेष (विशे०) एक पत्थर (जो प्रयोग करने से पूर्व गर्म किये जाते हैं)। **~pins** घुँघराला बनाने की चिमटियाँ। **curly** वि० घुँघराले बालों वाला, घुँघराला, छल्लेदार। **~pate** घुँघराले बालों वाला व्यक्ति। **curliness** सं० घुँघरालापन।

curlew (kėr' lū) [O. F., *courlieus* (imit. o the cry)] सं० पनमुर्गी, जलरंक, एक प्रकार का लम्बा और मुड़ी चोंच वाला जलपक्षी।

curmudgeon (kur mŭj' on) [etym. unknown] सं० कृपण, कंजूस, सूम व्यक्ति। **curmudgeo ly** क्रि० वि० कृपण रूप में, कंजूस की तरह।

curnach (kūr' à ,-ak) [Ir. *curach*] सं० पनसुइया, छोटी नाव, शिकरा तुल० CORACLE।

curragh सं० दलदल वाली उजाड़ भूमि। **the~** डब्लिन के निकट सैनिक शिविर और घुड़दौड़ का मैदान।

currant (kŭr' ánt) [formerly *raisins of corauns*, F. *raisins de Corinthe* (L. *Corinthus*, Gr. *Korinthos*, Corinth)] सं० १. किशमिश, सुखाया हुआ छोटा बेदाना अंगूर (जो यूरप में लीवन्ट में पाया जाता है और प्रायः खाना बनाने में काम आता है); २. पाकबदरी; ३. विरक्त। **red, white, black~** किशमिश के विभिन्न प्रकार।

currency (kŭr' ĕn si) [L. *currere*, to run] सं० १ चलन, प्रचलन, प्रचार, दौर, जमाना; २. (मुद्रा का) चलन, मुद्रा-चलन; ३. सिक्का, मुद्रा, प्रचल मुद्रा; ४. प्रचलन, व्यापकता (शब्दों, विचारों आदि की); ५. प्रवर्तन-विधि। **~note** करेंसी नोट, कागज़ी नोट (जो १९१४-१८ के महायुद्ध में राष्ट्रीय कोष से चलाया गया, बाद में उसका स्थान बैंक ऑफ़ इंग्लैण्ड के नोटों ने ले लिया)।

current (kŭr' ĕnt) [O. F. *curant*, pres. p. of *currere*, to run (as prec.)] वि० १. प्रचलित, चालू* (कु०, प्र० भी), (मुद्रा, मत, विचार, शब्द आदि); २. (समय) चालू (महीना, वर्ष); ३. वर्तमान समय का, नया; ३. (आ०) प्रवाही; धारा-*। सं० १. धारा* (आ०, ६० १, ३, वि० १ भी), स्रोत, प्रवाह* (वि० १ भी); २. बहाव, रुख; ३. प्रवृत्ति, मिलान; ४. विद्युत्-शक्ति का प्रवाह, विद्युत् धारा। **run~** सच्चा समझा जाना, वास्तविक समझा जाना। **~hand writing** घसीट। **~ issue** नया अंक। **currently** क्रि० वि० प्रचलित रूप में, सामान्य रूप में।

curricle (kŭr' i kel) [from foll.] सं० टमटम, जोड़ी-गाड़ी, दुहिया गाड़ी (दो घोड़ों की)।

curriculum (kŭ rik' ū lŭm) [L., a race-course, dim. from *currere*, to run] सं० १. निर्धारित पाठ्यक्रम, पाठ्यविषय; २. (मा० २) पाठ्यचर्या*।

currier (kŭr' i ėr) [O. F. *corier*, L. *corārius* (*corium*, hide, leather)] सं० चमेकार, चर्मसाज़, चमड़ा कमाने व रँगने वाला।

currish दे० CUR।

curry[1] (kŭr' i) [Tamil *kari*] सं० सालन का शोरवा, मांस आदि का रसा, करायल, कढ़ी। क्रि० स० शोरवादार मांस आदि बनाना, कढ़ी बनाना, हल्दी आदि मसालों को पीस कर रसा बनाना। **~paste** कढ़ी, कलिया, शोरवा। **~powder** इसे बनाने का मसाला।

curry[2] (kŭr' i) [O. F. *correer*, *conreder* (*con- reder*, cp. ARRAY)] क्रि० स० १. खरहरा करना, घोड़े के रोयें साफ़ करने के लिए उसे एक दाँतीदार कंघी द्वारा रगड़ना, मलना; २. चमड़े को कमाना; ३. (ला०) खूब पीटना, उधेड़ना, परत निकालना; ४. चिकनी-चुपड़ी बातें करना, खुशामद या चाटुकारी करना। **~favour** हाँ में हाँ मिला कर किसी का कृपा-पात्र बन जाना।

curse (kėrs) [A.-S. *cursian*; etym. unknown] सं० १. (देवता अथवा देवता के आवाहक का) शाप* (मा० ३ भी), अभिशाप* (मा० २ भी), दैवी कोप; २. धिक्कार, गाली; ३. जाति-बहिष्कार का दंड; ४. बदबुआ; ५. अभिशप्त वस्तु; ६. बला, आफ़त, आपदा। क्रि० स० और अ० १. शाप देना, अभिशप्त करना, सरापना, गाली देना, धिक्कारना; २. लानत भेजना, बदबुआ देना; ३. जातिच्युत करना; ४. ईश्वर-निंदा करना; ५. कष्ट पाना, कष्ट देना; ६. (किसी का) शापित हो जाना। **curses come home to roost** शाप, शाप देने वाले के लिए कष्ट-कर होते हैं। **under a~** शापित, अभिशप्त। **~of Scotland**

ईंट का नहला (ताश)। **cursed** वि० (भू० कृ०, क्रियागत अर्थों में), १. निन्द्य, धर्षित, तिरस्कृत, निन्दनीय; २. (अप्र० प्रायः curst) कलहप्रिय, सगड़ालू, लड़ाकू। **cursedly** क्रि० वि० अभिशापपूर्वक, कलहपूर्वक, कलह के रूप में, निन्दनीयता से। **cursedness** सं० अभिशप्तता, निन्दनीयता।

cursive (kĕr' siv) [late L. *cursivus* (from *cursus*, p.p. of *currere*. to run)] वि० और सं० १. प्रवाही, घसीट, घसीट में लिखा हुआ; २. घसीटी हुई लिपि या घसीट लेख; ३. घसीटी लिपि संबंधी।

cursores (kĕr sōr' ēz) [L. pl. of *cursor*, a runner as prec.] सं० (बहु०) शक्तिशाली डैनों और धावनशील पैरों वाली चिड़ियों की जाति (विशे० दक्षिण अफ्रीका की)। **cursorial** वि० १. धावी* (वि० १ भी), फुर्तीला, चालाक।

cursory (kĕr' sōrĭ) [L. *cursōrius*, as prec.] वि० सरसरी, चलता हुआ, जल्दी, शीघ्र, द्रुत, तेज़। **~inspection** सरसरी निगाह से देख लेना। **cursorily** क्रि० वि० शीघ्रता से, सरसरी तौर पर, चलते-चलते। **cursoriness** सं० शीघ्रत्व, तेज़ी।

cart (kĕrt) [L. *curtus*, docked] वि० १. रूखा, तीखा, रूखेपन सहित; २ संक्षिप्त, छोटा; ३. (साहित्य०) लघु, अल्प, अल्पकालीन। **curtly** क्रि० वि० १. संक्षिप्ततया; २. रूखेपन से, अक्खड़ता से। **curtness** १. संक्षिप्तता; २. अक्खड़ता, रूक्षपन।

curtail (kĕr tāl') [COURTAL] क्रि० स० १. काटना, छाँटना, घटाना, छोटा कर देना, कम करना* (प्र० भी), काट छाँट करना; २. संक्षिप्त करना; ३. (धा० एवं ला०) ले लेना, वंचित करना, छीन लेना। **~step** सं० सबसे नीची (गोलाई लिए हुए) सीढ़ी, सीढ़ी का सबसे निचला भाग। **curtailment** सं० संक्षेप, काट-छाँट, लोप।

curtain (ker' tăn) [O.F. *cortine*, L. *cortīna* (etym. doubtful)]. सं० १. यवनिका, पर्दा, पट; २. रंगमंच का पर्दा; ३. (ला० भी) ध्यान आकर्षित करने के लिए कहा गया शब्द; ४. दुर्ग की मीनारों आदि को जोड़ने वाली दीवार; ५. दीवार जिस पर कोई छत न हो; ६. आवरण-पट, पर्दा (विभिन्न पारिभाषिक अर्थों में)। क्रि० स० पर्दा लगाना या डालना, पर्दे से ढँकना। **~fire** (सैन्य०) दे० BARRAGE। **~lecture** १. एकांत में (प्रायः पर) स्त्री की पति को डाँट-फटकार। **~raises** नाटक में पर्दा उठने के तत्काल बाद प्रारंभ का छोटा-सा टुकड़ा।

curtana (kur ta' nă, -tă' nă) [Ang.-Lat. *curtana* (prob *urtana spada*, curtailed sword), cp. CURTAL] सं० बेनोक की तलवार जिसे राज्याभिषेक के समय दंड के प्रतीक-रूप में इंग्लैण्ड के राजा के सामने लेकर खड़ा हुआ जाता है।

curtilage (kĕr' ti lăj) [O. F. *courtillage*, dim. of *courtil*, a little court (*cort*, a COURT)] सं० (विधि, बोल०) निवास स्थान के साथ लगा हुआ) अहाता, मैदान।

curtsy, curtsey (kĕrt' si) [COURTESY] सं० (महिलाओं द्वारा) घुटने मोड़ कर और शरीर को आगे झुकाकर किया जानेवाला अभिवादन। क्रि० अ० इस प्रकार अभिवादन करना (किसी व्यक्ति को)। **make, drop a ~** इस प्रकार अभिवादन करना।

curule (kū' rul) [L. *curūlis* (perh. from *curru*, a chariot)] वि० किसी उच्च राजपद की से संबंधित। **~chair** हाथीदाँत के काम की सफ़री-कुर्सी, ऐसी कुर्सी। **~magistrate** मैजिस्ट्रेट जो इस कुर्सी का अधिकारी हो।

curvate (kĕr' vāt) [L., *curvātus*, p.p. of *curvāre* (from foll.)] वि० मुड़ा हुआ, वक्राकार। **curvature** सं० मोड़, गोलाई, वक्रता* (आ०, ई० १, ३, मा० १, वि० १ भी), घुमाव, वक्राकृति, वक्र रेखा का घुमाव, झंमिमा* (मा० १ भी)।

curve (kĕrv) [L. *curvus*, bent] क्रि० स० और अ० १. मुड़ना, मुड़ा हुआ होना, कहोना या करना; २. (ज्या०) (वक्र) का सीधी रेखा से घुमना। सं० १. वक्र* (आ०, ई० १, मा० १, वि० १ भी), मोड़, गोलाई; २. वक्र-रेखा* (वि० १ भी); ३. वक्राकृति, वक्राकार वस्तु; ४. (आँकिकी) रेखा जो ग्राफ़ (रेखाचित्र) में मात्रा और बल का सतत अंतर प्रस्तुत करे; ५. (मा० १) झंग*।

curvet (kĕr vet', kĕr' vet) [It. *co volta*, dim of *co vo*, a curve, as prec.] सं० लंगरी चाल (घोड़े की एक विशेष चाल)। क्रि० अ० लंगूरी चाल चलना।

curvi- [L. *curvus*, bent] समासों में प्रयुक्त रूप।

curvicaudate (kĕr vi kaw' dāt) [CAUDATE] वक्रपुच्छ, टेढ़ी पुँछवाला। **curvicostate** (kĕr vi kos' tāt) [COSTATE] वक्र पार्श्वास्थि, टेढ़ी पसली वाला। **curvidentate** (kūr vi dĕn' tāt) वक्रदन्ती, टेढ़े दाँतोंवाला। **curvilinear** (kĕr vi lin' ē ăr) [LINEAR] वि० वक्ररेखीय* (आ०, मा० ३ भी), वक्रीय, वक्रात्मक, वक्ररेखा वृत्त। **curvilinearity** सं० वक्रता, वक्ररेखा वृत्तता। **curvilinearly** क्रि० वि० वक्रता से, वक्रात्मकता से। **curvirostral** (kĕr vi ros' trăl) [ROSTRAL] वक्रचंचु, टेढ़ी चोंचवाला।

cuscus (kŭs' kŭs) [Hind. *khas khas*] सं० खस, पर्दे, टट्टियाँ बनाने में प्रयुक्त सुगंधित घास।

cusec, cu.-sec, (kū' sek) सं० १. क्यूसेक* (इ० १, कु० भी), एक घन-फुट पानी का प्रतिक्षण (प्रवाह) [cubic foot per second का संक्षेप] २. (ई० १) घनसेक्*।

cushat (kush' ăt) [A.-S. *cūscote*] सं० (स्कॉ० बोली) जंगली कबूतर।

cushion (kush' ŏn) [F. *coussin*, pro. O F *cois in* (prob. from L. *coxa*, hip)] सं० १. गद्दी* (ई० ३ भी), (रेशम या सूती कपड़े की) तोशक, मसनद, उपधान, २. बालों के नीचे लगाई जाने वाली गद्दी, मेमों के घाघरे के नीचे लगाई जाने वाली गद्दी; ३. बिलियर्ड की मेज़ का लचीला गद्दीदार किनारा, ४. सिलिंडरों में रखी हुई वाल्व; ५. (सूअर आदि का) पुटठा, ६. घोड़े के टाप का पतला नर्म हिस्सा; ७. गद्दी की शक्ल की भिटाई। क्रि० स० १ गद्दी लगाना; २. गद्दी लगाकर सुरक्षित रखना (ला० भी); ३. (बात को) चुपचाप दबा देना; ४. (बिलियर्ड का खेल) गेंद को गद्दीदार किनारों तक पहुँचाना या छोड़ देना। **pin ~** पिनकुशन, पिनों को खोंसने की छोटी-सी गद्दी। **~tire** साइकिल का टायर जो रबर के रेशों से भरे रबर ट्यूब का होता है। **cushiony** वि० उपधानयुक्त, गद्दीदार।

cusp (kŭsp) [L. *cuspis -idis*, a point] सं० १. शिखा, शिखर, चोटी; २. (रेखा०) वह बिंदु जहाँ वक्र की दो शाखाएँ मिलकर समाप्त हो जाती हैं, वंकाग्र, खराग्र; ३. (वास्तु०) कोणिक मानचिह्नादि में दो छोटी मेहराबों के बीच का प्रक्षिप्त कोना; ४. शृंग; ५. (जीव०) पत्तों का नुकीला सिरा; ६. (आ०) कर्पदिक*; ७. (वि० १) उभयाग्र*/ कस्प*। **cusped** वि० खराग्रयुक्त, नुकीला। **cuspidal** वि० १. खराग्र का, खराग्र संबंधी, खराग्र के समान; २. (वि० १) उभयाग्री*। **cuspidalate, cuspidalated** वि० खराग्र, नोकदार।

cuspidor (kŭs' pi dôr) [Port., a spitter, from *cuspir*, to spit, L. *conspuere*, CONSPUE] सं० पीकदान, उगलदान।

cuss (kŭs) [CURSE] सं० (curse का विकृत उच्चारण) शाप, गाली आदि। **cussedness** सं० (विशे० pure ~) प्रतिकूलता, उलटापन, टेढ़ापन, (cursedness का विकृत उच्चारण)।

custard (kŭs' tărd) [prob. from M.E. *crustade*, a pie with crust, O. F. *croustade*, L. *crustăta*, fem. p.p. of *crustāre* (see CRUST)] सं० अंडे और दूध की लपसी, उबाला हुआ दूध, अंडा और चीनी। **~apple** सीताफल शरीफ़ा* (वि० १ भी)।

custodian (kŭs tō' di ăn) सं० १. रक्षक, अभिरक्षक* (प्र०, मा० १ भी), संरक्षक, रखवाला, निगरानी करनेवाला, निगहबान। **custodial** वि० अभिरक्षा से संबंधित, हवालात से संबंधित।

custody (kŭs' tō di) [L. *custōdia* (*custos -todis*, a guardian)] सं० सरक्षा, अभिरक्षा* (प्र० मा० १, विधि भी), जिम्मा, रक्षा, रखवाली, देखभाल, निगरानी (जैसे parent has ~ of child, child is in the~of father), हिरासत, हवालात, बंधन। **take into~** हिरासत में लेना, गिरफ़्तार करना।

custom (kŭs' tom) [O.F. *costume*, L. *consuētūdinem*, acc. of *consuētūdo*, custom, from *consuetus*, p.p. of *consuescer* (con-, *suescere*, inceptive of *suēre*, to be accustomed)] सं० १. रीति*/रिवाज* (मा० १, ३ भी), प्रथा* (मा० १, २, ३ भी)*, आचार, व्यवहार, चलन, रीति, ढग, तरीक़ा, २. (मा० २. विधि) रूढ़ि* निरूढ़ि*, प्रयोग*, ३. (बहुव०) सीमा-शुल्क* (प्र०, वि०वि० १ भी), आयात कर, चुंगी। **the~** सीमा-शुल्क विभाग। **~house** १. चुंगीघर, सीमा शुल्क चौकी, २. व्यापारिक संरक्षण।

customary (kŭs' tə mə rē, वि० १. रीति-सम्मत, व्यावहारिक, प्रचलित, लोकसिद्ध, लौकिक, २ (वसीयत) रूढ़ि अनुसार, रिवाजी, (किसी स्थान आदि की) प्रथा के अनुसार, ३. (मा० १) प्रयागत*, ४. प्रथानुचारी* रूढ़िवाद* (मा० ३ भी)। सं० (customery भी) किसी देश के रीति-रिवाजों का लिखित संग्रह। **customarily** क्रि० वि० प्रथानुसार, प्रचलित रीति से। **customariness** रीति यनुगामिता, प्रथात्मकता।

customer (kŭs' tə mər) सं० १. ग्राहक, खरीदनेवाला, २. असामी। **queer, awkward ~** अपने व्यवहार में विचित्र अथवा बेमौक़ा- यक्ति।

cut (kŭt) [origin doubtful] सं० १ कर्तन* (प्र० भी), काट, कटाई* (इ० ३ भी), तराश; २ आघात (तलवार या चाबुक की) चोट, वार, ३. काट-छांट (नाटक के किसी भाग का); ४. भावनाओं को चोट पहुँचानेवाली बात या कार्य, ५. (टेनिस, क्रिकेट आदि खेलों में) निचला हाथ, ६ पश्चिम की अभ्वीकृति, किसी को पहचानने से इन्कार करना, (विशे० give one the~direct कभी काट देना); ७. काट (कपड़ों, बालों आदि की); ८. एक श्रेणी या ऊँचा स्तर (जैसे a~above); ९ क्षत, व्रण, घाव (रेल की पटरियों का) कटाव, १०. नाटक-मंच के फर्श को सँकरी दरार जिससे दृश्य-पट ऊपर-नीचे किये जाते हैं, दृश्य-सधि, (दे० wood cut); ११. कटा हुआ टुकड़ा (मांस आदि का), १२. (प्र०) कर्तन*, कटौती*। क्रि० स० और अ० १. कर्तन, काटना, घाव करना, गहरा उतरना, (लो०) (जैसे argument cuts both ways); २.टुकड़े-टुकड़े कर देना, काट डालना, चाक कर देना (चाक आदि से); ३ (~the knot, (लो०) अनियमित परन्तु कुशल तरीक़े से समस्या को सुलझा लेना; ४. (लो०) संबंध-विच्छेद करना, अलग करना; ५. विच्छिन्न होना या करना, विमुक्त करना; ६. मांस के टुकड़े करना, गोश्त बनाना; ७. काटना (जैसे दो रेखाएँ आपस में काटती हैं); ८. पार होना, गुजरना, (प्र० मा० जाना, पीठ दिखाना (जैसे ~and run) तुड़ा कर भागना, चम्पत होना; १०. छाँटना, कतरना, छोटा करना (बाल आदि); ११. घटाना, कम करना, अपचय करना (~it fine कम से कम देना); १२. (~a loss) हाथ झाड़ के अलग हो जाना; १३. (~the record) अब तक के प्राप्त परिणामों से ऊपर उठ जाना, रिकार्ड तोड़ना (दौड़ आदि में); १४. काटना, तराशना (कोट, रत्न आदि); १५. करना, दिखाना (नृत्य, मज़ाक आदि), १६. (ताश के पत्तों को) बाँटना। १७. बाँटने वाले को चुनना; १८. बेईमानी रोकना; १९. (क्रिकेट आदि में) तिरछा हाथ मारना, एक विशेष प्रकार से गेंद फेंकना; २०. परिचय से मुकरना, काट देना, पहचानने से इनकार करना (जैसे ~him dead); २१. अनुपस्थित होना, छोड़ देना, नागा करना (जैसे ~a lecture लेक्चर से अनुपस्थित होना); २२. (~the whole concern) सबको छोड़ देना; २३ (~a tooth) दाँत निकलना, दाँत निकालना, २४ (~one's eye or wisdom teeth) अस्तर्दृष्टि अथवा बुद्धि प्राप्त करना; २५. (~shoots) काटना, छोटा करना (शा० और लो०) बात काटना। (~one's stick) चले जाना, चल देना। **~and come again** प्रचुरता। **~and dried or dry** कोई पिटी बात या मत। **~back** (सिनेमा) (सं० के रूप में भी प्रयुक्त) पर्दे पर दिखाये जा चुके दृश्यों को फिर दिखाना। **~coat according to cloth** जितनी चादर उतने पैर फैलाना। **~down** १. काटकर गिराना; २. (लो०) कम करना (खर्च में), बोल उठना, ३. बाहर निकले हुए खिलाड़ी का स्थान लेना; ४. (मोटर चलाने में) आगे आकर पीछे छोड़ी हुई गाड़ी का रास्ता रोकना। **~no ice** (प्र०) प्रभावित न कर पाना, कुछ न बन पड़ना। **~off** काटकर अलग कर देना, समाप्त करना, विच्छिन्न करना समाप्त*, विच्छेदन* (इ० २ भी), रोक करना (रसद, सचार आदि का), निकाल देना, अवरोध करना। सं० (इ० १) रिसन रोक, काट मार्ग। **~off with a shilling** कुछ टके देकर पैतृक सपत्ति से वचित करना। **~out** १. काट कर हटाना; २. बद करना, ३. (लो०) बढ़ जाना, बाजी मार ले जाना; ४. (शा० और लो०) बनाना, आकार देना, गढ़ना; ५. (पशु को उसके झुंड में) अलग करना, विमुक्त करना, ६. (ताश के खेल में) बहिष्कृत होना, बाहर कर दिया जाना, निकल जाना; ७. (नौ०) शत्रु के जहाज और तट के बीच में घुस कर उसे पकड़ लेना; ८. (मोटर चलाना) किसी गाड़ी के बगल से अपनी गाड़ी निकाल ले जाना। **~purse** चार धन लूटनेवाला। **~th' oat** १. हत्यारा, प्राणघातक, गर्दनमार, प्राणलेवा; २. (प्रतियोगिता के रूप में) गहरा, कठिन, प्राणलेवा। **~up** रोब दिखाना, नागजी दिखाना। **~up in pieces** १. काट डालना, टकड़े-टुकड़े कर देना; २. (लो०) तीक्ष्ण आलोचना करना, बुरी तरह खबर लेना, धज्जियाँ उडाना (प्राय: कर्मवाच्य) दुखी हो जाना, हताश होना। **~up well** काफी धन छोड़ जाना।

cutter सं० १. कर्तक* (इ० १, २, कृ० भी) (यंत्र), छेदक, काटनेवाला (मनुष्य, अस्त्र); २ कटनी ईंट, नरम ईंट* (इ० १ भी), एक प्रकार की ईंट जो काटी जा सके; ३. लड़ाई के जहाज की नाव, जो खेने और चलाई जाने के लिए सज्जित हो, रिकाब किश्ती; ४. एक प्रकार की एक मस्तूल वाली तेज़ नाव; ५. (इ० २) कटर*। **cutting** सं० क्रियागत अर्थों में १. (विशे० रेल की पटरियाँ बिछाने या सड़क बनाने के लिए ऊँची भूमि की खुदाई; २. (आ०, ई० ३, वि० १) कर्तन*; ३. (कृ०) कलम*; ४. (इ० १, ३,

कृ०) काटना*, कटाई*; ५. (इं० १, कृ०) कटाव*/ कटान*; ६. (इं० ३) खुदाई* । **press**~ समाचारपत्र की कतरन । **~retort** सं० कड़ा प्रत्युत्तर, मर्मभेदी उत्तर । **a~wind** सं० तेज हड्डियों को चीरने वाली हवा ।

cutaneous (kū tā' nē ŭs) [L. *cutāneus*, from *cutis*, skin] वि० १. खाल-संबंधी, त्वचा संबंधी; चर्म संबंधी; २. (मा० २, वि० १) त्वचीय*; ३. (मा० २) त्वक्*

cutcha (kŭch a) वि० (आस्र भारतीय) कच्चा, घटिया, काम-चलाऊ, (तुल० PUCCA वृष में सुधाई हुई ईंट)।

cutcherry, cutchery सं० (आस्र-भारतीय) कचहरी, सरकारी दफ्तर ।

cute (kūt) [ACUTE] वि० १. (बोल०) चतुर, चालाक, प्रवीण, कुशल, निपुण; २. आकर्षक, मनोहर, मनमोहक । **cutely** क्रि० वि० चतुरता से, चालाकी से, कुशलता से, मनमोहक रूप से । **cuteness** सं० चतुरता, चालाकी, कुशलता, मनमोहकता आदि ।

cuticle (kū' ti kel) [L. *cuticula*, dim. of *cutis*, skin] सं० १. बाह्य-त्वक्, त्वचा की बाहरी परत; २. (बन०) पौधों में ऊपर की परत, बाह्यचर्म, क्यूटिकल*/ उपत्वचा*/ उपचर्म* (कृ० भी)। **cuticular** वि० १. बाह्य त्वक्, उच्चर्म या बाह्य चर्म संबंधी; २. (वि० १) क्यूटिकली / उपचर्मी*/ उपत्वची* ।

cutis (kū' tis) [CUTICLE] सं० १. (शारीर०) भीतरी त्वचा, अन्दर की खाल, अन्तर्त्वक्; २. (वि० १) चर्म* ।

cutlass (kŭt' lăs) [F. *coutelas*, augm. of O. F. *coutel* F. *couteau*), a knife, L. *cultellum*, acc. of *cultellus*, COULTER] सं० चौड़े और मुड़े हुए फल की तलवार, खाँड़ा, तेग (विशे० जो नाविकों द्वारा प्रयुक्त होती है)।

cutler (kŭt' lĕr) [O. F. *couteiier, cotelier*, from *coutel* (see prec.)] सं० छुरीसाज, छुरी-चाकू वगैरह बनाने या बेचने वाला। **cutlery** सं० १. छुरीसाजों का व्यापार; २. छुरीसाजों द्वारा बनाई अथवा बेची जानेवाली वस्तुएँ; ३. छुरी-काँटे; ४. (वि० १) कटलरी* ।

cutlet (kŭt' lĕt) [F. *côtelette*, dim. of *côte*, O.F. *coste*, L. *costa*, rib] सं० १. कटलेट, भेड़ के, गोश्त में गरदन के हिस्से की चाप, कबाब; २. क़ीमे के, डबलरोटी का चूरा लपेट कर तले हुए, कबाब; ३. कटलेट की भाँति तली हुई मछली की टिकिया।

cutter, cutting दे० CUT ।

cuttle[1] (kŭtl) [A.-S. *cudele*; etym. doubtful] सं० प्रायः (~fish) कटल* (वि० १ भी), मसिक्षेपी, एक प्रकार का घोंघा जो पीछा किये जाने पर काली स्याही जैसा कोई तरल पदार्थ निकालता है। **~bone** १. इनका भीतरी छिलका जो पालिश के लिए प्रयोग में आता है; २. (वि० १) कटल-अस्थि* ।

cuttle[2] (kŭtl) [prob. from O. F. *coutel* (F. *couteau*) L. *cultellum*] सं० १. (शेक्स०) चाकू; २. चाकू चलाने के लिए तत्पर व्यक्ति, खूनी।

cutty (kŭt' i) [Sc. and North., from CUT] वि० और सं० १. (स्कॉ० और उत्तर) संक्षिप्त, छोटा, बहुत छोटा; २. छोटा पाइप, नली (तम्बाकू पीने की)। **~stool** सं० स्कॉटलैण्ड के गिरजों में एक विशेष स्थान पर रक्खा हुआ आसन जिस पर असती स्त्रियाँ जनता से मर्त्सना प्राप्त करने के लिए अलग बैठाई जाती थीं।

cutwater (kŭt' waw tĕr) सं० १. ताल्यिागार, जहाज के अगले सिरे का निचला किनारा जो पानी को फाड़ता चलता है; २. (इं० ३) पनकट* ।

cutworm (kŭt' wĕrm) सं० कर्तनकीट, एक प्रकार का टिड्डा जो छोटे पौधों को काटता है ।

-cy [L. *-cia, -tia*; Gr. *-keia, -kia, -teia, -tia* (cp. -ACY)] एक प्रकार का प्रत्यय (जैसे infancy, advocacy) ।

cyanic (sī ăn' ik) वि० १. नील, नीला; २ (रसा०) सायनिक, क्यानिक ।

cyano- [Gr. *kuanos*, a dark-blue mineral] समास में १. श्याम, नीलत्व, सायनोजन, श्यामजनयुक्त । **cyanometer** (sīā nom' e tĕr) सं० नीलत्वमापक ।

cyanide (sī- ā nīd) सं० साइनाइड, श्यामिद । **~process** पोटेशियम साइनाइड के घोल में झिंगोकर कच्ची धातु को साफ करके ठीक रूप में लाने की प्रक्रिया, साइनाइड प्रक्रिया ।

cyanogen (sī ăn' ŏ jen) सं० (रसा०) यौगिक मूलक जिसमें एक अणु नाइट्रोजन और एक अणु कार्बन का होना है, श्यामजन, साइनोजन ।

cyanosis (sī ā nō' sis) सं० १. मितौसिस, अपर्याप्त रूप में ऑक्सीकृत रक्त के संचारण से उत्पन्न शारीरिक श्यामता एक प्रकार का रोग, शरीर में ऑक्सीजन न पहुँचने से रक्त की श्यामलता या नीलाहट; २. (आ०) श्यामता*; ३. (कृ०) नीलिमा*/ नीलिया* ।

cycad (sī' kăd) [mod. L. *cycas -adis* (from a supposed Gr. *kukas*, now recognized as an error for *koikas*, acc. pl. of *koîix*, the Egyptian doum-palm)] सं० (वन०) एक प्रकार का ताड़ जैसा वृक्ष, साबूदाने का पौधा, सागुताल, कतुताल; २. (वि० १) साइकैड* ।

cyclamen (sik' lă mĕn) [late L., from Gr. *kuklaminos* (perh. from *kuklos*, a circle, with reference to the bulbous root)] सं० सिक्लेमेन, प्याले जैसे फूलों वाला पौधा जो बहुत जल्द फूल देता है।

cycle (sī' kĕl) [L *cyclus*, G. *kuklos*, a circle] सं० १ घटना-चक्र, कालचक्र; २. दौर, युग, सिलसिला, ३. चक्कर, चक्र* (आ०, इ० १, २, वि० १ भी), वृत्त, दायरा, मंडल, घेरा; ४ अवधि, आवर्तन, ५. सम्पूर्ण माला, पूरा सेट; ६ काव्य अथवा गीतों का समूह जो एक ही घटना अथवा विचार पर केंद्रित हो, बाइसिकिल, साइकिल* (इ० २ भी), तीन पहियों वाली साइकिल, पैरगाड़ी । क्रि० अ० १. (चक्र म) आवर्तित होना, आवर्तन* (आ०, इ० १, २, वि० १ भी); २. साइकिल चलाना। **Metonic or lunar**~ १९ वर्ष की अवधि जिसमें ईस्टर की तिथि जानी जाती है। **~car** हल्की मोटर जिसमें तीन या चार पहिए होते हैं, चेन और एक या दो सिलिंडर का इंजन होता है। **cyclic, -al** वि० १. चक्रीय*/ चाक्रिक* (वि० १ भी), चक्र-सम्बन्धी; २. कालचक्र या घटनाचक्र सम्बन्धी; ३. एक विशेष युग अथवा काल संबंधी; ४. काव्य-माला संबंधी (जैसे ~poet काव्यमाला का प्रणेता; ~chorus १. प्राचीन ग्रीक) मंच के चारों ओर मंडल में गाया जाने वाला समवेत गान; ५. (वन०) गुच्छेदार फूल; ६. (प्राणि०, रसा०) चक्र रूप में प्रवर्तित सघटक अणुओं से युक्त; ७. (आ०) चक्रिल* । **cyclist** सं० साइकिल-सवार, साइकिल चलानेवाला ।

cyclo- [Gr. *kuklos*, a circle] समास में प्रयुक्त, वृत्त-, चक्र-गोल-।

cyclograph (sī' klō graf') सं० वृत्त या गोले की चापों का अंकन करनेवाला यंत्र, चक्रलेखी।

cycloid (sī' kloid) [as prec.] सं० १. वृत्त की त्रिज्यापर एक बिन्दु द्वारा उसकी परिधि के अन्दर (prolate ~ भीतरी चक्रज) परिधि पर (common ~ ऊर्ध्व चक्रज) अथवा परिधि के बाहर (cuitate ~ बाह्य चक्रज) अंकित बिन्दु, चक्रज* (वि० १ भी), चक्रजात; २. (आ०, वि० १) साइक्लाइड*/ चक्राभ*। **cycloidal** वि० चक्रजात, चक्रज संबंधी।

cyclometer (sī' klom' ĕtĕr) सं० १. चक्रमापक, वृत्त की चापों, बाहिर्मिकल आदि की दूरी को मापने का यन्त्र; २. चक्करमापी*, साइक्लोमीटर* (वि० १ भी।

cyclone (sī klōn) [Gr. *kuklos*, a circle] सं० १. चक्रवात* (क्रि० वि० १ भी), अंधड़, झंझावात, आँधी, बवंडर, बहुत तेज तूफ़ानी हवा; २. सीमित व्यास की तेज आँधी; ३. (क्रि०) हूला*। **cyclonic** वि० चक्रवात संबंधी, तूफ़ानी।

cyclopædia दे० ENCYCLOPAEDIA।

cyclopean (sī klō pē' ăn, sī klō' pē ăn) [L. *Cyclōpĕus Cyclōp us*, Gr. *Kuklōpeios*, *Kuklōpios* (see foll.)] वि० १. दैत्य जैसा, दैत्य के समान; २. बहुत बड़ा, विशाल। **~masonry** बिना तराशे हुए बड़े पत्थरों की इमारत बनाने की प्राचीन शैली।

cyclops (sī' klops) [L., from Gr. *Kuklops* (*kuklos*, a circle, *ops*, an eye)] सं० १. (ग्रीक पुराण) एकाक्ष दैत्य; २. काना, एकाक्ष व्यक्ति; ३. (आ०, वि० १) साइक्लॉप्स*।

cyclorama (si klō ra mă) [Gr. *horama*, a view] सं० गोल परिदृश्य।

cyclosis (si klō' sis) [Gr. *kuklōsis*, an encircling *kuklosein*, to move in a circle] सं० रस-भ्रमण, चाप, दबाव, गति, रुधिर-संचालन।

cyclostomata (si klō stom' ă tă) सं० बहुव० (जीव०) चक्रमुख्या, गोल मुँहवाली मछलियाँ।

cyclostomous (si klos' tō mus) वि० वर्तुल मुख, गोल मुँह का।

cyclostyle (sī' klō stil) सं० क्रि० स० नोकदार पेंसिल से स्टेंसिल प्लेट पर लिखित पट्ट से छापने का उपकरण, सिलेट छापा, साइक्लोस्टाइल। क्रि० स० १ सिलेट से छापना; २. (प्र०) साइक्लोस्टाइल करना*।

cyclotron (sī' klō tron) सं० (भौ०) साइक्लोट्रॉन्* (वि० १ भी), द्विनाभ्यत्र, अणुओं और अणु-केन्द्रकों के विद्युत् चुम्बकीय स्वरण का मत्र।

cyder दे० CIDER।

cygnet (sig' nĕt) [dim. of O.F. *cygne* or L. *cygnus*, a swan] सं० राजहंस शावक, राजहंस का बच्चा।

cylinder (sil' in dĕr) [L. *cylindrus*, Gr. *kulindros* (*kulindein*, to roll)] सं० १ (रेखा०) उस सरल रेखा के द्वारा बनाया गया ठोस (घनाकृति) जो स्थिर पर एक वक्र (विशे० वृत्त) को छूती हुई समानान्तर चलती हो, २ मिलिंडर*/बेलन*(आ०, इ० १, क्रि० वि० १ भी); ३ बेबीलोनिया अथवा असीरिया के मंदिरों के नीचे दबाई जानेवाली मिट्टी की पक्की बेलनाकार वस्तु; ४. इसी आकृति का पत्थर जिसे असीरिया वाले मुद्रा के रूप में प्रयोग करते थे; ५. विभिन्न मशीनों में लगे हुए बेलन; ६. (विशे०) वह कक्ष जहाँ वाष्प पिस्टन पर काम करती है; ७. छापाई में प्रयुक्त धातु-बेलन। **cylindrical** (si lin' drik ăl) वि० बेलन के आकार का, नलाकार, बेलनाकार* (आ०, वि० १ भी), सिलिंडराकार*, बेलनी*, सिलेंडरी* (आ० भी)। **cylindroid** (sil' in droid) [Gr. *kulindroeidēs* (-oid)] वि० बेलन और सं० १. बेलनाभ* (वि० १ भी), (चित्र), बेलनाभास (आकृति); २. (वि० १) सिलिन्डराभ*।

cyma (sī' má) [Gr. *kûma*, anything swollen, a wave, an ogee moulding, a sprout] सं० (वास्तु० ~mas) कार्निस में S आकार की संरचना (~recta जिसमें अवतल कक्ष ऊपर हो। ~reve उ. जिसमें उत्तल वक्र ऊपर हो) दे० cyme।

cymar (si mar') [F. *simarre*, O.F. *chamarre* (see CHIMER)] सं० सिमर स्त्रियों का एक हल्का ढीला वस्त्र, विशे० रूप से अंदर पहिनने का।

cymbal (sim' băl) [L. *cymbalum*, Gr. *kûmbalon*] (*kumbē*, hollow)] सं० झाँझ* (वि० २ भी), करताल, मजीरा* (भा० १ भी)। **cymbalist** सं० झाँझ या करताल बजाने वाला।

cymbalo (sim' bă lō) [It. *cembalo*, as prec.] सं० (बहुव० ~s) दे० DULCIMER।

cymbiform (sim' bi fôrm) [L. *cymba*, a boat, -FORM] वि० १. (शरीर०, वन०) नौकाकृति, द्रोणिरूप, नाव के आकार का, नौकाकार* (वि० १ भी)।

cymbocephalic वि० द्रोणिशीर्ष, द्रोणिकपाली, नौकाकृति सिरवाला, नाव के आकार के सिर वाला।

cyme (sim) [F., from L. *cyma*, Gr. *kûma*, see CYMA)] सं० १. (वन०) निमे, बहुवर्ध्यक्ष, वह पुष्पक्रम जिसमें प्राथमिक अक्ष में एक अग्रस्थ फूल पहले विकसित होता है और फिर बहुत से अन्य अक्षों में फूल निकलते हैं। (तुल० (RACEME); २. (वि० १) समीक्षाक्ष*। **cymose** वि० १. बहुवर्ध्यक्षी, बहुवर्ध्यक, २. (वि० १) समीक्षाक्षी*।

Cymric (kim'-sim' rik) [W. *Cymri*, Wales] वि० वेल्स देशीय, वेल्स का।

cynic (sin' ik) [L. *cynicus*, Gr. *kunikos* (*kun-*, stem of *kuôn*, a dog)] वि० १. उदासी दार्शनिकों का; २. निन्दक, दुँढने वाला, उपहास करनेवाला, नकचढ़ा; ३. सिनिक*/ मानव द्वेषी* (भा० २ भी)। सं० प्राचीन ग्रीस में ऐण्टिसथीनिस द्वारा प्रवर्तित विशे० दार्शनिक मत जिसमें सांसारिक सखों के प्रति घृणा का प्रचार किया गया, उदासी सम्प्रदाय। **cynical** वि० १. दुःखित, कुटिल, वक्राभ का, रूखा; २. मानवद्वेषी, निन्दक, छिद्रान्वेषी; ३. उपहासक। **cynically** वि० मानवद्वेषिभाव से, उपहासभाव से, रूखेपन से। **cynicism** सं० १. उदासी मत; २ मानवद्वेष-वाद; ३. नकचढ़ापन।

cyno- (समास में प्रयुक्त) श्वान, कुत्ता। **cynophobia** सं० कुत्ते से असाधारण भय।

cynocephalus (si nō sef' a lŭs) [L., from Gr. *kunokephalos* (G-. *kuôn kunos*, dog, *kephalē*, head)] सं० १. श्वकपाल, कपा-कहानियों में प्रसिद्ध कुत्ते के मुँह का आदमी; २. (प्राणि०) कुत्ते के मुँहवाला बंदर; ३. (वि० १) साइनो-सेफ़ालस*।

cynosure (sin' ō-, sī' nō shūr) [F. from L. *cynosūra*, Gr, *kunosoura*, the dog's tail, the Lesser Bear (*kuôn kunos*, dog, *oura*, tail)] सं० १. उत्तर केन्द्र स्थित नक्षत्र-मंडल, ध्रुवतारा (सहित नक्षत्र-राशि), निर्देशक नक्षत्र; २. आकर्षण और प्रशंसा का केंद्र, आकर्षण-बिन्दु।

---

cypher १. (मा० १) बीज-लेख* (मा० १ भी); २. शून्य*/ सिफ़र* (वि० १ भी) दे० CIPHER ।

cypres (sē prā') [A.-F. (F. *si près*, so near)] क्रि० वि० (विधि, वसीयत लिखनेवाले के अभिप्राय के) निकटतम, समीपतम । वि० समीपी, अनुमानित । सं० अनुमान, अंदाज़ ।

cypress (sī' pres) [O.F. *cyprès*, late L. *cypres us*, Gr. *kupressos*] सं० १. सरु, शोक के प्रतीक रूप उसकी डाली, माइप्रेस* (कु० भी) ।

Cyprian (sip' ri án) वि० और सं० १. साइप्रेस का (निवासी); २. लंपट, व्यभिचारी, दुराचारी, दुष्ट (व्यक्ति)। **Cypriote,** -ōte वि० और सं० साइप्रस का निवासी।

Cyrenaic (si rē nā' ik) वि० और सं० सिरीनी, सिरीन के दार्शनिक अरिस्तिपस के सुखवादी सम्प्रदाय का (दार्शनिक) ।

Cyrillic (si ril' ik) [St. *Cyril*] वि० ~**alphabet** (ईस्टर्न चर्च की) स्लाव वर्णमाला ।

cyrto- [Gr. *kurtos*, curved] समास में प्रयुक्त, टेढ़ा, वक्र, मुड़ा हुआ। **cyrtometer** सं० वक्रतामापक, सर्टोमीटर ।

cyst (sist) [L. *cystis*, from G. *kust s*, a bladder] सं० १. (जीव०) तरल निःसरण, से युक्त कोई भी खोलला अंग, (निदान०) हानिकर चीजों से भरी हुई (शरीरस्थ) थैली; २. भ्रूण, गर्भ से युक्त कोष्ठ, कोष, विकृत गुल्म*/ कुमिकोष*, रसौली* (कु० भी); ३. (आ० कृ०) पुटी*, सिस्ट* ।

cyst-, cysti-, cysto- [Gr. *kustē kustis*, a bladder]. *comb form* (*Anat., Zool., etc.*) Pertaining to the bladder, bladder-haved] समास में प्रयुक्त । १. मूत्राशय, वस्तु; २. पुटी*/ सिस्ट* (वि० १ भी) । **cystiform** सं० वस्तिरूप ।

cystic वि० १. मूत्राशय का, मूत्रकोष सबंधी; २. पित्ताशय का, ३ वस्तीय, वस्ति का; ४. (वि० १) पित्ताशय सबंधी । **cystitis** (sis tī' tis) [-ITIS], सं० वस्तिप्रदाह, मूत्राशय की सूजन, मूत्राशय शोथ*/ वस्तिशोथ* (आ० भी) ।

-cyte [Gr. *kutos*, a hollow, a receptacle], प्रत्य० जीवविज्ञान के शब्दों में कोष्ठिका के अर्थ में लगाया जानेवाला प्रत्यय (जैसे leucocyte सितकोशा, सितकोष्ठिका) ।

cyto- [Gr. *kutos*, a hollow], *comb. form* (*Biol.*) समास रूप में कोष्ठिका के अर्थ में प्रयुक्त। **cytoblast** (sī' tō b'as) [Gr. *blastos*, a sprout] सं० १. कोष्ठिकाकर, कोशाकर; २ (वि० १) साइटोब्लास्ट* । **cytology** (si tol' ō jī) सं० (मा० २) कोशिका विज्ञान*, (जीव०) कोष्ठिका विज्ञान । **cytologist** सं० १. कोशिका वैज्ञानिक, कोष्ठिका वैज्ञानिक; २. (प्र० कोशिका विज्ञानी* ।

Czar, Tzar, Tzar सं० ज़ार, रूस के सम्राट् की पदवी । (Czarevitch-wich, Tzar सं० ज़ार का पुत्र अब सरकारी उपाधि नहीं है। Czarevna, Tsar-सं० ज़ार की पुत्री। Czarina, Tsar- सं० ज़ार की पत्नी, रूसी राजमहिषी)।

Czech (chek) [Boh. *Cech*; Pol. *Czech*]. सं० और वि० चेक, चेकोस्लोवाकिया का निवासी। **Czecho-Slovak** वि० और सं० चेकोस्लोवाकिया (जिसके अंतर्गत बोहेमिया, मोराविया, स्लोवाकिया, सिलेसिया, कार्पेथियन रथानिया प्रान्त हैं) का (निवासी)।

D

D, d, (बहु० ~s, ~'s, ~ees) १. डी, अंग्रेज़ी भाषा की वर्णमाला का चौथा अक्षर (यथा ~block, valve डी अक्षर के आकार का कुंदा, वाल्व); २. (संगी०) मुख्य सरगम का द्वितीय सुर; ३. दे० DEE भी ।

'd (बोल०) had और would का लघु रूप, प्रधानतया I, we, you, he, she, they के बाद प्रयुक्त होने पर।

-d [A.-S. *-de*] भू० कृ० प्रत्य० (जैसे heard इत्यादि में) दे० ED ।

da दे० DAH ।

dab[1] (dab) [etym. doubtful, prob. imit. (cp TAP)] क्रि० स० १. थपथपाना, धीरे-धीरे थपकी लगाना, हलकी चोट करना, थापी लगाना, खटखटाना; २. चोंच से उठाना या मारना, ३. पुचारे से दबाना या पुचारा करना, स्पंज लगाना। सं० १. (अचानक) थपकी, दस्तक, ठोंक, धीमा आघात, खटखटाहट, २. (स्पंज, ब्रश, रूमाल आदि से) बिना रगड़े हुए पुचारा, सफ़ाई; ३. लेप; ४. रंग रोगन, पुताई; ५. (बोल०) (किसी आदि में) निपुण, प्रवीण, दक्ष, माहिर, उस्ताद, होशियार । **dabber** सं० लकड़ी आदि पर रोशनाई फेरने की गद्दी अथवा स्पंज या ब्रश लगाने वाला, पुचारा रखने वाला ।

dab[2] (dab) [perh. from DAB[1]]. सं० डैब, एक प्रकार की चपटी मछली।

dabble (dab' bel) [freq. of DAB[1] cp. Norw. *dabla*. (Dut. *dabbel n*)] क्रि० स० और अ० १. गीला करना, थोड़ा डबाना, (थोड़ी-थोड़ी देर में, सामान्य ढंग से) अशन. भिगोना, तर करना, छिड़कना, छींटे डालना, सिक्त करना, सिंचित करना; २. (पानी में) जलक्रीडा करना. हाथ-पैर या चोंच आदि हिलाना, छपछपाना, धँधोलना, छप-छप करना, छींटा छींटी करना; ३ मनोरंजन या मनबहलाव के लिए किसी कार्य में सलग्न होना, ऊपरी तौर पर करना, अल्प प्रयत्न करना, सरसरी तौर पर करना। **dabbler** सं० अनाड़ी, अल्पज्ञ, नौसिखुआ, मनोरंजन के लिए किसी कार्य को करनेवाला।

dabchick (dāb' chik) [earlier *dop-chick*, *dop-chick*] (*dap.* cogn.' with DIP)] सं० डैबचिक, एक जलपक्षी, छोटा सेब, दे० GREBE ।

dabster (dāb' ster) [DAB, (?) -STER] सं० दे० DAB और DAUBSTER ।

dace (dās) [M.E. *darse*, O.F. *dars*, DART], सं० डेस, छोटी दरियाई मछली।

dachshund (dāks'-, daks' hunt) [G., badger-hound] सं० डाक्सहूण्ड, छोटे-छोटे पैरोंवाले कुत्ते की एक जाति ।

dacoit (dā koit') [Hind. *d kait* (*dāk*, robbery by a gang)] सं० १. दस्यु, डाकू* (विधि भी), डकैत, लुटेरा। **dacoity** सं० डकैती*, डाकेज़नी* (वि० १ भी). डाका।

dactyl (dāk' till) [L. *dactylus*, as coll.] सं० यगण ISS (इस गण की आदि मात्रा लघु और अन्तिम दो मात्राएँ गुरु होती हैं)। **dactylic** वि० और सं० यगण (ISS) संबंधी, ~**verse**(s) सं० प्रायः (बहुव०) यगण में लिखे गए पद्य ।

dactyl-, dactylio-, dactylo- [Gr. *daktulos*, a finger] समास रूप में अंगुलि-, उंगली- । **dactylioglyph** (dāk til' ō glif) [Gr. *daktaliogluphos* (*gluphos*, carver, from *gluphein*, to carve)] सं० (जवाहरात या अंगूठी में) नक्काशी करने वाला । **dactyl·ography** (dāk til ō gra fi) सं०

(जवाहरात की) नक्काशी, उत्कीर्णन। **dactylicology** सं० संकेत भाषा, इंगित-विज्ञान। **dactyliomancy** (dăk til i ŏ măn si) [-MANCY] सं० अँगूठी द्वारा शकुन विचार। **dactylogram** सं० अंगुलि रेखा-चिह्न, अँगुलियों की रेखाओं का चिह्न (पहचानने के लिए)।

dad[1] (dăd), **da** (da), **dada** (dăd' a) **daddy** (dăd' i) सं० (बाल०) पिता, अब्बा (विशे० संबोधन में)। **daddy-long-legs** सं० मच्छर-सा, लमटंगा कीड़ा।

dad[2] (dăd), **daud** (dawd) [Sc. and North., onomat.] क्रि० प्रहार करना, पीटना। सं० चोट प्रहार, आघात।

dado (dā' dō) [It., a die, a cube] सं० (बहु० ~os) १. हाशिया, स्तंभपीठ, स्तंभ के आधार और कंगनी (कार्निस) के बीच की घनाकार खंभे की कुर्सी; २. कमरे की दीवार का लकड़ी से जड़ा हुआ अथवा रंग से पुता हुआ निचला भाग। **dadoed** वि० लकड़ी से जड़ा हुआ या रंग से पुता हुआ।

dædal (dē' dăl) [L. *dædalus*, Gr. *daidalos*] वि० १. (काव्य०) कुशल, निपुण, प्रवीण, दक्ष; २. जटिल, पेचीदा; ३. बहुरूप; ४. असरल; ५. रहस्यमय; ६. गुझ, दुर्बोध, दुर्ज्ञेय; ७. संश्लिष्ट। **Dædalian, -ean** (dē dā' li ăn) [L. *dædal'eus*, pertaining to *Dædalus*, the Greek artificer (cp. Gr. *daidaleos*, cunningly wrought,)] वि० १. यूनानी शिल्पी डेडलस की शैली का; २. पेचीदा, गहन, जटिल, दुर्गम, दुर्बोध; ३. चकादार; ४. विचित्र।

daemonic दे० DEMONIC।

daff (dăf) [DOFF] क्रि० स० (अप्र०) अलग रखना, छोड़ना, त्यागना।

daffodil (dăf' ŏ dil), **daffodilly** (dăf ŏ dil' i) **daffa-downdilly** (dăf a down dil' i) [M. E. *affodill*, O. F. *asphodile*, L. *asphodelus*, Gr. *asphodelos*] सं० और वि० डैफोडिल, हल्का पीला नरगिस (एक फूल), हल्का पीला रंग।

daft (daft) [A.-S. *gedæfte*, mild, gentle] वि० (विशे० स्कॉट०) १. बावला; २. मूर्ख, अहमक; ३. असावधान; ४. उन्मत्त, सनकी; ५. जंगली, असभ्य।

dagger (dăg' er) [F. *dague*, influenced by M E *daggen*, to pierce] सं० कटार, कटारी, छुरा, छुरी, छुरिका, कर्तरी, असिपुत्रिका, कृपाण। (**double**)~ दे० OBELISK। **at daggers drawn** लड़ने के लिए उद्यत, कट्टर शत्रु, जानी दुश्मन। **look, speak daggers** १. सकोच या कठोर दृष्टि से देखना, खाने को दौड़ना; २. सकोच बोलना या कटुवचन कहना।

dago (dā' gō) [Sp. *Diego* James] सं० (बहु० ~os) डैगो, स्पेन, पुर्तगाल अथवा इटली के निवासी (के लिए घृणासूचक निन्दात्मक शब्द)।

daguerreotype (dă ger' rō tīp) सं० प्रारंभिक फ़ोटोग्राफ़ी, (ताँबे की चद्दर पर) फ़ोटो लेने की प्रणाली (से लिया हुआ चित्र)।

dah सं० डाह, बर्मा देश की कटार, करौली।

dahlia (dā' liă) [*Dahl*, a pupil of Linnæus] सं० १. डालिया* (वि० १ भी), मेक्सिको देश के विभिन्न रंग के फूलों का एक मिश्रित पौधा जो यूरोप में उगाया जाता है; २. एक प्रकार का लाल रंग का फूल। **blue** ~ असंभव, असंभव बात, गूलर का फूल।

dai सं० दाई।

Dail Eireann (dal ā' ri ĕn) सं० आयरलैण्ड के गणतंत्र की लोकसभा।

daily (dā' li) [A.-S. *dæglic* (found only in comb.)] वि० और क्रि० वि० १. प्रतिदिन, रोज़, रोज़ाना, नित्य, सदा, हमेशा, लगातार, निरंतर, प्रायः; २. आये दिन का, दैनिक, दैनंदिन। **a~** १. दैनिक समाचार-पत्र (बहुव० ~lies); २. (बोल०) (अमानी काम करनेवाली) दासी, मजदूरनी। **~bread**, रोज़ी, जीविका, जीवननृत्ति।

dainty (dān' ti) [O. F. *daintē*, L. *dignitātem*, acc. of *dignitās* (*dignus*, worthy)] सं० १. उत्तम या स्वादिष्ट भोजन, सुस्वादु लाद्य, तर माल; २. चुटकुला (शा० और ला०)। वि० १. बढ़िया; २. स्वादिष्ट, मज़ेदार, उत्तम, रुचिर, स्वादु, सुरस, मिष्ट; ३. सुस्वादु; ४. सुन्दर, रमणीय; ५. मनमोहक; ६. साफ़-सुथरा, अति-स्वच्छ; ७. मृदुल, ललित, मृदु, सूक्ष्म, कोमल; ८. नाज़ुक-मिजाज़; ९. आराम-तलब; १०. अति विनीत, अति सभ्य। **daintily** क्रि० वि० १. सफ़ाई से; २. आराम-तलबी से; ३. नफ़ासत से; ४. सुन्दरता से। **daintiness** सं० लालित्य, रुचिरता, सुथरापन, आराम-तलबी।

dairy (dār' i) [A.-S. *dæge*, a maid-servant (cp. DAY-WOMAN), -ERY] सं० १. डेयरी* (आ० भी), दुग्धशाला, गोशाला; २. कृषि-कार्य में दुग्ध-विभाग; ३. दूध आदि की दुकान। **~maid** अहीरिन, ग्वालिन। **~man** १. अहीर, ग्वाला, दूध, मक्खन आदि बेचने वाला हलवाई; २. (प्र०) डेरीवाला*। **dairying** सं० दूध रखने या पनीर, मक्खन आदि बनाने का ढंग या काम।

dais (dās) [A.-F. *deis*, O.F. *dois*, L. *discum*, acc. of *discus*, a quoit, late L. a table)] सं० चबूतरा, मंच, उच्च आसन।

daisy (dā' zi) [A.-S. *dæges ēage*, day's eye] सं० १. डेज़ी, गुलबहार, इस प्रकार के अन्य पौधे (विशे० ऑक्सार्ड डेज़ी; २. (ग्रा०) चोटी का बढ़िया नमूना। **~chain** गुलबहार का हार। **~cutter** १. बहुत कम पैर उठानेवाला घोड़ा, २. क्रिकेट में लुढ़कती हुई गेंद। **daisied** वि० डेज़ी से आवृत।

dak, dawk (dăk, dawk) [Hind.] दे० DAWK।

dal दे० DHAL।

dale (dāl) [A.-S. *dæl*, a valley (cp. Icel. *dalr*, Dan. *dal*. Goth. *dal*, G. *thal*)] सं० घाटी* (वि० १ भी), उपत्यका, कंदर विशे० उत्तर में, काव्य० में भी (जैसे hill and~)। **dale's-man** उपत्यका-निवासी, उत्तरी घाटियों का निवासी।

dally (dăl' i) [O.F. *dalier*, to chat] क्रि० अ० और स० १. जी बहलाना, दिलग्गी करना, विहार करना; २. हँसना-बोलना, प्रेम करना, कीड़ा करना; ३. नखरे करना, चोंचले करना, इठलाना; ४. टालमटोल करना, बिलम्ब या देर करना, समय काटना, सुस्ती करना; ५. सुस्ती या ऐयाशी में वक्त गँवाना। **~away** (समय या अवसर) व्यर्थ खोना, बिना काम काट देना। **dalliance** सं० १. रँगरेली, नखरा, हावभाव; २. विलास, क्रीडा, विहार; ३. टालमटोल; ४. विलंब।

Dalmatian (dăl mā' shi ăn) सं० (D. dog भी) डॉलमाशन, एक प्रकार का चितकबरा कुत्ता जो गाड़ी के साथ दौड़ने के लिए पाला जाता है।

dalmatic (dăl măt' ik) [F. *dalmatique*, L. *dalmatica*, orig. adj., of Dalmatia] सं० डालमाटिक, चौड़ी आस्तीन का ढीला

चोग़ा या लबादा जिसको पादरी (विशेष अवसरों पर) और सम्राट् या राजा (विशे० अभिषेक के अवसर पर) पहनते हैं।

daltonism (dawl' ton izm) [John *Dalton* (1766-1844), an English chemist, who suffered from this] सं० वर्णान्धता, रंगअंधापन, विशे० हरे और लाल वर्ण में भेद करने की असमर्थता।

dam[1] (dăm) [DAME] सं० जननी, मादा, प्रजनिका, (जानवरों की) माँ। **the devil and his ~** शैतानी शक्तियाँ, बुराई की शक्तियाँ।

dam[2] (dăm) [cp. O. Fris. *dam, dom.* Dut. *dam*, M. H. G *dam*, G. *damm*, Swed. and Dan. *dam*; also A-S. *fordemman*, to stop up] सं० १. सेतु, बंध, बाँध* (वि० १ भी)। बन्द, पुश्ता, (बाढ़ या पानी से बचाने के लिए) ऊँची सड़क; २. बाँध द्वारा अवरुद्ध जल। क्रि० स० १. बाँध बनाना, बंद बाँधना, बाँध से रोकना, बाँध द्वारा प्रवाह-रोध करना; २. रोकना, आबद्ध करना, बन्द करना, बाधा डालना (शा० और ला०)।

damage (dăm' ăj) [F., from *dam*, L. *damnum*, cost, loss] सं० १. हानि, क्षति, नाश, ध्वंस, क्षय, नुक़सान, घाटा, टोटा, हरजाना, क्षतिपूर्ति, किसी वस्तु के मूल्य या उपयोगिता को कम करनेवाली हानि; २. (क़ानून, बहुव०) तावान, हरजाना, दंड, हानिपूर्ति, क्षतिपूर्ति; ३. (गा०) कीमत, मूल्य, व्यय, खर्च (जैसे what's the ~?)। क्रि० स० हानि पहुँचाना, प्रतिष्ठा कम करना, मानहानि करना, कीर्ति को धक्का पहुँचाना (जैसे trying to ~ the go ernment); **a damaging admission** हानिकारक स्वीकारोक्ति। **damageable** वि० क्षतिपूर्ण, नाशयोग्य, नाशवान, नश्वर, बिगड़ने या खराब होनेवाली। **damages** सं० १. (बहुव०) क्षति* (शा० भी), नुक़सानी, हरजाना।

damascene (dăm ă sēn') [F. *damasquiner* (from L. *Damascênus* Gr. *Damaskênos*, of Damascus)] क्रि० स० १. (धातु पर सोने या चाँदी की) पच्चीकारी करना; २. (फ़ौलाद पर) पानी चढ़ाना, जौहर डालना, चमक लाना, जड़ाई करना।

damask (dăm' ăsk) [It. *damasco*, as prec.] सं० १. (~rose) दमिश्की गुलाब; २. उक्त फूल का रंग; ३. सकाशक, बेल-बूटेदार रेशमी वस्त्र; ४. धूप-छाँह; ५. दमिश्क का अथवा दमिश्क का-सा पानीदार या जड़ाऊ फ़ौलाद। वि० १. गुलाबी, गुलाब के वर्ण का; २. लाल सुर्ख, लोहित, रेशमी, जामदानी या जौहरदार, फ़ौलाद से बना हुआ या उससे मिलता-जुलता। क्रि० स० १. बेलबूटे बनाना या बनना; २. दे० DAMASCENE; ३. डिज़ाइनदार आभूषण बनाना; ४. (कपोल आदि को) लाल करना।

dame (dām) [O.F., from L. *domina*, fem. of *dominus*, lord] सं० १. (अप्र०, काव्य० या हास्य०) महिला, बड़ी-बूढ़ी; २. ईटन के आवास का प्रबन्धक या प्रबन्धिका; ३. (क़ानून) नाइट या नवाब की पत्नी, बेगम (साधारण रूप से इसका प्रयोग), महिला या देवी (lady) के अर्थ में किया जाता है; ४. ऑर्डर ऑफ़ ब्रिटिश एम्पायर की सदस्यता; ५. श्रीमती, सुश्री, मेडम की भाँति स्त्रियों के नामों के पूर्व प्रयुक्त, जो० बी० ई० में पद-प्राप्त (जैसे ~commander, grand cross); ६. प्रिमरोज़ लीग की प्रमुख सदस्या। **~school** वृद्धा के निरीक्षण में चलने वाली प्रारंभिक पाठशाला।

dammar (dăm' ăr) [Malay *damar*] डामर, राल, भारत तथा आस्ट्रेलिया के कोणधारी वृक्षों से प्राप्त एक तैल पदार्थ जो वार्निश बनाने में प्रयुक्त होता है।

damn (dăm) [O.F. *damner*, L. *damnāre*, from *damnum*, loss, a fine] क्रि० स० और अ० १. कोसना, लानत भेजना, निन्दा करना, धिक्कारना, फटकारना (जैसे ~a person's character); २. (नाटक का) आदर न करना, (खेल) बन्द करा देना; ३. रद्दी ठहराना, बेकार सिद्ध करना; ४. नरक में भेजना, नरक-दंड देना, अभिशाप देना, अनंतवेदना की प्राप्ति होना (इच्छार्थक प्रयोग जैसे may God ~ person or thing); ५. (बोल० में) निषिद्धार्थ (जैसे damned or I' will be damned, if I know etc.); ६. निन्दा, दोष, धिक्कार का कारण बनना या होना; ७. श्राप देना (जैसे ~ your eyes or impudence)। सं० १. शाप, श्राप, आक्रोश, निन्दा, धिक्कार; २. तुच्छ पदार्थ, नगण्य वस्तु (जैसे don't care a ~)। **~with faint praise** प्रशंसा में इतना व्यंग्य करना कि वह प्रशंसा न रहे, उस प्रशंसा में प्रशंसा करनेवाले की असहमति प्रकट हो। **damnable** (dăm' nă bel) वि० १. निंद्य, निन्दनीय, दंडनीय; २. धिक्कार योग्य, लानत योग्य; ३. घृणित, घृण्य, घिनौना, घृणास्पद, गर्हित, नारकीय, जघन्य, ४. रद्दी; ५. गड़बड़; ६. खिझानेवाला, चिढ़ पैदा करनेवाला, क्लेश पहुँचानेवाला। **damnably** क्रि० वि० निन्दा या घृणा से, निंद्य रूप में, लानत-मलामत के तौर पर। **damnation** (d m nā' shun) सं० १. (खेल तमाशे को) रद्दी ठहराना, बेकार सिद्ध करना; २. नरकवास, नरकदंड; ३. अभिशाप, (विस्म० may ~ take a person or thing, उस पर वज्र गिरे, उसको धिक्कार हो, उसका बुरा हो, वह नरक में जाय)। **damnatory** वि० १. निन्दास्पद, निन्दनीय, निन्दापूर्ण; २ धिक्कारपूर्ण; ३. तिरस्कृत; ४. दण्डाज्ञापूर्ण; ५. अभिशप्त, घृणास्पद। **damned** (dămd) वि० और क्रि० वि० (क्रियागत अर्थों से) १. निन्दित, घृणित, गर्हित; २. नरक योग्य; ३. अशाप्त, अवाछनीय, अग्रहणीय; ४. अन्तिम, अत्यन्त, बहुत अधिक (जैसे ~or damn' hot, funny आदि)। **the ~** नरक प्राप्त, अभिशप्त, नरकगत, गर्हित (आत्माएँ)। **damnify** (dăm' ni fi) क्रि० स० १. हानि पहुँचाना, नुक़सान पहुँचाना, क्षति पहुँचाना; २. कष्ट या चोट पहुँचाना, पीड़ा देना, आघात पहुँचाना। **damnification** सं० हानिकरण, क्षतिकरण, पीड़न। **damning** (dăm' ing) सं० (dămn के क्रियागत अर्थों में) (विशे०) फटकारना, कोसना, लानत करना, शाप देना, घृणा करना। **~evide ce** वि० (क्रियागत अर्थों में जैसे) दण्डापादक, फँसा देनेवाली गवाही, ऐसी गवाही जिससे अपराध पूर्ण रूप से सिद्ध हो जाय।

Damoclean (dăm o klē' ăn) वि० दामोक्लीस का, भयग्रस्त। **Damocles** सं० **sword of ~** सुख में बाधा डालने वाला खटका, मृत्यु के निकटस्थ विपत्ति, जोखिम या भय, निरंतर भय की स्थिति।

Damon and Pythias सं० और वि० अभिन्न मित्र, दिली दोस्त। **~friend ship** अभिन्न मैत्री या मित्रता, दिली दोस्ती।

damp (dămp) [cp. Dut. and Dan. *damp*, G. *dampf*] सं० १. नमी, तरी, आर्द्रता, सीलन, सील, गीलापन; २. उत्साह-भंग, निराशा, म्लानता, विषाद, विषण्ण, म्लान, उदासी (जैसे cast or strike a. ~over or into उत्साह भंग करना, आशा पर पानी फेरना)। **~hole** (black~ भी) दे० CHOKE'। **fire~** दे० FIRE[1]। वि० १. नम, तर, गीला, नम*; आर्द्र* (वि० १ भी), क्लिन्न, सीलनयुक्त, जलार्द्र, जलसिक्त; २. नम करना, तर करना। क्रि० स०

और अ० १. दम घुटना, साँस बन्द करना, गला घोंटना, अटकना; २. अनुज्ज्वल होना, बुझाना (जैसे ~down a fire आग को बुझाने या रोकने के लिए राख आदि डालना); ३. (संगी०), तार के कंपन को रोक देना; ४. (आग, उत्साह को) दबा देना, भंग करना, हिम्मत मारना, जी तोड़ना; ५. नम करना, गीला कर देना, आर्द्र करना। **~proof** वि० आर्द्रता-निरोधक, नमी रोकनेवाला, दे० PROOF। **~proof course** सील रोक, कंकरीट आदि की परत जो दीवार को सीलन या नमी से सुरक्षित रखे। **~off** (उद्यान०) (नमी या आर्द्रता के कारण गलकर और सड़कर गिर पड़ना)। **dampen** क्रि० स० और अ० (अधिकतर अमरीका में) आर्द्र करना, गीला करना, तर करना। **damper** सं० १. मदक, आर्द्र या म्लान करनेवाला, बुझा देनेवाला, दबा देनेवाला (व्यक्ति या वस्तु); २. (पियानो) ढँपेर, एक गद्दी जो ध्वनि को बन्द करने के लिए लगा दी जाती है और वक्त पर हटा दी जाती है; ३. अग्नि को नियंत्रित करने के लिए एक तवा, चूल्हे आदि का तवा; ४. कागज या टिकट आदि को तर करने की गद्दी या कल; ५. (आस्ट्रे०) पकाया हुआ केक। **dampish** वि० थोड़ा तर, नम। **damply** क्रि० वि० नमी के साथ, आर्द्रता से। **dampness** सं० सील, गीलापन, तरी, आर्द्रता*/ सीलन*/ नमी* (वि० १ भी)।

damsel (dăm' zĕl) [O.F. *domoisele*, late L. *domin cella* (cp. DAMOISEAU)] सं० (अप्र० और साहि०) बाला, कुँवारी, कन्या, कुमारी, बालिका, युवती, किशोरी, कुमारिका, अविवाहिता।

damson (dăm' zŏn) [M. E. or A.-F. *damascene*, L. *Damascēnum*, of Damascus] सं० १. आलूबुखारा; २. आलूबुखारा का वृक्ष। वि० आलूबुखारे के रंग का। **~cheese** आलूबुखारे का मुरब्बा। **~coloured** वि० आलूबुखारे के रंग का।

dan[1] सं० (~buoy भी) १. डैन बोया, पीपा, एक छोटा-सा पीपा जो गहरे समुद्र में मछली के शिकार के समय चिह्न के लिए प्रयोग में लाया जाता है (जिसमें दिन में झंडा और रात में प्रकाश की चिमनी लगी होती है)। **danner, ~-layer** सं० समुद्र में इस प्रकार के पीपे डालने वाला जहाज।

dan[2] सं० खानों में कोयला ढोने की छोटी गाड़ी या ट्रक।

dan[3] (dăn) [O.F. *dans*, nom. *dan*. acc., from L. *dominus -um*. lord] सं० १. मॉन्क (मठवासी) नाम के पूर्व प्रयुक्त उपाधि; २. वह सम्माननीय उपाधि जो व्यक्तिगत नामों के पहले दी जाती है (जैसे श्री, श्रीमान, महाशय, मिस्टर आदि प्राचीन कवियों के पौराणिक नामों के पूर्व प्रयुक्त)।

Danaos दे० TIMEO।

dance (dans) [O.F. *danser*, O.H.G. *donsôn*, to draw us in a dance] क्रि० अ० और स० १. नचाना, नाचना, नृत्य करना; २. आनंद में कूदना, उछलना; ३. खुशी से जल आदि में नीचे-ऊपर होना या जल को हिलाना; ४. (विशिष्ट प्रकार का) नृत्य करना; ५. (बच्चे को) नीचे-ऊपर नचाना, उछालना; ६. नचाना (रीछ आदि)। सं० १. नाच, नृत्य, नर्तन; २. विशिष्ट प्रकार का नृत्य; ३. चक्कर, गश्त, मोड़; ४. नृत्य के साथ मिलाया जानेवाला सुर; ५. नृत्य-मंडली। **a ~ of death or of Macabre** मध्यकालीन चित्रों के विषय जिसमें मौत (मृत्यु-दूत) धनी-निर्धन सबको क़ब्र तक पहुँचाती दिखाई गई है। **St. Vitus's ~** (विशे० बच्चों का नृत्य) जिसके कारण शरीर के विभिन्न अंग अनायास हिलते रहते हैं। **to lead one a ~** किसी को व्यर्थ के चक्कर में डाल देना, भटकाना, निरर्थक कार्य में फँसाना। **~attendance (upon person)** हाजिरी बजाना, दरबारदारी करना, सदा साथ लगे रहना। **~away, off, into etc.** झुलाना, झिलाना, नृत्य करते हुए ले देना या प्राप्त करना। **~to one's time or pipe** (किसी के) इशारे पर चलना। **~upon nothing** फाँसी पाना, फाँसी पर चढ़ना। **dancer** सं० (क्रियागत अर्थों में (विशे०) नचनिया, नर्तक, नर्तकी, नट, नटी। **merry dancers** उत्तरी प्रकाश, ध्रुव पर की प्रकाशधारा, सुमेरु ज्योति।

dandelion (dăn' de li ŏn) [F. *dente de lion*, lion's tooth] सं० कुकरौंधा, सिंहपर्णी, पीले फूल का एक प्रकार का पौधा जिसके पत्ते दनदानेदार होते हैं।

dander[1] (dăn' dĕr) [Sc. and dial, perh. conn. with DANDLE] क्रि० अ० इधर-उधर बेकार फिरना।

dander[2] (dăn' dĕr) [etym. doubtful] सं० (बोल०, विशे० अम० में) कोध, गुस्सा, नाराज़गी, रोष। **get one's ~up** कोधित होना, कोध में आना, कोध दिलाना, कुपित होना या करना, गुस्सा दिलाना।

Dandie Dinmont सं० टेरियर (छोटे शिकारी कुत्ते) की एक जाति।

dandle (dăn' del) [cp. L.G. *dand-* (W. Flem. *damderen*, to bounce up and down); and It. *dandolare*, from *dandola*, *dondola*, a doll or puppet] क्रि० स० १. (बच्चे को) घुटनों पर उछालना, गोद में उछालना, झुलाना, खेलाना; २. लाड़प्यार करना, हिलाना, दुलारना।

dandruff (dăn' drŭf) [prob. a comb. of Yorks, *dander*, scurf on the skin, and *hurf* (cp. Icel. *hrufa*, scab)] सं० शिरोमल, सिर की खाँस, रूसी, बफ़ा, दारुण।

dandy[1] (dăn' di) [Sc. var. of *Andrea*] सं० और वि० १. बाँका, छैला, सुथरा, सुवसन, ठाठ-बाट वाला, बना-ठना आदमी, सुबेशी; २. (बोल०) बढ़िया, उम्दा, उत्तम, उत्कृष्ट, गरिमापूर्ण, श्लाघ्य, पहले दर्जे का; ३. डैंडी, विशेष प्रकार से सजा हुआ एक मस्तूल वाला जहाज-विशेष। **~brush** (झुंड मछली की हड्डी का बना हुआ) खरहरा, घोड़े के रोयें साफ़ करने के लिए दाँतीदार कंघी। **~cart** कमानीदार गाड़ी जिस पर दूध ले जाया जाता है। **dandiacal** वि० बाँका, बना सँवरा, ठाठ वाला। **dandify** क्रि० स० बाँका बनाना, छैला बनाना, बनाना-सँवारना। **dandification** सं० बनाव-सिंगार। **dandyish** वि० बाँका-सा, छैला-सा, सुवेशपूर्ण। **dandyism** सं० बाँकपन, छैलापन।

dandy[2] (dăn' di) [Negro corr. of DENGUE] सं० दे० DENGUE।

dandy[3] (dăn' di) [Hind. *dāndī* from *dānd*, an oar] सं० डाँडी, भप्पान, झंपान, तामदान (पर्वतीय प्रदेशों में सवारी का एक विशिष्ट साधन)।

Dane (dān) [Dan. *Daner*, O. Teut. *Daniz*, pl.] सं० १. डेन्मार्की, डेन्मार्क देश का निवासी; २. (इति०) इंग्लैण्ड पर आक्रमण करनेवाले उत्तर के निवासी। **Great ~** छोटे बालों-वाला ताक़तवर नस्ल का कुत्ता।

danger (dān' jer) [O.F. *dangier*, *dong.er*, ult. from L. *dominium*, from *dominus*, lord] सं० १. भीति, डर, जोखिम, संकट, खतरा, खटका, भय, शंका, खौफ़, अंदेशा, संशय, आपदा, अनर्थ, आपत्ति; २. (रेलवे) खतरे का चिह्न, निशान (जैसे signal is at~); ३. खतरे की चीज़, भय का कारण (जैसे ~to the peace of Europe, to navigation)। **in~of** घटने वाली, घटित होने वाली आदि। **dangerous** वि० १. खतरनाक, संकटपूर्ण,

भयावह घोर, कराल, भयंकर, डरावना; २. घातक, नाशक, प्राणहर, संकटात्पद; ३. कड़ा, उग्र, कठोर। **dangerously** क्रि० वि० खतरे से, भय के साथ, भयपूर्वक, विषम या भयंकर रूप से।

dangle (dăng' gĕl) [etym. doubtful; cp. DING, also Dan. *dangle*] क्रि० अ० और स० १. झूलना, झुलाना, हिलाना, लटकना, लटकाना; २. झुलाते या लटकाते हुए ले जाना; ३. (~before a person) ललचाना, लालच देना; ४. पीछे-पीछे फिरना, पीछे लगे रहना, (प्रेमी, अनुयायी या अद्धालू की तरह) मँडराना, घूमना, पीछे-पीछे डोलना। **dangler** सं० १. लटकने वाली, झूलने वाली (वस्तु); २. पीछे लगे रहने वाला (प्रेमी, अनुयायी)।

Daniel (dăn' yĕl) [from *Dan*, i.-vi. and *Merchant of Venice*, IV sc. 1] सं० १. सच्चा न्यायकर्त्ता; २. निरपेक्ष अथवा सुविज्ञ विचारक, ऐसा व्यक्ति जिसके भ्रांत होने की संभावना न हो।

Danish (dā' nish) [A.-S. *Denisc*] वि० डैनिश, डेन्मार्क का, डेन्मार्क वाला, डेन्मार्की। सं० डेन्मार्क की भाषा, डैनिश।

dank (dăngk) [cp. Swed dial *dank*, a marshy p ace, Dan. dial. *dunkel*, moist] वि० १. रसता हुआ, लथपथ, भीगा हुआ, सिक्त; २. सीला, आर्द्र, तर (अप्रिय या अहितकर रूप से); ३. आर्द्र (हवा, मौसम आदि)।

Dantean (dăn tē' ăn) वि० और सं० १. दांते (प्रसिद्ध कवि) का या उससे संबद्ध (विद्यार्थी); २. दांते के ढंग पर, शैली पर या उसकी विवृति (विवरण) को स्मरण दिलाता हुआ। **Dantesq .e** (dăn tesk') वि० दांते की प्रणाली का, उसकी शैली, उसके विवरण का। **Dantist** सं० दांते की शैली का प्रेमी, प्रशसक, अनुयायी।

dap (dăp) [CP. DIP, DAB] क्रि० अ० १. पानी में डाल कर या डुबा कर शिकार करना; २. धीरे से डुबाना; ३. (गेंद) उछालना. (गेंद का) उछलना या टप्पा खाना। सं० टप्पा, उछाल तुल० DAB।

daphne (dofi' ni) [Gr.] सं० डाफ्ने, एक प्रकार की फूलदार झाड़ियाँ।

dapper (d f' ĕr) [cp. Dut. *dapper*, G. *tapfer*, brave] वि० १. साफ़-सुथरा, स्वच्छ; २. चुस्त, तेज़, फुर्तीला, तत्पर।

dapple (dă' pel) [cp. Icel. *depill*, a spot, dim. of *a pi*, pool] क्रि० स० और अ० धब्बे डालना, चित्रित करना, चित्र-विचित्र करना, रंग-बिरंगा करना, पँचरंगा करना या होना। **~grey** करा, चितकबरा (घोड़ा), भूरे रंग का, गहरे भूरे धब्बों वाला (घोड़ा)। **dappled effect** सं० रंग-बिरंगी, रंग-बिरंगा, चितकबरा।

darbies (dar' biz) [etym. doubtful] सं० (बहुव०, प्रा०) हथकड़ी।

Darby and Joan सं० चिरदम्पति, प्रेमी वृद्ध पति-पत्नी।

dare (dâr) [A.-S. *durran*, to dare, pres. *dearr*, *durron*, past *dorste* (cp. Gr. *tharsein*, to be bold); the present is an old past tense, and consequently *dare* survives as 3rd sing. along with *dares*] क्रि० स० १. साहस करना, हिम्मत करना, दिलेरी करना (जैसे I ~swear विश्वास के साथ, he ~to insult me); २. प्रयत्न करना, कोशिश करना, खतरा मोल लेना, मुक़ाबला करना, जोखिम में पड़ना (जैसे ~all things, a leap, the event, person's anger); ३. चुनौती देना, सामना करना, ललकारना, मुक़ाबले में आना, युद्ध के लिए आह्वान करना (जैसे I ~say मैं चुनौती देकर कहता हूँ, मैं मानने को तैयार हूँ); ४. धृष्टता करना। सं० चुनौती, ललकार। **~devil** १. दुस्साहसिक (व्यक्ति), बेधड़क, निडर; २. बेपरवाह, लापरवाह; ३. अपरिणामदर्शी (व्यक्ति)। **daring** सं० (विभागत अर्थों में) (विशे०) बहादुरी, साहस, दिलेरी, हिम्मत, साहसिकता, वीरता, निर्भीकता। वि० (विभागत अर्थों में) (विशे०) साहसी, दिलेर, निडर, निर्भीक। **daringly** क्रि० वि० हिम्मत के साथ, साहस के साथ, बहादुरी से, बेधड़क, निर्भीकतापूर्वक।

darg (darg) [Sc.; corr, of *day work*] सं० (स्कॉट०) एक दिन का कार्य, दिन भर का काम, कार्य की निर्धारित मात्रा, निश्चित कार्यकलाप।

dari दे० DURRA।

dark (dark) [A.-S. *deor.*] वि० १. तिमिरावृत्त, अँधेरा, धुंधला; २. अंधकारमय, तमावृत्त, काला; ३. मलिन (जैसे ~lantern ऐसी लालटेन जिसे ढँका जा सकता हो); ४. सांवला, श्याम, स्याह, असित, कृष्ण; ५. (विशे०) वर्ण के विशेषणों के पूर्व जोड़ा जानेवाला (जैसे ~brown); ६. खाकी, भूरा, स्लेटी; ७. अस्पष्ट; ८. मनहूस, बुरा, खल; ९. निंद्य, गर्ह्य, असुन्दर (~side of things); १०. उदास, निराशापूर्ण, उद्विग्न (जैसे a ~humour) बंकिम; ११. गूढ़, रहस्यमय, अज्ञात, नामालूम, अप्रसिद्ध, (जैसे ~saying, oblivion); १२. गुप्त (जैसे keep thing~); १३. अज्ञेय, दुर्बोध, दुर्ज्ञेय, अनजाना, अल्पज्ञात (जैसे ~horse, बुड़दौड़ में अप्रत्याशित जीतनेवाला घोड़ा और व्यक्तियों के विषय में लाग०); १४. प्रभाहीन, प्रकाशहीन, निरभ्र (जैसे in the darkest ignorance). १५. धूमिल*; अदीप्त* (अ०भौ०)। सं० १. अँधेरा, धुप, प्रकाशहीनता, तिमिर, (विशे०in the ~). २ सांझ, शाम, संध्या, सायं (a~); ३. काला रंग, कृष्णवर्ण, कालापन, स्याही (विशे० चित्रकला में the lights and darks of a picture); ४. अज्ञानता, अनजानपन, अनभिज्ञता (जैसे am in the ~about it)। **in the ~** बेखबरी या अनजान में। **keep~** अपने को गुप्त (छिपा कर) रखना। **leap in the~** बिना समझे-बूझे काम उठाना, कोई कार्य कर बैठना, खतरे में पड़ना, साहसिक कार्य करना। **the ~ages** मध्य युग, रोम साम्राज्य के पतन (३९५ ई०) और दसवीं शताब्दी के अंतिम काल के बीच का समय। **the~ continent** अल्पज्ञात खंड, अफ्रीका। **~room** (फ़ोटोग्राफ़र की) अँधेरी कोठरी। **darkish** वि० कुछ काला, कुछ अँधेरा, धुंधला-सा। **darkly** क्रि० वि० अस्पष्टत:, धुंधलेपन से, अव्यक्त रूप से। **darkness** (dark'nes) सं० १. अंधकार, अँधेरा; २. धुंधलापन; ३. अज्ञान। **Prince of~** शैतान, पिशाच।

darken (dar'kĕn) [as prec.] क्रि० स० और अ० १. अँधेरा करना या होना, अँधेरा छाना, धुंधला करना, तिरोच्छन्न करना; २. कलुषित करना, दूषित करना; ३. काला करना, ४. उदास होना या करना; ५. मंदाग्नि। **~counsel** उलझे हुए मामले में और उलझन पैदा करना, आपत्ति बढ़ा देना, अस्पष्ट या जटिल करना। **~one's door** (किसी के घर) भेंट करने जाना, मिलने जाना।

darkle (dar' kĕl) क्रि० अ० १. छिपे रहना या होना; २. अँधेरा हो जाना। **darkling** क्रि० वि० और वि० अँधेरे में, अंधकार में, धुंधला, अंधकारपूर्ण।

darksome (dark' sŏm) वि० (काव्य) धुंधला, प्रभा-रहित, अंधकारमय, तमोवृत।

darky, -ey (dar' ki) सं० (बोल०) नीग्रो, हबशी।

darling (dar' ling) [A.-S. *dŏrling* (*dŏor*, DEAR-LING)]

सं० और वि० प्रिय, प्रियतम, प्यारा, स्नेहपात्र, दुलारा (व्यक्ति या पशु)।

darn[1] (darn) [cp. A.-S. *gedyran*, to hide, to stop up a hole] क्रि० स० रफू करना, जाली डालना, कपड़े के छेद को तागे से भरना। सं० रफू किया हुआ भाग। **darning** सं० रफू, रफूगीरी, रफू करना* (आ० भी)। **~ball, last** रफू करने के फ़रमा, रफू करने के लिए गोला।

darn[2] (darn) क्रि०स० (प्रा०) लानत करना। (विस्मय०) (DAMN का अपभ्रंश)।

darnel (dar' nel) [etym. doubtful (cp. Walloon *darnelle*)] सं० डार्नेल, अनाज के साथ उगनेवाली विलायती घास।

dart (dart) [O.F. *dart* (F. *dard*), prob, from L.G. (cp. A.-S. *daroth*, a javelin, O.H.G. *tart*, a dart)] सं० १. शस्त्र, बर्छी; २. भाला; ३. सींग; ४. तीर, बाण; ५. कीड़े आदि का डंक; ६. लपक, झपट; ७. बर्छी, तीर आदि अस्त्र फेंकने की क्रिया; ८. (वि० १) प्रासक*। क्रि० स० और अ० १. बर्छी, तीर आदि अस्त्र फेंकना या चलाना; २. भाला, सींग आदि चलाना; ३. तेजी से या अचानक (दृष्टि, कोध, प्रकाश) पड़ना या डालना; ४. किसी दिशा में तीव्रगति से बढ़ना, झपटना, लपकना। **dar.er** सं० (क्रियागत अर्थों में) १. डार्टर, एक प्रकार का समुद्री पक्षी; २. (बहुव०) पक्षियों का एक भेद, चिड़ियों की एक जाति; ३. एक प्रकार की मछली, डार्टर मछली* (वि० १ भी)। **dartle** क्रि० स० और अ० १. तीव्रगति से झपटते रहना, तेजी से लपकते जाना, २. (तीर आदि) फेंकते रहना। **darts** सं० (बहुव०) निशानेबाजी का एक खेल।

Dartmoor सं० डार्टमूर, प्रिस टाउन के निकटस्थ (डार्टमूर का) जेलखाना।

Dartmouth सं० १. डार्टमाउथ, डार्टमाउथ में राजकीय सामुद्रिक विद्यालय; २. बिस्कुटों का एक भेद।

Darwinian (dar win' i án) वि० और सं० १. डार्विन का; २. डार्विनवादी, डार्विनानुयायी, चार्ल्स डार्विन या उनके (विशे०) जाति-विकास संबंधी मत पर विश्वास करनेवाला। **Darwinism** सं० १. डार्विनता, विकासवाद, प्रोट्टिकास, प्रकृत्या-वरणवाद, डार्विन का जाति-विकास का सिद्धान्त, डार्विनवाद* (वि० १ भी)। **Darwinist** सं० और वि० डार्विनवादी, डार्विन के सिद्धान्त को माननेवाला। **Darwinisti:** वि० डार्विन के मत से संबंधित। **Darwinite** सं० और वि० डार्विन के सिद्धान्त का अनुसरण करनेवाला, उनका मतानुयायी, उनके वंशज, डार्विन को माननेवाला। **Darw nize** क्रि० स० और अ० डार्विन के सिद्धान्त पर चलना या चलाना, डार्विन के मत का अनुसरण करना।

dash (dāsh) [cp. Dan. *daske*, to slap, Swed. *daska*, to beat L.G. *daschen*, to thrash] क्रि० स० और अ० १. पटकना, टुकड़े-टुकड़े करना, जर्रा-जर्रा करना, चूर-चूर करना, खंड-खंड करना, भग्न करना, विदीर्ण करना (जैसे flowers dashed by rain); २. धक्का देना, ढकेलना, ठोकर मारना, ठेस लगाना, टकराना, चलाना, पटकना, दे मारना; ३. (पानी आदि के) छींटे डालना, छींटे उड़ाना, छिड़कना (जैसे dashed with colour); ४. तरल करना, पानी मिला कर पतला करना, मिश्रित करना, मिलाना, मिश्रण करना (किसी की आशाओं को पानी पर) व्यर्थ करना, दबाना, तोड़ना, भंग करना, साफ़ में मिलाना, मिट्टी में मिलाना, पानी फेरना; ५. (निंद्य आदि का) घसीटना; ६. लपकना, झपटना, गिरना, जा पड़ना; ७. तेजी से चलना, तेजी से गिर पड़ना; ८. टक्कर खाना, टकराना; ९. इतरा कर चलना, शान से चलना, शान दिखाना। सं० १. छपछपाहट, पानी के टकराने की आवाज़ या शब्द, पानी से टकराने की आवाज़; २. रंग की झलक, रंग का धब्बा; ३. मेल, मिश्रण, पुट (शराब, नसल आदि का); ४. फ़ज़ीद-लिखावट, तेज़ी से कलम चलाना; ५. डैश* (वि० १ भी), निर्देशक चिह्न, छूटे हुए वर्णों और अक्षरों को व्यक्त करने का चिह्न (– –); ६. धावा, झपट, चढ़ाई, आक्रमण, प्रबल आघात; ७. तुरत-फुरत, गर्मी या जोश का काम, उत्साहपूर्ण कार्य; ८. दिखावटी आकृति या बनावटी वर्णन। **cut a ~** खूब शान दिखाना। **~board** मडगार्ड, गाड़ियों में कीचड़ के उड़ने को रोकने की पंखी या तख्ता, मोटरगाड़ी में चालक के सामने लगा तख्ता जिसपर गतिमापी और अन्य यंत्र लगे होते हैं। **dasher** सं० (क्रियागत अर्थों में) १. चूर-चूर करनेवाला, धक्का देनेवाला, टकराने वाला, पटकने वाला; २. (विशे०) मथानी। **dashing** वि० १. साहसी, उतावला, अधीर, मस्त, शान दिखाने वाला; २. तीव्रगामी। **dashingly** क्रि० वि० झटके से, वेग से, तेजी से, शान से, दिखावे से।

dastard (d s' tard) [prob. from DAZE, -ARD] सं० १. डरपोक, बुजदिल, कापुरुष, कायर, भीरु, दबक जानेवाला, संकट-भीरु; २. कर्त्तव्य-भीरु; ३. (विशे०) अपने पर खतरा मोल लिये बिना, निर्भय कार्य करनेवाला। **dastardly** वि० भीरु, डरपोक, साहसहीन। **dastardli:ess** सं० १. बुजदिली, भीरुता; २. नामर्दी।

Dasyure (dăs' i ūr) [Gr. *dasus*, hairy, rough, *oura*, a tail] सं० डैस्यौर, कंगारू की विशेषतावाली वाला और बिल्ली की तरह का एक छोटा हिंसक पशु जो आस्ट्रेलिया और तस्मानिया में पाया जाता है।

data सं० १. (साध्यिकी) आँकड़े* (आ० वि० १ भी), दत्त*; उपात्त* (वि० १ भी); २. आधार-सामग्री (एकव०); दे० DATUM।

dataller, day- taler सं० रोजीना मजदूर, अमानी काम करनेवाला।

date[1] (dāt) [F. from late L. *data*, given, fem. p.p. of *dare*, to give (referring to the time and place at which a letter was given)] सं० १. तारीख, दिनांक, तिथि, मिति, काल, समय; २. घटना की तिथि, घटना-काल; ३. (बोल०) वादा (मिलने का), वचनबद्धता; ४. युग (पुरा० संबंधी); ५. (अप्र० और काव्य०) अवस्था, उम्र, आयु, वय। क्रि० स० और अ० १. तारीख डालना, तारीख लिखना, दिनांकित करना (जैसे dated from London); २. समय की गणना करना (जैसे dating from the creation); ४. (किसी काग़ज़ पर) तारीख का रहना, मौजूद होना; ५. (किसी समय से) प्रारंभ होना, शुरू होना। सं० १. (कला, शैली आदि के लिए) भूतकाल या विशिष्ट काल में मान्य होना, ७. अव्यवहार्य होना, प्राचीन होना। **(up) out of ~** अप्रचलित होना, पुरातन या प्राचीन (होना), व्यर्थ या बेकार (होना), परित्यक्त, अव्यवहार्य (होना)। **up to ~** वर्तमान समय तक ठीक-ठीक, आधुनिक। **~line** १. अक्षांश, ग्रीनविच से १८०° देशान्तर जिसके पूर्व और पश्चिम के समय में अन्तर पड़ जाता है; २ समाचारपत्र की तिथि या स्थान आदि की पंक्ति। **datable** वि० जिसकी तारीख निर्धारित की जा सके। **dateless** वि० १. बेतारीख, तिथिहीन, अदिनांकित, जिस पर तारीख न पड़ी हो; २. अनन्त, ३. अति प्राचीन, अत्यरणीय, अतिशय पुरातन। **dater** सं० तारीख डालने वाला, दिनांक-मुद्रक।

date[2] (dāt) [O.F., from L. *dactylus*, Gr. *daktulos*, a finger, a date] सं० खजूर का वृक्ष या फल; २.(~palm भी) छुहारा, ताड़।

dative (dā' tiv) [L. *dativus*, pertaining to giving (*dáre*, to give)] वि० और सं० १. संप्रदान-द्योतक; २. प्रदत्त, निर्दिष्ट।

~case सं० संप्रदान कारक, चतुर्थी विभक्ति। **dational** वि० संप्रदान कारक संबंधी। **datively** क्रि० वि० संप्रदान कारक के रूप में या की दृष्टि से।

datum (dā' tŭm) [L. neut. p.p. of *dāre*, to give] सं० (बहु० ~ta) १. उपात्त, ज्ञात या स्वीकृत तत्त्व, निर्दिष्ट तथ्य या सिद्धान्त; २. दी हुई या मानी हुई बात; ३. माप-तौल, इकाई; ४. (बहु० भी) किसी भी प्रकार का तथ्य, टिप्पणी, नोट, सामग्री न्यास, आँकड़ा। **~ordnance** ८० ORDNANCE।

datura (dā tū' rā) [Hind. *dhatūra*] सं० धतूरा।

daub (dawb) [O.F. *dauber*, to plaster, L. *dealbāre*, to whitewash (DE-, *albāre* from *albus*, white)] क्रि० स० और अ० १. (दीवार आदि पर) चिलेपन या पलस्तर करना, मिट्टी से लीपना, पोतना (with के साथ); ३. मलिन, दूषित या कलुषित करना; ४. (रोगन या चिकनाई) लगाना, थोपना; ५. गंदला करना, मैला करना, धब्बा डालना, दाग़ लगाना; ६. चित्र पर रंग थोपना, कुचित्रित करना, फूहड़पन से रँगना। सं० १. लेपन, पुताई, लीप-पोत, लेपन की सामग्री; २. दूषण, कलुष; ३. भद्दा चित्र, भोंड़ी तस्वीर, भोंड़ी चित्रकारी। **dauber, daubster** सं० अकुशल लेपक या चित्रकार, बुरी तरह से रंग पोतनेवाला। **dauby** वि० भद्दा, बुरा (चित्र आदि)।

daughter (daw' tĕr) [A.-S. *dohtor* (cp. Dut. *dochter*, G. *tochter*, Gr. *thugatēr*, Sansk, *duhitā*)] सं० १. बेटी, लड़की, पुत्री, दुहिता, आत्मजा, सुता, नंदिनी; २. किसी विशेष नसल या जाति या परिवार की स्त्री, औरत; ३. स्त्री जो किसी व्यक्ति या वस्तु की आध्यात्मिक या मानसिक सतति हो, ४. नारी रूप में आरोपित निर्जीव वस्तु या पदार्थ (जैसे Fortune and its ~ confidence; ~ language)। **step~** सौतेली लड़की, विमातृजा, सपत्नीसुता। **~-in-law** पुत्रवधू, पतोहू, बहू। **daughterhood** सं० पुत्रीपन, बेटी होना, पुत्री होना। **daughterly** वि० पुत्रीवत्, कन्योचित, लड़की की तरह, पुत्री की तरह।

daunt (dawnt) [O. F. *danter* (F. *dompter*), L. *domitāre* (freq. of *domāre*, to tame)] सं० १. हतोत्साह करना, भग्नोत्साह करना, हिम्मत तोड़ना; २. डराना, धमकाना, भीत करना; ३. (हेरिंग मछली को) दबा कर पीपे में भरना या ठूँसना। **dauntless** वि० १. निडर, साहसी, निर्भय, निर्भीक, अभीत; २. दिलेर, हिम्मत वाला, दृढ़तापूर्वक लगा रहनेवाला। **dauntlessly** क्रि० वि० निर्भीकतापूर्वक, निडरपन से। **dauntlessness** सं० निर्भीकता, अभय।

dauphin (daw' fin) [O.F. *daulphin*, L *dephinus*, DOLPHIN] सं० फ्रांस का युवराज, फ्रांस का ज्येष्ठ राजकुमार। **dauphiness** सं० ज्येष्ठ राजकुमार की पत्नी, राजवधू।

davenport (dăv' en pôrt) [prob. from the first maker] सं० लिखने की एक दराजदार मेज।

David and Jonathan सं० घनिष्ठ-मित्र-द्वय, चिर-मित्र द्वय (जैसे कृष्ण-सुदामा)।

davit (dăv' it) [formerly *david*, prob. from the Christian name] सं० डेविट, क्रेन, डेवी, जहाज का लंगर उठाने और नाव को लटकाने का यंत्र।

davy (dā' vi) [short for AFFIDAVIT] सं० (ग्रा०) क्षपथ। **take one's ~** शपथ लेना।

Davy Jones (dā vi jōnz) [origin unknown] सं० एक काल्पनिक दुष्ट प्रेतात्मा जिसका समुद्र पर आधिपत्य है। **Davy Jone's locker** सं० १. गहरा समुद्र; २. जल-समाधि (समुद्र में)।

Davy lamp [the inventor, Sir Humphry *Davy* 1778-1829)] सं० निरापद लैंप, खनिकों का डेवी (लैंप) जिससे खान के अन्दर आग लगने का भय नहीं रहता।

daw (daw) [cp. O. L. G. *dāha*, O.H.G. *tāha*, G. *dohle* (imit. in origin)] दे० JACKDAW।

dawdle (daw' dĕl) [prob. a recent var. of DADDLE] क्रि० अ० और स० १. वक्त गँवाना, कालक्षेप करना, २. बेकार फिरना; ३. सुस्ती या ऐयाशी में समय नष्ट करना। **~away** (समय आदि) गँवाना, नष्ट करना। **dawdler** सं० समय गँवाने वाला, बेकार फिरनेवाला।

dawk (dawk), **dak** (dak) [Hind. *dāk* (prob. comm. with Sansk. *drāk*, quickly, from *drā*, to run] सं० डाक, चिट्ठी, पत्र। **~bungalow** डाक-बंगला।

dawn (dawn) [M.E. *dawnen*, earlier *dawen*, DAW] क्रि० अ० और स० १. प्रकट होना, मालूम होना, खुलना, शुरू होना, आविर्भूत होना; २. पौ फटना, तड़का होना, दिन निकलना, सुबह होना, उजाला होने लगना (दिन, सूर्य के प्रकाश, प्रभात, सूर्य-किरणों से प्रकाशित भू-भाग, मन, बुद्धि, सभ्यता में स्पष्ट होनेवाली वस्तुओं का)। सं० १. प्रत्यूष, भोर, तड़का, सबेरा, सूर्योदय, अरुणोदय, उषा, उषाकाल, प्रभात; २. शुरू, प्रारंभ, सूत्रपात। **to~upon** प्रकट होना, प्रत्यक्ष होना, समझ में आना। **dawning** सं० पूर्व दिशा। **first dawnings** शुरू, प्रारंभ।

day (dā) [A.-S. *dæg* (cp. Dut., Dan. and Swed. *dag*, G. *tag*)] सं० १. दिन, दिवस, वासर, प्रभात से सायंकाल तक, २ भोर, तड़का, उषा काल, सुबह की रोशनी, दिन का प्रकाश, ३. रात दिन, आठों पहर, समाम दिन, अष्टयाम, २४ घंटे, ४. तारीख, तिथि, रात के बारह बजे से अगली रात के बारह बज तक का समय, ५. निर्दिष्ट पर्व आदि की तिथि (जैसे Christmas, birth day); ६. दोनों ओर से स्वीकार्य तारीख या तिथि; ७ जीत, जय, फतह, विजय, सफलता; ८. काल, समय, दौर, वक्त, जमाना, युग, ९. जीवन-काल, जीवनावधि, समृद्धिकाल, कार्यकाल, शासन-काल आदि। **all, all the~** क्रि० वि० पूरे दिन, दिन भर। **at, to, this~** (एकव०) आज। **before, at~** दिन के पहले, दिन होने के बाद। **better days** (प्रायः बहुव०) अच्छे दिन, अच्छा समय, उन्नति-काल, समृद्-काल, ऐश्वर्य-काल। **birth~** जन्मदिन, जन्म-दिवस। **break of~** भोर, तड़का, सुबह, उषा, उषाकाल, प्रभात। **by~** दिन में। **call it a ~** काम बद कर देना, यह मान लेना कि उसने एक दिन का काम किया है। **civil~** हिसाबी दिन। **carry, win the~** जीत, विजय। **clear as ~** दिन की तरह स्पष्ट, साफ़। **creature of a ~** अल्पकालीन, अस्थायी, अल्पजीवी। **Christmas ~** बड़ा दिन। **~about** एक दिन के अंतर पर, अँतरे दिन। **~and night** क्रि० वि० रात-दिन, दिन-रात, निशिवासर। **~after~, from~to~, every~** दूसरे दिन, २४ घंटे अनवरत। **~by~** क्रि० वि० हर रोज, प्रतिदिन, दिन-प्रतिदिन, रोजाना। **end one's days** (बहुव०) मृत्यु, मौत। **every dog has h s ~** कोई भी हमेशा बदक़िस्मत नहीं रहता, सबका समय बदलता है, सौ बरस बाद घूरे के भी दिन फिरते हैं। **fallen on evil days** (बहुव०) बुरे दिन, कठिनाई के समय, दुर्दिन में, कष्ट में, विपत्ति में। **first~** रविवार। **in broad~** दिनदहाड़े। **in the days, the days of old, in days to come, men of**

other days (प्राय: बहुव०) अनुक (व्यक्ति के) काल में, पुराने समय में, आने वाले दिनों में, पुराने समय के व्यक्ति, प्राचीनता के अनुयायी। **keep one's ~** समय की पाबदी रखना, समय का पक्का होना। **know the time of ~** समय की गतिविधि से वाकिफ होना, सावधान रहना, चौकस रहना, परिचित होना, जाग्रत होना। **lost the ~** हार, शिकस्त, पराजय। **men of the ~** किसी भी समय के महान् व्यक्ति, किसी काल का सर्वप्रमुख व्यक्ति। **one ~** क्रि० वि० किसी दिन, एक दिन, भूत या भविष्य का कोई अनिर्णीत दिन। **o. one's ~** किसी के उन्नतिकाल में। **one day, on. of these days or fine days** एक दिन, निकटतम दिन। **one's ~** अतिथियों के स्वागत-सत्कार के लिए घर पर होना विशे० सप्ताह में एक दिन, मुलाक़ात का दिन। **pay ~** भुगतान की तारीख, वेतन-दिवस, तनख्वाह मिलने का दिन। **present ~** (एकव०) आजकल, आधुनिक (काल)। **s dereal ~** सौर्य दिन से कुछ कम। **solar or astronomical ~** सौर दिन, दोपहर से दोपहर तक का समय। **some ~** क्रि० वि० भविष्य में कभी, किसी दिन। **sufficient for the ~ is the evil there of** निराशावादी मत बनो, पहले से ही आपत्ति की आशा मत करो। **the other ~** थोड़े दिन पूर्व, कुछ समय पूर्व। **these days** क्रि० वि० इन दिनों, आजकल। **this ~, week, month, year** आज के दिन से एक सप्ताह, एक मास, एक वर्ष, पहले या बाद में। **twice a ~** दिन में दो बार, दे० A²। **~boarder** वह विद्यार्थी जो पाठशाला में भोजनादि करे किन्तु घर पर सोये। **~book** रोजनामचा, कच्ची बही, पतिदिन के हिसाब की बही। **~boy** विद्यार्थी जो छात्रावास में नहीं बल्कि अपने घर पर रहे। **~break** भोर, तड़का, सुबह, उषा, उषाकाल, प्रभात। **~dream** दिवास्वप्न, खयाली पुलाव, हवाई महल। **~dreamer** हवाई महल बनानेवाला, ख्याली पुलाव पकानेवाला। **~dreaming** दिवा-स्वप्न देखना। **~fly** वह कीड़ा जो केवल एक दिन जीवित रहता है। **~labourer** रोजदार, दैनिक श्रमिक, रोजहा मजदूर, दिहाड़ीदार, नियत पारिश्रमिक पर रोजाना काम करनेवाला मजदूर। **~long** वि० और क्रि० वि० तमाम दिन, पूरे दिन, दिन भर, दिन भर का, पूरे दिन का। **~owl** बाज, एक शिकारी पक्षी जो दिन में शिकार करता है। **~room** केवल दिन में प्रयुक्त होनेवाला कमरा, (विशे०) पाठशाला का सार्वजनिक निवास-कक्ष। **~school** दिन का स्कूल जो रात को न लगे। **~spring** (काव्य०) उषाकाल, अरुणोदय। **~ticket** दैनिक टिकट, एक दिवसीय टिकट, वह टिकट जिससे एक दिन के अन्दर आना-जाना हो। **~time** दिन का समय. (विशे०) दिन के वक्त में।

daylight (dā' lit) सं० १. दिवालोक, सर्यप्रकाश, दिन का प्रकाश; २. स्पष्टता ३. भोर, प्रातःकाल, उषाकाल (जैसे before, at ~); ४. दो वस्तुओं के बीच की दूरी (जैसे दौड़ की नावों या शराब के तल और गिलास के किनारे या सवार और घोड़े की जीन में)। **le ~ into** (प्रा०) छुरी या खंजर भोंक देना या गोली से मार डालना। **no ~** पूरा, भरापूरा, भरपूर, भरा हुआ। **~saving** घड़ी आगे करके समय की बचत करना (जैसे दूसरे महायुद्ध में भारत में किया गया था)।

daze (dāz) [M.E. *dasen* v.t. and i (cp Icel. *dasask*, to become weary, refl of *dasa*)] क्रि० स० १. हक्का-बक्का कर देना, स्तंभित कर देना, स्तब्ध कर देना; २. चकड़ा देना, परेशान कर देना, क्षुब्ध करना; ३. चौंधिया देना, चकित करना, चकाचौंध करना। सं० १. चकाचौंध; २. घबड़ाहट, हैरानी, बदहवासी। **dazedly** क्रि० वि० घबड़ाहट से, अप्रतिपूर्वक, हक्का-बक्का होकर।

dazzle (dăz' zel) [freq. of prec.] क्रि० स० १. चकाचौंध करना, चौंधियाना (दृश्य, आँख, व्यक्ति), (अतिशय प्रकाश, पैनी द्युति, असंख्य अंकों आदि से) वशीभूत करना, चकरा देना, चकित कर देना, हतप्रभ कर देना, मन्त्र कर देना; २. (धा० और ला० दिमाग, व्यक्ति) चकरा देना, घबड़ा देना; ३. आकुल कर देना या आश्चर्य में डालना, विस्मित करना। सं० चकाचौंध, जगमगाहट, दमक, चमक-दमक, तड़क-भड़क। **~lamps or ligh s** मोटरकार का चकाचौंध करनेवाला प्रकाश, ऐसी बत्तियाँ। **~paint** जहाज की चकाचौंध करनेवाली पालिश (रोगन) जिसके कारण शत्रु उसके मार्ग या आकार को नहीं समझ पाते। **dazzlement** सं० चकाचौंध। **dazzlingly** क्रि० वि० चकाचौंध से, चौंधियाते हुए।

D-Day सं० डी-दिवस, ६ जून १९४४ का दिन, जब ब्रिटेन तथा अमरीका की सेनाओं ने उत्तरी फ्रांस पर आक्रमण किया था।

de- [L. *de*, prep, and *de-*, pref; or from F. *dé-*(L. *dis-*, *de-*).] उप० १. नीचे (जैसे depend); २. दूर (जैसे defend, deduce, deprecate); ३. संपूर्णता; पूर्णरूप से (जैसे declare, denude); ४. कम करने के अर्थ में (प्राय: L dis- परंतु de-भी जो प्राय: इसी अर्थ में प्रचलित उप० है जैसे decentralize, denazify); ५. (रसा० और वन०) दूना, दुगुना, दुबारा (जैसे decomposit , decompound); ६. निषु*, निर*/ अप*/ अव*; प्रति*; वि०*

deacon (dē' kŏn) [A.-S., from L. *diāconus*, Gr. *diakonos*, a servant] सं० १. डीकन (प्राचीन गिरजाघर में) दान के लिए नियुक्त प्रबंधक (पादरी); २. विशप और प्रीस्ट (पुरोहित) के बाद तीसरे दर्जे का अधिकारी; ३. धार्मिक संगठन के सांसारिक कार्यों का प्रबंध करने वाला, ईसाई अधिकारी। **deaconess** सं० स्त्री डीकन, प्राचीन तथा कुछ आधुनिक गिरजाघरों की वह स्त्री जिसका कर्तव्य डीकन का सा होता है। **deaconship** सं० डीकन का पद।

dead (ded) [A.-S., *dēad*, from Teut. stem *dau-*, to die (cp Dut *dood*, Dan. and Swed *død*, G. *tot*)] वि० १. बेजान, मर्दा, मृत, निर्जीव, प्राणहीन, मरा हुआ, २. सुन्न, जड़, निश्चल, सुप्त (हाथों आदि का), ३. आध्यात्मिकता से शून्य; ४. अप्रचलित, पुराना, ५. जड़, चेतनाशून्य, निष्प्राण; ६. गूढ़, बूझा हुआ; ७. शांत, सुस्त, मंदा, उदास, दीप्तिहीन, बेरौनक, बेरोशनी; ८. शक्तिहीन; ९. ढँका हुआ, छिपा हुआ; १०. काहिल, निश्चेष्ट, आलसी, अकर्मण्य। सं० आखिरी वक्त, अंतिम समय (जैसे ~ of night, in the~ of winter)। क्रि० वि० १. एकाएक, अचानक, तमाम, पूरा, पूर्ण, संपूर्ण; २. ठीक-ठीक, सही, यथार्थ (जैसे a ~ stop)। ३. (गोल्फ़) गेंद का सराख के अति समीप होना, सराख में डालने लायक हुरी के अन्दर, ४. गंभीरता से, पूर्णतया, संपूर्णत:, समस्त रूप से, पूरे तौर से, बिल्कुल, पूरा-पूरा (जैसे ~ keep, level, straight, tired drink)। **a~ calm** पूर्ण शांति। **a~ certainty** बेशक निश्चय, अचूक फैसला। **be in~** सजीदगी, गंभीरता। **be in~ earnest** पूरी तरह तत्पर, अत्यंत उत्सुक। **~and gone** गया-गुजरा, गया-बीता। **~ as a doornail** बिल्कुल मुर्दा, पूर्णत. मृत। **~men tell no tales** मुर्दे भेद नहीं खोल सकते। **~on the target** सीधा निशाने पर, ठीक लक्ष्य पर। **~to** किसी वस्तु की ओर से अबेत, असावधान। **from the ~** मुर्दों में से, मृत व्यक्तियों में से। **the ~** मुर्दों में से, मृत व्यक्तियों में से। **wind falls ~** वायु का वेग घट गया है। **~against** बिल्कुल खिलाफ़, नितांत विरुद्ध। **~alive**

जीवन्मृत, निरुत्साह। **~arch, window etc.** कृत्रिम नक़ली महराब, खिड़की आदि। **~ba'l** खेल की सीमा के बाहर का गेंद। **~beat** f० परिक्लांत, थक कर चूर, पस्ता खाने में असमर्थ। सं० (ग्रा०) निकम्मा, मुफ़्तखोर, बाहियात। **~brand, cool** बुझी हुई लकड़ी का कोयला। **~end** वह स्थान जहाँ रेस आदि की लाइन समाप्त हो जाती है, आखिरी सिरा। **~eye** (नौ० वि०) गोल और चपटा कुंदा जिसमें रस्सा डालने के तीन छेद होते हैं। **~fence** लकड़ी आदि का बाड़ा या घेरा। **~fire** संत इल्मों की अग्नि (जहाज पर दिखाई पड़नेवाली अग्नि) जिसे मृत्यु का संकेत माना जाता है। **~freight** सामान ढोनेवाले जहाज के उस भाग का भाड़ा जिस पर सामान नहीं लादा जा सकता। **~gold** बिना चमकाया हुआ सोना। **~gr'und, water** मैदान या जल जहाँ किले की तोप या बंदूक का निशाना नहीं पहुँच सकता। **~hand** दे० MORTMAN. प्रायः विरोध के अर्थ में। **~head,** बिना टिकट के नाटक देखनेवाला या यात्रा करनेवाला। **~heat** सं० दौड़ में बराबरी। वि० अ० और स० दौड़ में बराबरी करना या कराना। **~hours** रात का सुनसान समय। **~house** शवगृह। **~language** अप्रचलित या मृत भाषा (जैसे प्राचीन ग्रीक भाषा)। **~letter** १. अप्रचलित विधि, विधि जो अब मान्य न हो; २. वह पत्र जिसका प्राप्तकर्ता न मिले। **~light** (नौ० वि०) अँधौटी, झिलमिली जो तूफ़ान में जहाजी कमरों की खिड़कियों को सुरक्षित रखें जिससे बाहर के दृश्य दिखाई न पड़ें। **~line** १. निर्दिष्ट सीमा जिसके आगे जाना सम्भव नहीं है या जिसके आगे जाने की अनुमति नहीं है; २. समय की निश्चित अवधि; ३. अमरीका के जेलों की व्यायामशाला में खिंची हुई रेखा जिसको पार करने पर कैदी को गोली मारी जा सकती है। **~lock** गतिरोध, जिद, गत्यवरोध, वह अवस्था जब अत्यधिक जटिलता के कारण मामला आगे न बढ़ सके। **~loss** अपूरणीय क्षति। **~man or marines** खाली बोतलें। **~man's finger, hand, thumb** रंग-बिरंगे फूलों तथा विचित्र पौधों के भेद। **~man's (or men's) fingers** झींगा मछली या केकड़े के गलफड़े में अँगुलियों का सा विभाग। **~man's handle** सम्पर्क-हस्तक, बिजली की गाड़ी का हैंडिल या हत्था जो चलानेवाले के मरने या बीमार पड़ने के साथ ही गाड़ी को स्वयं रोक देता है। **~march** शव के साथ का बाजा। **~nettle** बिच्छू से मिलता-जुलता पौधा जिसके स्पर्श से जलन नहीं पैदा होती। **~~office** शव-संस्कार। **~point or centre** स्थिर केन्द्र, वह स्थल जहाँ पिस्टन का सब से कम या सब से ज़ादा दबाव पड़ता है, जहाँ वह शक्तिहीन हो जाता है। **~pull, I ft** दूभर, भारी बोझ। **~reckoning** (नौ० वि०) अज्यौतिष गणना, गप-गणन, दूरस्थ गणना, लकड़ी के कुंदे अथवा कुतुबनुमा आदि से जहाज की स्थिति का ज्ञान, पता लगाना जबकि कुछ दिखाई न पड़ता हो। **~season** मौसम का अंत। **~shot** घातक या अचूक लक्ष्यभेदी, अचूक निशाना लगानेवाला। **~sound** प्रतिध्वनि न करनेवाली आवाज़। **~spit** (बोल०) हुबहू। **~stock** १. गड़ी रकम; २. वह पूंजी जो कारोबार में न लगी हुई हो; ३. जाकटी सामान, बिक्री न होने योग्य सामान। **~weight** १. कुल भार; २. गतिहीन, निश्चल, निर्जीव-पदार्थ; ३. (ला०) कर्ज, ऋण आदि।

deadness सं० १. मृत्यु, मौत; २. सुस्ती, बेकारी।

deaden (dedn) [from prec.] क्रि० स० और अ० १. प्राणशक्ति, मार्मर्य, दीप्ति, संवेदनशीलता आदि से वंचित करना या होना; २. अचेत या संज्ञाहीन करना या होना।

deadly (ded' li) [A.-S. *dēadlic*] वि० १. घातक, प्राणघातक, जानलेवा, मारक, प्राणांतक, प्राणनाशक; २. भीषण, तीक्ष्ण, जहरीला, विषैला (जैसे ~night shade); ३. निंद्य, निंदनीय, घृणास्पद, गर्हणीय (जैसे ~sin); ४. कठोर, बेरहम, ज़ालिम, तहस-नहस कर देनेवाला, परस्पर विध्वंसकारी, परस्पर नाश करनेवाला; ५. मौत-सा, मौत का सा (जैसे ~paleness, faintness, gloom) क्रि० वि० १. मृतवत्, मुर्दे की तरह (जैसे a white faint); २. निहायत, अत्यत, अत्यधिक, अति, बिल्कुल (जैसे ~tired, dull)। **deadliness** सं० १. प्राणघातकता; २. भयंकरता।

deaf (def) [A.-S. *dēaf* (cp. Dut. *doof*, Dan, *døv*, G. *taub*; also Gr. *tuphlos*, blind)] वि० १. बहरा, बधिर, ऊँचा सुननेवाला या जिसे सुनाई न दे; २. सुसंगति और सुर-तालबद्धता आदि के प्रति उदासीन, उपेक्षापूर्ण, बेपरवा, सुनी अनसुनी करनेवाला, सख़्त, प्रतिकूल। **the~** बहरे आदमी, बहरा समाज। **turn a~ear to** सुनी अनसुनी करनेवाला, सुनी अनसुनी कर देना। **~and dumb alphabet, language** बहरे के समझने के संकेत, भाषा आदि। **~mute** गूंगा-बहरा व्यक्ति। **~nut** बिना गूदे का। **deafly** क्रि० वि० १. बहरेपन से; २. असावधानी से। **deafness** सं० १. बहरापन, बधिरता (आ० भी); २. असावधानी।

deafen (defn), क्रि० स० १. बहरा करना, कान फोड़ना (शोर गुल मचा कर); २. तेज आवाज़ में बोलना (दूसरी आवाज़ को) सुनने न देना; ३. (कमरे के फ़र्श आदि को) शब्दहीन कर देना, ऐसा फर्श बनाना जिस पर आवाज़ का असर न हो।

deal[1] (dēl) [A.-S. *dæl*, a share, a portion (cp Dut and Dan. *deel*, O.H.G. *teil*, G. *theil*, whence *delan*, to divide] सं० १. प्राचुर्य, बाहुल्य, पर्याप्त (परिमाण), बहुत, खूब या प्रचुर मात्रा; २. (ग्रा०) बहुत कुछ (a~); ३. (ये मुहाविरे क्रि० वि० के रूप में) पर्याप्त, प्रभूत परिमाण में, (विशे० तुल० सर्वोत्कृष्ट रूप में) बहुत अधिक, बहुत; ४. बाँट, बांटने की बारी (जैसे my ~); ५. (बोल०) सौदा, लेन-देन, क्रय-विक्रय; ६. बेईमानी का धंधा (भी)। क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० dealt) १. देना, बाँटना, हिस्सा बाँटना, वितरण करना, विभाजित करना (उपहार, दान आदि); २. (व्यक्ति को) उसके हिस्से के रूप में देना या क़िस्मत के प्रतिदान-स्वरूप देना (विशे० भगवद्विधान आदि संबंधी, जैसे dealt him happiness, good measure); ३. व्यक्ति संबंधी (विशे० ~a blow केवल या at के साथ, शा० और ला०); ४. (खिलाड़ियों को) ताश के पत्ते बाँटना, खिलाड़ी को (ताश, जीते हुए पत्ते आदि) देना; ५. लेन-देन करना; ६. संग-साथ करना (विशे० निषेधार्थ में जैसे refuse to~with); ७. क्रय-विक्रय करना; ८. भिड़ जाना, लगे रहना, व्यस्त रहना, संलग्न रहना; ९. वादविवाद करना; १०. प्रतिवाद करना, उपाय करना; ११. (क्रि० वि० के साथ) व्यवहार करना, (अच्छा-बुरा) बर्ताव करना। **a great, good~** पर्याप्त (परिमाण), प्रचुर या बहुत (मात्रा में)। **a raw~** (बोल०) दुर्व्यवहार। **New~** १९३२ और उसके बाद के वर्षों में रूजवेल्ट के शासन द्वारा आयोजित सामाजिक और आर्थिक सुधार-कार्यक्रम। **square~** (बोल०) न्याय, सद्व्यवहार। **~fish** पट्टी मीन। **dealer** सं० (किसागत अर्थों में) १. (विशे०) ताश के पत्ते बाँटने वाला; २. व्यापारी, विक्रेता, सौदागर; ३. व्यवहारी, व्यवहार तथा बर्ताव करनेवाला. ४. पंडिता, व्यवसायी। **dealing** सं० १. व्यवहार* (प्र० भी), आचरण;

२. लेनदेन* (प्र० भी), कारबार, क्रय-विक्रय, सौदा; ३. ताश का वितरण, बाँट।

deal[3] (dēl) [cp. A.-S. *thille*, THILL (prob. through L.G. dele or Dut. *deel*)] सं० १. डील, ६ फुट लं०, ७ से ६ इंच तक चौड़ा और अधिक से अधिक ३ इंच मोटा पीड या देवदार की लकड़ी का तख्ता; २. इस प्रकार के तख्तों की माप या परिमाण; ३. देवदार या चीड़ की लकड़ी।

deambulation (dē ăm bū lā' shŭn) [L. *deambulātio*. from *deambulāre* (DE-, *ambulāre*, to walk)] सं० चलना, टहलना। **d ambul·t·ry** वि० चलनेवाला, टहलनेवाला।

dean[1] (dēn) [O.F. *deien*, L. *decānum*, acc. of *decānus*, one set over ten (*decem*, ten)] सं० १. बड़े गिरजे के पादरी-वर्ग का अध्यक्ष, अधिष्ठाता, २. (tur.l~भी) वह पादरी जिसको एक भाग पर अधिकार प्राप्त हो; ३. डीन, (कालेजों का) एक अध्यापक-अधिकारी; ४. डीन, (अनेक आधुनिक विश्वविद्यालयों में) संकाय का प्रमुख; ५. शाखाध्यक्ष* (प्र० भी); दे० DOYEN। **deanry** सं० १. डीन का दफ्तर या घर; २ डीन, पादरी का अधिकृत प्रदेश।

d·an[2], **-dene**[1] (dēn) [A.-S. *denu*] सं० घाटी (विशे० dean, dene, -den में अंत होनेवाले स्थानों के नामों में)।

dear (dēr) [A.-S. *dēore* (cp Dut. *dier*, O.H.G. *tiuri*, G. *teuer*)] वि०, सं० और क्रि० वि० १ प्रिय, दयित, वल्लभ, कांत, इष्ट, २. अभीप्सित (प्रायः वातचीत के सिलसिले में विनम्रता या व्यंग्यात्मक ढंग से, जैसे my~sir); ३ कीमती, बहुमूल्य, महँगा (जैसे to buy~ अथवा ~shop, year); ४. आँख की पुतली, चहेता। विस्म० (~me! oh~!) आश्चर्य, दुःख, सहानुभूति आदि के द्योतक। **for~life** मानो जान जोखिम में। **~money** उच्च ब्याज का रुपया। **dearly** क्रि० वि० १ प्यार से, २. महँगाई से। **dearness** सं० १. प्यार, प्रेम, प्रीति, अभीष्टता; २ महँगाई। **deary, -ie** सं० (प्रायः संबो०) प्यारे! प्रिय!

dearth (dĕrth) [M.E. *derthe*, from A.-S. *dēore*, DEAR] सं० १ दुष्काल, दुर्भिक्ष, २ खाद्य पदार्थ की कमी और महँगाई; ३ अभाव, तंगी, कमी, किल्लत, टोटा, न्यूनता, दुष्प्राप्यता।

death (deth) [A.-S. *dēath*, from Teut. stem *dau-*, to die (cp. Dut *dood*, G. *tod*)] सं० १. मौत, मरण, मृत्यु* (आ० भी०), अंतकाल, निधन, देहावसान, देहांत, परलोकवास, २. जीवन-समाप्ति या जीवन का अंत; ३. वध, हत्या; ४. मिटना, नाश, विनष्ट करनेवाली मूर्तिमान शक्ति; ५. निराध्यात्मिकता, आध्यात्मिक जीवन का अभाव, आध्यात्मिक मृत्यु। **at death's door** मरणासन्न, मौत के निकट, तरने के किनारे, मृत्यु के समीप। **be~on** १. (प्रा०) शिकार में दक्ष; २. (ला०) किसी कार्य में सिद्धहस्त। **be in at the~** १ लोमड़ी को मारी जाते देखना; २. (ला०) किसी कार्य को समाप्त होते देखना। **be the~of** मृत्यु का कारण बनना, मार डालना, घातक होना। **Black~** चौदहवीं शताब्दी में यूरोप में फैला हुआ प्लेग। **catch one's~**प्राणांतक, सर्दी आदि लगना। **civil~**देश निकाला, न्यायालय की शरण से बाहर। **everlasting~**नरक-दण्ड, नरक-भोग, अनन्त मृत्यु। **field of~** युद्धस्थल। **it is, we make it,~to** मृत्यु ही इसका दण्ड है। **~adder** घातक विषैले सर्पों की जातियाँ। **~bed** मृत्युशय्या। **~bed repentance** (ला०) नीति में इतनी देर से परिवर्तन कि उसका भाव ही न रहे। **~blow** प्राणघातक आघात (शा० और ला०)। **~duties** मृत्यु कर। **~-feud, war to the~** प्राणांतक विरोध, जब तक कोई मारे या मरे नहीं। **~-mask** मृत व्यक्ति के मुख का आवरण जिसे उतार लिया गया हो। **~-rate** मृत्यु-औसत, मृत्यु-अनुपात, १००० जनसंख्या पर मृत्यु की औसत। **~-rattle** घटका, मृत्यु के समय गले की घर्घराहट। **~-roll** मृतक-तालिका, मृत या मारे गए व्यक्तियों की सूची। **death's-head** मरणशीलता का निशान, कपाल या खोपड़ी, एक प्रकार का कीड़ा जिसकी पीठ पर खोपड़ी का निशान रहता है। **~trap** मर्यकर स्थान, मौत का स्थान। **~-warrant** १. अपराधी की फाँसी के लिए आज्ञापत्र, (ला०) मौत का परवाना; २. रीति-रिवाज की समाप्ति आदि। **~-watch** डेथवाच, कीड़ों के प्रकार जिनकी ध्वनि मृत्यु-सूचक मानी जाती है। **deathless** वि० चिरस्थायी, अमर, अनश्वर, अविनाशी। **deathlessly** क्रि० वि० अमर रूप से, अनश्वर की तरह, चिरस्थायी ढंग से। **deathlessness** सं० अमरत्व, अनश्वरता, मरणशून्यता। **deathlike** वि० और क्रि० वि० १. मृत-सा, मुर्दे का सा, मृतवत्; २ सुनसान। **deathly** वि० और क्रि० वि० १. मृत्युतुल्य; २. फीका; ३. सुनसान। **deathwards** वि० और क्रि० वि० मरणोन्मुख, मृत्यु की ओर।

deb सं० (बोल०) DEBUTANTE का लघु रूप।

debacle (dā bā'kl') [F. *débâcle*, n. from *débâcler*, to unbar (DE-, *bâcler*, to bar)] सं० १. हिमभंग, हिम स्फुटन; २. विध्वंस; ३. असफलता; ४. पतन; ५. उथल-पुथल, उलट-पलट; ६. आकस्मिक परिवर्तन; ७. गड़बड़, भगदड़।

debar (de bar') क्रि० स० १. विवर्जन, रोकना*, वर्जन करना* (प्र० भी), रोक लगाना, प्रतिबन्ध लगाना, वंचित रखना; २. बहिष्कार करना, निकाल देना, अलग रखना, दूर रखना; ३. प्रवेश वर्जित करना; ४.नहीं देना। **debarred** वि० विवर्जित* (विधि भी)। **debarment** सं०रोध*/ वर्जन*/ वारण* (प्र० भी)।

debark (de bark') *débarquer*] क्रि० स० और अ० दे० DISEMBARK। **debarkation** सं० उतराई, नाव पर से उतार।

debase (dē bās') क्रि० स० १. अपकृष्ट या भ्रष्ट करना, पतित करना, बेइज्जत करना; २. गिराना, गुण, मूल्य या चरित्र को घटाना; ३. दूषित करना; ४. (सिक्कों की धातु में) खोट मिलाना, मिलावट करना। **debasement** सं० १. अधोगति, अपकर्ष, हीनता; २. खोटापन; ३. अवमानना, अवज्ञा; ४. लघूकरण।

debate (de bāt') [O.F. *debatre* (DE-, low L. *battere*, from L. *batuere*, to beat)] क्रि० स० और अ० १. लड़ना, झगड़ा करना, युद्ध करना (जैसे long debated the victory); २. विवाद करना (एक प्रश्न या समस्या पर); ३. तकरीर करना, बहस करना, तर्क-वितर्क करना, वाद विवाद करना (विशे० संसद या सार्वजनिक सभा में); ४. सोचना, विचार विमर्श करना। सं० १. वाद-विवाद, बहस, प्रतिवाद, पर्यालोचन, चर्चा, तर्क-वितर्क, सार्वजनिक रूप से विचार-विमर्श। **debatable** वि० विवाद्य, विवादास्पद, विवादग्रस्त, वाद-विवाद करने योग्य; २. संदिग्ध, संदेहास्पद। **~ground** (शा० और ला०) विवाद का कारण, विवादास्पद सीमा। **debater** सं० वाद-विवादी, बहस करने वाला।

debauch (dē bawch') [F. *débaucher*, O.F. *desbaucher*

(DE-, perh. *bauche*, a workshop)] क्रि० स० १. चरित्रहीन करना, पथभ्रष्ट करना; २. ऐयाश बनाना, ऐयाशी में लगाना, विषयासक्त करना, विषयभोग के प्रति अनुरक्त करना; ३. (किसी स्त्री को) फुसलाना, बहकाना, उसका सतीत्व भ्रष्ट करना; ४. दूषित करना (रुचि या निर्णय को)। वि० विषयी, इन्द्रियासक्त, व्यभिचारी। **debauchable** वि० १. विषयासक्त होने योग्य; २. दूषित होने योग्य; ३. फुसलाने योग्य। **debauchee** (deb o shē' sē० बहुत ऐयाश, कामासक्त, व्यभिचारी, कामी, कामुक, विषयी। **debauchery** सं० ऐयाशी, व्यभिचारिता, कामुकता, इन्द्रियलोलुपता।

debenture (de ben' -chūr) [L. *débentes*, they owe (*débēre*, to be due)] सं० १. (पारिभाषिक) ऋण-पत्र, बाउचर जो राजकीय परिवार या सरकारी कार्यालय को सामान देने के बदले (व्यक्ति को) अपना हिसाब लेने के लिए दिया जाता है; २. ऐसा ऋण-पत्र; ३. चुंगी की वापसी की रसीद. ४. साधारण अर्थों में प्रतिज्ञा पत्र, नियम-पत्र, नियम-लेख, किसी संघ का ऋण-पत्र, किसी कंपनी में लगाए हुए रुपये पर ब्याज मिलने का दस्तावेज या ऋण-पत्र; ५. डिबेंचर* (विधि भी)। **~stock** ऐसी पूँजी जिस पर केवल ब्याज मिलना रहे।

debilitate (de bil' i tāt) [L. *débilitātus*, p.p. of *débilitāre*, to weaken, from *débilis*, weak] क्रि० स० कमजोर करना, निर्बल करना, क्षीण करना (शारीरिक प्रकृति आदि को)।

debility सं० दौर्बल्य, शक्तिहीनता, शक्तिलय, कमजोरी, दुर्बलता, क्षीणता, कृशता (तंदुरुस्ती, अभिप्राय आदि की)।

debit (deb' it) [L. *débitum*, DEBT सं० १. व्यवकलन, उधार खाते इंदराज; २. उधार खाता (बायीं ओर) जिनमें इनका इंदराज होता है। क्रि० स०: १. किसी के नाम उधार लिखना; २ नाम डालना* (वि० १ भी): ३. ऋणांकन करना; ४. नाम डालना* नाम में डालना* (प्र० भी)।

debliai सं० (किले आदि की दीवाल बनाने के लिए) खाई में खोदी गई मिट्टी।

debouch (de boosh') [F. *déboucher*, lit. to uncork (*bouche*, the mouth)] क्रि० अ० (सेना का, नदी, शरण का भी) कंदरा या जंगल आदि से निकल कर मैदान में आना। **debouchment** सं० बहिर्गमन, संकीर्ण स्थल से निकल कर प्रकट होना या फैलना।

Debrett सं० ब्रिटेन के कुलीन वंशों की जॉन डेब्रेट द्वारा तैयार की गयी सूची (~Peerage) के लिए प्रयुक्त।

debris (deb' rē) [F. *débris*, fragments, from *débriser* (DE-, *briser*, to break)] सं० मलबा* (वि० १ भी), कूड़ा-करकट, बिखरे हुए रोड़े, टुकड़े।

debt (det) [M.E and O.F. *dette*, L. *débitum*, neut. p.p. of *débēre*, to owe (*b* the result of acquaintance with the L. word)] सं० १. कर्ज, उधार, ऋण* (विधि भी), ऋण, आभार, जिम्मेदारी; ३. देन, अनुग्रह। **floating ~** अल्पकाल-ऋण, ऋण का वह हिस्सा जो तकाजे पर या निर्धारित समय पर चुकाया जाय। **funded ~** निधिबद्ध ऋण, सरकारी कर्ज का कुछ हिस्सा जिसे फंड के रूप में परिवर्तित कर दिया जाता है और उस पर केवल ब्याज दिया जाता है। **National ~** सरकारी ऋण। **small ~** वह सीमित राशि जो काउंटी अदालत में वसूल की जाती है। **~collector** महाजन की ओर से ऋण एकत्र करनेवाला व्यक्ति। **~of honour** वैधानिक दृष्टि से न प्राप्त होनेवाला ऋण (विशेष जुए में हारा गया धन)। **debtor** सं० १. कर्जदार, ऋणी* (विधि भी); २. देनदार; ३. खातारी; ४. (मुनीमी) ऋण का खाता, नामे, बायीं ओर का शीर्षक (संक्षेप० Dr.)।

debunk (de bŭngk') क्रि० स० १. (बोल०) पर्दाफाश करना, झूठी भावना को खत्म करना, भंडाफोड़ करना (व्यक्ति, ख्याति, समाज, संस्था, धर्म आदि के संबंध में); २. (प्रसिद्ध व्यक्ति की) प्रसिद्धि का आधार समाप्त कर देना, स्थानच्युत करना।

debus (dē bŭs') क्रि० स० और अ० (सवारियों या सामानों को) उतारना, बस या गाड़ी से उतारना।

deca-, dec- [Gr. *deka*, ten] यूनानी शब्द deka (दस) का सामासिक रूप जो कई पारिभाषिक शब्दों में प्रयुक्त होता है। **deca-chord** (dek' á kôrd) [L. *decachordus*., Gr. *dékakordos* (*Chordē*, string)] सं० दस तारों वाला एक यूनानी वाद्य यंत्र।

decade (dek' ād) [F. from L. *decadem*, acc. of *decas*, Gr. *dékas -ados*, from *deka* ten] सं० १. दस्सा, दस का समूह; २. दशक, दशाब्दी, दसबरसी, दस वर्ष; ३. एक रोमन इतिहासकार लिवी के इतिहास की पुस्तक के भाग, जिनमें से प्रत्येक दस-दस अध्यायों में विभक्त है। **decadic, -al** वि० दस वर्षीय, दस साला, दस-दस का।

decadence (dek' á dēns) [F. *décadence*, late L. *décadentia* (DE-, *cadere*, to fall)] सं० अवनति, अधोगति, गिरावट, ह्रास, क्षय, पतन, (विशेष कला या साहित्य के किसी काल के चरमोत्कर्ष के उपरान्त प्रयुक्त)। **decadent** वि० ह्रासोन्मुख, क्षीयमाण, दोषयुक्त और विलष्ट शैली का प्रयोग करनेवाला (लेखक या कलाकार)।

decagon (dek' á gon) [Gr. *gonos*, angled)] सं० दशभुज* (वि० १ भी), दस भुजाओं और दस कोणों वाली समतल आकृति। **decagonal** वि० दशभुजी, दशभुजवाला।

decagram (dek' á gram) सं० ३५३ ऑस।

decalcify (dē kăl' si fī) क्रि० स० (हड्डी आदि से) अस्थि चिकूर्णन. कैल्शियम का अंश निकालना।

decalitre (dek' á lē tēr) सं० लगभग २¼ गैलन।

decalogue (dek' á log) [F. *décalogue*, L. *decalogus*, Gr. *dekálogos* (DECA-, -LOGUE)] सं० दस शील, ईश्वर की दस प्रधान आज्ञाएँ जो मोजेज को ज्ञात हुई थीं।

Decameron (de kăm' ēr ŏn) [It. *Decamerone* (DECA-, Gr. *hēmera*, day; on anal. of *hexámeron*, corr. of Gr. *hexaēmeron*)] सं० कहानी-संग्रह (जैसे बोकैशियो के एक Decameron दल द्वारा १० दिन में सुनाई हुई १०० कहानियाँ)।

decametre (dek' á mē tēr) सं० लगभग ३२ फुट ६ इंच।

decamp (de kămp') [F. *décamper* (DE-, CAMP)] क्रि० अ० १. डेरा कूच करना, पड़ाव छोड़ना, डेरा या कैम्प उठाना; २. भाग जाना, रफूचक्कर होना, फ़रार होना, गायब होना, रुपोश होना, चुपचाप चल देना। **decampment** सं० १. कूच; २. पलायन।

decanal (de kā' năl) [L. *decānus*, DEAN] वि० १. डीन या डीन के पद का; २. डीन के प्रदेश या कार्यालय से संबंधित; ३. गिरजा की गायक मंडली के दक्षिण का।

decant (de kănt') [F. *décanter*, med. L. *décanthāre* (DE-, *canthus*, Gr. *kanthos*, corner of the eye, lip

---

a=आ, (Father) फ़ादर, ā=ए, (Fate) फ़ेट, ă=अ, (Fat) फ़ैट, a=ऑ, (Fall) फ़ॉल, A=एअ, (Fair) फ़ेअर, e=ए, (Bell) बेल; ē=ई, (Her) हर, ĕ=इ, (Bet) बेट, i=आइ, (Bite) बाइट, o=ओ, (No) नो; ŏ=ऑ, (North) नॉर्थ, oo=ऊ, (Food) फ़ूड; ŭ=उ, (Bull) बुल; u=यू, (Use) यूज़; ou=आउ, (Bout) बाउट, oi=ऑइ, (Join) जॉइन।

of a cup, CANT)] क्रि० स० १. उँडेलना, निकंठन करना; २. (शराब को) बोतल से सुराही में उँडेलना; ३. (ला०) परिवर्तित करना या हटाना; ४. निथारना*/ निस्तारण करना* (वि० १ भी)। **decantation** (dē kăn tā' shŭn) स० १. निथारना* (आ०, वि० १ भी); २. निस्तारण* (वि० १ भी)। **decanter** सं० १. कुप्पी, निकंठक, काँचपात्री,शराब की डक्कनदार सुराही (काँच की); २. निथरनी*/ निस्तारित्र* (वि० १ भी)।

decapitate (dē kăp' i tāt) [late L. *decapitātus*, p.p. of *dēcap tāre* (DE-, *caput*, head)] क्रि० स० १. सिर काटना, सिर उड़ाना, गर्दन काटना, शिरश्छेद करना* (विशे० वेद. दंड के रूप में); २. शीर्षोच्छेदन करना* (आ० भी)। **decapitable** वि० १. शिर-छेद्य, सिर काटे जाने योग्य। **decapitation** सं० १. शीर्षोच्छेदन* (आ० भी); २. शिरश्छेदन* (वि० १ भी)।

decapod (dĕk' ă pŏd) [F. *décapode*, Gr. *dekapous* (DECA-, *pous*, *podos*, a foot)] सं० डेकापाद, दशपद, पपड़ीदार, दशपदीय समूही जन्तु।

decarbonize (dē kär' bŏ nīz), **decarburize** (dē kär' bū rīz) [CARBURIZE] क्रि० स० विकार्बनन करना, किसी पदार्थ से कार्बन या कार्बोनिक अम्ल अलग करना।

decastyle (dĕk' ă stīl) [med L. *decastylus*, Gr. *dekastulos* (DECA-, *stulos*, column)] सं० दस खंभों वाली ड्योढ़ी।

decasualize (dē kăz' ū ă līz) क्रि० स० १. (कर्मचारियों को) स्थायी करना, (उनकी) सामयिक नियुक्ति समाप्त करना; २. पक्का करना। **decasualization** सं० स्थायीकरण, सामयिक नियुक्ति की समाप्ति।

decasyllabic (dĕk ă sĭ lăb' ĭk), **decasyllab'e** वि० और सं० दशाक्षरी, दस अक्षरों की पंक्ति।

decatholicize (dē kă thol' ĭ sīz) क्रि० स० अनुदार बनाना, असहिष्णु बनाना, सकीर्ण बनाना।

decay (dē kā') [O.F. *decair*, *folk* L. *dēcadēre* (DE-, *cadēre*, L. *cadere*, to fall)] क्रि० अ० और स० १. अवनति होना, ह्रास होना, क्षीण होना, क्षय या नाश होना, गिरना, टूटना; २. सड़ना, खराब होना; ३. अवनत करना, क्षीण करना। सं० १. ह्रास*, क्षय* (वि० १ भी), गिरावट, गिरी हुई हालत, पतन; २. तबाही, बरबादी; ३. स्वास्थ्य-विकार, स्वास्थ्य की खराबी; ४. सड़न, गलन; ५. सड़ा हुआ मामलतु (जैसे remove the~)। **phonetic~** शब्द-रूप का घिसना, ध्वनि-ह्रास।

decease (dē sēs') [O.F. *deces*, L. *dĕcessus*, p.p. of *dĕcēdere* (DE-, *cēdere*, to go)] सं० १. (विशे० विधि में और औपचारिक प्रयोग) मौत, मृत्यु, स्वर्गवास, देहांत, निधन। क्रि० अ० मरना, मृत्यु को प्राप्त होना, स्वर्गवासी होना। **deceased** वि० और सं० मृत, स्वर्गवासी, दिवंगत (व्यक्ति)।

deceit (dē sēt') [O. F. *deceite*, orig. fem. p.p. of *decevir*, to deceive, L. *dĕcipere* (DE-, *capere*, to take)] सं० १. धोखा, कपट, वंचना; २. चाल, छल, छलने की युक्ति; ३. धोखेबाजी, विश्वासघात, दग़ाबाज़ी, मक्कारी; ४. ढोंग, स्वांग। **deceitful** वि० धोखेबाज़, चालबाज़, ढोंगी, छली, कपटी, वंचक, कपटपूर्ण। **deceitfully** क्रि० वि० धोखेबाज़ी से, चाल से, मक्कारी से। **deceitfulness** सं० धोखा, कपट, दग़ा।

deceive (dē sēv') [O.F. *decevoir*, as prec.] क्रि० स० और अ० १. छलना, धोखा देना, वंचना करना, दग़ा देना; २. बहकाना, चाल चलना; ३. विश्वासघात करना; ४. हताश करना, निराश करना; ५. कुमार्ग पर लाना* (विधि भी)। **~oneself** स्वयं को धोखा देना, ग़लती पर होना। **deceiver** सं० वंचक, कपटी, दग़ाबाज़।

decelerate (dē sĕl' ĕr āt) [DE-, L. *celer*, swift] क्रि० स० चाल मंद या कम करना, गति धीमी करना। **deceleration** अवत्वरण*/ मंदन* (वि० १ भी)।

December (dē sem' bĕr) [L. (*mensem*, ten)] सं० दिसम्बर, ग्रेगेरियन कलेंडर का अंतिम मास। **Decemberist** सं० दिसम्बर १८२५ के रूसी क्रांतिकारी-षड्यन्त्र का सदस्य।

decemvir (dē sem' vĭr) [L. *decem viri*, ten men] सं० (बहुव० **~s**, **~i**) (रोमन इतिहास) दस शासकों की परिषद् का सदस्य, दस सदस्यों की किसी शासन-समिति का सदस्य (जैसे वेनिस में)। **decemviral** वि० उपयुक्त परिषद् सम्बंधी। **decemvirate** सं० दस शासकों की परिषद्।

decency (dē' sĕn si) [L. *decentia* (*decēre*, to become)] सं० १ शिष्टता* (विधि भी), भलमनसाहत, विनय, शालीनता; २. लज्जा, शर्म; ३. सुथरापन, अच्छाई, सफ़ाई। **the decencies** शिष्टाचार, उपयुक्त तथा ठीक आचरण।

decennary (dē sen' ă ri) [L. *decennis* (*decem*, ten, *annus*, year)] वि० और सं० दशवार्षिक, दशवर्षीय, दस वर्ष का, दशवार्षिकी समारोह। **decennium** सं० (बहुव० **~ia**) दशक, दस वर्ष, दशवार्षिक। **decennial** वि० १. दशवर्षीय, दस वर्ष का; २ दशवार्षिक, दस-साला, प्रति दसवर्ष पर पड़नेवाला। **decennially** क्रि० वि० दस वर्ष पर, दस साल में।

decent (dē' sĕnt) [L. *decens -ntem*, pres. p. of *decēre*, to become] वि० १. उपयुक्त, उचित, मुनासिब, शिष्ट, विनीत, सभ्य, सभ्रांत, भला, शरीफ़, शालीन, श्लील; २. प्रतिष्ठित, आदरणीय; ३. साफ़-सुथरा; ३. अच्छा; ४. (स्कूली ग्रा०) दयायान, कृपालु। **decentish** वि० ठीक, अच्छा। **decently** क्रि० वि० १. यथोचित; २. शिष्टता से।

decentralize (dē sĕn' trā līz) क्रि० स० १. विकेन्द्रीकरण करना, केन्द्र से हटाना, बिखेरना; २. स्थानीय शासन प्रदान करना। **decentralization** सं० १. विकेंद्रीकरण* (प्र०भी), बिखेराव, २. स्थानीय शासन प्रदान करना।

deception (dē sep' shŭn) [F. *déception*, L. *dēceptio -ōnem* (*dēcipere*, DECEIVE)] सं० १. धोखा, कपट, छल, वंचना, प्रवंचना* (विधि भी), दग़ाबाज़ी; २. भ्रम; ३. दाँव, चाल; ४. ढोंग, पाखंड। **deceptive** वि० १. भ्रामक, भ्रांतिजनक; २. वंचनात्मक। **deceptively** क्रि० वि० धोखे से, भ्रम से। **deceptiveness** सं० धोखेबाज़ी, धूर्तता, कपटपूर्णता।

decerebrate (dē sĕr' ĕ brāt) [DE-, L. *cerebrum*, brain] क्रि० स० मस्तिष्क को अलग करना। **decerebration** सं० मस्तिष्क-विच्छेदन।

decertify (dē sĕr' tĭ fī) क्रि० स० (संघ को) प्रमाणपत्र देना बंद करना, (संघ को) मान्यता देना बंद करना।

decess (dē sĕs') [L. *decessus*, p.p. of *dēcēdere*, to go] सं० १. (विशे० विधि में और औपचारिक प्रयोग) मौत, मृत्यु, स्वर्गवास, देहांत, निधन। क्रि० अ० मरना, मृत्यु को प्राप्त होना, स्वर्गवासी होना। **deceased** वि० और सं० मृत, स्वर्गवासी, दिवंगत (व्यक्ति)।

decharm (dē chärm') [DE-, CHARM] क्रि० स० १. मोहमंत्र दूर करना, जादू उतारना; २. (ला०) मोहक गुण दूर करना, आकर्षण दूर करना।

dechristianize (dē krĭs' tyă nīz) क्रि० स० ईसाईपन का प्रभाव हटाना या दूर करना।

deci- [L. *decimus*, tenth] उप० लैटिन decimus (दसवाँ) का उपसर्ग जो (विशे० फ्रांस की) दाशमिक प्रणाली में प्रयुक्त होता है।

decibel (dĕs' ĭ bĕl) सं० दशांश बेल, ध्वनि की गुरुता मापने की इकाई, डेसीबल* (आ० भी)।

decide (dē sīd') [F. *décider*, L. *dēcidere* (DE-, *cadere*, to cut)] क्रि० स० और अ० १. निश्चय करना या होना; २. (प्रश्न, विषय, वाद का) निर्णय करना या होना, तय करना या होना; ३. फ़ैसला

करना, निर्णय देना; ४. निष्कर्ष निकालना, निर्णय पर पहुँचना; ५. ठान लेना, निबटाना। **decidable** वि० निर्धारणीय, निर्णय के योग्य। **decided** वि० क्रियागत अर्थों में १. निर्णीत, निर्धारित; २. निश्चित, प्रबल, दृढ़, असंदिग्ध; ३. स्थिरचित्त, दृढ़ मनवाला, ध्रुव विचारवाला। **decidedly** क्रि० वि० १. असंशय, निःसंदेह, निश्चित रूप से; २. स्थिरता से। **decider** सं० क्रियागत अर्थों में १. निर्णायक, निर्णेता, निश्चायक, तय करने वाला; २. (दौड़) अंतिम या निर्णायक दौड़।

deciduous (dē sid' ū ŭs) [L. *dēciduus*, from *dēcidere* (DE-, *cadere*, to fall)] वि० १. (पत्तियाँ, दाँत, सींग आदि) पर्णपाती, झड़नेवाला, पातुक, पतनशील; २. वार्षिक पतझड़दार (वृक्ष); ३. (चींटी आदि) मैथुन के पश्चात् पंख झाड़नेवाला; ४. अस्थायी, क्षणिक; ५. पाती* (वि० १ भें०); ६. अचिर* (आ० भी)। **deciduousness** सं० १. पतनशीलता; २. अस्थायित्व।

decigramme (des' i grăm) सं० डेसीग्राम, लघभग ३॥ औंस की माप।

decilitre (des' i lē tĕr) सं० तरल पदार्थ की माप ०.१७६ क्वार्ट।

decillion (dē sil' yŭn) [F., from L. *decem*, ten comb. with million, cp. BILLION] सं० दस लाख को उसी से दस बार गुणा करने से प्राप्त संख्या, एक के बाद साठ शून्य लगाने पर प्राप्त संख्या।

decimal (des' i măl) [late L. *decimālis*, from L. *decima*, ti the, fem. of *decimus*, tenth (*decem*, ten)] वि० और सं० १. दशक, दशमिक* (वि० १ भी), दशांशिक, दश गुणिक; २. दशमलव* (आ० भी)। **recurring**~ आवर्त दशमलव। **~arithmetic** दशमलव प्रणाली का (प्रयोग करने वाला) अंकगणित। **~coinage** सिक्कों की दशमिक प्रणाली। **~fraction** दशमलव भिन्न। **~notation** दशमलव-लेखन। **~numeration** दशमलव संख्यालेखन। **~point** दशमलव बिंदु। **decimalist** सं० सिक्का की दशमिक प्रणाली का विशेषज्ञ। **decima'ize** क्रि० स० १. दशमलव में बदलना; २. दशमलव-करण*। **decimfikericon*** (वि० १ भी)। **decimalization** सं० दशमलवीकरण, दशमलव भिन्न में परिवर्तन। **decimally** क्रि० वि० १. दशमलव के ढंग से; २. दशमलव की दृष्टि से।

decimate (des' i māt) [L. *decimātus*, p. p. of *decimāre* (*decimus*, tenth)] क्रि० स० १ (विद्रोही या कायर सैनिकों को) प्रति दस में से एक को मार डालना या वध करना; २. दसवाँ या अधिक भाग नष्ट करना या होना (विशे० किसी महामारी द्वारा)। **decimation** सं० दस में से एक का वध, अत्यधिक नाश।

decimetre (des' i mē tĕr)] सं० एक मीटर का दसवाँ भाग।

decimo-sexto दे० SEXTODECIMO।

decimus दे० PRIMUS[2]।

decipher (dē sī' fĕr) क्रि० स० १. गूढ़ लेख को स्पष्ट करना या पढ़ना, गूढ़, सांकेतिक या अस्पष्ट लिपि आदि का अर्थ निकालना या पढ़ना; २. मालूम करना, हल कर लेना, खोज निकालना, पता लगाना। सं० गूढ़वाचन, उद्‌वाचन, गूढ़ लेख की व्याख्या या उसका स्पष्टीकरण। **decipherable** वि० स्पष्ट करने योग्य। **decipherment** सं० हल, स्पष्टीकरण, स्पष्ट व्याख्या।

decision (de sizh' ŭn) [F. *décision*, L. *dēcisio -ōnem* (*dēcīdre*, DECIDE)] सं० १. (प्रश्न आदि का) क्रैसला, निर्णय; २. निपटारा, निपटारा, संकल्प; ३. दृढ़ता; ४. पक्की राय; ५. विनिश्चय* (प्र०, विधि भी), निर्णय। **decisive** (dē sī' siv) वि० १. निर्णायक; २. निश्चित; ३. निश्चयात्मक, निश्चायक; ४. दो टूक, अंतिम, अटल, सोचा-समझा। **~battle** निर्णायक संग्राम। **~character** निर्णायक गुण या प्रकृति। **decisively** क्रि० वि० १. निर्णायक रूप से; २. निश्चित रूप से। **decisiveness** सं० निर्णायकता, निश्चितता।

decivilize (dē siv' i līz) क्रि० स० असभ्य करना या बनाना।

deck (dek) [cp. Dut. *dekken*, to cover, O. Teut. *thakjan* (cp. A.-S. *thecan*, to THATCH)] सं० १. डेक, नौका-पृष्ठ, जहाज की छत; २. ताश की गड्डी (अब मुख्यतः अमरीका में प्रयुक्त); ३. (ग्रा० भी) भूमि, जमीन। क्रि० स० १. पाटना, सजाना, सँवारना, अलंकृत करना, सज्जित करना; २. ढँकना, छाना, आच्छादित करना। **on~** डेक पर, नौ-तल पर। **~chair** जहाजी आरामकुर्सी। **~house** जहाज के ऊपर का कमरा।

deckle (dek' ĕl) [G. *deckel*, dim. of *decke*, a cover] सं० कागज बनाने के यंत्र में कागज की नाप स्थिर करने का फ्रेम या ढाँचा। **~edge** बिना कटा खुरदुरा सिरा।

disarrange (dis á rānj') क्रि० स० उलट-पुलट करना, अस्तव्यस्त या अव्यवस्थित करना। **disarrangement** सं० क्रमभंग, उलट-पुलट, गड़बड़, अस्तव्यस्तता, अव्यवस्था।

disarray (dis á rā') सं० गड़बड़, उलट-पुलट, अस्तव्यस्तता, अव्यवस्था। क्रि० स० १. अस्तव्यस्त या अव्यवस्थित करना; २. (काव्य०) नंगा करना, वस्त्रहीन करना।

disarticulate (dis är tik' ū lāt) क्रि० स० टुकड़े-टुकड़े करना, जोड़-जोड़ अलग करना। **disarticulation** सं० जोड़-जोड़ अलगाना।

disassimilation (dis à sim i lā' shŭn) सं० (श० क्रि०) अस्वीकरण, अनात्मीकरण, असमीकरण, रसायन-परिवर्तन, समाविष्ट न होना।

disassociate (dis á sō' shi āt)[F.*désassocier*(DIS-, ASSOCIATE)] असम्बद्ध होना, पृथक् होना। **disassociation** सं० असाहचर्य, विसंघटन, दे० DISSOCIATION (विशे० मनो० अर्थों में जैसे ~of personality)।

disaster (di zas' tĕr) [F. *désastre* (DIS-, *astre*, L. *astrum*, Gr. *astron*, a star)] सं० १. विपत्ति, आपदा, संकट, मुसीबत, आफत, अनर्थ, तबाही, भीषण दुर्घटना; २. दुर्भाग्य, अभाग्य। **disastrous** वि० १. भयानक, घोर, दारुण, बहुत बुरा, बड़ा नुकसान पहुँचाने वाला, तबाही मचाने वाला, आपज्जनक, विपत्तिपूर्ण, भीषण; २. भाग्यहीन, दुर्भाग्यपूर्ण। **disastrously** क्रि० वि० १. आपत्ति के साथ; २. दुर्भाग्य से।

disavow (dis à vou')[F. *désavouer* (DIS-, *avouer*, to AVOW)] क्रि० स० १. अस्वीकार करना, इनकार करना, न मानना, स्वीकार न करना; २. मुकरना, प्रत्याख्यान करना, लंडन करना। **disavowal** सं० नहीं, इनकार, अस्वीकृति।

disband (dis bănd') [F. *desbander* (DIS-, O. F., BAND)] क्रि० स० और अ० (सेना आदि को) भंग करना, सैन्य भंग करना, तोड़ना, छिन्न-भिन्न करना, तितर-बितर करना, बिखेरना। **disbandment** सं० सैन्य भंग, सेना-भंग।

disbar (dis bär') क्रि० स० वकील-परिषद् की सदस्यता छीन लेना, वकालत करने का अधिकार छीन लेना। **disbarment** सं० वकील-परिषद् की सदस्यता का छीना जाना, वकालत करने के अधिकार का छीन लिया जाना।

disbelieve (dis be lēv') क्रि० स० और अ० १. यकीन न करना, अविश्वास करना, न मानना, विश्वास न करना. २. नास्तिक होना; ३. विश्वास न रखना। **disbelief** सं० १. अविश्वास, अप्रत्यय; २. नास्तिकता।

disbench (dis bench') क्रि० स० बेंचर (इन ऑफ कोर्ट के प्रधान समासद) के अधिकार से वंचित कर देना, उस पद से हटा देना।

disbranch (dis branch') क्रि० स० शाखें छाँटना, टहनियाँ काट डालना, शाखाहीन करना।

disbud (dis bŭd') क्रि० स० कलियाँ चुनना, कलियों को तोड़ना (विशे० व्यर्थ की)।

disburden (dis bĕr' dĕn) क्रि० स० १. बोझा उतारना, भार हटा देना, भारमुक्त करना; २. (बोझ से) मुक्त करना; ३. (विचार) कह डालना, मन हलका करना।

disburse (dis bĕrs') [O. F. *desbourser* (DIS-, BURSE)] क्रि० स० और अ० १. खर्च करना, व्यय करना, नक़द करना; २. बाँटना, वितरण करना, रुपया देना; ३. भुगतान करना, अदा करना, चुकाना। **disbursement** सं० १. खर्च, व्यय; २. अदायगी, भुगतान, वितरण।

disc [DISK] सं० चिम्ब* / डिस्क* (आ०, वि० १ भी), मंडलक*, चक्रिका* (वि० १ भी), चक्र* (आ० भी)।

discalced (dis kăl' sĕd) [L. *discalceātus*, p. p. of *discalceāre* (DIS-, *calceāre*, to shoe, from *calceus*, a

shoe)], **discalceate, discalceated,** वि० और सं० नंगे पाँव या केवल सैंडल पहने हुए (संन्यासी, भिक्षुणी)।

discard (dis kard') क्रि० स० और अ० १. ताश के किसी पत्ते का छाँटना या बदरंग में फेंकना; २. (वस्त्र, आदत, विश्वास आदि) तजना, त्यागना, छोड़ देना, अस्वीकार करना; ३. निकालना, निकाल बाहर करना, अलग करना, खारिज करना, बर्खास्त करना। सं० १. ताश के किसी पत्ते की छाँट; २. ताश का छाँटा हुआ पत्ता।

discarnate (dis kär' nāt) [DIS-, L. *caro, carnis*, flesh] वि० अशरीर, देहमुक्त, अमूर्त।

discern (di zĕrn', -stĕrn') [F. *discerner*, L. *discernere* (DIS-*cernere*, to separate)] क्रि० स० और अ० १. देखना, देख पाना; २. समझ लेना; २. विवेचन करना, निर्णय करना।

discernible वि० प्रत्यक्ष, दृष्टिगोचर, देख पड़ने योग्य, अनुभव योग्य। **discernibly** क्रि० वि० दृष्टिगोचरता से, समझ से।

discerning वि० १. समझदार, विवेकशील, विवेकी, विचारशील; २. सूक्ष्मदर्शी, दूरदृष्टि; ३. विवेचनशील, परिणामदर्शी। **discernment** सं० १. समझ, सूझ-बूझ, विचार, विवेक, बुद्धि, विवेचन; २. सूक्ष्म दृष्टि, दूरदृष्टि, विचारशीलता।

discerptible (di sĕrp' tibl) [L. *discerptus*, p. p. of *discerpere* (DIS-, *carpere*, to pick, to pluck), -IBLE] वि० पृथक्करणीय, विभेद्य, तोड़ने योग्य। **discerptibility** सं० पृथक्करणीयता, विभेद्यता। **discerption** सं० १ पृथक्करण, विभेदन, व्यवच्छेद; २. पृथक भाग।

discharge (dis chaj') [O. F. *descharger*] क्रि० स० और अ० १. (जहाज आदि में) माल उतारना; २. (किसी यंत्र आदि से विद्युत का) विसर्जन, निरावेश; ३. बरखास्त करना, पदच्युत करना, मौकूफ करना, छुट्टी देना, निकाल बाहर करना (जैसे was ~ from service), ४. (कैदी को) छोड़ना, बरी करना, मुक्त करना, रिहा करना, ५ (रोगी या जूरी को) जाने की आज्ञा देना; ६ (तोप) चलाना; ७. (बंदूक) दागना, फायर करना, फेंकना; ८. (मवाद आदि) निकालना (जैसे abscess has discharged); ९. बोझा उतारना, खाली करना; १०. (नदी का समुद्र में) गिरना, ११. (विधि) रद्द करना, संमूल करना; १२. कर्त्तव्य पूरा करना, वचन निभाना, बजा लाना; १३. ऋणमुक्त होना; १४. रंग छुड़ाना, रंग उतारना, रंग हटाना। सं० १. (जहाज आदि में) माल उतारना; २. (बंदूक आदि का) दगना; २. धड़ाका, धाँय-धाँय, फ़ायर; ३. (द्रव, विद्युत, मवाद का) स्राव, निकास,आस्राव* (आ० भी०), निकलना; ४ रिहाई, छुटकारा, छूट, माफ़ी, मुक्ति, निस्तार; ५. मुक्तिपत्र, मुक्तिआज्ञा, ६. बरखास्तगी, संमूलन, निराकरण, पदच्युति; ७. (ऋण का) चुकाव, अदायगी, शोधन, निस्तार; ८. (कर्त्तव्य आदि का) पालन, निर्वाह, संपादन; ९. रंग छुड़ाना, रंग छुड़ाने का मसाला; १०. (आ०, वि० १) विसर्जन*; ११. (विधि) निर्बंधन*। **discharger** सं० discharge के क्रियागत अर्थों में, (विशे०) विद्युत-विसर्जन या निरावेश का यंत्र।

disciple (di sī' pĕl) [A.-S. *discipul* and O. F. *deciple* (L. *discipulum*, acc. of *discipulus*, from *discere*, to learn), both assim. to L. spelling] सं० १. ईसा मसीह के बारह विशिष्ट अनुयायियों में से कोई एक; २. ईसामसीह का कोई प्राचीन विश्वासी या अनुयायी; ३. चेला, शिष्य। **disciplesship** सं० १. अनुयायित्व; २. शिष्यत्व। **discipular** वि० १. अनुयायी संबंधी; २. शिष्य-विषयक।

discipline (dis' i plin) [F., from L. *disciplina*, as prec.] सं० १. अनुशासन, व्यवस्था, नियम, क़ानून, प्रबन्ध, बंदोबस्त; २. शिक्षा, अभ्यास, अध्यापन, प्रशिक्षितावस्था; ३. आचरण-नियम; ४ पादरियों पर चर्च का नियंत्रण; ५. दंड, दमन; ६. (धर्म०) तपश्चर्या, तप के द्वारा निग्रह; ७. बंधन, पाबंदी। क्रि० स० १. अनुशासित करना, अनुशासन सिखाना; २. सिखाना, शिक्षा देना, अभ्यास कराना; ३. नियंत्रण में रखना, नियंत्रित करना; ४. नियमित करना, व्यवस्थित करना; ५. कवायद सिखाना; ६. दंड देना। **disciplinable** वि० अनुशासनीय, नियंत्रणीय। **disciplinal** वि० आनुशासिक, अनुशासन से संबंधित। **disciplinarian** सं० अनुशास्ता, अनुशासन-प्रिय व्यक्ति, नियमप्रिय व्यक्ति (जैसे strict. good, poor, no~)। **disciplinary** (dis' i plin ăr i; वि० १. अनुशासनात्मक,आनुशासिक, अनुशासनीय, अनुशासन संबंधी, २. मानसिक अनुशासन या शिक्षण से संबंधित।

disclaim (dis klām') [A.-S. *desclamer*] क्रि० स० और अ० १. दावा छोड़ देना, हाथ उठा लेना, वैधानिक स्वत्व का त्याग करना; २. अधिकार छोड़ना; ३. अस्वीकार करना, न मानना, मुकरना। **disclaimer** सं० १. स्वत्व-त्याग, दावा-त्याग, अधिकार-त्याग; २. इनकार, अस्वीकार, न मानना; ३. खंडन, प्रतिवाद, इनकारी बयान, निराकरण।

disclose (dis klōz') [O. F. *desclore* (DIS-, L. *claudere*, to shut, p. p. *clausus*)] क्रि० स० १. खोलना, प्रकट करना*, (विधि भी), ज़ाहिर करना, स्पष्ट करना; ३. बताना, प्रकाश में लाना, उद्घाटित करना, रहस्य-भेदन करना। **disclosure** (dis klō' zhŭr) सं० १. विवृत्ति प्रकाशन, रहस्योद्घाटन, भेद खोलना, प्रकटीकरण; २. प्रकाशित वस्तु, उद्घाटित विषय, खुली हुई वस्तु या विषय; ३. (विधि) प्रकटन*।

discobolus (dis kob' ō lŭs) [L., from Gr. *diskobolos* (*diskos*, a quoit, *-botos*, -thrower, from *ballein*, to throw)] सं० (बहुव०~li) १. प्राचीन काल का लौह-चक्र फेंकने वाला व्यक्ति; २. चक्र फेंकते हुए किसी व्यक्ति की मूर्ति।

discoid, discoidal (dis' koid, -koi' dăl) [L. *discoidēs*, Gr. *diskoeidēs* (as prec., -OID)] वि० १. चक्राकार, मंडलाकार, चक्रिकाम* (आ०, वि० १ भी), चक्रिक* (वि० १ भी)।

discolour (dis kŭl' ĕr) [O. F. *descolorer*, med L. *discolōrāre* (DIS-, L. *colōrāre*, in place of L. *dēcolōrāre*)] क्रि० स० और अ० १. बेरंग बनाना, रंग बिगाड़ना, विवर्ण करना, २. धब्बे डालना, धब्बे पड़ना। **discolo(u)ration, discolourment** सं० १. विवर्णता* (आ० भी), विवर्णन; २. धब्बे डालना या पड़ना।

discomfit (dis kŭm' fit) [O. F. *desconfit*, p.p. of *desconfire*, late L. *disconficere* (DIS-, *conficere*, to finish, to preserve)] क्रि० स० १. लड़ाई में हराना, युद्ध में पराजित करना; २. विफल कर देना, व्यर्थ करना, बिगाड़ देना। **discomfiture** सं० पराभव, पराजय, विफलता, असफलता।

discomfort (dis kŭm' fort) [O. F. *desconfort.*] सं० (शारीरिक या मानसिक) पीड़ा, बेचैनी, असुविधा, कष्ट, व्यथा, तकलीफ़, दुःख, क्लेश। क्रि० स० बेचैन करना, तकलीफ़ पहुँचाना, पीड़ा देना, व्यथित करना।

discommode (dis kŏ mōd') [DIS-, obs. v. *commode*, L.

commodāre, to suit, from *commodus*, suitable] क्रि० स० तकलीफ़ पहुँचाना, कष्ट देना, असुविधा में डालना।

discommon (dis kom' ŏn) क्रि० स० १. व्यापारी को बी० ए० और उससे निम्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के हाथ माल बेचने से रोकना; २. सार्वजनिक भूमि को घेर लेना या उसके चारों ओर बाड लगा लेना। **discommons** (dis kom' ŏnz) क्रि० स० १. कालेज के विद्यार्थियों का भोजन बंद करना; २. व्यापारी को विद्यार्थियों के हाथ माल बेचने से रोकना।

discompose (dis kŏm pōz') क्रि० स० क्षुब्ध करना, अशांत करना, व्याकुल करना, उद्विग्न या विकल करना। **discomposedly** क्रि० वि० व्याकुलता से, व्याकुल चित्त से, व्यग्रतापूर्वक, क्षुब्धता से, उद्विग्नतापूर्वक। **discomposingly** क्रि० वि० क्षुब्ध करते हुए, उद्विग्न या व्यग्र करते हुए। **discomposure** सं० क्षोभ, आकुलत्व, व्याकुलता, उद्वेग, परेशानी, अशांति, अस्थिरता।

disconcert (dis kŏn sĕrt') [M. F. *disconcerter*] क्रि० स० १. (योजना आदि को) बिगाड़ देना, व्यर्थ करना, गड़बड़ करना, नष्ट करना; २. घबड़ा देना, व्याकुल करना, विकल करना, अशांत करना।

disconnect (dis kŏ nekt') क्रि० स० अलग करना, पृथक करना, संबंध विच्छेद करना। **disconnected** वि० (क्रियागत अर्थों में) विशे० असंगत, असंबद्ध (व्याख्यान या लेख)। **disconnectedly** क्रि० वि० असंगतिपूर्वक, संगतिहीनता से, असंबद्धता के साथ। **disconnectedness** सं० असंगति, असंबद्धता। **disconnexion, -ction** सं० १. विश्लेष, अलगाव, विलगाव, वियोजन, पृथकता, पृथक्करण; २. असंगति, असंबद्धता; ३. वियोग।

disconsolate (dis kon' sŏ lăt) [late L. *disconsŏlātus*, p. p. of *disconsŏlāri* (DIS-, *consŏlāri*, to CONSOLE)] वि० १. हताश, विषण्ण, खिन्न, दीन, उद्विग्न, म्लान, निराश। **disconsolately** क्रि० वि० १. सविषाद, सखेद, सोद्वेग, अधीरता से, खिन्नतापूर्वक; २. निराशा से।

discontent (dis kŏn tent') सं० १. असंतोष, असंतुष्टि, अतृप्ति, संतोष का अभाव; २. बेचैनी; ३. गड़बड़, हलचल, बेइतमीनानी; ४. शिकायत, कष्ट; ५. विरक्ति, अप्रीति। वि० (क्वचित्) से) असंतुष्ट, अतृप्त। क्रि० स० (प्रायः भू० कृ० में) तृप्त न होने देना, असंतुष्ट करना। **discontentedly** क्रि० वि० असंतुष्ट रह कर, असंतोष से, अतृप्ति से, असंतोष के साथ। **discontentedness** सं० असंतुष्टता, असंतोष। **discontentment** सं० असंतोष, अतृप्ति।

discontiguous (dis kŏn tig' ū ŭs) वि० अलग-अलग, अलग, एक-दूसरे को न छूते हुए (अवयवों वाला), जिसके भाग एक-दूसरे को स्पर्श न करें या मिले हुए न हों।

discontinue (dis kŏn tin' ū) [F. *discontinuer*, late L. *discontinuāre* (DIS-, L. *continuāre*] क्रि० स० और अ० १. रोकना, बंद करना, समाप्त करना; २. (काम, आदत आदि से) रुकना, विरत होना, (को) छोड़ना, त्यागना; ३. (समाचार-पत्र) लेना बंद कर देना, (चंदा) देना बंद कर देना; ४. उठा देना, खत्म कर देना, क्रम तोड़ना, सिलसिला तोड़ देना। **discontinuance** सं० १. रोक, समाप्ति, विराम, एकावट, परिच्छेद, सान्तरता। **discontinuous** वि० १. असतत, सविराम, सांतर्य रहित, जिसमें स्थान या समय का सातत्य न हो; २. जिसका सिलसिला बना न रहे। **discontinuity** सं० १. अनिरंतरता, असन्ततता, विराम, असातत्य*, भंग* (वि० १ भी) **discontinuously** क्रि० वि० रुक-रुक कर, (स्थान) छोड़-छोड़ कर, सविराम।

discord (dis' kôrd) [O. F. *descord*, from *descorder*, L. *discordāre* (DIS-, *cor cordis*, the heart)] सं० १. वैमनस्य, वैमत्य, फूट, मतभेद, झगड़ा, विरोध, कलह, असंगति; २. कर्कश ध्वनि, परस्पर टकराती हुई आवाज़ें, ३. (संगी०) बेसुरापन, विस्वरता, स्वर-विरोध; ४. अरंजक या अप्रिय तान, विषम स्वर, ५. (वि० १) विसंगति*, विस्वरता*। क्रि० अ० १. फूट होना, मतभेद होना, असहमत होना, विरोध होना, झगड़ना, मिन्न होना, असंगत होना, बिस्वर होना, कानों को अप्रिय होना, कर्कश ध्वनि उत्पन्न करना। **discordant** वि० १. बेमेल, बेजोड़, मिन्न, विरुद्ध, प्रतिकूल, विपरीत, परस्पर विरोधी, विभिन्न, असंगत, विषम, प्रतिकूल, विरुद्ध; २. बेसुरा, विसंवादी, विसंगत*, विस्वर*, अननुस्तरी* (वि० १ भी)। **discordance** सं० १. मतभेद, मिन्नता, वैपरीत्य, बेलक्षण्य, वैषम्य, विसंगति* (वि० १ भी), असंगति, वैमत्य, २. बेसुरापन, बेजोड़पन। **discordantly** क्रि० वि० १. मतभेद के साथ, विरोध के साथ, विषमतापूर्वक; २. बिना सुर के, बेसुरेपन से।

discount[1] (dis kount') [O. F. *desconter*, late L. *discomputāre* (DIS-, L. *computāre*, to COMPUTE)] क्रि० स० १. हुंडी चुकाना, पाना; २. (हिसाब करने हुए) छोड़ देना, बट्टा काटना; ३. कम करना, घटाना, निकालना, ४ कम कीमत ले कर दे देना; ५. खंडन करना, प्रत्याख्यान करना, विश्वास न करना, अतिशयोक्ति के लिए छूट देना, ६ पहले से कह कर (समाचार आदि को) प्रभावहीन कर देना, पुराना कर देना।

discount[2] (dis' kount') सं० १ छूट, कटौती, बट्टा* (प्र०, विधि भी), दस्तूरी, मुजराई, शिलीकाटा; २. किसी आख्यान को सत्य मानने से पहले उसमें से अतिशयोक्ति निकाल देना। **at a ~** असल दाम से कम पर, मंदा, सस्ता। **discountable** वि० बट्टे योग्य, छूट देने योग्य, हिसाब से निकाल देने योग्य, हुंडी चुकान योग्य, विश्वास के अयोग्य।

discountenance (dis koun' tĕ năns)[M. F. *decontenancer*] क्रि० स० रद्द करना, अस्वीकृत करना, समर्थन न करना, निरुत्साहित करना, अस्वीकृति प्रकट करना।

discourage (dis kŭr' āj) [O. F. *descorragier*] क्रि० स० १. उत्साह भंग करना, हिम्मत तोड़ना, निरुत्साह करना, हतोत्साह करना, विश्वासहीन करना, शक्तिहीन करना; २. मना करना, रोकना, दबाना, बढ़ने न देना, उभरने न देना, निवारण करना; ३. समर्थन न करना, समर्थन करने से इनकार करना। **discouragement** सं० १. उत्साह-भंग, निरुत्साहन; २. निवारण, ३. असमर्थन, ४. विषाद, अवसाद, खिन्नता, धैर्यच्युति। **discouragingly** क्रि० वि० निरुत्साहित करते हुए, २. रोकते हुए, निवारण करते हुए; ३. विरोध करते हुए।

discourse (dis' kôrs) [F. *discours*, L. *discursus*, p.p. of *discurrere* (DIS-, *currere*, to run)] सं० १. (अप्र०) वचन, उक्ति, भाषण, बातचीत, वार्तालाप, प्रवचन; २. लेख, उपदेश, प्रबंध, निबंध, विवरण। क्रि० स० और अ० १. बातचीत करना, भाषण देना, उपदेश देना; २. (भाषण या लेख द्वारा) विवाद करना; ३. गाना सुनाना, प्रस्तुत करना।

discourteous (dis kĕr'-, kôr' te ŭs) वि० असभ्य, अशिष्ट,

गुस्ताख, अविनीत, बदतमीज, दुःशील। **discourteously** क्रि० वि० असभ्यतापूर्वक, अशिष्टतापूर्वक, गुस्ताखी से, बदतमीजी से। **discourtesy** सं० अविनय, असभ्यता, अशिष्टता, बदतमीजी, गुस्ताखी।

discover (dis kŭv' ĕr)[O. F. *descovrir*, med. L. *discooperire* (DIS-, L. cooperire, to COVER)] क्रि० स० १. खोलना, ढकना या पर्दा हटाना, प्रकट करना, स्पष्ट करना; २. खोजना, आविष्कार करना, शोध करना, मालूम करना, खोज निकालना, खोज पाना, पता लगाना* (विधि भी); ३. भंडा-फोड़ करना; ४. (शतरंज) किसी मुहरे या प्यादे को हटा कर शह देना। **discoverable** वि० खोज योग्य, पता लगाने योग्य, आविष्कार योग्य। **discoverer** सं० खोजी, शोधकर्ता*, खोजकर्ता* (वि० १ भी)।

discovert (dis kŭv' ĕrt)[O. F. *descovert*, p. p. of prec.] वि० (कानून) अविवाहित (स्त्री) या विधवा।

discovery (dis kŭv' ĕr i) सं० १. खोज* (वि० १ भी); २. भंडाफोड़, ३. प्रकाशन; ४. प्रकटीकरण; ५. (क़ानून) न्यायालय की आज्ञा से किसी पत्र द्वारा विवश हो कर तथ्यों या दस्तावेजों का प्रकटीकरण; ६. (रूपक, काव्य आदि में) कथानक को स्पष्ट कर देना, शोध* (वि० १ भी), अन्वेषण; ७. खोजी गई वस्तु या विषय।

discredit (dis kred' it) स० १. बदनामी, कुख्याति, अपयश, बदनामी की बात, अपयशकारक संदेह, अविश्वास (जैसे throws ~upon); २. साख की हानि, व्यापारिक स्थिति की हानि, साख उठना। क्रि० स० १. विश्वास न करना, विश्वास करने से इनकार करना; २. बदनाम करना, अविश्वास उत्पन्न करना, अपयश फैलाना। **discreditable** वि० १. अपयशकारक, अकीर्तिकर; २. अविश्वासजनक; ३ गर्हित, कलंककर, दूषणीय, निंद्य, लज्जाजनक, शर्मनाक।

discreet (dis krēt')[F. *discret*, L. *discĕtus*, p.p. of *discernere*, to DISCERN (differentiated from DISCRETE by late L. sense, discerning, distinguishing, judicious)] वि० १. विचक्षण, विवेकी, विचारशील, सावधान, चतुर, होशियार, समझदार, न्यायशील, अवसर देख कर बात करने वाला; २. होशियार, चौकस। **discreetly** क्रि० वि० समझ-बूझकर, विचार-पूर्वक, विवेक के साथ, सावधानी से, चतुराई से।

discrepant (dis krep' ant)[L. *discrepans -antem*, pres. p. of *discrepāre* (DIS-, *crepāre*, to sound)] वि० १. विरुद्ध, विभिन्न, भिन्न; २ विपरीत, विरोधी, ३. असगत, विसगत, मेल न खाने वाला, प्रतिकूल। **discrepancy** सं० १. विभेद, विप्रतिपत्ति, विसगति* (वि० १ भी), विरोध, भिन्नता, असगति, अंतर, बैलक्षण्य, फ़र्क़; २. वैपरीत्य; ३. कमती, गलती, गड़बड़ त्रुटि, कमी, कमजोरी।

discrete (dis krēt')[L. *discrētus*, DISCREET] वि० १. विभिन्न, विविक्त* (वि० १ भी), अलग, पृथक्, भिन्न, विलग; २. (पारि०) अमूर्त, निराकारित। **discreteness** वि० १. अलगाव, पृथकता, भिन्नता; २. अमूर्तता, निराकारिता।

discretion (dis kresh' ŭn)[O.F. *discrecion*] सं० १. विवेकाधिकार* (विधि भी), कार्य-स्वातंत्र्य अधिकार, पूर्णतया या कुछ सीमा में अपने विचार के अनुसार निर्णय करने की स्वतंत्रता; २. विवेक*(प्र०, विधि भी), विचारशीलता, दूरदर्शिता; ३. सद्बुद्धि, समझदारी, सोच-विचार; ४. सावधानी, होशियारी, चौकसी। **at~** विवेकानुसार, अपनी इच्छा से, खुशी से, मर्जी से। **~is the better part of valour** (हँसी में कायरता को छिपाने के लिए) बड़ी बहादुरी यह है कि आदमी अपनी जान बचाए। **surrender at~** बिना शर्त समर्पण करना, हथियार डाल देना। **years, age of~** विवेकावस्था, विवेकायु (अंग्रेजी क़ानून में १४ वर्ष)। **discretionary** वि० विवेकाधीन।

discriminate (dis krim' i nāt)[L. *discriminātus*, p.p. of *discrimināre* (*discrimen*, separation, distinction, from *discernere*, to DISCERN)] क्रि० स० और अ० १. भेद होना, भेद मानना, भेद निकालना, अंतर जानना; २. भेद करना, सूक्ष्म भेद करना, विशेषता बताना, विवेक करना, पहचानना; ३. पक्षपात करना, भेदभाव करना, भेद बरतना। **~against** भेदभाव करना, भेदभाव बरतना, किसी पर (कर आदि लगाने में) दूसरों से अधिक कड़ाई करना, सावधानी से बिभेद लागू करना। **discriminating** वि० १. विगाहत अर्थों में (विशे०) अक्लमंद, समझदार, सूक्ष्मदर्शी, होशियार। **~duty, rate** विभेदकारी कर, दर। **discrimination** सं० १. भेदभाव, पक्षपात, तरफ़दारी, विभेद; २. समझ-बूझ, विवेक। **discriminative** वि० १. विवेकी, विवेकपूर्ण; २. विवेचक, विभेदक।

discrown (dis krown')[O. F. *descoronner*] क्रि० स० सिंहासन-च्युत करना, मुकुट-हीन करना, राजगद्दी से उतारना या हटाना (शा० या ला०)।

discursive (dis kĕr' siv) [L. *discurs-*, p.p. stem of *discurrere*, see DISCOURSE] वि० १. अप्रासंगिक, असंबद्ध, अवांतर, प्रसंगच्युत; २. तार्किक, दलीलपूर्ण, तर्कसंगत, सतर्क, प्रमाण-पुरस्सर; ३. अस्थिर, चंचल, अनवस्थित। **discursively** क्रि० वि० तर्कसंगत रूप से। **discursiveness** सं० १. अप्रासंगिकता, असंबद्धता; २. तर्कसंगतता, प्रमाण-पुरस्सरता।

discus (dis' kŭs) [L., from Gr. *diskos*] सं० डिस्कस, चक्का, लोहे के किनारों वाला काठ का भारी गोल चक्का, जिसे लोहे के गोले के समान फेंका जाता है।

discuss (dis kŭs') [L. *discussus*, p.p. of *discutere*, to shake asunder, late L., to discuss (DIS-, *quatere*, to shake)] क्रि० स० १. पर्यालोचन करना, विचार करना, बातचीत करना; २. वाद-विवाद करना, तर्क-वितर्क करना, बहस करना, तर्क द्वारा परीक्षा करना, विवेचन करना; ३. (भोजन, मदिरा आदि का) मजा लेना, मौज या मस्ती से खाना-पीना, सानंद उपभोग करना। **discussible** वि० तर्क-योग्य, बहस करने योग्य। **discussion** (dis kŭsh' ŭn) सं० १ पर्यालोचन, विचारणा, वितर्क, बहस* (प्र० भी) बहस-मुबाहसा, विमर्श, तर्कपूत परीक्षा, वादविवाद; २. डिबेट, वाद-विवाद प्रतियोगिता; ३. भोजन का सानंद उपभोग; ४. सोच-विचार, विचार-विनिमय, पर्यालोचन, चर्चा, बातचीत, विचार-विमर्श* (आ०, प्र० भी), चर्चा* (प्र० भी)।

disdain (dis dān)[O.F. *desdein*, from *desdaigner* (F. *dédaigner*) to scorn, from L. *dēdignāri* (DE-, *dignāri*, to deem worthy, from *dignus*, worthy)] सं० १. नफ़रत, घृणा; २. अवज्ञा, हिक़ारत, उपेक्षा, तिरस्कार। क्रि० अ० हिक़ारत करना या हिक़ारत की नजर से देखना, उपेक्षा करना, तिरस्कार करना, तुच्छ समझना। **disdainful** वि० १. घृणायुक्त; २. उपेक्षापूर्ण, तिरस्कार-युक्त, नफ़रत-अंगेज। **disdainfully** क्रि० वि० १. घृणापूर्वक; २. उद्धत, उपेक्षापूर्वक, तिरस्कार के साथ।

disease (di zēz')[O.F. *desaise*] सं० १. बीमारी, रोग* (विधि, वि० १ भी), मर्ज़, व्याधि* (आ० भी); २. विशेष नाम तथा लक्षणधारी कोई बीमारी या व्याधि; ३. मानसिक या नतिक विकार या दोष; ४. विकार, पीड़ा,

क्लेश, अस्वास्थ्य। **diseased** वि० १. रुग्ण, अस्वस्थ, रोगी, बीमार, रुग्ण, व्याधिग्रस्त; २. रोगों, दूषित, दोषग्रस्त, विकृत, बिगड़ा हुआ।

disembark (dis ĕm bark') [F. *désembarquer*] क्रि० स० और अ० (जहाज आदि से) उतरना या उतरना, किनारे से लगाना या लगना। **disembarkation** सं० (जहाज आदि से) अवरोहण, उतराई, किनारे पर उतरने या उतरने का काम।

disembarrass (dis ĕm bär' ăs) क्रि० स० १. चिंतामुक्त करना, घबराहट या व्याकुलता से उबारना या बचाना, छुटकारा या मुक्ति देना; २. सुलझाना, निपटाना। **disembarrassment** सं० चिंतामुक्ति छुटकारा, निस्तार।

disembody (dis ĕm bod' i) क्रि० स० १. (आत्मा, शरीर आदि को देह, स्थूलता आदि से) विलग करना, स्वतंत्र या मुक्त करना; २. (सैनिक दलों को) भंग, तितर-बितर या विघटित करना। **disembodiment** सं० १. (आत्मा का देह आदि से) विलगाव, स्वातंत्र्य, मुक्ति; २. (सैनिक दलों का) छितराव, विघटन।

disembogue (dis ĕm bōg') [Sp. *desembocar* (*des-*, DIS-, *em-*, IN-, *boca*, the mouth, L. *bucca*, cheek, mouth)] क्रि० अ० और स० १. (नदी आदि का) निकलना, उद्भूत होना; २. (ला०) (वाणी या भीड़ आदि का) धारावाहिक रूप में निकलना, धारा के समान वेग से प्रकट होना।

disembosom (dis ĕm buz' ŭm) क्रि० स० और अ० १. खोलना, जाहिर करना, प्रकट करना, व्यक्त कर देना; २ दिल का बोझ हलका करना, (दूसरों पर) अपना भेद प्रकट करना, विश्वास में लेना।

disembowel (dis ĕm bou' ĕl) क्रि० स० १. अंतड़ियाँ बाहर निकाल देना, आँतें निकालने के लिए चीरना, इस तरह फाड़ देना कि आँतें बाहर निकल पड़ें। **disembowelment** सं० आंत्र-निष्कासन, अँतड़ियाँ बाहर निकालने की क्रिया।

disembroil (dis ĕm broil') क्रि० स० १. जटिलता से मुक्त करना; २. उद्वेग या संभ्रम से मुक्त करना, उलझन दूर करना, उलझन से निकालना, सुलझाना।

disenchant (dis ĕn chant') [F. *désenchanter*] क्रि० स० मंत्र या जादू (के प्रभाव) या भ्रम से मुक्त करना, संमोहन या भ्रांति के प्रभाव से बचाना। **disenchantment** सं० संमोहन से मुक्ति या छुटकारा, भ्रांति-निवारण।

disencumber (dis ĕn kŭm' bĕr) [F. *désencombrer*] क्रि० स० ऋण-मुक्त करना, भार-मुक्त करना, सर का बोझा उतारना, चिंता आदि से छुटकारा देना, निश्चिन्त करना।

disendow (dis ĕn dou') क्रि० स० वृत्ति (विशे० गिरजे की) छीन लेना या बंद कर देना, वक्फ़ छीन लेना। **disendowment** वृत्ति-हरण, वृत्ति-निषेध।

disengage (dis ĕn gāj') क्रि० स० और अ० १. अलग करना, विलग करना, छुड़ाना, डोला करना; २. (पटेबाजी) अपनी तलवार की नोक से प्रतिद्वंद्वी की तलवार के एक ओर से दूसरी ओर ले जाना, अलग हो जाना, विरक्त हो जाना, संपर्क तोड़ लेना या समाप्त कर लेना। सं० प्रथककीकरण। **disengaged** वि० क्रियागत अर्थों में (विशे०) कार्यमुक्त एवं अवकाश युक्त, किसी में मिलने या किसी काम में लगने के लिए स्वतंत्र, खाली, रिक्त, जो पूर्वा-बुद्ध न हो, मुक्त, कार्यरहित, निर्व्यापार। **disengagement** सं० १. छुट्टी, मुक्ति; २. अवसर, अवकाश; ३. (रसा०) बंधों का पार्थक्य; ४. उन्मुक्तता, बंधन-मुक्ति; ५. सुगम प्राकृतिक कार्य-प्रणाली; ६. सगाई टूटना; ७. (पटेबाजी) दे० DISENGAGE।

disentail (dis ĕn tāl') क्रि० स० (विधि) दाय का प्रतिबंध तोड़ना, रिक्थ का यह प्रतिबंध तोड़ना कि दायाधिकारी संपत्ति का हस्तांतरण नहीं कर सकता, संपत्ति बेचने की छूट देना।

disentangle (dis ĕn tăng' gĕl) क्रि० स० और अ० १. सुलझाना; २. झंझटों से छुटकारा देना, झमेले से निकालना, जटिल समस्याओं से मुक्ति देना; ३. बल खोलना, उलझन दूर करना, हल या समाधान ढूँढ निकालना; ४. उलझन से उबर आना, जटिल समस्याओं से बच कर निकल आना। **disentanglement** सं० १. मुक्तिदान; २. उलझन से उद्धार; ३. उलझन से निष्कृति या निस्तार।

disenthral (dis ĕn thrawl') क्रि० स० १. रिहा करना, आज़ाद करना, स्वतंत्र करना, स्वाधीन करना, बंधनमुक्त करना; २. प्रभावमुक्त करना। **disenthralment** सं० रिहाई, परतंत्रता से मुक्ति, बंधन-मुक्ति।

disentomb क्रि० स० क़ब्र से बाहर निकाल लेना, खुदाई करना, खोज या अनुसंधान द्वारा ढूँढ निकालना।

disequilibrium सं० असंतुलन, अस्थिरता।

disestablish (dis ĭs tăb' lish) क्रि० स० १. व्यवस्था उखाड़ फेंकना, व्यवस्था भंग करना; २. (चर्च से) राज्य का संबंध-विच्छेद कर लेना; ३. अपदस्थ करना, पद से हटा देना। **disestablishment** सं० १. व्यवस्था-नाश; २. संबंध-विच्छेद; ३. पद-च्युति।

disfavour (dis fā' vŏr) सं० १. पराङ्मुखता, विरक्ति, अप्रीति, नापसंदगी, अरुचि; २. असंतोष, अप्रसन्नि, अननुग्रह* (विधि भी), अकृपा; ३. अरुचि या अकृपा का पात्र। क्रि० स० नापसंद करना, अरुचि दिखाना, असहमति या अननुग्रह प्रदर्शित करना (जैसे fall into, be in~)

disfeature (dis fē' tyŭr, -chur) क्रि० स० विरूप करना, शक्ल बिगाड़ना, शक्ल भोंड़ी करना, विकृत करना, आकार-भ्रष्ट करना, सुंदरता नष्ट करना।

disfigure (dis fig' ŭr) [O.F. *desfigurer* (*des-*, DIS-, *figurer*, L. *figūrāre*, the fashion; from *figūra*, FIGURE)] क्रि० स० १. रूप बिगाड़ना, सुंदरता नष्ट करना, कुरूप करना, विकृत करना, शक्ल बिगाड़ना या भोंडी करना; २. दूषित करना, कलंकित करना; ३. विद्रूप करना* (विधि भी)। **disfiguration, disfigurement** सं० १. विरूपता, विरूपीकरण, विकृतीकरण; २. दूषित या कलंकित करने का काम।

disforest (dis for' ĕst) [O. F. *desforester*] क्रि० स० जंगल साफ़ करना, जंगल काटना, वन नष्ट करना।

disfranchise (dis frăn' chīz) क्रि० स० १. नागरिक अधिकारों से वंचित करना, नागरिक अधिकार छीन लेना; २. मताधिकार छीन लेना, मत-दान या निर्वाचन के अधिकार से वंचित करना। **disfranchisement** सं० १. नागरिक अधिकारों का वंचन; २. मताधिकार-हरण।

disfrock (dis frok') क्रि० स० पादरी के (पोशाक तथा) पद से वंचित करना।

disgorge (dis gôrj') [O. F. *dasgorger* (DIS-, GORGE)] क्रि० स० और अ० १. उगलना (जैसे धमकी से) (विशे० ला० बुरे साधनों से अर्जित धन को त्यागना); २. (नदी आदि का) निकलना या उद्भूत होना; ३. (पानी का) निरंतर बहाव।

disgrace (dis grās') [F. *disgrâce*, It. *disgrazia*, med.

'L. *disgrâtia* (DIS-, L. *grâtia*, GRACE)] सं० १. निरादर, अनादर, अपमान, अप्रतिष्ठा; २. कुख्याति, बदनामी, अपयश, अपकीर्ति; ३. निरादृत वस्तु, बदनाम चीज, बदनामी या अपकीर्ति का कारण; ४. कलंक, लाछन, धब्बा; ५. पदच्युति, सम्मान के पद से हटाया जाना; ६. शर्म की बात, ऐब। क्रि० स० १. निरादर करना, अपमानित करना, बेइज्जती करना; २. कलंकित करना, लांछन लगाना, नाम को बट्टा लगाना, नाम डुबोना, नाक कटाना, मुंह काला करना, लाज न रखना; ३. पदच्युत करना, पद या स्थान से गिराना या पतित करना। **disgraceful** वि० १. निरादर-पूर्ण, अप्रतिष्ठा-युक्त; २. बदनाम, कुख्यात; ३. शर्म की बात। **disgracefully** क्रि० वि० १. निरादरपूर्वक, बदनामी से; २. कलंक से; ३ लज्जाजनक ढंग से। **disgracefulness** सं० १. निरादर; २. बदनामी, अपकीर्ति, ३. कलंक या लांछन की बात।

disgruntled (dis grŭnt' ĕld) [DIS-, *gruntle*, obs. freq. of GRUNT] वि० असंतुष्ट, अतृप्त, छाया-खोया, उदास।

disguise (dis gīz') [O. F. *deguiser*] क्रि० स० १. कपट वेश या छद्मवेश धारण करना, भेस बदना, स्वांग भरना, रूप बदलना; २. गलत बयानी करना, मिथ्या विवरण देना, नकली या झूठा रूप दिखाना; ३. (नीयत या राय) छिपाना, गुप्त रखना। सं० १. छद्म वेष-धारण, रूप या वेष-परिवर्तन; २. छद्मवेष, भेस, कपट रूप, नकली रूप; ३. छद्म वस्त्र, भेस बदलने या कपट रूप धारण करने की पोशाक; ४. कृत्रिम ढंग, बनावटी लहजा, धोखे में डालने के लिए अपनाया गया लहजा या ढंग; ५. बनावट, धोखा। **blessing in ~** (ऊपर से) दुर्भाग्य, अभाग्य, अभिशाप सा लगने वाला वरदान। **~in or with drink** or **liquor** नशे में चूर, नशे में धुत्त, मदमस्त, मदहोश, मदमत्त। **disguisement** सं० १. छद्मवेश, कपट रूप, २. गलत बयानी, मिथ्या विवरण; ३. गोपन।

disgust (dis gŭst') [M.F. *desgouster* (DIS-, L. *gustâre*, to taste)] सं० १. जुगुप्सा, घृणा, घिन, नफ़रत; २. अरुचि, विरक्ति, ऊब; ३. बेज़ारी, झल्लाहट। क्रि० स० १. ऊबना, उबाना, जी भर जाना, उकताना; २. अरुचि उत्पन्न करना, ३. विरक्ति, विज़ारी, कांच दिलाना। **disgustedly, disgustingly** क्रि० वि० १. अरुचि उत्पन्न करते हुए; २. खिजाते हुए, चिढ़ाते हुए, कोंचते करते हुए। **disgustful** वि०; १. अरुचिकर, अप्रतिकर, २. चिढ़ाने वाला, काव दिलाने वाला; ३. अरुचि या चिढ़न से उत्पन्न या पूर्ण (घृणा, उत्सुकता आदि)।

dish (dish) [A.-S. *disc*, L. *discus*, DISK] सं० १. पात्र, थाली, श्लिया, रकाबी; २. (मिठाई या किसी विशिष्ट खाद्यान्न की) डिश या तश्तरी; ३. थाली के आकार का किसी भी प्रयोग में आने वाला बर्तन; ४. (आ० वि० १) डिश*। क्रि० स० और अ० १. थाली या रकाबी में लगाना या परोसना, थाली या रकाबी के आकार का उथला या किनारेदार बनाना; २. (घोड़े का) दुलकी चाल से या अगले पैर घुमाते हुए चलना, ३. फंसाना, चाल या जाल में फंसाना, प्रवंचित करना (विश० राज० प्रतिद्वंद्विता की) उन्ही की नीति अपना कर हराना, शठता का प्रत्युत्तर शठता से देना। **standing ~** राजसत्ता का भोजन, वह व्यंजन जो प्रतिदिन खाने को मिलता हो। **~-cloth** थाली, रकाबी आदि साफ़ करने का कपड़ा। **~-cover** रकाबी में भोजन गर्म रखने के लिए धातु-निर्मित आच्छादन या ढक्ना। **~up** (लो०) १. तथ्यों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करना; २. खाना परोसना। **~wash, water** धोवन, पानी जिसमें रकाबियाँ आदि धोई गई हों। **~washer** एक लम्बी और हिलती हुई दुम वाली छोटी चिड़िया।

dishabille सं० (प्रायः in ~) १. विवस्त्र, अस्वाभाविक या उपेक्षापूर्वक पहने हुए व्यक्ति, अपर्याप्त वस्त्र धारण किए हुए व्यक्ति; २. ढीले-ढाले वस्त्र या पोशाक।

dishabituate (dis hă bit' ū āt) क्रि० स० आदत छुड़ाना।

disharmonise (dis har' mŏ nīz) क्रि० स० १. सामंजस्य भंग करना, तालमेल तोड़ना; १. बेसुरा करना, बेसुर की अलापना। **disharmoney** सं० १. असामंजस्य; २. बेसुरापन; ३. विवादी-स्वर। **disharmonious** वि० १. असामंजस्यपूर्ण, २. विवादी; ३. बेसुरा, बिना तालमेल का।

dishearten (dis har' tĕn) क्रि० स० उत्साह भंग करना, हिम्मत तोड़ना, हौसला तोड़ना, दिल तोड़ना, हतोत्साह करना, हताश करना, निराश करना, साहस क्षीण करना, निरुत्साहित करना। **dishearteenment** सं० निराशा, साहसहीनता, निरुत्साह।

disherit (dis her' it) [O.F. *desheriter* (*des-*, DIS-, *heriter*, L. *hērēditâre*, to inherit, from *hērēditâs*, heirship)] क्रि० स० १. उत्तराधिकार अथवा पैतृक संपत्ति से वंचित करना, दायच्युत करना; २. स्वत्वहरण करना, अधिकारच्युत करना। **disherison** सं० १. पैतृक अधिकार अथवा उत्तराधिकार से वंचित करने की क्रिया, दाय च्युति; २. स्वत्वहरण।

dishevel (di shev' el) [O. F. *descheveler* (*des-*, DIS-, *chevel* L. *capilli m*, acc. of *capillus*, hair)] क्रि० स० और अ० १. बाल बिखेरना या अस्तव्यस्त करना; २. बाल खोलना; ३. अस्तव्यस्त होना। **dishevelled** वि० १. बिखरे या अस्त-व्यस्त बालों वाला, खुले हुए बिखरे हुए, अस्त-व्यस्त, बिना संवरे हुए (बाल); २. गंदा, मैला-कुचैला; ३. रूखा; ४. अव्य, परेशान, फटे हाल (व्यक्ति)। **dishevelment** सं० १. बिखरापन, अस्तव्यस्तता; २. अव्यस्तता, अव्युत्कृता।

dishonest (dis on' est) [O. F. *deshoneste*, L. *dehonestus* (DE-, *honestus*, HONEST)] वि० १. (व्यक्ति, कार्य या बयान) जालसाज, जालिया, कुचकी; २. ठग, धूर्त, बईमान* (विशे भी), वंचक; ३. शठ, खोटा, दुर्जन, असाधु, विश्वासघाती, बेईमान, कुटिल, मन का काला, मक्कार, फरवा। **dishonestly** क्रि० वि० कपट से, कुटिलता से, जालसाजी से, धूर्ततापूर्वक, फ़रब से, मक्कारी से। **dishonesty** सं० १. कपट, बदमानी* (विशे भी); २. विश्वासघात; ३. धूर्तता, जालसाजी, छल-कपट, धोखा, फ़रब, मक्कारी, ४. झूठ।

dishonour (dis on' or) [O.F. *deshonneur* (DIS-, L. *honor -em*, HONOUR)] सं० १. अवज्ञा, तौहीन, बेइज्जती, अनादर, निरादर, अपमान, बदनामी, अपयश, शर्मदगा उठाने या लज्जित होने का अवस्था; २.लांछन, तोहमत, अपमानित या लज्जित होने की अवस्था लाने वाली वस्तु; ३. हुंडी न सकारना, हुंडी सकारने से इनकार, चैक या बनादश्त अथवा विपत्र आदि का अनादरण। क्रि० स० १. अवज्ञा, तौहीन या बेइज्जती करना, अनादर करना* (विशे भी), अपमान करना; २. सतींत्व भंग करना, कन्या का दूषित करना, किसी कुमारी की इज्जत लूटना या उसके साथ बलात् संभोग करना; ३. बदनाम करना, अपयश या अपकीर्ति फैलाना; ४. (चैक या बनादेश अथवा हुंडी या विपत्र का) अनादरण करना, भुनाने या सकारने से इनकार करना। **dishonourable** वि० १. कलंककारी, अकीर्तिकर, अपयश-

कारक, लज्जाजनक; २. बेईमान, सिद्धांतहीन, नीच, कमीना, अनैतिक, स्वार्थी, क्षुद्र; ३. आदर-सम्मान की नीति-निर्धारित विधा का विरोधी। **dishonourableness** सं० १. बेईमानी; २. क्षुद्रता नीचता, कमीनापन; ३. अनैतिकता।

dishorn (dis hôrn') क्रि० स० सींग काट लेना. शृंगविहीन करना।

dishouse (dis hous) क्रि० स० बेघर करना, खाना खराब करना, घर छीन लेना या घर से (उसमें रहने वालों को) निकाल देना।

disillusion (dis i loo' zhŭn) सं० १. जादू-टोने के प्रभाव से मुक्ति; २. भ्रम-निवारण; ३. मोह-निवृत्ति। क्रि० स० १. जादू हटा लेना, भ्रम-निवारण करना, मुग़ालता दूर करना। **disillusionize** क्रि० स० दे० DISILLUSION **disillusionment** सं० १. भ्रम-निवारण; २. मोह-निवृत्ति।

disincentive (dis in sen' tiv) सं० उत्साह-नाशक या बाधक वस्तु। वि० उत्साह-नाशक या बाधक।

disincline (dis in klin) क्रि० स० दिल फेर देना, विरक्त या उपराम कर देना, विरत या अनिच्छुक बना देना। **disinclination** सं० १. विराग, विरक्ति; २. द्वेष-विमुखता; ३. नापसदगी, अरुचि, अनिच्छा।

disincorporate (dis in kôr' pŏ rāt) क्रि० स० विघटित करना, भंग करना, तोड़ देना, छिन्न-भिन्न कर देना (निगम आदि को)।

disinfect (dis in fekt') क्रि० स० १. (कमरे, कपड़ों आदि को) कीटाणुओं या रोगाणुओं से मुक्त करना, रोगाणु नष्ट करना; २. निर्दोष करना। **disinfectant** वि० और सं० १. रोगाणु या काटाणु-नाशक, रोगाणुनाशक (औषधि आदि); २. (आ०) निःसंक्रामक*/ विसंक्रामक*/ संक्रमणहारी*। **disinfection** सं० १. रोगाणु-नाश; २. (आ०) विसंक्रमण*; ३. (आ०, वि० १) संक्रमण-हरण*; ४. (वि० १) रोगाणुनाशन*।

disinflation सं० (अर्थ०) मुद्रा-संकोचन करना, मुद्रास्फीति को दूर करना (deflat.on के लिए)। **disinflationary** वि० मुद्रा-संकोच-विषयक।

disingenuous (dis in jen' ŭ ŭs) वि० १. अनुदार, असरल; २. खोटा, मन का कालुष, कपटी, कुटिल; ३. धूर्त्त। क्रि० वि० मन के कालेपन से, कपटपूर्वक, कुटिलता के साथ। **disingenuousness** सं० १. नीचता, खोटापन, मन का कालापन; २. विश्वासघात; ३. धूर्त्तपन।

disinherit (dis in her' it) क्रि० स० उत्तराधिकारी न मानना, वारिस मानने से इनकार कर देना, उत्तराधिकार से वंचित करना, दाय से वंचित कर देना, विरासत छीन लेना। **disinheritance** सं० उत्तराधिकार से वंचित होना, दाय-च्युति, दाय-हरण, दाय या विरासत छीन लेने की क्रिया।

disintegrate (dis in' tē grāt) क्रि० स० और अ० १. विश्लिष्ट या विघटित होना, छिन्न-भिन्न होना; २. नष्ट हो जाना; ३. तत्त्वों या अंगों का अलग-अलग करना, लगाव या सटाव खत्म करना, अंगों का पारस्परिक सान्निध्य या संबंध विच्छिन्न करना। **disintegration** सं० १. विकलन, तत्त्वों या अंगों का विघटन* (वि० १ भी), ना०; २. (आ०) अवस्कंदन*/ विवोजन*; ३. (वि० १) कणीकरण*। **disintegrator** सं० १. तत्त्वों या अंगों का विघटनकर्त्ता या विश्लेषक, नाशक; २. (आ०) विघटनित्र*/ विस्क्रन्टीग्रेटर*।

disinter (dis in tĕr') [F. *désenterrer*] क्रि० स० १. (शव) खोद निकालना; २. कब्र या समाधि से बाहर निकालना, शव का उत्खनन करना। **disinterment** सं० उत्खनन, खोद निकालने का काम।

disinterest (dis in' ter ĕst) क्रि० स० १. दिलचस्पी खोना, निरलिप्त होना (स्वयमर्थक), नाता तोड़ लेना; २. संबंध समाप्त कर देना (विशे० कूटनीति में हस्तक्षेप आदि का इरादा या अधिकार त्यागना)। **disinterested** वि० १. निःस्पृह, उदासीन; २. निष्काम, अपक्षपाती, निष्पक्ष, पक्षपातहीन, निःस्वार्थ, निरपेक्ष; ३. बेलाग, बेगरज, अलग-थलग। **~management** व्यवस्थापक द्वारा मदिरालय का प्रबन्ध जिसमें वह शराब की बिक्री से मुनाफ़ा नहीं कमाता। **disinterestedly** क्रि० वि० १. निःस्पृहता से, निरीहता से, निष्पक्षतापूर्वक, २. बेलाग होकर, बेगरजी से। **disinterestedness** सं० १. निःस्पृहता, निरीहता, निष्पक्षता; २. बेलागपन, बेगरज़ी।

disinvestment (dis in vest' ment) सं० किसी देश द्वारा विदेशी से लगाई हुई पूँजी की वसूली या प्राप्ति।

disjoin (dis joĭn) [O. F. *desjoign-*, p.p. of *desjoindre*, L. *disjungere* (dis-, *jungere*, to join)] क्रि० स० अलग करना, विलग करना, अलहदा करना, जुदा करना, वियुक्त करना, पृथक् करना, तोड़ना, संधि भंग करना।

disjoint (dis joint') [O. F. *desjoint*, p. p. of *desjoindre*, as prec.] क्रि० स० १. क्रिया के नैरन्तर्य को भंग करना, क्रम भंग करना, सिलसिला माड़ना या तोड़ना, असंबद्ध करना (मू० कृ० विशे० बात का सिलसिला या संबद्धता टूटना); २. जोड़ों पर से अलग करना, जोड़ या संधि खोल कर टुकड़े अलग करना, ३. (वि० १) विसंधान करना*। **disjointedly** क्रि० वि० बिना सिलसिले या क्रम के, क्रम भंग करते हुए, बात काटते हुए। **disjointedness** सं० असंबद्धता, अप्रासंगिकता बेसिलसिलापन, बेतरतीब होना।

disjunction (dis jŭngk' shŭn) [L. *disjunctio*, from *disjungere*, as prec.] सं० १. विश्लेष, विभेद, अलगतना, २. अलगाव, विलगाव, अलहदगी, जुदाई, वियोग, पार्थक्य, विछोह; ३ (वि०) वियोजन*। **disjunctive** वि० और सं० १. वियोगी* (आ० भी), अलग करने वाला, जुदा या वियुक्त करने वाला, २. (तर्क०, व्या०) वैकल्पिक (विशे० दो शब्दों आदि में से कोई एक चुन लेने देने वाला)। सं० वैकल्पिक पूर्व संयोजक। **disjunctively** क्रि० वि० अलग करते हुए, जुदा या वियुक्त करते हुए। **disjunctor** वि० और सं० वियोजक* (वि० १ भी)।

disk (disk) [L. *discus*, Gr. *diskos*] सं० १. (जैसे गोल चादर (जैसे सिक्का); २. बिंब, मंडल, परिवेश, परिधि, ३. चक्र, गोल व चपटा तल या चिह्न; ४. शरीर, पौधे आदि में गोल चपटा भाग। **sun's a~** सूर्य-मंडल, रवि-मंडल। **~jockey** (आ०) रेडियो के ग्रामोफ़ोन रिकार्डों के कार्यक्रम का संयोजक।

dislike (dis lik) क्रि० स० १. नापसंद करना, अरुचि रखना; २. घृणा करना, नफ़रत करना। सं० १. अरुचि; २. विराग, विरक्ति, विमुखता; ३. द्वेष, घृणा, नफ़रत, नापसंदगी।

dislocate (dis' lō kāt) [late L. *dislocātus*, p.p. of *dislocāre* (dis-, *locāre*, to place, from *locus*, place)] क्रि० स० १. स्थलन, (हाथ-पाँव आदि को या ला० यंत्रों, मामलों या कार्य-व्यापारों को) उतार देना या जोड़ से हटाना अथवा अलग कर देना; २. (भूगर्भ०, स्तर या पर्त को) निरंतरता समाप्त कर देना,

क्रम-भंग कर देना; ३. सरकाना, खिसकाना, स्थान-च्युत या स्थान-भ्रष्ट करना; ४. गड़बड़ करना या कर देना, बिगाड़ देना, प्रबन्ध बिगाड़ देना, अव्यवस्थित कर देना। **dislocation** सं० १. संधि-च्युति* (आ० भी); २. (स्तर का) क्रम-भंग; ३. स्थान-च्युति; ४. संधि-भंग* (आ० भी); ५. (वि० १) स्थान-भ्रंश*; ६. (वि) विसंघान*।

dislodge (dis loj') [O. F. *desloger*] क्रि० स० १. (विशे० मोर्चे से शत्रु को) मार भगाना, या क़िले से निकाल बाहर करना; २. जमह से हटाना, स्थान से हटाना, उठा देना, हटाना, निकाल फेंकना। **dislodg(e)ment** सं० (क़िले से) शत्रु-निष्कासन, शत्रु-निर्वासन।

disloyal (dis loi' ăl) [O. F. *desloial*] वि० १. भक्तिहीन, अभक्त, बेवफ़ा, विश्वासघातक, मित्रद्रोही; २. बाग़ी, गद्दार, राज-द्रोही, अराजनिष्ठ, शासन-द्रोही, अराजभक्त। **disloyalist** सं० और वि० बाग़ी, राजद्रोहवादी व्यक्ति। **disloyally** क्रि० वि० १. भक्तिहीनता से, बेवफ़ाई से, विश्वासघात-पूर्वक; २ राज-द्रोह से। **disloyalty** सं० १. बेवफ़ाई, विश्वासघात, मित्रद्रोह, २. बग़ावत, राजद्रोह, शासन-द्रोह; ३.(विधि) अभक्ति*।

dismal (diz' măl) [O. F. *dis mal*, L. *dies mali*, evil days, unlucky days] वि० १. निराशाजनक, २. भयानक, डरावना, मनहूस, बुरा; ३. उदास, शोकमग्न, मग़मूम, मनहूस, निराशव, अप्रसन्न। **the ~ science** अर्थशास्त्र। **dismals** सं० (बहुव०) १ उदास, विषण्ण. दुःखी, उद्विग्न, २. मकड़प्रस्त, ३. निराश, ४. अप्रसन्नता। **the ~** उत्साहहीनता, उदासी, विषण्णता। **dismally** क्रि० वि० १. उस रूप में, भयानक रूप में; २ उदासी से, विषण्णता-पूर्वक, उद्विग्नतासहित, ३. अप्रसन्नतापूर्वक। **dismalness** सं० १ उदासीनता, उदासी, उष्णता, दारुणता, उद्विग्नता; २. दुःख, ३. निराशा; ४. अप्रसन्नता।

dismantle (dis măn' tel) [M. F. desmanteller (DIS-MANTLE)] क्रि० स० १. विवस्त्र करना, निरावृत करना, उघाड़ना, नंगा करना, आच्छादन हटाना, २. गिराना, ढाना, तोड़ना, पुर्ज़े निकालना, सामान हटा लेना, उतारना; ३. (गढ़ की) सुरक्षा-पंक्ति, (जहाज़ का) पाल या मस्तूल आदि तोड़ देना या उतार लेना। **dismantlement** सं० १. उघाड़ने की क्रिया, आच्छादन-हरण, २. सुरक्षा-पंक्ति तोड़ना; ३. जहाज़, मशीन आदि के पुर्ज़े उतार लेना।

dismast (dis mast') क्रि० स० (जहाज़ के) पाल या मस्तूल उतारना, मस्तूल ताड़ना या गिरा देना।

dismay (dis mā') [prob. O. F *des-*, DIS-, *mayer*, O. H. G. *magan*, to be able, to have power, comp. with A.-S. *magan*, MAY[1] (cp. *esmayer* to lose power, to faint, also Sp. *desmayer*, to DISMAY)] क्रि० स० १. हताश करना, उत्साहहीन करना साहस या धैर्य भंग करना, २. डराना। सं० १. उत्साहहीनता, साहसहीनता; २ धैर्यच्युति, धैर्य-समाप्ति; ३. त्रास, आकुलता, घबराहट, व्याकुलता, उद्वेग, ४. भीति, डर, भय।

dismember (dis mem' bĕr) [O. F. *desmembrer*] क्रि० स० १ अंग छेद करना, अंग से अंग को अलग करना, किसी हिस्से से उसके किसी भाग को फाड़ या काट लेना, २. (साम्राज्य या देश का) बँटवारा या विभाजन करना, विभक्त करना, टुकड़े करना या टुकड़े में बाँटना, छिन्न-भिन्न करना। **dismemberment** सं० १. अंग-विच्छेद, अंग से अंग को अलग करने की क्रिया, २. साम्राज्य-विभाजन, देश-विभाजन; ३. विश्लेष, भंग।

dismiss (dis mis') [L. *dimittere* [DI, *mittere*, to send), *dis-*, due to influence of O. F. *desmettre* (p. p. *dismit*)] क्रि० स० १. (सभा या सेना को) तितर-बितर करना, विसर्जित करना, विघटित करना;; २. (सैन्य०, क़िले या कवायद को) बन्द करने का आदेश या आज्ञा) जाने की आज्ञा देना, प्रस्थान का आदेश देना. ३ डिसमिस करना* (विधि भी), निकाल देना; ४. बर्ख़ास्त करना*, ख़ारिज करना* (प्र० भी), अलग करना, अधिकार-च्यत या पदच्युत करना* (आ, विधि भी), नौकरी छुड़ा देना; ५. दिल से निकाल देना, ध्यान मुक्त देना. (किसी के बारे में) सोचना बन्द कर देना, मूल जाना, हर करना, छोड़ देना, (किसी विषय पर) संक्षेप में विचार करना, ६. (मुक़दमे को) ख़ारिज या विसर्जित करना, कचहरी में (मुक़दमे को) निकाल बाहर करना या आगे की सुनवायी के लिए इन्कार करना; ७. (क्रिकेट में बल्लेबाज़ का बॉलर या गोलरक्षक की गेंद पर) चौका लगाना, (गेंद को) बाउंड्री के पार भेजना, ८. बॉलर का बल्लेबाज़ या उसकी साइड को आउट कर देना; ९. टाल देना, निपटाना। **the ~** सं० क़िले या कवायद के अंत पर छुट्टी। **dismissal** (अब विरल), **dismission** सं० १ विसर्जन, विघटन; २. क़िले या कवायद बंद करने का आदेश; ३. विदाई; ४. पद-च्युति* (विधि भी). बर्ख़ास्तगी, बिम्मरण; ५. ख़ारिज करने या होने का काम; ६. बाउंड्री लगाने या आउट करने का काम। **dismissible** वि० १. विसर्जनीय; २. पदच्युति-योग्य; ३. बिम्मर्ण-योग्य, ख़ारिज करने या होने योग्य।

dismount (dis mount') [prob. from O. F. *desmonter*] क्रि० अ० और स० १ (घोड़े की पीठ आदि से) उतरना या उतारना; २. घोड़े से गिरा देना बिना, घोड़े के करना; ३. (किसी वस्तु को) उसके स्थान से हटाना (विशे० तोप को तापगाड़ी से उतारना)। सं० अश्वावरोहण, घोड़े की पीठ से उतरने का काम।

disobedience (dis ō bē' dĭ ens) [O.F. *desobedience*] सं० १. आज्ञा-भंग, हुक्म उदूली, आज्ञोल्लंघन, अवज्ञा* (विधि भी), अवहेलना, नाफ़रमानी; २. नियमोल्लंघन। **disobedient** वि० १. अवज्ञाकारी, उद्दंड, हुक्म न मानने वाला. २. नियमोल्लंघनकर्त्ता। **disobediently** क्रि० वि० १. अवज्ञापूर्वक, २ विद्रोहमूर्वक; ३. नियमोल्लंघन करते हुए।

disobey (dis ō bā') [F. *désobéir*] क्रि० अ० और स० १. आज्ञा भंग करना, हुक्म-उदूली करना, आज्ञा न मानना, अवज्ञा करना* (विधि भी), अवहेलना करना; २. नियम भंग करना, नियम तोड़ना; ३. (किसी व्यक्ति या विधि की) आज्ञा का पालन न करना, न मानना।

disoblige (dis ō blīj') [F. *désobliger*] क्रि० स० १. दूसरे की सुविधा का ध्यान न रखना, अप्रिय या अवांछनीय आचरण करना। **disobliging** वि० अप्रियकर, अप्रिय आचरण वाला। **disobligingly** क्रि० वि० अवांछनीय रूप मे, अप्रिय आचरणपूर्वक। **disobligingness** सं० अप्रिय आचरण, अवांछनीय आचरण।

disorder (dis ôr' der) [F. *desordre* (DIS-, ORDER)] सं० १ गड़बड़, अव्यवस्था, अस्तव्यस्तता; २. अक्रम, क्रमभंग, क्रमहीनता, व्यतिक्रम, ३. बिगाड़, शांतिभंग, ४ बेइतज़ामी; ५. हुड़दंग, उपद्रव, शोरग़ुल, दंगा-फ़साद, हंगामा, विप्लव; ६ बीमारी, रोग, मर्ज़, रुग्णता, व्याधि, पीड़ा, अस्वास्थ्य, ७ (आ०, विधि) विकार*, ८ (आ०)अनियम*। क्रि० स० १. अव्यवस्थित करना, क्रम भंग करना, २. गड़बड़ करना, अस्त-व्यस्त करना; ३. बीमार करना, शारीरिक गड़बड़ उत्पन्न करना, अस्वस्थ करना। **disorderly** वि० १. अस्पष्ट, धुँधला, भ्रांत; २. अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त, अनियमित,

गड़बड़, बेतरतीब, बेढंगा, बेजोड़ता; ३. उच्छृंखल, मुँहज़ोर, दंगई; ४. विधिभंजक, उपद्रवी; ५. सार्वजनिक उत्पातों या गड़बड़ियों से संबद्ध (जैसे ~house जुआघर, द्यूतगृह, चकला)।

disorganize (dis ôr' gă nīz) [F. *désorganizer*] क्रि० स० १. व्यवस्था भंग करना, अव्यवस्थित करना, अस्तव्यस्त करना; २. विघटित करना, संगठन तोड़ना, असंगठित करना; ३. क्रम भंग करना, गड़बड़ करना, तरतीब तोड़ना; ४. तोड़ डालना, खंडन करना, बिखेरना; ५. (वि० १) विसंगठित होना*। **disorganization** सं० १. विघटन; २. अव्यवस्था; ३. गड़बड़, बेतरतीबी।

disorient (dis ôr' i ènt) [F. *désorienter* (DIS-, *orienter*, to ORIENT] क्रि० स० १. पूर्व दिशा से विपरीत अथवा प्रायः विमुख करना; २. दिशा गड़बड़ाना, ३. चकराना। **disorientate** क्रि० स० १. पूर्व दिशा से कुछ हटा कर (गिरजा) बनाना; २. (व्यक्ति को) मुग़ालते में रखना, उसकी स्थिति के विषय में भ्रम में रखना (शा० और ला०)। **disorientation** सं० १. मुग़ालता, ग़लतफ़हमी, भ्रम; २ दिक्काल व्यामोह, ३ स्थिति भ्रान्ति* (आ० भी)।

disown (dis ōn') क्रि० स० १. प्रत्याख्या करना; २. अस्वीकार या अंगीकार करना, (अपना) मानने से इनकार करना, अपनाने से इनकार करना; ३. परित्याग करना; ४. हर प्रकार के अनुराग को समाप्त कर देना।

disparage (dis păr' ăj) [O. F. *desparagier* (*des-*, DIS-, *parage*, lineage, rank, late L. *parāgium*, *paniticum*, from *par*, equal)] क्रि० स० १. अवज्ञा करना; २. बदनाम करना; ३. नज़रों में नीचे गिराना, अप्रतिष्ठित करना, अपयश फैलाना; ४. घटा कर दिखाना, तुच्छ या गौरवहीन बना कर दिखाना, ५. बुराई करना, निंदा करना। **disparagement** सं० १. बदनामी, अप्रतिष्ठा, अपयश; २. (किसी की) क्षुद्रता का प्रदर्शन; ३. बराई, निंदा; ४. तिरस्कार, बेक़दरी। **disparagingly** क्रि० वि० १ अवज्ञापूर्वक,; २. बदनामी के साथ, अप्रतिष्ठापूर्वक; ३. घटा कर दिखाते हुए; ४. बराई करते हुए, निंदापूर्वक, निंदा-सहित।

disparate (dis' pă rāt) [L. *disparātus*, p. p. of *disparāre* (DIS-, *parāre*, to make ready), assimilated in sense to *dispar*, unequal] वि० भिन्न, असमान, असदृश, विषम, असंबद्ध। सं० (प्रायः बहु०) असुलनीय वस्तुएँ। **disparately** क्रि० वि० भिन्न रूप से, असमान या विषम रूप से, असंबद्धता पूर्वक। **disparateness** सं० भिन्नता, असमानता, वैषम्य, असंबद्धता।

disparity (dis păr' i ti) [F. *disparité*] सं० १. असाम्य, विषमता, असमानता, वैषम्य, अंतर, भेद, असादृश्य, विभिन्नता; २. असंगतता, असंगति।

dispark (dis park') क्रि० स० (पार्क की भूमि को) दूसरे कामों में लाना।

dispart[1] (dis part') (L. *dispartīre*, to distribute] क्रि० स० और अ० १. (काव्य) जुदा होना या अलग करना, वियुक्त होना या करना; २. भिन्न दिशाओं में जाना; ३. बाँटना, विभाजन या वितरण करना।

dispart[2] (dis part') [etym. doubtful] सं० १. (तोप) नाल के दोनों सिरों के मध्य व्यास का अन्तर; २. रन्ध्रक की मक्खी।

dispassionate (dis păsh' ō nāt) वि० १. वीतराग, २. निरपेक्ष, निष्पक्ष; ३. उदासीन; ४. गंभीर, शांत। **dispassionately** क्रि० वि० १. शांति से; २. निष्पक्षता पूर्वक, निरपेक्षता से। **dispassionateness** सं० १. शांति; २. गंभीरता; ३. निष्पक्षता, निरपेक्षता।

dispatch (dis păch') [Sp. *despachar* (DIS-, late L. *pactāre*, to make an agreement, from L. *pactum*, an agreement, neut. p. p. of *pangere*, to fasten)] क्रि० स० और अ० १. भेजना, रवाना करना, प्रेषित करना; २. हत्या करना, काम तमाम करना, यमलोक भेजना, जहन्नुम रसीद करना, जान से मारना; ३. (कार्य, व्यवहार आदि को) झटपट पूरा करना या तय करना, मुस्तैदी के साथ समाप्त करना; ४. जल्दी-जल्दी भोजन सपाड़ना या खाना। सं० १. (दूत, पत्र आदि की) रवानगी, प्रेषण, २. कत्ल, ख़ून, हत्या, वध; ३. व्यापार का शीघ्रतापूर्ण संपादन, फुर्ती, तेज़ी, कम समय में काम करने की क्षमता या योग्यता, ४. लिखित समाचार (विशे० राजकीय मामलों से संबद्ध शासकीय पत्र-व्यवहार); ५ सामान आदि पहुँचाने या भेजने की एजेंसी या आढ़त। **happy~** जापानियों द्वारा आत्म-हत्या। **~box** डिसपैच बॉक्स, पत्र-मंजूषा, शासकीय पत्रों आदि को रखने का डब्बा। **~rider** मोटर साइकिल या घोड़े पर सवार सैनिक, समाचार-वाहक या हरकारा।

dispel (dis pel') [L. *dispellere* (DIS-, *pellere*, to drive)] क्रि० स० १. (भय, अंधकार को) तितर-बितर या छिन्न-भिन्न करना, दूर करना या निवारण करना; २. बिटाना, निकालना, काटना, छिनराना।

dispensable (dis pen' săbl) वि० १. (क़ानूनी, विधि, प्रतिज्ञा) कुछ लचीली, गुंजाइशदार, विशेष अवसरों पर ढीली या शिथिल हो सकने योग्य, २. निवार्य, उपेक्षणीय, गैर-लाज़मी; ३. (आ०) परिहार्य*।

dispensary (dis pen' sări) सं० १. रोग चिकित्सा-स्थान, दवाख़ाना*; औषधालय*, अस्पताल (आ० विधि भी), (विशे० ईसाई दवाख़ाना, धर्मार्थ औषधालय या अस्पताल; २. अत्तार की दुकान, ३. (आ०) डिस्पेन्सरी*।

dispensation (dis pĕn sā' shŭn) [L. *dispensātio*, as foll.] सं० १. बँटवारा, वितरण, विभाजन, २. शासन व्यवस्था (विशे० परमेश्वर द्वारा सृष्टि का शासन); ३. प्रकृति का प्रबंध, परमेश्वर-कृत विधान; ४. किसी समुदाय या व्यक्ति के प्रति परमेश्वर का विशेष बर्ताव या व्यवहार; ५. काल-विशेष में प्रचलित धर्म-विधान (जैसे Mosaic O. T., Christian~); ६. मुआफ़ी, क्षमा, मुक्ति (विशे० पादरी की विधि से लिखित दण्ड या कर में छूट); ७. अभाव में कार्य-संचालन, किसी वस्तु के अभाव में कार्य-संपन्नता।

dispense (dis pens') [O. F. *dispenser*, L. *dispensāre*, freq. of *dispendere* (DIS-, *pendere*, to weigh)] क्रि० स० और अ० १. बाँटना, हिस्सा देना, विभाजन करना, वितरण करना; २. (धर्म-विधि, न्याय का) प्रबंध करना, विधान करना; ३ (औषधि) तैयार करना और देना, दवा बनाना, नुस्ख़ा बाँधना, ४. क्षमा या मुक्ति प्रदान करना; ५. उऋण करना, आभार-मुक्त करना। **~with** १. रियायत करना, (नियम को) शिथिल करना, छूट देना; २. (शपथ की) बंधने वाली शक्ति को हटा लेना, (शपथ के) बंधन या भार से मुक्त करना; ३. किसी वस्तु के बिना काम करना, किसी चीज़ के बिना काम चलाना, ४. अनावश्यक बनाना, ५. छोड़ना, पीछा छुड़ाना; ६. (विधि) अभिमुक्ति प्रदान करना*। सं० (विशे०) अत्तार, नुस्ख़ों के अनुसार दवा बनाने का पेशा करने वाला व्यक्ति।

dispeople (dis pē' pĕl) क्रि० स० उजाड़ना, वीरान करना, निर्जन करना, जनशून्य कर देना।

disperse (dis pĕrs') [F. *disperser*, from L. *dispersus*, p. p. of *dispergere* (DIS-, *spargere*, to scatter)] फ्रि० स० और अ० १. तितर-बितर करना* या होना* (प्र० भी), बिखराना, छितराना, विकीर्ण करना या होना, बिखेर देना* (विधि भी); २. भिन्न दिशाओं से हाँकना, जाना, फैलना, भेजना, छिन्न-भिन्न करना, मगदड़ मचना या छिन्न-भिन्न होना; ३. भिन्न स्थानों पर भेजना या नियुक्त करना; ४. प्रसारित करना, उधर-इधर फैलाना; ५. (श्वेत प्रकाश को) रंगीन किरणों में बाँटना, फैलाना, प्रसार करना; ६. (प्र०) विसर्जन करना*। **dispersal** सं० १. छितराव; २. बिसर्जन; ३. मगदड़; ४. फैलाव, प्रसार; ५. (वि० १) प्रकीर्णन,* परिक्षेपण*। **dispersedly** क्रि० वि० १. तितर-बितर करते हुए या होते हुए; २. बिखीर्ण करते या होते हुए, प्रसार-सहित। **dispersive** वि० १. तितर-बितर करने या होने वाला; २. मगदड से संबद्ध; ३. प्रसार-विषयक; ४. (वि० १) वर्ण-विक्षेपक*। **dispersively** क्रि० वि० तितर-बितर करते हुए या होते हुए। **dispersiveness** सं० १. छितराव, मगदड़, २. फैलाव, प्रसार।

dispersion (dis pĕr' shŭn) [L. *dispersio*, as prec.] सं० १. छितराव, फैलाव, प्रसार, विक्षेपण*/क्षेपण*/ प्रकीर्णन* (वि० १ भी)। **the~** दासत्व के अनंतर यहूदियों का इतर जातियों में फैलाव या प्रसार।

dispirit (dis pir' it) क्रि० स० १. नाउम्मीद करना, मायूस करना, हताश करना, निराश या निरुत्साहित करना; २. ढीला या शिथिल करना; ३. सुस्त करना, हिम्मत तोड़ना। **dispiritedly** क्रि० वि० १. निराशा से, उत्साह-हीनता से; २. शिथिलता से; ३. हिम्मत हार कर; ४. उदासी से, मायूसी से, बुझे हुए मन से।

dispiteous (dis pit' ē us) वि० निर्दय, संगदिल, क्रूर, हृदयहीन, दयाहीन।

displace (dis plās') क्रि० स० १. विस्थापित करना, जगह से हटाना, सरकाना, स्थान बदलना, बेठिकाने रखना; २. पदच्युत करना, ३. पदभ्रष्ट करना, निकाल बाहर करना, जगह ले लेना या छीन लेना, ४. एक वस्तु को हटा कर उसके स्थान पर दूसरी रखना, स्थान-पूर्ति करना; ५. जगह पर आना, स्थानापन्न होना। **displaced person** विस्थापित व्यक्ति (विशे० नाजियों के जबर्दस्ती बनाए गए गुलाम मजदूर)। **displacement** सं० १. विस्थापन* (आ० भी), स्थानांतरण, स्थान-भ्रंश, २. निरसन, किसी वस्तु के स्थान की दूसरी किसी वस्तु से पूर्ति; ३. तैरते हुए या उसमें डूबे हुए ठोस के परिमाण या वजन के कारण अपने स्थान से च्युत या विचलित द्रव का परिमाण या भार (a ship with a~of 11,000 tons खड़ह हजार टन वजन का जहाज़)।

display (dis plā') [O. F. *despleier* (*dis-*, DIS-, *pleier*, L. *plicāre*, to fold)] क्रि० स० १. प्रदर्शित करना, (प्र०भी) प्रकट करना, प्रदर्शन करना, दिखाना; २. प्रकाशित करना, प्रकाश में लाना, जाहिर या प्रकट होने देना; ३. दिखावा करना; ४. सजावट करना*, सजाकर रखना या दिखाना (प्र०भी)। सं० १. प्रदर्शन, प्रदर्शनी, नुमाइश; २. दिखावा, आडम्बर; ३. सजावट, प्रकाशन*, ४. उत्सव, तमाशा, धूमधाम, खेल, जमघट; ५. (छपाई) टाइप का विन्यास, जिससे किसी विशेष बात की ओर ध्यान आकर्षित होता हो। **~advertisement** प्रदर्शन*, विज्ञापन* (प्र० भी)।

displease (dis plēz') [O. F. *desplaisir*] क्रि० स० १. चिढ़ाना, रुष्ट या क्रुद्ध करना, क्षुब्ध या असन्न करना, नाराज करना, नाखुश करना; २. अप्रिय या अरुचिकर होना। **be displeased** असन्नत होना, क्षुब्ध या असंतुष्ट होना। **displeasing** वि० १. चिढ़ाने वाला, रुष्ट या क्रुद्ध करने वाला, क्षोभकारी, नाखुश या अप्रसन्न करने वाला। **displeasingly** क्रि० वि० १. चिढ़ाते हुए, रुष्ट या क्रुद्ध करते हुए, नाखुश या अप्रसन्न करते हुए।

displeasure (dis plezh' ŭr) [O. F. *desplaisir*, as prec. (assim. to PLEASURE)] सं० १. अप्रसन्नता, असंतोष, नाराजगी, असहमति; २. क्रोध, खुस्सा, कोप, रोष; ३. (विधि) अप्रसाद*। क्रि० स० १. अप्रसन्न करना, नाराज करना; २. क्रोध दिलाना।

displume (dis ploom') क्रि० स० (काव्य० ज्ञा० और ला०) पर नोच डालना, परों से वंचित करना, कान्तिहीन करना, शान बिगाड़ना, शोभा बिगाड़ देना।

disport (dis pōrt') [O. F. *desporter* (*des-*, DIS-, *porter portāre*, to carry)] क्रि० अ० क्रीड़ा करना, खेलना-कूदना, कुलेल करना, कलोल करना, अठखेलियाँ करना, केलि करना, आनंद मनाना, विहार करना।

disposal (dis pō zăl', [as foll.] सं० १. परित्याग, परित्यजन, अलहदगी; २. निपटारा, निर्णय, फ़ैसला; ३. विन्यास, व्यवस्था, व्यवस्थापन, रचना, तरतीब, बंदोबस्त; ४. समर्पण, सुपुर्दगी, सौंपना; ५. बिक्री, विक्रय; ६. नियंत्रण, अनुशासन, अधिकार, वश; ७. प्रबंध, इंतज़ाम; *ज़.* (आ०) निस्तारण*; ९. निपटान*, निवर्तन*, व्ययन* (विधि भी)। **at one's~** अधिकार में, वश में, अख़्तियार में होना। **~of business** काम निपटाना।

dispose (dis pōz') [O. F. *disposer* (DIS-, *poser*, L. *pausāre*, to cease, to rose, substituted for *ponere*, to place)] क्रि० स० और अ० १. क्रम से रखना, उचित ढंग से रखना, ठीक-ठिकाने से रखना, तरतीब या क्रम से रखना या लगाना, संवारना, सजाना; २. (किसी व्यक्ति या मन को) विशेष अवस्था में लाना, कोई विशेष स्थिति या रुझान पैदा करना; ३. झुकाना, अनुकूल होना, झुकना, प्रवृत्त करना या होना, इच्छुक बनाना या होना, शौक़ या इच्छा पैदा करना; ४. (किसी वस्तु को) कोई मोड देना; ५. वक्तव्यों की दिशा निश्चित करना, निर्धारित करना, पहले से स्थिर करना; ६. निर्णय करना, फ़ैसला करना, निपटाना, चुकाना। **~of** १. मनमानी करना, काबू में रखना, वश में करना; २. व्यवस्थित अथवा नियमबद्ध करना; ३. पीछा छुड़ाना; ४. ठिकाने से रखना, हटाना, अलग कर देना; ५. तै करना, फ़ैसला करना, निपटारा करना, चुकाना, निबटाना, पार लगाना, बख करना, हत्या करना, मार डालना, काम तमाम कर देना; ६. दावे, युक्ति अथवा विपक्षी को) खत्म करना, पूरी तरह समाप्त कर देना, विध्वंस कर देना; ७. (क्रिकेट के खेल में बल्ली से पूरी पाली को) बाहर कर देना या आउट कर देना; ८. (भोजन) खा जाना; ९. बेचना, बिक्री करना, अलग करना, अलहदा करना; १०. (विधि) व्ययनित करना*। **disposable** वि० १. बेचने योग्य, विक्रेय; २. त्याज्य, छोड़ने योग्य, पीछा छुड़ाने योग्य; ३. व्यवस्था के योग्य, उपयोग के योग्य; ४. अधिकार मे, वश में, हाथ में। **disposability** सं० १. बेचने, छोड़ने या उपयोग में आने की क्षमता या योग्यता; २. अधिकार में होना, वश में होना।

disposition (dis pō zish' ŭn) [F. from L. *dispositio -ōnem*, from *dispositus*, p.p. of *dispŏnere* (DIS-, *ponere*, to place)] सं० १. क्रम, व्यवस्था* (वि० १ भी), विन्यास, तरतीब, बनावट; २. इंतज़ाम, प्रबन्ध; ३. (किसी वस्तु आदि के विभिन्न अंगों की पारस्परिक)

स्थिति* (वि० १ भी); ४. (प्रायः बहुव०) युद्ध की योजना, तैयारी, लड़ाई का नक्शा, आक्रमण या रक्षा के लिए व्यूह-रचना, सेना का स्थान निर्धारण, सेना की तैयारी; ५. अध्यवसेय; ६. निपटारा; ७. वस्तावेज या वसीयत द्वारा दान; ८. नियंत्रण, क़ाबू, अधिकार, वश; ९. झुकाव, रुझान, प्रवृत्ति, मनोवृत्ति, तबियत, मिजाज़, रुचि, आदत* (वि० १ भी), स्वभाव*, व्यसन* (विधि भी); १०. (आ०) स्ववृत्ति*. **~of property** संपत्ति का व्यसन।

dispossess (dis pə zes') [O. F. *despossesser* (DISPOSSESS)] कि० स० १. अधिकार-भ्रष्ट या बेदखल करना, अधिकारच्युत करना, किसी को हटा कर उसकी जगह लेना, निकाल देना; २. वंचित करना; ३. (किसी के ऊपर से) भूत उतारना, प्रेत-पिशाच आदि से मुक्त करना (अप०)। **dispossession** सं० १. बेदखली, क़ब्ज़ा हरण, अधिकार च्युति, स्वत्व हरण; २. भूत-प्रेत से छुटकारा। **dispossessor** सं० १. बेदखल करने वाला, कब्ज़ा छीनने वाला, अधिकारच्युत करनेवाला, वंचित करने वाला; २. भूत-प्रेत उतारने वाला।

dispraise (dis prāz') [O. F. *despreisier*, L. *dēpretiāre*, to DEPRECIATE] कि० स० सम्मान घटाना, बेक़दरी करना, कम कर के बिखाना, तिरस्कार करना, बदनाम करना। सं० बेक़दरी, असम्मान, तिरस्कार।

disproof (dis proof') [DIS-, PROOF] सं० १. खंडन, प्रत्याख्यान, रद्द; २. खंडन करने वाली युक्ति, रद्द करने वाली दलील।

disproportion (dis prə pôr' shŭn) सं० १. अननुरूपता, असनतता, बिषमानुपात* (आ० भी), अननुपात* (विधि भी), अनुपातहीनता, असंगति, वैषम्य, असमता, अनुपयुक्तता। **disproportionate** वि० १. विषम, अननुरूप, असम, अनुपातहीन बेढंगा; २. बेअंदाज़, कमती-बढ़ती, उकरत से अधिक या कम, आवश्यकता से अधिक बड़ा या छोटा, बेजोड़, बेमेल, असंगत, अनुपयक्त। **disproportionately** क्रि० वि० अनुपातहीन ढंग से, बेढंगे तौर पर, विषमतापूर्वक। **disproportioned** वि० अनुपातहीन, विषम, अनुपयुक्त, बेढंगा, छोटा-बड़ा, बेमेल, अनमेल, बेडौल, असंगत।

disprove (dis proov') [O. F. *desprover* (DIS-, PROVE)] कि० स० (भू० कृ० **disproved** क्वचित **disproven**) १. झूठा साबित करना, झूठा ठहराना, ग़लत साबित करना, अप्रमाणित करना, असत्य सिद्ध करना; २. खंडन करना, युक्तिहीनता दिखाना, प्रतिवाद करना, प्रत्याख्यान करना; ३. तोड़ना, रद्द करना; ४. नासाबित करना।

dispute (dis pūt') [O. F. *desputer*, L. *disputāre* (DIS-, *putāre*)] कि० अ० और स० १. विवाद करना, बहस करना, तर्क-वितर्क करना, झगड़ा करना, कलह करना, हुज्जत करना, तकरार करना; २. (किसी प्रश्न या समस्या पर) विचार करना; ३. प्रतिवाद करना, खंडन करना; ४. (किसी कथन या तथ्य के विषय में) संदेह प्रकट करना; ५. प्रतिरोध करना, रोकना, बाधा डालना, ६. सामना करना; ७. (प्रभुसत्ता, विजय आदि) प्राप्त करने का प्रयत्न करना। सं० १. विवाद* (विधि भी), वाद-विवाद, बहस-मुबाहिसा, बखेड़ा; २. झगड़ा, कलह, तकरार, रार, कशमकश, लड़ाई, टंटा, कहा-सुनी; ३. मतभेद। **beyond, past, without ~** निश्चित रूप से, निस्संदेह, बेशक, अकाट्य रूप से। **in~** विवादास्पद, विवादग्रस्त, झगड़े का। **disputable** (dis'-, dis pū' tăbl) वि० १. विवादास्पद, विवादग्रस्त; २. अनिश्चित, संदिग्ध, संदेहयुक्त। **disputably** क्रि० वि० १. विवादपूर्वक, विवादग्रस्त रूप में; २. संदेहपूर्वक। **disputant** (dis' pū tănt) वि० और सं० विवादी, तार्किक, बहस करने वाला, नैयायिक, हेतुवादी। **disputation** सं० १. युक्ति, दलील; २. वाद-विवाद, बहस, तर्क-वितर्क; ३. हुज्जत, वितंडा। **disputatious** वि० १. विवादप्रिय, हुज्जती; २. बहस या तर्क-वितर्क का प्रेमी। **disputatiously** क्रि० वि० विवादपूर्वक, वाद-विवाद करते हुए, बहस के द्वारा। **disputatiousness** सं० विवादप्रियता, हुज्जतीपन।

disqualify (dis kwol' i fī) क्रि० स० १. अक्षम, अयोग्य या अनुपयुक्त ठहराना या होना, अक्षम या अपात्र होना (किसी कार्य या पद के लिए); २. क़ानून की दृष्टि से अयोग्य घोषित करना, अधिकार छीन लेना, वंचित करना; ३. रोक देना, नामंज़ूर करना। **disqualification** सं० क्रियागत अर्थों में १. अनर्हता*/ अयोग्यता*/ अक्षमता* (प्र० भी), अनुपयुक्तता, अपात्रता; २. कमी, ऐब, नुक़्स, दोष, त्रुटि; ३. प्रतिबन्ध, रोक, रुकावट।

disquiet (dis kwī' ĕt) क्रि० स० १. बेचैन करना, व्याकुल करना, परेशान करना; २. शांति भंग करना, अशान्त करना। वि० १. बेचैन; २. व्याकुल, बेकल; ३. अशान्त, परेशान। सं० १. अशान्ति; २. व्याकुलता, बेचैनी, परेशानी; ३. चिंता, व्यग्रता। **disquietness, disquietude** सं० चिंता, उद्वेग, आकुलता, बेचैनी, बेकली, व्यग्रता, संभ्रम, बाधा, व्याकुलता, व्यग्रता, अशान्ति, परेशानी।

disquisition (dis kwi zish' ŭn) [L. *disquisitio*, from *disquisitus*, p. p. of *disquīrere* (DIS-, *-quaerere*, to seek) सं० १. (अप्र०) विचार, परीक्षा, विवेचन, विमर्श, निरूपण, २. जाँच-पड़ताल, खोज, पूछताछ, तहक़ीक़ात; २. अनुसंधान, गवेषणा, अन्वेषण; ३. (आधु०) किसी विषय पर विस्तृत प्रबंध या विवेचन या व्याख्यान। **disquisitional** वि० १. जाँच संबंधी, गवेषणात्मक, २. विवेचनात्मक।

disrate (dis rāt') क्रि० स० १. (नौ० वि०) (किसी कर्मचारी का) पद घटाना, दर्जा घटाना, २ पदच्युत करना।

disregard (dis rè gard') क्रि० स० १. ध्यान न देना, परवाह न करना, अनदेखी या अनसुनी करना, उपेक्षा करना, अवहेलना करना, उदासीनता दिखाना, अनसुनी करना, टाल देना, महत्त्व न देना। सं० उदासीनता, उपेक्षा, अवहेलना; २. अनादर; ३. लापरवाही, टालमटोल, अनसुनी।

disrelish (dis rel' ish) सं० विराग, विरक्ति, अरुचि, अप्रीति, घृणा, नफ़रत, विमुखता। क्रि० स० नापसंद करना, अरुचि रखना, घृणा करना, नफ़रत करना, विमुख रहना।

disremember (dis rè mem' bèr) क्रि० स० (बोल०) याद न आना, बिसर जाना, भूल जाना।

disrepair (dis rè pâr') सं० बेमरम्मती, टूट-फूट, मरम्मत न होने के कारण दुर्दशा।

disreputable (dis rep' ū tă bĕl) वि० १. अकीर्तिकर, बदनाम, निंद्य, निंदनीय, अप्रतिष्ठित, कुख्यात, २. दूषणीय, कुत्सित; ३. चरित्रहीन, नीच, ज़लील। **disreputableness** सं० १. बदनामी, अपकीर्ति, अप्रतिष्ठा, अपयश, कुख्याति; २. चरित्रहीनता, ३. नीचता। **disreputably** क्रि० वि० १. निंदनीय ढंग से, अप्रतिष्ठापूर्वक, अपयशपूर्वक; २. चरित्रहीनता से; ३. नीचता के साथ। **disrepute** (dis rè pūt') सं० बदनामी, अपयश, अप्रतिष्ठा, अपकीर्ति, निंदा, कलंक, कुख्याति।

disrespect (dis rè spekt') सं० अवज्ञा, अनादर, असम्मान, अभद्रता, अशिष्टता, धृष्टता, बेअदबी, गुस्ताख़ी, अवज्ञा, तिरस्कार। **disrespectful** वि० अनादरपूर्ण, अभद्र, अशिष्ट, धृष्ट, बेअदब, गुस्ताख़। **disrespectfully** क्रि० वि० अभद्रतापूर्वक, अशिष्टता

के साथ, बेअदबी से, गुस्ताखी से। **disrespectfulness** सं० अनादर, असम्मान, अप्रश्रता, अशिष्टता, बेअदबी, गुस्ताखी।

disrobe (dis rōb') क्रि० स० और अ० नंगा करना या होना, विवस्त्र करना या होना, उघाड़ना (ला० भी), कपड़े उतारना।

disroot (dis root') क्रि० स० १. जड़ से उखाड़ना, निर्मूल करना, उन्मूलन करना; २. स्थान से हटा देना, निकाल देना।

disrupt (dis rŭpt') [see DISRUPTION] क्रि० स० १. टुकड़े-टुकड़े करना; २. चीर डालना; ३. तितर-बितर करना, छिन्न-भिन्न करना, विच्छिन्न करना; ४. भंग करना, तोड़ना; ५. गड़बड़ी फैलाना या डालना, फूट डालना।

disruption (dis rŭp' shŭn) सं० १. विदारण, भंग, भेद, फूट, विच्छिन्नता, विच्छेद, भंजन, फटना, विदीर्ण अवस्था; २. गड़बड़ी, बेचैनी, अव्यवस्था। **the ~** १८४३ में स्कॉटलैंड के चर्च में फूट। **disruptive** वि० १. फूट डालने वाला, विदारक, भंजक; २. विच्छेदकारी, गड़बड़ी फैलाने वाला; ३. तितर-बितर या छिन्न-भिन्न करने वाला।

dissatisfy (di săt' is fī) क्रि० स० असंतुष्ट करना, अप्रसन्न करना, नाराज़ करना, नाखुश करना, अतृप्ति या असंतोष उत्पन्न करना। **dissatisfaction** सं० १. अतृप्ति, असंतोष; २. विरक्ति, अप्रसन्नता; ३. बेचैनी; ४. हलचल; ५. बेइतमीनानी; ६. नाराज़गी।

dissave (dis sāv) क्रि० अ० अपनी बचत खर्च कर देना, सारी आमदनी खर्च कर डालना, कुछ न बचाना।

disseat (dis sēt') क्रि० स० १. (घोड़े आदि से) गिरा देना, फेंक देना, २. अपदस्थ करना, स्थानच्युत करना, हटा देना।

dissect (di sekt') [L. *dissectus*. p. p. of *dissecāre* (DIS, -*secāre*, to cut)] क्रि० स० १. विभाजित करना, टुकड़े-टुकड़े करना; २. चीर-फाड़ करना, अंग-छेद करना, अंग-अंग पृथक् करना (पशु, वनस्पति आदि का); ३. अंग-प्रत्यंग की जाँच करना, विश्लेषण करना, सूक्ष्मपरीक्षण या विचार करना; ४. विस्तृत आलोचना करना, ५. (वि० १) विच्छेदन करना*। **dissection** सं० १. चीर-फाड़, २. जाँच-पड़ताल, विश्लेषण, सूक्ष्म परीक्षण; ३. (अ०) व्यवच्छेदन* विच्छेदन*। **dissector** सं० चीर-फाड़ करने वाला, जाँच-पड़ताल करनेवाला, विश्लेषक, सूक्ष्म परीक्षक।

disseise (dis sēz') [A.-F. *dissesser*, O.F. *dessaisir*] क्रि० स० बेदखल करना, निकाल देना, अधिकारच्युत करना, जायदाद आदि छीन लेना (ला०)। **disseisin, -zin** सं० (विधि) बेदखली*, अनुचित रूप से अधिकार-हरण, आधिपत्यवंचन, संपत्ति का वास्तविक अधिकार छीन लेना।

dissemble (di sem' bĕl) [O. F. *dissimuler*, L. *dissimulāre* (DIS-, *simulāre*, to simulate) assim. to RESEMBLE] क्रि० स० और अ० १. (चरित्र, भावना, उद्देश्य, कार्य) छिपाना, ढंकना, पोशीदा रखना, किसी दूसरी बात के परदे में रखना, गुप्त करना, गुप्त रखना, छल करना, धोखा देना, छद्मवेश धारण करना; २. (अभ०) उपेक्षा करना, अनदेखना करना, ध्यान न देना, जानबूझ कर अनसुना या अनदेखी करना; ३. (सत्य बात) न कहना, बात छिपाना; ४. नीयत या उद्देश्य गुप्त रखना; ५. पाखंडी होना, मक्कार होना। **dissembler** सं० छापिक, पाखंडी, मक्कार, कपटी, छली।

disseminate (di sem' i nāt) [L. *disséminātus*, p. p. of *disséminare* (DIS-, *séminare*, to sow, from *semen*, seed)] क्रि० स० बोना, (ला० बीज, प्रायः ला० सिद्धान्त, राजद्रोह आदि) बिखेरना, छितराना, फैलाना, विकीर्ण करना, परिव्याप्त करना, प्रचार करना, प्रसार करना। **dissemination** सं० १. बीज बोना; २. प्रसरण, विस्तार, फैलाव, प्रचार, प्रसार* (आ० भी); ३. विकीर्णन; ४. (वि०) प्रकीर्णन*। **disseminator** सं० १. बीज बोने वाला, फैलाने वाला, विकीर्णक; २. प्रचारक, प्रसारक।

dissension (di sen' shŭn) [F., from L. *dissentio -ōnem*, as foll] सं० भेद, मतभेद, असहमति, फूट, कलह, विवाद, झगड़ा, अनबन।

dissent (di sent') [L. *dissentire* (DIS-, *sentire*, to feel)] क्रि० अ० १. न मानना, स्वीकार न करना, इनकार करना; २. असहमत होना, मतभेद रखना, मतभेद या असहमति प्रकट करना, (विशे० सर्वमान्य धार्मिक सिद्धान्त को) अस्वीकार करना या उसका विरोध करना, विसम्मति प्रकट करना* (विधि भी)। सं० १. वैमत्य, असंमति, मतिभेद, विमति, मतभेद, असहमति* (प्र०भी), विरोध; २. इनका प्रकटीकरण; ३. मान्य धार्मिक सम्प्रदाय के सिद्धान्तों को मानने से इंकार, धार्मिक स्वच्छंदता; ४. (सामू०) भिन्न मतावलम्बी; ५. असहमति, अस्वीकृति, नाराज़गी; ६. (प्र०) विसम्मति*, विमति*। **note of ~** विसम्मति लेख, असहमति लेख। **Dissenter** सं० १. भिन्न मतावलंबी, विधर्मी, विशे० राष्ट्रीय धर्म-संप्रदाय से मतभेद रखनेवाला; २. इंग्लैण्ड या स्कॉटलैण्ड के चर्च से अलग हो जाने वाले संप्रदाय का सदस्य; ३. विरोधी, मुखालिफ़। **dissenting minister** स्वीकृत संप्रदाय से मतभेद रखनेवाला पादरी। **dissentingly** क्रि० वि० १. मतभेद रखते हुए, अस्वीकार करते हुए; २. विरोधपूर्वक।

dissentient (di sen' shi ent) [L. *dissentiens -ntem*, prcs. p. of *dissentire*. as prec.] वि० और सं० बहुमत या सरकारी दृष्टिकोण का विरोधी, विभिन्न मत का, मतभेद रखने वाला, विरोधी।

dissepiment (di sep' i ment) [L. *dissepimentum*, *dissepire* (DIS-, *sepire*, to hedge off, from *sepes*, a hedge)] सं० १. (वन० और प्राणि०) परदा, झिल्ली (विशे० फलों के भीतर आड़ का कान देनेवाली); २. (भूगर्भ०) भित्तियोजिका।

dissert (di sĕrt'), **dissertate** (dis' ĕr tāt) [*dissertus*, p. p. and *dissertāre*, freq. of *disserere* (DIS-, *serere*, to join)] क्रि० अ० १. व्याख्यान देना; २. विस्तृत विवेचन करना, व्याख्या करना; ३. विवरण देना, बयान देना। **dissertation** सं० १. व्याख्यान, विवेचन, निरूपण; २. विस्तृत आलोचना, प्रबंध, विवरण।

disserve (dis sĕrv') क्रि० स० हानि पहुँचाना, अनिष्ट करना, क्षति पहुँचाना, नुकसान पहुँचाना। **disservice** सं० अनिष्ट, क्षति, हानि, अपकार* (विधि भी), नुकसान।

dissever (di sev' ĕr) क्रि० स० और अ० काटना, अलग करना, पृथक् करना, विच्छिन्न करना, टुकड़े-टुकड़े करना, बाँटना, विभाजित करना, भाग करना।

dissident (dis' i dent) [L. *dissidens -ntem*, pres. p. of *dissidĕre* (DIS-, *sedĕre*, to sit)] वि० और सं० १. विमत, भिन्नमत, मतभेद रखनेवाला, विरोधी, भिन्न, परस्पर विरुद्ध; २. सरकारी राय या बहुमत का विरोधी; ३. भिन्न मतावलम्बी, विपरीत मत वाला, विरोधी। **dissidence** सं० असहमति, मतभेद, विरोध, अस्वीकृति।

dissight सं० (क्वचित्) कुरूप या भद्दी वस्तु, आँखों को खटकने वाली वस्तु।

dissimilar (di sim' i lăr) वि० १. भिन्न, असदृश, विरुद्ध, असम, विषम, असमान* (वि० १ भी), अनमेल, बेमेल, विजातीय; २. (वि० १) असम रूप*। **dissimilarity** सं० असादृश्य, असमानता, वैषम्य, भिन्नता, अंतर, विजातीयत्व। **dissimilarly** क्रि० वि० भिन्न रूप में, असमानतापूर्वक।

dissimilate (di sim' i lāt) [DIS-, L. *similis*, after ASSIMILATE] क्रि० स० (भौ० क्रि०) असम करना, विषम करना (एक दूसरे को दोहरानेवाली ध्वनि को)। **dissimilation** सं० ध्वनिभेद, असाम्य, विषमीकरण। **dissimilitude** सं० असादृश्य, असमानता, विषमता, वैषम्य, भिन्नता, फ़र्क़।

dissimulate (di sim' ū lāt) [L. *dissimulātus*, p. p. of *dissimulāre* (DIS-, *simulāre*, to SIMULATE)] क्रि० स० और अ० १. महसूस न होने का बहाना करना, (किसी विचार या भाव को) छिपाना, प्रकट न करना, बहाना बताना (तुल० SIMULATE); २. छद्मवेश धारण करना, छल करना, ढोंग रचना, पाखंड करना। **dissimulation** सं० मक्कारी, छल, बहाना, कपट, ढोंग, स्वाँग, पाखंड। **dissimulator** सं० १. कपटी, मायावी, छली, ढोंगी, मक्कार, पाखंडी; २. अवसरवादी।

dissipate (dis' i pāt) [L. *dissipātus*, p. p. of *dissipāre* (DIS-, obs. *sipāre*, to throw)] क्रि० स० और अ० १. हटाना या हटना, दूर करना या होना, छिटकना, तीन तेरह करना, ग़ायब करना या होना, छितराना, उड़ाना, छिन्न-भिन्न करना (बादल, भाप, चिंता, भय, अँधेरे को); २. कण-कण करना या हो जाना, क्षार-क्षार करना या होना, मिटाना या मिटना; ३. (धन) अपव्यय करना, बर्बाद करना, गँवाना; ४. (शक्ति या ध्यान) क्षय करना, बर्बाद करना; ५. ऐयाशी में लगे रहना, गुलछर्रे उड़ाना, व्यसन में आसक्त रहना, दुराचरण में लगना। **dissipated** वि० क्रियागत अर्थों में १. बिखेरा हुआ, छितराया हुआ, बिकीर्ण, कण-कण किया हुआ; २. मिटा हुआ, लुप्त, बरबाद; ३. भ्रष्ट, दुराचारपूर्ण, व्यसनात्मक, व्यसनी, ऐयाश, भ्रष्टशील। **dissipation** सं० १. छितराव, बिखराव, बिच्छिन्नता, बिकिरण, बिकीर्णन; २. अपव्यय, फ़िज़ूलख़र्ची; ३. एकाग्रता का अभाव, अप्रचित्तता; ४. दुर्व्यसन, लंपटता, बदचलनी, बदकारी; ५. (आ० वि० १), बिसरण*; ६. (वि० १) क्षय*। **dissipative** वि० १. छिन्न-भिन्न करनेवाला; २. उड़ानेवाला, बरबाद करनेवाला, अर्थ नष्ट करनेवाला; ३. दुराचारी व्यसनी, ऐयाश।

dissociable (disō' shā bēl) [DIS-,SOCIABLE] वि० अगल करने योग्य, असंबद्धनीय, विघटनीय। **dissocialize** क्रि० स० असामाजिक बनाना, समाज की ओर से रुचि हटाना, समाज से मन फेरना, मेलजोल से विरत करना।

dissociate (di sō' shi āt) [L. *dissociātus*, p. p. of *dissociāre* (DIS-, *sociāre*, to associate, from *socius*, a comrade)] क्रि० स० १. (विचार या वास्तव में) असंबद्ध करना, पृथक् करना, संबंध तोड़ना, संबंध न रखना, वास्ता न रखना, अलग करना या होना, रिश्ता तोड़ लेना; २. (रसा०) विघटित होना; ३. (मनो०) किसी व्यक्ति के मन में चेतना के एक से अधिक केन्द्र बनने और बढ़ने देना या उसके लिए प्रेरित करना। **dissociated** (वि० १) वियोजित*। **dissociation** सं० १. असंबद्धता, विघटन, विलगाव, पृथक्करण, विच्छेद; २. वियोजन* (आ०, वि० १ भी)। **dissociative** वि० असंबद्धता-विषयक, विघटनशील।

dissoluble (di sol' ū bel) [L. *dissolūbilis*, from *dissolvere*, to DISSOLVE] वि० घुलनशील, द्रवणीय, विघटनशील, जिसे असंबद्ध किया जा सके, विलोपनीय। **dissolubility** सं० घुलनशीलता, द्रवणीयता, विघटनशीलता, विलोपनीयता।

dissolute (dis' ō lūt) [L. *dissolūtus*, p. p. of *dissolvere*, to DISSOLVE] वि० आवारा, बदचलन, दुराचारी, लंपट, ऐयाश, व्यसनी, विषयी, कामुक, इंद्रियपरायण। **dissolutely** क्रि० वि० बदचलनी से, आवारापन से, लंपटता के साथ। **dissoluteness** सं० आवारापन, बदचलनी, दुराचारिता, लंपटता, कामुकता, ऐयाशी।

dissolution (disō lū' shŭn) [L. *dissolūtio*, as prec.] सं० १. विघटन*/भंग* (प्र०, विधि भी), विलोप, विघुलन, द्रवीकरण; २. साझा, विवाह, करार या मित्रता का विच्छेद; ३. सभा भंग, (विशे० नये चुनाव के उद्देश्य से) किसी संसद की समाप्ति; ४. मृत्यु, मौत, देहावसान; ५. प्रलय, नाश, क्षय, विध्वंस, उच्छेद, अंत, समाप्ति, लोप; ६. प्रविलयन*, विलयन*, (आ०, प्र०, विधि, वि० १ भी)। **dissolve** (di zolv') [L. *dissolvere* (DIS-,solvere, to loosen)] क्रि० स० और अ० १. घुलाना, घोलना*, घुलना*, विलयन करना* (वि० १ भी) या होना, गलाना, गलना, पिघलाना, पिघलना, द्रवित करना या होना; २. ढीला करना या होना; ३. निर्बल करना या होना; ४. ग़ायब होना, लुप्त होना; ५. विसर्जित करना या होना, भंग करना या होना, मंसूख़ या रद्द करना या होना; ६. (साझा आदि) तोड़ना, विच्छेद करना; ७. समाप्त करना, अंत करना, मिटा देना; ८. संसद को भंग या बर्ख़ास्त करना। **~Parliament** संसद को भंग करना (नये चुनावों के लिए)। **dissolvable** वि० १. क्षरणशील, विलयन-शील, चालने या घुलने योग्य, पिघलने या द्रवित होने योग्य, २. ग़ायब होने योग्य; ३. विसर्जित या भंग करने योग्य; ४. विच्छेद करने या ताड़ने योग्य; ५. समाप्य। **dissolved** वि० बिलीन* घुला हुआ* (वि० १ भी)। **~in tears** बहुत रोना। **dissolvent** वि० और सं० विद्रावक, घोलनेवाला, द्रवकारी (पदार्थ) जो किसी चीज़ को घुला या पिघला दे। **dissolving views** मैजिक लैंटर्न में एक दृश्य के आने के साथ-साथ धीरे-धीरे पहले दृश्य का मिट जाना।

dissonant (dis' ō nānt) [L. *dissonans -ntem*, pres. p. of *dissonāre*, to be unlike in sound, from *dissonus*, discordant] वि० १. कर्कश; २. बेसुरा, कर्ण-कटु; ३ असगत, बेमेल, असमेल, नागवार; ४. (वि० १) असंवादी*। **dissonantly** क्रि० वि० १. असंवादिता* (वि० १ भी), २. कर्कशतापूर्वक; ३. असंगत या बेमेल ढंग से; ४. बेसुरेपन से। **dissonance** सं० १. बेसुरापन, २. कर्कशता; ३. असगति; ४. विषमता।

dissuade (di swād') [L. *dissuādēre* (DIS-, *suādēre*, to persuade)] क्रि० स० १. (किसी काम के) विरुद्ध परामर्श देना, फुसलाना, बहकाना, (किसी काम की) निंदा करना, २. मना करना, बरजना, रोकना, हटाना, दिल फेरना, बाज़ रखना, समझाना-बुझाना। **dissuasion** सं० निवर्तन, नियमन, प्रत्यादेश, निवारण, विरुद्ध परामर्श, मनाही, रोक, समझाना-बुझाना। **dissuasive** वि० प्रत्यादेशक, विरुद्ध परामर्श देनेवाला, मना करनेवाला, बरजनेवाला, रोकनेवाला।

dissyllable दे० DISY।

dissymmetry (di sim' ĕ tri) सं० १. विषम, असंगत, विषमता, असंगति, अवयवों की असमानता, बेढंगापन। **dissymmetrical** वि० विषम, असंगत, बेढंगा, बेढौल।

distaff (dis' taf) [A.-S. *distef* (cp. L. G. *diesse*, a bunch of flax)] सं० १. कातने के लिए ऊन या सन लपेटने की चिरी हुई लाठी, पेवनी थामने की फटी हुई लकड़ी; २. सूत या ऊन कातने के चर्ख़े का लाल; ३. औरतों का काम। **~side** पितृवंश की स्त्रियाँ (तुल० पुरुषों के लिए spear side)।

distal (dis' tăl) [formed from DIST-ANCE, -AL] वि० (श०, वि० और बन०) शरीर के केन्द्र या संलग्न-बिंदु से दूर, दूरस्थ, दूरस्थ* (आ०, वि० १ भी), अग्रवर्ती, आख़िरी, अंतिम, सिरे का।

distance (dis tăns) [O. F. from L. *distantia* (see foll.] सं० १. सं० बुरी* (आ०, वि० १ भी), फ़ासला, व्यवधान, दूरत्व, अंतर, पल्ला, व्यवधान, अंतराल; २. मेल-जोल से बचना (जैसे keep your~), रूखापन, खिंचाव; ३. दूरस्थ प्रदेश, दूर स्थान, दूरस्थ दृश्य या दृष्टि-क्षेत्र; ४. मुहत, अवधि, अरसा; ५. (दौड़) २४० गज की दूरी। क्रि० स० १. दूर रखना, फ़ासले पर दिखाना; २. दौड़ आदि में पीछे छोड़ना, आगे निकल जाना। **at this~ of time** इतने दिनों बाद। **beaten by a~** दौड़ में २४० गज से हराना। **middle~** समीप और दूरस्थ दृश्य के बीच का दृश्य (चित्र अथवा वास्तविक दृश्य में)। **within striking~** इतने समीप कि मारा जा सके, मार की हद में।

distant (dis' tănt) [F., from L. *distans -ntem*, pres. p. of *distāre* (DIS-, *stare*, to stand)] वि० १. दूरस्थ, दूर, फ़ासले पर, दूरवर्ती, दूर का; २. स्थिति, काल और समानता आदि में दूरी पर; ३. खिंचा हुआ, सर्द, ठंडा, रूखा; ४. अगम्य। **~ages** प्राचीन युग। **~connection** दूर का रिश्ता। **~likeness** दूर की समानता। **~signal** रेल स्टेशन से दूर वाला सिगनल। **distantly** क्रि० वि० १. दूर से, दूर के संबंध से; २. रूखेपन से।

distaste (dis tāst') सं० १. विरक्ति, विराग, वितृष्णा, अननुराग, विद्वेष, नापसदगी, घृणा, नफ़रत, अप्रीति; २. अस्वाद, अरुचि। **distasteful** वि० १. अप्रीतिकर, अप्रिय, घृणास्पद; २. अरुचिकर, बेस्वाद। **distastefulness** स० १. अप्रियता; २. अरुचिकरता।

distemper[1] (dis tem' pĕr) [DIS-, L. *temperāre*, to TEMPER, to mix in due proportions (cp. O.F. *destempré*, immoderate)] क्रि० स० (अप्र०, प्राय: भू० कृ० में) शारीरिक अथवा मानसिक स्वास्थ्य में उलट-पुलट करना, बिगाड़ना, अव्यवस्थित करना; २. खिन्न कर देना, बेचैन कर देना, व्याकुल कर देना; ३ बीमार बना देना। स० १. व्यथा, क्लेश, रोग, व्याधि, बीमारी, ताप, दुर्दशा, मानसिक अथवा शारीरिक व्याधि, विकृति, विकार; २ कुत्तों का रोग विशेष; ३. राजनीतिक उथल-पुथल, अव्यवस्था, ४. पाड़ा, बेचैनी, व्याकुलता, खिन्नता; ५. बदमिजाजी, ६. असंतोष, उद्वेग, फ़साद, दुःशील, कुस्वभाव, असद्भाव।

distemper[2] (dis tem' pĕr) [O. F. *destemprer*, as prec.] स० डिस्टेंपर, डिस्टेंपर करना, पलस्तर या खड़िया पर रंग पोतने का एक उपाय, जिसमें तेल के बजाय अंडे की ज़र्दी आदि मिलाते हैं और जो नाटक के दृश्य पर या कमरे की भीतरी दीवारों के काम में आता है। क्रि० स० (दीवार आदि को) इस तरह रँगना।

distend (dis tend') [L. *distendere* (DIS-, *tendere*, to stretch)] क्रि० स० और अ० फुलाना या फुलाना, भीतरी दबाव से सूज जाना, फूलना या फुलाना, फैलाना या फैलना, विस्तार करना, प्रसारित करना, स्फीत करना। **distensible** वि० फैलाने या फूलने के योग्य, प्रसार्य, स्फीतव्य। **distensibility** स० फुलाने या फूलने की शक्ति या योग्यता। **distention** स० १. अंदर से फुलाना या फूलना, सूजन, विस्तार, स्फीति, प्रसारण; २. (आ०) आध्मान*।

distich (dis' tik) [L. *distichus*, *distichon*, Gr. *distichon* (DI-[2], *stichos*, a row)] सं० १. द्विचरण, पद्य की दो पंक्तियाँ; २. दोहा, श्लोक, शेर।

distichous (dis' ti kŭs) [L. *distichus*. as prec.] वि० १. तने के दोनों ओर दो सीधी खड़ी पंक्तियों में क्रमबद्ध; २. (वि० १) द्विपंक्तिक*।

distil (dis til') [L. *distillāre* (DI-, *stillāre*, to trickle, from *stilla*, a drop)] क्रि० अ० और स० १. टपकना, टपकाना, आसवन करना* (वि० १ भी), चूना, चुआना; २. बूँद-बूँद गिरना, रिसना, स्रवित होना, स्रावित करना, छनना, छानना, क्षरित होना; ३. ताप द्वारा भाप में बदलना, फिर शीत द्वारा जमा कर द्रव इकट्ठा करना; ४. आसव निकालना, अर्क खींचना, सत निकालना; ५. ताप द्वारा तरल अंश निकाल देना; ६. शराब खींचना या टपकाना। **distillate** (dis til' ăt) सं० अर्क, आसव, सत, लव, क्षुत।

distillation (dis til ā' shŭn) सं० आसवन, स्रवण, स्रावण, क्षरण, द्रवण। **distillatory** वि० स्रवण का, क्षरण या द्रवण संबंधी, अर्क खींचने के विषय का। **distiller** स० १. अर्क खींचनेवाला, शराब बनाने वाला, कलार, कलवार, सुराकार, शौंडिक; २. समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने का यंत्र; ३. भबका, आसवनी* (वि० १ भी)।

distillery (dis til' ĕ rĭ) सं० मद्य निर्माणशाला, शराब का कारखाना, भट्ठी, आसवनशाला, शुंडा।

distinct (dis tingkt') [L. *distinctus*, p. p. of *distinguere*, to DISTINGUISH] वि० १. भिन्न* (वि० १ भी), विभिन्न, अलग, विलग, पृथक्, जुदा; २. व्यक्तिगत, वैयक्तिक, विशिष्ट; ३. इतर; ४. सुस्पष्ट* (वि० १ भी), साफ़, व्यक्त, परिस्फुट, सुनिश्चित; ५. निर्भ्रान्त, निर्विष्ट, निर्णीत, ठोक-ठाक, नियत। **distinction** सं० १. भेद, विभेद* (वि० १ भी), अन्तर, पार्थक्य, विभिन्नता, फ़र्क़; २. भिन्न होना; ३. पार्थक्यसूचक या विशेषक चिह्न, नाम या उपाधि; ४. सम्मान-चिह्न, ५. प्रमुखता, प्राधान्य, विशिष्टता, श्रेष्ठता, महत्ता, प्रतिष्ठा, सम्मान, गौरव, (साहित्यिक शैली का) वैशिष्ट्य। **a~without a difference** बहुत थोड़ा या नाममात्र का अंतर। **distinctive** वि० १. विशिष्ट, सविशेष, सम्मान्य, प्रमुख, मुख्य; २. पार्थक्यसूचक, प्रभेदक विशेषक। **distinctively** क्रि० वि० १. सविशेष, विशिष्ट रूप में; २.पृथकता के साथ, पृथक्-पृथक्, अलग-अलग; ३. व्यक्त, सुस्पष्ट, स्पष्टार्थ; ४. भिन्नार्थ। **distinctiveness** स० १. विशिष्टता, प्रमुखता; २. पार्थक्य, विलगता, भिन्नता; ३. स्पष्टता, ४ भिन्नार्थत्व। **distinctly** क्रि० वि० अलग-अलग, जुदा ढंग से, विभिन्न रूप में; २. विशिष्टतापूर्वक, स्पष्टतः, निश्चित रूप से। **distinctness** स० १. असदृशता, विभिन्नता, पृथक्ता, विलगता; २. वैयक्तिकता; ३. विशिष्टता, ४. सुस्पष्टता, निर्भ्रान्तता; ५. निर्विष्टता।

distinguish (dis ting' gwish) [L. *distinguere* (DI-[1], *stinguere*, prob. cogn. with Gr. *stizein*, to prick)] क्रि० स० और अ० १. वर्गों में विभाजित करना, श्रेणी-विभाजन करना, विभक्त करना; २. अंतर या भेद होना, अंतर या भेद समझाना या समझना, फ़र्क़ बताना या होना; ३. विशिष्टता दिखाना, विभेद करना, अलगाना, पृथक् करना या होना; ४. विशिष्ट होना, विशिष्ट गुण होना, विशिष्टता होना, ५. चीन्हना, पहचानना, जानना, ६. विख्यात होना, प्रसिद्ध करना, नाम पैदा करना, नामवर होना, मशहूर होना या करना। **distinguishable** वि० १. वर्गों में विभाजनीय, २. अंतर समझने योग्य; ३. चीन्हने या पहचानने योग्य, विख्यात बनाने योग्य। **distinguishably** क्रि० वि० १. वर्गों में विभाजन करके; २. अंतर समझाते हुए; ३. पहचान कर; ४. ख्यातिपूर्वक; ५. पृथक् करते हुए। **distinguished** वि० क्रियागत अर्थों में, (विशे०) १. विशिष्ट, असाधारण, विलक्षण; २. विख्यात, प्रसिद्ध, विश्रुत, नामी, नामवर, प्रमुख, सम्माननीय; ३. पारगत; ४. लक्षित, चिह्नित, विज्ञात।

---

a=अ, (Father) फ़ादर, ā=ए, (Fat) फ़ैट; ă=ए, (Fate) फ़ेट, aw=ā=आ, (Fall) फ़ॉल, ă=ए, (Fair) फ़ेअर, e=ए, (Bell) बेल; ē=ई, (Her) हर, e=ए, (Beef) बीफ़, i=इ, (Bit) बिट; ī=आइ, (Bite) बाइट; o=ऑ, (Not) नॉट; ō=ओ, (No) नो, ô=ऑ, (North) नॉर्थ; oo=ऊ, (Food) फ़ूड, u=उ, (Bull) बुल; ŭ=अ, (Sun) सन; ū=यू, (Muse) म्यूज; ou=आउ, (Bout) बाउट; oi=ऑइ, (Join) जॉइन।

distort (dis tôrt') [L. *distortus*, p. p. of *distorquêre* (DIS-, *torqu.êre*, to twist)] क्रि० स० १. विकृत करना, विरूप करना, आकृति बिगाड़ना, शकल बिगाड़ना, हुलिया बिगाड़ना, कुरूप करना, विद्रूप करना, टेढ़ा-मेढ़ा करना (वास्तव में या जैसे टेढ़े शीशे द्वारा देखने में); २. तोड़ना-मरोड़ना (उद्देश्यों, तथ्यों, वक्तव्यों का), मिथ्या वर्णन करना, ग़लत बयान करना; ३. हेरफेर करना, खींचतान करना। **distortedly** क्रि० वि० १. तोड़-मरोड़ कर, विकृत करके, बिगाड़ कर, मिथ्या वर्णन करते हुए। **distortion** सं० १. विकृति, विकार*, विरूपण* [1](आ०, वि० १ भी), विपर्यास, तोड़-मरोड़, खींचा-तानी; २. मिथ्या वर्णन; ३. टेलिफ़ोन या बेतार द्वारा प्रेषित ध्वनियों में स्पष्टता तथा शुद्धता का अभाव। **distortional** वि० १. विकृति संबंधी, विकार-सूचक; २. तोड़ने-मरोड़ने का। **distortionist** सं० १. व्यंगचित्र बनाने-वाला, कार्टून बनानेवाला; २. नट, अपने अंगों को तोड़ने-मरोड़ने वाला (बाजीगर)।

distract (dis trăkt') [L. *distractus*, p. p. of *distrahere* (DIS-, *trahere*, to draw)] क्रि० स० १. (ध्यान या मन) दूसरी ओर आकर्षित करना, ध्यान बँटाना, मन बहलाना, मन मोड़ना, मन हटाना; २. विभिन्न दिशाओं में खींचना, ३. घबड़ा देना, विभ्रांत करना, हतबुद्धि करना, किंकर्तव्य विमूढ़ करना, हैरान करना, परेशान करना, उलझन में डाल देना, चित्त भरमाना, व्याकुल करना, व्यग्र करना, परेशान करना, विक्षिप्त करना, पागल कर देना, आपे से बाहर करना। **distractedly** क्रि० वि० व्यग्रतापूर्वक, संभ्रमसहित, व्याकुलता से, व्यग्रतापूर्वक, उलझन में, हैरानी के साथ, विभ्रांत हो कर, किंकर्तव्यविमूढ़ भाव से। **distractingly** क्रि० वि० परेशान करने वाले ढंग से, विभ्रांतकारी रूप में, किंकर्तव्यविमूढ़ करते हुए। **distraction** सं० १. विचलन, ध्यान बँटना, ध्यान बँटानेवाली वस्तु, २. बाधा, रुकावट, खलल, अवरोध, विघ्न, हर्ज; ३. एकाग्रता का अभाव, ४. मनोरंजन, मनोविनोद, दिलबहलाव; ५. भ्रम, विभ्रांति, हतबुद्धिता, किंकर्तव्यविमूढ़ता, विह्वलता, व्याकुलता, क्षोभ, व्यग्रता, घबराहट, आकुलता, व्यग्रता, परेशानी, हैरानी, उलझन; ६. आंतरिक संघर्ष, फूट; ७. पागलपन, विक्षिप्तता, उन्माद; ८. विशेष, विदारण। **to~** अत्यधिक, इतना अधिक कि पागल हो उठे।

distrain (dis trān') [O. F. *destreign-*, stem of *destreindre*, L. *distringere* (DI[1]- *stringere*, to STRAIN, compress)] क्रि० अ० १. (विधि) कुर्की करना*, ऋण वसूल करने के लिए माल-असबाब ज़ब्त कर लेना, अभिग्रहण करना; २. आसेध करना, विनि-ग्रहण करना। **distrainee** सं० जिसका माल कुर्क किया जाय। **distrainer, distrainor** (dis trā' nŏr) सं० कुर्की करनेवाला। **distrainment, distraint** सं० कुर्की, विनिग्रहण, आसेध।

distraught (dis trawt') [DISTRACT, *a.*, distracted, *as* sim. to CAUGHT, TAUGHT, etc.] वि० १. (अप०) अति व्यग्र, उत्तेजित, व्याकुल; २. विक्षिप्त, दीवाना, पागल।

distress (dis tres') [O. F. *destrece*, from *destrecier*, late L. *districtiāre*, from *districtus*, p. p. of *distringere*, to DISTRAIN, late L. to punish] सं० १. तीव्र यातना, दुःख, व्यथा, पीड़ा; २. यातना; ३. विपत्ति, आपदा, संकट, मुसीबत, क्लेश, कष्ट, तकलीफ़; ४. धनाभाव, तंगी, निर्धनता, ग़रीबी, दिक़्क़त, मुश्किल, विपत्तिजनक स्थिति; ५. धकाबट, क्लान्ति, बेदम होना, हाँफना; ५. करुरूम* (विधि भी)/ कुर्की, अभिहार*। क्रि० स० १. तीव्र पीड़ा पहुँचाना, प्रपीड़ित करना, संकट या विपत्ति में डालना, दुःखित या व्यथित करना; २. बेदम करना; ३. परेशान करना, हैरान करना, तंग करना, दिक़ करना, सताना, क़लपाना। **~gun, -rocket** संकट में पड़े हुए जहाज़ से छोड़ी जानेवाली बन्दूक या हवाई (रॉकेट)। **~warrant** कुर्की का परवाना। **distressful** वि० १. दुःखप्रद, दुःखपूर्ण, यातनापूर्ण, पीड़ाप्रद, क्लेशजनक, कष्टयुक्त, शोकजनक। **distressingly** क्रि० वि० व्यथापूर्वक, दुःख के साथ, विपत्ति से, संकट के साथ।

distribute (dis trib' ût) [L. *distribŭtus*, p. p. of *distribuere* (DIS-, *tribuere*)] क्रि० स० १. हिस्सा बाँटना, बँटवारा करना, वितरण करना* (प्र० भी), भाग करना; २. फैलाना, बिखेरना, छितराना, इधर-उधर रखना; ३. भागों में विभक्त करना; ४. क्रमबद्ध करना, वर्गीकरण करना; ५. (तर्क०) पद को पूर्ण व्याप्ति में प्रयोग करना (जिससे वर्ग के सभी पद उसमें आ जायें), पदावच्छेद करना; ६. (मुद्रण०) टाइप के अक्षर अलग-अलग रखना। **distributable** वि० १. विभाज्य, वितरण योग्य, बाँटने योग्य, बिखेरने योग्य; २. क्रमबद्ध करने योग्य; ३. पदावच्छेदनीय। **distributary** सं० १. नाला, धारा, उपशाखा, सहायक नदी, उपनदी, छोटी नदी, नदी की वह धारा जो उसमें अलग हो कर फिर उसमें नहीं मिलती (जैसे डेल्टा में); २. (वि०) जल-वितरिका*। **distributor** सं० १. विभाजक, वितरक, बाँटने वाला, बिखेरने वाला; २. क्रमबद्ध करनेवाला, पदावच्छेदक; ३. अक्षर-वितरक*/ डिस्ट्रिब्यूटर* (प्र० भी)।

distribution (dis tri bū' shun) सं० १. विभाजन, (अर्थ०) वितरण* (आ०, प्र०, वि० १, विधि भी), बाँट, बँटवारा, तक़सीम; २. (सांख्यिकी) बंटन, व्यवसाय द्वारा उपभोक्ताओं तक पहुँचाना, समुदाय की समस्त उपज में विभिन्न व्यक्तियों और वर्गों के उपभोग की सीमा; ३. विकिरण, विकीर्णन, फैलाव, छितराव, तितर-बितर, प्रसार* (आ० भी)। बिखरी हुई अवस्था या क्रम; ४. अलग-अलग भागों में विभाजन, वर्गीकरण, ५. (तर्क०) पदावच्छेद; ६. (मुद्रण०) टाइप के अक्षरों को अलग-अलग रख देना। **distributional** वि० वितरणीय, विभाजन सबंधी, विभाजक, पदावच्छेद से सबंधित।

distributive (dis trib' ŭ tiv) [F. from late L. *distribūtivus*, as prec.] वि० १. वितरक, वितरण का, वितरण संबंधी, विभाजनात्मक, वितरणात्मक; २. (तर्क०, व्या०) समस्त वर्ग नहीं, वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित, पदावच्छेद संबंधी। सं० (व्या०) विभागसूचक शब्द (जैसे each, every, neither आदि)। **distributively** क्रि० वि० १ वितरणशील रूप में, विभाजनात्मक ढंग से, विभाजन करते हुए; २. पदावच्छेद करते हुए।

district (dis' trikt) [F., from late L. *districtus*, p. p. of *distringere*, to DISTRAIN] सं० १. ज़िला* (विधि भी), जनपद, मंडल, चक्र, इलाक़ा, देश-विभाग, हल्क़ा, विशेष प्रशासनीय उद्देश्य से अलग किया हुआ क्षेत्र; २. अलग पादरी और गिरजाघर वाला इलाक़ा, धार्मिक ज़िला, वह शहरी या देहाती इलाक़ा जिसकी अपनी अलग प्रबंध समिति हो; ३. कार्य-कलाप का निर्धारित क्षेत्र; ४. समान विशेषताओं वाला भूभाग, ज़िला, ताल्लुक़ा, खंड, प्रदेश। क्रि० स० ज़िलों या मंडलों में विभक्त करना। **~-judge** (विधि) ज़िला-न्यायाधीश*। **~railway** लंडन और उसके उपनगरों में चलनेवाली रेलगाड़ियाँ। **~-visitor** धार्मिक ज़िले में पादरी के नीचे काम करनेवाला व्यक्ति।

distrust (dis trŭst') सं० १. अविश्वास, संदेह, शक, बददिली, शंका, आशंका, अप्रतीति, अप्रत्यय। क्रि० स० १. अविश्वास करना, संदेह करना, शक करना, शंका करना, भरोसा न रखना, विश्वास न रखना, झूठ जानना। **distrustful** वि० १. अविश्वासी, शंकालु, संदेही, शंकाशील, संदेहयुक्त, अविश्वासपूर्ण। **distrustfully** क्रि० वि० अविश्वास के साथ, संदेहपूर्वक, शंकासहित।

disturb (dis tĕrb') [O. F. *destourber*, L. *disturbāre* (DIS-, *turbāre*, to trouble, from *turba*, a crowd, a tumult)] क्रि० स० १. बाधा डालना, विघ्न डालना, खलबली डालना, गड़बड़ करना; २. व्याकुल करना, उत्तेजित करना, परेशान करना, तंग करना, बेचैन करना; ३. छेड़ना, सताना; ४. शांति भंग करना, उथल-पुथल करना, गड़बड़ करना, उलट-पुलट करना; ५. घबड़ा देना, उद्विग्न करना, विरक्त करना। **disturbance** सं० १. विप्लव, विक्षोभ* (आ०, वि० १ भी), क्षांति-भंग, अव्यवस्था, अशांति, बाधा, विघ्न* (विधि भी), व्याघात; २. उत्तेजना, व्याकुलता, व्यग्रता, आकुलता, घबड़ाहट; ३. शोरगुल, कोलाहल, झगड़ा, फसाद, दंगा, हलचल, बेचैनी, उपद्रव, हुल्लड़, ऊधम; ४. हस्तक्षेप, जायदाद या अधिकारों में बाधा।

disunion (dis ū' nyŏn) सं० १. वियोग, विश्लेष, विलगता, पृथकता, विच्छेद, विभेद, अलगाव, जुदाई, असंयोग; २. फूट, कलह, ३. विरोध।

disunite क्रि० स० और अ० १. विलग करना, पृथक् करना, विच्छेद करना, अलगाना, जुदा करना, विभेद करना या होना, २. वियोग होना; ३. फूट डालना, कलह करना या होना।

disuse (dis ūz') सं० अव्यवहार, अप्रयोग, अप्रचार, विक्षोप, चलन न रहना। क्रि० स० व्यवहार छोड़ देना, प्रयोग बंद कर देना, उपभोग न करना, व्यवहार में न लाना, काम में न लाना।

disyllable (di sil' ăbl) [F. *disyllabe* (DI-², SYLLABLE)] सं० दो अक्षरवाला शब्द, पद, (छंद) गण। **disyllabic** वि० दो अक्षरवाला, द्वयक्षरी। **disyllabically** क्रि० वि० दो अक्षरवाले शब्द के रूप में।

ditch (dich) [A.-S. *dīc*, cp. DIKE] सं० १. गर्त, खाई, नाली, मोरी, गड्ढा, खंदक, २. जलमार्ग, नाला; ३. खात* (आ० भी)। क्रि० अ० और स० १. खाई बनाना, खोदना या मरम्मत करना; २. पानी के बह जाने का प्रबन्ध करना; ३. (ग्रा०) मुसीबत में छोड़ देना, आपत्ति में फँसा देना; ४. (ग्रा०. वायुयान-चालकों का) वायुयान को ख़बरदस्ती समुद्र पर उतारना, उतरना; ५. (गाड़ी का) गड्ढे में फँस जाना। **the ~** इंग्लिश चैनल या उत्तरी सागर (इंग्लैण्ड की हवाई सेना का ग्राम्य प्रयोग)। **~water** खाई का बन्द पानी (विशे० dull as ~water)

ditheism (dī' the izm) सं० धार्मिक द्वैतवाद, पाप-पुण्य के स्वतंत्र सिद्धान्तों में विश्वास।

dither (dith' er) [rel. to DODDER²] क्रि० अ० और स० १. (ठंढ के कारण) काँपना, थर्राना, स्पंदन करना, हिलना, लरजना, २. डगमगाना, अस्थिर रहना, चंचल होना।

dithyramb (dith i rămb, -răm) [L. *dithyrambus*, Gr. *dithurambos* (etym. unknown)] सं० १. तीव्र प्रकार की यूनानी सभवेन उपासना-गीत; २. सुरादेवता के उपासकों का गीत; ३. तीव्रतापूर्ण, उत्तेजक अथवा अतिशयोक्तिपूर्ण कविता, भाषण अथवा अन्य रचना। **dithyrambic** वि० १. यूनानी उपासना-गीत संबंधी; २. उत्तेजक, तीव्रतापूर्ण अथवा अतिशयोक्तिपूर्ण। सं० मस्त (राग), उत्तेजक गीत, भाषण या लेख।

dittany (dit' ă ni) [O. F. *ditain*, L. *diktamnum*, Gr. *diktamnon*, from *Diktē*, in Crete] सं० डिटानी, एक जड़ी-बूटी।

ditto (dit' ō) [It., from L. *dictum*, acc. of *dictus*, p. p. of *dicere*, to say] वि० और सं० १. यथोपरि*, जैसे ऊपर* (ग्र० भी), पूर्वोक्त, उपरोक्त, वही, उसी तरह, उसी प्रकार, उसी के बराबर (हिसाब-किताब, विवरण-तालिका, वाणिज्य संबंधी तथा ग्राम्य बातों में); २. प्रतिलिपि, नक़ल। **to say ~** सहमत होना, मान लेना। **~suit, suit of~** एक ही कपड़े के परिधान या वस्त्र। **dittography** (di tog' rā fi) सं० नक़लनवीस का भूल से शब्द, अक्षर, वाक्य दुबारा लिख जाना (तुल० HAPLOGRAPHY)। **dittographic** वि० दुबारा लिख जाने से संबंधित।

ditty (dit' i) [O. F. *dité*, L. *dictātum*, a thing, dictated, neut. p. p. of *dictāre*, to DICTATE] सं० छोटा-सा साधारण गीत, गीतिका, गान खंड।

ditty-bag (dit' i băg) [etym. doubt'ful] सं० मल्लाह या मछुवे की सामान रखने की थैली या छोटा बक्स।

diuretic (dī ū ret' ik) [L. *diūrēticus*, Gr. *diourētikos*, from *diourein*, to void urine] वि० और सं० मूत्र लाने वाली (दवा), मूत्रवर्धक, मूत्रल* (आ०, वि० १ भी)।

diurnal (dī ĕr' năl) [L. *diurnālis*, from *diurnus*, daily (*diēs*, day)] वि० १. (ग० ज्यो०) दैनिक* (आ० भी), आह्निक, दैनंदिन; २. (अप्र०) रोज़ाना, प्रतिदिन का; ३. दिन का (रात का नहीं), दिन सबंधी, दिवा-* (आ० भी)। **diurnally** क्रि० वि० प्रतिदिन, रोज़ाना, हर रोज़।

div सं० अपदेव, (फ़ारसी देवमाला का) दुष्ट देवता।

divagate (div' ă gāt) [L. *divagātus*, p. p. of *divagāri* (DI-¹, *vagāri*, to wander)] क्रि० अ० भटकना, बहकना, पथभ्रष्ट हो जाना। **divagation** सं० बहक, भटकाव. विषयगमन, विमार्गगमन पथभ्रष्टता।

divalent (div' ă lĕnt) [DI-³, L. *valens -ntem*, prcs. p. of *valēre* to be worth] वि० १. द्विसंयुज, द्विवधक. यग्म-संयुज; २. हाइड्रोजन के दो अणुओं से संयुक्त होनेवाला; ३ (वि० १) द्विसंयोजक*।

divan (di văn') [Turk. *divān*, Pers. *divān*, a brochure, a collection of poems, a tribunal, a customhouse (cp. DOUANE)] सं० १. शिष्ट-सभा, दीवान, शासन-सभा (विशे० तुर्की की शाही परिषद्); २. प्राच्य परिषद्, भवन, न्यायालय; ३. दीवार से लगा हुआ लंबा तख्त, मंच; ४. धूम्रपान का कमरा, ५. सिगार की दूकान।

divaricate (di-, dī văr' i kāt) [L. *divāricātus*, p. p. of *divāricāre* (DI-¹, *vāricāre*, to spread apart, to straddle, from *vāricus*, straddling)] क्रि० अ० दो खंड में होना, (सड़क या डाल की) कई शाखाएँ हो जाना, शाखा फूटना, अलग होना। वि० (वन० और प्राणि०) इधर-उधर फूटी हुई, फैली हुई। **divarication** सं० (वन० और प्राणि०) शाखाएँ फूटना, इधर-उधर फैलना। **divaricator** सं० और वि० अनावरक* (वि० १ भी)।

dive (dīv) [A.-S. *dūfan*, to dive, to sink, and *dyfan*, to dip (eventually combined)] क्रि० अ० १. गोता मारना, डुबकी लगाना, बुड़की लेना, निमग्न होना, अवगाहन करना; २. (वायुयान का) सीधे एकदम नीचे उतरना; ३. (पनडुब्बी का) पैठना, गहराई में डूबना, जलमग्न होना;

४. अचानक नीचे चले जाना, आँख से ओझल होना; ५. जल, बर्त्तन या जेब में हाथ डालना; ६. मन ही मन गहराई में उतरना। सं० १. गोता, डुबकी, बुड़की, अवगाहन, पानी के नीचे तैरना; २. (वायुयान का) आकस्मिक सीधा उतार; ३. पनडुब्बी की डुबकी; ४. अचानक आँख से ओझल होना; ५. (अमरीका में) शराब पीने का अड्डा; ६. किसी विशिष्ट वस्तु की बिक्री का तहखाना; ७. बदमाशों के छिपने का स्थान। **oyster~** आयस्टर, घोंघा बेचने का तहखाना। **~-bomb** क्रि० स० और अ० वायुयान का तेजी से नीचे उतर कर बममारी करना। **~-bomber** बममार वायुयान, गोतामार बममार, अवमज्ज विमान। **diver** सं० क्रियागत अर्थों में १.(विशे०) गोताखोर, मरजिया, मोतियों अथवा डूबे हुए जहाजों आदि का पता लगाने के लिए गोता लगानेवाला; २. गोताखोर पक्षी, पनडुब्बी चिड़िया। **diving-bell** खुले तले वाला बक्स या पिटारी जिसमें बैठ कर गोताखोर पानी मे उतरते हैं।

diverge (di-, dī vĕrj') [DI-[1], L. *vergere*, to VERGE] क्रि० अ० और स० १.अपसरित होना या करना* (वि० १ भी), फैलना, फूटना, पसरना, एक केन्द्र से विभिन्न दिशाओं मे जाना; २. राह मार्ग से हट जाना; ३. भिन्न होना, मोड़ना, मुड़ना; ४. बहक जाना, भटक जाना. पथभ्रष्ट होना; ५. कतराना, टेढ़ा हो जाना; ६. मतभेद होना। **divergence, divergency** सं० १. अपसरण* (वि० १ भी). विसमन, एक केन्द्र से विभिन्न दिशाओं में जाना; २. बहकाव, भटकाव; ३.भिन्नता, मतभेद; ४. अपसारिता* (वि० १ भी)। **divergent** वि० १. भिन्न दिशा में जानेवाला; २. फूटनेवाला, बहका हुआ या बहकनेवाला; ३. भटका हुआ, विभिन्न, विरुद्ध, हटनेवाला, पथभ्रष्ट; ४. (वि० १) अपसारी*। **divergingly** क्रि० वि० १. विभिन्न प्रकार से, विभिन्न रूप मे फूटते हुए; २. बहकते हुए, भटकते हुए, पथभ्रष्ट होकर।

divers (dī' vĕrz) [O. F., from L. *diversus*, various, p. p. of *divertere*, to DIVERT] वि० (अप्र० या हास्य) विभिन्न, विविध, कतिपय, एकाधिक, अनेक, कई, नाना, कई एक, बहुत से।

diverse (di-, dī vers') [as prec.] वि० १. (स्वभाव या गुणों में) असदृश, असमान, विभिन्न, पृथक्; २. विविध, तरह-तरह का, रंग-बिरंग, नानाविध, बहुविध। **diversely** क्रि० वि० १. असदृशतापूर्वक; २. विभिन्न प्रकार से, तरह-तरह से, नाना रूप मे. अनेक प्रकार से। **diversiform** वि० १ विभिन्न; २. बहुविध. नाना विध, रंग-बिरंग। **diversify** क्रि० स० १. विविधता लाना, विविधपक्षी, बहुपक्षी या बहुमुखी बनाना, असदृश करना, नानाविध करना; २. बहुविध करना, रंग-बिरंग करना, विविध बनाना, ३. विचित्र करना, ४. बदलना। **diversification** सं० नाना विधता, विविधता, विभेद, अनेकता।

diversion (di vĕr' shŭn) [med. L. *dēversio*, from *divertere*, to DIVERT] सं० १. परावर्त्तन, पथभ्रष्टता, मोड़; २. ध्यान-भंग, ध्यान बँटाना, ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रयत्न; ३. धोखे में डालने की चाल, भुलावा; ४. बनावटी आक्रमण; ५. मनोरंजन, आमोद-प्रमोद, मनोविनोद; ६. क्रीड़ा, विलास, नफ़रीह; ७. विचलन, विषयांतर; ८. (वि० १) दिक्परिवर्त्तन*। **diversity** सं० १. भिन्नता, नानात्व, असादृश्य, असाम्य, वैषम्य, असदृशता, विविधता, विभिन्नता, भेदाभेद, विभेद, पथकता, असमानता; २. विभिन्न प्रकार; ३. अनेकरूपता; ३. विचित्रता, वैचित्र्य।

divert (di vĕrt') [M. F. *divertir*, L. *dīvertere* (DI-, *vertere*, to turn), to turn aside, *dīvertere* (DE-, *vertere*), to turn away] क्रि० स० १. (धारा आदि का) मोड़ना* (विधि भी), फेरना, मार्ग बदलना; २. दूसरी दिशा में लगाना; ३. छुटकारा पाना, पीछा छुड़ाना, बचना, बार बचाना, टालना, दूर करना; ४. ध्यान बँटाना, ध्यान आकर्षित करना, भुलावे में डालना, बहकाना; ५. दिल बहलाना, मनोरंजन करना, मनोविनोद करना। **diverting** वि० विनोदक, हासजनक, दिल बहलानेवाला, मनोरंजक, आनंददायक। **divertingly** क्रि० वि० दिल बहलाते हुए, विनोदपूर्वक, मनोरंजन के साथ, आमोदपूर्वक।

Dives (dī' vēz) [L., rich] सं० धनिक, धनी व्यक्ति, अमीर, दौलतमंद, रईस। **~-costs** (क़ानून) ऊँचे पैमाने का खर्च।

divest (di-, dī vest') [formerly *devest*, O. F. *devestir*, *desvestir* late L. *disvestīre*, *dīvestīre* (DI-[1], *vestīre*, from *vestis*, a garment)] क्रि० स० १. नंगा करना, उघाड़ना, वस्त्रहीन करना, वस्त्र उतारना, विवस्त्र करना; २. वस्त्र आदि छीन लेना; ३. किसी वस्तु से वंचित करना, रहित करना, छीन लेना, ले लेना, अपहरण करना। **divestiture, divestment** सं० १. विवस्त्रीकरण, नंगा करना या होना; २. वंचन, हरण, अपहरण।

divi सं० (ब्रा०), सहकारी समितियों का लाभांश, मुनाफ़ा, डिवीडेन्ड।

divide (di vid') [L. *dividere* (DI-[1], *-videre*, cp. *vidua*, WIDOW)] क्रि० स० और अ० १. हिस्से करना, विभक्त करना. टुकड़े-टुकड़े करना, विलगाना, पृथक् करना, या होना, विभाजित करना, बाँटना* (वि० १, विधि भी); २. चीरना, चीर कर निकल जाना; ३. मन ही मन या वास्तव मे हिस्से अलग-अलग करना या होना; ४. वर्गीकरण करना, भेदों को मानना, ५. काटना, काट कर अलग करना, अलगाना; ६. फूट डालना. मतभेद पैदा करना, कलह कराना, विरोध उत्पन्न करना, ७. ध्यान बँटाना; ८. वितरण करना, दे देना, लोगों में बाँट देना, ९. दूसरों के साथ हिस्सा बँटाना; १०. (गणि०) भाग देना* (वि० १, विधि भी), पूरा-पूरा भाग देना (जिसमे शेष न बचे); ११. मत विभाजन करना, मत निर्णय के लिए समासदों का विभाजन करना। **dividable** वि० विभाज्य, बाँटने लायक। **dividant** वि० विभाजित, विभक्त, पृथक् किया हुआ। **divider** सं० क्रियागत अर्थों में १. (विशे० बहुव०) नापने के परकार, (विशे०) परकार जो सूक्ष्म दूरी नापने में काम आता है; २. विभेदक, विच्छेदक; ३. (वि० १) विभाजनी*। सं० (संयुक्त राज्य अमरीका आदि में प्रयक्त) जल-विभाजक, वाटरशेड। **~-wall** विभाजिका।

dividend (div' i dend) [F. *dividende*, L. *dividendum*, gerund of *dīvidere*, as prec.] सं० १. भाज्य* (वि० १ भी). भाज्यक, भाज्य-अंक, भाग, लाभ; २. इस तरह का बकाया या हिस्सा या अंश; ३. लाभांश* (आ०, वि० १, विधि भी), ऋणाधा। **~-warrant** लाभांश अभिपत्र, लाभांश देने का आदेश।

dividivi (div' i div' i) [native Carib. name] सं० १. दिवीदिवी, अनयवृत्तीय अमरीकी के छोटे वृक्ष की टेढ़ी फलियाँ या डोंडा जो चमड़े को रँगने या कमाने मे प्रयक्त होती है; २. यह वृक्ष।

dividual (di vid' ū ăl) [L. *dividuus*, as DIVIDE] वि० १.जुदा, अलग, पृथक्; २. वियोजनीय, विभेद्य, अलग होने योग्य।

dividually क्रि० वि० अलग-अलग, जुदा करके।

divine[1] (di vīn') [F. *devin*er, L. *dīvināre*, from *dīvinus*, as foll.] क्रि० स० और अ० १. जान लेना, पहले से जान लेना, ताड़ लेना, समझ जाना, पता लगा लेना, मालूम कर लेना, सहज ज्ञान या अनुमान

द्वारा ज्ञात करना; २. भविष्यवाणी करना, पेशगोई करना; ३. अनुमान करना, भविष्य-कथन करना या भविष्यवक्ता होना। **divination** सं० १. शकुन-परीक्षण, शकुन-विचार, रमल, अगम ज्ञान, दैववाणी, भविष्य-वाणी, पेशीनगोई, अदृष्ट या भविष्य का हाल बताना; २. इल्हाम, गणना, शुभाशुभ कथन; ३. सही अटकल या अनुमान; ४. अनुमान, तर्क। **diviner** सं० ज्योतिषी, निमित्तज्ञ, नजूमी, दैवज्ञ, गणक, अनुमाता, भविष्यज्ञ, पेशगोई करनेवाला। **divining-rod** दे० DOWSING।

divine[2] (di vin') [O. F. *devin*, L. *divinus*, cogn. with *divus deus*, god] वि० १. ईश्वरीय या दैवी, ईश्वरतुल्य या देव सदृश; २. ईश्वरभक्त, पवित्र, पावन; ३. अलौकिक रूप से उत्कृष्ट, काबिल या सुन्दर। सं० पुरोहित, धर्माध्यापक, धर्मोपदेशक, धर्मशास्त्र-वेत्ता। **~displeasure** दैवी अप्रसाद* (विधि भी)। **~right of kings** राजाओं का ईश्वर प्रदत्त अधिकार, जो प्रजा की इच्छा के अधीन नहीं होता। **~service** सार्वजनिक ईश्वरोपासना, प्रचलित रीति के अनुसार ईश्वर-पूजन। **divinely** क्रि० स० १. देवरूप, देववत्, दिव्य रूप से, दैवी प्रकार से, पवित्रता से, पावन रूप में; २. उत्कृष्टता से।

divinity (di vin' i ti) सं० १. देवत्व, ईश्वरत्व, दिव्यता; २. देवता, ब्रह्मत्व; ३. पूजनीय, मिजदा के लायक व्यक्ति; ४. धर्मशास्त्र; ५. धर्म-विज्ञान, विश्वविद्यालय का धर्मशास्त्र विभाग; ६. परमार्थ विद्या, ब्रह्मविद्या। **the Divinity** ईश्वर, परमात्मा। **~calf** (जिल्दबंदी) पर्ण ग्रंथ के प्रयोग हेतु गहरे बादामी रंग के चमड़े को ठप्पेदार जिल्द जिसके किनारों पर बेलबूटा बनाया गया हो। **divinize** क्रि० स० देवता की तरह पूजा करना, देवतातुल्य बनाना। **divinization** सं० दिव्यकरण, देवता बनाना।

divisible (di viz' i bel) [L. *divisibilis*, from *divisus*, p.p. of *dividere*, to DIVIDE] वि० १. विच्छेद्य, बंट सकनेवाला, अनपेक्ष, विभेद्य, वस्तुतः या विचारों में बँटने लायक; २. (गणि०) ऐसी संख्या जो किसी अन्य संख्या से बँट जाय; ३. (वि० १) भाज्य* विभाज्य*। **~ by** (गणि०) पूरा-पूरा भाग होने वाला। **divisibility** सं० १. विभाज्यत्व, अनपेक्षता, बँटने या भाग होने योग्य २. (वि० १) भाज्यता* विभाज्यता*।

division (di vizh' ün) [DIVIDE] सं० १. विच्छेद, विभेद, पृथक्करण, विश्लेष, विभाजन, विभाग, तक़सीम, हिस्सा, बँटवारा, बाँट, भाग* (आ०, वि० १, विधि भी), प्रभाग* (आ०, प्र०, वि० १, विधि भी), वितरण; २ विराव, अनबन, फूट, वैमनस्य; ३. (गणि०) भाग; ४. (तर्क०) श्रेणी-विभाग, हिस्सों का हिसाब, अर्थ-विभेद, ५. (संसदीय) मत-निर्णय के लिए सदन के गदरयों का दो जमायत में बँट जाना, मत-विभाजन; ६. हद, सीमा, खण्ड, टुकड़ा; ७. (प्रशासनीय आदि) शासन की सुविधा के लिए प्रान्तीय विभाग, विभाजन, खण्ड, श्रेणी, डिवीजन; ८. सेना या बड़े का निश्चित भाग, जो एक अधिकारी द्वारा शासित हो, (विशे० सैन्य०) मेजर जनरल द्वारा समादेशित एक सेना-विभाजन जिसमें प्रायः तीन पैदल ब्रिगेड (वाहिनी) घुड़सवार (आधुनिक काल में armoured core regiment) तोपखाना, अभियंतावर्ग (इंजीनियर), सिगनल, सेना-सेवा-विकाय, सेना-चिकित्सा निकाय और सेना-आयुध-निकाय सम्मिलित होते हैं; ९. (प्राकृतिक इति०) राज्य-विभाग, जाति, वर्ग आदि; १०. (नागरिक सेवा) वर्ग, श्रेणी; ११. (जेलों में) नर्स, मध्यम या कड़ा बर्ताव (1st, 2nd, 3rd—जैसा कि जज ने कहा हो)। **second~** (प्रशासन-सेवा) निम्न श्रेणी के लिपिक। **1st, 2nd, 3rd~** (जेल) न्यायाधीश द्वारा नियत सदय, मध्यम, कठोर व्यवहार। **airborne, armoured, parachute~** विमानस्थ, कवचित, वायुछत्र प्रभाग। **~bench** खण्ड, न्याय-मंडल, खण्ड-पीठ* (प्र० भी)। **~court** उच्च न्यायालय, खण्ड न्यायालय। **~of labour** श्रम-विभाजन* (वि० १ भी)। **~of scale** मापनी-विभाजन* (वि० १ भी)। **~of time** समय-प्रभाग* (प्र० भी)। **long, short~** लंबा भाग, ह्रस्व भाग। **divisional** वि० १. विभागीय, समागीय; २. विभाजन संबंधी; ३. मत-निर्णायक; ४. सीमा संबंधी, मंडलीय। **~engineer** (प्र०) मंडल इंजीनियर। **~superintendent** (प्र०) मंडल-अधीक्षक*। **divisionally** क्रि० वि० १. विभाजन के रूप में; २. भाग करके; ३. भाग देते हुए; ४. विभागों में बाँट कर; ५. अर्थभेद कराते हुए, मत-निर्णयार्थ विभाजन के साथ; ६. सीमा के विचार से; ७. मंडल या विभाग के ध्यान से। **divisor** (di vi' zör) सं० १. (गणि०) भाजक* (वि० १ भी), भाग देनेवाली संख्या या अंक; २. (DIVIDEND) विभाजक, वह अंक जिससे दूसरे अंक को भाग दिया जाता है और शेष कुछ नहीं बचता।

divorce (di vôrs')[F., from L. *divortium*, from *divortere*, old form of *divertere*, to DIVERT] सं० १. तलाक, विवाह-विच्छेद, विवाह-बंधन से मुक्ति; २. विलगता, पार्थक्य। क्रि० स० १. विधानतः विवाह-विच्छेद की डिक्री देना; २. तलाक द्वारा (पति या पत्नी को) जुदा करना; ३. (पति या पत्नी को) छोड़ देना, त्यागना; बाहर निकाल देना; ४. संबंध विच्छेद करना, दांपत्य जीवन भंग करना; ५. दो वस्तुओं को अलग या विलग करना। **~a vinculo matrimonii** विवाह-बंधन से मुक्ति या विवाह-विच्छेद। **~a mensaet thero** सहवास या साहचर्य से मुक्ति। **divorcee** सं० तलाक दिया हुआ व्यक्ति। **divorcement** सं० तलाक, दंपति-संबंध-विच्छेद, विवाह-विच्छिन्नता।

divot (div' öt) [Sc. and North., etym. unknown] सं० १. (उत्तर स्कॉटलैंड) दूबचीरा, घास की जड़ें पकड़े हुआ ढेला; २. (गोल्फ़) गेंद को मारते समय घासवाले ढेलों का उखड़ा हुआ टुकड़ा।

divulge (di vŭlj') [prob. from F. *divulguer* or directly, from L. *divulgare* (DI- *vulgare*, to publish, from *vulgus* the people)] क्रि० स० १. खोलना, ज़ाहिर करना, पर्दाफ़ाश करना, उद्घाटन करना, भेद खोलना; २ बता देना, बतलाना, कहना, प्रकट करना, रहस्योद्घाटन करना; ३. प्रसिद्ध करना। **divulgation, divulgement divulgence** सं० १. प्रकाशन, प्रकटीकरण, उद्घाटन; २ चकरानेवाला पर्दाफ़ाश।

dixy, dixie (diks' i) [Hind. *degshi*, a pot] सं० देगची, फ़ौजी पतीली।

dizen (di' zĕn, diz' en) [cp. L. G. *diesse*, A. S. *distef*, DISTAFF] क्रि० स० (क्वचित्) सजाना, सँवारना, शृंगार करना, अलंकृत करना।

dizzy (diz' i) [A.-S. *dysig*, foolish, stupid, *dysigian*, to be foolish] वि० १. घूर्णमान, चक्कर लानेवाला; २. अस्थिर, अशांत, लड़खड़ाने वाला, डगमगाने या विचलित होनेवाला; ३. हक्का-बक्का, विमूढ़, किंकर्तव्यविमूढ़; ४. भ्रमकारक, भ्रमकर, भ्रमोत्पादक; ५. चक्कर लानेवाला; ६. बुलंद या बहुत ऊँचा (पहाड़, मीनार आदि संबंधी); ७. तेज़ी से चक्कर खाता हुआ

या घूमता हुआ (सोता, चक्र आदि संबंधी)। क्रि० स० १. चक्कर लाना; २. हतबुद्धि करना; ३. भ्रांत करना, संभ्रांति (उत्पन्न करना। **dizzily**, क्रि० वि० १. संभ्रमपूर्वक; २. चक्कर खाते हुए; ३. तीव्रगति से चक्कर के साथ। **dizziness** सं० १. घुमेरी, सिर में चक्कर; २. भ्रम, भ्रांति, उद्भ्रांति, संभ्रांति। **dizzy**(h) / चक्कर आना* (आ० भी)।

djibba(h) दे० JIBBA (q)।

douse (dous) [etym. doubtful] क्रि॰ स॰ १. (नौ॰ वि॰) नीचा करना (पाल को); २. बन्द करना (रोशनदान); ३. बुझाना, गुल करना (रोशनी); ४. भिगोना, पानी फेंकना, जलमग्न करना, जल मे डुबोना। ~**the glim** (प्रा॰) रोशनी गुल करना, प्रकाश बुझाना।

dove (dŭv) [A. -S. *dûfe* (only in *dûfe-doppa*) from *dûfan*, to dive (cp. G. *taube*, and for sense L. *columba*, dove, Gr. *kolumbos*, diver)] सं॰ १. पहुकर*/ फ़ाख्ता* (वि॰ १ भी), पेंडुकी, कबूतर के विभिन्न प्रकार, कपोत. पारावत, २. पवित्रात्मा, सरल, निरीह (अतः ~eyed); ३,

शुभसंदेशवाहक या शांतिदूत; ४. प्यार-दुलार का एक शब्द, प्रिय, प्यारा, दयित, वत्स (विशे० my~)। **flutter the~cots** शांतजनों को उद्विग्न करना, निरीह व्यक्तियों को त्रस्त करना। **~colour (ed)** गहरा भूरे रंग (का)। **~cot(e)** कबूतरखाना, कबूतर का दरबा। **~-hawk** पैंड़की के रंग का बाज़। **dovelike** वि० १. पैंड़की का सा; २. सज्जन, सरल, निरीह।

Dover's powder सं० (चिकि०) डोवर-चूर्ण, एक प्रकार की ओषधि, जिसमें अफ़ीम, एपीकाक, पोटाश आदि का मिश्रण होता है।

dovetail (dův' tāl) सं० १. चूल, उबचूल, कुलफ़ी, गठबूल, पैंड़की की पूँछ की सी चूल; २. गठजोड़। क्रि० स० और अ० १. चूल बैठाना, चूल से चूल मिलाना या मिलना, जोड़ से जोड़ मिलाना या मिल जाना; २. (ला०) तारतम्य लाना या होना, सामंजस्य स्थापित करना या होना, तालमेल करना, ठीक बैठाना या बिठाना।

dow दे० D(H)OW।

dowager (dou' á jĕr) [O, F. *douagere*, from *douage*, dowry *doner* to DOWER] सं० १. परलोकगत स्वामी की उपाधि या संपत्ति प्राप्त करनेवाली विधवा (प्रायः सयो० में जैसे queen~, ~ duchess); २. (बोल०) गौरवान्वित वृद्धा, प्रतिष्ठित वृद्ध महिला।

dowdy (dou' di) [M. E. *dowd*, a shabby or untidily dressed person, etym. doubtful] सं० और वि० १. दुर्दशना, विरूपिणी, कुवस्त्रधारिणी (स्त्री); २. महा, अनाकर्षण, अप्रचलित (वेषभूषा आदि)। **dowdily** क्रि० वि० भद्दे रूप से, फूहड़पन से, बेढंगेपन से। **dowdiness, dowdyism** सं० वेषभूषा का महापन, फूहड़पन, कुरूपता। **dowdyist** वि० भद्दा, बुरा, गदा, कुत्सित।

dowel (dou' el) [perh. from F. *douille*, a socket (but cp. L. G. *dovel*, G. *döbel*, plug or tap, O.F. *douelle*, a barrel- stave)] सं० गुज़ा, नत्थी, गुज्जी, सैला, सुंभी, धातु या लकड़ी आदि की दो नोक की खूँटी जो लकड़ी या पत्थर आदि के टुकड़ों को उनकी सापेक्ष स्थिति में रखती है। क्रि० स० ऐसी नत्थी या खूँटी से जड़ना या जकड़ना।

dower (dou' ĕr) [O. F. *douire*, late L. *dōtārium*, from *dōtāre*, to endow (*dōs dōtis*, cp. Gr. *dôs*, a gift)] सं० १. स्त्रीधन, विधवादाय, पति की संपत्ति में विधवा का भाग; २. दहेज; ३. प्रकृति की देन, प्रतिभा या असाधारण मेधा। २. क्रि० स० १. दहेज देना; २. अक्ल से सपन्न करना, मेधावी बनाना। **dowerless** वि० १. स्त्रीधन रहित; २. बेदहेज; ३. प्रतिभाहीन।

dowlas (dou' lăs) [*Daoulas*, near Brest, in Brittany] सं० स्थूल वस्त्र, सन का मोटा कपड़ा, दरेस या लिनेन।

down[1] (doun) [A. -S. *dūn* (cp. O. Dut. *dūna*, whence Dut. *dunn*, L. G. *dûne*, F. *dune*)] १. सं० खुली ऊँची भूमि; २. (विशे० बहुब०) दक्षिणी इंग्लैंड की वृक्ष रहित तथा विषम खड़िया मिट्टी की पहाड़ियाँ जो चरागाह का काम देती हैं, दे० DUNE। **The Downs** इंग्लैंड के समुद्र का एक भाग (जो North Downs के सामने स्थित है)।

down[2] (doun) [Icel. *dūnn* (cp. L.G. *dûne*, G. *dane*)] सं० १. पक्षिशावकों के कोमल पर या लोम; २. चिड़ियों के गले के नीचे के और पेट पर के पख जो तकिये आदि में भरे जाते हैं; ३. सूक्ष्म केश या रोवाँ (विशे० चेहरे पर पहले-पहल उगनेवाले बाल, फल आदि के ऊपर का रोवाँ आदि भी); ४. रोयेंदार वस्तु; ५. कोमल-पिच्छ* (वि० १ भी)। **downy** वि० १. खड़िया मिट्टी की पहाड़ियों का, खड़िया मिट्टी की पहाड़ियों की तरह; २. (वि० १) मृदुरोमिल*। **~feather** कोमल-पिच्छ* (वि० १ भी)। **downily** क्रि० वि० १. मृदुता से, नरमी से; २. चौकसी से, जानकारी से। **downiness** सं० १. लोमयुक्तता; २. नम्रता; ३. चौकन्नापन, चौकसी, जानकारी।

down[3] (doun) [M. E. *adown*, A.-S. *of-dûne*, ADOWN] क्रि० वि० (अति०, वि० या क्रि० वि० ~most) १. (गति) तले, नीचे, निम्न, अधः (जैसे brought~by river knock, fall~); २. निचले दर्जे की ओर, अक्षांय दशा को, जलप्रवाह या वायु प्रवाह में दक्षिणोन्मुख, राजधानी या विश्वविद्यालय से (Lord's amendments sent~to Commons); ३. (आज्ञा के लिए पदलोप) लेट जाओ, उतर पड़ो, रख दो आदि (जैसे ~helm); ४. और, with के साथ (~with aristocrats !); ५. (स्थान) निचले स्थान में (blinds were~); ६. राजधानी या विश्वविद्यालय के बाहर; ७. अधोगामी अवस्था में, झुकी या गिरी हुई अवस्था मे पड़े हुए, विनतावस्था मे, निम्न स्तर पर (hit man who is~; many~ with fever; sun, tide are~); ८. (क्रम, समय, गुण) ऊँचे दर्जे से नीचे दर्जे तक (जैसे from king~to the cobbler); ९. शुरू से लेकर बाद तक (जैसे custom handed~); १०. सूक्ष्मतर अवस्था तक (boil, grind, wear, thin~); ११. शांत या निष्क्रिय अवस्था में (जैसे calm~)। पूर्व० १. नीचे-नीचे; २. किनारे-किनारे; ३. किसी चीज़ के आर-पार या भीतर; ४. ऊपर से नीचे तक, सिर से पैर तक, नख से शिख तक; ५. निचले भाग में, निचले हिस्से की ओर। विo निम्नगामी (जैसे ~look)। क्रि० स० (बोल०) डाल देना, पटक देना, फेंक देना, गिरा देना, धक्का दे कर नीचे गिराना (प्रायः हवाई जहाज़ या व्यक्ति को), उतारना, हटाना। सं० १. दुःख-सुख, भाग्य-अभाग्य, भाग्य या उलट-फेर (प्रायः ups and downs); २. पसि का खेल दे० POSE। **are we ~-hearted** (प्रा०) आत्मविश्वास प्रकट करना। **bear~** जहाज़ का हवा के रुख पर चलना। **be~ on** झपट्टा मारना, झपटना, टूट पड़ना, दबोच लेना, चढ़ बैठना, पीटना, ख़बर लेना, आक्रमण करना, कठिन व्यवहार करना। **book etc. goes~** पुस्तक आदि का स्वीकृत होना, मान्य होना। **bread is~** रोटी सस्ती है, पहले से सस्ती है या उससे सस्ती है। **come~** शयनगृह से निकलना, सोने के कमरे से उतरना। **~and out** १. फिर से मुक्केबाज़ी करने में असमर्थ, मुक्केबाज़ी में हारा हुआ; २. जीवन-संग्राम में पराजित, ज़माने का मारा हुआ। सं० मार खाया हुआ खिलाड़ी, जीवन-संग्राम मे पराजित व्यक्ति। **~-easter** नवीन इंग्लैंडवासी (विशे०) मेन (Maine) का निवासी। **~in the mouth or ~-hearted** पस्त-हिम्मत, निराश, उदास। **~on one's luck** दे० LUCK। **~to the ground** पूर्णतया, पूरे तौर से, पूर्ण रूप से। **~under** पृथ्वी के परस्पर विपरीत प्रदेशों पर। **food goes~** भोजन का निगला जाना। **get~** निगल जाना, (गाड़ी आदि से) उतरना। **go~** छुट्टियों मे या विश्वविद्यालय की शिक्षा समाप्त कर घर जाना। **have a~ on** (बोल०) नापसंद करना या घृणा करना, दबोचने की उद्यत होना। **is not~yet** अभी तक सोये हैं, अभी जागे नहीं। **money~** नक़द भुगतान करना। **pay~** तुरंत अदा करना। **run, ride, hunt~** जा पकड़ना, जा घेरना।

send~ विश्वविद्यालय का निलंबन दंड। **sun, ship goes**~ सूर्यास्त, जहाज का डूबना। **up and**~ इधर-उधर, ऊपर-नीचे। ~**draught** नीचे की ओर बहनेवाली हवा (विशे० कमरे में चिमनी से आनेवाली वायुधारा)। ~**grade** १. रेल की सड़क की ढाल; २. (ला०) पतन, ह्रास। ~**helm** पतवार रख दो, पतवार नीचे कर दो। ~**platform** लंदन या केन्द्र से आने-जाने वाली रेलगाड़ी का प्लेटफार्म। ~**the wind** वायु के साथ। ~**tools** दिन का काम बंद कर देना, हड़ताल करना। ~**town** ऊँचे या बाहरी भाग से नगर के बीच में। ~**train** डाउन ट्रेन, लंदन या केन्द्र से आने-जाने वाली ट्रेन।

downcast (doun' kast) सं० (~shaft भी) वायुरंध्र, खान में ताजा हवा जाने का मार्ग। वि० १. (दृष्टि) नीची, नत, झुकी हुई, विनत; २. उदास, म्लान, निराश, विषण्ण; सुस्त, रजीदा।

downfall (doun' fawl) सं० १. घनघोर वर्षा, अत्यधिक वृष्टि आदि; २. तबाही, अवनति, गिरावट, ह्रास, अधोगति, उतार, पराजय, हार।

downhill (doun' hil) सं० १ (उत्तरी अमरीका downhil) गिरि-प्रवण, ढलान, ढाल, झुकाव, उतार वि० १. (down-ढलवा; २. सहजगम्य, प्रवण। क्रि० वि० (~hil) ढाल की ओर, उतार की ओर, झुकाव की तरफ़। ~**of life** जीवन की ढलती अवस्था, जीवन का उत्तरार्द्ध।

Downing Street स० लंदन की एक प्रसिद्ध सड़क जिस पर सरकारी कार्यालय हैं, वर्त्तमान सरकार (का भवन) (जैसे (does not find favour in~; disapproves)।

downpour (doun' pôr) सं० झड़ी, अतिवृष्टि, मूसलाधार वर्षा* (वि० १ भी)।

downright (doun' rit, *when used predicatively* doun' rit') वि० १. सादा या साफ़; २. निर्दिक्षण, ३. निष्कपट; ४. स्पष्टवक्ता, खरा, साफ़ या दो टूक कहनेवाला, मुँहफट, पूर्ण, भरापूरा, बिल्कुल, पक्का (~lie, atheist, ~nonsense)। क्रि० वि० पूर्णतया, पूरा-पूरा, पूरी तरह, निश्चित रूप से, सर्वथा (जैसे ~scared insolent)। **downrightness** सं० १. स्पष्टता; २ निष्कपटता, ३. खरापन।

downstairs (doun stâz') क्रि० वि० १. सीढ़ी के नीचे, ज़ीने से उतरते हुए; २. नीचे की मंजिल पर, नीचे की मंजिल की ओर, घर के नीचे के खंड में।

downthrow (doun' thrô) स० १. (भूगर्भ०) अधःक्षेप, खुदाई की तह का एक ओर को दबाव; २. (वि० १) अवपात*।

downtrodden (doun' trodn) वि० पददलित, पीड़ित, दबाया हुआ, कुचला हुआ, सताया हुआ।

downward[1],-s क्रि० वि० १. नीचे, नीचे की ओर, नीचे को (चला जाना, इशारा करना, अग्रसर होना); २. अच्छाई से बुराई की ओर; ३. पहले से बाद की ओर।

downward[2] वि० १. अधोमुख, ह्रासोन्मुख, गिरता हुआ; २. (वि० १) अधोमुखी*। ~**acceleration** (वि० १) अधोमुखी त्वरण*। ~**erosion** (वि० १) अधोमुखी अपरदन*। ~**velocity** (वि० १) अधोमुखी वेग*।

downy द० DOWN[2]।

dowry (dou' ri) [A. -F. *dowarie*, as DOWER] वि० १. लोमयुक्त, रोमी, रोयेंदार; २.कोमल, मृदुल; ३. (ग्रा०) चौकन्ना, चालाक, चाप, होशियार, जानकार; ४. मृदुरोमिक* (वि० १ भी)।

सं० १. दहेज, जहेज, यौतुक; २. असाधारण बुद्धि, प्राकृतिक गुण, प्रतिभा।

dowse (dous) [etym. unknown] क्रि० स० १. दो शाखाओं वाली छड़ी लेकर किसी स्थान पर खनिज पदार्थों या पानी की खोज करना। **dowsing or divining rod** दो नोंकवाली (छड़ी) जिससे खनिज पदार्थों या पानी का पता लगाया जाता है।

doxology (dok sol' ó ji) [late L. and Gr. *doxologia* (*doxa*, glory -LOGY)] सं० ईश स्तुति, स्तोत्र, स्तुति, ईश्वर स्तुति, गुणानुवाद, भजन।

doxy[1] (dok' si) [etym. doubtful] सं० १. भिखारी की प्रेमिका या स्त्री; २. प्रेमिका, प्रेयसी।

doxy[2] (dok' si) [from ORTHODOXY, etc.] सं० (विशे० धर्मशास्त्र संबंधी) मत, विचार, राय (orthodoxy, hetrodoxy आदि के अंतिम भाग का विनोद में प्रयोग)।

doyen (dwa' yen-) [F., from L. *decānus*, DEAN] सं० वरिष्ठ राजनयिक, किसी संस्था का अग्रणी या प्रधान सदस्य, प्रधान पुरुष (विशे० किसी राजदरबार में अग्रणी राजदूत)।

doyley दे० DOILY।

doze (dôz) [cp. Dan. *dōse*, Icel. *dūsa*, L. G. *dussen*] क्रि० अ० ऊँघना, झपकी लेना, अधनींदा होना। सं० निद्रा, झपकी, अर्धनिद्रा, हलकी नींद। ~**off** ऊँघते-ऊँघते सो जाना।

dozen (dŭz' ĕn) [O.F. *dozaine* (*douze*, L. *duodecim*, twelve, *-aine*, L.-*ēna*, as in *centēna*)] सं० १. द्वादश संख्या, दर्जन, बारह; २. (बहुव०) दर्जनों, कई दर्जन, बारह-बारह के समूह। **baker's, devil's, pointer's**~ तेरह। **dozens of** बहुत से, कई। **talk nineteen to the**~ लगातार बातें करना, कैंची की तरह जबान चलाना।

drab[1] (dräb) [cp. Irish *drabog*, Gael. *drabarh*] सं० फूहड़, बेशऊर स्त्री; २ कपिश, कपिल, बेश्या, रंडी, व्यभिचारिणी, कुलटा, पुछली, छिनाल। क्रि० अ० बेश्या-वृत्ति करना, व्यभिचार करना, छिनाला करना।

drab[2] (dräb) [F. *drap*, cloth] वि० और स० १. कपिश (वस्त्र), बादामी रंग (का); २. नीरस, उकतानेवाला, एक-सा, एकरस; ३ नीरसता, एकरसता, एकरंगी; ४. बेमज़ा, बेलुत्फ़। **drabbet** स० डाबेट, बादामी रंग का सूती कपड़ा जो विशेष प्रकार के फ्रॉक बनाने में काम आता है।

drabble (dräb' ĕl) [M. E. *drabelen*, cp. L. G. *drabbeln*] क्रि० अ० और स० छपछप या फचफच करते हुए चलना, कीचड़ में लथेड़ना, कीचड़ या पानी से मैला करना।

Dracaena (drá sē' ná) [mod. L., from Gr. *drakaina* fem. of *drakōn*, dragon] सं० ड्रासिना, कुमुदनी प्रकार के वृक्षों की जाति जिसमें Dragon tree (नागवृक्ष) भी सम्मिलित है। ~**terniflora** (वि० १) ड्रासिना टर्नीफ़्लोरा*।

drachm (drăm) [F. *drachme*, L. *drachma*, Gr. *drachmē* (*drasseshai*, to grasp), cp. *dragma*, a grasp, full] सं० १. दरहम, दरम, प्राचीन यूनान की रजतमुद्रा (९/१० पेंस); २. (औषधि की तौल) ६० ग्रेन, १/८ औंस; ३. (मामूली तौल) २७/२ ग्रेन, १/८ औंस; ४. अल्प परिमाण, अल्प मात्रा।

drachma (drăk' mă) सं० १. दरहम, दरम, प्राचीन यूनानी सिक्का; २. आधुनिक यूनानी फ्रैंक।

draconian, draconic (drá kō' ni án, -kon' ik) [*Dracon*,

an Athenian legislator (about 621 B.C. whose laws were extremely severe)] वि० कठोर, कठिन, कड़ा, सख्त, क्रूर, निर्दय, निष्ठुर, उग्र।

draff (draf) [M. E. *draf* (cp. Dut., Icel., and Swed. *draf*)] सं० १. तलछट, गाद; मैल, उच्छिष्ट, मल, कीट; २. रसाईश्वर का धोवन जो सुअरों को पिलाया जाता है; ३. शराब निकालने के बाद जौ का उच्छिष्ट, बचा खुचा भाग, छाँटन, निरर्थक अंश।

draft (draft) [DRAUGHT] सं० १. विशेष कार्य के लिए किसी बड़े समुदाय से एक दल (का चुनाव), दस्ता, टुकड़ी, सैन्य दल, किसी टुकड़ी की विशिष्ट कार्य के लिए नियुक्ति; २. धनादेश, हुंडी, चेक, क़ाग़ज़, हुडी से रुपया लेना, हुंडी, करना (विशे० बैंक की एक शाखा का दूसरी शाखा पर); ३. रूपरेखा, ढाँचा, ख़ाका; ४. मसविदा, मसौदा, प्रारूप* (आ०, प्र०, विधि भी); ५. (राजगीरी) पत्थर के किनारे को छेनी से समतल करना। क्रि० स० १. (बड़ी सेना में से एक अंश को) विशेष उद्देश्य में अलग करना, पृथक् करना, नियुक्त करना, विशेष कार्य के लिए भेजना; २. रूपरेखा बनाना, ढाँचा बनाना, मसविदा या प्रारूप तैयार करना (विशे० संसदीय विधेयक का) ३. (राजगीरी) पत्थर चौरस करना, बराबर या समतल करना। **make a ~on** १. रुपया लेना; २. (आ०) मरोसा करना (on के साथ)। **drafter** सं० १. मसविदा बनानेवाला, प्रारूप तैयार करनेवाला; २. (प्र०) प्रारूपकार*। **drafting** सं० प्रारूपण*/ मसौदा तैयार करना* (प्र० भी)। **draftsman** सं० १ मानचित्र बनानेवाला, नक़्शानवीस* (प्र० भी)। २. मसविदा बनानेवाला, मसौदा तैयार करनेवाला, प्रारूपकार, विधेयक तैयार करनेवाला; दे० DRAUGHTSMAN भी।

drag (drăg) [prob. a var. of DRAW] क्रि० स० आर अ० १ घसीटना, ज़ोर से खींचना, २. (पैर, पूँछ आदि को) घिसटते देना या घसीटते हुए चलना; ३. (सगी०) धीमी लय में गाना या बजाना, प्राणहीन या बेजान होना, फीका, निर्जीव होना; ४. घिसटना, कठिनाई से चलना, ५. (डूबे हुए व्यक्ति या खाई वस्तु को निकालने के लिए) काँटा डालना या जाल डालना, कटिया डालना; ६.(नदी के) तल में ढूँढना, तल की मिट्टी निकालना; ७. (भूमि पर) मरावन फेरना, हेंगा चलाना, ८.(पहिये या गाड़ी में चाल धीमी करने के लिए) कोई रोक लगाना। स० १. भारी हेंगा, दती पटेला, मिरावन, भद्दा स्लेज (बर्फ़ पर फिसलने वाली गाड़ी), चार घोड़ों की गाड़ी, २. (~net भी) मछली या शिकार फँसाने के लिए नदी या मैदान पर बिछाने का जाल, ३. डूबी हुई चीज़ को निकालने का आँकड़ा, काँटा, ४. स्वाद इकट्ठा करने का औज़ार, कूड़ा-करकट बटोरने का पोंचा, ५. ढाल पर गाड़ी की गति को कम करने की लोहे की रोक; ६. रोक, रुकावट, अवरोध, प्रगति में रुकावट; ७. कोई तीव्र सुगंधित वस्तु जो शिकारी कुत्तों को गंध पर दौड़ने का अभ्यास कराने के लिए काम में आये, इस अभ्यास में प्रयुक्त होनेवाली छड़ी; ८. धीमी चाल, अवरुद्ध गति, मंद गति, ९.प्रवरुद्धण, सहकर्षण; १०. (वि० १), कर्षण* (भूमि०), कर्षज*, अपस्क*। **anchor drags** लंगर एक जगह नहीं ठहरता। **~anchor** बहनेवाला यंत्र जो जहाज़ का हवा के साथ बह जाने से रोकता है। **~chain** १. पहिये को रोकने की ज़ंजीर, पहिया-रोक; २. (ला०) अवरोध, रोक, रुकावट, बाधा। **~in** (किसी विषय को) बातचीत में व्यर्थ ही खींच लाना। **~net** (वि० १) मोह-जाल*। **~on** जबर्दस्ती चलते या चलाते रहना, जैसे तैसे गुज़रना। **~out** (बात को) नीरस रूप में बढ़ाना या लम्बा करना, तूल देना, विलंब करना, देर लगाना। **~up** (बोल०) बच्चे को पालने में उसके साथ कड़ाई का व्यवहार करना।

dragee सं० चाकलेट मिठाई, मिठाई (जिसमें प्रायः औषधि मिली होती है जिससे कि रोगी उसे बिना कष्ट के खा सके)।

draggle (drăg' el) क्रि० स० और अ० १. लथेड़ना, गंदा करना, घसीट कर गीला या मलिन करना; २. लटकना और घसिटना; ३. पीछे चलना। ४. पीछे रह जाना, पिछड़ जाना। **~tail(ed)** (स्त्री०) जिसका पल्ला या घाँघरा भद्दे ढंग से लटकता या घिसटता चले।

dragoman (drăg' ò măn) [F., from It. *dragomanno*, med. Gr. *dragoumanos*, O. Arab. *targumān*, interpreter] सं० बहु० **~ans,~en**) दुभाषिया, (विशे० अरबी, तुर्की या फ़ारसी भाषा का), दो भाषाएँ जाननेवाला, तरजुमान।

dragon (drăg' on) [F., from L. *draco -ōnem*, Gr. *drakōn*, serpent (*drak-*, stem of *derkesthai*, to see)] सं० १. नाग, व्याल, पन्नग, सपंश नाग; २. मगर अथवा साँप की आकृति का सरकश, सतर्क या चौकस व्यक्ति; ४. स्त्रियों की सरशिका; ५. (इ०) झील या शार्क मछली; ६. मगर, घड़ियाल; ७. सियार; ८. छिपकली या कबूतर के प्रकार। **the old~** शैतान। **~-fly** लंबे तथा पतले शरीर और बड़े पर वाला एक कीड़ा, व्याध पतंग। **dragon's blood** लाल रंग का चमकीला गोंद जो खजूर के फल से निकलता है। **dragon's teeth** ऊपर की ओर उठे हुए दाँतों की आकृति के टैंक-अवरोधक, रुकावटें, दंतीदार उभड़ी हुई बाधाएँ।

dragonnade (drăg ò nād') [F., from *dragon*, DRAGOON] सं० (बहु०) १. फ्रांस के सम्राट लुई चौदहवें के काल में प्रोटेस्टेन्ट मत के अनुयायियों के घर जबर्दस्ती सिपाहियों का टिकाकर उनका उत्पीड़न, २. सिपाहियों द्वारा कराये गये अत्याचार। क्रि० स० इस भाँति उत्पीड़न या अत्याचार करना।

dragoon (dà goon') [F. *dragon*, orig. a kind of musket, DRAGON] सं० १. अश्वारोह, घुड़ सवार, अश्वारोही, रिसाले का नौकर; २. उद्दंड, क्रूर व्यक्ति; ३ एक प्रकार का कबूतर। क्रि० स० किसी के ऊपर घुड़सवार छोड़ देना, पीड़न या अत्याचार करना, अत्याचार द्वारा किसी कार्य के लिए बाध्य करना।

drail सं० मछली पकड़ने की कँटिया जिसमें पानी में गहराई तक डुबाने के लिए सीसे का लगर होता है।

drain (drān) [A.-S. *dreahnian*, cogn. with *dryge*, DRY] क्रि० स० और अ० १. नली या पप के द्वारा पानी निकालना, निचोड़ लेना, खाली करना, सोख लेना; २. पीना, चढ़ा जाना, (बर्तन आदि) खाली कर देना; ३. (भूमि आदि की) नमी सोख कर शुष्क कर देना; ४. (नदी का) किसी प्रदेश के बेकार पानी को बहा ले जाना; ५. संपत्तिहीन या शक्तिहीन करना, चूस लेना, निर्बल बना देना, खोखला कर देना (जैसे ~the wealth of England); ६. रिसना, टपकना, चूना, झरना; ७.(गीले कपड़े, बर्तन आदि का) निचुड़ जाना। सं० १. निकास, निकासी; २. निकासिका* (आ० भी), नाली* (आ०, वि० १ भी), मोरी, पाइप, नाला; ३. (शल्य०) फोड़े से मवाद खींचने की नली; ४. निरन्तर विकास, बोझ, मार, दबाव; ५. व्यय, खर्च, ६. (बो०) छोटा घूँट; ६. (वि० १) अपवाहिका*। **drainage** सं० १. निकास* (आ० भी), निकासन, जल-निकास* (वि० १, विधि भी), अपवाह तंत्र* (वि० १ भी), पानी का निकास; २. नालियाँ, प्राकृतिक अथवा कृत्रिम नालियों की व्यवस्था;

३. नालियों का पानी, गंदा पानी। **~-basin** वह॰, वह प्रदेश जिसका जल नदी द्वारा जाय। **drainer** सं॰ क्रियागत अर्थों में; १. विशे॰ वह पात्र जिसमें पानी निकालने के लिए चीजें रक्खी जाती हैं; २. पानी निकालने वाला, निचोड़ने वाला, सोखने वाला, पीने वाला, चूसने वाला, शोषक, सोखला करने वाला आदि।

drake[1] (drāk) [etym. doubtful (cp. prov. G. *draak*, O. H. G. *antrahho*, G. *enterich*, dial *enderdrach*, from *ente*, *ende*, duck)] सं॰ हंस, (नर) बत्तख, मुर्गाबी, कलहंस, कादब (जैसे play ducks and drakes दे॰ DUCK)।

drake[2] (drāk) [A.-S. *dræca*, L. *draco*, DRAGON] सं॰ ड्रैक, मछली पकड़ने मे काम आने वाला एक प्रकार का कीड़ा। **green~** मक्खी।

dram (dram) [DRACHM] सं॰ १. एक तौल, ड्राम; २. सुरा, वारुणी, मदिरा, स्पिरिट, शराब आदि की एक चुस्की या घूँट। **~-drinker** शराबी, पियक्कड़। **~drinking** शराब-खोरी, मदिरापान। **~-shop** मदिरालय, शराबखाना, मैखाना, कलाली।

drama (drā' mā) [late L. *drāma*, Gr. *drâma -atos*. (*drân*, to do, to act)] सं॰ १. नाटक, अभिनय, खेल, स्वांग, ड्रामा; २. नाटक जैसी घटनाएँ। **the~** नाट्यकला, नाटक रचना और प्रस्तुत करना। **dramatic, -ical** (drā māt' ik, -āl) वि॰ १. नाटक का, नाटकीय, नाटक सबंधी, २. अभिनेता जैसा, नाटक में प्रस्तुत करने योग्य; ३. आकस्मिक, अचानक, एकाएक; ४. विलक्षण, विचित्र, आश्चर्यकारी; ५. प्रभावोत्पादक, प्रभावशाली; ६. (बातचीत, वाक्य आदि) जो दूसरों के अनुकरण मे हो, दूसरे व्यक्ति के विचारों को प्रगट करनेवाला। **dramatically** क्रि॰ वि॰ १. नाटकीय रूप मे, नाटकीय ढंग से; २. अकस्मात्, अचानक ही; ३. विलक्षणतापूर्वक, आश्चर्यकारी ढंग से; ४. प्रभावशाली रूप मे।

dramatist (drām' ā tist) सं॰ नाटककार, नाटक लिखनेवाला।

dramatize (drām' ā tīz) क्रि॰ स॰ और अ॰ १. नाट्य रूपांतर करना, (उपन्यास आदि का) नाटकीकरण, नाटक बनाना, नाटक का रूप देना, नाटक मे रूपान्तर करना, ऐसा रूपान्तर हो सकना; २. नाटकीय बनाना, नाटकीयता लाना, ३. (किसी बात या घटना को) नाटकीय रूप मे प्रस्तुत करना; ३. नाटकीय ढंग मे काम करना, स्वांग भरना, नक़ल करना। **dramatization** सं॰ १ नाटक के रूप मे परिवर्तन, नाटक में रूपान्तरण; ३. नाटकीय होना या बनाना; ३. नाटकीकरण।

dramaturge (drām' ā tēj) [F., from Gr. *d amatourgos* (*d âma -atos*, DRAMA, *ergein*, to work)] सं॰ नाटककार, नाट्यकार। **dramaturgic** वि॰ नाटककार सबंधी, नाट्य-रचना संबंधी। **dramaturgist** सं॰ नाट्यशास्त्री, नाटकीय सिद्धांतों का प्रणेता या रचयिता। **dramaturgy** (drām' ā tēr ji) सं॰ नाट्यशास्त्र, नाट्यकला, नाटक-रचना की कला।

drank दे॰ DRINK।

drape (drāp) [F. *draper*, from *drap*, cloth] क्रि॰ स॰ १. कपड़े से ढँकना, सजाना, आच्छादित करना, पर्दे लटकाना; २. (कपड़ों, पर्दों को) सुंदर और व्यवस्थित चुन्नट के साथ पहनना या लटकाना।

draper (drā' pēr) [as prec.] सं॰ बजाज, वस्त्र विक्रेता, कपड़ा बेचने वाला। **drapery** सं॰ १. कपड़ा, सूती कपड़े के थान; २. बजाजी, कपड़े का व्यापार; ३. मूर्तिकला आदि में वस्त्र व्यवस्था, वस्त्र विन्यास; ४. चुन्नटदार वस्त्र, कपड़े, पर्दे आदि। **draperied** वि॰ चुन्नटदार कपड़ों, पर्दों से सुसज्जित।

drastic (drās' tik) [Gr. *drastikos*, from *drasteo*, to be done (*drân*, to do)] वि॰ १. अमोघ, समर्थ, प्रबल, शक्त; २. प्रचंड, तीक्ष्ण, तेज, उग्र* (आ॰ भी), तीव्र; ३. उद्दंड; ४. कठोर, सख्त, कड़ा; ५. (विशे॰ चिकि॰) प्रबल शोधक, रेचक। **drastically** क्रि॰ वि॰ कठोरता के साथ, सख्ती से, प्रबलता से, प्रचंडतापूर्वक।

drat (drāt) [said to be a corr. of GOD ROT] क्रि॰ स॰ (अशि॰) ईश्वर समझे, नाश हो, धिक्कार है, ईश्वर नाश करे, बुरा हो, (औरतों जैसा) भाड़ मे जाय, आग लगे। **dratted** वि॰ अभिशप्त, शाप पाया हुआ, भ्रष्ट।

draught (draft) [M. E. *drahte*, as if from A.-S. *dragan*, to DRAW (cp. Dut. *dragt*, G. *tracht*)] सं॰ (कुछ अर्थों मे DRAFT भी) १. खींचना, कर्षण, खिचाव, खिचाई, २. मछली आदि का जाल खींचना, एक बार खींचने मे मिली हुई मछलियाँ; ३. घूँट*, (अ॰ भी) चुस्की, इस भाँति पी हुई मात्रा (ला॰ भी आनंद, प्रेम, दुःख इत्यादि के विषय मे); ४. तरल औषधि की एक खुराक; ५. (नौ॰ वि॰) डबाव, जहाज चलने के लिए आवश्यक पानी की गहराई; ६. (बहुव॰) २४ गोटियों का अंतरज जैसी बिसात पर एक खेल, ७ कमरे मे हवा की धारा, झोंका, प्रवाह; ८. रूपरेखा, खाका, नक्शा, ढाँचा, ९. मनविद्या, प्रारूप, पाडुलिपि(-पि भी), १०. सैनिक दस्ता, टुकड़ी, इनकी नियुक्ति (प्राय॰-ft); ११. बैंक मे जमा रुपया निकालने का लिखित आदेश, ड्राफ्ट, चेक, हुंडी (आजकल-ft), १२. पात्र मे शराब निकालना, १३. (वि॰ १) वान-प्रवाह*। क्रि॰ स॰ १. बड़े समुदाय से सैन्य सेवा आदि के लिए एक दल को पृथक करना (आजकल-ft); २. खाका या ढाँचा बनाना, रूपरेखा तैयार करना (-ft भी)। **beast of~, ~horse** गाड़ी या हल खींचने वाला घोड़ा। **beer on~** टोंटीदार पींपे मे रक्खी बियर। **black~** जुलाब, रेचक। **feel the~** (ग्रा॰) प्रतिकूल परिस्थितियों से दुखी होना, कठिनाइयों मे फँसा रहना। **forced~** भट्टी मे हवा का दबाव। **~-beer** बोतल के बजाय पींपे मे रक्खी हुई बियर।

draughtsman (drafts' mān) सं॰ (बहुव॰ **~men**) १ नक्शानवीस, रूपरेखा, नक्शा या ढाँचा बनाने वाला, २ दस्तावेज तैयार करनेवाला, मसविदा, प्रारूप (विशे॰ समर्दाय विषयक का) तैयार करनेवाला (प्राय॰ draftsman); ३. ड्राफ्ट्स के खेल की गोट। **draughtsmanship** सं॰ नक्शानवीसी, रूपरेखा तैयार करने का काम, नक्शा नवीस का पद। **draughtswoman** सं॰ स्त्री नक्शानवीस।

draughty (draf' ti) वि॰ १. बहावदार, जहाँ से हवा बहती हो, २. फँसा हुआ। **draughtiness** सं॰ १ हवा का बहाव; २ मुसीबतों में फँसा होना।

draw (draw) [A.-S. *dragen*, cp. Dut. *dragen*, G. *tragen*] क्रि॰ स॰ और अ॰ (भू॰ **drew**, भू॰ कृ॰ **drawn**) १. खींचना, खींच कर ले जाना, घसीटना (अपने पीछे-पीछे या किसी चीज में बाँध कर); २. सिकोड़ना, मुँह बनाना या बनना; ३. (जाल) बटोर लेना या खींचना; ४. (कमान या धनुष) तानना; ५. (लगाम) खींचना, कसना, रोकना (घोड़े को या ला॰ अपने आपको); ६. खींचकर खोलना या बंद करना, (पर्दा, घूँघट आदि) डालना या हटाना; ७. (क्रिकेट मे) बल्ले से (गेंद को) एक तरफ़ कर देना; ८. (गोल्फ़ में गेंद को दायें हाथ से खेलने वाले

खिलाड़ी को) बहुत अधिक बार्थे हटा देना, ९. आकर्षित करना, आकृष्ट करना, भीतर लेना (साँस आदि); १०. प्रवृत्त करना, किसी काम पर आमादा करना; ११. आकर्षित होना, उन्मुख होना, इकट्ठा होना, एकत्र होना, १२. ला ना, पैदा करना, १३. (डाट, कार्क, दाँत, नाखून, पिस्तौल, म्यान से तलवार, धरती से क्रिकेट के डंडे आदि) खींच कर बाहर निकालना; १४. (मैंद से) घसीट कर बाहर निकालना, कुएँ से (पानी) खींचना, भरना; १५. पात्र या शरीर से (द्रव पदार्थ या रक्त) बाहर निकालना या खींचना, १६. सत निकालना, अर्क खींचना, तत्त्व निकालना; १७. (पुलिस से मवाद आदि) खींच लेना; १८. प्राप्त करना, हासिल करना, लेना, पाना, ग्रहण करना (प्रेरणा, वेतन); १९. (ताश) खिलवाना, खुलवाना, कहला लेना, बातों-बातों में पूछ लेना, छेड़ कर बातचीत करना, जानकारी, योग्यता, अप्रसन्नता आदि का पता लगा लेना; २०. परिणाम निकालना, नतीजा निकालना, नतीजे पर पहुँचना, अनुमान करना; २१ घूस लेना, खाली करना, रिक्त कर देना, २२. पेट चीर कर आँतें निकालना; २३ (शिकार) शिकार की (छिपने की जगह), तलाश करना; २४, बढ़ाना, फैलाना, लंबा करना, तूल देना, देर लगाना; २५ (नि० वि०) हवा से (पाल का) फूल जाना; २६. (कूँड़) डालना, (खत) खींचना, आकृति बनाना, रेखांकन करना, खाका बनाना, नक्शा खींचना, चित्रित करना; २७ शब्दों द्वारा चित्रित करना, वर्णन करना, चित्रण का अभ्यास करना; २८. रचना करना, तैयार करना (दस्तावेज आदि); २९. तुलना करना, समानता बताना. अंतर बताना, अंतर निर्धारित करना; ३०. हुंडी, चैक, ड्राफ्ट आदि (किसी के नाम) लिखना, माँग करना, प्रार्थना करना (रुपये या सेवा की); ३१. चलना, हिलना-डुलना, दूर या समीप होना; ३० (दौड़ में) और आगे बढ़ जाना, बराबर आ पहुँचना, और समीप आ पहुँचना; ३२. (संदि०) (जहाज का बहने के लिए पानी की विशेष गहराई) चाहना, अपेक्षा करना; ३३. निर्णय के बिना समाप्त हो जाना, बिना निर्णय छूटना। सं० १. खींचना. खिचाई आदि. (विशे०) खींचतान, तनाव, ज़ोर, बल, झटका, धक्का २. खिचाव, आकर्षण, ग्राहकों को आकर्षित करनेवाली वस्तु, खिचाव का हेतु; ३. लाट या लाटरी डालना, रैफ़ल; ४. बराबरी पर छूटा हुआ खेल, अनिर्णीत खेल, ५ ऐसी उक्ति या कथन जिसे सुन कर कोई व्यक्ति अपने मन की बात कहने लगे या उसे अपने प्रिय विषय पर बोलने का अवसर मिल जाय, छेड़; ६. गोली चलाने के लिए घिस्तौल निकालने की क्रिया (जैसे quick on the ~); ७. टूटवाँ या उठाऊ पुल के हटनेवाले हिस्से। **chimney, pipe draws well** चूल्हा या चिमनी में हवा की धारा खूब चलती है। **long-drawn agony** दीर्घकालीन यंत्रणा। **with drawn face** उतरे हुए चेहरे सहित, उदासः मख से। **~back** (वचन या वादे से) फिर जाना, मुकर जाना। **~bit, briddle, rein** घोड़े को रोकना, आत्मसंयम करना, उच्छृंखलता से काम लेना। **~blank** कुछ न पाना। **~cloth** भोजन के बाद मेज़ साफ़ कर देना। **~fowl** (पकाने से पहले पक्षी आदि को) उधेड़ना। **~game or battle** बराबर रहना (खेल या लड़ाई में)। **~in** १. फाँस लेना, फुसला लेना, प्रलोभन देकर शामिल कर लेना, २. (दिन का) डूबने के समीप होना, अंत के समीप होना, ३. (जाड़े में दिनों का) निरंतर छोटा होते जाना। **~it mild** १ मु० बियर शराब के लिए प्रयुक्त; २. बड़ा बड़ी न करो, ईश्वर से डरो, अतिशयोक्ति न करो, डींग न हाँको। **~lots** लाटरी निकालना, पर्ची निकालना, भाग्य आजमाना, लाटरी डाल कर तै करना। **~off** (फौज को) वापिस बुला लेना, वापिस आना। **~on** अभ्यास करना कारण, होना, प्रवृत्त करना, फुसला कर ले आना, ललचाना, प्रलोभन देना, समीप आना। **~out** १. (सेना को) बाहर निकाल लाना, अलग करना, पृथक् करना, विशेष कम में खड़ा करना; २. तूल देना, बढ़ाना, लंबा करना, देर लगाना; ३. बातों-बातों में पूछ लेना, कहला लेना, छेड़कर बात करना; ४. यथोचित रूप में लिखना, रचना करना; ५. गर्मियों में दिनों का बड़ा लंबा होता जाना। **~plate** फ़ौलाद की कठोर चद्दर जिसमें अलग-अलग आकार के छेद बने होते है जिनमें से सामान बनाते समय छड़ या तार खींचे जाते हैं। **~ruin upon oneself** बरबादी को न्योता देना, बरबादी बुलाना। **~sword against** आक्रमण करना, हमला करना। **~the line at** किसी विशेष सीमा से आगे न बढ़ना। **~the tea** चाय का मत खींचना। **~up** १. कठोर भाव धारण करना; २. (दौड़ में) बराबर आ पहुँचना, ३. (सेना को) पंक्तिबद्ध या क्रमबद्ध करना या होना, बुलाना, मैदान में लाना; ४. (दस्तावेज आदि) तैयार करना, बनाना, लिखना। **~well** सं० गहरा कुआँ, जिस पर पानी खींचने के लिए रस्सी और बाल्टी मौजूद हों। **~wire** तारकशी करना, तार खींचना, एक के बाद एक छोटे से छोटे छेद में से तार निकालना।

drawback (draw' bāk) सं० १. चुंगी अथवा आयात-कर का वह अंश जो माल फिर से निर्यात करने के समय वापिस मिल जाता है, फिरनी, वापिसी, २. कटौती, काट, कमी; ३. त्रुटि, न्यूनता, कमी, दोष, बुराई, खोट, ऐब, खराबी, कमजोरी, असुविधा। **~lock** द्वार का ऐसा ताला जो भीतर से हत्था घुमाने से और बाहर से कुंजी द्वारा खुलता है।

drawbridge (draw' brij) सं० टूटवाँ या उठाऊ पुल, ऐसा पुल जो उकसर पड़ने पर उठाया जा सके।

Drawcansir(draw kān' sēr) [character in *The Rehearsal*] सं० और वि० १. (वह व्यक्ति) जो अपने मित्र और शत्रु दोनों के लिए खतरनाक हो. २. लठाका।

drawee (draw ē') सं० वह व्यक्ति जिसके ऊपर हुंडी की जाय या चैक दिया जाय।

drawer (draw' ēr) सं० क्रियागत अर्थों में १. कर्षक खींचनेवाला आदि; २. (अप्र०) शराबखाने या कलाली का नौकर; ३. मेज या आलमारी की दराज, जिसमें कपड़े, काग़ज़पत्र रखे जाते हैं (drawers या chest of ~) (बहुव०); ४. तंग मोहरी का पायजामा, जो पतलून के नीचे पहना जाता है। **drawerful** सं० काग़जों या कपड़ों की वह मात्रा जो एक दराज में समा जाये।

drawing (draw' ing) सं० क्रियागत अर्थों में १ आदान, खींचना आदि, २ ड्राइंग, चित्रांकन (विशे० बिना रंग अथवा एक रंग में), (रेखाचित्र) चित्रकारी, आलेखन, खाका, नक्शा, तस्वीर, चित्र; ३. आरेखन*, ड्राइंग* आरेख* (वि० १ भी)। **out of~** गलत खिंचा हुआ। **~-block** चित्र बनाने के काग़जों का पैड। **~-board** १. ड्राइंग के काग़ज फैलाने की तख्ती, २. आरेख-पट्ट*, ड्राइंग-बोर्ड* (वि० १ भी)। **~-compass(es)** ड्राइंग का परकाल, जिसमें एक ओर कलम या पेंसिल लगी हो। **~-pin** ड्राइंग की तख्ती से काग़ज को सटाये रखने की पिन या कील।

drawing-room (draw' ing rum) [formerly *withdrawing*] सं० १. भेंट करने का कमरा, बैठक-खाना, बैठक, ड्राइंग रूम, दीवान-खाना; २ दरबार, सभागृह।

drawl (drawl) [prob. from DRAW (cp. Dut. *dralen*)] क्रि० स० और अ० चबा-चबा कर बातें करना, चबा-चबा कर बोलना,

बनावटी धीमेपन के साथ बोलना या बोला जाना। सं० धीरे-धीरे बोलना, मंद कथन। **drawlingly** क्रि० वि० चबा चबा कर।

drawn (drawn) [DRAW] का भू० कृ० आहूत। **~-thread-work** कशीदाकारी, कपड़े के डोरे निकाल-निकाल कर उसमें जाली आदि बनाना।

dray (drā) [from A.-S. *dragan*, to DRAW (cp. *drege*, a draw-net)] सं० ठेला, भारी बोझा ढोने की दोनों ओर से खुली हुई नीची गाड़ी (विशे० शराब बनाने वालों की)। **~-horse** बड़ा और शक्तिशाली घोड़ा। **drayman** शराब का ठेला चलानेवाला।

dread (dred) [A.-S. *dredan* (in *on-dredan*, *of dredan*, etc.)] क्रि० स० १. किसी से अत्यंत भयभीत होना, डरना, भय खाना, आतंकित होना; २. झिझकना, दहल जाना, नाम से काँपना; ३. भय से थर्राना, कोई काम करने में डरना। सं० १. त्रास, आतंक, तीव्र भय, डर; २. भयावह वस्तु, भयानक वस्तु, ३. दबदबा, धाक। वि० त्रासदायी, भयावह, भयंकर, भयानक, आतंककारी, आतंकपूर्ण, घोर, खौफनाक, डरावना। **dreadful** वि० १. डरावना, विकट, भयावह, आतंकपूर्ण, भयंकर, भयानक, भीषण, भैरव, त्रासदायक, विकराल, कराल, घोर; २. दिल दहलाने वाला; ३. कष्टदायक, कष्टप्रद, दुःखदायी; ४. अरुचिकर, अप्रिय, उकता देनेवाला, नागवार, नीरस, ५. बहुत बुरा या लंबा। **penny~** सस्ती सनसनीदार कहानी की किताबें. भयोत्पादक पुस्तकें। **dreadfully** क्रि० वि० १. डरावने ढंग से; २. विकट रूप में, ३. त्रासपूर्वक, नागवार तौर पर; ४. अप्रियता के साथ।

dreadnought (dred' nawt) सं० १. तूफानी मौसम के लिए मोटा कोट; २. बीसवीं शताब्दि का एक प्रकार का बड़ा भारी युद्धपोत।

dream (drēm) [M. E. *dream*, A.-S. *drēam*, music, joy, mirth, appear to be distinct and to have caused a non-extant *drēam*, vision, to be avoided in favour of *swefn*, sleep (cp. O. S. *drôm*, a dream, G. *traum*)] क्रि० अ० १ (भू० और भू० कृ० dreamt, dreamed) सपना देखना, स्वप्न देखना, ख्वाब देखना; २ सोते में देखना, सुनना आदि; ३. स्वप्न जैसी कल्पना करना, समझना, संसूचे बाँधना; ४. स्वप्न या कल्पना में होना या आना; ५. विचार में डूब जाना, ख्याली पुलाव पकाना, हवाई किले बाँधना, शेखचिल्ली के से संसूचे बाँधना, कपोल कल्पना करना; ६. स्वप्न संसार की सृष्टि करना; ७. काहिल होना, आलसी होना, निकम्मा होना, निरर्थक कल्पना में समय नष्ट करना (जैसे ~away one's time)। सं० १. स्वप्न, सपना, ख्वाब, २. स्वप्न-दर्शन; ३. स्वप्नावस्था; ४. कपोल कल्पना, असंभव कल्पना, ख्याली-पुलाव, हवाई किले, शेखचिल्ली की बातें; ५. स्वप्न जैसी अच्छाई, सुंदरता और श्रेष्ठतापूर्ण वस्तु (आदर्श व्यक्ति, वस्त्र, भोजन आदि)। **day-~** दिवा-स्वप्न, ख्याली पुलाव, कपोल-कल्पना, हवाई किले। **waking-~** जागृत अवस्था का स्वप्न, स्वप्न-प्रतीति। **~land, world** स्वप्नलोक, स्वप्नराज्य, सपनों की दुनिया, स्वप्न-संसार, स्वप्न-जगत। **~-reader** स्वप्नफल बतानेवाला। **dreamer** स० स्वप्नदर्शी, स्वप्न द्रष्टा, स्वप्न देखनेवाला, स्वप्नवत् कल्पना करनेवाला। **dreamless** वि० (गहरी नींद) स्वप्न न दिखाई देनेवाली। **dreamlike** वि० स्वप्न जैसा, स्वप्न सदृश, सपने की भाँति। **dreamy** वि० १. (काव्य०) स्वप्नमय, स्वप्नपूर्ण, स्वप्नात्मक; २. विचारमग्न; ३. कल्पना विलासी; ४. काल्पनिक; ५. अव्यावहारिक; ६. स्वप्न सदृश, स्वप्नवत्, अस्पष्ट, अव्यक्त, धुँधला, अस्फुट। **dreamily** क्रि० वि० १. विचारमग्नता के साथ, खोये-खोये ढंग से; २. स्वप्नात्मक रूप में, ३. अव्यावहारिकता से; ४. कल्पना विलासी ढंग से; ५. अस्पष्टतापूर्वक, काल्पनिकता के साथ। **dreaminess** सं० १. स्वप्नमयता, स्वप्नात्मकता, विचार मग्नता; २. काल्पनिकता, अव्यावहारिकता, ३ अस्पष्टता, अस्फुटता, धुँधलापन।

dream-hole (drēm' hōl) [perh. from A.-S *drēam*, music, mirth] सं० बुर्ज की दीवाल का रोशनदान।

dreary (drēr' i), **drear** (drēr) [A.-S. *drēorig*, from *drēor*, gore] वि० १. घोर, निर्जन, शून्य, जीर्ण, २. उदास, खिन्न, विषण्ण, विषादपूर्ण, ३. नीरस, निरानंद, बेलुत्फ, सुनसान, उजाड़, बियाबान; ४. डरावना। **drearily** क्रि० वि० १. उदासी के साथ, खिन्नतापूर्वक; २. विषण्णता पूर्वक, नीरसता से। **dreariness** सं० १. उदासी, खिन्नता, अवसाद, विषाद-मयता, विषण्णता; २. नीरसता; ३. उजाड़, बियाबानी।

dredge[1] (drej) [Sc. *dreg*, M. E. *dregge*, prob. from A.-S. *dragan*, to DRAW, to DRAG] सं० ड्रेज* (वि० १ भी), लाम, समुद्र या नदी-तल से सीप, मछली, मिट्टी-कीचड़ आदि निकालने का यंत्र। क्रि० स० और अ० १ इस यंत्र से कीचड़ आदि ऊपर निकालना; २. (बंदरगाह या नदी को) साफ करना, ३ इस यंत्र का प्रयोग करना। **dredger** स० निष्कर्षण पोत. समुद्र या नदी से कीचड़ निकालने वाला. सफाई करनेवाला। **dredging** स० (वि० १) तल-मार्जन करना*, ड्रेजन करना*। **~ box** छेददार ढक्कन की बंद डिबिया जिससे आटा आदि छिड़का जा सके।

dredge[2] (drej) [M. E. *dragie*, later *dredge*, a comfit, from O.F. *dragee*, late L. and Gr. *tragēmata*, spices, condiments] क्रि० स० (किसी चीज पर) आटा या कोई अन्य चूर्ण छिड़कना, आटा आदि बुरकना। **dredger** छेददार ढक्कन की डिबिया जिसमें आटा आदि छिड़का जा सके।

dreg (dreg) [cp. Icel. *dregg*, pl. *dreggjar*, Swed. *dregg*] सं० (प्रायः बहु०) १. तलछट, कीट, गाद, मैल, उच्छिष्ट, २ निष्प्रयोजन अंश, बेकार हिस्सा, निरर्थक वस्तु, ३ (एक०) थोड़ा सा बचा हुआ अंश, अवशिष्ट भाग। **drink, drain, to the dregs** पूरा पी जाना, कुछ न छोड़ना। **dreggy** वि० तलछटी, मैला, बेकार, निरर्थक, निकम्मा, व्यर्थ।

drench (drench) [A.-S. *drencan*, causal of *drincan*, to drink] सं० १. पशुओं को दी जानेवाली औषधि की मात्रा. जानवरों की दवा की खुराक, २. (अप्र०) औषधि की बड़ी मात्रा, दवा की खुराक, विष का घूंट; ३. मूसलाधार वर्षा। क्रि० स० १. बहुत अधिक पिलाना; २. (पशु को) दवा की खुराक पीने के लिए मजबूर करना; ३. जबर्दस्ती दवा पिलाना, ४ (भेड़ को नहलाते समय या चमड़ा कमाने में) सिर से पैर तक भिगोना, पानी में पूरा डुबो देना; ५. सराबोर करना। **drencher** स० क्रियापद अर्थों में १. भिगोनेवाला, जबर्दस्ती दवा पिलाने वाला, २. भिगोनेवाला फव्वारा, दोगरा, ३. नाल, जानवर को दवा पिलाने का यंत्र।

Dresden सं० (~China, porcelain) ड्रेस्डेन के चीनी के बर्तन आदि (विशे० उस ढंग के जो १८ वीं शताब्दी में बनते थे)।

dress (dres) [O. F. *dresser*, ult. from L. *directus*, DIRECT] क्रि० स० और अ० १. (सैन्य०) पंक्तिबद्ध करना, पंक्तियों में खड़ा करना, पंक्तियों को बराबर और एकसा करना, पंक्ति में सही स्थान पर आना, ठीक स्थान ग्रहण करना; २. पहनना, पहनाना, सज्जित करना, कपड़े

बनवाना, कपड़े प्राप्त करना; ३. वस्त्र धारण करना, कपड़े पहनना; ४. सायंकालीन वस्त्र धारण करना (विशे० ~ for dinner); ५. सजाना (जहाज को झंडों से, दुकान की खिड़की को सुंदर वस्तुओं से); ६. नाटक के अभिनेताओं के वस्त्र इत्यादि या तैयार करना, रूप-सज्जा, रचना; ७. (घाव या घायल व्यक्ति की) मरहम-पट्टी करना; ८. सफ़ाई करना, सज्जीकरण, गड़ाई, काट-छाँट कर समतल करना; ९. सँवारना, सजाना, प्रसाधन करना, बालों में कंघी करना, केश-विन्यास करना; १०. घोड़े के खरहरा करना, चमड़े को कमाना, परिष्कृत करना, ११. (पत्थर को) चिकना करना; १२. (कपड़े पर) कुन्दी करना; १३. (भोजन) पकाना, भोजन बनाना, तैयार करना; १४. (पौधों की) काट-छाँट करना; १५. खाद देना; १६. गोश्त के काम आने वाले मरे हुए जानवरों या पक्षियों को बाज़ार में बेचने के लिए साफ़ करना। सं० १. वस्त्र, कपड़े, पोशाक, लिबास, पहनाव, पहरावा, परिधान, वसन; २. बाहरी वेश, बाह्य रूप, रूप-सज्जा, बनावट, रंग। **a ~** मर्दानों की गाउन, फ्रॉक। **evening ~** रात्रि-भोज अथवा सायंकालीन दावतों में पहनी जानेवाली पोशाक। **full ~** विशेष अवसरों पर पहनने के वस्त्र। **morning ~** साधारण पोशाक। **~circle** नाटकशाला की पहली गैलरी जिसमें एक समय सायंकालीन वस्त्र पहन कर आना आवश्यक था। **~coat** ड्रास की पोशाक का कोट जिसका अगला भाग सामने से कटा होता है। **~down** मारना, डाँटना, खबर लेना। **~guard** कपड़ों का खराब होने से बचाने के लिए बाइसिकल आदि में चेन का ढक्कन। **~improver** दे० BUSTLE। **~-maker, king** स्त्रियों के वस्त्र बनाने वाला दर्ज़ी। **~out** आकर्षक कपड़े पहनना, ऐसे वस्त्र पहनना जिन पर लोगों की नज़र पड़े। **~rehearsal** नाटक आदि में वस्त्रों सहित अंतिम रिहर्सल, पूरी वेशभूषा सहित पूर्वाभ्यास। **~shield, preserver** चोली या अँगिया के नीचे लगाया गया बाटर-प्रूफ़ कपड़े का टुकड़ा। **~up** विशेष वस्त्र पहनना, भेष बनाना। **dressy** वि० १. कपड़ों का शौकीन, सुवेश प्रिय, सुंदर वस्त्र पहनने वाला; २ सुंदर वेशवाला, उत्पन्न वस्त्र पहननेवाला। **dressiness** स० कपड़ों का शौक, सुवेशप्रियता।

dresser[1] (dres' er) क्रियागत अर्थों में १. सेना को पंक्तिबद्ध करनेवाला, २. पहनाने वाला, ३. मरहम-पट्टी करनेवाला आदि (विशे० अस्पताल में सर्जन का सहायक मरहम पट्टी करनेवाला), ड्रेसर* (आ० भी); ४. नाटक के पात्रों को कपड़े पहनानेवाला और वस्त्रों आदि की देखभाल करनेवाला। **dressership** सं० मरहम-पट्टी का कार्य, ड्रेसरी।

dresser[2] (dres' ér) [O.F. *dresseur*, from *dresser*, as prec.] स० (रसोईघर में बर्तन रखने की) आलमारी।

dressing (dres' ing) सं० क्रियागत अर्थों में, १. सजावट, प्रसाधन* (वि० १ भी), कपड़े पहनना. आदि; २. (विशे०) डाँटना, झिड़कना या पीटना, डाँट-डपट; ३. मसाला, पिट्ठी आदि; ४. खाद, ५. पट्टियाँ, मरहम आदि; ६. माड़, कलफ़, कुंदी; ७. (आ०) वर्णोपचार*, मरहम पट्टी*, ड्रेसिंग*। **~-bell** भोजन के लिए (वस्त्र पहनने की) सूचक घंटी। **~-case** सिंगारदान। **~-gown** एक ढीला-ढाला चोगा जो सुबह उठने या नहाने के बाद पहना जाता है। **~-room** सोने के कमरे से मिला हुआ कपड़े बदलने का कमरा। **~-table** सिंगार मेज़, सिंगार करने की शीशेदार मेज़।

drew, *past* [DRAW] दे० DRAW[1]।

dribble (drib' el) [freq. of prec.] क्रि० स० और अ० १. बूँद-बूँद बहना, बहाना, टपकाना, बहना; २. (बच्चे या अशिष्ट व्यक्ति की) लार बहना; ३. (फ़ुटबाल में) विभिन्न खिलाड़ियों का पैरों से धीरे-धीरे (गेंद को) लुढ़काना। सं० १. उपर्युक्त कार्य, बहाव; २. (बिलियर्ड में) गेंद को थैली में लुढ़काना या गेंद का लुढ़क कर पहुँच जाना। **dribbler** सं० टपकने वाला, आदि। **dribblet** सं० १. बूँद-बूँद, क़तरा-क़तरा, छोटे-छोटे लड्डों में, अल्पमात्रा; २ थोड़ा धन, छोटी रक़म। **by driblets** थोड़ा-थोड़ा करके।

dried, drier दे० DRY।

drift (drift) [from A.-S. *drifan*, DRIVE (cp. Dut., Icel., Swed. *drift*, G. *trift*)] सं० १. भाव, तात्पर्य, आशय, अभिप्राय, उद्देश्य, प्रकृति, आकांक्षा; २. बहाव, प्रवाह, रुख, गति, अनियमित गति* (वि० १ भी); ३. हल्की धारा, झुकाव, प्रवृत्ति, दिशा, धारा; ४. बहन, समबहन, अपसरण* (वि० १ भी), धारा के कारण जहाज़ का रास्ते से भटक जाना, ५. चक्कर काटते होने के कारण फेंकी हुई चीज़ का अलग जा पड़ना; ६. (जंगल का कानून) स्वामित्व आदि का निश्चय करने के लिए किसी निश्चित दिन पशुओं को किसी स्थान पर हाँक कर ले जाना; ७. स्वाभाविक अथवा अनिश्चित प्रगति, प्रवृत्ति, रुझान; ८. समय के साथ बहना, अवसर की प्रतीक्षा करते रहना, निष्क्रिय बैठे रहना (विशे० निंदा जैसे policy of~); ९. तात्पर्य, अभिप्राय, किसी व्यक्ति अथवा उसके कथन का उद्देश्य, अर्थ, ध्वनि अथवा सीमा; १०. बौछार, ११. बर्फ़ या रेत **आदि जो हवा के कारण** इकट्ठा हो जाये; १२. पार्न, के बहाव से बहती **जाने वाली** वस्तु; १३. (भूगर्भ०) पानी या हवा की धार के कारण एकत्र राशि, ढेर; १४. (~net भी) हैरिंग मछली पकड़ने का बड़ा जाल जो ज्वार के साथ बहता रहता है; १५. (खनि०) खनिज पदार्थ के साथ-साथ चलनेवाली दरार या लकीर; १६. दक्षिणी अफ्रीका में नदी पैदल पार करने योग्य छिछला स्थल; १७. धातु में छेद करने या छेद बड़ा करने का औज़ार, एक तरह का बरमा; १८. उठते हुए हवाई जहाज़ के सभी खुले हुए भागों या धरातलों पर वायु-गतिक दबाव का आड़ा अंश (दे० LIFT); १९. अनुमान*/ च्युति*/ अपोह*/ विन्यापन* (वि० १ भी)। क्रि० अ० और स० १. हवा या पानी के बहाव के साथ बहना, इनकी भाँति बहना, २. बहा ले जाना, उड़ा ले जाना, ३ निरुद्देश्य चलते जाना; ४. हवा के साथ उड़ कर या बह कर संचित होना, ढेर लग जाना; ५. (खेत, सड़क को) रेत, बर्फ़ आदि के ढेरों से पाट देना; ६. छेद करना या छेद को बड़ा करना। **policy of ~** चुपचाप बैठे रहना, हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना, हस्त-क्षेप न करना, स्थिति सुधारने के लिए कुछ न करना। **~-ice** हवा के ज़ोर से उड़नेवाली बर्फ़। **~-wood** पानी के साथ बह कर आये लकड़ी के टुकड़े।

driftage (drift' ij) सं० बहाव, प्रवाह, रुख, गति।

drifter (drif' tér) सं० १. (विशे०) हैरिंग आदि मछलियाँ पकड़ने की नाव; २. (१९१४-१८ के महायुद्ध में समुद्री सुरंगें साफ़ करने में प्रयुक्त) नाव (भी); ३. (वि० १) ड्रिफ्टर*।

drill[1] (dril) [cp. M. Dut. *drillen*, to bore, to turn round, to form to arms, to exercise] सं० १. छेद करने के लिए फालीदार का नुकीला औज़ार, बर्मा। क्रि० स० छेद करना, छेदना, बेधना। स० एक प्रकार की खोलदार मछली; २. ड्रिल, कवायद, सैनिक शिक्षा; ३. कठोर अनुशासन, सुनिश्चित अभ्यास, अभ्यास-कार्यक्रम। क्रि० स० और अ० ऐसा अनुशासन मनवाना या मानना। **~-sergeant** कवायद करानेवाला सार्जेंट। **~through** आरपार छेद करना। **driller** [प्र०] ड्रिलर*/ छेदक*।

drill[2] (dril) [etym. doubtful; perh. from prec.] सं०

---

१. बीज बोने के लिए छोटा कूँड़, ऐसे कूँड़ वाला टीला, इस प्रकार बोए हुए पौधों की पंक्ति; २. कूँड़ बनाने या बोने और बीज को मिट्टी से दबाने की मशीन; ३. (आ०) बेवर्णी*। क्रि० स० इस प्रकार (बीज) बोना, पंक्ति में पौधों को रोपना।

drill[3] (dril) [earlier *drilling*, corr. of G. *drillich*, corr. of L. *trilix trilicem* (*tri-*, three, *licium*, a thread)] सं० त्रिल, जीन, मोटे कपड़े की एक किस्म।

drill[4] (dril) [perh. from native name] सं० एक प्रकार का बड़ा बंदर।

drily दे० DRY।

drink (dringk) [A.-S. *drincan*, from Teut. *drenk-* (cp. Dut. *drinken*, G. *trinken*)] क्रि० स० और अ० (भू० **drank**, भू० कृ० **drunk** और काव्य० **drunken**) १. पीना; २. (किसी स्वास्थ्यप्रद स्थान का पानी) दवा के रूप में पीना; ३. (पौधों तथा सोखने वाली वस्तुओं का नमी को) सोखना; ४. (पात्र) खाली कर देना; ५. (मवेशुरी आदि को) शराब पीने में उड़ा देना, पीने में खर्च कर देना; ६. निगलना, घूँट भरना; ७ शराब पीना, शराब का आदी हो जाना, पियक्कड़ बन जाना। सं० १. निगलने या सोखने योग्य तरल पदार्थ; २. पेय, शर्बत, मदिरा, मदिरापान, पीने योग्य या पीने आदि क्रियाओं में प्रयुक्त तरल पदार्थ; पदार्थ, ३. (strong ~ भी) मादक पेय, शराब, भाँग का शर्बत आदि; ४ मदहोशी, मदमस्ती, मतवालापन; ५. अत्यधिक मद्यिपान, असंयत मदिरापान; ६. जाम, पेय, सुरापात्र, शराब की बोतल। **in~** मदहोश, मदमस्त, मतवाला, पिये हुए। **on the ~** शराब पीना, मदिरा के सामने झुकना या आत्म-समर्पण करना। **the~** (ब्रिटिश वायुसेना में प्रचलित) (प्रा०) समुद्र, सागर। **~confusion to one's enemies** शत्रुओं की पराजय की कामना करना। **~deep** बड़ा घूँट लेना या बहुत पियक्कड़ होना। **~down** or **under the table** शराब पीते समय अपने ऊपर सबसे अधिक देर तक काबू रख सकना। **~hard, heavily like a fish** बेहद शराब पीना। **~in** प्रसन्नतापूर्वक विचार करना, ग़ौर से सुनना, बड़ी तन्मयता के साथ सुनना। **~off, up** सारा का सारा एक साथ पी जाना, चढ़ा जाना। **~offering** बलि देवता को मय या मदिरा अर्पित करना। **~to** किसी की स्वास्थ्य-कामना से शराब पीना। **drinkable** वि० और सं० १. सुपेय, सुस्वादु पेय, २. (विशे० बहु०) पेय पदार्थ। **drinker** सं० पीने वाला, पियक्कड़, शराबी, मद्यप* (आ० भी)। **drinkless** वि० सूखा, खुश्क, पेयरहित, मदिरारहित, मदहोशी बिना, जाम के बिना, सुरा-पा रहीन। **drinking-bout** शराब पीने की होड़, दे० BOUT। **drinking water** पीने का पानी।

drip (drip) [A.-S. *dryppan* (cp. O. Sax. *driopan*, G. *tr efen*)] क्रि० अ० और स० १. बूँद-बूँद टपकना या टपकाना अथवा चूना या चुआना; २. बूँद टपकाना या बूँद टपकाने योग्य गीला या सरोवर (रक्त आदि में) होना, लथपथ हो जाना (wet, with के साथ सराबोर, लथपथ, तरबतर)। सं० १. टपका, टपकने की क्रिया; २. टपकने वाला पदार्थ, तरल या द्रव पदार्थ; ३. (वास्तु०) नेतना, छज्जा, झावट। **~drop** टपका-टपकी, लगातार टपकने की क्रिया। **~impression** बूँद-छाप, बूँद-चिह्न* (वि० १ भी)। **~moulding** वर्षा से बचाने के लिए बनाए गए छज्जे। **~stone** १. वर्षा से बचाने के लिए निर्मित पत्थर के छज्जे या झावट आदि; २. (वि० १) खूत पाषाण*। **dripping** सं० क्रियागत अर्थों में १. बूँद-बूँद टपकना; २. चर्बी। **drippings** टपकता हुआ पानी या चिकनाई आदि।

drive (driv) A.-S. *drifan* (cp. Dut. *drijven*, Goth. *dreiban*, G. *treiben*)] क्रि० स० और अ० (भू० **drove** भू० कृ० **driven**) १. ठेलना, ढकेलना, हाँकना, घसीटना, शहरों, धमकियों या हिंसा आदि से किसी विशेष दिशा में बढ़ाना या प्रेरित करना; २. घेरा डालना, हाँका करना, छापा मारना; ३. (इलाके या प्रदेश का) शीघ्रता से दौरा करना, (जंगल की विधि) कौन-सा क्षेत्र किसका है यह जानने के लिए पशुओं को किसी एक निश्चित स्थल पर ले जाना (दे० DRIFT); ४. (पशु-गाड़ी, हल या मोटर-गाड़ी आदि) हाँकना, ड्राइव करना या चलाना; ५. गाड़ी में ले जाना; ६. गाड़ी का संचालन करना; ७. गाड़ी या कार में सफ़र करना, घूमना या सैर करना; ८. जबर्दस्ती आगे ठेलना या ढकेलना, मजबूर करना (जैसे was driven mad), विवश करना, लाचार करना, बेबस करना. ९. काम से लदा हुआ होना (was hard driven); १०. (आँधी, पानी का) उड़ा ले जाना, बहा ले जाना; ११. (निर्जीव या जड़ वस्तुओं को) फेंकना, खिसकाना, सरकाना, ठेलना, ढकेलना; १२. (क्रिकेट) ड्राइव करना, (गेंद को) बॉलर या गोलंदाज के पास या उसी दिशा में उसके पार लौटाना; १३. (गोल्फ़) टी (खेल के प्रारंभ में गेंद को छेदी की ओर बल्ले से मारने के लिए बनी हुई साफ़-सुथरी जगह) से (गेंद को) ड्राइवर अथवा बल्ले से मारना; १४. (खूँटा, कील आदि को) ज़मीन आदि में ठोकना या गाड़ना; १५. भेदना, छेदना, भेदन या छेदन करना; १६. (let~ भी) मक्का तानना, घूसा तानना, अस्त्र का निशाना लगाना या लक्ष्य बनाना; १७ (भाप या और किसी शक्ति का) मशीन या यंत्र चलाना अथवा परिचालित रखना, (~ quill, pen) किसी व्यक्ति का पेन या कलम से लिखना; १८ सँभालना, कामयाब या सफल होना, तय करना, व्यवस्था करना (he drove a roaring trade, good bargain उसने एक बड़ा व्यापार सँभाल लिया) अच्छा या मुनाफ़े का सौदा तय करना; १९. डालना, बचाना, दूर रखना, स्थगित करना (~it to the last minute अंतिम क्षण तक दूर रखो या स्थगित करो); २०. टूट पड़ना, झपटना, जल्दी करना; २१. जट जाना, पिल जाना, कठिन परिश्रम करना; २२. वह जाना, सचालित होना (driving rain आँधी के साथ आने वाली वर्षा)। सं० १ गाड़ी में सैर; २. हाँका, घेरा; ३. छापा; ४. क्रिकेट, गोल्फ आदि का स्ट्रोक, हिट या गेंद पर बल्ले से की गई चोट; ५. उत्साह, कार्यशक्ति, प्रेरणा-शक्ति, ज़ोर, बल, दम; ६. झुकाव, रुचि, प्रवृत्ति, ७. ड्राइव, विशेष प्रयोजनार्थ प्रचार-आंदोलन, कोशिश, चढ़ाई, घन एकत्रित करने के लिए किया गया व्यवस्थित प्रयास; ८. गाड़ी (आदि वाहनों) की सड़क, विशेष घर की ओर जाने वाली (व्यक्तिगत न कि सार्वजनिक) सड़क। **~at** अभिप्राय या मतलब हो जाना (जैसे what is he driving at ? उसका मतलब क्या है ? उसकी मंशा क्या है ?) **~home** १. ठोकना, बिठाना, ठीक बैठना या बिठाना, निशाने पर लगना या लगाना; २. जता देना। **~mad** पागल कर देना, गुस्सा दिलाना, सताना, खिजाना। **~out** निकाल बाहर करना, पदच्युत करना। **driver** सं० १. ठेलने, ढकेलने, हाँकने या घसीटने वाला व्यक्ति; २ घेरा डालने, हाँका करने या छापा मारने वाला व्यक्ति; ३. (cab-, engine-~ आदि भी) ड्राइवर*, चालक* (प्र० भी), कोचवान, गाड़ीवान, शोफ़र; ४. (गोल्फ़) ड्राइवर या बल्ला; ५. (यां०) चालक चक्र या कोई दूसरा पुर्जा जिसमें शक्ति का प्रत्यक्ष समावेश होता है। **front, rear~** ऐसी साइकिल, जिसके अगले या पिछले पहिये में शक्ति का प्रयोग किया जाय। **quill-~** १. क्लर्क, २. पत्रकार; ३. लेखक, दे० QUILL भी। **slave~** दास-गुलाम-निरीक्षक, दासों या गुलामों के जत्थे की देखभाल करनेवाला।

driverless वि० १. प्रेरक-हीन; २. चालक हीन। **driving-wheel** सं० १. चालक-चक्र, मशीन या यंत्र के अन्य पुर्जों को गति देने वाला चक्र या पहिया; २. रेलवे इंजन का बड़ा पहिया; ३. साइकिल का पहिया (जिस पर जेन घूमती है)।

drivel (driv' el)[A.-S. *dreflian*, from same stem as DRAFF] क्रि० अ० और स० १. बच्चों की लार टपकना या टपकाना, नाक बहना, या बहाना, बच्चों की तरह या मूर्खतापूर्ण बातें करना; २. (समय, धन, शक्ति आदि का) किसी एक उद्देश्य के लिए उपयोग न करना या इधर-उधर अर्थ के कामों में नष्ट करना। सं० बकवास, व्यर्थ की गपशप, लचर या बेहूदी बातें। **driveller** सं० बकवादी अयाना।

drizzle (driz' el) [freq. of M. E. *drysen*. A.-S. *drēosan*, to fall in drops] क्रि० अ० फुहार पड़ना, बरसना, झड़ना, गीला हो जाना। सं० फुहार* (वि० १ भी), झीसी, बूंदा-बांदी, वर्षा की सुहानी पतली बूंदें। **drizzly** वि० १. फुहार युक्त; २. भ्रमकारक, भ्रमपूर्ण।

drogher (drō' ger) [obs. F. *drogue*, Dut. *drogher*, from *droogen*, to dry (herrings, etc.)] सं० १. वेस्टइंडीज का एक प्रकार का तटीय जहाज, २. मंद गति वाला भारी जहाज या नौका।

drogue (drōg) [prob var. of DRAG] सं० १. ह्वेल मछली को मारने के लिए प्रयुक्त भाले की रस्सी के आखिरी सिरे पर बँधा हुआ पीपा; २. लंगर, नाव की गति को स्थिर तथा मंथर या धीमी करने में प्रयुक्त थैले के आकार का उपकरण या यांत्रिक साधन, दे० WIND-SOCK।

droit (droit, drwa) [F. from late L. *directum* L *directum* PARTICIP. late L., a right, a law] सं० १. हक, अधिकार, दायित्व, प्राप्य, वैधानिक अनुलाभ (विशे० droits of Admiralty); २. शत्रु के जहाजों आदि से प्राप्त लाभ, जहाजों आदि का विश्वास कर या लूट कर प्राप्त किया गया लाभ; ३. लूट के माल की प्राप्ति।

droll (drōl) [F. *drôle*, etym. doubtful (whence *drôler*, to play the wag)] वि० दिल्लगीबाज, मजाकिया, हँसोड़, मसखरा, विनोदप्रिय, हास-परिहास प्रिय। स० (इसके प्रयोग अब विरल हो गए हैं) मजाकिया आदमी, विनोद प्रिय व्यक्ति, (विशे०) विदूषक या भड़, बैहासिक, दिल्लगीपसंद या अक्लौव्वाज आदमी। क्रि० अ० (अब विरल) विदूषक का कार्य करना, मसखरे का काम करना। **drollery** सं० १. दिल्लगी, मजाक, विदूषकत्व; २. हास्य-विनोदपूर्ण रचना; ३. आकर्षक (विशे० पुराने ढंग का) परिहास, निराला मजाक या दिल्लगी, विनोद। **drollness** सं० दिल्लगी, मजाक, विनोदप्रियता, हास-परिहास। **drolly** क्रि० वि० दिल्लगी में, मजाक में, विनोदपूर्वक।

drome (drom') सं० (बोल०) एयरड्रोम, हवाई अड्डा, हवाई जहाजों का अड्डा, [Aerodrome का संक्षेप]।

-drome प्रत्य० ग्रीक शब्द dromos (रास्ता) के अर्थ में प्रयुक्त (जैसे hippodrome आधुनिक प्रयोग aerodrome और picturedrome आदि शब्दों में)।

dromedary (drom'-, drūm' ē dăr i) [O. F. *dromedaire*, late L. *dromedārius*, L. *droma -adem*, Gr. *dromas -ada*, running, runner, from *dromein*, to run] सं० ऊँट, मांडनी, एक कूबड़ वाला या अरब सवारी के योग्य ऊँट।

dromond (drom' ond) [A.-F. *dromund*, O. F. *dromon*, late L. *drombn -em*, Gr. *dromōn*, from *dromos*, racing, a course] सं० (इतिo) युद्ध या वाणिज्य में प्रयुक्त (मध्यकालीन) विशाल जलयान या जहाज।

drone (drōn) [A.-S. *drān*, *dran*, a bee, cogn. with M. E. *drounen*, Sansk. *dhran*, to sound] सं० १. नर मधुमक्खी; २. सुस्त, आलसी या काहिल आदमी, निखट्टू या निष्क्रीय व्यक्ति; ३. मनभनाहट, गुंजार, गुंजन, गुनगुनाहट, भन-भन या गुन-गुन की गहरी आवाज; ४. नीरस या उबा देने वाला व्याख्यान या व्याख्याता, ५. मशक बाजे की निचली नली; ६. इस नली से निकलने वाला अप्रतिहत सुर; ७. (वि० १) परभृप। क्रि०अ०और स० १. मधुमक्खी की तरह भिनभिनाना या मशक बाजे की निचली नली के समान बिना रुके मन-मन करते रहना; २. नीरस या उबा देने वाली बातें करना; ३. हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना, सुस्ती या आलस्य करना, निष्क्रिय या अकर्मण्य बनना, (जीवन आदि को) आलस्य या सुस्ती से बिताना। **droningly** क्रि० वि० भिनभिनाते हुए, मन-मन करते हुए।

drool (drool) [contr. of DRIVEL] क्रि० अ० (संयुक्त राज्य अमरीका और बो०) बच्चों की तरह लार टपकना या नाक बहना।

droop (droop) [cp. Icel. *drūpa*, cogn. with foll.] क्रि० अ०, और स० १. झुकना, झुकाना, लटक आना, गिरा पड़ना; २. मुरझाना, कुम्हलाना, शिथिल होना या करना, नत होना या करना, अशक्तता या अनुत्साह के कारण चूरचूर होना, हतोत्साह होना, (आँखों का) झुकना, नम्रित होना, नीचे की ओर देखना; २. (काव्य० सूर्य आदि का) डूबना, अस्त होना, अस्तोन्मुख होना, कमजोर पड़ना, अशक्त होना, क्षीण होना, जर्जर होना, पीला पड़ जाना, घबरा जाना, उत्साहहीन होना; ३. हिम्मत हार बैठना, (सिर, मुख या आँखों को) झुकाना या झुकने देना। सं० अनुत्साह, शिथिलता, म्लानता, स्वर-दौर्बल्य। **drooping** वि० (वि० १) क्लांतिनत*। **droopingly** क्रि० वि० १. सिर झुका कर, मुख लटका कर; २. नीची आँखों से; ३. अनुत्साहपूर्वक।

drop (drop) [A.-S. *dropa*, whence *dropian*, to drop (cogn. with DRIP, DROOP] सं० १. बूंद, बिंदु* (आ०, वि० १ भी); २. (चिकि०) ड्राप, बूँद, (बहु०) बूंदों से मापी जाने वाली द्रव या पतली औषधि; ३. अत्यंत लघु मात्रा, अत्यल्प या तुच्छ परिमाण; ४. शराब का जाम, मादक द्रव्यों का मिलास या नियत मात्रा; ५. पैंडंट, लटकन, गले आदि में पहनने के गहनों का लटकता हुआ भाग, (car drops) ईयरिंग, कानों के झुमके या बालियाँ; ६. झाड़ के झलकदार शीशे; ७. गोली, रेवड़ी की भाँति छोटी गोल मिठाई (acid, pear etc~); ८. गिरावट, अवनति, उतार, पतन, अवरोह, सामाजिक पतन; ९ कीमतों में गिरावट, तापमान की न्यूनता आदि; १०. गिरने या गिरायी जाने वाली वस्तु जैसे (विंडेटर) ड्राप, पर्दा या यवनिका (~curtain भी); ११. फांसी का तख्ता, वह फासला या दूरी भी जिससे फांसी पाने वाला गिरता है, (जैसे ~of 3 feet तीन फूट या एक गज का फासला या दूरी); १२ तल के स्तर में अचानक हो जाने वाला गिराव या ढलान, इस गिराव या ढलान का परिमाण; १३. (~kick भी) हाई किक, फुटबाल को गड्ढा खिला कर किक लगाना (~off, out) गोल के बाद खेल आरंभ करने के लिए लगाया गया किक); १४. (आ०) पात* क्रि० अ० १. टपकना, बूद-बूद कर के चूना या गिरना; २. छोटी-छोटी बूँदकियों से भरी हुई आद्रता छोड़ना या द्रव में से कुछ ऐसी वाष्प आदि निकलना जो तरल हो कर पृथ्वी आदि के तल पर बूँदकियों के रूप में जम जाय; ३. नीचे गिरना, भू-पतित होना, (लo) मुंह से निकल पड़ना (the remark dropped from him उसके मुँह से निकली हुई उक्ति); ४. शायद हो जाना, गुम हो जाना (a letter has dropped

out एक पत्र ड्राबद हो गया है), ५ थक कर या घायल होकर जमीन पर गिर पड़ना; ६. (शिकारी कुत्ते का) शिकार को देख कर एँठना, जमीन से लग जाना या जमीन पर झुक जाना; ७. सोना, आदत पड़ना, आदी होना, अभ्यस्त होना, मरना; ८. खत्म होना, बन्द या समाप्त होना; ९. पड़ना, गिरना, घटना, कम या न्यून होना, मंद पड़ना, धीमा होना (prices~ मूल्यों का घटना, voices~ आवाजों का धीमा या मद पड़ना), १०. नदी में डूबना, पिछड़ जाना, पीछे रह जाना, पीछे छूट जाना; ११. योद्धों का निकलना या संयोगवश जा पहुँचना; १२. (द्रव की) बूंदें टपकाना, (आँसू) बहाना, (टसुए) टपकाना; १३. छोड़ना, डालना (~anchor लंगर डालना); १४. जनना, जन्म देना, (विशे० मेमनों या भेड़ के बच्चों को) पैदा करना, ब्याना, १५. संयोगवश मानो अनजान में ही कह जाना (विशे० ~a hint सकेत दे जाना, मुँह से महत्वपूर्ण बात निकल जाना); १६ खोना, (विशे० जुए में धन) हारना, (नामा) कटना या कटवाना, गँवाना, १७. कुल्हाड़े या घूसे से आघात करना, गोली मार देना, १८. (यात्री, पार्सल को) उतारना; १९. बोलने में (कोई वर्ण या अक्षर) छोड़ देना; २०. आँखें झुका लेना, निगाह नीची कर लेना, २१. (आवाज) नीची या धीमी कर लेना; २२ (~curtsy स्त्रियों का अभिवादन करना, दे० CURTSY), २३ (फुटबाल) ड्रॉप किक लगाना या फुटबाल का गट्ठा बिला कर किक लगाना, इस प्रकार के किक से गोल करना. (अ० भी ड्रॉप किक लगाना, फुटबाल को उछाल कर पैर से मारना), २४. अलग होना, बाज आना, सबध न रखना या (सबध) खत्म करना। (~it बाज आओ, इसे खत्म करो या इससे अलग हो जाओ)। **has taken a~too much** उसने अधिक पी ली है। **have a~in one's eye** आँखें बता रही है कि उसने पी है। **take a~** एक बूद या एक घूट पीना। **~away, in** एक-एक करके अलग या जुदा होना अथवा प्रवेश होना। **~forging** (dieforging भी) खुले मुँह वाले ठप्पे या स्वाँचे में श्वेत-तप्त धातु का टुकड़ा घुसेड़ने की विधि। **~-hammer** (~-press भी) ड्रॉप हैमर या ड्राप प्रेस नामक एक प्रकार की मशीन, जिसका प्रयोग किसी साँचे में श्वेत-तप्त धातु-खड़ घसकर में किया जाता है। **~in bucket** or **ocean** समुद्र में बूद ऊँट के मुँह में जीरा, अत्यल्प मात्रा। **~off** १. एक-एक करके अलग होना, २. आँख लगना, सोना, निद्रामग्न होना। **~on across** शासकीय फटकार या लताड़ देना, सजा देना. दडित करना। **~on one's knee** घुटने टेक देना, झुकना, हार मानना। **~scene, -curtain** सं० १. यवनिका, २ अतिम दृश्य; ३. संगीत का अंत, अंतिम झाँकी। **~shot** (लॉन टेनिस) गेंद का नैट या जाल को पार करने के बाद दूसरी पार्टी में एकदम गिरा देने वाला शॉट या आघात। **~-shutter** फोटोग्राफी में क्षणमात्र में कैमरे की प्लेट पर प्रकाश डालने का उपकरण या यांत्रिक साधन। **~-sulphur, tin** (पिघला कर पानी में डाल देने के कारण) दानेदार या बूँदकीदार धवक या रंगा। **~wort** ड्रापवर्ट, एक प्रकार के गठिदार जड़ों वाले पौधे। **droplet** सं० बूँदकी, बूँदिया, छोटी-सी बूँद, बिन्दुक*, (वि० १) सूक्ष्म बिन्दु*, सूक्ष्म बूँद* **dropper** सं० (अ०, वि०१) ड्रापर*, बिन्दुपाती*। **droppings** १. बूँद-बूँद करके गिरने वाली या गिरी हुई वस्तु जैसे मोमबत्तियों से मोम; २. लीद, मेंगनी, बीट आदि।

dropsy (drop'si) [M. E. *dropesie, yoropesie*, M. F. *hydropisie*, L. *hydrōpisis*, Gr. *hudrōps -ōpos (hundōr*, water)] सं० १. (अ०) ड्रॉप्सी*, जलशोथ*, जलंधर या जलोदर नामक रोग. २. (ला०) अत्यधिक सृजन या शोथ की अवस्था। **dropsical** वि० जलोदर-विषयक। **dropsically** क्रि० वि० जलोदर के रूप में, अत्यधिक शोथ की दृष्टि से।

droshky (drosh' ki) [Russ. *avozhki*, dim. of *drozi*, a wagon] सं० १. ड्रॉश्की, रूस की नीची चार पहियों वाली गाड़ी; २. जर्मन-नगरों में टैक्सी के आकार-प्रकार की किराए पर चलने वाली गाडी।

dross (dros) [A.-S. *drōs* (cp. M. Dut. *droes*, G. *drusen*, lees, dregs)] सं० १. पिघलने में धातुओं से निकला हुआ मैल; २. मैल, कीट, किसी वस्तु पर जमी हुई बाहरी अशुद्ध चीज; ३. सीठी, कूड़ा-करकट, बचा हुआ निःसार पदार्थ। **drossy** वि० १. मैला, कीटयुक्त; २. सीठीदार, फोक भरा।

drought (drout), **drouth** (drouth) [A.-S. *drūgath*, from *drūgian*, to dry (*dryge*, DRY)] सं० १. वर्षा की कमी, सूखा*, अनावृष्टि*, जलाभाव* (वि० १ भी)। **droughty, drouthy** वि० सूखे या अवृष्टि से सबद्ध।

drove[1] (drōv) [A.-S. *drāf*, from *drifan*, to DRIVE] सं० १ साथ-साथ हाँका जाने वाला पशु-समूह. गतिशील जन-समूह; २. भीड, जमघट, झुड, समूह, समवाय (विशे० साथ-साथ चलता हुआ), ३. मगतराज की चौड़ी छेनी या टोकी। क्रि० स० पशु-व्यापार करना, पशुओं को हाँक कर बाजार में ले जाना। **drover** सं० पशु-व्यापारी. पशुओं के समूह को बाजार की ओर हाँक कर ले जाने वाला व्यक्ति। **droving** सं० पशु-व्यापार.

drove[2] दे० DRIVE।

drown (droun) [A.-S. *druncnian*, to become intoxicated, to drown, from *druncen*, p.p. of *drincan*, to DRINK] क्रि० अ० और स० १. डूबना, डूब कर मरना (अब प्राय. be drowned; fig. drowning man etc. भी डूबने या डूब कर मरने वाला आदमी आदि); २. (व्यक्ति या पशु को) डुबाना, डुबा कर मारना; ३. डुबकी या गोता देना, सराबोर करना, तर-बतर करना (विशे० लो० drowned in tears आसुओं में डूबा हुआ, drowned in sleep नींद में डूबा हुआ, निद्रामग्न; drowned in wine शराब में चूर या सराबोर); ४. शोर गुल करना, (हु-ल-दर्द को) नशे या मद्यपान के द्वारा भुलाना, काबू पाना, दबा देना, अभिभूत करना (विशे० ऊँची आवाज का अन्य ध्वनियों को न सुनने योग्य बनाना)। **~out** बाढ के साथ बहना, बाढ में बहना। **drowned** वि० निमज्जित*; निमग्न* (वि० १ भी)। **like a ~rat** सराबोर, तरबतर, सर से पैर तक भीगा हुआ।

drowse (drouz) [A.-S. *drūsian*, to become languid (prob. through **drowsy**)] क्रि० अ० और स० १. ऊँघना, नींद आना, निद्रालु होना; २. सुस्त होना, सुस्ती करना या दिखाना, ऊँघ लाना, निद्रालु करना; ३. ऊँघने में या तंद्रा में (समय) नष्ट करना। सं० ऊँघाई, ऊँघ, झपकी, तंद्रा। **drowsy** वि० १. उनीदा, अधसोया, निद्रालु, तद्रिल, निद्रालस; २. नींद लाने वाला, निद्राकारक, निद्राजनक; ३. सुस्त, ऊँघने वाला, आलसी। **~head** अधसोया या अर्धनिद्रित व्यक्ति। **drowsiness** सं० उनीदापन, झपकी, ऊँघ, सुस्ती, आलस्य। **drowsily** क्रि० वि० ऊँघते हुए, तंद्रा में, सुस्ती से, आलस्यपूर्वक।

drub (drŭb) [prob. from Arab. *darb*, a beating] क्रि०

सं० १. डंडे लगाना या मारना, लाठी से पीटना, मुष्टि-प्रहार करना, ठोकना, घूँसे या मुक्के आदि से पीटना या ताड़ना, मुष्टि-प्रहार करना, लड़ाई में हराना, युद्ध में पराजित करना; २. भार-भार कर हकीम बनाना, किसी व्यक्ति के मन में जबर्दस्ती (किसी विचार या परिकल्पना को) ठूँसना या उसके मन अथवा मस्तिष्क से इसे बाहर निकालना। **drubbing** सं० मरम्मत, चनकुट्टी, मार, पिटाई।

drudge (drŭj) [prob. cogn. with A.-S. *dréogan*, to DREE] सं० १. गुलाम, चाकर, दास; २ किराए का घोड़ा या टट्टू। क्रि० स० गुलामी करना, चाकर की तरह नाचना, गुलाम की तरह अनचाहा काम करना, दास की तरह अनिच्छित कार्य में निरत रहना, बैल की तरह जुटे रहना। **drudgery** सं० गुलामी, चाकरी, दासता। **drudgingly** क्रि० वि० गुलाम की तरह काम करते हुए, बैल की तरह जुटे हुए।

drug (drŭg) [F. *argouse*, etym. doubtful] सं० १. जड़ी, बूटी, भेषज, औषध-द्रव्य, मादक-द्रव्य, नशा; २ निष, जहरीली दवा*; ३ अविक्रेय पदार्थ, ऐसा सौदा, जिसका कोई ग्राहक न हो (प्रायः ~ in the market), दवा* औषधि*, औषध* (आ०, वि० १ भी)। क्रि० स० और अ० १. औषध-द्रव्यों में मिलावट करना (विशे० नींद या बेहोशी की अथवा जहरीली औषधियों की मिलावट या मिश्रण करना); २. औषधिया देना (विशे० नींद या बेहोशी की दवा देना), ३. नींद या बेहोशी की दवा लेना या प्रयुक्त करना; ४. जी मिचलाना, मिचली आना, मतली आना **the~habit** नींद या बेहोशी की (अफीम-मिश्रित) दवा लेने की आदत या अभ्यास। **druggy** क्रि० औषधि-विषयक, औषध द्रव्यों से संबद्ध।

drugget (drŭg' et) [F. *droguet*, etym. doubtful] सं० मोटा ऊनी कपड़ा जिसका प्रयोग फर्श या मेज को ढकने आदि में होता है।

druggist (drŭg' ist) सं० अत्तार, कैमिस्ट, औषधि-विक्रेता, दवा-फरोश, दवा बेचने वाला।

druid (droo' id) [F. *druide*, L. *druida*, *-des*, pl., from O. Celt. (cp O. Ir. *draid-*, Gael, *draoi*, *draoidh druidh*, a magician, a sorcerer)] सं० १. प्राचीन गॉल और ब्रिटेन की केल्ट नामक जाति का पुरोहित, पादरी, जादूगर, ऐन्द्रजालिक या भविष्यवक्ता, २. ड्रुइड, वेल्स का Gorsedd या राष्ट्रीय परिषद् का अधिकारी। **druidess** सं० ड्रुइड का स्त्रीलिंग। **druidic, druidical** वि० १. ड्रुइड का, ड्रुइड-विषयक, पुरोहित, ऐंद्रजालिक या भविष्यवक्ता से संबद्ध; २. वेल्स की राष्ट्रीय परिषद् के अधिकारी से संबंधित। **druidism** सं० ड्रुइड-धर्म, पुरोहित, जादूगर या भविष्यवक्ता का धर्म।

drum[1] (drŭm) [cp. M. Dut. *tromme* and Dut. *trom*, M.H.G. *trumme*, orig. a trumpet] सं० १ ढोल, ढोलक, नगाड़ा, नक्कारा, दमामा, दंदुभि, भेरी, कर्णपटह* (आ० भी; २. (प्राणि०) ड्रम, गूँज या प्रतिध्वनि उत्पन्न करने वाला प्राकृतिक अवयव जैसे बदर की पाठा गले की हड्डी या गल्फ; ३. ढोल या नगाड़े की आवाज (विशे० बिटर्न नामक चिड़िया की गूँजती हुई तेज़ आवाज); ४. ढोलबादक, नगाड़ा बजाने वाला; ५. बेलनाकार आकृति या पदार्थ, मशीन का सिलिंडर, बेलन या नली; ६. कोरिंथियन या कंपोज़िट खंभ का ठोस भाग; ७ खंभे के आधार तथा शीर्ष के मध्य भाग के रूप में प्रयुक्त प्रस्तर-खंड; ८. मेवा, तल आदि पैक करने में प्रयुक्त बेलनाकार पात्र; ९. (इति०) सायंकालीन या मध्याह्नोत्तर चाय-पार्टी; १०. (~ fish भी) ढोल की भाँति डमडम शब्द करने वाली अमरीकन मछलियाँ। क्रि० अ० और स० १. ढोल बजाना, नगाड़ा बजाना; २. (पियानो, दरवाज़े आदि) किसी वस्तु पर लगातार हल्के आघात करना या पीटना अथवा ठकठकाना, ३. (चिड़ियों या कीड़ों का) पंख फड़फड़ाना, परों से फड़फड़ाहट करना; ४. डंडुरी या ढिंढोरा पीट कर बुलाना या इकट्ठा करना, ५. (किसी व्यक्ति को) बार-बार कह कर चिरत या विमुख करना किसी व्यक्ति से किसी बात को बार-बार कहना या पुनः-पुनः सम्मति अथवा आदेश देना; ६. किसी चीज़ पर (हाथों आदि को) बार-बार मारना; ७. ढोल पर गाना या ढोल (के गीतों) की तर्ज पर गाना। **~fire** निरंतर भीषण गोलाबारी या बमवर्षा। **~head** ढोल की खाल, नगाड़े आदि की झिल्ली या चमड़ा। (~head court martial, सेना-न्यायालय), कान के पर्दे की झिल्ली, बैरेल या तार आदि लपेटने के बेलन का ऊपरी गोल सिरा। **~major** छावनी के ढोलवादकों का मुखिया या सरदार। **~of ear** कान का पर्दा। **~out** डंके की चोट निकाल बाहर करना, मुनादी करा कर या ढिंढोरा पिटवा कर नौकरी से निकाल देना। **~stick** १. चोब, नगाड़े की डंडी, ढोल आदि बजाने की कमची या लकड़ी; २. पके हुए मुर्गे की टाँग का निचला जोड़। **drummer** सं० १. ढोल या नगाड़ा बजाने वाला; २. व्यापारिक एजेंट, सेल्समैन।

drum[2] (drŭm) [Gael. and Ir. *drum*] सं० १. (भूगर्भ०) टीला, नदी द्वारा लाई गई मिट्टी की बनी लंबी तंग पहाड़ी; २. (वि० १) ड्रमलिन* हिमनदोढ़ टिब्बा*।

Drummond light (drŭm' ŏnd lit) [Capt. *Drummond*, (1797-1840) the inventor] सं० (शा०) लाइम लाइट, ऑक्सी-हाइड्रोजिन लपट में चूने के सिलिंडर का गर्म करके के प्राप्त किया गया तीव्र शुभ्र प्रकाश, ऑक्सी-हाइड्रोजिन प्रकाश।

drunk (drŭngk) वि० [DRINK का भू० कृ० रूप भी] मत्त, पिये हुए, नशे में धुत्त, मदहोश, मदिरामस्त। सं० १ (शा०) शराब का दौर, शराब का चक्कर; २. (पुलिस की चार्जशीट या दोषारोप में लिखित) मदोन्मत्तता का अभियोग; ३. (प्रायः) मदोन्मत्तता का अभियुक्त, शराबी, मद्यप, मद्यपायी। **drunkard** सं० शराबी, मद्यप, पियक्कड़ आदमी, मदोन्मत्त मनुष्य। **drunken** [A.-S. *drunc-en*, p.p. of *druncan*, to DRINK] भू० कृ० और वि० १. मदहोश, मत्त, मदमस्त, नशे में धुत्त; २ शराबी, मद्यप, शराबखोर, रिंद, मदिरासक्त, सुरा-सेवी; ३. मदोन्मत्तता-जन्य, मदोन्मत्तता-व्यंजक या प्रदर्शक (~brawl)। **drunkenly** क्रि० वि० मदहोशी में, मदमस्ती से, मदोन्मत्त अवस्था में। **drunkenness** सं० १. मदहोशी, मदमस्ती, मदोन्मत्तता; २. मद्यपान, सुरा-सेवन, ३. मदोन्मत्तता-प्रदर्शन, ४. (आ०) मद्यपता*।

drupe (droop) सं० १. गूदेदार फल, गुठली या गिरी के चारों ओर गूदे या रस वाला फल (जैसे बेर आदि); २. गूदेदार* अष्ठिल* (वि० १ भी)। **drupaceous** वि० गुठलीदार फलों से संबद्ध। **drupel, drupelet** सं० १. छोटी गुठली, बहुत ही छोटी गुठली या बीज, २. अष्ठिलक* (वि० १ भी)।

druse (droos) [G., from Boh. *druza*] सं० १ शिला-विवर के चारों ओर बिल्लौर या स्फटिक की परत, इस प्रकार की स्फटिक-परत से युक्त शिला-विवर; २. (वि० १, भूगर्भ०) किस्टल गुहिका*, ड्रुज*।

Druse (drooz) [Arab. *Durūz*, said to be from Ismail al-*Darazi*, or the Tailor, founder of the sect in 1040] सं० लेबनान पर्वत के आसपास मुसलमानों के एक राजनीतिक और धार्मिक दल का सदस्य।

dry (drī) [A.-S. *dryge* (cp. Dut. *droog*, G. *trocken*)] वि०

(drier, -est) १. सूखा* (वि० १ भी); खुश्क, शुष्क* (वि० १ भी); २. कम वर्षा वाला; ३. झुलसा हुआ, सूखा हुआ, (बोल०) प्यासा, तृषित, तृषार्त, (ब्र०) वाष्पीकरण या सूख जाने जाने आदि के कारण, अद्रव्य या शुष्क:; ४. देश, विधान आदि का) शराबबंदी या मद्य-निषेध-विषयक; ५. सूखी, निर्दुग्ध (गाय), सूखा, निर्जल (कुआँ); ६. रूखा, बिना चिपड़ा (~bread रूखी रोटी, ~toast टोस्ट, डबल रोटी के सिके हुए बिना मक्खन लगे टुकड़े); ७. ठोस, अद्रव; ८. ठर्रा, माधुर्यहीन व सुगंध रहित (मदिरा); ९. द्रव से असंबद्ध (~cough सूखी खाँसी, बिना बलगम की खाँसी); १०. सूखा, सहानुभूति-हीन, सख्त, कठोर, भावशून्य (~jest, sarcasm, humour वास्तविक या यथार्थवादी व्यक्त व्यंग्य, विडंबना या परिहास); ११. निरा, सादा, नग्न रूप में, सच्चा, यथार्थ (~facts निरे तथ्य, ~thanks कोरे धन्यवाद); १२. अरोचक, अनाकर्षक, चूँ-चूँ का मुरब्बा, बेकार; १३. निष्प्रभ, निःसंग (~light निष्प्रभ प्रकाश)। क्रि० स० और अ० १. सुखाना या सूखना, शुष्क करना या होना, २. (गाय) दूध से सुखाना या भगाना। **die a~death** पानी में डूबे बिना या बिना रक्तपात के मरना। **go~** मद्य-निषेध विधान को स्वीकार करना। **~bulb thermometer** हाइड्रोमीटर के गीले और सूखे बल्बों के जोड़े में से सूखा बल्ब। **~clean** ड्राइक्लीन, पानी के प्रयोग के बिना स्पिरिट आदि के प्रयोग से कपड़ों को साफ़ करना। **~cleaner** ड्राइ क्लीनर, उपर्युक्त विधि से कपड़े साफ़ करने वाला। **~cleaning** ड्राइक्लीनिंग, कपड़ों को साफ़ करने की उपर्युक्त विधि। **~cooper** सूखी चीजों को रखने के लिए पीपे, ड्राम आदि बनाने वाला। **~cure** (गोश्त आदि को) द्रव पदार्थ में डाले या डुबाये बिना सुरक्षित रखना। **~dock** सूखी गोदी, जहाजों की मरम्मत या निर्माण की गोदी या स्थल। **~eyes** सूखी आँखें, अश्रुहीन नेत्र। **~goods** अद्रव या ठोस पदार्थ जैसे अनाज (विशे० संयुक्त राज्य अमरीका में), सूती और रेशमी कपड़े तथा पोशाकें। **~ice** सूखी बर्फ़* (वि० १ भी)। **~lodging** निरा निवास, भोजन-रहित रहने का स्थान। **~measure** सूखे पदार्थों (गल्ला, कपड़ा आदि) के माप। **~mounting** (वि० १) सूखी चिपकाई*। **~nurse** लालन (न कि पालन) करने वाली धाय, दूध न पिलाने वाली केवल खिलाने वाली नर्स, आया या धात्री। क्रि० स० भोजन पर पालना, खिला कर पालन-पोषण करना। **~pile** विद्युत् की सूखी या निर्द्रव बैटरी। **~plate** ड्राइप्लेट, फोटोग्राफ़ी में प्रयुक्त एक सूखी प्लेट। **~point** सं० क़लम, तांबे की प्लेट पर बिना तेज़ाब के खोदने वाली सुई जैसी नुकीली लोहे की क़लम। क्रि० अ० इस प्रकार खोदना या स्याहक़लम का काम करना। सं० स्याह क़लम का काम। **~rot** १. बौज्ञना, कुकुरमुत्ते के कारण लकड़ी की क्षीण या अशक्त अवस्था; २. कुकुरमुत्ता; ३. (ला०) असंदिग्ध नैतिक या सामाजिक अधःपतन। **~salt** क्रि० स० दे० ~CURE। **~salter**(y) दवाओं, तेलों, टिन में बंद गोश्त आदि का व्यापारी, व्यापार या दुकान। **~shampoo** सूखा शैंपू, पाउडर या चूरे की शक्ल का शैंपू (न कि तेल या रंगीन पानी जैसा)। **~shod** वि० और क्रि० वि० सूखे पैरों वाला, बिना पैरों को भिगाए। **~soil** (वि० १) शुष्क मिट्टी*। **~test** शुष्क परीक्षण।* (वि० १ भी)। **~up** १. एकदम सूखा देना, (पसीजन या तरलता आदि को) बिल्कुल सुखा देना, (कुएँ आदि का) सूख जाना, सर्वथा जलहीन हो जाना; २. (बोल०) बोलना बंद कर देना, मौन हो जाना या काम से हाथ खींच लेना, काम बंद कर देना; ३. (थियेटर आदि में) पाठ भूल जाना। **~~walling** बिना गारे या चूने आदि की दीवाल। **dryish** वि० सूखा-सा, शुष्क-सा, रूखा-सा। **drily, dryly** क्रि० वि० सूखे या रूक्षपन से, शुष्कतापूर्वक (विशे० ला० अर्थों में)। **dryness** सं० निर्जलत्व, अरसिकत्व, रूक्षापन, शुष्कता। **drier, dryer** स० १. सुखाने वाला, (गाय को) दूध से भगाने या सुखाने वाला; २. रंग-रोग़न को जल्दी सुखाने के लिए उसमें मिलाया गया पदार्थ।

dryad (drī' ăd) [L. *dryas*, pl. *-ades*, Gr. *druas -ades* (*drûs*, a tree)] सं० वनदेवता, वृक्षों पर रहनेवाली देवी, वनदेवी, वन-लक्ष्मी, जंगलपरी।

dry-as-dust (drī' az dŭst) सं० और वि० १. नीरस परिश्रमी, पुरातत्त्वविद् या इतिहासज्ञ। वि० खुश्क*, अतीव नीरस, अरोचक, ग़ैर-दिलचस्प।

dst wouldst और hadst का संक्षिप्त रूप।

duad (DYAD) सं० DYAD (का अशुद्ध रूप)।

dual (dū' ăl) [L. *dualis* from *duo*, two] वि० १. द्विसंख्य, द्विवाचक, द्वि-विषयक, दुहरा, दो भागों वाला, दूना, दुगुना, द्वि-गुणित, २. (वि० १) द्वैती*। सं० (व्या०~number भी) द्विवचन। **the~ monarchy** आस्ट्रिया और हंगरी का विगत साम्राज्य। **duality** सं० द्वित्व, द्वैत, दुई। **dualize** क्रि० स० दुहरा करना, दो भागों में बाँटना, दुगुना करना। **dually** क्रि० वि० दुहरा करते हुए, दो भागों में बाँटते हुए, दुगुना करते हुए।

dualin (dū' ă lin) सं० डुआलिन, शोरे (नाइटर) नाइट्रोग्लीसरीन और लकड़ी के बुरादे से बना हुआ शक्तिशाली विस्फोटक पदार्थ।

dualism (dū' ă lizm), सं० १. द्वैतवाद, द्वित्व, द्वैत, दुई; २. द्विवचन का प्रयोग; ३. द्वैतवाद (मन और पदार्थ); ४ विश्व में सदुप्रवृत्तियों और दुष्प्रवृत्तियों; ५. (ईसामसीह के ही) दो व्यक्तित्व। **dualist** सं० द्वैतवादी। **dualistic** द्वैतवादोन्मत्त, द्वैतवाद-विषयक। **dualistically** क्रि० वि० द्वैतवाद की दृष्टि से।

dub[1] (dŭb) [late A.-S. *dubbian*, perh. from O.F. (cp *adober*, *adouber*, It. *addobare*), etym. unknown] क्रि० स० १. (किसी व्यक्ति को) कंधों से तलवार छुआ कर नाइट बनाना; २. (किसी व्यक्ति या वस्तु को नया पद) नाम या उपनाम देना या रखना, सज्जा से अभिहित करना; ३. (मछली का नक़ली चारा) लगाना; ४ (चमड़े पर) ग्रीज़ या चिकनाई लगाना, **dubbing** सं०, क्रियागत अर्थों में (विशे० dubbin भी) १. चमड़े के लिए तैयार की गयी ग्रीज़ या चिकनाई, २. प्रतिलिपि करण; ३. आरोपण।

dub[2] (dŭb) [prob. onomat] क्रि० स० धमाधम पीटना।

dub[3] (dŭb) [Sc. and North; etym. doubtful] सं० १. उत्तरी जल-धाराओं का गहरा जलाशय या कुंड; २. (ब्रा०) तलैया, डाँर, जोहड़, पोखर।

dub[4] (dŭb) क्रि० स० (सिनेमा) फ़िल्म में (किसी दूसरी भाषा की) ध्वनि का संचार करना, डब करना।

dubiety सं० १. शक, संदेह, संशय, २. संदेहपूर्ण विषय, संदिग्ध मामला।

dubious (dū' bi ŭs) [L. *dubiōsus*, from *dubius*, doubtful (*duo*, two)] वि० १. अस्पष्ट, अव्यक्त, धूमिल (~light धूमिल प्रकाश), धुँधला, संदेहपूर्ण, संदिग्ध, अनिश्चित, अविश्वसनीय, संदेहास्पद (~friend अविश्वनीय मित्र), विचारणीय, विचार्य, चिंतनीय, वित्य (a~compliment विचारणीय या चिंतनीय स्तुति या प्रशंसा); २. संदेहात्मक, अनिश्चित (~undertaking,

struggle संदेहात्मक प्रवृत्ति, अनिश्चित संघर्ष); ३. संदिग्ध, संशय-पात्र (~gains, company संदिग्ध लाभ, संहबत, मंडली); ४. डावाँडोल, डगमग, दोचित्ता, दुविधा में पड़ा हुआ, द्विविधापन, संदेहालु, शंकाल, संशय-ग्रस्त। **dub'ously** क्रि० वि० १. सशंशय, असंपष्टतापूर्वक, अव्यक्त रूप में, अनिश्चयपूर्वक; २. संदेह या शंका करते हुए। **dubiousness** सं० १. असंष्टता, अनिश्चय; २. शक, संदेह, संशय, शका।

dubitation (dū bi tā' shŭn) [F., from L. *dubitātio -ōnem*, from *dubitāre*, to DOUBT] सं० १ शक, संदेह, शंका, संशय; २. दुविधा, द्विविधा, हिचकिचाहट, हिचक, असमजस।

dubitative (dū' bi tā tiv) वि० संदेहात्मक, संशयात्मक, द्विविधात्मक, संदेहयुक्त, संशयपूर्ण, द्विविधापूर्ण, संदेहालु, संशयालु, संशयशील, हिचकिचाहट या असमजस करनेवाला। **dubitatively** क्रि० वि० संदेहात्मक या द्विविधात्मक रूप से, संदेह करते हुए या हिचकिचाते हुए।

ducal (dū' kal) [F, from late L. *ducalis*, from *dux ducis*, DUKE] वि० ड्यूक-विषयक, ड्यूकवत्, ड्यूक सदृश, ड्यूक पदधारी, ड्यूक नामक उपाधि से विभूषित।

ducat (dŭk' ăt) [F., from It. *ducato*, late L. *ducātus*, a DUCHY] सं० ड्यूकाट, लगभग नौ शिलिंग के मूल्य की स्वर्ण-मुद्रा जो पहले कभी यूरोप के देशों में प्रचलित थी, सिक्का, मुद्रा, (बहु०) धन।

duchess (dŭch' ĕs) [F. *duchesse*] सं० १. डचेस, ड्यूक की पत्नी (सधवा या विधवा); २. ऐसी महिला जिसका ड्यूक के समान किसी निश्चित भू-भाग या रियासत पर अधिकार हो; ३ रॉबीदी या प्रभावशालिनी नारी; ४. (प्रा०, संज्ञे० duch) फल आदि बेचने वाले की पत्नी। **duchy** (dŭch' i) सं० १. ड्यूक या उसकी पत्नी अथवा डचेस या नारी-ड्यूक द्वारा शासित भूभाग या रियासत, २. कानिवाल या लंकास्टर का ड्यूक पद जो राजवंश के किसी व्यक्ति को प्रदान किया जाता है और जिसे अपना दरबार या न्यायालय लगाने का अधिकार था।

duchesse सं० डूशेस, एक प्रकार की साटन। **~lace** ब्रुसेल्स की बनी हुई लेसिये की गोट या किनारी।

duck[1] (dŭk) [prob. from Dut. *bock* (cp. Dan *dug*, Swed. *duk*, G. *tuch*)] सं० १ डक, एक विशेष प्रकार का मोटा सूती कपड़ा जिसका प्रयोग छोटे पालों और लबादों आदि (विशे० मल्लाहों के) में किया जाता है; २. (बहुधा) डक का पायजामा, पतलून।

duck[2] (dŭk) [A.-S. *dūce*, cogn. with foll] सं० (बहुध० प्राय समुहवाचक, ducks भी) १. हंस, कलहंस, मुर्गाबी आदि जल पर तैरने वाले पक्षी (विशे० बत्तख भी नर या मादा), बत्तख, (वि० १ भी); २.(बत्तख आदि पक्षियों का) मांस; ३. (विशे० सबोधन में) प्यारे, प्रिय, प्रियतम, ४. (क्रिकेट, duck's egg भी) जीरो, अंडा, शून्य। **fine day for young ducks** बरसाती मौसम। **lame~** अयोग्य व्यक्ति, सट्टा बाजार का दीवी या बायदे में देर करने वाला व्यक्ति। **like~in thunderstorm** फटी फटी आँखों वाला, भय-विह्वल, भय-विमूर्च्छित, मूर्च्छित। **like water off duck's back** बेअसर, प्रभावशून्य, प्रभाव-रहित। **make ducks and drakes of, play ducks etc. with** व्यर्थ बर्बाद करना, अपव्यय करना। **take to anything like~to water** पानी में गोता देना, किसी चीज को स्वीकार कर लेना, उसके अनुकूल बन जाना। **~and drake** जल में पत्थर के चौड़े टुकड़े को उछालना। **~-bill** बत्तख जैसी चोंच वाले प्लैटीपस या आर्निथोरकस नामक पक्षी, (दे० ORNITHO and PLATHY)। **~boards** खाई में या कीचड़ के ऊपर लकड़ी के तख्तों या पटरों का तंग मार्ग। **~-hawk** पकमूमि में दौड़ने वाला शिकारी कुत्ता। **~-shot** छर्रा, बत्तख आदि चिड़ियों के शिकार में प्रयक्त। **~-weed** काई, सैवाल। **ducker** सं० बतख पालक, बतख पालने वाला। **duckling** (ugly duckling) सं० कुलबोर व्यक्ति, बूढ़ा या मर्द व्यक्ति, जो अपनी मूर्खता से अपनी चली आती हुई विजेषता को नष्ट कर देता है। **ducky** सं० (~diamond भी) प्रिय व्यक्ति।

duck[3] (dŭk) [M. E. *duken*, *douken*, as from an A.-S. *dūcan* (cp. Dut. *duiken*, Dan. *dukke*, G. *tauchen*)] क्रि० अ० और स० १. गोता मार कर या डुबकी लगा कर बाहर निकल आना या (साँस लेने के लिए) सिर बाहर निकालना, २. प्रहार से बचने के लिए फुर्ती से झुकना या सम्मान में झुकना, ३. गोता खिलाना, डुबकी देना, क्षण भर के लिए पानी में डुबा कर बाहर निकाल लेना; ४. अकस्मात् (सिर) झुका लेना। स० १. गोता, डुबकी, २. विनम्रता या लज्जा (के कारण सिर झुका लेने की क्रिया)। **duc'king** स० गोता या डुबकी देने वाला। **~-stool** गोता-कुर्सी, एक प्रकार की कुर्सी जिसका प्रयोग प्राचीन काल में अपराधियों को दंड-स्वरूप गोता खिलाने या डुबकी देने में किया जाता था। **ducker** सं० अनेक प्रकार की गोताखोर चिड़ियाँ (विशे० डैब्चिक और बाटर आउजल)।

duct (dŭkt) [L. *ductus*, a leading, p.p. of *ducere*, to lead] सं० १. नल, नाली, नली, नलिका, २. नस, रग, धमनी, नाड़ी (जैसे bile y~); ३. पौधों की नस; ४. (आ०, वि० १) वाहिनी*।

ductless वि० १. नल रहित, नलिकाहीन, २ नाड़ी रहित, नसहीन ((~glands) नसहीन गिलटी, नाड़ी रहित ग्रंथि, जिनका रस सीधे लहू में जा मिलता है, ३. (आ०) निःस्रोत* वाहिनीहीन*।

ductile (dŭk' til, -til) [F., from L. *ductilis*, as prec.] वि० १. वश्य, प्रसार्य, लचीली, लोचदार, तन्य, सहनशील (धातुएँ), (एक०) लचीली, खींची जाने योग्य, तार बनाने योग्य, २. मृद, मुलायम, कोमल, लचीली या झुकाने योग्य (मिट्टी, मनुष्य या चरित्र), नम्य, मृदु। **ductility** सं० १. वश्यता, प्रसार्यता, लचीलापन, लोच; २. मुलायमियत, कोमलता, सपर्पणशीलता, मृदुता।

dud (dŭd) [etym. doubtful] सं० १. (प्रा०, बहुव०) कपड़े, लत्ते, चिथड़े, गूदड, २. (एक०, ~man भी) घोखा, बिजूरवा, पशु-पक्षियों आदि को डराने के लिए खड़ा किया गया मिट्टी आदि का पुतला, ३. निकम्मा या व्यर्थ आयोजन अथवा मनुष्य, ४. ऐसा बम या गोला जो न फटे। वि० १. नक़ली, बनावटी, कृत्रिम; २. व्यर्थ; ३. अनतोषप्रद, असतोषजनक; ४. निकम्मा, अनुपयोगी।

dude (dūd) [L. G. *duden-dop*, *dudenkop*, a lazy fellow] सं० १. (अमरीकी प्रयोग, प्रा०) बाँका, छैला, छैल-छबीला, छैलछबिनिया, प्रायः अंग्रेजी उच्चारण, वेश-भूषा और व्यवहार आदि का अनुकरण करने वाला; २. ठाठदार, मजा-पजा या बनाठना व्यक्ति। **dudish** वि० छैला की तरह, बाँके की तरह।

dudgeon (dŭj' ŏn) [etym. doubtful] सं० (प्रायः in) अमर्ष, क्रोध, चिढ़, रोष, कोप।

dudeen (doo dēn') [Ir., etym. unknown] सं० डुडीन, (आयरलैंड का) मिट्टी का छोटा पाइप या नलिका।

due[1] (dū) [O. F. *deü*, p. p. of *devoir*, to owe, L. *debēre*] वि० १. देय, प्राप्य, परिशोध्य, चुकाने योग्य, उतारने योग्य (fall, become ~चुकाना है, उतारना है); २. दाय, दातव्य, देने योग्य; ३.

उचित, मुनासिब, यथोचित (first place is~ to Milton प्रथम स्थान मिल्टन का है); ४. योग्य, यथायोग्य, उपयुक्त (has his~reward उसके उपयुक्त पारितोषिक मिल गया है); ५. न्यायोचित, यथेष्ट, समीचीन, यथोचित (after~consideration क्यूरेट विचार के उपरान्त); ६. नियत, निश्चित, निर्धारित (in~time नियत समय में); ७. आने वाला (owing & the ~ for due का किया विशेषणात्मक प्रयोग जैसे I came late~to an accident अक्षुब्ध है); ८ बँधा हुआ, अनुबद्ध, वचन-बद्ध (is~to speak to-night आज रात को बोलना है या आज रात को बोलने के लिए वचन-बद्ध है); ९. नियत समय पर आने या पहुँचने वाला (train~at 7.30 साढ़े सात बजे आने या पहुँचने वाली ट्रेन या रेलगाड़ी); १०. क्रोध्य* (वि १ भी)। क्रि० वि० १. ठीक; २. बिल्कुल; ३. एकदम; ४. नाक की सीध में (went~east ठीक पूर्व या एकदम पूर्व की ओर गया); ५. वजह से. सबब से, कारण से। सं० १. देय, देना, दातव्य, प्राप्य, पावना, २ अधिकार, स्वत्व, हक़; ३. कर्ज़, ऋण, उधार (pay one's dues कर्ज़ बेबाक करना, उऋण होना, ऋण चुकाना), ४ (प्राय. बहुव०) टैक्स, कर, चुंगी, महसूल, फ़ीस, दस्तूर, लागत आदि। **already~** अभी आने को है। **for a full~** (नौ० वि०) भलीभाँति, पूर्णरूपेण, पूर्णतया। **give the devil his~** शत्रु के साथ भी न्याय करो, बुरे के साथ भी न्याय करो। **over~** देर हो चुकी है. नियत समय बीत चुका है।

due[6] (dū) [var. of obs. *dow*, F. *douer*, L. *dōtāre*, to endow (*dōs*, *dōtis*, a gift)] क्रि० स० १. प्रदान करना, वृत्ति देना, दान देना; २. धन लगाना, रुपया लगाना।

duel (dū' ĕl) [F., from It. *duello*, mcd. L. *duellum*, archaic form of *bellum*, war (cp. *duo*, two)] सं० मल्लयुद्ध, द्वंद्व, द्वंद्वयुद्ध, दो व्यक्तियों में संघर्ष अथवा प्रतियोगिता। क्रि० अ० द्वंद्व करना, द्वंद्व युद्ध करना। **the~** द्वंद्वयुद्ध और इसका विधान। **duelist** सं० द्वंद्व-योद्धा, द्वंद्व में सम्मिलित होने वाला योद्धा।

duenna (dū en' ā) [Sp. *duena*, L. *domina*, lady] सं० १. बुज़ुर्ग (मुलतया और विशे० स्पेनी परिवार में) कन्या-संरक्षिका, बालिकाओं की निजी तथा संरक्षण के लिए नियुक्त प्रौढ़ा, २ सहरक्षिका, सामाजिक उत्सवों आदि में बालिका की संरक्षिका, विवाहिता या प्रौढ़ा महिला।

duet, duetto (dū et', -ō) [It. *duetto*, dim. of *duo* (L. *duo*. two)] सं० १. दो गाना, दुगाना, युगल गान; २. (ला०) संवाद, कथोपकथन, संभाषण, बातचीत; ३. रौड़ों जैसी लड़ाई, ४. ज़ोर-ज़ोर से एक दूसरे की बुराई करने वाली बातचीत; ५ जोड़ा, युगल, युग्म। **duettist** सं० दोगाना गाने वाले, युगल गायक।

duff[1] सं० (dŭf) DOUGH के लिए बोल० आदि में प्रयुक्त शब्द-रूप। **plum~** प्लम डफ़, एक प्रकार का पक्वान्न।

duff[2] (dŭf) [slang; perh. from DUFFER] क्रि० स० १. (ग्रा०, सामान को) ग्राह्य या प्रस्तुत करने योग्य बनाना, करने योग्य बनाना, (रंग-रोगन आदि के द्वारा) नवीनता लाना, चमकाना, माँजना, नया रूप देना; २. (आस्ट्रेलिया में पशओं को) चुराना और उनके चिह्न बदल देना; ३. (गोल्फ में शॉट या गेंद को) गलत दिशा में मारना। **duffing** जाली, नक़ली या कृत्रिम बनाना।

duffel (dŭf' el) [*Duffel*, town in Brabant] सं० १. डफेल, एक प्रकार का मोटा ऊनी कपड़ा; २. खिलाड़ी या कैंप में रहनेवाले के बदलने के कपड़े, फालतू कपड़े।

duffer (dŭf' ĕr) [etym. doubtful (cp. DUFF[2])] सं० १. निकम्मा, निरर्थक या तुच्छ माल को (यह कह कर कि यह बिना महसूल दिए लाया गया है तथा बहुमूल्य वस्तु बता कर) बेचने वाला; २. खोंचे वाला, फेरी वाला; ३ पुराने माल को नया करके बेचनेवाला, टूटे-फूटे माल को नया-सा बना कर बेचने वाला; ४. खोटा सिक्का, जाली मुद्रा, नक़ली तस्वीर आदि, ५ स्थान जिसमें से कुछ न निकलता हो, खाली स्थान, अनुत्पादनशील स्थान, ६ व्यर्थ की चीज़, निरर्थक वस्तु, ७. अयोग्य, निकम्मा, बेकार, अक्षम या मूर्ख व्यक्ति।

dug[1] (dŭg) [etym. obscure (cp. Sanskr. *duh*, to milk)] सं० पशुओं के थन का अग्रभाग, चूची (केवल तिरस्कार के लिए स्त्रियों के स्तन के लिए प्रयुक्त)।

dug[2] (dŭg) [दे० DIG[1] भू० और भू० कृ०]। **~out** सं० १ खोह, नीका, डोंगी* (वि० १ भी), वृक्ष के तने को खोदला करके बनाई गई डोंगी; २. खंदक, खाई, आत्मरक्षी प्राचण (विशे०) खन्दकों में छिपे हुए सैन्य दलों के लिए उसमें बने सैनिकों के छिपने का तहख़ाना; ३. (ग्रा०) पेशनयाफ़ता, पेंशनदार या अवकाश प्राप्त अफ़सर जो नौकरी करने के लिए बुलाया जाय।

dugong (doo' gong) [Malay *dāyōng*] सं० (बहुव० प्राय यही) १. एक अर्ध काय सामुद्रिक जीव, भारतीय महासागर का एक बड़ा शाकाहारी पशु; २. (वि० १) इगांग*।

duiker. duy ker सं० डुइकर, दक्षिणी अफ्रीका का एक छोटा हिरण।

duke (dūk) [F. *duc*, L. *dux ducis*, a leader] सं० १ (इतिए) पञ्चाद्वर्ती रोम के सम्राटों का प्रांतीय सेनानायक, सेनापति २. (राज्य) कबीले अथवा जन-जाति का मुखिया, सरदार, ३. (यूरोप के कुछ भागों में) राजक, छोटी रियासत का प्रशासक, राजकुमार, ड्यूक, ४. (प्रेट ब्रिटेन और कुछ अन्य देश) सम्राट् या उसके पारिवारिक सदस्यों के पश्चात् सब से बड़ा जागीरदार या अमीर, ड्यूक, ५. एक प्रकार का फल, चेरी, ६. (ग्रा०) हाथ, मुट्ठी। **royal~** ड्यूक जो राजकुमार भी हो। **dukedom** सं० १. ड्यूक की रियासत या प्रदेश, २. ड्यूक का गौरव या पद।

Dukeries (dū' ker iz) [from prec.] सं० (बहुव०) नाटिंघमशायर का वह जिला जिसमें ड्यूकों की कई जागीरें हों।

dulcet (dŭl' set) [O. F. *doucet*, dim. of *douz*, L. *dulcis*, sweet; assim. to L.] वि० मीठा, मधुर, सुमधुर, कर्णप्रिय (विशे० शब्द, ध्वनि)।

dulcify (dŭl' si fī) [L. *dulcificare*, as prec.] क्रि० स० १. मधुर बनाना, मीठा करना, २ कर्णप्रिय करना, ३ सौम्य बनाना, मृदुल बनाना। **dulcification** सं० १. मधुरीकरण, सुधाव्यीकरण, कर्णप्रिय करना या होना; ३ कोमल करना या होना।

dulcimer (dŭl' si mer) [O. F. *doulcemer*, Sp. *dulcemele*, perh. from L. *dulce melos*, a sweet song] सं० बल्लकी, डुल्सिमर, पियानो की तरह का एक तार-यक्त विदेशी बाजा।

Dulcinea (dŭl si nē' ă, -sin' ē ă) [Don Quixote's lady-love] सं० (देवी के समान) पूजनीय और आदर्श मानी गई प्रेमिका।

dull (dŭl) [M. F. *dul* (cp. A.-S. *dol*, stupid, Dut. *dol*, G. *toll*, mad)] वि० १. मंद* (आ, वि० १ भी), मूढ़, मन्दबुद्धि, जड़, मन्दज्ञान, स्थूलबुद्धि, कुन्द, दुर्मति, जडमति. मूर्ख, गँवार, अबोध, नासमझ, ठस; २. कुंठ, अनुबोधहीन अगवेदनशील, अनुभूतिहीन, इन्द्रियज्ञानहीन (कान, आँख आदि); ३. अचेतन, चेतनाशून्य, निश्चेतन (निर्जीव वस्तुएँ); ४. फीका-फीका, धीमा, धाँदा (दर्द, कष्ट आदि); ५. सुस्त, आलसी, शिथिल, धीमा, स्थिर (व्यक्ति, पशु, व्यापार); ६. जिसकी माँग न हो, जो सरलता से

न बिक सके, जो वस्तु चालू न हो (माल, स्टॉक, सामान या मंडार); ७. उदास, खिन्न, उदासीन, अवसन्न, म्लान्त, ८. अलस, थकाने या उकतानेवाला, बहुत लंबा, नीरस, अरुचिकर, निरानद; ९. कुंद, भोथरी, मोटी (धार आदि); १०. फीका, मन्द, मलिन, अनुज्ज्वल, निष्प्रभ, निस्तेज, अतीक्ष्ण (रंग, प्रकाश, ध्वनि, स्वाद); ११. मेघाच्छन्न, अंधकारमय (मौसम); १२. (आ०)अननुनादी*, श्रुतिहीन*। क्रि० स० और अ० १. सुस्त बना देना, मंदबुद्धि या मुर्ख बना देना, कुंठित करना, नीरस करना; २. शक्तिहीन होना, अशक्त बनना, अनुत्कट, अनुष, फीका होना, मन्द होना, अतीक्ष्ण होना। **dullard** सं० मूर्ख व्यक्ति, गावदी या नासमझ आदमी, बुद्धिहीन मनुष्य, मन्द-बुद्धि* (आ०भी)। **dullish** वि० फीका-सा, हल्का-सा, मन्द-सा, सुस्त-सा, नीरस-सा, श्रांतिकर, थका देनेवाला। **dully** क्रि० वि० १. सुस्ती से, मंदता से; २. मूर्खता से, मूढ़ता से; ३. उदासी से, खिन्नता से, नीरसता से। **dullness** सं० १. सुस्ती, मन्दता* (आ० भी); २. मूर्खता, जड़ता, मुढ़ता, उदासी, खिन्नता, नीरसता; ३. (आ०) मन्दस्वनता,* अननुनाद*।

dulse (dŭls) [Ir. and Gael. *duileasg*] सं० डल्स, एक प्रकार की समुद्री घास जिसे पका कर खाते हैं।

duly (dū' li) क्रि० वि० १. ठीक-ठीक, यथावत्, यथोचित, उचित रूप से, समुचित ढंग से, योग्यतापूर्वक, क्षमतापूर्वक, काफी तौर पर, पर्याप्त रूप से; २. यथासमय, ठीक समय पर, पाबदी से, बाकायदा, बराबर; ३. (विधि) सम्यक् रूप से *।

Duma (doo' má) [Rus., originally, an elective municipal council] सं० रूस की संसद् (१९०६-१९१७)।

dumb (dŭm) [A.-S : cp. Dut. *dom*, Swed. *dumb*, Dan. *dum*, O.H.G. *tumb*, G. *dumm*. *mute, stupid*] वि० (तुल० तथा अति० वि० **dumer**, **dumist** १. वाक्शक्तिहीन, अवाच्, गूंगा, मूक* (विधि भी), मौन, बेजबान, अबोध, भोला, निःशब्द, अनालाप (मनुष्य के संबंध में; the~, the deaf and~ सं० के रूप में प्रयुक्त); २. अग्राह्य, जिसकी शासन आदि में कोई आवाज न हो, कोई प्रभाव न हो (जैसे the~ millions); ३. आश्चर्य, मंत्रमुग्धता, लज्जा आदि से गुणलुप्त, मोचक्ता, आश्चर्य चकित, सन्नाटे में (विशे० strike ~; ~in mixed company); ४. अल्पभाषी, मितभाषी, मौन, मौनावलंबी, वाक्संयत (जैसे nature is ~on the point, English a~ people); ५. मूर्ख, जड, अवाक्, निर्वाक्, वाग्हीन (जैसे ~cranbo); ६ ध्वनिहीन, बेआवाज, निःशब्द, बिना शब्द या ध्वनि किए हुए या अन्य किसी गुण या विशेषता का। क्रि० स० गूंगा करना, मूक बनाना, मौन बना देना। **~animals** करुणा या घृणापूर्वक प्रयुक्त। **~barge, -craft** बिना पाल या चालक-शक्ति का बजरा या किश्ती। **~bells** सं० डम्बल (वि० भी), छोटा मुद्गर, व्यायाम करने का डबल। क्रि० स० व्यायाम में डबल प्रयोग करना, डंबल से व्यायाम करना, डंबल फेरना। **~iron** मोटरगाड़ी का एक पुर्जा। **~piano** अभ्यास करने का गूंगा पियानो। **~show** कठपुतली का खेल, अवाक्-खेल, प्राचीन काल का बिना शब्द का खेल, ड्रामा। **~waiter** घूमनेवाली आलमारी जिसमे भोजन रखा जाता है। **~well** गड्ढा जो इसलिए खोदा जाय कि उसमे पानी बह कर जाए। **dumbly** क्रि० वि० गूंगेपन से, मूकता से, खामोशी से, मूक होकर। **dumbness** सं० गूंगापन, मूकता, वाक्त्रास, वाग्रहितत्व।

dumbfound (dŭm' found) क्रि० स० चुप करा देना, अवाक् कर देना, भौचक्का कर देना, गूंगा कर देना, चकड़ा देना, हक्का-बक्का कर देना, विस्मित कर देना, व्याकुल कर देना, किंकर्तव्यविमूढ़ कर देना, हतबुद्धि कर देना।

dumbledore (dŭm' bĕl dôr) [*dumble* prob. conn. with DUMB, DOR] सं० (बोल०) बड़ा भौंरा, गुबरैला, भौंरा।

dumdum bullet (dŭm' dŭm) [*Dumdum*, town and military station near Calcutta] वि० और सं० बन्दूक की मुलायम नोक की गोली जो शरीर मे घुस कर फैलती है।

dummy (dŭm' i) सं० १. (ताश) चौथा खिलाड़ी जिसकी बाजी खोल दी जाती है और उसका साथी उससे खेलता है; २. (बिज का खेल) खिलाड़ी का साथी जो पहले हाथ बोलता है; ३. छप, वह व्यक्ति जो किसी कार्य में नामभात्र भाग ले; ४. कठपुतली, गोबर गणेश, मिट्टी की मूर्ति; ५. काठ का उल्लू, गावदी, बुद्धू, स्थूलबुद्धि, मूढ बुद्धि; ६. अपक्व द्रव्य, कृत्रिम वस्तु, जाली चीज, अनकृत वस्तु, झूठ-मूठ का पुलिंदा, (पार्सल आदि), गुड्डा, कपड़े का साँचा, लकड़ी का मानवीय ढाँचा जिसे कपड़ा पहना देते हैं, निशानेबाजी के लिए मानवाकृति; ७. चीथी आदि में लगी हुई स्तन के अग्रभाग जैसा रबड़ का ढक्कन, ठेपनी जिसको बच्चे दूध पीते समय चूसते हैं। **dummy** बनावटी, जाली, नकली, फर्जी, कृत्रिम। **sell the~** (रावी फुटबाल) गेंद खेलने मे विरोधी को झाँसा, धोखा देकर गेंद आगे बढ़ा देना। **~whist** or **~**ऐसा खेल जिसमें चौथा खिलाड़ी अनुपस्थित रहे।

dump[1] (dŭmp) [M. E. *dumpen*, to fall flat, prob. from Scand. (cp. Norw. *dumpa*, to thump, Swcd. *dial*, *dompa*, Dan. *dumpe*, to fall plump)] क्रि० स० और अ० १. (कूड़ा-करकट) फेंकना, डालना, ला फेंकना, जमा करना, ढेर लगाना, इकट्ठा करना; २. धक्के, ठोकर या टक्कर के साथ गिराना, गिरने देना; ३. (वा० स्वदेश में अधिक मूल्य पर न बिकने की स्थिति में) माल को सस्ते दर पर बेचने के लिए विदेश भेजना ताकि स्वदेश में माल कम मूल्य पर न बिके और विदेशी बाजार पर भी कब्जा हो जाय; ४. धम्म से गिरना, गिराना, धमाका शब्द के साथ गिरना या गिराना, गह से गिरना या गिराना; ५. (अधिक फिजूल सवारों को) जहाज से विदेश मे उतार देना। सं० १. भद्दा या शब्द, धमाके का शब्द, गह या धम्म की ध्वनि; २. कूड़ा-करकट का ढेर, अंबार, जमाव, कूड़ा-करकट जमा करने का स्थान; ३. (सैन्य०) युद्ध सामग्री का अस्थायी गोदाम। **dumper** सं० १. (कूड़ा करकट) फेंकनेवाला; २ स्वदेशीय बाजार भाव कायम रखने के लिए विदेश मे सस्ते दर पर माल बेच देनेवाला; ३. गिरने या गिराने वाला; ४. विदेश मे जहाज से उतार देनेवाला।

dump[2] (dŭmp) [ctym. doubtful; perh. from DUMPY] सं० १. विभिन्न प्रकार की छोटी-मोटी चीजें, २. खेलों मे प्रयुक्त शीशे की गोट जिससे गणना में सहायता ली जाती है; ३. आस्ट्रेलियों की एक अप्रचलित प्राचीन मद्रा; ४. (आ०) छोटा सिक्का (जैसे not worth a~); ५. जहाज बनाने मे एक प्रकार की चटखनी; ६. जहाज में खेलने के लिए रस्सी का चक्र; ७. एक प्रकार का खेल (स्किटिल्स नामक खेल में गेंद द्वारा) स्थान-च्युत किए जानेवाली नौ काष्ठ कीलकों मे से एक; ८. एक प्रकार की मिठाई; ९. छोटा-मोटा व्यक्ति, ठिंगना किन्तु हृष्ट-पुष्ट मोटा व्यक्ति।

dumpling (dŭmp' ling) [prob. dim. of DUMP[2]] सं० एक प्रकार का हलुआ या पुडिंग, डम्पलिंग।

dumps (dŭmps) [ctym. doubtful; cp. DAMP] सं० (बहुव०) उदासी, विषाद, खिन्नता, चित्त की म्लानता, उद्वेग (प्रायः in the~)।

dumpy (dŭm' pi) [ctym. doubtful; cp. DUMP[2]] वि०

१. छोटा और मोटा। सं० स्कॉटलैंड का छोटे पैरों का पक्षी। **~level** सर्वेक्षण में काम आनेवाला (स्तरापक) यंत्र। **dumpiness** सं० छोटाई और मोटाई, नाटापन और स्थूलता।

dun[1] (dŭn)[A.-S. *dunn*, cp. Ir. and Gael. *donn*, W. *dwn*] वि० १. फीका भरा रंग (का), मदा, पिंगल वर्ण, कपिश वर्ण; २. (काव्य०) जैसा गधे या चूहे का; ३. (काव्य०) श्याम, धुँधला। सं० काला घोड़ा; ४. डन, एक प्रकार की कृत्रिम मक्खी जो मछली को पकड़ने के लिए चारे के काम में आती है। **~bird** एक गोताखोर पक्षी। **~diver** डन ड्राइवर, एक प्रकार की माद या बुड़ा नर बत्तख।

dun[2] (dŭn) [perh. a var. of DIN] सं० १. पीछे पड़ जाने वाला, बार-बार माँगनेवाला ऋणदाता; २. ऋण-समाहर्ता; ३. कर्ज वसूल करने वाला; ४. भगतान के लिए तकाजा, माँग। क्रि० स० १. बार-बार तकाजा करना, पीछे पड़ कर दिया हुआ ऋण माँगना; २. दिक करना, परेशान करना, कष्ट देना।

dun[3] (dŭn) [Ir. and Gael.] सं० पहाड़ी, टूह, धुस्स, टीला।

dunce (dŭns) [a word introduced by the Thomists or disciples of Thomas Aquinas, in ridicule of the followers of John *Duns* Scotus (d. 1308)] सं० मूढ, जड़, मंदबुद्धि, जडबुद्धि, स्थूल-बुद्धि, मूढमति। **dunce's cap** कागज की लंबी नोकदार टोपी जो स्कूल में मूर्ख विद्यार्थी के सर पर रख दी जाती है।

dunderhead (dŭn' dēr hĕd) [rctym. doubtful] **dunder-headed** सं० और वि० बेवकूफ, मर्ख, मंदबुद्धि. स्थूल बुद्धि (व्यक्ति), काठ का उल्लू।

dundreary whiskers (dŭn drēr' i) [Lord *Dundreary*, character in a play] सं० लंबे गलमुच्छे, गलमोछ।

dune (dūn) [F., from M. Dut. *dûne*, cogn. with A.-S *dūn*] सं० टिब्बा, टीला* (क्रि० १ भी), (सागर तटस्थ) बालुका-स्तूप रेत का टीला, बालू का टीला।

dung (dŭng) [A.-S. (cp. O. Fris. and G. *dung*, Swed *dynga*, Dan *dynge*)] सं० १. खाद, पांस; २. गोबर, पशुविष्ठा, विष्ठा, लीद, मल; ३. नैतिक कलषता, मलिनता, मालिन्य, कलिष्य। क्रि० स० १. (खेत में) खाद देना, खाद डालना; २. (किसान का) पशु चराना। **~-beetle** गोबरैला, गबरैला, गोबरीला, गोबरौरा। **~-cart, -fork** लढ़ा, लढ़िया, खाद ढोने वाली बैलगाड़ी। **~-fly** गोबरमक्खी जो इसे खाती है। **~-worm** एक कीडा जो मछली पकड़ने में चारे का काम देता है और गोबर में पाया जाता है। **dunghill** सं० खलिहान में धूर, धूरा, गोबर का ढेर, कूड़े-करकट का ढेर। वि० कायर, नीच। **cock on his own~** घर का तोसमार खाँ. वह व्यक्ति जो घर या महल्ले के लोगों पर प्रभुता जमाता है और उन्हें सताता है। **~-cock** पला हुआ मुर्गा जो असली न हो।

dungaree (dŭng gă rē') [Hind. *dungrī*] सं० १. डुंगरी, मोटी छीट जो भारत में बनती है; २. (बहुव०) ऊपरी ओढ़ना या वस्त्र आदि।

dungeon (dŭn' jŏn) [F. *donjon*, late L. *dommiōnem*, acc. of *dommo*, L. *dominio*, from *dominus*, lord (cp. DOMINION)] सं० १. अंधकूप; २. किले का बड़ा बुर्ज; ३. कारा, कालकोठरी. बन्दियों के लिए तहखाना, पातालघर। क्रि० स० कालकोठरी में बन्द करना, तहखाने में बन्दी बनाना।

dunghill दे० DUNG।

duniwassal (doo ni wăs' ăl) [Gael. *duine vasal* (*duine*, a man, *vasal*, noble, cp. W. *uchel*)] सं० (स्कॉट०) द्वितीय श्रेणी का पहाड़ी भद्र पुरुष।

Dunkirk सं० मई, १९४० में ब्रिटिश फ़ौजों का डंकिर्क खाली करने की भाँति किसी पराजित सेना का किसी स्थान को खाली करने के लिए समुद्री रास्ते से हो कर गुजरना।

dunlin (dŭn' lin) [DUN[1] -LING] सं० डनलिन, आर्द्र बालुकामय खुली जगहों में विचरने वाले लाल पीठ वाले पक्षी-विशेष।

dunnage (dŭn' āj) [formerly *dinnage*; etym. doubtful] सं० डनेज, निभार, चटाइयाँ, झाड़-झंखाड़ या चूरा आदि जो नमी और रगड से बचाने के लिए जहाज के माल के नीचे या बीच में रख दिए जाते हैं।

dunnock (dŭn' ŏk) सं० डनाक, एक प्रकार की गौरैया।

dunt (dŭnt) [Sc.; perh. a var. of DINT] सं० १. (वायुयान पर हवा के प्रवाह का आकस्मिक) धक्का, वात प्रहार, हवा की मार, २. घात, प्रहार, चोट; ३. झटका। क्रि० स० और अ० १. खटखटाना; २. (हृदय का) धाव भरना।

duo (dū' ō) [It. DUET] सं० (संगीतशाला का प्रयोग) कलाकारों का जोड़ा, नर्तकी या गायकों का जोड़ा (जैसे comedy ~)।

duodecimal (dū o des' i mal) [L. *duodecimus*, twelfth, *duodecim*, twelve (DUO-, *decem*, ten)] वि० १. द्वादशमय, बारह या द्वादश का; २. द्वादशांश, बारहवें हिस्से का; ३. बारह-बारह करके. बारह के हिसाब से। सं० (बहव०) बज्रगुणन, क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए, एक विधि जब कि लंबाई, चौड़ाई, ऊँचाई आदि फुट और इंच में, एक इंच के बारहवें हिस्से में दी गई है। **dusdecimo** सं० (प्राय: 12 mo.) १. पुस्तक का आकार जिसका प्रत्येक पृष्ठ छपाई के कागज का १/१२ होता है, २. इस आकार की पुस्तक; ३. छोटी वस्तु या व्यक्ति।

duodenary (dū o dē' nă ri) [L. *duodēnārius*, from *duodēni*, twelve, piece, as prec.] वि० द्वादशमय, बारह-बारह के हिसाब से. बारह-बारह करके।

duodenum (dū o dē' num) [med. L., as prec.] सं० १. (पेट वि०) ग्रहणी* (आंत भी) पेट के ठीक नीचे छोटी आंत का अगला हिस्सा, अँतड़ी का आगे का भाग. २. (आंत) ड्योडीनिअम*।

duodenal वि० ग्रहणी-विषयक, ग्रहणी संबंधी* (आंत भी)।

duodenitis सं० उपरुक्त आंत के अगले हिस्से की बीमारी, सूजन।

duologue (dū' ō log) सं० १. दो व्यक्तियों की बातचीत; २. द्वितीयांक नाटक, वह नाटक जिसमें दो पात्र हों।

dupe (dūp) [F., etym. unknown] सं० बोदू, भोलाभाला, बेवकूफ सीधा-सादा, वह व्यक्ति जिसे आसानी से ठगा जा सकता है। क्रि० स० धोखा देना, बुद्धू बनाना, ठग लेना, जुल देना, दगा देना।

dupable वि० धोखा खानेवाला, ठगा जानेवाला, बेवकूफ बननेवाला। **dupabi'ity** सं० बचनीयता। **duper** सं० ठग, छली, धोखेबाज, दगाबाज। **dupery** सं० धोखेबाजी, दगाबाजी, बचना, प्रतारणा।

duple (dū' pĕl) [L. *duplus*, double (*duo*, two, *-plus*, -fold)] वि० दुगुना, दूना, द्विगुण, दोहरा। **~-ratio** ३ और १ का अनुपात। **~-time, rhythm** एक प्रकार की ताल।

duplex (dū' pleks) [L. (*duo*, two, *plicare*, see foll.)] वि० द्विगुण, द्वैध, द्वयात्मक, द्वितलीय, दोहरा, दुचना, दूना, द्विगुणित। **~gas-burner** गैस का कल्ला या बर्नर जिसमें दो नलियाँ होती हैं किन्तु आग की लपक एक ही होती है। **~-lamp** दो बत्तियों का लैम्प। **~-telegraphy** एक प्रकार की तार-विद्या, जिसमें एक तार में दोनों ओर साथ-साथ समाचार जाते हैं।

duplicate (dū' pli kăt) [L. *duplicātus*, p.p. of *duplicāre*

(*duo*, two, *plicāre*, to fold)] वि० १. दोहरा, द्वितक, जिसमें एक प्रकार के दो भाग हों; २. दूना, दुगुना, द्विगुणित; ३. तदूप, हूबहू वही। सं० १. प्रतिलिपि, नकल, प्रतिरूप, दो समान वस्तुओं में से एक, (विशे०) बाद में बनाई हुई; २. अनुलिपि, प्रतिलिपि, प्रतिपत्र या दस्तावेज़ की प्रतिलिपि; ३. बिल या हुंडी की अनुलिपि, दूसरी हुंडी; ४. बरोहर या गिरवी रखने वाले की रसीद; ५. समान वस्तु के दो या दो से अधिक नमूनों या प्रतिरूपों में से एक; ६. पर्याय, समानार्थ, एकार्थ शब्द, ७. दो वस्तुओं में मेल, साम्य या एकरूपता। **made in~, ~proportion, ratio** (वर्गों का) दोहरा अनुपात।

duplicity (dū plis' i tē) [F. *duplicité*, L. *duplicitās-tātem*, from DUPLEX] सं० १. द्वैधकथन, दोहरी चाल, द्वैध भाव, द्वरंगापन, द्वैध दर्शन; २. द्वनापन, द्विगुणता; ३. दगाबाजी, धोखेबाजी, प्रतारणा।

durable (dūr' ăbl) [F., from L. *dūrābilis*, from *dūrāre*, to last, from *dūrus*, hard] वि० १. टिकाऊ, मजबूत, दृढ, पक्का, स्थायी, पायदार, बहुत दिन चलने वाला, २. स्थिर, ध्रुव। **durability, durableness** सं० १. स्थिरता, अक्षयता, टिकाऊपन, टिकाव, मजबूती, पायेदारी, स्थायित्व, २. (वि० १) चिर स्थायित्व*।

duralumin (dūr ăl lū' min) [L. *durus*, hard, ALUMINIUM] सं० इयूरेलूमिन* (वि० १भी), वायुयान आदि बनाने में प्रयुक्त एल्यूमीनियम का एक पक्का मिश्रण।

duramen (dū rā' men) [L., hardness, from *dūrāre*, to harden] सं० १. (बाह्यजात वृक्ष के) मध्य भाग की लकड़ी; २. (वि० १) कठोर दारु*/ इरेमेन*।

durance (dūr' ăns) [F., from *durer*, to last, as prec.] सं० निराश्रय बंधन, कारानिरोध, कैद, कारावास [प्राय. (in~vile) में प्रयुक्त*।

duration (dū rā' shŭn) [O.F., from Late L. *dūrātio-ōnem*, from L. *dūrāre*, to last] सं० १. *मियाद*/ अवधि* (आ०, वि० १ भी); २ निश्चित या नियत समय, ३. मुद्दत; ४ कार्य की अवधि। **for the~** (युद्ध-काल में प्रचलित मुहावरा) युद्ध की समाप्ति तक।

durbar (dēr' bar) [Pers. and Hind. *darbār*, a court] सं० दरबार, राजसभा।

duress (dū' res, dū res') [O.F., *duresce*, L. *dūritia*, from *dūrus*, hard] सं० १. बलप्रयोग, अवरोध, बलात् नियंत्रण या क़ैद; २. धमकी, दबाव; ३. मजबूरी, लाचारी, विवशता, विबाध्यता; बाध्यता; ४. (विशे०) अनुचित कार्यप्रतिपादन करने के लिए अवैध रूप से प्रयुक्त धमकी या हिंसा। **plea of~** इस प्रकार के दबाव से लिए गए वचन को मंग करने की अपील। **under~** दबाव से, धमकी से, दबाव में आकर।

durian (dū' ri ăn) [Malay *durian*, from *duri*, prickle] सं० दुरी (वृक्ष और फल), पूर्वी द्वीप-समूह का बड़े आडाकार फल वाला वृक्ष या इसका फल।

during (dūr' ring) [orig. pres. p. of DURE] पूर्व० १. पर्यन्त, भीतर, बीच में, जब तक, दौरान में* (विधि भी); २. इस अवधि तक, इतने में, तमाने में, रहते।

durmast (dēr' mast) [etym. doubtful] सं० एक प्रकार का शाहबलूत।

durn क्रि० सं० दे० DARN*।

durra (dur' ă) [Arab. *durah*, *durrah*] सं० भारतीय ज्वार।

durst भू० दे० DARE।

dusk (dŭsk) [M. F. *dose*, dark, dim, A.-S. *dox* (cp. Swed. *dusk*, a shower, Norw. *dusk*, mist)] सं० १. अँधेरा, अँधकार; २. संध्या, साँझ* (वि० १ भी), झुटपुटा, संध्याकाल। वि० (काव्य०) धूमिल, धुँधला, कृष्ण वर्ण का। क्रि० अ० और स० (काव्य०) अँधेरा होना, धूमिल होना या कर देना। **duskish** वि० १. अंधकारमय; २. किसी प्रकार धुँधला। **dusky** वि० धुंधला, धूसर, अंधकारमय। **duskily** क्रि० वि० १. धुंधला-धुँधला; २. गोधूलि के समय। **duskiness** सं० धुंधलापन, अंधकार।

dust (dŭst) [A.-S. *dūst* (cp. Dut. *duist*, G. *dunst*)] सं० १. धूल, धूलि* (आ०, वि० १ भी), गर्द, मिट्टी, रेत, चून, चूर, बरादा, बुकनी; २. (घर का) कूड़ा-करकट; ३. पराग, पुष्परज, पुष्परेणु; ४. (a के साथ) बगूला, धूलि पुंज, धूल का बादल (जैसे what a~, a great~); ५. मृत व्यक्ति के फूल या राख; ६. मानव-शरीर, तन; ७. मनुष्य; ८. अवमान, मान-मर्दन (जैसे humbled in, to, the~), ९. गड़बड़, हलचल; १०. कलह, विवाद, झंझट; ११. (ग्रा०) नकदी, नकद, रुपया-पैसा। क्रि० स० और अ० १. बुरकना, छिड़कना, किसी वस्तु पर धूल या चूर्ण छिड़कना; २. धूलि-धूसरित करना, धूलिमय करना; ३. पोंछना, झाड़ना, साफ़ करना, धूल निकालना; ४ मेज़, कुर्सी आदि से धूल झाड़ना। **bite the~** घायल या मर कर गिर पड़ना, क्षत या हत होकर गिरना। **in the~** मृत, मुर्दा। **shake off the~ of one's feet** गुस्सा होकर चले जाना। **throw~ in one's eyes** आँख में धूल झोंकना, धोखा देना। **~and heat** धक्कम-धक्का। **~bin, -hole** १. धूलदानी, कूड़ा-करकट डालने का बर्तन; २. कूड़े का ढोल। **~-bowl** (अमरीकी प्रयोग) सूखा और अधिक बार फ़सल उपजाने के कारण वनस्पतिहीन और रेगिस्तानी क्षेत्र। **~-brand** गेहूँ, नाज का एक रोग। **~-cloak, -coat, -gown, -wrap, -cloth** धूल से बचने के लिए प्रयुक्त कपड़ा, चोग़ा, कोट, गाउन आदि। **~-colour** हल्का मूरा या खाकी। **~-cover, -jacket** किताब का कवर, आवरण। **~guard** साइकिल आदि या अन्य मशीनों में कपड़ों की रक्षा के लिए लगाया गया कोई पुर्जा। **~man** दे० SAND man। **~one's jacket** पीटना, मारना। **~pan** झाड़-बुहारु करने के बाद निकले कूड़ा-करकट को रखने का बर्तन। **~-shot** सब से छोटे छर्रे। **~the eyes of** धोखा देना। **duster** सं० १. झाड़न* (वि० १ भी); २. फर्नीचर आदि झाड़ने वाला व्यक्ति; ३. (वि० १) प्रकीर्णक*। **dusting** सं० १. क्रियागत अर्थों में बुरकना, धूल झाड़ना* (वि० १ भी); २. (विशे० ग्रा०) तूफ़ान के थपेड़े खाना, समुद्र में इधर-उधर हचकोले खाना; ३. (वि० १) प्रकीर्णक*। **dusty** वि० १. गर्दा, धूलि-धूसरित, गर्द से भरा हुआ; २. पुलिवत् (धूल की तरह) शुष्क, अरुचिकर; ३. अस्पष्ट, अनिश्चित, अनिर्धारित; ४. धूलिमय* (आ० भी)। **not so~** (ग्रा०) काफ़ी अच्छा। **~answer** अस्पष्ट उत्तर। **~miller** पतंगिया, एक प्रकार का फूलदार पौधा, कृत्रिम मनकी, जो मछली पकड़ने के लिए चारे के रूप में प्रयुक्त होती है। **dustily** क्रि० वि० १. धूल के साथ, गर्द से भरा हुआ; २. अरुचिपूर्वक; ३. अस्पष्टतापूर्वक। **dustiness** सं० १. धूलिमयता, धूल से भरा होना, मिट्टी से सना होना; २. नीरसता; ३. अस्पष्टता। **dustless** वि० १. धूलि-रहित; २. बिना मिट्टी का।

Dutch[1] (dŭch) [M. Dut. *Dutsch*, Hollandish, or G. *Deutsch*, German] वि० १. (इति०) जर्मन, जर्मनी का (जिसमें

नीदरलैंड भी सम्मिलित था); २. हालैंड और नीदरलैंड की भाषा या निवासी से संबंधित; ३. हालैंड का, हालैंड का बना हुआ, हालैंड में आविष्कृत; ४. हालैंड-निवासियों का, हालैंड वालों में विशिष्ट, विख्यात (जैसे ~auction, courage)। सं० १. (इति०) जर्मन भाषा या उसका रूप; २. हालैंड और नीदरलैंड की भाषा। **double ~** गलबक-गलबक शब्द, ऐसे शब्द जिनका कोई अर्थ न हो, जिनका अर्थ समझ में न आए। **High ~** दक्षिणी जर्मनी वालों से संबंधित, जर्मन भाषा। **Low ~** समुद्रतटीय जर्मनी, नीदरलैंड और फ्लैंडर से संबंधित जर्मन भाषा जिसमें हालैंड की तथा अन्य उत्तरी उपभाषाएँ सम्मिलित हैं। **~man** सं० (बहु० **-men**, स्त्री० **woman**) १. हालैंड या नीदरलैंड का निवासी; २. हालैंड का जहाज। **I am a ~, I'm a ~man if** स्वीकारात्मक और निषेधात्मक कथन के रूप। **the flying ~man** प्रेतात्मक जहाज, भूतप्रेत के रूप में दिखाई पड़ने वाला जहाज। **~School** प्रचलित विधियों के कौशलपूर्ण चित्रण में विख्यात चित्रकारों का संप्रदाय। **~wife** बेंत का बना हुआ आराम तकिया जो बिस्तर पर लगा होता है।

dutch[1] (dŭch) दे० DUCHESS।

duty (dū' ti) [A.-F. *duete*'] सं० १. आदर भाव, लिहाज, अदब; २. कर, चुंगी, शुल्क, महसूल; ३. कर्तव्य* (वि० १ भी), फ़र्ज़, धर्म; ४. पाबन्दी, नैतिक बंधन (प्र०भी:); ५. ड्यूटी, काम, कर्तव्य-भार* (प्र०भी); ६. गिरजाघर में ईश्वरोपासना, धार्मिक कृत्य; ७. (यां०) इंधन की इकाई के हिसाब से इंजन की कार्यक्षमता का परिमाण; *ल.* (प्र०) ड्यूटी। **do ~for** किसी दूसरे के स्थान पर कार्य करना, स्थानापन्न होना। **~call** अनिच्छापूर्वक की हुई भेंट। **~free** जिस पर चुंगी न लगती हो। **~paid** दत्त शुल्क। **duteous** (dū' tē ŭs) वि० १. कर्तव्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण; २. आज्ञाकारी, आज्ञापालक। **duteously** क्रि० वि० १. कर्तव्यनिष्ठा से, कर्त्तव्यपरायणता पूर्वक; २. आज्ञा का पालन करते हुए। **duteousness** सं० १. कर्तव्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता; २. आज्ञाकारिता। **dutiable** वि० देयशुल्क, कर योग्य, चुंगी के योग्य, जिसपर चुंगी या महसूल लगाया जा सके। **dutiful** वि० १. कर्तव्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण; २. आज्ञाकारी, वफ़ादार। **dutifully** क्रि० वि० १. कर्त्तव्यनिष्ठा से; २. आज्ञाकारिता से; ३. वफ़ादारी से। **dutifulness** सं० १. कर्तव्यनिष्ठा, कर्त्तव्यपरायणता; २. आज्ञाकारिता; ३. वफ़ादारी।

duumvir (dū ŭm' vi) [L. (*duo*, two, *viri*, men)] सं० (बहु० **~s, ~i**) दो समकक्ष पदधारियों की परिषद् का सदस्य।

duumvirate सं० दो सदस्यों की परिषद्।

dux (dŭks) [L. leader] सं० (बहु० नहीं होता) अग्रणी, कक्षा का सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी (मुख्यतया स्कॉ०)।

dwale (dwāl) [M. E. *dwale* (cp. Dan. *dvale*, Swed. *dvala*, a trance, A.-S. *dwala*, an error, stupefaction)] सं० कंटालिका, एक प्रकार का पौधा जिसका फल विषैला होता है।

dwarf (dwôrf) [A.-S. *dweorg, dweorh*, from O. Teut. *dwerg-* (Dut. *dwerg*, Swed. and Dan. *dverg*, G. *zwerg*)] सं० १. बौना, वामन* (वि० १ भी), नाटा, ठिगना (आदमी, जानवर, पौधा); २. अलौकिक बौना (विशे० स्कैंडीनेवियन की पौराणिक गाथाओं का धातुकार्य में निपुण बौना)। वि० बौना, छोटा-सा, लघु, नन्हा, जिसकी बढ़त भारती गई हो (पौधों के नामों में प्रयक्त)। क्रि० स० १. नाटा बनाना, बढ़ने न देना, बाढ़ मारना, उठान रोक देना; २. शारीरिक अथवा बौद्धिक विकास न होने देना। **dwarfish** वि० बौना, नाटा। **dwarfishly** क्रि० वि० बौनेपन से, नाटेपन से। **dwarfishness** सं० बौनापन, नाटापन। **dwarfism** स० वामनता*/बौनापन* (आ०, वि० १ भी)।

dwell (dwel) [A.-S. *dwellan*, to lead astray, to err, to be delayed, to tarry)] क्रि० अ० (भू० और भू० कृ० **dwelt**) १. (किसी विषय पर) ध्यान केंद्रित रखना या लगाना, सोचते रहना, सविस्तार निरूपण करना, विस्तार से लिखना, या बोलना। सं० १. रहना, बसना, निवास करना, आवास करना; २. निवास-स्थान बनाना, ३ (घोड़े का) धीरे-धीरे क़दम उठाना, बाड़ फाँदने से पहले ठिठक जाना या अड़ जाना। सं० यंत्रगति में कारणवश थोड़ी देर का रुकाव। **dweller** सं० १. निवासी, वासी, अधिवासी; २. बाढ़ लाँघने समय ठिठकने या अड़ने वाला घोड़ा। **dwelling, ~-place** स० क्रियागत अर्थों में १. सविस्तार निरूपण; २. निवास, वास; ३. घर, मकान, निवास-स्थान। **~-house** आवास गृह, निवास-स्थान।

dwindle (dwin' dĕl) [A.-S. *dwinan*] क्रि० अ० १. सिकुड़ना, घटना, कम होना; २. घुलना, क्षीण होना, छीजना, गिरना, पतला होना; ३. बिगड़ना, भ्रष्ट होना, पतित होना; ४. महत्त्व खो देना, प्रतिष्ठा कम होना।

dyad (dī' ăd) [L. *dyas, dyadis*, Gr. *duas duados* (*duo*, two)] सं० १. दो, दो की संख्या, जोड़ा, युग्म, युगल; २. (रसा०) द्विसंयुज, हाइड्रोजन के दो परमाणुओं से संयोजकता वाला परमाणु, मूलक अथवा तत्त्व; ३. (वि० १) द्वयक*/ द्विक* (ग०)/ द्विसंयोजक*, डाइऐड* (रसा०)। **dyadic** वि० युग्मीय, द्वयात्मक, द्वयकीय* (वि० १ भी)।

Dyak (dī' ăk) [native name] स० बोर्नियो के आदि निवासी, डाइऐक* (वि० १ भी)।

dye (dī) [A.-S. *dēagian*, from *dēag*, a dye] सं० १. रंग, वर्ण, राग (लाल भी); २. रंजक* (आ०, वि० १ भी) रंगने का मसाला, घुला हुआ रंग। क्रि० स० और अ० १. रंगना, रंग करना, रंग चढ़ाना, रंग भर देना, रंग चढ़ा देना; २. रंग बनाना (~clothed, a rose, colour etc.); ३. (वस्तु पर) अच्छी तरह या बुरी तरह रंग उठना। **~-house, works** रंगरेज़ी का कारखाना। **~in the wool, ~in grain** वस्तु पर पक्का रंग चढ़ाने के लिए अपरिपक्व अवस्था में ही रंग देना। **~-stuffs-ware,-wood** मसाला, सामान या लकड़ी आदि जिससे रंग बनता है, रंजक द्रव्य* (वि० १ भी)। **dyer** सं० रंगरेज, रंगसाज, रंगनेवाला। **dyer's** रंग उत्पन्न करनेवाले पौधों के बहुत से नामों में (जैसे ~bugloss, broom, oak)। **dying**' सं० रंजन*/ रंगना* (वि० १ भी)।

dying (dī' ing) [DIE', **-ING**] सं० (क्रियागत अर्थों में) १. मरना, समाप्ति, लोप। वि० (विशे० गुणवाचक) मृत्युकालीन, मृत्यु के समय का। **~bed** मृत्युशैय्या। **~declaration** मृत्युकालीन बयान, मृत्यु के समय की घोषणा या बयान। **~oath** मृत्युकालीन शपथ। **~wish** अंतिम इच्छा।

dyke दे० सं० १. डाइक*/ भित्ति* (वि० १ भी); २. तटबंध* (विधि भी) दे० DIKE भी।

dynamic (dī năm' ik) [F. *dynamique*, Gr. *dunamikos*, from *dunamis* power, *dunamai*, I am strong] वि० १. गत्यात्मक (तुल० **STATIC**); २. गतिशील*/ गतिक* (आ०, वि० १ भी); ३. सक्रिय, स्फूर्त, प्रबल; ४. गतिविज्ञान संबंधी, गति विज्ञान-विषयक; ५. (चिकि०) क्रियाशील क्रियात्मक (तुल०

ORGANIC); ६. (दर्श०) शक्ति द्वारा क्रियाशील द्रव्य या मन में विश्वास रखनेवाला। सं० (सचालक) वेग, बल, शक्ति, गति।

dynamical वि० १. गतिविज्ञान संबंधी; २. गत्यात्मक, गति-विषयक; ३. (धर्म०) दिव्य शक्तिप्रद, दैवी शक्ति प्रदायक; ४. (दर्श०) उस मत का या उस मत से संबंधित जो यह प्रतिपादित करता है कि मन या पदार्थ केवल शक्तियों की क्रिया की उपज है; ५. परिवर्तनात्मक; ६. (वि० १) गतिकीय*।

dynamically क्रि० वि० १. गतिविज्ञान के अनुसार; २. दिव्य शक्तिदान सहित; ३. (दर्श०) गतिवाद के अनुसार।

dynamism सं० (दर्श०) गतिवाद, वह मत जो यह प्रतिपादित करता है कि मन या पदार्थ केवल शक्तियों की क्रिया की उपज है। **dynamist** सं० गतिवादी।

dynamics (dī năm' iks) सं० (बहुव० एक० की तरह प्रयुक्त) १. गतिविज्ञान, गतिकी* (आ०, वि० १ भी), विज्ञान की एक शाखा जिसमें गति का विवेचन रहता है (अब किसी विशेष उप० सहित जैसे aero-~); २. किसी भी क्षेत्र की भौतिक अथवा नैतिक गतिशील शक्तियाँ। **dynamist** सं० गतियास्त्रज्ञ, गतिवैज्ञानिक।

dynamite (dī' nă mīt) [Gr. *dunamis*, its prec., -ite] सं० डायनामाइट* (वि० १ भी), स्फोटनशील द्रव्य-विशेष, तेज विस्फोटक पदार्थ। क्रि० वि० डायनामाइट से उड़ा देना।

dynamiter, -ard सं० विस्फोट का प्रयोग करने वाला व्यक्ति (विशेष क्रांतिकारी प्रयोजनों के लिए)। **dynamitic** वि० डायनामाइट से संबंधित। **dynamitism** सं० स्फोटक के प्रयोग का पक्षपाती मत। **dynamist** सं० उपर्युक्त मत का अनुयायी।

dynamo- [Gr. *dynamis*, power] सं० ग्रीक dunamis (शक्ति) का समस्त शब्दों में प्रयुक्त रूप, (वि० १) डायनमो*। **~electric** १. डायमो विद्युत्; २. यांत्रिक ऊर्जा को वैद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने वाला।

dynamo (dī' nă mō) [short for foll.] सं० (बहुव० **~os**) १. डायनमो* (आ० भी), बिजली पैदा करने का यंत्र विशेष, २. यांत्रिक ऊर्जा को वैद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने वाला यंत्र-विशेष।

dynast (dī' năst, din' ăst) [late L. *dynastes*, Gr *dunastēs*, a lord, from *dunatos*, able (*dunamai*, I am strong)] सं० १. शासक; २. राजपरिवार का सदस्य। **dynastic** वि० राजवंशीय, राजपरिवार संबंधी। **dynastically** क्रि० वि० राजवंश के अनुसार, राजकुल के संबंध में। **dynasty** (dīn' ă sti) सं० वंश, कुल, खानदान, शाही खानदान, घराना, कुनबा, राजकुल।

dyne (dīn) [F., from stem of Gr. *dunamai*, see prec.] सं० (भौ०) डाइन, बल की इकाई।

dys- [Gr. *dus-*, badly, with difficulty] उप० ग्रीक dus- (बुरा), eu- (अच्छा) का विलोम, मुख्यतया ग्रीक शब्दों से निर्मित वैज्ञानिक या चिकित्सा संबंधी शब्दों में प्रयुक्त।

dysentery (dis' ĕn tĕr i) [O. F. *dissenterie*, L. *dysenteria*, Gr. *dusenteria* (dys-, *hentera*, bowels)] सं० अतिसार, पेचिश* (आ० भी), प्रवाहिका आँव, रक्तातिसार, आमातिसार। **dysentric** वि० पेचिश संबंधी।

dysgenic वि० जातिविनाशक, जाति का अपकारक (EUGENIC का विलोम)।

dyslogistic (dis lo jis' tik) वि० अपकर्ष, (शब्द का) बुरे अर्थ वाला (प्रयोग)। **dyslogistically** क्रि० वि० अपकर्षपूर्वक, बुरे अर्थ में।

dyspepsia, dyspepsy (dis pep' si ă, -si) L., from Gr. *duspepsia*, from *dustpeptos*, hard to digest (DYS-, *peptein*, to cook)] सं० अजीर्ण, मंदाग्नि, अग्निमांद्य*/ दुष्पचन*/ बदहजमी* (आ० भी)। **dyspeptic** वि० और सं० अजीर्णग्रस्त, बदहजमी का रोगी, अजीर्णग्रस्त व्यक्ति।

dysphagia (dis fā' ji ă) [Gr. *phagein*, to eat] सं० कष्टनिगरण, निगलने में कष्ट होने का रोग।

dysphonia (dis fō' ni ă) [Gr. *dusphōnia*, harshness of sound (DYS-, *phonē*, sound] सं० कुध्वनिकथनता, वाग्वैकल्य (रोग के कारण)।

dyspnoea (disp nē' ă) [L. from Gr. *dusphoia* (DUS-, *pnoē*, breathing)] सं० दुःश्वसन।

dysprosium (dis prō' si um) [Gr. *dysprositos*, difficult of access)] सं० डिस्प्रोसियम, एक दुर्लभ धातु।

dysuria, dysury (dis ū' ri ă, dis' ū ri) [O. F. *dissurie*, L. *dysuria*, Gr. *dusouria* (DYS-, *ouron*, urine)] सं० मूत्रकृच्छ्र, कष्टक, करक।

dyvour (dē' voor) [Sc., etym. unknown] सं० दिवालिया, नष्टनिधि।

dziggetai (dzig' ĕ tī) [Mongol] सं० मध्य एशिया का जंगली गधा।

E

E, e (बहु० **Es, E's**) १. अंग्रेजी वर्णमाला का पाँचवाँ वर्ण; २. (संगी०) स्वर, एक सप्तक सरगम; ३. लॉयड के रजिस्टर में द्वितीय श्रेणी का जहाज।

e- उप० EX- का संक्षिप्त रूप।

each (ēch) [A.-S. *ele* (*æ, ge-, lic*, aye-like or ever-like)] वि० और सर्व० हर, प्रति, प्रत्येक, हरेक, एक-एक, दो या अधिक में से एक। **~other** परस्पर, आपस में, एक दूसरे का।

eager (ē' gĕr) [A.-F. *egre*, O.F. *aigre*, L. *ācrem*, acc. of *ācer*, keen] वि० १. उत्सुक, आतुर, अत्यन्त इच्छुक, उत्कंठित, २. लालसी, लोलुप; ३. व्यग्र, व्याकुल, आसक्त, रत; ४. तीव्र, प्रखर, प्रबल (मनोवेग आदि)। **eagerly** क्रि० वि० सतृष्ण, सोत्कंठ, उत्कट, आतुरता से, उत्सुकता से, उत्कंठा से, चाव से, बड़े शौक से, लालसा से, बेचैनी से। **eagerness** सं० १. लालसा; २. औत्सुक्य, उत्सुकता; ३. उत्साह, कौतुक, आतुरता; ४. व्यग्रता, चाव, शौक, लालसा, बेचैनी, ५. लगन, सरगर्मी, उत्साह।

eagle (ē' gĕl) [A.-F. *egle*, O. F. *aigle*, L. *aquila*] सं० १. उकाब* (आ० १, वि० १ भी), गरुड़, सुपर्ण, चील की जाति का एक बड़ा शिकारी पक्षी; २. ईरानियों का राजचिह्न, ३. उकाब का चिह्न, (विशेष जो रोम या फ्रांस की सेना का चिह्न था); ४. उकाब के आकार की गिरजाघर की वेदी या मेज, जिस पर रखकर बाइबिल आदि पढ़ी जाती है; ५. (गोल्फ) नियत चोटों के स्थान पर केवल दो चोटों या प्रहारों के द्वारा प्राप्त अंक। **double ~** एक अमरीकी सिक्का जो बीस

डालर का होता था। **~-eyed** तेज़ नज़र, गिध-अँखा, तीक्ष्ण दृष्टि। **~ owl** (यूरोप का एक सब से बड़े क़िस्म का) उल्लू, उकाब-उल्लू। **eaglet** सं० गरुड़-शावक, सुपर्ण शावक, गरुड़ या उक़ाब का बच्चा।

eagre (ē'gĕr) [etym. unknown] सं० १. बसा, ज्वार-भाटे की बड़ी लहर, (विशे० हंबर, ट्रेंट और सेवर्न नदियों में); २. (वि० १) बान*; ईगर*।

ean, -ean, -eian (en) प्रत्य० जो विशेषण और क्रियावाचक शब्दों के बाद लगता है, का, उसका, तत्संबंधी, सदृश के अर्थों में प्रयुक्त होता है (जैसे Herculean, Aristotelean आदि)।

ear[1] (ēr) [A.-S. *ēare* (cp. Dut. *oor*, Icel. *eyra*, G. *ohr*, L. *auris*, Gr. *ous*)] सं० १. कर्ण*/ कान* (आ०, क्र०, वि० १ भी), विशे० कान का बाहरी भाग; २. ध्वनि-विवेक, अच्छे-बुरे रागों की पहचान या समझने की योग्यता या शक्ति; ३. कान के आकार की कोई वस्तु, (विशे०) घड़े आदि का हत्था, मठिया या कुंडा आदि। **give~ (to)** कान देना, ध्यान देना, ध्यान से सुनना। **have a person's~** ध्यान आकर्षित करना, अनुकूलता प्राप्त करना। **go in at one~and out at the other** कोई प्रभाव न डालना, एक कान से सुनना और दूसरे कान से उड़ा देना। **I would give my ears (for, to)** मैं सुनूँगा, कोई भी त्याग करूँगा। **over head and ears (in)** (आ० एव ला०) पूरी तरह से डूबा हुआ, चोटी तक डूबा हुआ, पूर्णरूपेण निमग्न। **prick up one's ears** आशावान होना, आशान्वित होना, उम्मीद में कान खड़े करना या तैयार होना। **send him away with a flea in his~** किसी को गुस्से से बर्खास्त कर देना। **set (persons) by the ears** १. लोगों को लड़ा देना, फूट या मनोमालिन्य उत्पन्न कर देना; २. मतभेद हो जाना। **were your ears burning last night** कल रात को आपकी चर्चा हो रही थी। **word in your ears** चुपके से अकेले में, एकान्त में, कान में (बात करना)। **all ear** पूर्णरूपेण ध्यानावस्थित होना, ध्यानस्थ होना। **bring storm, hornets' nest, about one's ears** १. तूफ़ान पैदा करना; २. बहुत-सी कठिनाइयाँ मोल लेना; ३. बहुत से दुश्मन बना लेना। **~-ache** सं० कर्णशूल, कर्णपीड़ा, कान का दर्द। **~-mark** सं० भेड़ आदि के कान पर का ऐसा चिह्न जो उसके स्वामी का प्रतीक हो; २. (ला०) स्वामित्व-चिह्न, मालिक का निशान। क्रि० स० १. (भेड़ आदि में) कान पर ऐसा चिह्न बनाना, निशान लगाना; २. (ला०) (विधि आदि को) किसी निश्चित प्रयोजन के लिए निर्धारित करना; ३. अलग रखना, निमित्त करना, मद में देना। **~-phone** दे० HEAD-PHONE[1] (वि० १) इयर फ़ोन*। **~-ring** कर्णवितंस, कुंडल, कर्णफूल, कान की बाली। **~-shot** श्रवण-सीमा, श्रुति-सीमा, कर्णगोचर होने की दूरी, वह दूरी जहाँ तक आवाज़ सुनाई दे। **~-trumpet** कर्णयंत्र, श्रुति सहायक कर्णबूंटी, जिसकी सहायता से कुछ-कुछ बहरे भी सुन सकते हैं। **~-wax** ऐंट, कर्णमल, कान का मैल। **eared** वि० १. कान वाला, कर्ण-युक्त; २. हत्थेदार कुंडेवाला। **earless** वि० बूचा, कनकटा।

ear[2] (ēr) [A.-S. *ēar*, pl. (cp. Dut. *aar*, Icel., Dan. and Swed. *ax*, G. *ähre*; cogn. with L. *acus*, *aceris*, husk of corn)] सं० १. बाल* (वि० १ भी), बाली* (क्र० भी), अनाज की बाली, मुट्ठा; २. मंजरी; ३. (क्र०) सिट्ठा*।

earing (ē'ing) सं० पतवार-डोरी, छोटी रस्सी (बहुत सी में से एक) जिससे जहाज के पाल के ऊपरी कोठे को मस्तूल से बाँधते हैं।

earl (ĕrl) [A.-S. *eorl*, a warrior (cp. Icel. *jarl*, *earl*, O.S. *erl*, a man)] सं० १. (स्त्री० countess) अर्ल, इंग्लैंड के सरदार की उपाधि; २. मारक्यूइस और बाडकाउंट के बीच की पदवी। **~marshal** अर्लमार्शल, सैनिक महाविद्यालय, वंशावलियों का अभिलेख रखने और कुलचिह्न स्वीकार करने वाले निगम का प्रमुख अधिकारी, दे० HERALD'S COLLEGE। **earldom** सं० अर्ल का पद या उसकी प्रतिष्ठा, अर्लपद*/ अर्लक्षेत्र*। (मा० १ भी)।

early (ĕr' li) [A.-S. *erlice* (*er*, sooner, *lic*, like, *lice-ly*)] आद्य, प्रथम, पहला, पूर्व, पूर्वकालीन* (मा० १ भी)। वि० और क्रि० वि० १. समय से पहिले का; २. आरंभिक, शुरू का, ३. पुराना, प्राचीन; ४. आदि, आदिम, ५. सवेरे, तड़के; ६. जल्दी; ७. पहिले। **at your earliest convenience** जितनी जल्दी हो सके, जल्द से जल्द, शीघ्रातिशीघ्र। **earlier on** १. पहिले ही, शुरू शुरू में ही; २. पहिले। **fix an~date** निकटतम तिथि निश्चित करना। **keep~hours** जल्दी उठना और जल्दी सोना। **the~morning** तड़का, भोर, ब्राह्मवेला, उषाकाल। **the~part of the century** शताब्दि का प्रारंभिक भाग। **the~spring** आरंभिक वसंत ऋतु। **~bird** (विनोद०) सवेरे उठनेवाला (इस कहावत के प्रसंग में कि the early bird gets the worm)। **~door** नाट्यशाला का वह प्रवेश द्वार जहाँ से दर्शकों को समय से पूर्व ही अधिक मूल्य लेकर जाने दिया जाता है। **~English style** दे० STYLE। **~peaches** १. वर्ष के आरंभ में ही पक जाने वाले आड़ या शफ़्तालू; २. अंग्रेज़ी फ़ज़ल के आड़ू। **~Victorians** वि० १. (लेखक आदि) विक्टोरिया के आरंभिक शासन काल का, २. पुराना, प्राचीन। सं० १ उपर्युक्त काल का लेखक आदि; २. पुराना रंग-ढंग। **earliness** सं० आरंभिकता, पूर्व भाविता, शीघ्रता, सवेरे।

earn (ĕrn) [A.-S. *earnian* (cp. O. H. G. *arnôn*, also G. *ernten*, to reap, from *ernte*, harvest)] क्रि० स० १. उपार्जन करना, कमाना, पैदा करना; २. पाना, प्राप्त करना, हासिल करना; ३. योग्य होना, पात्र होना, लायक होना या हक़दार होना। **earnings** सं० क्रियागत अर्थों में (विशे० बहु०) १. उपार्जन, कमाई, आमदनी, आय; २. कमाया हुआ, उपार्जित या बचाया हुआ धन।

earnest[1] (ĕr' nest) [A.-S. *eornost*, whence, *eornestlic*, *-e*, and adv. (cp. Dut. and G. *ernst*)] वि० और सं० १. गंभीर, संजीदा; २. उत्साही, हौसले वाला; ३. तत्पर, उद्यत, तारगर्म, ४. उत्सुक, व्यग्र; ५. गहरा, हार्दिक, दिली, आंतरिक। **in~** गंभीरता से, उत्सुकता, हँसी-मज़ाक में नहीं, दिल से। **earnestly** क्रि० वि० १. गंभीरता से; २. दिल लगाकर। **earnestness** सं० १. गम्भीरता; २. उत्साह; ३. तत्परता।

earnest[2] (ĕr' nest) [M.E. *ernes*, prob. a corr. of *erles*, ARLES] सं० १. अग्रिम, साई, बयाना; २. पेशाही, सत्यंकार, ३. पूर्व सूचना; ४. शकुन।

earth (ĕrth) [A.-S. *eorthe* (cp. Dut. *aarde*, Icel. *jorth*, Goth. *airtha*, G. *erde*)] सं० महीं, वसुधा, पृथ्वी* (वि० १ भी), धरती, भूमि* (ई० ३, वि० १ भी); ज़मीन; २. (बहु० के साथ) विज्ञ या लोमड़ी आदि का बिल, खोह या भीट; ३. स्थल भाग, खुश्की; ४. थल; ५. भूमण्डल, भू* (इ० २, वि० १, विधि भी); ६. पृथ्वी (ग्रह), संसार, दुनियाँ, जगत्; ७. (बहु० के साथ) मिट्टी* (ई० ३ भी), धूलि, गुदा* (ई० ३, वि० १ भी), मृत्तिका* (वि० १ भी); ९. (रसा०, बहु० के साथ) मैगनेशिया, मृद, धातु का ऐसा ऑक्साइड जो न तो जलता है और न जिसमें कोई स्वाद

या गंध ही होती है; १०. (विशे० बहुव० के साथ) बिजली के तार भूमि में गाड़ना; ११. भूयोजन, (इं०, ३) १२. भूसंपर्कन* (electrical)। क्रि० स० १. (पौधों की जड़ों आदि को) मिट्टी से ढकना, मिट्टी के ढेर से ढकना; २. (लोमड़ी आदि को) बिल में भगा देना; ३. (वि० १) भू-संपर्क करना*। भू-संपर्कित करना*। क्रि० अ० (लोमड़ी का) बिल में भागना या छिप जाना। **why on~** ? न जाने क्यों? क्या कारण है? **~born** १. पार्थिव, नश्वर, मर्त्य; २. पुराणों भूजन्या, भूजात। **~-closet** पाखाना जिसमें मिट्टी डाल दी जाती है। **~-light, shine** १. धरादीप्ति, चन्द्रमा के अंधकारमय भाग का भूमि के प्रकाश में आंशिक प्रकाशन; २. (वि० १) भू-दीप्ति*। **~-nut** मूँगफली और इसी प्रकार के दूसरे पौधे। **~ward** क्रि० वि० पृथ्वी की ओर। **~work** किलेबन्दी के लिए मिट्टी का बाँध या धुस्स। **~-worm** केंचुआ* (कृ०, वि० १ भी)।

earthen (ë'r' then) मुण्मय, मिट्टी का, मिट्टी का बना हुआ (पक्का या कच्चा), मिट्टी का बना कर पकाया हुआ। **~ware** स० १. (प्राय गुण बोधक) मृत्तिकापात्र, मिट्टी के बर्तन* (वि० १ भी), मिट्टी के बने एक बर्तन, पकी मिट्टी के बने बर्तन, २. पकी मिट्टी, पकाई हुई मिट्टी; ३ मृद् भाँड* (वि० १ भी)।

earthly (ë'rth'li) वि० १. पार्थिव, सामारिक, दुनियावी, पृथ्वी या संसार संबंधी; २. क्षणिक, नश्वर। (बोल०) **no~ use, reason, chance** किसी काम का न होना, किसी मसरफ का न होना। **not an~** (या०) कोई मौका नहीं, कोई अवसर नहीं। **earthliness** स० १. सामारिकता पार्थिवता, दुनियावी होना, २ नश्वरता।

earthquake (ë'rth'kwāk) स० १ भूचाल, भूकंप, भूडोल, जलजला, २ (सामाजिक या अन्य प्रकार की) क्रांति, उथल-पुथल, विप्लव।

earthy (ë'rthi) वि० १ पार्थिव, भौम, मिट्टी का, मृण्मय; २. मटियाला* (वि० १ भी), ३. मिट्टी-सा; ४. (ला०) भौतिक; ५. मृत्तिकामय* (वि० १ भी)। **earthiness** स० १. पार्थिवता; २. सांसारिकता, ३ मृण्मयता, ४ भौतिकता।

earwig (ë'wig) [A.-S. *ēar-wiga*, ear-runner (*wiga*, from *wegan*, to move, allied to L. *vehere*, *ve-* to carry), from the erroneous belief that it crept into the ear] स० कनगोजर, एक कीड़ा, जिसके बारे में यह विश्वास किया जाता था कि वह कान के रास्ते सिर में जा घुसता है।

क्रि० स० (किसी के) कान भरना।

ease (ēz) [O F. *aire*, etym. doubtful (cp. It. *agio*)] स० १. सुख, साफ़्य, चैन, आराम, शांति, विश्राम, २. स्वस्थता, ३. अवकाश, राहत, कल; ४. सुविधा, सुभीता; ५. आसानी, सहूलियत। क्रि० अ० और स० १. दर्द मिटाना, दुःख दूर करना. २. आराम या सुख देना; ३. मानसिक सुख या शान्ति देना; ४. मानवता देना, आश्वासन देना; ५. लूट लेना (व्यक्ति का बटुआ आदि); ६. ढीला करना, ; ७ ठीक करना; ८. (नौ० वि० रस्सी या पाल आदि) ढीला करना (away, या down, off आदि के साथ)। **chapel of~** दे० CHAPEL। **stand at~** (मैना०) आराम लो, (आज्ञा)। **take one's~** आराम करना। **~her** डजन की चाल धीमी या कम करना। **~off** हताश हो जाना, मार कम हो जाना। **easeful** वि० १. आरामदेह, आराम या विश्राम देनेवाला, सुखद; २. शांतिप्रद, सुविधाजनक, ३. आराम में, विश्राम करता हुआ; ४. आलसी, सुस्त, काहिल, मीठा; ५. आरामपसन्द। **easefully** क्रि० वि० १. आराम से; २. सुस्ती से; ३. धीरे-धीरे। **easefulness** स० १. आरामतलबी; २. सुस्ती, आलस्य। **easeless** वि० १. बेचैन, अशांत, उद्विग्न, कष्टपूर्ण, दुःखमय; २. असुविधापूर्ण।

easel (ē' zel) [*Dut. ezel*, a little ass (cp. G. *esel*)] सं० चित्राधार, टेकन, लकड़ी का ऐसा ढाँचा जिस पर चित्र या व्यामपट्ट आदि रखते हैं।

easement (ēz' ment) सं० १. सुविधा; २. सुविधाधिकार, सुखभोग, अनुभोग, दूसरे की जमीन पर चलने आदि का अधिकार; ३. प्रसन्न भवन या इमारत से सलग्न कक्ष, उपभवन या रोड आदि, ४. (विधि) सुखाचार*।

east (ēst) [A.-S. *ēast*, adv., in the east, eastwards, *ēastan*, from the east (cp. Dut. *oost*, Icel. *austr*, G. *osten*)] वि० पूर्वी, पूर्वीय, पूरब का, प्राच्य, पौर्वत्य। स० १. पूरब, पूर्व*, प्राची* (वि० १ भी), सूर्योदय की दिशा, पूर्व दिशा; २. पुरवैया, पुरवाई, पूर्व से पश्चिम की बहने वाली हवा; ३. पूर्वीय देश, संसार का पूर्वी भाग, प्राच्य देश; ४. गिरजाघर की वेदी का सिरा (चाहे पूर्व की ओर हो या न हो)। क्रि० वि० प्राची, पूर्व की ओर, पूर्व के समीप। **far~** सुदूर पूर्व, (चीन, जापान इत्यादि)। **middle~** मध्यपूर्व, (विशे० मिस्र से लेकर ईरान तक के देश)। **near~** निकटपूर्व, तुर्की। **~end** लदन का पूर्वी भाग। **~Indies** दे० INDIES। **~wind** पूरबैया, पुरवाई। **easting** सं० १. (नौ० वि०) जलयान को पूर्व दिशा की ओर ले जाने वाला मार्ग; २. पूर्व दिशा; ३. पूर्वांतर। **eastward** वि० १. पूर्वीय, प्राच्य; २. पूर्वाभिमुख। स० पूर्व, प्राची। क्रि० वि० पूर्व (दिशा) की ओर।

Easter (ēs' tër) [*Eastre, Eastre, Eostre* (Teutonic dawn-goddess)] स० ईस्टर, ईसा मसीह के पुनरोदय का उत्सव जो २१ मार्च या उसके बाद पहले रविवार को मनाया जाता है। **~-eggs** रंगीन अंडे जो इस त्योहार के दिन मित्रों में बाँटे जाते हैं। **~-eve** ईस्टर के पहले का दिन या उस दिन की शाम। **~-offerings** पैसा जो इस त्योहार के दिन आश्रितों को दिया जाता है। **~week** ईस्टर-सप्ताह, ईस्टर के दिन से आरंभ होनेवाला सप्ताह।

easterly (ēs' ter li) वि० और क्रि० वि० १ पूर्वीय, पूरब का; २. पूर्वाभिमुखी, जिसका मुँह पूरब की ओर हो; ३ पूरब की ओर मुख किए हुए, पूरब से आता हुआ (जैसे ~ wind पूरबैया)।

eastern (ēs' tern) [A.-S. *ēasterne*] वि० और स० पूर्वीय, पूरबी, पूर्वदेशीय, विश्व के पूर्वी भाग या प्रदेशों में रहनेवाला। **~-church** ग्रीक चर्च, यूनानी चर्च (धर्म, संप्रदाय)। **~question** पूर्वीय यूरोप (विशेषत तुर्की) विषयक राजनीतिक समस्या या प्रश्न। **~most** सब से पूरब का, सुदूर पूर्वीय।

easy (ē' zi) [O. F. *aisié* (F. *aisé*), p p. of *aiser*, to EASE] वि० १ पीड़ा रहित; २ सुखी; ३. निश्चित, शांत, ४ सुख-दायिनी; ५. आरामदेह, ६. सुविधा-संपन्न, ७. सहज, सहल, निर्विघ्न, ८. सरल, सुकर, सुगम, आसान, ९. सुबोध; १०. सीधा, भोला, ११. सहज विश्वासी या अनुगामी, १२. (वाणि०) सुलभ, सहज-प्राप्य; १३ नरम, ठंडा, मंदा (बाजार); १४. आरामतलब, आलसी, निरुद्योगी, निष्क्रिय (व्यक्ति)। क्रि० वि० सुविधापूर्वक, आसानी से, सरलता से। स० क्षणिक विश्राम, सुस्ताहट। **free and~** स्वतंत्र एवं सहज। **lady of~virtue** व्यभिचारिणी, इज़ारबंद की ढीली औरत। **stand~** आराम, सेना या कमरत करने वाले को क्षणिक विश्राम लेने का आदेश। **take it~** घबड़ाओ मत, शांति एवं धैर्य से करते जाओ। **~!** (आज्ञा) धीमे-धीमे चलो! **~all** ! रुको, ठहर

जाओ (नाव की दौड़ में)। **~of access** सहजगम्य, सहजप्राप्य। **easily** क्रि० वि० १. सरलता से; २. सुखपूर्वक; ३. बिना व्यग्रता के। **easiness** सं० १. निश्चिंतता; २. सुख, सुख-शांति; ३ सहूलियत; ४. सरलता, आसानी।

eat (ēt) [A.-S. *etan* (cp. Dut. *eten*, G. *essen*; also L. *edere*, Gr. *edein*)] क्रि० स० और अ० वि० (भू० **ate, eat,** भू० कृ० **eaten**) खाना, चबाना और निगल जाना, चट कर जाना, साफ कर जाना, २. (रसा आदि) पीना; ३. नष्ट करना, खा जाना, बरबाद करना। **eats** सं० (बहु व० शा०) भोज्य पदार्थ, खाद्य पदार्थ, भोजन, खाने की वस्तुएँ। **well, don't~ me!** (विनोद) अच्छा, मेरा सिर मत खाओ। **~away** (शा० और ला०) धीरे-धीरे नष्ट करना, खा जाना, चाट जाना। **~one's heart out** चुपचाप कष्ट सहन करना, भीतर ही भीतर कुढ़ना। **~one's terms, dinners** बैरिस्टरी का शिक्षा प्राप्त करना। **~one's words** अपनी बात छोड़ने के लिए मजबूर होना, शर्मिन्दा होकर बात वापिस लेना। **~(person) out of house and home** (शा० और ला०) किसी की सारी सम्पत्ति हड़प जाना, खा-पीकर बर्बाद कर देना। **eats head off** घोड़े को खिलाने में उसकी कीमत से अधिक खर्च होता है, दमड़ी की बुढ़िया टका सिर मुड़ाई। **~up** १. पूरी तरह खा जाना, चाट जाना, सफाचट कर जाना; २. (शा० और ला०) चूर होना (जैसे eaten up with pride घमंड में चूर)। **eatable** वि० खाद्य, भोज्य, खाने योग्य। सं० (प्राय: बहु०) खाद्य-पदार्थ। **eating** सं० १. eat के क्रियागत अर्थों में १. भक्षण, भोजन, खाना, पीना; २. नष्ट करना। **~house** १. जलपान गृह, रेस्तराँ; २. भोजनालय, होटल, ढाबा।

eau de-cologne सं० कोलोन में बना इत्र या सुगंध आदि।

eaves (ēvz) [A.-S. *efes*, sing., prob. cogn. with OVER (now taken as pl. and *eave* sometimes used as sing.)] सं० (अब बहु०) बलीक* (इं० ३, शा० १ भी), छज्जा। **~drop** ओरी या छज्जे के नीचे छिप कर किसी की बातें सुनना, छिप कर सुनगुन लेना। **~dropper** इस प्रकार छिप कर सुनने या सुनगुन लेने वाला (प्राय: ला०)।

ebb (eb) [A.-S. *ebba*, the ebb, whence *ebbian*, to ebb (cp. Dut. *ebbe, eb*)] सं० १. भाटा* (वि० १ भी), ज्वार-भाटा का घटाव या उतार; २. उतार, कमी, घटाव, क्षय, अवनति, पतन। क्रि० अ० १. उतरना, घटना; २. अवनति होना, ह्रास होना; ३. क्षीण होना, ४. भाटा आना। **at a low~** घटाव, उतार या अवनति की दशा में। **~and flow** ज्वार-भाटा। **~boat** सं० ई-बोट, एक प्रकार की शत्रु की तेज पनडुब्बी। **~tide** १. भाटे का उतार; २. अवनति; ३. भाटा* (वि० १ भी)।

Ebionite (eb' i, ē' bi ō nīt) [L. *Ebionita* (Heb. *ebiônîm*, the poor)] सं० १. एबोनाइट* (वि० १ भी); २. गंधक और रबर का एक मिश्रण, दे० VULCANITE।

ebony (eb' ō ni) [O. F. and L. *ebenus*, Gr. *ebenos* (prob. of Oriental orig.)] सं० आबनूस। वि० आबनूसी, आबनूस-सा, आबनूस का या आबनूस-सा काला। **ebon** वि० (काव्य०) आबनूसी, आबनूस का बनाया या आबनूस की तरह काला। **ebonize** क्रि० स० आबनूसी बनाना, काला करना।

ebriety (ē bri' ē ti) [F. *ébriété*, L. *ebrietās -tātem*, from *ebrius*, drunk] सं० (अब विरल) मद, उन्माद, मतवालापन, मदहोशी, उन्मत्तता। **ebrious** वि० १. (अब विरल) मतवाला, मदहोश, उन्मत्त, मदिरापान किए हुए; २. मस्ताना।

ebullient (ē bŭl' i ěnt) [L. *ébulliens -ntem*, pres. p. of *ébullire* (ē-, *bullire*, to boil)] वि० १. उबलता हुआ, खौलता हुआ; २. जोशीला; ३. उबलनेवाला, आगे से बाहर हो जाने वाला। **ebullience, ebulliency** सं० १. उबाल; २. जोश, आवेश, आवेग, उत्साह, मस्ती। **ebullition** (eb ŭ lish' ŭn) सं० १. उत्क्वथन, उद्रेक, उबाल, जोश, उफान; २. बदबूदार फोड़ा; ३. (ला० भाव, प्रेम आदि का) आकस्मिक विस्फोट, जोश, उबाल* (वि० १ भी), आवेश, आवेग; ४. (वि० १) क्वथनक*।

e'carte' (ā kar' tā) [F., from *écarter*, to discard] सं० ता० एक ही, दो व्यक्तियों में खेला जानेवाला ताश का खेल।

ecce homo (ek' si hō' mō, -hom' ō) [L., behold the man] सं० ईसा मसीह का चित्र जिसमें उनके सिर पर काँटों का मुकुट होता है।

eccentric (ek sen' trik) [late L. *eccentricus*, Gr. *ekkentros* (*ek*, out, *kentron*, CENTRE)] वि० १. सामान्येतर, विषम, विलक्षण, २. केन्द्र-भ्रष्ट, केन्द्र-च्युत, अपकेन्द्री; ३. असमकेन्द्रक; ४ अव्यवस्थित, असंबद्ध; ५. सनकी* (आ० भी), झक्की; ६. (आ०, इ० १, ३, वि० १) उत्केन्द्रक*। सं० १. वृत्ताकार गति की आगे-पीछे की गति में परिवर्तन करनेवाला यंत्र; २. सनकी आदमी, झक्की आदमी। **eccentrically** क्रि० वि० १. उत्केन्द्रित रूप से, २. बहकते हुए, झक से। **eccentricity** (ek sen tris' i ti) सं० १. उत्केन्द्रता* (इं० १, ३, भी); २. सनक, बहक, झक, खब्त।

ecclesia (ē klē' zi ă) [med. L., from Gr. *ekklēsia*, from *ekkaleîn* (*ek*, out, *kaleîn*, to call)] सं० नियमित सभा (विशेष एथेन्स के नागरिकों की), तुल० BOULE। **ecclesiast** सं० १. एथेन्स की सभा (ecclesia) का सदस्य; २. धर्मोपदेशक सुकरात (जो बाइबिल के प्रथम भाग ओल्ड टेस्टामेंट के Ecclesiastes नामक खंड के रचयिता माने जाते हैं)। **Ecclesiastes** सं० बाइबिल के प्रथम भाग ओल्ड टेस्टामेंट का एक खंड।

ecclesiastic (ē klē zi ăs' tik) [Gr. *ekklēsiastikos*, as prec.] सं० १. धर्मोत्थापक, पुरोहित (ईसाई); २. पादरी। वि० (अब बहुत कम प्रयुक्त) १. पादरी का, पादरी-विषयक, २. गिरजा संबंधी, धर्म-विषयक। **ecclesiastical** वि० १ धर्मोपदेश विषयक, गिरजाघर या पादरी का या उनसे संबद्ध, २ (भा० १) चर्च-संबंधी*। **~Commissioners** आयोग जो इंग्लैंड के गिरिजाघरों के राजस्व का प्रबंध करता है। **ecclesiastically** क्रि० वि० १. धर्मोपदेशक रूप में, २. ईसाई धर्म-मंडली के अनुसार। **ecclesiasticism** सं० धर्मोपदेशकत्व, पादरीपन। **Ecclesiasticus** सं० एपोक्राइफा, (तोरेत) का एक भाग जो सदिग्ध समझ कर निकाल दिया गया है।

ecclesiology (ē klē zi ol' ŏ ji) सं० गिरजा-निर्माण शास्त्र, गिरजाघर बनाने या उसे अलंकृत करने की कला। **ecclesiological** वि० गिरजा-शिल्प-विषयक। **ecclesiologist** सं० गिरजा शिलाज्ञ, गिरजा शिल्पविद।

ecdysis (ek' di sis) [Gr. *ekdusis*, from *ekduein* (*ek*, off, *duein*, to put)] सं० (बहुव० **~ses**) १. केंचुल-मोचन, उतार फेंकना, उतार डालना (विशेष सर्पों द्वारा केंचुल, ला० भी); २. केंचुली, केंचुल; ३. (कृ०) त्वक् निर्मोचन*।

echelon (esh' ē lŏn, esh' lŏn) [F., from *échelle*, L. *scāla*,

a ladder] सं० १. सोपानक, एसेलान, कनारबंदी; २. सेना के भागों या टुकड़ियों की व्यवस्था या उनका श्रेणी-बंधन। क्रि० स० श्रेणीबद्ध करना, तरतीब या व्यवस्था देना, सोपानकों में रखना या खड़ा करना। **in**~ इस प्रकार व्यवस्थित या श्रेणीबद्ध (सेना के भाग)।

echidna (ē kid' nā) [Gr., viper] सं० इचिड्ना, आस्ट्रेलिया का एक जमीन खोदने वाला जंगली चूहे जैसा दंतहीन जानवर।

echinate (ē kī' nāt) [L. *echinātus*, from *echinus*, a hedgehog] सं० (वन०) कंटकित, कण्टल, कंटिदार बालों वाला।

echinite सं० एकिनाइट, अश्मीभूत शल्य चर्म या समुद्री साही।

echinoderm (ē kī' no dĕrm) [Gr. *echinus*, as prec., *aerma*, skin, pl. *dermata*] सं० शल्य चर्म, जानवरों की एक जाति जिसमें समुद्री साही शामिल है। **echinus** (ē kī' nŭs) सं० १ समुद्री साही; २. (वि० १) एकाइनस*।

echo (ek' ō) [L., from Gr. *ēchō* cp. *echos*, *ēchē*, sound)] सं० (बहुव० ~es) १ प्रतिध्वनि, ध्वनि, गूँज, प्रतिध्वनि*; (ई० २, ३, मा० २, वि० १), अनुवाद; २. जवाब, पूरी नकल; ३. पूर्ण अनुकरण; ४. नकलची, नक्काल, नकल करने वाला; ५. ऐसी रचना-शैली, जिसमें एक पद्य के अंतिम अक्षर से अगले पद्य का आरंभ होता है; ६. एक परपरागत निर्देश जो ताश के खेल (ब्रिज आदि) में अपने साथी को दिया जाता है; ७. श्रुत्यावृत्ति, छाया; ८. प्रतिध्वनि का मूर्त रूप। क्रि० अ० आर स० १. गूँजना, गूँज पैदा करना, प्रतिध्वनित होना; २. (शब्दों या विचारों का) हूबहू दुहराया जाना, प्रतिध्वनि होना। क्रि० स० गूँजाना, प्रतिध्वनित करना, २ (किसी के शब्दों, विचारों आदि को) हूबहू दुहराना, अक्षरशः दुहराना, हाँ में हाँ मिलाना, ३. सुर मिलाना; ४. (ताश के खेल में) निर्देश करना, सकेत करना। **cheer to the**~ उच्च स्वर से प्रशसा करना। **echogram** सं० प्रतिध्वनि यंत्र, प्रतिध्वनि द्वारा समुद्र की गहराई नापने वाले यंत्र। **echoic** वि० अनुकरणमूलक। **echoism** सं० १. अनुकरण; २. अनुकरणात्मक शब्द (दे० ONOMATOPOEA)। **echoless** वि० अगूँज, प्रतिध्वनि रहित।

eclair (ā' klâr) [F., lightning] सं० अक्लेर, एक प्रकार की केक जो अँगूठी के आकार की होती है और जिसमें मलाई भरी होती है।

eclampsia (ek lămp' si ā) [Gr. *ek*, out, *lampein*, to shine] सं० अपस्मार, गर्भास्मार* (क्रि० भी), उदरपात, गर्भवती स्त्रियों को होनेवाला एक प्रकार का अपस्मार रोग।

eclectic (ek lek' tik) [Gr. *eklektikos* (*eklegein*, see ECLOGUE)] वि० १. उद्ग्राहक, (पाचीन दार्शनिक) सारग्राही, विभिन्न दार्शनिक विचारधाराओं से अपनी रुचि के सिद्धांतों को चुन लेनेवाला; २. चयनशील, उदार, असकीर्ण, उदार चेता, जिसके विचार संकुचित न हों; ३. (मा० २) संकलक*। **eclectically** क्रि० वि० १. सार ग्रहण करते हुए; २. उदारता या असंकीर्णता से; ३. चयनशीलता से। **eclecticism** सं० १. सारसंग्रह, सारसंग्रहवाद, चयनशीलता, २. (मा० २) संकलनवाद*; ३. (मा० २) सकलन-वृत्ति*।

eclipse (ē klĭps') [O. F., from L. *eclipsis*, Gr. *ekleipsis*, from *ekleipein* (*ek*, out of, *leipein*, to leave) जिं० १. (चद्रमा तथा सूर्य आदि का) ग्रहण* (वि० १ भी), ग्रास; २. अँधकार, अँधेरा, तेज, प्रकाश या गौरव आदि की समाप्ति; ३. प्रकाश-स्तंभ या प्रकाश-गृह के प्रकाश का (आवर्तिक या नियतकालिक) ओझल या अदृश्य हो जाना; ४. ओट; ५. कमी* (वि० १); ६. (आ०) प्रच्छन्न*/ लोप*। क्रि० स० १. ग्रहण लगना, ग्रस्त करना; २. छिपना, छिपाना, अँधकारमय करना; ३. प्रकाश रोकना या ढँकना (विशे० प्रकाश-स्तंभ के प्रकाश को); ४. (ला०) निस्तेज करना, श्रीहीन करना; ५. फीका करना, मात करना, बाजी के जाना। **annular**~ (वि० १) बलयाकार ग्रहण*। **in**~ सुन्दर पदों के कहे जाने की अवस्था में (पक्तियों के लिए)। **partial**~ खंड ग्रहण*/ खंड ग्रास* (वि० १ भी)। **total**~ पूर्ण ग्रहण / पूर्णग्रास (वि० १ भी)।

ecliptic (ek lip' tik) [L. *ecliptica*, Gr. *ekleiptikos*, as prec.] वि० ग्रहण संबंधी। सं० १. रविमार्ग, क्रान्ति-वृत्त (वि० १ भी), वह वृत्त जिससे सूर्य चलता हुआ ज्ञात होता है; २. (वि० १) एक्लिप्टिक*।

eclogue (ek' log) [L. *ecloga*, Gr. *eklogē*, from *eklegein* (*ek*, out of, *legein*, to pick)] सं० सक्षिप्त कविता (विशे० ग्रामीण या चरवाहों के संवाद की जैसे वर्जिल की Bucolics)।

ecology (ē kol' o jĭ) [Gr. *oikos*, house; -LOGY] सं० १. परिस्थितिकी*/ पारिस्थिति विज्ञान* (आ०, कृ०, मा० १, ३, वि० १ भी), परिस्थिति शास्त्र, जीव विज्ञान का एक अंग जिसमें जीवित प्राणियों की प्रवृत्ति तथा रहन-सहन आदि से उनकी परिस्थिति के संबंध का अध्ययन किया जाता है।

economic (ē kŏ nom' ik) [L. *economicus*, Gr. *oikonomikos*, see foll.] वि० १. आर्थिक* (आ०, मा० १, २, ३ भी), अर्थ संबंधी, धन संबंधी, २. अर्थशास्त्रीय; ३. किफायत, कमखर्च; ४. लाभदायक, लाभकर; ५. व्ययपूरक; ६. औद्योगिक कला-विषयक। ~**botany** व्यावहारिक या प्रायोगिक वनस्पति शास्त्र। ~**geography** आर्थिक भूगोल। **economical** वि० १. किफायतशार, मितव्ययी* (वि० १ भी), कमखर्च, मितव्यय; २. आर्थिक, किफ़ायती; ३. अर्थशास्त्रीय, अर्थशास्त्र संबंधी। **economically** क्रि० वि० १. किफायतशारी से, कमखर्ची से, मितव्ययता से; २. आर्थिक दृष्टिकोण से। **economics** (ē kŏ nom' iks) सं० १. अर्थशास्त्र, संपत्तिशास्त्र, अर्थ व्यवस्था; २. (इ० ३) आर्थिक विवेचन*, दे० ECONOMY।

economist (ē kon' ō mist) सं० १. अर्थ प्रबंधक, अर्थ व्यवस्थापक; २. मितव्ययी व्यक्ति, कम खर्च करनेवाला; ३. अर्थशास्त्री, अर्थशास्त्रज्ञ, ४. अर्थशास्त्र का लेखक।

economize (ē kon' ō mīz) क्रि० स० और अ० १. कम खर्च करना, मितव्यय करना, २. मितोपयोग करना, (किसी चीज का) अधिकाधिक लाभ उठाना। किफ़ायतशार होना, मितव्ययी होना, खर्च घटा देना। **economization** सं० किफायत करने की विधि या किफ़ायत करना।

economy (ē kon' ō mi) [L. *economia*, Gr. *oikonomia*, from *oikonomein*, to manage a household (*oikos*, house, *nemein*, to deal out)] सं० १. अर्थ-प्रबंध; २. (बहुव० के साथ) किफायतशारी, मितव्ययता, कमखर्ची; ३ (धर्म०) किसी सिद्धात का बुद्धिसंगत और व्यवस्थित स्पष्टीकरण या इस रूप में उसे सामने रखना; ४. संगठन, सोसायटी, संघ; ५. संगठित समुदाय। **political**~ राज्यार्थ व्यवस्था, किसी राज्य में धन की उत्पत्ति और वितरण का शास्त्र। ~**of truth** सच कहने में अत्यधिक सावधानी या एहतियात रखना।

ecru (ek' roo, ā kru) [F., raw, unbleached] सं० कपड़े का असली रंग, कोरे कपड़े का रंग।

ecstasy (ek' stă sī) [O.F. *extasie*, med. L. *ecstasis*, Gr. *ekstasis* (*ek*, out, *stasis*, a standing, from *histanai*, to place)] सं० १. आह्लाद, परमानंद, हर्षोन्माद, भावातिरेक*; हर्षातिरेक* (मा० २ भी); २. (चिकि०) समाधि, शिराओं की अस्वस्थता से उत्पन्न वह स्थिति (या रोग) जिसमें मस्तिष्क मे केवल एक विचार ही सर्वदा रहता है; ३. भावसमाधि, अंतर्लीनता, ४. (कवियों का) भावोन्माद, भाव तरंग। **ecstasize** क्रि० स० और स० हर्षोन्मत्त करना या होना, आह्लादित या परमानन्दित करना या होना। **ecstatic** (ek stăt'ik) वि० १. आह्लादकारी, आनन्दोन्मत्त करनेवाला; २. आह्लाद या आनन्द विषयक। **ecstatically** क्रि० वि० हर्षोन्माद से, आह्लादातिरेक से।

ecto- [Gr. *ektos*, outside] समास में प्रयुक्त बाहरी, बाह्य, बहि।

ectoderm (ek' tō dĕrm) सं० (जीव०) बाहरी झिल्ली, बहिर्जन-स्तर।

ectoplasm (ek' tō plăzm) १. (जीव०) बहि प्रसर; २. वह कल्पित स्निग्ध द्रव जो समाधि-अवस्था में शरीर से निकलता माना जाता है; ३. (आ०) बहि प्रद्रव्य*।

-ectomy प्रत्य० शल्यक्रिया की भाषा मे उन शब्दों का वाचक जो किसी अंग को काटने का बोध कराते हैं (जैसे colectemy बडी आँत का किसी भाग का काटना)।

ectozoon (ek' to zō' on) वि० बाहरी पराश्रयी।

ecumenical दे० OECUMENICAL।

eczema (ek' zē mă) [Gr., a pustule, from *ekzein* (*ek*, out, *zein*, to boil)] सं० १. एक्जिमा*; पामा* (आ०, कु० भी), विचर्चिका, एक प्रकार का चर्मरोग; २. छाजन* (आ० भी)।

-ed (A.-S. *-ed, -ad, -od*) १. (भू० या भू० कृ०) बनाने का प्रत्य० (जैसे talked); २. सं० या क्रि० से वि० बनाने का प्रत्य० (जैसे talented, learned)।

edacious (e dā' shŭs) [L. *edax edăcis*, from *edere*, to eat] वि० १. (पंडि०) खाने का, खाने से संबद्ध; २. पेटू, खाऊ। **edacity** सं० पेटूपन।

Edam (ē' dăm) [town in Holland] सं० एडम, एडमी पनीर, हॉलैंड के एडम नामक स्थान की पनीर जो गोल होती है।

Edda (ed' ă) [Icel.] सं० एड्डा, आइसलैंड की प्राचीन कवितओं का संग्रह।

eddy (ed' i) [etym. doubtful] सं० १. आवर्त, भँवर* (उ० १, वि० १ भी), भँवर धारा, चक्कर, बवडर, इस प्रकार घूमता हुआ धूआँ, हवा या कुहरा आदि। क्रि० स० और अ० १. भँवर मे चक्कर खिलाना, चक्कर खाना, भँवर बनाना।

edelweiss (ādl' vīs) [G. *edel*, noble, *weiss*, white] सं० एडलवाइस, आल्प्स पर्वत-माला पर उगनेवाला एक पौधा जिसमे सफ़ेद फूल लगते हैं।

Eden (ē' dĕn) [Heb., *ĕden*, pleasure, delight] सं० १. अदन, अदन नाम का उपवन जहाँ आदम और हौवा का जन्म हुआ था; २. आनंद-स्थल, आनंद-भवन; ३. परमानंदावस्था, अत्यधिक आनंद की अवस्था।

edentate (e den' tāt) [L. *ēdentātus*, p. p. of *ēdentāre*, to render toothless [L. *dens dentem*, a tooth)] वि० और सं० १. (पशु) अग्र दंतहीन, जिसके आगे के चौड़े दाँत न हों; २. बेदाँत, अदंता, पोपला।

edge (ej) [A.-S. *ecg* (cp. Dut. *egge*, G. *ecke*; also L. *acies*, Gr. *akis*, a point)] सं० १. (किसी औज़ार या हथियार की) धार, (धार की) तीक्ष्णता, पैनापन, धार के आकार की चीज़, (विशे०) पर्वत श्रेणी की पतली चोटी; २. (ला०) चित्तजनक अवस्था या क्षण, नाज़ुक घड़ी या हालत; ३. कोर* (आ०, ई० ३, वि० १ भी), किसी ठोस के दो तलों की मिलन-रेखा, सिरा, छोर; ४ किसी तल की सीमान्त रेखा; ५. (डालू चट्टान का) किनारा* (इ० ३, वि० १ भी), ढलान; ६. (आ०) प्राल्प*। क्रि० स० और अ० १. तेज़ करना, धार रखना, चोखा करना (हथियार आदि के लिए), २. (ला०) उकसाना, भड़काना, उभाड़ना; ३. हाशिया बनाना, झालर लगाना, किनारा लगाना; ४. धीरे-धीरे प्रवेश करना या कराना। क्रि० अ० खिसके चलना, कतराते हुए चलना। **be on ~** १. उत्तेजित होना, २. क्रुद्ध होना। **do the inside or outside ~** (स्केटिंग में) स्केट (बर्फ पर चलने वाले पहियेदार जूते) के भीतरी या बाहरी सिरों पर चलना। **set (person's) teeth on ~** किसी को चिढ़ाना, उकसाना, उभाड़ना। **take the ~ off** १. कुंठित करना, भोथरा करना, कुंद करना, धार मार देना, २ (भूख) मार देना, (तर्क को) अशक्त करना। **~ shears** उद्यान के पौधों को छाँटने की कैंची। **~ tool** (लोह० एडिंग टूल भी) धारदार या काटने का औज़ार। **edgeless** १. कुंठित, कुंद, भोथरा, धार रहित, २. अछोर। **edge-ways, -wise** क्रि० वि० १. धार की ओर, २. धार या किनारे की ओर या सामने करके, ३. धार के साथ, ४ (घर की चीज़ों के लिए) किनारे से किनारा मिला कर। **edging** सं० १. किनारा, अंचो से (बिल्ला) बेल, हाशिया, किनारा, झालर, गोट, मगजी, गोटा; २. किनारेबन्दी* (आ०, कु० भी), ३ किनारा बनाना (कु० भी)। **edgy** वि० १. तेज़ धार वाला, तीक्ष्ण धारवाला, २ (चित्रकला आदि में) आँखों मे चुभने वाला, कोणी, विदीर्ण।

edible (ed' i bĕl) [L. *edibilis*, from *edere*, to eat] वि० १. खाद्य* (आ०, कु० भी); २. भोज्य*; भक्ष्य* (कु० भी), खाने योग्य (चीज़)। सं० खाद्य पदार्थ। **edibility** सं० खाद्यता, भोज्यत्व, किसी चीज़ के खाए जाने की उपयुक्तता या योग्यता।

edict (ē' dikt) [L. *ēdictum*, neut. p. p. of *ēdicere* (E., *dicere*, to speak)] सं० राजाज्ञा, राजधोषणा, राज्यविज्ञप्ति, आज्ञा, आज्ञापत्र, फ़रमान, एलान। **~ of Nantes** फ्रांस के हेनरी चतुर्थ की (प्रोटेस्टेंट संप्रदाय के लिए) धार्मिक स्वतन्त्रता संबंधी एक घोषणा। **edictal** वि० राजाज्ञा संबंधी, राजघोषणा-विषयक।

edifice (ed' i fis) [F. *édifice* L. *edificium* (*aedes*, a building, *-ficium*, from *facere*, to make)] सं० भवन, प्रासाद, हवेली, इमारत (विशे० बड़ी, लो० भी)।

edify (ed' i fī) [F. *édifier*, L. *edificāre* (as prec.)] क्रि० स० १. (आध्यात्मिक दृष्टि से) उन्नत बनाना, लाभ पहुँचाना; २. (नैतिक दृष्टि से) सुधारना, संस्कार या लाना (प्राय. व्यंग्य रूप में प्रयुक्त); ३. शिक्षा देना, शिक्षित करना, निष्णात। **edification** सं० आध्यात्मिक या आत्मिक उन्नति, नैतिक सुधार, शिक्षा, शिक्षण।

edit (ed' it) [L. *ēditus*, p. p. of *ēdere* [*e-*, *dare*, to give)] क्रि० स० १. (दूसरे की रचना का) संपादन करना, प्रकाशन की दृष्टि से सुधारना; २. (दूसरे की कृति का) संस्करण तैयार करना; ३. (समाचार-पत्र आदि के लिए सामग्री में) काट-छाँट करना, तैयार करना, संस्कार करना; ४. (किसी पत्रादि मे) संपादक का कार्य करना।

edition (e dish' ŭn) सं० १. आवृत्ति, संस्करण, वह रूप जिसमे

कोई पुस्तक प्रकाशित की जाय (जैसे पुस्तकालय संस्करण या सामान्य संस्करण आदि); २. संस्करण, (पुस्तक या पत्रादि की) वे सारी प्रतियाँ जो एक बार छपें। दे० IMPRESSION भी); ३. (ला०) किसी के समान आकृति वाला (व्यक्ति आदि) जैसे (a more charming ~of her sister)।

editor (e' dĭ tôr) सं० १. पत्रकार, संस्कर्ता; २. संपादक* (प्र० भी०)। **editorial** (ed ĭ tôr' i al) वि० १. संपादक का; २. संपादक-विषयक। सं० संपादकीय अग्रलेख, संपादकीय लेख, समाचार-पत्र में संपादक का अग्रलेख। **editorially** क्रि० वि० १. संपादकीय रूप में; २. संपादकीय दृष्टि से। **editorship** सं० संपादकत्व, संपादनकार्य, संपादन। **editress** सं० (स्त्री०) संपादिका।

educate (ed' ū kāt) [L. *ēdūcātus*, p.p. of *ēdūcāre*, rel. to *ēdūcere*, to EDUCE] क्रि० सं० १. पालन-पोषण करना (बच्चों का); २. पढ़ाना, पढ़ाना-लिखाना, शिक्षा देना, तालीम देना; ३. (व्यक्ति की कोई काम आदि) सिखाना, सिखवाना, प्रशिक्षित करना, ट्रेनिंग देना; ४. (पशुओं को) सिखाना, सधाना। **educatable** वि० शिक्षणीय, शिक्षा पाने या सिखाये जाने की क्षमता रखने वाला। **educability** सं० शिक्षणीयता* (मा० २ भी)।

education (ed ū kā' shun) सं० १. पालन-पोषण; २. पढ़ाई-लिखाई, शिक्षा* (आ०, प्र०, मा० २ भी), शिक्षणशास्त्र* (मा० २ भी); ३. शिक्षा या पाठ्यक्रम या कोर्स, तालीम, ४. नैतिक या बौद्धिक उन्नति या विकास, ५ सिखाना, प्रशिक्षण, ट्रेनिंग, सधाई (पशुओं या व्यक्तियों की), ६ उत्कर्षण। **educational** वि० शैक्षणिक, शिक्षा-विषयक। **educationally** क्रि० वि० शिक्षा की दृष्टि से। **education (al) ist** सं० शिक्षाशास्त्री। **educative** वि० १. शैक्षणिक, शिक्षा-विषयक, २. ज्ञानप्रद, शिक्षाप्रद। **educator** सं० शिक्षक, सिखाने वाला।

educe (e dūs') [L. *ēdūcere* (ē-, *dūcere*, to lead)] क्रि० सं० १. निकालना, खींचना, २. विकसित करना, ३. (रसा०) यौगिक या मिश्रण से (किसी द्रव्य को) अलग करना, ४. (आंकड़ों से संख्या या सिद्धान्त विषयक) निष्कर्ष निकालना, अनुमान लगाना; ५. परिणाम निकालना, नतीजा निकालना। **educible** वि० निष्कर्षणीय। **educt** (ē' dukt, सं० १ (रसा०) उन्नत, वह चीज जो किसी दूसरी चीज से निकाली जाय, २. निष्कर्ष, ३ अनुमान। **eduction** सं० १. निकालना, निष्कर्षण, पृथक्करण, २. (मा० २) सधाऊमान*। ~**pipe, valve** (भाप के इंजन में) भापनली, वाष्प-नालिका, वह नली जिससे भाप निकलती है, निकास नली या वाल्व।

edulcorate (ē dŭl' ko rāt) [L. *ēdulcorātus*, p. p. of *ēdulcorāre* (ē-, *dulcor*, sweetness)] क्रि० सं० १. खारपन को दूर करना, कड़वाहट, तीक्ष्णता या खटास को दूर करके मीठा बनाना; २. शुद्ध करना, साफ़ करना। **edulcoration** सं० १. खारेपन को या कड़वाहट आदि को दूर करने की क्रिया; २. शुद्धीकरण, साफ़ करने की क्रिया।

Edwardian (ed wôrd' i ăn) वि० १. एडवर्ड या इंग्लैंड के किसी भी सम्राट् के समय का; २. (विशे०) एडवर्ड सप्तम के राज्यकाल (१९०१-१०) का या उसकी विशेषता वाला। सं० एडवर्ड कालीन व्यक्ति।

-ee [A.-F. *-é*, p.p. used as noun (*e.g. apelé*, summoned, corr. to *apelour*, summoner)] प्रत्य० जिससे ऐसी संज्ञाएं बनती हैं जो ऐसे व्यक्ति को प्रकट करती हैं जिसके प्रति कार्य किया गया है (जैसे employee, payee आदि)।

eel (ēl) [A.-S. *el* (cp. Dut. and G. *aal*, Icel. *āll*)] सं० १. दाम, गोछी,* सर्पमीन (वि० १ भी), साँप-जैसी एक मछली;; २. (ला०) पकड़ में न आने वाला या अविश्वसनीय व्यक्ति, ऐसा व्यक्ति जो बहुत जल्दी फिसल जाय; ३. (प्रच०) कीड़ा, एक नन्हा कीड़ा जो सिरके आदि में पड़ जाता है; ४. (वि० १, ३) ईल*। ~**buck** बाम मछली को पकड़ने की टोकरी; दे० BUCK[1]। ~**spear** बाम मछली के शिकार का भाला या बर्छा। **eely** वि० १. बाम-जैसा, सर्पमीन-सा; २. अविश्वसनीय।

e'en दे० EVEN।

-eer (F. *-ier*, L. *-ārius*, or F. *-air*, L. *-ārius*] प्रत्य०-वाला, जिससे 'वाला' के भाव वाले शब्द बनते हैं (जैसे mountaineer)।

e'er दे० EVER।

eerie (ēr' i) [M. E. *eri*, prob. from A.-S. *earg.*, *earh*, timid, cowardly] वि० १. (अंध विश्वास के कारण) डरपोक, बुजदिल, भीरु; २. अजीब, अद्भुत, विलक्षण; ३. भयानक, डरावना, भयोत्पादक। **eerily** क्रि० वि० डरते हुए, भयपूर्वक। **eeriness** सं० डर, भय, बुजदिली।

ef- उप० EX-[1] का f से आरंभ होने वाले शब्दों के साथ आने पर रूप।

efface (e fās') [F. *effacer* (EF,-L. *facies*, face)] क्रि० सं० १. रगड़ कर मिटा देना, छील देना, खुरचना; २. (ला०) मिटा देना, नष्ट कर देना, विनाश करना, उन्मूलन करना, अस्तित्व समाप्त कर देना; ३. मात कर देना, ढक लेना, पराजित या परास्त कर देना; ४. (अपने को) तुच्छ या महत्त्वहीन समझना; ५. (विधि) मिटाना* । **effaceable** वि० मिट जाने वाला, नष्ट हो जाने वाला। **effacement** सं० विलोप, नाश, मिट जाना।

effect (e fekt') [O. F. *effect*, L. *effectus*, p.p. of *efficere* (EF-,) *facere*, to make)] सं० १. परिणाम* (मा० २, विधि भी)* फल; २. कार्य, प्रतीति, नतीजा; ३. आभास, असर, प्रभाव* (आ०, ई० ३, मा० २, वि० १ भी); ४. नियोजन, रंग-नियोजन, रूप-नियोजन, चित्र आदि में रंग व रूप का सुन्दर मेल; ५. (बहुव०) संपत्ति, जायदाद। क्रि० सं० १. असर करना, पैदा करना; २. संपन्न करना, कार्यान्वित करना, पूरा या पूर्ण करना, अमल में लाना, सिद्ध करना। **bring to, carry into~** सिद्ध करना, पूर्ण करना, कार्यान्वित करना। **cause &~** कार्य-कारण। **give~to** १. प्रयोग में लाना, कार्यान्वित करना, चालू करना; २. पूरा करना, बरतना, बजा लाना। **in~** वस्तुतः, असल में, यथार्थतः। **no effects** संपत्ति नहीं (अनावृत हुँडी पर लिखा हुआ)। **personal effects** वैयक्तिक सम्पत्ति, निजी सामान। **take~** लागू होना, चालू होना, कारण होना, प्रभावयुक्त होना, सक्रिय होना। ~**policy** बीमा करना। **effective** वि० और सं० १. प्रभावोत्पादक, प्रभावकारी, २. मर्मस्पर्शी; ३. प्रभावशाली, पुरअसर; ४. प्रभावी* (आ०, ई० २, वि० १ भी); ५. कार्यकर, कारगर, कार्यकारी* (वि० १ भी), कार्यसाधक, सार्थक; ६. चुटीली; ७, सैनिक या नाविक) नौकरी के योग्य; ८. वर्तमान, मौजूदा; ९. वास्तविक, यथार्थ; १०. लाभकारी, गुणकारी, फायदेमंद। ~**range** वह दूरी जहाँ तक कोई अस्त्र मार कर सके। ~**soldier** लड़ाई के योग्य सैनिक। **effectively** क्रि० वि० प्रभावशाली या कारगर ढंग से। **effectiveness** सं० १. प्रभाव, असर; २. प्रभावशालिनी। **effectless** वि० १. परिणामरहित, विफल, निष्फल; २. गुण-रहित; ३. सामंजस्यहीन; ४. प्रभावरहित। **effectual** वि० १. फलोत्पादक, कारगर, अमोघ फलदायक; २. प्रभावशाली, सार्थक,

सफल; ३. वैध, ठीक। **effectually** क्रि० वि० १. सफलता से; २. वैधता से। **effectualness** सं० १. सफलता; २. वैधता। **effectuate** पूरा करना, सम्पन्न करना, कार्यान्वित करना। **effectuation** सं० कार्य-सम्पन्नता, पूरा करना।

effeminate (e fem' i nát) [L. *effēminātus*, p.p. of *effēmināre* (EF-, *femina*, woman)] वि० १. सुकुमार, जनाना, स्त्रैण; २. स्त्रियोचित, पौरुषहीन, दुर्बल; ३. निर्बल, कमजोर; ४. विषयी, विषयासक्त। **effeminacy** सं० १. जनानापन, स्त्रैणता; २. नामर्दी, कापुरुषता। **effeminately** क्रि० वि० १. जनानेपन से, स्त्रैण ढंग से; २. कायरता से; ३. निर्बलता से।

Effendi (e fen'di) [Turk. *efendī*, sir, lord (corr. of Gr. *authentēs*)] सं० आफ़न्दी, तुर्कों की एक सम्मानित उपाधि (सरकारी अफ़सरों और विद्वानों के लिए)।

efferent (ef' er ent) [L. *effĕrens -ntem*, pres. p. of *effĕrre* (EF-, *ferre*, to carry)] वि० (शरीर०) बहिर्वाही, अपवाही* (आ०, मा० २, वि० १ भी) निर्गामी, बाहर लानेवाला।

effervesce (ef ĕr ves') [L. *effervescere* (EF-, *fervescere*, incept. of *fervēre*, to boil)] क्रि० अ० १. बुदबुदाना* (वि० १ भी), (हवा के) बुलबुले छोड़ना; २. खदबदाना, उबाल आना; ३. (ला० मनुष्यों के लिए) जोश में आना, उत्तेजना दिखाना या उबल पड़ना; ४. (हवा का) बुलबुले के रूप में निकलना। **effervescence, -ency** सं० १. बुदबुदन* (आ०, इ० ३ भी), उबाल, जोश, उत्तेजना, बुदबुदाहट* (इ० ३ भी)। **effervescent** वि० उत्तेजित, जोश भरा, उबलता।

effete (e fēt') [L. *effĕtus* weakened by bringing forth young (EF-, *fētus*, FOETUS)] वि० १. जीर्ण, क्षीण, नष्ट बल, पुराना; २. श्रांत, थका हुआ, चूर; ३. दुर्बल, क्षीण; ४. असमर्थ, कमज़ोर, लाचार। **effeteness** सं० १. थकावट, श्रांति; २. दुर्बलता, असमर्थता।

efficacious (ef i kā' shŭs) [L. *efficax -ācis*, from *efficere*, to EFFECT] वि० (वस्तुओं के लिए) कारगर, अचूक, अमोघ, इच्छित प्रभाव पैदा करनेवाला। **efficaciously** क्रि० वि० १. प्रभाव के साथ; २. अचूकता के साथ। **efficaciousness** सं० प्रभावशालिता, अचूकता, कारगर होना। **efficacy** सं० प्रभाव, असर, तासीर।

efficiency (e fish' ĕn si; [as foll.] सं० कार्यक्षमता, नैपुण्य, दक्षता* (ई० १, २, ३, आ० प्र०, मा० २, वि० १ भी), योग्यता, निपुणता, (यां०) कार्य और कार्य में लगी शक्ति का अनुपात, सामर्थ्य* (आ० भी), कार्यकुशलता* (कु० भी), कार्य पटुता* (प्र० भी)।

efficient (e fish' ĕnt) [F., from L. *efficiens -ntem*, pres. p. of *efficere*, to EFFECT] वि० १. कार्यसाधक, कार्योपयुक्त, प्रभावशाली, असरवाला; २. (व्यक्ति) पटु, योग्य; ३. समर्थ, लायक़, क़ाबिल। **~cause** विभिन्न कारण, यथार्थ कारण। **efficiently** क्रि० वि० निपुणता या योग्यता से, दक्षता से, काबिलियत से।

effigy (ef' i ji), **effigies** (e fij' i ēz) [L. *effigiēs* (EF-, *fingere*, to fashion)] सं० १. प्रतिमा, मूर्ति, प्रतिमति, मूरत, प्रतिमा; २. पुतला, गुड्डा, स्वांग, बुत। **hang, burn (person) in~** (किसी व्यक्ति का) पुतला बना कर जलाना या टाँगना।

effloresce (ef lō res') [L. *efflōrescere*, incept. of *efflōrēre*, to blossom (EF-, *flōrēre*, to blossom, from *flōs, flōris*, a flower)] क्रि० अ० १. फूलना, फूल खिलना, पुष्पित होना, प्रस्फुटित होना; २. (शा० और ला०) फलना-फूलना, उन्नति करना; ३. शोरा लगना, खार प्रस्फुटन, (स्फटिक पदार्थों का) हवा लगने से चूर-चूर हो जाना, चूर्ण हो जाना; ४. (लवणों का) तल पर आकर जम जाना, (दीवाल या भूमि पर) नोना या लोनी लगना, नमक के कणों का जम जाना; ५. (वि० १) उत्फुल्ल होना*/ लोनी लगना*। **efflorescence** सं० १. पुष्पोत्पादन, प्रस्फुटन, पुष्पण, फूल खिलना; २. (इ० १, ३, वि० १) प्रफुल्लन*/लोनी*। **efflorescent** वि० १. पुष्पित; २. प्रस्फुटित, फूलों से भरा या लदा; ३. (वि० १) उत्फल्ल*/लोनिया*।

effluent (ef' lū ent) [L. *effluens -ntem*, pres. p. of *effluere* (EF-, *fluere*, to FLOW)] वि० १. प्रवाहशील, निर्गम, बहता हुआ; २. जारी। सं० १. सोता (या धारा) जो किसी बड़े सोता, धारा, झील या तालाब आदि से निकला हो; २. मलनिस्राव, मलनिस्सारी, ३. (आ०) बहिःप्रवाह। **effluence** सं० १. प्रवाह, निर्गम, बहाव, बहना, निकास (रोशनी या बिजली आदि का या ला०); २. धारा; ३. बहने वाला या जो प्रवाहित हो।

effluvium (e floo' vi ŭm) [Irr. L., as prec.] सं० (बहुव० **~ia**) १. निःश्वास जो फेफड़े या घ्राण-शक्ति को प्रभावित करे; २. (कल्पित) सूक्ष्म कण-प्रवाह जो चुबक आदि से निकलता है; ३. (आ०) दुर्गन्ध प्रसर्ग*।

efflux (ef' lŭks) [L. *effluxus*, as prec.] सं० १. प्रवाह, निस्राव, निर्गम, समाप्तवाह, बहिस्राव, (द्रव या गैस आदि का), बाहर की ओर बहाव, (ला० भी) जो चीज़ बहे; २. (आ०, वि० १) बहिर्वाह*; ३. (वि० १) बहिःस्राव*। **effluxion** (e flŭk' shŭn) सं० निकास, बहाव, प्रवाह।

effort (ef' ort) [F., as prec.] सं० १. प्रयत्न, उद्यम, कोशिश, प्रयास, यत्न, उद्योग, चेष्टा, दौड़-धूप; २. मेहनत; ३. कठिनाई, (वस्तुतः आदि का) शक्ति-प्रदर्शन; ४. (बोल०) सफलता; ५. (वि० १) आयास*। **effortless** वि० १. निरुद्योगी, निष्क्रिय, निरुद्यमी; २. (कौशल आदि के लिए) आसान, सरल, जिसमें परिश्रम या प्रयास न करना पड़े।

effrontery (e frŭn' tĕri) [F. *effronterie*, from *effronté*, shameless (EF-, *front, -ntis*, forehead)] सं० प्रगल्भता, निर्लज्जता, ढिठाई, धृष्टता, साहस, दुस्साहस, गुस्ताखी।

effulge (e' fŭl j) [L. *effulgēre* (EF-, *fulgēre*, to shine)] क्रि० अ० चमकना, देदीप्यमान होना। **effulgence** सं० चमकीलापन, चमक, दीप्ति। **effulgent** (e fŭl jent) वि० चमकीला, चमकदार, देदीप्यमान। **effulgently** क्रि० वि० चमक से, चमकीले ढंग से।

effuse (e fūz') [L. *effūsus*, p.p. of *effundere* (EF-, *fundere*, to pour)] वि० १. अपसारित, बिखिल रूप से फैलने वाला (पुष्पक्रम); २ (संभवविज्ञान) कटान के द्वारा अलग किए हुए ओठों या किनारोंवाला। क्रि० स० बहाना, उड़ेलना, ढालना (द्रव, हवा आदि, आ० भी)। **effusion** सं० १. उत्सर्ग, स्राव, प्रवाह, बहे निकलना, बहाव या बहाना, ढरकाव ढरकाना (शा० और ला०); २. असंयत कथन, बेलगाम बात; ३. अपसरण, स्पंदन, निःसरण* (आ०, वि० १ भी)।

effusive (e fūz' iv) वि० १. प्रवाहपूर्ण, अबंकापूर्ण, उल्लासपूर्ण, जोशीला, धुआँधार, भावुकतापूर्ण (भाषण या भावना); २. (भूगर्भ०) पिघल कर बही और बाद में जमी हुई (चट्टान), अपक्षादी (शैल)। **effusively** क्रि० वि० १. जोश से; २. बहाव से;

३. उल्लास से। **effusiveness** सं० १. जोशीलापन; २. बहाव; ३. उल्लास।

eft (eft) [A.-S. *efete* (etym. doubtful)] सं० एक प्रकार की छिपकली या गोह।

egad (ē găd') [prob. *a.* AH. GOD] वि० ईश्वर की शपथ, भगवान की कसम।

egalitarian (ē găl i tăr' i án) वि० समानता के सिद्धान्त का या उससे संबद्ध। सं० समानता के सिद्धान्त में विश्वास रखनेवाला व्यक्ति। **egalitarianism** सं० (भा० ३) समानतावाद*।

Egeria सं० इष्ट देवी।

egg[1] (eg) [A.-S. *eg* (cp. Icel. *egg*, Dan. *eg*, Dut. and G. *ei*)] सं० १. अंड*/अंडा* (क०, वि० १ भी); २. (भा०) बम, गोला। **addle~** सड़ा अंडा। **as full as an~** खूब, भरा-पूरा, परिपूर्ण। **as sure as eggs is eggs** अवश्यमेव, निस्संदेह, निश्चित रूप से। **bad~** बेकार, नकारा (व्यक्ति या योजना आदि)। **good~** १. (भा०) अच्छा, बढ़िया (व्यक्ति या वस्तु); २. बहुत अच्छा! खूब! **have all your eggs in one basket** अपना सब कुछ एक ही दाँव पर लगा देना। **teach your grand mother to suck eggs** दाई को दूध पिलाना, नानी के आगे ननिहाल की बातें करना। **~-&-spoon race** अंडा-चम्मच दौड़, एक प्रकार की दौड़ जिसमें चम्मच में अंडा ले कर दौड़ना पड़ता है। **~-cleavage** (जीव०) अंडे की दरार (जब बच्चा अंडे को खुरचने लगता है)। **~-cup** अंडादान, अंडे का प्याला जिसमें उबले अंडे रखे जाते हैं। **~-dance** १. अंडा-नाच, एक प्रकार का नाच जिसमें आँख पर पट्टी बाँध कर अंडों पर नाचा जाता है; २. (ला०) कठिन काम, टेढ़ी खीर। **~-flip,-nog** अंडा-मिश्रित बियर आदि शराब। **~-plant** बैंगन का पौधा। **~-shell** १. अंडे का छिलका, अंड-खोल, २. नाजुक चीज, कोमल वस्तु; ३. (वि० १) अंडा-कवच*। **~-shell china** चीनी मिट्टी के बहुत पतले बर्तन। **~-slice** आमलेट को तवे से बाहर निकालने का बर्तन। **~-spoon** उबले अंडे को खाने के लिए छोटी चम्मच। **~-tooth** अंडे के बच्चे का वह दाँत जिससे वह अंडे को खुरच कर बाहर निकल आता है। **~-whisk** अंडा फेंटने का बर्तन। **egger** सं० १. अंडे इकट्ठे करने वाला; २ एगर, एक बड़ा पतिंगा जो इंग्लैण्ड में पाया जाता है।

egg[2] (eg) [Icel. *eggja*, to EDGE] क्रि० स० (को के साथ प्रयुक्त) उकसाना, उत्साहन देना, प्रोत्साहन देना, उत्तेजित करना (किसी व्यक्ति को किसी काम के लिए)।

eglantine (eg' lăn tīn, -tin) [F. *églantine*, from O. F. *aiglant*, prob. from L. *acus*, needle, *-lentus*, -LENT] सं० सेवती, सफ़ेद गुलाब, एक प्रकार का फूल।

ego (eg' ō) [L., I] सं० १. जीवात्मा; २. अहं* (आ०, भा० २, ३ भी), खुदी; ३. घमंड। **egocentric** वि० अहं-केन्द्रित* (भा० २ भी), स्वकेन्द्रित, आत्मकेन्द्रित, अपने में रमा हुआ; २. (शिथिल प्रयोग) स्वार्थी, खुदग़र्ज़; ३. अहंकारी, घमंडी, ४. (भा० ३) अहंकेन्द्रिक*।

egoism (eg' ō izm), सं० १. आत्म-हित-लाभ; २. अहंभाव. **स्वार्थवाद***/ **स्वहितवाद*** **अहंवाद*** (भा० २, ३ भी); ३. स्वार्थ-परता; ४. आत्मश्लाघा, आत्म-स्तुति। **egoist** सं० १. आत्म-श्लाघी, **स्वार्थपरक, स्वार्थी**; २. **स्वार्थवादी***/**स्वहितवादी*** (भा० २ भी); ३. अहंकारी, अहंवादी* (भा० २ भी)। **egoistic-al** वि० १. स्वार्थपर; २. अहं से संबंध; ३. (भा० ३) अहंवादिक*। **egoistically** स्वार्थ की दृष्टि से, स्वार्थ के रूप में, अहंकारपूर्वक।

employ (em ploi') [O.F. *employer*, L. *implicâre* (IM-, *plicâre*, to fold)] क्रि० स० १. (किसी वस्तु या शक्ति को) काम में लाना, प्रयोग में लाना, काम लेना; २. नौकर रखना, नियुक्त करना, नियोजन करना, ३. काम में लगाना, धंधे में लगाना। सं० १. नौकरी, सेवा; २. नौकरी में, सेवा में; ३. (विधि) नियोजित करना*। **employable** वि० १. काम में लगाने योग्य; २.नौकरी के योग्य। **employee** (em ploi ē') सं० १. (योग्य नौकर* (प्र० भी), सेवक, कार्यकर्ता, कर्मचारी* (प्र०, मा० ३, वि० १ भी), मुलाज़िम; २. (मा० ३) नियोजी*। **employer** सं० १. प्रवर्तक, मालिक* (मा० ३ भी), काम लेने वाला, स्वामी; २. नियोजक* (मा० ३. वि० १ भी); ३. (मा० १, ३, वि० १) नियोक्ता*। **employment** सं० क्रियागत अर्थों में १. व्यवसाय* (प्र० भी), व्यापार, उद्योग, पेशा, काम, रोजगार* (प्र०, मा० १, ३ भी), वृत्ति, धंधा, नौकरी* (प्र० भी); २. उपयोग, प्रयोग, इस्तमाल, बरतना, ३. (प्र०, मा० १) संयोजन; ४. (प्र०, मा० १, ३, वि० १) नियोजन*।

empoison (em poizen') [F. *empoisonner* (EM-, POISON)] क्रि० स० १. ज़हर मिला देना, विषैला करना, २. धब्बा डालना; ३. (ला०) भ्रष्ट करना, दूषित करना, ४. कान भरना, ज़हर फूंकना, किसी को किसी का विरोधी बना देना।

emporium (em pôr' i ŭm) [L. from Gr. *emporion*, neut. of *emporos*, commercial, from *emporos*, a passenger, a merchant (EM-, *poros*, a way)] सं० १. वाणिज्य-केन्द्र, मंडार; २. पण्यशाला, (अधि०) दुकान, हाट।

empower (em pou' er) [EM-, POWER] क्रि० स० १. अधिकार देना, शक्ति देना* (प्र० भी), हक देना, अख्तियार देना, अनुमति या अनुज्ञा देना; २. समर्थ करना, योग्य बनाना।

empress (em' pres) [O.F. *emperesse*, fem. of *emperor*, EMPEROR] सं० १. सम्राज्ञी, महारानी; ३. (ला०) सर्वशक्तिमती।

empty (emp' ti) [A.-S. *æmtig*, from *æmetta*, leisure] वि० १. खाली, रिक्त, सूना; २. (गृह) बिना, कोरा, निस्सार, निरर्थक; ३. (बोल०) भूखा; ४. (सामान या रहने वालों से) खाली (मकान आदि); ५. नासमझ, बुद्धिहीन, अज्ञानी (व्यक्ति); ६. निरर्थक (योजनाएँ); ७. खाली ट्रक या सड़क आदि। क्रि० स० १. उड़ेलना, खाली करना, रिक्त करना; २. (नदी का समुद्र में) गिरना। क्रि० अ० खाली होना, रिक्त होना। **~-handed** खाली हाथ, रिक्त हस्त। **~-headed, pated** मूर्ख, बुद्धिहीन, मूक मति। **emptier** सं० रिक्त करनेवाला, खाली करनेवाला। **emptiness** सं० खालीपन, रिक्तता, शून्यता, रिक्तिता।

empurple (em pĕrpl') क्रि० स० १. बैंगनी करना, २. लाल करना।

empyema (em pi ē' mă) [G. *empuéma*, from *empueein* (EM-, *pueein*, to suppurate)] सं० १. गुहा-पूय; २. अंतः पूयता* (आ० भी), किसी फुफ्फुसावरण में पीप का इकट्ठा होना।

empyrean (em p i rē' ăn) [med. L. *empyreus*, Gr.

empuros, fiery (EM-, *pur*, fire)] वि० और सं० १. बैंगुठ या स्वर्ग (का); २. नभमंडल (का)। **empyreal** वि० दिव्य, स्वर्गीय।

emu, emeu (ē' mū) [Port. *ema*, ostrich] सं० १. एमू* (वि० १ भी), आस्ट्रेलिया का एक बड़ा पक्षी।

emulate (em' ū lāt) [L. *emulātus*, p.p. of *emulārī*, from *æmulus*, EMULOUS] क्रि० स० १. स्पर्धा, होड़ाहोड़ी करना; प्रतिद्वंद्विता करना; २. बराबर होने का या हराने का प्रयत्न करना; ३. प्रतिस्पर्धा करना; ४. नक़ल करना, उत्साहपूर्वक अनुकरण करना। **emulation** सं० १. होड़, प्रतिद्वंद्विता, प्रतिस्पर्धा; २. मोत्साह अनुकरण; ३. अनुस्पर्धा। **emulative** वि० १. प्रतिद्वंद्वितापूर्ण; २. प्रतिस्पर्धात्मक; ३. अनुकरणात्मक। **emulator** सं० १. प्रतिद्वंद्वी, होड़ लगाने वाला; २. प्रतिस्पर्धी; ३. नक़लची।

emulous (em' ū lŭs) [L. *æmulus*] वि० १. उत्साहपूर्वक या द्वेष से अनुकरण करने वाला; २. यशाकांक्षी, यश या कीर्ति का इच्छुक; ३ प्रतिस्पर्द्धी, प्रतिस्पर्धा की भावना से प्रेरित। **emulously** क्रि० वि० १. स्पर्धा की इच्छा से; २. यशोकांक्षा से; ३. विरोधी भावना से।

emulsify (ē mŭl' si fī) [L. *æmuls-*, p.p. stem of *æmulgēre*] क्रि० स० पायस बनाना, पायस या तैलोद का रूप देना।

emulsion (ē mŭl' shŭn) [as prec.] सं० १. पयस्य, पायस, तैलोद, आपस में न घुलने वाले दो तरलों का मिश्रण; २. हल्के संवादी या सुग्राही रंजन लवणों का परसे में तैयार किया गया घोल जो फोटोग्राफी की फिल्मों पर लगाने के काम आता है; ३. (आ०, क्रि०) इमल्शन*। **emulsionize** क्रि० स० पयस्य बनाना। **emulsive** वि० पयस्य संबंधी, तैलोदीय।

emunctory (e mŭngk' tŏ ri) [L. *æmunctus*, p.p. stem of *æmungere* to wipe the nose] वि० और सं० १. मल-विमर्जक, नाक साफ करने से संबंधित; २. शरीर का मल-विमर्जक अवयव या नली।

en- [F. *en-*, *em-*, L. *in-*, *im-*, in; also Gr. *en-*, *em-*] सं० छपाई में एम (EM) से छोटा माप जिसमे पंक्तियों की चौड़ाई का अनुमान होता है। उप० १. जो सज्ञा, विशेषण आदि को क्रिया बना देता है (जैसे entrust, engage, engled, enslwe आदि); २. यह ऐसी क्रियाओं में भी लगता है जिनके अंत में *-en* प्रत्यय के रूप में होता है (जैसे enlighten); ३. किसी भी क्रिया के साथ लगकर उसको यह बल प्रदान करता है (जैसे encarnalize); ४. (प्राचीन यूनानी en~, em~से) संज्ञाके साथ भी लगाया जाता है (जैसे energy, enthusiasm)।

-en[1] [A.-S. from O. Teut. *lnom*] प्रत्यय लघुत्व का अर्थ देने वाला प्रत्यय (जैसे chicken, maiden)। **-en**[2] [A.-S. from O. Teut.-*inī* (G. *-inn*)] प्रत्य० स्त्रीलिंग प्रत्यय (परन्तु अब केवल vixen शब्द मे प्रयुक्त) कुछ संज्ञाओं मे भी पाया जाता है (जैसे burden)। **-en**[3] [A.-S. *-an*, pl. of weak decl.] प्रत्य० कुछ प्राचीन सज्ञा रूपों मे बहुवचन का चिन्ह (जैसे oxen, brethren, children)। **-en**[4] [A.-S. from O. Teut. *-ino-* (cp. Gr. and L. *-ino-*)] प्रत्य० यह प्राय: धातु आदि सूचक) संज्ञाओं से विशेषण बनाने के काम आता है (जैसे golden, wooden, woollen)। **-en**[5] [A.-S. *-nan -nian*] प्रत्य० यह विशेषण से क्रिया (सं० और अ०) बनाने का अर्थ देता है (जसे de pon, moisten)।

enable (en a' bel) क्रि० स० १. अधिकारी बनाना, समर्थ करना, योग्य बनाना, क्षमता करना; २. यौग्य करना, अधिकार देना; ३. बल देना, मौक़ा देना, अवसर देना, सुविधा देना, साधन जुटाना। **Enabling Act** समर्थकारी अधिनियम, अधिकार प्रदान करने वाला क़ानून, (विशे० १९२० का अधिनियम जिसके अनुसार इंग्लैंड के चर्च को कुछ शर्तों पर स्वायत्तता प्रदान की गई)।

enact (en ăkt') क्रि० स० १. नियम बनाना, अधिनियम बनाना* (प्र० भी), क़ानून बनाना; २. हुक्म देना, आज्ञा देना; ३ अभिनय करना, खेलना; ४. (विधि) अधिनियमित करना*। सं० १. अधिनियमित या अभिनीत (कार्य); २. (ला०) उद्देश्य. प्रस्ताव। **enacting clauses** विधायक उपनियम, क़ानून की नई धाराएँ। **enaction** सं० अधिनियमन। **enactive, enactory** वि० विधायक, अधिनियम निर्माण संबंधी। **enactment** सं० १. अधिनियम, विधान, क़ानून, २. अभिनय; ३. अभिनय।

enamel (en ăm' el) [M.E. *enamayl*, O.F. *esmail*, med. L. *smaltum*, from Teut. (*cp.* O.H.G. *smalzjan*, Dut. *smelten*, to SMELT)] सं० १. इनेमल* (इ० २, क्रि०, वि० १ भी), मीना, मीनाकारी; २. तामचीनी, मीना या कलई की हुई वस्तु (ला० भी); ३. किसी भी प्रकार की चिकनी और सख्त कलई; ४. मामूली लकड़ी पर बढ़िया लकड़ी का चढ़ाया हुआ पतर या चीनी मिट्टी के बर्तनों पर चढ़ाई गई चिकनी तह; ५. दंतुलक, दंतवेष्ट, दाँत की कड़ी बाहरी तह; ६. एनेमल पर की गई चित्रकारी; ७. (काव्य०) हरियाली, हरागम, हरियाई। क्रि० स० १. एनेमल करना*(इ० २, वि० १ भी), मीनाकारी करना, कलई चढ़ाना, एनेमल के चित्र बनाना; २. विविध रंगों से सजाना।

enamour (ē năm' ŏr) [O.F. *enamorer*] क्रि० स० १. लुभाना, मोहित करना, आसक्त या आकर्षित करना (वि० के साथ भू० कृ० में); २. आनंदित करना।

enantiopathy सं० दे० ALLOPATHY।

enarthrosis (en ar thrō' sis) [Gr., from *enarthros*, join ed (EN-, *arthron*, a joint)] सं० (श० क्रि०) जोड़, अस्थि-सधि, उलूखल संधि* (आ० भी)।

encænia (en sē' ni ă) [L., from Gr. *enkainia* (EN-, *kainos*, new)] सं० १. (ईसाइयों का) समर्पण पर्व; २. स्मरणोत्सव, (आक्सफोर्ड मे दे० COMMEMORATION)।

encage (en kāj') क्रि० स० पिंजड़े में बंद करना, क़ैद करना।

encamp (en kămp') क्रि० स० और अ० १. (सेना का) छावनी डालना, पड़ाव या डेरा डालना; २. खेमे डालना, खेमों मे रहना, ठहरना, उतरना। **encampment** सं० क्रियागत अर्थों मे १. शिविर* (मा० १, वि० १ भी), छावनी* (मा० १ भी), पड़ाव, डेरा।

encase (en kās') [F. *encaisser* (EN-, *caisse*, CASE)] क्रि० स० १. डिब्बे में रखना, बक्स मे रखना; २. गिलाफ़ चढ़ाना, खोल चढ़ाना; ३. लपेटना, मढ़ना, बद करना। **encasement** सं० डिब्बे, खोल या गिलाफ़ में रखना।

encash (en kăsh') क्रि० स० १. भुनाना* (प्र० भी); २. नक़द करना, नक़द रुपया देना या लेना; ३ सवारना, नक़द देना। **encashment** सं० १. भुनाना* (प्र० भी), नक़द रुपये देने या लेने का कार्य।

encaustic (en kaw' stik) [F. *encaustique*, L. *encausticus*, Gr. *enkaustikos*, from *enkaiein* (EN-, *kaiein*, to burn)] वि० १. काशकारी (मिट्टी की वस्तुओं पर), आँच से मोमी रंग चढ़ाना, गले हुए मोम के द्वारा की गई चित्रकारी। सं० मटबिनिया का काम।

~brick कामकार ईंट, मटचिनिया की ईंट। **~tile** काश की खपरैल, मटचिनिया खपरैल।

-ence [F. *-ence*, or directly from L. *-entia*, from pres. p. in *-ens -entis* (rarely from neut. pl. of adjectives)] प्रत्य० यह गुण या क्रियासूचक संज्ञा का अर्थ देता है, दे० -ance. **-ency** भी।

encephalon (en sef' ă lon) [Gr. *enkephalon* (EN-, *kephalē* the head)] सं० (बहु० **~la**) १. दिमाग; २. अन्तःकपाल। **encephalic** वि० दिमागी, भेजे का. अंतःकपाली। **encephalitis** सं० मस्तिष्क-ज्वर, मस्तिष्क-शोथ* (आ०, कु० भी), मस्तिष्कार्ति*।

enchain (en chān') [O.F. *enchainer*] क्रि० स० १ जंजीर से बाँधना, कसकर बाँधना; २. (भावना या ध्यान को) वश में रखना, आकृष्ट करना, पकड़े रहना। **enchainment** सं० शृङ्खला-बंधन. जकड़बंदी।

enchant (en chant') [F. *enchanter*, L. *incantāre* (IN-1 *cantāre*, to sing)] क्रि० स० १. (भा० और ला०) जादू करना, मोहित करना, मंत्रमुग्ध करना, वशीभूत करना, २ रिझाना, लुभाना, प्रफुल्लित करना, आनंदित करना। **enchanter** सं० जादूगर, मोहनेवाला। **enchantingly** क्रि० वि० जादू डालते हुए, मोहित करते हुए, लुभाते हुए। **enchantment** सं० जादू, वशीकरण, संमोहन। **enchantress** सं० जादूगरनी, मोहिनी, मोहित कर लेनेवाली, रिझाने या लुभाने वाली।

enchiridion (en ki rid' i ŏn) [Gr. *encheiridion* (EN-, *cheir*, hand, *-idion*, dim. suf.)] सं० पुस्तिका, गुटका, छोटी पुस्तक।

encircle (en sĕr' kĕl) [EN-, CIRCLE] क्रि० स० १. वृत्त बनाना, परिवृत्त करना, घेरा बनाना; २. आवृत्त करना, छा जाना. ३. घेरना, लपेटना। **encirclement** सं० घेराबंदी*, परिवेष्टन* (मा०१ भी)।

enclasp (en klasp') क्रि० स० छाती से लिपटाना, जोर से गले लगा लेना, आलिंगन करना।

enclave (en klāv') [F., from *enclaver*, late L. *inclāvāre* (IN-, *clāvus*, nail, or *clāvis*, key)] सं० १. विदेशी राज्य से घिरा हुआ इलाका या प्रदेश, एक राज्य के अधीन इलाका जो अन्य राज्य में घिरा हो; २. (वि०१) विदेशी अन्तःक्षेत्र*।

enclitic (en klit' ik) [L. *encliticus*, Gr. *enklitikos* (EN-, *klinein*, to lean)] वि० और सं० (व्या०, वह शब्द) जिस पर बोलने में बिल्कुल जोर न दिया जाता हो और जो अपने पूर्व शब्द का अंश हो जाए। **enclitically**, क्रि० वि० उपर्युक्त प्रकार से उच्चारित होते हुए।

enclose (en klōz'), क्रि० स० १. परिवृत करना, परिवेष्टित करना, घेरना, बाड़ लगाना, अहाता कर लेना; २. (विशे० लिफाफे में पत्र के अतिरिक्त और कुछ रखना); बंद करना* (प्र० भा) ३. चारों ओर से मजबूती या गोट लगा कर बंद करना; ४. साथ रखना, नत्थी करना; ५. (प्र०) साथ करना*। **enclosure** (en klō' zhŭr) १. घेरा* (कृ० भी), जंगला, चहारदीवारी, बाड़ा*, अहाता* (कृ०, प्र०, मा० १, वि० १ भी), घिराव, कटघरा; २. अहातेबंदी (जो अधिनियम के अनुसार अधिकार का प्रमाण समझी जाए); ३. चहारदीवारी; ४.घिरा हुआ स्थान; ५. संलग्न पत्र, सहपत्र, नत्थी की हुई चीज या कागज़-पत्र; ६. (प्र०) अनुलग्नक*; ७. (वि० २) कोष्ठ*, आवेष्टन*।

enclothe क्रि० स० कपड़े पहनाना, वस्त्र पहनाना।

encloud क्रि० स० बादलों से घेरना या छिपा लेना, मेघावृत करना।

encomiast (en kō' mi ăst) [Gr. *enkomiastes*, *from* *enkomiazein*, to praise, as foll.] सं० १. भाट, चारण, प्रशंसा या स्तुति में कविता लिखने वाला; २. चापलूस, चाटुकार। **encomiastical** वि० १. भाट संबंधी; २. चापलूसी से भरा, चाटुकारितापूर्ण।

encomium (en kō' mi ŭm) [L., from Gr. *enkōmion*, neut. of *enkōmios*, laudatory (EN-, *kōmos*, revelry)] सं० स्तुति, प्रशंसा, गुणानुवाद, अतिरंजित प्रशंसा, स्तुति-वाक्य, तारीफ़।

encompass (en kŭm' păs) क्रि० स० १. घेरना (विशे० मित्रभाव या शत्रुभाव से); २. लपेटना; ३. आवृत्त करना, शामिल करना, समा लेना, समाविष्ट करना। **encompassment** सं० घिराव, लपेट, परिवलय।

encore (*on* kōr') [F., again, L. (*in*) *hanc horam*, to this hour] विस्म० १. (दर्शकों या श्रोताओं की किसी गाने आदि को फिर सुनने के लिए माँग) दुबारा, फिर से, एक बार और, मुकर्रर। सं० दर्शकों या श्रोताओं की माँग पर प्रस्तुत अभिनय या गान। क्रि०स० गीत दुबारा गाने की माँग करना, अभिनय दुहराने के लिए पुकारना।

encounter (en koun' tĕr) [O. F. *encontrer*, late L. *incontrāre* (IN-1, *contra*, against)] क्रि० स० १. भिड़ना, मुठभेड़ होना या करना, लड़ाई के लिए जुट जाना; २. सामना होना या करना, मकाबला करना; ३. संयोगवश मिल जाना। सं० १. मुठभेड़* (मा० १ भी), भिड़न्त, लड़ाई-झगड़ा; २. आकस्मिक मिलन या भेंट, टक्कर, सामना।

encourage (en kŭr' āj) [O. F. *encoragier* (EN-, COURAGE)] क्रि० स० १. प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना, दिल बढ़ाना, हिम्मत बढ़ाना, जोश दिलाना, पीठ ठोंकना, उत्साहित करना; २. (किसी व्यक्ति को कुछ करने के लिए) उभाड़ना, उकसाना, प्रेरित करना, शह देना, उनेजित करना; ३. परामर्श देना; ४. (वाणिज्य, मत आदि को) बढ़ाना, तरक्की देना, सहायता देना, सहारा देना, समर्थन करना। **encouragement** सं० १. प्रोत्साहन, प्रेरणा, २. महायता, बढ़ावा, समर्थन, ढाढ़स, दिलासा, तसल्ली, शह। **encouragingly** क्रि० वि० १. बढ़ावे के साथ, प्रोत्साहन से, प्रेरित करते हुए, शह देते हुए; २. ढाढ़स, दिलासा या तसल्ली देते हुए।

Encratite सं० प्राचीन ईसाइयों के नास्तिक सम्प्रदाय का सदस्य, जो मदिरा, मांस और विवाह से परहेज करता था।

encrimson (en krim' zŏn) क्रि० स० गहरा लाल बनाना, लोहित वर्ण का बनाना।

encroach (en krōch') [O. F. *enrochier* (EN-, *croc*, hook, cp. M. Dut. *kroke*, Icel. *krōkr* crook)] क्रि० अ० १. (दूसरे के प्रदेश या अधिकार आदि पर) अनधिकारी रूप में प्रवेश या आक्रमण करना, अनुचित रूप से अधिकार जमाना; २. हस्तक्षेप करना, अतिक्रमण करना; ३. दबा लेना; ४. दूसरे की हद में पैठना या प्रवेश करना। **encroachment** सं० १. अनधिकार हस्तक्षेप या प्रवेश, अतिक्रमण* (मा०१ भी), अनधिकार प्रवेश; २. (विधि) अधिक्रमण*।

encrust (en krŭst') [prob. through F. *incruster*, from L. *incrustāre* (IN-, *crusta*, CRUST)] क्रि० स० और अ० १. पपड़ी जमाना या जमना; २. बहुमूल्य धातुओं आदि के पत्तरों को सजावट के लिए चढ़ाना; ३. पपड़ी बनना, वल्क का रूप लेना। **encrustment** सं० वल्काच्छादन, पपड़ी ढँकना, पटलीकरण।

encumber (en kŭm' bĕr) [O. F. *encombrer*, late L. *incumbrāre* (IN-, *cumbrus*, an obstacle, see CUMBER)] क्रि० स० १. प्रतिबंध, लाद देना, भारग्रस्त करना, भाराक्रांत करना; २. रोड़े

अटकाना, विघ्न डालना; ३. उलझाना, गतिरोध करना; ४. (व्यक्ति, जागीर आदि को) कर्ज से लाद देना, ऋणग्रस्त करना; ५. (शा०और ला०, किसी स्थान में) बेकार की चीजें भरना, रास्ता रोक देना। **encumberment** सं० भार, बोझ, ऋण या भार आदि लादने की क्रिया या अवस्था। **encumbrance** सं० १. बोझ, भार; २. परेशानी, दुःख; ३. बाधा, रुकावट, अवरोध; ४. रोड़ा, रोक, विघ्न; ५. संपत्ति पर हक, अधिकार, गिरवी, बंधक आदि; ६. दायित्व। **without ~** संतानहीन, बिना बाल-बच्चों का, संतान के दायित्व से मुक्त। **encumbrancer** सं० १. दूसरे की संपत्ति का दावेदार, जो व्यक्ति दूसरे की संपत्ति पर अधिकार रखता हो; २. (विधि) विल्लंकमदार*।

-ency [-ENCE] प्रत्य० यह गुण या अवस्था प्रकट करता है।

encyclic, -al (en sik'lik, -ăl) [late L. *encyclicus*, Gr. *enkuklios* (EN-, *kuklos*, a ring, a circle)] वि० और सं० १. पोप-परिपत्र* (मा० १ भी), व्यापक प्रचार के लिए (पोप का पत्र), गश्ती; २. पोप का विश्व-पत्र, गश्ती फ़रमान या फ़तवा।

encyclopædia (en si klō pē' di ă) [late L., from pseudo- Gr., *enkuklopaideia*, a false reading for *enkuklios paideia*, general instruction (as prec., and *paideia*, from *paideuein*, to educate from *paispaidos*, a boy)] सं० (बहुव० **~as**) १. विद्याचक्रकोश, विश्वकोश; २. शिक्षा का सामान्य पाठ्यक्रम। **encyclopædic, al** वि० १. विश्वकोश संबंधी; २. विश्वकोशीय, विश्वकोश का; ३. विश्वकोश का-सा। **encyclopædism** सं० १. विश्वकोशवाद। **encyclopædist** सं० विश्वकोशकार, विश्वकोश-रचयिता।

encyst (en sist') क्रि० स० बस्ति (मूत्राशय, गलाशय) में बद करना, परिकाष्ठन करना, थैली में बन्द करना। **encystation, encystment** सं० १ परिकाष्ठन, बस्तिकर्म, परिगुटन; २. (कृ०) पुटीभवन*/सिस्टी-भवन*।

end (end) [A.-S. *ende* (cp. Dut. *einde*, Icel. *endi*, Dan. and G. *ende*)] सं० १. अवधि, सीमा (there is no~to it); २. (रेखा का) सिरा*/अंत*, छोर* (आ०, वि० १ भी), पीछे का हिस्सा आदि; ३. टोंटा, बचा हुआ टुकड़ा, अवशिष्टांश; ४. (अवधि, यात्रा, अवस्था आदि की) समाप्ति, अंत, इतिश्री, अवसान, (पुस्तक का) उपसंहार; ५. उत्तरार्ध, अंतिम भाग; ६. बरबादी, नाश, ध्वंस; ७. मात, मृत्यु; ८ नतीजा, फल, परिणाम; ९. मतलब, प्रयोजन, अभिप्राय (to gain his ends); १०. निमित्त, लक्ष्य, उद्देश्य* (मा० २ भी), ध्येय, साध्य* (मा १, २ भी) मूल या अंतिम कारण; ११. (आ०) अन्त्य*। क्रि० स० और अ० १. (काम, भाषण, जीवन आदि को) समाप्त करना, अंत करना या होना, हो चुकना; २. पूरा करना, तमाम करना; ३. नष्ट करना; ४. नतीजा निकालना, परिणाम होना; ५. खत्म होना, समाप्त होना। **at a loose~** रिक्त, खाली। **at one's wits~** चकराना, कुछ न सूझना, अकल काम न देना। **at the~ of his tether** इससे अधिक कुछ नहीं जानता और कुछ नहीं कर सकता। **be at an~, come to an~** चुक जाना, खत्म हो जाना। **East ~** लंदन का पूर्वी भाग। **~by doing** करके निपटना, अंततोगत्वा किसी कार्य को करना (जैसे will~ by marrying a duke)। **go off the deep~** १. तैरने में गहरा गोता लगाना; २. (ला०) जोखिम उठाना, जोखिम में पड़ना; ३. मरम हो जाना, उत्तेजित हो जाना। **in the~** आखिरकार, निदान, अंततोगत्वा, अंत में। **keep one's~ up** १. काम निकाल लेना; २. अच्छा सौदा करना। **make an~ of** अंत कर देना, समाप्त कर देना। **make both ends meet** अपनी आय के भीतर किसी प्रकार निर्वाह करना। **no~** लगातार, निरन्तर, अविच्छिन्न रूप से। **no~of** प्रचुर, बहुत अधिक, बहुसंख्यक। **placed~ to~** लम्बाई में या सिरे से सिरे तक, बिम्तृत। **place on~** सीधा खड़ा करना। **put an~to** अंत कर देना, उन्मूलन करना। **rope's~** पीटने के लिए रस्सी के सिरे पर डोरे से बँधा हुआ छोटा टुकड़ा। **shoemaker's~** मोची का ताना, जिसके सिरे पर सुअर का कड़ा बाल हो। **turn~for~** उलट देना। **West~** लंदन का पश्चिमी भाग। **world without~** अनंत संसार, चिरंतन जगत। **~iron** अंग्रेजी चूल्हे में आगे-पीछे सरकने का लोहे का पतला टुकड़ा या प्लेट जिससे चूल्हा बड़ा-छोटा हो सकता है। **~paper** पुस्तक के अंत और आरंभ का खाली पन्ना। **ending** सं० १. अंत करना या होना (क्रियागत अर्थों में); २. (शब्द, कथा आदि का) इति, अंत* (आ० भी), अंतिम।

endamage (en dăm' ăj) क्रि० स० दे० DAMAGE।

endanger (en dān' jėr) क्रि० स० १. संकट में डालना, जोखिम या खतरे में डालना; २. (विधि) संकटापन्न करना*।

endear (en dēr') क्रि० स० (अपने को या किसी को किसी का) लाडला या प्यारा बनाना, प्रियपात्र बनाना, प्रिय बनाना। **endearingly** क्रि० वि० लाड़ से, प्यार से। **endearment** सं० लाड़-प्यार, प्रेमानुराग, प्रीति।

endeavour (en dev' ėr) क्रि० स० और अ० कोशिश करना, प्रयत्न करना, प्रयास करना, उद्योग या उद्यम करना, दौड़-धूप करना। सं० प्रयास, प्रयत्न कोशिश, दौड़-धूप, परिश्रम, उद्योग, उद्यम।

endemic (en dem' ik) [EN-, Gr. *dēmos*, people (*cp.endēmios*)] वि० १. स्थानिक (आ० भी), स्थानिक मारी, स्थानीय, देशज, तत्रस्थ, मुकामी; २. (रोग आदि) देश और जाति विशेष में पाया जाए; ३. (वि० १) विशेष क्षेत्रों*। सं० प्रांतिक या जातीय रोग। **endemically** क्रि० वि० स्थानिक रूप से, प्रांतिक या जातीय रूप से। **endemicity** सं० स्थानिकता, विशिष्ट जातीयता, स्थानिकमारी स्थिति।

endermic (en dėr'mik) वि० आन्तर्मिक, त्वचा पर प्रभाव डालने-वाला। **endermically** क्रि० त्वचा पर प्रभाव डालने की दृष्टि से।

endive (en' div) [F. from L. *intibus*] सं० कासनी।

endless (end' les) वि० १. अपार, अशेष, अंतहीन, सतत; २. शाश्वत, अनत, चिरंतन; ३. निरंतर; ४. बेसिरा, असीम, बेहद, अटूट, खत्म न होने वाला। **~band, cable, chain** अंतहीन जोड़, तार या जंजीर। **endlessly** क्रि० वि० हमेशा, निरंतर। **endlessness** सं० अनतता, निरंतरता, असीमता।

endo-, end- (ग्रीक endon) अंतर, भीतर, अन्तः* (आ० भी एण्डो-* (वि० ३ भी) का समस्त पदों में प्रयुक्त सामासिक रूप।

endocardium (en dō kar' di ŭm) [Gr. *kardia*, heart] सं० १. अन्तः हृद-कला, हृत पिंड की आभ्यंतर वाली झिल्ली; २. अन्तर्हृदकला*/अन्तर्हृद* (आ० भी); ३. अन्तर्हृदस्तर* (वि० १ भी)। **endocarditis** सं० १. अन्तःहृदप्रदाह, हृदन्तःकोप; २. (आ०) अन्तर्हृद्शोथ*।

endocarp (en' dō karp) [Gr. *karpos*, fruit] सं० १. अन्तःस्तर, अन्तश्छद, अन्तःफल, फल के अन्दर का आवरण; २. (कृ०, वि० १) अन्तःफलभित्ति*।

endocrane (en' dō krān) सं० अन्तःकपाल, सिर की भीतरी तह।

endocrine (en' dŏ krin) सं० १. अन्तःस्रावी; २. (आ०, वि० १) अन्तःस्रावी*; एण्डोक्राइन*।

endoderm (en' dŏ dĕrm) सं० १. अन्तःस्तर, भ्रूणान्तरी स्तर की भीतरी झिल्ली; २. (आ०) अन्तर्जनस्तर*; अन्तस्त्वक्*।

endogamous (en dog' ă mŭs) [Gr. *gamos*, marriage] वि० सजातीय या सगोत्र विवाहकारी। **endogamy** सं० सगोत्र-विवाह, सजातीय विवाह, अन्तर्विवाह* (मा० २ भी)।

endogen (en' dŏ jĕn) सं० एक बीजपत्री, वृक्ष जो तने के अंदर ही बढ़ता हो, एक बीजपत्री* (कृ० भी)। **endogenous** वि० अन्तर्जात* (आ०, इ० ३, कृ०, वि० १ भी), अन्तःविकसित।

endolymph (en' dŏ limf) सं० कान का मैल, अन्तः कर्णोदक* (आ०भी), अन्तर्लसीक* (वि० १ भी)।

endometrium (en dŏ mĕt' ri ŭm) [Gr. *metra*, womb] सं० १ अन्तःगर्भाशय, अन्तःयोनि; २. (वि० १) गर्भाशय अन्तःस्तर*। **endometritis** सं० १. अन्तःगर्भाशय-प्रदाह, अन्तःयोनि-प्रदाह, २. (कृ०) गर्भाशय-झिल्ली-शोथ*।

endomorph (en' dŏ môrf) वि० १. अन्तःआकृतिक; २. (आ०, मा० २) गोलाकार*; एण्डोमॉर्फ़*।

endoparasite (en dŏ păr' ă sīt) सं० (प्राणि०) अन्तः-परोपजीवी, अन्तःपराश्रयी, अन्तःपरजीवी* (वि० १ भी)।

endoplasm (en' dŏ plăzm) सं० १. अन्तःरस, अन्तर्द्रव्य, आन्तर द्रव्य; २. (आ०) अन्तः प्रद्रव्य*।

endorse, (en dôrs') [M. E. *endosse*, O. F. *endosser*, med. L. *indorsāre* (in-, L. *dorsum*, the back)] क्रि० स० १. पृष्ठ लेखन करना, पृष्ठांकन करना, हस्ताक्षर करना; २. समर्थन करना; ३. (किसी प्रस्ताव या वक्तव्य की) पुष्टि करना; ४. (हुंडी आदि) सकारना; ५. पीठ पर लिखना, बेची करना या लिखना, ६. (अल्लील प्रयोग) किसी विज्ञापनकर्त्ता का समर्थन करना, ७ प्रमाणित करना, तस्दीक करना, एकमत होना, एक राय होना। **~over** हुंडी आदि किसी दूसरे के नाम करना, अपने अधिकार (दूसरे को) सौंपना (लो० भी)। **endorsement** सं० १. पृष्ठांकन* (प्र०, विधि भी); २. समर्थन* (प्र०, मा० १ भी) अनमोदन, मंजूरी। क्रि० स० पृष्ठांकन करना*; सही करना* (प्र०, मा० १ भी)।

endosarc (en' dŏ sark) सं० अन्तःप्रद्रव्य* (वि० १ भी)।

endoscope (en' dŏ skōp) सं० १. अन्तःदर्शन यंत्र, अन्तःदर्शक यंत्र; २. (आ०) गुहांतदर्शी*; एण्डोस्कोप*।

endoskeleton (en dŏ skel' e tŏn) सं० अन्तःपंजर, अन्तः कंकाल* (वि० १ भी)।

endosmose, endosmosis (en doz' mōs, en doz mō' sis) सं० अन्तरासिरी, अन्तरासिरण।

endosperm (en' dŏ spĕrm) सं० (वन०) अन्तर्बीज, भ्रूणपोष* (कृ० भी)।

endospore (en' dŏ spôr) सं० अन्तःबीज।

endothelium (en dŏ thē' li ŭm) सं० १. अन्तःचूचुक; २. (आ०, वि० १) अन्तःस्तर*; ३. (आ०) अन्तःकला*।

endow (en dou') [ENG., F. *douer*, L. *dōtāre*, to DOWER] क्रि० स० १. देना, दान देना, प्रदान करना, धर्मस्व देना, धन देना, स्थायी निधि देना; २. (किसी व्यक्ति को) अधिकार देना; ३. समर्थ बनाना, सम्पन्न करना; ४. सौंप देना, वक्फ करना। **endowment** सं० १. धर्मादा*; धर्मदाय* (मा० १ भी), दान खाता, वृत्ति, धर्मार्थ; २. धर्मस्व, दान; ३. गुण संपन्नता; ४. (मा० १) नीवी*; ५. (मा० २) निसर्ग प्रदाय*। **~assurance** निर्धारित उम्र या समय का जीवन बीमा, सावधि बंदोबस्त बीमा।

endue (en dū') [O. F. *enduire*, L. *indūcere* (IN-, *dūcere*, to lead, draw), in certain senses confused with prec. and also with L. *induere*, to put on] क्रि० स० १. (कपड़े आदि) पहनना, धारण करना (लो० भी); २. (किसी व्यक्ति को किसी वस्तु से) आवृत करना; ३. (किसी व्यक्ति को) गुण संपन्न करना, गुणयुक्त करना।

endure (en dūr') [O. F. *endurer*, L. *indūrāre* (IN-, *dūrus*, hard)] क्रि० स० और अ० १. (पीड़ा आदि) सहना, भुगतना, झेलना. बरदाश्त करना, उठाना; २. भोगना, सहन करना; ३. टिकना, ठहरे रहना, स्थिर रहना; ४. बना रहना, अचल रहना, दृढ़ रहना, पक्का रहना। **endurable** वि० सह्य, सहन करने योग्य। **endurance** सं० १. सहिष्णता, सहनशीलता; २ सहनशक्ति* (मा० २ भी), सहने की शक्ति, धैर्य, तितिक्षा* (मा० २ भी), सामर्थ्य, क्षमता। **enduringly** क्रि० वि० सहन करते हुए। **enduringness** सं० १. सहनशीलता, २ स्थिरता; ३ स्थायित्व, दृढ़ता, बरदाश्त (करने की शक्ति)।

endways (end' wāz) क्रि० वि० १. खड़े रुख, जिसका सिरा देखने वाले की ओर या ऊपर को या आगे को हो, २. एक छोर से दूसरे छोर तक।

ene (ēn) [A.-S. *ene*, instrumental of *ān*, one] क्रि० वि० पहले कभी, एकदा, एक दार, ।

-ene [L. *-enus*, adj. suf.] प्रत्य० यह उद्कार्बनों (हाइड्रो-कार्बन) के नामों के साथ जोड़ा जाता है (जैसे benzene, camphene)।

enema (en' e mă, ē nē' mă) [Gr. *enema*, from *eniemai* (EN-, *hiemai*, to send,)] सं० १. वस्तिकर्म* (कृ० भी), वस्तिक्रिया, गदा द्वारा तरल औषधि पेट में चढ़ाना; २. पिचकारी, वस्तियंत्र, ३. (आ०) गदावस्ति*; ४. (आ०. कृ०) एनीमा*।

enemy (en' e mi) [O. F. *enemi*, L. *inimicus* (*in*, IN-, *amīcus*, friend)] सं० १. अरि, शत्रु, बैरी, दुश्मन; २. विरोधी, विपक्षी, प्रतिपक्षी; ३. शत्रु सेना या राष्ट्र का सदस्य; ४. शत्रु सेना का जहाज। वि० शत्रु का, शत्रु संबंधी, शत्रु पक्षी। **the Enemy** दुश्मन। **how goes the~** (बोल०) क्या समय है ?

energetic (en e jet' ik) [ENERGY] वि० और सं० १. चुस्त, कर्मठ, फुर्तीला, सक्रिय; २ बलवान, प्रबल, शक्तिशाली; ३ उद्यमी, उद्योगी; ४. उत्साही, ऊर्जस्वी। **energetically** क्रि० वि० १ स्फूर्ति से; २. उत्साहपूर्वक; ३. सोद्योग। **energic** (e ner' jik) वि० (विरल०) दे० ENERGETIC। **energize** (en' er jīz) क्रि० अ० और स० बल प्रदान करना, (किसी व्यक्ति या कार्य में) सक्रिय होना, कार्यरत होना, अर्जन करना, सजीवन करना।

energumen (en er gū' mĕn) [late L. *energūmenus*, Gr. *energeō,menos*, p.p. *energeein*, to work in or upon, as foll.] सं० १ भूताविष्ट, प्रेतार्ध न, २ ओझोला; ३. कट्टरपंथी, हठी।

energy (en' er ji) [late L. *energia*, Gr. *energeia* (EN-, *ergon*, work)] सं० १ ऊर्जा* (आ०, इ० २, कृ०, वि० १ भी), बल, शक्ति (भाषण, कृति, व्यक्ति आदि की); २. शक्ति कर्मठता; ३. (बहुब०) व्यक्ति की सक्रिय शक्तियाँ (जैसे devote your

ă=अ, (Father) फ़ादर; ā=ए, (Fat) फ़ैट; ă=ए, (Fate) फ़ेट, aw, ā=ऑ, (Fall) फ़ॉल, ā=एअ, (Fair) फ़ेअर; e ए, (Bell) बेल, ē=ई, (Her) हर; ĕ=ई, (Beef) बीफ़; i=इ, (Bit) बिट, ī=आइ, (Bite) बाइट, o=ऑ, (No) नोट; ŏ=ऑ, (No) नो; ô=ऑ, (North) नॉर्थ; oo=ऊ, (Food) फ़ूड; u=उ, (Bull) बुल; ŭ=अ, (Sun) सन; ū=यू, (Muse) म्यूज़; ou=आउ, (Bout) बाउट; oi=ऑइ, (Join) ज्वाइन।

energies to this); ४. (गु त) योग्यता। **actual, kinetic,** or **motive**~ (भौ वि०) वास्तविक, गतिज, गतिशील ऊर्जा, किसी पिंड की वह शक्ति जो गति के द्वारा काम करती है। **latent, potential,** or **static**~ स्थितिज, स्थिर, निहित ऊर्जा। **mass**~ वह ऊर्जा जो पिंडों के भार या आकार के कारण होती है।

enervate (en' ĕr vāt) [L. *ēnervātus*, p.p. of *ēnervāre* (ē-, *nervus*, sinew)] क्रि० स० १. कमजोर बनाना; २. निस्तेज करना, प्रभावशून्य बना देना (शारीरिक, नैतिक, साहित्यिक अथवा कलात्मक दृष्टि से)। वि० १. निर्बल, बलहीन; २. तेजहीन, प्रभावरहित (शारीरिक, नैतिक, साहित्यिक अथवा कलात्मक दृष्टि से)। **enervation** सं० कमजोरी, निर्बलता।

enface (en fās') क्रि० स० १. हुंडी आदि पर (कुछ शब्द) लिखना; २. हुंडी को मुहरबंद करना; ३. मुलाकित करना। **enfacement** सं० हुंडी की मुहरबंदी, हुंडी पर (कुछ शब्द) लिखने अथवा अंकित करने का कार्य, मुलांकन।

enfeeble (en fē' bĕl) क्रि० स० दुर्बल करना, दुर्बल बनाना, निःशक्त करना। **enfeeblement** सं० दुर्बलीकरण, कमजोरी, दुर्बलता।

enfeoff (en fef') [A.F. *enfeffer*, O. F. *enfeffer* (EN-, FIEF)] क्रि० स० १. जागीर देना (किसी व्यक्ति को); २. जागीरदार बनाना; ३. (ला०) दे देना, हस्तांतरित करना। **enfeoffment** सं० १. जागीर देना, जागीर-प्रदान-प्रलेख, जागीर दान्-दस्तावेज; २. जागीर।

enfetter (en fet' ĕr) क्रि० स० १. बेड़ियाँ डालना या पहनाना, बंदी बनाना; २. गुलाम बनाना (ला० और शा०)।

enfilade (en fi lād') [F., from *enfiler*, to thread (EN-, *il*, L. *filum*, a thread)] सं० लोप, बहुक आदि की बाढ़ (मार) जो इधारनी अथवा मनुष्यों को एक सिरे से दूसरे सिरे तक नष्ट कर दे, लम्बवार। क्रि० स० अस्त्र सेना अथवा सड़क आदि पर ऐसी बाढ़ मारना, लंबाई गोलाबारी, गोलों की बौछार।

enfold (en fōld') क्रि० स० १. गूढ़, लपेटना, जकड़ना; २. बाहुपाश में लेना, आलिंगन करना; ३. तह करना, घेरना, मोड़ना।

enforce (en fōrs') [O.F. *enforcer*, late L. *infortiāre* (IN-, L. *fortis*, strong)] क्रि० स० १. दबाना; २. बल देना, जोर डालना (तर्क अथवा माँग पर), लादना (किसी पर कार्य अथवा व्यवहार); ३. बेबस करना, लाचार करना, बाध्य करना; ४. (नियम आदि का) प्रवर्तन करना या कराना* (भा १ भी लागू), प्रचलित करना, जारी करना, चलाना; ५ मानने पर विवश करना; ६. (प्र०, विधि) प्रवर्तित करना*। **enforceable** वि० १. बल देने योग्य, २. प्रवर्तनीय। **enforcedly** क्रि० विo मजबूरी से। **enforcement** सं० प्रचलन, प्रवर्तन, अमल, व्यवहार।

enframe (en frām') क्रि० स० १. (चित्र आदि को) फ्रेम करना, चौखटे में लगाना; २. फ्रेम या चौखटे का काम देना (किसी वस्तु या क्रिया के लिए)।

enfranchise (en frăn' chīz) [O. F. *enfranchiss-*, stem of *enfranchir* (EN-, *franc*, FRANK)] क्रि० स० १. बंधनमुक्त करना, आजाद करना, मुक्त करना; २. (किसी नगर को) राज्य सम्बन्धी (विशेषकर संसद में) प्रतिनिधित्व का अधिकार देना; ३. (किसी व्यक्ति को) मताधिकार देना, वोट का हक़ देना, अधिकार देना। **enfranchisement** सं० १. मुक्ति-दान; २. मताधिकार-दान* (भा० १ भी), प्रतिनिधित्व का अधिकार।

engage (en gāj') [F. *engager* (EN-, *gage*, a pledge)] क्रि० स० और अ० १. वचन देना, सगाई करना (विशेषतः विवाह आदि के लिए जैसे engaged couple); २. नौकर रखना, काम पर लगा लेना; ३. पहले से स्थिर कर लेना (सीट, गाड़ी आदि); ४. (कुछ करने के लिए) प्रतिज्ञाबद्ध होना; ५. आश्वासन देना, वचन देना; ६. प्रेरित करना; ७. आकर्षित करना, मोह लेना; ८. (वास्तु०) दीवार में (खम्बा) लगाना; ९. सुसंबद्ध करना, (एक वस्तु को दूसरी से) गठिना; १०. (ध्यान) आकर्षित कर लेना; ११. फँसाना, उलझना; १२. (राजनीति आदि में) लग जाना, रत हो जाना; १३. (सेनाओं का) टकराना, भिड़ना, लड़ना, संघर्ष करना, झड़प ले लेना; १३. लड़ाना*, लगाना* (क्रि० भी); १४. वचनबद्ध करना* (भा० ३, विधि भी)। **engagement** सं० १. (अवसाय, व्यापार, प्रवृत्ति) इकरार, वादा* (प्र०, भा० १ भी), वायदा, वचन,; २. वाग्दान, सगाई* (भा० ३ भी); ३. नियुक्ति* (भा० ३ भी); ४. काम, पेशा, धंधा, पहले से ठहराव; ५. बन्धन, पाबन्दी; ६. मुठभेड़, लड़ाई, झड़प, मुक़ाबला, संघर्ष; ७. आस्थिति* (अ० भी); ८. आबन्ध, वचन-बद्धता* (प्र०, भा० १ भी); ९. (भा० १) अनुबंध*; १०. (भा० १) समाघात* (युद्ध में); **engagingly** क्रि० वि० आकर्षक अथवा मोहक ढंग से।

engarland (en gar' lănd) क्रि० स० हार डालना, फूल-माला पहनाना।

engender (en jen' dĕr) [F. *engendrer*, L. *ingenerāre* (IN-, *genus*, a race, a brood)] क्रि० स० १. प्रसूति, बच्चा जनना; २. उत्पन्न करना, पैदा करना (घटना, परिस्थिति आदि), बीज बोना।

engine (en' jin) [O. F. *engin*, L. *ingenium*, genius (see INGENIOUS)] सं० १. यंत्र, उपकरण, इंजन* (वि० १ भी), मशीन, औजार; २. युद्ध में प्रयुक्त होने वाले अस्त्र-शस्त्र। क्रि० स० (जहाज आदि) इंजन लगाना, इंजन फिट करना। **~driver** सं० इंजन-चालक, इंजन-ड्राइवर। **~lathe** सं० मशीनी खराद। **~sized paper** मशीन से कटा हुआ कागज़। **~turning** मशीन से धातुओं पर चूड़ियाँ डालना। **enginery** सं० १. इंजन, मशीन; २. (ला०) कृत्रिम यंत्र; ३. युद्ध की मशीनें, तोपखाना।

engineer (en ji nēr') [O.F. *engineor*, late L. *ingeniātor -ōrem*, from *ingeniāre*, as prec.] सं० १. यंत्रकार, इंजीनियर*; अभियंता* (इं० १, प्र० भी), यान्त्रिक; २. सैन्य-स्थानों के नक्शे बनाने तथा निर्माण करनेवाला व्यक्ति, ३. पुल, नहर आदि सार्वजनिक उपयोगिता के निर्माण-कार्य करनेवाला; ४. इंजन बनानेवाला, यन्त्र-निर्माता; ५. इंजन का निरीक्षक; ५. (अमरीकी प्रयोग) रेलवे इंजन का चालक। क्रि० अ० और स० १. इंजीनियर का काम करना; २. इंजीनियर के रूप में (पुल आदि का निर्माण या निर्माण में) प्रबंध करना; ३. (बो०) व्यवस्था करना, ४. युक्ति निकालना; ५. किसी न किसी तरह करवा लेना। **engineering** सं० १. इंजीनियरी* (इं० १, २, ३ भी), अभियांत्रिकी; २. यंत्रशास्त्र। वि० इंजीनियरी, अभियांत्रिक। **engineership** सं० इंजीनियरी, यांत्रिकता, यांत्रिक पद।

engirdle (en gĕr' del) क्रि० स० १. पेटी बाँधना; २. चारों ओर से घेर लेना।

Englander सं० इंग्लैंड का निवासी। **little~** सं० साम्राज्यवादी नीति का विरोधी (इंग्लैंड का निवासी)।

English (ing' glish) [A.-S. *Englisc, Æenglisc*, from *Engle*, the Angles] वि० और सं० १. इंग्लैंड (का या की); २. (The~) अंग्रेज (लोग, सिपाही आदि); ३ (~man or woman) स्त्री या पुरुष जो जन्म, वंश अथवा विशेषाधिकार-प्राप्ति से अंग्रेज हों, इंग्लैंड का नागरिक; ४. अंग्रेजी भाषा में लिखा या बोला हुआ, अंग्रेजी टाइप के अक्षरों का आकार; ५. अंग्रेजी भाषा। **early~ style** अंग्रेजी लिखने की प्राचीन शैली, दे० STYLE। **in plain~** स्पष्टतः, साफ़। **King's or Queen's~** विशुद्ध अंग्रेजी भाषा। **Middle~** मध्यकालीन अंग्रेजी (लगभग १५०० ई० तक की)। **Old~** प्राचीन अंग्रेजी (लगभग ११५० ई० तक की)।

engorge (en gôrj') [F. *engorger* [EN-, *gorge*, GORGE]] क्रि० स० १. निगलना; २. ठूंसे जाना; ३. (कर्म०) ठँसे होना; ४. (निदान) किसी अवयव में रक्त का जम जाना। **engorgement** सं० १. बहुत खाना, अतिभक्षण; २. रक्त एकत्रण की अवस्था; ३. (आ०) अतिपूरण*; अतिरक्तता*।

engraft (en graft') क्रि० स० १. संयुक्त (वृक्ष की) कलम लगाना, पौंद लगाना; २. (मस्तिष्क में किसी बात को) बिठा देना; ३. (एक वस्तु का दूसरी में) संयोग कर देना; ४. जोड़ देना, मिला देना, सम्मिलित कर लेना।

engrail (en grāl') [O. F. *engresler*, perh. from *gresle* (F. *grele*), hail] क्रि० स० १. किनारा दाँतेदार करना; २. दाँतेदार बनाना।

engrain (en grān') क्रि० स० १. गहरा रंग चढ़ाना (प्रायः लाल); २. हृदयांकित कर देना, पक्का करना। भू० कृ० पक्का, छँटा हुआ, परले दरजे का (जैसे an engrained rogue) पक्का बदमाश, धूर्त, (तुल० INGRAINED)।

engrave (en grāv') क्रि० स० १. खोदना, उत्कीर्णन, उकेरना, अंकित करना; २. (किसी कठोर वस्तु को अंकित चित्रों आदि से) आभूषित करना; ३. नक्काशी करना, पच्चीकारी करना, ४. (स्मृति में) जड़ना, बिठाना, जमाना, जमा देना, उहेरना; ५. मुद्रण के लिए प्लेट पर चित्राकित करना, तक्षण करना। **engraving** सं० तक्षण, पच्चीकारी, नक्काशी का बिंब, तक्षण, मुद्रा, काठ-खुदाई, धात खुदाई, उत्कीर्णन*/खुदाई* (मा० १ भें०)।

engross (en grōs') [A.-F. *engrosser* [EN-, *grosse*, late L *grossa*, large writing]] क्रि० स० १. मोटे-मोटे या बड़े-बड़े अक्षरों में प्रलेख लिखना; २. क़ानूनी रूप में व्यक्त करना, ३. (इति०) एकाधिकार ग्रहण के लिए सारा थोक खरीद लेना, ४. (बातचीत पर) एकाधिपत्य जमा लेना; ५. (व्यक्ति, उसके ध्यान और समय आदि को) लीन कर लेना; ६. लीन हो जाना (जैसे engrossed in subject विषय में लीन); ७. निमग्न करना, खोजना, एकाग्रचित्त होना। **engrossment** सं० १. तल्लीनता, एकाग्रता, एकाग्रचित्तता, निमग्नता; २. थोक-खरीदारी; ३. हस्ताक्षर-अंति; ४. अंतिम प्राक्रूप।

engulf, -gulph (en gŭlf') क्रि० स० १. निगलना, निगल जाना, हड़प कर लेना, ढक लेना, घेर लेना, ग्रसा लेना; २. परिग्रहण करना* (वि० १ भी)। **engulfment** सं० परिग्रहण, निमग्नता, घेरा, घिराव, फँसाव।

enhance (en hans') [A.-S. *enhauncer*, O. F. *enhaucer* (IN-, late L. *altiāre*, to heighten, from *altus*, high)] क्रि० स० १. वृद्धि करना, बढ़ाना; २. (गुणों, शक्तियों आदि को) तीव्रतर करना; ३. बढ़ा-चढ़ा कर कहना, मुलाया करना; ४. (मूल्य) बढ़ा देना। **enhancement** सं० १. वृद्धि, बढ़ती; २. तरक़्क़ी; ३. संवर्धन; ४. मुलाया; ५. मूल्यवृद्धि।

enharmonic (en har mon' ik) [L. *enharmonicus*, Gr. *enarmonikos* [EN-, *harmonia*, HARMONY]] वि० (संगी०) ऐसे आलाप जिनका सुरांतर द्वि श्रुत्यांतर (semitone) से कम होता है। **enharmonically** क्रि० वि० उपर्युक्त रीति से।

enigma (ē nig' mā) [L. *enigma*, Gr. *ainigma -tos*, from *ainissesthai*, to speak obscurely or allusively, from *anos*, fable] सं० १. प्रहेलिका, पहेली, भेद, रहस्य, गूढ़ प्रश्न, उलझन; २. रहस्यात्मक व्यक्ति या वस्तु। **enigmatic, -al** (en ig mat' ik, -āl) वि० रहस्यपूर्ण, पेचीदा, गूढ़, अस्पष्ट। **enigmatically** क्रि० वि० रहस्यात्मक ढंग से। **enigmatize** क्रि० स० १. रहस्यपूर्ण बनाना; २. उलझाना, पेचीदा करना।

enisle, in- क्रि० स० (काव्य) १. टापू बना देना; २. टापू पर रख देना; ३. टापू पर स्थित करना; ४. पर्याप्त कर देना, अलग कर देना।

enjambment (en jāmb' ment) [F. *enjambement*, from *enjamber* [EN-, *jambe*, leg]] सं० (छंद) अपूर्णन्वयी, युग्मक में दूसरी पंक्ति के आगे वाक्य का बढ़ जाना।

enjoin (en join') [O. F. *enjondre*, L. *injungere* (IN-, *jungere*, to join)] क्रि० स० १. निर्धारित करना, निधान करना; २. (किसी व्यक्ति पर कोई कार्य अथवा व्यवहार) लादना; ३. (किसी को कुछ करने की) आज्ञा देना, हुक्म देना; ४. आदेश जारी करना, कहना, हिदायत जारी करना, ५. (विधि) अदालती आदेश द्वारा मना करना*।

enjoy (en joi') [O. F. *enjoier*] क्रि० स० १. सुख लेना, आनंद लेना, मजा करना, आनंदित होना; २. उपयोग में लाना, भोगना (जैसे to~poor health); ३ रस लेना; ४ चखना, ५ (विधि) उपभोग करना*। **enjoyable** वि० आनंदप्रद, रमणीय। **enjoyableness** सं० रमणीयता। **enjoyably** क्रि० वि० आनन्दपूर्वक, मजे से। **enjoyment** सं० १. आनंद, मजा; २. उपयोग; ३ भोग, लूटी, सुख, रस, मौज, उपभोग* (विधि भी)।

enkindle (en kin' del) क्रि० स० १. सुलगाना, चिनगारी, बारना, गुड़ आदि को) भड़काना, उत्तेजित करना; २ भड़क उठना, चमक उठना; ३. आवेश से भड़क उठना, उत्तेजित होना।

enlace (en lās') [F. *enlacer* [EN-, *lacer*, ult. from L *laqueāre*, to ensnare, from *laqueus*, a noose]] क्रि० स० १ जकड़ लेना, २. लपेट लेना, ३. घेर लेना, चारों ओर से बाँध लेना। **enlacement** १. जकड़; २. लपेट; ३. घेरा।

enlarge (en lārj') [O. F. *enlarger*] क्रि० स० और अ० १. विस्तार करना, बढ़ाना, बड़ा करना, विस्तृत करना या होना, (हृदय, मस्तिष्क, विचार आदि को) व्यापकता देना, व्यापक करना, उदार बनाना, उन्नत करना, २. बढ़ जाना, विस्तार करना, ३. (फ़ोटो०) बड़ा कर बड़े आकार का बनाना, विस्तार करना, खोल कर बयान करना। **enlargement** सं० १. फ़ोटो की संवर्धित प्रति; २. फैलाव, विस्तार; ३. परिवर्धन, वृद्धि, स्फीति, आपवृद्धि; ४. विवर्धन* (आ० भें०)। **enlarger** सं० फोटो-संवर्धन यन्त्र।

enlighten (en lī' ten) क्रि० स० १ (किसी व्यक्ति को किसी विषय पर) जानकारी देना, सूचित करना, बताना, समझाना; २. (काव्य) किसी वस्तु पर प्रकाश डालना या किसी व्यक्ति को ज्ञान देना, प्रबुद्ध करना; ३ (किसी व्यक्ति को) अंधविश्वास या पूर्व-

धारणा से मुक्त करना; ४. अँधेरा दूर करना, प्रकाशित करना। **enlightenment** सं० १. स्पष्टीकरण; २. बोध, ३. अज्ञान-मुक्ति; ४. मार्ग-दर्शन, प्रबुद्धि; ४.(मा० २)प्रबोध*, अभिबोध*।

enlink (en lingk') क्रि० स० १. जोड़ना, मिलाना; २. निकट लाना; ३. संबंध पैदा करना (with और to के साथ, या० और लो० भी)।

enlist (en list') क्रि० स० और अ० १. फौज में भरती होना या करना, संगठित होना; २. (व्यक्तियों, भावनाओं, प्राकृतिक शक्तियों, विज्ञान आदि से) सहयोग या सहायता प्राप्त कर लेना; ३. मिला लेना, साथ मिलना; ४. प्राप्त करना, हासिल करना, इकट्ठा करना, बटोरना; ५. नाम लिखना, नाम लिखाना, सूची में चढ़ाना। **enlistment** सं० १. भरती; २. सहयोग लेना, सहायता-प्राप्ति।

enliven (en li' vĕn) क्रि० स० १. जान डाल देना, सजीव करना, अनुप्राणित करना; २. (व्यक्तियों, भावनाओं, व्यापार आदि में) स्फूर्ति ला देना, ३. प्रोत्साहित करना; ४. (चित्र, दृश्य आदि को) चमका देना, निखार देना।

enmesh (en mesh') क्रि० स० १. फाँस लेना, जाल डाल लेना, २. उलझा लेना। **enmeshment** सं० उलझन।

enmity (en' mi ti) [A.-F. *enemitĕ*, O. F. *enemistié*, late L. *inimicitas -tātem*, from L. *inimicus*, enemy] सं० १. द्वेष, घृणा, २. शत्रुता, बैर, बैर भाव, विरोध, लाग, दुश्मनी।

ennead (en' ē ăd) [Gr. *enneas- ados*, as prec.] सं० नौ (व्याख्यानों, पुस्तकों, समस्याओं) का समूह।

ennoble (ē nō' bel) [O. F. *ennoblir* (EN-, NOBLE)] क्रि० स० १. प्रतिष्ठा बढ़ाना, पदवृद्धि करना, सरदार बनाना, सरदारी बख्शना, उच्च पद प्रदान करना; २. महान बनाना, महानता प्रदान करना; ३ ऊँचा उठाना, उन्नत करना। **ennoblement** सं० १ उच्चपद देना; २. उन्नति, उत्थापन।

ennui (on' nwē, an nwē) [F., from O. F. *enui*, L. *in odio* (cp. ANNOY)] सं० १. ग्लानि, खिन्नता, अवसाद, ऊब, विमनस्ता, २. रोजगार अथवा रुचि के अभाव के कारण मानसिक थकान वलांति थकावट। **ennuye** (an nwē' yā) (स्त्री० **ennuyee**) **ennuied** (on' wēd, an wēd) वि० १ क्लांत, थकित, थका हुआ; २ खिन्न, हतास्वाद।

enormity (ē nôr' mi ti) सं० १. दारुणता; २. दुष्टता, धूर्तता, ३. दुष्कर्म, बुरा काम, बुराई; ४. अपराध, जुर्म।

enormous (ē nôr' mŭs) [earlier *enorm*, M. F. *enorme* L. *enormis* (E-, *norma*, pattern, NORM)] वि० १ असाधारण, बहुत बड़ा, बहुत सा, बहुत ज्यादा, प्रचुर, विशाल बृहत्, अत्यधिक; २. भारी, गहरा। **enormously** क्रि० वि० १. विशालता से; २. बृहत् रूप में। **enormousness** सं० १ विशालता; २. आधिक्य; ३. बृहत्ता।

enough (ē nŭf') [A.-S. *genōh*, *genōg*, allied to impers *geneah*, it suffices (cp. Goth. *ganohs*, enough, *ganah*, it suffices, also Icel. *gnogr*, Dan. *nok*, G. *genug*, enough, Sansk., *nac*, to attain, L. *nancisci* to obtain, p.p. *nactus*)] वि० यथेष्ट, पर्याप्त, काफ़ी, उचित। सं० पर्याप्ति, पर्याप्त मात्रा या परिमाण। क्रि० वि० पर्याप्त मात्रा में, पर्याप्त रूप से, काफ़ी। ~! बस, बहुत हुआ, काफ़ी है, अब न कहो (जैसे ~ of this folly बस, अब इस मूर्खता को बंद करो)। **cry** ~ पराजय स्वीकार कर लेना। **have** ~ काफ़ी हो चुकना, बहुत हो लेना। **have had** ~ १. थक जाना; २. उकता जाना। **make** ~ **noise** जी भर कर शोर मचाना। **oddly** ~ १. अनोखी बात है; २. हैरानी की बात है। **sure** ~ निश्चित रूप से। **well** ~ पूरी तरह।

enounce (ē nouns') [F. *énoncer*, L. *ēnuntiāre*, to ENUNCIATE] क्रि० स० १. प्रतिपादन करना, निश्चित रूप में व्यक्त करना (सिद्धान्त, स्थापना आदि); २. प्रस्तुत करना, पेश करना; ३. (शब्दों का) उच्चारण करना। **enouncement** सं० १. प्रतिपादन, निश्चित कथन, घोषणा; २. उच्चारण।

enquire, enquiry दे० INQUIRE, INQUIRY।

enrage (en rāj') [O. F. *enragier*] क्रि० स० रुष्ट करना, क्रोध दिलाना, गुस्सा दिलाना, क्रुद्ध करना, भड़काना।

enrapture (en răp' tūr) क्रि० स० अत्यंत प्रसन्न करना, विभोर कर देना, बाग़-बाग़ कर देना, आनंदित करना, हर्षित करना, आनंद की चरम सीमा को पहुँचना, खुशी के मारे बेहाल होना, रोमांचित कर देना।

enregiment (en rej' i mĕnt) [F. *enrégimenter*] क्रि० स० १. रेजिमेंट बनाना, गुल्म बनाना, पल्टन बनाना, रेजिमेंट में संगठित करना; २. अनुशासित करना, अनुशासन में रखना।

enrich (en rich') [F. *enrichir*] क्रि० स० १. समृद्ध करना, मालामाल कर देना, निहाल कर देना, धनी बना देना; २. (संग्रह, अजायबघर या पुस्तक में) अभिवृद्धि करना, संपन्न करना; ३. अधिक स्वादिष्ट बनाना, अधिक गुण-सम्पन्न बनाना, और बढ़िया बनाना। **enrichment** सं० १. संपन्नीकरण, २. संपन्नता, समृद्धि।

enrobe (en rōb') क्रि० स० वस्त्र पहनाना।

enrol (en rōl') [O. F. *enroller*] क्रि० स० १. सूची में नाम लिखना, सेना में भर्ती करना; २. (किसी सभा या संगठन का) सदस्य बनाना; ३. व्यायालय के रजिस्टर में दर्ज करना; ४. लेखबद्ध या लिपिबद्ध करना। **enrolment** सं० भर्ती, नामांकन, सूची में नाम लिखने की क्रिया, खाता, नाम चढ़ाना।

ens (enz) [late L. *ēns*, neut. pres. p. of *esse*, to be] सं० (बहुव० **entia**) पदार्थ, सत्ता, सत्व, अस्तित्व।

Ensa (en' sa) [initials of Entertainment National Service Association] सं० (अमरीका में) सेना आदि का मनोरंजन करनेवाले एक संगठन का संक्षेप।

ensample (en sam' pĕl) [A.-F., corr. of O.F. *es- sample*, EXAMPLE] सं० (अप्र०) दे० EXAMPLE।

ensanguine (en săng' gwin) [EN-, L. *sanguis -inis*, blood] वि० खून से लथपथ, रक्तरंजित, खूनी (या० और लो०)।

ensconce (en skons') क्रि० स० १. (अपने आप को किसी सुरक्षित या गुप्त स्थान में) छिपाना, स्थापित करना, प्रतिष्ठित करना, जा बैठना, २. आड़ या ओट लेना, आराम से बसना, अड्डा जमा लेना, गढ़ बना लेना। किलाबंदी कर लेना, जम जाना।

enshrine (en shrin') क्रि० स० १ (अवशेष, स्मृति-चिह्न आदि को) किसी तीर्थस्थान या मंदिर में स्थापित करना, प्रतिष्ठित करना, २. (या० और लो०, किसी अमूल्य वस्तु के लिए) मंदिर या तीर्थस्थान का काम देना; ३ पवित्र समझ कर सुरक्षित करना। **enshrinement** सं० १. मंदिर में स्थापन; २. वेदी-प्रतिष्ठा।

enshroud (en shroud') क्रि० स० आच्छादित करना, पूरी तरह ढँक लेना, छिपा लेना, लपेट लेना।

ensiform (en' si fôrm) [*Liensis*, a sword,-FORM] वि० खड्गाकार* (आ० भी), असिरूप, तलवार की आकृति का, एन्सीफार्म* (आ०भी)। ~**cartilage** १. अग्रपत्रीय उपास्थि; २. उरोस्थि से मिली हुई लंबोली हड्डी; ३. असिरूप कोमलास्थि।

ensign (en' sīn) [O. F. *enseigne*, late L. *insignia*, orig. neut. pl. of *insignis*, remarkable, from *signum*, a sign] सं० १. (पदाधिकार का) चिह्न; २. निशान*, पताका* (मा० १ भी), ध्वज, झंडा, (विशे० ब्रिटिश नौ० वि०) सफ़ेद, नीला या लाल ध्वज जिसके कोने में यूनियन जैक अंकित होता है; ३. ध्वजवारी, ध्वजी, झंड बरदार (प्राचीन समय में पैदल सेना का सब से छोटा कमीशन प्राप्त अधिकारी तुल० ANCIENT) **blue~** नीली ध्वजा, इंग्लैंड की आरक्षित जल-सेना की ध्वजा। **red~** लाल ध्वजा, व्यापारी जहाजों की ध्वजा। **white~** सफ़ेद ध्वजा, इंग्लैंड की जल-सेना की ध्वजा। **ensignсy** सं० ध्वजधारी का पद।

ensilage (en' sĭ lāj) [F., from *ensiler*, Sp. *ensilar*, to preserve grain in a pit, see SILO] सं० गड्ढे में बिना सुखाये रक्खी हुई हरी घास या चारा। क्रि० स० १. गड्ढे में हरी घास को सुरक्षित रखना; २. (कृ०, वि० १) साइलेज बनाना*। **ensile** (en sīl) क्रि० स० गड्ढे में (घास या चारे को) दबा कर रखना।

enslave (en slāv') क्रि० स० (किसी को) दास बनाना, गुलाम बनाना, (शा० और लो० आदत या अंधविश्वास आदि का) दास बनाना। **enslavement** सं० दासता, दासत्व, गुलामी। **enslaver** सं० क्रियागत अर्थों में (विशे०) मोहिनी स्वभाव से पुरुष को वश में कर लेने वाली स्त्री।

ensnare (en snār') क्रि० स० फंदे या जाल में फँसाना (शा० और लो०)।

ensoul (en sōl) क्रि० स० जान डालना, अनुप्राणित करना, रूह फूंकना।

ensphere (en sfēr') क्रि० स० घेर लेना, बंद करना, परिवेष्टित करना।

ensue (en sū') [O.F. *ensu-*, stem of *ensuivre*, late L. *insequere*, L. *insequi* (IN-, *sequi*, to follow)] क्रि० अ० और स० १. पीछे होना या आना, आना, बाद में आना, बाद को घटित होना, (किसी के) फलस्वरूप घटित होना, २. परिणाम, फल या नतीजा निकालना; ३. ढूंढना, खोज करना, पैरवी करना।

ensure (en shoor') [A.-F. *enseurer*, from O.F. *sew*, SURE] क्रि० स० १. (किसी व्यक्ति या वस्तु को) सकट या खतरे से) सुरक्षित करना, निरापद करना; २. (किसी बात का होना) निश्चित करना, पक्का कर लेना, ठीक करना, सुरक्षित करना; ३. (किसी के लिए कोई वस्तु) सुरक्षित करना, बचा कर रखना; ४. यकीन कराना, इतमीनान कर लेना या करा देना, आश्वस्त करना* (प्र० भी); दे० INSURE।

enswathe (en swāth') क्रि० स० पट्टी बाँधना, लपेटना (शा० और लो०)। **enswathement** स० पट्टी बाँधना, लपेटना।

-ent [L. *-entem*, acc. of *-ens*, prcs. p.] प्रत्य० जिसमें विशेषण और संज्ञाएँ बनती हैं, दे० -ANT।

entablature (en tăb' lă tūr) [ult. from late L. *intabulāre*, to form an *intabulātum* or flooring (cp. It. *intavolatura*)] सं० १. (वास्तु०) डाट, मेहराब, कार्निस, स्तंभ से ऊपर का भाग; २. (ई० ३) प्लस्तर*।

entablement (en tă' bl mĕnt) [F., from *entabler*] सं० प्रतिमापीठ, मूर्ति को टिकाने का समतल चबूतरा, मूर्तिपीठिका।

entail (en tāl') [EN-, F. *taille*, TAIL] क्रि० स० १. अनुक्रम बधन करना, (भूमि आदि का) अपरिवर्तनीय उत्तराधिकार निश्चित करना, बाँधना, (किसी व्यक्ति को कोई वस्तु) के रूप में देना; २. (किसी व्यक्ति पर व्यय, श्रम आदि का) भार डालना, लादना, आरोपित करना; ३. आवश्यक बना देना, अपरिहार्य बनाना; ४. अनिवार्य करना, फल या नतीजा होना, संबद्ध होना या करना। सं० १. अनुक्रम-बधन, अपरिवर्तनीय उत्तराधिकार, अचल सपत्ति की ऐसी वसीयत कि उसका मनमाना दान न हो सके; २. इस प्रकार प्राप्त जायदाद; ३. (ला०, गुणों, विश्वासों आदि का) अपरिवर्तनीय दान। **entailment** सं० १. (उपर्युक्त रूप में) निश्चित करने, सौंपने या आवश्यक बनाने आदि की क्रिया; २ (मा० २) अनुलग्न*, अनुलग्नता*।

entangle (en tăng' gĕl) क्रि० स० १ उलझाना, फँसाना, लपेटना, जाल या फंदे में फँसाना; २. बाधा में डालना; ३. मुश्किल में डालना, कठिनाई में डालना; ४. (किसी वस्तु को) जटिल या उलझी हुई बनाना (शा० और ला०); ५. पेचीदगियाँ पैदा करना। **entanglement** सं० १. उलझन, उलझाव, झंझट, जटिलता, कठिनाई, बखेड़ा, परेशानी; २. (सैन्य०) शत्रु की गति को रोकने के लिए खड़ी की हुई बाड़ (प्राय. कटिदार तार की)।

entasis (en' tă sĭs) [Gr. from *enteinein* (EN-, *teinein*, to stretch)] सं० (वास्तु०) उत्तलता, खंभे की सूक्ष्म गोलाई, खंभे में थोड़ा उभार।

entelechy (en tel' ĕ kĭ) [Gr. *entelecheia* (LN-, *telei*, dat. of *telos*, the end, perfection, *echein*, to have)] सं० १. (दर्श०) सिद्धि, साधन, पूर्णता, उपलब्धि; २. पूर्णतादायक; ३ (मा० २) अंतस्तत्त्व*/ ऐन्टेलीकी*।

entellus (en tel' ŭs) [name of a person in *Aeneid* v. 437-72] सं० (~monkey भी) हनुमान।

enter (en' tĕr) [F. *inter* L. *intrāre*, from *intrā*, within] क्रि० अ० और स० १. प्रवेश करना (कमरे, स्थान आदि में), भीतर आना या जाना; २. (नाटक में आदेशात्मक अन्य पुरुष) रगमंच पर आना; ३. (स्थान आदि में) भीतर आना या जाना; ४. (शरीर आदि में) घुसना, घुसेड़ना; ५. (सेना या धार्मिक नौकरी में) भर्ती होना, सदस्य होना, ६. (कुत्ते का) सधाना, (घोड़े का) फेरना; ७ (किसी सूची या पुस्तक में नाम तथा अन्य विवरण) लिखना; ८. (किसी प्रतियोगिता या दौड़ आदि में) नाम लिखाना, प्रतियोगी के रूप में घोषित करना या होना, प्रविष्ट होना या करना, ९. (किसी छात्र या सभा के सदस्य का) भर्ती करना, प्रविष्ट करना, भर्ती होना, प्रवेश पाना, दाखिल होना या करना; १०. सम्मिलित करना या होना; ११. (विधि) प्रविष्ट करना*। **~an appearance** किसी बैठक में उपस्थित होना, सूरत दिखाना (विशे० हाउस ऑफ लार्ड्स में भी अल्पसंख्यक दल का)। **~a protest** किसी विचारक संस्था में, (विशे० इंग्लैंड के हाउस ऑफ लार्ड्स में, अल्पमत का) विरोध प्रकट करना, कार्रवाई या पुस्तकों में दर्ज कराना। **~into** (बातचीत) छेड़ना, (संबध) स्थापित करना, (समझौते में) शामिल होना, (जाँच-पड़ताल में) लगना, (किसी की भावनाओं के साथ) सहानुभूति प्रगट करना, (योजना का) अंग बनना, अश बनना, (समझौते, क़रार या स्वीकृति द्वारा) अपने आपको बाँधना, आबद्ध करना, पाबद करना। **~up** (बही-खाते में) लेखा पूरा करना। **~upon** (किसी सपत्ति को) ग्रहण करना। स्वीकार करना, (कार्रवाई) शुरू करना, (किसी विषय को) हाथ में लेना। **enterable** वि० प्रवेश योग्य, दर्ज करने योग्य।

enteric (en ter' ik) [Gr. *enterikos*, from *enteron*, intestine (comparative of *in*, in)] वि० अँतड़ी संबंधी, अँतड़ियों का, आन्त्रिक। **~fever** टायफाइड, मियादी बुखार, आन्त्रज्वर। **enteritis** सं० आन्त्र-प्रदाह, अँतड़ियों का) सूजन, आन्त्रशोथ* (आ०, कृ० भी)। **entero-** (समस्त पदों में प्रयुक्त रूप) आन्त्र-

विषयक, अँतड़ियों से संबद्ध। **enterolite** (en' tĕr ō lit) सं० अँतड़ियों की पथरी। **enterotomy** सं० अँतड़ियों को काट कर खोलना, आन्त्रच्छेदन* (आ० भी)।

enterprise (en' tĕr priz) [O.F.*enterprise*, from *enterpris*, p.p. of *entreprendre*, late L.*interprendere*, to undertake (L. *inter*,among, *prendere*, *prehendere*, to take in hand)] सं० १. उद्यम* (कृ०, मा० २, ३ भी), साहसिक कार्य, जोखिम का काम; २. साहसिक कार्यों में लगने की हिम्मत, तत्परता, दिलेरी, उद्योग, साहस, उत्साह, जोखिम, मुहिम, धावका, हिम्मत। **enterprising** वि० १. उद्योगी, उद्यमी; २. माहसी, साहसिक, हिम्मतवाला। **enterprisingly** क्रि० वि० १. सोद्यम; २. हिम्मत से, साहसिकता से।

entertain (en ter tān') [F. *entretenir*, late L. *intertenēre* (*inter*, among, *tenēre*, to hold)] क्रि० स० १. ग्रहण करना* (विधि भी), दाखिल करना, (पत्र-व्यवहार, समाधान आदि को) बनाये रखना; २. (किसी का) दिल बहलाना, मनोरंजन करना, खुश करना (प्रायः अर्थ्य० में); ३ अतिथि-सत्कार करना, आदर-सत्कार करना, खातिर करना, ४. (विचार, भावना, प्रस्ताव को) मन में रखना, दिल में जगह देना, प्रिय मानना, स्वागत करना; ५. सोचना, ध्यान देना, सुनना। **entertaining** वि० मनोरंजक, दिलचस्प, दिल बहलानेवाला। **entertainingly** क्रि० वि० मनोरंजकतापूर्वक, दिलचस्पी से, दिल बहलाते हुए, मनोरंजक बातें करते हुए। **entertainment** सं० क्रियागत अर्थों में १. (विशे०) मनोरंजन, आमोद-प्रमोद, दिल बहलाव, २ खेल-तमाशा, प्रदर्शन* (विधि भी), सार्वजनिक मनोरंजन का कार्यक्रम; ३. मेहमानदारी, दावत। **~tax** मनोरंजन-कर* (विधि भी)।

enthral (en thrawl') क्रि० स० १ दास बनाना, चेला बनाना, गुलाम बनाना, वश में करना (प्राय: लाo); २. मोहित करना, आकर्षित करना। **enthralment** सं० १. दासता; २. सम्मोहन, आकर्षण।

enthrone (en thrōn') क्रि० स० १. (राजा, धर्मगुरु, पादरी आदि को) गद्दी पर बैठाना, सिंहासनारूढ़ करना (लाo भी); २. प्रतिष्ठित करना, ३ दिल में जगह देना, बढ़ा-चढ़ा देना, ४.राज्यारोहण करना* (मा० १ भी)। **enthronement** सं० राज्याभिषेक, सिंहासनारोहण।

enthronize (en thrō' nīz) [O F. *intronizer*, late L. *inthronizare*, Gr *enthronizein* (EN-, *thronos*, THRONE] क्रि० स० राज्याभिषेक करना। **enthronization** सं० राज्याभिषेक, सिंहासनारोहण (शा० और लाo)।

enthusiasm (en thū' zi ăzm) [late L. *enthūsiasmus*, Gr. *enthousiasmos*, from *enthousiazein*, to be inspired, from *enthousia*, from *entheos*, possessed by a god (EN-*theos*, god)] सं० उत्साह* (मा० २ भी), जोश, उमंग, सरगर्मी। **enthusiast** सं० १. उत्साही, जोशीला, उमंग भरा; २. किसी आदर्श के लिए समुत्साही, ३. स्वप्नदर्शी, कल्पना-विलासी, भ्रान्त व्यक्ति। **enthusiastic** वि० उत्साही, उत्साहपूर्ण, उमंग भरा, सरगर्म, जोशीला। **enthusiastically** क्रि० वि० उत्साहपूर्वक, जोश से, उमंग के साथ। **enthuse** (en thūz') क्रि० अ० (बाल०) जोश से आना, उत्साह प्रकट करना, जोश दिलाना, गरमा देना।

enthymeme (en' thi mēm) [L. *enthymēma*, Gr. *enthumēma -tos*, from *enthumeesthai*, to think [EN-, *thumos*, mind)] सं० १. (तर्क०) लुप्तावयव हेत्वानुमान, लुप्तावयव पक्ष या हेतु, लुप्तन्याय; २. (मा० २) लुप्तावयव न्याय वाक्य*।

entice (en tīs') [O.F. *enticer*,prob. from a late L. *initiāre*, to kindle, set on fire [EN-, L. *titio*, a fire-brand)] क्रि० स० १. लुभाना, ललचाना, फुसलाना* (विधि भी), बहकाना, प्रलोभित करना, प्रलोभन देना; २. फुसलाकर या बहकाकर ले जाना। **enticement** सं० १. प्रलोभन, बहकाव, लुभाव, फुसलाहट।

expostulate (ek spos' tū lāt) [L. *expostulātus*, p.p. of *expostulāre* (EX-, *postulāre*, to demand)]. क्रि० अ० सविनय अथवा मैत्रीभाव से विरोध, आपत्ति या प्रतिवाद करना (with के साथ)। **expostulation** सं० १. सविनय या मैत्रीभावपूर्ण प्रतिवाद; २. विरोध, आपत्ति। **expostulatory** वि० १. सविनय या मैत्रीभावपूर्ण, आपत्ति-संबंधी; २. प्रतिवाद संबंधी।

exposure (ek spō' zhŭr) [EXPOSE, -URE] सं० १. उद्घाटन, अनावृति, अनावरण* (आ०, वि० १ भी), खुलाव (वायु, सर्दी या खतरे आदि में); २. (शिशु का) परित्याग, निराश्रित बाहर छोडना; ३. प्रदर्शन (विशे० बिकाऊ माल का); ४. छल, कपट, वंचना आदि का पर्दाफ़ाश, भंडाफोड़, क़लई या पोल खुलना, प्रकटीकरण, उद्घाटन; ५. पहलू, पक्ष (जैसे southern ~); ६. (फ़ोटोग्राफ़ी) चित्रपट को रोशनी पहुँचाने की क्रिया या उसमें लगा हुआ समय; ७. सर्दी खा जाना, ठिठुरन; ८. (आ०) मावाकृति*; ९. (वि० १) प्रभावन*।

expound (ek spound') [M.E. *expounen*, O.F. *espondre*, L. *expōnere* (see EXPONENT)] क्रि० स० १. (सिद्धांत आदि को) ब्यौरेवार बयान करना, विस्तृत रूप से प्रस्तुत करना, प्रतिपादित करना; २. व्याख्या करना, समझाना, भाष्य करना (विशे० धर्मग्रन्थ का)।

express[1] (ek spres') [O.F. *expres*, L. *expressus*, p.p. of *exprimere* (EX-, *primere* to press)] वि० १. परिस्फुट, स्पष्ट, सुव्यक्त, साफ़, असंदिग्ध, हूबहू, ठीक-ठीक; २. खास, विशिष्ट, विशेष उद्देश्य से किया हुआ या बना हुआ या भेजा हुआ; ३. तुरंत; ४. (विधि) अभिव्यक्त*। क्रि० वि० तेजी से, विशेष शीघ्रता के साथ, द्रुतगामी डाक या रेल से। सं० द्रुतगामी रेलगाड़ी, तेज चलनेवाला दूत या बंदूक़। **~bullet** तेज़ गोली, फ़ौज जाने वाली गोली जो तेज़ बन्दूक में काम आए। **~delivery** शीघ्र वितरण, वह डाक जो विशेष डाकिए के द्वारा भेजी जाय। **~rifle** तेज़ी से चलनेवाली बंदूक़, वह बंदूक जिसका तोड़ बहुत दूर का हो। **~train** द्रुतगामी रेल, वह गाड़ी जो बीच के कई छोटे स्टेशनों को छोड़कर इकती हो। **expressly** क्रि० वि० स्पष्ट रूप से, सटीक रूप से, असंदिग्ध रूप से, विशेष रूप से।

express[2] (ek spres') [O.F. *expresser* (as prec.)] क्रि० स० १. (रस, हवा आदि) निचोड़ना, दबा कर निकालना, पीस कर बाहर निकालना, मसल कर बाहर निकालना; २. निकालना, छोड़ना; ३. पसीजना, स्राव होना; ४. (गणि०) प्रतीकों में प्रकट करना, चिह्नों में लिखना; ५. खोलना, अभिव्यक्त करना, जताना, लक्षण सूचित करना (भावनाएँ, गुण आदि); ६. (विचारों को) शब्दों में प्रकट करना, ज़ाहिर करना, बताना। **~oneself** अपनी भावनाओं और

विचारों को व्यक्त करना, (वृक्षतापूर्वक, उचित रूप से, ठीक तौर पर किसी विषय पर)। **expressible** वि० १. निचोड़ने योग्य; २. कथनीय, अभिव्यंजनीय, व्यक्त करने योग्य।

expression (ek spresh' ün) [F., from L. *expressio -ônem*, as prec.] सं० १. निचोड़ना, निष्पीड़न; २. पदावली, शब्द-प्रयुक्त, शब्दावली, वाक्य, कथन, ज़िक्र, बात, बयान; ३. अभिव्यक्ति* (प्र०, मा० ३, विषि भी), अभिव्यंजना, भावाभिव्यंजना; ४. भाषा-शैली, कहने का ढंग, लहजा; ५. (गणि०) व्यंजक पद संहति, चिह्न-समूह जो किसी राशि की अभिव्यक्ति करें; ६. मुख का भाव, रुख; ७. स्वर का उतार चढ़ाव, ध्वनि का आरोह-अवरोह; ८. (कला) किसी बात को प्रकट करने का ढंग या शैली, अभिव्यंजना शैली; ९. (संगी०) भावाभिव्यक्ति, संगीत और बाजे को इस प्रकार बजाना कि राग की भावनाएँ प्रकट हो जायें; १०. (आ०) मुखाकृति*/ भावाकृति*; ११. व्यंजक* (इं० ३, वि० १)। **~mark** भावाभिव्यक्ति सूचक चिह्न या शब्द। **~stop** हारमोनियम की खूँटी। **expressional** वि० मौखिक, शाब्दिक, आकृति संबंधी या कलात्मक अभिव्यक्ति-विषयक। **expressionism** सं० १. अभिव्यंजनावाद,कलाकारों, नाटककारों की आधुनिक प्रवृत्ति जिसके अनुसार वे अपनी अथवा पात्र की हृदयगत अनुभूति को यथार्थ की अपेक्षा प्रतीकात्मक अथवा शैलीपरक अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं; २. (संगी०) स्वतंत्र अभिव्यंजनावाद, संगीत में समस्त रूढ़ियों और नियमों का उल्लंघन करके रचयिता की आत्माभिव्यक्ति के पूर्ण-स्वातंत्र्य की प्रवृत्ति। **expressionist** सं० अभिव्यंजनावादी, अभिव्यंजना करनेवाला। **expressionless** वि० १. भावशून्य (चेहरा); २. आरोह अवरोह-रहित (ध्वनि)।

expressive (ek spres' iv) [F. *expressif -ive*, as prec., -ive] वि० १. सूचक, द्योतक, व्यंजक, दर्शक, प्रकट करनेवाला; २. मार्मिक, अर्थपूर्ण, प्रकाशक, गूढ़ार्थ अभिव्यंजक (शब्द, भावभंगिमा आदि)। **expressively** क्रि० वि० अभिव्यंजक रूप से, अर्थपूर्णता से, साफ़-साफ़, खुलकर, बखूबी। **expressiveness** सं० अभिव्यंजकता, अर्थपूर्णता, अर्थव्यंजकता।

exprobration (eks pro brā' shun) [L. *exprobrātio -ônem*, from *exprobrāre* (EX-, *probrum*, a shameful deed)] सं० भर्त्सनापूर्ण शब्द, लानत भरे वाक्य या भाषा।

expropriate (eks prō' pri āt) [late L. *expropriātus*, p.p. of *expropriāre* (EX-, *proprium*, property, neut. of *proprius* own)] क्रि० स० १. (संपत्ति आदि से) बेदखल करना, अधिकार छीन लेना, अधिकारच्युत करना, स्वत्व हरण कर लेना, सम्पत्ति हरण करना; २. (संपत्ति आदि) ज़ब्त कर लेना, छीन लेना; ३. निकाल बाहर करना; ४. (कू०) स्वत्व-हरण*। **expropriation** सं० १. स्वामित्व-हरण, अधिकारच्युति, सम्पत्ति-हरण* (मा० १ भी), स्वत्वहरण, बेदखली, ज़ब्ती, निष्कासन (भूमि आदि से); २. (मा० १) विसंपत्तिकरण*।

expulsion (ek spŭl' shun) [L. *expulsio -ônem*, from *expellere*, to EXPEL] सं० १. निष्कासन*/ निर्वासन*/ बहिष्करण* (आ०, कू०, मा० १, २, वि० १ भी), बहिष्कार से, बाहर निकालना, निकालना*, निकाल देना* (कू०, मा० १, वि० १ भी), निकाला जाना, बेदखली। **expulsive** वि० और सं० १. निष्कासक, बहिष्कारक, निर्वासनक्षम, बाहर निकालने वाला, बेदखल करने वाला, निर्वासित करने वाला, निकालने वाला; २. (आ०) निष्कासी*।

expunge (ek spŭnj') [L. *expungere* (EX-, *pungere*, to prick, p.p. *punctus*)] क्रि० स० मिटाना, मिटा देना, निकाल डालना, हटाना, अपलोपित करना, रद्द करना, काट देना, लोप करना (सूची से नाम या पुस्तक से कोई अंश आदि), खारिज करना। **expunction** सं० मिटाना, विलोपन, अपलोपन।

expurgate (ek' spĕr gāt) [L. *expurgātus*, p.p. of *expurgāre* (EX-, *purgāre*, to cleanse)] क्रि० स० १. (पुस्तक आदि को) शोधित करना, संशोधन करना, आपत्ति-जनक या अनुचित बातों को हटाकर शोधना, शुद्ध करना; २. (इस प्रकार की सामग्री को) हटाना, निकाल देना, दूर करना; ३. मल निकालना, छाँटना। **expurgation** सं० शोधन, संशोधन, काट-छाँट। **expurgator** (ek' spĕr gā tŏr) सं० १. शोधक, संशोधन करने वाला; २. काट-छाँट करनेवाला। **expurgatorial, expurgatory** वि० शोधन-संबंधी, संशोधन या काट-छाँट संबंधी।

exquisite (ek' skwi zit) [L. *exquisītus*, choice, p.p. of *exquīrere* (EX-, *quærere*, to seek)] वि० १. उत्कृष्ट, अत्युत्तम, विशिष्ट, अति सुन्दर,; २. तीव्र, उग्र, अत्यधिक (पीड़ा, सुख); ३. तेज़, तीव्र, सूक्ष्म, अतिशय (संवेदनशीलता आदि)। सं० बाँका, छैला, रंगीला, बना-ठना। **exquisitely** क्रि० वि० १. नज़ाकत से, अति मनोहरता से, विशिष्टता से; २. उग्रता से, तीव्रता से; ३. छैलापन के साथ। **exquisiteness** सं० १. अत्युत्तमता, अति मनोहरता, उत्कृष्टता; २. तीव्रता; ३. सूक्ष्मता; ४. बाँकपन, छैलापन।

exsanguinate (ek săng' gwi nāt) [L. *exsanguinātus*, p.p. of *exsanguināre* (EX-, *sanguis -inis*, blood)] क्रि० स० लहू सुखा देना, खून चुका देना, रक्तहीन करना। **exsanguine** वि० बेखून, रक्तहीन।

exscind (ek sind') [L. *exscindere* (EX-, *scindere*, to cut)] क्रि० स० काट डालना, काट कर अलग करना (शाख और ला०)।

exsert (ek sĕrt') [L. *exsertus*, p.p. of *exserere*, to put forth] क्रि० स० १. (जीव०) यत्न करना, उद्योग करना, शक्ति लगाना (दे० EXERT); २. (वि० १) उद्वर्त्य करना*।

ex-service वि० भूतपूर्व सैनिक, व्यक्ति जो युद्ध में सैनिक के रूप में रहा हो।

exsiccate (ek' si kāt, ek sik' āt) [L. *exsiccātus*, p.p. of *exsiccare* (EX- *siccus*, dry)] क्रि० स० १. सुखा देना, खुश्क कर देना, शुष्क कर देना,; २. सूखा कर डालना, सारा पानी खींच लेना, अवशोषण करना, उच्छोषण करना।

extant (ek' stănt, ek stănt') [L. *extans, -ntem*, pres. p. of *exstāre* (EX-, *stāre*, to stand)] वि० १. विद्यमान, उपलब्ध, वर्तमान, अब भी वर्तमान, प्रचलित (विशे० लेख्य या दस्तावेज आदि), विद्यमान, मौजूद; २. शेष, बाकी, बचा हुआ, चालू।

extasy दे० ECSTASY।

extempore (ek stem' po ri) [L. *extempore*, from the time] क्रि० वि० और वि० १. तत्काल, प्रत्युत्पन्न, तुरत, आशु रूप में, बिना तैयारी के (बोलने-लिखने आदि के लिए प्रयत्न); २. आशु, बिना पूर्व तैयारी का। **speak ~** बिना तैयारी के भाषण देना, प्रस्तुत करना। **extemporaneous, extemporary** (eks tem' pō rā' ni us, eks tem' pō rā ri) वि० आशु, तात्कालिक, तत्क्षणकृत, तुरंत किया हुआ, सहसा किया हुआ। **extemporaneously, extemporarily** क्रि० वि० बिना तैयारी किए हुए। **extemporaneousness** सं० आशुत्व, तात्कालिकता। **extemporize** क्रि० स० बिना पहले से तैयारी किये या बिना पूर्व कल्पना किये लिखना या कहना। क्रि० अ० बिना तैयारी के

बोलना, पूर्वचिंतन किये बिना बोलना। **extemporization** वि० आशु रचना, आशु सृजन, आशु-भाषण।

extend (ek stend') [L. *extendere*, p.p. *extensus* (EX-, *tendere*, 'to stretch)] क्रि० स० और अ० १. (शरीर, अंगों आदि को) पूरा फैलाना, बढ़ाना, प्रसार करना, लम्बा करना, (शीघ्रलिपि आदि को) पूरे विस्तार से लिखना; २. पहुँचना (किसी विशेष बिंदु तक); ३. (बिंदु तक) पहुँचाना; ४. (समय को) बढ़ाना; ५. विस्तार करना* या होना* (विधि भी), वृद्धि करना, प्रसारण करना (क्षेत्र तथा शब्द के अर्थ आदि में), ६. (सैन्य०) (सेना की पंक्ति का) बीच-बीच में एक-सा फासला छोड़ कर डंग से खड़ा होना या करना; ७. यथाशक्ति काम लेना (घोड़े या खिलाड़ी से, आ०); ८. (हाथ, बाहु) आगे फैलाना, तानना; ९. (दया) करना, (संरक्षणता) प्रदान करना; १०. (भूमि आदि की) कीमत लगाना, मूल्य आँकना, ऋण आदि के बदले; ११. (भूमि आदि) उक्त कर लेना, कुर्क कर लेना, छीन लेना; १२. अवधि बढ़ाना। **extendible, extensible** वि० विस्तारणीय, प्रसारणीय, वितान्य, वर्द्धनीय, विस्तार के योग्य, प्रसार के योग्य। **extensibility** सं० विस्तारशीलता, प्रसारण क्षमता, विस्तारणीयता, वितान्यता, वर्द्धनीयता। **extensile** वि० प्रसारणीय, वितान्य, फैलाने योग्य, जो आगे बढ़ाया या निकाला जा सके।

extension (ek sten' shún) [L. *extentio -ōnem, -sio -ōnem* as prec.] सं० १. विस्तृति*, विस्तरण* (वि० २ भी), विस्तारण* (विधि भी), प्रसरण (विधि को छोड़ कर सभी अर्थों में); २. प्रसार* (आ० भी); लम्बाई, चौड़ाई, व्याप्ति, फैलाव, विस्तार* (प्र०, मा० २, वि० १, २ भी), वितान; ३. दीर्घीकरण; ४. बढ़ाव, परिवर्द्धन, प्रवर्द्धन, वर्द्धन* (वि० २ भी), (रेल. योजना. मिज़ाइल आदि का) अतिरिक्त भाग; ५. शब्द जो किसी उद्देश्य या विषय का विस्तार करने हों; ६. हिस्सा, बाजू, शाखा; ७. (मा० २) वस्त्रवर्ध्य। **university ~** विश्वविद्यालय-शिक्षा-विस्तार, उन विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वस्तुनिर्देश, शिक्षा प्राप्ति और परीक्षा में प्रवेश होने की अनुमति जो विश्वविद्यालय में न रहते हों।

extensive (ek sten' siv) [late L. *extensivus*, as prec., -IVE] वि० १. (स्थान खरीद, कार्य आदि) विस्तीर्ण* (प्र०, वि० १, २ भी), विपुल, प्रचुर, विशाल, बड़ा, व्यापक*/विस्तृत (प्र० भी), सुविस्तृत; २. दूर तक फैला हुआ, विस्तीर्ण, लम्बा-चौड़ा; ३. (जमीन की पैदावार आदि का) क्षेत्र विस्तार पर निर्भर, भूप्रधान (दे० INTENSIVE); ४. बड़े पैमाने पर, प्रचुर, अतीव। **extensively** क्रि० वि० बड़े रूप में, विस्तार के साथ, व्यापकता से, विस्तृत रूप में। **extensiveness** सं० फैलाव, व्यापकता, विस्तीर्णता, विस्तार।

extensor(ek sten'sôr)[late L.,as prec.,-OR] १. सं०(~muscle) प्रसारणी पेशी, प्रसारक-पेशी, वितानक-पेशी, शरीर के किसी अंग को फैलानेवाली पेशी; २. (आ०) प्रसारक*; ३. (वि० १) प्रसारिणी*।

extent (ek stent') [A.-F. *extente, estente*, p.p. of *estendre, L. extendere*] सं० १. विधि विस्तार* (मा० १, वि० १, भी), प्रसार, फैलाव, विस्तृत स्थान; २. प्रभाव-क्षेत्र, क्षेत्र. विस्तार-क्षेत्र, प्रसार-क्षेत्र, सीमा* (वि० १ भी), हद, परिमाण (जैसे to a great, to the full~, ~of his power); ३. फैलाव, घेरा, रकबा, लंबा-चौड़ा स्थान, सुविस्तृत क्षेत्र (जैसे a vast ~of marsh); ४. सूत्यांन, मूल्यांकन. मूल्य-निर्द्धारण (भूमि आदि का); ५. जब्ती, कुर्की, अभिग्रहण, अभिग्रहण का लेख (भूमि आदि की), ६. अनुमान, अंदाजा।

extenuate (ek sten' ū āt) [L. *extenuātus*, p.p. of *extenuāre* (EX-, *tenuis*, thin)] क्रि० स० १. (अपराध की) गंभीरता को आंशिक क्षमादान द्वारा हलका करना, कम करना, घटाना (जैसे we must not~, nothing can~his baseness); २. प्रतीयमान, अपराध को कम करना, हलका करना, घटाना, (जैसे do not~yourself, his conduct)। **extenuation** सं० न्यूनीकरण, घटाव। **extenuatory** वि० (अपराध) की गंभीरता को आंशिक क्षमादान द्वारा हलका करनेवाली, कम करने वाली।

exterior (ek stēr' i ôr) [L. comp. or *exter* or *exterus*, outer] वि० १. बाहरी. बहिर्भाग*/बाह्य* (वि० १, २ भी); २. बाहर स्थित, बहिरागत. बाहर का; ३. सामना, दिखावट वाला हिस्सा। सं० बाह्य रूप. बाह्य भाग. बाह्य पक्ष, बाहरी आचरण या बर्ताव। **~ angle** बहिष्कोण। **exteriority** सं० बाहरीपन, बाहरापन। **exteriorly** क्रि० वि० बाह्यतः, बाह्यरूप से। **exteriorize** क्रि० स० १. बाह्य रूप में कार्यान्वित करना (धारणा, विचार को); २. बाह्यरूप प्रदान करना। **exteriorization** सं० १. बाह्य अनुभव, बाह्य अनुभूति; २. बाह्यीकरण*, प्रदर्शन* (आ० भी)।

exterminate (ek stēr' mi nāt) [L. *exterminātus*, p.p. of *extermināre* (EX-, *terminus*, a boundary)] क्रि० स० १. (जातियाँ, मनुष्य जाति, उपजाति, मन की) जड़ काट देना, गहन-गहन कर देना. उखाड़ फेंकना, उन्मूलित या निर्मूल कर देना. मूलोच्छेद करना; २. नाश करना, मिटाना, मटियामेट करना। **extermination** सं० १ तहस-नहस. उन्मूलन, मूलोच्छेदन; २. निर्मूलन*(मा० १ भी)। **exterminator** (ek stēr' mi nā tor). सं० उन्मूलनकर्त्ता. मूलोच्छेदक। **exterminatory** वि० विनाशकारी उन्मूलनकारी. विनाशी।

external (ek stēr' nál) [L. *externus*, from *exter*, see EXTERIOR] वि० १. बाह्य*/बहि* (आ०, मा० १, वि० १ भी), बहिर्भाव, विदेशी* (मा० १ भी), बाहरी, बहि स्थित; २ शरीर पर लगाने की दवा आदि)। ३. (धर्म०) बाह्याचार और बाह्यानुष्ठान संबंधी; ४. बाह्य जगत संबंधी. दृश्य जगत संबंधी. जड़-विषयक, परोक्ष; ५. परराष्ट्रीय. वैदेशिक, ६. (मा० १) विदेश*। सं० (बहुव०) १. बाह्याकार. बहनाकृति. बाह्यपक्ष, बाह्य दशा या बाह्यावस्था. बाह्य परिस्थितियाँ; २. अनावश्यक (वस्तुएँ)। **~ evidence** बाह्य साक्ष्य, बहिःसाक्ष्य। **externalism** सं० बाह्याचारवाद, बाह्य कर्मकांड। **externality** सं० बहिर्भाव, ऊपरीपन, बाहरीपन आदि। **externalize** क्रि० स० बहिर्वर्ती करना. बाहरी आकार या अस्तित्व देना, ज़ाहिरी सूरत देना. बाह्यरूप प्रदान करना। **externalization** सं० बाह्यीकरण*, बाह्यीभवन* (आ० २ भी)। **externally** क्रि० वि० बाहर से, बाह्यतः. दिखावट से।

exterritorial (ek ster i tôr' i ál) वि० अपरदेशीय, अतिदेशीय* (मा० १ भी), राज्य-क्षेत्राधिमुक्त, राज्य-क्षेत्रातीत, जिस देश में रहते हैं उस देश की विधि से मुक्त (राजदूत आदि)। **exterritoriality** सं० अपरदेशीयता, अस्त देशीयता* (मा० १ भी), राज्यक्षेत्राधिमुक्तता।

extinct (ek stingkt') [L. *extinctus*, p.p. of *extinguere*] वि० १. शांत, निर्वाण, बुझी हुई (आग आदि); २. विस्फोटशून्य, निर्बाधित, (ज्वालामुखी); ३. बुझी हुई, पस्मित, मरी हुई (ज़िन्दगी, चेतना, आशा आदि); ४. लुप्त* (मा० १ भी), विलुप्त* (वि० १ भी), विनष्ट (कुल. वर्ग. जाति आदि); ५. अप्रचलित (पद आदि); ६. उत्तराधिकारहीन (सामंत की उपाधि)।

extinction (ek stingk' shŭn) [L. *extinctio -ōnem*, as prec] सं० १. निर्वापण, निर्वाण, समाप्ति, बुझाना, विनष्टि; २. विनष्ट या विलुप्त करना या होना, विलोप* (मा० १ भी); ३. चुकौनी, अदायगी, शोधन (ऋण आदि का); ४. नाश, विनाश, लोप, संज्ञप्ति परिसमाप्ति। **extinctive** वि० १. बुझानेवाला, निर्वापणकारी; २. विनाशक, विलोपकारी।

extinguish (ek sting' gwish) [L. *extinguere* (EX-, *stinguere*, to quench)] क्रि० स० १. बुझा देना, बुझाना* (वि० १ भी), निर्वापित करना, शमन करना (रोगादि, आशा, जिन्दगी, आत्मिक शक्तियों को); २. गुल करना, रंग फीका कर देना, निष्प्रभ करना; ३. (विरोधी को) ठंडा करना, चुप करना, दमन करना; ४. नष्ट करना, विध्वंस करना, उच्छेद करना; ५. (ऋण) चुकाना, शोधन करना; ६. मिटाना, अस्तित्व मिटाना, लोप करना, सर्वनाश करना, खत्म करना, ठंडा करना; ७. (विधि) निर्वासित करना*। **extinguishable** वि० १. बुझा देने योग्य, दमनीय, २. निष्प्रभ करने योग्य; ३. ध्वंस योग्य। **extinguisher** सं० १. क्रियागत अर्थों में विशे० बत्ती बुझाने वाली एक प्रकार की खोखली गावदुम टोपी, शमक*, बुझानेवाला* (वि० १ भी)। **extinguishment** सं० परिशमन, दमन, कांतिहरण, निष्प्रभता, विध्वंस, परिशोधन, विलोपन।

extirpate (ek' stir pāt) [L. *extirpātus*, p.p. of *extirpāre*, *extirpare* (EX-, *stirps*, *-pis*, a stem)] क्रि० स० उन्मूलन करना, मूलोच्छेद करना, जड़ से उखाड़ देना, मिटाना, ध्वंस करना (वक्ष, पाषा, जाति, राष्ट्र, पातक आदि)। **extirpation** सं० मूलोच्छेद, समूलोत्पाटन, विध्वंस, नाश, उच्छेदन*, विच्छेदन* (मा० २ भी)। **extirpator** सं० मूलोच्छेदन करनेवाला, उन्मूलनकर्ता, जड़ से उखाड़नेवाला।

extol (ek stol') [L *extollere* (EX-, *tollere*, to raise)] क्रि० स० बढ़ा-चढ़ा कर प्रशंसा के पुल बाँधना, अत्यधिक बड़ाई करना, सराहना करना, तारीफ करना, हद से ज्यादा तारीफ करना, गुणगान करना। **~him to the skies** (प्रशंसा करके) आकाशपर चढ़ा देना।

extort (ek stórt') [L. *extortus*, p.p. of *extorquēre*, to twist)] क्रि० स० १. अपकर्षण करना, जबरदस्ती, धमकी या अनुनय-विनय से (रुपया, वादा आदि) प्राप्त करना, दबाव डालकर लेना, बलपूर्वक लेना, बेगार में लेना, निकलवा लेना, (रुपया) ऐंठना या (वचन) लेना; २. (शब्दों के अर्थ) तोड़-मरोड़ कर निकालना, (आँकड़ों से) निष्कर्ष धमा-फिरा कर निकालना, खींचातान कर निकालना; ३. (विधि) उद्गाहित करना*। **extortion** (ek stor' shŭn) सं० १. अपकर्षण, विशे० धन-संपत्ति की जबरदस्ती वसूली, बलपूर्वक अर्थग्रहण, अर्थभ धनापहरण, लूट; २. (विधि) उद्गापन*। **extortionate** वि० बलात् धनापहरणकारी, जबरदस्ती वसूल करनेवाला (बहुत अधिक मूल्य आदि)। **extortioner** सं० अपकर्षक, धनापहारक, बलात् धनापहरण करनेवाला, अर्थभ धनापहरण करनेवाला। **extortive** वि० बलपूर्वक ग्रहणक्षम, खींचातान कर निकालनेवाला।

extra (ek' strā) [L. *extrā*, beyond, from outside, or short for EXTRAORDINARY] वि० १. अतिरिक्त, अधिक, फालतू, फाजिल, ऊपरी; २. विशेष, बहुतर, उत्तम, बड़ा (जैसे ~footscap, octavo); ३. बेहतर, उत्कृष्ट, उत्तम, बढ़िया (जैसे ~binding)। क्रि० वि० १. सामान्य से ज्यादा (जैसे ~strong); २. अतिरिक्त रूप में, अधिकतर; ३. रैम्सामूली, बड़ा, विशेष, असाधारण। सं० १. अतिरिक्त वस्तु, जिसके लिए अतिरिक्त मूल्य लिया जाय (जैसे dancing is an~); २. (फिकेट) वह रन जो बल्ले को गेंद पर मारे बिना ही बना लिया जाता है; ३. अतिरिक्त नृत्य, विशेष नृत्य; ४. (चलचित्र) व्यक्ति जो अस्थायी रूप से साधारण चरित्र के अभिनय के लिए नियुक्त किया गया हो या दिहाड़ी जानेवाली भीड़ का एक अंग हो। **~special (latest) edition** विशेष संस्करण (सध्याकालीन समाचार पत्र का)।

extra- [L., on the outside, without] उप० के रूप में, 'किसी पदार्थ के बाहर स्थित', इसकी सीमा एवं क्षेत्र के बाहर, 'बाह्य', आदि अर्थों में प्रयुक्त। **~atmospheric** वायुमंडलबाह्य, वायुमंडल से बाहर स्थित क्षेत्र। **~cosmical** विश्वमंडल के बाहर चलने वाला, विश्व बाह्य। **~cranial** कपाल बाह्य। **~essential** जो किसी वस्तु के सार के अन्तर्गत हो, अनावश्यक, अनपेक्षित। **~judicial** न्यायेतर, न्यायालयबाह्य अपराधांगीकरण (प्रतिपत्ति, स्वीकृति), न्यायालय के सामने न की हुई (अपराधस्वीकृति)। **~mundane** संसार बाह्य, अपार्थिव, इहलोकातीत, जगत बाह्य, ब्रह्मांड बाह्य, समग्रसृष्टि बाह्य। **~mural** (क्रि० वि० या नगर की) चहारदीवारी या सीमा के बाहर का, शहर के बाहर का, (भाषण आदि) विश्वविद्यालय के बाहर के किसी व्यक्ति का। **~official** नियमित कार्य के अतिरिक्त। **~parochial** पादरी के इलाके से बाहर। **~physical** अभौतिक, भौतिक नियमों से परे। **~spectral** दृश्य सप्तरंजन (वर्णपट) से परे या उसकी सीमा से बाहर स्थित। **~terrestrial** अर्थांमारिक, अलौकिक, अपार्थिव, पृथ्वी या उसके वायुमंडल से बाहर। **~territoriality** दे० EXTERRITORIALITY।

extract (ek strākt') [L. *extractus*, p.p. of *extra ex* (EX-, *trahere*, to draw)] क्रि० स० १. नकल करना (पुस्तक के उद्धरण की); २. उद्धृत करना, उद्धरण देना (पुस्तक आदि से), ३. उखाड़ना, बलपूर्वक हटाना (दाँत, अच्छी तरह जड़ी हुई कोई वस्तु); ४. जबरदस्ती (रुपया आदि) खींच लेना, व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध (बात) मनवा लेना; ५. (रस, अर्क आदि) चूस कर, दबा कर या अन्य तरीक़ों से निकालना या निचोड़ना; ६. (किसी से सूत्र आदि) प्राप्त करना; ७. तर्क द्वारा (सिद्धांत या निष्कर्ष) निकालना; ८. (गणि० किसी संख्या का मूल) निकालना, खोजना; ९. चुनना, छाँटना। सं० १. सार* (आ०, कृ०, वि० १ भी), निष्कर्ष*, निचोड़* (कृ०, वि० १ भी); २. सत्व* (मा० ३ भी), अर्क, सारांश; ३. उद्धरण* (प्र०, मा० १. विधि भी), हिस्सा, टुकड़ा, अवतरण (पुस्तक आदि का); ४. खुलासा* (प्र०, विधि भी)। **extractable** वि० नकल करने लायक, उद्धरणीय, उखाड़ने के लायक, निष्कर्षणीय, सार या तत्व निकले योग्य। **extraction** सं० १. उद्धरण, निस्सारण, निष्कासन, कर्ष, निष्कर्षण* (वि० १ भी), मार, निचोड़* (वि० १ भी), निष्कर्ष; २. उद्गम, उद्गम, उत्पत्ति, नसल, वंश (जैसे of Indian ~)। **~rate** गेहूँ में आटे का अनुपात। **extractive** वि० और सं० १. सारवत् (वस्तु), सत्व या रस के गुण की (चीज़); २. (आ०) सारतत्व* निष्कर्ष* सत्व*। **~industries** १. निस्सारक उद्योग, प्राकृतिक उपज-संबंधी उद्योग; २. (वि० १) निष्कर्षण उद्योग*। **extracter** सं० निष्कर्षक, निस्सारक, निचोड़नेवाला।

extradition (ek strá dish' ŭn) [F. (EX-, L. *traditio-ōnem*, TRADITION)] सं० १. प्रत्यर्पण* (मा० १, विधि भी), वापिसी, भागे हुए अपराधी का उपयुक्त अधिकारियों को समर्पण; २. मनोव० संवेदन-केन्द्र से कुछ दूर संवेदन का स्थान-निर्धारण, ३. (विधि) एक्स-ट्राडिशन*। **extraditable** वि० प्रत्यर्पण योग्य, सिपुर्द किए जाने योग्य (अपराधी); २. प्रत्यर्पणात्मक (अपराध), प्रत्यर्पणीय* (मा० १ भी)। **extradite** (ek' strá dit) क्रि० स० (दूसरे देश

से भागे हुए अपराधी को) उसी देश के शासनकर्त्ता के हाथ सौंप देना; २. प्रत्यर्पण को प्राप्त करना।

extrados (ek strā' dos) [F. (EXTRA-, *dos*, L. *dorsum*, the back] सं० १. बहिश्चाप, उत्तली सतह का नेहराव, ऊपरी या बाहरी झुकाव या वक्रता; २. (ई० ३) (डाट की) ऊपरी सतह*; चापबहिस्तल*।

extraneous (ek strā' ni ŭs) [L. *extrāneus*, from *extrā*, outside], वि० १. बाह्य, बहिर्जन, बाहरी या बाह्य उद्गम का; २. विदेशी, विजातीय, परकीय; ३. बाह्य, बहिरंग, भिन्न, असंगत, असंबद्ध, अप्रासंगिक। **extraneously** क्रि० वि० १. बाह्य या विजातीय रूप में; २. असंगत रूप से। **extraneousness** सं० १. बाह्यता; २. विजातीयता, विदेशीपन; ३. परायापन, भिन्नता, असंगति, अप्रासंगिकता।

extraordinary (ek strôr'-, ek strā ôr' di nár i) [L. *extraordinārius* (*extrā ordinem*, outside the usual order)] वि० १. असाधारण** (प्र० भी), विशेष, असामान्य, ख़ैरमामूली (विधि भी), ख़ास, विलक्षण, अपूर्व, अनोखा, निराला, अजीब*, (अधिकारियों आदि के संबंध में) अतिरिक्त, विशेष रूप से नियुक्त; २. अपवाद रूप, अनोखा, निराला, आश्चर्यजनक; ३. अपूर्व रूप से महान; ४. (विज्ञान) असामान्य, असाधारण। **envoy~** असाधारण दूत, द्वितीय श्रेणी का राजनयिक मंत्री जिसका पद राजदूत के बाद का होता है। **extraordinarily** क्रि० वि० १. असाधारणतः; २. अनोखेपन से; ३. विशेष रूप से। **extraordinariness** सं० विशिष्टता, असाधारणता, विलक्षणता, विचित्रता।

extrapolation सं० १. (गणि०) बाह्य कलन, बहिर्वेशन* (ई० १, वि० १ भी), ज्ञात पदों से उन अन्य पदों की श्रेणी की गणना जो ज्ञात पदों के बाहर पड़ते हैं (ला० भी)।

extravagant (ek strāv' á gánt) [L. *extrāvagans -ntem*, pres. p. of *extrāvagārī* (EXTRA-, *vagārī*, to wander)] वि० १. उच्छृंखल, असंयमी, असंयत, असंगुलित; २. विवेकहीन, तर्कहीन, अविवेकी, अमर्यादित, बेतिर पैर का; ३. खर्चीला, उड़ाने खानेवाला, उड़ाऊ, अमितव्ययी, मुक्तहस्त; ४. अत्यधिक, बहुत ज्यादा (मूल्य आदि); ५. बेहद, हद से ज़्यादा, अंधाधुंध, निरंकुश; ६. शानदार। **extravagance** सं० १. मुक्तहस्तता, धनोत्सर्ग; २. अपव्यय, अनिव्यय, खर्चीलापन, फ़ुज़ूल खर्च; ३. असंयम, असंगुलन; ४. अविवेकता, तर्कहीनता, अमर्यादितता; ५. अविचारपूर्ण या हास्यास्पद वक्तव्य या कृत्य; ६. मनमानी, अँधेर, ज्यादती। **extravagantly** क्रि० वि० १. उच्छृंखलता से, असंयम से; २. अतिव्यय से; ३. अधिकता से, शान से। **extravaganza** (ek strāv á gán' zá) [It. *extravaganza*] सं० अतिकाल्पनिक या विलक्षण रचना या कृति (साहित्यिक, सांगीतिक और नाटकीय) ऊलजलूल भाषा, ऊटपटांग या असंगत बर्ताव।

extravagate क्रि० अ० १. (ग्रहों) भटकना, विचलित होना (सही रास्ते से), (ग़लत रास्ते पर) जाना; २. उचित सीमा को पार करना, मर्यादा भंग करना या मर्यादा का उल्लंघन करना।

extravasate (ek strāv' á sāt) [EXTRA-, L. *vās*, a vessel, -ATE] क्रि० स० और अ० १. (तरल पदार्थ को) नली आदि से निकालना या बहाना; २. बहना, बह निकलना। **extravasation** सं० १. तरल पदार्थ का स्राव; २. तरल पदार्थ का बहना; ३. (आ०) परिस्राव*/परिस्रवण*।

extreme (ek strēm') [O.F. from L. *extrēmus*, superl. of *exterus*, outward] वि० १. बाह्यतम, केन्द्र से दूरतम, सिरे या छोर का; २. अधिकतम, परम, नितांत, चरम* (ई० ३, वि० १ भी); आखिरी, अंतिम; ४. अत्यंत, अतिशय, अत्यधिक (जैसे ~old age, in~danger); ५. (कार्य, कार्यवाही) सख्त, कठोर, उग्र, कड़ी; ६. (धारणाओं, व्यक्तियों के संबंध में) अतिवादी, अतिपूर्ण, असंयमित। सं० १. सिरे या छोर पर की वस्तु, विशे० (बहुव०) अत्यंत दूर या भिन्न वस्तुएँ, हाथ-पाँव, (जैसे extremes meet); २. (तर्क०) प्रस्थापना में उद्देश्य या विधेय, संवाद्य में साध्यावयव या पक्षावयव; ३. (गणि०) अनुपात या श्रेणी का प्रथम या अंतिम पद; ४. चरम सीमा, सीमांत, पराकाष्ठा* (वि० १ भी), पराकोटि, हद, इंतहा, छोर, सिरा। **divided in ~and mean ratio** मध्यकांत निष्पत्ति में विभाजित, जो अनुपात समग्र का एक अवयव से है वही उक्त अवयव का दूसरे अवयव के साथ है। **in the~** नितांत, अत्यंत, पूर्णरूपसे। **run to an ~, go to extremes** अतिरूप धारण करना, चरम रूप ग्रहण करना। **~unction** पादरी के द्वारा मरते हुए व्यक्ति को तेल आदि लगाना* (मा० २ भी)। **extremely** क्रि० वि० अत्यन्त, नितान्त रूप से, बहुत ज्यादा। **extremeness** सं० १. बाह्यतमता, दूरतमता; २. नितांतता। **extremism** सं० अतिशयवाद, अतिवाद* (मा० २ भी) चरम पंथ, कट्टर पंथ। **extremist** सं० अतिवादी, उग्रतावादी*/उग्रपंथी*/अतिमार्गी*/गरमदली* (मा० १ भी), सख्त, कट्टर, हद को पहुँचा हुआ।

extremity (ek strem' i ti) [as prec.] सं० १. अंत, छोर*/सिरा* (वि० १ भी), चरम सीमा; २. आखिरी तंगी, परम संकट, सख्त परेशानी, किंकर्तव्यविमूढ़ता, घबड़ाहट आदि (जैसे driven to~, what can we do in this~); ३. (प्राय. बहुव०) सख्त कार्रवाई, कठोर साधन, उग्र उपाय; ४. (आ०) शाखा*, प्रान्त*; ५. (वि० १) अक्षांग* । **the extremities** हाथ-पाँव।

extricate (ek' stri kāt) [L. *extricātus*, p.p. of *exhi āre* (EX-, *trica*, impediments)] क्रि० स० १. सुलझाना, मुश्किल से निकालना, विस्तार देना, मुक्त करना, छुड़ाना, बचाना, उबारना, उद्धार करना (व्यक्ति, वस्तु को कठिनाई, क़ैद में); २. (रसा०) रासायनिक संयोग से (गैस आदि को) छोड़ देना। **extricable** वि० विमोचनीय, सुलझाने लायक, विमुक्त करने योग्य। **extrication** सं० सुलझाव, निस्तार, मुक्ति, उद्धार।

extrinsic (ek strin' sik) [F. *extrinsèque*, L. *extrinsecus*, adv. from without (*extrin*, from *exter*, outward, *secus*, beside)] वि० १. बाह्य* (मा० २, वि० १ भी), असंबंधित, बाहरी; २. बहिश्चालित; ३. अनावश्यक, अप्रधान; ४. (आ०, बाहिरस्थ*। **extrinsically** क्रि० वि० बाहर से, बाह्यवर्ती रूप में, बहिश्चालित रूप में, अनावश्यक या अप्रधान रूप में।

extrorse (ek strôrs') [F., from L. *extrorsus* (EXTRA-, *versus*, towards)] वि० बहिर्मुख, बाहर को मुड़ा हुआ (परागकोष, ऐंथर), बहिर्मुखी* (मा० २, वि० १)।

extrovert (eks' trō vėrt) [L. *extra*, outside; *vertere*, to turn] सं० (मनो०) बहिर्मुख* (मा० ३ भी), बहिर्मुखी* (आ०भी), या बहिर्दृष्टि व्यक्ति (मुख्यतः INTROVERT, अंतर्दृष्टि का विलोम)।

extrude (ek strood') [L. *extrūdere*, p.p. *extrūsus* (EX-, *trūdere*, to thrust)] क्रि० स० १. निःस्रावित करना, बलपूर्वक बाहर कर देना, ढकेल फेंकना (व्यक्ति, वस्तु को); २. (वि० १) बहिर्वेधन करना*। **extrusion** (ek stroo' zhŭn) वि० १. निःस्रावी, निकला हुआ; २. (वि० १) बहिर्वेधी*। सं० (कु०) बहिर्वेधन*/बेध कर बाहर आना*। **extrusive** (ek stroo' siv) सं० १. निःस्रावण, धकियाव, बहिष्करण; २. (वि० १) बहिर्वेधन*।

exuberant (eg zū' bèr ánt) [L. *exūberans -ntem*, pres. p. of *exūberāre* (EX-, *über*, fertile, cp. *über*, an udder)] वि० १. बहुल, समृद्ध; परिपूर्ण, हरा-भरा, प्रचुर उर्वर, प्रचुरता या बहुलता से उर्वर या फलप्रद (था० और ला०); २. हरा भरा, सम्पन्न, समृद्ध, प्रचुरता मे बढ़नेवाला; ३. (स्वास्थ्य, भावनाएँ आदि) परिपूर्ण, प्रचुर, भरापूरा, बहुत अच्छा, तीव्र, उत्कट; ४. (व्यक्ति, कृत्य आदि का) उल्लासपूर्ण, भावनापूर्ण, उल्लसित, ओजस्वी, सप्राण, प्राणवान, साक्षाभिभूत; ५. (भाषा) ओजपूर्ण, अलंकृत, शब्दाडंबरपूर्ण; ६. बहुत, प्रचुर। **exuberance** सं० उर्वरता-प्राचुर्य, प्रचुरता, बाहुल्य, आधिक्य, ओजस्विता, सप्राणता, साक्षाभिभूतता। **exuberantly** क्रि० वि० उर्वरता-प्राचुर्य से, बहुलता से। **exuberate** क्रि० अ० १. भरपूर होना, प्रचुर होना, हरा भरा होना, परिपूर्ण या समृद्ध होना, अभिभूत होना, प्लावित होना; २. मौज से (कोई काम) करना, खुल कर (किसी काम मे) लगना, जी भर कर (कोई काम) करना।

exude (ėk zūd') [L. *exūdāre* (EX- *sūdāre*, to sweat)] क्रि० अ० और स० पसीजना, चूना, रसना, पसीने की तरह बहना (नमी, सील, तरी आदि)। **exudation** सं० १. पसीना, रस, स्राव, स्रवण, निःस्रवण* (वि० १ भी); २. (वि० १) रिसन*/ रिसाव*; प्रस्वेदन*। **exudative** (ek sū' dā tiv) वि० स्रावी, पसीने की तरह निकलने वाला, निःस्रावी।

exult (ėg zŭlt') [F. *exulter*, L. *exultāre*, *exsultāre*, freq. of *exsilire* (EX-, *salire*, to leap)] क्रि० अ० १. फूला न समाना, इतराना, बाग-बाग होना, परमानंदित होना, अत्यानंदित होना, हर्षोन्मत्त होना; २. विजय से उल्लसित होना, जयोल्लास होना। **exultant** वि० १. प्रमुदित, परम प्रसन्न; २. जयोल्लासपूर्ण। **exultantly** क्रि० वि० सानंद, सोल्लास, विजयाभिमान मे। **exultancy, exultation** सं० उल्लास, परमहर्ष, आह्लाद, अत्यानंद, विजयाभिमान।

exuvie (eg zū' ē) [L., cast skins of animals, spoils of an enemy, from *exuere*, to put off] सं० बहु० १. मोचिनाश, जंतुओं का परित्यक्त चर्म, घोंघा, शरीर की झिल्ली, केंचुली, खाल (ताज़ा या गिलीभूत, ला० भी); २. वि० १) निर्मोक*। **exuvial** वि० मोचितांग, उतरन का, पशुओं के परित्यक्त चर्म या केंचुली आदि संबंधी। **exuviate** क्रि० स० और अ० केंचुल आदि छोड़ना, खाल फेंकना या उतारना (ला० भी), केंचुल या मरी हुई खाल के बाहर निकलना। **exuviation** सं० चर्मत्याग, खाल छोड़ना अंशमोचन।

eyas (ī' ás) [earlier *nyas*, F., *niais*, a nestling, ult. from L. *nīdus*, nest] सं० सद्यात के लिए घोंसले से निकाला हुआ बाज़ का छोटा बच्चा या बहु बच्चा जो सधाया जा रहा हो।

eye[1] [A.-S. *ēage* (cp. Dut. *oog*, Icel. *auga*, Goth. *augō*, G. *auge*, also L. *oculus*)] सं० १. चक्षु, आँख* (कृ०, वि० १ भी), दृष्टि, नेत्र* (आ०, कृ०, वि० १ भी); २. पुतली, आँख का तारा (जैसे blue, brown eyes); ३. नेत्र-कोटर, अक्षि-कोटर; ४. आँख जैसी कोई वस्तु जैसे मोर के पर पर की आँख; ५. सूझ, परख, पहचान, मत, राय, रुचि, ध्यान, चौकसी, निगरानी; ६. (इं० ३) अक्षि*; ७. (इं० ३) गवाक्ष*; ८. (इ० ३) छिद्र*। **all my eye (and Betty, Martin)** धोखा, बनावट, ढकोसला, बेवकूफ़ी। **apple of the**~ दे० APPLE। **be all**~ ध्यानपूर्वक देखना, सतर्कता से निरीक्षण करना, मनोयोगपूर्वक देखना। **beam in one's**~ (ला०) दोष, अवगुण। **black**~ दे० BLACK[1]। **bull's**~ दे० BULL'। **clap (or set) eyes** देखना, नज़र जमाना, ध्यान से देखना। **cast sheep's eyes** दे० SHEEP। **evil**~ दे० EVIL। ~**for** ~ बदला, प्रतिशोध। ~**of day** सूर्य। ~**of needle** सुई का नाका या छेद। **eyes right, left, front** (सैन्य०) आँखें दाईं, बाईं, सामने की ओर (घुमाओ)। **hang on by the eyelids** हल्के से पकड़ना, सूक्ष्म रूप से अवलंबित करना। **have an**~**for (a due sense of) proportion etc.** (किसी बात का) निर्णायक होना; अनुपात का ध्यान रखना। **have an**~**to** (किसी वस्तु को) लक्ष्य रूप मे रखना, नज़र मे रखना, किसी वस्तु पर दाँत होना, **his eyes are bigger than his belly** यह ऐसे व्यक्ति के संबंध में कहते हैं जिसे तृष्णा अधिक हो और खा कम सके। **hook**~ १. एक प्रकार का बँध या बंद, तकमा; २. रस्सी का फंदा; ३. आलू का कल्ला। **if you had half an**~ यदि तुममें कुछ भी विचार-शक्ति होती। **in the**~**of the law** वैधानिक दृष्टि से, क़ानूनी नज़रों से। **in the eyes of** (अमुक) के विचार या राय मे। **in the mind's**~ ज्ञानचक्षु द्वारा, कल्पना में। **in the wind's**~ वायु की दिशा में। **keep an**~**on** नज़र या दृष्टि रखना, सावधानी बरतना, निगरानी रखना, सतर्क रहना (था० और ला०)। **I lose an**~ (प्राय०:) एक आँख (की दृष्टि) जाती रहना। **made him open his eyes** अचंभे या आश्चर्य से नेत्रों को विस्फारित करना या आँखें खोल देना। **make eyes at** आँख मारना, प्रेमभरी दृष्टि से देखना, रसीली या आसक्तिपूर्ण दृष्टि से देखना। **mind your**~ सावधान रहना, होशियार रहना। **mote in one's**~ आँख का तिनका, दोष। **my eyes** (विस्म०) प्रयोग। **open one's eyes to** किसी की आँख खोल देना, किसी को स्पष्टतया अनुभव कराना। **pipe, put one's finger in, one's**~ (निंदा०) रोना। **see with half an**~ एक नज़र देखा, एक झलक पा ली, सरसरी तौर पर देख लिया। **see**~**to**~ संपूर्णतः सहमत होना, एकमत होना। **the naked**~ दे० NAKED। **throw dust in the eyes of** (किसी की आँखों में) धूल झोंकना या डालना। **upto the eyes** बहुत अधिक व्यस्त, डूबा हुआ, बाल-बाल बँधा हुआ (जैसे upto the eyes in work, mortgaged upto the eyes)। **view with a friendly, jealous**~ मित्रता या ईर्षापूर्ण दृष्टि से देखना। **wipe the**~**of (shooter)** शिकारी से जो शिकार बच कर निकल गया हो उसे मारना। **with an**~**to** (इस) प्रयोजन से (कि)। ~-**ball** १. नेत्रगोलक*; (आ०, मा० २, वि० १ भी), अक्षिगोल, आँख की पुतली। ~-**bath,-cup** दवा आदि से आँख धोने की छोटी प्याली। ~-**bolt** सूराखदार बोल्ट, लोहे की चिटखनी जिसके सिरे पर आँकड़े या काँटे आदि के लिए छेद हो। ~**bright (euphrasy** भी) पौधा जो प्राचीन काल में आँखों के इलाज में काम आता था। ~**brow** भृकुटि, भ्रू*, भौंह* (आ०, कृ०, वि० १ भी)। ~**glass** १. चश्मा, ऐनक, (दे० SPECTACLE); २. (वि० १) उपनेत्र*। ~**hole** अक्षि-छिद्र, झाँकने का छेद, छोटा सूराख। ~**lash** १. बरौनी, पक्ष्म* (वि० १ भी)। ~**lid** १. पलक* (वि० १ भी)। ~**opener** चक्षु-उन्मीलक, आँख खोलने वाली, अप्रत्याशित और विस्मयजनक अवस्था या घटना), असावधानी से चौंका देनेवाली (परिस्थिति)। ~**piece** उपनेत्र, नेत्रवीक्ष, दूरबीन का शीशा या ताल। ~~**servant** नौकर जो स्वामी के निरीक्षण के समय ही अच्छा काम करे। ~**service** ऐसे नौकर का काम। ~**shot** दृष्टि-प्रसार, दूरी जहाँ तक कोई देख सके

(जैसे beyond)। **~sight** दृष्टि, दृष्टि-शक्ति। **~sore** आँख का काँटा, आँख की किरकिरी, मही चीज़। **~splice** रस्सी की लड़ियों का फंदा या जोड़। **~strings** आँख के डोरे, मांसपेशियाँ, नसें आदि। **~teeth** कुक्कुरदंत, अक्षिदत, कुत्ते का दाँत जो आँख के बिल्कुल नीचे, ऊपर या नीचे जबड़े में होता। **~wash** १. काजल, अंजन, आँखों में डालने की दवा; २. (ग्रा०) डकोसला, केवल बातें या सिद्धांतवादिता। **~water** १. आँसू, अश्रु; २. आँख में छोड़ने की कोचविष; ३. आँख की कोचड़ आदि। **~witness** चक्षुदर्शी गवाह, प्रत्यक्षदर्शी, प्रत्यक्ष साक्षी, गवाह जिसके सामने घटना घटी हो।

eye[2] [from prec.] क्रि० स० (वर्त्तमान कृदंत eying या eyeing) देखना, नज़र रखना, दृष्टिगत रखना, पर्यवेक्षण करना, सतर्क दृष्टि रखना (डाह, अनुदारता, ऊब, बकदृष्टि आदि से)। **to~askance** अविश्वास या शंका से देखना।

eyelet (i' lĕt) [M.E. *oilet*, O.F. *œillet*, dim. of L. *oculum*, acc. of *oculus*, eye] सं० १. कपड़े, बादबान आदि में डोरी, कोई गोल वस्तु या रस्सा आदि बाँधने के लिए छोटा छेद; २. सूराख, छेद, छिद्र. बचाव का मार्ग; ३. अक्षिका, छोटी आँख। **~hole** अक्षिका-छिद्र, छोटा छेद जिससे देखा जाय या बंदूक की गोली दागी जाय।

eyot दे० AIT।

eyre (âr) [O.F. *eire, erre*, from *errer*, late L. *iterâre*, to journey, from L. *iter*, a journey] सं० (इतिo) दौरा अदालत, चल-न्यायालय, गश्ती अदालत (जैसे Justices in ~)।

eyrie दे० AERIE।

F

F,f १. अंग्रेजी वर्णमाला का छठा वर्ण, २. (संगी०) म, मध्यम, एक सप्तक का चौथा स्वर (दे० FA भी)।

fa (fa) [It.] सं० (संगी०) म या मध्यम, सप्तक का चौथा स्वर।

fabian (fā' bi ăn) [L. *Fabiânus*] वि० १. शत्रु के साथ जूझने में दीर्घसूत्री नीति अपनाने वाला (जिससे कि थक जाय), मनु को हराने के लिए सावधानीपूर्ण परंतु दीर्घसूत्री युद्ध कौशल का प्रयोग करनेवाला। **~policy** दीर्घसूत्री नीति। **~society** दीर्घसूत्री नीति के अनुयायी समाजवादियों का दल, फेबियन समाज।

fable (fā' bĕl) [F., from L. *fâbula*. from *fâri*, to speak] सं० १. कथा*/जन्तुकथा* (मा० १ भी)। आख्यायिका, कहानी, किस्सा, कल्पित और अलौकिक कथा. नीति कथा; २. (सामूहिक रूप में) लोककथाएँ, पुराण-कथाएँ, किंवदंतियाँ; ३. गप्पें, ४. झूठ, झूठी बात, झूठा बयान; ५. मनगढ़ंत बात. कल्पित वस्तु; ६. दृष्टान्त-कथा, विशेषत: पशु-पक्षियों की; ७. नाटक आदि कथानक के आख्यान। क्रि० स० और अ० (अ० काल्प०) १. कहानी सुनाना, कल्पित कथा कहना; २. मनगढ़ंत बात कहना, गप्प लगाना, गप्प हाँकना। **old wives fables** गप्पें, इधर-उधर बात, बिना सिर पैर की बातें। **fabled** वि० १. प्रसिद्ध, कहानी में प्रसिद्ध, किंवदंती में प्रसिद्ध; २. कल्पित। **fabler** सं० १. कहानीकार, २ गप्पी, कल्पित कहानी सुनानेवाला।

fabliau (făb' li ō) [F., from O. F. *fablel*, through the pl. *fabliaux* (dim. of FABLE)] सं० १. पद्यकथा; २. आधि-कालीन फ्रांसीसी कविता की छन्दबद्ध कहानी।

fabric (făb' rik) [F. *fabrique*, L. *fabrica*, rel.to *faber*, artificer] सं० १. भवन-गृह; २. रेशा, तंतु; ३. रचना* (मा० १ भी), ४. जड़ी हुई वस्तु; ५. मंदिर, मकान, इमारत; ६. ढाँचा, बनावट* (मा० १ भी); ७. बुनावट; ८. कपड़ा, वस्त्र; ९. (भूगर्भ०) क्रिस्टल-विन्यास* (वि० १ भी)। **textile~** १. कपड़ा, वस्त्र* (इ० ३ भी)।

fabricate (făb' ri kāt) [ox prec.] क्रि० स० १. निर्माण, विरचन, बनाना, गढ़ना* (प्र०, विधि भी), बनना, निर्माण करना, सरचना करना; २. जाल रचना, बनाना, ३. (दस्तावेज) जाली बनाना, जालसाजी करना। **fabrication** सं० १. कपट-रचना, कृत्रिम निर्माण, निर्माण, गढ़न* (प्र० भी), गढ़ाई. सरचना; २. मनगढ़न, झूठ; ३. रचना* (वि० १ भी). बनाना* (इ० ३)। **fabricator** सं० १ निर्माता, रचक* (मा० १ भी), विरचक, निर्माता, बनानेवाला; २. गप्पी; ३. जालसाज़।

fabulist (făb' ū list) [F. *fabuliste* (see FABLE, -IST)] सं० १. कथाकार, कहानीकार, २. गप्पी, झूठा आदमी; ३. ऐतिहासिक। **fabulize** क्रि० अ० गल्प या कथा के माध्यम से कहना या लिखना। **fabulous** वि० १. ऐतिहासिक, कथा-निबद्ध; २. किस्से-नसद, किंवदंती-प्रेमी; ३. कहानियों में प्रसिद्ध; ४. अलीक, पौराणिक, अविश्वसनीय, ५. लचर, ६. अतिरंजित, ७.अपार, प्रचुर। **fabulously** क्रि० वि० १, किस्से, कहानी या किंवदंती की तरह, २. लचर या अतिरंजित ढंग से; ३. प्रचुरता से। **fabulosity** सं० १. कहानीप्रियता, कथाप्रियता, २.अविश्वसनीयता, ३. पौराणिकता। **fabulousness** सं० १. कहानीप्रियता, कथाप्रियता; २. अविश्वसनीयता; ३. पौराणिकता; ४. प्रचुरता।

facade (fă sad') [F., from *face*, after It. *facciata*, from *faccia*, FACE] सं० १. हर्म्यमुख (मकान का) सामना; २. गली की सड़क या खुले हुए स्थान की ओर वाला भाग; ३. अगवाड़ा, मुख, सामने का भाग, मुहार।

face (fās) [F., from pop. L. *faca*. L. *facies*] सं० १. मुख* (इ० ३ भी), वदन, वक्त्र, चेहरा* (क्र० १ भी), मुँह, आनन* (आ० भी); २. मुखमुद्रा, मुखाकृति, मुखविकृति; ३. आकृति, रूप; ४. धैर्य, साहस, हिम्मत, धीरज; ५. शांति; ६. धृष्टता, गुस्ताखी, अविनय, ७. दिखावा, बाह्य रूप, ८. पार्श्व* (इ० ३, वि० १ भी); ९. धरातल, तल; १०. सामना, सामने का भाग; ११. (मकान का) मोहरा* (इ० ३ भी), मुहार*, (घर का) अग्रभाग* (इ० ३ भी), १२. मान, बात, इज्जत; १३. सीधे रुख, मुद्रा या पदक का चेहरा; १४. तरफ़, ओर, रुख. फलक*/ पहलू* (इ० ३, वि० १ भी); १५ घंटों का डायल; १६. किसी हथियार, औजार या यंत्र के आगे का कुछ भाग जिससे काम किया जाता है। क्रि० स० और अ० १. जम कर सामना करना, सामने होना, डटे रहना, जी न चुराना, उपस्थित होना, आ जाना, सामने आना; २. ताश के पत्ते को सीधा रख देना, ३. (व्यक्तियों आदि का) दिखना; ४. (वस्तुओं का) किसी निर्दिष्ट दिशा में स्थित होना; ५. सामने होना, सम्मुख होना; ६. (वर्ग पर खेले जानेवाले होंकी तथा कुछ अन्य खेलों में) खेल के आरंभ में दो विरोधी खिलाड़ियों के स्टिक आदि के बीच में (गेंद को) रखना; ७.(सैन्य०)अपने ही स्थान पर किसी दिशा में घूम जाना, ८. कपड़े में काज़र, कफ आदि लगाना (दे० FACING); ९. किसी चीज की तह चढ़ाना, मसाला चढ़ाना; १०. धरातल को

समतल बनाना; ११. (चाय को) रंगना। **~to~** आमने-सामने, सामने, संयुक्त, समक्ष, साक्षात। **~to~with** आमने-सामने होना, सामने होना, संयुक्त होना। **fly in the~** खुल्लमखुल्ला आज्ञा भंग करना। **from the ~ of the earth** मुमकिन के, संसार से। **have the~** बहुत निर्लज्ज होना; २. ढीठ होना। **her~is her fortune** सौंदर्य ही उसका धन है। **in~of** १. सामने, ठीक सामने; २. विपरीत। **in the~ of** होने पर भी, बावजूद इसके। **in the~of day** स्पष्टतया, साफ़-साफ़, खुल्लम-खुल्ला। **look one in the~** किसी के सामने होना, संमुख होना, सामने आना। **lose~** प्रतिष्ठा खो देना, साख गँवा बैठना, हेठी हो जाना, इज्जत न रहना, नाक कट जाना। **make, pull a~, faces** मुँह बनाना, मुँह बिराना। **on the~of it** प्रकट रूप में, ज़ाहिरा तौर पर, ऊपरी तौर से। **put a good, bold ~on matter** १. किसी मामले को अच्छी दशा में प्रस्तुत करना; २. किसी मामले का साहसपूर्वक सामना करना; ३. भेंप छिपाना। **pull, wear a long~** गंभीर या उदास दिखाई पड़ना। **put a new~ on** दशा बदल देना, रूप-रंग बदल देना। **save one's~** बात रखना, नाक रखना, लाज रखना, आन रखना। **set one`. ~ against** विरोध करने का दृढ़ निश्चय करना, विरुद्ध लड़ने की ठान लेना, मुकाबले पर तुल जाना, डट जाना, विरोध करना। **show one's~** सामने आना, प्रकट होना। **to~matter out** किसी काम को पूरा कर देना, किसी काम को अंतिम परिणाम या अवस्था तक पहुँचा देना। **to~opponent down** विरोधी को घुड़कना, डाँटना या चुप करा देना। **to~the music** १. समय पर पीछे न हटना; २. साहस न खोना, हिम्मत न हारना। **with wind, sun, in one's~** सूर्य या हवा का सामना करते हुए। **~-ache** १. वातशूल; २. नसों की पीड़ा। **~-card** बादशाह, बेग़म या ग़ुलाम का पत्ता। **~-lifting** मल को अधिक सुन्दर और यौवनमय बनाने के लिए चमड़ी को खींच कर झुर्रियाँ हटाने की विधि। **~-value** १. अंकित मल्य (नोट, निक्के आदि पर); २. प्रत्यक्ष मूल्य, ज़ाहिरी दाम, मोल या कीमत, प्रकट रूप। **faced** वि० १. अग्रभाग वाला, मूलवाला; २. संमुख, समक्ष, प्रत्यक्ष. आमने-सामने। **-faced** समास मे प्रयुक्त रूप। **facer** सं० १ थप्पड़, तमाचा; २. बड़ी और आकस्मिक कठिनाई या विपत्ति।

facet (făs' ĕt) [F. *facette*, dim. of *face*, FACE] सं० १. रुख; २. पहलू, पक्ष, पार्श्व, फलक* (आ०, वि० १ भी), मुख, पहलू. विशे० किसी तराशे हुए नगीने का पहलू; ३. फलिका, पट्टक, मुखिका; ४. (वि० १) फलकिका*। **faceted** वि० १. कई पहलूवाला, कई पहलू या रुख का; २. (वि० १) फलकित*।

facetiæ (fă sē' shi ē) [L., pl. of *facētia*, wit from *facētus*, elegant, urbane] सं० (बहुव०) १. ज़ाबतेदार प्रमोद, हँसी-विनोद, हँसी-ठिठोली की बातें; २. (पुस्तकों की सूची) हास्यपूर्ण या कामोद्दीपक पुस्तकें।

facetious (fă sē' shŭs) [F. *facétieux*, from *facétie*, L. *facētia*, see prec.] वि० विनोदी, सरस, ठिठोलिया, हँसोड़, परिहासशील। **facetiously** क्रि० वि० परिहासपूर्वक, हँसी-मज़ाक में, ठिठोलियेपन से। **facetiousness** सं० ठिठोली, हँसी-मज़ाक, परिहासशीलता।

facia (fā' shi ă) [var. of FASCIA] सं० दुकान के सामने दुकानदार के नाम की तख्ती, नाम-पट्ट।

facial (fā' shăl, -shi ăl) [F., from med. L. *facialis*] वि० १. मुख संबंधी, आनन-* (आ० भी), मुँह या चेहरे का (विशे० श० वि० में)। सं० १. मुखमर्दन, चेहरे पर मालिश; २. (वि० १) आननी*। **~angle** १. मुख-कोण, नक्षत्रे से कान और मस्तक तक जानेवाली दो रेखाओं से बना हुआ कोण; २. (वि० १) फलक-कोण*। **~artery** मुख-धमनी, आनन-धमनी।

-facient ([L. *faciens -ntem*, pres. p. of *facere*, to make] प्रत्य० "बनानेवाला" या "करनेवाला" आदि के अर्थ में प्रयुक्त (जैसे absorbefacient या abortifacient, calorifacient आदि)।

facile (făs' il) [F., from L. *facilis*, from *facere*, to do] वि० १. सुकर, सुसाध्य, आसान, सहल, सरल, सहज, सीधा; २. अनायास; ३. सुलभ; ४. शिष्ट, नम्र, सहज में मान लेनेवाला; ५. कोमल, मृलायम; ६. प्रवाहशील (लेखन-शैली); ७. भंजा हुआ, चलता हुआ।

facilitate (fă sil' i tāt) [as prec.] क्रि० स० १. सुकर, सहज या सुसाध्य बनाना, सुकर करना, सुकर बनाना*(विधि भी), सुगम या सरल बनाना; २. आगे बढ़ाने में सहायता देना, सुविधा देना, सुमीता देना, आसानी पैदा करना। **facilitation** सं० १. सरलीकरण, सुगमीकरण, सुसाध्यीकरण; २. (भा० २), सुकरीकरण*, सौकर्य*। **facility** (fă sil' i ti) सं० १. सहजता, सुविधा* (आ०, प्र० भी), सुमीता, सहूलियत, आसानी* (प्र० भी), रियायत, मदद; २. साधन; ३. सरलता, सुगमता, सुकरता; ४. क्षिप्रता, (व्यायाम आदि में) दक्षता, कौशल, लाघव, प्रवाह; ५. लचीलापन, नम्रता, कोमलता।

facing (fā' sing) सं० Face[2] के क्रियागत अर्थों में १. विशे० (बहुव०) सैनिक की जॉकेट के दूसरे रंग के कफ, कालर आदि; २. अगाड़ी, मोहरा* (इ०३), लेपन, (दीवाल पर विभिन्न पदार्थों का विशे० पत्थर पर) पलस्तर या प्लास्टर; ३. किसी दिशा में घूमना; ४. (इ० ३) अग्रभाग*; ५. (वि० १) लेप*। **go through one's facings** किसी की परीक्षा होना। **put person through his facings** किसी के गुणों या दक्षता की परीक्षा करना।

facsimile (făk sim' i li) [L. *fac*, imper. of *facere*, to make, *simile*, neut. of *similis*, like)] सं० १. प्रतिलिपि, प्रतिकृति* (प्र०, वि० १ भी). अनुलिपि, हूबहू नक़ल (विशे० लेख, छपाई, चित्र आदि की), प्रतिरूप, अनुकृति। क्रि० स० प्रतिकृति करना, अनुचित्र बनाना, अनुलिपि करना, प्रतिलिपि लेना, हूबहू नक़ल करना। **reproduced in~** हूबहू, यथावत्, बिलकुल उसी रूप में। **facsimilist** स० प्रतिकृतिकार, अनुलिपिकर्ता, अनुचित्रकार।

fact (făkt) [L. *factum*, a thing done, orig. neut. p.p. of *facere*, to do] सं० १. तथ्य* (प्र०, भा० २, विधि, वि० १ भी), यथार्थता, सत्य. वास्तविकता; २. कार्य, कृति, ३. घटना, वाकया; ४. अनुमान की आधार स्वरूप वस्तु; ५. तत्त्व, सच बात, असल बात, असलियत, हकीकत। **as a matter of~** वस्तुतः, सच पूछो तो। **in~** वास्तव में, हकीकत में। **matter of~** दे० MATTER। **~finding** कि० तथ्यों का पता लगाने में व्यस्त। **factual** वि० वास्तविक, सही-सही, ठीक-ठीक, यथार्थ, सतथ्य, तथ्यविषयक। **factually** क्रि० वि० वस्तुतः, यथार्थतः।

faction (făk' shŭn) [F., from L. *factio -ōnem*, a doing, a way of making (cp. FASHION), a class, a party, from *facere*, to do, p.p. *factus*] सं० १. स्वार्थी, उपद्रवकारी या सिद्धांतहीन दल (विशे० राजनैतिक दल); २. दलबंदी, गुटबंदी, पक्ष* (भा० ३ भी), गुट, दुकड़ी, जत्था, फ़िरक़ा। **factional, factious** वि० १. कलहप्रिय, भेदकारी, फ़सादी, उपद्रवी; २. सिद्धांतहीन दलबंदी-संबंधी। **factiously** क्रि० वि० कलहपूर्वक,

दलबंदी के साथ, झगड़ा-फ़साद से। **factiousness** सं० १. कलह-प्रियता, अराजकता; २. सिद्धांतहीनता, दलबंदी, धड़ेबंदी, गुटबंदी, जत्थेबंदी आदि।

-faction [L., *-factio -ōnem*, *n.* of action of verbs in *-facere;* or occasionally, from verbs in *-ficĕre*, as in *petrifaction*] प्रत्यय -by में अंत होनेवाली क्रियाओं से बनी हुई संज्ञाओं में 'करण' या 'करना' का द्योतक (जैसे satisfaction)।

factitious (făk tish' ŭs) [L. *factĭcius*, from *factus*, p.p. of *facere*, to make] वि० १. कृत्रिम, बनावटी, जाली, झूठा; २. कल्पित। **factitiously** क्रि० वि० १. बनावटी तौर पर, कृत्रिम रूप से; २. कल्पित ढंग से, झूठ से। **factitiousness** सं० बनावट, कृत्रिमता, झूठ।

factitive (făk' ti tiv) [L. *factus*, as prec.] वि० (व्या०) द्विकर्मक क्रिया, 'बनाना', 'पुकारना' या 'सोचना' के अर्थवाली ऐसी क्रिया जिसको एक कर्म और एक पूरक की अपेक्षा होती है, (जैसे he thought her mad)।

factor (făk' tŏr) [F. *facteur*, L. *factŏr* -cm, as prec.] सं० १. एजेंट, अभिकर्त्ता, प्रतिनिधि, प्रतिनियुक्त; २. आढ़तिया, मध्यवर्णिक; ३. (स्कॉट०) कारिंदा, गुमाश्ता* (मा० १ भी); ४. (गणि०) गुणनखण्ड* (आ०, इ० १, २ भी); ५. घटक* (आ०, कु० भी), उपादान* (वि० १ भी), तत्त्व; ६. साधन हेतु, कारण, सबब, वजह, बात; ७. कारक (मा० २ भी), निमित्त; ८. अंश, भाग, कड़ी, खण्ड; ९. (आ० इ० १, २) गुणक*; गुणांक*। **~cost** उपज की लागत* (आ०, इ० भी), उत्पादन का मूल्य। **~of safety** (यंत्र०) पदार्थ की शक्ति और उसपर लादे जा सकनेवाले अधिकतम भार का अनुपात। **factorage** सं० आढ़त, आढ़ती का बट्टा या कमीशन। **factorial** सं० और वि० (गणि०) १. गुणनफल; २. क्रमगणित* (वि० १ भी)। **factorise** क्रि० स० गुणनखंडों में विभक्त करना।

factory (făk' tŏr i) [med. L. *factŏria*, as prec.] सं० १. (व्यापारिक कम्पनी की विदेशी व्यापारिक) कोठी* (मा० १ भी); २. फैक्ट्री, कारखाना, मिल। **~Acts** श्रमिकों के हित के लिए विधान।

factotum (făk tō' tŭm) [med. L. (L. *fac*, imper. of *facere*, to do, *totum*, neut. a., all)] सं० १. पीर बबर्ची-भिश्ती खर, सब काम करनेवाला नौकर; २. मुख्तार-नौकर, विश्वस्त सेवक।

factum (făk' tŏm) [L., FACT] सं० तथ्य, विवादग्रस्त विषयों या तथ्यों का कथन।

facula (făk' ū lă) [L., dim. of *fax facis*, a torch] सं० (बहुव० **~læ**) १. (ग० ज्यो०) अतिमा; २. सूर्य पर चमकीला धब्बा या धारी; २. (वि० २) विद्युतिक*। **facular, faculous** वि० अतिमा संबंधी, अतिमायुक्त, उपयुक्त धब्बे या धारी से युक्त।

faculty (făk' ŭl ti) [F. *faculté*, L. *facultās -tātem*, contr from *facilitās*, see FACILE] सं० १. सामर्थ्य, क्षमता, योग्यता, कुशलता, शक्ति* (मा० २ भी); २. (मुख्य अमरीकी प्रयोग) कार्यक्षमता, कार्यदक्षता, कार्यकौशल; ३. शरीर या अंग की अंतर्निहित शक्ति; ४. मानसिक शक्ति (जैसे संकल्प, इच्छा, तर्क); ५. (विश्वविद्यालय का) विभाग, (विद्या) शाखा* (प्र० भी), संकाय* (मा० २ भी); ६. विश्वविद्यालय के किसी विभाग का एम० ए० या डॉक्टर की उपाधि प्राप्त व्यक्ति; ७. अनुमति, अनुज्ञा (विशे० धर्म०), किसी कार्य को करने की वैधानिक स्वतंत्रता। **the Faculty** चिकित्सक वर्ग। **the Four Faculties** (किसी विश्वविद्यालय के) धर्मशास्त्र, कानून, चिकित्सा और कला-विभाग। **facultative** वि० १. अनायही* (आ० भी), अनुमतिदायक, आज्ञा देने वाला; २. वैकल्पिक, विकल्पी* (आ०, वि० १ भी), ऐच्छिक; ३. आकस्मिक; ४. अनिश्चित; ५. क्षमता या कार्यशक्ति से संबंधित। **fad** (făd) [etym. doubtful] सं० १. सनक, झक* (मा० ३ भी); २. धुन, तरंग; ३. (मा० ३) अतिराग*। **faddish, faddy** वि० सनकी, झक्की। **faddiness, faddishness** सं० सनकीपन, झक्कीपन, सनक। **faddism** सं० धुन, सनक, झक। **faddist** सं० सनकी आदमी, झक्की आदमी।

fade (fād) [O.F. *fader*, from *fade*, dull, tasteless, L. *vapidum*, acc. of *vapidus*] क्रि० अ० और स० १. विवर्ण होना, मुरझाना, म्लान होना, कुम्हला जाना; २. सूखना, सुखा देना, शुष्क होना; ३. कम होना, मद्धिम पड़ना; ४. ताज़गी या शक्ति का ह्रास होना; ५. (रंग आदि का) फीका होना, उड़ जाना, हल्का पड़ना, रंग उड़ना, उतर जाना, पीला हो जाना, विवर्ण होना; ६. रंग उड़ा देना या उतार देना; ७. धीरे-धीरे ग़ायब होना, ओझल होना, क्रमशः लुप्त होना; ८. (सिने०) चित्रपट पर चित्र का धीरे-धीरे ग़ायब हो जाना (in या out के साथ) या धीरे-धीरे प्रकट होना; ९. (रेडियो) ध्वनि का मद होना या ऊँचा होना। **fading** ध्वनि का (धीरे-धीरे) मद्धिम होना, मद होना, अवसाद। **fadeless** वि० सदाबहार, हरा-भरा, अम्लान। **fadelessly** क्रि० वि० अम्लानरूपेण, बिना मुर्झाये हुए, बिना शिथिल या शुष्क हुए।

faeces (fē' siz) [L., pl. of *fex*, etym. unknown] सं० (बहुव०) १. गाद, तलछट; २. मल* (आ० भी), विष्ठा* (आ०, वि० १ भी)। **fecal** वि० १. तलछटी, गाद का; २. मल का।

faerie, faery (fā' ĕr i) [var. of FAIRY] सं० १. परीदेश, परिस्तान, परीलोक (विशे० स्पेंसर द्वारा उसकी कृति Faerie queene में वर्णित); २. परियाँ, अप्सराएँ। वि० कल्पित, काल्पनिक।

fag (făg) [etym. doubtful (perh. corr. of FLAG¹)] क्रि० अ० और स० १. कड़ी या सख्त मेहनत करना, कठोर परिश्रम करना; २. थकना, थकाना, मुरझाना, ढीला पड़ जाना; ३. ऊब जाना; ४. (स्कूल में) बड़ी कक्षा के विद्यार्थी का छोटी कक्षा के विद्यार्थी से कार्य लेना। सं० १. सख्त मेहनत, घोर परिश्रम, कठिन श्रम; २. अरुचिकर कार्य, अप्रिय काम; ३. थकावट, परिश्रान्ति, क्लान्ति (जैसे brain ~); ४. छोटी कक्षा का विद्यार्थी, जिसमे बड़ी कक्षा के विद्यार्थी काम लें; ५. (ब्रा०) सिगरेट। **~end** सं० १. अन्त, अवसान, समय; २. बेकार या रद्दी अंश; ३. छोर, किसी वस्तु का अंतिम भाग या अंश। **~out** (क्रिकेट में) फ़ील्डिंग करना।

faggot (făg' ŏt) [F. *fagot*, etym. doubtful (perh. from Norw. *fagg*, a bundle)] सं० १. ईंधन का गट्ठर या बोझ; २. फ़ौलादी या इस्पात की छड़ों का गट्ठा; ३. जिगर का कबाब। क्रि० स० और अ० जलानेवाली लकड़ियों के गट्ठे बाँधना या गट्ठर बनाना। **~-vote** फ़र्ज़ी मतदान, कृतक मत, वह मत जो किसी अयोग्य मतदाता को (पर्याप्त सम्पत्ति देकर उसे) मतदान का अधिकारी बनाकर प्राप्त किया जाय। **~voter** इस प्रकार अधिकार प्राप्त मतदाता।

Fahrenheit (fa' rĕn hīt) [inventor, Gabriel Daniel *Fahrenheit* (1686-1736)] वि० (संक्षेप F.) **~thermo-**

meter' १. फ़ारेनहाइट* (आ० भी), तापमापक जिसका तापक्रम ३२° फा० से २१२° फा० तक होता है, (तापमान बताने में प्रयुक्त जैसे ५०° F.), (वि० १) तापक्रम* । **~scale** (वि० १) फ़ारेनहाइट तापक्रम* ।

faience (fā yans') [Fr. *faience;* It. Faenza, town in Romagna] सं० मिट्टी और चीनी मिट्टी के बर्तन या अन्य सामान, जिन पर बेल-बूटे कढ़े हों।

fall [1] (fâl) [Sc., prob. from Gael. *fal*, a sod] सं० घास की घिगली । **~dyke** तृण की दीवार।

fail [2] (fāl) [O.F. *faillir*, to miss, pop. L. *fallire*, to be wanting, to disappoint, L. *fallere*, to deceive] क्रि० अ० और स० १. न होना, अपर्याप्त होना, पूरा न पड़ना या न उतरना, कम पड़ना, आवश्यकता से कम होना, न्यून होना, कमी पड़ जाना; २. उपेक्षा करना, अवहेलना करना; ३. स्मरण न रखना, भूल जाना; ४.*चूक जाना (जैसे he failed to appear); ५. समाप्त हो जाना, विनष्ट हो जाना; ६. हार कर बैठ जाना, हिम्मत हार जाना, उत्साह त्यागना; ७. कष्टपूर्ण सिद्ध होना, निराश या हताश करना, आशाओं पर पानी फेरना या फिरना; ८. अयोग्य होना, किसी वस्तु की प्राप्ति में असफल होना; ९. असफल होना* (विधि भी), असमर्थ होना, विफल होना, नाकाम होना, नाकामयाब होना; १०. उम्मीदवार के रूप में अस्वीकृत होना। **don't~to let me know** मुझे अवश्य बताना। **the prophecy failed** भविष्यवाणी ग़लत सिद्ध हुई। **the winds failed us** हवा हमारे माफ़िक नहीं हुई। **without~** निश्चित रूप से, निःसंदेह, अवश्यमेव। **words~me** मैं उचित रूप में व्यक्त नहीं कर सकता हूँ। **failing** सं० पूर्व० क्रियागम अर्थों में १. चूक, न्यूनता, कमी; २. कमज़ोरी, दुर्बलता; ३. त्रुटि, दोष-बुराई । पूर्व० न होने पर, न हो सकने की हालत में, यदि न हुआ (जैसे ~this) । **whom~**या **~whom** यदि न हुए तो (प्रतिनिधि की नियुक्ति में)। **failure** स० १. अभाव, विरह; २. न होना, न करना; ३. लोप, हानि, टोटा, घाटा, कमी; ४. टूटना, खत्म होना, ख़राब होना (इंजन आदि का); ५. असफलता*/ विफलता* (विधि भी), नाकामी; ६. असफल व्यक्ति या वस्तु; ७. निष्फल प्रयत्न; ८. दिवाला, दीवालियापन; ९. भूल, चूक; १०. (आ०) पात*; ११. मंग* (इं०३ भी)।

faille सं० फैल, एक प्रकार का हल्का रेशमी वस्त्र।

feather (*feth*' ĕr) [A.-S. *fether*(cp. Dut. *veder*, G. *feder*, L. *penna*, Gr. *pteron*, wing, *petesthai*, to fly)] सं० १. पक्षी का पर, कलंगी; २. बाण, टोप आदि में लगे पर; ३. बहुत हल्की चीज़; ४. ऊपर उठे बाल; ५. रत्न का बाल (अंदर का दोष); ६. नाव खेने का एक विशेष ढंग; ७. (ई० ३) पच्चल*। क्रि० स० और अ० १. पर जमाना, पर से सजाना, पर भरना, पर लगाना; २. पर की तरह बनाना; ३. परों की तरह उड़ना या हिलना; ४. नाव खेते समय डाँड को इस तरह चलाना कि किनारे में तिरछी निकले; ५. (शिकार) पक्षी को) बिना मारे पर अलग कर देना, ६. शिकार की गंध सूंघते या सुराग लगाते समय (शिकारी कुत्ते का) शरीर और पूँछ को हिलाना। a~ in one's cap कोई ऐसा काम जिस पर किसी को गर्व हो। birds of a~ एक ही प्रकार के लोग, एक ही चाल के चट्टे-बट्टे। crop one's ~अभिमान तोड़ना। fur &~ शिकारी पशु और पक्षी। in high or full~ प्रसन्न, आह्लादित, प्रफुल्लित। show the white~ कायरता दिखाना (शिकारी पक्षी के पंख में सफ़ेद पर का होना नस्ल की खराबी समझा जाता है)। to~an arrow तीर में पर लगाना। to~ one's nest अपने घर को संपन्न करना, अर्थ-संचय करना, अपना घर भरना। ~-bed परों का बिछौना। ~-edge तलवे का बारीक किनारा, किनारा बारीक बनाना। ~-headed, -brained, -pated मूर्ख, अल्पमति। ~-stitch लहरियादार सिलाई। ~-weight १. बहुत हल्का, कम भार का; २. विशे० घुड़सवार जिसका भार ६३ पौंड से अधिक न हो; ४. घंसिवाद जिसका वज़न १२६ पौंड हो।

feathered वि० १. पर वाला, परयुक्त; २. तेज़, फुर्तीला।

feathering सं० १. क्रियागत अर्थों में विशे० पर, पंख; २. तीर में लगे हुए पर; ३. जानवर की खाल में पर की सी बनावट; ४. (स्थाप०) महराब के आकार के बेलबूटे; ५. फल में पर के से निशान। featherless वि० बेपर, बिना पर वाला। featherlet सं० छोटा पर। feathery वि० परदार, पर से ढँका, हल्का। featheriness सं० हल्कापन।

feature (fē' tyŭr, -chŭr) [O.F. *faiture*, L. *factūra*, from *facere*, to make] सं० १. (प्राय: बहुव०) नाक-नक्शा, आकृति, सूरत-शकल, आकार-प्रकार, चेहरा-मोहरा; २. चित्र, लक्षण, विशेषता, विशिष्टता, खास बात, वैशिष्ट्य; ३. समाचार-पत्र में महत्त्वपूर्ण लेख; ४. रूपक, फ़ीचर; ५. (वि० १) लक्षण*, आकृति* (मा० १, वि०१ भी)। क्रि० स० १. विशिष्ट होना, प्रमुख होना; २. नक्शा बनाना, खाका तैयार करना, रूपरेखा खींचना (अमरीकी प्रयोग); ३. सिनेमा के पर्दे पर दिखाना; ४. वैशिष्ट्य-युक्त होना, प्रधानता देना; ५. पेश करना, खास जगह देना या पाना; ६. सामने आना। ~film फ़ीचर-फ़िल्म सिनेमा, चलचित्र। featured शकल-सूरत वाला, विशेष स्थान प्राप्त। featureless कुरूप, आकृतिहीन।

febrifuge (fe' bri-, feb' ri fūj) [F. *fébrifuge* (L. *febris*, FEVER, *fugĕre*, to drive away)] सं० १. तापहारी, ज्वर प्रशामक औषधि, ज्वरशामक* (आ० भी), ज्वर हर*। फ़ैब्रिफ़्यूज* (वि० १ भी), ज्वरहारी*(क्र० भी), ताप कम करने वाली औषधि; २. ठंडा पेय, ठंडाई। febrifugal वि० ज्वर-प्रशामक औषधि संबंधी।

febrile (fē' bril) [F., from L. *febrĭlis*, as prec.] वि० १. ज्वर-विषयक, ज्वर से सम्बंधित; २. ज्वर-पीड़ित, ज्वराक्रान्त; (आ०) ज्वर*- सज्वर*।

February (feb' rŭ à rĭ) [L. *februārius*, from *februa*, pl. a festival of purification. sing. *februum*, purification] सं० फ़रवरी, वर्ष का द्वितीय मास।

feck (fek) [Sc., etym. doubtful; perh. corr. of EFFECT] सं० १. बल, शक्ति; २. क्षमता। feckless वि० १. निर्बल, अबल, कमज़ोर, शक्तिहीन; २. निरर्थक; ३. निष्फल, अक्षम, असमानहीन; ४ अयोग्य। fecklessly क्रि० वि० १. निर्बलता के साथ; २. निरर्थक रूप में; ३ अयोग्यता से। fecklessness सं० १ निर्बलता; २. निरर्थकता; ३. अयोग्यता।

feculent (fek' ū lĕnt) [F. *féculent*, L. *fæculentus*, from *fax*, *faces*, FAECES] वि० १ मैला, गंदा, गदला, पंकिल, मटमैला; २. दुर्गन्ध-युक्त, बदबदार। feculence सं० १. मैलापन, गँदलापन; २ दुर्गन्ध, बदबू।

fecund (fek' ŭnd, fē' kŭnd) [F. *fécond*, L. *fœcundus*] वि० १. उत्पादक, उर्वर, उपजाऊ; २ बहुसन्तानोत्पादक, बहुप्रज; ३. उपजाऊ बनाने वाला; ४. (मा० ३) प्रजनन-क्षम*। fecundate क्रि० स० उपजाऊ बनाना, फलयुक्त बनाना; २. गर्भाधान करना, गर्भवती करना; ३. निषेचन करना। fecundation सं० १. उपजाऊ बनाने की क्रिया; २. गर्भाधान, निषेचन, ३. (क्र० १) बहुप्रजनन*। fecundity (fē kŭn' dĭ tĭ) सं० १ उर्वरा-शक्ति, उपजाऊपन सृजनता; २ जनन-शक्ति* (वि० १ भी): ३. बहुसंतानोत्पादकता; ४. (क्र०, वि० १) बहुप्रजनता*, बहुप्रजनन शक्ति*; ५. (मा० ३) प्रजनन-क्षमता*।

fed दे० FEED[1]।

federal (fed' ĕr ăl) [F. *fédéral*. from L. *fœdus -eris*, a treaty, covenant, cogn. with *fidēs*, FAITH] वि० १. संयुक्त, सन्धिसंश्लिष्ट; २. (धर्म०) करार मिज़ाला पर आधारित, (वह मिज़ाला जिसके अनुसार ईश्वर और इसरायलियों के बीच करार हुआ था); ३. संघीय*(मा० १ भी), संघ संबंधी (वह राज्य-व्यवस्था जिसमें विभिन्न राज्य मिल कर एक संघ बनाते हैं, परन्तु अपने आंतरिक मामलों में स्वतंत्र होते हैं और बाहर के मामलों में संघ के अधीन); ४. एक केन्द्रीय शासन से संबंधित। federalism सं० संघवाद, संघीयता*(मा० १ भी)। federalist सं० संघवादी। federalize क्रि० स० संघ बनाना। federalization सं० संघीकरण। federally क्रि० वि० संघ के रूप में।

federate (fed' ĕr āt) [as prec.] क्रि० स० और अ० १. संघ बनाना, संघबद्ध होना, किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ बनाना;

२. (राज्यों को) संघवाद के आधार पर संगठित करना या होना; ३. मिल जाना, एका करना। **federative** वि० संघ में सम्मिलित। वि० संघीय, संघ की। **federatively** क्रि० वि० संघीय ढंग से, संघ के रूप में। सं० १. संघ* (मा० १ भी). संगठन, संघबद्ध समाज (विशे०) संघबद्ध राज्य, संघ राज्य शासन; २. राज्य संघ* (वि० १ भी); ३. संघीकरण* (मा० ३ भी); ४. महासंघ* (मा० ३ भी)। **imperial~** दे० IMPERIAL। **federationist** सं० संघ का अनुयायी।

fee (fē) [A.-F. *fee*, O.F. *fé fieu, fief*, prob. through med. L. *feodum, feudum*, or *fevum*, from O.H.G. *fehu*, payment, wages, money, property, cattle (cp. A.-S. *feoh*, Dut. *vee*, L. *pecus*, cattle, *pecunia*, money)] सं० १. शुल्क, फ़ीस* (प्र०, विधि भी), वेतन, पारिश्रमिक; २. (इति०) जागीर, इलाक़ा, जमींदारी, तालुक़ा; ३. पैतृक-राज्य, रियासत; ४. लागत; ५. परीक्षा या किसी सदस्यता आदि का शुल्क; ६. स्कूल की फ़ीस; ७. पारितोषिक, बक्शीश। **~-simple** ऐसी जागीर जो उत्तराधिकार के विशिष्ट वर्ग तक सीमित न रहे। **~-tail** ऐसी जागीर जो उत्तराधिकारियों तक सीमित हो।

feeble (fē' bĕl) [A.-F. *feble*, O.F. *foible* (F. *faible*), L. *flēbilis*, mournful, from *flēre*, to weep] वि० और सं० १. कमजोर, निर्बल, अशक्त, क्षीण* (तन्* (वि० १ भी); २. बुद्धिहीन, चरित्रहीन, शक्तिहीन; ३. प्रभावहीन; ४. अस्पष्ट ध्वनिवाला, मंद, हल्का, धीमा। **feebleness** सं० १. कमजोरी, निर्बलता, शक्तिहीनता; २. बुद्धिहीनता; ३. अस्पष्टता। **feeblish** वि० कमजोर-सा। **feebly** क्रि० वि० निर्बलता से, अल्पस्पष्टता से।

feed (fēd) [A.-S *fēdan* (cp. Dut. *voeden*, Goth. *fōdjan*, O.H.G *fuotan*, see also FOOD] क्रि० स० और अ० १ खिलाना, भोजन देना; २. भूँह में कौर रखना. लकमा या निवाला देना; ३. खाने के लिए परोसना, देना, खाना, भोजन करना; ४. (पशु) चराना; ५. संतुष्ट करना, तृप्त करना; ६. आराम देना; ७. आश्वासन देना; ८. पालना, पालन-पोषण करना, बड़ा करना; ९. (हीड आदि में पानी) पहुँचते रहना; १०. (आग प्रज्वलित) किये रहना; ११ मशीन में तेल, ईंधन आदि डालते रहना; १२. ज़मीन को चराई के लिए उपयोग में लाना। १३. (जानवरों को) चारा देना; १४. (चरागाह को) चर डालना; १५. (नाटक, ग्रा०, प्रमुख अभिनेता को) संकेत देते रहना। सं० १. भोजन, खाना, खुराक; २. चारा; ३. चराई, चरागाह; ४. फ़सल; ५. थोड़े की बड़ आदि की खुराक; ६. (बोल०) भोजन, खाना, प्रीतिभोज, दावत; ७. मशीन की सामग्री, ८. मसाला जो बंदूक़ में भरा जाता है; ९. भोज्य* (आ० भी); १०. भरण* (ई० १, ३, वि० १ भी); ११. प्रदाय* (ई० २ भी)। **off one's~** बिना भूख का होना। **on the~** (मछली का) खराक की खोज में होना। **out at~** चरने-चरागने के लिए बाहर निकाला हुआ। **~a cold** जकाम में खूब खाओ। **~on** पोषण के लिए किसी वस्तु पर निर्भर करना। **~-pipe** नल जिसके द्वारा मशीन तक सामान पहुँचाया जाता है। **~-tank, trough** रेलवे इंजन में पानी का हौज़। **~up** मोटा करना, मोटा बनाना। **fed up** (ग्रा०) ऊबा हुआ, अघाया हुआ, उकताया हुआ। **feeding** सं० क्रियागत अर्थों में १. संभरण* आहार* भोजन* (आ० भी); २. भरण* (ई० ३ भी)। **~bottle** बच्चों को दूध पिलाने की बोतल। **~storm** निरंतर आँधी या तूफ़ान।

feeder (fē' dĕr) सं० (feed के क्रियागत अर्थों में); १. बच्चे को दूध पिलाने की बोतल; २. बच्चे के गले में बाँधा जानेवाला कपड़ा, बिब; ३. पूरक, सहायक नदी (ला० भी); ४. (खउंडर खेल) गेंद फेंकने वाला खिलाड़ी; ५. संभरक, मशीन का संभरण उपकरण, वह उपकरण जिससे मशीन में सामान पहुँचाया जाता है; ६. (आ०, कृ०) फीडर*; ७. (इ० १) पोषक*/पोषिका*; ८. (इ० २) प्रदायक*। **~line, -railway** पोषक लाइन या रेल, मुख्य रेल को दूर के प्रदेशों से जोड़ने वाली छोटी लाइन। **large, quick, gross~** बहुत ज्यादा या जल्दी खानेवाला व्यक्ति।

feel (fēl) [A-S. *fēlan* (cp. Dut. *voelen*. O.H.G. *fuolan*, G. *fühlen*, also A.-S. *folm*, L. *palma*. Gr. *palamē*, palm of the hand)] क्रि० स० और अ० १. छूना, टटोलना, स्पर्श करना; २. छू कर महसूस करना, छू कर पता लगाना, स्पर्श द्वारा ज्ञात या अनुभव करना; ३. (सेना०) (शत्रु या किसी प्रदेश की स्थिति की) पड़ताल करना, पता लगाना; ४. अनुभव, स्पर्श की संवेदना होना; ५. अनुभव करना, महसूस करना, मालूम होना, जानना; ६. भगतना, झेलना; ७ प्रभावित होना, किसी बात का असर पड़ना; ८. सहानुभूति करना, संवेदना होना, ९. विश्वास होना, मन में आना; १०. दुःखित होना, बरा लगना; ११. प्रतीत होना। सं० १. स्पर्श, संवेदना; २. स्पर्श द्वारा जाँच; ३. किसी वस्तु-विशेष का स्पर्श-संवेदन। **~in one's bone** आन्तरिक विश्वास होना। **~like doing** करने की इच्छा होना। **~of velvet** मखमल जैसा स्पर्श। **~one's leg or feet** आराम से होना, दृढ़ता प्राप्त करना। **~one's way** मार्ग टटोलना। **~quite oneself** अपने ऊपर नियंत्रण होना, अच्छा होना, संतुष्ट होना। **~the pulse of** १. (शा० और ला०) नाड़ी देखना, नब्ज टटोलना; २. किसी के विचारों का अध्ययन करना। **~well** स्वस्थ होना।

feeler (fē' lĕr) सं० क्रियागत अर्थों में; १. कुछ पलों में स्पर्श द्वारा वस्तुओं के परीक्षण और खाना ढूँढने के लिए एक विशेष अंग; २. (सेना०) स्काउट; ३. अस्थायी प्रस्ताव अथवा संकेत; ४ स्पर्शक, प्रतिक्रिया जानने के लिए किया गया कार्य, टोह, टटोल।

feeling (fē' ling) सं० क्रियागत अर्थों में १. (विशे० स्पर्श) संवेदन* (विधि भी); २. शारीरिक संवेदन; ३. भाव* (मा० २ भी), संवेग (प्रायः आशा या भय आदि का); ४. (बहुव०) संवेदन-शीलता, सहानुभूति; ५. दूसरों का दुःख महसूस करने की क्षमता; ६. चेतना, बोध, विश्वास जो केवल तर्क पर आधारित न हो. भावना* (मा० २, वि० ३ भी), संवेदना, विचार, स्याल; ७ (मनो०) (विभिन्न लेखकों द्वारा विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त) अनुभति* (आ० भी), चेतना, इच्छा अथवा भाव की स्थिति, किसी मानसिक स्थिति में मूल अथवा दुःख का भाव; ८. भाव-जन्य विश्वास, (कला) भाव, भावना, उत्तम सामान्य भाव; ९. उत्साह, जोश, दर्द; ११. जी, दिल। वि० क्रियागत अर्थों में १ (विशे०) संवेदन-शील, भावशील. प्रभाव-ग्रहणशील; २ सहानभति पर्क;* ३. हार्दिक, हृदयानुभव, दिली; ४. समझदार। **a~of safety** सुरक्षित होने की भावना। **a~pleasure** हार्दिक प्रसन्नता। **general~ was against it** सामान्य भावना इसके विरुद्ध थी। **good~** सदभावना, मत्कामना। **hurts my~** मेरे मन को ठेस पहुँचाती है। **feelingly** क्रि० वि० संवेदनशीलता के साथ, सहानुभूतिपूर्वक, भावशीलता से।

feet दे० FOOT।

feign (fān) [O.F *feindre* L. *fingere*] क्रि० स० और अ० १.

बनाना, गढ़ना, ढँढना, निकालना; २. जाल करना, जाली लेख या दस्तावेज बनाना; ४. कपट करना, छल करना, ढोंग रचना, स्वाँग भरना; ५. नकल करना, बहाना करना, स्वांग करना, (पायलप्पन आदि का)।

feint (fānt) [F. *feinte*, from *feindre*. see prec.] सं० १. शत्रु को धोखा देने या उसका ध्यान दूसरी ओर आकर्षित करने के लिए कपट-आक्रमण; २. धोखा, भुलावा, हीला-बहाना, छल-कपट। क्रि० अ० १. आक्रमण करना; २. बहाना करना। वि० और क्रि० पुरानी वर्तनी जो इसी अर्थ में प्रयुक्त होती है (जैसे ~lines, ruled~ अस्पष्ट रेखाएँ, अस्पष्टता से खींची हुई रेखाएँ); दे० PAINT।

feldspar (feld' spar) [G. *feldspath* (*feld*, field, *spath*, spar)] सं० एक प्रकार की स्फटिक सदृश उज्ज्वल या लाल धातु, फैल्सपार* (कृ० १ भी)। **feldspathic** (feld spăth' ik) वि० सफेदी या लालाई लिये, सफ़ेद या लालवर्ण का, (उपर्युक्त धातु का)।

Felibrist सं० फ्रांस के प्रोवान्स के आधुनिक कवियों एवं लेखकों की Felibrige नामक परिषद् का सदस्य।

felicide (fē' li sīd) [L. *felis*, cat,-CIDE] सं० १. बिल्ली मारने वाला; २. बिल्ली की मारना।

felicific (fē li sif' ik) [L. *felificus*, from *felix-icis*, happy, -FIC] वि० प्रमन्नतापूर्ण, आनन्ददायक, सुखकर।

felicitate (fē lis' i tāt) [L. *felitctāt-*, p.p. stem of *felicitāre* from *felix-tis*, happy] क्रि० स० १. प्रसन्न करना, आनन्दित करना (क्व०); २. बधाई देना, अभिनन्दन करना। **felicitation** सं० (प्रायः बहुव०) बधाई, शुभकामना, अभिनन्दन, मबारकबाद। **felicitous** वि० १. प्रसन्नतापूर्ण, आनन्दमय, सुखमय; २. उपयुक्त, उचित, ठीक, यथार्थ (बात, उद्धरण, शिष्टाचार); ३. मनोहर, ललित, सुखी। **felicitously** क्रि० वि० १. प्रसन्नतापूर्वक, आनन्द के साथ; २. उपयुक्त रूप से, उचित ढंग से।

felicity (fe lis' i ti) [as prec.] सं० १. सुख, प्रसन्नता, आनन्द, अनिहर्ष, परमसुख; २. आशीर्वचन, आशीष; ३. सौभाग्य, खुशकिस्मती; ४. वाग्मिता, वाक्प्रौढ़त्व; ५. अच्छी तरह से चुनी गई शब्द-प्रयोग की शैली; ६. उपयुक्त कथन।

felid (fē' lid) [L. *felis*, a cat] सं० फेलिड, बिल्ली की जाति का एक पशु।

feline (fē' līn) वि० और सं० १. बिल्ली का, बिल्ली सबंधी, बिल्ली जैसा, मार्जारवत। ~**amenities** १. स्त्रियों का प्रच्छन्न वेष; २. बातचीत की मीठी छुरियाँ। **felinity** (fe lin' i ti) सं० बिलीयापन, प्रच्छन्न द्वेष भाव।

fell[1] (fel) [A.-S. *fiellan*, casual, from *feallan*, to FALL (cp. Dut. *vellen*. Icel. *fella*, G. *fällen*, all causatives)] क्रि० स० १. (मनुष्य या पशु को) मारते-मारते गिरा देना; २. पेड़ को काट कर गिरा देना; ३. टाँकना, टाँके से बैठाना। सं० काट कर गिराई हुई लकड़ी। **feller** सं० पेड़ काटने वाला।

fell[2] (fel) [A.-S. *fel*, skin (cp. Dut. *vel*, G. *fell*, also L. *pellis*, Gr. *pella*] सं० १. (पशु या मनुष्य का भी) चमड़ा या खाल जिनमें बाल हों; २. जटा बंधे बाल या ऊन; ३. भेड़ की ऊन; ३. पहाड़, पर्वत (नाम के साथ जैसे sea~); ४. उत्तरी इंग्लैंड की दलदली भूमि, झाबर; ~**monger** दे० MONGER। ~ **of hair** जन्मते ही या बिस्तरे बाल।

fell[3] (fel) [Icel. *fjall*, prob. conn. with G. *fels*, a rock] सं० चट्टानी पहाड़ी, जंगली पहाड़ी भूमि*, फेल* (बि० १ भी)।

fell[4] (fel) [O.F. *fel*, late L. *fallo*, *felon*] वि० (काव्य०) १. भयानक, भयंकर, भयावह, डरावना; २. निर्दय, क्रूर; ३. विनाशकारी।

fell[5] (fel) [L. *fel*, gall] सं० १. तीक्ष्णता, कटुता; २. क्रोध, आक्रोश, गुस्सा; ३. चिड़चिड़।

fell[6] दे० FALL[1]।

fellah (fel' ă) [Arab. *fellāh*, pl. *fellahin*] सं० (बहुव० ~een) मिस्री किसान।

felloe (fel' i, -ō) [A.-S. *felg* (cp. Dut. *velg*, G. *felge*)] सं० कमानियों से जड़ा हुआ पहिये का बाहरी घेरा।

fellow (fel' ō) [Icel. *fēlagi*, a partner, one who lays down fee or goods in partnership, from *fé*, property, cogn. with A.-S. *feoh*, cattle, see FEE] सं० १. सहचर, मित्र, साथी, संगी, सहकारी, सहकर्मी; २. जोड़, जोड़ीदार, दो में से एक, समकक्ष, सहवर्गी, समकालीन; ३. प्रेजण्ट जो कॉलेज का सहयोजित सदस्य बना लिया गया हो; ४. शोध के लिए शिक्षावृत्ति प्राप्त या नया हुआ प्रेजण्ट; ५. कुछ विश्वविद्यालयों में प्रशासक समिति का सदस्य; ६. विशिष्ट शिक्षा-संबंधी समाजों का सदस्य; ७. संयुक्त रूप में एक वर्ग का सदस्य; ८. (मा० २) अधेता*/ रत्नमदस्य*/ पार्षद*। **poor**~ बेचारा (आदमी)। **stone dead hath no**~ मरा हुआ भेद नहीं बताता, मृतक की भाँति रहस्योद्घाटन करनेवाला और कोई नहीं। ~**citizen** एक समान संबंधित साथी, नागरिक, सहनागरिक। ~**citizenship** सहनागरिकता। ~**commoner** प्रेजण्ट न हुआ व्यक्ति जिसे प्रेजण्टों के साथ एक मेज पर खाने का सम्मान प्राप्त है। ~**countryman** साथी देशवासी। ~**creative** एक साथ काम करने वाले साथी। ~**feeling** सहानुभूति, साथ की भावना। ~**traveller** १. सहयात्री; २. गैरकम्युनिस्ट, जो साम्यवादी दल के उद्देश्यों से सहानुभूति रखता हो।

fellowship (fel' ō ship) सं० १. संसर्ग, संघात, संयोग; २ सहयोग, साझा, समरुचि; ३. साथ, संग, साहचर्य, मैत्री, मित्रता, भाईचारा; ४. सहयोगियों की संस्था, साथियों का संघ, कम्पनी; ५. संघ, निगम; ६. विरादरी; ७. कॉलेज के प्रेजण्ट सदस्य का सम्मान अथवा शिक्षावृत्ति की आय; ८. (मा० २) अधेता-वृत्ति*/ रत्नमदस्यता*/ पार्षदता*। **good**~ मेल-जोल, मैत्रीभाव, भाईचारा। **right hand of**~ प्रवेश का चिह्न या निशान।

felly दे० FELLOE।

felo-de-se (fel' ō dē sē) [A.-L., felon upon himself (see foll.)] सं० (बहुव० **felos**~) १. आत्महत्याकारी, आत्मघाती, २. (बहुव०) आत्महत्या, खुदकुशी।

felon (fel' ən) [O.F. from late L. *fellōnem*, nom. *fello*, *fla* (perh. from L. *fel*, gall)] वि० और सं० १. साहसिक, आततायी, क्रूर, दुष्ट, हत्यारा; २. महापातकी, महान् अपराध करने वाला, महापराधी* (मा० ३ भी); ३. फटिया, बिगड़ैल, अंगलेडा, गलका, छोटा फोड़ा (विशे० नाखून के नीचे और पास का)। **felonious** वि० १. पापिष्ठ, दुर्वृत्त, महापराधी, हत्यारा, महापातकी; २. (विधि) महापातक के संबंधित*। **feloniously** क्रि० वि० महापातक करते हुए, महापातकी के रूप में। **felonry** सं० महापातकियों का वर्ग या श्रेणी। **felony** सं०

१. महापाप, पातक, महापातक, घोर पाप, महापराध* (मा० ३ भी), घोर अपराध, हत्या।

felspar दे० FELDSPAR ।

felstone (fel' stōn) [G.*felsstein* (*fels*, rock, *stein*, stone)] सं० फेल पत्थर, अस्फुटित चट्टानों में पाया जाने वाला सफ़ेद या लाल वर्ण का एक पत्थर।

felt[1] (felt) [A.-S. cp. Dut. *vilt*, G. filz] सं० १. कंबल*, नमदा* (इ० ३, कृ० भी), जमाया हुआ ऊनी कपड़ा; २. नमदे की बनी हुई वस्तु (विशे० ~hat)। क्रि० स० और अ० १. नमदा बनाना या जमाना; २. नमदा चढ़ाना; ३. नमदे से ढँकना।

felty वि० नमदे का, नमदादार, नमदे का बना हुआ।

felt[2] दे० FELL ।

felteric सं० घोड़ों की एक बीमारी।

felucca (fe lŭk' ă) [It., prob. from Arab.] सं० मध्यसागर के तट के समीप चलनेवाला जहाज़ जिसमें डाँड़ या पाल अथवा दोनों हों।

female (fē' māl) [O.F. *femelle*, L. *fēmella*, dim. of *fēmina*, a woman] वि० १. स्त्री का, नारी का, स्त्रीय, नारी संबंधित, नारी विषयक; २. मादा का, स्त्री-जाति का, स्त्रीलिंगी* (वि० १ भी); ३. (पौधे या उनके भागों के संबंध में) फलदायक, फलदार जिसमें गर्भ-केशर हों, और पराग-केशर न हों; ४. कम शक्ति वाला, घटिया; ५. मादा (औज़ारों आदि में)। सं० १. स्त्री, नारी* (विधि, वि० १ भी); (जन या पशु) मादा* वि० १ भी), २. (अशि०) लौंडिया, औरत। **~rhymes** 'ई' में समाप्त होने वाला तुक। **~sapphire** हल्के रंग का नीलम मणि, कम चमकने वाला नीलम। **~screw** भीतरी पेंच।

feme covert (fēm' kuv' ert) [A.-F. and O.F. (L. *femme couverte*)] सं० (विधि) ब्याहता स्त्री*, विवाहिता स्त्री। **feme sole** (sōl) [A.-F.] सं० अनूढ़ा स्त्री, अविवाहिता स्त्री, कुमारी, विधवा अथवा सम्पत्ति के विषय में पति से पूर्ण रूप से स्वतंत्र स्त्री।

feminine (fem' i nin) [O.F. *feminin*, L. *fēmininus*, fr. *fēmina*, woman] वि० १. स्त्रैण, स्त्रीजातीय, नारी जाति का; २. स्त्री विषयक, स्त्री संबंधी; ३. स्त्रियोचित, जनाना, स्त्री जैसा; ४. (व्या०) स्त्रीवाची, स्त्रीलिंगी। **~cæsura** यति या विराम जो बलाघात के एकदम बाद नहीं आता। **~ending** उपान्त्य अक्षर पर बलाघात वाली पंक्ति। **~rhyme** (छंद) दो अक्षरों का तुक जिसमें ज़ोर दूसरे अक्षर पर हो। **femininely** क्रि० वि० स्त्रियोचित रूप से। **femininess** सं० नारीपन, स्त्रैण्य। **femininity** सं० १. स्त्री-स्वभाव; २. स्त्रियों की विशेषता; ३. स्त्रियों के काम की छोटी मोटी चीज़ें। **femininty, femenity** सं० १. स्त्रैल्य, नारीत्व; २. स्त्रियोचित, नारीत्व होना, स्त्री जैसा होना। **feminize** क्रि० स० और अ० १. स्त्री स्वभाव का बना देना, स्त्री स्वभाव का बनना, स्त्रियोचित गुणों से सम्पन्न होना या करना। **feminization** स्त्रीगुण-सम्पन्न करने की क्रिया।

feminism (fem' in izm) सं० १. स्त्रियों के अधिकारों का समर्थन; २. स्त्री-अधिकारवाद* (मा० १, ३ भी)। **feminist** स० स्त्री-अधिकारवादी* (मा० १ भी)।

femur (fē' mur) [L. *femur -oris*, the thigh] सं० (बहु० **femora**) १. रान या जंघा की हड्डी, ऊर्ध्वास्थि, पीवर; २. कीड़े का समान अंग (टाँग या जंघा); ३. (वि० १) फ़ीमर*, ऊर्ध्विका*। **femoral** वि० ओरवी, ऊरु, ऊर्ध्वास्थि संबंधित, जाँघ की हड्डी का।

fen (len) [A.-S. *fenn* (cp. Dut. *ven*, *veen*, G. *fenne*)] सं० १. दलदल* (कृ० भी), दलदली भूमि, पंकिल भूमि; २. झाबर, धसान। **the fens** कैम्ब्रजशायर में स्थित ज़िले या प्रान्त। **~berry** एक प्रकार की झरबेरी। **~fire** दलदल में उत्पन्न होने वाला जगमगाता हुआ प्रकाश, अगियाबैताल। **~man** दलदल का रहने वाला, दलदल का निवासी। **~pole** खाइयों को लाँघने में प्रयुक्त डंडा, बाँस या लट्ठा। **~reeve** दलदली भूमि का प्रबन्ध करने वाला अफ़सर या अधिकारी। **~runners** एक प्रकार की लोहे की खड़ाऊ (स्केट्स)। **fenny** वि० दलदली, पंकिल।

fan[1], **fens** दे० FAN[2] ।

fence (fens) [short for DEFENCE] सं० १. पटेबाज़ी; २. तलवार-बाज़ी, तलवार चलाने की कला; ३ चहारदीवारी, बाड़ा*/घेरा*/जँगला* (कृ०, इ० ३ भी), बाड़* (कृ० भी), हाता; ४. विभिन्न मशीनों में निर्देशक-पुर्ज़ा; ५. चोरी के माल को लेने वाला; ६. वह स्थान जहाँ चोरी का माल रक्खा जाता है। क्रि० अ० और स० १. पैंतरे दिखाना, पटेबाज़ी करना, तलवार चलाना, असिकला के अनुसार तलवार का उपयोग करना; २. रोकना, बचाव करना, निवारण करना, बाहर रखना; ३. खाई बनाना, बाड़ा बनाकर घेरना, चहारदीवारी बनाना, जँगला लगाना, हाता खींचना, दृढ़ करना; ४. (घोड़े का) टट्टी कूदना, बाड़ा डाँकना, जँगला डाक जाना; ५. चोरी के माल का व्यापार करना, चौर्य व्यापार करना* (मा० ३ भी)। **~with question or questions** परिहार करना, बार बचाना, रोकना, निवारण करना, उत्तर देने से बचना, टालना। **master of ~** १. कुशल पटेबाज़; २. (ला०) अच्छा वक्ता। **of ~** विजेता के साथ हो जाना। **put horse on ~** दे० PUT। **sunk ~** खाई के तल के चारों ओर का जँगला। **to sit on the ~** विवाद में तटस्थ रहना, किसी तरफ़ न होना, तमाशा देखना, टालमटोल करना, पशोपेश में होना। **~-month, -season, -time** शिकार या मछली मारने का निषेध-समय। **fenceless** वि० १. अरक्षित, अनावृत्त, खुला, बिना बाड़े या जँगले का; २. (काव्य०) अदृढ़, अरक्षित। **fencer** सं० १. तलवार चलानेवाला; २. चोरी का माल बचानेवाला। **fencing** सं० क्रियासम अर्थों में १. जँगला* (इ० १ भी), हाता या बाड़े की दीवार; २. बाड़ा, घेरा; ३. जँगला आदि बनाने का सामान, ४. बाड़ लगाना*, घेरा लगाना* (कृ० भी)। **~cully, -ken** चोरी का सामान इकट्ठा करने वाला, चोरी के सामान का भंडार या गोदाम।

fencible (fen' sibl) [short for DEFENSIBLE] सं० (इतिo) केवल रक्षात्मक सेवा के योग्य सैनिक।

fend (fend) [SHORT FOR DEFEND] क्रि० अ० और स० १ (off के साथ) दफ़ना, दूर रखना, दूर हटाना, निवारण करना, बचाना; २. (for के साथ) अपने लिए व्यवस्था करना, अपने लिए प्रबंध करना।

fender (fen' der) [from *pare*] सं० १. रोक, टहरा, चपलास, छाज; २. टक्कर या टकराव से रोकने की वस्तु, निवारक वस्तु; ३. अग्निपात्र का जँगला जिससे अंगारे लुढ़क कर कमरे में न आ सकें; ४. (इ० ३) रक्षिका*। **~stool** इस जँगले के सामने रक्खा हुआ स्टूल, आसन। **fenderless** वि० जिसमें रोक की चीज़ न हो।

fenestella (fen es tel' ă) [L. dim. of *fenestra*, see foll.] सं० १. (वास्तु०) गिरजाघर में वेदी के दक्षिण की दीवाल में छेददार पत्थर का पात्र अथवा छोटी मेज़ रखने की जगह; २. (वि० १) फ़ेनेस्टेला*।

fenestrate (fē nes' trāt) वि० १. (वन०, प्राणि०) गवाक्षिकाओं वाला, छोटी खिड़कियों या ताकों के सदृश छिद्र वाले, छिद्रिल; २. (वि० १) गवाक्षित*/ सरोखेदार*। **fenestration** सं० १. (वास्तु०) इमारत में खिड़कियाँ बनाना; २. (वन० और प्राणि०) गवाक्षण, गवाक्षिकाओं वाला होना, छिद्रिलता।

Fenian (fē' ni ăn) [O.Ir. *Féne*, a name of the ancient Irish, confused with *Fiann*, the warriors who defended Ireland in the time of Finn] सं० १. संयुक्त राष्ट्र अमरीका में रहने वाले आयरलैंडी लोगों के उस संघ का सदस्य जिसका ध्येय आयरलैंड से अंग्रेज़ी शासन समाप्त करना था। वि० १. उस संघ के सदस्यों से संबंधित अथवा उस वाद से संबंधित। **Fenianism** सं० फीनीवाद, इस संघ का मत या सिद्धान्त।

fenks (tenks) [etym. unknown] सं० (बहु०) १. ह्वेल मछली की चरबी का रेशेदार भाग; २. ह्वेल मछली की चरबी को पिघलाने के बाद का बचा व्यर्थ भाग।

fennec (fen' ĕk) [Arab. *fenek*] सं० उत्तरी अफ्रीका की एक छोटी लोमड़ी जिसके कान बहुत लंबे और खड़े होते हैं।

fennel (fen' ĕl) [A.-S. *finol*, *finugl*, L. *feniculum*, dim. of *fenum*, hay] सं० १. सोवा, सोआ, शालेय, सालेय; २. सौंफ़* (आ०, कृ०, वि० १ भी)।

fenugreek (fen' ū grēk) [F. *fenugrec*, L. *fenugraecum* (*fenum*, hay, *graecum*, neut. a., Greek)] सं० मेथी का साग, मेथी* (कृ० भी)।

feoffee (fĕ fē') सं० करमुक्त भूधारी, वह व्यक्ति जिसे विशिष्ट विधि द्वारा करमुक्त संपदा मिले। **~in or of trust** न्यासधारी जिसे इस प्रकार की संपदा आदि मिली हो। **feoffor, -er** सं० विशिष्ट विधि से संपदा देने वाला। **feoffment** सं० करमुक्त संपदा को देने की विशिष्ट विधि।

feral (fēr' ăl) वि० १. जंगली; २. बर्बना; ३. बहेली, जो पालतू न हो; ४. जो सधा न हो; ५. पाशविक; ६. पशुवत्; ७. (आ० ३) वन्य पशु-पालित*।

fer-de-lance (fâr dē lans') [F., lance-head (*fer*, iron)] सं० दक्षिणी अफ्रीकी उष्ण कटिबंध में पाया जाने वाला एक प्रकार का बड़ा और विषैला साँप।

feretory (fer' e tor i) [O.F. *ferthe*, L. *feretrum*, Gr. *pheretron*, from *pherein*, to bear] सं० १. संतों के अवशेषों की समाधि, मढ़ी, छतरी, मज़ार; २. टिकटी, अर्थी, वह गाड़ी या खटिया जिस पर शव ढोया जाता है; ३. गिरजाघर जिसमें संतों के अवशेष-पात्र रक्खे जाते थे।

ferial (fēr' i ăl) [F. *férial*, L. *feriālis*, from *féria*, a holiday, see FAIR¹] वि० पर्व, (धर्म०) साधारण, जो उपवास या त्योहार का न हो (दिन के लिए)। **~service** दैनिक प्रार्थना या उपासना।

ferine वि० दे० FERAL।

ferment (fĕr' mĕnt) [F., from L. *fermentum*, from root of *fervēre*, to boil] सं० १. खमीर* (कृ० १ भी); २. जामन; ३. उबाल, उफ़ान, जोश, उभार; ४. बलवा, हंगामा, हलचल, आंदोलन, गड़बड़, खलबली, हुल्लड़, उपद्रव, विप्लोभ, उत्तेजना; ५. (आ०, कृ०, वि० १) किण्व*। कि० अ० और स० १. उबाल खाना, खमीर उठाना; २. जोश मारना; ३. बुदबुदाना; ४. उभाड़ना, जोश खाना; ५. खमीर चढ़ाना; ६. भड़काना, हंगामा करना, उत्तेजित करना, उत्साहित करना; ७. सड़ जाना। **fermentable** वि० उबलने योग्य, उभाड़ने योग्य।

fermentation (fĕr mĕn tā' shŭn) [L. *fermentātio -ōnem*, as prec.] सं० १. वेग, उत्ताप, किण्वन* (आ०, कृ०, वि० १ भी), उत्तोभन, विक्षोभ; २. खमीर उठाना; ३. जोश, उभार, उत्तेजना, उत्साह, हंगामा। **fermentative** वि० १. खमीर उठानेवाला; २. जोशीला; ३. उत्तेजक, उत्साहवर्द्धक; ४. (आ०) किण्वक*।

fern (fĕrn) [A.-S. *fearn* (cp. Dut. *varen*, G. *farn*, also Sansk. *parna* and Gr. *pteron*, wing, feather)] सं० १. बहुपत्रक, फ़र्न* (कृ० भी), पर्ण, पर्णांग, एक प्रकार का पौधा; २. (समूह० भी जैसे go through heath &~)। **~-owl** सं० एक प्रकार का अबाबील। **fernery** सं० फर्न रखने का स्थान, फर्नघर* (कृ० भी)। **fernless** वि० बिना फ़र्न के, फ़र्न-हीन। **ferny** फ़र्नदार।

ferocious (fe rō' shŭs) [L. *ferōci-*, stem of *ferox*, cogn. with *ferus*, wild] वि० १. रौद्र, उग्र, क्रूर, दारुण, भयानक, भयंकर, खूँखार, जंगली, निर्दय, कठोर, जालिम, बेरहम; २. (विधि) हिंस*। **ferociously** क्रि० वि० भयानकता के साथ, हिंस्रभाव से, खूँखारपन से, बेरहमी या निर्दयता से, उग्रता, कठोरता या जुल्म के साथ। **ferocity** सं० रौद्रता, उग्रता, खूँखारी, खूँखारपन, निर्दयता, क्रूरता, कठोरता, हिंस्रकता, जंगलीपन, प्रचंडता, बहशत, बेरहमी, सख्ती।

-ferous (L. *fer-*, stem of *ferre*, to bear. -ous] प्रत्य० (प्रयोग में **-iferous**) उत्पन्न करनेवाला या 'वाला' अर्थ में प्राकृतिक इतिहास में विशेषण बनाने के लिए प्रयुक्त।

ferox (fe' roks) [mod. L. *Salmo ferox*, the fierce salmon] सं० ऐंस, झील में पाई जाने वाली एक विशाल मछली।

ferrate (fe' rāt) [L. *ferrum*, iron] सं० फेरेट* (आ० वि० १ भी), लोहेत, अयसीय। **ferreous** (fer' e ŭs) वि० लौह-युक्त, जिसमें लोहा हो, लोहे का।

ferret¹ (fer' ĕt) [O.F. *furet*, late L. *fūrēlus*, identified with *fūr -onem*, L. *fūr*, robber] सं० १. नेवले की जाति का एक जानवर जिसको छेद से खरगोश भगाने और चूहों आदि के मारने के लिए पाला जाता है; २. ढूँढ़नेवाला, खोजनेवाला, ३. जासूस, गुप्तचर। कि० अ० और स० १. फ़ेरेट की सहायता से शिकार करना (go ~hunting), शिकार खेलना; २. इस जानवर की सहायता से (खरगोश आदि को) बिल, जमीन से) भगा देना, बाहर निकालना; ३. ढूँढना, तलाश करना, (अपराधियों, रहस्यों आदि का) सुराग लगाना, पता लगाना। **ferrety** वि० १. इस जानवर जैसा; २. गुप्तचरीय; ३. गुप्तचर या जासूस से संबंधित।

ferret² (fer' ĕt) [Prob. from It. *fioretti*, a kind of silk, pl. of *fioretto*, dim of *fiore*, flower, L. *flōrem*, nom.-*flōs*)] सं० सूती या रेशमी मजबूत फ़ीता।

ferri- [L. *ferrum*, iron] अर्थबिंदु मात्रा में लोहे की उपस्थिति सूचित करनेवाला; समास में प्रयुक्त रूप, (वि० ३) फेरि*।

ferriferous (fe rif' er ŭs) [-FEROUS] वि० जिसमें लोहा निकले, लोहा उत्पन्न करनेवाला, लौहयुक्त, अयस्कर, जिसमें से लोहा निकल सके।

ferriage (fer' i āj) सं० १. उतराई, घाट-शुल्क, संवहन; २. नाव का किराया, नौका-शुल्क, नौभाटक; ३. नाव द्वारा (नदी आदि) पार करना।

ferric (fer' ik) [L. *ferrum*, iron] वि० १. लोहे का, लौहिक, आयस, अयसिक; २· (रसा०) उच्चतम संयोजी शक्ति के लोहे से युक्त; ३. (आ० क्रीरिक*, दे० FERROUS।

Ferris wheel सं० १. चर्खी-झूला, घूमनेवाला एक विशाल पहिया जिसकी परिधि पर यात्रियों के बैठने के डिब्बे आदि लगे रहते हैं, नुमायशों में यात्रियों को आकर्षित करने का मनोरंजक-उपकरण, हिंडोला।

ferro- (L. *ferrum*, iron) १. (लोहा) समास में प्रयुक्त होनेवाला रूप; २.(रसा०) अयस की स्थिति में लोहे से युक्त; ३.(वि० ३) फेरो*।

ferro-calcite (fer ō kăl' sīt) फ़ेरोकैलसाइट, अयोचूर्णाश्म।

ferromagnetic वि० १. लोह चुम्बकिक, लोह चुम्बक का, लोह चुम्बक से संबंधित, अयस्चौम्बिक; २. (वि०१) लोह-चुम्बकीय*।

ferrotype (fer' ō tīp) सं० १. लोहे की पतली पट्टी पर लिया गया अनुचित्र; २. इस प्रकार चित्र या फ़ोटो उतारने की विधि या क्रिया।

ferrous (fer' ŭs) [as prec.] वि० (रसा०) लोहस, अयस्य, जिसमें लोहा द्विसंयुज के रूप में हो, तुल० FERRIC।

ferruginous (fĕ roo' ji nus) [L. *ferrūginus*, from *ferrūgo -inis*, from *ferrum*, iron] वि० १. लोहमलयुक्त, जिसमें रासायनिक तत्त्व के रूप में लोहा या लोहे का मर्चा हो, लोहे के मुर्चे का, लोहे का; २. मुर्चे के रंग का; ३. लाल, भूरे रंग का, ४· (वि० १) लोहमय*।

ferrule (fer' ŭl) [formerly *verrel*, O.F. *virelle* (F. *virole*), late L. *virola*, L. *viriola*, dim. of *virie*, bracelets] सं० १ नाल, शाम या नली का सिरा, मोटा, लाठी आदि के सिरे पर जड़ी हुई धातु की टोपी या पट्टी, २. जोड़ की मजबूती के लिए लगाया हुआ पट्टी या छल्ला, ३ (मा० १) शाम*/ जोड़बंदी*।

ferruled वि० छल्लेदार, जिसमें छल्ला या पट्टी जड़ी हो।

ferry (fer' i) [A.-S. *ferian*, from *faran*, to FARE] क्रि० स० और अ० १. नाव से पार उतारना, २. नाव से नदी, नहर या जलडमरूमध्य में आना-जाना, चक्कर लगाना; ३. (जहाज को) कारखाने में अड्डे तक उड़ा कर लाना, उड़ाना। म० १. घाट, नावों का अड्डा, उतारा प्रबंध; २. (विशे०) नाव पर ले जाने का अधिकार, नाव पर महसूल लगाने का अधिकार, ३. पारक नौका*/ घटहा*/ फेरी* (इं० ३ भी)। **~-boat** पार उतारने की बड़ी नाव, यात्रियों को लाने ले जाने की नाव, पारक नौका*/ घटहा* (इ० ३ भी)। **~-bridge** एक प्रकार की विशाल मंचहत नौका जो पूरी रेलगाड़ी को पार उतार दे। **~man** मल्लाह, मांझी, केवट, बेवट, नाविक। **~pilot** विमानचालक,वैमानिक जो कारखाने से जहाज को अड्डे तक उतार कर लाता है।

fertile (fĕr' til, -til) [O.F. *fertil*, L. *fertilis*, from *ferre*, to bear] वि० १. उर्वर, (शा० और ला० of और in के साथ) उपजाऊ* (कृ० भी), फलप्रद, फलदायक; २. अच्छा, बड़े काम का, उपयोगी। **fertility** सं० फलवत्ता, उर्वरता* (कृ० भी), उपजाऊ-शक्ति* (इ० १ भी), उपजाऊपन, फलदाता।

fertilize (fĕr' ti liz) क्रि० स० १. उपजाऊ बनाना, शक्तिशाली बनाना, फलप्रद बनाना, उर्वर करना (विशे० भूमि को); २.(वन०) फलदार बनाना; ३. बीजे योग्य बनाना, उरखेड़ बनाना। **fertilizable** वि० उपजाऊ बनाने योग्य, उर्वर बनाने योग्य। **fertilization** सं० १. उर्वरी करना, उर्वरण, २. गर्भाधान; ३.परागण, निषेचन* (कृ०, वि० १ भी)। **fertilizer** सं० १. उर्वरिका, उपजाऊ बनाने वाली (वस्तु); २. खाद, रासायनिक खाद, उर्वरक* (इ० १, कृ०, वि० १ भी)।

ferula (fer' ŭ lă) [L., a rod, orig. giant fennel] सं० १. (वन०) सौंफ़, बड़ा सोआ; २. लड़कों को पीटने वाली छड़ी ३. (आ०, इ० ३) फ़ेरूला*। **ferule** (fer' ŭl) क्रि० स० डंडे या सोटे से मारना, पीटना।

fervent (fĕr' vĕnt) [O.F. from L. *fervens, -ntem*, pres. p. of *fervēre*, to boil] वि० १. चंड, उत्तप्त, दहकता हुआ, प्रदीप्त; २. उत्कट, प्रचंड, तीव्र, अत्युत्त तीव्र; ३. जोशीला, पुरजोश, सरगर्म, दिली, उत्सुक, गहरा। **fervently** क्रि० वि० १. गर्मी से, दाह से, उत्तप्तता से; २. प्रचण्डतापूर्वक, तीव्रता से, तीव्रता से, उत्कटता से, उत्सुकता से, सरगर्मी से, जोश से, सोत्साह। **fervency** सं० १. तीव्रता, चंडता, उत्तप्तता, गर्मी, दाह; २. प्रचण्डता, तीव्रता, उत्कटता, सरगर्मी, जोश।

fervid (fĕr' vid) [L. *fervidus*, as prec.] वि० (काव्य०) प्रचण्ड, तीव्र, तीव्र, प्रज्वलित, प्रखर, उत्तप्त, दहकता हुआ, गर्म। **fervidly** क्रि० वि० प्रचण्डतापूर्वक, प्रज्वलित होते हुए, उत्तप्तता से, गर्मी से। **fervour** (fĕr' vŏr) [O.F. *fervor*, L. *fervōr -em*] सं० १. तीव्रता, तीव्रता, सरगर्मी, जोश, उत्साह; २. जलन, गर्मी, दहक, प्रज्वलन, तपस, प्रचण्डता।

fescennine (fes' ĕ nĭn) [L. *Fescenninus*] वि० (~verses) अत्यंत अश्लील व्यंग्यात्मक प्रबंध, हिजो, अश्लील आक्षेप।

fescue (fes' kū) [M.E. and O.F. *festu*, L. *festūca*, a stalk, a stem] सं० १. छोटी छड़ी, डण्डी, अध्यापक की लंबी छड़ी जिसे रखकर लड़कों को अक्षर आदि बताते हैं; २. एक प्रकार की घास।

fesse (fes) [O.F., from L. *fascia*, see FASCIA] सं० (वंशावलि विज्ञान) ढाल के बीचोबीच दो आड़ी लकीरें।

festal (fes' tăl) [O.F., from L. *festum*, FEAST] वि० औत्सविक, उत्सव का, उत्सव संबंधी, मोज संबंधी, जलसे का, त्योहार का, जश्न का। **festally** क्रि० वि० उत्सव के साथ, उत्सव मनाते हुए, जलसा मनाते हुए।

fester (fes' tĕr) [O.F. *festre* (whence *festrir*, to fester), L. *fistula*, see FISTULA] क्रि० अ० और स० १. घाव पकना, पीप पड़ना, सड़ना, गलना, (घाव या फोड़े से) मवाद निकलना, मवाद पड़ जाना, २. (विष, रोग, दुःख का) तीव्र पीड़ा देना, निरंतर पीड़ा पहुँचाना, पक जाना, सड़ जाना; ३. सड़ाना, गलाना; ४. दुःखदायी होना। सं० सड़न, गलन।

festival (fes' ti văl) [O.F., from late L. *festivālis*, L. *festivus*, see foll.] वि० और सं० १. उत्सव, समारोह, पर्व, आनन्द-दिवस, त्योहार; २. रंगरेलियाँ, आनन्द मनाना; ३. नृत्य-वादन का सामयिक उत्सव, नाच-गाने की महफ़िल।

festive (fes' tiv) [L. *festivus*, from *festum*, FEAST] वि० १. उत्सव का, पर्व संबंधी; २. आनंदमय, आनन्दमय, प्रफुल्लता भरा; ३. हँसी-खुशी का; ४. खाने-पिलाने का शौकीन; ५.विनोदी जिन्दादिल। **festively** क्रि० वि० आनन्द से, खुशी से, हँसी-खुशी से। **festivity** (fes tiv' i ti) सं० १. उत्सव, समुल्लास; २. प्रसन्नता, आनन्द, हर्ष, उत्सव, जश्न, मंगल, प्रमोद, विनोद, खुशी, आह्लाद, चहल-पहल (बहुव०); ३. रंगरेलियाँ; ४. धूमधड़ाका, आनन्द-मंगल, खुशियाँ।

festoon (fes toon') [F. *feston*, It. *festone*, prob. from *festum*, see prec.] सं० १. माला, हार; २. बंदनवार, तोरण, झालर* (मा० १ भी)। क्रि० स० १.बंदनवार या तोरण बाँधना, उससे सजाना; २. बंदनवार या तोरण बनाना। **festoonry** सं० बंदनवारें, तोरण, अलंकरण।

fetch[1] (fech) [A.-S. *feccan, fetian*, prob. rel. to *fet*, step, journey] क्रि० स० और अ० १. के आना, उठा लाना; २. खींच लाना, एकदम लेना; ३. दाम लगना, बसूल होना, दाम पर बिकना; ४. भावनाओं को हिला देना, प्रसन्न अथवा स्तब्ध करना, चिढ़ाना; ५. लम्बी साँस लेना, साँस लेना; ६. चक्कर मारना, पीठना। सं० १ दूर तक पहुँचनेवाला परिणाम; २. (नौ०) एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु तक खाड़ी अथवा खुले समुद्र का अविराम विस्तार; ३. (ई० ई) तरंग परास*। **far ~** दे० FAR। **~a compass** दे० COMPASS। **~and carry** उठाना-रखना। **fetching** हृदयांकर्षक, आकर्षक, मनोहर।

fetch[2] (fech) [etym. unknown] सं० मृत्यु के कुछ क्षण पूर्व अथवा पश्चात् किसी व्यक्ति की प्रेतछाया या प्रतिरूप।

fête (fāt) [F. *fête*, O.F. *feste*, L. *festum*, FEAST] सं० १. जलसा; २. त्यौहार, उत्सव, पर्व; ३. खान-पान, जहल-पहल, रावरंग; ४. (रोमन कैथोलिक चर्च) उस साधु-संत का दिन जिसके नाम पर बच्चे का नामकरण हो और जो दिन जन्मदिन की भाँति मनाया जाता हो। क्रि० स० १. उत्सव मनाना, रावरंग करना, हँसी-खुशी मनाना; २. (किसी की) अत्यधिक आवभगत करना, स्वागत करना। **~day** उत्सव का दिन, जलसे का दिन।

fetial (fē' shăl) [L. *fetialis* (etym. unknown)] वि० और सं० (रोमन पुरा०) १. सं० रोम में नयाचार-कर्म करने के लिए पादरियों के महाविद्यालयों में से एक। **~law** युद्ध और संधि की घोषणा की विधि या नियम।

fetid (fet' id, fē' tid) [L. *fētidus*, from *fētēre*, to stink] वि० बदबूदार, दुर्गंधित, दुर्गंधमय, दुर्गंधयुक्त। **fetidly** क्रि० वि० दुर्गंध से, बदबू करते हुए। **fetidness** सं० दुर्गंधि, बदबू। **fetor** (fē' tŏr) [L.] सं० दुर्गंध* (आ० भी), सड़ांध, सड़न, बदबू।

fetish (fet' ish, fē' tish) [F. *fétiche*, Port. *feitiço*, sorcery, L. *factitius*, artificial] सं० १. जंगली जातियों का देवता, जड़ वस्तु जिसकी पूजा जंगली जाति यह समझ कर करती है कि इसमें जादू की शक्ति है या इसमें कोई प्रेतात्मा रहती है; २. अंधविश्वास, जड़-पूजा, भूत-पूजा, अंधश्रद्धा का सिद्धांत; ३. खब्त, धुन, प्रतीक; ४. (मा० ३) देवक* फ़ेटिश*। **fetisheer** (et' i shēr, fet i shēr') सं० जड़पूजा का पुजारी, जादू-टोना करनेवाला, अंधश्रद्धा के सिद्धांत का अनुयायी। **fetishism** सं० १. जड़-पूजावाद; २. जड़-पूजा का सिद्धांत; ३. (मा० ३) देवक प्रथा*, फ़ेटिश प्रथा*। **fetishist** सं० जड़-पूजा के सिद्धांत का अनुयायी। **fetishistic** वि० जड़-पूजा से संबंधित, जड़-पूजा का, अंधश्रद्धा के सिद्धांत से संबद्ध।

fetlock (fet' lok) [etym. obscure (cp. L.G. *fitlok*, G. *fitzlock*)] सं० टखना* (कु० १ भी), घोड़े की टाँग का वह भाग जहाँ बालों का गुच्छा होता है। **~deep** जो घोड़े के उपर्युक्त अंग को ढँक ले।

fetor दे० FETID।

fetter (fet' er) [A.-S. *fetor* (cp. Dut. *veter*, Isce. G. *fesser*, from O. Teut. *fet-*, rel. to *fōt-*, *foot*, also L. *pedica*, Gr. *pedē*, fetter)] सं० १. बेड़ी, निगड़, शृंखला, पैरों की बेड़ी; २. बंधन, पाबंदी, रुकावट; ३. गिरफ़्तारी; ४. रोक, नियंत्रण, निरोध, निग्रह। क्रि० स० १. बेड़ी डालना, बाँधना, बंदी बना लेना, गुलाम बना लेना, बंधन लगा देना, रोक लगा देना, नियंत्रित करना, निरोध करना। **~lock** D के आकार की बेड़ी जिससे घोड़े की टाँग बाँध दी जाती है। **fetterless** वि० बंधनमुक्त, शृंखला विहीन, आबाद, स्वतंत्र, खुला हुआ, पाशहीन, अनियंत्रित।

fettle (fet'l) [perh. from A.-S. *fetel*, a girdle, belt] सं० मरम्मत, सुधार, सजावट, सुसज्जा, दुरुस्ती, अच्छी हालत में करना (जैसे in good ~ etc.)।

fetus दे० FOETUS।

fetwa (fet' wā) [Arab.] सं० फ़तवा।

feu (fū) [var. of FEE] सं० (स्कॉट०) निर्धारित लगान पर स्थायी पट्टा, इस प्रकार की स्थायी पट्टेवाली भूमि।

feud[1] (fūd) [M.E. *fede*, O.F. *faide*, O.H.G. *fēhida*, cogn. with A.-S. *fahth*, enmity] सं० १. पारस्परिक चिरस्थायी कलह, विग्रह, विरोध, बैर, अदावत, लड़ाई (जैसे be at ~ with), विशे० (प्राय: deadly ~); २. दो जातियों, कुलों आदि में मरने-मारने की स्थिति, जाति-बैर, कुल बैर* (मा० २ भी), पुश्तैनी बैर, पुरानी दुश्मनी, फूट, कलह।

feud[2] (fūd) [med. L. *feudum*, see FEE] सं० १. जागीर, रेज़यती जागीर; २. सहायता, सेवा या अन्य किसी विषमत की माफ़ी।

feudal (fū' dăl) [as prec.] वि० १. जागीरी, जागीर का, जागीर से संबंधित; २. जागीरदारी प्रथा या उससे मिलती-जुलती या उसके अनुसार, सामंतिक; ३. सामंत तंत्र, सामंतशाही, सामंतवादी। **~system** सामंत तंत्र, मध्यकालीन यूरोप की जागीरदारी की प्रथा, सामंत प्रणाली, सामंती व्यवस्था। **feudalism** सं० १. सामंतवाद* (मा० २ भी); २. जागीरदारी के सिद्धांत। **feudalist** सं० सामंतवादी। **feudalistic** वि० सामंतवादीय, सामंतवाद का। **feudality** सं० १. जागीरदारी प्रथा या सिद्धान्त; २. जागीर। **feudalize** क्रि० स० सामंतिक प्रथा चलाना, सामंतवाद कायम करना। **feudalization** सं० सामंतिक प्रथा का चलन, सामंतवादिता। **feudally** क्रि० वि० जागीरदारी के ढंग से, सामंतिक रूप से। **feudatory** वि० १. सामंती, जागीरी, जागीर से संबंधित, जागीर का; २. जागीरदार होने के कारण अधीन रहनेवाला। सं० सामंत या जागीरदार, किंकीदार।

fever (fē' ver) [A.-S. *fēfor*, L. *febris*] सं० १. बुखार*/ ज्वर* (आ० भी), ताप, दाह, गर्मी, हरारत; २. ज्वर की कोटि के अन्य रोग जिनके नाम अलग-अलग होते हैं (जैसे scarlet-, typhoid ~); ३. स्नायुगत विक्षोभ, उत्तेजना, व्यग्रता, अशांति, सनक, व्याकुलता। क्रि० स० १. ज्वर की सी दशा उत्पन्न करना; २. ज्वरग्रस्त होना, बुखार-पीड़ित होना। **~-heat** ज्वरातिक्रम, ज्वर के कारण उच्च तापक्रम। **~-trap** ऐसा स्थान जहाँ ज्वर के कीटाणु पाये जाते हैं। **feverish** वि० १. ज्वरातुर, ज्वराग्रस्त, बुखार का सा, थोड़ा बुखार, ज्वरपीड़ित-सा ज्वरग्रस्त-सा; २. उत्तेजित, बेचैन, व्याकुल, व्यग्र, क्षुब्ध, अशांत, विह्वल; ३. (स्थान०) जहाँ ज्वर का प्रकोप हो, ज्वरोत्पादक; ४. गरमगँ, तेज़ी के साथ, बेकल। **feverishly** क्रि० वि० १. ज्वर की दशा में, विह्वलता से, व्यग्रता-पूर्वक, अशांति के साथ, उत्तेजितावस्था में; २. तेज़ी से, बेकली से। **feverishness** सं० ज्वरातुरता, व्यग्रता, व्याकुलता, विह्वलता, अशांति, क्षोभ; २. तेज़ी, बेकली, गरमगँ। **feverous** वि० १. ज्वरग्रस्त, ज्वरपीड़ित, ज्वरातुर, ज्वरोत्पादक; २. व्याकुल, व्यग्र, क्षुब्ध, अशांत।

feverfew (fē' ver fū) [cont. of A.-S. *fēfersfuge*, L. *febrifuga* (*febris*, *fugāre*, to put to flight)] सं० फीवरफ़्यू, एक बूटी जो प्राचीन काल में औषधि के काम आती थी।

few (fū) [A.-S. *fea*, *féawe* (cp. O.H.G. *fao*, L. *paucus*, Gr. *pauros*] वि० और सं० कुछ, थोड़े, अल्प, कतिपय, कम, परिमित, इने गिने, दो-चार। **a ~** (प्रा०) अस्थायिक, निस्संदेह, निःसंशय। **a good ~** (बोल०) पर्याप्त संख्या में, काफ़ी तायादाद में।

every ~ days etc. कुछ दिनों पर, थोड़े-थोड़े दिनों पर, एक बार। **not a ~** अधिक, बहुत से। **some ~** बहुत थोड़े, दो-एक, एक-आध। **the ~** अल्पसंख्यक, चुने हुए, थोड़े। **fewness** सं० कमी, अल्पता।

fey (fā) [A.-S. *fæge* (cp. Icel. *frigr*, Dut. *veeg*, about to die, G. *feige*, cowardly)] वि० (स्कॉटलैंड) १. मरणासन्न, मरने के क़रीब, क़ब्र के किनारे; २. मरणासन्न व्यक्ति की भाँति (प्रायः बहुत अधिक विश्वास आदि से) क्षुब्धचित्त, मानसिक-विकृतिपूर्ण।

fez (fez) [F. prob. from *Fez*, the chief town of Morocco, where they are manufactured] सं० फेज़, फेज़ टोपी, तुर्की टोपी।

fiacre (fĭ ăkr') [F., said to be named after an innkeeper at the Hotel de St. *Fiacre*] सं० फ़ेआक्र, फ्रांस देश की चार पहिये की गाड़ी।

Fianna Fail सं० आयरलैंड के डि-वेलेरा की पार्टी जिसने अगस्त १९२७ में Dail Eirann में प्रवेश किया, जिसके लिए उस पार्टी ने शपथ ली थी।

fiasco (fi ăs' kō) [It., a flask, a bottle (sense obscure)] सं० १. (बहुव० **~os**) १. असिद्धि, अनिष्पत्ति, बंटाधार, चौपट, बधिया बैठ जाना, नाकामी; २. पूर्ण असफलता, (मुख्तः नाट्यशाला के अभिनय आदि में) पूर्ण विफलता, हास्यास्पद विफलता; ३. रंगभंग, गड़बड़, फजीता।

fiat (fī'ăt) [L. let it be done] सं० १. आज्ञा, निर्देश, शासन, नियोग; २. अधिकृतीकरण, अधिकार देना; ३. (आ०) बनाओ*। क्रि० स० १. (विरल) अधिकृत करना; २. अधिकार देना। **~money** (अमरीकी प्रयोग) अपरिवर्त्य पत्र-मुद्रा जिसे सरकारी आदेश द्वारा प्रचलित मुद्रा बना दिया गया हो।

fib[1] (fib) [prob. from FABLE or obs verbpl *fible- fable, nonsense] सं० १. गप, गप-शप, छोटा-मोटा झठ; २. अधम असत्य या अक्षम्य असत्य, मिथ्या। क्रि० अ० गप मारना, झूठ बोलना, झूठी बातें बनाना। **fibber, fibster** सं० गप्पी, गपबाज, झूठा, असत्यवादी।

fib[2] (ib) [etym. unknown] सं० १. मक्केबाज़ी आदि का घूँसा, मुक्का, धक्का। क्रि० स० मुक्के से मारना, घूँसा जमाना, घूँसा देना।

fibre (fī' bĕr) [F., from L. *fibra*] सं० तन्तु*/ सूत्र*/रेशा* (आ०, मा० २. वि० १ भी), धागा, सूत, तार, तांत, २ नस, रग, शिरा; ३. रेशेदार वस्तु, ४ रेशेदार बनावट, बनावट, ढाँचा, ढब, बीज, चरित्र (जैसे man of coarse~): ५. कानने, बुनने आदि जमाने के योग्य पदार्थ; ६. छोटी जड़ या टहनी। **fibred** वि० रेशेदार, तंतुमय। **fibreless** वि० बेरेशा, तंतुहीन, बिना रेशे का। **fibriform** वि० रेशे के आकार का, तंतु रूप। **fibrous** वि० रेशेदार, तंतुमय। **fibrously** क्रि० वि० रेशे की तरह से, तंतु के रूप में। **fibrousness** सं० रेशापन।

fibril (fī' bril, **fibrilla** (fi bril' ă) [dim. of L. *fibra*, as prec.] सं० १. रेशक, तंतुक* (आ० २ भी), छोटा रेशा, सूक्ष्म तंतु, रेशे का छोटा टुकड़ा; २. जड़ का छोटे से छोटा टुकड़ा। **fibrillar** (y) वि० १. तंतुकवत्, तांतुक, रेशे का, रेशे से संबंधित, रेशे से बना हुआ, तंतुकमय, तंतुनिर्मित; २. तंतुकी* (आ०, वि० १भी)। **fibrillate, -ated** (fi bril ăt, -ĕd) वि० १.तंतुमय; २. रेशे-सा, रेशे की तरह का। **fibrillation** सं० तंतूकरण, तंतूकरण. रेशे का करना,

तांतुकापन। २. (आ०) तंतुविकसन*/ विकंपन*। **fibrilliform** वि० रेशे के आकार का, तंतुक रूप। **fibrillose** वि० रेशामय, तंतुमय, तंतुकयुत।

fibrin (fī' brĭn) [as prec., -IN] सं० १. फाइब्रिन* (आ०, वि० १ भी), तांतिवन, जमाने योग्य वर्णविहीन तरल पदार्थ जो पशु और वनस्पति में पाया जाता है। **fibrino-** समास में प्रयुक्त रूप। **fibrinous** वि० उपर्युक्त पदार्थ से युक्त, जिसमें उपरोक्त पदार्थ हों।

fibro- [FIBRE] समास में प्रयुक्त रूप।

fibroid (fī' broĭd) वि० १.रेशेदार आकार या रूप का, जिसका आकार या रूप तंतुमय हो; २. (आ०) तान्तवक*/ फाइब्राइड*। सं० तंतवर्बुद, गर्भाशय की सूजन।

fibroin (fī' brō in) सं० १. एक रासायनिक पदार्थ जिससे रेशम और मकड़ी के जाले बनते हैं; २. (आ०, वि० १) फ़ाइब्राइन*।

fibroma (fibrō'mă) [mod. L., as FIBRE] सं० (बहुव० **~ta**) तंत्वर्बुद, तंतु विषयक सूजन। **fibrositis** (fi brō si' tis) सं० (गठिया रोग संबंधी) तंतुमय स्नायु का प्रदाह, तंतुमयप्रदाह, सूजन।

fibula (fib' ū lă) [L., a brooch, from *fivere*, var. of *figere*, to fix] सं० (बहुव० **~læ, ~las**) १. उपजंघिका, अनुजंघास्थि, टाँग के अगले भाग की कमानीदार हड्डी; २. बहिर्जंघिका*/फिबुला* (कृ०, मा० १, वि० १ भी)। **fibular** वि० उपजंघिका या बहिर्जंघिका का, अनुजंघास्थिक, अनुजंघ की हड्डी से संबंधित।

-fic [L. *-fius*, from weakened root of *facere*, to make] प्रत्य० 'बनाना', 'करना' के अर्थ का विशेषण बनाने के लिए प्रयुक्त (जैसे acidific, morbific)।

-fication [L. *-fictio -onem*, from *-ficare*, see -FY] -fy में अंत होने वाली क्रियाओं से संज्ञा बनाने के लिए प्रयुक्त (जैसे purify से purification)।

ficelle (fi sel') [F., pack-thread] वि० सुतली के रंग का।

fichu (fish' ū) [F., from *ficher*, to fix, to put on] सं० फ़िचू, कंधे और गर्दन पर डालने की औरतों की छोटी शाल या गांटेदार दुपट्टा।

fickle (fi' kĕl) [A.-S. *ficol*, rel. to *befician*, to deceive] वि० १. अधीर, अस्थिर, चंचल, चपल; २ परिवर्तनशील; ३. आगापीछा करनेवाला। **fickleness** सं० १. चापल्य, अधीरता, चपलता, अस्थिरता, चांचल्य; २. परिवर्तनशीलता; ३. आगा-पीछा करने की प्रवृत्ति।

fictile (fik' til) [L. *fictilis*, from *fingere*, to fashion] वि० १. मृन्निर्मित, कुंभकार द्वारा मिट्टी का बना हुआ; २. कुम्हार के काम से संबंधित कुम्हार की कला से संबंधित।

fiction (fik' shŭn) [F., from L. *fictio -onem*, as prec.] सं० १. गप्प, गढंत, मनगढ़ंत, झूठ, कपोल-कल्पना, २. बनावट, ईजाद, मनगढ़ंत चीज़, कल्पित वस्तु; ३ गढ़ी हुई बात, बनावटी बात, मिथ्या, झूठी बात, वर्णन या कहानी, ४. किस्सा-कहानी, उपन्यास, गल्प, अफ़साना, कथा-कहानी आदि का साहित्य; ४. रूढ़ित: स्वीकृत असत्य, झूठ (विशे० legal, polite~); ५ (मा० १) कल्पित-कथा*। **fictional** वि० १. किस्से-कहानी-सा, कल्पित कथा-सा; २. उपन्यास संबंधी, कथा-विषयक। **fictionist** सं० कहानीकार, कथाकार, उपन्यासकार, उपन्यास-लेखक।

fictitious (fik tish' ŭs) वि० १. बनावटी, खोटा, जाली, झूठा, काल्पनिक* (प्र०, विधि भी), कृत्रिम, फ़र्ज़ी* (प्र० भी), अवास्तविक; २. (नाम या पात्र), मनगढ़ंत, कल्पित, काल्पनिक,

झूठा, असत्य; ३. उपन्यास से संबंधित, उपन्यास में; ४. वैज्ञानिक अथवा रूढ़िगत असत्य के रूप में मान्य। **fictitiously** क्रि० वि० कृत्रिम रूप से, बनावटी ढंग से, कल्पित रूप में। **fictitiousness** सं० १. कृत्रिमता, बनावटीपन; २. खोटापन; ३. झूठ, काल्पनिकता, असत्य।

fictive (fik' tiv) [F. *fictif, -ive*, as prec.] वि० १. कल्पना से उत्पन्न करनेवाला, कल्पना से बनानेवाला; २. कल्पना से रचित, कल्पना-निर्मित, कलना से बनाया हुआ, कल्पित* (मा० ३ भी)।

fid (fid) [etym. doubtful] सं० १. (नौ० वि०) १. लकड़ी की नुकीली खूँटी जिससे मल्लाह रस्से की परत अलगाते हैं; २. किसी वस्तु का कोई छोटा-मोटा टुकड़ा, बाबदुम सुआ, मेख या पच्चर। **~pin** लकड़ी या लोहे का लट्ठा जो मस्तूल के सहारे के काम आता है।

fiddle (fid' el) [A.-S. *fithele*, etym. doubtful (cp. Dut. *vedel*, G. *fiedel*)] सं० १. सारंगी, बायोलिन, चिकारा, बेला; २. (नौ० वि०) पाटली, मेज पर से किसी वस्तु को लुढकने से बचाने के लिए कोई चीज; ३. (विस्म०) वाहियात! किसी काम का नहीं! खुराफ़ात। क्रि० अ० और स० १. सारंगी बजाना, बेला या चिकारा बजाना, सारंगी पर गाना; २. फ़ाहिल होना, आलसी होना; ३. हल्का होना, ओछा होना, तुच्छ होना; ४. निरुद्देश्य इधर-उधर घूमना-फिरना; ५. बेकार समय, शक्ति आदि नष्ट करना। **face as long as a~** उदास, खिन्न, शोकमय, अप्रसन्न। **fit as a~** १. अच्छी दशा में, अच्छी अवस्था; २. उत्साह में। **hang up ones~ when one comes home** घर के बाहर प्रसन्नचित्त रहना पर घर आते उदास हो जाना। **play first, second~** १. आगे-आगे रहना, प्रधान रहना; २. पीछे-पीछे रहना, गौण होना, अप्रधान होना। **~bow** दे० BOW[1]। **~case** सारंगी का बक्स। **~de, -dee** विस्म० और सं० वाहियात, व्यर्थ की बात। **~faddle** सं० १. तुच्छतापूर्ण बात या बेवकूफ़ी की बातें; २. आलसी, निकम्मा। वि० १. क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य; २. झमेलिया, उपद्रवी, (विस्म०) वाहियात, खुराफ़ाती। क्रि० अ० १. हलचल मचाना, खलबली करना; २. बेकार शक्ति या समय का अपव्यय करना। **~head** जहाज के पहलुओं पर की नक़्क़ाशी। **~pattern** सारंगी के आकार के दस्ते वाले चमचे और कटि। **~stick** सं० दे० ~BOW. (प्रायः बहुव० विस्म० की तरह भी) वाहियात! खुराफ़ात! **fiddler** सं० १. सारंगी का बजानेवाला विशे० किराये पर; २. एक प्रकार का छोटा केंकड़ा। **fiddlers green** नाविक का आनंदधाम। **fiddling** वि० क्रियागत अर्थों में विशे० तुच्छ, नगण्य, पोच, वृथास्पद।

fiddley (fid l'i) [etym. unknown] सं० (नौ० वि०) फिडली, मट्ठी के मुँह के चारों ओर छोहे का जँगला।

fidelity (fi del' i ti) [F. *fidélité*, L. *fidelitās -tātem*, from *fidelis*, from *fides*, faith] सं० १. विश्वस्तता, विश्वसनीयता; २. सच्चाई, वफ़ादारी* (प्र०, मा० १ भी), लगन, श्रद्धा, निष्ठा* (प्र०, मा० १ भी), ख़ैरख़्वाही; ३. सत्य या तथ्य के प्रति अटूट दृढ़ता; ४. मूलतादर्श्य, मूलवत्, सभी दृष्टियों से मूल के समान होना, तद्रूपता* (ई०२ भी)।

fidget (fij' et) [from prec.] सं० १. चापल्य, चंचलता; २. शारीरिक विकलता, बेचैनी जो अंगों को तोड़ने-मरोड़ने से कुछ कम हो जाती है (प्रायः the fidget, बेचैनी, अधीरता, अशांति, विकलता); ३. चंचल या अधीर व्यक्ति; ४. चूलबुलाहट, चुलबुलापन, चुलबुलाहट; ५. कपड़ों आदि की सरसराहट, फरफराहट। क्रि० अ० और स० १. बेचैन होकर इधर-उधर घूमना, भटकना, (प्रायः about के साथ) अशांति के साथ चलना-फिरना; २. बेचैन होना, घबराना, बेकल होना, अशांत होना, परेशान होना, चित्तास्वस्थ होना; ३. अशांत या अधीर करना, बेचैन करना, चित्तास्वस्थ करना (व्यक्ति को); ४. अकुलाना, कसमसाना, चुलबुलाना; ५. चंचल होना। **fidgety** वि० १. अशान्त, अधीर, विकल; २. चुलबला। **fidgetiness** सं० १. बेचैनी, विकलता, अधीरता, अशांति; २. चुलबुलाहट।

fidibus (fid' i bus) [etym. unknown] सं० १. मोमबत्ती; २. (सिगरेट का) पाइप आदि जलाने के लिए लपेटे हुए कागज का टुकड़ा।

fido सं० फ़िडो, हवाई अड्डे के मैदान के ऊपर की वायु को पेट्रोल से जलती हुई लपक वाले बर्नरों की सहायता से गर्म करना और इस प्रकार कुहरे को हटा कर वायुयान को उतारने का उपाय। (Fog Investigation-Dispersal Operation का संक्षेप)।

fiducial (fi dū' shăl) [L. *fiduciālis*, from *fidūcia*, trust, from *fidēre*, to trust, *fidēs*, faith] वि० १. विश्वस्त, अनदिग्ध, २. मापकला (ग०, ज्यो० आदि)। **~line, points etc.** उद्दिष्ट या आयुदिष्ट, अभ्युद्देश्य, नापने-जोखने या तुलना के लिए एक निर्धारित बिंदु या रेखा। **fiduciary** (fi dū shăr i) वि० १. न्यासवत, न्यासीवत, न्यास का या न्यासी का, न्यासीय, न्यास-विषयक, न्यासधारी से संबंधित; २. न्यास रूप में या अमानत के रूप में लिया हुआ; ३. न्यास या अमानत के रूप में प्रदत्त; ४. (नोट संबंधी) प्रत्ययी, विश्वासाश्रित, न्यासाश्रित, जिसका चलन जनविश्वास या प्रतिभूतियों पर निर्भर हो। सं० १. न्यासधारी, न्यासी; २. (विधि) वैत्रासिक*।

fie (fē) [M.E. and O.F. *fi*, L. *fī*] अौचित्यपूर्ण धिक्कारमूलक अर्थों में विस्म०, प्रायः व्यंग्य या बच्चों को (प्रायः ~upon you) छिः छिः, दुर-दुर (यह क्या करते हो)।

fief (fēf) [O.F., from L. *feoum*, see FEE] सं० सामन्त-संपत्ति, मंसपदा, जागीर* (मा० १, ३ भी)।

fie-fie विस० अनुचित, छी-छी, अपवादजनक, निंद्य।

field (fēld) [A.-S. *feld* (cp. Dut. *veld*, G. *feld*)] सं० १. भूमि* (क्रु०, वि० १ भी), भूमि या मैदान जो प्रायः बाड़ों से घिरी हुआ होता है; २. क्षेत्र* (आ०, इ० २, क्रु०, प्र०, मा० ३, वि० १ भी); ३. जहाँ प्राकृतिक पदार्थ पाये जाते हैं, वह प्रदेश जहाँ खानें हों, ४ रण-स्थल, युद्ध-क्षेत्र, समर-भूमि, (प्रायः battle ~) ला० भी (जैसे left his rival in possession of the ~) आंदोलन-क्षेत्र, आंदोलन-स्थल; ५. युद्ध, समर, रण, जंग (जैसे hard-fought. stricken ~); ६ क्रिकेट, फुटबाल आदि खेलने का मैदान; ७. मैदानी खेलों, प्रतियोगिताओं के खिलाड़ी; ८. सभी प्रतिद्वन्द्वी, प्रतियोगी या खिलाड़ी या सर्वप्रिय खिलाड़ी को छोड़ कर सभी खिलाड़ी; ९. (क्रिकेट) खेलनेवाला पक्ष या दल, वह पक्ष जो बैटिंग न कर रहा हो; १०. फील्डिंग करनेवाला दल, इस दल या पक्ष का खिलाड़ी (Long ~ की भी दे०); ११. समग्र, आकाश, बर्फ, हिम आदि का विशालकाय विस्तृत क्षेत्र, ला० भी (जैसे the whole ~ of history); १२. (वंशावली-चित्र) कुल-चिह्नांकित या सांकेतिक ढाल का धरातल या इसका एक भाग; १३. चित्र, मुद्रा, पताका आदि की भूमिका या ज़मीन; १४. प्रयोग-क्षेत्र, निरीक्षण-क्षेत्र आदि (जैसे each supreme in his own ~; filled the ~ of the telescope; wild ~ of vision); १५. गुणवाचक (पशुओं आदि के नाम में)

fistula (fis' tū lă) [L., a pipe, a flute] सं० १. भगंदर, नासूर, छोटे मुँहवाला लम्बा नालीदार फोड़ा, ; २. ह्वेल मछली तथा कीड़ों आदि के शरीर की वह नाली जो नाक और मस्तिष्क को मिलाती है; ३. (आ०) नलवण*। **fistular** वि० १. नासूर का या नासूर का; २. नालीनुमा, नाली के आकारवाला, नालीदार* (वि० १ भी)। **fistulous** वि० १. नालीदार; २. नासूर का या नासूर से संबद्ध।

fit¹ (fit) [A.-S.*fitt*, etym. and sense doubtful (perh. as foll.)] सं० १. बीमारी, (विशे०) मिरगी, बेहोशी, (हिस्टीरिया आदि का) दौरा* (क्र० भी); २. किसी रोग का अचानक हमला; ३ मूर्च्छा, आवेश (जैसे **~**of energy, idleness, devotion, indifference)। **beat one into or give one~** आसानी से हरा देना। **by fits and starts** बीच-बीच में रुक कर और फिर एकदम जोर से। **give one a~** हैरान कर देना, घबरा देना। **when the ~ was on him** जब वह लहर में होता था। **fitful** वि० १. थम-थम कर होनेवाला, एक-एक कर घटित होनेवाला; २. आवेशयुक्त, अस्थिर, चंचल। **fitfulness** सं० लहर, मौज, अस्थिरता, चंचलता।

fit² (fit) [M.E. *fyt*. etym. doubtful] वि० १. योग्य, क्षम, ठीक, उचित, समुचित, उपयक्त, मनासिब, अनुकूल, लायक़; २. तैयार; ३. कूद, कोचित; ४. परेशान; ५. थका, थकित, निर्बल (जोश वाला काम करने के लिए); ६. स्वस्थ, चुस्त, पूर्ण फ़िट। क्रि० स०, अ० और सं० १. संयत होना, २. उचित होना; ३. सजना, जँचना; ४. ठीक होना या लगना; ५. (वस्त्र आदि के लिए) नाप, आकार. लम्बाई आदि का ठीक होना; ६. पूरा करना; ७. (किसी पात्र, मित्र आदि) के सर्वथा अनकूल होना; ८. उपयुक्त बनाना, ठीक करना; ९. योग्य बनाना, उपलब्ध कराना (जहाज आदि, व्यक्ति के लिए विरल प्रयोग); १०. रूपांतर करना; ११. ठीक करना; १२. कपड़ा ठीक आना, ठीक काट करना; १३. आर्जंजन* (मा० २ भी)। **to ~ on** कपड़ा पहना कर देखना। **to ~ out, up** १. तैयार करना; २. सजाना। **~out** १. सामान; २. सजावट। **fitly** क्रि० वि० १. अनकूल ढंग से; २. योग्य रीति से; ३. तैयार होकर; ४. कोचित या परेशान होकर; ५. स्वस्थ रूप से। **fitment** सं० १ घर में लगाने का कोई सामान, २. फर्नीचर की कोई चीज; ३. फिटिंग, जड़ताल। **fitted** वि० युक्त, जुड़ा हुआ, लगा हुआ, लगाया हुआ।

fitch¹ दे० VETCH।

fitch² (fich) [cp. M. Dut. *fisse*, a polecat] सं० १. चपक; २. एक प्रकार की जंगली बिल्ली के बालों का बना हुआ ब्रश।

fitchew (fich' oo) [as prec.] सं० फिचू, यूरोप के देशों में पायी जाने वाली एक जंगली बिल्ली या लोमड़ी।

fitness (fit' nes) सं० १. दुरुस्ती, ठीक होना, फिट होना; २. योग्यता* (अ० १भी); ३ नैतिक क्षमता; ४. उपयुक्तता। **the ~ of things** औचित्य, जो उपयक्त या ठीक हो।

fitter (fit' er) सं० १. मशीनें आदि फ़िट करनेवाला मिस्त्री, फ़िटर*, आर्जंजक* (ई० १ भी); २. कपड़ों की काट आदि की जाँच करनेवाला।

fitting (fit' ing) सं० क्रियागत अर्थों में १. (विशे०, बहुव०) साज-सामान, कलपुर्जे, औजार, सामान, फ़िटिंग, उपकरण, आर्जंजन* (ई० १. वि० १ भी), सज्जा-सामग्री* (वि० १ भी); २. फर्नीचर, लकड़ी का सामान; ३. कपड़े को ठीक करने के लिए परिवर्तन। वि० १. शोभित, उचित, सुचित, दुरुस्त, ठीक; २. अनकूल; ३ मुनासिब; ४. यथायोग्य, जैसे को तैसा, मुँहतोड़। **~-company** छोटी-सी नाटक-मंडली जो रंगमंच का सामान साथ लिए घूमती है। **~-shop** १. कारखाना, वह स्थान जहाँ मशीनों आदि के विभिन्न भाग या पुर्जे जोड़े जाते हैं। **~-up** सं० (रंग० बोल०) रंगमंच या रंगमंच की ऐसी व्यवस्था जो अस्थायी हो और जिसे आवश्यकता पड़ने पर परिवर्तित किया जा सके या मोड़ा और उठाया जा सके। **fittingly** क्रि० वि० ठीक ढंग से, ठीक-ठीक, उपयक्त रीति से।

five (fīv) [A.-S. *fif* (cp. Dut. *vijf*, G. *fünf*, Gr. *pente*, L. *quinque*)] वि० और सं० १. पंच, पाँच; २. पाँच की संख्या; ३. पाँच का समूह; ४. पंजी, ताश का पत्ता; ५. पंजा (नरद जिस पर पाँच चिह्न हों); ६. पाँच पौंड का नोट; ७. पाँच नंबर की चीज (इन्साने, जूते आदि); ८. (बहुव०) पाँच प्रतिशत। वि० पाँच गुना। **~day week** सप्ताह जिसमें पाँच दिन काम हो। **~finger** १. एक पकवान का पौदा; २. स्टार नामक मछली। **~finger exercise**

प्यालों पर पाँचों अँगुलियों से अभ्यास। ~o'clock tea सायं-कालीन अल्पाहार। ~penny पाँच पेनी का, आधा फ़ांक। ~percents ऐसे स्टॉक या शेयर जिन पर ५ प्रतिशत लाभ होता हो। ~year plan पंच या पाँचवर्षीय योजना (इस प्रकार की पहली योजना रूस में १९२८ में शुरू की गई थी, भारत भी ऐसी योजनाओं के अनुसार विकास कर रहा है।) fiver सं० १. क्रिकेट में पाँच रन का हिट; २. पाँच पंपये (या पौंड) के नोट।

fives (fīvz) [from prec.] सं० कंदुक-क्रीड़ा, गेंद का एक खेल जो दो, तीन या चार दीवारों से घिरे हुए मैदान में हाथ या बल्ले से खेला जाता है।

fix[1](fiks) [orig. an adj. from O.F. *fixe*, L. *fixus*, p.p. of *figere*, to fix] क्रि० स० और अ० १. जमाना, २. स्थिर करना; ३. जोड़ना, लगाना, टाँकना, जड़ना; ४. (सिद्धान्त, स्मृति आदि को) पक्का कर देना; ५. (आँखें, ध्यान, स्नेह या दृष्टि) गाड़ देना, जमाना, लगाना; ६. (ध्यान या आँखों का) आकर्षित कर लेना, मोह लेना; ७. (आँखों या चेहरे का) बटोर बना लेना; ८. पथरा देना; ९. पथरा जाना; १०. ऐंठ जाना; ११. अकड़ जाना, जम जाना; १२. (रंग, फ़ोटो के बिम्ब आदि का) पक्का करना; १३. (किसी व्यक्ति का) टकटकी बाँध कर देखना; १४. आँखों आदि के प्रभाव से (किसी व्यक्ति को) अलग कर लेना; १५. निश्चित रूप से रख देना; १६. ठीक करना, पक्का करना, तय करना, ठहरा देना; १७. अपनी स्थिति ग्रहण करना; १८. अपनी प्रवृत्ति स्पष्ट करना; १९. निश्चय कर लेना; २०. स्थान निश्चित कर देना, २१. (किसी व्यक्ति या वस्तु के लिए) स्थान और समय निर्धारित कर देना; २२. क्रिम्बिदारी निश्चित करना; २३. (मूल्य, तिथि, स्थान) स्थिर, निश्चित, निर्धारित करना, २४. (भाषा और साहित्य में) परिवर्तन और विकास रोक देना; २५. व्यवस्थित करना; २६. संपादित करना; २७. तैयार करना। सं० १. उलझन, द्विविधा; २. चक्कर, फेर, असमंजस, मुश्किल; ३. ऐसी कठिनाई जिसमें से निकलना असम्भव हो; ४. भँवर-जाल; ५. स्थिति, नक्षत्रों को देख कर मालूम की हुई स्थिति, नक्षत्रों के आधार पर स्थिति-निर्धारण। **radio ~** रेडियो द्वारा ज्ञात की हुई विमान आदि की स्थिति। **fixed** वि० क्रियागत अर्थों में १ नियत* (विधि भी), निश्चित, पक्का, निर्धारित, जुड़ा हुआ, बँधा हुआ, जड़ा हुआ, नपा-तुला; २. स्थिर*; अचल* (ई० ३ भी); ३. घुन, ४. खब्त, ५. मन में समाई हुई बात। **~acid or oil** वाष्पशील या स्थिर तेज़ाब या तेल, ऐसा तेल या तेज़ाब जो बिना जीवाणुकीरण के न उड़े। **~capital or property** स्थिर वित्त या जायदाद (भूमि, मकान आदि)। **~focus** (फाटो०) सामान्य तौर से फ़ोटो लेने की सर्वोच्च स्थिति। **~point** ऐसा स्थान जहाँ पुलिस का सिपाही स्थायी रूप से नियुक्त रहता है। **~stars** स्थिर नक्षत्र, ऐसा सितारा जो दूसरे सितारों के साथ अपनी स्थिति स्थिर रखता है। **fixedly** क्रि० वि० १. बराबर, जमकर, लगातार; २. टकटकी बाँधकर (देखना)। **fixedness** सं० १. स्थिर अवस्था; २ निश्चित स्थिति; ३. अचलता; ४. स्थायित्व, स्थायीपन, दृढ़ता। **fixer** सं० १. (फ़ाटो०) प्रतिबिंब को स्थायी करनेवाला, फ़िक्सर*, स्थिरक*, स्थायीकर* (क्रु० भी); २. वह पदार्थ जिसमें फ़ोटो को धोने से प्रतिबिंब स्थायी हो जाता है।

fixation (fik zā' shŭn) सं० १. स्थिर करना, स्थिरीकरण* (ब्रा०, वि० १ भी), स्थिरण* (भा० २ भी); २. स्थिर होना; ३. स्थिरता; ४. ठोस बनाने की क्रिया; ५. जम जाना; ६. गैस का ठोस के साथ मिलना, यौगिकीकरण* (क्रु०, वि० १ भी); ७. (मनो०) वृद्ध विकास, रुका हुआ मानसिक विकास, अवरुद्ध मानसिक विकास, वृद्धि-जड़ता, बद्धम; ८. बंधन* (ब्रा०, वि० १ भी)।

fixative (fik' zə tiv) वि० और सं० १. जमानेवाली ऐसी वस्तु जिससे रंग या चित्र को पक्का किया जाता है; २. स्थापीकर; ३. (ब्रा०, वि० १) बन्धक*, स्थिरकारी*।

fixture (fiks' chŭr) सं० १. किसी स्थान पर गड़ी हुई या बँधी हुई वस्तु; २. (विधि, बहुव०) मकान या भूमि के साथ संबद्ध निजी वस्तुएँ; ३. अस्थिर या वस्तु जो एक स्थान पर बदी या नियुक्त कर दी गई हो; ४. स्थायी (वस्तु या व्यक्ति); ५. (इ० १) स्थायक*; ६. (इ० ३) अनुलग्नी*।

fizgig (fiz' gig) [etym. obscure (perh. foll. and *oto*] सं० १. चंचल युवती; २. चपला; ३. पटाखा। वि० चंचलतापूर्ण।

fizz (fiz) [imit.] क्रि० अ० १. सायं-साय करना; २. घूँ-घूँ करना; ३. सायं-सायं आदि स्वर; ४. एक प्रकार की शराब, शैम्पेन।

fizzy वि० सायं-सायं आदि आवाज़ें पैदा करनेवाला।

fizzle (fiz' ĕl) [freq. of prec.] क्रि० अ० १. सायं-सायं या घूँ-घूँ करना। सं० असफलता। **~out** ठप हो जाना, किसी ठिकाने न लगना, रह जाना, फिस हो जाना, असफल रहना, नाकाम रहना।

flabbergast (flăb' ĕr gast) [etym. doubtful] क्रि० स० १. घबरा देना; २. हतबुद्धि करना या होना; ३. विस्मित करना, आश्चर्यचकित करना, भौचक्का या हक्का-बक्का करना।

flabby (flăb' ı) [var. of obs. *flappy* (FLAP)] वि० १. लटकता हुआ; २. ढीला (प्रायः मांस); ३. पिलपिला; ४. निर्जीव; ५. निर्बल, शिथिल, क्षीण, कमज़ोर (भाषा या चरित्र)।

flabbiness सं० १. शैथिल्य, कमज़ोरी; २. ढीलापन; ३. (भाषा या चरित्र की) शिथिलता; ४. पिलपिलापन।

flabellate (flă bel' āt) वि० (वनस्पति और प्राणि०) पंखे-जैसा, पंखाकार।

flaccid (flăk' sĭd) [F. *flaccide*, L. *flaccidus*, from *flaccus*, flabby] वि० १. ढलय* (आ०, वि० १ भी), शिथिल* (आ० भी), झुर्रियों वाला; २. लटकता हुआ; ३. ढीला* (वि० १ भी); ४. नरम, ५. लचलचा; ६. निर्बल, कमज़ोर। **flaccidity** सं० १. कमज़ोरी; २. ढीलापन; ३. निर्बलता; ४. लचलचापन।

flag[1] (flăg) [prob. imit. in origin (cp. M.E. *flakken*, to waver, flutter, O.F. *flagurr*, to hang down, become flaccid, L. *flaccus*, limp, also FLABBY, FLIGGER)] क्रि० अ० १. लटक जाना; २. ढीला पड़ना; ३. थोड़ा पड़ना; ४. मंद होना; ५. क्षीण हो जाना; ६. पिछड़ना; ७. कमज़ोर पड़ जाना; ८. सुस्त हो जाना; ९. उदासीन हो जाना; १०. रुचि खो देना; ११. फीका पड़ना।

flag[2] (flăg) [perh. imit. (cp. prec., also Dut. *vlag*, Dan. *flag*, Norw. and Swed. *flagg*, G. *flagge*)] सं० १. ध्वज*

(आ० १ भी), केतु, पताका* (प्र० भी), झंडा* (आ० १ भी), झंडी, फरहरा, चिह्न, निशान; २. (गौ०) झंडा जिससे जहाज के कप्तान की पदवी का पता लगे, जामाझंडी* (ई० १ भी); ३. पर, पंख (जिससे कलम बनती है); ४. लम्बे बालों वाले शिकारी कुत्ते या न्यूफाउंडलैंड के कुत्ते की दुम। क्रि० स० १. झंडा लगाना; २. झंडा चढ़ाना; ३. झंडियों से हथबत्ती करना; ४. (झंडियों द्वारा) समाचार या सूचना पहुँचाना। **black**~ १. समुद्री डाकुओं का झंडा; २. जेल के बाहर लगा हुआ झंडा जिससे अपराधी का सूली पर चढ़ाए जाने का संकेत मिलता है। **Black Flags** १. अनियमित चीनी फ़ौजी; २. (आ०) टॉकिन के विद्रोही। **hoist one's**~ सेना की अध्यक्षता ग्रहण करना। **lower or strike one's**~ सलामी देने या हार मानने के लिए झंडा झुकाना। **white**~ सुलह का झंडा। **yellow**~ १. वह झंडा जो ऐसे जहाज लगाते हैं जिन पर खूत की बीमारी फैली हो; २. चिकित्सा-जहाज का झंडा; ३. रोग के कारण कार्ययुक्त जहाज का झंडा। ~**boat** जल-क्रीड़ा को प्रतियोगिताओं में निशान का काम देनेवाली नाव। ~**captain** झंडेवाले जहाज का कप्तान। ~**day** संज्ञा-दिवस, वह दिन जब किसी कार्य के लिए झंडे बाँट कर चंदा इकट्ठा किया जाए। ~**lieutenant** एडमिरल का अंगरक्षक। ~**list** एडमिरल, वाइस एडमिरल या रियर एडमिरल पद के अफ़सरों की सूची। ~**man** दौड़ों में इशारा देनेवाला। ~**of truce** १. सुलह का झंडा; २. सफ़ेद झंडा। ~**rank** एडमिरल, वाइस एडमिरल और रियर एडमिरल के पद। ~**ship** वह जहाज जिस पर एडमिरल और उसका झंडा रहता है।

flag[2] (flăg) [prob. rel. to prec., from its waving or fluttering (cp. Dut. *flag*, mod. Dan. *flag*)] सं० १. फुलेंग, चौड़े पत्तों वाले पौदे जो प्रायः नमदार भूमि में उगते हैं; २. एक प्रकार की घास; ३. पौदे का लम्बा पतला पत्ता। **flaggy** वि० १. पत्तेदार; २. पत्तेदार पौदों वाली (भूमि)।

flag[3] (flăg), **flagstone** [prob. a form of FLAKE[1]] सं० १. पटिया; २. पत्थर जो फूटपाथ या पटरी पर लगाए जाते हैं; ३. (बहुव०) पत्थर की सिलों का फूटपाथ या पटरी। क्रि० स० पत्थर की सिलों का फूटपाथ बनाना। **flagging** सं० १. पत्थर की चुनाई; २. पत्थर की सिलों का फूटपाथ।

flagellate (flăj' ĕ lāt) [L. *flagellātus*, p.p. of *flagellāre*, to scourge, from *flagellum*, dim. of *flagrum*, a scourge] क्रि० स० १. (अपने आपको) पीड़ा देना; २. कोड़े मारना; ३. (ई०) फ्लैजिलेट*। **flagellant** (flăj' ĕ lant, flă jel ant) सं० और वि० अपने आपको पीड़ा देनेवाला, आत्मपीड़क; २. कोड़े खाने का आदी। **flagellation** सं० १. आत्मपीड़न; २. अपने आपको कोड़े से मारना; ३. (आ०) कशाभोत्पत्ति*। **flagellator** सं० १. अपने आपको पीड़ा देनेवाला; २. अपने आपको कोड़े मारने वाला। **flagellatory** वि० १. कष्टदायक, पीड़ापूर्ण; २. कोड़े लगाने से संबंधित। **flagellum** (fla jel' ŭm) सं० (बहुव०~**la**) १. (वन०) कशाभ* (आ० भी), लता जैसा अंकुर, (प्राणि०, जीव०) कोड़े जैसा उपांग; २. (आ०) कशाभिकी*।

flageolet[1] (flăj ŏ let' flăj'-) [F., dim. of O.F. *flageol*, etym. doubtful] सं० १. बाँसुरी, मुरली; २. नर्कारी; ३. अलगोजा।

flageolet[2] (flăj ŏ let', fla jŏ lā) [F., corr. o *fageolet*, dim. of *fageol*, L. *faseolus*] सं० फलैगलेट, एक प्रकार की सेम की फली।

flagitious (flă jish' ŭs) [L. *flāgitiōsus*, from *flagitium*, a disgraceful act (rel. to prec.)] वि० १. महापराधी; २. दुष्टतापूर्ण; ३. क्रूर, नृशंस, ज़ालिम; ४. बदमाश। **flagitiously** क्रि० वि० १. महापराध से; २. दुष्टतापूर्वक; ३. नृशंसता से। **flagitiousness** सं० १. महापराध; २. दुष्टता, क्रूरता, नृशंसता, ज़ुल्म; ३. बदमाशी।

flagon (flăg' ŏn) [O.F. *flacon*, late L. *flasco -ōnem*, *flasca*, FLASK] सं० १. सुराही; २. मधु-घट; ३. ईसामसीह के अंतिम भोज की स्मृति में होने वाले भोज में प्रयुक्त होने वाला मधु-घट; ४. (मद्य-व्यापार, फ़्लैगन, चपटी गोलाकार बोतल जिसमें लगभग दो बोतल शराब आ सकती है।

flagrant (flā' grant) [L. *flāgrans -ntem*, pres. p. of *flāgāre*, to blaze] वि० १. खुला, प्रकट, स्पष्ट; २. बदनाम, कुख्यात, नीच; ५. घोर, संगीन, गंभीर, बड़ा (अपराध या अपराधी)। **flagrancy** सं० १. बदनामी; २. घोरता; ३. संगीनी; ४. गंभीरता। **flagrantly** १. खुले तौर पर; २. नीचता से; ३. घोरता से।

flail (flāl) [A.-S. *flegel*, prob. from L. FLAGELLUM (form. influenced by the cognate O.F. *flael*, whence F. *fléau*)] सं० १. मुसल, कड़नी; २. सूप, छाज, अनाज फटकने का उपकरण।

flair (flâr) [F., from *flairer*, to smell, pop. L. *flāgrāre*, L. *frāgrare*] सं० १. विवेक; २. सूझ; ३. उत्कृष्टता पहचानने की सूझ; ४. स्फुरण, ५. सूक्ष्म दृष्टि; ६. आंतरिक प्रेरणा; ७. सुबोध।

flak (flăk) [initials of G. *flug abwehr kanone*, antiaircraft gun] सं० (जर्मन) विमान-भेदी गोलाबारी। ~**ship** जर्मन विमान-भेदी जहाज।

flake[1] (flāk) [etym. obscure (O.E.D. suggests Aryan *plag-*, as in Gr. *plégnunai*, to beat)] सं० १. हिमकण, तुषारकण, बर्फ़ का गाला या टुकड़ा; २. उड़ती हुई चिनगारी; ३. पतला चौड़ा छिलका; ४. मत्स्य शल्कल, मछली के मांस के प्राकृतिक विभाग, ५. पपड़ी* (आ० भी); शल्क* (आ०, क्रि०, भा० १ भी), पत्रक* (इ० १, क्रि०, वि० १ भा), धारीदार पनूहियों का फूल; ६. फलेक*(आ०, क्रि०, भा० १ भी)। क्रि० स० १. बर्फ़ के छोटा का तरह बिखरना या गिरना; २. बर्फ की तरह बिखेरना; ३. गिरना, झड़ना; ४. छिड़कना। ~**white** सोसे (सफ़ेद) की सफेद टुकड़ियों से बना हुआ रंग। **flaky** वि० १. सशल्कल; २. तहदार, परतदार; ३. पनूड़िया वाला, पत्रकी* (ई० २ भी)।

flake[2] (flāk) [perh. from Icel. *flake*, *fleke*, a hurdle, rel. to L. *plectere*, and Gr. *plekein*, to plait] सं० १. जई के केक आदि रखने की अलमारी; २. मछली आदि सुखाने का बबूतरा।

flam (flăm) [etym. doubtful] सं० १. झूठी कहानी; २. चाल; ३. धोखा, छल।

flambeau (flăm' bō) [F., dim. of O.F. *flambe*] सं० १. उल्का, बत्ता, मशाल; २. कई मोमबत्तियों का जोड़कर बनाया गया प्रकाश-दीप।

flamboyant (flăm boi' ănt) [F., pres. p. of *flamboier*, as prec.] सं० १. (फ़्रांस की १५वीं और १६ वीं शताब्दियों की वास्तु०) ज्वाला-समान लहरदार रेखाओं वाला (झरोखा, इमारत आदि); २. ज्वाला के रंग के फूल। वि० १. पुष्प-सज्जित; २. भड़कीले रंग वाला; ३. अतिरंजित, दिखावटी।

flame (flām) O. F. *flambe*, L. *flamma*, prob. from the base *flag-*, to burn (*flagrāre*, to blaze), or *flāre*, to blow] सं० १. ज्वाला, शिखा, लौ, लपट, शोला; २. भड़कती हुई आग; ३. अग्नि-ज्वाला; ४. तेज रोशनी; ५.

तेज, चटकीला रंग; ६. जोश, लगन, गरमी, आग (विशेषकर प्रेम की); ७. (विशे०) प्रेमी या प्रेमिका; ८. प्रिय; ९. पतंगे; १० (वि० १) ज्वाला*। क्रि० अ० और स० १. लपटें उठना; २. भड़कना; ३. चमकना; ४. आवेश में आना; ५. जोश उमड़ आना; ६. (किसी व्यक्ति का) आगबबूला या भभूका होना, क्रोध से लाल-पीला होना; ७. चमकना; ८. शोले की तरह हिलना; ९. (आग की मदद से) संकेत भेजना या इशारा करना; १०. आग पर रखना, गरम करना; ११. शरम से लाल हो जाना। **an old ~of mine** पुराना प्रेमी जिससे कभी या किसी समय प्रेम था। **burst into~** १. जल उठना; २. भड़क उठना। **fan the~** १. प्रेम की आग भड़काना; २. लगन तीव्रतर करना। **in flames** १. आग की लपटों में होना; २. जलना। **~-projector, thrower** तरल आग फेंकनेवाला यंत्र। **flameless** वि० १. बिना लौ के; २. लगनहीन; ३. प्रेम-भाव से वंचित। **flaming** वि० १. (क्रियागत अर्थों में) भड़कता हुआ; २. चमकता हुआ; ३. (विशे०) बहुत गर्म, चिलचिलाता हुआ (जैसे the ~ sun); ४. चमकीला रंगीन, भड़कीला; ५. बढ़ा-चढ़ा हुआ; ६. अतिशयोक्तिपूर्ण; ७. अतिप्रश्नात्मक (जैसे a~discription)। **~ onions** विमान-वि० १. भड़क उठने वाला; २. धधकने वाला, ज्वलनशील* (क्रि० वि० १ भी); ३. चमक जाने वाला; ४. प्रेम में खो जाने वाला (विरल, प्राय: inflammable के स्थान पर non~के रूप में)। **flamy** वि० १. (काव्य०) भड़कने वाला; २. लगनहीन; ३. प्रेम-लीन, ४. ज्वाला-मुखी।

flamen (flā mĕn) [L., prob. as prec.] सं० फ्लेमन*/रोमन देव-पुजारी* (मा० १ भी)।

flamingo (flă ming' gō) [Port. *flamengo*, Sp. *flamenco*] सं० मराल, राजहंस, लम्बी टाँगों, लम्बी गरदन और बड़ी-सी चोंच वाला लाल पक्षी।

flan (flăn) [F.] स० (खुले मुँह वाली) गुझिया (जिसमें फल आदि भरे हों), समोसा।

flange (flănj) [prob. from O.F. *flanche*] सं० पाँव, बाजूकोर, ओठ, कगर, स्फार*, फ्लैंज* (आ०, इ० १, ३ भी), उभरा हुआ चपटा किनारा, कॉलर या सलाख। क्रि० स० किनारा, कॉलर या सलाख लगाना।

flank (flăngk) [F. *flanc*; perh. from Teut. (cp. O.H.G. *hlanca*, the loin, the side, also A.-S. *hlanc*, slender)] सं० १. पहलू, बाजू* (मा० १ भी), बग़ल, पक्ष, कुक्षि, कोख* (क्रि० भी), पार्श्व* (क्रि०, मा० १, वि० १ भी); २. इमारत, पर्वत आदि का पहलू; ३. सेना की दाहिनी या बाईं टुकड़ी। क्रि० स० १. बाहुओं या पक्षों की रक्षा करना, या मज़बूत बनाना; २. सेना की बाजूवाली टुकड़ी पर हमला करना; ३. एक तरफ लगा देना, किनारे कर देना; ४. सेना के दाहिने या बायें पक्ष पर नियुक्त होना; ५. सेना का बाजू से होकर निकल जाना, ६ दायें, बायें या बाजू पर ~ करना, बाजू से घेरना **flanker** सं० १. सेना की बाजू से रक्षा करने अथवा हमला करने वाली किलाबंदी; २. (सैन्य० प्राय: बहु०) पार्श्वदस्ते, बाजू पर लड़ने वाले सैनिक; ३. बाजू पर की वस्तु।

flannel (flăn' ĕl) [from W. *gwlanen*, from *gwlan*, wool (Skeat), or from O.F. *flaine*, blanket, [coverlet] सं० १. फलालैन, (बहु०) फलालैन के विभिन्न प्रकार; २. (बहु०) नीचे पहनने के फलालैन के वस्त्र; ३. फलालैन की पट्टियाँ; ४. फलालैन के वस्त्र (विशे०) पतलून जो खेल में पहनी जाती है; ५. नहाने या फ़र्श धोने में प्रयुक्त होनेवाला फलालैन का टुकड़ा। वि० फलालैन का बना हुआ। क्रि० स० फलालैन के टुकड़े से शरीर रगड़ना या फ़र्श साफ़ करना। **flannelled** वि० फलालैन के वस्त्र पहने हुए। **flannelly** वि० फलालैन का बना हुआ।

flannelette (flăn ĕ let') सं० सूती फलालैन, नकली फलालैन।

flap (flăp) [prob. imit.] क्रि० स० और अ० १. किसी चौड़ी वस्तु से मारना; २. हल्की थपकी देना; ३. (मक्खियाँ आदि को) भगाना या उड़ाना; ४. (पक्षियों का किसी वस्तु पर) पंख मारना; ५. झूलना; ६. फड़फड़ाना; ७. फहराना, लहराना, झूमना; ८. (पंखों का) नीचे ऊपर हिलना। सं० १. थपकी; २. पंख आदि की हरकत; ३. पल्ला* (ई० २ भी), सिरा, लटकन, चीर, एक तरफ लगी या बँधी हुई लटकने वाली वस्तु (जैसे दीवार या छत का द्वार); ४. जेब का ढकना; ५. हैट का आगे बढ़ा हुआ किनारा; ६. बेज का मुड़ने वाला तख्ता या एक ओर से खुलने वाला ढक्कन; ७. मछली का गलफड़े का परदा, अंग-विच्छेद के बाद बची हुई खाल; ८. कुकुरमुत्ता का ऊपरी खुला हुआ भाग; ९. (आ०) प्रालम्ब*; १०. पट्टी*/फ्लैप* (प्र० भी)। **~-jack** १. आटे या मैदे का चर्बी में पका हुआ छोटा-सा केक; २. पाउडर रखने का चपटा बैग।

flapdoodle (flăp doodl') सं० १. बेकार, व्यर्थ; २. मूर्खतापूर्ण, बाहियात।

flapper (flăp' er) सं० १. मक्खी मारने के लिए छपकी; २. पक्षियों को डरा कर भगाने वाला सटकटा; ३. जंगली बत्तख या तीतर का बच्चा; ४. (बोल०) किशोरी, १५ और २० वर्ष के बीच की परवा (flap के अर्थों में); ७. मछली का चौड़ा पंख; ८. केकड़े की १०. याद दिलाने वाली वस्तु या व्यक्ति।

flare (flâr) [pp. Norw. *flara*; also G. *flattern*, to flicker] क्रि० स० और अ० १. (जहाज के पहलुओं को) धीरे-आदि का) फैलना, चमकना; ३. चमकना। सं० १. चकाचौंध ज्वाला की लपक; ४. झूका, भभूका, समूह पर संकेत के लिए प्रयुक्त होने वाला प्रकाश; ५. निशाने के स्थान को प्रकाशमान करने के लिए विमान से छोड़ा हुआ ऐसा पात्र जिसमें जल उठने वाली सामग्री होती है; ६. दिखावा; ७. जहाज के पहलुओं का उभार; ८. (लहरें आदि का) फैलाव, पहलुओं का उभार; ९. (ई० १) शुंडाकार फैलाव*/विस्फार*। **~-path** प्रदीपित-पथ, विमान के उड़ने तथा उतरने में सहायता देने के लिए प्रकाशित स्थल। **~-up** १. एकाएक आग या क्रोध भड़क उठना; २. थोड़े समय की लोक-प्रियता या प्रदर्शन; ३. क्रोध की भड़क; ४. धमा-चौकड़ी।

flash (flăsh) [prob. onomat. in sense of dashing or flapping like water] क्रि० अ० और स० १. आग का एकाएक भड़क उठना, लौ या चिनगारी छोड़ना या निकलना; २. प्रकाश देना; ३. आग की तरह चमकना; ४. एकाएक दृष्टि में आ जाना; ५. शीघ्र हरकत करना; ६. चमकाना; ७. तार द्वारा सूचना भेजना; ८. (शीशा बनाने में) फैला कर चादर बनाना, सादे शीशे पर रंग चढ़ाना; ९. (पानी का) तेजी से बहना; १०. उठ-उठ कर बहना; ११. (नदी आदि में) पानी की बाढ़ आना।

a=आ, (Father) फ़ादर; ă=ऐ, (Fat) फ़ैट; ā=ए, (Fate) फ़ेट; aw=a=आँ, (Fall) फ़ॉल; ă=एअ, (Fair) फ़ेअर;* e=ए, (Bell) बैल; ĕ=अ, (Her) हर; ē=ई, (Beef) बीफ़; i=इ, (Bit) बिट; ī=आइ, (Bite) बाइट; o=आ, (Not) नॉट; ō=ओ, (No) नो; ô=ओ, (North) नॉर्थ; oo=ऊ, (Food) फ़ूड; u=उ, (Bull) बुल; ū=अ, (Sun) सन; ū=यू, (Music) म्यूज़; ou=आउ, (Bout) बाउट; oi=ऑइ, (Join) ज्वाइन।

सं० १. काँध, चमक, दमक; २. काँध में लगा समय, क्षण (जैसे in a ~ क्षण भर में); ३. दिखावा; ४. किसी भाव का थोड़े समय के लिए एकाएक उभरना (जैसे a~of hope आशा की क्षणिक रेखा); ५. (सिने०) किसी दृश्य का स्पष्टीकरण; ६. बीते हुए दृश्य का संक्षेप में दुहराना (इसे ~back भी कहते हैं); ७. मदिरा को रंगीन बनाने वाली एक चीज; *८. तट के पास कम गहराई में नावों को तैराने के लिए बाँध से छोड़ा गया पानी, इसके लिए प्रयुक्त होने वाली मशीन; ९. (सैन्य०) कपड़े का रंगीन टुकड़ा जो सेना के किसी भाग के चिह्न का काम देता है; १०. फ़्लैश*/ क्षणदीप्ति* (आ० भी)। वि० १. चमकीला, भड़कीला; २. दिखावटी; ३. जाली, खोटा (जैसे ~notes, money); ४. कपटपूर्ण (बात); ५. आम बोलचाल की या ग्रामीण (भाषा); ६. चोरों, आवारों आदि से संबंधित। **~in the pan** प्रभावकारी आरंभ के बाद ढीला पड़ जाना। **~up or out** एकाएक आवेश में आ जाना। **~board** पन-चक्की में हौज से चक्की तक अधिक पानी पहुँचाने वाला तख्ता। **~light** दमक, ज्योति, संकेत देने या समूह के दीप-स्तंभों और रात के समय फ़ोटो लीचने के लिए प्रयुक्त होनेवाला प्रकाश। **~pipe** ऊँचे खंभों की बत्तियाँ जलाने के लिए अतिरिक्त छिद्रदार नली। **~point** दे० FLASHING POINT। **flashing** सं० १. ठाप, जोड़ ठाप, कोनिया, छत के जोड़ों पर लगी हुई धातु की पट्टी जो छत में पानी इकट्ठा होने से बचाव करती है; २. (ई० ३) पर्फ़ेशिंग*; ३. (कृ०) स्वरूप विधि*। **~point** १. ज्वलनांक; २. वह तापक्रम जिस पर तेल आदि के गरम होने पर उठने वाली भाप जल उठे। **flashy** वि० १. तैजस, चटकीला; २. दिखावटी और क्षणिक या अस्थायी चमक-दमक वाला; ३. दिखावटी; ४. नुमाइशी, आडम्बरी। **flashily** क्रि० वि० १. तड़क-भड़क से; २. दिखावे के साथ; ३. आडम्बर-पूर्वक। **flashiness** सं० १. चमक-दमक, तड़क-भड़क; २. दिखावा, आडम्बर।

flask (flask) [F. *flasque* or It. *flasco* (cp. G. *flasche*, O.H.G. *flasca*, A.-S. *flasre*, *flaxe*), ult. perh. from L. *vasculum*, dim. of *vas*, a vessel] सं० १. (प्राय: powder-~) शिकारियों का बारूद का थैला या पेटी; २. फ़्लास्क*/ सुराही* (मा० १ भी); तंग गरदन वाली शराब या तेल की इटालियन बोतल; ३. यात्री की शीशे या धातु की बोतल (प्राय: चमड़े से ढकी हुई) जिसमें वह शराब आदि रखता है; ४. (ई० ३) साँचा पेटी*/ ढलाई पेटी*।

flasket (flas' ket) [O.F. *flasquet*, dim. of *flasque*, as prec.] सं० १. कपड़े रखने की टोकरी; २. छोटी बोतल या सुराही।

flat[1] (flăt) [Icel. *flatr*, etym. doubtful] वि० १. चपटा* (वि० १ भी); २. बराबर; ३. हमवार, सपाट*/ समतल* (वि० १ भी), चौरस, फैला हुआ; ४. चित; ५. समान, एक-सा; ६. चिकना; ७. बराबर, पूरा; *८. चौड़े समान धरातल और कम गहराई वाला; ९. स्पष्ट, साफ़, सीधा; १०. मंद, फीका; ११. निर्जीव; १२. नीरस; १३. मंद-बुद्धि; १४. निराश; १५. उदास; १६. निःशक्त। सं० १. (संगी०) सुर से धीमा स्वर; २. चपटी, चिकनी, हमवार या समान वस्तु; ३. किसी वस्तु का चपटा या सपाट भाग; ४. समतल धरती; ५. मैदान; ५. नीची धरती; ६. दलदल; ७. चपटे तल वाली नाव, *८. कम गहरी टोकरी; ९. (रंग) कैम पर चढ़ा हुआ दृश्य-भाग; १०. (बोल०) बद्धमूर्ख; ११. धीमा या मंद स्वर; १२. मंद स्वर का सूचक चिह्न। क्रि० स० चिकना, चपटा, समान या समतल बनाना (निर्माण-कार्य के अतिरिक्त इस अर्थ के लिए flatten शब्द अता है)। **fall ~** १. असफल होना; २. बेकार जाना; ३. प्रशंसा न पा सकना। **join the flats** १. टुकड़े जोड़कर पूरी वस्तु बनाना; २. एक रुख रहना या रखना। **market is or prices are ~** मंदा है, मंदबाड़ा है। **~aback** १. हतबुद्धि हो जाना; २. हक्का-बक्का रह जाना। **~boat** चपटे तल वाली नाव जो कम गहरे पानी में आने-जाने के लिए प्रयुक्त होती है। **~candle-stick** ऐसी मोमबत्ती जो नीचे से चपटी हो ताकि इधर-उधर आसानी से ले जाई जा सके। **~foot(ed)** चपटे पाँवोंवाला व्यक्ति। **~iron** लोहा, इस्त्री (कपड़े इस्त्री करने के लिए)। **~race** साफ़ मैदान में दौड़। **~rate** एक भाव जिसमें कोई कमी-बेशी न हो। **flatfish** क्रि० वि० चपटा-सा; २. सपाट-सा; ३. नीरस-सा। **flatways** क्रि० वि० सपाट रूप से। **flatwise** क्रि० वि० १. चपटे ढंग से; २. स्पष्ट रीति से। **flatly** क्रि० वि० १. समानता से, हमवारी से; २. साफ़-साफ़, दो टूक; ३. नीरसता से। **flatness** सं० १. समानता; २. हमवारी; ३. स्पष्टता; ४. नीरसता; ५. उदासी; ६. निर्जीवता।

flat[2] (flăt) [A.-S. *flet*, a floor, cogn. with prec.] सं० १. इमारत की मंज़िल (अब विरल); २. एक ही मंज़िल पर बने हुए रहने के कमरों का सेट, (अमरीकी प्रयोग) निवास स्थान, मकान।

flatten (flăt' en) क्रि० स० १. सपाट या बराबर करना, समतल करना, चपटा करना, चौड़ा या चौरस करना; २. नीरस बनाना, मंद करना, धीमा करना। **~in** करना। **~out** विमान को भूतल पर लाना।

flatter (flăt ĕr) [etym. obscure; prob. from O.F. *flater*, to flatten, smooth, caress, cogn. with FLAT[1] (- *er* not from O.F. infin, but from the derivative *flaterie* or from assim. to or substitution for the obs. v. *flatter* to flutter or float)] क्रि० स० १. लुभाना, मायल करना; २. प्रेम जताना; ३. खुशामद करना, चापलूसी करना, चाटुकारी करना; ४. अनावश्यक प्रशंसा करना; ५. आत्म-प्रशंसा की भावना को पुष्टि करना, ६. बढ़ाना, ७. (बेबुनियाद) उम्मीद दिलाना, आशा बँधाना, *८. सब्ज़ बाग़ दिखाना; ९. (कल्पना के आधार पर) अपने आप में खुश हो जाना; १०. संतोष देना, मतुष्ट करना, ११. प्रसन्न करना (आँख, कान आदि को); १२. अपनी आत्मा या आत्म-सम्मान की भावना को लुभाना; १३. (चित्र या चित्रकार का) किसी के सौंदर्य को बढ़ा कर दिखाना। **flatterer** सं० चाटुकार, खुशामदी, चापलूस। **flatteringly** क्रि० वि० १. चापलूसी से; २. प्रशंसापूर्वक। **flattery** सं० चाटकिता, खुशामद, चापलूसी, चाटुकारिता।

flatulent (flăt' ū lĕnt) [F., from late L. *flātulens -ntem* from *flātus*, a blowing, from *flāre*, to blow] वि० १. वादी, पेट में वायु या वात पैदा करनेवाला; २. वायु या वात-संचय से उत्पन्न; ३. जिसके साथ वात या वायु पैदा होती हो; ४. वात-पीड़ित; ५. वात-संचय; ६. फूला हुआ; ७. ग्रसे में मरा हुआ, *८. आडंबरी। **flatulence, flatulency** सं० १. वात के कारण मोटापा; २. आडंबर, दिखावा; ३. (आ०) आध्मान*, ४. (कृ०) वायु-विकार*। **flatulently** क्रि० वि० १. फूल कर; २. दिखावे से, आडंबर से।

flaunt (flawnt) [etym. doubtful] क्रि० अ० और स० १. अभिमान से झूमना; २. अपनी शान दिखाना; ३. शेखी बघारना; ४. अकड़ कर चलना। सं० १. अकड़, अभिमान; २. नुमाइश, तड़क-भड़क; ३. दिखावा। **flauntingly** क्रि० वि० १. शान

से; २. अकड़ से। **flaunty** वि० १. अभिमानी; २. दिखावा करनेवाला; ३. सुआइश-पसंद।

flautist (flaw' tist) [It. *flautista*, from *flauto*, a flute] सं० मुरली बजानेवाला, बंसी बजानेवाला।

flavescent (flā ves'ent) [L. *flāvescens -ntem*, pres. p. of *flāvescere*, to become yellow, from *flāvus*, yellow] वि० १. पीला होनेवाला; २. पीला पड़ता हुआ; ३. पीला-सा।

flavin, -ine (flā' vin) [L. *flāvus*, yellow, -IN] सं० १. घावों को सड़न, पीप से बचाने वाली दवा; २. बलूत वृक्ष से बनाया हुआ पीला रंग; ३. (आ०, फि० ३) फ़लैविन*।

flavour (flā' vər) [M.E. *flaur, flavoure*, prob. from O.F. *flaur, fraar*, smell (L. *frāgrāre*, to smell sweet or *flāre*, to blow)] सं० १. गंध, महक; २. गंध और स्वाद का मिला-जुला आभास, सुरस* (कृ०, मा० २ भी); ३. विशिष्ट स्वाद या रस, मज़ा; ४. अवर्णनीय गुण, ऐसा विशिष्ट गुण जिसका वर्णन न हो सके। कि० स० किसी वस्तु में विशेष स्वाद, रस या महक पैदा करना। **flavourous** वि० १. गंध-युक्त; २. विशेष स्वाद वाला। **flavoursome** वि० १. स्वादिष्ट; २. रसीला। **flavouring** सं० १. वासित करना* (आ० भी), वासक; २. रसीला या स्वादिष्ट बनाने का मसाला, महक आदि।

flaw[1] (flaw) [perh. from Icel. *flaga*, a slab (cp. Swed. *flaga*, flake, flaw)] सं० १. दरार; २. कमी, त्रुटि, बुराई, न्यूनता, दोष* (इ० ३ भी); ३. कलंक, नुक़्स; ४. (विधि) किसी दस्तावेज़, कार्य या गवाही में ऐसा दोष, जिससे वह प्रवेध हो जाये; ५. (वि० १) अनुप्रस्थ भंग*। कि० स० और अ० १. दरार पैदा करना; २. खोट पैदा करना, छेद करना; ३. शिगाफ़ करना; ४ बिगाड़ना, ५. दूषित कर देना। **flawless** वि० १. बिना दरार के, २. निर्दोष, निष्कलंक, खरा, बिना खोट का। **flawlessly** क्रि० वि० १. बिना खोट के, निर्दोषता से, निष्कलंकता से; २. ऐसा कि दरार न आये। **flawlessness** सं० १. निर्दोषता; २. खरापन; ३. छिद्र विहीनता।

flaw[2] (flaw) [perh. cogn. with prec. orwith FLAY (cp. Dut. *vlaag*)] सं० १. हवा का झोंका; २ छोटा तूफ़ान।

flax (flāks) [A.-S. *fleax* (cp. Dut. *vlas*, G. *flachs*; perh. cogn. with Gr. *plekein*, and L. *ptectere*, to weave)] सं० १. सन, पटसन; २. इसके साथ उपसर्ग या प्रत्यय लगा हो तो पटसन के पौधे का प्रकार होता है; ३. पटसन का सूत (साफ़ किया हुआ या बिना साफ़ किया हुआ); ४. लिनेन, पटसन का कपड़ा। **~-seed** अलसी, पटसन का बीज। **flaxen** वि० १. पटसन का बना हुआ; २. पटसन जैसे हल्के भूरे रंग के (बाल)।

flay (flā) [A.-S. *flēan* (cp. Icel. *flá*, M. Dut. *vlaen*; cogn. with Gr. *plēssein*, to strike)] क्रि० स० १. खाल छीलना, चमड़ी उधेड़ देना; २. (लो) कटु आलोचना करना; ३. (किसी व्यक्ति को) लूट लेना, तबाह कर देना; ४. छीलना, छिलका उतारना; ५. (घास को) छाँट देना, ६. कतर-छाँट करना। **~fint** १. डबडब्बी या चमकी दे कर रुपया वसूल करनेवाला; २. कंजूस।

flea (flē) [A.-S. *flēah* (cp. Dut. *vloo*, G. *floh*; prob. cogn. with FLEE)] सं० पिस्सू* (आ०, कु० भी)। **sand, water~** बालू या जल में रहने वाले पिस्सू जैसे कीड़े। **sent one away with a~in his ear** किसी को डाँट-डपट कर या झिड़क कर लाजवाब कर देना। **~bag** (बोल०) सोने के लिए थैले जैसा बिस्तर। **~bane, wort** पौधों के दो प्रकार। **~-beetle** छोटा या निकृष्ट प्राणी, फुदकनेवाला कीड़ा जो प्रायः बेलों में पाया जाता है। **~-bite** १. (डा० और लo) तनिक असुविधा या व्यय; २. मामूली बात; ३. जानवर के शरीर पर छोटे-छोटे लाल चकत्ते। **~-bitten** १. पिस्सू से काटा हुआ; २. छोटे-छोटे लाल चकत्तों वाला। **~-dock** पली डाक, एक छोटा वृक्ष। **~louse** पौधों में रहने या फुदकनेवाला छोटा-सा कीड़ा।

fleam (flēm) [O.F. *flieme*, med. L. *flētoma*, abbr. of L. *phlebotomum*, Gr. *phlebotomon*, see PHLEBOTOMY] सं० घोड़ों का खून निकालने के लिए नश्तर।

fleck (flek) [cp. Icel. *flekkr*, Dut. *vlek*, G. *fleck*] सं० १. खाल पर धब्बा, दाग़ या चकत्ता; २. रंग या प्रकाश का बिंदु; ३. छोटा-सा कण; ४. बिंदु। कि० स० १. धब्बे लगाना; २. बिंदु बनाना; ३. बदलना। **fleckless** वि० बेदाग़, बिना धब्बे का। **flecker** क्रि० स० १. चित्तकबरा बनाना; २. रंग-बिरंग करना; ३. छोटे-छोटे टुकड़ों में बिखेर देना।

fled दे० FLEE।

fledge (flej) [A.-S. *flycge* (found in *unflycge*, unfledged), cp. Dut. *vlug*, G. *flügge* (cogn. with FLY[2])] क्रि० स० १. पर लगाना, उड़ने के पर लगाना; २. परों से सजाना; ३. उड़ने के योग्य बना देना। **fledgeless** वि० बेपर, पंख विहीन। **fledgling** सं० १. पक्षिशावक, परों का बच्चा; २. अनुभवहीन व्यक्ति।

flee (flē) [A.-S. *flēon*, cp. G. *fliehen*, Goth. *thliuhan*] (अब fleeing आदि के स्थान पर fly, flying, fled का प्रयोग होता है) क्रि०अ०और स० १. भाग जाना; २. किसी चीज़ से बचना या दूर रहना; ३. भाग कर पनाह लेना; ४. शायद ही जाना, चल देना, चल पड़ना; ५. समाप्त हो जाना, खत्म होना; ६. मर जाना; ७. डर भागना; ८. फ़रूचक्कर हो जाना; ९. छोड़ देना; १०. कतराना।

fleece (flēs) [A.-S. *flēos* (cp. Dut. *vlies*, G. *fliess*)] सं० १. भेड़ आदि की ऊन; २. भेड़ पर से ऊन का एक बार का उतार; ३. सिर के उलझे और घने बाल; ४. ऊन जैसी वस्तु (सफ़ेद बादल, गिरती हुई बर्फ़ आदि); ५. सूती या ऊनी धागे की पतली, बारीक चादर। कि० स० १. भेड़ के बाल उतारना; २. भेड़ें मूँड़ना; ३. (विरल०) धन, सम्पत्ति आदि छीन लेना; ४. ठगना, लूटना, धन हर लेना, मूँड़ना; ५. ढका जाना, आच्छादित होना (जैसे sky fleeced with clouds)। **fleeced** वि० १. ऊन वाला; २. ढका हुआ; ३. लूटा हुआ। **fleeceable** वि० १. भेड़ आदि जिसकी ऊन काटने योग्य हो; २. जिसको लूटा जा सके। **fleecy** वि० १. लोमश, ऊन से भरा हुआ; २. ऊन जैसा नरम।

fleer (flēr) [cp. Norw. *flira*. Swed. *flissa*, to titter] क्रि० अ० १. उपहास करना; २. अवज्ञापूर्वक हँसना; ३. मज़ाक उड़ाना, खिल्ली उड़ाना; ४. मुँह बनाना, मुँह चिढ़ाना। सं० १. तिरस्कार, अवज्ञा, उपहासपूर्ण मुद्रा; २. ऐसे मुँह बनाना या देखना जैसे मज़ाक उड़ाया जाए।

fleet[1] (flēt) [A.-S. *flēot*, a ship, from *flēotan*, to float] सं० १. सिलसिला, तांता, समूह; २. समुद्री बेड़ा* (वि० १ भी), जहाज़ी बेड़ा* (मा० १ भी), जहाज़ों का बेड़ा जो एक ही पोताध्यक्ष के अधीन हों; ३. एक साथ चलने वाले जहाज़ या गाड़ें, ४. विमानों का बेड़ा। **Fleet Air Arm** ब्रिटेन के जहाज़ी बेड़े का विमान-विभाग (जिसे अब Naval Aviation कहते हैं)। **~of carts, taxies etc.** किराये की गाड़ियों या टैक्सियों जिनका मालिक एक ही हो।

fleet[2] (flēt) [A.-S. *flēot* (cp. Dut. *vliet*, G. *fliess*, Icel. *fljót*;

cogn. with prec.)] सं० खाड़ी। **the~** १. धारा, (अब) ढँकी हुई गन्दे पानी की नाली जो लंदन स्थित फ्लीट स्ट्रीट से टेम्स नदी में जाकर गिरती है; २. जेल जो इसके समीप थी। **~marriage** किसी कुख्यात पादरी द्वारा चोरी से कराया गया विवाह। **~-street** १. समाचारपत्रों के लिए प्रयुक्त; २. लंदन के समाचारपत्र।

fleet[3] (flēt) [A.-S. *flōtan* (cp. Dut. *vlieten*, G. *fliessen*, Icel. *flóta*; also Gr. *plessein*, to sail)] क्रि० अ० १. सरक जाना; २. गायब हो जाना; ३. अस्थायी होना; ४. क्षणभंगुर होना, शीघ्र समाप्त हो जाना; ५. खिसक जाना; ६. तेजी से चलना; ७. उड़ जाना। वि० (काव्य०, साहित्य०) चुस्त, फुर्तीला। **fleeting** वि० १. अस्थायी; २. तेजी से गुजरने वाला; ३. क्षणभंगुर; ४. खिसकता हुआ; ५. उड़ता हुआ; ६. (आ०) पलायी*/चलिष्णु*। **fleetingly** क्रि० वि० १. अस्थायी रूप से; २. क्षणिक रूप में; ३. तेजी से; ४. खिसकते हुए।

fleet[4] (flēt) [prob. cogn. with prec. (cp. Dut. *vloot*)] वि० और क्रि० १. कम गहरा (पानी); २. कम गहराई पर या कम गहरा (plough or sow~ हल चलाना या बीज बोना)।

Fleming (flem' ing)[M.Dut. *Vlāming*, whence *Vlaemisch*, from *Vlān-*, whence FLANDERS] सं० फ्लैंडर्स का निवासी। **Flemish** वि० और सं० १. फ्लैंडर्स का; २. फ्लैंडर्स की भाषा।

flench(flench), **flinch**[2] (flinch),**flense** (flens)[Dan. *flense*] क्रि० स० १. (व्हेल मछली को) काटना; २. सील की खाल उतारना।

flesh (flesh) [A.-S. *flæsk* (cp. Dut. *vleesch*, G. *eisch*; also Icel. and Dan. *flesk*, pork, bacon)] सं० १. आमिष, मांस* (वि० १ भी), गोश्त; २. गूदा* (फ्रू० भी); ३. मांसलपन, मोटापा, चरबी; ४. खाने का मांस; ५. मनुष्य के शरीर का दिखाई देने वाला तन; ६. इन्द्रियों की पिपासा, बुरी वासना; ७. मानव-स्वभाव; ८. संयोज; ९. प्रवृत्तियाँ। **after the~** शारीरिक दृष्टि' से। **all~**सभी जीवधारी। **~and blood** १. शरीर और शरीर के द्रव्य; २. मानव-जाति; ३. मानव-प्रकृति, मानव-स्वभाव; ४. (वि० रूप में) जीता-जागता; ५. जो अलौकिक या काल्पनिक न हो। क्रि० स० (शिकारी कुत्ते आदि को) १. खून चखा कर उत्तेजित करना; २. खूरेजी की शिक्षा देना; ३. सफलता की पूर्व आशा देकर प्रोत्साहित करना; ४. भड़काना या उकसाना; ५. पहली बार शरीर पर तलवार आदि चलाना (आ० pen और wit के लिए भी प्रयुक्त)। **~and fell** सारा शरीर। क्रि० वि० पूरे तौर पर। **in the ~** १. (शारीरिक रूप से) स्थूलकाय; २. मोटा, जीवित। **lose~** दुबला होना। **make his ~creep** १. डरा देना (विशेषकर अलौकिक शक्तियों का भय दिखा कर); २. रोयें या रोंगटे खड़े करना। **one~** १. एक व्यक्ति की तरह जुड़ा हुआ होना; २. एक जान होना। **one's own~and blood** १. निकट संबंधी; २. संतान। **proud~** घाव के आसपास बढ़ा हुआ मांस। **put on~** मोटा होना। **~-brush, -glove** ऐसा ब्रश या दस्ताना जो खून का दौरा तेज करने के लिए प्रयुक्त होता है। **~-coloured** पीला-गुलाबी। **~-eater** मांसाहारी। **~-feeding** मांस खिलाना। **~-fly** मक्खी जो मुर्दा मांस में अंडे देती है। **~tights** मांस के रंग की चुस्त पोशाक, दे० FLESHINGS। **~-pots** ऐश-आराम का जीवन, (इंजील में प्रयुक्त) ऊँचे स्तर का रहन-सहन। **~side** खाल का वह भाग जो गोश्त से लगा होता है। **~-tints** चित्रकार द्वारा चित्र में मांस का रंग उभारना। **~-wound** ऐसा घाव जो गोश्त में ही हो और हड्डी या किसी आंतरिक अवयव तक न पहुँचा हो। **flesher** सं० (स्कॉट०) बूचड़, कसाई। **fleshlings** सं० (बहुव०) शरीर के रंग की चुस्त पोशाक जो रंगमंच पर इसलिए पहनी जाती है कि उसके बावजूद शरीर अपने रंग में मालूम हो। **fleshly** वि० १. दैहिक, शारीरिक; २. कामुक, विषयासक्त, इंद्रिय-लोलुप (इन अर्थों में इसका प्रयोग प्रायः व्यक्तियों के लिए नहीं, वरन् इच्छाओं के लिए होता है); ३. नाशवान, नश्वर; ४. भौतिक, सांसारिक, अपारलौकिक, जिसका परलोक या दैवी शक्ति से संबंध न हो। **fleshliness** सं० १. कामुकता; २. नश्वरता; ३. सांसारिकता। **fleshy** वि० १. मांसल* (वि० १ भी), पुष्ट, मोटा, स्थूलकाय; २. मांस का; ३. बिना हड्डी के; ४. गूदेदार* (वि० १ भी) (पौधा या फूल); ५. मांस जैसा। **fleshiness** सं० १. मोटापन, २. गूदेदार होना; ३. मांस जैसा होना।

fleur de lis (flēr de' lē) (बहुव० **fleurs de lis**) (अप्र० और अमरीकी प्रयोग) सं० १. कमल; २. कुलचिह्नों पर प्रयुक्त कमल का चिह्न; ३.(एकव० या बहुव०) फ्रांस के राजकुल का चिह्न, फ्रांस का राजवंश, फ्रांस।

fleuret (floor' ēt) [F. *fleurette*, dim. of *fleur*] सं० फ्लरेट, छोटे फूल या कली के आकार का आभूषण, कर्णफूल।

fleury (floor' i), **flory** (flôr'i) वि० (वंशावली विज्ञान) जिस पर फ्रांस के राजघराने का चिह्न बना हुआ हो; दे० FLEUR-DE-LIS।

flew दे० FLY।

flews (flooz) [etym. doubtful] सं० (बहुव०) शिकारी कुत्तों आदि के लटकते हुए होंठ।

flex[1] (fleks) [*flexus*, p.p. of *flectere*] क्रि० स० १. झुकाना, २. लचाना; ३. मोड़ना, (वैज्ञानिक प्रयोग में अंगों का मोड़ना या मुगर्भ० में विभ्रूंखलित स्तरों के बारे में प्रयुक्त)।

flex[2] [short for FLEXIBLE] सं० बिजली का लचीला तार।

flexible (flek' si bel) वि० १. नम्य* (आ०, इ० २, मा० २, वि० १ भी), नमनशील, लचीला*, लचकदार* (आ०, इ० २, वि० १ भी); २. नरम, जिसे मोड़ा या झुकाया जा सके, नमनीय* (मा० १ भी); ३. कम-ज्यादा होनेवाला, उतरने-चढ़नेवाला; ४. जिसे आसानी से नम्रताया जा सके; ; ५. जो काबू में आ सके; ६. जिसे परिस्थिति के अनकूल ढाला जा सके; ७. अनाग्रही, बहुगुणी, कई काम कर सकने वाला; ८. चुस्त; ९. नरम। **flexibility** सं० १. लचीलापन*/ नम्यता* (आ०, इ० १, मा० २, वि० १ भी); २. नरमी, मुड़ने या झुकने का गुण या योग्यता; ३. परिस्थिति के अनुकूल ढलने की क्षमता; ४. चुस्ती। **flexibly** क्रि० वि० १. लचक के साथ; २. परिस्थिति के अनुकूल हो कर; ३. चुस्ती से; ४. नरमी से, नम्यता से। **flexile** वि० १. लचीला, लचकदार, जिसे मोड़ा जा सके; २. सुगमता से मुड़ने वाला; ३. कई काम कर सकने वाला। **flexility** सं० १. लचीलापन; २. मृदुता; ३. मोड़ा जा सकना। **flexion** (flek' shún) सं० १. आकुंचन* (आ०, मा० २ भी), मोड़; २. झुकाव; ३. झुकी या मुड़ी हुई अवस्था (विशेषकर हाथ-पाँव या जोड़ की); ४. (व्या०) रूप, गरदान; ५. (गणि०) आकोच। **flexional** वि० १. रूप-विषयक; २. गरदान हो सकनेवाला। **flexionless** वि० जिसके बहुत से रूप न हो सकें या गरदान न हो सके। **flexor** सं० १. (~muscle, tender) आकोचनी पेशी, वह मांसपेशी जो किसी अंग को मोड़ती है, (EXTENSOR का विलोम); २. (आ०, वि० १) फ्लेक्सर*/ आकोचनी*; ३. (आ०) आकुंचनी*। **flexuous**

वि० १. (वन० मा०) वक्र, कुटिल, सर्पिल; २. लहरदार, लहरियादार; ३. मोड़दार, घुमावदार, टेढ़ा-मेढ़ा* (वि० १ भी)। **flexuose**-(flek sū ō' sō) समास में प्रयुक्त रूप। **flexuosity** सं० १. मोड़दार होना; २. लहरदार होना। **flexuously** क्रि० वि० १. घूम-फिर कर; २. लहरें लेते हुए। **flexure** सं० १. नमन, भंग, मोड़; २. झुकाव; ३. मुड़ी या झुकी अवस्था; ४. (गणि०) आनमन, किसी रेखा या वक्राल की वक्रता; ५. लोच सिद्धान्त में वक्राल या ठोस की वक्रता (जैसे ~of a curve) किसी वक्र का सीधी रेखा की ओर या उससे परे को झुकाव); ६. (भगर्भ०) दबाव के कारण धरती की तह का झुक जाना; ७. आनमन* (आ०, ए० ३, वि० १ भी)।

flibbertigibbet (flib' ər tij ib' ĕt) [onomat., or meaningless jargon] सं० १. गप्पी, गपोड़ी; २. बेहूदा, बोछा; ३. बकवादी; ४. अस्थिर-चित्त व्यक्ति; ५. चंचल मन वाला।

flick (flik) [onomat.] सं० १. हल्का धक्का या आघात, चाबुक या नाखून आदि का हल्का प्रहार; २. झटका; ३. धक्का; ४. चट-मर ध्वनि, किसी वस्तु के टूटने की धीमी किन्तु तेज आवाज़। क्रि० स० १. चाबुक मारना; २. धक्का देना; ३. झटका मारना; ४. साफ़ कर देना; ५. झाड़ना (जैसे ~dust away)।

flicker (flik' ər) [A.-S. *flicerian*, onomat.] क्रि० अ० १. झूलना, लहराना; २. इधर-उधर हिलना; ३. लुप-लुपाना; ४. काँपना; ५. पलक मारना, झपकना; ६. टिमटिमाना (ज्वाला आदि का, ला० आशा आदि का)। सं० १. कँपकँपाहट; २. २. टिमटिमाहट* (मा० २ भी); ३. झिलमिलाहट झलक; ४. स्फुरण* (ई० २, वि० १ भी)। **flickeringly** क्रि० वि० १. काँपते हुए; २. टिमटिमाते हुए; ३. हिलते हुए, लहराते हुए।

flier दे० FLYER।

flight[1] (flit) [A.-S. *flyht*, from O. Teut. *fleugan*, to FLY[2]] सं० १. उड़ान, उड़ावन* (प्र०, वि० १ भी), २. उड़ान का डग; ३. बाज का शिकार के पीछे जाना; ४. स्थान बदलना; ५. एक स्थान से दूसरे स्थान वाले पक्षियों या कीड़ों का झुंड; ६. कोई तेज चलने वाली चीज़ (जैसे तोप के गोले आदि की तेज़ हरकत); ७. (समय का) शीघ्र निकल जाना; ८. (बुद्धि, कल्पना, महत्त्वाकांक्षा आदि की) उड़ान, भ्रमण, चक्कर, तरंग; ९. दूरी, जो पक्षी, विमान या बाण आदि एक उड़ान में पार कर सकें; १०. सीधा जीना या सीढ़ी; ११. (तीरों आदि की) बाढ़; १२. मूसा; १३. बिटिश हवाई सेना की विमानों की टुकड़ी, दल या झुंड; १४. (प्र०) एलाइट*। क्रि० स० १. (जंगली चिड़ियों आदि का) शिकार करना; २. क्रिकेट की गेंद का हवा में मार्ग बदलने हुए जाना; ३. (in the first~) आगे-आगे होना। **~-deck** जहाज़ का वह तख़्ता जहाँ से विमान उड़ान भरने या उतरते है। **~-feather or muscle** उड़ने में सहायक पंख या पेशी। **~-lieutenant, -sergeant** दे० AIR FORCE। **flighty** वि० १. सनकी; २. चंचल; ३. झक्की; ४. बुद्धू, मदबुद्धि; ५. पागल; ६. दीवाना; ७. वहमी। **flightily** क्रि० वि० १. चंचलता से; २. बुद्धपने से; ३. झक मारते हुए। **flightiness** सं० सनकीपन, पागलपन, २. चंचलता; ३. झक्कीपन; ४. दीवानगी; ५. वहम।

flight[2] (flit) [M.E. *flyht*, *flulte*, O.H.G. *flucht*, from O. Teut. *thliuhan*, to FLEE] सं० १. भगदड़; २. पलायन; ३. फ़रारी। **put to~** १. भगा देना; २. खदेड़ देना। **take, take to, take oneself to~** भाग जाना, उड़ जाना, शायब हो जाना, रफ़ूचक्कर हो जाना।

flimflam (flim' flăm) [prob. onomat.] सं० १. मामूली बात; २. व्यर्थ; ३. गप्प; ४. निरर्थक बात; ५. छल; ६. धोखा; ७. मक्कारी या धोखे की बात।

flimsy (flim'zi) [etym. doubtful, prob. onomat.] वि० और सं० १. निर्बल, निःसत्व, अल्पबल, क्षीण शक्ति, कमज़ोर, नाज़ुक; २. हल्का-सा जुड़ा हुआ, झीना, बारीक, महीन; ३. साधारण, मामूली; ४. छिछोरा; ५. पोच, लचर, सारहीन; ६. (प्रा०) बैंक के नोट; ७. पतला काग़ज़; ८. संवाददाता की कापी। **flimsily** क्रि० वि० १. निर्बलता से; २. हल्केपन से; ३. मामूली तौर से।

flimsiness सं० १. कमज़ोरी; २. मामूलीपन; ३. छिछोरापन।

flinch[1] (flinch) [O.F. *flenchir*, etym. doubtful] क्रि० अ० १. पराङ्मुखी होना, पलायन करना, हार मान लेना; २. मैदान छोड़ देना; ३. पीछे हटना; ४. भय से सिमटना; ५. जी चुराना, हिचकना, मुँह मोड़ना, विमुख होना, टालना, फिरना, कतराना।

flinch[2] दे० FLENCH।

flinder (flin' dər) [Norw. *flindra*, a chip, a splinter, Dut. *flenter*] सं० (बहुव०) १. टुकड़े, खंड; २. फटियाँ (जैसे break, fly in~)।

fling (fling) [cp. Icel. *flengja*, Swed. *flånga*] क्रि० अ० और स० १. सहसा बलपूर्वक, क्रोध या आवेश से बढ़ना या चले जाना; २. (घोड़े आदि का) पाँव पटकना; ३. लात मारना; ४. (किसी व्यक्ति का) गाली देने लगना; ५. फेंकना; ६. झटकाना; ७. किसी के बाज़ुओं में गिर जाना, ८. नाव में उचक जाना; ९ (किसी की दया पर या किसी काम में) अपने आप को पूरी तरह छोड़ देना या लगा देना; १०. (बाहु) फैलाना; ११. दौलती चलाना; १२. हल्की-सी नज़र मारना; १३. (शब्द, गंध, प्रकाश) छोड़ना, फैलाना; १४. किसी (व्यक्ति) को एकाएक या क्रोध से जेल में ठूँसना; १५. शत्रु या शत्रु के क़िले पर चढ़ाई करना; १६. (पहलवान या घुड़सवार को) भूमि पर दे मारना, चित गिराना। सं० १. क्षेपण, पातन, प्रक्षेप, फेंक; २. पटकना; ३. प्रचंड नृत्य (विशेष Highland~); ४. झपट; ५. गोता; ६. भाव-तरंग; ७. छींटा, कटाक्ष, चोट। **~(fact etc.) in one's teeth** तथ्यों से झुठलाना। **~(door etc.) open or to** गुस्से से खोलना या बंद करना। **have a~at** १. किसी कार्य के लिए प्रयत्न करना; २. हँसी उड़ाना; ३. फ़ब्ती या छींटा कसना, कटाक्ष करना।

flint (flint) [A.-S. (cp. Dan. *flint*, Swed. *flinta*); perh. Gr. *plinthos*, brick] सं० १. अग्नि-प्रस्तर, चकमक पत्थर* (ई० ३, मा० १, वि० १ भी); २. कठोर और दृढ़ वस्तु, ३. धातु मिली मिट्टी का टुकड़ा जो पेट्रोल के लाइटर में चिनगारी पैदा करने के लिए प्रयुक्त होता है; ४. पत्थर का टुकड़ा; ५. फ़ौलाद के साथ (विशेषकर तोड़ेदार बंदूक में) चिनगारी पैदा करने के लिए प्रयुक्त होने वाला पत्थर; ६. (ई० ३ मा० १, वि० १) फ़्लिन्ट*। **set one's face like a~** दृढ़ निश्चय करना। **skin a~** कंजूसी करना। **wring water from a~** १. असम्भव सम्भव कर देना; २. करामात कर दिखाना; ३. रेत से तेल निकालना। **~-glass** १. साफ़ और चमकदार काँच जो चकमक पत्थर से बनाया जाता है; २. (वि० १) फ़्लिन्ट काँच*। **~-lock** तोड़ेदार बंदूक का घोड़ा जो चकमक पत्थर से चलाई जाती है। **flinty** १. अग्निप्रस्तरमय; २. कठिन हृदय, पाषण हृदय, ३. पथरीला; ४. कठोर। **flintiness** सं० १. पथरीलापन; २. कठोरता।

flip[1] (flip) [prob. onomat.] क्रि० स० और अ० १. (पत्थर या सिक्के का) चुटकी से उछालना; २. (किसी व्यक्ति के कान, गाल आदि

पर) चूटकी भरना; ३. थपथपाना; ४. चुटकी बाँधना; ५. (पंखे, चाबुक, मछली की बंसी आदि को) झटके से हिलाना; ६. चाबुक आदि से मारना। सं० १. आघात, प्रहार, मार, थपकी; २. चुटकी; ३. (बोल०) विमान में छोटी-सी उड़ान।

flip[3] (flip) [prob. from prec. v., to beat up] सं० फ़्लिप, बीयर और शराब का मिश्रण। **egg ~** दे० EGG[1]।

flip-flap (flip' flăp) [onomat., perh. redup. of FLAP] सं० १. एक प्रकार की कलाबाज़ी; २. पटाखा; ३. हिंडोला, झूला।

flippant (flip ănt) [perh. from FLIP[1]] वि० १. चाचाल, चपल, चंचल, शोख; २. ओछा; ३. तेज़-तर्रार; ४. बेअदब, गुस्ताख़; ५. अवज्ञापूर्ण। **flippancy** सं० १. शोख़ी; २. ओछापन; ३. बेअदबी, अवज्ञा। **flippantly** क्रि० वि० १. वाक्पटुता से, शोख़ी से; २. ओछेपन से; ३. बे-अदबी से, अवज्ञापूर्वक।

flipper (flip ər) [FLIP[1]] सं० १. (कछुए, पेंगुइन आदि के) तरने में सहायता देने वाले अंग; २. (ग्रा०) हाथ। **flipperty, flopperty** वि० १. ढिलमिल, २. ढीला, ३. लटकता हुआ।

flirt (flĕrt) [prob. imit.] क्रि० स० और अ० १. उछालना; २. झटका देना; ३. (पंखा या पक्षी का पंख) तेज़ी से हिलाना, फड़फड़ाना; ४. चोंचले करना, रिझाना, दिखावटी प्रेम करना; ५. नख़रे करना। सं० १. आकस्मिक क्षेप, झटका; २. तेज़ हरकत को एकाएक रोकना, ३. चोंचलेबाज़; ४. नख़रेबाज़; ५ विलासिनी. हाव-भाव दिखाने वाला (वाली)। **flirtation** १. लीला, हेला; २. चोंचलेबाज़ी; ३. नखरा; ४. चुलबुलापन। **flirtatious, flirtish, flirty** वि० १. चुलबुला; २. चौंचले करनेवाला, नख़रेबाज़; ३. दिखावे की मुहब्बत करने वाला (वाली)।

flit (flit) [cogn. with FLEET[4], cp.-Icel. *flytja*, Swed. *flitta*] क्रि० अ० और स० १. स्थान बदलना; २. चले जाना; ३. भाग जाना, उड़ जाना; ४. विदा हो जाना; ५. निवास-स्थान बदल लेना; ६. तेज़ी से या चुपके से निकल जाना, कन्नी काट जाना, धीरे-धीरे उड़ना; ७. (पक्षियों, विशेषकर चमगादड़ों का) छोटी-छोटी उड़ानें भरना; ८. मकान का परिवर्तन।

flitch (flich) [A.-S. *flicce* (cp. Icel. *flikki*, Dan. *flik*)] सं० १. सुअर की बग़ल का सूखा नमकीन मांस; २. हुंबेल मछली की चरबी का टुकड़ा; ३. मछली के मांस का भुना हुआ टुकड़ा; ४ वक्ष के तने की लकड़ी का (बाहर वाला) टुकड़ा, सिल्ली* (इं० ३ भी)। क्रि० स० लकड़ी के शहतीर या मछली के टुकड़े करना। **~beam** लकड़ी के दो टुकड़ों के बीच दी हुई लोहे की नलकी। **Dunmow~** डन्मो नामक नगर में रिवाज है कि जो विवाहित जोड़ा एक वर्ष तक परस्पर शांति से रहे, उसे सुअर के मांस का टुकड़ा दिया जाता है, उसी रस्म का नाम।

flitter (flit' ər) क्रि० अ० १. फुदकना; २. फड़फड़ाना। **~mouse** चमगादड़।

flivver (fli' vər) सं० (ग्रा०) सस्ती मोटरकार।

flix (fliks) [etym. unknown] सं० फर के विभिन्न प्रकार, ऊद-बिलाव के कोमल बाल।

float[1] (flōt) [A.-S. *flotian*, cogn. with FLEET[4]; influenced by O.F. *flotter* (F. *flotter*)] क्रि० अ० और स० १. तिरना, तैरना, तैराना, सतह पर तैरना; २. (फेंके हुए जहाज़ का) चल पड़ना; ३. बहा ले जाना, प्रवाह में आ जाना, धारा के साथ बहना, ४. हवा में लटके रहना या तैरना; ५. आँखों या मस्तिष्क के सामने घूमना; ६. (वाणि० में हुंडी के लिए) जारी होना, पूर्णता के निकट होना; ७. (वाणि०) किसी कम्पनी या योजना को चालू करना, चलाना, जारी करना; ८. (योजना आदि का) जारी होना; ९. डुबो देना, जल-मग्न करना; १०. (पानी आदि का) किसी वस्तु को ऊपर उठाए रखना; ११. तैराना; १२. बहाना; १३. (अफ़वाह) फैलाना; १४. हवा में फेंका देना। **~stone** १. तैरनेवाले हलके पत्थर। **floatable** वि० १. तैरने योग्य; २. ऐसी नदी जिसमें लकड़ी के शहतीर और तख्ते बहाए जा सकें। **floatage** सं० १. तैरना; २. बहाव; ३. विनष्ट जहाज़ के तैरते हुए सामान को लेने का अधिकार; ४. नदी में तैरनेवाले जहाज़ आदि; ५. तैरनेवाले पिंड; ६. तैरते रहने या ऊपर उठे रहने की अवस्था; ७. जहाज़ के पानी से बाहर रहने वाले भाग। **floatation** स० १. बहाव, प्रवाह; २. तैरना, तैराना; ३. किसी कम्पनी या कार्य का प्रारम्भ; ४. कम्पनी खड़ी करना; ५. कर्ज़ा चालू करना,; ६.(वि० १) प्लवन*। **centre of ~** तैरती हुई वस्तु का भार-केंद्र। **floater** सं०(क्रियागत अर्थों में १ विशे०)तरनी (शेयर बाज़ार); २. (वाणि०) सरकारी हुंडियाँ; ३. रेलवे के बॉण्ड जो रक्षा-धन के रूप में स्वीकार होते हैं। **floating** वि० क्रियागत अर्थों में (विशे० वाणि०) जहाज़ पर लादे माल का समुद्री (व्यापार), तिरनी। **~anchor** जहाज़ का रस्सा जो पानी पर तैरता रहता है। **~capital, debt** अल्पकालिक या अस्थायी पूँजी या ऋण, घटती-बढ़ती रहने वाली पूँजी, ऋण। **~dock** दे० DOCK[1]। **~kidney** एक विशिष्ट रोग जिसमें गुर्दे अपने स्थान से हट जाते हैं। **~light** १. जहाज़ों को प्रकाश द्वारा रास्ता दिखानेवाला प्रकाश-पोत, २. प्रकाश से संकेत करनेवाला लगर जो रात के समय समुद्र पर छोड़ दिया जाता है। **~population** प्लावी जनसंख्या, यायावर जन-संख्या, आबादी का वह भाग जो बदलता रहे। **~rib** पसली जो छाती की हड्डी से जुड़ी नहीं होती।

float[2] (flōt) [A.-S. *flota*, a ship, as prec.] सं० १. बहना, बहने की अवस्था, (विरल) तैरता हुआ पिंड या बेड़ा (घास, बर्फ़ आदि का); २ तलना; ३. डोंगा, डोंगी, नाव, किश्ती, पोपा, नौवी; ४. कार्क या पर जो मछली पकड़ने की डोर पर सूचक के तौर पर बाँधा जाता है, मछली पकड़ने के जाल से बँधा हुआ कार्क, उभरा हुआ भाग जिसके सहारे मछलियाँ आदि तैरती रहती हैं; ५. खोखला गोला जो होज़ की नाली को ठीक रखता है; ६. (एकव० या बहुव०) रंगमंच पर नीचे से पड़नेवाला प्रकाश; ७. नीची गाटी; ८. झाँकी; ९. करेंडी, १०. इकहरी कोट की रेनी; ११. बाने के तागों का ताने के ऊपर से फैला देना; १२. इस प्रकार फैला हुआ धागा; १३. प्लव* (आ०, वि० १ भी); १४. (इं० ३) गुटमाला*। **on the ~** तैरता हुआ, उतराता हुआ। **~board** पानी निकालने वाली पट्टियों का एक नक्शा। **~bridge** नाव-पुल, तैरना पुल, लकड़ी के तख़्तों का पुल। **~grass** पानी पर की हरियाली।

flocculation (flok si lā shŭn) [FLOCCULUS, -ATION] सं० वस्त्रलुंचनोन्माद, वस्त्र-आच्छेदन (विशे० एक बीमारी जिसमें रोगी कपड़े फाड़ने लगता है)।

floccose (flok'ōs) [late L. *floccōsus*, from L. FLOCCUS] (वन०) गुच्छेदार।

flocculent, -lose, lous वि० १. गुच्छेदार, गुच्छमय। **flocculence** सं० गुच्छदार होना, गुच्छमयता; २. (आ०) ऊर्णी*।

flock[1] (flok) [A.-S. *flocc* (cp. Icel. *flokkr*] सं० १. यूथ, संघ, समूह, जन-समूह, भीड़, दल, गिरोह, झुंड, गल्ला, गोल; २. एक ही प्रकार के जानवरों का झुंड (विशे० ऐसे पक्षियों का जो एक साथ खाते, चुगते और चलते हैं); ३. गल्ला (भेड़ों, बकरियों, बत्तखों आदि का); ४. ईसाई-समूह; ५. धार्मिक समाज का अभाव

(विशे० जब वह एक ही पादरी के अधीन हो); ६. बच्चों का परिवार, शिष्य-समूह आदि। कि० अ० १. इकट्ठा होना; २. बड़ी संख्या में जाना; ३. झुंड बना कर घूमना, उमड़ना। ~master गड़रिया, चरवाहा, भेड़ें पालनेवाला।

flock[2] (flok)[prob. from O. F. *floc*, L. *floccus*] सं० १. ऊन, रुई आदि का लच्छा या लट; २. (बहुव०) गद्दे भरने के लिए बचे हुए ऊन या चीथड़े। ३. (बहुव० या सामूहिक एकव०) दीवारी काग़ज़ बनाने के लिए मलीदा किया हुआ ऊन या कपड़ा; ४. (रसा०, बहुव०) छिद्दियाँ। ~bed बिस्तर का गद्दा जिसमें रद्दी ऊन और चीथड़े भरे हों। ~paper १. दीवारी काग़ज़ जिसको काट कर ऊपर से ऊन मढ़ दिया गया हो या ऊन से नक़्क़ाशी कर दी गई हो; २. दीवारी छींट या अबरी। flocky वि० लच्छेदार, गुच्छेदार, लटदार।

floe (flō) [prob. from Norse *flo*, a layer] सं० बहती हुई बर्फ़ की चादर या सिल।

flog (flog) [Perh.corr. of L. *flagellāre*, see FLAGELLATE] क्रि० स० १. छड़ी, कोड़े आदि से मारना; २ (विद्या, गुण आदि) बलपूर्वक ठूँस देना; ३. (मुस्तों) निकाल देना; ४. (घोड़े आदि को) चाबुक लगाना; ५. (ब्रा०) पराजित करना, ६. मात देना; ७. बसी की डोर बार-बार नदी में फेंकना। ~dead horse बेकार प्रयास करना। flogging सं० कोड़ों की मार।

flong (flong) [F. *flan*, FLAWN] सं० पलांग, स्टीरियो टाइप का विशेष तौर से तैयार किया हुआ कागज़।

flood (flŭd) [A.-S. *flōd* (cp. Icel. *flōd*. Dut. *vloed*, G. *flut*), cogn. with FLOW] सं० १. (~tide भी) ओघ, चढ़ता ज्वार, पूरबेल ज्वार (EBB का विलोम); २. (काव्य०) नदी, नाला, समुद्र (जैसे ~and field जल और थल); ३. बाढ़* (वि० १, विधि भी), सैलाब; ४. अतिवृष्टि, ५. जल-प्रवाह, जलधारा; ६ मूसलाधार बौछार (जैसे floods of rain मूसलाधार वर्षा; ~of tears अश्रुधारा); ७ भरमार, प्रचुरता, बहुतायत, कसरत (जैसे ~of words शब्दों की बौछार)। क्रि० स० १. जल-मग्न करना; २. डुबो देना (ब्रा० भी जैसे was flooded with letters असंख्य पत्रों की भरमार हो गई); ३. सींचना; ४. (जलते हुए मकान या खान में) अधिक पानी डाल देना; ५. (वर्षा का नदी में) बाढ़ ला देना; ६. भरमार हो जाना, ७. गर्भाशय से रक्त का बहना। The or Noah's Flood (इ०) नूह का तूफ़ान* (जिसका वर्णन इंजील के प्रथम अध्याय जैनेसिस में किया गया है)। ~gate १. पानी को अंदर लाने या बाहर निकालने के लिए खुलने और बंद होनेवाला द्वार, विशेषकर बाँध के नीचे का फाटक; २. नाली; ३. मोरी। ~light कई ओर से फेंका गया कृत्रिम प्रकाश जो प्रकाशमान क्षेत्र में कोई भी छाया नहीं रहने देता। ~lighting इस प्रकार का प्रकाश। floodometer (flo dom' e tor) सं० बाढ़ नापने का यंत्र।

floor (flôr) [A.-S. *flōr* (cp. Dut. *vloer*, G. *flur*)] सं० १. भूमि, पृष्ठ* (वि० १ भी), मृतल, फ़र्श* (मा० १ भी), तल* (इ० ३. वि० १ भी); २. (flooring भी), तख़्ते आदि जिनसे फ़र्श बनाया जाता है; ३. समूह, गुफा आदि की तह; ४.संसद-भवन का वह भाग जहाँ सदस्य बैठते और बहस करते हैं, ५. मकान की एक ही मंज़िल पर कमरों का सेट (जैसे ground-~ मकान की पहली मंज़िल के कमरे; first-~ मकान की दूसरी मंज़िल के कमरे); ६. मंज़िल, तल्ला, दरजा; ७. समतल क्षेत्र; ८. (मा० १) समाकल्प*, समा-सदन*। क्रि० स० १. फ़र्श लगाना या बनाना; २. किसी स्थान के फ़र्श का काम देना; ३. मार गिराना; ४. घबरा देना; ५. (पाठशाला में विद्यार्थी को) पाठ याद न होने पर बैठने की आज्ञा देना; ६. जीत जाना, मैदान मार लेना; ७. हराना, परास्त करना, चित करना, पटकी देना। take the~ (विशे० अमरीका में) वाद-विवाद में बोलना। ~cloth फ़र्श पर दरी आदि की तरह बिछाया जानेवाला कपड़ा। ~lamp फ़र्श पर खड़े खम्भे आदि पर टँगी हुई बत्ती। ~the paper प्रश्न-पत्र के सभी प्रश्नों का उत्तर दे देना। floorer सं० १. मात देने वाला घूँसा; २. करारी चोट; ३. व्याकुल कर देने वाला समाचार; ४. निरुत्तर कर देने वाला तर्क; ५. लाजवाब दलील; ७. कठिन पर्चा; ८ कठिन प्रश्न-पत्र; ९. कठिन प्रश्न। floorless वि० ऐसा फ़र्श जिस पर कुछ भी बिछा हुआ न हो।

flop (flop) [var. of FLAP] क्रि० अ० और स० १. फड़फड़ाना; २. झूमना; ३. डोलना; ४. सही चाल से चलना; ५. अजीब या भद्दे ढंग से बैठना, घुटनों के बल बैठना; ६. लापरवाही से फेंकना; ७. धड़ाम से गिरा देना; ८. थप-थप करना; ९. थपथपाहट होना (जैसे कोई नरम चीज़ गिरे या चपटी चीज़ पानी पर मारी जाय); १०. पुस्तक, नाटक आदि का असफल होना। सं० १. फड़फड़ाहट, फड़फड़ाने की आवाज़; २. (पुस्तक, नाटक आदि की) असफलता। क्रि० वि० १. फड़फड़ाते हुए; २. लापरवाह ढंग से; ३. धप से, धम से, धड़ाम से। floppy वि० १. मद्दा, २. सुस्त; ३. बेढौल; ४. लापरवाही का; ५. असफलता लिए हुए।

flora (flôr' à) [L., Flora, the Roman goddess o flowers and gardens. from *flōs flōris*, FLOWER] सं० (बहुव० ~ae, ~as) १. ओषधि, ओषधिजात, वनस्पति, पेड़-पौधे; २. किसी प्रदेश या युग विशेष में पाए जाने वाले पेड़-पौधे; ३. (आ०) समूह*, फ़्लोरा*, (तुल० FAUNA)। floral वि० १. वनस्पति संबंधी; २. पौदों का; ३. कौसुम, फूली का; ४. फूलों से संबद्ध। ~zone भू-भाग जिसमें विशेष प्रकार के फूल और पौदे पैदा होते हों।

Florentine (flor' en tin) [L. *Florentinus*, from *Florentia*, see prec.] वि० १. फ़्लोरेंस निवासी; २. एक प्रकार का बटा हुआ रेशम। ~iris सफ़ेद या हल्के नीले रंग का आयरिस फूल।

florescence (flō res' ens) [L. *florescens -ntem*, prcs. p. of *florescere*, incept. of *flōrēre*, see FLOURISH, -ENCE] सं० १. फूल आना; २. फूल आने का समय; ३. फूल आने की अवस्था।

floret (flor' ĕt) [O.F. *floret*, dim. of *fleur*] सं० १.(वन०) उन छोटे-छोटे फूलों में से एक जिनका मिल कर एक बड़ा फूल बनता है; २. छोटा फूल; ३. पुष्पक* (क्र०, वि० १ भी)। ~of the disc, the ray बड़े फूल के केन्द्र या परिधि के फूल।

floriate (flor' i āt), **floriated** (–ā tĕd)[L. *flōs flōris*] वि० फूल-पत्तियाँ आदि से सजा हुआ, पुष्पालंकृत।

floriculture (flor' i kŭl tūi) सं० १. फूलों की खेती; २. पुष्पोत्पादन* (क्र० भी)। floricultural वि० फूलों की खेती से संबंधित। floriculturist सं० फूलों की खेती करनेवाला, पुष्प-विज्ञानी* (क्र० भी)।

florid (flor' id) [L. *flōridus*] वि० १. फूलों आदि से खूब सजा हुआ; २. सालंकार, अलंकार-शोभित, अलंकृत (साहित्य, कला या संगीत शैली); ३. दिखावटी; ४. भड़कीला; ५. चमकदार; ६. रंगीन; ७. गहरे रंग का चमकीला लाल, ८. (आ०) रक्तिम*। floridity, floridness सं० १. अलंकार-शोभा, अलंकारमयता, सजावट, २. दिखावा, तड़क-भड़क। floridly क्रि० वि० १. अलंकार-पूर्ण शैली से; २. दिखावे के साथ; ३. तड़क-भड़क से।

Florida (flor'i dà) [Sp. *Florida* (flō rē' dà), orig. *Pascua*

florida, or flowery Easter, because, it is said Ponce de Leon discovered the country on Easter Day, 1513] सं० संयुक्त राज्य अमरीका का एक राज्य। ~**water** एक प्रकार का इत्र। ~**wood** एक प्रकार की लकड़ी जिस पर पच्चीकारी की जाती है।

floriferous (flō rif' ĕr ŭs) [L. *flōrifer*] वि० १. पुष्पोत्पादक, पुष्पभद, फूलदार, फूलदायक, बहुत फूल देने वाले (बीज या पौधे); २. पुष्पित* (वि०१ भी)।

florin (flor' in) [O.F., from It. *fiorino*, dim. of *fiore*, L. *flōrem*, as prec.] सं० १. फ़्लोरिन, विभिन्न कालों में प्रचलित स्वर्ण या रजत मुद्रा; २. (इति०) एडवर्ड तृतीय के समय का अंग्रेजी सिक्का जिसका मूल्य ६ शिलिंग था; ३. वर्तमानकालीन अंग्रेजी सिक्का जिसका मूल्य २ शिलिंग है।

florist (flor'-, flŏr' ist) सं० १ पुष्प-उत्पादक* (कृ० भी), फूल उगानेवाला; २. पुष्प-विक्रेता, फूलवाला, माली, बाग़वान; ३. पुष्प-वेत्ता, फूलों का अध्ययन करनेवाला।

floruit (flŏr' ŭ it) [L., he flourished, 3rd sing. perf. of *flōrēre*, see FLOURISH] सं० किसी व्यक्ति का जीवन-काल (जब जन्म और मरण की ठीक तिथियाँ ज्ञात न हों)।

flory दे० FLEURY।

floscular, -lous (flos' kū lăr, -lŭs) [L. *flosculus*, dim. of *flŏs*, FLOWER] वि० १. पुष्पकयुक्त, छोटे-छोटे फूलोंवाला, २. कई छोटे-छोटे फूलों से मिलकर बना हुआ।

floss (flos) [perh. from O.F. *flosche*, down, cp. FLOCK[2]] सं० कच्चा रेशम जो कोये पर लिपटा रहता है। ~**silk** १. सनकुकड़ा; २. घटिया रेशम जिससे घटिया कपड़ा बनता है। **flossy** वि० मुलायम, रेशमी।

flotation दे० FLOATATION।

flotilla (flō til' ă) [Sp., dim. of *flota*, a fleet] सं० १. लघु नौ समूह, छोटा समुद्री बेड़ा; २. छोटी नावों या छोटे जहाज़ों का बेड़ा; ३. (मा० १) नाव बेड़ा*।

flotsam (flot săm) [A.-F. *flotesan*, O. F. *flotaison*, from *flotер*, to FLOAT[1]] सं० १. बहता माल; २. विनष्ट जहाज़ का वह भाग और सामान जो ऊपर तैरता रहे; ३. सीप के अंडे-बच्चे।

flounce[1] (flouns) [prob. cogn. with Norw. *flunsa*, to hurry, Swed. dial. *flunsa*, to plunge] क्रि० अ० और स० १. आवेश में आकर जाना; २. हाथ-पाँव मारते हुए जाना; ३. हाथ-पाँव इधर-उधर पटकना। सं० १. आकस्मिक अंगविक्षेप; झपट; २. (शरीर या हाथ-पाँव का) झटका।

flounce[2] (flouns) [M. E. *frounce*, O. F. *fronce*, from *froncer*, to wrinkle, L. *frons*, the forehead] सं० झालर, कपड़े का टुकड़ा जो चुन्नट डाल कर स्कर्ट या लहँगे के किनारों पर झालर की तरह लगाया जाता है। क्रि० स० झालर लगाना।

flounder[1] (floun' dĕr) [O. F. *flondre* (cp. Norw. *flundra*, Dan. *flynder*)] सं० एक छोटी चपटी-सी मछली।

flounder[2] (floun' dĕr) [prob. cogn. with Norw. *flundra*, Dut. *flodderen*] क्रि० अ० १. लड़खड़ाते हुए बढ़ना; २. हाथ-पाँव मारना; ३. छटपटाना; ४. घुसना; ५. लोटना (जैसे कीचड़ में); ६. गलतियाँ करना; ७. कुप्रबंध करना; ८. कठिनाई से काम चलाना। सं० छटपटाहट।

flour (flou' er, flour) [var. of FLOWER (M.E. *flour of whete*, the finest meal)] सं० मैदा, आटा, पिसान, चून, चूर्ण* (वि० १ भी)। क्रि० स० आटा छिड़कना, आटा पीसना, मैदा बनाना। ~**box** टिन या किसी अन्य चीज़ का छेददार बक्स या डिब्बा जिससे आटा छिड़का जाता है। **floury** वि० १. आटे का, मैदे का; २. बारीक मैदे जैसा।

flourish (flŭr' ish) [O.F. *floriss-*, stem of *florir*, L. *flōrēre*, from *flŏs flōris*, FLOWER] क्रि० अ० और स० १. उन्नति करना, बढ़ना, फैलना, फलना-फूलना, धनपना; २. समृद्ध होना; ३. सफलता पाना; ४. बुढ़ा होना; ५. जीवन बसर करना; ६. (किसी निश्चित समय पर) सक्रिय होना; ७. हस्तलेख, साहित्यिक कृति या भाषण को अलंकृत करना, सजाना, सँवारना; ८. शेखी बघारना; ९. शस्त्र लहराना; १०. पैंतरे बदलना; ११. हिलाना, घुमाना, फिराना, फेंकना; १२. अलापना, अलाप करना। सं० १. आडम्बर; २. शोभा, अलंकार; ३. खुशहाली, समृद्धि, शक्ति (विरल जैसे in full ~vigour); ४. लिखने में अक्षरों की सजावट; ५. साहित्यिक अलंकार; ६. अलंकृत अभिव्यक्ति; ७. हाथ या हथियार का प्रदर्शन; ८. दिखावा; ९. रंगीनी, गुलकारी, फूल-पत्तियाँ, बेल-बूटे; १०. (संगी०) किसी रचना के प्रारंभ में तुरही आदि बाजों की ऊँची आवाज़, भूमिका, आलाप। **flourishy** वि० १. समृद्धिपूर्ण; २. ज़ोरदार; ३. सजावटदार; ४. अलंकारपूर्ण; ५. प्रदर्शनपूर्ण; ६. आलाप संबंधी।

flout (flout) [prob. var. of FLUTE (cp. M. Dut. *fluyten*, to play the flute, to jeer)] क्रि० स० और अ० १. अवहेलना, उपेक्षा, अवज्ञा या उल्लंघन करना, परवाह न करना, मानने से इनकार करना; २. उपहास करना, ३. मज़ाक उड़ाना; ४. निरादर करना; ५. शब्द या क्रिया द्वारा घृणा प्रकट करना; ६. ताना मारना, व्यंग्य कसना। सं० १. उपहासपूर्ण भाषण या क्रिया; २. निरादर; ३. घृणा; ४. ताना, व्यंग्य।

flow (flō) [A.-S. *flōwan* (cp. Dut. *vloeijen*, Icel. *flóa*), cogn. with Gr. *pleein*, to sail, L. *pluere*, to rain (not *fluere*, to flow)] क्रि० अ० १. बहना, प्रवाहित होना, निकलना, बढ़ना, उमड़ना, चलना; २. (रक्त का) दौरा, संचार होना, दौरा होना, दौड़ना, बहना, रक्त-प्रवाह होना; ३ (व्यक्तियों या वस्तुओं का) अधिक संख्या में आना-जाना (प्रचुरता); ४. (बातों या साहित्यिक शैली आदि में) प्रवाह होना; ५. (वस्त्र, केश आदि का) लहराना, उड़ना, फड़फड़ाना; ६. (गणि०) संख्याओं का अति सूक्ष्म मात्रा में घटना या बढ़ना; ७. फूट पड़ना, उछलना, निकल पड़ना; ८. (मदिरा का) निर्बाध वितरण होना। सं० १. स्राव, क्षरण, प्रवाह*, बहाव* (आ०, इ० १, कृ०, वि० १ भी), गति, रवानी, धार, धारा, सैलाब; २. प्रवाहित मात्रा; ३. प्रवहमान तरल वस्तु; ४. वेग, शरीर आदि का) उतार-चढ़ाव, लहरना; ५. ज्वार, चढ़ाव, बाढ़; ६. भँवर* (इ० १ भी)। **flowage** सं० बहाव।

flower (flou' er, flour) [O.F. *flour*, L. *flōrem*, nom. *flŏs*, cogn. with BLOW[2]] सं० १. फूल* (कृ०, वि० १ भी), पुष्प, कुसुम, प्रसून; २. (प्राचीन रसा० बहुव०) उत्सादन के बाद बचा हुआ चूर्ण (जैसे flowers of sulpher); ३. खमीर उठने से बना हुआ फेना; ४. फूल देने वाला पौधा; ५. अलंकारमय वाक्यांश; ६. पसंद की वस्तु, चुनी हुई वस्तु; ७. उत्तम तत्त्व, उत्सांश; ८. सर्वश्रेष्ठ मूर्त-रूप; रत्न; ९. विकास, विकसन, फूलना; १०. यौवन, युवावस्था, आयु का सर्वोत्कृष्ट भाग। क्रि० अ० और स० १. फूल देना, फूलना, खिलना, विकसित होना; २. (बाग़०) फूलने देना, पुष्पित करना, फूल लाना; ३. किसी वस्तु पर फूल तराशना, बनाना, फूल-पत्ती काढ़ना, गुल बूटे बनाना। **flowers of speech** भाषा का लच्छेदार होना। **no flowers** यह सूचना कि अंत्येष्टि संस्कार में फूल लाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

~-de-luce दे० FLEUR-DE-LIS। ~-girl फूल बेचने वाली लड़की। ~-piece फूलों का चित्र। ~-pot गमला। ~-show पुष्प प्रदर्शनी, विभिन्न उत्कृष्ट प्रकार के फूलों को दिखाने की प्रतियोगिता, जिसमें पुरस्कार भी दिया जाता है। **flowerage** सं० पुष्प-समूह, फूल, कुसुम, प्रसून। **flowered** वि० कुसमित, पुष्पित, सकुसुम, फूलदार, फूल-प्रतियों से सजा, फूलों की नक्काशी से युक्त। **flowerer** सं० विशेष समय पर फूलनेवाला पौधा। **abundant ~** बहुपुष्पी, बहुत फूलनेवाला। **late ~** देर मे फूलने वाला। **flowering** फूलदार, वि० फूलनेवाला, पुष्पवत, कुसुमवत्। **flowerless** वि० पुष्पहीन, कुसुमहीन, बिना फूल का। **flowerness** सं० १. पुष्पमयता; २. आलंकारिकता। **flowery** वि० १. पुष्पयुक्त, सपुष्प, सकुसुम, फूलों से लदा हुआ; २. आलंकारिक, अलकारयुक्त, लच्छेदार (शैली)।

flowing (flō' ing) [FLOW] वि० क्रियागत अर्थों मे १. (विशे० शैली के लिए) धाराप्रवाह वाली, सहज, प्रवाहमय, निर्बाध, मृदन; २. (रेखा, वक्र, गोलाइयों के लिए) निरंतर खिंची हुई; ३. बिना टूटे, एके या भंग हुए आगे बढ़नेवाला, लगातार। **with ~ sheat or sail** (नौ०) प्रतिवात मे जहाज के पालों की डोरियाँ ढीली करके खेना। **flowingly** क्रि० वि० अप्रतिहत या निर्बाध गति से, सहज गति मे।

flown दे० FLY[5]।

fluctuate (flŭk' tū āt) [L. *fluctuātus*, p.p. of *fluctuāre*, from *fluctus*, a wave] क्रि० अ० १. (विरल) इधर-उधर चलना, दोलायमान होना, लहर की तरह ऊपर-नीचे (उना, गिरना; २. अनियमित रूप से बदलना, घटना-बढ़ना* उई० ३ भी), अस्थिर होना; ३. डगमगाना; ४. बदलते रहना, विचलित होना; ५. हिचकिचाना, ६. डावाँडोल होना; ७. चढ़ना, उतरना, ८. उच्चावच होना* (इं० ३ भी)। **fluctuation** सं० १. चांचल्य; २. विकल्प; ३. संदेह; ४. उतार-चढ़ाव* (इं० ३, कृ०, वि० १ भी); ५. घटती-बढ़ती, कमी-बेशी; ६. अस्थिरता; ७ अनियमितता, परिवर्तन; ८. उच्चावचन*, घट-बढ़* (इं० ३, कृ०, वि० १ भी); ९. (ज्यो०) स्पर्शनरेखा*।

flue[1] (floo) [etym. doubtful, perh. from obs. *flue*, shallow, or from FLUE[2]] सं० १. धूममार्गपथ, चिमनी का धुँआकश* (इं० ३), धुँआदार; २. गर्म हवा पहुँचाने के लिए दीवालों के अंदर बना रास्ता; ३. बॉयलरों में पानी गरम करने की नली; ४. (इं० ३) फनू*/ धूमपथ*। **~-pipe** (संगी०) बाजे में नलकी के अंदर हवा का रास्ता।

flue[2] (floo) [etym. unknown, perh. cogn. with FLY (cp. Norw. *flu*, G. *flug*, flight)] सं० रुई आदि के छोटे-छोटे रेशों, कणों या टुकड़ों के जम जाने से बनी वस्तु, नरम रुई या रोओं आदि। **fluey** वि० रोंयेदार, रोंये की बनी हुई, रुई की तरह।

flue[3] (floo) [etym. doubtful. cp. Dut. *flouw*] सं० फनू, एक प्रकार का मछली-जाल।

flue[4] (floo) [prob. from obs. a *flue*, see FLUE[1]] क्रि० अ० और स० झरोखे के अंदर या बाहर की ओर चौड़ा करना, एक ओर की अपेक्षा दूसरी ओर अधिक चौड़ा करना।

flue[5] (floo) सं० (बोल०) फनू, इनफ्लूएंजा का संक्षिप्त रूप; दे० INFLUENZA।

fluent (floo' ent) [L. *fluens -ntem*, pres. p. of *fluere*, to flow] वि० और सं० १. अप्रतिहत, अनवरत, प्रवाहशील, गतिमान, धारावाही (शा० अर्थ में विरल०); २. (विरल०) बहने के लिए तैयार, उद्यत; ३. प्रवाहोन्मुख, तरल; ४. (विरल०) परिवर्तनीय, अस्थिर; ५. (गति आदि का) सहज, सरल, चारु, मनोहर; ६. (वक्तृता या शैली का) प्रचुर सरल, तैयार; ७. शीघ्रता और सहजता से भाव प्रकट करने वाला; ८. (गणि०) जो अतिसूक्ष्म रूप से निरंतर घटता या बढ़ता रहता है। सं० थोड़ा-थोड़ा करके घटने-बढ़ने वाली मात्रा। **fluency** सं० १.प्रवाह, धारा; २. (विशे०) बात या लेख में वाक्पटुता, वाग्विभव। **fluently** क्रि० वि० अप्रवाह, धारा में, सूक्ष्म मात्रा में, घटता या बढ़ता हुआ।

fluff (flŭf) [prob. from FLUE[2]] सं० १. कम्बल आदि से झड़नेवाला रोयाँ, कोमल लोम, रोयाँ, बाल; २. नरम रोयें या बालों का ढेर या समूह; ३.ओठों या मूँह के रोयें; ४. (ग्रा०) अभिनेता की भूमिका का वह वार्ता-अंश जो पूरी तरह याद न हो। क्रि० स० १. कोमल और चिकना बनाना, किसी वस्तु को रोयें की तरह कोमल बनाना; २.अपने शरीर या परों को ऊपर-नीचे या चारों ओर ऐसे हिलाना कि फूल कर गुफ्फा बन जाय, ३. (ग्रा०) अभिनय करने में भारी ग़लती करना। **a little bit of ~** (ग्रा०) इश्कबाज लड़की या औरत। **fluffy** वि० रोएँदार। **fluffiness** सं० रोएँदार होना, मृलायमियत।

fluid (floo' id) [O.F. *fluide*, L. *fluidus*, from *fluere*, to flow] सं० द्रव, रस, प्रवाहशील तरल पदार्थ या अन्य कोई भी वस्तु जो ज़रा से भी दबाव से बह निकले (गैसें, तरल पदार्थ आदि भी सम्मिलित हैं)। वि० तरल* (आ०, वि० १ भी), अस्थिर, अस्थायी, द्रुत या द्रव; २. बहने या बह सकनेवाला, पानी जैसा। **fluidify** (floo id' i fī) क्रि० स० १. द्रवण, द्रव बनाना; २. तरलन, तरल करना। **fluidity** (floo id' i tī) सं० द्रवता, तरलता* (वि० १ भी)।

fluke[1] (flook) [A.-S. *flōc*; cogn. with G. *flach*, flat] सं० (अब विरल०) १. फ्लूक* (आ० भी), फ्लांडर, एक प्रकार की चपटी मछली; २. एक प्रकार का कृमि जो भेड़ के यकृत में रहता है; ३.एक प्रकार का आलू; ४. (आ० पर्णकृमि*; ५. (वि० १) पर्णकृमि*।

fluke[2] (flook) [prob. from prec.] सं० १. फाल, फल, सिरा, लंगर का भूमि में गड़नेवाला सिरा; २. लंगर का पंजा; ३. भाला-बर्छे आदि का नुकीला सिरा; ४. (बहुब०) ह्वेल मछली की पूँछ।

fluke[3] (flook)[etym. doubtful] सं० १. भाग्यवशात् ठीक पड़नेवाली चोट; २. संयोग। क्रि० अ० और स०, संयोगवश ठीक चोट मारना या खा जाना। **fluky** वि० संयोगी, ऐसी चोट वाला। **flukily** क्रि० वि० संयोगवश चोट करते हुए। **flukiness** सं० संयोगवशता।

flume (floom) [O.F. *flum*, L. *flumen*, a river, from *fluere*, to flow] सं० (अमरीकी प्रयोग) १. नालिका, कारखाने में पानी ले जानेवाली कृत्रिम नाली; २. गहरी घाटी, जिसमें नदी बहती हो; ३.अवनालिका* (इं० १,वि० १ भी)। क्रि० स० नाली बनाना, नाली में से या घाटी की नदी मे बहाना।

flummery (flŭm' ẽ ri) [W. *llymru*] सं० १. मिथ्या प्रशंसा; २. जई के आटे की लपसी का भोजन (अप्र० या बोल०); ३.दूध, मैदा और अंडा मिला कर तैयार किया हुआ एक भोज्य पदार्थ; ४. बेकार की बात, निरर्थक प्रलाप।

flummox (flŭm' oks) [slang; prob. onomat.] क्रि० स० १.(ग्रा०) विस्मित कर देना, आश्चर्यान्वित करना, आश्चर्य में डालना, चकित करना; २. व्यग्र कर देना; ३. किंकर्त्तव्यविमूढ़ कर देना।

flump (flŭmp) [imit.] क्रि० अ० और स० १. धम से या मद्द से गिरना, गिराना; २. धम-धम करके चलना, भारी क़दमों से चलना; ३. धप्प से रखना। सं० धपधप, धमाका।

fluog दे० FLING।

flunkey (flŭng' ki) [Sc., prob. from FLANKER (cp. F. *flanquer*, to run at the side of)] सं० १. (प्राय: अनादरसूचक) वर्दी पहने हुए नौकर, चपरासी, अर्दली; २. चापलूस, खुशामदी; ३. चपरकनाती। **flunkeydom** सं० १. चपरासियों की श्रेणी; २. चाटुकार वर्ग। **flunkeyism** सं० चापलूसी, चाटुकारिता, खुशामदीपन।

fluor (floo' ôr) [L., flow, from *fluere*, to flow] सं० १. फ्लोरीन युक्त हीरे जैसा खनिज पदार्थ जिसे आसानी से पिघलाया जा सकता है; २. (आ०) स्राव*। **~spar** कैल्सियम फ्लोराइड।

fluor-, fluoro- Fluorine का समास में प्रयुक्त रूप।

fluorescence (floo ôr es' ĕns) सं० १. कुछ पदार्थों में प्रकाश अथवा जाम्ब और पाराजम्बु प्रकाश तथा क्ष-रश्मि द्वारा उत्पन्न रंगीन प्रकाश, प्रतिदीप्ति; २. लघूतरंग आयाम के प्रकाश को अवशोषित करके दीर्घ तरंग आयाम के प्रकाश को निःसृत करने की शक्ति; ३. (वि० १) प्रतिदीप्ति*। **fluorescee** क्रि० अ० १. उपर्युक्त प्रतिदीप्ति अथवा उसको उत्पन्न करने की क्षमता का प्रदर्शन करना; २. प्रतिदीप्ति होना*। (वि० १ भी)।

fluorescent (floo ôr es' ĕnt) वि० १. प्रतिदीप्त, २. (वि० १) प्रतिदीप्तिशील*।

fluoride (floo' ôr' id) सं० (वि० १) फ्लुओराइड*।

fluorine (floo' ôr in) सं० १. एक प्रकार का अधातिक तत्त्व, फ्लूओरीन* (क्र०, वि० १ भी)।

fluoroscope (floo ôr' ŏ skōp) सं० प्रतिदीप्तिदर्शक यंत्र जिसमें क्ष-रश्मियों के प्रभाव के दिखाने के लिए अँधेरे कमरे के स्थान पर प्रतिदीप्त पर्दे का प्रयोग किया जाता है।

flurry (flŭr' i) [onomat; cp. HURRY] सं० १. संभ्रम, व्यग्रता, मोह; २. झोंका, झक्कड़; ३. व्याकुलता, घबड़ाहट, हड़बड़ी, उत्तेजना, खलबली; ४. झुंड मछली की मृत्यु-पीड़ा। क्रि० स० हड़बड़ाना, खलबली मचाना, घबड़वा देना, उत्तेजना फैलाना।

flush[1] (flŭsh) [prob. imit.; cp. *flisk*, var. of FRISK, RUSH] क्रि० अ० और स० १. उड़ जाना, उड़ा देना। सं० पक्षियों का एक साथ उड़ाया जानेवाला समूह।

flush[2] (flŭsh) (perh. from prec., or a form of FLASH] क्रि० अ० और स० १. उछल कर बाहर आना, वेग से बाहर निकलना, २. (नाली आदि को) पानी की धार से साफ करना; ३. (चरागाह में) पानी भर देना; ४. (पौधे में) नए अंकुर निकल आना, प्रेरणार्थक (जैसे rain flushes the plants)। सं० १. बहाव, संप्रवाह, तेज धारा, जल का वेग, पूर्ण प्रवाह; २. आकस्मिक प्रवृत्ता, बाहुल्य; ३. पनचक्की के पहिए से गिरनेवाली पानी की धारा; ४. जल-प्रवाहण द्वारा नाली आदि का प्रक्षालन; ५. (वि० १) आकस्मिक जलवृद्धि*।

flush[3] (flŭsh) [perh. the same as prec. influenced by BLUSH (but cp. Swed. dial. *flossa*, to *blaze*, to flare] क्रि० अ० और स० १. चमक आ जाना, द्युति आ जाना, दीप्ति आ जाना; २. (रक्त का) दौड़ना और चेहरे को लाल कर देना; ३. (चेहरे का) लाल हो जाना, तमतमा जाना, सुर्ख हो जाना; ४. दर्प, गर्व अथवा आवेग में प्रज्वलित हो उठना, भड़काना, प्रोत्साहन देना। सं० १. संवेग का प्रवाह, किसी संवेग या विजय आदि के कारण उत्पन्न भावावेश; २. चेहरे पर रक्त-संचार; ३. लाली; ४. ज्वर का आवेग; ५. ताज़गी, स्वच्छता, तेज, बल; ६. बहार*; प्रफुल्लन*। (क्र० भी)।

flush[4] (flŭsh) [prob. from FLUSH[2]] वि० १. भरपूर, लबालब, परिपूर्ण; २. (प्राय: विशे०) बहुल, प्रचुर, समृद्ध, सम्पन्न; ३. (with के साथ) समतल, चौरस, बराबर, हमवार। क्रि० स० १. बराबर करना, समतल करना, चौरस करना; २. बराबर को भर कर ज़मीन बराबर कर देना।

flush[5] (flŭsh) [perh. from F. *flux*, L. *fluxus*, from *fluere*, to flow] सं० फ्लश, ताश के एक ही रंग के पत्ते।

fluster (flŭs' tĕr) [conn. with Icel. *flaustra*, to be flustered (cp. E. Fris. *flostern*, *flustern*, to rustle)] क्रि० स० और अ० १. भदिरा पिला कर किंकर्तव्यविमूढ़ कर देना, बेहोश* ला देना; २. घबड़ा देना, व्याकुल कर देना; ३. घबड़ा जाना, खलबली में पड़ जाना, हड़बड़ा जाना, व्यग्र या आकुल हो जाना, जल्दी करना, दौड़धूप करना, हड़बड़ाना। सं० १. चित्तभ्रम, उन्माद, मोह, किंकर्तव्यविमूढ़ता; २. व्यग्रता, आकुलता, घबड़ाहट, हड़बड़ी, बेचैनी, दौड़धूप।

flustra (flŭs' trà) [mod. L., substituted by Linnæus for *eschara*] सं० (बहु० **~træ**) सेवार, काई, फेंफूंद, हरितजीव।

flute (floot) [O.F. *fleute*, *flaute*, *flahute* (prob. imit.; perh. conn. with L. *flare*, to blow)] सं० १. वेणु, मुरली, बाँसुरी, बंसी; २. फ्ल्यूट, आर्गन बाजे का परदा जिसमें बाँसुरी की सी ध्वनि निकलती है; ३. स्तम्भ पर लंबी हुई इसी प्रकार की झिरी जो अन्यत्र बनाई गई हो (जैसे झालरों में); ४. धारी; ५. (इं० ३) खड़ी गोल झिरी*। क्रि० स० १. बाँसुरी बजाना, मुरली पर टेरना; २. बाँसुरी की ध्वनि में सीटी बजाना; ३. झिरी बनाना, धारी डालना। **fluting** सं० खम्भे आदि पर धारी डालना; **flutist** सं० बाँसुरी बजानेवाला। **fluty** वि० मुरली की ध्वनि के समान मधुर और स्पष्ट।

flutter (flŭt' ĕr) [A.-S. *flotorian*, from *flēotan*, to FLIT[1]] क्रि० अ० और स० १. पर फड़फड़ाना, पर मारना; २. फड़फड़ाना, लोटना; ३. बेचैनी से इधर-उधर चलना-फिरना, भाग जाना, उड़ जाना, मँडराना; ४. काँपना, कम्पित होना, स्पन्दित होना; ५. (नाड़ी का) निर्बल और अनियमित रूप से चलना; ६. हड़बड़ाना, घबड़ाना, व्यग्र होना; ७. (ध्वजा आदि का) फहराना, ८. आन्दोलित करना, घबड़ा देना, हड़बड़ा देना, व्यग्र कर देना। सं० १. आन्फ्लन, उत्प्लेथन, विकम्प, स्फुरण, स्पन्दन, हड़बड़ाहट अति व्यग्रता; २. कम्पन, सम्भ्रम, खलबली, घबराहट, विकलता, परेशानी; ३. विकम्प; ४. (प्रा०) जुए का दाँव, जोखिम. जुए की बाज़ी। **tail, wing~** उड़ते समय विमान के दोष।

fluvial (floo' vi ăl), **fluviatic** (-ăt' ik). **fluviatile** (floo' vi à til, -til) [F. *fluvial*, L. *fluvialis*; F. *fluviatile*, L. *fluviatilis*; from *fluvium*, river] वि० १ नदी का. नदी संबंधी, नदी में उत्पन्न, नदी में पाया जानेवाला, जल-वाहकृत, नदी-कृत* (मा० १ भी); २. (वि० १) नदीय*/ नदजनित*। **fluvio-**लेटिन fluvius (नदी) का समासों में प्रयुक्त रूप (जैसे fluvio-marine, fluviometer)।

flux (flŭks) [O.F., from L. *fluxus*, from *fluere*, to flow] सं० १. प्रवाह, क्षरण, गलन; २. रक्तस्राव, लूत, मल आदि का बाहर निकलना; ३. पेचिश, अतिसार; ४. निकास, बहाव, निस्सरण; ५. सैलाब; ६. धारा का अंदर की ओर बहाव (प्राय: ~and influx लाo); ७. बात इत्यादि की बाढ़, तेज़ी; ८. अस्थिरता, परिवर्तनों का निरंतर क्रम (जैसे constant state of~); ९. (गणि०) अभिवाह, निरंतर या अबाध गति; १०. (भौ०) किसी सीमित क्षेत्र के आरपार किसी द्रव के प्रवाह की गति; ११.

निर्धारित समय में इस क्षेत्र को पार करनेवाली मात्रा या परिमाण; १२. वह पदार्थ जिसे शीघ्र जलाने के लिए धातु आदि मिला दी जाय; १३. (आ०) द्रव्यक*; १४. (ई० १) जालक*/ शोधक*/ पल्कस*। क्रि० अ० और स० १. प्रवाह में बहना, बार छूटना, अधिक मात्रा में बहना; २. तरल करना, द्रवित करना, पिघलना, गलना; ३. द्रव का प्रयोग करना।

fluxion (flŭk' shŭn) [F., from L. *fluxio -ónem* as prec.] सं० (विरल) १. प्रवाह, बहाव; २. (विरल) सतत परिवर्तन; ३. (गणि०) प्रवाहित अथवा परिवर्तित मात्रा के बढ़ते हुए परिमाण की गति अथवा अनुपात। **method of ~** न्यूटन की संगणन-पद्धति। **fluxional, fluxionary** वि० संगणन संबंधी।

fly[1] (fli) [A.-S. *flēoge*, from foll.] सं० १. मक्षिका*/ मक्खी* (आ०, वि० १ मी)। माछी, २. मक्खियों से उत्पन्न पौधों का रोग; ३. प्राकृतिक अथवा कृत्रिम मक्खी जो मछली के शिकार में चारे के रूप में प्रयुक्त की जाती है। **a ~in the ointment** सं० १. आनन्द में बाधक वस्तु, एक छोटी-सी चीज जिससे सब आनन्द नष्ट हो जाता है, दूध की मक्खी। **break ~on wheel** तलवार से मक्खी मारना, किसी काम के लिए अत्यधिक शक्ति व्यय करना। **~in amber** आश्चर्यजनक अवशेष या स्मारक-चिह्न। **~on wheel** वह व्यक्ति जो अपने को बहुत बड़ा समझता हो। **no flys on him** (आ०) किसी व्यक्ति या वस्तु की क्षमता की प्रशंसा। **~-bane** एक प्रकार का पौदा। **~-blow** सं० मांस आदि पर मक्खी का अंडा। क्रि० स० १. अंडे देना, २. गंदा या दूषित करना। **~-blown** (आ० एवं ला०) १. गंदा, दूषित। **~-book** मछली के चारे का काम देने वाली मक्खियों के रखने का डिब्बा। **~-catcher** १. मक्खियों को फंसाने का डिब्बा; २. एक पक्षी-विशेष। **~-fish** क्रि० अ० बंसी में मक्खी लगा कर मछली मारना। **~-flap** मक्खियों को उड़ाने के लिए एक चपटी वस्तु। **~-net** मक्खियों से घोड़े को बचाने के लिए जाली। **~-paper** एक चिपचिपे पदार्थ से युक्त कागज जिसको मक्खियाँ मारने के लिए काम में लाया जाता है, मक्खी-कागज। **~-trap** १. मछलियों को पकड़ने का फंदा; २ एक प्रकार का पौदा। **~-weight** दे० BOX। **~-whisk** एक वस्तु जिससे मक्खियाँ भगाई जाती हैं।

fly[2] (fli) [A.-S. *flēogan* (cp. Dut. *vliegen*, Icel. *fljúga*, G. *fliegen*), not comm. with FLEE] क्रि० अ० और स० (भू० **flew**; भू० कृ० **flown**) १. उड़ना, हवा में परों के सहारे सनरण करना; २. हवाई जहाज में उड़ना; ३. विमान का मार्ग-निर्देशन करना; ४. हवाई जहाज में यात्रियों को लाना, ले जाना; ५. (कबूतर या बाज को) उड़ाना; ६. बाज का शिकार के ऊपर टूटने के लिए ऊपर-ऊपर उड़ना, मँडराना, ७. टट्टी या चहारदीवारी को साफ-साफ फाँद जाना, लाँघ जाना; ८. (झंडा, बाल, वस्त्र आदि का) फड़फड़ाना, फहराना, लहराना, उड़ना, हिलना; ९. (झंडे को) लहराना, फहराना, फहराते हुए रखना, १०. द्रुत गति से चलना, झपटना; ११. कुलाँच मारना, कूदना, जल्दी से जाना; १२. अचानक जबर्दस्ती भगा दिया जाना, निकाल दिया जाना; १३. भाग जाना, भाग खड़ा होना, छोड़ कर चले जाना। **~a kite** १. सिफारिश-पत्र पर रुपया इकट्ठा करना; २. यह ज्ञात करना कि हवा का रुख क्या है; ३. नवीन नीति के प्रति जनता तथा विदेशी राज्यों के रुख को देख कर अपना मार्ग निर्धारित करना। **~at, upon** उग्र रूप से आक्रमण करना। **~at higher game** उच्चाकांक्षी होना। **~in the face** दे० FACE। **~out** आपे से बाहर होना, अनाप-शनाप बकना। **~to arms** शौक के साथ हथियार उठाना, युद्ध के लिए उद्यत होना। **glass flies** शीशा टुकड़े-टुकड़े होकर बिखर जाता है। **let~** १. तीर चलाना; २. गोली मारना; ३. ककर्श शब्दों का प्रयोग करना। **make the money~** बहुत जल्दी खर्च कर देना। **the bird is flown** शिकार हाथ से निकल गया। **~away** १. (वस्त्रों के लिए) ढीला-ढाला, लटकता हुआ, झूलता हुआ; २. (व्यक्तियों के लिए) चपल, चंचल। **~by night** वह व्यक्ति जो रात में भ्रमण के लिए निकले या जो रात में भाग जाय।

fly[3] (fli) [from prec.] सं० १. उड़ान, उड़ड्यन, उड़ान-दूरी; २. किराये पर चलनेवाली घोड़ागाड़ी; ३. कपड़े की वह पट्टी जो काजों के ऊपर रहती है या जिसमें काज बने रहते हैं; ४. तम्बू के द्वार का परदा; ५. झंडे का वह भाग जो डंडे से सब से अधिक दूर होता है; ६. डंडे से लेकर दूसरे सिरे तक झंडे की चौड़ाई; ७. (रा० बहु०) परदे और रंगमंच के बीच का स्थान; ९. घड़ी और मशीन का गति-नियंत्रक यंत्र। **on the~** १. उड़ान पर, गतिशील। **~-leaf** १. पुस्तक के आरंभ या अंत का कोरा पन्ना; २. इश्तहार या विज्ञापन के लिए सादा पन्ना। **~man** १. घोड़ागाड़ी का ड्राइवर; २. व्यक्ति जो नाट्यशाला में रस्सी खींचने के लिए नियुक्त रहता है। **~-sheet** दो या चार पन्नों का विज्ञापन, इश्तिहार। **~-wheel** १. मशीनों का एक बड़ा पहिया जिसमें वेगवान होते हैं और जो मशीन की गति को नियमित करने या उसकी शक्ति को सुरक्षित करने के लिए लगाया जाता है; २. (कृ०) गति-पालक चक्र*।

fly[4] (fli) [etym. doubtful] वि० (आ०) सावधान, सचेत, सजग, खबरदार, होशियार।

flyer (fli' er) सं० १. उड़नेवाले पक्षी आदि प्राणी; २. अति तीव्र गति से जानेवाला जानवर, गाड़ी आदि; ३. विमान-चालक, हवाबाज; ४. छलाँग, फलाँग।

flying (fli' ing) वि० क्रियागत अर्थों में (विशे०) १. उड़ने जैसी गति वाला; २. लटकता हुआ, झूलता हुआ, फरफराता हुआ; ३. जाते समय किया या लिया हुआ; ४. अनैमित्तिक, अचिचारित; ५. उतावला; ६. अस्थायी, अल्पकालिक; ७. द्रुतगामी; ८. (वि० १) उड़ना*/ उड्डयन*। **~bomb** उड़न बम, हवाई तारपीडो, बिना चालक का विमान जो रेडियो द्वारा नियंत्रित होता है और जिसमें विस्फोटक पदार्थ भरा रहता है। **~buttress** दीवार का ऐसा बाँध या पुश्ता जो खम्भे से दीवार तक ढालू और मेहराबदार हो। **~colours** दे० COLOUR। **~dog** एक प्रकार का चमगादड़। **Flying Dutchman** दे० DUTCHMAN। **~fish** १. उड़ने वाली मछली, जिसके चिड़ियों की तरह पर होते हैं जिनसे वह हवा में उड़ सकती है; २. बार्बडोस के निवासियों का उपनाम। **~fox** गेंदुर, बड़वाल। **~handicap, mile, start** दौड़ आरंभ करने के स्थान से ही पूरी चाल से दौड़ने की पद्धति। **~jib** नाव का हलका छोटा पाल। **~jump** दौड़ कर छलाँग मारना। **~man** विमान का चालक। **Flying Officer** वायुसेना का एक अफ़सर। **~party** युद्ध में शत्रुओं को परेशान करने के लिए सैनिकों की टुकड़ी जो शीघ्र चल देने को सन्नद्ध रहती है। **~squad** उड़ाका दल, मोटर-सवार पुलिस-दल, पुलिस का द्रुतगामी दल। **~squirrel** एक प्रकार की गिलहरी जिसकी अगली-पिछली टाँगें एक खाल से जुड़ी होती हैं, उससे वह हवा में उड़ सकती है।

foal (fōl) [A.-S. *fola* (cp. Dut. *veulen*, G. *fohlen*), cogn. with L. *pullus*, Gr. *pōlos*] सं० १. घोड़े, गधे आदि का बच्चा,

बछेड़ा, अश्व-शावक* (कृ० भी)। क्रि० स० घोड़ी या गधी का बच्चा देना, बियाना। **in, with ~** गर्भिन, गर्भिणी (घोड़ी, गधी)।

foam (fōm) [A.-S. *fām* (cp. G. *feim*); prob. cogn. with L. *spūma*] सं० १. फेन*/ झाग* (आ०, कृ०, वि० १ भी), बुल-बुला; २. पसीना; ३. (काव्य०) समुद्र। क्रि० अ० १. फेन उगलना, झाग निकालना, गिराना, फेन निकालना; २. पानी आदि का फेनिल होना, फेनवार होना, फेन इकट्ठा करना; ३. फेन या झाग निकालते हुए दौड़ना; ४. झाग बन कर उड़ जाना; ५. प्याले आदि का झागवार शराब से भर जाना। **foamless** वि० बिना फेन या झाग का। **foamy** वि० फेनिल* (आ० भी), फेनल, फेनयुक्त, झागवार झागयुक्त।

fob[1] (fob) [etym. doubtful (cp. G. dial. *fuppr*)] सं० १. घड़ी आदि रखने के लिए छोटी जेब जो पहले विरजेस में बनाई जाती थी। क्रि० स० जेब में रख लेना, डाल लेना।

fob[2] (fob) [prob. from L.G. *foppen* (cp. G. *foppen*, to befool)] क्रि० स० १. धोखा देना, छल-कपट करना; २. (किसी घटिया चीज को) अच्छा बता कर किसी के सिर मढ़ देना; ३. किसी व्यक्ति को (खराब चीज देकर) धोखा देना।

focal दे० FOCUS।

fo'c'sle दे० FORECASTLE।

focus (fō' kŭs) [L., hearth] सं० १. (तल ज्या०) केन्द्र* (आ० २ भी), नाभि* (वि० १ भी), मध्य-बिंदु; २. (प्रकाश, ताप आदि) संगम, किरण-संगम, वह बिन्दु जहाँ पर किरणें परावर्तन या विवर्तन के पश्चात् मिलती हैं; ३. वह बिन्दु जहाँ से किरणें बिखरती हुई प्रतीत होती हैं, चित्र उतारने का सही कोण, इसी पर रहने से किसी भी वस्तु का चित्र सही रूप में उतरता है; ४. लेन्स आदि का नाभ्यन्तर; ५. ध्वनि-तरंगों का अभिसरण बिन्दु; ६. (रोग, कार्य आदि का) प्रमुख स्थान, मुख्य क्षेत्र* (आ० २ भी); ७. (आ०) विकार-स्थान*; ८. फोकस* (ई० २ भी)। क्रि० स० और अ० १. एक बिन्दु पर मिलना, संगम पर मिलना, लेन्स या आँख के फोकस को ठीक करना; २. व्यवस्थित बनाना, केन्द्र या नाभि में लाना, एकाग्र करना, स्पष्ट करना। **focal** वि० १. नाभीय* (वि० १ भी), एक केंद्र या स्थान पर स्थित, एकत्रित, फोकस का; २. (आ०) विकारस्थानिक*; ३. (वि० १) सनाभि*। **~distance or length** (प्रका०) दर्पण या लेंस के केंद्र और नाभि का अंतर, संगमांतर, फ़ोकस दूरी। **~plane shutter** (फ़ोटो०) नाभितलीय अंबक जो फ़िल्म या प्लेट के सामने आ जाता है, कैमरे का शटर। **focalize** दे० FOCUS। **focalization** सं० १. नाभीयन, केंद्रीकरण; २. स्पष्टीकरण।

fodder (fod' ĕr) [A.-S. *fōdor*, from *fōda*, FOOD (cp. Dut. *voeder*, G. *futter*)] सं० १. गृण, सूखी घास, भूसा, चारा* (कृ० भी), पशु-भोजन। क्रि० स० २. चारा देना, भूसा देना। **fodderless** वि० बिना भूसे या चारे का।

foe (fō) [A.-S. *fāh*, *fāg*, hostile (*gefā*, an enemy, *fēon*, *fēogan*, to hate)] सं० (काव्य० आदि) अरि, रिपु, शत्रु, विपक्षी, प्रतिपक्षी, बैरी, दुश्मन।

foetus (fē' tŭs) [L. *fētus*, offspring, rel. to *fu-*, *fut*, I was, *futurus*, to be, Gr. *phuein*, to beget] सं० १. भ्रूण, पूर्ण विकसित गर्भस्थ शिशु; २. अंडे में पूरी तरह बना हुआ बच्चा; ३. (आ०) गर्भ*। **fœtal** वि० भ्रूण-विषयक, गर्भस्थ या अंडस्थ शिशु संबंधी। **fœticide** (fē' ti sīd) सं० भ्रूण-हत्या, गर्भस्थ शिशु की हत्या।

fog[1] (fog) [etym. doubtful] सं० १. पश्चपरिणाम, प्रभाव; २. पहली फ़सल कट जाने के बाद उगी हुई घास; ३. लम्बी घास जो जाड़े के समय खड़ी छोड़ दी जाती है। क्रि० स० १. भूमि को इस दशा में छोड़ देना कि उस पर घास उगी रहे; २. जानवरों को ऐसी घास खिलाना। **foggy** वि० उपर्युक्त प्रकार की घास से पूरित।

fog[2] (fog) [etym. doubtful] सं० १. कुहरा* (कृ०, वि० १ भी), कुहासा, कुहा, कुहेड़िका, कुज्झटिका; २. कुहरे के कारण धुंध, धुंधलापन, अँधेरा; ३. (फ़ोटो०) विकाशित प्लेट का धुंधला होना। क्रि० स० और अ० १. कुहरे की तरह घेर लेना, छा जाना, आवृत कर लेना, ढक लेना; २. विस्मित कर देना, चकित करना, घबड़ा देना, परेशान करना, व्यग्र कर देना; ३. (बाग०) नमी के कारण मुरझा जाना, मर जाना; ४. (फोटो०) धुंधला कर देना; धूमिल होना*/ धूमिल करना* (वि० १ भी)। ५. (रेल०) कुहा-संकेत की पट्टी रखना। **in a ~** घबड़ाया हुआ, व्यग्र, हैरान। **~-bow** कुहरा-धनुष। **~-horn** कुहरा भोंपू, जहाजों को कुहरे में चेतावनी देने के लिए एक हार्न, बाजा। **~-signal** कुहरा-संकेत जो गाड़ी की पटरी पर रख दिया जाता है। **fogger** सं० कुहरा-संकेत को गाड़ी की पटरी पर रखनेवाला व्यक्ति। **foggy** सं० १. कुहावृत, धूमिल* (आ० १ भी), संधूमिक, धूमिकावृत, कुहरे से आच्छन्न या घिरा हुआ, २. कुहरे का, कुहरा संबंधी; ३. कुहरे की भाँति, कुहाकीर्ण, कुहरेदार; ४. धुँधला, धूमला, गड़बड़, अस्पष्ट; ५. अन्धकारमय, अव्यक्त, धुंधभरा। **fogginess** सं० कुहरा-आच्छन्न अवस्था में, धुंध से घिरा हुआ; २. अस्पष्ट रूप से। **fogginess** सं० कुहरा-च्छन्नता।

fogie (fōg'i) [thieves' slang] सं० (चोरों की भा०) रेशमी रुमाल।

fogy, fogey (fō' gi) सं० १. (प्राय: old ~); पुरानी चाल का आदमी, २. पुरातन-पंथी व्यक्ति। **fogydom** सं० पुरातन-पंथियों का समूह। **fogyish** वि० कुछ पुराने विचार का सा। **fogyism** सं० पुरातनपंथी विचारधारा।

foible (foi' bĕl) [F., now *faible*, FEEBLE] सं० १. दोष, अपराध, होनता; २. कमजोरी, दुर्बलता; ३. चरित्र-विलक्षणता, ४. न्यूनता, कमी, कलंक; ५. वह गुण जिस पर कोई व्यर्थ ही गर्व करता है; ६. (फ़ांस में) तलवार की धार का बीच से नोक तक का भाग (तुल० FORTE)।

foil[1] (foil) [O.F. *foil* (F. *feuille*), L. *folium*, a leaf (cp. Gr. *phullion*)] सं० १. (धात्वा०) खिड़की की बेंगड़ी, मेंडरा; २. पत्री* (इ० ३ वि० १ भी), पन्नी, पत्ता, परत, रोक; ३. धातु की पतली चादर, टीन और पारे की मिश्रित चादर जो दर्पण के पीछे लगायी जाती है; ४. इसकी पन्नी जो रत्नों के पीछे उनकी चमक बढ़ाने को चिपकाई जाती है; ५. (इ० २, वि० १) पर्णक*। क्रि० स० कोई वस्तु जो तुलना में हूँसरी से अधिक हो, तुलना में अधिक होना।

foil[2] (foil) [O.F. *fouler*, to tread, to stamp or full (cloth), late L. *fullāre*, from L. *fullo*, a fuller (perh. influenced by M.E. *fylen*, to make foul)] क्रि० स० और अ० १. बेकार करना, न होने देना, काट करना, बार बचा जाना, हराना; २. (शिकार) शिकारी कुत्तों को धोखा देने के लिए उनका रास्ता काट देना ताकि उन्हें शिकार का पता न मिल सके; ३. मार कर भगा देना, खदेड़ कर भगा देना; ४. लाक में मिला देना, परास्त कर देना, हरा देना, परिहार करना, निवारण करना; ५. निष्फल या व्यर्थ कर देना। सं० वह मार्ग जिधर से होकर शिकार भाग जाये। **run, run upon the ~** दूसरी बार उसी मार्ग से जाना।

foil[3] (foil) [etym. doubtful, perh. from foll., or from FOIL [1 or 2]] सं० प्वाल, कुन्द धार की तलवार जिसकी नोक पर एक बटन लगा होता है, यह फेंटेबाजी में प्रयुक्त होती है।

foist (foist) [orig. to palm or conceal in the hand, prob. from Dut. prov. *vuisten*, from *vuist*, fist] क्रि० स० १. लादना, थोपना, मढ़ देना, चलु-छिपे चालू करना; २. बुरी चीज को अच्छी चीज कह कर देना, असली कह कर चलाना, प्रामाणिक वस्तु की तरह चालू करना, किसी के सिर नकली चीज थोपना।

fold[1] (fōld) [A.-S. *fald* (cp. Dut. *vaalt*, Dan. *fold*)] सं० १. (प्राय: sheep ~) भेड़ों का बाड़ा या घेरा; २. (ला०) गिरजाघर, धर्म-विश्वासियों का संघ; ३. गुट, दल; ४. (आ०) बली*/ पुटक*। क्रि० स० १. (भेड़ों को बाड़े में) बंद करना, घेर देना, ओलियाना; २. भेड़ बिठाना, खेत में खाद देने के लिए उसमे भेड़ें घेर देना।

fold[2] (fōld) [A.-S. *fealdan* (cp. Icel. *falda*, G. *falten*, also Gr. *plassein*, *plekein*, L. *plicāre*)] क्रि० स० और अ० १. तहाना, तह करना, दोहरा करना, दोहरा देना, मोड़ देना, किसी वस्तु के एक भाग को पीछे या नीचे झुका देना; २. मुड़ जाना, दोहरा होना, तह होना, दोहरा या तह हो सकना; ३. किसी चीज को चारों ओर से लपेट लेना, लिपटाना, लिपटना, चिपटना: ~ (हाथों को) जोड़ना; ५. ढकना, आच्छादित करना, आवृत करना, लपेट लेना। ६. (वि० १) वलन*। स० १. तह, मोड़, सलवट, परत, लपेटी हुई या तह की हुई चीज के बीच की तह; २ दो तहों के बीच रिक्त स्थान, खुली जगह, पर्वत आदि मे घाटी; ३. साँप की कुंडली, रस्सी की गड़ारी के मोड की लकीर; ४. (भूगर्भ०) भूमि की तह या परत; **~doors** टोंटवाँ दरवाजे जो खुलने पर अपने आप बंद हो जाते है। **~up** तह करना, तहियाना, तह देना। **folding** वि० १. तह, मोड़; २ मड़ने वाला।

-fold [A.-S. *feald*, cogn. with prec. (cp. Gr. *-plasios*, L. *-plex*)] प्रत्य० संख्याओं मे विशेषण बनाने के लिए 'गुणित' के अर्थ मे प्रयुक्त (जैसे tenfold, twotold आदि)।

folder (fōl' dĕr) स० क्रियागत अर्थों में १ (विशे०) कागज को तह करने या मोड़ने का यंत्र; २ तह किया हुआ या मुड़ा हुआ इश्तिहार, विज्ञापन आदि; ३ (बहुव०) तह होनेवाली या मुड़नेवाली ऐनक; ४ (प्र०) फोल्डर*, पुटक*।

foliaceous (fō li ā' shŭs) [L. *foliāceus*, from *folium*., a leaf] वि० १. पत्ती जैसा, पर्णाकार* पर्णिल (वि० १ भी); २. पत्ती जैसे अंगवाला, ३. पत्तों का; ४. पत्तों संबंधी; ५. पोंट कर पतला किया हुआ, वर्क बना हुआ।

foliage (fō' li āj) [M.F., *fueillage*, *feillage* (F. *feuillage*), from *fuerille*, L. *folia*, leaves] सं० १. पल्लव, किसलय, पर्ण, दल, पत्तियाँ, वर्क (आ० या जैसा कला मे दिखाया जाता है); २. पत्ते, पत्तियों का समूह, पर्ण-समूह, पर्णावलि। **~leaf** १. बिना पशुडियों का पत्ता, सत्यपत्र; २. सामान्य पत्र* (वि० १ भी)। **~plant** जो पौधा केवल पत्तियों के लिए उगाया जाता है, फूलों के लिए नहीं। **foliaged** वि० पत्तेदार, पत्तोंवाली।

foliar (fō' li ăr) [L. *folium*, a leaf] वि० पत्तों का, पत्तियों से संबंधित।

foliate (fō' li āt) [as prec., -ATE] क्रि० अ० और स० १. पत्तर बना देना, वर्क बनाना, पीट कर पतरा करना, पत्तरों मे विभाजित करना; २. (द्वार आदि को) पत्तियों से सजाना पर्णांकृत करना* (मा० १ भी); ३. (पुस्तक के पन्ने पर (न कि पृष्ठों पर) क्रमश: संख्या डालना। वि० १. पर्णावत, सदल, पत्तों जैसा, पत्राकार, पत्ती-बहुल, फूल-पत्तेदार* (आ० १ भी); २. पत्तोंवाला, पत्तीदार; ३. निश्चित संख्या में पत्तियोंवाला; ४. पर्णिल* (आ०, वि० १भी)। **foliation** सं० १. पत्तर बनाने की क्रिया; २. पत्तियों की सजावट आदि, पर्णालंकरण; ३. (कू०, वि० १) पजण*/ अल्कन*।

folio (fō' li ō) [abbr. of L. *in folio*, in the form of a sheet folded once] सं० (बहुव० ~os) १. पुस्तक-पत्र, कागज, वर्ग-पत्र आदि का पन्ना जिस पर एक ही ओर संख्या डाली गयी हो; २. बहीखाते में आमने-सामने के पृष्ठ जिन पर एक साथ ही हिसाब लिखा जाता है; ३. बहीखाते का एक पृष्ठ जिसपर नाम और जमा दोनों का हिसाब लिखा जाता हो; ४. छपी हुई पुस्तक की पृष्ठ-संख्या; ५. दस्तावेज की लम्बाई का अनुमान लगाने के लिए इकाई के रूप में मान्य शब्द-संख्या (७२ या ९०); ६. केवल एक ही बार तह किया हुआ पूरा कागज, ऐसे कागजों से बनी हुई पोथी, बड़े से बड़े आकार की पुस्तक या पोथी; ७. (वि० १), पणिल*; ८. पन्ना*/ फालियो*। (प्र०, वि० १ भी)। **in~** केवल एक तह वाले पूरे कागजों की पुस्तक।

foliole (fō' li ōl) [F., from L. *foliolum*, dim. of *folium*, a leaf] सं० १. संयुक्त पत्ती का एक भाग या टुकड़ा; २. छोटी पत्ती।

folk (fōk) [A.-S. *folc* (cp. Icel. *fólk*, Dan. and Swed. *folk*, Dut. and G. *volk*)] सं० १. (अप्र०) जनसमूह, जनता, लोक, जन, राष्ट्र, जाति; २ (बहुव०, एकव० अप्र० या बोल० का है) जनसाधारण, किसी वर्ग-विशेष के लोग (आजकल इस अर्थ में people शब्द अधिक व्यवहार मे आता है)। **~-custom** लोक-रीति। **~etymology** लौकिक-व्युत्पत्ति, जन-व्युत्पत्ति, शब्द को महत्त्वपूर्ण बनाने के लिए उसके रूप मे विकृति। **~-lore** लोकवार्त्ता, लोक-कथा, लोक-विद्या, लोकगाथा* (मा० २ भी)। **~-song** लोकगीत।

follicle (fol' i kĕl) [F., from L. *folliculus*, a little bag, dim. of *follis*, bellows] सं० १. पुटिका, कूट, गर्त, स्तरक, शरीरस्थ रसस्रावी कूप, पुटक* (आ० भी), झिल्लीदार छोटी थैली; २. रेशम का कोया; ३. फालिकिल* (कू०, वि० १ भी)।

follicular वि० १. कूपिक; २. कूपीय; ३. रसस्रावी कूप से संबंधित; ३. पुटकीय* (आ० भी)। **folliculated** वि० १. कूप-युक्त, पुटकमय; २. रेशम के कोए वाला।

follow (fol' ō) [M.E. *folwan*, A.-S. *folgian* (cp. Dut. *volgen*, G. *folgen*)] क्रि० स० और अ० १. अनुगमन करना, पीछे-पीछे चलना या जाना, अनुसरण करना, अनुगामी होना; २. (किसी पथ का) अनुसरण करना, चलना, जाना; ३. क्रम से अथवा समय के अनुसार आना; ४. साथ-साथ जाना, सेवा करना; ५. प्रशंसक के रूप में किसी का अनुगमन करना; ६. परिणाम निकलना, फल होना, किसी मामले मे फँसा होना; ७. (कोई वस्तु) पाने का प्रयत्न करना, लक्ष्य बनाना; ८. किसी को पथप्रदर्शक या गुरु मानना, उसकी आज्ञा मानना, उसके विचारों या आदर्श का समर्थन करना; ९. (किसी बात पर) दृढ़ रहना, पालन करना, नियम-पूर्वक मानना; १०. (किसी व्यवसाय या पेशे को) ग्रहण करना; ११. (युक्ति या वक्ता को) समझना; १२. (किसी व्यक्ति या वस्तु के) पीछे चलना या आना; १३. बाद में क्रमानुसार आना, निम्नलिखित होना; १४. किसी के बाद होना या घटना; १५. तात्पर्य निकलना, अभिप्राय होना, मतलब होना। सं० १. (क्रिलियर्ड) ऐसा हाथ या आघात जिसमे खिलाड़ी की गोली दूसरी गोली के साथ-साथ चली जाती है; २. इस आघात द्वारा उत्पन्न गति या चाल; ३. (रेलड्रिंट मे) आधी मात्रा का पूरक अंश। **~after** (पूर्व० और क्रि० वि०) पीछे जाना

अनुसरण करना, अनुगमन करना। **~in his steps** उसके पीछे-पीछे चलना, अनकरण करना, पद-चिह्नों पर चलना। **~in the wake of** पीछे-पीछे चलना, किसी वस्तु का किसी दूसरी वस्तु के बाद उपस्थित होना। **~my leader** एक खेल जिसमें खिलाड़ी खेल के सरदार का अनुकरण करते हैं। **~on** (क्रिकेट) किसी टीम का पहली पाली में बहुत कम रन बना सकने के कारण तुरत ही फिर दोबारा खेलने के लिए मैदान में आना। सं० क्रिकेट की उपर्युक्त स्थिति का नाम। **~one's nose** अपनी नाक की सीध में चलना, सूँह उठाए बिना सोचे-समझे चलना, निश्चित मार्ग की ओर ध्यान दिए बिना अपनी इच्छानुसार चलना। **~out** अंत तक पीछा करना। **~suit** मानना, किसी की बात पर अमल करना। **~the hounds** शिकार में शिकारी कुत्तों के पीछे-पीछे जाना। **~the plough** हलवाहा बनना, हल चलाने का काम करना। **~the sea** मल्लाह का धंधा अख्तियार कर लेना। **~through** सं० गोल्फ के खेल का एक हाथ (आघात), उपर्युक्त क्रिया का नाम। **~up** १. दृढ़ता के साथ किसी काम पर जमे रहना; २. एक आघात के बाद ही तुरंत दूसरा आघात करना; ३. (फुटबाल में) जिस खिलाड़ी के पास गेंद हो उसकी सहायता के लिए उसके पास-पास ही रहना। **a ~-up** १. किसी कार्य का चालू रहना, उसकी निरंतरता; २. (विशे०) किसी पिछले परिपत्र के हवाले से दूसरा परिपत्र भेजना।

follower (fol' ō ĕr) सं० १. अनुयायी, अनुवक्ता, समर्थक, शिष्य, चेला, माननेवाला, पीछा करनेवाला, साथी; २. परिचारिका-प्रेमी, किसी की नौकरानी से प्रेम करनेवाला।

following (fol' ō ing) सं० क्रियागत अर्थों में, १. अनुयायियों का दल, चेले, शिष्य-समुदाय, भक्त-मंडली, माननेवाले, हिमायती। वि० क्रियागत अर्थों में १. (विशे०) जिसका आगे उल्लेख किया जाये, नीचे लिखे हुए, (सर्वनाम एकव० या बहुव० के रूप में भी); २. नीचे का; ३. अगला-पिछला, दूसरा, बाद का; ४. अनुगामी* (प्र० भी); ५. नीचे लिखा,नीचे दिया, निम्नलिखित* (प्र० भी), निम्नांकित।

folly (fol' i) [O.F. *folie*, from *fol*, FOOL] सं० १. अज्ञता, जड़ता, प्रज्ञाहीनता, मूर्खता, बेवकूफी, कमअक्ली, हिमाक़त, समझ की कमी, मूढ़ता, अज्ञानता; २. नासमझी का आचरण; ३. मूर्खतापूर्ण कार्य, विचार या व्यवहार, हास्यास्पद वस्तु; ४. ऐसी बहुमूल्य इमारत जो बेकार समझी जाए (प्राय: बनानेवाले के नाम के साथ जैसे —'s folly)।

foment (fō ment') [F., *fomenter*, L. *fōmentāre*, from *fōmentum* (for *fovimentum*), from *fovēre*, to warm, cherish] क्रि० स० १. गर्म या दवा के पानी से धोना, सेंकना* (आ० भी), गर्मी पहुँचाना; २. (किसी विचार, आचरण या विद्रोह को) उभाड़ना, उकसाना, बल देना, फैलाना, भड़काना, उत्तेजित करना* (प्र० भी)। **fomentation** सं० क्रियागत अर्थों में १. उद्दीपन, संवर्धन, उत्तेजन, प्रवर्तन; २ (विशे०) गर्म फलालैन आदि से गरमी पहुँचाना, सेकना, सिकाई, सेक* (आ० कृ० भी); ३. उचकाना, उकसाना। **fomenter** सं० उभाड़नेवाला, भड़कानेवाला, फैलानेवाला।

fond (fond) [M. E. *fonned*, p.p. of prec. v.] वि० १. भोला, सीधा सादा, तुरंत विश्वास कर लेनेवाला; २. आसक्त, अत्यधिक स्नेह रखनेवाला, अति अनुरक्त; ३. प्रेमी, स्नेही, अनुरागी, नरम दिल। **~of** आसक्त, अनुरक्त, अनुरागी, प्रेमी। **fondly** क्रि० वि० १. मातृजन, सप्रेम, अतिस्नेह से, अनुराग से; २. मोलेपन से, सीधेपन से। **fondness** सं० १. अनुराग, आसक्ति, रति, प्रीति, प्रणय, प्रेम, भोलापन, सिधाई।

fondant (fon' dânt) [F., from *fondre*, to melt, L. *fundere*, to pour) सं० फौंडेंट, एक प्रकार की मिठाई।

fondle (fondl) [freq. of FOND¹] क्रि० स० और अ० १. लाड़-प्यार करना, दुलार करना, प्यार करना, छाती से लगाना, चूमकारना, पुचकारना, पीठ पर प्यार से हाथ फेरना; २. प्रणय, क्रीड़ा करना, प्यार से खिलवाड़ करना।

font¹ (font) [A.-S. *fant, font*, L. *fontem*, nom. *fons*, a FOUNT] सं० १. फांट, हौज या बर्तन जिसमें बपतिस्मा का पानी गिरता है; २. पवित्र जल का पात्र; ३. लैम्प का वह भाग जिसमें तेल रहता है। **fontal** वि० १. प्राथमिक, मौलिक, आदि, आदिम, प्रारंभिक; २. बपतिस्मा का, बपतिस्मा से संबंधित।

font² दे० FOUNT।

fontanel, -nelle (fon tă nel') [F. *fontanelle*, dim. of *fontaine*, FOUNTAIN] सं० १. प्रावरणी या आच्छादित अस्थि-विवर, ब्रह्मरंध्र, बच्चे के सिर पर पार्श्व कपालास्थि के आसन्न कोणों पर स्थित ब्रह्मरंध्र; २. (वि० १) कलांतराल*।

food (food) [A.-S. *foda*, from root *fōd-*, *fad* cp. Gr. *patcesthai*, L. *pāscere*, to feed. *pānis*, bread] सं० १. अन्न* (वि० १ भी), आहार* (आ० १ भी), भोजन, खाना, खाद्य* (आ०, वि० १ भी) खाने-पीने का सामान, मसाला, खाने की चीजें, खुराक, सिंडा, भोज्य, खाद्य पदार्थ; २. विशेष प्रकार का भोजन, ३. पौधों की खुराक; ४. मस्तिष्क का भोजन; ५. चारा। **be ~ for fishes** डूब जाना। **be ~ for worms** मर जाना। **~stuff** भोजन-सामग्री, भोजन की वस्तु, खाद्य पदार्थ, अन्न-सामग्री। **foodless** वि० निराहार, भूखा, जिसे भोजन न मिले।

fool¹ (fool) [O.F. *fol* (F. *fou*), L. *follem*, acc. of *follis*, bellows, wind-bag, late L. *fool*] सं० १. अज्ञ, मूर्ख, मूढ़, बेवकूफ, अहमक, नादान, जड़, मदमति, निर्बुद्धि, बेअकल, ऐसा व्यक्ति जिसका आचरण अनुचित समझा जाय; २. भाँड, विदूषक, मसखरा जो मध्ययुग में राजसी के सामने उनका दिल बहलाने के लिए रहता था; ३ भोलाभाला, सीधा, आसानी से ठगा जानेवाला व्यक्ति। वि० (अमरीका में, बोल०) मूर्ख, मूढ़, बेवकूफ, जड़। क्रि० स० और अ० १. मूर्खों का-सा काम करना, मूर्खता करना; २. बक्त गवाँना, समय नष्ट करना, उड़ा देना; ३ मसखरापन करना, विदूषक का कार्य करना; ४. धोखा देकर रुपया-पैसा ठग लेना, लक्षाअद करके धन हथिया लेना; ५. मूर्खतापूर्ण कार्यों में (समय, धन) नष्ट करना; ६. बेवकूफ बनाना, धोखा देना, चाल चलना, चालबाज़ी करना। **all fool's day** पहली अप्रैल। **April~** जिस व्यक्ति को पहली अप्रैल को कोई धोखा दिया जाय या मूर्ख बनाया जाय। **be a~for one's pains** बेकार या निरर्थक परिश्रम करना। **be a~ to** किसी की तुलना में कुछ न होना, हेय होना। **make a~of** किसी को धोखा देना, चाल चल जाना, मूर्ख बना देना। **no~like an old~** बूढ़ मूर्ख (बूढ़ प्रेमी) से अधिक कोई मूर्ख नहीं होता। **play the~** १. गलती या मूर्खता करना, भारी भूल कर बैठना; २. मसखरों या भाँडों जैसा व्यवहार करना। **~away time or money** मूर्खतापूर्वक समय या पैसा बर्बाद करना। **~bolt is soon shot** मूर्ख व्यक्ति के खेल जल्दी ही खत्म हो जाते हैं। **~mate** (शतरंज में) मात जो शाह को दूसरी ही चाल में दी गई हो, दे० MATE।

~-proof वि० (नियम आदि के लिए) इतने स्पष्ट कि कोई भ्रम न हो सके। **fool's cap** विदूषक टोपी, भटियादार नुकीली टोपी जिसे मध्ययुग में दरबारी मसखरे पहना करते थे; २. १७ वीं शताब्दी के कागज पर एक विशेष प्रकार का चिह्न; ३. १५-१०×१२-२३॥ इंच के आकार का लिखने या छपाई का कागज। **fool's errand** निरर्थक कार्य, बेवकूफी का काम। **fool's paradise** १. काल्पनिक स्वर्ग; २. झूठी खुशी; ३. हवाई किला, हवाई महल। **foolery** सं० मूर्खता, हिमाकत, मूर्खतापूर्ण कार्य। **foolish** वि० १. मूर्खतापूर्ण; २. मूर्ख, अज्ञान, निर्बुद्धि, बेवकूफ, नासमझ, कमअक्ल। **foolishly** क्रि० वि० मूर्खतापूर्वक, बेवकूफी के साथ, नासमझी या बेअक्ली से। **foolishness** सं० मूर्खता, बेवकूफी, मूढ़ता, जड़ता, हिमाकत, अज्ञानता। **foolocracy** सं० मूर्खों का राज्य, ऐसा शासन जिसके अधिकारी निर्बुद्धि हों।

fool[3] (fool) [prob. from prec.] सं० उबाले हुए फलों का मलाई या दूध मिला शरबत (विशे० gooseberry ~)।

foolhardy (fool har' di) [O.F. *folhardi* (*fol*, fool, *hardi*, bold)] वि० उजड्ड, मूर्ख वीर, अनावश्यक जोखम उठानेवाला, निरर्थक साहसिकता दिखानेवाला। **foolhardiness** सं० मूर्खतापूर्ण दुस्साहस, उजड्डपन।

foot (fut) [A.-S. *fōt* (cp. Dut. *voet*, Icel. *fōtr*, G. *fuss*, also Gr. *pous podos*, L. *pes pedis*)] सं० (बहुव० **feet**) १. पाद* पद* (वि० १ भी), चरण, पाँव, पैर, टाँगों का आखिरी हिस्सा जो टखनों के जोड़ से शुरू होता है; २. क़दम, पग; ३ चाल, गति, रफ़्तार; ४. पैदल सेना, पदातिक; ५. पल्ंग, कद्र, तख्त आदि का पैताना, पाँइत; ६. मोजे का वह भाग जो पाँव को ढँकता है; ७ (छन्द का) चरण, पाद; ८. फुट, बारह इंको का एक नाप; ९. बैठक, पाया, आधार, निचला, प्राय: आगे निकला हुआ भाग; १०. बेरीढ़ की हड्डी वाले जानवरों का चलने या हिलने-डुलने में सहायक अंग; ११. (वन०) डंडी, डंठल, वृंत, वह भाग जिससे पंखुड़ियां जुड़ी होती हैं; १२. बाल की जड़; १३ पहाड़, सीढ़ी, दीवार, सूची, पृष्ठ आदि का सबसे निचला भाग, तल, पवतल, तलहटी; १४. तलछट, गाद नीचे जमा हुआ मैल; १५. मोटी शक्कर (बहुव० foots); १६ (वि० १) फुट* । क्रि० अ० और स० १. पैर रखना, चरण धरना, पैरा चलना, चल कर पार करना; २ (मोजे का) नया पैर बनाना; ३. हिसाब लगाना, हिसाब जोडना, योग करना, जमा करना; ४. (पावना) चुकाना, ऋण अदा करना; ५. (हिसाब या रकम आदि का) इकट्ठा होना, एकत्रित होना। **at one's~** किसी के शिष्य, अधीन या याचक के रूप में। **captain of ~**पदातिक,पैदल फौज का सिपाही। **carry one off one's~** १. किसी को बहुत उत्तेजित कर देना, किसी को बहुत उत्साहित कर देना, दिल में बहुत जोश पैदा कर देना; २. अभिभूत कर देना। **change of~or feet** दूसरे जूते पहन लेना, जूते बदल लेना। **fall on one's~**किसी के पाँवों पर गिरना, क्षुधामय करना। **find, know, length of one's ~** अपनी (या किसी की) कमजोरी पहचान लेना, (किसी का) क़ाबू में रख कर उसका इंतज़ाम करना। **find one's feet** दे० FIND। **follow in one's footsteps** किसी का अनुसरण करना, किसी के चरण-चिह्नों पर चलना। **~it** १.नृत्य करना, नाचना; २. (अप्र०) चलना, जाना। **have ball at one's feet** सफलता का रास्ता पा लेना। **have feet of clay** किसी के आसानी से पराजित होने की संभावना, भीतर दुर्बलता होना। **have one~ in grave** मृत्यु के समीप होना, मरणासन्न होना। **keep one's feet** न गिरना, खड़े रहना, अपने को सम्हाले रखना, अपने स्थान पर स्थिर रहना। **measure another's ~with one's own last** अपने अनुसार दूसरे को जाँचना या परखना। **on~**प्यादा, पैदल। **put one's ~down** १. अड़ जाना, किसी बात पर जम जाना; २. दृढ़तापूर्वक विरोध करना (ला०)। **put one's ~in** १ भारी भूल कर बैठना, ग़लती में फँस जाना। **set agitation, movement on~**किसी आन्दोलन, विद्रोह या क्रांति का सूत्रपात करना। **set, put, have one's ~on the neck of** पूरी तरह कुचल देना, दबा देना, झुका लेना, क़ाबू में कर लेना, दासता में देना। **standing on one's feet** १. अपने पैरों पर खड़ा होना; २. स्वस्थ होना। **tread under~** कुचलना, दबाना, पाँवों से रौंदना, अत्याचार करना। **wet etc. under~**(धरती पर) पाँव के नीचे। **with foal at feet** (घोड़ी) जिसके बछेड़ा पैदा हुआ हो। **with one's feet foremost** मरने के बाद अंतिम संस्कार के लिए ले जाये जाना, मर कर क़ब्रिस्तान या श्मशान जाना। **~-and-mouth disease** सींगवाले पशुओं का एक रोग। **~ball** १. फुटबाल, बड़ी गोल हवा भरी हुई गेंद (जिसे पैर से खेलते हैं); २. फुटबाल का खेल। **~baller** फुटबाल का खिलाड़ी। **~bath** १. पैरों को धोना; २. पैर धोने का छोटा बरतन। **~board** १. पायदान, गाड़ी के पीछे लगा हुआ तख्ता जिस पर नौकर खड़ा होता है; २. गाड़ी में चढ़ने-उतरने का तख्ता; ३. हॉकीवालेके पैर रखने का क़ानूनी तख्ता। **~boy** सेवक, नौकर लड़का, वर्दीधारी छोकरा। **~bridge, -path, -road, -way** पुल या मार्ग (पगडंडी) आदि जो केवल पैदल चलनेवालों के लिए हो। **~drill, -pump** पैरों से चलाया जानेवाला बरमा, पम्प आदि। **~fall** पैरों की आहट, चलने की आवाज़। **~fault** (टैनिस में) सर्विस करने समय पर सीमा-रेखा के भीतर रखने की भूल। **~gear** मोजे, जूते आदि। **~guards** ब्रिटिश पैदल सेना के दस्ते। **~hill** पहाड़ की तलहटी, तराई, पहाड़ के ढाल का अंतिम भाग। **~hold** १. पैरों का सहारा, खड़े होने का स्थान, पैर टेकने या जमाने की जगह; २. पकड़, टेक, पैठ, सहारा। **~lights** रंगमंच पर सामने नीचे लगी हुई प्रकाश-पंक्ति जो दर्शकों को नहीं दिखाई पड़ती। **~man** १. पैदल सेना का सिपाही, गाड़ी के पीछे, द्वार पर या भोजन की मेज के पास वर्दी पहन कर खड़ा होनेवाला नौकर, सेवक; २. अँगीठी कुरेदने की छड़े लटकाने की टेक। **~mark** पदचिह्न, पैरों के निशान। **~muff** पैरों को गरम रखने के लिए चमड़े या ऊन का पाँवपोश। **~note** पादटिप्पणी, पृष्ठ पर नीचे लिखी हुई टिप्पणी। **~pace** १. डग, क़दम, चाल; २ मंद, चलुतरा। **~pad** पैदल लुटमार करनेवाला, लुटेरा, डाकू। **~page** लड़का नौकर, छोकरा। **~pan** पैर धोने का बर्तन। **~passenger** पैदल यात्री। **~plate** रेल के इंजन में ड्राइवर और कोयला झोंकनेवाले के खड़े होने का स्थान। **~pound** वह शक्ति-मात्रा जो एकपौंड भार को एक फुट ऊँचा उठा सके। **~print** पद-चिह्न, पदांक, पैरों का निशान। **~race** दौड की प्रतियोगिता। **~rot** भेड़ों या पशुओं के पैरों की एक बीमारी। **~rule** एक फुट की पटरी, एक फुटा। **~slogger** (ग्रा०) पैदल चलनेवाला, पैदल सिपाही। **~slogging** (ग्रा०) स० और वि० पैदल चलना, पैदल चलने वाला। **~sore** पैरों के घाव (पैदल से होनेवाले)। **~stalk** (वन०) पादवृन्त, पत्ती या फूल का डंठल। **~step** चरण, चरणचिह्न, चाल। **~stone** नींव का पत्थर, क़ब्र के तल में रक्खा गया पत्थर। **~stool** पादपीठ, पैर टिकाने का स्टूल। **~sure** दृढ़ चरणवाला, जिसके पैर डगमगाते न हों। **~warmer** पैर गरम करने की वस्तु, (विशे०) रेल के डिब्बों में गर्म पानी का टीन।

~wear जूते-मोजे आदि। **footed** वि० पाँववाला। **footless** वि० बिना पाँववाला, पादहीन, चरणशून्य, बिना पाये का।

footer (fut' er), (*colloq*) सं० (ग्रा०) फुटबाल (खेल)।

footing (fut' ing) सं० १. पाद* (ई० ३ भी), पद, स्थान, भूमि, स्थल; २. आधार, आधार; ३. पाँव का रखना, जमाना, पैर की टेक; ४. पैर का अभाव, खड़े होने की जगह, सतह, धरातल, सुरक्षित स्थान (शा० और ला०); ५. (किसी व्यक्ति की वह) दशा, स्थिति, संबंध, अवस्था, हैसियत आदि (जिससे दूसरों की तुलना में उसकी हैसियत का अनुमान किया जा सके); ६. घनिष्ठता की सीमा; ७. नयी स्थिति या पद पर पहुँचना; ८. व्यापार या धंधा ग्रहण करना; ९ समाज में प्रवेश; १०. दीवार आदि की आगे को निकली हुई कगार; ११. ऊपर से नीचे लिये हुए अंकों का योग निकालना। **pay for or pay one's ~** पद या स्थान प्राप्त करने या समाज अथवा व्यापार में प्रवेश पाने के लिए निश्चित शुल्क चुकाना।

footle (footl) [slang; etym. doubtful] क्रि० अ० (ग्रा०) मूर्खतापूर्ण कार्य करना, मूर्खों जैसा व्यवहार करना। सं० बकवास, मूर्खता, बेवकूफी, हिमाक़त। **footling** वि० तुच्छ, नीच, नगण्य।

foozle (foo' zil) [cp. G. prov. *fuseln*, to work slowly] क्रि० स० (ग्रा० विशे० गोल्फ) भद्दे ढंग से करना, बिगाड़ देना, खराब कर देना। सं० भद्दी असफलता, भोंडापन, फूहड़पन।

fop (fop) [M.E. *foppe* (cp. Dut. and G. *foppen*, to cheat, to hoax)] सं० १. रूपगर्वित छैला, बना-ठना बाँका; २. आडंबरप्रिय, दंभी व्यक्ति। **fopling** सं० १. आडंबर-प्रदर्शन, छैलापन; २. ऐसा व्यक्ति जो अशोभन आडंबर करे। **foppery** स० छैलापन, आडंबर, दिखावा, बनाव-ठनाव। **foppish** वि० आडंबरप्रिय, दिखावापसन्द, बनने-ठनने वाला। **foppishly** क्रि० वि० आडंबरपूर्वक, दिखावे के साथ, बन-ठन कर। **foppishness** स० छैलापन, दिखावा, आडंबर।

for (fôr, fôr) [A.-S., prob. abbr. from *fore* (cp. Dut. *voor*, G. *vor*, also L. *prō*, Gr. *pro*)] पूर्व० १. के स्थान पर, बदले में, मूल्य या दंड के रूप में, आदि अर्थों का सूचक; २. बावत, बतौर, एवज में; ३. (किसी के) पक्ष में, समर्थन में, हिमायत में, तरफ़; ४. लिए, खातिर, गर्ज से, उद्देश्य से, हेतु, नीयत से, हालत पर, अवस्था में, स्थिति में; ५. लाने, जीतने या बचाने के लिए; ६. पहुँचने के लिए; ७. फलस्वरूप, परिणामस्वरूप; ८. कारण, कारण से, प्रभाव में, क्योंकि; ९. बावजूद; १०. रुकावट से, अनुरूप, तुलना में, बराबर, जहाँ तक संबंध है, संबंध में; ११. निस्बत, होते हुए, होते हुए भी, से; १२. दौरान में, बीच में, (इतने दिनों) से, हद तक। क्यों० (पहले कही हुई बात के प्रमाण या कारण देने, करनेवाले नये वाक्यों या वाक्य-समूहों को प्रस्तुत करने के लिए) यह देखते हुए, चूँकि, इसलिए कि। **a humane man ~an executioner** जल्लाद होते हुए भी दयालु होना। **alas ~him** अफ़सोस उसकी हालत पर। **am ~reforms** सुधार का पक्षपाती हूँ। **all out ~ 44** ४४ रन बना कर सब आउट हो गए। **be ~it** (ग्रा०) भाग्य में दंड पाना है। **bulk ~bulk** बराबर परिमाण में! **cannot do it ~ the life of me** मैं अपनी जान की खातिर भी यह (काम) न करूँगा। **can shift ~myself** मैं अपनी चिन्ता अपने आप कर सकता हूँ। **did it ~the second time** वही काम दूसरी बार किया। **do you take me ~a fool** क्या तुम मुझे मूर्ख समझते हो? **drew on him ~a £100** उससे सौ पौंड लिए। **fit ~nothing** किसी काम का नहीं। **feel ~shame** शर्म के मारे भागना। **getting on ~2 O' clock** लगभग दो बजनेवाले हैं। **go ~** (ग्रा०) झपटना, टूट पड़ना, आक्रमण करना, हमला करना। **has been ~ months** महीनों से है। **hard up ~money** पैसे की तंगी में। **I am ~him** मैं उसके पक्ष में हूँ। **I ~one** कम से कम मैं। **I not long ~ this world** दुनिया में ज्यादा रहनेवाला नहीं। **nothing ~it but to submit** घुटने टेकने के सिवाय कोई चारा नहीं। **not paid ~** जिसका मूल्य न चुकाया गया हो। **once ~all** १. सदा के लिए; २. अंतिम बार। **run ~it** भागना, शायद होना। **sits ~Liverpool** लिवरपूल का प्रतिनिधि है। **take ~granted** मान लेना, स्वीकार कर लेना। **take my word ~it** विश्वास रखना, बात पर यक़ीन रखना। **too beautiful ~words** इतना सुंदर कि वर्णन नहीं हो सकता। **was tried ~life** ऐसे अपराध में मुक़दमा चलाया गया जिसकी सज़ा मौत थी। **word ~word** शब्दशः, एक-एक अक्षर। **~all that** बावजूद इन सबके। **~all the world** बिल्कुल, एकदम। **~all you** तुम्हारी सब बातों के बावजूद। **~good** सदा के लिए, अंतिम रूप में, पक्के तौर पर। **~life** आजीवन, जीवन भर के लिए। **~miles** मीलों तक। **~my part** जहाँ तक मेरा संबंध है। **~my sake** मेरी खातिर। **~once** कम से कम एक बार। **~one enemy he has hundred friends** अगर उसका एक शत्रु है तो सौ मित्र हैं। **~sale** बिकाऊ, बिक्री के लिए। **~the present** इस समय तो, फ़िलहाल। **~the rest** जहाँ तक बाक़ी का संबंध है।

for- [A.-S. *for-* (cp. Icel. and Dan. *for-*, Dut. and G. *ver-*), cogn. with Gr. *peri-*, *pro-*, *para-*, L. *per-*, *pro-*] उप० (पहले बहुत प्रचलित था, पर आजकल केवल कुछेक शब्दों में रह गया है); १. दूर, अलग, पृथक् (जैसे forgive, forget); २. रोक, निषेध (जैसे forbid, forfend); ३. बचाव, संयम, उपेक्षा, अवहेलना (जैसे forbear, forgo, forsake, forswear); ४. कुप्रभाव (जैसे fordo); ५. अधिकता, नीचता (जैसे forlorn. forspent, forwearied)।

forage (for' áj) [O.F. *fourrage*, from *forre* (F. *feurre*), low L. *fodrum*. from Teut., cogn. with FODDER] सं० १ घास, तृण, चारा* (आ०, कृ०, वि० १ भी), (सैनिक घोड़ों का) भोजन; २. पशु-ग्राम* (आ०, कृ०, वि० १ भी); ३. चारे की खोज। क्रि० स० और अ० १. खूटना, उखाड़ना, चारे की खोज में फिरना, चारा जुटाना; २. (ला०) तलाश करना, छान मारना; ३. लूटमार करके इकट्ठा करना। **on the ~** फ़ौजी घोड़ों का चारा लाना। **~-cap** पैदल सिपाहियों की एक प्रकार की टोपी। **forager** सं० चारा खोज कर लानेवाला।

foramen (fô rā' men) [L., from *forāre*, to bore] सं० (बहु० **foramina**) १. रन्ध्र* (आ० भी०), छेद, छिद्र, सूराख, मुँह, मार्ग, बिवर (विशे० श० वि०, प्राणि०, वन० में) **foraminate**, (fo rām' i nāt) **foraminated** वि० रन्ध्रमय, छेददार, छिद्रमय, सूराखदार।

forasmuch (for áz much') समु० यह देखते हुए कि, चूँकि, क्योंकि, इसलिए कि।

foray (for' ā) [Sc., prob. from M.E. *forreyer*, a forager, O.F. *forrier*, from *forre*, FORRAGE] सं० १. हमला, धावा* (आ० १ भी), आक्रमण, चढ़ाई, छापा। क्रि० स० हमला करना, धावा बोलना, चढ़ाई करना, आक्रमण करना या करने के लिए जाना, छापा मारना।

forbear[1] (fôr' bâr, fôr bâr') सं० (प्राय: बहु०) पुरखे, पूर्वज, पूर्वपुरुष, बाप-दादा।

forbear[2] (fôr bâr') [A.-S. *forberan*] क्रि० स० और अ० (भू०-**bore**, भू०कृ०-**borne**) १. जान-बूझ कर छोड़ देना,(किसी चीज या बात से) बचना, परहेज करना, अलग रहना, विरत रहना, बचे रहना; २. प्रयोग न करना, काम में न लाना, उल्लेख न करना, जिक्र न करना; ३. धीरज रखना, संयम करना, सहन करना, सहनशील होना, सह्य करना, बर्दाश्त करना। **forbearance** सं० १. सहिष्णुता, सहनशीलता; २. परहेज, विरति; ३. धीरज, धैर्य, सह्य, संयम। **forbearingly** क्रि० वि० १. परहेज के साथ, बचते हुए; २. धीरजपूर्वक, सह्य से, संयम से।

forbid (for bid') [A.-S. *forbódan*] क्रि० स० (भू०-**bad, -bade**, भू० कृ० -**bidden**) १. निषिद्ध करना, प्रत्याख्यान करना, वर्जन करना, मना करना, निषेध करना, रोकना, बरजना, (कोई काम करने या कहीं जाने की) आज्ञा न देना; २. (किसी बात को) होने न देना; ३. (परिस्थिति, बाधा आदि का) बहिष्कार करना, रोकना, विरोध करना, निवारण करना, अवांछनीय बनाना, निषेध करना* (विधि भी)। **god** ~! ईश्वर न करें! ऐसा न हो! **forbidden** वि० १. गोत्र या रिश्ते में समीपता के कारण परस्पर विवाह संबंध निषिद्ध माना जाने वाला; २. वर्जित* (वि० १ भी), निषिद्ध* (विधि भी)। **~fruit** १. निषिद्ध होने के कारण वांछनीय लगने वाली वस्तु; २. वह फल जिसका खाना आदम और हौवा के लिए वर्जित था। **forbidding** वि० १. घृणास्पद, अनिष्ट, कुरूप, भद्दा, बदसूरत, घृणाजनक, वीभत्सजनक। **forbiddingly** क्रि० वि० कुरूप ढंग से,वीभत्सतापूर्वक। **forbiddingness** सं० कुरूपता, भद्दापन, बदसूरती, वीभत्सता।

forby (fôr bi') पूर्व० और क्रि० वि० (स्काट० और अप्र०) अलावा, अतिरिक्त, साथ-साथ, और भी, सिवाय।

force[1] (fôs) [O.F., from late L. *fortia*. from L. *fortis*, strong] सं० १. शौर्य, वेग, शक्ति, बल* (आ०, इं० १, २, कृ०, वि० १, विधि भी), ताकत, जोर, प्रचंडता, प्रबलता; २. कठोर प्रयत्न, ३. सैनिक शक्ति *सैन्य-बल; ४. सेना, फौज, लश्कर; ५.(बहुव०) सैन्यदल, सैनिक; ६. पुलिस दल; ७. (किसी वस्तु पर डाला जानेवाला) जोर, बल, दबाव, जबर्दस्ती; ८. मानसिक या नैतिक बल; ९. प्रभाव, नियंत्रण-क्षमता, प्राबल्य, प्रताप, प्रामाणिकता, प्रभाव-शीलता; १० (शिथिल प्रयोग) वाछतीयता, उपयुक्तता, अच्छाई, गुण; ११. मान्यता.सिद्धि, निष्पत्ति; १२. उपयुक्त अर्थ, वास्तविक अभिप्राय; १३. (भौति०) वह मापनीय और निर्धारणीय वेग या बल जो किसी वस्तु मे गति उत्पन्न करे, इस बल की तीव्रता या प्रचंडता, (पहले) गतिमूलक शक्ति, (पहले) किसी भी भौतिक घटना का कारण, जैसे ताप या गति का जिन्हें पहले वस्तु में निहित माना जाता था; १४. (ला०) शक्तिमान, सामर्थ्यवान। क्रि० स० १. बल प्रयोग करना, जबर्दस्ती करना, जुल्म करना; २ बाध्य करना, लाचार करना, मजबूर करना, विवश करना, दबाव डालना; ३. (शब्दों का) खींच-तान कर अर्थ निकालना. ४. (नाम में खिलाड़ी को) तुरुप लगाने या अपने पत्तों को जाहिर करने के लिए विवश कर देना; ५. किसी व्यक्ति को कोई कार्य करने के लिए बाध्य करना; ६ पूरा जोर लगा देना, भरसक खींचना, पूरी शक्ति खर्च कर देना; ७ (गढ़, किले, दर्रे आदि पर) जबर्दस्ती अधिकार कर लेना, वश में कर लेना, घुस पड़ना, क़ाबू कर लेना; ८. (दरवाजा, ताला आदि) बलपूर्वक तोड़ डालना, जबर्दस्ती खोल कर घुस जाना; ९ ठेलना, आगे की ओर ढकेलना, धक्का देना; १०. (किसी के ऊपर कोई चीज) लाद देना, मनवाना, (कोई बात स्वीकार करने के लिए) बाध्य करना; ११. जबर्दस्ती पैदा करना, कोई काम करना; १२. छीनना, झपट लेना, अपहरण करना, ऐंठ लेना, खसोट लेना, मरोड़ कर निकाल लेना; १३. कृत्रिम उपायों द्वारा समय से पहले ही (पौधे या छात्र में) प्रौढ़ता या परिपक्वता लाने का यत्न करना। **by~** बलपूर्वक, जबर्दस्ती, दबाव से, बलात्। **by~of** द्वारा, साधन से। **~a card** (ताश के जादू में) किसी के सामने इस तरह पत्ते खोलना कि वह अनजान में वही पत्ता खींच ले जो जादूगर उसे देना चाहता हो। **~an analogy, simile etc.** उपमा में खींचतान करना, खींचतान कर उपमा बैठाना। **~a passage** (भीड़ में) जबर्दस्ती अपना रास्ता बना लेना। **~a smile** जबर्दस्ती मुस्कराहट लाना, झूठी हँसी हँसना। **~drink on** शराब पीने के लिए मजबूर करना। **~of circumstances** परिस्थितिवश। **~one's hand** किसी व्यक्ति को असमय कोई काम करने पर मजबूर कर देना। **~one's voice** स्वाभाविक आवाज पर जोर डाल कर सीमा से अधिक ऊँचा स्वर निकालना। **~one's way** जबर्दस्ती घुस जाना, किसी न किसी तरह पहुँच जाना। **~out of one's hands** छीन लेना। **~the bidding at auction** नीलाम मे जल्दी-जल्दी बोली बोल कर मूल्य बढ़ा देना। **~the facts out of one** किसी से जबर्दस्ती कहलवा लेना। **~the game** खेल में जोखिम की उपेक्षा करके अधिक सफलता प्राप्त करने का यत्न करना। **~the pace or running** दौड़ में अपने प्रतिद्वन्द्वी को थकाने के लिए चाल तेज करना। **in~** (सैन्य) बड़ी संख्या में, अधिक संख्या मे। **in great~** ओजस्वी, शक्तिमान, प्रबल, सजीव। **put in~** लागू करना, कार्यान्वित करना, कार्य रूप मे परिणत करना। **the Force** पुलिस। **there is~in what you say** तुम्हारी बात मे तथ्य है। **forced** वि० १. दबाया हुआ, बलपूर्वक, बलात्कृत; २. आरोपित, अस्वाभाविक। **~draught** भट्टी मे ऊपर की हवा को हलका कर के या नीचे की हवा को दबा कर खास बहाव पैदा करना। **~landing** किसी प्रकार की खराबी के कारण वायुयान का बाध्य होकर उतरना। **~loan** जबर्दस्ती लिया हुआ कर्ज, मजबूर कर के लिया हुआ या धोखे से लिया हुआ कर्ज। **~march** ऐसी चाल जिसमे विशेष प्रयत्न की आवश्यकता हो। **forcedly** क्रि० वि० बलपूर्वक, जबर्दस्ती, बलात्, बलप्रयोग द्वारा। **forceful** वि० (अप्र० या साहि०) प्रबल, सशक्त, समर्थ, सक्षम, प्रभावशाली, दृढ़, तीक्ष्ण। **forcefully** क्रि० वि० प्रबलता से, प्रबलता के साथ, सक्षमतापूर्वक, दृढ़तापूर्वक। **forcefulness** सं० प्रबलता, सशक्तता, समर्थता, सामर्थ्य, सक्षमता, ओजस्विता, दृढ़ता, तीक्ष्णता। **forceless** वि० निर्बल, बलहीन, क्रमशक्ति, सामर्थ्यहीन, प्रभावहीन, अप्रामाणिक, मान्यताहीन। **forcing pump** पानी चढ़ाने का पंप, हवा के दबाव से पानी बाहर फेंकने वाला नल।

force[2] (fôrs) [Icel. and Norw. *foss*) सं० (उत्तरी इंग्लैंड की बोली मे) जल-प्रपात, झरना।

force[3] (fôis) [FARCE[2]] क्रि० स० मसाला भरना। **~meat** सं० कटा हुआ मसालेदार गोश्त जिसे खाने की विभिन्न वस्तुओं मे भर कर पकाते है।

forceps (fôr' seps) [L. *forceps -cipis*] सं० १ शल्य कार्य में काम आने वाली चिमटी* (कृ०, वि० १ भी); २ संदेश* (आ० भी); ३. (ठेलना, आगे की ओर ढकेलना) चिमटी की आकृति का अंग या अवयव; ४. (आ०) फॉरसेप्स*, पूलिका*। **forcipate** वि० चिमटी की तरह बना हुआ, चिमटी के आकार का।

forcible (fôr' si bel) वि० १. जो (काम) जबर्दस्ती किया गया

हो या जिसे करने में बलप्रयोग की आवश्यकता पड़ी हो; २. प्रभावशाली, प्रभावपूर्ण, मर्मस्पर्शी, उज्ज्वल (कार्य, शब्द, शैली, कलाकार आदि)। **~-feeble** शक्ति के दिखावे में निर्बलता को छिपाए हुए। **forcibleness** सं० प्रभावोत्पादकता, मर्मस्पर्शिता, प्रबलता, ओजस्विता, उज्ज्वलता। **forcibly** क्रि० वि० बलात्, बलपूर्वक, जबर्दस्ती, प्रभावपूर्वक, प्रबलता के साथ।

ford (fôrd) [A.-S., cogn. with FARE (cp. G. *furt*; also L. *portus*, a harbour)] सं० १. नदी आदि का वह छिछला स्थल जिसे पैदल पार किया जा सके; २. पदपार्य नदी*/ पाँइ* (इं० ३, वि० १ भी)। क्रि० स० और अ० पार करना, पैदल या चल कर (पानी को) पार करना। **fordable** वि० चल कर पार करने योग्य। **fordless** वि० वह नदी जिस पर कोई घाट न हो।

fore[1] (fôr) [A.-S., for, before, prep., beforehand, adv. (see FOR, with which it is radically identical)] उप० क्रियाओं, उनके कृदन्तीय विशेषणों, क्रियागत संज्ञाओं तथा अन्य संज्ञाओं के साथ प्रयुक्त, क्रियाओं के साथ अर्थ १. सामने, आगे (जैसे forerunner); २. पूर्व, पहले से (जैसे foreordain)। संज्ञाओं के साथ अर्थ १. सामने, सामने का (जैसे forequarter); २. सामने का हिस्सा (जैसे forearm); ३. जहाज के अगले भाग से संबंधित, उसके समीप या उसकी ओर (जैसे forecastle, forehold); ४. भविष्यसूचक, पूर्ववर्ती (foreknowledge)। **~-and-aft** आगे-पीछे, जहाज का अगला और पिछला भाग, जहाज भर में आगे से पीछे तक। **~-and-aft-cap** दो नोकों वाली टोपी। **~-and-aft-rigged** (ऐसा जहाज) जिसके अगले और पिछले भागों में पाल हों, अनुप्रछादसज्जित पोत।

fore[2] (fôr) वि० १. सामने का, आगे का, सम्मुख (hind, back, aft का विलोम)। सं० १. अग्र* (आ० भी), पूर्व, आगे, अगला, आगे का हिस्सा, अग्र भाग; २. जहाज का अगला हिस्सा। क्रि० वि० पूर्व, सामने,आगे, सम्मुख, उपस्थिति में। **at the ~** (नी० वि०) जहाज के अगले हिस्से के मस्तूल के ऊँचे सिरे पर। **come to the ~** प्रमुख भाग लेना, अगुआ रहना। **to the ~** स्थल पर उपस्थित, समीप, तैयार, सुलभ, प्राप्य, सजीव, प्रमुख।

fore[3] (fôr) [short for BEFORE] विस्म० (गोल्फ में) गेंद को मारते समय सामने के लोगों को सावधान करने के लिए उच्चरित शब्द।

forearm (fôr arm') क्रि० स० पहले से हथियारबद्ध होना, पहले से शस्त्रास्त्र से सुसज्जित होना।

fore-arm (fôr' arm) सं० १. प्रकोष्ठ* (आ०, क०, वि० १ भी); २. अग्रबाहु, प्रबाहु, अग्रभुज, कुहनी से कलाई या उँगली की नोक तक का भाग; ३. इसी प्रकार टाँग और पंख का अगला भाग, पक्षाग्र।

forebode (fôr bōd') क्रि० स० १. (विरल) पूर्वकथन, भविष्यवाणी करना, भविष्य बतलाना; २. आगम बतलाना, सूचित करना; ३. (प्रायः अनिष्ट की) पूर्व सूचना पाना, किसी घटना के पहले ही मन में उसकी आशंका पैदा होना, माथा ठनकना; ४. पहले से जान लेना। **foreboding** सं० १. (विरल) भविष्यवाणी; २. शकुन, अपशकुन, अनिष्ट सूचना, अनिष्ट की पूर्व सूचना, आपत्ति या अनिष्ट का पूर्वज्ञान। **forebodingly** क्रि० वि० अदशगुनी से, भविष्यवाणी के रूप में, अनिष्ट की पूर्व-सूचना देते हुए।

fore-cabin (fôr' kăb in) सं० अगला कैबिन, जहाज के अगले भाग में प्रायः द्वितीय श्रेणी के यात्रियों का कमरा।

forecast (fôr kast') क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **forecast** या **forecasted**) पूर्वानुमान करना, अनुमान करना, पहले से अंदाज करना, अटकल लगाना, भविष्यवाणी करना, पेशीनगोई करना। सं० १. दूरदर्शिता, दूरदेशी, दीर्घदृष्टि (विरल); २. भविष्यवाणी, पेशीनगोई (विशे० मौसम संबंधी); ३. पूर्वानुमान* (प्र०, वि० १ भी)।

forecastle, fo'c'sle (for' kasl, fōksl) [FORE-, CASTLE] सं० १. (इति०) जहाज के माथे पर चौड़ा ऊँचा डेक (जंगी जहाज में पहले हुआ करता था, अब नहीं); २. (व्यापारिक जहाजों में) डेक के नीचे का अगला भाग जहाँ मल्लाह रहते हैं, गलही डेक (तृतक), अथवाड़, मोरा।

foreclose (fôr klōz') [O.F. *forclos*, p.p. of *forclore* (for-, L. *foris*, outside *clore*, to CLOSE[1])] क्रि० स० और अ० १. (किसी वस्तु के) उपभोग में बाधा डालना, प्रतिबंध लगाना, रोकना; २. (बंधक विधि) मोचन निषेध करना, अगरोक लगाना, ऋण का भुगतान न करने पर रोकना, (बंधक छुड़ाने के अधिकार पर) प्रतिबंध लगाना, बंधक छुड़ाने के अधिकार को छीन लेना; ३. (विवादास्पद विषय को) पूर्वानुमान से तै कर लेना। **foreclosure** सं० १. प्रतिबन्ध, प्रतिषेध, निषेध; २. बंधक छुड़ाने के अधिकार का अपहरण, मोचन-निषेध, अगरोक; ३. (विधि) पुरोबंध*।

forecourt (for' kōrt) सं० मकान के सामने घिरा हुआ सहन, चौक, जँगले से घिरी हुई अँगनाई।

fore-edge (fôr' ej) सं० सामने का या बाहरी भाग (विशे० पुस्तक का)। **~painting** पुस्तक के सामने के भाग पर रंगीन आकृतियों की सजावट।

forefather (fôr' fa *thēr*) सं० १. (बहुव०) पूर्वज, पुरुखे, पूर्वपुरुष, बाप-दादा, (प्रियित अर्थ में) पिछली पीढ़ियाँ, २. (एकव०, विरल) पूर्वज, पूर्व पुरुष।

forefinger (fôr fing gēr) सं० तर्जनी, अँगूठे के पास की अँगुली (इसे first या index finger भी कहा जाता है)।

fore-foot (fôr' fut) सं० १. चौपाये का एक अगला पैर, जानवर की सामने की एक टाँग; २. (नौ० वि०) जहाज के पेंदे का अगला भाग, इसके सामने का भाग; ३ पंजा। **crossing our ~** जब एक जहाज का रास्ता काटकर दूसरा निकले तो उसके लिए कहते हैं।

forefront (fôr' frŭnt) सं० सामने का भाग, अगवाड़ा, सबसे आगे का भाग, पुरोभाग, सब से अगला हिस्सा। **in ~ of the battle** युद्ध में आगे या पहले या आगे-आगे होना, सामने होना।

foregather दे० FORGATHER।

foregift (fôr' gift) सं० (विधि) पट्टे का बयाना, साई, अधिशुल्क।

forego[1] (fôr gō') क्रि० स० और अ० (भू० **-went**, भू० कृ० **-gone**) समय या स्थान में पहले आना, पहले होना, पूर्ववर्ती या पूर्वगामी होना। **foregoer** सं० पूर्वगामी व्यक्ति, पूर्वज, पूर्वाधिकारी। **foregoing** पूर्वलिखित, पूर्वोल्लिखित, पूर्ववर्ती (प्र०, विधि भी), पूर्वगामी* (विधि भी), पूर्वगत* (प्र० भी)। **foregone conclusion** १. पूर्व-निश्चित निष्कर्ष, पूर्वनिर्णीत सिद्धान्त, पूर्वचिंतित परिणाम, पूर्वनिर्धारित निर्णय।

forego[2] दे० FORGO।

foreground (fôr' ground) सं० १. अग्रभाग, पुरोभूमि, अग्रभूमि, (विशे० चित्र आ दृश्य में जो दर्शक के निकटतम हो) सामने का भाग; २. सर्वप्रमुख स्थान या स्थिति।

forehand (fôr' hănd) सं० घोड़े का वह भाग जो सवार के सामने होता है। वि० (टेनिस आदि में) सामने की मार-विषयक गेंद को मारने के एक ढंग का।

forehead (for' ĕd) [A.-S. *forhēafod* (FORE-, HEAD)] सं० माथा, मस्तक, ललाट*, भाल* (आ०, क्रि० वि० १ भी)।

foreign (for' in) [O.F. *forain*, late L. *forāneus*, from L. *forās*, out of doors, conn. with *foris*, a door] वि० १. अन्य व्यक्ति का, अन्य व्यक्ति या वस्तु की ओर से आया हुआ; २. अप्रसंगिक, असंबद्ध, व्यर्थ, असवेश, अनुपयुक्त; ३. बाह्य, बाहरी, बाहर से आया हुआ, परोया, वेगाना; ४. बहिर्भूत, बहिःस्थित, कहीं बाहर स्थित, (किसी अन्य प्रदेश, जिले या समाज से) आया हुआ; ५. दूसरी कंपनी की (रेल); ६. विदेशी, परदेशी या देशी, देश के बाहर का, वैदेशिक, विदेशीय, परराष्ट्रीय। **~body or substance** रगो या पुट्ठों में कोई बाह्य पदार्थ। **~letter-paper** पतला कागज जो विदेशों को पत्र लिखने में काम आता है। **Foreign Office** १. इंग्लैंड का विदेश विभाग; २. किसी देश का परराष्ट्र विभाग, विदेश कार्यालय। **~parts** अन्य देश, परराष्ट्र। **foreigner** सं० १. वैदेशिक, अन्यदेशीय, विदेशी* (आ० १ भी), परदेशी, अजनबी, गैरमुल्की, बाहरी, अन्य देश में उत्पन्न या विदेशी भाषा-भाषी व्यक्ति; २. विदेशी जहाज; ३. बाहर से मँगाया गया पशु या वस्तु। **foreignism** सं० विदेशीपन, अन्य देशों का अनुकरण, दूसरे देशों के व्यवहार या मुहाविरे। **foreignize** क्रि० स० और अ० (आदतों और विचारों में) विदेशी बनाना या बन जाना, दूसरे देशों के रीति-रिवाजों का अनुकरण करना।

forejudge (fōr jŭj') क्रि० स० पहले से निर्णय करना, पूर्वनिर्णय करना, पूर्वनिश्चय करना, सवाही सुनने के पहले ही निर्णय या निश्चय कर लेना।

foreknow (fōr nō') क्रि० स० (भू० **-knew**, भू० कृ० **-known**) पहले से जान लेना, पूर्व ज्ञान होना, पूर्व ज्ञान प्राप्त कर लेना। **foreknowledge** सं० भविष्यज्ञान, अग्रनिरूपण, पूर्वदृष्टि, पूर्वज्ञान।

forel (for' ĕl) [O.F. *furel* (F. *fourreau*), dim. of *forre*, a sheath] सं० फ़ारेल, हिमाच्छादी के ऊपर लगाने का एक प्रकार का चमड़े का कागज।

foreland (fōr' lănd) सं० १. अंतरीप, रास, समुद्र में घुसा हुआ स्थल भाग; २. किसी वस्तु के सामने की भूमि, अग्रभूमि।

foreleg (fōr' lĕg) सं० पशु की अगली टाँग।

forelock[1] (fōr' lok) सं० माथे के ठीक ऊपर बालों की लट, ललाट-केश* (क्रि० भी)। **take time, occasion etc. by the ~** अवसर को हाथ से न जाने देना, मौका न चूकना, ठीक समय पर काम कर लेना।

forelock[2] (fōr' lok) सं० दरवाजे के कड़े या कड़े के छेद में लगाने की पच्चड़ या लोहे का टुकड़ा, जिसमें वह अपने स्थान पर जमा रहे। क्रि० स० इस भाँति जमाना, पक्का या मजबूत करना।

foreman (fōr' măn) सं० १. जूरी का अध्यक्ष और प्रधान वक्ता, जूरी का प्रमुख*, प्रमुख* (आ० १ भी); २. चौधरी, जमादार, प्रधान कर्मचारी जो दूसरों के काम पर निगरानी रखता है; ३. (प्र०, इं० १) फोरमैन*। **working ~** प्रधान कर्मचारी और साधारण मजदूर दोनों का काम करनेवाला।

foremast (fōr' mast) सं० जहाज का आगे का निचला मस्तूल, तिरकन डोल। **~man, seaman, hand** पेटी अफसर के नीचे पद वाला नाविक या मल्लाह।

foremost (fōr' mōst) [A.-S. *fuemost*. *fyrmest*, double superlative from *forma*, first, old superlative of *fore*, before, above; assim. to MOST] वि० १. सर्वोपरि, अग्रवर्ती, सब से आगे, सबसे आगे बढ़ा हुआ; २. सर्वप्रमुख, सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ, प्रधान, प्रमुख, मुख्य, सब से आगे का, पहला, चोटी का, पहले दर्जे का। क्रि० वि० सर्वप्रथम, सबसे पहले, प्रथमतः। **head, end, etc.~** सर आगे किए हुए या आगे निकाले हुए।

forenoon (fōr' noon) सं० दोपहर के पहले का समय, प्रातःकाल, सवेरा, सुबह पूर्वाह्न*, दोपहर से पहले* (प्र० भी)।

forensic (fō ren' sik) [L. *forensis*, pertaining to the forum, see FORUM] वि० १. अदालती; २. अदालत संबंधी; ३. न्यायालय में प्रयुक्त; ४. न्याय संबन्धी* (आ० भी)। **~medicine** चिकित्सा संबंधी विधिशास्त्र या क़ानून, विधि-चिकित्सा। **forensically** क्रि० वि० अदालती दृष्टि से, अदालती ढंग से।

fore-ordain (fōr or dān') क्रि० स० १. पहले से भाग्य का निर्धारा कर देना; २. पहले से निश्चय करना, पूर्वनिर्देश करना। **fore-ordination** सं० १. पूर्वविधान, पूर्वनिश्चय, पूर्वनिर्देश; २. नियति।

forepeak (fōr' pēk) सं० (नौ० वि०) अनी, अगी भाग, जहाज के छोरों के कोण में फोरहोल्ड का निरा।

fore-plane (fōr' plān) सं० आरे या कुल्हाड़ी से काटने के बाद सबसे पहला रदा।

fore-reach (fōr rech') क्रि० अ० और स० शीघ्रता से आगे बढ़ जाना, किसी को दौड़ कर पकड़ लेना, किसी से आगे निकल जाना।

fore-run (fōr rŭn') क्रि० स० (भू० **-ran** भू० कृ० **-run**) अग्रदूत होना, पूर्वसूचना देना, पहले से जता देना, पहले से निर्देश करना। **forerunner** सं० १. अग्रदूत, अग्रगामी, पुरोगामी, पूर्वगामी* (आ० १ भी), आगे-आगे या पहले आने या चलनेवाला, निशानी, अलामत; २. पूर्वः* (वि० १ भी)।

foresail (fōrsl, fōr' sāl) सं० तिरकट, अगला पाल, अगले मस्तूल का मुख्य पाल।

foresee (fōr sē') क्रि० स० (भू० **-saw**, भू० कृ० **-seen**) १. पहले से देख लेना या जान लेना, पहले से ही भाँप लेना, पहले से ही समझ जाना, अंदाज लगा लेना या कर लेना, भविष्यदर्शी होना, आगे से देखना, पहले से सूझना; २. पूर्वज्ञान होना, पूर्वाभास हो जाना; ३. दूरदर्शिता से काम लेना, दूरदेशी दिखाना। **foreseeing** क्रि० वि० पहले से ही समझ कर, दूरदर्शिता से, दूरदेशी के साथ।

foreshadow (fōr shăd' ō) क्रि० स० १. पूर्वाभास देना, पूर्व-सूचना देना; २. पहले से चित्रित कर देना, पहले से झलक दिखाना; ३. भविष्यवाणी करना।

fore-sheet (fōr' shēt) सं० (बहु० ०) नाव के माथे का भीतरी खुला हुआ भाग।

foreshore (fōr' shōr) सं० १. तटाग्र* (वि० भी), तट का अगला भाग, कगार, अबरी; २. समुद्र-तट का वह भाग जो पानी के उतार और चढ़ाव की सीमाओं के बीच होता है, थल के जिस भाग पर लेनी होती हो या मकान बने हों उसके तथा जल के बीच का भाग; ३. (वि० १) अग्रतट*।

foreshorten (fōr shōr' tĕn) क्रि० स० १. अग्रसंक्षेपण, अगला भाग छोटा दिखाई देना, २. चित्रांकन में दृष्टिक्रम के कारण (वस्तुओं को) छोटा दिखाना।

foreshow (fōr shō') [A.-S. *fore-sċēawian* (as FORE-, SHOW)] क्रि० स० १. भविष्यवाणी करना; २. पूर्वसूचना देना, पूर्वाभास देना, पूर्वनिर्देश करना, पहले से झलक दिखाना।

foresight (fōr' sīt) सं० १. दूरदर्शिता, दूरदेशी, समझ, समझदारी,

सुलझूल, अपदृष्टि, पूर्वदृष्टि, दीर्घदृष्टि; २. दर्शी, मक्खी; ३. तोप या बंदूक पर निशाना बाँधने का चिह्न।

foreskin (fôr' skin) सं० १. आगे का चमड़ा, अग्रत्वक; २. शिश्न की आगे की खाल; ३. (आ०) अग्रच्छद*।

forest (for' ĕst) [O.F. (F. *forêt*), from late L. *foresta*, a wood, *forestis* (*silva*), the outside or open (wood), from L. *foris*, outside] सं० १. वन* (कु०, ग०, बि० १ श्रे), अरण्य, कानन, विपिन, अटवी, गहन, कान्तार; २. (ला० और ला०) जंगल के वृक्ष (जैसे ~of masts); ३. (पहले व्यक्ति-वाचक संज्ञा के साथ) वह प्रदेश जो पहले जंगल था पर अब उसमें खेती होती है; ४. (विधि) बिना सीमा का वन-प्रदेश जो प्रायः राजा के शिकार के लिए सुरक्षित रहता है। क्रि० स० पेड़ लगाना, जंगल बना देना। **~-tree** जंगली पेड़, बड़े-बड़े पेड़ (जैसे प्रायः जंगलों में होते हैं)।

forestall (fôr stawl') [A.-S. *forsteall*, interference, interception] क्रि० स० १. (इति०) मूल्य-वृद्धि से लाभ उठाने के लिए (माल) खरीद कर रखना; २. किसी काम में आगे-आगे चलना, भारी घटनाओं का पहले से अनुमान करके अपने प्रतियोगी को परास्त कर देना; ३. नियमित समय से पहले ही काम हाथ में ले लेना; ४. दूरदर्शिता से काम करना, पहले से तैयारी करना, पेशबंदी करना; ५. पहले से काट कर देना, पहले से घेर या रोक लेना।

forestay (fôr' stā) सं० १. मस्तूल खड़ा रखने का रस्सा; २. वह पाल जो इस रस्से के सहारे लटकाया जाता है।

forester (for' es tĕr) सं० १. वनरक्षक, वन-अधिकारी, जंगल का अफ़सर, लकड़ी के विभाग का अफ़सर; २. वनचर, वनवासी, आरण्यक; ३. जंगल के पशु-पक्षी, जंगली जीव; ४. एक प्रकार के कीड़े-मकोड़े, पतिंगे; ५. (ग्र०) वन-दारोग़ा*।

forestry (for' es tri) सं० १. जंगली प्रदेश, वन-प्रान्त; २. वन-व्यवस्था; ३. वन-विज्ञान, वन-विद्या, अरण्यशास्त्र।

foretaste (fôr' tāst) सं० (दुःख या सुख) पूर्वानुभव, पूर्वोपभोग, पूर्वस्वाद, पूर्वानन्द, पूर्वास्वादन। क्रि० स० (सुख या दुःख का) पहले से स्वाद लेना, पूर्वानुभव करना, उपभोग, आनंद आदि का पूर्वानुभव करना, पहले से जान लेना।

foretell (fôr tel') क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **-told**) १. भविष्यवाणी करना, भविष्य बताना, पेशीनगोई करना, आगम कहना, पहले से कह देना या बता देना, पूर्वसूचना देना; २. अग्रदूत होना।

forethought (fôr' thawt) सं० १. पूर्वचिन्ता, पूर्वविमर्श, दूरदृष्टि, पूर्वविचारण, पहले से बंदोबस्त, वह इरादा या निश्चय जो पहले से सोच-समझ कर किया गया हो, पूर्वदेखभाल, दीर्घदृष्टि, अग्रविचार, पूर्वविवेक, भविष्य की चिन्ता; २. अति सावधानी।

foretime (fôr' tīm) सं० प्राचीन समय, प्राचीन काल, पिछले दिन, पुराना ज़माना।

foretoken (fôr tō' kĕn) सं० पूर्वचिह्न, भावी लक्षण, पूर्व-लक्षण, पूर्वाभास, अग्रसूचना। क्रि० स० पूर्वसूचना देना, पूर्वलक्षण बताना, भावी घटनाओं की ओर संकेत करना, शगुन बताना, जतला देना।

foretop (fôr' top) सं० अगले मस्तूल की चोटी या सिरा। **~gallant mast** अगले मस्तूल के ऊपर का मस्तूल। **~-gallant -sail** अगले पाल के ऊपर का पाल।

foretype (fôr' tip) सं० आनेवाली वस्तु का नमूना, होनेवाली बात का नक़्शा या ढंग।

forewarn (fôr wôrn') क्रि० स० पहले से सावधान कर देना, पहले ही जना देना, पहले से चेतावनी दे देना।

forewoman (fôr' wum ăn) सं० १. महिला जूरी की प्रधान और प्रमुख वक्ता; २. चौधरानी, जमादारिन, इतरी मज़दूरिनों की देखभाल करनेवाली।

foreword (fôr' wĕrd) सं० १. प्रस्तावना, भूमिका, प्राक्कथन; २. (विशे०) ग्रन्थविषय के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति द्वारा परिचयात्मक वक्तव्य।

foreyard (fôr' yard) सं० तिरकट, परवान, सामने के मस्तूल का सबसे निचला भाग।

forfeit (fôr' fit) [O.F. *forfait*, orig. p.p. of *forfaire*, late L. *forisfacere*, to transgress, lit. to act beyond or outside] सं० १. दण्ड, अर्थदण्ड, अपराध या दोष के कारण छीनी गई (वस्तु); २. करार तोड़ने या उपेक्षा के कारण अर्थदंड, जुर्माना; ३. क्लब या खेलों में नियम तोड़ने के लिए नामज़द का जुर्माना, वह वस्तु जिसे एक प्रकार के खेल में खिलाड़ी हार कर देता है और फिर कोई हास्यास्पद कार्य कर के वापिस पाता है; ४. ज़ब्ती, अपहरण। वि० ज़ब्त, अपहृत, अपराध या दोष के कारण छीनी गई (वस्तु)। क्रि० स० १. (अपराध, उपेक्षा आदि या अन्य किसी कारण दंड-स्वरूप) अधिकार खो बैठना, वंचित किया जाना, दंड भरना, जुर्माना देना, ज़ब्त होना, अपहृत होना; २. अपवर्तन करना, ३. (विधि) समर्पहृत करना* /समर्पहृत होना*। **forfeitable** वि० ज़ब्त करने योग्य, अपहरणीय, वंचनीय, दंडनीय, अपवर्तनीय।

forfeiture सं० ज़ब्ती*, स्वत्वहरण* (कु०भी), अपहरण, आपवर्तन, अधिहरण* (ग्र० भी), समपहरण* (विधि भी)।

forfend (fôr fend') क्रि० स० टालना, हटाना, दूर करना, रोकना, बचाना, दूर रखना, अलग रखना (प्रायः God ~ से)।

forfex (fôr' feks) [L., scissors] सं० १. संसी, सँड़सी, बड़ी कैंची; २. (कीड़ों के) आगे के काँटे। **forficated** वि० (प्राणि०) कैंची की आकृति का, द्विशाखी।

forgather (fôr găth' ĕr) क्रि० अ० १. एकत्र होना, इकट्ठा होना, एक स्थान पर जुटना, एक साथ मिलना, २. संग करना, समागम करना, बातचीत करना, वार्तालाप करना।

forgave दे० FORGIVE।

forge[1] (fôrj) [O.F., ult. from L. *fabrica*, FABRIC] सं० १. लुहार की दूकान, लुहारखाना; २. लुहार की भट्टी जिसमें धौंकनियाँ लगी होती हैं; ३. गढ़ाईघर, धातु गलाने और साफ करने की भट्टी, ऐसी भट्टीवाला कारख़ाना, कुटिलिका; ४. (इ० १) फ़ोर्ज*। क्रि० स० और अ० १. आग में तपा कर और पीट कर कोई रूप देना, गढ़ना; २. मन से बना लेना, गढ़ लेना, आविष्कार करना (कहानी या झूठ का); ३. जाली (दस्तावेज़ या हस्ताक्षर) बनाना; ४. धोखा देने के लिए नक़ली वस्तु बनाना, जाल करना, जालसाज़ी करना, गढ़ना, जोड़ना; ५. (विधि) कूट रचना करना*। **forgeable** वि० गढ़ने योग्य, जिस चीज़ का जाल बनाया जा सके, जाली बनाने योग्य। **forger** सं० कूटकार, जालसाज़, जालिया।

forge[2] (fôrj) [etym. doubtful] क्रि० अ० बड़ी कठिनता से या धीरे-धीरे रास्ता बनाना, आगे बढ़ना। **~ahead** दौड़ में आगे निकल जाना, दौड़ शुरू होते ही आगे निकल जाना, आगे बढ़ जाना।

forgery (for' jĕr i) सं० १. जाल, जालसाज़ी, कपट-लेख, कूटकर्म; २. कूट-रचना* (ग्र०, विधि भी), जाली वस्तु, (विशे०) जाली दस्तावेज़ या हस्ताक्षर।

forget (fôr get') [A.-S. *forgitan* (FOR-, GET)] क्रि० स० और अ० भू०-**got**, भू० कृ०-**gotten** और काव्य०-**got**। १. भूलना, भूल जाना, बिसरना, बिसार देना, भुला देना, विस्मरण करना, विस्मृत होना; २. उपेक्षा करना, अवहेलना करना, उचित ध्यान न देना; ३.

असावधानी के कारण किसी काम को करने, (बात का) उल्लेख करने या ध्यान देने का स्मरण न रहना; ४. मन से निकाल देना; ५. सोचना बंद कर देना; ६. तिरस्कार करना; ७. माफी देना, छोड़ देना। **~-me-not** एक प्रकार का नीले रंग का छोटा फूल, जिस पर पीले रंग की आँखें होती हैं। **~-me-not blue** इस फूल के नीलेपन से मिलता-जुलता नीला रंग। **~oneself** अपने हित की उपेक्षा करना, अनुचित अथवा अशिष्ट व्यवहार करना, अचेत हो जाना। **forgetful** वि० १. विस्मरणशील, लुप्तस्मृति, भूलनेवाला, भूलक्कड़, विस्मरणशील। **forgetfully** क्रि० वि० भूलकर, भूलक्कड़पन से, उपेक्षापूर्वक। **forgetfulness** सं० १. भूलना, भूलक्कड़पन; २. असावधानी। **forgettable** वि० १. भूल जाने योग्य, विस्मरणीय; २. उपेक्षणीय।

forgive (fŏr giv') [A.-S. *forgifan* (FOR-, GIVE)] क्रि० स० (भू० **-gave**, भू० कृ० **-given**) १. (ऋण से) मुक्त करना, माफ करना, छोड़ना; २. (अपराध, अपराधी को) क्षमा करना, क्षमा कर देना। **forgivable** वि० क्षम्य, माफ करने योग्य, छोड़ने योग्य। **forgiveness** सं० १. तितिक्षा; २. सहिष्णुता; ३. क्षमा, माफी, छूट, छुटकारा, मुक्ति। **forgiving** वि० तितिक्ष, क्षमाशील, क्षमावान, सहिष्णु, माफी या छूट देनेवाला। **forgivingly** क्रि० वि० क्षमापूर्वक, माफ करते हुए, छूट के साथ। **forgivingness** सं० क्षमाशीलता, क्षमा-शक्ति, सहिष्णुता।

forgo (fŏr gō') [A.-S. *forgān*] क्रि० स० (भू० **-went**, भू० कृ० **-gone**) १. बचना, परहेज रखना, दूर रहना, वंचित रहना, २. त्यागना, छोड़ देना, जाने देना, न लेना, बिना लिये काम चलाना, परित्याग करना।

fork (fôrk) [A.-S. *forc*, L. *furca*] सं० १. काँटा* (कृ० भी), कटिया, टिमली, खेती का कई नोकवाला एक औजार जो खोदने, उठाने, ले जाने या फेंकने में काम आता है, २. खाने या पकाने का काँटा, ३. एक द्विशाखी लकड़ी जो अंगूर आदि की बेल का सहारा देने में काम आती है; ४. द्विशाखत्व, दो दिशाओं या शाखाओं में विभाजन; ५. कई शाखाओं में बँटी बिजली की चमक; ६. (आ०) फार्क*। क्रि० स० १. शाखा फटना, शाखाएँ बनाना, फट जाना, फाड़ देना, चीरना, टाँगवाला बनाना, शाखावत् करना या होना, शाखाएँ होना। **tuning ~** १ इलाहा का एक यंत्र, जिस पर आघात करने से एक निश्चित संगीतात्मक स्वर निकलता है, २. (वि० १) स्वरित्र द्विभुज*। **~out, over or up** (आ०) दे देना, हवाले करना, अदा करना। **forked** वि० १. द्विशाखी, काँटे जैसी नोकवाला, कटा हुआ, चिरा हुआ, विभाजित शाखाओं वाला; २. दो टाँगों वाला, ३. विभाजित* (इं० १ भी)। **forky** वि० (काव्य०) शाखदार, काँटे की तरह नुकीलापन।

forlorn (fŏr lôrn') [A.-S. *forloren*, *p.p.* of *forlēosan* (FOR-, LOSE)] वि० १. त्यक्त, २. निराश, हताश, मायूस, लाचार; ३. निरवलंब, निराधार, अनाथ, असहाय, निरुपाय, अनाश्रित, दीन; ४. (काव्य०) असहाय, वंचित, दयनीय, विपदग्रस्त, अकेला, बेचारा, बिचारा। **~hope** सं० १. आकस्मिक के लिए उद्धत सेना या दल; २. चरम निराशा में किया गया कार्य, जोखिमवाला कार्य, मायूसी की हालत में जान तोड़ कर और लाचार होकर किया गया काम।

form (fôrm) [O. F. *forme*, L. *forma*] सं० १. रूप*, आकार*, आकृति* (आ०, कृ०, मा० १, ३, विधि, वि० १, भी), ढाँचा; २. (विशे० रंग के अतिरिक्त) शरीर की रचना, डील-डौल; ३. संस्थान, व्यक्ति या पशु का इंद्रियगोचर रूप; ४. (दर्श०) रूप, किसी पदार्थ को सीमित बनाने वाला तत्त्व; ५. (शा०) वस्तु, अस्तित्व के लिए प्रायः एक तत्त्व जिसको जान कर उसका निर्माण किया जा सके; ६. (बेकन) किसी वस्तुके तत्त्वों को एकत्र रखनेवाला, रूपदायक हेतु; ७. गठन, बनावट, गढ़न, साँचा, ढाँचा, बाह्य रूप, वस्तु के अस्तित्व और उसकी अभिव्यक्ति का प्रत्यक्ष रूप; ८. प्रजाति, प्रकार, वर्ग; ९. (व्या०) रचना, उच्चारण और रूपावलि में शब्द का कोई एक रूप, अर्थ के अतिरिक्त शब्द की बाह्य विशेषताएँ; १०. स्कूलों की (विशे० सार्वजनिक स्कूलों की) कक्षा (साधारणतः पहली से छठी तक); ११. साहित्यिक और संगीत संबंधी रचना में विन्यास और शैली; १२. ढंग, प्रकार, तरीका, प्रचलित रीति, विधि, शब्द का निश्चित क्रम, सूत्र, फ़ार्मूला; १३. दस्तावेज के लिए निश्चित शब्द या वाक्य, नियमित रूप में बना हुआ दस्तावेज, ऐसा दस्तावेज जिसमें भरने के लिए कुछ स्थान रिक्त रहते हैं, प्रपत्र*, फार्म* (प्र० भी); १४. शिष्टाचार, औपचारिक नियम, विधि, संस्कार; १५. प्रथा अथवा नियम के अनुकूल आचरण, व्यवहार; १६. स्वास्थ्य की अवस्था, प्रशिक्षण की दशा, स्वस्थता; १७. पीठ के लिए सहारेवाली लंबी तिपाई या बेंच; १८. (मुद्रण में **forme** भी) फ़र्मा, छापने के लिए एक चौखटे में कसे गए टाइप के अक्षर; १९ खरगोश की माँद, शशक-शय्या; २०. (विधि) प्ररूप*। क्रि० स० और अ० १. रूप देना, गढ़ना, बनाना, रचना, ढालना, आकार देना, शकल बनाना, रूपायित करना; २. कोई रूप या आकार ग्रहण करना, ठोस हो जाना; ३. अनुशासन द्वारा ढालना या विशेष रूप देना, प्रशिक्षित करना, सिखाना, विकसित करना (किसी व्यक्ति या क्षमता-विशेष को); ४. किसी संस्था या संगठन का रूप देना, संस्था के रूप में संगठित करना या होना, ५. ढाँचा तैयार करना, बनाना, डौल डालना, उत्पन्न करना, पैदा करना; ६. (शब्द का) उच्चारण करना, स्पष्ट बोलना; ७ (विचार या धारणा) मन में लाना, सोचना, ध्यान में लाना; ८. (अभ्यास) डालना, बढ़ाना, विकसित करना; ९. (मैत्री या संधि) करना; १०. किसी वस्तु की सामग्री बनना, अंग बनना, अंश होना; ११. (व्या०) व्युत्पत्ति, विभक्ति आदि की सहायता से (नये) शब्द की रचना करना; १२. (सैन्य०) क्रमबद्ध करना, पंक्तिबद्ध करना, निश्चित विन्यास या क्रम में खड़े होना (जैसे **~**fours, column आदि)। **good, bad ~** यथाविधि आचरण के अनुकूल या प्रतिकूल, अच्छा या बुरा व्यवहार करना। **in great ~** बहुत प्रसन्न, बहुत जोश में। **in, out of ~** दौड़ने के उपयुक्त या अनुपयुक्त होना (घोड़े आदि का)। **is common ~** विशेष महत्त्व का नहीं है। **lose one's ~** अभ्यास न रहना, निपुणता कम हो जाना।

form- (FORMYL) formic या formyl का समस्त पदों में प्रयुक्त रूप।

-form [F. *-forme*, L., *formis*, from. *forma*, FORM] प्रत्य० विशेषण बनाने के लिए (व्यावहारिक रूप -iform) १. रूपवाला, आकार का, आकृति का आदि अर्थों का द्योतक (जैसे cruciform, cuneiform); २. आकारों की संख्या का द्योतक (जैसे uniform, multiform, diversiform; chloroform में यह प्रत्यय नहीं है)।

formal (fôr' mal) [L. *formālis*, from *forma*. FORM] वि० १. (पार०) किसी वस्तु के सार या तत्त्व से संबंधित (जैसे **~**cause, दे० CAUSE), मारगत, तत्त्वगत, तात्त्विक; २. बाह्य रूप या आकार का, बाह्य आकृति, विन्यास या बाह्य गुणों से संबंधित; ३. (तर्क०) रूपात्मक, तर्क की विषय-वस्तु से नहीं, रूप से संबंधित; ४. रूपसिद्ध, तर्कसिद्ध. यथितसगत, स्पष्ट और निश्चित, केवल निहित नहीं, ५. औपचारिक* (प्र० भी) रस्मी शिष्टाचार के अनुकूल, यथारीति, यथानियम. व्यावहारिक, ६. दिखावे का, दुनियादारी का, ऊपरी, भावनारहित, केवल रीति का पालन करनेवाला, रूढ़िपूजक; ७. शिष्टाचारी, नियमनिष्ठ, यथार्थ, निश्चित, निर्दिष्ट, सुव्यवस्थित, नियमित, रूखा, कठोर; ८. सरकारी, दफ़्तरी, डाकाघर। विधिवत, नियमानुसार।

formalize क्रि० स० १. निर्दिष्ट आकार देना; २. विधिसंगत बनाना, क़ानूनी रूप देना; ३. शिष्टाचारपूर्ण या पुरातकल्लफ़ बना देना; ४. नियम निष्ठ कर देना, नियम द्वारा कठोर बना देना; ५. औपचारिकता भर देना, औपचारिक बना देना। **formalization** सं० १. विधिसंगत बनाने या क़ानूनी रूप देने की क्रिया; २. निर्दिष्टीकरण, नियमनिष्ठ, शिष्टाचारपूर्ण या औपचारिक बनाना। **formally** क्रि० वि० १. यथाविधि, नियमनिमानुसार, औपचारिक रूप से* (मा० १ भी), यथारीति, बाक़ायदा, शिष्टाचारपूर्वक, तत्त्व या सार रूप में।

formaldehyde (fôr mäl' de hīd) सं० १. निःसंक्रामक, पूतिदोष-रोधी पदार्थ; २.(क्र०, वि० १) फ़ार्मएल्डिहाइड*।

formalin (fôrm' a lin) १. फ़ार्मएल्डिहाइड का चुलना; २. (आ०, क्र०, वि० १) फ़ार्मलिन।

formalism (for' mā lizm) सं० १. नियमनिष्ठता; २. रूपवाद; ३. लौकिकता; ४. शिष्टाचारप्रियता, व्यवहारस्वादिता। **formalist** सं० १. नियमनिष्ठ, नियमशील; २. रूपवादी; ३. शिष्टाचारप्रिय, व्यवहारवादी। **formalistic** वि० १. नियमनिष्ठता संबंधी; २. शिष्टाचारप्रधान; ३. रूपवादी।

formality (fôr mäl' i ti) सं० १. नियमनिष्ठता, व्यावहारिकता, औचित्य; २. विस्तृत विधि या कार्य-प्रणाली, ३. शिष्टाचार, औपचारिकता* (मा० १ भी), दस्तूर, रिवाज, तक़ल्लुफ़; ४. नियमानुकूल व्यवहार, आचरण की उपयुक्तता; ५. (विधि) प्रक्रिपिता*।

formation (fôr mā' shun) [L. *formātio -onem*, from *forma*, FORM] सं० १. निर्माण*, रचना* आ०, (इ० ३, प्र० भी), बनाया जाना, बनना, बनाना* (प्र० भी); २. निर्मित या रचित वस्तु, ३. विन्यास, बनावट, संगठन-क्रम; ४. (सैन्य०) विरचन, व्यूह, सैन्य-रचना, सेना-विधान, सेना-विन्यास, क्रम या व्यवस्था; ५. किसी कार्य के लिए आकाश में वायुयानों की कर्म-रचना; ६. (भूगर्भ०) चट्टानों के जमाव या स्तर जिनमें एक-सी विशेषताएँ पायी जायें; ७.(वि० १) विरचन*, संभवन* । **formative** (fôr' mā tiv) वि० निर्माणात्मक, रचनात्मक, रचनाकारी, जिसमें किसी वस्तु को बनाने या रचने की योग्यता हो; २. (व्या०) शब्द-रचना में प्रयुक्त (विभक्तिगत और व्युत्पत्तिगत प्रत्यय और उप०)। सं० रचनाकारी तत्त्व, निर्माणकारी तत्त्व।

forme (मुद्रण) दे० FORM।

former (fôr' mer) [formed from M.E. *formest*, FOREMOST, double superl. from A.-S. *forma*, first] वि० और सर्व० १. भूतपूर्व, पहले का, पहला, पिछले, अगले समय का, पूर्वकालीन, विगत, प्राचीन युग का, पुराना, अगला, गुज़रा हुआ; २. पहला, पूर्वोक्त। **the ~** पहला, उल्लेखित दो में से प्रथम। **formerly** क्रि० वि० पहले, प्राचीन समय में, पिछले ज़माने में, विगत युग में।

formic (fôr' mik) [short for *formicic*, from L. *formica*, an ant] वि० (रसा०) फ़ार्मिक, वङ्गिक। **~acid** चींटियों द्वारा उगले हुए द्रव में एक प्रकार का रंगहीन अम्ल या ऐसिड, वङ्गिक अम्ल। **formicant** वि० (चिकि०) कुछ, क्षीण, दुर्बल (विशे०नाड़ी)। **formicary** सं० चींटियों का दूह या टीला। **formicate** वि० चींटी के आकार का। **formication** (for' mikā' shun) सं० १. शरीर पर चींटियों के रेंगने जैसी संवेदना; २. सुरसुरी; ३. सिहरन; ४. (आ०) पिपीलिकासरणानुभूति*। **formate** सं० वङ्गिक लवण, फ़ार्मेट* (वि० १ भी)।

formidable (fôr' mid ā bel, *incorr.* fôr mid' ābl) [F., from L. *formidābilis*, from *formidāre*, to dread] वि० १. दारुण, भयावह, भयानक, डरावना, भीषण, घोर, विकट, भयकारी, भयंकर; २. दुर्धर्ष, दुर्जेय, प्रबल, जिस पर विजय पाना या जिसका सामना करना कठिन हो; ३. बड़ा, जबर्दस्त। **formidableness** सं० भयानकत्व, भीषणता, भयंकरता, डरावनापन; २. दुर्जेयता, प्रबलता। **formidably** क्रि० वि० १ डरावनेपन से, भयंकरता पूर्वक; २. दुर्जेयता के साथ।

formless (fôrm' les) [FORM, -LESS] वि० अरूप, रूपहीन, निराकार, आकारहीन, आकृतिशून्य, जिसका कोई निर्दिष्ट या निश्चित रूप न हो। **formlessly** क्रि० वि० बिना रूप या आकार के, निराकारता से, आकारहीनता के साथ। **formlessness** सं० रूपहीनता, निराकारता, अरूपता, आकारहीनता।

formula (fôr' mū là) [L., dim. of *forma*, FROM] सं० (बहुव० **~læ, ~las**) १. सूत्र* (आ०, क्र०, प्र०, वि० १ भी), विधि, नियम, व्यवस्था, स्थिति, रीति, फ़ार्मूला, नुस्खा, सिद्धान्त वाक्य; २. विधान, रूढ़ि, प्राचीन प्रथा, अंधश्रद्धा से पालन किया जानेवाला नियम; ३. औषधि बनाने की विधि या नुस्खा; ४. विरोधी विचारों के अंतर को ध्यान में रख कर एक मत करने के उद्देश्य से बनाया गया सिद्धान्त; ५. (गणि०) सूत्र, बीजगणित के गुर, हल, तरकीब, सिद्धान्त, नियम; ६. (रसा०) किसी पदार्थ की रचना का संकेतों द्वारा प्रकटीकरण; ७ चिह्नों और अंकों द्वारा, तथ्यों का मारणीकरण। **formularise, formulize** क्रि० स० सूत्रीकरण करना, नियमबद्ध करना, सूत्र का रूप देना। **formularization, formulization** सं० सूत्रीकरण, नियमन, सारणीकरण। **formulary** सं० १. सूत्र-समूह, सूत्र-संहिता, नियमावली, २. धर्मसंहिता, सूत्र-ग्रंथ, विधि-ग्रंथ। वि० सूत्र रूप में, सूत्र संबंधी। **formulate** क्रि० स० १. सूत्रण* (वि० १ भी), सूत्रबद्ध करना, नियमबद्ध करना, सूत्र रूप में कहना; २. क्रमबद्ध करके प्रस्तुत करना, व्यवस्थित रूप में रखना, ३. व्यवस्थित बनाना, सिद्धान्त बनाना; ३. निर्धारण करना, गढ़ना, रचना, निर्माण करना; ४. बनाना, रच देना। **formulation** सं० सूत्रीकरण, नियमन, सिद्धान्तीकरण। **formulism** सं० रूढ़िवाद, प्राचीन प्रथा का बिना सोचे-समझे अनुसरण, नियमपरायणता। **formulist** सं० रूढ़िवादी, प्राचीन प्रथा का अनुयायी, सूत्रवादी। **formulistic** वि० रूढ़िगत, प्रथागत, विधानानुकूल, सूत्रानुसार।

fornicate (fôr' ni kāt, [l. *fornicātus*, p.p. of *fornicāri*, from *fornex -icis*, an arch, a brothel] क्रि० अ० १. अनुज्ञागमन, कुमारी-संभोग, पुरुष (कवचित अविवाहित) का कुमारी के साथ संभोग या मैथुन करना। **fornication** (fôr' ni kā' shun) सं० अनुज्ञागमन, कुमारी-गमन* (मा० ३ भी), पुरुष और अविवाहिता स्त्री का समागम (कभी-कभी अविवाहित पुरुष और अविवाहित स्त्री के संभोग के अर्थ में भी)। **fornicator** वि० अनुज्ञागामी, कुमारी के साथ संभोग करनेवाला।

forrader (corr. of FORWARDER* दे० FORWARD)।

forrel दे० FOREL।

forsake (fôr sāk') [A.-S. *forsacan* (FOR-, *sacan*, to quarrel, see SAKE)] क्रि० स० (भू० **-sook**, भू० कृ० **-saken**) १. छोड़ना, छोड़ देना, त्यागना, तजना, अलग कर देना, संबंध-विच्छेद करना; २. सहायता बंद करना, मैत्री भंग करना, साथ छोड़ना, परित्याग करना।

forsooth (fôr sooth') क्रि० वि० सत्य, सचमुच, वास्तव में, सही तौर पर, निस्संदेह, बेशक, बिलाशक (सदा व्यंग के रूप में)।

forspend (fôr spend') क्रि० स० थकना, थका-मांदा होना, परिश्रांत

या क्लांत होना। (प्रायः भू० कृ०) थका हुआ, थका-मांदा, क्लांत।

forswear (for swâr') [A.-S. *forswerian*] क्रि० स० (भू० **-swore**, भू० कृ० **-sworn**) १. सशपथ, सपथपूर्वक त्यागना, सौगंध खाकर छोड़ना, तौबा करना, क़सम खाना, सौगंध खाना। (भू० कृ०) झूठी शपथ खाये हुए। **~oneself** मिथ्या शपथ लेना, झूठी क़सम खाना, झूठी गंगाजली उठाना।

forsythia (fôr sī' thyā) [W. 1737-1804)] सं० फोरसाइथिया, वसंत ऋतु में फूलनेवाली एक प्रकार की सजावट की झाड़ी जिसमें पीले चमकीले फूल आते हैं।

fort (fôrt) [O.F., from L. *fortis* (*domus*), strong (house)] सं० १. क़िला*, दुर्ग*, गढ़* (मा० १ भी), कोट; २. (उत्तरी अमरीका में) व्यापार-केन्द्र, व्यापारिक मंडी (जो किसी ज़माने में दुर्ग की भाँति सुरक्षित हुआ करती थी)।

fortalice (fôr' tă lis) [med. L. *fortalitia*, as prec.] सं० १. (अप्र० और काव्य०) गढ़ी, क़िला; २. (आधुनिक) छोटा क़िला, छोटा गढ़।

forte (fôrt) [F.fem.adj.,strong,as prec.(fem. unmeaningly adopted instead of masc.)] सं० १. किसी व्यक्ति का विशेष गुण, विशेष क्षमता, श्रेष्ठ गुण, विशेषता; २. पटेबाज़ी में मूठ से लेकर बीच तक का तलवार का फल।

forth (fôrth) [A.-S., from *fore*, see FORE[1] (cp. Dut. *voort*, G. *fort*)] क्रि० वि० १. आगे की ओर, आगे; २. आज से आगे, भविष्य में, आज से, आइन्दा, अब के बाद से, इस बार के बाद में; ३. सामने, दृष्टि के सामने, नज़र में, प्रत्यक्ष, ४. बाहर, घर आदि से बाहर, दरवाज़े से बाहर। पूर्व० बाहर की ओर से। **and so ~** और इसी प्रकार से, इसी तरह। **back and ~** आगे-पीछे। **hence ~** अब के बाद से। **so far ~** उस सीमा तक। **so far ~ as** किसी हद तक, जहाँ तक जिस सीमा तक। **forthcoming** (fôrth kŭm'ing) वि० १. आगामी* (प्र० भी), भावी, अगला, आनेवाला, आगे आनेवाला, आदत्ता, आसन्न, निकट भविष्य में होनेवाला; २. जो आवश्यकता पड़ने पर प्रस्तुत किया जा सके, आगे लाया जा सके। **forth-right** (fôrth' rīt') क्रि० वि० १. सचाई से, सरलता से, निर्भीकतापूर्वक; २. तुरंत, फ़ौरन, एकदम, साफ़, सीधा; ३. सीधा जानेवाला, स्पष्ट, स्पष्ट वक्ता, खरा, बेलाग, दो टूक, निर्भीक, मुँहफट, अडिग, अटल. मामले का साफ़ या पक्का; ४. निर्णायक, निश्चयात्मक; ५. चतुर, प्रवीण, दक्ष, चुस्त। म०सीधा रास्ता।

forthwith (fôrth with) क्रि० वि० तुरंत, फ़ौरन, शीघ्र, तत्क्षण* (विधि भी), तत्काल* (प्र०, विधि भी), इसी समय* (प्र० भी)।

fortify (fôr' tĭ fī) [O.F. *fortifier*, L. *fortificāre* (*fortis*, strong, *ficāre*, from *facere*, to make)] क्रि० स० और अ० १. प्रबल आदि की बनावट को सुदृढ़ करना, पुष्ट बनाना, दृढ़ करना, पक्का करना, मज़बूत बनाना; २. बल, शारीरिक शक्ति या सहन-शक्ति प्रदान करना, मानसिक अथवा नैतिक बल देना, प्रोत्साहन देना, हौसला बढ़ाना; ३. प्रबल बनाना* (आ० भी), (ऐल्कोहॉल मिला कर) तेज़ करना या तीक्ष्ण करना; ४. (कथन को) पुष्टकरना, समर्थन करना; ५. (नगर, सेना या अपने आप को) सुरक्षात्मक उपायों से सुसज्जित करना, दृढ़ करना; ६. क़िलेबन्दी करना गढ़बदी करना मोर्चेबंदी करना। **fortifiable** वि० दृढ़ बनाने योग्य, पुष्ट करने योग्य, मोर्चेबंदी या क़िलेबंदी के योग्य। **fortification** सं० १. प्रबलीकरण* (आ० भी), दृढ़ करना, पुष्टीकरण; २. ऐल्कोहॉल मिलाकर शराब को तेज़ करना; ३. (सैन्य०) क़िलाबंदी* (मा० १, वि० १ भी), गढ़बंदी, दुर्गकरण; ४. दुर्ग निर्माण या क़िलाबंदी की कला या विद्या; ५. सुरक्षात्मक उपाय (दीवारें, प्राचीरें, कोट आदि)।

fortitude (fôr' ti tūd) [F., from L. *fortitūdo*, from *fortis*, strong] सं० (पीड़ा या विपत्ति में) साहस, धैर्य, हिम्मत, सब्र, बर्दाश्त, स्थिरता।

fortnight (fôrt' nīt) [M.E. *fourtenight*, A.-S. *fēowertȳne niht*, fourteen nights] सं० पखवाड़ा, पक्ष, दो सप्ताह का समय, पन्द्रह दिन, अर्धमास। **fortnightly** वि० और क्रि० वि० पाक्षिक, पक्ष में एक बार होनेवाला, पन्द्रह दिन में या पखवाड़े में एक बार, पाक्षिक रूप में।

fortress (fôr' tres) [O.F. *forteresse*, var. of *fortalesce*, *fortalice*] सं० १. सैनिक दुर्ग* (मा० १, वि० १ भी), क़िला, कोट*, कोटला*, गढ़ी* (मा० १भी), गढ़ (विशे० बड़ी सेना के लिए शस्त्रादि से सुसज्जित और सुदृढ़) नगर। क्रि० स० १. (काव्य०) दुर्ग का काम देना; २. रक्षा करना, बचाव करना।

fortuitous (fôr tū' i tŭs) [L. *fortuitus*, from *fors fortis*, chance] वि० आकस्मिक, अचानक, एकाएक, अनायास, दैवी, दैवाधीन। **fortuitously** क्रि० वि० अकस्मात, संयोगवश, दैवयोग से, अचानक। **fortuitousness** सं० आकस्मिकता, दैवाधीनता, संयोगवशता। **fortuitism** सं० भाग्यवाद, अदृष्टवाद, दैववाद, नियतिवाद। **fortuitist** सं० भाग्यवादी, अदृष्टवादी, दैववादी, नियतिवादी। **fortuity** सं० १. दैवयोग, आकस्मिकता, दैवाधीनता; २. आकस्मिक घटना, अदृष्ट, ३. दुर्घटना; ४. अनजाने और अनचाहे होने वाली बात।

fortunate (fôr' tū-, -chu nāt) [L. *fortūnātus*, p.p. of *fortūnāre*, from *fortūna*, see foll.] वि० १. महाभाग, भाग्यवान, सौभाग्यशाली, खुशक़िस्मत; २. समृद्ध, खुशहाल; ३. मंगल, मंगलमय, शुभ, कल्याणकारी, अनुकूल, मुबारक। **fortunately** क्रि० वि० १. दैवबशात्, सौभाग्य से, सौभाग्यवश, भाग्य से; २. सफलतापूर्वक, सफलता के साथ।

gap (găp) [Icel., from *gapa*, see foll.] सं० १. विदर* (इं० २, वि० १ भी), दरार; २. दर्रा* (इ० २, वि० १ भी), घाटी; ३. खाई; ४. टूट, गुप्य, रिक्ति, रिक्त-स्थल, क्रम-भंग; ५. कमी, अंतराल* (इ० २, वि० १ भी), फाड़, छूरी, (दृष्टिकोणों या सहानुभूतियों आदि का) व्यापक अंतर। **stop, fill, supply a ~** १. कमी पूरी करना, रिक्त-पूर्ति करना; २. दरार बंद करना, खाई भरना या पाटना, जगह भरना या जगह पर आना। **gapped, gappy** वि० १. दरारयुक्त; २. घाटी-विषयक; ३. अंतराल या दृष्टिकोणों के अंतर से संबद्ध।

gape (gāp) [Icel. *gapa* (cp. Dut. *gapen*, G. *gaffen*) क्रि० अ० १. मुँह बाना, मुँह फाड़ना, मुँह फैलाना; २. (मुख, घाँघों घावों, दरार आदि का) पूरा खुलना या खोला जाना, तोड़ना, तड़कना, घज्जी उतरना; ३. ताकना, घूरना, उत्सुकता से टकटकी लगाना; ४. जँभाई लेना। सं० १. जँभाई, जृंभिका; २. मुँह फाड़ कर देखने का भाव; ३. खुले हुए मुख या चोंच का विस्तार, चोंच का खुलने वाला भाग; ४. दरार, विवृति, छेद, दराड़। **the gapes** १. (बहुव०) मुर्गों की एक बीमारी (जिसका लक्षण उन्हें जमुहाइयाँ आना है); २. (विनो० जँभाइयों का दौरा, जँभाई का लगातार आना। **~seed** (विनो०) घूरना, ताकना, घूरने का अवसर या स्थिति, घूरने की वस्तु, घूर कर देखी जाने वाली वस्तु। **gaper** सं० किंपातल अर्थों में १. (विशे० कुछ विशेष प्रकार की चिड़ियाँ; २. मेपर, एक प्रकार का घोंघा।

garage (găr' ăj, gā razh') [F., from *garer*, to put into dock, from Teut. (cp. Goth. *warjan*, A.-S. *werian*, to defend)] सं० गैरेज, गैराज, बिना घोड़ों की गाड़ियों को रखने या मरम्मत करने के लिए स्थान (विशे० मोटरकारों का)। क्रि० स० (मोटरकार को) गैरेज में रखना।

garb (garb) [through F. *garbe* (now *galbe*) or directly from It. *garbo*, grace, elegance, from Teut. (cp. O.H.G. *garwi*, *garawi*, cogn. with GEAR)] सं० १. पोशाक, परिधान, वस्त्र, वेश, २. (विशे०) विशिष्ट प्रकार की पोशाक; ३. वेश-विन्यास, पहनावा, वेशधारण, किसी पोशाक के पहने जाने का ढंग; ४. कपड़े, लिबास, जामा, परदा, रूप, शकल। क्रि० स० वस्त्र पहनाना, (विशे० विशिष्ट प्रकार की) पोशाक से सज्जित करना (प्राय: कर्मवाच्य या निजवाचक रूप में)।

garbage (gar' bāj) [etym. doubtful (Skeat suggests O.F. *garbage*, *gerbage*, a tax paid in sheaves, from *garbe*, see prec.)] सं १. कूड़ा* (आ०, इ० भी), करकट, जठन, छीछड़े, खाने के मांस से काटा-छाँटा अंश; २. गली-सड़ी चीज़, तुच्छ वस्तु, निकम्मी या बेकार वस्तु; ३. भद्दा या गंदा अथवा बेकार साहित्य।

garble (gar' bĕl) [perh. through O.F. *garbeller*, from It. *garbellare*, to garble spices, from Arab. *gharbala* to sift] क्रि० स० १. सर्वश्रेष्ठ चुनना, सर्वोत्कृष्ट (वस्तु को) छाँटना, सबमें से सबसे अच्छे को चुन लेना (विरल); २. काट-छाँट करना, (तथ्यों, बयानों आदि में से प्राय: अनुचित या इरादापूर्ण) अंश चुन लेना या छाँट लेना, मिथ्या प्रस्तुतीकरण के लिए (किसी तथ्य, बयान आदि को) तोड़ना-मरोड़ना, तोड़-मरोड़ करना, अंग-भंग करना, बिगाड़ना, विकृत करना।

garboard (gar' bôrd) [obs. Dut. *gaarboord*] सं० बाहरी लंब पट्टी, गार बोर्ड। **~-strake** १. जहाज़ की तह के ऊपर के तले पर तख़्तों का पहला बिछाव या स्तर; २. लोहे के बने हुए जहाज में प्रयुक्त समान पत्तरें या चादरें।

garden (gar' dĕn) [A.-F. *gardin* (F. *jardin*), from Teut. (cp. O.S. *gardo*, A.-S. *geard*, YARD, Icel. *garthr*, GARTH, G. *garten*)] सं० १. बाग़* (क्रि० भी), बग़ीचा, उपवन, उद्यान, वाटिका, फुलवाड़ी; २. (बहुव०) सार्वजनिक विश्राम-स्थल या आमोद-वाटिका, (प्राय: botanical और zoological gardens); ३. विशेष उर्वर क्षेत्र या भू-भाग; ४. (बहुव०) नामों के साथ (जैसे Onslow spring gardens); ५. सड़कों या चौराहों आदि पर बने हुए मकानों की कतार या पंक्ति। वि० १. (गुणवाचक) उत्पादित, उगाया गया, अवन्य, जो जंगली न हो, (~plants उद्यान में लगाया गया या उत्पन्न पौधा); २. (प्रा०) सादा, मामूली, साधारण, उद्यानवासी, बाग़ में रहने वाले (जैसे ~spider)। क्रि० स० बाग़ लगाना। **common or~** (प्रा०) सादा, मामूली, साधारण। **~city** गार्डन-सिटी, उद्यान-नगर, ऐसा औद्योगिक या अन्य प्रकार का नगर जो विस्तीर्ण और आकर्षक परिपार्श्व में बनाया गया हो। **~-engine** गार्डन-एंजिन, बाग़ में पानी देने का इंजन या कल। **~-frame** गार्डन-फ्रेम, पौधों के संवर्द्धन के लिए प्रयुक्त फ्रेम या ढाँचा। **~-glass** गार्डन-ग्लास, पौधों को ढकने के लिए शीशे का आच्छादन या सरपोश। **~-party** गार्डन-पार्टी, लॉन पर या उद्यान में होने वाली सामाजिक गोष्ठी, उद्यान-भोज। **~-plot** बाग़ का प्लॉट, उद्यान के लिए प्रयुक्त भू-खंड। **~-seat** बाग़ आदि में पड़ी हुई बैंच या तिपाई आदि, बस के ऊपर ऐसी ही बैंच जिसपर एक या दो व्यक्ति बैठ सकते है। **~-stuff** उद्यान-सामग्री अर्थात् तरकारियाँ और फल। **~suberb** नगर का बाहरी विस्तृत एवं आकर्षक प्रदेश। **~-warbler** बागों में रहने वाली एक प्रकार की चिड़िया। **~-white** गार्डन-ह्वाइट. एक प्रकार की तितली।

gardenia (gar dē' ni ā) [Dr. Alex *Garden*, Am. botanist (*d.* 1791)] सं० गार्डीनिया, वृक्षों और झाड़ियों की एक बड़े सफ़ेद या पीले प्राय: सुगंधित पुष्पों वाली जाति।

Gardner (gun) सं० गार्डनर, कप्तान एम० डब्ल्यू० गार्डनर द्वारा आविष्कृत मशीनगन का प्रारंभिक रूप जिसमें कई नलियाँ होती थीं।

gare-fowl (gâr' foul) [Icel. *geir-fugl*] सं० गेज़र फ़ाउल, आर्क नामक उत्तरी ध्रुव सागरीय पक्षी।

garfish सं० गारफिश, एक मछली, जिसका मुँह बर्छी के आकार का लंबा होता है और जिसकी हड्डियाँ हरी होती हैं।

gargantuan (gar găn' tū ăn) [*Gargantua*, the giant of Rabelais] वि० बड़ा, विशाल, महाकार, महाकाय, बहुत बड़ा, बृहत्काय।

garget (gar' gĕt) [O.F. *gargate*, the throat (etym. doubtful; cp. GARGOYLE)] सं० १. मवेशियों, सुअरों या मुर्गियों के सिर या गले का प्रदाह; २. गायों और भेड़ों के थनों का प्रदाह, थनैला*/थनशोथ* (क्रु० भी)।

gargle (gar' gĕl) [F. *gargouiller*] क्रि० स० और अ० (गला) घोंगा या साफ़ करना, ग़रारे करना। सं० ग़रारे करने में प्रयुक्त द्रव, गराड़ा* (आ० भी)।

gargoyle (gar' goil) [F. *gargouille*, weasand (cp. F. *gorge*, throat, Gr. *garg-*, base of *gargarizein*, GARGARIZE)] सं० गरगोयिल, जीवाकार नल, प्राय: मनुष्य या

पक्षों के मूल, सिर या शरीरके आकार का दीवार के पानी के निकास के लिए निर्मित परनाला।

garibaldi (gâr i bol' di) [Giuseppe *Garibaldi* (1807-82), liberator of Italy] सं० १. गैरीबाल्डी, स्त्रियों या बच्चों का एक प्रकार का ब्लाउज, मूलतः यह सुर्ख लाल रंग का होता था; २. किसमिश-युक्त बिस्कुट।

garish (gâr' ish) [earlier *gaurish*, from obs. *gauren*, to stare, etym. doubtful] वि० खटकने वाला चमकीला, दिखावटी, भड़कीला, अनावश्यक रूप से सज्जित, बहुत चमक-दमक वाला। **garishly** क्रि० वि० दिखावटी तौर से, भड़कीलेपन से, अनावश्यक रूप से सज्जित होकर। **garishness** सं० अतिशय चमकीलापन, दिखावटीपन, भड़कीलापन, अनावश्यक सज्जा।

garland (gar' lând) [O.F. *garlande*, etym. doubtful (F. *guirlande*, from It. *ghirlanda*)] सं० १. हार, गजरा, माला, फूलों का सेहरा; २. फूलों-पत्तों आदि की बंदनवार; ३. विजय आदि का वैशिष्ट्य, उत्तमता या पारितोषिक; ४. (सेहरे या हार आदि के अनुकरण पर बनाया गया) धातु आदि का सेहरा या हार। क्रि० स० १. हार या माला पहनाना, गजरा पहनाना, सेहरा बाँधना, सेहरा पहनाना, बंदनवार सजाना या बाँधना; २. सेहरे, हार या बंदनवार की तरह काम देना या सजावट करना।

garlic (gar' lik) [A.-S. *gârléac* (as GAR¹ LEEK)] सं० लहसुन* (कु०, वि० १ भी)। **garlicky** वि० लहसुन की (विशे० गंध)।

garment (gar' ment) [M.E. and O. F. *garnement*, from *garnir*, see GARNISH] सं० १. कपड़ा, पहनावा, लिबास, वेश, पोशाक, वस्त्र, परिधान, वसन (विशे० गाउन, लबादा); २. (बहु०) डकहन, किसी वस्तु का ऊपरी द्रव्य या आच्छादन। क्रि० स० (कर्मवा० भू० कृ० में प्रयुक्त) सज्जित होना, वसन धारण करना।

garner (gar' nér) [O.F. *gernier*, *grenier*, L. *grânârium*, GRANARY] सं० १. (काव्य० और अल०) खत्ती, कोठा, अनाज-घर, अन्न-भंडार (ला० भी)। क्रि० स० संग्रह करना, संचित करना, एकट्ठा करना, एकत्र करना।

garnet (gar' net) [O.F. *grenat*, *granat*, late L. *grânâtus*, from (*mâlum*) *grânâtum*, POMEGRANATE, from the resemblance to its seeds] सं० गार्नेट* (वि० १ भी), याकूत, रक्तमणि, तामड़ा* (कु०, मा० १ भी), लाल रंग की एक मणि।

garnish (gar' nish) [O.F. *garnuss-*, stem of *garnir*, *guarnir*, *warnir*, to defend, to fortify, from Teut. (cp. O.H.G. *warnôn*, G. *warnen*, to WARN)] क्रि० स० १. अलंकृत करना, सजाना, सुसज्जित करना; २. (विशे० खाने की मेज पर नश्तरी) करीने से लगाना; ३. (विधि) रकम की कुर्की की नोटिस देना, परिरक्षणादेश देना, ४. दूसरों के मुकदमे में (किसी व्यक्ति को) एक पक्ष के नाते बुलाना या आहूत करना। सं० खाने की मेज पर रकाबियाँ करीने से लगाने में काम आने वाली वस्तुएँ (ला० भी साहित्यिक सज्जा या अलंकरण)। **garnishee** सं० अनुमुणी, प्राधमर्ण, ऐसा व्यक्ति जिसे सावधान कर दिया जाता है कि रुपया या माल किसी को दे नहीं। **garnisher** सं० थालियाँ या रकाबियाँ सजाने वाला। **garnishing** सं० १. अलंकरण, सजाना, चमकाना, चुनना; २. अलंकार, सजावट; ३. जूट की पट्टी लगाना। **garnishment** सं० १. अनुरक्षणकरण; २. (अप्र०) वेतन-रोक, ३. खाने की मेज पर करीने से रकाबियाँ लगाना।

garniture (gar' ni chúr) सं० १. साज की आवश्यक वस्तुएँ; २. सजावट की चीजें (विशे० खाने की मेज पर रकाबियाँ चुनने में प्रयुक्त); ३. पोशाक, परिधान, वस्त्रालंकार।

garotte दे० GARROTTE।

garret¹ (gâr' ét) [O.F. *garite* (F. *guérite*), from *garir*, *warir*, to defend, from Teut. (cp. O.H.G. *warjan*, A.-S. *werian*)] सं० १. बरसाती, अट्टालिका; २. मियानी, दुछत्ती, पूर्णतः या अंशतः छत के अंदर बना हुआ कमरा; ३. (ब्रा०) सिर।

garreteer (gâr ə têr') सं० बरसाती या मियानी में रहने वाला (किसी निर्धन अभजीवी साहित्यकार)।

garret² दे० GALLET।

garrison (gâr' i sən) [F. *garison*, defence, safety, from *garir*, to defend (sense influ. by GARNISON)] सं० गढ़ सेना, रक्षाल फौज, रक्षक सेना, दुर्ग सेना, गैरीजन* (मा० १ भी), गढ़ी, नगर आदि में उसकी रक्षा करने के निमित्त स्थित सेना या टुकड़ी। क्रि० स० १. रक्षक सेना रखना, रक्षक सेना तैनात करना; २. (सैनिक टुकड़ियों या सैनिकों को) रक्षक सेना में रखना या रक्षक के पद पर नियुक्त करना, मोर्चाबंदी करना।

garron (gâr' ən) [Gael. *gearran*, a gelding] सं० स्कॉटलैंड और आयरलैंड का टट्टू या घटिया किस्म का छोटे कद का घोड़ा।

garrot (gâr' ət) [F., etym. doubtful] सं० गैरट, एक प्रकार की समूही बत्तख।

garrotte (gâ rot') [Sp. *garrote*, a stick, etym. doubtful] सं० १. गलाघोंट कर प्राणदंड देने की स्पेनी पद्धति; २. गेरोट, इस पद्धति में प्रयुक्त औजार या यंत्र। क्रि० स० १. गलाघोंट कर मारना और सब कुछ लूट लेना, गलाघोंट कर प्राणदंड देना; २. डाका मारने के लिए गला घोंटना। **garrotter** सं० १. गलाघोंट कर मारने वाला डकैत; २. गलाघोंट कर मारने वाला डाकू।

garrulous (gâr' ú lùs) [L. *garrulus*, from *garrire*, to chatter] वि० १. बातूनी, मुखर, वाचाल, बकवासी; २. (चिड़िया, धारा आदि) चहचहाने वाली, कलकलपूर्ण। **garrulity**, **garrulousness** सं० १. बातूनीपन, मुखरता, वाचालता; २. (चिड़ियों, धारा आदि की) चहचहाहट, कलकल शब्द। **garrulously** क्रि० वि० १. बातूनीपन से, वाचालतापूर्वक; २. चहचहाते हुए, कलकल करते हुए।

garter (gar' tèr) [O.F. *gartier* (F. *jarretiere*), from *garet* (F. *jarret*), the leg, perh. from Celt. cp. Bret. and W. *gar*, the shank of the leg] सं० गेटिस, मोजाबंद। क्रि० स० गेटिस बाँधना, (मोज़ों पर) गेटिस लगाना, (पाँव के चारों ओर) गेटिस लगाना या बाँधना। **the Garter** अंग्रेजी नाइटों या श्रोमेतों की उच्चतम श्रेणी (का बैज या बिल्ला) या इस श्रेणी की सदस्यता।

gas (gâs) [Dut., invented by the chemist Van Helmont (*d.* 1644), from Gr. *chaos*, see CHAOS] सं० (बहु० **gases**) १. गैस* (मा० १, वि० १ भी), वायु की तरह का या पूरी तरह फैल सकने योग्य कोई द्रव (गैस प्रायः उन वायुवत् द्रवों को vapours कहते हैं जो साधारण तापमान से तरल या ठोस नहीं हो जाते, दूसरी तरह के वायुवत् द्रवों को कहते हैं); २. इस प्रकार के द्रव (विशे० coal ~ कोयला-गैस या कार्बन-मिश्रित हाइड्रोजन-युक्त विभिन्न मिश्रण जिनका प्रयोग प्रकाश या गर्म करने के लिए किया जाता है); ३. (बोल०) पैट्रोल, गैसोलाइन; ४. (खनन)

firedamp (मिथेन) का वायु-मिश्रित विस्फोटक मिश्रण; ५. गुब्बारे में भरी जानेवाली हाइड्रोजन आदि; ६. (प्राय: laughing~) निश्चेतक नाइट्रस ऑक्साइड; ७. (poison~भी) विषैली गैस, दमघोट गैस, युद्ध में शत्रु को मूर्च्छित करने या उसकी साँस आदि में अवरोध उत्पन्न करने के लिए प्रयुक्त विषैली गैस; ८. प्रकाश के लिए प्रयुक्त जैट अर्थात् प्रवार; ९. खाली बात हो बात, डींग, शेखी, बकवास, व्यर्थ की बात, बुँजाबार, वक्तृता या वाग्मिता; १०. किना खुले हुए कोयले से ज़मीन के अन्दर गैस की उत्पत्ति। क्रि० अ० और स० (भू० और भू० हो० gassed) १. (कमरे, रेलगाड़ी आदि में) गैस भरना; २. (शत्रु या किसी स्थान पर) विषैली गैस छोड़ना; ३. (कर्मवाच्य में) जहरीली या विषैली गैस से प्रभावित या ग्रस्त होना; ४. डीले रेशों को हटाने के लिए (डोरे या फीते को) गैस की लपट से निकालना, लपट दिखाना; ५. बकवास करना, व्यर्थ की बातें करना या शेखी मारना। **step on the~** १. एक्सेलरेटर पैडिल को पाँव से दबाकर मोटर इंजन को चालू करना; २. (ला०) और तेज़ चलना। **~-bag** १. गैस का थैला; २. (तिरस्कार-सूचक) बकवादी, गपोड़, शेखीबाज़; ३. हवाई जहाज़ की गैस की टंकी, हवा से हलका वायुयान या गुब्बारा (aeroplane हवा से भारी विमान का विलोम)। **~-bracket** गैस की दीवारगीरी, दीवार से लगी हुई जलती हुई मशालों से युक्त नली या नल। **~-coal** बिटुमिनी कोयला जिससे गैस बनाई जा सकती है। **~-coke** गैस निकाल लेने के उपरांत अवशिष्ट कोयला। **~-engine, -motor** गैस-इंजन, गैस-मोटर, बंद सिलिंडरों में गैस की उत्पत्ति या गैस के नियमित दहन और विस्फोट से प्राप्त शक्ति। **~-fitter** १. गैस-फिटर, गैस-फिटिंग करने वाला दूकानदार या कारीगर; २. गैस द्वारा गर्म करने या प्रकाश देने के औज़ार या उपकरण। **~-helmet, -mask** गैस-कवच, गैस-नक़ाब, विषैली गैसों से रक्षा करने के लिए धारण किए जाने वाले कवच आदि। **~-holder** १. गैस-पात्र, गैस इकट्ठी करने का विशाल पात्र, गैसोमीटर; २. गैस द्वारा चालित इंजन या मोटर। **~-light** १. गैस का प्रकाश, (विशे०) कोयले की गैस से प्राप्त प्रकाश; २. जलते हुए गैस का प्रवार; ३. (~-light paper, plates फोटोग्राफ़ी की सामग्री जिसे कृत्रिम मद्धिम प्रकाश में डैवलप किया जा सकता है या उभारा जा सकता है। **~-main** गैस देने वाली मुख्य नली या नल। **~-man** गैस-निर्माता, गैस के पैसे वसूल करने वाला आदमी। **~-meter** गैस-मीटर, खर्च की गई गैस का हिसाब-किताब बतलाने वाला मीटर, गैसमापी। **~-oven** गैस-चूल्हा, गैस से गर्म होने वाला चूल्हा। **~-ring** गैस-रिंग, खाना पकाने आदि में प्रयुक्त छोटे-छोटे छेदों से गैस निकालने वाला छोटा घेरा। **~-shell** विषाक्त गैस का गोला (प्राय: तरल रूप में)। **~-tar** कोलतार, गैस बनाने की प्रक्रिया में उत्पन्न कोलतार। **~-works** गैस का कारख़ाना। **gaseous** (gā' se ŭs, gă' ē ŭs) वि० १.गैसीय*, गैसवत्* (आ०, वि० १ भी), गैस की अवस्था वाला। **gaseity** (gă sē' i tĭ) सं० गैसीयपन, गैस की अवस्था। **gasiform** वि० गैसवत्, गैस जैसा, गैस-सदृश। **gasify** क्रि० स० गैसीभूत करना*, गैसीभूत होना* (वि० १भी), गैसीकरण करना, गैस में परिवर्तित करना। **gasifiable** वि० गैसीकरणीय, गैसीकरण के योग्य, गैस में परिणत या परिवर्तित करने योग्य। **gasification** सं० गैसीकरण*/ गैसीभवन* (वि० १भी), गैस में परिणति। **gasless** वि० गैसहीन, गैसरहित। **gassy** वि० १. गैसीय, गैसपूर्ण, गैसयुक्त, गैसवत्, गैस-सदृश; २. खाली या आडंबरपूर्ण (बात आदि)। **gassiness** सं० १. गैसपूर्णता, गैस-सादृश्य; २. शब्दाडंबर, शाब्दिक चटाटोप, कोरी लफ़्फ़ाज़ी।

Gascon (găs' kŏn) [F.] सं० १. गैस्कोनी का निवासी; २. शेखीख़ोर, डींग हाँकने वाला, गाल बजाने वाला। **gasconade** (găs kŏ năd') सं० शेखी, डींग। क्रि० स० शेखी बघारना, डींग हाँकना, गाल बजाना।

gaselier (găs ē lēr') [GAS, (CHAND) ELIER] सं० गैस-लैंप, गैस का झाड़, प्राय: भीतरी छत या चाँदनी से लटका हुआ कई मशालों से (जो कि प्राय: टहनियों पर होती हैं) युक्त लैंप।

gash[1] (găsh) [earlier *garsh, garse*, O.F. *garser*, perh. from late L. *caraxdre*, Gr. *charassein*, to scratch, incise] सं० १. लंबी और गहरी खरोंच या घाव, गैश* (वि० १ भी); २. दरार, खरोंच या शस्त्राघात आदि से बनाई गई दरार; ३. इस प्रकार की खरोंच मारने या दरार बनाने की क्रिया। क्रि० स० लंबी और गहरी खरोंच मारना, काटना, घाव करना, क्षत-विक्षत करना।

gash[2] (găsh) [Sc., etym. doubtful (perh. corr. of SAGACIOUS)] वि० १.तीक्ष्णबुद्धि, तीक्ष्ण; २.स्वच्छ, गौरवपूर्ण; ३.सुदर्शन।

gash[3] (găsh) (Sc., etym. obscure] क्रि० अ० १. गप हाँकना, गप करना; २. बड़बड़ाना, बकवास करना।

gasket (găs' kĕt) [etym. doubtful] सं० १.जहाज़ के डेंडे से लपेटे हुए पालों को बाँधने वाली छोटी रस्सी; २. पिस्टन को पैक करने या जोड़ों को भरने के लिए प्रयुक्त पटसन आदि का टुकड़ा, ३. (इं० ३, क्रू०) गैस्केट*।

gasogene दे० GAZOGENE।

gasolene, gasoline (găs' ŏ lēn) सं० १. गैसोलीन. एक प्रकार का उड़ जाने वाला ज्वलनशील पदार्थ जो पैट्रोलियम से प्राप्त होता है और गर्मी तथा प्रकाश उत्पन्न करने में प्रयुक्त किया जाता है; २. (अमरीकी प्रयोग) पैट्रोल* (वि० १ भी)।

gasometer (gă som' e tĕr) [F. *gazomètre* (*gaz*, GAS, *mètre*, -METER)] सं० (रसा०) गैसमापी*, गैस-पात्र* (वि० १ भी), गैस की टंकी।

gasp (gasp) [prob. from Icel. *geispa*, to yawn (cp. Dut. *gijpen*, A.-S. *gīpian*, in *gīpung*, a gaping)] क्रि० अ० और स० १. हाँफना, साँस फूलना; २. थकावट या आश्चर्य के कारण साँस लेने में बोझ या विचार का अनुभव करना। सं० १. हाँफना, हाँफने की स्थिति, साँस फूलने की अवस्था; २. चकित होना, अवॉक् में रह जाना, ताज्जुब करना, थक से रह जाना। **~away, -out** दम तोड़ देना, मर जाना, पंचतत्त्व को प्राप्त होना। **at the last~** दम तोड़ते हुए, आख़िरी साँस पर। **gasper** सं० हाँफने वाला व्यक्ति, (विशे० ग्रा०) सस्ती या रद्दी सिगरेट।

gasteropod (găs' tĕr o pod) [Gr. *gastēr -eros*, stomach, *pous, podos*, foot] सं० गैस्टरोपॉड, पोंघा, उदरपाद। **gasteropodous** (găs tĕr op' ŏ dŭs) वि० गैस्टरोपॉड-विषयक, पोंघा-विषयक।

gastrea (găs trē' ă) [mod. L., from Gr. *gastēr -eros*, as prec.] सं० गैस्ट्रिया, (कल्पित) सृष्टि के आरंभ का कोषवत् जीव जिसमें कोशिकाओं के (एक्टोडर्म और एंडोडर्म) दो स्तर होते थे।

gastric (găs' trik) [late L. *gastricus*, as foll.] वि० जठरीय*, आमाशयी* (वि० १ भी), जठर का, आमाशय, जठर* (आ० भी)। **~fever** आंत्रिक ज्वर, अंतड़ियों का बुख़ार, मियादी बुख़ार। **~juice** आमाशय रस, जठर रस।

gastro- [Gr. *gastēr -eros*, the stomach] ग्रीक gaster-(e) ros उदर का समास में प्रयुक्त रूप। **gastrodynia** (gās trō dī' ni ā) [Gr. *odunē*, pain] सं० उदर-शूल, पेट का दर्द। **gastroenteric** (gās trō en ter' ik) [ENTERIC] वि० उदरीय, आंत्रिक।

gastrology (gās trol' ō jī) [GASTRO-, -LOGY] सं० पाक-कला, पाक-विद्या, सूपशास्त्र। **gastrologer, gastrologist** सं० पाकविद्, पाक-कला में निपुण व्यक्ति।

gastronomy (gās tron' ō mi) [F. *gastronomie*, Gr. *gastronomia* (from *gastēr -eros*, stomach, on anal. of *astronomia*, ASTRONOMY)], सं० पाक-कला, पाक-विद्या, पाक-विज्ञान। **gastronome** (gās' trō nōm), **gastronomer** (gās tron' ō mēr), **gastronomist** सं० सूप-शास्त्री, पाक-कला-दक्ष, पाक-विद्या में निपुण, पाक-विज्ञान का ज्ञाता (व्यक्ति)। **gastronomic, -al** (gās trō nom' ik, -āl) वि० पाक-कला-विषयक, पाक-विज्ञान से संबद्ध। **gastronomically** क्रि० वि० पाकविद् के समान।

gat (gāt) [Prob. Icel.] सं० (अमरीकी ग्रा० प्रयोग) पिस्तौल, तमंचा।

gate[1] (gāt) [A.-S. *geat*] सं० १. दरवाजा, फाटक*/ गेट* (वि० १ भी), द्वार; २. (ई०) नगर न्याय-स्थल; ३. दर्रा, घाटी; ४. प्रवेश मार्ग, रास्ता; ५. प्रवेश या निकास का माध्यम, प्रवेश-द्वार या निर्गम-द्वार (जैसे Bosphorus & Hellespont are the two gates of Constantinople); ६. किवाड़, कपाट, पल्ला; ७. जल-मार्ग को नियमित बनाने वाला यंत्र; ८. फाटक पर दाम देकर फुटबाल-मैच आदि देखने वाला जन-समुदाय १. इस प्रकार प्राप्त होने वाला धन (~money) क्रि० स० १. (ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज) पूरे समय अथवा कुछ निश्चित घंटों के बाद कालेज में ही उपस्थित रखना अर्थात् बाहर न जाने देना। **between you and me the ~post or bed-post** नितांत विश्वस्त या गोपनीय। to ~**crash** बिना बुलाये बाल डांस आदि में भाग लेना, बिना बुलाये घुसना। ~**bill** (ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज) गेट-बिल, द्वार-अभिलेख, कुछ निश्चित घंटों के बाद अंडर ग्रेजुएट विद्यार्थी की वापसी का अभिलेख, इस प्रकार की वापसियों पर किया गया जुर्माना या दंड। ~**house** १ पार्क आदि की मड़ैया या झोंपड़ी; २. नगर-द्वार के ऊपर का प्रायः कारावत् प्रयुक्त कमरा। ~~**keeper** १. दरबान, द्वारपाल* (प्र० भी), द्वार-रक्षक, संतरी; २. एक प्रकार की तिलंगी। ~**legged table** ऐसी टूटवां मेज जिसके पाए किवाड़ों की तरह खुले होते हैं और जिन्हें सिकोड़ लेने पर मेज का तख्ता भी लटक जाता है। ~**meeting** वह जलसा या सभा जिसमें प्रवेश के लिए धन लिया जाता है। ~~**post** कपाट-स्तंभ, किवाड़ का खंभा। ~**way** मुख्य द्वार* (वि० १ भी), द्वार-मार्ग, द्वार का चौखटा या द्वार के ऊपर बना हुआ ढाँचा। ~**of ivory, horn** स्वप्न-द्वार जिसके माध्यम से झूठे-सच्चे सपने आते हैं। **gateless** वि० द्वारहीन, बिना दरवाजे का।

gate[2] (gāt) [Icel. *gata*, see GAIT] सं० (उपरगे के साथ) गली, सड़क (उत्तरी इंग्लैंड आदि)।

gather (găth' ĕr) [A.-S. *gedrian, gadrian*, from *geador*, together (cp. Dut. *gaderen*, from *gader*)] क्रि० स० और अ० १. जमा करना, इकट्ठा करना, जोड़ना-बटोरना, ढेर लगा लेना; २. चुनना, बीनना तोड़ना; ३. फ़सल काट कर (डाले आदि) इकट्ठा करना, कटाई करना; ४. बढ़ना, अधिक हो जाना, उमड़ना, फैलना,; ५. (शक्ति) संग्रह करना, संचय करना, साँस लेना, दम लेना; ६. नतीजा या निष्कर्ष निकालना. परिणाम पर पहुँचना; ७. (पोशाक या सीवन को) सिकोड़ना, समेटना, (विशे० पोशाक के किसी हिस्से में) प्लेटें डालना या चेर डालना; ८. जमीन पर से उठाना; ९. अवयव या शरीर सिकोड़ना या सिकुड़ना; १०. डोली या मशक जैसी बनाकर उठा लेना; ११. (बिखरे हुए तथ्यों का) समाहार करना; १२. (विचारों, शक्ति आदि को) किसी प्रयत्न के लिए संचित करना या एकत्रित करना; १३. भीड़ में जमा होना या मिल जाना; १४. पक जाना, पीप पड़ जाना, (फोड़े, सूजन आदि में) मवाद पड़ जाना। **be gathered to one's fathers** मरना, दिवंगत होना, पुरखों के पास पहुँचना। **rolling stone gathers no moss** बहुधंधी आदमी लाभ में नहीं रहता, सब साधे सब जाय, बार-बार व्यवसाय बदलने वाला कुछ कमा नहीं पाता। to ~**head** पकना, ज़ोर पकड़ना, मवादयुक्त फोड़े की तरह फूल जाना। to ~**way** जहाज़ का चलना, लंगर उठा लेना, गति पकड़ना। **gatherable** वि० संग्राह्य, एकत्रीकरणीय, इकट्ठा करने योग्य। **gathered** भू० कृ० मृत। **gatherer** सं० संग्राहक, एकत्रित करने वाला, इकट्ठा करने वाला। **gathering** सं० क्रियागत अर्थों में १. (विशे०) पका हुआ या मवादयुक्त फोड़ा; २. जलसा, सभा, मजलिस, समूह, समुदाय, जमघट, मजमा; ३. (कृ०) समूहन* (जोत); ४. (कृ०) संचयन* (सस्य); ५. संगम*/ मेल* (मा० ३ भी)।

Gatling (găt' ling), **Gatling-gun** [the inventor, Dr. R.J. *Gatling* (1818-1903) Am.] सं० गैटलिंग, गैटलिंग गन, पास-पास नलियों वाली मशीनगन।

gaucho (gou'- gaw chō) [Sp., prob. from S. Am, native] सं० गौचो, पहाड़ी क्रीयोलों को एक यूरोपीय और अमरीकी आदिवासियों की मिश्रित नस्ल का सदस्य।

gaud (gawd) [O.F. *gaudir*, L. *gaudēre*, to rejoice] सं० १. भड़कीली वस्तु, भड़कदार चीज़, तड़क-भड़क वाली वस्तु, दिखाऊ और भड़कीला गहना आदि; २. (बहुव०) टीमटाम वाले जलसे, धूम-धाम से मनाए जाने वाले उत्सव या समारोह। **gaudy**[1] वि० तड़क-भड़क वाली, अनावश्यक टीम-टाम वाली या भड़कीली (पोशाक, सजावट, साहित्यिक शैली आदि)। **gaudily** क्रि० वि० भड़कीली पोशाक में, टीम-टाम से। **gaudiness** सं० तड़क-भड़क, टीम-टाम, भड़कीलापन।

gaudy[2] दे० GAUD।

gaudy[3] (gawd' i) [L. *gaudium*, joy] सं० १. मनोरंजन का विराट आयोजन; २. (विशे०) कालिज के भूतपूर्व छात्रों आदि के लिए आयोजित दावत। ~**day** १. उत्सव का दिवस, २. कालिज में दावत का दिन।

gauffer दे० GOFFER।

gaufre दे० GOFER।

gauge (gāj) (*Noun.*) **gage** [O.F. *gauger* (F. *jauger*), etym. unknown] कि स० १. ठीक-ठीक नापना, यथार्थतः मापना (विशे० प्रमाप परिमाण जैसे तार या बोल्ट को ठीक-ठीक मापना); २. शक्तियों के उत्तरते-चढ़ते परिमाण (जैसे वर्षा या वायु, तरल पदार्थ की गहराई) मापना, ठीक से मापकर या हिसाब-किताब लगाकर (ड्राफ्ट आदि की) समाई या (उसके) अंदर की वस्तुओं का पता लगाना; ३. (व्यक्ति या चरित्र का) अंदाज़ लगाना, अनुमान लगाना, पता लगाना, थाह लेना, जाँचना; ४. एकसा बनाना, एक-रूप करना; ५. स्टैंडर्ड या प्रमाप परिमाण अथवा आकार का बनाना। सं० १. (नौ० वि० के अर्थों में) पैमाना, माप, नाप

मानदंड, मापी, (विशे०) पीपे की समाई, बंदूक की गोली के व्यास अथवा लोहे की चादर की मोटाई का माप; २. समाई; ३. मात्रा; ४. विस्तार; ५. रेल की पटरियों के बीच का फ़ासला; ६. (नौ० वि० gage) वायु से संबद्ध (जहाज़ की) सापेक्ष स्थिति; ७. प्रवाही*/ वेग* (दृ० ३, वि० १ भी), (बर्फ़, नदी, ज्वार, वायु आदि का) बल या परिमाण को मापने वाला यंत्र; ८. पैमाना, पात्र में स्थित वस्तुओं की ऊँचाई बताने के लिए उसके साथ ही लगा हुआ यंत्र; ९. पैमाना, फ़ुटा, गज, फीता आदि; १०. समानांतर रेखाएँ डालने के लिए खूँटी पर लिपटी हुई बड़ई की डोरी; ११. (मुद्रण) हाशिया आदि बनाए रखने की पट्टी; १२. अनुमान, कसौटी या परीक्षण आदि से ज्ञान. **take the ~ of** कूतना, अंदाज़ लगाना, अनुमान लगाना, प्राक्कलन करना। **broad ~** ब्रॉड गेज, बड़ी लाइन, रेल की पटरियाँ जिनके बीच का फ़ासला ४ फ़ुट ८½ इंच से अधिक हो। **narrow ~** नैरोगेज, छोटी लाइन, रेल की वे पटरियाँ जिनके बीच का फ़ासला ४ फ़ुट ८½ इंच से कम हो। **standard ~** स्टैंडर्ड गेज, रेल की वे पटरियाँ जिनके बीच का फ़ासला ४ फ़ुट ८½ इंच हो। **gaugeable** वि० मापनीय, मापने योग्य। **gauger** सं० मापक, मापने वाला। **gauging-rod** मापदंड, आबकारी विभाग के कर्मचारी द्वारा प्रयुक्त माप।

Gaul (gawl) [F. *Gaule*, L. *Gallus*, prob. conn. with A.-S. *wealh*, a foreigner] सं० १. गॉल* (वि० १ भी), प्राचीन गॉल का निवासी; २. (विशे०) फ्रांसीसी, फ्रांस-निवासी। **Gaulish** सं० १. प्राचीन गॉल के निवासियों की (भाषा); २. (विशे०) फ्रेंच। वि० फ्रांसीसी।

gault (gawlt) [prov., etym. doubtful] सं० (भूगर्भ०) गॉल्ट, चिकनी मिट्टी की तह (जो हरी रेत की दो तहों के बीच हो)।

gaunt (gawnt) [etym. doubtful (cp. Norw. *gaud*, a thin stick, a tall, thin man)] वि० १. दुबला, कृश, क्षीण, झटका हुआ; २. दु:खी, उदास; ३. क्रूर, विरूप, भयानक। **gauntness** सं० १. दुर्बलता, कृशता; २. क्रूरता, विरूपता, भयानकता।

gauntlet[1] (gawnt' let) [O.F. *gantelet*, dim. of *gant*, a glove, prob. from Scand. (cp. O. Swed. *wante*)] सं० १. (इतिο) लोहे का दस्ताना; २. पटेबाज़ी और क्रिकेट के खेल आदि में विकेट-कीपर के मोटे मज़बूत दस्ताने। **take up the ~** चुनौती स्वीकार कर लेना। **throw down the ~** चुनौती देना, मुक़ाबिले पर बुलाना, ललकारना। **gauntleted** वि० दस्तानेदार, दस्ताने पहने हुए।

gauntlet[2] (gawnt' let), **gantlope** (-lōp) [Swed. *gallopp* (*gata*, GATE[2], *lopp*, a course, from *löpa*, to run, cogn. with LEAP)] सं० सेना या नौसेना में दिया जाने वाला एक प्रकार का कार्डदंड जिसमें अपराधी को सिपाहियों के बीच से गुज़रने पर बेंत या कोड़े से मार पड़ती है। **run the ~** १. सैनिक, नौसैनिक या स्कूल के दंड-स्वरूप छड़ियों या कोड़ों आदि से मारने वाले मनुष्यों की क़तार में से गुज़रना (ला० भी); २. आलोचना का विषय होना; ३. कठिनाई का सामना करना, संकट या ख़तरे से गुज़रना, बुरी-भली सुनना।

gauntry दे० GANTRY।

gaur (gour) [Hindi] सं० गौर, भारत के पूर्वी भागों में पाया जाने वाला बैल के परिवार का एक जंगली जानवर।

gauss (gaws) [K. F. *Gauss* (1777-1855)] सं० गाउस* (वि० १ भी), चुंबकीय क्षेत्र के घनत्व की इकाई।

gauze (gawz) [F. *gaze*, perh. from *Gata*, in Palestine] सं० १. सिल्क या सूत का पारदर्शी वस्त्र; २. (तार की) जाली* (आ०, वि० १ भी); ३. हलका कुहरा या धुंध। **gauzy** वि० १. जालीदार, जाली जैसा; २. धुंधला। **gauziness** सं० १. जालीदारी; २. धुंधलापन; ३. पारदर्शिता।

gave दे० GIVE।

gavel[1] (gāv' el) [A.-S. *gafol*, tribute, toll, cogn. with GIVE; or from the first part of *gavelkind*] सं० (इतिο) आसामी की मृत्यु के बाद संपूर्ण क़बीले और कुनबे में भूमि का विभाजन। **gavelkind** (gāv' el kind) सं० (विधि) वेसलकाइंड, उत्तराधिकार की एक प्रकार (विशे०) कैंट में प्रचलित भूमिति जिसके अनुसार बिना वसीयत करने वाले की संपत्ति का उसके पुत्रों में समान वितरण कर दिया जाता है।

gavel[2] (gāv' el) [etym. doubtful] सं० (अमरीकी प्रयोग) नीलाम करने वाले न्यायाधीश या अध्यक्ष की मुँगरी या हथौड़ी।

gavotte (gə vot') [F., from Prov. *gavoto*, from *Gavot*, an inhabitant of *Gap* in Dauphiné] सं० १. गवॉट, अठारहवीं शती का एक मंद नृत्य; २. इस नृत्य का संगीत; ३. संगीत का वह ढोर जिसका प्रत्येक पद तीसरे आघात पर प्रारंभ होता है।

gawk (gawk) [etym. doubtful] सं० १. भोंदा, बेतुका; २. बेपूर, बहुत शरमीला व्यक्ति। **gawky** वि० १. भोंदा, भद्दा; २. बहुत शरमीला, लज्जालु। सं० भोंदापन, भद्दापन; २. लज्जालुता, बेपूपन। **gawkiness** सं० १. भोंदापन, भद्दापन; २. लज्जालुता, बेपूपन।

gay (gā) [O.F. *gai*, prob. from O.H.G. *wāhi*, fine] वि० १. हँसमुख, खुशमिजाज, प्रसन्न-वदन, ज़िन्दादिल, आमोद-प्रमोद-प्रिय, रंगीला; २. छिछला, छिछोरा; ३. (ग्रा०) ठौंठ, धृष्ट, प्रगल्भ; ४. (विष्ट प्रयोग) बदमाश, लंपट, दुश्चरित्र, चरित्रहीन; ५. भड़आ, वेश्यावृत्ति पर जीवित रहने वाला, ६. दिखाऊ, दिखावटी, शोख, भड़कीला, चमक-दमक वाला, सजा-धजा, सुसज्जित, सुरंगधारी। **gaily** क्रि० वि० १. खुशमिजाज़ी से, ज़िन्दादिली से; २. छिछोरेपन से, ३. धृष्टतापूर्वक; ४. दिखावटीपन से।

gaze (gāz) [etym. unknown; cp. Swed. dial. *gasa*] क्रि० अ० घूरना, एक टक देखना, टकटकी लगा कर देखना, निर्निमेष दृष्टि से देखना। सं० टकटकी, निर्निमेष दृष्टि। **stand at ~** घूरते रहना, टकटकी लगाकर देखते रहना। **gazer** सं० घूरने वाला, टकटकी लगाकर देखने वाला।

gazebo (gə zē' bō) [prob. a facetious coinage from GAZE on anal. of LAVABO] सं० झरोखा, खिड़की, गवाक्ष, छज्जा।

gazelle (gə zel') [F. *gazelle*, earlier *gazel*, Arab. *ghazāl*] सं० गज़ाल, एक प्रकार का छोटा सुन्दर हिरन।

gazette (gə zet') [F., from It. *gazzetta*, prob. after Venetian coin, the price of the first newspaper or of the privilege of reading it] सं० १. (इतिο) गज़ट* (ग्र०, मा० १, विधि भी), सूचना-पत्र; २. राजपत्र* (ग्र०, मा० १, विधि भी), तीन राजकीय पत्रों (लन्दन, एडिनबर्ग, बैलफ़ास्ट) में से कोई एक, यह राजकीय पत्र सप्ताह में दो बार प्रकाशित होता है और इसमें सरकारी नियुक्तियाँ, दिवालियां तथा अन्य सार्वजनिक सूचनाओं की सूचीं रहती है; ३. समाचार-पत्रों के शीर्षक (जैसे Westminister ~); ४. अख़बार, समाचार-पत्र। क्रि० स० राजपत्र में छापना या प्रकाशित करना। **gazetteer** (gāz ə tēr') सं० गज़ेटियर*, भौगोलिक कोश*, देश-विवरण* (ग्र०भी)।

gazogene (gāz' ō jēn) [F. *gazogène* (*gaz*, GAS, *-gène*, -GEN)] सं० गैज़ोजीन, सोडा वाटर बनाने की मशीन।

gear (gɛ̄r) [M.E. *gere*, prob. from Icel. *gervi* (cp. O.H.G *garawi*, A.-S. *gearu*, GARE)] सं० १. जोते जाने वाले जानवरों का साज; २. औजार, साधन, यंत्र; ३. पहियों, लीवरों आदि का मेल; ४. गरारी, दंतीदार पहिया; ५. गियर* (इं० १, कु०, वि० १ भी), गेयर, मोटर को उसकी मशीनरी से संबद्ध करने वाली व्यवस्था; ६. जहाज की रस्सियां; ७. असबाब, सामान, घर के बरतन-भांड़े। क्रि० स० और अ० १. (जोते जाने वाले जानवर को) साज पहनाना; २. यंत्र को चालू करना, गीयर लगाना, औजार देना या साधन से संपन्न करना; ३. (दंतीदार पहिये को) ठीक से बैठाना, गीयर के साथ हो जाना या ठीक से बैठ जाना; ४. (किसी व्यवसाय या कारखाने को) एक दूसरे का सहायक या हितसाधक बनाना। **high, low ~** बाइसिकिल, मोटरकार आदि का तेज या धीमा गीयर जिसके लगाने से चलने की गति अधिक या कम हो जाती है। **in ~** चालू। **out of ~** १. बिगड़ा हुआ, जो चालू न हो; २. गड़बड़, अव्यवस्थित। **~box, ~case** बादमिकिल आदि की गाड़ी का आवरण, गियर बक्स* (इं० १ भी) । **~wheel** दांतीदार पहिया, (विशे० साइकिल की गराटी जो पैडिलों की गति को चुरी में पहुंचाती या संक्रमित करती है)। **gearing** सं० गीयर-पहिए को मोटर से संबद्ध करने वाला औजार। **gearless** वि० १. बिना साज का (जोता जाने वाला पशु); २. साधनहीन, यंत्रहीन, ३. बगैर गीयर के।

gecko (grk' ō) [Malay *gékoq*, from its cry] सं० (बहु०) छिपकली, गर्म जलवायु में पाई जाने वाली चरेलू छिपकली।

geese (gēs) दे० GOOSE।

geezer (gē' zĕr) [slang, perh. from F. *guiser*, masquerader] सं० (प्रा०) बुड्ढा, बुड्ढी, बूढ़ा, ढोकरा, वृद्ध, बुढ्ढा।

Gehenna (gē hen' à) [L., from Gr. *geenna*, late Heb. *géhinnōm*, the valley of Hinnom] सं० १. जहन्नुम, दोजख, नरक; २. दाह, उत्पीड़न या संत्रासन का स्थान।

geisha (gā' shà) [Jap.] सं० गीशा, जापानी नर्तकी।

Geissler tube सं० (वि० १) गाइसलर नली*, गैसीय नलिका, अल्प घनत्वशील गैस से भरी हुई बंद नलिका जो (विद्युद्धारा गुजर जाने पर) रोशनी देती है।

gel (jel) [JELLY] सं० जेल*/ सरेस* (आ०, वि० १ भी), एक लसमय ठोस छिपछिपा घोल।

gelatine (jel' à un, -tēn) [F. *gélatine*, It. *gelatina*, L. *gelata*, JELLY] सं० जिलेटिन* (इ०३. वि० १ भी), सरेस, श्लेष्मा, पशु-चर्म आदि को उबालने से प्राप्त एक छिपछिपा पारदर्शी हल्के पीले रंग का पदार्थ। **blasting ~** एक विस्फोटक (नाइट्रोजन, ग्लीसरीन) यौगिक। **vegetable ~** वानस्पतिक श्लेष्मा, वृक्षों आदि से निकलने वाला एक छिपछिपा रस जो सरेस से मिलता-जुलता होता है। **~paper** सरेस लगा हुआ कागज। **gelatinate, -nize** (je lāt' i nāt-, nīz) क्रि० स० और अ० १. जिलेटिनी करना*. श्लेष्मीकरण करना या होना* (वि० १ भी); २. लसदार या छिपछिपा होना या करना। **gelatiniform** (jel à tin'i fôrm) वि० सरेस जैसा, जिलेटिन या श्लेष्मा के आकार का। **gelatino-** समास के समस्त पदों में प्रयुक्त रूप। **gelatinoid** (je lāt' i noid) वि० और सं० जिलेटिनोयड, जिलेटिनवत्, श्लेष्मा सदृश। **gelatinous** (je lāt' i nùs) सं० १. जिलेटिनी*/ श्लेष्मी* (वि० १ भी), लसदार, लसलसा, छिपछिपा; २. जिलेटिन या श्लेष्मा का।

gelation (je lā' shùn) [L. *gelātio*, from *gelāre*, to freeze] सं० हिमीकरण द्वारा संघिदन, ठंडक द्वारा जमाने की प्रक्रिया।

geld (geld) [Icel. *gelda*, from *geldr* (cp. G. *gelt*), barren] क्रि० स० (प्रायः नर जानवर को) बधिया करना, खस्सी करना* (कु० भी), अंडकोष निकाल देना, बैगून के अयोग्य बनाना। **gelder** सं० बधिया करने वाला, खस्सी करने वाला। **gelding** सं० खस्सी घोड़ा* (कु० भी,) बधिया घोड़ा अथवा कोई अन्य पशु।

gelid (jel' id) [L. *gelidus*, from *gelu*, frost] वि० १. हिमवत्, हिम-सदृश, हिम-शीतल (बर्फ में दबा होने के कारण) शीतल; २. ठंडा, सर्द, शीतल।

gelignite (jel' ig nit) [GEL-ATINE, L. *ign-is*, fire, -ITE] सं० जिलिग्नाइट* (इं० १ भी), नाइट्रोजन और ग्लीसरीन से निर्मित एक विस्फोटक पदार्थ।

gem (jem) [O.F. *gemme*, L. *gemma*, a bud, a jewel] सं० १. नग, जवाहर, रत्न, मणि* (वि० १ भी), कीमती पत्थर, (विशे० तराशा और खरादा हुआ); २. अत्यंत सुन्दर या महत्त्वपूर्ण वस्तु, सर्वाधिक सुहृणीय वस्तु, अमूल्य वस्तु; ३. अमूल्य या बहुमूल्य उत्कीर्ण रत्न क्रि० स० जवाहरात से सजाना, रत्नाभूषित करना। **gemmy** वि० १. नगदार, रत्न-खचित, रत्न-जड़ित; २. रत्नाभ, समुज्ज्वल, प्रभावान्।

Gemara (gé ma' rà) [Aram.] सं० गिमारा, तलमुद (Talmud) का उत्तरार्द्ध, मिश्ना (Mishna) पर भाष्य या टीका।

geminate (jem' i nàt) [L. *geminātus*, p.p. of *gemināre*, to double, from *geminus*, twin] वि० (प्रा० इति०) युग्म-नद्ध, जोड़ों में बँधा हुआ। क्रि० स० १. दुगुना करना, दूना करना, द्विगणित करना, दुहराना, दुबारा कहना; २. जोड़ों में आयोजित करना, युग्म-नद्ध करना। **gemination** सं० युग्म-नद्ध करने की प्रक्रिया।

Gemini (jem' i nī) [L., twins, pl. of *geminus*, see prec.] सं० और वि० १. जैमिनी, मिथुन राशि* (वि० १ भी)।

gemma (jem' à) [L., see GEM] सं० (बहु० **~mæ**) १. (वन०, प्राणि०) जेम्मा* (वि० १ भी), पर्ण-कलिका; २. (सिवार आदि में) मातृ-पौधे से अलग होकर नवीन पौधे का आरंभ करनेवाला कोश; ३. (प्राणि०) प्राणियों में कली जैसा विकास जो शरीर से पृथक् एक स्वतंत्र अंग के रूप में अभिवृद्ध होता है।

gemmate (jem' àt) [L. *gemmātus*, p.p. of *gemmāre*, to bud, from *gemma*, see GEMMA] वि० १. कलियोदार, कलिकायुक्त; २. जेम्मा-समुद्भवन से पुनरुत्पादनशील। क्रि० अ० १. कलियाना, कलियाँ आना, कलिकाएँ धारण करना; २. कलिका-समुद्भवन द्वारा वंश-वृद्धि करना। **gemmation** (je mā' shùn) सं० १. कलियाने की क्रिया या ढंग; २. कलियों की व्यवस्था, जेम्मा-समुद्भवन द्वारा पुनरुत्पादन; ३. जनक-पौधे से विकसित और पृथक होकर किसी भ्रात की नए अस्तित्व में परिणति या विकास; ४. (वि० १) जेमोद्भवन*। **gemmative** (jem' à tiv) वि० १ कलियाने की क्रिया या ढंग से संबद्ध; २. जेम्मा-समुद्भवन-विषयक।

gemmiferous (je mif' èr ùs) [L. *gemmifer*] वि० १. रत्नप्रसू, रत्नगर्भ; २. कलिका युक्त, दे० GEMMIPAROUS।

gemmiparous (je mip' à rùs) वि० मुकुल-विषयक, कलियों के प्रस्फुटन से संबद्ध, पत्र-कलिका द्वारा पुनर्भूत या दुबारा प्रस्फुटित। **gemmiparously** क्रि० वि० १. (कलिका) चटखते हुए, प्रस्फुटित होते हुए; २. पत्र-कलिका द्वारा दुबारा प्रस्फुटित होते हुए।

gemmology सं० रत्नशास्त्र, रत्नों की विद्या। **gemmologist** सं० जौहरी, रत्नविद्।

---

gemmule (jem' ūl) [F., from L. *gemmula*, dim. of GEMMA] सं० १. जेम्यूल* (वि० १ भी), लघु पद्म कलिका; २. डारविन के मतानुसार एक कल्पित इकाई।

gemsbok (gemz' bok) [Dut. from G. *gemsbock* (*gemse*, chamois, *bock*, buck)] सं० गेम्सबॉक, दक्षिण अफ्रीका का लंबे पतले और सीधे सींगोंवाला एक बड़ा हिरन।

gen (jen) [*General* Information] सं० ब्रिटिश वायुसेना में प्रचलित सभी श्रेणियों के लिए प्रकाशित सूचना आदि।

-gen [F. *-gène*, Gr. *genēs*, born of a certain kind, from *gen-*, root of *gignesthai*, to be born, *gennasin*, to beget etc.] प्रत्य० वैज्ञानिक प्रयोग की संज्ञाएँ बनाने के लिए प्रयुक्त (जैसे hydrogen, nitrogen, cyanogen, endogen, exogen आदि)।

genappe सं० चिकनी या मुलायम बर्स्टेड (कपड़ा)।

gender (jen' dèr) [M.E. *gendre*, O.F. *genre*, L. *genere*, abl. of GENUS] सं० लिंग (दे० MASCULINE, FEMININE NEUTER, COMMON, १. (संज्ञाओं और सर्वनामों का) ऐसे किसी वर्ग से संबद्ध होने का गुण; २. (विशेषणों का) ऐसे किसी वर्ग को संज्ञा के साथ आने वाला उचित रूप; ३. (विनोद में) सेक्स, लिंग। **genderless** वि० लिंगरहित, लिंगहीन।

gene (jēn) [Gr. *genos*, born of a certain kind] सं० (जीव०) जीन* (आ०, कृ०, मा० २, ३, वि० १ भी), पितृरैक, जनन-कोशिका में रहने वाला जीन नामक तत्त्व।

genealogy (jen ē-, jē nē āl' ō ji) [O.F. *genealogie*, late L. *geneālogia*, Gr. *genealogia* (*genea*, race, -LOGY)] सं० १. पीढ़ी, वंशावली* (कृ०, मा० १, २, ३ भी), शजरा, वंश-परंपरा; २. पीढ़ियों या वंशावलियों की खोज या अनुसंधान; ३. पौधों या जीवों का प्रारंभिक रूप से विकास-क्रम। **genealogical** (jen ē-, jē nē ăl loj' i kăl) सं १. वंशावली या शजरा संबंधी; २. वंशानुक्रम निर्धारित करनेवाला; ३. (मा० ३) वंशावलिक*। **~tree** सं० वंशवृक्ष* (वि० १ भी), वंशावली, शजरा **genealogically** क्रि० वि० पीढ़ी-दर-पीढ़ी, पुश्त-दर-पुश्त, वंश-परंपरा से। **genealogise** (jen ē-, jē nē āl' ō jiz) क्रि० स० और अ० १. पीढ़ी-दर-पीढ़ी बताना; २. वंशावलि का निरूपण करना; ३. वंशावलियों को अंकित करना। **genealogist** सं० वंशावलि-विशारद।

genera सं० जीनस,* वंश*, (वि० १ भी), दे० GENUS।

general (jen' ĕr ăl) [O.F., from L. *generālis*, from GENUS] वि० सार्वभौम, सार्वजनिक, सार्वजनीन; २. सर्वांग-सहित; ३. निर्विशेष, आम, सामान्य* (आ०, कृ०, मा० १ भी), साधारण; ४. सार्वत्रिक, व्यापक (कृ० भी), सर्वत्रज्ञानगत, सर्वगत, ५. प्रचलित, सर्व विदित, आम (in a ~way); ५. सदैव क्रियाशील; ६. वस्तुओं या अवसरों आदि के संपूर्ण वर्ग से संबद्ध; ७. सार्वत्रिक, सार्वकालिक, बहुधा दृष्ट; ८. चालू, प्रचलित, बराबर, सामान्य, भेद-हीन (जैसे ~word); ९. (एकही विषय में) सीमित नहीं, भागुली, साधारण, वैशिष्ट्य-हीन; १०. गोलमोल, अनिश्चित (जैसे spoke only in ~terms); ११. (सैन्य०) कर्नल से ऊपर (का अधिकारी); १२. (पदों से संलग्न जैसे adjutant~, दे० ADJUTANT; attorney~दे० ATTORNEY; post master~ दे० POST[3]) प्रमुख, मुख्य, अबाधित अधिकार या क्षेत्र वाला (अन्य संज्ञाओं के साथ विनोद में भी, जैसे (lover~)। सं० १. (बहुधा अब विरल) सिद्धांत, धारणाएँ या नियम; २. किसी धार्मिक श्रेणी का प्रधान (उदा० जेसुइटों का या डोमिनिकनों का); ३. (सैन्य० जनरल* (मा० १ भी), मुख्य सेनापति, फ़ील्ड मार्शल से छोटा अधिकारी (शिष्टता के नाते लेफ्टिनेंट-जनरल और मेजर-जनरल को भी कहा जाता है); ४. महासामंत* (मा० १ भी), सिपहसालार, सेनापति; ५. योद्धा, रण-बाँकुरा, युद्ध-संचालन में कुशल व्यक्ति। **as a~rule** ज्यादातर, अधिकतर, बहुधा, व्यवहारत मामलों में। **in a~way** सामान्यतः, साधारणतया, मामूली तौर पर। **in~** सामान्यतः, सभी सामान्य मामलों में, अधिकतर। **~confession** सार्वजनिक पाप-स्वीकृति। **~council** जनरल कांउंसिल, गिरजा की परिषद्। **~dealer** बिसाती, विभिन्न वस्तुओं का विक्रेता। **~election** दे० ELECTION। **~hospital** बड़ा फ़ौजी शफ़ाखाना, विशाल सैनिक चिकित्सालय। **~post** सुबह की पहली डाक, जनरल पोस्ट नामक एक खेल, जो कमरे के अन्दर खेला जाता है। **~post office** बड़ा डाकखाना। **~practitioner** सामान्य डॉक्टर, सभी रोगों का चिकित्सक, जो किसी रोग-विशेष का विशेषज्ञ न हो। **~reader** सं० विविध साहित्य का पाठक। **~servant** सं० सब काम करनेवाला नौकर, (बोल०) बड़ा नौकर, प्रधान सेवक या अनुचर। **generally** क्रि० वि० १. अधिकांशतः, व्यापक रूप से; २. आमतौर से, आमतौर पर, साधारणतया, अमूमन; ३. सामान्यतः, सामान्य नियम के रूप में, सामान्यतया, प्रायः बहुधा, अक्सर, ज्यादातर।

generalissimo (jen ĕr ă lis' i mō) [It., superl. of *generale*, GENERAL] सं० जेनेरलिसिमो, प्रधान सेनापति, सकल सेनाध्यक्ष, सेना, नौसेना और वायुसेना के संयुक्त संगठन का कमांडर या नायक अथवा कई सेनाओं का कमांडर।

generality (jen ĕr ăl' i ti) [F. *généralité*, L. *generālitātem*, nom. *-tas*] सं० १. सार्वभौमता, सामान्यता, साधारणता, २. सार्वकालिकता, ३. अनिश्चितता, अस्पष्टता; ४. आम या सामान्य सिद्धांत (विधि आदि), ५. प्रमुख भाग, बहुजन, बहुमत; ६. व्यापकता* (विधि भी)।

generalise (jen' ĕr ă liz), क्रि० स० और अ० १. साधारण नियमों में परिमित करना; २. सामान्य धारणा में बदलना; ३. सामान्यीकरण करना, सामान्य नाम से अभिहित करना; ४. (नियम या निष्कर्ष) अनुभागात्मक रीति से निकालना; ५. (तथ्यों आदि पर) सामान्य वक्तव्य की आधृत करना; ६. (गणि०, दर्श०) व्यापक रूप देना, सामान्य रूप देना, क्रिया या प्रयोग को व्यापक या सर्व-साधारण रूप देना; ७. (चित्र०) (किसी वस्तु की) केवल वर्गगत विशेषताओं या गुणों का उपस्थापन करना; ८. बात गोलमोल बनाना, गोल-मोल बात करना; ९. सार्वजनिक प्रयोग में लाना। **generalization** सं० सामान्यीकरण* (मा० २ भी), अनुमान के द्वारा प्राप्त सामान्य धारणा या प्रतिज्ञा (का निर्माण)। **hasty ~**ऐसा सामान्यीकरण जो अपर्याप्त या बहुत कम दृष्टांतों पर आधृत हो। **generalizer** सं० सामान्यीकरण करने वाला।

generalship (jen' ĕr ăl ship) सं० १. जनरल का पद; २. रण-कौशल, सैनिक-दक्षता; ३. दक्षतापूर्ण प्रबंध, चातुर्य, कूटनीति।

generate (jen' ĕr āt) [L. *generātus*, p.p. of *generāre*, from *genus generis*, kind] क्रि० स० १. (पौधों, जीवों आदि की गर्मी, बल, प्रकाश, रगड़, बिजली, परिभाव, हालत, आदत, अवस्था, मनःस्थिति, मनोदशा आदि को) अस्तित्व प्रदान करना, जनना, पैदा करना, उत्पन्न करना, प्रकट करना, उन्नत करना; २. (गणि०) जनन करना* (कृ०, वि० १ भी), बनाना, तैयार करना।

generation (jen ĕr ā' shŭn) सं० १. जनन* (आ० २ भी), प्रसव, जातियों की वृद्धि या विस्तार, उत्पादन, उत्पत्ति; २. वैज्ञानिक या

कृत्रिम प्रक्रिया से की गई उत्पत्ति या उत्पादन* (वि० १ भी); ३. पुत्र (have known them for three generations); ४. पीढ़ी* (कु०, मा० १, वि० १ भी), एक ही युग में उत्पन्न व्यक्तियों का समय रूप; ५. युग (शताब्दी का एक तिहाई भाग या तीस वर्ष का काल-मापक)।

generative (jen' ĕr ă tiv) वि० १. जनन या प्रसव विषयक, उत्पत्ति या उत्पादन से संबद्ध; २. उत्पादनयोग्य, उत्पादक, पैदा करने वाला।

generator (jen' ĕr ā tôr) सं० १. जनक* (कु०, वि०१ भी), जन्मदाता, उत्पादक; २. जेनरेटर* (इं० १ भी), जनित्र* (इं० १, २, कु०, वि० १ भी), गैस, भाप, बिजली आदि उत्पन्न करने वाला यंत्र।

generic, -al (jē ner' ik, -ăl) [*genus generis*, see GENUS, -IC] वि० १. जातियत लक्षण, वर्गगत वैशिष्ट्य; २. किसी विशाल समुदाय या वर्ग (के किसी एक सदस्य) से संबद्ध; ३. साधारण, आम, सामान्य। **generically** क्रि० वि० १. जातियत दृष्टि से, वर्गगत वैशिष्ट्य के दृष्टिकोण से; २. सामान्य रूप से।

generous (jen' ĕr ŭs) [F. *généreux* L. *generōsus*, as prec.] वि० १. महामना, महात्मा, सज्जन, प्रकृष्टमना, उदार, दिल का खुला, दरियादिल, दानी, दानशील, दाता, परदुःखकातर, परदुःखभागी; २. उपजाऊ, उर्वरा (जमीन); ३. पुष्कल, प्रचुर; ४. समृद्ध और पूर्ण (आहार, रंग, मदिरा)। **generosity** (jen ĕr os' i ti) सं० सज्जनता, उदारता* (मा० २ भी), दानशीलता, परदुःखकातरता। **generously** क्रि० वि० सज्जनतापूर्वक, उदारतापूर्वक, दानशीलता की दृष्टि से।

genesis (jen' ĕ sis) [L. from Gr. *genesis* from *gen-*, root of *gignesthai*, to become, to be born] सं० (बहुव०~**ses**) १. (ई०) उत्पत्ति*, (आ०, मा० ३, वि० १ भी), जन्म, सृष्टि, आरंभ, जैनेसिस, ओल्ड टैस्टामेंट की प्रथम पुस्तक जिसमें सृष्टि की उत्पत्ति का विवरण है (G.); २. रचना या उत्पादन का मूल अथवा पद्धति (समस्त रूपों में भी जैसे abio-partheno~)।

genet (jen' ĕt) [O.F. *genete*, Sp. *jineta*, Arab. *jarnait*] सं० गंध-मार्जार (का फर), सिवेट-बिल्ली (का फर या मुलायम रोंवे)।

genetic (je net' ik) [from GENESIS (cp. ANTITHETIC from ANTITHESIS)] वि० १. जनन संबंधी. उत्पत्तिविषयक. उद्भव से संबद्ध; २. उत्पत्ति विज्ञान संबंधी; ३. आनुवंशिक*/ जननिक* (कु०, मा० ३, वि० १ भी)। **genetics** सं० (बहुव०) १. जनन-विज्ञान, उत्पत्तिविज्ञान, जननिकी*/ आनुवंशिकी* (कु०, मा० ३, वि० १ भी); २. आनुवंशिकता और परिवर्तन का अध्ययन (जिसके व्यापक अर्थ में जनन और प्रजनन-कला भी आ जाती है); ३. आनुवंशिक (कु० भी)। **genetically** क्रि० वि० १. उत्पत्तिविज्ञान की दृष्टि से; २. आनुवंशिक तत्वों की दृष्टि से।

geneva[1] (je nē' vă) [Dut. *genever*, O.F. *genèvre*, L. *juniperus*. JUNIPER assim. to foll.] सं० जिनीवा, एक प्रकार की शराब।

Geneva[2] (je nē' vă) [town in Switzerland] वि० (गुणवाचक) जिनेवा-विषयक, जिनेवा में संबद्ध। सं० जिनेवा की परिषदों, लीग आफ नेशन्स या उसकी कार्यवाहियों (के लिए प्रयुक्त)। **~bands** जिनेवा के (काल्विनिस्टों की तरह की) पादरियों की पट्टी। **~Convention** सन् १८६४-५ ई० की परिषदें जिन्होंने युद्ध में एम्बुलेंसों या चिकित्सालयों की तटस्थता स्वीकार की। **~cross** जिनेवा क्रॉस, सफेद तल पर बना हुआ लाल यूनानी क्रॉस का चिह्न जो युद्ध में एम्बुलेंसों आदि का परिचायक है। **~gown** जिनेवा गाउन, एक गाउन विशेष जिसे काल्विनिस्ट और लो चर्च वाले लोग उपदेशमंच पर पहनते हैं। **Genevan, Genevese** (jen ē vēz') वि० और सं० जिनेवा का निवासी।

genial[1] (jē' ni ăl) [from F. or directly from L. *geniālis*] वि० १. वैयाहिक, उत्पत्तिविषयक (जैसे ~bed सुहाग-सेज, ~instinct नैसर्गिक प्रवृत्ति); २. (विरल) वृद्धिकारक, अच्छा, अनुकूल, प्रिय (वायु, जलवायु आदि); ३. मोदकारी, प्रफुल्लतामय, जीवनप्रद, उत्साह-वर्द्धक; ४. खुशतबियत, खुशदिल, प्रफुल्ल, प्रसन्न, विनोदी मौजी, उदार, सज्जन, मिलनसार; ५. प्रतिभाविषयक (विरल)।

geniality (jē ni ăl' i ti) सं० १. प्रफुल्लता; २. सज्जनता, मिलनसारी। **genialise** क्रि० स० प्रफुल्लित करना, मिलनसार बनाना। **genially** क्रि० वि० खुशदिली, प्रफुल्ल बनाते हुए, सज्जनतापूर्वक।

genial[2] (jē ni' ăl) [Gr. *geneion*, chin, from *genus*, jaw] वि० (श० वि०) ठोढ़ी का।

geniculate, -lated (jē nik' ū lāt, -lā tĕd) [L. *geniculātus*, from *geniculum*, dim. of *genu*, knee] वि० १. (प्रा० हेतु) घुटने की तरह जोड़दार या जोड़वाला, जानुवत* (वि० १ भी)।

genie (jē ni) [F. *génie*, L. GENIUS] सं० जिन (आलिफ़-लैला की कहानियों का जिन या प्रेत, अरबी कहानियों में वर्णित एक देव)।

genio- [Gr. *geneion*, chin, see GENIAL[2]] ग्रीक *geneion* (ठोढ़ी) का समासों में प्रयुक्त रूप। **~hyoid** (jē ni ō hī oid) वि० चिबुक-कंठिका विषयक।

genista (jē nis' tă) [L.] सं० जिनिस्टा, पीले फूलों की झाड़ी की एक किस्म।

genital (jen' i tăl) [O.F., from L. *genitālis*, from *genit-*, part. stem of *gignere*, to beget] वि० प्राणियों के जनन या उत्पत्ति से संबद्ध, जननिक*। जननांगी* (आ०, वि० १ भी)। सं० (बहुव०) बाह्य जननेन्द्रियाँ।

genitive (jen' i tiv) [L. *genetivus*, of generation, as prec. (a mistranslation of Gr. *genikē*, generic)] वि० और सं० ~case या संबंधकारक संज्ञा, विशेषण आदि का व्याकरण रूप, जो संबंध प्रदर्शित करता है। **~absolute** सं० कृदन्त षष्ठी जो पूर्ण वाक्य के अर्थ का द्योतक हो। **genetival** वि० संबंधकारक।

genito- genital का समास में प्रयुक्त रूप (जैसे ~urinary) जनन और मूत्र की इन्द्रिय।

genius (jē' ni ŭs) [L., from *gen-*, root of *gignere*, to beget] सं० (बहुव०**genii**) १. किसी व्यक्ति, स्थान या सत्पान का रक्षक, प्रेत, जिन्न या देव; २. जिन्नात, प्रेत, अति प्राकृतिक जीव; ३. राष्ट्र या युग की प्रचलित भावनाएँ, मत या रुचि; ४. किसी भाषा या विधि आदि का वैशिष्ट्य, आत्मा, राह या पद्धति; ५. किसी स्थान के संपर्क या प्रेरणाएँ; ५. प्रतिभा, सूझ, सहज योग्यता, विशेष (मानसिक गुण); ६. (बहुव०**-nes**) उच्चतम बौद्धिक योग्यता, कल्पना, रचना या आविष्कारके क्षेत्र में सहज और असाधारण योग्यता, (बहुव० **geniuses**) किसी क्षेत्र में असाधारण योग्य व्यक्ति, प्रतिभाशाली व्यक्ति, ग़ैरमामूली समझ का आदमी। **good, evil** ~ १. व्यक्ति की मुक्ति या परतंत्रता के लिए प्रयत्नशील अच्छी या बुरी आत्माएँ या फ़रिश्ते; २. कल्याण या अपकार करनेवाला सशक्त व्यक्ति। **~loci** [L.] किसी स्थान का देवता या लगाव।

ā=आ, (Father) फ़ादर; ă=ऍ, (Fat) फैट; ā=ए, (Fate) फेट, aw=a=ऑ, (Fall) फॉल, ă=एअ, (Fair) फेअर; e=ऐ, (Bell) बेल; ē=ई, (Her) हर; ĕ=ऍ, (Beef) बीफ, ~ē, (Bit) बिट, ī=आइ, (Bite) बाइट; o=ऑ, (Not) नॉट; ō=ओ, (No) नो, ŏ=ऑ, (North) नॉर्थ, oo=ऊ, (Food) फ़ूड, u=उ, (Bull) बुल, ū=अ, (Sun) सन, ŭ=यु, (Music) म्युज; ou=आउ, (Bout) बाउट; oi=ऑए, (Join) ज्वॉइन।

Genoa (jen' ō ä) [L. *Genua*, It. *Genova*] सं॰ जेनोआ, इटली का नगर। **~cake** बादाम-केक, ऐसा केक जिसके ऊपरी तह पर बादाम लगे होते हैं। **Genoese** (jen ō ēz') वि॰ जेनोआ का। सं॰ जेनोआ वासी।

genocide (jen' ō sīd) [Gr. *genos*, born of a certain kind, -CIDE] सं॰ जातिहत्या, जातिसंहार* (मा॰ १ भी), जातिनाश, किसी जाति का मूलोच्छेद, जनवध।

genro (jen' rō) [Jap.] सं॰ बहु॰ (बरिष्ठ) राजनीतिज्ञ (दे॰ STATESMAN)।

gent (jent)सं॰ १. भद्र, सज्जन (अशि॰); २. (विनोद॰) अपने को भद्र या सज्जन के स्तर का दिखानेवाला व्यक्ति।

genteel (jén tēl') [earlier *gentile*, F. *gentil*, see GENTILE] वि॰ (प्रायः व्यंग॰, गंभीर प्रयोग में अशि॰) उच्चवर्गोचित, उच्चवर्गीय, उच्चवर्ग-विषयक, बना-ठना, सजा-धजा, फ़ैशनेबल, सुसज्जित, सुवेशधारी, सुंदर। **genteelism** सं॰ साधारण प्रचलित शब्द के स्थान पर अत्यंत साहित्यिक सुंदर या उच्चवर्गीय शब्द का प्रयोग (जैसे कुत्तिया के लिए lady dog)। **genteelly** क्रि॰ वि॰ उच्चवर्गीय ढंग से, ठाट-बाट से, सुसज्जित रूप से।

gentian (jen' shán) [L. *gentiāna*, from *Gentius*, king of Illyria] सं॰ जनशियन* (क्रु॰ भी), जैशन, प्रायः नीले फूलों वाला एक पौधा जिसे॰ पहाड़ी प्रदेशों में होनेवाला। **~-bitter** इस पौधे की जड़ से निकाला गया टॉनिक या पुष्टिवर्द्धक पेय।

gentile (jen' til) [O.F. *genti*, L. *gentilis*, from *gens genitis*, see GENS] वि॰ और सं॰ १. गैर-यहूदी, यहूदियों से इतर जाति का (व्यक्ति); २. (मॉर्मन प्रयोग में) मॉर्मनेतर, गैर-मॉर्मन; ३. किसी राष्ट्र या कबीले का राष्ट्रोयता-सूचक (शब्द); ४. बुतपरस्त, मूर्तिपूजक। **gentiledom** सं॰ अमोमनत्व। **gentilitial** (jenti lish' āl) वि॰ किसी राष्ट्र, फ़िरके या वंश का (जैसे ~noun, name आदि)।

gentility (jen til' i ti) [O.F. *gentilité*] सं॰ १. कुलीन या संभ्रांत जन्म, भद्रपुरुष या महिला का स्तर (अब विरल); २ (प्रायः व्यंग॰) कुलीनत्व, आभिजात्य, सामाजिक श्रेष्ठता, शिष्टता, उच्चवर्गीय आदर्श। **shabby~** आभिजात्य-रक्षा, अपने को भद्र या सज्जन दिखाने के लिए किया गया प्रयत्न।

gentle (jent) [O. F. *genti*, see GENTILE] वि॰ भला, शरीफ़, नेक, अच्छा, कुलीन, नम्र, सुशील, भद्रजनोचित (जन्म रक्त, परिवार, व्यवसाय आदि); २. पालतू, शांत, अनुशासित; ३. प्रशांत, मंद, धीमा; ४. हल्की, सफ़ीक़, जो तेज न हो ऐसी (ओषधि); ५. सरल, कठोरताहीन (नियम), सह्य (a~heat सह्य ताप), मामूली, सामान्य, (a~slope मामूली ढाल); ६. सदय, सज्जन, नम्र, विनम्र,कोमल, मृदु, मज़ु। सं॰१. कुलीन, उच्चकुलोद्भव, सुजात; २. (कुलचिह्न) बिल्ला, कुलचिह्न रखने का अधिकारी (अब केवल and simple में और समस्त रूपों में जैसे ~folks, दे॰ GENTLEMAN); ३. मछली पकड़ने में चारे के रूप में प्रयुक्त मक्खी का लारवा; ४. (बहु॰ अशि॰) कुलीन लोग। क्रि॰ स॰ (घोड़े) को मज़बूती से मगर आहिस्ता से फेरना या संभालना। **the~craft** बंसी से मछली का शिकार। **the~sex** नारी जाति, स्त्री जाति। **old ~folks** कुलीन जन, अच्छी स्थिति और परिवार के लोग। **~hood** सं॰ कुलीनता, कुलीनता की स्थिति या आचरण। **~reader** सहृदय-भाठक, लेखक को संबोधन वाक्य में प्रयुक्त। **gently** क्रि॰ वि॰ १. भद्र पुरुषवत्, भद्र महिलावत् (केवल ~born में कुलीन पुरुष या महिला); २. हौले-हौले, धीरे-धीरे, आहिस्ता-आहिस्ता; ३. नरमी से, सुकुमारतापूर्वक, कोमलता से, सवधता से।

gentleman (jentl' mán) सं॰ १. (मुख्यतया इति॰) भद्रजन, वह प्रतिष्ठित व्यक्ति जिसे कुलचिह्न धारण का तो अधिकार हो परन्तु जिसकी गणना अभिजात वर्ग में न की जाती हो; २. सुजात भृत्य, कुलीन वंश में उत्पन्न जो सम्राट् अथवा सामंत आदि की सेवा में नियुक्त हो; ३. वीर, सद्भावनापूर्ण और सुजात व्यक्ति; ४. सम्मानित व्यक्ति, धनी, संपन्न या रईस व्यक्ति; ५. पुरुष के अर्थ में शिष्ट प्रयोग (जैसे महानुभाव, महोदय आदि); ६. (बहु॰ संबोधन में) सज्जनों; ७. (पत्नी में भी) जनाबेमन, महोदय; ८. (एकव॰ सं॰ के रूप में बहु॰) मर्दाना (आम) पेशाबखाना, (सार्वजनिक) पुरुष-मूत्रालय; ९. वह व्यक्ति जिसका कोई पेशा न हो। **~at arms** राजा का अंगरक्षक। **~commoner** (इति॰) जेंटिलमैन कमॉनर, ऑक्सफ़ोर्ड और कैंब्रिज का सुविधा प्राप्त अंडर ग्रेजुएट। **~-farmer** कृषक सज्जन, खेतिहर, ग्रामीण व्यक्ति। **~-ranker** दे॰ RANKER। **gentleman's~** किसी बड़े आदमी का खिदमतगार या सेवक। **~-usher** उच्च श्रेणी के व्यक्ति के आगे चलनेवाला व्यक्ति। **gentlemanhood, gentlemanship** सं॰ १. कुलीनता, भद्रता, रईसी; २. बनाइयता, रईसी। **gentlemanlike** वि॰ भद्रजनोचित सज्जनोचित। **gentlemanly** वि॰ १. भलामानस, सद्भावनाशील, सद्व्यवहारपूर्ण; २. सदाचारी, कुलीनों जैसी आकृतिवाला; ३. सज्जनोचित, महोचित। **gentlemanliness** सं॰ सद्भावनाशीलता, सदाचारिता, कुलीनता, भलमनसाहत। **gentleness** सं॰ १. दयालुता, नरमी, विनम्रता; २. कोमलता, मृदुता, मंदता, अनाविष्टता धीरता-गंभीरता, विनीतता। **gentlemen's agreement** ज़बानी समझौता, आपस की बात, झगड़े आदमियों के बीच की बात। **gentlewoman** (jentl' wu mán) सं॰ कुलीन महिला सज्जारीवत्, सदाचारिणी या सद्व्यवहारपूर्ण महिला। **gentlewomanhood** सं॰ कुलीन नारीत्व, (नारी की) सद्व्यवहारशीलता। **gentlewomanlike, ly** क्रि॰ वि॰ कुलीन स्त्रियोचित, सद्व्यवहारपूर्ण। कुलीन महिलावत्,कुलीन महिला-सदृश, सज्जारीवत्, सद्व्यवहारशील महिला के समान। **gentlewomanliness** सं॰ १. कुलीन महिला की प्रकृति, सद्व्यवहारपूर्ण महिला का आचरण या व्यवहार।

gentry (jen' tri) [prob. corr. of prec.] सं॰ १. भद्रजन, बड़े आदमी, शरीफ़ लोग, इंग्लैंड के कुलीन अथवा अभिजात वर्ग से (जन्म अथवा स्थिति के अनुसार) कुछ नीचे के लोग (तिरस्कार-सूचक, विशे॰ these~) लोग-बाग।

genual (jen' ū ăl) [L. *genu*, knee] वि॰ घुटने का. घुटने से संबद्ध।

genuflect (jen' ū flekt) [late L. *genuflectere* (*genu*, the knee, *flectere*, to bend)] क्रि॰ अ॰ घुटने के बल बैठना (विशे॰ उपमाना में)। **genuflector** सं॰ घुटने के बल बैठने वाला (विशे॰ इस प्रकार उपासना करने वाला। **genuflectory** वि॰ (विशे॰ उपासना के समय) घुटने के बल बैठने से संबद्ध। **genuflexion** सं॰ घुटने के बल बैठने की क्रिया (विशे॰ उपासना के समय)।

genuine (jen' ū in) [L. *genuinus*, from the root *gen-*, to beget] वि॰ १. मूल; २. मौलिक, प्रसिद्ध मूल या प्रणेता से उद्भूत, वास्तविक, यथार्थ, असली* (विधि भी), सच्चा, खरा, शुद्ध, खालिस, सचमुच का। **genuinely** क्रि॰ वि॰ १. मूलतया; २. मौलिक रूप से; ३. सही तौर पर, यथार्थतः, असली या वास्तविक रूप में।

genuineness सं० १. मौलिकता; २. अकृत्रिमता; ३. वास्तविकता, यथार्थता, खरापन, शुद्धता, असलीपन*; असली होना* (विधि भी)।

genus (jē' nŭs) [L., as prec.; cogn. with KIN] सं० (बहु० **genera** jen' ĕr ă) (तर्क०) १. जीनस*/ जाति* (आ०, कृ०, मा० १, २, ३, वि० १ भी), प्रजाति, वस्तुओं का भेद जिसमें उसके उपभेद या जातियाँ भी सम्मिलित हैं; २. (प्राणि०, वन०) वृंद (दे० CLASS); ३. (विधिल प्रयोग) क़िस्म, भेद, वर्ग, श्रेणी। **the ~Homo** मानव-जाति। **highest ~** उच्चतम प्रजाति, जो किसी उच्चतर प्रजाति की जाति न समझी जाय। **subaltern ~** अधीनस्थ प्रजाति, जाति के रूप में किसी उच्चतर प्रजाति का अंश आदि समझी जाने वाली प्रजाति।

-geny [F. *génie*, from Gr. *geneia* or L. *gen-*, stem of *genesis*] प्रत्य० उत्पादन-पद्धति की निर्देशक संज्ञाएँ बनाने में प्रयुक्त (जैसे anthropogeny मानव-विकास का इतिहास)।

geo- [Gr. *geo-*, from Icel, *gjá* ग्रीक (=भू) का समास में प्रयुक्त रूप (जैसे geo-dynamic भू-गत्यात्मक, geo-selenic भू-चन्द्र-विषयक)।

geocentric, -al (jē ō sen' trik, -ăl) वि० १. भू-केंद्रक, भूकेन्द्रीय, भू-केंद्र-विषयक, (ऐसा दृश्य आदि) जिसके विषय में यह माना जाता हो कि उसे पृथ्वी के केंद्र से देखा गया है; २. भू-केंद्रिकता-युक्त; ३. भू-केंद्रिकता-व्यंजक; ४. भू-केंद्रिक, भू-केंद्रीय। **~latitude of planet** ग्रह का भू-केंद्रिक अक्षांश, वह अक्षांश जिसमें भू-केन्द्रस्थ पर्यवेक्षक को (भू-केंद्र में दिखाई देनेवाला दृश्य आदि) दिखाई देता।

geode (jē' ōd) [F. *géode*, from L. *geōdes*, from Gr. *geōdēs*, earthy, from *gē*, earth] सं० जीओड*/(वि० १ भी), रद्र ग्रंथिका, स्फटिक या अन्य खनिज द्रव्य की नह वाले छिद्र (में पुकन ठोस पत्थर)।

geodic (jē od' ik) वि० जीओडिक, रद्र ग्रंथिकाविषयक, स्फटिक (या अन्य खनिज पदार्थ की नह वाले) छिद्र वाला।

geodesy (jē od' ĕ si) [F. *géodésie*. from Gr. *geōdaisia* (as GEO-, *daiein*, division, from *daiein*, to divide)] सं० ज्यो.डेसी* (वि० १ भी), भू गणित, भूमि या विशाल भू भागों के आकार और क्षेत्र से संबद्ध गणित की एक शाखा। **geodesic, geodetic** (jē ō des'-, -det-, -ik) वि० भू गणितीय*(वि० १ भी), भू गणित विषयक। **~line** भू गणितीय रेखा, किसी तल पर दो बिंदुओं के मध्य लघुतम समय रेखा। **geodetically** क्रि० वि० भू गणितीय दृष्टि से, भू गणित के अनुसार। **geodesist** (jē od' ĕ sist) सं० भूगणितज्ञ, भू-गणित विशारद।

geognosy (jē og' nō si) [F. *géognosie* (GEO-), Gr. *gnōsis*, knowledge from *gignōskein*, to know)] सं० १. दे० GEOLOGY; २. किसी प्रदेश का भूगर्भ विज्ञान; ३. विशिष्ट शिलाओं की खनिज विषयक विशेषताओं, वर्गीकरण और विभाजन का ज्ञान। **geognostic, -al** (jē óg nos' tik, -ăl) वि० भू गर्भ विज्ञान विषयक।

geography (jē og' ră fi) [F. *géographie*, L. *geographia*, Gr. *géōgraphia*] सं० १. भूगोल* (वि० १ भी); २. भूगोल का विषय; ३. किसी स्थान की आकृति-प्रकृति या व्यवस्था; ४. भूगोल का ग्रंथ या पुस्तिका। **mathematical ~** गणितीय भूगोल। **physical ~** प्राकृतिक भूगोल। **political ~** राजनीतिक भूगोल। **geographer** सं० भूगोलविद्, भूगोलशास्त्री। **geographic, -al** वि० भौगोलिक* (वि० १ भी), भूगोलिक। **~latitude** अक्षांश। **~mile** भौगोलिक मील, विषुवत रेखा पर १० देशांतर या २००० गज। **geographically** क्रि० वि० भौगोलिक रूप से, भूगोल की दृष्टि से।

geology (jē ol' ŏ jĭ) [med. L. *geologia*] सं० १. भू विज्ञान* भौमिकी* (वि० १ भी), भूगर्भ विज्ञान, भूगर्भ विद्या, भूतत्व, धरती विद्या; २. किसी प्रदेश का भू-गर्भीय विशेषताएँ, स्थिति या स्वरूप। **geologic, -al** (jē ŏ loj' ik, -ăl) वि० १. भूगर्भीय, भूगर्भ विषयक, भूतत्त्वीय, धरती विद्या या धरती का; २. भू वैज्ञानिक* (वि० १ भी); (अब केवल भूगर्भ विज्ञान की विषय वस्तु के किसी भाग को बनानेवाली वस्तुओं के लिए प्रयुक्त)। **geologically** क्रि० वि० भू गर्भ विज्ञान की दृष्टि से। **geologist, -ger** (jē ol' ŏ jist, -jĕr) सं० भू-विज्ञानी (प्र०, वि० १ भी), भूतत्त्ववेत्ता, भूगर्भवेत्ता, भूगर्भशास्त्री। **geologize** क्रि० अ० और स० १. भूगर्भीय दृष्टि से स्थानों का परीक्षण करने, नमूने इकट्ठा करने आदि में समय लगाना; २. (किसी स्थान का) भूगर्भीय दृष्टि से परीक्षण करना।

geomancy (jē ó măn' si) [F. *géomancie*, L. *geōmantīa*, Gr. geōmanteia] सं० १. भू शकुन विद्या, रमल; २. मुट्ठी भर मिट्टी फेंक कर शकुन का पता लगाना। **geomancer** सं० भू शकुनवेत्ता। **geomantic** (jē ŏ măn' tik) वि० भू शकुन संबंधी, रमल विषयक।

geometer (jē om' ĕ tĕr) [L. and G. *geōmetrēs* (GEO-, *metrēs*, measurer, from *metrein*, to measure)] सं० १. ज्यामितिज्ञ, रेखागणितज्ञ; २. इल्ली या शलभ के भेद (इस प्रकार चलने वाले कीड़े जिनके चलने से ऐसा लगता है मानो बमीन को नाप रहे हों), एक प्रकार का कीड़ा जो बड़ा होकर तितली बन जाता है।

geometry (jē om' ĕ tri) [O. F. *geometrie*, L. and Gr. *geōmetria*] सं० रेखागणित*/ ज्यामिति* (वि० १ भी), ज्योमेट्री, भूमिति। **geometric, -al** (jē ŏ met' rik, -ăl) वि० ज्यामितीय* (वि० १ भी), भूमिति का, रेखागणित-विषयक, रेखागणितीय। **~progression** ज्यामितीय श्रेणी, क्रमिक मात्राओं में अचर अनुपात सहित गुणन (जैसे १ : ३ : ९ : २७ : ८१)। **~proportion** ज्यामितीय समानुपात (जैसे १ : ३ : ४ : १२)। **~spider** ज्यामितीय आकार का जाला तानने वाली मकड़ी। **~tracery** ज्यामितीय आकृतियों (चक्करों आदि) से युक्त कढ़ाई आदि। **geometrically** क्रि० वि० ज्यामितीय दृष्टि से, रेखागणित के अनुसार। **geometrician** (jē ŏ mé trish' ăn), **geometrist** (jē om' ĕ trist) सं० ज्यामितिज्ञ, भूमिति विशारद, रेखागणितज्ञ, रेखागणित शास्त्री। **geometrise** क्रि० अ० और स० ज्यामितीय पद्धतियों पर काम करना, रेखागणित के अनुसार बनाना।

geophagy (jē of' ă gi) सं० मिट्टी-खोरी, मृद्भक्षण* (मा० ३ भी), एक बीमारी जिससे पीड़ित व्यक्ति मिट्टी खाता है। **geophagist** सं० मिट्टीखोर, मृद्भक्षण-रोगी, उक्त बीमारी का बीमार।

geophysics (jē ō fiz' iks) सं० भू भौतिकी* (वि० १ भी), पृथ्वी और वायुमंडल से संबंधित विज्ञान।

geopolitics (jē ō pol' i tiks) सं० भूगोल पर आधारित राजनीति, भूगोलीय राजनीति, भू-राजनीति* (मा० १भी), किसी देश की भौगोलिक स्थिति से निर्धारित राजनीति।

geoponics, geopony (jē ō pon' iks, je op' ŏ ni) वि० (पंडि० या विनोद में) कृषि-विषयक, खेती संबंधी।

Geordie (jôr' di) [Sc. and North., dim of GEORGE] सं० (स्कॉटलैंड और उत्तरी इंग्लैंड में प्रयुक्त) दे० COLLIER, (सभी अर्थों में)।

George (jôrj) [L. *Georgius*, Gr. *Gebrgios*, a saint said to have been martyred under Diocletian] सं० १. जार्ज, शार्टर (इंग्लैंड के नाइटों या श्रीमंतों की सबसे ऊँची श्रेणी) के पदक का रत्न; २. (आ०) वायुयान का ऑटोमेटिक पायलट नाम का पुर्जा (जब विमान निश्चित ऊँचाई पर पहुँच जाता है तो चालक इस पुर्जे की सहायता लेता है, अर्थात उसे फिर स्वयं सारे यंत्रों की देखभाल नहीं करनी पड़ती, बल्कि यह पुर्जा विमान को निर्धारित गति से निर्दिष्ट दिशा में ले जाता है)। **brown** ~ (भूरी) मिट्टी का बर्तन। **by** ~ जॉर्ज की शपथ (विस्म०)। **~Cross, Medal** (संक्षे० G.C., G.M.) जॉर्जसलीब, जॉर्जपदक, १९४० ई० में संस्थापित फ्रॉस या पदक जो बीरता दिखानेवालों को दिया जाता है। **~day** २३ अप्रैल। **St. ~** संत जॉर्ज, एडवर्ड तृतीय के समय से गार्टर (इंग्लैंड के श्रीमंतों की उच्चतम) श्रेणी के संरक्षक माने जानेवाले संत जॉर्ज। **St. George's cross** संत जॉर्ज की सलीब, ऐसा लाल फ्रॉस या सलीब जिसकी दोनों पट्टियाँ एक दूसरे को बिल्कुल बीचोबीच से काटती हों।

georgette (jôr jet') [Mme *Georgette*, a Fr. modiste] सं० जार्जेट, जारजट, एक प्रकार का महीन रेशमी कपड़ा।

Georgian[1] (jôr' ji ăn) वि० १. जॉर्जकालीन, इंग्लैंड के प्रथम चार जॉर्ज बादशाहों के समय का; २. जार्ज पंचम और जॉर्ज षष्ठ के समय का।

Georgian[2] (jôr' ji ăn) वि० और सं० १. काकेशस-स्थित जॉर्जिया का (निवासी, भाषा); २. संयुक्त राज्य अमरीका में स्थित जॉर्जिया का (निवासी)।

georgic (jôr' jik) [L. *gebrgicus*, Gr. *gebrgikos*, from *gebrgos*, a husbandman (GEO-, *ergein*, to work)] सं० (the *Georgics*) वर्जिल के कृषिविषयक काव्य का कोई खंड।

geostrophic वि० (नक्षत्रविज्ञान) पृथ्वी के घूमने पर आधारित या निर्भर, परिभ्रमण पर निर्भर, भूविक्षेपी* (वि० १ भी), भूध्यावर्ती।

geotropism (jē ot' rō pizm) [GEO-, *Gr. tropos*, turning, from *trepein*, to turn, -ISM] सं० १. भूअभिवर्तन, पौधों का गुरुत्वाकर्षणसापेक्ष विकास, गुरुत्वानुवर्तन* (वि० १ भी)। **geotropic** (jē ō trop' ik) वि० भूअभिवर्ती, गुरुत्वानुवर्ती* (वि० १ भी), पौधे के गुरुत्वाकर्षण-सापेक्ष विकास से संबद्ध। **~negative** तनों की भूमिकेन्द्र से दूर बढ़ने की प्रवृत्ति। **~positive** जड़ों की भूमिकेन्द्र की ओर बढ़ने की प्रवृत्ति। **geo- tropically** क्रि० वि० भूअभिवर्तन की दृष्टि से, उपर्युक्त विकास की दृष्टि से।

geranium (jē rā' ni ŭm) [L., from Gr. *geranion*, from *geranos*, a crane] सं० १. जिरेनियम* (कु० भी), एक प्रकार का जंगली पौधा; २. एक प्रकार का फूलदार पौधा, पैलरगोनियम के उपजाए गए भेद; ३. एक प्रकार का रंग, गहरे लाल रंग के जिरेनियम जैसा रंग।

gerfalcon (jĕr' faw kŏn) [O.F. *gerfaucon*, med. L. *gibrgifalco*, M.H.G. *gîrvalke* (cp. G. geier, vulture)] सं० उत्तरी (विशे० आइसलैंड) का बड़ा शिकरा या बाज।

geriatrics (jer i ăt' riks) [Gr. *geras*, old age; *iatros*, a physician] सं० (बहु०) वृद्धावस्था और उसके रोगों से संबद्ध चिकित्साशास्त्र की शाखा। **geriatric** (जि० उक्त चिकित्साशास्त्र की शाखा से संबद्ध, जराचिकित्सा* (आ० भी)। **geriatrician, geriatrist** सं० वृद्धावस्थारोगविशेषज्ञ।

germ (jĕrm) [F. *germe*, L. *germen -inis*] सं० १. जीवाणु, कीटाणु, बीजाणु, किसी जीव का वह भाग जो किसी नए रूप में विकसित हो सके, (प्रायः नारी तत्त्व, sperm का विलोम); २. जीव या पौधे का मूलतत्त्व; ३. कृमि (विशे० रोग फैलाने वाला); ४. बीज, कीड़ा, कीट, कण, अणु, मूलतत्त्व, अंकुर, अँखुआ, आरंभ; ५. जर्म* (कु० भी), रोगाणु* (आ० भी); ६. मूल सिद्धान्त (जिससे अन्य सिद्धान्तों आदि का उद्भव हो)। क्रि० अ० अंकुरित होना, फूटना, उगना, उपजना। **in** ~ अविकसित, अत-नपनी। **germicide** ([-CIDE] सं० रोगाणुनाशी* (कु०, वि० १ भी), जर्मनाशी, कीटाणुनाशक, जीवाणुनाशी* (कु० भी), (विशे० रोग के) कीटाणुओं को मारने की दवाई, बीमारी के कीड़े मारने की दवा। **germicidal** वि० कीटाणुनाशक पदार्थविषयक।

german[1] (jĕr' mán) [O.F. *germain*, L. *germānus*, having the same parents (cogn. with prec.)] वि० सगा, निकट सम्बन्धी (अब केवल brother, sister, cousin के साथ प्रयुक्त) दे० GERMANE।

German[2] (jĕr' mán) [L. *Germānus*, perh. from Celt. (cp. O. Ir. *gair*, neighbour)] वि० जर्मन, जर्मनी का। सं० १. जर्मन, जर्मनीनिवासी; २. जर्मनी की भाषा। **~measles** जर्मन मीअल्स, मीअल्स या खसरा की भाँति एक छूत का रोग। **~Ocean** उत्तरी सागर। **~sausage** लंबी सलाखों (जैसे आकार में) बँटा हुआ मसालेदार अधपका गोल्त। **~silver** जर्मन सिलवर* (वि० १ भी), निकल, जस्ता, ताँबे से मिश्रित धातु। **~text** काला अक्षर, पुराने ढंग के अंग्रेजी अक्षर (जो आधुनिक जर्मन से मिलते-जुलते हैं)। **High** ~ उच्च जर्मन, मूलतः दक्षिण जर्मनी की भाषा किन्तु अब संपूर्ण जर्मनी की साहित्यिक भाषा। **Low** ~ निम्नजर्मन, उच्च जर्मनेतर जर्मनी की बोलियाँ, इलिंग्रिश और डच सहित केवल उच्च जर्मन को छोड़ कर केवल पश्चिमी जर्मन के सब रूप भी। **Germanic** (jĕr măn' ik) वि० और सं० १. जर्मनों का; २. टयूटानिक जाति या उपजाति का (भाषा के विषय में आदिम टयूटानिक सीमा-व्यंजक शब्दों के साथ भी)। **East** ~ वांडिक तथा कुछ अन्य लुप्तप्राय भाषाएँ (जैसे Burgundian vandal)। **North** ~ स्कैन्डिनेवियाई की भाषाएँ। **West** ~ उच्च और निम्न जर्मन, इंगलिश, फ्रीशियन, डच आदि। **Germanish** सं० १. जर्मनों जैसा व्यवहार; २. जर्मनवाद; ३. जर्मन मुहावरों का प्रयोग। **Germanist** सं० १. जर्मनों जैसा व्यवहार करनेवाला; २. जर्मनवादी; ३. जर्मन मुहावरों का प्रयोक्ता। **Germanity** (jĕr man i ti) सं० जर्मनत्व, जर्मनों की विशेषताएँ, जर्मनों का व्यक्तिगत वैशिष्ट्य। **Germanize** क्रि० स० और अ० १. जर्मनों जैसे व्यवहार या भावों का अनुकरण करना; २. जर्मन बनाना या होना; ३. जर्मन की तरह काम करना, जर्मन पद्धति पर काम करना। **Germanization** सं० जर्मनीकरण। **Germanizer** सं० जर्मनीकरण करनेवाला, जर्मन जैसा व्यवहार करनेवाला। **Germano-** समस्त पदों के प्रयुक्त रूप। **Germanomania** सं० जर्मनों जैसा व्यवहार करने या रहन-सहन रखने की सनक या खब्त। **Germanophil** (jĕr măn' ō fil) [-PHIL] वि० और सं० १. जर्मन-प्रेमी; २. जर्मन-जीवन पद्धति का पुजारी व्यक्ति। **Germanophilist** सं० जर्मनप्रेम का समर्थक। **Germanophobe** (jĕr măn' ō fōb) [-PHOBE] वि० और सं० १. जर्मन-त्रस्त; २. जर्मनों से दहशत रखने वाला व्यक्ति। **Germanophobia** (jĕr má no fō' bi ă) सं० जर्मनभय, जर्मनों की दहशत या उनके प्रति घृणा।

germander (jĕr' măn' dĕr) [F. *germandrée*, late L. *germandra*, *gamandria*, late Gr. *chamandrua*, corr. of Gr. *chamaidrus* (*chamai*, on the ground, *drûs*, tree)] सं० जमैन्डर, कई प्रकार के पौधे। **~speedwell** नीले फूलों वाला पौधा।

germane (jĕr mān') [GERMAN[1]] वि० संगत, प्रसंग या विषय से संपृक्त या संलग्न।

germen (jĕr' men) [L., *see* GERM] सं० (बन०) बीजकोष का प्रारंभिक तत्त्व, ओवरी, अंडाशय। **germinal**' (jĕr' mi năl) वि० १. जर्म-विषयक, कृमिसंबंधी; कृमि या कीटाणु जैसी प्रकृतिवाला; २. विकास की प्रारंभिक अवस्था में स्थित, भ्रूणीय*, (वि० १ भी) (आ०) जननिक*। **germinally** क्रि० वि० १. कृमि या कीटाणु की तरह व्यवहार करते हुए; २. भ्रूणावस्था की दृष्टि से।

Germinal[2] (zhăr' mē năl) [F., GERMINAL] सं० फ्रेंच सम्मेलन द्वारा दिया गया गणतंत्र वर्ष के सातवें माह (मार्च २० से २९ अप्रैल) का नाम।

germinate (jĕr' mi nāt) [L. *germinātus*, p.p. of *germināre*, from *germen*, *see* GERM] क्रि० अ० और स० १. उगना, फूटना, निकलना; अंकुरित होना (शा० और लो०); २. उगाना, अंकुरित करना, अभिवृद्ध करना, उपजाना, पनपाना, उत्पन्न करना। **germinant** वि० १. (प्रायः लो०) उगनेवाला; २. उपजाने वाला। **germination** सं० अंकुरण* (कृ०, वि० १ भी), प्रस्फुटन, उगना। **germinator** (jĕr' mi nā tor) सं० उगानेवाला, अंकुरणकर्ता। **germinative** वि० जनक, उत्पन्न करने, उगाने या प्रस्फुटित करने वाला।

germon (jĕr' mon) [F.] सं० जर्मन, एक प्रकार की बड़ी खाद्य मछली।

gerontocracy (jer-, jer ŏn tok' rā si) [Gr. *gerôn gerontos*, an old man, -CRACY] सं० वृद्ध-शासन, वयोवृद्ध लोगों का राज्य या सरकार. बुड़ों की सरकार, वृद्ध-तंत्र* (मा० ३ भी)।

gerontology (je ron tol' ŏ ji, ge ron tol' ŏ ji) [as prec.] सं० वृद्ध-चिकित्सा-विज्ञान, वृद्धावस्था और उसके रोगों का वैज्ञानिक अध्ययन, जराविद्या* (आ० भी)।

-gerous [L. *-ger*, from *gerere*, to bear] प्रत्य० धारण करने के अर्थ का यौगिक (जैसे florigerous पत्र-धारक, पत्र-मय)।

gerrymander (ger-, jer i măn' dĕr) [Elbridge *Gerry*, Governor of Massachusetts, *-mander* (SALAMANDER, which the map of one district was supposed to resemb'e)] क्रि० स० चुनाव में किसी पक्ष या दल को लाभ पहुँचाने के लिए (चुनाव-क्षेत्र आदि के निर्धारण में) धाँधली करना या गड़बड़ मचाना। सं० चुनाव-क्षेत्र के निर्धारण में धाँधलेबाजी, पक्ष विशेष के हित में चुनाव-क्षेत्रों का फेर-बदल। **gerrymanderer** सं० चुनाव-क्षेत्र के निर्धारण में (किसी पक्ष या दल को लाभ पहुँचाने के लिए) धाँधलेबाजी करनेवाला।

gerund (jer' ŭnd) [L. *gerundium*, from *gerundum*, neut. ger. of *gerere*, to do] सं० क्रियावाचक संज्ञा, अंग्रेजी क्रिया में -ing जोड़कर बनाई गई संज्ञा (जैसे his doing this is doubtful)। **~-grinder** लैटिन-शिक्षक, लैटिन भाषा का अध्यापक। **gerundial** (jĕ rŭn' di ăl) वि० क्रियावाचक संज्ञा विषयक। **gerundive** (jĕ rŭn' div) वि० क्रियावाचक संज्ञा का, क्रियावाचक संज्ञा की भाँति। सं० (लैटिन व्या० में) कृत्यार्थक शब्द रूप (जैसे that should be done)। **gerundival** (jer ŭn di' văl) वि० क्रियावाचक संज्ञा से बने हुए, क्रियावाचक विशेषण से संबंधित। **gerundively** क्रि० वि० क्रियावाचक विशेषण के रूप में।

gesso (jes' ō) [It., from L. GYPSUM] सं० प्लास्टर ऑफ़ पेरिस, खड़िया मिट्टी, चित्रकला और मूर्तिकला में प्रयुक्त एक प्रकार का प्लास्टर।

gestation (jes tā' shŭn) [through F., or directly from L. *gestātiōnem*, nom. *gestātio*, from *gestāre*, *freq.* of *gerere*, to carry] सं० १. गर्भावस्था, गर्भविधि* (वि० १ भी); २. गर्भ धारण करने से लेकर उत्पत्ति तक का काल, गर्भ में होना या रखना; ३. समर्थता* (आ०, कृ० भी)। **gestatorial** (jes tă tôr' i ăl) वि० वहनीय, ले जाने योग्य। **~chair** वह कुर्सी, जिस पर पोप को विशेष अवसरों पर बैठाकर ले जाया जाता है।

gesticulate (jes tik' ū lāt) [L. *gesticulātus*, p.p. of *gesticulārī*, from *gesticulus*, dim. of *gestus*, gesture, *see* GEST[2]] क्रि० अ० और स० हाथ से संकेत या इशारा करना, मुद्रा बनाना, अंगविक्षेप करना, भाव बताना, शरीर की चेष्टाओं द्वारा आशय व्यक्त करना। **gesticulation** (jĕs tik ū lā shŭn) सं० अंग चालन, अंगहार, अंग विक्षेप। **gesticulator** (jes tik' ū lā tor) सं० अंगविक्षेपक। **gesticulative, gesticulatory** वि० सांकेतिक, संकेतसूचक।

gesture (jes' chĕr) [late L. *gestūra*, from *gestus*, p.p. of *gerere*, to carry, to deport (oneself)] सं० १. संकेत, इशारा, मुद्रा, चेष्टा, इंगित* (मा० २ भी), अंगविक्षेप* (विधि भी); २. भावाभिव्यंजना के लिए या भाषण को प्रभावशाली बनाने के लिए अंग विक्षेप का प्रयोग (हाथ बढ़ाना, झुकना)। क्रि० स० भाव बताना, अंगविक्षेप से भाव व्यक्त करना, दे० GESTICULATE भी।

get[1] (get) [Icel. *geta* (cp. A.-S. *-gietan*, in *forgietan*, *engietan*, etc., also Goth. *-gitan*, G. *vergessen*, cogn. with L. *-hendere*, in *prehendere*, to seize, Gr. *chandanein*, to seize)] क्रि० स० और अ० (भू० **got** भू० कृ० **got, gotten**) १. पाना, प्राप्त करना, उपलब्ध करना, हाथ लगना, हाथ आना; २. कमाना, हासिल करना, अर्जन करना; ३. जीतना, लाभ उठाना, लाभ करना; ४. प्रसिद्ध होना; ५. साख जमाना या होना; ६. महिमान्वित होना (जैसे ~fame, credit, glory); ७. याद कर लेना, याद हो जाना; ८. संकलन या यौगफल रूप में प्राप्त होना (we ~as the average); ९. उपहार, पारिश्रमिक आदि के रूप में प्राप्त करना; १०. परिणाम पर आना, प्रार्थना, माँग या जाँच आदि से निकलना; ११. पा लेना, या जाना (कोई वांछित वस्तु); १२. समेटना, समाहार करना, संक्षिप्त करना (विचार आदि); १३. पल्ले पड़ना, भुगतना, सहना, बरदाश्त करना, (लाठी आदि) खाना; १४. जुगनाना, जुगाड़ करना, प्रबंध करना (got him a place; we can ~it for you); १५. पकड़ना फाँसना (मछली आदि); १६. (फसल) बटोरना, समेटना, इकट्ठा करना; १७. (बोल०) समझना (व्यक्ति या वस्तु को); १८. (बोल०) पाना, जीमना (भोजन आदि); १९. (बोल०) रखना, पास में होना (have not got a penny; it has got to be done); २०. (अव प्रायः केवल जानवरों के विषय में) ब्याना; २१. (पूरक सहित) लाना या रखने में सफल होना, किसी स्थिति में लाना (~them ready); २२. शरीर के किसी अंग पर चोट आदि लगना (got my wrist dislocated; shall ~my feet wet) २३. उभाड़ना, उकसाना, उत्तेजित करना, प्रोत्साहित करना; २४. तैयार करना, उद्यत करना; २५. आने या जाने में

सफल होना (to, from, into, out of, through, over, here, there, as per आदि); २६. (ग्रा०) कर्ज चुकाना, ऋण मुक्त होना; २७. आदत या प्रकृति पाना, करने लगना (they got talking) २८; होना हो, जाना (~tired, hot, excited, drunk; ~clear, rid, or quit, of; ~married, used to it, shelved)! ~about एक जगह से दूसरी जगह जाना, चलना-फिरना, आना-जाना, बीमारी के बाद टहलना, (अफ़वाह का) फैलना, पता लग जाना, प्रकाशित होना। ~abroad १. फैल जाना; २. प्रसिद्ध हो जाना, मशहूर हो जाना। ~across or over १. (ग्रा०) श्रोताओं तक पहुँचना; २. प्रभावशाली होना। ~along १. आगे बढ़ना, सफल होना, उन्नति करना, तरक्की करना, निभना व निभाना, गुज़ारा करना जैसे-तैसे चलना; २. प्रबन्ध करना; ३. मेलजोल से या मिलजुल कर रहना। ~along with you (बोल०) दूर हो; २. मूर्ख, उजड्ड। ~at १. पहुँचना; २. पकड़ना, कब्ज़ा करना, मालूम करना; ३. पूछकर निश्चय करना; ४. (ग्रा०) छेड़ना; ५. घूस लेना; ६. (ग्रा०) आक्रमण करना, प्रहार करना। ~away भगाना, भाग जाना, निकलना, बच निकलना, प्रस्थान करना, दूर होना। ~away with १. कार्य में सफल होना; २. प्रतिशोध से बच निकलना, भाग जाना, निर्विघ्न कार्य करना। ~back घर लौट आना, खोई हुई वस्तु पाना। ~back one's or some of own (ग्रा०) प्रतिशोध या बदला लेना। ~coal खान से कोयला निकालना। ~down उतरना। ~in १. संसद या पार्लियामेंट का सदस्य चुना जाना; २. गाड़ी में बैठना या पैठना; ३. फ़सल काटकर घर लाना; ४. उगाहना, काम आदि नियत समय में कर देना; ५. प्रहार करने में सफल होना। ~into १. (बोल०) पहनना (बूट, कपड़े); २. चढ़ जाना (नशा)। ~into one's head किसी बात का क़ायल होना, विचार द्वारा समाधान होना। ~knowledge or wind of १. ज्ञान प्राप्त करना; २. अफ़वाह सुनना। ~off १. उतरना (घोड़े आदि से); २. छुटकारा पाना, पीछा छुड़ाना; ३. हट जाना, न ठहरना; ३. भाग जाना; ४. प्रस्थान करना; ५. रवाना होना, ६. सो जाना; ७. छोड़ दिया जाना, छुट्टी या रिहाई हो जाना; ८. सस्ते छूट जाना। ~off with प्रेमासक्त होना, मंगी या सखा होना। ~on १. चढ़ना,सवारी करना (घोड़े आदि पर),भाषण देने के लिए खड़ा होना; २. वस्त्र धारण करना, रखना; ३. आगे बढ़ना, उन्नति करना; ४. सुखी होना; ५. निभाना, जैसे-तैसे प्रबन्ध करना व चलना. गुज़ारा करना, काम चलाना, सहमत होना, मेलजोल से रहना या मिल कर रहना; ६. पहुँचना। ~on to (अमरीकी प्रयोग) समझ लेने में सफल हो जाना। ~(person or thing) on the brain किसी (व्यक्ति या वस्तु) का विचार मन में बस जाना। one's hand in किसी कार्य में चर्चित्त सहयोगी बनना। ~out १. दूर हो! मूर्ख!; २. प्रकट हो जाना, खुल जाना, मालूम कर लेना, प्रकाशित करना, वर्णन करना। ~out of निकलना या भाग जाना ~out of bed on the wrong side मिज़ाज ख़राब है, रोष या क्षोभ है। ~out of hand १. नियंत्रण से बाहर होना; २. काम आदि पूरा करना या होना; ३. धीरे-धीरे आदत छोड़ना; ४. काम से बचना; ५. प्राप्त करना या निकालना (सूचना या ख़बर); ६. उपलब्ध करना (रुपया, किसी व्यक्ति से)। ~out of sight, one's depth आँख से ओझल हो जाना, इतने गहरे पानी में हो जाना कि खड़ा न रहा जा सके। ~over १. समाप्त करना, पूर्ण करना (कठिन कार्य को); २. (कठिनाइयों को) जीत लेना; ३. (मवाड़ी, नर्क को) अभाग्यिक सिद्ध करना; ४. (बीमारी, आश्चर्य आदि का) दूर होना, तय करना, पूरा करना (दूरी, काम आदि); ५. (ग्रा०) फंसना, धरका देना। ~religion १. धर्म परिवर्तन करना; २. किसी सिद्धांत पर विश्वास करने लगना। ~round १. (मीठी बातों से) तैयार कर लेना, राज़ी कर लेना; २. टाल देना, बच निकलना। ~ship under way जहाज़ का लंगर उठाना (विशे० भू० कृ० में) जैसे (got it done, got the laws obeyed)। ~the best of it विजयी होना। ~through १. (अंतिम सीमा तक) पहुँचना, पहुँचाना; २. (विधेयक) पारित होना, स्वीकृत हो जाना; ३. कालयापन करना; ४. मंज़िल पर लाना या पहुँचना; ५. परीक्षा में उत्तीर्ण होना। ~through with १. कर डालना; २. बरदाश्त कर ले जाना। ~to आरम्भ करना, शुरू करना। ~together इकट्ठा करना, एकत्र करना। ~under (आग का) ज़ोर कम कर देना। ~under way लेना, पेल चलाना। ~up १. उठना, जगना; २. बढ़ना, सवारी करना (विशे० घोड़े पर); ३. (आग, हवा, समुद्र का) उग्र होना, भीषण होना; ४. (खेल का) जमना; ५. (क्रिकेट की गेंद का) टप्पा या गद्दा खाकर उछलना; ६. संगठन करना; ७. पैरों पर खड़ा होना; ८. कपड़े पर इस्तरी आदि करना; ९. सजाना, सँवारना; १०. पैदा करना; ११. बनावटी भाव दिखलाना या प्रकट करना, अभिनय करना; १२ परीक्षा के विषयों को तैयार करना। सं० १. सजावट, बनावट, सजधज, बनाव-सिंगार, बनाव-चुनाव, सजावट या ढंग; २. पोशाक, लिबास, परिधान; ३. पुस्तक की छपाई, बँधाई तथा बाह्याकरण आदि, गेटअप। ~up steam इंजन के काम के लिए पर्याप्त भाप एकत्र करना २. (ला०) क्रोध की स्थिति में होना। ~(person) upon a subject किसी व्यक्ति को प्रस्तुत प्रसंग पर लाना। ~well, better अच्छा होना, स्वस्थ होना। ~wind फैल जाना, प्रसिद्ध हो जाना। ~wise to सावधान होना, सतर्क होना। ~with child गर्भवती करना। gettable वि० प्राप्य, प्राप्तीय।

get² [from prec.) सं० बियात, व्याल, बच्चा देना (जानवरों का)।

geum (jē' ŭm) [L.] सं० जीयम, एवेंस, एक प्रकार के पौधे, जो गुलाब से मिलते-जुलते होते है।

gewgaw (gū' gaw)[perh. from M. E. *giogeov*, a reduplication of GIVE] सं० १. भड़कीले खिलौने, २. जगमगाने आभूषण; ३. तुच्छ बनावटी वस्तु।

gey (gā) [Sc., var. of GAY] वि० और क्रि० वि० (स्कॉटलैण्ड में प्रयुक्त) अधिक, बहुत, बेहद, एक बड़ी सीमा तक।

geyser (gā' zēr, gī' zēr, gē' zēr) [Icel. *geysir*, 'gusher', name of a hot spring in Iceland, from *geysa*, to gush] सं० १. गर्म पानी का सोता या चश्मा, २. पानी गरम करने का एक विशेष चूल्हा; ३. (वि० १) उष्णोत्स*/ गाइज़र*।

gharry (găr' i) [Hind *gāṛī*] सं० (आंग्ल-भारतीय) गाड़ी।

ghastly (gast'-, gäst' li) [GAST, LY] वि० १. भीषण, भयंकर, भयानक, भयावह. २. (बोल०) बेजा, आपत्तिजनक; ३. मृत्युतुल्य; ४. विवर्ण, निष्प्रभ; ५. ज़बर्दस्ती की या व्यर्थ (मुस्कुराहट आदि)। क्रि० वि० भयानक रूप से। ghastlily क्रि० वि० भयानकतापूर्वक, डरावनेपन से। ghastliness सं० १. भयानकता; २. विवर्णता, पीलापन। ghastful वि० भयावह। ghastfully क्रि० वि० भयावह रूप से।

ghaut (gawt) [Hind. *ghāṭ*] सं० (आंग्ल-भारतीय) घाट। **burning**~श्मशान घाट। **Eastern**~पूर्वी घाट। **Western**~पश्चिमी घाट।

Ghazi (ga' zi) [Arab. *ghāzi*, p.p. of *ghazā*, to fight], सं० ग़ाज़ी, इस्लाम के विरोधियों से युद्ध करने वाला ।

ghee (gē) [Hindi *ghī*] सं० घी ।

gherkin (gĕr kin) [Dut. *agurkken* (now *agurkje*), ult. from late Gr. *angourion*, Pers *angārah* (acc. to Skeat, but the O. E. D. prefers a Slavonic derivation)] सं० छोटी ककड़ी, खीरा (जिसका अचार बनता है) ।

ghetto (get' ō) [It., perh abbr of *borghetto*, dim. of *borgo*, BOROUGH] सं० यहूदी-टोला, यहूदियों का महल्ला, गेटो* पृथक् बस्ती* (मा० इ भी) ।

Ghibelline (gib' ĕ lin) [It, *ghibellino*, said to be a corr. of *Waiblingen*, an estate in Würtem! erg belonging to the Hohenstaufen family, from which sprang several Emperors during the 12th and 13th cent] सं० गिबलिन, मध्ययुगीन इटली के राज्यों में सम्राट् के पक्ष का व्यक्ति। (GUELPH का विलोम)। वि० सम्राट् पक्षीय, गजवादी। **Ghibellinism** सं० गजवाद ।

ghost (gōst) [A.-S. *gāst* (cp. Dut. *geest*, G.*geist*), prob. cogn. with Icel. *geisa*, to rage, Goth. *usgaisjan*, to terrify] सं० १. जीवन-सिद्धान्त (अब केवल 'give up the~ मर जाना' के अर्थ में ही प्रयुक्त); २. ईश्वर की आत्मा (अब केवल 'Holy~ देवत्रयी की तृतीय व्यक्ति' में ही प्रयुक्त); ३. नर्क आदि में मृत व्यक्तियों की आत्मा, ४. भूत* (आ०, मा० ३ भी), रूह, हौवा, ५. अत्यधिक दुबला पतला आदमी; ६. प्रतिच्छाया, छायामय रूपरेखा या मादृश्य, ७. (भी०) तेजस्क या आभामी धब्बा या उपस्तिम्ब जो दूरदर्शक यंत्र के क्षेत्र में नाल या लेन्स की खराबी के कारण दिखाई पड़ता है, ८. (ग्रा०) वह लेखक या कलाकार जो पैसों के बदले दूसरे के नाम पर लिखे या रचना करे; ९. (इ० २) दोषज प्रतिक्रिया* । कि० स० और अ० (विरल प्रयोग), भूत लगना, भूत या प्रेतबाधा होना। **not the~of a chance** बिल्कुल आशा नहीं। **raise, pay ~** भूत या प्रेत बुलाना या दूर करना, किसी स्थिति का अंत करना। **the~walks** (रंगमंच, ग्रा०) वेतन मिल रहा है या मिलेगा। **~word** प्रेत शब्द, जिसका अस्तित्व काल्पनिक है या भ्रांति पर आधारित है। **ghost-hood** सं० भूतपन। **gost-like** वि० भूत या प्रेत-सा।

ghoul (gool) [Arab. *ghūl*] सं० (पूर्व कहानियों में) शवभोजी प्रेत, पिशाच। **ghoulish** वि० पिशाचवत्। **ghoulishly** क्रि० वि० पिशाच के ढंग से।

ghyll हे० GILL[2] ।

giant (jī' ănt) [O. F. *geant*, L. *gigantem*, nom. *gigas*, from Gr. *gigas -antos*, etym. doubtful] सं० १ दानव, दैत्य, अतिमानव, राक्षस, भीमकाय व्यक्ति, वृहत्काय पुरुष; २. (यूनानी पुराण) यूरेनस (आकाश, स्वर्ग) और जीआ (पृथ्वी) के पुत्रों में से एक या टारटैरस (नर्क) जिसने देवताओं से युद्ध किया, ३. अत्यधिक लम्बा व्यक्ति, पशु या पौधा; ४. असाधारण योग्यता, साहस और शक्ति आदि से संपन्न व्यक्ति; ५. असाधारण वृद्धि (विशे० हड्डियों की)। वि० बृहत्*/१. महा* (आ०, क्रु०, वि० १ भी), विशालकाय, भीमकाय; २. असाधारण, बहुत बड़ा, विराट। **~cement** बहुत पुख्ता सीमेंट। **~powder** एक प्रकार का डाइनामाइट। **giant's-stride** व्यायाम में प्रयुक्त होने वाला एक प्रकार का उपकरण जिसमें एक खम्भे के ऊपर घूमने वाली चरखी लगी होती है और उसमें बँधे रस्सों की सहायता से व्यक्ति खम्भे के चारों ओर लम्बे-लम्बे डग भरता है। **gaintess** सं० (स्त्री०) दानवी, राक्षसी, विकटाकार स्त्री। **giantism** सं० १. दैत्यपन; २. महाकायता। **giant-like** वि० १. बड़े डीलडौल का; २. क्रोरकार; ३. दैत्याकार, दीर्घकाय ।

gib[1] (gib) [short for *Gilbert*] सं० १. विडाल, बिल्ला; २. (विशे० खस्सी, पिल्ला (~cat भी) ।

gib[2] [JIB[1]] सं० १. पच्चर, लकड़ी या धातु का टुकड़ा जो यंत्र के पुर्जों को यथास्थान रखने के लिए लगाया जाता है; २. पिन या कील; ३. (इं० १) गिब ।

gibber (jib' ĕr) [imit.] कि०अ० १. बड़बड़ाना, जल्दी-जल्दी बात करना (जो समझ में न आए); २. बंदर की तरह किलकिलाना। सं० बड़बड़, तेज़ लहजा, वह आवाज़ जो समझ में न आए।

gibberish (gib' ĕr ish) सं० १. बड़बड़, निरर्थक ध्वनि, समझ से बाहर की भाषा या बातचीत; २. त्रुटिपूर्ण या व्याकरणशून्य बात।

gebbet (jib' ĕt) [O. F. *gibet*, dim. of *gibe*, a staff or club; cp. JIB[1]] सं० १. फाँसी; २. (परवर्ती) मृत्युदंड के बाद अपराधी के शव को लटकाने का लट्ठा, टिकटी, फाँसी का तख्ता* (मा० १ भी); ३. फाँसी द्वारा मृत्यु। कि० स० १. फाँसी द्वारा मृत्युदंड देना, फाँसी पर लटकाना; २. निंदा करना, बदनाम करना; ३. घृणा करना।

gibbon (gib' ŏn) [F., prob. from Eng. GIB[1] (conferred by Buffon)] सं० गिबन* (वि० १ भी), लंगूर, लंबे हाथों वाला एक बंदर ।

gibbous (gib' ŭs) [L. *gibbōsus*, from *gibbus*, a hump] वि० १. उभारदार, उन्नतोदर, उभरा हुआ; २. (चंद्रमा या अन्य ग्रहों के विषय में) वृत्त से कम और अर्द्ध वृत्त से अधिक प्रकाशित; ३. कुबड़ा; ४. (वि० १) अर्धचंद्र* । **gibbosity** (gi bos' i ti) सं० १. उभार; २. अर्द्धवृत्त से अधिक प्रकाशपूर्णता। **gibbose** समास रूप। **gibbously** क्रि० वि० १. उभारपूर्वक; २. कुबड़ेपन से।

gibe (jib) [etym. doubtful (cp. Icel. *gripa*, to talk nonsense, from *geip*, also O. F. *giber*, to play rude panks)] कि० अ० और स० ताना मारना, उपहास करना, मजाक या हँसी उड़ाना, छींटा या फब्ती कसना। सं० ताना, उपहास, कटाक्ष, व्यंग्य, फ़ब्ती, छींटा। **gibber** सं० १. उपहास करने वाला; २. छींटा या फब्ती कसनेवाला। **gibingly** क्रि० वि० तानाजनी से, उपहासपूर्वक।

giblets (jib' lĕts) [O.F. *giblet*, cogn. with *gibier*, game, and *gibelotte*, rabbit-stew] सं० (बहु०) वतख का वह भाग जो पकाने से पहले अलग कर लिया जाता है (जैसे कलेजा, अँतड़ी, पंजौनी, डैने के बाहरी जोड़, पंजे)। **~-soup** वह शोरबा जो उपर्युक्त अंगों से बनाया जाता है।

gibus (zhē' bŭs) [name of orig. maker] सं० गिबस, एक प्रकार का टोप जिसे लटके के द्वारा खोला और बंद किया जा सकता है, नाटकों आदि में प्रयुक्त टोप।

giddy (gid' i) [A.-S. *gydig*, prob. cogn. with God (cp. *Gr. entheos*, possessed by the god)] वि० १. घूमेरी वाला, घूमनी से ग्रस्त, जिसका सिर चक्कर खाता हो; २. लड़खड़ाता हुआ; ३. चकराने वाला, चकराया हुआ; ४. चक्कर या घुमेरी लाने वाला; ५. वेगपूर्वक चक्कर खाता हुआ; ६. अस्थिर, अस्थिर चित्त। **play the~goat** मूर्खतापूर्ण आचरण करना।

giddily क्रि॰ वि॰ सिर घूमने की दशा में। **giddiness** सं॰ १. सिर का चक्कर, घुमेरी; २. बेसुधी, अचेतपन।

gift (gift) [from A.-S. or Icel. *gift* (cp. Dut. and G. *gift*), from the verb GIVE] सं॰ १. दान* (विधि भी), अर्पण (जैसे came to me by free~) २. (विधि) देन, हिब्बा; ३. उपहार, भेंट* (क्र॰ भी), तोहफ़ा; ४. दिव्य गुण, चमत्कारिक योग्यता या क्षमता; ५. प्रतिभा; ६. गुण, हुनर, जौहर। क्रि॰ स॰ १. दान देना; २. उपहार या भेंट देना। **~-book** उपहार में मिली पुस्तक, उपहार में देने योग्य ग्रंथ। **~-coupon** उपहार-कूपन या पत्रक (जो कई वस्तुओं के साथ मिलते हैं और कुछ इकट्ठे होने पर कोई उपहार मिलता है)। **gifted** वि॰ प्रतिभाशाली, प्रतिभासंपन्न* (मा॰ २ भी), मेधावी।

gig[1] (gig) [from *fishgig*, earlier *fizgig*, Sp. *fisga*, harpoon] सं॰ मछली के शिकार का भाला।

gig[2] (gig) [orig. a whipping-top (cp. Norw. *giga*, to totter)] सं॰ १. गिग, टमटम, दोपहिया घोड़ागाड़ी; २. हलकी नाव जो जहाज के साथ रहती है; ३. नौका प्रतियोगिता की नाव। **~-lamps** (म्रा॰) चश्मा, ऐनक। **~-man** टमटमवाला, वह व्यक्ति जिसके पास गिग या टमटम हो। **gigmanity** (gig măn' i ti) सं॰ १. कल्पनाशून्य मध्यवर्गीय मद्दजन; २. असभ्य, अशिष्ट व्यक्ति।

gig[3] दे॰ GIGLET ।

gigantic (jīgăn' tik) [L. *gigas ntis*, GIANT] वि॰ १. महाकाय, बृहत्काय, विराट, महान; २. प्रकाण्ड, असाधारणरूप से विशाल, बहुत बड़ा, लंबा-चौड़ा, भारी-भरकम, जबर्दस्त। **gigantesque** (ji găn tesk') वि॰ बृहत्काय, देव सरीखा। **gigantically** क्रि॰ वि॰ विशाल रूप में, बृहत् परिमाण में।

giggle (gi' gel) [imit., freq. in form (cp. Dut. *giggelen*)] क्रि॰ अ॰ खीखी करना, फूहड़पन से हँसना, उद्धत, अशिष्ट और अनुशासनहीन लड़की की तरह हँसना, दबी हुई हँसी हँसना। सं॰ दबी हुई हँसी, अशिष्टतापूर्ण हँसी।

giglet, -let (gig' let, -lōt) [orig. a wanton woman, prob. cogn. with GIG[2]] सं॰ फूहड़पने से हँसने वाली लड़की।

gigmanity दे॰ GIG[2] ।

gig-mill (gig' mil) सं॰ १. गिग-मिल; २. कपड़े को सम और चिकना करने की मशीन; ३. वह भवन जिसमें उक्त मशीन लगी हो।

gigolo (jig' ō lō) [Fr. slang, a fellow] सं॰ ऐसा पुरुष जिसका पेशा स्त्रियों के साथ नाचने का हो, जिगोलो* (मा॰ ३ भी)।

gigot (jig' ōt) [F., dim. of *gigue*, a lég] सं॰ मांस-जंघा, **~-sleeve** बकरे की टाँग जैसी आस्तीन।

Gila monster (hē' lă mon' stēr) [from *Gila*, on Arizona River] सं॰ गिला मान्स्टर, हीला, एरीज़ोना, न्यू मेक्सिको आदि की विशाल विषैली छिपकली।

Gilbertian (gil bĕr' ti ăn) [Sir W.S. *Gilbert* (1836-1911), writer of comic operas] वि॰ गिल्बर्ट और सुलीवन ऑपेरा जैसा, हास्योत्तेजक, उलटा-सीधा, मसखरेपन का।

gild[1] (gild) [A.-S. *gyldan*, in *begyldan*, see GOLD] क्रि॰ स॰ (भू॰ कृ॰ **(gilded)** क्रियागत अर्थों में और वि॰ के रूप में ला॰ और शा॰ प्रयोग १. सुलम्मा करना, सोने का पानी या पत्तर चढ़ाना, सोना चढ़ाना* (क्र॰ १ भी); २. धन से दोष या अवगुण ढाँकना, ३. चमकाना, सुनहरे रंग या प्रकाश से सजाना; ४. शब्दाडम्बर करना, पुष्पित वाणी से अलंकृत करना। **Gilded Chamber** हाउस ऑफ़ लार्ड्स। **gilded or gilt spurs** नाइट पद का प्रतीक। **gilded youth** धनी और फ़ैशनवाले युवक। **gilder** सं॰ मुलम्मासाज़।

gild[2] दे॰ GUILD ।

gill[1] (gil) [cp. Dan. *gielle*, Swed. *gäl*, also Gr. *cheilos*, lip] सं॰ (प्रायः बहु॰) १. गलफड़ा, क्लोम, मछली आदि जल-जन्तुओं की श्वासेन्द्रिय, गिल* (आ॰, क्र॰ १ भी); २. मुर्गे के गले से लटकने वाला मांस; ३. कुकुरमुत्ते आदि की निचली तह पर चमकीली धारियाँ; ४. आदमी के जबड़े और कान के नीचे का मांस। क्रि॰ स॰ १. मछली का पेटा साफ़ करना, मछली के पेट की थैली साफ़ करना; २. कुकुरमुत्ते की धारियाँ साफ़ करना; ३. एक विशेष प्रकार के जाल से मछली पकड़ना। **~-cover** वह आवरण या खोल जिसमें मछली के गलफड़े होते हैं। **~-net** एक प्रकार का जाल जिसमें मछली गलफड़ों से फँसती है। **gilled** वि॰ गलफड़ेदार।

gill[2] (gil) [Icel. *gil*] सं॰ १. गहरी वृक्षावृत घाटी; २. पतली पहाड़ी धारा, तंग पहाड़ी चश्मा।

Gill[3] (jil) [short for *Gillian*, F. *Fuliane*, *L. Fuliana*, from *Fulius*] सं॰ १. लड़की, बाला, छोकरी; २. प्रियतमा, प्रेमिका; ३. महिला जासूस। **Jack and~** लड़का और लड़की।

gill[4] (jil) [O. F. *gille*, *gelle*, low L. *gillo*, *gella*, etym. doubtful] सं॰ चौथाई प्वाइंट का माप, द्रव का परिमाण।

gillaroo (gil ă roo') [Ir. *giolla* (cp. GILLIE) *ruadh*, red] सं॰ गिलारू, आयरलैंड की ट्राउट मछली।

gillie (gil' i) [Gael. *gille*] सं॰ १. (इनि॰ स्कॉटलैंड के पहाड़ी सरदार का सेवक; २. स्कॉटलैंड में शिकारियों के साथ रहने वाला आदमी या छोकरा।

gillyflower (jil' i flou er) [earlier *gylofre*, O.F. *girofle*, late L. *caryophyllum*, Gr. *karuophullon* (*karuon*, nut *phullon*, leaf), ending assim. to FLOWER] सं॰ १. (अब विरल प्रयोग) एक प्रकार का फूल जिसमें लौंग की सुगंध होती है; २. इसी प्रकार के अन्य फूल (जैसे wall flower, white stock)।

gilt[1] (दे॰ GILD) सं॰ १. मुलम्मा, झोल; २. ऊपरी चमक, दिखावटी सुन्दरता। वि॰ दिखावे का। **cloth~** कपड़े की जिल्द जिस पर सुनहले अक्षरों का ठप्पा हो। **take the ~off the ginger** किसी वस्तु की दिखाऊ चमक-दमक दूर करना। **~-edged paper, securities, stocks etc.** अव्वल नम्बर की हुंडी आदि, ऐसे प्रलेख, प्रतिभूति, संचयन आदि जिसे ट्रस्टी या संरक्षक प्राथमिकता प्रदान करें या जिससे संबद्ध रहते हैं।

gilt[2] (gilt) [N. *gyltr*] सं॰ छोटी सुअरी, शिशु शूकरी।

gimbal (jim' băl) [alt. form of GIMMAL, GEMEL] सं॰ (बहु॰ समस्त पदों के अलावा जैसे ~ring आदि) जिम्बल, छल्ले जो जहाज में कुतुबनुमा और घड़ियों को आड़ा रखने के काम आते हैं।

gimcrack (jim' krăk) [etym. doubtful, perh. in first sense from obs. *gim*, JIMP, spruce, and *crack*, a lively boy (O. E. D. refers 14th cent. *gibecrake* to O. F. *giber*, to shake)] सं॰ १. खिलौना, नुमाइशी चीज़; २. क्षुद्र आभूषण। वि॰ १. दिखाऊ और भड़कीला; २. निरर्थक, निकम्मा। **gimcrackery** सं॰ नुमाइशी वस्तुएँ। **gimcracky** वि॰ बेकार, तुच्छ, दिखाऊ, नुमाइशी।

gimlet (gim' let) [O. F. *guimbelet*, dim.; see WIMBLE] सं॰ बर्मा, छेद करने का औज़ार।

gimp[1] (gimp) [etym. doubtful, cp. Dut. *gimp*, F. *guimpe*] सं० १. तार के साथ बटी हुई रेशम या सूत की डोरी या किनारी, एक प्रकार की रेशमी झालरी या गोट; २. रेशम आदि की मछली पकड़ने की डोरी जो तार से बँधी हो; ३. लेस या मोटा किनारा।

gimp[2] (jimp) [etym.unknown] क्रि०स० दाँत बनाना, दाँत डालना।

gin[1] (jin) [short for GENEVA] सं० एक प्रकार की शराब जो जौ या माल्ट से बनती है, GENEVA[1] भी)। **~-palace** बड़ी टीमटाम की शराबखाना। **~-shop** जिन की दुकान। **~-sling** जिन के साथ चीनी और सुगंधि मिलाकर तैयार किया हुआ शीतल पेय।

gin[2] (jin) [contraction of O. F. *engin*, ENGINE] सं० १. जाल, फंदा; २. बीज उठाने का एक प्रकार का यंत्र; ३. जिन* (क्रि० १ भी), रुई ओटने की मशीन, कपास से बिनौले अलग करने वाला यंत्र। क्रि० स० १. जाल या फंदे में फँसाना; २. रुई या कपास ओटना, बिनौले निकालना।

gingal, jingall (jing' găl, -rawl) [Hind. *janjāl*] सं० १ जंजाल, चीन और भारत की एक हल्की तोप, २. टेक लगाकर चलाई गई तोड़ेदार बंदूक।

ginger (jin' jer) [earlier *gingivere*, A.-S. *gmcifere*, late L. *gingiber*, L. *zingiber*, Gr. *Zingiberis*, Sansk. *crngavera* (*cringa*, horn, *vera*, body], सं० १ अदरक* (आ०, कृ०, क्रि० १ भी), साठ* (आ० भी)। २. जोश, उत्तेजना, ३. हिम्मत, हौसला। ४ लाली लिए हुए पीला रंग, ५ भड़कीला, दिखाऊ, उक्त रंग का (विशे० ~bread (Gothic)। क्रि० स० १ अदरक डालना या मिलाना, अदरक की चाशनी देना, २. डाँटने के लिए थोड़े को कोंचना ३. (ला० किसी व्यक्ति का) उकसाना, उभारना, बढ़ावा देना, प्रोत्साहित करना, तेज करना, गरमाना। **white~** जमैका में आने वाली छिली अदरक। **~-ale, -beer, pop** अदरक-निर्मित साढ़ा बीयर। **~-black** बिना छिली अदरक जो वेस्ट इंडीज से आती है। **~-group** समर्थ का वह दल जो सरकार को अधिक निश्चित कार्रवाई के लिए बाध्य करे, सरकार या अपनी पार्टी को सतर्क करते रहने वाला दल, सदा डेके रहने वाला दल। **~-race** अदरक की जड़। **~-wine** वह अंग्रेजी शराब जिसमें नाम, जल और छिली हुई अदरक का सत रहता है। **gingery** वि० १. अदरक मिश्रित; २. उत्तेजित, २. जोश में भरा हुआ।

gingerbread (jin') gĕr bred) सं० अदरक पड़ी मीठी रोटी। **~-nut** १. अदरक पड़े छोटे बिस्कुट; २. छोटे बटन (जैसे केक)।

gingerly (jin' jer li) [perh. from O. F. *gensor*, compar. of *gent*, see GENT[2]] क्रि० वि० डरते-डरते, अत्यंत सावधानी से, सतर्कता से, बड़ी एहतियात से, चोकस होकर, देखभाल के, फूँक-फूँक कर। वि० तुरंत निर्जल, नकचढ़ा।

gingham (ging' ăm) [F. *guingan*, Malay *gingcang*, orig. striped] सं० १. गिंगाम, रंगीन सूत का बुना हुआ धारीदार कपड़ा, सूती या सन का बस्त्र-विशेष; २. (बोल०) छाता।

gingili (jin' ji li) [Hind. *jingali*, ult. from Arab. *juljulān*] सं० तिलहनी, पूर्वी हिन्द द्वीपसमूह का एक पौधा जिससे मीठा तेल निकलता है।

gingival (jin ji' văl) [L. *gingiva*, the gum] वि० मसूड़ों का।

gingko (ging' kŏ) [Jap., from Chin. *yin-hing* (*yin*, silver, *hing*, apricot)] सं० गिंको, चीन और जापान में पाया जाने वाला एक वृक्ष जिसके पत्ते पंखे जैसे होते हैं।

ginglymus (ging'-, jing' li mŭs) [Gr. *ginglumos*, hinge] सं० (श० क्रि०) कोर, कोरसंधि* (आ० भी), संदेशकार संधि, शरीर का जोड़ या संधि जो केवल दो ओर गति कर सकती है (जैसे कुहनी की)।

gink (gink) सं० (ग्रा०) निराला व्यक्ति, सीधे आदमी, लड़का।

ginseng (jin' seng) [Chin. *jên shên* (*jên*, man, *shên*, meaning doubtful)] सं० जेनशेन, एक औषधोपयोगी पौधे की जड़ (यह पौधा चीन, नेपाल, कनाडा और पूर्वी अमरीका में पाया जाता है)।

gippo सं० (सेना में प्रचलित, ग्रा०) शोरबा, झोल, यखनी।

gippy सं० (सेना में प्रचलित, ग्रा०) मिस्री, मिस्री सैनिक।

gipsy (jip' si) [earlier *gypcian*, *Egypcien*, O. F. *Egyptien*, late L. *Ægyptianus*, from L. *Ægyptius*, an inhabitant of Egypt] सं० १. जिप्सी, (यूरोप की) खानाबदोश जाति का व्यक्ति (ये मूलतः भारतीय हैं, रंग और बाल काले हैं, जीविका के साधन हैं, डलिया बनाना, घोड़ों का व्यापार करना और हाथ देखना, तथा इनकी भाषा बिगड़ी हुई हिन्दी है); २. शरारती या साँवली स्त्री। **~-bonnet** स्त्रियों की एक प्रकार की टोपी। **~-moth** यूरोप का एक प्रकार का कीड़ा जो पत्तियों को खा डालता है। **~-rose** एक प्रकार का गुलाब। **~-table** तीन पायों की हल्की गोल मेज। **gipsydom, gipsyhood, gipsyism** सं० जिप्सीपन, खानाबदोशी। **gipsyfy** क्रि० स० जिप्सी बनाना, खानाबदोश या यायावर बनाना। **gipsyish** वि० (विशे० भू० कृ०) जिप्सी जैसा।

giraffe (ji raf', -răf') [F. (now *girafe*), Sp. *girafa*, Arab. *zarāfah*] सं० जिराफ* (वि० १ भी), जिराफ अफ्रीका का लम्बी गर्दन वाला एक जानवर।

girandole (jir' ăn dōl) [F., from It. *girandola*, from *girare*, *L. gyrare*, to turn in a circle, from *gyrus*, Gr. *guros*, circle] सं० १. (आतिशबाजी की) चर्खी; २. चर्खी छूटना; ३. पानी का घूमता हुआ फौवारा, ४. मोमबत्तियों का झाड़, ५ जड़ाऊ बालों या कर्णफूल।

girasol (jir' ă sol) [It. *girasole*, orig. sunflower; *girare*, as prec., *sole*, sun] सं० गिरासोल* (मा० १ भी), सूर्यकान्त, एक बहुमूल्य पत्थर या मणि, कानती पत्थर* (मा० १ भी)।

gird[1] (gĕrd) [A.-S. *gyrdan* (cp. Dut. *gorden*, G. *gürten*), cogn. with GIRTH, GARDEN, YARD] क्रि० स० (काव्य० या अलं०, भू० और भू० कृ० **girded** या **girt**) १. पेटी बाँधना, पट्टा बाँधना, (कमरबंद आदि) चारों ओर लपेटना, २. दृढ़ करना, सशक्त करना; ३. पेटी या कमरबंद से तलवार बाँधना; पेटी या कमरबंद से कपड़ों को कसना; ५. लपेटना, घेरना, घेरा डालना, कसना, बाँधना। **~up one's loins** कमर कसना, कटिबद्ध होना (प्रायः up के साथ)।

gird[2] (gĕrd) [etym. unknown] क्रि० अ० मजाक करना, हँसी उड़ाना, परिहास करना, ताना मारना। स० मजाक, हँसी, विनोद, व्यंग, ताना।

girder (gĕr' dĕr) सं० १. गर्डर* (इं० १. ३ भी), कड़ी, शहतीर, घरन; २. गाटर, लोहे या फ़ौलाद की घरन, ३. छत या पुल की डाट।

girdle[1] (gĕr' dĕl) [A.-S. *gyrdel*, from A.-S. *gyrdan*, to GIRD] सं० १. मेखला* (आ०, कृ०, क्रि० १ भी), कटिबंध* (आ० भी), पेटी, पटका, कमरबंद; २. परिवेष्टन, पेटी की तरह लपेटने या घेरने वाली वस्तु, घेरा; ३. (श० वि०) चपनी, वह शरीरावयव जिसके सहारे

हाथ-पैर आदि टिके रहते हैं, ऊर्ध्व ओर अध: अंगों का आश्रित अवलम्ब; ४. पेड़ की छाल छील कर बनाया हुआ घेरा। क्रि० स० १. पेटी बाँधना, पटका या कमरबंद बाँधना; २. घेरना, घेरे में लेना; ३. पेड़ के चारों ओर घेरा बना कर उसे अधिक फलदायी या शुष्क कर देना।

girdle[2] (gʊr' del) [Sc. and North., var. of GRIDDLE] सं० (स्कॉट० और उत्तरी इंग्लैंड) तवा। **~-cake** वह केक जो तवे पर बनायी जाय।

girl (gʊrl) [M. E. *gerle*, a young person, cp. L. G. *gör*, a child] सं० १. लड़की, बच्ची, बालिका; २. कुमारी, कन्या; ३. नौकरानी, सेविका ४. प्रेमिका, प्रेयसी। **old~** स्त्री या बच्ची को प्रेम या तिरस्कार में कहते हैं। **one's best~** प्रिया, प्रेयसी। **the girls** परिवार की ब्याही-अनब्याही लड़कियाँ। **~guides** बालचारिका, बाल वरी जैसा लड़कियों का संगठन। **girlhood** सं० १. बालिकावस्था; २. कुमारीत्व, कन्यापन। **girlish** सं० १. बालिका सदृश; २. कन्याक्त; ३. शर्मीला, भोला। **girlishly** क्रि० वि० १. बालिका की तरह से; २. भोलेपन या शर्मीलेपन से। **girlishness** सं० १. कन्यापन; २. भोलापन, शालीनता।

Girondе (jir ond', zhē rawnd') [a maritime depaitment in the south-west of France, adjacent to the Bay of Biscay] सं० (फ्रान्सीसी इति०) फ्रांस की असेम्बली (१७९१-९३) में उदार रिपब्लिकन पार्टी का नाम (इस दल के नेता जिरण्डे विभाग का प्रतिनिधित्व करते थे)। **Girondist** सं० और वि० फ्रांसीसी असेम्बली (१७९१-९३) में उदार रिपब्लिकन दल का (सदस्य)।

girt[1] (gʊrt) वि० १. बँधा हुआ, आबद्ध; २. (नौ० वि०) यान आदि को हिलने-डुलने से बचाने के लिए तार द्वारा दोनों ओर से कस कर बाँधा हुआ।

girth (gʊrth) [Icel. *gjirth*, a girdle, cp. Goath. *gairda*]

girt[2] (gʊrt) सं० १. किसी वस्तु (जो विषटे न हो) का घेरा या चतुर्दिक की माप; २. लपेट, घेरा, घोड़े का तंग, बल-परिधि*, छाती का घेरा* (क्रि० भी); ३. परिधि* (आ० भी), किसी वस्तु के घेरे या गोलाई की माप। क्रि० स० ओर अ० १. गोलाई नापना; २. (पेड़ आदि का) घेरा नापना; ३. तंग कसना, घेरना, इस प्रकार माप करना। **~-web** तंग का बुना हुआ मोटा कपड़ा।

gist (jist) [O. F. (F. *gît*), it lies, 3rd pers. sing. of *gésir*, L. *jacēre*, to lie] सं० १. सारांश, सार, भावार्थ* (प्र० भी), निचोड़, खुलासा; २. भाव, तात्पर्य, मतलब, मज़ा।

gittern (git' ėrn) [O. F. *guiterne*, as CITHERN] सं० गिटर्न, एक प्रकार का बाद्य यंत्र, गिटार का प्रारंभिक रूप।

give[1] (giv) [A.-S. *giefan* (cp Dut. *geven*, Icel *gefa*, Goth *giban* G. *geben*)] क्रि० स० और अ० (भू० **gave**, भू० कृ० **given**) १. (सामान्य अर्थों में) देना, प्रदान करना (जैसे I gave him a book); २. भेंट करना, उपहार देना, अर्पण करना, नज़र देना; ३. हिब्बा करना; ४. सौंपना, सिपुर्द करना, प्रस्तुत करना, पेश करना (सिफ़ारिश या सम्मान आदि); ५. लगाना, करना (दिल, प्यार, विश्वास); ५. (ईश्वर आदि का) प्रदान करना (ईश्वर-प्रदत्त योग्यता आदि), ६. वसीयत करना; ७. विवाह की अनुमति देना (कन्या आदि को प्राय: विवाह में दे देना), हस्तांतरण करना या सौंपना, किसी को भोजन देना, किसी के आगे (भोजन आदि) रखना या परोसना, (दवा या औषधि) देना; ८. पहुँचाना (संदेश, प्रेम, प्यार, बधाई, प्रणाम आदि); ९. कर गुज़रना, भेजना, सप देना (~into custody या ~in charge) १०. बचन देना, क़रारदाद या प्रतिज्ञाबद्ध होना (निश्चयन के लिए ~one's word, honour आदि); ११. अदा करना, चुकाना; १२. लगाना, समर्पण करना, अनुरक्ति या आसक्ति दिखलाना (give his life to it); १३. देना, जमाना; (give him a kick); १४. फ़ैसला देना। ~the case for or against person, क्रिकेट में ~batsman out or not); १५. (भू० कृ० में, प्रलेख) तिथि अंकित करना; १६. देना (बाल डांस, भोज आदि में मेज़बान के रूप में); १७. भेंट देना, प्रस्तुत करना, अनावृत करना, पेश करना, दिखाना; १८. पढ़ना, पाठ करना, गाना, अभिनय करना, सम्पन्न करना (अश, उद्धरण आदि); १९. शरीक होना, शिरकत करना, सम्मिलित होना, प्रदान करना, उद्गम होना, (gave me his sore throat; ~its name to the battle); २०. सौपना, प्रदान करना, किसी के नाम कर देना, लिख देना, यान लेना या मंज़र कर लेना (he was given the contract, the name of John, quarters); २१. उपज या परिणाम के रूप में देना; २२. होने देना या रखने देना (solitude gives it its only charm); २३. दब जाना, ढीला पड़ना, शिथिल हो जाना; २४. बैठ जाना, सिकुड़ जाना, पीछे हटना, रास्ता देना; २५. (खिड़की, द्वार आदि का किसी ओर) खुलना (upon, into के साथ प्रयुक्त)। **~a back** उछाल के लिए खड़ा होना, मेंढक उछाल के लिए खड़ा होना। **~a person to understand, know etc.** समझा देना, कहना। **~a piece of one's mind** घुड़कना, झिड़कना, फटकारना, डाँटना, धिक्कारना। **~a Roland for an Oliver** दे० ROLAND। **~as good as one gets** मुँह तोड़ उत्तर देना, शब्दों या प्रहारों से समुचित रूप में प्रत्युत्तर देना, घूँसे का जवाब घूँसे से देना। **~away** १. हस्तांतरण करना या दे डालना, सौंपना; २. (कन्या) दूल्हे को सौंप देना, कन्यादान करना, ३. स्वप्नोद्घाटन करना, हँसी उड़ाने के लिए भेद खोलना; ४ पुरस्कार-वितरण करना या इनाम बाँटना। **~away the show** (आ०) दे० show[2]। **~back** वापस करना, लौटा देना, प्रत्यर्पण करना। **~birth** जनना, पैदा करना, जन्म देना (आ० और ला०)। **~chase** पीछा करना, पीछे पड़ना। **~child something to cry for** अकारण रोने वाले बच्चों को डाँटना। **~ear** कान देना, कान लगाना, सुनना, ध्यान देना। **~forth** बताना, जताना, फैलाना या प्रचार करना, प्रकट करना। **~ground** पीछे हटना, हार जाना या परास्त होना। **~in** झुक जाना, पीछे हटना, हार मानना, दब जाना या अधीनता मान जाना, युद्ध या विवाद बंद करना, (प्रलेख, कागजात आदि) उपयुक्त अधिकारी को सौंपना, दे देना, (भू० कृ०) पूरक रूप में जोड़ना। **~it him** etc. मारना-पीटना, मरम्मत करना। **~me** मुझे तो पसंद है (जैसे ~me the good old times)। **~off** निकालना, बाहर करना (धुआं आदि)। **~one best** (बोल०) श्रेष्ठता मानना। **~oneself airs** दिखावटी या आत्म-प्रदर्शक होना, टीम-टाम करना। **~oneself trouble** कष्ट झेलना या दुःख उठाना। **~one what for** (आ०) दंड देना, झिड़कना, फटकारना। **~out** १. प्रकट करना या विदित करना, कह देना। फैलाना, प्रसिद्ध करना, मशहूर करना, प्रचार करना, बाँटना, थक कर न जाना, छोड़ना, फेंकना, बाहर निकालना, काम पड़ना; २. खत्म हो जाना, जवाब दे जाना। **~over** काम छोड़ना या काम से अलग होना, छोड़ना (आदत आदि), मुँह फेरना या बाज़ आना, परे रहना,

हस्तांतरण करना (given over विपथगामी क्रिया जाना या बुरे रास्ते पर जाने को छोड़ दिया जाना आदि)। **~person one's hand** हाथ में हाथ देना, वचन देना, कौल देना, वाग्दान करना। **~place (to)** किसी के लिए जगह करना या जगह खाली करना, श्रेष्ठता का ख्याल कर के जगह देना या सम्मान देना, अवकाश या अधिकार होना। **~rise to** कारण होना, वजह बनना। **~the time of day** नमस्कार आदि करना, प्रभात या सायंकालीन बंदगी करना। **~to the world** घोषित करना, प्रकाशित करना। **~up** १. त्याग देना, तजना, पदत्याग करना, समर्पण करना, अलग हो जाना; २. मंगेड़ को पीछा करने वाले के हाथ सौंप देना; ३. भाव से अभिभूत होना या भावाभिभूत हो जाना; ४. प्रयत्न या चेष्टा का त्याग कर देना, संबंध-विच्छेद करना, (भू० कृ०) आदत या लत पड़ना; ५. प्रकट कर देना या राज खोलना (सहअपराधियों के मिलसिले में उनके नाम) बताना देना, अगाध्या या अपुरचारणीय कहकर छोड़ देना, आशा छोड़ना, निराश हो जाना। **~way** १. थक जाना, २. झुक जाना, हट जाना, हार मान जाना, दब जाना; ३. स्थान रहित होना या स्थानच्युत होना, निष्कासित होना, टूट जाना; ४. सुविधा देना, ५. शोक आदि में छोड़ जाना, मरी होना या मृत्युग्रास होना; ६. लेना शुरू करना या बेशुर्वक लेना। **~you joy** मैं चाहता हूँ ईश्वर तुम्हें सुख-सौभ्य दे। **given** वि० क्रियागत (अर्थों में) दिया हुआ। **~name** (अमरीकी प्रयोग) दिया गया नाम (बपतिस्मा के समय)। **giver** सं० दाता, देने वाला, प्रदान करने वाला।

give[2] (giv) [from prec.] सं० गुजाइश, लचक, लोच, नमनीयता (जैसे there is no~in a stone floor)। **~and take** १ लेदेन, आदान-प्रदान; २. आपसी समझौता।

gizzard (giz' ărd) [M. E. *giser*. O. F. *giser, gezier*, (F. *gésier*), L. *gigeria*. pl. cooked entrails of poultry] सं० १. गिजर्ड* (वि० १ भी), पंखपी, पक्षी का द्वितीय पेट; २. कीड़े आदि का नदत पदत्रायम। **fret one's~** नग करना या होना। **it sticks in one's~** (ला०) गले से नीचे न उतरना, अप्रिय होना।

glabrous (glā' brus) [L. *glabr*, -ous] वि० १. (शरीर आदि) केशहीन, अरोमिल, बिना बालों का, रोमरहित*/ अरोम* (आ० भी); २ चिकना, चिकनी खाल का।

glacial (glā' shi ăl, glāsh), glās' i ăl) [F., from L. *glaciālis*, from *glacies*, ice] वि० १. हिमनदीय* (कृ०, वि० १ भी), हिमानी, बर्फ का; २. (रसा०) मणिभीभूत, ३ (भौ०) हिमजात, हिमज, हिमोत्पन्न। **~epoch, era, period** हिमयुग, हिमकाल। **glacially** क्रि० वि० हिमदशा में। **glaciate** (glā' shi āt, glās i āt) क्रि० स० हिमाच्छादित करना, हिम या बर्फ बनाना। **glaciated** वि० १. हिमनदी रंजित, हिम-मंडित; २. हिमनद के नीचे, हिमशिला के नीचे; ३. बर्फ की चादर से ढका हुआ; ४. हिमनदाच्छादित* (वि० १ भी), हिम-मंदित* (कृ० भी)। **glaciation** सं० हिमनदन* (कृ०, वि० १ भी), हिमीभवन, हिममंडन, हिमाच्छादन।

glacier (glās' i er) [F., from *glace*, L. *glacies*, ice] सं० हिमनद*/हिमानी* (कृ०, वि० १ भी), २लैमियर, हिमनदी, तुषारनदी, बर्फ का दरिया, बर्फ की चट्टान, मंद-प्रवाहिनी नदी या हिमराशि जो हिमपात से बन जाती है। **glaciered** वि० हिमनदी या हिमलाओं से आच्छादित, बर्फ की चट्टानों से ढँका हुआ

glacis (glā' sis, gla sē') [F., orig. a slippery place, from O.F. *glacer*, from *glace*, ice] सं० प्रवणता, ढाल, किले से नीचे की ओर का ढालू किनारा जिस पर से आक्रमणकारियों पर गोलाबारी की जाती है।

glad (glăd) [A. -S. *glæd* (cp. Dut. *glad*, Icel. *glathr*, also O. H.G. *glat*, G. *glatt*, L. *glaber*, smooth)] वि० १. खुश, मगन, प्रसन्न, आनंदित; २. (दृष्टि, भाव आदि) व्यंजनापूर्ण, आनंदपूर्ण, आनंदव्यंजक, (समाचार, घटना आदि); ३. हर्षप्रद, तुष्टिकर; ४. (प्रकृति आदि) उज्ज्वल, सुन्दर, सौदर्यमय; ५. अच्छा, शुभ। क्रि० स० और अ० प्रसन्न करना या होना। **~eye** १. (ग्रा०) कामातं-दृष्टि; २. प्रेम-दृष्टि, आनंदमय दृष्टि। **~hand** (मूलतः अमरीकी) स्वागत। **~rags** १. रविवार की पोशाक; २. (ग्रा०) विशिष्ट अवसरों पर शाम को पहनने की पोशाक। **gladden** क्रि० स० आनंदित करना। **gladly** क्रि० वि० प्रसन्नतापूर्वक। **gladness** सं० प्रसन्नता, हर्ष, प्रफुल्लता। **gladsome** वि० (काव्य०) आनन्दित, प्रफुल्ल। **gladsomely** क्रि० वि० प्रसन्नतापूर्वक, प्रफुल्लता के साथ। **gladsomeness** सं० उत्फुल्लता, आह्लाद।

glade (glād) [prob. from Scand. (cp. Icel. *glathr*, see prec.)] सं० जंगल का खुला मैदान या आने-जाने का रास्ता, जंगल के पेड़ों के बीच खुला स्थान।

gladiator (glăd' i ā' tŏr) [L., from *gladius*, a sword] सं० १. असि-क्रीड़क*/ग्लैडियेटर*, (मा०१ भी), प्राचीन रोम के दंगलों में तलवार या दूसरे अस्त्रों से युद्ध करने के लिए प्रशिक्षित व्यक्ति; २. राजनीतिक आदि विवादों में दक्ष व्यक्ति, विवादास्पद या प्रतिवादास्पद विषयों में पटु। **gladiatorial** वि० अखाड़ियां, असि-क्रीड़ा संबंधी, मल्ल संबंधी, वाद-कुशलता संबंधी।

gladiolus (glăd' i ō lus, glā dī' ō lŭs) [L., dim. of prec.] सं० (बहु० **~li**) ग्लैडियोलस* (वि० १ भी), कृपाणपर्ण प्रजाति, खंगिकालता, एक फूलदार पौधा जिसके पत्ते तलवार की आकृति के होते हैं।

Gladstone (glăd' ston) [W. E. *Gladstone* (1809-98)] सं० और वि० (~bag) हल्का सफ़री बैग। **~claret** मदिरा-विशेष जो ग्लैडस्टन द्वारा कर घटा देने से (१८९०) प्रचलित हो गयी थी।

graph[2] (grăf) [colloq., short for HECTOGRAPH] सं० सरेस में बना हुआ एक प्रकार का प्रतिलिपि उतारने का उपकरण। क्रि० स० उपर्युक्त उपकरण द्वारा प्रतिलिपि या प्रतिलिपियाँ उतारना।

-graph[3] [Gr. *-graphos*, from *graphein*] यूनानी -graphos, -लिखित,-लेख,-लेखक से प्रत्य० १. इस प्रकार लिखी हुई वस्तु, लिखित वस्तु यूनानी से, (जैसे autograph, chirograph, holograph), यूनानी मूल से (जैसे lithograph, photograph, दो भाषाओं से, जैसे pictograph); २. वह यंत्र या औजार जो किसी वस्तु को लेखबद्ध करे, लेख-यंत्र (जैसे heliograph, seismograph, telegraph), ३. लेखबद्ध करना (जैसे calligraph, hectograph)। **-grapher** यूनानी graphoa का प्रतिनिधित्व करनेवाला प्रत्य० जो चित्रकुशल या सुलेखक बोधक संज्ञाएँ बनाता है।

graphic, -al (grăf' ik, -ăl) [L. *graphicus*, Gr. *graphikos*, from *graphein*, to write] वि० १. चित्रांकन; २. चित्रकला, खुदाई का काम, आदि; ३. स्पष्ट, पूर्ण रूप से चित्रित करनेवाला; ४.जीवंत, सजीव, जीती-जागती तस्वीर खींच देनेवाला; ५. लिखित, लेखबद्ध; ६. (खनि०) सतह पर या वक्तरा में लेखबद्ध (जैसे चित्र दिखानेवाला); ७. रेखाचित्र या लाक्षणिक या प्रतीक रूप में वक्तरा का या संबंधी, चित्र संबंधी; ८. आलेखी*, ग्राफ़ी* (आ०, इं० ३ भी)। **graphically** क्रि० वि० १. चित्रवत्; २. विशदतापूर्वक, स्पष्ट रूप से, सुनिर्दिष्ट ढंग से, लिखित रूप में; ३. मानचित्रों द्वारा। **-graphic(al)** प्रत्य० -GRAPHY का या से।

graphite (grăf' it) [G. *graphit*, as prec.] सं० ग्रेफाइट* (आ०, इं० ३, वि० १ भी), पेंसिल का सुरमा, काला सीसा। **graphitic** (grá fit' ik) वि० काले सीसे का। **graphitoid** (grăf' i toid) वि० काले सीसे का-सा।

graphiure (grăf' i ūr) [Gr. *graphieion*,as prec., *oura*, tail] सं० ग्राफ़्यूर, दक्षिण अफ्रीका का चूहे जैसा एक जीव।

graphology (grăf ol' ŏ jĭ) सं० १. हस्तलेख-विज्ञान, हस्तलेख से चरित्र पहचानने की विद्या; २. ग्राफ़ संबंधी सूत्र-प्रणाली, ग्राफ़ की सांकेतिक जिह्वाबली।

graphotype सं० १. मुद्रण के लिए उभरा हुआ ब्लाक; २. उभरा हुआ ब्लॉक बनाने की प्रक्रिया।

-graphy [Gr. *-graphia*, as prec.] प्रत्य० निर्माकित अर्थों में संज्ञा बनाने के लिए प्रयुक्त १. लेखन, अंकन की शैलियाँ (जैसे lithography प्रस्तर-मुद्रण, calligraphy सुलेखन-कला); २. वर्णनात्मक विज्ञान (जैसे geography भूगोल, bibliography पुस्तक-विवरण आदि)।

grapnel (grăp' nĕl) [M.E. *grapenel*, dim., from O.F. *grapin* (F. *grappin*), from *grape*, see GRAPE] सं० १. शत्रु का जहाज फँसाने का एक प्रकार का काँटा; २. काँटा, लंगर, छोटा लंगर।

grapple (grăp' el)[M.E. *grappil*, a ship's grapnel, dim. of *grape*, see GRAPE²] सं० १. काँटा, लंगर, अंकड़ा; २. पकड (जैसे कुश्ती लड़नेवालों की), गुत्थमगुत्थी, मुठभेड़। क्रि० स० और अ० १. पकड़ना, जकड़ना (काँटे या अंकड़े की भाँति); २. फँसाना, उलझाना, गुथ जाना, हाथापाई करना, भिड़ जाना। **~with** १. वश में करने का प्रयत्न करना, पूरा करने या सुलझाने का प्रयत्न करना, सामना करने की कोशिश करना, काबू पाने का यत्न करना, निपटना, सुलझाना; २. गुत्थमगुत्थी होना, हाथापाई करना। **grappling** सं० क्रियागत अर्थों में फँसाने का काँटा, अंकड़ा आदि।

grasp (grăsp) [M.E. *grapsen*, cogn. with A.-S. *gráphan*, to GROPE] क्रि० अ० और स० १. पकड़ने की कोशिश करना, झपट्टा मारना, (किसी वस्तु पर) झपट कर या लालच से गिरना; २. कस कर पकड़ना; ३. समझ लेना, ग्रहण करना, वश में कर लेना। सं० १. पहुँच, पकड़, पंजा, क़ाबू, चंगुल, वश, अधिकार, क्षमता, नियंत्रण; २. समझ, बोध, मानसिक ग्रहणशीलता; ३. मुष्टि* (आ० भी)। **within, beyond one's ~** क़ाबू के अन्दर, वश में, हाथ में, काबू के बाहर, हाथ के बाहर। **~nettle** साहस के साथ कठिनाई या खतरे का सामना करना। **graspable** वि० पकड़ने योग्य, ग्रहणीय, ग्राह्य, समझने योग्य। **grasping** वि० लालची, झपटने वाला, लपकने वाला। **graspingly** क्रि० वि० लालच से। **graspingness** सं० १. लालच, हिर्स; २. पकड़ना, कसकर पकड़ना, थामना।

grass (gras) [A.-S. *gærs*, *græs* (cp. Dut. Icel. and G. *gras*, cogn. with GREEN, GROW, and L. *grāmen*, grass)] सं० १. घास, तृण, दर्भ, कुश, चरी, ऐसे पौधे जो पशुओं के चारे के लिए काम आयें; २. घास की कोई भी जाति, विशे० वन० में अनाज और सरकंडे के पौधे तथा बाँस भी; ३. चरागाह, घास का मैदान; ४. (खनि०) घरातल, खान का मुहाना। क्रि० १. घास लगाना, दूब लगाना, घास से ढँकना; २. रंग उड़ाने के लिए घास पर फैलाना, ३. गिराना, झाड़ना; ४. (मछली को) किनारे पर खींच लाना. (पक्षी को गोली मार कर) गिराना। **at~** बेकार, छुट्टी पर। **go to~** पछाड़ खाना, धराशायी होना, गिरना। **not let the ~grow under one's feet** जल्दी करना, देर न लगाना। **send to~** पछाड़ना, गिराना, दे मारना, पटक देना। **~hopper** टिड्डा* (कृ० भी), उछलने और चरचर शब्द करनेवाले कीड़ों की जातियाँ।

~-hopper-beam इंजन का वह डंडा जो एक तरफ़ लगा होता है और इंजन के चलने पर चलता है। ~-snake एक प्रकार का साँप। ~-tree आलूचे-जैसा का वृक्ष विशेष। ~widow बिरहिणी पत्नी, वह स्त्री जिसका पति विदेश गया हो। grassless वि० घासरहित, घासहीन। grassy वि० घास भरा, तृणमय, हरा।

grate[1] (ग्रेट) [late L. *grāta*, var. of *crāta*, L. *crātes*, hurdle] सं० १. (विरल०) जँगला, जाली, जालिका* (क्रि० वि० १ भी); २. अँगीठी या भट्ठी की जाली, झँझरी; ३. धातु की छड़ें, सलाखें या चौखटा; ४. भट्ठी, अँगीठी। grated वि० जँगलेदार, जालीदार। grateless वि० बिना जँगले का, बिना छड़ों का।

grate[2] (ग्रेट) [O. F. *grater* (F. *gratter*), from Teut. (cp. Dan. *kratte*, G. *kratzen*, to scratch)] क्रि० स० और अ० १. रगड़ना, घिसना, खुरदुरी सतह पर घिस कर छोटे-छोटे टुकड़े करना या होना, बुरादा करना, घिस कर छीलना या छिलना; २. अप्रिय प्रभाव डालना या पड़ना; ३. दाँत पीसना; ४. कर्कश शब्द के साथ रगड़ना या खरोंचना; ५. तीखी कर्कश आवाज़ पैदा करना; ६. (कच्चे, चूक आदि का) चरना; ७. अप्रीतिकर या विरक्तिकर होना, चिड़चिड़ाना; ८. बुरा लगना, बुरा मालूम होना, अप्रिय होना, नागवार होना। grater सं० कद्दूकश, घिस कर बुरादा करने का यंत्र। gratingly क्रि० वि० कर्कशता से, खरोंच के साथ, अप्रिय शब्द के साथ, विरक्तिकर ढंग से।

grateful (ग्रेट' फ़ुल) [obs. *grate*,agreecable, L. *grātus*, -FUL] वि० १. स्वीकार्य, सुखद, संतोषप्रद, आनंददायी, आह्लादकारी; २. कृतज्ञ, आभारी, अनुगृहीत, एहसानमंद, ३. कृतज्ञता की भावना प्रदर्शित करता हुआ। gratefully क्रि० वि० कृतज्ञतापूर्वक, साभार। gratefulness सं० कृतज्ञता, आभार, एहसानमंदी।

graticulation (ग्रə तिक यू लेशन) [F., from *graticuler*, to divide with squares from *graticule*, L. *grāticula*, var, of *crāticula*, dim. of *crātes*, see GRATE[1]] सं० (चित्र को छोटा या बड़ा करने के लिए) वर्गांकन, वर्गों में विभाजित करना। graticule सं० १. दूरबीन या दूरवीक्षण यंत्र पर बनी बारीक रेखाएँ जिनसे किसी वस्तु को देखने और उसकी स्थिति निर्धारित करने में सहायता मिलती है; २. (सर्वेक्षण) कागज पर अक्षांशों आदि की रेखाओं का जाल; ३. रेखाजाल*/ सूत्रजाल* (वि० १ भी)।

gratify (ग्रट' ə फ़ि) [F. *gratifier*, L. *grātificāri* (as *grātus*, pleasing, -FY)] क्रि० स० १. पुरस्कार देना, पारितोषिक देना, शुल्क देना, मजदूरी देना, (रुपये-पैसे की) भेंट देना; २. खुश देना, रिश्वत देना, मुट्ठी गरम करना, मुँह भरना; ३. प्रसन्न करना, संतुष्ट करना, अनुग्रह करना, रिझाना; ४. इच्छा पूरी करना, बात मानना (इच्छा, भावना या प्रवृत्ति को) छूट देना या पूरा करना। gratifying वि० सुखद, तृप्तिदायी, संतोषप्रद। gratifyingly क्रि० वि० संतोषप्रद ढंग से, प्रसन्न करते हुए, सुखद रूप में। gratification सं० १. संतोष, परितोषण* (भा० ३, विधि भी), तृप्ति, आनंद, परितुष्टि; २. पूरा होना या करना; ३. रिश्वत, घूस, इनाम।

grating (ग्रे' ting) [GRATE[2]] सं० १. जँगला, जाली* (ई० ३ भी); २. (प्रकाश विज्ञान में) प्रकाश के विद्युतीय ण द्वारा इंद्रधनुष उत्पन्न करने के लिए समान तर तर रों का समूह या समानांतर रेखाओं वाली शीशे इत्यादि की सतह, ग्रेटिंग* (वि० १ भी)।

gratis (ग्रा' tis) [L., for *grātiis*, abl. of *grātia*, favour] क्रि० वि० और वि० पुरस्कार स्वरूप, सेत-मेत, मुफ़्त*/ निःशुल्क* (प्र० भी), बे-दाम, बिना मूल्य।

gratitude (ग्रत' ı tūd) [F., from late L. *grātitūdinem*, nom. *-tūdo*, from *grātus*, pleasing] सं० कृतज्ञता, आभार, एहसान, एहसानमंदी, शुक्रिया।

gratuitous (ग्रə tū' ı tis) [L. *grātuitus*, freely or spontaneously given, as prec.] वि० १. मुफ़्त दिया या मिला हुआ, मुफ़्त* (प्र० भी), सेतमेत मिला हुआ, निःशुल्क प्राप्त किया हुआ, बिन माँगा; २. अकारण, अनधिकारी, निरर्हेतुक, युक्तिहीन, व्यर्थ; ३. (प्र०, विधि) आनुग्रहिक*। gratuitously क्रि० वि० मुफ़्त में, बिना मूल्य के, अकारण, अनधिकृत रूप से, नाहक़, व्यर्थ। gratuitousness सं० निर्मूल्यता, अकारणता, निरर्हेयता।

gratuity (ग्रə tū' ı ti) [O.F. *gratuit*; late L. *grātuitāre*, nom. *-las*, cogn. with prec.] सं० १. इनाम, पुरस्कार, बख्शीश, आनुतोषिक, सैनिकों आदि को अवकाश ग्रहण या अन्य अवसरों पर दी जाने वाली वृत्ति; २. (प्र०) उपदान*/ आनुतोषिक*।

gratulatory (ग्रट ū lā' tər i) [from L. *grātulārī*, to CONGRATULATE] वि० बधाई का, मुबारकबादी का (congratulātory का अप्र० रूप)।

gravamen (ग्रə vā' mən),[late L., from *gravāre*, to load, from *gravis*, heavy] सं० (बहु० ~mina); १. (विरल) शिकायत; २. चर्च की अव्यवस्थाओं अथवा शिकायतों के विषय में निम्न अधिकारियों द्वारा उच्च अधिकारियों के पास भेजा जानेवाला आवेदनपत्र; ३. किसी आरोप का सार अथवा निष्कृष्टतम अंश, सब से भारी आरोप, मुख्य अभियोग या आरोप, सबसे भारी इल्ज़ाम।

grave[1] (ग्रेव) [etym. doubtful, perh. from O. F. *grave* (F. grive), a strand or shore] क्रि० स० आग जला कर जहाज के पेंदे से जंग छुड़ाना और कोलतार पोतना।

grave[2] (ग्रेव) [A.-S. *grafan*, whence *gref*, a grave (cp. Dut. *graven*, Icel. *grafa*, G. *graben*), cogn.with GROOVE] क्रि० स० (भू० कृ० graven, graved) १. (अप्र०) दफ़नाना, दफन करना, गाड़ना; २. (अप्र०) खुदाई करना, गढ़ना, तराशना, काटना, मूर्ति बनाना, नक्काशी करना; ३. (ला०) खोद देना, अमिट रूप में अंकित कर देना (मन पर)। सं० क़ब्र*; समाधि* (भा० १ भी), मज़ार, स्मारक; २. मृत्यु होना, मृत्यु, ३. आलू आदि दबाने का गड्ढा। make one turn in his ~ उरे काम से किसी की आत्मा को दुःख पहुँचाना, ऐसे काम करना जिनसे मृत व्यक्ति को भी दुःख पहुँचता हो। one foot in the ~ क़ब्र में पाँव लटकाये, मरणासन्न, मृत्यु के सन्निकट। secret as the ~ बिल्कुल गुप्त, सर्वथा गोपनीय। some one walking on my ~ उस समय कहते हैं जब किसी को अकारण ही कँपकँपी लगे। ~-clothes कफ़न, शव वस्त्र। ~-digger १. क़ब्र खोदनेवाला; २. एक प्रकार के कीड़े जो मरे हुए कीड़ों-मकोड़ों को अपने बच्चों के लिए गाड़ कर रखते हैं। ~-stone समाधि-प्रस्तर, समाधि-लेख। ~yard क़ब्रिस्तान, समाधि-स्थल, श्मशान। graveless वि० समाधिहीन, बिना क़ब्र का। graven वि० १. उत्कीर्ण; २. गड़ा हुआ; ३. अंकित। ~image मूर्ति, प्रतिमा, मूरत।

graver सं० १ टाँकी, छेनी; २. नक्काश, उत्कीर्णक।

grave[3] (ग्रेव) [F., from L. *gravis*, heavy] वि० १. महत्त्वपूर्ण, गंभीर, गंभीरतापूर्वक विचारणीय, अहम, संगीन, भारी, चिन्तनीय, ताज़ुक़; २. भयंकर, भयानक, डरावना, उग्र, घोर, गंभीर, (भूल, दोष, कठिनाइयाँ, दायित्व, लक्षण); ३. गौरवपूर्ण, भारी-भरकम, दिखावट रहित, चंचलताहीन; ४. सादा,

आडंबरहीन, दिखावट रहित, सीधेपन। ५. (स्वराघात) मंद, अनुदात्त। सं० अनुदात्त स्वराघात। **gravely** क्रि० वि० गंभीरतापूर्वक, चिंतनीय ढंग से, भीषण रूप से, संजीदगी से।

gravel (grăv' əl) [O. F. *gravele*, dim. of *grave*, strand, gravel, cp. GRAVE[1]] सं० १. कंकड़*, बजरी* (इं० ३, कु०, मा० १, बि० १ भी); २. (मूत्राश्म, खनि०) बजरी की पर्त या तह (विशे० जिसमें स्वर्ण मिला हो); ३. (निदा०) पथरी, मूत्रस्फटिक रोग, मूत्ररेणु। क्रि०स० १. कंकड़ या बजरी डालना या बिछाना; २. चक्कर में डाल देना, घबड़ा देना, हैरत में डालना। **pay** ~ बजरी या कंकड़ की वह पर्त जिसमें इतना सोना हो कि लाभ हो सके। **~-blind** करीब-करीब अंधा, जिसकी दृष्टि बहुत ही कमजोर हो। **gravelly** वि० कंकरीला, बजरीला।

Graves (grav) [F.] सं० श्वेत, हलकी सफ़ेद शराब जो फ्रांस में इसी नाम के जिले में बनती है।

gravid (grăv' id) [L. *gravidus*, from *gravis*, GRAVE[2]] वि० (साहित्यिक) गर्भवती, सगर्भा*/सगर्भ* (आ० भी)।

gravitate (grăv' i tāt) [mod. L. *gravitāre*, from *gravis*, GRAVE[2]] क्रि० अ० और स० १. आकर्षण शक्ति के कारण किसी की ओर खिचना या बढ़ना, आकर्षित होना, गुरुत्वाकर्षण के कारण नीचे जाना या डूबना, आकर्षण-केन्द्र की ओर खिचना; २. (हीरों की खुदाई में बजरी को) ऐसे चलाना कि भारी पत्थर नीचे बैठ जायं; ३. किसी प्रभाव केन्द्र की ओर तीव्रता से आकर्षित होना। **gravitation** सं० १. गुरुत्वाकर्षण, केन्द्राकर्षण; २. आकर्षण, शक्ति; ३. गुरुत्वाकर्षण, गुरुत्व। **gravitational** वि० गुरुत्वाकर्षण संबंधी, गुरुत्वीय* (वि० १ भी), गुरुत्वजात* (कृ० भी)। **gravitative** (grăv i tā tiv) वि० गुरुत्वाकर्षणपूर्ण, गुरुत्वाकर्षणवाला।

gravity (grăv' i ti) [from *gravité*, or directly from L. *gravitātem*, nom. *-tas*, from *gravis*, GRAVE[2]] सं० १. गंभीरता, संजीदगी, संगीनी, सकती, गुरुता, गुरुत्व* (आ०, बि० १ भी), महत्त्व, भारी भरकमपन, गंभीर मंद्रा या चालढाल, २. बोझ, वजन, भारीपन; ३. गुरुत्व कर्षण शक्ति, केन्द्राकर्षण शक्ति, वेग द्वारा नापी गयी इस शक्ति की तीव्रता की मात्रा, एक वस्तु के दूसरी ओर आकर्षित होने की तीव्रता की मात्रा। **specific** ~ किसी पदार्थ का आपेक्षिक भार जो घनत्व विशेष और मानक के घनत्व के अनुपात द्वारा प्रकट किया जाता है (यह मानक साधारणतः द्रव या ठोस पदार्थों के लिए जल और गैसों के लिए हवा है)।

gravure (grăv' ūr) [F., from *graver*, to ENGRAVE] सं० PHOTOGRAVURE का संक्षिप्त रूप।

gravy (grā' vi) [etym. doubtful, perh. O. F. *grane'*, L. *grānātus*, full of grains (*grānum*, GRAIN), misread *graue*'] सं० पकते समय और पकने के बाद मांस से निकलनेवाले रस, गोश्त के साथ खाने का शोरवा या रसा जो उपयुक्त रसों और अन्य पदार्थों को मिलाकर बनाया जाता है। **~-beef** गाय के गोश्त का वह टुकड़ा जिससे आबगोश्त तैयार किया जाता है। **~-boat** आबगोश्त रखने के लिए नाव की आकृति का बर्तन।

gray दे० GREY।

grayling (grā' ling) [GREY, -LING] सं० १. एक प्रकार की मीठे पानी की सपट्टेदार, भूरे रंग की मछली; २. एक प्रकार की तितली जिसके भीतर की ओर के पंख भूरे रंग के होते हैं।

graze[1] (grāz) [A. -S. *grasian*, from *græs*, GRASS] क्रि० अ० और स० १. घास चरना* (कृ० भी), घास चराना, घास खाना, घास खिलाना (विशे० पशुओं का या को); २. घास पर (या घास खिला कर) रखना। **grazing** सं० चराई* (कृ० भी) चरवाहीगीरी।

graze[2] (grāz) [etym. doubtful, prob. from prec.] क्रि० स० और अ० १. छूते हुए निकल जाना, निकलते हुए हलका-सा छू जाना; २. रगड़ खाना, रगड़ लगाना, छील देना, (चमड़े का) छिल जाना, शरीर के किसी भाग में हलकी-सी खरोंच लगना या लगाना। सं० रगड़, खरोंच, खराश।

grazier (grā' zhēr) सं० १. बेचने के लिए पशु पालनेवाला, पशुओं को पाल कर बेचनेवाला; २. पशुपालक, पशुचारक; ३. पशु चरानेवाला। **grazery** सं० बिकी के पशुओं का स्थान।

grease (grēs) [O. F. *graisse*, L. *crassus*, adj., fat] सं० १. हिरन या किसी अन्य शिकार के पशु की चर्बी; २. चर्बी, चिकनाई, चिकना पदार्थ (विशे० तेल, चर्बी इत्यादि); ३. ऊन की चिकनाई, बिना साफ़ किया हुआ ऊन; ४. घोड़े के पैरों का एक रोग; ६. ग्रीज़*, चिकनाई*, स्नेह* (वि० १ भी)। क्रि० स० १. चिकना करना, चिकनाई लगाना, चिकनाना, ग्रीज़ लगाना, चर्बी लगाना; २. घोड़े को पैर की बीमारी से ग्रस्त करना; ३. घूस या रिश्वत देना। **in** ~, **in pride or prime of** ~ मारने योग्य (पशु), मोटा-ताज़ा। **~-palm** घूस देना, रिश्वत देना, मुट्ठी गरम करना। **~-the wheels** रुपया दे-दिला कर मामला ठीक कर लेना। **wool in the** ~ पशम, बिना साफ़ किया हुआ ऊन। **~-box** ग्रीज़ बक्स, चिकनाई पहुँचाने के लिए रेलगाड़ी के हर पहिए के साथ लगा हुआ ग्रीज़ का डिब्बा। **~-paint** एक प्रकार की चिकनाई जिसे नाटक के अभिनेता लगाते हैं। **~-trap** नालियों में चिकनाई रोकने की जाली। **greaser** (grēs' sər, -zər) सं० क्रियागत अर्थों में १. चिकना करनेवाला, चुपड़ने वाला (विशे० जहाज़ का मुख्य क्वायरमैन; २. (अमरीकी ग्रा०) ग्रीज़र* (प्र० भी), मेक्सिको का मूल निवासी या स्पेनिश अमरीकी; ३. (इं० १) ग्रीज़ वाला*। **greasy** (grē' zi) वि० १. चिकना, चिपचिपा, चर्बीदार, चर्बी से सना हुआ; २. चर्बी का, चर्बी जैसा, अधिक चर्बीवाला या चिकनाई वाला; ३. बिना साफ़ किया हुआ (ऊन); ४. पैर की बीमारी वाला (घोड़ा); ५. कीचड़ या सील से चिपचिपा; ६. चिकनी-चुपड़ी बातें करनेवाला, लल्लो-चप्पो करने वाला, चापलूस। **~fritillary** एक प्रकार की तितली। **~pole** खेल-कूद में चढ़ने या चलने के लिए चिकना खंभा। **greasily** क्रि० वि० १. चिकनाई के साथ चिपचिपेपन से; २. चापलूसी से, चिकनी-चुपड़ी बातों द्वारा। **greasiness** १. चिकनाहट, चिकनाई*, चिक्कणता* (कृ० भी), चिपचिपापन; २. चापलूसी।

great (grāt) [A.-S. *grēat* (cp. Dut. *groot*, G. *gross*)] वि० १. बड़ा, बृहद, विशाल (प्राय: विशेष विस्तार, घुनाव, अथवा क्रोध के साथ); २. असाधारण, तीरमामूली; ३. महत्त्वपूर्ण, महान, उच्च, प्रमुख, विल्यात, प्रसिद्ध, मुख्य; ४. असाधारण योग्यता-सम्पन्न, प्रतिभावान, उत्तम, शानदार, वैभवशाली, श्रीसम्पन्न, भव्य, उज्ज्वल (चरित्र का); ५. (किसी विषय में) अत्यधिक पारंगत, निपुण, अत्यधिक संतोषजनक; ६. यथा नाम तथा गुण वाला, ऊँचे पैमाने पर या अधिक मात्रा में (काम-विशेष) करने वाला; ७. तीसरी या अधिक पीढ़ी का (grand तथा संबंधसूचक शब्दों के साथ जैसे great grandson आदि)। सं० महान व्यक्ति। **a** ~**deal** अत्यधिक संख्या या परिमाण। **a** ~**many** बहुत, बहुसंख्यक। **a** ~ **while ago** बहुत दिन पहले। **the** ~**Powers of Europe**

प्रमुख राष्ट्र। **the ~ world** उच्च समाज। **greatest happiness of the greatest number** बेंथम के दर्शन का मूल सिद्धान्त। **Great Assize, Day or Inquest** क़यामत या हश्र का दिन। **Great Bible** १५३९ ई० में कावर्डेल द्वारा किया हुआ बाइबिल का अनुवाद। **Great Britain** ग्रेट ब्रिटेन, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स का संयुक्त राज्य। **~coat** ओवरकोट, बड़ा कोट, लबादा। **~coated** वि० लबादेवाला। **~coatless** वि० बिना लबादे का। **~go** केम्ब्रिज विश्वविद्यालय में बी० ए० की अंतिम परीक्षा। **~gross** बारह धूस (एक धूस १२ दर्जन के बराबर होता है) का सूचक। **~-hearted** महान-हृदय, उच्चमना, महामना। **~house** गाँव आदि में प्रधान भवन। **greaten** क्रि० स० और अ० बड़ा करना, बढ़ाना, बढ़ना, बड़ा होना। **greatly** क्रि० वि० १. बहुत, अत्यधिक अत्यधिकता से, बहुतायत से, बहुत अधिक, कहीं अधिक; २. श्रध्यता पूर्वक, उच्चतापूर्वक, शान से। **greatness** सं० बड़ाई, बड़प्पन महानता, महत्त्व, अहमियत। **greats** सं० (बहु०) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की बी० ए० (ऑनर्स) की अंतिम परीक्षा। **the~** महान व्यक्ति।

greave (grēv) [O. F. *greve*, shin; etym. doubtful] सं० (प्रायः बहु०) पिंडलियों की रक्षा के लिए कवच।

greaves (grēvz) [cp. L.G. *greven*] सं० (बहु०) चर्बी के छिछड़े जो कुत्तों को खिलाने और मछली पकड़ने के चारे के लिए काम में आते हैं।

grebe (grēb) [F. *grebe*, etym. doubtful] सं० १. ग्रीब, पानी में डुबकी लगानेवाला एक प्रकार का पुच्छहीन छोटा पक्षी, पनडुब्बी पक्षी* (वि० १ भी); २. इसके पर जो सजावट के लिए काम में आते हैं।

Grecian (grē' shán) [L. *Græcia*, Greece, -AN] वि० यूनानी, यूनान का। सं० १. यूनानी विद्वान; २. इंग्लैण्ड के प्रसिद्ध सार्वजनिक स्कूल क्राइस्ट्स हॉस्पिटल की उच्चतम कक्षा का छात्र। **~bend** १८७० में प्रचलित चलने का बनावटी ढंग (यूनान की प्रेम की देवी वीनस की चाल के अनुकरण में), कृत्रिम चाल। **~gift** हानि पहुँचाने के उद्देश्य से दिया गया उपहार। **~knot** जूड़ा बाँधने का एक विशेष ढंग। **~nose** यूनानी नाक जिसमें ललाट से नाक तक सीधी रेखा बने। **~profile** यूनानी नाक वाला मुख-पार्श्व। **~slippers** पुराने ढंग के स्लिपर।

Grecism, Grecize, Greco- दे० GRAECISM।

greed (grēd) सं० धनलिप्सा, लालच, लोभ (विशे० धन के लिए)। **greedy** [A.-S. *grædig* (cp. Dut. *gretig*, Dan. *graadig*)] वि० १. लालची, लोभी, लोलुप; २. खाऊ, पेटू, मरभुखा; ३. इच्छुक, आतुर, उत्सुक, आकांक्षी, अत्यधिक अभिलाषी। **greedily** क्रि० वि० १. लालच के साथ, लोलुपता से, लोभ से; २. आतुरतापूर्वक। **greediness** सं० लालच, लोलुपता, पेटूपन, नदीदापन, बुभुक्षा, आतुरता, उत्सुकता, अतृप्ति, अतिलिप्सा।

Greek (grēk) [A.-S. *Créas*, *Crécas*, pl.; L. *Græcus*, from Gr. *Graikos*, ancient name for the Hellenes] सं० १. यूनानी, यूनान-निवासी, यूनानी जाति का व्यक्ति, यूनानी चर्च का अनुयायी; २. धूर्त या मक्कार व्यक्ति, ठग; ३. यूनानी भाषा, ग्रीक। वि० १. यूनानी, यूनान देश का अथवा यूनान के लोगों का, यवन देशीय, यूनान संबंधी, यूनान-विषयक; २. ग्रीक भाषा का, ग्रीक भाषा के अनुसार अथवा उसमें लिखा या बोला जानेवाला। **when~ meets~** बराबर की जोड़ के अर्थ में। **~calends, fire, fret, key** दे० CALENDS, FIRE[1], FRET[1]। **~Church** (orthodox or Eastern church) यूनानी चर्च (इस सम्प्रदाय के अनुयायी कुस्तुनतुनिया के बड़े पादरी को अपना प्रधान मानते हैं, यह रोम के चर्च से नवीं शताब्दी में अलग हुआ और अब इसके अंतर्गत यूनान, रूस और तुर्की साम्राज्य के ईसाई हैं) **~cross** दे० CROSS[1]। **~Fathers** दे० FATHER[1]। **~gift** हानि पहुँचाने के उद्देश्य से दिया हुआ उपहार। **~to me** मेरी बुद्धि या समझ से परे। **Greekless** वि० ग्रीक भाषा से अनभिज्ञ।

green (grēn) [A.-S. *grēne* (cp. Dut. *groen*, G. *grün*, cogn. with *grōwan*, to GROW)] वि० १. हरा*,/ हरित* (कृ०, वि० १ भी), हरे रंग का, सब्ज़; २. श्यामल, इंद्रधनुष में नीले और पीले रंग के बीच के रंग का, घास, समुद्र जल, पत्ते, जैतून आदि के रंग का; २. हराभरा, हरियाला, वनस्पति से ढँका, सरसब्ज़; ३. (चेहरे के रंग के लिए) पीला, ज़र्द, रोगियों का-सा; ४. (ला०) ईर्ष्यालु, जलनेवाला, डाह रखनेवाला; ५. (फल आदि के विषय में) कच्चा, अपरिपक्व, मुलायम, बढ़ता हुआ, नया, हरा, अशुष्क; ६. प्राणवान, जीवंत, जो कुम्हलाया या मुरझाया न हो; ७. अपरिपक्व, अनुभवहीन, अविकसित, भोला, कच्चा, नौसिखिया, जल्दी से बातों में आनेवाला; ८. जो तैयार न हो; ९. ताज़ा, हरा (चारा), जो भरा न हो। सं० १. हरी वस्तु, किसी वस्तु का हरा अंश, हरा रंग; २. पौरुष, यौवन, मरदानगी, चुस्ती; ३. हरियाली, हरापन, वनस्पति; ४. (बहु०) पकाने के पहले या बाद तरकारियाँ,शाक-सब्ज़ी; ५.सार्वजनिक घास का मैदान; ६. किसी विशेष कार्य के लिए प्रयुक्त घास का मैदान। क्रि० अ० और स० १. हरा होना (विशे० हरियाली से); २. हरे रंग में रँगना, हरा करना; ३. (प्रा०) मूर्ख बनाना, बातों में फँसा लेना। **a~old age** युवावस्था की-सी चंचलता और उत्साहयुक्त बुढ़ापा। **do you see any~ in my eye?** क्या तुम्हें मेरे मुख पर अनुभवहीनता के चिन्ह दिखाई देते हैं। **in the~,** **dry tree** अच्छी या बुरी हालत में। **~back** संयुक्त राज्य अमरीका का नोट, काग़ज़ी मुद्रा। **~-blind** जिसे हरा रंग न दिखाई दे। **~-book** भारतीय सरकार का सरकारी प्रकाशन। **~cheese** कच्चा पनीर। **~Christmas** वह बड़ा दिन जिस पर बर्फ़ न पड़े। **~-crop** हरी शाक-भाजियों की फ़सल। **~drake** पीनट्रेक. एक कीड़ा जिसकी उम्र केवल एक दिन होती है। **~-earth** लोहा, पोटाशियम आदि का हाइड्रस सिलीकेट। **~eye** ईर्ष्या, डाह, जलन। **~-eyed** ईर्ष्यालु, जलनेवाला। **~fat** कछुए की चर्बी जो बहुत उत्तम समझी जाती है। **~finch** या **linnet** सुनहल और हरे परों वाला पक्षी। **~fingers** (बोल०) बागवानी में निपुणता। **~fly** एक प्रकार का छोटा कीड़ा। **~food** मास, गोश्त। **~gage** हरे रंग का बेर जैसा एक फल। **~goose** चार महीने से कम की बत्तख जो बिना मसाला भरे पकाई जाए। **~grocer**(y) कुँजड़ा, सब्ज़ी-तरकारी बेचनेवाला, शाक-विक्रेता, कुँजड़े का पेशा, तरकारी बेचना, तरकारी-सब्ज़ी की दुकान। **~heart** ग्रीनहार्ट, ब्रिटिश गिआना में पाया जानेवाला हमारली लकड़ी का वृक्ष। **~horn** गँवार, नादान, मूर्ख व्यक्ति, नासमझ, जाहिल, नौसिखिया, अपक्व-बुद्धि। **~house** कांचगृह, हरित गृह, सुकुमार पौधों को उगाने के लिए काँच का घर। **~jaundice** हरित पीलिया, एक प्रकार का रोग जिसमें शरीर का रंग हरा हो जाता है। **~light** (बोल०) किसी काम के प्रारंभ करने की अनुमति। **~-man** गोल्फ़ के मैदान का रक्षक। **~manure** हरी खाद, घास या पौधों की खाद। **~peak** हरे रंग का कठफोड़ा, हुवहुद, कठफोड़ा। **~room** नाटक के अभिनेताओं के लिए रंगमंच के पीछे विश्राम का तथा लोगों से मिलने का कमरा; २. रूप सज्जाकक्ष, वह कमरा जहाँ अभिनेता रूप-सज्जा

तथा वस्त्र-परिवर्तन करते हैं, नेपथ्य, नेपथ्यशाला, शाणी। ~sand हरी मिट्टी, एक प्रकार की हरी भुरभुरी मिट्टी। ~shank ग्रीनशंक, एक प्रकार का बड़ा पक्षी जो गीली रेत में पाया जाता है। ~sickness हरा रोग, हरित पीड़ा, हरिछोम, तरुण स्त्रियों का रोग-विशेष जिसमें रक्त की कमी से शरीर का रंग हरा जैसा हो जाता है। ~stick हड्डी की चोट (विशेषकर बच्चों की) जिसमें एक ओर से हड्डी टूट जाती है और दूसरी ओर से केवल मुड़ती है। ~stone हरितमणि, एक प्रकार का पत्थर। ~stuff हरियाली, हरी तरकारियाँ, सब्जी। ~sward घास का मैदान, हराभरा मैदान। ~table जुए की मेज़। ~tail पनमक्खी। ~tea हरी चाय, जो पत्तियों को भाफ़ में सुखा कर बनाई जाती है। ~weed ग्रीनवीड, एक झाड़ी जिसके फूल हरे रंग बनता है। ~wood हराभरा जंगल। ~yard मवेशीखाना, काँजी हाउस, लावारिस पशुओं को बंद करने का बाड़ा। greenery सं० हरियाली, हरियावल। greening सं० ग्रीनिंग, एक प्रकार का सेब जो पक कर भी हरा रहता है। greenish वि० हरापन लिए हुए, कुछ कुछ हरा। greenness सं० हरापन, हरीतिमा, अपरिपक्वता, सब्जी आदि। greenth सं० (विरल) हरियाली, हरापन, घास। greeny वि० हरा-सा, हरे रंग का-सा, हरापन लिये हुए।

Greenwich (grin' ij) [borough in S.E. London, where an astronomical observatory was situated from 1646 to 1958] सं० इंगलैंड में केंट प्रदेश का एक नगर जिसमें सरकारी वेधशाला है। ~Hospital एक ईमारत जिसमें पहले बूढ़े और अशक्त नौ-सैनिक रहा करते थे, पर बाद में राजकीय नौ सेना विद्यालय के अफ़सर छात्र रहने लगे। ~time ग्रीनिच मध्यमान समय, ग्रीनिच के रेखांश का समय जो इंगलैंड तथा अन्य देशों में समय का मानक स्वीकृत है।

greet[1] (grēt) [A.-S. *grētan* (cp. Dut. *groeten*, G. *grüssen*)] क्रि० स० १. अभिवादन, नमस्कार इत्यादि करना, कुशल-क्षेम पूछना, सलाम करना, आदाब करना, मिलने पर शब्दों अथवा कार्य द्वारा अभिनंदन करना; २. हर्ष से पुकारना, जयजयकार करना, स्वागत करना, बधाई देना; ३. मिलना, दृष्टिगोचर होना, कर्णगोचर होना। greeting सं०, अभिवादन, अभिनंदन, स्वागत, हर्षध्वनि, नमस्कार, प्रणाम, सकुशल समाचार, सत्कार, सलाम, दरूगी, आदाब।

greet[2] (grēt) [A.-S. *grētan* (cp. Icel. *gráta*, Goth. *grētan*, to weep) blended, *grēotan*, etym. doubtful] क्रि० अ० (स्कॉट०) रोना।

greffier (gref' i ér) [F., from *greffe*, a style, O.F. *grafe*, GRAFT] सं० रजिस्ट्रार, रजिस्ट्री करनेवाला अफ़सर।

gregarious (gre gâr' i us). **gregarian** (-án) [L. *gregārius*, from *grex gregis*, flock, herd] वि० १. यूथचारी, संघचारी, समूह में रहनेवाला, झुंड में चलनेवाला; २. समाजप्रिय, मिलनसार; ३. (वन०) झुंड में उगनेवाला; ४. समूहों का, समुदायों का, भीड़ों का; ५. (वि० १) यूथी*। gregariously क्रि० वि० समूहप्रियता से, झुंड रूप में। gregariousness सं० १. यूथचारिता, समूहप्रियता, समाजप्रियता मिलनसारी; २. (वि० १) यूथिता*।

gregge वि०, और सं० पोलापन लिए हुए भूरा, पोलापन लिए हुए भूरा रंग।

Gregorian (gre gôr' i án) [late L. *Gregōrius*, Gr. *Grēgorios*, Gregory,-AN] वि०और सं० १. पोप ग्रेगरी प्रथम के नाम से प्रचलित सारे भजन-संगीत से संबंधित या उसके अनुसार; २. पोप ग्रेगरी तेरहवें द्वारा स्थापित। ~calendar दे० CALENDAR ग्रेगोरी कैलेण्डर*

(वि० १ भी)। ~epoch १५८२ का परवर्ती काल। ~style दे० STYLE। ~tones रोमन कैथलिक संप्रदाय में मान्य आठ सादे भजनों की धुनें।

Gregory powder (greg'o ri) [James *Gregory* (1758-1822), Sc. physician] सं० ग्रेगरी चूर्ण, सारक की भाँति प्रयुक्त रेवंद चीनी का चूर्ण।

gremial (grē' mi ál) [late L. *gremialis*, from *gremium*, the lap] सं० वेमियल, कूल उत्सवों में विशप की गोद में रखने का रेशमी अँगरखा।

gremlin (grem' lim) सं० [ब्रिटिश वायुसेना का, ग्रा०] दुष्टात्मा जिसके संबंध में यह माना जाता है कि वह दुर्घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार है।

grenade (gré nâd')[F., from Sp. *granada*, orig. POMEGRANATE] सं० १. हथगोला, हाथ से फेंकने का या बंदूक से दागने का बारूद भरा छोटा गोला; २. ग्रेनेड, आग बुझाने या नालियों की जाँच करने के लिए फेंका जानेवाला रासायनिक पदार्थ से भरा शीशे का पात्र।

grenadier (gren á dér') सं० १. (मृ०) बारूद के गोले फेंकनेवाला सैनिक; २. (अब) शाही पैदल सेना की पहली रेजिमेंट; ३. दक्षिणी अफ्रीका में पाया जानेवाला बया पक्षी जिसके पर लाल और काले होते हैं।

grenadine[1] (gren' á dēn) [F., perh. from *Granada*, city in Spain] सं० ग्रेनाडाइन, जालीदार रेशमी ऊनी कपड़ा।

grenadine[2] (gren' á dēn) [F. *grenadin*, etym. doubtful] सं० १. मांस व्यंजन-विशेष; २. ग्रेनाडाइन, फ्रांस में बनने वाली अनार की शराब।

gressorial (gres sôr' i ál) [L. *gressor*, walker, from *gradi*, to walk,-IAL] वि० (प्राणि०) चलनेवाला, चलने का।

grew दे० GROW।

grey (grā) [A.-S. *grâg* (cp. Dut. *grauw*, Icel. *grār*, G. *grau*)] वि० १. भूरा, सलेटी, धूसर* (आ०, वि० १भी), धूंधला, राख या जन्तु के रंग का, काले और सफ़ेद के बीच के रंग का, पांशुवर्ण, भस्मवर्ण, शूकलकृष्ण; २. धूंधला, उदास, खिन्न, धूमिल; ३. (व्यक्ति अथवा उसके बाल) सफेद, धवल, आयु के साथ पकते हुए, ४. प्राचीन, पुराना, पुरातन, पुराने जमाने का, बूढ़ा, बुड्ढा, जीर्ण, पक्व, अनुभवी। सं० १. भूरे कपड़े, धूसर वस्त्र; २. ठंडी रोशनी, बिना धूप की मद्धिम रोशनी; ३. भूरा या धूसर रंग, भूरा रोगन, भूरा घोड़ा, कबूरांग्व। क्रि० अ० और स० १. भूरा होना या करना; २. (फोटो०) शीशे की सतह को धुंधला करना, ऐसे शीशे में निगेटिव को ढंक कर फ़ोटोग्राफ़ को मटीला बनाना। ~beard १. बूढ़ा आदमी, बूढ़; २. शराब के लिए पत्थर का बड़ा घड़ा; ३. एक प्रकार की काई। ~coat कबरलेंड का किसान। ~crow, back कलमौवाला कौवा। ~drake ड्रेक, एक प्रकार का कीड़ा जिसको उड़ना केवल एक दिन की होती है। ~eye भूरी आँख, कजी आँख। ~friar फ्रांसिकन संप्रदाय का साधु। ~goose यूरोप की जंगली बत्तख। ~headed बूढ़ा, बूढ़ा, अनुभवी, पुराना, प्राचीन, काल-जर्जर। ~hen एक जंगली मुर्गी, कृष्णोदर कुकल की मादा। ~lag यूरोप की साधारण जंगली बत्तख ~matter १. मगज; २. मस्तिष्क का क्रियाशील पदार्थ। ~monk सिस्टर्शियन संप्रदाय का साधु। ~sister संत फ्रांसिस संप्रदाय के तीसरे वर्ग की संन्यासिनी। ~stone धूसर रंग की ज्वालामुखी पर्वत की चट्टान। ~mare is better horse पत्नी पति पर शासन करती है। greyish वि० भूरा-सा, धूसर-सा। greyly क्रि० वि० भूरापन लिए हुए। greyness सं० भूरापन, धूसरत्व, धूंधलापन।

greyhound (grā' hound) सं० दुबला-पतला, लंबी टाँगों और तीक्ष्ण दृष्टिवाला फुर्तीला शिकारी कुत्ता जिसे खरगोश आदि के शिकार के लिए उपयोग में लाते हैं। **~racing** एक आधुनिक खेल जिसमें यांत्रिक खरगोश के पीछे शेहाउंड कुत्ते दौड़ाए जाते हैं और उन-पर दाँव लगाए जाते हैं। **ocean~** तेज़ जहाज़।

greywacke (grā' wăk e) [G. *grauwacke* (*grau* GREY, WACKE)] सं० शैवेल* (वि० १ भी.) गोल चिकने कंकड और बालू-मिश्रित एक प्रकार का संयुक्त प्रस्तर-पिंड (चट्टान)।

grid (grid) [short for GRIDIRON] सं० १. कटहरा, जंगला, २. (विद्युत०) जाल* (इं० ३ भी), जालक. पंजर, ग्रिड* (इं० ३, वि० १ भी). विद्युत वितरण केन्द्र, बिजली के तारों का जाल; ३. सेना आदि के नक्शों में मुद्रित वर्ग जिनपर संख्या अंकित होती है जिसके कारण नक्शों का उपयोग और हवाला सभव होता है; ४. तारों, रेलो आदि का जाल; ५. अँगीठी, सीखदार चूल्हा।

griddle (grid' el) [A.-F. *gridil*, O. F. *greil* (*F. gille*), perh. from L. *crāticula*, dim. of *crātes*. a hurdle] सं० १. तवा, २. तारों की छलनी। क्रि० तारों की छलनी मे छानना।

gride (grid) [metathesis of GIRD²] क्रि० अ० (रगड की कर्कश आवाज के साथ) काटना, छीलना, खरोचना। सं० खरोचने या काटने की कर्कश ध्वनि।

gridiron (grid' i ern) [M.E *gredire*, as GRIDDLE (assim. to IRON] सं० १. मास भूनने की लोहे की अँगीठी, झझरीदार चूल्हा; २. (नौ० वि०) बंदरगाह मे जहाज़ को अटकाये रखने का कटहरा; ३. (रगमच) मंच के ऊपर का लकडी का कटहरा या ढाँचा जिसके सहारे पर्दे आदि लटके रहते हैं; ४. विभिन्न धातुओं की समानांतर छड़ोंवाला लटकन। **~pendulum** पेंडुलम, घड़ी का लटकन।

grief (grēf) [O.F., from *grever*, to GRIEVE.] सं० शोक, दुःख, संताप, व्यथा, पीड़ा, मन्यु, परिताप* (मा० २ भी), रज, अफ़सोस, मलाल। **come to~** दुर्घटनाग्रस्त होना, विपत्ति मे पड़ना, असफल होना, नीचा देखना, गिरना, हारना, हानि उठाना।

grievance (grē' vāns) [O.F. *grevance*, from foll.] सं० १ शिकायत* (प्र०, मा० ३ भी), गिला, परिवेदना; २. दुःख का वास्तविक या कल्पित कारण; ३. आपत्ति, क्लेश, कष्ट, बाधा, दुःख, तकलीफ।

grieve[1] (grēv) [O.F. *grever*, L. *gravāre*, to burden, from *gravis*, GRAVE*] क्रि० स० और अ० दुःख देना, पीड़ित करना, शोकाकुल करना या होना व्यथित या मर्माहत करना या होना। **grievous** वि० १. शोक जनक, घोर संतापकारी, पीडादायक, व्यथाकर, क्लेशकर, हानिकर, क्षतिकर; २. भारी, घोर, भीषण, दारुण, उग्र, तीव्र, तेज़, अत्यंत सख्त, संगीन (दुःख, पीडा आदि); ३ दुष्टतापूर्ण, नीचतापूर्ण, गर्हित, ४. शोकावह, उद्वेगकारी, दुःखदायी, दुःखद। **grievously** क्रि० वि० दुखदायी रूप में, संतापकारी ढग से, तीव्रता से, दुष्टतापूर्वक, हानिकर ढग से।

grieve[2] (grēv) [Sc. and North., from O. Northumbrian *grafa*, A.-S. *gerēfa*, REEVE] सं० १. (स्काट०) अमीन; २.ओवरसीयर।

griffin[1], **-on** (grif' in, -on) [F. *griffon*, L. *gryphus*, *grypi*, Gr., *grups*, from *grupos*, hooked, hook-beaked] सं० ग्रिफ़िन, एक कल्पित जंतु जिसका सिर और पंख गिद्ध जैसा और शरीर सिंह जैसा माना जाता है। **the~** लंदन मे टेम्पल बार नामक स्थान पर बना हुआ स्मारक।

griffin[2] (grif' in) [etm. unknown] सं० (आंग्ल भारतीय) नवागत यूरोपवासी, नौसिखिया, अनाड़ी, अनुभवहीन व्यक्ति। **griffinage, griffinhood, griffinship** सं० नौसिखियापन, अनाड़ीपन, अनुभवहीनता। **griffinish** वि० नौसिखिए जैसा, अनाड़ी जैसा, अनुभवहीन।

griffon[1] (grif' on) सं० गिद्ध। **~vulture** एक प्रकार का गिद्ध।

griffon[2] (grif' ŏn) [F., ident. by Littrè with *griffon*, GRIFFIN[1]] सं० झिंगन, मोटे बालोंवाला टेरियर की नस्ल का एक विदेशी कुत्ता।

grig (grig) [etym. doubtful (perh. the later senses distinct and onomat. in orig.)] सं० १. बाम मछली, साँप जैसे छोटी मछली; २. टिड्डा या झींगुर।

grill (gril) [F. *grille*, from *gril*, O.F. *grail*, prob. as GRIDDLE] क्रि० स० और अ० १ जालीदार अँगीठी पर भूनना, कबाब करना; २. (ला०) तीव्र यत्रणा देना अथवा तेज आँच देना, जला देना, फूंक देना, ३. (अमरीका में) कठोरतापूर्वक पूछताछ करना (विशे० पुलिस द्वारा)। सं० १. भूना हुआ गोश्त, २. मास भूनने का चूल्हा, जालीदार अँगीठी। **~room** होटल का वह कमरा जहाँ गोश्त भूना और दिया जाता है। **griller** सं० १. भूननेवाला, कबाबी; २. यत्रणा देनेवाला, जलानेवाला।

grillage (gril' aj) [foll., -AGE] सं० लकड़ी का भारी ढाँचा जिसे धँसने वाली धरती पर इमारत की नींव के लिए बनाते हैं।

grille (gril) [F., as GRIDDLE (cp GRILL)] सं० १ जंगला, जालीदार ओट जो मठों मे संन्यासियों को मिलनेवालों से अलग रखने के लिए तथा इग्लैंड के संसद मे भी महिलाओं के कक्ष के आगे लगी रहती थी, २. (टेनिस) दीवार मे चौकोर मोखा, ३. वह ढाँचा जिसमे मछली के अंडों मे बच्चे निकाले जाते हैं। **grilled** वि० झका हुआ, जंगलेदार, जालीदार।

grilse (gilS) [etym. doubtful (perh. a corr. of O.F. *grisle*, (grey)] सं० सामन-शिशु, सामन मछली का बच्चा, जो समुद्र में एक बार ही गया हो।

grim (grim) [A.-S. (cp G. *grimm*, cogn. with GRAM] वि० १. कड़ा, कठोर, मस्त, निर्दयी, क्रूर, निष्ठुर, पश्चात्ताप न करनेवाला; २. अनिष्टकर, घृणाजनक (अप्रीतिकर) अथवा घोर कठोर रूप (प्राय: मृत्यु के संबंध में)। ३ (मृत्यु की तरह) आतंककारी या दारुण, अप्रत्यक्षतागृहक, डरावना या मनहूस या भयावह (has a ~ truth in it; ~laughter, pastime etc.); ४. घोर, गभीर, विकट, भीषण, भयानक। **hold on like ~death** खूब कस कर या मजबूती से पकड़ो। **grimly** क्रि० वि० १. कठोरतापूर्वक, क्रूरता से, कडे रूप में; २. अप्रीतिकर ढग से, घोर-कठोर रूप में; ३. आतंककारी ढंग से, मनहूसियत के साथ; ४. दृढ़ता से, कठोरपन से, डट के, मजबूती के साथ, कडे होकर। **grimness** सं० १. कठोरपन, निर्दयता, निष्ठुरता; २. मनहूसियत, भीषणता, भयकरता, कठोरता, सख्ती, दृढ़ता।

grimace (gri mās') [F., etym. doubtful] सं० १. मुंह बनाना या चेहरा विकृत करना जिसमें घृणा या खीझ प्रकट हो अथवा हँसी छूटनी हुई मालूम हो; २ बनावटी चेहरा, कृत्रिम दृष्टि; ३. कृत्रिम दृष्टिपात, दृष्टि मे कपटता या दिखावट। क्रि० अ० मुंह बनाना या मुंह ऐठना। **grimacer, grimacier** (gri mā' ser, -sēr) सं० मुंह बनानेवाला।

grimalkin (gri măl',-mawl' kin) [GREY, *Malkin*, dim. of *Maud*, *Matilda*] सं० १. बूढ़ी बिल्ली; २. ईर्ष्यालु बूढ़ी औरत।

grime (grīm)[cp. W. Flem. *grijm*, Dan. *grim*, Swed. *dial. grima*, a spot or smut] सं० कालिख, धूल, मिट्टी, कीचड़, मैल, किसी सतह पर जमी हुई मैल या कीट, विशे० बदन का मैल। क्रि० स० कालिख पोतना, काला करना, गंदा करना। **grimy** वि० मैला, गंदा, कालिख लगा हुआ। **griminess** सं० मैल, कीट, गंदगी।

Grimm's law दे० LAW[1]।

grin[1] (grin) [A.-S. *grennian*, cp. O.H.G. *grennan*, to mutter] (prob. the sense was influenced by the root seen in O.H.G. *grīnan*, to distort the face)] क्रि० अ० १. तकलीफ के चिह्न-स्वरूप दाँत दिखाना, विवशता, विवशता से या बलात् मुस्कुराते हुए दाँत दिखाना, खीसें निपोरना या बेहूदगी के साथ मुस्कुराना (प्रायः at के साथ), २. (हिकारत या मनोद की) अभिव्यक्ति दाँत दिखा कर करना। स० खीस निपोरने या दाँत दिखाने की क्रिया (प्रायः on the ~या broad~) **~and bear it** कष्ट को हँसते-खेलते सहन करना। **~like cheshire cat** हर वक्त अकारण और निरर्थक हँसते रहना। **~through horse-collar** गँवारों के खेल में मुँह बनाने की होड़ में हँसना।

grin[2] (grin) [A.-S. *grin*] सं० जाल, फंदा, पाश।

grind (grīnd) [A.-S. *grindan* (cp. Dut *grendan*, and perh. L *frendere*, to gnash, grind,)] क्रि० स० और अ० १. पीसना, चूर्ण करना, चबाना, चक्की के पाटों या दाँतों आदि से दलना, बुकनी करना या चूर करना (प्रायः down, small, to pieces, into dust इत्यादि), २. पिसने की क्रिया (will not ~ fine) सताना, क्रूर करना, पीस डालना, न्याय-विरुद्ध मार्गों द्वारा दबाना, परेशान करना (प्राय. down के साथ और a grinding tyranny, grind the faces of the poor etc.), ३. पीसना*, पेषण* (इ० ३ भी) (आटा)। ४. रगड़ द्वारा तेज करना, सान चढ़ाना, पैना करना या चिकना बनाना, ५ जोना या हाथ-चक्की से काम करना: ६ (मामूली जाति के वाद्य-यंत्र की) मूठ घुमाना, ७. उस वाद्ययंत्र-विशेष से संगीत उत्पन्न करना या उसे बजाना; ८. अन्यमनस्क रूप से मेहनत करना, ९ कठिन परिश्रम से अध्ययन करना, १० परिश्रम के साथ पढ़ाना (विषय या किसी शिष्य को यह विषय ~subject या ~pupil in it), ११. कर्करगहट के शब्द के साथ (क्रि० स० और अ०) घिसना या रगड़ना (ground his heel into it, ship was grinding on rocks)। स० १. सान, एक प्रकार का पत्थर जिसमें घर्षण करके किसी वस्तु (छाक, नक्की आदि) को तेज किया जाता है अथवा चिकना (हीरे इत्यादि) किया जाता है, घर्षण* (इ० ३ भी)। २ कठिन श्रमसाध्य नीरस कार्य या जिम्मा, ३. कसरती सैर, व्यायाम के लिए भ्रमण; ४. शिकारियों की घुड़दौड़-विशेष, ५ (कैम्ब्रिज में) एक पाट। **hold, keep, one's nose to the ~stone** हल में जोते रखना, मस्ती में काम लेना या निरंतर कार्यरत रखना, नाक रगड़वाना, गुलामी की हालत में रखना। **~out on oath** गम्से से दाँत पीसते हुए गाली देना। **grinder** सं० १. दाढ़, २. पीसने की मशीन: ३. सान. पेषणी* (इ० १ भी), सान रखने का यंत्र; ४. चक्की का ऊपरवाला पाट, ५. पिसनहारा, पीसनेवाला (विशे० समास में, जैसे organ, knife), ६. रंगनेवाला, रटने वाला, ७. संगतराश*/चर्वणक* (आ० भी); ८. (कु०) चक्की*/ पेषक*। **grindery** सं० मोची का सामान। **grindstone** सं० सान, सान पेषणी, प्रस्तर-विशेष जो सान चढ़ाने या पालिश के लिए होता है।

gringo (gring' gō) [Mex. Sp.] सं० (स्पेनी-अमेरीका, बहुव० gringos) विदेशी (विशे० कोई आंग्ल-अमरीकी)।

grip[1] (grip) [A.-S. *gripa*, a handful, and *gripe*, a clutch, both cogn. with GRIPE] सं० १. मजबूत पकड़, कब्जा; २. प्रगाढ़ आलिंगन; ३. ग्रहण-शक्ति, पकड़ जकड़ शक्ति-संगठन; ४. मुट्ठी, पंजा, हाथ में हाथ देने का ढंग मुट्ठी में डालना या मुट्ठी दृढ़ करना, ५. ग्रहण करने या पकड़ने का ढंग (overlapping ~); ६. चंगुल, कब्जा अधिकार-शक्ति, अधिकार या नियंत्रण, विषय का पूरा ज्ञान, बौद्धिक क्षमता; ७. ध्यान आकर्षित करने की शक्ति; ८. यंत्र आदि का वह हिस्सा जो अन्य औजार आदि को पकड़ता है, औजार का वह हिस्सा जो पकड़ में आता है। क्रि० स० और अ० १. मजबूती में दबोचना, भींचना, पकड़ना या थामना; २. गहरी पकड़ लेना, ३. ध्यान आकर्षित करना; ४. जकड़ना, कस लेना, बांध लेना, कब्जे या काबू में कर लेना। **~at, come to grips** द्वन्द्व-युद्ध करना, उलझना, जूझना, किसी समस्या को हल करना या उस पर काबू पाना। **~-brake** वह ब्रेक जिसका हाथ से इस्तेमाल किया जाता है। **~sack** (अमरीका) हैंड बैग, हाथ में लटकने का छोटा थैला, सूटकेस। **gripper** सं० १. मजबूती से दबोचनेवाला, भींचनेवाला, पकड़नेवाला या थामनेवाला; २. गहरी पकड़ लेनेवाला; ३ ध्यान आकर्षित करनेवाला, सिरफ़ में लेनेवाला।

grip[2] (grip) [A.-S. *gripe*, *gr*ȳ*fe*, a trench, a burrow] सं० छोटी खुली खंदक या खाई।

gripe (grīp) [A.-S. *gripan* (cp. Dut. *grijpen*, Goth. *greipan*, G. *greifen*)] क्रि० स० और अ० १. अकड़ना, दबोचना भींचना; २. सितम ढाना, जुल्म या अन्याय करना; ३. पेट में दर्द या शूल पैदा करना; ४. (नौ० वि०) आँधी में पड़े जहाजों का पतवार या डांड से काम न लेकर लंगरों से सुरक्षा करना। सं० १. दबोचने, कस कर पकड़ने या थामने की क्रिया, २. पकड़, अधिकार (जैसे in the ~ of), पीड़ा, दर्द, तकलीफ़, शूल, मरोड़; ३. (बहुव०) पेट का दर्द या शूल; ४. किसी औजार या हथियार का हत्था या हैंडल; ५. (नौ० वि०, बहुव०) नाव को उसके स्थान पर स्थिर रखने के लिए रस्सों के बंधन, जहाज के कांटे आदि। **~water** पेट दर्द या शूल की औषधि। **griper** सं० शोषक, पीड़क, दबोचनेवाला। **griping** वि० बनलोलुप, धनपिशाच, कंजूस; २ (चिकि०) आंतपीड़ा, मरोड़; ३. (पीड़ा) घोर, अधिक, गहरी।

grisaille (gri zāl', gri zā' ye) [F., from *gris*, grey, O.H.G. *grīs*, etym. unknown] सं० एक प्रकार की रंगकारी (खिड़की के शीशों आदि में) जिसमें भूरे रंग के उभार बनाए जाते हैं।

griseous (griz' e us) [med. L. *griseus*, O.H.G. *grīs*, see GRISAILLE] वि० (वन०, प्राणि०) धूसर, कुछ-कुछ नीलिमा या कुछ-कुछ सफ़ेदी लिए हुए भूरा।

griskin (gris' kin) [GRICE, -KIN] सं० सूअर की कमर का पतला भाग।

grisly (griz' li) [A.-S. *grīslic* (*grīs-* in *á-grīsan*, to shudder, *-lic*, -LY)] वि० खौफनाक, डरावना, भयानक, भयंकर।

grist[1] (grist) [A.-S. *grist*, cogn. with GRIND] सं० १. पिसने के लिए अनाज, २. मदिरा बनाने के लिए पिसा हुआ अंकुरित जौ आदि। **all is ~that comes to his mill** उसे जो कुछ हाथ लगे उससे काम निकाल लेता है। **bring ~to the mill** इससे लाभ होता है।

grist[2] (grist) [etym. doubtful; perh. comm. with GIRD[1]] सं० सूत या रस्से की लंबाई या मोटाई।

gristle (gris' el) [A.S., etym. doubtful (cp. O. Fris and, M.L.G. *gristal*)] सं० रीढ़दार जीवों के कुछ-कुछ सफ़ेद रंग के कठोर, चिमड़े, लचीले ऊतक। **in the ~**अपरिपक्व। **gristly** क्रि० वि० उक्त प्रकार के ऊतक की तरह।

grit[1] (grit) [A.-S. *grēot* (cp. Icel. *grjōt*, G. *griess*) allied to GROUT] सं० १. कण, रेत, पत्थर या बालू के कण (विशे० जो यंत्र-प्रणाली में लिपट कर या भर कर रुकावट उत्पन्न करे); २. (~stone भी) रोड़ी, कंकड़ी* (आ० भी), कंकड़, पत्थर के ऊपर के दाने; ३. (बोल०) चरित्र-बल; ४. साहस; ५. धैर्य, सहिष्णुता; ६. घिस डालुकाश्म*, ग्रिट* (आ०, इं० ३, ई०, वि० १ भी)। क्रि० अ० और स० १. करकर करना, किटकिट करना; २. दाँत पीसना **gritly** वि० कंकरीला, कंकड़ीदार, किरकिरा। **grittiness** सं० किरकिराहट, ककरीलापन।

grit[2] दे० GREAT।

grits (grits) [A.-S. *gryttan* (cp. M. Dut. *grutte*, barley, G. *grütze*, also GROATS)] सं० (बहुव०) १. जई का दलिया; २. जई का मोटा आटा।

grizzle[1] (griz' el) [O.F. *grisel*, from *gris*, grey, see GRISAILLE] वि० भूरा। सं० १. भूरे बालोंवाला व्यक्ति; २. भूरा बाल; ३. भूरा रंग; ४. बालों की टोपी। **grizzled** वि० सफ़ेद, भूरे (बालोंवाला)। **grizzly** वि० सफ़ेद, मटियाला, भूरे बालोंवाला। सं० उत्तरी अमरीका का भूरे रंगवाला बड़ा रीछ (~bear भी)। **~king, queen** कौड़े, जो मछली के चारे के काम आते हैं।

grizzle[2] (griz' el) [prov., etym. doubtful] क्रि० अ० (बोल०) रिरियाना, घें-घें, पें-पें करना, चिड़चिड़ेपन के साथ रोना-चिल्लाना।

groan (grōn) [A.-S. *grānian* (cp. G. *greinen*, to GRIN)] क्रि० अ० और स० १. पीड़ा से चीखना, कराहना, तड़पना, यंत्रणा सहना, आह भरना, आर्तनाद करना; २. कराह-कराह कर कहना; ३. पिसना, दबा होना, अत्याचार से दबना (under, beneath, with के साथ प्रयुक्त) या लदा होना (जैसे—under injustice; shelf groans with books); ४. तरसना, लालसा करना, तड़पना। सं० १. चीख, चीख-पुकार, आर्तनाद, कराहने की आवाज़, चीखने, कराहने या आर्तनाद करते हुए कथन; २. लदे होने की क्रिया (किसी वस्तु या किसी वस्तु के लिए); ३. लालसा, तड़प (for के साथ प्रयुक्त)। **~down** (बोलनेवाले को) हाय-हाय करके चुप कर देना, दर्दनाक आवाज़ से चुप कर देना। **~inwardly** सदमा होना, दिल पर चोट पहुँचना। **groaning board** लदी हुई मेज़। **groaningly** क्रि० वि० कराह कर, फ़रियाद के साथ, तकलीफ़ से, तरसते हुए या लालसापूर्वक, आरज़ू-मिन्नत से।

groat (grōt) [M.E. and L.G. *grote* (cp. M.Dut. *groot*), cogn. with GREAT] सं० (इति०) १. ग्रोट, चार पेंस के मूल्य का चाँदी का अंग्रेज़ी सिक्का जो १३५१-१६६२ तक प्रचलित रहा (तत्पश्चात् १८३६-५६ तक रैसरकारी तौर पर चार पेनी के मूल्य के सिक्के के रूप में चलता रहा); २. बहुत छोटी रक़म (जैसे (don't care a ~)।

groats (grōts) [cp. A.-S. *grūt*, coarse meal, cogn. with GRITS] सं० (बहुव०) १. छिलका या भूसी रहित (कभी-कभी कुटा हुआ भी) अनाज (विशे०) जई; २. दलिया।

grobian सं० गँवार, विद्रूपक-सदृश, अस्त-व्यस्त वस्त्रोंवाला, बेतुका व्यक्ति।

grocer (grō' ser) [O.F. *grossier*, one who sells in the gross, med. L. *grossārius*, from *grossus*, GROSS] सं० पंसारी, किराना बेचनेवाला। **grocer's itch** एक प्रकार का चर्मरोग (एक्जिमा) जो खरकर बेचते हुए उसे हरदम छूते रहने से हो जाता है। **grocery** सं० पंसारी का पेशा या दूकान, किराना या पंसारी का सामान।

grog (grog) [said to be from a nickname 'Old Grog' of Admiral Vernon, from his wearing a GROGRAM cloak; about 1745 he ordered his sailors to dilute their rum with water] सं० १. जलमिश्रित सुरा, पानी मिली हुई शराब; २ वह गोठी या समारोह जिसमें इस मदिरा का दौर हो। क्रि० अ० और स० १. पानी मिली शराब पीना, खाली पीपे में गरम पानी डाल कर कच्ची शराब निकालना। **~-blossom** मद्यपान के कारण नाक पर रहनेवाली लाली या लाल दाने। **groggy** वि० १. मदहोश, सुस्त, मन, शराब पीकर मतवाला; २. शराबी, मदिरासेवी; ३. (घोड़ा) अगली टाँगों से कमज़ोर, लड़खड़ाने वाला, डगमगाने वाला, अस्थिर, काँपता हुआ, नापायदार, चंचल। **grogginess** सं० १. मदहोशी, मतवालापन; २. शराबपरस्ती; ३. (घोड़े की) अगली टाँगों की लड़खड़ाहट; ४. अस्थिरता, चंचलता।

grogram, -ran (grog' ram, -ran) [F. *gros gram*, coarse *gram*] सं० एक मोटा कपड़ा जो रेशम या एक प्रकार की बकरी के ऊन अथवा ऊन से बनता है अथवा तीनों को मिलाकर प्रायः एक प्रकार की गोंद का कलफ़ देकर बना हुआ मोटा कपड़ा।

groin[1] (groin) [earlier *gine*, *grynac* (supposed by Skeat to be from A.-S. *grynde*, an abyss or depression, cogn. with G. *grund*, valley, GROUND)] सं० १. चड्ढा, उम्मीद, पैर और जांघ के बीच का भाग; २. (वस्तु०) वह किनारा जो मेहराबों के आपस में कटने से बना होता है। क्रि० स० मेहराबों को ऐसा बनाना कि कट कर किनारा बने। **groining** सं० मेहराबों को ऐसा बनाने की क्रिया कि कट कर किनारा बने।

groin[2] GROYNE का विभिन्न रूप।

Grolier (grō' lyā) [Jean *Grolier* (1479-1565), French bibliophile] सं० **~binding** (फ्रांस के पुस्तक संग्रहकर्त्ता जां ग्रोलिये द सीवियर, बिकाम्बे दे एग्लनी [मृत्यु १५६५] द्वारा प्रचलित अत्यधिक अलंकृत शैली में) पुस्तक की जिल्द।

grom(me)et दे० GRUMMET।

gromwell (grom' wel) [earlier *gromil*, O.F. (etym. doubtful)] सं० ग्रोमवेल एक प्रकार का पौधा जिसके कड़े बीज पहले ओषधि के रूप में प्रयुक्त होते थे।

groom (groom, grum) [perh. from O.F. *gromet*, *groumet* (F. *goumet*, see GOURMET), dim. of *groume*, a boy, a servant] सं० १. राजकीय भवन का एक पदाधिकारी (~of the stole, in waiting etc.), २. साईस, अश्वपाल, घोड़े की देखभाल करनेवाला नौकर; ३. वर, दूल्हा। क्रि० स० (घोड़े की) देखभाल करना, खिलाना, चौकसी करना आदि, साईसी करना। **well groomed** (भू० कृ० में) सजाधजा (विशे० जिसके बाल, दाढ़ी सुचारु ढंग से बनी हो)। **groomsman** शहबाला, विवाह के अवसर पर वर के साथ रहनेवाला या उसकी देखभाल करनेवाला उसका अविवाहित मित्र।

groove (groov) [Dut. *groeve*, cogn. with A.-S. *grafan*, to GRAVE] सं० १. लकीर, लीक, नाला, नाली, खाच*, खाचा* (आ० २, वि० १ भी), खात, खातिका* (आ० भी), कटाव, कटिका, संधि, झरी, (विशे० जो दिशा बदलने के लिए बनाई गई हो);

२. प्रणाली, सुनिश्चित मार्ग या लीक। क्रि० स० १. नाली बनाना या नाली बनना; २. खांचा बनाना; ३. नक्काशी करना। **groovy** वि० नालीदार, झरीदार, संधिदार लीकदार। **grooviness** सं० नालियों का होना या (किसी वस्तु का) नालीदार होना. संधि युक्त होना।

grope (gröp) [A.-S. *grāpian* (cogn. with *gripan*, to GRIPE)] क्रि० अ० टोहना, टटोलना, खोजना, अंधेरे में महसूस करना (for, after के साथ या इसके बिना भी), टो-टो कर चलना या अंधे की तरह खोजना, हाथ पाँव मारना, (आ० और ल०)। ~**one's way** रास्ता टटोलना, टो-टो कर रास्ता चलना, रास्ते पर जाँचते हुए चलना या आडम्बाइश करते हुए बढ़ना। **propingly** क्रि० वि० टटोल कर, टो-टो कर, टटोलते हुए।

grosbeak, gross-beak (grōs' bēk) [F. *grosbec* (GROSS, BEAK')] सं० ग्रोसबीक, कठोर चंचु, स्थूल चंचु, एक जाति का पक्षी जिसकी चोंच कड़ी और बड़ी होती है।

Groschen (grō' shĕn) सं० ग्राशन, जर्मनी का एक अप्रचलित चाँदी का छोटा सिक्का।

gros de Naples सं० एक प्रकार का मोटा रेशमी कपड़ा।

gross (grōs) [O.F. *gros* fem. *grosse*, late L. *grossus*, thick, etym. doubtful] वि० १. अत्यधिक, प्रचुर, परिपूर्ण, बहुत भरा हुआ; २. बहुत, बड़ा भारी, फूला हुआ, स्थूल, मोटा, ३. साफ-उबड़ा, खुला हुआ; ४ कुल, सकल* (इ० २, प्र०, वि० १ भी), तमाम, पूरा, अशेष, समस्त; ५. गफ, घना, गठा हुआ; ६. अवायव्य, पारदर्शक, स्पष्ट, ७. (अक्ष के संबंध में) मोटा, गदा, गलीज, त्याज्य; ८. (इन्द्रिय ज्ञान आदि) मरत; ९. गँवार, अपरिष्कृत, अशिष्ट, अल्हीलड़, असभ्य, बेहूदा, भोंडा। म० गम्ब* (वि० १ भी), बारह दर्जन। ~**feeder** मोटा अन्न खाने वाला। **in the** ~ बिना विस्तार के या साराश के या सामान्य रूप में। **grossly** क्रि० वि० १ परिपूर्णता से, प्रचुरता में; २. फूले हुए रूप में, स्थूल रूप में; ३. खुले रूप में; ४. समस्त रूप में; ५. ठोस रूप में; ६. अवायव्य, अपारदर्शक अथवा स्पष्ट रूप से; ७. गदे ढंग से; ८. त्याज्य रूप में, ९. सस्ती के साथ, १०. गँवारपन से, अशिष्टतापूर्वक। **grossness** सं० १. प्रचुरता, २. स्थूलता; ३. खुलापन; ४. समस्तता; ५. घनापन; ६. अवायव्यता, अपारदर्शकत्व, स्पष्टता; ७. गंदगी; ८. मोटापन, ९. आचरण-दक्षता, गँवारपन, अल्हीलता।

grot (grot) [F. *grotte*, GROTTO] म० (काव्य०) सुरम्य गुहा या कदरा।

grotesque (gro tesk') [O.F., from] It. *grottesca*, antique work (GROTTO, -ESQUE)] सं० १ सुसज्जित चित्रकला या वास्तुकला जिसमें पत्तों के गुच्छों के साथ मनुष्यों और पशुओं के मिले-जुले रूप ऊटपटाँग ढंग से अंकित होते है; २. (प्रत्व०) हास्यास्पद रूप से विहृत आकृति या शैली; डिज़ाइन; वि० (वास्तु०) उपर्यक्त मनुष्यों और पशुओं के मिले-जुले रूपवाली शैली में; २. बेमेल, बेढंगा, भद्दा, विकृत, भोंडा; ३. बेतुका, ऊटपटाग, असगत, अजीब, असंगत होने के कारण हास्यजनक, वाहियात, भ्रष्ट। **grotesquely** क्रि० वि० हास्यास्पद तथा विकृत रूप में असंगतिपूर्वक, अद्भुत रूप में या भ्रष्टतापूर्वक। **grotesqueness, grotesquerie** सं० १. असगति; २. विकृति, भद्दापन; ३. भ्रष्टता।

grotto (grot' ō) [It. *grotta*, late L. *crupta*, L. *crypta*, Gr. *kruptē*, CRYPT] सं० (बहु० **-oes-cs**) १. चित्रमय कदरा, सुरम्य गुहा, गुफा; २. मानवकृत सुसज्जित गुहा, कक्ष आदि जो कंदरा के अनुकरण में घोंघों के बाह्यावरण आदि से भूषित कर एकान्त स्थल में बनाया जाय। **the**~ घोंघा मारने पर लगी हुई रोक की अवधि समाप्त होने के अवसर पर ५ अगस्त को लंदन के आवारा बच्चों द्वारा मनाया जानेवाला समारोह। **grottoed** वि० सुरम्य गुहा के समान बनाया हुआ सज्जित कर्सावाला।

grouch (grouch) क्रि० अ० १. (अमरीकी प्रयोग, बोल०) भुनभुन करना, बड़बड़ाना; २. शिकायत करना, मीन-मेख निकालना। सं० १. असंतुष्ट व्यक्ति, अतृप्त व्यक्ति; २. अंत.करण, उद्वेग, आंतरिक क्षोभ का आक्रमण।

ground[1] (ground) [A.-S. *grund* (cp. Dut. *grond*, G. *grund*)] सं० १. समुद्र का तल (अब प्रधानतः ल० अर्थों में प्रयुक्त); २. (बहुव०) तलछट, उच्चिष्ट (विशे० कॉफी का); ३. (विद्युत) दे० EARTH[1]. ४. कारण, वजह, बुनियाद, जड़, आधार* (विधि भी); नींव, अभिप्राय, न्यायसंगत या युक्तिसंगत कारण (जैसे on public grounds); ५. नीचे की तह, निम्नतर स्तर, निम्नस्थित भाग, बेलबूटे के काम, चित्र आदि में वह तल जिसपर रूप-रेखा बनाई गई हो, असंज्जित भाग, प्रचलित रंग या लहजा; ६. (अम्ललेखन) धातु पर बिखराया हुआ मिश्रण जो उस स्थान विशेष पर सुई से काटा जाता है जहाँ अम्ल को अपना असर पैदा करना रहता है; ७. स्थल* (वि० १ भी), जमीन, धरती, भूमि* (आ०, वि० १ भी), परातल, मैदान, मिट्टी, भू* भूपट्ट* (इ० २ भी); ८. (बहुव०) मकान से घिरी हुई जमीन का हिस्सा जो सजावट (खूबसूरती) या मनबहलाव के लिए हो; ९. जमीन पर की स्थिति, क्षेत्र या दूरी (जैसे covers much ~); १०. किसी खास किस्म का अहाता या किसी विशेष प्रयोग में आनेवाला क्षेत्र (fishing-grounds; cricket-grounds); ११. भूमि पर किसी की सम्पत्ति या जायदाद; १२. (क्रिकेट) ४ फीट लंबी उस रेखा के पीछे की जमीन जो विकेट के सामने और समानांतर होती है और बल्लेबाज को जिसके पीछे अनिवार्य रूप से खड़ा होना चाहिए (in, out of. his ~); १३. कल्व से संबद्ध वेतनभोगी खिलाड़ी वर्ग; १४. (पक्षियों के नामों में) स्थल-संबंधी, (पशुओं के संबंध में) बिल खोदकर या भूमि पर पड़े रहनेवाले, (पौधों के संबंध में) छोटे-छोटे या भूमि पर उग कर फैलनेवाले। क्रि० स० और अ० १. बुनियाद या नींव रखना, कायम होना, टिकना, जमना, जमाना किसी तथ्य या प्रमाण के आधार पर, (संस्था, सिद्धांत, आस्था) स्थापित करना या प्रतिष्ठापित करना; ३. (मूल सिद्धांतों की) पूर्ण शिक्षा देना; ४. कसीदा, शिल्प आदि की जमीन तैयार करना. ५. भूमि पर रख देना (विशे० शस्त्र); ६. (विद्युत) पृथ्वी से संबाहक (कडक्टर) के रूप में संबद्ध करना; ७. भूमि पर आना, उतरना; ८. किनारे की ओर दौडना, तट पर लगना; ९.(वायुयान या वायुयान-चालक को) उड़ने से रोकना या उड़ने न देना; १०. भू-संपर्कन,* भू-पट्ट संपर्कन* (इ० २ भी)। **above** ~ जीवित, जीवंत। **classical** ~ ऐतिहासिक स्थल या ऐतिहासिक महत्त्व की भूमि। **cover much** ~ पूछताछ, विवरण आदि में काफी दूर तक पहुँच जाना। **cut the** ~ **from, under one's feet** किसी के तर्कों और योजनाओं को पहले से ही ताड़ जाना और उसे व्यर्थ कर देना। **down to the** ~ (बोल०) इस नरह से, सब विधि से, सपूर्णत। **fall to the** ~ विजित हो जाना, असफल हो जाना, (आशा या योजना का) नाकाम होना, मिट्टी में मिल जाना। **gain** ~ आगे बढ़ना, अग्रसर होना, बढ़ना, उन्नति करना, जड़ पकड़ना, चल पड़ना, फैलना, जीतना। **give, lose** ~ पीछे हटना, अवनति की ओर जाना, हारना, परास्त होना, नाकाम होना, साख उठना, साख खोना, असर खोना, प्रभाव घटना। **on the** ~ **of** आधार पर, बिना पर, के कारण। **stand, shift one's** ~ अपने तर्क या मंतव्य पर दृढ़ रहना या उसे बदल देना। **take** ~ जहाज का तल से जा टकराना, तट पर जा चढ़ना।

~touch ~ अनिश्चित तथा व्यर्थ की बातों के पश्चात् तथ्य या किसी ठोस बात पर आना। **~ash** ऐश नामक एक छोटा वृक्ष, इसकी छड़ी। **~bait** सं० मछली को आकर्षित करने के लिए बहुत नीचे फेंका हुआ चारा। कि० स० मछली को आकर्षित करने के लिए बहुत नीचे चारा फेंकना। **~bass** गायन में सबसे नीचा सुर जो ऊँचे सुर के साथ बार-बार दुहराया जाता है। **~box** छोटे मंडूकले जिनसे बाग की क्यारी की मेंड़ बनाई जाती है दे० BOX[1] भी। **~colour** रंग या रोगन की तह या अस्तर, प्रचलित रंग का अस्तर जिस पर चित्र या डिज़ाइन बनाये जाते है। **~fish** तल मे रहनेवाली मछली। **~fishing** तल के निकट चारा डालकर मछली पकड़ना। **~floor** तल-कोठ, कमरे जो बाहर की भूमि के समान तल पर हो, नीचे की मंजिल के कक्ष आदि, प्रथम तल* (इ० भी)। **~game** बर्नल खरगोश आदि जिनका शिकार किया जाता है। **~gudgeon** नदी मे रहने वाली मछली की एक जाति। **~hog** एक प्रकार की अमरीकी गिलहरी। **~ice** जल के तल की बर्फ़, जलतल-हिम, तितल-हिम। **~ivy** एक प्रकार की लता जिसके फूल नीलाभ-बैंगनी रंग के और पत्तियाँ मृत्राशय के रूप की होती है, भू आइ ही*(वि० १ भी)। **~landlord** मकान बनाने के लिए पट्टेदारी पर ली हुई ज़मीन का मालिक। **~man** क्रिकेट के मैदान की देखभाल करनेवाला। **~note** आधारभूत स्वर जिसमे सार्वस्वर समिश्रण बने। **~nut** मूँगफली*(कृ० भी) pea-nut और monkey nut के स्थान पर आजकल इसी का प्रयोग होता है। **~pine** १. एक प्रकार की झाड़ी जिसमे राल की-सी सुगंध आती है; २ एक प्रकार की काई। **~plan** १. किसी इमारत का नक्शा या रूप-रेखा; २. किसी वस्तु की रूपरेखा या सामान्य ढाँचा; ३ (इ० ३) प्रथम तल अनुविशेष*, प्रथम तलउठान*। **~rent** इमारत बनाने के लिए ली हुई भूमि की भूमि के मालिक को दिया हुआ किराया। **~sea** बिना किसी विशेष कारण के अर्णात समुद्र। **~speed** (वै०) वायुयान की भूमि-आपेक्षिक गति(तुल० AIR[1] speed)। **~staff** हवाई अड्डे के वे कर्मचारी जिनका उड्डयन से सबंध नही होता। **~swell** दूरवर्ती या बीते हुए झंझावात अथवा भूकंप के कारण क्षुब्ध समुद्र। **~torpedo** समुद्र के तल पर लगाई हुई तारपीडो। **~work** बुनियाद, नीव या आधार (प्राय: ल०), प्रधान उपकरण या मसाला, किसी वस्तु का सामान्य तल जिससे यह पता चले कि यहाँ नक्काशी अथवा अन्य कोई सज्जा अभी नही हुई है। **groundedly** कि० वि० किसी तथ्य या प्रमाण के आधार पर, (सत्या, सिद्धात या आस्था) स्थापित करने के ढग से या स्थापित करने की दृष्टि से। **grounding** सं० १. मूल-सिद्धातों की पूर्ण शिक्षा, २. (क्रीदा-शिल्प इत्यादि की) पीठिका; ३ किसी तथ्य या अधिकारिकता के आधार पर (सिद्धांत, सत्या या आस्था की स्थापना); ४.(वायुयान अथवा वायुयान-चालक के) उड़ान की समाप्ति; ५. तट पर आगमन; ६ पृथ्वी से सवाहक की भाँति सबधन।

ground[2] (ground) [P.P. of GRIND] Gind का भू० कृ०। **~glass** दबाकर या रगड़ कर अपारदर्शक बनाया हुआ शीशा, घर्षित काँच, घिसा हुआ काँच।

groundage (groun' dāj) सं० बदरगाह मे जहाज के ठहरने का शुल्क, समुद्र के किनारे पर लगे हुए या बन्दर पर ठहरनेवाले जहाज पर लगनेवाली चुंगी।

groundless (ground' les) वि० बेबुनियाद, आधारहीन, युक्तिसगत तर्क हीनता। **groundlessly** कि० वि० बेबुनियादी ढग से, आधारहीनता के फलस्वरूप, आधारहीनता से। **groundlessness** सं० आधारहीनता, युक्तिसंगत तर्कहीनता।

groundling (ground' ling) सं० १. पानी के तल मे रहनेवाली मछलियो की जातियाँ, लगाएँ, ज़मीन पर फैलने वाले या छोटे-छोटे पौधे; २. सस्ती या निम्न रुचि का दर्शक या पाठक; ३. साधारण जन, मामूली आदमी, निचले दर्जे के लोग, निचले स्तर के तमाशाई।

groundsel (ground' sēl) [A.-S. *gund-* or *grundesswlige* (perh. *gund*, pus, *swylige*, from *swelgan*, to SWALLOW, lit. pus-swallower, from use in poultices)] सं० ग्राउंड सेल, घासो की किस्में या जातियाँ, जिनमें से सबसे अधिक प्रसिद्ध किस्म की पालतू पक्षियों को खिलाई जाती है।

groundy (groun' di) वि० (काफी आदि की) तलछट का या नीचे जमे हुए गाद सबधी।

group (groop) [F. *groupe*, It. *groppo*, prob. from Teut. cp. CROP)]सं० १ (ललित कला)दो या दो से अधिक आकृतियो या पदार्थों की एक संपूर्ण डिज़ाइन या सपूर्ण का विशिष्ट भाग; २. पास-पास खड़े व्यक्तियो या इकट्ठा की हुई चीजो का समूह, जत्था, जमात, मंडली, समुदाय, टोली*(मा० २ भी), झुड, गिरोह, गच्छा, भीड़; ३ एक ही वर्ग की या आपस मे सबंध रखनेवाली वस्तुओ अथवा व्यक्तियो का समुदाय (राज० मे, सपूर्ण दल से छोटी इकाई के लिए प्रयुक्त और विशे० विधान-सभाओ मे जहाँ दो विभिन्न दलीय प्रतिनिधियों के चने जाने का नियम न हो), ४. वैज्ञानिक वर्गीकरण मे, वर्ग के बाहर का शब्द-समूह; ५. वर्ग,* समूह*(आ०इ०३, कृ०, मा०२, ३, वि०१ भी), गण*(आ०भी), गुट*, यूथ*. दल*(मा० १ भी), ग्रुप*(इ० ३ भी), जमात, थेगी, दर्जा, किस्म। कि० स० और अ० समूह बन ना, एक वर्ग मे रखना, वर्ग मे रखना, एकत्रित करना या होना; २. (रग. आकृतियो आदि की) सुव्यवस्थित और क्रमयुक्त समष्टि करना. ३. वर्गीकरण करना या वर्ग विभाजन करना; ४ वर्गों मे बाटना, टुकड़ियों या दलो मे बाँटना, दर्जाबदी करना, इकट्ठा करना या होना, जत्था बाँधना। **Group Captain** वायुसेना का पदाधिकारी, दे० AIR[1]. **groupage** सं० एकत्रीकरण, वर्गीकरण, जातिगत विभाजन, समूहीकरण।

Grouper[1] सं० अमेरिकी मछली वृप का मदस्य।

grouper[2] (groo'per) [Port. *garupa*. perh. from S. American word] सं० मूपर, पश्चिमी द्वीप-समूह और आस्ट्रेलिया मे पाई जानेवाली मछलियों की जातियाँ।

grouse[1] (grous) [etym doubtful] सं० (बहुव० grouse) १. रोयेदार टाँगोवाला मर्स जातीय पक्षी, २. बजर भूमि का मर्ग या शिकार अथवा रोयेदार टाँगोवाला एक लाल रग का पक्षी, ब्रिटिश द्वीप समूहो का हल्के लाल रग का शिकारी पक्षी, ३. इसका गोश्त। **black ~** दे० BLACK[1] game। **white ~** शीतकाल मे पाया जानेवाला श्वेत पक्षी मर्ग या कुकल अथवा गर्मियो मे पाया जानेवाला काले या स्लेटी रग के पखोवाला मर्ग। **wood or great ~** स्काटलैंड आदि देशो मे पाया जानेवाला सबसे बड़ी नस्ल का एक पक्षी।

grouse[2] (grous) [cp. GRUDGE] कि० अ० (ग्रा०) भुनभुनाना, बड़बड़ाना, शिकायत करना, शिकवा करना। स० भुनभुनाहट, बड़बड़ाहट, शिकायत, असतोष, शिकवा।

grout[1] (grout) [A.-S. *grūt*, cogn with GRIT] सं० १. पतली गच, पतला मसाला; २. दरार, छिद्र या संधि को भरने के लिए पतला मसाला, सीमेंट का घोल, अभिपूरण घोल*, ग्राउट*(इ० ३ भी)। कि० स० गच करना, पतले गारा या सीमेंट की घोल भर कर बंद करना (दरार, छिद्र, संधि आदि)।

grout[2] (grout) [perh. conn. with prec., or from ROOT] कि० अ० और स० (मूअरो का) भूमि खोदना, थूथन से (भूमि इत्यादि) उलटना, खोदना।

grove (grōv) [A-S. *grāf*, etym. unknown] सं० कुंज, उपवन, वृक्षों का गोल या झुड (इ० मे)। **groved** वि० झाड़दार, कुजयुक्त।

~less वि० कुंजविहीन। **grovy** वि० झाड़दार, कुंजयुक्त, कुंज का।

grovel (grov' el) [erron. formed from obs. adv. *grovelling* (obs. *groof* in *on groof* or *grufe*, face downwards, *fcel ägrüfu*, -LING²] क्रि० अ० १. सिर के बल या पेट के बल लेटना, रेंगना (प्रायः गर्व में या गंदगी में); २. अपने आपको गिराना या जलील करना, गिड़गिड़ाना, दीन होना। (वर्तमान कृ०) हीन, घृणित, नीच, नत। **groveller** सं० अपनी हीनता दिखलानेवाला, सिर के बल रेंगनेवाला। **grovellingly** क्रि० वि० नीचतापूर्वक, हीनता के साथ, घृणित ढंग से।

grow (ग्रो) [A.-S. *grôwan* (cp. Dut. *groeijen*, Icel. *gróa*), cogn. with GRASS, GREEN] क्रि० अ० और स० (भू० grew, भू० कृ० grown) १. जीवित पौधे की भाँति पनपना, विकसित होना अथवा कायम रहना (हँसी में प्राणहीन वस्तुओं इत्यादि का भी जो किसी जगह पर मिलें); २. उगना, उपजना, अंकुरित होना, फूटना, उद्भूत होना, उठना; ३. आकार, ऊँचाई, परिमाण, अंश, शक्ति इत्यादि में बढ़ना; ४. अहिस्ता-आहिस्ता या क्रमशः हो जाना(~ rich), ५. मिट्टी से निकलना, बढ़ा होना, पूरे आकार का हो जाना; ६. (तौर-तरीकों का) उठना, उन्नत होना, प्रचलित होना, ७ खेती में उत्पन्न करना, उगाना (दाढ़ी इत्यादि), ८. (कर्मवाच्य) किसी हरियाली से ढँक जाना (प्रायः up या over के साथ)। **habit, person, picture, etc. grows on one** (आदत का) किसी पर अधिक हावी हो जाना, (व्यक्ति का) किसी पर अधिक छा जाना, (रंग का) किसी पर चढ़ना या किसी से ज्यादा पसन्द किया जाना। **~downward** घट जाना, ह्रास होना। **~i into one, together etc.** शामिल या सम्मिलित होना, एकीभूत होना, मिल जाना, जड़ना, टकट्टा होना। **~up** पकना, बड़ा होना, वयस्कता या परिपक्वता की ओर अग्रसर होना। **growable** वि० १. खेती से उत्पन्न होनेवाला, २. उगनेवाली दाढ़ी। **grower** सं० १ अपनी निर्दिष्ट रीति से उगनेवाला पौधा (fast, free, etc. ~); २ उत्पादक, उगानेवाला, किसान, कृषक (प्रायः समास में, जैसे fruit ~)। **growing pains** बाल व्याधि, नवयुवकों के अंग-प्रत्यय में होनेवाला स्नायु-विकलन। **grow-a-up** वि० और स० सयाना, बड़ा, बालिग, वयस्क।

growl (ग्रौल) [prob. onomat.] क्रि० अ० और स० १. गुर्राना, कुड़कुड़ाना, घरघराना, २. क्रोध में बड़बड़ाना, ३. गुर्राहट के साथ भर भराना या बोलना, शिकायत करना, ४ गुर्राहट के साथ बोलना (out के साथ प्रयत्न)। **growler** सं० १. growl के किंयागत अर्थों में; २ बग्घी, चौपहिया गाड़ी. ३ मछली की एक जाति-विशेष, ४. समुद्र में तैरती हुई बर्फ की छोटी चट्टान, ५. (अमरीकी प्रा०) बियर का मटका या सुराही। **growlery** सं० १. गुर्राहट, २ गुर्राने का स्थान; ३. व्यक्तिगत या निजी कक्ष, आश्रम, वानप्रस्थ [तुल० BOUDOIR]। **growlingly** क्रि० वि० गुर्राते हुए, परपराते हुए, गड़गड़ाते हुए, कटकराते हुए।

grown grow का भू० कृ० रूप। **~man etc.** परिपक्व या प्रौढ़ व्यक्ति इत्यादि।

growth (ग्रोथ) सं० १ उत्पत्ति, प्रस्फुटन, वृद्धि* (प्रा०, कृ०, मा० ३, वि० १ भी), विकास, उन्नति, तर की, बढ़ती; २. जनाई, बुवाई, कृषि; ३. उपज, फल, पैदावार या फसल जो उग रही हो या उगाई जा चुकी हो, ४. (चिकि०) विकृत उठान या रचना, ५. झाड़ी, झाड़-झंखाड़। **full ~** पूरी बढ़ोती, पूरा विकास, सम्पूर्ण वृद्धि। **of foreign ~** विदेश में उत्पन्न, विदेशी नस्ल का।

groyne (groin) [etym. doubtful, perh. from GROIN²; but cp. F. *groin*, snout, from *grogner*, L. *grunnire*, to grunt] सं० १. समुद्र-तट को लहरों के कटाव से बचाने के लिए बनी लकड़ी की कम ऊँची चौड़ी दीवार अथवा बाँध, जो समुद्र के पानी को घुस आने से रोकती है; २. (आ०, ई० ३, वि० १) गोडन*, पुलिन रोध*, भुजारोध। क्रि० स० समुद्र-तट पर उपर्युक्त प्रकार का बाँध बाँधना।

grub (ग्रब) [prob. cogn. with A.-S. *grafan*, to GRAVE¹] क्रि० अ० और स० १. ऊपर-ऊपर या छिछले तौर पर खोदना; २. जड़े आदि खोद कर उनसे (भूमि को) मुक्त करना, (जड़े इत्यादि) साफ़ करना (प्राय. up के साथ प्रयत्न); ३. खोद कर (up या out के साथ प्रयुक्त) बाहर निकालना; ४. (आ०,) पुस्तकों आदि में, ढूँढ निकालना, ५. खोजना, उद्घाटित करना। क्रि० अ० १. परिश्रम में काम करना, जी तोड़ मेहनत करना (on, along, away के साथ प्रयुक्त); २. (आ०) खिलाना, ठेके पर खाना खानेवाले को भोजन देना। सं० १. लारवा, सूंडी, कीटडिंभ, झाझा, घुन, कीड़ा-मकोड़ा, कृमि बीज; २. निम्नकोटि का काम करनेवाला मजदूर, सेवक, ३. बेतनभोगी साहित्यिक लेखक या किराए का टट्टू, फूहड़ या बेढंगा आदमी, छैला या छोटे दिमाग का आदमी; ४. क्रिकेट में बल्लेबाज की ओर जमीन पर फेंक कर लुढ़काई हुए गेंद; ५. (आ०) भोजन, चारा-दाना; ६. (कू०) ग्रब*। **~axe, -hoe, hook** [GRUBBING] वृक्षों के ठेठ, जड़े आदि उखाड़ने की कुल्हाड़ी, खुरपी, कुदाल या अन्य उपकरण। **~stake** (आ०) लाभ के बदले में (लिनिज-अनुसंधान करने के लिए) आवश्यक सामान आदि या अन्य व्यवस्था करना (उसके कार्य से होनेवाले लाभ के बदले)। सं० इस प्रकार प्रबंध किए गए सामान या उपयोगी वस्तुएँ। **grubber** सं० १. ऊपर ही ऊपर खोदनेवाला, खनिनिका* प्रबरण* (कृ०भी); २. (भूमि से) जड़े आदि निकालने वाला; ३. खोद कर बाहर निकालनेवाला, ४. खोजनेवाला, ५ जी तोड़ मेहनत करनेवाला; ६. (प्रा०) लिखनेवाला; ७. (आ०) पुस्तक आदि ढूँढ निकालनेवाला। **grubby** वि० १. कृमि या कीट का, कृमि या कीट से भरा हुआ, २. मैला, ऊलज कृत। **grubbiness** सं० १. कीटयुक्तता; २. गंदगी, मैलापन, ऊलजकृतपन।

Grub Street (ग्रब स्ट्रीट) [a street (now Milton Street, near Moorfields, London, once much inhebited by literary hacks] सं० श्रमजीवी लेखकों और साहित्यिकों के कबीले, उनका निवास स्थान। वि० श्रमजीवी लेखकों और साहित्यिकों का [लंदन का एक मुहल्ला जिसका नाम अब मिल्टन स्ट्रीट है। १७ वीं शताब्दी में वहाँ श्रमजीवी लेखक आदि रहते थे]।

grudge (ग्रज) [M. E. *grutchen*, O.F. *grouchier* (low L *grunitare*) etym doubtful] क्रि० स० अनिच्छा से देना, न देना चाहना (thing, person thing, thing to person) या न करना चाहना, (वर्तमान कृ०) अनिच्छुक, बैर रखना, डाह रखना, जलना, कुढ़ना, शिकायत करना। सं० विद्वेष, दुर्भाव, (have a ~against, bear, owe one a ~) बैर, द्रोह, जलन, डाह, शिकायत। **grudging'y** क्रि० वि० अनिच्छा से, विद्वेषपूर्वक।

gruel (grool' el) [O. F., from late L. *guitellum*, dim. of *gûtum*, from Teut. (cp. O. L G and A.-S. *grût*, GROATS)] सं० १. दलिया* (कृ०भी), दूध या पानी में उबाला हुआ तरल खाद्य पदार्थ, विशेष बीमार के लिए जई का आटा पानी में, उबाल कर तैयार किया हुआ तरल पदार्थ, लपसी; २. कजी*, बिलेपी*। क्रि० स० (प्रा०) कठिन दंड पाना, बुरी तरह हारना या मार खाना। **give one his ~** दंड देना, बुरी तरह हराना या मार डालना। **have,**

get one's~ देखित होना, बुरी तरह हारना या मार डाला जाना। **grueling** सं॰ १. कटोर वर्ताव, कठिन दंड; २. गहरी पराजय; ३. हत्या।

gruesome (groo' sŭm) [GRUE, -SOME] वि॰ घोर, भीषण, भयानक, भयंकर, दारुण, वीभत्स, लोमहर्षक, डरावना, घृण्य, अरुचिकर। **gruesomely** क्रि॰ वि॰ लोमहर्षक ढंग से, भीषण रूप से, घृणाजनक रूप से, अरुचिजनक रूप से। **gruesomeness** सं॰ भयानकता, डरावनापन, घृणास्पदता, अरुचिजनकता।

gruff (grŭf) [cp. Dut. *grof*, F. *grot*] वि॰ रूखा, रूक्ष, संक्षिप्त, असभ्य, रूखे आचरणवाला, कर्कश, कटुभाषी। **gruffish** वि॰ कर्कश-सा, रूखा-सा, संक्षिप्त-सा, कुछ-कुछ रूक्षपन वाला। **gruffly** क्रि॰ वि॰ रूक्षपन या रूक्षता के साथ, संक्षिप्त रूप से या दो टूक, रूखे आचरण के द्वारा या असभ्यतापूर्वक, कर्कशता से। **gruffness** सं॰ व्यवहार का रूक्षापन, संक्षिप्तता, असभ्यता, वाणी की रूक्षता या कर्कशता।

grumble (grŭm' bel)[history doubtful (cp. F. *grommeler*, Dut. *grommelen*, freq. of *grommen*, and G. *grummeln*)] क्रि॰ अ॰ और स॰ १. बड़बड़ाना,अस्पष्ट अरुचिकर आवाज में बुदबुदाना, भुनभुनाना, क्रोध में धीरे-धीरे बड़बड़ाना, २. घरघराना, गड़गड़ाना, असंतोष प्रकट करना, शिकायत करना (at, about, over के साथ प्रयुक्त); ३. शिकायत करते हुए बोलना (प्रायः out के साथ)। **grumbler** सं॰ १. भुनभुनानेवाला, घरघराने या गड़गड़ानेवाला; २. शिकायत करनेवाला। **grumblingly** क्रि॰ वि॰ १. भुनभुनाते हुए; २. घरघराते या गड़गड़ाते हुए, शिकायत करते हुए।

grume (groom [O.F., from late L. *grūmus*, a small heap] सं॰ १. (चिकि॰) १. लहू का पिंड, लोंदा या थक्का. २. गाढ़ा द्रव। **grumous** (groo'mŭs) वि॰ गाढ़ा, थक्केदार।

grummet (grŭm' et) [O. F. gromette (F. *gourmette*), a curb, from *gourmer*, to curb, etym. unknown] सं॰ (नौ॰ वि॰) बेंटी हुई या ऐंठी हुई रस्सी का वह गोला जो (नौका में) डाँड़ अटकाने की कील इत्यादि में पड़ कर बचन का काम देता है।

grumpy (grum' pi) [obs. n. *grumph* (imit., cp. GRUNT) -y] वि॰ चिड़चिड़ा, बुरे मिजाज का, रूखा, अशिष्ट। **grumpily** क्रि॰ वि॰ चिड़चिड़ेपन में, बदमिजाजी से, रूक्षपन के साथ। **grumpiness** सं॰ चिड़चिड़ापन, बदमिजाजी, रूक्षापन।

Grundyism (grŭn'di izm) [Mrs. *Grundy*, a character in Morton's 'Speed the Plough' (1798), adopted as the type of conventional respectability] सं॰ परंपरागत या प्रथानुसार औचित्य, रीति या प्रथा के अनुसार स्त्रियों का कृत्रिम लज्जा का आचरण।

grunt (grŭnt) [A. -S. *grunnettan*, freq. of *grunan* (cp. Dan. *grynte*, G. *grunzen*, also L *grunnire*)] क्रि॰ अ॰, स॰ और सं॰ १. गुर्राना, घुरघुराना, भुनभुनाना, बड़बड़ाना, डकारना, सूअर के गले से निकलनेवाली जैसी धीमी कर्कश आवाज (पैदा करना); २. इस प्रकार की आवाज से असंतोष, मतभेद, आदि की अभिव्यक्ति (करना); ३. इस प्रकार की ध्वनि के साथ बोलना (प्रायः out के साथ प्रयुक्त), ४. (आ॰) ग्रन्ट*। **grunter** सं॰ (क्रियागत अर्थों में) १. (विशे॰) सूअर; २. मछलियों की जातियां।

gruntingly क्रि॰ वि॰ १. सूअर की तरह घुरघुराते हुए, गले से धीमी आवाज पैदा करते हुए, २. मतभेद, असंतोष, थकान आदि की अभिव्यक्ति करते हुए; ३. इस प्रकार की ध्वनि के साथ बोलते हुए।

gruyére (groo' yā) [town in Switzerland] सं॰ पूयर, स्विट्ज़रलैण्ड की गायों के दूध का पीला पनीर जिसमें बहुत से छिद्र होते हैं।

grysbok (griz' book) [Dut. *grijsbok* (*grijs*, GREY, BUCK)] सं॰ सिरुवांक, दक्षिणी अफ्रीका का भूरे रंग का छोटा भूरा हिरन।

guacharo (gwa' chá rō, gwa cha' rō) [Sp., from South Am. native] सं॰ चाचारो, दक्षिणी अमरीका का एक पक्षी जिससे तेल पैदा होता है।

guacho, GAUCHO का अशुद्ध रूप।

guaiac (gwī' ăk),सं॰ १. चिलपैक पश्चिमी द्वीपसमूह के वृक्षों और गुल्मों की प्रजातियाँ २. कुछ-कुछ भूरापन लिए हुए हरे रंग की लकड़ी जो उपर्युक्त श्रेणी की दो प्रजातियों से निकाली जाती है और औषधि में प्रयुक्त होती है; ३. ऐसे वृक्षों या गुल्मों से निकली हुई राल, ऐसी राल से बनाई हुई औषधि।

guan (gwan) [native name] सं॰ ग्वान, दक्षिणी अमरीका का पालतू मुर्गी की जाति का शोर मचानेवाला बृहदाकार पक्षी-विशेष।

guana (gwa' nā) सं॰ ग्वाना, बड़े आकार की छिपकली।

guanaco (gwā na' kō) [South Am. native *huanaco*] सं॰ ग्वानाको, ऊँट की जाति का किंतु उससे छोटा, बिना कूबड़ की पीठ का, जंगली जानवर जिसके बाल कुछ लम्बाई लिए हुए भूरे रंग के होते हैं।

guano (gwa' nō) [Sp., from Quichua *huanu*, dung] सं॰ (बहुव॰ **-os**) १. ग्वानो* (कृ॰, वि॰ १ भी), विशे॰ पेरू के निकटवर्ती द्वीपसमूहों में पाए जानेवाले एक समुद्री पक्षी की बीट जो खाद के काम आती है; २. कृत्रिम खाद, विशे॰ मछलियों से बनाई जानेवाली। क्रि॰ स॰ उपर्युक्त दोनों प्रकार की खादों से उपजाऊ बनाना।

guarantee (găr ăn tē') [GUARANTY (perh. the orig sense, one who guarantees, from Sp. *garante*, WARRANT)] सं॰ १. प्रतिभू, जामिन, जमानत देनेवाला, जमानती, जोखिम न होने का विश्वास दिलानेवाला या जमानत लेनेवाला व्यक्ति; २. हिस्सा, जिम्मेदारी, प्रतिभूति* (मा॰ १ भी), जमानत, जमाननामा, गारंटी* (प्र॰, मा॰ १ भी); ३. किसी वस्तु की अदायगी करने के बदले-स्वरूप दी हुई कोई वस्तु, ४. वह व्यक्ति जिसे जमानत दी जाय या जिसके पास रक्खा जाय (guarantor से परस्पर संबंधित, उपर्युक्त -ee के साथ दूसरा रूप)। क्रि॰ स॰ १. जामिन होना, जिम्मा लेना (संविदा आदि की) पूर्णतः पूर्ति के लिए (किसी वस्तु के) खरे या प्रामाणिक होने का अथवा स्थायित्व के निश्चय आदि का उत्तरदायी होना; २. वचन देना, जमानत देना, प्रत्याभूति देना, इस विषय की भविष्यवाणी करना कि अमुक घटना हुई है अथवा होनेवाली है; ३. किसी व्यक्ति का स्वामित्व का अधिकार देना; ४ (against या from के साथ) जोखिम आदि से निरापद करना अथवा सम्पत्ति आदि के रूप में (in के साथ) जमानत करना; ५. गारंटी देना। **guarantor** सं॰ १. प्रत्याभू, प्रतिभू, जमानत देनेवाला, जमानती, उत्तरदायी, जिम्मेदार, गारंटीकर्ता* (प्र॰ भी)।

guaranty (găr' an ti) [A.-F. *guarantie*, from O. F. *garantir*, to WARRANT] सं॰ गारंटी, जमानत, प्रत्याभूति, जमानत लेना, किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा भविष्य में प्रथम माँग पर विधानतः किए जानेवाले कर्ज के चुकाने अथवा ऋणदायित्व पत्र के पूरण का अपने ऊपर लिखित अथवा किसी अन्य रूप में उत्तरदायित्व लेना; २. जमानत ऋण आदि का प्रमाण-पत्र। क्रि॰ स॰ जिम्मा लेना या जामिन होना (विरल प्रयोग)।

guard (gard) [O.F. *garder*, from Teut., see GARD] सं॰ १. पटेबाजी, मुक्केबाजी आदि में आत्मरक्षा की मुद्रा (क्रिकेट में विकेट की रक्षा के लिए उथल बल्ले की स्थिति); २. चौकीदी, पहरे-

दारी, रखवाली, सतर्कता, सुरक्षा, जागृति की अवस्था; ३. रक्षक*, गार्ड* (इ० २, कु०, प्र० भी), संतरी, पहरेदार, प्रहरी, चौकीदार, रखवाला (विशे० डाक के जाने वाली गाड़ी या रेलगाड़ी का राजकीय रक्षक); ४. (बहुव०) गृह-सेना दल (Foot-guards, Horse-guards, Lifeguards और अर्ध विस्तार द्वारा Dragoon Guards मूलतः सात) की कुछ कर्नेल के अधीन रहनेवाली पल्टनें भी; ५. सैनिकों आदि का वह दल जो किसी स्थान या व्यक्ति विशेष की संरक्षा करे, गारद, अंगरक्षक दल, सशस्त्र रक्षक दल, सेना का पृथक् भाग आदि (advance, rear ~; ~ of honour); ६. आहत होने, क्षतिग्रस्त होने या दुर्घटना ग्रस्त होने से रोकने का उपाय, आविष्कार अथवा उद्भावित यंत्र (प्रायः समास में, जैसे fire, trigger ~), आरक्षित। क्रि० स० और अ० १. रक्षा करना, बचाना, पहरेदारी करना, रखवाली करना, चौकसी करना, निगरानी रखना, हिफ़ाज़त करना, द्वार का ध्यान रखना, जिससे आने-जाने पर नियंत्रण रहे, बचाव करना (from, against के साथ), स्पष्टीकरण या शर्त आदि द्वारा क्षति अथवा अपव्यवहार से बचाना; २. (चिकि०) संक्रोधक (ऑषधि) का प्रयोग करना (अन्य दवाओं के साथ), ३. (विचार, वाणी को) वश में रखना; ४. तलवार आदि चलाने में आत्मरक्षा की मुद्रा में हो जाना, आड में हो जाना, ५. सावधानी बरतना, ६ (बर्फ पर पत्थर चलाने के खेल में अथवा चौरस घास के तख्ते पर गेंद लुढ़काने के खेल में) प्रतिद्वन्द्वी तथा उसके पत्थर या गेंद के बीच अपना पत्थर या गेंद डाल कर उसके पत्थर या गेंद को रोकना. ७ (शतरंज) ज़ोर चढ़ाना, मोहरा बचाना। **keep ~, be on ~** चौकीदारी करना या पहरा देना, प्रहरी का काम करना। **mount relieve ~** (पहले the ~) पहरे पर आना, सन्तरी या प्रहरी का काम सभालना या उसके कार्य में लगना, पिछले प्रहरी का स्थान लेना या पहरा बदलना। **off one's ~** असावधान. बेखबर, बेसुध, ग़ाफ़िल, किसी आक्रमण, उत्तेजना अथवा अपने स्वयं के आवेग आदि के प्रति असावधान। **take, give ~** (बल्लेबाज का) क्रिकेट के खेल के मैदान में विकेट की रक्षा के लिए उद्यत बल्ले के उपयुक्त स्थान का निश्चय (निर्णायक से) कराना, (निर्णायक का) उपयुक्त सबध में निश्चय करना। **~boat** गश्ती किश्ती, पहरेदारी ठीक हो रही है या नहीं यह देखने के लिए बंदरगाह के जहाजी बेड़े का चक्कर लगानेवाली नौका, वह नौका भी जो गमनागमन नियम, व्यवस्था, प्रतिषेध इत्यादि की कार्यान्वित कराती है। **~book** रक्षि-पुस्तक, अधिक पृष्ठ, सामग्री आदि बढ़ाने के लिए पूर्व व्यवस्थित पुस्तक, (प्र०) रक्षक-पुस्तक*। **~chain** गाड़ी आदि में सुरक्षा के लिए लगी हुई जंजीर। **~house, -room, -tent** रक्षिकाष्ठ, वह घर, कमरा, तंबू अथवा कोई स्थान जिसमें सैन्य रक्षक दल ठहरे या जहां कैदियों की सुरक्षा का प्रबंध हो। **~rail** गिरने से बचने के लिए बनी हुई जंजीर या छड़ या हत्था आदि, (इ० ३) रक्षक पटरी*. रक्षकवरणी*। **~-ring** वह छल्ला जिसे अँगूठी आदि के आगे पहना जाता है ताकि अँगूठी गिर न जाय। **~-ship** पहरेदार जहाज. पहरे का जहाज, सरक्षक जलयान या युद्धपोत, वह जहाज जो बंदरगाह की रक्षा करता है और नाविकों की तब तक देखभाल करता है जब तक वे अपने जहाज पर न पहुँच जायँ। **guardsman** सरक्षक सैन्य दल के सैनिक, विशे० अंगरक्षकों का पदाधिकारी। **guarded language** नपे-तुले शब्द, मनर्क हो कर या सावधानी में बोलना। **guardedly** क्रि० वि० सुरक्षापूर्वक, चौकसी में, होशियारी से, सावधानी में। **guardedness** सं० सावधानी, सतर्कता, चौकसी, होशियारी, सुरक्षितता। **guardless** वि० १. बिना पहरे का; २. रक्षकहीन, अंगरक्षकहीन।

guardian (gar' di ăn) [O.F. *gardien*, from *garde*, as prec.] सं० १. रक्षक, अभिपालक, अभिभावक*। वली* (प्र० भी), सरक्षक* (विधि भी), परिपालक, संरक्षरस, रखवाला करेवाला; २. (विधि) अभिरक्षक* नियुक्त अथवा घोषित सरक्षक, अबोध, या क्षीण बुद्धि व्यक्ति या उसकी सम्पत्ति का उत्तरदायित्व लेनेवाला (तुल० ward); ३. फ्रांसिस्कन की ईसाई संन्यासिनियों के मठ की प्रधान। **~angel** व्यक्ति अथवा स्थान की रक्षा करनेवाली देवात्मा। **~of the poor** दरिद्रों (निर्धनों) के संरक्षक, पादरी के हलके में अथवा जिले में पूर्वकाल में सरकारी क़ानून से दरिद्रपोषण व्यवस्था करनेवाला पदाधिकारी विशेष। **guardianship** सं० १. संरक्षक का पद, वैधानिक संरक्षक; २ रक्षकत्व, अभिभावकत्व, संरक्षण, प्रतिपालकत्व; ३. अभिभावकता*। संरक्षता* (मा० ३ भी)।

guava (gwa' vă) [Sp. *guayaba*, from native name] सं० अमरूद* (कु० भी), जामफल (पेड़ या फल), बिही।

guayule सं० स्थायुल, मेक्सिको का एक पौधा जिसके रस से रबर जैसा पदार्थ बनता है।

gubernation (gū bĕr nā' shŭn) [F., from L. *gubernātio -ōnem*. from *gubernāre*, to steer, to GOVERN] सं० शासन, नियत्रण, संचालन। **gubernatorial** वि० राज्यपाल का, राज्यपालकीय, गवर्नर संबंधी, गवर्नर या गवर्नरी का।

gudgeon[1] (gŭj' ŏn) [F. *goujon*, L. *gōbiōnem*. nom. *gōbio*, GOBY] सं० १. गजोन, मीठे पानी की छोटी मछली जो चारे के काम आती है; २. भोला या जल्दी बातों में आ जानेवाला व्यक्ति।

gudgeon[2] (gŭj' ŏn) [O. F. *gougeon*, perh. as prec.] सं० १. गजोन, कीली, मानी, धुरा, २. कूंडा, कड़ा, घर; ३. पत्थर के दो टुकड़ों को जोड़नेवाली लोहे की कीली। **~-pin** पिस्टन अथवा चकली के दंड को संयोजक दंड से जोड़ने की कील।

Guebre (gĕ'-, gā' ber) [F. *guèbre*, from Pers. *gabr*] सं० जरथुस्त्री, ज़ोरोआष्ट्र का अनुयायी, जरथुस्त्र धर्म का अनुयायी, अग्निपूजक, पारसी।

guelder rose (gel' dĕr rōz) [*Guelders*, town in Prussia, or *Gueldertand*, province of Holland, formerly German duchy with Guelders for capital)] सं० गुल्दरोज़, गुल्दर, एक प्रकार का वृक्ष जिसमें सफ़ेद फूलों के गुच्छे लगते हैं।

Guelph, Guelf (gwelf) [It. *Guelfo*, M.H.G. *Welf*, name of the Dukes of Bavaria, a distinguished princely family now represented by the ducal house of Brunswick and the royal family of Great Britam, used as a war-cry in 1140 at the battle of Weinsberg against the Emperor Conrad III] सं० मध्ययुगीन इटली में सम्राट के विरुद्ध पोप का समर्थन करनेवाले दल का सदस्य. [तुल० GHIBELLINE]। **Guelphic** वि० उर्पुक्त दल अथवा उनके मदस्य से संबंधित।

guerdon (gĕr' dŏn) [O.F., from med. L. *widrdonum*. O.H. G. *widarlôn* (*wider*, against, *lôn*, LOAN, assim. to L. *dōnum*, gift)] सं० और क्रि० स० (काव्य०) पुरस्कार, पारितोषिक, प्रतिदान।

guerdonless वि० पुरस्कारहीन, प्रतिदानहीन, बिना मुआवजे का।

Guernsey (gĕrn' zi) [one of the Channel Islands] सं० १. गर्नज़ी, इलैंड के समुद्र में एक द्वीप का नाम; २ नाविकों, समुद्री मजदूरों और बच्चों द्वारा पहनी जानेवाली मोटी बुनाई और प्रायः नीले रंग की जर्सी या कुर्ती; ३. उपर्युक्त द्वीप की गाय। **~lily**

गर्नसी लिली, एक प्रकार का पौधा जो मूलतः दक्षिणी अफ्रीका से आया था।

guerrilla, guerilla (gĕ·rĭl' ă) [Sp., dim. of *guerra*] सं० १. (अब प्रायः ~war) गोरिल्ला युद्ध, छापामार युद्ध, कूट युद्ध, अनियमित लड़ाई जिसमें अलग-अलग दल स्वतंत्र रूप से छापेमारी करते रहते हैं; २. ऐसे युद्ध में भाग लेनेवाला, गुरिल्ला*, छापामार* (मा० १ भी)।

guess (ges) [M. E. gessen (cogn. with Dut. *gissen*, Dan. *gisse*, prob. from A.-S. *gitan*, to GET)] क्रि० स० और अ० १. अनुमान करना, अटकल करना या लगाना, मापजोख के बिना अटकल से बताना, ताड़ना, अंदाज़ा करना, क़यास करना, कल्पना करना, संभावना पहचानना; २. साहसपूर्वक मत प्रकट करना, किसी विषय में कोई स्थापना करना; ३. पहेली का उत्तर बूझना, समस्या का हल पहचानना, सही अनुमान करना, ज्ञात कर लेना, मालूम कर लेना। सं० अनुमान, अटकल, अंदाज़ा, क़यास, कल्पना, विचार, ख्याल। **by~** १. अटकल-पच्चू, अनुमानतः; २. संयोग से। **I~** (मुख्यतः अमरीका में) मुझे विश्वास है, मैं निश्चित जानता हूं। **~work** अनुमान पर आधारित कार्य, अटकल-पच्चू काम।

guest (gest) [A.-S. *gest*, *giest* (cp. Icel. *gestr*, Dut. and G. *gast*, also L. *hostis*, foe, orig. stranger)] सं० १. अतिथि, मेहमान, पाहुन, पाहुना, अभ्यागत; २. होटल आदि में ठहरा हुआ व्यक्ति; ३. परोपजीवी पशु या वनस्पति। **paying~** पैसा देकर भोजन या निवास करनेवाला। **~-chamber** अतिथिकक्ष, अतिथि को ठहराने का कमरा। **~house** १. अतिथिशाला; २. श्रेष्ठतर बोर्डिंग हाउस। **~-night** वह रात जिसमें किसी क्लब, विद्यालय आदि में अतिथियों का स्वागत-सत्कार होता है या उन्हें भोजन के लिए आमंत्रित करने की अनुमति रहती है। **guestship** सं० आतिथ्य, मेहमानी, अतिथि होना।

guest-, guess-rope (ges' rōp) [etym. unknown] सं० १. नाव से बंधी हुई दूसरी रस्सी जो नाव को हाथ से खींचते समय उसे डगमगाने से रोकती है; २. जहाज से बाहर लटकने वाला रस्सा जो पास आनेवाली नावों को सहारा देने के लिए काम आता है।

guffaw (gŭ faw') [imit.] सं० ठहाका, अट्टहास, कहकहा, अशोभनीय हँसी। क्रि० ठहाका लगाना, अट्टहास करना, कहकहा लगाना, अट्टहास के साथ कुछ कहना।

guggle दे० GURGLE।

guichet सं० १. झँझरी, जाली, जँगला; २. टिकिटघर की खिड़की।

guide (gid) [O.F. *guider*, earlier *guier*, prob. from Teut. (cogn. with A.-S. *witan*, to know, whence *wisan*, to guide)] क्रि० स० १. मार्ग-प्रदर्शन करना, रास्ता दिखाना, राह दिखाना, निर्देश करना, पहले जाना, नेतृत्व करना, दिशा-निर्देश करना; २. (घटनाओं की) दिशा निर्धारित करना, दिशा मोड़ना; ३. (कार्य, निर्णय आदि का) सिद्धान्त, उद्देश्य या आधार होना; ४. (राज्य आदि के) मामलों का संचालन करना; ५. सदर्शन करना, मार्ग दर्शन करना, मार्ग दिखाना। सं० १. पथ-प्रदर्शक, मार्ग दर्शक, रहबर, रहनुमा; २. पेशेवर रास्ता दिखाने वाला, गाइड; ३. (सैन्य०) पथ का पता लगानेवाला, शत्रु के प्रदेश की जाँच-पड़ताल करनेवाली टुकड़ी; ३. (नौ० वि०) मार्ग दर्शक जहाज़; ४. परामर्शदाता, सलाहकार, मंत्री; ५. नियामक सिद्धान्त या मानक; ६. सूचना-पुस्तक, गाइड, सिद्धान्त-पुस्तिका; ७. (यां०) नियंत्रक डंडा या छड़, जिसमें किसी वस्तु की गति का नियंत्रण होता हो, नियंत्रण करने का औजार; ८. स्थान अथवा दृष्टि-निर्देशक वस्तु, ९. स्निट डरनैण्ड का पेशेवर पर्वतारोही, (प्र०) परिदर्शक गा.इ*; १०. गाइड* (क्रु० भी)। **girl~** स्काउट लड़कियाँ। **right and left~** (सैन्य०) कंपनी के वे अफ़सर जो कूच में दायें-बायें रह कर निगरानी करते हैं। **~post** मार्गदर्शक खंभा, वह खंभा जिस पर सूचना की तख्ती लगी होती है, (दे० FINGER-POST)। **~rope** क्रेन के भार से बँधा हुआ रस्सा, शुरुआरे आ छोटे हवाई जहाज में बँधा हुआ रस्सा जो धरती पर घिसटता रहता है जिससे ऊँचाई बनाए रखने में सहायता मिलती है, उडने के पहले वायुयान को स्थिर रखने वाले रस्से। **~way** पगडंडी, लीक, छोटा रास्ता। **guidable** वि० राह दिखाने योग्य, निर्देशनीय। **guidance** सं० मार्ग-प्रदर्शन, दिशा-निर्देश, नेतृत्व, दिशा-निर्धारण, पथ-प्रदर्शन, रहबरी, हिदायत, देख-रेख, रहनुमाई, संचालन। **guided missile** नियंत्रित अस्त्र, नियंत्रित मिसाइल। **guiding-stick** चित्र बनाते समय बायें हाथ में रखने की छड़ी जिससे दायें हाथ का वज़न ठीक रहे।

guidon (gī' dŏn) [F., from It. *guidone*, prob. from *guida*, GUIDE] सं० त्रिकोण पताका, अश्वारोहियों का झंडा।

guild (gild) [A.-S. *gild*, a payment, from *gildan*, to YIELD (cp. Dut. and G. *geld*, money)] सं० संघ, शिल्पि-संघ, श्रेणी* (मा० ३), जमात, मंडली, गिल्ड, (परस्पर सहायता के लिए या सामान्य उद्देश्य से बनाया हुआ) संगठन, एक ही पेशे के लोगों का संगठन। **~hall** लंदन के नगर-निगम का भवन जहाँ निगम की सभाएँ तथा राजकीय कार्य आदि होते हैं, मध्ययुग में ऐसे संगठनों की सभा का स्थान, नगर का सभा-भवन, टाउन हाल। **~Socialism** वह सिद्धान्त जिसके अनुसार प्रत्येक उद्योग-धंधे के साधन, कौशल तथा मुनाफ़े पर सदस्यों की एक परिषद् द्वारा नियंत्रण की व्यवस्था होनी चाहिए।

guilder (gil' dĕr) [corr. of Dut GULDEN] सं० १. गिल्डर, नीदरलैंड्स का पुराने जमाने का एक सोने का सिक्का; २. हालैण्ड का चाँदी का सिक्का।

guile (gīl) [O.F., from Teut., cp. WILE] सं० विश्वासघात, कपट, छल, धोखा, फ़रेब, दग़ा, दग़ाबाज़ी, मक्कारी, धूर्तता, चालाकी, बहाना, हीला। **guileful** वि० विश्वासघाती, कपटी, छली, धोखेबाज़, दग़ाबाज़, मक्कार, धूर्त, चालाक। **guilefully** क्रि० वि० विश्वासघातपूर्वक, कपटपूर्वक। मक्कारी से, दग़ाबाज़ी करके। **guilefulness** सं० विश्वासघातकता, कपटीपन, दग़ाबाज़ी, मक्कारी, धोखेबाज़ी। **guileless** वि० विश्वासी, निष्कपट, निश्छल, सरल, सीधा-सादा, भोला-भाला, बेफ़ादार। **guilelessly** क्रि० वि० बेफ़ादारी से, निश्छलतापूर्वक, भोलेपन से। **guilelessness** सं० निश्छलता, निष्कपटता, सरलता, भोलापन।

guillemot (gil' e mot) [F., dim. of *Guillaume*, O.H.G. *Wilhelm*, William] सं० गिल्मॉट, समुद्री पक्षियों की कुछ जातियाँ।

guilloche (gi lōsh') [F.] सं० वास्तुकला में गूथ हुए फ़ीतों जैसा अलंकरण।

guillotine (gil' ŏ tēn', gil' o tēn') [F., after Dr. J. I. *Guillotin* (1738-1814), who introduced it (1792) during the French Revolution] सं० १. गिलोटिन* (आ० भी), सिर काटने का सरकने वाला यंत्र-विशेष; २. शल्य क्रिया में चीर-फाड़ का एक यंत्र; ३. कागज़ काटने का यंत्र; ४. विवाद-बंध, विवाद या बहस बंद करने का आदेश, ५. संसदीय कामकाज की एक पद्धति जिसमें मतदान का समय निश्चित कर दिया जाता है ताकि बाधा न डाली जा सके। क्रि० स० गिलोटीन का व्यवहार करना, विवाद या बहस बंद करना।

guilt (gilt) [A.-S. *gylt*] सं० १. अपराध, दोष, गुनाह, क़सूर, जुर्म, पाप, पातक, दुष्कर्म; २. अपराधिता, दोषिता, पातकीयता, क़सूरवारी, अपराध-भावना* (मा० २ भी)। **guiltless** वि० निरपराध, निर्दोष, बेक़सूर (अपराध के विषय में) अनजान, अभिज्ञ। **guiltlessly** क्रि० वि० निरपराधिता रूप में, निर्दोषितापूर्वक, अनजानपन में। **guiltlessness** सं० निरपराधिता, निर्दोषिता। **guilty** वि० १. अपराधी, दोषी, मुजरिम, क़सूरवार, गुनहगार, पापी, पातकी; २. पाप-प्रेरित, क़ृतापराध; ३. जिसने कोई अपराध-विशेष किया हो। **guiltily** क्रि० वि० सापराध, अपराधपूर्वक, दोषी की भाँति। **guiltiness** सं० अपराधिता, सदोषता, पापवत्ता, गुनहगारी, क़सूरवारी।

guimp दे० GIMP[1]।

guinea (gin' i) [*Gnea*, Port. *Guiné*, country on west coast of Africa] सं० १. गिनी, अफ्रीका के दक्षिणी तट का प्रदेश; २. गिन्नी, अंगरेज़ी, इरलैण्ड की स्वर्ण-मुद्रा (आजकल इसका मूल्य इक्कीस शिलिंग है और केवल हिसाब में काम आती है)। **~-fowl, -hen** गाडना मुर्ग़ी, सुरमई पंख और उन पर सफ़ेद चित्तियों वाली एक प्रकार की मुर्ग़ी (नर और मादा)। **~-grains** दे० GRAIN। **~-pig** १. गाडना पिग, दक्षिणी अमरीका का एक प्रकार का चूहा; २. गिन्नी सिक्कों में फीस पानेवाला व्यक्ति, विशे० किसी कंपनी का संचालक या पादरी; ३. वह व्यक्ति, जिस पर चिकित्सा संबंधी परीक्षण किए जायं। **~worm** मनुष्य की खाल पर पनपनेवाला एक चिल्पड़।

guinness स० सिनेम, एक शराब विशेष, इस शराब की बोतल।

guise (gīz) [O.F., from Teut (cp. O H.G. *wīsa*, WISE[2])] सं० १. वेशभूषा की शैली, वस्त्र (अप०), २. बाह्य रूप, बाहरी आकृति, ३. रूप-रंग, वेश, भेष, स्वांग, ४. बनावटी रूप; ५. बहाना, परदा (जैसे under, in the ~ of)।

guitar (gi tär') [Sp. *guitarra*. ult. from Gr. *kithara* (cp CITHERN, GITTERN)] सं० सितार, छह तारवाला एक तनु वाद्य। क्रि० अ० सितार बजाना। **guitarist** सं० सितारिया, सितार बजानेवाला, सितारवादक।

gulch (gulch) [etym. doubtful (n. prob. from v., the later unit)] सं० (अमरीका में) गहरी घाटी, विशे० जिसमें सोना पाया जाय, गल्च* (वि० १ भी)।

gulden ('gool' den) [Dut. and G.] सं० गुल्डन, एक शिलिंग आठ पेंस के मूल्य का हालैंड तथा आस्ट्रिया-हंगरी का सिक्का।

gules (gūlz) [M.E. and O.F. *goules* (F. *gueules*), med. L. *gula* ermine, dyed red, etym. doubtful] सं० और वि० (प्राय: संज्ञा के साथ) लाल रंग, लाल।

gulf (gulf) [F. *golfe*, alt. from Late Gr. *kolphos*, Gr. *kolpos*] सं० १. (भू०) खाड़ी* (वि० १भी), खलीज, मुहाने पर सँकरा आंशिक रूप से किनारे से घिरा हुआ समुद्र का अंश, २. खाई, गहरा गड्ढा, गर्त, ३. (काव्य०) अतल गहराई अथवा समुद्र; ४. भंवर, आवर्त, हर वस्तु को निगल जानेवाला; ५ अलग्न विभाजन-रेखा; ६. विभाजन-रेखा; ७. (विश्वविद्यालय, या०) उस विद्यार्थी को सम्मान के रूप में दी गई उपाधि, जिसे पास होना चाहिए था लेकिन फ़ेल हो गया: ७. फूट, भेद, फ़र्क़। क्रि० स० और अ० निगल जाना, लील जाना। **~Stream** गल्फ़ स्ट्रीम, मैक्सिको की खाड़ी से उत्तरी अटलांटिक महासागर में चलनेवाली गर्म जल की धारा।

gull (gul) [prob. Corn *gullan*. cp. W. *gwylan*, Bret. *gwelan*. prob. from root, to wail] सं० १. लंबे पंखों और झिल्लीदार पैरोंवाली एक प्रकार की मुर्ग़ाबी, एक प्रकार की छोटी बत्तख, गल्* (वि० १ भी); २. भोलाभाला, मूर्ख, बुद्धू, बेवक़ूफ, गावदी। क्रि० स० मूर्ख बनाना, धोखा देना। **gullery** सं० वह स्थान जहाँ मुर्ग़ाबियाँ अधिकता से पायी जाएँ। **gullish** वि० मूर्ख-सा, भोला भाला-सा।

gullet (gul' ét) [O.F., dim of *gole*, L. GULA] सं० १. ग्रासनली* (आ० भी), ग्रासिका* (ह्रा०, वि० १ भी), भोजन-नली; २. गला, कंठ, टेंटुआ, हलक; ३. पानी की नाली, सकीर्ण मार्ग, घाटी, तंग घाटी, नली (अप्र० और बोल०)।

gullible (gul' i bél) वि० आसानी से धोखा खानेवाला, जल्दी बातों में आ जाने वाला। **gullibility** सं० बुद्धूपन, मूर्खता, भोलापन।

gully[1] (gul' i) [var. of prec., or from F. *goulet*, GULLET] सं० १. तंग घाटी, अवनालिका* (वि० १भी), दर्रा; २. नाली, परनाला, जलमार्ग, जलवाहिनी; ३. (क्रिकेट) गली, खेल के मैदान का एक स्थान जहाँ खिलाड़ी खड़ा किया जाता है। क्रि० स० नाली बनाना, नहर बनाना, पानी के बहने से नाली बनाना। **~-drain** सड़क में मैले के लिए बने हुए छेद से निकलनेवाली नाली। **~-hole** सड़क के बीच मैले के लिए बना हुआ छेद। **~-trap** नालियों के रोशनदान, नालियों से गैस निकालने के छेद, कुंडिका ट्रैप* कुंडिका पाश* (इ० ३ भी)।

gully[2] (gul' i) [Sc. and North., perh, orig. a knife for the GULLET] सं० बड़ा चाकू, छुरा।

gulosity (gū los' i ti) [late L. *gūlositās*, from L. *gūlōsus*, gluttonous, from GULA] सं० (विरल) पेटूपन, खाऊपन, अति भोजन, अतृप्ति।

gulp (gulp) [imit. (cp. Dut. *gulpen*, Norw. *glupa*)] क्रि० स० और अ० १. हड़प कर जाना, जल्दी-जल्दी निगलना, लालच या लोलुपता से लीलना, ज़बर्दस्ती निगल जाना; २. कठिनाई से निगलना, दम रुक जाना, गला रुँध जाना। सं० १. निगलने की क्रिया, निगलना; २ निगलने का प्रयत्न; ३. बड़ा भारी कौर, ग्रास, निवाला, लुकमा, घूंट। **gulpingly** क्रि० वि० जल्दी-जल्दी निगलते हुए, लोलुपता से लीलते हुए, मुश्किल से निगल कर। **gulpy** वि० बड़े कौर खानेवाला, बड़े कौर या ग्रास का।

gum[1] (gum) [A.-S. *gōma* (cp Icel. *gomr*, G. *gaumen*, palate)] सं० (प्राय. बहु०) मसूड़ा* (आ०, क्रु०भी) मसूड़ा फोड़ा* (आ० भी)। **gumboil** १. मसूड़ा पर छोटा फोड़ा; २. मसूड़ों की सूजन।

gum[2] (gŭm) [M.E. and O.F. *gomme*, L. *gommi*, Gr. *kommi*, prob. from Egypt.] सं० १. गोंद* (इ० ३, वि० १ भी), कुछ वृक्षों और झाड़ियों से निकलने वाला एक लसदार पदार्थ, (दे० RESIN); २. आँख की कीच, ३. गोंदवाले वृक्ष, कीकर, बबूल आदि; ४. फल वाले वृक्षों की एक प्रकार की बीमारी; ५. (बहुव० अमरीका में) रबर के जूते। क्रि० स० और अ० १. गोंद लगाना; २. गोंद से चिपकाना, गोंद से कड़ा करना, ३. गोंद छोड़ना, गोंद निकालना या निकलना। **up a ~tree** असमंजस में, दुविधा में, अनिश्चित स्थिति में। **~arabic** अरबी गोंद, सुद्धमपत्ररस। **~bichromate** कार्बन प्रणाली के आधार पर फोटो छापने की विधि। **~dragon** एक विशेष प्रकार का गोंद जो दवाखानों और कपड़े पर छपाई में काम आता है। **~juniper** एक अन्य प्रकार का गोंद जो वार्निश बनाने के काम आता है। **~resin** एक प्रकार की गोंद मिली लाख। **~senegal** अरबी गोंद का एक विशेष प्रकार।

gum[3] (gŭm) [minced form of GOD] सं० (अशि०) भगवान की सौगंध।

gumbo (gŭm' bō) [Am. Negro] सं० १ (अमरीका में) ओका की फलियों द्वारा शोरबा किया हुआ रसा या शोरबा, (दे० OKRA); २. गम्बो*; चिकनी मिट्टी* (इं० १ भी)।

gumlah सं० गमला, पौदा लगाने का बरतन।

gumma (gŭm' ā) [mod. L., from GUM²] सं० (निदा०) (बहु० ~as, ~ata) आतशक का फोड़ा या घाव, अस्थिवेष्ठार्बुद, (आ०) गम्मा*; **gummatous** वि० १. जिसे आतशक का फोड़ा हो; २. अस्थिवेष्ठार्बुद-संबंधी, (आ०) गम्मा*।

gummy (gŭm' i) वि० १. लसदार, चिपचिपा; २. गोंददार, गोंद छोड़नेवाला, गोंद सा*, गोंदी* (वि० १ भी); ३. फूले हुए या सूजे हुए (टखने और पैर)। **gumminess** सं० १. लस, चिपचिपापन, गोंदयुक्तता; २. सूजन, फोड़ा।

gumption (gŭmp' shun) [Sc., etym. doubtful] सं० १ (बोल०) जीवट, साहसिकता; २. समझ-बूझ, सूझ; ३. व्यावहारिक बुद्धि, तुरत-बुद्धि; ४. (चित्रकला) रंगों के मिश्रण में सहायक वस्तु।

gun (gŭn) [short for Icel. *Gunnhildr* (*gunn*-war, *hildr*, battle), a woman's name given to a warengine (Skeat,)] सं० १. बंदूक, तोप, राइफल; २. (अमरीकी) रिवाल्वर, तमंचा; ३. शिकारी दल का व्यक्ति, ४. कीड़े मारने की दवाई की छिड़कन, ५. (इं० ३) प्रश्नेपी*। **blow great guns** भयंकर तूफ़ान आना, तेज आँधी चलना। **son of a** ~ तुच्छ, नीच व्यक्ति, मूर्ख व्यक्ति। **stand, stick to one's guns** अपनी बात पर जमे रहना, अपनी राय या दृष्टिकोण से न हटना। **sure as a** ~ निस्संदेह, अवश्यमेव। **~-barrel** दे० BARREL¹। **~-boat** छोटा जंगी जहाज जिसमें तोपें लगी हों। **~-carriage** दे० CARRIAGE। **~-case** शिकारी बंदूक रखने का खाना या खोल। **~-cotton** बारूदी-कई, भक से उड़नेवाली कई, शोरे और गंधक के नेजाब में मिलाकर बनाई हुई विस्फोटक कई, गन कॉटन* (इं० ३ वि० १ भी)। **~-fire** बंदूक दागने की क्रिया, विशे० (सैन्य० और नौ० वि०) सुबह या शाम को समय की सूचना देने के लिए। **~-harpoon** वह भाला या बर्छा जो हाथ से नहीं, बंदूक से फेंका जाता है। **~-house** वह सायबान या स्थान जहाँ तोप रक्खी जाती है या जहाँ से तोपची तोप चलाता है। **~-lock** (बंदूक या तोप की) लिबलिबी, घोड़ा। **~-man***। (विशे० अमरीकी ग्रा०) सशस्त्र लुटेरा, २. (प्र०) गनवाला*। **~-metal** तांबे और रांगे या जस्ते की मिश्रित धातु जिससे पहले बंदूकें बनती थीं, गनमेटल*/(वि० १ भी)। **~-pit** शत्रु की गोलाबारी से तोप की रक्षा के लिए बनाई गई खंदक। **~ powder** दे० बारूद* (वि० १ भी); २. हरी चाय की दानेदार पत्ती। **Gun Powder Plot** ५ नवंबर, १६०५ को इंग्लैंड की संसद को उड़ाने का षड्यंत्र। **~powder, white** आर्सनिक बारूद के प्रकार। **~room** युद्धपोत में छोटे अफ़सरों का कमरा पहले यह तोपची और उसके साथियों के काम आता था। **~running, ~runner** किसी अवैध देश में अवैध रूप से हथियार पहुँचाना (और उसमें लगे हुए व्यक्ति)। **~shot** १. तोप या बंदूक की मार; २. गोली, गोला, छर्रा। **~shy** बंदूक की आवाज़ से डरनेवाला (विशे० शिकारी कुत्ता)। **~-smith** छोटी बंदूकों को बनाने और मरम्मत करनेवाला। **gunned** वि० बंदूकदार, तोपदार। **gunless** वि० बिना बन्दूक का, बिना तोप का। **gunning** सं० बंदूक चलाना, विशेषकर शिकार करना (प्रायः go ~)।

gunnel¹ (gŭn' el) [etym. unknown] सं० गनेल, साँप जैसी एक समुद्री मछली।

gunnel² दे० GUNWALE।

gunner (gŭn' ĕr) सं० १. तोपचाने या गोलंदाज फ़ौज का अफ़सर या सैनिक, गनर*, तोपची*, (प्र० भी), गोलंदाज, बंदूकची; २. (नौ० वि०) जहाज के तोपखाने या बारूदखाने का अफ़सर; ३. शिकारी, बंदूक से शिकार खेलनेवाला। **kiss, marry the gunner's daughter** कोड़े खाना। **Master Gunner** शाही गोलंदाज सेना का एक अफ़सर जो किले में या कहीं और सामान वगैरह का अधिकारी होता है। **gunner's daughter** वह तोप जिससे बाँध कर मल्लाहों को कोड़े लगाये जाते थे।

gunnera सं० गनेरा, एक कँटिदार बड़े-बड़े पत्तोंवाला पौधा जो सजावट के काम आता है।

gunnery (gŭn'r ĕ) सं० १. बड़ी-बड़ी तोपों का निर्माण तथा प्रबंध; २. गोलंदाजी, तोपची का कौशल। **~lieutenant,-jack** (ग्रा०) गोलंदाजी की शिक्षा प्राप्त अफ़सर। **~-ship** वह जहाज जहाँ गोलंदाजी सिखाई जाती है।

gunny (gŭn' i) [Hind. *gōnī*, Sansk. *gōṇī*] सं० १. टाट, सन, पटसन; २. बोरी, बोरा, टाट का थैला।

Gunter (gŭn' tĕr) [Edmund *Gunter* (1581-1626), mathematician and astronomer] सं० १. (G.'s scale भी) दो फ़ुटा पैमाना जो सर्वेक्षण और नौ० विज्ञान में काम आता है, २. ऊपर का मस्तूल जो उसके पास जो छल्ले पर ऊपर-नीचे खिसकाए जा सकते हैं। **Gunter's chain** जरीब, ६६ फीट लंबी सर्वेक्षण की जंजीर, दे० CHAIN।

gunwale, gunnel (gŭn' el) [GUN-, WALE] सं० परेज, ऊपरी पट्टी, राग, गनल, जहाज या नाव का ऊपरी सिरा या किनारा। **~to** पानी की सतह के बराबर। **~under** पानी की सतह के नीचे।

gup सं० (आस्ट्रेलियाई) गप, गप्प, टप्पर-उप्पर की बातें।

gurge (gĕrj) [L. *gurges*] सं० भँवर, बवण्डर, चक्कर। क्रि० सं० हावी हो जाना, अभिभूत करना। **gurgitation** सं० उबाल, बुलबुले उठना, हिलोरें उठना।

gurgle (gĕr' gel) [prob. after It. *gorgoglare*, from L. *gurgulio*, the gullet] क्रि० अ० और सं० १. कूलना करना; २. कंठ से कलकल ध्वनि निकालना, ३. ऐसी ध्वनि निकालना मानो बोतल से पानी उँडेला जा रहा हो या पत्थरों के बीच से वह रहा हो, ऐसी ध्वनियों के साथ बोलना। सं० कूलना, ऐसी ध्वनि।

gurjun सं० गर्जन, पूर्वी द्वीप-समूह का एक प्रकार का वृक्ष जिससे से दवा के लिए काम में आनेवाला तेल निकलता है।

Gurkha (goor' kā) [Hindī.] सं० गोरखा, नेपाल की लामक जाति। **~regiments** ब्रिटिश सेना में गोरखा रेजिमेंट।

gurnard, -net (gĕr' nard, -net) [prob. from F. *grognard*, from *grogner*, to grunt] सं० गर्नार्ड, एक प्रकार की बड़े सिर वाली मछली।

gurrah (gŭr' ā) [Hind. *gārhā*] सं० पट्टा।

gurry (gŭr' i) [etym. unknown] सं० बड़ी।

guru (goo' roo) [Sansk., heavy, weighty] सं० गुरु, भारी, बजनी।

gush (gŭsh) [cp. L. Iris. *gāsen*, L. G. *gusen*, Icel] क्रि० अ० और सं० उबलना, उछलना, फूट निकलना, तूफ़ान की तरह उठना। सं० वेग से निकलना, धारा प्रवाह निकलना, प्रचुरता से जल निकलना; २. भावावेग, जोश, उफ़ान से बोलना, व्यवहार करना। सं० भावुकता का प्रदर्शन, ज़ोर, तेज़ी, बहाव। **gusher** सं० १. जोश में काम करने वाला; २. तेल का कुआँ जिससे बिना पंप की सहायता के तेल निकलता हो। **gushingly** क्रि० वि० धारा प्रवाह, जोश-खरोश से, तूफ़ान की तरह। **gushy** वि० धाराप्रवाह, उच्छ्वासपूर्ण, भावावेगपूर्ण।

gusset (gŭs' ĕt) [O.F. *gousset*, a flexible piece of armour filling up a joint, dim. of *gousse*, a nutshell] सं० १. मजबूती के लिए कपड़ों में लगाया जानेवाला कपड़े का तिकोना टुकड़ा, कली; २. मजबूती के लिए इमारत की दीवार में लगाया जाने वाला लोहे का ब्रैकेट। **gusseted** वि० कलीदार।

gust[1] (gŭst) [Icel. *gustr*, cogn. with GUSH] सं० १. झोंका, निष्पात* (वि० १ भी), झकोरा, थपेड़ा, बहाव, हवा का तेज झोंका; २. वर्षा का जोर का छींटा, आग की तेज लपट, धुएँ की लहर; ३. उमंग, तरंग, आवेग, जोर। **gusty** वि० झोंके वाला, लपट या लहरकार, आवेगपूर्ण। **gustily** क्रि० वि० झोंके, लपट, लहर, जोर के साथ।

gust[2] (gŭst) [L. *gustus*, taste, whence *gustāre*, to taste, *gustātio*, tasting] सं० १. (अप० और काव्य०) रुचि, अभिरुचि, बोध; २. स्वाद, आस्वाद; ३. आनंद, लुत्फ, ४. मृन्दर, सुरुचि-मिश्रित संवेदना। **have a ~ of** आनंद उठाना, स्वाद लेना, मजा लेना। **gustation** (gŭs tā' shun) सं० आस्वादन, रसास्वादन, चखना, चखाई। **gustative** वि० मुस्वादु, स्वादपूर्ण, स्वाद का। **gustatory** वि० स्वाद विषयक, स्वाद संबंधी, रसवेदी, स्वाद* (आ० भी)। **gusto** सं० १. तृप्ति, रस, सुरस, आस्वाद, असाधारण स्वाद और सुरुचि; २ रुचि, आनंद, मजा, शौक, चाव, उत्साह, जोश, उमंग।

gut (gŭt) [A -S. *gutt*, in pl. *guttas* (cp. G. *gosse*) prob. cogn. with *gēotan*, to pour] सं० १. (बहु०) आंतें, अंतड़ियाँ, अंत्र (विशे० पशुओं की), आन्त्र*; आंत*, आहार नली* (आ०, प्र० भी), मट* (कु० भी), किसी वस्तु के भीतर के पदार्थ; २ निचली अंत्र-नलिका का विशिष्ट भाग, आंत, अंतनाड़ी; ३ तान, तंतु, ४. (प्राय बहु०) उदर, पेट, जहाँ भूख का अनुभव होता है (अशि०), आहार नली* (वि० १ भी), ५. (बहु०, ग्रा०) हिम्मत, दम, उत्साह, चरित्र-बल, क्षमता, सहनशक्ति; ६. पशुओं की आंतों के बने तार. ७. रेशम के कीड़े की आंतों से बनी मछली पकड़ने की डोरी, ८ सकीर्ण जल मार्ग, जल मार्ग, संकरी नाली, (आक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज में) दौड़ के मार्ग में नदी का मोड़, ९ गहर पथ, तंग रास्ता या दर्रा, संकरी गली। क्रि० स० और अ० १ आंतें निकालना, साफ करना, २. (किसी घर इत्यादि के) भीतरी सामान को हटा देना या नष्ट कर देना, ३ (पुस्तक आदि का) सार निकालना; ४ जला कर राख कर देना, फूंक देना, ५ हड़पना, लोलुपता के साथ खाना (अशि०)। **blind ~** १. स्नेहपायी पशुओं की बड़ी आंतों का आरंभिक भाग, २. बंद मुंह वाली कोई नली। **has no guts in it** कोई वास्तविक मूल्य या शक्ति नहीं।

gutta (gŭt' ă) [L.] सं० (बहु०) मजावट के रूप में एक लड़ी या पंक्ति में बूंदें, (विशे० डोरिक स्थापत्य में), बूंद* (आ० भी)।

gutta-percha (gŭt' ă pĕr' chă) [Malay *getah*, gum, *percha*, name of the tree] सं० गटापारचा*(वि० १ भी), मटमैले रंग का सीग की तरह का पदार्थ जो मलाया के विभिन्न वृक्षों के रस से बनता है और जो पतला होने पर लचीला रहता है।

guttate वि० १. (प्राकृतिक इतिं०) बिंदीदार, बूंदीदार (पशु-पक्षी); २. (वन) अश्रुवत।

gutter (gŭt' er) [O.F. *gutiere*, from *goute*, see GOUT] सं० १. (विरल) बहते पानी द्वारा बनाया हुआ रास्ता, २. नाली*(ई० ३ भी), नाला, मोरी, गदी मोरी या नाली* (कु० भी), परनाला, पनाला* (ई० ३ भी); ३. द्रव्य पदार्थ के बहने का खुला नल, ४. लकि। क्रि० स० और अ० १ नालियाँ बनाना, पानी का रास्ता बनाना; २. धारा में बहना; ३.(मोमबत्ती में) नालियाँ पड़ कर मोमबत्ती का बह जाना। **take child etc. out of ~** गरीबी की हालत से निकलना। **~child, snipe** अनाथ बालक आवारा लड़का। **~man** फेरी वाला, खोंचे वाला। **~press, journalism** पनाली या नाबदानी समाचारपत्र, सनसनीदार समाचार छापने वाला पत्र, कुरुचिपूर्ण या घटिया समाचारपत्र, ओंछी खबरें प्रकाशित करने वाला पत्र, सस्ती पत्रकारिता।

guttle (gŭtl) [from GUT, after GUZZLE] क्रि० अ० और स० हड़पना, लोलुपता के साथ खाना। **guttler** सं० हड़पनेवाला, लोलुपता के साथ खानेवाला।

guttural (gŭt' ŭr ăl) [F., from L. *guttur*, throat] वि० और सं० १. कंठ्य, कंठ का, कंठ-संबंधी; २. कंठ में उत्पन्न अथवा तालू और पिछली जीभ से उत्पन्न (ध्वनि); ३. कंठ्य ध्वनि (जैसे क, ख, ग आदि)। **gutturalize** क्रि० स० ध्वनि या स्वर को कंठ्य बनाना, कंठ से निकालना। **gutturalism** सं० १. ध्वनि या स्वर को कंठ्य बनाने की प्रवृत्ति; २. ध्वनि या स्वर का ताल और कंठ से उत्पन्न किया जाना। **gutturally** क्रि० वि० कंठ्य उच्चारण के अनुसार, कंठ्य ध्वनि से। **gutturo-** समास में प्रयुक्त 'कंठ का' अर्थ में (जैसे gutturo-maxillary गले और जबड़ों का)।

gutty (दे० GUT, GUTTA-PERCHA] सं० (गॉल्फ ग्रा०) गटापारचे की गेंद।

guy[1] (gī) [O.F. *guoie*, from *guier*, see GUIDE] सं० क्रेन इत्यादि को सीधा रखने या तम्बू को खड़ा रखने की रस्सी या जंजीर, तान रस्सी* (दे० ३ भी)। क्रि० स० रस्सियों या जंजीरों से मजबूती से बाँधना।

guy[2] (gī) [*Guy* Fawkes, the conspirator who attempted to blow up Parliament in 1605] सं० १. पुतला, गुड्डा, ५ नवंबर को जलाया जाने वाला गाइ फॉक्स का पुतला; २. विचित्र कपड़े पहने हुए व्यक्ति, हौवा, ३. (अमरीकी ग्रा०) व्यक्ति, आदमी; ४. (अन्य देशों में) चपत हो जाना, रफूचक्कर हो जाना। क्रि० स० और अ० १. पुतला बनाना, मूरत बनाना, २. हँसी उड़ाना, बनाना; ३. (ग्रा०) भाग निकलना, चंपत हो जाना। **do a ~** गायब हो जाना, फरार हो जाना, लापता हो जाना, पता न रहना। **give the ~ to** भाग निकलना।

guzzle (gŭz' el) [perh. from O.F. *gosiller*, to vomit, cogn. with *gosier*, the throat] क्रि० अ० और स० १. लोलुपता से खाना या पीना; २. खाने-पीने में (धन) उड़ाना। **guzzler** सं० १. लोलुपता से खाने-पीने वाला, बहुभोजी, २. धन उड़ाने वाला, अपव्ययी।

gwyniad (gwin' i ăd) [W., from *gwyn*, white] सं० सफेद मांस वाली मछली जो झीलों में मिलती है और सामन मछली से मिलती-जुलती है।

gybe (jīb) [Naut, prob. from Dut *gijben* (now *gijpen*)] क्रि० अ०, स० और सं० १. पाल पलटना, (नाव के पालों का) हिलना, झोंके खाना, झूलना, २. (पाल को) झुलाना, झोंके देना; ३. पाल को झुलाने के लिए जहाज की दिशा बदलना।

gyle सं० १. बियर का एक घान, बियर की वह मात्रा जो एक बार में तैयार हो, २. गडे हुए जौ, जिनसे शराब निकाली जाती है; ३. जोश देकर शराब निकालने का बड़ा पीपा।

gym (jim) सं० १. (ग्रा०) जिमनेशियम, व्यायामशाला; २. व्यायाम, कसरत (विशे० प्रकार की जिसे 'जिमनेशियम' कहते हैं)।

gymkhana (jim ka' nă) [Hind. *gend-khāna*, ballhouse

racket-court, assim. to GYMNASTICS] सं० १. (मूलतः ग्रीक भारतीय) सार्वजनिक व्यायामशाला, जीमखाना, खेलघर; २. व्यायाम-प्रदर्शन।

gymnasium (jim nā' zi um) [L., from Gr. *gumnasion*, from *gumnazein*, to exercise naked, from *gumnos*, naked] सं० (बहु० ~ums, ~ia) १. व्यायामशाला, जिमनेज़ियम; २. हाईस्कूल, यूरोप, विशे० जर्मनी के श्रेष्ठतम स्कूल जहाँ विश्वविद्यालयों के लिए छात्र तैयार किए जाते हैं। **gymnasial** (jim nā' zi ăl) वि० हाईस्कूल संबंधी।

gymnast (jim' năst) [Gr. *gymnastēs*, as prec.] सं० कसरती, व्यायाम-निपुण। **gymnastic** वि० व्यायाम संबंधी, जिसमें शारीरिक या (कभी-कभी) मानसिक व्यायाम, अनुशासन, प्रयत्न या कार्य आवश्यक हो। सं० १. अनुशासन के रूप में शिक्षण; २. (बहु०) मांस-पेशियों को दृढ़ करने वाला व्यायाम (विशे० जो जिमनेज़ियम में किया जाता है, एकव० वाले अर्थ में भी)। **gymnastically** क्रि० वि० अभ्यास के रूप में, व्यायाम की भाँति, अनुशासन की तरह।

gymno- [Gr. *gumnos*, naked] (समास में प्रयुक्त) नग्न, अनावृत आदि अर्थों में बहुत से वन० प्राणि० और जीव० संबंधी शब्दों के साथ प्रयुक्त। **~spermous** खुले या नग्न बीज, विवृत बीज।

gymnosophist (jim nos' o fist) [*gymnosophistæ*, *pl.*, Gr. *gumnosophistai* (GYMNO-, SOPHIST)] सं० १. नागा, नागा साधु, एक प्राचीन हिंदू दार्शनिक संप्रदाय जो लगभग नग्न रहता था और सदा चिंतन में ही लीन रहता था. २. रहस्यवादी तपस्वी, ३. योगी, संन्यासी, वैरागी, साधु। **gymnosophisty** सं० वैराग्य, योगमार्ग।

gymnotus (jim nō' tus) [GYMNO-, Gr. *nōtos*, the back] सं० जिमनोटस, विद्युत् सर्प मीन, एक प्रकार की मछली।

gynæceum (gi-, ji nē sē' um) [L., from Gr. *gunaikeion*, from *gunē gunaikos*, woman] सं० (प्राचीन ग्रीक और रोमन) १. अंतःपुर, जनानखाना, २ (वन०) जायांग* (कू० भी), फूल के मादा अंग, गाइनेसियम।

gynæco- [Gr. *gunē gunaikos*, woman] समास में प्रयुक्त 'स्त्री' अर्थ।

gynæcocracy (gi-, ji ni kok' rá si) नारी-तंत्र, स्त्री-तंत्र* (आ० ३ भी), स्त्री-राज्य, नारी-शासन, ऐसी व्यवस्था जिसमें स्त्रियों की प्रधानता हो।

gynæcology (gi-, ji né kol' ō ji) (आ०) स्त्री रोग विज्ञान*।

gynander (ji năn' der) [Gr. *gunandros* (gunē, woman, *anēr andros*, man)] सं० १. (वन०) नरमादा वर्ग का एक पौधा, २. उभयलिंगी स्त्री। **gynandria** सं० (बहु०) १. (वन०) नरमादा पौधे, २. उभयलिंगता। **gynandrian-drous** वि० (वन०) पुंजायाम, जिनमें पराग-केसर और गर्भ-केसर एक ही स्तंभ में प्रयुक्त हों।

gyno-, gyn- [Gr. *gunē*, woman] सं० १. gynæco का संक्षिप्त रूप (विशे० वन० में), पौधे के बीजकोष; २. स्त्री।

gynobase (gī'-, ji' nō bās) फल के मादा अंग के कोप में वृद्धि।

gynophore (ji' nō fōr) सं० १. जायांग वृत्त, पौधे के बीज-कोष को पोषित करनेवाला डंठल; २. (प्राणि०) एक प्रकार के समुद्री जंतु जिसके शिशु कलिका-सदृश विकसित होते हैं।

-gynous [Gr. *-gunos*, from *gunē*, woman] प्रत्य० 'मादा अंगों अथवा गर्भ केसर से युक्त' अर्थ वाले विशेषणों के बनाने में प्रयुक्त (जैसे monogynous, tetragynous, androgynous)।

gyp[1] (jip) [perh. short for GIPSY (or for obs. *gippo*, scullion, orig. man's short tunic, from obs. F. *jupeau*, O.E.D.)] सं० केम्ब्रिज और डरहम में विद्यालय का नौकर, (दे० SCOUT[1]), सेवक। **~room** सेवक का कमरा।

gyp[2] सं० (आ०) डाँट, भर्त्सना, दंड। **give one~** किसी को निर्दयतापूर्वक डाँटना, दंड देना या पराजित करना।

gyps दे० GYPSUM।

gypsophila सं० बाग के पौधे जिनके डंटल बागे की तरह पतले होते हैं और जो देखने में हवा की भाँति हल्के लगते हैं।

gypsum (jip' sum) [L., from Gr. *gupsos*, chalk] सं० १. जिप्सम* (इं० ३, कृ० भी), खड़िया मिट्टी, सिलखड़ी; २. खड़िया मिट्टी की खाद। क्रि० स० खड़िया मिट्टी की खाद देना। **gypseous, gypsous** वि० खड़िया मिट्टी जैसा। **gypseferous** वि० खड़िया मिट्टी मिला हुआ। **gypsography** सं० खड़िया मिट्टी की विद्या।

gypsy दे० GIPSY।

gyrate (jir' át) [L *gyrātus*, p.p. of *gyāre*, from GYRUS] वि० (वन०) चक्करदार, पेचदार, वलयित, कर्णकित* (आ० भी)। क्रि० अ० चक्कर खाना, चक्कर लगाना या काटना, घूमना, एक स्थान के चारों ओर फिरना, वलयित होना। **gyration** (ji rā' shun) सं० चक्कर, घूर्णन, वलयन। **gyratory** (ji' a tor i) वि० चक्कर खाने वाला, वलयित, चक्कर संबंधी, चक्कर-विषयक, परिभ्रमी दल्लिक* (इं० ३ भी)। **gyre** (jīr) क्रि० अ० (काव्य०) चक्कर खाना आदि। सं० चक्कर, वलयन, घूर्णन।

gyro- (Gr. *guros*, circle, ring) समास में प्रयुक्त, चक्कर या वलय के अर्थ में।

gyrograph (jī' rō graf) चक्कर अंकित करने वाला यंत्र।

gyroplane (jī' rō plān) ऐसा वायुयान जो ऊपर घूमने वाले पंखों के कारण ऊपर उठता है।

hard (hard) [A.-S *heard* (cp. Dut. *hard*, Icel. *harthr*, G. *hart*, also Gr. *kratus*, strong)] वि० १. कड़ा, सख्त, कठोर* (आ०, वि० १ भी); २. ठोस; ३. मुश्किल, दुरूह; ४. दुर्बोध, क्लिष्ट, समझने या समझाने में कठिन (जैसे ~words, questions); ५. (व्यक्ति या आचरण संबंधी) कठोर, निष्ठुर, निर्दय; ६. अन्यायपूर्ण, (अनुचित रूप से) दु:खद, व्यथाकर, कष्ट देने वाला; ७. सूम, कंजूस, कृपण; ८. दुस्सह, जिसका सहना कठिन हो (जैसे ~life, time); ९. कर्णकटु; १०. महा, अशोभन; ११. (मादक द्रव संबंधी): अमरीकी प्रयोग) नशीला, मादक; १२. (बाज़ार तथा मूल्य संबंधी) ऊँचा, तेज़, बढ़ा-चढ़ा, घटने वाला; १३. (ध्वनि शास्त्र संबंधी) कठोर (क, त, प आदि अघोष व्यंजन ग, द, ब आदि घोष की तुलना में कठोर होते हैं)। क्रि० वि० १. कठोरता से; २. सश्रम; ३. ज़ोरों से, तेज़ी से (जैसे try~); ४. कठिनता से (जैसे ~earned)। १. सं० कोई कठोर वस्तु; २. ढालू स्थान, बाँध या घाट की ढालू सड़क; ३. (ग्रा०) कठोर परिश्रम, कड़ी मेहनत; ४. (बोल०) नक़द रुपया। **~and fast** निश्चित, नियत, बंधा हुआ, नपा-तुला। **~by** पास ही, निकट ही। **~bake** बादाम की टाफ़ी, एक प्रकार की मिठाई। **~bitten** भीषण, भयंकर(संघर्ष में)। **~boiled** अभावुक, क्रियाशील, कटुर। **~cash** नक़दी, नक़द रुपया। **~core** सड़क की नींव बनाने का मसाला। **~court** (टेनिस) घास के मैदान के स्थान पर सीमेंट और बालू के मिश्रण से बना हुआ टेनिस का मैदान। **~currency** दुर्लभ-मुद्रा, वह मुद्रा जिसका शीघ्र और अधिक अवपान न हो सके, जैसे अमरीका का डालर। **~facts** अकाट्य तथ्य। **~favoured, -featured** भद्दे या कुरूप अंगों वाला। **~fisted** कंजूस, सूम, कृपण। **~headed** कटुर। **~hearted** कठोर, निर्दयी। **~hit** विपत्ति का मारा हुआ, बहुत सताया हुआ। **~laid** (धागे या रेशे संबंधी) कड़ा बटा हुआ। **~lying money** तारापोत नावों या अन्य छोटी नावों आदि के कर्मचारियों और अधिकारियों को दिया गया

अतिरिक्त वेतन। **~mouthed** १. (घोड़े के विषय में) साधारणतया लगाम से वश में न आने वाला; २. (ला०) मुँहजोर। **~of hearing** ऊँचा सुनने वाला, कुछ बहरा। **~set** १. खूब जकड़ा या कसा हुआ; २. (अंडे संबंधी) जो सेया जा चुका हो; ३. (व्यक्ति-विषयक) भूखा। **~shell** १. कड़े छिलके का; २. न झुकने वाला; ३. (ला०) न टलने वाला, दृढ़ से मत न होने वाला। **~tack** जहाजी बिस्कुट। **~up** अभाव की दशा में (विशे० धन संबंधी अर्थव्यवहार)। **~ware** लोहे का सामान या बर्तन। **~wareman** लोहे के बर्तनों का व्यापारी या दूकानदार। **~water** खारा पानी, कपड़ा धोने के लिए अनुपयुक्त जल। **~winter** कठिन शीत, चिल्ला जाड़ा। **~-wood** चीड़ या देवदार के अतिरिक्त अन्य वृक्ष की लकड़ी। **hardily** क्रि० वि० १. कष्ट से, कड़ाई या सख्ती से; २. मुश्किल या दिक्कत, कठिनतापूर्वक, कठोरतापूर्वक, निष्ठुरतापूर्वक; ३. शायद ही, कदाचित् ही, मुश्किल से, थोड़ा, कुछ अल्पतः, बहुत ही कम। **~earned** १. गाढ़े पसीने, खून पसीना एक करके कमाया हुआ; २. (वि०ल०) फोकट का माल, सेंत मेंत की कमाई।

harden (hardn) क्रि० स० और अ० १. कड़ा करना या बनना, दृढ़ करना या होना, कठिन करना, कठोर करना या होना; २. दृढ़, कड़ा किया हुआ; ३. हट्टा-कट्टा, गठीला; ४. (विशे० भू० कृ० में) क्रूर, जालिम, निर्दय।

hardship (hard' ship) सं० १. कष्ट, क्लेश, दुःख, पीड़ा, खेद; २. दुर्भाग्य, संकट, मुसीबत, विपत्ति, कठिनाई, तंगी, परेशानी; ३. दरिद्रता, कमी, अभाव।

hardy (har di) [F. *hardi*, orig. p.p. of *hardir*, from Teut. (O.H.G. *hartjan*, to make strong, cp. A.-S. *heard*, HARD)] वि० १. दिलेर, साहसी, बहादुर, निर्भीक, दृढ़, मजबूत, पक्का; २. ढीठ, धृष्ट; ३. हट्टा-कट्टा, हृष्ट-पुष्ट; ४. वर्ष भर खुली हवा में फलने वाला (पौधा आदि)। **half~** (पौधा) जिसे केवल शीत ऋतु में ही बचाना पड़े (अर्थात् वर्ष स्थान में रखना पड़े)। **~annual** १. खुली हवा में बोया जाने अथवा उगने वाला (पौधा); २. (ला०) बारहमासी, वार्षिक मामला, हर वर्ष उठने वाला मामला, प्रति वर्ष होनेवाली बात। **hardihood, hardiesse** सं० १. शौर्य, वीर्य, साहस, निर्भीकता, २. ढिठाई, धृष्टता। **hardiment, hardiness** सं० १. दिलेरी, साहस, २. दृढ़ता; ३. सहनशीलता; ४. ढिठाई।

hare (hâr) [A.-S. *hara* (cp. Dut *haas*, Den. and swed *hare*, G. *hase*)] सं० शश, शशक, खरगोश, खरहा। **first catch your~** (**then cook him**, पहले पूर्ण निष्ठा से कर्म करो और फिर फल की आकांक्षा करो)। **~and hounds** एक खेल-विशेष जिसमें कुछ खिलाड़ी तो खेतों या जंगलों में कागज के टुकड़े फेंकते जाते हैं और कुछ दूसरे उसे इकट्ठा करने हैं। **hold with the~ and run or hunt with the hounds** दोनों ओर मिला रहना। **mad as a march~** मार्च मास के उन्मत्त खरगोश की भाँति मदांध के अर्थ में प्रयुक्त। **~bell** गोल पत्तीदार घंटी के आकार का फूल, घंटुरे का फूल (दे० Bluebell)। **~brained** १. चंचल, उतावला; २. मर्मभिज्ञ; ३. जंगली, ४.अव्यवस्थित बुद्धि का। **~lip** ओठ के बीच की दरार, खड़ोष्ठ* (आ० भी)। **hare's foot** १. तिनपत्तिया घास की जाति की एक घास; २. एक प्रकार का जंगली वृक्ष जिसमें बोतल के काम आदि बनते हैं. ३. खरगोश का पैर जिसका प्रयोग चेहरे पर लाल रंग लगाने में होता है।

harem (hâr' em,) [Arab *haram*, from *harima*, be prohibited] सं० १. हरम, रनवास, अंतःपुर, जनानखाना; २. हरम में रहने वाली स्त्रियाँ; ३. मुसलमानों का पवित्र स्थान।

haricot (hâr' i kō) [F., etym. doubtful] सं० १. (भेड़ का) पका हुआ मसालेदार गोश्त। **~bean** फ्रांसीसी सेम।

hark (hark) [M.E. *herkien* (cogn. with O.Fris. *herkia*, M.Dut. *horken*, G. *horchen*)] क्रि० अ० और स० १. सुनना, ध्यान देना। **~back** १. (शिकारी कुत्तों का गंध पाने के लिए) पीछे लौटना; २. (ला०) फिर से बात के विषय पर वापस आना; ३. (शिकारी कुत्तों को) वापस बुलाना, लौटा लेना।

harl[1] (harl) [cp. M.L.G. *herle*, *harl*, L.G. *harl*] स० पंख का रेशा।

harl[2] (harl) [Sc. and North, etym. unknown], क्रि० स० और अ० १. (रूक०) जमीन पर घसीटना; २. (किसी प्रकार) घिसटना, रेंगना; ३. चूना और बालू बरकना।

Harleian (har lē' an)[Robert *Harley*, Earl of Oxford (1661-1724)] वि० अर्ल आफ़ आक्सफ़ोर्ड, राबर्ट हार्ल के पुस्तकालय से संबंधित।

harlequin (har le kwin) [F., from It *arlecchino*, etym. doubtful] सं० १. इटली के सुखांत नाटक का पात्र; २. अंग्रेजी मूक अभिनय का पात्र जो रंग-बिरंगा कसा हुआ वस्त्र पहनता है; ३. मसखरा, विदूषक; ४ उत्तरी इंग्लैण्ड का रंग-बिरंगे पंख वाला बनत्व, हार्लेक्विन। **harlequinade** सं० मूक अभिनय का वह भाग जिसमें विदूषक मुख्य पात्र रहता है।

Harley Street सं० हार्ले स्ट्रीट, लंदन की वह सड़क जिस पर फ़ीसनेबल चिकित्सक रहते हैं।

harlot (har' lot) [O F., orig. masc, vagabond, rogue, cp. It. *arlotto* (etym. doubtful)] सं० वेश्या, गणिका, वारांगना, पतुरिया, रंडी। क्रि० अ० वेश्या वृत्ति ग्रहण करना* (भा० भी), वेश्या-कर्म करना। **harlotry** सं० वेश्या वृत्ति, वेश्य-कर्म।

harm (haarm) [A.-S. *harm* (cp. Icel. *harm*, G *harm*,)] सं० १. क्षति, नाश, हानि, नुकसान, २ चोट, दुःख, तकलीफ; ३. अनिष्ट, अपकार, अपहानि* (विधि भी)। क्रि० स० १. हानि पहुँचाना, अनिष्ट करना। **harmful** वि० १ अपकारी, हानिप्रद, २ क्षति पूर्ण, अनिष्टप्रद। **out of harm's way** सुरक्षा में, सुरक्षित स्थान पर। **harmfully** क्रि० वि० हानिपूर्वक, क्षति पहुँचाते हुए। **harmfulness** सं० हानिप्रदता अनिष्टप्रदता। **harmless** वि० अहिंसक, अघातक, हानिहीन, क्षतिशून्य, अनिष्ट रहित। **harmlessly** क्रि० वि० हानि न करते हुए, क्षतिशून्यता के साथ, अपकार न करते हुए। **harmlessness** सं० हानिहीनता, अनिष्ट शून्यता। **harmattan** (har mät' an) [Fanti *haramata*] सं० पु, उत्तर गिनी के तट पर दिसम्बर, जनवरी और फरवरी के महीनों की झुलसा देने वाली हवा।

harmonic (hat mon' ik, [L. *harmonicus*, Gr. *harmonikos*, from *harmonia*, HARMONY] वि० १. एकताल, एकस्वर, सुस्वर, समान, २. स्वर समति-विषयक, ऐक्य संबंधी। सं० १. मधुर स्वर, सगत सुर, २ मनाद्री* (द० २, ३, वि० १ भी); ३. (इ० २) हार्मोनिक*, ४. (वि० १) हरात्मक*। **~progression** हरात्मक श्रेणी। **~quantities** हरात्मक राशियाँ, वे राशियाँ जिनके व्युत्क्रम समानान्तर श्रेणी में हों (जैसे १/२, १/३, १/४ या १२, १५, २०)। **~tones** प्रमेवादी स्वर। **harmonically** क्रि० वि० सगत रूप में, ऐक्यपूर्ण ढंग से। **harmonica, -on** (har mon' i kä, -kŏn) सं० १ कई संगीतवाद्यों का नाम

विभिन्न प्रकार के बाजे या साज; २. (अमरीकी प्रयोग) मुँह से बजाने का अरगन बाजा।

harmonious (har mō' ni ŭs) [F. *harmonieux*, fr HARMONY] वि० १. एक समस्वर, संयतस्वर, एकलय, सुसंगत, समरस, एक रस, सुरीला, स.ध्वनिक, ऐक्यपूर्ण; २. मेलमिलाप का, मैत्रीपूर्ण; ३. मधुर, संगीतमय; ४. समस्वर, एकस्वर, एकताल, सुर के साथ गाने बजाने वाला। **harmoniously** क्रि० वि० १. एक स्वर से, मधुर स्वर से; २. फल, मधुर, सुस्वर, ३. संगतिपूर्वक; ४. माधुर्य के साथ।

harmonist (har' mó nist) सं० १. राग-रागिनी में निपुण व्यक्ति, स्वरों में दक्ष मनुष्य; २. संगीतज्ञ; ३. समान वर्णनों की तुलना करने वाला। **harmonistic** वि० समान वर्णनों की तुलना करने वाले से संबंधित।

harmonium (har mō' ni um)[F.] सं० हारमोनियम (बाजा)।

harmonize (har' mó nīz) [F., *harmoniser*] क्रि० स० और अ० १. अनुकूल करना, मेल खाना, तालमेल होना या करना, समन्वय करना; २. एक तान करना या होना, सुर मिलाना या मिलना, ३ शांति स्थापित करना। **harmonization** सं० स्वरयोजन, समनिकरण, अनुकूलीकरण, सुरों का मिलाना। **harmonometer** सं० स्वरसंगतिमापक, सुरों की पारस्परिक संगति या ऐक्य मापक यंत्र।

harmony (har' mo ni) [F *harmonie*, L and Gr. *harmonia* (*harmos*, a fitting or joining, from the root *ar-*, to fit)] सं० १ एकता, ऐक्य, संगति, सादृश्य; २ विभिन्न अवयवों की सुव्यवस्था के कारण उत्पन्न भावर्य; ३. समस्वर, समस्वरों का समूह, संगत स्वर, समताल; ४. मधुर स्वर, सुस्वर; ५. एक से आख्यानों की तुलना (विशेषकर चार गॉस्पलों की); ६.(वि० १)महस्वरता* सुस्वरता*; ६. मेल, मेल-मिलाप, मैत्री. ७ तालमेल, समताल, स्वरसंगति, ८ समन्वय, सामंजस्य* (मा० ३ भी), सामरस्य, समरसता* (मा० ३ भी), एक जैसे वर्णनों (विशेष चार ईसाई ग्रंथियों) की तुलना और विश्लेषण। **pre-established** ~ आत्मा और शरीर के पूर्व स्थापित एकत्वनियम।

harness (har' nes [M.G and O.F. *harnes*, etym. doubtful सं० १ सज्जा, सन्नाह, प्रसाधन, आभरण, २. अश्वसज्जा, घोड़े या अन्य पशु का साज-सामान, ३ (ला०) काम करने का सामान, ३. ताने को बदलने के लिए करघे की कघी; ४. (इति०) कवच। क्रि० स० १. (घोड़े आदि पर) साज डालना, जोतना, बाँधना; २ (नदी, जल-प्रपात और प्राकृतिक शक्तियों को) विद्युत के लिए प्रयोग करना; ३. काम में लाना या लगाना,उपयोग करना। **in** ~ दैनिक कार्य में संलग्न या जुटा हुआ। ~**cask** जहाज पर रखने के लिए नमकीन गोश्त का पीपा।

harp (herp) [A.-S. *hearpe*, cp. Dut. *harp*, Icel. *harpa*, G. *harfe*] स० बीणा, सारंगी। क्रि० अ० १. बीणा बजाना; २. रट लगाना, राग अलापना, बार-बार कहना, बार-बार एक ही विषय पर बोलना या कहना। **harper, harpist** सं० बीणावादक।

harpoon (har poon') [F. *harpon*, from *harpe*, a claw, late L. and Gr. *harpē*, a sickle] सं० हारपून*, मत्स्यभाला* (वि० १ भी), कंटिदार बर्छी, जल भाला, ह्वेल मछली का शिकार करने की रस्सी बँधी बर्छी। क्रि० स० हारपून से मारना या बाँधना। ~**gun** हारपून को फेंकनेवाली तोप।

harpsichord (harp' si kôrd) [O.F. *harpechorde* (*harpe*, HARP, *chorde*, CHORD)] सं० हार्प्सीकार्ड, एक प्रकार की प्राचीन बीणा जिसका प्रयोग १६ वीं शती से १८ वीं शती तक होता था।

harpy (har' pi) [O.F. *harpie*, L. *harpyie*, Gr. *harpuiai* (pl.), from the root *harp-*, to seize] सं० १. यूनानी और लैटिन पुराण में वर्णित) स्त्री के मुख तथा शरीर और पक्षी के परों और पंजों वाला भयंकर दैत्य; २. भयानक और लुब्ध,र व्यक्ति। ~**eagle** हार्पी उकाब, दक्षिणी अमरीका का शिकारी पक्षी।

harquebus (har' kwē bŭs) [F. *harquebuse*, It. *arcobugio* (*arco* bow, *bugio*, a hole), a pop. corr. of M.H.G. *hakebusse*, see HACKBUT] सं० (इति०) (प्राचीन पद्धति की) हल्की तोड़ेदार बंदूक (जो तिपाई या द्विशाखी वस्तु पर रक्खी जाती थी)।

harquebusier सं० बंदूकची, तोड़ेदार बंदूक चलाने वाला।

harridan (hăr' i dăn) [prob. from M.F. *haridelle*, a worn- out horse] सं० १. दुष्ट बूढ़ा स्त्री; २. कर्कशा, झगड़ालू औरत।

harrier[1] (hăr' i ĕr) [HARE, -ER] सं० १. हैरियर, खरगोश का शिकार करने वाला कुत्ता; २. (बहुव०) शिकारियों और उनके कुत्तों का झुंड।

harrier[2] (hăr' i ĕr) [HARRY[1], -ER] सं० १. विनाशक, विनाश करने वाला, उजाड़ने वाला, लूटेरा, लूटपाट करने वाला, २. एक प्रकार का बाज पक्षी।

Harristweed सं० हेरीडीज द्वीप के हैरिस नामक स्थान पर तैयार किया गया ग्रारीदार ऊनी कपड़ा।

Harrovian (hă rō' vi ăn) [*Harrow*-on-the-Hill, Middlesex] वि० और सं० १ हैरो स्कूल का (छात्र); २. हैरो का (निवासी)।

harrow[1] (hăr' ō) [M.G. *harwe*, etym. doubtful] सं० १. हेरा; २ मरावन; ३ हैरो* (क्रू० भी)। क्रि० १. हेरा चलाना; २. (आ० और ला० भावनाओं आदि को) चोट पहुँचाना, दुखित करना, मर्मभेदन करना। **under the** ~ आपत्ति में, संकट में। **harrowing** वि० १. दुःखद; २. कलेश देनेवाला, भावनाओं को चोट पहुँचाने वाला।

harrow[2] (hăr' ō) [HARRY] क्रि० स० १. उजाड़ना, बर्बाद करना तबाह करना; २. लूटना (मूल्यवना ~ hell में)।

harry (hăr' i)[A.-S. *le gian*, cogn., so with *here*; army] क्रि० स० १. (देश को) उजाड़ना, बर्बाद करना, तबाह करना, २. (किसी व्यक्ति को) लूटना-खसोटना; ३. तंग करना, परेशान करना; ४. सताना, नाक में दम करना।

harsh (harsh) [M. E. *harsk* from Scand (c.). Dan. *barsk*, swed. *barsk*, G. *harsch*)]. वि० १. कर्कश, रूक्ष* (वि० १ भी), रूखा, खुरदुरा, सख्त, २. अप्रिय, अभिरुचिकर, घृण्य, ३. कठोर, निर्दय, निष्ठुर, क्रूर, बेरहम। **harshly** क्रि० वि० १ रूक्षेपन से; २ अप्रिय ढग से; ३. क्रूरतापूर्वक, ४. रूखाई से। **harshness**. सं० १. पाश्र्व्य, रूक्षता, रूक्षपन; २ कठोरता; ३ अप्रियता, ४ निर्दयता, परुषता।

hart (hart) [A.-S. *heort*. *hiwot*. from O.Teut *herut*, horned (cp. L. *cervus*, stag, *keras* -*atos*, horn)] सं० लाल हिरन, रक्त हरिण (विशेष पाँचवे वर्ष के बाद का)। ~**of ten** वह हरिण जिसके सीगो की दस शाखाएँ होती है। **hart's tongue** लंबे पत्तों वाला, पर्णांग।

hartal (har' tal) [Hind.] सं० हड़ताल, शोक या प्रतिरोध प्रकट करने के लिए दुकानों आदि का बंद होना।

hartshorn (harts' hôrn)] सं० हिरन के सींग से प्राप्त एक विशिष्ट पदार्थ जिससे पहले अमोनिया प्राप्त होता था। **salt of** ~ गंधमय क्षार, अमोनिया का एक मिश्रण। **spirit of**~ अमोनिया का पानी मिला मिश्रण।

harum-scarum (hâr' um skâr' ŭm) [prob. compounded from HARE and SCARE] वि० और सं० १. प्रमादी, असावधान, विवेकशून्य; २. अदूरदर्शी, विचारहीन; ३. लापरवाह; ४. मनचला, उतावला।

harvest (har' vest) [A.-S. *herfest* (cp. Dut. *herfst* Icel. *haust*, G. *herbst*), from Teut. root *harb-* (cp. L. *carpere*, to pluck)] सं० १. शस्यसंग्रहकाल, कटनी, कटाई* (ब० भी), फ़सल काटने और इकट्ठा करने का मौसम; ३. गल्ले की फ़सल, कटी फसल* (ब० भी); उपज, पैदावार, खेती; ३. एक फसल की उपज या पैदावार; ४. (ला०) कार्यपरिणाम, कर्मफल, नतीजा; ५. सस्य*/ फसल* (वि० १ भी)। क्रि० स० १. फसल काटना और इकट्ठा करना; २. कटाई करना; ३. जमा करना; ४. बटोरना। **~bug** फसली कीड़ा, एक कीड़ा जो फ़सल काटते समय बहुत परेशान करता है। **~festival** शस्योत्सव, फ़सल कटने पर मनाया जाने वाला उत्सव। **~home** शस्यांत। **~moon** शस्य-पूर्णिमा, शरच्चंद्र, २२ और २३ सितम्बर का पूर्ण चंद्र। **~mouse** एक प्रकार का छोटा चूहा जो पौधों के डंठल में रहता है। **harvester** सं० १. फ़सल काटने वाला, कटाई करने वाला; २. फ़सल क.टने की मशीन; ३. छोटा कीड़ा जो फ़सल काटते समय परेशान करता है; ४. (विधि) सत्यकतिन्,* हार्वेस्टर*।

has दे० HAVE[1]।

has-been सं० (बोल०) व्यक्ति या वस्तु जो अपना गुण या विशेषता खो बैठी हो, कभी थे।

hash (hăsh)[O.F. *hachis*, from *hacher*, to hack, mince] सं० १. पका हुआ क़ीमा, छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर पकाया हुआ मांस; २. नवीन रूप में प्रस्तुत प्राचीन वस्तु; ३. खिचड़ी, गड़मड्ड, मिलावट, मिश्रण। क्रि० स० (~up भी) १. (मांस को) काट कर टुकड़े-टुकड़े करना; २. (ला० भी) काट देना, काट फेंकना, खंड-खंड कर देना। **make a~ of** दुर्दशा कर देना, प्रयोग करते-करते खराब कर देना, सत्यानाश कर देना। **settle person's~** (किसी व्यक्ति को) मार डालना, खत्म कर डालना, समाप्त कर देना, ठिकाने लगा देना।

hashish (hăsh' ish) [Arab. *hashish*] सं० चरस*, हशीश* (मा० ३ भी), मांस की कोमल पत्तियों और कोमल भाग जिनको सुखा कर अरब, मिश्र, टर्की आदि देशों में पीते या खाते हैं।

haslet (hâs' let), **harslet** (hars' let) [M.E. and O.F. *hastelet*, from *haste*, a spit, L. *hasta*, a spear] सं० गोश्त का टुकड़ा (विशे० सुअर के गोश्त का), जो भूनने और तलने के लिए काटा जाता है।

hasp (hasp)[A.-S. *hepse* (cp. Dut. *haspel*, Icel. *hespa*, G. *haspe*)] सं० १. कुंडा सरकी, छपका* (ब० ३ भी), कुंडी; २. सूत की लच्छी या आंटी। क्रि० स० कुंडी लगाना।

hassock (hăs' ok) [A.-S. *hassuc*, etym. doubtful, not from W. *hesg*, sedges] सं० १. घुटने टेकने की गद्दी; २. सूखी हुई घास आदि का गुच्छा या आंटी; ३. कैंट में प्राप्त) चूना मिला हुआ भुरभुरा पत्थर।

hastate (hăs' tāt) [L. *hastātus*, from *hasta*, spear] वि० १. भाले के आकार का, बर्छी की तरह का; २. (वि० १) भालाकार*, भालाभ*, कुंताभ*।

haste (hāst) [O.F. *haste* (F. *hâte*), whence *haster*, from W.G. *hasti-*, violence (cp. A.-S. *hest*)] (सं० १. त्वरा, वेग, शीघ्रता, क्षिप्रता, जल्दी, तेज़ी; २. हड़बड़ी, उतावली, जल्दबाज़ी। क्रि० अ० जल्दी या उतावली करना, तेज़ी करना। **make~** जल्दी या शीघ्रता करो। **hasten** (hā' sĕn) क्रि० स० और अ० १. जल्दी करना या कराना, शीघ्रता (से) करना या कराना; २. (कार्य आदि की) गति में वृद्धि करना, चाल बढ़ा देना; ३. उतावली करना, तेज़ी करना; ४. तेज़ी से आना-जाना, जल्दी-जल्दी बढ़ाना। **hasty** वि० १. सत्वर, त्वरित, क्षिप्र, द्रुत, वेगशील, जल्दबाज़, उतावला; २. उज्झड्, बे सोचे-समझे, अविचारी, अविमर्श; ३. चिड़चिड़ा, शीघ्र झल्ला जाने वाला। **~pudding** दूध या जल में पकाई गयी एक प्रकार की लप्सी। **hastily** क्रि० वि० १. सहसा, शीघ्रतापूर्वक, जल्दबाज़ी से; २. झल्लाहट के साथ। **hastiness** सं० १. जल्दी, शीघ्रता, जल्दबाज़ी; २. चिड़चिड़ापन।

hat (hăt) [A.-S. *hæt*, cogn. with HOOD] सं० १. शिरस्त्राण; २. टोप, अंग्रेज़ी टोपी। क्रि० स० टोप पहनना। **as black as my~** काला स्याह। **bad~** (ग्रा०) नीच मनुष्य, नैतिकता शून्य व्यक्ति, चरित्रहीन व्यक्ति। **~in hand** दासवत्, दास के रूप में, विनीत भाव से। **opera~** नोकदार टोप जो सिकुड़ सके। **send round the~** चंदा माँगना या इकट्ठा करना। **talk through one's~** (ग्रा०) डींग मारना, शेखी बघारना, बड़-बड़ कर बातें करना। **top, high, chimneypot~** नोकदार रेशमी टोप। **~band** टोप के चारों ओर लपेटी हुई पट्टी या फीता। **~block** कालिक, टोप का साँचा। **~trick** १. (क्रिकेट) क्रम से तीन बंद फेंक कर तीन खिलाड़ियों को आउट कर देना; २. एक ही खिलाड़ी द्वारा तीन गोल करना या तीन दौड़ लेना। **hatful** सं० भर टोप। **hatless** वि० बिना टोप का, बिना हैट का। **hatter** सं० टोप वाला, टोप बनाने वाला।

hatch[1] (hăch) [A.-S. *hæce* (cp. Dut. *hek*, Swed. *hark*) prob. conn. with A.-S. *haca*, the bolt of door] सं० १. दो हिस्से वाले किवाड़ का नीचे का भाग, विभक्त भाग का निम्नार्द्ध; २. दरवाज़े, दीवार, फर्श या छेद में लगी हुई खिड़की या झरोखा, ३. (नौ० वि०) फलका, माल को तल में उतारने के लिए जहाज़ के डेक में एक खिड़की, इस खिड़की का दरवाज़ा, नदी या नहर के बांध का दरवाज़ा। **to be under hatches** १. डेक के नीचे; २. (ला०) इतना नीचे कि दिखाई न पड़े, ३ नीचे लाया गया; ४. मर्दा, मृत। **~way** माल को तल में उतारने के लिए जहाज़ के डेक में एक खिड़की।

hatch[2] (hăch) [M.E. *hachen* (cp. Swed. *hacka*, Dan. *hekke*)] क्रि० स० और अ० १. रचना, तैयार करना, गढ़ना, नतीजा निकालना; २. अंडे सेना* (कु० भी) अंडे से बच्चा निकलना; ३. षड्यंत्र रचना। सं० अंडों को सेना, एक साथ सेये हुए अंडों के बच्चे। **hatchs catches, matches and dispatches** समाचार-पत्रों में जन्म, सगाई, विवाह और मृत्यु के समाचार। **hatchery** सं० १. मछलियों और मुर्गियों के अंडे सेने का स्थान; २. (वि० १) अंडज उत्पत्तिशाला* मत्स्य-उत्पत्ति जलाशय*।

hatch[3] (hăch) [F. *hacher*, see HASH] क्रि० स० (घरातल पर प्रायः समानान्तर) रेखाएँ खोदना या उत्कीर्ण करना। सं० इस प्रकार उत्कीर्ण रेखाएँ। **hatched moulding** (वास्तु०) रेखांकीणित तल, वह उभाड़ जिसमें एक दूसरे को काटने वाली समानान्तर रेखाएँ उत्कीर्ण हों।

hatchet (hăch' et) [F. *hachette* dim. of *hache*, O.H.G. *happja*, a sickle] सं० कुल्हाड़ी, फरसा, बसूला। **bury the~** झगड़ा समाप्त करना, लड़ाई बंद करना, मामला खत्म कर देना, संधि या मित्रता करना, मेल-मिलाप करना। **throw the~** बातचीत बंद करना। **throw the helve after the~** और नुकसान कर बैठना। **~face** तंग, नुकीला चेहरा।

hatchment (hăch' mént) [corr. of ACHIEVEMENT] सं० कुलचिह्नांकित ढाल, मृत व्यक्ति के घर के सामने लगी हुई तख्ती जिस पर उसके कुल चिह्न अंकित रहते हैं।

hate (hāt) [A.-S. *hete*, from Teut. root hat-, whence *hatian*, to hate] सं० (मुख्यतः काव्य०) नफ़रत, घृणा* (मा० २ भी), वैर, दुश्मनी, द्वेष। क्रि० स० १. घृणा करना, द्वेष या वैमनस्य रखना; २. नफ़रत करना या होना, बहुत बुरा समझना। **morning ~** (ग्रा०) शत्रु की ओर से प्रातःकालीन गोलाबारी। **hateable** वि० घृण्य, नफ़रत के योग्य। **hateful** वि० १. गर्हित, कुत्सित, घृणित, घृणास्पद, घृणोत्पादक; २. द्वेषमय, द्वेषजनक। **hatefully** क्रि० वि० १. घृणापूर्वक; २. द्वेषपूर्वक। **hatefulness** सं० १. घृणास्पदता, घृणापूर्णता, २. द्वेषमयता। **hatred** सं० १. विद्वेष, जुगुप्सा, घृणा, नफ़रत; २. द्वेष, वैर, दुश्मनी।

hauberk (haw' bĕrk) [O.F. *hauberc*, O.H.G. *halsberg* (*hals*, neck, cp. HALSE, *bergan*, cogn. with A.-S. *beorgan*, to protect, see BURY)] सं० कवच, ज़िरह बख्तर, वर्म।

haugh (hach, haf) [Sc. and North., prob. from A.-S. *healh*, nook, corner] सं० (नदी के किनारे) कछार की समतल भूमि।

haughty (haw' ti) [easties *haught*, F *haut*, L. *altus*, high] वि० १. घमंडी, अभिमानी, अहंकारी; २. उद्धत, ढीठ, शोख; ३. गौरवशाली, गरिमायुक्त। **haughtily** क्रि० वि० १. घमंड से, अभिमान या अहंकार से, ढिठाई, शोखी से; २. गौरव या गरिमा से। **haughtiness** सं० १. दर्प, घमंड, अभिमान, अहंकार; २. औद्धत्य, ढिठाई, शोखी; ३. गौरव, गरिमा, शान।

haul (hawl) [var. of HALE²] क्रि० स० तथा अ० १. घसीटना, घसीटते हुए खींचना, बलपूर्वक खींचना या घसीटना; २. होना, गाड़ी या किसी अन्य साधन से माल-असबाब ले आना या ले जाना; ३. (रस्सा आदि) खींचना, तानना; ४. (नौ० वि०) जहाज का मार्ग बदलना; ५. (वायु का) रुख बदलना, दिशा में परिवर्तन होना। सं० १ हरण, खिंचाव, खिंचाई, कर्षण, आकर्ष; २. (ला०) प्राप्त मात्रा या वस्तु; ३. (इ० १) ढुलाई*, वहन-अनुकर्षण*। **~upon the wind** जहाज को हवा के रुख पर लाना। **haulage** सं० १. खिंचाव, खिंचाई, खींचने की क्रिया; २ ढुलाई* (इ० १ भी), ३. (इ० १) वहन*, अनुकर्षण*। **hauler, haulier** सं० १. डोनेवाला. खींचनेवाला, (विशे०) कोयले की खान में टब खींचनेवाला; २. किराये पर माल ढोने वाला, गाड़ीवान।

haulm (hawm) [A.-S. *healm* (cp. Dut. and G. *halm*, Icel. *hálmr*, also L. *culmus*, Gr *kalamos*, reed)] सं० १. पलाल* (क्र० भी), डंठल, तना; २. (समूहवाचक, एकव०) मटर, सेम, आलू आदि के डंठल जिसमें फली आदि न लगी हों।

haunch (hawnch) [O.F. *hanche*, from Teut. (cp. O.H.G. *anchâ*, leg, orig. joint)] सं० १. पुट्ठा* (ई० ३ भी), बगल, कमर* स्फंग* हाव* (इ० ३ भी), कूल्हा* (क्र० भी); २. हिरन आदि की टाँग और रान जो खाई जाती है; ३. महराब के केन्द्र और स्तम्भों का मध्य भाग।

haunt (hawnt) [O.F. *hanter*, etym. doubtful] क्रि० स० और अ० १. पीछे पड़ना, बार-बार आना-जाना, आवाजाही, (किसी स्थान पर) बहुधा आना-जाना; २. (किसी व्यक्ति से) प्रायः मिलना-जुलना, संग-साथ करना, बारम्बार भेंट करना; ३. (विचारों आदि का) मन में बार-बार आना; ४. (भू० कृ०) भूत या प्रेत का लगना, भूत आना; ५. (किसी स्थान पर किसी व्यक्ति के साथ) प्रायः ठहरना या रुकना। सं० १. आश्रय, निलय, अड्डा, बसेरा, आवाजाही, रोज आने-जाने का स्थान; २. जानवरों की चरही; ३. बदमाशों का अड्डा।

hautboy (hō' bo') [F. *hautbois* (*haut*, L. *altus*, high, *bois*, late L. *boscus*, wood)] सं० १. नफ़ीरी, शहनाई बाजा; २. अरगन बाजे का पर्दा; ३. हाल्बाय, स्ट्राबेरी की एक जाति।

Havana (hà văn' à) सं० हवाना सिगार, हवाना या क्यूबा का बना हुआ सिगार।

have (hăv) [A.-S. *habban* (cp. Dut. *hebban*, Icel. *hafa*, G. *haben*, and perh. L. *habère*)] क्रि० स०, अ० और सहायक क्रि० १. रखना, अधिकार में रखना; २. (व्यक्तियों आदि का) होना (जैसे I ~two sons); ३. भाग, गुण आदि के रूप में रखना (जैसे June has 30 days, trees ~leaves); ४. पाना, लेना (जैसे I had that pleasure); ५. (दुःख का) अनुभव करना (जैसे I had a toothache); ६. किसी व्यक्ति को आज्ञा देना; ७. जानना, ज्ञान होना (जैसे he has no Greek); ८. भारग्रस्त होना, भार से लदा होना; ९. लाचार होना, विवश या बाध्य होना (जैसे I had to do my work); १०. धारण करना, याद रखना, स्मृति में रखना (जैसे ~this in mind); ११. समझना, मानना (जैसे ~no doubt); १२. कार्य आदि द्वारा अपना गुण प्रकट करना; १३. व्यस्त होना, करते चलना, भिड़े रहना; १४. स्वीकार करना, समर्थन करना (जैसे he will ~it); १५. कहना, प्रकट करना, अभिव्यक्त करना (जैसे as Plato has it); १६. पाना, मिलना, प्राप्त करना (जैसे we had news); १७. (भोजन के रूप में) खाना, ग्रहण करना (जैसे ~one egg). सं० (ग्रा०) धोखाधड़ी। **had better go** चले जाने में ही बुद्धिमानी है। **had I known etc.** यदि मैं जानता। **had rather go** चले जाना, अधिक पसंद करना। **~a try** प्रयत्न कर देखना। **~done** समाप्त करना, बस करना। **~him shot** गोली से उड़ा देना या मरवा देना। **~him up** उसे न्यायालय में उपस्थित करो। **~it out** १. निपटना, झंझट तय करना; २. दाँत निकलवाना। **~it your own way** (बाद-विवाद और आगे न बढ़ाने का एक ढंग) अच्छा, जो तुम कहते हो वही सही। **~nothing on (person)** कोई लाभ न होना, कुछ साथ न लाना, कुछ हाथ न लगना। **~on** कपड़े पहनना, वस्त्र धारण करना। **he has had it** (ग्रा०) उसके साथ प्राण-घातक दुर्घटना घटी है। **I had him there** मैंने उसे परास्त कर दिया। **I ~, had, shall ~packed** मेरा पुलिन्दा तैयार है, तैयार था, तैयार रहेगा। **let him ~it** इसकी खूब खबर लो, इसे खूब पीटो। **the Ayes ~it** 'हां' वाले मतदाता बहुमत में है। **the haves and the ~nots** अमीर और गरीब। **you ~ been had** (ग्रा०) तुमको धोखा दिया गया है। **having** सं० (क्रियागत अर्थों में) १. जायदाद, संपत्ति; २. सामान, माल-असबाब (प्रायः बहुव०)।

haven (hāv' en) [A.-S. *hæfene* (cp. Dut. *haven*, Icel. *höfn* G. *hafen*)] सं० १. बंदर, बंदरगाह, पत्तन; २. (ला० प्रायः ~of rest) आश्रय, शरण, आराम करने का स्थान; ३. बचाव की जगह, पनाह।

haver (hāv' er) [Sc. and North. etym unknown] सं० (प्रायः बहुव०) बकवाद, बेवकूफ़ी की बात। क्रि० अ० (स्कॉ०) बड़बड़ाना, बकबकाना, मूर्खों की तरह बातें करना।

haversack (hăv' ĕr săk) [F. *havresac*, G. *habersack* (*haber*, oats, *sack*, SACK)] सं० रसदी थैला, सिपाही का रसद रखने का फिरमिच का मज़बूत थैला।

havildar (hăv' il dar) [Pers. *hawál-dár*, from Arab. *hawálah*, charge, Pers, *dár*, holding] सं० हवलदार* (ब्र० भी), सार्जेन्ट के बराबर पदवी वाला अफ़सर।

havoc (hă'v ok) [A.-F. *havok*, O.F. *havot*, plunder, prob. from Teut. and cogn. with HEAVE] सं० विनाश, संहार, मटियामेट, सत्यानाश, सर्वनाश, विध्वंस, तबाही, बरबादी, उपद्रव (जैसे make ~of. play ~ among) । क्रि० स० मटियामेट करना, विध्वंस करना। **cry ~** सेना को लूटपाट की आज्ञा देना (अब ला०)।

haw[1] (haw) [A.-S. *haga* (cp. Icel. *hagi*, Dut. *haag*, *G. hag*)] सं० १. हा, बेर के समान छोटा लाल फल, इसकी कांटेदार झाड़ी, २. (इति०) बाड़ा, साड़ियों की टट्टी या घेरा। **~buck** देहाती, गँवार, उजड्ड। **~finch** हाफिंच, लम्बी चोंच का एक छोटा पक्षी।

haw[2] (haw) [imit] विस्म० और सं० झिझक के साथ बोलने का शब्द। क्रि० अ० झिझक का शब्द उच्चारित करना या झिझक से बोलना।

haw[3] (haw) [etym. unknown] सं० १. घोड़े, कुत्ते आदि की आँख की तीसरी पलक, २. आँख के भीतरी कोने में एक छोटी हड्डी।

haw-haw[1] विस्म० और सं० कहकहा, अट्टहास, ज़ोर की हँसी। क्रि० अ० कहकहे लगाना, अट्टहास करना।

haw-haw[2] हा! हा, दे० HA-HA।

hawk[1] (hawk) [A-S. *hafo*. *heafo* (cp. Dut. *hac* Icel. *hauker*, G. *habicht*). prob. from Teut. root *haf-* to seize, cp. L. *capere*] सं० १. बाज़* (वि० १ भी); २. डाकू, लुटेरा, अत्याचारी। क्रि० अ० और स० बाज से शिकार करना या कराना। **~at** १. बाज की तरह झपटना, आक्रमण करना, २. (अबाबील का) छोटे-छोटे कीड़ों का शिकार करना। **hawk's bill** एक प्रकार का कछुआ। **~eyed** तीक्ष्ण दृष्टि वाला। **~moth** एक प्रकार का उड़ने वाला कीड़ा। **~nosed** ऊँची नोकदार नाक वाला। **hawkish, hawklike** दे० श्येनवत्, बाज की तरह।

hawk[2] (hawk) [prob. imit.] क्रि० अ० और स० १ खखारना, खाँसकर गला साफ करना, २ बलगम निकालना या थूकना।

hawk[3] (haw) [HAWKER[2]] क्रि० स० माल बेचने के लिए फेरी लगाना, फेरी लगा कर माल बेचना (प्राय० ला०)।

hawk[4] (hawk) [etym. doubtful] सं० रस्सा, पलस्तर करने वाले का एक हत्थेदार और वर्गाकार औज़ार।

hawker (haw' kĕr) [prob. from G. (cp. L.G. *hoker*, Dut. *houker*, G. *höker*)] सं० फेरी वाला, फेरी लगाने वाला।

hawse (hawz) [prob. from Icel. *hals*, neck, cp. HALSE] सं० १. जहाज के अगले सिरे का वह भाग जिसमें रस्सों या तारों के लिए छेद बने होते थे, २. लंगर डाले हुए जहाज के अगले रस्सों या तारों की स्थिति; ३. लंगरदार जहाज के सिरे और लंगरों के बीच का स्थान। **~hole** लंगर, छेद, सुराख, गलाा।

hawser (haw' zer) [O.F. *haucier* (F. *hausser*), fr L. *altāre*, to raise, from L. *altus*, high] सं० (नौ वि०) इस्पात का बड़ा रस्सा या मोटा तार, तीनपान।

hawthorn (haw' thôrn) [A-S *hagthorn* (HAW[1], THORN)] सं० हाथान* (कु० भी)। एक कटीदार झाड़ी जिसके फल मकड़े, लाल या गुलाबी होते हैं और फल छोटे और गहरे लाल होते हैं, दे० HAW[1]।

hay[1] (hā) [M.E. *hey*, A.-S. *hieg*, cogn. with HEW] सं० १. सूखी घास*/ शुष्क घास* (कु०, वि० १ भी); २. चारे के लिए काटी और सुखाई गई घास। क्रि० स० और अ० १. (भूमि पर) घास सुखाने के लिए फैलाना; २. घास को धूप में सुखाने के लिए उलटना-पलटना। **Burgundian ~** लूसर्न, एक प्रकार का चारा। **go ~ wire** उत्तेजित या विचलित होना। **make ~**. १. घास को धूप में सुखाने के लिए उलटना-पलटना; २. फ़ायदा उठाना, आगे के लिए जमा करना। **make ~of** १. घबड़ा देना, व्यग्र कर देना, घबराहट में डाल देना, गड़बड़ा देना; २. तहस-नहस कर देना, बर्बाद कर देना। **make ~ while the sun shines** १. अवसर न चूकना; २. अनुकूल अवसर पर कार्य सिद्ध करना। **~box** सूखी घास भरा सन्दूक या बक्स जिसमें गर्म भोजन को पकता हुआ छोड़ देते हैं। **~cock** सूखी घास का ढेर* (वि० १ भी), अंबार या गंजहर। **~fever** परागज ज्वर*/ घास ज्वर* (आ० भी), श्वासकष्ट सहित एक ज्वर जो गर्मी के दिनों में धूल, कूड़ा-करकट आदि से हो जाता है। **~fork** (घास को उलटने-पलटने या लादने का) पाँचा। **~maker** १. काटने के पश्चात् घास को उलटने, उठाने और फैलाने वाला, २ घास को हिलाने और सुखाने का औज़ार, ३. (ग्रा०) ज़ोर का घूँसा, घोर प्रहार। **~rick, ~stack** घास का अंबार या गंजहर। **~seed** (अमरीकी प्रयोग बीज०) गँवार, अनभ्य, अशिक्षित। **~wire** १ (अमरीकी प्रयोग) कोई उलझी हुई वस्तु, जटिल या उलझी हुई समस्या।

hay[2] (hā) [etym. doubtful] सं० एक प्रकार का लोकनृत्य।

hay[3] hā) [A.-S., *hege* cogn with *haga*, HAW[1]] घेरा, बाड़ा, घेरे की झाड़ी, झाड़ बंदी। **hayward** सं० गिरजे के हर्क आदि का अफ़सर जिस पर बाड़ों और घेरों की सुरक्षा का भार रहता है।

hazard hăz' ărd) [O.F. *hasard*, perh. from Arab *alzahr*, the die] सं० १ संशय, शंका, सन्देह. २ संयोग, दैवयोग, दैवघटना, ३. खतरा, संकट* (वि० १ भी), जोखिम, ४. पासे का एक खेल, ५ (टेनिस में) जीतने के पश्चात् खेल का आरम्भ, ६ (गोल्फ) किसी प्रकार का खराब मैदान, जैसे मैदान में गड्ढा, ७ (आयरलैण्ड में) गाड़ी का अड्डा। क्रि० स० १ जोखिम में डालना, खतरे में डालना, संकट या आपत्ति में डालना, २ हिम्मत करना, दिल कड़ा कर के साहस के साथ कोई बात कहना, कोई कार्य प्रारम्भ करना। **at all hazards** सभी जोखिमों में, हर तरह के खतरों में। **sing ~** (बिलियर्ड) अपनी गेंद को थैली में गिराना। **winning ~** (बिलियर्ड) लाल गेंद को थैली में गिराना। **hazardous** वि० १. संदिग्ध, जोखिमी, खतरनाक, संकटमय* (मा० १ भी), आपदापन्न, संकटग्रस्त, संकटापन्न, २. दैवाधीन, दैवावत्त। **hazardously** क्रि० वि० १ खतरनाक रूप में, संकटापन्न रूप में; २. दैववशात्, संयोग से। **hazardousness** सं० १. संकटग्रस्तता, संकटापन्नता, २ दैवाधीनता।

haze[1] (hāz) [etym. unknown] सं० १ धुंध* (कु० भी); २. गुबार, हल्का कुहरा; ३. (ला०) मानसिक अंधकार या धुंधलापन, मानसिक व्यग्रता या व्याकुलता, चित्त की चिल्लाहट; ४. धुँधला।

क्रि० स० १. धुंध करना, धुंधला करना। **hazy** वि० १. धुँधला* (वि० १ भी), कुहरीला; २. अस्पष्ट, धुँधला; ३. थोड़ा पिये हुए। **hazily** क्रि० वि० १. धुंधलेपन से; २. अस्पष्टतापूर्वक। **haziness** सं० १. धुंधलापन; २. कुहरीलापन; ३. अस्पष्टता।

haze[2] (hāz) [ety. doubtful, cp. O.F. *haser*, to *irritate*, to annoy] क्रि० स० १. (नौ० वि०) काम लेते-लेते कचूमर निकाल लेना; २. अधिक काम लेकर परेशान करना; ३. (अमरीकी प्रयोग) सताना, दिक्क करना, परेशान करना, तंग करना।

hazel (hā' zĕl) [A.-S. *hesel* (cp. Icel, *hasl*, Dut. *hazel*, G. *hasel*)] सं० १. एक प्रकार की झाड़ी; २. इसकी लकड़ी (की छड़ी); ३. आँखों का लालिमा लिये भूरा रंग। **hazelly** वि० १. उपर्युक्त झाड़ी-संबंधी; २. लालिमा लिये भूरे रंग का।

he[1] (hē) [A.-S. *hē*, cogn. with O.Fris. and O.S. *hi*, *he*] सर्व० वह, उसने। सं० नर (गुणवाचक विशे० पशुओं का जैसे he-goat आदि)। **~man** (अमरीकी प्रयोग) भड़ल्ले का, मरदाना, दबंग या बलशाली व्यक्ति।

he[2] विस्म० (मनोरंजन अथवा उपहास का द्योतक) ही ही, हा, हा।

head[1] (hed) [A.-S. *hēafod* (cp. Dut. *hoofd*, Icel. *haufoth*, G. *haupt*)] सं० १. सिर* (आ०, ई० १, २, ३, प्र०, वि० १ भी), शीर्ष, मस्तक, सिर* (वि० १ भी); २. बुद्धि, मस्तिष्क, ३. अभिरुचि, मन का झुकाव (जैसे a good ~ for business), ४ (बोल०) रात में अधिक जागने के कारण सिर में पीड़ा, ५ जीवन, प्राण (जैसे it cost him his ~); ६. मुद्रांकित सिर की प्रतिमा, सिक्के पर बना हुआ चेहरा, [tail का विलोम] (जैसे heads I win, tails you lose); ७. बारहसिंगे के शाखदार सींग, ८ जन, मनुष्य (जैसे crowned heads); ९. व्यक्ति, मनुष्य (जैसे two pence per ~); १० (विशे०) पशुओं के लिए प्रयुक्त (जैसे every ~ of cattle), ११. किसी वस्तु का सामना या सिरा, जैसे किसी औजार का फल या नाखून का सिरा, १२ (पौधे की) फुनगी, पत्तों या फलों की छतरी; १३. मदिरा का झाग या फेन, १४ दूध की मलाई, १५ (मस्तूल, सीढ़ी, पुल आदि की) चोटी, शिखर, ऊपर का सिरा; १६. फोड़े का मुंह, १७ ऊंचाई सिरा, १८ झील का दहाना, नदी और झील के मिलने का स्थान; १९. सिरहाना, २०. चक्की आदि के लिए ऊँचे स्थान पर रोका गया पानी, २१. भाप का दबाव, २२ (जुलुस, सेना आदि का) आगे का भाग, २३. हल का आगे का भाग, फाल, २४. जहाज का अगला सिरा या भाग, २५. अंतरीप, नस; २६. कोयले की खान में भूमि के नीचे से मार्ग, २७. शासक, प्रधान* (प्र० भी), मुखिया, नेता, सरदार, सदर, नायक, सब से बड़ा अफसर; २८. कालेज का प्रधाध्यापक, २९. स्कूल का प्रधानाध्यापक, ३०. अध्यक्ष-पद (जैसे at the ~ of); ३१ विषय या उसका भाग, मद, ३२. दर्जा, श्रेणी, वर्ग, ३३. पराकाष्ठा, अंतिम सीमा, पूरा उभार, आखिरी हद, ३४ संकटकाल; ३५ चोटी, ऊँचाई, अगला सिरा, ३६. (नौ० वि०) जहाज के अगले सिरे पर मल्लाहों का पाखाना; ३७. (वि०१) मुडक*, सिरा; ३८. (इ० १) मत्थ*, ३९. (कु०) काली* सिट्टा*। **beat person's~ off** किसी व्यक्ति से पूर्णतया जीतना। **by ~ and shoulders** दे० by the ~ and coat। **by the ~** १. सिर के बल; २. (ला०) कुछ किये हुए। **by the ~ and ears** बलात्, जबर्दस्ती, खींचतान करके। **cannot make ~ or tail of it** इसका सिर-पैर समझ में नहीं आता। **could do it on my ~** (बा० यह मेरे बाएँ हाथ का खेल है। **deer of the first~** वह बारहसिंगा जिसके सींग हाथ ही में निकले हों। **from ~ to foot** सिर से पैर तक, नख से शिख तक। **give (horse) his ~** घोड़े को बिना रोक-टोक जाने दो, घोड़े की बाग ढीली छोड़ दो। **good ~ of shell** सींगों आदि का ढेर। **~ and front** १. (अपराध आदि का) सार, मूल तत्त्व, २. (प्रबन्धित) नायक, अगुआ, प्रधान। **~first or foremost** १. सिर के बल; २. (ला०) नेकी में नीचे की ओर जाते हुए। **~of hair** झबरा (विशे० जब बहुत घने बाल हों)। **~over heels** उल्टा, कलाबाजी खाता हुआ। **keep one's ~** धैर्य न खोना, शांति रखना। **keep one's ~above water** (ला०) बिना ऋण लिए काम चलाना। **large~of game** बहुत से शिकार। **lay (our etc.) heads together** सलाह करना, आपस में परामर्श करना। **lose one's ~** १. चकरा जाना, गड़बड़ा जाना, आपे से बाहर हो जाना; २. सुध-बुध खो देना; ३. मृत्यु-दंड मिलना, मारा जाना। **make~ aimlessly** आगे बढ़ना, आगे निकल चलना। **make~against** बढ़ने न देना, सफलतापूर्वक प्रतिरोध करना। **off one's ~** दीवाना, पागल, सनकी। **old ~on young shoulders** अल्पवयस्क व्यक्ति में बूढ़ों की सी बुद्धि। **(stand etc.) on one's~** सिर के बल खड़ा होना। **out of one's own~** अपने आप, अपनी बुद्धि से। **over ~and ears** दे० EAR। **over one's ~** १. किसी के सिर पर विशे० (ला०) खतरे का मँडराना; २. किसी की समझ के बाहर। **person is promoted over another's ~** उन्नति के अधिकारी व्यक्ति की अपेक्षा अनधिकारी व्यक्ति को पहले उन्नति देना। **put thing out of (one's) ~** उस वस्तु को भूल जाना, उस वस्तु का विस्मरण कर देना। **put thing out of person's ~** किसी व्यक्ति को किसी वस्तु का विस्मरण करा देना, उसे वह वस्तु भुलवा देना। **put thing into persons ~** समझाना, बताना, कोई राय या सलाह देना। **some hot ~** कोई जल्दबाज और गुस्सैल आदमी। **talk person's ~off** १. बात करते-करते दिमाग चाट लेना। **taller by a ~** (नाप के रूप में) सिर की ऊँचाई से भी बड़ा। **two heads are better than one** दो व्यक्तियों की बुद्धि एक व्यक्ति की बुद्धि से अच्छी होती है। **won by a ~** (घुड़दौड़ में) एक बाजी जीता। **~-band** सिर का फीता या पट्टी। **~ borough** (इंलि०) छोटे पद का पुलिस का मिपाही। **~dress** शिरोभूषण (विशे० स्त्री का आलंकारिक वस्त्र)। **~fast** जहाज के अगले सिरे पर बंधा हुआ रस्सा जिससे जहाज को प्लेटफार्म पर बाँध दिया जाता है। **~gear** सिर का वस्त्र। **~-hunters** विजय-चिह्न के रूप में शत्रुओं के सिरों को इकट्ठा करने वाला जंगली व्यक्ति। **~land** अंतरीप, रास। **~light** १. अग्रदीप* (वि० १ भी), सामने की बत्ती, शिरोदीप, शीर्ष प्रकाश, २. इंजन, मोटरकार, वायुयान (के सामने) या जहाज के मस्तूल पर लगी हुई बत्ती या प्रकाश। **~line** १. शीर्षक, सुर्खी, पहली सतर या लाइन, मुख्य समाचार, समाचारपत्र की शिरोरेखा; २. (बहुब०) बी० बी० सी० के समाचार ब्लेटिन (विवरणिका) का प्रारम्भ में सुनाया गया समाचार। **~man** १. मुखिया, चौधरी, प्रधान, नेता, सरदार, क्लीयर आदि का अगुआ, २. (विधि) ग्रामणी*। **~master, mistress** प्रधानाध्यापक* (मा० २, प्र० भी), प्रधानाध्यापिका* (प्र० भी), मुख्याध्यापक* (मा० २ भी)। **~money** प्रति व्यक्ति धन, प्रत्येक व्यक्ति को दिया गया धन या प्रत्येक व्यक्ति द्वारा दिया गया धन। **~most** दिव० प्रमुख, प्रधान, मुख्य। **~on** वि० सिर के बल सामने से। क्रि० वि० सिर आगे कर के। **~phone** टेलिफोन का रूप। **~piece** १. शिरस्त्राण, २. बुद्धिमान, ३. बुद्धिमान व्यक्ति, ४ पुस्तक के पाठ के आरम्भ में बने हुए बेल-बूटे। **~ quarters** १. (सैन्य०) प्रधान शिविर; २ प्रधान कार्यालय; ३. (मा० १) हेड क्वार्टर*, मुख्य कार्यालय*/ कार्यालय*। **~ spring** नदी का उद्गम (ला० भी)। **~ stall** सरदवाल, मोढ़ी, घोड़े की रस्सी। **~stock** आधार, मशीन के घूमने वाले भाग की कुर्सी। **~ stone** १. कल के सिरहाने का पत्थर, २. आधार-शिला (ला० भी)। **~ voice** टीप, ऊँची

ध्वनि, ऊँचा स्वर। ~way १. प्रगति, उन्नति; २. जहाज के आगे बढ़ने की गति; ३. (वास्तु०) मेहराब आदि की ऊँचाई। ~wind प्रतिकूल वायु, सामने बहने वाली वायु से टक्कर लेने वाली वायु। ~work विस्तृत काम। headed वि० १. सिरवाला; २. बुद्धिमान्; ३. सरदार वाला। headless वि० १. सिरहीन, बिना सिर का; २. बुद्धिहीन; ३. बिना अगुआ या सरदार का।

head[3] (hed) [from prec.] क्रि० स० और अ० १. सिर बनाना या लगाना, सिर जोड़ना, २. (पौधे या वृक्ष की) फुनगी कलम करना; ३. सिर बनना; ४. (पाठ, सूची आदि के सिरे पर) नाम देना, शीर्षक देना; ५. शीर्षक होना; ६. सिरे पर पहुँचना, चोटी पर पहुँचना; ७. बढ़ना, विकसित होना; ८. (किसी समुदाय या दल आदि का) नेता होना, नेतृत्व करना; ९. पथप्रदर्शक होना, मार्ग-निर्देशक होना; १०. आगे बढ़ जाना, आगे निकल जाना; ११. विरोध करना, प्रतिरोध करना, (किसी शील के) दहाने के चारों ओर फिरना; १२. (फुटबाल के खेल में) गेंद को सिर से मारना। क्रि० अ० (निर्दिष्ट दिशा की ओर) १. मुख कर के खड़ा होना; २. (जहाज का किसी स्थान की ओर) बढ़ना, जाना। ~back off दूर हटना, आगे बढ़कर पीछे लौट आना या बगल हो जाना। heading (hed'ing) सं० (क्रियागत अर्थों में) १. विशे० (फुटबाल में) सिर से गेंद मारना; २. शीर्षक* (प्र० भी), सरनामा; ३. सुरंग बनाने में बड़ा मार्ग।

-head, -hood [A.-S. *hād* (M.E. *-hod*), cogn. with Goth. *haiduz*, manner, way] प्रत्य० १. दशा या गुण का द्योतक; २. आधुनिक अंग्रेजी भाषा में प्रायः -hood प्रयुक्त होता है परन्तु godhead, maidenhead ऐसे शब्दों में -head भी प्रयुक्त होता है; ३. संज्ञाओं और विशेषणों में यह प्रत्यय जुड़ता है।

headache (hed' āk) सं० १. सिरदर्द; २. (बोल०) अशांतिकर या उत्तेजक समस्या, शिरोवेदना* (आ० भी)। headachy वि० सिरदर्द से पीड़ित।

header (hed' ér) सं० १. पीपे, कठौते आदि में ढक्कन लगाने वाला व्यक्ति; २. दीवाल के आगे समकोण बनाता हुआ पत्थर या ईंट (तुल० STRETCHER); ३. सिर के बल डुबकी; ४. (इं० ३) सेक्* तोड़ा*।

headlong (hed' long) [M E. *hedling*] क्रि० वि० १. सिर के बल, सिर आगे की ओर (गिरने आदि में); २. झटपट, बिना विचारे, जल्दी में; ३. वेग से, तेजी के साथ। वि० १. उतावला, विचारशून्य; २. तेज, वेगवान्।

headsman (hedz' mán) सं० १. जल्लाद, वधिक, फाँसी देने वाला; २. हेड मछली का शिकार करने वाली नाव का बड़ा अधिकारी।

headstrong (hed' strong) वि० जिद्दी, हठी, हठीला, मुँहजोर, उग्र स्वभाव का। headstrongness सं० जिद, हठ, हठीलापन, स्वभाव की उग्रता, मुँहजोरी।

heady (hed' i) वि० १. (व्यक्ति, वस्तु या कार्य) जल्दबाज, दुराग्रही, साहसी, उद्धत; २. प्रचंड, प्रबल, घोर, उग्र, तीव्र; ३. (मदिरा आदि) नशीली, मादक। headily क्रि० वि० १. वेगपूर्वक, प्रचंडतापूर्वक जल्दबाजी, उग्रता के साथ; २. मादकतापूर्वक। headiness सं० १. जल्दबाजी, दुराग्रह, उद्धतता, साहस; २. प्रचंडता, प्रबलता; ३. मादकता।

heal (hēl) [A.-S. *helan*, cogn. with HALE, WHOLE] क्रि० स० और अ० १. उपशमन होना या करना, (घाव आदि) (व्यक्ति या घाव का) भरना, चंगा होना या करना, पूर्ववत् स्वस्थ होना या करना; २ (किसी व्यक्ति को) नीरोग करना, आरोग्य करना, व्याधि से मुक्त करना, ३. (घाव का) भर जाना, अच्छा होना। ४. (आ०) विरोहण*। ~all १ अक्सीर, सब रोगों की दवा; २. कुछ पौधों के नाम। healer सं० चिकित्सक, आरोग्यकारी, रोगहर (जैसे time is a great healer)।

health (helth) [A.-S. *helth*, from *hāl*, WHOLE] सं० १. स्वास्थ्य* (आ०, प्र०, विधि भी), सेहत, तन्दुरुस्ती, आरोग्यता (ला० भी); २. शरीरावस्था, शरीरचर्या (जैसे good, bad ~); ३. किसी व्यक्ति के सम्मान में पी हुई मदिरा। ~officer, officer of ~ स्वास्थ्य-अधिकारी। healthful वि० १. स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यवर्धक, स्वास्थ्यकर; २. नैतिक अथवा आध्यात्मिक कल्याण में सहायक। healthfully क्रि० वि० १ स्वास्थ्यवर्धक रूप से; २. नैतिक या आध्यात्मिक कल्याण से। healthfulness सं० स्वास्थ्य-वर्धकता, स्वास्थ्यप्रदता। healthy वि० (शा० और ला०) १. अरोगी, नीरोग, निरामय, स्वस्थ,; २ स्वास्थ्यवर्धक, स्वास्थ्यप्रद; ३. भलाचंगा, तन्दुरुस्त; ४. अच्छा, ठीक, साफ। healthily क्रि० वि० स्वस्थ रूप में, नीरोगावस्था से। healthiness सं० १. स्वस्थता, नीरोगता; २ स्वास्थ्यवर्धकता, व्याधिशून्यता।

heap (hēp) [A.-S. *hēap* (cp. Dut. *hoop*, Swed. *hop*, G. *haufe*)] सं० ढेर, अबार, संचय, निचय, (बोल०) ढेरों, बहुत बड़ी संख्या, बहुत, ठठ (जैसे (heaps of people)। क्रि० स० १. ढेर लगाना, अंबार लगाना, राशि बनाना, एक वस्तु के ऊपर दूसरी वस्तु लादना या गाँजना; २ (गाड़ी, व्यक्ति पर माल आदि) लादना, लदवाना; ३ (गालियाँ आदि की) बौछार करना। struck all of a ~ (बोल०) सिट्टीपिट्टी गुम हो गई;

hear (hēr) [A.-S. *hīeran* (cp. Dut. *hooren*. Icel. *heyra*, G heren)] क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **heard**, hērd) १. सुनना, श्रवण करना; २. कान देना, ध्यान देना, कान लगाना, ३. (मुकदमे आदि की) सुनवाई करना; ४. (प्रार्थना) सुनना, स्वीकार करना. ५ सूचित होना, सूचना पाना, समाचार पाना, हाल पाना. ६ जयध्वनि आदि का दम्भ प्रायः व्यंग (जैसे ~! ~!, ताली पीटने समय कहे गए शब्द)। he will not ~ of it वह इसका सुनना भी पसन्द न करेगा। you will ~ of this तुम्हें इसका फल मिलेगा या सजा भोगनी पड़ेगी। ~from पत्र का समाचार पाना। hear ! ~! वाह वाह! शाबाश। hearable वि० श्रवण्य, सुनने योग्य। hearer स० श्रोता, सुनने वाला। hearing स० क्रियागत अर्थों में १. (विशे०) श्रुति, श्रवण* (आ०, वि० १ भी), श्रवण-शक्ति; २. सुनवाई* (विधि भी), पेशी। give him a fair ~ निष्पक्ष हो इसकी बात सुनो। hard of ~ ऊँचा सुनने वाला. बहरा। out of ~ इतनी दूर कि सुनाई न पड़े। within ~ इतने पास कि सुना जा सकता है।

hearken (har' kén) [A.-S. *heorcnian*. ps HARK] क्रि० अ० ध्यान से सुनना, कान लगाना।

hearsay (hēr' sā) सं० १. जनश्रुति* (भा० २ भी), सुनी-सुनाई बात, प्रवाद, अफवाह, किंवदती (प्रायः गुणवाचक); २. अनुश्रुत-साक्ष्य, सुनी-सुनाई बात पर आधारित साक्ष्य।

hearse (hērs) [O.F. *herce*, It. *erpice*, L. *hirpicem*, nom. *hirpex*, a harrow] सं० १ मुर्दा ले जाने वाली गाड़ी; २. (पूर्व०) वह ढाँचा जिस पर शव के ऊपर का वस्त्र टँगा होता था।

heart (hart) [A.-S. *heorte* (cp. Dut. *hart*, Icel. *hjarta*, G. *herz*; also L. *cor-dis*, Gr. *kardia*)] सं० १ दिल, हृदय* (आ०, कृ०, वि० १ भी); २. छाती, उर, वक्षस्थल, मन, मस्तिष्क, चित्त, आत्मा, अन्तःकरण, अन्तरात्मा, जी, अन्तर; ३. भाव-प्रवेश, भावोद्वेग; ४. भावमयता, भावभूर्णता, भावप्रमता; ५. साहस, हौसला, हिम्मत; ६. प्रिय, सुदृढ़ प्रेमास्पद (संबोधन रूप में);

७. केन्द्रभाग, मध्यभाग, मगज, गूदा; ८. निचोड़, सत; ९. (भूमि के लिए) उपजाऊपन, उर्वरता, हृदय के आकार की वस्तु; १०. (ताश०) पान के पत्ते। **at one's ~** दिल से, हृदय से। **break person's ~** दुःख से अभिभूत करना। **by ~** याद से, स्मृति से, कंठस्था। **cry one's ~ out** फूट-फूट कर रोना। **eat one's ~ out** दुःख में घुलना, घुल जाना। **find in one's ~** अपने ऊपर अधिकार पाना। **from one's ~** सच्चे दिल से। **have a ~** (ग्रा०) दयालु होना। **have the ~** (विशे० निषेध के साथ) कड़ा दिल होना, क्रूर होना। **have thing at ~** किसी बात के प्रति गहरी रुचि होना। **have one's ~ in one's mouth** कलेजा मुँह को आना, बेहद डर जाना। **~and hand** पूरे उत्साह से। **~and soul** पूरी शक्ति के साथ। **his ~ is in the right place** उनकी मंशा दूषित नहीं है। **in one's ~** १. प्रकृतिस्थ, खुश; २. गुप्त भाव से। **in one's ~ of hearts** अन्तरतम में, गूढतम भावों में। **it does my ~ good** इससे मुझे प्रसन्नता हो रही है। **lay thing to ~** गंभीर मनन करना। **nearest ~** प्रियतम। **out of ~** हिम्मत हारा हुआ, पस्त हौसले वाला। **take ~ of grace** साहस करना। **take thing to ~** मन पर गहरा प्रभाव पड़ना। **wear one's ~ upon one's sleeve** उचित संकोच न होना। **with all one's ~** पूरे मन से। **~felt** हार्दिक। **~rending** हृदयविदारक, मर्मभेदी, दुःखपूर्ण, निराशापूर्ण। **~sick** निराश, दुःखित। **~sore** दिल का काँटा, दिल में लटकने वाला। **~strings** (ला०) गहरी स्नेह-भावना में। **~whole** सच्चे दिल का, मुक्त हृदय का। **hearted** वि० दिलवाला।

hearten (har' tĕn) [A.-S. *hiertan, as prec.*] क्रि० स० और अ० १. साहस बढ़ाना, प्रोत्साहन देना, हिम्मत बँधाना; २. प्रोत्साहित होना, हिम्मत बँधना, ३. दिल बढ़ाना, दिल रख लेना, दिलासा देना। **Hearty~** शाबाश! वाह वाह!

hearth (harth) [A.-S *hrorth* (cp.Dut. *haard*, Swed. *hard*, G. *herd*)] सं० १. अग्निकुंड, कमरे में अँगीठी का फर्श, भट्ठी तल* (ई० ३ भी), २. चूल्हा* (वि० १ भी); ३. चूल्ली* (वि० ३ भी); ४. अँगीठी* (ई० ३ भी)। **~rug** अँगीठी के सामने बिछाई हुई दरी। **~stone** अँगीठी में लगा हुआ पत्थर या उसे सफेद बनाने का पत्थर।

heartless (hart' lĕs) वि० निर्दय, क्रूर, कठोर हृदय, कठोर, बेरहम, हृदयहीन, निष्ठुर, भावहीन, भावशून्य। **heartlessly** क्रि० वि० निर्दयता से, भावशून्यता से, बेरहमी से। **heartlessness** सं० निर्दयता, कठोरता, निष्ठुरता, बेरहमी।

hearty (har'ti) वि० १. हार्दिक, दिली; २. मिलनसार, मद्भावनापूर्ण; ३. उत्साहपूर्ण, ४. (भोजन के लिए) बहुत, प्रचुर। सं० १. (नाविकों के संबोधन रूप में) मेरे बहादुरो; २. (इलैण्ड डिक्शनरी का प्रयोग) लिलाड़ी, कसरती, पहलवान। **heartily** क्रि० वि० १. सच्चेपन से, हृदय से, शुभकामना से, साहसपूर्वक; २. (अत्यन्त, बहुत अधिक) दिल से, जी जान से, जी भर के, पूरी तरह से (जैसे ~sick of it)। **heartiness** सं० मिलनसारी, हार्दिकता।

heat (hēt) [A.-S. *hætu*, from *hāt*, HOT] सं० १. ताप, दाह, उष्णता, गर्मी, तपन; २. (भौ०) ऊष्मा* (आ०, कृ०, वि० १ भी); ३. ग्रीष्म ऋतु, गर्मी का मौसम, गर्मी; ४. बुखार, ज्वर, शरीर-तपन; ५. तीक्ष्णपन, मिर्चों का सा चिरपिरा स्वाद; ६. हल्ला, एक प्रयत्न, एक चेष्टा; ७. आवेश, ताव, क्रोध, रोष, जोश, उबाल; ८. मद* (कु० भी); ९. (बाद विवाद से) गर्मा-गर्मी, उग्रता; १०. मदकाल, पशुओं में प्रजनन-काल में संभोगेच्छा। क्रि० स० और अ० १. गरम करना, गरमाना* (कृ० भी); २. (खून आदि को) जोश दिलाना, तपाना; ३. ताव देना, भड़काना, उत्तेजित करना; ४. (ताश और ला०) गर्म होना, ताव खाना, भड़काना, जोश में आना; ५. उबाल लाना। **prickly ~** अँधोरियाँ, बमोरियाँ। **latent ~** गुप्त ऊष्मा। **specific ~** विशिष्ट ऊष्मा। **~spot** १. सेहुआँ, चित्ती; २. शरीर का वह भाग जहाँ ताप का प्रभाव सीधा पड़ सके। **~stroke** १. लू लगना, तापाघात, अत्यधिक गर्मी के कारण उत्पन्न शरीर-संताप; २. सख्त गर्मी, कड़ी गर्मी, तोड़ की गर्मी, ऊष्मावेग। **~treatment** तापोपचार। **~wave** गर्मी की लहर, ताप-तरंग। **heatedly** क्रि० वि० जोश से, ताव में, गर्म हो कर, गर्मी से। **heater** सं० १. हीटर*, तापक* (ई० १, २, ३, कि० १ भी), गर्म करने वाला; २. जोश देने वाला, ताव देने वाला। **heating** वि० (भौ०) उत्तापक, तापक, दाहक, गरम करनेवाला। **~proof** तापसह।

heath (hēth) [A.-S. *hæth* (cp. Dut. and G. *heide*, Icel. *heithr*)] सं० १. जंगल-भूमि, वनभूमि, अजोतभूमि* (वि० १ भी), परती, झाड़ खेत; २. एरिका जाति की झाड़ियाँ। **~bell** इन पौधों का फूल। **~berry** झरबेरी। **~cock** एक प्रकार का काला मुर्गा। **heathy** वि० जहाँ झाड़ियाँ उगी हों।

heathen (hē' enth) [A.-S. *hæthen* (cp. Dut. *heiden*, Icel. *heithinn*, G. *heide*), cogn. with prec.] वि० और सं० १. प्रतिमा-उपासक, मूर्तिपूजक* (मा १ भी) बुतपरस्त, काफिर* (मा० १ भी); २. वह व्यक्ति जो न ईसाई हो, न यहूदी और न मुसलमान; ३. परधर्मावलम्बी; ४. असभ्य, गँवार (व्यक्ति); ५. अशिष्ट, अधर्मी; ६. (मा० १) हीदन*। **the ~** चीनी, चीन निवासी, हीदन। **heathendom, heathenism** सं० मूर्ति पूजकों का सिद्धान्त या बाद। **heathenish** वि० मूर्तिपूजक। **heathenishly** क्रि० वि० मूर्तिपूजक के रूप में। **heathenishness, heathenry** सं० मूर्ति-पूजकता। **heathenise** क्रि० स० और अ०, मूर्तिपूजक बनना या बनाना।

heather (heth' er) [etym. doubtful] सं० एरिका नामक झाड़ी के विभिन्न प्रकार। **~bell** इन झाड़ियों का फूल। **~mixture** एरिका से मिलता-जुलता बहुरंगी कपड़ा। **heathery** वि० झाड़ी से भरा।

heave (hēv) [A.-S. *hebban* (cp. Dut. *heffen*, Icel. *hefja*, G. *heben*, also L. *capere*, to take, Gr. *kōpē* handle)] क्रि० स० और अ० १. (भृ० और भू० कृ० **heaved** या **hove**) भारी वस्तु को) उठाना, (बोझा) उठाना, २ (शिरा या परत का) हटा कर स्थान ले लेना; ३. आह भरना, लंबी साँस खींचना; ४. (नौ० वि० और बोल०) फेंकना; ५. (नौ० वि०) रस्से से खींचना, घसीटना; ६. ऊपर उठना, उभड़ना, फूलना, ऊँचा होना, ७. लहरों की तरह उठना-गिरना; ८. हाँफना, साँस फूलना; ९. वमन करने की चेष्टा करना। सं० १. उभ्रमन, हविस, उत्क्षेप, क्षेप* (आ० भी), उत्तोलन, दीर्घ निःश्वास, हाँफना; २. कुश्ती का एक प्रमुख दाँव; ३. एक परत या दरार को दूसरी परत या दरार से हटाना; ४. (बहुव०) घोड़ों का कुकुड़कुड़ी रोग, साँस फूलना, ५. (वि० १) अनुपस्थ-विस्थापन*/ पार्श्व-क्षेप*। **~ho** लंगर (उठाते समय) मल्लाहों के शब्द, हे, हो! **~down** सफाई करने के लिए जहाज को एक ओर झुकाना। **~in sight** दृष्टि पथ में आना। **~to** चलते हुए जहाज को रोक देना या खड़ा कर देना।

heaven (hev' ən) [A.-S. *heofon, hefon* (etym. doubtful)] सं० १. स्वर्ग, सुरलोक, वैकुंठ, बहिश्त, जन्नत; २. आकाश, गगन, नभ, आसमान; ३. (यह भी बहुव०) व्योम, वायुमंडल, (पहले नक्षत्र, ग्रह); ४. विधि, दैव, ईश्वर, परमेश्वर; ५. सर्वोच्च आनन्द का स्थान। **Good heavens!** तौबा और चीत्कार में। **~of heavens, seventh~** यहूदियों द्वारा मान्य सात स्वर्गों में सर्वोच्च स्वर्ग। **~-born** दिव्य, स्वर्गीय। **heavenly** वि० १. दिव्य, स्वर्गीय, ४. (बोल०) अपार्थिव, स्वर्गिक, देवोपम, २. आकाशीय; ३. अतिमानवीय, बहुत अच्छा, उत्कृष्ट। **~city** स्वर्ग, अमरावती। **~minded** पवित्रात्मा, शुद्धात्मा, स्वर्ग की ओर, आकाश की ओर। **heavenliness** सं० स्वर्गिकता, दैवोपमता, अपार्थिवता। **heavenward** वि० स्वर्गोन्मुख, आकाशोन्मुख। **heavenwards** क्रि० वि० स्वर्ग की ओर, आकाश की ओर।

Heaviside layer (hev' i sid lā' ər) [O. *Heaviside* (1850-1925)] सं० वातावरण की एक परत जो बेतार की तरंगों को पीछे फेंक देती है और उन्हें १०० किलोमीटर नीचे रखती है।

heavy (hev' i) [A.-S. *hefig*, cogn. with HEAVE] वि० १. गुरु, भारी, वजनी, बोझिल, २. अधिक विशिष्ट गुरुत्वाकर्षण युक्त; ३. प्रबुरता के कारण भारी (~crop भारी फसल), ४. भरा हुआ, लदा हुआ, ५. (मिलo) भारी शस्त्रास्त्रों से युक्त; ६. वेग से धमेड़े मारने वाला, प्रचण्ड, ७. (भूमि के लिए) चिपचिपी, ललसली, जिस पर कठिनता से चला जा सके, ८. (रोटी आदि न फूलने के कारण) ठस, कड़ी; ९. (भोजन) भारी, जिसका पचाना कठिन हो, १०. (घोड़े के विषय में) लगाम को काटने वाला, अड़ने वाला, मुश्किल से चलने वाला, ११. (लाo) उकता देने वाला; १२. (आकाश) मेघाच्छन्न, काला, अंधेरा, घहा, फूहड़, १३. मतिमन्द, मंदबुद्धि; १४. (साहित्यिक रचनाएँ) फीकी, उकता देने वाली, १५ (नाट्यo) गंभीर, संजीदा, मलिन (ललनामक आदि), १६. उत्पीड़क, दुष्कर्मी, दुःखदायी, कष्टकर, १७. विषादपूर्ण, दुःसूचक, १८. निराशापूर्ण, अवसादमय; १९. अलस, बोझिल, उनींदा। क्रि० वि० भारीपन से। **the Heavies** सं० (बहुव०) ट्रेंगुन गार्ड। **it lies~** यह बड़ा वजनी है। **time hangs~** वक्त काटे नहीं कटता। **~armed** भारी शस्त्रास्त्रों से सज्जित। **~chemicals** भारी रासायनिक पदार्थ (दे० CHEMICAL भी)। **~fate** कठिन भाग्य। **~hearted** उदास, भारी मन का, अवसादपूर्ण। **~oil** कोलतार से आसवन करके निकाला हुआ पानी से भारा तेल। **~spar** प्रकृत अवस्था में बेरियम। **~swell** (बोलo) लंडक-भड़क वाले वस्त्रों द्वारा अपने को बड़ा दिखाने वाला व्यक्ति। **~water** भारी पानी, जिसका घनत्व साधारण जल के घनत्व से दस प्रतिशत अधिक होता है। **~weight** गुरुकाय, साधारण तौल से अधिक तौल का घुड़सवार। **heavily** क्रि० वि० भारीपन से, उदासी से, विषन्नतापूर्वक। **heaviness** सं० १. भारीपन, गुरुत्व, २. विषाद। **heavyish** वि० भारी-सा, कुछ बोझिल।

hebdomad (heb' do mād) [L. and Gr. *hebdomas -ados (hegdomos.* seventh, from *hepta*, seven)] सं० सप्ताह, हफ्ता। **hebdomadal** (heb doṁ' a dal) वि० साप्ताहिक, हफ्तावारी। **Hebdomadal Council** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय परिषद् की साप्ताहिक सभा।

humane (hū mān') [as prec., differentiated in meaning late] वि० १. दयालु, कृपालु, सदय; २. उदार, दानी; ३. मानवोचित; ४. परोपकारी, ५ परिष्कार करने वाली, मध्य (अध्ययन की शाखाएँ)। **~killer** पशुओं को कलेश पहुँचाये बिना वध करने वाला यंत्र। **~society** १. परोपकारी संघ, २. डूबते हुओं को बचाने के उद्देश्य से स्थापित संस्था। **humanely** क्रि० वि० १. सकरुण, सदय; २ उदारतापूर्वक, ३. परोपकार करते हुए। **humaneness** सं० १ उदारता, दयालुता* (मा० २ भी), कृपालता, २ दानशीलता, परोपकारिता।

humanism (hū' mán izm) सं० १. मानववाद* (आ० १ भी), मानवता* (मा० १ भी), मानवतावाद* (मा० २ भी), जन-प्रेम, मानव-हितैषिता, मानवहित की भावना, परोपकार की भावना, या मानव-जाति (न कि व्यक्ति-विशेष) से संबद्ध व्यवस्था या तंत्र; ३. मानव-धर्म, मानवता का धर्म, ४. साहित्यिक संस्कृति (विशे० मानववादियों की)। **humanist** स० १. मानववादी, मानवतावादी* (मा० ३ भी), मानव-प्रकृति या मानवीय कार्य-कलापों का अध्येता; २ रोमन और यूनानी साहित्य और प्राचीन वस्तुओं का विद्वान्थी (विशे० १४-१६ वीं शती ई०) **humanistic** वि० मानव-प्रकृति आदि के अध्येता से संबद्ध; २. (मा० ३) मानववादीय*।

humanitarian (hū mān i tār' i an) [foll., -ARIAN] सं० १ परोपकारी* (मा० ३ भी), दयालु, कृपालु; २. लोकहितैषी, मानव-धर्मवादी, मानवतावादी व्यक्ति, मानव-कल्याणवादी, आदर्श मानवतावादी व्यक्ति। वि० मानवतावादी* (मा० १ भी), मानवतावादी दृष्टिकोण वाला, मानवतावादी विचार-धारा से संबद्ध। **humanitarianism** सं० १. मानववाद, मानव-धर्मवाद, मानव-कल्याणवाद; २. जीवदयावाद* (मा० २ भी)।

humanity (hū mān' i ti) [F. *humanité*, L. *hūmānitātem*, nom. *-tas*, from *hūmānus*, HUMAN] सं० १. दया, करुणा, कृपा, दयालुता, दयाशीलता, इंसानियत, मानवता* (मा० १, वि० १ भी), मनुष्यता, मानुषिकता, मानव-प्रकृति; २. (बहुव०) मानवीय गुण, मानव-जाति, मनुष्य जाति, इंसानी दुनिया; ३. उदारता, दानशीलता, कृपालुता, परोपकारिता, हमदर्दी, मलयम-साहस; ४. (बहुव०) उदारता या परोपकारपूर्ण क्रिया; ५. (स्कॉट० विश्वविद्यालयों में) लैटिन भाषा का अध्ययन; ६. (मा० १) मानवता-वादी*। **religion as~** मानव-धर्म, अतिप्राकृतिकता के खंडन और मानव-कल्याण की प्रगति से संबद्ध विचार-धारा। **humanities** १. प्राचीन साहित्य तथा भाषा-शास्त्र; २. मानविकी* (मा० २ भी),विज्ञानेतर विषय; ३. प्रकांड विद्वत्ता (विशे० लैटिन और ग्रीक साहित्य की)। **humanize** (hū' mā nīz) क्रि० स० और अ० १. मानवीकरण करना, मानवीय गुणों से ओतप्रोत करना; २. उदार या परोपकारी बनाना अथवा बनना। **humanized milk** मानवीकृत गोदुग्ध, माता के दूध की तासीर वाला गौ का (तैयार किया गया) दूध। **humanization** सं० मानवीकरण* (वि० १ भी), मानवीय गुणों का आरोप।

humble (hŭm' bél) [O.F., from. L. *humilem*, nom. *-lis*, from *humus*, the ground] वि० १. नीच, अधम, क्षुद्र, अल्पमति (तुल० और अति० -bler, -blest); २. नम्र, विनयशील, विनम्र, विनीत, विनयपूर्ण, दीन, छोटा, मामूली, अपने महत्व को कम करके समझने या प्रदर्शित करने वाला; ३. नीचा, अकिंचन, नाचीज, नम्रतापूर्ण स्थिति का; ४. सही दावे वाली या यथार्थ आयाम वाली (वस्तुएँ)। क्रि० स० नीचा दिखाना, झुकाना, घमंड तोड़ना, छोटा करना। **to eat~pie** धूल चाटना, अपमान सहना, नीचा देखना, लज्जित होना, शर्मिन्दी उठाना। **your most~servant** (पहले विशे० पत्रों के अंत में) आपका खाकसार, आपका विनीत सेवक। **~plant** छुई-मुई, लाजवंती। **humbleness** सं० १. नम्रता, विनयशीलता, विनम्रता, विनीतता; २. दीनता, अकिंचनता, बेचारगी। **humbly** क्रि० वि० नीचे-निवायेपन से, विनयपूर्वक, विनम्रता-सहित, दीनता से, बेचारगी से।

humble-bee (hŭm bél bē) [obs. *humble*, freq. of HUM[1] BEE] सं० बड़ी मधुमक्खी।

humbug (hŭm' bŭg) [etym. doubtful (perh. HUM*, BUG[1])] सं० १. प्रतारणा, प्रवंचना, मक्कारी, धूर्तता, छल, चालबाजी; २. चाल, धोखा, धोखा-धड़ी; ३. (विस्म०) बकवास, वाहियात, निरर्थक; ४. रंगा सियार, बगुलाभगत, धोखेबाज, कपटी; ५. एक प्रकार की कड़ी चाशनी की प्राय: पीपरमैंट से सुगंधित मिठाई। क्रि० स० और अ० १. (किसी व्यक्ति की कोई वस्तु) ठगना, धोखा देकर अपने कब्जे में ले लेना, वंचित करना, लूटना; २. बगुला-भगत बनना, कपट-वेश, धारण करना, धूर्त या वंचक-जैसा व्यवहार करना। **humbuggery** सं० धूर्तता, धोखाधड़ी, बगुला-भगतई, ठगी, छल, मक्कारी।

humdinger (hŭm' ding' ēr) सं० (अमरीका ग्रा०) अच्छी वस्तु या अच्छा व्यक्ति।

humdrum (hŭm' drŭm) वि० फीका, बेमजा, बेरंग, एकरस, उकता देने वाला। सं० फीकापन, बेरंगी, एकरसता। क्रि० अ० फीकेपन या बेमजगी से काम करना, एकरस या बेरंग होना।

humdrumness सं० फीकापन, बेमजगी, एकरसता।

humeral (hū' mér ál) [as FOLL.*] वि० प्रगंडिका-विषयक। **~veil** धार्मिक अवसरों पर पादरी द्वारा कंधे पर धारण किया जाने वाला पट्टा या दुपट्टा।

humerus (hū' mér ús) [L., *shoulder* (cp. Gr. *ōmos*)] सं० १. (ग्र० वि०) ह्यूमेरस*/ प्रगंडिका* (आ०, कृ० भी), मनुष्य की

भुजा के ऊपरी भाग की हड्डी; २. अन्य रीढ़धार प्राणियों में इसी प्रकार की हड्डी।

humoid (hū' mid) [L. *hūmidus*, from *hūmēre*, to be moist] वि० आर्द्र* (इं० १, कु०, विधि भी), सरस, नम, भीगा, तर, सीला हुआ, भामूली गीला। **humidify**कि० स० नम करना, तर करना, सीला करना, आर्द्र करना। **humidity** सं० आर्द्रता* (इं० १, २, कु० भी), सीलापन, तरावट, तरी, नमी* (इं० २, ३ भी)। **humidor** (hū' mid or) सं० आक्लेटिड, आर्द्रतेक यंत्र, वायु का नम रखने का यंत्र।

humiliate (hū mil' i āt) [L. *humiliātus*, p.p. of *humiliāre* (*humilis*, HUMBLE)] कि० स० १. नीचा दिखाना; २. मान-मर्दन करना, तौहीन करना, मान भंग करना, घमंड या गरूर तोड़ना, गर्व तोड़ना; २. अपमानित करना; ३. छोटा करना, जलील करना, शर्मिंदा करना। **humiliating** सं० १. मान-हर, दर्प-हर, नीचा दिखाने वाला, लज्जित करने वाला, प्रतिष्ठा या आत्मसम्मान को कम करने वाला; २. घमंड या गरूर तोड़ने वाला, जलील करने वाला। **humiliation** सं० १. मान-भंग, दर्प-भंग, मान-मर्दन, तौहीन; २. शर्मिंदगी, अपमान, बेइज्जती, जिल्लत।

humility (hū mil' i ti) [F. *humilit'*, L *humilitātem*, nom. *-tas*, as prec.] सं० १. विनय, शालीनता, विनयशीलता, विनम्रता, विनीतता, नम्रता, दीनता; २. (आ०) आर्द्रता*।

hummel (hŭm' el) [cp. L. G. *hummel*, hornless beast] वि० (स्कॉ०) बिना सींग का, शृंगहीन (चौपाया और बारहसिंगा)।

humming (hŭm' ing) वि० (क्रियागत अर्थों में, विशे० बोल०) जोरदार, शक्तिशाली (जैसे a ~knock on the head)। **~-bird** कुछ पक्षी जिनके पंखों के फड़फड़ाने से भनभनाने की आवाज आती है। **~top** भनभनाता हुआ लट्टू।

hummock (hŭm' ok) [etym. doubtful; prob. of naut orig. earlier than HUMP] सं० १. पहाड़ी, टीला; २. उभरी या उठी हुई भूमि (विशे० दलदल में); ३. हिम-प्रदेश में टीले जैसा उभार; ४. टेकरी* (वि० १ भी)। **hummocky** वि० टीलेदार।

humoral (hū' mŏr ăl) [F., from L, *humor*, HUMOUR] वि० (चिकि०)शरीर-द्रव-विषयक। **~pathology** शरीर-द्रववाद, यह सिद्धान्त कि सभी रोग शरीर के स्वाभाविक रसों पर निर्भर है। **humoralism** सं० शरीर द्रववाद। **humoralist** सं० शरीर-द्रववादी। **humoralistic** वि० शरीर-द्रववाद-विषयक। **humorism** सं० उपरोक्त सिद्धांत में विश्वास।

humoresque (hū mŏ esk') [G. *humoreske*] सं० (संगी०) परिहासमय अथवा मनमौजी ढंग की रचना। वि० (साहि०) विनोदयुक्त शैली का।

humorist (hū' mor ist) [F. *humoriste*, med. L. *hūmoristа*, as prec.], सं० १. हँसोड़, दिल्लगीबाज, मजाकिया, हास्यप्रिय, खुशमिजाज, विनोदप्रिय; २. ठिठोलिया, मजाकिया और बातूनी आदमी; ३. मसखरा, विदूषक, हास्य-अभिनेता; ४. हास्य-लेखक; ५. विशेष सिद्धांत में विश्वास करने वाला। **humoristic** वि० १. मजाकिया, हास्यपूर्ण, हास्य-रसोद्पूर्ण; २. विशेष सिद्धान्तविषयक।

humorous (hū' mor ŭs) वि० १. हास्यपूर्ण, परिहासमय, हास्य-विनोद-युक्त; २. विनोदी, परिहासशील, हास्य प्रिय, विनोदप्रिय, हँसोड़, मजाकिया, हँसाने वाला। **humorously** क्रि० वि० मजाक में, हँसी में, विनोदपूर्वक। **humorousness** सं० १. हास्यपूर्णता; २. हँसोड़पन, विनोद प्रियता।

humour (hū' mŏr) [A.-F., from O.F. *humor* (F. *humeur*). L. *hūmōrem*, moisture (cp. HUMID)] सं० १. भाववृत्ति, मनोवृत्ति, चित्त-वृत्ति, स्वभाव* (भा० २ भी), मनोवस्था, मनःस्थिति; २. रुझान, झुकाव, प्रवृत्ति (जैसे in the ~for fighting); ३. हँसोड़पन, विनोद, मसखरी, विदूषकत्व; ४. मजाक पसंदगी, विनोद प्रियता, हास्य-रसिकता; ५. ठिठोली, दिल्लगी, हँसी, हास्य-विनोद, मसौल, मजाक, मौज; ६. (आ०) देहद्रव* (हास्य*; ७. (भा० २) कायरता*। **cardinal humours** (इति०) शरीर के चार मुख्य द्रव (लहू, श्लेष्मा, पित्त और लिम्फता)। **humoured** वि० प्रसन्नचित्त, विनोदप्रिय, हास्य-विनोद प्रिय। **good~** वि० प्रसन्न चित्त, दयालु। **ill ~** भौंहचढ़ा, कठोर। **out of ~** अप्रसन्न, नाराज। **humourless** वि० रूखा, सूखा, शुष्क, नीरस, विरस। **humoursome** वि० १. चंचल-चित्त,अस्थिर-चित्त; २ मनमौजी; २. चिड़चिड़ा, बदमिजाज, तुनुक मिजाज, लड़ने पर उतारू (रहने वाला)। **humoursomeness** सं० १. अस्थिरचित्तता; २. चिड़चिड़ापन, तुनुकमिजाजी।

hump (hŭmp) [cp. Dut. *homp*, Norw. *hump*] सं० १. हम्प* (इं० १ भी), ककुद* (कु०, वि० १ भी), कुबड़* (इं० १, कु० भी), उभार, बाहर की ओर उठान (विशे० पीठ पर, शरीर का दाँचा बिगड़ जाने के कारण) या प्राकृतिक रूप में (जैसे ऊँट आदि की कमर पर) कोहान; २. पंखी आदि का गोल उभार या उठान; ३. (आ०) चिन्ता, कुढन या क्लेशलहर का दौरा (जैसे it gives to me a ~)। कि० स० १. कुबड़ा बनाना, २. कुठाना, झुँझलाहट दिलाना, चिढ़ करना. ३. निराश करना, ४ (आस्ट्रेलिया) उठाना, कन्धे पर लेना या रखना। **~back** कबड़दार पीठ वाला व्यक्ति, (आ०) कुबड़ा*; कुब्ज*। **~backed** कुबड़ा, कुब्ज। **humped** वि० कुबड़ा, कुबड़ वाला, ककुदयुक्त। **humpless** वि० बिना कूबड़ का,ककुद-हीन। **humpy** वि० कबड़दार, ककुदपूर्ण।

humph (hmf) [var. of m'm'] विस्म० सदेह या असन्तोष का परिचायक। कि० स० सदेह या असन्तोष के विस्म० का उच्चारण या प्रकाशन करना।

humpty-dumpty (hŭmp' ti dŭmp' ti) [prob. HUMPY, DUMPY] सं० १. बौना, नाटा और मोटा व्यक्ति; २ (लोरी में जिसमें इसका अर्थ अंडा है); ३. ऐसी चीज जो एक बार गिरने के बाद उठाई या समेटी न जा सके।

humpy (hŭm' pi) [Austral. abor.] सं० आस्ट्रेलिया में झोपड़ी या कुटिया।

humus (hū' mŭs) [L., earth] सं० १. सड़ी पत्तियों की मिट्टी; २ ह्यूमस* (इं० १, २, कु०, वि० १ भी)।

Hun (hŭn [A.S *Hȳne*, med. L. *Hunni*, prob. from native name *Chunno*, *Chuni*] सं० १ हूण, एशिया की हूण जाति, एक बर्बरवंशीय जाति जिसने चौथी और पाँचवीं शताब्दि में यूरोप पर आक्रमण कर के उसे ध्वस्त किया; २. (तिरस्कारसूचक) जर्मन (विशे० प्रशियन)। **Hunish** वि० हूण-विषयक, हूण-वत।

hunch (hunch) [etym doubtful perh. var. of HUMP] सं० १ कूबड़,ककुद, २. मोटा टुकड़ा। कि० स० १ कूबड़ की तरह बनाना, कूबड़ की तरह झुकाना, २. कूबड़ बनाने के लिए गोड़-मोड़ करना। **have a~** (आ०) पूर्वानुमान करना, पूर्व धारणा बनाना, अटकल लगाना। **~back** कूबड़दार पीठ वाला व्यक्ति। **~backed** कुबड़ा, कुब्ज। **hunchy** वि० अटकल संबंधी, अटकल जैसा।

hundred (hŭn' dred, [A.-S. *hundred* (*hund* hundred, *-red*, a reckoning or account, cp. G. *rede*)] सं० और वि० १. सौ, शत; २ क्रम-सूचक (जैसे six~ & ninth, ~& one भी) अनेक, असंख्य; ३. सौ पाउंड (धन); ४. (मध्यन इति०)

काउंटी या शायर (इंग्लैण्ड के किसी प्रदेश) का उप भाग, जिसका अपना अलग न्यायालय होता है। a ~percent efficient सौ फ़ीसदी कुशल, सिद्धांततः जितना (श्रम) करना चाहिए व्यवहार में उतना करने वाला। **Chiltern Hundreds** दे० CHILTERN। **~of bricks** दे० BRICK। **hundreds and thousands** छोटी गोली या बूँदकी जैसी मिठाइयाँ, मुख्यतः केक आदि को सजाने में प्रयुक्त। **not a ~miles from** (विशे० में) करीब, लगा हुआ, नजदीक, सन्निकट। **~fold** सं० सौगुना, शततः। **~weight** ११२ पाउंड की तौल (संक्षे० cwt.) (अमरीका में १०० पाउंड)। **hundredth** वि० और सं० सौवाँ, सौवाँ भाग।

hung दे० HANG।

hunger (hŭng' gĕr) [A.-S. *hungor* (cp. Icel. *hungr*, Dut. *honger*, G. *hunger*), whence *hyngran*, to hunger] सं० १. क्षुधा, बुभुक्षा*, भूख* (आ०, मा० २ भी); २. (ला०) प्रबल-इच्छा, उत्कट लालसा, अदम्य अभिलाषा। क्रि० अ० और स० १. भूख लगना, क्षुधित होना, भूख या क्षुधा का अनुभव करना; २. अभिलाषा रखना, इच्छुक होना, लालायित होना; ३. भूखों मारना, फाके कराना, दाने-दाने को तरसा देना। **~march** भूखों का जलूस, बेरोजगारों का अपनी दशा की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए निकाला गया जलूस। **~marcher** उक्त प्रदर्शन या जलूस में भाग लेने वाला। **~strike** भूख-हड़ताल, अनशन।

hungry (hŭng' gri) [A.-S. *hungrig*] वि० १. क्षुधित, क्षुधार्त, भूखा, बभुक्षित (जैसे ~as a hunter); २ क्षुधा परिचायक, भूख को प्रकट करने वाला (जैसे a ~ look लालाबित दृष्टि, एक भली नजर); ३ भूख बढ़ाने वाला (जैसे a ~air); ४.(ला०) इच्छुक, अभिलाषी, लालायित, लोलुप; ५. अनुपजाऊ, बंजर, अनर्थर (भमि)। **hungrily** क्रि० वि० १. भूखे हो कर, क्षुधा का अनुभव करते हुए, बुभुक्षित रूप में, भूखे की भाँति; २ लालसापूर्वक, लालायित हो कर।

hunk सं० १. काटा हुआ बड़ा टुकड़ा; २. बेडौल टुकड़ा, भौंडा टुकड़ा; मोटा टुकड़ा।

hunker (hŭng' kĕr) [Sc., etym. doubtful; cp. Dut. *hurken*, G *hocken*] सं० (बहुव०) जंघाओं के पिछले हिस्से (विशे० मुहावरों में, on one's ~पालथी मारे, जंघाओं के पिछले हिस्सों पर टिका हुआ)।

hunks (hŭngks) [etym. doubtful] सं० सूम, कंजस, मक्खीचूस, कृपण, बखील।

hunky-dory वि० (अमरीकी ग्रा०) उत्तम, श्रेष्ठ, उत्कृष्ट।

Hunnish दे० HUN।

hunt (hŭnt) [A.-S. *huntian*, cogn. with *hentan*, to HENT¹] क्रि०अ० और स० १. शिकार खेलना, मृगया करना, आखेट करना; २. आखेट या मनोरंजन के लिए (जंगली पशुओं का) पीछा करना; ३. ढूँढना, खोजना, तलाश करना; ४. मार भगाना, खदेड़ देना, निकाल बाहर करना; ५. शिकार की खोज से पूरा इलाका छान डालना; ६. शिकार में (घोड़े या कुत्तों का) प्रयोग करना। सं० १. शिकार, मृगया, आखेट; २ (शा० और ला०) खोज, अन्वेषण; ३ शिकारी कुत्तों के दल को साथ रखने वाले शिकारी व्यक्ति; ४. मृगया-क्षेत्र, शिकारगाह, शिकार का इलाक़ा। **~ball** १. शिकारी नृत्य, शिकारियों का समूह-नृत्य; २. गुलाबी रंग के कोट पहनने वाले लोमड़ी के शिकारी। **~down** सर पर आ पहुँचना, जा दबोचना, जा पकड़ना। **~in couples** दे० COUPLE। **~out** ढूंढ निकालना, खोज निकालना। **~up** तलाश करना, ढूंढना, खोज करना। **~the hare, slipper, squirrel** कुछ खेल। **hunter** सं० १. शिकारी, अहेरी, आखेटक; २. शिकारी घोड़ा, शिकार में प्रयुक्त घोड़ा; ३. ऐसी घड़ी जिसके शीशे या (half~) बाहरी हिस्से की सुरक्षा के लिए कुलाबेदार ढक्कन लगा हो। **fortune, place, etc~** (ला०) धन या स्थान आदि को खोजने वाला। **hunter's moon** २२ या २३ सितम्बर की पूर्णिमा का पूर्णेन्दु। **huntress** सं० अहेरिन, शिकारिन, स्त्री-शिकारी। **hunting** सं० शिकायत अर्थों में। **happy~ ground** (ब) (ला०) भावी स्थिति (अमरीका के आदिवासियों द्वारा), उत्तम मृग-भूमि। **~box** आखेट-शिविर, शिकार के समय रहने के लिए बना हुआ छोटा-सा घर। **~cog** दे० COG। **~crop** दे० CROP। **~ground** [प्रायः ला०] मृग-भूमि, शिकारगाह, शिकार खेलने की जगह। **~horn** मृगया-शृंग, शिकार में प्रयुक्त बिगुल आदि। **huntsman** सं० व्याध, लुब्धक, आखेटक, शिकारी, अहेरी, शिकारी (विशे० लोमड़ी का शिकार करने वाले) कुत्तों का नियोक्ता व्यक्ति।

hurdle (hĕr' dl) [A.-S. *hyrdel*, dim. (cp. Dut. *horde*, Icel. *hurth*, G. *hürde*, also L. *crātis*).] सं० १. काष्ठावरण, टट्टी, टट्टर, टटिया; २. बाधा-दौड़ में प्रयुक्त लकड़ी का जंगला या चौखटा; ३. (इति०) वह चौखटा या जंगला जिस पर गद्दारों को वध करने के लिए ले जाया जाता था; ४. अड़चन, बाधा, रुकावट। क्रि० स० टट्टी लगाना, टट्टी या टट्टर से आड़ करना। **hurdler** सं० १. टट्टी या टट्टर बनाने वाला; २. बाधा-दौड़ का प्रतियोगी।

hurdy-gurdy (hĕr' di gĕr' dē) [prob. imit.. cp. HIRDY-GIRDY] सं० १. हर्डी-गर्डी, एक प्रकार का बाजा; २. (बोल०) बैरल अरगन और साधारण पियानो।

hurl (hĕrl) [prob. imit.. cp HURTLE] क्रि० स० १. फेंकना, दूर फेंकना, किसी स्थान से ज़ोर से फेंकना (शा० और ला०); २. (अस्त्र आदि) फेंकना, फेंक कर मारना (ला० भी); ३. (स्काट०) पहियदार गाड़ी में ले जाना। सं० १. फेंक, प्रक्षेपण, ज़ोरदार फेंक, प्रचंड प्रक्षेपण; २. (स्काट०) पहियदार गाड़ी की सवारी।

hurley (hĕr' li) सं० (आयरलैण्ड में) हाकी, हाकी की स्टिक।

Hurlingham सं० **हर्लिंघम पार्क**, फुलहम पैलेस और हर्लिंघम पोलो क्लब के प्रधान कार्यालय (के लिए प्रयुक्त)।

hurly-burly (hĕr' li bĕr li) [perh. from prec., or from O.F. *hurler*, a howling, from *hurler*, to howl, L. *ululāre*, imit.] सं० हलचल, हलबली, खलबली, कुहराम, कोलाहल, हंगामा, उपद्रव, हुल्लड़।

hurrah, hurray (hu ra', -rā') [earlier HUZZA (cp. Swed., Dan., and G. *hurra*)] वि० १. हर्षशब्द, हर्षनाद, हुर्रा, हुर्रे, वाह-वाह! क्या कहने हैं, शाबाश, क्या खूब आदि प्रसन्नता अथवा सहमति का परिचायक(विस्म०)। सं० इस प्रकार की ध्वनि या शब्द। क्रि० अ० १. हुर्रा कहना; २. शाबाश वा वाह-वाह कह कर अपनी प्रसन्नता या सहमति व्यक्त करना।

hurricane (hŭr' i kān), **hurricano** (hur i ka' nō) [Sp. *huracan*, from Carib.] सं० प्रभंजन* (वि० १. भी), झंझावात, अंधड़, झक्कड़, भीषण आँधी, तूफान, विशे० (वेस्ट इंडीज का भयानक प्रभंजन) (ला० भी)। **~bird** सं० एक बड़ा शिकारी पक्षी। **~deck** सं० जहाज का ऊपरी हल्का डेक या तख्ता। **~lamp** सं० हरीकेन लालटेन, लैंप।

hurry (hŭr' i) [imit.] क्रि० स० और अ० १. (किसी व्यक्ति आदि

को) अनुचित शीघ्रता से ले जाना या भगाना; २. हड़बड़ी में काम करना, अनुचित शीघ्रता से चलना या काम करना; ३. जल्दी करना, फुर्ती या तेजी से जाना। सं० त्वरा, व्यग्रता, अनुचित शीघ्रता; २. जल्दी, शीघ्रता, उतावली, बेतावी; ३. (निषेधात्मकता या प्रश्न के साथ) जल्दी की आवश्यकता (नहीं है), जल्दी की आवश्यकता (क्या है?)। **you will not beat that in a~** (बोल०) तुम उसे (आसानी से) नहीं पछाड़ सकोगे। **shall not ask again in a~** (बोल०) जानबूझ कर दुबारा नहीं कहूँगा। **~-scurry** सं० १. हड़बड़ी में; २. हड़बड़ी; ३. भगादौड़। (कि० अ०) हड़बड़ी मचाना। **~up** जल्दी करो, शीघ्रता करो। **hurriedly** क्रि० वि० १. जल्दी-जल्दी, तेजी से, शीघ्रतापूर्वक, हड़बड़ाते हुए; २. झट या शीघ्र। **hurriedness** सं० जल्दी, शीघ्रता, हड़बड़ी, उतावली।

hurst (hĕrst) [A.-S. *hyrst* (cp. M.H.G. *hurst*, L.G. and M.Dut. *horst*)] सं० १. छोटी पहाड़ी, टीला; २. समुद्र या नदी में बालू का ढेर; ३. जंगली टीला; ४. जंगल, वन।

hurt (hĕrt) [prob. from O.F. *hurter* (F. *heurter*), to knock or push, etym. doubtful)] क्रि० स० और अ० १. शारीरिक क्षति या कष्ट पहुँचाना; २. चकोट पहुँचाना, जरब पहुँचाना; ३. आघात करना, चोट करना; ४. (व्यक्ति के) घाव करना, जख्म करना, घायल करना; ५. (व्यक्ति की भावनाओं आदि को) चोट पहुँचाना, संवेदना या आघात पहुँचाना या पहुँचना, ठेस पहुँचाना या पहुँचना, तकलीफ पहुँचना या पहुँचाना; ६. (बोल०) चोट सहना, आघात सहना, दर्द बर्दाश्त करना, सदमा या कष्ट सहन करना। सं० १. पीड़ा, व्यथा, तकलीफ, दुःख, रंज; २. क्षत. घाव, जख्म, वण चोट, आघात; ३. क्षति, हानि, नुकसान; ४. (विधि) उपहानि* । **hurtful** वि० १. नुकसानदेह, हानिकर, हानिकारक; २. क्षय-कारक। **hurtfully** क्रि० वि० नुकसान करते हुए, हानिकर ढंग से, हानि-पूर्वक। **hurtfulness** हानिप्रदता, हानिकारकता, क्षयकारकता। **hurtless** वि० नुकसान न देने वाला, अहानिकर, हानिशून्य।

hurtle (hĕr tel) [prob. a freq. of HURT] क्रि० स०और अ० १. तेजी से फेंकना या गिराना; २. ढकेलना; ३. खड़बड़ाते हुए चलना; ४. धम से जा गिरना। सं० १. धम (से गिरना); २. खड़खड़ाहट की आवाज।

husband (hŭz' bănd) [A.-S. *hūsbonda* (*hūs*, HOUSE, *bonda*, from Icel. *bōndi*, from *būa*, to dwell)] म० पनि* (विधि भी), कांत, स्वामी, मालिक, दूल्हा, भरतार, शौहर, आदमी। क्रि० स० १. इंतजाम करना; २. देखभाल करना, देखरेख करना; ३ किफायत से काम चलाना, कमखर्ची करना, मितव्ययिता से प्रबंध करना; ४. (काव्य, विनोद में) संतान करना, पति देना, (किसी को) वधू बनाना, वर देना; ५. (विरल) शादी करना, विवाह करना; ६. (अप्र०) खेती-बाड़ी करना। **~hood, -ship** म० पतित्व, मर्तृत्व। **~-like** वि० पति की भांति। **~man** सं० कर्षक, क्षेत्रिक किसान, खेतिहर, काश्तकार, कृषक। **husband's tea** हल्की और ठंडी चाय।

husbandry (hŭz' băn dri) [as p.e.] सं० १. कृषि, कृषिकर्म, खेती, किसानी, काश्तकारी; २. घरबार का प्रबन्ध; ३. कमखर्ची, मितव्ययिता, किफायत; ४. दक्ष प्रबंध, सुप्रबंध, सतर्कतापूर्ण प्रबंध, इंतजाम, देखभाल।

hush (hŭsh)[from obs. adj. *husht*, imit., cp. HIST, WHIST!] क्रि० स० और अ० १. चुप करना, खामोश करना, शांत करना; २. चुप होना, खामोश होना, शांत होना (विशेष विस्म० के रूप में)। सं० १. सन्नाटा, निस्तब्धता, जड़ता, सर्वथा नीरवता; २. चुप, चुप्पी, मौन, शांति, खामोशी, निःशब्दता। **~-hush** वि० मुहावरा, नितांत गोपनीय। **~-money** सं० मुँह भराई, चुप रखने के लिए दी गयी रिश्वत या घूस। **~-ship** गोप्य पोत, बड़ा शक्तिशाली और बड़ी मात्रा में तोपों आदि से सज्जित गुप्त रूप से बनाया गया जहाज (लुक० Q-SHIP)। **~-up** (मामले को) १. ठंडा कर देना; २ दबा देना, रफा-दफा कर देना, चुप कर देना, ठप कर देना। **hushaby** (विस्म०) चुप हो जा, सो जा, बच्चे को थपका कर सुलाने में प्रयुक्त।

husk (hŭsk) [perh. from A.-S. *hūs*, HOUSE (cp. E. Fris. *hüske*, G. *hauschen*, little house)] सं० १. भूसी* (कं०, वि० १ भी), छिलका, कुछ फलों या बीजों का सूखा छिलका; २. (लो०) किसी चीज का बाहरी बेकार हिस्सा; ३. हल्क नामक पशु-रोग। क्रि० स० १. छीलना, छिलका हटाना; २. (लो०) बाहरी बेकार हिस्से को अलग हटाना। **husky**[1] (hŭs' ki) वि० और सं० १. रूखा, कर्कश; २. छिलके की तरह सूखा, छिलके का, सतुष, छिलकेदार; ३. फटे बाँस जैसी (आवाज); ४. रूखा, शुष्क (व्यक्ति); ५. (बोल०) तगड़ा, मजबूत, सुडौल, मोटा-ताजा (और स० के रूप में तगड़ा, मोटा ताजा या बलशाली व्यक्ति)। **huskily** क्रि० वि० नीरसता से, रूखाई से, रूक्षेपन से, शुष्कतापूर्वक। **huskiness** सं० रूखी, नीरसता, रुखाई, रूक्षापन, शुष्कता।

husky[2] (hŭs' ki) [perh. corr. of ESKIMO] सं० १. हस्की, एस्किमो (लोगों का) कुत्ता; २. एस्किमो व्यक्ति या भाषा।

hussar (hu zar') [Hung. *huszar*, O.Serv. *husar*. Ital. *corsaro*, or late Gr. *chowsarios*, med L. *cursārius*, CORSAIR] सं० अश्व-सेना की छोटी टुकड़ी का सैनिक (मू० १५ वी शती का हंगरी का घुड़सवार सैनिक)।

Hussite (hŭs' īt) [John *Hus* (1369-1415), HT] सं० हुसाइट, १५ वी शती में बोहेमिया के धार्मिक सुधारक जॉन हस का अनुयायी।

hussy (hŭz' i) [corr. of HOUSEWIFE] सं० १. दुष्टा स्त्री, छिनाल, कुलटा, चरित्रहीन, पथभ्रष्टा या स्वैरिणी स्त्री; २. उच्छृंखल या उद्धत लड़की, चलती-पुरजी।

husting (hŭs' ting) [A.-S. *hūsting*, Icel *hūsthing* (*hūs*, HOUSE, *thing*, an assembly)] सं० १. निर्वाचन मंच, सभा या जलसा जिसमें (१८७२ ई० के पूर्व) संसद के लिए उम्मीदवार मनोनीत होते थे; २ निर्वाचन-कार्यवाहियाँ; ३. (अब विरल) लंदन के गिल्डहाल में होने वाला न्यायालय।

hustle (hŭs' el) [Dut. *hutselen*, freq. of *hutsen*] क्रि० स० १. धकियाना, धक्का मारना, ठेलमठेल करना, धक्का-मुक्की करना, धकापेल करना; २. (व्यक्ति आदि को कहीं, किसी में) घुसेड़ देना, ठूँस देना, ठेल देना, दे मारना, उठा पटकना; ३. किसी को अनिच्छापूर्वक (किसी वस्तु या कृत्य में) बलात् प्रवृत्त करना। क्रि० अ० १. टकराना, टक्कर या धक्का खाना; २. धक्का-मुक्की करके रास्ता बनाना; ३. जल्दी करना, शीघ्रता करना, उतावली करना जल्दी मचाना या करना, हड़बड़ाना, हड़बड़ी मचाना। सं० १. धकापेल, ठेलमठेल, धक्का-मुक्की; २. टक्कर, धक्का; ३. शीघ्रता, जल्दी, उतावली, हड़बड़ी।

hut (hŭt) [F. *hutte*, from M.H.G. *hutte*] सं० १. उटज, पर्णशाला, पर्णकुटी, झोंपड़ी, कुटिया, मड़ैया; २. (सैन्य०) सैन्य गृह, सेना के अस्थाई निवास के लिए बनाया गया लकड़ी का मकान। क्रि० १. सैन्य गृहों में सैनिकों को ठहराना; २. झोंपड़ी या कुटिया में रहना। **~circle** (पुरा०) १. प्रागैतिहासिक वृत्ताकार का प्रतीक पत्थरों का घेरा; २. कुटीर घेरा। **hutment** सं० १. पड़ाव; २. सैनिक शिविर; २. (प्र०) अन्य ई मकान*।

hutch (hŭch) [O.F. *huche*, low L. *hūtica*, etym. doubtful] सं० १. (खरगोशों आदि के लिए) दरबा, काबुक; २. झोंपड़ी, केबिन, छोटा मकान; ३. (खानों आदि की) खुदाई में प्रयुक्त टुक या गाड़ी।

huzoor सं० हुजूर, अपने बड़ों को संबोधित करने में प्रयुक्त शब्द।

hwaxa (hu za') [imit.] सं० १. जयध्वनि, हर्षनाद; २. हुज्जा, अहा हा, खूब, क्या कहना, हर्ष, प्रोत्साहन या प्रशंसा का सूचक (विस्म०)। क्रि० स० इस प्रकार की ध्वनि निकालना।

hyacinth (hī' á sinth) [F. *hyacinthe*, L. *hyacinthus*, Gr. *huakinthos*, a flower, prob. iris or larkspur] सं० १. हाइसिंथ, एक प्रकार के (संबल जैसी) पौधे जिन पर विभिन्न (विशे० बैंगनी) रंगों के फूल आते हैं (विशे० होमर द्वारा बालों के गुच्छे के लिए संदिग्ध अर्थ में प्रयुक्त विशेषण); २. हाइसिंथ फूल का रंग; ३. एक प्रकार का रत्न। **hyacinthine** वि० हाइसिंथ-मय, हाइसिंथ-वत्, संबल जैसा।

Hyades (hī' á dēz), **Hyads** (hī' adz) [Gr. *Huades*, cogn. with *hus*, a sow (pop. derived from *huein*, to rain)] सं० (बहु०) हियाडीज* (वि० १ भी), रुचवचिया, सप्तर्षियों के पास का तारक-समूह।

hyaline (hī' á lin, -lin) [L. *hyalinus*, Gr. *hualinos*, from *hualos*, glass or crystal] वि० १. काँचमय; २. काँचनिर्मित; ३. काँचवत्, काँच सदृश। सं० (काव्य०) १. प्रशांत समुद्र; २. (काँचवत्) स्वच्छ या निरभ्र आकाश आदि; ३. काँचाभ* (आ० भी)।

hyalite (hī' á lit) सं० हिलाइट, एक प्रकार का वर्णहीन बहुमूल्य पत्थर।

hyaloid (hī' a loid) वि० और सं० (शरीर वि०) काँचाभ, शीशे-जैसा, काँचवत्। **~membrane** १ काँचाभ कला, २. आँख की काँच झिल्ली।

hybrid (hī' brid) [L. *hybrida*, mongrel] सं० १. संकीर्ण जाति, संकर जाति, मिश्रज, दोगला जीव या पौधा; २. दोगला या संकर व्यक्ति, ३ (ला०) वेमेल तत्त्वों से निर्मित वस्तु या शब्द। वि० १. दोगला, मिश्रित, दो नस्लों, संकर* (आ०, कृ०, मा० ३, वि० १ भी), मिलवाँ; २. वेमेल तत्त्वों से निर्मित। **~bill** प्रसंकर-विधेयक, संसद में ऐसा विधेयक जिसमें सरकारी विधेयक और गैर सरकारी विधेयक, दोनों के लक्षण होते हैं और जो प्रसंकर-समिति को सौंप दिया जाता है। **hybridity** (hī brid' i ti) सं० दोगलापन, संकरता* (कृ० भी)। **hybridism** (hī' bri- hib' ri dizm) सं० १. दोगलापन, वर्ण-संकरत्व; २. संकरता, संकरण। **hybridize** क्रि० स० और अ० १. संकरण करना* (वि० १ भी), दोगला या संकर बनाना; २. (पशु या पौधे का) अंतर्भिजनन करना। **hybridizable** वि० १. संकरण-योग्य, २ अंतरभिजनन के योग्य। **hybridization** सं० संकरण* (मा० ३, कृ० भी); २. अंतरभिजनन।

hydatid (hī' da- hid' a tid) [Gr. *hydatis -tidos*, a watery vesicle, cogn. with *hudōr*, water] सं० (निदा०) पुटी (विशेषकर वह पुटी जिसमें कृमिडिम्भ हों), हाइडेटिड* (आ०, कृ० भी)।

Hyde Park सं० हाइड पार्क, लन्दन का एक उद्यान, जहाँ बहुधा राजनीतिक प्रदर्शन होते रहते हैं।

hydra (hī' drá) [L., from Gr. *hudra*, cogn. with *hudōr*, water] सं० १. (ग्रीक पु०) हाइड्रा* (वि० १ भी), हाइड्रा नामक सर्प जिसके अनेक सिर थे जो काट देने पर फिर उग आते थे; २. (ला०) दुर्दम वस्तु, ऐसी वस्तु जिसका मूलोच्छेद दुष्कर हो; ३. पनियर साँप, पानी का साँप, जल-व्याल; ४. नदी आदि का एक प्रकार का कीड़ा।

hydrangea (hī drān' já) [HYDR-, Gr. *angeion*, *angos*, a vessel] सं० हाइड्रेंजिया, सफ़ेद, नीले या गुलाबी फूलों के गोल गुच्छों वाली एक प्रकार की झाड़ी।

hydrant (hī' dránt) सं० नली, (विशे० गली में) हाइड्रेन्ट*, बम्बा* (इं० १ भी), नलका, नोंजलदार नली जिसमें रबर लगा कर बड़े नल से पानी लिया जा सके।

hydrate (hī' drát) सं० १. (रसा०) हाइड्रेट* (वि० १ भी), किसी दूसरे यौगिक या तत्त्व के साथ जल का यौगिक। क्रि० स० (रसा०) जल-योजन करना।

hydration (hī drā' shun) सं० जल-योजन।

hydric (hī' drik) वि० (रसा०) हाइड्रोजन का, हाइड्रोजन-युक्त। **hydride** हाइड्राइड।

hydro (hī' drō) [short for HYDROPATHIC] दे० HYDROPATHIC।

hydro-, hydr- [Gr. *hudōr*, *hudros*, water] यूनानी शब्द hudor (=जल) का समास में प्रयुक्त रूप, १. विविध शब्दों में 'जलीय', 'जल संबंधी' अर्थ में; २. रोगों के नाम में 'जलोदर का' या 'शोथ संबंधी'; ३. रासायनिक शब्दों में प्रायः 'उदजन मिश्रित' अर्थ में।

hydrocarbon (hī drō kar' bón) सं० हाइड्रोकार्बन* (इं० ३, कृ० भी), उदजन और कार्बन का यौगिक।

hydrocephalous (hī drō sef' á lus) [Gr. *hudro-kephalon*] सं० जलक चाल, दिमाग़ के पर्दों में पानी आ जाना। **hydrocephalic, hydrocephaloid, hydrocephalous** उपर्युक्त रोग से पीड़ित।

hydrochloric (hī drō klōr' ik) सं० हाइड्रोक्लोरिक, जिसमें उदजन और क्लोरीन हों।

hydrocyanic (hī drō sī án' ik) वि० हाइड्रोसायनिक। **~acid** प्यासिक अम्ल।

hydrodynamics (hī drō di-, dī nám' iks) सं० हाइड्रोडाइनेमिक्स, द्रवगति विज्ञान। **hydrodynamical** द्रव-गतिक।

hydro-electric (hī drō e lek' trik) सं० जल-विद्युत्, जल-बैद्युत, पन-बिजली।

hydrogen (hī dro jen) [F. *hydogène*] सं० १. हाइड्रोजन* (आ०, इं० ३, कृ०, वि० १ भी), उदजन। **~bomb** (fusion or thermonuclear bomb भी) हाइड्रोजन बम, जिसमें हाइड्रोजन यौगिक होता है और अणु बम (जो उसी में होता है) के विस्फोट से वह यौगिक हीलियम में बदल जाता है। **hydrogenate, hydrogenize** (hī droj' e nāt, -niz) क्रि० स० उदजनन करना, हाइड्रोजनीकरण करना।

hydrography (hī drog' ra fi) सं० जलराशिकी* / जल-राशि-विज्ञान* (वि० २ भी), जल-सर्वेक्षण* (इं० १ भी), जल-वर्णना, जलग्राफ़ी, जल-लेखाचित्र विज्ञान। **hydrographer** (hī drog' ra fir) सं० जल-सर्वेक्षक, जल-लेखा-चित्रकार **hydrographic,-al** (hī dro graf' ik, -al) वि० १. जल-वर्णन; २. जल-लेखाचित्र से संबंधित, ३. जल-सर्वेक्षण संबंधी।

hydroid [HYDRA] वि० और सं० १. (प्राण०) हाइड्राइड, पनिहा साँप की तरह (जानवर), जल-सर्प से मिलता-जुलता (जंतु), २. (वि०) हाइड्रा रूप*।

hydrokinetic (hī dro ki net' ik) वि० हाइड्रोकाइनेटिक, द्रवगति संबंधी। **hydrokinetics** सं० हाइड्रोकाइनेटिक्स, द्रवगति-विज्ञान, जल-वाहिकीय, (वि० १.) द्रवगतिकी*।

hydrology (hī drol' ó ji) सं० जल-विज्ञान* (कृ० भी), जल-विद्या।

hydrolysis (hī drol' i sis) [Gr. *lusis*, loosening, from *lusein*, to loose] सं० १. जल-विश्लेषण, जलीय सलयन, जलीय विश्लेषण; २. जल-अपघटन* (इं० १, कृ० भी)

hydromania (hī drō mā' ni á) सं० जलोन्माद, पानी की तीव्र इच्छा।

hydromechanics (hī drō mé kăn' iks) सं० द्रव-बल-विज्ञान, जल-यांत्रिकी।

hydromel (hī drō mel) [L., from Gr. *hundromeli* (HYDRO-, *meli*, honey)] सं० जलसयुक्त मधु, मधु और जल का मिश्रण। **vinous ~** (mead भी) मधु और जल का मिश्रण जिसमें खमीर उठाया गया हो।

hydrometer (hī drom' e tér) सं० १. आर्द्रतामापी, तरल-मान, द्रवघनत्व मापी* (इं० २, ३, कृ० भी); २. (इं० १) निमज्जन-उत्प्लव-घनत्वमापी*। **hydrometeric, -al** वि० द्रवघनत्वमापन-विषयक, आर्द्रता संबंधी। **hydrometry** द्रवघनत्वमापन* (इं० १ भी), आर्द्रतामापन।

hydropathy (hī drop' á thi) सं० जल-चिकित्सा, जलोपचार। **hydropathist** (hī drop' á thist) वि० १. जल-चिकित्सीय, जल-निदानीय, जल-चिकित्सा या जल-निदान से संबंधित। सं० जल-चिकित्सालय।

hydrophane (hī drō făn) [Gr. *phanēs*, clear, from *phainein*, to show] सं० बहुमूल्य श्वेत प्रस्तर-विशेष जो जल को सोख कर पारदर्शी हो जाता है।

hydrophobia (hī drō fō' bi á) [L., from Gr. *hudrophobia*] सं० १. जल-संत्रास* (आ०भी), जल-भीति* (आ० भा० २ भी), जलातंक, (विशे०) मनुष्य में पागल कुत्ते के काटने से उत्पन्न उन्माद का लक्षण; २. जल-त्रास-रोग, पागल कुत्ते के काटने से उत्पन्न उन्माद (विशे० मनुष्य में); ३. (हँसी में) जल-त्रास। **hydrophobic** वि० जल-भीति से संबंधित, पागल कुत्ते के काटने से उत्पन्न उन्माद से संबंधित।

hydrophone (hī drō fōn') [Gr. *phōnē*, voice, sound] सं० हाइड्रोफ़ोन, पानी में ध्वनि-तरंगों को पता लगाने का यंत्र।

hydrophyte (hī drō fit) सं० जलोद्भिद, जलतर, जलोद्भिज, पानी का पौधा।

hydropic (hī drop' ik) [M.E. and O.F. *ydropique*, L. *hydrōpicus*, Gr. *hudrōpikos*, from *hudrops* (*hudōr*, water)] वि० जलशोथीय, जलोदर से संबंधित।

hydroplane (hī drō plān) सं० १. पनडुब्बी के बाहर लगा यंत्र, जिससे वह पानी के ऊपर उठ सकती है और नीचे जा सकती है, हल्की मोटर-बोट; २. जलपोत, जलविमान, हाइड्रोप्लेन*/ जलयान* (इं० १ भी)।

hydropneumatic (hī drt nū măt' ik) वि० उदवातिक, जलवात संबंधी।

hydroponics (hī drō pon' iks) [Gr. *ponos*, work] सं० १. जल-कृषि, ऐसी खेती जो रसायनों से युक्त जल में की जाय, २. बिना भूमि के पौधे उगाने की कला।

hydropsy [HYDROPIC] सं० (अप्र० या चिकि०) जलोदर, जलशोथ।

hydroquinone (hī drō kwi' nōn) सं० उदकुनैन, उदविज्वरा, फोटो डेवलेपर के रूप में प्रयुक्त।

hydrosphere (hī drō sfēr) सं० जल-मंडल, उदमंडल।

hydrostat (hī drō stăt) [Gr. *statos*, standing] सं० जल-स्थान या पानी का पता लगाने का विद्युत्-यंत्र।

hydrostatic, -al (hī drō stăt' ik, -ăl) वि० १. हाइड्रोस्टैटिक, तरल स्थैतिक, जलस्थैतिक, द्रवस्थैतिक। सं० (बहुव०) तरलस्थैतिकी, द्रवस्थैतिकी, द्रवस्थिति-विज्ञान। **~paradox** द्रवस्थैतिक विरोधाभास, यह सिद्धांत कि पूर्ण द्रव की छोटी-से-छोटी मात्रा किसी भी अन्य मात्रा की बराबरी कर सकती है। **~press (hyraulic, Bramah's press** भी) वह मशीन जिसमें जलनिपीड़ या पानी की मात्रा का दबाव छोटे बेलन (सिलिंडर) से बड़े बेलन में जाने पर बहुगणित हो जाता है। **hydrostatical** वि० तरलस्थैतिक, द्रवस्थैतिकी संबंधी, द्रवस्थिति-विज्ञान-विषयक। **hydrostatically** क्रि० वि० तरलस्थैतिक रूप से, द्रवस्थिति-विज्ञान के आधार पर।

hydrotherapeutic (hī drō ther á pū' tik) वि० जल-चिकित्सा संबंधी, पानी का औषध रूप में व्यवहार। **hydrotherapy** सं० जल-चिकित्सा, जल-निदान।

hydrothermal (hī drō thĕr' măl) वि० जलतापीय, जलोष्मीय, उष्ण जलीय।

hydrothorax (hī drō thōr' ăks) वक्ष-शोथ, वक्षोदक, छाती में पानी आ जाना।

hydropism (hī drot' to pizm) [Gr. *-tropos*, a turning, from *trepein*, to turn] जलाभिवर्तन, जलाभिवक्रण।

hydrous (hī' drus) वि० (रसा०, खनि) सजल* (कृ० भी), जलयुक्त, जलपूर्ण।

hydroxide (hī drok' sīd, -sid) सं० (रसा०) हाइड्रोऑक्साइड, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का बिना पानी का यौगिक।

Hydrozoa (hī drō zō' á) [Gr. *zōon* (pl. *zōa*), an animal] सं० जलजन्तु, (जैसे जलीय साँप आदि)।

hyena (hī ē' nă) [L. *hyena*, Gr. *huaina*, sow-like, from *hus*, a sow] सं० १. लकड़बग्घा, तरक्षु, २. क्रूर, धोखेबाज या लोभी व्यक्ति। ३. तन्मानिया का चीता। **~dog** दक्षिणी अफ्रीका का कुत्ता जो लकड़बग्घा जैसा होता है। **~striped** एक प्रकार का लकड़बग्घा जिसकी बोली (गुर्राहट, भौंक) पैनानी कहकहे की तरह होती है।

hyeto- [Gr. *huetos*, rain] (पुरानी शब्द) huetos (= वर्षा) जैसे समास में प्रयुक्त रूप। **hyetography** सं० वर्षामापन, वर्षा का माप या उसका हिसाब। **hyetometer** (hī' tom' e ter) वर्षामापक यंत्र।

Hygeia (hī jē' á) [Gr. *Hugeia*, *Hugeia*, from *hugiēs*, healthy] सं० १. स्वास्थ्य देवी, २. मूर्तिमान या साक्षात् स्वास्थ्य। **hygeian** वि० १. स्वास्थ्य देवी से संबंधित; २. साक्षात् या मूर्तिमान स्वास्थ्य से संबंधित।

hygiene (hī' jēn, hī' ji ēn) [F. *hygiène*, Gr. *hugiene technē*, the art of health, as prec.] सं० १. आरोग्यविद्या, स्वास्थ्यकी, स्वास्थ्य विज्ञान*, स्वास्थ्य वृत्त* (आ०, इ० ३ भी), स्वास्थ्य सिद्धांत; २. स्वास्थ्य-रक्षा, स्वच्छता, सफ़ाई। **hygienic, -al** वि० स्वास्थ्य विज्ञान से संबंधित। **hygienically** क्रि० वि० १. स्वास्थ्य-विज्ञान की दृष्टि से; २. शुचिता की दृष्टि से; ३. सफ़ाई या स्वच्छता से। **hygienics** सं० आरोग्य शास्त्र, स्वास्थ्य विज्ञान। **hygienist** सं० स्वास्थ्य विज्ञानवेत्ता, आरोग्य-शास्त्राचार्य।

Hyksos(-s) सं० (बहु०) (२००० ई० पू० के लगभग) मिस्र के गड़रिया राजा।

hylic (hī' lik) [Gr. *hulikos*, as foll.] वि० पदार्थ का, पदार्थ संबंधी।

hylo- [Gr. *hus* matter] यूनानी शब्द hule (पदार्थ) का समास में प्रयुक्त रूप।

hylomorphism (hī lō môr' fizm) सं० आदि द्रव्य, सृष्टिवाद, यह सिद्धान्त कि आदिकालीन पदार्थ ही सृष्टि का पहला कारण है।

hylotheism (hī' lō thē' izm) सं० अद्वैतवाद, इस सिद्धान्त में आत्मा-परमात्मा में कोई भेद नहीं माना जाता। **hylotheist** सं० अद्वैतवादी। **hylotheistic** वि० अद्वैतवाद से संबंधित।

hylozoism (hī lō zō' izm) [Gr. *zoe*, life] सं० पदार्थवाद। **hylozoic** वि० पदार्थवादी, पदार्थवाद से संबंधित। **hylozoist** सं० पदार्थवादी। **hylozoistic** वि० पदार्थवादी सिद्धांत का।

Hymen[1] (hī' men) [L., from Gr. *humēn*] सं० (ग्रीक और यूनानी पु०) विवाहाधिष्ठाता, विवाह-देवता, विवाह का अधिष्ठात देव। **hymeneal** वि० वैवाहिक। **hymeneally** क्रि० वि० वैवाहिक रूप से, विवाहोय पद्धति से।

hymen[2] (hī' men) [Gr. *humēn*, a membrane] (श० वि० **योनिच्छद*** (आ० भी), कुमारी के योनि-मुख की झिल्ली।

hymeno- [Gr. *humēn humenos*, a membrane] सं० यूनानी शब्द humen (झिल्ली) का समास में प्रयक्त रूप।

hymenoptera (hī men op' ter ā) [Gr. *pteron*, a wing] सं० (बहु०) बड़े कीड़े जिनके झिल्ली के सदृश चार पक्ष होते है। **hymenopteral, -ous** वि० झिल्ली सदृश चार पक्ष वाला।

hymn (him) [O.E. *hymne*, L. *hymnus*, Gr. *humnos*] सं० १. स्तोत्र, सूक्त, गेय; २. भजन, गीत, स्तुति-गीत, देव-स्तुति। क्रि० स० १ भजनों या स्तोत्रों में ईश्वर-स्तुति करना, २. स्तोत्रों या सूक्तों से स्तुति प्रकट करना। क्रि० अ० १. भजन गान करना, २. स्तोत्र पाठ करना। **hymnal** (him nal) वि० १. स्तोत्रीय, सूक्तीय, २ भजन-संबंधी। सं० १ भजन-संग्रह, २. स्तोत्र-समुच्चय, भजनावली। **hymnary** सं० भजनावली, भजन-संग्रह, स्तोत्र-समुच्चय। **hymnic** वि० १. भजन संबंधी; २ स्तोत्रीय। **hymnist** सं० १. भजनी, भजनीक, देवस्तुति-गायक, २ स्तोत्रपाठक, स्तोत्रनिर्माता। **hymnody** सं० १ भजन-गान, स्तोत्र-गान, २. स्तोत्र-रचना, ३. (सामूहिक रूप में) भजन, स्तोत्र-सूक्त। **hymnodist** सं० १ भजनानंदी; २. स्तोत्र-प्रणेता, स्तुतिगान रचयिता। **hymnographer** सं० १. भजन-रचयिता; २. स्तोत्र-प्रणेता, सूक्त-निर्माता। **hymnography** (him nog' ra fi) सं० १. स्तोत्र-रचना, स्तोत्र-शास्त्र; २. सामूहिक रूप से भजन, सूक्त, स्तोत्र। **hymnology** (him nol' ō ji) सं० १. स्तोत्रशास्त्र, २. सूक्त प्रणयन, ३. (समूह०) स्तोत्र, स्तुति, भजनावली, सूक्त। **hymnologic** वि० सूक्त-प्रणयन से संबंधित स्तोत्र-रचना का। **hymnologist** सं० स्तोत्र-रचना में कुशल व्यक्ति, स्तोत्रशास्त्री।

hyoid (hī' oid) [F. *hyade*, L. *hyoides*, Gr. *huoeidēs* (letter u-, -oid)] वि० (श० वि०) (~bone) कठिका* (आ०, वि० १ भी), हायोइड* (आ० भी), हायोइड अस्थि, जिह्वा-मूलास्थि या कंठिकास्थि।

hyoscyamine (hī ō si' a min) [Gr. *huoskuamos* (*hus*, gen. of *hus*, sow, *kuamos*, bean)], **hyoscine** सं० हायोसायमिन, हेनबेन बूटी का विषैला क्षारीय जो दवा मे प्रयुक्त होता है।

hyp दे० HIP[2]।

hypæthral (hī-, hī pē' thrāl) [L. *hypæthrus*, Gr. *hupaithros* (HYPO-, *aithēr*, ETHER)] वि० १. खुला, नंगा, आवरणहीन; २. बिना छत का, आकाश की ओर खुला हुआ; ३. मैदानी।

hypallage (hī pāl' á ji) [L. *hypallagē*, Gr. *hupallagē* (HYPO-, *allagē*, change, from *allassein*, to change)] सं० १. (व्या०) शब्द संबंध, विषयय, वाक्य या वाक्यांश के दो तत्वों के प्राकृतिक संबंध का विपर्यय (जैसे apply water to the wound के लिए apply the wound to water)।

hyper- (L., from Gr. *huper*] उप० 'अधिक', 'ऊपर', 'अत्यंत', 'अति' के अर्थों में, (आ०) **अति***।

hyperæsthesia (hī pēr es thē zi á) सं० (निदा०) अति संवेदित, संवेदनाधिक्य; २. दोषमय सवेदनशीलता से संबंधित; २. संवेदनाधिक्य का।

hyperbaton (hī pēr' bá tón) [L., from Gr. *huperbaton* (*bainein*, to go)] सं० शब्द क्रम विपर्यय, शब्दों के यथोचित क्रम का विपर्यय (विशे० बल देने के लिए)।

hyperbola (hī pēr' bo lá) [Gr. *huperbolē*, see foll.] सं० १. (रेखा गणि०) अतिपरवलय, रेखागणित में एक विशिष्ट प्रकार का चाप (तुल० ELLIPSE); २. (वि० १) अतिपरवलय*, हाइपरबोला*। **hyperbolic** वि० अतिपरवलीय, अतिपरवलय से संबंधित।

hyperbole (hī pēr' bo lē) [L., from Gr. *huperbolē* (HYPER-, *ballein*, to throw)] सं० (अल०) अतिशयोक्ति, अत्युक्ति। **hyperbolical** वि० अतिशयोक्ति संबंधी। **hyperbolically** क्रि० वि० अत्युक्तिपूर्वक, अतिशयोक्ति के रूप में। **hyperbolism** सं० अत्युक्तिवाद, अतिशयोक्तिवाद। **hyperbolist** सं० अतिशयोक्तिवादी, अतिशयोक्ति-प्रयोक्ता।

hyperborean (hī pēr bôr' é an) [late L. *hyperboreānus*, L. *hyperboreus*, Gr. *huperboreos* (HYPER-, *Boreas*, the north wind.)] वि० उत्तरीय, पृथ्वी के या (बोल०) देश के सब से उत्तर का, उत्तरी (निवासी)। सं० (यूनानी पुराण) उत्तरी वायु के उस पार प्रकाशमय और समृद्ध देश में रहने वाली एक जाति का व्यक्ति।

hypercatalectic (hī pēr kăt á lek' tik) [late L. *hypercatalēcticus*] वि० (छंद, कविता) जिसमें अंतिम पूर्ण द्विपदी के पश्चात् एक अक्षर अधिक हो।

hypercritic (hī per krit' ik) सं० और वि० कुतर्की, आलोचक, छिद्रान्वेषी (व्यक्ति)। **hypercritical** वि० १ एकांत गुण-दोष-निरूपक, छिद्रान्वेषी; २. नक्ताचीन, तुच्छ अशुद्धियों का कटु आलोचक। **hypercritically** क्रि० वि० अत्यधिक छिद्रान्वेषण पूर्वक, छिद्रान्वेषी के ढंग से या दृष्टि से। **hypercriticism** सं० १. अति छिद्रान्वेषण; २. मामूली त्रुटियों की कटु आलोचना। **hypercriticise** क्रि० स० और अ० १. अत्यधिक छिद्रान्वेषण करना; २ क्षुद्र त्रुटियों की कटु आलोचना करना।

hypermetrical (hī per met' ri kál) वि० १. अनावश्यक अक्षर युक्त (कविता), जिस कविता मे अनावश्यक अक्षर हों; २ अनावश्यक, निरर्थक (अक्षर)।

hypermetropia (hī pēr me trō' pi á) [Gr. *hupermetros*, as prec., *ōps ōpos*, eye] सं० १. दीर्घदृष्टि* (वि० १ भी), दूरदृष्टि रोग (केवल दूर का पदार्थ स्पष्ट और समीप का अस्पष्ट दिखाई पड़ना)। **hypermetropic** वि० दीर्घदृष्टि संबंधी, दूरदृष्टि-संबंधी।

hyperphysical (hī pér fiz' i kăl) वि० प्रकृतिबाह्य, अलौकिक, अतीन्द्रिय, लोकातीत।

hypersthene (hī pérs thēn) [F. *hyperstène* (Gr. *sthenos* strength)] सं० हल्के हरे रंग का एक प्रकार का खनिज द्रव्य, हाइपरस्थीन* (कु०, वि० १ भी)।

hypertrophy (hī pĕr' trō fi) [Gr. *-trophia*, from *trephein*, to nourish] सं० १. अतिवृद्धि* (वि० १ भी), अधिविस्तृति, अतिपुष्टि; २. अत्यधिक पोषण तत्त्वों के कारण (अगों का) विस्तार या अतिवर्द्धन। **hypertrophic** वि० अंग विस्तार से संबंधित। **hypertrophied** वि० पौष्टिक पदार्थों के कारण विस्तृत, अतिवर्धित।

hypethral दे० HYPAETHRAL।

hyphen (hī' fĕn) [L., from Gr. *huphen*] सं० १. हाइफ़न, युग्मेखा, दो शब्दों को जोड़ने के लिए, पंक्ति (सतर, लकीर) के अंत में अधूरे शब्द के विभक्त अक्षरों को जोड़ने के लिए या किसी शब्द को हिस्सों में बाँटने के लिए प्रयुक्त (—) चिह्न या संकेत; २. भाषण में अक्षरों के बीच अल्प विराम। क्रि० स० हाइफ़न से (शब्दों को) जोड़ना, हाइफ़न के साथ सामासिक शब्द लिखना। **hyphenate** (hī' fe nāt) क्रि० स० हाइफ़न से शब्दों को जोड़ना, सामासिक शब्द में हाइफ़न लगाना। **hyphenated Americans** जर्मन-अमरीकन, आइरिश-अमरीकन आदि।

hypno- [Gr. *hupnos*, sleep] यूनानी शब्द hupnos (=निद्रा) का समास में प्रयुक्त रूप।

hypnogenesis (hip nō jen' e sis) सम्मोहनावस्था का उत्पादन, योगनिद्रा उत्पन्न करना। **hypnogenetic** सम्मोहनावस्थोत्पादक, योगनिद्राजनक।

hypnology (hip nol' ŏ ji) निद्राविज्ञान* (भा० २ भी), निद्राशास्त्र।

hypnosis (hip nō' sis) सं० (बहु० **-oses**) १ सम्मोह* (भा० २ भी), निद्रा, कृत्रिम या अस्वाभाविक निद्रा; २. सम्मोहन, योगनिद्रा, मोहावस्था।

hypnotic (hip not' ik) क्रि० वि० १. सुसुप्तिजनक, बेसुध कर देने वाला; २. मोहक, सम्मोहक* (भा० २ भी); ३. निद्रायक* (आ०, वि० १ भी), जादू का सा, जादू भरा, निद्राकारी। सं० सम्मोहक या नींद लाने वाली वस्तु; २. सम्मोहित व्यक्ति. मोहावस्थित व्यक्ति।

hypnotism (hip' nō tizm) सं० १. वशीकरण, सम्मोहन* (भा० २ भी), मोहनिद्रा; २. योगनिद्रा; ३. जादू। **hypnotist** सं० मोहनिद्रा-प्रेरक, सम्मोहनकारी व्यक्ति। **hypnotize** क्रि० स० सम्मोहन उत्पन्न करना, मोहनिद्रारत करना, मोहावस्था में लाना।

hypo (hī' pō)[abbr. Sodium hyposulphite] सं० (फ़ोटोग्राफ़ी) हाइपो, सोडे का हाइपोसल्फ़ाइट (जिसे फोटो का प्रतिबिंब स्थायी बनाने के लिए प्रयुक्त किया जाता है। प्रतिबिंब के डेवेलप होने के बाद फ़ोटो को हाइपो के यौगिक में डाल दिया जाता है, कुछ समय रहने के बाद वह चित्र स्थायी बन जाता है)।

hypo- [Gr. *hupo*, under] १. यूनानी शब्द hupo (=नीचे, थोड़ा, हल्का) का समास में प्रयुक्त रूप (स्वर के पहले hyp) (रसा०) उप, अर्धा, साधारण नाम वाले आक्सीजन यौगिकों के नामकरण में प्रयुक्त; २. (आ०) अल्प*; अर्ध*। **hypoblast** (hip' ō-, hī' pō blăst) [Gr. *blastos*, sprout] सं० अधस्तर, भ्रूण-स्तर की कोशिकाओं की भीतरी परत।

hypobranchial (hip ō-, hī pō brăng' ki ăl) वि० गलफड़ों के नीचे का, गलफड़ों के नीचे स्थित।

hypocaust (hip' o kawst) [late L. *hypocaustum*, Gr. *hupokauston* (*kaiein*, fut. *kaus-*, to burn)] सं० १. (रोमन उ०) १. अधः अग्निस्थान, तहखाना जिसमें घर या स्नानागार को तप्त करने के लिए ताप एकत्र किया जाता था; २. (भा० १) अधोभूमि अग्निवेश्म*; भूमिगत अग्निकाष्ठ*।

hypochondria (hip' ō kon' dri ă) [late L., pl., from Gr. *hypochondra*, pl., the soft parts below the cartilage (*chondros*, cartilage, esp. that of the breastbone)] सं० १. रोगभ्रम, स्वास्थ्य की (अनावश्यक) चिंता के कारण अथवा अकारण वहम, भ्रम; २. अतिचिंता; ३. चिलोन्माद, विषाद-रोग; ४. (भा० २) स्वकाय-दुश्चिंता*। **hypochondriasis** सं० १. रोगभ्रम; २. वहम, भ्रम; ३. चिन्तोन्माद।

hypocrisy (hi pok' ri si) [O.F. *hypocrisie*, L. *hypocrisis*, Gr. *hupokrisis*, acting of a part, from *hupokrinesthai* (*krinein*, to judge, decide)] सं० १. दंभ, दाम्भिकता, मिथ्याचार, ढोंग, छल, कपट, पाखंड; २. कपटाचरण, धूर्तता; ३. बहाना; ४. मक्कारी, झूठ, ढकोसला; ५. बनावट; ६. धोखा। **hypocrite** (hip o krit) सं० १. दांभिक, दंभी, कपटी, पाखंडी, ढोंगी; २. बहानेबाज़, मक्कार, फ़रेबी आदमी। **hypocritical** (hip ō krit' i kăl) वि० १. ढोंग; २. बहानेबाज़ी, मक्कारी, पाखंड। **hypocritically** क्रि० वि० १. दंभपूर्वक, कपटपूर्वक; २. मक्कारी के साथ, बहानेबाज़ी से।

hypocycloid (hip ō-, hī po sī' kloid) वि० उपचक्रज, पराचक्रज।

hypogastrium (hip ō-, hī po găs' tri um) [Gr. *hupogastrion* (*gaster*, belly,)] सं० पेट का निम्न भाग, अधोजठर प्रदेश।

hypogean, -ous, -geal (hip ō-, hī po jē' ăn, -us, -ăl) [L. *hypogeus*, Gr *hypogeios* (*gē*, earth)] वि० अधोभूमिक* (वि० १ भी), अधःस्थित। **hypogene** (hip' ō-, hī' po jēn) अधोभूमिक, भूगर्भोत्पन्न (चट्टान)।

hypogeum (hip ō-, hī po jē' um) सं० (बहु० **-gea**) अधोभूमिक कक्ष, अधः स्थित तहखाना।

hypoglossal (hip ō-, hī po glos' ăl) [Gr. *glossa*, tongue] वि० अधोजिह्व, ज़बान के नीचे का। **~ nerve** अधोजिह्व-चेता, जिह्वा की प्रेरक नाड़िका।

hypogynous (hī-, hī pŏj' i nus) वि० (वन०) अधोजा, अधःस्थित, हाइपोगाइनस।

hyponasty (hip' ō-, hī' po nās ti) [Gr. *nastos*, solid. from *nassein*, to press] सं० (वन०) पौधों की नीचे की ओर तेज़ी से बढ़ने की प्रवृत्ति।

hypophosphite (hip ō-, hī po fos' fīt) सं० हाइपोफ़ॉस्फ़ाइट, उपभास्वित।

hypostasis (hi-, hī pos' ta sis) [late L., from Gr. *hupostasis* (*stasis*, standing, basis,] सं (बहु० **-ses**) १. (चिकि०) अभिभाव, शरीर के अंगों में रक्त की अधिकता; २. (पार०) सारतत्त्व, सारांश; ३. (धर्म०) (ईसा मसीह का) व्यक्तित्व या व्यक्तिगत गुण, (देव-) शरीर। **hypostatic(al)** वि० १. अभिभावित, रक्त-आधिक्य से संबंधित; २. तत्त्वीय, नात्त्विक; ३. (प्रभु यीशु के) व्यक्तित्व संबंधी। **hypostatically** क्रि० वि० १. रक्ताधिक्य के रूप में; २. सारांश के रूप में; ३. (प्रभु यीशु के)

व्यक्तित्व के रंग से। **hypostasize, hypostatize** क्रि० स० (पार०) साराँश बनाना, सारतत्व बनाना।

hypostyle (hip' ó-, hē pō stēl) [Gr. *stulos*, pillar] वि० स्तंभांकित, खंभों पर बना हुआ (आला) आदि।

hypotenuse (hi-, hī pot' é nūz) [F. *hypothnuse*, late L. *hypotenusa*, Gr. *hupoteinousa*, fem. p.p. of *hupoteinein* (*teinein*, to stretch)] सं० १. कर्ण, श्रुति; २. त्रिभुज का कर्ण, त्रिभुज में समकोण के सामने की रेखा।

hypothec (hi-, hī poth' ék) [F.*hypothèque*, late L. *hypothēca*, Gr. *hupothēkē* (HYPO-, *thēkē*, from *tithenai*, to place)] सं० (रोमन और स्कॉटलैंडीय विधि) उपप्रावि, कर्जदार की सम्पत्ति पर विधिवत् लगाई गई प्रतिभूति। **hypothecary** वि० उपप्राधीय, ऋणी की सम्पत्ति पर विधिवत् लगाई गई प्रतिभूति से संबंधित।

hypothecate (hī poth' é kāt) [as prec.] क्रि० स० १. गोप्यावि, उपप्राधीयन, रेहन, बंधक या गिरवी रखना। **hypothecation** सं०बुष्टिबंधक, उपप्राधीयन, बंधकीकरण, रेहन।

hypothesis (hi-, hī poth' é sis) [L., from Gr. *hupothesis*, (HYPO-, THESIS] सं० (बहुव० **-ses**) १. मूल कल्पना, परिकल्पना* (आ०, कृ०, मा० ३, वि० १ भी), उपकल्पना, अनुमान; २. निराधार अभिधारणा; ३. फ़र्ज की हुई बात, अटकल; ४. (मा० २, ३) प्राक्कल्पना*। **hypothesize** क्रि० अ० १. परिकल्पना करना, प्राक्कल्पना करना, उपकल्पना करना; २. अनुमान लगाना, अभिधारणा करना। **hypothetic, -al** वि० १. काल्पनिक, उपकल्पित, औपकल्पिक, अनुमानित, निराधार अभिधारणायुक्त, आनुमानिक, परिकल्पित* (उ० २ भी), परिकल्पनात्मक* (उ० २ भी)। **hypothetically** क्रि० वि० १. उपकल्पनापूर्वक, अनुमानतः; २. निराधार, अभिधारणा के साथ।

hypso- [Gr. *hupsos*, height] यूनानी शब्द hupsos (ऊँचाई) का समास में प्रयुक्त रूप।

hypsography (hip sog' rá fi) सं० भूगोल की वह शाखा जिसमें ऊँचाई का अध्ययन किया जाता है।

hypsometer (hip som' e tér) सं० नगतमापक, ऊँचाई मापने वाला यंत्र। **hypsometric, -al** वि० नगतमापक यंत्र से संबंधित। **hypsometry** सं० नगतमापन विज्ञान।

hyrax (hī' raks) [Gr. *hurax*, shrew-mouse] सं० १. हाइरैक्स* (वि० १ भी), खरगोश की तरह का एक पशु; २. सीरिया का पहाड़ी खरहा; ३. दक्षिणी अफ्रीका का पहाड़ी बिज्जू।

hyson (hī' son) [Chin. *hsi-ch'un*, bright spring] सं० हाइसन, चीन की हरी चाय-विशेष।

hy-spy (hī spī, ī spy) सं० हाइस्पाई, आँख मिचौनी या आँख-मुचौवल की तरह का एक खेल।

hyssop (his' op) [L. *hyssōpus*, Gr.*hussōpos*, perh.from Heb.] सं० १. हिस्सप, छोटा झाड़ीदार सुगंधित पौधा जो पहले औषधि के काम आता था; २. (ई०) वह पौधा जिसकी टहनियाँ यहूदियों के धार्मिक कृत्यों में जल छिड़कने के लिए प्रयुक्त होती थीं*, पवित्रीकरण में प्रयुक्त इस पौधे का गुच्छा या टहनियों का समूह।

hysteria (his tér' i a) [mod. L., fr. m Gr. *hustera*, the womb (f om its having been at rib ted formely to disturbance of the womb.] सं० १. हिस्टीरिया* (आ०, कृ०, मा० ३ भी), मूर्च्छा-रोग, उन्माद, वातोन्माद, राग में उत्तेजना या दोषपूर्ण उत्तेजना; २. वायुगोला। **hysteric** (his tér' i k) वि० १. वातोन्माद, वायुगोला संबंधी; २. गिरणी संबंधी। सं० (बहुव०) गिरणी का दौरा या चक्कर। **hysterical** वि० १. मोहोपहत, मोहान्ध, मूढ़, मुग्ध; २. अति-भावुक, क्षिप्तिपूर्ण भावुकता; ३. गिरणी का, गिरणी के दौरे से पीड़ित।

hystero-, hyster- [Gr. *hustera*,womb] यूनानी शब्द hustera (गर्भाशय) का समास में प्रयुक्त रूप। **hysterogenic** वि० दौरा लाने वाला, गिरणी के चक्कर लाने वाला। **hysterogeny** सं० गिरणी या दौरे का उत्पादन।

hysterology (his tér ol' ó ji) [HYSTERO-, LOGY] सं० गर्भाशय-विषयक ग्रंथ।

hysterotomy (his tér ot' ó mi) [HYSTERO-, -TOMY] सं० (गर्भ निकालने के लिए) गर्भाशयच्छेदन, (चिकि०) सीज़ेरियन छेद।

I

I[1], **i** वर्ण (बहुव० Is, I's) १. अंग्रेजी वर्णमाला का नौवाँ वर्ण; २. रोमन अंक एक (I या i)।

I[2] (i) [A.-S. *ic* (cp. Dut. *ik*, Icel. *ek*, G. *ich*, L. *ego*, Gr. *egō*)] सर्व० मैं, उत्तम पुरुष सर्वनाम (कर्म० **-me** मुझे, संबंधकारक **-my** मेरा, मेरी, बहुव० **-we** हम, कर्म० **-us** हमें, संबंध० **-our** हमारा)। **the ~** (दर्शन०) अहम्, आत्मबोध का कर्त्ता अथवा विषय।

-i [L.] प्रत्य० १. लैटिन के **-us** और **-er** से अंत होने वाले और इटालियन भाषा के **-o** और **-e** से अंत होने वाले शब्दों में लग कर बहुवचन बनाने वाला प्रत्यय; २. अंग्रेजी में वैज्ञानिक अथवा पाण्डित्यपूर्ण शब्दों में मुरक्षित (जैसे cirri, foci आदि), लैटिन से आए हुए समूह-द्योतक शब्दों में प्रयुक्त।

-i- १. लैटिन में शब्द-संयोगों के बीच में लगने वाला स्वर जो कभी धातु स्वर होता है, कभी संयोग में आ जाता है (जैसे omnivorous, gramnivorous) ; २. लैटिन आदर्श पर अंग्रेजी समासों में प्रयुक्त (जैसे (hydriform, setiform)।

-ia [L. and Gr.] प्रत्य० १. भाववाचक संज्ञा (जैसे mania, militia); २. निदान० के आधुनिक शब्दों (जैसे cephalalgia, hysteria); ३. वन० वर्गों (जैसे cryptogamia); ४. वैज्ञानिक नामों (जैसे dahlia, fuchsia); ५. देशों के नामों में (जैसे Australia) एवं अल्कलायडों या क्षारों के नामों (जैसे (morphia, strychnia) आदि में प्रयुक्त; ६. ion से अंत होने वाली ग्रीक संज्ञाओं और ium से अंत होने वाली लैटिन संज्ञाओं में बहुवचन बनाने वाला (जैसे paraphernilia, regalia); ७. प्रायः जन्तुओं के वर्ग-नामों के लिए भी प्रयुक्त (जैसे mammalia, reptilia)।

-ial [L. *-ālis*, *-āle*] प्रत्य० संज्ञा से विशेषण बनाने (जैसे celestial, dictational) में प्रयुक्त।

iambus (i ām' bus) [L., from Gr. *iambos*, an iambic verse, a lampoon, from *iaptein*, to assail] सं० (बहुव० **~buses**) लघु-गुरु क्रमिक चरण, वह चरण जिसमें लघु-गुरु क्रम से आते हैं। **iamb** (ī' ămb) दे० IAMBUS। **iambic** (ī ām' bik) वि० (छन्द०) आर्यछंद, लघु-गुरु-क्रम के द्वियार्थिक चरण से संबंधित, इस चरण वाला, इस चरण पर आधारित। सं० आर्याक, उक्त चरण-युक्त पद।

-ian [L. *-ān us* -AN, with a euphonic or connective -i-] प्रत्य० विशेषण और संज्ञाओं में लगने वाला, ऐसे मूल जिनके अंत में

-i-रहता है उसमें केवल -an के रूप में प्रयुक्त (जैसे Italian, Virginian) अन्यथा -ian (जैसे Christian); २. विशे० व्यक्तिवाचक संज्ञाओं से विशेषण बनाने में प्रयुक्त (जैसे Addisonian, Bostonian); ३. स्थान संज्ञाओं में -er भी जुडता है (जैसे Londoner); ४. लैटिन रूप वाले मूलों में जोडा जाता है (जैसे glaswegian, liverpudlian)।

Iberian (ī bēr' i ăn) [L. *Ibēria*, from Gr. *Ibēres*, -AN] वि० १. आइबेरियाई, प्राचीन आइबेरिया से संबंधित, आइबेरिया का; २. स्पेन और पुर्तगाल के संयुक्त देश का। सं० प्राचीन आइबेरिया का निवासी या भाषा।

ibex (ī' beks) [L] सं० आइबेक्स, आल्प्स और अपेनाइन पहाड़ों की बड़े-बड़े मुड़े हुए सींगों वाली जंगली बकरी।

ibis (ī' bis) [L. and Gr. prob. of Egyptian orig.] सं० (बहु० -es) १. आइबिस* (वि० १ भी); २. गर्म जलवायु के प्रदेशों की झीलों और दलदलों में पाया जाने वाला सारस के सदृश एक पक्षी। **Sacred** ~ पवित्र या पूज्य आइबिस, प्राचीन मिस्रवासियों का एक पूज्य पक्षी।

-ible [L. *-ibilis*, -ABLE] विशेषण वाचक प्रत्य० १. कृदन्त-मूल शब्दों में -ible जुडता है (जैसे terrible); २. आधुनिक शब्दों में भी -ible जुडता है (जैसे aversible); ३. फ्रेंच से लिए गए बहुत से शब्दों में (जो ला सके) के अर्थ में -able जुडता है।

incandesce (in kăn des') [L. *incandescere* (IN-[1], *candescere*, incept. of *candēre*, to be white)] क्रि० अ० और स० १. दहकना, ताप से उत्तप्त होना; २. चमकना; ३. दहकाना, ताप से उत्तप्त करना। **incandescence** सं० १. उद्दीप्ति, दीप्ति, उज्ज्वलता; २. चमक, प्रकाश, ज्योति, तापदीप्ति* (वि० १ भी)। **incandescent** वि० १. उद्दीप्त, दीप्त; २. उज्ज्वल, चमकने वाला, प्रकाशमान, ज्योतिर्मय; ३. (बिजली का या अन्य प्रकाश) जो उद्दीप्त तंतु द्वारा प्रकट हो, ४. (वि० १) तापदीप्त*।

incantation (in kăn tā' shun) [F., from L. *incantātiōnem*, nom. *-tio*, from *incantāre*, see EN- CHANT] सं० १. मंत्र* (मा० १, ३ भी), अभिचार, योग, जादू के मंत्र (का प्रयोग); २. जादू, टोना, झाड़फूंक; ३. मंत्रपाठ* (मा० १ भी); ४. मंतर* (मा० ३ भी)।

incapable (in kā' păbl) [F.. from med. L. *incapabilis*] वि० १. असमर्थ, अक्षम, अयोग्य, नाकाबिल; २. संवेदना-शून्य, अग्रहणशील; ३. निर्बल, अशक्त (जैसे drunk and ~)। **incapability, incapableness** सं० १. असमर्थता, अक्षमता, अयोग्यता, नाकाबलियत; २. संवेदनशून्यता; ३. निर्बलता, अशक्ति। **incapably** क्रि० वि० १. असमर्थतापूर्वक, अयोग्यता से, २. निर्बलता से, अशक्ति से।

incapacitate (in ka pās' i tāt) [from foll.] क्रि० स० अयोग्य ठहराना या कर देना, बेकार करना, अक्षम करना, असमर्थ करना, नाक़ाबिल कर देना। **incapacitation** सं० असामर्थ्य, अशक्तता, अक्षमता, अयोग्यता; २. वैधानिक अक्षमता, अयोग्यता या असमर्थता, नाक़ाबलियत।

incarcerate (in kär' sēr āt) [med. L. *incarcerātus*, p.p. of *incarcerāre* (IN-[2], *carcer*, prison)] क्रि० स० बंदी बनाना, जेल में डालना, क़ैद करना, कारावास में रखना। **incarceration** सं० कारावास, बन्दीकरण* (मा० भी), जेल, क़ैद। **incarcerator**

(in kar' sĕr ā tŏr) सं० जेल में डालने वाला, कारावास में रखने वाला, कैद में करने वाला।

incarnadine (in kar' nā dēn, -din) [F. *incarnadin*, It. *incarnadino, -tino*, from *incarnato*, INCARNATE] वि० (काव्य०) गहरा लाल, बहुत लाल। क्रि० स० गहरे लाल रंग में रँगना।

incarnate (in kar' nāt) [L. *incarnātus*, p.p. of *incarnāre* (IN-[3], *caro carnis*, flesh)] वि० १. मूर्तिमान, साकार, (व्यक्ति, आत्मा, गुण आदि के लिए) मूर्त, देही, शरीरधारी, देहधारी; २. अवतारी, मनुष्य-रूप धारी (जैसे he is an ~friend); ३. (भू० कृ० में) ईसामसीह के लिए (was ~by the Holy Ghost)। क्रि० स० १. मूर्तिमान करना, साकार करना, शरीर धारण करना; २. (विचार आदि) साकार रूप में रखना, व्यावहारिक रूप देना; ३. (व्यक्ति आदि का) गुण की सजीव मूर्ति होना, साक्षात या साकार होना। **incarnation** (in kar nā' shŭn) सं० १. अवतार; २. शरीर-धारण, देह-ग्रहण; ३. साक्षात अवतार (विशे० the~ ईसामसीह); ४. साकार मूर्ति, साक्षात मूर्ति।

incautious (in kaw' shŭs) वि० १. अनवधान, असावधान, लापरवाह; २. प्रमादी, अदूरदर्शी, प्रमत्त। **incautiously** क्रि० वि० लापरवाही से, असावधानी से। **incautiousness** सं० लापरवाही, असावधानी, प्रमाद।

incendiary (in sen'dĭ ar ĭ) [L. *incendiārius*, from *incendium*, a conflagration, from *incendere*, see foll.] वि० १. आग लगाने वाला, आग लगाऊ, आगजनी संबंधी, आग्नेय, दहन-विषयक; २. (ला०) लड़ाई-झगड़े को भड़काने वाला, फ़साद मचाने वाला, फ़ितादी, विद्रोहजनक। सं० (ला० और ला०) दाहक या उत्तेजक व्यक्ति, लड़ाई-झगड़ा भड़काने वाला आदमी। **~bomb** आग-लगाऊ बम, दाहक बम, अग्निबम। **incendiarism** सं० दहन, आग लगाने की क्रिया।

incense (in' sens) [M.E. and O.F. *encens*, L. *incensum*, that which is burnt, neut. p.p. of *incendere*, to burn (IN-[1], *-candere*, to burn, rel. to *candēre*, to glow)] सं० १. धूप, अगरबत्ती, लोबान आदि; २. धूप, लोबान आदि का धुआँ, ३. (ला०) तारीफ़। क्रि० स० १ धूप, लोबान आदि की धूनी देना; २. (देवता आदि के नाम पर) धूप लोबान आदि जलाना; ३. महकाना, सुगंधित करना। **incensation** सं० धूनी, धूप-दहन, सुगंधित करना। **incensory** (in' sen sorĭ) वि० धूपदानी, धूप आदि जलाने का पात्र।

incentive (in sen' tiv) [L. *incentīvus*, setting a tune, from *incinere* (IN-[1], *canere*, to sing)] क्रि० स० १. गुस्सा दिलाना, क्रोध दिलाना, कुद्ध करना; २. चिढ़ाना; ३. उत्तेजित करना। वि० १. उत्तेजक; २. प्रेरक; ३. प्रोत्साहक। सं० १. उत्तेजना; २. प्रेरणा; ३. प्रोत्साहन* (मा० २ भी), बढ़ावा; ४. उत्प्रेरणा* (मा० ३ भी)।

incept (in sept') [L. *inceptus*, p.p. of *incipere*, to begin (IN-[1], *capere*, to take)] क्रि० अ० और स० १. (पहले कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में) एम० ए० या डॉक्टर का उपाधि-ग्रहण प्रारम्भ करना; २. (जीव०) चूस लेना, अपने अंदर सोख लेना। **inceptor** (In sep' tŏr) सं० एम० ए० या डॉक्टर की उपाधि का ग्रहीता।

inception (in sep' shŭn) सं० १. प्रारम्भ, प्रारम्भ, उपक्रम, स्थापना, शुरू, शुरुआत, सूत्रपात; २. (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में) उपाधि-ग्रहण। **inceptive** वि० १. आरम्भिक, प्रारम्भिक, शुरू का; २. प्रारंभ, शुरू। सं० आरम्भसूचक क्रिया। **~verb** (व्या०) आरम्भ सूचक क्रिया, ऐसी क्रिया जिससे किसी कार्य का प्रारंभ द्योतित हो।

incertitude (in sĕr' tĭ tūd) [F. (IN-[3], late L. *certitūdo*, from *certus*, CERTAIN)] सं० अनिश्चितता, अस्थिरता, संदिग्धता, अनिश्चय, संदेह।

incessant (in ses' ănt) [late L. *incessans -ntem* (IN-[3], *cessans -ntem*, pres. p. of *cessāre*, to CEASE)] वि० सतत, लगातार, अनवरत, निरन्तर, अविराम, अविरत। क्रि० वि० लगातार, निरन्तर रूप में, अविराम ढंग से। **incessancy, incessantness** सं० निरन्तरता, अनवरतता।

incest (in' sest) [F. *inceste*, L. *incestus*, from *incestus -tum*, adj. (IN-[3], *castus* CHASTE.)] सं० अगम्यागमन* (मा० २, ३ भी), सगोत्र-गमन, कौटुम्बिक व्यभिचार, कुटुंबियों या निकट संबंधियों में पारस्परिक मैथुन या लैंगिक संबंध, अवाचार* (मा० २ भी)। **incestuous** (in ses' tū us) वि० अगम्यगामी, सगोत्रगामी, कुटुम्ब में व्यभिचार करने वाला, कुटुंबी या निकट संबंधी से मैथुन करने वाला, ऐसा मैथुन करने का अपराधी (पुरुष या स्त्री), अगम्यागमनात्मक* (मा० ३ भी)। **incestuously** क्रि० वि० अगम्यागमन या सगोत्र-गमन से, कुटुम्ब में व्यभिचार करते हुए, कुटुंबी या निकट संबंधी से मैथुन करते हुए या लैंगिक संबंध रखते हुए।

inch[1] (inch) [A.-S. *ynce*, L. *uncia*] सं० १. इंच* (वि० १ भी), फुट का बारहवाँ भाग; २. (वर्षा के माप के रूप में) एक इंच की गहराई तक बरातल पर फैले हुए पानी का परिमाण; ३. बैरोमीटर में पारे के भार को एक इंच ऊपर उठाए रखने वाला (वातावरण के या अन्य दबाव का) परिमाण; ४. अल्प परिमाण, स्वल्प मात्रा; ५. (बहुव०) (विशे० मानव शरीर की) कद, लंबाई, ऊँचाई (जैसे a man of your inches)। क्रि० स० और अ० १. इंच-इंच कर के सरकाना या सरकना, खिसकाना या खिसकाना, थोड़ा-थोड़ा कर के आगे बढ़ाना या बढ़ना। **an ~of cold iron** छुरा आदि भोंकना। **by inches** इंच-इंच कर के, थोड़ा-थोड़ा कर के। **every ~**पूर्णतः, पूर्णतया, सर्वथा। **flog person within an ~of his life** मारते-मारते कचूमर निकाल देना, अधमरा या मरणासन्न कर देना। **give him an ~ & he'll take an ell** अँगुली पकड़ते पहुँचा पकड़ना, थोड़ी वस्तु या कर बहुत की माँग करना, दे० ELL। **incher** सं० (विशे० six~ आदि) छः इंच लंबी या छः इंच व्यास वाली वस्तु।

inch[2] (inch) [Gael. *innis* (cp. Ir. *inis*. W. *ynys*, also L. *insula*)] सं० छोटा (विशे० स्कॉट०) द्वीप।

inchoate (in' kō āt) [L. *inchoātus*, *incohātus*, p.p. of *incohāre*, to begin] वि० १. उपक्रांत, अभी प्रारंभ किया गया, अभी-अभी शुरू किया गया; २. अपूर्ण, अविकसित, अपरिपक्व। क्रि० स० १. शुरू करना, प्रारंभ करना; २. इंजाद करना, आविष्कृत करना। **inchoation** सं० १. प्रारंभ; २. ईजाद, आविष्कार। **inchoative** (in kō' ă tiv) वि० १. प्रारंभिक; २. ईजाद या आविष्कार से संबद्ध।

incidence (in' sĭ dĕns) [F., as foll.] सं० १. किसी वस्तु पर पतन, किसी वस्तु से संपर्क; २. (भौ०) आघात, आपतन, पंक्ति या पंक्ति में चलने वाली किसी वस्तु का किसी बरातल पर पतन; ३. प्रभाव-क्षेत्र, प्रभाव का विस्तार या सीमा; ४. (आ०, वि० १) आघटन*। **angle of~** आपतन-कोण, गिरने वाली रेखा या किरण आदि द्वारा बरातल पर लंब-रूप से पतन के बिंदु पर बनाया जाने वाला कोण। **~of tax** कर-भार, कर-संपात, टैक्स का बोझ।

incident (in' si dənt) [F., from *incidentem*, nom. *dens*, pres. p. of *incidere* (IN-[1], *cadere*, to fall)] सं० १. इंसिडेन्ट* (आ०, इं० १ भी), संयोग, प्रसंग, घटना* (आ० भी), बारबात, बाक़या; २. सर्व-साधारण का ध्यान आकृष्ट करने वाली निरपेक्ष या स्वतंत्र घटना; ३. बात, प्रसंग, क़िस्सा; ४. नाटक या काव्य में कोई प्रासंगिक वृत्त या कथा; ५. अनुपंग, संपदा आदि से संबद्ध विशेषाधिकार या भार; ६. (वि० १) आपतित*; ७. (आ०, इं० १) अधिवाचन*; ८. (विधि) प्रसंगति*। वि० १. संयोगवश; २. स्वाभाविक रूप से संलग्न या संबद्ध; ३. आनुषंगिक, अंगभूत (तुल० INCIDENT[1]); ४. पड़ने वाला, गिरने वाला, संपाती (प्रकाश आदि)।

incidental (in si den' tăl) वि० १. प्रासंगिक, आनुषंगिक* (विधि भी), अप्रधान, गौण; २. आपाती, कभी-कभी होने वाला; ३. सहवर्ती, साथ-साथ होने वाला; ४. इत्तफ़ाक़ी, आकस्मिक। **~images, -colours** प्रासंगिक या आनुषंगिक प्रतिकृतियाँ, रंग, ऐसी छवियों के परिणामस्वरूप अनुभूत प्रतिमाएँ या वर्ण जो इस अनुभव के समय विद्यमान नहीं रहतीं। **~music** सहवर्त्ती नाटक, नाटक में कोई घटना प्रदर्शित करते समय का संगीत। **incidentally** क्रि० वि० प्रसंगवश, कार्यवश।

incinerate (in sin' ər āt) [med. L. *incinerātus*, p.p. of *incinerāre* (IN-[1], L. *cinis cineris*, ashes)] क्रि० स० १. भस्मीभूत करना, ख़ाक कर डालना, स्वाहा कर देना; २. (शरीर आदि को) आग में जला डालना या भस्म कर के समाप्त कर देना; ३. (वि० १) भस्म करना*। **incineration** सं० १. भस्मीकरण* (वि०, १ आ० भी), स्वाहा या भस्मीभूत करने की क्रिया, निर्दहन। **incinerator** (in sin' ər ā tor) सं० १. भस्मक, भस्मकारी* (यंत्र) (आ०, इं० १ भी), निर्दाहक; २. भस्म या स्वाहा करने वाला व्यक्ति या वस्तु।

incipient (in sip' i ənt) [L. *incipiens -ntem*, pres. p. of *incipere*, to INCEPT] वि० १. प्रारंभकर्त्ता; २. अभिकात, प्रारंभिक, शुरू की, प्रारंभिक अवस्था में स्थित, आरंभमाण* (आ० भी)। **incipience, -ency** सं० १. प्रारंभ; २. प्रारंभिक स्थिति। **incipiently** क्रि० वि० १. प्रारंभ में; २. प्रारंभिक अवस्था या स्थिति में।

incise (in siz') [F. *inciser*, from L. *incīsus*, p.p. of *incidere* (IN-[1], *cedere*, to cut)] क्रि० स० १. छेदना, चीरना, काटना, चीरा देना; २. तराशना, नक्काशी करना, उत्कीर्ण करना, उत्कर्तन* (आ० १ भी)। **incision** (in sizh' ən) सं० १. कटन, छेदन* (आ० भी), चीरा* (कृ० भी), काट; २. तराश; ३. गोदने का निशान, कटाव* (कृ० भी), उत्कर्तन* (आ० १ भी)। **incisive** (in sī' siv) वि० १. छेदक, भेदक, चीरनेवाला, काटने वाला; २. (ला०) मेधावी, कुशाग्र, बुद्धिवाला; ३. तेज़, तीखा, तीक्ष्ण; ४. मर्मभेदी, अन्तर्भेदी; ५. (आ०) कृन्तकी*। **incisively** क्रि० वि० १. छेदते हुए, भेदते हुए; २. तीक्ष्णता से; ३. अन्तर्भेदी या मर्मभेदी ढंग से। **incisiveness** सं० १. छेदकता, भेदकता; २. कुशाग्रता; ३. तीव्रता, तीक्ष्णता; ४. मर्मभेदिता।

incisor (in sī' zər) सं० १. छेदन दंत, चौक का दाँत, काटने वाला दाँत, सामने के काटने वाले दाँतों में से कोई एक, छेदक, कृंतक* (आ० वि० १ भी)।

incite (in sīt') [F. *inciter*, L. *incitāre* (IN-[1], CITE)] क्रि० स० १. (किसी व्यक्ति आदि को किसी काम के लिए) भड़काना* (प्र०, मा० २ भी), उकसाना* (प्र०, मा० ३ भी), उभाड़ना, प्रदीप्त करना* (प्र०, वि० १ भी), प्रेरित करना, उत्तेजित करना* (मा० ३ भी), शह देना, जोश दिलाना। **incitation** (in si tā' shən), **incitement** सं० उकसाहट, भड़काव, उद्दीपन, प्रेरणा, उत्तेजना, उत्तेजन* (मा० १ भी)।

incivil (in sive il) [F. from L. *incivilis*] वि० अशिष्ट, रूक्ष, गुस्ताख़, अविनयी। **incivility** सं० बदतमीज़ी, अशिष्टता, रूक्षता, गुस्ताख़ी, अविनय। **incivism** (in' si vizm) सं० अच्छे नागरिक के गुणों का अभाव (विशे० फ्रांसीसी क्रांति के सिद्धांतों के प्रति अनास्था)।

in-clearing (in' klēr ing) सं० ऐसे चेक आदि जिन्हें कोई बैंक इकट्ठा भुगताता है और जो क्लीअरिंग हाउस के माध्यम से भुगताए जाते हैं।

inclement (in klem' ənt) [F., from L. *inclemens -ntem*] वि० १. निष्ठुर, निर्दय, कर्कश; २. खराब; ३. प्रतिकूल, विशे० ठंडा या तूफ़ानी (मौसम या जलवायु); ४. कठोर, प्रचंड, सख्त। **inclemency** सं० १. (मौसम या जलवायु की) खराबी, प्रतिकूलता; २. कठोरता, सख्ती; ३. प्रचंडता; ४. निर्दयता।

inclination (in kli nā shən) सं० १. प्रवृत्ति* (मा० २ भी), रुझान, झुकाव* (वि० १ भी); २. ढाल, ढलकाव, ढलान; ३. रुचि, अभिरुचि* (मा० २ भी), पसंद, इच्छा, चाव, शौक़; ४. मुहब्बत, प्यार, प्रेम (किसी के प्रति); ५. (वि० १) आनति*।

incline (in klīn') [F. *incliner*, L. *inclināre* (IN-[1], *clināre*, to bend)] क्रि० स० और अ० १. झुकाना, झुकना, लचाना, लचना; २. प्रवृत्ति रखना, झुकाव होना, रुचि होना, पसंद करना, शौक़ होना या रखना; ३. (मस्तिष्क, हृदय, व्यक्ति को) प्रवृत्त करना या होना, (जैसे ~our hearts to keep this law); ४. किसी स्थिति में लाना, खड़े बल आदि से झुकना या झुकाना। सं० १. नत समतल; २. ढाल* (इं० ३ भी), झुकाव, प्रवण। **~one's ear** (किसी व्यक्ति की बात या प्रार्थना आदि को) सहानुभूतिपूर्वक सुनना। **~(sloping) plane** नत समतल, एक यांत्रिक शक्ति, देo MECHANICAL। **inclinable** १. प्रवृत्त, झुका हुआ, उन्मुख; २. अनुकूल, मुआफ़िक़।

inclinometer (in kli' nom' ĕ tər) सं० १. इनक्लिनोमीटर, पृथ्वी की चुंबकीय शक्ति की ऊर्ध्वाधर तीव्रता मापने का यंत्र; २. ढलान मापने का यंत्र।

include (in klood') [L. *includere* (IN-[1], *claudere*, to shut), p.p. *inclūsus*] क्रि० स० १. शामिल करना, समावेश करना, सम्मिलित करना, मिला लेना; २. (वस्तुओं आदि को) किसी अंगी के अंग रूप में सम्मिलित करना; ३. शामिल या सम्मिलित समझना या मानना; ४. अंदर ले लेना, घेरना; ५. गिन लेना। **included** वि० समाविष्ट, अंतर्वर्ती, गूढ़।

inclusion (in kloo' zhən) सं० १. समावेश, अंतर्निवेश, २. अंतर्वेश* (वि० १ भी), अंतर्विशत* (आ०, वि० १ भी), अन्तर्गमन*, समावेशन* (मा० १ भी), अंतर्विष्ट*/अंतस्थ* (आ० भी)। **inclusive** (in kloo' siv) वि० अन्तर्गत* (मा० १ भी), कुल, शामिल, समेत, सहित, समाविष्ट (संकेत ~pages 3 to 26); २. अधिकांश या सर्वांश को सम्मिलित कर के (जैसे ~terms)। **inclusively** क्रि० वि० शामिल करते हुए, सम्मिलित या समाविष्ट होते हुए। **inclusiveness** सं० १. समावेश; २. (मा० १) अन्तर्गति*, समाविष्टि*।

incognito (in kog' ni tō) [It., from L. *incognitus* (IN-[1], *cognitus*, p.p. of *congnōscere*, see COGNITION)] वि० (बहु० -ti- to; स्त्री० -ta),

छपवेषी, अज्ञात* (मा० १, वि० १ भी)। क्रि० वि० १. गुप्त रूप से अज्ञात रूप से, भेष बदले हुए, भेष बदल कर; २. (वि० १) अज्ञात*, गुप्त रूप से*, छपवेश में*। सं० अज्ञात, छपवेषी, भेष बदले हुए (व्यक्ति)।

incognizable (in kog' ni-, -kon' i zăbl) वि० अबोधगम्य, अनुद्रिगम्य, इंद्रियों या बुद्धि के परे। **incognizant** (in kog'-, in kon'-) वि० अनवधान, अनभिज्ञ, अत, बेखबर, अनजान, असावधान। **incognizance** सं० अनवधानता, बेखबरी, अनजानपन, असावधानता, अनभिज्ञता।

incoherent (in kō hēr' ent) वि० असगत, अनर्गल, असंबद्ध, बेमेल (शा० और ला०)। **incohesion** सं० असंगति, असंसक्तता* (मा० २ भी)। **incoherence, -ency, -ently** क्रि० वि० असंगति से, असंबद्ध या असंल्ग्न रूप में, अनर्गलता से। **incohesive** असंबद्ध, असंल्ग्न।

incombustible (in kom būs' tibl) [F., from med. L. *incombustibilis*] वि० अदाह्य, जो अग्नि द्वारा नष्ट न किया जा सके, न जलने योग्य, जिसे आग न लग सके। **incombustibility** सं० अदाह्यता* (इं० ३ भी), अग्नि द्वारा नष्ट न होने वाला, अज्वलनशीलता।

income (in' kŭm) [ME.[1], COME.] सं० १. आय* (वि० १, विधि भी), (व्यापार, जमीन, जायदाद, मजदूरी, लगात आदि से प्राप्त नियमित, प्रायः वार्षिक) आमदनी, अर्थप्राप्ति; २. कमाई, लाभ, फ़ायदा, नफ़ा। ~**tax** आय-कर।

incomer (in' kŭm ĕr) सं० १. आवक, आगता, आने वाला, प्रवेशी, भीतर आने वाला, अतः प्रवेशक, आगंतुक, २. आप्रवासी, बाहर से आकर (देश में) बसने वाला व्यक्ति, ३. अनधिकार प्रवेश करने वाला, अनाहूत प्रवेष्टा; ४. उत्तराधिकारी।

incoming सं० १. प्रवेश, पहुंच, आगमन; २ (प्रायः बहुव०) आमदनी, आय. ३. (वि० १) प्रवेशी*। वि० १. उत्तरवर्ती, २. आप्रवासी, विदेश से आकर बसने वाला; ३. (होने वाला) लाभ, नफ़ा।

incommensurable (in ko men' shu răbl) [F., from late L. *incommensūrābilis*] वि० १. असमप्राप्य, विषमप्राप्य, २. अपरिमेय, करणीगत; ३. (विशालता, परिमाण या महत्त्व से) अपार, अतुलनीय, अमाप्य, अनस्मेय* (वि० १)। **incommensurability** सं० १. असम्मेयता, असमप्राप्यता, २. अपरिमेयता, अतुलनीयता। **incommensurably** क्रि० वि० १ असम्मेयता में, असमप्राप्य रूप में; २. अपरिमेय या करणीगत रूप में, ३ अतुलनीयता या अपरिमेयता की दृष्टि से। **incommensurate** वि० १. अनुपातहीन, अननुपातिक, बिना अनुपात के, २ अतुल्य, अनद्वा, अनमान, जो अनरूप न हो; २. कम, थोड़ा, अपर्याप्त। **incommensurateness** सं० अनुपातहीनता, अननुपातिकता।

incommode (in ko mōd') [F. *incommoder*, L. *incommodāre* (IN-[2], *commodāre*, from *commodus*, COMMODIOUS)] क्रि० स० १. सताना, तकलीफ़ देना, कष्ट देना, पीड़ा पहुँचाना; २. रोड़ा अटकाना, विघ्न डालना, अड़चन या रुकावट पैदा करना। **incommod'ous** वि० १. अनुपयुक्त, अयोग्य; २. तंग, छोटा; ३. तकलीफ़देह; ४. असुविधापूर्ण, असुविधाजनक। **incommodiousness** सं० १. तंगी, छोटापन; २. असुविधा।

incommunicable (in ko mū' ni kăbl) सं० १. अज्ञेयनीय, अपरिवर्तनीय, जो किसी और को दिया न जा सके; २. अकथनीय, अवर्णनीय। **incommunicableness, incommunicability** सं० अकथनीयता, अनिर्वचनीयता, अकथ्यता, अवर्ण्यता। **incommunicably** क्रि० वि० अविज्ञेय रूप से, अकथनीय रूप से, अनिर्वचनीय ढंग से। **incommunicative** वि० चुपचाप, खिचा-खिचा, गुम-सुम, खोया-खोया, अपने आप में डूबा सा। **incommunicatively** क्रि० वि० चुप्पी से, खिचे-खिचे मन से, गुमसुम रह कर। **incommunicativeness** सं० खोये-खोये रहना, उदासी, गुमसुम अवस्था।

incommunicado (in kom ū ni ka' dō) [Sp.] वि० १. सपर्क-वर्जित, सम्पर्क-साधन-हीन; २. (बंदी) जिसे सब से अलग रखा जाय या किसी से मिलने-जुलने न दिया जाय।

incommutable (in ko mū' tăbl) [F., from L. *incommūtābilis*] वि० १. अपरिवर्तनीय, परिवर्तनातीत, जो बदला न जा सके; २. अविनिमयशील, जिसकी अदला-बदली न हो सके। **incommutably** क्रि० वि० १. अपरिवर्तनीय रूप से; २. अविनिमयशीलता से।

incompact (in kom păkt') वि० जो ठोस और घना न हो (विशे० ला०)।

incomparable (in kom' păr ăbl) [F., from L. *incomparābilis*] वि० १. अद्वितीय, अनुपम, अतुल, बेमिसाल, लाजवाब, बेजोड़। **incomparableness** सं० १. अद्वितीयता, अतुलनीयता, अनुपमता, बेजोड़ी, बेमिसाली। **incomparably** क्रि० वि० अद्वितीयता से, बेमिसाली से।

incompatible (in kom păt' ibl) [F., from L. *incompatibilis*] वि० १. (with के साथ प्रयुक्त) विरोधी स्वभाव वाला, असदृश, असगत* (क्रु० भी). भिन्न, जुदा; २. असनुरूप; ३. बेमेल, मेल न खाता हुआ, ४ (अ०) असंयोज्य*। **incompatibility** सं० १. असगति* (अ०, क्रु० वि० १ भी) असगतता* (मा० १ भी), असादृश्य, भिन्नता. २. असनुरूपता, मेल न होना; ३. (अ०) असंयोज्यता*, (क्रु०) प्रतिकूलता*।

incompetent (in kom' pe tent) [F. *incompétent*, L. *incompetentem*, nom. *-ens*] वि० १. अक्षम* (विधि भी), अयोग्य, असमर्थ* (वि १ भी) अशक्त, नालायक; २. वैधानिक रूप से अयोग्य, अनधिकारी, ३. (वि० १) असमर्थ*। **incompetence, incompetency** सं० १. अक्षमता*, असमर्थता* (अ०, प्र०, विधि भी), अयोग्यता. २. अनधिकारिता; ३. असंगति* (मा० १ भी) **incompetently** क्रि० वि० अयोग्यतापूर्वक, असमर्थता के साथ, अक्षमता से।

incomplete (in kom plēt') [L. *incompletus*] वि० असमाप्त, अधूरा* (प्र० भी), अपूर्ण*, असपूर्ण* (वि १ भी)। **incompletely** क्रि० वि० अधूरे या अपूर्ण रूप में। **incompleteness** सं० अधूरापन, अपूर्णता।

incomprehensible (in kom pre hen' sibl) [F. from L. *incomprehensibilis*] वि० १. मेधातीत, जो समझा न जा सके, समझ से बाहर, बुद्धि के लिए अगम्य; २. (अथाशायिम मन) अमीम, अपरिमित, निःसीम (सं० भी, जैसे three ~ibles)। **incomprehensibility, incomprehensibleness** सं० १. मेधातीतता, बुद्धि के लिए अगम्यता; २. असीमता, निःसीमता। **incomprehensibly** क्रि० वि० १. मेधातीत रूप में; २. असीमता में। **incomprehension** अबोधगम्यता, अज्ञेयत्व, दुर्बोधता, समझने में असफलता। **incomprehensive** वि० १. अबोधगम्य, दुर्बोध, अज्ञेय; २. (सम्राट् कांस्टेनटाइन के राज्यकाल में अलेक्जेंड्रिया के बड़े पादरी अथानासियस के मत के संबंध में) असीम, सीमारहित, बिना किसी ओर-छोर के।

incompressible (in kom pres' ibl) वि० असंपीड्य,

असंक्षेपणीय, जिसे दबाया न जा सके। **incompressibility** सं० १. असंपीड्यता* (वि० १ भी), असंक्षेपणीयता, दबाए न जा सकने का गुण।

incomputable (in kŏm pū' tăbl) वि० अनगित, अगणित, गणनातीत, असंख्य।

inconceivable (in kŏn sē' văbl) वि० १. अज्ञेय. कल्पनातीत, अचिंत्य* (मा० २ भी), अचिंतनीय; २. अजीब, आश्चर्यजनक, अद्भुत, आकर्षक। **inconceivability** सं० १. अकल्पनीयता, अचिंतनीयता; २. अद्भुतता, आकर्षकता। **inconceivably** क्रि० वि० १. कल्पनातीत स्थिति में, अचिंत्य ढंग से; २. आश्चर्यजनक रूप में, आकर्षक ढंग से।

inconclusive (in kon kloo' siv) वि० १. अधूरा, अनिर्णीत* (प्र० भी), अनिश्चायक, अनिश्चयात्मक (तर्क, प्रमाण या कार्य)। **inconclusively** क्रि० वि० अधूरेपन से, अनिश्चयात्मकतापूर्वक। **inconclusiveness** सं० अधूरापन, अनिश्चयात्मकता।

incondensable (in kon den' săbl) वि० संघननातीत, जिसे संक्षिप्त या प्रगाढ़ न किया जा सके, (विशे० ऐसा पदार्थ जिसे तरल या घन में परिवर्तित न किया जा सके)।

incondite (in kon' dit) [L. *inconditus* (IN-², *conditus*, p.p. of *condere*, to put together)] वि० १. अनगढ़, कुगठित (साहित्यिक रचना आदि); २. भद्दी, फसफुसी, अपरिष्कृत।

inconformity (in kon fôr' mi ti) सं० १. असादृश्य, असमानता, सादृश्यहीनता, विषमता; २. इंगलैण्ड के चर्च के सिद्धांतों से मतभेद, दे० NONCONFORMITY।

incongruous (in kong' groo us) [L. *incongruus*] वि० १. अमेल, अगंगत*, बेतुका* (प्र० भी), बेजोड़, बेमेल; २. नामुनासिब, अनुपयुक्त, बेडौल, बेढंगा। **incongruity, incongruousness** सं० १. अगंगति, विषमता; २. अनुपयुक्तता, बेतुकापन; ३. अन.मंजस्य* (आ० भी)। **incongruously** क्रि० वि० १ बेमेली से, असंगति से; २ अनुपयुक्त ढंग से, बेतुकेपन से।

inconsecutive (in kon sek' ū tiv) वि० १. शैर-मिलमिलेवार, क्रमहीन, शृंखलाहीन, २. असंगत, ३. असं-बद्ध। **inconsecutively** क्रि० वि० १. क्रमहीनतापूर्वक, २. असंगत रूप से; ३. असंबद्ध कर के। **inconsecutiveness** सं० १. क्रमहीनता, शृंखलाहीनता, २. असंगति; ३. असंबद्धता।

inconsequent (in kon' sē kwent) [L. *inconsequens -ntem*] वि० १. अप्रासंगिक, असंगत, समति-रहित, तर्कसंगत क्रम से विहीन, २. असंबद्ध, संबंधहीन। **inconsequence** सं० १. प्रसंग-च्युति, प्रसंगाभाव, असंगति; २. तर्कसंगत क्रम का अभाव; ३. असंबद्धता, संबंध-हीनता। **inconsequential** वि० १. अप्रासंगिक, असंगत; २. तर्कसंगत, क्रमहीन; ३. असंबद्ध, संबंधहीन। **inconsequentially, inconsequently** क्रि० वि० १. अप्रासंगिक रूप से, असंगत रूप से; २. तर्कसंगत क्रम-हीनता की दृष्टि से, ३. असंबद्धता से।

inconsiderable (in kon sid' er ăbl) [F. *inconsidérable* (IN-², CONSIDERABLE)] वि० १. अविचारणीय, अक्षोभ्य; २. तुच्छ, अल्प, अदना, नगण्य, पिद्दी न पिद्दी का शोरबा, क्षुद्र परिमाण या मूल्य आदि का, दो कौड़ी का।

inconsiderate (in kon sid' er ăt) [L. *inconsideratus*] वि० १. विचारहीन, अविवेकी, अविवेकपूर्ण, उतावला, जल्दबाज, आवेशपूर्ण (व्यक्ति या कृत्य); २. हृदय-हीन, भावना-शून्य, दूसरों की भावनाओं की परवाह न करने वाला। **inconsiderately** क्रि० वि० १. विचारहीनता से, अविवेक से; २. हृदय-हीनता-पूर्वक, भावना-शून्य हो कर। **inconsiderateness, inconsideration** सं० १. विचारहीनता, अविवेकपूर्ण, बुद्धिशून्यता; २. हृदय-हीनता, भावना-शून्यता।

inconsistent (in kŏn sis tĕnt) वि० १. असंगत* (प्र०, मा० १, १, वि० विधि भी), अप्रासंगिक; २. बेमेल, असामंजस्यपूर्ण; ३. जुदा, भिन्न, असदृश, बेमेल, असमान; ४. असमान अवयवों वाली (कोई एक वस्तु); ५. विरोधी* (वि० १ भी), व्याघाती। **inconsistency, -tence** सं० १. असंगति* (मा० १ भी), संगति-हीनता, अप्रासंगिकता; २. बेमेली, असामंजस्यपूर्णता; ३. भिन्नता, असदृशता, असमानता; ४. विरोधी, व्याघाती, अपने ही सिद्धांतों या पिछले व्यवहार से भिन्न काम करने की स्थिति। **inconsistently** क्रि० वि० १. असंगति से; २. भिन्नता या असादृश्य की दृष्टि से; ३. विरोधी, व्याघाती के रूप में।

inconsolable (in kŏn sō' lăbl) [F., from L. *inconsōlābilis*] वि० १. शोकाकुल; २. जिसे तसल्ली न दी जा सके या ढाढ़स न बँधाया जा सके, असांत्वनीय, अप्रबोधनीय, अनाश्वासनीय, जिसे धीरज न दिया जा सके (ऐसा व्यक्ति या उसका दुःख)। **inconsolably** क्रि० वि० असांत्वनीय स्थिति से।

inconsonant (in kon' so nănt) [F.] वि० बेताल, बेसुरा, विषम, असामंजस्यपूर्ण, बेमेल। **inconsonance** सं० बेमेली, बेसुरापन, असामंजस्यपूर्णता, विषमता।

inconspicuous (in kon spik' ū us) [L. *inconspicuus*] वि० १. अप्रकाश, धुँधला, अस्पष्ट, अप्रकट; २. छोटे, पीले या हल्के (फूल)। **inconspicuousness** सं० १. धुँधलापन, अस्पष्टता, २. (फूलों का) छोटापन, पीलापन, हरापन।

inconstant (in kon' stănt) [F., from L. *inconstāntem*, nom. *-tāns*] वि० १. अस्थिर, चंचल, चपल, परिवर्तनशील; २. अनियमित। **inconstancy** सं० १. अस्थिरता, चंचलता, चपलता, परिवर्तनशीलता, २. अनियमितता। **inconstantly** क्रि० वि० १. अस्थिरतापूर्वक, चंचलता से; २. परिवर्तनशीलता की दृष्टि से; ३. अनियमित रूप से।

inconsumable (in kon sū' măbl) वि० जो आग आदि से न जले, अदाह्य, अनश्वर, (ऐसी वस्तु) जिसका उपयोग न किया जाता हो।

incontestable (in kon tes' tăbl) वि० १. निर्विवाद, विवाद-रहित, विवाद-हीन; २. अकाट्य, निस्संदेह। **incontestably** क्रि० वि० १. निर्विवाद रूप से, २. निस्संदेह।

incontinent (in kŏn' ti nĕnt) [F., from L. *incontinentem*, nom. *-ens*] वि० १ असंयमी, संयम-हीन, आत्मसंयम न कर सकने वाला (विशे० लंगोटी का कच्चा, लफ्ट कामी); २. (व्यक्ति) जिसके पेट में दाल न पचे, कान का कच्चा; ३. जबान-दराज़; ४. जो किसी वस्तु (जैसे भेद, जबान या पेशाब आदि) को रोक न सके। सं० १. अदांति, असंयम, संयमहीनता, आत्मानुशासन-हीनता; २. लंपटता, कामुकता; ३. अनियत्रण, नियत्रणहीनता। **incontinently** क्रि० वि० (साहित्यिक) फ़ौरन, तुरंत, तत्क्षण, अविलंब, इसी समय।

incontrovertible (in kon tro vĕr' tibl) वि० अखंडनीय, निर्विवाद, अकाट्य, विवाद-हीन, माना हुआ। **incontrovertibly** क्रि० वि० निर्विवाद रूप से, बिना खंडन के, निश्चित रूप से।

inconvenience (in kon vē' ni ens) सं० १. असुविधा, तकलीफ़, कष्ट; २. बेचैनी, परेशानी, ऐसी घटना या उदाहरण। क्रि० स० परेशान करना, असुविधा देना, तकलीफ़ पहुँचाना, कष्ट देना, बेचैन करना।

inconvenient (in kŏn vē' ni ĕnt) [F. *inconvénient*, L. *inconvenientem*, nom. *-ens* ([IN-3, CONVENIENT] वि० १. अनुपयुक्त, अनुचित; २. असुविधाजनक, असुविधापूर्ण, सुविधा-हीन; ३. तकलीफ़देह, कष्टकारक, ; ४. बेमौक़ा, बेढब, बेजा, नामु-नासिब। **inconveniently** क्रि० वि० १. असुविधा से, असुविधा-पूर्णता या सुविधाहीनता की दृष्टि से; २. बेढंगेपन से; ३. तकलीफ़ देते हुए, कष्ट पहुँचाते हुए।

inconvertible (in kŏn vĕr' tibl) वि० अपरिवर्त्य, अपरिवर्तनीय, अविनिमयसाध्य, जिसका विनिमय न हो सके, जो बदली न जा सके, (विशे० मुद्रा)। **inconvertibility** सं० अपरिवर्तनीयता, अविनिमयसाध्यता। **inconvertibly** क्रि० वि० अपरिवर्तनीय रूप में, अविनिमयसाध्य रूप में।

inconvincible (in kon vin' sibl) वि० जिसे विश्वास न दिलाया जा सके, जो आश्वस्त न हो सके।

incoordination (in kō or' di nā' shŭn) सं० विषम-कक्षता, समन्वयाभाव, असमन्वय* (मा० २ भी)।

incorporate[1] (in kôr' pō rāt) [late L. *incorporātus*, p.p. of *incorporāre* (IN-3, *corpus -poris*, body)] वि० समाहित, समाविष्ट* (कृ० भी), (कंपनी आदि) जिसे निगम का रूप दिया जा चुका हो, निगम में सम्मिलित (व्यक्ति)।

incorporate[2] (in kôr' pō rāt) क्रि० स० और अ० १. सम्मिलित होना, मिल जाना, मिला लेना, शामिल कर लेना, शामिल हो जाना; २. (किसी एक वस्तु में किसी दूसरी वस्तु के साथ) शामिल करना, मिलाना, सम्मिलित करना; ३. (तत्त्वों को) किसी एक पदार्थ में अंगीभूत, संश्लिष्ट या समाहित करना; ४. निगम या वैधानिक संस्थान का एक भाग बनाना; ५. निगम में अंगीभूत होना या उसका एक भाग बनाया जाना; ६. एक कर लेना, एक हो जाना, समा लेना, समा जाना। **incorporated** वि० निगमित* (वि० भी), समाविष्ट। **incorporation** सं० १. समाविष्ट, निगमन*, संयोजन* (मा० १ भी), अनुयोजन, मिला लेना, मिलाना* (मा० १ भी), समावेशन* (वि० १ भी)। **incorporator** (in kôr' pō rā tor) सं० अनुयोजक, मिलाने वाला, सम्मिलित करने वाला।

incorporeal (in kôr pôr' e ăl) [L. *incorporeus* (IN-3, *corpus -poris*, body, see CORPOREAL)] वि० १. विदेह देहरहित, अशारीरिक; २. अजड़; ३. निराकार, ४. अमूर्त, अशरीरी* (मा० २ भी)। **~hereditament** अमूर्त पैतृक संपत्ति।

incorrect (in kŏ rekt') [L. *incorrectus*] वि० १. अशुद्ध, ग़लत* (वि० १ भी); २. अयथार्थ, तथ्यहीन, झूठ; ३. अनुपयुक्त, दोषपूर्ण, त्रुटिपूर्ण, सदोष (शैली आदि)। **incorrectly** क्रि० वि० १. ग़लती से; २. अयथार्थ रूप में, तथ्यहीनता की दृष्टि से; ३. दोषपूर्ण स्थिति में, दोषपूर्वक; ४. अशुद्ध रूप में। **incorrectness** सं० १. ग़लती, तथ्यहीनता, २. अनुपयुक्तता, त्रुटिपूर्णता; ३. अशुद्धता।

incorrigible (in kor' i jibl) [F., from L. incorrigibilis] वि० अशोध्य, असमाधेय, सुधारातीत, न सुधारने योग्य* (मा० ३ भी), जिसका सुधार न हो सके, जिसे रास्ते पर न लाया जा सके, हाथों से निकला हुआ, महा बिगड़ा हुआ (व्यक्ति)। **incorrigibility** सं० बिगड़ा हुआ होना, सुधर न सकना। **incorrigibly** क्रि० वि० बिना सुधार के, बिगड़े हुए ही कर।

incorrupt (in ko rŭpt') [L. *incorruptus*] वि० १. शुद्ध, अदोष, निष्कलंक, अकलुषित, पवित्र; २. अनुत्कोच्य; ३. (बाइ०) नित्य, अनादि, सनातन। **incorruptible** वि० १ अघट, अक्षय्य; २, अमर, नित्य, चिरंतन, शाश्वत, सनातन; ३. खरा, जिसे भ्रष्ट न किया जा सके (विशे० जिसे रिश्वत या घूस देकर फुसलाया न जा सके)। **incorruptibility** सं० १. अघटता, अक्षयता; २. अमरता, चिरंतनता, शाश्वतता; ३ अभ्रष्टता, घूस से परे का गुण। **incorruptibly** क्रि० वि० १, अघट रूप से, अक्षयता की दृष्टि से; २. अमरता या अक्षयता की स्थिति में, नित्यतः, सनातन काल से; ३. अभ्रष्ट रूप से। **incorruption** सं० (ई०) अघटता, अक्षयता।

incrassate (in kras' āt) [L. *incrassātus*, p.p. of *incrassāre* (IN-3, *crassāre*, to make thick, from *crassus*, CRASS)] वि० (वन०, प्राणि०) स्थूलाकार, सूजा हुआ-सा, मोटे या सूजे हुए आकार वाला।

increase[1] (in krēs') [A.-F. *encress-*, O.F. *encreist-*, stem of *encreistre* (cp. F. *croître*), L. *increscere* (IN-3, *crescere*, to grow)] क्रि० अ० और स० १. बढ़ना, तरक्क़ी करना, उन्नति करना, बड़ा होना, महत्तर होना; २. संख्या-वृद्धि होना, तादाद में अधिक होना (विशे० उत्पत्ति द्वारा); ३. (गुण, उपलब्धि आदि में) आगे बढ़ना, उन्नति करना, तरक्क़ी करना; ४. बढ़ाना, संख्या-वृद्धि करना, तादाद बढ़ाना; ५. (गुण का) उत्कर्ष करना, प्रकर्ष करना। **increasingly** क्रि० वि० १. बढ़ता हुआ, उन्नति करते हुए, संख्या-वृद्धि की दृष्टि से; २. आगे बढ़ाते हुए, संख्या-वृद्धि करते हुए, ३. उत्कर्षपूर्वक, प्रकृष्ट रूप में।

increase[2] (in' krēs) सं० १. बढ़ती, बढ़ोतरी, वृद्धि* (वि० १ भी), विस्तार, तरक्क़ी, उन्नति, अभिवृद्धि, उत्कर्ष, प्रकर्ष, २. (मनुष्यों, पशुओं या पौधों की) संख्या-वृद्धि; ३. अभिवर्द्धित परिमाण, बढ़ी हुई तादाद। **on the ~** वर्धमान, उन्नतिशील, बढ़ता हुआ, अभिवृद्ध होता हुआ।

incredible (in kred' ibl) [F., from L. *incrēdibilis*] वि० १. अश्रद्धेय, अविश्वसनीय, यक़ीन से बाहर का, नाक़ाबिलेयक़ीन, विश्वास के अयोग्य; २. (बोल०) हैरतअंगेज, आश्चर्यकारी, अद्भुत, अजीब, समझ से परे। **incredibility** सं० १. अविश्वसनीयता; २. आश्चर्यजनकता, आश्चर्यपूर्णता। **incredibly** क्रि० वि० १. अविश्वसनीय ढंग से, २. आश्चर्यजनक रूप में।

incredulous (in kred' ū lus) [L. *incrēdulus*] वि० अविश्वासी, विश्वासहीन, विश्वास न करने वाला। **incredulity** सं० अविश्वास, विश्वासहीनता, विश्वास न करने की प्रवृत्ति। **incredulously** क्रि० वि० अविश्वासपूर्वक, विश्वास न करते हुए।

increment (in' kre ment) [L., *incrēmentum*, from *increscere*, to INCREASE] सं० वेतन तरक्क़ी* (प्र० भी), इज़ाफ़ा, बढ़ोतरी, बढ़ती, तरक्क़ी या वृद्धि का परिमाण; २. वेतन-वृद्धि; ३. मुनाफ़ा, नफ़ा, फ़ायदा, लाभ, वेतन तरक्क़ी।

incriminate (in krim' i nāt) [med. L. *incriminātus*, p. p. of *incriminārе* (IN-3, CRIMINATE)] क्रि० स० १. अभिशक्त करना, अभियोग या दोष लगाना, दोषी ठहराना, इल्ज़ाम लगाना, क़ुसूरवार ठहराना; २. अभियोग में फँसा लेना, अपराध में लपेट लेना। **incriminatory** वि० अभियोगात्मक, अभियोग-विषयक।

incrustation (in krŭs tā' shŭn) [late L. *incrustātio* from *incrustā-re*, to ENCRUST] सं० १. पपड़ी* (ई० ३, वि० १ भी), तह, परत, कड़ा छिलका या खोल, कड़ा लेप; २. भवन के सामने के भाग पर संगमरमर की तह; ३. (ला०) आवत पड़ जाना; ४. ख़ुरंट; ५. मोहरा चिनाई* (ई० ३ भी)।

incubate (in kū bāt) [L. *incubātus*, p.p. of *incubāre* (IN-[3], *cubāre*, to lie)] क्रि० स० और अ० १. सेने से या और किसी तरह से (अंडों से) बच्चे निकालना; २. अंडे सेना, अंडों पर बैठना। **incubation** सं० १. इनक्यूबेशन* (कृ० भी), अंड-पोषण, अंडे सेना, अंडों के ऊपर बैठ कर उनसे बच्चे निकालने की प्रक्रिया; २. उष्मनियंत्रण, परिपाक; ३. होमी ओस्ट या पवित्र आत्मा का चिंतन; ४. (निदा०) रोग के लक्षणों के प्रकट होने की अवधि; ५. (आ०, वि० १) ऊष्मायन*, उद्भवन*; ६. उद्भव* (कृ० भी)। **artificial** ~ १. मशीन से अंडे सेना; २. कृत्रिम उष्मनियंत्रण। **incubative, incubatory** (in' kū bā tiv, -tōr i) वि० १. अंडे सेने से सम्बद्ध; २. उष्मनियंत्रण संबंधी; ३. परिपाक या उद्भवन-विषयक। **incubator** (in' kū bā tōr) सं० १. इनक्यूबेटर* (आ० कृ०, वि० १ भी), उद्भवन यंत्र, एक यंत्र जिसका प्रयोग अंडों से बच्चे निकालने, समयसे, अठमासे या समय से पूर्व उत्पन्न शिशुओं को पालने या बैक्टीरिया को विकसित करने में होता है; २. (आ०, वि० १), ऊष्मायित्र*।

incubus (in' kū bus) [late L., nightmare, ex prec] सं० १. दुस्स्वप्न, दुस्वप्न, भयानक स्वप्न, भयावह स्वप्न; २. भूत, होवा (जो सोते व्यक्तियों पर अपना प्रभाव जमा लेता है); ३. भयानक स्वप्न की तरह डराने वाली वस्तु या व्यक्ति।

inculcate (in' kul kāt) [L. *inculcātus*, p.p. of *inculcāre* (IN-[3], *calcāre*, to tread, from *calx calcis*, heel,)] क्रि० स० १. उपदेश देना, शिक्षा देना, सिखाना, सीख देना; २. बार-बार समझाना; ३. दिल में बैठा देना, जमा देना। **inculcation** सं० उपदेश, सीख, नसीहत, शिक्षा। **inculcator** (in' kul kā tor) सं० उपदेश देने वाला, दिल में बैठाने वाला।

inculpate (in' kul pāt) [late L. *inculpātus*, p.p. of *inculpāre* (IN-[1], *culpa*, fault)], क्रि० स० १ अभिशस्त करना, दोष लगाना, तोहमत लगाना, इल्ज़ाम लगाना, कसूरवार ठहराना, लांछन लगाना, दोषारोपण करना, २. अभियोग में फँसा लेना या लपेट लेना; ३. फाँसना, ४. बदनाम करना, निन्दा करना। **inculpation** सं० १. दोष, दोषारोपण; २. अभियोग में फाँसना या लपेटना, ३. निंदा, बदनामी।

incult वि० १. (विरल) परती, अनजोती (धरती); २. उजड़ड, असभ्य; ३ उजड़हतापूर्ण या असभ्यतापूर्ण (व्यक्ति या व्यवहार)।

incumbent (in kŭm' bent) [L. *incumbens -ntem*, pres. p. of *incumbere* (IN-[1], *cumbere*, to lie)] वि० १. आवश्यक, अवश्यकरणीय, अवश्य करने योग्य, अत्यावश्यक; २. करणीय, लाजिमी, (व्यक्ति के लिए) कर्तव्य के रूप में अनिवार्य (जैसे it is ~on you to warn them)। सं० १. आश्रित, किसी धार्मिक चर्च आदि के नियमानुसार जीवन व्यतीत करने वाला; २. (विरल) १. पदस्थ* पदधारी* (प्र० भी), पदग्राही; २. उपाश्रयी* (वि० १ भी)। **incumbency** सं० १. किसी धार्मिक चर्च आदि के नियमानुसार जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति का पद, कार्य-काल* (भा० १ भी) या कार्य-क्षेत्र, २. (विरल) कोई पदाधिकार; ३. पद-भार* कार्य-भार* (भा० १ भी)।

incur (in kĕr') [L. *incurrere* (IN-[1], *currere*, to run)] क्रि० स० १. अपने ऊपर लेना, जिम्मे लेना, २ पड़ना (जोखिम आदि में), ३. (खर्च) करना या उठाना।

incurable (in kūr' ābl) [O.F., from L. *incūrābilis*] वि० और सं० १. असमनीय, अपरिहार्य, २. निरुपाय, लाइलाज; ३. (ऐसा व्यक्ति) जिसे सुधारा न जा सके, ४. असाध्य* (आ० भी)।

incurability, incurableness सं० असाध्यता। **incurably** क्रि० वि० लाइलाज हालत में, असाध्य रूप से।

incurious (in kūr' i us) [L. *incūriōsus*] वि० १. जिज्ञासा-शून्य, अनुत्सुक, अजिज्ञासु; २. अनवधान, लापरवाह, बेपरवाह, मस्तमौला, असावधान चित्तवाला; ३. अरुचिकर (प्रायः not ~)। **incuriosity** सं० १. जिज्ञासा-शून्यता, अनुत्सुकता; २. अनवधानता, लापरवाही, बेपरवाही, मस्तमौलापन; ३. रुचिहीनता, अरुचिकरता। **incuriously** क्रि० वि० १. अनवधानता से, अनुत्सुकता पूर्वक; २ लापरवाही से, मस्तमौलापन से; ३ रुचिहीनता से।

incursion (in kĕr' shŭn) [F., from L. *incursiōnem*, nom. *-sio*, from *incurrere*, see INCUR] सं० आक्रमण* (भा० १ भी), चढ़ाई, हमला, अचानक हमला, धावा* (भा० १ भी), दाखिल होना, घुस जाना, शिर-आक्रमण* (भा० १ भी)। **incursive** (in kĕr siv) वि० आक्रमण का, चढ़ाई का, धावे या हमले का।

incurve (in kĕrv') [L. *incurvāre*] क्रि० स० झुका कर बकाकार बनाना, अन्दर को मुड़ना, अन्दर की ओर झुकाना या मोड़ना। **incurvation** सं० १. झुकाव, टेढ़ा या वक्र बनाने की क्रिया; २. अंदर की ओर झुकाव।

incuse (in kūz') [L. *incūsus*, p.p. of *incūdere*, to forge, from prec.] क्रि० स० १. (विशे० भू० कृ० में) मुहर लगा कर (कोई मुरत या आकृति आदि) अंकित करना; २. (सिक्के आदि को) इस प्रकार की मुरत या आकृति (मुहर) से चिह्नित करना। विशे० (सिक्के आदि पर) ठोक-पीट कर या मुहर लगा कर बनाई गई (छाप या मुहर आदि)। सं० मुरत, छाप, मुहर।

Ind सं० (अप्र० या काव्य) इंडिया, हिन्दुस्तान, भारत, भारतवर्ष।

indaba (in da' ba) [Zulu, news] सं० इन्डाबा, दक्षिणी अफ्रीका के निवासियों की सभा, दक्षिणी अफ्रीका के निवासियों के साथ मंत्रणा।

indebted (in det' ĕd) [M.E. *endetted*, O.F. *endetté*, p.p. of *endetter* (EN-, *dette*, DEBT)] वि० १. ऋणी, कर्ज़दार, कर्ज़मंद, देनदार; २. एहसानमंद, मशकूर, उपकृत, कृतज्ञ, अनुगृहीत (किसी व्यक्ति का या लाभ आदि के लिए किसी वस्तु का); ३. (विधि) ऋणी*। **indebtedness** सं० १. ऋणग्रस्तता, कर्ज़दारी, देनदारी, २. आभार, कृतज्ञता, एहसानमंदी।

indecent (in dē' sent) [F. *indécent*, L. *indecentem*, nom. *-cens* (IN-[2], DECENT)] वि० अशोभन, अशोभनीय, २. अभद्र, भद्दा, अश्लील; ३. अनुचित; निर्लज्ज; ४. (विधि) अशिष्ट*। **indecency** सं० अभद्रता, अशोभनीयता, अश्लीलता। **indecently** क्रि० वि० अभद्रता से, अशोभनीय ढंग से, अश्लीलता से, निर्लज्जता से, बेशर्मी से।

indeciduous (in de sid' ū us) वि० नित्यपत्री, सदाबहार, सदा हरा, जिसके पत्ते किसी निश्चित अवधि में गिरते हों।

indecipherable (in dē si' fer ābl) वि० अपाठ्य, जिसे पढ़ा या समझा न जा सके।

indecision (in dē sizh' ŭn) [F *indécision*] सं० १. संदेह, संशय; २. अनिर्णय, अनिश्चय, ३. दुविधा, असमंजस, हिचकिचाहट, पशोपेश।

indecisive (in dē si' siv) वि० १. अस्पष्ट; २. संदिग्ध, गोलमाल; ३. अनिश्चित; ४. ढकेसला, बेनतीजा, ५. ढुलमुल, ढाँवाडोल, दुविधा में। **indecisively** क्रि० वि० १. अनिश्चय से; २. संदिग्धता से; ३. ढाँवाडोल हालत में। **indecisiveness** सं० १. अस्पष्टता, अनिश्चय; २. ढुलमुल अवस्था; ३. अनिर्णय की स्थिति, दुविधा, पशोपेश।

indefinable (in dē klī́ nābl) [F. *indéclinable*, L. *indeclinābilis*] वि० अव्यय, अविभक्तिक, जिसकी विभक्तियाँ न हो सकें।

indecomposable (in dē kom pō' zābl) वि० अविच्छेद्य, अविभाज्य, अविश्लेषणीय, जिसे विधान द्वारा विभिन्न भागों में न बाँटा जा सके।

indecorous (in dē kôr' us, -dek' ō rūs) [L. *indecōrus*] वि० १. अनुचित, अप्रयुक्त; २. अभद्र, अशिष्ट, ३. मर्यादा के विरुद्ध। **indecorously** क्रि० वि० १. अनुचित या अनुपयुक्त रूप में; २. अभद्रता या अशिष्टता से। **indecorousness** सं० १. अनौचित्य, अनुपयुक्तता, अभद्रता; २. अशिष्टता, मर्यादा विरुद्ध (आचरण)। **indecorum** (in dē kôr' ŭm) सं० अभद्रता, अशिष्टता, असभ्यता, अशिष्ट या अभद्र व्यवहार।

indeed (in dēd') क्रि० वि० १. यथार्थतः, वस्तुतः, वास्तव में. वाकई, सचमुच; २. वक्ता के अन्तिम शब्दों को सहमति या व्यंग से दुहराने हुए; ३. स्वीकृति देते हुए; ४. प्रश्नात्मक ढंग से स वस्तुतः ? क्या वाकई ? ऐसा ?; ५. व्यंग्य, घृणा, अविश्वास आदि का प्रदर्शक (विस्मo!)।

indefatigable (in dē fāt' i gābl) [obs. F. *indéfatigable*, L. *indefatigābilis* (IN-[2], *defatigāre*. to wear out, from *fatigāre*, to FATIGUE)] वि० १. अथक, अनथक, अक्लांत, अश्रांत; २. उत्साही। **indefatigability** सं० १. न थकना, अक्लांति; २. उत्साह। **indefatigably** क्रि० वि० १. अथक रूप से; २. उत्साह से।

indefeasible (in dē fē'zibl) वि० १. अलोप्य, अविनाश्य, अपरिहार्य, अलोप, अप्रतिहत; २. जिसे छीना न जा सके, जो उलट न किया जा सके, जो मनस्व न किया जा सके। **indefeasibly** क्रि० वि० अलोप्य रूप में, अपरिहार्य रूप में, अनिवार्यता से। **indefeasibility** सं० अलोप्यता, अपरिहार्यता, अजेयता।

indefectible (in dē fek' tibl) [F. *indéfectible*] वि० १. अचूक, रामबाण; २. खरा न होने वाला, अक्षय; ३. त्रुटिहीन, निर्दोष, दोषरहित।

indefensible (in dē fensibl) वि० १. अरक्षणीय, २. अनुत्तर; ३. अनुचित, ४. समर्थन के अयोग्य, ५. रक्षा के अयोग्य, बेबचाव, बेजबान, अरक्ष्य, जिसकी रक्षा न हो सके। **indefensibly** क्रि० वि० बिना बचाव के, बिना समर्थन के, बेबचाव ढंग से। **indefensibility** सं० अरक्ष्यता, बेबचाव या बेजबाब होना।

indefinable (in dē fī' nābl) वि० १. अनिर्वाच्य, अवर्णनीय, अनिर्वचनीय, अव्यष्ट; २. अपरिभाष्य, परिभाषातीत, परिभाषा के परे। **indefinably** क्रि० वि० अपरिभाष्य रूप में, अवर्णनीय ढंग से, अव्यष्टता से।

indefinite (in def' i nit, [L. *indēfinitus*] वि० १. धुंधला; २. अस्पष्ट, अनिश्चित, अनिर्दिष्ट, अनिर्धारित, मदिरय, गोलमोल, अपरिमित, बहुत, अगणित, ३. (व्या०) अनिश्चयवाचक (के०, सर्व० आदि, विशे० ~article a, an); ४. अनिश्चयवाचक (काल), वह (काल) जो यह न बताए कि उसके द्वारा सूचित कार्य अभी जारी है या पूरा हो चुका है; ५. (वि० १) अनिश्चित*। **indefinitely** क्रि० वि० १. धुंधलेपन से, अव्यष्टतापूर्वक, अनिश्चय की स्थिति में; २. सदिग्ध रूप से। **indefiniteness, indefinitude** सं० १. धुंधलापन; २. अव्यष्टता, अनिश्चय, ३. अपरिमितता, संदिग्धता।

indehiscent (in dē his' ent) वि० अस्फोटी, अस्फुटनशील* (वि० १ भी), बंद मुँह वाला।

indelible (in del' ibl) [earlier *indeleble*, L. *indēlēbilis* (IN-[3], *dēlēbilis*, from *dēlēre*, to DELETE)] वि० शाश्वत, पक्का, अमिट, अलोप्य, न धुल सकने योग्य (निशान, धब्बा, स्याही आदि और लांछन या अपकीर्ति आदि)। **indelibility** सं० पक्कापन, अमिट होने की स्थिति, अलोप्यता, न धुल सकने का गुण। **indelibly** क्रि० स० पक्केपन से, अमिट या अलोप्य रूप से।

indelicate (in del' i kāt) वि० १. अशिष्ट, असभ्य, असंस्कृत, अपरिष्कृत, अभद्र, उजड्ड, बेहूदा; २. अश्लील; ३. भोंडू, बुद्धू। **indelicacy** सं० १. उजड्डता, हूहापन, बेहूदगी, अशिष्टता, असभ्यता; २. अभद्रता; ३. भोंडूपन, बुद्धूपन। **indelicately** क्रि० वि० १. उजड्डता से, हूहापन से, अशिष्टतापूर्वक, २. अभद्रता से; ३. भोंडूपन से।

indemnify (in dem' ni fī) [L. *indemnis* (IN-[3], *damnum*, loss) -FY] क्रि० स० १. (हानि से) बचाना, रक्षा करना, बचाए रखना; २. (व्यक्ति को) वैधानिक उत्तरदायित्वों से बचाना; ३. क्षतिपूर्ति करना* (प्र०, विधि भी), निष्कृति करना, हरजाना देना, मुआवजा अदा करना, हर्जा-खर्जा देना, ४. (प्र०) तोरण देना* । **indemnification** सं० १. हरजाना, मुआवजा, क्षतिपूर्ति, क्षतिपूरण* (प्र० भी)।

indemnity (in dem' ni ti) सं० १. हानि या नुकसान से बचाव, निष्कृति; २. दंड आदि से वैधानिक मुक्ति, ३. हरजाना* (मा० १ भी), मुआवजा, क्षतिपूर्ति* (मा० १ भी), हरजाने की रकम, (विशे० दो शत्रुओं में से विजेता द्वारा हानि की एक शर्त के रूप में वसूल किया गया धन)।

indemonstrable (in dē mon' stră bl) वि० अप्रमाण्य, प्रमाणातीत, प्रमाण से परे, जिसे सिद्ध न किया जा सके (विशे० मौलिक सत्य)।

indent[1] (in dent') [acc. to Skeat from low L. *indentāre*, to notch or cut into like teeth (IN-[1], *dens dentis*, tooth)] क्रि० स० और अ० १. दाँते बनाना, दरार डालना, दाँते डालना२. (समुद्र तट आदि पर) दरारें डालना, बनाना, ३. (दस्तावेज को) एक टेढ़ी-मेढ़ी रेखा द्वारा दो भागों में बाँट देना; ४. (दस्तावेज की) ठीक प्रतिलिपि कर देना; ५. (मुद्रण में) नया पैराग्राफ सूचित करने के लिए हाशिये से कुछ हट कर (लाइन) प्रारंभ करना; ६. (किसी व्यक्ति से किसी वस्तु की) माँग करना, माल मँगाना, (साझान के लिए) ऑर्डर भेजना या करना, माँग भेजना। सं० १. दाँते बनाने या डालने की क्रिया, २ दाँता, ३. टेढ़ीमेढ़ी रेखा, ४. (समुद्र तट आदि पर) दरारें; ५. टेढ़ी-मेढ़ी रेखा द्वारा दो भागों में विभाजित दस्तावेज (की कापी या प्रतिलिपि), ६. दस्तावेज (में ठीक-ठीक उतारी गई प्रतिलिपि); ७. माँग-पत्र*, इंडेन्ट* (प्र० भी), फ़रमाइश, लिखित माँग, माल का आर्डर (विशे० विदेशों में मंगाने के लिए)।

indentation सं० १. दाँते बनाने या डालने की क्रिया, २. दाँता; ३. टेढ़ी-मेढ़ी रेखा; ४. समुद्र-तट आदि पर दरारें; ५. (आ०, वि० १) दंतुरता*।

indent[2] (in dent') क्रि० स० १. ठप्पा बनाना; २. (ठप्पे आदि से) छापना, चिह्नित करना। सं० १. ठप्पा, छापा; २. गड्ढा, खाँचा* (आ० भी), खच्चा।

indenture (in den' tyūr) सं० १. कोई महत्त्वबन्द राजीनामा या इकरारनामा अथवा प्रतिज्ञा-पत्र (विशे० (कोई काम) सीखने या सिखाने वाले का करार); २. प्रतिज्ञा-नियम-पत्र; ३. टेढ़ी-मेढ़ी रेखा

द्वारा दो भागों में विभाजित दस्तावेज़ की कापी या प्रतिलिपि; ४. दस्तावेज़ से ठीक-ठीक उतारी गई प्रतिलिपि; ५. लिखित तालिका, प्रमाण-पत्र आदि। क्रि० स० १. (व्यक्ति से) क़रार करना; २. प्रतिज्ञा-पत्र द्वारा वचन-बद्ध करना (विशे० सीखने वाले को)।

independence (in dé pen' déns) सं० १. आत्मधीनता, स्वतंत्रता, स्वाधीनता* (मा० १ भी), स्वराज, स्वराज्य, आज़ादी, खुदमुख्तारी; २. आत्मनिर्भरता; ३. स्वतंत्र आय **Independence Day** (भारत का) स्वतंत्रता-दिवस* (मा० १ भी) जो १५ अगस्त १९४७ में भारत के स्वतंत्र होने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है; २. (अमरीकी) स्वतंत्रता-दिवस; जो ४ जुलाई जो १७७६ ई० में अमरीका की स्वतंत्रता की घोषणा के उपलक्ष में मनाया जाता है।

independent (in dé pen' dent) वि० १. स्वायत्त, स्वतंत्र* (इ० ३, कु०, वि० १ भी), स्वाधीन, आज़ाद, खुदमुख्तार, अनाश्रित* (विधि भी); २. स्वावलंबी; ३. निष्पक्ष, बेलाग, अलग; ४. बेरोक-टोक, मनमाना; ५. जो अपनी मान्यता आदि के लिये किसी वस्तु पर निर्भर न रहे (जैसे ~research), ६. स्वावलम्बी, जिसे अपनी जीविका अर्जन न करनी पड़े, ७. आज़ाद तबीयत, आत्मनिर्भर, स्वतंत्र-प्रकृति का, दूसरों का अहसान न लेने वाला। सं० स्वतंत्र राजनीतिज्ञ, राजनीतिक दलों से अलग रह कर कार्य करने वाला व्यक्ति। **~income** निजी आय, जिसके फलस्वरूप व्यक्ति को जीविकार्जन न करना पड़े। **independently** क्रि० वि० आज़ादी से, स्वतंत्र रूप से, स्वाधीनतापूर्वक।

indescribable (in de skrī' bábl) वि० १. अकथ्य, अतिकथ; २. धुँधला, अस्पष्ट, ३. अनिश्चित, अनिर्धारित, ४ अनिर्वचनीय अवर्णनीय, वर्णनातीत; ५.(इतना महान, सुन्दर या बुरा कि) जिसका वर्णन न किया जा सके। **indescribability** सं० १ धुँधलापन, अस्पष्टता, २ अनिर्वचनीयता, अवर्णनीयता। **indescribably** क्रि० वि० १. धुँधलेपन में, अस्पष्टतापूर्वक, २. वर्णनातीत रूप में।

indestructible (in de strŭk' tibl) वि० अक्षय्य, अनश्य, अनश्वर, अविनश्य, अनष्टव्य, नाश के परे, जिसे नष्ट न किया जा सके। **indestructibility** सं० १. अनश्वरता, अविनश्यता, अविनाशिता* (वि० १ भी), नाश के परे होने की स्थिति। **indestructibly** क्रि० वि० अविनश्य या अनष्टव्य रूप में, अनश्वर रूप में।

indeterminable (in de tĕr' mi nabl) [L. *indēterminābilis*] वि० १.अनंत्य; २ अपरिमेय, अनिर्धार्य, निश्चित या निर्धारित न हो सकने योग्य; ३. अनिर्णय, निर्णयातीत, जिसका निर्णय न किया जा सके।

indeterminate (in de tĕr' mi nāt) [L. *indēterminātus*] वि० १. अनिश्चित, अनिर्दिष्ट, अनियत, अनिर्धारित, संदिग्ध, जिसका आयाम या प्रकृति आदि निर्धारित न हो; २ धुँधला, अस्पष्ट, ३ संदिग्ध,संदेह-ग्रस्त। **indeterminately** क्रि० वि० १.अनिर्दिष्ट या अनियत रूप में; २. धुँधलेपन से, अस्पष्टता पूर्वक, ३. संदिग्ध या सन्देह-ग्रस्त स्थिति में। **indeterminateness** सं० १.अनिर्दिष्टता, अनियतत्व, २. धुँधलापन, अस्पष्टता; ३. संदिग्धता, ४ अपरिमितता, अनिर्धारिता।

indetermination (in de tĕr mi nā' shŭn) सं० १. दृढ़ता का अभाव, निश्चय का अभाव, २. अनिश्चय, अनिर्दिष्टता; ३. धुँधलापन, अस्पष्टता; ४. संदिग्धता, सन्देहग्रस्त स्थिति, ५. अपरिमितता, अनिर्धारिता।

indeterminism (in de tĕr' mi nizm) सं० अनियतिवाद, यह सिद्धांत कि मानवीय कृत्य पूर्णतः उद्देश्यों से ही नियमित नहीं होता। **indeterminist** सं० अनियतिवादी, उपर्युक्त सिद्धांत का समर्थक।

index (in 'deks) [L. *index -dicis*, a forefinger, an informer (*indicāre*, to INDICATE)] सं० (बहुव० **-ixes**, गणि० **indices**) १. तर्जनी, अँगूठे के साथ वाली उँगली; २. इंडेक्स, अनुक्रमणिका, सूची (प्राय: पुस्तक के अंत में दी गई), अकारादि क्रम, अनुक्रमणी, सूचक* (आ०, प्र० भी), सूचकांक* (आ०, मा० ३ भी), दर्शपूर्ण तालिका; ३. (यंत्रों में) सुई, नाप-तौल आदि बताने वाला (सुई जैसा) पुर्जा; ४. पथ-प्रदर्शक सिद्धांत, निर्देशक सिद्धांत। क्रि० स० (विशे० भू० कृ० में) पुस्तक में अनुक्रमणिका देना या लगाना, अनुक्रमणिका में (शब्द आदि) अकारादि-क्रम से रखना। **the Index** (रोमन कैथलिक) उन पुस्तकों की सूची जो रोमन कैथलिक लोगों के लिए निषिद्ध हैं या जिनके कुछ निश्चित अंश निकालने के बाद उन्हें पढ़ सकते हैं। **~expurgatorius** उन अंशों की तालिका जिन्हें निकाल देने के बाद (रोमन कैथलिकों को) पुस्तक पढ़ने की अनुमति मिल जाती है। **~number** १. इंडेक्स नम्बर, सूचकांक; २. किसी काल-विशेष में प्रचलित मूल्यों को १०० मान कर मूल्यों के उतार-चढ़ाव बताने वाले सूचक अंक; ३. (प्र०) अनुक्रमणी अंक*, सूचक अंक*। **indexless** वि० १. अनुक्रमणिकाहीन; २. खान-चिह्नहीन (राशि); ३.बिना सुई की (मशीन आदि)।

India (in' di ā) [L. and Gr.*from Indos*. the Indus, Pers. *hind*, Sansk. *sindhu*, river] सं० इंडिया, हिंद, भारत, भारतवर्ष, हिंदुस्तान। **Further ~** भारत और चीन के मध्य का क्षेत्र। **~man** भारत तक माल ले जाने लाने वाला जहाज। **~Office** इंडिया-आफ़िस, भारत-सचिव का कार्यालय, भारत से संबद्ध मामलों पर विचार करने वाला ब्रिटिश सरकार का मंत्रणा-विभाग। **~paper** इंडिया पेपर, चीन से आने वाला एक प्रकार का नम सोखने वाला काग़ज़ जिसका प्रयोग नक्काशी आदि के प्रूफ़ लेने में होता है। **~proof** इंडिया पेपर पर लिया गया प्रूफ़। **~rubber, india-rubber** टायरों तथा पेंसिल के निशान आदि मिटाने के लिए प्रयुक्त रबड़ जो कुछ पौधों के रस को गाढ़ा कर के बनाया जाता है। **Indian** वि० और सं० १. इंडियन*, हिन्दुस्तानी* (वि० १ भी), भारतीय, भारतवासी, भारतवर्षीय, अमरीका और वैस्ट इंडीज़ का मूल निवासी, २. पहले भारत में रहने वाले यूरोपवासी (विशे० ब्रिटिश) अंग्रेज़। **Red ~** रेड इंडियन, उत्तरी अमरीका के मूल निवासियों की जाति का। **~civilian** इंडियन सिविल सर्विस का सदस्य, आई० सी० एस० का कोई गज़ेटेड। **~club** मुगदर। **~corn** मक्का, मकई। **~file** इकहरी पंक्ति, इकहरी क़तार। **~ink** चीन और जापान में बनने वाली एक प्रकार की काली स्याही। **~meal** मक्का से बना हुआ भोजन। **~summer** उत्तरी संयुक्त राज्य अमरीका में पतझड के अंत का शांत एवं शुष्क मौसम। **~weed** तंबाकू। **Indianize** क्रि० स० भारतीयकरण करना, भारतीय बनाना। **Indianization** सं० भारतीयकरण।

indicate (in' di kāt) [L. *indicātus*, p.p. *of indicāre* (in-I, *dicāre*, to point out)] क्रि० स० १. सूचित करना; २. प्रकट करना, ज़ाहिर करना, ३. दिखाना; ४. (इलाज) सुझाना; ५. आवश्यक होना; ६. संज्ञेय में कहना; ७. संकेत होना, संकेत करना, इशारा करना, निर्दिष्ट करना; ८ (विधि) उपदर्शित करना*। **indicated horse-power** निर्दिष्ट या सूचित हार्सपावर। **indication** (in di kā' shun) सं० १. संकेत* (आ० भी), २. प्रदर्शन; ३. सुझाव, ४. सूचक-चिह्न; ५ निशानी, लक्षण, चिह्न, अलामत, सूचक* (इ० १ भी), सूचना, निर्देश; ६. सूचन* (इ० १ भी)।

indicative (in dik' ā tiv) वि० निश्चयात्मक अभिव्यक्ति (जो वक्ता की धारणा या इच्छा मात्र न हो); २. सूचक, द्योतक, ३. संकेतात्मक, प्रकाशक, बोधक, परिचायक। सं० १. *सामान्यार्थ*, निश्चयार्थ; २. निश्चय भाव। **indicatively** क्रि० वि० १. संकेत स्वरूप; २. निश्चयात्मक रूप से।

indicator (in' dē kā tōr) वि० १. बताने वाला, सुझानेवाला, २. सूचक* (आ०, ई० १, कृ०, वि० १ भी), संकेतक* (आ०भी); ३. प्रदर्शक; ४. (किसी यंत्र की) सूचक-सुई, सूचिका। **indicatory** वि० १. निर्देशात्मक; २. सूचनात्मक, ३. बोधक।

indict (in dit') [O.F. *enditer*, INDITE] क्रि० स० दोष लगाना, अभियोग लगाना, अभियुक्त ठहराना, आरोप लगाना, इल्जाम लगाना, अभ्यारोपण करना, अभ्यारोप लगाना* (मा० ३ भी)। **indictable** वि० १. अभियोज्य, जिस पर दोष या अभियोग लगाया जा सके; २. (कार्य) जिसमें व्यक्ति अभियोज्य बन जाए।

indiction (in dik' shun) [through F. or directly from L. *indictio -ōnem*, from *indicere*, to appoint (IN-², *dicere* to say) सं० १. इंडिक्शन, कान्स्टेंटाइन द्वारा लगाई गई १५ वर्ष की कर-अवधि जिसका प्रारम्भ १ सितंबर, ३१२ ई० से गिना जाता है; २. सम्पत्ति-करधान जो रोमन सम्राट, हर १५ वर्ष के बाद करवाते थे; ३ उपयुक्त कर, घोषणा, एलान।

indictment (in dit' ment) सं० १. दोषारोपण, दोष, अभियोग* (मा० १ भी) या इल्जाम लगाना, नियमित अभियोग, २. दावा, नालिश, मुकदमा, ३ चालान, अभियोगपत्र; ४. अभ्यारोपण* (मा० १, ३ भी)। **bill of ~** मिसल, लिखित अभियोग जो उच्च ज्यूरी के सामने पेश किया जाता है।

Indies (in' diz) [Pl. of *Indc*, INDIA] सं० (बहु०) **East ~** भी, भारत तथा भारत-पूर्व और पूर्वीय द्वीप-समूह। **West ~** पश्चिमी द्वीप-समूह, मैक्सिको की खाड़ी के निकटवर्ती द्वीप-समूह।

indifference (in dif' e rens) सं० १. उदासीनता, बेपरवाही, विरक्ति, उपेक्षा; २. निष्पक्षता, ३. महत्त्वहीनता (विशेषकर a matter of ~ महत्त्वहीन मामला)। **indifferency** सं० उदासीनता, विरक्ति, बेपरवाही, महत्त्वहीनता।

indifferent (in dif' er ent) [F. from L. *indifferentem*, nom. *-ens*] वि० १. निष्पक्ष, तटस्थ, २ (किसी ओर से) उदासीन, ३. निरपेक्ष, असामंजस्य, बेपरवाह, बेलाग; ४ साधारण, तुच्छ, मामूली, न अच्छा न बुरा, ५. बुरा-सा, हल्का, या ही सा, ६.असंतोषजनक (विशेषकर very ~); ७ (रासायनिक, वैद्युत या चुंबकीय गुणों की दृष्टि से) निष्क्रिय, उदासीन* (वि० १ भी); ८ (किसी लिपिलेख में) महत्त्वहीन, तटस्थ या निरपेक्ष व्यक्ति (विशेषकर धार्मिक या राजनैतिक मामलों में) **indifferently** क्रि० वि० १. उदासीन-तापूर्वक; २.उपेक्षा से; ३. तटस्थता से। **indifferentism** सं० किसी विषय (विशेषकर धार्मिक या राजनीतिक) में तटस्थ वृत्ति, उदासीनतावाद, उदासीनता, तटस्थता। **indifferentist** सं० १. उदासीनतावादी; २. तटस्थतावादी।

indigenous (in dij' e nus) [L. *indigenus -inda-, -indu*, IN-², *gen-*, root of *gignere*, to produce] वि० १. देशज* (कृ०, वि० १ भी), देशी* (कृ० भी), देश का, देश आदि से स्वाभाविक रूप से संबंधित (ला० भी)। **indigene** (in' di jēn) सं० निवासी **indigenously** देशी होने की दृष्टि से, देश से ही।

indigent (in' di jent) [F. from L. *indigentem*, nom. *-gens* *indi- -ge-ere*, *egere*, to be in want] वि० १. निर्धन, गरीब, दरिद्र, कंगाल; २. दीन, हीन, जरूरतमंद। **indigence** सं० १. दीनता; २. गरीबी, दरिद्रता, जरूरतमंदी।

indigest (in di jest') [L. *indigestus* (IN-², *digestus*, p.p. of *digerere*, to morsel)] वि० अनपचा। सं० बेहोल। **indigested** वि० १. आकार-हीन, बे-शकल; २. अचिंतित, बेसोचा-समझा, जो भली भाँति समझा न गया हो; ३. अनपचा।

indigestible (in di jes' ti bel) वि० जो पचाया न जा सके, अपाच्य* (आ०,कृ० भी), दुष्कर, जो समझ में न आ सके (ला० भी)। **indigestibility** सं० १. अपच्यता; २. दुष्करता।

indigestion (in di jes' chun) सं० १. अपाचन* (आ०, वि० १ भी), बदहजमी* (कृ० भी), मंदाग्नि, अजीर्ण* (आ०, कृ० भी); २. (शा० और ला०) अजीर्णावस्था, ऐसी स्थिति जब कोई चीज पची (या समझ में आई) न हो। **indigestive** वि० अजीर्णग्रस्त, मंदाग्नि-पीड़ित, अजीर्णोत्पादक।

indignant (in dig' nānt) [L. *indignans -ntem*, prcs. p. of *indignari*, as prec.] वि० कोपाकुल, सरोष, नाराज, क्रुद्ध, रुष्ट, खफा, झल्लाया हुआ, गुस्से में भरा हुआ। **indignantly** क्रि० वि० गुस्से में, कोध से, झल्ला कर, नाराजगी से।

indignation (in dig nā' shún) सं० (कर्मोत्पादन, अन्याय, धूर्तता या दुष्कर्म से उत्पन्न) कोप, रोष* (मा० ३ भी), क्रोध, गुस्सा, नाराजी, झल्लाहट, तैश। **~-meeting** नाराजी प्रकट करने के लिए सार्वजनिक सभा।

indignity (in dig' ni ti) सं० अपमान, अनादर, उपेक्षा, तिरस्कार।

indigo (in' di gō) [formerly *indico*, Sp., from L. *indicum*, Gr. *indikon*, Indian] सं० न० ल०* (आ०, वि० १ भी), जबकी (रंग)। **~blue** १. गहरा नीला; २. जबकी नीला। **~bird** उत्तरी अमरीका का एक सुंदर पक्षी। **~white** सफेद रंग का एक वर्ण। **indigotic** वि० नीला-सा, नीलाभ।

indirect (in di rekt') [F., from L. *indirectus*] वि० १. कुटिल, वक्र, टेढ़ा-मेढ़ा, फेरवाला, चक्कर का, पेचीदा, घुमाव का (मार्ग आदि), २. जटिल* (वि० १ भी); ३. अप्रत्यक्ष* (आ०, वि० १ भी), परोक्ष* (वि० १ भी)। **~speech** १. परोक्ष-कथन; २. अन्यपुरुष कथन। **~object** परोक्ष कर्म (जैसे give I am the book. में him)। **~passive** परोक्ष कर्मवाच्य, (जिसका वर्ता कर्तृवाच्य का परोक्ष कर्म होता है जैसे I was told it me I.)। **indirection** सं० हीला, बहाना. २ चाल, धोखा, मक्कारी, फरेबी। **indirectly** क्रि० वि० १ हेरफेर से, २. परोक्ष रूप से, ३. अध्यक्ष ढंग से, ४. (विधि) परवर। **indirectness** सं० १. हेर-फेर; २ परोक्षता।

indiscernible (in di zer' nibl) वि० १. अभिन्न, २. अदृश्य या अविज्ञ वस्तु, ३. अलक्ष्य, अस्पष्ट। **identity of indiscernibles** अभिन्नताएं, यह मत कि जब तक वस्तुओं के गुण भिन्न न हों तब तक उनके अस्तित्व विभिन्न नहीं हो सकते। **indiscernibly** क्रि० वि० अभिन्न रूप से।

indiscerptible (in di serp' tibl) वि० अविच्छेद्य, जिसका भाग खण्ड न जाएँ। **indiscerptibility** सं० अविच्छेद्यता।

indiscipline (in dis' i plin) सं० १. अनुशासन-हीनता* (प्र० भी), अव्यवस्था, मर्यादा का अभाव। **indisciplinable** वि० अशास्य, जिस अनुशासन में न रखा जा सके।

indiscreet (in dis krēt') [L. *indiscretus*] वि० १. अविचक्षण, नेपाग्र, अदूरदर्शी, भविवेचक, अनीतिज्ञ, अविवेकी,

विवेकरहित, नादान। **indiscreetly** क्रि॰ वि॰ नासमझी या नादानी से, बिना सोचे समझे, विवेकहीनता से।

indiscrete (in dis' krēt') वि॰ अविभक्त, जो अलग-अलग भागों में न बाँटा जा सके।

indiscretion (in dis kresh' ün) सं॰ १. अविवेक, अविमर्श, असमीक्षा, अविवेक, बेवकूफी, नादानी, नासमझी की हरकत; २. सरकारी भेद आदि का अचानक खुल जाना; ३. सामाजिक मर्यादा का उल्लंघन। **calculated** ~ जान-बूझ कर सरकारी भेद खोलना।

indiscriminate (in dis krim' i nāt) वि॰ १. अँधाधुंध, बेसोचा समझा; २. बिना सिद्धांत का; ३. अविवेकपूर्ण, ४. अव्यवस्थित। **indiscriminately** क्रि॰ वि॰ अँधाधुंध तौर पर, बिना व्यवस्था के, बिना उचित-अनुचित का विचार किए। **indiscriminateness, indiscrimination** सं॰ १. अव्यवस्था, २. अंधाधुंधपन; ३. सिद्धांतहीनता, बेउसूली।

indispensable (in dis pen' sābl) [med. L. *indispensābilis*] वि॰ १. अवश्य, अनिवार्य, अपरिहार्य* (आ० भी), २. आवश्यक, जरूरी, लाजिमी। **indispensability, indispensableness** सं॰ अपरिहार्यता। **indispensably** क्रि॰ वि॰ अपरिहार्य रूप से, अत्यावश्यक ढंग पर, लाजिमी तौर पर।

indispose (in dis pōz') क्रि॰ स॰ १. अयोग्य या बेकार बना देना निकम्मा बना देना; २. (किसी बात या चीज के ओर से) विमुख या विरक्त कर देना, दिल फेर देना, ३. स्वास्थ्य बिगाड़ देना। **indisposed** वि॰ अस्वस्थ, बिमार, प्रतिकूल, विरुद्ध। **indisposition** सं॰ १. अस्वस्थता, अस्वास्थ्य, बीमारी (विशेष अस्थायी), २. (किसी कार्य या वस्तु की ओर) विरक्ति, अनिच्छा, अरुचि, विमुखता, ३ (किसी से) घृणा।

indisputable (in dis' pu tabl) वि॰ अविवाद्य, निर्विवाद, निश्चित, सर्वमान्य, जिसमें झगड़े या विवाद की गुंजाइश न हो। **indisputability, indisputableness** सं॰ १. निर्विवादता, अविवादता। **indisputably** क्रि॰ वि॰ निर्विवाद रूप से, निश्चित रूप से, बिना झगड़े के आदि।

indissoluble (in di sol' ūbl) [L. from L. *solvobilis*] वि॰ १. अक्षय, अमर्त्य, अनश्य, २. टिकाऊ, ३. पक्का, स्थिर, ४. विश्वसनीय; ५. अविच्छेद्य, अद्रव्य, जो द्रवित या विलीन न हो सके। **indissolubility, indissolubleness** सं॰ १ स्थिरता, २. टिकाऊपन, ३ पायदारी, ४ अविलेयता, अद्रव्यता। **indissolubly** क्रि॰ वि॰ १. पक्के तौर पर; २. स्थिर रूप से, ३. अविलेय रूप से।

indistinct (in dis tingkt') [L. from L. *indistinctus*] वि॰ १. अस्पष्ट; २. धुँधला। **indistinctive** वि॰ १. सामान्य, साधारण, मामूली, जो विशेष न हो, २ अस्पष्ट। **indistinctively** क्रि॰ वि॰ १. मामूली तौर पर; २. अस्पष्टता से। **indistinctly** क्रि॰ वि॰ अस्पष्टता से, २. धुँधले तौर पर। **indistinctness** सं॰ १. अस्पष्टता; २ धुँधलापन।

indistinguishable (in dis ting' gwish ab) वि॰ १ सामान्य, साधारण। वि॰ १. अभेद्य* (वि॰ १ भी), अविभेद्य, अपरिच्छेद्य, अपरिज्ञेय, जिसकी पहचान न हो सके। **indistinguishably** क्रि॰ वि॰ ऐसे कि पहचान न हो सके, अपरिज्ञेयता, अविभेदता से।

indistributable (in dis trib' ū tabl) वि॰ अविभाज्य, जो बाँटा न जा सके।

indite (in dīt') [O.F. *enditer*, late L. *indictāre* (IN-², *dictāre*, to DICTATE)] क्रि॰ सं॰ १. (कविता, भाषण आदि) शब्द-बद्ध करना, रचना; २ (प्राय विनोद) लिखना (पत्र आदि)।

indivertible (in di vėr' tibl) वि॰ अटल, जो हटाया न जा सके, जो टाला न जा सके। **indivertibly** क्रि॰ वि॰ अटल रूप से।

individual (in di vid' ū ál) [med. L. *individuālis*, from *individuus*, indivisible (IN-², *dividere*, to DIVIDE)] वि॰ १ विशेष, विशिष्ट (general का उलटा); २. विरल, विशेष गुणधारी; ३ वैयक्तिक* (आ० भी), व्यक्तिगत* (वि॰ १ भी), एक-एक का, अपना-अपना। सं॰ व्यक्ति*, व्यष्टि* (वि॰ १ भी), शख्स, प्राणी, किसी वर्ग का एक सदस्य, (समाज या परिवार के मुकाबिले में); २ (अशि॰) व्यक्ति, आदमी (जैसे an ~ of prepossessing appearance)। **individualism** सं॰ १. स्वार्थ, व्यक्तिवादिता, आत्मवादिता, आत्मकेन्द्रिता; २. आत्मभाव; २. अहंभाव; ३. व्यक्तिवाद* (भा० १, ३ भी), व्यष्टिवाद* (भा० २ भी); ४. यह सिद्धांत कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्र आचरण का अधिकार होना चाहिये (तुल० SOCIALISM)। **individualist** सं॰ १. स्वार्थी; २. अहंकारी; ३. व्यष्टिवादी* (भा० १, २, ३ भी)। **individualistic** वि॰ १. स्वार्थ-युक्त; २. अहंभावपूर्ण, व्यक्तिवादात्मक, व्यष्टिपरक* (भा० ३), व्यक्तिनिष्ठ*, व्यक्तिवादीय* । **individuality** सं॰ १. स्वतंत्र या पृथक् अस्तित्व, व्यक्तित्व, अपनापन, विशेषता; २. बहुत० विशिष्ट वैयक्तिक रुचियाँ या पसन्द, ३. (भा० २, वि० १) व्यष्टित्व*; ४. व्यक्तित्व* (वि॰ १ भी); ५. व्यक्तित * (भा० ३ भी)। **individualise** क्रि॰ सं॰ १. व्यक्तित्व प्रदान करना; २. विशिष्टता देना; ३.निश्चित करना, ४. स्पष्ट रूप से बताना। **individualisation** सं॰ १. व्यक्तीकरण-प्रज्ञान; २. विशिष्ट बनाना, ३. निश्चयीकरण, स्पष्टीकरण; ४. (भा० ३) व्यक्तीयन*/ व्यक्तीकरण* । **individually** क्रि॰ वि॰ १. व्यक्तिगत रूप से, निजी तौर पर; २. अपने ढंग से, विशिष्ट रीति से; ३. एक-एक कर के। ~**different** एक ही जाति के किंतु व्यक्तिगत रूप में भिन्न।

individuate (in di vid' ū āt) क्रि॰ स॰ १. व्यक्तियन (करना), व्यष्टीयन* (भा० २ भी), विशिष्टता देना; २. व्यक्तित्व प्रदान करना। **individuation** सं॰ विशिष्टता या व्यक्तित्व-प्रदान।

indivisible (in di viz' ibl) [F. from L. *indivisibilis*] वि॰ अविभाज्य, बँट न सकने वाला, अभाज्य* (वि॰ १ भी), टुकड़े-टुकड़े न हो सकने वाला, विभाजन के लिए अयोग्य। सं॰ १. अतिसूक्ष्म कण या मात्रा। **indivisibility** सं॰ अविभाज्यता* (भा० १ भी)। **indivisibly** क्रि॰ वि॰ अविभाज्य रूप से।

Indo- [INDIA] (समस्त पदों में प्रयुक्त) भारतीय, हिन्द- (जैसे Indo-Aryan भारतीय आर्य, Indo-Chinese हिन्द-चीनी, Indo-European, Indo-German भारत-यूरोपीय, भारत-जर्मन)।

Indonesian इंडोनेशिया का या उससे संबद्ध।

indocile (in dō' sil, -dos' il) [L. from *indocilis*] वि॰ अविनीत, अनम्र, अनाज्ञाकारी, बात न मानने वाला, सरकश।

indocility सं॰ अविनय, सरकशी।

indoctrinate (in dok' tri nāt, क्रि॰ स॰ १. शिक्षा देना, सिखाना, पढ़ाना, किसी सिद्धांत, विचारधारा या मत का बोध कराना या सिखाना, २. किसी विचारधारा आदि का अनुयायी बनाना। **indoctrination** (in dok' tri nā' shun) सं॰ १. सिद्धांत-बोधन, मतान्त. २. प्रवेशन; ३. (भा० २) स्वयतान्त: प्रवेशन*।

indolent (in' do lent) [late L. *indolens*-*ntem* (IN-², DOLENT)] वि॰ १. तंद्रिल, आलस, मंद, निष्क्रिय, अकर्मण्य, निरुद्योगी, कार्य-विमुख, निठल्ला, सुस्त, काहिल, आलसी, २. (चिकि०) सुन्न, जिसमें दर्द न हो; ३. मन्दरोही* (आ० भी)। ~**tumour**

टेमुमर। **indolence, -lency** सं० अकर्मण्यता, कार्य-विमुखता, निठल्लापन, सुस्ती, काहिली, आलस्य। **indolently** क्रि० वि० १. अकर्मण्यता से, निठल्लेपन से; २. ढीले-ढाले तरीके से; ३. आलस से, सुस्ती से, काहिली से।

indomitable (in dom' i tăbl) [late L. *indomitābilis* (IN-[3], *domitāre*, to tame)] वि० १. अदमनीय, दुर्दम, न दबने वाला, अदम्य; २. हठाग्रही; ३. दृढ़निश्चयी। **indomitably** क्रि० वि० १. अदम्य रूप से; २. दुराग्रह से; ३. दृढ़ निश्चय से।

indoor (in' dôr) वि० १. अन्दर का, भीतर का, अन्तरंगी, भीतरी, घर का; २. सदाश्रम आश्रम के अन्दर (जैसे ~relief)। **~games** घर के अंदर खेले जाने वाले खेल। **indoors** (in dorz') क्रि० वि० घर के अंदर, मकान के भीतर, छिप कर।

indorsation (in dôr sā' shŭn) सं० १. बेचान, (हुंडी को) सकारना; २. पृष्ठांकन; ३. तसदीक़।

indraught (in' draft) सं० १. अंदर की ओर खींचना; २. अंतःवर्ती प्रवाह आदि।

indri (in' dri) [Malagasy *indry*, lo ! look ! (mistaken for the name)] सं० इंद्री, मेडागास्कर में पाया जाने वाला लंगर की जाति का एक जानवर।

indubitable (in dū' bi tăbl) [F., from L. *indubitābilis*] वि० १. असंदिग्ध, निश्चित, पक्का। **indubitably** क्रि० वि० असंदिग्धता से, निश्चित तौर पर, पक्के तौर पर।

induce (in dūs') [L. *inducere* (IN-[1], *dūcere*, to lead), p.p. *inductus*] क्रि० स० १. प्रेरणा देना, प्रेरण करना* (इं० २ भी), प्रेरित या अभिप्रेरित करना, उद्यत करना, प्रवृत्त करना, तैयार करना (किसी कार्य की ओर), ज़ोर देना, उकसाना, उभाड़ना, बहलाना, फुसलाना, प्रलोभन देना (जैसे nothing shall~me मैं कभी तैयार न होऊंगा); २. करवाना, लगाना, पैदा करना, ३. कारण होना; ४. (विशु०) प्रेरण द्वारा धारा उत्पन्न करना, दे० INDUCTION; ५. निष्कर्ष निकालना; ६. (विधि) उत्प्रेरित करना*। **inducement** सं० १. प्रेरणा, प्रोत्साहन; २. आकर्षण, प्रलोभन, लालच; ३. कारण, प्रयोजन; ४. (वि० १) उत्प्रेरणा*।

induct (in dŭkt') [L. *inductus*, see prec.] क्रि० स० १. कब्ज़ा दिलाना; २. पद पर बिठाना या नियुक्त करना, अधिकारी बनाना; ३. (कमरे, सीट आदि में) प्रविष्ट कराना, बिठाना; ४. परिचित कराना; ५. लगाना; ६. प्रवर्त्तन करना।

inductile (in dŭk' til, -til) वि० १. बे-लचक (धातु), कठोर, जिस का तार न खींचा जा सके; २. (मिट्टी आदि, व्यक्ति या वस्तु) अडल, जो किसी सांचे में न ढल सके; ३. सरकश।

induction (in dŭk' shŭn) [F., from L. *inductiōnem, -tio*] सं० प्रतिष्ठापन, बिठाना, नियुक्ति, किसी पद पर विधिवत नियुक्ति, अधिकार या कब्ज़ा दिलाना; २. प्रविष्ट कराना; ३. (अप्र०) पूर्व-पीठिका, प्रस्तावना, भूमिका; ४. प्रमाण में (तथ्य) उपस्थित करना; ५. आगमन, उद्गमन, निगमन, विशेष उदाहरणों के आधार पर सामान्य प्रमेय पर पहुँचाना, (तुल० DEDUCTION); ६. (विशु०, चुंब०) प्रेरण* (आ०,इं० २, मा० २, वि० १ भी), प्रेरकत्व, वैद्युत या चुंबकीय पिंड के निकट ला कर दूसरे पिंड को वैद्युत या चुंबकित करना। **mathematical ~** गणित आगमन। **~coil** आवेश-कुंडली, प्रेरण-कुंडली को अपरोधाधारा में बदलने की चुंबकीय कुंडली। **inductance** सं० चुम्बकीय उपपादन की शक्ति, चुंबकीय कुंडली में आत्मोपपादन का गुणक।

inductive (in dŭk' tiv) वि० १. आगमन या निगमन पर आधारित (तर्क आदि); २. वैद्युत या चुंबकीय उपपादन संबंधी; ३. (इ० २, वि० १) प्रेरकिक*; ४. आगमनात्मक* (मा० २ भी)। **inductively** क्रि० वि० १. आगमन या निगमन रीति से; २. उपपादन द्वारा। **inductivity, inductiveness** सं० १. आगमनात्मकता, निगमनात्मकता; २. उपापादनीयता।

inductor (in dŭk' tor) सं० १. पादरी को गिरजे का चार्ज देने वाला; २. इंडक्टर, प्रेरित्र, वैद्युत उपपादन उपकरण का कोई भाग; ३. प्रेरक* (इ० २ भी)।

indulge (in dŭlj') [L. *indulgēre*] क्रि० स० और अ० १. लिप्त होना, अति-सेवन करना, फंस या उलझ जाना, लत डाल लेना, चस्का डाल लेना, सेवन करना, आदी हो जाना; २. आत मानना, इच्छा पूरी करना (प्रायः in, with के साथ); ३. जी भर के मज़ा लेना; ४. (बोल०) अत्यधिक पीना, नशेबाज़ी करना। **indulgent** वि० दयालु, कृपालु। **indulgently** क्रि० वि० १. दयालुता से; २. मज़ा लेते हुए।

indulgence (in dŭl' jĕns) सं० १. आसक्ति, लत, अतिभोग, अतिसेवन, आदत, शौक़, रुचि; २. विशेषाधिकार, रियायत; ३. पादरी द्वारा गिरजा की रस्म अदा होने के बाद दंड-मुक्ति या पाप-निवृत्ति। **Declaration of Indulgence** धार्मिक स्वाधीनता की घोषणा, विशेषकर वह जो चार्ल्स द्वितीय द्वारा १६७२ में और जेम्स द्वितीय द्वारा १६८७ में की गई। **indulgenced** वि० (रोमन कैथोलिक मत) पापमोचक, (वे प्रार्थनाएं, वस्तुएं आदि) जिनसे पापी की पाप-निवृत्ति हो जाती है।

indult (in dŭlt', [F., from L. *indultum* p.p. of *indulgēre*, to INDULGE] सं० (पोप का) विशेष आज्ञा-पत्र (जिसमें ऐसी बात की अनुमति मिले जो चर्च के सामान्य नियम के अनुसार प्राप्य न हो)।

induna (in dū' nă) [Zulu] सं० इंडूना, (दे० अफ्रीका के कबीलों का) सरदार, मुखिया।

indurate (in' dū rāt; [L. *indurātus*, p.p. of *indūrāre* (IN-[1], *dūrāre*, to make hard)] क्रि० स० और अ० १. कठोर बनाना, कठोर हो जाना; २. निष्ठुर या निर्दयी बना देना, दृढ़ हो जाना, पक्का हो जाना। **induration** सं० १. कठोरता; २. निष्ठुरता, निर्दयता; ३. दृढ़ता* (आ०,वि० १ भी), ४. दृढ़ीकरण*, कठोरीकरण*, कठोरीभवन* (वि० १ भी) ५. दृढ़ी भवन* (आ०, वि० १ भी)।

indurative वि० १. कठोर करने वाला, २. निर्दयकारी; ३. दृढ़ बनाने वाला, ४ दृढ़ीभूत* (आ० भी)।

industrial (in dŭs' tri ăl) वि० १. औद्योगिक* (आ० वि० १ भी), उद्योग-संबंधी, श्रम-संबंधी, उद्योगोचित (जैसे ~alcohol); २ उद्योगी, उद्योगकारी; ३. संयुक्त उद्योगिक कम्पनी के हिस्से। **~ maintenance** व्यवस्था जिसमें प्रत्येक उद्योग अपने सभी मज़दूरों को काम देने के लिए उत्तरदायी होता है। **Industrial Revolution** १. औद्योगिक क्रांति; २. यंत्र-विकास के फलस्वरूप मालिक-मज़दूर संबंधी परिवर्तन। **~school** स्कूल जहां देसहारा बच्चों को और विषयों के अतिरिक्त काम-धंधा का प्रशिक्षण दिया जाता है। **industrialism** सं० १. उद्योगवाद* (मा० १ भी), २. उद्योग पर आधारित समाज-व्यवस्था; ३. उद्योग-तंत्र। **industrialist** सं० उद्योगपति, कारख़ानेदार, कारख़ाना का मालिक। **industrialize** क्रि० स० उद्योगीकरण करना, उद्योगों का विकास करना। **industrially** क्रि० वि० उद्योग की दृष्टि से।

industrious (in dus' tri ŭs) [L. *industriōsus*, as foll.] वि० उद्यमी, सोद्यम, परिश्रमी, मेहनती, कर्मठ, अध्यवसायी। **industriously** क्रि० वि० परिश्रम से, कर्मठतापूर्वक।

industry (in' dəs tri) [F. *industrie*, L. *industria* (prob. *indu, in.* in *struere*, see CONSTRUCT)] सं० १. उद्यम, मेहनत, परिश्रम, काम, अध्यवसाय, कर्मठता; २. व्यवसाय; ३. उद्योग* (प्र०, मा० ए, वि० १ भी), धंधा, कारखाना।

indwell (in dwel') क्रि० स० और अ० १. (प्रायः ला० आत्मा, सिद्धांत आदि का) समा जाना; २. जगह घेर लेना; ३. रह में होना; ४. घर कर लेना; ५. (किसी वस्तु आदि में) शाश्वत रूप से रहना। **indweller** सं० अन्दर रहने वाला, समाया रहने वाला।

-ine [L. *-inus, -ina*; or from F. *-ine*. L. *ina*] प्रत्य० १. (विशेषणों में प्रयुक्त) का या सबंधी के अर्थ में, फेंच भाषा में पु० में in और स्त्री० में-ine का प्रयोग होता है, अंग्रेजी में पहले -in हुआ करता था परन्तु अब-ine का प्रयोग होता है (जैसे asinine, marine. divine आदि); २. (विशेषणों में प्रयुक्त) प्रायः खनिज पदार्थों, पौधों आदि के नामों के बाद लगता है (जैसे adamantine. hyacinthine आदि); ३. स्त्री वाचक संज्ञाएं बनाने में प्रयुक्त प्रत्य० (जैसे heroine); ४. कुछ पदार्थों के उत्पादों के नामों में प्रयुक्त (जैसे dentine, nectarine आदि); ५. (रस० रसायनों से प्राप्त पदार्थों के नामों में प्रयुक्त (पहले in का प्रयोग इस प्रयोजन के लिए होता था जैसे aconitine, cocaine, nicotine आदि), चार तत्वों (chlorine, flouine, iodine और bromine) के नामों में भी प्रयुक्त।

inebriate (in ē' bri āt) क्रि० स० १. शराब पिलाना, मस्त करना, मतवाला करना, मदहोश करना। वि० मदमस्त, मतवाला, मस्त, मदहोश। सं० शराबी, पियक्कड (व्यक्ति)। **inebriation** सं० मस्ती, मदहोशी, खुमार, नशा। **inebriety** (in e bri' e ti) सं० शराबखोरी की आदत, मद-मत्त रहने की आदत।

inedible (in ed' ibl) वि० अभक्ष्य (कु० भी)*, आखाद्य, जो खाया न जा सके। **inedibility** सं० अखाद्यता, अभक्ष्यता।

inedited (in ed' i ted) वि० १ अप्रकाशित; २. बिना संपादन प्रकाशित।

ineffable (in ef' abl) [L. from L. *ineffābilis* (IN-³, *effāri*, EX-, *fāri*, to speak] वि० १. अकथ, वाचनीत* (मा २ भी), अवर्णनीय, २ प्रशमातीत। **ineffably** क्रि० वि० १. अकथ रूप में; २ अवर्णनीय ढंग से; ३ प्रशमातीत रीति से।

ineffaceable (in e fā' sabl) वि० अमिट, जो मिटाया न जा सके। **ineffaceability** सं० अमिटता। **ineffaceably** क्रि० वि० अमिट रूप में।

ineffective (in e fek' tiv वि० १ निष्फल, विफल, व्यर्थ, निरर्थक, २. अप्रभावी* (वि० १ भी), प्रभाव-शून्य, निष्प्रभाव, बेअसर, बेकार, व्यर्थ, अकारथ; ३. नालायक, निकम्मा, ४. अक्षम, कलात्मकता शून्य। **ineffectively** क्रि० वि० १. बिना प्रभाव के; २. नालायकी से। **ineffectiveness** सं० १. प्रभाव-शून्यता; २. नालायकी।

ineffectual (in e fek' tū al) वि० १ निष्प्रभावी, निष्प्रभाव; २. निष्फल, ; ३ अकारथ, फीका, बेकार, व्यर्थ। **ineffectually** क्रि० वि० बिना प्रभाव या फल के। **ineffectualness** सं० १. प्रभावशून्यता; २. निष्फलता।

inefficacious (in ef i kā' shus) वि० प्रभाव शून्य, बेअसर (औषधि)।

inefficient (in e fish' ent वि० १.अक्षम, अदक्ष* (प्र० भी), अकुशल, अयोग्य, अकार्यसाधक, नालायक, निकम्मा; २ असमर्थ; ३.निष्प्रयोजन, बेकार, बेअसर। **inefficiency** सं० १.असमर्थता २. अकुशलता, अक्षमता, अयोग्यता, ३. नालायकी बेअसर होना। **inefficiently** क्रि० वि० अयोग्यता से, अक्षमता से, अकुशलता से, निकम्मेपन से, नालायकी से।

inelastic (in e las' tik) वि० १. बे-लोच, बे-लचक, स्थिर, बँधा हुआ, न घटने-बढ़ने वाला; २. कठोर; ३. मूल्य-निरपेक्ष; ४. (वि० १) अप्रत्यास्थ*। **inelasticity** सं० बे-लोचदार; २. कठोरता; ३. स्थिरता, अप्रत्यास्थता।

inelegant (in el' e gānt) [F. *inélégant*, L. *inelégantem*, nom- *-gans*] वि० १. भद्दा, भोंडा, अशोभनीय, लालित्यरहित, बेढंगा; २. (शैली) अपरिष्कृत, अपरिमार्जित, ३. रूखी। **inelegance, -gancy** १. सं० भद्दापन, शोभाहीनता; २. अपरिमार्जितत्व; ३. (शैली का) रूखा होना। **inelegantly** क्रि० वि० १. भद्दे ढंग से; २. रूखी शैली में।

ineligible (in el' i jibl) वि० १. अयोग्य या अपात्र* (प्र० भी), (विशेषकर पुरुष) जो सैनिक सेवा के योग्य न हो। **ineligibility** सं० अयोग्यता, अपात्रता। **ineligibly** क्रि० वि० अयोग्यता के साथ, अपात्रता के साथ।

ineluctable (in e lŭk' tabl) [L. *ineluctābilis* (IN-³, *eluctāri*, E-, *luctāri*, to struggle)] वि० अनिवार्य, अपरिहार्य, अवश्यंभावी, जिससे छुटकारा असभव हो, जिससे भागा या बचा न जा सके।

inept (in ept') [L. *ineptus* (IN-³. *aptus*, APT)] वि० १. असंगत, अनुचित, बेतुका; २. मूर्खतापूर्ण, बेवकूफी का, बेहूदा। **ineptitude, ineptness** सं० १. असंगति, अनौचित्य; २. बेतुकापन, बेहूदापन। **ineptly** क्रि० वि० १. असंगत रूप से, अनुचित ढंग से: २. बेतुके तौर पर, बेहूदगी के साथ।

inequality (in e kwol' i ti)[O.F. *inéqualité* (F. *inégalité*), L. *inequālitas*] सं० १. असमता* (आ०, मा० १, ३, वि० १ भी), विषमता, विभेद, (मात्रा, गुण, पदवी, परिस्थिति आदि में) असमानता; २. (धरातल की) नाहमवारी, ऊबड़-खाबड़ होना; ३. (ग० ज्यो०) यहां की पक्षभंग; ४. (आ०, मा० १, ३, वि० १) असमिका*।

inequilateral (in ē kwi lāt' er āl) वि० असम-भुज, जिसकी भुजाएँ समान न हों।

inequitable (in ek' wi tabl) वि० १. अनुचित; २. न्यायविरुद्ध, अन्याय-पूर्ण। **inequitably** क्रि० वि० अन्याय पूर्वक। **inequity** सं० अन्याय, बे-इंसाफ़ी, पक्षपात।

ineradicable (in e rād' i kabl) वि० अविनाश्य, अनुच्छेद्य, पक्का, जिसकी जड़ से न उखाड़ा जा सके। **ineradically** क्रि० वि० पक्के तौर पर।

inerrable (in er' abl) [L. *inerrābilis* (IN-², *errāre*, to ERR)] वि० दोषातीत, जो गलती न कर सके। **inerrability, inerrancy** सं० दोषातीत होना। **inerrably** क्रि० वि० १. दोषातीत हो कर; २. निर्दोषता से। **inerrant** सं० दोषातीत।

inert (in ert') [L. *iners -ertem* (IN-², *ars*, ART)] वि० १. निश्चेष्ट, अक्रिय*, जड़* (इ० ३, क्र०, वि० १ भी), निश्चेत, अचल; २. अक्रिय, अवस्थित (जिसमें सक्रिय रासायनिक तथा अन्य गुणों का अभाव हो); ३. सुस्त; ४. ढीला, ५ अकर्मण्य, आलसी, काहिल।

inertia (in ėr' sha) सं० १. अवस्थितित्व, अचलता, २. जड़ता* (आ०, मा० २, वि० १ भी), पदार्थ का वह गुण जिसके अनुसार बाह्य-शक्ति के प्रभाव के अभाव से वह निश्चेष्ट रहेगा या सम-रेखा में हरकत करेगा; ३ अक्रियता, निश्चेष्टता; ४. सुस्ती, अकर्मण्यता, आलस, आलस्य, काहिली। **inertly** क्रि० वि० जड़ता से, निश्चेष्ट रूप से। **inertness** सं० जड़ता, निश्चेष्टता।

inescapable (in és kā' pābl) वि० अनिवार्य, अपरिहार्य, जिससे बचाव असंभव हो, जिससे बचा या भागा न जा सके।

inessential (in é sen' shāl) वि० निरार्थ, अनावश्यक, गौर-ज़रूरी, जिसके बिना काम चल सके।

inestimable (in es' ti măbl) [F., from L. *inaestimābilis*] वि० १. अपरिमेय; २. अपार, अगाध; ३. अमूल्य, अत्युत्कृष्ट, जो इतना बड़ा, अगाध या मूल्यवान हो कि अनुमान न लग सके। **inestimably** क्रि० वि० अपरिमेयता या अपारता के साथ।

inevitable (in ev' i tăbl) [L. *inēvītābilis* (IN-³, *ēvītāre*. to avoid)] वि० १. अपरिहार्य, २. अटल; ३. अनिवार्य; ४. निश्चित; ५. अवश्यभावी; ६. ज़रूरी, लाज़मी, (विशेषत: the~) मौत की तरह अटल, जिसकी निकटता से जी घबराए (जैसे the~ Derby dog); ७. (चरित्र-चित्रण तथा कथानक-विकास आदि के लिए आलोचकों का शब्द) सर्वथा प्राकृतिक, स्वाभाविक, प्रामाणिक। **inevitability, inevitableness** सं० १. अटलता, अनिवार्यता; २. प्रकृतता, स्वाभाविकता; ३. प्रामाणिकता। **inevitably** क्रि० वि० १. अटल तौर पर, अनिवार्यत:, आवश्यक तौर पर; २. प्राकृतिक रूप से; ३. प्रामाणिक ढंग से।

inexact (in eg zăkt) वि० १. अशुद्ध, अयथार्थ, जो यथातथ्य न हो। **inexactitude, inexactness** सं० अयथार्थता, अशुद्धता, यथातथ्य न होना। **inexactly** क्रि० वि० अशुद्ध रूप से, अयथार्थता से।

inexcusable (in eks kū' zăbl) [F., from L. *inexcūsābilis*] वि० अक्षम्य, (कार्य आदि) जिसका कोई औचित्य न हो, जिसे ठीक न माना जा सके। **inexcusably** क्रि० वि० अक्षम्य रूप से।

inexecutable (in ék sek' ū tăbl) वि० असपाद्य, असंपादनीय, जो किया न जा सके।

inexhausted (in ég zaw' stĕd) वि० अक्लान्त। **inexhaustible** वि० अक्षय* (वि० १ भी), अपार, असीम, अनन्त, अनिर्वचनीय* (मा० २भी)। **inexhaustibility, inexhaustibleness** सं० अक्षयता, अपारता, असीमत्व। **inexhaustibly** क्रि० वि० अक्षय रूप से।

inexorable (in ek' sór ăbl) [F., from L. *inexōrābilis* (IN-³, EX-, *ōrāre*, to pray)] वि० निर्दय, नृशंस, क्रूर, कठोर, निष्ठुर। **inexorability** सं० २. निर्दयता, नृशंसता, क्रूरता; २. कठोरता। **inexorably** क्रि० वि० निर्दयता, नृशंसता, क्रूरता या कठोरता से।

inexpectant (in ek spek' tănt) वि० १. अप्रत्याशी, अप्रत्याशित; २. अनपेक्षित, जिसे प्रत्याशा या उम्मीद न हो।

inexpedient (in ek spē' di ĕnt) वि० १. अकार्योचित, अनुचित; २. असमीचीन* (म्र० भी), बेमौक़ा; ३. अकार्यसाधक, जिससे काम न निकले या बने। **inexpedience, -diency** सं० १. अनौचित्य; २. असमीचीनता, बेमौक़े होना; ३. अकार्यनाधकता, अकार्योचितता।

inexpensive (in ék spen' siv) वि० सस्ता, अल्पमूल्य का, कम दाम का। **inexpensively** क्रि० वि० सस्ते में। **inexpensiveness** सं० सस्तापन।

inexperience (in ek spēr' i ĕns) [F. *inexpérience*, L. *inexperientia*] सं० १. अनुभव-हीनता, नातजुर्बेकारी, अनाड़ीपन, कच्चापन। **inexperienced** वि० अनुभवहीन, अनाड़ी, नातजुर्बेकार, कच्चा।

inexpert (in ék spĕrt') [O.F., from L. *inexpertus*] वि० अनिपुण, अदक्ष, अनाड़ी, अकुशल, अज्ञ, अपटु, अप्रवीण। **inexpertly** क्रि० वि० अनाड़ीपन से, अदक्षता से, अकुशलता से।

inexpiable (in ek' spi ăbl) [L. *inexpiābilis*] वि० १. अशोध्य (अपराध), जिसका प्रायश्चित्त न हो सके; २. (क्रोध) अशांत्य, जो धीमा न हो सके। **inexpiably** क्रि० वि० १. अशोध्य रूप से; २. इस प्रकार कि धीमा न हो सके।

inexplicable (in ek' spli kăbl) [F., from L. *inexplicābilis*] वि० १. अव्याख्येय, अगम्यार्थ, जिसका स्पष्टीकरण न हो सके, अविश्लेष्य, जिसकी व्याख्या या विश्लेषण न हो सके; २. जो समझ में न आए या समझाया न जा सके। **inexplicability, inexplicableness** सं० व्याख्या या विश्लेषण न हो सकना। **inexplicably** क्रि० वि० बिना किसी स्पष्टीकरण या व्याख्या के।

inexplicit (in ek splis' it) वि० १. अस्पष्ट; २. अनिश्चित।

inexplicitly क्रि० वि० १. अस्पष्टता से; २. अनिश्चित तौर पर। **inexplicitness** सं० १. अस्पष्टता; २. अनिश्चित होना।

inexplosive (in ek splō' siv) वि० न भड़कने वाला, न फटने वाला, अस्फोट्य।

inexpressible (in ek spres' ibl) वि० अवर्णनीय, जो कहा या वर्णित न किया जा सके, अकथ्य, वर्णनातीत। **inexpressibly** क्रि० वि० अवर्णनीय तौर पर, वर्णनातीत रूप से। **inexpressive** वि० भावरहित, अर्थहीन, जो किसी बात को प्रकट न करता हो। **inexpressively** क्रि० वि० अर्थहीन रीति से। **inexpressiveness** सं० अर्थ-हीनता, भावरहित होना।

inexpugnable (in ek spŭg' năbl) [F., from L. *inexpugnābilis*] वि० अभेद्य, दुर्भेद्य, अजेय, दुर्जेय (शा० और ला०)

inextensible (in ek sten' sibl) वि० १. अविततन्य* (वि० १ भी), अविस्तार्य, जिसे फैलाया न जा सके, जिसका विस्तार न हो सके।

inextinguishable (in ek sting' gwish ăbl) वि० (शा० और ला०) जिसे बुझाया न जा सके।

inextricable (in ek' stri kăbl) [F., from L. *inextricābilis*] वि० १. (स्थान, परिस्थिति आदि) जिससे बचाव न हो सके, अनिवारणीय; २. दुस्तर, विकट, पेचीदी (गांठ, समस्या आदि)। **inextricably** क्रि० वि० १. अनिवार्यत:; २. पेचीदे तौर पर।

infallible (in făl' ibl) [F., from med L. *infallibilis*] वि० १. अचूक, अमोघ* (मा० १ भी); २. अव्यर्थ; ३. जिसमें भूल या ग़लती न हो। **infallibility, infallibleness** सं० १ अमोघता* (मा० १ भी), अचूकता; २. दोषाक्षमता, ग़लती या चूक न करना (विशे० पोप के लिए प्रयुक्त)। **infallibilism** in făl' i bl izm] सं० यह सिद्धांत कि पोप से कभी ग़लती नहीं हो सकती, अमोघत्ववाद, दोषाक्षमतावाद। **infallibilist** सं० उक्त सिद्धांत में विश्वास रखने वाला। **infallibly** क्रि० वि० बिना भूल या चूक के, बिना ग़लती किए।

infamous (in' fă mŭs) [O.I. *infameux*, med. L. *infāmōsus*, L. *infāmis*] वि० १. बदनाम, कलंकित, कुख्यात, कुत्सित; २. घृणित; ३. नागरिकता-विहीन, अपराध करने के कारण नागरिक अधिकारों से पूर्णत: या अंशत: वंचित। **infame** (in fām'), **infamize** (in' fă miz), **infamonize** क्रि० स० बदनाम करना, कलंक लगाना, प्रतिष्ठा भंग करना। **infamously** क्रि० वि० १. बदनाम हो कर; २. घृणित या कुत्सित ढंग से। **infamy** सं० बदनामी, कुख्याति, अपयश, अपकीर्ति।

infant (in' fănt) [O.F. *enfant*, L. *infantem*, nom. *-fans* (IN-[3], *fans*, pres. p. of *fārī*, to speak)] सं० १. शिशु* (आ० भी), बाल, बच्चा, बालक (७ वर्ष से कम आयु का); २. अवयस्क (२१ वर्ष से कम आयु का)। **~school** १. शिशु पाठशाला; २. (७ साल से कम आयु के) बच्चों का स्कूल। **infancy** सं० १. शैशव* (आ०, मा० २, ३ भी), बचपन, छुटपन बालपन; २. नाबालिग होना, अवयस्कता (२१ वर्ष से कम आयु); ३. प्रारंभ।

infanta (in fan' tă) [Sp. and Port., *es* prec.] सं० स्पेन या पुर्तगाल की राजकुमारी (प्रायः ज्येष्ठ पुत्री जो राज्य की उत्तराधिकारिणी नहीं होती)। **infante** सं० दूसरा राजकुमार।

infanticide (in făn' ti sīd) [late L. *infanticidium*] सं० शिशुहत्या* (आ०, मा० १, ३, वि० १ भी), बाल-हत्या, शिशु-वध (विशेषकर माँ की अनुमति से); २. शिशु-वध-प्रथा; ३. शिशु वधक; ४. शिशु-वध करने वाला, शिशुहंता* (मा० ३ भी)। **infanticidal** वि० शिशु-वध-संबंधी।

infantile (in' făn til, -til) [late L. *infantilis*, from *infāns -tis*, INFANT] वि० १. शैशवी* (मा० २ भी), बच्चों का; २. बच्चों का सा, बचकाना; ३. शैशवकालीन* (मा० २ भी), प्रारंभिक काल में; ४. शिशु-* (आ०, वि० १ भी)। **~paralysis** बाल-पक्षाघात। **infantine** वि० १. शिशु संबंधी; २. बालवत्।

infantilism (in' făn tilizm) सं० शैशव, शिशुता* (आ०, मा० २ भी), बालिसता, (चिकि०) मानसिक या शारीरिक विकास का रुका होना, मन या शरीर का अविकसित होना, शिशुवत्ता* (मा० २ भी)।

infantry (in' făn tri) [F. *infanterie*, Ital. *infanteria*, from *infante*, a youth, a foot-soldier, as INFANT] सं० १. पदातिका, पैदल-सेना, पैदल फ़ौज। **mounted~** वह सेना जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए सवारी का प्रयोग करती है किंतु लड़ती पैदल ही है। **~man** प्यादा, पैदल-सेना का सिपाही।

infatuate (in făt' ū āt) [L. *infatuātus*, p.p. of *infatuāre* (IN-, *fatuus*, FATUOUS)] क्रि० स० १ (किसी को) मूर्ख बनाना, अक्ल मार देना, अक्ल मारी जाना, अक्ल पर पत्थर पड़ जाना; २. मुग्ध करना, मोहित करना, प्रेमांध बना देना, इश्क में अंधा कर देना, लट्टू करना। **infatuatedly** क्रि० वि० १. मूर्खतापूर्वक; २. प्रेमांध हो कर, लट्टू होकर। **infatuation** सं० १ मूर्खता; २. मुग्धता, प्रेमांधता, इश्क में अंधा होना।

infect (in fekt') [L. *infectus*, p.p. of *inficere*, to taint (IN-[3], *facere*, to make)] क्रि० स० १. (वायु आदि में) गंदगी फैलाना, कीटाणु भरना, दूषित करना, विषैला करना; २. गदा करना, ३. (व्यक्ति, शरीर, मस्तिष्क आदि को) रोग लगा देना; ४. छूत लगाना; ५. (किसी के मन में विचार आदि) बिठा देना।

infection (in fek' shun) सं० १. संक्रमण* (आ०, इ० ३, ई०, मा० १, वि० १, विधि भी), संक्रामण, संदूषण, रोग का वायु या जल के द्वारा फैलना, रोग का उड़ कर लगना, (तुल० CONTAGION), २. नैतिक भ्रष्टता या पतन; ३. सहानुभूति आदि का भाव जो उदाहरण बन कर दूसरों में भी फैल जाए, प्रसारी (भाव); ४. असर, बुरा प्रभाव; ५. (आ०) उपसर्ग*।

infectious (in fek' shus) वि० १. संक्रामक* (आ०, वि० १ भी), बवाई, उड़ कर फैलने वाली (बीमारी); २. प्रसारी, फैल जाने वाला (भाव) ३. (आ०) औपसर्गिक*। **infectiously** क्रि० वि० १. संक्रमण से; २. दूसरों के उदाहरण से। **infectiousness** सं० १. संक्रामकता; २. प्रसारी होना। **infective** वि० छूत की, संक्रामक, लगने वाली, उड़ने वाली। **infectiveness, infectivity** सं० संक्रामकता।

infelicitous (in fe lisi tús) [IN-[2], FELICITOUS] वि० आनंद-विहीन, सुखहीन, बेलुत्फ़, फीका। **infelicity** सं० १. असुख, अकुशल, अशंय, दुःख, मलाल; २. दुर्भाग्य, बदक़िस्मती; ३. (अभिव्यक्ति आदि का) असंगत होना, फीका होना।

infer (in fĕr') [L. *inferre* (IN-[3], *ferre*, to bear, to bring)] क्रि० स० १. अनुमान करना* (विधि भी), मतलब निकालना, तर्क लगाना, नतीजा निकालना, निष्कर्ष निकालना, प्रकट करना; २. पहलू निकलना, सिद्ध करना, साबित करना, मालूम करना, पता चलाना। **inferable** (in fĕr-, in fĕr ăble) वि० १. जिसका निष्कर्ष निकाला जा सके; २. पहलू निकलने योग्य। **inference** (in' fĕr ĕns) सं० १. अनुमान* (मा० २, वि० १, विधि भी), अवनिरेचय, निष्कर्ष, मतलब, नतीजा; २. अनुमिति; ३. तर्क; ४. सूचना, पता। **inferential** (in fĕr en' shăl) वि० १. अनुमान पर अवलंबित या आधारित; २. निष्कर्ष-संबंधी; ३. निष्कर्ष-रूपी। **inferentially** क्रि० वि० निष्कर्ष के तौर पर, अनुमान के रूप में।

inferior (in fēr' i ŏr) [L., comp. of *inferus*, low, nether] वि० १. अधः* (आ०, वि० १ भी), नीचे का, निचला, अधोवर्त्ती* (क्रि०, वि० १ भी) (जैसे ~limit, दे० LIMIT); २. निचले दर्जे का, अवर*, छोटा* (क्रि०, प्र० भी), निम्न* (आ०, प्र०, वि० १ भी), घटिया, हल्का, तुच्छ, हीन, कम, अदना, छोटा; ३. (नक्षत्र) जिसका पथ पृथ्वी के पथ के बीच में आता हो; ४. बीजकोष के नीचे का पुष्प-कोष, पुष्पकोष के नीचे का बीजकोष; ५. (मुद्रण) साधारण वर्णों के नीचे (H_2 Cu)। सं० १. अधीन, मातहत; २. (वि० १) अधर*। **inferiority** सं० १. निम्नता, घटियापन, हीनता* (मा० ३ भी); २. छोटापन, हल्कापन, तुच्छता, नीचता, न्यूनता* (मा० ३ भी)। **~complex** हीन-भावना, हीन-भाव, हीनता-ग्रंथि, इससे उत्पन्न अनाधारण प्रतिक्रियाएँ (जैसे अहंभाव आदि)। **inferiorly** क्रि० वि० १. घटिया तौर से; २. हीन होकर।

infernal (in fĕr' năl) [F., from L. *infernālis*, from *infernus*, *inferus*, lower] वि० १. नरक का, नरक संबंधी, नारकीय; २. राक्षसी, शैतानी, पिशाची; ३. घृणित; ४. मनहूस। **~machine** विस्फोट उत्पन्न करने वाला, ध्वंसकारी उपकरण (जो प्राय. किसी दूसरे रूप में होता है), टाइम बम। **infernality** सं० १. नारकीयता; २ पिशाचता। **infernally** क्रि० वि० १. नारकीय ढंग से; २. पिशाच की तरह; ३. मनहूस रूप से। **inferno** [It.] सं० १. नरक, जहन्नुम, (विशे० दांते के ग्रंथ Divine Comedy के संबंध में); २. भयानक स्थान; ३. भयंकर दृश्य।

inferrable दे० INFERABLE।

infertile (in fĕr' til, -til) [F., from late L. *infertilis*] वि० १. बंजर, ऊसर, अनुर्वर*(मा० ३, वि० १ भी), अनुपजाऊ (वि० १ भी), बंध्य* (आ०, मा० ३ भी)। **infertility** सं० १. अनुर्वरता; प्रसवन अशक्ति*; बंध्यता* (आ० भी), असंमेचनता* (क्रि० भी)।

infest (in fest') [F. *infester*, L. *infestāre*, from *infestus* hostile] क्रि० स० १. (कीड़ों, समुद्री डाकुओं, रोगों आदि को) भरमार होना; २ पटा होना, भरा होना, अड्डा या घर होना, अड्डा या घर बनाना; ३. सताना, तंग करना, पीड़ा देना, तकलीफ़ पहुँचाना। **infestation** सं० १. जत्थाबाँधा* (क्रि० भी); २. रोगों, कीड़ों आदि की भरमार; ३. अड्डा या घर होना; ४. पीड़ा* (क्रि० भी)।

infeudation (in fū dā' shun) [med. L. *infeudātus*, from

infeudāre (IN-¹, *feudum*, FEUD²] सं० १. जागीर दिलाना; २. भू-स्वामी बनाना। **~of tithes** सर्वसाधारण के लिए दशमांश की अनुज्ञप्ति।

infibulate [L. *infibulātus*, p.p. of *infibulāre* (IN-², fibulee, a clasp)] क्रि० स० जननेन्द्रिय पर खोल चढ़ाना। **infibulation** सं० जननेन्द्रिय पर कवच या खोल चढ़ाना या उन्हें बाँध देना जिससे कि संभोग न हो सके।

infidel (in' fi dĕl) [O.F. *infidele*, from L. *infidēlis* (IN-², *fidēlis*)] सं० १. धर्मनिन्दक, अश्रद्धालु, अनास्थ, नास्तिक, २. विधर्मी, काफ़िर, (इति०) ईसाई धर्म के विरोधी धर्म का अनुयायी; ३. (यहूदी या यवन के दृष्टिकोण से) काफ़िर, मच्छे धर्म में विश्वास न रखने वाला। वि० १. अविश्वासी* (मा० १ भी), अविश्वासियों का; २. नास्तिकों संबंधी। **infidelity** सं० १. अनास्था, नास्तिकता, विधर्मिता, कुफ़; २ ईसाई धर्म में अविश्वास; ३. दाम्पत्य-द्रोह, दाम्पत्य-च्युति, विश्वासघात* (मा० ३ भी) (विशे० पति या पत्नी का) (conjug.¹ ~ भी); ४. श्रद्धाहीनता, दग़ाबाज़ी, नमकहरामी; ५. दाम्पत्य-व्रत-भंग*/ व्यभिचार* (मा० ३ भी)। **infidelize** क्रि० स० और अ० १. नास्तिक होना या बनाना; २. काफ़िर होना या बनाना।

infield (in' fēld) सं० १. घर के आसपास का खेत; २. जोतने योग्य भूमि, कृषि योग्य भूमि; ३. कृषि-भूमि, वह भूमि जिस पर सदा खेती होती है; ४. (क्रिकेट) विकेट के पास का मैदान, वहाँ पर रखा गया फ़ील्डर (OUTFIELD का विलोम)।

infighting (in' fī ting) सं० समीप की मुक्केबाज़ी, एक हाथ से कम की दूरी पर रह कर मुक्केबाज़ी।

infilter (in fil' ter), **infiltrate** क्रि० स० और अ० १. (तरल पदार्थ का) छनना, धुस छिद्रों से प्रवेश कराना, २. छन कर प्रवेश कराना या कराना; ३. निम्पन्दित हो कर प्रवेश करना या होना; ४. चोरी छिपे घुस जाना या बस जाना। **infiltration** सं० १. (विशे० सैन्य० और अर्थ०) अलग-अलग दलों या जत्थों का भूमि या राज्य-क्षेत्र पर धीरे-धीरे अनदेखे ही अधिकार करना या बसना; २. छानना, घुस जाना, चोरी-छिपे घुस आना; ३. रिसना, अन्तर्क्षरण, अन्तर्गलन, अन्तःसंचरण, अन्तःसरण, अन्तःस्यंदन*, (इं० १, ३, ४० भी)।

infinite (in' fi nit) [L. *infinitus*] वि० १. असीम, अपार, अपरिमित* अनन्त* (वि० १ भी), बेओर-छोर; २. विशाल, महान्, बहुत बड़ा, ३. (बहुत० सं० के साथ) असंख्य, अनगिनती, अगणित, बेशुमार, बेहिसाब, बहुत से, अत्यधिक; ४. (व्या०, क्रियापदों संबंधी) पुरुष या वचन के बंधन से रहित, जिसमें पुरुष या वचन न हो। **the Infinite** ईश्वर। **the ~** अनन्त दूरी। **infinitely** क्रि० वि० १. असीम रूप से, अनन्त होते हुए, विशाल रूप से; २. अगणित मात्रा में। **infinitesimal** वि० और सं० १. अत्यणु* (वि० १ भी), अतिसूक्ष्म, अत्यल्प, बहुत छोटा, छोटे से छोटा; २. अतिसूक्ष्म मात्रा, अत्यल्प मात्रा, बहुत थोड़ा; ३. (वि० १) अनंत सूक्ष्म*। **~calculus** अत्यणुकलन। **infinitesimally** क्रि० वि० अत्यणुता से, अतिसूक्ष्म रूप से।

infinitive (in fin' i tiv) [L. *infinitivus*, as prec.] वि० १ क्रियार्थक संज्ञा, सामान्य, बिना कर्त्ता बनाए हुए, क्रिया रूप को प्रकट करने वाला; २. क्रिया का सामान्य रूप (जैसे See, to see)। **infinitival** वि० सामान्यात्मक, सामान्य क्रिया से संबंधित, क्रिया के सामान्य रूप से संबंधित।

infinitude (in fin' i tūd), **infinity** (in fin' i ti) सं० १. असीमता, अपारता, अनन्तता; २. अनन्त मात्रा या अगणित संख्या, अपार या अपरिमित सीमा; ३. अनंत, अनंती* (वि० १ भी)।

infirm (in fĕrm') [L. *infirmus* (IN-², FIRM¹)] वि० १. दुर्बल, निर्बल, अशक्त, क्षीण, कमज़ोर, क्लिष्टहीन (विशे० बुढ़ावस्था के कारण); २. (व्यक्ति, मस्तिष्क, निर्णय संबंधी) अस्थिर, असमर्थ, बोदा, ढुलमुल (प्रायः ~of purpose)। **infirmity** सं० १. कमज़ोरी, दुर्बलता, निर्बलता; २. अस्थिरता, अदृढ़ता; ३. (वि० १) अशक्तता*, दौर्बल्य*। **infirmly** क्रि० वि० १. कमज़ोरी से, दुर्बलता-पूर्वक; २. अस्थिरतापूर्वक, दृढ़ न होते हुए।

infirmary (in fĕr' mă ri) सं० १. इन्फ़र्मरी* (आ० भी), रुग्णालय, आतुरशाला, दवाघर, जीर्ण रोगीशाला* (आ० भी), अस्पताल, चिकित्सालय; २. स्कूल, कारख़ाने आदि में रोगी गृह, रोगीशाला।

infix (in fiks') [IN, FIX] क्रि० स० १. जोड़ना, लगाना, जड़ देना, बैठा देना; २. (मस्तिष्क में कोई तथ्य) बैठाना, जमा देना; ३. (व्या०) मध्य सर्ग या शब्द के बीच में रचनात्मक तत्त्व जोड़ना। सं० (व्या०) मध्य सर्ग, शब्द के बीच में जोड़ा जाने वाला रचनात्मक तत्त्व।

inflame (in flām') [O.F. *enflamber*, L. *inflammāre* (IN-¹, *flammāre*, from *flamma*, FLAME)] क्रि० स० और अ० १. दीप जलना, जलाना, आग लगना, आग लगाना; २. भड़काना, प्रज्वलित करना, प्रदीप्त करना; ३. उकसाना, उभाड़ना, जोश दिलाना, उत्तेजित करना, प्रोत्साहित करना; ४. (देह, रक्त आदि में) अत्यधिक ताप उत्पन्न करना, बहुत गर्म कर देना; ५. तीव्र करना, और बढ़ा देना; ६ जोश में आना, गर्म हो जाना, उत्तेजित होना; ७ भड़क उठना, उभड़ पड़ना, आग बबूला हो जाना, बहुत गर्म हो जाना।

inflammable (in flăm' ă bel) वि० १. ज्वलनशील (इ० ३, वि० १ भी), सुदाह्य, जल्दी में जलने वाला, जल्दी आग पकड़ने वाला, भभक उठने वाला; २ शीघ्र जोश में आ जाने वाला, जल्दी ही भड़क उठने वाला, शीघ्र उत्तेजित हो जाने वाला। सं० ज्वलनशील वस्तु, सुदाह्य वस्तु। **inflammability, inflammableness** सं० ज्वलनशीलता, सुदाह्यता, प्रदीप्यता।

inflammation (in flă mā' shun) [INFLAME] सं० १ (शा० और ला०) जलना, प्रज्वलित होना; २. उभाड़ना, भड़कना, जोश में आना, उत्तेजित होना; ३ सूजन, शोथ, स्फीति, ४ जलन, प्रदाह। **inflammatory** (in flăm' ă tori) वि० १. तापक, दीपक, दाहक, उत्तेजक, उद्दीपक, भड़काने वाला, उभाड़ने वाला, (विशे० बुरे अर्थ में), २. शोथात्मक, प्रदाहात्मक, शरीर की सूजन और जलन से संबंधित, दाहक, जलन या सूजन पैदा करने वाला।

inflate (in flāt') [L. *inflātus*, p.p. of *inflāre* (IN-¹, *flāre*, to blow)] वि० १. हवा भरना, फुलाना, हवा या गैस से फुलाना; २. फुला देना, गर्वीला या अभिमानी बना देना; ३. (वित्त संबंधी) मुद्रा-स्फीति करना; ४. कृत्रिम रूप से मूल्य-वृद्धि करना या दाम बढ़ा देना; ५. (भू० कृ०, भाषा संबंधी) दुरूह, शब्दाडम्बरयुक्त।

inflation (in flā shun) सं० १. फुलाव; २. मुद्रा-स्फीति* (मा० १ भी), मुद्राप्रसार*, २. स्फीति* (वि० १ भी)। **inflative** वि० १. फुलाने वाला; २. मुद्रास्फीति से सहायक; ३. मुद्राप्रसारक। **inflator** सं० १. फुलाने वाली वस्तु या व्यक्ति; २. मुद्रास्फीतक, मुद्राप्रसारक।

inflect (in flekt') [L. *inflectere* (IN-¹, *flectere*, to bend),

p.p. *inflexus*] क्रि० स० १. (अंदर की ओर) झुकाना, नवाना, मोड़ना, नति-परिवर्तन करना; २. (व्या०) विभक्ति बनाना, शब्द का रूप बदलना; ३. (संगी० सुर को) ऊँचा करना, तीव्र करना। **inflective** (व्या०) विभक्तीय, विभक्ति-संबंधी।

inflexible (in flek' si bel) वि० १. बेलोच, अनम्य, अनमनीय, न झुकने या मुड़ने योग्य; २. (ला०) दृढ़, कड़ा, कठोर। **inflexibility** सं० १. बेलोचपन, अनम्यता; २. दृढ़ता, कड़ापन, कठोरता। **inflexibly** क्रि० वि० १. बिना लचे हुए, अनम्य रूप से; २. दृढ़तापूर्वक, कठोरता के साथ।

inflexion (in flek' shün) सं० १. अंदर की ओर झुकाव, मोड़; २. शब्द का विभक्तियुक्त रूप, ३. विभक्ति लगाने में प्रयुक्त प्रत्यय; ४. स्वर का उतार-चढ़ाव; ५. (रेखागणित) नति-परिवर्तन* (वि० १ भी), रेखा का उन्नतोदर की ओर से नतोदर की ओर मुड़ना। **inflexional** वि० १. झुकने या मुड़ने से संबंधित, २. शब्द के विभक्ति-युक्त रूप से संबंधित; ३. स्वर के उतार-चढ़ाव विषयक; ४. नति-परिवर्तन संबंधी। **inflexionless** वि० १. बेलोच; २. विभक्ति-रहित।

inflict (in flikt') [L. *inflictus*, p.p. of *infligere* (IN-[2], *fligere*, to clash)] क्रि० स० १. (चोट, घाव, दंड, कष्ट आदि) देना, पहुँचाना; २. लगाना, डालना; ३. जबर्दस्ती दे देना; ४ अपने को किसी पर थोपना; ५. बिना बुलाए जाना; ६ किसी के पीछे पड़ जाना। **inflictable** वि० देने योग्य, पहुँचाने योग्य। **inflicter** (पीड़ा या कष्ट) देने या पहुँचाने वाला। **infliction** सं० १ कष्ट, २ कष्टकर अनभव, ३. उकता देने वाली घटना। **inflictive** वि० कष्टकर, पीडाप्रद, कष्ट पहुँचाने योग्य।

inflorescence (in flo res' ens) [F., from L. *inflōrescens -tem*, pres. p. of *inflōrescere*] सं० १. पुष्पक्रम* (वि० १ भी); २. पुष्पगुच्छ, पुष्पस्तबक, ३. पुष्पन, पुष्पित होना, (ला० भी) फलना, फूलना, ४. विकसित होना, उन्नति करना, नरकरी करना, बढ़ना।

inflow (in' flō) सं० १. अन्तर्वाह* (वि० १ भी), अन्तःप्रवाह, अंदर की ओर बहाव। **inflowing** सं० और वि० १. अन्तर्वहन, अन्तःप्रवहन, अंदर की ओर बहना; २. अन्तःप्रवाही, अन्दर की ओर बहने वाला।

influence (in' flu ens) [O.F., from Late L. *influentia* (IN-[2], *fluere*, to flow)] सं० १ प्रभाव* (इ० ३, मा० ३ भी), शक्ति, असर* (विधि भी); २. (ज्योतिष शास्त्र के अर्थ में) नैतिक शक्ति; ३. प्रभाव डालनेवाला व्यक्ति या वस्तु; ४. (विद्यु०) प्रसरण, दे० INDUCTION। क्रि० स० प्रभाव या असर डालना, प्रभावित करना। **influential** वि० प्रभावशाली, असर वाला, रसूख वाला, दबदबे वाला। **influentially** क्रि० वि० प्रभावपूर्वक।

influent (in' flu ent) [as prec.] वि० (भा० और ला०) अन्तःप्रवाही, अन्दर की ओर बहने वाला। सं० सहायक नदी।

influenza (in flu en' za) [It., as INFLUENCE] सं० १. इन्फ्ल्यूएंजा* (आ०, कु० भी), नजला मर्दी जुकाम के साथ बुखार, २. गहरा जुकाम(~old भी); ३. (ला०) मानसिक या व्यावसायिक महामारी; ४. हलेफ्लाज़र* (कु० भी)।

influx (in' flŭks) [late *influxus*, p.p. of *influere*, see INFLUENCE] सं० १. अन्तःपुर, (नाले आदि का नदी में) प्रवाह, समागम, गिरना; २. (व्यक्तियों या वस्तुओं का) उमड़ना, ठेलपेल, आगम, बड़ी संख्या में आना (प्रायः into के साथ); ३. अंतर्वाह* (आ०, वि० १ भी)।

inform[1] (in fôrm') [O.F. *enformer*, L. *informāre* (IN-[1], *formāre*, from *forma*, FORM)] क्रि० स० और अ० १. प्रेरित करना, प्रेरणा देना, रूह फूँकना, जान डालना, अनुप्राणित करना, रूप देना; २. बताना, कहना, खबर देना, सूचित करना; ३. आसूसी करना, शिकायत करना, अपराध लगाना, दोष लगाना (*against* के साथ)। **informant** सं० १. शपथ, खबर देने वाला व्यक्ति, सूचित करने वाला, सूचना देने वाला* (भा० १ भी); २. भेदिया। **informed** वि० १. जानकार, तथ्यज्ञाना, ज्ञानी, सूचना प्राप्त (व्यक्ति); २. शिक्षित, बुद्धिमान।

inform[2] (in fôrm') [L. *informis* (IN-[3], *forma*, FORM)] वि० बेडौल, बेढंगा।

informal (in fôr' mal) [IN-[2] FORMAL] वि० १. अनौपचारिक* (प्र० भी), बेतकल्लुफ़, गैररस्मी, सादा; २. अविधि; ३. अनियमित, नियम-विरुद्ध। **informality**, सं० १. अनौपचारिकता* (प्र० भी), बेतकल्लुफ़ी, सादगी; २. अनियमितता; ३ (विधि) अप्रक्रियता*। **informally** क्रि० वि० १. अनौपचारिकता से, बिना तकल्लुफ़ के, सादगी से; २. अनियमित ढंग से।

information (in fôr mā' shun) सं० १. विज्ञप्ति, जानकारी* (भा० २ भी), इत्तला, पता; २. खबर, सूचना* (इ० २, प्र०, भा० १, २ भी), समाचार; ३. शिकायत, अभियोग, आरोप, इल्ज़ाम, रपट, ४ (विधि) इत्तिला*। **informational** वि० सूचनात्मक, खबर संबंधी, सूच्य* (इ० २ भी)।

informative (in fôr' ma tiv) वि० १. खबर या समाचार देने वाला; २ जानकारी बढ़ाने वाला, ज्ञानवर्धक; ३. शिक्षाप्रद, लाभकर। **informatory** वि० १. सूचना या समाचार देने वाला; २. ज्ञान बढ़ाने वाला।

informer (in fôr' mer) सं० १. सूचक; २. भेदी, जासूस, भेदिया; ३. मुखबिर, सूचना देने वाला* (भा० १ भी). (common ~ भी) जो अपराध आदि की सूचना सरकार को दे।

infra- [L., as prec.] शीर्ष infra (= नीचे) अव्० (आ० भी) का समास में प्रयुक्त होने वाला रूप (इ० वि० में किसी अवयव के नीचे के अर्थ में)। **infra-red rays** वर्णपट के लाल रंग के अंत के बाद की अदृश्य किरणों से संबंधित, (आ०) अवरक्त*, इन्फ़ारेड*। **infrarenal** अधोमूत्र पिंडीय। **infrascapular** अंसाधारिक। **infrasternal** छाती की हड्डी के नीचे का। ~**structure** १. अवस्थापना; २. यूरोप की रक्षा के लिए हवाई अड्डों, सचार व्यवस्था और सार्वजनिक सेनाओं की व्यवस्था।

infraction (in frăk' shun) [F., from L. *infractiōnem*, nom. *-tio*, from *infringere*, to INFRINGE] सं० तोड़ना, उल्लंघन, भग* (भा० १ भी), अतिक्रम, अनिक्रमण, व्यतिक्रमण* (भा० १, विधि भी)।

infralapsarian (in frā lăp sâr' i an) [INFRA-, L. *lapsus*, foll. see LAPSE, -ARIAN] सं० कॉलविन के इस मत का अनुयायी कि ईश्वर ने मनुष्यता के पतन या आगामी पतन के पूर्वज्ञान के कारण कुछ व्यक्तियों को चुना था (तुलना SUBLAPSARIAN, SUPRALAPSARIAN)। वि० इस मत से संबंधित।

infrequent (in frē' kwent) [L. *infrequens -utem*] वि० असतत, कम, विरल, क्वचित। यदा-कदा या यत्नतः ही होने वाला।

infrequency सं० कमी, विरलता। **infrequently** क्रि० वि० यदाकदा या अवसर ही होने वाला, विरल रूप में, कभी-कभी।

infringe (in frinj') [L. *infringere* (IN-[3], *frangere*, to break)] क्रि० स० १. अतिलंघन करना; २. (कानून आदि) तोड़ना, भंग करना, उल्लंघन करना, न मानना, अवज्ञा करना, अवहेलना करना, बेपरवाही करना। **infringement** सं० अतिलंघन* (प्र०, मा० २ भी),उल्लंघन* (इ० १, मा० १ भी), भंग, खंडन, तोड़ना, अतिक्रमण* (इ० १ भी)।

infructuous (in frŭk' tū ŭs) [L. *infructuosus*] वि० १. फलहीन, बिना फल का, बेनतीजा, फिजूल, बेफायदा, निष्फल, अफल, व्यर्थ।

infula (in' fū lă) [L.] सं० १. कीपनुमा, कीप के आकार का, कीपाकार* (वि० १ भी), धतूराकार।

infuriate (in fū' ri āt) [late L. *infuriātus*,p.p. of *infuriāre* (IN-[3], *furia*, FURY)] क्रि० स० १. गुस्सा दिलाना, तैश दिलाना, क्रुद्ध करना, क्रोधित करना; २. उत्तेजित करना, उभाड़ना, जोश दिलाना।

infuse (in fūz') [F. *infuser*, L. *infūsus*, p.p. of *infundere* (IN-[3], *infundere*, to pour)] क्रि० स० और अ० १. मिश्रित, उड़ेलना, भरना, भर देना, डालना, अंदर डालना; २. (ला०) रूह फूंकना, जान डालना. प्रेरणा देना; ३. (जड़ी-बूटी, चाय आदि को) सत्व खींचने के लिए जल में भिगोना; ४. भीगना, तर होना (जैसे let it ~for five minutes); ५. निचोड़ना, अर्क निकालना। **infuser** सं० भिगोने वाला, तर करने वाला।

infusible (in fū' zibl) वि० निर्गलनीय, जो मिलाया न जा सके, जो गल न सके। **infusibility** सं० निर्गलनीयता।

infusion (in fū' zhŏn) सं० १. (शा० और लो०) सिंचेक, आधान* (आ० भी), वह वस्तु जो किसी दूसरी वस्तु में डाली या मिलाई जाए; २. उडेलना; ३. रूह फूंकना, भिगोना, भीगना, ४. अर्क, सत्व, सार; ५. अवमिश्रण, ६. (आ०) फांट*।

infuseria (in fū zĕr i ă) [mod. L. pl. of *infusōrium*. from *infūsus*, see INFUSE] सं० बहुव० १. आक्वाथजवर्ग; २ (आ०, वि० १) इन्फ्यूसोरिया*। **infusorial** वि० आक्वाथजवर्गात्मक। **infusorian, infusory** वि० और सं० आक्वाथजवर्गीय, आक्वाथजवर्गीय वस्तु।

-ing [A.-S.[1] *-ung, -ing*, ending of verbal nouns] प्रत्य० पूर्वकाल में केवल क्रियाओं के लिए प्रयुक्त (जैसे coming, going आदि) परन्तु अब क्रियात्मक संज्ञाओं आदि के अंत में भी लगता है (जैसे banking) और क्रियात्मक कार्य के फल के लिए भी प्रयुक्त (जैसे curving, filing, building), कुछ विशेषणों में भी प्रयुक्त (जैसे charming)।

ingathering (in găth' ĕr ing) सं० १. जुटाना, बटोरना, इकट्ठा करना, एकत्र करना; २. ढेर, समूह, संग्रह, कटी हुई फसल।

ingeminate (in jĕm' i nāt)[[L. *ingeminātus*, p.p. of *ingeminārе*] क्रि० स० रट लगाना, माला जपना, बार-बार दुहराना या कहना। **~peace** बार-बार शांति की अपील करना।

ingenious (in jē' ni ŭs) [L. *ingeniōsus*, from *ingenium*, genius] वि० १. पटु, विज्ञ, चालाक, होशियार, प्रवीण; २. चतुर, निपुण; कुशल, मेधावी, प्रतिभासम्पन्न, बुद्धि-कौशलमय, ३. चालाकी का, होशियारी का, कारीगरी का। **ingeniously** क्रि० वि० १. चतुरतापूर्वक, प्रवीणता के साथ; २. चालाकी, होशियारी या कारीगरी से। **ingenuity** (in jē nū' iti) सं० १. चतुरता, कौशल, चातुरी, चातुर्य, पटुता, विदग्धता, सूझ, सूझ-बूझ, मेधाविता; २. प्रवीणता, दक्षता।

ingenuous (in jen' ū ŭs) [L. *ingenuus*, free-born, frank (IN-[1], *gen-*, base of *gignere*, to produce, to beget)] वि० १. खरा, सच्चा, साफ़, स्पष्टवादी, स्पष्टवक्ता; २. सीधा, सादा, सरल, निष्कपट। **ingenuously** क्रि० वि० १. सच्चाई से; २. सरलतापूर्वक। **ingenuousness** सं० १. खरापन, स्पष्टता; २. सरलता, निष्कपटता।

ingest (in jest') [L. *ingestus*, p.p. of *ingerere* (IN-[1], *gerere*, to carry)] क्रि० स० पेट में (भोजन) डालना या उतारना। **ingestion** (in jes' chŭn) सं० १. (पेट में) उतारना, डाल लेना; २. अन्तर्ग्रहण* (आ०, वि० १ भी)। **ingestive** वि० (पेट में) उतारने वाला, डालने वाला।

ingle[1] (ing' gel) [Sc., etym. doubtful, perh. from Gael. *aingeal*, fire)] सं० अग्नि, अँगीठी की आग। **~hook** अँगीठी के पास का कोना।

ingle[2] (ing' gĕl) [etym. doubtful, perh. rel. to M. Dut. *ingel*, *engel*, ANGEL (sheat)] सं० पुरुष प्रेमी, उपपति। क्रि० स० फुसलाना, लुभाना, गाँठ लेना, फुसलों कर प्राप्त करना।

inglorious (in glōr' i ŭs) [L. *inglōriōsus*] वि० १. लज्जाजनक, निन्दाजनक, लज्जाकर, अकीर्तिकर; २. गुप्त, प्रच्छन्न; ३. गूढ़, दुर्बोध। **ingloriously** क्रि० वि० १. लज्जाजनक रूप से; २. गुप्त रूप से, लुक-छिप कर, चोरी-छिपे।

ingoing (in' gō ing) वि० अन्तर्गत्ता, प्रवेष्टा, अंदर जाने वाला। सं० मकान की मरम्मत आदि के लिए नए किराएदार द्वारा दिया गया धन।

ingot (ing' got) [prob. from A.-S IN, *goten*, p.p. of *gēotan*, to pour, to fuse (SKEAT)] सं० १. धातु की मिल, कच्ची धातु की डला, साँचे में ढली हुई धातु विशे० सोना, चाँदी या इस्पात का (प्राय. आयताकार) पिंड, सिल*; सिल्ली* (इ० १, वि० १ भी)।

ingrain[1] (in' grān, predicately in grān') [*orig. in grain*, F. *en graine*, see GRAIN[1]] वि० १. पक्के रंग में रंगा हुआ, २. स्थायी, पुख्ता, पक्का, दृढ़। **ingrained** वि० १. पक्का, बदमूल, दृढ़, स्थायी, पुख्ता, २. पूरा पूरा, बिल्कुल, सोलह आने। **ingrainedly** क्रि० वि० दृढ़तापूर्वक, पक्के ढंग से।

ingrain[2] दे० ENGRAIN।

ingrate (in grāt', [L. *ingrātus* (IN-[2], *grātus*, pleasing)] सं० कृतघ्न व्यक्ति, अकृतज्ञ पुरुष।

ingratiate (in grā' shi āt) [It. *ingratiāre*, (L. *in grātiam*, into favour. see GRACE)] क्रि० स० दिल में घर कर लेना, अनुग्रह प्राप्त करना, किसी का कृपापात्र बन जाना, प्रसाद-भाजन बनना। **ingratiatingly** क्रि० वि० दिल में घर कर के, किसी का कृपा-पात्र बन कर।

ingratitude (in grăt' i tūd) [F., from late L. *ingrātitūdo*, from *ingrātus*, INGRATE] सं० कृतघ्नता, अकृतज्ञता, उपकार-विस्मरण, नमकहरामी, किए को भुला देना।

ingravescent (in grā ves' ent)[L. *ingravescens -ntem*, pres. p. of *ingravescere* (IN-[1], *gravis*, heavy)] वि० (चिकि०) (रोग आदि) और भी बढ़ने वाला, बद से बदतर होने वाला। **ingravescence** सं० १. और भी खराब होना; २. (दशा) बिगड़ना (रोगी आदि की)।

ingredient (in grē' di ĕnt) [F., from L. *ingredientem*, nom. *-ens*, pres. p. of *ingredi* (IN-[1], *gradi*, to walk),

p.p. *ingressus*] सं० १. अवयव* (आ० भी), अंग, अंश, हिस्सा, तत्त्व, घटकर्ण (इं० ३, कृ० भी); २. उपादान, सामग्री, मसाला, सामान, संघटक* (इं० १ भी)।

ingress (in' gres) [L. *ingressus*, see prec.] सं० १. पहुँच, प्रवेश* (आ० १ भी), अन्तःप्रवेश, भीतर जाना, अन्तर्गमन* (आ० भी); २. प्रवेशाधिकार, भीतर जाने का अधिकार।

ingrowing (in' gro ing) वि० १. अन्तर्वर्धी, अन्दर की ओर बढ़ने वाला; २. मांस के अंदर घुसने वाला (विशे० नाखून)। **ingrowth** सं० १. अन्तर्वृद्धि, अन्दर की ओर बढ़त; २. नख या मांस के अन्दर घुसना।

inguinal (ing' gwi nāl) [L. *inguinālis*, from *inguen -inis*, the grin] वि० वंक्षण* (आ०, वि० १ भी), वंक्षणीय, अन्तन्यास्थिक, अरुसीय से संबंधित।

ingurgitate (in gēr' ji tāt) [L. *ingurgitātus*, p.p. of *ingurgitāre* (IN-[2], *gurgers gurgitis*, a whirlpool) क्रि० स० १. लालच से भकोसना, गटगट चढ़ा जाना; २. निगलना। **ingurgitation** सं० लालच से भकोसने का कार्य।

inhabit (in hāb' it) [M.E. *enhabiten*, O.F. *enhabiter*, L *inhabitāre* (IN-[1], *habitāre*, to dwell, see HABIT)] क्रि० स० (मनुष्य या पशु का) बसना, रहना, निवास करना, बसाना, आबाद करना या होना। **inhabitable** वि० बसने योग्य, रहने योग्य। **inhabitant** सं० निवासी* (आ० १, वि० १ भी), वासी, रहनेवाला, बाशिन्दा। **inhabitancy, -tance** सं० अधिकार आदि प्राप्त करने के लिए निर्धारित समय में निवास। **inhabitation** सं० वास, निवास, बस्ती।

inhale (in hāl') [L. *inhālāre* (IN-[1], *hālāre* to breathe)] क्रि० स० १. साँस लेना, साँस खींचना, निःश्वास लेना* (वि० १ भी); २. तम्बाकू का कश खींचना, दम लगाना (आ० भी)। **inhalation** सं० १. निःश्वास* (कृ० भी), श्वास, भीतर साँस लेना, पूरक श्वास; २. निःश्वसन* (आ०, कृ० भी), अन्तःश्वसन* (आ०, भा० २ भी), प्रश्वसन; ३. (आ०) अभिश्वसन*। **inhaler** सं० इन्हेलर* श्वासित्र* (आ० भी), श्वास लेने वाला, साँस के साथ चढ़ाने वाला।

inharmonious (in har mō' ni us) वि० १. विस्वर, बेसुरा; २. असमेल, असगत। **inharmonic, -al** वि० १ बेसुरा; २. बेमेल, असमेल, असंगत। **inharmoniously** क्रि० वि० बेसुर से, बेसुरे ढंग से, असमेल ढंग से।

inhere (in hēr') [L. *inhaēre* (IN-[1], *herēre*, to stick)] क्रि० अ० १. (गुण आदि का) होना, विद्यमान होना, वर्तमान रहना; २. (अधिकार आदि) अधिष्ठित होना, न्यस्त होना; ३. अन्तर्निहित होना, निहित होना। **inherence, -ency** सं० १. विद्यमानता, वर्तमानता; २. निहित या अन्तर्निहित होना।

inherent (in hē' rent) वि० १. सहज, स्वाभाविक, प्राकृतिक, असली; २. निहित या अन्तर्निहित, निष्ठ; ३. बना हुआ, रचा हुआ, मौजूद; ४. (वि० १) जन्मजात*। **inherently** क्रि० वि० स्वजातत:, सहज ढंग से।

inherit (in her' it) [O.F. *enheriter* (IN-[2], late L. *hērēditāre*, from *hēres -rēdis*, HEIR)] क्रि० स० १. दाय प्राप्त करना*, उत्तराधिकार में प्राप्त करना*; विरासत में पाना* (भा० ३ भी), उत्तराधिकार में पाना, कुलक्रम से या दायाधिकार द्वारा (संपत्ति, पद, उपाधि) प्राप्त करना; २. पूर्वजों से (गुण, चरित्र) प्राप्त करना; ३. उत्तराधिकारी होना; ४. तरके में पाना, दाय पाना, पाना, लेना। **inheritable** वि० १. (शा० और लॉ०) उत्तराधिकार में प्राप्य, दायाद रूप में लभ्य; २. उत्तराधिकार में प्राप्त कर सकनेवाला।

inheritability सं० उत्तराधिकार में प्राप्यता, उत्तराधिकारिता।

intellectual (in te lek' tū al) वि० १. बौद्धिक, मति-विषयक, प्रज्ञात्मक* (मा० २ भी), बुद्धि-सापेक्ष; २. बुद्धिजीवी, पढ़ा-लिखा, पढ़ने-लिखने वाला, विद्या-व्यसनी, समझदार, अक्लमंद, बुद्धिमान या ज्ञानवान् (व्यक्ति/विशे० intellectuals)। सं० (किसी देश आदि के) समझदार या ज्ञानवान् लोग, प्राज्ञ* (मा० २ भी)। **intellectuality** वि० बौद्धिकता, बुद्धि-सापेक्षता। सं० समझदारी, अक्लमंदी, बुद्धिमत्ता। **intellectualization** सं० बौद्धिक या बुद्धि-सापेक्ष बनाने की प्रक्रिया। **intellectualize** क्रि० स० और अ० १. बौद्धिक बनाना या होना; २. बौद्धिकता के रंग में रँगना या रँग जाना। **intellectually** क्रि० वि० बौद्धिकता की दृष्टि से, बुद्धि-सापेक्ष रूप में। **intellectualism** सं० बुद्धिवाद, यह सिद्धान्त कि ज्ञान-प्राप्ति पूर्णतः या मुख्यतः विशुद्ध तर्क से संभव है, प्रज्ञावाद* (मा० २ भी)। **intellectualist** सं० बुद्धिवादी, उपयुक्त सिद्धांत का पोषक।

intelligence (in tel' i jens) [F., from L. *intelligentia*, as foll.] सं० १. प्रज्ञा* (मा० ३ भी), बुद्धि* (आ०, मा० २ भी), अक्ल, चतुराई, ज्ञान, मेधा, बोध; २. (किसी व्यक्ति या पशु की) समझदारी, शीघ्र बुद्धि, शीघ्रबोध; ३. विचारशील प्राणी, बुद्धि प्रधान जीव, ४. आसूचना, सूचना, खबर, समाचार, गुप्त समाचार; ५. (प्रशा०) गुप्तवार्ता*। **~department** गुप्तचर विभाग, खुफ़िया विभाग, गुप्त वार्ता विभाग, आसूचना विभाग (विशे० सैन्य)। **~test** बुद्धि-परीक्षा। **~quotient** (संक्षे० I. Q.), बुद्धिलब्धि, वह अंक जो सामान्य बुद्धि के अनुपात में किसी व्यक्ति-विशेष की बुद्धि सूचित करे। **intelligential** वि० बौद्धिक, बुद्धि-सापेक्ष्य। **intelligencer** (in tel' i jen sér) सं० १. खबर लाने वाला, २. जासूस, मुखबिर, गुप्तचर।

intelligent (in tel' i jent) [L. *intelligens -ntem*, pres. p. *of intelligere*, to understand (INTER-, *legere*, to gather, to choose)] वि० अक्लमंद, समझदार, बुद्धिमान, मतिमान, प्रज्ञावान्। **intelligently** क्रि० वि० अक्लमंदी से, समझदारी से, बुद्धिमत्ता से।

intelligentzia (in tel i jen' si ā) सं० शिक्षित वर्ग या समाज, पढ़े-लिखे लोग, किसी देश के स्वतंत्र विचार वाले व्यक्ति।

intelligible (in tel' i jibl) [F., from L. *intelligibilis*, as prec.] वि० १. बोधगम्य* (विधि भी), सुगम, सुबोध, स्पष्ट, साफ़; २. (दर्श०) बोधगम्य, बुद्धिगम्य, जिसे केवल मस्तिष्क ग्रहण करे इंद्रियाँ नहीं। **intelligibility** सं० १. सुगमता, सुबोधता; २. (दर्श०) (केवल) बुद्धिगम्यता, बुद्धिग्राह्यता। **intelligibly** क्रि० वि० सुगमता से, सुबोध रूप में।

intemperate (in tem' pér āt) [L. *intemperātus*] वि० १. असंयत, असंयमी, मर्यादाहीन, उच्छृंखल, अनियंत्रित या असंतुलित (व्यक्ति या चरित्र); २. व्यसनात्मक, व्यसनग्रस्त; ३. नशाखोर, पियक्कड़, शराबी; ४. अमिताचारी* (मा० ३ भी)। **intemperance** सं० १. (व्यक्ति का या चारित्रिक) असंयम* (मा० २ भी), अनियंत्रण, असंतुलन; २. व्यसनासक्ति, व्यसन-ग्रस्तता; ३. पियक्कड़पन, अमिताचार* (मा० ३ भी), मदिरासक्ति, नशाखोरी, मद्य सेवन, शराबखोरी। **intemperately** क्रि० वि० असंयम से, बिना मर्यादा के, नशाखोरी से।

intend (in tend') [F. *entendre*, L. *intendere*, to stretch to, to direct (IN-[1], *tendere*, to stretch, see TEND[1]] क्रि० स० १. चाहना, इच्छा रखना या करना, (जैसे we~ to go); २. (किसी व्यक्ति अथवा वस्तु को) किसी उद्देश्य की प्राप्ति में लगाने की सोचना या इरादा करना (जैसे we~our son for the bar); ३. इरादा रखना, इच्छा होना, उद्देश्य रखना, मतलब होना, मतब्य होना, अभिप्राय या अर्थ रखना (जैसे What exactly do you ~by the word ?)। **intendant** सं० (सार्वजनिक व्यवनाय आदि का) अधीक्षक, व्यवस्थापक या प्रबंधक (मुख्यतः विदेशी पदवी के रूप में)। **intendancy** अधीक्षक पद, प्रबन्धक पद, व्यवस्थापक पद। **intended** सं० १. (बोल०) मंगेतर (प्रेमी या प्रेमिका) जिसकी सगाई हो गई हो (जैसे your, his, her), २. (विधि)आशयित*। **intendment** सं० सत्यार्थ, सही माने, विधि द्वारा निश्चित ठीक अर्थ।

intense (in tens') [F., from L. *intensus*, p.p. of *intendere*, to INTEND] वि० १. अत्यधिक, बहुत ज्यादा, बेहद, प्रचंड, तीव्र, प्रखर, २. सन्त, गहरा, प्रगाढ़, प्रबल, प्रकाड (किसी गुण की अत्यधिक मात्रा से युक्त), ३. तीव्र* (वि० १ भी), उत्कट, तेज (भावना या क्रिया), ४. भावाविष्ट, भावुक, भावना-प्रवण, उत्कट-भावनाशील। **intensely** क्रि० वि० १. अत्यधिक मात्रा में; २ प्रगाढ़ता या प्रकाडता की दृष्टि से; ३. तीव्रतापूर्वक, उत्कटता से; ४. भावाविष्ट हो कर। **intenseness** सं० १. प्रचडता, प्रखरता; २. प्रगाढ़ता, प्रकाडता; ३. तीव्रता, उत्कटता; ४. भावावेश, भावुकता। **intensification** सं० १. प्रचंड या उत्कट करने की क्रिया या होने की स्थिति; २. भावावेश या भावुकता।

intensify (in ten' si fi) क्रि० स० और अ० १. प्रचंड करना या होना, प्रखर करना या होना; २. प्रगाढ़ बनाना; ३. तीव्र या उत्कट करना या होना, भावाविष्ट करना या भावुक बनाना; ३. भावावेश में आना, भावुक होना; ४. (फ़ोटो०) रासायनिक या अन्य तरीके से निगेटिव को अधिक प्रगाढ़ बनाना, अधिक सघन करना या बनाना।

intension (in ten' shun) सं० १. प्रगाढ़ता, प्रकांडता, किसी गुण की अत्यधिकता (extention का विलोम); २. मन या संकल्प-शक्ति का अध्यवसायपूर्ण प्रयोग, आशय* (विधि भी); ३. गुणार्थ* (मा० २ भी)। **intensity** सं० १. उग्रता, प्रचडता, प्रखरता, तीव्रता* (आ०, ई० ३, मा० २, वि० १ भी), तेजी, उत्कटता; २. बनता* (इ० २ भी), महानता* (मा० २ भी), सघनता, प्रगाढ़ता, प्रकांडता; ३. भावमयता।

intensive (in ten' siv) वि० १. अत्यधिक, प्रचंड, प्रखर;

२. गहन, गहरा, घना, ज़ोर का, प्रगाढ़, प्रकांड; ३. प्रकांडतोत्पादक, प्रचंड या प्रखर करने वाला; ४. (व्या०) अत्यार्थक, यत्कृत; ५. केन्द्रित; ६. गहरा, गंभीर, गहन* (वि० १ भी), किसी एक ही (बिन्दु, क्षेत्र या विषय) और अग्रसर या नियोजित (जैसे ~bombardment, study); ६. (अर्थ०) गहन, उत्पत्तिवर्द्धक (जैसे ~methods, agriculture)। **~inoculation** टीका लगाने की ऐसी विधि जिसमें प्रत्येक टीके में पहले से अधिक दवा भरी जाती है। **intensively** क्रि० वि० १. प्रचंडता या प्रखरता से; २. प्रकांड; ३. प्रचंड या प्रखर करते हुए; ४. केंद्रित करते हुए।

intent[1] (in tent') [L. *intentus*, p.p. of *intendere*, to INTEND] वि० (on के साथ) उत्सुक, तत्पर, व्यग्र, लगा हुआ, जुटा हुआ, लीन, तुला हुआ, आमादा। **intently** क्रि० वि०, उत्सुकता से, व्यग्रता से, तत्परता से, उत्कटता से, अधीरता से। **intentness** सं० उत्सुकता, व्यग्रता, तत्परता, तल्लीनता, उत्कटता, अधीरता।

intent[2] (in tent') [O.F. *entent*, *entente*, intention, meaning, L. *intentus*, a stretching out. late L., intention, from *intendere*, to INTEND] सं० आशय* (प्र० भी), मतलब, अभिप्राय*/ उद्देश्य* (मा० ३ भी), नियत। **to all intents and purposes** यथार्थतः, असल में, वास्तव में।

intention (in ten'shun) सं० १. अभिप्राय* (प्र०, मा० २ भी), आशय* (प्र० भी), मतलब, मंशा, इरादा, नीयत, इच्छा; २. इच्छित वस्तु, उद्देश्य, प्रयोजन; ३. परम ध्येय, अंतिम लक्ष्य; ४. (बहुव० बोल०) विवाह के प्रस्ताव के प्रसंग में उद्देश्य या प्रयोजन; ५. (तर्क०) धारणा, परिकल्पना; ६. चेष्टा* (आ० भी)। **first ~** (चिकि०) ज़ख्म का बिना खरड आए भर जाना। **first intentions** (तर्क०) वस्तुओं की प्राथमिक या प्रारंभिक धारणाएँ (उदा० पेड़, बल्लम)। **second ~** (चिकि०) खरड आ चुकने के बाद घाव का भरना। **second intentions** (तर्क०) माध्यमिक धारणाएँ (उदा० भेद, अभिप्रता, प्रजाति)। **special, particular ~** (धर्म०) विशेष उद्देश्य जिसके लिए मॉस मनाया जाय। **intentional** वि० साशय* (विधि भी), जानबूझ कर किया गया, साभिप्राय। **intentionally** क्रि० वि० जानबूझ कर, इरादन। **intentioned** वि० उद्दिष्ट, अभिप्रेत, जिसका इरादा या नीयत हो।

inter (in ter') (O.F. *interre*. late L. *interrare* IN-[3], *terra*, earth)] क्रि० स० १. (शव आदि को) दफनाना, दफन करना, (ज़मीन या मकबरे आदि में) दबाना, गाड़ना; २. ढकना, छिपाना। **interment** सं० दफन, मुर्दे आदि को दफनाने या ज़मीन खोद कर गाड़ने की क्रिया।

inter- [L.] उप० १. बीच, मध्य, अन्तर, अन्त, अन्तरा* (आ० भी); २. वर्णानुक्रम के अनुसार दिए गए शब्दों के अतिरिक्त *inter-* का प्रयोग पारस्परिक क्रिया या संबंध को प्रदर्शित करने वाली अथवा 'among', 'between' के अर्थ वाली क्रियाएँ, संज्ञाएँ और विशेषण बनाने में होता है।

interact[1] (in tér ákt') क्रि० अ० परस्पर प्रभाव डालना, अन्योन्य रूप से प्रभावित करना, आपस में एक-दूसरे को प्रभावित करना। **interaction** सं० १. अन्योन्य प्रभाव, पारस्परिक प्रभाव या क्रिया, अन्योन्य क्रिया*/ पारस्परिक क्रिया* (आ०, इं० २, कृ०, मा० २, ३, वि० १ भी)। **interactive** वि० अन्योन्य रूप से प्रभावशाली।

interact[2] (in' tér ákt) सं० विष्कम्भक, प्रवेशक, नाटक के दो अंकों के मध्य का अंतराल या विराम; २. मध्यवर्ती घटना आदि।

interbed (in tér bed') क्रि० स० (भूगर्भ०) किसी वस्तु को दूसरी वस्तुओं में रखना या गाड़ना।

interblend (in tér blend') क्रि० स० और अ० १. (वस्तुओं को एक-दूसरी से) मिलाना, सम्मिश्रित करना; २. (वस्तुओं का एक-दूसरी से) मिलना, सम्मिश्रित होना।

interbreed (in tér bréd') क्रि० स० और अ० १. दोग़ले (बच्चे) पैदा करना; २. (अ०, विभिन्न जाति या नस्ल के पशुओं का) परस्पर संभोग द्वारा संतानोत्पत्ति करना।

intercalary, intercalar (in tér' ka lár i, -lár) [L. *intercalārius*, from *intercalāre* (INTER- *calāre*, to proclaim), p.p. *intercalātus*] वि० १. मध्यनिविष्ट, अन्तर्निविष्ट, अन्तर्बेशी*/ अन्तर्विष्ट* (वि० १ भी), अधिक (दिन या मास), सौर-वर्ष से संगति बैठाने के लिए कलेंडर या तिथि-पत्र में प्रविष्ट (दिन या मास); २. अधिक (वर्ष), इस प्रकार के योगों से युक्त (वर्ष); ३. ठूँसा गया, घुसेड़ा गया, प्रक्षिप्त। **intercalate** क्रि० स० १. (अधिक दिन आदि का) सन्निवेश करना; २. (किसी वस्तु को सामान्य से) अधिक ठूँसना, घुसेड़ना (विशे० भू० कृ० में) स्तर या पर्त के बीच। **intercalation** सं० अन्तर्निवेश, मध्यनिवेश।

intercede (in tér séd') [F. *intercéder*, L. *intercēdere* (INTER-, *cēdere*, to go), p.p. *intercessus*] क्रि० अ० मध्यस्थ बनना, किसी दूसरे के लिए सिफ़ारिश या अनुरोध करना, किसी दूसरे का पक्ष ले कर हस्तक्षेप करना, (किसी व्यक्ति से किसी दूसरे की) वकालत करना, सिफ़ारिश करना, पक्ष लेना।

intercensal (in tér sen' sál) वि० अंतर जनगणनीय, दो जनगणनाओं के मध्य।

intercept (in tér sept') [L. *interceptus*, p.p. of *intercipere* (INTER-, *capere*, to take)] क्रि० स० (व्यक्ति आदि का) रोकना, बीच में रोक लेना या पकड़ लेना; २. बीच में उड़ा लेना; ३. बाधा डालना; ४. काट देना, बंद करना, अवरुद्ध करना; ५. (गणि०) अंतःखंड करना, दो बिंदुओं आदि के मध्य (स्थान को) सीमा रेखाओं से अलग करना; ६. अन्तःखंड* (इं० ३ भी)। **interception** सं० अंतग्रहण* (प्र० भी), अंतःरोधन, बीच में पड़ लेना*, रोक लेना*, सुन लेना*, अंतरारोध* (प्र० भी); ७. अवरोधन* (आ० भी)। **interceptive** वि० १. रोकने वाला, हस्तक्षेप करने वाला; २. काटने या बिलगाने वाला; ३. अवरोधक। **interceptor** सं० अंतग्रही, रोकने वाला व्यक्ति या वस्तु, अवरोधक व्यक्ति या वस्तु, अंतःरोधक*/ अंतर रोधक* (इं० ३ भी)।

intercession (in tér sesh' ún) [L. *intercessio*, see INTERCEDE] सं० मध्यस्थता, बीच-बचाव* (मा० १ भी), बीच में पड़ना, किसी दूसरे के लिए सिफ़ारिश या अनुरोध करना, अन्तःस्थता* (मा० १ भी)।

intercessor (in ter ses' ór) सं० १. सिफ़ारिश करने वाला व्यक्ति; २. मध्यस्थ, बीच में पड़नेवाला। **intercessorial, -cessory** वि० सिफ़ारिशी, बीच-बचाव का, मध्यस्थता संबंधी।

interchange (in tér chānj') [O.F. *entre-changier* [INTER-, *changier*, to CHANGE]] सं० १. आदान-प्रदान या विनिमय करना, अदला-बदली करना, (दो व्यक्तियों का) आपस में या एक दूसरे से (वस्तुओं का) विनिमय करना या आदान-प्रदान करना, आपस में लेना-देना या लेन-देन करना; २. (दो वस्तुओं को) एक-दूसरी के स्थान पर रख देना, स्थान-परिवर्तन कर देना; ३. उलट-फेर करना, अदल-बदल या परिवर्तन करना। सं० १. विनिमय* (आ०, इं० ३, वि० १ भी), आदान-प्रदान, आपसी विनिमय या लेन-देन, अदला-बदली, दो व्यक्तियों में (वस्तुओं का) पारस्परिक विनिमय, अंतर्विनिमय*

(क्रू भी); २. उलट-फेर, अदल-बदल, परिवर्तन; ३. (आ०, इ० ३, वि० १) व्यतिहार* । **interchangeable** वि० विनिमयशील, अदला-बदली करने योग्य । **interchangeability, interchangeableness** सं० विनिमयशीलता । **interchangeably** क्रि० वि० अदले-बदले से, विनिमयशीलता की दृष्टि से ।

intercollegiate (in tér ko lē' ji át) अन्तर्कॉलिज, दो विद्यालयों के मध्य ।

intercolonial (in tér kó lō' ni ál) वि० अंतर-उपनिवेशीय, विभिन्न उपनिवेशों के बीच होने वाला या किया जाने वाला (लेन-देन, व्यवहार आदि) ।

intercolumnar (in tér ko lúm' nar) दो स्तंभों का मध्यवर्ती या मध्य में स्थित । **intercolumniation** सं० स्तंभों को अंतराल दे कर रखना, इस प्रकार का अंतर ।

intercom (in' tér com) सं० (हवाई जहाज में) एक कक्ष से दूसरे तक आने-जाने या बातचीत करने की व्यवस्था, आने-जाने का रास्ता, टेलीफ़ोन ।

intercommunicate (in tér kó mū 'ni kāt) सं० १. (परस्पर) आना-जाना या बातचीत होना; २. बीच में दरवाजा होना । **intercommunication** सं० १. अंतःसंचार, अंतःसंचरण* (प्र० भी); २. आमदरफ्त, आना-जाना; ३. रास्ता; ४. (वि० १) अन्योन्य संचार* । **intercommunion** सं० घनिष्ठ संबंध या मेल-जोल, परस्पर संबंध, परस्पर क्रिया या काम ।

intercommunity (in tér ko mū ni ti) सं० १. विभिन्न संघों में समानता होना; २. एक जैसा होना, सादृश्य होना, कुछ बातों में सदृश होना ।

interconnect (in tér kó nekt') अन्योन्याश्रित करना, परस्पर संबद्ध होना ।

interconvertible (in tér kón vér' tibl) एक दूसरे से बदले जा सकने योग्य ।

intercostal (in ter kos' tál) वि० १.(शरीर की)पसलियों के मध्य; २. (जहाज की) पट्टियों के बीच ।

intercourse (in' tér kórs)[O.F. *entrecours*, late L. *intercursus*, commerce, L., intervention (INTER-, COURSE)] सं० १. संसर्ग, संपर्क* (आ० भी), मेलजोल, समागम* (विधि भी); संगति, मेल-मिलाप, आना-जाना, उठना-बैठना, व्यक्तियों का पारस्परिक संसर्ग या व्यवहार; २. मनुष्य और ईश्वर का संपर्क; ३. विभिन्न देशों आदि में व्यापार के लिए मेल-जोल; ४. संभोग, मैथुन, ५. (आ०, वि० १) परस्पर व्यवहार* ।

intercross (in ter' kros) १. आरपार लेटना या लिटाना या होना; २. संकर करना ।

intercurrent (in ter kúr' ent) [L. *intercurrens -ntem*, pres. p. of *intercurere* (INTER-, *currere*, to run)] वि० १. बीच का, अन्तर्वर्ती, मध्यवर्ती (समय या घटना); २. थोड़े-थोड़े अन्तर पर होनेवाला; ३. किसी दूसरी के बढ़ते हुए ही जाने वाली (बीमारी); ४. कुछ दिन छोड़-छोड़ कर होने वाली (बीमारी भी) । **intercurrence** सं० मध्यवर्तिता, अन्तर्वर्तिता, (बीमारी की) कुछ दिन छोड़-छोड़ कर होने की विशेषता ।

interdepend (in ter dé pend') [INTER-, DEPEND] क्रि० अ० एक दूसरे का सहारा लेना, अन्योन्याश्रित होना, परस्पर निर्भर रहना, एक-दूसरे पर मुनहसिर करना । **interdependence** सं० १. अन्योन्याश्रय* (वि० १ भी), पारस्परिक निर्भरता, परस्परावलंब, आपसबदी । **interdependent** वि० अन्योन्याश्रयी, अन्योन्याश्रित, परस्पर निर्भर, एक-दूसरे पर मुनहसिर । **interdependently** क्रि० वि० अन्योन्याश्रित रूप में, पारस्परिक निर्भरतापूर्वक, एक-दूसरे पर निर्भर करते हुए ।

interdict (in' ter dikt) [L. *interdictum*, a decree, from *interdictus*, p.p. of *intedicere*, to interpose, to forbid by a decree (INTER-, *dicere*, to say)] सं० १. शासकीय निषेध, प्रतिषेध, प्रत्याख्यान, मनाही; २. (रोमन कैथलिक चर्च) धार्मिक समारोहों आदि से किसी व्यक्ति या स्थान को वर्जित करने का आदेश । क्रि० स० १. (किसी काम को) रोकना, बंद करना; २. प्रयोग बंद करना; ३. (किसी व्यक्ति को) कुछ करने से रोकना, मना करना, हाथ पकड़ना, निषेध करना, ४. (व्यक्ति के लिए कोई वस्तु) वर्जित करना, मुमानियत करना । **interdiction** सं० १. रोक, २. मनाही, निषेध, ३. वर्जना, मुमानियत, परहेज । **interdictory** वि० १. रोकने वाला, २. मनाही वाला, निषेधात्मक; ३. परहेज का ।

interdigital (in ter dij' i tal) [L. *interdigitālis* (INTER-, *digitus*, finger, see DIGIT)] वि० अँगुलियों या पैर की अँगुलियों के बीच । **interdigitate** क्रि० स० दोनों हाथों की आपस में अँगुलियाँ फँसाना ।

interest[1] (in' ter est) [earlier *interess*, altered after O.I *interest* (F. *intérêt*), L. *interesse*, to concern (INTER-, *esse*, to be)] सं० १ (संपत्ति में) हक या स्वत्व, २. (वाणिज्य के वायदे आदि में) हित*, स्वार्थ* (प्र० ३, विधि भी), ३ फायदा, लाभ, कल्याण, नफ़ा, मुनाफ़ा . ४. किसी से संबद्ध वस्तु, ऐसी वस्तु जिससे किसी का संबंध हो; ५. ऐसा सिद्धांत जिसमें किसी दल का संबंध हो, ६. ऐसा दल जिसके सदस्यों की (वस्तु, सिद्धांत आदि में) समान रुचि हो, ७. खुदग़र्ज़ी, निजी स्वार्थपूर्ति का व्यवसाय, ८ दिलचस्पी, रुचि* (आ० भी), अभिरुचि* (प्र० २ भी), शौक, गर्ज़; ९. ब्याज* (प्र०, वि० १ भी). सूद। **compound ~** चक्रवृद्धि ब्याज, सूद-दर-सूद । **make ~ with** अपने प्रभाव से काम लेना । **simple ~** साधारण ब्याज, सरल ब्याज । **with ~** और ज़ोर से, अधिक शक्ति से ।

interest[2] (in' tér est) [earlier, *interess* (influ. by prec., or formed from the p.p. *interest'd*, as prec.)] क्रि० स० १ (किसी व्यक्ति में) दिलचस्पी पैदा करना, व्यक्तिगत अभिरुचि उपजाना, भाग लेने को प्रेरित करना; २. (भू० कृ० में) निजी स्वार्थ रखते हुए, निष्पक्ष या उदासीन न रहते हुए (जैसे interested parties) स्वार्थ रखनेवाले दल; ३. उत्सुकता उत्पन्न करना, कुतूहल जगाना ध्यान दिलाना । **interesting** वि०मनोरंजक, दिलचस्प, रोचक, ध्यान देने लायक । **interestingly** क्रि० वि० दिलचस्पी से, रुचि से, शौक से, कुतूहल से ।

interface (in' ter fās) [INTER-, FACE] सं० किसी स्पटिक या अन्य ठोस वस्तु के दो तल । **interfacial** वि० उक्त तलों के बीच ।

interfemoral (in ter fem' or ál) वि० उरु-मध्य, जंघाओं के बीच का ।

interfere (in ter fēr') [O.F. *entreferir* (INTER-, *ferir*, L. *ferire*, to strike), to exchange blows] क्रि० अ० १. (वस्तुओं की दूसरी वस्तुओं से) मुठभेड़ होना, टक्कर होना, टकराव होना, २. (व्यक्ति का) अनधिकार चेष्टा करना, जबर्दस्ती टाँग अड़ाना, दस्तंदाज़ी या हस्तक्षेप करना* (विधि भी); ३. अड़चन डालना, बाधा डालना, रुकावट खड़ी करना; ४. बीच में पड़ना, बीच-बचाव करना हिस्सा लेना, भाग लेना; ५. (भौ०) प्रकाश की तरंगों आदि का

एक-दूसरे से टकराना; ६. (घोड़े का) एक टाँग पर दूसरी मारना। **interference** सं० विघ्न, बाधा, हस्तक्षेप* (प्र० भी), दखल, व्यतिकरण* (इ० १, मा० २, वि० १ भी)। **interfering** वि० अनावश्यक चेष्टा-पूर्ण, हस्तक्षेपपूर्ण।

interferometer (in tĕr fĕr om' et er) सं० व्यतिकरणमापी*/ इंटरफीरोमीटर* (वि० १ भी), व्यतिकरण द्वारा प्रकाश-तरंगों की लंबाई नापने का यंत्र।

interfluent (in tĕr 'flu ent)[L. *interfluens -ntem*, pres. p. of *interfluere* (INTER-, *fluere*, to flow)] सं० एक-दूसरे मे मिल कर बहने वाले, एक साथ बहने वाले, मिल जाने वाली (धाराएँ), जिनका संगम हो।

interfoliaceous (in tĕr fō li ā' shus) वि० आमने-सामने के पत्तो के बीच में रक्खा हुआ।

interfuse (in tĕr fūz')[L. *interfūsus*, p.p. of *interfundere* (INTER-. *fundere*, to pour)] क्रि० स० और अ० १.(चीजों को) आपस में मिलाना, (वस्तुओ को) साथ-साथ मिलाना, २. (दो वस्तुओ का) एक दूसरे से मिलना या लिपटना। **interfusion** सं० १. मिलावट, संमिश्रण, २. मेल।

interglacial (in ter glā' shi ăl) वि० उस काल के मध्य का जब उत्तरी गोलार्द्ध प्रायः बर्फ से ढका रहता था।

intergrade (in' ter grād) क्रि० अ० क्रमशः रूप-परिवर्तन करना। सं० क्रमशः परिवर्तित रूप। **intergradation** (in ter gra dā' shun) सं० क्रमिक अदाजा।

intergrowth (in' ter grōth) सं० अंतर्विकास, वस्तुओ का एक दूसरे मे आना।

interim (in' ter im)[L., in the meantime (INTER-, *-im*, adv. suf.)] सं० १. कालाभ्यंतर, अवसर, अवकाश, बीच का समय, अन्तर, मध्यकाल। वि० अंतरिम, दरम्यानी, मध्यवर्ती, बीच का, अन कालीन, अस्थायी, अंतरिम। **the~** (धर्म०) १६ वी शती मे जर्मन प्रोटेस्टेंटों और पोप के बीच एक सामान्य परिषद् होने तक के समय के लिए हुई अन्तरिम संधि।

interior (in tĭr' i or) [L., compar. of *inter*, see INTER-] वि० १. अन्तरस्थ, अंतर्गत, अंतर्भूत, अदर का, २. अन्तर्वर्ती, आन्तरिक, अन्तर्देशीय, तटवर्ती या सीमावर्ती नदी, ३. भीतरी, अंदरूनी, घरेलू, आन्तरिक (foreign का विलोम), ४. मन या आत्मा मे स्थित, हार्दिक। सं० १. अंतर, अन्तर्गत या भीतरी भाग, अंतर्भूत भाग; २. अन्तर्वर्ती क्षेत्र, आंतरिक क्षेत्र, अदर का प्रदेश; ३. इमारत या कमरे की भीतरी स्थिति या अदरूनी दृश्य; ४. आन्तरिक प्रकृति, आंतरिक स्वभाव, आत्मा, किसी देश के आन्तरिक या घरेलू मामलो से संबद्ध विभाग (जैसे Minister of the~ गृह-मंत्री), घरेलू मामलों का मंत्री। **interiorly** क्रि० वि० १ अंतर्गत या अंतर्भूत रूप से, २ अदरूनी तौर पर, आंतरिक रूप से, ३. हार्दिक रूप से; ४. घरेलू मामलो की दृष्टि मे।

interjacent (in ter jā' sent)[L. *interjacens -ntem*, pres. p. of *interjacēre* (INTER-, *jacēre*, to lie)] वि० बिचला, मध्य-स्थित, मध्यवर्ती, बीच का।

interject (in ter jekt') [L. *interjectus*, p.p. of *interjicere* (INTER-, *jacere*, to throw)] क्रि० स० बात काटना, बीच मे सहसा बोल उठना। **interjection** सं० १. विस्मयोद्गार, हृदवही में मुँह से निकल जाने वाले शब्द; २. विस्मयादि बोधक अव्यय (उदा० ah !, whew !) **interjectional, interjectory** वि० उद्गार पूर्ण, विस्मयोद्गार संबंधी, हृदवही में मुँह से निकला हुआ (या ऐसे शब्दों से संबंधित)। **interjectionally** क्रि० वि० १. हृदवही में मुँह से शब्द निकालते हुए; २. विस्मयादि बोधक अव्यय की दृष्टि से।

interknit (in tĕr nit) सं० साथ-साथ बुनना।

interlace (in tĕr lās')[M.E. *entrelace*, F. *entrelacer* INTER-, *lacer*, to LACE)] क्रि० स० १.(साथ-साथ गूँथना, पिरोना या लपेटना; २. (प्रायः ला०) साथ-साथ बुनना, अंतर्वयन करना, एक में दूसरा अटकाना; ३. (दो वस्तुओं को एक दूसरी से) मिलाना। क्रि० अ० गूँथना, संग्रथित होना, एक में दूसरी का बुना जाना या अटकाए जाना। **interlacement** सं० १. संग्रथन, गूँथने, पिरोने या लपेटने की प्रक्रिया, ग्रंथन। ; २. (प्रायः ला०) अंतर्वयन; ३. (दो वस्तुओं को एक दूसरी से) मिलाने का काम।

interlard (in tĕr lard') [F. *entrelarder* (INTER-, *larder*, to LARD)] क्रि० स० (लेख या भाषण में विदेशी शब्द आदि) मिलाना, विदेशी शब्दों का प्रयोग।

interlap (in tĕr lăp) सं० एक दूसरे के ऊपर होना, इस प्रकार होना कि एक दूसरे के कुछ भाग को ढक ले।

interleaf (in' tĕr lēf) सं० फालतू पन्ना, पुस्तक के पन्नो के मध्य में (प्रायः) सादा पन्ना। **interleave** (in ter lēv') क्रि० स० (पुस्तक के) पन्नों के मध्य में (प्रायः सादे) पन्ने लगाना (ला० भी)।

interline (in tĕr lin') [prob. from late L. *interlineāre* (after M.F. *entreligner*)] क्रि० स० १. (दस्तावेज आदि की) रेखाओ के बीच शब्दों का निवेश करना; २. इस प्रकार (रेखाओं के मध्य शब्द) लिखना। **interlineal, interlinear, interlineary** वि० रेखाओं में लिखित या मुद्रित। **interlineation** सं० रेखाओं के बीच में लिखने की क्रिया।

interlink (in ter lingk') क्रि० स० (वस्तुओं को एक दूसरी से) संबद्ध करना, अंतर शृंखलाबद्ध करना।

interlobular (in tĕr lob' ū lăr) वि० पत्ती के विभागों के बीच का।

interlock (in tĕr lok') क्रि० अ० और स० १. अन्तःकीलन करना, एक दूसरे में या आपस में गूँथना, एक साथ मिला देना, गठबंधन करना, अन्तर्ग्रथन करना। सं० (प्रायः कर्मवाच्य) अंत. पाशन, लिपटाना, चिपटाना, परस्पर आलिंगन करना; २. (रेलवे) (सिगनल के लीवरों को) किबरी आदि से जोड़ना ताकि यह पता चल सके कि लीवर और सिगनल का संबंध हर बार लीवर के हिलाने से एकसी ही स्थिति मे रहता है।

interlocution (in ter lo kū' shŭn) [L. *interlocūtio* (INTER-, *loqui*, to speak)] सं० संवाद, कथोपकथन, संभाषण। **interlocutor** (in ter lok' ū tor) सं० १. संवाद-भागी, संभाषणकर्ता, संवाद या संभाषण में भाग लेने वाला व्यक्ति; २. हब्शी अभिनय-मडली का सयोजक या सूत्रधार। **interlocutory** वि० १.संवाद या संभाषण से संबद्ध; २. वैधानिक कार्रवाई के समय उच्चरित। **interlocutress, -trice, -trix** सं० (स्त्री०) संवाद-संभाषणकर्त्री, संवाद या संभाषण में भाग लेने वाली स्त्री।

interloper (in' tĕr lō pĕr) [from INTERLOPE] वि० अनधिकार प्रवेश करने वाला, बिना अनुमति प्रवेश करने या आने वाला; २. बेजा दखल देने वाला; ३. दाल-भात मे मूसलचंद, दस्तदाज, दूसरो के मामलों में (विशे० अपने लाभ के लिए) पड़ने वाला, भेड़ों में भेड़िया; ४. (इति०) अनधिकृत व्यापारी, बिना लाइसेंस व्यापार

करने वाला; अंतःप्रवेष्टा* (मा० १ भी)। क्रि० स० **interlope** अनधिकार प्रवेश करना, बेजा दखल देना, वस्तंदाजी या हस्तक्षेप करना।

interlude (in' tĕr lood) [med. L. *interlūdium* (INTERlūdus, play)] सं० १. नाटक के दो अंकों के मध्य का विश्राम या अंतराल; २. इस अंतराल को भरने वाली वस्तु; विष्कम्भक, बीच का कार्यक्रम; ३. (संगी०) भजन, स्तोत्र आदि के पदों के मध्य में बजने वाला साज; ४. भिन्न प्रकृति वाला मध्यवर्ती समय या स्थान; ५. बीच में प्रदर्शित की जाने वाली घटना या मनोरंजक कथा आदि; ६. (इति०) रहस्यपूर्ण या शिक्षात्मक नाटकों के अंकों के मध्य में किया जाने वाला प्रहसन आदि।

intermarriage (in tĕr mär' ĭj) सं० १. अंतर्जातीय विवाह, भिन्न परिवारों, जातियों या क़बीलों आदि के सदस्यों (व्यापक रूप से) निकट संबंधियों में होने वाला विवाह, अन्तर्विवाह* (मा० १, ३ भी)। **intermarry** क्रि० अ० अंतर्जातीय विवाह होना, (भिन्न क़बीलों आदि से) विवाह के द्वारा (क़बीलों, जातियों, परिवारों आदि का) संबंधित होना।

intermeddle (in ter medl') [A.-F. *entremedler*, O. F. *entremesler*] क्रि० अ० (विशे० अपने से सर्वथा असंबद्ध कामों में) टाँग अड़ाना, वस्तंदाजी करना, हस्तक्षेप करना।

intermediary (in tĕr mē' dĭ ărĭ) [F. *intermédiaire*, from L. *intermedius* (INTER-, *medius*, middle)] वि० १. बिचौलिया* मध्यस्थ* (आ०, कृ०, प्र०, मा० १ भी), (दो दलों आदि के) बीच में पड़ने वाला* (मा० १ भी); २. मध्यकालीन, मध्यवर्ती* (आ०, प्र० भी), मध्यम। सं० १. बिचौलिया या मध्यस्थ व्यक्ति या वस्तु। **intermediate, intermedial** वि० बिचला, अन्तःस्थ, मध्यवर्ती* (प्र०, वि० १, विधि भी), अंतर्वर्ती, माध्यमिक, दरमियानी, मध्यम, मध्य-* (आ०, वि० १ भी)। सं० बिचली, अन्तस्थ, अन्तर्वर्ती, माध्यमिक या दरमियानी वस्तु। क्रि० अ० बिचौलिया बनना, मध्यस्थ बनना, मध्यस्थता करना, बीच में पड़ना। **intermediately** क्रि० वि० मध्यकालीन दृष्टि से, मध्यवर्ती स्थिति में, मध्यम श्रेणी में, मध्यम स्थिति में। **intermediacy, intermediateness, intermediation** सं० बिचौलियापन, मध्यस्थता, बीच में पड़ने का काम। **intermediator** सं० बिचौलिया आदमी, मध्यस्थ व्यक्ति, बीच में पड़ने वाला व्यक्ति।

intermedium (in tĕr mē' dĭ um) सं० (बहुव० मध्यम, मध्यवर्ती या मध्यस्थित वस्तु, साधन (विशे०, ऐसा साधन जिसके द्वारा शक्ति को वायुमंडल में से ही कर भेजा जा सके)।

intermezzo (in ter med' zō) [It., pop. var. of *intermedio*, L. *intermedius*, INTERMEDIARY] सं० १. नाटक, गीत-नाट्य (अपेरा) के अंकों के मध्य में छोटा मनोरंजक नाटकीय या किसी दूसरे प्रकार का कार्यक्रम; २. विशाल संगीत रचना के प्रमुख विभागों को जोड़ने वाला कार्यक्रम।

intermigration (in tĕr mĭ grā' shŭn) सं० १. अन्तर प्रवसन, पारस्परिक प्रवास, एक-दूसरे के स्थान पर जाने की क्रिया, अन्योन्य प्रवसन* (वि० १ भी)।

interminable (in tĕr' mĭ năbl) [late L. *interminābilis* (IN-[2], *terminārе*, to TERMINATE)] वि० १. अछोर, अपार, अनंत; २. असीम, निःसीम, अत्यंत लंबा; ३. अनवरत, बेहद, खत्म न होने वाला। **interminableness** सं० १. अनंतता; २. असीमता, निःसीमता, अत्यंत लम्बाई। **interminably** क्रि० वि० १. अनंततः, अपार या अछोर रूप में; २. असीमता की दृष्टि से, निःसीमता से।

intermingle (in tĕr ming' gel) क्रि० स० और अ० १. अन्तर्मिश्रण होना या करना, (दो वस्तुओं को एक दूसरी में) मिलाना, संमिश्रण करना; २. मिलना, संमिश्रित होना; ३. परस्पर मिश्रित करना*, परस्पर मिश्रित होना* (वि० १ भी)।

intermit (in tĕr mit') [L, *intermittere* (INTER-, *mittere*, to send), p.p. *-missus*] क्रि० स० और अ० १. थमना, रुकना, ठहरना, स्थगित होना; २. (विशे० ज्वर, दर्द आदि का अथवा नब्ज का) कुछ समय के लिए रुक जाना; ३. विराम या विश्राम करना। **intermittence, intermission** सं० १. विराम, विश्राम, ठहराव, रुकाव, स्थगन (विशे० without ~); २. थियेटर आदि का अंतराल या विश्राम; ३. इस अंतराल के मध्य बजने वाला साज़। **intermittent** वि० १. सविराम* (आ०, इ० ३ भी), रुक-रुक कर होने वाला या घटित होने वाला, बारी दे कर आने वाला, थोड़े समय का अन्तर दे कर आने वाला; २. (ई० २, ३, वि० १) आंतरायिक*; ३. सविरामी* (आ० भी)। **intermissive, intermittently** क्रि० वि० थम-थम कर, रुक-रुक कर, थोड़ी-थोड़ी देर में, विराम के साथ।

intermix (in ter miks') क्रि० स० और अ० १. अन्तर्मिश्रण होना या करना, आपस में मिलाना, संमिश्रण करना; २. आपस में मिलना, समिश्रित होना। **intermixture** सं० आपस में मिला कर बनाया गया मिश्रण, संमिश्रण, अंतर्मिश्रण।

intern[1] (in tĕrn') [F. *interner*, from L. *internus*, INTERNAL] क्रि० स० नज़रबद करना, स्थानबद्ध करना। **internee** सं० नज़रबन्द या स्थान-बद्ध व्यक्ति। **internment** सं० नजरबन्दी स्थान-बंधन। **~camp** युद्ध बंदियों और अन्य-देशीय नागरिकों का शिविर या कैम्प।

intern[2] (in tĕrn') सं० (अमरीकी प्रयोग) अस्पताल में रह कर सहायक चिकित्सक या सहायक शल्य-चिकित्सक के रूप में काम करने वाला विद्यार्थी-डॉक्टर या नया ग्रेजुएट।

internal (in tĕr' năl) [med. L. *internālis*, from *internus*, inward (*in*, IN)] वि० १. अंदर का, भीतरी, अंदरुनी, अन्त, अन्तिम, आन्तरिक* (आ०, इ० ३, प्र०, वि० १ भी), तात्त्विक, वस्तु की भीतरी या आंरिक प्रवृत्ति से संबद्ध; ३. घरेलू, देसी, किसी देश के घरेलू मामलों से संबद्ध, ४. मानसिक, आत्मिक, आध्यात्मिक, आन्तरिक* (आ०, इ० ३, प्र०, वि० १ भी), हार्दिक, आंतरिक, आत्मपरक। सं० (बहुव०) भीतरी गुण, आंतरिक विशेषताएं। **~combustion engine** अन्तर्दहन इंजन, ऐसा इंजन जिसकी संचालन-शक्ति उसके सिलिंडर में रहने वाली गैस के मिश्रण या भाप बने हुए तेल अथवा पैट्रोल और हवा के घर्षण से उपलब्ध होती है। **~evidence** अन्तःसाक्ष्य, आत्मसाक्ष्य, ऐसा साक्ष्य जो किसी वस्तु में ही निहित हो, (तुल० EXTERNAL.)। **internality** सं० १. आंतरिकता; २. तात्त्विकता, मानसिकता, आभ्यंतरिकता, हार्दिकता, आत्मपरकता। **internally** क्रि० वि० १. आंतरिकता से; २. तात्त्विक दृष्टि से; ३. मानसिक या हार्दिक रूप से, आत्मपरकता की दृष्टि से।

international (in ter năsh' ŏ năl) [INTER-, NATIONAL] वि० अंतर्राष्ट्रीय* (आ०, इ० २, वि० १ भी)। **International Working Men's Associations** अंतर्राष्ट्रीय श्रमजीवी, सब देशों के श्रमजीवी वर्गों की संयुक्त राजनीतिक कार्यवाही की प्रगति के लिए निर्मित संघ। सं० १. अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगी, (प्रायः व्यायाम संबंधी) अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाला व्यक्ति; २. अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता; ३. किसी अंतर्राष्ट्रीय संघ का

सदस्य। **first, second, third~** तीन अंतर्राष्ट्रीय संघ (१. मार्क्सवादी १८६२-७३; २. फ्रांसीसी समाजवादी १८८९; ३. रूसी साम्यवादी, संक्षे० Comintern १९१९-४३)। **internationalism** सं० अंतर्राष्ट्रीयतावाद*/ अंतर्राष्ट्रीयता*/ अंतर्राष्ट्रवाद* (भा० १ भी)। **internationalist** सं० अंतर्राष्ट्रीयतावादी* (भा० १ भी); (विशे० अंतर्राष्ट्रीय अश्व-जीवी संघ का समर्थक); अंतर्राष्ट्रीय विधि का जानकार या ज्ञाता, अन्तर्राष्ट्रवादी* (भा० १ भी)। **internationality** सं० अंतर्राष्ट्रीयता। **internationalize** अंतर्राष्ट्रीकरण करना, (विशे० किसी राज्य, क्षेत्र आदि को) विभिन्न राष्ट्रों के संयुक्त संरक्षण आदि में लाना या अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के अधीन करना। **internationalization** सं० अंतर्राष्ट्रीकरण। **internationally** क्रि० वि० अंतर्राष्ट्रीय दृष्टि से, अंतर्राष्ट्रीय रूप में।

internecine (in tĕr nē' sīn) [L. *internecīnus* (INTER-, *necāre*, to kill)] वि० १. अन्योन्य ध्वंसी* (भा० १ भी), परस्पर विनाशकारी, दोनों को तबाह करनेवाला, आपस में तबाही फैलाने वाला, नाशकारी, परस्पर घातक* (भा० १ भी); २. (भू०) घातक, भयानक, भीषण (जैसे ~war)।

internode (in' tĕr nōd) (वन०) जहाँ से पत्तियाँ उगती हैं उन दो गाँठों के मध्य के पेड़ के तने का भाग, (ग्र० वि०) दो जोड़ों के बीच का नाजुक भाग, (विशे० अँगुली या पैर की अँगुली की हड्डी)।

internuncio (in ter nŭn' shi ō) [It. *internunzio*, L. *internuntius* (INTER-, *nuntius*, see NUNCIO)] सं० १. अन्तर्सनियो, विदेशी न्यायालयों में जब या जहाँ पोप का राजदूत नियुक्त न हो वहाँ पोप का राजदूत; २. (इति०) ऑटोमन पोर्ते (कॉन्स्टांटिनोपुल में ऑटोमन न्यायालय) में (विशे० आस्ट्रिया) सरकार का राजदूत। **internuncial** वि० विभिन्न अवयवों को संबंधित करने वाली नाड़ियाँ, मध्यस्थ स्नायु।

interoceanic (in ter ō shi ăn'-ik) वि० अंतर-महासागरीय, दो महासागरों का मध्यवर्तीय भाग या संयोजक।

interosculate क्रि० अ० १. एक-दूसरे से मिलजाना, संमिश्रित हो जाना; २. बीच की कड़ी बनना, जोड़ने वाली कड़ी बनना। **interosculation** सं० १. संमिश्रण; २. बीच की कड़ी, जोड़ने वाली कड़ी।

interosseal, -seous (in ter os' ē ăl, -us) वि० अस्थियों के मध्य का।

interpage (in tĕr pāj') क्रि० स० मध्यवर्ती (प्रायः कोरे) पन्ने पर छापना या लिखकर (कुछ) सन्निविष्ट करना।

interparietal (in tĕr pă ri' ē tăl) वि० खोपड़ी की बाँयें और दाँयी हड्डियों के बीच का।

interpellate (in tĕr pel' āt, in tĕr' pel āt) [L. *interpellātus* (INTER-, *pellāre*, var. of *pellere*, to drive)] क्रि० स० १. प्रश्न पूछना, प्रश्न करना; २. अवान्तर प्रश्न करना, (विदेशी, विशे० फ्रांस की सभा में संबद्ध मंत्री से) कैफ़ियत या स्पष्टीकरण माँग कर सभा के किसी दिन के कार्यक्रम को गड़बड़ कर देना या उसमें बाधा डालना। **interpellation** सं० (विधान-सभा में) विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए पूछे गए प्रश्न, अवान्तर प्रश्न, संप्रश्न। **interpellator** सं० इस प्रकार प्रश्न पूछनेवाला।

interpenetrate (in tĕr pen' ē trāt) क्रि० स० और अ० १. अंतर्भेद करना, प्रविष्ट करना, पूर्णरूपेण व्याप्त करना, अंदर तक घुस या पैठ जाना; २. एक दूसरे के अंदर जाना; ३. (अ०, दो वस्तुओं का) एक-दूसरे में घुस जाना। **interpenetration** सं० १. अंतर्भेदन, अंतर्प्रवेश, अंतर्वेधन* (वि० १ भी); २. पारस्परिक भेदन। **interpenetrative** वि० १. अंतर्भेदक, अंतर्व्याप्त शक्ति-शील; २. पारस्परिक भेदक।

interplanetary (in tĕr plān' ē tăr i) वि० अंतर्ग्रही, ग्रहों के मध्य में।

interplay (in' tĕr plā) सं० १. आपसी खेल, पारस्परिक क्रीड़ा; २. दो वस्तुओं की परस्पर क्रिया या अन्योन्य प्रभाव।

interplead (in tĕr plēd') [A.-F. *enterpleder*] क्रि० अ० अंतर्वाद लाना, अन्तरामिवचन करना, दो व्यक्तियों का एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा करना, किसी ऐसी बात या प्रश्न को निबटाने के लिए जिससे किसी तीसरे व्यक्ति का संबंध हो।

interpolate (in tĕr' pō lāt) [L. *interpolātus*, p.p. of *interpolāre* (INTER-, *polāre*, rel. to *polire*, to POLISH)] क्रि० स० १. प्रक्षिप्त करना, बीच में डालना, अन्तर्वेशन करना, (पुस्तक आदि में) क्षेपक मिलाना, प्रक्षिप्तांश सम्मिलित करना, (विशे० तिथियों के मिथ्या प्रदर्शन के लिए); २. क्षेपक या प्रक्षिप्तांश के रूप में (शब्दों को) ढूँसना या जोड़ना; ३. (गणि०) श्रेणी में (मध्यवर्ती पद) घुसेड़ना। **interpolation** सं० प्रक्षेप*/ अंतर्वेशन* (इं० २, प्र०, भा० १, ३, वि० १ भी), प्रक्षिप्तांश। **interpolator** सं० क्षेपककार, उक्षेपता, क्षेपक आदि जोड़ने वाला, अन्तर्वेशन करने वाला।

interpose (in tĕr pōz') [F. *interposer*] क्रि० स० और अ० १. हस्तक्षेप करना, दखल देना, बीच में घुसेड़ना, अंतरास्थापन करना, बीच में डालना या ले आना; २. (बीटों या अभिवेद, आपत्ति, अधिकार आदि का) हस्तक्षेप के रूप में प्रयोग करना या काम में लाना; ३. (झगड़ा करने वालों आदि के) बीच में पड़ना, बीच-बचाव करना, मध्यस्थ बनना, बिचौलिया बनना; ४. बाधा के तौर पर (उद्धृत शब्दों का) उच्चारण करना; ५. विघ्न या बाधा डालना; ६. तारतम्य तोड़ना, नैरंतर्य को आघात पहुँचाना; ७. बात काटना। **interposal** सं० १. अंतरास्थापन, हस्तक्षेप, दखल, बीच-बचाव; २. मध्यस्थता; ३. तारतम्य या नैरंतर्य-भंजन।

interposition (in ter pō zish' un) [F., from L. *interpositiōnem*, nom. *-tio*] सं० १. हस्तक्षेप, दखल, बीच में पड़ना या डालना; २. बीच में डाली गयी या रखी गयी वस्तु।

interpret (in tĕr' pret) [F. *interpréter*, L. *interpretāri*, from *interpres -pretis* (INTER-, *-pret-*, cogn. with Sansk. *prath-*, to spread abroad)] क्रि० स० और अ० १. (दुर्बोध शब्दों, लेखों आदि की) व्याख्या करना* (वि० १ भी), विस्तार से विवेचन या अर्थ समझाना, मतलब समझाना, खोलना, मीमांसा करना; २. अर्थ लगाना, अर्थ निकालना, अर्थ बताना, निर्वचन करना* (वि० १ भी); ३. टीका या भाष्य लिखना, कलात्मक रूप में अर्थ या अभिप्राय का स्पष्टीकरण करना; ४. निश्चयपूर्वक समझाना या समझना, भाषान्तर करना (जैसे this we~as a threat); ५. दुभाषिए के रूप में काम करना। **interpretable** वि० व्याख्येय, व्याख्या-सापेक्ष, टीका या भाष्य के योग्य। **interpretation**सं० १. निर्वचन* (प्र०, भा० १, विधि भी), विवृति, व्याख्या* (आ०, भा० १ भी), अर्थ लगाना* (प्र० भी), विस्तृत विवेचन, विवरण* (आ० भी); २. अर्थ; ३. टीका, भाष्य; ४. निश्चयात्मक अर्थ; ५. भाषान्तरण* (विधि भी), दुभाषिये का कर्म। **interpretative** (in ter' pre tā tiv) वि० निर्वचनीय, व्याख्यात्मक। **interpreter** सं० १. व्याख्याता, विवेचक; २. टीकाकार, भाष्यकार, वृत्तिकार; ३. भाषान्तरकार, दुभाषिया* (प्र०, आ०, भा० १,

विधि भी)। **interpretership** सं० दुभाषियापन। **interpretress** सं० दुभाषिया स्त्री, द्विभाषिणी।

interprovincial (in ter pró vin' shál) वि० अंतर-प्रांतीय, दो प्रदेशों के मध्य का।

interpunctuate (in ter pŭngk' tū āt) क्रि० स० (वाक्य के बीच में) विराम-चिह्न का प्रयोग करना। **interpunctuation, interpunction** सं० विराम-चिह्न का प्रयोग।

interracial (in ter rā shi ăl, -shál) वि० विभिन्न जातियों में स्थित।

interregnum (in ter reg' núm) [L. INTER-, *regnum*, REIGN)] सं० (बहुव० **-nums**) दो शासनों के बीच का काल, अराजक काल, अन्तर्काल, शासक-शून्य काल (विशे० एक राजा के शासन काल की समाप्ति और उसके उत्तराधिकारी के अभिषेक के बीच का समय)।

interrelation (in ter ré lā' shun) सं० १. पारस्परिक संबंध, आपस का ताल्लुक; २. अन्तरासंबंध* (मा० ३ भी)। **interrelationship** सं० पारस्परिक संबद्धता, आपसी रिश्तेदारी।

interrogate (in ter' ó gāt) [L. *interrogātus*, p.p. of *interrogāre* (INTER-, *rogāre*, to ask)] क्रि० स० १. (व्यक्ति आदि से) प्रश्न करना, परिप्रश्न करना* (प्र० भी), सवाल पूछना; २. जाँच-पड़ताल करना; ३. पूछताछ करना* (प्र० भी); ४. पूछ्ट करना। **interrogation** सं० १. पूछताछ* (प्र० भी), जाँच-पड़ताल, परिप्रश्न, प्रश्न या सवाल (पूछना), पृच्छा* (प्र० भी)। **point, mark, note of~** प्रश्नचिन्ह, प्रश्नवाचक चिन्ह (?)। **interrogative** (in ter rog' á tiv) वि० १. प्रश्नार्थक, प्रश्नात्मक, सवालिया, प्रश्न-रूप, प्रश्न-वाचक, प्रश्नसूचक; २. जाँच-पड़ताल, पूछताछ आदि से संबद्ध (जैसे an~tone), (व्या०) प्रश्नवाचक शब्द (जैसे ~pronouns) प्रश्नवाचक सर्वनाम (कौन?, किसने?, कौन सा?, आदि)। सं० प्रश्नवाचक शब्द, (विशे० सर्वनाम)। **interrogatively** क्रि० वि० १. सवालिया तौर पर, प्रश्न-रूप में, प्रश्नवाचक दृष्टि से; २. जाँच-पड़ताल के लहजे में, पूछताछ के लिए। **interrogator** सं० प्रश्नकर्ता, सवाल पूछने वाला, परिप्रश्नक* (प्र० भी)। **interrogatory** वि० सवालिया, प्रश्नात्मक, जाँच-पड़ताल या पूछताछ संबंधी (जैसे an~tone)। सं० सवाल, प्रश्नावली, प्रश्न*, पूछताछ*, जाँच-पड़ताल*, प्रश्नमाला* (विधि भी)।

interrupt (in ter rŭpt') [L. *interruptus*, p.p. of *interrumpere* (INTER-, *rumpere*, to break)] क्रि० स० १. प्रतिबंध, (बात) काटना, बीच में ही रोक देना, बंद कर देना, वस्तादावी करना, हस्तक्षेप करना; २. विघ्न या बाधा डालना, रुकावट या अड़चन पैदा करना, विघ्न उपस्थित करना; ३. सिलसिला खत्म करना, गैरतर्य भंग करना। **interruptedly** क्रि० वि० १. बीच में ही रोकते हुए, वस्तादावी द्वारा, हस्तक्षेपपूर्वक; २. बाधा या विघ्न डालते हुए; ३. सिलसिला तोड़ते हुए। **interrupter** सं० १. बीच में ही रोकनेवाला, हस्तक्षेप करनेवाला; २. बाधक, विघ्नकारी। **interruption** सं० १. बाधा, विघ्न* (विधि भी), रुकावट, हर्ज, बंद किया जाना, क्रम या सिलसिला टूटना, (ई० २) अंतरायण*। **interruptive, ~tory** वि० विघ्न या बाधा का, रुकावट का, सिलसिला टूटने का।

intersect (in ter sekt') [L. *intersectus*, p.p. of *intersecāre* (INTER-, *secāre*, to cut)] क्रि० स० और अ० १. प्रतिच्छेदन करना* (ई० १, वि० १ भी), (रेखाओं का) एक दूसरे को काटना; २. काटना* (वि० १ भी), चीरना, बीच से दो करना। **intersection** सं० १. बिन्दु या रेखा जहाँ दो रेखाएँ मिलती हों, चौराहा (भी); २. (ई० १, ३, वि० १) प्रतिच्छेदन*, प्रतिच्छेद*; ३. (आ०)अन्तरावयव*, अन्तरायोजी*। **intersectional** प्रतिच्छेद या काट-विषयक।

interseptal (in ter sep' tál) वि० दो विभागों या टुकड़ों के बीच का।

interspace (in tér spās) सं० स्थान या काल का अंतराल।

intersperse (in tér spĕrs') [L. *interspersus*, p.p. of *interspergere* (INTER-, *spargere*, to scatter)] क्रि० स० १. छितराना, छिटकाना, फैलाना, बिकीर्ण करना, बिखराना, बुरकना, इधर-उधर रखना या छिड़कना; २. (इस प्रकार बिखरी हुई अन्य वस्तुओं से किसी वस्तु को) भिन्न बनाना, विशिष्ट बनाना। **interspersion** सं० १. छितराने, छिटकाने, बिखराने या इधर-उधर रखने की क्रिया; २. भिन्न बनाने की क्रिया, विशिष्ट बनाने की प्रक्रिया, बिकीर्णन।

interspinal, -spinous (in tér spī' nál, -nus) वि० रीढ़ की हड्डियों के बीच का या रीढ़ की हड्डी की बाड़ के बीच का।

interstate (in' ter stāt) वि० (अमरीकी प्रयोग) अंतर्राज्यीय, राज्यों के बीच का।

interstellar, -lary (in tér stel' ár, -ár i) वि० तारों के मध्य का।

interstice (in tĕr' stis, in' ter stis) [M.L., from L. *interstitium*, from *intersistere* (INTER-, *sistere*, to place, causal from *stāre*, to stand)] सं० १. अन्तराल, बीच की जगह, मध्य का स्थान; २. छेद, छिद्र, रंध्र, ३. दरार, झिरी।

interstitial वि० १. छिद्र का; २. छिद्रपूर्ण, छिद्रिल, अंतरालीय* (मा० ३ भी)।

interstratify (in ter străt i fi) क्रि० स० (तह या पर्त के साथ) बिखराना, इधर-उधर रखना। **interstratification** सं० (तह या पर्त के साथ) बिखेरने या इधर-उधर रखने की क्रिया।

intertangle (in ter tăng' gel) क्रि० स० आपस में उलझ जाना। **interanglement** सं० उलझाव, आपसी उलझन, उलझन की स्थिति।

intertribal (in tér trī' bál) वि० विभिन्न क़बीलों का, विभिन्न फ़िरक़ों में स्थित।

intertwist (in ter twist) क्रि० स० साथ-साथ बँटना या ऐंठना।

interval (in' ter vál) [O.F. *intervalle*, *entreval*, L. *intervallum*, the space between palisades or ramparts (INTER-, *vallum*, rampart)] सं० १. मध्यांतर, मध्यावकाश*, (मा० २ भी), बीच का फ़ासला, अन्तर* (कृ०, वि० १ भी), अन्तराल* (आ०, प्र०, मा २, विधि भी), बीच का समय या स्थान; २. विराम, विश्राम; ३. व्यवधान, व्याघात, कमी, रिक्ति, अवधि, अवकाश; ४. (संगी०) स्वरानुपात, अंतर, दो सुरों के मध्य का अंतर; ५. गुणों को दृष्टि से व्यक्तियों या वस्तुओं का फ़र्क़ या अंतर; ६. (प्र०) अंतरावधि*; ८. समयावकाश* समयान्तराल* (आ० भी)। **intervallic** वि० १. मध्यावकाशीय, मध्यांतरिक; २. व्यवधानपूर्ण, अवकाश युक्त।

intervein (in tér vān) क्रि० स० नसों में अंतर्विभक्त होना या करना।

intervene (in tĕr vēn') [L. *intervenīre* (INTER-, *venīre*, to come) p.p. *interventus*] क्रि० अ० १. बाहरी या ऊपरी वस्तु की भाँति आ पड़ना, अनचाहे या अनजाने आ पड़ना, अचानक आ टपकना; २. बीच में ही हो जाना, इसी बीच या साथ ही साथ घट जाना; ३. (व्यक्ति या वस्तु का) बीच में पड़ना, बीच में आना, बीच-बचाव करना, मध्यस्थता करना; ४. दस्तंदाजी करना, हस्तक्षेप करना*, अन्तःक्षेप करना* (मा० १ भी) ; ५. तलाक के मामलों में राजा के नियंत्रा या प्रॉक्टर का बीच में पड़ना या मध्यस्थता करना; ६. बीच में पड़ना, मध्यवर्ती होना। **intervener** मध्यस्थ (विशे० अमरीकी नहीं, राजा का नियंत्रा या प्रॉक्टर)। **intervenient** वि० १. बाहरी या ऊपरी वस्तु की तरह आ पड़नेवाला, दखल देने वाला; २. साथ ही साथ होनेवाला, इसी बीच घटित होनेवाला; ३. विचौलिया, मध्यस्थ; ४. हस्तक्षेप-कारी। **intervention** सं० १. मध्यस्थता, बीच-बचाव; २. हस्तक्षेप* (मा० १, विधि भी), दखल, मध्यक्षेप* (विधि भी), अंतःक्षेप* (मा० १ भी)।

interview (in' tĕr vū) [O.F. *entrevue*, from *entrevoir* (INTER, *voir*, L. *vidēre*, to see)] सं० १. मुलाकात, इंटरव्यू*, साक्षात्कार* (मा० २, ३ भी), भेंट, दर्शन, प्रत्यक्ष भेंट* (प्र० भी), प्रत्यक्ष दर्शन या मिलन (विशे० विचार-विनिमय के उद्देश्य से); २. समाचार-पत्र के संवाददाता और किसी ऐसे आदमी की भेंट या मुलाकात जिससे वह वक्तव्य प्राप्त करने के लिए मिलता है; ३. प्रत्यक्षालाप*, अभियुक्त-संवाद*,संवाद* (मा० ३ भ०)। क्रि० स० १. मुलाकात करना, भेंट करना, प्रत्यक्ष दर्शन करना, विशे० किसी का इंटरव्यू लेना, किसी से उसके वक्तव्यों को प्रकाशित करने के विचार से मिलना। **interviewer** सं० १. भेंटकर्ता, समालापक, इंटरव्यू लेने वाला, मुलाकात करनेवाला विशे० समाचार-पत्र का संवाददाता, इंटरव्यू-कर्ता* सवार्ताकार* (मा० ३ भी)।

intervolve (in ter volv') [INTER-, L. *volvere*, to roll] क्रि० स० (वस्तुओं को) एक-दूसरे में लपेटना, साथ-साथ गडमड करना।

interweave (in ter wēv') क्रि० स० (वस्तुओं को एक-दूसरी के साथ) बुनना, गूंथना, परस्पर अटकाना या मिलाना, आपस में बुनना, मिला कर बुनना, जोड़ना, मिलाना, गडमड करना।

interwind (in ter wind') क्रि० स० और अ० साथ-साथ लपेटना, अन्तर्वेष्टन करना, साथ-साथ गडमड करना, मिलाना।

interwine (in ter twin') क्रि० स० और अ० १. (वस्तुओं को एक-दूसरी से) बटना, लपेटना; २. बटे जाना, लिपटना। **interwinement** सं० बटने या लपेटने की क्रिया; २. बटे जाने या लिपटने की स्थिति।

intestate (in tes' tāt) [L. *intestātus* (IN-, *testātus*, p.p. of *testārī*, to witness. to make a will)] वि० १. बिना वसीयतनामा किए (व्यक्ति), बिना वसीयत किए (जैसे he died ~), इच्छा-पत्र रहित* (मा० १ भी), ऐसा व्यक्ति जिसने वसीयत न की हो; २. निर्वसीयती* (मा० १, विधि भी)। **intestacy** सं० इच्छापत्र हीनत्व, निर्वसीयता, वसीयत करने के पूर्व ही घटित मृत्यु।

intestine (in tes' tin) [L. *intestinus*, from *intus*, within] वि० आंतरिक, घरेलू, देसी; २. नागरिक, असैनिक। सं० (प्रायः बहुव०) आंत्र* (अ०, कृ०, वि० १ भी), आँत, आँतें, अँतड़ियाँ। **intestinal** वि० आंत-विषयक, अँतड़ियों या आँतों से संबद्ध, आंत्रिक। **small, large** ~ १. क्षुद्रांत्र, छोटी आँत; २. बृहदांत्र, बड़ी आँत, आँत के छोटे-बड़े हिस्से।

intimate[1] (in' ti māt) [late L. *intimātus*, p.p. of *intimāre*, from *intimus*, within] क्रि० स० १. जताना, बताना, सूचित करना, पता, खबर या सूचना देना* (प्र० भी), कथन करना; २. इशारा करना, संकेत देना, इशारतन कहना। **intimation** सं० १. जताने या बताने की क्रिया, प्रज्ञापन, इत्तला, सूचना; २. चेतावनी, इशारा, संकेत।

intimate[2] (in' tim āt) वि० १. गहरा, दिली, घनिष्ठ, अंतरंग, आत्मीय, अभिन्न, लँगोटिया, सुपरिचित (जैसे ~friend), अभिन्न मैत्री, घनिष्ठ मित्रता; २. अनिवार्य, अपरिहार्य; ३. भावनाओं आदि की ((दैनंदिनी)। सं० १. गहरा दोस्त, पक्का साथी, घनिष्ठ मित्र, अंतरंग सखा, आत्मीय, लँगोटिया यार। **~connexion** गहरा ताल्लुक,घनिष्ठ संबंध, अभिन्न संबंध। **~knowledge** गंभीर ज्ञान, सुपरिचय-जन्य गहन ज्ञान। **intimacy** सं० १.घनिष्ठता, अभिन्नता; २. आत्मीयता, घनिष्ठ या अंतरंग मैत्री; ३. नाजायज ताल्लुक, अवैध यौन संबंध, अवैध प्रसंग।

intimidate (in tim' i dāt) [med. L. *intimiddtus*, p.p. of *intimidāre* (IN-, *timidus*, TIMID)] क्रि० स० १. धमकी देना, धमकाना, डराना, डर दिलाना, डरा देना, भयभीत करना; २. सीधा कर देना; ३. त्रास देना; ४. किसी के व्यवहार को प्रभावित करने के लिए डराना, धमकाना। **intimidation** सं० डांट-डपट, धमकी, डराव, त्रास, डर या भय दिखाने की क्रिया, अभित्रास* (विधि भी)। **intimidator** (in tim' i dā tor) सं० १. डांट-डपट करनेवाला; २. धमकी या त्रास देनेवाला व्यक्ति।

intimity (in tim' i ti) [F. *intimité*, from *intime*, L. *intimus*, innost] सं० १. अंतर्मुखता, आंतरिकता, आभ्यंतरिकता, अदरूनीपन, भीतरीपन; २. तखलिया, एकांत, गोपनीयता।

intinction (in tingk' shən) [late L. *intinctio*, from *intingere* (IN-[1], *tinguere*, to moisten)] सं० इटिंक्शन, ईसा के अन्तिम भोज के पर्व में रोटी को मदिरा में डुबाने का संस्कार।

intituled (in tī' tūld) [F. *intitulé*,L. *intitulāre*, to ENTITLE] वि० (मुख्यतः संसद का अधिनियम)नामक, शीर्षक या उपाधियुक्त, संज्ञात, अभिहित।

into (in' too) [A.-S. *in to* (IN, adv., TO)] पूर्व० १ में, अंदर, भीतर, किसी वस्तु में किसी बिंदु की ओर उन्मुख गति या दिशा का व्यंजक, प्रा० और ला० (जैसे come ~the garden, throw ~the fire, look ~the box, come ~property); २. परिवर्तन, स्थिति या परिणाम का द्योतक (जैसे turn stones ~gold, divide them ~three classes)।

intoed (in' tōd) वि० जिसके पाँव की अँगुलियाँ अंदर की ओर मुड़ी हों।

intolerable (in tol' ĕr ābl) [F.,from L. *intolerābilis*] वि० असह, असह्य, दुःसह, असहनीय, बर्दाश्त के बाहर, सहनशक्ति के परे। **intolerableness** सं० असह्यता, दुःसहता, असहनीयता। **intolerably** क्रि० वि० असह्य रूप में, असहनीयता से।

intolerant (in tol' er ānt) [F., from L. *intolerantem*, nom. *-ans*] वि० १. (विशे० अपने से भिन्न धार्मिक मत के प्रति) असहिष्णु, असहनशील, सहिष्णुताहीन; २. अनुदार। **intolerance** सं० असहिष्णुता* (मा० २, ३ भी), असहनशीलता, अनुदारता। **intolerantly** क्रि० वि० असहिष्णुतापूर्वक, असहनशीलता दिखाते हुए।

intonate क्रि० स० दे० INTONE।

intonation (in tō nā' shən) सं० १. काकु, स्वर पाठ, लय से पढ़ना, तरन्नुम से पढ़ना; २. (मध्यकालीन पद्धति पर मुक्त ताल में रचित गीत) के आरंभिक बोल; ३. तर्ज या लय का उच्चारण

का निर्माण; ४. ध्वनि-उच्चावचन, स्वर-शैली; ५. आवाज़ या आघात का स्वर-परिवर्तन, स्वर का उतार-चढ़ाव, लय, सुर; ६. लहजा, उच्चारण ।

intone (in tōn') [med. L. *intonāre* (*in tonum*, in tone (*tonus*, TONE)] क्रि० स० १. (स्तोत्र, प्रार्थना आदि का) सस्वर पाठ करना, लय से पढ़ना; २. खास लहजे मे बोलना, खास अंदाज में बात करना, विशिष्ट सुर में बोलना या कहना।

intoxicate (in tok' si kāt) [med. L. *intoxicātus*, p.p. of *intoxicāre*, to smear with poison (IN-[1], *toxicāre*, from *toxicum*, Gr. *toxikon*, from *toxa*, arrows)] क्रि० स० १. पिलाना, सुरा-पान कराना, नशा कराना; २. उन्मत्त कर देना, आपे से बाहर कर देना, पागल बना देना; ३. मदमत्त करना, मतवाला कर देना, फूला न समाना, (भू० कृ० में जैसे ~with joy) मस्त होना, नशे में होना। **intoxicant** वि० नशीला, मादक* (आ० भी)। सं० नशीली चीज, मादक पेय, मादक द्रव्य। **intoxicating** वि० १. नशीला, मादक* (द्रव्य) (आ० भी); २. उत्तेजक, उन्मादक, पागल कर देने वाला। **intoxication** सं० १. नशा, मस्तता* (विधि भी), मादकता* (आ० भी); २. उन्माद।

intra- [L. *intrā*, within] १. लैटिन शब्द intra (=अंदर, भीतर) अंत:* (वि० १ भी) का समास मे प्रयुक्त रूप।

intractable (in trăk' tăbl) [F., from L. *intractābilis* (IN-, TRACTABLE)] वि० १. दुर्दम, अडियल, हठी, उद्धत, दुर्व्यवस्य* (वि० २ भी); २. कठोर, कठिन, दुष्कर; ३. न दबने योग्य, जिसे सभाया न जा सके। **intractability, intractableness** सं० १. अड़ियलपन, हठ; २. कठोरता, कठिनता, दुष्करता। **intractably** क्रि० वि० १. अड़ियलपन दिखाते हुए, हठ से, दुर्दम्य रूप मे, २. कठोरता, कठिनता या दुष्करता की दृष्टि से।

intrados (in trā' dos) [F. (INTRA-, *dos*, the back)] सं० (वास्तु०) मेहराबी शिकन, मेहराब का अदरूनी खम या वक्र (तुल० EXTRADOS)।

intransigent (in trăn' si jent)[F. *intransigeant*, Sp. *intransigente* (IN-[2], L. *transigens -ntem*, pres. p. of *transigere*, to come to an understanding, to TRANSACT)] वि० (राजनीति में) कट्टर, कठोर, दुराग्रही, समझौता न करनेवाला। सं० १. (राजनीति में) कट्टर, कट्टर विरोधी, कठोर या समझौता न करने वाला व्यक्ति; २. न मानने वालों, न मिल सकने वाला, अनमेल (वस्तु या व्यक्ति)। **intransigence** सं० (राजनीति में) कट्टरता, कठोरता, दुराग्रह, हठधर्मिता, जिद्द।

intransitive (in trăn' si tiv) [L. *intransitīvus* (IN-[2], TRANSITIVE)] वि० और सं० १. अकर्मक; २. अकर्मक (क्रिया) (तुल० TRANSITIVE)। **intransitively** क्रि० वि० अकर्मक क्रिया के रूप में।

intrant (in' trănt) [L. *intrans -ntem*, pres. p. of *intrāre*, to ENTER] सं० कॉलेज, संघ आदि मे प्रवेश करने वाला, भीतर आने वाला, दाखिला लेने वाला, भर्ती होनेवाला।

intrepid (in trep' id) [L. *intrepidus* (IN-[2], TREPID)] वि० निर्भीक, निडर, निर्भय, निश्शंक, साहसी, बहादुर, दिलेर, वीर, शूर। **intrepidity** (in tre pid' i ti) सं० निर्भीकता, निडरता, निर्भयता, निश्शंकता, साहस, बहादुरी, दिलेरी, वीरता, शूरता। **intrepidly** क्रि० वि० निडरता से, निर्भयतापूर्वक, बहादुरी से, दिलेरी से, वीरतापूर्वक, साहस से।

intricate (in' tri kăt) [L. *intrīcātus*, p.p. of *intricāre* (IN-[1], *trice*, hindrances, wiles)] वि० १. पेचीदा, पेचदार, उलझन-पूर्ण, उलझा हुआ, जटिल, मुश्किल, फँसा हुआ, ग्रस्त; २. अस्पष्ट, गहन, गूढ़, दुर्बोध। **intricacy** सं० १. वैषम्य, गहनता, पेचीदापन, पेच, बारीकी, उलझन, जटिलता; २. अस्पष्टता, गहनता, गूढ़ता, दुर्बोधता। **intricately** क्रि० वि० १. पेचीदे या जटिल रूप मे; २. अस्पष्टता से, बारीकी से।

intrigant, *f.m.* intrigante (in' tri gănt, *an* trē gant) [F. *intriguant, -nte*, pres. p. of *intriguer*, see foll.] सं० १. साँठगाँठ, साजिश या षड्यंत्र करने वाला, जाल फैलाने वाला; २ कपट-योग करने वाला; ३. छिप कर प्रेम करने वाला, अनुचित संबंध रखने वाला।

intrigue (in trēg') [F. *intriguer*, It. *intrigare*. L. *intrīcāre*, see INTRICATE] क्रि० अ० और स० १. कूट-प्रबंध करना, कपट-प्रबंध करना, साँठ-गाँठ करना, साजिश करना, षड्यंत्र करना, कपट योग करना; २. चाल चलना, जाल फैलाना, गुप्त प्रभाव का प्रयोग करना; ३. आशनाई करना, नाजायज ताल्लुक़ रखना, अवैध प्रेम-संबंध रखना, छिप कर प्रेम करना; ४. अभिरुचि, उत्सुकता या जिज्ञासा उत्पन्न या जागृत करना। सं० १. कूटप्रबंध, कपटप्रबंध, साँठ-गाँठ, साजिश* (मा० ए भी), षड्यंत्र, कपट योग; २. आशनाई, नाजायज ताल्लुक़, अनुचित संबंध।

intrinsic, -al (in trin' sik, -ăl) [F *intrinsèque*, L. *intrinsecus* (INTRA-, *secus*, following, rel. to *secundus*, SECOND, *sequi*, to follow)] वि० १. निजी, निज,* नैज* (वि० १ भी); २ आन्तरिक, आन्तर* (वि० १ भी), अन्तर्गत, भीतरी; ३. वास्तविक, असली; ४. सहज, स्वाभाविक, कुदरती; ५. (मा० २) अनन्य*। **intrinsically** क्रि० वि० १. वस्तुत:, तत्वत:, यथार्थत:; २. सहज रूप मे, कुदरती तौर पर, स्वाभाविक ढंग से, वास्तविक रूप मे।

intro- [L. *intrō*, to the inside, rel. to *intrā*. in] लैटिन intro (=अंदर या भीतर की ओर) के अर्थ में समास मे प्रयुक्त रूप। **~flexion**, अंतर्वक्रता, अंदर की ओर का झुकाव।

introgression (in trō gresh' ŭn) [L. *introgressus*, p.p. of intrōgredī (INTRO-, gradī, to walk)] सं० अनुक्रमण, अंतर्गमन, अंदर की तरफ़ जाना या आना। **~susception** (श० क्रि०, जीव०) दे० INTUSSUSCEPTION।

introduce (in tro dūs')[L. *intrōdūcere* (INTRO-, *dūcere*, to lead), p.p. *introductus*] क्रि०स० १. प्रारंभ कराना, प्रचलित करना, चलाना, जारी करना, शुरुआत करना; २. (रीति, विचार, सुधार आदि को) प्रयुक्त करना, व्यवहार मे लाना; ३. पेश करना, प्रस्तुत करना, प्रचार के लिए सामने लाना; ४. (समा० आदि का वाक्य को) प्रारंभ करना; ५. (एक व्यक्ति को दूसरे से) मिलाना, परिचय कराना, मुलाकात कराना; ६. (युवती को) समाज मे पदार्पण कराना, सामाजिक जीवन मे प्रवेश कराना, दाखिल कराना; ७. (व्यक्ति को विषय आदि की ओर) मुखातिब करना, ध्यान आकृष्ट करना; ८. संसद मे (विधेयक आदि) प्रस्तुत करना, रखना, पेश करना; ९. (विधि) पुरःस्थापना करना*। **introductory** वि० १. प्रारंभिक; २. प्रास्ताविक, परिचयात्मक, भूमिका या प्रस्तावना संबंधी।

introduction (in trō dŭk' shŭn) सं० १. प्रारंभ; २. प्रस्तुतीकरण; ३. मुलाकात, परिचय* (प्र०, मा० १,२ भी); ४. भूमिका, प्रस्तावना* (प्र०, मा० १,२ भी)। उपोद्घात, प्राक्कथन, आमुख; ५. परिचयात्मक निबंध या लेख आदि; ६. परस्पर परिचय, एक-दूसरे (व्यक्ति) से परिचय कराने की

island (ī' lànd) [M.E. *iland*, A.-S. *igland* (*īg, teg*, -LAND), cp. Icel. *eyland*, Dut. *eiland* (*s* introd. by conf. with foll.)] सं० १. द्वीप* (आ०, वि० १ भी), जज़ीरा; २. (ला०) कोई भी चिलम या असंसक्त वस्तु, विशे० घास के विस्तृत मैदान से घिरी हुई वनभूमि या बहुत चालू सड़क के बीच में बना हुआ चबूतरा, दे० REFUGE; ३. (नौ० वि०) जहाज़ का ऊपरी ढाँचा, पुल आदि; ४. (आ० क्रि०) ऊतक का अन्य भाग या कोषाणु समूह (कोशिका-समूह)। क्रि० स० १. टापू बनाना या विभक्त (विलग) करना; २. द्वीप की तरह चिह्नों से अंकित करना। **islander** सं० १. द्वीपवासी, टापू में रहनेवाला; २. एकांत में रहनेवाला।

isle (īl) [M.E. *ile*, O.F. *ile*, *isle*, L. *insula*] सं० १. द्वीप* (वि० १ भी) (गद्य में प्रायः व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के साथ प्रयुक्त जैसे Isle of wight, British Isles, और प्रायः छोटे द्वीपों के लिए)। **islet** सं० १. छोटा द्वीप; २. असंसक्त स्थल या भूमिखंड; ३. (वि० १) उपद्वीप*; ४. द्वीपिका* (आ० भी)।

ism (izm) [as foll.] सं० वाद, मत, सिद्धांत।

-ism [F. *-isme*, L. *-ismus*, Gr. *-ismos* or *-isma*, from verbal ending *-izein*] प्रत्य० भाववाचक सं० बनाने में प्रयुक्त १. -ize में अंत होनेवाली क्रियाओं से क्रियासूचक सं० (जैसे baptism); २. वर्गद्योतक संज्ञाओं से विशेष आचरण या दशा की सूचक सं० (जैसे heroism, barbarism); ३. विषय या संस्थापक के नाम से या संबद्ध अंतिम शब्द से किसी सिद्धांत या मत की सूचक सं० (जैसे conservatism, Arianism, jingoism); ४. रीति या भाषा की विशिष्टता की सूचक सं० (जैसे Gallicism, archaism); ५. अधिक मात्रा में मादक द्रव्य के प्रयोग के कारण अस्वस्थ दशा की सूचक सं० (जैसे alcoholism)।

isn't दे० BE।

iso- [Gr. *isos*] यूनानी शब्द isos (=समान, सम) का समास में प्रयुक्त रूप (जैसे isobar) सं० समदाब रेखा, समभार रेखा, मानचित्र पर तुल्य वायुभार निर्देशक रेखा, नक्शे में वह कल्पित रेखा जो उन स्थानों को मिलाती हुई खींची जाती है जहाँ पर वायु का भार किसी निर्धारित समय पर या औसतन समान होता है।

isobar (ī' sō bar) [Gr. *baros*, weight] सं० समभार रेखा, तुल्यभार रेखा। **isobaric** वि० समदाब रेखीय, समभार रेखीय, तुल्यभार रेखा से संबंधित।

isocheim (ī' sō kim), सं० मानचित्र में वह कल्पित रेखा जो औसत शीतकालीन तापक्रम वाले स्थानों को मिलाती है। **isocheimal** (ī' sō ki' mal), **isochimenal** वि० और सं० औसत शीतकालीन तापक्रम वाले स्थानों को मिलानेवाली कल्पित रेखा से संबंधित या ऐसी कल्पित रेखा। **isochromatic** (ī so kro mät' ik) समवर्णीय, एक ही रंग का।

isochronal, isochronous, isochronic (ī sō krō' nal, -nus, ī sō kron' ik) समकालिक, तुल्यकालिक, तुल्यकंपी, (जैसे पेंडुलम)।

isoclinal, isoclinic (ī sō klī' nal, -nik) वि० समनत,

समनतिक, समानिमत, समान चुंबकीय नति दिखलाने वाला।
isoclinical lines समनत रेखाएँ, समानिमत रेखाएँ।

isodynamic (ī sō di nām' ik) समगतिक, समान चुंबकीय शक्ति का द्योतक, जिनकी चुंबकीय शक्ति समान हो।

isogeotherm (ī' sō j ē' ō ther n) समभूताप रेखा, वह कल्पित रेखा जो पृथ्वी के अंदर के उन बिंदुओं को मिलाती हुई खींची जाती है जिनका तापक्रम समान होता है।

isogonic (ī sō gon' ik) वि० समचुम्बकीय, समविक्पातीय, तुल्यकोण, समनिगत, जो (चुंबकीय परिवर्तन के) समान कोणों का द्योतक हो।

isolate (ī' sō lā t) [F. *isoler*, It. *isolare*, L. *insulāre*, INSULATE] क्रि० स० १. एकाकी* (मा० २ भी), अलगाना, विलग करना, पृथक् करना, अकेला कर देना; २. (रसा०) पृथक् करना, वियुक्त करना; ३. (बिजुत्) दे० INSULATE; ४. संक्रामक रोग से ग्रस्त होने पर (किसी व्यक्ति के) आवागमन का निषेध करना; ५. संबंध तोड़ना, हर तरफ से रास्ता काट देना। **isolation** (ī' sō lā' shun) सं० १. पृथक्त्व, अलगाव, अलहदगी, विलगता, विलगन* (मा० २ भी), पृथक्करण* (मा० ३ भी); २ एकलन एकांतीकरण*, एकाकीकरण* (मा० ३ भी)। **~hospital, ward** (संक्रामक या छूत के) रोगियों को अलग रखने का अस्पताल या वार्ड, छूत के रोगियों का अस्पताल या वार्ड, पृथक्करण अस्पताल या वार्ड। **isolationism** सं० १. तटस्थतावाद, तटस्थनीतिवाद, अन्य देशों के मामलों से तटस्थ रहने की नीति; २ विसंलिववाद। **isolationist** सं० तटस्थतावादी, तटस्थतानीतिवादी, विसंलिववादी। **isolator** (ī' sō lā tōr) सं० १. पृथक्कर्ता, विच्छेदक, अलगाने वाला; २. (पदार्थ को) इसके मिश्रणों से अलग करनेवाला; ३. संक्रामक रोग से ग्रस्त व्यक्ति के आवागमन पर नियंत्रण रखनेवाला।

isomeric (ī sō m ē' ik) वि समावयवी, समाजिक, जो समान तत्वों के समान अनुपातों से निर्मित हों और जिनका आणविक भार समान हो किंतु जिनका वर्गीकरण विभिन्न हो।

isometric, -al (ī sō mōt' rik, -ăl) समितीय, समान माप का। **isomorphism** (ī sō mor' fizm) समाकृतिकता। **isomorphous** (ī sō mor' fus) समरूपिण, समाकृतिक।

-ison (F. *-aison, -ition, -ison*, L. *-ātiōnem, -etiōnem, -itiōnem*] प्रत्य० संज्ञा बनाने में प्रयुक्त, बाद में इसका रूप -ATION, -ITION हो गया।

isonomy (ī' son' ō mĭ) अधिकारसमता, समाधिकारता।

isoperimetrical (ī so per i met' ri kăl) समपरिमितीय, समपरिमापीय।

isopod (ī' sō pod) [Gr. *pous, podos*, a foot] सं० आइसोपाड* (कृ० भी), केकड़ा का सा पपड़वाला जानवर जिसके पेट पर बराबर टूरी पर सात जोड़े पैर होते हैं।

isosceles (ī sos' e lēz) [late L. *ĭsosceles*, Gr. *isoskelēs*, p. lit equa l- legged (is-, *skelos*, leg)] वि० समद्विबाहु (त्रिभुज), (वह त्रिभुज) जिसकी दो भुजायें बराबर हों।

isosilsmal (ī sō siz' măl) [ISO-, SEISMAL] समभूकंप परिमाणीय, समभूकंपीय। **isotheral** (ī so ther' ăl) वि० और सं० १. ग्रीष्मसमतापीय, ग्रीष्मसमतापिक, जो ग्रीष्म के समय औसत समतापीय स्थानों को मिलाती है; २. ग्रीष्मसमतापिक रेखा, ग्रीष्मसमतापीय रेखा।

isotherm (ī' sō thĕrm) सं० समताप रेखा। **isothermal** वि० समतापीय। सं० समतापीय-रेखा; २. समपाती* (आ० भी)।

isotopes (ī' sō tōps) [Gr. *topos*, place] सं० समस्थानिक, समस्थानिका, विभिन्न अणुभार वाले तत्व के दो या दो से अधिक आकारों में से एक आकार, एक ही तत्व के अन्य रूप (जिनके परमाणुओं का भार एक दूसरे से भिन्न होता है)। **isotropic** (ī so trop' ik) [Gr. *isotropos* (*tropos*, way, from *trepein*, to turn)] वि० समस्थानिक। **isotropy** (ī so trop' ĭ) सं० सार्वतिकता, समस्थानिकता।

Israel (iz' rā el) [L. and Gr. *Israēl*, Heb. *yisrāēl*, striver with God] सं० १. यहूदी; २. (ला०) देवदूत, ईश्वर का प्रतिनिधि; ३. इसराइल, फिलस्तीन में मई १९४८ में स्थापित यहूदी राज्य भी। **Israeli** (iz- rā' li) इसराइल का, इसरायली। **Israelite** सं० इजरायली, यहूदी। **Israelitish** वि० यहूदीय, यहूदी से संबंधित।

issue (ish' ū, is' ū) [O.F., from pop. L. *exītus*, L. *exitus*, from *exire* [EX-, *ire*, to go)] सं० १. निर्गम* (प्र० भी), निर्गमन, बहाव, निकास, प्रसाव,; २. अंत, समाप्ति, अवसान; ३. रक्तस्राव, खून का बहाव; ४. ऐसा घाव जो किसी और घाव की पीप निकालने के लिए बनाया जाय; ५. निर्गम मार्ग, बाहर निकलने का रास्ता; ६. मुहाना, नदी-मुख, नदी का दहाना; ७. औलाद, बालबच्चे, संतति, संतान, बाल-बच्चा (जैसे without male ~); ८. नतीजा, परिणाम, फल; ९. मामला, बात, विषय, समस्या, सवाल, विचारार्थ विषय विशे० (विधि) वादपद*; १०. (हुंडी, नोट, टिकट आदि का) निकास, निर्गमन; ११. किसी एक समय निकाल दिए जाने वाले सिक्कों या नोटों की संख्या, अखबार के किसी एक समय प्रकाशित अंकों की संख्या, प्रकाशन, प्रचालन, आवृत्ति, संस्करण। क्रि० अ० और स० १. निकलना, बह चलना, बाहर आना (out fo th के साथ), २. (किसी दशा से) निकलना, निकल पड़ना; ३. रचना, फूटना, पैदा होना (f om के साथ); ४. फल या नतीजा f o ना, परिणाम निकलना (f om के साथ); ५. अंत होना, फल होना, परिणाम होना (in के साथ); ६. छप जाना, प्रकाशित होना; ७. निकलना, जारी करना; ८. (नोट, समाचार-पत्र) छापना, मुद्रित करना, निकालना, प्रकाशित करना या होना; ९. (सैन्य०) सैनिक को वर्दी आदि देना, काम में आनेवाली चीजें देना, १०. जारी करना* (प्र० भी), भेजना, देना, निकालना। **issuable** छपने योग्य, प्रकाशित करने योग्य। **issuance** सं० प्रकाशन, प्रस्थापन, इजरा। **at ~** १. (व्यक्ति) परस्पर विरोधी या मनभेद रखने वाले, (वस्तु) विवादास्पद, झगड़े में। **in the~** अपूर्णावस्था में। **~of fact** (विधि) तथ्य वादपद (ऐसा मामला जिसमें तथ्यों पर विवाद हो)। **~of law** विधि वादपद, जहाँ किसी कानून का लागू होना विवाद का विषय हो। **join ~** १. किसी निर्धारित विषय पर विवाद करना या बहस करना; २. (विधि) सम्मत वादपद, दोनों दलों का निर्णय के लिए कोई विषय समुपस्थित करना; ३. (एक पक्ष द्वारा) विरोधी पक्ष द्वारा प्रस्तुत वाद-विषय को मान लेना। **issueless** वि० १. बेऔलाद; २. अनंत; ३. रक्तस्रावशून्य; ४. निस्संतान, संतानशून्य; ५. वाद-विषयशून्य।

-ist [F. *-iste*, L. *-ista*, Gr. *-istēs*] प्रत्य० व्यक्तिवाचक संज्ञा बनाने में प्रयुक्त; १. कर्ता के रूप में (जैसे antagonist, plagiarist), २. मतावलंबी के अर्थ में (जैसे atheist, ventriloquist, Darwinist; ३. किसी विषय से संबंधित व्यक्ति के अर्थ में (जैसे dentist, tobacconist, balloonist विशे० जैसे वाद्य यंत्रों का वादक violinist)।

-ister [O.F. *-istre*, var. of prec.] प्रत्य० संज्ञा बनाने में प्रयुक्त (जैसे chorister, palmister, sophister)।

isthmus (is'-, ist' mŭs) [L., from Gr. *isthmos*] सं० १. स्थल डमरुमध्य, संयोजभूमि; २. (ग्रं० वि०, बन०) संयोजक, डमरुमध्य, स्थल-संयोजक, पूर्णसि, लाकलाय, सर्कीर्ण हिस्सा जो दो बड़े हिस्सों को संबद्ध करे; ३. (ग्रा०) सर्कीर्ण पथ*/ इस्थमस*/ सर्कीर्ण संयोजक* । **isthmian** वि० दो बड़े हिस्सों को संबद्ध करनेवाले सर्कीर्ण हिस्से-संबंधी।

i tle (ist' li) [Mex. *istli*] सं० एक रेशा जो डोरी, जाली आदि के बनाने में प्रयक्त होता है।

it[1] (it) [A.-S. *hit*, neut. of *hē*, HE (cp. Dut. *het*, Icel. *hit*)], सर्वनाम (अधिकार संबंधी its, बहुव० they, कर्म them, अधिकार संबंधी their) १. यह, वह, प्रसंगागत व्यक्ति [जैसे who is it (that knocks) ?, it (the pe son that knocks) is I]; २. अव्यक्तिवाचक क्रिया के कर्ता के रूप में [जैसे it rains, it is cold, it (the season) is winter, it (the day) is Ash Wednesday, it (the distance) is 6 miles to Oxford, it says in the Bible (the Bible says) that all men are liars, I would go if it were not (would go but) for the expense]; ३. बाद में आनेवाले कर्ता की जगह पर का कर्ता (जैसे it is absurd talking (or to talk) like that, it is incredible that he should refuse, it is a dirty business, this meat craving); ४. that के बाद आनेवाले कर्ता के स्थान पर का कर्ता (जैसे it is seldom that he fails, it is in vain that you quibble, it is to him that you must apply); ५. उपवाक्य-कर्ता के स्थान पर प्रयुक्त कर्ता (जैसे it was a purse that he dropped, it was the Russians that began it) ६. सकर्मक या अकर्मक क्रिया के अनिश्चित कर्म के रूप में (जैसे face it out, carry it with a high hand, deuce take it, run for it); ७. (बोल०) पराकाष्ठा, चरम सीमा (जैसे for barefaced lying you really are it), ८. (बोल०) आकर्षण-शक्ति, कमनीयता, शारीरिक आकर्षण (जिसे देख कर पुरुष आकर्षित हों)।

it[2] (it) सं० (बोल०) इट, इटली की शराब-विशेष (Italian vermouth) का संक्षिप्त रूप।

itacism (ē tā sizm) [Gr. *ēta*, η (cp. IOTACISM)] सं० ग्रीक ई की तरह यूनानी ए का उच्चारण, तुल० ETACISM; २. पांडुलिपि में अन्य स्वरों के स्थान पर यूनानी ऐंवोटा (iota) का प्रतिस्थापन।

Italian (i tăl' yăn) [L. *Italiānus*, from *Italia*, Italy] वि० इटली का, इटली से संबंधित। सं० १. इटली की भाषा; २. इटली का निवासी। **~cloth** इटालिन, अस्तर के लिए एक कपड़ा। **~hand-writing** इटैलिक लिखावट, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस आदि में प्रचलित लिखावट (गौथिक हस्तलेख के प्रतिकूल)। **~iron** इटैलियन आयरन, लोहे का बेलनाकार आला जो गोटे को लहरदार बनाने के काम आता है। **~ware-house (man)** मोदी की दूकान जहाँ इटली के फल, किराने के सामान, जैतून का तेल आदि बिक्री के लिए रहता है। **Italianism** सं० इटलीवादी, इटली का मुहावरा, रीति, प्रथा आदि। **Italianize** क्रि० स० और अ० इटली की तरह बनाना इटली की भाषा की विशेषताओं से युक्त करना।

italic (i tăl' ik) [L. *Italicus*, Gr. *Italikos*, as prec.] वि० (Italic) प्राचीन इटली का, विशे० प्राचीन इटली से (रोम के अलावा) संबंधित। सं० (बहुव०) इटैलिक्स, तिरछे अक्षर, तिरछे वर्ण जो किसी शब्द पर ज़ोर देने अथवा विभिन्नता प्रकट करने के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं। **~type** इटैलिक टाइप, तिरछे टाइप जो १५०० ई० में वेनिस-निवासी ऐल्डस मैनुशस द्वारा आविष्कृत। **italicize** क्रि० स० शब्दों पर ज़ोर देने के लिए या विभिन्नता प्रकट करने के लिए इटैलिक या तिरछे अक्षरों की छपाई करना।

Italiot (i tăl' i ŏt) [Gr. *Italiōtēs*, from *Italia*, Italy] वि० और सं० इटैलिआट, दक्षिणी इटली में यूनानी उपनिवेशों का निवासी।

itch (ich) [A.-S. *giccan* (cp. Dut. *jeuken*, G. *jucken*)] सं० १. खुजली* (ग्रा० भी), खाज, एक संक्रामक रोग; २. अभिशाप (अभिराम) इच्छा; ३. लोलुपता, लालसा (किसी वस्तु के लिए, कोई काम करने के लिए)। क्रि० अ० १. खुजलाना, खुजली उठना, खुजलाहट पैदा होना; २. (व्यक्ति का या उसकी उँगलियों का किसी वस्तु के लिए या किसी काम को करने के लिए) प्रशांत भाव से (बेचैनी से) आकांक्षित होना या तलाशना, लालसा प्रकट करना। **scratch where it itches** जहाँ खाज पैदा हो वहाँ खुजलाओ।

-ite [F., *-ite*, L. *-ita*, Gr. *-itēs*] प्रत्य०, विशे० और सं० बनाने में, 'संबंधित' के अर्थ में प्रयुक्त; १. व्यक्तियों के नाम में अब प्राय: हीनताजनक (जैसे Sybarite, Durhamite, Shelleyite, Preraphaelite); २. प्रस्तरीभूत पौधों या प्राणियों के नाम में (जैसे ammonite, belemnite); ३. खनिज पदार्थों का (anthracite, haematite, graphite, darwnite); ४. शरीर के अंगों के संबंध में (जैसे somite. cerite, शरीर के खंड, सींग के खंड); ५. कुछ सैकरीन (शर्करिक) पदार्थों, द्राक्षशर्कराओं आदि के संबंध में (जैसे dulcite, pinite); ६. विस्फोटकों के संबंध में (जैसे cordite, dynamite); ७. व्यावसायिक पैदावारों के संबंध में (जैसे ebonite, vulcanite); ८. अम्लक्षारों के संबंध में, जिनके रूप विशे० -ous के साथ बनते हैं (जैसे nitrite, sulphite और वि० nitrous, sulphous); ९. -itus में अंत होनेवाले लैटिन भू० कृ० से क्रि० बनाने में (जैसे erudite, composite), उसी प्रकार के किया संबंधी सं० बनाने में (जैसे appetite), और-ए होने वाले लैटिन भू० कृ० के मूल शब्दों से क्रियाएँ बनाने में प्रयुक्त (जैसे expedite, unite); १०. किंतु -it- में अंत होने वाले लैटिन भू० कृ० के मूल शब्दों से बनी क्रियाएँ प्राय: -it- में समाप्त होती हैं (जैसे deposit, merit)।

item ((ī' tem) [L. in like manner, cp. *ita*, so, from *is*, he, with adv. suf. *-tem*] सं० १. पद, बाबत, विषयक, चीज, मजमून, बात, मद, हिस्सा, रक्म, प्रकरण, एकाश* (मा० २ भी), २. हिसाब आदि में मद, विषय या प्रकरण का उल्लेख; ३. खबर, समाचारपत्र आदि में समाचार विवरण आदि; ४. (प्र०) मदर*, पद। क्रि० वि० उसी प्रकार, तथैव, भी। **itemize** क्रि० स० (अमरीकी प्रयोग) एक-एक करके उल्लेख करना, मदवार सूची बनाना, ब्यौरेवार लिखना।

iterate (it' er āt) [L. *iterātus*, p.p. of *iterāre*, from *iterum*, again] क्रि० स० १. दुहराना, पुनरावृत्ति करना (उद्धृत शब्दों आदि को); २. (दोषारोपण, बयान, आपत्ति आदि को) पुनरावृत्ति करना, बार-बार कहना; ३. तकरार करना, हुज्जत करना। **iterance, iteranсy, iteration** सं० १. दुहराव, पुनरावृत्ति; २. पुनरुक्ति। **iterative** वि० १. दोहरानेवाला, पुनरावृत्यात्मक; २. बार-बार कहनेवाला।

-ites देo -ITE।

Ithuriel's spear (i thūr' i ĕlz spēr) [angel in *Paradise Lost*] सं० खरे-खोटे की कसौटी, असलियत (वास्तविकता) की अचूक परीक्षा।

Ithyphallic (ith i făl' ik)[L. *ithyphallicus*, Gr. *ithuphallikos* (*ithus*, straight, *phallikos*, from PHALLUS)] वि० १. सीधलिंगी, वासना या सुरादेव के पर्वों पर ले जाए जाने वाले लिंग का (शिलोपासना संबंधी); २. सुरादेव की स्तुति में लिखित अजर्लों के छंद से संबंधित। सं० उक्त छंद में रचित कविता, अश्लील कविता।

itinerant (ī-, i tin' ĕr ănt) [L. *itinerans -ntem*, pres. p. of *itinerārī*, from *iter itineris*, a journey], वि० १. परिभ्रमी, भ्रमणशील, घुमने वाला; २. फेरी लगानेवाला; ३. दौरा करनेवाला (न्यायाधिपति); ४. (पादरी) भ्रमणशील, उपदेश देने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण करने वाला। **itinerancy, itinerancy** सं० परिभ्रमण, भ्रमणशीलता, पर्यटन।

itinerary (ī tin' ĕr ă ri) सं० १. यात्राक्रम, यात्रामार्ग यात्रापथ, सफ़र की राह; २. यात्रा वर्णन, भ्रमण वृत्तांत, सफ़रनामा; ३. मार्ग-निर्देशक पुस्तक, पथ प्रदर्शक पुस्तक, मार्गसूची, भ्रमणसूची। वि० सफ़री, भ्रमण संबंधी, पथ संबंधी। **itinerate** क्रि० अ० १. सफर करना, भ्रमण करना, परिभ्रमण करना; २. फेरी लगाना; ३. (पादरी का) उपदेश देने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण करना, दौरा करना, घूमना, पर्यटन करना। **itineration** सं० परिभ्रमण, सफर, यात्रा, दौरा, पर्यटन।

-ition [F. *-ition*, L. *-itiōnem*, -ION] प्रत्य० -ION लैटिन के तृतीय अथवा चतुर्थ वर्ग के भू० कृ० मूल शब्दों में जोड़ा जाता है (जैसे perdition)।

-itious [(1) L. *-icius* or *-icius*; (2) L. *-ōsus*, -OUS, added to stems in *-it-*] प्रत्य०, वि० बनाने में प्रयुक्त (जैसे factitious, avaricious आदि)।

-itis [mod. L. *-itis*, Gr. *-itis*, orig. fem. of adjectives in *-itēs* (qualifying *nosos*, disease)] प्रत्य० विशे० शोथ संबंधी रोगों के नामों में प्रयुक्त (जैसे appendicitis, bronchitis)।

-itous [F. *-iteux*, L. *-itōsus* (*-it-*, -OUS)] प्रत्य० वि० बनाने में प्रयुक्त (जैसे calamitosus)।

its आधिकारिक, वि० दे० IT।

itself (it self') इसके तई, उसके तई, अपने आप, आप ही आप। **by ~** अपने आप, स्वतः, अकेले, बिना किसी सहायता के। **in ~** स्वयं में, स्वतंत्र रूप से, अपने ही आप।

-ity दे० -TY।

-ium [L.] प्रत्य० तत्त्वों के नामों में प्रयुक्त (जैसे sodium, potassium), बाद में धातुओं के नामों में इसका रूप -um हो गया।

-ive [F. *-if*, fem. *-ive*, L. *-ivus*] प्रत्य० [प्रवृत्ति संबंधी] विशेषण बनाने में प्रयुक्त (जैसे talkative, amusive, coercive)।

ivory (ī' vor i) [A.-F. *ivorie*, O.F. *yvoire* (F. *ivoire*), L. *eboreus*, made of ivory, from *ebur eboris*, ivory] सं० १. हाथीदाँत* (वि० १ भी); २. (प्रा०, बहु०) पाँसा; ३. बिलियर्ड की गेंद; ४. पियानों की कुंजियाँ; ५. (प्रा०, एक० या बहु०) दाँत, दंत; ६. (बहु०) हाथीदाँत के सामान, (भा० १) हाथीदाँत-कृति*। **black ~** अफ्रीका के हब्शी (नीग्रो) दास या गुलाम। **vegetable ~** दक्षिणी अमेरिका के खजूर के बीज का कठोर श्वेतकल्क (आलब्यूमिन)। **~ black** हाथीदाँत को जला कर बनाया गया काला रंग या रँगने का काला पदार्थ। **~ nut** आइवरी नट, दक्षिणी अमरीका के खजूर की गुठली। **~ tower** दे० TOWER।

ivy (ī' vi) [A.-S. *ifig*] सं० आइवी, चिरस्यामल बेल विशेष, सिरपेंच की लता, जो सदा हरी-भरी रहती है और जिसकी पंचकोणीय चमकीली पत्तियों का रंग गहरा हरा होता है। **~ geranium** दे० PELARGONIUM। **ivied** वि० जिस पर सिरपेंच की लता चढ़ी हो।

ixia (ik' si ă) [Gr.] सं० इक्सिया, दक्षिणी अफ्रीका के रक्तपुष्प वाले पौधों की एक प्रजाति जिसके फूल बड़े रंग-बिरंगे होते हैं।

Ixion's wheel(ik' si ənz wēl)सं० [यूनानी पु०] इक्साइअन-चक्र, वह पहिया जिस पर इक्साइअन को यमलोक में सदा चक्कर खाते रहने का दंड दिया गया था।

isard (iz' ărd) [F. *isard*, etym. doubtful] सं० इजर्ड, पिरीनीज पर्वत में पाया जाने वाला कृष्णसार (एक प्रकार का हिरण) जो सांभर से मिलता-जुलता है।

-ize [F. *-iser*, late L. *-izāre*, Gr. *-izein*] प्रत्य०, क्रियाएँ बनाने में प्रयुक्त। क्रि० स० इस प्रकार से व्यवहार करना या प्रयोग करना (जैसे catechize)। क्रि० अ० इस प्रकार का अभ्यास करना या होना, इस प्रकार का भाव होना या रखना (जैसे apostatize, sympathize)। क्रि० स० और अ० १. इस परिस्थिति में लाना या होना (जैसे pulverize, englicize, cicatrize); २. किसी के ढंग पर काम करना, किसी के मार्ग का अनुसरण करना (जैसे calvinize, Bowdlerize)। स० १. किसी वस्तु से युक्त करना, पूरित करना (जैसे oxidize), २. इन क्रियाओं में -izer, -ization. और -ist, -ism लगा कर संज्ञाएँ बनाई जाती हैं।

izzat सं० इज्जत, आदर, प्रतिष्ठा, स्वाभिमान, आत्म-सम्मान (कभी-कभी आत्म-प्रदर्शक, अपनी दृष्टि में शानदार)।

J

J, j अंग्रेज़ी वर्णमाला का दसवाँ अक्षर (बहु० Js, J's)। J (pen) जे मुहर से युक्त या जे वर्णांकित चौड़ी नोक (की क़लम), जे मार्का क़लम की नोक।

jaal-goat (jă' al gōt) [Afr.] सं० जालबकरा, सिनाई या उत्तरी मिस्र आदि का जंगली बकरा।

jab (jăb) [prob. imit. (cp. JOB²] क्रि० स० १. कठोरता के साथ चुभोना या भोंकना; २. नुकीले अस्त्र से ज़ख्मी करना या छुरा मारना; ३. सहसा (किसी चीज़ को) धुसेड़ना या (किसी चीज़ से) विद्ध करना (into के साथ)। स० १. धुसड़, भोंक, चुभन; २. आघात या धँसा; ३. (सैन्य०) भोंकी हुई संगीन को अच्छी तरह निकाले बिना फिर से धुसेड़ने की क्रिया।

jabber (jăb' er) [prob onomat., cp, GABBLE] क्रि० अ० और स० १. जल्पना, प्रलाप करना, बकवाद या व्यर्थ की बात करना, बहकना, अंडबंड बकना,; २. जल्दी और अस्पष्ट बोलना; ३. कटकटाना, बंदरों की तरह किलकिलाना। सं० १. बक-बक, बड़-बड़, प्रलाप, जल्पना, २. अस्पष्ट वचन, गिटपिट, गिलबिल, चपड़-चपड़, बड़बड़ाहट।

jabiru (jăb' i roo) [Tupi-Guarani] सं० जबरू, सारस की जाति का एक उष्ण देशीय अमरीकी पक्षी।

jaborandi (jăb or ăn' di) [Tupi-Guarani] सं० जैबोरेंडी, ब्राज़ील के मूलवर्ग्य और प्रस्वेदक गुण-धर्मयुक्त पौधे की सुखाई हुई पत्तियाँ।

jabot (zha bō')[F., etym. unknown] सं० १. स्त्रियों की चोली या अँगिया की नक़्क़ाशीदार झालर या किनारी; २. (इति०) मर्दों की कमीज के अग्रभाग (सामने) की झालर।

jacana (jăk' ə nă)[Port., *jacana*', Tupi-Guarani. *jasana*']सं० जकाना, बेडौल लंबे सीधे पंजों से (तैरते हुए पत्तों पर) चल सकने वाला एक उष्णदेशीय जल-पक्षी।

jacaranda (jăk ə răn' də) [Tupi-Guarani] सं० जैकरेंडा, उष्णप्रदेशीय अमरीका के सख्त लकड़ियों वाले पेड़ों के प्रकार जिनकी लकड़ी सुगंधियुक्त होती है और फूल नीले तथा तुरही के आकार के होते हैं।

jacinth (jās' inth)[O.F. *jacinthe*, HYACINTH] सं० १. आरक्त नारंगी रंग का रत्न, गोमेदक या गोमेद की एक किस्म; २. (वि० १) जेसिन्थ*।

jack[1] (jăk)[prob. dim. of *John* (E.W.B. Nicholson traced it(1892)to *Jackin*, *Jankin*, *John*), but perh. conn. with F. *Jacques*, James, L. *Jacōbus*, Gr. *Jakōbos*, Jacob] सं० १. जॉन नाम का प्रचलित रूप विशे० साधारण जनों में प्रतीक-स्वरूप (जैसे ~and Gill दे० GILL); २. मजदूर, छोटा-मोटा काम करने वाला श्रमजीवी; ३. (ताश का) गुलाम, ४. मांस भूनने का पटला या सीकचा; ५. धुआंने की कल; ६. जैक* (सं० १, २ भी), भारी बोझ उठानेवाली मशीन; ७. पहिया साफ करने के लिए धुरे को जमीन से उठानेवाला यंत्र(carriage ~ भी); ८. विविध यंत्रों आदि के पुर्जे, ९. पिन मछली (विशे० अल्पवयस्क या छोटी); १०. (बाउल खेल) खिलाड़ियों की गेंद जिससे निशाना लगाया जाय; ११. जहाज का झंडा, (विशे० राष्ट्रसूचक पोतध्वज, जहाज के सामने के ध्वजदंड पर टँगा हुआ राष्ट्र-चिह्नांकित झंडा जैसे British, French~); १२. नाविक या चालक के संकेतार्थ जहाज के अग्रिम मस्तूल पर लहरानेवाला अकेला झंडा (jack-flag भी)। क्रि० स० जैक (यंत्र) द्वारा उठाना या ऊँचा करना। **before you could say Jack Robinson** अकस्मात, दम भर में, पलक मारते। **every man~** हर एक आदमी। **~ass** १ गदर्भ, गरहभ, खर; २. नरगधा; ३. मूर्ख, बुद्धू, नासमझ व्यक्ति। **~-a-dandy** बाँका, छैला, बनाठना। **~boot** घुटने के ऊपर तक का जूता। **~daw** डोमकौआ, गिरजों की मीनारों में छिप कर रहनेवाला कौआ। **Jack Frost** मूर्तिमान कोहरा या पाला। **Jack-in-office** नीची श्रेणी का कर्मचारी जो अपने को बड़ा महत्त्वपूर्ण समझता है, बेकार की दुज्जत करने वाला अधिकारी। **~-in-the-box** १. मलूक खुलते ही बाहर आ जाने वाला खिलौना; २. आतिशबाजी। **Jack-in-the-green** शोभोत्सव (May-day) के खेलों में पत्तियों से ढके चोलटे में बंद मनुष्य या बालक। **Jack of all trades** हरफ़न-मौला ~ **o' lantern** [प्राय: ला०] अग्नियां बेताल, इंडजाल, माया, मृगतृष्णा के समान चमकने वाला प्रकाश(या पुरुष)। **Jack Ketch** १. घातक पुरुष, बधिक, २. साधारण कोटि का जल्लाद। **~-knife** मूठदार बड़ा जेबी चाकू। **~-plane** साधारण काठ के लिए प्रयुक्त रंदा। **~-pot** (पोकर नामक ताश का खेल) दाँव जिसे दो गुलाम या उससे अच्छे पत्तों वाला खिलाड़ी ही खुला सकता है। **~-pudding** भांड, मसखरा। **~-snipe** लंबी चोंच वाला एक छोटा पक्षी। **~-staff** ध्वजदंड, वह डंडा जिसमें झंडा लगा रहता है, जिससे मस्तूल के ऊपर लहराता दिखाई दे। **~-tar** साधारण मल्लाह, मामूली नाविक। **~-towel** बेलन में लटकता अछोर तौलिया। **~up** त्यागना, छोड़ना, परित्याग कर देना (प्रयत्न आदि का)।

jack[2] (jăk) [O.F. *jaque*, perh. ident. with *jaques*] सं० १. पैदल सिपाहियों के पहनने का चमड़े का जैकेट, २. एक प्रकार का बख्तर; ३. मादक द्रवों के भरने का चमड़े का पात्र।

jack[3] (jăk) [Port. *jaca*, Malayalam *chukka*] सं० १. कटहल, पनस, पूर्वी द्वीपसमूह का एक फल। **~-fruit** (वि० १) कटहल*।

jackal (jăk' awl) [Turk. *chakāl*, Pers. *shaghāl*] सं० १. सियार, गीदड़, शृगाल* (वि० १ भी), जंबूक; २. (ला०) टहलुआ, ओछा काम करने वाला; ३. धूर्त, वंचक। क्रि० अ० किसी के लिए नीचता करना, धूर्तता करना, चालाकी करना।

jackanapes (jăk' ə năps)[*Jack Napes*, nickname of William de la Pole, Duke of Suffolk (d. 1450), whose badge was a clog and chain such as was commonly used for a tame ape] सं० १. वानर-वृत्ति; २. गँवार, गुस्ताख, उद्धत, धृष्ट, अविनीत; ३. बाँका, छैला; ४. बनाबटी, बना हुआ व्यक्ति; ५. बेअदब लड़का, अविनीत बालक।

jackaroo (jăk' ə roo') [*Jack*; *kangaroo*] सं० १. (ऑस्ट्रेलियन बा०) नया यार, नया साथी, २. नौसिखुआ, अनुभवहीन व्यक्ति।

Jacket (jăk' ĕt) [O. F. *jaquette*, dim of *jaque*, JACK[2]] सं० १. कंचुक, जैकेट* (वि० १ भी), स्त्री और पुरुष का एक बाँहदार पहनावा; २. बाह्य आच्छादन या ढक्कन (उबालने के पात्र की सुरक्षा या उसकी गरमी आदि बनाए रखने के लिए); ३. कासक का प्राय: रंगीन और कलात्मक पुस्तकावरण या ऊपरी जिल्द; ४. पशु-चर्म, जानवर की खाल। क्रि० स० १. कपड़े से ढकना या वस्त्राच्छादन करना; २. आवरण चढ़ाना; ३. आवृत्त करना। **Norfolk, Eton, Dinner~** दे० NORFOLK, ETON, DINNER)। **dust his~** उसे मारो या उसे पीटो। **potatoes boiled in their jackets** छिलके सहित उबाले हुए आलू।

jack-flag दे० JACK[1]।

Jacobean (jăk ō bē' ən) [late L. *Jacōbeus*, from *Jacōbus*, Jacob, whence also *James*] वि० १. जेम्स प्रथम के शासन-काल का; २. सेंट जेम्स द लेस का; ३. (फर्नीचर अथवा शैली) गहरे भूरे ओक या बलूत के रंग का।

Jacobin (jăk' ō bin) [F., from low L. *Jacōbinus*, ex prec.] सं० १. संत, डोमिनिक के संप्रदाय का ईसाई संन्यासी (संत जैकुए गिरजे के पास के गिरजे से); २. पेरिस स्थित पुराने जैकोबिन गिरजे में (१७८९ में) स्थापित उग्र प्रजातंत्र गोष्ठी का सदस्य, उक्त क्लब के सिद्धांतों का समर्थक; ३. पूर्ण सुधार का समर्थक व्यक्ति; ३. जैकोबिन, एक कबूतर-विशेष, गर्दन के पीछे झब्बे की तरह झुके परों वाला कबूतर। **Jacobinic,-al** वि० पूर्ण सुधार का समर्थक, पूर्ण सुधारकवाद संबंधी। **Jacobinism** (jăk' ō bin izm) सं० पूर्ण सुधारवाद।

Jacobinize क्रि० स०पूर्ण सुधार, पूर्ण प्रजातंत्रीकरण।

Jacobite (Jăk' ō bit) [L. *Jacōbus*, James, -ITE] सं० इंग्लैण्ड के राजा जेम्स द्वितीय अथवा गद्दी छोड़ने के बाद उसके वंशजों का अनुयायी। **Jacobitical** (jăk ō bit' ik al) वि० (गद्दी छोड़ने के बाद) जेम्स द्वितीय के समर्थकों का। **jacobitism** सं० जेम्स द्वितीय (गद्दी छोड़ने के बाद) के समर्थन करने वालों का मत।

Jacob's ladder (jā' kobz lăd' er) [with allu. to the patriach Jacob's dream (Gen xxviii, 12)] सं० १. जैकोब्स लेडर, समशिख, नीले या सफेद फूल का पौधा जिसकी पत्तियाँ बराबर सीढ़ी की तरह चढ़ी जाती हैं; २. (नौ० वि०) रस्सियों की सीढ़ी जिसमें लकड़ी के डंडे लगे रहते हैं (विशे०वह जो पाल बाँधने की लंबी बल्ली से पानी तक लटकती रहती है)।

Jacob's staff (jā' kobz staf) [with allu. to St. James the Less whose emblem was a pilgrim's staff and scallop] सं० १. भूमापक (सर्वेक्षक) का लोहे की नोकयुक्त लाठदार डंडा जो तिपाई का काम देता है; २. मापन-यंत्र, दूरी तथा ऊँचाई नापने का यंत्र।

Jacobus (jā kō' bŭs) [L., see JACOBITE] सं० जैकोबस,

जेन्स प्रथम के काल में जारी की गई २० से ४० शिलिंग तक मूल्य की स्वर्ण मुद्रा।

jaconet (jăk' ŏ net) [corr. from Hind. *Jaggannāth*, whence JUGGERNAUT] सं० जगन्नाथी, जौसत मोटाई का सूती कपड़ा (विशे० पुलटिस आदि के लिए प्रयुक्त रंगदार गाढ़ा कपड़ा)।

Jacquard loom (jăk' ard, jā kard' loom) [inventor J.M. Jacquard, 1752-1834] सं० जैकार्ड करघा, लिखो (फ्रांस) के जे० एम० जैकार्ड (मृत्यु १८३४) द्वारा चित्रित वस्त्र बुनने में सुविधा के लिए आविष्कृत करघा।

jactitation (jăk ti tā' shŭn) सं० १. (चिकि०) रोगजन्य व्याकुलता, बीमारी की दशा में तिलमिलाना, तड़पन; २. अवयवों या मांसपेशियों में मरोड़, ऐंठन या तनाव। **~of marriage** (विधि) मिथ्यापति या मिथ्यापत्नी बनने का अपराध, किसी की पत्नी या पति होने का झूठा दावा करना।

jade[1] (jād) [etym. doubtful] सं० १. थका हुआ या घटिया घोड़ा, मरियल घोड़ा; २. (पुरबली, कुलटा, भ्रष्टा, असती) स्त्री, औरत। क्रि० स० (विशे० भू० कृ० मे) कठिन परिश्रम से थक जाना, चूर-चूर हो जाना, क्लांत हो जाना।

jade[2] (jād) [F., from Sp. *piedra di ijada* (stone of the side), L. ILIA, ILIUM (because supposed to cure colic)] सं० १. संग-यशब, हरे, नीले या सफ़ेद रंग का कीमती पत्थर; २. (jadeite भी) सोडियम और एल्यूमिनियम का इसी के समान दिखाई पड़नेवाला सिलिकेट; ३. (भा० १, वि० १) जेड*; ४. (भा० १) ३रितापम*।

jaeger (yā' gĕr) [G. from *jagen*, hunt] सं० वेगर, शुद्ध ऊनी कपड़ा।

Jaffa सं० जैफ़ा, एक प्रकार की नारंगी जिसे भोजन के अंत में परसा जाता है।

jag (jăg), [prob. imit.] सं० १ नोक, दाँता, नुकीला उभार (जैसे चट्टान का नुकीला भाग); २. (भा०) मदिरापान, शराब का दौर। क्रि० स० १. (विषय रूप में या फूहड़पन से) काटना या फाड़ना, २. दाँतेदार बनाना दाँत डालना। **jaggedly** क्रि० वि० १. टेढ़ी रीति से, खुरदरेपन से, नुकीलेपन में; २. दाँतेदार ढंग से। **jaggedness** सं० १. नुकीलापन, खुरदुरापन; २. दाँतेदारपन। **jagger** सं० दाँतेदार बनानेवाला। **jaggy** वि० नोकदार, नुकीला, दाँतेदार।

jaggery (jăg' er i) [Port. *jagara*, Canarese *sharkare*, Hind. *shakkar*, Sank. *carkarā*, SUGAR] सं० १. जागरी*/ताड़गुड़* (इं० ३ भी); २. शक्कर, गुड़, बूरा।

jaghir(e) सं० (भारत में) १. जागीरदारी, बिर्त्तदारी; २. जागीर, बिर्त्त। **jaghirdar** सं० जागीरदार, बिर्त्तदार।

jaguar (jăg' wär, -ū är) [Tupi-Guarani *yaguoara*] सं० १. अमरीका के कुछ जंगली इलाकों में पाया जानेवाला एक बड़ा गोखरोर चितकबरा चीपाया जो बिल्ली के समान होता है; २. (वि० १) जगुआर*।

Jah (jä) [Heb. *Yah*, shortened form of *Yahiveh*, JEHOVAH] सं० जेहोवाह, यहूदियों का देवता।

jail, gaol (jāl) [A.-F. *gaole*, O.F. *jaiole* [F. *geôle*] late L. *gabiola*, dim. of *gabia*, L. *cavea*, CAGE] सं० जेल* (प्र०, मा० ३ भी), कारागार* (मा० ३ भी), बन्दीगृह* (प्र० भी), कारागृह, दे० GAOL भी। **jailer, gaoler** सं० जेलर* (प्र० भी)।

Jain, Jaina (jān, jā' nā) [Hindi, from Sansk. *jaina*, pertaining to a Buddha or Saint, *jina*] सं० जैन, जैनी, जैन मतावलंबी। वि० जैन धर्म संबंधी। **Jainism** सं० जैन मत, जैन धर्म।

jalap (jăl' ăp) [F., from Sp. *jalapa*, *Xalapa*, Aztec *Xalapan*, place in Mexico] सं० १. जलाब, जालप* (भा० भी), विरेचक औषधि (विशे० मेक्सिको की एक बेल की गुटिकामयी जड़ों से प्राप्त); २. (कृ०) जैलप*।

jalopy (jă lop' i) [etym. unknown] सं० (अमरीकी प्रयोग) टूटी-फूटी मोटरकार, खटारा, छकड़ा।

jalousie (zhăl' u zī) [F., JEALOUSY] सं० झिलमिली, चिक, परदा जिससे बाहर की चीजें नहीं दिखाई दें और जिसमे बाहर लकड़ी या धातु की तीलियाँ लगी हों।

jam[1] (jăm) [prob. imit., cp. CHAMP] क्रि० स० और अ० १. निचोड़ना, दबा कर तत्व निकालना; २. (कस कर किसी पुर्जे को) जमा देना, जकड़ देना, जाम कर देना (कि वह काम न कर सके); ३. (वस्तुओं को) दबा कर एकाकार करना; ४ ज़ोर से घुसेड़ना; ५. रोकना, रोक लेना, दबाना, रोक लगाना, (मार्ग आदि का) अवरोध करना; ६. कस कर घुस जाना या जम कर बैठ जाना, किसी वस्तु मे पच्चर की तरह ठुक जाना, रेडियो कार्यक्रमों में (उसी तरंग पर दूसरा कार्यक्रम प्रसारित कर के या शोर मचा कर) गड़बड़ डालना जिससे कि वे सुने न जा सकें। सं० १. दाब, दबाव, स्काबट (यंत्र आदि के लिए), इस कारण अवरोध, जमाव; २. भीड़भाड़; ३. (भा०) कठिनाई, मुश्किल, संकट, जजाल, दुविधा। **~stroke** दे० PENDULUM stroke।

jam[2] (jăm) [prob. from prec.] सं० १. मिष्ठान्न, जैम*, मरब्बा* (आ० भी), फलपाक; २. (भा०) (real ~) अच्छी मेहनामदारी, अपूर्व आतिथ्य।

Jamaica pepper (jă mā' kŏ pep' er) [*Jamaica*, West Indian island] सं० गंधद्रव्य, लवंग-बदर, पाइमेंटो।

jamb (jăm) [F. *jambe*, leg, late L. *gamba*, ? hoof, prob. from Celt. (cp. W. *cam*, crooked)] सं० १ दरवाजे, खिड़की आदि का) पाख, बगली, स्तंभ, पक्खा*/द्वार पक्ष* (भा० १ भी), पक्ष-स्तंभ; २ विशे० (बहुव०) चूल्हे के पत्थर के बने पार्श्व या कोने।

jamboree (jăm bo rē') सं० (भा०) उत्सव, जशन, रगरेली, चहल-पहल, आनन्दोत्सव, समारोह, जमघट, मेला।

Jan(e)ite सं० जेन आस्टेन के उपन्यासों का प्रेमी या प्रशंसक।

jangle (jăng' gel) [O.F. *jangler*, prob. onomat.] क्रि० अ० और स० १. झनझनाना, कर्कश शब्द करना; २. (घंटे आदि से) कर्ण-कटु शब्द निकलवाना; ३. बेसुरे या कर्कश स्वर में बोलना। सं० झंकार, झनझनाहट, शोर।

janitor (jăn' i tor) [L. from *janua*, door] सं० द्वारपाल* (भा० १ भी), दरब न, चौकीदार, प्रतीहार।

janizary (jăn' i zăr i) [Turk. *yeni-itheri* (*yeni*, new, *tscheri*, soldiery)] सं० १. (इति०) जैनिचरी, तुर्की के सुलतान की पैदल लगरकिया सेना का एक सिपाही; २. तुर्की का पैदल सिपाही; ३. (ला०) अत्याचार करने का साधन या उपकरण।

jannock (jăn' ŏk) [North dial.] (बोल०, विशे० लंकाशायर और यार्कशायर के लोगों की) सीधा, खरा, ईमानदार, साफ़।

Jansenist (jăn' sĕ nist] सं० जैनसनिस्ट, रोमन कैथोलिक ईसाइयो के उस दल का सदस्य जो कालिनियस जैनसन (मृत्यु १६३८) के समान नैसर्गिक मानवी इच्छा को प्रतीयमानिमी और शुभ कार्यों के लिए असमर्थ मानता है। **Jansenism** सं० जैनसनवाद। **Jansenistic** वि० जैनसनवादी, जैनसनवाद-संबंधी।

January (jăn' ū ăr ī) [L. *jānuārius*, from foll.] सं० (संक्षे० Jan.) जनवरी, वर्ष का पहला महीना।

Janus (jā' nŭs) [L.] सं० जेनस, प्राचीन इटली का देवता, दरवाज़ों और फाटकों का संरक्षक, सिर के आगे और पीछे दोनों ओर मुँह वाला द्वाररक्षक इटली का प्राचीन देवता।

Jap [short for JAPANESE] वि० और सं० (बोल०) जापानी, जापान का या जापान-निवासी।

Japan (já păn') [island empire lying east of China] सं० १. जापान; २. कड़ा रोग़न या वार्निश, (विशे० वह क़िस्म जो सर्वप्रथम जापान से लाई गई); ३. जापानी ढंग या शैली का कार्य। क्रि० स० १. जापानी रोग़न लगाना, जापानी वार्निश करना; २. जापानी रोग़न के समान काला और चमकदार बनाना। **Japanese** वि० और सं० जापानी। **Japanesque** वि० जापानी ढंग का।

Jape (jāp) [ctym. doubtful] सं० (साहित्यिक) हँसी, दिल्लगी, मज़ाक, ठट्ठा या परिहास। क्रि० अ० दिल्लगी, मज़ाक या परिहास करना।

Japhetic (já fet' ik) वि० जफ़ेतिक, नूह के पुत्र जफ़ेत का या उनके वंश का, इंडो-यूरोपियन।

Japonic (já pon' ik) [F. *Japon*] वि० जापानी, जापान का या जापान-संबंधी। **Japonica** सं० जपोनिका, जापानिया, विभिन्न प्रकार के जापानी पौधे जिनमें सुन्दर फूल और फलियाँ लगती हैं।

jar[1] (jär) [prob. onomat.] सं० १. आवाज़, कंपन या स्पंदन, (विशे० कर्कश या संघर्षयुक्त); २. सदमा, आघात, धक्का, धक्का, चोट; ३. रोमांच, सिहरन, झनझनाहट; ४. तनाव, विरोध, तनातनी, ५. तकरार, लड़ाई, झगड़ा। क्रि० अ० और स० १. कर्कश शब्द करना या होना, कड़ी आवाज़ निकालना, कान खाना, बुरा लगना, (मनुष्य, कान आदि को); २. सदमा पहुँचाना, धक्का पहुँचाना, कर्कश शब्दों से चोट पहुँचाना; ३. (आहत शरीर का) सिहरना, काँपना या काँपना, विपरीत ढंग से थरथराना, झनझनाहट होना, गूंज उठना या प्रतिध्वनित होना या करना; ४. (विचार, वक्तव्य, कार्यवाही का) खटकना, बुरा लगना, विरोधी या प्रतिकूल होना (with) के साथ प्रयुक्त); ५. तकरार करना, कलह मचाना, लड़ाई-झगड़ा करना; ६. कर्कश स्वर में बजाना; ७. (घमनियों के द्वारा) आघात या धक्का पहुँचाना। **jarringly** क्रि० वि० १. कर्कश स्वर से, बेसुरेपन से, कड़ी आवाज़ के साथ; २. कर्णकटु या कानों को असह्य होते हुए, काँपते हुए, सिहरते हुए; ३. गूँज के साथ, प्रतिध्वनित होते हुए, ४. कराह के साथ।

jar[2] (jär) [F. *jarre*, prob. through Sp. *jarra*, from Arab. *jarrah*] सं० १. जार*, मर्तबान* (कु०, वि० १ भी), मिट्टी, शीशे या पत्थर का बर्तन, (हैंडल वाला या बिना हैंडल का विशे० बर्तुलाकार)। **jarful** सं० चढ़ा भर, जार भर।

jar[3] (jär) [CHAR'] सं० (बोल०) on the, on द्र, on, ajar अधखुला, अर्धनिमीलित।

jargon[1] (jär' gon) [O.F. *jargon, gargon*, etym. doubtful] सं० १. अनर्थक वचन, समझ में न आने वाली बोली या शब्द, बकवास; २. जंगली या अशिष्ट भाषा, अनर्गल भाषण; ३. अपरिचित वाक्यांशों से भरी भाषण-शैली, वर्ग विशेष की शब्दावली (जैसे critic's ~ metaphysician's ~); ४. चिड़ियों का चहचहाना, पक्षियों का कलरव। **jargonize** क्रि० स० और अ० १. समझ में न आनेवाली बोली बोलना; २. बकवास करना, जंगली या अशिष्ट भाषा का प्रयोग करना; ३. अपरिचित वाक्यांशों से भरी भाषण-शैली में बोलना, वर्ग विशेष की शब्दावली का प्रयोग करना।

jargon[2] (jär' gŏn) [F., from It. *giargone*, ZIRCON] सं० १. अर्धपारभासक, रंगहीन, धूँधला गोमेद जो लंका में पाया जाता है; २. (वि० १) जारगून*।

Jargonelle (jär gŏ nel') [F.] सं० जार्गोनेल, जल्दी पकने वाली नाशपाती, अगेती नाशपाती।

Jarl (yarl) [Icel. EARL] सं० (इति०) जार्ल, प्राचीन नार्वे या डेन्मार्क का सरदार या मुखिया।

jarrah (jär' ä) [Austrel. abor. *jerryh*] सं० जैरा, पश्चिमी अस्ट्रेलिया के आबनूस प्रजाति का एक वृक्ष (की टिकाऊ इमारती लकड़ी)।

jarvey (jär' vi)[pers. name *Jarvis*] सं० १. कोचवान, किराए की गाड़ी चलानेवाला; २. जारवे, आयरलैंड में मोटरचालक।

jasey (jā' zi) [said to be a corr. of *Jersey*, *rs* being made of Jersey yarn] सं० (प्राचीन प्र०) जेसी, सिर ढँकने की (बालों की बनी हुई) टोपी (विशे० ऊनी तागों से)।

jasmine (jăs' min) [F. *jasmin, jessemin, jessemin*, Arab. *yāsmīn, yāsamīn*)] सं० चमेली* (वि० १ भी), बेला, मल्लिका, पूर्णिका (विशे० common or white~ लतादार झाड़ी जिसमें सुगंधित फूल लगते हैं)।

jasper (jăs' per) [O.F. *jaspre, jaspe*, L. and Gr. *iaspis*, Oriental in origin (cp. Arab. *yasb*, Pers. *yashp*, Heb. *yāshpeh*)] सं० १. सूर्यकांत मणि, एक प्रकार का रत्न, जैस्पर* (वि० १ भी)।

jaundice (jŏn' dis, jawn' dis) [M.E. *jaunys*, F. *jaunisse*, from *jaune*, L. *galbinus*, from *galbus*, yellow] सं० १. पीलिया*, कामला* (आ० भी), पांडु रोग, कामला रोग, कँवल. २. दृष्टिदोष या विकृत या विभ्रूलित दृष्टि (प्राय: ला०) जो इस रोग का एक लक्षण है। क्रि० स० १. पीलिया की बीमारी हो जाना या पांडु रोग से पीड़ित होना; २. (ला०, विशे० भू० कृ० में) (किसी को, किसी के निर्णय आदि को) ईर्ष्यान्वित करना, ईर्ष्यालु या डाही बनाना।

jaunt (jawnt) [perh. conn. with JAUNCE] क्रि० अ० और स० विहारार्थ परिभ्रमण, सैर करना, (विशे० आनंद के लिए) घूमना या भ्रमण करना, आमोद-प्रमोद के लिए यात्रा करना। **jaunting-car** जाटिंग-कार, आयरलैंड की लोकप्रिय दोपहिया हल्की गाड़ी।

jaunty (jawn' ti) [earlier *janty*, F. *gentil*, see GENTEEL] वि० १. उमंग भरा, हँसमुख, चिन्ताहित, प्रसन्नचित्त, अकारण संतुष्ट, उल्लास भरा, रंगीला, बाँका। सं० (नौ० वि० प्र०) जहाज़ी पुलिस का प्रधान। **jauntily** क्रि० वि० दिलदिली से, हँसमुख हो कर, प्रसन्न चित्त से। **jauntiness** सं० जिंदादिली, उमंग, उल्लास, बाँकपन।

Javanese (jăv ă nēz') वि० जावा का (निवासी)। सं० जावानीज़, मध्य जावा की भाषा।

javelin (jav' ĕ lin) [F. *javeline*, It. *giavelina*, prob. from Celt. (cp. Ir. *gabhla*, spear, Gael. *gobhal*, a fork)] सं० शूल, शंकु, अस्त्र, हल्का भाला, बर्छी* / बरछा* (मा० १भी)।

jaw (jaw) [etym. doubtful, perh. rel. to CHEW] सं० १. जबड़ा*/ हनु* (आ०, ई० १, कु०, वि० १ भी); २. (बहु०) मुँह की हड्डियाँ जिनमें दाँत, मुँह आदि संबंधी हड्डियाँ रहती हैं; ३. (बहु०) पर्वत की संकीर्ण घाटी, पहाड़ का तंग दर्रा, ४. (बहु०) मशीन की बाँक, चह, जकड़ कर पकड़ रखने का औज़ार; ५. (बोल०) बाचालता, मुखरता; ६. परोपदेश। क्रि० अ० और स० १. (प्रा० बहुत बोलना, लगातार बोलते जाना; २. (व्यक्ति को) व्याख्यान देना, भाषण झाड़ना। **hold your ~** चुप रहो, बक-बक मत करो।

~bone हुन्नास्थि, जबड़े की हड्डी । ~breaker (बोल०) उच्चारण में कठिन शब्द, वह शब्द जो कठिनता से उच्चारित हो। ~muscle हनु-पेशी।

jay (jā) [O.F. *jay* (F. *geai*), etym. doubtful] सं० १. जेय, एक सुंदर चटकीले पंखों वाली पक्षी; २. नीलकंठ पक्षी; ३. (ला०) बातूनी, गप्पी, बकवास करने वाला व्यक्ति; ४. मूर्ख, सीधा, बुद्धू । ~walker (jā' wɔw kĕr) सं० (अमरीकी प्रयोग) असावधानी से सड़क पर चलनेवाला व्यक्ति।

jazz (jăz) [Creole *jazz*, to speed up prob. Af. origin] सं० १. जाज़, संयुक्त रा० अ० की के हब्शियों की नृत्य और गीत; २. हौरगुल, हल्लागुल्ला या कोलाहल से भरा मज़ा कार्यक्रम। वि० १. तेज़ चटकदार, शोख (रंग आदि); २. शोख, ढीठ, धृष्ट; ३. बेसुरा। वि० स० और अ० १. जाज़ बजाना, जाज़ का अनुकरण करना; २. नाटक करना, नाचना और उन्मत्त होना; ३. शोरगुल का कार्यक्रम रखना या रखवाना। ~band जाज़ बैंड, ऐसा बाजा (बैंड) जिसमें पियानो, तुरही, सैक्सोफ़ोन, बैंजो और ढोल आदि सभी सम्मिलित हों।

jealous (jel' ŭs) [M.E. and O.F. *gelos*, late L. *zēlōsus*, f.om *zēlus*, ZEAL] वि० १. चौकस, होशियार, चौकन्ना, सावधान, (अपने अधिकारादि के प्रति) सावधान, (अपने हक़ों की) हिफ़ाज़त करने वाला; २. शकी, शंकालु, (पत्नी, पति, प्रेमी, मित्र के संभावित प्रतिद्वन्द्वी से भी) प्रेम या सद्भावना में शंकाशील, सशंकित; ३. समस्त, परलुब्ध-द्वेषी, (किसी व्यक्ति या उसके महत्त्व, लाभ आदि से) द्वेषी, ईर्ष्यालु, डाह रखने वाला, जलने वाला; ४. (इं०, ईश्वर के लिए) अचामिकता या नास्तिकता न सहने वाला या न सहन करने वाला; ५. (जाँच-पड़ताल, निरीक्षण आदि में) सशंकित, चौकस, सचेत। **jealously** क्रि० वि० १. अपने अधिकारों की हिफ़ाज़त करते हुए, डाह या ईर्ष्या के साथ; २. असहिष्णुता के साथ; ३. चौकसी के साथ, होशयारी से या चौकसे हो कर, सावधानी से। **jealousy** सं० डाह, ईर्ष्या, जलन, हसद ।

Jean (jēn, jăn) [M.E. *Gene*, It. *Genova*, Genoa] सं० १. जीन, खूब बटा हुआ सूती कपड़ा; २. (बहुव०) इसके बने वस्त्र, ऊँची पतलून।

jeep (jēp) [G.P., initials of General Purposes] सं० (अमरीकी) जीप, जीप गाड़ी।

jeer[1] (jēr) [etym. doubtful] क्रि० स० और अ० १. खिल्ली उड़ाना, हँसी उड़ाना; २. ताना मारना। सं० १. मखौल, हँसी, दिल्लगी; २. ताना, बोली-ठोली, व्यंग्य।

jeer[2] (jēr) सं० (नौ० वि०) (प्रायः बहुव०) सयेटने और फैलाने की रस्सियों की चरखी (जिससे जहाज के पाल के डाँड चढ़ाए और उतारे जाते हैं)।

Jehad दे० JIHAD ।

Jehovah (jĕ hō' vă) [Heb. *Yahōvāh*] सं० जहोवा, (बाइबिल के प्रथम सं० ओल्ड टेस्टामेंट में) ईश्वर का नाम। **Jehovist** सं० जहोविस्ट, बाइबिल की पहली पुस्तकों के उन भागों के रचयिता जिनमें ईश्वर के लिए 'जहोवा' कहा गया है (तुल० ELOHIST)। **Jehovistic** वि० 'जहोवा' संबंधी।

Jehu (jē' hū) [see 2 Kings ix. 20] सं० १. (विनोद में) द्रुतचालक, तेज़ी से हाँकने वाला; २. ड्राइवर, संचालक, चालक।

jejune (jĕ joon') [L. *jējūnus*, fasting, etym. doubtful] वि० १. थोड़ा, अल्प, नाकाफ़ी, लचर; २. बंजर, ऊसर, अनुर्वर (ज़मीन); ३. रूक्ष, शुष्क, निःसार, रसहीन, रूखड़, नीरस, फीका, खाली, बेमतलब। **jejunely** क्रि० वि० १. किंचित रूप में, अल्प मात्रा में, अपर्याप्त रूप में; २. अनुर्वरत्व से; ३. फीकेपन से, रसहीनता से। **jejuneness** सं० १. थोड़ापन, बंजरपन, ऊसरपन; २. फीकापन, नीरसता।

Jekyll and Hyde सं० दो व्यक्तित्व वाला एक व्यक्ति, दो परस्पर-विरोधी स्वभावों वाला ऐसा व्यक्ति जो कभी एक व्यक्ति का व्यक्तित्व रखता हो और कभी दूसरे का।

jelly (jel' ĭ) [F. *gelée*, frost, L. *gelāta*, fem., p.p. of *gelāre*, to freeze] सं० १. जेली* (अ०, मा० १ भी), अवलेह, लबादार सामिष खाद्य; २. फलों आदि के रसों से प्रस्तुत मुरब्बा, फलों का अवलेह, चटनी, लसदार स्वच्छ खाद्य। क्रि० स० और अ० जेली-सा बनना, जेली-सा बनाना, जेली-सा जमना या जमाना। ~bag जेली या शीरा छानने का बर्तन या थैला। ~fish १. एक समुद्री जंतु; २. (वि० १) जेलीफ़िश*।

jemadar (jem' ă dar) [Hind.] सं० १. जमादार, हिंदुस्तानी फ़ौज का छोटा देसी अधिकारी; २. हिंदुस्तानी पुलिस अफ़सर; ३. मुख्य नौकर; ४. (आंग्ल-भारतीय बोल०) मेहतर, भंगी (घर का झाड़ू देने वाला)।

jemimas (je mī' măs) सं० बहुव० १. (बोल०) नचीले किनारों के जूते; २. जूतों की रक्षा के लिए ऊपरी आवरण।

jemmy (jem' ĭ) [dim. of *James*] सं० (सेंध मारने की) सबरी; २. (खाने के लिए पकाई हुई) भेड़ की सिरी।

jennet (jen' ĕt) [F. *genet*, Sp. *ginete*, orig. light-armed horseman, perh. from Arab. *Zenāta*, Berber tribe famous for horsemanship] सं० जेनिट, छोटे क़द का स्पेनी घोड़ा।

jenneting (jen' ĕ ting) [prob. from F. *jeanneton*, from *Jeannet*, *Jean* (cp. *pomme de St. Jean*, St. John's apple)] सं० जेनेटिंग, अगेती फ़सल का सेब, फ़सल के पहले होने वाले सेब का एक प्रकार।

jenny (jen' ĭ) [familiar form of *Jane* or *Janet*] सं० १. जेनी, इंजिन उठाने का एक प्रकार का क्रेन; SPINNING ~ भी, २. जेनी, बिलियर्ड खेल का एक हाथ। ~wren जेनी रेन, 'रेन' नामक फुदकने वाला एक छोटा पक्षी का (लोकप्रिय और नर्सरी) नाम।

jeopardy (jep' ar di) [O.F. *jeu parti*, divided or even game (*jeu*, L. *jocus*, game *parti*, L. *partītus*, p.p. of *partīrī*, to PART[2])] सं० संशय, संदेह, शंका, खतरा, भय, संकट। **jeopard, jeopardize** क्रि० स० खतरे में डालना, संकट में डालना, जोखिम में डालना।

jequirity (jē kwir' ĭ tĭ) [Tupi-Guarani, *jekiriti*] सं० १. गुंजा, रत्ती, एक प्रकार की झाड़ी जिसके बीज रंगीन होते हैं और दवा तथा सजावट के काम आते हैं, गुमची, (जिसका प्रयोग सुनार लोग सोना तौलने में करते हैं); २. एक प्रकार का गहरे लाल एवं काले रंग का बीज।

jerboa (jĕr' bō ă, jĕr bō' ă) [Arab. *yarbū'*, the flesh of the loins, from the powerful muscles of its hind leg] सं० जरबोआ, अफ्रीकी मरुस्थल का ख़रगोश जैसा जानवर जिसकी पिछली टाँगें लंबी होती हैं।

jeremiad (jer ĕ mī' ăd) [F. *jérémiade*] सं० १. रोना, विलाप, दुखड़ा; २. अनुनय, गिड़गिड़ाहट।

jeremiah सं० कालनिदक, भविष्य दुःखमय बतलाने वाला, युग की निंदा करने वाला।

Jericho सं० जैरिको, फ़िलिस्तीन का एक नगर। **go to ~** नरक में जाओ।

jerk[1] (jĕrk) [prob. onomat.] सं० १. झटका* (इं० १, वि० १ भी), हचकोला, ऐंठन; २. मांसपेशियों में अपने आप ऐंठन, मरोड़, तनाव या संकोच; ३. (बहु०) हाथ-पैर, अवयवों या बेहरे की अनिच्छित फड़कन या गतिहीनता (विशे० धार्मिक भावावेश में)। क्रि० स० और अ० १. झटका खाना, झटके से खींचना, झटकना, झटके से डकेलना, धक्का देना, हचकोला लगाना; २. एकाएक साथ कर फेंकना; ३. झटके के साथ हिलना या चलना। **jerky** वि० १. झटका देनेवाला, झकझोरने वाला; २. मरोड़ने वाला, ऐंठनदार (मांसपेशियों के लिए)। **jerkily** क्रि० वि० १. झटके के साथ, झकझोरते हुए; २. मांसपेशियों के तनाव के रूप में। **jerkiness** सं० १. आघात, झटका, झकोर; २. मरोड़, ऐंठन (मासपेशियों की)।

jerk[2] (jĕrk) [corr. from Am. Sp. *cha quear*, from CHARQUI] क्रि० स० (विशे० गोमांस को) लंबे, पतले और चौड़े टुकड़ों में काट कर तथा धूप में सुखा कर रख छोड़ना या सिझाना।

jerkin (jĕr' kin) [etym. unknown] सं० (इतिo) जकिन, चमड़े की मर्दानी चुस्त सदरी या फतुही, कसा हुआ कोट या जैकट।

jeroboam (jer ó bō' ăm) [in allu. to 1 Kings ix. 28] सं० जेरोबोम, साधारण या औसत नाप से अठगुनी से बारहगुनी तक शराब की बोतल।

Jerry[1] (jer' i) [perh. from GERMAN] सं० (ग्रo) जर्मन सिपाही।

jerry[2] (jer' i) [prob. fam. form of *Jeremiah*] सं० १. (~shop भी) सस्ती शराब की दूकान, २. (ग्रo) वेशावदामी। **~builder** काराजी मकान बनाने वाला, तुच्छ या साधारण सामग्रियों से बनाने वाला। **~building** काराजी मकान, सस्ता और बेढगा मकान, रद्दी सामानों से बना हुआ (घर)। **~built** सस्ता और साधारण सामग्रियों से बना (भद्दा मकान)।

jerrymander दे० GERRYMANDER।

jersey (jĕr' zi) [the island of *Jersey*] सं० १. जर्सी, इंग्लिश चैनल (सागर) के द्वीपों में से एक (प्रायः गुणवाचक); २. जर्सी, बुनी और चिपकी हुई ऊनी बडी (विशे० खेल, कसरत में पहनी जाने वाली), ३. उसी प्रकार का नीचे पहनने का बास्कट आदि; ४. स्त्रियों की चुस्त बनी हुई चोली या अँगिया। **~cow** जर्सी की गाय।

Jerusalem सं० जेरुसलम, फिलिस्तीन का एक नगर। **~artichoke** दे० ARTICHOKE। **~pony** खच्चर, गदहा।

jess (jes) [O.F. *ges*, bor. *gel*, L. *jactus -tum*, a cast, from *jacere*, to throw] सं० १. फँदना, पेटी, पट्टी, चमड़े, रेशम आदि का छोटा तस्मा या फीता जो पक्षियों का शिकार करने समय बाज के पाँव में बाँधा जाता है। क्रि० स० (बाज के पैर में) तस्मा या फीता बाँधना।

jessamine दे० JASMINE।

Jesse (jes' i) [the father of David (Is. xi. 1)] सं० ईसा मसीह की वंशावली अंकित वंश-वृक्ष **~window** जैसी खिड़की, वह खिड़की जिसके दरवाजों पर ईसा मसीह की वंशावली अंकित रहती है।

jest (jest) [O.F. *geste*, orig. an exploit, L. *gesta*, neut. pl. p.p. of *gerere*, to do] सं० १. परिहास, उपहास, परिहासोक्ति, ठिठोली, ठट्ठा; २. व्यंग्य, मजाक, दिल्लगी, छेड़छाड़; ३. उपहास या हँसी का पात्र (जैसे a standing ~)। क्रि० अ० १. हँसी-दिल्लगी करना, मजाक करना, खिल्ली उड़ाना; २. छेड़-छाड़ करना, व्यंग्य करना, ज़िकरे कसना; ३. तुच्छ या सामान्य ढंग से कुछ कहना या करना। **in~** हँसी-मजाक में (गंभीर्य के साथ नहीं)। **~-book** विनोद या परिहासोक्तिपूर्ण पुस्तक। **jester** सं० विदूषक, भाँड, हँसोड़, ठट्ठेबाज, ठिठोलिया, मजाकिया, दिल्लगीबाज (विशे० पेशेवर)। **jestingly** क्रि० वि० हँसी-दिल्लगी के साथ, ठट्ठा में, विनोद में, मजाक करते हुए।

Jesuit (jez' ū it) सं० १. जेसुइट, ईसाई, इगनेशस लोयोला (Ignatius Loyola) (१५३३) द्वारा रोमन कैथोलिक संप्रदाय में स्थापित ईसा-दल (Society of Jesus) का सदस्य; २. (लo) मक्कार, छद्मवेशधारी, बाकूछली। **Jesuits' bark** दे० PERUVIAN। **Jesuitic, -al** (jez ū it' ik, -ăl) वि० ईसाइयों के जेसुइट संप्रदाय संबंधी। **Jesuitically** क्रि० वि० जेसुइट संप्रदाय की तरह। **Jesuitism** सं० १. जेसुइट संप्रदाय; २. कपटोपन, धोखेबाजी। **Jesuitry** सं० १. जेसुइट संप्रदाय की सी नीति; २. धोखा, मक्कारी। **Jesuitize** क्रि० स० और अ० १. जेसुइट संप्रदाय का बना लेना या बन जाना; २. छल करना, धोखा देना, मक्कारी करना।

jet[1] (jet) [O.F. *jaiet*, L. *gagātem*, nom. *-tēs*, Gr. *gagatēs*, from *Gagai*, in Lycia] सं० १. कृष्ण प्रस्तर, कृष्ण लिग्नाइट, संगमूसा, कडा काला पत्थर। वि० गहरे काले चमकीले रंग का, संगमूसे के रंग का, काजल काला (~-black भी)। **jetty** वि० काला, स्याह, गहरे काले रंग का।

jet[2] (jet) [O.F. *jetter* (F. *jeter*) L. *jactāre*, freq. of *jacere*, to throw] सं० १. धार, फुहार, प्रधार, छोटे छिद्र से सामने या ऊपर फेंकी जाने वाली जल-धारा, वाष्प, गैस आदि; २. फ़ौवारे का मुँह, नोकदार नली, टोंटी, धारा; ३. (बोल०) जेट विमान, (गुणवाचक) जेट* (वि० १ भी)। क्रि० स और अ० (भू० और भू० कृ० **jetted**) धार फेंकना, धार मारना, फ़ौवारा छोड़ना या छूटना। **~engine, -plane** जेट इंजन, जेट वायुयान। **~liquid** द्रव-जेट* (वि० १ भी)। **~propulsion** जेट-नोदन* (वि० १ भी)। **~propelled** जेट-चालित (विशे० हवाई जहाजों के लिए) पंखों और डाँचों के पीछे के छिद्रों आदि से तीव्रगति से पीछे ढकेलने वाले वातिपुओं से आगे बढ़ने की गति ग्रहण करने वाला। **~tone** जेट ध्वनि* (वि० १ भी)।

jetsam (jet' săm) [var. of foll.] सं० फेंका माल, जहाज को हल्का करने के लिए समुद्र में फेंका गया सामान, (आधुनिक प्रयोग में) वह सामान जो बह कर तट पर आ लगे (तुल० FLOTSAM)।

jettison (jet' i sŏn) [A.-F. *getteson*, O.F. *getaison*, L. *jactātiōnem*, nom. *-tio*, from *jactāre*, freq. of *jacere*, to throw] स० और क्रि० स० १. फेंक देना (विशे० जहाज को हल्का करने के लिए माल समुद्र में फेंक देना); २. बाहर फेंक देना, निकाल फेंकना।

jetton सं० जेटन, मुद्रित या उट्टंकित (नक़ाशीदार) चित्रमय गिननी के काम आनेवाली गोट।

jetty[1] (jet' i) [O.F. *getee* (F. *jetée*), p.p. of *jeter*, to throw see JET[2]] सं० १. घाट*, जेटी* (ग्रo भी), अवतरणी, बाँध या पुल जो बंदरगाह या किनारे की हिफाजत के लिए रहता है; २. जहाज से माल उतारने का मंच या घाट।

jetty[2] दे० JET[1]।

Jew (joo) [A.-F. *Jeu, Geu*, O.F. *giu* (F. *juif*), L. *Iūdæum*, nom. *-us*, Gr. *Ioudaios*, Heb. *y'hūdāh*, Judah, son of Jacob] सं० १. यहूदी* (मा० १ भी); २. (परिवर्तित अर्थों में, बोल०) उचित से अधिक धन माँगने वाला सूदखोर, सख्त बनियौटी करनेवाला; ३. कंजूस। क्रि० स० (बोल०) ठगना, धोखा देना, मात करना।

in believing~ शक्की आदमी, अविश्वासी, मुश्किल से विश्वास करने वाला। **rich as a**~ यहूदियों (शोषकों) की तरह धनी। **tell that to the Jew's eye** एक असम्भव कथा। ~**baiting** यहूदियों पर अत्याचार करना, उत्पीड़न करना, सताना। **jew's-ear** खुम्बी, खुमी। **jew's harp** यहूदी वीणा, यहूदी सारंगी, तार का एक बाजा। **Jewess** सं० (स्त्री०) यहूदिन। **Jewish** वि० यहूदी संबंधी, यहूदी की जाति का या उसकी तरह का।

jewel (joo' él) [A.-F. *juel*, O.F. *joel*, *joel*, etym. doubtful; perh. from late L. *jocâle*,from L. *jocâre*, to play (whence *juer*, *jouer*), or dim. of *joie*, L. *gaudium*, joy] सं० १ रत्नजड़ित आभूषण, जड़ाऊ गहना; २. रत्न* (मा० १ भी), मणि, जवाहर; ३. बहुमूल्य वस्तु या व्यक्ति, अनमोल चीज, अलंकार, आभरण* (विधि भी)। क्रि० स० १. रत्नजड़ित करना, रत्नों से सुसज्जित या अलंकृत करना, जड़ाऊ जेवर पहनाना, हीरा-जवाहरात जड़ाना; २. (चड़ी की) चूल के छिद्रों में रत्न जड़ना। **Jewel -house, -office** टॉवर आफ़ लंदन का वह स्थान जिसमें राजकीय रत्न, रखे जाते हैं। **jeweller** सं० जौहरी, मणिकार, सुनार, जड़ाऊ जेवर, रत्न आदि बेचने वाला। **jewellery, jewelry** (joo'él ri) सं० जवाहरात, जड़ित आभूषण, मणिमुक्ता, रत्न-राशि। **jewelly** वि० रत्नमय, रत्न-विभूषित, रत्नजटित।

jewing (joo' ing)[JEW, -ING] सं० कुछ घरेलू कबूतरों की चोंच के नीचे की मांसल स्फीति, लटकती हुई मांस की झोली।

Jewry (joo' ri) [O.F. *juierie*, JEW, -ERY] सं० १. यहूदी जाति; २. (इति०) ज्यूरी, (नगर आदि में) यहूदियों का मुहल्ला, यहूदी टोला।

Jezail सं० जेजाइल, अफ़ग़ानों की लंबी बंदूक़।

Jezebel (jez' é bel) [wife of Ahab, king of Israel, 1 Kings. xvi. 31] सं० १. बेहया, बदनाम या परित्यक्ता स्त्री, कलमुही औरत; २. अपने चेहरे को रँगनेवाली स्त्री।

jib[1] (jib) [etym. doubtful; perh. abbr. of GIBBET, or from JIB[2]] सं० १. जिब* (रू० १, २ भी), डाँड़, एक छोटा त्रिभुजाकार पाल; २. जिब, बीच उठाने की कल या क्रेन का आगे का निकला हुआ हिस्सा। **out of his**~ उसकी सूरत-शक्ल। ~**-boom** जिब-बूम, वह बल्ली जो जहाज के तिरछे मस्तूल के आरपार लगी रहती है। ~**-door** चोर-दरवाजा, गुप्त-द्वार (जो दीवार में इस प्रकार लगा हो कि पता न लगे)।

jib[2] (jib) [cp. Den. *gibbe*, Dut. *gijpen*] क्रि० स० और अ० १. (नौ० वि०, पाल आदि को) एक ओर से दूसरी ओर हटाना; २. (पाल आदि का) झोंका खाना, हटना।

jib[3] (jib) [etym. doubtful] क्रि० अ० १. (घोड़े आदि का) अड़ जाना, मचल जाना, चमक जाना; २. (ला०) किसी काम में आगे बढ़ने से इनकार करना। ~**at** १. (किसी कार्य या व्यक्ति का) विरोध करना; २. तिरस्कार की दृष्टि से देखना।

jibber सं० अड़ियल घोड़ा।

Jibbah (ji' bá)[Ar.] सं० जब्बा,(मुसलमानी) चोंगा, लंबा अँगरखा।

jibe दे० GIBE।

jiff jiffy (jif', -i)[etym. unknown] सं० (बोल०) निमेष, पल, क्षण, बहुत कम समय। **in a**~ क्षण भर में, अति झपकते। **wait half a**~ तनिक रुको।

jig (jig) [etym. doubtful] सं० १. एक प्रकार का मस्ती भरा नृत्य, अलबेला नाच, तोड़ा; २. इस नृत्य के साथ का संगीत या नाच की गत; ३. जिग, किसी यंत्र के विभिन्न पुरजों को चलाने वाला उपकरण; ४. धंधना, छल। क्रि० अ० और स० १. (जिग) नाच नचना, तोड़े लेना; २. न्यारना, कच्ची धातु को पानी में घोल कर छलनी में इस प्रकार छानना कि मोटे कण छोटे कणों से अलग हो जायं। ~**saw** जिग आरा, पतला छोटा आरा जो मशीन से चलता है। ~**saw-puzzle** चित्र-पहेली, तस्वीर पर लगा कर आरे से आड़ा-टेढ़ा काटा हुआ चित्र।

jigger[1] (jig' ér) सं० १. (नौ० वि०) छोटी चरखी जो रस्सी से घूमती है; २. छोटा पाल; ३. मछली पकड़ने वाली नाव जिस पर यह लगी हो; ४. (बिलियर्ड) छड़ी की टिकन (शा०); ५. (गोल्फ़) पतले मुँह वाली लोहे की छड़ जो टिकाने या हवा में से आड़ा-टेढ़ा करने की जगह; ६. न्यारिया, कच्ची धातु को पानी में घोल कर छानने वाला; ७. (आ०) जिगर*। ~~**mast** बार पालों वाली नाव का पिछला पाल।

jigger[2] दे० CHIGOE।

jigger[3] (jig' er) [etym. doubtful] क्रि० स० (केवल कर्म-वाच्य में) शपथ के तौर पर (जैसे I'm jiggered आदि)।

jiggery-pokery (jig' er i pō' kér i) सं० (बोल०) गुप्त चाल, छल, धोखा, फरेब, पाखंड, धोखाधड़ी।

jiggle (jig' él) [freq. of JIG] क्रि० स० १. हलके-हलके झटके देना; २. धीरे-धीरे झुलाना।

jihad, jehad (jē hád') [Arab. *jihâd*] सं० १. जिहाद, धर्मयुद्ध, मुसलमानों का काफ़िरों के विरुद्ध युद्ध या संघर्ष; २ (ला०) किसी सिद्धांत या विचारधारा के पक्ष में या विरुद्ध आंदोलन या संघर्ष।

jill दे० GILL[4]।

jilt (jilt) [prob. from a dim. (-*et*) of JILL] सं० १. प्रेमी को प्रोत्साहित करके पीछे हट जाने वाली स्त्री; २. प्रतारिका, चपला, वंचिका, संकेतलघिनी, बेवफ़ा स्त्री; ३. (विरल०) बेवफ़ा पुरुष। क्रि० स० बेवफ़ाई करना, प्रेमी को छोड़ देना या उसमें विश्वास हो जाना।

Jim Crow (jim krō') सं० १. (अमरीकी प्रयोग) हल्दी; २. लोहे की छड़ों या रेल की पटरियों को पेंच के दबाव से सीधा करने वाला यंत्र।

jim-jams (jim' jāms) सं० (बहु०) १. (बोल०) बेहोशी की बक-झक, प्रलाप, अनर्गल बकवास; २. डर या भय का दौरा।

jimp (jimp) [Sc. and North., prob. unkn own] वि० १. छरहरा, नाजुक; २. मनोहर; ३. बहुत कम, थोड़ा, अल्प।

jingle (jing' gel) [imit.] सं० १ झंकार, खनखन, टुनटुनाहट, घंटियों या शृंखलाओं की कड़ियों का शब्द, २ (ध्यान आकृष्ट करने के लिए) मुँह से एक तरह की आवाज बार बार पैदा करना, झंकारपूर्ण कविता; ३. जिंगल, आयरलैंड या आस्ट्रेलिया की दो पहियों वाली छतदार गाड़ी। क्रि० अ० और स० १. झंकारना, झनझनाना, टुन-टुनाना; २. (लेख का) अनुप्रास तथा तुकयुक्त होना।

Jingo (jing' gō) [prob. conjurer's nonsense] सं० और वि० (बहु० **-goes**) १. शपथ के तौर पर (जैसे by living~); २. युद्धप्रिय* (मा० १ भी), युद्ध या झगड़ा करने का समर्थक; ३. कट्टर देशभक्त (विशेषत. १८७८ में लार्ड बीकंसफील्ड की नीति का समर्थक); ४. धक्केबाज; ५. जिगो*/ उद्धतराष्ट्रवादी*/युयत्सु* (मा० १ भी)। **Jingoism** सं० १. युद्ध-प्रियता* (मा० १ भी), झगड़ालू प्रवृत्ति; २. कट्टर देशभक्ति; ३. जिंगोवाद*/उद्धत राष्ट्रवादिता*/ युयुत्सुवाद* (मा० १ भी)। **jingoist** स० १. युद्ध-प्रिय; २. कट्टर देशभक्त। **jingoistic** वि० १. युद्ध-प्रिय; २. कट्टर देशभक्ति विषयक; ३. धक्केबाजी का।

jink (jingk) [Sc., prob. onomat.] क्रि० अ० और स० १. बच

निकलना, छिप कर बच निकलना, खिसक जाना, आँख बचा कर चल देना; २. (ग्रा०) विमान को विमान-भेदी तोपों से बचाने के लिए झटके से मोड़ना, विमान द्वारा गोला आदि लगा कर बच जाना। सं० १. बच निकलना, खिसकना; २. चुपचाप छिप कर कार्य करना। **high-jinks** रंगरेलियाँ, खरमस्तियाँ।

jinnee (ji nē') [Arab. *jinni* सं० (बहु० **jinn** प्रायः एकव० की तरह प्रयुक्त, स्त्री०-**yeh**) जिन्न (मुस्लिम लोक-कथाओं में वर्णित प्रेतात्मा जो मानवी या पशुओं के रूप में प्रकट होती है)।

jinricksha (jin rik' sha) [Jap. *jen-riki-sha* (*jin*, man, *riki*, strength, *sha*, vehicle)] स० १. रिक्शा, दो पहियों की हल्की गाड़ी जिसे आदमी खींचते हैं, इसका प्रयोग सबसे पहले जापान में हुआ, जापानी रिक्शा* (वि० १ भी)।

jinx (jingkz) सं० (अमरीकी ग्रा०) मनहूस, अशुभ (व्यक्ति या वस्तु)।

jirga सं० जिरगा, अफ़ग़ान सरदारों की सभा।

jitney (jit' ni) सं० १. (अमरीकी ग्रा०) ५ सेंट; २ सस्ती बस, बस जो कम भाड़े पर यात्रियों को ले जाती है।

jitters (jit' erz) सं० (बहु०) अतीव घबराहट, बेचैनी, उद्विग्नता; २. डर। क्रि० अ० १ (ग्रा०, मूलतः अमरीकी), १. घबराना, काँपना; २. डरना, ३. चिंतियाना। **~-bug** १. वेगपूर्ण नृत्य का शौकीन; २. घबराया हुआ व्यक्ति। **jittery** वि० (ग्रा०) शीघ्र घबरा जाने वाला। **have the ~** १. डर जाना, आतंकित होना; २. घबरा जाना, हाथ-पाँव फूल जाना।

jiu-jitsu दे० ju-jitsu।

jive (jiv)[etym. uncer.] सं० १. जिव, एक प्रकार का जाज़ संगीत। क्रि० अ० यह संगीत बजाना या इसके साथ नाचना।

Job[1] (job) [the Patriarch, subject of the *Book* of *Job* in the O.T.] सं० अय्यूब, जॉब (जिसकी कहानी बाइबिल के प्रथम खण्ड ओल्ड टेस्टामेंट की Book of~ में वर्णित है)। **would by the patience of ~** अत्यधिक तंग करने वाला। **Job's comforter** सहानुभूति के पर्दे में दुःख देने वाला। **Job's tears** जॉब्स टियर्स, एक घास के बीज जो मनके बनाने के काम आते हैं। **jobation** (jo bā' shŭn) सं० (बोल०) लंबी चौड़ी फटकार।

job[2] (job) [etym. unknown] स० १. कार्य* (प्र०, मा० ३ भी), कृत्य, व्यापार, क्रिया, काम (जो नफ़े या वेतन के लिए किया जाय); २. (बोल०) काम-धन्धा, ३. स्वार्थपरक कार्य, ऐसा सौदा जिसमें निजी लाभ को कर्तव्य से अधिक महत्त्व दिया जाय; ४. कर्त्तव्य, ५. मजदूरी, नौकरी* (प्र०, मा० ३ भी), रोज़गार, फुटकर काम; ६. क्षुद्र कार्य। क्रि० अ० और स० १. काम करना, धन्धा करना, मजदूरी करना; २. (घोड़ागाड़ी आदि) किराये पर लेना या देना; ३. दलाली पर थोक माल का क्रय-विक्रय करना; ४. अपने पद का निजी लाभ के लिए प्रयोग करना; ५. (किसी मामले में) बेईमानी करना। **a bad ~** बेकार का धन्धा, बेकार का काम, निष्फल प्रयास। **do person's ~** (किसी को) तबाह कर देना। **good or bad ~** (अच्छी या बुरी) अवस्था। **~card** (प्र०) कार्य कार्ड*, जॉब कार्ड*। **~lot** सट्टे के लिए ख़रीदा गया माल। **~master** वह व्यक्ति जो घोड़े या गाड़ियाँ किराये पर देता है। **~-work** फुटकर काम* (प्र० भी), छोटा-मोटा काम, छुट-पुट काम* (प्र० भी)। **jobber** स० १. दलाल, मध्यवर्णिक; २. बेमानी पर काम करने वाला; ३. झटाचारी, बेईमान; ४. मुकद्दम*, जॉबर*/सरदार* (मा० ३ भी)। **jobbery** सं० १. बेइमानी, झटाचार; २. स्वार्थसाधन; ३. क्षुद्र-कर्म*/स्वार्थाचार* (प्र० भी)।

job[3] (job) [Prob. onomat. (cp. JAB)] क्रि० अ० और स० १. हाँकना; २. कोंचना, चुभोना; ३. (घोड़े को) लगाम के दहाने से मारना; ४. चोट करना। सं० १. हाँक; २. कोंचा, चोभ; ३. (लगाम के) दहाने पर झटका।

jobbernowl (job'er nōl) [F. *jobard*, a fool, from *jobe*, silly, NOLL] सं० (बोल०) बुद्धू, काठ का उल्लू, गदहा, मूढ़, मूर्ख, खर-दिमाग़।

Jock (jok) [pers. name] सं० (सैनिक ग्रा०) जॉक, स्कॉट (विशेषकर पहाड़ी) सिपाही।

jockey (jok' i) [North. form of *Jackey*, dim of JACK[1]] सं० १. अश्वज्ञ, अश्वविद्या-विशारद, जॉकी, घुड़दौड़ में घोड़े पर सवारी करने वाला पेशेवर सवार; २. पिट्ठू, सहायक, नायब; ३. गुर्गा। क्रि० स० और अ० १. ठगना, छलना; २. (किसी व्यक्ति को) छल से इधर-उधर कर देना या अंदर ले जाना; ३. घोड़े से काम करा लेना (into, out of, doing आदि के साथ)। **~for position** १. निपुणता से घूम-फिर कर लाभपूर्ण स्थिति प्राप्त करना (विशेषकर नाव-दौड़ में); २. अनुचित लाभ उठाने की चेष्टा करना। **~-club** न्यू मार्केट का क्लब जो घुड़दौड़ की व्यवस्था करता है। **jockeydom** सं० जॉकियों का दल। **jockeyship** सं० पेशेवर घुड़सवारी, जॉकी का काम।

jocko (jok' ō) [F., formed by Buffon from W. Afr. *engeco* or *nchenko*] सं० जाको, एक प्रकार का बंदर जो मानवों से मिलता-जुलता है, एक प्रकार का चिम्पांजी।

jocose (jō kōs') [L. *jocōsus*, from *jocus*, JOKE] वि० १. हँसमुख, हँसोड़, ख़ुश, विनोदी, मसख़रा, विनोदात्मक, ठठ्ठेबाज़, सरस, मज़ाकिया, परिहासशील; २. मसख़रीपूर्ण। **jocosely** क्रि० वि० परिहासपूर्वक, सकौतुक, विनोदार्थ, मसख़री से, मज़ाक से। **jocoseness, jocosity** (jo kos' i ti) सं० विनोदात्मकता, परिहासशीलता, रसिकता, मसख़रापन, हँसोड़पन, कौतुक, उल्लास, हर्ष, प्रमोद।

jocular (jok' ū lăr) वि० १. हँसमुख, हँसोड़, ख़ुश, विनोदी; २. हास्यपूर्ण, विनोदात्मक। **jocularity** सं० १. विनोदात्मकता; २. हास्यपूर्ण होना, हँसोड़पन। **jocularly** क्रि० वि० १. हास्यपूर्ण ढंग से; २. विनोदात्मकता से।

jocund (jō' kŭnd, jok' ŭnd)[O.F. *jocond*, L. *jūcundus*, from *juvāre*, to help, to delight] वि० १. प्रमुदित, हँसोड़, हँसमुख, ख़ुश, विनोदी, रँगीला; २. प्रसन्नमुख, सुखदायी, लुभनवार। **jocundity** सं० १. उल्लास, आनन्द; २. हँसोड़पन; ३. रँगीलापन। **jocundly** क्रि० वि० हँसते हुए, जिंदादिली से।

jodhpurs (jod poorz') [place in India] सं० (बहु०) जोधपुर्स, घुड़सवारी के लिए ब्रिजिस, जोधपुरी ब्रिजिस।

joe[1], **joey**[1] (jō, jō' i) [Joseph Hume M.P. 1836] सं० (ग्रा०) जोय, तीन या चार पेनी का सिक्का।

joe[2] (jō), **Joe Miller** (mil' er) [*Joseph Miller*(1684-1738), comedian, whose name was attached to a jest-book (1739)] सं० १. घिसा-पिटा लतीफ़ा; २. बासी मज़ाक; ३. बादाम की जाति का एक फल।

joey[3] (jō' i) [Austral. abor. *joé*] सं० १. जोय, कंगारू का बच्चा; २. पशु-शावक, किसी जानवर का बच्चा।

jog (jog) [prob. onomat. (cp. F. *choquer*)] क्रि० स० और अ० १. झकझोरना, हिलाना, झटके से हिलाना, झँझोड़ना; २. धक्का देना, ठेलना; ३. अपनी ओर ध्यान खींचने के लिए (किसी को) धक्का

देना या केहुँनियाना; ४. थप थाड़ा करना या कराना; ५. डगमगाते हुए चलना, डोलना; ६. कठिनाई से चलना, घिसटना; ७. अपनी राह लेना, रवाना होना; ८. आगे बढ़ना; ९. काम चलाना (जैसे we must ~along); १०. वक्त काटना। सं० १. झटका, धक्का, ठोकर; २. हल्की दुलकी, मंदगति। ~-trot १. हल्की दुलकी या चाल, मंद गति; २. (ला०) धीमी प्रगति, थोड़ी प्रगति।

joggle (jog' el) [prob. freq. of prec.] क्रि० स०.और अ० १. हिचकोले देना या खाना; २. झटका देना; ३. झझोड़ना, झकझोरना। ४. हिचकोला, हल्का सा झटका। सं० १. लकड़ी या पत्थर के दो टुकड़ों को इस प्रकार लगाया हुआ जोड़ कि वे एक दूसरे पर न फिसलें; २. इस प्रकार जोड़ने के लिए लगाई गई कील या पच्चर। क्रि० स० कील या पच्चर से इस प्रकार जोड़ना।

Johannine (jo hăn' in) [as prec., -INE] वि० ईसा के शिष्य जॉन (यूहन्ना) का या उससे संबंधित।

Johannisberger (yō hăn' is bĕr gĕr) [G., from *Johannisberg*, a vineyard near Wiesbaden] सं० जोहांसबर्गर, जोहांसबर्ग की बढ़िया सफ़ेद शराब।

John (jon) [O.F. *Jehan* (F. *jean*), late L. *Johannes*, L. *Jeannes*, Gr. *Jōannēs*, Heb. *Yōchānānī*, Jah is gracious] सं० ईसाइयों का पुरुषवाची नाम। ~**Bull** १. अंग्रेज़ जाति; २. ठेठ अंग्रेज़; ~**Chinaman** ठेठ चीनी। ~**Company** दे० COMPANY। ~**Doe** क़ानून में काल्पनिक व्यक्ति। ~**Dory** दे० DORY। ~**o' -Groat's (-House)** उत्तरी स्कॉटलैंड।

Johnian (jŏ' ni ăn) वि० सेंट जॉन्स कॉलेज केम्ब्रिज का। सं० सेंट जॉन्स कॉलेज का कोई छात्र।

Johnny (jon' i) सं० व्यक्ति, आदमी (विशे० बना ठना), छैला, बाँका। ~**Armstrong** (नौ० वि०, ग्रा०) हाथ की बल। ~**cake** केक (अमरीका में) मकई या (आस्ट्रेलिया में) गेहूँ के आटे का बना केक। ~**Raw** नौसिखुआ, अनुभवहीन।

Johnsonian (jon sō' ni ăn) वि० १. (प्रसिद्ध साहित्यकार व शब्द-कोष-विशेषज्ञ) डॉ० सैम्युल जॉनसन का; २. उन जैसी शैली जिसमें लैटिन-निःसृत संयुक्त-शब्दों की भरमार हो। **Johnsonese** सं० जॉनसन की शैली।

join (join) [O.F. *joign-*, stem of *joindre*, L. *jungere* (p.p. *junctus*), cp. Gr. *zeugnunai*, to YOKE] क्रि० स० १. एकत्र करना, इकट्ठा करना; २. संम्मिलित करना, जोड़ना, मिलाना; ३. (दो बिछुओं को) सीधी रेखा द्वारा मिलाना; ४. विवाह, मित्रता आदि का संबंध जोड़ना; ५. शामिल होना, संयुक्त होना; ६. किसी के साथ आ मिलना; ७. (क्लब आदि का) सदस्य बनना; ८. (सेना, जहाज, समुदाय आदि में) जाना, शामिल होना; ९. फिर आ मिलना; १०. संगम हो जाना, नदियों का मिलना; ११. कार्यभार ग्रहण करना*/ नौकरी शुरू करना* (प्र० भी)। सं० १. मिलन-बिंदु, संगम-स्थल, मिलने की जगह; २. संगम; ३. (वि० २) उत्तंसित*। ~**battle** लड़ाई शुरू कर देना। ~**hands** १. हाथ बाँधना; २. हाथ मिलाना; ३. (ला०) किसी काम या उद्यम में शामिल होना। ~**issue** दे० ISSUE[1]। ~**up** सेना में भरती होना। **joinder** सं० १. (विधि के अतिरिक्त विरल), संयोजक, संयोजन; २. मेल, गठबंधन। **joiner** सं० १. जोड़ने वाला, मिलाने वाला (आदि क्रियागत अर्थों में); २. (वह) बढ़ई (जो फर्नीचर आदि बनाता है); ३. लकड़ी का छोटा-मोटा काम करने वाला; ४. जुड़ाई का काम करने वाला। **joinery** सं० १. बढ़ईगीरी; २. बढ़ई घर; ३. जुड़ाई के काम का कारखाना।

joint (joint) [O.F., p.p. of *joindre*, see prec.] सं० १. जोड़*, संधि* (आ०, इ० १, २, कू०, वि० १ भी), शरीर का जोड़; २. ग्रंथि, गाँठ; ३. पौधे या वृक्ष के तने का वह भाग जहाँ से पत्ते या शाखाएँ फूटती हैं; ४. चूल, कब्जा, दो चीजों के बीच ऐसा जोड़ कि वह दोनों हिल-डुल सकें; ५. (भगर्भ०) चट्टान में दरार; ६. अवयव; ७. बोटी, गोश्त का टुकड़ा; ८. (ग्रा० विशे० अमरीकी) मिलने या इकट्ठे होने का स्थान। क्रि० स० १. टुकड़े जोड़ना; २. चूल-कब्जे लगाना; ३. इमारत में जोड़ों आदि को मसाले से भरना, टीपकारी करना, टीप करना; ४. लकड़ी के टुकड़ों को जोड़ने के लिए रदे से चिकना करना; ५. अंग या शरीर को टुकड़े-टुकड़े करना या जोड़ों से काटना, जोड़-जोड़ अलग कर देना। वि० १. मिला-जुला, संयुक्त* (प्र० भी); २. साझे का, पचायती; ३. साझे में काम करने वाले (व्यक्ति), साझेदार (जैसे ~owners)। **during their ~lives** जब तक वे सब के सब जीवित हैं। **out of~** १. जोड़ से उतरी हुई हड्डी; २. (ला०) अस्तव्यस्त, बिखरा हुआ। **put someone's nose out of~** दे० NOSE। ~**-action** (कानून) सामूहिक कार्रवाई। ~**-direction** संयुक्त निदेश*। ~**filling** संधि-पूरण। ~**in rock** शैल संधि* (वि० १ भी)। ~**stock** १ हिस्सों में बँटी हुई पूँजी, संयुक्त पूँजी; २ संयुक्त पूँजी के आधार पर चालित (जैसे ~stock bank, co mpany)। ~**stock company** (विधि) संयुक्त स्टॉक कंपनी, ज्वाइंट स्टॉक कंपनी। ~**-stool** अलग-अलग टुकड़ों की निपाई।

jointer सं० १ टुकड़ों को जोड़ने वाला (विशे० इस काम में आने वाला रदा); २ कन्नी, टीप करने का औज़ार; ३. बिजली के तार आदि जोड़ने वाला कारीगर; ४. (कृ०) ज्वाइन्टर*। **jointless** वि० बिना जोड़ या गाँठ का। **jointly** क्रि० वि० संयुक्त रूप में* (प्र० भी), मिल-जुल कर, एक साथ, इकट्ठा, साझे में। **jointress, jointuress** सं० विधवा जो पति की संपत्ति की उत्तराधिकारिणी हो। **jointure** सं० १ स्त्री-धन, विधवा-धन, वह धन जो स्त्री को पति की मृत्यु पर मिलता है। क्रि० स० पत्नी के नाम वसीयत लिखना।

joist (joist) [M.E. and O.F. *giste* (F. *gîte*), a bed, a place to lie in, from *gesir*, L. *jacēre*, to lie] सं० (छत या फर्श की) शहतीर, बल्ली, कड़ी* धरन*, जॉयस्ट* (इ० ३ भी), जिस पर तख्ते जड़े जाते हैं। **joisted** वि० कड़ीदार, बल्लीदार।

joke (jōk) [L. *jocus*] सं० १ हँसी, हँसी की बात, दिल्लगी, मज़ाक, परिहास, ठिठोली, २ लतीफ़ा, ३. हास्यास्पद परिस्थिति। क्रि० अ० और स० १. मज़ाक करना, दिल्लगी करना, २. ठट्टा उड़ाना, हँसी उड़ाना, छेड़ना। **it is no ~** १. हँसी-मेल नहीं; २. बात गम्भीर है या कठिन है। **practical ~** शरारत, किसी के साथ की गई ठिठोली या मज़ाक की बात जिससे कि वह हँसी का पात्र बन जाय। **joker** सं० १. जोकर, भाँड, मसखरा; २. (ग्रा०) व्यक्ति; ३. आदमी; ४. (ताश का) जोकर; ५. वह पत्ता जो सब से बड़ा तुरुप माना जाता है। **jokingly** क्रि० वि० दिल्लगी से, छेड़ते हुए। **joky** वि० दिल्लगी करने वाला, मज़ाकिया।

jokul (yō' kul) [Icel. *jökull*, iticle, glacier, dim. of *jaki*, piece of ice (cp. ICICLE)] सं० (आइसलैंड का) हिम-पर्वत।

jole, joll [JOWL] सं० गड, कपोल।

jolly (jol' i) [O.F. *jolif*, *joli*, gay, fine, etym. doubtful] वि० १. खुश, हर्षित, प्रसन्न, सानंद, उत्फुल्लित; २. हल्के से नशे में; ३. रसिक, रँगीला; ४. हँसमुख, परिहासशील, विनोदी, प्रसन्नचित,

पुरलुफ़ (प्रव. व्या० में प्रयुक्त जैसे he must be ~fool to do it)। क्रि० वि० (बोल०) खूब, बहुत, अधिक (जैसे he will be a ~ savage, you will ~ well have to)। स० (ग्रा०) जाही जहाजी बेड़ा। क्रि० स० १. (बोल०) चापलूसी करना, खुशामद करना; २. बहलाना, फुसलाना, लुभाना (प्राय: ~along); ३. मज़ाक करना; ४. हँसी उड़ाना। **the ~good** बानुअ, यूनान का सुरा-देव। **jollify** क्रि० अ० और स० १. रँगरेलियाँ मनाना; २. पीना-पिलाना; ३. मस्त करना या होना, नशे में धुत करना या होना। **jollification** १. रँगरेलियाँ; २. मद्यपान। **jollity** स० १. आमोद-प्रमोद; २. उल्लास, आनंद; ३. जश्न, उत्सव।

jolly-boat (jol' i bōt) [cp. Dan. *jolle*, Dut. *jol*, YAWL] सं० (jolly भी) जहाज के साथ की छोटी नाव।

jolt (jōlt) [etym. doubtful, perh. conn. with JOWL] क्रि० स० और अ० १. हिचकोले या झटके देना, धचके देना; २. (गाड़ी का) धचके खाते हुए चलना। सं० हिचकोला, धचका, झटका, धक्का। **~head** स० स्थूल बुद्धि, मोटी अक्ल का, औंधी खोपड़ी का (व्यक्ति), अहमक, मूर्ख, मूढ़, गदहा, उल्लू।

Jonah सं० १. मनहूस; २. वह व्यक्ति जिसे मनहूस समझ कर बलि पर चढ़ा दिया जाए।

Jonathan (jon' á thán) [prob. from *Jonathan* Trumbull (1710-85), Governor of Connecticut, to whom Washington frequently referred for advice] स० १ अमरीका का साधारण नागरिक, ठेठ अमरीकन (Brother ~ भी); २. जान्थन, खाने के उपरान्त खाया जानेवाला एक प्रकार का नेव।

jonquil (jong'-, jŭng' kwil) [F. *jonquille*, Sp. *junquillo*, dim. of *junco*, L. *juncus*, rush] स० जॉनक्विल, एक प्रकार का नरगिस। **~colour** हल्का पीला रंग।

jordan (jôr' dán) [doubtfully conjectured to mean orig a Jordan-vessel, *i.e.*, one in which pilgrims brought water from the river Jordan for baptismal purposes] स० (सभ्य वार्तालाप में प्रयुक्त नहीं होता) मल-पात्र, पाखाने का बरतन। **~almond** स० जॉर्डन बादाम, मलकावा में आने वाला बढ़िया बादाम।

jorum (jôr' um) [etym. doubtful] स० १. जाम, शराब का बड़ा प्याला; २ प्याला भर शराब (विशे० पंच नामक पेय)।

Joseph (jō' zef) [the patriarch *Joseph* (alln. to Gen. xxxvii. 3)] सं० १ साध पुरुष; २. पवित्र व्यक्ति; ३. जोसेफ़, लंबा कोट (जो १८ वीं शताब्दी की यूरोपीय स्त्रियाँ घुड़सवारी के समय पहनती थीं)।

josh (josh) [etym. uncertain] क्रि स० और अ० १. बातों में उड़ाना; २. ठट्ठा करना, मज़ाक उड़ाना। स० (अमरीकी ग्रा०) शुद्ध हृदय से किया गया मज़ाक, दिल्लगी या ठिठोली। **josher** स० दिल्लगी करने वाला।

joskin (jos' kin) स० १. (ग्रा०) गँवार, देहाती; २. धामड़।

joss (jos) [corr. of Port. *deos*, L. *deus*, God] स० जॉस, चीनी देव-मूर्ति। **~-house** चीनी मंदिर। **~-stick** अगरबत्ती। **Josser** स० १. (ग्रा०) बेवकूफ़; २. व्यक्ति, आदमी।

jostle (jos' el) [formerly *justle*, freq. of *just*, JOUST] क्रि० अ० और स० १. टकराना; २. धक्का खाना (एक के साथ); ३. छीना-झपटी करना (एक के साथ), (किसी चीज को लेने के लिए) धक्कम-धक्का होना; ४. कुहनी मारना। सं० १. धक्कम-धक्का, रेल-मेल; २. टक्कर।

jot (jot) [L. and Gr. *iōta*, the letter *i*] सं० (प्राय: नकारात्मक प्रयोग) लव, कण, बिंदु मात्र, ज़रा-सा, हल्का-सा; २. लेश, रत्ती, तिल। क्रि० स० १. जल्दी-जल्दी संक्षेप में लिख लेना, घसीट लेना; २. टाँक लेना (प्राय: down के साथ)।

joule (jool) [Dr. J.P. *Joule* (1818-89), physicist] सं० १. जूल* (इ० २, वि० १ भी), कार्य या ऊर्जा की इकाई।

jounce (jouns) [etym. doubtful] क्रि०स० और अ० १. धक्का देना, टकराना, धक्का लगाना; २. धक्का खाना; ३. हिचकोला खा कर उछलना, हिचकोला लगना।

journal (jĕr' nál) [O.F., from L. *diurnālis*, DIURNAL] सं० १. (बहीखाता) रोजनामचा*/ दैनिकी* (प्र० भी); २. (नौ० वि०) रोजनामा* (प्र० भी); ३. जहाज का रोजनामचा; ४. दैनिक घटनाओं का रजिस्टर, दैनिक समाचार-पत्र या पत्रिका* (प्र० भी); ५. शहतीर या धुरा जो बेयरिंग पर टिका हुआ हो, मुख्य बेयरिंग* (कृ०, वि० १ भी); ६. जरनल* (विधि भी)। **the journals** संसद की दैनिक कार्रवाई का संक्षिप्त रोजनामचा। **~-box** धुरे और कमानी के आसपास की चूल का आवरण, बक्स।

journalese (jĕr nā lēz') सं० पत्रकारिता की भाषा या शैली, अखबारी ज़बान।

journalist (jĕr' nā list) सं० १. पत्रकार* (प्र० भी), अखबार-नवीस; २. वृत्तपत्र-प्रकाशक। **journalism** स० पत्रकारिता, अखबारनवीसी। **journalistic** वि० पत्रकारितासंबंधी, पत्रकार-सा।

journalize (jĕr' nā liz) क्रि० स० और अ० १. खतियाना, रोजनामचे में दर्ज करना, खाता लिखना; २. डायरी में लिखना।

journey (jĕr' ni) [O.F. *jornée*, late L. *jornāta*, *diurnāta*, a day's work as prec.] सं० १. निश्चित समय में तय किया जाने वाला फासिला, मंजिल, पड़ाव (जैसे day's ~); २. प्रयाण, प्रस्थान, प्रवास, सफर, यात्रा, देश भ्रमण, पर्यटन (प्राय. पृथ्वी पर)। क्रि० अ० सफर करना, यात्रा करना।

journeyman (Jĕr' ne man) सं० १. वेतनभोगी, मजदूर, मजदूरी पेशा, कारीगर, कारीगर या मिस्त्री जो दूसरे की दुकान पर काम करता हो, २. भाड़े का टट्टू। **~man (clock)** (ग० ज्यो०) पर्यवेक्षण-शाला में दूसरी घड़ी। **~-work** किराए या भाड़े का काम, (विशे० ला०) भाड़े के टट्टू जैसा काम।

joust (joust), **just**[2] (jūst) [O.F. *jouster* (F. *jouter*), from low L. *juxtāre*, to approach, from *juxtā*, near] क्रि० अ० दो घुड़सवार सामती का आपस में नेजों और बर्छों से युद्ध करना। सं० दो घुड़सवार सामतों का परस्पर नेजों और बर्छों से युद्ध।

Jove (jōv) [L. *Jovem*, acc. of O.L. *Jovis*, JUPITER] सं० १. जोव या जूपीटर, रोम का प्रधान देवता; २ बृहस्पति, (विशे० by ~ में प्रयुक्त) जूपीटर की कसम। **Jovian** वि० १. जोव का या जोव के समान, २. बृहस्पति का या बृहस्पति संबंधी।

jovial (jō' vi ál) [O.F., from L. *jovialis*, of Jupiter, as prec.] वि० उल्लासी, हँसमुख, प्रसन्नचित्त, मिलनसार, ज़िंदादिल। **joviality, jovialness** स० प्रसन्नचित्तता, हँसमुख होना, मिलनसारी। **jovially** क्रि० वि० हँसते-हँसते, खुशी से।

jowl (joul) [M.E. *chowl*, *chavel*, A.-S. *ċeafl*, jaw, blended obscurely with M.E. *cholle*, A.-S. *ċeolur*, throat] सं० १. जबड़ा; २. जबड़े की हड्डी; ३. गाल, कपोल; ४. थरथल या गले से लटकती हुई खाल (विशेषकर पशुओं की झोल और पक्षियों का

पोटा); ५. सामन और अन्य मछलियों के सिर और कंधे। **cheek by ~** १. पास-पास; २. घुले-मिले।

joy (joi) [O.F. *joie*, L. *gaudia*, orig. pl. of *gaudium*] सं० १. आनंद, प्रसन्नता, हर्ष* (मा० २ भी), खुशी, उल्लास; २. आनंददायक वस्तु। क्रि० अ० और स० १. (प्राय: काव्य) प्रसन्न करना या होना, हर्षित करना या होना; २. बाग-बाग कर देना, निहाल कर देना। **~-bells** उल्लास और आनंद के अवसर पर बजाई जाने वाली घंटियाँ। **~-ride** १. मोटर आदि में सैर; २. चोरी से ऐसी सैर। **~-stick** (ब्रा०) विमान को क़ाबू रखने या चलाने वाला यंत्र। **joyful, joyous** वि० १. खुश; २. हर्षभरा। **joyfully, joyously** क्रि० वि० खुशी-खुशी, आनंदपूर्वक। **joyfulness, joyousness** सं० खुशी, आनंद। **joyless** वि० आनंदविहीन, निरानंद। **joylessly** क्रि० वि० बिना खुशी के। **joylessness** सं० आनंदविहीनता।

jubilate (joo' bi lāt) [L. *jūbilātus*, p. p. of *jūbilāre*, from *jūbilum*, a shout of joy] क्रि० अ० १. जयघोष करना; २. आनंद मनाना, जश्न मनाना; ३. हर्ष प्रकट करना, फूला न समाना। **jubilance, jubilation** सं० १. आनंद; २. खुशी, जश्न, उत्सव, चहल-पहल। **jubilant** वि० १. जयघोष करनेवाला; २. हर्षित, उल्लसित; ३. खुश, मगन, प्रफुल्लित। **jubilantly** क्रि० वि० आनंदपूर्वक, उल्लसित होकर।

jubilee (joo' bi lē) [O.F. *jubilé*, late L. *jūbileus* (assim. to *jūbilum*, see JUBILATE[1], Gr. *iōbēlaios*, pertaining to the jubilee, from *iōbēlos*, Heb. *yōbēl*, orig., ram, ram's -horn trumpet] सं० १. (यहूदी इति०) यहूदी-महोत्सव, यहूदियों की आज़ादी और देश-वापसी की यादगार जो हर पचास वर्ष के बाद मनाई जाती है; २. (रोमन कैथोलिक धर्म) क्षमा-वर्ष, वह वर्ष जिसमें पापियों को दंड-मुक्ति मिलती थी (अब यह किसी भी समय मिल सकती है); ३. पचासवीं वर्षगाँठ; ४. उत्सव-काल; ५. प्रसन्नता, परमानंद; ६. जयंती* (प्र० भी), जुबली* (प्र०, मा० १ भी)। **diamond ~** हीरक जयंती, साठ वर्ष पर होने वाली जयंती। **silver ~** रजत जयंती* (प्र० भी), पच्चीसवीं वर्षगाँठ।

Judaic, -al (joo dā' ik, -āl) [L. *Judāicus*, Gr. *Ioudaikos*, from *Ioudais*, JEW] वि० १. यहूदी; २. यहूदियाना, ३. यहूदी संबंधी। **Judaize** क्रि० अ० और स० १. यहूदी प्रथाओं का अनुसरण करना; २. यहूदी बनाना; ३. यहूदी रंग में रँगना। **Judaism** (joo' dā izm) सं० यहूदीपन, यहूदियत। **Judaist** सं० यहूदी, यहूदी धर्मानुयायी।

Judas (joo' dăs) [L. *Jūdas*, Gr. *Ioudas*, Heb. *y'hūdāh*, Judah] सं० १. ईसा मसीह का शिष्य जिसने उनके साथ विश्वासघात किया; २. विश्वासघाती, द्रोही; ३. झरोखा, छिद्र। **~-coloured** लाल रंग की (दाढ़ी आदि)। **~-kiss** विश्वासघात का प्रतीक (जुडास ने ईसा को पकड़वाते समय उनका चुम्बन लिया था जिससे कि अधिकारी जान सकें कि उन्हें किसे पकड़ना है)। **~-tree** एक वृक्ष जिसके लाल फूल कोपलों से पहले निकलते हैं।

judder (jŭd'ĕr) सं० (विशे० साधारणतः संगीत में) जुडर गाते समय सुर के यांत्रीय में होने वाला परिवर्तन।

judge (jŭj) [M.E. and O.F. *juge*, L. *jūdicem*, nom. *jūdex* (*jūs*, LAW, *dic-*, root of *dicāre*, to point out, cp. INDICATE)] सं० १. न्यायाधिपति, दंडनायक, जज, न्यायाधीश* (प्र०, मा० १, २, विधि भी), न्यायकर्त्ता; २. सर्वोच्च निर्णायक (भगवान्); ३. (हिब्रू इति०) इज़राइल में जोशुआ और राजाओं के बीच के काल में अस्थाई न्यायाधिकारी; ४. (बहुव०, संबो० judga) बाइबिल की एक पुस्तक; ५. पंच; ६. निर्णायक; ७. परीक्षक, पारखी, गुणज्ञ, अभिज्ञ, निर्णय देने योग्य व्यक्ति। क्रि० स० और अ० १. अदालत में (किसी व्यक्ति को) दंड सुनाना; २. मुकदमा सुनना; ३. निर्णय देना, फ़ैसला करना; ४. तय करना, चुकाना; ५. विचार प्रकट करना; ६. राय क़ायम करना, धारणा बनाना; ७. आलोचना करना, मूल्यांकन करना; ८. नतीजा निकालना; ९. विचारना; १०. मान लेना; ११. न्यायाधीश के रूप में कार्य करना; १२. जाँचना, परखना, आँकना, तौलना। **Judge Advocate** न्यायाधीश अधिवक्ता। **Judge Advocate-General** १. दीवानी अधिकारी जो फ़ौजी अदालतों का प्रमुख हो; २. (प्र०) न्यायाधीश महाधिवक्ता*, जज एडवोकेट जनरल*। **~made law** न्यायाधीश के निर्णय पर आधारित क़ानून, निर्णीत विधि। **judgeship** सं० १. जजी, न्यायाधीश-पद; २. जज-पद की अवधि। **judgmatic, -al** (jŭj măt' ik, -āl) वि० (बोल०) विवेकशील, समझदार, दूरदर्शी, जो अच्छे-बुरे में विवेद कर सके। **judgmatically** क्रि० वि० सोच-समझकर, दूरदर्शिता से।

dgment, judgement (jŭj' ment) सं० १. न्याय, अदालत का निर्णय* (आ०, प्र०, मा० १, २, विधि भी), फ़ैसला; २. दैवकोप (जैसे it is a ~ on you for getting up late); ३. आलोचना; ४. धारणा, विचार, विवेक, राय; ५. अनुमान (जैसे in my ~); ६. आलोचना-शक्ति; ७. परख, जाँच, सूझ। **the Last ~** प्रलय के दिन ईश्वर का न्याय। **Judgement Day** ईश्वरीय न्याय का दिन, हश्र, क़यामत का दिन, प्रलय-दिवस। **~debtor, -creditor** जिसके पक्ष या विपक्ष में डिग्री दी गई हो। **~ debt** ऋण जिसकी अदायगी के लिए डिग्री दे दी गई हो। **~sea:** न्यायासन, न्यायपीठ। **~summon** वह सम्मन जो निर्णीत ऋण न चुकाने पर जारी किया जाए।

judicature (joo' di kā tūr) [F., from med. L. *jūdicātūra*, from *judicāre*, to JUDGE] सं० १. न्यायतंत्र, न्यायविधान, न्याय-व्यवस्था; २. जज की कार्यावधि; ३. जज-समूह, ४. न्याया-धिकरण, अदालत, न्यायालय। **Supreme Court of Judicature** इंगलैण्ड का सर्वोच्च न्यायालय जिसके बहुत से अंग हैं, जैसे अपील न्यायालय और उच्च न्यायालय।

judicial (joo dish' ăl) [L. *jūdiciālis*, from *jūdicium*, a trial-a judgment, from *jūdex*, JUDGE] वि० १. न्यायालय संबंधी, न्यायालय द्वारा किया हुआ, अदालती* (प्र० भी); २. न्यायालयोचित; ३. (दैवी) दंड या आपत्ति* (प्र०, मा० १, विधि भी), न्यायिक; ४. न्यायकारी। **~act** (विधि) न्यायिक कार्य*। **~assembly** १. जज संबंधी, न्यायाधीशोचित; २. आलोचनात्मक, निष्पक्ष। **~blindness** पापों के कारण अक्ल पर परदा पड़ जाना। **~enquiry** अदालती जाँच* (प्र० भी)। **~murder** १. क़ानूनी हत्या; २. क़ानूनी मृत्यु-दण्ड। **~notice** न्यायिक अवेक्ष* (विधि भी)। **~officer** न्यायिक अधिकारी* (प्र० भी)। **~proceedings** न्यायिक कार्रवाइयाँ* (विधि भी)। **~record** न्यायिक अभिलेख। **judicially** क्रि० वि० न्यायपूर्वक, निष्पक्ष रूप से। **judiciary** सं० १. न्यायतंत्र, न्यायपालिका* (प्र० भी); २. न्यायाधीश वर्ग; ३. न्यायांग, किसी राज्य का जज-समूह; ३. न्यायविभाग।

judicious (joo dish' ŭs) [F. *judicieux*, as prec.] वि० विवेक-

पूर्ण, ठीक-ठीक, उचित, बाजबी, समझदार, चतुर, सोच-समझ कर ठीक-ठीक काम करने वाला। **judiciously** क्रि० वि० विवेक-पूर्वक, समझदारी से, सोच-समझ कर। **judiciousness** सं० विवेकशीलता, चतुराई, समझदारी।

judo (joo' dō) [Jap.] सं० अब प्रायः ju-jitsu के लिए प्रयुक्त, दे० JU-JITSU।

jug[1] (jŭg) [etym. doubtful] सं० १. जग, सुराही; २. लोटा; ३. (ग्रा० stone ~भी) कारावास, क़ैदख़ाना। क्रि० स० १. (खरगोश का गोश्त) बंद बरतन में पकाना (प्रायः भू० कृ० में); २. (ग्रा०) क़ैद करना। **jugful** सं० जग या लोटा भर।

jug[2] (jŭg) [imit.] क्रि० अ० बुलबुल या किसी अन्य पक्षी का चहचहाना (जिनमें जग-जग का शब्द हो)। सं० 'जग-जग' की ध्वनि।

jugal (joo' găl) [L. *jugālis*, from *jugum*, yoke] सं० १. गंडिका, जुगल* (वि० १ भी)।

jugate (joo' gĕt) [L. *jugātus*, p.p. of *jugāre*, to couple, as prec.] वि० (वन०) संयुक्त, संश्लिष्ट; २. जोड़पतिया, जोड़ेदार पत्तियों वाला।

jugglins (jŭg' inz) सं० (ग्रा०) सीधा-सादा, गोबर-गणेश।

juggle (jŭg' el) [from O.F. *jogleor*, jugg(l)er, late L. *joculātōrem*, nom. *-or*, from *joculāre*, L. *joculāri*, to jest, from *joculus*, dim. of *jocus*, JOKE] क्रि० अ० और स० १. मदारी का खेल करना; २. माया या इंद्रजाल करना; ३. बाज़ीगरी दिखाना; ४. धोखे में चीज़ उड़ा लेना; ५. धोखा देना, हेर-फेर करना; ६. चालाकी से (कोई चीज़) हटा देना, रख देना या बदल देना। सं० १. मदारी का खेल; २. चालाकी। **~with** १. (किसी व्यक्ति को) धोखा देना; २. तथ्यों को ग़लत रूप में प्रस्तुत करना, आँकड़ों आदि में हेर-फेर करना। **juggler** सं० १. ऐंद्रजालिक; २. बाज़ीगर, मदारी; ३ छली, कपटी, ऐयार, मक्कार, धूर्त। **jugglery** सं० १. बाज़ीगरी, जादूगरी, मायाजाल; २. चालाकी, मक्कारी, छल, कपट।

Jugo-Slav दे० YUGOSLAV।

jugular (jū' gū lar) [L. *jugŭlum*, the collarbone, -AR] वि० और सं० १. कठन्थ, कठ्य, गरदन या गले का; २. गरदन या गले की नस, ग्रीवा, सिरा (ऐसी मछली का जिसके गले के पास पर होते)। **external ~** वह रग जो गरदन से सिर के बाहरी भाग में रक्त लाती और ले जाती है। **internal ~** वह रग जो गरदन से सिर के अंदरूनी भाग में रक्त लाती और ले जाती है। **~veins** गरदन की मोटी नसें जिनमें से रक्त बहता है।

jugulate (jū' gū lāt)[L. *jugulātus*, p.p. of *jugulāre*, to cut the throat of, as prec.] क्रि० स० १. मार डालना; २.(विशे० ला०) प्रभावी ओषधि से (रोग को) बढ़ने से रोक देना।

juice (joos) [O.F. *jus*, L. *jūs*, soup, sauce] सं० १. रस* (ग्रा०, कृ०, वि० १ भी), आसव, अर्क़; २. सीरा; ३. पशु के शरीर का रस या तरल भाग; ४. (ला०) तत्त्व, सार, निचोड़; ५. (ग्रा०) इंजन आदि में प्रयुक्त पेट्रोल या बिजली। **the juices** देह-रस। **gastric ~** जठर रस। **juiceless** वि० नीरस, तत्त्वहीन, निःसार। **juicy** वि० १. रसमय, रसपूर्ण, रसदार, रसभरा; २. तर (मौसम), जिसमें वर्षा बहुत हो; ३. (बोल०) उत्कृष्ट बौद्धिक स्तर का; ४. अर्थ-पूर्ण; ५. रुचिकर, रोचक, दिलचस्प; ६. (कला, ग्रा०) ऐसे रंग जिनसे तरावट टपकती हो। **juiciness** सं० १. रसमयता, सरसता; २. रोचकता; ३. बौद्धिक उत्कृष्टता; ४. अर्थपूर्णता।

jujube (joo' joob)[F., from late L. *jujuba*, L. *zizyphum*, Gr. *zizuphon*] सं० १. बदरी, जूजूब, बेर* (कृ०, वि० १ भी), कुछ पौदों का बेर जैसा फल; २. खाँसी आदि में चूसने की गोली जो किसी फल के समान हो या उसकी चाशनी से बनी हो।

ju-jitsu (joo jit' soo) [Jap.] सं० जूजुत्सु, जापानी कुश्ती, कुश्ती का जापानी ढंग।

juke-box (jook' boks) [unkn.] सं० (अमरीकी प्रयोग) जूक-बॉक्स, एक मशीन जिसमें कोई सिक्का डालने से अपने आप ग्रामोफ़ोन रेकार्ड बजने लगता है।

julep (joo' lĕp) [F., from Sp. *julepe*, Arab. *julāb*, Pers., *gulāb* (*gul*, rose, *āb*, water)] सं० १. शर्बत, (विशे०) वह जो ओषधि देने के लिए प्रयुक्त हो, बलवर्धक या उत्तेजक पेय जिसमें दवाई मिली हो; २. (अमरीकी प्रयोग) बर्फ़ या मसालेदार शराब, पानी मिली (विशे० mint ~)।

Julian (joo' li ăn) वि० जूलियस सीज़र संबंधी। **~calendar** जूलियस सीज़र द्वारा प्रचालित कैलेंडर, जूलियस कैलेंडर* (वि० १ भी) (तुल० GREGORIAN)।

July (ju li') [A.F. *Julie*, L. *Jūlius*, after *Jūlius Caesar*] सं० १. जुलाई मास; २. वर्ष का ७वाँ महीना जिसका नाम जूलियस सीज़र के नाम पर पड़ा।

jumble (jŭm' bel) [prob. onomat.]क्रि० अ० और स० १. मिश्रण करना, मिला देना, गड्डमड्ड करना, उलट-पलट करना या होना; २. चबड़ाना। सं० १. गड्डमड्ड, ढेर, अंबार, अव्यवस्थित ढेर; २. अव्यवस्था, गड़बड़; ३. धक्का-पेल। **~sale** विशेष रूप से आयोजित पैठ या बाज़ार आदि में फुटकर सस्ती वस्तुओं की बिक्री। **~shop** जहाँ फुटकर वस्तुएँ बिकती हों। **jumbly** वि० अव्यवस्थित रूप से, धक्का-पेल करके।

jumbo (jŭm' bō) [etym. doubtful] सं० (बहु० -s) मोटू, मोटा, भोंडा या भद्दा आदमी; २. डेढ़ का ढेर; ३. अंबो, लंबन के चिड़िया-घर का प्रसिद्ध हाथी; ४.अत्यधिक सफल व्यक्ति।

jump (jŭmp) [prob. onomat. (cp. G. dial. *gumpen*, Dan. *gumpe*, Swed. dial. *gumpa*)] क्रि० अ० और स० १. कूदना, छलाँग लगाना; २. उछलना; ३. चौंक उठना, चौंकाना; ४. (क़ीमतों आदि का) एकदम चढ़ जाना; ५. जल्दबाज़ी से (परिणाम आदि पर) पहुँचना; ६. सहमत होना; ७. सहमति होना (with, together के साथ प्रयुक्त); ८. द्वार, फाटक आदि पर से कूद जाना; ९. रेलगाड़ी का पटरी से उतर जाना; १०. बच्चे को कूदने में सहायता देना, कुदाना; ११. (आलू आदि को) कड़ाई में तलना (प्रायः भू० कृ० में); १२. झपटना, झपट पड़ना; १३. आगे निकल जाना; १४. नई वस्तु पर तुरंत कब्ज़ा कर लेना (पूर्व-अधिकारी के छोड़ने पर); १५. (किसी विषय या पुस्तकांश को) सरसरी नज़र मार कर छोड़ देना; १६ बरमे से सूराख़ करना (चट्टान में)। सं० १. छलांग, फलांग, कूद, प्लुति*/ कुदान*/ जंप* (वि० १ भी); २. किसी धक्के या उत्तेजना से चौंक उठने की क्रिया; ३. मात्रा, क़ीमत, मूल्य आदि की आकस्मिक वृद्धि; ४. क्रम, दलील आदि में आकस्मिक परिवर्तन या अंतर। **~at** (ला०) १. तुरंत स्वीकार कर लेना, जल्दी से मान लेना; २. एकदम पहुँच जाना, आ गिरना। **~down person's throat** १. मुँहतोड़ जवाब देना; २. कटुता से टोक देना। **~in** झपट कर गाड़ी आदि में सवार होना। **~out of one's skin** हैरानी से उछल पड़ना। **~upon or on** १. आक्रमण करना, टूट पड़ना; २. कड़ी डाँट पिलाना, ख़बर लेना। **high ~** ऊँची छलांग। **long ~** लंबी छलांग। **jumpable** क्रि० जिसपर कूदा जा सके। **jumper**[1] क्रियागत अर्थों में १. उछलनेवाला, कूदनेवाला; २ जंपर, बेल्ड का मेवॉडिस्ट मतावलंबी जिसकी उपासना में उछल-कूद भी शामिल है; ३. पिस्सू या वह कीड़े जो उछल कर चलते हैं; ४. जंपर वह रस्सी जो जहाज के

वस्तुल आदि पर इसलिए बाँधते हैं कि झटके न लगें; ५. एक प्रकार का बड़ा बरमा जो पत्थर आदि में छेद करने के लिए प्रयुक्त होता है, जंपर* (इं० १ भी); ६. बवासा* (इं० १, २ भी)। **jumping** क्रियाविशेषण वर्षों में (विशे०) उछलने-कूदने वाले पशुओं के नाम के साथ आता है (जैसे ~deer उत्तरी अमरीका का काली दुम वाला मृग)। **~bean** जंपिंग बीन, मैक्सिको के एक पौदे का बीज जो अंबर के लार्वा के कारण उछलता है। **jumpy** वि० चौंकने वाला, अस्थिर। **jumpiness** सं० १. चौंकने की आदत; २. क्रम छोड़ जाने या स्थिति तुरंत बदलने की प्रवृत्ति, अस्थिरता।

jumper[3] (jŭm' pĕr) सं० १. जंपर, फिरमिच की ढीली-ढाली बाकेट जो नाविक पहनते हैं; २. जंपर, स्त्रियों की ढीली-ढाली कुर्ती जो नितंबों तक लटकती रहती है।

junction (jŭnk' shŭn) [L. *junctio*, from *jungere*, to JOIN] सं० १. योग, मिलाना, संमिलन, समागम, संधि* (इं० २, वि० १ भी), मेल* (आ० भी), संगम, संश्लेष, संसर्ग, संसक्ति ; २. संगम या मेल का स्थान, जंक्शन स्टेशन जिस पर बहुत से रेल-मार्ग मिलते हों; ३ संधि-स्थान ; ४. जंक्शन* (इ० २ भी)।

juncture (jŭnk' tyŭr, -chur) [L. *junctura*. *ex* prec.] सं० १. संधि* (आ० भी), ग्रंथि, मेल, संगम; २. घटनाएँ, परिस्थिति, अवस्था, अवसर, मौका, बेला, समय; ३. कष्टकाल, संकट बेला (जैसे at this ~)

June (joo.) [L. *Jūnius*] सं० जून, साल का छठा महीना।

jungle (jŭng' gel) [Hind. *jangal*, from Sansk., *jangala*. desert] सं० १. जंगल, वन; २. झाड़-झंखाड़ से भरी भूमि(विशे० भारत में); ३. उलझा हुआ ढेर। **~fever** एक प्रकार का मलेरिया रोग। **jungled** वि० जंगलों से भरा, जंगलमय। **jungly** वि० जंगली. जंगल का।

junior (joo' ni or, joo nyor) [L. *jūnior*, comp of *juvenis*. young] वि० और सं० १. अवर*, कनिष्ठ* (प्र०, मा० १ भी), नीचे का, मातहत, छोटा (विशेषकर उस पुत्र के नाम के साथ आता है जिसका नाम बाप वाला ही हो (जैसे John, Smith ~); २. (स्कूल में एक ही उपनाम के दो लड़के हों तो एक के नाम के पीछे JUNIOR लगा देते हैं); ३. लघु, कम। सं० १. जूनियर (जिनकी कार्यावधि या पदवी कम हो); २. (अम०) पुत्र; ३. छोटे पद का व्यक्ति। **juniorate** सं० (सोसाइटी ऑफ़ जीसस में) दो वर्ष का पाठ्यक्रम जिसे पूरा करने पर पादरी बनाया जाता था।

juniper (joo' ni pĕr) [L. *jūniperus*, etym. doubtful] सं० जुनिपर, एक प्रकार की नुकीली पत्तियों वाली सदाबहार झाड़ी। **common** ~नुकीली पत्तियों और काले बेर जैसे फलों वाली झाड़ी जिसका तेल ओषधियों और जिन (शराब) बनाने में प्रयुक्त होता है।

junk[1] (jŭngk) [Port. and Sp. *junco*, Jav. *jong*] सं० जंक, चीनी समुद्र में प्रयुक्त चपटे पेंदे का जहाज।

junk[2] (jŭngk) [etym. doubtful] सं० १. (जहाज़ का) पुराना रस्सा (जिनके रेशे निकाल कर दरज़ों में भरे जाते हैं); २. पुराना बेकार सामान; ३. कूड़ा, कबाड़; ४. बड़ा सा टुकड़ा, पिंड; ५. (नौ०वि) नमकीन गोश्त; ६. एक प्रकार की व्हेल मछली का भेजा। क्रि० स० बड़े-बड़े टुकड़े करना। **~shop** जहाजों के पुराने सामान की दुकान, कबाड़ी की दुकान।

junket (jŭng' ket) [M.F. *jonc de jonquette*] (cp. Norm. patois *jonquette*), Prov. *joncada*, It. *giuncata*. p.p. of *giuncare*, from *giunco*, L. *juncus*, rush] सं० १. पिष्टान्न, मोदक, मीठे दही और छाछ से बनी मिठाई जिसके ऊपर मलाई की तह जमी होती है; २. दावत। क्रि० अ० १. दावत करना; २. पिकनिक करना, वन-विहार करना, **junketing** सं० १. दावत देना; २. पिकनिक, वन-विहार।

Juno (joo' nō) [L.] सं० १. जूनो देवी* (मा० १ भी), जूपीटर की अर्धांगिनी; २. रोबदाब वाली सुंदरी; ३. तीसरा ग्रह-उपग्रह, तीसरा नक्षत्र।

junta (jŭn' ta) [Sp., from L. *juncta*, fem. p.p. of *jungere*, to JOIN] सं० १. स्पेन या इटली का राजकीय मंत्रणा-मंडल; २. (मा० १) जंटा* (स्पेन की विधान या प्रशासन सभा)।

junto (jŭn' tō) [erron. from prec.] सं० १. सभा, समाज, जत्था, टोली, गिरोह, गुट, दल; २. राजनैतिक या अन्य विचारों के अनुयायियों का मंडल या दल; ३. जंटो*/सत्तार्थी गुट* (मा० १)।

Jupiter (joo' pi tĕr) [L. (*Jovis*, Jove, *pater*, father)] सं० (रोमन पुरा०) देवों का देव, (जैसे देवराज इंद्र) जूपिटर* (मा० १ भी); २. बृहस्पति*/ गुरु* (वि० १ भी)। **~Pluvius** १. वरुण देवता; २. सूर्य-मंडल का सबसे बड़ा ग्रह।

jural (joor' ăl) [L. *jūs jūris*, law, -AL] वि० १. विधि संबंधी, विधि का; २. नैतिक अधिकार-कर्त्तव्य संबंधी।

Jurassic (joo răs' ik) [F. *Jurassique*, from *Jura* (cp. CLASSIC)] वि० १. फ्रांस और स्विट्ज़रलैंड के मध्यवर्ती जूरा-पर्वत का; २. इस पर्वत की भाँति दानेदार चूने के पत्थर से भरा हुआ; ३. (वि० १) जुरैसिक*।

jurat (joor' ăt, zhu' rat) [F., from med L *juratus*, one who is sworn. orig. p.p. of L. *jurāre*, to swear] सं० १. म्युनिसिपल कमिश्नर जैसा, म्युनिसिपल अधिकारी, जुरट; २. (ब्रिटेन की खाड़ी के द्वीपों में) वह व्यक्ति जिसे आयु भर के लिए मजिस्ट्रेटी के अधिकार दे दिए गए हों।

juridical (joo rid' i kăl) [L. *jūridicus* (*jūs jūris*, law, *dic-*, stem of *dicāre*, to proclaim)] वि० १. न्यायिक, कानूनी कार्रवाई से संबंधित; २. कानूनी, वैध, न्याय विधान सबंधी, न्याय सबंधी, अदालती, आवहारिक।

jurisconsult (joor ris kŏn sŭlt') [L. *jūrisconsultus* (*jūris*, as prec., *consultus*, see CONSULT)] सं० न्यायविशारद, विधिविद, कानूनदाँ, स्मृति शास्त्रज्ञ, धर्मशास्त्र कोविद।

jurisdiction (joo ris dik' shun) [F., from L. *jūrisdictiōnem*, nom. -*tio* (*jūris*, see JURIDICAL, *dictio*, DICTION)] सं० १ न्याय-व्यवस्था; २. कानूनी या अन्य अभिलाष, अधिकार; ३. अधिकार-क्षेत्र* (प्र०, मा० १ भी); ४. क्षेत्राधिकार* (प्र० भी); ५. न्याय-प्रभुत्व, न्यायाधिकारी क्षेत्र, इलाका, अमलदारी; ६. अधिकारिता*(प्र०, विधि भी)। **jurisdictional** वि० १. न्याय-व्यवस्था संबंधी, २ अधिकार-क्षेत्र संबंधी।

jurisprudence (joo ris proo' dens) [L. *jūrisprudentia*] सं० १. न्याय-व्यवस्था, न्याय-विधान; २. विधिशास्त्र*/ न्यायशास्त्र* (मा० १ भी); ३. धर्मशास्त्र, स्मृतिशास्त्र; ४ न्यायनिपुणता, कानूनदानी। **jurisprudential** वि० विधिशास्त्र सबंधी। **jurisprudent** वि० न्यायविधान संबंधी। सं० कानूनदाँ, विधिवेत्ता, वकील, न्यायशास्त्री।

jurist (joo' rist) [F. *juriste*, med. L. *jūrista*, from *jūs jūris*, law] सं० १. विधिशास्त्री* (प्र० भी), विधिवेत्ता* (मा० १ भी), न्यायशास्त्री; २. स्मृतिज्ञ, धर्मशास्त्रकोविद, विधि पर पुस्तकें लिखनेवाला, वकील; ३. विधि का विद्वान्* या ज्ञाता। **juristic. -al** (ju ris' tik, -ăl) वि० १. विधिशास्त्रीय; २. विधिशास्त्र संबंधी, न्यायशास्त्रसंबंधी। **juristically** क्रि० वि० न्यायशास्त्र या विधि शास्त्र की दृष्टि से।

juror (joor' ər) [A.-F. *jurour*, O.F. *jureor*, L. *jūrātōrem*, nom. *-or*, from *jūrāre*, to swear] सं० १. जूरी-सदस्य* (प्र०, विधि भी), जूरी का सदस्य, पंच; २. शपथ लेने वाला।

jury (joor' i) [A.-F. *juree*, O.F. *jurée*, an oath, an inquest, a body of sworn men, p.p. of *jurer*, L. *jūrāre*, to swear] सं० १. जूरी* (प्र०, मा० १, विधि भी); २. इनामी मुक़ाबिले के जजों का समूह। **grand**~ १२ से २३ सदस्यों की जूरी जो किसी अभियोग के अदालत में पहुँचने से पहले उसके बारे में जाँच करती है। **special**~ विशेष पदवी या स्थिति के लोगों की जूरी। **trial, common, petty**~ १२ व्यक्तियों की जूरी जो दीवानी और फ़ौजदारी मुक़द्दमे अंतिम रूप से सुनती है और जिसके सभी निर्णय सर्वसम्मत होते हैं। **~of matrons** स्त्रियों की जूरी जो किसी मृत्यु-दण्ड प्राप्त स्त्री के गर्भवती होने की अपील करने पर उसकी जाँच करती है। **~-box** अदालत में जूरी के बैठने का स्थान। **~man, woman** जूरी सदस्य* या सदस्या* (विधि भी)।

jury-mast (joor' i mast) [etym. doubtful (Skeat proposes *ājūry-mast*, from O.F. *ajurie*, aid, succour, from L. *adjūtāre*, to AID)] सं० कामचलाऊ मस्तूल, अस्थायी मस्तूल जो टूटे हुए मस्तूल के स्थान पर खड़ा कर लिया जाए।

jussive (jŭs' iv) [L. *juss-us*, p.p. of *jubēre*, to command] वि० १. (व्या०) आज्ञासूचक; २. निर्देशवाचक।

just[1] (jŭst) [F. *juste*, L. *justus*, from *jūs*, right] वि० १. न्याय्य, न्याय-संगत* (मा० १, विधि भी), न्यायपूर्ण या उचित (व्यक्ति या व्यवहार); २ निष्पक्ष, वाजा, समुचित (जैसे a ~reward); ३ ठीक, मुनासिब, युक्तिसंगत (भावना, विचार आदि जैसे ~resentment, fear); ४. तथ्यायोग्य, युक्त, यथार्थ, उचित, उपयुक्त (मात्रा), पूरा, ठीक-ठीक। क्रि० वि०१. ठीक-ठीक; २. बिल्कुल; ३. पूरा-पूरा; ४ अभी, बाल-बाल (जैसे ~at that spot, ~there, ~then, ~three o' clock, ~as you say, ~so; ५. केवल, मात्र, सिर्फ़; ६. कठिनाई से (जैसे I ~managed it); ७. अभी, तभी, ठीक उसी समय (जैसे I have ~seen him pass); ८. निश्चित रूप से, क़तई तौर पर (जैसे it was ~splendid, not ~yet); ९. (मा०) बल देने के लिए (जैसे won't I ~ give it him, Did he swear? Didn't he~!)। **~now** अभी, हाल ही में, इसी समय। **justly** क्रि० वि० १. न्यायपूर्वक, न्याय-संगत रीति से; २. उचित ढंग से। **justness** सं० औचित्य, न्याय्यता।

just[2] दे० JOUST।

justice (jŭs' tis) [O.F., from L. *justitia*, from *justus*, just] सं० १. न्याय* (मा० १, विधि भी), इन्साफ़; २. ईमानदारी; ३ सत्यरक्षा; ४. अदालती कार्रवाई (जैसे Court of~); ५. मजिस्ट्रेट, न्यायमूर्ति* (प्र० भी), न्यायाधीश; ६. (विशेषकर इंग्लैंड में) सर्वोच्च न्यायालय का जज। **Justice of the Peace** गाँव या नगर में शांति बनाए रखने के लिए नियुक्त मजिस्ट्रेट, पुर-शासक। **poetical~** काव्यगत न्याय, काव्य आदि में प्रदर्शित आदर्श या न्याय। **to do~to** १. ठीक व्यवहार करना; २. क़द्रदानी करना; ३. समुचित प्रशंसा करना। **to do oneself~** (किसी कार्य में) अपनी पूरी योग्यता दिखा देना। **justiceship** सं० १. जजी, जज-पद, न्यायधीश का पद; २. न्यायधीश पद की अवधि।

justiciable (jŭs tish' i əbl) वि० १. वादयोग्य*; न्याय्य* (मा० १ भी), अदालत में पेश करने योग्य, न्याय योग्य, जिसके बारे में अदालत का फ़ैसला माँगा जा सकता हो। **justician** सं० १. नार्मन और प्रारंभिक प्लांटेजेनट राजाओं के समय सर्वोच्च राजनैतिक व न्याय-अधिकारी, राजनीति एवं न्याय-प्रमुख; २. (मा० १) अस्टिशियर*, (नार्मन समय के) न्यायाधीश*। **justiciary** सं० १. न्याय-कर्त्ता; २. न्याय-शासक। वि० न्याय-व्यवस्था संबंधी। **High Court of Justiciary** स्काटलैण्ड का अपराध-विषयक सर्वोच्च न्यायालय।

justify (jŭs' ti fī) [F. *justifier*, L. *justificāre* (*jūs*, JUSTICE, *facere*, to make)] क्रि० स० १. (किसी व्यक्ति, कार्य आदि को) उचित या ठीक प्रमाणित करना, न्यायसंगत ठहराना* (प्र०, विधि भी), न्यायोचित ठहराना*, औचित्य बताना* (वि० २ भी), न्यायसंगत या उचित सिद्ध करना, (परिस्थितियों को) अनुकूलता प्रकट करना; २. सफ़ाई देना* (प्र० भी); ३. (धर्म० ईसा के प्रायश्चित या प्रार्थना-स्वीकृति के आधार पर पाप धुल जाने की घोषणा करना; ४. (मुद्रण) टाइप की पंक्ति को सीधा करना जिससे कि खाली स्थान न रहे; ५. (वक्तव्य आदि को) प्रमाणित करना, सबूत देना; ६.(व्यवहार, माँग आदि के) पक्ष में तर्क प्रस्तुत करना, वजह या कारण बताना। **~bail** ज़मानत देने वाले का शपथ लेकर प्रमाणित करना कि वह धन की दृष्टि से ज़मानत देने योग्य है। **justifiable** वि० न्यायसंगत, न्यायसम्मत, उचित* (वि० २ भी), ठीक, मुनासिब, जिसका औचित्य प्रमाणित किया जा सके, तर्कसंगत* (वि० १ भी), न्यायोचित*, समर्थनीय* (प्र० भी)। **justifiability, justifiableness** सं० समुचित या न्यायसंगत सिद्ध हो सकना। **justifiably** क्रि० वि० १. युक्ति-संगत ढंग से; २. इस प्रकार कि उचित सिद्ध हो; ३. औचित्यपूर्वक। **justification** सं० १. औचित्य* (वि० २ भी); २. वजह, कारण, सबूत, समर्थन; ३. उचित या न्यायसंगत सिद्ध होना; ४. तर्कसंगति* (वि० १ भी)। **justificative** (jŭs' ti fi kā tiv), **justificatory** वि० १. समर्थक; २. औचित्य सिद्ध करने वाला; ३. न्यायोचित* (विधि भी)।

jut (jŭt) [var. of JET[2]] क्रि० अ० आगे को या बाहर को बढ़ना या निकलना (प्रायः out और forth के साथ प्रयुक्त)। सं० छज्जा, बरामदा, बाहर या ऊपर का निकला हुआ भाग, उभार, नोक।

jute (joot) [Bengali, *jhōto* (pop *jhūto*), Sansk. *jūta, jatā*, a braid of hair] सं० जूट, पटसन* (वि० १, २ भी)।

juvenescent (joo ve nes' ənt) [L. *juvenescere*, as prec.] वि० किशोरावस्था वाला। **juvenescence** सं० किशोरावस्था, लड़कपन से यौवन की ओर जाने की अवस्था।

juvenile (joo' vē nīl) [L. *juvenilis*, from *juvenis*, JUVENAL] वि० १. अल्पायु; २. युवावस्था, लड़कपन का, बचकाना, युवकोचित बाल्य* (अ०, प्र०, मा० ३ भी) सं० १. अल्पवयस्क बच्चा; २. (बहुव०, व्यापारिक, प्रा०), बाल्य* (अ०, प्र०, मा० ३ भी), किशोर* (प्र०, मा० ३ भी)। **~town** बाल-नगर* (वि० १ भी)। **~water** मैग्यस जल* (वि० १ भी)। **juvenilely** क्रि० वि० १. बच्चों की तरह; २. लड़कपन से, बचकाना ढंग पर। **juvenility** सं० यौवन, तारुण्य, अपरिपक्वता, लड़कपन, बचपन, यौवनावस्था, तारुण्य भाव, किशोर चरित्र* (मा० ३ भी)। **juvenilia** (joo ven il' ya) सं० (बहुव०) लेखक द्वारा अपने लड़कपन में लिखे ग्रंथ (प्रायः ऐसी कृतियों के शीर्षक के रूप में प्रयुक्त)।

juxtapose (jŭk stə pōz') [F. *juxtaposer* (L. *juxtā*, next, F. *poser*, to put)] क्रि० स० १. मिला कर रखना; २. साथ-साथ रखना, पास-पास बैठाना, निकट स्थापित करना। **juxtaposition** सं० १. समीपता, निकटता, पास-पास होना,

एक-दूसरे से सने हुए होना, साथ-साथ या बराबर होना, सन्निधि*, सान्निध्य* (वि० १ भी)।

K

K, k (kā) अंग्रेजी वर्णमाला का ग्यारहवाँ वर्ण (बहु० Ks,K's Kays)

kaama (ka' má) [S. Afr. native] सं० कामा, दक्षिणी अफ्रीका का एक बारहसिंगा।

kabbala दे० CABBALA ।

Kabyle (ká bil') [F., from Arab. *Qabāil*, pl. of *qabila*, tribe] सं० १. कबाइली, अलजीरिया या ट्यूनिस का बर्बर; २. कबाइलियों की बर्बर बोली।

kadi दे० CADI ।

Kafir (kāf' ir) [Arab. *kāfir*, infidel] सं० १. काफ़िर, दक्षिण अफ्रीका की बांटू जाति का व्यक्ति; २. एशिया में काफ़िरिस्तान का निवासी; ३. (बहु०) दक्षिण अफ्रीका की खानों के हिस्से।

kail दे० KALE ।

kainite (kī' nīt) [G. *kainit* (Gr. *kainos*, new, -ITE)] सं० १. मैगनेशियम और पोटैशियम का हाइड्रस क्लोरोसल्फेट जो रासायनिक खाद के रूप में प्रयुक्त होता है; २. (कृ०, वि० १) काइनाइट*।

Kaiser (kī' zēr) [G., from L. *Cesar*] सं० १. (इति०) सम्राट; २. कैसर, जर्मन-सम्राट; ३. आस्ट्रिया का सम्राट; ४. पवित्र रोमन साम्राज्य का प्रधान। **Kaisership** सं० कैसर का पद।

kajawah (ka ja' waj [Hind. and Pers.] सं० स्त्रियों के बैठने की एक विशेष प्रकार की डोली जो ऊँट की पीठ पर बाँधी जाती है।

kaka (ka' ká) [Maori] सं० काका, न्यूज़ीलैंड का तोता।

kakapo (ka' ká pō) सं० काकापो, न्यूज़ीलैंड का उल्लू जैसा रात्रिचर तोता।

kakemono (kāk ē mō' nō) [Jap.] सं० कैकमोनो, जापानी चित्रित चित्र (प्रायः रेशम पर चित्रित जिसके दोनों ओर बेलन लगे होते हैं)।

kala-azar (ka' la a' zar) [Hind.] सं० कालाज़ार* (आ० भी), पूर्वी देशों में मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारी।

kale (kāl) [Sc. and North., var. of COLE] सं० करमकल्ला, एक प्रकार की बंदगोभी (विशे० जिसके पत्तों में मलबटें पड़ी होती हैं)। **Scotch ~** १. बैंगनी से पत्तों वाली बंदगोभी; २ इसका या दूसरी सब्जियों का रसा या शोरबा। **~-yard** शाक-सब्जी का छोटा बगीचा या उद्यान। **~-yard school** वह लेखक-वर्ग जो अपने उपन्यासों में (स्थानीय भाषा में) स्कॉटलैंड के जन-जीवन के चित्रण की भरमार कर देता है।

kaleidoscope (kā lī' dō skōp) सं० १. बहुरूपदर्शी, बहुरंग दर्शक नली, काँच के टुकड़ों की नली जिसमें पड़े काँच के टुकड़े घुमाने से विभिन्न रंग दिखाई पड़ते हैं; २. (ला०) रंग-बिरंगे पदार्थ जो बराबर बदलते रहें, ऐसे पदार्थों का समूह; ३. बदलता हुआ दृश्य; ४. (वि० १), बहुमुखदर्शी*/कैलाइडोस्कोप*। **kaleidoscopic** वि० रंग-बिरंगा, नए-नए रंग धारण करने वाला, बहुरूपी। **kaleidoscopically** क्रि० वि० रंग-बिरंगे ढंग से, बहुरूपिता से, विचित्र रंगों की दृष्टि से।

kalends दे० CALENDS।

kali (kal' i, ká' li) [Arab. *qali*, see ALKALI] सं० काली, खार, क्षार, एक कटीला पौधा जिससे कपड़े धोने का सोडा प्राप्त किया जाता था।

Kalmuck (kāl' mūk) [Rus. *Kalmukŭ*] वि० और सं० कलमक, कैस्पियन सागर के किनारे रहने वाली मंगोल जाति का (व्यक्ति, भाषा)।

kalong (ka' long) [Malay] सं० कालोंग, मलाया के फलाहारी चमगादड़, सब से बड़े (ज्ञात) चमगादड़।

kamptulicon (kămp tū' li kón) [Gr. *kampt-os*, flexible, *oul-os*, thick, *-ikon*, neut. adj. suf.] सं० फिरमिच पर चिपित रबर, गटापार्चा और कार्क चढ़ाया या पोता हुआ ऊर्णी कपड़ा।

Kanaka (ká nāk' á ka) [Hawaiian, a man] सं० कैनका, दक्षिणी समुद्र के द्वीपों का निवासी (विशे० जो पहले क्वीन्सलैंड में गन्ने के खेतों में मजदूरी करता था)।

Kanarese सं० १. कन्नड, भारत के पश्चिमी समुद्र तट पर विशेष कर मैसूर में बसी द्रविड़ जाति का व्यक्ति; २. कन्नड, कन्नड़ी (भाषा)।

kangaroo (kăng gā roo') [prob. from abor. name] सं० १. कंगारू* (वि० १ भी), आस्ट्रेलिया का एक थैलीदार जानवर; २. (प्रा०, बहु०) पश्चिमी आस्ट्रेलिया की खानों के शेयर या हिस्से; ३. इनका व्यवसायी। **~-bicycle** पुराने ढंग की सुरक्षा के लिए पीछे की ओर ढालू साइकिल। **~-closure** कंगारू-समापन, जब कमेटी में अध्यक्ष कुछ संशोधनों को वाद-विवाद के लिए चुन कर शेष को छोड़ देता है। **~-rat** कंगारू-चूहा, आस्ट्रेलिया का एक छोटा थैलीदार जानवर।

Kantian (kān' ti án) [Imm.nuel *Kant* (1724-1804)] वि० जर्मन दार्शनिक इमैनुएल काट (मृत्यु १८०४) संबंधी। **Kantism** सं० कांटवाद, काट का मत, काट के मत का समर्थन।

kaolin (kā'-, ka' o lin) [F., from Chin. *kaoling*, name of a mountain whence orig. obt.ined (*kao*, high, *ling*, ridge or hill)] सं० केओलिन* (कृ०, वि० १ भी), चीनी मिट्टी, श्वेत मिट्टी। **kaolinize** क्रि० स० केओलिनल बनाना।

kapok (kā' pok) [Malay *kāpoq*] सं० एक प्रकार की रूई, कुछ वृक्षों के बीजों के चारों ओर लिपटे हुए रूई के सूक्ष्म तंतु या रेशे जो गद्दों आदि को भरने के काम आते हैं (जैसे सेमल की रूई)।

kappa सं० कप्पा, यूनानी भाषा का क का या K अक्षर।

kaput (ka put') [G. slang] वि० (प्रा०) समाप्त, खत्म, जो नष्ट हो गया हो, न रहा हो, भाग्य गया हो (केवल गुणवाचक प्रयोग)।

Karaite (kār' á īt) [Heb. *q'raim*, readers, -ITE] सं० केऊराइट, मुख्यतः कीर्मिया में पाये जानेवाले उस यहूदी सम्प्रदाय का सदस्य जो तुरंतहितो की रूढ़ि या परम्परा अम्बीकार कर धर्मग्रंथों की अपनी व्याख्या करता है।

karma (kar' má) [S.nsk.] सं० कर्म, व्यक्ति के कर्म जो उसकी अगली योनि का निर्णय करते हैं; २. किस्मत, भाग्य, प्रारब्ध।

karoo, karroo (ká roo') [Hottentot in orig.] सं० करू, दक्षिणी अफ्रीका का चिकनी मिट्टी का पठार जहाँ गर्मियों में पानी नहीं मिलता। **the Great ~** (केप कॉलोनी स्थित) बृहत करू, जलहीन बड़ा पठार।

kaross (ká ros') [S. Afr. native *karos*] सं० कैरोस* (वि० १ भी), दक्षिणी अफ्रीका के मूल निवासियों की बालदार खाल की पोशाक।

kartel (kar' tēl) [S. Afr. Dut., said to be from Port. *catel*, Tamil *kattil*, bedstead] सं० (दक्षिणी अफ्रीका की बैलगाड़ियों में लगा) तख्त या काठ की चारपाई।

kurtail दे० CARTEL ।

katabatic वि० (औ० वि०) अवरोही हवा या वात, निम्नगामी वायुजनित, हवा की निम्न गति से प्रेरित (तुल० ANABATIC) ।

katabolism (kă tăb' ŏ lizm) [Gr. *katabolē*, from *kataballein* (CAT-, CATA-, *ballein*, to throw)] सं० (जीव०) अपचय, घातक पाचन-क्रिया । दे० METABOLISM भी ।

kation दे० CATION

katydid (kā' ti did) [imit. of its stridulating cry] सं० केटीडिड, अमरीका में बहुलता से मिलने वाला झींगुर के समान हरे रंग का बड़ा कीड़ा ।

kauri (kou' ri) [Maori] सं० कौरी, उपयोगी हमारती लकड़ी और एक प्रकार की राल देने वाला न्यूजीलैण्ड का चीड और देवदार जैसा शंक्वाकार वृक्ष विशेष । **~gum** कौरी का गोंद ।

kava (ka' vă) [Polynesian native] सं० कावा, पॉलीनेशिया की एक झाड़ी (जिसकी जड़ों से एक मूत्रवर्धक पेय बनता है) ।

kavass (kă văs') [Turk. *gavwâs*, bow-maker, from Arab. *qaws*, a bow] सं० क़वास, (तुर्की में) सशस्त्र सिपाही, चौकर या हरकारा ।

kayak (kī' ăk) [Eskimo] सं० काइऐक* (वि० १ भी), एस्किमो लोगों की सील मछली के चमड़े से मढ़ी लकड़ी के हल्के ढाँचे की छोटी नाव ।

kea (kā' ă) [Maori, imit. of cry] सं० केअ, न्यूजीलैण्ड का हरा पहाड़ी तोता जो भेड़ों को उनके गुर्दे की चर्बी प्राप्त करने के लिए मार डालता है ।

keck (kek) [imit.] क्रि० अ० उबकाई लेना, उलटी करने का सा शब्द करना, ऐसा शब्द करना मानों कै होने वाली हो । **~at** अनिच्छा से (भोजन आदि) अस्वीकार या खाने से इनकार करना ।

kedge (kej) [cp. CADGE] क्रि० अ० और स० १. कुछ दूर पर छोटे लंगर से बँधे हुए रस्से को लपेट कर जहाज का रुख बदलना; २. (जहाज का) इस प्रकार हटना या हटाना, इस प्रकार फिरना या फिराना । सं० लोथारी लंगर, इस काम के लिए छोटा लंगर (~anchor भी) ।

kedgeree (kej' ĕr ē) [Hind. *khichṛī*, Sansk. *k'rsara*] सं० १. खिचड़ी; २. मछली, अंडे, चावल आदि का पुलाव ।

keek (kēk) [Sc. and North., M.E. *kyken* (cp. Dut. *kijken*, L.G. *kiken*)] क्रि० अ० (स्कॉटलैण्ड में प्रयुक्त) झाँकना, छिपकर या चोरी से देखना । सं० ताकझाँक ।

keel[1] (kēl) [prob. from Icel. *kjölr*] सं० १. नौतल* (वि० १ भी), गुजक, (जूगर्भ०) कूटक, कील, जहाज का पेंदा या पेंदा या निचला हिस्सा, जहाज या नाव के पेंदे की लंबे बल की सब से बड़ी शहतीर जिस पर खरा ढाँचा खड़ा रहता है; २. लोहे के जहाज या नाव में यही काम देने वाला लोहे की पट्टियों या चद्दरों का जोड़; ३. (काव्य०) जहाज, जलयान, पोत । क्रि० स० (जहाज को) उलटना, औंधा करना । **~blocks** लकड़ी के कुन्दे जिन पर जहाज बनाते समय पेंदे का लम्बा शहतीर टिका रहता है । **~haul** दंड स्वरूप (किसी (व्यक्ति को) जहाज के पेंदे में उतार देना । **~over** उलट देना, औंधा कर देना, (व्यक्ति का) गिर पड़ना, औंधा हो जाना । **keelless** वि० जिसमें पेंदे की लम्बी शहतीर न हो ।

koala, koolah सं० कोआला, आस्ट्रेलिया के पेड़ पर रहने वाला स्तनधारी जानवर जो स्लॉथ जैसा होता है।

kobold (kō' bōld) [G., etym. unknown] सं० १. (जर्मन पुराणों में वर्णित) भूत, प्रेत; २. खान आदि में रहने वाला भूत।

kodak (kō' dăk) [trade name of Eastman *Kodak* Co.] सं० १. कोडक कैमरा। क्रि० स० १. कोडक कैमरे से फोटो खींचना; २. (ला०) सीधा-सरल से ग्रहण कर लेना, विस्तृत या विशद वर्णन करना (दृश्य आदि का)।

koel (kō' el) [Hind. *kōil*, from Sansk. *kokila*] सं० कोयल।

koh-i-noor (kō' i noor) [Pres. *kōh-i-nūr*, mountain of light] सं० १. कोहिनूर, भारत का प्रसिद्ध हीरा जो १८४९ से ब्रिटेन के सम्राट की संपत्ति है; २. (अपनी कोटि की) सर्वोत्तम वस्तु।

kohl (kōl) [Arab. *kuh't, koh'l*] सं० सुरमा, अंजन।

kohlrabi (kōl ra' bi) [G., from It. *cavoli rapa*, colerape] सं० कोलरावी, एक प्रकार की बंदगोभी जिसे इंग्लैंड में पशुओं को खिलाते हैं।

koine सं० १. यूनानियों की साझी साहित्यिक भाषा जो शास्त्रीय युग से ले कर बाइज़ेन्टाइन युग तक रही; २. (आ० १) कोइनी* (ग्रीक भाषा का एक विभेद)।

kolinsky सं० कोलिंस्की, साइबेरिया के ऊदबिलाव जैसे पशु मिंक की खाल।

koodoo (kou' doo) [native name] सं० कूडू, दक्षिणी अफ्रीका का एक बड़ा हिरन जिसकी खाल पर सफ़ेद धारियाँ होती हैं और सींग कुंडलित होते हैं।

kopec(k), -peck, -pek दे० COPECK।

kopje, koppie (kop' i) [Dut., dim. of *kop*, head (cp. COP¹)] सं० १. (दक्षिणी अफ़्रीका में) छोटी पहाड़ी; २. कोपी* (वि० १ भी)।

Koran (koran') [Arab. *qurān*, from *qara'a*, to read] सं० कुरान, कुरान शरीफ़। **Koranic** वि० कुरान-संबंधी।

kosher (kō' shĕr) [Heb. *kāshēr*, right] वि० कोशर, यहूदी धार्मिक नियमानुकूल खाना या खाने की दुकान (से संबंधित)। सं० यहूदी धार्मिक नियमानुकूल भोजन या उसकी दुकान।

kotow (kō tou', kou tou') [Chin. *K'o-t'ou* (*k'o*, knock *t'ou*, the head)] सं० पूजा या अधीनता के प्रतीक के रूप में मस्तक से भूमि स्पर्श करने की चीनी प्रथा। क्रि० अ० (किसी व्यक्ति को) भूमि पर मस्तक टेक कर अभिवादन करना, अत्यधिक चिरौरी करना, दाँत निपोरना।

kotwal सं० कोतवाल (पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट)।

koumiss [KUMISS] सं० कूमिस* (आ० भी), एक प्रकार की सड़ाई हुई शराब जो घोड़ी के दूध से तैयार की जाती है।

kourbash (koor' băsh) [Arab.] सं० कुर्बाश, चमड़े का कोड़ा जो मिस्र और तुर्की में सज़ा देने के लिए प्रयुक्त होता है।

kow-tow, KOTOW का रूपान्तर।

kraal (kral) [S. Afr. Dut., from Port. CORRAL] सं० १. क्राल* (वि० १ भी), दक्षिण अफ्रीका का झोंडियों का गाँव जो बाड़ से घिरा होता है, २. ढोरों या भेड़ों का बाड़ा।

krait (krāt) [Hind.] सं० कराइत* (आ० भी), करैत, बंगाल का एक ज़हरीला साँप।

kraken (kra'-, krä' ken) [NORW.] सं० क्राकेन, नार्वे के समुद्र तट के पास प्रकट होने वाला पौराणिक या कथानुगत राक्षस।

krantz, kranz (krănts) [S. Afr. Dut. from Dut. *krans*, coronet, chaplet (cp. G. *kranz*)] सं० (दक्षिणी अफ्रीका में प्रयुक्त) क्रांस, चट्टानों की खड़ी दीवार या छज्जेदार चट्टान।

Kremlin (krem' lin) [F., from Rus. *kreml*, citadel] सं० क्रेमलिन, रूसी नगर के भीतर स्थित किला (विशे० मास्को का जिसमें शाही महल थे और अब रूसी सरकार का प्रधान कार्यालय है)। **the~** रूसी सरकार (के लिए प्रयुक्त)।

kreuzer (kroit' ser) [G., from *kreuz*, cross] सं० क्रॉइटज़र, चाँदी और ताँबे के छोटे सिक्के जो पहले जर्मनी और आस्ट्रिया में प्रचलित थे।

kris दे० CREESE।

Krishnaism (krish' nä izm) [*Krishna*, a Hindu hero or divinity, an avatar of Vishnu] सं० कृष्णोपासना, कृष्णभक्ति।

kromesky (krō mes' ki) [Rus.] सं० क्रोमेस्की, मुर्गी के बच्चों का कीमा जो सुअर के माँस में लपेट कर तला जाता है।

krone (krō' ne) [G., crown] सं० १. क्रोन, डेनमार्क, नार्वे और स्वीडन का चाँदी का सिक्का जो एक शिलिंग के बराबर होता है; २. आस्ट्रेलिया का पुराना चाँदी का सिक्का (बराबर दस पेंस); ३. जर्मनी की पुरानी दस मार्क की स्वर्ण मुद्रा।

Kroo (kroo) [W. Afr. native] सं० और वि० कू, लाइबेरिया के समुद्र तट पर रहने वाली मल्लाही में कुशल हबसियों की एक जाति या इस जाति का व्यक्ति (प्रायः सं० के लिए ~boy, man)।

kryptos (krip' tŏn) [Gr. *krupton*, neut. of *kruptos*, concealed (cp. CRYPT*)] सं० (रसा०) क्रिप्टॉन, एक दुर्लभ गैसयुक्त तत्त्व जिसका पता रैमजे ने १८९८ ई० में लगाया था।

kudos (kū' dos) [Gr.] सं० (ब्रा०) कीर्ति, यश, ख्याति, गौरव, नाम, बड़ाई, तारीफ़।

kuda सं० कुडू* (वि० १ भी) अफ्रीकी बारहसिंगा दे० KOODOO।

kufic दे० CUFIC।

ku-klux-klan (kū' klŭks klăn') [Gr. *kuklos*, circle, CLAN] सं० अमरीकी प्रयोग) १. कू-क्लक्स-क्लान* (मा० १भी), गृहयुद्ध के बाद अमरीकी दक्षिणी राज्यों की नीग्रो-द्रोही गुप्त समिति; २. द्वितीय महायुद्ध के बाद विदेशी प्रभावों के निरोधार्थ स्थापित ऐसी समिति।

kulak (kŏ' lak) [Rus.] सं० (बहुव०) कुलक, धनी या समृद्ध किसान (जो स्वयं अपनी भूमि का मालिक हो)।

kummel (kim' el) [G.] सं० कुम्मेल, एक प्रकार की शराब।

Kuomintang (kwŏ' min tăng) सं० कोमिंग्राग*/ कुमिंतांग* (मा० १ भी), चीन का उपवादी (या क्रान्तिकारी) दल जो १९१२ में स्थापित हुआ। अब यह केवल फ़ारमोसा में ही बचा है।

Kurd (koord) [Arab.] सं० कुर्द* (वि० १ भी), कुर्दिस्तान का निवासी।

kvass (kvas) [Rus.] सं० क्वॅस, राई से बनी रूसी शराब।

kyanize (kī' ă nīz) [J. H. *Kyan* (1774-1830), inventor] क्रि० स० पारदीकरण, क्यानीकरण, सड़ने-गलने से बचाने के लिए लकड़ी पर एक प्रकार की क्षतिरोधक पालिश करना।

kylin सं० कीलिन, चीनी और जापानी मिट्टी के बर्तनों पर चित्रित काल्पनिक पशु।

kyloe (kī' lō) [Sc., etym. doubtful] सं० काइलो, स्काटलैंड के लम्बे सींगवाले मवेशियों की छोटी नस्ल का कोई एक ढोर।

kymograph (kī' mō grăf) [Gr. *kuma* a wave, -GRAPH] सं० काइमोग्राफ़*(आ० भी), स्पंदग्राही, दबाव के परिवर्तन या विशेष की नापने का यंत्र (जैसे ध्वनि-तरंगों के)।

L

L, l (el) १. अंग्रेज़ी वर्णमाला का १२ वाँ अक्षर; २. (बहुव० **Els. L.s** L's) L आकार की वस्तु, ३. नाली या पाइप आदि का समकोणात्मक जोड़; ४. रोमन संख्या ५० (जैसे CL 150)।

la (la) [It., orig. first syl. of L. *labi*, one of the words of the gamut] सं० (संगी०) सरगम का छठा स्वर।

lager (la' gĕr) [S. Afr. Dut. *lager* (cp. G. *lager*, Dut. *leger*, LEAGUER)] सं० १. कैम्प, डेरा, तंबू, खेमा, २ पड़ाव (विशे० वह जो छकड़ों से घिरा हुआ हो); ३. (सैन्य०) लागर, सशस्त्र गाड़ियों के ठहरने का स्थान। क्रि० स० १. खेमे लगाना; २. पड़ाव डालना, पड़ाव को छकड़ों से घेरना; ३. (लोगों को) छकड़ों से घिरे हुए पड़ाव में ठहराना।

lab सं० (बो०) प्रयोगशाला [LABORATORY का संक्षेप]।

laburnum (lăb' ă rum) [L., from Gr. *laburnos*, etym. unknown] सं० १. लैबरनम, कान्स्टेंटाइन महान का राज-ध्वज जिसमें रोमन फ़ौजी चिह्नों के साथ ईसाई चिन्ह भी बने हुए थे; २. प्रतीकात्मक ध्वज, निशान, पताका।

labdacism दे० LAMBDACISM।

labefaction (lăb é făk' shŭn) [more correctly *labefactation*, L. *labefactātio*, from *labefactāre* (*labāre*, to totter, *facere*, to make)] सं० १. कंपन; २. कमजोरी; ३. गिरावट, पतन।

label (lā' bel) [O.F., a ribbon, a fillet (etym. doubtful)] सं० १. अंक-पत्र, नाम-पत्र, परचा, लेबल* (ई० २, प्र०, वि० १ भी), परची, सूचक-चिट, निशान; २. (ला०) नाम, व्यक्तियों आदि के वर्गीकरण के लिए प्रयुक्त शब्द; ३. चिपकने वाला टिकट; ४. (वास्तु०) छज्जा (पत्थर का)। क्रि० स० १. लेबल लगाना; २. किसी वर्ग विशेष से जोड़ देना; ३. नाम देना या रखना।

labial (lā' bi ăl) [late L. *labiālis*, from L. LABIUM] वि० १. ओष्ठ्य*/ ओष्ठीय*/ लेबियल* (वि० १ भी), ओष्ठ-* (आ० भी), होंठ संबंधी (श० वि०, प्राणि०), होंठ का; २. होंठ जैसा, होंठ का काम देने वाला या होंठ के आकार का अंग। सं० ऐसी ध्वनि (p, b, m, f, v, w और स्वर जिनके उच्चारण में होंठ गोल करने पड़ते हैं जैसे 'O') जिसमें होंठों को बंद करना या एक दूसरे के पास लाना पड़े। ~**pipe** (संगी०) ओष्ठ-पाइप, आर्गन की होंठ वाली नली जिसमें से फूंकते हैं। **labialism** सं० होंठों से उच्चारण की पद्धति। **labialize** क्रि० होंठों से उच्चारण बदलना। **labialisation** सं० उच्चारण में होंठों की हरकत में परिवर्तन।

labiate (lā' bi ăt) [LABIUM] वि० (बन०) (वि० १) ओष्ठी*, ओष्ठवत, जिसका कोरोला का कैलिक्स होंठों के आकार का हो। सं० १. ऐसे कोरोला का कैलिक्स वाला पौदा; २. (बन०, प्राणि०) होंठ जैसा, होंठ समान, होंठदार* (वि० १ भी)।

labile (lăb' il, lā' bil) [L. *lābilis*, from *lābi*, to fall] वि० १. (भौति०, रसा०) अस्थायी, अस्थिर* (आ०, वि० १ भी); २. स्थानांतरणीय; ३. परिवर्तनशील; ४. (आ०, वि० १) परिवर्ती*।

labio- [LABIUM] ओष्ठ्य या होंठ संबंधी के लिए समास में प्रयुक्त रूप। **labiodental** (lā bi o den' tăl) [DENTAL] वि० दंतौष्ठ्य, होंठों और दाँतों से बना हुआ।

laboratory (lăb' or ă tor i) [med. L. *labōrātōrium*, from *labōrāre*, to LABOUR] सं० १. प्रयोगशाला*/ लैबोरेटरी* (आ०, कृ०, प्र०, वि० १ भी), रसायनशाला, रासायनिक निर्माण-भवन। **laboratorial** वि० प्रयोगशाला संबंधी।

laborious (lă bōr' i ŭs) [L. *labōriōsus*, from foll.] वि० १. उद्यमी, उद्योगी, सोद्यम, सोद्योग, सोत्साह, परिश्रमी, मेहनती; २ परिश्रमपूर्ण, कठिन; ३. अस्वाभाविक, प्रवाहहीन, (शैली आदि) जिसमें प्रयास के चिन्ह हों और प्रवाह न हो। **laboriously** क्रि० वि० १. परिश्रम या मेहनत से, २. परिश्रमपूर्ण रीति से, बड़े यत्न से। **laboriousness** सं० १. श्रमसाध्यता, परिश्रमशीलता, उद्योग, उद्यम, मेहनत, यत्न, श्रमरोपन।

labour (lā' bor) [O.F., from L. *labōrem*, acc. of *labor*, whence *labōrāre*, F. *labourer*, to labour] सं० १. शारीरिक या मानसिक परिश्रम; २. श्रम* (कृ०, प्र०, मा० १, ३, वि० १ भी), मेहनत, मजदूरी, ३. उद्यम, उद्योग, धन्धा, प्रयास; ४. मजदूर-वर्ग, मजदूर लोग, मजदूर*/ श्रमिक* (आ०, मा० १ भी), श्रमिक-वर्ग, कामगार* (मा० १ भी); ५. (राजनीति में) मजदूर दल; ६. कठिन-कार्य; ७. प्रसव-पीड़ा, प्रसव-काल, प्रसवावस्था; ८. प्रसव* (आ० भी); ९. (मा० १) कामिक*। क्रि० अ० और स० १. श्रम लगाना; २. मेहनत करना, मजदूरी करना, पसीना बहाना, कठिन परिश्रम करना; ३. कोशिश करना, प्रयास करना; ४. कठिनाई से आगे बढ़ना, अटक-अटक कर चलना (जैसे

wheels~ in the sand) अटक जाना; ५. परेशान होना (श्रम आदि के कारण); ६. दुःखी होना या दुःख भोगना; ७. श्रम में फँसना; ८. (जहाज का) डगमगाना, हिचकोले खाना; ९. (श्रम० या काम्०) जोतना; १०. विस्तारपूर्वक व्याख्या करना; ११. जोर देना। **~of Hercules, Herculean**~कठिन परिश्रम, ऐसा कार्य जिसमें अत्यधिक परिश्रम की आवश्यकता पड़े। **~of love** प्रेम से किया हुआ निःश्रम काम, खुशी से किया हुआ काम, वह काम जो कोई व्यक्ति मजदूरी के लिए नहीं बल्कि आत्मतुष्टि के लिए करे। **Labour Exchange** रोजगार दफ्तर। **~leader** मजदूर नेता, (विशेषकर) मजदूर संघ का अधिकारी। **~market** श्रमिक बाजार, मजदूरों का मिलना न मिलना, माँग के अनुसार मजदूरों की उपलब्धि, मजदूरी का बाजार। **Labour Party** १. लेबर पार्टी, मजदूर दल, ब्रिटिश राजनीतिक दल जो मजदूर-वर्ग का प्रतिनिधि होने का दावा करता है; २. इसके टिकट पर चुने गए संसद-सदस्य। **laboured** वि० प्रवाहहीन, भारी, श्रमकृत। **labourer** सं० १. (किसी अर्थों में, विशे० वेतन के लिए) मेहनत या श्रम करने वाला, ऐसा काम करने वाला जिसमें कौशल या प्रशिक्षण की नहीं वरन शारीरिक शक्ति की अधिक आवश्यकता हो; २. श्रमिक*; मजदूर* (ई० ३, प्र०, मा० १, ३ भी); ३. कुली* (प्र० भी)। **labouring man** मजदूर। **Labourite** सं० मजदूर दल वा लेबर पार्टी का सदस्य वा अनुयायी।

labrador (lăb rə dôr) सं० लैब्राडोर, मरा शिकार ढूँढने वाले कुत्तों की एक नस्ल। **~dog, retriever** लैब्राडोर कुत्ता।

labret (lā' bret) [LABRUM] सं० लेब्रिट, ओंठ या हड्डी का टुकड़ा जो आभूषण के लिए (कुछ जंगली जातियों में) होंठों में खोंस लिया जाता है।

laburnum (lə bĕr' nŭm) [L.] सं० लेबरनम, एक प्रकार का छोटा वृक्ष जिस पर गहरे पीले रंग के फूलों के गुच्छे आते हैं।

labyrinth (lăb' i rinth) [F. *labyrinthe*. L. *labyrinthus*, Gr. *labarinthos*, cytem. पूर्वी] सं० १. अतिगहन प्रदेश; २. गोरखधंधा; ३. भूलभुलैया* (मा० १ भी); ४. घुम-घुमाव; ५. (श० वि०) कान के अन्दर का चक्करदार भाग; ६. विकट स्थिति; ७. फेर, चक्कर, उलझन; ८. (आ०, इ० २, क०, वि० १) लैबिरिंथ*। **labyrinthine** वि० १. घुमावदार, पेचमूल, उलझनपूर्ण। **labyrinthodon,- dont** (lăb i rin' thŏ don) [Gr. *odous odontos*, tooth] सं० लैबिरिंथोडन, (प्रस्तरीभूत जलस्थलचर प्राणी) जिनके दाँतों की बनावट पेचदार होती है।

lac[1] (lăk) [Hind. *lākh*, from Sansk. *lākshā*] सं० लाख*, लाखा* (कृ०, वि० १ भी)। **~gland** लाखग्रंथि*, लाखाग्रंथि* (वि० १ भी)।

lac[2] (lăk) [Hind. *lākh*. Sansk.. *lakshā*] सं० एक लाख की संख्या, १,००,००० (प्राय: ~of rupees)।

lace (lās) [O.F. *las* (L. *laqueus*, nom. -*us*, a noose), whence O.F. *lacier* (F. *lacer*), to ensnare] सं० १. सूत्र, तंतु, गुच्छ, डोरी, फीता, तस्मा; २. बूट के तस्मे; ३. किनारी, सूत्रजाल, जाली; ४. झालर; ५. लेस का कपड़ा (सादा या सोने आदि के तारों वाला)। क्रि० स० और अ० १. सूत्र, फीते या तस्मे बाँधना, कसना; २. तस्मों से कमर कसना, कमर कसना; ३. कशीदाकारी करना; ४. (डोरी आदि) पिरोना; ५. गोटा-किनारी लगाना; ६. (फूल में) रंग-बिरंगी धारियाँ डालना; ७. चाबक लगाना, पीटना; ८. चाशनी देना; ९. (बीयर आदि को) स्पिरिट मिला कर तेज करना। **~glass** वेनिस का विशेष शीशा जिसमें फीते के नमूने बने हुए हों। **~pillow** तकिया जो स्त्रियाँ लेस बुनते समय गोद में रखती हैं। **lacing** सं० १. फीते बाँधना; २. गोटे-किनारी का काम, लेस, झालर। **lacy** वि० १. तस्मे वाला; २. लेसदार।

lacerate (lăs' ĕr āt) [L. *lacerātus*, p.p. of *lacerāre*, from lacer, torn (cp. Gr. *lakeros*)] क्रि० स० १. चीरना, फाड़ना, काटना; २. चीर-फाड़ करना (विशेषकर शल्य या चीरों आदि की); ३. घायल करना, दुःखाना, दुःख पहुँचाना; ४. (हृदय या भावनाओं पर) कुठाराघात करना। **laceratable** वि० चीर-फाड़ करने या दुःखी करने योग्य। **lacerate** वि० १. विदीर्ण, चिराकटा, चीरा-फाड़ा हुआ; २. क्षत। **laceration** सं० १. चीर-फाड़; २. हृदय-विदारण; ३. (आ०) विदार*। **lacerative** (lăs' er ā tiv') वि० १. चीरने-फाड़ने वाला; २. हृदय-विदारक।

lacertian (lă sĕr' ti ăn, -sĕr' shăn) वि० १. छिपकली संबंधी; २. छिपकली जैसा।

lacet (lăch' ĕz) सं० गोटे-किनारी का काम।

laches (lăch' ĕz) [O.F. *laschesse*, from *lasche*. L. *laxus*. LAX (with transposition of *cs* (x) to *sc*)] सं० १. (विधि) उपेक्षा*, लापरवाही, त्रुटि, दंडनीय उपेक्षा, वैधानिक कर्तव्य-पूर्ति की अवहेलना; २. अपना अधिकार जताने में देर करना; ३. दंडनीय अवहेलना, अनुचित विलंब, अनुचित देर, ४. दीर्घसूत्रता, सुस्ती, ढील, शैथिल्य।

Lachryma Christi (lăk' ri mă krīs' tī) [L., Christ's tears] सं० लैक्रिमा क्रिस्ति, दक्षिण इटली की एक तेज, मीठी लाल रंग की शराब।

lachrymal (lăk' ri măl) [med. L *lacrymālis*, from L. *lacryma*, tear (cp. Gr. *dukru*)] वि० १. अश्रुवाही; २. अश्रु संबंधी, अश्रु का; ३. अश्रुओं के लिए। **~canal** (शा० ३ वि०) अश्रु-नाली। **~duct** (शा० वि०) अश्रु-नली, अश्रु-वाहिनी* (वि० १ भी)। **~foramen** अश्रु-रंध्र* (वि० १ भी)। **~gland** अश्रु-ग्रंथि* (मा० २, वि० १ भी)। **~nerve** अश्रु-तंत्रिका* (वि० १ भी)। **~sac** (श० वि०) अश्रु-थैली। **~vase** सं० अश्रु-पात्र। **lachrymals** सं शरीर के उपर्युक्त अंग। **lachrymation** सं० अश्रु-पात, अश्रु-प्रवाह, आँसू बहना। **lachrymatory** वि० १. अश्रु संबंधी; २. अश्रुकारक, आँसू पैदा करने वाली। सं० १. लैक्रिमेटरी, अश्रुपात्रभाजन; २. प्राचीन रोमन कब्रों में पाई जाने वाली शीशियाँ जो संभवत: अश्रु-पात्र का काम देती थीं। **~bomb** अश्रु-बम, आँसू गैस का बम, ऐसा बम जिसके फटने पर (ऐसी) गैस निकलती है जिसके प्रभाव से आँखों से आँसू बहने लगते हैं। **lachrymose** वि० १. साश्रु, अश्रु-पूर्ण; २. बात-बात पर आँसू बहाने वाला। **lachrymosely** क्रि० वि० आँखों में आँसू भर कर।

laciniate, -iated (lă sin' i āt, -ā' tĕd) वि० १. (धन०, प्राणि०) संदीर्ण, विदीर्ण* (वि० १ भी), कटा-फटा, अध्यवगम्भिन रूप में काटा हुआ; २. झालरदार।

lack (lăk) [cp. Dut. and L.G. *lak*], सं० १. हीनता, शून्यता, अभाव, कमी। क्रि० अ० और स० कमी होना, अभाव होना (जैसे money was lacking, is lacking in courage) ; २. रहित होना, न होना, न्यून होना। **for ~** कमी के कारण। **no ~** बहुतायत होना। **~land** भूमि-हीन (व्यक्ति)। **~lustre** १. निस्तेज (आँख आदि); २. धुँधला।

lackadaisical (lăk ă dā' zi kăl) [obs. *lackadaisy*] वि० १. चिंताकुल, उत्कंठित, विषण्ण; २. नाजुक, छुईमुई; ३ भावुक; ४. दिखावटी तौर पर व्यग्र; ५. कृत्रिम नजाकत का; ६. कमजोर और भावुक। **lackadaisically** क्रि० वि० १. नजाकत से; २.

भावुकतापूर्वक; ३. व्यथता दिखाते हुए। **lackadaisicalness** सं० १. व्यथता दिखाना; २. कृत्रिम नखाकत; ३. बोधी भावुकता।

lacker दे० LACQUER।

lackey (lăk' i) [F. *laquais*, etym. doubtful] सं० १. दास, भृत्य, अर्दली, प्यादा, नौकर, चाकर (विशे० वह जिसे वर्दी पहनाई जाती है); २. चापलूस व्यक्ति, चाटुकार; ३. परोपजीवी, पिच्छलग्गू, छुटभैया, गुरगा, दूसरों का खाने वाला। क्रि० स० १. आगे पीछे फिरना; २. चापलूसी करना।

laconic (lă kon' ik) [L. *Lacônicus*, Gr. *Lakônikos*, from *Lakôn*, Spartan] वि० १. संक्षिप्त, लघु, बहुत छोटा, दोहरफ़ी; २. चुस्त; ३. गिना-चुना, नपा-तुला; ४. मितभाषी, इस प्रकार की भाषण-शैली। **laconically** क्रि० वि० नपी-तुली भाषा में, सूत्र रूप से। **laconicism** सं० १. लघुत्व, मितवाक्य भाषण, संक्षेपोक्ति; २. नपा-तुला होना, दोहरफ़ी होना, गिना-चुना होना, आदि। **laconism** सं० १. लघूक्ति, संक्षेपोक्ति, मित-भाषण; २. सूत्र, संक्षिप्त कथन।

lacquer (lăk' er) [M.F. *laire*, Port. *lacre*, var. of *lacca* from LAC] सं० १. लाख की वार्निश, लाख का रोग़न, (इं० १) लैकर*, लाख को अल्कोहल में घोल कर बनाकी हुई सुनहरी वार्निश जो पीतल को पॉलिश करने मे प्रयुक्त होती है, २. बिरोजे की वार्निश के प्रकार (जैसे Japanese ~) जो लकड़ी आदि पर पॉलिश के लिए प्रयक्त होते है; ३. इनसे पॉलिश की हुई वस्तु, ४. (वि० १) लैकर*/ लाक्षाकृति* (कृ० भी)। क्रि० स० १. पालिश करना; २. (मा० १) लाख का काम*/ लाक्षा कर्म*।

lacquey दे० LACKEY।

lacrim, lacrym दे० LACHRYM।

lacrosse (la kros') [F., the CROSSE] सं० लाक्रास, हॉकी जैसा एक उत्तर-अमरीकी खेल, दे० CROSSE भी।

lactation (lăk tā' shun) [L. *lactātio*, from *lactāre*, to suckle, from *lac lactis*, *milk*] सं० १. क्षीर-दुग्ध-दान, दूध पिलाना, २. दुग्ध स्रवण; ३. स्तनों में दूध उतर आना; ४. (आ०) स्तन्यस्रवण*, (मा० २) स्तन्यपायन*।

lacteal (lăk' te al) [L. *lacteus*, from *lac lactis*, milk] वि० १. पायस, दुग्धमय, दूध-संबंधी, २. दूधिया, दूध जैसा, ३. दूध पहुँचाने वाली; ४. पायसिका; ५. (वि० १) आक्षीर-वाहिनी*। सं० (बहुव०) १. दूध पहुँचाने वाली रगें; २. (आ०) लैक्टील*, वसालसीकावाहिनी*/ दुग्धवाहिनी*, (कृ) लसीका-वाहिनी*। **lactescence** सं० १. दूधियापन; २. दूध जैसा द्रव (छोड़ने वाला)। **lactescent** (lăk tes' ent) वि० १. दूधिया; २. दूध जैसा द्रव छोड़ने वाला, दुग्धस्रावक। **lactiferous** वि० १. दुग्ध-क्षीरवाही; २. दूध या दूधके समान द्रव देने वाला; ३. (आ०) दुग्धज*।

lactic (lăk' tik) वि० १. (रसा०) दूध सबंधी; दूध का। **~acid** १. दुग्धाम्ल, २. (कृ०, वि० १) लैक्टिक अम्ल*/ लैक्टिक एसिड*, खट्टे दूध मे पैदा होने वाला अम्ल या तेज़ाब। **lacticate** सं० दूध मे पैदा होने वाले तेज़ाब का मिश्रण।

lacto- (समास मे प्रयुक्त) दूध जैसे। **~protein** १. दूध में वर्तमान प्रोटीन; २. दूध का अल्बूमनी भाग।

lactometer (lăk tom' e tĕr), **lactoscope** (lăk' tō skōp) १. लैक्टोमीटर* (आ० भी), लैक्टोस्कोप; २. दुग्धआपन यंत्र, दूध की शुद्धता मापने का यंत्र; ३. (आ०, वि० १) दुग्धमापी*; ४. (आ०, कृ०) दुग्ध घनत्वमापी*।

lactose (lăk' tōs) सं० १. लैक्टोस* (आ०, कृ०, वि० १ भी); २. दूध की चीनी* (वि० १ भी), दुग्ध शर्करा* (आ०, कृ०, वि० १ भी)।

lacuna (lă kū' nă) [L., from *lacus*, LAKE[1]] सं० १. अंतर; २. रिक्त स्थान; ३. छूट; ४. खाली भाग; ५. गर्तिका. कुल्हिका, हड्डी आदि का पोल; ६. कमी; ७. (आ०, वि० १) रिक्तिका*। **lacunal, lacunar, lacunose** वि० १. अंतरयुक्त; २. पोला; रिक्तताप्रर्ण। **lacunar system** (वि० १) रिक्तिका-तंत्र*।

lacustrine (lă kŭs' trin) [from L. *lacus*, LAKE, onomat. of *palustrium*, from *palus*] वि० १. (कृ०, वि० १) सरोवरी*, झीलों का; २. झीलों मे रहने या पैदा होने वाला। **~age** सरोवर-युग. ताल-युग, झील-निवास युग, वह युग जब मानव झीलो के आसपास रहता था। **~fisheries** (वि० १) सरोवरी मत्स्यक्षेत्र*। **~plain** (like plain) (कृ०, वि० १) सरोवरी मैदान*। **~rock** (कृ०, वि० १) सरोवरी शैल*।

lad (lăd [M.E. *ladde*, perh. rel. to *lad*, *led*, p.p. of *leden*, to LEAD] सं० १. लड़का, बाल; २. किशोर, युवक; ३. छोकरा; ४. साथी; ५. व्यक्ति। **laddie** सं० (स्नेह बोधक) छोकरा, लौंडा।

ladder (lăd er) [A.-S. *hlæder* (cp. Dut. *ladder*, G. *leiter*) cogn. with Gr. *klimax*, CLIMAX] सं० १. सीढ़ी* (इं० ३ भी), जीना; २. (परिवर्तित अर्थों मे) मोढ़े या जुराब का लंबाई में उधड़ जाना; ३. सामाजिक उन्नति या उद्देश्य-लाभ के साधन; ४. (इ० ३) निसेनी*/ निःश्रेणी*। **develop ~** जुराब या मोजे में से लंबाई में धागे निकल जाना। **kick down ~** उन मित्रों या वृत्ति को त्याग देना जिनकी सहायता से उन्नति की हो, जिस सीढ़ी से चढ़ना उसी को लात मार देना। **~dredge** झाम, कीच-रहट, पानी मे से रेत या कीचड़ निकालने वाला यंत्र जिसमे एक सीढ़ी जैसी ज़ंजीर लगी होती है और ज़ंजीर के साथ डोल बँधे रहते हैं। **~-proof** दे० PROOF। **~stitch** कसीदे मे सीढ़ीदार बुनाई। **~vein** सोपान-शिरा* (वि० १ भी)।

lade (lād) [A.-S. *hladan* (cp. Dut. and G. *laden*, Icel. *hlathe*)] क्रि० स० १. (जहाज़) लादना, भरना; २. जहाज़ का (माल) ले जाना। **laden** १. लदा हुआ (जहाज़, मोटर, पशु, व्यक्ति, वृक्ष, टहनी, मेज आदि), २. (दुःख, पाप आदि के बोझ तले) दबा हुआ। **lading** सं० पोत-भार, वहन, भरण, भराई, लदाई, जहाज़ पर लदा हुआ माल। **bill of lading** दे० BILL।

la-di-da (la' di da') [Slang, imit. of affected speech] वि० १. शेखीबाज, डीग हाँकने वाला; २. अकड़बाज, ३. इठलाने वाला; ४. चबा-चबा कर बात करने वाला। सं० १. शेखी, डींग; २. अकड़।

Ladin (la dēn') [as foll.] सं० लैडिन, एक प्रकार की रोमन बोली जो दक्षिण-पूर्वी स्विट्ज़रलैंड के विभिन्न भागों मे बोली जाती है, दे० RHAETO-ROMANIC।

ladle (lā' del) [A.-S. *hlædel*, from *hladan*, to LADE] १. बड़ा चम्मच, कलछी, कलछुल, करछी* (कृ० भी), दर्वी*/ करछुल*, चमचा* (इं० १,३, वि० १ भी), (काट की) पली*, लेडिल* (कृ०, इ० १, वि० १ भी); २. डोल। क्रि० स० डोई या पली द्वारा एक पात्र से निकाल कर दूसरे पात्र मे डालना। **ladleful** सं० कलछी भर, डोई भर, पली भर।

lady (lā' di) [A.-S. *hlǽfdige* (*hlǽf*, LOAF, *-dige*, prob. kneader, cp. DOUGH)] सं० १. रानी, बेग़म; २. प्रेयसि

जिया, कान्ता, कामिनी, दयिता, प्रेमिका; ३. आर्या, वनिता, कुलांगना, कुलवधू; ३. उच्च श्रेणी की स्त्री, कुलीन महिला, भद्र महिला (जैसे पुरुषों के लिए gentleman का प्रयोग है वैसे ही स्त्रियों के लिए lady); ४. (शिष्ट व्यवहार में) माई, माँ जी (केवल संबोधन के लिए काम्य० या ग्रा० में एकव० अन्यथा प्राय: बहुव०); ५. मार्शनेस, काउंटेस, वाइकाउंटेस, बैरोनेस के लिए सामान्यत: प्रयुक्त उपाधि-सूचक शब्द; ६. डयूक, मार्क्विस या अर्ल की पुत्री के नाम के पूर्व प्रयुक्त उपसर्ग; ७. सम्मान-उपाधि प्राप्त व्यक्ति की पत्नी के लिए पति के नाम के साथ, बैरोनेट या नाइट उपसर्ग-स्वरूप प्रयुक्त होता है; ८. संयुक्त उपाधि मे भी आता है (जैसे My~ लेडी की उपाधि प्राप्त महिलाओं को संबोधित करने के लिए विशेषत: नौकरों आदि द्वारा प्रयुक्त शब्द) बेगम साहिबा, रानी मां। **Our Lady** ईसा की माता, मरियम, कुमारी मेरी। **painted~** एक प्रकार की तितली। **~altar** लेडी चैपेल की वेदी। **~bird** लेडी बर्ड* (कृ० भी), काली-चित्ती वाला, कुछ लाल और भूरे रंग का भौंरा, सोनपंखी* (कृ० भी)। **Lady Bountiful** गाँव आदि में धर्मार्थ कार्य में लगी रहने वाली भद्र महिला (फार्कहार की पुस्तक Beaux's strategem की एक पात्र)। **~chair** १. बायस्कों आदि को उठाने के लिए दो व्यक्तियों का अपने हाथ आपस में जोड़ कर बनाया हुआ स्थान; २. कैंची। **~chapel** बड़े गिरजाघर में उच्च वेदी के पूर्व का भाग जो मरियम के निमित्त होता है। **Lady Day** अनंसीएशन पर्व (जब जबरील ने मेरी को दर्शन दिए थे) के महीनाजोड़ का दिन, २५ मार्च, वर्ष के उन चार दिनों में से प्रत्येक जिन पर लेन-देन होता है और जमीनों के खाते चढ़ते है। **~fern** ऊँचा-पतला फर्न। **~help** नौकरानी। **~killer** स्त्री-मोहक, जो सदा स्त्रियों से प्रेम करने या उन्हें फँसाने की चेष्टा में रहे। **~love** प्रेमिका, माशूका। **Lady Mayoress** १. लॉर्ड मेयर की पत्नी; २. धर्मपत्नी (उपाधि-प्राप्त स्त्रियों को छोड़ कर अन्य के लिए प्राचीन या गँवारू); ३. नारी, महिला (क्लर्क, डांक्टर, प्रेसीडेंट आदि); ४. अद्यतन-शैली (cook, parlourmaid, help आदि)। **~of the bedchamber, ~-in-waiting** महारानी या सम्राज्ञी की दासी। **lady's companion** तलेदानी। **lady's cushion** १. पहाड़ी काई के समान पौधा; २. गुच्छेदार पौधा। **lady's finger** भिंडी* (कृ०, वि० १ भी)। **lady's laces** धारीदार घास की एक प्रकार। **lady's maid** परिचारिका। **lady's man, ladies man** स्त्री-संग का प्रेमी। **lady's mantle** लेडीज मैंटल, गुलाब जैसी एक बूटी। **lady's smock** लेडी स्माक, एक प्रकार का फूल। **lady's slipper** लेडीज स्लिपर, बनों या बागों में होने वाला एक पौधा जिसके फूल प्राय: पोले और पैर या स्लीपर के आकार के होते हैं। **lady's tresses** १. आकिस पौधे की एक प्रकार; २. गांठदार पौधा जिसके फूल बड़े सुंदर होते हैं। **ladyfy, -ify** क्रि० स० १. लेडी बनाना; २. लेडी कह कर बुलाना। **ladyhood** सं० १. बेगम या रानी होना; २. भद्र महिलाओं के गुण; ३. भद्रता। **ladylike** वि० १. कुलीन महिलाओं जैसा शील रखने वाली; २. स्त्रियों जैसा या जनाना (पुरुष), जनखिआज; ३. महिलोचित, भद्र महिलाओं जैसा। **ladyship** सं० लेडी होना, महिलापन। **her, your, their ladyships** वे, आप, वे लोग (उपाधि प्राप्त स्त्रियों के संबोधन या उल्लेख के लिए)।

lævulose (lē´ vū lōs) सं० लेवुलोज* (वि० १ भी), फल और शहद की चीनी जिसमे दाभावतल का गुण होता है।

lag[1] (lăg) [etym. doubtful, perh. from LAST or LACK] क्रि० अ० १. धीरे-धीरे चलना; २. साथ आगे न बढ़ सकना; ३. पीछे रह जाना, पिछड़ना; ४. देर लगाना। सं० (भौति०) विद्युत-धारा या हरकत मे परिवेष्टन या विलंब, विलंबन (मा० ३ भी)। **~of the tide** १. पश्चता, ज्वार-भाटा का वह विलंब जो औसत समय के अनुसार चांद के पहले और तीसरे पखवाड़े में होता है; २. ज्वार-भाटा का विलंब। **laggard** वि० मंदायमान, वह व्यक्ति या वस्तु जो पीछे रह जाए; २. मंद-गति; ३. धीमा, सुस्त, फिसड्डी, ढीला। **lagger** सं० १. मंद-गति, २. धीमा; ३. ढीला। **lagging** वि० १. धीरे चलने वाला, २. धीमा; सुस्त, काहिल; ४. (इं० २) पश्चगामी*।

lag[2] (lăg) [Skaug, etym. doubtful] क्रि० स० (ग्रा०) १. कारावास देना; २. बदी बनाना, गिरफ्तार कर लेना। सं० १. दंडित (व्यक्ति); २. बंदी, ३. अपराधी।

lag[3] (lăg) [Icel. *lögg*, the end of a cask] सं० वेष्टन, ब्यायलर का विसंवाहक ढकना। क्रि० स० विसंवाहक पट्टियाँ लगाना, वेष्टन करना। **lagging** सं० १. विसंवाहक पट्टी, वेष्टन* (इं० ३ भी); २. लपेटन*/ चपती*/ पट्टी* (इं० ३ भी)।

lagan (lăg´ an) [A.-F. (cp. Icel. *lögn*, pl. *lagnir*, nets laid in the sea, cogn. with LIE[2]] सं० (विधि) लैगन*, डूबे हुए जहाज का माल जो समुद्र की तह मे पड़ा हो।

lager, lager beer (lā´ ger bēr) [G. *lager-bier* (*lager*, a store)] सं० लागर (बीयर), एक प्रकार की हल्की बीयर जो मूलत: जर्मनी मे बनती थी।

lagoon (la goon´) [F. *lagune*, It. and Sp. *laguna*, L. LACUNA] सं० १. अनूप, पश्चजल, समुद्रनाल, कच्छ, (समुद्र तटवर्ती) छिछली झील, तटीय झील, खारे पानी का वह भाग जिसे रेत की तह समुद्र से अलग करती हो; २. मूंगे के टीलो से घिरी हुई झील; ३. (वि० १) लैगून*। **~deposite** (वि० १) लैगून-निक्षेप*। **~vegetation** (वि० १) लैगून-वनस्पति*।

laic (lā´ ik) [Late L. *laicus*, Gr. *laikos*, from *laos*, the people] सं० १. (वह व्यक्ति) जो पादरी न हो, २. सामान्य (व्यक्ति)। वि० १. सांसारी; २ लौकिक। **laical** वि० संसार का, गैर-पादरी। **laically** क्रि० वि० १ सासारिक तौर पर; २. सामान्य दृष्टि से। **laicize** (lā´ i sīz) क्रि० स० १. संसारी बनाना, २. (पाठशाला आदि) सामान्य लोगों के हाथो मे दे देना; ३. सामान्य, (पादरी आदि के पद पर) सामान्य व्यक्तियो की नियुक्ति की अनुमति दे देना। **laicization** सं० संसारीकरण, (पादरी आदि के पद पर) सामान्य व्यक्तियों की नियुक्ति।

laid दे० LAY[1]।

lain दे० LIE।

lair (lār) [A.-S. *leger*, a bed (cp. Dut. *leger*, G. *lager*, LAAGER,, cogn. with LIE[2]] सं० १. जंगली पशुओं के लेटने या विश्राम करने का स्थान; २. बाड़ा; ३. खरक (जिसमें पशुओं को मंडी मे ले जाते समय बंद करते है); ४. बन्य-पशुओं के रहने का स्थान, मांद, भट्ठ, गुहा, बिल। क्रि० स० और अ० बाड़े में जाना या बंद करना, मांद मे जाना या विश्राम करना।

laird (lārd) [Sc., var. of LORD] सं० (स्कॉ०) जमींदार।

lairdship सं० (स्कॉटलैंड की) जमींदारी।

lais सं० शिष्ट, गुणवान और सुंदर बारांगना, वेश्या जो कृष्ण संपन्न और सुन्दरी हो।

laissez- faire (lā´ sā fār´) [F. *faire*, to do] सं० बहुस्तक्षेप, अबन्ध नीति, हस्तक्षेप न करना, दखल न देने की नीति या सिद्धांत, उद्योग, व्यापार आदि पर कोई प्रतिबन्ध न लगाने का सिद्धांत।

---

a=अ, (Father) फ़ादर, ā=ए, (Fat) फैट; ā=ए, (Fate) फेट; aw=आ, (Fall) फ़ाल, ā=एअ, (Fair) फेअर; e=ई, (Bell) बेल; ē=ई, (Her) हर; ē=ई, (Beef) बीफ; i=इ, (Bit) बिट; ī=आइ, (Bite) बाइट; o=ऑ, (Not) नॉट ō=ओ, (No) नो; ō=ऑ, (North) नॉर्थ; oo=क, (Food) फ़ूड; u=अ, (Bull) बुल; ū=अ, (Sun) सन; ū=यू, (Mule) म्यूल; ou=आउ, (Bout) बाउट, oi=ऑय, (Join) जॉयन।

laity (lā' i ti) [A.-F. *laité*, from O.F. *lai*, LAY²] सं० १. दुनियादार लोग, संसारी लोग; २. सामान्य लोग, जन-साधारण; ३. अ-निपुण; ४. गैर-पेशेवर लोग; ५. वह लोग जो किसी ज्ञान संबंधी व्यवसाय में न हों; ६. सामान्य धर्मोपासक वर्ग*/उपासक वर्ग* (मा० १ भी)।

lake[1] (lāk) [O.F. *lac*, L. *lacum*, nom. *lacus*] सं० १. सरोवर* (वि० १ भी), जलाशय, तालाब, झील; २. झील। **the great ~** अटलांटिक महासागर। **the great lakes** ग्रेट लेक्स, अमरीका और कैनेडा की सीमा पर स्थित झीलें (सुपीरियर, ह्यरन, मिशीगन, ऐरी और ओंटारियो)। **~-country, land, the lakes** इंग्लैंड का झील-प्रदेश (वैस्टमोरलैंड, कंबरलैंड और लंकाशायर का वह भाग जहाँ बहुत-सी झीलें है)। **~ cut off** (वि० १) छाड़न* छाड़, चाप-झील। **~ crater** (वि० १) ज्वालामुखी झील*। **~ dweller** इतिहास-पूर्व काल में झील-घरों में रहने वाला, झील-निवासी। **~-dwelling** झील के अंदर पुल की भाँति खंभों या पायों पर बना हुआ घर, झील-घर। **Lake Poets** झील-प्रदेश के कवि, कोलरिज, साउदे और वर्ड्सवर्थ जो झील-प्रदेश के रहने वाले थे। **lakeless** वि० बेझील। **lakelet** सं० छोटी झील, तालाब, ताल।

lake[2] (lāk) [var. of LAC!] सं० लेक, लाक्षक, गहरा लाल रंग जो पहले लाख से बनाया गया था और अब विभिन्न पदार्थों के योग से तैयार किया जाता है।

lakh दे० LAC[2]।

Lallan, Lallans (lăl' ăn, lăl' ănz) [Sc.] वि० (स्कॉट०) स्कॉटलैंड के दक्षिण-पश्चिमी भाग का। सं० (-s भी) स्कॉटलैंड के दक्षिण-पश्चिमी भाग की बोली।

lallation (lă lā' shun) [F., from L. *lallāre*, to sing (a lullaby)] सं० 'R' 'ऱ' के रूप में उच्चारण।

lam (lăm) [cp. Icel. *lemja*, A.-S. *lemian*, to LAME] क्रि० स० और अ० पीटना, छड़ी आदि से मारना, बैंत लगाना, मरम्मत करना (into के साथ प्रयुक्त)।

lama[1] (lă' mă) [Tibetan *blama* (*b* silent)] सं० लामा, तिब्बत या मंगोलिया का बौद्ध भिक्षु। **Dalai or Grand Lama** दलाईलामा, तिब्बत का बौद्ध-धर्म गुरु तथा राजा। **Lamaism** सं० लामावाद। **Lamaist** सं० लामावादी, लामा का अनुयायी। **lamaserie** (lă' ma sēr i)) सं० लामा-मठ, लामा-विहार, लामाओं का मठ।

lama[2] दे० LLAMA।

Lamarckian (lă mar' ki ăn) [*Lamarck* (1744-1829) French naturalist, -IAN] वि० १. लेमार्कीय; २. लेमार्कवादी। सं० जीव-विकास के बारे में लेमार्क के इस सिद्धांत को माननेवाला कि स्वभाव के अनुसार व्यक्ति के शरीर में नए गुण उत्पन्न हो जाते हैं और वह नए गुण उसकी संतान में भी चले जाते हैं।

lamb (lăm) [A.-S. (cp. Dut. *lam*, Icel. *lamb*, G. *lamm*)] सं० १. मेमना, मेंड़ का बच्चा; २. हलधान, मेंड़ के बच्चे का गोश्त, बरा; ३. भेड़ों का अवयस्क सदस्य; ४. भोला-भाला, निर्बल या दूसरा व्यक्ति। क्रि० स० और अ० (-कर्म०) भेड़ के बच्चे पैदा होना; २. बच्चा पैदा करना; ३. ब्याना; ४. (ब्याने के समय भेड़ों की) देख-भाल करना। **the Lamb** ईसा मसीह। **as well be hanged for a sheep as for a ~** पाप करना ही है तो बिल खोद कर करो, गुनहगार बनना ही है तो फिर कोई कसर क्यों रहे, जहाँ सत्यानाश तहाँ डाई सत्यानाश। **like a ~** चुपचाप, बिना कान-पूँछ हिलाए। **wolf, fox in lamb's skin** बगल में छुरी, मुँह में राम-राम, रँगा-सियार, प्रपंची। **lamb's fry** बकरे का तला हुआ कपूरा। **~-skin** मेमने की खाल या चमड़ा। **lamb's tails** मेमने की दुम जैसे फूल। **lamb's-wool** सं० मेमने की ऊन या पशम। **lamber** सं० १. बच्चा जनने वाली भेड़; २. वह व्यक्ति जो बच्चा देने वाली भेड़ की देख-भाल करता है। **lambhood** (lăm hud) सं० १. मेमनापन; २. दब्बूपन। **lambkin** सं० १. छोटा-सा मेमना; २. नाज़ुकमिज़ाज, छुईमुई या सुकुमार व्यक्ति, बच्चा। **lamb-like** वि० १. भोला; २. दब्बू, गऊ।

lambaste, lambast (lăm bāst') क्रि० स० (बोल०) मारना, पीटना।

lambdacism (lăm' dă sizm) [L. *lambdacismus*, Gr. *labdakismos*, from *lambda*, the letter λ or *l*)] सं० 'र' का 'ल' की तरह उच्चारण। **lambdoid** (lăm' doid), **lambdoidal** (-doi dăl) वि० लैमडाकार, लैमडा (λ) के आकार का, काकपद। **~suture** १. काकपद जोड़, सिर के पिछले भाग और खोपड़ी की दोनों हड्डियों का जोड़; २. (वि० १) लैम्डाइडी संधिरेखा*।

lambent (lăm' bent) [L. *lambens -entis*, pres. p. of *lambere*, to lick] वि० १. लोल, कंपायमान, तरल, चंचल, (लपट या प्रकाश) तल पर उसे जलाए बिना लहकती हुई, झिलमिलाती हुई; २. मंद-प्रकाश युक्त (आँखें या आकाश); ३. (प्रतिभा) किंचित स्फूर्तिवान। **lambency** सं० १. झिलमिलाहट; २. प्रकाशयुक्त होना; ३. प्रतिभा की स्फूर्ति। **lambently** क्रि० वि० १. झिलमिलाते हुए; २. हल्की छेड़छाड़ करते हुए।

Lambeth (lăm' beth) सं० १. लैम्बेथ, कैंटरबरी के आर्क-बिशप का लैम्बेथ-स्थित महल; २. चर्च के प्रतिनिधि रूप में आर्क-बिशप। **Lambeth degree** कैंटरबरी के आर्क-बिशप द्वारा दी जानेवाली ऑनरेरी डिग्री।

lambrequin (lăm' bre kin) [F., etym. doubtful] सं० १. दरवाजे या खिड़की के ऊपरी भाग से लटकने वाला छोटा पर्दा; २. अँगीठी पर लटकने वाला छोटा पर्दा।

lame (lām) [A.-S. *lama* (cp. Dut. *lam*, Icel. *lami*, G. *lahm*)] वि० १. पंगु, लँगड़ा, लूला; २. बेकार, व्यर्थ या असंतोषजनक (दलील, बात, बहाना); ३. दुर्बल, विकल, न्यून, यति-भंग-युक्त, अटकने वाला (छंद)। क्रि० स० १. हाथ-पाँव तोड़ देना, २. लँगड़ा कर देना; ३. पशु बनाना। **~duck** दे० DUCK। **lamely** वि० १. लँगड़ा कर, असंतोषजनक ढंग से; ३. फूसफूसे तौर पर। **lameness** सं० १ लँगड़ापन* (क्र० भी); २. बेकार होना, ३. असंतोषजनक होना। **lamish** वि० लँगड़ा-सा।

lamella (la mel' ă) [L., dim. of LAMINA] सं० (बहुव० **~-læ**) १. कवच, आवेष्टन, पटल, परत, पत्रक, पत्र, २. झिल्का; ३. तह या झिल्ली (विशे० हड्डी या स्नायु की), ४. पटत्रिका* (आ०, वि० १ भी); ५. पक्षक* (आ० भी); ६. डमेला* (इं० ३ भी)। **lamellar, lamellated, lamellose** वि० १. पटलिकीय*/पटलिकात्मक* (वि० १ भी), सपटल, परतदार, तहदार; २. स्तरित*/स्तरमय* (वि० १ भी), पत्रकी*/पटलित* (आ० भी)। **lamelli** परतदार, तहदार, पर्तदार पटलवाला, परतवाला (आदि के अर्थों में समास में प्रयुक्त रूप)।

lament (lă ment') [F. *lamenter*, L. *lāmentārī*, from *lāmentum*, a wail] सं० १. विलाप, रोना, रोदन; २. शोक, मातम। क्रि० स० और अ० १ रोना-पीटना, रोना-धोना, विलाप

करना, रंज या मातम करना; २. दुःखी होना, दुःख प्रकट करना, (भू० कृ०) जिसके लिए विलाप किया जाए, प्रायः विशेषतः, स्वर्गीय, परलोकवासी (जैसे the late lamented)।

lamentable (lăm' ĕn tăbl) वि० शोच्य, शोचनीय, शोकास्पद या वेदजनक, बुरा (घटना, भाग्य, अवस्था, चरित्र आदि)।

lamentably क्रि० वि० वेदजनक ढंग से, शोचनीय ढंग से।

lamentation सं० विलाप, क्रंदन, रुदन, रोना, शोक, मातम।

lamentations (of Jeremiah) इंजील के प्रथम खंड ओल्ड टेस्टामेंट का एक भाग।

lamia (lā' mi ă) [L., from Gr.] सं० पन्न, फलक, कवच, केमिया, एक डाइन जो मानवों का शिकार करती है और बच्चों का रक्त चूसती है।

lamina (lăm' i nă) [L.] सं० (बहुव०-ए) १. पर्णदल, पत्रदल* (कृ० भी), स्तरिका* (इं० ३, कृ० वि० १ भी), उपस्तरिका, पतली तह, पटल* (इं० ३, कृ० भी), छिलका*/ फलक* (आ० भी); २. (धातु, हड्डी, झिल्ली, तहदार चट्टान, वनस्पति, स्नायु आदि की) परत। **~perpendicularis** लंब पटल, लैमिनापर्पेन्डिकुलेरिस* (कृ० १ भी)। **laminal, -nar, -ary** १. पर्णवलीय; २. छिलके वाला; ३. तहदार; ४. पर्तदार; ५. सपटल। **laminose** (lăm' i nōs) वि० १. पर्तदार; २. पत्तीदार। **lamini-** समासों में पत्ती जैसा, पटलवत्, पर्णवत, पर्णदल या पत्रदल जैसा आदि अर्थों में प्रयुक्त रूप।

laminate (lăm' in āt) क्रि० स० और अ० १. (धातु के) पत्तर बनाना, वर्क बनाना; २. तहों या वर्कों में विभक्त करना या होना; ३. पत्तर चढ़ाना; ४. तह पर तह जमा कर बनाना। **lamination** सं० १. परतबंदी, वर्कसाज़ी; २. वर्कदार होना।

Lammas (lăm' ăs) [A.-S. *hlâfmæsse* (LOAF, MASS¹] सं० अगस्त की पहली तारीख (प्राचीन काल में इंग्लैंड के लोग इस दिन फ़सल काटने का त्योहार मनाते थे)। **latter ~** काल्पनिक तिथि, वह दिन जो कभी नहीं आएगा [तुल० Greek CALENDS]।

lammergeyer (lăm' ĕr gi ĕr) [G. *lämmergeier* (*lämmer*, lambs, *geier*, vulture)] सं० लैमरगेयर, दक्षिण सिंध जो यूरोप का सब से बड़ा शिकारी पक्षी है।

lamp (lămp) [O.F. *lampe*, L. and Gr. *lampas*, from *lampein*, to shine] सं० १. दीप*/दीप० २, वि० १ भी), दीपक, दिया, चिराग़, लैम्प* (आ०, इं० २, वि० १ भी); २. क़ानूस; ३. कंदील; ४. मशाल; ५. (ला०) सूर्य; चाँद; ६. सितारा; ७. आत्मिक या बौद्धिक प्रकाश या आशा का स्रोत। क्रि० स० और अ० १. चमकना; २. दीपक उपलब्ध कराना; ३. प्रकाशमान करना; ४. (श्रा०) देखना; ५. नज़र दौड़ाना। **like a ~lighter** तेज़ी से, हुलसति से। **smell of the ~** १. रात के समय अध्ययन का संकेत मिलना, रात्रि-स्वाध्याय प्रकट करना; २. (शैली आदि का) प्रवाहहीन या असहज होना। **pass, hand on the ~** ज्ञान या किसी आदर्श को वृद्धि में अपना कर्त्तव्य पूरा करना। **~-black** १. काजल* (इं० २, वि० १ भी); २. (दिये की) कालिख* (मा० १ भी)। **~-chimney** चिमनी, शीशा, बत्ती के चारों ओर शीशे की दीवार। **~-light** दीपक का प्रकाश। **~-lighter** मुहल्लों में बत्तियाँ जलाने वाला। **~-post** लैम्प या बत्ती का खंभा। **lampless** वि० बिना दिये का, बेचिराग़, अँधेरा।

lampas¹ (lăm' păs) [F., etym. doubtful] सं० लैंपास, घोड़ों की एक बीमारी जिसमें तालू सूज जाता है।

lampas² (lăm' păs) [F., etym. doubtful] सं० लैम्पस, एक फूलदार रेशमी कपड़ा जो पहले-पहल चीन में तैयार हुआ था।

lampion (lăm' pi ŏn) [F., from It. *lampione*, from *lampa*, LAMP] सं० १. झाड़; २. तुंबड़ी; ३. रंगदार शीशे का एक बर्तन जिसमें तेल और बत्ती डाल कर दीपक का काम लिया जाता है।

lampoon (lăm poon') [F. *lampon*, from *lampons*, let us drink (*lamper*, to booze, perh. a var. of *lapper*, to lap up)] सं० १. कटु व्यंग्य या निंदा लेख, निंदापूर्ण लेख या रचना; २. आक्षेपपूर्ण व्यंग्य काव्य; ३. हजो, तीखा; ४. व्यंग्य; ५. निंदा गीत। क्रि० स० १. कटु, व्यंग्य या निंदापूर्ण रचना लिखना; २. हँसी उड़ाना, व्यंग्य करना। **lampooner, lampoonist** सं० निंदा और व्यंग्य आदि करने वाला या उसमें दिलचस्पी रखने वाला, निंदक, आक्षेपक, निंदा-व्यंग्य लेखक, हजो लिखने वाला।

lamprey (lăm' pri) [O.F. *lampreie* (F. *lamproie*), It. *lampreda*, late L. *lampetra* (*lambere*, to lick, *petra*, rock)] सं० लैम्प्री* (वि० १ भी), संगसेत मछली, तंबू मछली, मोरीना, एक प्रकार की मछली जिसका मुँह और गलफड़े पीलियों जैसे होते हैं और जिसके दोनों ओर सात-सात श्वास-रन्ध्र एवं सिर के ऊपर एक नाली होती है।

lanate (lā' nāt) [L. *lānātus*, from *lāna*, wool] वि० लोमश*/ बालदार* (वि० १ भी)।

Lancasterian (lăng kăs tēr' i ăn) [Joseph *Lancaster* (1778-1838)] वि० १. लंकाशायर या लंकास्टर का (निवासी); २. लंकास्टरी, जॉन ऑफ़ गॉट, ड्यूक ऑफ़ लंकास्टर के वंश का (अनुयायी); ३. गुलाब-युद्ध (Wars of the Roses) में लाल गुलाब दल का (सदस्य)।

lance (lans) [F., from L. *lancea*] सं० १. शूल, नेज़ा, भाला* (मा० १ भी), बरछा, बरछी; २. झुंड मछली मारने का नेज़ा; ३. नेज़ाबाज़; ४. नेज़ा-बरदार, भालाधारी; ५. कुन्त* (मा० १ भी)। क्रि० स० १. (काव्य०) भाला, बरछी आदि चलाना या फेंकना; २. (शल्य०) नश्तर देना; ३. भाला या बरछा मारना। **~-corporal** लैंस कारपोरल, कारपोरल के नीचे का फ़ौजी अधिकारी। **~-fish** नेज़ा-मछली। **~-snake** लैंस स्नेक, अमरीका का एक विषैला साँप जिसका सिर नेज़े जैसा होता है। **~-wood** लैंस लकड़ी, (ईस्ट इंडीज में पाई जाने वाली) मज़बूत लचकदार लकड़ी जिससे धुरे, कमानियाँ और मछली पकड़ने की बंसियां बनाई जाती हैं। **lancer** सं० भाला या बल्लमधारी घुड़सवार सैनिक, रिसाले का भालाधर सिपाही; २. (बहुव०) एक प्रकार का नृत्य, इस नृत्य के साथ का संगीत; ३. मलीत*/ भालाधारी* (मा० १ भी)।

lancelet (lans' lĕt) सं० लैंसलेट, एक मछली जो रीढ़धर जीवों की निम्नतम श्रेणी में आती है।

lanceolate (lan' se o lāt) [L. *lanceolātus*, from *lanceola*, dim. of *lancea*, LANCE] वि० १. भाले के आकार का, दोनों ओर से गावदुम; २. (आ०, वि० १) भालाकार*।

lancet (lan' sĕt) [O.F. *lancette*, dim. of LANCE] सं० शलाका, छुरिका, शल्य-यंत्र जो प्रायः दोधारा और नुकीला होता है, नश्तर; (आ०) ले-सेट*/ कुंतिका*। **~-arch, -light, -window** नोकदार महराब* (मा० १ भी) या खिड़की। **~-plate** कुंतक पट्ट*/ भाला पट्ट* (वि० १ भी)। **lanceted** वि० नोकदार।

lancinate (lan' si nāt) [L. *lancinātus*, p.p. of *lancināre*, to

rend] क्रि० स० चीरना, फाड़ना। **lancinating** वि० उत्पीड़क, असह्य (पीड़ा, दौरा)।

land (lănd) [A.-S. (cp. Dut. Icel., G., etc., *land*)] सं० १. भूमि* (कृ०, वि० १, विधि भी), धरती, ज़मीन* (कृ० भी), खुश्की, थल* (वि० १ भी), स्थल*। प्रदेश* (कृ०, वि० १ भी); २. देश की धरती; ३. मृत्तिका, मिट्टी; ४. देश; ५. राष्ट्र; ६. राज्य; ७. भू-संपत्ति; ८. (बहुव०) जागीर, इलाक़ा; ९. (ह० अफ़्रीका) कृषि के लिए घेरी हुई ज़मीन; १०. क्यारी, कृषि-क्षेत्र या चरागाह जो अन्य भूमि से पानी की नालियों द्वारा अलग की गई हो; ११. बंदूक़ की कोठी। क्रि० स० और अ० १. किनारे पर उतारना या उतरना (landed उतरा, विशे० समास में जैसे newly -landed), जहाज़ पर से उतारना या उतरना; २. गाड़ी से उतारना; ३. विशेष स्थान, स्थिति या अवस्था पर लाना, पहुँचाना या निज को पाना; ४. घूँसा आदि मारना, जमाना (जैसे landed him one in the eye); ५. मछली (मार कर या पकड़ कर) किनारे पर लाना; ६. (ला०) पुरस्कार पाना; ७. घुड़दौड़ में घोड़े का प्रथम आना; ८. (सवार का घोड़े को प्रथम आदि) लाना, पहुँचाना; ९. कूदने आदि के पश्चात धरती छूना; १०. (विमान का) भूमि या पानी पर उतरना। **~of promise** आशाओं का देय अर्पित होना। **~of cakes** दे० CAKE। **~of the leal** स्वर्ग। **~of the living** १. संसार; २. जीवन; ३. इहलोक। **~agent** १. मुख्तार; २. (जागीर या इलाक़े का) कारिंदा; ३. भूमि का दलाल। **~agency** १. मुख्तारी; २. दलाली (भूमि की)। **~bank** भूमि बैंक, वह बैंक जो भूमि की जमानत पर ऋण देता है। **~breeze** स्थल-समीर, थल-समीर* (वि० १ भी), वह वायु जो धरती से समुद्र की ओर चलती है। **~carriage** स्थल-यातायात। **~crab** लैंडक्रैब, स्थल-कर्क, एक प्रकार का केकड़ा जो रहता धरती पर है, परंतु अंडे समुद्र में देता है। **Lands End** कार्नवाल का पश्चिमी सिरा। **~fall** १. (नौ० वि०) समुद्र-यात्रा में धरती का प्रथम-दर्शन; २. (good~fall) अनुमान के अनुकूल दर्शन; ३. (bad~fall) अनुमान से भिन्न समय पर स्थल-दर्शन। **~force(s)** स्थल-सेना। **~girl** कृषि कार्य (विशे० युद्ध काल में) करने वाली लड़कियाँ। **~grabber** वह व्यक्ति जो बेदख़ल किए गए किसानों (विशे० आयरलैंड के) की भूमि प्राप्त करे। **~holder** १. भूमिधर, ज़मीन का मालिक (या प्रायः) आसामी; २. (विधि) भू-धारक*। **~hunger** भू-तृष्णा, भूमि-धारण करने की इच्छा। **~hungry** भू-तृषित, भूमि-धारण करने का इच्छुक। **~jabber** ज़मीन का सट्टा करने वाला। **~lady** १. सराय, होटल या भूमि की स्वामिनी, भटियारन; २. मकान-मालकिन। **~law** (प्रायः बहुव०) भू-संपत्ति संबंधी क़ानून। **~League** लैंड लीग, १८७९ से १८८१ के बीच काम करने वाला किसान-संघ जिसका उद्देश्य लगान बटवाना और किसानों की भूमिधारी अधिकार दिलवाना था। **~locked** भूमि से घिरा हुआ। **~lord** १. सराय, मकान, भूमि आदि का मालिक, भटियारा; २. भूमि-धर, मालिक-मकान; ३. (विधि) भू-स्वामी*। **~lubber** (नौ० वि०) वह व्यक्ति जो समुद्र और जहाज़ों से सर्वथा अपरिचित हो। **land's man** जो नाविक न हो। **~mark** १. (देश, जागीर आदि का) सीमा-चिह्न* (प्रधा० भी); किसी प्रदेश की कोई प्रसिद्ध वस्तु, महत्त्वपूर्ण घटना। **~mine** बारूदी बम सुरंग, वह बारूदी सुरंग जो धरती में गाड़ी जाती है। **~owner** ज़मीन का मालिक। **~rail** लैंडरल, उर्वरक, जिप्सम* एक विटिश पक्षी जो गल्ले के खेतों में होता है। **~service** स्थल सेना में नौकरी। **~shark** स्थली ठग जो तट पर आए नाविकों को लूटपाट कर गुज़ारा करता हो। **~sick** (नौ० वि०) वह जहाज़ जो भूमि के पास होने के कारण ठीक प्रकार न चलता हो। **~slide** १. (मूलतः अमरीकी) चुनाव आदि में मतदाताओं का एक ओर झुकाव; २. (वि० १) भूस्खलन*। **~slip** १. चट्टान या पहाड़ का टूट कर गिरना। **~swell** तट के पास पानी में ज्वार। **~tax** भूमि-कर, लगान, मालगुज़ारी। **~tie** शहतीर या खंभा (जो दीवार आदि को सहारा दिए हुए हो), अड़वाड़, टेकन, थाम। **landed** वि० १. भूमि-धर, भू-स्वामी; २. भूमि संबंधी; ३. भूमि की। **the~interest** भूमि-धर हित। **the ~estate, property** भू-संपदा, ज़मीन-जायदाद, ज़मीन, मकान आदि, अचल या स्थावर संपत्ति। **landless** वि० भूमिहीन। **landocracy** (lăn dok' rá si) [-CRACY] सं० (विनो०) ज़मींदार वर्ग। **landocrat** (lăn' dó krăt) सं० जागीरदार, बड़ा ज़मींदार, बड़ा भू-स्वामी। **landward** वि० और क्रि० वि० स्थलोन्मुख, स्थल की ओर, भूमि की ओर। **landwards** क्रि० वि० स्थल की ओर।

landau (lăn' dô) [*Landau*, Germany, where orig. made] सं० लैंडो गाड़ी या बग्घी, टबदार चौपहिया गाड़ी जिसके टब का अगला और पिछला भाग अलग-अलग खोला या बंद किया जा सकता है। **landaulet** सं० छोटी लैंडो गाड़ी।

landgrave (lănd grāv) [M.H.G. *lantgrave* (G. *landgraf*), cp. Dut. *landgraaf* (LAND, GRAVE[4])]. सं० लैंडग्रेव, कुछ जर्मन शासकों की उपाधि।

landing (lăn' ding) सं० क्रियागत अर्थों में १. (जहाज़ या गाड़ी से) उतारना या उतरना; २. (~place भी) जहाज़ पर से उतरने का स्थान; ३. दो सीढ़ियों के बीच का चबूतरा; ४. चौकी*/ अवतरण* (मा० १ भी)। **~net** लैंडिंग नेट, बड़ी मछली को पकड़ने के बाद किनारे पर लाने वाला जाल। **~place** १. घाट; २. जहाज़ पर से उतरने का स्थान, गोदी। **~stage** चबूतरा (प्रायः तैरता हुआ) जिसपर जहाज़ के यात्री या सामान उतारा जाता है।

landlord (lănd' lôrd) सं० ज़मींदार, भूमि स्वामी। **landlordism** सं० १. ज़मींदारी प्रथा (विशे० आयरलैंड में प्रचलित व्यवस्था के लिए निदात्मक प्रयोग); २. इस प्रथा का समर्थन।

landscape, ~skip (lănd' skāp, -skip) [Dut. *land-schap* (LAND, SHIP)] सं० स्थलदृश्य, भूदृश्य, चित्र जिसमें स्थलदृश्यों का चित्रण हो, दृश्य भूमि* (कृ०, वि० १भी)। **~gardening** प्राकृतिक दृश्यावली के अनुसार बाग़ लगाने। **~gardener** प्राकृतिक दृश्यावली के अनुसार बाग़ लगाने वाला। **~marble** बुलांक मरमर, ऐसा संगमरमर जिसपर वृक्षों के चिह्न हों, प्रकृतिचित्री संगमरमर* (वि० १ भी)। **~painter** प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण करने वाला चित्रकार। **landscaping** सं० भूसुदरीनीकरण* (वि० १ भी)। **landscapist** सं० प्राकृतिक दृश्यों का चित्रकार।

lane (lān) [A.-S. (cp. O. Fris. *lana*, Dut. *laan*)], सं० १. कुंज, मार्ग, पथ, रास्ता, बीथिका, गली*/ लेन* (इं० १, वि० १ भी), तंग रास्ता या पगडंडी (प्रायः दो बाड़ों के मध्यवर्ती), तंग गली, कूचा; २. मनुष्यों की पंक्तियों के बीच रास्ता; ३. जहाज़ों का निर्धारित पथ। **it is a long ~that has no turning** एक न एक दिन स्थिति अवश्य बदलेगी। **red~** कंठ, गला, कंठनाली।

langrage (lăng' ráj) [etym. unknown] सं० लोहे की अनघड़ गोलियों से भरा हुआ डिब्बा (जो प्राचीन काल में जहाज़ की

दस्तियों, बादबानों आदि को उड़ाने के लिए तोप में भर कर चलाई जाती थीं।)

langsyne (läng sin') [Sc. (LANG, SYNE)] क्रि० वि० और सं० प्राचीन काल (में)।

language (läng' gwáj) [F. *langage*, from *langue*, L. *lingua*, tongue] सं० १. भाषा, वाणी, ज़बान; २. बोली; ३. बोलचाल; ४. शब्द; ५. अभिव्यंजना पद्धति; ६. शब्द और उनकी प्रयोग-विधि, भाषण-शक्ति, बोलने की शक्ति; ७. बातचीत का ढंग, वार्ता-शैली; ८. किसी व्यवसाय या वर्ग-विशेष की शब्दावली; ९. साहित्यिक शैली; १०. शब्द; ११. मा० १) कर्मकांडी भाषा* । **dead ~** मृत भाषा, अप्रयुक्त भाषा, वह भाषा जो बोली न जाती हो केवल पुस्तकों तक ही सीमित हो। **finger ~** १. अंगुलि-संकेत-भाषा, २. अँगुलियों के संकेत से अपनी बात समझाना। **~ of flowers** फूलों की भाषा, फूलों के विभिन्न प्रकारों के लिए निश्चित प्रतीकात्मक अर्थ। **strong ~** १. आवेश-पूर्ण भाषा; २. कड़े शब्द; ३. जोशीली बातचीत। **~-master, -teacher** भाषा-शिक्षक (विशे० आधुनिक विदेशी भाषा या भाषाएँ पढ़ाने वाला)।

languid (läng' gwid) [L. *languidus*, as foll.] वि० १. क्लांत, अवसन्न, विवश, खिन्न, शिथिल, निःशक्त; २. निष्क्रिय; ३. निर्जीव, बेजान, बेदम; ४. भावना-शून्य; ५. उदासीन; ६. अविशद; ७. मंद; ८. फीका; ९. बे मजा, अरोचक; १०. अलस, सुस्त, आलसी; ११. श्रांत, मंद-गति; १२. क्षीण; १३. निर्बल। **languidly** क्रि० वि० १. सुस्ती से; २. बेदिली से, शिथिलतापूर्वक। **languidness** सं० १. शिथिलता; २. बेदिली; ३. फीकापन, ४. सुस्ती; ५. क्षीणता।

languish (läng' gwish) [F. *languiss-*, stem. of *languir*, L. *languēre*, rel. to *laxus*, LAX] क्रि० अ० १. मुरझाना, मुरझा जाना, शिथिल हो जाना; २. निर्बल हो जाना, निढाल हो जाना; ३. खिन्नता या बेदिली पैदा करने वाले वातावरण में रहना; ४. धीमा पड़ जाना; ५. उदासीन हो जाना; ६. गिरना; ७. (किसी के लिए) झुरना, घुलते रहना; ८. निराश हो जाना, भावुक कोमलता दिखाना। **languishingly** क्रि० वि० भावुक कोमलता दिखाते हुए। **languishment** सं० भावुक कोमलता का प्रदर्शन।

languor (läng' gór) [O.F., from L. *languorēm-*, as prec.], सं० १. क्लांति, कमजोरी, थकान, २. शिथिलता, ढीलापन, सुस्ती; ३. अक्रियता; ४. मृदु भाव या मुद्रा, लगावट, ५. फीकापन; ६. निराश अवस्था; ७. (आकाश आदि का) भयानक सन्नाटा, निस्तब्धता। **languorous** सं० १. क्लांत, कमज़ोर, शिथिल, निढाल; २. निराश। **languorously** १. क्लांति से, शिथिलता से, निढाल हो कर; २. निराशा से।

laniary (lán' i ar i) [L. *lanīārius*, pertaining to a butcher *lanius*, from *lanīāre*, to tear] वि० १. तेज़ और नुकीला (दाँत); २. अग्रदंत, कचलीं।

laniferous (lá nif' er us) [L. *lāna*, wool, -FEROUS], **lanigerous** (lá nij' er us) [-GEROUS] वि० ऊन वाला, पशमदार, रोयेंदार।

lank (längk) [A.-S. *hlanc*], वि० १. क्षीण, दुबला-पतला, सूखा, कृश; २. छरहरा, इकहरा; ३. लंबा और पतला; ४. लंबी नरम (घास); ५. सीधे नरम (बाल) जो घुंघराले न हों। **lankness** सं० सूखा और लम्बा होना। **lanky** वि० बेडौल लम्बा और पतला (व्यक्ति का अंग)।

lanner (lán' ér) [O.F. *lanier*, prob. ident. with *lanier* cowardly] सं० लैनर, एक प्रकार का बाज (पुल्लिंग के साथ -et और स्त्रीलिंग के साथ -er)।

lanolin (lán' o lin) [L. *lāna*, wool, *oleum*, oil] सं० लैनोलिन* (वि० १ भी), एक प्रकार की तेल जैसी वस्तु जो भेड़ के ऊन से निकाली जाती है और मरहम या लेप बनाने में काम आती है।

lansquenet (lans' ké net) [F., from G. *landsknecht* (LAND, *knecht*, servant, cp. KNIGHT)] सं० लांसकेनेट, ताश का एक खेल जो जर्मनी में शुरू हुआ।

lantern (lán' térn) F. *lanterne*, L., *lanterne*, prob. from Gr. *lampitēr*, from *lampein*, to shine (see L·MP[1])] सं० १. लैन्टर्न*/ लालटेन* (आ० भी), २. जादू की लालटेन, कंदील; ३. प्रकाश-स्तंभ का वह कमरा जिसमें रोशनी की जाती है; ४. छत का रोशनदान* (इ० ३ भी), कमरे की छत या गुंबद का रोशनदान; ५. लालटेन-मक्खी (~ fly) की चमकने वाली सूंड। **bull's eye ~** दे० BULL[1]। **Chinese ~** दे० CHINESE। **dark ~** दे० DARK। **magic ~** दे० MAGIC। **~ fly** लैटर्न मक्खी, द० अमेरिका का जुगनू जैसा कीड़ा। **~-jawed** लम्बे पतले जबड़े वाल। **~jaws** लम्बे पतले जबड़े। **lantern'st** सं० जादुई लालटेन का चालक।

lanthanum (lan' thá núm), [fro.. G.. *lanthanein* to lurk, to escape detection (f om the lateness of its discovery] सं० लैथेनम* (वि० १ भी), एल्यूमिनियम धातु वर्ग का एक दुर्लभ तत्व जो १८३९-४१ ई० में ज्ञात हुआ।

lanthorn सं० लालटेन (L.nte n का प्राचीन रूप)।

lanyard (lányárd) [earlier *lanniere*, f. *lanière* (assim to YARD[1]) सं० (नौ० वि०) डोरी, चुड़ला, लेवार्ड, छोटी रस्सी (विशे० वह जिससे कोई चीज़ बाँधी जाए या पकड़ी जाए)।

Laodicean (lā o di sē' an) वि० उदासीन, उपेक्षाशील, बेपरवाह (विशेषकर धार्मिक और राजनीतिक बातों में)। सं० धार्मिक और राजनीतिक बातों में बेपरवाह या उदासीन व्यक्ति।

lap[1] (láp) [A.-S. *lappa* (cp. Dut. and Dan. *lap*, G. *lappen*)] सं० १. (वस्त्र या जीन का) लटकने वाला भाग, दामन, आँचल, घेरा, दायरा, किनारा, २. कान की लौर, ३. झोली, ४. गोद, गोदी; ५. खोह, कंदरा, गुफा; ६. गर्त। **~-dog** छोटा या पालतू कुत्ता। **~-stone** (मोचियों का) सदान (जिसे गोद में रख कर चमड़ा पीटते हैं)। **lapful** सं० दामन भर, झोली भर, गोद भरा।

lap[2] (láp) [prob. from prec.] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **lapped**) १. ओटना, तह करना, लपेटना; २. (about, round के साथ प्रयुक्त) बहुत से कपड़ों या तहों में लपेट देना; ३. बहुत से कपड़े पहना देना, ४ (प्रभावों आदि का) घेर लेना, गोद में ले लेना (जैसे lapped in luxury..; ५. (बाल्य या छत की ईंटों को) एक दूसरे पर चढ़ा देना; ६. (किसी चीज़ को) ऐसे ढकना कि कुछ भाग बाहर निकला रहे (जैसे lap over or overlap), ७. घुड़दौड़ में (प्रतियोगी घोड़े से) एक या अधिक चक्कर आगे रहना या निकल जाना। सं० १. **चक्कर*** (इ० ३ भी), छादन, किसी चीज़ का वह भाग जो दूसरी चीज़ को ढकने के पश्चात् बचा रहे, २. बड़े भाग की मात्रा; ३. बेलन पर (कई आँच की) लिपटी हुई तह; ४. चरखी या फिरकी पर रेशमी या सूती धागे का एक चक्कर; ५. घुड़दौड़ के मैदान का एक चक्कर। **half ~, ~ joint** चढ़ाव जोड़, (रेल की पटरियों आदि में) ऐसा जोड़ जिसमें

सिरों की मुटाई आधी करके उन्हें जोड़ दिया जाए, अर्थ-सिरा जोड़।
~streak एक विशेष बनावट की नाव।

lap[1] (lăp) [A.-S. *lapian* (cp. Icel. *lepia*, O.H.G. *laffan*, L. *lambere*, Gr. *laptein*)] क्रि० अ० और स० १. (दूध, चाय आदि) सड़पना, जीभ से सड़प-सड़प कर पानी पीना, चपड़-चपड़ पीना; २. गटागट पी जाना (up या down के साथ प्रयुक्त); ३. (तालाब या झरने के किनारे से) पानी की लहरों का शोर करके टकराना। सं० १. कुत्तों के लिए पतली लुगदी, (आ०) पीने की कोई हल्की चीज, हल्का पेय या शराब; २. एक सड़प; ३. एक सड़प में आने की मात्रा; ४. लहरों के किनारे पर टकराने का शब्द, छप-छप, छपछपाहट।

laparo- [Gr. *lapara*, the flank, from *laparos*, soft] (समास में) (श० वि० और शल्य० पारिभाषिक शब्दों के साथ) पहलू या कोख के अर्थों में (जैसे laparo ele भारी अंत बृद्धि, लम्बर हर्निया)। **laparectomy** सं० अंतड़ी के पहलू में बड़े हुए भाग को काट देना। **laparotomy** सं० १. उदर-भित्ति का कर्तन; २. (आ०) उदरच्छेदन*।

lapel (lă pel') [LAP[1]-EL] सं० लेपल, कोट के गिरेबान का मोड़, कोट का कालर। **lapelled** वि० कालर या लेपल वाला (कोट)।

lapidary (lăp' i dări) [L. *lapidārius*, from *lapis-idis*, stone] वि० १ पत्थरों से संबंधित; २ पत्थर पर अंकित; ३. खोदने योग्य या स्मारक योग्य (शैली); १. स० नगीनासाज, हीरों को काटने, चमकाने और तराशने वाला, २. (मा० १) मणिकार*, मणिकारी सम्बन्धी*। ~-bee शहद की मक्खी जो पत्थर में अपना छत्ता बनाए।

lapidate (lăp' i dāt) [L. *lapidātus*, p.p. of *lapidāre*, as prec.] क्रि० स० १. पत्थर मारना, पत्थर बरसाना. २ पत्थर मार-मार कर हत्या कर देना। **lapidation** सं० १ पत्थरों की बौछार; २. पत्थरों की बौछार से मारना।

lapidify (la pid i fi) [F. *lapidifier*, med L. *lapidificāre* (*lapis -idis*, *ficāre facere*, to make)], क्रि० स० १. पत्थर बना देना. २ पत्थर का बना देना। **lapidification** सं० पत्थर बनाना या बनना।

lapis lazuli (lăp' is lăz' ū li) [med. L., stone of azure (*lapis*, stone, *lazulum*, azure)] सं० १. लाजावर्द, २. चटकीला नीला रंग, लाजवर्दी रंग. ३ एक खनिज पदार्थ जिससे चटकीला नीला रंग बनाते हैं।

Laplander (lăp' lăn der) [Swed. *Lappland*] *Lapp*. cp., M.H. G. *lappe*, a simpleton] सं० लैप देश का वासी। **Lapp** सं० १. लैप, उत्तरी स्कैन्डिनेविया की एक बौनी जाति, २. लैप भाषा। वि० लैप जाति या भाषा का। **Lapland** सं० लैप देश। **Lappish. Laponian, Lapponian** (la pō' ni an) सं० लैप या लैप भाषा। वि० लैप या लैप भाषा संबंधी।

lappet (lăp' et) सं० १. दामन, झालर, झोल; २ कपड़े, गोश्त या झिल्ली का लटकता हुआ भाग. ३. कान की लोर, ४. कोट का लेपल या कॉलर, ५. स्त्रियों की टोपी का फीता या फुंदना। **lappeted** वि० फीते या फुंदने वाली (टोपी)।

lapse (lăps) [L. *lapsāre*, freq of *lābi*, (p. p. *lapsus*, to glide] सं० १. भूल, चूक, त्रुटि (स्मृति, लेखनी आदि की); २. नैतिक भ्रष्टता या स्खलन*; व्यभि* (मा० २ की)। सदुपथ से कमजोरी या लापरवाही के कारण विचलित होना; ३. विश्वास छूट जाना या अधार्मिकता में पड़ जाना. नैतिक भ्रंश. ४. कमी, ह्रास, अधःपतन, गिरावट; ५. प्रयोग न करने से अधिकार या सुविधा की समाप्ति, (पानी का) हल्का बहाव; ६. समय का बीतना; ७. अवकाश। क्रि० अ० १. धीरे जाना, घटना, कम होना, गिरना, उतरना, प्रयत्न या बल के अभाव में स्थिति या पदवी बनाए रखने में असमर्थ होना; २. गिर कर (पूर्व स्थिति में या उससे भी अवनत स्थिति में) आ जाना; ३. (उत्तराधिकारी न होने या शर्त पूरी न कर सकने पर जागीर, अधिकार आदि का) समाप्त होना, नष्ट होना, बेकार होना या किसी अन्य व्यक्ति को मिल जाना; ४. खिसकना; ५. धीरे-धीरे बहना; ६. उतरना; ७. दबना; ८. गुजरना; ९. लय होना, क्षीण जाना*। व्यपन होना* (प्र०भी)।

lapsed वि० १. पतित, भ्रष्ट; २. समाप्त, विनष्ट; ३. दूसरे के हाथ में गया हुआ; ४. उतरा हुआ; ५. दबा हुआ; ६. बीता हुआ।

Laputan (lă pū' tăn) सं० लैप्यूटा (Swift की पुस्तक Gulliver's Travels में वर्णित एक टापू) का निवासी। वि० १. काल्पनिक; २. भ्रांत; ३. बे सर-पैर; ४. बेहूदा।

lapwing [A.-S. *hléapewince* (*hléapan*, to LEAP), WING] सं० लैपविंग, इंग्लैंड का एक प्रकार का कबूतर के कद का पक्षी।

lar (lar) [L.] सं० बहु० **lares**, lâr' ēz) १. लार* (मा० १ भी), पितृदेवता, कुलदेवता, स्थल देवता, ग्राम देवता, प्राचीन रोम का एक गृहदेव, (प्रायः बहु० lares, lares and Penates); २. सफ़ेद हाथों वाला बन्दरी लंगूर; ३. (मा० १) कृषि देवता*/ गृह देवता* (प्राचीन रोम)।

larboard (lar' bôrd, -bord) [M.E. *ladeborde* (etym. doubtful), assim. to STARBOARD] सं० (नौ० वि०) जहाज का बायाँ पक्ष। वि० उस पक्ष से संबंधित (भ्रांति से बचने के लिए आजकल starboard के विपरीत larboard के बदले port शब्द का प्रयोग किया जाता है), देo PORT[5]।

larceny (lar' sē ni) [A.-F. *larcin*, O. F. *larrecin*, L. *latrōcinium*, from *latro*, a robber] सं० (विधि) १. चोरी, स्तेय, किसी दूसरे की चीज अपने उपयोग के लिए उठा लेना; २. (मा० १) चौर्य-दासता*। **petty**~ हल्की चोरी (पहले ऐसी चीज की चोरी को कहते थे जिसका मूल्य एक शिलिंग से कम हो)। **larcener, larcenist** सं० चोर। **larceneous** वि० चोरी का। **larcenously** क्रि० वि० चोरी से।

larch (larch) [G. *larche*, L. *larcem*, nom. *larix*] सं० लार्च, एक प्रकार का ऊँचा और सुंदर वृक्ष जिसकी बीनियों का तारपीन, मज़बूत इमारती लकड़ी और रंगने की छाल उपलब्ध होती है; २ लार्च की लकड़ी।

lard (lard) [O.F., from L. *lardum*, rel. to Gr. *laros*, pleasant to the taste, *larinos*, fat] सं० लार्ड*/ सूअर की चर्बी*, (वि० १ भी) शूकर वसा, (विशे० खाना पकाने और औषधियों के लिए साफ़ की हुई)। क्रि० स० १ (गोश्त आदि में) पकाने से पहले सुअर का नमक लगाया हुआ गोश्त मिलाना; २. (भाषण या लेख को) रूपकों, पारिभाषिक तथा विदेशी शब्दों से अलंकृत करना। **larding needle.** ~-**pin** पकाने से पहले गोश्त में सुअर का नमक लगाया हुआ गोश्त मिलाने वाला यंत्र। **lardaceous** (lar dā' shŭs) वि० १. (चिकि०) सुअर की चरबी के समान, वसाभ* (आ० भी), चरबीला (विशे० स्नायु-विकार या इसका रोगी)। **lardon, lardoon** सं० (गोश्त आदि में मिलाने के लिए) सुअर के नमकीन गोश्त का टुकड़ा। **lardy** वि० चरबी का सा, चरबी भरा।

larder (lar' der: [A.-F., from O.F. *lardier*, med. L. *landārium*, as prec.] सं० लार्डर, गोश्त आदि रखने का कमरा या अलमारी।

largo दे० LAR 1

large (larj) [F., from L. *larga*, fem. of largus], वि० १. (ब्रह्म०) उदार; २. कृपालु, दयालु; ३. दानशील; ४. असंकीर्ण (~views, charity, tolerance, minded में अब भी अक्षुण्ण); ५. विस्तृत, विशद (जैसे ~powers, discretion); ६. मुक्त, स्वच्छंद, बुद्ध (कलात्मकता); ७. बृहत* (आ० भी), विशाल (बोलचाल में big से कम प्रयुक्त, great के भावुक अर्थ से विद्वान; व्यक्तियों के बारे में सिवाय ~of limb के अन्यत्र प्रयुक्त नहीं होता)। सं० १. (अब केवल at, in के साथ) मुक्त, स्वतंत्र, आजाद, स्वच्छाचारी, फरार, भागा हुआ, बेपता; २. विस्तारपूर्ण (विवरण आदि); ३. सामूहिक रूप से (जैसे popular with people at ~); ४. अनिर्दिष्ट, निर्लक्ष्य (जैसे scatters imputations at ~)। **by and ~** मोटे तौर पर। **gentleman at ~** १. दरबारी (जिसे कोई विशेष कार्य न दिया गया हो); २. वह व्यक्ति जिसका कोई पेशा न हो। **in ~** विस्तार से। **~-hearted** उदारचेता, विशाल हृदय। **~-heartedness** विशालहृदयता। **~-mindedness** उदारता, असंकीर्णता। **~-scale** विस्तार से, बड़े पैमाने पर। **largely** क्रि० वि० १. विस्तार से, व्यापक रूप से; २. बड़ी हद तक, मुख्यतः (जैसे is ~due to); ३. बहुत अधिक, कसरत से। **largen** क्रि० अ० और स० (काव्य०) बड़ा होना या करना। **largeness** सं० बड़ा होना, बड़प्पन। **largish** वि०=बड़ा सा।

largess (lar' jes) [F. *largesse*, as prec.] सं० १. (प्र०) दान*, खैरात* (आ० १ भी), बख्शीश, उपहार* (आ० १ भी) (विशे० बड़े आदमी द्वारा हर्ष के अवसर पर बाँटा गया); २. उदार दान, खुले दिल से दिया हुआ उपहार।

largo (lar' gō) [It., from L. *largus*, LARGE] क्रि० वि० और सं० (संगी०) मंद-मंद, बड़ी और उच्च कोटि की (गत)।

lariat (lăr' i ăt) [Sp. *la reata*, the rope or tie (see REATA)] सं० १. लैरिएट, कमंद, चौकी आदि को पकड़ने का फंदा; २. कच्चे चमड़े की कमंद जिससे घोड़े आदि पकड़े जाते हैं।

lark[1] (lark) [A. -S. *laferce*, *láwerce* (cp. Dut. *leeuwerik*, G. *lerche*, Icel. *lævirki*, Swed. *larka*)] सं० लवा, चंडूल, चकावक, मुर्रे-भटियाले पंखों वाले छोटे पक्षी के विभिन्न प्रकार, जिनके पिछले पंजे लम्बे होते हैं (विशे० sky~, crested, horned, ~ed, shore आदि प्रकार हैं)। **if the sky falls, we shall catch larks** आकाश गिर पड़े तो हम चंडूल पकड़ेंगे (डरपोक लोगों को ढाढ़स बंधाने के लिए कहते हैं)। **rise with the ~** प्रातःकाल उठना, तड़के उठना। **lark's-heel** (बाग में) नैस्टर्शियम का फूल, हालम का पौधा। **~-spur** हालम का पौधा।

lark[2] (lark)[etym. doubtful] सं० १. आमोद-प्रमोद; २. क्रीडा-कौतुक; ३. हँसी; ४. दिल्लगी; ५. चुहल; ६. रंगरेलियाँ। क्रि० अ० १. अ मोद-प्रमोद करना; २. चुहल करना। **what a ~** क्या मजे की बात है! **larky** वि० प्रमोदी, चुहलबाज, हँसोड़।

larrikin (lăr' i kin) [Austral., perh. dim. of pers. name *Larry*] सं० उत्पाती, उपद्रवी, दंगई, लुच्चा, शोहदा, गुंडा, बदमाश।

larrup (lăr' up) [dial., etym. unknown] क्रि० स० (बोल०) मारना, पीटना, ठोकना, मरम्मत करना।

larva (lar' vă)[L., a ghost, a mask], सं० बहु० ~væ) १. डिम्भ*, कीड़ों और अन्य जीवों का अंडे में से निकलने के पश्चात रूप; २. अन्य जानवरों का पहला रूप जो बाद में बदल जाता है, पहला रूप, डिंभक*/लार्वा* (आ०, कृ०, वि० १ भी)। **larval** वि० लार्वा का, (वि० १) डिंभक*/लारवा* । **larvi-** (समास में प्रयुक्त) लार्वा का।

laryax (lăr' ing ks) [Gr. *larunx* -ngos] सं० कंठ* (कृ०, वि० १ भी), स्वरयंत्र। **laryngeal** (là rin' jē ăl), **laryngic** वि० स्वरयंत्रीय। **laryngitis** (lăr in ji tis)सं० कंठ या स्वरयंत्र की सूजन, गलशोथ। **laryngo-** (lăr in go) (समास में) स्वरयंत्र। **laryngology** (lăr in gol' o ji) सं० कंठ-विज्ञान, स्वरयंत्र विज्ञान। **laryngoscope** (là rin' go skōp) [-SCOPE] सं० कंठदर्शी, लैरिंगोस्कोप, कंठ, गले या स्वरयंत्र का निरीक्षण करने का यंत्र जिसमें एक दर्पण लगा रहता है। **laryngotomy** (lăr in got o mi) [-TOMY] सं० लैरिंगोटोमी, कंठ-कोष्ठ में शिराछेद करना ता कि साँस आ-जा सके।

lascar (lăs' kăr, lăs kar') [prob. from Pers. *lashkari*, a soldier, from *lashkar*, army] सं० लस्कर, खलासी* (प्र० भी), पूर्वी भारत का मल्लाह।

lascivious (la siv' i ŭs) [late L. *lasciviōsus*, from L. *lascivia*, from *lascivus* sportive, lustful] वि० १. स्त्री-लोलुप, कामुक, वासनालिप्त, लम्पट, भोगी; २. कामोत्तेजक, कामोद्दीपक। **lasciviously** क्रि० वि० कामुकता से। **lasciviousness** सं० १. कामुकता; २. स्त्री-लोलुपता।

lash (lăsh) [etym. obscure, perh. from O. F. *lache*, whence *lachier*, var. of *lacier*, to LACE, or imit. in orig. through the verb] सं० १. चाबुक, कोड़े, पेटी आदि की मार; २. प्रेरणा; ३. उकसाने वाली चीज। क्रि० अ० और स० १. (हुम, हाथ, पैर आदि) झटकना; २. मूसलाधार बरसना, ३. झपटना, भरपूर हमला करना, ४. दुश्मनी मारना या झाड़ना; ५. बरस पड़ना, उबल पड़ना; ६. चाबुक मारना, कोड़े लगाना; ७. (लहरों का) टकराना; ८. भर्त्सना करना, झिड़कियाँ देना, मलामत करना, बुरा-भला कहना; ९. कटु आलोचना करना, चिथड़े उड़ा देना; १०. मजबूत करना (कोड़े लगा कर); ११. उत्तार करना, कस कर बाँधना, (डोरी आदि से) जकड़ना। **lasher** सं० १. कियागत अर्थों में, कोड़े मारने वाला, मलामत करने वाला, आदि, २. (विशे०) पानी जो बाँध के ऊपर से निकल जाता है, ३. बाँध के नीचे पानी का ताल्लाब। **lashing** सं० १. मलामत, २. कोड़ों की मार; ३. डोरियाँ; ४. बंधन। **lashless** वि० १. बरौनी-विहीन; २. बे-पलक।

lashing (lă' shing) [A. S. *leax*, a salmon] सं० लैक्सिंग, छोटी सामन मछली।

lasque (lăsk) सं० चपटा, बेडौल या रेखा-मय हीरा।

lass (lăs) [M. E. *lasce*, cogn. with Icel. *leikr*, weak (cp. Swed. *losk kona*, a spinster, an unoccupied woman)] सं० १. (उत्तर०, काव्य० आदि) लड़की, छोकरी; २. प्रेयसि, प्रेमिका। **lassie** सं० प्रेयसि, प्रिया।

lassitude (lăs' i tūd) [F., from L. *lassitūdo*, from *lassus*, weary] सं० थकान, सुस्ती, शिथिलता* (आ० २ भी), काहिली, आलस्य, ढीलापन।

lasso (lăs oo', lăs' ō) [O. Sp. *laso* (Sp. *lazo*)] सं० १. (स्पेनी अमरीका) लैस्सो, कमंद, जानवरों को पकड़ने की कच्चे चमड़े की कमंद। क्रि० स० इस कमंद से जानवर पकड़ना।

last[1] (last) [A.-S. *latost*, *letest*, superl. of *let*, LATE] वि० १. आखिरी, अंतिम (जैसे the ~two etc., the ~and the~but

one, the two ~etc. का प्रयोग इन अर्थों में अब अशुद्ध माना जाता है); २. जीवन या संसार के अंत संबंधी; ३. अंत-पूर्व; ४. नवीनतम; ५. हाल ही का; ६. पिछला, गत, विगत (जैसे in the ~fortnight, ~Christmas, ~Tuesday या Tuesday ~, ~evening or night or week or month or year, किन्तु morning, day या afternoon के साथ प्रयुक्त नहीं होता); ७. पिछला पद (जैसे I said in my ~); ८. ताजा लतीफा (जैसे have you heard lasts); ९. नया बच्चा (जैसे Mrs. Brown's last); १०. सबसे निचले दरजे का, निम्नतम; ११. निकृष्टतम; १२. अंतिम जिसके उपरांत कुछ शेष न हो (जैसे ~crust, resource); १३. सब के बाद का (was the ~to be consulted); १४. सब से कम संभव, इच्छुक, तैयार या उचित (जैसे should be the ~to do it, is the ~thing to try); १५. कतई; १६. निर्णयात्मक; १७. निश्चयात्मक (जैसे has said the ~word on the matter); १८ अत्यधिक, बेहद (जैसे is of the ~ importance) । सं० १. अंतोक्त व्यक्ति या वस्तु; २. अंतिम दिन या क्षण, मृत्यु; ३. अंतिम कार्य (breathe, look one's ~); ४. अंतिम उल्लेख या चर्चा (जैसे shall never hear the ~of it) । क्रि० वि० १. सबके बाद, आखिर में; २. पिछली बार (जैसे when did you see him ~?); ३. अंतिम बार। **at ~, at long ~** १. आखिरी, अनंत; २. खुदा-खुदा करके। **on one's ~ leg** दे० LEG। **the four ~things** मृत्यु, दंडोपहार निर्णय, स्वर्ग, नरक। **to the ~** अंतिम क्षण तक, मरने दम तक। **~day** १. प्रलय का दिन; २. अंतिम दिन, निर्णय का दिन। **lastly** क्रि० वि० १. अंत में. २. अंतिम रूप से।

last[2] (last, [A.-S. *läst*, foot-track, *læste*, fem., shoemaker's last (cp. Dut. *leest*, Icel. *leistr*, G. *leisten*)] सं० कनवूत, लकड़ी का ढाँचा जिस पर चढ़ा कर मोची जूतों का आकार ठीक करते हैं। **stick to one's ~** जो चीज आदमी न जानता हो उसमें दखल न देना।

last[3] (last) [A.-S. *hlæst*, rel. to *hladan*, to LADE (cp. Dut., G., Swed., and Dan. *last*)] सं० लास्ट, नाप-तौल के एक पैमाने का नाम जो विभिन्न स्थानों पर और विभिन्न वस्तुओं के लिए भिन्न होता है (जैसे ~of wool १२ बोरी या ४३६८ पौंड, ~of malt १० क्वार्टर या ८० बुशल)।

last[4] (last) [A.-S. *læstan*, from *läst*, see LAST[2]] क्रि० अ० और स० १. चलना; २. टिकना, कायम रहना, बने रहना, ठहरना; ३. जीवित रहना; ४. काफी होना, पर्याप्त होना (जैसे will ~ me eight months)। स० द्रव, टिके रहने की शक्ति। **~out** (निर्दिष्ट समय तक) टिके रहना, चलना या काम देना। **lasting** वि० १. टिकाऊ, मजबूत, पक्का, दृढ़; २. स्थायी, स्थिर (जैसे no ~benefit), चलने वाला। सं० लास्टिंग, एक प्रकार का मजबूत कपड़ा। **lastingly** क्रि० वि० मजबूती से, दृढ़तापूर्वक। **lastingness** सं० मजबूती, स्थायित्व, दृढ़ता।

Lastakia (lăt a kē' a) [a port in Syria] सं० लैतकिया, एक प्रकार की तुर्की तम्बाकू जो मिश्रणों में काम आती है।

latch (lăch) [M. E. *lacche*, from *lacchen*, A.-S. *læccan*, to catch (prob. blended with O. F. *lache*, LACE] सं० १. (द्वार बंद करने के लिए) फिरकीदार कल्ली, अर्गल, सिटकनी, चटखनी* (इं० ३ भी); २. (द्वार में लगा हुआ) खटकेदार ताला, (कुं०) कैच*। क्रि० स० सिटकनी या अर्गल लगाना। **on the ~** सं० केवल अर्गल से बन्द किया हुआ। **~key** खटकेदार ताले की चाबी।

late (lāt) [A.-S. *let* (cp. Dut. *laat*, Icel. *latr*, G. *lass*, cogn. with L. *lassus*, weary)] वि० १. देर से आया हुआ, समय के बाद आया हुआ; २. देर से फूलने-फलने वाला, पिछेता; ३. ढले दिन; ४. गई रात; ५. समय के भीतर, बहुत देर हुई तो (जैसे on Wednesday at late कुछवार तक); ६. बहुत पुराना (जैसे ~stained glass); ७. गत, भूतपूर्व (जैसे the ~ Prime Minister प्रधान मंत्री जिसकी मृत्यु हो चुकी हो या जो पद त्याग कर चुका हो); ८. हाल का, थोड़े दिन हुए (जैसे the ~ floods, war)। क्रि० वि० १. देर करके, नियत समय के पश्चात्; २. बहुत दिनों के बाद, आगे चल कर (जैसे this happened later on); ३. बहुत रात गए (जैसे we sat ~); ४. (काव्य०) हाल में, थोड़े दिन हुए (जैसे I sent thee ~ a rosy wreath); ५. पहले (अब नहीं); ६. विकास की अंतिम स्थिति में। **better ~than never** कभी न होने से तो देर में होना भला, अँधेर से अबेर भली। **of ~** १. पिछले दिनों; २. पिछले कुछ दिनों से। **sooner or ~, early or ~, soon or ~** १. देर-सवेर; २. कभी न कभी। **~in the day** १. (बोल०) बहुत दिन ढले तक; २. बे वक्त। **~comer** देर में आने वाला। **~fee** विलम्ब शुल्क, देर फीस, अतिरिक्त टिकट जो देर से डाले जाने वाले पत्रों पर लगाई जाती है। **~hours** देर से सोना या जागना। **~years** पिछले कुछ बरसों में। **lately** क्रि० वि० हाल में, कुछ समय पूर्व, अभी-अभी कुछ दिन पूर्व। **laten** क्रि० स० और अ० देर होना या देर करना। **lateness** सं० १. देर, २. देरी; ३. देर होना; ४. नवीनता। **latish** वि० और क्रि० वि० १. देर सी, २. नया सा; ३. कुछ देर से आया हुआ; ४. प्राचीन-सा।

lateen (lă tēn') [F. *latine*, fem. of *atin*. LATIN] वि० १. लातीन, भिभुआकार, त्रिकोण (पाल); २. त्रिभुजाकार, त्रिकोण, पाल वाला (जहाज आदि)। **~sail** तिकोना पाल* (वि० १ भी), कातरा।

latent (lā' tent) [L. *latens -ntem*, pres p. of *latēre*, to lie hid] वि० १. गुप्त* (आ०, वि० १ भी), निहित, छिपा हुआ, ढका हुआ, अनहित; २. अव्यक्त, निगूढ़, अप्रकट; ३. सुप्त, सुषुप्त। **~energy** (वि० १) गुप्त ऊर्जा*। **~heat** गुप्त उष्मा* (इं० २ भी), अन्तर्निहित उष्मा* (वि० १)। **~image** गुप्त-प्रतिबिंब* (वि० १)। **~period** (वि० १) अव्यक्त काल*। **~root** (characteristic root) (वि० १) अमिल विज्ञान अभिलाक्षणिक रूट (वि० १)। **~vector** (characteristic vector) (वि० १.) अभिलक्षणिक वेक्टर*, कैरेक्टरिस्टिक वेक्टर*। **latency** सं० गुप्तता, अन्तर्हितता। **latently** क्रि० वि० गुप्त रूप से, अव्यक्त रूप से।

-later प्रत्य० दे० -LATRY।

lateral (lăt' er ăl)[L. *lateralis*, from *latus lateris*, side] वि० १. पार्श्व* (आ०, इ० १, ३, वि० १, कु० भी), पार्श्विक* (आ०, ई० १, ३, कु०, वि० १ भी), पार्श्वीय* (ई० १, ३, कु०, वि० १ भी), पार्श्विका* (इं० १ भी), पहलू का, बाजू का। सं० बगली, पार्श्व भाग, पार्श्व अंग। **~branch** वंश की पार्श्व शाखा, किसी व्यक्ति के भाई या बहिन का वंश-विस्तार। **laterally** क्रि० वि० पार्श्वतः, पहलू के बल, तिरछा, आड़ा।

Lateran (lăt' er ăn) [after the Roman *familia* of the

Pinutii *Laterani*, on the site of whose palace the church is built] सं० और वि० लेटरान। **The ~, St. John ~** रोम मे सेंट जान लेटरान का विशाल गिरजा। **Later.an Council** पश्चिमी गिरजे की पाँच साधारण परिषदों में से एक जिनकी बैठक इस गिरजे मे होती है।

laterite (lăt' ĕr it) [L. *later*, brick, -ITE] सं० लैटेराइट* (आ०, ई० ३, कृ०, वि० १ भी), मजरला* (वि० १ भी), जग जैसी लाल मिट्टी जो पकाई जा सकती है और गर्म प्रदेशों में सड़के बनाने के काम आती है।

latex (lā' teks) [L., liquid, fluid] सं० (वन०) वनस्पति दूध, आबीर* (ई० ३ भी), पौधो का दूध (विशे० रबड़ का), (ई०,३ कृ०, वि० १) लेटेक्स*, असंस्कृत रबड़*; रबडलीर*।

lath (lath) [cp. A.-S. *leth*, Dut. *lat*, G. *latte*] सं० १. पट्टी*, फट्टा*/ पञ्ची* (ई० ३ भी), पत्ती, खपच्ची, लकड़ी की एक पतली पट्टी (विशे० वह जो सलेटों, पलस्तर, जाली या खिड़की की जाली को सहारा देने के लिए प्रयुक्त होती है)। क्रि० स० (दीवारों आ छत पर) खपच्चियाँ चढ़ाना, लकड़ी की पट्टियाँ चढ़ाना, पट्टीबंदी करना। **as thin as ~** बहुत ही दुबला-पतला व्यक्ति। **~ and ~-plaster** अदरूनी दीवारे, छतें आदि बनाने की सामग्री। **lathing** सं० पञ्चीबंदी, पट्टीबंदी, तख्ताबंदी। **lathy** वि० दुबला-पतला।

lathe[1] (lāth) [cp.Dan. *lad* in *dreie-lad*, turning wheel(perh. however from A.-S. *hled-whēogl*, ladewheel, a wheel for drawing water)] सं० (turning ~भी) १. खराद* (इ० १, ३ भी), लेथ* (इ० १, ३, वि० १ भी); २. (कुम्हार का) चौक, चक या चाक। **~-bearer, -carrier, -dog** १ खराद के केन्द्र या उसकी पकड में वस्तु थमाने वाले यत्र, खराद-वाहक, २. खराद-घर, खराद का कुत्ता। **~-bed** चाक या खराद का चोबटा।

lathe[2] (lāth) [A.-S. *leth*, cp. Icel. *láth*] स० केंट के व्यवस्था-पकीय विभागो (आजकल पाँच) या जिलो मे से एक।

lather (lăth' er, lath' ĕr) [A.-S. *léathor* (cp. Icel. *lauthr*, *láthr*, also Gr. *loutron*, bath, L. *lavare*, to wash) सं० १. साबून का झाग, फेन; २. घोडे का झागदार पसीना। क्रि० स० और अ० १. साबून का झाग लगाना (विशे० दाढी बनाने समय ठोढी पर); २. (घोड़े को) झागदार पसीना आना, पसीने-पसीने होना; ३. (साबून में) झाग उठना; ४. पीटना, मारना, मरम्मत करना। **lathering** सं० मार, पिटाई, ठुकाई। **lathery** वि० झागदार, पसीने में लथपथ (घोड़ा)।

lathi (la' thi) [Hind.] सं० लाठी।

latifundia सं० १. बड़ी-बड़ी जागीरें जिनसे किसी देश के सामाजिक ढाँचे का बोध होता है, २. (वि० १) लैटिफंडिया*।

Latin (lăt' in) [F., from L. *Latinus*, from *Latium*, a region in Italy] वि० १. लातीनी; २. प्राचीन लातीनियो या रोमनों का; ३. प्राचीन रोमनों की भाषा (लैटिन) का जैसा या में; ४. रोमन कैथोलिक चर्च से संबंधित; ५. रोमन या लातीनी नसल के (लोग)। सं० १. लैटिन भाषा, २. लैटियम (प्राचीन रोम) का वह निवासी जिसे विशेष मताधिकार प्राप्त थे। **classical ~** शास्त्रीय लातीनी, गणतंत्रीय रोम के अंतिम काल और साम्राज्यी रोम के प्रारंभिक काल (७५ ई० पू० से १७५ ई०) मे प्रचलित थी और जिसमें रोम के महान लेखकों ने अपनी रचनाएँ लिखी हैं। **dog ~** दे० DOG। **late ~** १७५ ई० से ६०० ई० के बीच की लैटिन। **low ~** मध्यकालीन और मध्यकाल के अंतिम भाग की लैटिन। **medieval ~** ६०० ई० मे १५०० ई० तक की लैटिन। **modern ~** १५०० ई० के बाद की लैटिन। **old ~** प्राचीन लैटिन (जो ७५ ई० पू० काल मे प्रचलित थी)। **silver ~** दे० SILVER। **thieve's ~** चोरों की गुप्त भाषा। **the ~peoples** फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल, इटली आदि देशो के लोग जो लातीनी नसल से हैं। **~quarter** पेरिस का शिक्षा-केन्द्र जहाँ मध्य युग में लैटिन बोली जाती थी, यह स्थान अपने परंपरा विहीन जीवन के लिए प्रसिद्ध था। **Latinism** सं० १. लातीनियत, लातीनी मुहावरा जो अन्य भाषाओं मे प्रयुक्त हो; २. लातीनियो या लातीनी गिरजे की विशेषता या प्रभाव। **Latinist** सं० लैटिन भाषा का ज्ञाता। **latinity** (lă tin' i ti) सं० १. किसी का लैटिन लिखने का ढंग; २. लातीनियत, लैटिन व्याकरण और शैली का विशेष गुण। **latinize** क्रि० स० और अ० १. शब्दों को लैटिन रूप देना, लातीनी बनाना; २. लैटिन में अनुवाद करना; ३. प्राचीन रोमनों, लातीनियो या लातीनी गिरजे के आचार-विचार के अनुकूल बनाना, ४. लैटिन शब्द-रूपों, मुहावरो आदि का प्रयोग करना, लातीनी छाँटना। **latinization** सं० लैटिन बनाना, लैटिन छाँटना, लैटिनीकरण। **latinizer** सं० १. लातीनी बनाने वाला, २ लातीनी छाँटने वाला। **latinless** वि० लैटिन भाषा से अनभिज्ञ।

latitude (lăt' i tūd) [F., from L. *lātitūdo*, from *lātus*, broad] सं० १ (विनोद०), फैलाव, विस्तार, चौडाई, अर्ज, २. (विरल) क्षेत्र; ३ पूर्ण विस्तार (जैसे understood. taken in its proper ~); ४ अस्वीकृति, आजादी, स्वायत्त, ढील, स्वतत्रता, विचार स्वातन्त्र्य, उदारता, सहिष्णुता (विशे० धार्मिक मामलो मे)। ५. (भूगोल) अक्षांश*, लैटीट्यूड* (वि० १ भी) (degree, minute etc. of); ६ किसी स्थान का भूमध्य रेखा से उत्तर या दक्षिण की ओर अतर, ७ (प्राय बहुव०) प्रदेश, भूभाग, देश (विशे० तापमान की दृष्टि से), ८ (ग० ज्यो०) भोगाश, विक्षेप, शर। **high latitudes** दूर दक्षिण या उत्तर मे स्थित प्रदेश। **low latitudes** भूमध्य रेखा के निकटवर्ती प्रदेश। **latitudinal** वि० (भूगोल) अक्षांशीय, अक्षाश का। **latitudinarian** (lăt i tū di nār' i ăn) वि० धार्मिक मामलो मे उदार या सहिष्णु। **latitudinarianism** सं० (धार्मिक) उदारता, सहिष्णुता।

latrine (la trēn') [F., from L. *lātrina* (*lat.ātrina*), from *lavāre*, to wash] सं० शौचालय* (आ० भी), पाखाना, टट्टी, मडास (विशे० पडाव, बैरक, अस्पताल आदि मे), (आ०) शौच*/ शौचस्थान*।

-latry [Gr. *latreia* worship (-later, Gr. *-latrēs*, worshipper)] (प्रत्य०) १ समास मे पूजा के अर्थ मे (जैसे idolatry अर्थात् मूर्तिपूजा, २. (हास्य०) समासो मे 'O' पहले शब्द में आ जाता है (जैसे angelolatry अर्थात् देव-पूजन, । **-'O; later** (सज्ञा बनाने के लिए प्रत्यय) पूजक।

latten (lăt' en) [O.F. *laton* (F. *laiton*), prob. cogn. with *latte*, LATH, from Teut.] सं० और वि० पीतल या पीतल जैसी मिश्रित धातु (का)।

latter (lăt' er) [A.-S. *latra*, compar. of *let*, LATE] वि० (अ०) १. बाद का, २. दूसरा; ३. किसी काल या संसार के अंत संबंधी, दूसरा, पिछला (former का विलोम); अ य, अतोक्त; ४. (विधि; पश्चात् कथित*। **in tense ~ days** विश्व इतिहास के इस अंतिम काल में, वर्तमान काल में। **~day** आधुनिक, वर्तमान। **Latter-day Saints** मार्मन, अमरीकी ईसाइयों का एक वर्ग। **~-end** मृत्यु। **~grass** पिछली घास। **latterly** क्रि० वि० १. अंत में, २. जीवन के अंतिम दिनों में, ३. किसी काल के अंतिम भाग में; ४. आजकल; ५. पिछले कुछ दिनों से।

lattice (lăt' is) [M.E. *latis*, O.F. *lattis*, from *latte*, see LATTEN] सं० १. जालीदार पर्दा या दरवाजा; २. जाली; ३. (आ०, वि० १) जालक* । **~bridge** नालीदार पुल (जिसके शहतीर जालीदार हों)। **~frame or girder** जालदार गरडर, लोहे के शहतीर जिनके पहलू जालीदार हों। **~window** जालीदार खिड़की, वह खिड़की जिसके पट में छोटे-छोटे शीशे के टुकड़े तिरछे जड़े हुए हों। **~work** जाली का काम। **latticed** वि० जालीदार। **latticing** सं० जाली का काम।

Latvian सं० लैटवियन, लैटविया (बाल्टिक सागर की रीगा खाड़ी के तट पर स्थित लैट गणतंत्र) का निवासी।

laud (lawd) [L. *laudare*, from *laus laudis*, praise] सं० १. प्रशंसा, स्तुति (प्रार्थनाओं के अतिरिक्त अन्यत्र विरल); २. (बहु०) गिरजे में प्रात:कालीन प्रार्थना; ३. भजन, वंदना। क्रि० स० प्रशंसा या स्तुति करना, सराहना, गुणगान करना। **laudable** वि० १. स्तुत्य, प्रशंसनीय, सराहनीय, तारीफ के क़ाबिल, २. (चिकि०) अच्छा, स्वस्थ (निर्जन, स्राव आदि)। **laudability** सं० १. प्रशंसनीयता; २. सद्गुणता; ३. नीरोगता। **laudably** क्रि० वि० प्रशंसनीय ढंग से, सुंदर ढंग से। **laudation** सं० प्रशंसा, गुण-गान। **laudator** सं० १. प्रशंसक; २. भजन गाने वाला। **laudative** (law' dă tiv), **laudatory** वि० प्रशंसात्मक, स्तुति-पूर्ण।

laudanum (lod' nŭm) [prob. var. of LADANUM or LABDANUM] सं० (कृ०) लॉडेनम* (अफ़ीम टिंचर), अफ़ीम-निर्यास, अल्कोहल और अफ़ीम का मिश्रण।

laugh (laf) [A.-S. *hlehhan* (cp. Dut. and G. *lachen*, Icel. *hleja*), prob. from an Aryan imit. base *klak-* (cp. Gr. *klōssein*, *to cluck*)] क्रि० अ० और स० १. हँसना, खिलखिलाना, कहकहा लगाना, ठहाका मारना, अट्टहास करना, खुश होना; २ (पानी का) लहराना; ३. (फसल या खेत का) लहलहाना; ४. (दृश्य का) जगमगाना, ५. हँस कर कहना; ६. खिल्ली उड़ाना; ७. (उपहास या परिहास द्वारा) किसी की आदत, विश्वास आदि छोड़ा देना। सं० १. खिलखिलाहट, कहकहा; २. हँसी, ३. हँसने का ढंग, हास्य-मुद्रा। **have, get, the ~ of, have the ~ on one's side** १. सबल प्रतिद्वन्दी को पछाड़ देना; २. स्वयं हारते-हारते विरोधी को हरा देना। **he laughs best who laughs last** समय में पहले खुशी न मनाने की चेतावनी। **~at** १. हँसी उड़ाना, मजाक उड़ाना; २. (किसी पर) हँसना; ३. (किसी को देख कर) स्नेहपूर्वक मुस्कराना। **~away** १. हँस कर टाल देना; २.हँसी-दिल्लगी में (समय) काट देना। **~down** हँस-हँस कर (वक्ता आदि को) चुप करा देना। **~in one's sleeve** मन ही मन हँसना या हँसी उड़ाना। **join in the ~** १. हँसी में शामिल होना; २. हँसी-मजाक का बुरा न मानना। **~off** (परेशानी आदि को) हँसी में टाल देना। **~over** हँस-हँस कर बहस करना। **~on wrong side of mouth** १. हँसते-हँसते रोने लगना; २. हर्ष का एकदम विषाद में बदल जाना। **~person, opinion etc. out of court** किसी के विचार या मत को हँस कर टाल देना। **laughable** वि० हास्यजनक, हास्यास्पद। **laughably** क्रि० वि० मजाक के तौर पर, हँसी से। **laugher** सं० हँसने वाला। **laughing** वि० १. हँसता हुआ; २. हँसी का। सं० हँसना, खिलखिलाना। **~gas** हँसाने वाली गैस, हास गैस*, नाइट्रस ऑक्साइड* (वि० १ भी), जिसके सूंघने से अस्थायी बेहोशी पैदा होती है। **~-stock** उपहासपात्र, हास्यपात्र, नक्क, ऐसा व्यक्ति जिस पर सभी हँसते हों। **no ~ matter** हँसी-खेल नहीं, गंभीर मामला है। **laughingly** क्रि० वि० हँसी-खुशी, हँसते हुए, मजाक में। **laughter** सं० हँसी, कहकहा। **Homeric ~** १. होमरी हास्य; २. सामूहिक अट्टहास।

launce (lans) [perh. var. of LANCE[1] (cp. LANCELET)] सं० लांस, एक प्रकार की बाम मछली जो रेत में रहती है।

launch[1] (lawnch, lanch) [O.North. F. *lanchier*, var. of *lancier* (F. *lancer*), to LANCE[1]] क्रि० स० और अ० १. फेंकना, छोड़ना; २. चलाना; ३. मुक्तहस्त होकर व्यय करना; ४. बिगड़ पड़ना, बिगड़ उठना; ५. (नाव या जहाज) जल में उतारना; ६. (किसी व्यक्ति को किसी कार्य पर) भेजना; ७. (कोई कार्य या योजना) प्रारंभ करना, चलाना, काम पर लगना। सं० जहाज को पानी में उतारना, जलावतरण। **~-out** १. (धन) पानी की तरह बहाना; २. विस्तारपूर्वक वर्णन करना, कथा ले बैठना।

launch[2] (lawnch, lanch) [Sp. and Port. *lancha*, perh. from Malay *lanchăr*, swift] सं० १. युद्ध-पोत की बड़ी नाव; २. यात्रा या सैर-सपाटे के लिए प्रयुक्त पैट्रोल या भाप से चलने वाली नाव।

laundress (lawn' dres) [(M.E. *lavender*, a launder, O.F. *lavandier*, fem. *-diere*, late L. *lavandārius*, from *lavanda* things to be washed, from *lavāre*, to wash), -ess] सं० १. धोबिन; २. Inns of Court की सेविका। **launder** क्रि० स० और अ० (प्राय: भू० कृ० रूप में) १. (कपड़े) धोना और सँवारना; २. (सूत का) धुलना, सँवरना। **laundry** (lawn' dri) सं० लाड़ी, धोबीखाना, कपड़े धोने की दूकान या कारखाना।

laureate (law' ré ăt) [L. *laureātus*, from *laurea*, a laurel-wreath, fem. of *laureus*, adj., from *laurus*] वि० १. लॉरल के हारों से अलंकृत; २. लॉरल का (हार); ३. कवि रूप में लॉरल पाने के योग्य। सं० राजकवि। **Poet~** राजकवि, दरबारी कवि। **laureateship** सं० राजकवि पद।

laurel (lor' el, law' rel) [M.E. *laurer*, F. *laurier*, prob. through a L. *lauārius*, from *laurus*] सं० १. (बहु०) सफलता, जीत, कामयाबी, कीर्ति, यश, सेहरा; २. लारल, चमकदार पत्तियों वाला एक पौधा; ३. जय-पत्र, Bay वृक्ष की पत्तियों का मुकुट जो विजय या काव्य-वैशिष्ट्य के रूप में जीतने वालों या कवियों के सिर पर रखा जाता है। क्रि० स० लॉरल पत्रों से सुशोभित करना, जयपत्र पहनाना। **look to one's laurels** अपने सम्मान की रक्षा करना, अपनी पगड़ी या टोपी संभालना। **reap, win laurels** १. सफल होना; २. विजय पाना; ३. कीर्ति, यश। **rest on one's laurels** पुरानी ख्याति पर संतोष किए बैठे रहना, नई सफलताओं के लिए प्रयत्न न करना। **~-bottle** कीड़ों को मारने के लिए लॉरल की पत्तियों से भरी हुई शीशी।

laurustinus (law rus tī' nŭs), **laurestine** (law' restin) [L. *laurus*, laurel, *tinus*, a plant. prob. laurustinus] सं० लॉरस्टीनस, एक सदाबहार कुलदार पौधा।

lava (la' vă) [It., from *lavare*, to wash, see LAVE] सं० १. लावा* (वि० १ भी), भूराल, ज्वालामुखी (पहाड़) में से बहने वाला पिघला हुआ पदार्थ, जमा हुआ लावा; २. (बहु०) लावा के प्रकार; ३. लावा की तह।

lavabo (lă va' bō) [L., I will wash (*lavāre*, LAVE)] सं० १. लैवाबो, गिरजे में प्रार्थनाकारियों के हाथ धोने की रस्म; २. इस

प्रकार हाथ धोने के लिए प्रयुक्त तौलिया या पात्र; ३. ईसाई मठ में नहाने का टब; ४. (बहु०) संडास।

lavation (lā vā' shŭn) सं० मुँह-हाथ धोना।

lavatery (lāv' ă tor i) [L. *lavātōrium*, from *lavāre*, see foll.] सं० १. हाथ-मुँह धोने का कमरा, प्रक्षालनागार; २. शौचालय* (प्र० भी); ३. शौचागार* (इं० ३ भी)।

lave (lāv) [prob. from A.-S. *lafian* (cp. Dut. *laven*, G. *laben*), coalescing with foll., or from F. *laver*, L. *lavāre* (cp. Gr. *louein*)] क्रि० स० १. (काय्र०) धोना; २. नहाना; ३. (नदी आदि का किसी चीज के) साथ-साथ बहना।

lavender (lāv' en der) [A.-F. *lavendre* (F. *lavande*), med. L. *lavendula*, perh. from L. *lividus*, LIVID (cp. var. *livendula*)] सं० १. लैवेंडर*(वि० १ भी), लाइलक के फूली और छोटी पतियों वाली एक झाड़ी जो सुगंध के लिए उगाई जाती है; २. लेवेंडर के फूल और डंठल जो कपड़ों आदि को सुवासित करने के लिए उनके बीच रखे जाते हैं; ३. लाली लिए हल्का नीला रंग। क्रि० स० (कपड़े में) लेवेंडर रखना। **~blue** लेवेंडर नील। **~colour** १. (वि० १) लैवेंडर रंग* (मोतिया रंग); २. (प्राय: ल०) भविष्य में प्रयोग के लिए बचा रखना। **~-water** लैवेंडर (लैवेंडर, अल्कोहल और मोम सदृश्य सुगंधित पदार्थ के इत्रों के मिश्रण में तैयार की हुई सुगंध)।

laver[1] (lā' ver) [O F. *lavur*, *lavoir*, L. *lavātōrium*, LAVATORY] सं० १. (इं०) लेवर*, पीतल का बड़ा बरतन जो यहूदी पुरोहितों के अभिषेक या स्नान के लिए काम में लाया जाता था, २. (अप्र०) फव्वारा, फव्वारे के पास मुँह-हाथ धोने का बर्तन।

laver[2] (lā' ver) [L] सं० लेवर, एक प्रकार की सामुद्रिक वनस्पति (वि० जो खाने के काम आती है)।

laverock (lāv' er ŏk, lā' ver ok) दे० LARK[1]।

lavish (lāv' ish) [orig. a noun, lavishness, from O.F. *lavache*, *lavasse*, a deluge of words, from *laver*, L. *lavāre*, see LAVE[1]] वि० स० १. बहुत देने वाला, जी खोल कर देने वाला; २. अपव्ययी, फिजूलखर्च, खर्चीला, शाह-खर्च, उड़ाऊ; ३. अत्यधिक, प्रचुर, बेहद, अपरिमित। क्रि० स० १. जी खोल कर दान देना; २. (धन या रक्त) पानी की तरह बहाना, ३. बेहद प्रयत्न या प्रशंसा करना। **lavishly** क्रि० वि० १. खुले दिल से, २. बेहद। **lavishment** सं० १. फिजूलखर्ची, अति प्रशंसा। **lavishness** सं० भरमार, बहुतायत।

law (law) [A.-S. *lagu*, from old Icel., cogn. with LAID, LAY[1]] सं० १. न्याय-विधान, कानून* (मा० १, ३ भी), विधि* (मा० १, ३, वि० १, विधि भी); २. व्यवस्था, कायदा, नियम* (आ०, मा० ३, वि० १ भी); ३. कानूनों का प्रभाव, कानून की पाबंदी (प्राय. ~and order); ४. कानून-पद्धति, न्याय-व्यवस्था; ५. न्याय-शास्त्र; ६. न्याय-सिद्धान्त; ७ बंधक आज्ञाएँ, व्यवस्था (जैसे give the ~to); ८. क़ानून की विभिन्न शाखाओं में से कोई एक (व्यापक शब्द साथ आते हैं, जैसे commercial~, the ~ of evidence, canon, civil, common, martial, international~, ~of nations); ९. लिखित और सामान्य कानून (विलोम Equity); १०. (निर्णय या मत आदि के विषय में विधि० प्रयोग good, bad~) संबंधित कानून के अनुकूल या प्रतिकूल (जैसे it may be commonsense, but it is not~); ११. कानून का पेशा, वकालत या जर्जी; १२. क़ानूनी ज्ञान (प्राय: the~); १३. न्यायिक उपचार, क़ानूनी कार्यवाही, १४. अदालती न्याय; १५. मुक़दमेबाज़ी; १६. क़ानूनी अदालतें (विशेषत: The Royal Courts of Justice दे० ROYAL); १७. ईश्वरीय विधान, धर्मशास्त्र (इंजील की आदिम पाँच पुस्तकों में वर्णित); १८. मूसा के महोपदेश; १९. कार्य या व्यवहार (विशे० कला, जीवन-क्षेत्र या खेलों में) की विधि या नियमावलि; २०. प्रकृति-विधान, प्रकृति के नियम; २१. प्रकृति की नियमितता; २२. भगवान की इच्छा के अनुकूल या मूलत: विवेकानुकूल सिद्धांत; २३. (खेल) शिकार या प्रतिद्वंद्वी को दौड़ से पहले चल पड़ने का अवसर, रियायत, मुहलत या सुविधा; २४. सिद्धांत*। (वि० १ भी) **be a~ into oneself** मनमानी करना, परम्पराओं की अवहेलना करना। **give the~to** १. व्यवस्था देना; २. अपनी राय दूसरे पर ठूँसना, अपनी बात मनवाना। **Gresham's~** ग्रेशम का सिद्धांत (खोटा सिक्का खरे सिक्के को बाज़ार से निकाल देता है)। **Grimm's, Verner's~** ग्रिम-नियम, वर्नर-नियम, वर्ण-परिवर्त्तन के नियम। **have, take the~** (किसी के विरुद्ध) मुक़दमा लड़ना, क़ानूनी कार्यवाही करना। **Kapler's~** ग्रहों की गति के संबंध में केप्लर के तीन सिद्धांत। **lay down the~** १. अधिकारपूर्ण स्वर में बात करना; २. डाँटना, भर्त्सना करना। **necessity knows no~** आवश्यकता किसी कानून की पाबंद नहीं, मरना क्या न करना। **laws of motion** न्यूटन द्वारा प्रतिपादित गति के सिद्धांत। **~of nature, natural~** प्राकृतिक विधान, प्रकृति का नियम। **~of nature or reason** १. ईश्वरीय विधान, २. प्राकृतिक विधान, ३. विवेक-विधान। **~person under contribution** (किसी पर) चंदा लगाना। **~person under necessity** मजबूर करना। **~person under obligation** किसी को आभारी बनाना। **~siege to** १. घेरा डालना, २. पीछे पड़ना, ३. पीछे लगना। **~to sleep or rest**, १. सुलाना, २ आराम में लिटाना; ३. (ल०) दबाना, दफ़न करना। **~snare, trap, ambush** जाल बिछाना। **~stress, weight, emphasis on** १ ज़ोर देना; २. महत्त्वपूर्ण समझना। **~up** १. जमा करना, संग्रह करना, बटोरना, २. उठा रखना, ३. (जहाज़ को) यंत्र-सेवा से अलग करना, ४ (धन) बचाना, ५. बीमार पड़ जाना। **~waste** नष्ट करना, विध्वंस करना, उजाड़ देना, वीरान करना। **take the~into one's own hands** १. क़ानून अपने हाथ में लेना, २ अधिकार मनवाने या शिकायत दूर करने के लिए बल प्रयोग करना, ३ किसी से अपने आप बदला लेना, ४ अपना अधिकार बलपूर्वक ले लेना, (कानून का सहारा लिए बिना) स्वयं कार्यवाही करना। **~-abiding** कानून का पाबंद या मानने वाला, शांतिप्रिय। **~-abidingness** कानून की पाबंदी। **~-calf** बछड़े के चमड़े की बनी हुई जिल्द जो प्राय. कानून की पुस्तकों पर प्रयुक्त होती है। **~court** दे० COURT[1]। **~-French** एंग्लो-नॉर्मन पारिभाषिक शब्दावली जो क़ानून और कानून की पुस्तकों में प्रयुक्त होती है। **~giver** १. क़ानून बनाने वाला; २ विधायक। **~-hand** क़ानूनी दस्तावेज़ों की लेखन-शैली। **~-Latin** भद्दी लैटिन भाषा जो प्रारंभिक अंग्रेज़ी संविधियों में प्रयुक्त होती थी। **~-lord** लॉर्ड-सभा का सदस्य जो इसकी क़ानूनी कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकारी हो। **~-maker** १. क़ानून बनाने वाला; २ विधायक, विधान-सभा का सदस्य। **~merchant** व्यापार और वाणिज्य संबंधी क़ानून जो सामान्य क़ानून से भिन्न होता है। **~officer** १. क़ानूनी पदाधिकारी; २. सरकारी वकील। **~stationer** वकीलों के प्रयोग की स्टेशनरी (लेखन-सामग्री)

देखने वाला। ~suit मुकद्दमा, नालिश, क़ानूनी कार्यवाही। ~-term १. क़ानून में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्द; २. अदालत की कार्यविधि। ~-writer १. क़ानूनी पुस्तकें लिखने वाला; २. अरज़ी-नवीस। **lawful** वि० १. क़ानूनी, वैधानिक, वैध, विधिसम्मत, न्यायोचित; २. न्यायानुकूल, न्याय-सम्मत, न्यायोचित; ३. अजारज, हलाली (बच्चा), (विधि) विधिपूर्ण*। **lawfully** क्रि० वि० १. क़ानून के अनुसार; २. क़ानूनी तौर पर; ३. (विधि) विधिपूर्वक*। **lawfulness** सं० १. न्यायानुकूलता, २. न्याय-सम्मत होना। **lawless** वि० १. बे-क़ानून, बे-विधान, (देश आदि) जहाँ अव्यवस्था हो या क़ानून की पाबंदी न होती हो; २. विधि-निरपेक्ष, ३. विधि-भंगकारी; ४. निरंकुश; ५. बेलगाम, स्वच्छन्द। **lawlessness** सं० १. विधान-विहीनता; २. लाक़ानूनी, निरंकुशता; ३. स्वच्छंदता; ४. बदअमनी, अंधेर, अव्यवस्था।

lawk, lawks (lawk, lawks) [corr. of ALACK or LORD] विस्म० (अशि०) अरे, हा! ~-a-mussy (ग्राम्य०) प्रभु दया करे, भगवान रक्षा करे [Lord have mercy on अपभ्रंश]।

lawn[1] (lawn) [M.E. *laund*, O.F. *launde*, from Celt. (cp. Bret. *lann*, W. *llan*)] सं० १. लॉन* (कृ० भी), घास का मैदान, शादबल भूमि, घास का तख्ता, बाग़गाह या इसका क्षेत्र; २. दूब का तख्ता! ~-mower घास-तराश, घास तराशने की मशीन जिसमें पेचदार घूमने वाली चूरियां लगी होती हैं। ~-sprinkler घास को पानी देने की मशीन। ~-tennis लान-टेनिस, टेनिस का खेल जो बिना दीवारों वाले लॉन के कोर्ट में खेला जाता है। **lawny** वि० हल्की दूब जैसा, लॉन वाला।

lawn[2] (lawn) [O.F. *Lan*, now *Laon*, a town N.-W. of Rheims] सं० लॉन, एक प्रकार की बारीक मलमल (लिनेन) वह जो पादरी आस्तीनों में लगाते हैं। ~sieve मलमल या रेशम का बारीक छाना या छलनी। **lawny** वि० १. बारीक मलमल जैसा; २. छाने सदृश।

lawyer (law'yer) सं० १. कानूनगो, विशे० अटार्नी, बारिस्टिर, वकील; २. कानूनी कारिंदा, ३. विधिज्ञ, क़ानूनदा, कानून का पंडित। **Penang** ~ पेनांग की लकड़ की छड़ी।

lax (laks) [L. *laxus*, cogn. with *languēre*, to LANGUISH] वि० १. ढीला, सुस्त, २. विस्त्र* (वि० १ भी), छिद्रित, ३. उपेक्षाशील, लापरवाह; ४. नाम०; ५. अस्पष्ट, धुंधला। **laxly** क्रि०वि० १. ढीलेपन में; २. बेपरवाही से; ३. अनियंत्रित नरमी में; ४. अस्पष्ट रूप से। **laxity** सं० १ ढील, ढीलापन, शिथिलता; २. उपेक्षाशीलता; ३. सुस्ती, ४. बेपरवाही, ग़फ़लत, असावधानी, ५. नरमी; ६. अस्पष्टता; ७. उच्छृंखलता, उद्दंडता। सं० लैक्स, स्वीडन या नार्वे की सामन मछली।

laxative (laks'a-tiv) वि० औस० १. (चिकि०) (कृ०) मृदुरेचक*, मृदुविरेचक* (आ० भी), हल्का जुलाब; २. (वि० १) रेचक*/दस्तावर*, ३. (आ०) सारक*।

lay[1] (lā) [A.-S. *lecgan* (cp. Dut. *leggen*, Icel. *leggja*, G. *legen*), casual of LIE[2]] क्रि० स० और अ० १. लिटा देना; २. बिछा देना; ३. गिरा देना; ४. (आंधी या वर्षा का फ़सलों को) मार देना, गिरा देना; ५. (समुद्र की लहरों, तूफ़ान, आंधी, बहम, भूत को) बिठा देना, हल्का कर देना या निकाल देना; ६. रखना, बिठाना; ७. अंडे देना; ८. (अपना धन, सिर या जीवन) दाँव पर लगा देना, बदना; ९. बदने के लिए तैयार होना; १०. रखना; ११. जमाना; १२. लगाना* (ई० ३ भी); १३. दूध, स्थान विशेष में रखना या स्थापित करना (जैसे scene of tale is laid in London); १४. (किसी अंग आदि को) विशेष स्थिति में रखना (जैसे horse laid his ears back); १५. (तोप का) निशाना बाँधना; १६. किसी व्यक्ति या वस्तु को स्थिति-विशेष में रखना (जैसे ~land fallow, under water अर्थात् भूमि को खाली छोड़ देना, पानी के नीचे रखना); १७. सामने रखना, पेश करना, प्रस्तुत करना (विशे० किसी वस्तु के लिए अधिकार); १८. (तथ्य, प्रश्न) निरीक्षण के लिए किसी के सामने उपस्थित करना, १९. हरजाने की रक़म निर्धारित करना; २०. (बुराई का) कारण निकालना, बताना; २१. (दंड, आदेश, कर्त्तव्य, भार, कर) लागू करना, थोपना; २२. (लाठी आदि) मारना; २३. (नींव, फ़र्श, ईंटें, समुद्री तार) जमाना, चुनना, व्यवस्थापूर्वक एक दूसरे के ऊपर रखना; २४. रस्सी बटना, भांज या तार भानना; २५. रूप-रेखा बनाना; २६. योजना तैयार करना; २७. (रंग) चढ़ाना या करना; २८. सिलाई या खोल चढ़ाना; २९. तह जमाना; ३०. तह चढ़ाना; ३१. बिछाना; ३१. (अशि० और नौ० वि०) झूठ बोलना। सं० (ग्रा०) व्यवसाय, पेशा, काम, कारोबार; २. रस्सी का बल; ३. रस्सी बटने की दिशा; ४. (किसी वस्तु विशे० देश की) ढाल, स्थिति या दिशा। ~about one चारों ओर हमला करना ~aside or by १. अलग रखना; २. उठा रखना, ध्यान न देना; ३. हराना; ४. भावी प्रयोग के लिए बचा रखना। ~bare नंगा करना, प्रकट करना, खोल देना, भेद खोलना। ~down १. नीचे रखना; २. (आशा, पदवी आदि) छोड़ देना, ३. (धन) अदा करना या शर्त पर लगाना; ४. (जीवन आदि की) बलि देना; ५. (जहाज़, रेल का) निर्माण (प्रारंभ करना); ६. (नियम, सिद्धांत, मार्ग) निर्धारित करना। ~down one's arms हथियार डाल देना। ~down the law दे० LAW। ~fast, by the heels बंदी बनाना, क़ैद करना। ~great stone upon १. बहुत महत्त्व देना; २. बहुत कद्र करना। ~hands on १. पकड़ना; २. क़ब्ज़ा करना, अधिकार करना; ३. मारपीट करना; ४. आत्महत्या करना; ५. पाना, हाथ आना (जैसे can not~ my hands upon it); ६. हाथ रख कर प्रमाणित करना या आदेश देना। ~heads togethor सिर जोड़ कर बैठना, परामर्श करना, मन्त्रणा करना। ~hold on or of १. पकड़ना, थामना; २. (ला०) विरोधी की कमज़ोरी से लाभ उठाना। ~hounds on scent कुत्तों को गंध पर छोड़ देना। ~in १. भंडार एकत्र कर लेना, २. (बोल० भी) लाठियाँ आदि बरसाना। ~into (बोल०) पिटाई करना। ~low १. नीचा दिखाना; २. धूल में मिलाना। ~off स० १. जबरी छुट्टी, वह अवधि जिसके लिए किसी मज़दूर को अस्थायी रूप से छुट्टी दे दी जाती है; २. मंदावाद, मंदी का समय। ~on १. (कर, आदेश, दंड) लागू करना, २. प्रहार करना; ३. (मुक्के आदि) बरसाना, मारना, कोड़े लगाना या चलाना ४. (रंग आदि की) तरह चढ़ाना; ५. कुत्ते को शिकार की गंध पर छोड़ना; ६. (गैस, पानी या बिजली की) नालियाँ लगाना। ~one's bones किसी निर्धारित स्थान पर दफ़न होना। ~one's hopes on किसी चीज़ से आशाएँ बाँध रखना। ~open १. खोल देना, व्यक्त करना, व्याख्या करना; २. खोल उघेड़ना, चपड़ी उतारना। ~out १. फैलाना; २. खोल कर दिखाना; ३. (शव को) दफ़न के लिए तैयार करना; ४. (ग्रा०) मार डालना; ५. (बोल०) फुटबाल आदि खेल में किसी व्यक्ति को अस्थायी रूप से बाहर कर देना; ६. (धन) व्यय करना; ७. (किसी कार्य के लिए) प्रयत्नशील होना; ८. भूमि

या बात को किसी योजना के अनुसार व्यवस्थित करना। सं० १. खर्च; २. (इस प्रकार की) व्यवस्था, रूप-रेखा।

lay[3] (lā) [F. *lai*, L. *laicus*, Gr. *laikos*, from *laos*, the people] वि० १. दुनियादार, गृहस्थ, सांसारिक, जो पादरी न हो; २. संसार से संबंधित; ३. सामान्य व्यक्ति का किया हुआ; ४. गैर-पेशेवर; ५. अनाड़ी, अनिपुण; ६. ले० (कू० भी)। **~brother, sister** व्यक्ति जिसने किसी संप्रदाय विशेष का व्रत ले रखा हो और कपड़े भी वैसे पहने हो, परन्तु जिससे मेहनत मजदूरी का काम लिया जाए और अन्य कर्तव्यों से मुक्त रखा जाए। **~clerk** १. गिरजे का गायक, २. पादरी के क्षेत्र का क्लर्क। **~communion** १. संसारी व्यक्ति की गिरजे की सदस्यता; २. अन्तिम भोज उत्सव में संसारी व्यक्तियों का शामिल होना। **~deacon** वह व्यक्ति जो धार्मिक डीकन के पद पर होते हुए भी संसारी कार्य-व्यवहार में भाग ले। **~lord** लॉर्ड-सभा का वह सदस्य जिसे सभा की कानून संबंधी कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार न हो, दे० LAW-lord। **~man** १. सामान्य-जन* (मा० २ भी); २. अनिपुण, अनाड़ी (विशे० क़ानून और चिकित्सा संबंधी)। **~reader** वह व्यक्ति जो पादरी न हो किन्तु प्रार्थना आदि का संचालन करने का अधिकार रखता हो।

lay[3] (lā) [O.F. *lai*, prob. from O.H.G. *leth*, *leich* not rel. to G. lied)] सं० १. गीत, लघु गेय वर्णनात्मक कविता, २. चहचहाहट (पक्षी आदि की)।

lay[4] दे० LIE[3]।

layer (lā' er) सं० १. रखने वाला, आदि (क्रियागत अर्थों में); २. दाब*/ परत* (इं० २, कृ० भी), स्तर* (आ०, इं० २ भी), तह* (वि० १ भी); ३. (बागवानी) वृक्ष की टहनी जो भूमि में गाड़ी गई हो ताकि जड़ पकड़ सके, कलम; ४. (बहु०) बिछे हुए अनाज के पौधे; ५. नदी की तह जिसमें घोंघे हों। कि०स०और अ०१. कलम लगाना, २. धान का (दुर्बलता के कारण) बिछ जाना। **good, bad ~** अंडे देने वाली (मुर्गी), अंडे देने की दृष्टि से बढ़िया या घटिया (मुर्गियां)। **layers and backers** किसी घोड़े की हार या जीन पर गर्न लगाने वाले। **~stool** कलम की जड़। **layered** वि० तहदार, लगी हुई कलम। **~intrusive rock** (वि० १) परतदार अंतर्वेधी शैल*।

layette (lā et') [F., dim. of O.F.*laye* (cp. O.H.G. *lada*)] सं० नवजात शिशु के कपड़े, बिस्तर और नहलाने-धुलाने का सामान।

lay figure (lā' fig' ur)[*lay*, from obs. *layman*, Dut. *leeman*. joint-man (*lid*, joint, *lith*, limb, MAN), FIGURE] सं० १ मॉडल, मानव-शरीर का लकड़ी का ढाँचा जिस पर कलाकार पर्दे आदि लटकाते हैं, २. गौण व्यक्ति, महत्वहीन व्यक्ति; ३. उपन्यास आदि का निष्प्रभाव पात्र।

laylock सं० (lilac का बोल० रूप) दे०, LILAC।

laystall (lā' stawl) सं० कूड़े-करकट का ढेर, घूरा, रद्दी।

lazar (laz' ar)[F. *lazare*,from name *Lazarus* (Luke xvi. 20)] सं० निर्धन और रोगी व्यक्ति (विशे० कोढ़ी)। **~house** कोढ़ी-आश्रम। **Lazarus** सं० १. भिखारी; २. निर्धन व्यक्ति (विशे० तुलनात्मक जैसे ~and Divis आदि)।

lazaretto, lazaret (laz à ret ō, -ret'; [F. *lazaret*, It. *lazzaretto*, as prec.] (बहु०-os) सं० १. ग़रीब बीमारों (विशेषकर कोढ़ियों) के लिए अस्पताल (मुख्यतः विदेशों में); २. भवन या जहाज जिसमें छूत-रोग के रोगियों को रखा जाए और जिसमें आना-जाना निषिद्ध हो; ३. जहाज के तहखाने का पिछला भाग जिसे गोदाम के तौर पर प्रयोग में लाया जाता है।

laze (lāz) कि० अ० और स० (बोल०) १. सुस्त होना, आलस करना; २. सुस्ती में समय नष्ट करना, बेकार समय खोना। सं० आलस्य-काल, सुस्ती में बिताया हुआ समय।

lazuli दे० LAPIS LAZULI।

lazy (lā' zi) (etym. doubtful) वि० १. काम-चोर; २. आलसी, सुस्त; ३. सुस्ती का; ४. सुस्ती पैदा करने वाला। कि० अ० और स० १. सुस्ती करना; २. सुस्ती में समय नष्ट करना। **~bed** आलू बोने की क्यारी जो लगभग ६ फ़ीट चौड़ी होती है और जिसके आसे और नाली बनी होती है। **~bones** सुस्त आदमी। **~pinion** छोटा दंतिदार पहिया जिससे दूसरे पहियों में गति उत्पन्न होती है। **~tongs** दूर की चीज उठाने वाला बैरबार यंत्र। **lazily** क्रि० वि० सुस्ती से। **laziness** सं० सुस्ती, काहिली।

'ld would का संक्षे० रूप (अब अल्प० दे०' D.)।

lea[1] (lē)[A.-S. *léah* (cp. O.H.G *löh*, also L. *lucus*, grove, glade,] सं० (काव्य०) खुला मैदान, (विशे० घास का मैदान), (कृ०) ली*।

lea[2] (lē) [perh. from F. *lier*, L. *ligāre*, to tie] सं० अंटी, सूत या तागे का पैमाना (जो विभिन्न प्रदेशों में ३००, २००, १२० और ८० गज़ निश्चित किया गया है)।

leach (lēch) [prob. from A-S. *lecan*, to water] क्रि० स० १. अपलक्षन करना, धुल कर बहना, घोल कर बहाना, (द्रव को) किसी पदार्थ में से टपकाना; २. छाल या कच्ची धातु में से (द्रव) टपकाना, ३. इस प्रकार मिश्रित पदार्थों को अलग करना (away के साथ प्रयुक्त); ४. (ई० १, वि० १) निस्सान्त करना*।

lead[1] (led) [A.-S. *léad* (cp. Dut. *lood*, Dan. *lod*, G. *lot*)] सं० १. सीसा* (इ० २, ३, कृ० भी), पूम, बन्दूक (छर्राकारी में), पानी नापने का यंत्र (जैसे cast, heave, the ~); ३. सीसे की पट्टियां या कड़ियां (छत पाटने के लिए), ४. सीसे के चौखटे जो खिड़कियों में शीशे या जाली थामने के लिए लगे होते हैं; ५. (मुद्र०) लेड, सीसे का टुकड़ा जो पंक्तियों के बीच अन्तर देने के लिए लगाते हैं। कि० स० और अ० १. सीसा चढ़ाना. २ सीसे का चौखटा जड़ना; ३. (मुद्र०) लेड लगा कर पंक्तियों के बीच अन्तर देना, ४ (बढ़ई की नाली का) सीसे की तह जम जाने से खराब होना। **arm the ~** अवगाहन यंत्र में चरबी भर देना जिससे यह मालूम हो जाए कि नदी की तह में क्या क्या है। **black ~** पेंसिल का सीसा, दे० BLACK। **lead s man** वह नाविक जो पानी की गहराई जानने के लिए अवगाहन-यंत्र डालता है। **ounce of ~** बहुत की गोली। **red ~** सिंदूर। **swing the ~** १. (सैनिक और नौ० वि० बोल०) कर्तव्य से जी चुराना; २. बीमार बन जाना, बीमारी का बहाना करना। **white ~** सफ़ेदा। **~comb** सीसे की कंघी, बाल काले करने के लिए प्रयुक्त। **~pencil** सुरमे की पेंसिल। **~poisoning** सीसे का विष चढ़ जाना। **~wool** सीसे तंतु, धागे के रूप में सीसा जो पानी के नलों में जोड़ लगाने के काम आता है। **~work** सीसा जड़ने या सीसे के चौखटे लगाने का काम। **~works** सीसे को पिघला कर साफ़ करने का कारखाना। **leaden** वि० १. सीसे का-सा; २. सीसे का; ३. भारी, ४. धीमा, मंद-गति; ५. बोझिल; ६. निष्क्रिय; ७. निश्चेष्ट; ८. सीसे के रंग का। **sloop's ~ sceptre** नींद से अभिभूत करने वाली शक्ति। **~ limbs** बोझिल अंग। **~rule** बेलोच नियम। **~sword** निकम्मी या बेकार तलवार। **leadless** वि० बिना सीसे का।

lead[3] (lēd) [A.-S. *lādant*, causal of *lithan*, to go (cp. Dut *leiden*, G. *leitan*, to lead, O.H.G. *līdan*, to go)] क्रि० स० और अ० १. ले चलना, ले जाना; २. राह दिखाना, पथ प्रदर्शन करना, रहनुमाई करना, नेतृत्व करना; ३. (सेनापति का) गति-विधि का निर्देशन करना; ४. (व्यक्ति को) हाथ पकड़ कर या मत में मार्ग-दर्शन करना, दलील द्वारा किसी परिणाम पर पहुँचाना, किसी काम या बात के लिए तैयार करना; ५. गवाह से ऐसे प्रश्न करना जिनसे उसे यह संकेत मिले कि उसे क्या कहना है, उत्तर का संकेत करने वाला प्रश्न पूछना; ७. (सड़क आदि का व्यक्ति को) ले जाना, पहुँचाना (जैसे all roads ~ to Rome); ८. (ला०) परिणाम होना (जैसे this ~ to confusion); ९. (रस्सी को) चरखी पर चढ़ाना; १०. (पानी को) नाली में से निकालना या ले जाना; ११. (जीवन) व्यतीत करना (विशे० विशेषण सहित जैसे ~ a miserable existence, a double life); १२. प्रथम स्थान पर होना; १३. प्रारंभ करना (जैसे ~ the dance, van); १४. आगे जाना, पहले चलना; १५. दौड़ में आगे होना; १६. उदाहरण द्वारा निर्देश करना (~ orchestra, band, chorus etc.); १७. (क्रिकेट) चलाना; १८. (दल का विशे० संसद में) नेता या प्रवक्ता होना; १९. मुकदमे की पैरवी में मुख्य वकील का कार्य करना, मुख्य वकील होना; २०. (ताश में) कोई पत्ता पहले चलना, पहल खेलना। सं० १. मार्ग-प्रदर्शन, पथ-प्रदर्शन; २. उदाहरण (जैसे follow the ~ of), प्रथम स्थान, अग्रिम स्थिति; ३. नेतृत्व (जैसे take the ~ अर्थात् प्रथम स्थान लेना या नेतृत्व ग्रहण करना); ४. पनचक्की तक जाने वाली नहर; ५. (विद्यु०) सवाहक-तार जो विद्युत्-धारा को स्रोत से प्रयोग-स्थल पर पहुँचाती है; ६. बर्फ़ के मैदान की नाली, ७. कुत्ते को ले चलने की डोरी, ८. (ताश में) पहले खेलना या पहले खेलने का अधिकार; ९. (नाट्य०) मुख्य-अभिनेता, (इ० १, ३) लीड*/ अग्रता*/ वहन दूरी*। **give one a ~** अपने उदाहरण से किसी को प्रोत्साहित करना (विशे० शिकार में सब से पहले टट्टी फांद कर)। **return ~** (ताश में) वही रंग चलना जो साथी ने चला हो। **take the ~** नेतृत्व करना। **~astray** १. पथभ्रष्ट करना; २. बहलाना (विशे० प्रलोभन दे कर पाप के पथ पर ले जाना)। **~away** अंधाधुंध अनुकरण के लिए प्रवृत्त करना। **~by the nose** उल्लू बना कर अपने मन की करा लेना, नाक में नकेल डालना, किसी से अपनी मर्ज़ी का काम करा लेना। **~captive** ज़बर्दस्ती ले जाना, बंदी बना कर ले जाना। **~in, off** (नृत्य, वार्तालाप आदि) प्रारंभ करना, प्रारंभ। **~on** फुसलाकर आगे बढ़ाना। **~one a dance** १. किसी को हैरान करना; २. किसी काम के करने में टालमटोल करना। **~one a life** १. किसी को निरंतर परेशान करते रहना; २. जीवन दूभर कर देना। **~one to suppose** भ्रम पैदा करना। **~the way** १. आगे चलना; २. मार्ग प्रदर्शन करना। **~the woman to altar** विवाह करना। **~up to** १. विरोधी से कोई विशेष पत्ता निकलवाने के लिए कोई पत्ता खेलना; २. किसी बात की तैयारी करना। **~up the garden (path)** दे० GARDEN। **leadable** वि० जिसका मार्ग-दर्शन किया जा सके, जिसको किसी तरफ़ मोड़ा जा सके। **led captain** खुशामदी, चापलूस, पिछलग्गू, परोपजीवी। **led horse** जीन, जिसकी साईस बाग़ पकड़ कर ले जाए।

leader (lē' dĕr) सं० १. नेता, लीडर, पथ-प्रदर्शक, प्रमुख (आदि क्रियागत अर्थों में); २. हाउस ऑफ़ कॉमन्स या संसद में सरकारी पक्ष का वह सदस्य जो कार्यवाही आरंभ करता है; ३. मुकद्दमे की कार्यवाही प्रारंभ करने वाला वकील; ४. सरकारी वकील; ५. सीनियर वकील; ६. चार घोड़ों की गाड़ी का अगला घोड़ा (विलोम WHEELER); ७. तने या सब से बड़ी टहनी की चोटी का कल्ला; ८. नस; ९. अग्रलेख, दे० LEADING[2]; १०. (मुद्र०) बिंदु-पंक्ति; ११. (कृ०) अग्रक* (प्ररोह)। **leaderette** सं० छोटा अग्रलेख, सम्पादकीय टिप्पणी। **leaderless** वि० नेता-विहीन। **leadership** सं० १. नेतृत्व* (मा० ३ भी); २. नायकत्व; ३. पथ-प्रदर्शक।

leading (lē' ding) सं० १. (क्रियागत अर्थों में) नेतृत्व करना, नायक होना, निर्देश करना, पथ-प्रदर्शन करना, आदि। वि० पथ-प्रदर्शक, आगे चलने वाला, अग्रगामी*/ अग्रज* (इ० २, वि० १ भी), प्रधान* (वि० १ भी)। **in ~ strings** बच्चों की तरह दूसरों पर निर्भर होना। **men of light and ~** योग्य, प्रभावपूर्ण लोग। **~article** १. सम्पादकीय; २. (वाणि०) वह वस्तु जो कम दाम पर बेची जाए ताकि और चीज़ों की बिक्री बढ़े। **~business** (नाटक में) मुख्य भूमिका। **~case** (विधि) वह मुकद्दमा जो उदाहरण रूप में दूसरे मुकद्दमों के निर्णय में सहायक हो। **~edge** जहाज़ के पंख का सब से अगला किनारा (trailing edge का विलोम)। **~lady, man** १. मुख्याभिनेत्री; २. मुख्याभिनेता। **~motive** दे० LEITMOTIVE। **~note** अष्ट-स्वरी सरगम का सातवाँ सुर। **~question** १. उत्तर का संकेत करने वाला प्रश्न, संकेतक प्रश्न, ऐसा प्रश्न जिससे वांछित उत्तर प्राप्त किया जा सके या जो वांछित उत्तर का संकेत दे; २. (विधि) सूचक प्रश्न*। **~rein** बाग़, लगाम। **~staff** बैन्ड की लाठ से बँधी लकड़ी। **~string** डोरियाँ जिनको पकड़ कर बच्चे चलना सीखते हैं।

leaf (lēf) [A.-S. *lēaf* (cp.Dut., *loof*- Icel. *lauf*, G. *laub*)] सं० (बहु० leaves) १. पत्ता*/ पत्ती*/ पत्र*/ पर्ण* (इ० १, २, कृ०, वि० १ भी); २. पंखड़ी, पँखुरी, दल; ३. तम्बाकू या चाय की पत्ती; ४. पन्ना, पृष्ठ, वरक़ (पुस्तक का, विशे० एक पृष्ठ के दोनों ओर को मिला कर); ५. चाँदी-सोने आदि का पत्तर, वर्क़, पन्नी, सीस, संयमभंर, अबरक आदि का पत्तर; ६. (किवाड़ का) पल्ला*/ पट* (इ० ३ भी); ७. (मेज़ आदि का) लटक-तख़्ता; ८. बतूक की मक्खी का लटकन; ९. चक्कर या गरारी के दाँत। क्रि० अ० पत्ते निकलना। **fall of the ~** पतझड़, पतझर, पत्तझर। **in ~** पत्रमय, (वहपेड़) जिसके पत्ते निकले हुए हों। **take ~ out of person's book** दे० BOOK। **turn over new ~** जीवन का नया अध्याय प्रारंभ करना, अपना रंग-ढंग सुधारना, बदलना। **~brass** पीतल की कुंद तलवार। **~insect** पत्ते जैसे परों वाला कीड़ा। **~lard** सूअर के गुर्दे की चर्बी। **~mould** सड़े-गले पत्तों की फफूँदी, पत्ती की खाद* (कृ० भी)। **leafage** सं० पत्ते-पत्तियाँ, पत्र-समूह, पर्ण-समूह। **leafed** वि० पत्तेदार। **leafless** वि० बेपत्तों का, पर्णहीन, निष्पत्र। **leaflessness** सं० पर्ण-विहीनता, निष्पत्रता। **leaflet** सं० १. (वन०) पत्रक, पर्णक* (कृ०, वि० १ भी), पत्रगुच्छ का एक दल; २. किसलय, नई पत्ती, छोटी पत्ती, कोंपल; ३. पर्चा, पर्ची, इश्तिहार, छपा हुआ काग़ज़ (बाँटने के लिए); ४. पुस्तिका, पत्रक। **leafy** वि० पत्तेदार, सपर्ण, पत्रमय। **leafiness** सं० घनापन, सपर्णता, पत्रमयता।

league[1] (lēg) [F. *ligue*, It. *liga*, L. *ligāre*, to tie, to bind] सं० १. संघ* (मा० १ भी), (परस्पर सहायता, संरक्षण या समान हितों के लिए) व्यक्तियों या राष्ट्रों का संगठन, गठजोड़, संयोग, करार; २. ऐसे करार में सम्मिलित दल; ३. (मा० १)

लीग* । क्रि॰ स॰ और अ॰ करार, संघ या संगठन में सम्मिलित होना (विशे॰ भू॰ कृ॰ में leagued together or with) । **Football League** लीग फुटबाल, ऐसा फुटबाल का खेल जिसमें संघबद्ध क्लब प्रतियोगिता में भाग लेते है। **League of Nations** राष्ट्र संघ (१९१९ में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सहयोग के लिए स्थापित एवं संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के बाद १९४६ में विघटित) । **leaguer**[1] सं॰ लीग का सदस्य, संघ का सदस्य।

league[2] (lēg) [perh. through Prov. *legue*, from late, L. *leuga*, prob. from Gaulish] सं॰ लीग, सड़क की लंबाई का माप या पैमाना, प्राय: लगभग तीन मील का।

leaguer[3] (lē' ger) [Dut. *leger*, cp. LAIR[1], LAAGER] सं॰, क्रि॰ स॰ और अ॰ दे॰ LAAGER ।

leak (lēk) [cp. Icel. *leka*, Dut. *lekken*, G. *lecken*, also A.-S. *leccan*, to wet] सं॰ १. क्षर, छीज, छीजा; २. छेद, सूराख, आघात या घिसने से होने वाली दरार, छिद्र, रध्र, संधि (जिससे से या जिसके भीतर पानी टपके); ३. (कृ॰, इ॰ २, कृ॰,वि॰ १) लीक* ; क्षरण* । क्रि॰ अ॰ १. टपकना, रिसना, चूना* (इ॰ ३ भी), लीक करना* (इ॰ ३, वि॰ १ भी), २. (रहस्य, भेद आदि का) खुल जाना, प्रगट होना, स्पष्ट होना, बात फैलना। **spring a ~** छेद हो जाना, सूराख हो जाना। **~-factor** १. क्षरण,गुणांक, २. (इ॰ २, वि॰ १) क्षरण-गुणक* । **~-flux** १. क्षरण-त्वरण* (इ॰ २, वि॰ १ भी) ।**~-reactance** (वि॰ १) क्षरण-प्रतिघात* । **~-transformer** (वि॰ १) क्षरण ट्रांसफार्मर*/ क्षरण-परिणामित्र* । **leakage** स॰ १. रिसाव, टपका. टपकाव, च्यवन* (इ॰ ३, कृ॰ भी), स्रवण; २. भेद का खुलना, रहस्योद्घाटन; ३. स्राव का राबन। **leaky** वि॰ १. छेददार, छिद्रपूर्ण, छिद्रमय; २. रिसने वाला, टपकने वाला, स्रवणशील; ३. पेशाब न रोक सकनेवाला; ४. पेट का हलका, भेद खोल देने वाला, बात न पचा सकने वाला। **leakiness**सं॰ १. छिद्रमयता, सछिद्रता, छिद्रिलता; २. पेट का हल्कापन; ३. मूत्रवेग का न रोक सकना।

leal (lēl) [A.-F., from O.F. *leel*, as LOYAL] । वि॰ (स्कॉट॰ और साहित्यिक) वफादार, विश्वस्त, विश्वासपात्र, विश्वसनीय, ईमानदार। **land of the ~** स्वर्ग, दे॰ LAND[1] ।

lean[1] (lēn) [A.-S. *hlnian, hleonian*, whence *hlanan*, to cause to lean (cogn. with L. *inclinâre*, Gr. *klinein*)] क्रि॰ अ॰ और स॰ (भू॰ और भू॰ कृ॰ **leaned or leant**) १. सहारा लेना, आश्रय या अवलब लेना, टेकना लगाना, टेक लगाना, (किसी वस्तु का) टिका होना, सहारे रक्खा होना, अवलंबित होना, आश्रित होना, २. भरोसा करना (against या on के साथ); ३. झुकना, झुकाना; ४. झुक कर खड़ा होना, तिरछा खड़ा होना; ५ रुझान होना, झुकाव होना; ६. किसी सिद्धान्त, मतामत या व्यक्ति का पक्षपाती होना, पक्षपात करना; ७. (किसी वस्तु को) झुका कर रखना, टिका कर रखना । सं॰ झुकाव, रुझान, प्रवृत्ति, ढाल (जैसे has a decided ~ to the right) । **~over backwards** दूसरी चरम सीमा पर पहुँचना, पराकाष्ठा कर देना, एकदम मान लेना। **~to** सायबान, ओसारा, टेकदार छत, अधिक ढालू छत। **~upon** (सैन्य॰) सुरक्षा के लिए पार्श्व में रखना। **leaning** सं॰ झुकाव, रुझान, प्रवृत्ति।

lean[2] (lēn) [A.-S. *hlæne*, etym. doubtful] वि॰ १. दुबला, पतला, कृश, कृशांग, क्षीण शरीर, तनु, प्रतनु (व्यक्ति); २. थोड़ा, कम, अल्प, स्वल्प; ३. निम्न कोटि का, तुच्छ; ४. अपौष्टिक, अपुष्टिकर; ५. लाभरहित, अलाभकर; ६. (मांस) बिना चर्बी का। सं॰ मांस का पेशियों वाला अंश। **~years** अकाल के वर्ष, सूखे का जमाना। **leanness** स॰ दुबलापन, दुबलता, कृशता, क्षीणता, मांस में चर्बी का न होना।

leap (lēp) [A.-S. *hlēapan* (cp. Dut. *loopen*, Icel. *hlaupa*, G. *laufen*, to run)] क्रि॰ अ॰ और स॰ १. (भू॰ और भू॰ कृ॰ **leapt or leaped**) कूदना; २. (काव्य, साहित्य और गंभीर प्रसग में), फांदना, फलांगना, उछालना। (अब इसके स्थान पर साधारणतया jump का प्रयोग होता है) १. कूद, उछाल, फलांग, छलांग; २. वह चीज जिसे फांदना हो। **~in the dark** १. अंधकार में कूदना, आँखें बन्द कर के कूदना, अंधेरे में छलांग लगाना; २ जोखिम का काम, साहस का कार्य, जिसका परिणाम संदिग्ध हो। **by leaps and bounds** बड़ी तेजी से, वेगपूर्वक, दिन दूनी रात चौगुनी गति से। **~-day** लौंद का दिन, २९ फ़रवरी की तारीख। **~-frog** स॰ लंपफाग एक खेल जिसमें कुछ खिलाड़ी झुक कर खड़े होते है और कुछ उनकी पीठ के ऊपर से दाँवे फैला कर फांदते जाते है। क्रि॰ स॰ इस प्रकार छलांग मारना। **~year** लौंद का साल, अधिवर्ष, लीप वर्ष* (वि॰ १ भी), वह वर्ष जिसमे फ़रवरी का महीना २९ दिन का होता है। **~year proposal** स्त्री का पुरुष से विवाह का प्रस्ताव जो केवल लौंद के वर्ष मे विहित है। **leaper** स॰ कूदने वाला, फलांगने वाला।

learn (lērn) [A.-S. *leornan* (cp. G. *lernen*), cogn. with LORE, cp. A.-S. *læran*, to teach, to LERE] क्रि॰ स॰ और अ॰ (भू॰ और भू॰ कृ॰ **learnt, learned**) १ सीखना, ज्ञान या कुशलता प्राप्त करना, अध्ययन या अनभव द्वारा दक्ष होना, शिक्षा प्राप्त करना, २ कठस्थ करना, याद करना, ३ ज्ञात होना, खबर होना, आगाह होना। ४. मालूम करना, पता लगाना। ५. पढ़ना, शिक्षा पाना, शिक्षा लेना। **I have yet to ~** मैंने आज तक नहीं सुना (प्राय अविश्वास प्रकट करने हुए प्रयक्त)। **~by heart** कठस्थ कर लेना। **learnable** वि॰ सीखने योग्य, जानने योग्य, जो सीखा जा सके। **learned** वि॰ १ विद्वान, पंडित, ज्ञानी, विज्ञ, बहुज्ञ, बहुश्रुत, मनीषी, बहुमान ; २. (इगलैण्ड की संसद् तथा कचहरियों में वकीलों के लिए सम्मानसूचक) विधि अथवा कानून का पंडित या विद्वान्, ३ पंडितों या विद्वानों की (भाषा, धर्मा), विद्वानों द्वारा प्रयक्त (शब्द), पांडित्यपूर्ण, विद्वज्जनोचित। **learnedly** क्रि॰ वि॰ विद्वत्तापूर्वक, पांडित्यपूर्ण, विज्ञता से, साहित्य। **learner** स॰ सीखनेवाला, शिक्षार्थी, नौसिखुआ, विद्यार्थी, छात्र, शिष्य। **learning** स॰ (क्रियापद अर्थों मे) सीखना*; अधिगम* (मा॰ २, ३ भी) (विशे॰ विद्या,) ज्ञान, विज्ञता, पांडित्य, विद्वत्ता (विशे॰ भाषा, साहित्य या इतिहास संबंधी)। **the new ~** अध्ययन, (विशे॰ ग्रीक भाषा का) जिसका इगलैण्ड मे सोलहवीं शताब्दी मे विशेष प्रचार हुआ।

lease[1] (lēs) [A.-F. *lesser* (F. *laisser*), L. *laxâre*, to loose, from *laxus*, LAX] स॰ ठेका, पट्टा* (कृ॰, भा॰ १, विधि भी), इजारा। क्रि॰ स॰ पट्टे या इजारे पर लेना या देना। **~-hold'er** १. पट्टे* (दार) (कृ॰ भी), इजारा (दार), २. (विधि) पट्टाधृनि*। **~Lend** (बाद में Lend~) १९४१ में की गई व्यवस्था जिसके अनसंधन ब्रिटेन ने अपने समद्र पार प्रदेशो मे अमरीकनों को अड्डे दिए थे जिनके बदले मे अमरीका ने विध्वंसक जहाज आदि उधार दिए। बाद में सारे संसाधनों पर यह व्यवस्था लागू की गयी और सभी संयुक्त राष्ट्र इसके अन्तर्गत आ गए।

lease[2] (lēs) [var. of foll.] सं॰ ताना, दे॰ LEASH (बुनाई)।

leash (lēsh) [O.F. *lesse* (F. *laisse*), late L. *laxa*, orig. fem. of *laxus*, LAX] सं० १. कुत्ते को बाँध कर साथ ले जाने की रस्सी, डोरी या तस्मा. २. तीन कुत्तों या खरगोशों आदि का समूह; ३. (बुनाई की) गोल सुराख वाली डोरी जिसमें से ताने के तागे निकाले जाते हैं। क्रि० स० डोरी से जोड़ना या बाँधना। **hold in ~** क़ाबू में रखना, वश में रखना।

leasing (lē' zing) [A.-S. *léasung*, from *léasian*, to lie, from *léas*, false, destitute of, -LESS] सं० (ई०) झूठ*, असत्य, मिथ्या भाषण।

least (lēst) [A.-S. *læst*, *lǽsest*, superl. of *læs*, LESS] वि० सब से कम, सब से छोटा, अल्पतम, न्यूनतम, लघुतम* (वि० १ भी)। स० कम से कम परिमाण। क्रि० वि० कम से कम मात्रा में, अल्पतम परिमाण में। **at ~** कम से कम, अन्ततः, बहरहाल, और नहीं तो इतना। **at the ~** कम से कम। (in) **the ~** तनिक भी, बिल्कुल, थोड़ा भी, कुछ भी। **~ common multiple** दे० MULTIPLE। **~said soonest mended** अधिक वाद-विवाद से बात बिगड़ जाती है। **line of ~ resistance** दे० RESISTANCE। **to say the ~ of it** बहुत कम कर के लिखना तब भी, कम से कम, कितना भी घटाओ तो भी। **leastways** (अशि०, **leastwise** (बिरल) क्रि० वि० या कम से कम, या यों कहिए कि, यह नहीं तो।

leat (lēt) [A.-S. *gelæt*, cross-roads, *wæter-gelat*, water-conduit, from *lætan*, see LET¹] सं० नाँद, पनचक्का तक पानी ले जाने वाली नहर।

leather (leth' er) [A.-S. *lether* (cp. Dut. and G. *leder*, Icel. *leðr*)] सं० १. पक्का या कमाया हुआ चमड़ा, चमड़ा* (ई० २, वि० १ भी), चर्म; २. चमड़े की चीज़, किसी वस्तु का चमड़े वाला अंश, पालिश करने का चमड़ा, ३. चमड़े का पट्टा या नस्सा, ४. (ग्रा०) क्रिकेट की गेंद, फटबाल, ५. (बहुव०) ब्रिरजिस, चमड़े के मोजे, ६. (ग्रा०) लाल, चमड़ा (आदमी का)। क्रि० स० चमड़ा चढ़ाना चमड़े के तस्मे से मारना। **American ~** एक प्रकार का मोमजामा। **nothing like ~** अपनी चीज़ सब से अच्छी। **patent ~** बढ़िया काली वार्निश वाला चमड़ा। **~ and prunella** पहनावे या कपड़ों भर का अन्तर। **~-back** एक प्रकार का कछुआ। **~-head** मूर्ख, मूढ़। **~-hunting** (क्रिकेट के खेल में) फील्ड करना। **~ jacket** एक प्रकार की कड़ी खालवाली मछली, एक कीड़ा। **~-neck** सिपाही, सैनिक (नाविकों द्वारा प्रयुक्त)। **~-wood** एक कंडी छालवाला वृक्ष। **leatheroid** सं० लेदरायड, रुई का काग़ज़ जो रासायनिक प्रक्रिया द्वारा बनता है और देखने में चमड़े जैसा लगता है, चमड़े जैसा कागज़। **leatherette** सं० बनावटी चमड़ा, चमड़े की तरह लगनेवाला कपड़ा या कागज़। **leathering** सं० मरम्मत, टुकाई, मार, पिटाई। **leathern** वि० चमड़े का, चर्मनिर्मित। **leathery** वि० चमड़े जैसा सख्त, चीमड़, कड़ा (मांस आदि)।

leave¹ (lēv) [A.-S. *léaf*, cogn. with *léof*, pleasing, LIEF] सं० १. अनुमति, आज्ञा, इजाज़त; २ (सेना, दफ्तरों और स्कूलों आदि में) छुट्टी* (प्र०, मा० २ भी), अवकाश* (आ० भी), अनुपस्थित रहने की अनुमति, छुट्टी की अवधि। **by your ~** (प्राय व्य०) अप्रिय कथन के पहले क्षमा-याचना, गुस्ताख़ी माफ़ हो, आपको ज़रा तकलीफ़ तो होगी (ज़रा सामने से हट जाइए)। **on leave** छुट्टी पर। **take ~ of one's senses** होश-हवास खो देना, पागल हो जाना। **take one's ~** of विदा होना, विदा लेना, अलविदा कहना। **~breaker** छुट्टियों की अवधि के बाद भी अनुपस्थित रहनेवाला। **~-taking** सं० विदा, रुख़सत।

leave² (lēv) [A.-S. *lǽfan* (cp. Icel. *leifa*, Goth. *-laibjan*) cogn, with *lāf*, LAVE³] क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **left**) १. छोड़ देना, छोड़ जाना, रहने देना, छोड़ना; २. वसीयत में छोड़ जाना या दे जाना; ३. बाक़ी रखना, उठा रखना, बाक़ी रहना, रह जाना; ४. ज्यों का त्यों रहने देना, बदस्तूर रहने देना, दशा-विशेष में रहने देना; ५. हवाले करना, सुपुर्द करना, सौंपना, किसी की इच्छा पर छोड़ना; ६. कोई काम करने देना, दखल देने से बाज़ रहना, हाथ खींचना, हस्तक्षेप किए बिना (किसी व्यक्ति को) कुछ करने देना; ७. अमानत रखना, सौंपना, (वस्तु, संदेश, हिदायत) पहुँचाना, दे जाना; ८. किसी की अनुपस्थिति में किसी को ठहराना, काम पूरा करना; ९. छोड़ कर चले जाना, छोड़ जाना, परित्याग करना, त्याग करना; १०. प्रस्थान करना, जाना, अलग होना, विदा होना, (किसी स्थान के लिए) रवाना होना; ११. किसी चीज़ के पास से गुज़र जाना, किसी चीज़ को छोड़ कर गुज़र जाना; १२. (निवास, स्कूल, संस्था, सभा, नौकरी आदि) छोड़ना। स० बिलियर्ड के खेल में वह स्थिति जिसमें खिलाड़ी गेंद को छोड़ देता है। **french ~** दे० FRENCH। **~ alone** किसी के मामले में दखल न देना, किसी को उसके हाल पर छोड़ देना, न छेड़ना। **~ behind** छोड़ कर मरना या चले जाना, (किसी स्थान से) गुज़र जाना, चिह्न आदि छोड़ जाना। **~ card on** किसी व्यक्ति से मिलने जाना। **~ go** (अशि०) पकड़ ढीली करना। **~ him to himself** उस पर नियंत्रण मत करो। **~ hold of** पकड़ छोड़ देना, गिरफ़्त छोड़ देना। **~ it to you** आपके ऊपर छोड़ता हूँ। **~ it at that** (बोल०) इस मामले को यहीं रहने दो। **~ off** १. पहनना छोड़ देना, २. (आदत, काम) बंद कर देना, छोड़ देना, समाप्त कर देना, समाप्त होना। **~ out** भूल जाना, छोड़ जाना। **~ over** बकाया रहने देना, बेबाक न करना। **leaves much to be desired** असंतोषजनक है। **this leaves me cool** मैं उससे प्रभावित नहीं हुआ। **leaving** सं० (प्रायः बहुव०) १. बचा-खुचा सामान, छोड़ा हुई चीज़ें, रद्दी; २. जूठन।

leave³ (lēv) [LEAF] क्रि० अ० पत्तेदार होना। (-) **leaved** वि० (विरल) पत्तेदार, पत्तीवाला, सपत्र (जैसे one~ = table, red~)।

leaven (lev' en) [*F. levain*, L. *levāmen*, from *levāre*, to live] सं० १. खमीर, किण्व, किण्वकारक, खमीर पैदा करनेवाला तत्व, (विशे० वह लोई जो खमीर के लिए रख दी गई हो); २. पुट, मिलावट, (लाo) फैलनेवाला परिवर्तनकारी प्रभाव, परिवर्तन लाने वाला प्रभाव, किसी गुण का मिश्रण या समोजन। क्रि० स० खमीर उठाना, परिवर्तनकारी तत्वों के मिश्रण द्वारा रूपान्तर करना या बदलना, मिलाना, समोना, मिलावट करना, पुट मिलाना। **the old ~** (ई०) असभ्य अवस्था के अवशेष*।

leaves दे० LEAF।

leavy दे० LEAFY।

lecher (lech' ér) [O.F. *lechеor*, from *lechier*, to lick, to live in gluttony, O. H. G. *leccôn*, to LICK] सं० (अप्र०) अनुवागामी, अनुदामन करने वाला, लपट, व्यभिचारी, बदकार, ऐयाश, कामी, कामुक, कामासक्त। **lecherous** वि० लंपट, व्यभिचारी, बदकार, कामुक। **lecherously** क्रि० वि० लंपटवत्, बदकारों से, कामुकतापूर्वक। **lechery** सं० लंपटता, व्यभिचार, कामुकता, ऐयाशी, बदकारी, चरित्रहीनता।

lectern (lek' tĕrn) [O.F. *letrun*, late L. *lectrum*, from. *lect-*, p.p. stem. of *legere*, to read] सं० बिरजाधर में लिखने-पढ़ने या गाने का (विशे० पाठ के लिए) डेस्क।

lection (lek' shŭn) [O.F., from L. *lectionem*, nous. as prec.] सं० पाठ। **lectionary** सं० लेक्शनरी, प्रार्थना के समय पठनीय बाइबिल के अंशों की अनुक्रमणिका या सूची वाली पुस्तक।

lecture (lek' chŭr) [F., from late Latin *lectūra*, from *lectus*, p.p. of *legere*. to read] सं० १. व्याख्यान* (मा० २ भी), भाषण, उपदेश, प्रवचन; २. निरस्कार, फटकार, डाँट, भर्त्सना। कि० अ० और स० १. व्याख्यान देना, भाषण देना, प्रवचन करना; २. व्याख्यान द्वारा शिक्षा देना या मनोरंजन करना; ३. भर्त्सना करना, डाँटना, झिड़कना, फटकारना। **lecturer** सं० वक्ता, व्याख्याता, अध्यापक, प्राध्यापक* (मा० २ भी)। **lectureship** (चिरल), **lecturership** सं० व्याख्याता का पद, प्राध्यापक का पद।

led दे० LEAD[2]।

ledge (lej) [prob. from M.E. *leggen*, to LAY[1]] सं० १. कगर, कोर, किनारा, सिरा, दीवार आदि का बाहर निकला हुआ अंश या पत्थर; २. चट्टान या पहाड़ का बाहर निकला हुआ भाग, खिलाफलक, ताक, आला; ३. चट्टानों की श्रेणी, (विशे० जलमग्न); ४. (खनि०) धातुमय चट्टान का स्तर, चट्टान की वह पर्त जिसमें धातु हो, धातु-स्तर, तह, परत; ५ शिरानिक्षेप* (वि० १ भी); ६. तलशिला*; पृष्ठवान* (इं० ३ भी)। **ledged, ledgy** वि० कगरदार* (मा० १ भी), कोरदार, छज्जेदार, धातु-स्तर युक्त, धातु की पर्त वाला, कगरीदार* (मा० १ भी)।

ledger (lej' er) [prob. from M.E. *leggen*, as prec., after M.Dut. *legger* (Dut. *legger*), that which lies in a place] सं० १. बहीखाता, खातावही, लेजर, पक्की बही, बड़ी बही, २. पुस्तवान, पाड़ की आड़ी लकड़ियाँ, इमारत के समानान्तर लड़कियाँ, खड़मजा; ३. क्रूस का चपटा पत्थर; ४. किसी जगह लगा हुआ (मछली वग़ैरह का) चारा; ५.(प्र०) खाता* (इं० ३); बेड़ा ६. (पाड़ का)। **~bait** किसी जगह लगा हुआ चारा। **~blade** कपड़ा काटने की मशीन का स्थिर फल। **~line** (संगी०) पश्चिमी संगीत की स्वरलिपि में बाहरी स्वर के लिए ऊपर या नीचे बढ़ायी हुई रेखा।

lee (lē) [A.-S. *hlēo*, *hlēow*, a covering, shelter (cp. Icel *hlé*, Ice, *hly*, warmth, shelter)] सं० १. आड़, ओट, अनुवात, बचाव, आश्रय, आड़वाला भाग या पार्श्व, जिस ओर हवा न जाती हो, हवा से बचा हुआ स्थान, निर्वात स्थान, प्रतिवात दिशा; २ (जहाज का) हवा की दिशा से परे वाला भाग। **make up ~way** (लो०) बुरी स्थिति से बच निकलना। **~board** चपटे पेंदेवाले जहाज के पार्श्व में बना हुआ तख्तों का चौखटा जो जहाज को हवा के दबाव से हटने से रोकने के लिए पानी में डाल दिया जाता है। **~most** दे० MOST। **~ shore** जहाज के सुरक्षित पार्श्व का समुद्र-तट। **~way** हवा के कारण जहाज का अपनी राह से बग़ल की तरफ़ हटना।

leech[1] (lēch)[A.-S. *lǽce*, rel. to *lācnian*, to heal (cp. Icel *læknir*, Dan. *læge*, a physician)] सं० १. (अप्र०, काव्य० या हास्य०) वैद्य, चिकित्सक; २. जोंक* (आ०, वि० १ भी), जलूका, जलौका* (आ० भी), शोषक, दूसरों से लाभ उठाने वाला व्यक्ति। **stick like a~** जोंक की तरह चिपक जाना, पीछे पड़ जाना। **leechcraft** चिकित्सा शास्त्र, चिकित्सा की कला।

leech[2] (lēch)[cp. Icel. *lik*, Dut. *ijk*, G. *liek*] सं० लीच, पाल का लंबवत् या ढलवाँ पार्श्व।

leek (lēk) [A.-S. *lēac* (cp. Dut. *look*, Icel. *laukr*, G. *lauch*)] सं० १. लीक, प्याज जैसी एक गाँठदार वनस्पति; २. वेल्स का राष्ट्रीय चिह्न, दे० (तुल०) ROSE। **to eat the ~** अपमान सहन करना। **~green** लीक हरित* (वि० १ भी)।

leer[1] (lēr) [A.-S. *hlēor*, the cheek, the face, the look] क्रि० अ० कटाक्ष, कुदृष्टि, कनखियों से देखना, बुरी नज़र से देखना। सं० कनखी, बुरी नज़र। **leeringly** क्रि० वि० कटाक्षपूर्वक, कुदृष्टि से, बुरी नज़र से।

leer[2] (lēr) [etym. unknown] सं० शीशे को तपा कर पक्का करने की भट्टी।

leery (lēr' i)[slang, LEER[1]] वि० (प्रा०) धूर्त, चालाक, काइयाँ।

lees (lēz) [formerly *lee*, O.F. *lie*, Gaulish L. *lia*, perh. from Celt.] सं० (बहुव०) १. शराब आदि की तलछट, मल, उच्छिष्ट, २. निकृष्टतम अंश, रद्दी-खुरी, कूड़ा-कबाड़। **drink, drain to the ~** (शा० और लो०) १. अन्तिम घूँट तक पी जाना; २. पराकाष्ठा कर देना; ३. अन्त को पहुँचना, चरम सीमा तक पहुँचना।

leet[1] (let) [prob. from A.-F. *lete*, A.-S. *lęth*, LATHE[2]] सं० १.(इति०) कुछ जागीरों के सामन्ती द्वारा प्रतिवर्ष या वर्ष में दो बार लगाई जाने वाली अदालत; २. उसका अधिकार-क्षेत्र।

leet[2] (lēt) [perh. from ELITE] सं० (स्कॉट०) किसी पद के उम्मीदवारों की चुनी हुई सूची।

leeward (loo' ărd) वि०, और क्रि० वि० सुरक्षित किनारे की ओर अनुवात, ओट में, पार्श्व की ओर (windward का उल्टा); २ अनुवात पार्श्व; ३. (वि०) पवनविमुख*। सं० हवा से सुरक्षित दिशा, ओट। **leewardly** वि० हवा से सुरक्षित दिशा की ओर झुका हुआ (जहाज), हवा के बहाव से विपरीत दिशा की तरफ़ झुका हुआ (weatherly का उल्टा)।

left[1] (left) [A.-S. *left*, *lyft*, week. worthless] वि० १. बायाँ, उलटा, वाम* (आ० भी), प्रतिलोम, २. बाये; ३. उल्टे हाथ की तरफ़, बायें का। क्रि० वि० बायें हाथ, बाईं ओर, वामतः। सं० १ बायाँ हाथ, उलटा हाथ, वाम कर; २. सेना का बायाँ भाग, ३. (राज०, मु० यूरोप की विधान-सभाओं में) अधिक उग्र दल जो अध्यक्ष के बाईं ओर बैठा करता था; ४. किसी दार्शनिक अथवा धार्मिक संप्रदाय का अपगामी या सुधारवादी अंश। **marry with the ~ hand** उच्च कुल के पुरुष का नीच कुल की स्त्री से ऐसे विवाह करना कि उसकी संतान को उत्तराधिकार न प्राप्त हो। **on the ~hand of** अपेक्षया बाईं ओर। **over the ~** (प्रा०) जो कुछ कहा गया है तात्पर्य उसका ठीक उलटा हो। **~bank** नदी के बहाव की दिशा से बायाँ किनारा। **~compliment** १. संदिग्ध प्रशंसा, ऐसी बात कहना जिससे प्रशंसा और निन्दा दोनों भाव व्यक्त हों; २. जाली या बनावटी विवाह भी। **~hand** बायाँ हाथ, बाये हाथ की तरफ़। **~hand blow** बायें हाथ का प्रहार। **~handed** वि० १. खब्बा, वामहस्त, सव्यसाची, लेबड़ा; २. भद्दा, बेडौल, बेतुका, भोंडा; ३. असंपृक्त, गोलमोल, उलझन भरा; ४. दोमुँहा, सदिग्ध, ५. (विवाह) जिसमें पुरुष राजवंश या उच्च कुल का हो और स्त्री निम्न कुल की तथा स्त्री को और उसकी संतान को पूरे अधिकार न प्राप्त हों (जर्मनी की रीति के कारण जहाँ ऐसे विवाहों में वर अपना बायाँ हाथ दिया करता था), (कभी कभी) मिथ्या, झूठा विवाह; ६. उलटे हाथ का, उलटे हाथ से लगाया गया (घूँसा वग़ैरह); ७. उलटे हाथ के प्रयोग का आदी; ८. (वि० १) वामावर्त*। **~handedly** क्रि० वि० बायें हाथ से, खब्बे की तरह, भद्देपन से, बेतुकेपनसे, मनहूसी से। **~handedness** सं० खब्बापन,

महापन, मनहूसी। **~hander** सं० सभ्य आदमी, उलटे हाथ से काम करने वाला, उलटे हाथ का घूँसा, बरौरह। **~hand man** बाईं तरफ़ खड़ा व्यक्ति। **~-hand rope** उलटे भाँज या बल की रस्सी। **~turn** बाईं तरफ़ का मोड़ या घुमाव। **left-most** वि० सब से अधिक बाईं तरफ़ हटा हुआ, वामतम। **leftward** वि० और क्रि० वि० बाईं ओर का, उलटी तरफ़ का। **leftwards** क्रि० वि० बाईं ओर, उलटी तरफ़।

left[2] दे० LEAVE।

leftism (lef' tizm) सं० (राज०) वामपक्ष की नीति या सिद्धांत।

leftist सं० वामपंथी, वामपंथी।

leg (leg) [Iccl. *legger*] सं० १. पैर, टाँग* (आ०, कु०, वि० १ भी), पद, पाद, अंघा* (आ० भी); २. जानवर की रान (पकाने के लिए), गोड़ी; ३. एक पैर पीछे हटा कर किया हुआ प्रणाम, नमस्कार या अभिवादन (अप्र०); ४. घोखेबाज़, ठग, धूर्त, वंचक, दे० BLACKLEG; ५. (क्रिकेट में) बल्लेबाज़ के दायीं ओर तथा दायीं ओर के पीछे का मैदान, लैग; ६. दिखावटी टाँग (कॉर्क या लकड़ी आदि की); ७. पार्श्वका (पाजामे वरौरह का); ८. मशीन का सहारा, टेक या पाया; ९. चारपाई, कुर्सी, मेज आदि का पाया; १०. दोमुजी वस्तु की एक भुजा; ११. आधार के अतिरिक्त त्रिभुज के पार्श्व; १२. (नौ० वि०) एक ही बार तय किया गया फ़ासला। क्रि०अ० और स० नहर के किनारों में टाँगें अड़ा कर नाव चलाना। **all legs** आयु को देखते हुए अधिक बड़ा। **bone in one's~** दे० BONE। **boot is on the other~** दे० BOOT। **fall on one's legs** दे० FALL। **feel, find one's legs** खड़े होने या चलने की शक्ति होना। **give ~-ball** फ़रार हो जाना या भाग जाना। **give one a ~-up** चढ़ने या विपत्तियों से पार होने में सहारा देना। **has not a ~to stand upon** अपने कथन की पुष्टि में कोई युक्ति नहीं प्रस्तुत कर सकना। **have the legs of** (किसी से) तेज चलना। **keep one's legs** सम्हले रहना, न गिरना। **~before wicket** (संक्षिप्त L.B.W.) (क्रिकेट: एल० बी० डब्ल्यू०, बल्लेबाज़ का विकेट के सामने गेंद को पैर से रोकना। **~it** तेज चलना। **on one's last legs** मौत या अंत के समीप। **on one's legs** (भाषण करने को) खड़ा हुआ, (बीमारी के बाद) चलने-फिरने में समर्थ, भरा-पूरा, सम्पन्न, समृद्ध, खुशहाल, आत्मनिर्भर। **pull one's~** (बोल०) बनाना, मूर्ख बनाना। **put best ~foremost** दे० BEST। **set one on his legs** किसी की आर्थिक स्थिति सुधार देना। **shake a ~**नृत्य करना, नाचना। **show a ~**बिस्तर से बाहर निकलना। **stand on one's own legs** अपने पैरों खड़ा होना, अपना भरोसा करना। **stretch one's legs** व्यायाम के लिए टहलना। **take to one's legs** भाग खड़े होना, भाग जाना। **walk one off his legs** चला-चला कर थका डालना। **~guard** क्रिकेट के खेल में टखने और घुटने के ऊपर बाँधने का गद्दा। **~pull** (बोल०) किसी व्यक्ति को मूर्ख बनाने का प्रयत्न। **~rest** बैठे हुए पंगु व्यक्ति की टाँगों के लिए टेक। **~stump** (क्रिकेट) बल्लेबाज़ के बाईं तरफ़ का डंडा (स्टम्प)। **~theory** (क्रिकेट) बल्लेबाज़ के बाईं तरफ़ को गेंद फेंकना और उधर ही सारे खिलाड़ी इकट्ठा करना। **legged** वि० पैरवाला (संयुक्त रूप में ही प्रयुक्त)। **legger** सं० नहर के किनारे से टाँगें अड़ा कर नाव चलाने वाला। **legless** वि० बे-टाँगों का, बे-पायों का। **leggy** वि० पतली और लंबी टाँगोंवाला, लमटंगा (विशे० लड़का, बछेड़ा या पिल्ला)। **legginess** सं० लमटंगापन।

legacy (leg' ă si) [O.F. *legacie*, legatcship, med.L. *légătia*, L. *légātus*, LEGATE], सं० १. पैतृक संपत्ति, उत्तरदान, रिक्थ* (मा० १, वि० १ भी), वसीयत द्वारा मिला हुआ धन; २. पूर्वज द्वारा छोड़ी हुई लौकिक या आत्मिक संपत्ति, बपौती, दाय, छोड़ी हुई संपत्ति, वसीयत संपदा* (मा० १, विधि भी)। **~-hunter** वसीयत पाने के लिए खुशामद करने वाला।

legal (lē' găl) [F. *légal*, L. *légālis*, from *lex légis*] वि० १. क़ानूनी, वैध*/विधिक* (विधि भी), विधिसम्मत, वैधानिक, विधि संबंधी, क़ानून का; २. विधिमूलक, विधिनियुक्त, नियमानुसार; ३. (न्यायसंगत से भिन्न) क़ानूनी, वैध; ४. क़ानूनी, विधिविहित; ५. (धर्म०) मसीही नियमानुसार; ६. इस सिद्धांत का पालन (भक्ति) कर्म से होता है न कि आस्था से। **~tender** वैध या क़ानूनी मुद्रा। **legalism** सं० १. (धर्म०) धर्मशास्त्र के बजाय क़ानून को मान्यता देना, कर्म द्वारा विशुद्धि का सिद्धान्त; २. विधि-परायणता, विधानवादिता, क़ानून की कड़ी पाबंदी। **legalist** सं० १. विधिपरायण, विधिवादी, क़ानून की पाबंदी करने वाला; २. क़ानून का ज्ञाता, पंडित। **legality** (lē găl' i ti) सं० १. विधानवाद, विधान-वादिता, विधिपरायणता; २. वैधता* (मा० १ भी), वैधानिकता; ३. वैधिकता, क़ानूनियत। **legalize** क्रि० स० वैध ठहराना, विधिसम्मत बनाना, क़ानूनी करना। **legalization** सं० विधानीकरण, वैधीकरण। **legally** क्रि० वि० १. क़ानूनी तौर पर, विधिपूर्वक, न्याय से; २. वैध रूप से* (विधि भी)।

legate[1] (leg' ăt) [O.F. *legat*, L. *légātus*, orig. p.p. of *légāre*, to appoint, to commission]. सं० पोप का प्रतिनिधि पादरी, पोपदूत*/ लीगेट* (मा० १ भी); २. (अप्र०) राजदूत, प्रतिनिधि। **legateship** सं० राजदूतत्व, प्रतिनिधित्व। **legatine** वि० पोप के प्रतिनिधि पादरी से संबंधित।

legate[2] (le gāt') [L. *légātus*, as prec.] क्रि० स० वसीयत करके देना, दे जाना, छोड़ जाना (वसीयत में)। **legatee** (leg ă' tē) सं० उत्तराधिकारी, उत्तराधिकार पाने वाला, वसीयत पाने वाला, दायाद, रिक्थग्राही, वसीयतदार*/ रिक्थी* (मा० १ भी)। **legator** (le gā' to) सं० वसीयत करके दे जाने वाला।

legation (le gā' shun)[L. *légātio*, from *légāre*, see LEGATE[1]] सं० १. दूतप्रेषण, दूत या प्रतिनिधि का भेजना; २. प्रतिनिधिगण, ३. दूतघर, कूटनीतिक मंत्री और उसके सहकारी (विशे० जब वह राजदूत के पद का न हो); ४. दूतावास* (प्र०, मा० १ भी) या उसका सरकारी निवासस्थान, प्रतिनिधित्व, दूतक्षेत्र।

legend (lej' ĕnd) [O.F. *legende*, med. L. *legenda*, that which is to be read, from L. *legere*, to read] सं० १. सतों की जीवनियों जैसी कहानियां का संकलन; २. किंवदती, दंतकथा, प्राचीन कथा-कहानी, कहावत, (परंपरागत) आख्यान* (मा० १ भी), जिन्हें लोग ऐतिहासिक मानते हों, पौराणिक कथाएँ, ऐसा साहित्य या परंपरा; ३. मुद्रा या पदक का लेख, आदर्श वाक्य; ४. सिक्कों पर लिखी हुई इबारत; ५. (मा० २) पुरावृत्त*, विवरणिका*। **the (Golden) Legend** (ल्ति०) गोल्डेन लीजेंड, तेरहवीं शती के उपाख्यानों का संग्रह। **legendary** वि० पौराणिक*, काल्पनिक* (मा० १भी), परंपरासम्मत। **legendry** सं० आख्यान समुच्चय, पुराण-कथा-संग्रह।

leger दे० LEDGER।

legerdemain (lej ér de mān') [O.F. *legier de main* (F. *léger*), light of hand)] सं० १. हाथ की सफ़ाई, हस्तकौशल, करतब; २. मक्कारी, चालबाज़ी, धूर्तता, फ़रेब, छल, धोखा।

legging (leg' ing) सं० (बहुधा बहुव०) चमड़े का पायताबा, चमड़े का मोज़ा।

leggy वि० LEG ।

leghorn (le gôrn') [*Leghorn* (*Livorno*), Italy] सं० १. अंग्रेज़ी टोपी (हैट) आदि में दी जानेवाली चटाई की तह; २. एक प्रकार की पालतू मुर्ग़ी।

legible (lej' ibl) [O.F., from late L. *legibilis*, from *legere*, to choose, to read] वि० सुस्पष्ट, सुपाठ्य, सुवाच्य (हस्तलेख या छापा), जिसे पढ़ने में आसानी हो, साफ़-साफ़ लिखा हुआ। **legibility** सं० सुस्पष्टता, सुवाच्यता, सुपाठ्यता, पढ़ने में आसानी। **legibly** क्रि० वि० सुस्पष्टतापूर्वक, पढ़ने में आसान ढंग से।

legion (lē' jon) [O.F., from L.*legiōnem*, nom. *legio*, from *legere*, to choose] सं० १. फ़ौज, सैन्यदल* (मा० १ भी), सेना; २. प्राचीन रोम की सेना में ३००० से ६००० सैनिकों और घुड़सवारों का दस्ता, लीजन* (मा० १ भी); ३. बड़ी भीड़, विशाल जनसमूह, बड़ी संख्या, अपरंपार, बेशुमार, अनगिनत। **British Legion** प्रथम महायुद्ध के बाद ब्रिटेन के भूतपूर्व सैनिकों की राष्ट्रीय संस्था। **Foreign Legion** आधुनिक, विशे० फ्रांसीसी सेना में विदेशी स्वयंसेवक सैनिकों का दल। **Legion of Honour** फ्रांस में एक विशिष्टतासूचक पद। **legionary** वि० लीजन का, सैन्यदल संबंधी। सं० लीजन का सैनिक। **legioned** वि० (काव्य०) दल के दल, अनगिनती संख्या में।

legislate (lej'is lāt) [from LEGISLATOR, or LEGISLATION] क्रि० स० क़ानून बनाना, विधान बनाना। **legislation** (lej is lā' shun) [late L. *légis-látio*, see LEGISLATOR] सं० विधान* (मा० १ भी), विधान-निर्माण* (मा० १ भी), क़ानून बनाना। **legislative** वि० १. विधान संबंधी, वैधानिक, व्यवस्थापिका, विधायी* (मा० १ भी)। **legislatively** क्रि० वि० विधान-निर्माण द्वारा, विधानपूर्वक, विधिकारी पद्धति से। **legislator** (lej' islā tor) [L. *légis-látor* (*légis*, gen. of *lex*, law, *-látor*, one who bears, agent-noun of *ferre*, to bear)] सं० विधायक, विधान-सभा का सदस्य, विधिदाता, विधान-निर्माता, विधिकर्ता, विधिकार, क़ानून बनाने वाला। **legislatorial** वि० (विरल) विधान निर्माता संबंधी, विधिकारी संबंधी। **legislatress, -trix** सं० क़ानून बनाने वाली, विधान-सभा की सदस्या। **legislature** सं० विधान-मंडल* (मा० १ भी), विधान सभा, किसी राज्य की क़ानून बनाने वाली संस्था।

legist (lej' ist) [O.F. *legiste*, med. L. *légista*, from *lex légis*, law] सं० विधि-निपुण, क़ानून का पंडित, विधिवेत्ता।

legitimate (lé jit' i māt) [med. L. *légitimātus*, p.p. of *légitimāre*, from L. *légitimus*, as prec.] वि० १. वैध* (मा० १ भी), जायज़, औरस, धर्मसम्मत संतान (माता पिता, कुल, वंश आदि के लिए भी); २. वैध, क़ानूनी, समुचित, ठीक, उचित, नियमित, बाक़ायदा, आदशानुकूल, टकसाली, वंश-परंपरानुकूल (राजा का पद या अधिकार); ४. तर्कसंगत, युक्ति-संगत, न्यायसंगत। क्रि० स० १. आदेश, क़ानून या प्रमाण द्वारा जायज़ या वैध ठहराना, क़ानूनसम्मत क़रार देना, वैध करना; २. उचित ठहराना, प्रमाण प्रस्तुत करना, न्यायसंगत सिद्ध करना। **~ drama** शेक्सपियर तथा दूसरे नाटककारों के प्रतिष्ठित नाटक। **legitimacy, legitimateness** सं० वैधता* (मा० १ भी), न्यायानुकूलता, औरसता, जायज़ होना। **legitimately** क्रि० वि० वैधतापूर्वक, न्यायपूर्वक, क़ानूनी तौर पर, जायज़ तौर पर, उचित रीति से। **legitimatize, legitimize** क्रि० स० वैध या न्यायसंगत सिद्ध करना, क़ानूनी ठहराना। **legitimation** सं० वैधीकरण* (मा० १ भी), न्यायसंगत ठहराना, उचित प्रमाणों द्वारा पक्ष-समर्थन। **legitimism** सं० १. राजतंत्रवाद, विधान-वाद, राज्य के मौरूसी अधिकारी का समर्थन (विशे० स्पेन और फ्रांस की राजनीति में); २. वैध उत्तराधिकारी का समर्थन। **legitimist** सं० राज्य के वैध उत्तराधिकार का समर्थक, राजतंत्रवादी, विधानवादी, वैधतावादी* (मा० १ भी)।

legume (leg' ūm), **legumen** (le gū' men) [F. *légume*, L. *legúmen*, pulse, from *legere*, to gather] सं० शिंब* (कृ० भी), फली, दाल, छीमी या फली, फलीदार पौधे का फल, खाद्य-सब्ज़ी। **leguminous** वि० १. धौंबिक, शिम्बिका फलीदार, दाल की तरह का; २. (वि० १) शिंबी*, फलीदार। **~ crop** (वि० १) शिंबी*/ सस्य* फलीदार फ़सल*।

Leibnitzian (lib nit' si ăn) [Gottfried Wilhelm *Leibnitz* (1646-1716), German philosopher, -IAN] वि० और सं० लीबनित्ज़पंथी, (अठारहवीं शताब्दि के दार्शनिक) लीबनित्ज़ का अनुयायी।

leister (lēs' ter) [Icel. *liōstr*, from *liósta*, to strike]सं० लीस्टर, मत्स्यशूल* (मा० १ भी), सामन मछली के शिकार का नुकीला बल्लम या भाला। क्रि० स० सामन मछली को लीस्टर बल्लम से बेधना।

leisure (lezh' ūr) [O.F. *leisir*, orig. inf. verb, L. *licere*, to be allowed] सं० १. अवकाश, मोहलत, फ़ुरसत, ख़ाली समय, छुट्टी, २. सुभीता; ३. विश्रान्ति, विश्राम। **at ~** १. ख़ाली, सावकाश, अव्यस्त, फ़ुरसत रखनेवाला, २. सुभीते से, आराम से, बिना जल्दी के। **at one's ~** जब फ़ुरसत हो, अवकाश होने पर। **wait one's ~** किसी के फ़ुरसत में होने की प्रतीक्षा करना। **leisured** वि० सावकाश, बहुत फ़ुरसत वाला, फ़ुरसत का। **leisureless** वि० निरवकाश, बहुव्यस्त। **leisurely** वि० १ धीरे, आहिस्ता, मंद, मथर, सावकाश, इत्मीनान का, सुभीते का, फ़ुरसत का, अशीघ्र, फ़रसत वाला, अव्यस्त, २. धीरज का, सोचा-समझा। क्रि० वि० धीरे-धीरे, बिना जल्दी के, इत्मीनान से, शनैः शनैः, मद गति से, सोच-समझ कर। **leisureliness** सं० धीमापन, सावकाशता, मथरता, मंदता, धीरज, अव्यस्तता।

leman (lē' man) [M.E. *lemman*, *leofman* (A.-S. *léof*, dear, see LIFE- MAN)] सं० १. प्रेमी, चाहने वाला, चहेता, चहेती, प्रेयसी; २. अवैध प्रेमी, यार, (प्रायः आधुनिक प्राचीनता व्यंजक प्रयोग में) वह स्त्री जिससे अवैध संबंध हो, आशना, उपपत्नी।

lemma (lem' a)[L. and Gr. *lēmma*, from *lambanein*, to take] सं० (बहुव०-**mas**) १. प्रमेयिका* (वि० १ भी), विवाद या प्रमाण में मान्य या स्वीकृत सिद्धांत; २. साहित्यिक कृति, कोश संबंधी शीर्ष लेख, भाष्य आदि का तर्क या विषय, जिसे शीर्षक के रूप में रक्खा जाय; ३. चित्रों आदि में संलग्न सार वाक्य; ४. (कृ०) बाह्य युक्तवक्त्र*;

ə=आ, (Father) फ़ादर, ā=ऐ, (Fat) फ़ैट; ā=ए, (Fate) फ़ेट, aw=ə=ऑ, (Fall) फ़ॉल; ă=एअ, (Fair) फ़ेअर; e=ऐ, (Bell) बैल; ē=इ, (Her) हर; ē=ई, (Beef) बीफ़, i=इ, (Bit) बिट; ī=आइ, (Bite) बाइट; o=ऑ, (No) नॉट; ō=ओ, (No) नो; ŏ=ऑ, (North) नॉर्थ, oo=ऊ, (Food) फ़ूड, u=उ, (Bull) बुल; ū=यू, (Sun) सन; ū=यू, (Muse) म्यूज़; ou=आउ, (Bout) बाउट; oi=ऑइ, (Join) ज्वॉइन।

lemming (lem' ing) [NORW.] सं० लेमिंग, उत्तरी ध्रुव का चूहे जैसा छोटा कुतरनेवाला जीव।

lemon (lem' ən) [F. *limon*, med. L. *limōnem*, nom. *limo*, Oriental in orig. cp. Arab. *laimūn*, Pers. *limū*] सं० १. नीबू* (कृ० भी), निम्बू; २. नीबू का पेड़; ३. हलका पीला रंग; ४. (शा०) आकर्षणहीन लड़की (तुल० PEACH[2])। **salt of ~** एक आम्लेलट जिसमें स्याही के शब्बे छुड़ाते हैं, दे० SALT। **~-drop** लेमनजूस की गोली, नीबू के से स्वादवाली मीठी गोली। **~-kali** लेमनकली, टारटरिक एसिड, सोडा बाइकार्ब और पानी मिला कर बनाया गया एक पेय। **~-plant** नीबू की गंध वाला एक विलायती पौधा। **~-squash** लेमन स्क्वैश, नीबू के रस और सोडवाटर से बना एक पेय। **~-squeezer** नीबूनिचोड़। **lemonade** (lem ə nād') सं० लेमनेड, नीबूपानी, नीबू का शरबत। **lemony** वि० नीबू जैसा, नीबू संबंधी, हलके पीले रंग का।

lemur (lē' mûr, lem' ûr) [L., foll.] सं० लीमर* (मा० १, वि० १ भी), मैडागास्कर का एक बंदर जैसा निशिचर स्तनपायी जीव, निशाकपि* (मा० १ भी)। **lemurine** वि० लेमूरी, लेमूर संबंधी। **lemuroid** (lem' û roid) वि० और सं० लेमूर सदृश, लेमूरिया।

lend (lend) [M.E. *lenen*, A.-S. *lænan* (cp. Dut. *leenen*, Icel. *lâna*, G. *lehnen*)], क्रि स० (भू० और भू० कृ० **lent**) १. उधार देना, ऋण देना, कर्ज देना, माँगे देना, सूद पर रुपया उधार देना; २ (किनारे आदि) किराये पर देना, भाड़े पर देना; ३. दान करना, प्रदान करना, बख्शना, देना, दे डालना; ४ अपने आपको किसी ध्येय या नीति के अनुकूल बना लेना, (किसी चीज के) सांचे में ढल जाना, मनलब या काम का होना। **~a hand or helping hand** हाथ लगाना, सहायता करना। **~ear, an ear, one's ears** कान देना, सुनना, कान करना। **thing lends itself to** काम की चीज है, के लिए उपयोगी है। **lendable** वि० जो उधार दिया जा सके, कर्ज देने योग्य। **lender** सं० साहूकार, कर्ज देनेवाला, ऋणदाता, महाजन। **lending** सं० कर्ज देना, ऋणदान, उधार।

length (length) [A.-S. *lengthu*, from *lang*, LONG[1] (cp. Dut. *lengte*, Icel. *lengd*)] सं० १ लंबाई* (आ०, वि० १ भी), दीर्घता, तूल, किसी वस्तु के तीन आयामों में से सब से बड़ा; २. महत्व, अरसा, देर, अवधि; ३. किसी वस्तु की लंबाई, दूरी, फ़ासला; ४. (of के साथ) किसी काम की सीमा, पराकाष्ठा, हद, चरम सीमा; ५. (छंद०) स्वर या पद की मात्रा, ६. (क्रिकेट) विकेट से वह दूरी जहाँ गेंद टप्पा खाए; ७. विस्तार, फैलाव, दीर्घता, कपड़े के थान आदि की लंबाई; ८ (आ०) आयाम*। **at arm's ~** उतने फ़ासले पर जितनी दूर हाथ फैल सकें। **at full ~** बिल्कुल से, लंबा-लंबा, पैर फैलाए। **at ~** १. विस्तार से, तूल दे कर, ब्यौरेवार; २. आखिरकार, अन्तत:; ३. बहुत देर बाद। **keep one at arm's ~** मेल-जोल न होने देना, घनिष्ठता से बचना। **know ~of person's foot** दे० FOOT। **lengthen** क्रि० स० और अ० १. बढ़ाना, लंबा करना, दीर्घ करना, फैलाना; २. लंबा हो जाना; ३. (छंद०) (स्वर को) दीर्घ करना। **lengthways** क्रि० वि० लंबाई में, लम्बाई के बल। **lengthwise** क्रि० वि० लंबी, लंबा-लंबा। **lengthy** वि० १. असाधारण, लंबा, दीर्घ, अतिविस्तृत (भाषण, शैली, रचना, कथनी आदि); २. उबा देने वाला, उकता देने वाला। **lengthily** क्रि० वि० विस्तारपूर्वक, बहुत तूल देकर। **lengthiness** सं० बेहद तूल, अति विस्तारशीलता।

lenient (lē' ni ənt) [L. *lēniens, -ntem*, pres. p. of *lēnīre*, to soothe, from *lēnis*, soft, gentle], वि० १. मृदु, कोमल, नरम, नरम करने वाली (अप्र०); २. सहनशील, सहिष्णु; ३. उदार, शिष्ट, सौम्य, कृपालु, सदय; ४. (दंड आदि) हलका, नरम। **lenience, leniency** सं० नरमी, सदयता, उदारता, मृदुता, कृपालुता। **leniently** क्रि० वि० नरमी से, उदारतापूर्वक, कृपालुतापूर्वक।

Leninite (len' in it) [*Lenin, alias* of Valdimir Ilitch Ulianoff (1870-1924)], सं० लेनिन का अनुयायी बोलशेविस्ट। **Leninism** सं० लेनिनवाद* (मा० १ भी), १९१७ की रूसी क्रान्ति के नेता लेनिन (असली नाम वी० आई० उल्यानोफ़) की नीति और आर्थिक सिद्धान्त।

lenitive (len' i tiv) वि० और सं० प्रशमक (औषधि, उपचार), उपशमक, शमन करने वाली, शान्तिकर, तसल्ली देने वाली।

leno (lē' nō) [perh. corr. of F. *linon*] सं० लीनो, टोपियों, परदों, घूँघट आदि के लिए बारीक सूती जाली।

lens (lenz) [L. *lens, lentis*, seed of lentil], सं० (बहु० **~-ses**) लेन्स* (कृ०, वि० १ भी), ताल, बूरबीन या ऐनक का शीशा; २. फ़ोटोग्राफ़ी में काम आने वाले ताल-समूह; ३. (शा० वि०) दे० CRYSTALLINE, आँख का पर्दा **lensed** तालयंत्र, शीशीदार। **lensless** वि० तालशून्य, बेशीशे का, काँच रहित।

Lent[1] (lent) [M. E. *lenten*, A.-S. *lencten*, spring (cp. Dut. *lente*, G. *lenz*, prob. cogn. with LONG[1], because the days lengthen in spring)] सं० १. लेंट, ऐश बुधवार से ईस्टर तक ४० दिन का समय जिसमें इतवार के सिवाय अन्य दिनों उपवास और प्रायश्चित्त किया जाता है; २. बहुव०, (कैम्ब्रिज में) लेंटकालीन नावों की दौड़। **~-lily** डैफ़ोडिल, नरगिस जैसा एक फूल। **~-term** लेंट-सत्र, विश्वविद्यालय का वह सत्र जिसमें लेंट का त्यौहार पड़ता है। **lenten** वि० लेंट का, लेंट में, लेंटकालीन। **~-face** उदास चेहरा, उदास दृष्टि, मुरझाया हुआ चेहरा। **~-fare** मांसरहित भोजन, निरामिष आहार।

lent[2] दे० LEND।

-lent [L. *-lentus*], लतीनी विशेषणों का एक प्रत्यय जिसका अर्थ है 'पूर्ण' (जैसे opulent, violent)।

lenticular (len tik' û lâr) [late L. *lenticulāris* from *lenticula*, dim. of *lens lentis*, LENS] वि० १. मसूर के दाने के आकार का, मसूराकार* (वि० १ भी); २. लेंस के आकार का, द्विवृत्त उन्नतोदर; ३. दृष्टिमंडलीय, दृष्टिमंडलीय, वीक्षाकार। **lentiform, lentoid, lentigerous** वि० लेंस की आकृति का, लेंस रूप* (वि० १ भी)।

lentil (len' til) [O. F. *lentille*, L. *lenticula*] सं० मसूर* (कृ०, वि० १ भी), मसुरी।

lentisk (len' tisk) [F. *lentisque*, L. *lentiscum*, nom. *-cus*] सं० मस्तंगी का वृक्ष।

lentitude (len' ti tūd) [F., from L. *lentitūdo*, from *lentus*, slow] सं० सुस्ती, शिथिलता, आलस।

lentoid दे० LENTICULAR।

Leo (lē' ō) [L. *leo leōnis*] सं० सिंह राशि, सिंह* / लिओ* (वि० १ भी)।

leonid (lē' ō nid) सं० सिंह-उल्का, सिंह राशि से निकलने वाली एक उल्का।

leonine[2] (lē´ō nīn) [L. *leobinus*, as prec.] वि० १. सिंह-जैसा, सिंह-सदृश; २. सिंह का।

Leonine[1] (lē´ ó nīn) [as prec.], वि० लिओ नामक व्यक्ति (विशे० एक पोप विशेष) द्वारा आविष्कृत, निर्मित, लिओ संबंधी। **~City** रोम का भाग विशेष जिसे लिओ चतुर्थ ने बनवाया था। **~verse** (मध्ययुगीन लैटिन भाषा का) हैक्सामीटर या विलाप-छंद (जिसमें अन्तरानुप्रास होता था)।

leopard (lep´ ard) (O.F., from late L. *leopardus*, late Gr. *leopardos* (LION, PARD[1]), सं० १. तेंदुआ*/ चीता* (वि० १ भी); २. (वश०) पिर्कान, इंग्लैण्ड के सरकारी चिह्न में चीते का चित्र; ३. चीते-जैसा एक, चीते-जैसा चित्ती वाला जानवर। **American~** अमरीकी चीता। **black~** काला चीता। **can the ~change his spots** आदत नहीं छूटती। **hunting~** साधारण चीता। **leopardess** सं० मादा चीता।

Lepcha सं० लेपचा, सिक्किम और तिब्बत के कुछ भागों में बसने वाली जाति विशेष।

leper (lep´ ér) [O. F. *lepre*, leprosy, L. and Gr. *lepra*, fem. of *lepros*, from *lepos*, scale] सं० कोढ़ी, कुष्ठी, कुष्ठ रोगी।

lepid (lep´ id]L. *lepidus*] वि० रुचिर, मनोहर।

lepidoptera (lep ı dop´ tér á) [LEPIDO-, Gr. *pterōn*, wing] सं० (बहु०) कीड़ों की वे जातियाँ जिनके चार झिल्ली-दार पंख हों (जैसे तितली, पतिंगे आदि)। **lepidopterous** वि० कीड़ों की उक्त जातियों से संबंधित। **lepidopterist** सं० इस प्रकार के कीड़ों का विशेषज्ञ।

leporine (lep´ ó rin) [L. *leporinus*, from *lepus leporis*, hare] वि० खरगोश की जाति का, शशजातीय।

leprechaun (lep ré *chawn*´) [Ir.] सं० (आयरलैण्ड में) भूत-प्रेत।

leprosy (lep´ ró sı) [O. F. *leprosie*, from L. *leprōsus*, from *lepra*, see LEPER] सं० १. कोढ़, कुष्ठ रोग, कुष्ठ* (आ० भी); २. धीरे-धीरे शरीर को गला देने वाला वृणित रोग जिसमें त्वचा पर सफ़ेद दाग पड़ जाते हैं, गलित कुष्ठ; ३. (ला०) नैतिक भ्रष्टाचार। **leprous** वि० १. कोढ़ी; २. कुष्ठ रोग संबंधी, कुष्ठीय।

lepto- [Gr. *leptos*] यूनानी शब्द लेप्टोस (सूक्ष्म, पतला, सुकुमार, आदि) का और प्राणि के परिभाषिक शब्दों के लिए समस्त पद बनाने में प्रयुक्त।

leptocephalic (lep tō se fāl´ ık) [CEPHALIC] वि० लघु कपाली, छोटे सिर वाला।

leptodactyl (lep tó dāk´ til) [Gr. *daktilos*, digit] सं० और वि० लंबे और सुकुमार पंजों वाला पक्षी।

Lesbianism (lez´ bi ăn izm) [Gr. island of Lesbos] सं० सैफ़िक्स, नारी की स्वरतिशीलता अथवा महिला में समलैंगिकता, दो औरतों के मध्य रति-विषयक संबंध। **Lesbian** वि० १. लेस्बोसीय, लेस्बोस द्वीप का; २. स्वरतिशील नारी*/ लस्बी* (आ० ३ भी)।

lesion (lē´ zhún) [F. *lésion*, L. *lasiōnem*, nom. *-sio*, from *ledere*, to injure], सं० १. अपकार; २. पीड़ा; ३. क्षति, हानि, जख़्म* (कृ०, वि० १ भी), विक्षति* (आ० भी); ४. क्षतस्थान* (कृ० भी), आघात, चोट, घाव, जख़्म; ५. विशे० (निदा०) शारीरिक अंगों के कार्य या गठन आदि में व्यतिक्रम, विलोप, विकार।

less (les) [A.-S. *lessa*, a., *tes*, adv.] वि० न्यून, क्षुद्रतर, अल्पतर, छोटा, थोड़ा, कम, अल्प, कमतर; २. अल्पतर परिमाण का, उतना नहीं, उसके बराबर नहीं; ३. निम्न पद वाला, निचले स्तर का। पूर्व० घट, कम, न्यून, कमतर। सं० अल्पतर मात्रा, परिमाण या संख्या, अल्प वस्तु, कम चीज़। क्रि० वि० अल्प परिमाण या संख्या में, कम। **in~than no time** (विनोद०) झटपट, चट, तुरंत। **may your shadow never be~** सदा स्वस्थ रहो, कभी दुबले न हो। **no ~a person than** ऐसा बड़ा आदमी जैसे। **we expected nothing~than attack** १. हमें आक्रमण से कम की आशा न थी; २. हमें आक्रमण की बिल्कुल आशा थी। **lesser** वि० १. (केवल गुणवाचक) क्षुद्रतर, लघुतर, लघु* (आ० भी) और छोटा, न्यूनतर, अल्पतर; २. अन्य या शेष जनों के समान।

-less [A.-S. *lēas*, loose, free from, cogn. with LOOSE] १. विशेषणार्थक प्रत्य० (जैसे guileless, homeless), क्रिया-विशेषणार्थक (जैसे doubtless); २. संज्ञा के अंत में (जैसे countless, numberless); ३. क्रियाओं में लग कर असामर्थ्य, साहित्यसूचक (जैसे resistless, tireless)।

lessee (le sé´) [A.F., from O.F. *lessé*, p. p. of *lesser*, to LEASE[1]] सं० पट्टाधारी, पट्टेदार* (कृ० भी), ठेकेदार, किरायेदार, इजारेदार। **lesseeship** सं० पट्टेदारी, ठेकेदारी, किरायेदारी।

lessen (les´ ėn) क्रि० अ० और स० कम करना, कम होना, घटाना, घटना, हलका करना या होना।

lesson (les´ on) [●. F. *lecon*, L. *lectiōnem*, nom. *-tio*, from *legere*, to read, p.p. *lectus*] सं० १. पाठ* (आ० २ भी), अध्याय, सबक; २. एक बार में सिखाया गया पाठ, शिक्षण-मात्रा एक पाठ का अध्यापन-काल; ३. सीख, उपदेश, शिक्षा, अनुभव; ४. (बहु०) किसी विषय का व्यवस्थित शिक्षण, ५. वाचंद, भर्त्सना, झिड़की, फटकार, चेतावनी; ६. बाइबिल के वे अंश जो सबेरे और शाम को प्रार्थना में पढ़े जाएँ। क्रि० स० १. फटकारना, झिड़कना, भर्त्सना करना; २. दंड देना, ३. सिखाना। **first ~** ईजील के प्रथम भाग ओल्ड टेस्टामेंट का अंश जो प्रातःकालीन प्रार्थना में पढ़ा जाता है। **proper ~** दे० PROPER। **second ~** ईजील के दूसरे भाग न्यू टेस्टामेंट का अंश जो सायंकालीन प्रार्थना में पढ़ा जाता है। **give, take lesson** पढ़ाना या पढ़ना।

lessor (les´ or) [A.-F., from *lesser*, to LEASE[1]] सं० पट्टे पर उठाने वाला, किराये पर देने वाला, पट्टाकर्त्ता*(कृ० भी)।

lest (lest) [M. E. *leste lesthe*, From A.-S. *thy læs the*, the (instrumental) less that] संयो० अन्यथा, कहीं ऐसा न हो, इस डर से कि, (fear और ऐसे ही शब्दों के बाद) कि।

let[1] (let) [A.-S. *letan* (cp. Dut. *laten*. Icel. *láta*. G. *lassen*), cogn. with LATE] क्रि० स० १. (हवा, पानी को) निकलने देना, बहने देना, जाने देना; २. किराये पर उठाना, भाड़े पर देना, ठेके पर देना; ३. करने देना, अनुमति देना; ४. करा देना, सहायक क्रिया उत्तम और अन्यपुरुष में आज्ञा, अनुरोध, आदेश, अनुमान, कल्पना और अनुज्ञा, अनुज्ञान आदि की सूचक। **~cat out of bag** दे० BAG। **~alone** १. हस्तक्षेप न करना, दखल न देना, हाथ न डालना, रहने देना, तटस्थ रहना; २. (आज्ञासूचक) दरकिनार, जाने दो। **~be** दखल न देना, रहने देना, ध्यान न देना। **~blood** दे० BLOOD। **~down** १. नीचा करना, उतारना; २. समय पर साथ न देना, आड़े समय पर साथ छोड़ देना; ३. धोखा देना, निराश या असंतुष्ट करना। सं० निराशा, मायूसी। **~drive** दे० DRIVE। **~fall** १. गिराना, जानबूझ कर अथवा सहसा किसी बात का मुँह से

निकल जाना; २. (शा० और ला०) संकेत या महत्त्वपूर्ण शब्द का मुँह से निकल जाना; ३. (ज्यामिति) किसी सरल रेखा पर लंब डालना। **~fly** दे० FLY। **~go** १. रिहा करना, मुक्त करना, स्वतंत्र करना, छोड़ना, पकड़ ढीली करना, ढील दे देना, ढील छोड़ देना, हाथ से छोड़ना; २. मन से निकाल देना, विचार छोड़ देना। **~in** १. अंदर आने देना, प्रवेश की अनुमति देना, दाखिल करना; २. कठिनाई आदि में फँसा देना। **~into** क्रि० स० और अ० १. दाखिल करना, डालना; २. (रहस्य आदि से) अवगत कराना; ३. शामिल करना, शब्दों या हाथ से हमला करना, बरस पड़ना, टूट पड़ना। **~loose** १. रिहा करना, मुक्त करना; २. (कुत्ते, पागल आदि को) बंधन मुक्त करना, बाग छोड़ना, खोल देना, ढील दे देना। **~off** क्रि० वि० १. दागना, छोड़ना, चलाना, (बंदूक आदि); २. (ला०) मजाक, सजा माफ़ करना, क्षमा कर देना; ३. बाध्य या विवश न करना; ४. हलका दंड देकर छोड़ देना; ५. (द्रव पदार्थ को) बहा देना, बह जाने देना। सं० जान बूझ कर निकल जाने देना (विशे० क्रिकेट में, अचसर होते हुए भी न लपकना या रोकना)। पूर्व० क्षमा करना (व्यक्ति को या दंड)। **~on** (ग्रा०) भेद खोलना, मुखबिरी करना, पकड़वा देना। **~one alone to do** पूरा भरोसा करना, काम को किसी व्यक्ति पर छोड़ देना **~one know** सूचना देना, बताना। **~oneself go** जोश या उमंग के वशीभूत हो जाना, गुस्सा या भड़ास निकालना। **~out** १. बाहर निकलने के लिए द्वार खोलना, (व्यक्ति या रहस्य को) निकल जाने देना, घर के बाहर पहुँचाना, खुलने या उघरने देना; २. (कपड़ों को) ढीला करना; ३. किराये पर उठाना, भाड़े पर देना; ४. प्रकट करना, खोलना; ५. धूँसे या मुक्के चलाना, एड़ियाँ झटकना, ठोकर मारना; ६. कड़ी बातें कहना। **~slip** हाथ से जाने देना, खो देना, (अवसर, समय) चूक जाना। **~up** (बोल०) १. कम कटोर होना; २. घटना, उतार पर होना। **~-up** सं० समाप्ति, अंत, कमी, घटती, घटाव, उतार। **letting** सं० किराये पर दिया जाना।

let[2] (let) [A.-S. *lettan* (cp. Dut. *letten*, Icel. *letja*), rel. to LATE क्रि० वि० १. प्रतिबन्ध (करना), अवरोध (पहुँचाना); २. रोक, आड़ (लगाना), (रैकेट से लॉन टेनिस आदि में) खिलाड़ी को रोकना।

-let [O. F. *-let, -lete, -et* (L. *-ellus, -ella, -ellum, -ET*)] प्रत्य० संज्ञा बनाने वाला, प्रायः लघ्वर्थात्मक (जैसे ringlet, streamlet) कभी-कभी वस्त्राभूषणों के लिए भी (जैसे armlet, frontlet)।

lethal (lē' thăl)[F., from *lithālis*, *lētālis*, from *lētum*, death] वि० मोहांतिक, घातक* (आ०, क्रु० भी), प्राणघाती, प्राणहर, मारक, जान लेवा, कातिल। **~chamber** १. पशुओं को बिना पीड़ा मारने का कमरा, (मा० ३)। गैस-भारण प्रकोष्ठ*

lethargy (leth' ăr ji) [L. and Gr. *lēthargia*, from *lēthargos*, forgetting, from *lēth.*], सं० १. रोग सूचक जड़ता; २. मदता, आलस्य; ३. तंद्रा, गफ़लत की नींद, अस्वाभाविक लंबी नींद, बेहोशी; ४. मटरुरान, आलस, सुस्ती; ५. निष्क्रियता, शिथिलता, निश्चेष्टता, निर्जीवता, बेदिली, उदासीनता, अनमनापन, अलमता* (मा० २ भी)। **lethargic, -al** (le thar' jik, -ăl) वि० निद्रालु, निद्रालस, प्रमादग्रस्त, जड़, सुस्त, आलसी, सुस्ती का, आलस का। **lethargically** क्रि० वि० सुस्ती से, जड़तापूर्वक, प्रमाद-पूर्वक, ग़फ़लत की हालत में, आलस्य से। **lethargize** (leth' ăr jiz) क्रि० स० सुस्त करना या बनाना, जड़ कर देना, निर्जीवता या निष्क्रियता पैदा करना।

Lethe (lē' thē) [L., from Gr. *lēthē*, forgetfulness, *lēth-, lath-*, root of *lanthanesthai*, to forget] सं० १. लिथि नदी, ग्रीक पुराण में वर्णित मृतात्माओं के स्नान हेतु की नदी जिसके पानी से अतीत की स्मृति लोप हो जाती है; २. विस्मरण, स्मृतिनाश, अतीत की स्मृति का लोप। **Lethean** (lē thē' ăn वि०) लीथी विषयक, स्मृतिलोप, स्मृतिहारी, विस्मारक।

Lett (let) [G. *Lette*, native *Latvi*] सं० लैट, बाल्टिक के समीप रहने वाली जाति का व्यक्ति। **Lettic** वि० और सं० १. (Lettish का समानार्थक); २. लैटिश, लिथुआनियन और पुरानी प्रशियन भाषाओं के वर्ग का; ३. लैट जाति का। **Lettish** वि० और सं० लैटिश, लैट लोगों की (भाषा)।

letter (let' ĕr) [O. F. *lettre*, L. *littera*] सं० १. अक्षर* (ई० २ भी), वर्ण, हरफ़; २. (मुद्रण) टाइप, टाइप के प्रकार; ३. (बहुव० lettering) उत्कीर्ण लेख, खुदाई, ठप्पा, दे० PROOF[1]; ४. पत्र, चिट्ठी, संदेश-पत्र, (बहुव०) क़ानूनी पत्र, सरकारी कागज़; ५. किसी वक्तव्य या बयान के ठीक-ठीक शब्द, सही वक्तव्य, यथार्थ वक्तव्य; ६. विद्या, ज्ञान (to the ~); ७. शब्दार्थ, अक्षरार्थ, (बहुव०) साहित्य, ग्रंथानुशीलन, शास्त्र-परिचय, पांडित्य, स्वाध्याय, ज्ञान। क्रि० स० १. पुस्तकों आदि के ऊपर शीर्षक आदि का ठप्पा लगाना; २. अक्षरों के अनुसार वर्गीकरण करना। **~of advice** सूचना-पत्र, प्रज्ञापन-पत्र, व्यापार में माल भेजने की सूचना, बीजक। **~of attorney** दे० POWER OF ATTORNEY। **letters patent** दे० PATENT। **letters of administration** दे० ADMINISTRATION। **letters of business** किसी मामले में इंग्लैण्ड के चर्च को मिले हुए पूर्ण राजकीय अधिकार। **commonwealth or republic of letters** लेखक वर्ग, लेखक-समुदाय। **man of letters** विद्वान, पंडित, लेखक, साहित्यकार, साहित्यिक। **the profession of letters** लेखक का व्यवसाय, लेखकत्व। **to the ~** हूबहू, ज्यों का त्यों, यथातथ्य। **~balance** (डाकघर में) चिट्ठियों को तोलने का तराज़ू। **~book** पत्र नकल बही, पत्रों की प्रतिलिपि रखने की कापी। **~bound** शब्दों का पाबंद, लकीर का फ़क़ीर। **~box** पत्र-पेटी, पत्र डालने की पेटी, लैटर बक्स। **~card** पत्रक, डाक में भेजने के लिए तह किया हुआ कागज़ जिसके किनारों पर गोंद लगा रहता है, पत्रनुमा कार्ड। **~case** पत्र रखने की जेबी पुस्तक। **~lock** अक्षर ताला, अक्षरों के क्रम से खुलने-बंद होने वाला ताला। **~paper** लेटर पेपर, पत्र लिखने का कागज़। **~perfect** (रंगमंच) अपने पार्ट को बिल्कुल अच्छी तरह जानने वाला। **~press** चित्रों के साथ छपी हुई बातें, सचित्र पुस्तक में चित्रों के अतिरिक्त मुद्रित अंश। **~weight** १. पत्र तोलने का काँटा; २. पेपरवेट, काग़ज़ दबाने की कोई भारी चीज़, दबौनी। **~worship** अनुचित शब्द-भक्ति, शब्द-पूजा। **~writer** पत्र-लेखक, पत्र-लेखन-कला शिक्षक (पुस्तक)। **lettered** वि० विद्वान्, पंडित, ज्ञानी। **lettering** सं० १. अक्षरों का ठप्पा लगाना, अक्षरांकन; २. अक्षरों द्वारा वर्गीकरण; ३. अक्षरलेखन* (वि० १ भी)। **letterless** वि० निरक्षर, अपढ़, निपढ़।

Lettic, Lettish दे० LETT।

lettuce (let' ŭs) [M.E. *letuce*, ult. from L. *lactūca*, cogn. with *lac lactis*, milk] सं० लेट्यूस* (क्रु० भी), काहू, सलाद* (क्रु० भी), रसशाक।

leuc-, leuco- [Gr. *leukos*] यूनानी शब्द leukos (सफेद) का समास में प्रयक्त रूप।

leucocyte (lū kō sīt) १. श्वेताणु; २. श्वेत-रुधिर कणिका; ३. श्वेत कण, ४. श्वेत सत्व; ५. (आ०) श्वेतकोशिका*।

leucopathy (lū kop' á thi) [LEUCO-, -PATHY] सं० सफ़ेद दाग पड़ना, त्वचा का वर्ण रहित होना। **leucorrhœa** (lū kó ré' á) [Gr. *rhoia*, a flow] श्वेत प्रदर, स्त्रियों का एक रोगविशेष, जिसमें जननेन्द्रिय से सफ़ेद लसदार पदार्थ निकलता है।

leucotomy सं० (चिकि०) पतली सुई जैसे यंत्र से मस्तिष्क के अगले भाग में छेद करना (कुछ प्रकारों के मानसिक विकार दूर करने के लिए), दिमाग़ का आपरेशन, दे० LOBATOMY।

leukæmia सं० (चिकि०) ल्यूकीमिया, रक्त श्वेताणुमयता, रक्त में श्वेत जीवाणुओं के बढ़ जाने की बीमारी, एक प्रकार का पाण्डु रोग।

lev सं० (बहुधा **-a**) लेव, बल्गेरिया की मुद्रा जो पहले फ्रांक के बराबर थी।

Levant[1] (le vănt') [F., from It. *levante*, L. *levantem*, nom. *-vans*, pres. p. of *levāre*, to raise] सं० १. लेवांट, भूमध्यसागर का (द्वीपों और पड़ोसी देशों सहित); २. पूर्वी भाग, पूर्व देश। **~Morocco** दे० MOROCCO। **Levanter**[1] सं० १. लेवांट का निवासी; २. भूमध्यसागर की प्रचंड पूर्वी हवा। **Levantine** (le văn' tin, -tīn) वि० और सं० १. लेवांट का; २. लेवांट का व्यापारी; ३. लेवांट का निवासी, लेवांटी।

levant[2] (le vănt') [Sp. *levantar*, to break up (camp, house, etc.), from *levar*, to raise, as prec.] क्रि० अ० (विशे० शर्त या जुए में हारा हुआ रुपया चुकाए बिना) फ़रार हो जाना, चंपत होना, उड़ जाना, भाग जाना। **levanter**[2] सं० जुए का धन चुकाए बिना फ़रार हो जाने वाला, चंपत हो जाने वाला, शायद हो जाने वाला।

levator (le vā' tor) [late L., from *levāre*, to raise] सं० (~muscle भी) उन्नमनी, उन्नमनी पेशी, उन्नायक पेशी, वह पुट्ठा जिससे कोई इंद्रिय उठती है।

levee[1] (lev' i) [F. *levé* or *lever*, rising, as prec.] सं० १. बिस्तर छोड़ने ही आगंतुकों से भेंट; २. मरदाना दरबार, सम्राट् या उसके प्रतिनिधि द्वारा किया गया दरबार जिसमें केवल पुरुष ही आ सकते हैं; ३. राजदर्शन, राजदर्शन मेला, दर्शक मेला, दरबारियों का मजमा, भेंट करने के इच्छुकों की भीड़।

levee[2] (lev' i) [F. *levée*, p. p. of *lever*, to raise] सं० (अमरीकी) नदी की बाढ़ से बचाव के लिए) बाँध, कृत्रिम बाँध, तटबंध* (वि० १ भी)।

level (lev' el) [O. F. *livel* (F. *niveau*), L. *libella*, dim. of *libra*, balance, a level], सं० १. (राजों या प्रेमारों की) सुनिया, साधनी, समतलत्व जाँचने का यंत्र; २. समतल* (वि० १ भी), समतल भूमि, समतल क्षेत्र, चौरस स्थल; ३ सामाजिक, नैतिक अथवा बौद्धिक क्षेत्रों में स्तर, प्रतिमान, मानक; ४. मैदानी प्रदेश; ५. स्तर* (भा० २, ई० २ भी), तल* (आ० भी), सतह, क्षैतिज* (वि० १ भी)। वि० १. समतल, सपाट, समपृष्ठ, हमवार; २. एक स्तर पर, बराबर, सम, एक-सा, शैली, स्वभाव, समझ, गुणों आदि में समान, सुसंतुलित। क्रि० स० १. समतल करना*/ चौरस करना* (ई० ३ भी), एक-सा करना, हमवार करना; २. एक तल पर रखना, बराबर रखना; ३. चटा-बड़ा कर किसी प्रतिमान तक ले आना, किसी मर्यादा के अनुकूल बनाना, ढहा कर, गिरा कर बराबर करना; ४. (क्वचित्) पटक देना, पछाड़ देना (व्यक्ति को)। **~s** भेद मिटाना; ६. निशाना लगाना, (बंदूक) तानना, छतियाना; ७. फब्ती कसना, ताना मारना, व्यंग करना, दोष लगाना; ८ (ई०२) लेवल*। **do one's ~best** यथाशक्ति प्रयत्न करना, भरसक कोशिश करना। **find one's ~** दूसरों की तुलना में ठीक स्तर पर पहुँच जाना। **on a ~with** समान तल पर, एक ही तल पर। **on the~** (बोल०) सच्चा, सच्चाई से, ईमानदार, ईमानदारी से। **water finds its ~** पानी सदा ढाल की ओर बहता है। **~crossing** दे० CROSSING। **~headed** संतुलित बुद्धि वाला, ठंडे दिमाग़ वाला, समचित्त। **~race** बराबर की दौड़, जिसमें कई प्रतियोगी बराबर-बराबर पहुँचें। **levelling screw** क्षैतिजकारी पेंच, समतलन यंत्र, पुरजे समतल करने का यंत्र। **leveller** सं० (विशे०) सामाजिक भेदभाव का अंत करनेवाला, समानता या समता का समर्थक या पक्षपाती। **levelly** क्रि० वि० (कभी-कभी) समानता से, समतलता से, समतलतापूर्वक। **levelness** सं० समतलता, समानता, साम्य, समता, संतुलन।

lever (lē' vėr) [O. F. *leveor*, from *lever*, to raise] सं० १. उत्तोलन दंड, उत्तोलक* (आ०, ई० ३ भी), भार उठाने का दंड, हत्थक चाभी; २. बन्दूक का तोड़ा; ३. (आ०, ई० २, ३) लीवर*। क्रि० अ० और स० लीवर का प्रयोग करना, लीवर से उठाना, हिलाना या काम लेना. **~of first. second. third order** कलकब्ज, बोझ, शक्ति का लीवर। **~~escapement** घड़ी की गति को ठीक रखने वाला पुरज़ा। **~watch** लीवर वाली घड़ी। **leverage** सं० १. लीवर लाभ, लीवर का कार्य, लीवर से काम लेने का ढंग; २. लीवर व्यवस्था लीवर प्रणाली, ३. लीवर के प्रयोग से प्राप्त शक्ति या यांत्रिक सुविधा, ४. लक्ष्य, सत्ता या प्रभाव प्राप्त करने के साधन, उद्देश्य प्राप्ति की विधि या तरीक़ा।

leveret (lev' ėr ėt) [A.-F., from O. F. *levrete*, dim. of *levre* (F. *lièvre*), L. *leporem*, nom. *lepus*, hare] सं० शशक शावक, खरगोश का (विशे० एक बरस का) बच्चा।

leviathan (lē vī' á thán) [late L., from Heb. *livyāthān*, etym. doubtful] सं० १. लेविअथन*/ निर्मिमिल* (भा० १ भी), सामुद्रिक दैत्य* (ई० १ भी); २. बड़ा भारी जहाज; ३ कोई भी विशालकाय वस्तु; ४. जबरदस्त योग्यता, शक्ति या धन वाला व्यक्ति।

levigate (lev' i gāt) [L. *lēvigātus*, p. p. of *lēvigāre*, from *lēvis*, smooth] क्रि० स० १ पीस डालना, चूरा कर डालना, चूर्ण बनाना, २ घुटी हुई लुगदी बनाना, घोंटना। **levigation** सं० १ पीसना, चूर्ण करना, पेषण, चर्णीकरण, पिच्चीकरण* (आ० भी); २. घोंटना, लुगदी बनाना।

levin (lev' in) [M. E. *levene*, etym. doubtful] सं० (काव्य०) बिजली की चमक, बिजली की लपक, बिजली की कौंध।

levir (lē' vir) [L., brother-in-law (cp. sanks. *devir*, Gr. *daēr*)] सं० देवर, भाई या निकट संबंधी की विधवा से शादी करने वाला। **levirate** (lē' vir āt) सं० लेविरेट, देवर-विवाह अधिकार* (भा० ३ भी), यहूदियों आदि की वह प्रथा जिसके अनुसार मृत व्यक्ति के भाई या निकटतम संबंधी को उसकी विधवा के साथ विवाह करना पड़ता था। **leviratic, -al** वि० उपर्युक्त प्रथा संबंधी।

levitate (lev' i tāt) [L. *levis*, light, after GRAVITATE] क्रि० स० और अ० हवा में उठ जाना, हवा में उड़ना, उड़ाना, वायु में संचरण करना और कराना (आध्यात्मिक प्रसंग में)। **levitation** सं० आकाशगमिता, आध्यात्मिक उड़ान, वायु-संचरण।

Levite (lē' vit) [L. *Levita*, Gr. *leuitēs*, from *Levi*, Heb. *Lēvi*, son of Jacob] सं० लेवाइट, लेवी जाति का व्यक्ति (विशे० यहूदी मंदिरों में पुरोहित बनने वाला)। **Levitical** (lē vit' i kál) वि०

१. लेवी जाति या क्षत्रीवंश का, २. लेवियों की प्रथा संबंधी, लेवियों की प्रथा का, ३. लेविटिकस विषयक या संबंधी **Leviticus** सं० (संक्षे० Lev.) लेविटिकस, पेंटाट्यूच का तीसरा खंड जिसमें लेवियों के नियमों और प्रथाओं का वर्णन है। **Levitism** (lĕ' vi tizm) सं० लेवियों की प्रथा, पद्धति, सिद्धान्त या मत।

levity (lev' i ti) [O. F. *levité*, L. *levitātem*, nom. -*tas*, from *levis*, light] सं० १. लघुता, लाघव, गौरवहीनता, हलकापन; २. नासमझी, ओछापन, बेमौके की हँसी; ३. चापल्य, चपलता, चांचल्य, तरलता, चंचलता, अस्थिरता; ४. गौरवहीनता; ५. हलका आचरण, अविवेक।

levulose दे० LAEVULOSE।

levy (lev' i) [F. *levée*, fem. p.p. of *lever*, L. *levāre*, to raise] सं० १. कर, मालगुजारी, लगान, उगाही*, उद्ग्रहण* (मा० १ भी), वसूली, टैक्स, लगान या कर की रकम; २. युद्ध के लिए सैनिकों की भरती, रंगरूटों की संख्या; ३. भरती सैनिक का समूह (बहुव० भी)। क्रि० स० १. (कर आदि) उगाहना, वसूल करना, जमा करना, सग्रह करना; २. (लगान, चुंगी) लगाना, लागू करना, ३. क़ानून द्वारा वसूल करना; ४. जबर्दस्ती वसूल करना, ऐंठना; ५. (सैनिक, फौज) भरती करना, इकट्ठा करना; ६. युद्ध के लिए सैनिक और अस्त्र शस्त्र इकट्ठा करना, युद्ध के लिए चलना, युद्ध छेड़ना (प्रायः upon, against के साथ प्रयुक्त)। **capital ~** देश की सारी संपत्ति के एक निश्चित अंश का राज्य या सरकार द्वारा वसूली। **~in mass** आम भरती। **leviable** वि० कर लगाने योग्य, वसूली करने योग्य।

lewd (lūd) [A.-S. *lǽwede*, lay, belonging to the laity] वि० १. अधम, निकम्मा, कमीना* (इ०भी); २. कामासक्त, भोगासक्त, लंपट, कामुक; ३. दुराचारी, दुष्ट, दुश्चरित्र, बदकार; ४. अशिष्ट, अभद्र, अशालीन; ५. अश्लील, गंदा। **lewdly** क्रि० वि० लंपटता से, बदकारी से, अशिष्टतापूर्वक। **lewdness** सं० लंपटता, कामुकता, बदकारी, दुश्चरित्रता, दुष्टता, दुराचरण, अभद्रता, अश्लीलता।

lewis (loo' is) [perh. from the inventor] सं० १. ल्यूइस* (इ० ३ भी), डोली, भारी चट्टानों को पकड़ कर उठाने का यंत्र; २. फीमेसन (एक यूरोपीय गुप्तिक संप्रदाय) का पुत्र।

Lewis-gun (loo' is gŭn) [name of inventor] लूइ गन, (आविष्कारक लूइ के नाम पर) एक प्रकार की हलकी मशीनगन।

lewisite (loo'is it) सं० लूइसाइट, रासायनिक युद्ध में काम आनेवाली एक गैस जिससे फोले पड़ जाते हैं।

lexicon (lek' si kon) [Gr. *lexikon*, orig. neut of *lexikos*, pertaining to words, from *lexis*, a saying, a word, from *legein*, to speak] सं० अभिधान, शब्द-संग्रह, निघंटु, कोष, शब्दकोष (विशे० ग्रीक, हिब्रू सीरियाई, या अरबी भाषा का)। **lexical** वि० १. शब्दसमूह-विषयक, किसी भाषा के शब्द-विषयक, शब्दों का, पद संबंधी, (विलोम grammatical); २. कोश का, कोशगत, कोश संबंधी। **lexically** क्रि० वि० कोश की दृष्टि से, कोशगत पद्धति से। **lexicography** (lek si kog' ra fi) [-GRAPHY] सं० कोश-निर्माण, कोश-रचना, कोश-विज्ञान। **lexicographer** सं० कोशकार, कोश-निर्माता। **lexicographic, -ical** वि० कोश-निर्माण संबंधी, कोश-रचना विषयक। **lexigraphy** (lek sig' ra fi) सं० लेखन-पद्धति जिसमें प्रत्येक वर्ण-चिह्न किसी शब्द का प्रतिनिधित्व करता है।

ley (lā) [LEA[2]] सं० अन्धाधी रूप से घास से ढकी भूमि, [LEA का रूपान्तर]।

Leyden (lī' den) [city of Holland] सं० लीडन, हॉलैंड का नगर। **~-battery** अनेक लीडन घटों का समूह। **~jar** लीडन-घट, लीडन जार, एक प्रकार का विद्युत संघनक जिसका आविष्कार १७४५ में लाइडेन में हुआ था।

li (lē) [Chin.], सं० १. ली, चीनी मील (लगभग ६३३ गज); २. ली, चीनी तोल (लगभग $^1/_3$ ग्रेन)।

liable (lī' ăbl) [perh. from non-extent A.-F. *liable*, or med. L. *ligābilis* (F. *lier*, L. *ligāre*, to bind)] वि० १. योग्य, अधीन, अर्ह, वश; २. उत्तरदायी, ज़िम्मेदार, क़ानूनन ज़िम्मेदार; ३. देनदार, जिसे टैक्स या कर अदा करना हो; ४. (किसी काम के) करने को बाध्य, लाचार, मजबूर; ५. संभव, हो सकने वाला।

liability (lī ă bil' i ti) सं० १. दायित्व, ज़िम्मेदारी, जवाबदेही; २. दायित्व की वस्तु; ३. (बहुव०) देनदारी, दायिता, देयता, ऋण, कर्ज़, आर्थिक भार। **limited ~** सं० सीमित दायित्व या देयता, किसी व्यापारिक संस्था के कर्ज़ों के संबंध में। **limited ~ company** सीमित दायित्ववाली व्यापारिक संस्था।

liaison (li ā' zon) [F., from L. *ligātiānem*, nom. -*tio*, from *ligāre*, to bind] सं० १. अनुचित प्रेम संबंध, अवैध प्रेम संबंध* (मा० ३ भी), स्त्री और पुरुष के बीच अवैध संबंध या घनिष्ठता, नाजायज़ संबंध, सटि-गाँठ; २. फ़्रेंच भाषा में स्वर या अनुच्चरित *h* के पूर्व स्थित साधारणया अनुच्चरित अंतिम व्यंजन का उच्चारण या ध्वनि; ३. (सेना०) संबंध, मेल, सपर्क* (मा० १, ३ भी)। **~officer** सपर्क अधिकारी*, सपर्क अफ़सर* (मा० १ भी)। **liaize** (li āz) क्रि० अ० सम्पर्क स्थापित करना या बनाए रखना।

liana (li a' nă), **liane** (li an') [F. *liane*, prob. from *lier*, L. *ligāre*, to bind] सं० गरम प्रदेशों के जंगलों की एक बेल, महालता, कठलता* (वि० १ भी)।

liar (lī' ăr) [A.-S. *lēogere*, from *lēogan*, to LIE[1]] सं० झूठा, मिथ्यावादी, मिथ्याभाषी* (आ० भी), असत्यवादी, लबार, लबारिया।

lias (lī' ăs) [F. *liais*, etym. doubtful] सं० १. नीली कंकड़ की चट्टान; २. (भूगर्भ०) चूनखड़ी का निम्नतर स्तर, नील चूनखड़ी की चट्टानें। **liassic** (li ăs' ik) वि० नीलोपलीय, नीली कंकड़ की चट्टान की।

libation (lī- li bā' shŭn) [L. *libātio*, from *libāre*, to sip, to pour out (cp. Gr. *leibein*)] सं० १. देवों के निमित्त मद्यार्पण, दर्पण* (मा० ३ भी), देवता को चढ़ाने के लिए थोड़ी-सी मदिरा गिरा देना; २. (विनोद) शराब का घूंट।

libel (lī' bel) [O.F., from L. *libellum*, nom. -*lus*, dim. of *liber*, book] सं० १. (व्यवहार विधि और धार्मिक विधि) वादी का लिखित अभियोग-पत्र, परिवाद-लेख, तहरीरी बयान; २. (विधि) अपलेख*, अपमानजनक लेख, निंदात्मक लेख, मानहानिपूर्ण लेख का प्रकाशन; ३. (प्र०) झूठा और अपमानजनक वक्तव्य*; ४. ऐसा असफल चित्रण जिससे प्रतिष्ठा कम हो (जैसे the portrait is a ~on him)। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **libelled**) १. अपमान करना, मानहानि करना, बदनाम करना, ईर्ष्यपूर्ण मिथ्या आरोप लगाना; २. (विधि) अपमानजनक लेख आदि प्रकाशित करना*; ३. (धर्म० और नौसेना के क़ानून में) किसी के विरुद्ध मुक़द्दमा दायर करना, अभियोग चलाना; ४. (मा० २) अपमान-लेख*। **libellant** सं० किसी के विरुद्ध नालिश करने वाला, वादी

मुद्दई। (lī bĕl ĭ') **libellee** सं० प्रतिवादी, मुद्दालह, जिसके विरुद्ध नालिश की गई हो। **libeller** सं० अपमान-लेख प्रकाशित करने वाला। **libellist** सं० अपमान करने वाला, अपमानकारक। **libellous** वि० १. निंदात्मक, अपवादपूर्ण; २. अपमानजनक* (मा० ३ भी)। **libellously** क्रि० वि० निंदात्मक ढंग से, अपमान जनक रूप में।

liberal (lib' ĕr ăl) [O.F., from L. *liberālis*, from *liber.* free] वि० १. उच्चजनोपयुक्त (अब सिवाय ~education में प्रयोग के विरुद्ध); २. उदार* (मा० २ भी), वदान्य, मुक्तहस्त, दानशील, खुले दिल का, दानी; ३. पुष्कल, विपुल, बहुल, प्रचुर, पर्याप्त, अत्यधिक; ४. जो कट्टर या कठोर न हो, जो राष्ट्रभक्त न हो; ५. आज़ाद ख्याल, उदार विचार का, उदारमना, मुक्तहृदय, असंकीर्ण; ६. (राज० लोकतंत्रीय सुधारों के पक्ष में, उदार। सं० उदारदली, लिबरल (ब्रिटेन की उदारदली पार्टी का सदस्य), उदारवादी* (मा० १ भी)। **Liberal Conservative** अनुदार दल का वह सदस्य जो सुधारों का विरोधी न हो। **~education** सामान्य मानसिक विकास और सांस्कृतिक उद्देश्य लेकी गई शिक्षा, जो व्यावसायिक अथवा टैक्नीकल न हो, उदार शिक्षा* (मा० २ भी)। **Liberal Unionist** उदार दल के उस अंश का सदस्य जो १८८६ में होम रूल के प्रश्न पर दल से अलग हो गया था। **liberalism** सं० उदारवाद* (मा० १, २ भी), उदार पक्ष के सिद्धांत या नीति, लिबरलिज्म। **liberalist** सं० और वि० उदारपंथी, उदारवादी। **liberalistic** वि० उदारपंथी जैसा। **liberality** सं० दानशीलता, मुक्तहस्तता, असंकीर्णता, उदारता, विशाल हृदयता। **liberalize** क्रि० स० और अ० उदार बनाना, उदार होना, उदारवादी बनाना या होना। **liberalization** सं० उदारीकरण, उदारवादीकरण। **liberally** क्रि० वि० उदारतापूर्वक, उदारता से, उदारपंथी ढंग से।

liberate (lib' ĕr āt) [L. *liberātus*, from *liberāre*, as prec.] क्रि० स० १. स्वतंत्र करना, परिमुक्त करना, मुक्त करना* (वि० १ भी), आज़ाद करना, रिहा करना, खोलना, छोड़ना; २. (रसा०) पृथक करना, मुक्त होना*/ निकालना* (वि० १ भी)। **liberation** सं० स्वाधीनता, आज़ादी, स्वतंत्रता* (मा० १ भी), रिहाई, छुटकारा, मुक्ति, विमुक्ति* (मा० १ भी), मोक्ष*/मोचन* (मा० २ भी)। **Liberation Society** विमुक्तिवादी संस्था, चर्च और राज्य के संबंध का विरोध करने वाली संस्था। **liberationism** सं० लिबरेशनिज्म, विमुक्तिवाद* (मा० १ भी), चर्च और राज्य के संबंध के विरोध का सिद्धांत, स्वच्छातंत्रवाद* (मा०२ भी)। **liberationist** लिबरेशनिस्ट, विमुक्तिवादी* (मा० १ भी), उक्त सिद्धांत का अनुयायी। **liberator** सं० मुक्तिदाता, स्वतंत्र करने वाला, आज़ाद कराने वाला, परिमोचक।

libertarian (lib ĕr târ' ĭ án) सं० और वि० १. स्वेच्छातंत्रवादी, इच्छा-स्वातंत्र्य में विश्वास करनेवाला, विचार या निर्णय की स्वतंत्रता का समर्थक; २. स्वाधीनता का समर्थक, (necessitarianism का विलोम)। **libertarianism** सं० स्वेच्छातंत्रवाद, इच्छा, विचार या निर्णय की स्वतंत्रता का सिद्धांत।

liberticide (li bĕr' tĭ sīd) सं० और वि० स्वाधीनता को नष्ट करने वाला, आज़ादी का दुश्मन, स्वाधीनता-विध्वंसक।

libertine (lib' ĕr tin) [L. *libertīnus*, a freed-man, from *libertus* (*liber*, free)] सं० और वि० १. धर्म के बारे में स्वतंत्र विचार रखने वाला; २. धार्मिक स्वाधीनता का समर्थक; ३. लंपट, व्यभिचारी, बदकार, स्त्री सेवी, विषयासक्त, भ्रष्टचरित्र, अमिश्चारी, आवारा; ४. स्वाधीन चिंतक, स्वाधीन चेता। **chartered ~** जिसे मनमानी करने की अनुमति हो। **libertinage** सं० १. लंपटता, व्यभिचार, बदकारी, स्वेच्छाचार; २. विचार-स्वतंत्रता। **libertinism** सं० १. लंपटता, व्यभिचार, बदकारी, स्वेच्छाचार; २. विचार स्वतंत्रता।

liberty (lib' ĕr ti) [F. *liberté*, L. *libertātem*, nom.-*tas*, from *liber*, free] सं० १. मुक्ति, रिहाई, आज़ादी (बंधन, कारा, दासता या निरंकुश शासन से); २. स्वतंत्रता* (मा० १ भी), स्वाधीनता, स्वयत्तता; ३. (दर्श०) नियति या अवश्यकरणीयता से स्वाधीनता, अदैवपरता, कर्म-स्वातंत्र्य; ४. नियमों की उपेक्षा या अवहेलना, स्वच्छंदता, स्वैरता, स्वेच्छाचारिता; ५. साकार स्वाधीनता, स्वाधीनता की मूर्ति; ६. (बहु०) सुविधाएँ, विशेषाधिकार, अधिकार विमुक्ति या रियायतें। **at ~** स्वाधीन, आज़ाद, स्वतंत्र, मुक्त, छूटा हुआ। **cap of ~** दे० CAP। **civil ~** नागरिक स्वतंत्रता। **natural ~** नैसर्गिक स्वतंत्रता, ऐसी अवस्था जिसमें कोई कानून ही न हो। **set at ~** स्वाधीन करना, बंधन से छुटकारा दिलाना। **take liberties** गुस्ताखी करना, धृष्टता करना, अनुचित बेतकल्लुफी बरतना, मनमाना बर्ताव करना। **take the ~ to do, of doing** करने का साहस करना, साहस करना। **~hall** दे० HALL। **~man** नाविक जिसे किनारे पर उतरने की अनुमति हो। **~of conscience** विश्वास की स्वतंत्रता। **~of the press** अखबार की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वाधीनता।

libidinous (li bid' i nŭs) [L. *libidinōsus*, from *libido -dinis*, lust] वि० कामुक, कामी, कामुकता से, विषयासक्ति से, लम्पटता के साथ।

libido (li bī' dō) [L. desire] सं० (मनो०) कामवासना, काम* (मा० ३ भी), लिबिडो* (वि० १ भी), भावनात्मक आकांक्षा जिसमें व्यक्ति किसी भी (विशेषकर, काम) क्रिया की ओर प्रवृत्त होता है, कामलिप्सा* (आ० भी)।

Libra (lī' brā) [L.] सं० (बहु० ~rae) १. लिब्रा* (प्राचीन काल का वज़न) (मा० १ भी), पाउंड का तौल (संक्षि० रूप **lb.** में प्रयुक्त), पौण्ड की मुद्रा (**£ s. d.** के रूप में और अंक के अंत में 1 के रूप में प्रयुक्त जैसे 50l); २. लाइब्रा*, तुला* (मा० १, वि० १ भी), तुला राशि; ३. राबिचक में सातवीं राशि।

librarian (li brâr' i an) [L. *librārius*, as foll.] सं० पुस्तकाध्यक्ष, पुस्तकालय का संरक्षक। **librarianship** सं० पुस्तकाध्यक्ष का पद।

library (lī' brăr ĭ) [F. *librarie*, L. *librārius*, pertaining to books, from *liber*, book, orig. bark] सं० १. पुस्तकालय* (मा० २ भी (भवन); २. घर में लिखने-पढ़ने का कमरा; ३. किसी संस्था, जनता अथवा कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक उपयोग के लिए संग्रहित पुस्तकों का भंडार; ४. इस भंडार की देख-रेख करने वाली संस्था, ५. वैयक्तिक पुस्तक-संग्रह, ६. एक प्रकाशक द्वारा समान आवरण-पृष्ठों में निकाली गई सम्बद्ध पुस्तकमाला; ७. किसी लेखक की व्यवहृत अथवा परिचित पुस्तकें। **circulating ~** किराए पर पुस्तकों को पढ़ने के लिए देने वाला पुस्तकालय, परिचालित पुस्तकालय* (मा० २ भी)। **free ~** निःशुल्क पुस्तकालय। **lending ~** जहाँ से पुस्तकें शुल्क देकर अथवा निःशुल्क पढ़ने के लिए ले जाई जा सकें। **reference ~** सन्दर्भ-पुस्तकालय, जहाँ पर बैठ कर पुस्तकों को देखा जा सकता है परन्तु पुस्तकें ले जाई नहीं जा सकतीं। **walking ~** बहुत पढ़ा-लिखा व्यक्ति। **~edition** पुस्तकालय-संस्करण, किसी पुस्तक का सुंदर छपाई में निकाला हुआ संस्करण जो पुस्तकालय में रखने योग्य होता है।

libirate (lī brāt') [L. *librātus*, p.p. of *librāre*, to poise, from *libra*, balance] क्रि० अ० १. तुलना, तुल जाना; २. हिलना-डुलना, दोलित होना, झंपन। **libration** (lī brā' shŭn) सं० १. झंपन, दोलन, ऐंचट दोलन; २. (वि० १) आभासी दोलन* । **~of the moon** चन्द्रदोलन, चन्द्रमा का प्रकट दोलन जिसके द्वारा गोलक के किनारों के भाग क्रमशः दृश्य और अदृश्य हुआ करते हैं। **libratory** (lī' brā tŏr i) वि० हिलने-डुलने वाला, दोलक, झंपक।

libretto (li bret' ō) [It., dim. of *libro*, L. *liber*, book] सं० (बहु० **libretti**) गीति-नाट्य अथवा लंबी संगीत-रचना का शब्द-समूह अथवा पुस्तिका। **librettist** सं० गीति नाट्यकार, लंबी संगीत रचना का प्रणेता।

Libyan (lib' i ăn) वि० और सं० १. लीबियन, प्राचीन लीबिया का (निवासी), (काव्य०) अफ्रीकी; २. बर्बर भाषा का या आधुनिक हैमिटिक भाषाओं का जिनसे इसका संबंध है।

Lice दे० LOUSE।

licence (lī' sens) [F., from L. *licentia*, from *licēre*, to be allowed or lawful] सं० १. अनुज्ञा, अनुमति; २. (विवाह, मुद्रण, धर्मोपदेश और व्यापार, विशे० मादक का करने के लिए) सरकारी अनुज्ञा-पत्र, अनुज्ञप्ति* (मा० ३ भी), लाइसेंस* (मा० ३, इं० २ भी); ३. अनुमति-पत्र, आज्ञा-पत्र, परवाना; ४. किसी विभाग का विश्वविद्यालय-प्रमाण पत्र, ५. कार्य की स्वतंत्रता (विशे० अनियंत्रित स्वतन्त्रता); ६. उच्छृंखलता; ७. लेखक अथवा चित्रकार की व्याकरण, छंद अथवा दृश्यांकन में अनियमितता।

license (lī' sens) क्रि० स० (विरल) १. (कुछ करने की) आज्ञा देना; २. (भू० कृ० में) पूर्ण स्वतन्त्रता देना (जैसे licensed satirist), ३. अनुज्ञा-पत्र अथवा लाइसेंस देना, ४. किसी प्रयोजन के लिए (भवन के) उपयोग की अनुमति देना, ५. (पुस्तक के) प्रकाशन अथवा (नाटक के) प्रदर्शन की अनुमति देना। **licensee** सं० अनुज्ञाप्राप्त, लाइसेंसदार। **licenser** सं० (कियागन अर्थों में) (विशे० ~of the press or of plays) अधिकारी जो कानून, सदाचार और शिष्टता का उल्लंघन न करने वाले प्रकाशन अथवा नाट्याभिनय की अनुज्ञा या लाइसेंस देता है। **licentiate** (lī sen' shi āt) सं० १. उपाधिधारी, अधिकार प्राप्त, मान्यज्ञ, अनुज्ञा प्राप्त, लाइसेंसधारी; २. कालेज या परीक्षण-संस्था से विश्वविद्यालय का प्रमाणपत्र प्राप्त व्यक्ति, (मुख्यतया सीमित रूप उपाधि के अंश-रूप में) अनुज्ञाप्राप्त पादरी, जिसे नियुक्ति न मिली हो (विशे० प्रिसबिटेरियन गिरजे में)।

licentious (li sen shŭs) [med. L. *licentiōsus*, from L *licentia*, LICENCE] वि० १. (विरल) व्याकरण अथवा शैली के स्वीकृत नियमों की अवहेलना करने वाला; २. कामी, कामुक, असंयमी, लम्पट; ३. स्वेच्छाचारी, उच्छृंखल। **licentiously** क्रि० वि० १. कामुकता से, लंपटता से, असंयम से; २. स्वेच्छाचारिता या उच्छृंखलता से। **licentiousness** सं० लंपटता, असंयम, स्वेच्छाचार, उच्छृंखलता।

lichen (lī ken) [L. *lichēn*, Gr. *leichēn*, prob. rel. to *lecchein*, to lick] सं० काई, शैवाक, शैवाल कवक, चिलाओ, पेड़ों के तनों पर उगने वाले हरे, भूरे या पीले रंग के सूक्ष्म पौधे। **lichened** वि० कवाच्छादित, काई से भरा। **lichenous** (li ke nus) वि० त्वचा पर लाल दानों का रोगी। **lichenology** सं० एक धर्मरोग जिसमें त्वचा पर लाल दाने पड़ जाते हैं।

licit (lis' it) [L. *licitus*, p.p. of *licēre*, to be allowed] वि० वैध, वैधानिक, न्याय्य, उचित, जायज, कानूनी। **licitly** क्रि० वि० वैध रूप में, कानूनी तौर पर।

lick (lik) [A.-S. *lician* (cp. Dut. *likken*, G. *lecken*, also Gr. *leichein*, L. *lingere*)] क्रि० स० और अ० १. चाटना, जीभ फिरा कर स्वाद लेना, साफ़ करना अथवा गीला करना; २. साफ़ कर देना, सफ़ाया करना, चट कर जाना; ३. (लहरों, लपटों का) लपकना, लहकना; ४. (लपटों का) निगल जाना, लील जाना; ५. (ब्रा०) मार-मार कर ठीक कर देना; ६. युद्ध, कुश्ती आदि में पछाड़ देना, आगे बढ़ जाना, हरा देना, ७. (ब्रा०) समझ से बाहर होना, बुद्धि से परे होना; ८. (ब्रा०) लपकना, तेजी से जाना। सं० १. चाटना, लेहन; २. (salt ~ भी) वह स्थान जहाँ जानवरों के चाटने के लिए नमक का ढेला रखा रहता है; ३. छड़ी की तेज चोट, आघात; ४. (ब्रा०) कदम, चाल, (at a great ~ तेज चाल से, लपकते हुए)। **~into shape** गढ़ कर सुडौल बनाना, रूप देना। **~one's chops or lips** (खाने की प्रत्याशा में) ओंठ चाटना। **~someone's shoes** जूतियाँ चाटना, दासत्व प्रदर्शित करना। **~the dust** धूल चाटना, हार कर गिर जाना, पराभूत होना। **lickspittle** चाटुकार, चापलूस, लुत्राभरी, जूते चाटने वाला। **licking** सं० १. आघात, प्रहार, ताड़न, दंडाघात, मार, पिटाई, ठुकाई; २. हार, पराजय।

lickerish (lik' er ish) [North. var. of O.F. *lecheros*, LECHEROUS] वि० १. स्वादप्रिय, भोजन-प्रिय, लाऊ, चटोरा, भोजन-भट्ट; २. लोभी, लालची; ३. भोगोत्सुक, लोलुप, कामी, कामुक, लम्पट।

licorice दे० LIQUORICE।

licorous दे० LICKERISH।

lictor (lik' tor) [L., rel. to *ligāre*, to bind] सं० लिक्टर* (मा० १ भी), प्राचीन रोम में कांउसल (१२ लिक्टर) और डिक्टेटर (२४ लिक्टर) के साथ चलने वाले कर्मचारी जो फरसा लिये रहते थे और अपराधियों को दंड देने का काम करते थे।

lid (lid) [A.-S. *hlid* (cp. Dut. *lid*, Icel. *hlith*, G. *-lid*, in *augenlid*;] सं० १. ढक्कन* (वि० १ भी), ढकना, प्रच्छद* (वि० १ भी), पिधान, आच्छादन; २. (बन०) पिधान, आच्छद; ३. (आ०) वर्त्म*, पलक* । **eye~** दे० EYE । **put the ~on** १. (ब्रा०) चरम परिणति होना; २. सर्वोत्तम या सर्वोपरि होना। **the ~ off** बिना ढक्कन के, बिना पर्दे के, जब अन्दर के सभी दृश्य दिखाई देने हों। **lidded** वि० ढक्कनदार, पिधान युक्त। **lidless** वि० बिना ढक्कन का।

lido (lē' dō) [Resort near Venice] सं० लीडो, तैरने का सार्वजनिक तालाब।

lie[1] (lī) [A.-S. *lēogan* (cp. Dut. *liegen*, G. *lugen*), whence *lyge*, a lie, *lēogere*, LIAR] सं० १. झूठ, असत्य, अलीक, मृषा, अनृत, मिथ्या वचन; २. वंचना, मिथ्या धारणा, भ्रान्त धारणा; ३. धोखा, छल, फरेब। क्रि० अ० और स० १. झूठ बोलना; २. झूठ बोल कर बदनाम करना; ३. झूठ से फँसाना या बचना; ४. (किसी चीज़ का) थोखे से भरा होना, प्रतारणापूर्ण होना। **act a ~** बिना झूठ बोले काम से धोखा देना। **give one the ~** किसी पर झूठा होने का आरोप लगाना। **give the ~ to supposition etc.** विश्वास को झूठ साबित करना। **maintain ~** मिथ्या को बनाए रखना। **tell a ~** झूठ बोलना। **white ~** सफ़ेद झूठ, जिसे साथ की दृष्टि से उचित न समझा जाय। **worship a ~** झूठ की पूजा करना।

lie[2] (lī) [A.-S. *licgan* (cp. Dut. *liggen*, Icel. *liggja*, G. *legen*, cogn. with Gr. *lechos*, L. *lectus*, bed)] क्रि० अ० (वर्त०

इ० lying, भू० lay, भू० कृ० lain, lien¹) १. लेट जाना, शय्या ग्रहण करना, लेटना; २. (स्त्री के साथ) सोना, सम्भोग करना; ३. क्रब्र में होना; ४. एक विशेष अवस्था में पड़े होना या रक्खे जाना (विशे० आड़ी), भूमिसात होना, स्थित होना; ५. (पक्षियों का) डैने न उड़ना, पड़े रहना; ६. (सेना का) पड़ाव डाले होना, पड़ी होना; ७. (वस्तुओं का) एक दशा में पड़ा होना; ८. एक जगह पर जमा होना (जैसे money lying at the bank); ९. सामने फैला होना; १०. (सड़क का) निकलना, गुज़रना; ११. (जहाज़ के लिए) जहाज़ का लंगर डाले पड़ा होना; १२. (अमूर्त वस्तुओं का) होना, रहना, मिलना, किसी प्रकार सम्बद्ध होना; १३. (विधि) स्वीकार्य या समर्थनीय होना। सं० पशुओं, पक्षियों या मछलियों का ठौर, स्थान या निवासस्थल। **as far as me lies** अपनी शक्ति भर। **find out how the land lies** (ला०) पता करना कि परिस्थिति कैसी है। **knows where his interest lies** वह जानता है कि उसका हित कहाँ पर है। **let sleeping dogs ~** झगड़े की बातों को बचा जाओ, बर्रे के छत्ते को न छेड़ो। **~by** अप्रयुक्त होना, पड़ा रहना, शान्त रहना, उदासीन रहना। **~down** नैराश्य में पड़े रहना, चुपचाप पराजय आदि को सह लेना। **~in** सूतिका-गृह में होना। **· heavy in one's stomach or conscience** पेट अथवा मन पर भार होना। **~in ruins or the dust** भूमिसात होना, खण्डहर बन जाना। **~off** किनारे अथवा दूसरे जहाज़ से कुछ दूर पर खड़ा होना। **~over** स्थगित किया जाना, मुल्तवी होना। **~of the land** (ला०) हाल्त, दशा, परिस्थिति। **~on the bed one has made** किए का फल भोगना, जैसी करनी वैसी भरनी। **~out of one's money** भुगतान न होना, रुपये की अदायगी से वंचित रहना। **lies with you to do** तुम्हारा ही कार्यक्षेत्र अथवा अधिकार है। **~to** (नौका०) पीछे जाने वाले या छोटे पड़ने वाले पाल के कारण जहाज़ का अत्यंत धीमा हो जाना, एक-सा जाना। **~up** १. अवकाश ग्रहण करना, कार्यमुक्त होना; २. विश्राम करना, बिस्तर पर जाना; ३. (जहाज़ का) डाँक पर जाना, अनायुक्त होना। **lie-a-bed** सं० देर से सो कर उठने वाला।

lief (lēf) [A.-S. *léof* (cp. Dut. *lief*, G. *lieb*), cogn. with LOVE] क्रि० वि० (lief*er*) सानन्द, प्रसन्नता से, प्रसन्नतापूर्वक।

liege (lēj) [O.F. *lige*, prob. from O.H.G. *ledig*, free] वि० और सं० १. स्वामिभक्ति का अधिकारी (सरदार), स्वामिभक्त (सेवक); २. (वि० संबोधन में प्रायः my~) स्वामी, सरदार; ३. असामी; ४. प्रजा (प्रायः the liege*s*)। **~lord** १ भूस्वामी, सरदार; २. (मा० १) सामंत स्वामी*। **~man** १. परिचर, दास, असामी; २. (मा० १) सेवाबद्ध सामंत*।

lien(lē' en, lēn, lē' en) [F., from L. *ligāmen*, a band, from *ligāre*, to bind] सं० पूर्वाधिकार, हक़, वापिसी का हक़, ग्रहणाधिकार, धारणाधिकार, ऋण आदि के चुकता होने तक सम्पत्ति पर अधिकार।

lierne (li ėrn') [F., etym. doubtful] सं० छोटी कमानी (जो छत की मेहराबों और उसके अन्तर विभागों को मिलाती है)।

lieu (lū) [F., from L. *locum*, nom. *locus*, place] सं० (in ~of) बजाय, स्थान पर, जगह पर, बदले में।

lieutenant (lef ten' ănt, Am. loo-) [F. (LIEU, TENANT), cp. LOCUM, TENENS] सं० (संक्षि० Lieut., समास में Lt.) १. सहायक, नायब, प्रतिनिधि, उच्चाधिकारी का स्थानापन्न; २. लेफ्टिनेन्ट (सेना का अफ़सर)। **Lord~** दे० LORD। **~-Colonel** लेफ्टिनेन्ट-कर्नल। **~-Commander** लेफ्टिनेन्ट-कमांडर, नायब कमांडर, नायब कर्नल। **~-General** लेफ्टिनेन्ट-जनरल, नायब जनरल। **~-Governor (ship)** गवर्नर-जनरल के अधीन नायब गवर्नर (का पद)। **~of the Tower** टॉवर ऑफ़ लंदन का नायब, अधिकारी। **lieutenancy, -antry** सं० लेफ्टिनेन्ट का पद।

life (lif) [A.-S. *lif* (cp. Icel. *lif*, O. Fris. *lif*, Dut. *lijf*, G. *leib*, cogn. with LIVE, LEAVE², from Aryan root *leip-*), cp. Gr. *aleiphein*, to anoint, *liparós*, persistent] सं० (बहु० lives) १. जीवन* (वि० १ भी), जिन्दगी, जीविका दशा, प्राणवन्त अवस्था, आयु* (आ० भी); २. शक्ति, ऊर्जा, सजीवता, सप्राणता, प्राणवत्ता, ज़िन्दादिली, संजीवक प्रभाव; ३. जीवित तत्त्व और उनकी गतिविधि, ४. जन्म से मृत्यु अथवा किसी विशेष उद्दिष्ट समय तक की अवधि, ५. नवजीवन, नया जन्म. (किसी दुर्घटना आदि के बाद मृत्यु के मुख से) बचा हुआ जीवन, पुनर्जन्म; ६. व्यक्ति के कार्य और भाग्य, जीवन-प्रणाली और जीवन-पद्धति, ७. जीवनी, जीवन-चरित, चरित्र; ८. जीवन की सक्रियता, कार्य व्यवहार और आनन्द; ९. (धर्म०) मोक्ष, निर्वाण, उच्चस्तरी अवस्था। **a good ~, a bad ~** भला-बुरा जीवन। **a matter of ~ and death** जीवन-मरण का प्रश्न, महत्त्वपूर्ण प्रश्न। **as large as ~ size** देह-परिमाण, पूरे क़द की. (हास्य० here he is as large as ~ समझा, स्वयमेव)। **batsman was given a ~** बल्लेबाज़ को (खेलते रहने का) एक और मौक़ा मिल गया (अर्थात् वह आउट नहीं हुआ)। **can not for the ~ of me** (अनियमोचितपूर्ण कथन) यदि उस पर मेरा जीवन भी अवलंबित हो तो भी नहीं। **cat has nine lives** बिल्ली को मारना बहुत ही कठिन है। **come, bring to ~** होश में आना। **expectation of ~** विशेष अवस्था में मनुष्य के शेष जीवन का अंदाज़ा। **for one's dear ~** प्राण रक्षा के लिए। **great sacrifice of ~** तमाम व्यक्तियों की जीवन-क्षति। **have no regard for human ~** असंख्य जनों का मर जाने देना। **have the time of one's ~** (ग्रा०) गुलछर्रे उड़ाना, चैन करना। **high, low ~** उच्च, निम्न वर्गों का जीवन, रहन-सहन। **insure one's ~** दे० INSURE। **lease for three lives** तीन अंतिम व्यक्तियों की जान छोड़ देना। **portray the ~** मूल-अनुरूप चित्रण करना। **see ~** जीवन का अनुभव प्राप्त करना, लोगों से मिलना-जुलना। **sell one's ~** दे० SELL। **the other future, eternal, everlasting ~** अगला, भावी, शाश्वत, नित्य जीवन। **this ~** इह जीवन, सांसारिक जीवन। **with all the pleasure in ~** यह सभव सुखों सहित। **~-belt** (जीवन) रक्षा-पेटी, शरीर को डूबने से बचाने के लिए पानी में तैरने वाली वस्तु से बनाई हुई पेटी। **~-blood** जीवनसार, जीवन का आधार, जिंदगी का सहारा, अत्यंत आवश्यक वस्तु। **~-boat** लाइफ़ बोट, रक्षा-नौका, तूफ़ान में जीवन-रक्षा करने वाली नौका। **~-breath** प्रेरक, प्रभाव, जीवन-सिद्धांत। **~-buoy** दे० BUOY। **~-estate** आजीवन संपदा, जीवन पर्यंत सम्पत्ति, वह सम्पत्ति जिस पर जीवन भर के लिए अधिकार हो परन्तु उसके बारे में वसीयत कर जाने का अधिकार न हो। **~-giving** जीवनदायक, (आध्यात्मिक या भौतिक) जीवनदायिनी. संजीवनी। **~-guard** अंगरक्षक दल। **~guards** प्रासाद की रक्षक अश्व-सेना। **~ guardsmen** प्रासाद की रक्षक अश्व-सेना के सैनिक। **~-interest** आजीवन

संपदा पर अधिकार। ~-jacket जीवन रक्षक जैकेट। ~-long आजीवन, आमरण, जीवनपर्यंत। ~-office जीवन-बीमा दफ्तर। ~-peer (age) जीवन-पर्यन्त पीयर (पद)। ~-preserver छोटी छड़ी (जिसकी मूठ में सीसा आदि भर कर उसे भारी बनाया गया हो)। ~-spring जीवनशोत। ~-string जीवनसूत्र (~strings are cut or broken जीवन-सूत्र टूट रहे हैं, व्यक्ति मर रहा है)। ~-table १. जीवन की सम्भावनाओं की सारणी; २. (वि० १) वय-सारणी*। ~-time जीवन-काल, आयु-सीमा, जीवनावधि। ~-work जीवन भर का कार्य, जीवन-कृति। lifeless वि० १. निर्जीव, निष्प्राण; २. निःसत्व, बेजान। lifelessly क्रि वि० १. निर्जीव हो कर, निष्प्राण हो कर; २. निःसत्व रूप में। lifelessness सं० निर्जीवता, निष्प्राणता। lifer सं० (प्रा०) डैमलिया, आजीवन कारावास का दण्ड झेलने वाला व्यक्ति।

lift (lift) [Icel. *lypta*, (pron. lif' tă) real. to *lopt*, the air, and foll.] क्रि० स० और अ० १. उठाना, ऊँचा करना, उचकाना, उद्वहन करना, उच्च भावों या विचारों तक पहुँचाना, ऊँचा उठाना या करना (आँख, मुख, भाव), २. ऊँचा रखना, ऊँचा होना (जैसे church lifts its spire); ३. चुराना (विशे० जानवर), उतार लेना, उड़ा देना (दूसरे के लेख या पुस्तक के अंश), ४. उखाड़ना, उठाना, हटाना (नस्य आदि); ५. खोदना, खोद कर निकालना (आलू); ६. ऊँचे मारना, उछालना (क्रिकेट की गेंद); ७. (जहाज का) लहर के साथ उठना; ८. उठना; ९. (बादल, कुहरा, अँधेरा) हटना, उठना, छटना; १०. उभरा होना, फूला होना। स० १. उठाना, उद्वहन, उद्वाहन; २. जूते की एड़ी में जमड़े की तह; ३. भवन में ऊपरी मंजिल को ले जाने वाला यंत्र, लिफ्ट* (कू०भी); ४. जमीन का उभार; ५. वायु का विमान पर पड़ने वाला गुरुत्वाकर्षण का प्रतिवर्तक सीधा दबाव, ६ (वि० १) उत्थापन*। dead ~ दे० DEAD। give one a ~ १. गाड़ी पर साथ बिठा कर ले जाना; २.(ला०) सहायता करना। ~ a hand किंचित्मात्र प्रयत्न करना। ~up a cry, one's voice चिल्लाना, कोलाहल करना, आवाज ऊँची करना। ~ up another's head दूसरों को स्वतंत्र करना। ~up one's head सिर कर सभलना, फिर से उन्नति करना। ~up one's heal लात मारना। ~up one's horn महत्त्वाकांक्षी या अभिमानी होना।

ligament (lig' a ment) [L. from L. *ligāmentum*, from *ligāre*, see foll.] सं० स्नायु* (आ०, कू०, वि० १ भी), पट्ठा, (श० र० शा०) अस्थिबंध, बंधनी, स्नायुपट्टिका, स्नायु-जाल, अस्थिरज्जु। **ligamental, -tary, -tous** (lig a ment' tăl, -tări, -tŭs) वि० अस्थिबंध-संबंधी, स्नायु-पट्टिका-संबंधी, स्नायु या पट्ठे का।

ligate (lī' gāt) [L. *ligātus*, p.p. of *ligāre*, to tie] क्रि० स० (शल्य०) कटी हुई धमनी को बाँधना, (रक्त-प्रवाह रोकने के लिए)। **ligation** सं० बंधन* (आ० भी), धमनी को बाँधना।

ligature (lig' a chur) [as prec.] स० १. बाँधने के लिए प्रयुक्त वस्तु (विशे० कटी धमनी को बाँधने की पट्टी या डोरी), बन्धन; २. ग्रंथि, गाँठ; ३. (संगी०) बंध* (आ०, कू० भी), अनुबंध; ४. (मुद्रण०) जुड़वाँ वर्ण; ५. लिगेचर* (आ० भी)। क्रि० स० बंध* (आ० भी), बाँधना।

liger (lī' ger) सं० बबर शेर (सिंह) और शेरनी के संयोग से उत्पन्न बच्चा।

light[1] (lit) [A.-S. *lēoht* (cp. Dut. and G. *licht*, Icel. *ljos*, *logi*, L. *lux*, Gr. *leukos*, white)] स० १. प्रकाश* (आ०, इं० २, वि० १ भी), रोशनी, लाइट* (आ० भी), ज्योति; २. उजाला, उषास, (विलोम० DARKNESS); ३. ज्योति, प्रभा, आभा (जैसे saw a distant ~); ४. दृष्टि-सत्तुओं का संवेदन; ५. प्रकाश की मात्रा, प्रकाशित अवस्था, प्रकाश की मात्रा जो व्यक्ति को प्राप्त हो; ६. आँखों की चमक; ७. अनुकूल दृष्टि, अनुकूलता; ८. सूर्य की सीधी या परावर्तित किरणें, दिन का प्रकाश; ९. स्पष्ट होना, खुलना, दृश्यमान होना; १०. आँखों की रोशनी, (प्रा० बहुव०) आँखें; ११. प्रदीप* (इं० १ भी), वस्तु जिससे प्रकाश निकलता है, सूर्य या अन्य प्रकाशमान पदार्थ, जलती हुई मोमबत्ती या लैम्प या ऐसी ही अन्य वस्तु, बत्ती* (आ० भी); १२. (सामु०) बत्तियाँ; १३. जहाज का मार्ग-दर्शक दीप, पोत-दीप, दीप-स्तम्भ, प्रकाश-गृह; १४. (ला०) सुप्रसिद्ध व्यक्ति, ज्ञान-सूर्य (प्रायः shining ~); १५. मानसिक बोध, ज्ञान, प्रकाशन; १६. (बहुव०) किसी विषय का स्पष्टीकरण करने वाले शोध या तथ्य, अर्थ प्रकाशन; १७. (बहुव०) नैसर्गिक अथवा अर्जित मानसिक शक्तियाँ; १८. (एकव०) दृष्टिकोण, ; १९. (पहेली में) उन शब्दों में से एक जिनका प्रथम या अंतिम अक्षर उत्तर बन जाए; २०.(धर्म०शा०) दैवी सत्य द्वारा आत्मा का प्रबोधन, स्वर्गीय ज्योति; २१. गवाक्ष, झरोखा, रोशनदान, छड़दार खिड़की का लंबा विभाजित स्थल, पौधघर की दीवार या छत का शीशा लगा हुआ भाग (जिससे प्रकाश आ सके); २२. (चित्र) चित्र में प्रकाशदर्शी अंश, वे अंश जिन पर अधिक प्रकाश-युक्त चित्रण किया गया हो; २३. (विधि) खिड़की पर पड़ने वाला प्रकाश जिसकी पड़ोसी द्वारा रोक अवैध है; २४. लपट या चिनगारी जिससे आग जलाई जाय; २५. दियासलाई, चकमक पत्थर, आदि। वि० १. प्रकाशमान्, प्रकाशयुक्त; २. उज्ज्वल; ३. हल्का रंग (जैसे ~blue हल्का नीला)। क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० lit) १. जलाना, रोशन करना; २. (ईंधन, लैंप आदि का) जल उठना, आग पकड़ना; ३. रोशनी देना, उजाला करना, प्रकाशित या प्रकाश-युक्त करना; ४. (आँखों, चेहरे को) दीप्तियुक्त करना, चमक उठना, चमक आना; ५. किसी को प्रकाश दिखाना या रास्ता दिखाना! appeared in the ~ of a scoundrel पूर्त प्रतीत हुआ। bring to ~ प्रकाशित करना, उद्घाटित करना, प्रकट करना। by the ~ of nature नैसर्गिक रूप से, प्राकृतिक रूप से (बिना शिक्षण और निर्देश के)। come to ~ उद्घाटित या प्रकट होना। in a good ~ अच्छी तरह दृश्यमान। in the ~ of these facts इन तथ्यों को दृष्टि में रखते हुए, इनकी सहायता से। ~ of one's countenance कृपा, अनुकूलता सम्मति (प्रायः व्यंग)। ~ of one's eyes आँखों का तारा, परम प्रिय व्यक्ति। ~ up प्रकाशित करना,प्रकाशमान करना। men of ~ and leading दे० LEADING। place thing in a good ~ अच्छे रूप में दिखाना। see the ~ पैदा होना, जन्म लेना। stand in one's ~ धूप छेकना, रोकना, (ला०) सफलता में बाधक होना। throw, shed ~ upon प्रकाश डालना, स्पष्ट करना। ~due, ~-duty दीपकर, जो जहाजों पर दीप स्तंभों या प्रकाश-गोलों के प्रकाश द्वारा मार्गप्रदर्शन करने के लिए लगाया जाता है। lightish वि० प्रकाशयुक्त, आभामय, चमकदार।

lightless वि० प्रकाशरहित, ज्योतिर्शून्य, बिना रोशनी का।

light[2] (lit) [A.-S. *lēoht* (cp. Icel. *létr*, G. *leicht*, Sansk. *laghu*, Gr. *elachus*)] वि० १. हल्का, अल्प भार का, वजन में कम, न्यूनभार; २. लघु भार का, कम गुरुत्वाकर्षण का; ३. हल्का बोझ उठानेवाला; ४. (भवन आदि) सुरूप, सुडौल, सजीला; ५. सौकुमार्य-पूर्ण, नजाकत-भरा; ६. पतला, हलका, भुरभुरा; ७. हलका, आसानी से पचने वाला, जो गरिष्ठ न हो; ८. (अक्षर) जिस पर बल न दिया गया हो,; ९. क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य, परिहासयुक्त, ओछा, असार;

१०. दुस्करित्र, अपवित्र, असती (विशे० स्त्री के लिए); ११. फूहीला, स्फूर्तिमान, तेज चाल वाला; १२. अस्थिर चित्त, चंचल चित्त; १३. (आसानी से) सह्य, सहनीय; १४. मनोरंजक, मनोविनोदकारी; १५. (भीड के लिए) हल्की, शीघ्र उत्तेजने वाली, आसानी से खुल जाने वाली; १६. प्रसन्न, खुश, आशा-पूर्ण, निरवसाद; १७. विश्रान्त, भ्रान्त, लिप्त। कि० वि० हल्केपन से, परिहासपूर्ण ढंग से। **make ~of** परवाह न करना, तुच्छ भावना, हेय समझना, निस्सार समझना। **with a ~ heart** बिना चिंता के, बिना झिझक। **~-armed** थोड़े से या सामान्य अस्त्र-शस्त्र से युक्त। **~bob** दे० BOB[5]। **~-blow** हल्का आघात। **~engine** केवल (रेलवे) इंजन, जिसमें गाड़ी न लगी हो। **~-fingered** चोरी, गिरहकटी में निपुण। **~-foot** द्रुतगामी। **~hand** (शा० और ला०) कुशल प्रबंध, सुचार व्यवस्था। **~-handed** वि० १. हल्के हाथ से, सहज में काम करने वाला; २. कुशल प्रबंधक। **~-handedly** हल्के हाथों से। **~-handedness** सं० सुचार व्यवस्थाशीलता। **~-horse** सामान्य शस्त्र सज्जित घुड़सवार दल। **~infantry** सामान्य शस्त्र-सज्जित पैदल सेना। **~marching order** वह प्रयाण जिसमें सामान्य शस्त्र और बंदूक हो। **~o' love** व्यभिचारिणी, हरजाई, छिनाल। **~-porter** हल्का सामान ढोने वाला। **~-railway** यात्रियों को ले जाने वाली गाड़ी। **~-ship** वह जहाज जिस पर से माल उतारा जा चुका हो। **~-skirts** दुराचारिणी स्त्री। **~towel** मृदु-स्पर्श। **~waterline** बिना लदे जहाज की दीवार की वह रेखा जहां तक पानी पहुँचता हो। **~-weight** कि० वि० औसत वजन से कम का (आदमी या पशु)। सं० (मुक्केबाजी) दस स्टोन से कम तोल का आदमी। **lightish** वि० १. हल्का-सा (रंग)। २. हल्का-सा, कम भार का। **lightly** कि० वि० हल्केपन से, बिना चिन्ता के, खुशी से। **lightness** सं० हल्कापन आदि।

light[2] (lit) [*lihtan*, orig. to lighten or relieve of a burden, as prec.] कि० स० और अ० १. (नौका० रस्सी उठाना, रस्सी को ऊपर टांगने में सहायता करना; २. अवसर पाना, संयोगवश मिलना (upon के साथ)।

lighten[1] (lī' tĕn) [A.-S. *lēohtan*] कि० स० और अ० १. प्रकाश फेंकना, प्रकाशित करना, २. चमकाना, चमकीला बनाना; ३. (मुख, आँखें, आकाश आदि) चमकना, दमकना, चमक उठना, दीप्त होना; ४. (आकाश, बादलों आदि का) बिजली गिराना (शा० भी)।

lighten[2] (lī' tĕn) [LIGHT[3], -EN] कि० स० और अ० १. बोझ कम करना, हल्का करना, बोझ उतारना (जहाज आदि का). २. बोझ कम होना, बोझ उतर जाना; ३. (जी) हल्का करना, (जी) हल्का होना, मन का बोझ हल्का करना; ४. (ला०) कमी करना, हल्का करना, चीमा या मंद करना; ५ कम होना, हल्का होना, चीमा या मंद होना।

lighter[1] (lī' ter) लाइटर, सिगरेट, पाइप आदि जलाने का यंत्र।

lighter[2] (lī' tĕr) [perh. from Dut. *lichter* or LIGHT[2], -ER] सं० १. लाइटर, माल लादने उतारने की डोंगियाँ, माल बोट, चिपटे तल वाली नौका जो तट तक न आने वाले जहाजों से माल उतारती-चढाती है; २. नौका में माल ले जाना। **lighterage** सं० (छोटे जहाजों या नावों द्वारा) जहाज पर माल लादना-उतारना, माल लादने या उतारने का भाड़ा।

lighthouse (lit' hous) सं० प्रकाश-स्तंभ, मल्लाहों के निर्देश के लिए तेज प्रकाश के हेतु बना हुआ भवन या स्तंभ।

lightning (lēt'ning) सं० बिजली* (कृ०, वि० १ भी), तड़ित* (ई० २, कृ०, वि० १ भी), चपला, दामिनी, काँधा। **chain, forked ~** लहरिया बिजली। **like ~** बिजली की तरह, बेहद तेजी से। **sheet ~** विस्तारित बिजली (जिसकी चमक आकाश में दूर तक फैली हो), (वि० १) पट-तडित*। **summer, heat ~** निर्घोष विद्युत्, बिना कड़क या गर्जना की बिजली (प्रत्यक्ष तूफान का परिणाम)। **~rod or conductor** १. तडित-संवाहक; २. भवन या मस्तूल के खुले हुए भाग में लगी हुई धातु की छड़ या तार जो बिजली को धरती या समुद्र की ओर प्रक्षेपित कर देती है; ३. (ई० २) तड़ित् चालक*। **~strike** (मजदूरों की) आकस्मिक हड़ताल।

lights (lits) सं० (बहुव०) भेड़, सुअर, बैल आदि के फेफड़े जो बिल्लियों और कुत्तों को खिलाए जाते हैं।

lightsome[1] (lit' som) वि० १. हल्का-फुल्का, सुंदर, कमनीय, कान्त; २. प्रसन्नचित्त, सानन्द; ३. फूर्तीला, स्फूर्तिमय। **lightsomely** कि० वि० १. कमनीयतापूर्वक, प्रसन्नचित्त होकर; २. फूर्ती से। **lightsomeness** सं० १. कमनीयता, प्रसन्नचित्तता; २. फूर्ती।

lightsome[2] (lit' som) सं० १. (विरल) प्रकाशदायक, प्रकाशमान; २. सुप्रकाशित, चमकीला, चमकदार।

lightwood (lit' wud) सं० १. हल्की लकड़ी वाला वृक्ष, २. वृक्ष जिसकी लकड़ी के जलने में तेज लपटें निकलती हैं।

lign-aloes (lin' al ōz) [late L. *lignum aloës*, trans. of Gr. *xula* God of the also] सं० १. लाइनलोज, अगरु, ऊद, २. अगरु की लकड़ी, मेक्सिको में पाई जाने वाली सुगंधित लकड़ी।

ligneous (lig' ne us) [L. *ligneus*, from *lignum*, wood] वि० (पौधा) काष्ठवत्, काष्ठमय, (विशे० herbaceous). (आ०, वि० १) सैलिनी* काष्ठाभ*। **ligni** लैटिन शब्द *lignum* (=लकड़ी) का समास में प्रयुक्त रूप। **ligniferous** (lig nif' er us [-EROUS) काष्ठपूर्ण, लकड़ी पैदा करने वाला। **ligniform** (lig' ni form, [-FORM] वि० काष्ठ सदृश, लकड़ी जैसा। **lignify** (lig' ni fi) कि० स० और अ० लकड़ी बना देना या बन जाना। **lignification** सं० काष्ठीकरण, लकड़ी बन जाना। **lignite** (lig' nīt) [-ITE] सं० लिग्नाइट* (मा० १, वि० १ भी), भूरे रंग का कोयला* (वि० १ भी), जिसमें पूर्व काष्ठ-संरचना के चिह्न दिखलाई देते हों।

lignum (lig' num) सं० काष्ठ, लकड़ी। **lignum vitæ** सं० लाइग्नम विटे, हीरकदारु, वज्रदारु, ओषधि के काम आने वाली एक बहुत सख्त लकड़ी।

ligula (lig' ū lă) [L., dim. of *lingua*, tongue] सं० १. जिह्वा सदृश अंग या भाग, जिह्विका; २. घास की पत्ती का चौड़ा भाग, पट्टी जैसी पत्तड़ी। **ligulate** (lig' ū lāt), **-lated** (lā' ted) वि० (वनo) जिह्वित, फीतों जैसी पत्तियों से युक्त, जीभिकाकार* (वि० १ भी)।

like[1] (līk) [A.-S. *līc* in *gelīc* (cp. Dut. *gelyk*, Icel. *líkr*, *glíkr*, G. *gleich*, also LICH.] वि० १. समान, सदृश* (वि० १ भी), तुल्य, एक-सा; २. वैसा, उसी तरह का; ३. अनुसार, अनुरूप, समाध्य, समर्थ, उपयुक्त। पूर्व० तरह, जैसे, मुहावरों और हास्य० वाक्यांशों में क्रियाओं पर अधिक जोर देने के लिए। कि० वि० १. उसी प्रकार से, उसी ढंग से, २. (अशि० गंवा, मानो, यों समझो। संबो० जैसे, जिस तरह। सं० १. प्रतिरूप, अनुकृति, समान वस्तु या व्यक्ति, (गोल्फ) दोनों ओर के दाँवों को बराबर करने वाला हाथ; २. (बहुव०) उसी प्रकार की वस्तुएँ। **a critic ~ you**

तुम्हारे जैसा आलोचक। **as ~as two peas** मटर के दो दानों की भांति एक-से। **in ~manner** उसी ढंग से। **look ~** अनुरूप, समना। **on this and the ~subjects** इस पर और इसी के समान अन्य विषयों पर। **the two letters are very ~** दोनों पत्र बिल्कुल एक जैसे हैं। **~-minded** समान इच्छाओं वाला, एक जैसी बुद्धि वाला।

like[2] (lik) [A.-S. *lician* (cp. Dut. *lijken*, Icel. *líka*) as prec.] क्रि० स० और अ० १. पसंद होना, भाना, (अप्र० या विनोद०, मुख्यतः अन्य पुरुष likes me not, well आदि); २. फूलना-फलना, समृद्ध होना (केवल well liking में); ३. पसंद करना, अच्छा समझना, संतोषजनक समझना, आकर्षित होना, चाहना, (I ~ you मैं तुम्हें पसंद करता हूँ); ४. (व्यंग० I ~ her impudence) क्या खूब अक्खड़पन है; ५. (should much ~ to come) आना बहुत पसंद करूँगा; ६. (how do you ~ it?) तुम्हें यह कैसा लगता है? सं० १. (प्रायः बहु०) पसंद, अभिरुचि, इच्छा, रुचि (विशे० likes and dislikes पसंद और नापसंदगी)। **likeable** वि० पसंद करने योग्य, रोचनीय, रुचिकर। **likeableness** सं० पसंद करने लायक होना, रोचनीयता, रुचिकरता।

-like [LIKE[1]] प्रत्य० १. संज्ञाओं के अंत में लग कर विशेषण बनाता है (जैसे Godlike दिव्य, दैवी; womanlike स्त्रियों जैसा, स्त्रीसुलभ, इसी रूप के क्रि० वि० प्राचीन हैं और आधुनिक प्रयोग में क्रि० वि० को विशेषणों के रूप में देखा जा सकता है, जैसे he cowardlike refused उसने कायर की तरह अस्वीकार कर दिया)। २. विशेषणों में लग कर भी मुख्यतः विशे० बनाता है (जैसे human-like)।

likely (lik' li) [Icel. *líkligr*] वि० १. संभाव्य, सम्भवतः, घटनीय, भवितव्य (जैसे a ~story प्रायः व्यंग०); २ प्रत्याशित (जैसे the likeliest place to find him in)। क्रि० वि० सम्भवतः (प्रायः most or very ~)। **likelihood, likeliness** सं० सम्भावना, सम्भाविता* (वि० १ भी) (विशे० in all ~ सम्भवतः)।

liken (li' kən) क्रि० स० तुलना करना, समान गुणों का निर्देश करना, उपमा देना, (विरल) समान या सदृश बनाना, (जैसे its arbitrary character liken it to a despotism)।

. likeness (lik' nes) सं० १. सादृश्य, समानता, अनुरूपता; २. रूप, प्रकट ऐक्य, बाह्य सादृश्य (जैसे enemy in ~ of friend मित्र के रूप में शत्रु); ३ प्रतिरूप, प्रतिकृति, (take one's ~ किसी का प्रतिरूप बनाना, चित्रण करना); ४. समरूपता, तुल्यता, एकरूपता।

likewise (lik' wiz) क्रि० वि० और समो० १. उसी तरह, उसी प्रकार, उसी तौर पर (बाइ०); २. भी, और भी, इसके अतिरिक्त।

liking (li' king) [A.-S. *licung*] सं० १. रुचि, अभिरुचि, पसंद (जैसे is it to your ~?); २. पसंदगी, चाह, शौक, रीझ, स्वाहिश, इच्छा, चाट (जैसे have a ~ for him, no ~ for flattery)।

ill (अम०) Little का बोल० में प्रचलित रूप।

lilac (li' lăk) [F. and Sp., from Arab. and Pers. *lîlâk*, var. of *nîlak*, dim. of *nîl*, blue, indigo] सं० लाइलैक* (क्रु०, वि० १ भी), हल्का गुलाबीपन लिए हुए कासनी रंग के सुगंधित फूलों वाला पौधा। कि० हल्का गुलाबीपन लिए कासनी रंग (का)।

lilaceous (lil i ā' shŭs) [L. *lilaceus*, from *lilium*, LILY] वि० लिली, स्वल-कमल की जाति या प्रकार का, कुमुदिनी जैसा।

Lilliburlero सं० लिलिबर्लीरो (टेक का अंश), १७ वीं शताब्दि के अंत में प्रचलित गान (लेकों द्वारा प्रायः उल्लिखित)।

Lilliputian (lil i pū' shăn) वि० और सं० लिलिपुट का (निवासी), लघु (व्यक्ति या वस्तु)।

lilt (lilt) [M.E. *lulte*, etym. doubtful] क्रि० स० और अ० ताल-लयपूर्वक गाना। सं० लिल्ट, विशिष्ट ताल और लय-युक्त गीत।

lily (lil' i) [A.-S. *lilie*, L. *lilium*, Gr. *leirion*] सं० १. लिली* (क्रु०, वि० १ भी), कुमुदनी, लम्बी डंडी पर सफ़ेद लंबाई लिए हुए या कासनी-से फूलों का पौधा, उसका फूल; २. (विशे० the white or madonna lily, ornage, tiger, turk's cap आदि); ३. इसी प्रकार के अन्य पौधे, लिली जातीय पौधे (बेलाडोना, सल्ला, ग्लेडीलस, लेंट, जल लिली आदि); ४. विशिष्ट श्वेतता अथवा पवित्रता से युक्त व्यक्ति या वस्तु; ५. वीरता के प्रतीक रूप लिली के फूल; ६. (गुणवा०) सुकुमारतापूर्ण श्वेत रंग, दूधिया। **~ of the valley** वसंत ऋतु में फूलने वाला, लिली से मिलता-जुलता फूल। **~-handed** लिली की तरह दूधिया हाथ। **~-iron** लिली आयरन, मछली मारने की बर्छी जिसका सिरा अलग किया जा सकता है। **~-livered** कायर, भीरु। **~-maid** लिली जैसी गोरी लड़की। **~-white** लिली की भांति श्वेत। **lilied** वि० लिली-युक्त, कुमुदनी युक्त।

limb[1] (lim) [A.-S. *lim* (cp. Icel. *limr*)] सं० १. (शरीर के) अवयव, अंग; २. पांव, हाथ या पंख; ३. शरारती लड़का, शैतान लड़का (मृदुतः ~ of the devil or Satan; इसी प्रकार ~ of the law वकील, पुलिस आदि); ४. (पेड़ को प्रमुख) शाखा* (आ०, क्रु०, वि० १ भी); ५. क्रॉस की चार शाखों में से एक; ६. वाक्याधा, ७. पहाड़ की नोकीली चोटी; क्रि० स० १. (मनुष्य या पशु के) अंग भंग करना, अंगच्छेद कर देना; २. हाथ-पाँव काट देना। **escape with life and ~** जान बचा कर भाग निकलना, बिना गहरी चोट खाये बच निकलना। **limbed** वि० हाथ-पाँव या पखवाला। **limbless** वि० निरवयव, अंगहीन।

limb[2] (lim) [L., *limbus*, border, edging] सं० १. (वैज्ञा०) धरातल की कोर, किनारा; २. कोणमापक यंत्र का वह भाग जिसमें अंशों के निशान बने होते हैं; ३. सूर्य, चन्द्र आदि की कोर, छोर (eastern, lower ~ आदि); ५. पंखड़ी, पत्र-दल, पत्ते का फैला हुआ भाग।

limbate (lim' bāt) [L. *limbus*, a border] वि० (प्राणि०, वन०) विशिष्ट या भिन्न किनारों वाला।

limber[1] (lim' ber) [formerly *limmer*, *lymor*, perh. from F. *limonière*, from *limon*, shaft] सं० १. लिबर, तोपगाड़ी का अगला भाग जो अलग किया जा सकता है (दो पहिए, धुरा, डंडा और तोप के गोलों का बक्स)। क्रि० स० १. तोपगाड़ी जोड़ना, तोपगाड़ी में अग्र भाग जोड़ना या लगाना; २. दोनों भागों को मिलाना, सबद्ध करना।

limber[2] (lim' bér) [perh. a corr. of F. *lumière*, light, hole] सं० (नौ०) लिबर, नितल छिद्र, छेद जो जहाज के तल में से पानी निकासी के लिए किया जाता है।

limber[3] (lim' ber) [etym. doubtful] वि० १. लचीला, लचकीला, लचकदार; २. लोचदार, फुर्तीला, चुस्त। क्रि० स० लचीला बनाना, फुर्तीला बनाना, चुस्त बनाना (प्रायः ~ up)।

limbo (lim' bō) [L., abl. of *limbus*, see LIMB[2]] सं० १. लिंबो, नरक के सीमान्त का प्रदेश जहाँ शैर-ईसाई नेक या भूले

व्यक्तियों और वस्तियस्या न पाये हुए बच्चों की आत्माएँ रहती हैं; २. कारागार, जेल, हैद; ३. उपेक्षा अथवा विस्मृति की अवस्था।

lime[1] (lim) [A.-S. *lim* (cp. Dut. *lijm*, Icel. *lim*, G. *leim*, also L. *limus*, mud, LOAM] सं० १. चूना, लाइम, लासा, हॉली पेड़ की छाल से बनाया हुआ लसदार पदार्थ जो छोटी चिड़ियाँ पकड़ने के काम आता है (प्राय: bird-) । क्रि० स० १. लासा लगाना, लासे से फाँसना, लासे से पकड़ना या फाँसना; २. चूने की खाद देना, खाल को चूने और पानी में भिगोना। **quick ~** अनबुझा चूना* (इं० ३ भी)। **slaked ~** बुझा चूना* (इं० ३ भी), पानी मिला चूना, चूने और जल का संमिश्र। **~-burner** चूना फूँकने वाला या बनाने वाला। **~-cast** भवनों पर की हुई चूने की पुताई, सफ़ेदी। **~-kiln** चूने की भट्ठी। **~-light** १. तपाये हुए चूने की शलाका का तीव्र प्रकाश; २. (ला० नाट्य में भी प्रयुक्त) प्रसिद्धि, ख्याति, अच्छी तरह विज्ञापित, सुविख्यात। **~-pit** चूने का गड्ढा जिसमें जानवरों की खाल को बाल निकालने के लिए डालते हैं। **~-stone** चूने का पत्थर* (इं० ३ भी), चूर्ण-प्रस्तर। **~-twig** लंगी, टहनी, कम्पा। **limeless** वि० बिना चूने का। **limy** वि० चूने-सा, चूने से भरा।

lime[2] (lim) [perh. var. of A.-S. *lind*, LINDEN] सं० लाइम, सजावटी वृक्ष जिसमें पान के आकार की पत्तियाँ और छोटे छोटे पीले रंग के सुगंधित फूल होते हैं (प्राय: ~tree)।

lime[3] (lim) [F., from Sp. *lima*, Arab. limah (cp. LEMON)] सं० नींबू* (आ० भी), जम्बीर, छोटा नींबू, निम्बक* (आ०, इ० ३, कृ०, वि० १ भी), (कृ०) खट्टा नींबू*। **lime-juice** सं० नींबू का रस, (विशे० रक्तदूषण-रोग, लवणरोग-निवारक पेय)। **limejuicer** (मौ० वि०, ग्रा०) त्रिटिश नाविक अथवा जहाज (क्योंकि जहाज पर नींबू का रस पीना अनिवार्य था)। **limey** सं० (अप०) इंग्लैण्ड का मल्लाह।

limen (li' mén) [L., threshold] सं० १. (मनो०) देहली* (आ०, मा० २ भी), अवसीमा, सीमा* (मा० २ भी), वह सीमा जिसके नीचे किसी संमुल्लेरक का अवधारण न हो सके; ३. संवेदन होने के लिए आवश्यक अल्पतम स्नायविक उत्तेजन। **liminal, liminary** वि० १. अवसीमीय; २. सीमापरक; ३. अल्पतम*, अल्पिष्ठ* (मा० १. भी)।

Limerick (lim' ér ik) [said to be from the chorus 'Will you come up to *Limerick*?' sung at the end of impromptu verses at convivial parties in Ireland] सं० निरर्थक तुकबंदी, लाइमरिक (आजकल लियर के शिशु-पद्यों पर आधारित पाँच लाइन वाले पद्यों के लिए प्रयुक्त)।

limit (lim' it) [F. *limite*, L. *limitem*, nom. *limes*, rel. to LIMEN] सं० १ सीमा-रेखा, अंतिम छोर, अन्त, हद, सीमा* (आ०, इ० २, ३, वि० १ भी), परिसीमा, मर्यादा। क्रि० स० १ सीमा में रखना सीमित करना, हद बाँधना, पाबंदी लगाना, सीमाबद्ध करना; २. सीमा होना, सीमा का काम देना। **limited** वि० सीमित, स्वल्प, मित, कम, अल्प, थोड़ा। **is the~s** १. (प्रा०) असहनीय है; २. सीमा को पार कर रहा है। **inferior~** १. सब से पास की तारीख़; २. अल्पतम राशि। **superior~** १. सब से दूर की तारीख़; २. अधिकतम राशि। **without~** असीम, सीमाहीन। **~-man** सीमा-पुरुष, सीमाई (व्यक्ति जिसे स्कॉट-दौड़ या हुर्डल्स रेस में अन्य प्रतियोगियों के बराबर करने के लिए कुछ आगे जाने दिया जाय, scratch का विलोम)। **limitarian** (lim i tár' i án) सं० और वि० सीमित सुरक्षावादी, सीमित-संख्यक, मानवता की सुरक्षा में विश्वास रखने वाला (व्यक्ति)। **limitary** (lim' i tári) वि० १ नियंत्रित, प्रतिबंध-युक्त; २. सीमासंबंधी या सीमाबद्ध। **limitation** सं० १. परिसीमन* (आ० भी), सीमा-निर्धारण, हदबन्दी; २. सीमित स्थिति; ३. अयोग्यता, अक्षमता; ४. हद, रोक, सीमाबंधन* (आ०, वि० १ भी), प्रतिबंध, नियंत्रण, पाबंदी, सीमन; ५. काल, मुद्दत, अवधि, मियाद जिसके बाद किसी बात के विषय में मुकदमा न चलाया जा सके; ६. सीमा* (वि० १ भी)। **has his~** अपनी सीमायें हैं (क्षमताओं, दृष्टि आदि की)। **statute of~** सीमा संविधि, वाद आदि लाने की मियाद निश्चित करने वाला क़ानून। **limitative** वि० सीमाकारक, सीमाविधायक, हद बाँधने वाला। **limited** क्रि० सीमित। **~company** दे० LIABILITY। **~mail** परिमित यात्रियों को ले जाने वाली डाक गाड़ी। **~monarchy** वैधानिक नियंत्रण बद्ध राजतंत्र (absolute का विलोम)। **limitedness** सं० सीमितता। **limiter, limitour** (lim' i tér) सं० १. सीमाकारी, परिसीमित करने वाला; २. सीमित देशीय। **limitless** वि० असीम, निःसीम, सीमाहीन, बेहद।

limitrophe (lim' i tróf) [F., from Late L. *limi trophus*, L. *limes limitis*, LIMIT, Gr. *-trophos*, feeding, from trephein, to feed] वि० (ज़िले आदि) सीमारिथत, निकटवर्ती।

limnology (lim nol' o ji) [*limné*, lake, -LOGY] सं० १. सरसी जीव*, झील जीव* (वि० १ भी); २. झीलों की प्राकृतिक स्थिति का अध्ययन, ३ सरोवर जीव-विज्ञान, सरोवर-विज्ञान* (वि० १ भी)।

limousine (li moo zén') [F., orig. a coarse cape or cloak of wool or goat's hair] सं० लिमूसीन, बन्द मोटर-गाड़ी, (तुल० cabriolet खुलने वाली छत की मोटरगाड़ी)।

limp[1] (limp [etym. obscure, cogn with M.H.G. *limpfen*] क्रि० अ० १. लँगड़ाना, लँगड़ाकर चलना, २. (छन्द में) वलिभ होना, लय टूटना; ३. (क्षतिग्रस्त जहाज या हवाई जहाज का) धीरे-धीरे चलना, कठिनाई से चलना या बढ़ना। **~** सं० लँगड़ी चाल। **limpingly** क्रि० वि० १. लँगड़ाते हुए, लँगड़ी चाल से, २ यतिभंग से।

limp[2] (limp) [etym. doubtful] वि० १ अकड़ा, लचीला, ढीला, नरम, २. (जिन्दबदी) बिना पट्टे की, जो गला लगा कर कड़ी न की गई हो; ३ शक्तिहीन, अशक्त, निर्बल। **limply** क्रि० वि० १. लचीलेपन में; २. शक्तिहीनतापूर्वक। **limpness** सं० १.लचीलापन, ढीलापन; २. अशक्तता।

limpet (lim' pet) [M.E. *lempet*, A.-S *lempedu*, late L *lampēdra*, limpet, LAMPREY] सं० १. लिम्पेट* (वि० १ भी), चट्टानों से चिपटा रहने वाला घोंघे जैसा एक कीड़ा, घोंघी; २. (ला०) पद या नौकरी से चिपटा रहने वाला, (विशे० सरकारी नौकर)। **~mine** नाव के पेंदे में चिपका या लगा दी जाने वाली विस्फोटक सुरंग।

limpid (lim' pid) [F. *limpide*, L. *limpidus*, rel. to *lympha*, LYMPH] वि० निर्मल, साफ़, स्वच्छ* (आ० भी), शुभ्र, निखरा हुआ, विमल, प्रसाद-गुण-युक्त, (तरल पदार्थ, वायुमंडल, आँखें, साहित्यिक शैली)। **limpidly** क्रि०वि० निर्मलता से, स्पष्टतापूर्वक। **limpidity, limpidness** सं० निर्मलता, स्वच्छता, प्रसाद-गुण।

limpkin सं० लिम्पकिन, सारस और कुलकुटी (rail) से मिलता-जुलता पक्षी।

limsge (li' náj) सं० १. छपी हुई सामग्री में पंक्ति-संख्या; २. उसके अनुसार दिया हुआ पारिश्रमिक।

---

a=आ, (Father) फ़ादर, ā=ए, (Fat) फ़ैट; ā=ए, (Fate) फ़ेट; aw=a=आ, (Fall) फ़ॉल, ā=एअ, (Fair) फ़ेअर; ē=ई, (Be) बी; ē=इ, (Her) हर; ē=ए, (Beef) बीफ़; i=इ, (Bit) बिट; ī=आइ, (Bite) बाइट; o=आ, (Not) नॉट; ō=ओ, (No) नो; ō=ओ, (North) नॉर्थ; oo=उ, (Food) फ़ूड; u=अ, (Bull) बुल; ū=अ, (Sun) सन; ū=यू, (Muse) म्यूज़; ou=आअ, (House) हाउज़; o=आॅय, (Join) जॉयन।

linch-pin (linch' pin) [A.-S. *lynis*, an axle-tree (cp. Dut. *luns*, G. *lunse*), PIN] सं० लिंचपिन, धुरे में लगाई हुई वह कील जिससे पहिया बाहर न निकल जाये।

Lincoln green (ling' kón grēn') सं० लिंकनग्रीन, चमकीला हरा कपड़ा जो लिंकन में तैयार होता है।

linden (lin' dén) [A.-S. *lind* (cp. Dut. and G. *linde*, Gr. *elate*, fir)] सं० लिंडेन* (कु० भी), नीबू जातीय वृक्ष-विशेष।

lycopod (lī' ko pod) [mod: L. *lycopodium* (Gr. *lukos*, wolf, *pous podos*, foot, from the claw-like shape of root)] सं० लाइकोपोड* (आ०, वि० १ भी), एक पुष्पहीन पौधा, २. (केवल -ium) एक प्रकार का बारीक पाउडर जो लाइकोपोड से तैयार किया जाता है और जो बत्तीवाली में द्रव सुखाने के एवं रगमंच की रोशनी को भड़कदार बनाने के काम भी आता है।

lyddite (lid' it) [*Lydd*, in Kent] सं० भक से उड़ जाने वाला तेज विस्फोटक जो पिकरिक एसिड से बनता है।

Lydian (lid' i ăn) वि० और सं० लीडिया (एशिया माइनर के एक प्राचीन भाग) का (निवासी, भाषा)। **~mode** १. प्राचीन ग्रीक संगीत पद्धति, (जिसे स्वीप या जनाना समझा जाता था); २. गिरजे में बजने वाले संगीत की एक धुन।

lye (lī) [A.-S. *leag* (cp. Dut. *loog*, G. *lauge*), prob. cogn. with LAVE[1] and LATHER] सं० सज्जीदार पानी जिससे चिकनाई या स्निग्धता दूर की जाती है, पानी जिसमें सज्जी या खार घुली हो।

lying[1] (lī' ing) वि० (LIE[2,3] के क्रियागत अर्थों में) १. विशेष घोखेबाज, धूर्त, मक्कार, कपटी; २. स्थित (जैसे low-lying land); ३. (आ०) मिथ्या भाषण*। **lyingly** क्रि० वि० धोखे से, मक्कारी के साथ, कपटपूर्वक।

lying[2] (lī' ing) १. सं० (LIE[2,3] के क्रियागत अर्थों में, इसके अतिरिक्त) लेट जाने का स्थान [(जैसे soft, dry~)। **~in** उच्चासीने या प्रसूतिगृह में होना (गुणवाचक भी, जैसे in ~hospital)।

lyke-wake (lik' wāk) [LICH, WAKE[2]] सं० शवरक्षण, रात में शव की पहरेदारी।

lyme-grass (lim' gras) [prob. from LIME[1]] सं० घास जो रेत को बहने से रोकने के लिए लगाई जाती है।

lymph (limf) [L. *lympha*, prob. cogn. with *limpidus* LIMPID] सं० १. शुद्ध पानी, निर्मल जल (काव्य०); २. (कृ०, वि० १) लसीका*, लसिका, बिना रंग का क्षारीय तरल जो शरीर के ऊतकों और अंगों में रहता है, खून की तरह लेकिन बहुत लाल कणिकाओं के बिना; ३. नवाब, पीप, घाव, फोड़े आदि से निकलन।

लिया हुआ द्रव जो टीके में प्रयुक्त होता है (vaccine ~भी) ; ५. अन्य विकृत पदार्थ जो इस तरह के प्रयोग में आते हैं।

lymphatic (lim fāt' ik) वि० १. लसीका-, लसीका संबंधी, लसीकीय, मवाद संबंधी, लसीकावाही (जैसे ~gland, vessel); २. (व्यक्ति या स्वभाव संबंधी) शिथिल या पिलपिली पेशियों वाला, पांडुर, पीत वर्ण या पीली चमड़ीवाला, अकर्मण्य या निष्क्रिय (गुण जिनके विषय में पूर्व धारणा थी कि लसीका के अतिरिक्त (आधिक्य) से उत्पन्न होते हैं)। सं० लसीकावनी, शिरा जैसी वाहिका जिससे लसीका संचरित होती है। **~system** १. लसीका-ग्रंथियों और लसीका वाहिकाएँ; २. लसीका-तंत्र* (वि० १ भी)। **lymphoid, lymphous, lymphy** वि० १. लसीका-पूर्ण; २. मवादयुक्त।

lyncean (lin sē' ăn) [L. *lynceus*, Gr. *lunkeios*, from *lunx*, LYNX] वि० तेज निगाहों वाला, गीध्र दृष्टि या तीव्र दृष्टिवाला, चील की सी आँखों वाला, गृध्र-दृष्टि।

lynch (linch) [Charles *Lynch* (1736-96) a Virginian farmer who inflicted summary punishment on lawless persons during the Revolutionary War] सं० लिंच-विधि, स्वस्थापित अवैधानिक न्यायालय की कार्यवाही जिसके अनुसार अति घोर अपराधों के अभियुक्तों को तत्काल मृत्युदंड दे दिया जाता है। क्रि० स० १. लिंच विधि से (व्यक्ति को) मौत की सजा देना, बिना विधि-विधान के भीड़ द्वारा किसी को प्राणदंड देना; २. (मा० ३) चित्रहिंसा करना*। **Judge Lynch** काल्पनिक प्राधिकारी जिसकी ओर से उपर्युक्त दंड का निर्णय होता है।

lynx (lingks) [L., from Gr. *lunx*, rel. to *lustein*, to see (cp. with Gr. *ouch*, A.-S. *lox*)] सं० लिंक्स, विडाल, वनबिलाव, बिल्ली जातीय जानवर जिसकी पूँछ छोटी, कानों के सिरे गुच्छेदार बालयुक्त, खाल चितीदार और दृष्टि तीक्ष्ण होती है। **~-eyed** तीक्ष्ण दृष्टि वाला। **~-fur** वनबिलाव की खाल।

Lyon (lī' ŏn) [LION] सं० (~king of Arms भी) स्काटलैंड का प्रधान अधिकृत।

Lyra (lir' ă) [L.] सं० उत्तरी तारामंडल, तारामंडल, उत्तर दिशा में स्थित स्थिर तारक-पुंज, वादरा* (वि० १ भी)। **Lyraid, Lyrid** सं० (प्रायः बहु०) उत्तरी तारामंडल से प्राय. २० अप्रैल के लगभग प्रकाश विकीर्ण करने वाली उल्का।

lyre (lī' ĕr) [F., from L. *lyra*, Gr. *lura*] सं० लायर* (मा० १ भी), वीणा* (मा० १ भी), चंग, बरबत। **~-bird** लायर पक्षी, आस्ट्रेलिया का पक्षी जिसकी पूँछ वीणा के आकार की होती है। **lyrate, -rated** वि० (प्राकृ० इनि०) वीणाकार।

lyric (lir' ik) [L. *lyricus*, Gr. *lurikos*, as prec.] वि० १. वीणा का, वीणा के लिए, गाने के लिए, २. गीतात्मक, गीतिपरक, गीतिमय (~drama the ~stage), ३. गीतिकाव्य, गीत, गाना, (कविता संबंधी) रचयिता के स्वकीय विचारों और भावों को व्यक्त करने वाली प्रायः विस्तारहीन और बंदों में विभक्त; ४. गीतिकार (कवि)। सं० १. गीतिकाव्य, प्रगीत, २. गेय छंद। **lyrical** वि० गीतात्मक, गीतिमय, गेय, गीतिपरक। **lyrically** क्रि० वि० गीतमयता में, गेयता से, गीति की दृष्टि से। **lyricism** सं० १. गेयता, गेयत्व, (बहु०) गीत-व्यंजना; २. उदात्त भाव।

lysol सं० लाइसोल* (वि० १ भी), क्रीसोल (दे० CREOSOTE) और तैल का जल में घुलनशील मिश्रण जो कीटाणुनाशक के रूप में प्रयुक्त होता है।

M

M. m १. अँग्रेजी वर्णमाला का तेरहवाँ अक्षर (बहुव० **Ems, M's, Ms**; २. (मुद्रण) एक एम; ३. (संख्या में) १,०००।

ma'am (mām, mam, m'm) [MADAM] सं० मदाम, महोदया (विशे० राजदरबार में रानी अथवा राजकुमारी को संबोधित करने के लिए)।

macabre (mă ka' br') [F., etym. doubtful] वि० १. घोर, भीषण, कठोर; २. भयावह, भयंकर। **dance** ~संहार-नृत्य, मृत्यु-नृत्य, तांडव नृत्य।

macaco[1] (mă kā' kō) [Port. monkey] सं० मकेको, एक जाति का (दक्षिण अफ्रीका का) बंदर।

macaco[2] (mă kā' kō) [F., etym. doubtful] सं० मकेको, बंदर की विभिन्न जातियाँ।

macadam (mă kăd' ăm) [J. L. *McAdam* (1756-1836), road-engineer] वि० १. जे० एल० मैकेडम की रीति से (एक ही आकार की रोड़ी से) कूट कर बनाया हुआ; २. गिट्टियों की तह-पर-तह बैठाया हुआ पक्का (मार्ग, सड़क)। सं० गोदी, मिट्टी, कंकड़ी आदि सामग्री। **macadamize** क्रि० स० पक्की सड़क बनाना, गिट्टी-रोड़ियों को कूट कर सड़क पक्की करना। **macadamization** सं० पक्की सड़क बनाने की क्रिया, रोड़ी-गिट्टी आदि की तह-पर-तह बैठा कर सड़क का निर्माण।

macaroni (măk ă rō' ni) [It. *maccaroni* (now *maccheroni*, pl., see foll.) perh. from earlier *maccare*, L. *mācerāre*, to MACERATE] सं० १. मैदे के सेव जो अन्दर से खोखले होते हैं; २ (इति०) मैकरोनी, (१८ वीं शताब्दी के यूरोप का) बाँका, छैला, बना-ठना। **~cheese** १. मकरोनी पनीर, मकरोनी और पनीर से तैयार किया हुआ हल्लूर जैसा एक व्यंजन। **macaronic** (măk ron' ik) वि० (प्रहसन जैसी) कविताएँ जिनमें लैटिन (या अन्य विदेशी) शब्द और लैटिन (या अन्य विदेशी) प्रत्यय वाले शब्दों का प्रयोग होता है। सं० १. खिचड़ी, गड़ड-मड्ड, २. अनेक भाषाओं का मिश्रण या घालमेल। **macaronism** सं० बाँकपन, छैलापन।

macaroon (măk a roon')[F. *macaron*, It. *maccarone*, sing. of *maccaroni*, as prec.] सं० मैकरून, पिसे हुए बादाम तथा अंडे की सफ़ेदी और चीनी आदि से बना छोटा केक या बिस्कुट।

macartney (mă kart' ni) [George, 1st Earl *Macartney* (1737-1806), introducer] सं० मकार्टने, एक प्रकार का लंबी पूँछवाला पक्षी।

macassar (mă kăs' ar) [name of district] वि० और सं० (अथवा ~oil) मकैसर, केशतैल का एक प्रकार।

macaw (mă kaw')[Port. *macao*, prob. from Tupi Guarani] सं० मेकॉ, बड़े तोते की एक नस्ल।

macaw-tree (mă kaw' trē) [prob. carib, TREE] सं० मकाओ, दे० अमरीका में पैदा होनेवाला एक प्रकार का खजूर जैसा पेड़ जिससे सुगंधित बेंगनी तेल निकाला जाता है और स्वाम्ब्यबर्ड्क खानेवाले तैल भी बनते हैं।

Maccabean (măk ă bē' ăn) वि० मैकाबिया (यहूदी राजकुमार जिन्होंने जूडिया को १६६ ई० पू० में एन्टीओकस एपेफेनस के अत्याचार से मुक्त कराया) का या उनसे संबंधित।

maccoboy (măk' o boi) सं० मैकबॉय, एक प्रकार की सूँघनी, हुलास या नस्वार जो प्रायः गुलाब के अतर से सुगंधित होती है।

mace[1] (mās) [O.F. (F. *masse*), from a L. *matea*, known from its dim. *mateola*, a mallet] सं० (इति०) १. दंड, यष्टि; २. गदा; ३. पोत, सरकारी दण्ड जिसकी शक्ल इससे मिलती है; ४. मेस, वार्मटोल (एक प्रकार के खेल में प्रयुक्त छड़ी)। **~-bearer** दंडधर, पोतधार।

mace[2] (mās)[F. *macis*, etym. doubtful] सं० जावित्री* (कृ० भी), जायफल। **~-ale** मसालेदार शराब।

macedoine (ma să dwan) [F., etym. unknown] सं० जेली में पड़ा अथवा अलग पकाया जानेवाला फल या सब्जी।

macerate (mās' er āt) [L. *mācerātus*, p.p. of *mācerāre*, perh. cogn. with Gr. *massein* to knead] क्रि० अ० और स० १. द्रव में मसलना; २. भिगा कर नरम करना; ३. उपवास से दुर्बल होना, निराहार (भूखा रह कर) द्वारा दुर्बल या क्षीण होना। **maceration** सं० १. द्रव संमर्दन, द्रव में मसला; २. आर्द्रीकरण, भिगो कर मुलायम करने का कार्य; ३. दुर्बलीकरण; ४ (आ०) मक्षणीकरण*।

machan (mă chan') [Hind.] सं० मचान।

Machiavel (măk' iăvel)[Niccolo *Machiarelli* (1469-1527), Florentine statesman and author of il Principe, an exposition of unscrupulous statecraft)] सं० १. सिद्धांतहीन, षड्यंत्रकारी या मंसूबे बाँधने वाला; २. कूटनीतिज्ञ, वह व्यक्ति जो राजप्रबंध में कपट, छल या चालबाजी बरते। **Machiavellian** वि० १. कूटनीतिपूर्ण, कपट नीति का, छलपूर्ण; २ राजप्रबंध में चालबाजी बरतने वाला।

machicolate (mă chik' o lāt) [low L. *machuolātus*, p.p. of *machicolāre*, perh. from O.F. *macheceller*, cogn. with *mâchicoulis*, see foll.] क्रि० स० मोर्चा बनाना, मोर्चे निकालना, जहाँ से आक्रमणकारियों पर पत्थर आदि फेंके जा सकें। **machicolation** सं० मोर्चाबंदी।

machicoulis (ma shi koo' li) सं० मोर्चाबंदी।

machinate (măk' i nāt) [L. *māchinātus*, p.p. of *māchinări*, to contrive, see foll.] क्रि० अ० षड्यंत्र, साजिश करना या चाल चलना, कुचक्र रचना, कुमंत्रण करना, सोंठगाँठ करना, दाँव-घात करना। **machination** सं० चाल, साठ-गाठ, षड्यंत्र, साजिश, कुचक्र, कुमंत्रण, दुरभिसंधि, दाँव-घात। **machinator** सं० षड्यंत्रकारी, साजिश करने वाला, कुचक्री, कुमंत्रणाकार।

machine (mă shēn')[F., from L. *māchina*, Gr. *mēchanē*, from *mēchos*, means, contrivance, cogn. with MAY[1]] सं० १. साधन, उपकरण; २. यंत्र*, मशीन*, कल* (आ०, ई० १, २, वि० १ भी) (जैसे sewing, printing~); ३. बाइसिकिल, ४. तिपहिया साइकिल; ५. बिना बुद्धि के यंत्रवत् या यंत्रचालित-सा कार्य करने वाला व्यक्ति; ६. (आ०) शक्ति-संचालक यंत्र, शक्ति-वाहक यंत्र; ७ (विशे० अमरीका में) प्रमुख राजनीतिक संगठन। क्रि० स० १. (विशे० सिलाई और छपाई में) मशीन से बनाना, मशीन से काम लेना; २. मशीन काम में लाना। **~-gun** मशीनगन, यंत्रशतघ्नी क्रि० स० मशीनगन चलाना या मशीनगन से गोलियों की वर्षा करना। **~-made** यंत्रनिर्मित। **~-tool** मशीन-औजार, मशीनी औजार, यंत्रीयकरण, मशीन से चलने वाला औजार।

machinery (mă shēn' e ri) सं० १. यंत्रसामग्री, कलपुर्जे, यंत्र, उपकरण, मशीनरी* (आ०, ई० २, ३, वि० १, विधि भी), यंत्रसमूह; २. यंत्र-रचना, मशीन की रचना, मशीन के पुर्जों की क्रिया-प्रक्रिया; ३. साधन, तदबीर, युक्ति, (विशे० वे कलात्मक साधन जिनका उपयोग (साहित्यिक रचनाओं में) अलौकिक पात्रों और घटना-समूह की रचना में किया जाता है; ४. तंत्र, प्रबंध, यंत्रावली* (आ०, वि० १, २ भी),मशीन।

machinist (mă shēn' ist) सं० १. यंत्रकार, यंत्रवाला; २. यंत्र-चालक, मशीन (विशे० सिलाई की) चलाने वाला, मशीन-मिस्त्री*

machometer सं० मैकोमीटर, वायु गतिमापक यंत्र, वायु में ध्वनि की स्थानीय गति के अंश रूप में वायु की गति नापनेवाला यंत्र।

mackerel (măk' er el)[O.F. *makerel* (F. *maquereau*), etym. unknown] सं० मैकरेल, समुद्री मछली जो खाई जाती है और जिसके झुंड के झुंड गर्मियों में तट पर आकर अंडे देते हैं। **~-breeze, -gale** इन मछलियों को पकड़ने के लिए उपयुक्त प्रचंड वायु। **~-sky** मेघलहराच्छन्न आकाश।

macintosh, mackintosh (măk' in tosh) [Charles *Mackintosh* ((1766-1843), inventor] सं० १. मोमजामा, बरसाती; २. ढीला लबादा या ओवर कोट।

macle (măk' el) [F., from MACULA] सं० १. क्रिस्फटिक, जुड़वाँ बिल्लौर, दोहरा बिल्लौर; २. खनिज पदार्थ में स्याह धब्बा या निशान; ३. (वि० १) बेलकी*।

macrame (mă kra' mā)[Turk. *magrama*] सं० (बटे हुए सूत, डोरे या रस्सी से गाँठ दे कर बनाई गई) झालर, किनारी, गोटा या हाशिया।

macro- यूनानी शब्द makros (=लंबा, विशाल) का समास में प्रयुक्त रूप।

macrocephalic (măk rō se făl' ik) सं० १. बृहत् कापालिक, महाकपाल, लम्बे शीर्ष, बड़े सिर वाला।

macrocosm (măk' rō kozm) सं०१. ब्रह्माण्ड, त्रिभुवन, सम्पूर्ण संसार; २. विश्व, विराट विश्व* (मा० १ भी), विशाल विश्व; ३. (तुल० MICROCOSM), अपने में सम्पूर्ण बड़ी वस्तु।

macrometer (măk ki m' e ter) सं० दूरस्थ पदार्थों के नापने का यंत्र।

macron (măk' ron) [Gr. neut. adj. of *Makros* see prec.] सं० दीर्घ-चिह्न, स्वरों पर दीर्घसूचक चिह्न (जैसे ā)।

macroscopic (măk rō skop' ik) वि० सहज दृश्य, साक्षात दृश्य, आँखों से दिखाई पड़ने वाला।

macula (mak' ū lă, [L.] सं० (बहुव० **-læ**) १. कलंक, लांछन; २. सूर्यकलंक, सूर्य में काला या स्याह धब्बा; ३. खनिज पदार्थ का धब्बा, ४. धब्बा (विशे० त्वचा पर स्थायी दाग); ५. (वि० १) मैकुला*, धब्बा* (आ० भी),(आ०) बिन्दु*,धनीफुल्ली*। **macular** वि० १. दागदार, धब्बेदार; २. (आ०) बन्दर*। **maculation** सं० त्वचा पर धब्बा या दाग होना।

mad (măd) [A.-S. *gemædd*, *gemæded*, p.p. of *gemædan* (cp. Icel. *mædda*, O.H.G. *gamert*, cogn. with L. *mūtāre*, to change)] वि० १. उन्मत्त, सौन्माद, विक्षिप्त, पागल, दीवाना, बावला; २. (व्यक्ति या आचरण संबंधी) पागलों का-सा, घोर मूर्खतापूर्ण; ३. (बोल०) आपे से बाहर, झल्लाया हुआ, खीजा हुआ, झुँझलाया हुआ (जैसे I was rather ~at missing my train) ४. (पशु संबंधी) बौराया, दुर्दमनीय; ५. हर्षोन्मत्त, प्रसन्नता में व्याकुल, रँगरलियों में उच्छृङ्खल। क्रि० स० और अ० (विरल) पागल बनाना, उन्मत्त करना, दीवाना कर देना; २. पागल होना, उन्मत्त हो जाना, दीवानों का-सा काम करना। **like** ~ प्रचंडता के साथ,

आवेश में, उपहासपूर्वक, पागल की तरह (जैसे I ran like ~) । **~cap** बेवकूफ या विवेकहीन व्यक्ति। **~-doctor** पागलों या उन्माद के बीमारों का डाक्टर। **~-house** पागलखाना। **~-man** पागल, उन्मत्त व्यक्ति। **~-minute** (सैन्य० ग्रा०) गोली चलाने की विद्या में तेज अभ्यास। **~-woman** पगली, उन्मत्त स्त्री। **madly** क्रि० वि० १. पागल या सनकी की तरह, २. विक्षिप्तता-पूर्वक; ३. अत्यन्त के साथ। **madness** सं० १. पागलपन, सनकीपन; २. दीवानापन, उन्माद, विक्षिप्त चित्तता; ३. हुल्लड़बाज़ी। **madden** क्रि० स० और अ० १. पागल बनाना या विक्षिप्त करना; २. बावला या उन्मत्त होना; ३. पागल कर देना, चकरा देना। **maddeningly** क्रि० वि० १. पागलों के ढंग से, विक्षिप्त की तरह; २. हुल्लड़बाज़ के साथ। **madding crowd** (जो G. ay के शोक-काव्य "ग्रेवसियर" का उद्धरण है और जिसका अर्थ अब प्रायः) 'चकड़ा देनेवाली भीड़' या 'पागल बना देनेवाली भीड़' (लगाया जाता है)।

madam (mād' ăm) [O.F. *ma dame*, my lady (see DAME)] सं० १. आया, मदाम; २. महाशया, महोदया, आर्या।

Madame (mā dam', mād' ăm) [F., as prec.] सं० मदाम, महोदया (अंग्रेजी मदाम के लिए कैप शब्द)। **~Tussaud's** विख्यात और कृत्रिम व्यक्तियों की मोम से बनी हुई आकृतियों का लंदन में प्रदर्शन (दे० HORROR भी)।

madder (mād' ĕr) [A.-S. *mædere* (cp. Irel. *mathu*, Swed. *madra*)] सं० १. मजीठ, मंजिष्ठ* (वि०१ भी), जड़ी-बूटी के समान एक बेल जिसके फूल पीलापन लिए होते हैं; २ इसकी जड़ों और डंठलों से निकला हुआ लाल रंग।

made (mād) [p.p. of MAKE[2]] वि० MAKE का भू० कृ०, विशेष प्रयोगों में। **a ~ man** ऐसा व्यक्ति जिसका संसार में सफल होना निश्चित हो। **~-dish** कई पदार्थों के मिश्रण से बना भोजन। **~-gravy** नकली शोरबा, बनावटी रसा। **well, stoutly, loosely, powerfully ~** (व्यक्ति के शरीर के लिए) १. सुगठित, सबल, २. सशक्त या सक्षम।

Madeira (mă dēr' ă) [Port., wood, timber (the island being well wooded), L. *matĕria*, MATTER] सं० १. मदीरा, अटलांटिक महासागर में एक द्वीप; २. मदीरा द्वीप की बनी एक सफ़ेद शराब। **~cake** मदीरा केक, एक प्रकार का स्पंज-केक (मिठाई)।

Mademoiselle (mād emo zel') [F. (*ma*, MY, *demoiselle*, see DAMSEL), (cp. MADAME)] सं० (बहुव० **mesdemoiselles**) १. फ्रांसीसी अविवाहिता स्त्री; २. फ्रांसीसी गृह-शिक्षिका।

madia (mā' dĭ ă) [Chilian *madi*] सं० १. मेडिया, सूरजमुखी के प्रकार का पौधा। **~oil** मेडिया का तेल, तेल जो इसके बीजों से निकाला जाता है और जिसकी खली बना कर पशुओं को दी जाती है।

Madonna (ma don' a) [It. (*ma*, MY, *donna*, L. *domina*, lady)] सं० कुमारी मेरी या मरियम (का चित्र, प्रतिमा)। **~lily** मरियम के चित्रों में पाये जानेवाले श्वेत पुष्प (कमलिनी) के समान श्वेत।

madrepore (mād' rē pōr) [F. *madrépore*, It. *madrepora* (*madre*, matter, *poro*, L. *porus*, PORE[2], or late L. *pōrus*, Gr. *pōros*, calcareous stone)] सं० १. छेददार मूंगा, छिद्रिल प्रवाल की एक प्रजाति; २. प्रवाल कीट, वह कीड़ा जिससे यह मूंगा पैदा होता है; ३. (वि० १) मैड्रेपोर*। **madreporic** वि० मूंगिया, प्रवालीय। **madreporiform** वि० प्रवालाकार, हपत्रवालाकृति, मूंगे की शक्ल का।

madrigal (mād' rĭ găl) [It. *madrigale*, perh. from *mandria*, herd, flock, fold, L. and Gr. *mandra*, fold, etc.] सं० १. संक्षिप्त प्रेमगीत या प्रेमसंबंधी लघु कविता; २. खंड गीत जिसको कई गायक (नियमानुसार विस्तृत आनुषंगिक सुरों के अनुकरण के साथ और बिना वाद्ययंत्रों की सहायता के) साथ गाते हैं। **madrigalian** वि० १. प्रेमगीत की तरह का; २. प्रेमगीत संबंधी।

Mæcenas (mē sē' năs) [a Roman knight (c. 37-8 B.C.), patron of Horace and Virgil] सं० मीसीनस, साहित्य या कला का उदार संरक्षक।

maelstrom (māl' strom) [Dut. (now *maalstroom* (*malen*, to grind, to whirl, *stroom*, stream))] सं० १. नार्वे के पश्चिमी किनारे पर उठनेवाला भँवर या जलावर्त; २. बड़ा भँवर, महान जलावर्त; ३. हलचल, हंगामा।

mænad (mē' năd) [L. *Mænas -ădis*, Gr. *Mainas -ădos*, from *mainesthai*, to ravc] सं० मेनद (यूनान के मदिरा तथा नाच-रंग के अधिष्ठाता देव) की भक्तिन।

mae west (mā west) सं० (ग्रा०) मावेस्ट, (वायुयान-चालकों का) जीवन-रक्षक जैकेट।

maffick (măf' ik) [from *Mafeking*, in S. *Africa*, besieged by the Boers and relieved 16 May 1900, which event was celebrated with wild rejoicings] क्रि० अ० धूमधाम से खुशी मनाना, उन्मत्त की तरह आनंद मनाना।

Mafia (ma fē' ă) [Sicilian] सं० १. माफीया, सिसली के क़ानून और मंत्रियों के प्रति जनता में विरोध जो अपराधों से सुरक्षित है; २. इस प्रकार का विरोध रखने वाले व्यक्ति।

mag[1] (măg) [Slang, etym. doubtful] सं० (ग्रा०) अचका, आधी पेनी, टका।

mag[2] (măg) [short for *Margaret*] सं० १. एक कपोत विशेष, एक मैना; २. लम्बे पूंछ वाले छोटे पक्षी; ३. वाचाल।

magazine (măg ă zēn') [F. *magasin*, It. *magazzino*, Arab. *makhāzin*, pl. of *makhzan*, storehouse, from *khazn*, a laving up)] सं० १. शस्त्रागार, आयुधागार; २. बारूदघर, बारूदखाना, ३. मैगज़ीन, सामयिक पत्र-पत्रिका। **~gun** मैगज़ीन गन, बंदूक जिसके खाने से कारतूस स्वतः निकलकर नाली में घोड़े के सामने आती है।

magdalen (măg' dă lĕn) [Mary *Magdalene*, or of *Magdala* (Luke viii. 2), identified with the woman mentioned in Luke vii. 37-50] सं० सुधरी हुई वेश्या।

Magdalenian (măg dă lē' nĭ ăn) [rock-shelter of *La Madeleine*, Dordogne, France] वि० (प्र०) मैग्डेली काल*, फ्रांसस्थित ला मेदालीन (La Madeleine) में प्राप्त ध्वंसावशेष से सुस्पष्ट (आधुनिकतम) मध्यली, उत्तर-पाषाणयुगीन।

mage (māj) [L. MAGUS], सं० १. (अप्र०) पंडित, सुधी, विद्वान; २. जादूगर।

magenta (mă jen' ta) [after a city of Italy near which the Austrians were defeated in a bloody battle by the French and Sardinians in 1859] सं० १. चटक या गहरा लाल रंग; २. गहरा लाल रँगा हुआ; ३. (आ०, वि० १) मैजेन्टा*; ४. (आ०) मंजिष्ठा*।

maggot (măg' ŏt) [perh. corr. of M.E. *maddock*, *mathek*

[cu. icel. *mathkr*, A.-S. *mathu*)] सं० १. कृमि, कीट सरखा, मैगट* (आ०, कु० भी), कीटविंब, मुनगा (विशे० गेंहत और पनीर की मक्खियों का); २. सनक, झक, वहम (विशे० ~in one's head). **red~** शेखड़ी का कीटविंब। **maggoty** वि० १ झुलगेदार, कीड़े पड़ा हुआ, कृमियुक्त; २. सौकी, सनकी।

magic (mâj' ik) [F. *magique*, L. *magicus*, Gr. *magikos*, from *magos*, MAGUS] सं० १. माया, इंद्रजाल, (मा० १, ३) जादू*/ टोना*; २. तिलिस्म, मंत्रयोग, अभिचार, पुरश्चरण। वि० १. माया संबंधी, ऐंद्रजालिक, जादू का; २. तिलिस्मी, पुरश्चरण संबंधी, चमत्कारी, चमत्कारपूर्ण, अमल में न आने वाला। **black~** अनिष्टकारी या काला जादू, तिलिस्मी जादू, वह जादू जिसमें प्रेतात्माओं की सहायता ली जाय। **natural~** प्राकृतिक जादू या नैसर्गिक माया, वह करिश्मा जिसमें प्रकृति की शक्तियों का सहारा लिया जाय। **white~** १. उपकारी जादू; २. सफ़ेद जादू,वह मंत्रयोग जिसमें पवित्रात्माओं का सहारा लिया जाय। **~lantern** मायादीप, जादू की लालटेन, दीपक-युक्त यंत्र-विशेष जिसकी सहायता से छोटे-छोटे चित्र परदे के ऊपर बड़े आकार में दिखाई पड़ते हैं। **~mirror** जादू का शीशा जिसमें भावी या दूर स्थित चित्र दर्शक के सामने प्रस्तुत किए जाते हैं। **~square** माया वर्ग, ऐसा वर्ग जिसके बराबर खानों में रखे अंकों का योग हर ओर से बराबर हो (दे०स्त्रेत्रा-चित्र)। **magical** वि० १. मायावी, ऐंद्रजालिक, मायामय; २. जादू-टोने से संबंधित, तिलिस्मी, अद्भुत, चमत्कारपूर्ण। **magically** क्रि० वि० १. जादू से, माया से, इन्द्रजाल से; २. तिलिस्मी ढंग से, अभिचारितापूर्वक।

५	२	१	८
१	७	५	३
८	१	३	४
२	६	७	१

magician (mâ jish' ân) सं० ऐंद्रजालिक, मायाकार, बाजीगर, जादूगर* (मा० १, ३ भी), मायावी।

magisterial (mâj is tēr' i al) [med. L. *magisterialis*, L. *magisterius*, from *magister*, MASTER] वि० १. मैजिस्ट्रेट का, २. दंडनायक संबंधी; ३. दंडाधिकारी (मजिस्ट्रेट) द्वारा संचालित; ४. प्रभुतासंपन्न, सत्तासम्पन्न, शासकीय, हाकिमाना; ५. तानाशाही; ६. (मतों के लिए) प्रामाणिक, मान्य, सप्रमाण। **magisterially** क्रि० वि० १. मजिस्ट्रेट द्वारा संचालित ढंग से; २. शासकीय या प्रभुतामय ढंग से; ३. प्रामाणिक रूप से।

magistral (mâ jis' tral) [L. *magistrâlis*, as prec.] वि० १. न्यायाध्यक्ष, मालिक या मालिकों का, स्वामी या स्वामियों से संबद्ध (जैसे the ~staff of a school); २. (चिकि०) (रोगनाशक औषधि आदि) किसी खास बीमारी में चिकित्सक द्वारा निकाली गई दवा जो औषधि-निर्माण-विधि में शामिल नहीं हो (तुल० OFFICINAL)।

magistrate (mâj' is trât) [F., *magistrat*, L. *magistrâtus*, as MASTER] सं० १. न्यायाध्यक्ष, वर्णाध्यक्ष, दंडनायक, मजिस्ट्रेट* (प्र०, विधि भी), दंडाधिकारी, समाहर्त्ता; २. किसी निश्चित क्षेत्र में शांति क्रायम रखने के लिए नियुक्त समाहर्त्ता या दंडाधिकारी, (दे० JUSTICE ~of the peace)। **magistracy** सं० १. मजिस्ट्रेट का पद या मर्यादा, २. दंडाधिकारी-गण, मजिस्ट्रेटों का समुदाय। **magistrateship** सं० मजिस्ट्रेट का पद, दंडाधिकारित्व। **magistrature** सं० दंडाधिकार। **magistratic, -al** वि० मजिस्ट्रेट अथवा दंडाधिकारी संबंधी।

Maglemosian वि० मैगलमोसी संस्कृति से संबंधित या उस संस्कृति का, डेन्मार्क के मैगलमोस स्थान से प्राप्त अवशेषों से प्रदर्शित यूरोपीय प्राचीन संस्कृति संबंधी या उस संस्कृति का।

magma (mâg' mâ) [L., from Gr., from *massein*, to knead] सं० (बहुव० **-mata**) १. मेग्मा* (वि० १ भी), क्षौलभूत, द्रुतपुंज, कार्बनिक या खनिज पदार्थों का मोटा चिपचिपा गारा; २. पृथ्वी की ठोस तह के नीचे की कल्पित तरल तह।

Magna Carta (mâg' nâ kar' tâ)[med. L., great CHARTER] सं० मैग्नाकार्टा, महाधिकार-पत्र जो सन् १२१५ में इंग्लैण्ड के राजा जॉन से प्राप्त व्यक्तिगत और राजनीतिक स्वाधीनता का प्रसिद्ध आज्ञापत्र था।

magnalium (mâg nâ' li um) [*Metal.*] सं० मैग्नेलियम* (वि० १ भी), ऐल्यूमिनियम और मैग्नीशियम के मिश्रण से बनी हुई हल्की ठोस मिश्र धातु।

magnanimous (mâg nân' i mûs)[L. *magnanimus* (*magnus*, great, *animus*, soul)] वि० १ महात्मन्, महानुभाव, महामना; २. विशाल हृदय, उदार चरित, महात्मा। **magnanimity** सं० १. महानुभावता; २. विशालहृदयता, उदारता। **magnanimously** क्रि० वि० १. महानुभावता से, उदारता से।

magnate (mâg' nât) [late L. *magnas -nâtem*, from *magnus*, great] सं० १ उच्चपदस्थ, धुरंधर, धुरीण, महापुरुष, बड़ा आदमी, २ अमीर, पूँजीपति, धनवान, सेठ, धनी-मानी, प्रतिष्ठित व्यक्ति।

magnesia (mâg né' shâ) [med. L., from Gr., fem. of *Magnêsios*, of or pertaining to Magnesia in Thessaly (applied to two minerals, the lodestone and a silver-like stone, perh. talc)] सं० १. आज्ञा, मैग्नीशियम का आक्साइड; २. (प्रच०) सुखाया हुआ मैग्नीशियम कार्बोनेट, सफ़ेद चूर्ण (चूर्णन) जिसका प्रयोग अम्लघ्न और सारक (रेचनवर) औषधि के रूप में होता है; ३ (कु०, वि० १) मैग्नीशियम*। **magnesian** वि० आज्ञिय, मैग्नीशियम के आक्साइड का।

magnesium (mâg né' zi um) सं० मैग्नीशियम, भ्राजा, भ्राजा (मैग्नीशियम का आक्साइड) में प्राप्त धातीय तत्त्व। **~light** १. भ्राजाजन्य-प्रकाश, मैग्नीशियम के तार को जलाने से प्राप्त चकाचौंध कर देने वाली रोशनी; २. (वि० १) मैग्नीशियम*।

magnet (mâg' net) [O.F., *magnete*, L. *magnêta*, nom. *-nês*, Gr. *magnês -nêtos*, (stone) of magnetite, see prec.] सं० १. चुबक* (इं० १, २, ३, वि० १ भी), मकनातीस, २ (ला०) आकर्षक वस्तु, अपनी ओर खींचने वाली चीज़। **horse-shoe~** घोड़े की नाल की शक्ल का चुबक।

magnetic (mâg net' ik) वि० १. चुबकीय* (इ० १, वि० १ भी), चुबकवत्, चुबकि, चुबक गुण सम्पन्न; २. चुबकत्व उत्पन्न करने वाला, चुबकत्व से उत्पन्न, चुबकत्व से कार्य करने वाला, ३. चुबक गुण ग्रहण करने में सक्ष्य, चुबक से आकृष्ट होने योग्य या जो चुबक से खिंच जाय; ४. (ला०) अत्यधिक आकर्षक या लावण्य युक्त. ५. संमोहन (मेस्मरिज़म) विषयक। सं० (बहुव०; १. चौकिकी, चुबक विज्ञान। **magnetically** क्रि० वि० १. चुबकवत्, चुबक की तरह, २. आकर्षण-शक्ति से या आकर्षक ढंग से।

magnetism (mâg' ne tizm) सं० १. आकर्षण-शक्ति, चुबकत्व; २. चुबकत्व उत्पादक प्राकृतिक साधन; ३. (ला०) आकर्षण, लावण्य या सौंदर्य। **animal~** दे० MESMR-ISM। **terrestrial~** पृथ्वी का चुबकत्व या आकर्षण शक्ति, पार्थिव चुबकत्व। **magnetist** सं० चौकिकीविद्, चुबक-विज्ञान ज्ञाता या चुबक-विशेषज्ञ।

magnetite (măg' ne tīt) सं० मैग्नेटाइट* (इ० ३, कृ० भी), चुंबिज, चुंबकीय लौह ऑक्साइड।

magnetize (măg' ne tiz) क्रि० स० १. चुंबक बनाना या चुंबक गुण प्रदान करना, चुंबकित करना; २. (शा० और ला०) चुंबक की तरह आकर्षण शक्ति उत्पन्न करना, आकर्षित करना या खींचना; ३. मेस्मराइज़ करना, संमोहन करना। **magnetization** सं० १. चुंबकीकरण, चुंबकन; २. संमोहन की क्रिया।

magneto (măg nē' tō) [MAGNET] सं० [बहुव० -os] (इं० २) मैग्नेटो*, बिजली की शक्ति पैदा करने की ऐसी मशीन जिसमें चुंबक का प्रयोग हो, [~electric का संक्षेप]।

magnetron (măg' ne tron) सं० (भौति०) मैग्नेट्रॉन* (इ० २, वि० १ भी), चुंबाणु तापायनिक नली जो अत्यधिक प्रदोलन उत्पन्न करने में प्रयुक्त होती है।

Magnificat (măg nif' i kăt) [L., 3rd sing. pres. of *magnificare*, to MAGNIFY] सं० मैग्निफिकैट, कुमारी मेरी (ईसा की माँ मरियम या मेरी) का भजन जो इंजील में (लूका ४६-५५) गीत के रूप में प्रयुक्त है।

magnificent (măg nif' i sent), [O.F. from L. *magnificent-*, stem of *magnificentior*, compar. of *magnificus*, MAGNIFIC] वि० १. शानदार, भव्य, वैभवपूर्ण, ऐश्वर्यपूर्ण; २. अत्यलंकृत, सुसज्जित; ३. बेशकीमती, बहुमूल्य, जिस पर बहुत खर्च किया गया हो, (बोल०) सुंदर; ४. उत्तम, उत्कृष्ट; ५. तड़क-भड़क का, बहुत अच्छा, शोभाशाली। **magnificence** सं० १. ठाट-बाट, वैभव, शोभा, शान, चमक-दमक, भव्यता, ऐश्वर्य; २. रौनक, समारोह। **magnificently** क्रि० वि० शान से, ठाट के साथ, भव्यतापूर्वक, ऐश्वर्यपूर्ण रीति से, चमक-दमक के साथ।

magnifico (măg nif' i kō) [It.] सं० १. वेनिस नगर का धनीमानी व्यक्ति, २ बड़ा आदमी, उच्च पदस्थ या कुलीन व्यक्ति।

magnify (măg' ni fī) [F. *magnifier*, L. *magnificāre* (*magnus*, great, *-ficāre*, *facere*, to make)] क्रि० स० १. आवर्धन करना, आवर्धित करना* (वि० १ भी), बढ़ाना, बड़ा कर दिखाना, छोटी वस्तु को बड़ा दिखाना (दूरबीन या हल्की शीशे से); २. अतिशयोक्ति करना, अत्युक्ति करना, बढ़ा-चढ़ा कर कहना या बताना, ३. (विरल) बड़ा करना, बढ़ाना। **magnification** सं० १. आवर्धन, विशालन, विशालीकरण; २. अतिशयोक्ति, ३. बढ़ाव। **magnifier** सं० १ आवर्धक, विशालक, हल्की शीशा जिससे चीजें बड़ी दिखलाई देती है, २. अतिशयोक्ति करने वाला, बढ़ा-चढ़ा कर कहने वाला।

magniloquent (măg nil' o kwent) [L. *magniloquus* (*magnus*, great, *-loquus*, assim. to *loquens -ntem*, ptcs. p. of *loqui*, to speak)] वि० १. बढ़ा-चढ़ा कर कहने वाला, २. शब्दाडंबरी, शेखीबाज, डींग हाँकने वाला, प्रगल्भ, गर्वीला। **magniloquence** सं० १. शब्दाडंबर, अत्युक्ति, शब्दाडंबरपूर्ण भाषा या शैली, शब्दाडंबरप्रियता; २. शेखी, डींग। **magniloquently** क्रि० वि० १. शब्दाडंबर के साथ, २. डींग हाँकते हुए या शेखी बघारते हुए, गर्वोक्ति से।

magnitude (măg' ni tūd) [L. *magnitūdo*, from *magnus*, great, -TUDE] सं० १. परिमाण* (इ० २, वि० १ भी), मात्रा; २. विस्तार, फैलाव; ३. आकार; ४. विशालता, महत्त्व, गुरुत्व; ५. कांतिमान। **first, seventh ~** पहला या सातवाँ कांतिमान, दीप्ति-क्रम के अनुसार व्यवस्थित नक्षत्रों की प्रथम, सप्तम श्रेणि मेंस्थाँ। **of the first ~** (ला०) सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण, सब से अधिक महत्त्व का।

magnolia (măg nō' li ă) [P. *Moguol* (1638-1715), F. botanist] सं० मैगनोलिया, बड़े वृक्षों की एक प्रजाति जिसे पत्तों और फूलों के लिए लगाते हैं।

magnum (măg' nŭm) [L., orig., neut. sing. of *magnus*, great] सं० १. मैग्नम, दो क्वार्ट का आधा गैलन (की शराब या स्पिरिट की बोतल); २. (आ०) महा*।

magnum bonum (măg' nŭm bō' nŭm) [neut. sing. of *magnus*, great, and *bonus*, good] सं० १. मैग्नम बोनम, एक प्रकार का बड़ा पीला आलूचा या आलू बुखारा जिसे उबाल कर खाते हैं; २. एक प्रकार का आलू।

magpie (măg' pī) [MAG², PIE³)] सं० १. मैगपाई, एक यूरोपीय पक्षी जिसकी पूँछ लंबी और नुकीली होती है तथा जिसके पंख काले और सफ़ेद होते हैं; २. गप्पी, बकवासी, वाचाल; ३. एक प्रकार का कबूतर या मैना; ४. अंतिम से पहले लक्ष्य का बाह्यतम विभाग (जिस पर रायफल का निशाना लगता है)।

Magus (mā' gŭs) [L., from Gr. *magos*, O. Pers. *magus*] सं० (बहुव०-**gi**) १. मैगस, प्राचीन फ़ारस के पुजारी-वर्ग का एक व्यक्ति; २. ओझा, जादूगर। **the (three) Magi** पूरब के तीन बुद्धिमान व्यक्ति जो बालक ईसा के लिए भेंट ले कर गए थे।

Magyar (mod' yär, mág' yar) [native name] सं० १. मैगियर, हंगरी में बहुतायत से पाई जाने वाली मंगोलवॉयड जाति का व्यक्ति या भाषा। वि० मैगियर, हंगरी देश की मंगोलवॉयड जाति का। ~ **blouse** मैगियर ब्लाउज, ऐसा ब्लाउज या कुर्ती जिसमें बाँहें आमने-सामने के कपड़े के साथ ही हों, उन पर सिलाई न कर के बाहों को साथ-साथ कपड़े से काट लिया गया हो।

Mahatma (mā hăt' mā) [Sansk. *mahātman* (*mahā*, great *ātman*, soul)] सं० १. महात्मा, महात्मन्, अलौकिक शक्ति के साधु, भारत या तिब्बत का सिद्ध; २. दिव्यात्माओं के लिए भारत का प्रचलित शब्द भी, विशे० महात्मा गांधी।

Mahdi (mä' di) [Arab. *mahdiy*, he who is divinely guided] सं० मेहदी, मुसलमानों का आध्यात्मिक तथा सांसारिक नेता (मुहाम में राजविद्रोही नेताओं के लिए प्रायः प्रयुक्त)। **Mahdism** सं० मेहदीवाद, मेहदियत, मेहदी का सिद्धांत।

mahjong, mahjongg (mä' jŏng) [chin. Sparrow] सं० महजोंग, चार आदमियों द्वारा १४४ गोटों से खेला जाने वाला एक (चीनदेशीय) खेल जो यूरोप और अमरीका में प्रचलित है।

mahogany (mă hog' ă ni) [prob. native Amer.] सं० १. महोगनी, अमरीका के गर्म भागों में पाए जाने वाले एक वृक्ष की कड़ी लकड़ी जो प्राय मेज-कुर्सी बनाने के काम आती है और जिस पर पॉलिश में बड़ी चमक आती है; २. महोगनी पेड़; ३. भोजन की मेज़; ४ महोगनी का रंग, रक्ताभकपिश या लाल मिश्रित भूरा (प्रायः गुण०)। **have one's knees under person's ~** व्यक्ति-विशेष के साथ भोजन करना।

Mahound (mä hoond') [M.E. and O.F. *Mahun*, Mahomet] सं० (विनोद०) मुहम्मद, दुष्टात्मा, नकली देवता, शैतान।

mahout (mä hout') [Hind. *mahāwat*] सं० महावत, पीलवान, हाथीवान।

mahseer (mä' sēr) [Hindi *mahāsir*, perh. from Sansk. *mahāśiras*, big-head] सं० महासिर, एक बड़ी भारतीय मछली जिसका शिकार किया जाता है।

maid (mād) [shortened from MAIDEN] सं० १. कन्या, कुमारी, लड़की; २. बाला, तरुणी, कुमारिका, अविवाहिता, क्वांरी स्त्री, अविवाहित स्त्री; ३. (~servant भी) दासी, सेविका, नौकरानी, महरी, परिचारिका (जैसे house~, nurse~, lady's~, ~of all work)। **~of honour** १ रानी अथवा राजकुमारी की कुमारी परिचारिका; २. एक प्रकार की पनीर पिष्टी (केक) भी। **old~** १. अत्यधिक आयु की अविवाहिता नारी; २. ओल्डमेड, ताश का एक खेल। **maidish** वि० कुमारी लड़की-सी, कुआँरी-सी। **maidy** सं० छोटी लड़की।

maidan (mī dan') [Pers.] सं० (*अंग्ल-भारतीय*) मैदान, परेड का मैदान।

maiden (mā' dēn) [A.-S. *magden*, dim. of *mægth* (cp Dut. *maagd*, G. *magd*) cogn. with MAY[1]] सं० १. लड़की, कन्या; २. अपरिणीता, अविवाहिता स्त्री, चिरकुमारी, अधिक आयु की कुमारी; ३. (इति०) मेडेन, गरदन काटने का यंत्र (गिलोटीन) जिसका प्रयोग एडिनबरा में हुआ था। वि० १. अविवाहिता, अपरिणीता; २. (मादा पशुओं के लिए) असंभोगित, जोड़ा न खाई हुई; ३. (घोड़ा) जिसे घुड़दौड़ में कभी भी पुरस्कार न मिला हो; ४. ऐसे घोड़ों की घुड़दौड़; ५. बीज का उगा हुआ (पौधा); ६. (सिपाही, तलवार आदि) नया, नयी, अपरीक्षित, न आजमाया हुआ। **~assize** खाली इजलास, रिक्त न्याय कक्ष जिसमें कोई मुकदमा या अभियोग न हो। **~hair** मेडेन हेयर, एक प्रकार का फर्न जिसमें महीन केश सदृश डंठल और कोमल शाखावत पत्र होते हैं। **~head, hood** कुमारीपन, क्वांरपन, कौमार्य। **~name** (स्त्री का) विवाह के पहले का नाम। **~over** (क्रिकेट) ऐसा ओवर जिसमें कोई रन न बने। **~speech** (संसद-सदस्य का संसद में) प्रथम भाषण। **maidenlike, maidenish** वि० कुमारी की भाँति, कुमारियों का सा। **maidenly** वि० १. कौमार्योचित, कुमारी योग्य; २. विनीत, नम्र।

maieutic (mā ū' tik) [Gr. *maieutikos*, from *maieuesthai*, to act as a midwife, from *maia*, midwife] वि० १. उद्बोधन-प्रणाली, उद्भावन-प्रणाली, धात्री-प्रणाली; २. (सुकरात के ढंग की पूछताछ या खोज) व्यक्ति के आंतरिक अव्यक्त एवं अचेतन में पड़े विचारों या भावों को चेतन में ला देने वाला, व्यक्ति के अव्यक्त विचारों को उसी के द्वारा व्यक्त करा देने वाला, सुकराती (तर्क का ढंग या प्रश्नोत्तर का तरीका)।

mail[1] (māl) [O.F. *maille* (F. *maille*), from Teut. (cp. Dut. *maal*, O.H.G. *malha*)] सं० १. डाक, मेल; २. डाक का थैला; ३. पत्र भेजने का ऐसा सिलसिला, व्यवस्था या ढंग (विशे० विदेशी पत्रों के लिए)। क्रि० स० डाक द्वारा पत्र भेजना। **the~** डाक में एक बार जो कुछ भेजा जाए। **~cart** १. मेलगाड़ी, डाक ले जाने की गाड़ी; २. बच्चा गाड़ी या बच्चों के घुमान-फिराने की हल्की गाड़ी। **~coach** (अब ~cart के अर्थों में) (पहले) सारी डाक ढोने की स्टेज-कोच। **~order** डाक द्वारा वस्तुएँ मँगाने का ऑर्डर। **~order firm** डाक द्वारा माल भेजने वाली कंपनी। **~train** डाकगाड़ी।

maim (mām) [M.E. *mahaym*, from O.F. *mahaignier*, etym. doubtful] क्रि० स० विकलांग करना, लूला या लंगड़ा करना, अपंग करना, अंगभंग करना, अंग काटना, हाथ-पैर काट देना (शा० और ला०)। **maiming** (मा० ३) अपांगन*।

main[1] (mān) [from Icel. *megn*, strong, or foll., or from both] वि० १. पूरा, पूर्ण (जैसे by~force); २. (आकार या विस्तार में) मुख्य, मुख्यांग, प्रमुख (जैसे the~body) (सेना आदि का); ३. मुख्य, मूल, प्रमुख, प्रधान (जैसे the~point तर्क में)। **have an eye to the~chance** व्यक्तिगत लाभ देखना, स्वार्थ पर दृष्टि रखना। **splice the~brace** (नाविकों आदि को) निश्चित परिमाण से अधिक शराब देना। **~brace** (नौ० वि०) बहु रस्सी जो मस्तूल के डंडे से बँधी रहती है। **~deck** १. युद्धपोत में जहाज की ऊपरी छत के नीचे की छत या डेक; २. व्यापारी जहाज में जहाज के पिछले तथा अगले भाग के बीच की ऊपरी छत या डेक। **~land** १. प्रधान भूभाग; २. बर्हिस्थित द्वीपादि को छोड़ कर शेष महाद्वीप। **~line** मेनलाइन, प्रधान लाइन, बड़ी लाइन (रेलवे की), मुख्य लाइन*, मुख्य नहर* (इं० १)। **~mast** जहाज का प्रधान मस्तूल। **~sail** (बगैकार मस्तूली जहाज में) मुख्य मस्तूली डंडे की ओर झुका हुआ पाल, (आगे और पीछे लगे हुए जहाज में) प्रधान मस्तूल के पिछले हिस्से पर लगा हुआ पाल। **~spring** बड़ी आदि की प्रधान कमानी। **~street** (संयुक्त राज्य अमरीका) नगर की मुख्य सड़क (विशे० सांकेतिक जैसे ~street ideals)। **~stay** प्रधान मस्तूल का ऊपर से नीचे तक लगा रस्सा। **~-top** निचले प्रधान मस्तूल के ऊपर का पटरा या तख्ता। **mainly** क्रि०वि०मुख्यतः, मुख्य तौर पर, प्रधानतः।

main[2] (mān) [A.-S. *megen*, cogn. with MAY[1]] सं० १. जोर, बल, शक्ति (केवल with might and~); २. (काव्य) महासागर, गहरा समुद्र; ३. नाला, परनाला, मुख्य या बड़ी नाली या मोरी। **in the~** अधिकतर, ज्यादातर, अधिकांशतः।

main[3] (mān) [etym. doubtful] सं० १. (पंसि के खेल में) पाँच से नौ तक की कोई संख्या जो पाँसे फेंकने वाला पहले फेंकने के पूर्व कहता है; २. मुर्गों की लड़ाई।

maintain (mān-, mān tān') [F. *maintenir*, L. *manū tenēre* (*manū*, with the hand, abl. of *manus*, *tenēre*, to hold)] क्रि० स० १. बनाए रखना, चालू रखना, चलते देना, कायम रखना, जारी रखना, करते रहना, २. निर्वाह करना (युद्ध, विवाद, होड़, वैधानिक कार्यवाही, शर्त, पद, स्थिति, दृष्टिकोण, रुख, संबंध, पत्र-व्यवहार); ३. (व्यक्ति को) रहने या चलने देना, (किसी स्थिति में या किसी वस्तु के अधिकारी-रूप में) संभाले रखना; ४. खर्च चलाना, जीविका चलाना; ५. पालना, भरण-पोषण करना, भरण-पोषण का व्यय चलाना, प्रतिपालन करना; ६. (सड़क आदि की) मरम्मत करते रहना, ठीक करते रहना; ७. (किसी दल या उद्देश्य को) सहारा देना, सहयोग देना; ८. प्रोत्साहन देना; ९. (राय, बयान, कथन का) समर्थन करना, पक्ष-पोषण करना, दावे से कहना। **maintainable** वि० १. समर्थन करने योग्य; २. समर्थनीय, पोष्य, प्रतिपालनीय; ३. चारणीय, संभार्य, चार्य।

maintenance (mān' tē nāns) सं० १. पालन, भरण, भरण-पोषण* (प्र०, विधि भी); प्रतिपालन, पोषण; २. संचारण, निर्वाह, गुजारा, जीविका, जीविका की आवश्यकताएँ, ३. (विधि) बादीपोषण*, किसी अभियोग में अवैध पक्षपोषण का अपराध; ४. सहारा; ५. रक्षा; ६. अनुरक्षण* (इं० २, प्र० भी)। **~of~** १. पदटोपी, ऐसी टोपी (या हैट) जो किसी पद के प्रतीक रूप में पहनी जाती हो; २. उत्सव आदि में राजा के आगे-पीछे ले जाए जाने वाली टोपी।

maisonette, maisonnette (mā zon ct') [Fr. *maison*, house] सं० १. छोटा घर; २. किसी मकान का एक भाग जो अलग से किराए पर उठा हो (यह आवश्यक नहीं कि वह सारा एक ही मंजिल पर हो)।

maize (māz) [Sp. *maiz*, Cuban, *mahiz*] सं० १. शस्य, मकई, मक्का* (कृ०, वि० १ भी), भुट्टा, मक्के का पौधा; २. (कृ०) मक्की*। **maizena** (mā zē' nā) सं० मेज़ीना, मक्के की लपसी (मक्के या माँड़) जो खाने के लिए बनाई जाती है।

majesty (māj' ĕ sti) [F. *majesté*, L. *majestātem*, nom. -*tas*, cogn. with MAJOR] सं० १. गौरव, प्रताप, तेजस्विता, शान, रोबदाब, दबदबा; २. राजत्व, प्रभुसत्ता (समाट् या राजा से या के. विषय में, बोलने में, संबोधन के रूप में Your, His, Her ~); ३. प्रभामंडल या तेजोमंडल में (ईसर या ईश्वर के बेटे का) चित्र। **majestic,-al** वि० शानदार, आलीशान, गौरवपूर्ण, राजसी, शाही, ठाट का। क्रि० वि० ऐश्वर्य या गौरव के साथ, शान या रौब के साथ।

Majlis सं० मजलिस, ईरान की संसद्।

majolica (mă yol' ikă) [It. *maiolica*, prob. *Majorca*] सं० १. मजोलिका, इटली में बनाए जाने वाले मिट्टी के बर्तन जिन पर नक्काशी की जाती है; २. आजकल की जाने वाली उनकी नकल, उनके अनुकरण पर बने आजकल के मिट्टी के बर्तन।

major (mā' jor) [L., comp. of *magnus*, great] सं० मेजर* (प्र० भी), लेफ्टिनेंट-कर्नेल से नीचे और कप्तान से ऊपर का सैनिक अधिकारी, (*सैन्य० ग्रा०* sergeant-~)। वि० और सं० १. मुख्य* (प्र०, मा० २ भी)। प्रधान, प्रमुख, २. बड़ा, दो वस्तुओं, वर्गों आदि में से अपेक्षाकृत बड़ा (इसके पश्चात् than का व्यवहार नहीं होता)। ३. (संगी० मध्यात्मकाश अर्थात् दो सुरों के बीच का अवकाश संबंधी) दीर्घ, ४. वयस्क* (प्र०, मा० १, २ भी), बालिग़* (प्र० भी)। ५. (तर्क० लूप्यपदीय प्रयोग) साध्य या गुरु आधार-वाक्य, साध्यगर्भवाक्य, प्रमुख पूर्ववाद (जैसे I deny your ~); ६. (विधि) प्राप्तवय*, ७. (ग्रा०) बृहत्*। **Brown, Smith ~** (स्कूल का) उसी नाम का छात्र जिसने पहले प्रवेश प्राप्त किया हो। **bugle, drum, pipe, trumpet ~** बिगुल, ढोल, मरकबीन, तुरही की वादक मंडली का प्रधान। **~axis** (of conic section) दीर्घ अक्ष, प्रधान अक्ष, शंकु के आकार वाले खंडों के मध्य बिंदुओं से होकर जाने वाला प्रमुख अक्ष या धुरी। **~domo** (बहुव० -os) १. इटली या स्पेन के राजकीय घराने का प्रधान प्रबंधक; २. (शिथिल अर्थों में) गृह-प्रबंधक। **~epilepsy** असली मिर्गी। **~part** अधिकांश, अधिकांश भाग। **~premise** साध्य या गुरु आधार वाक्य। **~suit** (ब्रिज, नाश) हुकुम और पान के पत्ते। **~term** साध्य पद। **majority** (mă jor' i ty) सं० १. अधिक संख्या, अधिकांश, बड़ा हिस्सा, २. बहुमत* (प्र०, मा० १ भी), बहुसंख्या* (मा० १ भी) (*of* के साथ प्रयुक्त); ३. दूसरे पक्ष की अपेक्षा किसी पक्ष को प्राप्त अधिक मतों की संख्या; ४. वयस्कता*, बालिगपन* (प्र०, मा० १ भी), प्राप्त वयस्कता (जैसे attained his ~); ५. मेजरी, मेजर का पद; ६. (विधि) प्राप्तवयता*; ७. (प्र०) मेजर*। **absolute ~ of votes** मतदाताओं की आधे से अधिक संख्या। **the ~** मृत, मरे हुए व्यक्ति। **join the ~** मरना, मृत्यु को प्राप्त होना।

majuscule (măj' us kūl) [F., from L. *mājuscula*, fem. of -*ulus*, dim. of *mājor*, see prec.] सं० (प्राचीन लेख पढ़ने की विद्या) बड़ा, दीर्घाकार (वर्ण) या अंग्रेजी का बड़ा वर्ण या बड़े आकार का प्राचीन वर्ण। **majuscular** वि० दीर्घ वर्ण-विषयक, बड़े अक्षर से संबद्ध।

make[1] (māk) [A.-S. *gemaca* (*gemæc*, equal, well-matched, cp. Dut. *gemac*, G. *gemach*, O.H.G. *gimahi*)] सं० १. बदनाकृति, समस्वभाव; २. साथी, पति या पत्नी। **makeless** वि० असमान।

make[2] (māk) [A.-S. *macian* (cp. Dut. *maken*, G. *machen*), cogn. with MATCH[1]] (भू० और भू० कृ० **made**) क्रि० स० और अ० १. सृजन करना या सृष्टि करना, बनाना, रचना, निर्माण करना, निर्मित होना या बनना (जैसे, God made man a rational creature, bees ~cells of wax, you were made for this work, pipes are made of clay); २. (पुस्तक, इच्छापत्र, लेख की) रचना करना, प्रणीत या प्रणयन करना, रूप-रेखा तैयार करना; ३. (चाय, काफ़ी) बनाना, तैयार करना; ४. (बिस्तर) बिछाना, बिछौना तैयार करना; ५. (नियम, विधि) प्रतिष्ठित करना, स्थापित करना, बनाना, अधिनियमित करना; ६. (सदन गणपूर्ति) (दे० HOUSE[1]) एकत्र करना, पूरा करना, इकट्ठा करना; ७. आदत बनाना या लगाना; ८. उदाहरण बनाना (~an example!); ९. बेवकूफ़ी दिखाना; १०. (व्यक्ति या अपने को) पशु बनाना या पशुवत् बनाना; ११. (~of) निष्कर्ष निकालना, अर्थ लगाना या मतलब निकालना, सार निकालना या तत्त्व ज्ञात करना (जैसे can you ~anything of it?, what am I to ~of your behaviour ?); १२. (of, about के साथ) (संकोच, संदेह आदि) अनुभव करना, महसूस करना, प्रश्रय देना, १३. (नौ० वि०) देखना, दिखाई पड़ना, दृष्टिगत होना, पहुँचना (भी); १४. (ग्रा०) (गाड़ी आदि) पकड़ना; १५. के बराबर होना या हो जाना (जैसे २+२=४); १६. बनाना, कर देना (जैसे one swallow does not ~a summer); १७. गिना जाना (जैसे this makes the tenth time; will you ~one of the party ?); १८. होना, हो जाना (जैसे she will ~a good wife); १९. (धन, जीविका, किसी की सम्पत्ति) पाना, प्राप्त करना; २०. (ताश के पत्ते) जीतना, लाभ के लिए (ताश) खेलना या लाभात्मक ढंग से खेलना, (ताश) फेंटना, बाँटने का काम करना; २१. बढ़ाना, अग्रसर होना या प्रगतिशील होना; २२. (की) प्रगति सुरक्षित करना; २३. करना, कर देना (जैसे ~it hot दे० HOT; ~oneself a martyr; ~oneself scarce; ~him a duke), २४. बदलना, परिवर्तित करना, २५. सोचना, अनुमान लगाना (जैसे what do you ~the time? ; I ~it five minutes); २६. (कर्तृ० to में बिना लगाए) (स्थिति) पैदा करना, वाच्य करना, २७. (believe के साथ) बहाना, (किसी काम को करने में) बहानेबाज़ी करना; २८. (युद्ध) करना, (युद्ध) प्रारंभ करना या (लड़ाई) शुरू करना; २९. करना, पूरा करना, (यात्रा आदि और क्रिया संबंधी कार्य प्रकट करनेवाली कई संज्ञाओं के साथ, जैसे acquisition, attempt, start); ३०. (दूरी आदि) पूर्ण करना, तय करना; ३१. (बाढ़ या भाटा का) बहना या उतरना (घटना)। सं० १. बनावट, आकार, शक्ल, (प्राकृतिक अथवा बनी हुई वस्तुओं की) रचना-शैली, गठन; २. ढंग, स्वभाव या चरित्र; ३. (विद्युत्) संपर्क या स्पर्श करना, अवस्था जिसमें ऐसा किया जाता है (विशे० at ~)। **he makes Richard die in 1026** इनका कहना है कि रिचार्ड की मौत १०२६ में हुई। **is this your own ~**

क्या यह तुम्हारे द्वारा निर्मित है?। **on the ~** (शा०) उन्नति की ओर अग्रसर। **~a bag** कई शिकार करना, कई शिकार मारना, शिकार से थैला भरना। **~a book** (घुड़दौड़) घोड़ों पर बाजियाँ लगवाना, बाजियों का हिसाब किताब रखना। **~a fire** जलाना, आग जलाना। **~against** विरोधी होना, (किसी के) प्रतिकूल होना या खिलाफ़ होना। **~a good breakfast** अच्छा नाश्ता करो, जलपान अच्छी तरह करो। **~and mend** (नौ० वि०) अवकाश, विश्राम-काल, काम से अवकाश (मुख्तः वह समय जो उन्हें अपने फटे कपड़े आदि सीने के लिए दिया जाता था)। **~a night of it** रात भर रंगरेलियाँ मनाना, रात भर उत्सव मनाना। **~as if one had** डींग करना कि किसी के पास है। **~away** १ जल्दी करना; २. जल्दी जाना। **~away with** पीछा छुड़ाना या पिंड छुड़ाना, मार डालना या नष्ट करना, काम तमाम करना, उड़ा डालना। **~-believe** झूठमूट (कोई काम करना), बनना (खेल आदि में)। **~-do** १. किसी चीज के एवज में उससे घटिया या अस्थायी चीज से काम चला लेना; २. काम चलाना, गुज़ारा करना। **~for** १. (प्रसन्नता, आह्लाद आदि) पैदा करना, की ओर प्रवृत्त करना; २. (मत, विचार की) ताईद करना, समर्थन करना, ३. की ओर बढ़ना, हमला करना। **~fun, game of** हँसी उड़ाना या नगण्य मानना, खिल्ली उड़ाना या उपहास करना। **~it** एक निश्चित दूरी तक पहुँचने में सफल होना, (ला०) सफल होना, सफ़र काम होना। **~it up** संधि करना, सुलह करना, फिर से मेल करना। **~much, little, the best etc. of** किसी से या किसी वस्तु से ज्य दा, नही के बराबर या ज्या।ा से ज्यादा फ़ायदा उठाना, (किसी को या किसी वस्तु को) ज्यादा, नही के बराबर या ज्यादा से ज्यादा महत्त्व देना (भी)। **~off** चपत होना, चुपके से भाग जाना (प्राय कोई चीज उड़ा कर)। **~or mar** जय या क्षय होना, (किसी काम में) सफलता या बर्बादी होना। **~out** १. ब्लूरेखा बनाना, चित्र डालना (तालिका, लेख, चेक); २. कठिनाई से हकट्ठा होना या कठिनाई से एक साथ किया जाना (जैसे articles put in to ~out a volume), ३. साबित करने की कोशिश करना (जैसे how do you ~ that out?; you ~ me out (to be) a hypocrite ?), ४. समझना (जैसे I can't ~him out; can't ~out what he wants ?;; ५. चीन्हना या पहचानना (हस्तलिपि आदि), देख कर फर्क बताना या पहचानना (जैसे I made out a figure in the distance)। **~over** हस्तांतरित करना, (किसी वस्तु का, विशे० रज़ामंदी से) सौंप देना, सुपुर्द कर देना, दे देना। **~peace** सुलह करना या शांति-स्थापन करना। **~place, room, way (for others)** दूसरे को जगह देना, दूसरे के लिए स्थान बनाना, दूसरे को रास्ता देना। **~sail** १. जलपोत की यात्रा आरंभ करना; २. सहायक पाल तानना। **~up** १. (कमी) पूरा करना या पूर्ति करना, पूर्ण करना (रकम या दन्ड), क्षतिपूर्ति करना (जैसे ~up lost ground, ~up for lost time, we must ~it up to him somehow;, २. एक साथ करना, इकट्ठा करना, मिश्रण करना (औषधि, घास का बोझ, मकखन आदि); ३. सीना (कोट आदि के हिस्सों को एक साथ); ४. एकत्र करना, इकट्ठा होना (साथ, रुपया-पैसा आदि); ५. पन्ने में (टाइप) व्यवस्थित करना; ६. (तालिका, हिसाब, लेख, दस्तावेज आदि) संकलित करना, संगृहीत करना; ७. (कहानी) गढ़ना, रचना; ८. (हिस्सों को मिला कर) पूर्ण करना; ९. (कृत्रिम बाल लगा कर और सज्जा-शृंगार आदि कर के अभिनेता को अभिनय के लिए) प्रस्तुत करना, तैयार करना; १०. सौन्दर्यवर्द्धक अंगराग आदि लगाना; ११. (शादी आदि) ठहराना या तैयारी करना; १२. समझौता कर लेना, (झगड़ा) तय करना, निपटाना। **~up one's mind to** किसी काम को करने का निश्चय करना, कोई रास्ता अख्तियार करने को कटिबद्ध होना। **~up to** प्रणय-याचना करना, खुशामद कर के किसी से काम निकालना। **~way** तरक्की करना, उन्नत होना। **what bird do you ~ that to be** ? वह कौन-सा पक्षी है या वह किस जाति का पक्षी है?। **makeshift** काम चलाऊ, स्थानापन्न, एवज़ी। **~up** १. (नाटक में) प्रसाधन या शृंगार करना, इसके लिए प्रयुक्त होने वाला अंगराग आ दि; २. स्त्रियों की प्रसाधन सामग्री या शृंगार सामग्री; ३. व्यक्ति का चरित्र या स्व भाव। **maker** सं० क्रियागत अर्थों में (विशे० the, our ~) परमात्मा, ईश्वर, स्रष्टा, विधाता, सृष्टिकर्ता आदि। **making** सं० (क्रियागत अर्थों में) (विशे० बहुव०) १. उपार्जित धन, कमाई, लाभ; २. (बहुव०) आवश्यक गुण (जैसे he has the makings of a general); ३. (बहुव० अमरीकी प्रयोग) सिगरेट बनाने के लिए कागज और तंबाकू। **be the ~ of** (किसी की) सफलता या किसी का अनुकूल विकास निश्चित करना।

mal- [F., from L. *male*, badly] उप० १. बुरा, खराब, बरी तरह, बुरे की तरह (जैसे maltreat); २. बिना-, रहित, -शून्य, (जैसे maladroit)।

Malacca (məlăk'ə) [town and district in Malay peninsula] सं० मलाक़ा, मलय प्रायद्वीप का एक नगर और ज़िला। **~cane** मलाक़ा के नाड़ या खजूर की शाखा से बनी गहरे भूरे रंग की छड़ी।

malachite (măl' ə kīt, [O F. *melochite* (Gr. *malache*, mallow, -ite)] सं० मेलाकाइट* (आ० भी), हरा खनिज पदार्थ जिस पर पॉलिश बहुत चमकती है।

malaco- यूनानी शब्द malakos (मृलायम) का समास में प्रयुक्त रूप।

malacoderm (măl' ə ko dĕrm) मृलायम खाल का जानवर (विशे० पौधो, जैसे सामुद्रिक जानवर और एक प्रकार के मरीसृपो का)।

malacology (măl ə kol' ō ji) मॉल्क विज्ञान। **malacologist** मॉल्क विज्ञान का विद्वान्, नरम मछरीा या पिलपिले (घोंघे आदि) जानवरो के विज्ञान का विद्वान्।

malacopterygian (măl ə kop ter' ij i ən) [Gr. *pteryx*, a wing] विo नरम या कोमल पख वाली (मछली)।

malacostracan (măl ə kos' tra kən) [Gr. *ostrakon*, a shell] विo एक प्रकार का कड़ी खाल का जानवर।

maladjustment (măl ə jŭst' mĕnt) सं० असमेलपन, बेढंगापन, बुरी व्यवस्था, कुसमजन*, कुसमायोजन* (आ०, मा० ३ भी), अपसमायोजन* (मा० २ भी)।

maladministration (măl ăd min is trā' shun) सं० कुप्रशासन, बुरा शासन-प्रबंध, बरा प्रबंध, बदइंतज़ामी।

maladroit (măl ə droit') विo १. बेढंगा, भद्दा; २. फूहड़, अनाड़ी। **maladroitly** क्रि० वि० १. बेढंगेपन से; २. फूहड़पन से। **maladroitness** सं० १. बेढंगापन; २. अनाड़ीपन, फूहड़पन।

malady (măl' ə di) [F. *maladie*, from *malade*, sick, late L. *male habitus* (*male*, see MAL-, *habitus*, p.p. of *habère*, to have, hold, keep)] सं० (शा० और ला०) आमय, विकार, बीमारी, रोग, व्याधि।

malaga (măl' ə gə) [seaport and province in S. Spain]

सं० १. मलागा, दक्षिणी स्पेन का एक बंदरगाह; २. वहाँ की मलाग नामक सफ़ेद शराब।

Malagasy (mäl á gäs' i) [now native, but said to be of foreign origin] सं० १. मैडागास्कर संबंधी; २. मैडागास्कर का निवासी; ३. मैलागॅसि, मैडागास्कर की भाषा।

malaise (má lāz') [F. (O.F. *mal*, as MAL-, *aise*, EASE)] सं० १. व्याकुलता*/बेचैनी* (आ० भी), व्यग्रता, बेचैनी, आकुलता; २. अनमनापन; ३. सुस्ती; ४. अस्वस्थता, ५. उलझन; ६. सुखाभाव (विशे० बिना किसी खास रोग के)।

malander (mäl' án dēr) [F. *malandre*] सं० (बहुव०) घोड़ों के घुटनों के पीछे दाद की तरह की फुंसियाँ या खुजली।

malaprop (mäl' á prop) [Mrs. *Malaprop* in Sheridan's 'Rivals', see foll.], **malapropism** सं० शब्द का बेतुका और हास्यास्पद प्रयोग, ध्वनि-साम्य के कारण एक स्थान पर दूसरे शब्द का प्रयोग, इस तरह के प्रयोग की प्रवृत्ति। **malapropian** वि० मैलाप्राप-प्रयोगी, उपर्युक्त प्रकार के प्रयोग करने वाला।

malapropos (mäl' a pro pō, -ăp ro'po') [F. *mal a' propos* (MAL-, APROPOS)] क्रि० वि० १. अनवसर, बेमौके, असमय; २. बुरे समय में। वि० १. अप्रासंगिक, बेमौके कही हुई; २. असमय में किया हुआ, बुरे समय में घटी हुई। सं० अप्रसंग, बेमौके कही हुई बात या किया हुआ काम या घटी हुई घटना।

malar (mā' lär) [L. *Mala* (prob. rel. to MAXILLA) cheek, -AR] वि० गंडास्थि, गण्ड* (आ०भी), गाल की (हड्डी), कपोल की (अस्थि)।

malaria (mā lā' ri ā) [It. *mal' aria* (MAL-, AIR] सं० मलेरिया* (आ० भी), जूड़ी, शीतज्वर, हिमज्वर। **malarial, -ian, -ious** वि० मलेरिया का, मलेरिया संबंधी, मलेरिया*- (आ०, वि० १ भी)।

Malay (ma lā') [native *Malayu*] वि० मलय, मलाया की भाषा या निवासी। **~ fowl** मलाया का मुर्गा। **malayan** वि० और सं० १. मलाया का, मलाया संबंधी, मलायन, २. मलायवासी (व्यक्ति)।

Malayalam (mäl a ya' lam [native] सं० मलयालम, केरल की भाषा।

malcontent (mäl' kon tent) [O.F. (MAL-, CONTENT)] वि० १. असन्तुष्ट, अप्रसन्न, २. अनुप्त (व्यक्ति)। सं० बागी, विद्रोही, राजद्रोह का इच्छुक (व्यक्ति)।

male (māl) [O.F., from L. *masculum*, nom. *-lus*, from *mās*, male] वि० १. पुरुष जातीय (मनुष्य, पशु, वनस्पति), २. (मशीन आदि विषयक) नरोचे (जो किसी छेद आदि में डाला जाता है); ३. मर्दाना, पुरुषों के लिए। सं० पुरुष, पशु (नर), मर्द, नर* (वि० १, विधि भी), आदमी।

malediction (mäl e dik' shun) [F., from L. *Maledictiōnem*, nom. *-tio*, from *maledicere* (*dicere*, to speak)] सं० १. आक्रोश, शाप, अभिशाप, बददुआ, २. निंदा, ३. कोसना, बुरा चाहना। **maledictory** वि० शापपूर्ण, निंदात्मक, बददुआ भरा।

malefactor (mäl' e fāk tor) [L. *factor*, from *facere*, to do)] सं० १. पातकी, पापी; २. अपकारी; ३. अपराधी; ४. बदमाश, गुंडा, दुराचारी, कुकर्मी, दुष्कर्मी, बुरा चाहने वाला (विशे० benefactor का विलोम)। **malefaction** सं० १. अपराध; २. बदमाशी, कुकर्म, दुष्कर्म। **maleficent** (mä lef' i sent) वि० १. दुःखदायी, पीड़ाकर; २. हानिकर, अपकारी, अहितकर, अनिष्टकारी; ३. अपराधपूर्ण। **malificence** सं० १. अपकार, अनिष्ट; २. प्रपीड़न।

malefic (má lef' ik) [L. *maleficus*] वि० (जादू, टोना आदि) हानिकर, नाशकारी, अनिष्टकारी।

malevolent (mä lev' o lent)[L. *malevolens -ntem* (*volens*, pres. p. of *velle*, to wish)] वि० अहितचिंतक, दूसरों का बुरा चाहने वाला, दुष्ट-हृदय, कपटी, दुराशयपूर्ण। **malevolence** सं० अहित चिंतन, दुराशय, द्वेष, दुश्मनी, कपट, बुरा चाहना। **malevolently** क्रि० वि० अहितचिंतन की भावना या दृष्टि से, द्वेष से।

malfeasance (mäl fē' zăns)[from O.F. *mafaisant* (*faisant*, pres. p. of *faire*, to do)] सं० १. दुष्कर्म* (भा० ३ भी), दुराचरण, दुराचार, दुष्करण; २. पदाधिकारी का भ्रष्टाचार; ३. बुराई, गल्ती। **malfeasant** वि० दुष्कर्मा* (भा० ३ भी), दुराचारी, दुराचरणयुक्त।

malformation (mäl for mā' shun) सं० १. विकृति; २. कुरचना* (आ० भी), बुरी बनावट, बेढबी बनावट, बेढंगापन, (कृ०) कुरूपता*। **malformed** (mal fórmed) वि० कुरचित, जिसकी बनावट बुरी या भद्दी हो।

malic (mā' lik) [F. *malique*, from L. *mālum*, apple] वि० (रसा०) (~acid) सेब तथा अन्य फलों से निकाला हुआ अम्ल।

malice (mäl' is) [F., from L. *malitia*, from *malus*, bad] सं० १. द्वेष, वैर, डाह, जलन, विद्वेष* (विधि भी), दुर्भावना* (भा० २ भी), वैमनस्य, द्रोह* (भा० २ भी); २. बुरी नीयत, दुश्मनी, दिक करने या सताने की इच्छा; ३. विप्रिद्रोह, वैधानिक द्वेष; ४. (विधि) विद्वेष*। **bear ~ (to)** १. डाह, द्वेष या वैमनस्य रखना; २. दुर्भावना रखना। **malicious** (má lish' us) वि० द्वेषपूर्ण, दुर्भावनापूर्ण। **maliciously** क्रि० वि० डाह से, द्वेषपूर्वक, दुर्भावना से।

maligh (má lin') [O.F. *maligne*, L. *malignus* (*mali-*, MALE-, *genus*, cp. BENIGN)] वि० १. (वस्तु के लिए) हानिकर, हानिकारक; २. (बीमारी के लिए) दे० MALIGNANT; ३. (विरल प्रयोग) दूसरों का बुरा चाहने वाला। क्रि० स० बुराई करना, निंदा करना, बदनाम करना। **malignly** क्रि० वि० अहित की इच्छा से, अपकार की भावना से।

malignant (má lig' nănt) वि० १. घातक, सांघातिक; २. संक्रामक, अत्यधिक संक्रामक, प्रदेही, दुर्दम्य (रोग, जैसे ~cholera); ३. हानिकर, अनिष्टकर, अमंगल, द्वेषपूर्ण, दुर्भावनापूर्ण। सं० १. (इति०) संसद के विरोध में वार्ल्स प्रथम के समर्थक या उसका समर्थन; २. (आ०) दुर्दम*। **malignancy** सं० १. सांघातिकता, संक्रामकता; २. हानिप्रवृत्ता, ३. द्वेषपूर्णता, ४. (आ०) दुर्दमता*। **malignantly** क्रि० वि० १. सांघातिकता से; २. द्वेष से, दुर्भावना से।

malinger (ma ling' ger) [F. *malingre*, sickly, etym. doubtful] क्रि० अ० १. बीमारी का बहाना करना*/ रोग व्याकरण* (भा० ३ भी), छद्म रोगी बनना; २. काम से जी चुराना (विशे० बीमारी का बहाना कर के, सैनिकों और नाविकों के लिए विशेष रूप से प्रयुक्त)। **malingerer** सं० बीमारी का बहाना करने वाला, कामचोर।

malism (mā' lizm) [L. *malus*, bad] सं० 'संसार बुरा है' का सिद्धांत।

mall (mäl, mawl) [MAUL] सं० १. ठंडी सड़क, छायादार मार्ग;

२. विशे० लन्दन के सेन्ट जेम्स पार्क की सड़क, जहाँ पहले PALL-MALL का खेल खेला जाता था; ३. (इति०) यह खेल; ४. इस खेल का सँकरा लम्बा जैसा मैदान; ५. वह दालान जिसमें यह खेल खेला जाता था।

mallard (măl' ărd) [O.F. *malart*, perh. from O.H.G. proper name *Madehart*] सं० १. जंगली बत्तख; २. इसका मांस।

malleable (măl' e ă bel) [O.F. prob. from a L. *malleābilis*, from *malleāre*, from *malleus*, hammer] वि० १. कुटन, घातवर्ध्य, घनवर्धनीय, (हथौड़े आदि से) पीटने पर बिना टूटे फैलने वाला, पीटने या कूटने पर फैलने वाला; २. (ला०) लचीला, नम्य* (आ० भी), कोमल; ३.(आ०, ई० ३, वि० १) आघातवर्ध्य*, आघातवर्धनीय*। **malleability** सं० १. घातवर्ध्यता; २. लचीलापन; ३.(ई० ३ वि० १,) आघातवर्ध्यता*, (ई० ३) आघातवर्धनीयता*।

mallemuck (măl' e mŭk) [Dut. *mallemok* (*mal*, foolish, *mok*, gull)] सं० मैलमक, सफ़ेद तथा काले लम्बे पंखों वाला एक समुद्री पक्षी या इसी प्रकार का अन्य पक्षी।

mallet (măl' ĕt) [F. *maillet*, dim. of *mail*, MAUL] सं० १. मुग्दर* (आ० भी), घन, मुगरी* (ई० ३ भी), मोगर; २. मैलेट, पोलो आदि खेलने का चौगान, दार-घन* (ई० ३ भी)।

mallow, -lows (măl' ō, -ōz) [A.-S. *mealwe*, L. *malva* (cp. Gr. *malachē*, perh. rel. to *malakos*, soft)] सं० १. रोएँदार तने और पत्तियों तथा बैंगनी फूलों वाला एक जंगली पौधा; २. बरीचों में लगाए जाने वाली इसकी किस्में।

malm (mawm) [A.-S. *mealm* (cp. Icel. *málmr*, Goth. *malma*, from Teut. *mal-*, to grind)] सं० १. नरम चाक की चट्टान; २. ऐसी चट्टान से प्राप्त मिट्टी; ३. चिकनी मिट्टी की बढ़िया ईंटें; ४. नरम मिट्टी और चूने का मिश्रण जो खाद के रूप में प्रयुक्त होता है।

Malmaison (mál mă' zon) [house near Paris of the Empress Josephine] सं० मैलमेज़ान, लाल रंग का एक फूल।

malmsey (mam' zi) [ult. from med. L. *malmasia*, corr. of Gr. *Monembasia*, Napoli di Moncn.vasia, town in Morea (cp. *malvoisie*)] सं० मैमज़ी, यूनान और स्पेन आदि की तेज़ मीठी शराब।

malnutrition (măl nū trish' un) सं० कुपोषण* (आ०, कु० भी), अपपोषण, अपर्याप्त पोषण या भोजन, पोषक आहार की कमी।

malodorous (mă lō' dor ŭs) वि० दुर्गंधि, बदबूदार, दुर्गन्धपूर्ण।

malpractice (măl prăk' tis) सं० १. दुराचार, अनाचार, दुष्कर्म, बेईमानी, बुरी रस्म, बुरा तरीक़ा, बुरा काम; २. (विधि) दुश्चिकित्सा*, चिकित्सक द्वारा किसी रोगी की अनुपयुक्त या उपेक्षापूर्ण चिकित्सा; ३. धरोहरधारी होते हुए अपने लाभ के लिए अवैध कार्यवाही करना, अमानत में खयानत करना।

malt (mawlt) [A.-S. *mealt* (cp. Dut. *mout*, Icel. *malt*, G. *malt*), cogn with O.H.G. *malz*, soft, and MELT] सं० माल्त* (आ०, वि० १ भी), यवपानीय बीज, यवरस, शराब खींचने के लिए तैयार जौ आदि अनाज। **extract of ~** जौ का सार या सत, यव-सार। **~-house, maltings** सं० (क्रियागत अर्थों में) मद्य-निर्माणशाला* **~-liquor** जौ की शराब। **~-worm** (ला०) पक्का शराबी।

Malta (mawl' tă) [island in the Mediterranean] सं० १. माल्टा* (कु० भी), भूमध्यसागर का एक द्वीप। **~-fever** माल्टा-ज्वर* (कु० भी), माल्टा में अधिकता से होने वाला एक विषम ज्वर। **Maltese** (mawl tēz') वि० और सं० (बहु० वही) १. माल्टीज़* (कु०, वि० १ भी), माल्टा का निवासी या भाषा। **~-cat, -dog** माल्टा की सुन्दर बिल्ली, कुत्ता।

maltha (măl' tha) [L., from Gr.] सं० मलथा, राल और मोम अथवा अन्य सामग्रियों का सीमेंट।

Malthusian (măl thū' zi ăn) [T. R. *Malthus* (1766-1834), political economist and advocate of restraint in the propagation of children, -IAN] सं० माल्थसवादी, टी० आर० माल्थस (१७६६-१८३४) का अनुयायी, जिसने जनसंख्या की वृद्धि को रोकने के लिए नैतिक संयम को ही उत्तम माना था। वि० माल्थस-विषयक। **Malthusianism** सं० माल्थसवाद।

maltose (mawl' tōz [F. (MALT, -OSE)] सं० १. (रसा०) माल्टोज़* (आ०, कु० भी), माल्ट शर्करा, यव शर्करा* (कु० भी), रासायनिक क्रिया से निकली हुई जौ की चीनी।

maltreat (măl trēt' [F. *maltraiter*, L. *male tractāre* (MAL-, TREAT] क्रि० स० दुर्व्यवहार करना, बुरा बर्ताव करना, बुरी तरह पेश आना। **maltreatment** दुर्व्यवहार, बुरा बर्ताव।

maltster, malty दे० MALT।

malvaceous (măl vā' shus) [late L. *malvaceus*, from *malva*, MALLOW] वि० मैलो जाति के पौधे का।

malversation (măl ver sā' shŭn) [F. *malverser* (L. *male*, badly, *versāri*, to behave freq. of *vertere*, to turn), -ATION] सं० १. दुराचरित, भ्रष्टाचार, अनुचित व्यवहार; २. विश्वस्त पद के अधिकारी का कदाचार या भ्रष्टाचार; ३. गबन; ४. अपव्यय; ५. सार्वजनिक धन आदि का अपव्यवहार।

mambo (mām' bō) सं० मम्बा साँप, अफ्रीका का विषाक्त वलय सर्प।

mamelon (mām' e lon) [F., a teat, from *mamelle*, L. MAMILLA] सं० गोल टीला या पहाड़ी।

mameluke (mām' e look) [Arab. *mamlūk*, slave, from *malaka*, to possess] सं० १. (इति०) ममलूक, उस सैनिक दल का सदस्य (मूलतः काकेशस का गुलाम) जिसने १२५४ में मिस्र की राजगद्दी पर अधिकार कर लिया था, २. (मुसल्मिम देशों में) गुलाम, दास।

mamilla (ma mil' a [L., dim of MAMMA²] सं० १. चूचुक, कुचाग्र, स्तनाग्र, २. चूचुक के आकार का अवयव। **mamillary** वि० कुचाग्र-विषयक, चूचुक संबंधी। **mamilliate, mamillated** वि० कुचाग्रवत्, चूचुक जैसा। **mamilliform** वि० चूचुक के आकार का।

mamma¹ (mă' mă) [reduplication of instinctive sound made by infants] सं० अम्मा, जननी, मम्मा, मम्मी, अम्मा (विशे० बच्चों द्वारा प्रयुक्त)। **mammy** सं० १. मम्मी, अम्मी, अम्मा; २. (अमरीकी प्रयोग) (गोरी जाति के) बच्चों की (अन्य जाति की) आया या दाई।

mamma² (mām' ă) [L.] सं० (बहु० -æ) १. चूची, स्तन, थन; २. नर की चूची या मिथ्या स्तन। **mammary** वि० स्तन का, थन-संबंधी, (आ०) स्तन*। **mammiferous** वि० स्तनधारी, थनदार। **mammiform** वि० चूची जैसा, स्तन के आकार का।

mammal (mām' ăl) [sing. from mod. L. *mammālia*, neut. pl. of late L. *mammālis*, from L. MAMMA²] सं० १. स्तनपायी* (आ०, वि० १ भी), स्तनिल, स्तनवाला प्राणी, स्तनधारी* स्तनी* (वि० १ भी)। **mammaliferous** वि० (भूगर्भ०) जिसमें स्तनधारी प्राणियों के अवशेष हों।

mammee (má mē') [through F. *mammée* or Sp. *mamey*, from Haitian] सं० आमी, उष्ण कटिबंधीय अमरीका का बड़े, पीले और गूदेदार फल वाला एक वृक्ष।

mammon (mām' ŏn) [L. *mammōna*, Gr. *mamōnas*, Aram. *māmōnā*, riches] सं० १. धन, लक्ष्मी; २. धन-संपत्ति, धन-दौलत, सम्पदा; ३. धन का देवता। the ~of unrighteousness अपव्यय किया गया धन, अनुचित रूप से प्राप्त धन। **mammonish** वि० धनपरायण, धनलोलुप। **mammonism** सं० धनपरायणता, धनलोलुपता। **mammonist, -ite** सं० लालची, धन लोलुप।

mammoth (mām' ŏth) [Russ. *mammat* (now *mamant*)] सं० मैमथ* (बि० १ भी), प्राचीन काल में पाया जाने वाला एक बृहदाकार हाथी। वि० १. विशालकाय; २. बहुत बड़ा, विराट, लम्बा-चौड़ा।

mammy दे० MAMMA[1]।

man (mān) [A.-S. *mann* (cp. Dut. and Swed. *man*, G. *mann*)] सं० (बहु० men) १. मानुष, मनुष्य, मानव* (मा० ३ भी), आदमी; २. (अनिश्चित अथवा सामान्य प्रयोग में) व्यक्ति (जैसे any, no~) ३. मनुष्य-जाति, मानव-जाति; ४. पुरुष, वयस्क नर; ५. एक, अकेला (जैसे what can a~do in such a case); ६. व्यक्ति (जैसे man for man); ७. पुरुषोचित गुणों से सम्पन्न (जैसे be a, play the~); ८.(इति०) आसामी; ९. नौकर, दास, १०. कारीगर; ११. (प्राय: बहु०) सैनिक; १२. (अनरंज में) पैदल, प्यादा; १३. (चौपड़ या चौसर में) गोट, मोहरा; १४. पति; १५ 'बाला' के अर्थ में भी प्रयुक्त (जैसे post-man, brake-man आदि); १६. जहाज (जैसे ~ of war लड़ाई का जहाज); १७ (विधि) पुरुष*; १८. (प्र०) सैनिक*, जवान*। क्रि० म० १. आदमी लगाना, आदमियों का इंतजाम करना, (किले या जहाज पर) सैनिक या आदमी तैनात करना; २. (पद पर) किसी को नियुक्त करना; ३. हिम्मत बँधाना, दिल मजबूत करना। **all, to a man** प्रत्येक व्यक्ति। **be one's own ~** आपे में होना, होश में आना। **I'm your ~** १. मैं उपस्थित हूँ; २. मुझे स्वीकार है। **if you want noise he is your ~** यदि शोर चाहते हो तो उससे कह दो। **~about town** लंदन में प्रयुक्त; कुलीन और धनी व्यक्ति जिसे कोई काम न हो। **~and boy** लड़कपन में। **~-at-arms** सिपाही, योद्धा। **~in the street** सामान्य पुरुष। **~of letters** विद्वान, पंडित। **~of the world** दुनियादार, चलतापुर्जा। **rag & bone~** कबाड़ी। **break ~** ईंक वाला। **clergy ~** पादरी। **inner ~** आत्मा। **outer ~** शरीर। **pen ~** लेखक, मसिजीवी। **post ~** डाकिया। विट्ठीरसा, पोस्टमैन। **~-child** लड़का। **~-eater** १. नरभक्षी शेर; २. कटहा घोड़ा; ३. शार्क मछली। **~Friday** सेवक, नौकर (रॉबिन्सन क्रूसो ने अपने नौकर का यही नाम रखा था)। **~-handle** १. हाथ की गति से चलाना; २.(प्रा०) बल प्रयोग करना: ३. बुरा व्यवहार करना। **~-hole** मैनहोल, बड़े नाले का मुँह जिससे से आदमी उतर सके। **~-power** १. सेना या किसी अन्य कार्य के लिए प्राप्य व्यक्तियों की संख्या, जनशक्ति, जन-बल, मनुष्य-बल, २. श्रमिक संख्या, काम करने वालों की तादाद। **~-slaughter** १. नरहत्या; २.(विधि) बिना पूर्व विचार या इरादे के हत्या करना* । **~servent** नौकर। **~-trap** मनुष्यों को पकड़ने का जाल (विशे० अनधिकृत रूप से लाने-जाने वालों को)। **manful** वि० १. बहादुर, शूरवीर, साहसी; २. अटल, दृढ़प्रतिज्ञ, इरादे का पक्का। **manfully** क्रि० वि० १. बीरतापूर्वक, बहादुरी से, २. दृढ़ता से। **manfulness** सं० १. बहादुरी, मर्दानगी, २. अटलता, दृढ़ता। **manhattan** सं० मैनहैटन, एक प्रकार की कॉकटेल (जिसमें वरमाउथ व्हिस्की आदि मिलाई जाती है)। **manhood** सं० १. पुरुषत्व; २. साहस, हिम्मत; ३. किसी देश का पुरुष। **mankind** सं० १ मनुष्य या मानव-जाति* (बि० १, विधि भी); २. नर, पुरुष। **manless** वि० बिना आदमी का, पुरुषहीन। **manly** वि० १. पुरुषोचित; २. साहसपूर्ण, वीरोचित; ३. साहसी, निर्भीक, मर्दाना, बहादुरी का; ४. पुरुषोचित गुणसम्पन्न (स्त्री)। **manliness** सं० १. पौरुष; २. साहस; ३. निर्भीकता; ४, बहादुरी, मर्दानगी। **mannish** वि० पुरुषोचित आचरण करने वाली स्त्री, मर्दाना औरत,; २. पुरुषोचित। **mannishness** सं० पुरुषत्व, पुरुषोचित आचरण।

manacle (măn' á kel) [O.F. *manicle*, L. *manicula*, dim. of *manus*, hand] सं० (प्राय: बहु०) हथकड़ी, बेड़ी, जंजीर(ला० भी)। क्रि० स० १. हथकड़ी डालना या पहनाना; २. बाँध कर रखना; ३. पाबंद करना।

manage (măn' áj) [It. *maneggiare*, from L. *manus*, hand] क्रि० स० और अ० १. (औजार आदि) चलाना, प्रयोग करना; २. प्रबंध करना, संचालन करना; ३. (गृहस्थी, संस्था, राज्य) चलाना, बंदोबस्त करना; ४. (व्यक्ति, पशु आदि को) संभालना, काबू या वश में रखना या करना; ५. जुगाड़ या चापलूसी से अपना काम निकालना; ६. तरकीब या युक्ति करना (बहुधा व्यंग्यात्मक ढंग से. (जैसे he managed to muddle it); ७.(अपर्याप्त साधनों से) लक्ष्य प्राप्ति में सफल होना; ८. (can या be able to के साथ प्रयुक्त) कठिनाई को हल करना; ९. उचित प्रयोग करना (जैसे can you ~ another slice)। **manageable** सं० प्रबंधनीय, प्रबंध करने योग्य। **manageability, manageableness** सं० प्रबंधनीयता। **managedly** क्रि० वि० सप्रबंध, प्रबंध करते हुए। **management** सं० (क्रियागत अर्थों में) १. प्रबंध* (मा० २, इं० भी), इंतजाम, बंदोबस्त; २. (विशे०) छल, कपट, ठगीपूर्ण युक्ति या उपाय, व्यवस्था* (मा० ३ भी)। **the ~**प्रबंधकर्ता, प्रबंधक मंडल, प्रबंधक गण*। व्यवस्थापक गण* (मा० ३ भी)। **manager** सं० १. मैनेजर, प्रबंधक, व्यवस्थापक, प्रबंधकर्ता; २. संसद के दोनों सदनों में से किसी का भी सदस्य जो किसी ऐसे कार्य के लिए नियुक्त किया जाए जिसका संबंध दोनों सदनों से हो; ३. (विधि) सरबराहकार*। **manageress** सं० प्रबंधकर्त्री, व्यवस्थापिका। **managerial** वि० प्रबंधकीय, प्रबंध या व्यवस्था संबंधी। **managership** सं० मैनेजरी, व्यवस्थापकी। **managing** वि० चापलूसी आदि से सफलता प्राप्त करने वाला।

manatee (măn á tē') [Sp. *manati*, Carib. *manatoui*] सं० मानाती, जलगाय, समुद्री गाय।

Manchester (măn' ches ter) [City in Lancashire] सं० मैनचेस्टर। **~goods** सूती कपड़े। **~school** अबाध या निर्बाध व्यापार के समर्थकों या समर्थकों का संप्रदाय; कार्डन, ब्राइट और उनके अनयायियों को विजयायी द्वारा दिया हुआ नाम।

manchineel (măn chi nēl') [F. *mancenille*, Sp. *manzanilla*, dim. of *manzana*, L. *matidna*, a certain kind of apple, from *Matius*, name of a Roman gens] सं०मंचीनील, जहरीले रस और तीखे स्वाद वाले फलों वाला पश्चिमी द्वीप-समूह का एक वृक्ष।

manciple (măn' sipel) [O.F. *manciple*, *mancipe*, L. *Mancipium*, from *manceps*, a buyer, a manager (*manus*, hand, *capere*, to take)] सं० १. भोजनाधिकारी; २. रसद दारोगा; ३. कालेज या छात्रावास के लिए सामान खरीदने वाला अधिकारी।

Mancunian (măng kū' ni ăn) [mod. Lat. *Mancunium*, Manchester] सं० १. मैनचेस्टर का (निवासी); २. मैनचेस्टर की पुरानी झंझ की पाठशाला का छात्र।

mancy [Gr. *mantria*, divination, from *mantuesthai*, to prophesy, from *manti*, prophet] प्रत्य० (किसी चीज के द्वारा) भविष्य कथन।

Mandaean वि० और सं० १. मैनडियन, मेसोपोटामिया के जड़वादीसंप्रदाय का (अनुयायी या सदस्य); २. मैनडियन, इस संप्रदाय की भाषा।

mandamus (măndā' mŭs) [L., we command (cp MANDATE)] सं० परमादेश, बड़े न्यायालय द्वारा छोटे न्यायालय को दिया गया आदेश, परमाधिदेश* (मा० १ भी)।

mandarin (măn' dă rin) [Port. *mandarim*, from Malay and Hindi *mantri*, Sansk, *mantrin*,' counsellor, from *man*, to think, cogn. with MIND] सं० १. चीन देश का पदाधिकारी; २. बोल-चाल की परिनिष्ठित चीनी भाषा; ३. प्रतिक्रियावादी विचारों का नेता; ४. संतरिन, एक गुठला जिसे चीनी वेष पहनाते हैं और जिसका सिर हिलता रहता है; ५. मदारिन, एक प्रकार की बत्तख; ६. संतरा; ७. एक प्रकार की छोटी और चपटी नहर रंग की नारंगी; ८.. नारंगी रंग जो तारकोल से निकलता है। ~duck मदारिन बतख, चीनी बतख जो अपने चमकीले परों के लिए प्रसिद्ध है।

mandate (măn' dāt) [L. *mandātum*, neut. p.p. of *mandāre*, to command (*manus*, hand, *dare*, to give)] सं० १. आज्ञा, समाज्ञा, आदेश, आदेश-पत्र, अधिदेश* (प्र० मा० १ भी); २. किसी की (विशे० राष्ट्रसंघ की) ओर से किसी देश को किसी देश पर शासन करने का अधिकार जो अभी स्वतंत्रता-प्राप्ति के उपयुक्त न हो; ३. (काव्य०) आज्ञा, हुक्म, फ़रमान; ४. (किसी प्रश्न का) पोप द्वारा उत्तर, पोप का कोई भी निर्णय; ५. (विधि) आज्ञापत्र*, नियोगपत्र; ६. निर्वाचकों द्वारा संसद के सदस्य को दिया जाने वाला कथित राजनीतिक आदेश। क्रि० स० (अविशिष्ट व्यक्ति को राज्य आदि) सौंपना, समर्पित करना। **mandatary** (măn' dă tăr i) सं० १. (विधि) आदेश या हुक्म पाने वाला, व्यक्ति जिसे अधिकार या अधिभार दिया गया हो।

mandible (măn' di bĕl) [L. *mandibula*, from *mandere*, to chew] सं० १. अधोहनुास्थि, अधोहनु अस्थि* (कृ० भी), अधोहनु*/मेण्डीबिल* (आ०, कृ० भी); २. जबड़ा (विशे० स्तनधारी पशुओं और मछलियों का निचला जबड़ा); ३. चिड़िया की चोंच का ऊपर का या निचला भाग; ४. (कीड़ों के) ऊपर के जबड़ों के जोड़े में से कोई एक जबड़ा। **mandibular** वि० १. जबड़े से संबंधित; २. जबड़े-सा। **mandibulate** वि० जबड़ेदार।

mandola, -ora सं० मैंडोला, एक प्रकार की वीणा या सारंगी।

mandolin (măn' dŏ lin) [F. *mandoline*, It. *mandolino*, dim. of *mandola*, *mandora*, var. of PANDORA (cp. BANDORE)] सं० मैंडोलिन, सारंगी या वीणा के प्रकार का एक बाजा।

mandragora (măn drăg' or ă) [A.-S. and late L., from Gr. *mandragoras*] सं० (विशे०) एक प्रकार की निद्राजनक या मूर्छाकारी ओषधि, दे० MANDRAKE।

mandrake (măn' drāk) [M.E. *mandrage*, from prec. (cp. Dut. *mandrage*)] सं० विषाक्तमूल, एक विषाक्त पौधा जो वामक और निद्राजनक या मूर्छाकारी होता है, लोगों का विश्वास है कि इसकी जड़ मनुष्याकार होती है तथा तोड़ने पर चीखती है।

mandrel (măn' drel) [perh. corr. of F. *mandrin*] सं० १. खराद का बुरा; २. बेलनाकार खूँटा जिस पर रख कर धातु के बर्तन आदि गढ़े जाते हैं; ३. (बोल०) खान खोदने की कुदाली; ४. (इं० ३) मैंड्रेल*।

mandrill (măn' dril) [MAN, DRILL[4]] सं० मैंड्रिल, भयानक आकृति का दीर्घाकार लंगूर।

manducate (măn' dū kāt) [L. *manducātus*, p.p. of *manducāre*, to chew] क्रि० स० चबाना, खाना। **manducation** सं० चबाना, चर्वण, भक्षण। **manducatory** वि० चबाने या खाने संबंधी।

mane (mān) [A.-S. *manu* (cp. Dut. *maue*, Icel. *mön*, pl. *manar*, G. *mähne*), cogn. with Sansk. *manyā*, nape of the neck, L. *mentle*, necklace] सं० सटा, अयाल* (कृ० भी), केसर, घोड़े, सिंह आदि जानवरों की गर्दन पर के लम्बे बाल (ला० अर्थ में व्यक्ति के लिए भी प्रयुक्त)। **maned** वि० अयाल वाला, केसरयुक्त। **maneless** वि० बेअयाल, केसरविहीन।

manege (ma năzh') [F.], सं० १. घुड़सवारी का स्कूल, अश्वारोहण शिक्षणालय; २. प्रशिक्षित घोड़े की चाल; ३. घुड़सवारी, अश्वारोहण-कला।

manes (mā' nēz) [L.] सं० (बहु०) १. पितर* (मा० १, ३ भी), पितृदेव, पित्र देवता; २. स्वर्गीय पूर्वजों की पवित्र आत्माएँ।

mangabey (măng' gă bā) [part of Madagascar] सं० मैंगाबे, अफ्रीका का एक बंदर।

manganese (măng' gă nēz, -nēs) [F. *manganèse*, corr. of MAGNESIA] सं० १. मैंगनीज* (इं० ३ भी), एक धातु खनिज जो काँच बनाने में काम आता है; २. एक धातु तत्त्व जिसका यह आक्साइड है। **manganesian, manganic** वि० मैंगनीज संबंधी।

mange (mānj) [M.E. *manjeue*, O.F. *manjue*, from *manjuer* (F. *manger*, to eat), L. *mandūcāre*, to MANDUCATE] सं० १. (बालदार या ऊन वाले जानवरों की) खाज*, पशुखाज* (आ०, कृ० भी); २. (शिथिल अर्थों में) त्वचा की गंदी अवस्था, ३. खुजली* (कृ० भी)। **mangy** वि० १. खुजली की बीमारी वाला; २. गंदा, मैला। **mangily** क्रि० वि० खाज की तरह। **manginess** सं० खजहापन।

mangel-wurzel (măng' gel wŭr' zel) [G. *mangoldwurzel* (*mangold*, beet, *wurzel*, root)] सं० १. पालक, राजमूल, (बड़े प्रकार का) चुकन्दर (पशुओं के चारे के रूप में प्रयुक्त होता है)।

manger (mān' jer) [O.F. *mangeure*, from *manger*, to eat, see MANGE] सं० तृण-भाजन, तृणपात्र, नाँद* (कृ० भी), चरनी (घोड़ों तथा अन्य पशुओं के चारा खाने के लिए)।

mangle[1] (măng' gĕl) [A.-F. *mangler*, *mahangler*, freq. of O.F. *mahaigner*, to MAIM] क्रि० स० १. क्षत-विक्षत करना; २. चीर-फाड़ डालना, काट-पीट देना, ३. सूरत बिगाड़ डालना, काट-कूट कर विरूप करना; ४. पाठ भ्रष्ट करना, (उद्धरण, मूल पाठ आदि को) अशुद्धियों द्वारा क्षति पहुँचाना, ५. (शब्दों को) अशुद्ध उच्चारण द्वारा भ्रष्ट करना।

mangle[2] (măng' gel) [Dut. *mangel* (whence *mangelen*, to mangle), late L. *mangenum*, Gr. *manganon*, see MANGONEL] सं० मैंगल, कुछ हुए कपड़ों पर लोहा करने के लिए दो या दो से अधिक बेलनों की मशीन। क्रि० स० बेलनदार मशीन में लोहा करना।

mango (măng' gō) [Port. *manga*, Malay *marigā*, Tamil *mānkāy* (*mān*, mango-tree, *kay*, fruit)] सं० (बहु० ~es) आम*, आम* (कृ० भी), रसाल। ~fish सुनहरे रंग की मछली।

~trick नजरबंदी कर के आम का वृक्ष फलों सहित उगा कर दिखाना।

mangonel (măng' gŏ nel) [O.F., from late L. *mangona, mango -onem*, Gr. *manganon*] सं० (इति०) मैंगोनल* (मा० १ भी०), मंजनीक, पत्थर आदि फेंकने की कल जो लड़ाई में प्रयुक्त की जाती थी, प्रक्षेपास्त्र* (मा० १ भी०)।

mangosteen (măng' gŏ stēn) [Malay *manggustan*] सं० मैंगोस्टीन* (आ० भी०), एक वृक्ष जिसके फल का लाल गहरे रंग का छिलका और सफ़ेद रसीला गूदा होता है।

mangrove (măng' grōv) [etym. doubtful] सं० १. मैंग्रोव* (वि० १ भी०),उष्णकटिबंधीय वृक्ष या झाड़ी जिसकी छाल का प्रयोग दवाइयों और चमड़ा कमाने में होता है; २. (वि० १) गरान* (बंगला)।

mangy दे० MANGE।

man-handle, manhood दे० MAN।

mania (mā' ni ā) [L. and Gr. cogn. with *mainesthai*, to be mad] सं० १. बुद्धिभ्रम; २. उन्माद* (आ०, मा० २, ३ भी), पागलपन, ३. खब्त, सनक, झक; ४. अत्यधिक उत्साह, विक्षिप्तोन्माद* (मा० ३ भी)। **maniac** वि० और सं० १. पागल, उन्मत्त, उन्मादी* (मा० ३ भी); २. खब्ती, सनकी। **maniacal** वि० पागल, उन्मत्त। **maniacally** क्रि० वि० पागलपन में, सनक में।

-mania [as prec.] प्रत्य० १. वैज्ञानिक दृष्टि से विशेष प्रकार के पागलपन का द्योतक प्रत्यय (जैसे kleptomania, megalomania); २. खब्त सनक या अति अनुराग। **-maniac** व्यक्तिवाची प्रत्यय। **bibliomania** सं० पुस्तकों का खब्त। **kleptomania** सं० चौर्योन्माद। **nymphomania** सं० कामोन्माद (स्त्रियों में)।

Manichean (măn i kē' an) [L. *Manichæus*, late Gr. *manichaios*, from name of founder] सं० मनिकावादी, उपर्युक्त धार्मिक मत को मानने वाला। **Manicheism** (măn' i kē izm) सं० मनिकीवाद। **Manichee** (măn i kē') सं० मनिकी, तीसरी से पाँचवीं शती तक प्रचलित एक धार्मिक मत के अनुयायी जो शैतान को ईश्वर के समान ही शाश्वत मानते थे।

manicure (măn' i kūr) [F. < L. *manus*, hand, *cura*, care)] सं० १. हाथों और नखों को सुन्दर बनाने का पेशा करने वाला। क्रि० स० १. हाथों और नखों को सुन्दर बनाना; २. नाखून काटना या तराशना। **manicurist** सं० हाथों और नखों को सुन्दर बनाने वाला।

manifest (măn' i fest) [through F. *manifeste* or directly from L. *manifestus* (prob. *manī-, manu, manus*, hand, *festus*, struck, cogn. with DEFEND)] वि० १. स्पष्ट, स्फुट, व्यक्त* (आ० भी), बाहिर, प्रकट, अभिव्यक्त* (मा० ३ भी), प्रत्यक्ष, खुला। सं० सूची* (मा० १ भी), मालसूची, सीमाशुल्क अधिकारियों के उपयोग के लिए जहाज़ पर लदे हुए माल की सूची। क्रि० स० और अ० १. स्पष्ट करना, प्रकट करना; २. साक्षी होना, सिद्ध करना, ३. (किसी के कृत्यों आदि को देख कर उसके गुणों, भावों को) प्रकाशित अथवा सूचित करना; ४. (वस्तुओं को) प्रकाशित करना, ५. जहाज़ पर लदे माल की सूची बनाना; ६. (सरकार या राजनीतिक दलों का) सार्वजनिक मत प्रकट करने के लिए सभाएँ करना; ७. (भूत का) दिखाई पड़ना, सामने आना। **manifestation** सं० १. स्पष्टीकरण, २. प्रदर्शन, प्रकाशन; ३. प्रत्यक्षीकरण; ४. अभिव्यक्ति* (आ०, मा० २ भी)। **manifestative** वि० प्रकाश्य, प्रदर्शनीय। **manifestly** क्रि० वि० प्रत्यक्ष, स्पष्ट रूप से।

manifesto (măn i fes' to) [It.] सं० (बहुव० -tos) १. प्रकाशन-घोषणा; २. घोषणा-पत्र* (प्र०, मा० १ भी); ३. विज्ञप्ति, एलान।

manifold (măn' i fōld) [A.-S. *manigfeald*] वि० १. विविध, बहुविध, नानाविध, नाना रूप, कई प्रकार का, तरह-तरह का; २. एक साथ ही अनेक काम करने वाला; ३. विविध और विभिन्न। सं० (यां०) बहुत से सुराखों वाला नल या कक्ष। क्रि० स० एक साथ बहुत-सी कार्बन प्रतियाँ तैयार करने वाली मशीन से पत्र आदि की प्रतियाँ निकालना। **~writer** मेनिफोल्ड राइटर, लेख की एक साथ बहुत सी कार्बन प्रतियाँ तैयार करने वाली मशीन। **manifoldly** क्रि० वि० नाना रूपेण, तरह-तरह से, अनेक ढंग से। **manifoldness** सं० नानारूपता, विविधता।

manikin (măn' i kin) [Dut. *manneken*, dim. of *man* (cp. F. *mannequin*)] सं० १. छुटभर; २. बौना, नाटा आदमी; ३. (मूर्तिकार के लिए) मानव आकार का ढाँचा, (शरीर-रचना दिखाने के लिए प्रयुक्त) शरीर का ढाँचा; ४. मैनिकिन, अमरीका का उच्च कटिबंधीय छोटा पक्षी।

Manila, Manilla[1] (mă nil' a) [capital of Philippine Islands] सं० १. मनीला, फ़िलिपाइन की राजधानी; २. रस्सी, चटाई आदि बनाने का रेशा (~hemp भी); ३. मनीला चुरुट, मनीला की बनी हुई चुरुट। **~paper** मनीला काग़ज़, रस्सी आदि बनाने के रेशे से बना हुआ भूरा काग़ज़।

manilla[2] (mă nil' a) [Sp., from It. *maniglia* (perh. dim. of L. *manus*, hand, or from *monilia*, pl. of *monile*, necklace)] सं० मनीला, धातु का कंगन जिनका प्रयोग अफ़्रीकी जनजातियाँ विनिमय के लिए करती थीं।

manille (mă nil') [corr. of Sp. *malilla*, dim. of *mala*, L. *malus*, bad] सं० मनिले, चौकड़ी (चार व्यक्तियों के बीच खेला जाने वाला ताश का खेल) और ombre (तीन व्यक्तियों के बीच खेला जाने वाला ताश का खेल) में तुरुप का सब से बड़े से छोटा पत्ता।

manioc (măn' i ok) [Port., from Tupi-Guarani] सं० कसावा का पौधा, उस पौधे का निर्यास्ता।

maniple (măn' i pēl) [O.F., from L. *manipulus*, handful (*mani-, manus, -pulus*, form of root *plē-*, to fill, as in *plēnus*, full)] सं० १. लघु गुल्म, (रोम) सेना की टुकड़ी जिसमें १२० या ६० सैनिक होते थे; २. पादरी की पोशाक का एक भाग; ३. क्रूरीद तीन फीट लम्बी पट्टी जो बाईं आस्तीन से लटकी रहती है।

manipulate (mă nip' ū lāt) [prob from MANIPULATION, from F. *manipuler*, from L. *manipulus*, see MANIPLE] क्रि० स० १. चलाना* (प्र० भी), काम लेना, काम में लाना, प्रयोग करना (विशे० दक्षतापूर्वक); २. जोड़-तोड़ करना* (प्र० भी), चालाकी से मतलब सिद्ध करना, बेइमानी करना, छल-योजना करना, छल साधन करना। **manipulation** सं० १. प्रयोग; २. छल-योजन, छल-साधन; ३. हेर-फेर*/ हस्त-कौशल* (प्र०, वि० १ भी), कुशल प्रयोग, क्रिया-कौशल; ४. कार्य-साधन*, जोड़-तोड़ बिठाना* (मा० १ भी); ५ (मा० २) हस्ताधि-प्रयोग*; ६. हस्तोपचार* (आ० भी)। **manipulative, manipulatory** (mă nip' ū lā tiv, -tori) वि० १. हस्तकौशल पूर्ण; २. छल-साधन संबंधी।

manipulator सं० १. चलाने वाला; २. हस्त-कौशल वाला; ३. छल-साधन करने वाला।

manitou (मान' ई टू) [Algonkin *manitu*] सं० १. (अमरीकी इंडियन) (अच्छी अथवा बुरी) रूह, भूत, प्रेत; २. अलौकिक शक्तिवाली वस्तु।

mankind, manlike दे० MAN।

manna (मान' अ) [late L. and Gr., from Heb. *mân* (said to be from Heb. *mân hut*, what is this ?; but more prob. the same as Arab. *mann*, applied to Hebrew or Persian manna)] सं० १. मैना, अमृत, देवों का भोजन, नियामत; २. ईश्वर-प्रदत्त भोजन (जो जंगल में यहूदियों को मिला था); ३. आध्यात्मिक आहार; ४. दिव्याश (विशे० Eucharist का); ५. मैना, कई प्रकार का पेड़ों का मीठा रस जो औषधि में काम आता है और दस्तावर होता है। **~croup** गेहूँ का रवा।

mannequin (मान' ए किन) [Fr., a lay figure] सं० मैनेक्विन, बनीबनाई पोशाक बेचने वालों द्वारा नियुक्त व्यक्ति (प्रायः स्त्री जो इन पोशाकों को ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए पहन कर दिखाती है)।

manner (मान' ऐर) [O.F. *maniere*, from L. *manuārius*, pertaining to the hand, from *manus*, hand] सं० १. रीति, विधि, ढंग, तरीका, प्रकार, शैली, कार्यप्रणाली; २. (बहुव०) शिष्टाचार; ३. परिपाटी; ४. रीति-रिवाज, सामाजिक चलन; ५. चाल-ढाल, व्यवहार, आचार, आचरण; ६. साहित्य अथवा कला की शैली। **adverb of~** (व्या०) विधिवाचक क्रिया विशेषण। **all~of** प्रत्येक प्रकार का। **bad~** अशिष्टता, अभद्रता। **good~** शिष्टता, शिष्टाचार, सद्व्यवहार। **ill~** बुरे आचरण का, अशिष्ट, अभद्र। **in a~** १. एक प्रकार से; २. एक सीमा तक। **no~of right** कोई अधिकार नहीं। **rough~** अशिष्ट। **the grand~** पुराने ढंग का ठाठ-बाट। **to the~born** १. शेक्स० हेमलेट (1. IV. 15) वह एक विशिष्ट कुल में उत्पन्न होने के कारण रीति-रस्मों से बँधा है; २. (प्रचलित प्रयोग) स्वभावतः किसी पद आदि के लिए उपयुक्त। **well~** शिष्ट, अच्छे आचरण का। **mannered** वि० रीतिबद्ध (शैली, कलाकार या लेखक)। **mannerism** सं० १. रीतिबद्धता, साहित्य या कला में किसी विशिष्ट शैली की अतिशय पाबंदी; २. शैली का विशिष्ट ढंग; ३. भाव अथवा भाषण का विशिष्ट ढंग; ४. व्यवहार-वैचित्र्य, विशेष चाल-ढाल, रंग-ढंग। **mannerist** सं० रीतिबद्धता का उत्कट प्रेमी। **manneristical** वि० रीतिबद्ध। **mannerless** वि० अशिष्ट। **mannerly** वि० शिष्ट, विनयी, सुशील। **mannerliness** सं० शिष्टाचार, विनयशीलता।

mannite (मान' ईत) सं० (~sugar भी) Manna (कई प्रकार का पेड़ों का मीठा रस जो औषधि में काम आता है) से बना हुआ पदार्थ। **mannitose** सं० उपर्युक्त रस से बनी शक्कर।

manœuvre (मə नू' वर) [F., from late L. *manopera*, from *manoperāre*, L. *manū operāri* (*manū*, abl. of *manus*, hand, *operāri*, to work)] क्रि० अ० और स० १. जंगी चालें चलना, पैंतरे बदलना, निपुणता से सेना-संचालन करना या करवाना; २. दांव मारना, चालाकी चलना; ३. व्यक्ति० (आ० भी), वस्तु आदि को चतुरता से निकालना या फँसाना, ४. जोड़-तोड़ करना। **manœuvrer** सं० १. निपुणता से सेना-संचालन करने वाला; २. तिड़ीबाज, चालाकी करने वाला; ३. पैंतरेबाज, चालें चलने वाला।

manometer (मə नॉ' मे टर) [F. *manomètre* (Gr *manos*, thin, rare, -METER)] सं० मेनोमीटर० (आ०, इं० १, वि० १ भी), दाबमापी० (आ०, इं० १ भी), प्रवदाबमापी, गैस और भाप का दबाव नापने वाला यंत्र; २. (इं० १, कु०, वि० १) दाबांतरमापी०। **manometric** वि० मेनोमीटर का, दाबमापीसंबंधी।

manor (मान' ऑर) [O.F. *manoir*, mansion, from L. *manère*, to remain, dwell] सं० जागीर, ताल्लुका, इलाका, मेनर०/ सामंत भूमि०/ बड़ी० (आ० १ भी)। **~house** जागीरदार की हवेली। **lord of the~** जागीरदार, ताल्लुकेदार। **manorial** (मə नॉर' इ अl) वि० जागीर संबंधी।

mansard roof (मान' सार्ड रूफ) [F. *mansarde* after F. *Mansard* (1598-1666), French architect] सं० (प्रायः ~roof) दोनों ओर को ढलुआ छत, इसके दोनों तरफ दो ढाल होते हैं, जिनमें ऊपर के भाग से नीचे का भाग अधिक ढालू होता है।

manse (मान्स) [med. L. *mansa*, a house, a farm, from *manère*, to dwell, p.p. *mansus*] सं० पादरी का मकान (विशे० स्कॉटलैंड के प्रिस्बीटेरियन पादरी का)।

mansion (मान' शन) [O.F., from L. *mansiōnem*, nom. *-sio*, as prec.] सं० भवन, गेह, सदन, हवेली, महल, इमारत। **~house** १. जागीरदार की हवेली; २. लंदन के लार्ड मेयर का निवास-स्थान।

mansuetude (मान' स्वे तूड़) सं० (विरल) १ नम्रता, विनय; २. अधीनता, वश्यता।

mantel (मान' टेल) [var of MANTLE] सं० (अब प्रायः ~piece) अँगीठी, अग्निकुंड या आतिशदान के ऊपर और चारों ओर लगा हुआ लकड़ी या संगमरमर का ढाँचा। **~board** अँगीठी के ऊपर लगा हुआ तख्ता। **~shelf** अँगीठी के ऊपर लगा हुआ शेलफ। **~tree** अँगीठी में लगी हुई छड़ें।

mantelet (मान' टेलट) [O.F., dim. of prec.] सं० १. छोटा लबादा या चोग़ा, २. मैंटलेट, तोपचियों के लिए लगा हुआ लोहे का परदा जिसे गोली न भेद सके; ३. चौदमारी में गोलीसह पर्दा।

mantic (मान' टिक) [Gr. *mantikos*, from *mantis*, prophet] वि० भविष्य कथन संबंधी।

mantilla (मन टील' अ) [Sp., dim of *manta*, MANTLE] सं० १. ओढ़नी; २. जालीदार वस्त्र जिसे औरतें सिर और कंधे ढकने के लिए पहनती हैं।

mantis (मान' टिस) [Gr. prophet] सं० दक्षिणी अफ्रीका के बुशमैनों का कीट देवता, झींगुर जैसा एक कीड़ा, मैंटिस* (मा० १, वि० १ भी)। **praying~** उपर्युक्त प्रकार का कीड़ा जो अपने अगले पैर इस तरह जोड़े रहता है मानो प्रार्थना कर रहा है।

mantissa (मान टिस' अ) [L., make-weight] सं० लघुगणक का दशमलवांश, अभ्यंश० (वि० १ भी)।

mantle[1] (मान' टेल) [O.F. *mantel* (F. *manteau*), L. *mantellum*, whence also A.-S. *mentel*] सं० १. स्त्रियों का बिना आस्तीन का लबादा या चोग़ा; २. (ना०) आवरण; ३. (मैंस की लालटेन का) मेन्टल या जाली की टोपी, ४. घोंघे आदि के पेट की बाहरी झिल्ली; ५. (वि० १) प्रावार०।

mantle[2] (मान' टेल) क्रि० स० और अ० १. लबादा पहनाना, २. ढकना, छिपाना, लपेटना; ३. (रंग पर) पपड़ी जमना; ४. शराब लाल हो उठना, चेहरा लाल हो जाना (नज्जा आदि से)।

mantua (मान' तु अ) [corr. of F. *manteau*. MANTLE confused with *Mantua* in Italy] सं० स्त्री-वस्त्र, स्त्री-परिधान, मैंटुआ, १७ वी-१८वीं शती का स्त्रियों का ढीला-ढाला,

चोग़ा या गाउन। ~-maker मैंटुआ-निर्माता, उपयुक्त चोग़ा बनाने वाला।

manual (mān' ū ăl) [F. *manuel*, L. *manuālis*, from *manus*, hand] वि० हाथ का, हस्त संबंधी, करबल, करतल, हाथ से किया हुआ, दस्ती। सं० १. किसी विषय की छोटी पुस्तक, नियम-पुस्तक, गुटका; २. अंगुलियों से बजने वाला अरगन बाजा; ३. (इति०) पादरियों की धार्मिक संस्कार कराने वाली पुस्तक। ~alphabet अंगुलियों को विचित्र आकृतियों में रख कर बनाए गए अक्षर। ~exercise (सैन्य०) राइफ़ल ड्रिल। ~fire, -engine हाथ से चलने वाला इंजन। manually क्रि० वि० हाथ से।

manufacture (măn ū făk' tyur, -chur) [F., from L. *manū*, by hand, abl of *manus*, hand, *factūra*, from *facere*, to make] सं० १. विरचन, उत्पादन, तैयारी, (शारीरिक श्रम या मशीन द्वारा वस्तुओं का बड़े पैमाने पर) निर्माण* (वि० १ भी) या उत्पादन; २. (निर्माण) उद्योग (जैसे woollen ~); ३. (हीन भाव से प्रयुक्त, साहित्य आदि का) यांत्रिक निर्माण, मशीनी पैदावार*, औद्योगिक निर्माण*, व्यापारिक निर्माण* (वि० १ भी)। क्रि० स० १. माल बनाना या तैयार करना; २. वस्तुओं का बड़े पैमाने पर उत्पादन करना; ३. (कोई बात) गढ़ना, अपने मन से पैदा करना। **manufactory** (măn ū făk' tor i) सं० शिल्पशाला, निर्माण-गृह, कारखाना, फ़ैक्ट्री, निर्माणशाला। **manufacturer** सं० निर्माता, उत्पादक, माल तैयार करने वाला, कारखाने वाला।

manumit (măn ū mit') [L. *manūmittere* (*manū*, abl. of *manus*, hand, *mittere*, to send)] क्रि० स० (इति०) गुलाम को आज़ाद करना, दासता से मुक्त करना, (भा० ३) दास्य-मोचन*। **manumission** सं० दासमुक्ति, (भा० १) दासत्वमुक्ति*।

manure (ma nūr') [corr. of MANOEUVRE] क्रि० स० १. खाद देना, खाद डालना; २. उपजाऊ या उर्वर बनाना (लाo भी)। सं० १. भूमिलेप, २. पुरीषादि; ३. खाद, गोबर आदि की खाद; ४. (कृ०, वि० १) खाद*। **manurial** वि० खाद का।

manuscript (măn' ū skript) [med. L. *manuscriptus* (*manū*, abl. of *manus*, hand, *scriptus*, p.p. of *scribere*, to write)] सं० १. (अक्षोंo MS. बहु० MSS.) हस्तलेख*, हस्त लिखित ग्रंथ* (भा० १ भी), हाथ की लिखी पोथी; २. पाण्डुलिपि* (भा० १ भी), किसी पुस्तक आदि की हस्तलिखित प्रति। वि० लिखित।

manward वि० मानवाभिमुख, आदमी की ओर, दे० MAN।

Manx (măngks) [earlier *Manisk*, Icel. *mansk*] वि० १. मान (Man) द्वीप का। सं० १. मानद्वीप की बिल्ली; २. वहाँ की भाषा; ३. (बहु०) वहाँ के निवासी। ~cat मानद्वीप की बिल्ली। ~language मानद्वीप की भाषा। ~man मानद्वीप का निवासी। ~people मानद्वीप के निवासी।

many (men' i) [A.-S. *manig* (cp. Dut. *menig*, Dan. *mange*, G. *manch*)] वि० १. बहु, बहुल, प्रचुर, प्रभूत, बहुत; २. अनेक, कई। सं० १. समूह, समवाय, संघात; २. बहुसंख्यक लोग। a good ~ काफ़ी संख्या में। as ~ इतने, इतनी (जैसे Six mistakes in as ~ lines)। great ~ अनेक, बहुत से। he was (one) too ~ for us उसने अकेले ही हमें मात कर दिया। one too ~ अनिच्छित, अनावश्यक। the ~ भीड़, जनता। ~headed beast भेड़ियाधसान। ~sided बहुमुखी, विविध। ~sidedness बहुमुखता।

Maori (mour' i) [native word] सं० १. न्यूज़ीलैंड की एक आदिवासी जाति की भाषा या सदस्य; २. माओरी* (वि० १ भी)।

map (măp) [L. *mappa*, otig. napkin] सं० १. देशालेख, नक़्शा* (वि० १ भी), मानचित्र* (आ०, भा० ३, विधि भी), खाका। क्रि० स० नक़्शा बनाना, मानचित्र खींचना। off the~ (बोल०) १. बेकार, निरर्थक; २. अप्रचलित। on the~ (बोल०) महत्वपूर्ण, प्रयोजन का। ~out योजना बनाना, ब्यौरा तैयार करना। mapless वि० बेनक़्शा, बिना मानचित्र का।

maple (mā' pĕl) [A.-S in *mapulder* and *mapeltrēow*] सं० १. एक प्रकार का छायादार वृक्ष जिसे लकड़ी अथवा चीनी बनाने के लिए लगाते हैं; २. इस वृक्ष की लकड़ी; ३. (वि० १) मैपिल*, पुतली*। ~leaf कनाडा का राष्ट्रीय चिह्न।

maquis (ma' kē) [Fr.] सं० माकी, द्वितीय महायुद्ध में फ़्रांस के देशभक्तों का गुप्त दल।

mar (mar) [A.-S. *merran* (cp. M. Dut. *merren*, to hinder, Dut. *marren*, to tarry)] क्रि० स० १. विनष्ट करना, नष्ट करना; २. बिगाड़ना; ३. निकम्मा करना, बेकार करना (विशे० make or ~)। ~plot विघ्नकारी, कामबिगाड़, अकारण हस्तक्षेप द्वारा काम बिगाड़ने वाला।

marabou (măr' a boo) [from foll.] सं० १. मराबू, पश्चिमी अफ्रीका का सारस; २. टोप आदि में लगाने के लिए इस सारस के पंखों और पूँछ के नीचे के रोओं के गुच्छे।

marabout (măr' a boot) [F., from Port. *marabuto*, Arab. *murābit*] सं० १. फ़क़ीर, मुसलमान संन्यासी (विशे० उत्तरी अफ्रीका में); २. फ़क़ीर की क़ब्र या मक़बरा।

maraschino (măr a skē' nō) [It., adj. from *marasca*, *amarasca*, a sharp black cherry, from *amaro*, L. *amārus*, bitter] सं० काले चेरी फल की मदिरा।

marasmus (ma răz' mus) [Gr. *marasmos*, from *marainein*, to wither away] सं० १. क्षय; २. शरीर-ह्रास, शरीर का क्षय, मारस्मस*/ सुखारोग* (आ० भी)। marasmic वि० शरीर-क्षय संबंधी।

Marathon (măr' a thŏn) [*Marathon*, in Greece] सं० (~race) १. बहुत लम्बी दौड़; २. (गुणवाचक) जिसके लिए अत्यधिक सहनशक्ति की आवश्यकता हो, बहुत दम वाला काम।

maraud (ma rawd') [F. *marauder*, from *maraud*, rogue, etym. doubtful] क्रि० अ० और स० १. लूटमार के लिए धावा करना; २. लूटना, लूटपाट करना; ३. डाका डालना। marauder सं० लुटेरा, डाकू।

maravedi (măr a vā' di) [Sp., from Arab. *Murābitin*, pl. of *murābit*, MARABOUT, the name of a Moorish dynasty at Cordova (1087-1147)] सं० १. (इति०) मारावेदी, सोने का १४ वि० और तांबे का १,६५० के मूल्य का स्पेन का सिक्का।

marble (mar' bel) [O.F. *marbre*, L. *marmor*, cogn. with Gr. *marmaros*, sparkling *marmairein*, to sparkle, to glisten] सं० १. मणिशिला, पाषाण, मार्बल*/ संगमरमर* (ई० ३, कृ०, वि० १ भी); २. सख्ती और चिकनाहट के उदाहरण के लिए भी प्रयुक्त, संगमरमर सा सख्त या चिकना; ३. (बहु०) मूर्तियों का संग्रह

(जैसे Elgin marbles) ; ४. संगमरमर, चीनीमिट्टी या काँच की बैठकने की बोलियाँ। क्रि० स० १. (काग़ज़, पुस्तक के किनारे, साबुन आदि को) इस तरह रँगना कि वह रंग-बिरंगे संगमरमर की तरह दिखाई पड़े (विशे० भू० कृ० में प्रयुक्त)।

marc (mark) [F. *Marcher*, to tread] सं० रस निकाले हुए फलों का फोकला या छिलका।

marcasite (mar' kə sīt) [med. L. *marcasita*, etym. doubtful] सं० लोहे और गंधक का मिश्रण, मार्कसाइट* (कृ०, वि० १ भी)।

marcel (mar sĕl') [*Marcel*, a French hairdresser] सं० बालों की बनावटी लहर। क्रि० स० बालों को लहरदार बनाना।

marescecent (mar ses' ənt) [L. *marcescēns -ntem*, pres. p. of *marcescere*, freq. of *marcēre*, to wither] वि० १. म्लान, २. (पौधे के) मुरझाए हुए किन्तु गिरने वाले (भाग)। **marescecence** सं० म्लानता, कुम्हलाहट।

march[1] (march) [F. *marche*, MARK[1]] सं० १. (बहुव० **-ches**) (इति०) सरहद, सीमा, सीमान्त (प्रायः बहुव० विशे० इंग्लैंड और स्कॉटलैंड या वेल्स के बीच की सीमाएँ); २. दो देशों के बीच का प्रदेश (प्रायः विवादास्पद)। क्रि० अ० (देशों आदि की) सामान्य सीमा होना, संलग्न होना, पास-पास होना, सीमाएँ मिलना।

march[2] (march) [F. *marcher*, etym. doubtful] सं० १. (सैन्य०) कूच, प्रयाण, सफ़र, युद्ध-यात्रा; २. लम्बा चलाने वाला सफ़र; ३. गति; ४. सैनिकों द्वारा एक दिन में तय की गई दूरी; ५. सैनिकों का कदम मिला कर विशेष गति से चलना (जैसे quick or slow ~); दे० QUICK, SLOW; ६. (संगी०) अभियान गीत। क्रि० अ० १. कूच करना, प्रयाण करना; २. गये हुए कदमों से चलना या बढ़ना; ३. प्रगति करना। क्रि० स० चलाते जाना, बढ़ाते जाना। **~past** सलामी देने हुए सैनिकों का मंच के सामने से गुज़रना।

March[3] (march) [A.-F. *marche* (F. *mars*), from L. *Martium*, nom. *-tius*, pertaining to Mars] सं० मार्च, अंग्रेजी कैलेंडर का तीसरा महीना। **~brown** मार्च ब्राउन, मछली के चारे के रूप में प्रयुक्त एक प्रकार की मक्खी।

marchioness (mar' shə nes) [low L. *marchiōnissa* from *marchio -ōnem*, MARQUESS] सं० मारक्विस की पत्नी या विधवा, मारक्विस के पद वाली स्त्री (भा० इ०) मार्कियोनेस*।

marchpane (march' pān), **marzipan** (mar' zi pān) [F. *marcepain* (now *massepain*), etym. doubtful, cp. It. *marciapane*, G. *marzipan*] सं० बादाम का केक।

marconi (mar kō' ni) सं० १. बेतार के तार से भेजा हुआ संदेश। क्रि० स० बेतार के तार से संदेश भेजना या भेजा जाना।

marconigram (mar kō' ni gram) [Guglielmo *Marconi* (1874-1937), inventor, *-GRAM*] सं० (बेतार के तार से संदेश भेजने की मारकोनी विधि से) भेजा गया संदेश।

Mardi gras सं० १. ऐश-आराम से पूर्व का मंगलवार; २. कैथोलिक ईसाइयों के पर्व का अंतिम दिन।

mare (mār) [A.-S. *mere* (cp. Dut. *merrie*, Icel. *merr*, G. *mähre*)] सं० घोड़ी* (कृ० भी)। **mare's nest** १. धोखा; २. अनहोनी वस्तु, आकाश-कुसुम। **mare's tail** सं० एक प्रकार का जल में पैदा होने वाला पौधा।

Marechal Niel सं० मार्शल नील, एक प्रकार के गुलाब की बेल।

maremma (mā rem' ä) [It.] सं० समुद्र का खारी प्रदेश, जहाँ दलदल हों और जहाँ की जलवायु स्वास्थ्य के लिए हानिकर हो।

margarine (mar' gə rin, mar' gə rēn, mar' jə rin, mar' jə rēn) [Fr. *margarin*] सं० १. मारजरीन* (आ० भी); २. मार्गरीन* (कृ० भी); ३. नक़ली मक्खन, मक्खन की नक़ल पर बनी हुई वस्तुओं का क़ानूनी नाम।

margay (mar' gā) [F., from Tupi *mbaracaia*] सं० मार्गे, दक्षिणी अमरीका की जंगली बिल्ली।

margin (mar' jin) [L. *margo -ginis*] सं० १. छोर पट्टी*/पर्य-अंचल* (ई० इ भी); २. हाशिया* (प्र० भी); ३. परिसीमा* धारा* (आ० भी), ४. सिरा, कोर, किनारा; ५. अंतप्राय; ६. अतिरिक्त (धन, समय); ७. (वाणि०) सौदे पर हुए (संभावित) घाटे को पूरा करने के लिए दलाल के पास जमा किया हुआ धन; ८. अन्तर, परिसर पट्टी, उपान्त* (आ०, वि० १ भी)। क्रि० सं० हाशिया छोड़ना या हाशिये में कुछ लिखना। **marginal** वि० १. हाशिये का; २. हाशिये में लिखा हुआ; ३. हाशिये में लिखी हुई टिप्पणियों वाला; ४. किनारे का, किनारे पर; ५. अंतिम सीमा के निकट का; ६. प्रान्तस्थ, सीमातटीय, उपान्त* (आ० भी), उपान्तस्थ; ७. सीमान्त* (कृ० भी)। **marginalia** सं० (बहुव०) पार्श्व टीका, हाशिए पर लिखी हुई टिप्पणियाँ। **marginally** क्रि० वि० किनारे या हाशिये पर। **margin-ate** वि० किनारे का हाशिया संबंधी। **marginated** वि० किनारेदार, हाशियेदार।

margrave (mar' grāv) [Dut. *markgrave* (now *markgraaf*) (MARK[1], GRAVE[4]] सं० (इति०) मार्ग्रेव, जर्मन शासकों की एक पुरानी उपाधि, (प्रारम्भ में) सरहदी इलाक़ों के सैनिक गवर्नरों के लिए प्रयुक्त। **margravine** (mar' grə vēn) सं० मार्ग्रेव की पत्नी।

marguerite (mar' gə rēt) [F., from L *margarita*, Gr. *margaritēs*, from *margaron*, pearl] सं० मार्गरीट, एक प्रकार का डेज़ी फूल।

Marian (mār' i ən) [L. *Maria*, -AN] वि० १. ईसामसीह की माता मेरी का, २. इंग्लैंड अथवा स्कॉटलैंड की साम्राज्ञी मेरी का। सं० स्कॉटलैंड की साम्राज्ञी मेरी का अनुयायी।

marigold (mar' i gōld) [*Mary*, the Virgin Mary, GOLD] सं० १. गेंदे का पौधा; २. गेंदे का फूल, ३. गेंदा* (वि० १ भी)।

marijuana (mä ri hwa' nə) [Sp.] सं० भाँग की सूखी पत्ती जो नशीली सिगरेट बनाने में प्रयुक्त होती है, ऐसे सिगरेट को SEEPER कहते हैं।

marimba (mä rim' bə) सं० १. मरिम्बा, अफ्रीका के आदिवासियों का एक प्रकार का जल-तरंग, २. एक आधुनिक बाजा जो इससे विकसित हुआ।

marinade, marinate (mär i nād', -āt) [F., from Sd. *marinada*, from *marinar*, to pickle in brine, from *marino*, as foll.] सं० १. मरीनेड, शराब, सिरका और गरम मसाले का अचार; २. गोश्त या मछली का अचार। क्रि० स० मरीनेड बनाना।

marine (mə rēn') [F. *marin*, fem. *-ine*, L. *marinus*, from *mare*, the sea] वि० १. समुद्र, समुद्र-विषयक, समुद्री* (कृ०, वि० १ भी), समुद्र संबंधी; २. नौ-परिवहन संबंधी (जैसे ~ insurance); ३. समुद्र पर काम आने वाला; ४. नौसैनिक का। सं० १. किसी देश का जहाज़ी बेड़ा (विशे० व्यापारिक जहाज़ी बेड़ा); २. नौसैनिक, नौसेना का सैनिक। **blue, red marines** (इति०) लोपचाला,

पैदल दस्ते। **merchant ~** व्यापारिक जहाजों का बेड़ा। **mariner** सं० १. नाविक, मल्लाह; २. पोतवाह, जहाजी; ३. (ब्र०) नाविक*, जहाजी*। **master ~** व्यापारी जहाज का कप्तान।

Marinism (má rē' nizm) [Giambattista *Marini* (1569-1625), Italian poet, *-ism*] सं० मैरिनी शैली, मैरिनी शैली-सिद्धान्त, (इटली के कवि) मैरिनी की कृत्रिमतापूर्ण शैली। **Marinist** सं० मैरिनीवादी, मैरिनी की शैली को मानने वाला।

Mariolatry (mâr i ol' á tri) [Gr. *Maria*, Mary,-LATRY] सं० (निंद्य०) कुमारी मेरी (ईसा मसीह की माँ) की अंध भक्ति।

marionette (mâr i ó net') [F. *marionnette*, dim of *Marion*, dim. of *Marie*, Mary] सं० सूत्रचालिता-पुत्रिका, पुत्तलिका, कठपुतली (ला० भी)।

marish (mâr' ish) [O.F. *marois*, *maresche*, med. L. *mariscus*, MARSH] सं० और वि० १. (काव्य०) दलदल; २. दलदला, दलदली, दलदल से भरा हुआ।

Marist (mâr' ist) सं० रोमन कैथोलिक सोसाइटी ऑफ़ मैरी का सदस्य।

marital (mâr' i tál) [F., from L. *maritālis*, from *maritus*, husband] वि० १. पति संबंधी, पति-विषयक; २. वैवाहिक* (मा० ३ भी), दाम्पत्य, विवाह संबंधी। **maritally** क्रि० वि० वैवाहिक रूप से।

maritime (mâr' *i* tim) [F, from L. *maritimus* (*mare*, the sea, *-timus*, Cp. *ultimus*)] वि० १. समुद्री, समुद्रीय; २. समुद्र के समीप का; ३. समुद्र से संबंधित (जैसे ~insurance); ४. (वि० १) समुद्रवर्ती* (आ० भी), समुद्रनिवासी, अनुनमुद्री।

marjoram (mar' jo rám) [O.F. *marjorane*, med. L. *majorāna*, etym. doubtful] सं० मार्जरम, प्रस्वपुष्प, जंबीर (तुलसी आदि के कुल का एक पौधा)।

mark[1] (mark) [A.-S. *marc* (p. Dut. *mark*, neut. *merk*, Icel. *mark*, G. *mark*, neut. *marke*, O. Teut. *markō*), whence *mearcan*, to mark] सं० १. निशाना, लक्ष्य; २. (बॉक्सिंग में प्रयुक्त) नाभि-प्रदेश, ३. इच्छित लक्ष्य (जैसे hit, miss, the ~); ४. (गुण, चरित्र आदि के) चिह्न, लक्षण; ५. मुहर, मुद्रांक, ६. निशान*, चिह्न* (इ० ३, मा० २, वि० १, विधि भी), निशानी, ठप्पा* (इ० २ भी), अँगूठा आदि कोई निशानी जो अशिक्षित व्यक्ति हस्ताक्षर की जगह बनाए, ७. लिखित प्रतीक, ८. चरित्र-लक्षण; ९. अंक* (इ० ३, मा० २, वि० १ भी), नम्बर (जैसे he gained 46 marks); १०. स्थिति सूचक रेखा आदि; ११. (फ़ुटबाल में प्रयुक्त) खिलाड़ी की एड़ी का चिह्न; १२. (इति०) घब्बा, दाग; १३. (इति०) ट्यूटान जाति का भू-प्रदेश; १४. (खेलों में) दौड़ आदि शुरू करने की रेखा। क्रि० स० १. मुहर लगाना, चिह्न लगाना; २. दाग या धब्बा डालना; ३. कपड़े पर निशान लगाना या नाम लिखना; ४. वस्तुओं पर मूल्य लिखना; ५. प्राकृतिक चिह्न अथवा दाग पाया जाना (जैसे marked with silver spots); ६. नक्शे आदि पर स्थान या वर्ण उच्चारण) चिह्नित करना; ७. (खेल के) अंक लिखना; ८. (अरुचि आदि) प्रकट करना; ९. विशेषता होना (जैसे no triumph marks her manner); १०. देखना; ११. ग़ौर करना (जैसे ~my words); १२. शिकार में उस स्थान का ध्यान रखना जहाँ शिकार छिपते हों; १३. (फ़ुटबाल में प्रयुक्त) दूसरी टीम के खिलाड़ी के साथ लगे रहना जिससे उसे गेंद पाने से रोका जा सके। **a marked difference** स्पष्ट अन्तर। **a marked man** ऐसा व्यक्ति जिसके चाल-चलन को संदेह या शंका से देखा जाए। **below the ~** औसत से कम या नीचे स्तर या आदर्श से नीचे। **beside, wide of the ~** निशाने से दूर, (ला०) अव्यवस्थित। **easy ~** जल्दी से धोखे में आने वाला व्यक्ति। **get off the ~** दौड़ शुरू करने का आदेश। **God save the ~** किसी भयानक घटना का वर्णन करते समय कहते हैं। **make one's ~** १. चिकना जमाना; २. नाम कमाना, नाम पाना। **this tendency is strongly marked** यह प्रवृत्ति अधिक विशिष्ट दिखाई पड़ती है। **up to the ~** पूरा, कसौटी पर पूरा उतरा हुआ, परखा हुआ, खरा, ठीक। **~down** कम मूल्य लिखना (वस्तु आदि पर)। **~off** सीमाबद्ध या पृथक् करना। **~out** निर्देश करना, सीमा निश्चित करना। **~time** (एक ही स्थान पर खड़े-खड़े) पैर चलाना (ला० भी)। **~up** अधिक मूल्य निर्धारित करना। **marked** वि० १. स्पष्ट, विशेष, चुना हुआ; २. निशान पड़ा हुआ, अंकित; ३. अलग किया हुआ। **markedly** क्रि० वि० विशिष्ट रूप से। **markedness** सं० विशिष्टता। **marker** सं० १. रेखक* (कृ० भी); २. (विशे०) निशाने-बाज़; ३. खेलों में (विशे० बिलियर्ड्स), अंकगणक, अंक-गणना करने वाला; ४. वह प्रकाश जो बमवर्षक विमानों को बम फेंकने में सहायक होता है।

mark[2] (mark) [A.-S. *marc* (Icel. *mörk*, Dan., Swed. Dut., and G. *mark*)] सं० १. मार्क* (कृ० भी), सोना-चाँदी तौलने का ८ औंस का बाट (अब केवल यूरोप में प्रयुक्त); २. जर्मनी का एक सिक्का; ३. (इति०) एक अंग्रेज़ी सिक्का जिसका मूल्य १३ शिलिंग ४ पेंस था।

market (mar' két) [late A.-S. and O.North.F. (F. *marché*), from L. *mercātum* nom. *-tus*, p.p. of *mercārī*, to trade (cp. MERCANTILE)] सं० १. मार्केट* (कृ० भी), पण्य, आपण, बाज़ार*/ मण्डी* (कृ०, विधि भी), हाट; २. बाज़ार का समय; ३. पशु-मेला; ४. उपभोग्य वस्तुओं की माँग; ५. क्रय-विक्रय-मूल्य, बाज़ार-भाव (जैसे as the ~ fell), भाव, निर्ख। क्रि० अ० और स० १. बाज़ार में क्रय-विक्रय करना; २. बाज़ार में वस्तुएँ बेचना। **bring one's eggs or hogs to a bad ~** योजनाओं में असफल रहना। **come in to the ~** बाज़ार में बेचने के लिए लाना। **make a ~of** (ला०) बेच देना, अदला-बदला कर लेना। **put on the ~** बिक्री के लिए रखना। **the corn ~** गल्ले की मंडी। **~-cross** बाज़ार में लगा हुआ क्रॉस। **~-day** सं० बाज़ार का दिन। **~-garden** बिक्री के लिए उत्पादित फल, शाक आदि का बग़ीचा। **~-town** मंडी, हाट, बाज़ार, पैठ लगने का स्थान। **~-value** बाज़ार-भाव। **marketable** वि० बिकने योग्य। **marketably** क्रि० वि० बिक्री में।

markhor (mar' kôr) [Pers. *mārkhōr*. serpent-eater] सं० उत्तरी भारत की बलयाकार सींगों वाली बकरी।

marking (mar' king) सं० (क्रियागत अर्थों में), (विशे०) परो, खाल आदि का रँगना, (आ०) अंकन*। **~-ink** कपड़ों पर पक्का निशान लगाने वाली रोशनाई।

marksman, markman (marks'-, mark' mán) सं० (बहुव० **~men**) निशानेबाज़, निशाना लगाने में दक्ष। **~-ship** सं० निशानेबाज़ी।

marl (marl) [O.F. *marle*, late L. *margila*, dim. of *marga*, perh. from Gaulish] सं० (कृ०, वि० १) मार्ल*, चिक्कण मृत्तिका, मिट्टी, चिकनी मिट्टी, खतौली मिट्टी, एक प्रकार की चूना मिली हुई चिकनी मिट्टी जो खाद के काम आती है। क्रि०

---

a=आ, (Father) फ़ादर, ā=ए, (Fail) फ़ेल, ă=ए, (Fate) फ़ेट; aw=आ, (Fall) फ़ॉल, å=एअ, (Fair) फ़ेअर; e=ए, (Bell) बे=ब; ē=ए, (Her) हर; ĕ=ए, (Err) ऐर; i=आइ, (Bite) बाइट; o=ओ, (No) नो; ŏ=ऑ, (North) ऩ.थ; oo=ऊ, (Food) फ़ूड; u=उ, (Bull) बुल; ŭ=अ, (Sun) सन; ū=यू, (Muse) म्यूज़; ou=आउ, (Bout) बाउट; oi=ऑइ, (Join) जॉइन

सं० जमीन में उपयुक्त खाद डालना। **marly** वि० मार्ल खादयुक्त, उपर्युक्त खाद वाली। **marlite** सं० मार्लाइट, एक प्रकार की चिकनी मिट्टी जिस पर वायु का प्रभाव नहीं होता।

Marlborough House सं० मॉलब्रा हाउस, लन्दन में प्रिंस ऑफ वेल्स का महल।

marline (mar' lin) [Dut. *marlijn* (*marren*, to tie, LINE[1])] सं० (नौ० वि०) मारलीन, दो बल की छोटी डोरी। **~-spike, spike** (गाँठ लगाते समय या जोड़ते समय) डोरी के बलों को ढूर करने की कड़ी लकड़ी या लौह यंत्र।

marmalade (mar' mā lād) [F. *marmelade*, Port. *marmelada* (*marmelo*, quince, L. *melimēlum*, Gr. *melimēlon*, from *meli*, honey, and *mēlon*, apple)] सं० १. मार्मलेड* (कु० भी), स्वादुफल; २. मिष्टान्न; ३. संतरों या फलों का मुरब्बा। **marmite** सं० ताजे खमीर का सत्व।

marmolite (mar mō lit) [from Gr. *marmairein*, to shine, -LITE] सं० मारमोलिट, हल्के हरे रंग का पत्थर।

marmoreal, -ean (mär' mōr' ē ăl, -ăn) [L. *marmoreus*, from *marmor*, MARBLE] वि० १. (काव्य०) संगमरमर का; २. संगमरमर जैसा।

marmoset (mar' mō zet) [O.F., a grotesque image (etym. doubtful, prob. conn. with *marmot*, a little child)] सं० १. मार्मोजेट, बानर, अमरीका का लम्बे घने बालों की पूँछवाला बंदर।

marmot (mar' mŏt) [F. *marmotte*, Romansch *murmun* (L. *mūrem*, nom. *mūs*, MOUSE, *montis*, gen. of *mons*, MOUNTAIN)] सं० मार्मोट, गिलहरी की जाति का एक जन्तु; २. मार्मोट, स्नान के समय पहनी जाने वाली एक प्रकार की टोपी।

marocain (ma' ro kān) [F. *maroquin*, fr. *Maroc*, Morocco] सं० मोरोकैन, मारकीन, एक प्रकार का रेशमी या अन्य कपड़ा।

Maronite (măr' o nīt) [late L. *Marōnita*, from *Marōn*, a Syrian monk (5th cent.) the founder, or the patriarch of the same name (7th cent.)] सं० मारोनाइट, लेबनानी ईसाई।

maroon[1] (má roon') [F. *marron*, It. *marrone*, chestnut, etym. unknown] वि० १. करौंदिया या भूरे लाल रंग का; २. भूरापन लिए हुए लाल रंग। सं० आतिशबाज़ी का पटाका।

maroon[2] (má roon') [F. *marron*, fugitive, corr. of Sp. *cimarron*, savage, etym. doubtful (perh. from *cima*, mountain-top, L. *cyma*, Gr. *kūma*, wave)] सं० १. भागन, एक नीग्रो जाति का सदस्य मूलतः उच्च सिआना और पश्चिमी द्वीप-समूह के पर्वतों में रहने वाले भागे हुए गुलाम; २. निर्जन द्वीप में परित्यक्त व्यक्ति, ऐसा व्यक्ति जिसका सभी से संपर्क टूट चुका हो। क्रि० सं० और अ० १. असहाय छोड़ना; २. दण्डस्वरूप (किसी व्यक्ति को) निर्जन द्वीप में उतार कर छोड़ देना; ३. सम्पर्क से कट जाना, अलग पड़ जाना; ४. आवारागर्दी करना।

marque (mark) [O.F., from Prov. *marca*, from *marcar*, to seize, perh. rel. to MARK[1]] सं० १. (इति०) Letter(s) of ~ (and reprisal) जहाज में तोप आदि लगा कर बन्दूकों के व्यापारी जहाजों को पकड़ने का आज्ञा-पत्र; २. (एकव०) वह जहाज जिसके पास ऐसा आज्ञा-पत्र हो।

marquee (mar kē') [from MARQUISE regarded as pl.] सं० पटवान, वस्त्रगृह, बड़ा तम्बू या डेरा।

marquetry (mar' ket rī) [F. *marqueterie* from *marqueter*, to inlay, to spot, from *marquer*, to MARK[1]] सं० मीनाकारी का या जड़ाऊ काम।

marquis, marquess (mar' kwis, -kwēs) [O.F. *marchis* (F. *marquis*), low L. *marchensis*, warden or prefect of the marches, from *marcha*, MARCH[2], MARK[1]] सं० १. मार्क्विस* (मा० १ भी), इंग्लैंड के नीचे दर्जे का सामन्त; २. (ब्रिटेन के अतिरिक्त अन्य देशों में) काउंट। **marquisate** सं० मार्क्विस का पद। **marquise** (mar kēz') [F.] सं० १. मार्क्विस का अधिकार या पद प्राप्त स्त्री; २. मार्क्विस की पत्नी या विधवा; ३. मुकीले अंडाकार रत्नों से जटित अँगूठी।

Marquoi's scale (mar' kwoiz skāl') [prob. from F. *marquoir*, a marker] सं० समानांतर रेखाओं के खींचने का उपकरण।

marram (mă' răm) [O.N. *marr*, sea; *halmr*, haulm] सं० मैरम, एक समुद्रतटीय घास।

marriage (măr' aj) [F. *mariage*, low L. *maritāticum*, from *maritus*, husband, see MARITAL] सं० १. विवाह* (मा० १, ३, द्विधि भी), ब्याह, शादी, २. विवाह-संस्कार, पाणिग्रहण-संस्कार; ३. (ला०) अंतरंगता, अंतरंग संयोग; ४. (ताश में) एक ही रंग के बादशाह और बेगम दिलाना। **civil ~** सिविल मैरिज, अदालती विवाह जिसमे विवाह का धार्मिक संस्कार नहीं होता। **communal ~** सामूहिक विवाह, छोटी जातियों की एक प्रथा जिसके अनुसार उस जाति के समस्त पुरुषों और स्त्रियों में पति-पत्नी का संबंध होता है। **give, take in ~** पति-पत्नी रूप में स्वीकार करना। **~ articles** विवाह से पहले किया जाने वाला समझौता। **~ lines** विवाह की सनद। **~ market** विवाह के लिए योग्य वर और कन्या की मांग और प्राप्ति या पूर्ति। **~ settlement** पत्नी या कभी-कभी बच्चे के नाम सम्पत्ति कराने की शर्त। **marriageable** वि० १ विवाह योग्य; २. विवाह योग्य उम्र।

married (măr' id) वि० १ विवाहित, शादीशुदा, ब्याहा हुआ, २. वैवाहिक, विवाहित व्यक्तियों का (जैसे ~ life वैवाहिक जीवन)।

marrow[1] (măr' ō) [A.-S. *mearg* (cp. Dut. *merg*, Icel *mergr*, G. *mark*)] सं० १. मज्जा* (आ०, कृ०, वि० १ भी), वसा, हड्डी के भीतर का गूदा; २ सार भाग (जैसे pith and ~)। **chilled to the ~** हड्डियों से सर्दी घुस जाना। **spine ~** रीढ़ की हड्डियों की मज्जा। **~-bone** मज्जापूर्ण अस्थि। **~ (fat)** एक प्रकार की बड़ी मटर। **~-spoon** हड्डियों से मज्जा निकालने वाली चम्मच। **marrowless** वि० मज्जाहीन। **marrowy** वि० मज्जादार, गूदेदार।

marrow[2] (măr' ō) [etym. doubtful] सं० १. (बोल०) संगी, सहचर; २. प्रतिमूर्ति।

marry (măr' i) [F. *marrier*, L. *maritāre*, from L. *maritus*, husband, see MARITAL] क्रि० स० और अ० १. (पति का) विवाह कराना; २. कन्यादान करना; ३. ब्याहना, विवाह करना, ४. (ला०) घनिष्ट संबंध रचना; ५. पति या पत्नी के रूप में स्वीकार करना; ६. (नौ० वि०) रस्सी के किनारों को सूट लगा कर जोड़ना (जिससे रस्सी की मोटाई न बढ़ने पाए)।

Mediterranean (med i ter ā' né án) [L. *mediterrāneus* (*medi-*, MEDIO, *terra*, land)] वि० १. भूमध्यस्थ, भूवेष्टित, मध्यदेशीय, भू-भाग से घिरी हुई या देश के भीतर की (झील आदि); २. समुद्र तट से दूरस्थ (पृथ्वी)। **~Sea** भूमध्य सागर, इस सागर जो यूरोप को अफ्रीका से अलग करता है।

medium (mē' di úm) [L, neut. of *medius*, middle] सं० १. साधन; २. द्वार; ३. मार्ग; ४. मध्य गुण, बीच का दरजा, बीच की जगह; ५. मध्यस्थित पदार्थ (जैसे हवा); ६. (ला०) जीवन तत्त्व, जीवन के गुण, जीवनसाधन; ७. मार्फ़त, द्वारा; ८. उपाय, माध्यम* (आ०, ई० ३, मा० २, वि० १ भी) (जैसे by, through the ~of); ९. वह द्रव-साधन जिनके द्वारा रंग मिलाए जाते हैं अर्थात् रंग, पानी; १०. अतिभौतिक या पारभौतिक दृष्टिवाला तथा उसे दूसरों पर प्रकट करने वाला व्यक्ति; ११. चाहक* (ई० ३ भी)। वि० १. औसत दर्जे का, बीच का, मध्यवर्ती, मझोला, दरमियानी, मध्यस्थित, मध्यम* (वि० १ भी)। **~bowler** साधारण गेंद फेंकने वाला, जो न बहुत तेज़ गेंद फेंके और न बहुत धीमी। **~of circulation** चलन सिक्का, मुद्रा। **~waves** (बेतार का तार) मीडियम वेव्ज़, १०० से ८०० मीटर के बीच की लंबाई की तरंगें का। **mediumism** सं० माध्यम (वह व्यक्ति जिसकी पारभौतिक दृष्टि हो) होना।

mediumistic वि० माध्यम संबंधी। **mediumize** वि० स० माध्यम बनाना।

medlar (med' lär) [A.-F. *medler*, O.F. *mesler*, L. *mespila*, Gr. *mespilē*] सं० वेडलर, एक वृक्ष जिसका फल छोटे भूरे सेब-का होता है और सड़ने पर खाया जाता है।

medley (med' li) [A.-F. *medlee*, O.F. *meslee* (F. *mêlée*), as MEDDLE] सं० १. सन्निपात; २. संकर, नाना द्रव्य सम्मिश्रण, घाल-मेल, गड़बड़झड़, खिचड़ी; ३. विविध विचारों के लोगों का जमाव; ४. विविध साहित्यिकों का साथ। वि० खिचड़ी, पंचमेल, मिलाजुला, पंचरंगा। क्रि० स० गड़बड़झड़ करना, आपुसी का पिटारा बनाना।

Médoc (mā dok') [*Médoc*, a district in Gironde, S. W. France] सं० मेडोक, दक्षिणी-पश्चिमी फ्रांस के मेडोक जिले में बनाई जानेवाली लाल मदिरा।

medulla (mē dŭl' á) [L., prob. rel. to *medius*, middle] सं० १. मज्जा, मेडुला* (आ० भी), अन्तस्थ भाग, अन्तस्था* (आ० भी), अस्थियों की मज्जा* (आ० भी); २. मेरुदंडीय या रीढ़ीय मज्जा; ३. किसी अंग का मध्य भाग, अधिवृक्क* (आ० भी); ४. रोम यूथा (स्तनधारी प्राणियों में); ५. पौधों का मृलाग्र अन्तर्वर्ती ऊतक; ५. (वि० १) मध्यांश*। **~oblongata** १. मेडुला ओब्लांगाटा; २. मस्तिष्क का लम्बूतरा पृष्ठ भाग। **medullary** वि० अन्तर्वर्ती ऊतक संबंधी।

medusa (me dū' sá) [L., from Gr. *Medousa*, one of the three Gorgons whose head (which turned beholders to stone) was cut off by Perseus and placed by Athene on her ægis] सं० (बहु० **~sæ**) १. मेडुसा* (वि० १ भी) (ग्रीक पु०), बालों के स्थान पर सर्प रखने वाली तीन राक्षसिनियों में से एक; २. (प्राणि०) मेडुसा, एक प्रकार की मछली।

meed (mēd) [A.-S. *mēd* (cp. G. *miete*, also Gr. *misthos*, Sansk. *midha*, reward)] सं० १. (काव्य०) इनाम, पारि-तोषिक, २. समुचित, यथार्थोप्य प्रशंसा (आदि)।

meek (mēk) [M.G. *meoc*, Icel. *mjúkr* (cp. Swed. *mjuk* Dan. *myg*)] वि० १. विनीत, सविनय, विनयी, शांत, नम्र, विनम्र; २. सहिष्णु, अत्याचार सहने वाला, नेक, सीधासादा; ३. कमजोर (as ~as a lamb)। **meekly** क्रि० वि० १. सविनय, नम्रतापूर्वक; २. चुपचाप, सहिष्णुतापूर्वक। **meek-ness** सं० १. नम्रता, विनम्रता, शिष्टता; २. सहिष्णुता।

meerkat सं० मीरकट, दक्षिणी अफ्रीका का एक छोटा नेवले जैसा स्तनपायी जंतु।

meerschaum (mēr' shawm, -shŭm) [G., sea-foam (*meer*, sea, *schaum*, foam)] सं० १. मीरशौम* (वि० १ भी), समुद्र-फेन, मैगनीशियम का हाइड्रस सिलीकेट जो समुद्रफेन में मिलता है; २. इसकी बनी हुई तमाखू पीने की नली।

meet[1] (mēt) [M. G. *mēte*., A.-S. *gemete*, fitting well, cogn. with METE] वि० १. ठीक, उपयुक्त, अनुरूप, फिट; २. उचित, युक्तियुक्त; ३. क्षम, योग्य, लायक; ४. तैयार, तत्पर; ५. स्वस्थ, दुरुस्त। **meetly** क्रि० वि० उपयुक्त रीति से। **meetness** सं० १. उपयुक्तता; २. औचित्य; ३. योग्यता, क्षमता; ४. स्वस्थता, दुरुस्ती।

meet[2] (mēt) [A.-S. *mētan* (cp. Dut. *moeten*, Icel. *mæta*, Swed. *möta*), cogn. with *mōt*, *gemōt*, MOOT] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **met**). १. मिलना, भेंट होना; २. (आए हुए का) स्वागत करना, गाड़ी पर मिलना; ३. परिचय प्राप्त करना, जान-पहचान करना; ४. मिलना, जा मिलना (रेल लाइन, सड़क आदि का दूसरी लाइन, सड़क आदि से); ५. मुकाबिला करना, सामना करना; ६. (दुराइयों आदि का) सामना करना, उनसे लड़ना; ७. मुठभेड़ हो जाना, एकाएक मिल जाना; ८. (व्यक्ति, उसकी इच्छाओं के) अनुरूप होना, माफिक या अनुकूल करना; ९. पूरा करना (माँग), काफ़ी होना; १०. (बिल) चुका देना, अदा करना; ११. आमने-सामने आना, एक साथ आना (जैसे they had or were met together); १२. संपर्क में आना, सहवास में आना; १३. (एक व्यक्ति में समस्त गुणों का) मिलना। सं० शिकारियों तथा शिकारी कुत्तों का शिकार के लिए एकत्र होना, साइकिल सवार आदि का एक स्थान पर एकत्र होना। **~one's eyes** आँखें मिलाना, किसी की अपनी ओर देखते हुए देखना। **~person halfway** मित्रता करने का इच्छुक होना, सुलह पर आना, समझौता करना, मान लेना, आगे बढ़कर मिलना। **~the case** पूरा पड़ना, काफ़ी होना, यथेष्ट होना। **~the ear** सुनाई पड़ना या देना। **~the eye** दिखाई देना, दृष्टिगोचर होना। **~with** साथी होना, (कठिनाइयों का) सामना करना, अनुभव करना (व्यवहार आदि का)। **meeting** सं० क्रियागत अर्थों में १. (विशे०) द्वन्द्वयुद्ध; २. मिलन, समागम, मेल-मिलाप, सम्मिलन; ३. (धर्म) समागम, (पूजा के लिए) सम्मिलन, सम्मेलन, अधिवेशन, जलसा (जैसे address the ~), ४. बैठक*/ सभा*/ मीटिंग* (ब्र० भी)। **~-house** उपासनागृह। **~-place** मिलने की जगह, सभा के लिए स्थान। **~-race** घुड़दौड़।

mega-, megalo- [Gr., *megas*, fem. *megalē*, great] यूनानी शब्द megas (बड़ा) का समास में प्रयुक्त रूप।

megacephalic, megacephalous (meg á sc fāl' ik, meg á sef', á lŭs) वि० बड़े सिर वाला।

megalith (meg' á lith) सं० महापाषाण* (भा० १ भी), बड़ा पत्थर (विशे० स्मारक, कीर्तिस्तंभ)। **megalithic** वि० बड़े पत्थरों का बना हुआ, जिसमें बड़े पत्थर लगे हों।

megaphone (m g' á fōn) सं० मेगाफ़ोन, ध्वनि-प्रवर्धी, दूर तक आवाज़ पहुँचाने का यन्त्र-विशेष। क्रि० स० ध्वनिवर्द्धक यंत्र से घोषित करना।

megapod (meg' á pod) स० मेगापॉड, एक प्रकार का टीला या मिट्टी का ढेर बनाने वाला पक्षी (शा० बड़े पैरों वाला)।

megascope (n.ag' á skōp) सं० मेगास्कोप, मैजिक लालटेन का एक प्रकार। **megascopic** वि० बिं० आँख से दिखाई पड़ने वाला।

megass (meg' ás) [etym. unknown] स० सीठी, खोई, खोइया, फोक, रस निकालने के बाद शेष का बचा हुआ रेशेदार ग्राम।

megatherium (meg á thēr' i úm) स० मेगाथेरियम, प्रारंभिम काले भालू का-सा एक तृण भोजी पशु जो अब नहीं पाया जाता।

megawatt स० १००० किलोवाट।

megger (meg' ĕr) सं० (विद्यु०) मेगर (पृथक्कारी-रोधमापी)।

megilp (mé gilp') [etym. doubtful] सं० तैलिक रंगों का माध्यम (प्रायः अलसी और तारपीन का तेल)।

megohm (meg' ōm) सं० १. (विद्यु०) मेगओम* (वि० १ भी) २. प्रयुत ओम (दस लाख ओम)।

megrim (mē' grim) [corr. of *migrane*, F. *migraine*, L. *hēmicrania*, Gr. *hēmikrania* (HEMI-, *kranion*, skull)] सं० १. सिरोवेदना, अधकपारी, आधासीसी, अर्द्ध सिरो-पीड़ा या आधे सिर का दर्द; २. सहम, सनक, झक, सौक; ३. (बहु०) नैराश्यावस्था,

जो बैठना, जी घूमना, चिरी-गिरी तबीयत; ४. (बहुव०) सोला, घोड़ों को रथवाप की डीमारी, गम्भीर बीमारी। सं० मेनरीम, एक चिकनी मछली (सील मछली) अथवा उसी प्रकार की चपटी मछली (का स्थानीय नाम)।

meiosis (mī ō' sis) [Gr., from *meioun*, to lessen, from *meiōn*, less] सं० १. (जीव०) जीवाणु कोशिकाओं में केन्द्रकीय परिवर्तन के विकास की अवस्था; २. (आ०,ह्रा०) अर्धसूत्रीविभाजन*; अर्धसूत्र*; ३. (ह्रा०) अर्धसूत्रण*।

melancholia (mel ăn kŏ' li ă) [MELANCHOLY] सं० १. मेलंकोलिया* (आ० भी), संविषाद, विषाद या खिन्नता का रोग; २. विषण्णता* (आ० भी)।

melancholy (mel' ăn kol i) [O.F. *melancolie*, L. and Gr. *melancholia* (*melas melanos*, black, *cholos*, bile)] सं० १. उदासी, विषाद* (आ० भी), म्लानता, खिन्नता, अन्यमनस्कता, अवसाद, रंज, गम। वि० १. दुःखी, विषण्ण (व्यक्ति); २. (वस्तु) दुःखदायी, कसकीली। **melancholic** वि० १. उदास, म्लान, विषादग्रस्त; २. अवसादात्मक, शोकाकुल, दुःखी, खिन्न विषादी*, वातप्रकृति* (मा० २ भी)।

melanic (mé lăn' ik) [Gr. *melan -melas*, black, -ic] वि० १ काला, नीग्रो के रंग का, काले रंग का, गहरा काला। **melanism** (mel' ă n zm) सं० १. मैलानिज्म, अतिकृष्णता* (वि० १ भी), बाह्यकत्थक, बाल आदि में काले रंग के असाधारण विकास में उत्पन्न अत्यधिक कालापन; २. (आ०) मेलेनिनता*। **melanosis** (mel ă nō' sis) सं० १. ऊतकों में कालिमा का असामान्य विकास या अस्वस्थ संचय; २. काला कैंसर। **melanotic** वि० १. कालिमा के असामान्य विकास का या विषयक; २. काले कैंसर का।

melic (mel' ik) [Gr. *meliktos*, from *melos*, song] वि० (कविता विशे० पुनानी गीति) गाने योग्य।

melinite (mel' i nit) [F. *mélinite* (Gr. *mēlinos*, from *mēlon*, apple)] सं० मेलिनिट, एक विस्फोटक पदार्थ जिसका आविष्कार फ्रांस में हुआ था।

meliorate (mē' li o rāt) [late L. *mēliorātus*, p.p. of *meliorāre*, from L. *melior*, better] क्रि० स० और अ० सँवारना, बेहतर करना, परिष्कार करना। **melioration** सं० १. सुधार, परिष्कार, २. उन्नति। **meliorism** सं० सुधारवाद, विश्व सुधारवाद, यह सिद्धांत कि संसार मानव के प्रयत्नों द्वारा उन्नति कर सकता है। **meliorist** सं० सुधारवादी, ऐसे सिद्धांत वाला मनुष्य।

melliferous (me lif' ĕr us) [L. *mellifer* (*mel mellis*, honey, -FEROUS)] वि० मधुदायी, मधुप्रद, मधु उत्पन्न करने वाला।

mellifluous (me lif' lu us) [L. *mellifluus* (*mel mellis*, honey, *fluere*, to flow)] वि० मधुर, सुमधुर, मृदु (वाणी, शब्द)। **mellifluent** वि० मृदु, मधुर, मधुमय। **mellifluence** सं० माधुर्य, मधुरता, सौठापन, माधुरी।

mellow (mel' ō) [perh. from A.-S. *melo*, MEAL², perh. conf. with *mearu*, tender] वि० (mellower, mellowest) १. मृदु, कोमल, नरम, मधुर और रसीला (फल); २. तैयार, सीझी, सपरिपक्व (मदिरा); ३. उपजाऊ, उर्वरा, चिकनी मिट्टीदार (भूमि); ४. अवस्था या अनुभव के कारण मृदु, विनम्र (चरित्र); ५. मृदु, मधुर, स्निग्ध, मंजुल (ध्वनि, रंग, प्रकाश); ६. हँसमुख, प्रहृष्ट, मुदित, प्रमुदित; ७. मस्त; ८. मतवाला, जिसे हल्का सा नशा हो। क्रि० स० और अ० १. कोमल या मधुर करना या होना; २. प्रहृष्ट या मतवाला करना या होना। **mellowly** क्रि० वि० १. कोमलता से, मधुरता के साथ; २. मतवालेपन से। **mellowness** सं० १. कोमलता, माधुरी, मृदुता; २. मतवालापन। **melodeon, -dion** (mé lō' dé ŏn) [earlier *melodium*, Latinized from MELODY] सं० मेलोडियन, बाजा विशेष, एक प्रकार का एकॉर्डियन।

melodrama (mel' ō dra mă, mel ō dra' mă) [earlier *melodrame*, F. *mélodrame* (Gr. *melos*, song, DRAMA)] सं० १. मेलोड्रामा, भावुकतापूर्ण नाटक; २. भावुकतापूर्ण भाषा-व्यवहार; ३. (पहले) गीतों से अलंकृत संगीतमय नाटक। **melodramatic** वि० भावुकतापूर्ण नाटक संबंधी। **melodramatically** क्रि० वि० भावुकतापूर्ण नाटकीय ढंग से। **melodramatist** सं० भावुकतापूर्ण नाटक का रचयिता। **melodramatize** क्रि० सं० भावुकतापूर्ण नाटक की रचना करना।

melody (mel' ō di) [O.F. *melodie*, late L. and Gr. *melōdia*, from *melōdos*, singing, musical (*melos*, song, *ōdē*, see ODE)] सं० १. सुरीलापन, सुमधुर संगीत; २. लय* (वि० १ भी), सुर, स्वरानुक्रम* (वि० १ भी), शब्दों का संगीतमय क्रम; ३. तान, राग, तराना; ४. धुन, टेक, रस; ५. मूर्छना* (आ० २ भी)। **melodious** (mé lō' di ŭs) वि० १. मधुर, मधुर स्वर, माधुर्यंजनक, रसोत्पादक; २. सुरीला, मीठा, रसीला, मधुर, मीना। **melodiously** क्रि० वि० मधुर स्वर से, सुरीलेपन से या रसीलेपन से। **melodiousness** सं० माधुरी, मिठास, सुरीलापन, रसीलापन, श्रुतिमाधुरी। **melodist** (mel' ō dist) सं० १. गवैया, गायक; २. गीतकार; ३. स्वरकार, गीत को स्वर में बाँधने वाला। **melodize** क्रि० अ० और स० १. लय या राग बनाना; २. सुरीलापन भरना; ३. किसी गीत को स्वर में बाँधना।

melon (mel' on) [O.F., from late L. *mēlonem*, nom. सं० स्कूटिकफल, खरबूजा, (विशे० water ~) तरबूज* (ह्रा० भी)। **~cutting** (ग्रा०) मुनाफ़े में हिस्सेदारी करना।

Melpomene (mel pom' ē nē) [the Muse of tragedy] सं० मेल्पोमीन, दुःखांत कथा की देवी, दे० MUSE¹।

melt (melt) [A.-S. *meltan*. intr. and *mieltan*, tr. (cp. Icel. *melta*) cogn. with G . *meldein*, to melt. and l. . *mollis* soft] क्रि० अ० और स० (भू० कृ० **melted, molten**, नो' tĕn) १. गलना* (वि० १ भी), गलाना, पिघलना* (वि० १ भी) या पिघलाना; २. (बोल० व्यक्ति का) भीषण गर्मी बर्दाश्त करना; ३. (बादलों का) बरस जाना; ४. (व्यक्ति, हृदय, भावनाओं का) कोमल होना, दया या प्रेम से अभिभूत होकर द्रवित होना (विशे० the melting mood; away के साथ), धीरे-धीरे समाप्त हो जाना; ५. (ध्वनि का) कोमल और तरल होना; ६. (दूसरी अकृति में) अलक्ष्य रूप में बदल जाना, ७. (धातु आदि को) गर्मी से गलाना या पिघलाना; ८. (व्यक्ति, भावना को) कोमल करना या होना। सं० १. द्रवीभूत या पिघली हुई धातु; २. किसी धातु की वह मात्रा जो एक समय में पिघलाई जा सके। **it melts in the mouth** शीघ्र घुलने वाला होना, शीघ्र ही घुल जाना। **~away** १. पिघल जाना, द्रवीभूत हो जाना; २. (बोल० में व्यक्ति का) अत्यधिक गर्मी सहना या झेलना। **~down** १. धातु की चद्दर आदि को गला कर कच्चे माल के रूप में काम में लाना (द्र० into the melting pot); २. (ग्रा०) आमूल परिवर्तित हो जाना, कायापलट हो जाना। **meltingly** क्रि० वि० कोमल होने की स्थिति में, दया से अभिभूत होने की स्थिति में।

melton (mel' tŏn) [*Melton* Mowbray in Leicestershire] सं० १. मेल्टन, पुरुषों के लिए एक प्रकार का कपड़ा। **Melton Mowbray-**

ज़ोर मैस्तन बोले, एक प्रकार के पिण्डक द्वारा आवृत मांस का उभरा या कचौड़ी।

membrum (mem' bər) [F. *membre*, L. *membrum*] सं० १. अंग* (आ० भी), अवयव, हिस्सा, पुर्जा, टुकड़ा; २. जटिल ढाँचों का उपादान या आवश्यक हिस्सा; ३. (किसी सभा-संस्था का) सदस्य* (प्र०,मा० १, विधि भी); ४. राजनीतिक दल का हिस्सा, शाखा; ५. वाक्यांश; ६. संख्या राशि, पद (गणित या बीज गणित में ही दी ओर की संख्याएँ)। **unruly ~** जीभ, ज़बान। **~of Christ** (ला०) क्रिश्चियन, ईसाई। **Member of Parliament** (संक्षे० M.P., बहुव० M.P.S. या members) संसद सदस्य। **membered** वि० अंगयुक्त, अवयवयुक्त, पदयुक्त। **memberless** वि० अंगहीन, पदहीन। **membership** सं० १. सदस्यता* (मा० १ भी), मेंबरी; २. सदस्यों की संख्या।

membrane (mem' brān) [L. *membrāna*, as prec.] सं० १. आवरण, झिल्ली*, झिल्लिका*, कला* (आ०, मा० २ भी); २. कुछ बीमारियों में हो जाने वाली झिल्लीदार विकृति; ३. चर्मपत्र या चमड़ा जो लपेटा गया हो। **membranaceous** (mem b ā nā' shus) **membraneous, membraniform, membranous** वि० झिल्लीदार, कलामय।

memento (me men' tō) [L., imper. of *meminisse*, to remember] सं० स्मारक, स्मारक चिह्न, निशानी, यादगार। **~mori** (मृत्यु को याद रखो) मौत की चेतावनी (जैसे खोपड़ी का चित्र)।

memoir (mem' war) [F. *mémoire*, L. *memoria*, MEMORY] सं० १. वृत्त, वृत्तांत, व्यक्तिगत ज्ञानानुभव या विशेष सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर लिखा गया इतिहास; २. आत्मचरित या जीवनचरित; ३. गंभीर विषय पर विद्वत्तापूर्ण निबंध (विशेष रूप से लेखक द्वारा पठित विषय पर)।

memorable (mem' ór ābl) [L. *memorābilis*, from *memorāre*, to call to remembrance, from *memor*, see MEMORY] वि० स्मरणीय, नामी, अविस्मरणीय, याद रखने वाला, याद रहने वाला। **memorableness, memorability** सं० स्मरणीयता। **memorably** क्रि० वि० स्मरणीय रूप में, स्मरण करते हुए।

memorandum (mem o rān' dum) [L., neut. ger. of *memorāre*, see prec.] सं० (बहुव० **-da**) (संक्षे० mem., memo.) १. मेमोरैंडम, स्मरण-लेख, स्मरण-पत्र, याददाश्त, आलोक-पत्र, अनुबोधक, स्मृति-पत्र; २. भविष्य में देखने के लिए घटनाओं आदि का चिट्ठा या अभिलेख; ३. (विधि) दस्तावेज़*, प्रलेख*; ४. रस्मी चिट्ठी, अनौपचारिक पत्र जिसपर हस्ताक्षर न हों, ऐसे पत्रों पर प्रायः 'मेमोरैंडम' छपा रहता है; ५. ज्ञापन* (विधि भी)।

memorial (me mōr'iāl) [O.F., L. *memorialis*] वि० १. याद्गार, स्मारक, स्मृतिचिह्न, कीर्तिस्तंभ; २. स्मरणीय, याद का। सं० १. स्मृतिचिह्न, स्मरणीय वस्तु, रस्म आदि; २. इतिहास, स्मरण-लेख (प्रायः बहुव०); ३. सरकारी कागजात, अनौपचारिक सरकारी पत्रादि; ४. प्रार्थना-पत्र आदि के आधार के लिए तथ्य-कथन, अभ्यावेदन* (विधि भी)। **memorialist** सं० उपर्युक्त में किसी का लेखक। **memorialize** क्रि० स० १. स्मरणार्थ उत्सव मनाना, स्मरण-दिवस मनाना; २. आवेदन-पत्र द्वारा प्रार्थना करना।

memorize (mem' ó riz) क्रि० स० १. याददाश्त के लिए बही पर चढ़ाना या लिपिबद्ध करना, स्मरणार्थ लिख लेना; २. कंठस्थ करना, याद करना।

memory (mem' ó ri) [A.-F. *memorie*, O.F. *memoire*, L. *memoria*, from *memor*, mindful, redupl. of *mer-*, to remember (cp. Gr. *merimna*, care, thought)] सं० १. स्मरणशक्ति, याददाश्त ((a good, bad~); २. स्मरण, याद, स्मृति* (आ०, मा० २ भी); ३. मरणोपरांत ख्याति; ४. स्मरणकाल (जैसे beyond, within living~); ५. याद्गार, पुरानी बात। **in~of** की याद में, के स्मरणार्थ या की स्मृति में।

-men प्रत्य० बहुत से पारिभाषिक या पांडित्यपूर्ण शब्दों के अन्त में प्रयुक्त (जैसे acumen, stamen, gravamen, albumen आदि)।

menace (men' ās) [O.F., from L. *minācia*, from *minax -ācis*, threatening, from *mine*, threats] सं० १. (साहित्य) धमकी; २. घुड़की, डांट-डपट; ३. डरावा; ४. डर, भय। क्रि० स० १. धमकी देना; २. डराना, धमकाना, भय दिखाना; ३. डांट-डपट करना, घुड़की देना। **menacingly** क्रि० वि० १. धमकी के साथ; २. घुड़की से।

menagerie (mé näj' ér i) [F. *ménagerie*, as prec.] सं० १. मिनेजरी, प्राणी-संग्रह, वन्य पशुओं का पिंजड़े आदि में संग्रह; २. (वि० १) प्राणिशाला*।

mend (mend) [from AMEND] क्रि० स० और अ० १. सुधारना, मरम्मत करना; २. (पर की क़लम) इच्छित आकृति के अनुसार काटना, तेज़ करना, दुरुस्त करना, बनाना; ३. स्वास्थ्य सुधारना, स्वास्थ्य पाना, ठीक होना। **~fire** आग में ईंधन डालना। **~matters** अवस्था या परिस्थिति में सुधार करना। **~one's pace** तेज़ चलना, द्रुतगामी बनाना। **~or end** सुधारो या नष्ट करो। **mendable** वि० सुधारयोग्य, सुधरने के काबिल जिसकी मरम्मत हो सके।

mendacious (men dā' shus) [L. *mendax -ācis*, lying, cogn. with *mentiri*, to lie, see] वि० १. मिथ्या, झूठा; २. मिथ्यावादी, झूठ बोलने वाला; ३. धोखेबाज़, धोखे का। **mendaciously** क्रि० वि० झूठ से, असत्यता से, छल या कपट के साथ। **mendacity** सं० झूठ, मिथ्यावादिता, धोखा।

Mendelism (men' del izm) [G. J. *Mendel* 1822-84] सं० १. मेंडल-सिद्धांत, मेंडलवाद* (कृ०, मा० ३ भी); २. यह सिद्धांत कि मानवीय चरित्र वंशानुगत है। **Mendelian** वि० मेंडल के सिद्धांत का, उसमें विश्वास करने वाला।

mendicant (men' di kant) [L. *mendicāns, -antem*, pres. p. of *mendicāre*, from *mendicus*, beggar] वि० भिक्षा मांगने वाला, भिखारी का। सं० भिक्षु, भिक्षक, याचक, भिखारी, भिक्षमाण। **mendicancy** सं० भिक्षावृत्ति, भिखारीपन। **mendicity** (men dis' i ti) सं० भीख्या जीव, प्रव्रज्या, भिक्षा-जीवन।

menhaden (men hā' den) [Am. Ind *munnau hattsang*] सं० मेनहैडन, शाद और बहुमूल्य तेल पैदा करनेवाली मछली।

menhir (men' hēr) [Bret. *men*, stone, *hir*, long] सं० (पुरा०) मेनहीर*/एकाश्म स्मारक* (मा० १ भी), (यूरोप, अफ्रीका, एशिया में पाया जाने वाला) स्मारक-स्तंभ, दीर्घाश्म स्तंभ, लाट पत्थर।

menial (mé' ni ál) [A.-F., as MEINE] वि० १. छोटा, मामूली, तुच्छ, दासोचित, नीच (नौकरी); २. चरेलू (नौकर, प्रायः अपमानसूचक)। सं० १. भृत्य, चरेलू नौकर-चाकर। **menially** क्रि० वि० १. तुच्छता से; २. नीचता से, नौकर के रूप में, चाकर की भांति।

meninx (mé' ningks) [Gr.] सं० (प्रायः बहुव० **meninges**,

mē' nin' jēz) १. मस्तिष्क झिल्ली; २. तानिका* (आ० भी)। **meningeal** (mē nin' jē al) वि० तानिका संबंधी, मस्तिष्क की झिल्लियों में किसी एक से संबंधित। **meningitis** सं० मैनिन्जाइटिस* (कृ० भी), तानिका शोथ, गवेनतोड़ बुखार*, मस्तिष्कावरणशोथ* (कृ० भी)। **meningocele** (me nin jō sēl) [-CELE] मस्तिष्क की झिल्ली का बढ़ जाना, सूज जाना।

meniscus (mē nis' kus) [Gr. *mēniskos*, a crescent, dim. of *mēn*, moon] सं० १. अर्धचंद्रक, नवचन्द्रक*; मेनिस्कस* (आ०, ई० १, वि० १ भी) नवचन्द्राकार लैन्स या वीक्ष, २. (गणि०) अर्द्धचंद्राकार आकृति, ३. (भौति०) वक्र तल।

Mennonite सं० मेनोनाइट, क्वेकर और बैप्टिस्ट सम्प्रदायों से मिलते-जुलते प्रोटेस्टेंट पंथ का सदस्य।

meno- समास में 'मासिक धर्म' संबंधी अर्थों में प्रयुक्त।

menology (mē nol' o jē) [late Gr. *mēnologion* (*mēn mēnos*, month, -LOGY)] सं० मासपत्रिका, मीनोलोजी, ईलैंडर, (विशे० यूनानी चर्च का जिस पर संतों की जीवनियाँ अंकित रहती हैं)।

menopause (men' o pawz) [Gr. *mēn mēnos*, month, PAUSE] सं० म्योनिवृत्ति* (आ० भी), मासिक धर्म से निवृत्ति। **menorrhagia** (men o rā' jē a) [Gr. *-ragia*, from *rhēgnumai*, to break forth] मासिक का अधिक मात्रा में आना, मासिक में ज्यादा रक्तस्राव होना, अत्यार्तव* (आ० भी)। **menorrhea** [Gr. *rhoia*, flow] मासिक धर्म में साधारण रक्तस्राव होना।

menses (men' sēz [L., pl of *mensis*, month] सं० (बहुव०) आर्तव* (आ० भी), मासिक धर्म माहवारी, म्योधर्म*, ऋतुस्राव* (आ० भी)। **menstrual** वि० १. मासीय, मासिक, मासिक संबंधी, २. (गo ज्यो०) मासी क, माहवारी। **menstruous** वि० मासिक धर्म संबंधी। **menstruant** वि० अ० मासिक धर्म होना। **menstruation** सं० आर्तव* (आ० भी), ऋतुस्राव* (आ०, कृ० भी), म्योधर्म* (आ० भी)।

Menshevik (men' she vik) [Rus., the minority] सं० मेन्शेविक* (आ० १ भी), नरमदलीय रूसी साम्यवादी।

menstruum (men stru um) [L., neut. of *menstruus*, monthly, from *mensis*, month (from the alchemistic analogy with the menstrual flow)] सं० (बहुव० **~trua**) विलायक* (आ० भी)। घुलाने वाला (शा० और लो०)।

mensurable (men' shoor abl) [late L. *mensūrābilis*, from *mensūrāre*, to measure, from *mensūra*, MEASURE] वि० १. प्रमेय, माप्य, २ (गणि०) नियमित तालयुक्त। **mensural** वि० १ नाप का, २ (गणि०) नियमित तालयुक्त।

mensuration (men o sū rā' shun) [late L. *mensūrātio*, as prec.] सं० १ मापना, मापन, पैमायश; २. (गणि०) क्षेत्रमिति, भूमिति, ३. (आ०, वि० १) विस्तार-कलन*, मेन्सुरेशन*।

mental[1] (men' tal, [L., from late L. *mentālis*, from *mens mentis*, mind] वि० १ मानसिक* (आ०, मा० ३, वि० १ भी), मनोगत,दिमाग़ी, मन का, २ मन्तिक फल (जैसे ~arithmetic)। सं० (बोल०) मानसिक रोग या रोगी। **~patient** पागल, मानसिक विकृति से पीड़ित रोगी। **mentality** सं० १. मनोवृत्ति* (आ० २, ३ भी), मनोदशा; २. मेधा शक्ति, मानसिक शक्ति; ३. (विभिन्न अर्थों में) मन, स्वभाव, मिज़ाज। **mentally** क्रि० वि० मन से, दिमाग़ से। **mentation** (men' tā' shun) सं० मन या मस्तिष्क की क्रिया, मनोदशा।

mental[2] (men' tal)[F., from L. *mentum*, chin] वि० चिबुक-* (आ० भी), चिबुकीय, ठुड्डी संबंधी, ठोढ़ी का।

menthol (men' thōl) [G. (L. *mentha*, MINT[3], -OL)] सं० मेन्थाल, पोदीने का सत, सिर आदि के दर्द की मिटानेवाला कपूर जैसा पदार्थ जो पिपरमेंट के तेल से निकाला या बनाया जाता है, सत पोदीना* (कृ० भी)।

mention (men' shun) [F., from L. *mentiōnem*, nom. *-tio*, rel. to *mens mentis*, see MENTAL[1]] सं० चर्चा, उल्लेख, निर्देश कथन, जिक्र, नाम लेना, कहना। **honourable ~** १. परीक्षा में प्रत्याशी की श्लाघा; २. कलाकृति जो श्लाघ्य हो परन्तु पारितोषिक की पात्र न समझी जाय।

mentor (men' tor) [F., from Gr. *Mentōr*, counsellor to Telemachus] सं० उपदेशक, गुरु, सलाहकार, अनुभवी और विश्वस्त परामर्शदाता।

menu (men' oo, men' ū) [F., orig. small, L. *mūtus*, MINUTE[1]] सं० मीनू, भोजन-सूची, व्यंजन-सूची, होटल की ब्योरेवार भोजन-सूची।

Mephistopheles (mef is tof' e lēz) [the spirit in ancient legend to whom Faust sells his soul, etym. doubtful] सं० मेफिस्टोफेलस, एक प्रेत जिसके हाथ फास्ट (Faust) ने अपनी आत्मा (जर्मन कथाओं के आधार पर) बेच डाली थी; २. शैतान (व्यक्ति), दानवी। **Mephistophelean, Mephistophelian** वि० मेफिस्टोफेलस संबंधी या उस जैसा।

mephitis (me fī' tis) [L.] सं० १. हानिकर प्रसरण या निकास, (विशे० पृथ्वी से); २. जहरीली बदबू, विषैली गंध। **mephitic, -al** वि० दुर्गंधिपूर्ण, पूतियुक्त।

mercantile (mēr' kan tīl) [F., from It. *mercantile*, from *mercante*, MERCHANT] वि० १. व्यापार संबंधी, निजारती, व्यापारिक, व्यावसायिक; २. स्वार्थी, धनलोलुप, लाभपरायण। **~marine** व्यापारी बेड़ा, व्यापारिक पोत। **mercantilism** सं० स्वार्थवाद, धनलोलुपता। **mercantilist** सं० १. व्यापारी, व्यवसायी; २. लालची, धनलोलुप।

mercenary (mēr' se nār i) [L. *mercēnārius*, from *merces -cēdis*, reward, fi om *merx -cis*, see foll.] वि० लालची, स्वार्थी, धनलोलुप, भाड़े पर काम में लिया हुआ, भाड़े का टट्टू। सं० (केवल आर्थिक लाभ के लिए) विदेशीय सेवा में लगा सैनिक, भाड़े का सैनिक। **mercenariness** सं० १. धनलोलुपता, लोभपरायणता; २. भाड़े पर काम करना, भाड़े का टट्टू होना।

mercer (mēr' ser) [F. *mercier*, through pop. L. *merciarius*, from L. *merx merci*, MERCHANDISE] सं० कौशेय वस्त्र विक्रेता, रेशमी और अन्य बहुमूल्य वस्त्रों का विक्रेता। **mercery** सं० १. इन वस्त्रों की दुकान, २. रेशमी और अन्य बहुमूल्य कपड़ों की हाट।

mercerize (mer' ser īz) [J. *Mercer* (1791-1866), patentee of process] क्रि० स० मर्सराइज करना, सूती कपड़ों को मसाला (कास्टिक अल्कली) लगा कर मज़बूत और चमकीला बनाना।

merchandise (mēr' chan dīz) [F. *marchandise*, as foll.] सं० सौदा, माल, पण्य, बिक्री का माल, सौदागरी का माल।

merchant (mēr' chant) [O.F. *marchand*, *marchant*, from L. *mercantem*, nom. *-cans*, pres. p. of *mercārī*, to trade, from *merx mercis*, MERCHANDISE] सं० और वि० वणिज, सौदागर, व्यापारी, वणिक् (विशे० विदेशों के साथ व्यापार करने वाला सौदागर)। **lob ~** (क्रिकेट) धीमी गेंद फेंकने वाला। **~man,**

ship व्यापारिक या व्यापारी जहाज* (मा० १ भी), वाणिज्य पोत। **~prince** धनी व्यापारी, श्रेष्ठि। **~service** व्यापारिक पोत सेवा। **merchantable** वि० विक्रेय, बिकने योग्य, सौदागरी के लायक।

mercurial (mĕr kū' ri ăl) वि० और सं० १. तेज, चंचल, अस्थिर; २. उड़नशील; ३. चंचल बुद्धि, त्वरित बुद्धिवाला, क्षणिक बुद्धि; ४. पारदमय, पारदयुक्त, पारदिक; ५. बुध-रोहणी ग्रह का। **mercurialism** सं० पारदिकता, पारदात्मय* (आ० भी)। **mercurialise** क्रि० स० पारदिक होना, पारा मिलाना। **mercuriality** सं० त्वरित बुद्धि, चंचल बुद्धि, चुस्ती, चुलबुलाहट, चंचलता, अस्थिरता। **mercurially** क्रि० वि० चुलबुलाहट से, देखी से, चंचलता से।

Mercury (mĕr' kū ri) [A.-F. *Mercurie*, O.F. *Mercure*, L. *Mercurius*, prob. from *merx mercis*, MERCHANDISE] सं० १. रोमन देवता जो वक्तृत्व कला, कौशल और चोरी का देवता माना जाता है तथा देवों का दूत भी है, दूत (विशेष मे और समाचारपत्रों के शीर्षकों में); २. बुध (ग्रह); ३. पारद*, पारा* (क्रु० भी), सफ़ेद रंग की धातु जो वर्मामीटर, बैरोमीटर इत्यादि यंत्रों में प्रयुक्त होती है; ४. (ला०) चुस्ती, फुर्तीलापन (has no ~in him); ५. (कु०) मरकरी*। **the ~is rising** मौसम या मिज़ाज तेज हो रहा है। **mercuric** वि० (रसा० पारद* (वि० ३ भी), पारा, मरक्यूरिक, पारदिक। **mercurous** वि० (रसा०) मरक्यूरस, पारदस।

mercy (mĕr' si) [F. *merci*, L. *mercēdem*, nom. *-ces*, reward, late L., pity, from *merx -cis*, MERCHANDISE] सं० १. कृपा, दया* (मा० २ भी), करुणा, अनुकंपा (show ~to), सदयता, दयालुता, रहम। **at the ~of** के रहम पर, के पंजे में। **left to the tender mercies of** (विनो० में) किसी के द्वारा रहम पर छोड़ देना (जब कि उससे दुर्व्यवहार की आशंका हो)। **that is a ~** ईश्वर की कृपा, वह बस्तु जिसका धन्यवाद किया जाय। **~-seat** १. दयासन; २. ईश्वर का सिंहासन। **merciful** वि० दयालु, दयाल, कृपालु, सदय, रहमदिल। **mercifully** क्रि० वि० दयालुतापूर्वक, कृपालुता से, रहमदिली से। **merciless** वि० कठोर, निर्दयी, निर्दय, निष्ठुर, बेरहम, बेदर्द। **mercilessly** क्रि० वि० निर्दयता से, बेरहमी, के साथ। **mercilessness** सं० निर्दयता, बेरहमी, निष्ठुरता।

mere[1] (mēr) [A.-S. (cp. Dut. and G. *meer*, Icel. *marr*, and L. *mare*, sea)] सं० तालाब, पोखरा, झील।

mere[2] (mēr) [L. *merus*, pure, unadulterated] वि० १. केवल, शुद्ध, मात्र, निरा, सिर्फ़, बिल्कुल, नितांत, सरासर (जैसे a ~swindler, the merest buffoonery)। **~right** केवल अधिकार, कानूनी अधिकार (कब्जा नहीं)। **merely** क्रि० वि० मात्र, केवल, सिर्फ़, बस, बिल्कुल, ज़रा-सा, निरा।

meretricious (mer e trish' ŭs) [L. *meretricius*, from *meretrix -tricis*, harlot, from *mereri*, to earn, see MERIT] वि० १ वेश्या-वृत्ति का या तत्संबंधी; २. (आभूषण, साहित्यिक शैलियों आदि का) कृत्रिम अलंकारमय, बनावटी शोभा का। **meretriciously** क्रि० वि० १. वेश्या की तरह; २. बनावटी शोभा के साथ (आभूषण आदि)। **meretriciousness** १. वेश्या के समान होना; २. बनावटी शोभा।

merganser (mer găn' ser) [L. *mergus*, a diving-bird, *anser*, goose] सं० मर्गेंसर, गोता मारकर मछली खानेवाली एक बतख।

merge (mĕrj) [L. *mergere*, to dip (partly through low F. *merger*)] क्रि० स० और अ० १. (एक वस्तु का दूसरी में) विलयन या विलय होना, (विशे० अधिकार, स्टेट आदि अपने से बड़े में) मिलाना, उनका विलीनीकरण कर देना; २. विलीन करना, डुबोना। **mergence** सं० विलीनीकरण, विलय। **merger** सं० १. विलय, विलयन* (प्र०, मा० १, विधि भी); २. संयोजन, एक साथ जोड़ना।

meridian (mé rid' i ăn) [O.F. *meridien*, L. *meridiānus*, from *meridiēs*, midday (*medius*, middle, *diēs*, day)] सं० १. मध्याह्न, दिनमध्य; २. काल्पनिक रेखांश, रेखा, ध्रुवपृत्त; ३. भूमध्य रेखा (जैसे ~of Greenwich); ४. शिरोबिंदु (सूर्य या नक्षत्र का), ५. याम्योत्तर* (वि० १ भी)। वि० १. मध्याह्न संबंधी; २. (ला०) उत्कर्षकालीन। **calculated for the ~of** (स्थान-विशेष के लोगों के) स्वभावानुकूल, अनुकूल। **meridional** वि० १ दक्षिण यूरोपीय (निवासी); २. मध्याह्न रेखा संबंधी, रेखांशिक* (आ०, वि० १ भी)। सं० दक्षिण-निवासी (विशे० फ्रांस के)।

meringue (me răng') [F., etym. doubtful] सं० मेरंग, चीनी और अंडे की सफ़ेदी से बनी हुई मिठाई या छोटा केक।

merino (me ré' nō) [Sp., prob. from L. *majōrinus* (perh. overseer or major-domo), from *major*, greater] सं० (~sheep भी) १. मरीनो भेड़, उम्दा ऊनवाली भेड़ की जाति, २. फ़ांसीसी कश्मीर के प्रकार का सूत का ऊनी वस्त्र (प्रारंभ में ~wool से बना हुआ); ३. महीन ऊनी रेशा या बाना।

merit (mer' it) [O.F. *merite*, L. *meritum*, neut. *p.p.* of *mereri*, to earn. perh. cogn. with Gr. *meros*, a share, whence *meiresithai*, to receive a portion] सं० १. गुण* (प्र०, मा० २ भी), योग्यता* (मा० २ भी) श्रेष्ठता; २. पात्रता, अच्छाई बड़ाई, उत्कर्ष, विशिष्टता; ३. (प्रायः बहुव०) पुरस्कार योग्य, कृतज्ञता का पात्र; ४. तारीफ़, इनाम, ५. पुण्य* (मा० २ भी)। क्रि० स० (दंड अथवा पुरस्कार के) योग्य होना, योग्यता रखना, पात्र होना, लायक होना। **the merits** वास्तविक गुण-दोष, तात्त्विक गुण-दोष* (अभियोग आदि का, विशे० विधि)। **judge (proposal etc.) on its merits** गुणदोष के आधार पर निर्णय करना। **make a ~of** अपने आपको सुपात्र प्रदर्शित करना। **meritorious** वि० अच्छा, बहुत अच्छा, प्रशंसा के योग्य, प्रशंसनीय, स्तुत्य। **meritoriously** क्रि० वि० प्रशंसनीय ढंग से, श्लाघ्यतापूर्वक, स्तुत्य रूप में। **meritoriousness** सं० श्लाघ्यता, स्तुति, गुणसम्पन्नता।

merlin (mĕr' lin) [A.-F. *merilun*, O.F. *esmerillon*, prob. from Teut.] सं० मरलिन, एक प्रकार का बाज़।

merlon (mĕr' lŏn) [F., from It. *merlone*, from *merlo,merla*, battlement, prob. from *mergola*, dim. of L. *merga*, pl. a pitchfork] सं० कंगूरा, दो लोपों के अक्षरों के बीच की (किले की) दीवार।

mermaid (mĕr' mād) [MERE[2], MAID (cp. A.-S. *mere-wif*, mere-woman)] सं० मत्स्यकन्या* (मा० १ भी), मत्स्य स्त्री, जलपरी, मत्स्यांगना, मत्स्यकुमारी, जिसका सिर और धड़ स्त्री जैसा और कमर से नीचे का हिस्सा मछली के समान होता है। **merman** सं० मत्स्यकुमार, जिसके शरीर का निम्न भाग मछली की तरह होता है।

mero- [Gr. *meros*, part, portion] यूनानी शब्द meros (अंश, अल्प भाग) का समास में प्रयुक्त रूप (जैसे merobiast, merohedral)।

-merous प्रत्य० (बम०) जिसके कई अंग या भाग हों (जैसे dimerous, 5-merous आदि)।

Merovingian (mer ó vin' ji án) [F., *Merovingien*, med. L. *Merovingi*, from Teut.] वि० उस शासक-परिवार का जिसका संस्थापक क्लोविस था और जिसके वंशजों ने गाल और जर्मनी पर ५००-७५० ई० तक राज्य किया। सं० इस वंश का कोई राजा।

merriment दे० MERRY[2]।

merry[1] (mer' i) [F. *merise*, taken as pl.] सं० मेरी, ब्लैक बेरी (फल) का एक प्रकार।

merry[2] (mer' i) (A.-S. *myrige*, whence MIRTH, prob. from O.Teut. *murgjo-*, lasting a short time, cogn. with Gr. *brachus*, short] वि० १. हर्षपूर्ण, प्रफुल्ल, सोल्लास, प्रमुदित, आनंदित, प्रसन्न, हर्षित, खिलदिल, रमणीय, आनंदकर; २. सामान्य रूप में नशीला। **make ~** रंगरेलियाँ मनाना, चुहल करना, मौज करना। **make ~ over** मज़ाक उड़ाना, खिल्ली उड़ाना। **~-andrew** (नट का सहायक) भाँड, विदूषक आदि (ला० भी)। **~-go-round** चक्कर देने वाला हिंडोला या झूला। **~-making** मौज, आमोद-प्रमोद, चुहल। **~-thought** पक्षी के सीने और गले के बीच की दुहरी हड्डी या बरदार हड्डी। **merrily** क्रि० वि० सानंद, सोल्लास, मौज से। **merriment, merriness** सं० (विरल) प्रसन्नता, सानंदता, उल्लास-वृत्ति, आमोद-प्रमोद, आनंद, मस्ती, ठट्ठा, मसखरी।

mesa (mā' zā) [Sp., table] सं० मेसा* (वि० १ भी) (अमरीका में प्रयुक्त), ढलुवाँ किनारों वाली चट्टानयुक्त उच्च समतल भूमि।

mesembrianthemum (mé sem bri ăn' thé mùm) [Gr. *mesēmbria*, noon, *anthemon*, flower] सं० फिगवीरोगोल्ड, एक प्रकार का पौदा (फूल)।

mesentery (mes' en ter i) [med. L. *mesenterium*, Gr. *mesenteion* (*meso-*, middle, *enteron*, entrail)] सं० आंत्रयोजनी*/ मेसेन्टरी* (आ०, क्रि०, वि० १ भी)। **mesenteric** वि० आंत्र-योजनी विषयक। **mesenteritis** सं० आंत्रयोजनी-प्रदाह।

mesh (mesh) [perh. from A.-S. *max* (cp. Dut. *maas*, G. *masche*), or from M. Dut. *masche*] सं० १. जाल, जालरंध्र; २. (बहु०) जाली, (ला०) जाल, फाँस, फंदा; ३. (ग्रा० क्रि० बहु०) जालीदार आशय का गठन; ४. फंसे हुए (चर्खी के दाँते)। क्रि० स० और अ० १. जाल में फँसना या फँसाना, फंदे में फँसना या फँसाना (ग्रा० और ला०), २ (चर्खी के दाँतों का एक दूसरे में) फँसना या फँसाना (with के साथ प्रयुक्त)।

mesial (mē' si ăl) [Gr. *mesos*, middle, -IAL] वि० शरीर-मध्यगामी, शरीर के मध्य का या मध्य की भाँति। **mesially** क्रि० वि० मध्य से, शरीर के मध्य से।

mesmerism (mez' mer izm) [F.A. *Mesmer* (1733-1815), Swiss-German physician, -ISM] सं० १ मेस्मरवाद*/मेस्मे-रिज़्म* (ग्रा० २ भी), निद्रा की अवस्था-विशेष; २. वशीकरण; ३. संमोहन विद्या, रोगी की संकल्पना या इच्छा-शक्ति पर अत्यधिक प्रभाव के कारण उसे अर्धमूर्छित या वशीकरण की विद्या। **mesmeric** वि० मेस्मेरिज़्म संबंधी। **mesmerist** सं० वशीकर्ता, मेस्मेरिज़्म करने वाला। **mesmerize** क्रि० स० वशीकरण करना, मुग्धित करना, अचेत करना। **mesmerization** सं० वशीकरण, मेस्मेरिज़्म करने का कार्य।

mesne (mēn) [F., legal var. of A.-F. *meen*, MEAN[2]] वि० मध्यम, मध्यवर्ती, मँझला, बीच का। **~ lord** मध्यम या बीच का जागीरदार (जो बड़े जागीरदार से ज़मीन पट्टे पर ले कर किसी और को पट्टे पर दे)। **~ process** मुकदमे के बीच की (अंतरिम कार्यवाही)। **~ profits** अनुचित वसूली, जो जागीर पर अनधिकृत कब्ज़ा करने वाली दो निश्चित तिथियों के बीच वसूल करे।

meso-, mes- [Gr. *mesos*, middle] माध्यमिक अथवा मध्य-विषयक के लिए प्रयुक्त सामासिक पद। **mesogaster** (mes ó gās' tér) उदरांतर्वर्ती संचिका। **mesolithic** (mes ó lith' ik) [LITHIC] प्राचीन और नवीन प्रस्तर-युगों के बीच का। **meson** (mes' on) (मीसॉन) १. अंतरिक्ष किरणों और परमाण्वीय नाभिकों में पाया जाने वाला प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन के बीच संहति का मध्यवर्ती मूल या मौलिक कण; २. (वि० १) मेसॉन*। **mesophyll** (mes' ó fil) [Gr. *phullon*] पर्णमध्यक, मध्य-पर्णोति, पत्ते की आंतरिक ऊतक। **mesozoic** (mes ó zō' ik) [zoic] दूसरे भूगर्भ-काल का, मध्यजीवीय।

Mespot सं० (ग्रा०) मेसोपोटामिया (संक्षे०)।

mesquit (mes kēt', mes' kit) [Mex., Sp. *mezquite*] सं० १. मेसकीट, उत्तरी अमरीका का फलीदार वृक्ष; २. (~-grass भी) मेसकीट पेड़ के निकट उगनेवाली घास-विशेष।

mess (mes) [O.F. *mes*, late L. *missum*, neut. p.p. of *mittere*, to send] सं० १. द्रव अथवा गूदेदार भोजन; २. क़िस्म-क़िस्म की द्रव अथवा मिश्रित भोजन; ३. खिचड़ी, मिश्रण, गड़बड़झड़; ४. गड़बड़, गड़बड़झाला, वस्तुओं की अव्यवस्थित अवस्था; ५. मेस, सहभोजी-दल (नौ-सेना आदि); ६. सहभोज (जैसे at ~, go to ~); ७. भोजनालय, रसोई, खाने-पीने का प्रबंध। क्रि० स० और अ० १. (वस्तुओं को) अव्यवस्थित करना, गड़बड़ाना, गंदा करना; २. बपका करना (आपार में); ३. आवारा घूमना, डोलना-फिरना (about के साथ प्रयुक्त); ४. भोजन करना, सहभोजी बनना (with के साथ प्रयुक्त)। **make a ~ of** बपका करना, गड़बड़-सड़बड़ कर देना, काम खराब कर देना, चौपट कर देना, सत्यानास कर देना। **~ jacket** भोजन के समय पहनने का कोट। **messmate** सं० सहभोजी (प्रायः जलपोत पर)। **messy** वि० १. गड़बड़ का, अव्यवस्थित; २. गंदा (~food, job)। **messily** क्रि० वि० गड़बड़ी से, अव्यवस्थित ढंग से। **messiness** सं० गड़बड़, अव्यवस्था।

message (mes' áj) [F., from pop. L. *missāticum*, as prec.] सं० १. संदेश* (ई० २ भी) (पैग़ाम, लेखक या उपदेशक आदि का प्रेरणा भरा संदेश); २. सूचना, खबर; ३. बात, वार्ता, संवाद। क्रि० स० १. संदेश भेजना; २. (तार से या संकेत के द्वारा) संवाद भेजना।

messenger [MESSAGE] [F., *messager*] सं० १. मैसेंजर* (आ० भी), संदेशवाहक* (म०, मा० १ भी), संदेशहर, हरकारा, दूत, २. काग़ज़ का टुकड़ा जिसे पतंग उड़ाने वाला डोर पर चढ़ा कर पतंग तक पहुँचाता है; ३. चरखी पर चढ़ी हुई डोर जिससे जहाज़ का रस्सा ऊपर खींचा जाता है।

Messiah (mé sī' ă), **Messias** (-ás) [F. *Messie*, L. and Gr. *Messiās*, Heb. *māshiah*, from *māshah*, to anoint] सं० १. मसीहा; २. ईसा मसीह; ३. दलितों-पीड़ितों का मुक्तिदाता। **messiahship** सं० मसीहा होना, मुक्तिदाता होना। **messianic** (mes i ăn' ik) वि० मसीही, मसीहा में आशा अथवा विश्वास द्वारा अनुप्राणित।

messieurs (mes' yürz) [see MONSIEUR] सं० (बहु०)

MONSIEUR या Mr. का बहु० (संबो० में Messrs रूप) सर्वश्री, सभी के नाम के पहले प्रयुक्त ।

messuage (mes' wáj) [A.-F. *mesuage*, perh. scriptorial corr. of *mesnage*, but acc. to Skeat from O.F. *masuage*, med. L. *mansuāgium*, from *mansa*, see MANSE] सं० बासगृह, गृहवाटिका, हवेली के बाड़े, मकान आदि ।

messiso (mes tē' zō) [Sp., from pop. L. *mixticius*, *mixtus*, p.p. of *miscēre*, to mix] सं० मेस्टेज़ो, स्पेन अथवा पुर्तगाल का वर्णसंकर [विशे० स्पेनवेशीय और अमरीकी आदिवासियों की दोग़ली संतान] ।

meta-, met-, meth- [Gr., on, with, among or between, after (implying change or transposition)] यूनानी शब्द meta (=साथ में, बाद में) का समासों में प्रयुक्त रूप ।

metabolism (me tăb' ŏ lizm) [Gr. *metabolē*, change, rel. to *metaballein*, to change (META-, *ballein*, to throw), -ISM] सं० १. क्षयापचय* (आ० भी), उपापचय* (कृ०, मा० २, वि० १ भी) । जीवों में पचने की क्रिया जिसके द्वारा पौष्टिक पदार्थ ऊर्जा में परिवर्तित होता है (जिसे constructive~कहते हैं) या प्रोटोप्लाज्म सादे पदार्थों में परिवर्तित हो जाता है (जिसे destructive~कहते हैं) । २. (मा० २) मेटाबॉलिज्म* । **metabolic** वि० १. क्षयापचयी* (आ० भी), उपापचयी* (मा० २ भी); २. (मा० २) मेटाबॉलिक* । **metabolise** क्रि० स० क्षय-अपचय करना, उपापचय करना ।

metacarpus (met á kar' pŭs) [META-, CARPUS] सं० १. करमास्थि, करसाका, कलाई और उंगलियों के बीच का (हाथ) स्थान; २. (आ०, कृ०, वि० १) करम*, मेटाकार्पस* ।

metage (mē' tăj) [METE, -AGE] सं० १. मीटेज, कोयले के बोझ आदि का अधिकृत माप; २. कोयले के बोझ पर लगने वाली चुंगी ।

metagenesis (met á jen' ĕ sis) [META-, GENESIS] सं० १. पीढ़ी-एकांतरण, यौनिसंभव और अयौनिसंभव, जन्य के बीच एकांतरण; २. (वि० १) मेटाजेनेसिस* । **metagenetic, metagenic** वि० इस परिवर्तन से संबंधित ।

metal (met' ăl) [O.F., from L. *metallum*, Gr. *metallon*, mine, mineral, perh. rel. to *metallan*, to search after] सं० १. धातु* (वि० १ भी), धातु-तत्त्व; २. (सैन्य०) टैंक, बख्तरबंद गाड़ियाँ आदि; ३. धातु, पिघला काँच, शीशा बनाने के काम आने वाली बनाई हुई चीजें; ४. (road- ~ भी) मिट्टी, कंकड़-पत्थर, रोड़ी, सड़क अथवा रेल के मार्ग को बनाने के लिए तोड़े हुए पत्थर; ५. (बहु०) रेल की पटरी या रेलवे लाइन की रेल । क्रि० स० १. धातु लगाना; २. सड़क पक्की करना; ३. पत्थर के टुकड़ों से सड़क की मरम्मत करना । **train leaves the metals** गाड़ी उलट गई है । **metallic** (me tăl' ik) वि० १. धातु का; २. धात्विक* (आ०, वि० १ भी), धातु संबंधी; ३. धातुओं के या धातु सदृश चमक वाला (जैसे ~lustre) । **~currency** धातु-मुद्रा, सोने, चाँदी, ताँबे आदि की मुद्रा । **metalline** वि० १. धातु का; २. धात्विक । **metallize** क्रि० स० १. धातु लगाना; २. धातु का बनाना; ३. धातु जैसा बनाना; ४. (रबड़ को) गंधक मिला कर दृढ़ बनाना । **metallisation** सं० १. धातीकरण, धातु-रूप करना; २. रबड़ को दृढ़ करना; ३. (वि० १) धातिकीकरण* । **metallography** सं० धातु-रचना-विद्या, धातुओं की आंतरिक रचना का वर्णनात्मक वैज्ञानिक अध्ययन । **metalloid** (met' á loid) वि० १. धातुसदृश, धातुरूपी । सं० उपधातु* (वि० १ भी), ऐसा तत्त्व जिसमें धातु और अधातु दोनों के गुण होते हैं ।

metallurgy (met' á lĕr ji) [Gr. *metallourgos* (METALLO-, *-ergos*, working)] सं० १. धातुकर्म, धातु-विज्ञान; २. धातु-शोधन, खनिज में से धातु प्राप्त करने की क्रिया, कच्ची धातुएँ निकालने और साफ़ करने की विद्या या कला; ३. (वि० १) धातुकर्म संबंधी*, धातुकर्मीय* । **metallurgic, -al** वि० धातुकर्म संबंधी । **metallurgist** (met' á lĕr jist) सं० धातुकर्म-विशेषज्ञ, धातु कार्मिक, कच्ची धातु साफ़ करने वाला, धातुकर्मी* (प्र० भी) ।

metamere (met' á mēr) [META-, Gr. *meros*, part] सं० १. (प्राणि०) आखिंड, एक शरीर के कुछ समान भागों में से एक; २. (आ०, वि० १) खिंडक*; ३. (आ०) आदि कायांश* । **metameric** (met á mer' ik) वि० १. (रसा०) वर्गावयवी, वह तत्त्व जिनकी रचनाएँ और परमाणु-भार समान हों परंतु रासायनिक गुण भिन्न हों; २. (प्राणि०) खिंडक, शरीर-भागों का; ३. (वि० १) खिंडकी* । **metamerism** सं० १. (रसा०) वर्गावयवता, सम तत्व और समभार परमाणुओं की अवस्था जो समान रचना और परमाणु-भार रखने के बावजूद गुणों में भिन्न है; २. (प्राणि०) खिंडता, शरीर भाग; ३. (वि० १) मध्यावयता*/खिंडावस्था* ।

metamorphic (met á mŏr' fik) [META-, Gr. *morphē*, form,-IC] वि० १. कायांतरित*, कायांतरणी* (ई० ३, वि० १ भी), जिसका कायाकल्प हो गया हो; २. (मुगअ०) वह चट्टान जो प्राकृतिक विकासक्रम से बदल गई हो । **metamorphism** सं० (रसा० और प्राणि०) १. कायांतरण* (वि० १ भी), कायाकल्प ।

metamorphose (met á mŏr' fōz) [F. *métamorphoser*, from L. and Gr. *metamorphōsis*, transformation from *metamorphoun* (META-, *morphē*, form)] क्रि० स० १. काया पलट देना; २. रूप बदल देना, ३. प्रकृति बदल देना । **metamorphosis** (met a mŏr' fō sis) सं० १. कायांतरण* (आ०, कृ०, मा० २, वि० १ भी), (जादू या प्राकृतिक विकास-क्रम आदि से) काया-पलट; २. परिवर्तित काया, ३. चरित्र, परिस्थिति आदि में परिवर्तन ।

metaphor (met' á fŏr) [F. *métaphore*, L. and Gr. *metaphora* (META-, *pherein*, to bear)] सं० १. रूपक (अलंकार); २. इसका लक्षण; ३. आरोप, उपचार । **mixed ~** मिश्र-रूपक, बेजोड़ रूपकालंकारों का मिश्रण । **metaphoric, -al** वि० रूपकालंकारिक । **metaphorically** क्रि० वि० रूपकालंकार की दृष्टि से ।

metaphrase (met' a frāz), **metaphrasis** (mé tăf' rá sis) [Gr. *metaphrasis* (META-, *phrazein*, to speak)] सं० और क्रि० स० १. अनुवाद (विशे० शब्दशः); २. (क्रि० स०) दूसरे शब्दों में व्यक्त करना । **metaphrastic** वि० शब्दशः (अनूदित) ।

metaphysics (met á fiz' iks) [formerly *metaphysic*, med. L. *metaphysica*, Gr. *metaphysica* (*meta ta phusika*, after physics, or coming next after the study of natural science)] सं० (बहु० प्रायः एक० में प्रयुक्त) १. अध्यात्म-विद्या, पराविद्या, मनोदर्शन; २. तत्त्वमीमांसा; ३. (सामान्य) सूक्ष्म या दुरूह बातचीत; ४. भाव सिद्धान्त; ५. (आ० २) ऋषिमानसिकी* । **metaphysical** वि० १. तत्त्वमीमांसा संबंधी; २. आध्यात्मिक, पारलौकिक, पारमौलिक; ३. सूक्ष्म और सामान्य तर्क पर आधारित; ४. अति सूक्ष्म, अरारीरी; ५. अति प्राकृत; ६. काल्पनिक, अवास्तविक । **metaphysically** क्रि० वि० १. आध्यात्मिक दृष्टि से; २. सूक्ष्म रूप से; ३. काल्पनिक रूप से । **metaphy-**

sician सं० अध्यात्मवेत्ता, तत्त्वमीमांसा करने वाला। **metaphysicize** क्रि० अ० आध्यात्मिक समस्याओं पर बहस करना, तत्त्वमीमांसा करना।

metaplasm (met' á plázm) सं० (जीव०) मेटाप्लाज्म*/ ग्रवीव द्रव्य* (वि० १ भी), निर्जीवाद्य द्रव्य, प्रोटोप्लाज्म का वह भाग जिसमें निर्माणकारी द्रव्य होता है।

metapolitics (met á pol' it iks) सं० १. सैद्धांतिक राजनीति-विज्ञान (प्रायः निंदा०); २. बालूनी राजनीति। **metapolitical** वि० सैद्धांतिक राजनीति संबंधी। **metapolitician** सं० सैद्धांतिक राजनीतिवेत्ता।

metastasis (me tás' tá sis) सं० (बहु० **-ses**) १. रोगांतरण, क्रियांतरण, शरीर की किसी क्रिया या बीमारी का एक अंग से दूसरे में जाना; २. किसी यौगिक का किसी जीव के शरीर का अंग बनते समय कोई दूसरा यौगिक बन जाना; ३. विशेष*/विशेषण*/स्थलान्तर*/ स्थलान्तरण* (आ० भी)। **metastatic** वि० १. रोगान्तरण संबंधी; २. विशेषी* (आ० भी)।

metatarsus (met á tar' sús) सं० (श० वि०) १. मेटाटार्सस* (आ०, कृ०, वि० १ भी), प्रपद* (आ०, वि० १ भी); २. प्रपदास्थि* (कृ० भी), प्रपदिका, उन पाँच हड्डियों का समूह जो टखने और अँगुलियों के मध्य है। **metatarsal** वि० प्रपदास्थि का, प्रपदिका का, पाँव के ऊपर की हड्डियों का।

metathesis (met á thē' sis) सं० १. (व्या०) विपर्यय, ध्वनिविपर्यय, शब्द में ध्वनियों या अक्षरों की अदल-बदल; २. (रसा०) दो अणुओं के मध्य परमाणुओं की अदल-बदल।

mete[1] (mēt) [A.-S. *metan* (cp. Dut. *meten, messen*)] क्रि० स० (साहि०, काव्य०) १. जाँचना, २. (दंड, पुरस्कार) देना या नियत करना (out के साथ प्रयुक्त)। **~wand, yard** (ला०) मानदंड।

mete[2] (mēt) [O.F., from L. *meta*, a goal] सं० १. सीमा; २. सीमा का पत्थर (विशे० metes and bounds); ३. (विधि) सीमाएँ*, क्षेत्रसीमा*।

metempiric (met em pur' ik; सं० १. अनुभवातीत चीजों का दर्शन; २. इस दर्शन का अनुयायी; ३. (भा० २) आत्मनभविक*। **metempirical** वि० इस दर्शन से संबंधित। **metempiricist** स० इस दर्शन का वेत्ता या अनुयायी।

metempsychosis (me temp' si kō' sis) [late L., from Gr. *melempsuchōsis*] सं० १. आवागमन; २. पुनर्जन्म, रूपांतर-ग्रहण, शरीर बदलना, आत्मा का एक शरीर छोड़ कर दूसरे में चले जाना; ३. (भा० २) देहान्तर*, ४. (भा० ३) देहान्तर प्राप्ति*। **metempsychosist** सं० आवागमन में विश्वास रखने वाला।

meteor (mē' té ór) [Gr. *meteōron*, n. from adj. *metaōros*, raised(META-, *eōra*, var. of *aeírra*, from *aeírein*, to raise)] सं० १. उल्का* (वि० १ भी); २. उल्कापात, सितारा टूटना; ३. उल्का, टूटा हुआ सितारा। **meteoric** वि० १. वायु-मंडल का; २. वायु-मंडलीय परिस्थितियों पर निर्भर; ३. टूटे सितारों से संबंधी; ४. (ला०) उल्का के समान, चमकीला; ५. चकाचौंधपूर्ण; ६. तीव्रगामी, तेज। **meteorite** सं० १. उल्का पिंड, टूट कर गिरा हुआ तारा; २. (वि० १) उल्कापिंड*। **meteorolite** सं० उल्कापात, उल्का पत्थर। **meteorograph** सं० मीटीरोग्राफ़, वायुमंडलीय घटनाओं को आँकने का यंत्र। **meteoroid** सं० उल्कापात, उल्का जैसा वायुमंडल में चलने वाला पिंड, जिसके गुण उन्हीं पिंडों जैसे होते हैं जो वायुमंडल में से गुजर कर उल्का की तरह दिखाई पड़ते हैं। **meteoroidal** वि० उल्कापात-संबंधी।

meteorology (mē' té ór ol' ó ji) सं० १. ऋतु-विज्ञान, मौसम-विज्ञान* (वि० १ भी); २. अन्तरिक्ष-विज्ञान। **meteorological** वि० १. मौसम-विज्ञान संबंधी, मौसम संबंधी; २. अन्तरिक्ष-विज्ञान संबंधी। **meteorologically** क्रि०वि० १. मौसम-विज्ञान की दृष्टि से; २. मौसम-विज्ञान के अनुसार। **meteorologist** सं० १. मौसम-विज्ञान वेत्ता; २. अन्तरिक्ष-शास्त्री।

meter (mē' tér) सं० १. मीटर*, मापी* (इं० १, २, वि० १ भी), मापक, मापयंत्र, नापने वाला (व्यक्ति, वस्तु); २. नापने का यंत्र। **gas, water, etc. ~** गैस, जल आदि नापने का यंत्र।

-meter [Gr. *metron*, measure] प्रत्य० मापक, यूनानी संज्ञाओं के आधार पर बने नाप-यंत्रों के नामों के पीछे आता है, (जैसे barometer)।

methane (meth' ān) [METH, -YL, -ANE] सं० (रसा०) मीथेन* (आ०, कृ०, वि० १ भी), एक हाइड्रोकार्बन जलनशील गैस जो बे-रंग और बे-रंग होती है और दलदलों पर प्रायः पाई जाती है।

metheglin (mē theg' lin) [W. *meddyglyn* (*meddyg*, L. *medicus*, healing, *llyn*, liquor)] सं० (इति० बोल०) शहद की मसालेदार शराब।

method (meth' ód) [F. *méthode*, L. *methodus*, Gr. *methodos* (METH-, *hodos*, way)] सं० १. ज्ञान-विधि; २. विधि*/प्रणाली* (भा० २, ३ भी), पद्धति* (आ०, भा० ३ भी), तरीक़ा, रीति* (आ०, वि० १ भी), ढंग (विशे० मानसिक कार्य में प्रयुक्त होने वाला); ३. विचार-क्रम, विचार-व्यवस्था; ४. नियमितता; ५. नियमित स्वभाव; ६. (ग्राफ़ इति०) वर्गीकरण की योजना। **there's a ~ in his madness** उसके खब्त में उलझ है, उसका व्यवहार शास्त्र में इतना मूलतापूर्ण नहीं जितना दिखाई देता है। **methodical** वि० नियमपूर्ण, विधियुक्त। **methodically** क्रि० वि० १. नियमित रूप से, विधिवत्; २. ढंग का, बाक़ायदा, सलीक़े का; ३. क्रम संगत; ४. सिलसिलेवार।

Methodism (meth' ó dizm) [prec., -ISM] सं० मैथोडिस्ट संप्रदाय का संगठन और शिक्षण। **Methodist** सं० १. मेथोडिस्ट, चार्ल्स और जॉन वैजली तथा जॉर्ज व्हाइटफ़ील्ड द्वारा प्रवर्तित इवंजेलिस्ट आंदोलन से उत्पन्न विभिन्न ईसाई संप्रदायों (जो अब इकट्ठे हो गए हैं) में से किसी एक का सदस्य; २. (निंदा०) नियम-कर्मनिष्ठ, दृढ़ धार्मिक विचारों का व्यक्ति; ३. कट्टर पंथी; ४. विधिपूर्वक चलने वाला व्यक्ति, नियमबद्ध व्यक्ति। **methodistic,-al** वि० १. मैथोडिस्टों की तरह; २. मैथोडिस्ट जैसा। **methodistically** क्रि० मैथोडिस्ट रीति से।

methodize (meth' ó diz) क्रि० स० व्यवस्थित करना, क्रमबद्ध करना, तरतीब देना, क्रमिक से रखना आदि। **methodology** सं० १. पद्धति; २. पद्धति-ज्ञान; ३. रीति*/ विधि* (वि० १ भी)।

Methuselah सं० १. मैथुसेला, बाइबिल में वर्णित नूह-पूर्वकाल का एक आदि गुरु जो ९६९ वर्ष तक जीवित रहा था; २. दीर्घजीवी।

methyl (meth' il) [F. *méthyle*, from *methylène* (Gr. *methu*, wine, *hulē*, wood)] सं० १. मैथाइल, बहुत से कार्बनिक यौगिकों का आधार; २. (वि० १) मेथिल*। **methylate** (meth' i lāt) क्रि० स० मेथिल मिलाना (जिसे शराब में ताकि पीने योग्य न रहे और चुपी-कर से बच जाए)। **methylated spirit** १. मेथिलकृत स्पिरिट; २. मेथिलित स्पिरिट* (वि० १ भी)।

methylene (meth' i lēn) सं० मेथिलीन। **methylic** वि० मेथिलीय, मेथिल-युक्त।

meticulous (mə tik' ū lŭs) [L. *meticulōsus*, from *metus*, fear] वि० १. छोटी-छोटी बातों का भी बहुत ध्यान रखने वाला, सतर्क, अति सावधान; २. सूक्ष्म। **meticulously** क्रि० वि० बेहद सावधानी से।

metis (mā' tēs, mā tēs') [F. *métis*, MESTIZO] सं० मैटिस, यौरे तथा आदिवासी अमरीकन की संतान (विशे० कैनेडा में)।

metonymy (mə ton' i mi) [late L. *metōnymia*, Gr. *metōnumia* (META-, *onoma*, Æolic *onuma*, name)] सं० लक्षणालंकार, वह अलंकार जिसमें किसी व्यक्ति या वस्तु के स्थान पर उसके गुण विशेष का ही नाम प्रयुक्त किया जाता है (जैसे king के स्थान पर crown)। **metonymical** वि० लक्षणालंकार विषयक। **metonymically** क्रि० वि० लक्षणालंकार के रूप में या की दृष्टि से।

metre[1] (mē' tər) [O.F., from L. *metrum*, Gr. *metron*, measure] सं० १. छंद, वृत्त; २. मीटर* (इं० १, २, वि० १ भी)। **metric, -al** वि० १. छंद संबंधी; २. छंदोबद्ध; ३. माप संबंधी (जैसे ~geometry)। **metrics** (बहु०) सं० छंद-शास्त्र। **metrically** क्रि० वि० १. छंद के अनुसार; २. माप की दृष्टि से। **metrician** (mə trish' an), **metrist** (met' rist) सं० छंद-वेत्ता।

metre[2] (mē' tər) [F. *mètre*, as prec.] सं० मीटर* (वि० १ भी), (फ्रांस की माप-व्यवस्था की इकाई = ३९.३७ इंच)। **metric** वि० मीटरी*, द्वारात्मक* (वि० १ भी), मीटर से संबंधित। **~system** (माप-तौल की) दाशमिक प्रणाली, मीटर प्रणाली, मीटरी प्रणाली* (वि० १ भी), जिसमें मीटर, लिटर और ग्राम की इकाइयों का प्रयोग होता है। **metrology** सं० १. मापविद्या, माप-तौल-विज्ञान; २. माप-तौल व्यवस्था। **metrological** वि० माप-तौल विज्ञान या व्यवस्था संबंधी।

metronome (met' rō nōm) [F. *métronome* (Gr. *nomos*, law, rule)] सं० (संगी०) तालमापनी, ताल मापक यंत्र। **metronomic** वि० ताल मापक का।

metropolis (mə trop' ō lis) [L., and Gr. *mētropolis*, mother-state (*mētēr -tros*, mother, *polis*, city)] सं० १. किसी देश का सब से बड़ा शहर, महानगर*; (वि० १ भी); २. राजधानी, सदर मुकाम; ३. प्रमुख विशप का क्षेत्र; ४. क्रिया-कलाप का केन्द्र। **the ~** लंदन शहर।

metropolitan (met rō pol' i tən) वि० १. राजधानी का, महानगरीय* (वि० १ भी), २. प्रमुख विशप का; ३. देश (न कि उपनिवेश) का; ४. प्रमुख विशप के क्षेत्र का। सं० राजधानी का निवासी। **~bishop** बड़ा पादरी, महाविशप, किसी प्रदेश के विशपों का प्रमुख। **metropolitanate** सं० महाविशप की पदवी या क्षेत्र।

-metry [Gr. *metria*, measurement. from *metriēs* measurer, see -METER] प्रत्य० माप के अर्थों में प्रयुक्त (जैसे geometry, alkalimetry आदि)।

mettle (met' əl) [var. of METAL] सं० १. गुण, हुनर; २. प्रकृति, स्वभाव; ३. उत्साह, जोश; ४. तेज; ५. साहस, जीवट, हिम्मत, दम। **to be on one's ~** १. अपनी बात पर अड़ना; २. चूक जाना; ३. कोई कसर न छोड़ना। **mettled, mettlesome** वि० १. जीवट वाला; २. जोशीला; ३. तेजपूर्ण; ४. साहसी।

mew[1] (mū) [A.-S. *mew* (cp. Dut. *meeuw*, Icel. *mær*, G. *möwe*)] सं० मुर्गाबी।

mew[2] (mū) [imit.] क्रि० अ० बिल्ली या नामुत्रिक पक्षियों का बोलना, म्याऊँ-म्याऊँ करना। सं० म्याऊँ-म्याऊँ, बिल्ली की बोली।

mew[3] (mū) [O.F. *mue*, from *muer*, L. *mūtāre*, to change] सं० १. पिंजरा (विशे० वह जिसमें बाज को पर झाड़ने के काल में रखते हैं); २. (बहु०) अस्तबल या घुड़साल जिसके बीच में चौमान हो; क्रि० स० १. बाज को पिंजरे में बंद करना; २. (ला०) बंद करना, बंदी करना।

mewl (mūl) क्रि० अ० १. धीमे-धीमे रोना; २. टूँ-टूँ करना; ३. बच्चे का रोना; ४. ठुनकना; ५. (बिल्ली की तरह) म्याऊँ-म्याऊँ करना।

mezzanine (mez' ə nēn, -nin) [F., from It. *mezzamino*, dim. of *mezzano*, L. *mediānus*, MEDIAN] सं० १. पहली और दूसरी मंज़िल के बीच नीची छत की मंज़िल; २. (नाट्य०) रंगमंच के नीचे का फ़र्श।

mezzotint, mezzotinto (med' zō tint, -tin' tō) [It. *mezzotinto*] सं० १. मेज़ोटिंट, धातु पर चित्रांकन की एक विशेष पद्धति जिसमें चादर पर ऊँचान-निचान से प्रकाश और अर्द्ध-प्रकाश की झलक दी जाती है; २. इस प्रकार अंकित चादर। क्रि० स० धातु पर इस प्रकार चित्रांकित करना।

mi (mē) [It., orig. first syl. of L. *mira*, see GAMUT] सं० (संगी०) अष्टपदी सरगम का तीसरा सुर, गा।

miaow (mi ou') सं० बिल्ली की आवाज़, म्याऊँ। क्रि० अ० बिल्ली की आवाज़ निकालना, म्याऊँ-म्याऊँ करना।

miasma (mī āz' mə) [Gr. from *miaineın*, to pollute] सं० खूत का रोग, (विशे०) मलेरिया फैलाने वाली गंदी वायु। **miasmal** (mī āz' məl), **miasmatic, -al** (mī āz, māt' ik, -əl) वि० १. विषैली वाय का; २. मलेरिया का।

miaul (mi awl') क्रि० अ० १. म्याऊँ-म्याऊँ करना; २. बिल्ली की बोली बोलना।

mica (mī' kə) [L., a crumb] सं० अबरक* (इं० ३ भी), अभ्रक* (इं० २, ३०, वि० १ भी) या ऐसा अन्य खनिज पदार्थ। **~-schist, -slate** अबरक की पर्तदार चट्टान। **micaceous** वि० अबरकी, अबरकदार, अभ्रकी* (इ० भी)।

mislead (mis lēd') क्रि० स० १. पथभ्रष्ट करना, गुमराह करना, गलत राह बताना, बहकाना, भटका देना; २. गलतफ़हमी पैदा करना, भ्रम उत्पन्न करना, भ्रम में डालना; ३. (विधि) भुलावा देना*। **mismanage** (mis măn' ăj) क्रि० स० १. कुप्रबंध करना, बदइन्तज़ामी करना, गलत प्रबंध करना; बुरा प्रबन्ध करना; २. बिगाड़ना, अव्यवस्था पैदा करना। **mismanagement** सं० अव्यवस्था, कुप्रबन्ध, बदइन्तज़ामी। **misname** (mis nām') क्रि० स० गलत नाम से पुकारना। **misnomer** (mis nō' mėr) सं० १. मिथ्यानाम, अन्यथा संज्ञा, नाम की गलती, गलत नाम का प्रयोग; २. अपनाम, गलत नाम।

misogamy (mi-, mi sog' a mi) [Gr. *miso-*, from *misein*, to hate, *-gamia*, from *gamos*, marriage] सं० विवाह-द्वेष, विवाह से घृणा। **misogamist** सं० विवाह-द्वेषी, विवाह से घृणा करने वाला। **misogynic** वि० स्त्री-द्वेष संबंधी। **misogynist** (mi soj' i nist) सं० नारी-द्वेषी, स्त्री द्वेषी, स्त्री जाति से घृणा करने वाला। **misology** (mi-, mi sol' o ji) [Gr. *misologia* (-LOGY)] सं० तर्क-द्वेष* (मा० २ श्री) तर्क अथवा विद्या से घृणा। **misoneism** (mi-, mī sō nē' izm) [It. *misoneismo* (Gr. *néos*, new, -ISM)] सं० १. नवीनता के प्रति घृणा; २. नवीनता के प्रति घृणा रखने वाला; ३. (आ०) हठवाद*, हठधर्मिता*।

misplace (mis plās') क्रि० स० १. यथास्थान न रखना, गलत जगह या हाथों में रखना, रख कर भूल जाना, गलत जगह में रखना, बेजगह रखना; २. गलत व्यक्ति को देना; ३. कृपात्र को स्नेह करना, कृपात्र पर विश्वास करना; ४. असमय में काम करना या कुछ कहना। **misplacement** सं० १. गलत जगह रखना; २. कृपात्र में स्नेह, कृपात्र में विश्वास; ३. असमय काम, असमय बात। **misprint** (mis print') सं० १ अशुद्ध, मुद्रण दोष, छपाई की भूल। क्रि० छापने में गलती करना।

misprision (mis prizh' ŏn)[O.F. *mesprision* (MIS-,L. *prensio -ōnem*, see PRISON)] सं० खराब काम, चूक, भूल।

misprize (mis prīz') [O.F. *mespriser*] क्रि० स० १. घृणा करना; २. तुच्छ समझना; ३. मूल्य न समझ पाना। **mispronounce** (mis pró nouns') क्रि० स० अशुद्ध या गलत उच्चारण करना। **mispronunciation** सं० अशुद्ध उच्चारण। **misquote** (mis kwōt') क्रि० स० उद्धरण ठीक न देना, गलत उद्धरण देना। **misquotation** सं० गलत उद्धरण। **misread** (mis rēd') क्रि० स० (-read) गलत पढ़ना, गलत व्याख्या करना या अर्थ लगाना। **misrepresent** (mis rep rē zent') क्रि० स० मिथ्या वर्णन करना, अयथार्थ रूप मे प्रकट करना। **misrepresentation** सं० १. मिथ्या कथन या वर्णन, मिथ्या निवेदन, गलत बयानी, अन्यथा कथन* (प्र० भी), मिथ्या निरूपण; २. (विधि) दुर्व्यपदेशन*। **misrule** (mis rool') स० कुशासन* (भा० १ भी), बुरा राज्य-प्रबंध। **lord, abbot, master of~** (इति०) बड़े दिन के उत्सव का अध्यक्ष, क्रिसमस के उत्सव की रंगरेलियों का सरदार।

miss[1] (mis)[contr. of MISTRESS] सं० १. कुमारी,अविवाहिता(स्त्री), बालिका; २. (निन्दा० या विनोद मे) स्कूल की बालिका (जैसे a pert~); ३. (नौकरो द्वारा अथवा व्यापार आदि मे) युवती स्त्री (के लिए संबोधन रूप में प्रयुक्त)। **~current year** अत्यत फैशनेबुल लड़की, आधुनिकता की प्रतीक रूप लड़की। **missish** वि० स्कूल-बालिका जैसा। **missishness** सं० स्कूली बालिका सदृश व्यवहार।

miss[2] (mis) [A.-S. *missan* (cp. Dut. and G. *missen*, Icel. *missa*), cogn. with A.-S. *mis-*, see MIS-] क्रि० स० और अ० १. चूक जाना; २. खो देना; ३. छोड़ देना, ४ गँवाना, हाथ से निकलना, छूट जाना; ५. असफल होना, ६. न मिलना; ७. न पाना; ८. (अवसर) खो देना, न मिलना, ९. (गाड़ी) छूट जाना, न मिलना (बात या राय) न सुनना, समझ न पाना, १०. (miss out भी) छोड़ जाना, भूल जाना; ११. अभाव देखना, अभाव का अनुभव करना; १२. (इंजिन का) न चलना, चालू न होना। स० १. भ्रम, दोष, अपराध, चूक, असफलता, नाकामी, निशाना लगाने या लक्ष्य प्राप्त करने में असफलता। **a~ is as good as a mile** जैसे थोड़ी चूक वैसे बड़ी चूक, जैसी बाल भर चूक वैसी गज भर। **give a~** (बिलियर्ड) विरोधी की गेंद को न मारना, छोड़ देना जिससे अपनी गेंद ठीक रहे। **give (something) a~** छोड़ देना, हाथ न लगाना, शामिल न होना, बच जाना, कष्ट कटना, कतराना। **~fire** (बंदूक का) न दगना, (ला०)असफल होना। **~stays** (नौका०) जहाज की दिशा बदलने में असफल होना। **missing** वि० (क्रियागत अर्थों में, विशे०) लापता, खोया हुआ, ग़ायब, लुप्त, अविद्यमान, स्थान च्युत (जैसे there is a page~)। **the~** वे सैनिक जिनका युद्धोपरान्त कुछ पता न चले, जो न मरे और न घायलों की सूची मे हों और न जीवित मिलें। **~link** अप्राप्त कड़ी, (बीच की) लुप्त कड़ी, (प्राणि०) मिसिंग लिंक, मनुष्य और वनमानुष के बीच का काल्पनिक प्राणी।

missal (mis' ăl) [late L. *missāle*, orig. neut. adj. from *missa*, MASS[1]] सं० १. मिसल, ईसाइयो की पूरे वर्ष की "मास" प्रार्थना की पुस्तक, २. (विधिल अर्थ मे) रोमन कैथोलिकों की प्रार्थना-पुस्तक (विशे० वह जो नक्काशी आदि से अलकृत हो)।

missel स० (प्राय: ~-thrush) मिसेल, एक प्रकार का गाने वाला पक्षी जो आकाश बेल (सेब आदि के वृक्षों का आश्रयी पौधा) की बेरियाँ खाता है।

misshape (mis shāp) वि० १. भद्दा, कुरूप, विरूप; २. बेडौल, विकृत।

missile (mis' il -il) [L. *missilis*, from *miss-*, p.p. stem of *mittere*, to send] सं० अस्त्र-शस्त्र, आयुध,मिसाइल अस्त्र, प्रक्षेपास्त्र, फेंकने का हथियार।

mission (mish' ŏn) [L. *missio -ōnem*, as prec.] सं० १. मिशन, प्रतिनिधि मंडल, शिष्ट मंडल, देश से बाहर बातचीत या समझौते आदि के लिए भेजे गए व्यक्तियों का दल; २. दूत का कार्य, दौत्य; ३. प्रचारक मंडल* (भा० १ भी), धार्मिक समुदाय द्वारा भेजे गए धर्म प्रचारक; ४. धर्म प्रचारकों का कार्य-क्षेत्र; ५. धर्म-प्रचारक धार्मिक प्रार्थनाओं का पाठ, ६. किसी प्रदेश में लोगों का धर्म-परिवर्तन कराने का संगठन; ७. राजनैतिक या अन्य विषयक कार्य; ८. जीवन-लक्ष्य, जीवन का निश्चित धार्मिक लक्ष्य, काम, उद्देश्य, संदेश; ९. (प्र०,मा० १) मिशन*; १०. (भा० १) दूत मंडल*/ सेवा दल मंडल*।

missionary (mish' ŏn ă ri) वि० १. धर्मप्रचारक मंडली का, २. धर्मप्रचारक मंडली संबंधी। सं० १. धर्मप्रचारक, मिशनरी*/ प्रचारक* (भा० १ भी); २. अपराधियो पर प्रभाव डालने और प्राणियों की सहायता करने के लिए सरकार की ओर से पुलिस-अदालत मे नियुक्त व्यक्ति। **~box** दानपात्र, धर्मप्रचारार्थ धन प्राप्त करने के लिए रक्खा हुआ बक्स। **missioner** स० १. मिशनरी, २ स्थानीय धर्मप्रचारक मंडली का अध्यक्ष।

missis, missus (mis' is, -us) [corr. of MISTRESS] सं० (नौकरो द्वारा प्रयुक्त) मालकिन, स्वामिनी (अशि० अथवा हास्य०) अपनी अथवा दूसरे की पत्नी।

missive (mis' iv) [F., from med. L. *missivus*, as MISSILE] सं० संदेश (letters~) (बड़े गिरजे के पादरी वर्ग को), राजा द्वारा बिशप के नामनिर्देशन या नामउद्दगी के लिए पत्र, २. संदेश-पत्र (विशे०) सरकारी।

misspell (mis spel') क्रि० स० गलत हिज्जे करना, अशुद्ध वर्तनी बताना या लिखना। **misspend** (mis spend', क्रि० स० अपव्यय करना, गलत खर्च करना, फिजूल खर्च करना (विशे० भू० कृ० मे)। **misstate** (mis stāt') क्रि० स० झूठा बयान देना, मिथ्या वर्णन करना। **misstatement** स० मिथ्या कथन, झूठा बयान, मिथ्या वर्णन।

missy (mis' i) [MISS[1], -y] स० (स्नेह अथवा विनोद मे, निंदा० भी) मिस, कुमारी (इस सबोधन के आगे नाम नही लगता)।

mist (mist) [A.-S., cp. Icel. *mistr*, Swed and Dut. *mist*, cogn. with Gr. *omichlē*] स० १. कुहा*/ कुहरा*/ कुहासा* (कु०, वि० १ भी); २. धुन्ध (शरीर की झिल्लियों या अक्ष् प्रवाह के कारण आँखों के आगे छाने वाला) अँधेरा, धुँधलाहट। क्रि० कुहरे से ढँकना, कुहरा छाना। **Scotch ~** फुहार, कुहरे की तरह झीनी वर्षा जो स्कॅटलैण्ड की पहाड़ियों पर होती है। **mistful** वि० धुँध भरा कुहासा, कुहरे का। **mistlike** वि० धुध या कुहरे जैसा। **misty** वि० १. कुहरे से ढँका हुआ, धुँध भरा, २. धुँधला; ३. (ला०) अस्पष्ट। **mistily** क्रि० वि० १. धुँधलेपन से; २. अस्पष्टता पूर्वक। **mistiness** सं० १. धुध भरा होना, धुँधलापन; २. अस्पष्टता।

mistake (mis tāk') [Icel. *mistaka*] क्रि० स० और अ० १. (व्यक्ति, कथन, कारण) गलत समझना, समझने में भूल

करना; २. ग़लती करना, दोष होना, चूक होना; ३. भ्रमपूर्ण मत होना। सं० भ्रम, भ्रान्ति (किसी चीज के अर्थ को समझने में), भूल* (विधि, विo १ भी), ग़लती; २. चूक, दोष। **and no~, make no~**=कथन पर अधिक ज़ोर देते हुए। **there is no mistaking** इसमें (व्यक्ति या तथ्य के विषय में) कोई भूल हो नहीं सकती। **mistakable** वि० ग़लती होने लायक, संदिग्ध। **mistaken** वि० भ्रान्त, भूल से युक्त। **mistakenly** क्रि० वि० भूल करते हुए, भ्रान्ति पूर्वक। **mistakenness** सं० भ्रान्ति, भूल।

Mister (mis' tĕr) [var. of MASTER] सं० १. मिस्टर, आर्य, व्यक्ति के अपने नाम अथवा उसकी पद-संज्ञा के आगे लगाया जाने वाला आदर सूचक शब्द (Mr. John, Mr. Secretary, Mr. Speaker) श्रीमान, श्री, श्रीयुत, २. उपाधि के रूप में प्रयुक्त; ३. बिना उपाधि का व्यक्ति, सामान्य जन (he be a prince or a mere~) क्रि० स० मिस्टर कह कर संबोधित करना। **~ship** होने वाला पति।

mistigris स० (ताश) मिस्टिग्रिस, पोकर (एक प्रकार के खेल) में वाली पत्ता।

mistime (mis tim') क्रि० स० १. कुसमय काम करना या बोलना; २. असमय काम करना या कहना (विशे० प्रयो० भू० कृ० में)।

mistletoe (mis' el tō) [A.-S. *mistiltān* (prec., *tān*, twig)] सं० वृक्षाश्रया, लगरोहिणी, भिलिज्टो, एक प्रकार की आकाश बेल, सेब या अन्य वृक्षों का आश्रयी लम्बदार फल वाला पौधा जिसके फल को लाना बनाने में प्रयोग करते हैं।

mistral (mis' tral) [F. and Prov., from L. *magistrālis*, MAGISTRAL] सं० फ्रांस के भूमध्य-सागरीय तटों पर चलने वाली ठंडी उत्तरी पूर्वी हवा, मिस्ट्रल* (वि० १ भी)।

mistranslate (mis tran slāt') क्रि० स० ग़लत अनुवाद करना। **mistranslation** सं० अशुद्ध अथवा ग़लत अनुवाद।

mistress (mis' tres) [M.E. and O.F. *maistresse* (MASTER, -ESS)] सं० १ गृहिणी, गृहस्वामिनी; २. अध्यक्षा, नियंत्रिका, स्वामिनी* (मा० ३ भी), अधिकारिणी, ३. विषय का पूर्णज्ञान रखने वाली स्त्री; ४. प्रिया, वल्लभा, प्रेयसी* (मा० ३ भी), ५. उपपत्नी, रखैल, ६ अध्यापिका, आचार्या; ७ उपाधि रूप में प्रयुक्त (दे० MRS.)। **M stress of the Robes** रानी के वस्त्रागार की देखरेख करने वाली। **mistress-ship** सं० गृहस्वामिनी का पद, स्वामित्व।

mistrial (mis tri' al, सं० अपविचारण, अपविचार, (मुकदमे की) ग़लत तहक़ीक़ात, अशुद्ध जाँच। **mistrust** (mis trŭst') क्रि० स० (दूसरे या अपने अथवा अपनी शक्तियों पर) अविश्वास करना, शंका करना, संदेह करना। सं० विश्वास का अभाव, अविश्वास, अप्रतीति, शंका, संदेह। **mistrustful** वि० अविश्वासी, अश्रद्धालु, संशयालु। **mistrustfully** क्रि० वि० अविश्वासपूर्वक। **mistrustfulness** सं० अविश्वास, अप्रतीति।

misunderstand (mis ŭn der stand') क्रि० स० १. ग़लत अर्थ लेना, ग़लतफ़हमी, किसी को ग़लत समझना; २. उल्टा समझना, ठीक न समझना, मनमुटाव होना। **misunderstanding** सं० १. मिथ्याभाति, अयथार्थ बोध, ग़लतफ़हमी होना, भ्राति, भ्रम; २. मनमुटाव, किसी को उल्टा समझना, ग़लत समझना।

misuse (mis ūz') क्रि० स० १. दुरुपयोग करना, ग़लत प्रयोग करना, अनुचित काम में लगाना; २. दुर्व्यवहार करना, बुरा बर्ताव करना। सं० १. कुप्रयोग, दुरुपयोग, अनुचित प्रयोग नाजायज़ इस्तेमाल; २. बुरा व्यवहार।

mite[1] (mit) [A.-S. (cp. L.G. *mite*, Dut. *mijt*, O.H.G. *mīza*, gnat)] सं० १. अणु, कण; २. अल्प मूल्य का सिक्का; ३. आधा फ़ार्दिंग; ४. थोड़ा-सा भाग या अंश जो कोई दे सके, छोटा-सा योग; ५. छोटी चीज, (विशे०) बच्चा (जैसे a~ of a child); ६. कृमि-विशेष (विशे०) 'चीज' में पाए जाने वाले; ७. (आ०) माइट*।

mite[2] (mit) [O.F., *mite*, prob. cogn. with prec.] सं० १. एक सामान्य विषैले कीड़े का नाम; २. लूना, मकड़ी। **not a~** ज़रा भी नहीं, तनिक भी नहीं। **cheese-~** पनीर का कीड़ा। **mity** वि० कीड़ा का, कीड़ों से भरा।

Mithra, Mithras (mith' rā, -răs) [L. and Gr. *Mithrās*, O. Pers. *Mithra*] सं० मिथरैस*/ मित्र* (मा० १ भी), मिथर, ईरानियों का 'सूर्य' देवता* (मा० १ भी)। **Mithraic** वि० (सूर्य) मिथरा संबंधी। **Mithraism** (mith' rā izm) सं० (सूर्य) मिथरा पूजावाद। **Mithraist** सं० मिथरा (सूर्य) पूजक।

mithridate (mith' ri dāt) [L. *Mithridat's* vi, King of Pontus, said to have made himself poison-proof] सं० विष-निवारक औषधि, विष-प्रतिकारक। **mithridatic** वि० विष-रोधक। **mithridatism** (mith' ri dā tizm) सं० विषरोधकता-वाद। **mithridatize** (*ini thrid' ā tīz*) क्रि० स० थोड़ी-थोड़ी मात्रा बढ़ाते जा कर ज़हर देना जिससे कि उसका कोई असर न हो सके, विषरोधक बनाना।

mitigate (mit' i gāt) [L. *mitigātus*, p p of *mitigāre*, from *mītis*, gentle] क्रि० स० १. कम करना, शान्त करना, (क्रोध आदि) शमन करना, ठण्डा करना; २. कमी करना* (विधि भी), कम करना (दण्ड आदि); ३. धीमा करना (गरमी, ठंडक, तेजी आदि); ४. घटाना, नरम करना। **mitigation** सं० १. शमन, उपशमन* (मा० ३ भी), शान्ति; २ कमी, अल्पीकरण* (मा० ३ भी)। **mitigatory** वि० शामक, कम करने वाला।

mitosis (mi tō' sis) [Gr. *mitos*, a thread, -osis] सं० १. (बहुव० **-oses**) (जीव०) समसूत्रण* (कृ० भी), सम विभाजन; २. कोश-विश्लेषण, कोशिका का अति-सूक्ष्म तंतुओं में विभाजन; ३. (आ० कृ०) सूत्री विभाजन*/ माइटोसिस*; ४. (कृ०) सूत्र विभाजन*। **mitotic** वि० १. समसूत्रण या सम विभाजन सम्बन्धी, २. कोश- विश्लेषण संबंधी; ३. (वि० १) सूत्री-विभाजन संबंधी*; ४. (कृ०, वि० १) समसूत्री*/ सूत्री*, माइटोटिक*।

mitrailleuse (mē tra yĕrz') [F., from *mitrailler*, to fire small missiles, from *mitraille*, from MITRE[2]] सं० मिट्राल्यज, अनेक नालों वाली छोटी मशीनगन जिसमें से एक साथ अथवा बारी-बारी से अनेक गोलियाँ निकलती हैं।

mitral (mī' trăl) वि० मिटर (पादरी की लंबी टोपी) जैसा; २. ४५° डिग्री के कोण संबंधी; ३. (आ०) माइट्रल*/ द्विकपर्दी*। **~valve** दिल का एक कपाट।

mitre (mī' ter) [O. F. *mitre*, L. and Gr. *mitra*] सं० १. माइटर, बिशप टोप* (मा० १ भी), पादरी की लंबी टोपी जो ऊपर खूब नुकीली होती है और उनके पद का प्रतीक होती है; २. लकड़ी आदि के दो टुकड़ों का जोड़ जो ४५° डिग्री के कोण पर हो। क्रि० स० १. पादरी की टोपी से अलंकृत करना, टोपी प्रदान करना; २. लकड़ी के सिरे को ४५° डिग्री का बनाना। **~-block, -board, -box** गुनिया। **~-wheel** दाँतीदार पहियों का जोड़ा, जिनके दाँत

४५° डिग्री पर और चूरे ९०° डिग्री पर लगे हों। **mitred** वि० बिशप की टोपी से युक्त, उस पद का अधिकारी।

mitten (mit' én) [O.F. *mitaine*, etym. doubtful] सं० १. मिटेन, बिना उँगलियों के दस्ताने; २. (बहु०, ब्रा०) तुंबेवाली में पहनने के लिए दस्ताने; ३. (अब प्रायः mitt.) स्त्रियों के लेस या पट्टी के अथवा बुने हुए दस्ताने जो कलाई और हथेली भर को ढँकते हैं। **give, get the ~** १. प्रेमी को अस्वीकार कर देना, विवाह करने से इनकार कर देना; २. अस्वीकृत होना; ३. नौकरी से अलग किया जाना। **mittened** वि० दस्ताने पहने हुए।

mittimus (mit' i mús) [L., we send, from *mittere*, see MISSION] सं० १. कारावास भेजने का सम्मन या अधिपत्र; २. (बोल०) नौकरी से जवाब। **get one's ~** नौकरी से अलग किया जाना।

mix (miks) [back-formation from obs. *mixt*, F. *mixte*, L. *mixtus*, p.p. of *miscère*, to mix] क्रि०स० और अ० १. मिलाना, मिश्रण करना, चटकों को मिला कर (यौगिक) तैयार करना; २. (क्रि० अ०) मिलना, मिश्रित होना (oil will not ~with water, they do not~well together); ३. संभोग करना (with के साथ)। **~ up** १. अच्छी तरह मिलना; २. विचार गड़बड़ कर देना।

mixed (mikzd) वि० १. (क्रियावत अर्थों में) मिश्रित, संयुक्त, (विशे०) विभिन्न गुणों या तत्त्वों से बना, पचमेल, खिचड़ी; २. संमिश्र, मिला-जुला; ३. विभिन्न प्रकार के लोगों का (जमाव); ४. विभ्रमित, असंतुलित विचारों का, गड़बमड़ा; ५. दोनों जातियों का, स्त्री-पुरुषों का (जैसे ~school, bathing आदि)। **be~up** विभ्रमित होना, गड़बड़ी में पड़ जाना। **mixedness** सं० १. पचमेलपन; २. विभ्रमिता। **~mathematics** दे० MATHEMATICS।

mixen (mik' sén) [A.-S. from *meox*, dung] सं० १. (बोली०) घूरा, घूर, पशु-विष्ठा का ढेर, गोबर का ढेर।

mixer (mik' zer) सं० १. मिलाने वाला, संमिश्रक, मिश्रक* (इं० १ भी); २. (विशे० नाटकीय प्रसार और बोलपर्वों को तैयार करते समय) विभिन्न स्वरों के संमिश्रण का नियंत्रण करने वाला उपकरण। **good or bad~** १. (मूलतः संयुक्त राज्य, बोल०) अच्छी या बुरी तरह सामाजिक संबंधों में चलने वाला व्यक्ति; २. मिलनसार या रूखा आदमी।

mixture (miks' chúr) सं० १. मिश्रण* (ब्रा०, इं० २ भी) चालमेल, खिचड़ी; २. योग, घोल, समिश्र* (आ०, इं० २ भी), मिक्सचर (विशे० पीने वाली दवा); ३. यंत्र द्वारा दो पदार्थों का मिश्रण (किन्तु दोनों के गुण पूर्ववत् रहते हैं); ४. वातमिश्र, वायु से मिश्रित, वाष्पीकृत तैल।

Mizpah सं० (~ring) मिज़पा शब्दांकित अँगूठी जो किसी को प्रेम के चिह्न-स्वरूप दी गई हो।

mizen (miz' én) [F. *misaine*, It. *mezzana*, fem. of *mezzano*, see MEZZANINE] सं० १. नौवहन, तीनरा मस्तूल, तीन पालों वाले पोत का सब से पीछे का पाल (~sail भी)। तीन मस्तूलों वाले जहाज का सब से पिछला मस्तूल (~mast)। **~yard** तीन पालों वाले जहाज का शृंगक, खम।

mizzle[1] (miz' el) [cp. Dut. dial. *miezelen*] सं० १. झींसी, फुहार। क्रि० अ० फुहार पड़ना। **mizzly** वि० झींसी पड़ता हुआ।

mizzle[2] (miz' el) [etym. doubtful] क्रि० अ० १. (ब्रा०) १. भाग जाना; २. उड़ जाना।

mnemonic (ne mon' ik) [Gr. *mnēmonikos*, from *mnēmōn*, mindful (*mnāsthai*, to remember)] वि० १. स्मरण-शक्ति संबंधी; २. स्मरणोपकारी, स्मृति-सहायक, स्मरण-शक्ति बढ़ाने वाली। सं० (बहु०) स्मरणवर्धक कला, स्मरण शक्ति बढ़ाने की कला या पद्धति। **mnemonist** सं० स्मरण-वर्धन कला का ज्ञाता। **mnemotechny** सं० (बहु०) स्मृति-विज्ञान, स्मृति-विद्या। **mnemotechnic** वि० स्मृति-विज्ञान का, स्मृति-विद्या संबंधी।

mo (mō) [A.-S. *mā*, MORE] सं० आधिक्य। वि० अतिरिक्त। क्रि० पुनश्च, फिर, एक बार और। दे० MORE।

moan (mōn) [cogn. with A.-S. *menan*, to moan] सं० १. कराह, आह, निःश्वास; २. सिसकी। क्रि० अ० और स० १. कराहना, आह भरना; २. सिसकना; ३. क़िस्मत को रोना; ४. फ़रियाद करना, (किसी मृत व्यक्ति का) मातम करना, उसे रोना। **moanful** वि० कराह से युक्त, सिसकी-भरा।

moat (mōt) [O.F. *mote*, a dike, a mound (cp. F. *motte*, a mound, a clod), prob. from Teut.] सं० १. परिखा*, खाई* (मा० १, वि० १ भी), खंदक। क्रि० स० परिखा बनाना, खाई से घेरना।

mob[1] (mob) [contr. from L. *mobile* (*vulgus*), the fickle (crowd)] सं० १. प्राकृतजन, जनसामान्य, जनसाधारण, आम लोग; २. निचली श्रेणी के लोग; ३. असंयत जनसमूह, भावाविष्ट भीड़* (मा० २ भी), उत्तेजित भीड़* (मा० ३ भी), उत्तेजित जनसमूह, ४. जमघट, भीडभाड़; ५. भीड़* (विधि भी), बलवाई, गुण्डे लोग। क्रि० स० और अ० १. भीड़ का आक्रमण करना, दल के दल का टूट पड़ना; २. भीड़ के रूप में एकत्र होना, भीड़ होना; ३. बलवा करना। **~law** भीड़ द्वारा आरोपित कानून। **swell ~** बढ़िया कपड़े पहने हुए शिरहकटों का दल। **mobbish** वि० जनसाधारण-सा, असयत जनसमूह-सा। **mobocracy** (mob ok' rá si) सं० भीडतंत्र, हुल्लड़बाज़ी।

mob[2] (mob) [cp. Dut., *mopmuts*, woman's night-cap] **mob-cap** सं० मोबकैप, स्त्रियों के पहनने की एक टोपी जो सारे सिर को ढकती थी (१८, वीं १९ वीं सदी में प्रचलित)।

mobile (mō' bil, mō' bil) [L. *mōbilis*, from *movēre*, to MOVE] वि० १. चर, चल* (आ०, इ० १ भी), चलना-फिरना, गतिशील* (आ०, इ० १, वि० १ भी), चरिष्णु, २. चंचल, अस्थिर (मन आदि), ३. (सेना०) गतिशील, एक स्थान से दूसरे स्थान तक आसानी से हटाई जा सकने वाली सेना। **mobility** सं० १. गतिशीलता* (आ०, इ० मा० ३, वि० १ भी); २. चरिष्णुता। **mobilize** क्रि० स० १. सेनाओं को गतिमान बनाना, संचालित करना; २. लामबंदी करना, फौजें इकट्ठी करना, लड़ाई की तैयारियाँ करना; ३. एकत्र करना संगठित करना। **mobilizable** वि० १. गतिलभ्य; २. युद्ध-कार्य के लिए योग्य। **mobilization** सं० १. लामबंदी*, सैन्य-संगठन* (मा० १ भी); २. किसी कार्य-विशेष (विशे० युद्ध) के लिए तैयारी करना; ३. (मा० १) मज़ाहि*, सैन्यीकरण*।

moccasin (mok' á sin, [Powhatan *mockasin*] सं० मोकासिन, हिरन की खाल का जूता जिसे रेड इंडियन और पशुओं को पकड़ने वाले पहनते हैं।

Mocha[1] (mō' kà) [fortified seaport in S.W. Arabia] सं० १. (~coffee भी) मोका कॉफ़ी*; कहवा* (वि० १ भी), एक प्रकार की बढ़िया कॉफ़ी; २. (प्रारंभ) लाल सागर पर अरब बंदरगाह का नाम।

mocha[2] (mó' kà) [prob. as prec.] सं० मोचा, एक प्रकार का मूल्यवान पत्थर।

mock (mok) [O.F. *mocquer* (F. *moquer*), perh. from pop. L. *muccāre*, to wipe the nose, L. *muccus*, see MUCUS]

कि० स० और अ० १. उपहास करना, हंसी उड़ाना, मज़ाक उड़ाना; २. तुच्छ समझना, हेय समझना; ३. चकमा देना, ठगना, धोखा देना; ४. नक़ल करना या बनाना; ५. स्वांग करना, नक़ल उतारना; ६. मुँह चिढ़ाना, मुँह बिराना। वि० कृत्रिम, नक़ली, बनावटी। **~duck, goose** सुअर का मांस जो बत्तख में भरने का मसाला डाल कर पकाया गया हो। **~heroic** वीररसपूर्ण शैली का स्वांग-भरा अनुकरण अथवा अनुकरण करने वाला। **~moon** चन्द्राभास। **~sun** सूर्याभास। **~turtle soup** बछड़े के सिर का शोरबा जो कछुए के शोरबे की नक़ल का होता है। **~up** माकअप, मशीन के नमूने के रूप में बनाई गई विशेष प्रकार की मशीन। **mockery** सं० १. उपहास, विडम्बना, मज़ाक, हँसी, खिल्ली; २. उपहास-पात्र, मज़ाक की बात; ३. झूठा दिखावा, नक़ल; ४. भंडेपन, मसखरापन। **mocking-bird** १. मांकिंग पक्षी, अमरीका की एक गाने वाली चिड़िया जो दूसरे पक्षियों की नक़ल उतारती है; २. इस प्रकार की अन्य चिड़ियां (सेतिया, मैना आदि)। **mockingly** कि० वि० उपहास, परिहास के रूप में।

modal (mō' dăl) [med. L. *modālis*, from L. *modus*, MODE] वि० १. रूप-विषयक, शैली-विषयक, २. (व्या०) क्रिया के रूप-संबंधी, ढंग-संबंधी; ३. (मा० ३) बहुलकी* (माध्यम)। **~legacy** वसीयत-नामा जिसमें सम्पत्ति के उपयोग की रीति का भी निर्देश किया जाता है। **~proposition** निश्चयात्मक तर्कवाक्य। **modality** सं० १. रीति, प्रकारता, (विशे० बहुव० में) उनरूपाश्रित निभाने के लिए निर्दिष्ट रीति, २. (मा० २) निश्चय-मात्रा*; ३ (मा० ३) बहुलकता*। **modally** कि० वि० रूप में, रीति में।

mode 'mōd, [F., from L. *modum*, nom. *-us*, rel. to Gr. *módos*, plan, and Eng. METER] सं० १. विधि*, रीति* (वि० १ भी), प्रकार* (मा० १, २ भी), प्रथा, प्रणाली* (आ०, वि० १ भी), किसी चीज़ को करने का ढंग या शैली, २. प्रचलित रीति या परिपाटी, ३ (संगी०) प्राचीन यूनानी स्वरग्राम पद्धति (जैसे Dorian, Lydian, Phrygian) ४ मध्यकालीन संगीत में प्रयुक्त २. (आव० संगी० में), ६ दोनों मध्य स्वरग्राम पद्धतियां; ७. (कृ०, मा० २, ३) मोड़*, बहुलक*, ८. (तर्क०) निश्चयात्मक तर्कवाक्य की प्रकृति।

model mod' el [O.F. *modelle*, It. *modello*, dim. of *modo*, as prec.] सं० १ आदर्श, नमूना*, प्रतिरूप*/ मॉडल* (वि० १ भी), प्रतिकृति, २. मिट्टी या मोम आदि की आकृतियां जो दूसरी सामग्री में ढालने के लिए बनती हैं; ३. रचना का प्रारूप, नमूना, ढांचा, प्रतिरूप, बत; ४. आदर्श, अनुकरणीय वस्तु या व्यक्ति, ५. चित्रकारों के लिए नमूने के रूप में बैठने वाला व्यक्ति, ६. स्त्री जो कपड़े की दूकान पर सौदेदारों को कपड़े पहन कर दिखलाती है; ७. (गुण०) आदर्श, उदाहरण-योग्य। कि० स० १ मिट्टी या मोम आदि को आकृति या बत बनाना, २. रूप देना, गढ़ना (अभिलेख, तर्क आदि को); ३. किसी के अनुकरण पर बनाना (after, on, upon के साथ प्रयुक्त)। **the new ~** संसदीय सेना (१६४८-५५) को पुनः संगठित करने की योजना। **working ~** मशीन आदि का नमूना जो असली मशीन की तरह चलता हो।

modena (mod' e nă) [Italian city of *Modena*] सं० गहरा बैंजनी रंग।

moderate (mod' ĕr ăt) [L. *moderātus*, p.p. of *moderārī*, from *moder-*, stem. of *modestus*, MODEST, cogn. with *modus*, MODE] वि० १. मध्यम, धीमा, नरमदलीय* (मा० १ भी), मध्यमार्गावलंबी; २. अच्छा, चलता; ३. औसत दर्जे का, साधारण* (वि० १ भी), मामूली। सं० १. मध्यपंथी, मध्यमार्गावलंबी; २. संयत; ३. नरम, उदार विचार। कि० स० और अ० १. तीक्ष्णता या उग्रता कम करना; २. (कोध, तूफ़ान आदि) कम होना, धीमा पड़ना, नरम करना, धीमा करना, आसान करना; ३. मध्यस्थता करना, पंच बनना, फ़ैसला करना। **moderately** कि० वि० औसत दर्जे से, परिमित रूप से। **moderateness** सं० औसत दर्जे का होना, मध्यमार्गावलंबन। **moderation** सं० १. संयम, निग्रह; २. मिताचार* (मा० २ भी), धीमापन, नरमी; ३. (ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में, बहुव०) बी० ए० की उपाधि के लिए पहली सार्वजनिक परीक्षा (संक्षे० mods)। **moderatism** (mod' ĕr ă tizm) सं० संयम, मिताचार, धीमापन, नरमी, मध्यमार्गावलंबन। **moderator** (mod' ĕ rā tŏr) सं० १. पंच, सालिस; २. मध्यस्थ; ३. बी० ए० की परीक्षा के पर्चे देखने वाला; ४. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में गणित के परीक्षकों में से एक; ५. प्रिस्बीटेरियन (ईसाई सम्प्रदाय-विशेष) की सभाओं का सभापति; ६. संचालक, नियामक; ७. (आ०) मन्दक*। **~lamp** वह लैम्प जिसमें तेल घटाया-बढ़ाया जा सकता है। **moderatorship** सं० १. मध्यस्थ पद; २. प्रश्न-पत्रों को जांचने वाले का पद।

modern (mod' ĕrn) [F. *moderne*, late L. *modernus*, from *modo*, just now] वि० १. आधुनिक, अर्वाचीन, वर्तमान अथवा आधुनिक समय का, आजकल का; २. नया, नये युग का, नये ज़माने का; ३. नए ढंग का, नूतन; ४. आधुनिक परिपाटियों पर चलने वाला, नए फ़ैशन का, नवयुगीन। सं० आधुनिक काल का व्यक्ति। **~school, side** स्कूलों का वह विभाग जहाँ पुरातन भाषाओं को छोड़ दूसरे विषय पढ़ाए जाते हैं। **modernism** सं० १. नयापन, आधुनिक दृष्टिकोण या विचारधारा (विशे० धर्म के संबंध में), प्राचीन धार्मिक परंपराओं का नवीन विचारों से समंजन करना; २. आधुनिकता, नवीनता; ३. नवीन शैली, नवीन अभिव्यंजन, नवीन शब्द। **modernist** सं० नवीनतावादी, आधुनिकतावादी। **modernity** (mo dĕr' ni ti), **moderness** (mod' ĕrn nes) सं० नवीनता, नूतनता, अर्वाचीनता, आधुनिकता। **modernize** कि० स० और अ० आधुनिक बनाना या बनना, नया रूप देना। **modernization** सं० आधुनिकीकरण। **modernly** कि० वि० आधुनिकता के अनुसार।

modest (mod' ĕst) [F. *modeste*, L. *modestus*, as MODERATE] वि० १. विनीत, विनम्र, २. साधारण, सीधा-सादा, मामूली, अपने को बहुत बड़ा न समझने वाला; ३. संकोची, लज्जाशील, शालीन, एकान्तप्रिय; ४. (स्त्रियों के लिए) हयादार, शुद्धाचरण, सती, साध्वी; ५. कम, अल्प, थोड़ी (माँग आदि)। ६. मामूली, सीधी-सादी (वस्तुएं); ७. अल्पमात्रिक। **modestly** कि० वि० १. संकोच से, लज्जापूर्वक; २. साध्वी की भांति, ३. थोड़ी मात्रा में। **modesty** सं० १. लज्जाशील, संकोच, हया; २. विनय, शालीनता।

modicum (mod' i kŭm) [L., neut. of *modicus*, moderate, as prec.] सं० १. अल्पांश, अल्पमात्र, (भोजन आदि की) बहुत थोड़ी मात्रा; २. लेश, थोड़ा-सा, नाम को, तिल बराबर।

modify (mod' i fī) [F. *modifier*, L. *modificāre* (*modus*, MODE, -FY)] कि० स० १. घटाना, कम करना; २. बदलना, परिवर्तन करना, अदल-बदल करना, काट-छाँट करना; ३. (व्या०) भाव को इंगित करना, बताना; ४. स्वर परिवर्तन करना। **modifiable** वि० १. परिवर्तनीय; २. रूपान्तरक्षम। **modifiability** सं०

की व्यवस्थितता, व्यवस्थितकरण। **modification** सं० १ परिवर्तन* (कृ० भी) परिष्करण संशोधन* (मा० १ भी) व्यवस्थापन* (कृ० भी) हेर फेर रूप भेद सुधार २ (प्र० मा०१) संशोधन*। **modificatory** वि० परिवर्तन या व्यवस्थित संबंधी।

modillion (mo dil yon) [It *modello* cym dub l l] सं० (वास्तु०) माडिलियन कारविंयन या अन्य शैलियों में कार्निस में आगे की निकला हुआ ब्रेकेट या कोष्ठक।

modish (mo dish) [MODE ISH] वि० तरहदार बना-ठना ठीकमेकिश फैशनदार। **modishly** क्रि० वि० फैशनेबिल ढंग से फैशन के अनुसार तरहदारी से बन-ठन कर। **modishness** सं० फैशन-परस्ती तरहदारी बन-ठने होना। **modiste** n de) सं० मॉडिस्ट स्त्रियों के टोप आदि बनाने वाला (प्राय स्त्री) वस्त्र बनाने वाली।

modulate (mod u lāt) [L *modulātu* pp of *modulo* to measure from MODULUS] क्रि० स० और अ० १ उतार चढ़ाव करना घटाना बढ़ाना ऊंचा-नीचा करना ऊंचा या नीचा कर के ठीक करना २ (किसी चीज का आवश्यकता आदि के) अनुरूप बदलना या घटाना-बढ़ाना ३ (आवाज का) लहजा या स्वर की ऊंचाई बदलना ४ (संगी० एक सरगम से दूसरी में) जाना सुर बदलना सुर साधना ठीक करना साधना। **modulation** सं० १ (आवश्यकतानुसार) घटाना-बढ़ाना २ सुर बदलना स्वर परिवर्तन ३ (सुर का) उतार चढ़ाव आरोह-अवरोह। **modulator** सं० १ अभिप्रेषक मूल्यनिर्देशक २ (संगीत) चाट या नक्शा जिसमें आवाज के घटाने-बढ़ाने का ब्यौरेवार निर्देश होता है ३ (आ०) मॉडलेटर*।

module (nod ul) [F a foll] सं० १ प्रमाप निश्चायिक नापने की इकाई २ (वास्तु०) अनुपातों के व्यक्त करने की इकाई (प्राय आधार के लंबाई का अर्द्धव्यास) ३ (वि० १) मॉडयूल*।

modulus (mod u lus [L d n of ll] सं० १ (बहुव H) मापक* मापदण्ड* (वि० १ भी)।

modus (mo dus [L m DE] सं० १ तरीका प्रणाली। **~operandi** १ काम प्रणाली* (मा० २ भी) काम करने का ढंग या तरीका (किसी व्यक्ति की) कार्य प्रणाली (किसी वस्तु की) कार्य पद्धति। **~vivendi** १ झगड़ा का निर्णय होने तक समझौता बीच समय में जिए समझौता कुछ देर का समझौता किसी झगड़ा का निपटारा होने तक प्रतिक्रियाओं में की गई व्यवस्था द्वारा रहने का ढंग २ चर आदि के लिए दिए जाने वाली आय के दशांश के रूप में दिया जाने वाला धन (मू० dec man l)।

Mogul (mo gūl) [P ts *mugul* Mo g l] सं० और वि० १ मुगल मंगोल। **The Great or Grand)** ~ दिल्ली का सुलतान दिल्ली का सम्राट।

mohair (mo ha [Arab *mukhayya* ass m t HAIR] सं० मोहेयर अंगोरा जातीय बकरी के बाल (से बना उम्दा कपड़ा या धागा)।

Mohammedan mo hām e dan) [Arab *Muḥammad* pra seworthy from *hamada* to p ase] सं० मुस्लिम मुसलमान इस्लाम के मान्यापक हजरत मुहम्मद का अनुयायी। **Mohammedanism** सं० इस्लाम मुस्लिम धर्म। **Mohammedanize** क्रि० स० मुसलमान बनाना मुस्लिम बनाना।

Moharram mo l ur m [Arab *muḥarram* acred] सं० १ मुहर्रम हिजरी सन का पहला महीना २ इस महीने के प्रथम दस दिनों में शिया मुसलमानों द्वारा किया गया उपवास।

Mohawk (mō hav k [f o l ative name] सं० १ मोहॉक उत्तरी अमरीका के आदिवासी कबीले का मनुष्य २ मोहाकी भाषा मोहाक लोगों की भाषा ३ (स्कॉटिश) वर्फ पर एक किनारे से दूसरे तक एक पाँव से और लौटते समय दूसरे पाँव से फिसलने का ढंग (तुल० ooc)। **Mohock** mō h k) [or of th] सं० १ (इति) माहाक १८ वीं शती में लंदन की गलियों में रात में उपद्रव करने वाले रईस बदमाशों का एक वर्ग।

mohr सं० (old~ sh) मोहर मोहर अक्षरों विदेश कालीन भारत का पद्मर रुपया मन्य का एक मोने का सिक्का।

moider n de [pe] I M DLE] क्रि०स० बोल) हैरान करना परेशान करना तंग करना (विशे० भू० कृ० में)। **moidore** no d) [I *la to* n *eda* L *t on ta* MOVE *l f* I *au* e ld] सं० मोइदोर १७ शिलिंग ५ बराबर मन्य का पुराना एक पुराना सोने का सिक्का।

moiety m [O l *n i* L *net etatem* n t *ta* idl f half f *ed u* MEDI M] सं० १ अर्ध अंश भाग आधा आधा अंश* (विधि भी) अर्धांश (विशे० विधि में प्रयुक्त) २ (विधि अर्थों में) आधा भाग किसी वस्तु के ३ भागों में से कोई भाग ३ (भा ३) द्विअंशक* (समाज) मार्क्सी०।

moil n l [O l *l mo i* t we t] addle t r gl d f I *ll* of] क्रि० अ १ कीचड़ कीचड़ के अंदर काम करना अनिच्छित काम करना (विशे० I ९)।

moire [I p f f i i i n] सं० (a q भा) मायर लहरियादार कपड़ा प्राय सिल्क (मे) मोयर या अंगरा जाल्य बकरी के बाल से बना कपड़ा।

moire i r [I pp in] वि० १ लहरियादार (सिल्क या रेयॉन) लहरियादार सिल्क के समान चमकीला जल आकृति प्रकृति का (धातुएँ)। स *r* रयॉन आदि बाल जमीस क०।

moist [ ) i l] f I *lu* I *u*] वि० १ आर्द्र (अ भी) सिक्त गीला तर नम* (कृ० भ रिमझिम या फुहार वाला रंभ-वाला का (मौसम) (राग) जिसम पोर या अंग २ पानी से सिक्त हो। **moisten** t n कि स० और अ १ तर करना आर्द्र करना पनीला तर होना आर्द्र होना नरम करना या होना। **moistness** m आर्द्रता पनीलेपन नमी सीलन। **moisture** स० नम* (कृ० भी) सीलन नमी आर्द्रता* (कृ० भी) वरावल आदि पर भाप आदि के रूप म छोटी मात्रा म फैला हुआ पानी या कोई अन्य तरल पदार्थ।

moke nok [slag) i k w] सं० (ग्रा०) गधहा।

moko i k [Ma] स याने की आकारी पद्धति।

molar[1] n lat [I *nol* fr m *la u* ll] वि० (प्राय स्तनपायियों की दाढ़) चबाने के काम का। सं० चबाने दाढ चबानेवाला दाँत चबणक* (आ० भा)।

molar[2] mo la [M IT AR] वि० १ सामूहिक समूह का विज्ञान जन समुदाय के साधनों द्वारा क्रियाशील या परिचालित।

molasses m l s r [Port *melaço* late I *melliceum* m t st fi u *mel* l me] सं० (बहुव० एकव० के रूप में व्यवहृत) शीरा* (आ० कृ० भी) चीटा राब छोलं बूरी मालमल* (कृ० भा)।

mole[1] (mōl) [A.-S. *mōl*] सं० १. (मानवीय त्वचा पर का) तिल, मस्सा; २. लहसुन, लच्छन।

mole[2] (mōl) [F. *môle*, L. *môles*, mass, etym. doubtful] सं० १. भारी भरकम ढाँचा, प्रायः पत्थरों का (जैसे बाँध या पानी में अलग किए गए स्थानों के बीच का जंकशन या मिलने का स्थान); २. कृत्रिम बंदरगाह।

mole[3] (mōl) [cp. M. Dut. and L.G. *mol*] सं० १. छछूंदर* (कु० भी), चकचूँदर; २. इस परिवार के अन्य स्तनपायी जीव। **blind as a~** बिल्कुल अंधा। **make mountains out of~hills** राई का पर्वत करना, छोटी-छोटी बाधाओं आदि को बड़ा कर के दिखाना या देखना। **~-hill** छछूंदर द्वारा खोदी हुई मिट्टी का ढेर। **~ skin** १. फर के रूप में प्रयुक्त छछूंदर की खाल; २. एक विशेष प्रकार का मोटा सूती कपड़ा जिसे रेशमे के पहले छील कर चिकना कर लिया जाता है, (बहु०) इसके कपड़े (विशे० पतलून)।

molecule (mol' é-, mō' lé kūl) [F. *molécule*, dim. from L. *môles*, see MOLE[2]] सं० १. (भौति०, रसा०) अणु* (आ०, कु०, मा० २, वि० १ भी); २. (शिथिल अर्थों में) बुरी, कण, लव, लेश। **molecular** वि० १. अणु, आणविक* (वि० १ भी), अणु-सम्बन्धी; २. अरें या कण से संबद्ध; ३. किसी पदार्थ के ब्यूहाणुओं या अणुओं में क्रियाशील या अंगीभूत। **~weight** अणु भार, पदार्थ का आणविक भार (हाइड्रोजन या उदजन के अणु की सापेक्षता में पदार्थ के अणु का भार)। **molecularity** सं० आणविकता।

molest (mo lest') [O.F. *molester*, L. *molestâre*, from *molestus*, troublesome] क्रि० स० (प्रायः निषेधार्थक के बाद) १. छेड़ना, छेड़छाड़ करना, कष्ट देना, तंग करना, सताना, हैरान करना, २. पीड़ा पहुँचाना। **molestation** सं० १. कष्ट; २. पीड़ा, ३. छेड़-छाड़, परेशानी, हैरानी, उत्पीड़न।

Molinism (mol' i nizm सं० १. मोलिनवाद, लड्डम मोलिना (मृत्यु १६०० ई०) का सिद्धांत कि दैवी कृपा का प्रभाव मानवीय इच्छा-शक्ति (जो दैवी कृपा को स्वतन्त्र रह कर स्वीकार करती है) पर निर्भर है; २. माइगस्ट डी मोलिनोस (मृत्यु १६९६ ई०) का सिद्धांत, निवृत्तिवाद, अक्रियपूर्ण चिन्तन, जीवन के प्रति अनासक्त दृष्टि और इच्छाओं के परित्याग पर बल देने वाला एक धार्मिक रहस्यवाद। **Molinist** सं० उपर्युक्त मतों में से किसी एक का अनुयायी।

moll (mol) [Con. form of *Mary*] सं० १. (आ०) वेश्या, रंडी, कुपजीवा; २. शोहदों या गुंडों की रखैल।

mollify (mol' i fi [F. *mollifier*, L. *mollificâre*, *mollis*, soft, *-ficâre*, from *facere*, to make] क्रि० स० शांत करना, शमित करना, ठंडा करना, मुलायम करना, नरम करना, नम्रता, कोमलता लाना। **mollification** सं० प्रशमन, मृलायमियत, कोमलता।

mollusc (mol' ŭsk) [L. *molluscus*, softish, from *mollis*, soft] सं० मोलस्क* (आ० भी), कोमल देह वाले और प्रायः कड़े खोल वाले जीव (जैसे घोंघा आदि) **molluscan, molluscous** (mó lŭs' kŭs) वि० घोंघे का, घोंघे आदि जीवों से संबद्ध। **molluscoid** वि० घोंघेनुमा, घोंघे आदि की आकृति वाला। सं० घोंघे आदि के आकार-प्रकार के जीव।

mollify (mol' i) [form of *Mary*] सं० १. जनाना आदमी या मर्दाना, स्त्रैण व्यक्ति। क्रि० स० लाड़-प्यार करना, लाड़-प्यार से रखना, आराम से या सुख-सुविधा प्रदान करते हुए पालना। **~-coddle** सं० १. जनाना आदमी, स्त्रैण पुरुष; २. कमजोर, बोदा; ३. डरपोक, भीरु, लचर।

Moloch (mō' lok) [Heb. *molek*] सं० १. मोलॉक, कानानियन लोगों की एक देव-प्रतिमा जिसके आगे बच्चों की (आग में डाल कर) बलि दी जाती थी (प्रायः ला०); २. मोलॉक नामक छिपकली जैसा जानवर, आस्ट्रेलिया का पेट के बल चलने वाला एक अपंकर जंतु।

molossus (mo los' ŭs) [Gr.] सं० (बहु० **molossi**) छंदोबद्ध पद।

Molotov मोलोतोव, सोवियत रूस के कमिसार का नाम (गुण-वाचक के रूप में प्रयुक्त)। **~-cocktail** (आ०) १९३९-४५ के युद्ध में प्रयुक्त एक प्रकार का हथगोला जिसे टैंकों में आग लगाने के लिए फेंका जाता था।

moly (mō' li) [L., from Gr. *môlu*] सं० १. मॉली, जादू के गुणों से संपन्न सफ़ेद फूल और काली जड़ वाली एक कल्पित जड़ी; २. जंगली लहसुन और अन्य पौधे।

molybdenum (mol ib dē' núm) सं० मॉलिब्डेनम* (कु० भी), चाँदी जैसा सफ़ेद धात्विक तत्व जिसे तेज़ गति से चलने वाले पुर्ज़े बनाने के लिए प्रयुक्त इस्पात में मिलाया जाता है।

moment (mō' mént [F., from L. MOMENTUM] सं० १. क्षण, पल, निमिष; २. समय; ३. महत्व, गौरव (जैसे of great~, of little~, of no~); ४. (कु०, इं० २) आघूर्ण*। **the~** मौका, अवसर। **am, was busy at the~** इस समय मैं अत्यंत्त हूँ, उस समय मैं व्यस्त था। **come here this~** इसी समय यहाँ आओ, फ़ौरन यहाँ आओ। **came the very~I heard of it** ज्योंही मैंने सुना या सुनते ही मैं आया हूँ। **men of the~** १. गौरवशाली या महत्वपूर्ण व्यक्ति; २. प्रतिष्ठित व्यक्ति। **timed to the~** एकदम निश्चित समय पर, न एक पल अधिक न एक पल कम। **momentary** वि० १. क्षणिक, क्षणस्थायी, अल्पकालिक, अस्थायी, निमिष-व्यापी; २. क्षणभंगुर, नश्वर, थोड़े दिन रहने वाला। **momentarily** क्रि० वि० १. क्षणिक रूप से; २. क्षणभंगुर या नश्वर स्थिति में। **momentariness** सं० १. क्षणिकता; २. क्षणभंगुरता, नश्वरता। **momently** क्रि० वि० १. क्षण-क्षण पर, पल-पल के अंतर से; २. हर क्षण, प्रति पल; ३. क्षण भर के लिए, पल भर को। **momentous** वि० महत्वपूर्ण, गौरव का, महान, भारी, बहुत बड़ा। **momentously** क्रि० वि० महत्व या गौरव से, महानता से, बहुत बड़े ढंग से। **momentousness** सं० महत्व, गौरव, महानता।

momentum (mo men' tŭm) [L., for *movimentum* (*movêre*, to MOVE, -MENT)] सं० (बहु० **-ta**) १. (यां०) वेग, संवेग* (आ०, वि० १ भी), गति-मात्रा, गतिशील पुर्ज़े की गति की संख्या या मात्रा, पुर्ज़े की रफ़्तार से उत्पन्न गति की बड़ी संख्या; २. (प्र०) आवेग*, गति से प्राप्त प्रेरक शक्ति, प्रेरणा (सा० और ला०)।

Momus (mō' mŭs) [Gr. *Mômos*] सं० १. मोमस, उपहास का यूनानी देवता; २. छिद्रान्वेषी, दोष निकालने वाला।

monachal (mon' á kál) [med. L. *monachâlis*, from *monachus*, MONK] वि० मठ का, मठ-संबंधी। **monachism** सं० मठवास, संसार-त्याग।

monad (mŏn' ăd) [late L. and Gr. *monad-*, nom. *monas*, from *monos*, sole] सं० १. एक (१), एक संख्या, इकाई; २. अस्तित्व की अंतिम या चरम इकाई, (उदा० आत्मा, अणु, एक शक्ति, परमात्मा, विशे० लायबनीज के दर्शन में); ३. (जीव०) मूल कारण, प्राणि-वर्ग का प्रथम साधारण जीव; ४. (रसा०) एक संयुक्त, वह तत्त्व जिसमें हाइड्रोजन या उदजन के एक अणु की सम्मिश्रित करने की शक्ति हो; ५. (कृ०) एकक*; ६. (मा० २) त्रिपत्र*। **monadic, -al** (mo nădˈ ik, -al) वि० १. एक(१), एक ही इकाई से संबद्ध; २. सृष्टि के प्रथम जीव से संबद्ध. एक संयुक्त से संबंधित। **monadism** (monˈ ă dizm) सं० मोनैडिज्म, मोनेडवाद, लायबनीज का दार्शनिक मत कि "व्यक्ति की इकाइयों की जटिलता से बना है मगर उसकी आत्मा एक ही इकाई है।"

monadelphous (mon ă delˈ fŭs) [MON-, Gr. *adelphos*, brother] वि० १.(वन०)एक संलग्न, एकपुंज, एक पोटली में मिश्रित तंतुओं वाला (पराग केसर), (पराग केसर) जिसके तंतु एक ही बंडल या गठरी में हों; २. एक संलग्न पराग केसर से युक्त (पौधे), (पौधे) जिनके पराग केसर के तंतु किसी एक गठरी या पोटली में संलग्न या मिश्रित हों; ३. (वि० १) एकसंघी*।

monandry (mó năn' dri) सं० एक पति-वरण, यह रीति कि स्त्री का एक समय एक ही पति हो। **monandrous** (mo năn' drŭs) [Gr. *anêr andros*, male] वि० (वन०) एक पुंकेसरीय, एक पराग केसर वाला, जिसमें एक ही पुंकेसर या पराग केसर हो।

monarch (monˈ ărk) [F., *monarque*, L. *monarche*, Gr. *monarchês* (MON-, *archein*, to rule)] सं० १. राजा* (मा० १ भी), रानी, बादशाह, मल्लिका, सम्राट्, साम्राज्ञी, सर्वोच्च शासक (प्राय: ला०); २. राजपर्ण, हरी लाल और काली निलकी; ३. (मा० १) एकराट्*; ४. (मा० ३) एकपतित्व*। **monarchic, -al** (mó narˈ kik, -al), **monarch, -al** वि० राजकीय, राजसी, शाही, शाहाना। **monarchally, monarchically** क्रि० वि० राजा की हैसियत से, सम्राट् के रूप में। **monarchism** (monˈ ăr kizm) सं० १. राजतंत्र के सिद्धांत; २. राजतंत्रवाद। **monarchist** सं० १ राजतंत्रवादी* (मा० १ भी); २. राजतंत्र।

monastery (monˈ ă stĕr i) [med. L. *monastĕrium*, Gr. *monastêrion*, from *monazein*, to live alone, from *monos*, see MONAD] सं० विहार*/मठ*/संघाराम*(मा० १ भी), आश्रम, धार्मिक कृत्यों का पालन करते हुए रहने वाले किसी (प्राय: भिक्षु-) समुदाय का निवास-स्थान। **monastic** (mo năsˈ tik) वि० १. भिक्षु-विषयक, साधुओं से संबंधित; २. मठ-विषयक, विहार या आश्रम से संबंध रखने वाला; ३. (जिल्दसाजी) प्राचीन काल के किसी गमने या सुनहरे अथवा मगाल के बिना ही सजे हुए पुस्तक के किनारे। **monastically** क्रि० वि० भिक्षु के रूप में, मठ में रहते हुए। **monasticism** सं० १. मठ-निवास, आश्रम-वास; २. मठतत्त्व*, मठ जीवन* (मा० १ भी)। **monasticize** क्रि० स० मठ-निवास करना।

Monday (mŭnˈ dā, -di) [A.-S. *Mônandæg* (*Mônan*, gen. of *Môna*, moon, DAY)] सं० १. सोमवार, चद्रवार। **Black ~** (स्कूल-मा०) सत्र का प्रथम दिवस। **St. ~** कम काम करने वाला दिन, सोमवार। **Mondayish** वि० १. रविवार के काम के कारण (सोमवार के दिन) अलस (पादरी); २. रविवार की छुट्टी के कारण शिथिल (अन्य लोग)।

monetary (mŭnˈ-, monˈ ĕ tăr i; [L. *monêtârius*, from *monêta*, see foll.] वि० १. द्रव्य सम्बन्धी, मौद्रिक, मुद्रा-विषयक; २. आर्थिक, माली, रुपये पैसे का। **monetize** क्रि० स० (धातु को) मुद्रा के रूप में चालू करना। **monetization** सं० (धातु का) मुद्रा के रूप में प्रचलन।

money (mŭnˈ i) [M.E. and O.F. *monoie* (F. *monnaie*), L. *monêta*, mint, money, orig. name of Juno in whose temple money was coined] सं० १ (बहु० **moneys, अशुद्ध monies**) धन*(विधि भी), अर्थ, वित्त; २. चालू सिक्का या मुद्रा; ३. मुद्रा और कागजी सिक्के, नोट (paper~ पत्र-मुद्रा), (विशे०) राजकीय वचन-पत्र और बैंक-नोट या अर्थ-पत्र; ४. (बहु० के साथ) कोई खास सिक्का; ५. (बहु० अप्र०, वैधानिक) धनराशियाँ; ६. जायदाद, मुद्रा में परिवर्तनीय जमीन-जायदाद आदि; ७. अपनी क्रय-शक्ति के मदर्भ में मुद्रा। **coin ~** १. घडाघड पैसा कमाना; २. रुपया बटोरना। **make ~** पैसा कमाना, धनोपार्जन करना। **not every man's ~** प्रत्येक के लिए पैसे की कीमत समान नहीं होती। **~of account** गिनना, लेखा जोडना, हिसाब लगाना, दे० ACCOUNT। **~-bag** १. मनीबैग, बटुआ, थैली, पैसे रखने की थैली; २.(बहु०) दौलत,संपत्ति। **~-box** १. गुल्लक; २. तिजोरी। **~-changer** सर्राफ़,विभिन्न मुद्राओं का विनिमय करनेवाला। **~for jam** (मा०)थोडे या नाममात्र के श्रम से अधिक प्राप्ति। **~-grubber** सं० कौडी-कौडी को दाँत से पकड़ने वाला,जिसे पैसा कमाने की लत्त है। **~grubbing** वि० पैसा कमाने का खब्ती। सं०पैसा कमाने की लत्त। **~-lender** सं० १. मूदखोर, ब्याज पर रुपया उधार देने वाला. २. साहूकार* (कृ०भी), महाजन। **~-market** सं० सर्राफा, साहूकारा, मुद्रा-विपणी, (व्यापार के सामानों आदि के)व्यापारियों का कार्य-क्षेत्र, (कृ०) मुद्रा बाजार*। **~-spinner** सं० भाग्योदय की सूचक एक छोटी मकडी। **~-wort** सं० मनीवर्ट. गोल-चमकदार पत्तियों वाला एक पौधा। **money's-worth** कीमत वसूल करने वाली चीज, कोई ऐसी वस्तु जो उस पर खर्च किए गए धन के बराबर मानी जाती हो।

moneyless वि० बिना पैसे का, निर्धन, गरीब, रुपयेवाला।

monger mŭngˈ ger [A.-S. *mangere*, from *mangian*, to traffic, from L. *mango*, a dealer] सं० १. व्यवसायी, व्यापारी, सौदागर, निजारी आदमी (मध्य रूप से समास में, जैसे cheese~, fish~, iron~), (ला०) फैलाने वाला (जैसे scandal~)।

Mongol (mongˈ gol) [native name] सं० मगोल, मगोल नामक एशियाई जाति (जो अब चीन और साइबेरिया के मध्य मंगोलिया में रहती है)। वि० १.मगोल जाति का सदस्य, २. मगोल जाति-विषयक। **Mongolian** (mong gōˈ li ăn) वि० (मा०) मगोलियन*, पीली त्वचा और खडे बालों वाले लोगों का। सं० मगोलों के समान, बुद्धिशून्य लोगों के वर्ग का, (आ०) मगोली*। **Mongoloid** वि० १. मगोल जाति के समान, मगोल के प्रकार का; २. (आ०) मगोलक्लप्त*।

mongoose सं० १.नेवला, नकुल; २. मौंगस, एक प्रकार का बंदर से मिलता-जुलता पशु, दे० MUNGOOSE।

mongrel (mŭngˈ grel, [ptob. cogn. with A.-S. *mang*, a mixture] सं० १.मकर जातीय; २.ऐसा कुत्ता जिसकी कोई खास नस्ल न हो, आवारा, बेनस्ला कुत्ता, दोगला कुत्ता; ३. भिन्न नस्लों के संमीश्र के फलस्वरूप उत्पन्न पशु या पौधा; ४. संकर व्यक्ति, दोगला मनुष्य। वि० संकर, जिसका उद्भव, प्रकृति या चरित्र मिश्रित हो। **mongrelism** सं० दोगलापन, दोगले मनुष्य या पशु जैसा व्यवहार। **mongrelize** क्रि० स० दोगला बनाना। **mongrelly** क्रि० वि०

दोगलापन दिखाते हुए, दोग़ले मनुष्य या पशु की भाँति व्यवहार करते हुए।

monial (mō' ni ăl) [O.F., etym. unknown] सं० खिड़की के बीच की सीधी खड़ी सलाख।

monilliform (mō nil' i form) [L. *monile*, necklace, -FORM] वि० मालाकार* (वि० १ भी), मनकाकार, कण्ठहार (नेकलेस) या (दानों की) माला के समान।

monism (mon' izm) [Gr. *monos*, one, -ISM] सं० एकात्मवाद*/ अद्वैतवाद* (मा० १ भी), एकतत्त्ववाद* (मा० २ भी), वह सिद्धान्त जिसमें ब्रह्म को सत्य तथा जगत को मिथ्या मान कर ब्रह्म में जीव को अभिन्न माना जाता है। **monist** सं० १. अद्वैतवादी; २. ईश विरोधी। **monistic** (mo nis' tik) वि० अद्वैत-विषयक, एकात्मक* (मा० १ भी)।

monition (mo nish' un [T., from L. *monitionem*, nom. -*tio*, from *monēre*, to warn] सं० १. भय की सूचना, चेतावनी, (खतरे की) चेतावनी; २. विशेष या धार्मिक न्यायालय द्वारा किसी व्यक्ति को चेतावनी (किसी अपराध-विशेष को न करने के लिए); ३. सूचना; ४. (व्यवहार न्यायालयों में) समन, तलबी, आह्वान।

monitor (mon' i tor) सं० १. मानीटर* (प्र०, मा० २, वि० १ भी), अनुशीलक* (प्र० भी), प्रबोधक, कक्षा-नायक, स्कूल में व्यवस्था आदि रखने वाला वरिष्ठ छात्र; २ घड़ियालों की उपस्थिति का सूचक छिपकली के आकार का एक बड़ाकाय जन्तु, ३. अधिक तोपों वाला छिछले पानी में चलने वाला एक युद्ध पोत; ४. अनश्रवण करने वाला, अनुशीलक, विदेशी रेडियो-कार्यक्रमों को सुनने वाला; ५. सरकारी टेलीफोनों आदि के दुरुपयोग का निरीक्षक। क्रि० स० १ अनश्रवण करना, विदेशी रेडियो-कार्यक्रमों को सुनना; २. मानीटर के रूप में कार्य करना। **monitorial** वि० मानीटर का। **monitorship** (mon' i tor ship) सं० मानीटरी, कक्षा-नायकत्व।

monitory वि० प्रबोधक, चेतावनीपूर्ण। सं० प्रबोधक-पत्र, विशेष या पोप का चेतावनीपत्र। **monitress** सं० अनश्रवण करने वाली, विदेशी रेडियो-कार्यक्रमों को सुनने वाली स्त्री।

monk (munkg [A.-S. *munec*, *munic*, L. and Gr. *monachos*, from *monos*, alone] सं० १. भिक्षु* (बौद्ध), साधु* (मा० १ भी), यति, संन्यासी, मुनि, योगी, तपस्वी, २ मठवासी, ३. धनाभाव, पवित्रता और अनुशासन के साथ एकान्तवास करने वाले मनुष्यों के किसी समुदाय का एक सदस्य। **monkery** सं० १. मठ-वास, आश्रम-वास, आश्रमी-जीवन; २. मठ, विहार, आश्रम, ३. मठवासी; ४. मुनि या तपस्वी-समुदाय; ५. मठ के कार्य-कलाप। **monkerydom** सं० मठ-वास, आश्रमी-जीवन। **monkdom, monkhood, monkship** सं० १. मठवास; २. मुनित्व। **monkish** वि० १ मठवासियों का, आश्रमवासियों का, मुनियों का, २. मठ-विषयक, विहार या आश्रम से सबद्ध; ३. मठवासी या मुनि के लक्षण (प्राय: बुरे अर्थ में)।

monkey (mŭngk' ki, [prob. from L. *manicula*, dim. of *manus*, hand] सं० १. बानर, कपि, मर्कट (बहुब०); २ नदी पर बनने वाले पुल के आधार-स्वरूप लोहे की बड़ी शहतीरों आदि को ढोने वाला एक यंत्र; ३. बड़ा, बुलन्दी, £५०० (प्रा०); ४. (ई० ३) मंकी*/ आकांक्षक*। क्रि० स० और अ० १. नकल उतारना, मुँह चिढ़ाना, हँसी उड़ाना, नकल उतार कर चिढ़ाना या हँसी उड़ाना; २. छेड़खानी करना, शरारत करना; ३. हस्तक्षेप करना; ४. टाँग अड़ाना, अकारण छेड़ना (किसी मशीन आदि को, about के साथ प्रयुक्त)। **get one's~** (प्रा०) नाराज हो जाना, क्रुद्ध होना। **put his~** (प्रा०) आग बबूला कर देना, क्रुद्ध कर देना। **young~** (निंदा व्यंजक शब्द) नन्हा बंदर। **~-bread** मंकीब्रेड, बाबबब (एक अफ्रीकी पेड़) का फल। **~-cup** पिचरप्लांट, (एक प्रकार का पौधा, जिसकी पत्तियाँ सुराही के आकार की होती हैं)। **~-jacket** बंदी कोट, नाविकों आदि की जाकेट या बंडी। **~-nut** एक प्रकार की मूँगफली। **~-puzzle, puzzle~** चिली का वृक्ष, Araucaria प्रजाति का एक कटिदार वृक्ष। **~-wrench** चूड़ीदार रैंच, एक प्रकार का रैंच जिसका जबड़ा-छोटा-बड़ा हो सकता है। **monkeyish** वि० बंदर जैसा, नटखट, शरारती। **monkeyishness** सं० बंदर जैसा स्वभाव या गुण, नटखटी, शरारती।

mono-, mon- [Gr. *monos*] यूनानी शब्द monos (=एक, अकेला) का समास में (स्वर से पहले mon-) प्रयुक्त रूप।

monobasic (mon o bā' sik)[MONO-, BASIC] वि० १. (रसा०) एक मन्मक; २. एक समाक्षारीय; ३. एक आधार या आधार के एक अणु वाला।

monocarpic, -ous (mon' ō kar' pik, -pŭs) वि० मौसमी फलों वाला (पेड़), जिस पर वर्ष में एक ही बार फल आएँ। **monocephalous** वि० एक नत, एक प्रवणिक, एक ओर झुकी हुई (तह)।

monochord (mon' ō kôrd) सं० १. मानोकार्ड, एकतंत्री वाद्य, संगीत के अंतरालों का निर्धारक वाद्ययंत्र।

monochromatic (mon ō krō măt' ik) वि० १. एक वर्ण* (मा० १ भी), इकरंगा, एकवर्णी* (वि० १ भी) (प्रकाश); २. इकरंगी (तस्वीर आदि)। **monochrome** (mon' ō krōm) सं० मोनोक्रोम, इकरंगी तस्वीर, वह तस्वीर जिसमें एक ही रंग के कई रूप भरे गए हों। वि० इकरंगा, एक ही रंग का।

monocle (mon' okl) सं० मोनोकिल, एक आँख का चश्मा, एक-चश्मी ऐनक।

monocotyledon (mon ō kot i lē' dŏn) सं० एक बीजपत्रक।

monocotyledonous वि० एक बीजपत्री।

monocracy (mo nok' rā si) सं० एक तंत्र, एक व्यक्ति की सरकार।

monody (mon' ō di) सं० १. मोनोडी, ग्रीक ट्रैजेडी में एक पात्र द्वारा गाई जाने वाली ओड; २. वह कविता जिसमें विलाप करने वाला किसी की मृत्यु पर रोता है। **monodic** (mo nod' ik) वि० १. मोनोडी से संबद्ध; २. विलाप-सूचक कविता से संबंधित। **monodist** (mon' o dist) सं० मोनोडिस्ट, मोनोडी पढ़ने या रचने वाला।

monoecious (mo né' shi ă us) वि० १. मोनोशियस, एक यक्षक; २. (प्राणि०) उभय लिंगी, द्विलिंगी।

monogamy (mo nog' ă mi) [F. *monogamie*, L. and Gr. *monogamia* (Gr. *gamos*, marriage)] सं० १. एक पत्नीव्रत, एक स्त्री विवाह, एक विवाह-प्रथा* (मा० १ भी), एक पत्नीक, एक समय में एक ही विवाह करने की प्रथा; २. (विरल) केवल एक विवाह-प्रथा; ३. (प्राणि०) मोनोगेमी, केवल एक मादा रखने की आदत। **monogamous** वि० उपर्युक्त प्रथा या स्वभाव से संबद्ध। **monogamist** (mo nog' ă mist) सं० १. एक विवाह वादी; २. एक मादा रखने वाला।

monogeneis (mon o jen' i sis) सं० (जीव०) एक पीढ़ी, सभी जीवों का एक ही अण्ड से हुआ विकास। **monogenetic** एक पीढ़ीवाद, एक ही कोष से उत्पत्ति-विषयक, (मा० ३) एक बंशीय*।

monogenism, -eny (mo noj' e nizm, -ni) मानव-जाति के एक पूर्व-युग्म से उत्पन्न बंशज। **monoglot** (mon' o glot [Gr. *monoglōttos* (*glōtta*, tongue)] वि० एक भाषा-भाषी। सं० एक भाषा-भाषी व्यक्ति।

monogramm (mon' ō gram) [late L. *monogramma*, Gr. *monogrammon* (MONO-, -GRAM)] सं० मोनोग्राम* (ई० १ भी), नामाक्षर* (मा० १ भी), दो या दो से अधिक अक्षरों को आपस में गूँथ कर बनाया गया चिन्ह (जिसे० किसी व्यक्ति के नाम के पहले अक्षर), चुम्बाक्षर* (ई० १, मा० १ भी)। **monogrammatic** वि० मोनोग्राम का, मोनोग्राम संबंधी या उस जैसा।

monograph (mon' ō graf) सं० एक विषय पर लिखा हुआ ग्रंथ*/ विनिबंध* (मा० १ भी)। कि० स० ऐसा ग्रंथ लिखना। **monographer, monographist** सं० १ एक विषय पर ग्रंथ लिखने वाला। **monographic,-al** वि० इस ग्रंथ की शैली का। **monographically** कि० वि० एक विषय पर लिखे गए ग्रंथ के रूप में।

Monogynia (mon ō jin' i à) [mod. L., from *monogynus* (Gr. *gunē*, woman)] सं० (बहु०, वन०) पौधों के वर्गीकरण के अनुसार उस वर्ग के पौधे जिसके पुष्प में स्त्री-केसर हों। **monogynous** एक स्त्री-केसरी, केवल एक स्त्री-केसर या वर्तिकाग्र (स्टिग्मा) वाला। **monogyny** एक ही स्त्री से सहवास करने की प्रथा।

monoideism (mon ō ī dē' izm) सं० एक ही विषय पर एकाग्र-चित्तता, (चिंत०) मोनोमेनिया का एक रूप। **monolatry** (mo nol' à tri) सं० सहिष्णु एकेश्वरवाद, अन्य देवताओं की उपस्थिति का निषेध किए बिना किसी एक देवता की उपासना।

monolith (mon' ō lith) [From F. *monolithe* or L. *monolithus*, Gr. *monolithos*, made of a single stone] सं० एकाश्म* (मा० १ भी), एक शिला, एक पत्थर का स्तंभ या स्मारक, लाट, एक ही पत्थर से बना संबंध। **monolithic** वि० एकाश्मी, एक पत्थर का।

monologue (mon' ō log) [F.,one who likes to hear himself talk, Gr. *monologos*] सं० १. स्वगत भाषण, एकपात्री भाषण, स्वगत-कथनका दृश्य; २. मोनोलॉग, एकालाप, एकपात्री नाटक; ३. किसी मंडली में एक ही व्यक्ति द्वारा दिया गया भाषण; ४. आप ही आप (अकेले में या श्रोताओं की ओर ध्यान दिए बिना ही) कहना। **monological** वि० स्वगत, स्वगतभाषण-विषयक। **monologist, monologuist** mō nol' ō jist, -gwist सं० १. स्वगत-कथन करने वाला; २. स्वगत भाषण लिखने वाला। **monologize, monologuise** वि० अ० स्वगत कहना।

monomania (mon ō mā' ni à) सं० मोनोमेनिया, एकोन्माद, एक ही बात की सनक। **monomaniac** स० और वि० एकोन्माद का रोगी, ऐसा व्यक्ति जिस पर एक ही बात की सनक सवार हो। **monomaniacal** वि० एकोन्माद से संबद्ध, एकोन्मादी। **monomark** मोनोमार्क, अक्षर या अंक जो किसी माल-विशेष के मार्क के रूप में रजिस्टर कराए गए हों। **monomerous** (mō nom' ēr ùs) [Gr. *monomeres* (*meros*, part)] वि० एकत्रक, बहुलक अणु को बनाने वाली एक इकाई, (और भी) वह यौगिक जो बहुलकीकृत प्रक्रिया से गुजर सके। **monometallism** (mon ō met' à lizm) एक धातुमान, एक धातु की मुद्रा का चलन। **monometallic** वि० एक धातु का।

monomial (mō nō' mi āl) सं० (गणि०) एकपदी अभिव्यक्ति। वि० एकपदी* (वि० १ भी)। **monomorphic, -phous** (mon ō mōr' fik, -fùs) [Gr. *morphē*, form, -IC, -OUS] वि० विकास-प्रक्रिया में जिसका आकार न बदलता हो।

monopetalous (mon ō pet' à lùs) वि० एक (सादृत) दलपुंज (कोरोला) वाला, जिसकी पंखुड़ियाँ नली के आकार में इकट्ठा हो गई हों। **monophthong** (mō nof' thong) [Gr. *monophthongos* (*phthongos*, sound)] एक स्वर की आवाज़। **monophysite** (mō nof' i sīt) [eccles. L. *Monophysita*, eccles. Gr. *Monophysitēs* (*phusis*, nature, from *phuein*, see prec., -ITE)] सं० मोनोफ़िसाइट, ईसा के व्यक्तित्व में एक ही स्वभाव मानने वाला व्यक्ति।

monoplane (mon' ō plān) सं० मोनोप्लेन, एक छत वाला हवाई जहाज़।

monopoly (mo nop' ō li) [late L. *monopōlium*, Gr. *monopōlion* (*pōlein*, to sell)] सं० १. एकाधिकार* (मा० १, कि० १ भी), ठेका, इजारा* (मा० १ भी); २. राज्य द्वारा प्रदत्त एकाधिकार; ३. एकाधिपत्य* (मा० १ भी), पूर्ण नियंत्रण; ४. एकाधिकार में लाई हुई वस्तु; ५. (प्र०) धन-विषयक*। **monopolist, -lizer** सं० १. एकाधिकार का पक्षपाती; २. एकाधिकारी; ३. इजारेदार। **monopolize** कि० स० १. एकाधिकार करना; २. इजारा लेना, (अपने) एकाधिकार में लेना, सर्वेसर्वा होना।

monopolylogue (mon ō pol' i log) सं० एकभाष पात्र द्वारा बहुत से पात्रों के अभिनय का मनोरंजक कार्यक्रम।

monorail (mon' ō rāl) सं० एक पटरी की रेलगाड़ी अथवा एक पटरी वाला रेल का मार्ग।

monospermous (mon ō spēr' mus) [Gr. *sperma*, seed, -OUS] वि० (वन०) एकबीजी, जिसमें एक बीज हो। **monostichous** वि० (वन०, प्राणि०) एक स्तर या क़तार में व्यवस्थित या एक स्तर से निर्मित।

monosyllable (mon' ō sil à bel) सं० एकाक्षर। **speak in monosyllables** १. केवल 'हाँ' या 'नहीं' में उत्तर देना, २ बहुत कम बोलना; ३ जान-बूझ कर रुखाई से बात करना। **monosyllabic** वि० एकाक्षरिक। **monosyllabically** कि० वि० एकाक्षर के रूप में। **monosyllabism** सं० एकाक्षरवाद। **monosyllabize** क्रि० स० एकाक्षर करना या बनाना।

monotheism (mon' ō thē izm [Gr. *theos*, God, -ISM] सं० १. एकेश्वरवाद (मा० १ भी); २. (मा० १) अद्वैतवाद। **monotheist** सं० एकेश्वरवादी। **monotheistic** वि० एकेश्वरवादी, एकेश्वरवाद-विषयक।

monotint (mon' ō tint [TINT] सं० इकरंगी, एक ही रंग की (नम्बर आदि)।

monotone (mon' ō tōn [late Gr. *monotonos*, monotonous] वि० १. एकस्वरता, एकस्वर, एकसुरी, समस्वर; सं० एकसुरी आवाज़, समस्वर ध्वनि। कि० स० (आदान) एक ही स्वर में गाना या पढ़ना। **monotonic** वि० (संगी०) एकसुरी, समस्वर। **monotonize** क्रि० स० एकस्वरता या एकरूपता से ऊबा देना या उकता देना। **monotonous** वि० १. एक रूप, एकता, एक रस, एक स्वर, एक लय; २. विभिन्नता रहित, ऊबा देने की सीमा तक एक रूप; ३. उकता देने वाला। **monotonously** कि० वि० १. एक स्वर में, एकस्वरतापूर्वक; २. एकरूपता के कारण उबाते हुए। **monotonousness, monotony** सं० एकस्वरता, एकलयता; २. ऊबा देने वाली एकरूपता, एकरूपता-जन्य उकताहट, नीरसता, कुछ अवल-बबल न होना।

monotreme (mon' ō trēm) सं० पेशाब, उत्सर्ग और पाचन के लिए एक ही द्वार वाला स्तनपायी।

Monotype (mon' ō tip) सं० मोनो टाइप, मोनो मशीन, एक-एक अक्षर का टाइप निकालने वाली मशीन।

Monroeism (mun rō' izm) सं० मनरोवाद, मनरो (१७८८-

१८३१) का सिद्धांत, दे० DOCTRINE। **Monroeist** सं० मनरोवादी, मनरो के सिद्धांत का समर्थक।

monsoon (mon soon') [M. Dut. *monssoen*, Port. *monção*, Arab. *mausim*, time, season] सं० १. बरसाती हवाएँ, दक्षिण एशिया में (विशे०) हिंद महासागर की हवा जो गर्मियों में दक्षिण-पश्चिम से (wet~) और जाड़ों में उत्तर-पूर्व से (dry~) चलती है; २. बरसात, वर्षा ऋतु; ३. अन्य मौसमी हवाएँ, ऐसी हवाएँ जिनमें मौसम के अनुसार परिवर्तन होता रहता है; ४. (कृ०, वि० १) मानसूनी*।

monster (mon' stĕr) [O.F. *monstre*, L. *monstrum*, a portent or omen, from *monére*, to warn] सं० १. राक्षस* (आ० भी), डरावनी शक्ल वाला, बहुत ही बुरा आदमी, विकराल; २. विकृत प्राणी या पौधा; ३. वेमेल तत्त्वों से निर्मित कल्पित जीव (जैसे नर-तुरंग अर्थात् वह कल्पित जीव जिसके ऊपर का भाग आदमी और नीचे का भाग घोड़े का था); ४. रमणी-सिंह (वह कल्पित राक्षसी जिसका सिर स्त्री और धड़ शेर जैसा था); ५. सिंह-गिद्ध (शेर के धड़ और पक्षी के सिर तथा पक्षों वाला एक कल्पित जीव); ६. असामान्यिक रूप से दुष्ट व्यक्ति, (क्रूरता आदि का) असामान्य उदाहरण; ७. विशालकाय जीव या वस्तु। वि० विशाल, बहुत बड़ा।

monstrance (mon' străns) [O.F., from med. L. *monstrantia*, from *monstrāre*, to show] सं० (रोमन कैथलिक चर्च) मॉन्स्ट्रेन्स, सोने या चाँदी का खुला या पारदर्शक पात्र जिसमें पवित्र रोटी रखी जाती है।

monstrous (mon' strus) [O.F. *monstreux*, late L. *monstrōsus*, from *monstrum*, MONSTER] वि० १. अद्भुत, विलक्षण; २. विकराल, विरूप, असामान्य आकार या कल्पित दैत्य की प्रकृति का, राक्षसी, भयानक; अति कुत्सित, बहुत ही बुरा; ३. विशाल, बहुत बड़ा। ४. मज़ेदार गलत, नितांत हास्यास्पद; ५. क्रूर, भीषण। **monstrously** क्रि० वि० १. विकराल रूप में; २. विशाल मात्रा में, ३. हास्यास्पद रूप में, क्रूरता या भीषणता से। **monstrousness** सं० १. विकरालता, विरूपता; २. विशालता; ३. हास्यास्पदता; ४. क्रूरता, भीषणता।

montage (mon' tij सं० (सिने०) मोंताज, एक-क्रमिक पूर्ण चित्र बनाने के लिए फ़िल्म-निर्माण में अलग-अलग लिए गए चित्रों के चयन, काट-छाँट और क्रमपूर्वक रखने की क्रिया।

montane (mon' tān) [L. *montānus*, from *mons montis*, MOUNT] वि० पहाड़ी, पहाड़ी प्रदेश का, पर्वतीय प्रदेश का निवासी।

montbretia (mom brē' shi ă) [A. F. E. Coquebert de *Montbret* (1780-1801), French botanist] सं० माटब्रेशिया, आइरिस की किस्म का चमकीले नारंगी फूलों वाला एक पौधा।

Montenegrin सं० और वि० १. मांन्टीनीग्रो का (निवासी) (अब यह नगर यूगोस्लाविया में है), २. (वि० १) मांन्टीनीग्रो-निवासी*।

Montessori method (mon tes ōr' i) [Dr. Maria *Montessori* (1870-1932)] सं० मॉंटेसरी शिक्षा-पद्धति, रोम-निवासिनी डॉ० मारिया मौंटेसरी (१८७०-१९५२) द्वारा आमतौर तथा विकार-ग्रस्त बच्चों के लिए चलाई गई शिक्षा-पद्धति (जिसमें कठोर नियंत्रण की अपेक्षा बच्चे की स्वाभाविक गतिविधियों के उचित निर्देशन पर अधिक बल दिया जाता है)।

month (mŭnth) [A.-S. *mōnath* (cp. Dut. *maand*, G. *monat*, Icel. *mánuthr*, also L. *mensis*), cogn. with MOON] सं० १. मास, (calendar~भी) महीना, माह, साल के बारह हिस्सों में से कोई एक; २. एक महीना, एक महीने की अवधि, एक मास के किसी दिन से ले कर दूसरे मास के उसी दिन तक का समय। **lunar~** चंद्र-मास, वह अवधि जिसमें चंद्रमा पूरा चक्कर लगा लेता है। **~of Sundays** अनिश्चित काल। **month's mind** १. किसी मृत व्यक्ति की स्मृति में मृत्यु के एक महीने बाद मनाया जाने वाला (मास आदि) पर्व; २. झुकाव, रुझान, रुचि, प्रवृत्ति। **this day~** आज से एक महीना बाद। **monthly** वि० माहवारी, मासिक। सं० १. मासिक पत्रिका आदि; २. (बहु०) महीना, माहवारी, मासिक धर्म। क्रि० वि० हर महीने, माह-दर-माह। **~nurse** दाई, शिशु के जन्म के बाद पहले महीने में देखरेख करने वाली स्त्री या दाई। **~rose** मंगलीरोज़, चीन का गुलाब जिसके बारे में माना जाता है कि वह हर महीने फूलता है।

monticle, -ticule (mon' ti kel, -ti kūl) [F. *monticule*, late L. *monticulus*, dim. of *montēm*, non. *mons*, MOUNT] सं० १. छोटी पहाड़ी; २. ज्वालामुखी के फटने से बना छोटा ढेर; ३. पशु आदि के बाहरी भाग पर थोड़ा-सा उभरा हुआ हिस्सा।

monument (mon' ū mĕnt) [L. *monumentum*, from *monēre*, to remind] सं० १. कीर्ति-स्तम्भ, स्मारक-चिह्न, निशानी, यादगार; २. अभिलेख, लिखित रिकॉर्ड; ३. स्मृति-प्रस्तर, समाधि, मृतक की यादगार में उसकी क़ब्र या समाधि आदि पर लगाया गया पत्थर; ४. स्मारक* (मा० १ भी)। **the Monument** लंदन में १६६६ ई० में लगी आग का स्मारक या स्मृति-चिह्न। **monumental** वि० १. स्मरणार्थक, स्मारक का, स्मारकीय* (मा० १ भी), कीर्ति स्तंभवत्; २. विशाल और चिरस्थायी (साहित्यिक कृतियाँ); ३. बहुत बड़ा, अति विशाल, शानदार, ज़बर्दस्त, विस्मयजनक, असाधारण (जैसे ~ignorance)। ४. विस्मयजनक अनभिज्ञता; ५. (मा० १) चिरस्मरणीय*। **~mason** स्मृति-प्रस्तर-निर्माता। **monumentalize** क्रि० स० स्मारक बनाना, अभिलेख रखना, यादगार खड़ी करना।

-mony [L. *-monium*, *-monia*] प्रत्य० लैटिन -monia, -monium का रूप जो संज्ञाओं, विशेषणों और क्रियाओं से संज्ञाएँ बनाने में लगता है (जैसे acrimonia, patrimonium, aluminium)।

moo (moo) [imit.] क्रि० अ० (गाय या बैल का) रँभाना, बँभाना, गाय-बैल की तरह शब्द करना। मं० रँभाने या बँभाने का शब्द, गाय-बैल की बोली।

mooch, mouch क्रि० अ० और स० १. (ग्रा०) मटरगश्ती करना, भटकना, घूमना-फिरना; २. चोरी करना, उड़ा लेना।

mood[1] (mood) [var. of MODE, assim to foll.] सं० १. (व्या०) अर्थ, क्रियापद भेद, संयोग, संचार, क्रिया का रूप जो उसका कार्य बतलाता है (जैसे indicative, imperative, subjective ~आदि); २. (संगी०) दे० MODE; ३. (तर्क०) सम्पूर्ण कथन का कोई भी उपप्रकार।

mood[2] (mood) [A.-S. *mōd* (cp. Dut. *moed*, Icel. *móthr*, Dan. and Swed. *mod*, G. *mut*)] सं० १. भाव, भावदशा*/मूड* (आ०, मा० २ भी), वृत्ति, दशा, मनोदशा, मानसिक अवस्था, मिज़ाज, रग-ढंग, हाल; २. (तर्क०) विन्यास* (मा० २ भी)। **in the~**, **in no~** इच्छुक, अनिच्छुक। **moody** वि० १. रूठ, क्रुद्ध; २. उदास, विमन, मलिन; ३. तुनुक मिज़ाज, चिड़चिड़ा; ४. अन्यमनस्क। **moodily** क्रि० वि० १. उदासी से, मलिनता से; २. तुनुकमिज़ाजी से, चिड़चिड़ेपन से। **moodiness** सं० १. मलिनता; २. तुनुकमिज़ाजी, चिड़चिड़ापन।

moolvi(e), mou- सं० १. मौलवी, इस्लाम धर्म का ज्ञाता;

२. पंडित, बड़ा शिक्षा प्राप्त व्यक्ति, अध्यापक (भारतीय मुसलमानों में सम्मानसूचक शब्द)।

moon (moon) [A.-S. *mōna* (cp. Dut. *maan*, Icel. *māni*, Goth. *mēna*, G. *mond*), cogn. with Gr. *mēnē*, L. *mensis*, MONTH] सं० १. चन्द्र* (वि० १ भी), शशि, चन्द्रमा* (वि० १ भी), चाँद; २. (काव्य०) महीना, ऋतु (where summer is but three ~long)। क्रि० अ० और व० १. विक्षिप्त की भाँति घूमना; २. खोया हुआ सा होना, (about, around के साथ प्रयुक्त) गुमसुम होना; ३. बीते हुए समय काटना, अलस भाव में दिन बिताना। **full ~** पूर्ण चन्द्र, पूर्णिमा का चाँद। **new ~** परेवा या दूज का चाँद। **old ~ in new moon's arms** शुक्ल पक्ष के आरंभ का चाँद। **~beam** चन्द्र-किरण। **~-calf** जन्मजात मूर्ख। **~-flower** एक प्रकार का डेंडी पुष्प, ब्राह्मी पुष्प। **~light** चाँदनी, ज्योत्स्ना, कौमुदी, पन्निका। **~light flitting** रात में घर के सामान की चीजें हटा देना जिससे किराया न देना पड़े। **~-lighter** बायरलेट में लैंड लोग की ओर से रात में किसानों को सताने वाला व्यक्ति। **~lit** चन्द्र से प्रकाशित। **~shine** हवाई महल, खयाली पुलाव, धोखा, छल, चोरी से लाई हुई शराब। **~shiner** (अमरीकी) चोरी से शराब बनाने या लाने वाला। **~shiny** चन्द्रमा से प्रकाशित, हवाई किले बनाने वाला, खयाली पुलाव पकाने वाला। **~-struck** पागल, विक्षिप्त, सनकी। **moonless** वि० चन्द्रहीन। **moony** वि० १. चन्द्रमा के समान या चन्द्रमा का; २. खोया हुआ, भूला हुआ; ३. गुमसुम, पगला।

moonstone (moon' stōn) सं० चन्द्रकान्त मणि।

moor[1] (moor) [prob. from a non-extant A.-S. *mārsn* (cp. *mersels*, mooring-rope, and M. Dut *marren*, to tie] क्रि० स० लंगर डालना, बाँधना, नाव (या दूसरी तैरने वाली वस्तुओं) को लंगर से बाँधना। **mooring** सं० १. (प्रायः बहु०) नौबंध, लंगर बाँधने के साधन, जहाज या अन्य तैरने वाली वस्तुओं के बाँधने का स्थायी लंगर, रस्सा या जंजीर. २. (बहु०) जहाज बाँधने की जगह, नौबन्धस्थल।

moor[2] (moor) [A.-S. *mōr* (cp. Dut. *moer*, G. *moor*] सं० १. कच्छभूमि, कच्छ, बंजर भूमि (विशे० ऐसी भूमि जिस पर छोटी-छोटी झाड़ियाँ हों); २. (कार्नवाल) बंजर भूमि जहाँ रोंगा या कलई रायी जाती है; ३. (कृ०, वि० १) मूरर*। **~-cock** जंगली मुर्गा। **~game** मूर गेम, एक प्रकार की जंगली मुर्गी। **~-hen** मः जंगली मुर्गी। **~land** झरबेर या झाड़ियों से युक्त भूमि। **moorish** वि० बंजर भूमि-सा। **moory** वि० बंजर भूमि युक्त।

Moor[3] (moor)[F. *More*, L. and G. *Maurus*, etym. doubtful] सं० मूर, अफ्रीका के मुस्लिम हब्शी निवासी, मुसलमानों की एक वर्ण संकर जाति जो उत्तरी-पश्चिमी अफ्रीका में रहती है। **Moorish** वि० मूर जैसा, मूरी; २. मूरजातीय* (मा० १ भी)।

moorstone (moor' stōn) सं० मूर स्टोन, एक प्रकार का भुरभुरा ग्रेनाइट पत्थर।

moose (moos)[Algonkin *musu*]सं० मूस, उत्तरी अमरीका में पाया जानेवाला (यूरोपीय हिरन-सा अथवा बिल्कुल वैसा ही) बारहसिंगा।

moot (moot) [A.-S. *mōtian*, rel. to *gemōt*, an assembly (cp. Dut. *gemoet*,)] सं० १. (इति०) सभा, विवाद-सभा, विवाद-गोष्ठी; २. (विधि) अभ्यास के लिए कल्पित मुकदमे को लेकर विद्यार्थियों की बहस*। वि० विवादास्पद, विवादयोग्य। क्रि० स० विवाद का प्रश्न उठाना, तर्क करना, बहस करना, सवाल उठाना।

mop[1] (mop) [15th cent. *mappe*, L. *mappa*, see NAPKIN] सं० १. फर्श आदि साफ करने के लिए लकड़ी के सिरे पर लपेटा हुआ मोटा सूत या कपड़ा; २. विभिन्न कार्यों के लिए उसी प्रकार का उपकरण; ३. माप, शरद् ऋतु का मेला जिसमें नौकरों और हलवाहों आदि की मजदूरी पर रखा जाता था। क्रि० स० भू० और भू० कृ० **mopped**) १. पुंछारे से साफ करना; २. आँसू पोंछना; ३. बर्षों से पसीना पोंछना। **~the floor with** (प्रा०) चारों खाने चित्त करना, पूर्णतया पराजित कर देना। **~up** १. पुंछारा लगाना, बहारना, साफ करना, २. (प्रा०) लाभ को पचा जाना, खा जाना, हजम कर जाना; ३. (सैन्य०) सफाया करना, बचे हुए शत्रुओं का सफाया करना, बचे हुए सैनिकों को मार कर (इलाके पर) पूर्ण अधिकार करना। **~-head** (ला०) पुंछारे की तरह बालों के सिर (वाला)। **moppy** वि० उक्त प्रकार के कपड़े या सूत से युक्त।

mop[2] (mop) [prob. imit. of pouting] क्रि० अ० मुँह बनाना, मुँह चिढ़ाना। **mops & mows** (सं०) मुँह बनाने के समय की विकृति।

mope (mōp) [etym. doubtful] क्रि० अ० १. खोया रहना, उदास रहना, मलीन रहना; २. ऊँघना, सुस्त रहना, अकर्मण्य रहना। सं० सुस्त या उदास व्यक्ति। **mopish** वि० ऊँघता-सा, खोय-सा। **mopishly** क्रि० वि० ऊँघते हुए, उदास भाव से। **mopishness** सं० मलीनता, सुस्ती, अकर्मण्यता।

mopoke (mō' pōk), **morepork** (mōr' pōrk) [imit. of cry] सं० १ उल्ल, उलूक (न्यूजीलैंड में)। २. नाइटजार, एक प्रकार का निशाचर पक्षी (तस्मानिया में)। ३. अनेक प्रकार के पक्षी (आस्ट्रेलिया में)।

moquette (mō ket') [F., etym. doubtful] सं० झालरीदार बनावट का ऊन, सन अथवा सूत।

moraine (mo rān') [F.] सं० मोरेन* हिमोढ़* (कृ० भी), ग्लेशियर द्वारा बहा कर लाया हुआ मलबा।

moral (mor' al, [F. from L. *mōrālis*, from *mōrēs*, custom] वि० १. साधु, सच्चरित्र, सदाचार सम्बन्धी अथवा सद्गुण विवेक-सम्बन्धी २. (मानसिक कृषि आदि के बारे में) नैतिक* (मा० ३ भी), आचार संबंधी, ३. (अधिकारों के विषय में) नीति पर्क, सदाचार पूर्ण, ४. नीतिज्ञ, नैतिक, नेक, अच्छा, सदाचारी। सं० १. सबक, पाठ, २. आशय; ३ उपदेश; ४ निष्कर्ष, ५. सिद्धान्त अथवा नियम; ६ (बहु०) आदतें, (विशे०) कामसंबंधी आचरण, ७. सदाचार* (विधि भी); ८ आचार* (मा० ३ भी)। **draw the ~** कहानी से उपदेश अथवा निष्कर्ष निकालना। **the very ~ of** (किसी के) बिल्कुल अनुरूप। **~certainty** प्राय. निश्चय, मानो सच, करीब-करीब पक्का, सदेहातीत, समवत:। **~courage** आत्मबल, नैतिक बल। **~law** नैतिक नियम* (मा० २ भी), आचार नियम। **~philosophy** आचार दर्शन। **~sense** गुण-दोष पहचानने की आंतरिक शक्ति। **~victory** नैतिक विजय।

moralism सं० नीति, सदाचारिता। वि० नैतिकता, सं धुता।

moralist सं० १. नीतिशास्त्रज्ञ, नीतिज्ञ, सदाचारी व्यक्ति; २. उपदेशक, नीतिवादी* (मा० २ भी); ३. नीति की दुहाई देने वाला।

moralistic नीतिशास्त्रज्ञ संबंधी, सदाचारी व्यक्ति संबंधी।

morally क्रि० वि० नैतिकता से, नैतिक दृष्टि से, सदाचार से, सद्सद् विवेक के रूप में।

morale (mo ral') सं० हिम्मत, हौसला, उत्साह, मनोबल* (मा० १, २ भी), (विशे०) सेना का अनुशासन और आत्मविश्वास के संबंध में (मा० १) नैतिक बल*, चरित्र बल*।

morality (mo răl' i ti) सं० १. नीतिशास्त्र; २. (बहु०) नैतिक सिद्धांत, नीति* (भा० २ भी); ३. सदाचार, नैतिकता* (भा० २, ३ भी); ४. (इति०) मॉरलिटी नाटक, १६ वीं सदी में प्रचलित नैतिक नाटक, एक प्रकार का नाटक जिसमें नैतिक निष्कर्ष निहित रहते थे।

moralize (mo' rə liz) क्रि० अ० और स० १. किसी बात के नैतिक पक्ष को लेकर बातचीत करना; २. उससे शिक्षा लेना; ३. आचरण को सुधारना, उपदेश देना, शिक्षा देना। **moralization** सं० उपदेश, शिक्षा, आचरण के सुधार की चेष्टा, नीति-श्रवचन* (भा० २ भी)।

morass (mə răs') [Dut. *moeras*, earlier *moerasch*, O.F. *maresche*, MARSH] सं० (सा०) कच्छ, कीचड़, दलदल, पंक, दलदल।

morat (môr' ăt) [med. L. *mōrātum*, from *mōrus*, mulberry] सं० मोरैट, (इति०) शहद से बना हुआ एक पेय जिसमें शहतूत मिलाया रहता था।

moratorium (mor ə tôr' i um) [L., from *morāri*, to delay, from MORA[1]] सं० १. ऋण चुकाने के लिए किसी से मिली हुई मोहलत, ऋणशोध-अवधि; २. निलम्बन-अवधि* (भा० १ भी)।

Moravian (mo rā' vi ăn) [*Moravia*, -AN] वि० मोरावियाई (जो अब चेकोस्लोवाकिया म है) का (निवासी)। सं० मोरावियन, हुसाइट के सिद्धान्तों को मानने वाला प्रोटेस्टेण्टों का एक दल।

morbid (môr' bid [L. *morbidus*, from *morbus*, disease] वि० १. (मनिन्क, विचारों आदि के लिए) अस्वस्थ, रोगग्रस्त, विकृत, व्यापिपूर्ण; २. अस्वस्थ विचारों वाला, ३. (ओप०) रोग-सबंधी अथवा रोग-लक्षणयुक्त; ४ (आ०) विकार-*। **morbidity** सं० १. अस्वस्थता* (आ० भी), सरजना, रुग्णता, २. विकृति* (आ०भी)। **morbidly** क्रि० वि० अस्वस्थ रूप में। **morbidness** सं० १. अस्वस्थता; २. रुग्णता, विकृति। **morbific** वि० व्याधिकर, रोग का कारण।

mordant (môr' dănt) [F., pres. p. of *mordre*, L. *mordere*, to bite] वि० १. उग्र, तीक्ष्ण, (व्यग आदि) तीखा, चुभने वाला बेधक। सं० १. (गैस) तेज, तीव्र, साफ करने वाली; २. (पदार्थ) रञ्जकाधक, द्रावक, रगबधक* (आ० वि० १ भी), रग को पक्का या चटक करने वाला। **mordacious** वि० तीखा, चुभने वाला। **mordacity, mordancy** (môr' dăn si) सं० तीक्ष्णता।

mordent (môr' dent [G., from It. *mordente*, as prec.] सं० १. (संगी०) ध्वनित स्वर के नीचे स्वर में तत्काल बदल जाने वाला अतिरिक्त स्वरण।

more[1] (môr) [A.-S. *māra*, cp M. Dut. *mēre*, Icel. *meiri*, Goth. *maiza*, from an adverbial form *maiz*, whence MO] वि० १. अधिक, अधिकतर, ज्यादा, और; २. और अधिक। क्रि० वि० ज्यादा, अधिकता में, अधिक मात्रा में। **be no~** मर जाना। **~and ~** अधिकाधिक, उत्तरोत्तर, ज्यादा से ज्यादा। **~or less** लगभग, करीब-करीब, न्यूनाधिक। **neither ~ nor less than** बिल्कुल उतना ही। **what is ~** अधिक आवश्यक।

more[2] (môr) [A.-S. *morc*, *morū* (cp. G. *möhre*, carrot)] सं० १. बाक्, तन्तर; २. पौधा।

morecon (mō rĕn') [etym. doubtful] सं० १. मोरीन, पर्दे आदि के लिए ऊनी या सूती-ऊनी मिला हुआ मोटा कपड़ा।

morel[1] (mō rel') [*F. morille*, prob. from Teut., cogn. with MORE[2]] सं० गुच्छी, एक प्रकार की खाने लायक खुम्बी।

morel[2] (mō rel') [O.F. *morele*, It. *morello*, perh. from L. *mōrum*, mulberry] सं० मॉरेल, एक प्रकार का पौधा।

morello (mō rel' ō) [etym. doubtful] सं० कड़ू चेरी।

moreover (môr ō' vĕr) क्रि०वि० इसके अतिरिक्त, तिस पर भी, बल्कि, और भी, अथ च।

moresque (môr esk') [F., from It. *Moresco*] वि० मूर-शैली का, मौरस्क।

morganatic (môr gă năt' ik) [low L. *morganāticus*, M.H.G. *morgengâbe*, morning-gift] वि० अनुलोम विवाह। **~marriage** उच्च सामाजिक स्थिति के पुरुष और निम्न श्रेणी की स्त्री का विवाह जिसमे स्त्री अपनी पूर्व स्थिति में ही रहती है और बच्चों का पिता की सम्पत्ति या उपाधि पर अधिकार नहीं होता। **~wife** उक्त विवाह पद्धति से विवाहित पत्नी। **morganatically** क्रि० वि० उक्त विवाह-पद्धति से, अनुलोम रूप से।

moribund (mor' i bŭnd) [L. *moribundus*, from *mori*, to die] वि० मुमूर्षु, मरणासन्न, मृत्यु-शय्यागत (शा० और ला०), मृत्यु के समीप, मरने के करीब।

morion (mor' i on) [F., from Sp. *morrion*, perh. from *morra*, crown of the head] सं० (इति०) शिरस्त्राण, मोरियों, बिना झिलम का फ़्लोदी टोप, मोरिऑन* (वि० १ भी)।

Morisco (mo ris' kō), **Morisk** [Sp. *morisco*, from *Moio*, MOOR[2]] वि० १. मूर-सा, मूर का। सं० मूर (विशे० स्पेन में), मॉरिस नृत्य।

Mormon (môr' mŏn) [from a mythic personage, author of the *Book of Mormon*, containing the alleged divine revelations on which their creed was based] सं० १. मॉर्मन, १८३० में जोज़फ स्मिथ मॉर्मन (कल्पित लेखक) द्वारा न्यूयार्क में कल्पित दैवी ज्ञान के आधार पर प्रारंभ की हुई एक धार्मिक सस्था का सदस्य; २. व्यक्ति जो बहु विवाह करता है (यह उस दल की एक विशेषता थी)। **Mormonism** सं० मॉर्मनवाद, मॉर्मन मत।

morn (môrn) [A.-S. *morgen* (cp. Dut., Dan., and G. *morgen*, Icel. *morginn*, perh. from root *margh-*, to blink or twinkle)] सं० उषा-(काव्य०), प्रात, सवेरा।

morning (môr' ning) [M.E. *morwening*, dawning (*morwen*, M RN, -ING)] सं० १. प्रभात, सवेरा, प्रातःकाल, सुबह, भोर (सुबह से १२ बजे तक का समय); २. (काव्य०) उषाकाल, अरुणोदय। **~call** पूर्वाह्न में की गई भेंट। **~coat** पीछे से लम्बा और आगे से ऊँचा कोट जो सुबह पहना जाता है। **~draught** सुबह के नाश्ते से पहले पी जाने वाली शराब। **~gift** अनुलोम विवाह में विवाह की रात्रि के प्रातःकाल पत्नी को दी हुई भेंट। **~glory** प्रातःश्री। **~performance** मैटिनी या दोपहर का खेलमा। **~prayer** ऐंग्लिकन मत में प्रातःकालीन प्रार्थना। **~room** प्रातःकाल बैठने-उठने का कमरा। **~star** भोर का तारा, शुक्र तारा। **~watch** (नौका०) सुबह ४ से ८ बजे तक।

morocco (mō rok' ō) [It. *Marocco*, ult. from native *Marrākesh*] सं० (बहु०-s) (पहले मोरक्को में परन्तु अब यूरोप में भी) सिमाक की पत्तियों से कमाया हुआ बकरे का

चमड़ा, मोरक्को चमड़ा। French ~ छोटे दाने का बढ़िया मोरक्को चमड़ा। Levant ~ बड़े दाने का उत्तम मोरक्को चमड़ा।

moron (mor' on) [Gr. *moros*, stupid] सं० १. मोंद-बुद्धि; २. बचपन व्यक्ति जिसकी मानसिक अवस्था ८-१२ वर्ष के बच्चे की-सी हो। (प्रयो०) नीच व्यक्ति, मूर्ख, बेवकूफ़।

morose (mo rōs') [L. *mōrōsus*, from *mōs mōris*, manner, self-will] वि० १. कर्कश, कटु, रूखा, मलीन; २. चिड़चिड़ा, झंझाली; ३. एकान्तप्रिय, लोगों से न मिलने-जुलने वाला। **morosely** क्रि० वि० रूक्षेपन से; २. मलिनतापूर्वक; ३. एकांतप्रियता से। **moroseness** सं० १. रूक्षापन, मलिनता, चिड़चिड़ापन; २. उदासी, एकांतप्रियता।

Morpheus (môr' fūs, -fē us) [L., prob. from Gr. *morphē*, form] सं० मॉर्फियस* (मा० १ भी), निद्रा या स्वप्न का देवता* (मा० १ भी)। **in the arms of ~** निद्रादेवी की गोद में, सुषुप्त।

morphia, -phine (môr' fi ā, -fin) [G. *morphin*, as prec.] सं० मार्फिया* (आ० भी), अफ़ीम का सत जो दर्द को दूर करने के लिए प्रयुक्त होता है। **morphinism** सं० १. मार्फिया खाने की आदत; २. (आ०) मॉरफी व्यसन*/ मॉरफीनात्म्य*।

morphology (môr fol' ō ji) [Gr. *morphē*, form, -LOGY] सं० १. (जीव०) पशुओं और पौधों के रूपों का अध्ययन, आकृति-विज्ञान*/आकारिकी* (कृ०, वि० १ भी), स्वरूप विज्ञान; २. (भाषा०) शब्दों के रूप का अध्ययन, (शब्द) रूपविज्ञान। **morphological** वि० १. स्वरूप विज्ञान संबंधी, आकृतिक* (आ०, कृ० भी); २. शब्द रूप विज्ञान-संबंधी। **morphologically** क्रि० वि० स्वरूप की दृष्टि से, स्वरूप विज्ञान की दृष्टि से। **morphologist** स्वरूप वैज्ञानिक।

morris (mor' is) [var. of MORISCO, Moorish] वि० और सं० (~dance) स्वांग बना कर (विशे० आधुनिक या मध्यकालीन पुनरारब्ध में रॉबिन हुड के पात्रों की भाँति) किया हुआ विदूष नाच। **~-pike** (इति०) मूर पाइक, मोरिस पाइक, एक प्रकार का बर्छा जो पहले मूर जाति के लोगों द्वारा प्रयुक्त होता था।

Morrison shelter (mor' is on shel' ter) [H. *Morrison*, minister responsible for its introduction in 1941] सं० मॉरिसन रक्षास्थल, विमानों के आक्रमणों से बचाव के लिए घर के अंदर फ़ौलाद से बना हुआ मेज़ जैसा रक्षा-स्थल।

Morris tube (mor' is tūb) [Richard *Morris*, inventor (1881)] सं० मॉरिस टयूब, छोटे मुंह की नली जो चाँदमारी के छोटे मैदान में निशानेबाज़ी के अभ्यास के लिए बंदूक़ में लगा ली जाती है।

morrow (mor' ō) [M.E. *morwe*, *morwen*, MORNING] सं० उत्तरदिवस। **to-~** कल, अगला दिन। **on the ~ of** (लंबे युद्ध आदि के) बाद का काल।

morse[1] (môrs) [Lapp. *morsa* or Finn. *mursu*] सं० मॉर्स* (मा० १ भी), वालरस, एक प्रकार का मूँछधार दरियाई घोड़ा, समुद्री जन्तु-विशेष।

morse[2] (môrs) [O.F. *mors*, from L. *morsus*, bite, from *mordēre*, to bite] सं० मॉर्स, पादरी के चोग़े का बकलुआ (जो प्रायः जड़ाऊ होता है)।

Morse[3] (môrs) [G. F. B. *Morse* (1791-1872), An inventor] सं० और वि०, जी० एफ़० बी० मोर्स (१७९१-१८७२) द्वारा १८७२ ई० में आविष्कृत तार प्रणाली, संकेत प्रणाली। **~-alphabet, code** मोर्स वर्णमाला, मोर्स संकेत प्रणाली, टेलीग्राफ़ या तार की गिनती (जो बिंदु और रेखा के विविध विन्यास से बनती है)।

morsel (môr' sel) [O.F., dim. of *mors*, MORSE[2]] सं० १ (खाने का) कौर, निवाला, सुकमा, ग्रास; २. टुकड़ा, अंश, खण्ड।

mort[1] (môrt) [F., from L. *mortem*, nom. *mors*, death] सं० हरिण की मृत्यु पर तुरही का स्वर।

mort[2] (môrt) [etym. unknown] सं० मौर्ट, तीन साल की सामन मछली।

mort[3] (môrt) [etym. unknown] सं० १. औरत या लड़की; २. भाड़ा लेकर स्वतः देहव्यावृत्ति करने वाली औरत।

mortal (môr' tăl) [O.F., from L. *mortālis*, from *mors*, *mortis*, death] वि० १. मर्त्य, नश्वर, मरणशील, नाशवंत, मिट जाने या खत्म हो जाने वाला, अनित्य, सदा न रहने वाला; २. (to के साथ प्रयुक्त, प्रायः लो०) प्राणघातक, घातक; ३. (युद्ध के लिए) मरणांतक, मृत्युपर्यन्त, आमरण; ४. (शत्रु) अपराजेय; ५. जानी दुश्मन); ६. (दर्द, भय आदि) उग्र, प्राणहर (जैसे in ~ agony), भीषण, ७. (पाप) तीव्र, घोर, भारी, मृत्युकर, मरणप्रद, प्राणांतक (~agony मृत्युकष्ट, कष्ट, पीड़ा); ८. (झा०) बहुत, अत्यधिक (~hurry अत्यधिक शीघ्रता); ९. (झा०) लंबे और उबाने वाले, बेकार द्वार्थक (for two ~ hours दो उबाने वाले लंबे घंटों के लिए)। सं० मानव, मनुष्य (विनोद), व्यक्ति, प्राणी (जैसे thirsty ~)। **mortality** सं० १. मरणशीलता, मरण धर्म, मृत्यु*/मर्त्यता* (आ० भी), नश्वरता, मृत्यु, मौत; २. मरी, बहुत अधिक संख्या में मौतें; ३. (दी हुई अवधि में) मृत्युसंख्या* (आ०, वि० १ भी); ४. मृत्यु-दर* (आ०, वि० १ भी), मृत्यु का अनुपात। **~-tables** मृत्यु-तालिका, मृत्यु अनुपात सारणी, मृत्यु सारणी, वह सारणी जिसमें विभिन्न अवस्थाओं में मृत्युसंख्या दी जाती है। **mortally** क्रि० वि० १. मरणशील रूप में; २. विकराल रूप में; ३. भयंकरता के साथ, प्राणान्तकता से।

mortar (môr' tăr) [A.-S. *mortere*, or F. *mortier*, L. *mortārium*, etym. doubtful] सं० १. उल्खल, खरल* (मा० १ भी), ऊखल, ओखली* (मा० १ भी); २. छोटी तोप, ऊँचाई पर गोला फेंकने वाली तोप, मार्टर तोप; ३. आतशबाज़ी में गोले फेंकने का उपकरण, गारा* (मा० १ भी), चूना एवं बालू और पानी का मिश्रण, पलस्तर। क्रि० स० १. पलस्तर करना, २. मार्टर तोप से गोलाबारी करना। **~-board** १. गारे-चूने का पलस्तर रखने का तख्ता; २. चौंसूटी टोपी। **mortarless** वि० बिना पलस्तर के। **mortary** वि० पलस्तर युक्त।

mortgage (môr' găj) [O.F. (*mort*, L. *mortuus*, dead, from *mors mortis*, death, GAGE[1])] सं० १. बंधक* (कृ०, मा० १, विधि भी), न्यास, गिरवी* (कृ० भी), गहन, रेहन* (मा० १ भी); २. बंधक-पत्र, रेहननामा। क्रि० स० १. गिरवी रखना, रेहन रखना, गहन रखना, बंधक रखना; २. बोझ उठाना, कटिबद्ध होना (कार्य आदि करने को)। **mortgagee** (môr gă jē') सं० बंधकग्राही* (कृ० भी), बंधकी, रेहनदार, गिरवीदार, गिरवी लेने वाला, बंधक लेने वाला। **mortgagor** (môr gă jōr') सं० गिरवी रखने वाला, बंधक रखने वाला, बंधकदाता, बंधककर्ता* (कृ० भी)।

mortician (môr tish' ăn) [L, *mors*, *mortis*, death] सं० (अमरीका में प्रयुक्त) अंत्येष्टि, अरथी या जनाज़े का प्रबंध करने वाला।

mortify (môr' ti fī) [F. *mortifier*, L. *mortificāre* (*mors mortis*, death, *-ficāre*, *facere*, to make)] क्रि० स० और अ० १. बात्म दमन करना, दमन करना, संयमित करना; २. अपमानित करना; ३. अवमानित करना; ४. धार्मिक करना, लज्जित करना; ५. ठेस लगाना, तकलीफ़ पहुँचाना; ६. (शरीर के अंग का) सड़ना, क्षिणद

कर रह जाना। **mortification** सं० १. आत्मदमन; २. अपमान; ३. ठेस। **mortifying** वि० १. अपमानजनक; २. क्लेशकर, कष्टदायक; ३. दमित्या करने वाला।

mortise (môr' tis) [F. *mortaise*, etym. unknown] सं० काष्ठ-सन्धि, चूल, चूल, खात, छेद, साल* (इं० ३ भी), सुराख, जिसमें कोई चीज बैठती है, दे० TENON। क्रि० चूल बैठाना, चूल जोड़ना (together, to or with के साथ प्रयुक्त)। **~-chisel** चूल बनाने की छेनी।

mortmain (môrt' mān) [A.-F. *morte, mayn*, O.F. *mortemain*, med. L. *mortua manus*, dead hand] सं० १. (विधि) (किसी धार्मिक अथवा अन्य संस्था की स्थायी) भू-सम्पत्ति*; २. अदेय भोग। **in ~** (ला०) मृत्यु के पश्चात् भी किसी के अधिकार में।

mortuary (môr' tū ar i) [A.-F. *mortuarie*, L. *mortuārius*, from *mortuus*, dead] सं० १. श्मशान; २. मुर्दाघर, शवगृह* (आ० भी), शवखाना, लाशघर। वि० मृत्यु अथवा अन्त्येष्टि-संबंधी।

mosaic[1] (mō zā' ik) [F. *mosaique*, med. L. *mōsāicus, mūsāicus*, as from a late Gr. *mousaikos, mouseios*, pertaining to the Muses] सं० १. मोजैक* (कृ० भी), नाना वर्ण, विभिन्न रंगों के शीशे या पत्थरों के जड़ने से चित्र बनाने की कला, पच्चीकारी; २. (ला०) मानसती का पिटारा, विभिन्न अंग जोड़ कर बनाया गया। क्रि० म० पत्थर जोड़ कर चित्रों से सजाना, पच्चीकारी करना। वि० १. चित्रित (~finish) पच्चीकारी का; २. चौरंगी। **~-woolwork** रंग-बिरंगा कशीदा। **mosaicist** सं० रंगीन टुकड़ों को जोड़ कर (चित्रादि) बनाने वाला कलाकार।

Mosaic[2] (mō zā' ik) [*Moses* +ic] वि० मोजिज या मूसा का, (आ०) मोजेइक*। **~ law** मूसा विधि।

mossasaurus (mō sā saw' rus) [L. *Mosa*, Meuse or Maas, Gr. *sauros*, lizard] म० मोसोरस, एक बड़ा समुद्री सांप जो पहले मूस नदी में पाया जाता था।

moschatel (mos kā tel') [F. *moscatelle*, It. *moscatella*, dim. of *muscato*, MUSK] सं० मास्कटेल, हल्के हरे रंग के फूलों वाला छोटा पौधा जिसमें कस्तूरी की सी सुगन्ध होती है।

moselle (mo zel') [F., name of river] सं० मोज़ेल, मोज़ेल नदी के समीप बनाई जाने वाली सफेद शराब।

Moses स० यहूदी सार्थवाह या महाजन (का उपनाम)।

Moslem (moz' lem) [Arab. *muslim*, pres. p. of *aslama*, to be safe or at rest, whence ISLAM] वि० और सं० मुसलमान।

Moslemism सं० इस्लाम, मुसलमान होना।

mosque (mosk) [F. *mosquе* (later *mosquée*), It. *moschea*, Arab. *masgid*, MASJID] म० मस्जिद।

mosquito (mo kē' tō) pl.-oes [Sp., dim. o *mosca*, L. *musca*, fly] सं० मच्छ, मशक* (आ० भी), मच्छर* (आ० भी), मक्खी, डांस। **~-curtain, -net** मसहरी, मच्छरदानी। **~craft** छोटा हल्का जहाज जिसे तेजी से मोड़ा जा सकता है।

moss (mos) [A.-S. *mos*, bog, cp. Dut. *mos* Icel *mosi*, G. *moos*, also A.-S. *mēos*, moss. G. *mies*, lichen)] सं० १. शैवाल* (आ०, इं० १ भी), जलगीलिका, काई, सेवार; २. दलदल, कीचड़, पहलू; ३. (आ०, कृ०) मास*। क्रि० स० काई से भरना, सेवार से ढक देना। **rolling stone ga hers no ~** सर्वदा नौकरी या व्यवसाय बदलने वाला धनी नहीं होता। **~-grown** काई से ढका हुआ, शैवालाच्छन्न। **~-hag** जुती हुई भूमि जिसमें से घास उखाड़ दी गई हो। **~-rose** गोभिया गुलाब, काईदार डंठल से युक्त गुलाब। **~-trooper** ऐसी सदी का सरहदी डाकू या लुटेरा। **mossy** वि० काई भरा, शैवाल युक्त। **mossiness** सं० काई भरा होना, शैवाल-युक्तता।

most (mōst) [A.-S *mǣst* (cp. Dut. *meest*, Icel *mestr*, G *meist*) cogn. with MORE[1]] वि० १. अधिकतम, सब से ज्यादा; २. अधिक से अधिक। क्रि० वि० अधिकतम मात्रा में। **for the ~ part** अक्सर, अधिकतर। **make the ~ of** अधिक से अधिक लाभ उठाना। **ten at ~** अधिक से अधिक दस। **mostly** क्रि० वि० अधिकतम रूप में, अधिकतर।

-most [A.-S. *-mest*, double superl. suf. (*-ma*, O. Teut. *-mo-*, -EST, O. Teut. *-iste*), conj. with prec.] प्रत्य० कारक चिह्नों या संकेत वाचक शब्दों में उच्चतासूचक विशेषण बनाने के लिए लगाया जाने वाला अथवा स्थान, समय और क्रमार्थक शब्दों में लगाया जाने वाला (जैसे topmost, furthermost)।

mote[1] (mōt) [A.-S. *mot* (cp. Dut. *mot*, sawdust, dirt, L.G. *mut*, dust)] सं० बिन्दु, अणु, परमाणु, धूल का कण, मिट्टी का रवा। **~in (another's) eye** अपने बड़े दोष की तुलना में दूसरे की छोटी-सी त्रुटि।

mote[2] (mōt) [M.E. and O.F. *mote* (F. *motte*), clod, mound, castle, prob. identical with MOAT] सं० टीला* (भा० १ भी)।

motel (mō tel') सं० (अमरीकी प्रयोग) सड़क के किनारे बना होटल जहाँ मोटर वाले रात भर ठहर सकें।

motet (mo tet') [F., dim. of MOT[1])] सं० १. (संगी०) मोटेट, रोमन कैथोलिक अथवा लूथरन गिरजा में (बिना संगीत के) गाया जाने वाला भजन; २. इसी प्रकार का सामान्य गीत।

moth (moth) [A.-S. *moththe* (cp. Dut. *mot*, Icel. *motti*, G. *motte*)] सं० १. पतंग, कीट, पतंगा*, शलभ* (कृ०, क्रि० १ भी), परवाना, पंखी; २. कपड़ों में लगने वाला कीड़ा, कपड़े का कीड़ा; ३. (ला०) लुभावनी वस्तु आदि के चारों ओर घूमने वाला व्यक्ति; ४. (वि० १) मॉथ*। **~-ball** १. कपड़े को कीड़ों से बचाने वाली गोलियां; २. जहाजों की तोपों और मशीनों आदि पर लपेटा जाने वाला पतला प्लास्टिक जिससे उन्हें जंग आदि न लगे। **~-eaten** कीड़ों से खाया हुआ, (ला०) पुराना, जीर्ण, जर्जर। **mothy** वि० कीड़ों से भरा हुआ।

mother[1] (mŭth' ėr) [A.-S. *mōder, mōdor* (cp. Dut. *moeder*, Icel. *móthur*, G. *mutter*), cogn. with L. *māter*, Gr. *mētēr*] सं० १. मातृ, जननी, माँ, माता* (आ० भी), जन्मदात्री; २. किसी बात के कारण, रूप, गुण या परिस्थिति (जैसे necessity is the ~ of invention); ३. स्त्रियों के धार्मिक संघ की अध्यक्षा (प्रायः ~superior); ४. निम्न सामाजिक स्थिति की स्त्री का सबोधन, माई; ५. (artificial ~ भी) मुर्गी के चूजे पालने की मशीन। क्रि० म० १. जन्म देना (प्रायः ला०); २. माँ की तरह रक्षा करना, पालन-पोषण करना; ३. (आ० एवं ला०) माँ बनना, शरण में लेना। वि० १. मातृवत्; २. जननी, जन्म देने वाली; ३. मूल, प्रकृत; ४. जन्मभूमि का। **Mother Church** मातृगृह की ओर का गिरजा, जहाँ से और गिरजे बने हैं, मूल गिरजा। **~country** उपनिवेशों के संदर्भ में मुख्य देश, मूल देश*/ मातृदेश* (भा० १ भी)। **~craft** शिशुपालन (कला)। **~earth** पृथ्वी माता (हास्य०), भूमि, जमीन। **Mother Hubbard** लोरियों में प्रयुक्त कल्पित नाम, एक प्रकार का लबादा। **Mothering Sunday** मदरिंग संडे, मिडलेंट रविवार (पर्व दिन) जब लोग उपहार ले कर माता-पिता से मिलने जाते थे। **~in-law** सास, श्वश्रू। **~land** मातृभूमि* (भा० १ भी), जन्मभूमि। **~-of-pearl**

मोटर, -तीय* (मा० १ भी)। **~lodge** (मेसन) वह भेसन भवन जहाँ किसी को प्रथम दीक्षा मिली हो। **~of thousands or millions** एक लेखक पोथा। **~ship** तारपंडो नावों और लांचियों आदि का अधिकारी जहाज। **mother's son** (माँ का बेटा) मनुष्य। **~tongue** मातृभाषा। **~wit** सामान्य बुद्धि। **motherhood** सं० मातृत्व। **motherless** वि० मातृहीन। **motherlike** वि० मातृ सदृश, माँ जैसी। **motherly** वि० मातृ सदृश। **motherliness** सं० मातृ सदृशता।

mother[2] (*mŭth' ĕr*) [prob. same as prec. (cp. M.Dut. *moeder*, Dut. *maer*, G. *mutter*)] सं० (~of vinegar भी) सिरके की फफूंदी। **mothery** वि० फफूंदी पड़ा हुआ।

motif (mō tĕf') [F., MOTIVE] सं० १. कलात्मक संरचना में प्रधान लक्षण अथवा केन्द्रीय विचार, अभिप्राय; २. वस्त्र पर अलग से टांकी गई बेल आदि की सजावट।

motile (mō' til) [L. *mōt-*, stem. *movēre*, to move, -ILE] वि० १. (वन०, प्राणि०) चल* (आ०, कृ० भी), चर* (वि० १ भी), जंगम; २. गतिशील* (आ०, वि० १ भी), गमनशील; ३. स्वतः गतिशील* (आ० भी)। **motility** सं० १. चरता*/ गतिशीलता* (मा० २ भी), गमनशीलता; २. स्वत.गतिशीलता* (आ० भी)।

motion (mō' shŭn) [F., from L. *mōtiōnem*, nom. *-tio*, as prec.] सं० १. गति* (प्र०, विधि भी), गमन, चलन; २. चेष्टा, हरकत, क्रिया; ३. चलने आदि में शरीर की क्रिया, अंग-चालन, चाल, हिलना, अंगक्षेप; ४. संकेत, इशारा; ५. (औपचारिक) प्रस्ताव* (प्र०, मा० १ भी); ६. (विधि) न्यायालय के आदेश अथवा आज्ञप्ति के लिए प्रार्थना-पत्र*, आवेदन* (मा० १ भी); ७. दस्त; ८. यंत्रगति, मशीन का चालन। क्रि० स० और अ० १. संकेत करना, इशारा करना; २. संकेत से कहना, इशारे से निर्देश करना (to, toward, away के साथ प्रयुक्त)। **in ~** गतिशील, चलता हुआ। **put in ~** चालू करना, चलाना। **~picture** (अमरीकी प्रयोग) चलचित्र। **motional** वि० गति का, चाल-संबंधी। **motionless** निश्चल, स्थिर, गतिहीन।

motive (mō' tiv) [O.F. *motif*, med. L. *mōtīvum*, nom. *-pus*, from *mot*, stem. of *movēre*, to MOVE] वि० १. चालक, प्रेरक, प्रवर्तक, हेतुक; २. गति-संबंधी, चालन-संबंधी। सं० १. प्रयोजन, प्रेरणा, हेतु* (विधि भी), कारण, निमित्त, २. अभिप्राय* (मा० १ भी); ३. (मा० २) अभिप्रेरक*/ अभिप्रेरणा*। **~power** प्रेरक शक्ति, प्रवर्तक शक्ति, चालक शक्ति, (विशे०) मशीन आदि को चलाने के लिए प्रयुक्त शक्ति। क्रि० स० (प्राय: भू० कृ० में) कहानी, नाटक आदि को किसी प्रयोजन से अलंकृत करना। **motivate** क्रि० स० १. प्रेरित करना, चालित करना, प्रवर्तित करना, प्रवृत्त करना; २. कारण होना, हेतु होना; ३. अभिप्राय होना। **motivation** सं० प्रेरणा* (मा० २ भी), अभिप्रेरण, प्रवर्तन, कारण, हेतु। **motiveless** वि० प्रेरणाहीन। **motivity** (mo tiv' i ti) सं० प्रेरणा।

motley (mot' li) [ettym. doubtful, perh. rel. to MOTE[1] or[2]] वि० १. चित्र-विचित्र, नानाविध वर्ण, रंग-बिरंगा, विभिन्न रंगों का, पंचरंगा, २. विभिन्न गुणों का, पंचमेल, खिचड़ी। सं० १. विभिन्न प्रकारीय वस्तुओं का मिश्रण, गड़बमड्ड; २. (इति०) विदूषक के चित्र-विचित्र वस्त्र। **wear ~** विदूषक का अभिनय करना। **~assembly** पचमेल सभा, विभिन्न प्रकार के लोगों की सभा।

motor (mō' tor) [L., from *movēre*, to MOVE] सं० १. चालक, प्रेरक* (आ०, मा० २, वि० १ भी), संचालक, गति-कारक; २. मोटर* (इं० २ भी), वह मशीन जिससे इंजिन, गाड़ी आदि चलते हैं; ३. गतिपेशी* (मा० २ भी)। वि० (शारी०) चालक-पेशी, गति उत्पन्न करने वाला तंतु। क्रि० स० मोटर में जाना और चलना। **~bandit** चोरी के समय मोटरकार का प्रयोग करने वाला चोर। **~-car** मोटर-गाड़ी, मोटर। **~-cycle** मोटर साइकिल। **motorial, motory** वि० १. चालक संबंधी; २. मोटर-यंत्र संबंधी। **motorist** मोटर चलाने वाला, मोटर-चालक। **motorize** क्रि० स० (सेना आदि को) मोटर-गाड़ियों से सज्जित करना। **motorization** सं० मोटर गाड़ियों से सज्जीकरण।

mottle (mot' el) [prob. from MOTLEY] सं० १. रंगों की बूंदकियां या धब्बे डालना; २. रंगीन बूंदकियों का बिन्यास; ३. रंग-बिरंगा बूंदकियां या धब्बे, ४. रंग-बिरंगा ऊनी कपड़ा। क्रि० स० रंगीन बूंदकियां डालना, (साबुन आदि को) रंग बिरंगा बनाना।

motto (mot' ō) [It., as MOT[1]] सं० (बहु० **-oes**) १. आदर्श वचन, आदर्श वाक्य, आदर्श अथवा उपयुक्त भाव-व्यंजक वाक्य जो किसी वस्तु पर उत्कीर्ण हो; २. आचार का आदर्श; ३. काग़ज़ के पटाखे के भीतर से निकलने वाली पद्य-रचना; ४. पुस्तक अथवा अध्याय के पहले दिया हुआ उद्धरण-वाक्य; ५. (संगी०) प्रतीकात्मक महत्व का बारंबार प्रयुक्त वाक्यखंड। **mottoed** वि० चित्रकारा, चित्तीदार, रंग-बिरंगा।

mouflon, moufflon (moo' flon)[F., from late L. *mufron*] सं० मॉफ्लोन, (दक्षिणी यूरोप की) जंगली पहाड़ी भेड़।

moujik, muzhik सं० १. रूसी कृषक या किसान; २. स्त्रियों की ढीली समूरी टोपी।

mould[1] (mōld) [A.-S. *molde* (cp. Dut. *moude*, Icel. *mold*, Dan. *muld*, cogn. with L. *molere*, to grind, Eng. MEAL[1]] सं० १. भूमिका, नरम या ढीली मिट्टी; २. जुती हुई भूमि की ऊपरी सतह। **~-board** मिट्टी-पलट, हल का तख्ता जो मिट्टी को पलटता है।

mould[2] (mōld) [O.North. F. *molde*, O.F. *modle*, L. MODULUS] सं० १ साँचा* (मा० १, वि० १ भी), ढाँचा, शक्ल, राजगीरी या ईंटा पाथने वालों के द्वारा प्रयुक्त साँचा; २. पिघली हुई धातु को अभीष्ट आकार में ढालने का साँचा, ३. पुडिंग आदि का अभीष्ट आकार देने का मिट्टी या धातु का साँचा, उस साँचे में ढली हुई पुडिंग आदि, ४. (लाo) किसी विशेष गुण से युक्त (cast in heroic ~ etc.); ५. स्वरूप, गढ़न, ६. (ग्याo) (दीवार में सीधे द्वार बनाया हुआ) सजावटी गोला या हाशिया। क्रि० स० १. ढालना, गढ़ना, साँचे में ढालना, तैयार करना, वस्तु को एक विशेष आकार में नमूने पर अथवा कुछ तत्त्वों में ले आना (शा० और लाo); २. साँचे में ढाल कर विशिष्ट प्राकृति का बनाना, ३. पाव रोटी बनाना; ४. डबल रोटी बनाना। **moulder**[1] सं० १. ढालने वाला, (विशे०) साँचा बनाने वाला, साँचेकार* (प्र० भी)।

mould[3] (mōld) [prob. from *mould*, *moulded*, p.p. of M.E. *moulen*, to become mouldy (cp. Swed. *mögla*, Dan. *muggeh*, also Eng. MUGGY)] सं० (नमी के कारण वस्तुओं में लगी हुई) फफूंद, फफूंदी* (आ०, कृ०, वि० १ भी), बुकड़ी। **mouldy** वि० १. फफूंद लगा हुआ, फफूंदी युक्त (लाo), २. बासी, बुसा हुआ; ३. अप्रचलित, पुराना, जीर्ण, पुरानी चाल का, आधुनिकता-शून्य; ४. (ग्रा०) उबा देने वाला, उकता देने वाला, अरोचकर। **mouldiness** सं० १. फफूंदी लगा होना; २. बसा हुआ या बासी होना, पुरानापन; ३. अप्रचलितता; ४. अरोचकरता।

moulder[2] दे० MOULD[2]।

moulder[3] (mōl' der) [prob. from MOULD[3]] क्रि० अ० धूल

में मिलना, खाक हो जाना, गल जाना, सड़ना, घुसना, नष्ट हो जाना (away के साथ प्रयुक्त, प्राय: स्था०)।

moulding (mōl'ding) सं० १. (किसानत अर्थों में)(वि०) ढली हुई वस्तु; २. (वि०) दीवार पर सांचे से बनाया हुआ मजावटी गोला या हाशिया; ३. (आ० पटल*; ४. (भा० १) ढलाई*। **~board** आटा गूंधने का तख्ता।

moult (mōlt) [M.E. *mouten*, A.-S. *bemūtian*, L. *mūtāre*, to change] क्रि० स० और अ० (पक्षियों का) पर झाड़ना, नये परों के उगने पर पुराने पर छोड़ना (ला० भी)। सं० १. पर झाड़ना, निर्मोचन; २. (कृ०, वि० १ भी) निर्मोक*।

mound[1] (mound) [etym. doubtful, acc. to Skeat from A.-F. *mund*, var. of *munt*, O.F. *mont*, MOUNT] सं० १. मिट्टी या पत्थर का ढूह, ढेर, (विशे०) कब्र के ऊपर मिट्टी का ढूह; २. टीला* (भा० १ भी)। क्रि० स० १. ढूह बनाना, टीला बनाना; २. ढेर लगाना। **~builder** १. माँद बिल्डर, उत्तरी अमरीका की एक प्रागैतिहासिक रेड इंडियन जाति जो टीला बनाती थी, २. ढेर के रूप में अंडा देने वाले पक्षी जी।

mound[2] (mound) [F. *monde*, L. *mundus*, the world] सं० सोने का गोला जो मुकुट पर लगाया जाता है और कुलचिह्नों में प्रयुक्त होता है।

mount (mount) [A.-S. *munt*, L. *mons montis*] सं० १. पर्वत, पहाड़, पहाड़ी (संक्षि० रूप Mt. नामों के पहले आता है जैसे Mt. Everest), २. (हस्त-सामुद्रिक) हथेली का उभरा भाग; ३. धारक*; आरोप्य*; आरोपण* (वि० १ भी); ४. माउंट* (भा १ भी), तमबीर का चौखटा; ५. नक्शा जिस पर रेखा-चित्र चढ़ाया जाता है; ६. किसी वस्तु के मजबूती धातु के हिस्से; ७ सवारी के लिए घोड़ा, ८. जाकी (अश्वसादी घुड़सवार) के रूप में घुड़सवारी। क्रि० अ० और स० १. (पहाड़ आदि पर या वैसे ही) चढ़ना, २. ऊपर जाना, आरोहण करना; ३. (खून का) माथे पर दौड़ जाना, छा जाना; ४. पद, शक्ति या अधिकार में वृद्धि होना, उन्नत होना, ५. (in ~up भी) राशि में बढ़ना, ६. घोड़े पर चढ़ना, ७. घोड़े पर चढ़ाना, घोड़ा देना, ८.नोकों को चढ़ाना; ९. करघे को काम के लिए तैयार करना; १०. तमबीर को दफ्ती या गत्ते पर चिपकाना, ११. (रत्नों को) जड़ना, मुलम्मदार यंत्र को प्लाइट पर चढ़ाना, १२. नाटक करना, १३. शब्दों को प्रदर्शन करना। **~ an offensive** (सेना०) आक्रमण करना, आक्रमणकारी होना। **~ guard** गार्ड या रक्षक का काम करना।

mountain (mount'tan) [O.F. *montagne* (F. *montagne*, pop. L. *montānea*, L. *montāna*, pertaining to a mountain, from *mons montis*, mountain] सं० १.पहाड़, पर्वत* (वि० १ भी), गिरि, अचल, शैल; २ बहुत बड़ा ढेर या राशि, ३. ~ wine भी) पहाड़ी अंगूरों से बनी हुई मलागा शराब। **the Mountain** पहली फ्रांसीसी क्रान्ति में उच्च दल जिसकी सभा में ऊँची स्थिति थी। **~ash** गिरि प्रमुर्ज, पर्वतीय देवदार जिसमें लंबी पत्तियाँ और लाल बेरियाँ होती हैं। **~chain** पर्वत-माला। **~dew** (बोल०) स्कॉच ह्विस्की। **~high** बहुत ऊँचा। **~sickness** पर्वत पर दाब की रिरिक्तता से उत्पन्न रोग। **mountaineer** सं० १. पर्वत निवासी, पहाड़ी; २. पर्वतारोही, पहाड़ों पर चढ़ने में कुशल व्यक्ति। **mountaineering** सं० पर्वतारोहण। **mountainous** वि० १. शैलमय, पर्वतीय; २. विशाल, बृहत्, बहुत बड़ा।

mountebank (moun'te bānk; [It. *montambanco* (*monta in banco*, to mount on a bench)] सं० १. छद्मवेष, कूट-चिकित्सक, नीम हकीम, कट वैद, धूम-धूम कर अपनी दवा का बखान करके बेचने वाला झूठा डॉक्टर; २. धूर्त, पाखंडी। **mountebankery** सं० १. अपनी दवाओं की झूठी तारीफ़ करके बेचने का काम; २. धूर्तता, पाखंड।

mourn (môrn, moorn) [A.-S. *murnan* (cp. Icel. *morna*, O.H.G. *mornēn*), cogn. with Gr. *merimna*, sorrow] क्रि० अ० और स० १. विलाप करना, संताप करना, दुःख अथवा शोक करना; २. स्यापा करना, मातम करना, सोग मनाना; ३. शोक प्रकट करना, अफ़सोस करना; ४. रोना। **mourner** सं० १. मातम करने वाला, दुःख करने वाला, विलाप करने वाला; २. मित्र अथवा संबंधी के अंतिम संस्कार में शामिल होने वाला; ३.स्यापे के लिए किराये पर बुलाया हुआ व्यक्ति। **mournful** वि० शोकार्थक, शोकान्वित, दुःखभरा, दुःखाकुल, शोकार्त, शोक-विह्वल। **mournfully** क्रि० वि० सशोक, शोकपूर्वक, दुःखपूर्वक। **mournfulness** सं० शोकार्तता, शोक-विह्वलता। **mourning** सं० (क्रियागत अर्थों में) १. सोग, शोक, मातम; २.(विशे०) दुःख प्रकट करने के लिए काले वस्त्रों को पहनना, शोक वस्त्र; ३. (भा० ३) मृत्यु-शोक* । **complimentary** ~ शोकवस्त्र जो असंबंधित व्यक्ति की मृत्यु पर आदर प्रकट करने के हेतु पहना जाता है। **in~** १. शोक में, मातम में; २. (आँख के लिए) मारपीट आदि में काली हो गई (सूजी हुई); ३. (नाखूनों के लिए) गंदे। **~-coach** जनाज़े के साथ जाने वाली गाड़ी। **~-paper** कागज़ जिसके किनारे काले होते हैं। **~-ring** मृत व्यक्ति की स्मृति में पहनी हुई अँगूठी।

mouse (mous) [A.-S. *mūs* (cp. Dut. *muis*, Icel. *mūs*, pl. *mýss*, G. *maus*, L. and Gr. *mūs*)] सं० १.(बहुव० **mice**, *mis*) मूषक* (आ० भी), चूहा, मूस, चुहिया, मूषिका (house~, field~, harvest~); २. एकान्त प्रेमी व्यक्ति, ३. सकोची व्यक्ति, शर्मीला या लज्जालु व्यक्ति, ४. चर्बी से लपेटने का वजन या डोरी, ५. (ग्रा०) सूनी औरत (मारपीट में)। क्रि० अ० और स० १. (बिल्ली या उल्लू का) चूहे का शिकार करना या उसे पकड़ना; २. किसी चीज़ को मेहनत से ढूंढना, उसके लिए इधर-उधर घूमना, चक्कर लगाना; ३. (नौ० वि०) हुक के चारों ओर डोरा लपेटना। **~-colour** थोड़ा पीलापन लिए हुए गहरा राखी रंग। **~-ear** बिच्छू पौधा। **~-trap** चूहेदानी। **mouser** सं० चूहे का शिकार करने वाला। **mousy** वि० चूहों का, चूहे जैसा।

mousse (moos) [Fr., froth] सं० आइसक्रीम, फेंटी और जमाई हुई क्रीम जिसमें विशे० खुशबू मिली हो) (chocolate, chestnut ~.)।

mousseline (moos'lēn') [F., as MUSLIN] सं० फ्रांस की मलमल। **~-de-laine** ऊन और सूत का कपड़ा। **~-de-soie** मलमल की तरह महीन रेशमी कपड़ा।

moustache (mus tash') [F., from It. *mostaccio*, Gr. *mustax-takos*] (अमरीकी) सं० १. मूंछ, मोछ, श्मश्रु; २. जानवरों की मूंछें। **~-cup** मुस्टेच कप, प्याला जो मूंछों को डूबने से बचाने के लिए आशिक रूप से बंद हो।

Mousterian वि० (पुरा०) मुस्टेरी, फ्रांस-स्थित मूस्टर कंदरा में प्राप्त अवशेषों द्वारा प्रकटीकृत पूर्व-पाषाण काल का।

mouth (mouth) [A.-S. *mūth* (cp. Dut. *mond*, G. *mund*, Icel. *munnr*), cogn. with L. *mentum*, chin] सं० १. मुख*/मुंह* (आ०, कृ०, वि० १ भी); २. (आ०) उद्वतापूर्ण बातचीत, मुंहजोरी; ३. बैंक, मुहा, मट्टी आदि का मुख, नदी का मुहाना, नदी-मुख। क्रि०स० और अ० १. चबा-चबा कर बातें करना, मर मुंह बातें करना; २.मुंह में कौर लेना, मुख से स्पर्श करना; ३. घोड़े को लगाम का आदी करना; ४. मुंह बनाना, मुंह चिढ़ाना। **down in the~** निराश,

मारना। ~ मूँकना, चाँ-भाँ करना (कुत्ते का)। **good, bad, hard~** (घोड़े के लिए) मुँह में लगाम के दबाव के अनुसार अच्छी बुरी तरह या कठिनता से चलने वाला। **laugh on wrong side of one's~** शोक करना, दुःख करना। **make a wry~** १. मुँह लटकाना; २. नापसंदगी ज़ाहिर करने वाला मुँह बनाना, ३. मुँह बिचकाना। **~waters at** मुँह में पानी भर आना। **put (speech) into person's~** यह प्रकट करना कि किसी ने यह बकवाद की है। **put words into his~** किसी को बताना कि वह क्या कहे। **take words out of person's~** किसी दूसरे को जो कहना है वह स्वयं कह देना। **this sounds strange in your~** तुम्हारे कहने में यह अजीब लगता है। **useless~** मैठे-ठाले खाने वाला, जो काम न करता हो। **~filling** १. (शब्द) अतिप्रयोक्तिपूर्ण, बड़ा-चढ़ा कर, भारी-भारी शब्दों से युक्त। **~-organ** वाद्य बाजा, एक बाद्य। **~piece** १. मुखिका* (इं० २ भा), मुखनलिका* (भा० ३ भा), मुखनाल, पाइप या बाजे का मुँह में रख कर बजाने वाला भाग; २. प्रतिनिधि; ३. प्रवक्ता, दूसरे की ओर से बोलने वाला व्यक्ति। **mouthed** वि० मुँह वाला। **mouthful** (mouth' ful) वि० कौर, ग्रास, चूँट। **mouthless** बेमुँह। **mouthy** (mou' thi) वि० १. बदज़बान, निन्दा करने वाला, बकवादी; २. (शब्द) कठिन, लंबा, दुरूह।

move (moov) [O.F. *movoir* (F. *mouvoir*), L. *movēre*] सं० १. (शतरंज या दूसरे खेलों में) चाल, बाज़ी; २. उपाय, प्रयत्न, चेष्टा, कोशिश; ३. प्रस्थान, रवानगी। क्रि० स० और अ० १. हटाना, स्थान-परिवर्तन करना; २. शतरंज आदि में चाल चलना; ३. हिलाना, चलाना; ४. चलायमान करना; ५. हिलना-डुलना, हटना; ६. क्रूरू दूर करना, दस्त लाना; ७. (हँसी, क्रोध आदि) लाना, उभाहना, प्रभावित करना; ८. मनुष्य में नरम भावनायें लाना, हृदय को प्रभावित करना, दिल पर असर डालना; ९. (व्यक्ति को किसी काम की ओर) प्रवृत्त करना, झुकाना, आकृष्ट करना; १०. (न्यायालय में) दरख्वास्त देना, अर्जी देना; ११. सभा में प्रस्ताव रखना; १२. एक स्थान से दूसरे स्थान को जाना; १३. प्रगति करते रहना; १४. शतरंज की चाल चलना; १५. घर बदलना; १६. (~on) आगे चलना, आगे चलाना; १७. हिलना-डुलना, स्थान बदलना; १८. दस्त होना. १९. अर्जी देना; २०. हटाना* (विधि भी); २१. (प्र०) प्रस्ताव रखना*, प्रस्तावित करना*। **get a~on** (ग्रा०) जल्दी करना, शीघ्रता करना। **make a~** चल देना, उठ जाना (विशे० स्थान की मेज़ से)। **on the~** चलते-फिरते। **mover** सं० (क्रियागत अर्थ में)। (विशे०) वह जो प्रस्ताव रखता है, प्रस्तावक। **prime~** १. संचालक शक्ति का मूल उद्गम, २. उपयोगी सूझ निकालने वाला, नयी बात सोचने वाला जिससे दूसरों को प्रेरणा प्राप्त हो।

movable (moov' abl) वि० और सं० १. चल, चर, जंगम, गतिशील, चलाने योग्य, चलिष्णु, अस्थावर (सम्पत्ति) (real का विलोम); २. घर से हटाया जा सकने योग्य फर्नीचर (fixture का विलोम), ३. (बहु०) निजी सम्पत्ति। **~feast** १. वह दावत जिसकी तारीख आगे पीछे घटती बढ़ती रहती है; २. (हास्य०) अनियमित समय पर किया गया भोजन। **movability, movableness** सं० जंगमता, चलिष्णुता, अस्थावरता।

movement (moov' ment) सं० १. हिलना, चलना, गतिविधि, चाल, हरकत; २. सैन्य-गठन में परिवर्तन; ३. मशीन के हिलने-डुलने वाले पुर्ज़े, इन पुर्ज़ों का विशिष्ट समूह; ४. मनोवेग, मानसिक आवेग; ५. कविता, कहानी आदि का विकास, ६. (संगी०) ग्राम, मूर्च्छना, किसी गीत के प्रमुख विभाग; ७. अंग-विक्षेप; ८. किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कुछ व्यक्तियों की संस्था का सामूहिक प्रयत्न; ९. किसी विशेष माल का खूब बिकना, गरम बाज़ार; १०. **पति*/आन्दोलन*/संचलन*** (इं० २, प्र०, भा० १, वि० १ भी)।

movies (moo' viz) सं० (बहु०) (ग्रा०) सिनेमा, चलचित्र।

moving (mov' ing) वि०१. दिल पर असर डालने वाली, मार्मिक; २. गतिमान* (वि० १ भी)। **~heaven and earth** हर संभव प्रयत्न करना। **~in** नये घर में आना। **~stair case** चलती सीढ़ी, ऊपर नीचे आने-जाने वाली मशीनी सीढ़ियाँ। **movingly** क्रि० वि० मार्मिकता से।

mow[1] (mou) [A.-S. *māga* (cp. Icel. *māge*, a swathe, Swed. and Norw. *muga*)] सं० १. सूखी घास, गल्ले और मटर आदि का ढेर; २. गल्ले या घास का ढेर लगाने की जगह। **~barat** बखार या बखरी में बहुत गरमी पा कर सड़ा या बिगड़ा हुआ।

mow[2] (mō) [A.-S. *māwan* (cp. Dut. *maaien*, G. *mahen*, also Gr. *amān* and L. *metere*, to reap)] क्रि० स० १. दराँती या मशीन से काटना; २. फ़सल काटना, कटाई करना; ३. काट डालना, तहस-नहस कर डालना, मूली-गाजर की तरह काट डालना (off या down के साथ प्रयुक्त)। **mower** सं० १. काटने वाला; २. कटाई करने वाला; ३. (कृ०) घासकर*; मोवर*।

moxa (mok' sā) [Jap. *mokusa* (*mae kusa*, burning herb)] सं० १. मोंक्सा, एक पौधे की सूखी पत्तियों से तैयार किया हुआ लेप जो गठिया रोग में चमड़ी पर जलाने के लिए लगाया जाता है; २. इस कार्य के लिए प्रयुक्त कोई भी वस्तु।

moya (moi' ā) [prob. S. Am. Sp.] सं० ज्वालामुखी पर्वत से निकला हुआ कीचड़।

Mozarab (mo zär' ab) [Sp. *Mozárabe*, Arab *musta 'rib*, desiderative from *arab*, ARAB] सं० १. (इतिं०) मुस्लिम, मूर राजा के अधीन परन्तु अपने धर्म-पालन में स्वतंत्र ईसाई। **Mozarabic** वि० उक्त ईसाई से संबंधित, मुस्लिमवी।

mpret (ruprect' [Alban. corrupt. of L. *imperator*] सं० म्पेट, अल्बानिया देश का शासक।

Mrs. (MISTRESS) सं० मिसेज़, श्रीमती. (और कोई उपाधि न होने पर) विवाहिता स्त्री के नाम के पहले लगने वाली उपाधि।

mū सं० ग्रीक भाषा का 'म' वर्ण।

much (mūch) [M.E. *moche*, *miche*, *michel*, \-S *micel*, MUCH'] वि० १. बहु, बहुत, प्रचुर, बहुत अधिक, ज्यादा, विपुल, अतिमात्र; २. अनिष्ट (~trouble, too~, ~noise, not~, ~rain)। क्रि० वि० १. अधिक मात्रा में, अधिकता से, बहुतायत से, अतिशयतापूर्वक, २. करीब-करीब, लगभग, नज़दीकन। **muchly** क्रि० वि० (हास्य०) अतिशयता से, अत्यधिक रूप में। **muchness** सं० अधिकता, अतिशयता, प्राचुर्य, बहुलता, बहुतायत। **~of a muchness** लगभग एकसा, क़रीब-करीब वही।

mucilage (mū' si laj) [F.. from L. *mūcilāgo -ginis*, as prec.] सं० १. लासा, लसदार पदार्थ, विभिन्न पौधों से निकलने वाली लसदार या चिपचिपी वस्तु, २. गोंद; ३. प्राणियों के शरीरों में पाई जाने वाली लसदार वस्तु, आंव, श्लेष्मा* (कृ० भी); ४. (आ०, कृ०, वि० १). म्युसिलेज़*, श्लेष्मक*। **mucilaginous** वि० १. लसदार, चिपचिपा; २. श्लेष्मजन्य, आंव भरा।

muck (mŭk) [prob. from Scand. (cp. Icel. *mykti*, dung, Norw. *myk*, Dan. *mög*] सं० मल* (कृ० भी), कर्दम* (इं० ३ भी), खाद, पाँस, कूड़ा, गंदगी; २. (डोल०)

कोई गंदी चीज, घृणित वस्तु; ३. (बोल०) गंदी या मैली दशा। क्रि० स० और अ० १. गंदा करना, मैला करना; २. (प्रा०) काम को बिगाड़ना, पट कर देना; ३. (प्रा०) आवारा की तरह घूमना, निरुद्देश्य टहलना (about के साथ प्रयुक्त)। ~-rake १. कूड़ा इकट्ठा करने का पीपा; २. गंदी जगह (प्राय: ला०)। ~worm १. गंदगी का कीड़ा; २. (का०) मक्खीचूस, कंजूस; ३. आवारा लड़का। muckier सं० (प्रा०) चोर से गिरना, पटखनी, भारी पतन (का० एवं ला०)। come a~ गिरना, पतन होना। go a~ पैसा उड़ाना, फ़िजूलखर्ची करना, अत्यधिक खर्च करना (on, over के साथ प्रयुक्त)। mucky वि० मलिन, समल, मैला कुचैला, गंदा।

mucous (mu' kus) वि० १. श्लेष्मल, श्लेष्मयुक्त, कफ़ से ढका हुआ; २. श्लेष्मा*/ श्लेष्मा* (आ०, कृ० भी)। ~ membrane श्लेष्मा, श्लेष्म झिल्ली।

mucro (mū' krō) [L.] सं० (बन०, प्राणि०) (बहु० -nes) उच्चाग्र, नुकीला भाग या अंग, नोकदार हिस्सा। mucronate, -cronated वि० उदग्र, नुकीला, नोकदार।

mucus (mū' kus) [L. mūcus, muccus, cogn. with Gr. muxsesthai, L. emungere, to blow the nose] सं० १. श्लेष्मा* (आ, वि० १ भी), कफ़, आब; २. गोंद, सब पौधों में पाये जाने वाला लस; ३. कुछ जानवरों (विशे० मछलियों) के शरीर से निकलने वाला लसदार पदार्थ। mucosity सं० श्लेष्मलता, कफ़युक्तता।

mud (mŭd) [cp. L.G. mudde, möde, Dut. modder, G. dial. mott] सं० १. पंक* (वि० १ भी), कर्दम, कीचड़, चहला, कीच; २. (ला०) गंदगी फैलाने वाली या घृण्य वस्तु, बेकार की चीज। क्रि० स० (रसा०) मृदना। fling, throw~ कीचड़ उछालना, बदनामी करना। ~-bath गठिया आदि के इलाज के लिए खनिज लोतों के कीचड़ में स्नान। ~-guard मडगार्ड, साइकिल या मोटर का एक भाग जो पहियों के ऊपर (कीचड़ से बचने के लिए) लगा रहता है। ~-lark कीचड़ में लोटने वाला (विशे० आवारा या लावारिस बच्चा)। ~-pie गीली मिट्टी को गेंद में बनाई हुई वस्तु। ~volcano ज्वालामुखी पहाड़ जिसमें से कीचड़ निकलती है। muddy वि० १. पंकिल, पंक-दूषित, कीचड़ या गंदगी से सना, कीचड़ जैसा, कीचड़ भरा, गंदा, मैला, २. धुंधली, मंद (रोशनी); ३. मोटी, भारी, (आवाज़); ४. व्यग्र, व्याकुल, घबड़ाया हुआ, ५. अस्पष्ट, दुर्बोध, निगूढ़। क्रि० स० १. पंकिल करना, कीचड़ से सानना; २. धुंधला करना। muddily क्रि० वि० १.पंकिलता से, कीचड़ से सने रूप में, व्यग्रता से; २. अस्पष्टता से। muddiness सं० १. पंकिलता; २. धुंधलापन; ३. अस्पष्टता; ४. व्यग्रता।

muddle (mŭ' del) [freq., from prec.] क्रि० स० और अ० १. घबड़ा देना, विह्वल करना, व्याकुल करना, व्यग्र करना (विशे० शराब से); २. गड़बड़ कर देना, गड़डमड्ड कर देना (up, together के साथ प्रयुक्त); ३. काम बिगाड़ना, अव्यवस्थित कर देना; ४. अव्यवस्थित रूप में काम करना। सं० गड़बड़, गड़बड़ी, अव्यवस्था, कुव्यवस्था। make ~ of गड़बड़ कर देना, काम बिगाड़ देना। ~on लल्लम-पल्लम काम चलाना। ~through बराबर लगे रह कर, न कि कुशलता से, काम चला लेना। ~-headedness सं० मूर्खता, मूढ़ता, बेवकूफ़ी।

muddir (mood dēr'; [Turk. and Arab., from addra, to administer] सं० मुदर, तुर्की गाँव या मिस्री प्रान्त का शासक।

muezzin (moo ez' in; [Arab. mu'azzin, mu'aththin, from azana, athana, to call, to proclaim] सं० मुअज्ज़िन, अज़ान देने वाला।

muff[1] (mŭf)[prob. from Dut. mof, F. moufle, to MUFFLE] सं० १. एक ओर या चमड़े का बना (नलाकार) आवरण जिसमें दोनों सिरों से हाथ डाल कर गर्म रक्खे जाते हैं तथा इसका प्रयोग स्त्रियाँ करती हैं। foot~ पाँवपोश, पैरों के मफ़। muffitee सं० मफ़ेट, कलाई पर बाँधा जाने वाला ऊनी (वॉर्स्टेड कपड़े का) कफ़।

muff[2] (mŭf) [etym doubtful] सं० १. मूढ़, बुद्धू या मूर्ख व्यक्ति (मूलत: किसी खेल में); २. क्रिकेट आदि में गेंद लोकने की असमर्थता। क्रि० स० गेंद आदि पकड़ने में गड़बड़ी कर देना, न पकड़ पाना। muffish वि० बुद्धू जैसा, बनाड़ी।

muffin (mŭf' in)[perh. rel. to O.F. mouflet, soft bread] सं० मफ़िन, हल्की चपटी गोल केक जो सेंक कर और मक्खन लगा कर खाई जाती है। ~-bell मफ़िन घंटी, मफ़िन बेचने वाले की घंटी। muffineer सं० मफ़िन पर नमक या चीनी छिड़कने के लिए छोटी शीशी।

ordeer (ôr' dêr) [M.E. and O.F. *ordre*, L. *ordinem*, nom. *ordo*] सं० (मुख्य अर्थ) १. पंक्ति; २. कोटि* (वि० १, २ भी), श्रेणी, दरजा; ३. क्रम* (मा० २, वि० २ भी); ४. व्यवस्था* (मा० २, वि० २ भी), प्रबंध; ५. आज्ञा, आदेश* (विधि भी); ६. तह, परत (अब विरल); ७. सामाजिक श्रेणी या स्थिति, वर्ग; ८. प्रकार; ९. ढंग; १०. देव-दूतों की ९ श्रेणियों में से कोई एक; ११. ईसाइयों के पादरी वर्ग का अनुक्रम; १२. (बहुव०) पादरी की सामाजिक स्थिति; १३. समान जीवन नियमों पर आधारित मिक्षु-संघ (पहले फ्राइरों का संघ भी); १४. विशिष्ट संघ (प्रायः राजा द्वारा स्थापित) जिसमें गिने-चुने व्यक्तियों को आदर या पुरस्कार-स्वरूप प्रविष्ट किया जाता है (जैसे ~of the Gaster, the Bath, Merit etc.); १५. इस संघ का मान-चिह्न जो इसके सदस्य पहनते हैं; १६. (वास्तु०) तर्ज, शैली; १७. (गणि०) भिन्न का क्रम; १८. आकार पर आधारित वर्गीकरण-व्यवस्था का वर्ग; १९. (प्राकृ० प्रति०) वर्गीकरण में वह वर्ग जो (class) वर्ग और परिवार के बीच होता है, २० क्रम* (वि० १ भी), सिलसिला, अनुक्रम; २१. सुव्यवस्था, सुविन्यास; २२. संसार का विधान; २३. प्राकृतिक घटनाक्रम का नियम-विधान; २४. प्रार्थना आदि का निश्चित रूप; २५. व्यवस्थापिका सभा या सार्वजनिक सभा द्वारा स्वीकृत या प्रधान द्वारा प्रचालित कार्य-विधि; २६. संविहित सत्ता का क़ायम होना, शांति-व्यवस्था; २७. (बैंक आदि) हुंडी, अदायगी-निर्देश; २८. (वाणि०) ऑर्डर, फ़रमाइश, माँग-आदेश (जो व्यापारी या निर्माता को भेजने या बनाने के लिए दिया जाता है); २९. पास, (निःशुल्क या कम पैसे पर थियेटर आदि में) प्रवेश-आज्ञा; ३०. गुण* / ऑर्डर* (वि० १ भी)। क्रि० स० १. तरतीब से रखना, व्यवस्थित करना, यथाक्रम सजाना; २. (ईश्वर, भाग्य इत्यादि का) विधान या निर्धारित करना, आदेश या आज्ञा देना, निर्देश करना, दवा या युक्ति तजवीज करना (जैसे ordered him a mustard plaster); ३. कहीं जाने का आदेश या निर्देश देना (जैसे was ordered to Egypt); ४. व्यापारी, नौकर आदि को माल या किसी वस्तु के आदाय या पूर्ति का आदेश देना अथवा ऑर्डर देना, माल की फ़रमाइश भेजना। **The ~** (सैन्य०) कपनी का भूमि पर बन्दूक को सीधी तरफ़ टिका कर खड़ा होना। **a large ~** (बोल०) कठिन कार्य। **by ~** उचित अधिकारी की आज्ञा के अनुसार। **close ~** (सैन्य०) सिपाहियों या जहाज़ों की पंक्तियों जिनके बीच अंतर कम हो। **Holy Orders** होली ऑर्डर्स, एंग्लिकन-चर्च में पादरियों के क्रम (बिशप, पादरी और डीकन), रोमन कैथालिक क्रम में इनके अतिरिक्त उप-डीकन भी शामिल होते हैं। **in orders** पादरी-पद पर होना। **in ~ that** ताकि, इसलिए कि। **in ~ to do** (करने के) उद्देश्य से, दृष्टिकोण से। **is in bad, out of ~** बिगड़ा हुआ है। **is in ~ or good ~** ठीक है, चालू है। **is on ~** ऑर्डर दिया जा चुका है परन्तु अभी आया नहीं। **keep ~** व्यवस्था बनाए रखना। **made to ~** फ़रमाइश पर बनाया हुआ (ready-made का विलोम)। **minor orders** माइनर ऑर्डर्स, रोमन-कैथालिक अधिकारी-क्रम में निम्न-क्रम (दरबान, पुजारी आदि) **money ~** (या सामान्यतः) **post office ~** मनी ऑर्डर। **natural ~** (वन० संज्ञे० N.O.) वे पौधे जिनकी सामान्य बनावट एक जैसी हो। **open ~** (सैन्य०) ऐसी पंक्तियाँ जिनमें अंतर अधिक हो। **~about** इधर-उधर भेजना, हुकूमत जताना, अधिकार या आदेश चलाना। **~arms** (सैन्य०) बन्दूक सीधी तरफ़ टिका कर खड़ा होना। **Order-in-Council** ब्रिटी कौंसिल के परामर्श पर जारी की गई राजकीय आज्ञा। **~of the day** १. दिन की कार्यवाही का क्रम; २. सर्व प्रचलित। **O ! O !** ऑर्डर! ऑर्डर! प्रधान द्वारा निश्चित कार्य-विधि भंग करने का विरोध। **out of ~** अव्यवस्थित। **rise to ~ or a point of ~** १. खड़े होकर प्रश्न करना कि अमुक कार्य विधि के अनुकूल है या नहीं; २. कार्य-विधि का प्रश्न उठाना। **take orders** पादरी बनाया जाना। **take ~ with** व्यवस्थित करना, प्रबन्ध करना। **take them in ~** क्रमपूर्वक या एक-एक कर के लो। **~-book** १. ऑर्डर-बुक, वह पुस्तक जिसमें लोक-सभा के अंदर प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्ताव पहले से दर्ज होते हैं; २. आदेश-पुस्तिका* (ई० ३ भी)। **~-cheque** ऑर्डर-चेक (जो उस व्यक्ति के हस्ताक्षर के बिना वसूल नहीं हो सकता जिसके नाम पर जारी किया गया हो)। **~-clerk** ऑर्डर-क्लर्क, वह क्लर्क जिसका काम आर्डर दर्ज करना है। **~-dinner** भोजन में कौन-कौन से व्यंजन हों, इसका निश्चय करना। **~-form** ऑर्डर-फ़ार्म। **~-paper** दिन की कार्यवाही का लिखा या छपा हुआ प्रोग्राम। **orderly**¹ वि० १. सुव्यवस्थित, यथाक्रम, क्रमबद्ध; २. अनुशासन-पालक या आज्ञाकारी, ३ सुशील, कायदे का पाबंद; ४ शांत स्वभाव, सहिष्णु; ५. (सैन्य०) आज्ञापत्र इत्यादि पहुँचाने वाला या आज्ञापत्र आदि का पालन कराने वाला; आदेश का पालन कराने वाला। **~-bin** कूड़े का पीपा या रद्दी फेंकने का टोकरा। **orderliness** १. सुव्यवस्थितता, क्रमबद्धता; २. आज्ञाकारिता; ३. सुशीलता; ४. सलीकापसंदी; ५. शाइस्तगी। **orderly**² सं० १. अर्दली, आदेशवाहक, पदाधिकारी के आदेशों आदि को पहुँचाने के लिए उसकी सेवा में उपस्थित सिपाही; २. चिकित्सालय (विशे० सैनिक) के रोगियों का सेवक; ३. (पद०) अर्दली। **~ book** आदेशवाही पुस्तिका, पल्टन या रेजिमेंट का वह रजिस्टर या खाता जिसमें आदेश निविष्ट किए जाते हैं। **~ officer** अर्दली-अफ़सर, जिसकी उस दिन ड्यूटी हो या जो उस दिन काम पर हो।

ordinal (ôr' di nal) [late L. *ordinālis*, as prec.] वि० १. क्रमसूचक, किसी अनुक्रम में किसी वस्तु का स्थान निश्चित करने वाला (जैसे पहला, बीसवाँ आदि are ordinals or ~ numbers; तुल० CARDINAL); २. प्राकृतिक इतिहास की किसी श्रेणी या वर्ग का। सं० पादरी के धार्मिक उपदेशों के समय उसके पास रहने वाली पुस्तिका जिसके अंश किसी व्यक्ति को पादरी बनाने समय पढ़े जाते हैं।

ordinance (ôr' di nans) [O.F. *ordenance* (F. *ordonnance*), med. L. *ordinantia*, from *ordinâre*, to ORDAIN] सं० १ अध्यादेश* (प्र०, मा० १, २ भी), ऑर्डिनेंस, फ़रमान; २. धार्मिक कृत्य या संस्कार; ३. (विरल) साहित्यिक कृति अथवा स्थापत्य के निर्माण भागों का क्रम।

ordinand दे० ORDAIN।

ordinary (ôr' di nár i) [L. *ordinārius*, from *ordo -dinis*, ORDER] वि० और सं० १. नियमित, २. सामान्य, मामूली*; साधारण* (विधि भी); ३. रीतिगत, प्रथागत; ४. साधारणतः प्रचलित; ५. मामूली या तुच्छ (जैसे something out of the ~); ६. तात्कालिक या पदेन अथवा असमाविष्ट अधिकार-क्षेत्र वाला; ७. राजकीय नियम अथवा पुस्तिका, पूजा गीतों की पुस्तिका; ८. निर्धारित समय और निश्चित मूल्य पर सराय इत्यादि में मिलने वाला साधारण भोजन; १०. (बड़ाबली संबंधी) प्राचीनतम, साधारणतम और सामान्यतम चिह्न (विशे० पट्टी, कॉस आदि); ११. पुराने ढंग की बाइसिकिल जिसका एक

पहिया बड़ा और दूसरा बहुत छोटा होता था (विलोम SAFETY)। **the ~** प्रांत अथवा अपने क्षेत्र का प्रधान पादरी या धर्माध्यक्ष। **Ordinary** या **Lord ~** स्कॉटलैण्ड में बहिर्भवन (Outer House) के सत्र न्यायालय के पाँच न्यायाधीशों में से एक। **in an ~ way I should refuse** यदि परिस्थितियाँ अपवादस्वरूप न होतीं तो मैं इनकार कर देता। **in ~** न्यायी रूप से नियुक्त (चिकित्सक आदि), जो नियुक्ति अस्थायी या असाधारण न हो; २.(जहाजों के लिए)बेकार पड़ा हुआ या प्रयोगातीत। **~seaman** (संक्षे०O.S.) साधारण नाविक। **ordinarily** क्रि० वि० साधारणतः, सामान्यतः, साधारणतया, सदा की भाँति। **ordinariness** सं० साधारणता, सामान्यता, मामूलीपन।

ordinate (ôr' di nát) [L. *ordinātus*, p.p. of *ordinâre*, to ORDAIN] सं० १. (गणि०) कोटि-अक्ष, द्विविभाजक व्यास के सांकेय परिच्छेद के समानांतर चापों के अनुक्रम में से कोई एक (विशे० अर्द्धव्यास के लिए प्रयुक्त, वक्र से व्यास तक); २. किसी बिंदु से एक नियामक अक्ष के समानांतर खींची हुई सरल रेखा जो दूसरे नियामक अक्ष से मिलती हो; ३. कोटि* (इ० १, मा० २, वि० १ भी)।

ordination (ôr di nā' shun) सं० १. वर्गीकरण, श्रेणी-बंधन; २. उपसंपदा, दीक्षा* (मा० १ भी), पादरी के पद पर नियुक्ति; ३. विधान, निरूपण। **ordinee** (ôr di nē') सं० आर्डिनी, पादरी के पद पर सद्यःनियुक्त धर्माध्यक्ष का निम्नस्थ पदाधिकारी।

ordnance (ôrd' nāns [var. of ORDINANCE] सं० १. भरी हुई बंदूकें, तोखाना, तोप; २. आयुध-भंडार, युद्ध-सामग्री का विभाग (जैसे Royal Army ~ corps, Board of ~ आदि)। **Ordnance datum** समुद्र का मध्यमान या मध्यवर्ती तल जो आधुनिक भूमापन के लिए माना जाता है। **Ordnance Survey** ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैण्ड का राजकीय भूमापन।

ordure (ôr' dyur, [F., from O.F. *ord*, foul, L. *horridus*, see HORRID] सं० १. गोबर, लीद, विष्ठा; २. कुत्सित, अश्लील या गंदी भाषा।

ore (ôr, [A.-S. *ār*, brass (cp. Icel. *eir*, Goth. *aiz*, L. *aes aeris*, confused with *ōra*, unwrought metal (cp. Dut. *oer*)] सं० १. कच्ची धातु, खनिज*, अयस्क* (इ० १, वि० १ भी), खनिज द्रव्य जिनसे धातु निकाली जाती है, २. (काव्य०) धातु (विशे० सोना)।

orectic (o rek' tik) [Gr *orektikos*, from *orektos*, stretched out, from *oregein*, to stretch out, to grasp after, to desire] वि० (दर्श०, चिकि०) इच्छा या भूख का, क्षुधीय, क्षुधीय।

oreide सं० ओरिइड, नकली सोना, एक प्रकार की पीतल जो सोने से मिलती-जुलती होती है और अनुकृत आभूषणों के निर्माण में व्यवहृत होती है।

orfe (ôrf) [Gr. *orphos*, a sea-perch] सं० ओर्फ, एक प्रकार की सुनहली मछली।

organ (ôr' gán) [M.E. and O.F. *organe* (F. *orgue*), L. *organa*, pl. treated as sing. of *organum*, Gr. *organon*, rel. to *ergon*, work] सं० १. आर्गन बाजा जिसमें छिद्र युक्त कई पाइप होते हैं जो कभी एक साथ मिल कर या कभी बारी-बारी से अकेले एक विशेष सुर में बजते हैं (*great*, choir, swell, solo, pedal ~); २. हारमोनियम, ३. (वि० २) आर्गन*; ४. स्वर, आवाज, आवाज का पाट (has a magnificant ~); ५. अवयव, इंद्रिय*, अंग* (आ०, मा० १, २, वि० १ भी), अंग का भाग या अंश (organs of speech, perception, digestion, generation etc.); ६. पत्र-व्यवहार या विचार-विनिमय का माध्यम (विशे० किसी दल, पक्ष, संप्रदाय या किसी विशेष उद्देश्य आदि का प्रतिनिधित्व करनेवाला), मुखपत्र, मुखपत्रिका अथवा समाचोलना-पत्र। **American ~** दे० AMERICAN। **Barrel ~** दे० BARREL। **mouth-~** मुखाग्र आर्गन, बच्चों का सरकंडे का या छोटा बाजा। **nasal ~** दे० NASAL। **~-blower** आर्गनवादक, आर्गन बाजे में फूँक भरने वाला व्यक्ति या मशीन। **~-builder** अरगनसाज, आर्गन बाजा बनाने वाला। **~-grinder** दे० BARREL organ बजानेवाला। **~-loft** बाद्यराजि-दीर्घा, वंशी-दीर्घा, गिरजे या सरोवखाने में अरगन की गैलरी। **~-piano** आर्गन पियानो, एक प्रकार का पियानो जिससे अनवरत सुर निकलते हैं। **~-screen** बाद्यराजि-आवरण, गिरजे में अरगन बाजे के सामने खड़ा कर दिया जानेवाला ओट या परदा। **~-stop** वंशी विराम, बाद्यराजि विराम, आर्गन का परदा, आर्गन के समान सुर वाले पाइप। **organist** सं० वंशीवादक, बाद्यराजि, आर्गनबाज। **organless** वि० अंगहीन, शरीरहीन, उपकरणरहित।

organdie (ôr' gán di) [F. *organdi*, etym. doubtful] सं० अरगंडी, एक प्रकार का बारीक कपड़ा।

organic (ôr gán' ik) [L. *organicus*, Gr. *organikos* (ORGAN, -IC)] वि० १. (श० क्रि०) अंगीय, ऐंद्रिक*, आंगिक* (आ०, मा० २ भी), अंग या इंद्रिय संबंधी; २. (चिकि०, रोगों के निदान) किसी अवयव पर या उसकी गठन पर प्रभाव डालनेवाला (विलोम functional); ३. अवयवयुक्त, सुसगठित अवयवयुक्त, जैव* (आ०, वि० १ भी); ४. जीव और वनस्पति-जगत संबंधी (विलोम inorganic); ५. (रसा०) सुसगठित कार्बो के संघटक के रूप में वर्तमान अथवा इस प्रकार के वर्तमान शरीरों से निर्मित उस कार्बन से युक्त जो अपने अणु में हों; ६. संघटक, आधारभूत, गठन संबंधी; ७. संबंधित अथवा व्यवस्थित अथवा समन्वित (unity; an ~whole)। **~chemistry** कार्बनिक रसायन। **organically** क्रि० वि० १. आंगिक रूप से, ऐंद्रिक रूप में; २ संघटित शरीरों के संघटक रूप में।

organism (ôr gá nizm) सं० १. प्राणी या पौधा, जीव* (आ०, मा० २ भी),सामान्य जीवन के परस्पर सबद्ध एवं अंतराश्रित भागों से युक्त सुसघटित शरीर, पशु या पौधा (उसका वास्तविक गठन); २. जीवित प्राणी की तुलना में अंतराश्रित अंगयुक्त संपूर्ण रचना, ३. (मा० २) अवयवसस्थान*/ अंगी*।

organize (ôr' gá niz) क्रि०स० संघटन करना, भागों अथवा अंगों से युक्त करना, सघटित करना, विन्यस्त या सुव्यवस्थित करना, जीवित प्राणी या मात तंतु का रूप देना, (साधारणतः भू० कृ० में)। क्रि० अ० १. आंगिक होना या ऐंद्रिक होना; २. पूर्ण सघटित शारीरिक रचना करना (उपादानों के साथ अथवा कर्म० के रूप में होनेवाला); ३. व्यवस्थित गठन की रचना करना, आयोजित करना, बना कर ठीक कर देना या चालू कर देना, प्रबंध करना, सजाना या सुन्दर रूप देना (किसी सहयोगपेशी कार्य को)। **organizable** वि० १.संघटनीय; २.प्रबंधनीय, व्यवस्थापनीय, ३. अनुक्रम य, अनुक्रमणीय। **organization** (ôr' gá ni zā' shún) सं० (क्रियागत अर्थों में) १. इसक अतिरिक्त; २. संघटित (संगठित) कार्य-प्रणाली या समाज, सगठन* (मा० २, ३, वि० १ भी), जमात। **organizer** सं० १. सगठक, संघटक; २. आयोजक* (प्र० भी), प्रबंधक, व्यवस्थापक; ३. अनुक्रमक।

organon (ôr' gá non) सं० १. विचार-साधन, तर्कवेली, तर्कशास्त्र पर निबंध या पुस्तक; २. ऑर्गेनन*/ आन्वीक्षिकी* (मा० २ भी)।

organotherapy (ôr gă nō thĕr' ă pi) सं० अंगरस-चिकित्सा, कार्बनिक सत्वों से रोग की चिकित्सा।

organzine (ôr' găn zēn) [F. *organsin*, It. *organzino*, etym. unknown] सं० उलटा बँटा हुआ रेशम का धागा, वह रेशम का धागा जिसमें प्रवान संधि छोरों या किनारों की विरुद्ध दिशा में होती है।

orgasm (ôr' găzm) [Gr. *orgaein*, to swell (for *-sm* cp. SPASM)] सं० १. अत्यतावेग, प्रबल उत्तेजना, प्रचंड क्रोधावेश या क्रोधोन्माद, रोष का अचानक आक्रमण या दौरा; २. कामेच्छा, कामोत्तेजना को पराकाष्ठा, संभोग में स्खलन के समय की उत्तेजना।

orgastic वि० १. अत्यतावेग संबंधी, क्रोधावेश या क्रोधोन्माद संबंधी, रोष के आवेग या दौरे का; २. कामोत्तापीय, संसर्ग की मैथुन संबंधी उत्तेजना का।

orgeat (ôr' jĕ ăt, ôr zha) [F., from *orge*, L. *hordeum*, barley] सं० बार्लेट, जौ या बादाम और नारंगी के फूलों के रस से बनाया हुआ शीतल पेय।

orgy (ôr' ji) [orig. in pl. only, F. *orgeis*, L. and Gr. *orgia*] सं० १. (ग्रीक, रोमन पुरा०, प्राय: बहुव०) ओर्जी, मदनोत्सव० विलासोत्सव० (मा० २ भी), पानोत्सव, मधुसुत्र, विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा से संबंधित धार्मिक त्योहार, (विशे० बाखुस की पूजा से संबंधित धार्मिक कृत्य जो उन्मत्त नर्तन, सुरापान और गायन के साथ संपन्न किया जाता है); २. मद्यातिरेक, व्यसनातिरेक, पानातिरेक, मद्योन्मत्तता अथवा अभिचार से परिपूर्ण आमोद-प्रमोद, (बहुव०) ऐयाशी, आमोद-प्रमोद या इन्द्रिय-लोलुपता।

orgiastic,-al वि० मद्यातिरेकी, पानातिरेकी, मद्यपानोत्सव जैसा।

oriel (ôr' i ĕl) [O.F. *oriol*, etym. doubtful] सं० बड़ी खिड़कियों वाला बहुभुजीय ताक जो साधारणत: ऊपर वाले तल्ले से निकल कर जमीन या चौकियों पर टिका रहता है, (~window भी) ऊपर के तल्ले की बाहर निकली हुई खिड़की, झरोखा० (इ० ३ भी), गवाक्ष।

orient (ôr' i ĕnt) [F, from L. *orientem*, nom. *-ens*, pres. p. of *oriri*, to rise] सं० १. पूर्व, प्राची, आकाश या भूमि का पूर्वीय भाग (काव्य०); २. पूर्वदेश, सूर्योदयगामर और दक्षिणी यूरोप से पूर्व के देश; ३. चमकदार मोती, उज्ज्वल मुक्ता, उत्कृष्टतम मुक्ता को विशिष्ट प्रभा या कांति। वि० १. प्राच्य, पाश्चात्य, पूर्वी, उदयाचलीय, पौरस्त्य, पूर्वदेशीय (काव्य०); २. (प्राचीन काल में पूर्वीय देशों से पश्चिम को निर्यात होनेवाली उत्कृष्टतम मुक्ताओं और प्रस्तर संबंधी) प्रभावान, दीप्त्यमान, चमकदार, भास्वर, उज्ज्वल, बहुमूल्य, बेशकीमती; ३. (सूर्य, दिवाज्योति आदि या ला०) उदीयमान, वर्द्धमान, विकासशील, उगता हुआ या फूटता हुआ। **Oriental** (ôr-, or i en' tăl) वि० ओर्स० १. पूर्व या भूमध्य सागर और दक्षिणी यूरोप के देशों का (निवासी), (विशे०) एशियाई, पूर्वीय संस्कृति में पाया जाने वाला अथवा पूर्वी संस्कृति में आगत या उसके गुणों से युक्त, पूर्व-देशीय संस्कृति का, प्राच्य* (मा० १ भी); २. (मोती आदि के संबंध में) उज्ज्वल, प्रभावान, दीप्त्यमान। **Orientalism** सं० प्राच्यवाद, एशियाई रीति-रिवाज या संस्कृति के प्रति प्रेम, प्राचीनता, पूर्व देशीयता। **Orientalist** सं० १. पूर्वदेशीय भाषाविद, पूर्वीय देशों की भाषाएँ तथा इतिहास का विशेषज्ञ; २. (मा० १) प्राच्यविद्*। **orientalize** क्रि० अ० और स० प्राच्यवादी बनना या बनाना, एशियाई रीति-रिवाज या संस्कृति के प्रति प्रेम पैदा करना या उत्पन्न कराना। **Orientally** क्रि० वि० प्राचीनता में, पूर्वदेशीय संस्कृति के रूप में, एशियाई गुणों या रीति-रिवाजों की दृष्टि से।

orientate (ôr i en' tāt, ôr i ĕn tāt') क्रि० स० और अ० १. पूर्वाभिमुखी करना, पूरब की ओर मुँह करना (मकान आदि); २. (किसी के) देखीवाले छोर को पूर्वाभिमुखी बनाना; ३. पूरब की ओर पैरों को कर के शव दफ़नाना; ४. अनुस्थापन करना या दिग्दर्शी (कंपास) के अंकों के अनुसार किसी वस्तु का ठीक-ठीक स्थान निश्चित या निर्धारित करना, किसी वस्तु की दिशा मालूम या निश्चित करना, (ला०) स्पष्ट रूप से विदित संबंधों के रूप में प्रस्तुत करना या प्रकट करना, वस्तुस्थिति का ज्ञान करना। क्रि० अ० पूर्वाभिमुख होना या किसी विशेष दिशा की ओर अभिमुख होना। **~oneself** अपनी स्थिति समझना या अपनी हालत का अंदाज करना। **orientation** सं० १. पूर्वाभिमुखीकरण; २. अनुस्थापन* (मा० ३ भी); ३. अनुस्थिति-अनुमापन; ४. (इ० ३) दिक् निन्यास ५. (मा० २) अभिविन्यास*।

orifice (or' i fis) [F., from late L. *orificium* (*ōs ōris*, mouth, *-facere*, to make)] सं० मुँह, छिद्र, सुराख, बिवर, रंध्रद्वार, किसी पोली वस्तु का मुखभाग, द्वार* (आ० भी)।

oriflamme (or' i flăm) [F. (*or*, L. *aurum*, gold *flamme*, FLAME] सं० १. ओरिफ्लेम, संत डेनिस की पवित्र पताका, नेजे, भाले, बल्लम पर लगी हुई लाल रेशम की छोटी-सी पताका जिसे प्राचीन काल में संत डेनिस के मठधारी युद्ध में जाते समय फ्रांस के राजाओं को दिया करते थे; २. (ला०) किसी युद्ध या उद्योग से सांकेतिक रूप से कटिबद्ध होने की प्रेरक कोई वास्तविक, आदर्श या काल्पनिक वस्तु; ३. चमकीली ध्रुवप्रभ वस्तु; ४. रक्त का चटकपन आदि।

origan (or' i găn), **origanum** (o rig' ă num) [F. *origan*, L. *origanum*, Gr. *organon* {*oros*, mountain, *ganos*, brightness}] सं० जंगली पुदीना और उसमें सबंधित उसकी अन्य किस्में, ओरीगैनम* (वि० १ भी)।

origin (or' i jin) [F. *origine*, L. *originem*, nom. *origo*, rel. to *oriri*, to rise] सं० १. व्युत्पत्ति, मूल, उद्गम* आरभ* (आ० भी), किसी व्यक्ति की उत्पत्ति (मा० १, वि० १ भी), वंश या गोत्र, उत्पत्ति स्थान या उद्भवक* उद्गमक* (आ०, मा० १, वि० १ भी) (जैसे a word of Latin, a man of humble ~) **original** (ō rij' năl) वि० १. आदिम, मौलिक* (आ० प्र० वि० १ भी), प्रथम, आद्य, प्रारंभिक* (आ०, वि० १ भी), प्राथमिक, अनन्नाम, स्वयंभव; २. आदर्श रूप में व्यवहृत या नमूने का, जिसकी प्रतिलिपि या जिसका अनुवाद हुआ हो; ३. असली, मूल* (आ०, प्र०, विधि भी), जो व्युत्पन्न या आश्रित न हो; ४. बिल्कुल नया; ५. जो अनुकृत न हो, चरित्र या शैली में अपूर्व या नव, आविष्कारणात्मक, रचनात्मक, अपने लिए विचार करनेवाला या प्रयोजक (जैसे where is the ~picture?; what does the ~Greek say?; where hooping-cough is ~; is it an ~drawing or a woodcut?, made a very ~remark; has an ~mind; ~people do~things)। सं० १. व्युत्पत्ति, पैदाइश (कुल, उद्भव या अवतरण), उद्भव या उद्गम (चिरंज); २. आदर्श या नमूना, मूल आदर्श या असल नमूना, मूल वस्तु जिनसे दूसरी प्रतिलिपि तैयार की जाय अथवा जिनका अनुवाद किया जाय (जैसे several transcripts from the same ~; reads Don Quixote in the ~)। ३. सबकी आदमी, विलक्षण या सनकी व्यक्ति। ~ **sin** मूल पाप, अपराधकला के फलस्वरूप सभी व्यक्तियों में सामान्यत: अन्तर्जात होने वाली भ्रष्टता, चरित्रहीनता या दुर्वृत्ता। **originality** सं० मौलिकता, अनन्नुकृति, नवीनता, रचनात्मकता। **originally** (ō rij' i năl i) क्रि० वि० १. मूलत:, प्रारंभतः, मौलिक रूप से, नवीनता के साथ, रचनात्मक रूप में; २. (विधि) मूलतः*। **originate** क्रि० स० और स० १. आरंभ करना, जन्म देना, उद्भूत करना, सूत्रपात करना,

कारण उत्पन्न करना या आविष्कार करना; २. उत्पन्न होना, व्युत्पन्न होना, उद्भूत होना/साधारणतः किसी वस्तु या स्थान से या में from या in के साथ, व्यक्ति में या से with या from के साथ)। **origination** सं० १. उद्भव, जन्म, व्युत्पत्ति, आरंभ, उपक्रमण, आविष्करण; २. (भा० १) प्रारंभक*। **originative** वि० प्रारंभकारी, आरंभकारी, उत्पादकीय, प्रवर्तकीय, व्युत्पादकीय, आविष्करणीय। **originator** (ō rij' i nā tŏr) सं० १. उद्भवकर्त्ता, निर्माता, जन्मदाता* (भा० १ भी), आविष्कर्त्ता, आविष्कारक, प्रारंभकर्त्ता* (भा० १ भी)।

orinasal (ōr i nā' zăl) [L. *ōri-*, *ōs*, mouth, NASAL] वि० अनुनासिक, मुख और नासिका दोनों का, मुँह और नाक दोनों से ध्वनित (विशे० कँच अनुनासिक स्वरों का)। सं० अनुनासिक स्वर।

oriole (ōr' i ōl) [med. L. *oriolus*, L. *aureolus*, from *aureus*, golden, from *aurum*, gold] सं० (Golden~ भी) १. ओरिओल, एक प्रकार का काले और पीले पंखोंवाला पक्षी जो ब्रिटिश द्वीपों में गर्मियों के समय आता है; २. पुरानी दुनिया के इस प्रजाति के दूसरे पक्षी; ३. इसी रंग की अमरीकी प्रजाति की चिड़िया।

Orion (ō rī' ŏn) [L. and Gr. a giant in Gr. myth.] सं० (ग० ज्यो०) मृगशीर्ष, किरात, सप्तर्षि, नक्षत्रपुंज-विशेष, राशिचक्र के दक्षिणी तरफ स्थित उज्ज्वल तारकपुंज जिसकी आकृति पेटी और तलवार से युक्त हंटर की तरह होती है, मृग*/ ओरायन* (वि० १ भी)। **Orion's belt** सप्तर्षि के बीच के तीन चमकीले तारे। **Orion's hound** लुब्धक तारा। **Orionid** सं० (ग० ज्यो०) जिवारिहि, मृगशीर्ष के उज्ज्वल एवं चकाचौंधपूर्ण उल्का-कण में से एक।

Orleans (ōr' lē ănz) [city in France] सं० १. ऑरलिन्स, एक तरह का आलूबा या बेर; २. ऑरलिन्स, एक प्रकार का वस्त्र जिसका ताना सूती और बाना ऊनी होता है।

orlop (ōr' lŏp) [Dut. *overloop*, a covering, rel. to *overloopen* (OVER, *loopen*, to run, see LEAP)] सं० तीन या अधिक डेकों (जहाज की छत) वाले जहाज का सब से नीचे का स्थान या बरातल।

ormer (ōr' mĕr) [Channel Is. var. of F. *ormier* (*oreille-de-mer*, sea-ear)] सं० ओर्मर, एक खोलवाला कोमल देहधारी समुद्री घोंघा जो खाने के काम आता है।

ormolu (ōr' mo loo) [F. *ormoulu* (*or*, gold, *moulu*, p.p. of *moudre*, to grind)] सं० १. ओर्मोलु, सोने का मुलम्मा चढ़ा हुआ कांसा जो झाँवर की सजावट के काम आता है; २. सुनहरे रंग का तांबा, जस्ता और टिन से मिल कर बना हुआ मिश्रण या मिश्रित धातु; ३. इससे बनी हुई या सजाई हुई वस्तुएँ।

ornament (ōr' nă mĕnt) [O.F. *ornement*, L. *ornāmentum*, from *ornāre*, to equip] सं० १. (बहु०, प्रायः बहु०) पूजापेक्षित वस्तु या वे वस्तुएँ जो पूजा के लिए आवश्यक हों, गिरजे का साज-सामान (जैसे वेदी, सुरापात्र, पवित्र बर्तन, आशीष पुस्तिका); २. भूषण करने या सजाने की वस्तुएँ, आभूषण, गहना, जेवर, अलंकार, ३. कोई गुण या व्यक्ति जिसका अस्तित्व या जिसकी उपस्थिति शोभा या सम्मान-स्वरूप हो, ज्ञान, नाक (mantel piece crowded with ornaments; the~of a quiet spirit; was an~to his country or age); ४. (बहु०, संधी०) मनमोहक स्वर; ५. (केवल एकव०) अलंकृति, अलंकृतता, अलंकरण, शृंगार, सजावट, आलंकारिक या शोभाकर, सजावट या सजावट का काम (a tower rich in~; by way of~)। वि० स० अलंकरण, सजाना, भूषित या अलंकृत करना, चार चाँद लगाना। **ornamental** साधारण गिरजे की प्रार्थना-पुस्तिकाओं में खास अवसरों में लिखित (अथवा अन्य प्रकार से आकर्षक बनाया हुआ) वाक्यांश जो प्रातः एवं सायंकालीन प्रार्थना-आदेश के ठीक पहले लिखा होता है। **ornamental** वि० आलंकारिक, आभूषक, शोभी। **ornamentalism** सं० अलंकारप्रियता, आराइश पसंदी। **ornamentally** क्रि० वि० आलंकारिक रूप में, अलंकार-स्वरूप, सजावट के तौर पर। **ornamentalist** सं० १. अलंकार-प्रेमी; २. आभूषण-विक्रेता। **ornamentation** सं० सजावट, भूषा, अलंकार*, अलंकरण* (भा० १, वि० १ भी)।

ornate (ōr nāt') [L. *ornātus*, p.p. of *ornāre*, see prec.] वि० १. सुअलंकृत, खूब सजा हुआ; २. (साहित्यिक शैली संबंधी) अलंकृत* (भा० १ भी), वाग्मिता या अत्युक्ति आदि से सुसज्जित। **ornately** क्रि० वि० सुअलंकृत रूप में, सालंकार, शोभापूर्वक। **ornateness** सं० सुअलंकृतता, सालंकारिकता, अलंकारिता, आभूषणयुक्तता।

ornithoid विहगाकार, पक्षि-सदृश (रेंगने या पेट के बल चलने वाले जंतुओं के लिए)।

ornithology (ōr ni thol' ŏ ji) पक्षिविज्ञान, खगविद्या, विहग शास्त्र। **ornithological** पक्षिविज्ञान संबंधी। **ornithologist** पक्षिशास्त्री, पक्षिविज्ञानी।

ornithorhyncus (ōr nith ŏ ring' kŭs) [Gr. *rhunchos*, a bill] सं० १. बुतखिलाव दूध पिलाने और अंडे देनेवाला आस्ट्रेलिया का पशु-विशेष जिसकी चोंच बत्तख की-सी, पंजे जालीदार तथा शरीर पर गहरे बादामी रंग की मखमल या लोम होते हैं; २. (वि० १) ऑर्निथोरिंकस*।

ornithoscopy (ōr ni thos' kŏ pi) सं० पक्षियों की उड़ान द्वारा भविष्यवाणी, पक्षि-शकुन।

orography (o rog' rā fi) सं० ओरोग्राफ़ी, पर्वतविज्ञान*/ पार्वतिकी* (वि० १ भी), प्राकृतिक भूगोल शास्त्र की वह शाखा जिसमें पर्वतों का वैज्ञानिक वर्णन रहता है। **orographic, orographical** वि० पर्वतविज्ञान संबंधी।

orohippus (o rō hip' us) [Gr. *hippos*, a horse] सं० ओरोहिप्पस, पर्वताश्व, शिलीभूत अथवा लुप्तप्राय पाया हुआ चतुष्पद पशु-विशेष, जिसे घोड़े के पूर्वजों का स्वरूप बताया जाता है।

oroide (or' oid) [F. *or*, L. *aurum*, gold, -OID] सं० तांबे और जस्ते का सुनहरा मिश्रण।

orotund (ōr' ŏ tŭnd) [L. *ore rotundo*, lit. with round mouth] वि० (वाक्चातुर्य अथवा शब्दप्रयोग के लिए) लंबा-चौड़ा, शानदार. आडंबरपूर्ण, बढ़ाया-चढ़ाया हुआ, ऊँचा, प्रभावपूर्ण, विदग्धतापूर्ण, प्रदर्शनपूर्ण, डींग से भरा हुआ।

orphan (ōr' făn) [late L. *orphanus*, Gr. *orphanos*, destitute, bereaved, from *orphus* (cp. L. *orbus*)] सं० और वि० अनाथ, यतीम, मात्-पितृविहीन (बालक)। क्रि० स० मातृहीन या पितृहीन कर देना, मातृपितृ-विहीन कर देना, (मृत्यु का बच्चे के) माँ-बाप को छीन लेना, अनाथ कर देना। **orphanage** सं० १. अनाथता, यतीमी, अनाथावस्था, मातृपितृविहीनता; २. अनाथालय, यतीमखाना, संस्था जिसमें अनाथ बालकों की शिक्षा आदि का प्रबंध रहता है। **orphanhood, orphanism** दूरदर्पण, अनाथता, यतीमी, मातृहीनता, पितृहीनता, मातृ-पितृहीनता। **orphanize** क्रि० स० अनाथ करना, दूर करना, मातृ या पितृहीन करना, मातृपितृ विहीन करना।

orpheon (ōr fē' ăn) [L. *Orphĕus*, Gr. *Orpheus*] वि० १. आरफ़िअस (पौराणिक कथाओं में वर्णित ग्रीस के संगीत-देवता) या उसके रहस्यों या सिद्धांतों से संबंधित जो उसके नाम से संबद्ध हैं, दैवी, रहस्यपूर्ण (प्रायः -ic); २. आरफ़िअस के संगीत के सदृश, श्रुतिमधुर, सुरीला, दिलकश, मनमोहक (प्रायः -can)।

orpharey (ôr' frā, -fri) [M.E. and O.F. *orfreis*, med. L. *auriphrisium*, L. *auriphrygium* (*aurum*, gold, *Phrygium*, Phrygian)] सं० ओरेफ्रे, गिरजे की एक पोशाक जिसके साथ भारी कामदार झालर होती है।

orpiment (ôr' pi mĕnt) [O.F., from L. *auripigmentum* (*aurum*, gold, PIGMENT)] सं० १. हरताल* (वि० १ भी), हरिताल क, पीतल, एक प्रकार का खनिज पदार्थ जिसका पीले रंग की भाँति व्यवहार होता है।

orpine (ôr' pin) [F. *orpin*, corr. of prec.] सं० पथपुष्पा, एक रसदार बूटी जिसकी पत्तियाँ मोटी व गुदाज तथा फूल बैंजनी होते हैं और जो बंगलों के बगीचों में लगाई जाती है।

Orpington (ôr' ping tŏn) [village in W. Kent] सं० ऑर्पिंगटन, मुर्गी आदि पालतू पक्षियों की एक नस्ल।

orrery (or' ĕr i) [4th Earl of *Orrery* (1676-1731), for whom one of the first was made] सं० ओरेरी* (वि० १ भी), ग्रह-गुंज-गतिसूचक मॉडल विशेष।

orris[1] (or' is) [prob. corr. of IRIS] सं० वच, उग्रगंधा, शतपर्णिका, दक्षिणी यूरोप में पाया जानेवाला कनीनिका (आइरिस) की जाति का पुष्प विशेष जिसकी सूखी जड़ें बनफ़शे की भाँति सुगंधित होती हैं तथा सुगंधित द्रव्यों में व्यवहृत होती हैं (अब विरल)। **~-powder** कनीनिकाचूर्ण, कनीनिका अथवा आइरिस की तीन विभिन्न जातियों के पौधों की सुगंधित जड़ों से बना हुआ चूर्ण जो सुगंधित द्रव्यों तथा ओषधियों में प्रयुक्त होता है। **~-root** कनीनिका-मूल, सुगंधित द्रव्यों तथा ओषधियों में प्रयुक्त होनेवाली कनीनिका या आइरिस की तीन विभिन्न जातियों के पौधों की सुगंधित जड़ें।

orris[2] (or' is) [contr. of ORPHREY] सं० १. सुनहला या रूपहला गोटा; २. चाँदी या सोने का जाली का काम, कसीदा या कलाबत्तू।

orson सं० अक्खड़ और बहादुर व्यक्ति, लड़ाका, निर्भीक या वीर व्यक्ति।

ort (ôrt) [late M.E. *ortes*, pl., cp. Dut. *oor-aete* (*oor-*, not, *eten*, to eat, cogn. with A.-S. *et*, food)] सं० (बोल० और अप्र०, प्रायः बहु०) रद्दी या निकृष्ट अंश, जूठन, अवशिष्ट या उच्छिष्ट अंश।

orth(o)- यूनानी शब्द orthos (=सीधा या सरल) का समास में प्रयुक्त रूप, वैज्ञानिक शब्दों में सरल, आयताकार, ऋजु, ऊर्ध्व, ठीक और सही के अर्थों में व्यवहृत।

orthocephalic (ôr thō se fāl' ik) जिसकी शिरोस्थि कं, चौड़ाई लंबाई की ३/४ से ले कर ४/५ तक हो।

orthochromatic (ôr thō krō măt' ik) १. ऊर्ध्ववर्णकीय, छायाचित्रण में रंगों को उचित अनुपात में गहरा या हल्का करने वाला; २. ऑर्थोक्रोमैटिक* (आ० भी)।

orthoclase (ôr' thō klās) [Gr. *klasis*, cleavage] सं० स्फटिकभुक्त खनिज-विशेष, ऑर्थोक्लेज* (ई० ३ भी)।

orthodox (ôr' 'thō doks) [F. *orthodoxe*, late L. *orthodoxus*, Gr. *orthodoxos* (ORTHO-, *doxa*, opinion)] वि० १. रूढ़िनिष्ठ, विशे० धार्मिक मत का, कट्टरपंथी; २. मानसिक दास, ३. अकौलिक मस्तिष्क वाला; ४. सामान्यतः ठीक या सत्य के रूप में स्वीकृत, (विशे०) धर्मशास्त्र में, शास्त्रीय, शास्त्रसम्मत, प्रचागत, रीतिगत, परंपरागत। **Orthodox Church** पूर्व अथवा यूनान द्वारा निर्वाचित कुलगुरुतिया का उपधर्माध्यक्ष तथा रूस, रूमानिया इत्यादि के राष्ट्रीय गिरजे जिनका वह प्रधान होता है। **orthodoxly** क्रि० वि० १. कट्टरता से; २. धर्मपरायणता से, शुद्ध धार्मिक रूप में; ३. शास्त्रानुसार, परंपरागत, परम्परागत शास्त्रीय रूप में, प्रचागत रूप में। **orthodoxy** सं० १. धर्मनिष्ठा, धर्मपरायणता; २. कट्टरता; ३. परंपरा-निष्ठता, रूढ़ि-निष्ठता; ४. शास्त्रसम्मतता; ५. (मा० २) अनुपंधिता*।

orthogony (ôr thō ĕ' pi, ôr thō' ĕ pi) [Gr. *epos*, a word] शुद्ध शब्दोच्चारण विज्ञान, शुद्ध वर्णविन्यास विद्या। **orthoepic,-al** शुद्ध शब्दोच्चारण-विद्या संबंधी। **orthoepist** शुद्ध शब्दोच्चारण विज्ञान।

orthogenesis (ôr' thō jen' e sis) १. सरल विकासवाद, विकासवाद का सिद्धांत-विशेष जिसके अनुसार विभिन्नताएँ या भेद आकस्मिक अथवा यत्र-तत्र घटित न हो कर एक निश्चित दिशा में हो रहे हैं; २. (मा० २) नियतविकास*।

orthognathous (ôr thog' nā thĭs) ऊर्ध्वरदनीय, खड़े जबड़ों वाला।

orthogonal (ôr 'thō gonăl) समकोण-छिन्न, समकोण का अथवा समकोण युक्त, समकोणाकृति।

orthography (ôr thog' rā fi) O.F. *ortographie*, L. and Gr. *orthographia* (ORTHO-, -GRAPHY)] सं० १. शुद्ध अथवा परंपरागत वर्तनी, अक्षरन्यास-विन्यास, शुद्ध वर्ण-विन्यास, वर्तनी-विचार, शुद्धता के प्रसंग में उल्लिखित वर्तनी (his ~ is shocking); २. आपेक्षिक आकार और हरी-निर्देश-पूर्वक अंकित प्रक्ल्पना जो मानचित्रों और उद्भिदलेपों में व्यवहृत होती है तथा जिसका लक्ष्यबिंदु अनत दूरी पर स्थित समझा जाता है, सुविक्षेपोद्देश, इस प्रकार का प्रकल्पना-मूलक मानचित्र इत्यादि; ३. (मा० १) शुद्ध-लेखन*। **orthographic(al)** वि० वर्तनी संबंधी, वर्तनी-विचार संबंधी। **orthographically** क्रि० वि० शुद्ध वर्तनी-रूप में, वर्तनी के अनुसार।

orthopædy (ôr' thō pē di) [F. *orthopédie* (Gr. *paideia*, rearing of children, from *pais*, *paidos*, child)] सं० बालकों के अथवा अन्य व्यक्तियों के विकृत अगों की चिकित्सा, इस प्रकार के उपचार के लिए किया हुआ शल्य कर्म। **orthopædic** वि० बाल-विकृतांग-उपचार संबंधी।

orthoptera (ôr thop' tĕr ă) [Gr *pteron*, wing] सं० (बहु०) ऋजुपक्षवर्गीय कीटाणु। **orthopteral, -ous** ऋजु-पक्ष, सिधपंखे, रास्तपाल (कीड़े जैसे झींगुर, टिड्डे, पतिंगे आदि)।

orthoptic (ôr' thop' tik) वि० ऋजुवीक्षकीय, सीधा या ठीक-ठीक देखने से संबंधित। सं० ऋजुवीक्ष या बढ़ूक में लक्ष्य को देखने के लिए लगी हुई मक्खी।

orthotone (ôr' thō tōn, पृथक् आघात से युक्त, उदात्त (शब्द)।

ortolan (ôr' to lăn) [F., from It. *ortolano*, earlier *hortolano*, gardener, L. *hortulānus*, from *hortulus*, dim. of *hortus*, garden] सं० फुदकी, जामजोहरा, स्वादिष्ट मांसवाला पक्षी-विशेष।

-ory [A.-F. *-orie*, L. *-ōrium*, *-ōria*, from adjectives in *-ōrius*] प्रत्य० १. उन विशेषणों में प्रयुक्त जो ONorm. फ्रेंच-ori पु०, -orce स्त्री० से उद्भूत हैं और (आधुनिक रूप में -oir,-oire द्वारा) लैटिन द्वारा -orius, -oria, -orium कार्यवाहक अंत -or[1] में आयत तथा भू० कृ० क्रियामूलों में -ius जोड़ कर बना हुआ विशेषण-प्रत्य०, *E* में -ory के वैकल्पिक-स्वरूप प्रायः -orial, -orious होते हैं, (compulsory, illusory, dipensatory इत्यादि)। प्रयोगम. लैटिन से आगत संज्ञाओं में जो -orium (dormitory, factory, laboratory) में विशे० वि० हैं, कुछ थोड़े से शब्दों में -y[1] तथा कार्यवाहक अंत or[2] का अर्थ देता है; (rectory, oratory) कुछ

पारिभाषिक शब्दों में -orium सुरक्षित रहता है (जैसे auditorium, crematorium, sensorium इत्यादि), -ory भी।

oryx (or' iks) [L., from Gr. *orux*] सं० ओरिक्स, अफ्रीका का बारहसिंघा जिसके सींग सीधे होते हैं (उसकी जाति)।

Oscan (os' kăn)[L. *Oscī,-AN*] वि० और सं० ओस्कन, लैटिन से संबंधित भाषा(का, में), कम्पेनिया के निवासियों की प्राचीन भाषा ओस्की, ओप्सकी या ओपिसी (संबंधी), कम्पेनिया की ओपिसी जाति (का)।

oscillate (os' i lāt) [L. *oscillātus*, p.p. of *oscillāre*, from *oscillum*, a swing, orig. a little mask of Bacchus suspended from a tree, dim. of *osculum*, dim. of *ōs*, mouth] क्रि० अ० और स० १. डोलना, घड़ी के पेंडुलम की तरह इधर से उधर घूमना या हिलना, प्रदोलन या आवेगन करना, दोलन करना* (वि० १ भी), दो विद्युओं के बीच इधर से उधर प्रदोलित होना या झूलना; २. डाँवाडोल होना, दोलायमान या अस्थिर होना, दो परस्पर-विरोधी मतों, कार्यों, व्यवहारों इत्यादि के बीच कभी एक ओर और कभी दूसरी ओर अधिक झुकना, जल्दी-जल्दी मिजाज बदलना या कभी कुछ, कभी कुछ होना; ३. (विद्युद्धारा संबंधी) प्रदोलित होना, स्फलिंग-अंतराल (स्पार्क गैप) अथवा कपाट-रोधित्र (वाल्व-ट्रांसमिटर) के विद्युद्धारा-मार्ग से बार-बार नीची से आना-जाना, ४. (वेतार रिसीवर, विनम्र माध्यिक संबंधी) यन्त्रत प्रयोग के फलस्वरूप विद्युच्चुंबकीय धाराएँ विकीर्ण करना। **oscillation** सं० १. दोल, दोलन* (ई० १, २, वि० १ भी), प्रदोलन, अभिघात; २ (विद्युद्धारा) प्रदोलन। **oscillator** सं० १. (घड़ी वर्गैरह का) लटकन, दोलक, प्रदोलक; २. कपिध* दोलित्र* (ई० २, वि० १ भी)। **oscillatory** वि० प्रदोली, प्रदोलकीय, झूलनेवाला, दोलनी* दोल्य* दोलक* (वि० १ भी)।

oscitant (os' i tănt) [L. *oscitans-antis*, pres. p. of *oscitare*, to gape <*ōs*, mouth+*citāre* to move] वि० जम्हाईवाह, अत्यावहान, जम्हाई लेनेवाला, उपेक्षणीय। **oscitation** सं० (विरल) जम्हाईवाही, अवहेलना, असावधानी, नग़ हो जाने या जम्हाई लेने की अवस्था।

osculate (os' kū lāt, [L. *osculātus*, p.p. of *osculāri*, to kiss, from *osculum*, dim. of *ōs*, mouth] क्रि० अ० और स० १ चूमना, चुंबन करना (विरल, प्रायः हँसी में); २ (प्राकृतिक इतिः, वर्ग संबंधी) आध्यमिक वर्गों इत्यादि में संबंधित होना, किसी दूसरे के साथ अथवा परस्पर उभयनिष्ठ गुण रखना, सदृश होना, ३ (गणि०, वक्र अथवा तल संबंधी) उच्चतर-क्रम का स्पर्श करना, तीन या अधिक बिंदुओं पर सम्मिलित होना या मिलना। **osculant** वि० आश्लेषी, सादृश्यमूलक (विशे० प्राकृतिक इतिः)। **osculation** सं० आश्लिष्टता, संबद्धता, स्पष्टता, सादृश्य। **osculatory** वि० १. आश्लिष्टमान, स्पृष्टमान, २ उभयनिष्ठ गुण रखने से संबंधित (विशे० गणि०)।

-ose [L. *-ōsus*] १. लैटिन -osus, प्रचुर से आगत प्रत्य०, प्रचानत. एक विशेष (तकनीकी) प्रकार के पारिभाषिक विशेषणों में व्यवहृत, सामान्य व्यवहार में आने वाले विशेषणों में -ous प्रत्य० लगता है, २. किंतु bellicose, jocose, grandicose तथा कुछ थोड़े से अन्य शब्दों में अपवाद-स्वरूप -ose का ही व्यवहार हुआ है; ३. इनके द्वारा -osity तथा -oseness प्रत्य० लगाकर संज्ञा बनाते हैं; ४. रसा० शब्दों में glucose (ग्रीक glukos, ग्लाइरस का आधुनिक फ्रांसीसी अंगीकरण) के सादृश्य पर बना हुआ प्रत्य०, जो संबद्ध कार्बोहाइड्रेट (सैकरोराड और सेल्यूलोज और समावयवी पदार्थों के नामकरणों में व्यवहृत होता है (जैसे dextrose, laevulose)।

osier (ō' zhi ĕr,-zĕr) [F., from L. *ausāria*, *ōsāria*, willow-bed] सं० १. ओबर, टोकरी बुनने में प्रयुक्त होनेवाले सरपत या. सरई की एक प्रजाति (की टहनी); २. (गुणवाचक) उस बेंत से बना हुआ।

-osis [Gr. *-ōsis*, suf. forming nouns from verbs in *-oein*] प्रत्य० १. यूनानी और कभी-कभी लैटिन मूल शब्दों में प्रक्रिया या दशावाचक संज्ञाएँ बनानेवाला; २. रोगों अथवा निदानात्मक दशाओं के (amaurosis, trichinosis); ३. कुछ थोड़े आलंकारिक शब्दों के (meiosis); ४. कुछ और सामान्य प्रयोगों के (metamorphosis, apotheosis) नामों में व्यवहृत।

-osity [F. *-osité*, L. *-ōsitātem*, nom. *-ōsitas* (-OSE, -OUS, -TY)] प्रत्य० दे० -ose, -ous।

Osmanli (os măn' li) [Turk. *osmānli*, from *Osman* or Othman I, founder of the Turkish empire] वि० और सं० दे० OTTOMAN[1]।

osmium (os'-, oz' mi ŭm) [Gr. *osmē*, smell (from the disagreeable smell of the oxide), -IUM] सं० ओस्मियम* (आ० भी), प्लेटिनम के वर्ग की एक धातु जो अब तक ज्ञात धातुओं में सब से भारी है।

osmose (os'-, oz' mōs), **osmosis** (-mō' sis) [Gr. *ōsmos*, push, thrust, from *ōthein*, to push] सं० (भौति०) रसाकर्षण, परिसरण, आसरण (की प्रवणता), तरल पदार्थों के रोमकपों द्वारा प्रवेश कर मिल जाने की प्रवणता, तरल पदार्थों का सछिद्र झिल्ली द्वारा गिर कर परस्पर मिलना*/ परासरण* (वि० १ भी)। **osmotic** वि० १. आसरण-संबंधी, आसरण-प्रवण; २. परासरणी* (आ०, वि० १ भी)। **osmotically** क्रि० वि० आसरण द्वारा, आसरणपूर्वक, आसरण-प्रवणता से।

osmund (oz'-, os' mŭnd) [A.F. *osmunde*, O.F. *osmonde*, etym. unknown] सं० १. आसमन, एक प्रकार की पुष्पयुक्त घास (पर्णांग) या फर्न; २. आसमुंडा (osmunda) प्रजाति का कोई पर्णांग।

osprey (os' prā) [ult. from L. *ossifraga* (*os ossis*, bone, *frag-*, stem of *frangere*, to break)] सं० १. आँस्रे, मछली खानेवाला उकाब पक्षी-विशेष, कुकरी या समुद्री पक्षी (बाज); २. स्त्रियों के अंडेकी हैट या टोप पर लगाया जानेवाला एक प्रकार के बगुले का पंख (स्त्रियों के ऐसे टोप के व्यवसायियों द्वारा इसके लिए दिया गया नाम)।

osseous (os' ē ŭs) [L. *osseus*, from *os ossis*, bone] वि० १. अस्थिमय, अस्थिनिर्मित, अस्थिरूप में परिणत किया हुआ; २. अस्थिवत्, ठठरी या ढाँचे से युक्त (~and cartilaginous fishes); ३. प्रचुर रूप में झिल्लीमूल कंकालों की अस्थियों से युक्त, हड्डियों से भरा।

ossicle (os' i kel) सं० १. (शा० वि०) लघ्वस्थि, अस्थिका* (आ०, वि० १ भी), छोटी हड्डी, कर्ण-अस्थि, कर्णास्थि, पशुओं के शरीर की गठन या ढाँचे में अस्थि-निर्मित अथवा कठिनीय अथवा चूर्णीय पदार्थ का खंड या पट्ट।

ossifrage दे० OSPREY।

ossify (os' i fi) क्रि० अ० और स० अस्थि में परिवर्तित करना, अस्थीभूत करना, कठोर करना या कड़ा होना, विकास-रहित होना या बनाना। **ossific** वि० अस्थिमय। **ossification** सं० अस्थीयन, अस्थिकरण, अस्थिकृति, हड्डी में परिणत करने या होने की क्रिया, अस्थीभवन* (आ० भी)।

ossuary (os' ŭ ā rī) सं० १. अस्थिधानी, मृतकों की अस्थियाँ रखने का स्थान, हाड़ास्थधान, हाड़ास्थपात्र या अस्थिगार* (मा० १ भी); २. प्राचीनास्थि-गुहा, वह गुफा जिसमें पुरानी हड्डियाँ पाई जाती हैं।

ostensible (os ten' sibl) [F., from L. *ostens-*, p.p. stem of *ostendere*, to show (*os-*, OB-, *tendere*, to stretch)] वि० प्रत्यक्षवत्, ज़ाहिरा, प्रत्यक्ष, दिखावटी या प्रदर्शनपूर्ण, कल्पित, बनौटी या बनावटी। **ostensibly** क्रि० वि० ज़ाहिरा तौर पर, प्रत्यक्षतः, दिखावे में, मात्र दृश्य रूप में।

ostensory (os ten' sŏ rī) सं० ऑस्टेन्सोरी, बर्तन जिसमें रख कर रोमन कैथोलिक गिरजाघरों में ईसा के अंतिम भोजनानुष्ठान की अथवा यूकेरिस्ट पर्व पर पवित्र की हुई रोटी उपासना के लिए एकत्र मंडली को दिखाई जाती है। **ostentation** सं० १. आडंबर, दिखावा, आडंबरपूर्ण प्रदर्शन (विशे० मन या वैभव का); २. दंभ, आत्म-प्रदर्शन या आत्मश्लाघा; ३. ठाठ, तड़क-भड़क, खुलमखुला। **ostentatious** वि० १. दिखावटी, आडंबरपूर्ण; २. दंभशील, आत्म-श्लाघी; ३. भड़कदार, भड़कीला; ४. खुलमखुला। **ostentatiously** क्रि० वि० १.दिखावे के साथ, आडंबरपूर्णतया, २.दंभपूर्वक; ३. ठाठ से, भड़कीलेपन से।

osteo- [Gr. *osteon*, bone] अनेक क्रि० और ज्ञ० वि० के शब्दों में व्यवहृत यूनानी शब्द osteon (-अस्थि) का समास में प्रयुक्त रूप। **osteogenesis** (os tiŏ jen' ĕ sis) अस्थि-रचना, अस्थि विकास। **osteography** (os tiŏ grăfi) अस्थिविद्या, अस्थि संबंधी वैज्ञानिक विवरण।

osteoid (os' ti oid)। वि० अस्थिवत्, अस्थि-सदृश, अस्थ्याकार।

osteology (os ti ol' ŏ jĭ) सं० १. आस्थिकी, अस्थितत्त्व, अस्थि या पशुओं की अस्थिमय गठन या बनावट का विवेचन करनेवाला शरीर-रचना-विज्ञान; २. अस्थि-विज्ञान* (वि० १ भी); ३. अस्थिप्रकरण* (आ० भी)।

osteomalacia (os ti ŏ mă lā' shi a) [Gr. *malakia*, softness] सं० अस्थिमृदुता, चूने के अभावस्वरूप हड्डियों की नरमी।

osteomyelitis (os ti ŏ mī ĕ lī' tis) सं० अस्थिमज्जा-प्रदाह, अस्थिमज्जाशोथ* (आ० भी)।

osteopathy (os ti op' ă thi) सं० अस्थि-चिकित्सा, पेशे के रूप में अस्थियों को उलट-पलट कर की जानेवाली शल्यक्रिया (कनाडा तथा अमरीका में वैधानिक रूप से स्वीकृत)। **osteopath** (os' ti o path) सं० इस प्रकार का अस्थि-चिकित्सक।

ostitis,osteitis (os tē ĭ' tis) १. अस्थि-प्रदाह; २. (आ०) अस्थि-शोथ*।

ostler (os' lĕr) [orig. *hostler* (HOSTEL -ER.)] सं० सराय का साईस [शरअ में hostler]।

ostracize (os' tră sīz) [Gr. *ostrakizein*, as prec.] क्रि० स० १. (यूनानी, एथेंस में) जनता द्वारा ठीकरे पर लिख कर विशिष्ट प्रकार से मत-प्रदान करने की प्रणाली द्वारा (किसी भयावह रूप में शक्तिशाली अथवा लोकगहित नागरिक को) दस या पाँच वर्षों के लिए देश से निष्कासित या निर्वासित करना, उपर्युक्त मतदान-प्रणाली में देश-निर्वासन के लिए ठीकरे पर निर्वासनीय व्यक्ति का नाम लिखा जाना; २. समाजच्युत करना, समाजानुग्रहण अथवा सामान्य सुविधाओं से वंचित या बहिष्कृत करना, हुक्का-पानी बंद करना। **ostracism** सं० १. देशनिष्कासन, देशनिकाला; २. सम्मानच्युति, जाति-बहिष्कार।

ostreo- [L. *ostrea*, *ostreum*, Gr. *ostreon*, oyster] लैटिन ostrea, ostreum तथा यूनानी ostreon (सीप, शुक्ति) का समास में प्रयुक्त रूप। **ostreiculture** (os' tre i kŭl tŭr) सीप या शुक्ति-पालन, शुक्ति-अभिजनन। **ostreophagous** (os' tre of' ă gŭs) सीप या शुक्तिभक्षी, शुक्तिभक्षक।

ostrich (os' trich) [M.E. *ostrice*, O.F. *ostruce*, pop. L. *avis struthio* (*avis*, bird, late L. *struthio*, Gr. *strouthiōn*, from *strouthos*)] सं० १. शुतुरमुर्ग* (वि० १ भी), एक बड़े आकार का लंबा दौड़नेवाला अफ्रीकी तथा अरबी पक्षी जिसके डैने तथा पूँछ के पंख आभूषण की भाँति मूल्यवान समझे जाते हैं, जो अपनी पाकस्थली को ठीक रखने के लिए कठोर वस्तुओं को निगलता है और इसके लिए यह प्रसिद्ध है कि वह बालू में अपना सिर छिपा कर समझता है कि उसे कोई नहीं देख रहा। **~-farm** पंक्षी के लिए शुतुरमुर्ग पालने का स्थान। **~-plume** शुतुरमुर्ग के पंख या उसके पंखों का झब्बा या फूँदना। **~-policy, belief etc.** आत्म-प्रवंचक नीति, आत्म-प्रवंचना। **~-tip** शुतुरमुर्ग के पंख की नोक।

ot-, oto- [Gr. *ous ōtos*, ear] यूनानी शब्द ous otos (कान) का समास में प्रयुक्त रूप। **otacoustic** (ō tă kou' stik, -koo' stik) [ACOUSTIC] सं० सुनने में सहयोग देने का एक यंत्र, सुनने में सहयोग देने वाला।

-ot[1] प्रत्य० फ्रेंच -ot (मूलतः मद) किंतु अब प्रायः इस अर्थ में नहीं व्यवहृत होता (जैसे ballot, chariot, parrot इत्यादि)।

-ot[2]**, -ote** प्रत्य० १. प्राचीन यूनानी नामों में देशीपन लानेवाला। जैसे Eprot तथा यूनान के निकटवर्ती स्थानों के आधुनिक नामों में जैसे Suliote); २. इसके अतिरिक्त कुछ थोड़े से अन्य अर्थोंवाले यूनानी व्युत्पन्न शब्दों में (जैसे idiot, helot, patriot, realot) व्यवहृत होनेवाला।

other (ŭth' ĕr, [A.-S. *ōther* cp. Dut and G. *ander*, Icel *annarr*, Swed. *andra*, Sansk. *antaras*, L. *alter*.] वि० १. अन्य, अपर, इतर, भिन्न, पृथक्। २. वैकल्पिक; ३. एकमात्र शेष या अवशिष्ट; ४. अलग, जुदा, अनिश्चित। सं० या सर्व० १. (मूल० वि० का लुप्तपदीय प्रयोग तथा एकव० में उससे प्रायः अभिन्न, किंतु अब बहु० में -s द्वारा भिन्न. तुल० the six others), २. कोई अन्य, दूसरा, पृथक्, भिन्न या वैकल्पिक व्यक्ति, वस्तु, नमूना इत्यादि। क्रि० वि० अन्यथा या अन्य बातों में, अन्य प्रकार से। and or ~ and~ या or ~ के लिए अवैयाकरणिक प्रयोग जिसके पश्चात् किसी सं० या वि० का निषेधार्थक या विरोधी प्रयोग या other जाना है (जैसे the merits or ~ of the Bill, अर्थात् or demerits जिसका प्रायः लोप कर दिया जाता है; additions automatic and ~, अर्थात् and other)। **another, the ~ two** (प्रायः *समास* के साथ लुप्तपद रूप में प्रयुक्त) इस प्रकार के व्यक्ति या व्यक्तिगण, वस्तु या वस्तुएँ जिनके लिए नमूने की आवश्यकता नहीं होती। **every ~ day** हर दूसरे दिन, हर अंतर। **happens every ~ day** हर दूसरे दिन। **it was none ~ than Jones** वह जोन्स के अतिरिक्त और कोई न था। **on the ~hand** इसरी ओर, दूसरी तरफ़, दूसरे पक्ष में। **~ things being equal** यदि और स्थितियाँ या परिस्थितियाँ समान रहीं या यदि इसके अतिरिक्त और बातों में कोई अंतर नहीं हुआ। **some one or ~** अज्ञात व्यक्ति, कोई भी, कोई अनिश्चित व्यक्ति। **some time or ~** क्रि० वि० किसी समय, किसी दिन आदि। **the ~ day** कुछ दिनों पहले, कुछ दिन पूर्व। **the ~ world** परलोक। **otherguess, othergates** क्रि० वि० दूसरे तरीक़े से, वि० सर्वथा भिन्न प्रकार का (अप्र० और बोल०)। **otherness** सं० १. (विरल) अन्यता, अन्यत्व, पृथक्त्व, इतरत्व, भिन्नता, विभिन्नता, फ़र्क़, भेद; २. वह वस्तु या अस्तित्व

जिसका उल्लेख न हुआ हो अथवा जो विचाराधीन न हो। **otherwise·nce** कहीं और से, अन्यथा से। **otherwhere(s)** अन्यत्र, कहीं और (काव्य०)। **otherwhile(s)** अन्य समयों पर, फिर कभी, कभी और। **otherwise** क्रि० वि० १. अन्यथा, अन्य प्रकार से, उससे भिन्न ढंग से (जैसे could not have acted ~; Judas ~ called or ~Iscariat); २. आवश्यक रूप से any, no, के बाद अपनी व्युत्पत्ति के अनुसार या स्थिति-स्वरूप व्यवहृत (जैसे could do it no ~, don't influence him any ~than by example); ३. यदि परिस्थितियाँ भिन्न हुई तो, अन्यथा, नहीं तो, वरना, भी, अथवा, या (जैसे seize the chance ~you will regret it); ४. अन्य अर्थों में, दूसरे मानों में, अन्य स्थितियों में (जैसे he is unruly, but not ~ blameworthy)। सं० में विशेषवाले अर्थ का विशेषक भी (जैसे his~dullness); ५ विभिन्न दशा में (जैसे how can it be~than fatal ?; should not wish it~)। **otherwise-minded** अन्यविचारों का, अन्य प्रवृत्तियों या मतों का या सामयिक विचारों के विरुद्ध, विपरीत। **otherworld** वि० परलोक संबंधी या केवल परलोक के विषय में चिंतन करने वाला। **otherworldly** वि० पारलौकिक, परलोक संबंधी, परलोक-विषयक। **otherworldliness** सं० केवल परलोक की चिंता, मात्र परलोक।

-otie [Gr. *ōtikos*, formed on the same stems as -osis] १. -osis की संज्ञाओं के नत्स्थानी विशेषण बनाने वाला प्रत्य० जो इन अर्थों में व्यवहृत होता है; २. -osis से प्रभावित, -osis का जनक या उत्पादक अथवा -osis में मिलता-जुलता या उसके सदृश (जैसे neurotic, hypnotic, narcotic; Quixotic, exotic आदि इसके उदाहरण नहीं हैं)., ३. कर्ण० (आ० भी)।

otiose ō' shi ōs [L. *otiosus*, from *otium*, leisure] वि० १. अनवहित, निरुत्साह, प्रमत्त, काहिल, आलसी, सुस्त; २. बेमसल, खाली (विरल), ३. बोझ, अनुचर, निरुक्त, बेकार (विरल); ४. अनावश्यक, व्यर्थ, अनपेक्षित, अनिच्छित, अव्यावहारिक। **otiosely** क्रि० वि० १. सुस्ती से, २. व्यर्थ, निरर्थक रूप में, अनपेक्षित या अनिच्छित रूप में, अव्यावहारिक रूप में। **otioseness** सं० १. काहिलपन, २. अनवहरता, निरुक्तता, बेकारी; ३. अनावश्यकता, अव्यावहारिकता।

otology ō tol' ō ji सं० कर्ण विज्ञान* (आ० भी)।

otoscope ō' tō skōp सं० ऑटिस्कोप, कर्ण-परीक्षा यंत्र।

otter ot' er [A.-S. *otter* otr; cp. Dut. and G *otter*, Icel. *otr*; cogn. with Gr. *hudra*, water-snake, *hudōr*, water] सं० १. जलमार्जार, उदबिलाव, जलबिडाल. २. इस जानवर का लोम या समूर; ३. मछलियाँ मारने के सामान, नोमना के अतिरिक्त अन्य जहाजों में प्रयुक्त जलमुरग-नाशक के नाम के रूप में भी व्यवहृत (दे० PARAVANE)। **~dog, -hound** उदबिलाव के शिकार का कुत्ता। **~spear** भाला, जिससे उदबिलाव का शिकार किया जाता है।

otto दे० ATTAR। **~of roses** अतर, गुलाब का इत्र।

Ottoman[1] (ot' ō mān) [F., ult. from Arab *Othmān*, Turk. *Osmān*, see OSMANLI] वि० तुर्क, तुर्की संबंधी, आधुनिक प्रथम का वंशज, उसकी नस्ल का अथवा उसके वंशजों का। सं० तुर्की या तुर्की व्यक्ति, आधुनिक प्रथम के वंशज।

ottoman[2] (ot' ō mān) [F. *ottomane*, as prec.] सं० आट्टोमन, बिना पीठ या बाँहों वाली गद्देदार चौकी जो सोफे या कुर्सी की तरह होती है (तुल० DIVAN)।

oubit (oo' bit), **woobut** (woo' but) [perh. from A.-S. *wibba*, beetle, or *wull*, WOOL] दे० WOOBUT।

oubliette (oo bli et') [F., from *oublier*, to forget] सं० भूमि के नीचे का गुप्त बंदीगृह जिसमें प्रवेश केवल चोर दरवाजे से हो।

ought[1] (awt) [A.-S. *āhte*, past of *āgan*, to possess, to OWE] क्रि० सहायक (व्यवहार में आनेवाले अभाव० के अतिरिक्त एकमात्र ought, oughtest रूप जो वर्तमान या भू० परिमित के रूप में प्रयुक्त होता है), चाहिए* (भा० २ भी) (यह कर्तव्य, औचित्य, कमी, त्रुटि, योग्यता अथवा अत्यधिक संभावना का व्यंजक है), स्यात्*/ कर्तव्यता* (भा० २ भी)।

ought[2] (awt) (*oulg.*) [NAUGHT] सं० (अशि०) शून्य की द्योतक संख्या, सिफ़र, शून्य, बिंदी।

ouija (wē' ja) [F. *oui*, yes; G. *ja*, yes] सं० (~-board भी) आत्मा बुलाने की तख्ती, वर्णमाला के अक्षरों और अन्य चिह्नों से अंकित पट्ट-विशेष, जिस पर एक संकेतक रख कर संदेश इत्यादि लेने के लिए आत्मा बुलाई जाती है।

ounce[1] (ouns) [O.F. *unce* (*l'once*), *lonce*, It. *lonza*, L. *lyncea*, LYNX (cp. ADDER, APRON)] सं० १. आउंस* (वि० १ भी), तौल की एक इकाई जो ट्रोय तौल में १/१२ पौंड, साधारण अंग्रेजी तौल में १/१६ पौंड के बराबर होती है; (ला० भी, जैसे an ~of practice etc. is worth a pound of theory etc.)।

ounce[2] (ouns) [O.F. *once* (*l'once*), *lonce*, It. *lonza*, L. *lyncea*, LYNX (cp. ADDER, APRON)] सं० १. (काव्य० आदि) आउंस, बनबिलाव या अन्य अनिश्चित रूप से ज्ञात मध्यम आकार युक्त विडाल जातीय पशु-विशेष, सियाह गोह या उसी क़िस्म का कोई और जानवर; २. (प्राणि०) पहाड़ी मादा चीता अथवा एक प्रकार का हिम प्रदेशीय चीता जो सामान्य चीते से छोटा किन्तु वैसे ही निशान युक्त होता है।

our (our) [A.-S. *ūre*, orig. gen. pl. of *ūs*, us (cp. G. *unser*, Goth. *unsar*)] वि० हमारा, हम लोगों का या हम लोगों से संबंधित (दे० we), जिससे हम लोग संबंधित हैं या जिसके विषय में हम लोग बातें कर रहे हैं या विचार कर रहे हैं, प्रसंगगत वस्तु आदि। **a worthless book in ~opinion** हमारी (समाचार पत्र इत्यादि के समीक्षकों की) दृष्टि में यह एक निकृष्ट पुस्तक है। **given under ~seal** हमारी (राजा या रानी, सम्राट या साम्राज्ञी) मुद्रा के अन्तर्गत। **Our Father** ईश्वर, हमारा निर्माता। **Our Lady** (ईसाइयों की) कुमारी मेरी, मरियम, अजरा। **ours** (ourz) सर्व० १. हम लोगों से संबंधित व्यक्ति या वस्तु का; २. हम लोगों का संगठित दल या सैन्य दल (निकाय)। वि० हमारा, हम लोगों का अथवा हम लोगों से संबंधित (जैसे look at this garden of ~ हमारे इस बाग को देखो)। **of ~** हमारे रेजीमेंट से संबंधित।

-our [-OR] प्रत्य० संज्ञाएँ बनाने का (यथा armour, ardour, clamour; अमरीकी प्रयोग में प्रयुक्त नहीं होता)।

ourie (our' i oor' i) [Sc., cp. Icel. *úrig*, from *úr*, drizzle] वि० भावशून्य, रूखा, नीरस, हतोत्साहित, उदास।

ourself (our self') सर्व० १. (बहु० **~-selves** या **-self**) इसका सामान्य रूप है, एकव० का इसके समान तब व्यवहार होता है जब व किसी सम्राट् इत्यादि के लिए आता है तथा बैकल्पिक रूप में बहुव० के साथ तब इसका व्यवहार होता है जब व किसी समाचारपत्र के लेखक या सम्मान्य व्यक्ति के लिए आता है; २. स्वयमर्थक, साधारणतः बहुव० सदा कर्मकारक में व्यवहृत) ऊपर व के साथ वर्णित व्यक्ति (वर्ग)।

-ous (O.F. *-ous, -os, -us* [F. *-eux*], L. *-ōsus* (cp. *-ose*)] प्रत्य० प्रचुर, -बहुल, -आत्मक, -युक्त, -सहित अर्थों में विशेषण बनाने के लिए प्रयुक्त (यथा dubious, glorious, nitrous, sulphurous)।

ousel दे० OUZEL।

oust (oust) [O.F. *ôster* (F. *oter*), to take away, etym. doubtful] क्रि० स० निकाल देना, बेदखल करना, वंचित करना, अपमृत करना, खदेड़ देना, छीन लेना, खारिज कर देना, अपना अधिकार जमा लेना, किसी की जगह पर खुद जम बैठना। **ouster** स० (विधि) बेदखली*/अपसारण*।

out (out) [A.-S. *ût*, whence *ûte*, away, abroad, *ûtan*, from outside (cp. Dut. *uit*, Icel. *út*, G. *aus*)] क्रि० वि० १. बाहर, दूर, बाहर की दिशा में, पृथक्, अलग, खारिज; २. खाली; ३. खतम; ४. हड़ताल पर; ५. घर से दूर; ६. फ़ैशन इत्यादि से परे; ७. सुनने में, देखने में, प्रकाश में, खुले में, ज़ाहिर; ८. सपूर्णतः, पूर्णरूपेण, चरम सीमा तक, पूरी तरह से, हद भर, जी भर के, दिल खोल के। पूर्व० से। सं० (प्राय: बहु०) १. बाहर; २. अपदस्थ दल, सत्ता-मुक्त दल, विरोधी दल; ३. त्रुटियाँ, ग़लतियाँ; ४. (मुद्रण) भूल, लोप, चूक। वि० १. बाहरी, दूर का; २. बाहर मैदान का; ३. असाधारण; ४. उद्घाटित, अनावृत, प्रकाशित, ज्ञापित; ५. खतम। विस्म० (क्रोध, भर्त्सना, घृणा इत्यादि का सूचक) दूर हो, चल हट! इत्यादि। क्रि० स० १. बलपूर्वक बेदखल करना, बाहर करना, उखड़वा निकाल देना; २. (पुंसेवा में) हरा देना, गिरा देना, ३. उठा देना; ४. बाहर जाना; ५. आउट कर देना। **all ~** एक तरफ़ के सब खिलाड़ी आउट, एक इनिंग समाप्त। **arm is ~** बाजू उखड़ गया है। **batsman is ~** (क्रिकेट) खेलने वाला आउट हो गया। **book, rose, chicken, secret, girl is ~** पुस्तक प्रकाशित हो गई, गुलाब खिल गया, अंडे में से चूज़ा निकल आया, भेद खुल गया, लड़की बाहर आने-जाने लगी। **candle is ~** मोमबत्ती बुझ गई। **crinolines are ~** क्रिनोलिन का फ़ैशन नहीं रहा। **fire is ~** आग ठंडी हो गई। **miners are ~** खान वालों ने हड़ताल कर दी है। **~and about** बिस्तर से उठने या घर से निकलने तथा कुछ करने लायक़। **~and away** कहीं अधिक। **~and ~** पूरी तरह से, बिल्कुल। **~at elbows** दे० ELBOW। **~for, to do** तलाश में, करने पर आमादा। **~of-doors** खुली हवा में। **~of doubt** निःसंदेह। **~of England** इंग्लैण्ड के बाहर। **~of it** जनसमूह, फ़ौज इत्यादि से बाहर, अकेला। **~of wedlock** अनब्याहा। **~with** मित्रता का संबंध न रहना। **~with him** निकाल दो। **~with the truth** कह दो, कह डालो। **times ~ of number** असंख्य बार। **Tories are ~** टोरी अब अपदस्थ हो चुके हैं। **was ~ in my calculation** मेरे हिसाब से ग़लत था। **outness** स० वाह्यता* (सा० २ भी)।

pain (pān [O.F. *peine*, L. *poena*, Gr. *poinē*, penalty] सं० १. दंड, पीड़ा, वेदना* (आ० भी), कष्ट २ सजाएं, मनोव्यथा, मनस्ताप, ३ (बहुव०) प्रसव-पीड़ा, प्रसव वेदना, ४ (बहुव०) प्रयत्न, श्रम (जैसे take pains), ५. सजा, दण्ड (अब केवल pains and penalties)। क्रि० सं० आ० अ० १. पीड़ा देना, दुःख या कष्ट पहुँचाना, २ क्लेश देना, सताप पहुँचाना, ३. दुखाना, दर्द होना। **on or under ~of** दंड के डर से। **painful** वि० कष्टजनक, पाडाकर, क्लेशा या सतापपूर्ण। **~complaint** (क्रि० वि०) वेदनापूर्ण व्याधि। **painfully** क्रि० वि० पीड़ाप्रदता से, कष्ट पहुंचाते हुए। **painfulness** सं० कष्टजनकता। **painless** वि० पीड़ाहीन, कष्टशून्य। **painlessly** क्रि० वि० १. पीड़ाहीनता से, २ व्यथाहीनता से। **painlessness** सं० १ पीड़ाहीनता, २. व्यथाहीनता।

paint (pānt; [O.F. *peint*, p.p. of *peindre*, L. *pangere*] सं० १. रंग, रोगन, २ मांझी पर लगाने की लाली आदि, ३ पेंट* प्रलेप* (इ० १, २, वि० १ भी)। क्रि० सं० १. चित्र बनाना, २. (दीवार आदि को) रंगीन चित्रों से सजाना, ३ (ला०) शब्दचित्र खींचना, विशद और यथातथ्य वर्णन करना (किसी घटना आदि का); ४ रंग या रोगन करना; ५. किसी काम रंग का रोगन करना, ६. (गालों पर) लाली लगाना। **~out** मिटाने के लिए रंग रोगन फेरना। **~the town red** (बा०, सुराघात, रंगरलियों* आदि में) ऊधम मचा देना, दंगा करना। **painted** वि० रंजित* (विधि भी), रंगा हुआ। **~lady** सारंगी रंग की तितली जिस पर काले तथा सफ़ेद धब्बे होते हैं। **painty** वि० १. रोगन का, रंग संबंधी; २. (चित्र) जिस पर बेहद रंग चढ़ा हुआ हो।

painter[1] (pān' tər) सं० १. पेन्टर* (इ० १ भी), चित्रकार* (प्र० भी); २. रंगसाज* (इ० १, प्र० भी), रोगन करने वाला।

painter's colic सीसे से काम करने वाले चित्रकारों को होने वाला उदरशूल। **paintress** सं० स्त्री०, महिला चित्रकार, रंगसाज औरत।

painter[2] (pān' tər) [perh. from O.F. *penloir*, med. L. *pendātōrium*, from *pendēre*, to hang; or from A.-F. *panter* (F. *pantière*), a snare] सं० नाव को किनारे पर गड़े खूंटे या जहाज से बाँधने के काम आने वाली रस्सी। **cut the~** (ला०) किसी उपनिवेश का संबंध विच्छेद कर लेना, नाता तोड़ लेना।

painting (pān' ting सं० १. चित्रकारी, चित्रकला* (मा० १ भी); २. चित्र* (मा० १ भी); ३. पेन्ट करना*/रंग करना*/प्रलेपन* (इ० १, ३ भी)।

pair (pār) [F. *paire*, L. *paria*, neut. pl of *par*, equal] सं० १. जोड़ा, जोड़ी, युग्म* (आ०, इ० २ भी), युगल* (वि० १ भी); २ दो एक-से भागों की वस्तु (जो एक साथ काम आते हैं); ३. मियाँ-बीवी, दम्पति; ४. नर-मादा का जोड़ा; ५. (संसद सबंधी) विरोधी पक्षों के दो सदस्य जो पूर्व सहमति से वोट डालने के समय अनुपस्थित रहें; ६. इस प्रकार अनुपस्थित रहने वाले सदस्य; ७. साथ की या जोड़ की। क्रि० स० और अ० १. जोड़े बनाना या बनना; २. प्रेम होना या करना ३. विवाह करना या होना, ४. (पशुओं का) जोड़ा खाना, मैथुन करना। **~off**· १. जोड़े बैठाना, दो-दो कर के अलगाना; २. जोड़े बना कर जाना, ३. (संसदीय प्रयोग) विरोधी पक्षों के दो सदस्यों की मतदान के समय अनुपस्थित रहने की पूर्व सहमति; ४. (बोल०) विवाह करना। **~-horse** घोड़ों की जोड़ी के लिए (वि० के रूप में प्रयुक्त)। **~-oar** दो डांडों से खेई जाने वाली नाव। **~-royal** ताश के तीन एक से पत्ते या एक ही संख्या वाले तीन पासे। **one-, two-, three-~-**१. पहली, दूसरी या तीसरी मंजिल का सामने या पीछे का कमरा; २. इसमें रहने वाला व्यक्ति। **paired** वि० १. युगल, जोड़ों में रखा हुआ, २. जोड़ा लगा हुआ; ३. एग्मित (मा० २, वि० १ भी)। **pairwise** क्रि० वि० युग्मानुसार, जोड़ों में।

pajamas दे० PYJAMAS।

pal (pāl [Gipsy] सं० (प्रा०-ll) साथी, संगी, सहचर, मित्र। क्रि० अ० (प्रायः ~up) मिलना-जुलना, यारबाशी रखना, एक साथ उठना-बैठना।

palace (pāl' as, pāl' is; [O.F. *palais*, L. *palātium*, orig. a house built by Augustus on the Palatine Hill at Rome] सं० १. महल, प्रासाद, राजभवन, २. विशाल भवन, शानदार हवेली; ३. मनोरंजन, जलपान आदि के लिए शानदार भवन। **-car** सम्पूर्ण सुखसुविधा की सामग्री से पूर्ण रेल का डिब्बा।

paladin (pāl' ə din; [F., from L. *palātinus*, PALATINE[2]] सं० १ पैलेटिन, शार्लमेन के दरबार के बारह सरदारों में से कोई एक (जिनमें काउन्ट पैलेटीन मुख्य था), (मध्ययुगीन) शूरवीर* (मा० १ भी), २. भ्रमण करने वाला सामन्त।

palæ-, palæo- (Gr. *palaios*, old, ancient] समास में प्राचीन, प्राक्तन*, पैलियो* (आ० भी) के अर्थ में प्रयुक्त। **palæarctic** (pāl e ärk' tik) [ARCTIC] वि० यूरोप और एशिया के उत्तरी भाग का। **palæocrystic** वि० प्राचीन हिम का, जो बहुत पुराने समय से जमा हुआ हो।

palæography (pāl i og' ra fi; सं० पुरालेख या शिलालेखों का अध्ययन। **palæographer** सं० पुरालेख या शिलालेखों का अध्ययन करने वाला, पुरालिपिज्ञ* (मा० १ भी)। **palæographic** वि० पुरालेखीय।

paleolithic (pāl i ŏ lith' ik) [Gr. *lithos*, a stone] वि० पूर्व-पाषाणकालीन।

paleontology (pāl é on tol' ó ji) [PALAE- ONTO-, -LOGY] सं० पुरा-प्राणिशास्त्र, लुप्त जीवजन्तु संबंधी विज्ञान, जीवाश्म-विज्ञान*, जीवाश्मिकी* (आ० १, वि० १ भी), फॉसिल विज्ञान* (आ० १ भी)। **paleontological** सं० पुरा-प्राणिशास्त्र-विषयक। **paleontologist** सं० पुरा-प्राणिशास्त्रज्ञ। **paleothere, paleotherium** (pāl é ó thēr', -i ùm) [Gr. *therion*, beast] सं० एक प्रकार का स्तनधारी लुप्त पशु। **paleozoic** (pāl é ó zō' ik) [-ZOIC] वि० आदिम जीवावस्था का।

palestra (pá lē' strá) [Gr. *palaistra*, from *palaiein*, to wrestle] सं० १. मल्लशाला, कुश्ती लड़ने का अखाड़ा, २. व्यायामशाला।

palafitte (pāl' á fit) [F., from It. *palafitta* (*palo*, PALE' *fitto*, fixed)] सं० पैलाफिटे, स्वीटज़रलैण्ड या उत्तरी इटली में झील के बीच लट्ठों पर बनाई हुई प्रागैतिहासिक झोंपड़ी।

palsakeen (pāl án kēn') **palanquin** [Port. *palanquim*, Hindi *pālkī* or *palang*, Sansk. *palyaṅka*, *paryanka*, couch, bed] सं० १. पाल्की; २. (विशिष्ट अर्थों में) बंदगाड़ी।

palatable (pāl' á tá bel) [PALATE- -ABLE] वि० १. स्वादिष्ट* (आ०, कु० भी), खाने में अच्छा; २. (ला०) रुचिकर, पसन्द आने योग्य। **palatably** क्रि० वि० १. स्वाद से; २. रुचिपूर्वक।

palate (pāl' át) [L. *palātum*] सं० १. तालू, २. (ला०) आस्वादन; ३. पसंद। **palatal** (pā lā' tal) [वि० १ भी), तालू का, तालू संबंधी। सं० जिह्वा द्वारा तालू स्पर्श से निकली ध्वनि (प्रायः कठोर)। **palatalize, palatize** क्रि० स० तालू स्पर्श कर के उच्चारण करना। **palatine**[1] (pāl a tīn, -tin' वि० तालव्य, तालू* (आ० भी), तालव्य* पैलेटाइन* (वि० १ भी)। सं० (बहुव०), तालव्य अस्थियाँ, तालू की दो हड्डियाँ (~bone भी)।

palatial (pá lā' shál) [L. *palātium*, PALACE, -AL] वि० १. प्रासादतुल्य, महल-जैसा; २. शानदार, भव्य, विशाल।

palatine[2] (pāl' á tīn, -tin) [F. *palatin*, -*ine*, L. *palātīnus*, from *palātium*, PALACE] सं० औरतों का रोएँदार गुलूबंद। **count ~** काँउन्ट पैलेटीन, सामन्त जिसे अपने अधिकार-क्षेत्र में राजा के समान अधिकार प्राप्त हों। **county ~** काँउन्ट पैलेटीन का अधिकार-क्षेत्र या जागीर। **The (Rhine, Palatine** प्राचीन जर्मन साम्राज्य का भाग (जो Rhine के काँउन्ट-पैलेटीन के अधीन था)। **palatinate** (pá lāt' i nāt) सं० १. किसी सामन्त की जागीर (विशे० काँउन्ट पैलेटीन के); २. (इङ्गलैण्ड विश्वविद्यालय में प्रयुक्त) बेंगनी रंग, इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बैंगनी रंग के कोट।

palatogram सं० पैलेटोग्राम, ध्वनि उत्पन्न करने में तालू के प्रयोग का रेकॉर्ड।

palaver (pá la' ver) [Port. (Sp. *palabra*), from L. *parabola*, PARABLE] सं० १. सम्मेलन, सभा, २. लम्बी-चौड़ी बहस (विशे० अफ्रीकियों या अन्य आदिम निवासियों और व्यापारियों के मध्य); ३. बकवाद, निरर्थक बातें, बेकार की बातचीत; ४. चापलूसी, चाटुकारी, खुशामद, झूठी प्रशंसा, ५. (आ०) काम, धंधा, काम-काज। क्रि० अ० और स० १. बकवाद करना, निरर्थक बातें करना, २. चापलूसी या खुशामद करना।

pale[1] (pāl) [F. *pal*, L. *pālus*] सं० १. (जंगले या बाड़ के) नोकदार डंडे; २. बाड़, (विशे० ला०) (within, beyond, etc. the ~); ३. (कुलचिह्न विषयक) ढाल के बीच में बनी हुई खड़ी पट्टी। **the (English) ~** आयरलैण्ड का वह इलाक़ा जो अंग्रेज़ों के अधीन था। **paled** वि० बाड़ के नोकीले डंडों से युक्त।

pale[2] (pāl) [O.F. *pale*, *palle*, L. *pallidus*, from *pallēre*, to be pale] वि० १. पीला; २. हल्का, फीका* (वि० १ भी) (रंग); ३. हल्के, धुँधले, फीके रंग का; ४. धुँधला, मंद, कांतिहीन। क्रि० अ० और स० १. पीला पड़ जाना या हो जाना; २. (ला०, किसी वस्तु के समक्ष) फीका पड़ जाना, बेरौनक हो जाना, निष्प्रभ हो जाना; ३. पीला कर देना, निष्प्रभ कर देना। **~-face** पीले चेहरेवाला (उत्तरी अमरीका के आदिवासियों ने यह नाम श्वेत जातियों के लोगों का रक्खा था)। **palely** क्रि० वि० पीलेपन से। **paleness** सं० १. पीलापन, फीकापन, २. धुँधलापन। **palish, paly** वि० पीले रंग का, पीलापन, पीला-सा, कुछ पीले रंग का।

palestra दे० PALAESTRA।

paletot (pāl' tō) [F., etym. doubtful (perh. *palle*, L. *palla*, cloak, toque)] सं० (जनाना या मरदाना) लबादा, चोग़ा।

palette (pāl' ét) [F., dim. of *pale*, L. *pāla*, shovel] सं० १. चित्र की रंग मिलाने की तख्ती, २. किसी खास चित्रकार द्वारा प्रयुक्त रंग, ३. किसी विशेष अवसर पर प्रयुक्त रंग, ४ रंग-पट्टिका* (आ० १ भी)। **~-knife** रंग मिलाने का चाक़ू।

palfrey (pawl'-, pāl' fri) [O.F. *palefroi*, F. *palefroi*, low L. *palafredus*, *paraveredus* (PARA-, *veredus*, post-horse, prob. of Celt. orig.)] सं० (काव्य०) महिलाओं की सवारी का घोड़ा।

pali (pa' li [Hindī. line of letters, canon] सं० पाली, पालि भाषा।

palimpsest (pāl' imp sest) [L. *palimpsēstus*, Gr. *palimpsēstos palin*, again, *psēstos*, scraped, from *psaein*, Ionic *psein*, to scrape or rub] वि० वह काग़ज़ आदि जिसकी मूल लिपि दूसरी लिखने के लिए मिटा दी गई हो। सं० विशे० उस प्रकार तैयार किया हुआ (काग़ज़ आदि)।

palindrome (pāl' in drōm. [Gr. *palindromos* (*dromein*, from *dromein*, to run] सं० मरज़बद्ध, श्लेष या कविता आदि जो उलटकर पढ़ने से भी ज्यों की त्यों रहे (जैसे *सरस, नवदीवन, अबेसी मे madam*)। वि० मरज़बद्ध। **palindromic** वि० मरज़बद्ध सदृशी।

paling (pā' ling. सं० कठघरा, खूँटियों या नोकदार लकड़ियों की बाड़ या घेरा।

palingenesis (pāl in jen' e sis [PALIN-, GENESIS] सं० १. (आ० और ला०) पुनरुज्जीवन, पुनरुत्पत्ति; २ पुनर्जीवन, पुनर्भवन* (वि० १ भी), पुनः प्रवर्तन, ३. (जीव०) प्रियजनन, पैतृक लक्षणों का नवल पुनर्जनन, ४. (वि० १) पैलिन्जेनेसिस*। **palingenetic** वि० पुनरुज्जीवन संबंधी।

palinode (pāl' i nōd [from L. and Gr. *palinōdia*] सं० प्रत्याख्यानयुक्त कविता, ऐसी कविता जिसमें कवि ने अपनी पहले कही हुई बात का खंडन किया हो।

palisade (pāl i sād') [F. *palissade*, from *palisser*, to enclose with poles, from *palis*, PALE[1]] सं० १. घेरा*; काष्ठप्राचीर*; कठहरा* (आ० १ भी), (लकड़ी या लोहे का) जंगला, बाड़, स्तंभपंक्ति* (आ० भी); २. (मैन्य०) लकड़ी का मज़बूत मुकीला

लट्ठा। क्रि० स० बाड़ लगाना, मजबूत लोकीली लकड़ियों से घेरना। ~tissue संभ ऊतक* (वि० १ भौ)।

pallah दे० PALE[2]।

pall[1] (pawl) [A.-S. *pell*, L. *pallium*, cloak] सं० १. ताबूत या जनाजे की चादर जो प्रायः काले, बैंगनी या सफ़ेद रंग के मखमल की होती है; २. ऊनी पोशाक जो पोप और कुछ आर्च बिशप पहनते हैं; ३. (ला०) लबादा, चोग़ा। ~-bearer ताबूत की चादर का कोना पकड़कर चलने वाला।

pall[2] (pawl) [prob. from APPAL] क्रि० अ० और स० १. बेमजा हो जाना, स्वादहीन हो जाना (अब केवल ला०); २. छका देना, परितृप्त करना। ~on ऊब जाना, रुचि न रखना।

Palladian (pă lā' di ăn) वि० (वास्तु०) पैलेडियन, कृत्रिम शास्त्रीय शैली का जिसका आविष्कार १६ वीं शताब्दी में इटली के Palladio ने किया था।

palladium[1] (pă lā' di um) [L., from Gr. *palladion*] सं० १. पैलेडियम, पुरदेवता, पालास की मूर्ति जिस पर ट्राय नगर की रक्षा निर्भर थी, २. अभिरक्षा, सुरक्षा।

palladium[2] (pă lā' di um) [Gr. *Pallas-ados*, Greek goddess of wisdom, the 2nd asteroid] सं० पैलेडियम वर्ग की एक सफ़ेद, कठोर दुरग्राह्य धातु, पैलेडियम* (वि० १ भौ)। ~black पैलेडियम ब्लैक*, पैलेडियम कज्जल* (वि० १ भौ)।

pallet[1] (păl' et) [PALETTE] सं० १. थापी, थपकी, ठोकनी, कुम्हारों आदि की चिपटी मुँगरी; २. चित्रकार की पटिया या तख्ती, ३. मशीन के पुर्जे का वह निकला हुआ भाग जो पहिए की गति बदलने के काम आता है, ४. अरबत बाज का बान्द।

pallet[2] (păl' et) [M.E. and prov. F. *paillet*, from *paille*, L. *pālea*, straw] सं० १. तृणशय्या, पुआल भरा बिछौना, २. गद्दा, तोशक।

pallial (păl' i al) वि० (प्राणि०) प्रावरणीक तह संबंधी, दे० PALIUM भौ।

palliasse (păl' i as) [F *paille* < from *paille*, L. *pālea*, straw] दे० PALLET[2]।

palliate (păl' i āt) [L. *palliātus*, p.p. of *palliāre*, to cloak, from PALLIUM] क्रि० स० १ (रोग का) उपशमन करना, २. घटाना, कम करना। **palliation** सं० १. उपशमन, २ अल्पीकरण। **palliative** (păl' i ă tiv वि० उपशामक* (आ०, मा० ३ भौ), दोष को छिपाने वाली। सं० उपशामक (वस्तु)।

pallid (păl' id [L. *pallidus*] वि० पीला, रक्तहीन, पांडु* (आ०, वि० १ भौ), पाडुर* (आ० भौ)। **pallidly** क्रि० वि० पीलेपन से। **pallidness** सं० पीलापन।

pallium (păl' i um- [L.] सं० १. पुरुष का लम्बा आयताकार चोग़ा (विशे० यूनानियों का), २. आर्च बिशप का चोग़ा; ३. कोमल देहधारी जन्तुओं की प्रावरणीक तह, ४. (आ०, वि० १) प्रावार*; पैलियम*।

pall-mall (pel mel, păl măl [M.F. *pallemaille*, It. *palla-maglio* (*palla*, ball, *maglio*, L. *malleus*, MALL[1]] सं० १. पेल-मेल, देर का एक खेल-जिसमें जिसमें एक लंबी नली में एक छल्ला लटका कर उसके भीतर से गेंद को ले जाते हैं; २. पेलमेल, लंदन की एक प्रसिद्ध सड़क जो उक्त प्रकार की गली का विकसित रूप है और जिस पर अब बहुत से क्लब स्थित हैं।

pallor (păl' or) [L., from *pallēre*, to be pale] सं० १. पीलापन; २. (आ०) पाण्डुता*; ३. (कृ०) पाण्डुरता*।

pally वि० (बोल०) दोस्ताना, मैत्रीपूर्ण।

palm[1] (pam) [A.-S., from L. *palma*, cp. Gr. *pālamē*] सं० १. ताल*, ताड़* (कृ० भौ), खजूर; २. (विजय के चिह्न स्वरूप) खजूर की शाखा; ३. सर्वश्रेष्ठता, सर्वोपरिता, इसके लिए इनाम (विशे० bear, yield the ~); ४. अन्य वृक्षों की शाखाएँ जो उत्तरी देशों में खजूर की शाखाओं के बदले प्रयुक्त होती हैं (वि० ~Sunday के समारोह पर)। ~-oil १. खजूर का तेल; २. रिरुवत, घूस। **Palm Sunday** ईस्टर के पूर्व का रविवार, इस दिन ईसामसीह के जेरुसलम-प्रवेश की यादगार में जुलूस निकाल कर उत्सव मनाया जाता है जिसमें लोग खजूर की शाखाएँ ले कर सम्मिलित होते हैं। **palmaceous** वि० ताड़ या खजूर के प्रकार का। **palmary** (păl' má ri) वि० १. मुख्य, सर्वप्रधान, अग्रण्य; २. श्रेष्ठतम।

palm[2] (pam) [M.E. and F. *paume*, L. *palma*] सं० १. हथेली*, करतल* (आ०, प्र० भौ), दस्ताने की हथेली; २. नाप के रूप में हथेली के बराबर लम्बाई (लगभग ८ इंच) और चौड़ाई (लगभग ४ इंच)। क्रि० स० १. चकमा देना, धोखा देना, (किसी व्यक्ति को धोखा दे कर) वस्तु दे देना (off के साथ प्रयुक्त); २. (ताश के पत्ते, पाँसे आदि) हाथ में छिपाना; ३. हथेली से छूना; ४. घून देना, रिश्वत देना। **grease person's a~** मुट्ठी गरम करना, रिश्वत देना। **sailmaker's a~** चमड़े की पट्टियों से मढ़ा हुआ सीसे का टुकड़ा जो हथेली पर बाँधा जाता है और जो अंगुस्ताने के रूप में प्रयुक्त होता है। **palmar** (păl' mär) वि० करतल* (आ० भौ), करतलीक, करतलगत, हथेली का। **palmate, palmated** वि० १. करतलाकार* (आ० भौ) हथेली के आकार का, हस्ताकार* (वि० १ भौ)। **palmed** वि० हथेलीवाला, करतलयुक्त। **palmful** सं० हथेली भर।

Palma Christi सं० एरंड का पेड़, रंडी का पौधा।

palmary दे० PALM[2]।

palmer (pa' mer) [A.-F. *palmer*, O.F. *palmier*, med. L. *palmārius*, PALMARY] सं० १. (जेरुसलम की यात्रा से लौटा हुआ यात्री) जो अपने हाथ में खजूर की टहनी या पत्ता रखता है, २. भ्रमणशील भिक्षु; ३. नुकसान पहुँचाने वाली बालदार इल्ली, ४. एक बालदार बनावटी मक्खी।

palmetto (pălmet' ō) [Sp. *palmito*, dim. of *palma*, PALM[1]] सं० १. पामेटो* (कृ० भौ), छोटे ताड़ वृक्षों की जाति, २. (विशे०) छोटा ताड़ वृक्ष।

palmiped (păl' mi ped) [L. *palmipēs* (*pes pedis*, foot)] वि० और स० झिल्लीदार पैरोंवाला (पक्षी)।

palmistry (pa' mis tri) [M.E. *paumestry*] सं० हस्तरेखा शास्त्र, सामुद्रिक विद्या। **palmist, palmister** सं० हस्तरेखाविद्, सामुद्रिक, हाथ देखनेवाला।

palmy (pa' mi) वि० १. ताड़ या खजूर का; २. खजूर जैसा; ३. ताड़ वृक्षों से परिपूर्ण; ४. विजयी; ५. उन्नतिशील, समृद्धिशाली (विशे० ~ days)।

palmyra (păl mī' rā) [Port. *palmeira*, as PALMARY, assim. to *Palmyra*, city of Syria] सं० पखिया खजूर, भारत और लंका में पैदा होने वाला खजूर का पेड़।

palp (pălp), **palpus** (păl' pus) [L. *palpus*] सं० (कीड़ों-मकोड़ों की) मूंछ, मृग। **palpal** वि० (कीड़ों मकोड़ों की) मूँछ या मृग संबंधी।

palpable (păl' pă bel) [late L. *palpābilis*, from L. *palpāre*,

to feel, as prec.] वि० जिसे छुआ या अनुभव किया जा सके, स्पर्शता से बोधगम्य, (वि० १) स्पर्श्य* । **palpability** सं० अनुभूतिपूर्णता, बोधगम्यता । **palpably** क्रि० वि० अनुभूति या बोधगम्यता के साथ। **palpate** क्रि० स० (रोग आदि का) स्पर्श द्वारा परीक्षण करना । **palpation** सं० १. स्पर्श-परीक्षा; २. (ला०) परिदर्शन*।

palpebral (pāl' pē brāl) [F. *palpébral*. L. *palpebrālis*, from *palpebra*, eyelid] वि० पलक संबंधी, नेत्रच्छद*/ वर्त्म* (ला० भी)।

palpitate (pāl' pi tāt) [L. *palpitātus*, p.p. of *palpitāre*, freq. of *palpāre*, to PALPATE] क्रि० अ० १. धड़कना, चकपक होना, स्पंदित होना, २. (हर्ष, भय आदि से) कंपना, थरथराना, कंपित होना। **palpitation** सं० १. धड़कन* (आ०, कु० भी), चकपकी, स्पंदन, स्फुरण; २. हृत्कम्पन, अधिक परिश्रम, आवेश या किसी रोग के कारण हृदय की तीव्रगति।

palsgrave (pawlz' grāv)[Dut. *palsgraaf*, cp. G. *pfalzgraf*. O.H.G. *pfalenzgrāvo* (*pfalenza*, PALACE, *grāvo*, GRAVE*)] सं० अपने अधीन क्षेत्र में राजा के समान अधिकार रखने वाला काउन्ट या सामन्त।

palstave (pawl' stāv) [Dan. *palstaft* (*pāll*, hoe, STAVE)] सं० पाल्स्टेव, कुदाल आदि का एक औज़ार जिसकी मूठिया कटानदार होती है।

palsy (pawl' zi) [M.E. *palesy*, O.F. *paralysie*, PARALYSIS] सं० १. लक़वा, फ़ालिज, अंगघात*/ घात*(आ० भी), पक्षाघात, २. (ला०) असहायता का कारण या दशा। क्रि० स० १. लकवा मारना, २. (ला०) बेकार कर देना, असहाय करना।

palter (pawl' tėr) [etym. unknown] क्रि० अ० १. दुहरी बात करना, गोलमोल बात करना, छल-कपट करना, २ (किसी बात पर) झगड़ना, झंझट करना. ३. (किसी विषय को) टाल देना, निरर्थक बातों में उड़ा देना।

paltry (pawl' tri) [cp. dial. *paltry*, rubbish, trash, M.E. *palter*, pl. rags (cp. Swed. *paltor*, Dan. *pjalter*, rags, L.G. *palte*, M. Dut. and Fris. *palt*,)] वि० तुच्छ, क्षुद्र, नगण्य, निरर्थक। **paltriness** सं० तुच्छता, नगण्यता।

paludal (pá lū' -pāl' ū dāl), **paludic** (pá lū' dik , **paludine** (pāl' ū din, -din;), **paludinal, -ous** (pá lū di nāl, -nūs) [L. *palus*, *palūdis*, marsh] वि० १. दलदली, दलदल संबंधी; २. मलेरिया संबंधी, मलेरिया से परिपूर्ण।

paly[1] (pā' li; [PALE[1], -Y] वि० कई लंबवत् पंक्तियों द्वारा समान भागों में विभक्त (कुर्सावद्ध)।

paly[2] दे० PALE[2]।

pam (pām) [F. *pamphile*, prob. from L. *Pamphilus*, Gr. *Pamphilos*, personal name, beloved of all] सं० ताशों का गुलाम (विदेश० नाम के पत्तेवाला खेल में)।

pampas (pām' páz, -pas) [Sp., pl of *pampa*. Peruv. *bomba*, a plain, a steppe] सं० (बहुव०) पैंप, अमेज़न नदी के दक्षिण में स्थित दक्षिणी अमरीका, घुलहीन प्रदेश। **~grass** एक प्रकार की लम्बी घास जो दक्षिणी अमरीका से यूरोप लाई गई थी।

pamper (pām' per) [prob. freq. of obs. *pamp*. L. G. *pampen*, to cram, to gorge oneself] क्रि० स० १. मिर चढ़ाना, ज़्यादा लाड-प्यार से बिगाड़ देना; २. छका देना। **pampered menial** मुँहलगा नौकर या ख़वासी।

pamphlet (pām' flet) [O.F. *Pamphilet*, fem. form of *Pamphile*, L. *Pamphilus*, title of a Latin erotic poem of the 12th cent.] सं० पैम्फलेट, (सामाजिक विषयों पर लिखी हुई) पुस्तिका* (विधि भी), छोटी पुस्तक। **pamphleteer** (pām fle tēr') सं० सामयिक विषयों पर छोटी-छोटी पुस्तिकाएँ लिखने वाला लेखक। क्रि० स० उपर्युक्त प्रकार की पुस्तिकाएँ लिखना।

pan[1] (pān) [A.-S. *panne* (cp. Dut. *pan*, G. *pfanne*, Icel. *panna*)] सं० १. कड़ाही* (कु० भी), तसला, कटाह*/ कड़ाह,* पलड़ा* (वि० १ भी), २ चीज़ें तलने का कड़ाही जैसा बर्तन, ३ पुराने ढंग की बंदूक में नोड़ा रखने का पूर्ज़ा; ४. कम गहरा गड्ढा, ५ (भूगर्भ०) पटल* (वि० १ भी); ६. कठोर स्तर* (कु० भी)। **flat as a ~cake** १. एकदम चपटा या हमवार; २ (ला०) वायुयान का सीधे नीचे उतरना। **~off, out** सोना मिली मिट्टी को तसले में रख कर धोना या साफ़ करना। **~out** सोना निकलना, (ला०) सफल होना, चल निकलना (well and के साथ प्रयक्त)। **hard ~** भूमि का नीचे का कठोर भाग। **pancake** सं० पुआ, एक प्रकार की चपटी केक। **panful** सं० कड़ाही भर।

Pan[2] (pān [Gr.] सं० १. पैन*, नरमेष* (मा० १ भी), यूनानी ग्राम्य देवता, २. प्रकृति पूजा, मृति पूजा, ३. ईसाई धर्म के प्रवर्तन से पहले का या अर्वाचिन समाज। **~pipe** पैन-पाइप, एक विशेष प्रकार का बाजूगरी।

pan- [Gr. *pas, pantos*, all], समास में अखिल*, सर्व* (मा० १ भी)। सं० **panacea** (pán á sē' a [L. from Gr. *panakeia* (*ak-*, root of *akeomai*, I heal] सं० अक्सीर, रामबाण औषध, सब रोगों की अचूक दवा।

panache (pa nash' [F., from It *pennacchio*, from PENNA] सं० १ कलगी, तुर्रा, कुछ पक्षियों के सर पर या इस प्रकार की बनी कलगियाँ जिन्हें टोप, पगड़ी आदि में लगाते हैं, २ (ला०) आडम्बर, प्रदर्शन ३. शेख़ी, शेख़ीबाज़।

panada (pá na' da, **panade** (pá nad' [Sp. *panada* <F. *panade*, ult. from L. *pānis*, bread] सं० पनाडा, उबाल कर लुगदी की तरह बनाई हुई और सुगंधित की हुई राब-रोटी।

Pan-African (pān af' ri kan) [AFRICAN] अखिल अफ्रीकी, समस्त अफ्रीकावासियों का या उनके हितार्थ।

Panama-hat (pān a ma hat' [*Panama*, town in Isthmus of Panama] सं० पनामा हैट, एक प्रकार के छींद वृक्ष की पत्तियों से बनाया हुआ टोप।

Pan-American (pān a mer' i kan) [PAN-, AMERICAN] वि० समस्त उत्तरी और दक्षिणी अमरीका से संबंधित। **Pan-Anglican** (pān ăng' gli kan, [ANGLICAN] वि० एंग्लीकन और सबद्ध चर्चों का प्रतिनिधित्व करने वाले समस्त सदस्य। **Panathenaea** (pān ăth e nē' a, [Gr. *panathēnaia* सं० बहुव० एथेनियां निवासियों का मुख्य वार्षिक मेला। **Pan-German** (pān jėr' mán) [GERMAN*] वि० समस्त जर्मनवासियों से संबंधित, अखिल जर्मन*(मा० १ भी)। **Pan-Germanism** सं० सभी जर्मन वासियों को एक राष्ट्र के लिए एकत्रित करने का आन्दोलन। **Pan-Hellenic** वि० अखिल ग्रीक। **Panhellenism** सं० सर्वग्रीकवाद* (मा० १ भी), समस्त

यूनानियों की राजनीतिक एकता का वाद। **Panislam** (pān is' lām) सं० सर्व इस्लाम* (मा० १ भी)। **Panislamism** सं० सर्व इस्लामवाद। **Pan-logist**: सर्व तर्कवादी, (हिगेल के दर्शन संबंधी) केवल युक्तिसंगत अथवा तर्कसम्मत बात को ही वास्तविक समझने वाला। **Pan-logism**: सर्व तर्कवाद। **Panslavism** सं० सर्व स्लाववाद* (मा० १ भी), स्लाव जातियों का एक संघ बनाने का आन्दोलन। **Panspermatism,-spermy** सं० सर्व जीवाणुवाद।

panatrope सं० पैनाट्रोप, एक विद्युत-चालित यंत्र जिससे लाउड-स्पीकर से एक ग्रामोफ़ोन रेकार्ड से दूसरे तैयार किए जाते हैं।

panchromatic (pān krō măt' ik) [PAN-, CHROMATIC] वि० (फ़ोटो०) वर्णपट के समस्त रंगों के लिए समान रूप से संवेदनशील. पैनक्रोमेटिक* (वि० १ भी)।

pancratium (pān krā' shi ŭm)[L., from Gr. *pankration* (PAN-, *kratos*, strength)] सं० १. प्राचीन यूनान की व्यायाम प्रतियोगिता जिसमें कुश्ती और घूँसेबाज़ी साथ-साथ होती थी, पैन्क्रेशियम* (वि० १ भी)। **pancratiast, pancratist** (pān'krā tist) सं० उपर्युक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाला। **pancratic** वि० १. कुश्ती या घूँसेबाज़ी का; २. (भौ०) प्रकाश यंत्रों (दूरबीन आदि) में लगा हुआ (उपनेत्र जिसे बहुत घटाया-बढ़ाया जा सके)।

pancreas (pan' krē ăs) [L. and Gr. (PAN-, *kreas, -atos*, flesh,)] सं० १. क्लोम, पाचक रस प्रतियोगिनी ग्रंथि, पाचन रस की थैली, अग्न्याशय*, पैन्क्रियास* (आ०, वि० १ भी)। **pancreatic** वि० १. क्लोम विषयक, पाचक रस की ग्रंथि* संबंधी, अग्न्याशयी (वि० १ भी), अग्न्याशय* (आ० भी)। **pancreation** सं० १. क्लोम रस का नियम; २. पशुओं के क्लोमों से निकाला हुआ पाचक सत्व।

panda (pān' dă) [native name] सं० पांडा, रोछबिलाव, एक प्रकार का मांसाहारी रीछ जो हिमालय और तिब्बत के मैदानी भाग में पाया जाता है।

Pandean (păn dē' ăn; वि० यूनानी ग्राम्य देवता का।

pandect (pan' dekt) [F. *pandecte*, L. *pandecta*, Gr. *pandektēs* (PAN-, *dechomai*, to receive)] सं० १. (प्रायः बहु०) रोम का जाब्ता दीवानी जो सम्राट जस्टीनियन की आज्ञा से छठी शताब्दी में पचास पुस्तकों के रूप में सम्पादित हुआ; २. विधि संहिता, क़ानूनों का संपूर्ण संग्रह।

pandemic (păn' dem' ik) [Gr. *pandēm-os* (PAN-, *dēmos*, people, -IC] वि० विश्वमारी* (आ० भी), देशव्यापी या विश्व-व्यापी (रोग)। सं० देशव्यापी या विश्वव्यापी रोग।

pandemonium (păn de mō' ni ŭm) [coined by Milton (PAN-, DEMON)] सं० १. प्रेतवास, पिशाचवास; २. अंधेरनगरी, कोलाहल और अव्यवस्थापूर्ण स्थान; ३. भारी गड़बड़; ४. कोलाहल।

pander (păn' der) [*Pandare* (L. *Pandarus*), who procured for Troilus the favour of Criseyde, in Chaucer's 'Troilus and Criseyde'] सं० १. कुटनी, कुटना, दलाल, २. बुरे कार्यों में सहायता करने वाला। क्रि०अ० और स० १. बुरे कामों में सहायता देना; २. कुटनी का काम करना, (बुरे काम की) दलाली करना।

Pandora[1] (păn dōr' ă) [Gr. (PAN-, *dōra*, pl. of *dōron*, gift)] सं० (ग्रीक पु०) हैसिओड के अनुसार प्रथम महिला। **Pandora's box** सं० पैंडोरा का संदूक, यूनानी पौराणिक कथा के अनुसार वह संदूक पैंडोरा स्वर्ग से लायी थी पर मूर्खतावश इसके असमय में ही खुल जाने के कारण मानव-समाज के ध्वंस के लिए सभी लालसाएँ बिखर गईं और उस संदूक में केवल "आशा" ही शेष रह गई।

pandora[2] (păn dōr' ă), **pandore** (-dōr') [It. *pandora pandura* (F. *pandore*), L. *pandūra*, Gr. *pandoura*, etym. unknown] सं० पैंडोरा* (मा० १ भी), सितार जैसा बाजा।

pandour, -door (păn' door) [F. *Pandour*, Serbo- *Croatian bándůr*, med. L. *bandītus*, from *bandum*, see BANNER] सं० (बहु०) १७४१ में बैरन ट्रैंक द्वारा संगठित अत्याचारी और लुंडारा सिपाहियों की फ़ौज जो बाद में आस्ट्रिया की सेना में मिला ली गई थी।

pane (pān) [F. *pan*, L. *pannum*, nom. *-nus*, piece of cloth] सं० १. (खिड़की के खाने में लगा हुआ) शीशा, काँच का टुकड़ा; २. रंगबिरंगे धारदार नमूने का आयताकार खंड। क्रि० स० रंगबिरंगी धारियों के कपड़े की पोशाक बनाना। **paneless** वि० बिना टुकड़ों का।

panegyric (păn ē jir' ik) [F. *panégyrique*, L. *panēgyricus*, Gr. *panēgrikos* (PAN-, AGORA)] सं० १. प्रशंसात्मक संभाषण; २. प्रशस्ति*/विरुद* (मा० १ भी), गुणानुवाद, गुणकीर्तन। वि० गुणानुवादपूर्ण। **panegyrical** वि० प्रशंसात्मक। **panegyrist** सं० गुणानुवाद करने वाला, प्रशस्तिकार*/विरुदकार*/वंशस्तोता* (मा० १ भी)। **panegyrize** क्रि० स० गुणानुवाद करना, भूरि-भूरि प्रशंसा करना, प्रशंसात्मक लेख लिखना।

panel (păn' el) [O.F., from med. L. *pannellus*, dim. of *pannus*, PANE] सं० १. पैनल* (आ० भी), पलान, खोगीर, जीन का कई आदि भरा हुआ ऊनी अस्तर; २. एक प्रकार की काठी; ३. चर्मपत्र का टुकड़ा; ४. तालिका, नामिका* (प्र०, मा० १ भी), न्यायसभ्यों (जूरी के सदस्यों) की नामावली; ५. पट्ट*/फलक*/खंड* (ई० २, मा० १ भी); ६. भागक* (ई० ३ भी)। क्रि० स० १. (घोड़े आदि पर) पलान रखना; २. (दरवाज़े, दीवार आदि में) लगा हुआ बड़ा तख्ता; ३. (पोशाक को) दूसरे रंग या दूसरे प्रकार के कपड़े का जोड़ दे कर सजाना। **panelling** सं० १. पलान या भरा हुआ ऊनी अस्तर; २. दीवार या दरवाज़े में बड़ा तख्ता लगाने या कपड़े में दूसरे रंग का जोड़ देने की क्रिया; ३. दिलहा-बंदी* (ई० ३ भी)।

pang (pāng) [etym. doubtful] सं० १. पीड़ा, यंत्रणा, वेदना, दर्द की टीस, कसक आदि; २. अतिव्यथा, आकस्मिक तीव्र मानसिक वेदना।

pangolin (pāng gō' lin) [Malay *pang-göling*, a roller (from its habit of rolling itself up)] सं० पैंगोलिन, एक प्रकार का चींटीखोर जन्तु।

panhandle (păn' hăndl) [PAN[1], HANDLE] सं० [अमरीकी प्रयोग] किसी देश के दो विभागों के बीच में स्थित लम्बा संकीर्ण क्षेत्र।

panic[1] (păn' ic) [F. *panique*, Gr. *panikos*, from PAN[2]] वि० १. (भय, त्रास आदि) अत्यधिक, अतिशय, बहुत अधिक; २. बेबुनि-याद, निराधार। सं० तहलका, आतंक, सन्त्रास, आकस्मिक तथा अनादायी भय। क्रि० अ० और स० तहलका मच जाना, आतंकित होना, सन्त्रस्त होना। **~monger** भय फैलाने वाला, खतरनाक खबरें उड़ानेवाला। **panicky** वि० (बोल०) आतंकित, भयग्रस्त, संत्रस्त।

panic[2] (păn' ik) [L. *panicum*] सं० विभिन्न प्रकार की घासें जिसमें इटली की ज्वार भी शामिल है।

panicle (păn' i kel) [L. *pānicula*, dim. of *pānus* a swelling, ear of millet] सं० (वन०) छोटा गुच्छा, सयुक्त मंजरी, (वि० १) यौगिक असीमाक्ष*, पुष्पगुच्छी, पुष्पगुच्छ* (कृ० भी)।

panification (pān i fi kā' shŭn) [F., from *panifier*, to make into bread, from L. *pānis*, bread]सं० पाव रोटी बनाने का काम।

panjandrum (păn jăn' drŭm) [humorous coinage by Samuel Foote] सं० १. उच्च पदाधिकारी का मजाक में रखा हुआ नाम; २. आडंबरी अधिकारी।

pannage (păn' ăj) [A.-F. *panage*, O.F. *pasnage*, late L. *pastionāticum*, from *pastio*, grazing, from *pascere*, to feed] सं० १. सुअर चराने का अधिकार; २. सुअरों की चराई का भुगतान; ३. सुअरों का चारा।

panne (pan) [F.] सं० पैन, लंबे रोमों का पोशाक बनाने के काम का मुलायम कपड़ा।

pannier[1] (păn' i ĕr) [M.E. and F. *panier*, L. *pānārium*, bread-basket, from *pānis*, bread] सं० १. बहंगी, खाँची, बंद टोकरी जिसमें एम्बुलेंस के शल्य-यंत्र और औषधियाँ रखी जाती हैं; २. साथे का नितम्बों पर का चुन्नटदार उठा हुआ भाग।

pannier[2] (păn' i ĕr) [etym. doubtful] सं० (बोल०) Inner Temple का बर्दीधारी सेवक।

pannikin (păn' i kin) [PAN[1]-KIN] वि० १. (धातु का बना हुआ) पानी पीने की कटोरी या प्याला; २. कटोरी भर वस्तु।

panoply (păn' ŏ pli) [Gr. *panoplia* (PAN-, *hopla*, arms, pl. of *hoplon*, tool, implement)] सं० सर्वांग कवच, पूरे शरीर का जिरहबख्तर (प्रायः ला०)। **panoplied** वि० सर्वांग कवच-धारी, सर्वांग कवचयुक्त।

panopticon (păn op' ti kŏn) [PAN-, Gr. *optikon*, neut. of-*kos*, of sight, OPTIC] सं० पेनॉप्टिकॉन*/ सर्वतोदृश्य* (मा० १ भी), गोल क़ैदखाना, गोलाकार जेल (बेंथम का सुझाव था कि जेलें गोल बनाई जाएँ जिसमें चारों ओर क़ैदियों के रहने की कोठरियाँ हों और बीच में पहरेदारों के रहने का गोल कमरा)।

panorama (păn ŏ ra' mă, -răm' ă) [PAN-, Gr. *horama*, view, from *horaein*, to see] सं० १. क्षितिज के चारों ओर लिपटी हुई चित्रमाला; २. दृष्टि के सामने से निरन्तर गुजरने वाला दृश्य; ३. परिदृश्य, चारों ओर का दृश्य (प्रायः ला०)। **panoramic** वि० १. परिदृश्य संबंधी; २. अविच्छिन्न दृश्य का। **panoramically** क्रि० वि० परिदृश्य के रूप में।

pan-pipe दे० PAN[2]।

pansy (păn' zi) [F. *pensée*, thought, orig. fem. p.p. of *penser*, to think, L. *pensāre*, freq. of *pendere*, to weight] सं० १. पैन्जा* (ह० भी), रंग-बिरंगे फूलों वाला पौधा; २. (बोल०) (~boy भी) स्त्रैण युवक; ३. लौंडा, गाँड़ू।

pant (pănt) [cp. A.-F. *pantoiser*, O.F. *pantaisier* (F. *panteler*), pop. L. *phantasiāre*, to dream, to have nightmare, L. *phantasiāri*, see PHANTASM] क्रि० अ० और स० १. हाँफना, हाँफना, साँस फूलना, दम चढ़ना; २. (ला०) तड़पना, तमन्ना रखना, लालायित होना; ३. ज़ोर-ज़ोर से धड़कना, हाँफते हुए बोलना। सं० हाँफ, हुँफनी, धड़कन, धकधकी।

Pantagruelism (păn tă groo' ĕli zm) [*Pantagruel*, character in Rabelais] सं० भोंडा मज़ाक, अश्लिष्ट हास्य। **Pantagruelian** वि० भोंडा मज़ाक करने वाला या ऐसे पसंद करने वाला। **Pantagruelist** सं० भोंडा मज़ाक करने वाला व्यक्ति।

pantalets, pantalettes (păn tă lets') सं० (बहु०) १. पैंटलेट्स, स्त्रियों का पाजामे की तरह का वस्त्र; २. स्त्रियों का साइकिल सवारी का जाँघिया या नेकर।

pantaloon (păn tă loon') [F. *pantalon*, It. *pantalone* (Venetian character on the Italian stage, prob. from San *Pantaleone*, a popular saint in Venice)] सं० १. इटली के एक सुखान्त नाटक का पतलूनधारी पात्र; २. (अब) मूक अभिनय में विदूषक का सहायक; ३. (इति०, बहुधा आ एकध०) टखनों तक की बिरजिस; ४. पतलून, पैंट (मुख्यतः अमरीकी प्रयोग अब इस शब्द का स्थान प्रायः pants ने ले लिया है)।

pantechnicon (păn tek' ni kŏn) [PAN-, Gr. *technikon* (*technē*, art), -IC] सं० फ़र्नीचर का गोदाम (मूलतः एक बाज़ार का नाम)। ~van फ़र्नीचर ढोने वाली गाड़ी।

pantheism (păn' thē izm) [PAN-, Gr. *theos*, god, -ISM] सं० १. सर्वेश्वरवाद* (मा० १, २ भी), सर्वात्मवाद* (मा० १ भी), 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' का सिद्धांत; २. समस्त देवताओं की मूर्तिपूजा। **pantheist** सं० १. सर्वेश्वरवादी*/ सर्वात्मवादी* (मा० १ भी); २. समस्त देवताओं को मानने वाला। **pantheistic, -al** वि० सर्वेश्वरवाद संबंधी।

Pantheon (păn thē'-, păn' the ŏn) [L., from Gr. *panthēion* (PAN-, *theios*, divine, from *theos*, god)] सं० १. पैन्थियॉन*/ देवगण*/ सर्व-देव मंदिर* (मा० १ भी), समस्त देवताओं का मंदिर (विशेष रोम का गोलाकार मंदिर जिसमें सब देवताओं की पूजा होती थी); २. किसी जाति द्वारा पूजित समस्त देवतागण; ३. प्रख्यात व्यक्तियों का अक़बरा या स्मारक; ४. लन्दन का सार्वजनिक मनोरंजन भवन जो १७७२ ई० में स्थापित हुआ था।

panther (păn' thĕr) [M.E. and O.F. *pantere*, L. *panthēra*, Gr. *panthēr*] सं० १. चीता; २. तेंदुआ। **pantheress** सं० मादा चीता या तेंदुआ। **American** ~अमरीकी पैंथर, अमरीका का एक हिंसक पशु।

panties (păn' tiz) सं० (बहु०) १. (बोल०) बच्चों की पतलून; २. स्त्रियों का चुस्त नेकर या जाँघिया।

pantile (păn' tīl) सं० १. टेढ़ा या खमदार खपड़ा या खपरैल; २. *लहरिया टाइल** (ई० ३ भी)।

pantisocracy (păn ti sok' ră si) [PANT-, Gr. *tokratia*] सं० सर्वतंत्र, ऐसा समाज जिसमें सब व्यक्ति समान हों और सब शासन भी करते हों।

panto- [Gr. *pas pantos*, all] समास में सब या सर्व के अर्थ में प्रयुक्त।

pantograph (păn' to grăf) सं० १. किसी भी आकार के मान-चित्र आदि की नक़ल करने का यंत्र; २. (वि०१) पैंटोग्राफ़*। **pantographic** वि० उक्त यंत्र संबंधी।

pantology (păn tol' ŏ ji) विश्वज्ञान। **pantologic** वि० विश्वज्ञान संबंधी।

pantomime (păn' to mīm) [L. *pantomimus*, Gr. *pantomimos*] सं० १. (इति०) मूक अभिनेता; २. अंग्रेजी नाटक जिसमें मूक अभिनय के साथ विदूषकों और प्रेमी-प्रेमिकाओं का भी स्थान होता है; ३. मूक अभिनय। क्रि० स० और अ० १. मूक अभिनय करना; २. इशारों से अपनी बात ज़ाहिर करना। **pantomimic** वि० मूक अभिनय संबंधी **pantomimist** सं० मूक अभिनेता।

pantomorphic (păn tō mŏr' fik) [PANTO-, Gr. *morphē*, form, -IC] वि० सर्वरूपी, जो सब रूप धारण कर सके।

pantopragmatic वि० और सं० सब मामलों में हस्तक्षेप करने वाला (व्यक्ति)।

pantoscope (păn' tŏ skōp) सं० १. विस्तृत दृश्य खींचने वाला

कैबरा; २. विस्तृत कोण से दृश्य देखने का शीशा या लेंस। **pantoscopic** वि० विस्तृत दृश्य विचारी गई।

pantry (pān' tri) [O.F. *panetérie*, med. L. *pānetāria*, a place where bread is made etc. from L. *pānis*, bread] सं० भंडारघर, रसद रखने का कमरा। **pantryman** सं० भंडारी, रसद रखने के कमरे का इंतज़ाम करने वाला छानसामा या उसका सहायक।

pants (pānts) [short for PANTALOONS] सं० (बहु०) १. (बो०, मुख्यतः अमरीकी प्रयोग) पतलून; २. पतलून के नीचे पहनने का लम्बा चुस्त पाजामा या इसकी बुकान [PANTALOON का संक्षेप]।

panzer (pān' tser) [G., armour, armour-plating] वि० बख्तरबंद। सं० बख्तरबंद सेना की टुकड़ियाँ।

pap[1] (păp) [prob. imit.] सं० १. बच्चों या अपंगों के लिए मुलायम या पतला भोजन; २. भरता, फलों का गूदा। **pappy** वि० १. उक्त भोजन संबंधी; २. भरते का।

pap[2] (păp) [imit., cp. prec.] सं० १. स्तनाग्र, पुरुषों के वक्षस्थल पर वही भाग; २. (बहु०) साथ-साथ स्थित पर्वत-शिखर।

papa[1] (pá pā') [F., from L., *pāpa*, imit. in orig. (cp. Gr. *pappas*)] सं० पापा, पिता।

papa[2] (pa' pā') [med. L. from Gr. *pappas*, see prec.] सं० १. पोप; २. पादरी, कनिष्ठ कलर्जी।

papa[3] (pa' pa) [Maori] सं० न्यूज़ीलैण्ड में पाई जाने वाली नीली मिट्टी।

papacy (pā' pá si) [med. L. *pāpātia*, from prec.] सं० १. पोप का पद या पद की अवधि; २. पोप प्रणाली, पोपतंत्र*/ पोपपद* (मा० १ भी)। **papal** वि० पोप का, पोप संबंधी। **papalism** सं० पोपवाद* (मा० १ भी)। **papalist** सं० पोपवादी, पोप का अनुयायी। **papalize** क्रि० स० और अ० पोप के अधिकार में लाना, पोपवादी बनाना। **papally** (pā' pá li) क्रि० वि० पोप के अनुसार या रूप में।

papaverous (pá pā' ver ŭs) [L. *papāver*, poppy, -ous] वि० पोस्त जैसा। **papaveraceous** वि० पोस्त भरा।

papaw (pá paw') [Sp. *papaya*, Carib. *ababai*] सं० १. पापा, ताड़ जैसा दक्षिण अमरीकी पेड़ जिसकी पत्तियों, फलों और टहनियों का रस गोश्त को मुलायम बनाता है; २. दक्षिणी अमरीका का एक पेड़ जिसके बैंजनी रंग के लम्बे फल खाने के काम आते हैं।

paper (pā' pēr) [O.F. *papier*, L. PAPYRUS] सं० १. काग़ज़; २. बीजक, हुंडी आदि; ३. नोट, काग़ज़ी मुद्रा; ४. (प्रा०) थियेटर का पास या निःशुल्क प्रवेशपत्र; ५. (बहु०) जहाज़ या व्यक्ति की पहचान या स्थिति का प्रमाण-पत्र; ६. परीक्षा का प्रश्न-पत्र, इम्तिहान का पर्चा; ७. अख़बार, समाचारपत्र; ८. निबंध। क्रि० स० १. काग़ज़ में लपेटना; २. (दीवार आदि) काग़ज़ से मढ़ना या सजाना; ३. काग़ज़ लगाना, काग़ज़ चिपकाना; ४. (प्रा०) थियेटर को बहुत से पास बाँट कर भर देना। **commit to ~** टीक लेना, लिख लेना। **on ~** काग़ज़ों से अनुमान लगाना (काम द्वारा नहीं)। **send in one's papers** इस्तीफ़ा देना, त्यागपत्र देना। **~back** वह पुस्तक जिसका आवरण काग़ज़ का हो। **~bag cookery** मक्खन लगे काग़ज़ के लिफ़ाफ़ों में भोजन रख कर धीमी आँच में पकाने की विधि। **~chase** ऐसी दौड़ जिसमें एक या कई व्यक्ति आगे दौड़ते हुए जाते हैं और थोड़े-थोड़े फ़ासले पर काग़ज़ के टुकड़े बिखेरते जाते हैं और दूसरे उनका पीछा करते हैं। **~hanger** दीवार पर काग़ज़ मढ़ने वाला। **~hangings, wall ~** दीवार पर मढ़ने का काग़ज़। **~knife** काग़ज़ काटने का चाकू। **~mill** पेपर मिल, काग़ज़ बनाने का कारख़ाना। **~stainer** काग़ज़ रँगनेवाला, दीवार पर मढ़ने का काग़ज़ बनाने वाला। **~technology** (वि० काग़ज़-शिल्प*। **~weight** काग़ज़ दबाने का काँच, पत्थर, लकड़ी आदि का टुकड़ा। **~war (fare)** काग़ज़ी लड़ाई। **papery** वि० काग़ज़-सा, काग़ज़-जैसा।

papier mâché (păp' yā mâsh' á) [F., chewed paper] सं० सचि में डली हुई काग़ज़ की लुगदी जिसके बक्स आदि बनते हैं।

papilionaceous (pá pil i ŏ nā' shŭs) [L. *papilio -ōnis*, butterfly, -ACEOUS] वि० (बन०) तितली जैसे दल वाला, मटरकुलीय*/पैपिलियोनेटीय* (वि० १ भी)।

papilla (pá pil' á) [L., dim. of PAPULA] सं० (बहु० **-læ**) १. मस्सा, गुमड़ी, शरीर के किसी भाग में कुचाग्र जैसा उभार; २. (बन०) पौधों का गूदेदार धूमड़ा; ३. पैपिला* (आ०, वि० १ भी); ४. अंकुरक* (आ० भी)। **papillary, -late, -lose** वि० १. मस्सेदार; २. गूमड़ेदार; ३. अंकुरक* (आ० भी)।

papist (pā' pist) [F. *papiste* (PAPA[2] -IST)] सं० १. पोपतंत्र का समर्थक, पोप की सर्वोपरिता को मानने वाला; २. रोमन कैथोलिक वर्गविलम्बी(निंदात्मकशब्द)। **papistic (-al)** पोपतंत्र। **papism, papistry** सं० पोपवाद, पोपतंत्र का समर्थन। **papistically** क्रि० वि० पोपतंत्र का समर्थन करते हुए।

papoose (pá poos') [N. Am. Ind.] सं० उत्तरी अमरीका के रेड इंडियनों का बच्चा।

papoosh, -ouche सं० दे० BABOUCHE

pappus (păp' ŭs) [mod. L., from Gr. *pappos*] सं० (बन०) रोमगुच्छ* (वि० १ भी), एक विशेष फूल के फल के रोएँ या रेशे। **pappose** वि० उक्त रोओं वाला।

paprika (păp' ri ká) [Hung.] सं० हंगरी की लाल मिर्च।

papula (păp' ū lá) [L., a pustule, dim. from *pap-*, to swell], सं० (बहु० **-ae, -es**) १. मुँहासा, मुँह की फुंसी; २. पौधों का गूदेदार उभार या गूमड़ा। **papular** (păp' ū lăr), **-lose** (păp ū lōs), **lous** (păp' ū lŭs) वि० १. मुँहासेदार; २. गूमड़ेदार, (आ०) पीटिका*। **papulation** सं० मुँहासों या पौधों के गूमड़ों का बढ़ना।

papyrus (pá pī' rŭs) [L., from Gr. *papuros*, of Egyptian orig.] सं० (बहु० **-ri**) १. पेपाइरस* (जिस का एक पौधा जिसकी मज्जा से काग़ज़ बनता था) (आ० १ भी), नाली में होने वाला पौधा; २. उक्त पौधे के डंठलों से प्राचीन मिस्रियों द्वारा बनाया हुआ काग़ज़; ३. (बहुव०) उक्त काग़ज़ पर लिखी पांडुलिपि। **papyraceous** वि० १. काग़ज़ी, काग़ज़ जैसा, काग़ज़-सा पतला; २. पत्र* (आ० भी)। **papyro-** समास बनाने में काग़ज़ के अर्थ में प्रयुक्त। **papyrograph** (pá pir' ŏ-, pī' rŏ graf) [-GRAPH] स्टेंसिल द्वारा प्रतिलिपियाँ तैयार करने का यंत्र। **papyrography** काग़ज़ पर बने चित्रों के ब्लॉक तैयार करने की विधि।

par[1] (par) [L., equal, equally] सं० बराबरी, समता, औसत, मात्रा, राशि आदि (गोल्फ़ में)। **above ~** सम मूल्य से अधिक। **at ~** सम मूल्य पर। **below ~** सम मूल्य से कम। **~of exchange** विनिमय की सममूल्य दर।

par[2] *(colloq.)* [PARAGRAPH] सं० (बोल०) पैरा, पैराग्राफ़।

paraa- [Gr. *para*, by the side of, beyond] समास बनाने में 'निकट', 'परे', 'गलत', 'अनुचित', 'बचाना' आदि अर्थों में प्रयुक्त, उदा० (बहु० भी) (जैसे paramilitary वि० जिसका पद या काम सेना के समान हो)।

parabasis (pá rắb' á sis) [Gr., from *prabainein* (*bainein*, to go)] सं० (बहु० **-bases**) बीच मुकांत नाटकों का वह सहगायन जो कवि की ओर से श्रोताओं को सम्बोधित कर के गाया जाता है।

parable (pắr' á bel) [O.F. *parabole*, as foll.] सं० १. नीति कथा, दृष्टांत कथा* (मा० १ भी), नैतिक गल्प, ऐसी कहानी जिसमें नैतिक या आध्यात्मिक तथ्यों का वर्णन हो; २. रूपक।

parabola (pá rắb' ó lá) [L., from Gr. *parabolē* (PARA-, *ballein*, to throw)] सं० परवलय*/ पैराबोला* (वि० १ भी)।

parabolic, -al वि० १. नैतिक कथा में वर्णित, २. (प्रायः parabolic) परवलीय, परवलयिक*/ पैराबोलीय* (सं० ३, वि० १ भी), परवलय से संबंधित। **parabolically** क्रि० वि० नैतिक कथा के रूप में। **paraboloid** (वि० १) परवलयज*/ पैराबोलॉइड* (विशे० ~of revolution)।

parachronism (pá rắk' rō nizm) [*Gr. khronos*, time,-ism] सं० काल-निर्धारण में भूल।

parachute (pắr' á shoot) [F. (It. *para*, imper. of *parare*, to ward off, F. *chute*, fall)] सं० १. अवतरण-छत्र*/ पैराशूट* (वि० १ भी), हवाई छतरी, हवाई जहाज से कूदने की छतरी; २. ऊँचाई से सुरक्षित रूप से कूदने में उपयुक्त प्राकृतिक या कृत्रिम साधन। क्रि० स० और अ० पैराशूट से कूदना, हवाई छतरी से उतरना। **~flare** जिस स्थान पर गोलाबारी करनी हो उसे पैराशूट की सहायता से फ्लेयर फेंक कर रोशन करना। **~mine** पैराशूट में बाँध कर फेंकी गई सुरंग। **~troops, paratroops** हवाई छतरी सेना। **parachutist** सं० १. पैराशूट से कूदने वाला सैनिक; २. (बहु०) उक्त सैनिकों की टुकड़ी।

paraclete (pắr' á klēt) [F. *paraclet*, L. *paracletus*, Gr. *parakletos* (PARA- *kalein*, to call)] सं० (ई० में प्रयुक्त) समर्थक, पक्षपोषक।

parade (pá rād') [F., from Sp. *parada*, It. *parata*, from L. *parāre*, to get ready] सं० १. दिखावा, आडंबर, प्रदर्शन (विशे० make a~of); २. परेड* (मा० १ भी), सेना की कवायद, ३. सार्वजनिक मैदान। क्रि० स० और अ० १. (फ़ौज का) कवायद करवाना, तड़क-भड़क दिखाना, आडंबर दिखाना; २. (जुलूस बना कर) प्रदर्शन करना; ३. प्रदर्शन करते हुए जुलूस में चलना।

paradigm (pắr' á dim) [F. *paradigme*, L. *paradigma*, Gr. *paradeigma* (PARA-, *deiknunai*, to show)] सं० प्रतिमान* (मा० २ भी), नमूना, उदाहरण, निदर्शन (विशे० शब्द रूपावली)। **paradigmatic** वि० उदाहरणात्मक, रूप-निदर्शन संबंधी।

paradise (pắr' á dīs) [F. *paradis*, L. *paradisus*, Gr. *paradeisos*, O.Pers. *paradaeza* (*pairi*, PERI-, *diz*, to mould)] सं० १. नन्दन कानन, नंदन वन; २. स्वर्ग, स्वर्गलोक; ३. परमानंद की अवस्था या जगह; ४. जानवर रखने का बगीचा। **paradisaic, -al, paradisean, paradisial, paradisian, paradisical** वि० स्वर्गीय, स्वर्गिक, नंदन वन का, आनंदधाम का।

parados (pắr' á dos) [F.], सं० किले का पुश्ता, (विशे०) खाई के पिछले भाग का मिट्टी का बाँध।

paradox (pắr' á doks) [F. *paradoxe*, L. *paradoxum*, Gr. *paradoxon* (PARA-, *doxa*, opinion)] सं० १. कूट, विरोधाभास* (मा० २, वि० १ भी), असद्‌भास; २. जो बात पहले-पहल असंगत जान पड़े पर बाद को सम्भवतः सत्य निकले; ३. असंगत कथन, स्वतः विरोधी वक्तव्य; ४. लोकमत के विरुद्ध कथन; ५. लोगों के विचारों के विरुद्ध कोई वस्तु या व्यक्ति। **paradoxer, paradoxist** सं० १. विरोधाभासी, असद्‌भासी; २. लोकमत के विरुद्ध बोलने वाला; ३. उल्टी बात करने वाला। **paradoxical** वि० १. विरोधाभासी* (आ०, मा० २ भी), विरोधाभासात्मक; २. लोक-विरुद्ध। **paradoxically** क्रि० वि० १. विरोधाभास से; २. लोकविरुद्ध मत से। **paradoxology** सं० १. विरोधाभासोक्ति; २. लोकविरुद्ध कथन।

paradoxure (pắr á dok sūr) [PARADOX, Gr. *oura*, tail] सं० खजूरबिलाव, एक प्रकार का जानवर जिसकी बड़ी लम्बी टेढ़ी पूँछ होती है।

paraffin (pắr' á fin) [F. *paraffine*, from L. *parum*, little, *affinis*, akin, so called from the small affinity with other bodies] सं० पेराफ़िन* (ई० ३, वि० १ भी), एक प्रकार का मोम जिससे मोमबत्तियाँ आदि बनाई जाती हैं। क्रि० स० पैराफ़िन इस्तेमाल करना। **liquid ~** हल्का ज्वलन लेने के लिए ओषधि रूप में प्रयुक्त तरल पैराफ़िन। **~oil** पैराफ़िन का तेल जो जलाने के काम आता है। **~wax** पैट्रोलियम से प्राप्त ठोस पैराफ़िन पैराफ़िन मोम* (वि० १ भी)।

paragoge (pắ rá go' ji) [Gr., leading past] सं० (व्या०) किसी शब्द में अक्षर का योग। **paragogic** वि० अक्षर वृद्धि संबंधी।

paragon (pắr á gŏn) [F., from It. *peragone*, etym.doubtful] सं० १. नमूना, आदर्श; २. श्रेष्ठ व्यक्ति या वस्तु; ३. (१०० कैरेट से भी अधिक वजन का) बहुमूल्य हीरा। क्रि० स० (काव्य०) तुलना करना।

paragraph (pắr' á graf) [F. *paragraphe*, late L. *paragraphus*, Gr. *paragraphos* (PARA-, -GRAPH')] सं० १ पैरा* (प्र०, विधि भी), पैराग्राफ़, अनुच्छेद; २. पैरानिर्देशक चिह्न (¶) अब केवल संदर्भ में ही प्रयुक्त; ३. बिना लीपोक का अक्षर या संक्षिप्त समाचार। क्रि० स० अक्षरवार का पैरा लिखना; २. (लेख आदि को) पैराग्राफ़ों में क्रमानुसार रखना। **paragrapher, paragraphist** सं० अनुच्छेद-लेखक, पैरा लिखने वाला। **paragraphic** वि० पैरा से संबंधी। **paragraphically** क्रि० वि० पैरा के रूप में।

Paraguay (pắr' á gwī) [S. American republic named after a river], सं० दे० MATE।

paraheliotropic (pắr á hē li ō trop' ik) वि० प्रकाशाभिमुखी, प्रकाशाभिमुखी प्रवृत्ति से संबंधित। **parahelitropism** सं० पौधों की प्रकाशाभिमुखी प्रवृत्ति, प्रकाश किरणों के पड़ने की दिशा में पत्तियों को मोड़ लेने की प्रवृत्ति।

parakeet (pắr' a kēt) [O.F. *parroquet* (F. *perroquet*), perh. from It. *parrochetto*, dim. of *parroco*, a parson, or of *parrucca*, PERUKE] सं० पैराकेट, एक प्रकार का लम्बी पूँछ वाला छोटा तोता।

parakite (pắr á kit) [from KITE, after PARACHUTE] सं० १. पैराकाइट, हवाई छतरी वैसा पतंग; २. वैज्ञानिक प्रयोगों में काम आने वाला बिना पूँछ का पतंग।

paralipsis (pắr á lip' sis) [Gr. *paraleipein* (PARA-, *leipein*, to leave)] सं० बात को अधिक प्रभावपूर्ण बनाने के लिए उस बात की चर्चा न करने को कहना और बाद में परोक्ष रूप से उसे कहना।

parallax (pắr' á lăks) [F. *parallaxe*, Gr. *parallaxis*, alternation, change (PARA-, *allassein*, to change)] सं० विस्थार-

पदामाल, संबंध*/ पैरैलैक्स* (आ०, वि० १ भी)। **parallactic** वि० पित्र्यापवाचास संबंधी।

parallel (pâr' á lel) [M.E. *parallele*, L. *parallēlus*, Gr. *parallēlos* (PARA-, *allēlos*, one another)] वि० १. समान्तर* (ई० २, वि० १ भी), समानान्तर, (ला०) सदृश, अनुरूप, एक-सा, मिलता-जुलता। सं० असंपाद वृत्त, असंपाद रेखा (जैसे the 49th ~); २. (वैन्य०) जिस स्थान पर आक्रमण करना हो उसके समानांतर बनाई हुई खाई; ३. किसी अन्य व्यक्ति या वस्तु के अनुरूप व्यक्ति या वस्तु; ४. समानांतर स्थिति; ५. बराबरी, मिलान, तुलना, सादृश्य; ६. दो समानांतर रेखाएँ। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **paralleled**) १. तुलना करना, सादृश्य दिखाना, साम्य दिखाना; ३. समानांतर होना, अनुरूप होना। **~bars** पैरेलल बार्स, व्यायाम करने के दो समानांतर डंडे जो लकड़ी के छोटे-छोटे खम्भों पर लगे रहते हैं। **~ruler** समानांतर रेखाएँ खींचने की दोहरी पटरी। **parallelism** सं० १. (शा० और लो०) समान्तरवाद* (मा० २, ३ भी)/ समानांतरता* (आ०, २, वि० १ भी), समरूपता; २. हिबू भाषा के क्रमिक अवतरणों की तुलना या अनुरूपता।

parallelepiped (pâr á lel ep' i ped, -e pi' ped), **-pipedon** (-pip' e dŏn) [Gr. *parallēlepipedon* (PARALLEL, *epipedon*, a level, a plane, from *epi*, upon, and *pedon*, the ground)] सं० समांतरफलकी, समानांतर चतुर्भुजों से बनी हुई ठोस आकृति, समांतरघट्फलक* (वि० १ भी)।

parallelogram (pâr á lel' o grăm) [F. *parallélogramme*, L. *parallēlogrammum*, Gr. *parallēlogrammon* (PARALLEL, *gramme*, line)] सं० समांतर चतुर्भुज* (वि० १ भी)।

paralogism (pá răl' ŏ jizm) [F. *paralogisme*, L. *paralogismus*, Gr. *paralogismos*, from *paralogizesthai* (PARA-, *logizesthai*, to reason, from *logos*, reason)] सं० १. तर्कभास* (मा० २ भी), कुतर्क, युक्तिशून्य तर्क; २. भ्रांति, हेत्वाभास (तुल० SOPHISM)। **paralogize** क्रि० अ० १. कुतर्क करना, युक्तिशून्य तर्क देना; २. भ्रांति होना।

paralyse (pâr' a liz) [F. *paralyser*, as foll.] क्रि० स० १. लकवा मारना, फालिज पड़ना, पक्षाघात होना; २. (ला०) बेकार कर देना, पंगु बना देना। **paralysation** सं० १. लकवे का प्रभाव; २ पक्षाघात।

paralysis (pa răl' i sis, -lĭ sis) [L., from Gr. *paralusis* (PARA-, *lusis*, from *luein*, to loosen)] सं० १. लकवा* (आ०, कृ० भी), फालिज, अर्द्धांग, पक्षाघात* (कृ० भी); अंगघात*, घात* (आ० भी), २. (ला) अत्यंत शक्तिहीनता, अक्षमता की अवस्था। **paralytic** वि० और सं० १. घातज* (आ० भी); २. पक्षाघातग्रस्त (व्यक्ति), लकवा मारा हुआ (आदमी); २. (शा० और लो०) पंगु, शक्तिहीन। **paralytically** क्रि० वि० लकवे के मरीज की तरह।

paramagnetic (pâr a măg net' ik) [PARA-, MAGNETIC], वि० समचुंबक, अनुचुंबकीय* (वि० १ भी), (तुल० DIAMAGNETIC] **paramagnetism** सं० समचुंबकत्व, (वि० १) अनुचुंबकत्व*। **parameter** (pá răm' e ter) [Gr. *metron*, measure] सं० (गं०) पैरामीटर*, प्राचल*, अंतःकेंद्री*, अनुपात* (आ०, ई० २, मा० २, ३, वि० १ भी)।

paramatta सं० पैरामैटा, एक प्रकार का हल्का कपड़ा जो सूदर और सूतायम ऊन में सूत या रेशम मिला कर बनाया जाता है।

paramo सं० पैरामो, दक्षिणी अमरीका के उष्णकटिबंधीय प्रदेशों का वृक्षशून्य पठार।

paramount (pâr' á mount) [A.-F. *paramont*, O.F. *par amont* at the top (*par*, by, AMOUNT)] वि० १. सर्वश्रेष्ठ, सर्वोपरि, सर्वोच्च, परमोच्च* (मा० १ भी), सब से बड़ा; २. सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ; ३. उच्चतर, श्रेष्ठतर। **~lord** सम्राट्। **~lady~** सम्राज्ञी। **paramountcy** सं० १. सर्वश्रेष्ठता, सर्वोपरिता; २. सर्वोत्तमता; ३. परमोच्च शक्ति* (मा० १ भी)। **paramountly** क्रि० वि० १. सर्वश्रेष्ठतापूर्वक, सर्वोपरिता से; २. सर्वोत्तम रूप से।

paramour (pâr' á moor) [O.F. *par amour*, L. *per amorem*, by love] सं० १. (अवै०) यार, जार* (विधि भी), उपपति; २. जारिणी, उपपत्नी।

parang (pá răng') [Malay] सं० मलाया का छुरा।

paranoia (pâr á noi' á), **prancna** (-né' á) [Gr. *paranoia* (PARA-, *nous*, mind)] सं० पैरानोइया* (आ० भी), उन्माद, मानसिक विक्षेप (विशे० वह जिसमें उन्माद ग्रसित व्यक्ति अपने को बहुत बड़ा समझने लगता है), संभ्रांति* (मा० २ भी)।

parapet (pâr' á pĕt) [F., from It. *parapetto* (*para*, to depend, *petto*, L. *pectus*, breast)] सं० १. मुंडेर* (ई० १, ३ भी), मुंडेरा; २. (सैन्य०) खाई आदि के सामने रोक और सैनिकों को छिपाने के लिए बनी मिट्टी या पत्थर की दीवार; ३. प्राकार* (मा० १ भी)। **parapeted** वि० १. मुंडेरदार; २. जिसके आगे रक्षार्थ दीवार बनी हो।

paraph (pâr' áf) [F. *paraphe*, med. L. *paraphus*, *paragraphus*, PARAGRAPH] सं० हस्ताक्षर के अंत की घुमावदार शोभावर्द्धक रेखा जो प्रारंभ में जालसाजी से सुरक्षित रहने के लिए प्रयुक्त हुई थी।

paraphernalia (pâr á fer nā' li á) [neut. pl. of L. *parapherndlis*, from Gr. *parapherna*, neut. pl. (PARA- Gr. *phernē*, a dowry, from *pherein*, to bring)] सं० (बहु०) १. निजी सामान, निजी उपयोग के उपकरण या वस्तुएँ; २. सज्जा-सामान, लवाजमा, उपस्कर; ३. (पहले के अर्थों में) स्त्रीधन, वस्त्र-भूषण, विवाहित स्त्री के अपने निजी प्रयोग के वस्त्र, आभूषण आदि।

paraphrase (pâr' á frāz) [F., from L. and Gr. *paraphrasis* (PARA-, *phrazein*, to tell)] सं० १. भाष्य, टीका, भावानुवाद, छायानुवाद, शब्दांतर द्वारा अर्थ-प्रकाशन या विस्तृत व्याख्या; २. इंजील के सन्देबद्ध भाष्य के अनुच्छेदों का कोई संकलन जो स्कॉटलैण्ड आदि के गिरजे में प्रचलित था। क्रि० स० अवतरण का भाष्य करना, भावानुवाद या छायानुवाद करना, शब्दांतर द्वारा अर्थ प्रकाशन करना। **paraphrastic,-al** वि० १. भावानुवाद संबंधी, व्याख्यात्मक; २. टीका-रूप, व्याख्या-रूप। **paraphrastically** क्रि० वि० भाष्य के रूप में, भावानुवाद या टीका-रूप में, विस्तृत व्याख्या से।

paraplegia (pâr a plē' ji á) [Gr. *paraplēgia* (*plēssein*, to strike)] सं० अपराघात* (आ० भी), अर्द्धांग, निम्नांगों का पक्षाघात, पैरों का और पूरे या आधे धड़ का लकवा, शरीर के नीचे के अंगों का पक्षाघात। **paraplegic** वि० निम्नांगों के पक्षाघात का या उससे ग्रस्त।

parasang (pâr' á săng) [L. *parasanga*, Gr. *parasangēs*, from Pers.] सं० फरसंग, फ़ारसी का एक प्राचीन फ़ारसी माप जो लगभग १० हज़ार फीट (या ३ मील) का होता है।

paraselene (pâr á sĕ lē' nē) [PARA-, Gr. *selēnē*, moon]. सं० शशि-कल्क, वह चमकीली पट्टा जो चन्द्रमा के तेजोमंडल में दृष्टि गोचर होता है।

---

father (fa'dhər) कादर; **feet** (fēt), **fate** (fāt), **fall** (fôl), **fair** (fer), **fare** (fer), **fell** (fel), **her** (her), **here** (hir), **fir** (fər), **ice** (īs), **bit** (bit), **bite** (bīt), **but** (but), **cut** (kut), **fun** (fun), **fur** (fər), **food** (fūd), **foot** (fut), **full** (fool), **fur** (fər), **mute** (mūt), **cube** (kūb), **boat** (bōt), **north** (nôrth), **note** (nōt), **joy** (joi), **voice** (vois).

parasite (păr' ă sīt) [L. *parasitus*, Gr. *parasitos* (PARA-, *sitos*, food)] सं० १. चाटुकार, खुशामदी, परान्नभोजी, परान्नजीवी; २. स्वार्थी, घिछलग्गू; ३. परान्नजीवी या परजीवी पशु और पौधा (तुल० COMMENSAL); ४. (चिकित्सा अर्थों में) जीवंतिका, अमरबेल, चूतौक्का, बेल या लता या पौधा जो किसी और पौधे या दीवार पर चढ़ जाता है; ५. (आ०, फ्र०, वि० १) परजीवी* (आ० ३ भी)।

parasitic,-al वि० १. परान्नभोजी, परोपजीवी, पारजैविक, परजीवी (आ०, वि० १ भी); २. परान्नवृत्ति; ३. परजीवी संबंधी। **parasiticide** सं० १. परजीविघ्न, परजीवी पौधे या प्राणियों को नाश करने की औषधि या वस्तु, (आ०) परजीवीनाशक*। **parasitism, parasiticalness** (păr' ă sī tizm sitical nĕs) सं० परान्नभोजिता*/ परजीविता* (आ०, मा० ३ भी), परान्नयिता। **parasitize** (păr' ă sī tīz) क्रि० स० परजीवी या परान्नभोजी होना (मुख्यतः भू० कृ० में)। **parasitology** सं० १. पारजैविकी, परजीवशास्त्र या विज्ञान; परजीवीविज्ञान* (आ० भी)।

parasol (păr ă sol', păr' ă sol) [F., from It. *parasole* (*para*, imper. of *parare*, toward off, *sole*, L. *sol*', sun)] सं० छतरी, (विशे०) महिलाओं के इस्तेमाल का छोटा हल्का छाता।

parasynthesis (păr ă sin'the sis) [PARA- SYNTHESIS], सं० [भा० वि०] समास या सामासिक शब्द में व्युत्पत्ति। **parasynthetic** वि० १. समस्तपद से व्युत्पन्न; २. समास से प्राप्त व्युत्पत्ति संबंधी। **parataxis** (păr ă tăk' sis) [Gr. *paratavis* (*tassein*, to arrange)], सं० १. (व्या०) उपवाक्यों आदि की असंबद्ध व्यवस्था या विन्यास जिसमें समानता या अधीनता सूचक शब्द प्रयुक्त न हों; २. संयोजक शब्दों के प्रयोग बिना वाक्यखंडों को जोड़ना। **paratattic** वि० १. उप वाक्यों की असंबद्ध व्यवस्था का; २. असंबद्ध रूप से व्यवस्थित। **paratactically** क्रि० वि० उपर्युक्त रूप से व्यवस्थित होते हुए। **paratroops** सं० (बहुव०) पैराट्रूप्स, छतरीवाहक फ़ौज, छत्रसेना। **paratrooper** सं० छतरी सैनिक। **paratyphoid** (pă ra ti foid) सं० अपांत्र ज्वर, पाराटाइफ़ाइड, मियादी बुखार, टाइफ़ाइड की तरह का एक रोग जो पैराकोलन बैसीलस नामी कीटाणुओं के कारण होता है।

paravane (păr' ă vān)[PARA-, VANE] सं० पैरावेन, टारपीडो के आकार का सुरंग काटने का यंत्र जो नदी के भीतर दूर तक लटका कर खींचा जाता है और सुरंगों की ज़ंजीरें काट देता है।

parboil (par' boil) [O.F. *parboillir*, from late L. *perbullire*, to boil thoroughly (PER-, *bullire*, to BOIL), confused with PART] क्रि० स० १. थोड़ा उबालना, थोड़ा खौलाना या गर्म करना; २. (ला०) अधिक जोश दिला देना, बहुत भड़का देना, अतिक्षुब्ध कर देना।

parbuckle (par' bŭk ĕl) [etym. unknown] सं० डोल-फंदा, रस्सी जिसे बीच में किसी डोल, पीपे आदि से बाँध देते हैं और दोनों सिरों को लोहार लिंग नीचे और आसपास लपेट कर उन्हें नीचे लटकाते या ऊपर खींचते हैं। क्रि० स० डोल-फंदे से नीचे लटकाना या ऊपर खींचना।

parcel (par' sĕl) [F. *parcelle*, late L. *particella*, dim. of *particula*, PARTICLE] सं० १. (अ०) हिस्सा, भाग (विशे० part and ~दे० PART); २. भूभाग, भूखंड, ज़मीन का टुकड़ा, (विशे०) भूसंपत्ति का हिस्सा; ३. पोटली, बंडल, पार्सल* (प्र० भी), पुलिंदा, बंडार में बँधा हुआ सामान; ४. (वाणि०) माल का एक चालान, एक खेप, इतना माल या बोझ जितना एक बार में ढोया जा सके। क्रि० वि० अंशतः, कुछ अंश तक। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० parcelled) १. भागों में विभक्त करना, खंडों में या हिस्सों में बाँटना (प्रायः out के साथ प्रयुक्त); २. (नौ० वि०) (रस्सी पर) किरमिच की पट्टियाँ लपेटना, किरमिच के टुकड़ों और राल से जहाज की दरार बंद करना। **~-post** पार्सल डाक, डाकसेवा की वह शाखा जिससे पार्सल भेजे जाते हैं। **parcelling** सं० (क्रियागत अर्थों में) (विशे०, नौ० वि०) पार्सलिंग, राल और तारकोल लगी किरमिच की पट्टियों को जहाज की रस्सियों पर लपेटी जाती हैं, बंधान*/ अंश-विभाजन* (आ० भी)।

parcenary (par' sĕ nări) [A.-F. *parcenarie*, O.F. *parconerie*, from *parconier*, *parcener*, med L. *partitrius partitionarius* (PARTITION,-ER)] सं० समांशिता, बपौती का साझा, पट्टीदारी।

parcener सं० समांशी, साझीदार, पट्टीदार।

parch (parch) [etym. unknown] क्रि० स० और अ०१. (मटर आदि को) थोड़ा-सा भूनना, झुलसाना; २. (धूप का व्यक्ति को) झुलसाना, तपाना, (प्यास का) गला सुखाना; ३. झुलस जाना, सूख हो जाना, तप्त, दग्ध या शुष्क हो जाना।

parchment (parch' ment) [F. *parchemin*, L. *pargamēna*, orig. fem. of *Pergamēnus*, pertaining to *Pergamum*, city of Mysia] सं० १. पक्ष*. चर्मपत्र*, पार्चमेन्ट, (मा० १, वि० १ भी), चमड़े का काग़ज़, झिल्ली (विशे० भेड़ या बकरी की जो चिकनाकर, लेखन आदि के काम आती है); २. चर्मपत्र पर लिखी हुई पांडुलिपि या हस्तलिखित प्रति; ३. चर्मपत्र की तरह का झिलका (विशे० काढ़े के बीजों का)। **parchmenty** वि० चर्मपत्रीय, चर्मपत्र संबंधी।

pard[1] (pard), **pardal** (par' dăl) [O.F. *pard*, L. *pardus*, Gr. *pardos*, earlier *pardalies*, of Eastern orig. (cp. Pers. *pārs*, *pārsh*)] सं० तेंदुआ।

pard[2] 'pard) [colloq. abbr. of PARTNER] सं० (आ०) साझीदार, भागीदार, हिस्सेदार, साथी, शरीक, समाधिकारी।

pardon (par' don) [O.F. *pardoner*, *perdoner*, late L. *perdōndre* (PER-, *dōndre*, to give, from *dōnum*, gift)] सं० १. माफ़ी, क्षमा* (आ० ३ भी); क्षांति; २. (ई०) दे० INDULGENCE, ऐसा उत्सव जिसमें क्षमा प्रदान की जाती है; ३. (विधि) परिहार*/ दोषमुक्ति* अपराधक्षमा, अपराधमोचन; ४. अहंतापूर्ण या नम्रतापूर्ण या विनयपूर्ण सहनशीलता या सहिष्णता (विशे० I beg your ~ किसी कार्य, विमर्श या असहमति, विरोध या किसी कही हुई बात को नहीं समझने या सुनने पर खेद-प्रकाशन)। क्रि० स० १. क्षमादान करना, क्षमा करना* (आ० ३ भी) (व्यक्ति, अपराध या व्यक्ति और उसके अपराध के लिए); २. छोड़ देना, जाने देना, माफ़ करना (व्यक्ति, अपराध या किसी व्यक्ति को उसके कृत्य के लिए)। **general ~** सर्वक्षमा, आम-माफ़ी (सब अपराधों या सब अपराधियों की)। **pardonable** वि० क्षंतव्य, क्षम्य, क्षमायोग्य, माफ़ करने लायक़। **pardonableness** सं० क्षंतव्यता, क्षम्यता, अमोचिलता। **pardonably** क्रि० वि० क्षमापूर्वक, क्षमादान के साथ। **pardoner** सं० [इति०] क्षमता, क्षमाप्रदाना, व्यक्ति जिसे गिरजे की ओर से जनता से धन ले कर उनकी दोषमुक्ति करने की अनुज्ञा मिली हो।

pare (păr) [F. *parer*, L. *parāre*, to prepare] क्रि० स० १. तराशना, छाँटना, कतरना, काटछाँट कर के सुडौल बनाना; २. (फल आदि को) छीलना, छिलके उतारना, वल्कल निकालना; ३. (आ०) थोड़ा-थोड़ा कर के कम करना, धीरे-धीरे घटाना, (प्रायः away, down के साथ प्रयुक्त); ४. चूँट डालना, काट देना (off, away के साथ प्रयुक्त); ५. किनारा, हाशिया आदि। **~(nails etc.) to the quick** इतना नाखून काटना कि त्वचा निकल आए। **parer**

सं० तराशने या छाँटने का यंत्र। **paring** सं० कतरन, छीलन, छिलका, बक्कल।

paregoric (pär ĕ gor' ik) [late L. *parĕgorĭcus*, Gr. *parĕgorikos*, soothing, from *parĕgoros*, addressing, *exhorting* (PARA-, AGORA, assembly)] वि० और सं० (elixir) अफ़ीम का कपूरी अर्क, जिसमें बीज और धूप आदि का अल्प मिश्रित होता है।

pareira (pă rār' ă) [Port. *parreira*] सं० पैरीरा, वनवल्ली, औषध-द्रव्य जो एक ब्राज़ीली वृक्ष के मूल से प्राप्त होता है और मूत्र संबंधी रोगों के लिए लाभदायक है।

parenchyma (pă reng' ki mă) [Gr. *parenchuma* (PARA-, *enchuma*, infusion, from *enchein*, to pour in)] सं० १. (ग० वि०) सांतर-विधान, वह प्राकृतिक पदार्थ जो शरीर के अंगों और ग्रंथियों में पाया जाता है और जो मांस या मांस का संबद्ध करनेवाले ऊतक नहीं होते; २. (वन०) पत्तों और उनकी मज्जा में पाया जानेवाला वही पदार्थ (तुल० PROSENCHYMA), प्रायः कोमल और रसीला या रसदार, (विशे०) पत्तों, फलों के गूदा आदि के कोमलतर हिस्सों में पाया जाने वाला। **parenchymal** वि० सांतर-विधान का, आदिपेशी-जाल संबंधी। **parenchymatous, parenchymous** वि० जीवितक युक्त, सांतर-विधान-युक्त।

parent (pâr' ent) [F., from L. *parentem*, nom. *-ens*, from *parĕre*, to produce, to beget] सं० माता* या पिता* (विधि भी), माँ-बाप, जनक* (वि० १ भी), पुरखा, पूर्वज (विशे० our first parents आदम और हौव्वा); २. जानवर, पौधा जिसने और पशु या पौधे उत्पन्न हों (प्रायः गुणवाचक, जैसे the ~ bird, tree); ३. (ला०) उद्गम, मूल* (वि० १ भी), जड़, आदिकारण या उत्पत्तिमूल (बुराई आदि का)। **parentage** सं० पितृत्व*/जननी-जनकत्व* (मा० ३ भी), पितृपरंपरा, वंशावली, वंश, कुल (जैसे his ~ is unknown)। **pearental** (pa rent' tal) वि० १. पैतृक* (आ०, वि० १ भी), जननिपु* (भा० ३ भी), पितृतुल्य, पितृसुलभ, माँ-बाप का; २. जनकीय* (वि० १ भी)। **parentally** क्रि० वि० पैतृक संबंध से, माँ-बाप की ओर से। **parenthood** (pâr' ent hud) सं० पितृत्व।

parenthesis (pa ren' the sis) [med. L. and Gr., from *parentithenai* (PARA-, EN-, *tithenai*, to put)] सं० (बहुव० **-theses**) १. निक्षिप्त वाक्य, शब्द या वाक्यांश, वाक्यातर्गत अवांतरपद या शब्द-समूह जो बचनी*/कोष्ठक* (वि० १ भी) या अल्प विराम आदि द्वारा चिह्नित किया जाय, (एकव० या बहुव०) गोलाभिवार, लघु कोष्ठक ( ), जो उक्त वाक्य को चिह्नित करने के लिए प्रयुक्त होता है; २. (ला०) अभ्यांतर, विराम, मध्यवर्तिनी घटना। **parenthesize** क्रि० स० १. निक्षिप्त वाक्य और शब्द के रूप में रखना, वाक्यातर्गत अवांतर पद या शब्दपुंज रखना, २. शब्दों को गोलाभिवार-युक्त करना, शब्दों को लघु कोष्ठक में रखना। **parenthetic** वि० १. निक्षिप्त वाक्य का, निक्षिप्त वाक्य के रूप में रखा हुआ या अन्तर्निविष्ट, २. (ला०) मध्यांतर का, मध्यवर्तिनी घटना का। **parenthetical** वि० १. निक्षिप्त, प्रासंगिक; २. मध्यस्थित; **parenthetically** क्रि० वि० निक्षिप्त रूप से, गर्भित रूप से।

parergon (pârĕr' gon) [L. and Gr.-(PARA-, *ergon*, work)] सं० (बहुव० ~**ga**) गौण या अप्रधान कार्य, प्रासंगिक कार्य, अवकाश में किया हुआ कार्य।

paresis (pâr' ĕ sis) [Gr., from *parienai* (PARA-, *hienai*, to let go)] सं० (चिकि०) आंशिक स्तंभ (पार्श्व वायु, लकवा, पक्षाघात), साधारण या आंशिक पक्षाघात* (ह० भी), हलका लकवा जो मांसल-ग्रंथि का मर्म-स्पर्श करता है परन्तु चैतन्य को बनाए रखता है, (आ०) आंशिकघात*। **paretic** (pa ret' ik) वि० आंशिक पक्षाघाती, जिसे मामूली लकवा हुआ हो।

parget (par' jĕt) [O.F. *pargeter*, *porgeter*, L. *prŏjectāre* (PRO-, *jactāre*, freq. of *jacere*, to throw)] क्रि० स० पलस्तर करना, चूना, सुर्खी आदि मसाले से तैयार किया हुआ एक प्रकार का लेप दीवार आदि पर लगाना। सं० पलस्तर। **pargeting** सं० (शुद्धरूप) लिपाई* (ई० ३ भी)।

parhelion (par hē' li on) [L. and Gr. (PARA-, *hēlios*, sun)] सं० (बहुव० ~**lia**) सूर्याभास, सूर्य के प्रभामंडल में सब से अधिक प्रकाशमान स्थल। **parheliacal, parhelic** वि० सूर्याभास संबंधी, सूर्याभासी।

pariah (pâr' i ă, pa' ri ă [Tamil *paraiyar*, pl. of *paraiyan*, a drummer, from *parai*, drum] सं० १. पैरिया, दक्षिण भारत की नीच जाति का व्यक्ति; २. अछूत,*/अस्पृश्य*/परिया* (भा० ३ भी), नीच जाति का व्यक्ति; ३. (ला०) जातिच्युत या समाजच्युत, व्यक्ति जो जाति से निकाला गया हो। **~dog** पैरिया कुत्ता, भारत का पीले रंग का नीच जाति का आवारा कुत्ता।

Parian (pâr' i ăn) वि० १. पारोसी, पारोस द्वीप का जो सफ़ेद संगमर्मर के लिए प्रसिद्ध था। सं० पोर्सेलिन, बढ़िया पकी हुई सफ़ेद चीनी मिट्टी।

parietal (pa ri' e tal) [F. *parietal*, L. *parietālis*, from *paries -etis*, wall] वि० १. पार्श्विका*, भित्तिक* (वि० १ भी), पार्श्वीय, अंगप्राचीर संबंधी, भित्तीय* (वि० १ भी) २. (वन०) पैराइटल, भित्तिलग्न, ३. भित्तिकास्थि* (वि० १ भी); **~bones** पार्श्वकपाक-अस्थि, खोपड़ी के ऊपर और अगल-बगल की दो हड्डियाँ।

Paris (pâr' is) [capital of France] सं० पेरिस, फ्रांस की राजधानी। **~blue** एक प्रकार का नीला रंग, नील वर्ण। **~doll** कपड़ों की दूकान पर की पुतली जो सजा कर बाहर रक्खी जाती है। **~green** पेरिस ग्रीन, एक विषैला रासायनिक पदार्थ जो हरे रंग और कृमिमारक का काम देता है। **~white** पेरिस ज़ुल्फ़ट, एक प्रकार की खड़िया जो पॉलिश के काम काम आती है। **Parisian** वि० और सं० पेरिस का, पेरिस वाला या अधिवासी।

parish (pâr' ish) [A.-F. *parosse*, *paroche* (F. *paroisse*), late L. *parochia*, Gr. *parŏikia* (PARA-, *oikos*, dwelling)] सं० १. पल्ली, पैरिश, पादरी का हलका, किसी देश का उतना भाग जिसमें एक पृथक् गिरजा और पादरी हों; २. (civil ~ भी) सदावर्त-क्षेत्र, खैराती हलका, दरिद्ररक्षा-विधि की व्यवस्था के लिए जो हलके स्थापित किए गए हैं, उनमें से एक; ३. पैरिश के निवासी, पादरी-प्रदेश के निवासी। **go on the~** पैरिश से सहायता प्राप्त करना। **~clerk** गिरजे के विभिन्न कार्यों को करने वाला अधिकारी। **~council** पैरिश-परिषद्, जो स्थानीय शासन-प्रबंध करती है। **~lantern** दे० LANTERN। **~register** पैरिश-चर्च का रजिस्टर जिसमें विवाह, मृत्यु और ईसाई बच्चों के नामकरण दर्ज किए जाते हैं। **parishioner** (pa rish' o ner) सं० पैरिशवासी, पल्लीक, पल्लीवासी, पादरी-प्रदेश का रहने वाला।

parisyllabic (pâr i si lăb' ik) वि० (यूनानी और लैटिन संज्ञाओं का) समाक्षर, जिनके कर्त्ताकारक में उतने ही अक्षर हों जितने एकवचन के विकारी कारकों में हैं।

parity (pâr' i ti) [F. *parité*, L. *paritātem*, nom. *-tas*, from

~ness, ~quai] सं० १. साम्य, पैरिटी*/ समता* (कु०, वि० १ भी), समानता, बराबरी, तुल्यता (विशे० निरजा के सदस्यों या अधिकारियों में); २. सादृश्य, एकरूपता, जातीयता* (वि० १ भी), अनुरूपता, सामंजस्य (जैसे ~of reasoning); ३. (वाणि०) मुद्रा या विनिमय की समसूल्य-दर (दे० at PAR* भी)।

park (park) [O.F. *parc* (cp. Dut. *perk*, Swed. and Dan. *park*, G. *pferch*), from teut. cp. A.-S. *pearruc*, PADDOCK*] सं० १. उपवन, उद्यान, गाँव के मकान आदि के बगल की परिवेष्टित भूमि; २. पार्क, नगरोद्यान, क्रीड़ास्थल, खुला बाग़ (सार्वजनिक आमोद-प्रमोद के लिए); ३. प्राकृतिक वन, बाग़, सार्वजनिक उद्यान; ४. (सेना॰ना॰ आदि के) शिविर और कैंप का मैदान, पड़ाव; ५. मोटर आदि रखने का स्थान। क्रि० स० १. (भूमि को) पार्क या उद्यान के रूप में घेरना, (किसी क्षेत्र को) पार्क बनाना; २. (सैन्य०) (तोप-खाना आदि को) मैदान में इकट्ठा करना, पड़ाव में एक स्थान पर करना; ३. (मोटर आदि को) एक ओर खड़ा करना या पार्क में खड़ा करना। **the Park** पहले लंदन के सेंट जेम्स पार्क को कहते थे, अब हाइड पार्क (Hyde Park) को कहते हैं। **oyster ~** आयस्टर-क्षेत्र, कस्तूरा मछली का क्षेत्र, समुद्र-तट का एक परिवेष्टित क्षेत्र जिसमें सीप या मछलियाँ पाली जाती हैं और जो ज्वार-भाटे का बाड़-क्षेत्र होता है। **parkish** वि० पार्क का-सा, उपवन जैसा, पड़ाव जैसा।

parka सं० पार्का, कनटोप या हुड सहित चमड़े का जैकेट या बाहरदार बंडी जो एस्कीमो (उत्तरी अमरीका की जाति-विशेष) पहनते हैं।

Parkhurst स० (~prison; पार्कहर्स्ट का जेलखाना।

parkin (par' kin) [etym. unknown] सं० (बोल०) पार्किन, जई की मीठी रोटी या केक, जई और गीरा (राब) से बनाई जाने वाली केक।

parky (par' ki) [etym. doubtful] वि० (ब्रा०) सर्द, ठंडी, शीतल (वायु, सर्वेरा आदि)।

parlance (par' lăns) [O.F., as foll.] सं० वाक्सरणी, बोल-चाल, भाषा, संभाषण की शैली या बोलने की रीति।

parley (par' li) [F. *parler* or O.F. *parler*, fem. p.p. of *parler*, pop. L. *parabolārе*, from *parabola*, PARABLE] सं० १. विरोधी दलों का शर्तों पर बहस करने के लिए सम्मिलन, विवादग्रस्त मसलों को सुलझाने वाला सम्मेलन (विशे० सैन्य शर्तों पर बहस), २. नवाड़े पीट कर संधि-वार्ता के लिए बुलाना, संधि-वार्ता*, सुलह की बातचीत*, विमर्श*, बातचीत* (मा० १ भी)। क्रि० अ० और सं० १. शर्तों पर बहस (शत्रु आदि के साथ); २. बोलना (विशे० विदेशी भाषा)।

parleyvoo (par li voo') [F. *parlez-vous français*, do you speak French ?] सं० (हँसी में) १. फ्रेंच भाषा; २. फ्रांस का निवासी या फ्रांसवासी। क्रि० अ० फ्रेंच बोलना।

Parliament (par' lă ment) [M.E. and O.F. *parlement* (PARLEY, -MENT,] सं० १. पालियामेंट*/ संसद्* (प्र०, मा० १ भी) जिसे इंग्लैंड का सर्वोपरि विधान बनाने का अधिकार है और जिसमें लार्ड सभा (आध्यात्मिक और सामारिक या पांडित्य) और लोक सभा (आम जनता के प्रतिनिधि) हों, अन्य देशों की तदनुरूप विधान सभा या संसद्; २. (~-cake भी) पालमिंट, अदरख की पतली खस्ता, मीठी टिकिया या केक। **long ~** (आरंभ ३ नवंबर १६४०, विघटन मार्च १६६०) दे० LONG। **open ~** (सम्राट् का) विशेष समारोह के साथ संसद का उद्घाटन करना। **short ~** (आरंभ १३ अप्रैल १६४०, विघटन ५ मई १६४०)। **the ~Act** संसद् का अधिनियम, १९११ की वह विधि जिसके अनुसार धन-विधेयकों पर लॉर्डों के निषेधाधिकार की छीन लिया गया और अन्य विधेयकों पर उन्हें अनिश्चय या दुविधा में छोड़ दिया गया। **Parliamentarian** सं० १. सांसदिक, संसद् चित्र, संसत्पक्ष्य; २. १७ वीं शताब्दी के गृह-युद्ध में संसद् का अनुगामी या पृष्ठपोषक या अनुयक्त। वि० सांसद, संसदीय। **parliamentary** वि० १. सांसद, संसद्-संसदीय* (प्र०, मा० १ भी), संसद या पार्लमेंट का, संसद् द्वारा अधिनियमित या स्थापित; २. संसदीय, संसद् में स्वीकार्य (भाषा), (बोल०) सभ्य, शिष्ट। **~affairs** संसदीय कार्य* (प्र० भी)। **~agent** संसदीय प्रतिनिधि, जब संसद में कोई ऐसा अधिनियम बनता है जिसका संबंध किसी व्यक्ति या संस्था से हो तब उसकी ओर से दिलचस्पी लेनेवाला सदस्य। **~train** संसदीय गाड़ी जो पहले एक पैंस प्रति मील से अधिक किराया नहीं लेती थी।

parlour (par' lor) [O.F. *parleor*, med L. *parlātōrium*, from *parlāre*, *paraboläre*, to speak, see PARLEY] सं० बैठक, बैठने का कमरा, सराय का निजी कमरा या निजी वार्तालाप-कक्ष। **~-boarder** प्रादार्य या प्रिंसिपल के घर में रहने वाला छात्र। **~-car** रेल का सुसज्जित सुसज्जित डिब्बा। **~-maid** (अंग्रेजी प्रयोग) खाना खिलाने वाली दासी।

parlous (par' lus) वि० १. (अप्र०, हँसी में) खतरनाक, संकटपूर्ण, जोखिम का; २. कठिन, अति कुशल, सक्त; ३. काइयाँ, चाप, अत्यंत चालाक। क्रि० वि० अत्यत, अतीव, अत्यधिक, बहुत अधिक।

Parnassus (par nă' sus) [mountain in Greece, anciently famous as the favourite resort of the Muses] सं० पार्नेसस, पार्नेसस पर्वत, मध्य यूनान का एक पर्वत जो प्राचीन काल में विद्या की अधिष्ठात्री, सरस्वती का वासस्थान समझा जाता था। **Parnassian** वि० और सं० पार्नेसी, १९ वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध के एक सप्रदाय के कवि से संबंधित (विशे० उसका सदस्य)।

Parnellism (par' ne lizm) [C. S. *Parnell* (1830-91), leader of the Irish Home Rule Party (1880-91)] सं० पार्नेल की नीति, पार्नेलवाद, आयरलैण्ड के स्वराज्य (होम रूल) दल की नीति जिसका नेतृत्व १८८० में १८९१ ई० तक पार्नेल ने किया था। **Parnellite** सं० पार्नेलवादी, पार्नेलवाद का अनुयायी, पार्नेल की नीति का समर्थक।

parochial (pa rō' ki al, [O.F., from Late L. *parochiālis*, from *parochia*, PARISH] वि० १. परोक्षीय्य, स्त्री. पैरिश का या पादरी के क्षेत्र का; २. (ला०, परिस्थितियों या लोककार्य-विषयक) स्थानसीमित, सकीर्ण, सीमित क्षेत्र का, स्थानीय। **parochialism, parochiality** सं० स्थानीयता, सकीर्णता, प्रांतीयता, सकीर्ण हितचिंतन। **parochialize** क्रि० स० १. स्थानीय बनाना; २. पादरी के क्षेत्र में सर्वथ जोड़ना। **parochially** क्रि० वि० १. पादरी के क्षेत्र की ओर से, २. स्थानीय रूप से।

parody (par' o di) [L. and Gr. *parōdia* (PARA-, ODE)] सं० १. पैरोडी, व्यंग्य या अनुकरण काव्य; २. किसी लेखक की भोंडी नकल या उसकी कृति का बिगड़ा हुआ परिहासात्मक अनुकरण। क्रि० स० हँसाने के लिए अनुकरण करना, (साहित्यिक कृति, तौर-तरीका आदि की) विशेषताओं का परिहासपूर्ण अनुकरण करना, (साहित्यिक रचना को) हास्यजनक पदों में परिवर्तित करना। **parodist** सं० पैरोडीकार, व्यंग्यानुकृति करने वाला, नकल में छंद लिखनेवाला।

parole (pă rōl') [F., from late L. *parabola*, PARABLE] सं० १. (~of honour भी) प्रतीति-संभोचन, वचन या प्रतीति जिसका निभाना अपने सम्मान की स्थायी

रखने के लिए अनिवार्य है (विशे० सैन्य०), मौखिक शर्त पर कारामुक्ति, क़ैदी का वचन कि वह मानने का प्रयत्न नहीं करेगा या कुछ समय के लिए जा कर लौट आयेगा या कुछ समय तक क़ैद करने वाले के विरुद्ध हथियार नहीं उठायेगा; २. (सैन्य०) परोल* (भा० ३, विधि भी), क़ैदी की पहिचान के लिए सांकेतिक शब्द जो अधिकारी या संतरी प्रयोग में लाते हैं (तुल० (COUNTERSIGN), संबंध-कारामुक्ति*; ३. वचनमुक्ति*/ अधीक्षित कारामुक्ति* (भा० १ भी), कारावकाश* (भा० ३ भी)। क्रि० स० (क़ैदी को) वाचिक शर्त पर छोड़ना, वचन ले कर रिहा करना। **on~** वचन या प्रतीति पर कारामुक्त किया हुआ, शर्त पर रिहा किया हुआ।

paronomasia (păr ò nō mā' zi à, -si à) [L. and Gr. (PARA-, *anomazein*, to name, from *ouoma*, name)] सं० श्लेष, शब्द-श्लेष, दुअर्थी शब्दों का प्रयोग, दुमानी बात कहना।

paroquet दे० PARAKEET।

parotid (pá rot' id) [F. *parotide*, from L. and Gr. *parōti-tidos* (PARA-, *ous tios*, ear)] वि० १. कर्णमूलीय, कान के पास का, कर्णपूर्व* (आ० भी)। १, सं० २. कर्णमूल, कर्णमूल-ग्रंथि। **~duct** कर्णमूल-प्रणाली, कान के पास की नली जो मुँह तक पहुँचती है। **~gland** कर्णमूल, कर्णमूलीय ग्रंथि, गले की गिल्टी। **parotiditis, parotitis** सं० कर्णमूलप्रदाह, गलसुवा, गलफेड़, गर्दन और चेहरे की संक्रामक सूजन।

paroxysm (păr' ŏk sizm) [F. *paroxysme*, L. *paroxysmus*, Gr. *paroxusmos* (PARA-, *oxunein*, to sharpen, from *oxus*, sharp)] सं० १. रोगावेग, किसी रोग का दौरा या आकस्मिक आक्रमण; २. क्रोधावेश, (तुस्स, हँसी आदि का) दौरा, आवेग, प्रवेग* (आ० भी)। **paroxysmal** वि० १. रोगावेगीय, आवेगीय; २. क्रोधावेश या हँसी के दौरे से संबंधित; ३. प्रवेगी* (आ० भी)।

paroxytone (pá rok' si tōn) [Gr. *paroxutonos* (PARA-, OXYTONE)] वि० और सं० (यूनानी व्या०) उपान्त्य अक्षर पर तीक्ष्ण स्वराघात वाला (शब्द)।

parpen (par' pĕn) [O F. *parpain* (F. *parpaing*), etym. doubtful] सं० दोरुखा पत्थर, पत्थर जो दीवार के दोनों ओर निकला हो और दोनों पार्श्वों की ओर समतल तथा ऊर्ध्वाधर हो।

parquet (par' ki, par ket') [F., a floor, orig. a compartment, dim. of *parc*, PARK] सं० लकड़ी के टुकड़ों से बना हुआ फ़र्श, लकड़ी की चित्रकारी वाला फ़र्श। क्रि० स० लकड़ी के टुकड़ों का फ़र्श लगाना, फ़र्श में लकड़ी के टुकड़े जड़ना। **parquetry** (par' ke tri) सं० लकड़ी की जड़ाई का काम, फ़र्श पर लकड़ी की चित्रकारी।

parr (par) [etym. doubtful] सं० पार, सामन मछली का बच्चा।

parricide (păr' i sīd) [F., from L. *parricida* or *parricidium*] सं० १. गुरुजनघातक, पितृघातक, पितृहंता* (भा० १ भी); २. देशद्रोही, ग़द्दार; ३. पितृघात, पितृवध, गुरुजनघात, गुरुजनवध, गुरुजन-हत्या; ४. देशद्रोह, ग़द्दारी। **parricidal** वि० १. पितृघाती का, पितृहन्ता-संबंधी, गुरुजनघातक का, गुरुजनहत्या-संबंधी; २. देश-द्रोहपूर्ण।

parrot (păr' ŏt) [etym. doubtful, perh. from *periquito*, dim. of *perico*, cp. PARAKEET] सं० १. तोता, सुग्गा, शुक; २. तोते की भाँति अनुकरण करनेवाला या रटने वाला। क्रि० स० तोते की भाँति बिना अर्थ समझे शब्द दुहराना, (व्यक्ति को) तोते की भाँति पढ़ाना। **~fish** तोता-मछली, मछली जिसका रंग अति सुंदर हो या जिसकी चोंच तोते के समान हो। **parrotry** सं० रटंत, तोता रटंत, तोते का सा व्यवहार।

parry (păr' i) [F. *parer*, to parry, L. *parāre*, see PARADE] क्रि० स० (वार या अस्त्र-शस्त्र के प्रहार से) बच जाना, (असंगत प्रश्न को) टाल देना, उससे पहलू बचा जाना, उसे दूर करना। सं० १. परिहार, निवारण, रोक; २. निवारण या बचने की मुद्रा।

parse (parz) [L. *pars*, PART] सं० १. व्याकरण के नियमों के अनुसार या व्याकरण-सम्मत (शब्द की) व्याख्या करना, शब्द के रूप, स्वर परिवर्तन और विभक्ति की व्याख्या करना, पदव्याख्या या पदच्छेद करना; २. वाक्य-खंड करना या उसकी व्याख्या करना।

parsec (par' sek) [PAR IN PARALLAX, SEC IN SECOND] सं० भेदांश, तारों के अंतर की इकाई, कलांश, तारों का एक अंश से दूसरे तक जाने का अंतर, पारसेक* (वि० १ भी)।

Parsee (par sē') [pers. *parsi*, persian from *pārs*, Persia] सं० १. पारसी, फ़ारस देश की एक जाति जिसने ७ वीं और ८ वीं शताब्दी में मुसलमानों के संपीड़न के कारण भारत में प्रवेश किया, ज़रथुस्त्र मत के अनुयायी; २. पारसी, फ़ारस देश की भाषा जो सैसानी राजाओं के शासनकाल में बोली जाती थी। **Parseeism** सं० पारसी मत, पारसी धर्म।

parsimonious (par si mō' ni ùs) [L. *parsi-, parcimônia*, from *parcere*, to spare] वि० १. अल्पव्ययी, फ़िज़ायतकार; २. कंजूस, कृपण, सूम। **parsimoniously** क्रि० वि० मितव्ययिता से, कृपणता से। **parsimoniousness** सं० मितव्ययिता, कंजूसी, कृपणता। **parsimony** (par' si mō ni) सं० १. कंजूसी, कृपणता, फ़िज़ायत-शारी, मितव्ययिता, अल्पव्ययिता; २. (ला०) तुच्छ और साधारण वस्तुओं का बचाव या कृपणता; ३. कंजूसी, कृपणता, सूमपन। **law of~** मितव्ययिता का विधान, यह विधान कि उतने ही साधनों या शक्तियों को गिना जाय जो किसी तथ्य के लिए आवश्यक हों।

parsley (pars' li) [M.E. *percil*, O.F. *peresil* (F. *persil*), late L. *petrosillum*, L. *petroselinum*, Gr. *petroselinon* (*petro-, petros*, stone, *selinon*)] सं० एक मसाले की वनस्पति जो एक छतदार पौधा होता है और जिसके फूल सफ़ेद और पत्तियाँ खजबूदार होती हैं और उनसे भोजन की थालों को सजाते हैं, पार्स्ले* (कृ०, वि० १ भी)।

parsnip (par' snip) [M.E. *pasnep*, O.F. *pastenaque*, L. *pastinăca*, from *pastinum*, a fork for digging] सं० गाजर, पार्स्निप* (वि० १ भी)। **fine words butter no parsnips** दे० BUTTER।

parson (par' son) [M.E. *persone*, PERSON] सं० १. रेक्टर, विद्यालय का अध्यक्ष; २. पादरी-विशेष या वृत्ति पानेवाला कोई भी पादरी; ३. (बोल०) कोई भी पादरी। **~bird** पार्सन पक्षी: न्यूज़ीलैण्ड का एक पक्षी जिसके पंख काले और गर्दन सफ़ेद होती है। **parson's nose** मुर्ग़ आदि का पुच्छांत भाग। **parsonage** सं० पुरोहिताश्रम, पादरी या रेक्टर का निवास। **parsonic** वि० १. रेक्टर संबंधी; २. पादरी का, किसी भी पादरी संबंधी।

part (part) [A.-S., from L. *partem*, nom. *pars*, whence *partire*, F. *partir*, to divide] सं० १. अंश*/ भाग* (सं० २, वि० १ भी), खंड, हिस्सा, टुकड़ा; २. पुस्तक का एक खंड, भाग या हिस्सा, एक जिल्द; ३. पशु-शरीर का कोई भाग या अंश या पक्ष, अंग, अवयव; ४. किसी पूर्ण वस्तु के समान भागों में से एक; ५. निर्दिष्ट भाग, हिस्सा, बाँट; ६. हिस्से का काम, कर्तव्य; ७. अभिनेता की भूमिका, पार्ट, अभिनय-अंश, अभिनेता द्वारा

संबंध पर कहे हुए संवाद, इन संवादों का अनुकरण या इनकी अतिलिपि (ला०); ८. (संगी०) (किसी विशेष व्यक्ति के स्वर या किसी बाजे की) लय, तान, राग; ९. (बहु० प्रदेश, भूभाग, इलाका; १०. पक्ष, तरफ़ (झगड़े आदि की)। क्रि० वि० संज्ञा०. आंशिक रूप से। क्रि० स० और अ० १. बाँटना, विभक्त करना, हिस्से करना, बँटना, अलग-अलग होना, बिछुड़ना; २. कंघे से माँग निकालना, (बालों को) सँवारना, (लड़े बालों को) अलग करना, छुड़ाना, पृथक् करना, (मित्रों को एक दूसरे से) जुदा कर देना, विलग कर देना, उनके आपसी संबंध बिगाड़ देना; ३. विदाई लेना, साथ छोड़ना, बिछुड़ना, जुदा होना; ४. (बोल०) दाम खर्च करना, जेब से रुपया निकालना, चुकाना। **for my~** जहाँ तक मेरा संबंध है, अपनी ओर से तो। **for the most~** प्रायः, बहुधा, ज्यादातर, अक्सर, अधिकतर। **have neither~nor lot** उसका इससे कोई वास्ता या संबंध नहीं है। **on the~of** किसी की ओर से किया हुआ (जैसे there was no objection on my~)। **~and parcel** आवश्यक अंग, अनिवार्य भाग। **~with** त्याग देना या तजना, परित्याग करना, सौंपना, हवाले करना (संपत्ति आदि)। **~company** मैत्री भंग करना, साथ छोड़ देना या संग छोड़ना (with के साथ प्रयुक्त)। **~from or with** विदा करना, विदाई लेना, पृथक् या जुदा होना। **~of speech** शब्दवर्ग, शब्दभेद जैसे संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम, क्रिया, क्रियाविशेषण आदि। **~owner** अंशभागी, साझेदार। **~song** अंश-गान, खंड-गान, जिसको तीन या अधिक एक सुर में गाते हैं। **play a noble~** (ला०) बड़ा व्यवहार करना, मलमनसी में पेश आना, भद्रतापूर्ण बर्ताव करना। **play an unworthy~** अनुचित व्यवहार करना, कमीनापन या अशिष्टता से काम लेना। **play a~** (ला०) चाल चलना, धोखा देना, घृणापूर्ण व्यवहार करना, शठतापूर्ण व्यवहार करना। **take~** सहायक होना, भाग लेना, हरीक होना (बहस आदि में)। **take the~of** समर्थन करना, पक्ष लेना, किसी की तरफ़दारी करना। **take (words, a~tions) in good~**बुरा न मानना, अप्रसन्न या कुद्ध न होना। **the private parts** गुप्त भाग, गुप्तांग, गोप्य या वैयक्तिक हिस्सा।

partake (par tāk')क्रि० स० और अ० १. (-took, -taken) भाग या हिस्सा लेना, साझीदार या हिस्सेदार होना; २. (किसी व्यक्ति के साथ या वस्तु में) शामिल होना, शिरकत करना, सम्मिलित होना, जोड़ीदार होना; ३. ग्रहण या उपभोग करना, (विशे०) भोजन करना, कुछ खाना या पीना या (बोल०) सब खा जाना; ४. किसी का (गुण आदि) व्यक्त होना या (स्वभाव आदि का) परिचय मिलना।

partan (par' tán) [Sc., prob. from Gael.] सं० (स्कॉटलैण्ड) केकड़ा, कर्कट।

parterre (par' tár') [F. *par terre*, on the ground] सं० १. समतल भूमि जिसमें फूलों की क्यारियाँ होती हैं; २. नाट्यशाला में ओतागण के नियत स्थान के भूमितल का एक भाग (गायक-मंडली के नियत स्थान के पीछे)।

parthenogenesis (par thé nó jen' é sis) [Gr. *parthenos*, virgin, GENESIS] सं० (जीव०) स्वसंभू, स्वजात, जननेन्द्रिय के संबंध के बिना प्रजनन, अपैथूनोत्पत्ति, अनिषिक्त-जनन, अनिषेक जनन* (ला०, क्रु०, वि० १ भी)। **parthenogenetic** वि० स्वजात संबंधी, अनिषिक्त-जनन संबंधी।

Parthian (par' thi án) वि० पार्थिया का (पश्चिमी एशिया का प्राचीन राज्य)। **~glance** अंतिम झलक, अंतिम दृष्टि जो प्रस्थान करते समय डाली जाय (पार्थियाई अश्वारोही की भाँति जो भागते-भागते पीछे की ओर मारता जाता था)। **~shaft** अंतिम उक्ति, आखिरी चोट (किसी विवाद आदि की समाप्ति पर या उसकी समाप्ति के लिए कोई ऐसी बात जिसका बद्धमूल प्रभाव पड़े)।

partial (par' shāl) [F., from L. *partialis*, from *pars partis*, PART] वि० १. पक्षपाती, पूर्वग्रही, तरफ़दारी करनेवाला; २. आंशिक* (ला०, क्रु० भी), अपूर्ण, अधूरा; ३. (ग०) खंड* (क्रु०, प्र० भी)। सं० १ (संगी०) आंशिक सुर, अंश स्वर* (वि० १ भी)। **~eclipse** खंडग्रास, आंशिक ग्रहण। **~to** पक्षपाती, अनुकूल रुचि रखने वाला (किसी व्यक्ति या वस्तु में)। **upper partials** बाजे के तार, बाँसुरी आदि से उत्पन्न वे उच्च सुर जो मुख्य-सुर से अधिक स्पष्ट रूप से सुने जाते हैं। **partiality** सं० १. पक्षपात, तरफ़दारी, पक्षपातिता, पक्षानुराग, न्याय-अन्याय का विचार त्याग कर किसी का पक्षग्रहण (करना); २. अनुचित अनुराग या आसक्ति (for के साथ प्रयुक्त)। **partially** क्रि० वि० संज्ञा०. आंशिक रूप में, अधूरेपन से, पक्षपात से, पूर्वाग्रह के साथ।

partible (par' ti bél) [L. *partibilis*, from *partiri*, to divide, as prec.] वि० विभाज्य, भाग या विभक्त करने योग्य, जिसका निश्चित रूप से बँटवारा हो (among के साथ प्रयुक्त विशे० पैतृक संपत्ति का)।

participate (par tis' i pāt) [L. *participātus*, p.p. of *participāre* (PART, *capere*, to take)] क्रि० स० और अ० १. भाग लेना, अंश ग्रहण करना, साझी या सम्मिलित होना, शरीक होना (किसी व्यक्ति के साथ किसी वस्तु में); २. कुछ रंग पाया जाना। **participant, participator** सं० हिस्सेदार, शरीक, भाग लेने वाला, सहभागी। **participation** सं० शिरकत, भाग ग्रहण, भाग लेना*; शामिल होना* (मा० १ भी)।

participle (par' ti si pel) [O. F. *participe*), L. *participium*, as prec.] सं० कृदंत, धातु में कृत् प्रत्यय लगाने से बना हुआ शब्द, क्रिया से बना हुआ विशेषण। **participled,-ld** वि० कृदंती। **participial** वि० कृदंतात्मक, कृदंत का। **participially** क्रि० वि० कृदंत रूप में, कृदंत की दृष्टि से।

particle (par' ti kel) [L. *particula*, dim. of *pars*, PART] सं० १. कण* (ला०, द्र० ३, क्रु०, वि० १ भी), कणिका, लव, लेश, क्षुद्रांश, अणु या परमाणु; २. अल्पतम अंश, परिमाण, एक रत्ती, तिल भर या जरा भी (जैसे has not a~of sense); ३. लघु अव्यय शब्द; ४. साधारण प्रत्यय या उपः (जैसे un-, out-, -ness, -ship हिन्दी में उप, अन्, प्र, परा, अप, ता, वार आदि)। **parti-coloured** वि० रंगबिरंगा, अनेक रंगों का, कुछ हिस्सा एक रंग का, कुछ किसी और का, बहुरंगी* (मा० १ भी)।

particular (pár tik' ú lár) [M.E. and O.F. *particuler*, L. *particulāris*, from *particula*, PARTICLE] वि० १. विशेष* (मा० २ भी), विशिष्ट (वि० १ भी), खास; २. (तर्क०, प्रस्थापना संबंधी) अव्यापक, विशेष (विलोम UNIVERSAL); ३. विभिन्न, पृथक्, असूक, निराला, व्यक्तिगत, वैयक्तिक; ४. विलक्षण, असाधारण, असामान्य, विलक्षण, विशिष्ट, अपूर्व, सूक्ष्म, सटीक, प्रकृत, यथार्थ, बिल्कुल ठीक; ५. नाजुक दिमाग, हुस्नोशौक़ीन, तुनुक-मिजाज, छुआछात (खाने आदि के मामले में)। सं० १. विवरण, ब्योरा, बद; २. (बहु०) ब्योरेवार लेखा या अधिकार लेखा, विवरण,

विस्तार। **particulars** सं० (बहु०) विशिष्टियाँ, ब्यौरे*, (प्र०, विधि भी)। **Particular Baptists** विशिष्ट ईसाई दीक्षा-गुरु, बपतिस्मा सम्प्रदाय के लोग जो विशिष्ट-निर्वाचन तथा विशिष्ट मुक्ति की धारणा रखते हैं। **in~** विशेषतः, मुख्यतः, खास तौर पर। **particularism** सं० १. ईश्वर के यहाँ से विशिष्ट निर्वाचन या विशिष्ट मुक्ति का सिद्धांत २. विशिष्ट कारणवाद* विशिष्टतावाद* (मा० ३ भी); २. मतानुराग, पक्षानुराग, विशेषानुरक्ति, किसी पक्ष या सम्प्रदाय आदि के प्रति ऐकांतिक अनुरक्ति; ३. यह सिद्धांत आदि कि साम्राज्य के अंदर प्रत्येक राज्य राजनीतिक दृष्टि से स्वतंत्र है। **particularist** सं० १. विशिष्ट मुक्तिवादी या निर्वाचनवादी; २. विशेषानुरक्ति रखनेवाला, मतानुरागी या पक्षानुरागी; ३. साम्राज्य के अंदर राज्यों में राजनीतिक स्वाधीनता का समर्थक। **particularity** सं० १. विशेषता, विशेष-निर्देश; २. असामान्यता, पार्थक्य, विशिष्टता। **particularize** क्रि० स० एक-एक कर के गिनाना, ब्यौरा बताना, विशेष रूप से बताना, विशिष्टीकृत करना। **particularization** सं० विशेषीकरण, विशिष्टीकरण, स्पष्ट रूप से उल्लेख या विशेष वर्णन। **particularly** क्रि० वि० १. विशेषतः, खास तौर पर; २. सूक्ष्मतया, विस्तार से, विस्तारपूर्वक।

parting (par' ting) सं० १. क्रियागत अर्थों में, विद्या० विदा, विदाई, वियोग, विरह (प्रायः गुणवाचक); २. बालों को सँवार कर बनाई हुई रेखा; ३. विवधि* विभाजन* अवांतर स्तर* (वि० १ भी), पृथक्करण* (वि० ३ भी)। **~of ways** चौराहा, चौरस्ता, चौमुहानी, दोराहा (प्रायः ला० जीवन का दोराहा, वह स्थिति जहाँ यह निर्णय करना हो कि विभिन्न विधियों में से किस विधि का प्रयोग किया जाय)।

partisan[1] (par ti zăn', par' ti zan) [It. *partigiano*] सं० १. पक्षधारी* (मा० १ भी), पक्षपोषी, (विशे०) अवांनुयायी, अधमक्ष, तरफ़दार (प्रायः गुणवाचक); २. (सैन्य०) अनियमित सेना का सैनिक जो किसी विशेष उद्देश्य या अवसर के लिए भरती किया गया हो (इति०); ३. (आधुनिक प्रयोगों में) गुरिल्ला (मूलतः धक्के से चिरे हुए प्रदेश में लड़नेवाले रूसियों के लिए प्रयुक्त)। **partisanship** सं० पक्षपोषण, तरफ़दारी, अवांनुकरण।

partisan[2] (par' ti zăn) [F. *partisane* (now *pertuisane*), It. *partesana, partegiana*, perh. rel. to prec., or from Teut. (cp. O.H.G. *parta*, halberd)] सं० (इति०) लंबे दस्ते का भाला, नेज़ा या बरछा।

partite (par' tit) [L. *partitus*] वि० (वन०, कृमि०) विदर, आमूल खंडित, जो (लगभग) मूल के समीप तक फटा हुआ हो।

partition (par tish' ŭn) [F., from L. *partitionem*, nom. *-tio*, from L. *partiri*, to PART] सं० १. बँटवारा, विभाजन* (मा० २, वि० १, विधि भी), वितरण* (वि० १ भी), अलग हिस्सों में बाँटने की क्रिया या भाव; २. विभाजित खंड, भाग या हिस्सा, खाता; ३. विभाजक, अलगानेवाली या अलग करने वाली भित्ति या बीच की दीवार; ४. (विधि) वास्तविक सम्पत्ति का विभाजन (सहभागियों आदि में)। क्रि० स० भागों में विभाजित करना, विभक्त करना, हिस्सों में बाँटना, हिस्सा अलग करना। **partitioned** वि० विभाजित, बँटवारा किया हुआ, ओट या बीच की दीवार से अलग किया हुआ। **partitive** (par' ti tive) वि० और सं० विभाग-सूचक, भाग-सूचक (शब्द), किसी पूर्ण के एक भाग को सूचित करने वाला (शब्द), विभाग-द्योतक पद। **partitively** क्रि० वि० विभाग सूचक के रूप में।

partly (part' li) क्रि० वि० १. अंशतः, भागतः* (विधि भी), किसी अंश में; २. आंशिक रूप से, किंचित् रूप से; ३. किसी हद तक।

partner (part' nĕr) [var. of PARCENER] सं० १. भागी*/हिस्सेदार* (ह० भी), भागीदार* (विधि भी), सहयोगी, साथी (किसी व्यक्ति के साथ या किसी वस्तु का); २. सहभागी, साझीदार, साझेदार* (ह०, वि० १ भी), साझी (व्यापारादि में); ३. पत्नी, पति; ४. (नृत्य में) सहनर्तक, सगी, जोड़ा; ५. (ताश आदि खेल में) पार्टनर, साथी, सहयोगी; ६. (नौ० वि०, बहुव०) लकड़ी का चौखटा जो जहाज के पटाव के छेद के निर्द होता है जिसमें से मस्तूल, दमकल आदि गुज़रता है। क्रि० स० १. किसी वस्तु या व्यापार में साझी होना, किसी के साथ सहभागी होना; २. साथी बनना, सहयोगी या शरीक बनाना। **predominant~** (विटिश साम्राज्य का) प्रमुख भाग, इंग्लैण्ड। **partnerless** वि० सहयोगीहीन, सहचरहीन, बिना साथी का, अकेला (अविवाहित)। **partnership** सं० भागीदारी, साझेदारी, साझा* (ह० भी), सहभागिता* (वि० १ भी)।

partridge (par' trij) [M.E. *pertriche*, O.F. *perdiz, pertuz*, L. *perdicem*, nom. *perdix*, Gr. *perdix -dika*] सं० तीतर* (वि० १ भी), तित्तिर (विशे० common or gray ~)। **~wood** पाटिज लकड़ी, एक प्रकार की लाल और सख्त लकड़ी जो फ़र्नीचर आदि बनाने में काम आती है, छींटें या बूँदकियाँ जो लकड़ी पर कुकुरमुत्ता आदि से पड़ जाती हैं।

parturient (par tûr' i ĕnt) [L. *parturiens -ntem*, pres. p of *parturire*, to be in labour, from *parere*, to produce] वि० प्रसवोन्मुखी, आसन्नप्रसवा, जो बच्चा देने के निकट हो (प्रायः ला० मन आदि के संबंध में)। **parturition** सं० प्रसव* (ह०, वि० १ भी), प्रसूति, संततिजनन, प्रसवन (ला० भी)।

party[1] (par ti) [F. *partie*, L. *partita*, fem. p.p. of *partiri*, to divide, from *pars partis*, PART] सं० १. दल*/पार्टी*/पक्ष* (मा० १ भी), संप्रदाय, फ़िरक़ा, किसी मत, उद्देश्य आदि के लिए संगठित समूह, पक्षधर* (विधि भी); २. दलबंदी, पार्टाबंदी, दलभक्ती, गुटबंदी, आम सवालों को लेकर पार्टियाँ बनाने का प्रथा; ३. सहयात्री दल, टोली, जमात, मिलकर यात्रा करनेवाली पार्टी; ४. सामाजिक समारोह या जमाव, (विशे०) पारिवारिक समारोह, प्रीतिभोज; ५. मुकदमे, संविदा, विवाह आदि के दोनों दलों में से एक, वादी या प्रतिवादी, संविदी या सवेदक, फ़रीक, वर-पक्ष या कन्या-पक्ष आदि; ६. सहायक, अनुषंगी, उपसाधक (किसी काम में); ७. (अव प्रा० या अशि०) व्यक्ति। **~coloured** दे० PARTICOLOURED। **~spirit** दलबदी, पक्षभावना, दलभावना*/पार्टीबाज़ी* (मा० १ भी)। **~spirited** दलबदीपूर्ण, पक्षभावनायुक्त। **~ wall** मध्य भित्ति, विभाजक भित्ति (दीवार)।

party[2] (par' ti) [F. *parti*, as prec.] वि० (वंशावली विज्ञान) विभिन्न गुणों के आभासयुक्त हिस्सों में विभाजित या रंग-रूप में थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ कई हिस्सों में बँटे हुए।

parvenu (par' ve nu) [F., past p. of *parvenir*, L. *pervenire*, to arrive (PER, *venire*, to come)] सं० नया रईस, नया नवाब, अल्प समय में बहुत धनी या प्रभावशाली हो जानेवाला अज्ञात कुल का व्यक्ति (प्रायः गुणवाचक)।

parvis (par' vis) [F., from L. *paradisus*, PARADISE] सं० गिरजाघर के सामने का बाड़ा, अहाता, घेरा या चहारदीवारी।

paschal (pâs' kăl) [F. *pascal*, L. *paschâlis*, from L. and Gr. *pascha*, Heb. *pasakh*, the *Passover*, from *pâskh*, be passed

over] वि० १. यहूदियों के पर्व विशेष, पासओवर का; २. ईस्टर का, ईसा मसीह के पुनरुत्थान के स्मारकोत्सव का।

pashalic (pā' shā, pāsh' ā) [Turk.] सं० पाशा, तुर्की राज्य के उच्च पदाधिकारी (जैसे सैन्य समादेशक या सेनापति, राज्य के राज्यपाल आदि) । **~of three, two, tails, of one tail** (पदक्रम के अनुसार पहली, दूसरी और तीसरी श्रेणी का) युद्ध में घोड़ों की पूँछों को प्रतीक रूप मान कर उनकी संख्या के अनुसार।

pashalic (pa' shā lik, pā' shā lik) सं० पाशा का शासन-क्षेत्र या अधिकार-सीमा या क्षेत्राधिकार।

pashm सं० पश्म, पशम, पश्मीना, बहुत उम्दा और नरम ऊन जो तिब्बत, लद्दाख आदि की बकरियों से प्राप्त होता है और जिससे कश्मीरी शाल आदि बनते हैं।

pasque-flower (pāsk' flou ėr) [formerly *passeflower*, F. *passefleur* (*pasque*, Easter, FLOWER), assim. to PASCH] सं० पास्क फूल, अदल-बदल, एक पौधा जिसमें घंटी के आकार के फूल लगते हैं।

pasquinade (pās kwi nād') [*Pasquino*, or *Pasquille*, popular name of a piece of ancient statuary at Rome on which in the 15th cent. Latin verses were displayed, said to be so named after a satirical cobbler] सं० व्यंग्य काव्य, उपहास-लेख, विद्रूपात्मक रचना, व्यंग्योक्ति (विशेष सार्वजनिक स्थानों पर लिखी या चिपकाई हुई)।

pass (pas) [F. *passer*, from L. *passus*, PACE] (भू० कृ० **passed** या वि० के रूप में **past**) क्रि० अ० और स० १. बढ़ना, आगे बढ़ना, जाना (along, down, over, on etc. के साथ प्रयुक्त); २. प्रचलित होना, चलना, जारी या रिवाज में होना; ३. एक स्थान से दूसरे स्थान को प्रेषित होना, भेजा जाना; ४. अदल-बदल होना, बदल जाना, एक स्थिति से दूसरी स्थिति बदल करना; ५. मृत्यु होना, चल बसना, मर जाना, गुजर जाना; ६. गुजरना, निकलना, बीतना, करना; ७. समाप्त होना, मिट जाना, लुप्त होना, खत्म होना; ८. पार होना, बढ़ जाना, आगे निकल जाना, रास्ता तय करना; ९. साफ़-साफ़ निकल जाना या बेदाग़ निकल जाना, ठीक समझा जाना, मंजूर या स्वीकृत होना; १०. (संसद् में विधेयक, प्रस्ताव आदि के संबंध में) स्वीकृत हो जाना; ११. (उम्मीदवार का) परीक्षक को संतुष्ट करना, घटित होना, किया जाना या कहा जाना; १२. न्यायनिर्णीत करना (upon के साथ प्रयुक्त); १३. (फ़ैसला, निर्णय का) दिया जाना या किया जाना, १४. (ताश) तुरुप लगाने का अवसर या मौक़ा छोड़ देना, अपना हाथ फेंक देना या पास करना; १५. (किसी वस्तु को) पीछे छोड़ जाना, एक ओर छोड़ देना; १६. (समुद्र, सीमांत, पर्वतमाला को) निस्तीर्ण करना या पार करना; १७. विधेयक का संसद् (लोकसभा आदि) द्वारा परीक्षित और अनुमोदित होना; १८. (परीक्षा) उत्तीर्ण करना, पास करना; १९. पड़ाव देना, डेरा देना, पीछे छोड़ जाना; २०. अतिक्रमण करना, (से) उत्कृष्ट होना, (से) अधिक होना, (से) आगे निकल जाना; २१. असाधारण होना, बढ़ कर या बहुत बढ़ा होना, विशाल होना (जैसे it passes my comprehension); वहन करना, (एक स्थान से दूसरे स्थान को) ले जाना (प्रायः पूर्व० या क्रि० वि० के साथ); २२. (हाथ आदि) फेरना, (दृष्टि आदि) डालना, घुमाना, चलाना, (कूटबाल, हॉकी आदि में) ठोकर लगा कर या पाँव या हॉकी आदि से (बॉल आदि को अपने पक्ष के खिलाड़ी के पास) बढ़ाना, पास करना; २३. गुज़ारना, गुज़रने देना; २४. परिनिरीक्षा के बाद अक्षर होने के लिए प्रेरणा या अभ्यनुज्ञा देना (संसद में विधेयक को, परीक्षा में परीक्षार्थी को); २५. काटना, बिताना, गुज़ारना, व्यतीत करना (समय, जाड़ा, पीड़ा आदि); (२६. किसी वस्तु या स्थिति को) आगे बढ़ाना, हस्तांतरित करना, पास लाने व्यक्ति को दे देना, चलाना, प्रचलित करना (मुद्रा विशे० छोटे सिक्के को); २७. (क्रसम) खाना, (वचन) देना, (शपथ) लेना, (आलोचना) करना, (खंडन) करना, (न्यायिक दंडाज्ञा) देना (upon के साथ प्रयुक्त)। सं० १. सफलता, उत्तीर्णता. पास होना विशे० परीक्षा में, (विश्वविद्यालय में) सामान्य उत्तीर्णता, केवल पास होना; २. संकटापन्न या संकटग्रस्त स्थिति, नाजुक हालत (जैसे things have come to a strange~); ३. अनुमति-पत्र, अनुज्ञा-पत्र, प्रवेश-पत्र, पास (कहीं जाने या आने के लिए), (प्रायः free~)रेल आदि का अनुमति-पत्र, निःशुल्क अनुज्ञा-पत्र, रेलवे पास; ४. (पटेबाज़ी आदि में) हाथ, वार, चोट, नज़री का हस्त-कौशल, बाज़ीगर का करतब आदि; ५. (मेस्मेरिज़्म आदि में) हाथ का चक्कर, हाथ का घुमाव, संकेत (जो हाथ फेर कर किया जाय); ६. (फुटबाल आदि में) अपने पक्ष के खिलाड़ी को गेंद पास करना; ७. पाइ, दर्रा, दो पहाड़ों के बीच का तंग रास्ता; ८. (सैन्य०) दर्रा जिससे गुज़र कर किसी देश पर सफलतापूर्वक आक्रमण किया जा सके, कुंजी (किसी देश की); ९. नौकायन्य मार्ग, नाव्य मार्ग विशे० जो नदी के बहाने पर हो; १०. मछली घेरे का दहाना, वह मार्ग जिससे मछली घेरे में प्रविष्ट होती है। **bring to ~** पूरा करना, पूर्ण करना, सिद्ध करना, कर के दिखाना। **come to ~** घटित होना, गुज़र जाना। **has passed the chair** समाप्ति, अध्यक्ष, मेयर आदि रह चुका व्यक्ति या ऐसा व्यक्ति जो भूतपूर्व समाप्ति, अध्यक्ष या मेयर हो। **make a ~at** (प्रा०) प्रणय-चेष्टा, प्रेमाभिलाषा होना। **on ~**अनुमति-पत्र ले कर बाहर आना। **~a dividend** लाभांश घोषित न करना। **~away** मर जाना, गुज़र जाना, अंत होना, मृत्यु होना। **~by** (क्रि० वि० या पूर्व०) छोड़ देना, लुप्त करना, ध्यान न देना, छोड़ कर आगे बढ़ जाना, पास में गुज़र जाना। **passed pawn** (शतरंज में) छोड़ा हुआ प्यादा जिसके अपने या पास के खाने में कोई विरोधी प्यादा न हो। **~for** स्वीकृत होना, मान लिया जाना, मंज़ूर होना। **~off** (घनघनी, उत्तेजना आदि का) धीरे-धीरे लुप्त हो जाना, क्षीण होना, जाते रहना, (अधिवेशन, कार्यवाही आदि का बिना हिचक के) समाप्त होना, सफल होना या सानंद समाप्त होना, (क्रि० स०) एक वस्तु को दूसरी वस्तु कह कर किसी के सिर मढ़ देना, ध्यान हटा लेना या ध्यान दूसरी ओर आकर्षित करना (अशोभन स्थिति या किसी हवाले या संकेत के फल-स्वरूप)। **~out** (बोल०) मर जाना, चेतनाशून्य या बेहोश होना (अत्यधिक मदिरापान के फलस्वरूप)। **~over** (क्रि० वि० और पूर्व०) लुप्त करना, कुछ न कहना या ध्यान न देना। **~through** अनुभव करना, बर्दाश्त करना, सहना। **~up** (प्रधानतः अमरीकी प्रयोग) लेन-देन छोड़ना, व्यवहार न रखना, परित्याग करना, संबंध-विच्छेद कर लेना। **~water** पेशाब निकालना, पेशाब करना। **sell the ~** (ला०) किसी कार्य (लक्ष्य) को डुबा देना। **~book** विधेयक (प्रतिलेखा) पुस्तिका, पास बुक, बैंक की पास बुक। **~key** विशेष-ताली, निजी कुंजी (कार्यालय आदि की), कई तालों में लगाई जाने वाली. बंद करनेवाली दूसरी और खोलनेवाली पहली मास्टर-की। **~man** जनसे विश्वविद्यालय में किसी परीक्षा में सामान्य सफलता प्राप्त की हो, सामान्य प्रकार से उत्तीर्ण होनेवाला परीक्षार्थी। **~word** संकेत शब्द। **passable** वि० के निम्नलिखित अर्थों में, विशे०

a=आ, (Father) फादर; ā=ए, (Fate) फ़ेट; aw=आ, (Fall) फ़ॉल; ă=ए, (Fair) फ़ेअर; e=ई, (Bell) बेल; ē=ई, (Her) हर; ĕ=ई, (Beef) बीफ़; i=इ, (Bit) बिट; ī=आइ, (Bite) बाइट; o=ओ, (Not) नॉट; ō=ओ, (No) नो; ŏ=ओ, (North) नॉर्थ; oo=ऊ, (Food) फ़ूड; u=उ, (Bull) बुल; ū=ऊ, (Sun) सन; ü=ऊ, (Music)=म्यूज़; ou=आउ, (Bout) बाउट; oi=ओइ, (Join) जॉइन।

कामचलाऊ, अच्छा-भला। **passably** क्रि० वि० १. कामचलाऊ रूप में; २. अच्छे-भले ढंग से।

passage (pās' āj) [F., from *passer*, to PASS] सं० १. गमन, संक्रमण, एक स्थिति से दूसरी स्थिति की ओर संक्रमण; २. संक्रमण-अधिकार, संक्रमण-स्वातंत्र्य; ३. समुद्रयात्रा, जलयात्रा, जलयात्रा-भाटक; ४. विषमेक का पारण; ५. पथ, मार्ग,* (आ० भी), यात्रा; ६. बरामदा, (मकान के कमरों के मध्य) संचर-स्थान, गमनागमन स्थान, राहे-गुज़र; ७. (बहुव०) परस्पर विश्वास, आपसी भेदों का अदल-बदल, बातचीत, राज की बातें, विश्रम्भ-कथा, विश्रम्भालाप; ८. प्रसंग में लिया गया किसी साहित्यिक कृति का कोई अंश, उद्धरण आदि। क्रि० अ० और स० १. (घोड़े का) एक पहलू की ओर चलाना, (घुड़सवार का) एक ओर चलना; २. घोड़े को इस ढंग से चलाना। ~(*of or*) **at arms** शस्त्र, वाग्युद्ध, तकरार (प्रायः ला०)।

passant (pās' ant) [F., pres. p. of *passer*, to PASS] वि० (अधोगामी सूत संबंधी) गमनशील और दक्षिणोन्मुख।

passemeasure (pās é mezh' ùr) [corr. of It. *passemezzo* (prob. *passo e mezzo*, a step and a half)] सं० सोने या चाँदी की बेल, बुनी या बँटी हुई सूत, मनका आदि से बनी हुई पोशाक सजानेवाली कोई वस्तु।

passenger (pās' ĕn jĕr) [M.E. and O.F. *passager*] सं० १. यात्री, मुसाफ़िर (जो जहाज, रेल या हवाई जहाज या किसी और किराये की सवारी में यात्रा कर रहा हो); २. (बोल०) किसी दल या टीम आदि का सदस्य जो कोई विशेष कार्य न कर सकता हो या न कर रहा हो। **foot** ~ पैदल-यात्री, पैदल चलनेवाला। ~**pigeon** यात्री-कबूतर, मुसाफ़िर-कबूतर, उत्तरी अमरीका का जंगली कबूतर जो बहुत ऊँची उड़ान लेता है (अब विरल या लुप्त)। ~**port** यात्री-पत्तन* (वि० १ भी)।

passer (pa' sĕr) सं० क्रियागत अर्थों में जाने वाला, गुज़रनेवाला, पैसर* (वि० १ भी)। ~-**by** स० बटोही, राही, पथिक, गुज़रने वाला, पास से जाता हुआ व्यक्ति।

passerine (pās' er ine) [L. *passer*, sparrow] स० पासरीन, अड़ने पर बैठनेवाली चिड़ियों का एक प्रकार। वि० गौरैया के आकार और आकृति का।

passible (pās' i bri) [O.F., from late L. *passibilis*, from *pati*, to suffer] वि० (धर्म०) संवेद्य, अनुभवगम्य, दुःख-सुखक्षम। **passibility, passibleness** सं० संवेदना, अनुभवगम्यता, दुःख-सुखक्षमता।

passimeter (pās' i mĕ ter) सं० पासिमिटर, रेलवे टिकट देने वाली स्वयंचालित मशीन।

passing (pa' sing) सं० (क्रियागत अर्थों में) वि० और क्रि० वि० १. क्षणिक, क्षणभंगुर; २. सरसरी, क्षिप्र, नैमित्तिक, आनुषंगिक। ~**bell** मृत्यु-घंटिका, मौत की घंटी, वह घंटी जो किसी की मृत्यु के समय बजती है। ~**note** मिलाने वाला सुर या राग या नग़मा (जो किसी नग़मे में शामिल न हो अपितु दो नग़मों को मिलाने का काम दे)।

passion (pāsh' on) [O.F., from L. *passiōnem*, nom. *-sio* from *pati*, to suffer] सं० १. भावावेश* (भा० २ भी), आवेग* (वा० ३ भी) आवेश* (विधि भी), प्रबल चित्तवृत्ति, प्रबल अंतर्वेग, तीव्र मनोभाव; २. कोपविकार, ग़ुस्से या कोप का प्रकोप, रोषोत्ताप; ३. कामविकार, कामविकृति, कामोन्माद, कामुकता; ४. उत्कटेच्छा, लालसा, उत्कंठा (किसी वस्तु के लिए, कोई काम करने की)। क्रि० अ० (काव्य०) मनोराग या मनोविकार से प्रभावित होना या उनकी अभिव्यक्ति करना। **The Passion** सलीब पर ईसा मसीह की यंत्रणा, वे कष्ट जो ईसा मसीह ने सलीब पर उठाये, (ई०) बाइबिल में सूली पर ईसा की होनेवाली यंत्रणाओं का वर्णन, संगीतमय नग़मा। ~-**flower** सलीबी फूल, एक प्रकार का लतरदार पौधा जिसके फूलों को सलीब पर ईसामसीह की यंत्रणा के औज़ारों के समान समझा जाता था। ~-**play** सलीब पर ईसा मसीह की यंत्रणा का रहस्यात्मक नाटक। **Passion Sunday** ईसाइयों के चालीस दिन के रोज़े का पाँचवाँ रविवार। **Passion Week** यंत्रणा-सप्ताह, ईसाइयों के चालीस दिन के रोज़े के पाँचवें रविवार और ईस्टर के पहले वाले रविवार का सप्ताह (Holy Week भी) दे० HOLY। **passional, passionary** सं० यंत्रणा-पुस्तक, पुस्तक जिसमें संतों, सिद्धों और शहीदों की यंत्रणाओं का वर्णन हो। **passionate** (pāsh' ō nāt) वि० १. क्षिप्र-कोपी, कोपशील, कामी, भावुक; २. (भाषा आदि) जोश से भरी, तीक्ष्ण। **passionately** क्रि० वि० १. सरोष, सकोप; २. प्रबल मनोभावपूर्वक; ३. जोश से, गर्मागर्मी से; ४. कामुकता से। **passionateness** सं० १. कोपशीलता; २. औत्सुक्य; ३. सानुरगिता; ४. गर्मागर्मी, जोश। **Passionist** सं० पैशनिस्ट, उस संप्रदाय का सदस्य जो ईसामसीह की यंत्रणाओं के लिए शोक मनाने को वचनबद्ध होता है। **passionless** वि० विरक्त, वीतराग, रागहीन, शांत मनोदशा का, शांत मनोभावना का, सपदलि। **passionlessly** क्रि० वि० रागहीनता से, विरक्तिपूर्ण ढंग से, ठंडे दिल से। **passionlessness** सं० विरक्ति, रागहीनता, वीतरागिता।

passive (pās' iv) [L. *passivus*, as prec.] वि० १. सहिष्णु, सहनशील, बर्दाश्त करने वाला; २. अक्रिय, निष्क्रिय*, (आ०, मा० ३ भी) निश्चष्ट, जिस पर कुछ किया जाय और जो स्वयं कुछ न करे। सं० (व्या०) कर्मवाच्य। ~**debt** निष्क्रिय ऋण, बिना सूद का कर्ज़ा। ~**resistance** दे० RESISTANCE ~**voice** (व्या०) कर्मवाच्य, वह क्रिया जिसमें कर्म की प्रधानता हो। **passively** क्रि० वि० १. निश्चेष्टता से, निष्क्रियता से; २. कर्मवाच्य की दृष्टि से। **passiveness, passivity** (pā siv i ti) सं० निष्क्रियता, निश्चेष्टता, चुपचाप रह कर सहने का भाव।

Passover (pas' ō ver) सं० १. पासोवर, यहूदियों का एक पर्व विशेष जो इसराइलियों की मिस्र के अधिकार से मुक्ति की याद में मनाया जाता है, भेड़ जिसकी बलि इस पर्व के अवसर पर होती है; २. (ला०) ईसामसीह।

passport (pas' pōrt) [F. *passe-port*] सं० १. पारपत्र*/ पासपोर्ट* (भा० १ भी), विदेश-यात्रा करने का अनुज्ञा-पत्र; २. (ला०) किसी वस्तु के प्राप्त करने की निश्चिततम विधि (जैसे flattery is the sole ~to his favour)।

past (past) [p.p. of PASS] वि० १. क्रियागत अर्थों में भू० कृ० या वि० की तरह, विशे० गत, व्यतीत, भूतपूर्व, बीता हुआ (जैसे (his prime is~, our~years); २. पिछला, विगत (जैसे the~month, for some time~); ३. (व्या०) पिछली क्रिया या पिछली स्थिति का सूचक (जैसे भूतकाल, भू० कृ०)। सं० १. अतीत, भूत, बीता हुआ समय (विशे० the~); २. बीती या पिछली घटनाएँ, अतीत की घटनाएँ (जैसे cannot undo the~); ३. किसी व्यक्ति का बीता जीवन, जीवन-वृत्त

(जैसे a woman with a~)। पुर्वं १. आगे, परे, बाद, अपेक्षतर, किसी निश्चित समय से अधिक या स्थान से आगे (जैसे stayed till~two o'clock, half~three, old man~seventy, ran~the house); २. सीमातर, अतिक्रांत, परिधि या पहुँच के बाहर (जैसे ~endurance, bearing, praying for)। कि० वि० गुजरता हुआ, आगे बढ़ता या अग्रसर होता हुआ (जैसे hastens~)। ~master १. पास्ट मास्टर, जो शिल्प आदि में मास्टर रह हो; २. सिंहद्वस्त, पारंगत।

paste (pāst) [O.F. (F. *pate*), Prov., It., and Sp. *pasta*, perh. from Gr. *pastē*, fem. of *pastos*, sprinkled] सं० १. पेस्ट* (बा० भी), गुँधा आटा, भोजन बनाने के लिए मक्खन आदि डाल कर तैयार किया हुआ लपदा-आटा, मीठी सब्जी, मीठा हलवा, मछली की पिसी हुई चटनी (जैसे anchory~); २. लेई*/ लेप* (कृ० भी) (चिपकाने या जोड़ने के लिए), आटा और पानी मिला कर बनाए हुई लेई; ३. किसी वस्तु का लपदा, नरम लसीला मिश्रण; ४. काँच का सस्ता मसाला (जिससे नकली मणि आदि बनाई जाती है)। कि० स० १. लेई से जुड़ाई करना; २. (विज्ञापन आदि) लेई के द्वारा पर चिपकाना, चस्पा करना (up के साथ प्रयुक्त); बाँधना, डाँपना, ढकना (काग़ज आदि किसी वस्तु पर); ४. (ग्रा०) पीटना, पाट कर बराबर करना। ~board १. पेस्ट बोर्ड, वह, कई काग़जों को एक पर एक चिपका कर बनाया हुआ मोटा गत्ता; २. (मुहावरा० का०, रेलवे यात्रा-पत्र।

pastel (pas' tel) [F., from It. *pastello*, dim. of *pasta*, PASTE] सं० १. पेस्टल* (बा० १ भी), एक प्रकार का पोथा जिसमें नीला रंग निकलता है; २. इससे निकलनेवाला नीला रंग; ३. रंगीन पेंसिल, रंगीन खड़िया* (बा० १ भी), रंग और गोंद की लेई जिससे खड़िया बनती है; ४. रंगीन पेंसिल या खड़िया द्वारा अंकित चित्र। **pastellist** सं० पेस्टल-चित्रकार, रंगीन खड़िया और पेंसिल से चित्र बनाने वाला चित्रकार।

pastern (pās' tėrn) [O.F. *pasturon* (*F. paturon*), from *pasture*, a shackle, prob. ident. with PASTURE] सं० घोड़े का ठेहुना, घाड़े के खुर और टखने के बीच का भाग, पेस्टर्न* (कृ० भा)।

Pasteurism (pas' tėr izm) [Louis *Pasteur* (1822-1895), French chemist and biologist] सं० रोग, (विज्ञ०) हाइड्रोफोबिया (पागल कुत्ते के काटने से होने वाला) रोग की रोक-थाम, इसका चिकित्सा या निवारण (व्यावहारिकों कहावा)। **pasteurize** क्रि० स० १. पेस्ट्योर की रोग-निवारण पद्धति से दूध आदि के जीवाणुओं को नष्ट करना; २. पेस्ट्योर-प्रवर्तित जलसंत्रास रोग-निवारण-पद्धति द्वारा इलाज करना, टीके से इलाज करना। **pasteurization** सं० १. नीरोगन, उक्त रोग के कृमियों को नष्ट करने का विधि; २. (ग्रा०, कृ०, वि० १.) पास्तुरीकरण*।

pasticcio (pās tich' ō), **pastiche** (pās tēsh') [F. *pastiche*, It. *pasticcio*, from *pasta*, PASTE] सं० १. पँचमेल, खिचड़ी, (विज्ञ०) बेढ़ग, मिलाजुला गान, विभिन्न स्रोतों से बनी हुई तस्वीर; २. (ग्राय: -iche) साहित्यिक या कोई कलात्मक कृति जो किसी व्यक्तिगत लेखक या कलाकार की शैली पर रची गई हो।

pastille (pās tēl') [F., from L. *pastillum*, nom. -lus, etym. doubtful] सं० १. अवरक्षी, सुगंधित द्रव्यों की गोली या बत्ती; २. पास्टिल, छोटा गोली टिकिया जिसके चूसने से कंठरोध मिटते हैं।

pastime (pas' tīm) [PASS, TIME] सं० १. विनोद* (बा०३ भी), दिलबहलाव, आमोद-प्रमोद; २. मनोरंजक खेल, कूदा, खेल-कूद।

pastor (pas' tor) [M.E. and O.F. *pastour*, O.F. *pastor*, L. *pastibrm*, nom. -or, from *pascere*, to feed] सं० १. पास्टर* (बा० १ भी), गिरजे या गिरजे में होने वाले समारोह का अध्यक्ष, पादरी* (बा० १ भी); २. धर्मोपदेशक, आध्यात्मिक मार्गदर्शक या उपदेशक; ३. स्टारलिंग (एक पक्षी विशेष) का एक प्रकार। **pastorate** (pas' tor āt) सं० १. पास्टर का पद, पास्टर की पदावधि या पदमर्यादावधि, धर्मोपदेशक का कार्यकाल; २. धर्मोपदेशकनिकाय, पादरी-समुदाय। **pastorship** सं० पास्टर का पद, पादरी का पद।

pastoral (pas' to rāl) वि० और सं० १. गड़रिया का या गड़रिया संबंधी, गोचर भूमि या चारागाह संबंधी; २. (कविताएँ) देहाती जिन्दगी का या ग्राम्य जीवन विषयक; ३. पादरी का, धर्मोपदेशक संबंधी; ४. (वि० १) पशुचारणिक*; ५. पशुचारण संबंधी* (मा० १, वि० १ भी)। सं० १. ग्राम्य नाटक, ग्राम्य जीवन-विषयक कविता या चित्र; २. पास्टर का पत्र (विज्ञ० धर्माध्यक्ष, बिशप का पादरी-वर्ग या सामान्य जनता के नाम)। ~epistles कुछ पत्र जो संत पाल ने टिमोथी और टिटस के नाम पादरी के कर्तव्यों के संबंध में लिखे थे। **pastorale** (pas to ra' li) [It.] सं० (बहुव० -ali या -es) १. ग्राम्य गीति-नाट्य, देहाती जीवन से संबंधित गीत या नाममा; २. पास्टरा (द० pastor) का समूह। **pastoralism** सं० ग्रामीण काव्य, ग्राम्य जीवन से संबंधित काव्य। **pastorality** सं० चरवाहापन। **pastorally** क्रि० वि० गड़रियापन से।

pastry (pās' trī) सं० १. पस्ट्री, आटा, पानी, मक्खन का मिश्रण; २. इससे बना हुआ खाद्य पदार्थ। ~cook पेस्ट्री या पिष्टक बनाने वाला (विज्ञ० बिक्री के लिए)।

pasture (pas' chur) [F. *pasture*, from late L. *pastūra* as PASTOR] सं० १. घास, चारा, पशु-भोजन; २. चरागाह* (कृ० भी), चारण भूमि, गोचर। क्रि० स० और अ० १. पशुओं का चरागाह में हाँकना या छोड़ना, चराई के लिए भेजना, २. (भेड़ा आदि का) तृण-क्षेत्र का चर जाना, (मैदान के घास का) खा जाना; ३. (व्यक्ति का) चारागाह में पशुओं का चरने के लिए ले जाना; ४ चराना। **pasturable** वि० चरायाह के योग्य, चरान या चरने योग्य। **pasturage** सं० १. चराई, चरन या चराने का काम; २. पशुभोजन, चारा, घास, ३. चरागाह, पशुचारण।

pasty[1] (pās' ti) वि० १. लद्दा का या लद्दे जैसा; २. उर्द, अस्वच्छ, पांडवण (~faced भी)।

pasty[2] (pa' sti) [M.E. and O.F. *pastee* (*F. pati*), from *pasta*, PASTE] सं० १. पस्ट्री, कामाचरा समोसा या कचौड़ी।

pat[1] (pāt) [prob. onomat.] सं० १. थपकी, मृदु आघात, (विज्ञ० हाथ से लेई) दुलार-प्रदर्शन के लिए; २. गाला या टिकिया (विज्ञ० मक्खन का); ३. थपथप का ध्वनि, थपका का आवाज़। क्रि० स० और अ० १. (किसी वस्तु का) थपकना, थपका देना, मृदु-स्पर्श करना; २. (हाथ से या थापा से) चिपटा करना, सपाट करना; ३. थपकना, प्यार से सहलाना, आठ ठोकना, हृदय का थपथपाना (विज्ञ० सहानुभूति, स्वीकृति आदि के रूप में)। ४. थपथपाना, थपका देना। कि० वि० १. समयोचित (रूप से), अवसरोचित (रूप से), अनुकूल(-ता से), उचित (रूप से) (जैसे story came~to his purpose); २. तैयार, सर्वथा प्रस्तुत, त्वरित (जैसे has the story~)। stand~ १. (ताश का खेल, पोकर) बाँटे हुए पत्तों का मान लेना, दूसरे पत्ते न लेना; २. (ग्रा०) हाथ न बदलना, अपने निर्णय आदि पर कायम रहना।

~-a -cake एक गीत के पहले शब्द जो बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में उनके खेल के साथ गाए जाते हैं। ~(person, one-self) on the back किसी व्यक्ति (या अपने आपको) शाबाशी देना, चतुरता पर खुश होना। ~ball लॉन टेनिस जो बच्चे ईंग से न खेला जाय।

Pat[2] (pāt) [short *for Patrick*] सं० पैट, आयरलैण्डवासी का उपनाम (छोटा या बिगाड़ा हुआ नाम)।

patch (pāch) [etym. doubtful] सं० १. घिगली, पैबंद[*] (कु०, भा० १ भी), जोड़, पेवन, चकती; २. घाव पर लगा हुआ फ़ाहा या मरहम की पट्टी; ३. नही जो जल्दी या चायल आँख पर बाँधते हैं; ४. काले रेशम या प्लास्टर का छोटा टुकड़ा (विशे० सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दी में मुखाकृति को ज्यादा से ज्यादा प्रदर्शनीय बनाने के लिए चेहरे पर लगाया जानेवाला); ५. (बरातल पर) बड़े धब्बे, बस्बा[*] (आ० मा० १, वि० १ भी), चिती[*] (आ० भी); ६. भूभाग, भूखंड, जमीन का टुकड़ा, क्षेत्र[*]/ पैच[*] (आ० भी)/ चप्पा[*], खंड[*] (मा० १ भी); ७. इस पर उगनेवाले पौधों या बूटों की संख्या (जैसे a ~of beans); ८. बचा हुआ हिस्सा, अवशिष्टांश; ९. स्तबक[*] (वि० २ भी)। क्रि० स० १. घिगली या घिगलियाँ लगाना, पैबंद या पैबंदें लगाना; २. (कपड़े आदि का) जोड़ लगाए जाने में काम आना; ३. (लो०, प्राय: ~up) बरम्मत करना, निपटाना (किसी बात, दुःख, कलह आदि को); ४. (प्राय: ~up) जल्दी से एक साथ जोड़ना या एक साथ करना; ५ विभिन्न टुकड़ों को जोड़ कर कोई वस्तु बनाना, रंग-बिरंगे टुकड़ों को भिड़ा कर जोड़ना (शा० और लो०); ६. किसी वस्तु के (बरातल पर) बने धब्बे या चकत्ते नजर आना, दाग नजर आना। ~up पैबंद लगा कर दुरुस्त करना, पेवन लगा कर बरम्मत करना, (लo भी) तय कर देना, समझौता करना। a ~on पानसं भी नहीं, कुछ भी नहीं, (अमक वस्तु के मकाबले में) तुलनीय नहीं। strike a bad ~ दुर्भाग्य के दिन गुज़ारना, मुसीबत के या बरे दिन बिताना। ~-pocket घिगलीदार जेब (पोशाक पर चिपकाई गई जेब)। ~work इधर-उधर की चीजें बटोर कर बनाया हुआ काम, विभिन्न प्रकार और विभिन्न रंगों के टुकड़ों को जोड़ कर किया हुआ काम, पैबंदेल का काम (प्राय: लo और गुणवाचक)। **patchery**, **patchiness** सं० घिगली वाला, पेवन वाला या पैबंद वाला। **patchy** वि० चकतीदार, पैबंददार, विभिन्न पदार्थों से बना, कहीं से कुछ, कहीं से कुछ। **patchily** क्रि० वि० पैबंददारी से (पोशाक में)।

patchouli (pá choo' li, pach' ù li) [F., from Ind, native name] सं० १. पचौली, एक भारतीय सुगंधित पौधा; २. पचौली, इस पौधे से बना इत्र।

pate (pāt) [etym. doubtful] सं० (अब बोल०) दिमाग, मस्तिष्क, मस्तकाग्र। **pated** वि० सिरवाला, दिमाग़वाला।

pate (pāt' ā) [F.] सं० पेट, खोआ भरा हुआ समोसा, मीठा समोसा।

paten (pāt' èn) [O.F. *patene*, L. *patena*, *patina*] सं० १. पैटेन, छिछली थाली जिसमें ईसा मसीह के अंतिम भोज के स्मृति-स्वरूप रात्रि-भोज के अवसर पर रोटी रखते हैं; २. थाली, चाल, बड़ी तश्तरी, रकाबी[*] (मा० १ भी) (कसि या पीतल आदि की)।

patent (pā' tènt, pāt' ent) [O.F., from L. *patentem*, nom. *-tens*, prcs. p. of *patère*, to lie open] वि० १. पेटेंट[*]/एकस्व[*] (प्र० भी), स्वाधिकार-पत्र द्वारा सुरक्षित; २. (लo) स्वाभिमत अधिकार या हक़, (बोल०) एकत्वहत, तरल या निष्पत्र, सुशोभित; ३. (दरवाजा आदि) खुला हुआ, (लo) खाता, स्पष्ट, साफ़, व्यक्त[*]/ विवृत[*] (आ० भी)। सं० १. एकस्व-पत्र (letters ~); २. एकस्व, कोई नई आविष्कृत वस्तु बनाने और बेचने का एकस्व-पत्र जो राज्य द्वारा दिया जाय; ३. इस तरह सृजित आविष्कार या किसी वस्तु की निर्माण-विधि; ४. (लo) विशिष्ट चिह्न (गण आदि का जैसे a ~of gentility)। क्रि० स० एकस्व करना, एकस्व-पत्र प्राप्त करना (आविष्कार के लिए)। **letters** ~ एकस्व-पत्र, राज्य से प्राप्त अधिकार-पत्र जिनसे किसी आविष्कार का सर्वाधिकार सुरक्षित रहे, सनद-शाही। ~**leather** दे० LEATHER। ~**ize** पेटेंट लाँघ, श्रम-संपादित जहाज की चाल नापने का यंत्र। ~**office** एकस्व-कार्यालय। ~**roll** (इंगलैंड की वार्षिक) एकस्व-पत्र की सूची। **patency** सं० स्पष्टता, सफ़ाई, व्यक्तता। **patently** क्रि० वि० स्पष्टतया, साफ़ तौर पर। **patentee** सं० एकस्वी, एकस्वपत्र अधिकारी।

pater (pāt' èr) [L., father] सं० (धा०) बाप, पिता, जनक।

paterfamilias (pā tèr-, pāt èr fà mil' i às) सं० (रोमन विधि और हँसी में) कुलपिता[*] (मा० ३ भी), गृहपति, कुनबे का सरदार।

paternal (pá tèr' nál) [F. *paternel* late L. *paternālis*, from *paternus*, fatherly, from PATER] वि० १. पैतृक[*], (कु० भी), पिता का या पिता संबंधी; २. पितवत, पिता का (सा), पिता जैसा; ३. पैतृक संबंधी, पिता-द्वारा संबंधित, बाप के रिश्ते का (जैसे ~and grand-mother दादी, पितामही, पिता की माता), पितीय[*]/ मातृपितीय[*] (मा० ३ भी)। ~**government, legislation, etc.** पैतृक शासन, पैतृक विधान आदि। **paternally** क्रि० वि० पितवत, पिता जैसा। **paternity** सं० १. पितृत्व[*] (मा० ३ भी), पितृबर्ग; २. पैतृक-उद्गम या उत्पत्ति; ३. (लo) रचयिता का कार्य, लेखकत्व; ४. उद्गम, स्रोत।

paternoster (pāt èr nos' tèr) [L., our Father] सं० १. ईसामसीह की प्रार्थना, (विशे० लैटिन में); २. मनका, ईसाइयों की माला का वह दाना जिस के सहारे ईसामसीह की प्रार्थना पढ़ी जाती है। **black, white** ~ मंत्र। **devil's** ~ गनगनाहट या बदबदाहट-पूर्ण अभिशाप। ~**line** मछली पकड़ने की डोरी, रस्सी (इसमें बजन बँधा होता है और थोड़ी-थोड़ी दूर पर हुक लगे होते हैं)।

path (path) [A.-S. *paeth* (cp. Dut. *pad*, G. *pfad*)] सं० १. पगडंडी, पैदल चलने का तंग रास्ता (pathway भी); २. दौड़ या साइकिल दौड़ का रास्ता (विशे० cinderpath), रास्ता, मार्ग, पथ[*] (ई० १, वि० १, २ भी), चारा जिस पर कोई व्यक्ति चलता है या कोई वस्तु चमती है। ~**finder** समन्वेषक, पथ खोजनेवाला, वायुयान (या विमानचालक) जो बमवर्षक वायुयानों के आगे उनके लक्ष्य को निर्देशित करने के लिए भेजा जाता है। ~**less** वि० राहहीन, वे-पगडंडी का, निष्पथ, दुर्गम, अगम्य।

Pathan (pá tan', pā' thán) [prob. Afghan, rel. to *Pushtu*, *Pukhtu*, the Afghan language, cp. Gr. *Paktues* (Herodotus)] सं० पठान, अफ़ग़ानिस्तान और पश्चिमी सीमांत प्रदेश (पाकिस्तान) आदि में बसनेवाली एक योद्धा मुसलमान जाति या उसका सदस्य।

pathetic (pá thet' ik) [late L. *pathēticus*, Gr. *pathētikos*, from PATHOS] वि० १. दयनीय, मर्मस्पर्शी, करुणाजनक, क्षोभनीय, अफ़सोसनाक, गुरवर्द; २. मनोभावमय, भावनामय, उद्वेगमय, मानसिक आवेग संबंधी। सं० (बहुव०) भावना-अध्ययन, भावनाभ्यास, भावना-प्रधय, भावना-रंजन, भाव-प्रदर्शन। ~**fallacy** संवेदनाजन्य दोष,

भावावास। **pathetically** क्रि० वि० १. दयनीयता से, मर्मस्पर्शी ढंग से; २. उद्वेगपूर्वक; ३. भाव-प्रवणता से।

pathic (pāth'ik) [Gr. *pathikos*, passive] सं० दे० CATAMITE।

patho- [Gr. *pathos*, suffering] यूनानी शब्द pathos (कष्ट, रोग, तीव्र आवेग) का समास में प्रयुक्त रूप।

pathogenesis (pāth ō jen' e sis) सं० रोगजनन* (आ०, भा० २, वि० १ भी), व्याधिजनन, विकृतिजनन*/ रोग सम्प्राप्ति* (आ० भी), रोगोत्पत्ति। **pathogenetic, pathogenic, pathogenous** वि० व्याधिजनक, विकृतिजनक*/ विकारी*/ रोगजनक* (आ०, कृ०, वि० १ भी)। **pathogeny** सं० रोगोत्पत्ति, व्याधिजनन*/ रोगजनन* (आ०, भा० २, वि० १ भी), विकृतिजनन*/ रोग सम्प्राप्ति* (आ० भी)।

pathognomy (pā thog' nō mi) सं० भावनाध्ययन, भाव-चिंतन।

pathognomic वि० भाव-चिंतन संबंधी, भावनाध्ययन का।

pathology (pā thol' ō jē) सं० निदान शास्त्र, (प्रायः दैहिक) निदान शास्त्र*, विकृतिविज्ञान*, रोगविज्ञान* (आ०, कृ०, भा० १, २, ३, वि० १ भी)। **pathological** वि० रोगनिदान संबंधी, रोगविज्ञान संबंधी*/ विकृतिविज्ञान संबंधी* (आ०, भा० २, वि० १ भी), बैकृत*/ विकृतिजन्य* (आ० भी), मनोविकारी*/ व्याधिकीय* (भा० ३ भी)। **pathologist** सं० निदानज्ञ, रोगविज्ञानी*/ विकृतिविज्ञानी* (वि० १ भी), विकृतिविज्ञानी* (आ०, वि० १ भी)।

pathos (pā' thos) [Gr. suffering, from *path-*, root of *paschein*, to suffer] सं० करुण रस, कारुण्य रस, करुणा उत्पन्न करने की क्षमता (भाषण, लेखादि में)।

-pathy (Gr. *-pathia*, PATHOS, suffering] प्रत्य० भावना. (जैसे sympatly, चिकित्सा-पद्धति, जैसे homeopathy)

patience (pā' shens) [O.F., from L. *patientia*, from *pati*, to suffer] सं० १. सहनशीलता, धैर्य*, (भा० २ भी), सहिष्णुता, धृति; २. अध्यवसाय, उद्यम, लगातार कोशिश; ३. पेशेन्स, ताश का वह खेल जिसमें एक अकेला व्यक्ति खेलता है। **have no ~with** क्रुद्ध होना, चिढ़ जाना, बरदाश्त या सहन न होना (किसी व्यक्ति या उसके आचरण आदि से)। **out of ~with** असहनशील। **the ~of job** सहनशीलता, सहिष्णुता की चरम सीमा या पराकाष्ठा (जैसे would try the ~of job) **~-dock** पेशेन्स डॉक, पौधों के प्रकार। **patient** (pā shent) वि० धीर, सहनशील, सहिष्णु, अध्यवसायी, संतोषी। सं० रोगी* मरीज़ (आ० भी)। **~ly** धैर्यवान, क्षमाशील, समाहित, सुसंगत, अनुरूप (जैसे the facts are ~of two interpretations)। **patiently** क्रि० वि० धैर्यपूर्वक, शांतिपूर्वक।

patina (pāt' i nā) [L. *patina, patena*, a shallow dish, or F. *patine*, perh. from this] सं० १. पैटिनी (वि० ३ भी), पपड़ी (विशे० हरी, जो कांसे के पुराने बर्तनों पर जम जाती है और उन पर की सजावट समझी जाती है); २. चमक या आभा जो घिस जाने से लकड़ी की कारीगरी पर पैदा होती है, ३. छविमा* (दे० ३ भी)। **patinated, patinous** (pat' i nā tēd, -nūs) वि० छविमयुक्त, कांतिमय। **patination** सं० छविमयता।

patois (pāt' wa) [F., etym. doubtful] सं० पेटवा, जनपदीय बोली, स्थान-विशेष की जनभाषा जो साहित्यिक भाषा से भिन्न है।

patriarch (pā' tri ark) [O.F. *patriarche*, L. *patriarcha*, Gr. *patriarchēs* (*patria*, family, from *patēr*, father, *archein*, to rule)] सं० १. परिवार-पति; २. (बहुव०) जैकब के बंशज, इब्राहिम, इशाक, जैकब और उनके पूर्वज (भी); ३. (प्राचीन और उत्तरी गिरजों में) विशप (विशे० एन्टीक, अलेक्जेन्ड्रिया, कुस्तुंतुनिया, यरुसलम या रोम का); ४. (रोम के गिरजे में) विशप जो प्रधान पादरी और प्रदेश-विशेष के धर्माध्यक्ष के ऊपरी वर्ग का हो; ५. किसी व्यवस्था, विज्ञान आदि का प्रवर्तक, प्रतिष्ठापक; ६. वयोवृद्ध, सम्मानीय वृद्धजन; ७. वयोवृद्ध व्यक्ति (किसी जाति या जमात आदि का); ८. कुलपिता* (भा० १, ३ भी)। **patriarchal** वि० परिवार-पति या जाति-सरदार संबंधी, पितृतंत्रात्मक* (भा० २, ३ भी)। **patriarchate** (pā' tri ar kāt) सं० १. बड़े पादरी का पद, अधिकार-क्षेत्र, निवास; २. कबीले के पादरी की पदवी, पुरुषप्रधान-व्यवस्था* (भा० ३ भी)। **patriarchism** सं० पितृतंत्रवाद, पितृसत्तावाद। **patriarchy** सं० पितृतंत्र (भा० १, ३ भी), समाज या राज्य की पैतृक व्यवस्था, पितृसत्ता।

patrician (pā trish' ān) [L. *patricius*, from *pater*, father, *patres*, senators, nobles] सं० १. प्राचीन रोम का कुलीन व्यक्ति, खानदानी अमीर (तुल० PLEBEIAN); २. बाद के रोम-साम्राज्य की कुलीन व्यवस्था का सदस्य; ३. रोम-साम्राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाला (इटली और अफ्रीका के प्रांतों में) पदाधिकारी; ४. सामंत (तुल० PLEBEIAN) विशे० (इति०) इटली के कुछ जनतंत्रों का। वि० अभिजात, कुलीन (भा० १ भी), अमीराना, विशे० प्राचीन रोम के कुलीन वर्ग का, पैट्रीशियन (भा० १ भी)। **patricianship** सं० कुलीनता, आभिजात्य, सुप्रतिष्ठा, सामंतपद। **patriciate** सं० कुलीन व्यवस्था, अभिजात-तंत्र, कुलीन-तंत्र, कुलीन का दर्जा। **patricide** सं० १. पितृहत्या (भा० ३ भी), पितृघात; २. पितृघातक, पितृहंता (भा० ३ भी)। **patricidal** वि० पितृहत्या संबंधी, पितृघातक का।

patrimony (pāt' ri mō ni) [F. *patrimoine*, L. *patrimonium*, as prec.] सं० १. पितृदाय* (भा० ३ भी), पैतृक धन या सम्पत्ति* (वि० १ भी), बपौती, विरासत (प्रायः ला०); २. गिरजे आदि से संबंधित दान या धन समर्पण, धर्मार्थ। **patrimonial** वि० पितृदाय संबंधी।

patriot (pa' tri ōt, pāt' ri ot) [F. *patriote*, late L. *patriōta*, Gr. *patriōtēs*, from *patrios*, of one's fathers, from *patēr*-*tros*, father] सं० देशभक्त, स्वदेशानुरागी। **patriotic** वि० देशभक्तिपूर्ण, देशभक्त का। **patriotically** क्रि० वि० देश-भक्ति से, देशप्रेम की दृष्टि से। **patriotism** (pā' tri-, pāt' ri ot izm) सं० देशभक्ति, स्वदेशानुराग।

patristic, -al (pā tris' tik, -āl) [F. *patristique* (L. *patri-*, *pater*, father)] वि० ईसाई धर्मावार्यों (की रचनाओं के अध्ययन) से संबंधित या उन रचनाओं के अध्ययन का, चर्च-धर्मशास्त्र* (भा० १ भी)।

patrol (pā trōl') [F. *patrouiller*, *patouiller*, to dabble in the mud (cp. O.F. *patouil*, a pool)] सं० १. गश्त, शिविर आदि की प्रतिरक्षा; २. पुलिस द्वारा नगर आदि के रखाव-भ्रमण, गश्त; ३. प्रतिरक्षा-प्रहरी या रक्षकदल, पुलिस के सिपाही; ४. सैन्यदल जो शत्रु की गतिविधि की पड़ताल करे; ५. वायुयान की नेकी सकार्य-विषयक उड़ान। क्रि० अ० और स० १. गश्त लगाना; २. प्रतिरक्षा-प्रहरी के रूप में काम करना; ३. (नगर, शिविर आदि का) गश्त लगाना, चौकसी करना।

patron (pā' trŏn, pāt' rŏn) [O.F., from L. *patrōnum*, nom. *-us*, from *pater patris*, father] सं० १. आश्रयदाता, संरक्षक* (आ० १ भी) (व्यक्ति, विभिन्न, कला आदि के संबंध में); २. (दूकान) स्थायी ग्राहक, नित्य का खरीदार; ३. (~saint भी) संरक्षक सिद्ध, महात्मा; ४. (रोमन पुरा०) दासता से मुक्त हुए दास का पहला स्वामी, किसी क़बीले का रक्षक या संरक्षक; ५. वृत्तिदाता, दाता, पादरी की वृत्ति और उपहार देने का अधिकारी। **patronal** (pāt' rō nāl) वि० संरक्षक सिद्ध, महात्मा संबंधी (the ~festival etc.)। **patroness** सं० संरक्षिका, आश्रयदात्री।

patronage (pāt' rō nij) सं० १. आश्रय, संरक्षण* (आ० १ भी); २. वृत्ति को देने का अधिकार (जैसे has a great deal of ~in his hands); ३. संरक्षण का ढोंग या अहंकार, ४. खरीदारों की सहायता या समर्थन। **~secretary** (गुणवाचक) कोचागार-सचिव।

patronize (pāt' rō naiz) क्रि० स० १. आश्रयदान, संरक्षण (व्यक्ति, सिलसिले आदि को); २. वृत्ति देना, नम्रतापूर्वक व्यवहार करना, अहसान के साथ सहायता करना। **patronizingly** क्रि० वि० १. आश्रयदान या संरक्षण के रूप में; २. नम्रतापूर्वक व्यवहार या अहसान के साथ, सहायता के रूप में।

patronymic (pāt rō nim' ik) [L. *patrōnymicus*, Gr. *patrōnumikos*, from *patrōnumos* (*patēr patros*, father, *onoma*, Æolic *onuma*, name)] वि० और सं० गोत्र (नाम), कुलसूचक (नाम)।

patroon (pā troon') [var. of PATRON] सं० (इनि०) जागीरदार, वह जागीरदार और ज़मींदार जिसे न्यूयार्क और न्यू जर्सी की डच सरकार में जागीर संबंधी अधिकार प्राप्त थे (यह व्यवस्था १८५० ई० में समाप्त हुई), डच ज़मींदार*' पैट्रून* (आ० १ भी), PATRON का रूपांतर।

patten (pāt' en) [F. *patin*, perh. from O.F. *patte* paw] सं० पैटेन, जूते के ऊपर पहनने का जूता जिसका तला लकड़ी का और ऊपरी हिस्से पर लोहे की मुँदरी आदि होती है जो असल जूते को कीचड़ में से उठाने का काम देता है।

patter[1] (pāt' ĕr) [freq. of PAT[1]] क्रि० अ० और स० १. पट-पट या टप-टप शब्द करना, टपाटप करना, जैसे वर्षा की बूंदों का खिड़की के शीशों पर गिरना; २. घमघम कर के जल्दी-जल्दी भागना, छोटे-छोटे क़दम रखते हुए द्रुतवेग में दौड़ना; ३. (पानी आदि को) टप-टप गिराना। सं० पट-पट या घम-घम का शब्द।

patter[2] (pāt' ĕr) [M.E. *patern*, from PATERNOSTER] क्रि० स० और अ० १. (प्रार्थना आदि) द्रुतगति से यंत्रवत् दोहराना, २. जल्दी-जल्दी बातें करना, वाराप्रवाह बातचीत करना। सं० १. किसी व्यवसाय या वर्ग की भाषा, बोली; २. वार्तालाप में वक्ता की भाँति बोलने का ढंग या शैली; ३. गाने में द्रुतगति करना या नेज़ भाषण करना; ४. गीत, मुखांत नाटक आदि।

pattern (pāt' ĕrn) [M.E. *patron*, as PATRON] सं० १. पैटर्न*/ प्रतिदर्श* (इ० १, ३, मा० २ भी), आदर्श, नमूना* (मा० १ भी)/ प्रतिरूप* (आ०, इ० १, २, ३, मा० १, वि० १ भी), संरूप* (मा० ३ भी) (जैसे she is a ~of domestic virtues), (गुणवाचक) आदर्श, प्रतिमान* (इ० २, मा० २, वि० १ भी) (विशे० व्यक्तियों के संबंध में, जैसे ~wife, father); २. साँचा, ढाँचा* (आ० ३, वि० १ भी), नमूना जिसके अनुसार या अनुरूप कोई वस्तु बनाई जाय; ३. (बर्तन के कपड़े आदि का) नमूना; ४. चित्र*/ आकृति* (इ० २, मा० २, वि० १ भी), नक्शा, बेल-बूटे का नमूना (कालीन, दीवार आदि की नक्काशी का); ५. लक्ष्यबिंदु पर बंदूक की गोलियों द्वारा बने हुए निशान, चिह्न; ६. विन्यास* (आ० भी)। क्रि० स० किसी वस्तु के प्रतिमान पर बनाना, गढ़ना, रूप देना, साँचा बनाना, नमूना बनाना, नक्काशी आदि से सजाना। **~-room, -shop** प्रतिमान-कक्ष, नमूनों का कमरा या दूकान, साँचे की ढलाई के कारखाने का कमरा।

patty (pāt' i) [F. PÂTE] सं० पैटी, क्रीमे का समोसा, मीठा समोसा। **~pan** समोसे पकाने का तसला, कड़ाही।

patulous (pāt' ū lŭs) [L. *patulus*, cogn. with *patēre*, to be open] वि० १. खुला, विवृत* (आ० भी), विस्तृत, प्रसारित; २. (शाखायें आदि) फैलती हुई। **patulously** क्रि० वि० विस्तृतता से। **patulousness** सं० विस्तृतता।

paucity (paw' si ti) [F. *paucité*, L. *paucitātem*, nom. *-tas*, from *paucus*, few] सं० कमी, न्यूनता, अल्पता (परिमाण या संख्या की)।

paul [PAWL] सं० पाल (नाम)। **~pry** कुतूहली, जिज्ञासु व्यक्ति, वह व्यक्ति जिसे दूसरों का रहस्य जानने की जिज्ञासा हो (जॅ० पूल की कॉमेडी का एक पात्र)।

Pauline (paw' lin) वि० १. सेंट पाल संबंधी, सेंट पाल का (जैसे the ~epistles)। सं० सेंटपाली, लंदन के सेंटपाल स्कूल का सदस्य और विद्यार्थी।

paulo-post-future (paw' lō pōst fū' tūr) [L. *paulo post futurum*, future after a little] सं० १. (यूनानी व्या०) भविष्यत् क्रिया की अवस्था, पूर्ण भविष्यत्काल; २. (हास्य०) निकट भविष्य।

paunch (pawnch, panch) [O.North. F. *panch*, L. *panticem*, nom. *pantex*] सं० १. पेट, उदर, अठर; २. जुगाली करनेवाले पशु का प्रथम अठर, पहला पेट; ३. (नौ० वि०) मोटी मज़बूत चटाई, लकड़ी का खोल जो रगड़ आदि से सुरक्षित रखने के लिए मस्तूल पर चढ़ा देते हैं (rubbing ~)। क्रि० स० पेट फाड़ना, अँतड़ियाँ निकालना, पेट काट कर अँतड़ियाँ निकालना।

pauper (paw' pĕr) [L., poor] सं० १. कंगाल* (आ० ३ भी), निर्धन, अकिंचन, दरिद्र, निराधार, निराश्रित; २. वह ग़रीब जिसे दरिद्र-रक्षा क़ानून (दरिद्र विधि) के अंतर्गत सहायता मिलती है; ३. कंगाल जिसे नालिश करने की अनुज्ञा मिले। **pauperdom** सं० भिक्षु-मंडली। **pauperism** सं० कंगाली, दारिद्र्य। **pauperize** क्रि० स० कंगाल बनाना, दरिद्र कर देना। **pauperization** सं० दरिद्रीकरण, अकिंचन बनाना या होना, कंगालीकरण,* (मा० ३ भी)।

pause (pawz) [F., from L. *pausa*, Gr. *pausis*, from *pauein*, to cease] सं० १. विराम* (आ० भी), विश्राम, निवृत्ति (विशे० हिचकिचाहट के कारण); २. (भाषण या पठन-पाठन में) रुकावट, व्यवधान, ठहराव; ३. (संगी०) अवसान, यति या दीर्घ विराम का चिन्ह जो गीत के ऊपर या नीचे बना हो। क्रि० अ० १. ठमकना, रुकना या ठहरना; २. (किसी शब्द पर) रुकना, अटकना। **give ~to** किसी को हिचकिचाहट में डालना, असमंजस में डालना।

pavan (pāv' an) [F. *pavane*, It. or Sp. *pavana*, etym. doubtful] सं० एक शाही नृत्य, शानदार नाच जो सुंदर वस्त्राभूषण पहन कर नाचा जाता है।

pave (pāv) [O.F. *paver*, L. *pavire*, to ram] क्रि० स० १. खड़ंजा बनाना, (सड़क, फ़र्श आदि पर) पत्थर या ईंटें बैठाना, फ़र्शबंदी करना (प्रायः ला०, जैसे paved with flowers, with good intentions); २. (ला०) (~the way for, to के साथ प्रयुक्त) सुधार आदि के लिए) मार्ग तैयार करना, रास्ता बनाना,

कड़ियाँ दूर करना। **pavage** सं० १. खड़ंजा, फ़र्श; २. गलियों में फ़र्श बनाने के लिए कर। **pave** (pāv' ā) १. फ़र्श, पत्थर का फ़र्श, पटरी; २. जवाहरातों को साथ-साथ अथल-बथल में जड़ना, उनकी जड़ाई करना। **pavement** (pāv' mènt) सं० १. फ़र्शबंदी, ईंटों, पत्थरों या लकड़ी के लट्ठों आदि का फ़र्श, पक्की सड़क, (विशे०) सड़क की पटरी; २. (प्राणि०) रंगपंखिए, खड़ंजा की तरह धारियों आदि की पंक्ति; ३. (आ०) सल्की*; ४. (इं० ३) मुहिम*। **~-artist** फ़र्शी कलाकार, कलाकार जो सड़क की पटरी पर रंगीन चित्र बना कर पथिकों से पैसे वसूल करता है। **paver, paviour** सं० १. फ़र्श बैठाने वाला, फ़र्शबंदी करनेवाला, खड़ंजा लगाने वाला; २. मार्गदर्शक।

pavilion (pá vil' yòn) [F. *pavillon*, L. *pāpiliōnem*, nom. *-lio*, butterfly] सं० १. शामियाना, दर्शक मंडप, मडप* (मा० १ भी), बीथा (विशे० बड़ा शिखरयुक्त); २. छोटी सी इमारत (विशे० फिर्केदार या दूसरे खेल के खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए); ३. किसी इमारत का आगे निकला हुआ (प्रायः सुसज्जित, अलंकृत) भाग; ४. मेहराब के रस्सों का नीचे का अंश। क्रि० स० शामियाना डालना, छीमों से घेरना, मंडप बनाना।

pavonine (pav' ò nīn) [L. *pāvōninus*, from *pāvo -ōnis*, peacock] वि० मोर का, मयूर संबंधी, मयूर सदृश।

paw (paw) [O.F. *powe*, prob. from Frankish (cp. Dut. *poot*, G. *pfote*)] सं० १. (पशु का) पंजा, चंगुल, (HOOF का विलोम); २. (बोल०) हाथ, किसी व्यक्ति की हस्तलिपि। क्रि० स० और अ० १. पंजा मारना, पंजे या चंगुल से आघात करना; २. (घोड़े का ज़मीन में) पाँव मारना या टाप मारना, खुरों से भूमि खुरचना या सुमों से ज़मीन कुरेदना; ३. (बोल०) रुआई से व्यवहार करना या क्षतिपूर्ण ढंग से पेश आना।

pawky (paw' ki) [Sc. and North. (obs. *pawk*, a trick, -y,] वि० (स्कॉटलैंडीय बोल०) धूर्त, छँटा हुआ, चालाक। **pawkily** वि० धूर्तता से, चालाकी से, हीशियारी से। **pawkiness** सं० धूर्तता, चातुरी, चालाकी, होशियारी।

pawl (pawl) [prob. from O.F. *paul* (F. *pal*), L. *pālum*, nom. *-lus*, stake, PALE¹] सं० १. पॉल* (इं० २, ३० भी), कुत्ता, चक्करीक, पहिए को उलटा फिरने से या छड़ी को घूमने से रोकने के लिए लगाई गई रोक; २. (नौ० वि०) लंगर की चर्खी आदि को उलटा घूमने से रोकने वाला छोटा डंडा। क्रि० स० (जहाज की चर्खी आदि में) कुत्ता या चक्करीक लगाना।

pawn¹ (pawn) [M.E. and A.-F. *poun*, O.F. *paon*, *peon* (F. *pion*), med. L. *pedānem*, nom. *peao*, footsoldier, from *pes pedis*, foot] सं० मोहरा, प्यादा, पैदल (प्रायः ला० दुर्बल और केवल दूसरों का हित-साधक व्यक्ति)।

pawn² (pawn) [O.F. *pan*, prob. from Teut. (cp. O. Fris. and Dut. *pand*, G. *pfand*)] सं० १. बंधक वस्तु या व्यक्ति, वह वस्तु या व्यक्ति जो गिरवी या रेहन रखा गया हो (अब मुख्यतया ला०); २. गिरवी, रेहन, गिरो। क्रि० स० १. गिरवा रखना, रेहन रखना, गिरो रखना, २. (ला०, अपना जीवन, सम्मान या वचन) बंधक रख देना, वचन-बद्ध या प्रतिश्रुत होना। **~broker** साहूकार, चीजें रेहन रख कर ब्याज पर रुपया उधार देने वाला महाजन। **~broking** साहूकारी, गिरवी रख कर रुपया ब्याज पर लगाने का धंधा। **~shop** साहूकार की दूकान, वह स्थान जहाँ कोई महाजन लोगों की चीजें गिरवी रख कर उन्हें ब्याज पर रुपया उधार देता है। **pawnee** (paw nē') सं० आधिमान, जिसके पास कोई चीज रेहन रखी जाय।

pax (pāks) [L., PEACE] सं० १. पैक्स, ईसा के सूली-ग्रहण के चिह्न की तख्ती जिसे मास के पर्व पर कैथोलिक पादरी तथा सम्मेलन में उपस्थित अन्य व्यक्ति चूमते हैं; २. High Mass के पर्व पर सार्वजनिक उपासना-पद्धति के रूप में प्रचलित शांति का चुंबन; ३. (विस्प० के रूप में स्कूली शा०) शांति, आमोदी, सुलह। **Pax Romana, Britannica** रोमन या ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन राज्यों पर थोपी गई युद्ध में सम्मिलित न होने की स्थिति। **~vobis, vobiscum** आप शांति-लाभ करें, तुम्हें शांति मिले (विशे० पादरी के आशीष के रूप में)।

paxwax (pāks' wāks) [formerly *foxwax* (A.-S. *feax*, hair, *weaxan*, to grow, to WAX²)] सं० (बोल०) पैक्सवैक्स, एक मोटी नस जो (मनुष्य तथा अन्य स्तनधारियों में) कमर के निकटस्थ मेरु-दंड से ले कर सिर के पिछले भाग तक फैली रहती है।

pay¹ (pā) [O.F. *paier* (F. *payer*), L. *pācāre*, to appease, from *pax pācem*, peace] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **paid**) १. देना, भुगतना, तनख्वाह देना, पारिश्रमिक देना, क्रीमत अदा करना, माल के बदले धन चुकाना; २. (ला०) इनाम देना, पुरस्कृत करना, पारितोषिक देना; ३. बदला देना, बदला चुकाना, प्रतिफल देना; ४. (कर्ज़) चुकाना, उऋण होना, (ऋण, पारिश्रमिक, कर आदि) चुकाना, अदा करना; ५. (ध्यान, आदर, अभिवादन, अभिनंदन आदि) देना, करना; ६. (व्यापार आदि का) काफ़ी लाभजनक होना, काफ़ी पैसा देना। सं० १. भुगतान, अदायगी, २. तनख्वाह, वेतन* (मा० ३ भी), मजूरी, नौकरी, पारिश्रमिक। **in the ~ of** (उसकी) नौकरी में। **~as you earn** (संक्षे० P.A.Y.E.) आयकर वसूल करने की एक पद्धति-विशेष जिसमें आय के मूल स्रोत में ही ही आय-कर काट लिया जाता है। **~for** १. क्रीमत चुकाना, व्यय सहन करना; २. (ला०, भूल या दोष आदि के कारण) दंडित होना, सजा पाना। **~for one's whistle** दे० WHISTLE². **~him in his own coin** दे० COIN। **~in** अपने या किसी और के खाने में रकम जमा करना। **~off** तनख्वाह दे कर निकाल देना, (जहाज के लोगों या कर्ज़ वसूल करने वालों आदि का) चुप हो जाना। **~one's way** कर्ज़दार न होना, ऋण न लेना। **~out, away** (रस्सी को) ढीला छोड़ कर निकल जाने देना। **~out** (व्यक्ति को) सजा देना, दंड देना। **~through the nose** दे० NOSE। **~up** (बकाया) पूरी तरह चुका देना, पाई-पाई चुका देना। **~-day** १. तनख्वाह का दिन, भुगतान करने या पारिश्रमिक देने वाला दिन, २. (सट्टा बाजार) वह दिन जब खेरों आदि के हस्तांतरण का भुगतान करना पड़ता है। **~load** हवाई जहाज के भार का वह अंश जिस पर चुगी लगती है। **~master** पारिश्रमिक-वितरक, सैनिकों, मजदूरों आदि को वेतन बाँटने वाला अधिकारी (प्रायः ला०)। **Paymaster-General** खज़ाने के वेतन विभाग का अध्यक्ष। **payable** वि० अवश्य देय, जिसका देना परमावश्यक है; २. देय, देने योग्य; ३. लाभदायक। **payee** (pā ē') सं० पानेवाला, प्राप्तकर्ता। **payer** सं० देनेवाला, अदा करने वाला, भुगतान करने वाला। **payment** सं० १ भुगतान, अदायगी, अदा की गई रकम; २. (ला०) बख्शीश, इनाम, पारितोषिक; ३. मुआवज़ा, क्षतिपूर्ति।

pay² (pā) [O.North. F. *peier*, L. *picāre*, from *pix picis*,

PITCH²] क्रि० स० (भू० और भू० कृ० payed) (नौ० वि०) जहाज में राल लगाना, तारकोल लगाना।

paynim (pā' nĭm) [*Payne*, inventor] क्रि० स० (काठपर) ऐसे मसालों का लेप करना जिससे वह सड़े या गले नहीं।

pea (pē) [from PEASE, taken as *pl.*] सं० १. मटर* (कृ० भी); २. मटर के दाने, (जैसे green ~ खाने के लिए निकाले गए हरे दाने)। **as like as two peas** तुल्य, समान, भिन्नता रहित। **~-nut** पी नट, (एक प्रकार के पौधे के) बीज जो खाने और तेल निकालने के काम आते हैं, मूंगफली। **~-shooter** मटर के सूखे दाने भर कर मारने में प्रयुक्त नली। **~soup** मटर का (विशे० सूखे दानों का) शोरवा या रसा। **~souper** (बोल०) चना पीला कुहरा। **~soupy** चना पीला (कुहरा)।

peace (pēs) [M.E. and O.F. *pais*, L. *pācem*, nom. *pax*] सं० १. शांति* (भा० १ भी), अमन, युद्ध-विराम, सुलह, (जैसे ~with honour, ~at any price); २. अमनी-अमान, अमन-चैन, सुख-शांति, नागरिक अराजकताभाव; ३. शांति, शांतता, निस्तब्धता, मानसिक शांति, चैन (जैसे ~of mind मन की शांति, ~of conscience)। **at ~** मैत्रीपूर्ण स्थिति में, शांतिपूर्ण स्थिति में, संघर्ष-हीन अवस्था में। **be sworn of the ~** मजिस्ट्रेट या दंडाधिकारी बनाया गया। **hold one's ~** शांति रखना, खामोश या शांत रहना। **keep the ~** संघर्ष रोकना, शांति क़ायम रखना, वैर एवं बाधुता का निरोध करना। **make ~** सुलह करना, मैत्री करना। **~be with you, ~to his ashes** (इ० में और उसके अनुकरण पर) तुम्हें शांति मिले, उसकी स्वर्गीय आत्मा को शांति मिले। **the (king's) ~** सार्वजनिक शांति, आम शांति (जैसे Commission, Justice of the ~ दे० JUSTICE)। **~maker** १. शांति-स्थापक, संधिकर्ता, शांति या सुलह कराने वाला; २. (विनोद में) रिवॉल्वर, पिस्तौल, युद्धपोत, लड़ाकू जहाज़। **~-offering** १. शांति रखने के बदले की गई भेंट, शांति के लिए दिया क्या उपहार; २. परमात्मा को धन्यवाद के रूप में दिए जाने वाले उपहार या भेंट। **~-pipe** उत्तरी अमरीका के आदिवासियों में शांति का प्रतीक,तंबाकू का हुक्का। **peaceable** वि० १. शांतिप्रिय, अमन-पसंद, शांतिप्रेमी, शांति की ओर उन्मुख, संधि-प्रिय; २. शांत, प्रशांत; ३. युद्ध-विमुख संघर्ष-विरोधी; ४. शांतिमय* (भा० १ भी)। **peaceableness** सं० १. शांतिप्रियता, अमनपसंदी, शांति-प्रेम, संधि-प्रियता; २. शांतता, प्रशान्तता, युद्ध-विमुखता, संघर्ष-विरोध। **peaceably** क्रि० वि० १. शांततापूर्वक, शांति-प्रेम की दृष्टि से, संधिप्रिय रूप में; २. शांत रह कर, संघर्ष-विरोधी स्थिति में। **peaceful** वि० शांत, शांतिपूर्ण* (भा० १ भी), शांतिप्रिय, अमन-चैन वाला। **peacefully** क्रि० वि० शांतिपूर्वक, शांति से, अमन-चैन से। **peacefulness** सं० शांति, शांतिपूर्णता, अमन-चैन।

peach[1] (pēch) [O.F. *pesche*, L. *persicum*, Persian [*apple*'] सं० १. आड़ू, सफ़तालू* (कृ० भी); २. (~-tree भी) आड़ू का पेड़; ३. (झा०) असाधारण योग्यता या गुणों वाला व्यक्ति या वस्तु, अत्यानन्द-कर से आकर्षक बाला। **~-blow** हल्के बैंगनी रंग की झलक वाले बुंदकी रंग (की चमक)। **~-brandy** आड़ू के रस से बनी शराब। **~-colour (ed)** हल्के धूमिल लाल रंग (का)। **peachy** वि० आड़ू जैसा सुवासयुक्त या वैसे रंग का (विशे० बाल)।

peach[2] (pēch) [M.E. *apechen*, as IMPEACH] क्रि० अ० (अप० झा०) मुखबिर बन जाना, मुखबिरी करना, भेदी बनना या भेद देना (**against, upon** के साथ प्रयुक्त)।

peacock (pē' kŏk) [A.-S. *pēa, pāwe*, L. *pāvo*, COCK[1]] सं० मोर, मयूर* (वि० १ भी), शिखी, ताऊस। क्रि० स० और अ० १. सिंगार करना, सजना-धजना, प्रदर्शन करना, मोर की तरह सजना-सँवरना; २. नाज़ो-अंदाज़ से चलना, अदा दिखाना, इठला कर या इतरा कर चलना, गर्व तथा प्रगल्भता सूचक मुद्राओं से चलना। **proud as a ~** मोर की भाँति गर्वीला और विलासी। **~-blue** मोर की गरदन की भाँति गहरा और चमकदार नीला। **~-butterfly** मोरपंखी तितली, यूरोप की तितली जिसके पंख पर मोर के समान रंगीन चंद्रिकाएँ बनी होती हैं। **~-coal** रंग-बिरंगा कोयला। **~-fish** मयूर-मत्स्य, चमकीले हरे, नीले, लाल और सुर्ख़ रंग की मछली। **pea-chick** सं० मयूर-शावक, मोर का बच्चा। **peacockery** सं० इतराहट, गर्व तथा प्रगल्भता सूचक मुद्राएँ। **peacocklike, peacocklike** वि० मोर का सा, मोर-जैसा, मोर की तरह, मयूरवत्। **peafowl** सं० मयूर-पक्षी, मोर या मोरनी। **peahen** सं० मोरनी, मयूरी।

pea-jacket (pē' jăk ĕt) [prob. after Dut. *pij-jakker* (*pij*, pea-jacket)] सं० पी-जाकेट, खुरदरे मोटे ऊनी कपड़े का बना हुआ नाविक के पहनने का एक प्रकार का छोटा ओवरकोट।

peak[1] (pēk) [var. of PIKE[1]] सं० १. टोपी का छज्जा, टोपी का माथे पर छज्जे की तरह झुका रहने वाला भाग; २. (नौ० वि०) जहाज के पेंदे या तख़्ताने का तंग हिस्सा (विशे० fore~, after~ भी) जहाज के अगले या पिछले भाग का तंग हिस्सा; ३. बादबान की नोक; ४. चोटी, नुकीला शिखर* (ई० २, वि० १ भी) (विशे० पर्वत का); नोक (उदा० दाढ़ी की); ५. झुकी हुई रेखा आदि या उतार-चढ़ाव के अभिलेख का उच्चतम बिंदु। **peaked, peaky**[1] वि० छज्जेदार (टोपी), नुकीला, नोंकदार (बादबान), चोटी या शिखरों से पूर्ण (पर्वतादि)।

peak[2] (pēk) [इतरा. doubtful] क्रि० अ० घुलना, घुलते जाना, दुर्बल होना, क्षीण होना (विशे० ~&pine)। **pealed**[2] वि० १. तीखे नक़शों वाला; २. सताया हुआ, क्षीण। **peaky**[2] वि० बीमार, अस्वस्थ, क्षीण, मुरझाया हुआ, सूखा हुआ।

peak[3] (pēk) [from APEAK] क्रि० स० और अ० १. (वी० वि०, मस्तूल के सहारे को) आगे या पीछे (ऊर्ध्वाधर दशा में) झुकाना; २. (चप्पुओं को) सीधा बड़ा रखना; ३. (झूले मछली का हुक) उठाना, बड़ी करना, पोता लगाते समय सीधा खड़ा होना।

peal[1] (pēl) [prob. from APPEAL] सं० १. घंटानाद, टनटनाहट, घनघनाहट, घंटियों का तुमुल नाद (विशे० घंटों के सेट पर बदल-बदल कर बजाई जाने वाली धुनें); २. घंटे, घंटियाँ, घंटा-समुदाय; ३. कड़ाका, कड़कड़ाहट, विकट घोष (विशे० बज्र-घोष या अट्टहास)। क्रि० अ० और स० १. गूंजना, टनटनाना, घनघनाना; २. कड़कना, कड़कड़ाना; ३. कड़क कर बोलना, गरज कर कहना।

peal[2] (pēl) [सं० etym. unknown] सं० शोर, (विशे० प्रतिध्वनित अथवा दीर्घ अवधि तक न रुकने वाला स्वर (जैसे गर्जना, घण्टा आदि)।

pear (pār) [A.-S. *pere*, late L. *pira*, L. *pirum*] सं० नाशपाती* (कृ० वि० १ भी)। **~-shaped** नाशपाती के आकार का। **~-tree** नाशपाती का पेड़। **prickly~** दे० PRICKLY।

pearl[1] (pĕrl) [F. *perle*, etym. doubtful] सं० १. मोती*, मुक्ता* (आ०, वि० १ भी); २. बहुमूल्य वस्तु, (अपनी किस्म का) सर्वश्रेष्ठ उदाहरण; ३. मोती-जैसी वस्तु (उदा० शुद्धिन-बिंदु, अश्रु, दंत); ४. टाइप का आकार, दे० TYPE; ५. अनेक पदार्थों के सूक्ष्म कण। क्रि० स० और अ० १. मोती सदृश बिखेरना, मोतियों की भाँति की बूँदें छिड़कना या बिखेरना; २. (रंग आदि में) मोती की तरह का बनाना, मुक्ताभ बनाना, मोती का रंग देना; ३. (जौ आदि को)

पिरो कर मोती जैसा बनाना; ४. मुक्ताकृति बिंदु बनाना, मोतियों-जैसी बूँदें बनाना; ५. मोतियों की प्राप्ति के लिए सीपों को पकड़ना। **cast pearls before swine** बंदर क्या जाने अदरख का स्वाद, गदहे को पान देना, अंधा क्या जाने बसंत की बहार, भैंस के आगे बीन बजाना। **~diver** मोती निकालने के लिए सीपों को पानी में डुबकी लगाने वाला। **~fisher** मोतियों के लिए सीपी को पकड़ने का व्यवसाय। **~powder, -white** चमड़ी को सफ़ेद बनाने के लिए प्रयुक्त पाउडर आदि। **~shell** सीपी, प्राकृत रूप में पाई जाने वाली (न कि खाली की गई) सीपी या शुक्ति। **pearled** वि० मोती-बराबर, मुक्ता-युक्त। **pearly** वि० १. आबदार, चमकदार, मोती की तरह (सफ़ेद और उज्ज्वल); २. (वि० १) मौक्तिक* मोतिया*। **pearlies** सं० (बहुव०) परलीज़, फल-मेवा आदि बेचने वाले की पोशाक जिसमें मोती की तरह चुंडीदार बटन लगे होते हैं।

pearl[2] (pĕrl) [prob. var. of PURL[1]] सं० तकिए की झालर में सजावट के लिए लगाई जाने वाली क़िनार का कोई फुंदना।

pearmain (pâr' mān) [Fr. *permain*] सं० पीअरमेन, एक प्रकार का सेब।

peasant (pez' ănt) [O.F. *paisant* (F. *paysan*), L. *pāgensem*, nom. *-sis*, of or pertaining to a *pāgus* or village] सं० देहाती, किसान* (क्रु० भी), कृषक। **peasantry** (pez' an tri) सं० गाँव वाले, देहाती लोग, किसान लोग, कृषक-समुदाय, किसान-वर्ग* (क्रु० भी)।

pease (pēz) [A.-S. *pise*, pea, pl. *pisan*, late L. *pisa*, L. *pisum*, Gr. *pison* (cp. PEA)] सं० मटर, मटर के दाने (विशे० ~pudding में)।

peat (pēt) [M.E. *pete*, etym. doubtful] सं० पीट* (इ० ३. कु०, वि० १ भी), वानस्पतिक कोयला, ऐसी वनस्पतियाँ जो पानी में सड़-गल जाती हैं और जिनमें कुछ कोयले के गुण आ जाते हैं और जिनका प्रयोग ईंधन के तौर पर किया जाता है। **~bog, -moss** वानस्पतिक कोयले की दलदल, सड़ी-गली वनस्पतियाँ जो सूखने के बाद ईंधन के रूप में प्रयुक्त होती हैं, (वि० १) पीट-दलदल*। **~reek** वानस्पतिक कोयले की आग का धुआँ, इस आग पर खींची गई शराब। **peatery** सं० वह स्थान जहाँ वानस्पतिक कोयला बनता है। **peaty** वि० वानस्पतिक कोयले से युक्त, पीटमय* (वि० १ भी)।

pebble (peb' ĕl) [A.-S. *papol-stān*, pebble-stone, etym. doubtful] सं० १. कंकड़, कंकर, बजरी* (इ० ३ भी), गुटिका* (वि० १ भी); २. चश्मे के शीशे आदि बनाने में प्रयुक्त एक रंगहीन पारदर्शक स्फटिक, इस स्फटिक के बने हुए (चश्मे आदि के) शीशे; ३. रत्नों की कई क़िस्में। **pebbled, pebbly** वि० १. कंकड़-मय, कंकरीला; २. कंकड़ का, कंकड़ से बना हुआ; ३. कंकड़ की प्रकृति का, बिल्लौर की प्रकृति का।

pecan (pe kăn') [F. *pacane*, Sp. *pacana*, from native name] सं० १. पेकॉन, मिसिसिपी-क्षेत्र में पाया जाने वाला एक पेड़; २. पेकॉन की गिरी।

peccable (pek' á bel) [med. L. *peccābilis*, from *peccāre*, to sin] वि० पापवश, पापाधीन, पापोन्मुख। **peccability** सं० पाप-वश्यता, पापाधीनता, पापोन्मुखता।

peccadillo (pek á dil' ō) [Sp., dim. of *pecado*, L. *peccātum*, sin, as prec.] सं० (बहुव० **-oes**) मामूली सा क़ुसूर, तुच्छ या नगण्य-सा अपराध या पाप।

peccant (pek' ant) [F., from L. *peccantem*, nom. *-cans*, pres. p. of *peccāre*, to sin] वि० १. पापी, भ्रष्ट, अपराधी, गुनहगार, पापात्मा, २. (चिकि०) मल, अनवस्थ, ३. विकारक* (आ० भी)। **peccancy** सं० १. अपराधीपन, पापात्मकता; २. रुग्णता, अस्वस्थता।

peccary (pek' a ri) [Carib *pakira*] सं० पैकरी, सुअर से मिलता-जुलता सुईं से रहने वाला एक प्रकार का अमरीकी चौपाया।

peche melba [F. peach Melba] सं० पेश मैलबा, आइसक्रीम और शफ़्तालू की मदिरा-प्लावित मिठाई।

peck[1] (pek) [A.-F. and O.F *pek*, etym. doubtful] सं० १. पैक, सूखी चीज़ों का पैमाना, २. गैलन, ३. पैक, इस माप का पात्र या भांड। **a ~ of troubles** मुसीबतों का पहाड़, कष्टों की भरमार, विपत्तियों का अंबार।

peck[2] (pek) [var. of PICK[1]] क्रि० स० अ० १. ठोंग मारना, चोंच मारना, चोंच से आघात करना, चोंच मार कर छेद आदि करना; २. बेमन से या कनेय-भाव समझ कर (किसी व्यक्ति का गाल आदि) चूमना, चुबन करना, ३. (किसी वस्तु पर) चोंच से निशाना साधना, चोंच चलाने का प्रयत्न करना, ४. (आ०) मुक्ताचीनी या छिद्रान्वेषण करना; ५. बोलचाल खाना (विशे०) कुतर-कुतर कर खाना, ६. बीगना, ज़रा-ज़रा करके खाना, ७. किसी नौकर या औज़ार से (ज़मीन, दीवार आदि को) खोदना; ८. (आ०, पत्थर) फेंकना, (किसी पर) पत्थर मारना, पत्थर फेंकना। स० १. ठोंग, चोंच का आघात; २. चोंच का निशान, ठोंग मारने के कारण पड़ा हुआ निशान, ३ बेमन का चुबन, हल्का चुबन, ४. (आ०) खाना, भोजन, रसद। **~out** चोंच से झटका या चोंच मार कर तोड़ लेना। **pecker** सं० १. ठोंग या चोंच मारने वाला पक्षी (मुख्यतया समासों में, विशे० wood~ द्वे० wood); २ पेकर, एक प्रकार की कुदाली। **keep your ~up** (आ०) हिम्मत से काम लो, हिम्मत बाँधे रखो, धैर्य धारण करो, घबराओ नहीं। **peckish** वि० (बोल०) भूखा, क्षुधार्त।

Pecksniff (pek' snif) [character in Dickens's Martin Chuzzlewit] सं० अपने मुँह मियाँ मिट्ठू, वह पाखंडी आदमी जो अपनी उदारता आदि की महिमा का बखान करता फिरे।

pecten (pek' ten) [L. *pecten -tinis*, comb, from *pectere*, to comb (cp. Gr. *pektein*.)] सं० १ (प्राणि०) पैक्टेन, पशुओं के शरीर में विभिन्न प्रकार की कंघे-जैसी बनावट; २. (वि० १) कंकतांग*।

pectin (pek' tin) सं० (रसा०) पेक्टिन* (आ०, क्रु० भी), लस, लासा। **pectinic** वि० लसदार, लसीला।

pectinate, pectinated (pek' tin at, pek' tin ā ted) वि० कंघे जैसे आकार का, ककताकार* (आ० भी)। **pectination** सं० कंघे जैसी बनावट वाले शरीर (के जीवों) का नमूना या उदाहरण।

pectoral (pek' to ral) [F., from L. *pectorālis*, from *pectus -toris*, breast] सं० १ वक्षस्थान, आलंकारिक कवच, छाती पर सजावट के लिए पहनी जाने वाली पट्टी (विशे० यहूदियों के प्रधान पादरी द्वारा पहनी जाने वाली); २ वक्ष में लगे हुए (मछलियों आदि के तैरने आदि के लिए) अंग, वक्ष-पेशी आदि। वि० १. वक्ष-*, वक्षीय* (आ० भी), सीने का, सीने के लिए, सीने की बीमारियों के लिए लाभदायक; २. सीने पर पहना जाने वाला; ३. (वि० १) अंगीय*। **~cross** पादरी द्वारा सीने पर पहना जाने वाला क्रॉस या सलीब।

pectose (pek' tōz) सं० (रसा०) पेक्टोस. सैण्यूलोज से संबद्ध तथा उसी के साथ कच्चे फलों आदि में प्राप्त होने वाला एक न घुलने योग्य पदार्थ।

peculate (pek' ū lāt) [L. *peculātus*, p. p. of *peculāri*, as foll.] क्रि० स० और अ० शासन करना, पर-धनापहरण करना, दूसरों के धन का अपने लिए प्रयोग करना। **peculation** सं० शासन, पर-धनापहरण। **peculator** (pek' ū lā tor) सं० शासन करने वाला, पर-धनापहर्ता।

peculiar (pē kū' li ăr) [L. *peculiāris*, from *peculium*, private property, from *pecu*, cattle] वि० १. खास, विशिष्ट; २. निजी, व्यक्तिगत, जाती (विशे० किसी का अपना चरित्र आदि, खास, तरीका/मूली, असामान्य as a point of ~interest); ३. अजीब, निराला, अद्भुत (जैसे a ~flavour, he has always been a little~)। सं० १. व्यक्तिगत संपत्ति, निजी जायदाद या विशेषाधिकार आदि, २. (इनि०) वह पेरिश या चर्च जो अपने प्रदेश के विशप के अधिकार-क्षेत्र से मुक्त हो। **Peculiar People** १. यहूदी लोग, (व्यापक अर्थ में) ईश्वर के कृपापात्र; २. १८३८ ई० में स्थापित ईसाई संप्रदाय जो रोगों के दैवी उपचार में विश्वास रखता था। **peculiarity** सं० १. खासियत, विशिष्टता, वैशिष्ट्य; २. असामान्यता; ३. लक्षण, विशेष गुण; ४. अनोखापन, निरालापन। **peculiarly** क्रि० वि० १. खास तौर से, विशेष रूप से, व्यक्तिगत रूप से (जैसे does not affect him~); २. विशिष्टतया, असामान्य रूप से, (जैसे ~ annoying); ३. अजीब तरह से, अद्भुत रूप से, अजीबो-गरीब (जैसे they dress~)।

pecuniary (pe kū' ni ă ri) [L. *pecūniārius*, from *pecūnia*, as prec.] वि० १. आर्थिक, माली, वित्तीय (जैसे ~aid, considerations); २. आर्थिक दंड वाला (अपराध)। **pecuniarily** क्रि० वि० १. आर्थिक रूप से, माली तौर पर, २ आर्थिक दंड की दृष्टि से।

pedagogue (ped' ă gog) [M.F., from L. *pedagōgus*, Gr. *paidagōgos* (*pais paidos*, boy, *agein*, to lead)] सं० मास्टर, शिक्षक, अध्यापक, पंडित (प्रायः तिरस्कार और पांडित्याभिमान का सूचक)। **pedagogic, -al** वि० शिक्षा-विषयक, अध्यापन-विद्यायक, पांडित्यमूलक। **pedagogically** क्रि० वि० पांडित्यपूर्वक (प्रायः तिरस्कारसूचक)। **pedagogics** सं० अध्यापन-शास्त्र। **pedagogism, -goguism** (ped' ă gog izm) सं० मास्टरी, शिक्षकत्व, पांडित्य। **pedagogy** (ped' ă goj i) सं० शिक्षा-विज्ञान, अध्यापन-शास्त्र।

pedal (ped' ăl) [prob. through F. *pédale*, It. *pedale*. L. *peddlem*, nom. *-lis*, from *pes pedis*, foot] सं० १. पैडल, (अरमन बाजे में) पैरों से बजाया जाने वाला परदा, पाँव से दबाया जाने वाला लीवर (भी), (मिलावों में) पैर का लीवर जो सुरों को ऊँचा (loud~) या मंद (soft ~) करने में काम आता है; २. (विशे० साइकिल या तीन पहियों की साइकिल आदि विभिन्न यंत्रों का) पैडिल; ३. (संगी०) एक मंद स्वर जो कई गीतों के साथ (जिनमें से कुछ उसके स्वतंत्र होते हैं) बराबर बजता रहता है। क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **pedalled**) अरगन बाजे के परदों को बजाना; २. साइकिल के पैडिल मारना, पैडिल मार कर (साइकिल) चलाना। वि० (प्राणि०) पैरों का, पैर का, पाद-विषयक (विशे० चींचे के पैरों से संबंद्ध), (वि० १) पादिक**।**

pedant (ped' ănt) [F. *pédant*, It. *pédante*, a school-master, prob. cogn. with PEDAGOGUE] सं० १. विद्याभिमानी, पांडित्याभिमानी, पुस्तकीय ज्ञान या तकनीकी ज्ञान को आवश्यकता से अधिक महत्त्व देने वाला व्यक्ति या ऊंची नियमों में निष्ठा रखने पर विशेष बल देने वाला व्यक्ति, २. सिद्धांतवादी व्यक्ति, उसूल का आदमी, सिद्धांतनिष्ठ व्यक्ति। **pedantic, -al** (pe dăn' tik, -ăl) वि० पांडित्य-प्रदर्शक। **pedantically** क्रि० वि० १. विद्याभिमान से, पांडित्याभिमानपूर्वक; २. सिद्धांत की दृष्टि से। **pedantize** (ped' ăn dīz) क्रि० स० और अ० १. विद्याभिमान करना, पांडित्य प्रदर्शित करना; २. सिद्धांतनिष्ठता दिखाना। **pedantocracy, pedantry** (ped' ăn tri) सं० १. विद्याभिमान, पांडित्य-प्रदर्शन; २. सिद्धांत-निष्ठा।

pedate (ped' āt) [L. *pedātus*, from *pes pedis*, foot] वि० १. (प्राणि०) पदाद, पैर वाला, पंजाकार* (वि० १ भी), पाँव वाला; २. (बन०) पाँच की अँगुलियों या चिड़ियों के पंजों की भाँति बँटी हुई (पत्तियाँ)।

peddle (ped' el) [etym. doubtful; in first sense prob. from PEDLAR] क्रि० अ० और स० १. फेरी लगाना, वस्तुओं आदि में फेरी लगा कर और आवाज लगा कर सौदा बेचना; २. छोटी-छोटी बातों में समय नष्ट करना; ३. छोटा रोजगार करना, खुदरा दुकानदारी करना, फुटकर या थोड़ी-थोड़ी बिक्री करना, (प्रायः ला०)।

pederast (ped' er ăst) [Gr. *paiderastēs* (*paiss paidos*, boy, *erarin*, to love)] सं० लौंडेबाज। **pederasty** (ped' er ăs ti) सं० कुमार-मैथुन, लौंडेबाजी।

pedestal (ped' es tăl) [G. *pedestal* or F. *piédestal*, It. *predestallo* (*pie*, L. *pes pedis*, foot, *di*, of, *stallo*, STALL¹)] सं० १. खंभे की कुर्सी, चौकी* (इ० ३ भी), स्तंभ-पाद, पद-स्थल*/पाद पीठ* (इ० १, ३ भी); २. प्रतिमा-पीठ, मूर्ति की कुर्सी, मूर्ति आदि का आधार, आराम; ३. मेज का खानेदार पाया, ४. नींव, बुनियाद, आधार (सा० और ला०); ४. एक आलमारी जिसमें पेशाब का बरतन रखा रहता है और जिसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। क्रि० स० (कुर्सी या पाये के सहारे) खड़ा करना, स्थापित करना, टिकाना, स्थित करना।

pedestrian (pē des' tri ăn) [L. *pedester -tris*, from *pes pedis*, foot, *-tar*] वि० १. पैदल, प्यादा, पदगामी; २. चलने का, पैदल चलने से संबद्ध; ३. नीरस, शुष्क, ढीला-ढाला, निश्प्राण। सं० पैदल व्यक्ति (विशे० चलने में प्रतियोगिता करने वाला)। **pedestrianism** सं० पैदल चलने में निपुणता। **pedestrianize** पैदल चलने में मुकाबिला करना, पैदल चलने की प्रतियोगिता करना।

pedicel (ped' i sel) [mod. L. *pedicellus*, dim. of *pediculus*, dim. of *pes pedis*, foot] सं० (बन०, प्राणि०) डंठल जैसी बनावट, पौधों या जीवों में छोटे (विशे० अधीन, तुल० PEDUNCLE) वृंत जैसी बनावट, वृंत*/पुष्पवृंत* (कृ०, वि० १ भी)। **pedicellate, pediculate** (pe dik' ū lāt) वि० डंठलदार, वृंतयुक्त, डंठल जैसी बनावट वाले (पौधे या जीव)।

pedicular, -lous (pe dik' ū lăr, -lŭs) [L. *pediculāris, -lōsus*, from *pediculus*, louse] वि० जूँहेरा, जूओं-भरा, जिसमें जूएँ हों। **pediculosis** सं० जूँ रोग, जूएँ पड़ जाने की बीमारी, जूँहेरा हो जाने की अवस्था।

pedigree (ped' i grē) [formerly *pedegru*, O.F. *pes de grue*, F. *pie de grue* (L. *pes pedis*, foot, *de*, of, *grue*, L. *gruem*, nom. *grus*, crane)] सं० १. वंशावली* (कृ०, मा० २, वि० १ भी), वंश वृक्ष* (मा० भी), वंश-तालिका; २. (मनुष्य या पशु

की) वंश-परंपरा, वंशानुक्रम* (मा० १ भी)/ अनुवंशक्रम* (मा० ३ भी); ३.(शब्द की) व्युत्पत्ति; ४. पुराना घराना, प्राचीन कुल (जैसे ~cattle)। **pedigreed** वि० कुलीन, उच्चकुलोद्भव, जिसका जन्म ऊँचे घराने में हुआ हो।

pedisent (ped' i ment) [formerly *perinent*, perh. corr. of L. *operimentum*, from *operire*, to cover, or of PYRAMID] सं० १. पैडिमेंट, यूनानी शैली की इमारत के अगले भाग (विशे० पोर्टिको) के ऊपर का तिकोना भाग; २. रोमन और पुनरुत्थान शैलियों में भी इसी प्रकार का त्रिभुजाकार भाग; ३.(ई०३) तोरण*। **pedimental** वि० पैडिमेंट-विषयक, इमारत के अगले हिस्से के ऊपर बने हुए तिकोने भाग का। **pedimented** (ped' i men ted) वि० जिस (भवन) में ऐसा त्रिभुज बना हो।

pedlar (ped' lär) [etym. doubtful, prob. cogn. with obs. *ped*, basket] सं० १. फेरी लगा, खोंचे वाला, बिसाती, गलियों आदि में घूम-घूम कर सौदा बेचने वाला; २. (ला०) हजारवास्तों, बप्पी, (बातों, अफ़वाहों आदि को) एक से दूसरे तक पहुँचाने वाला, गप्पों का सौदागर। **Pedlar's French** चोरों की बोली या भाषा।

pedology (ped ol' ŏ ji) [Gr. *pedon*, ground] सं० भूमि-विज्ञान, भूतत्व।

pedometer (pē dom' e tĕr) [F. *pédomètre* (L. *pes pedis*, foot, -METER)] सं० १. पैडोमीटर, पदगणित्र* (प्र० भी), एक प्रकार का यंत्र जो कदमों का हिसाब लगा कर पैदल की गई यात्रा का फ़ासला निकालने में काम आता है।

pedrail (ped' rāl) सं० पैडरेल, पहियों की हालों (किनारों) पर पैर के आकार की चौड़ी टेकें लगा कर भारी मशीनों को ऊबड़-खाबड़ जमीन में ले जाने की तरकीब या उपाय।

pedunele (pē dŭng' kĕl) [L. *pes pedis*, foot, -UNCLE] सं० १. पैडंकिल* (आ० भी), (वन०) डंठल, वृंत, फूल या फल अथवा पुष्पों का डंठल, पुष्पावलि वृंत* (वि० १ भी), (विशे०) एकमात्र फूल या अन्य छोटे डंठलों को धारण करने वाला मुख्य डंठल; २. (प्राणि०) वृंतक* (आ० भी), पशु के शरीर में डंठल जैसी बनावट। **pedunculate, pedunculated** वि० डंठलदार, वृंतमय, डंठल-नुमा, वृंतवत्, डंठल का, वृंत का।

peek (pēk) [etym. doubtful] क्रि० अ० झाँकना, झाँक कर देखना। **~-a-boo** (अब संयुक्त राज्य अमरीका) दे० BO-PEEP।

peel[1] (pēl) [var. of *pill*[2], perh. influ. by *F. peler*, to peel] क्रि०० और अ० १.(संतरे या आलू का) छीलना, छिलका उतारना, (पेड़की) छाल उतारना, चिपड़ या खेपट उतारना; २. (खाल या छाल आदि) उतार लेना या निकाल लेना; ३. (पेड़ या पशु के शरीर का) छाल-रहित हो जाना, चर्महीन हो जाना, (छाल, बरातल आदि का) छिलके की भाँति उतर आना, उखड़ जाना, छूट आना, (व्यक्ति का, अब ग्रा०) व्यायाम आदि के लिए कपड़े उतारना। सं० छिलका* (आ०, कृ० भी), खुश्कल, बक्कल, बकला, फल का बाहरी आवरण। **peeler**[1] सं० १. छीलने वाला, छिलका उतारने वाला, खाल या छाल उतारने वाला; २. छिलका, छाल, खाल आदि उतारने वाला यंत्र। **peeling** सं० छिलका, छीलन* (कृ० भी), (विशे० potato ~ings आलू की छीलन)।

peel[2] (pēl) [O.F. *pele* (F. *pelle*), L. *pāla*] सं० नानबाई का करछा जिससे रोटियाँ को सेंकने के लिए तंदूर में बढ़ाया जाता है।

peel[3], **pele** (pēl) [M.E. and O.F. *pel*, a palisade, L. *pālum*, nom. *-lus*, stake, PALE[1]] (इतिο) पील, इंग्लैण्ड और स्कॉटलैण्ड के सीमांत-प्रदेशों में १६ वीं शती में निर्मित छोटी चौकोर मीनार।

peeler[2] (pē' lĕr) सं० १. पुलिसमैन, सिपाही (ग्रा०); २. पील के मंत्रित्वकाल में स्थापित आयर्लैण्डीय पुलिस का सिपाही।

Peelite (pēl' it) [as prec.] सं० पीलाइट, सन् १८४६ ई० में अन्न-विधियों को रद्द कराने में सर रॉबर्ट पील का साथ देने वाला अनुदार राजनीतिज्ञ।

peen (pēn) [etym. doubtful] सं० पीन, हथौड़े का पच्चर के आकार का या पतला सिरा।

peep[1] (pēp) [perh. from O.F. *pipier*, L. *pipāre*, of imit. orig., or var. of PIPE[1]] क्रि० अ० (छोटी चिड़ियों, चूहों आदि का) ची-ची-चूँ-चूँ करना, चिचियाना, चहचहाना। सं० चीचीं, चूँ चूँ, चहचहाहट, चह-चह की ध्वनि।

peep[2] (pēp) [perh. rel. to PEEK] क्रि० अ० १. झाँकना, छिद्र या दरार आदि में आँख लगा कर देखना; २. छिप कर देखना, चोरी-चोरी देखना, चोरी-छिपे देखना, (दिन का प्रकाश, फूल या तुर की वस्तु का) झलक दिखाना, दीख पड़ना, दृष्टिगत होना, प्रकट होना, नुमायाँ होना; ३. (ला०, गुणों आदि का) अपने आप या अनायास ही प्रकट हो जाना। सं० १. छिपी नजर, प्रच्छन्न दृष्टि; २. पहली झलक, प्रथम दर्शन, (विशे० भोर, तड़का, सवेरा)। **~-hole** झरोखा, झाँक कर देखने के लिए बनाया गया छोटा सूराख आदि। **Peep-o'-day boys** आयरलैण्ड (१७८४-९५) में एक प्रोटेस्टेंट संगठन जो भोर होते ही प्रतिपक्षियों के घरों में शस्त्रास्त्रों की तलाशी ले लिया करता था। **~-show** बाइस्कोप, एक प्रकार का तमाशा जिसमें तस्वीरें दिखाई जाती हैं और जिसे उसके दीदों में आँख लगा कर देखा जाता है (ला० भी)। **~-sight** कुछ राइफलों की मक्खी। **peeper** सं० १. झाँकने वाला, छिप कर देखने वाला; २. (ग्रा०) आँख, दीदा, नेत्र। **peeping Tom** झाँकू, तबकू।

peer[1] (pēr) [O.F. *per*, L. *parem*, nom. *par*, equal] सं० १. नागरिक दृष्टि से समपदस्थ या समकक्ष व्यक्ति; २. किसी भी दृष्टि से बराबरी या तुल्यता करने वाला व्यक्ति (जैसे you will not easily find his ~); ३. पियर* (मा० १भी), इंगलैण्ड में नोबिलिटी (कुलीनता) की पदवियों (ड्यूक, मारक्विस, अर्ल, विस्काउंट, बैरन) में से कोई एक धारण करने वाला व्यक्ति; ४. (किसी देश का) नोबल, रईस या अभिजात। क्रि० स० और अ० १. समकक्ष होना, बराबर का होना; २. समकक्ष मानना, बराबरी में रखना, तुल्य मानना; ३. (किसी व्यक्ति को) पीअर बनाना, (ड्यूक, मारक्विस, अर्ल, विस्काउंट या बैरन की) उपाधि से विभूषित करना। **peers of Scotland, of Ireland** १. प्रत्यक्ष संसद में हाउस ऑफ लार्ड्स के लिए स्कॉटलैण्ड से चुने जाने वाले १६ सदस्य; २. इसी सदन के लिए आयरलैण्ड से चुने गए २८ आजीवन सदस्य। **peers of the realm or United Kingdom** वे सब पीअर लोग जो हाउस ऑफ लार्ड्स में बैठ सकते हैं। **peerage** सं० १. पीअर लोग, कुलीन वर्ग, पियरएज* (मा० १ भी), इंग्लैंड की कुलीनता के उपाधिधारी सदस्य; २. कुलीनता, आभिजात्य; ३. पीअरेज, कुलीन-विवरण, एक पुस्तक जिसमें पीअरों या अमीरों की वंशावलि आदि की सूची रहती है। **peeress** सं० पीअरेस, स्त्री-पीअर। **peerless** वि० लासानी, अतुलनीय, अप्रतिम। **peerlessly** क्रि० वि० अतुलनीय रूप से, अप्रतिम स्थिति में। **peerlessness** सं० अतुलनीयता, अप्रतिमता, अद्वितीयता।

peer[2] (pēr) [form. doubtful] क्रि० अ० १. झाँकना; २. झलकना, झलक आना, झलक दिखाना, प्रकट होना; ३. नजर पड़ना, दृष्टिगत होना, दृष्टिगोचर होना।

peevish (pē' vish) [etym. doubtful] वि० झगड़ालू, फ़साद-पसंद, कलह-प्रिय, चिड़चिड़ा, भगा आनेवाला। **peevishly** क्रि० वि० झगड़ालूपन से, चिड़चिड़ेपन से, चिड़चिड़ाते हुए। **peevishness** सं० झगड़ालूपन, कलह-प्रियता, चिड़चिड़ापन। **peeved** वि० (ग्रा०) झल्लाया हुआ, भन्नाया हुआ, चिढ़ा हुआ, झुँझलाया हुआ।

peewit दे० PEWIT।

peg (peg) [M.E. *pegge* (cp. Dut. dial. *peg*, Swed. dial *pegg*)] सं० १. (लकड़ी, धातु आदि की) खूँटी* (इ० २ भी), कील, मेख, खूँटा; २. पैग, शराब आदि का जाम। क्रि० स० और अ० १. (किसी चीज़ को) कील से जड़ना, खूँटी से बाँधना (down, in, out आदि के साथ प्रयुक्त); २. (सट्टा बाज़ार, स्टॉक में) निश्चित मूल्य पर खरीद कर उसका भाव बढ़ने से रोक देना अथवा बेच कर उनका भाव बढ़ने से रोक देना; ३. खूँटी या कील से प्रहार करना, फाड़ना या निशाना लगाना; ४. (ग्रा०) (पत्थर) फेंकना, पत्थर आदि फेंकना या मारना (at के साथ प्रयुक्त); ५. ताश के एक खेल में कीलों आदि से (गणना आदि) लिखना या चिह्नित करना; ६ सीमा निर्दिष्ट करना, (क्रिकेट के बल्ले में) कीलें ठोकना। **a~ to hang on** (ला०) वाद-विवाद का विषय आदि। **off the~** सिले-सिलाए (कपड़े)। **~ away** जुट जाना, (किसी काम में) लगन से लग जाना। **~out** १. (क्रिकेट खेल में) खूँटी पर गेंद की अंतिम बार मारना, २. (ग्रा०) खेल खत्म हो जाना, जीवन-लीला समाप्त हो जाना; ३. नेस्तनाबूद या बिनष्ट हो जाना। **put (a man) on the~** (अमरीकी नही, सैन्य, ग्रा०) कोई अपराध करने पर (किसी व्यक्ति को) कमांडर के पास लाना। **take (person) down~** किसी (आदमी) को नीचा दिखाना। **~-top** स्टट्ज़। **~-top trousers** नव मुहरी की पतलून या पायजामा जो कमर के पास ढीला होता है।

Pegamoid (peg' am oid) सं० कोच या बग्घी आदि में प्रयुक्त एक प्रकार का कृत्रिम चमड़ा।

Pegasus (peg' ă sus) [L., from Gr. *Pēgasos*, from *pēgē*, fountain] सं० पेगासस* (मा० १, वि० १ भी), सपक्ष घोड़ा* (मा० १ भी), एक परदार घोड़ा जिसने हेलिकन पर्वत पर अपनी टापों के प्रहार से हिप्पोक्रीन नामक झरना बना दिया था, (ला०) काव्य-प्रतिभा।

pejorative (pē' jo rā-, pē jor' ā tiv) [L. *pējōrātus*, p.p. of *pējōrāre*, to make worse, from *pējor*, worse, -ATIVE] वि० ह्रासकारी, मूल्य कम करने वाला। सं० ह्रासकारी शब्द, मूल्य कम करने वाला शब्द (जैसे the ~suffix, -aster)।

pekan (pek' ăn) [Canadian F., from Algonkin *pekané*] सं० पेकन, उत्तरी अमरीका का नेवले की जाति का मांसभक्षी पशु जो फर या समूर के लिए प्रसिद्ध है।

pekin (pē kin', -king') [F. *pékin*, Chin. *Pe-king*, lit. northern capital] सं० पेकिन, एक प्रकार का सिल्क या रेशम। **Peke** (pēk) सं० पेक, एक किस्म का कुत्ता। **Pekinese** सं० १. पीकिंग-निवासी, पीकिंग नगर का रहने वाला; २. छोटे पाँव चिपटी नाक और चिकने लंबे बालों वाला एक कुत्ता। वि० पीकिंग का, पीकिंग से संबद्ध।

pekoe (pek' ō) [Chin. *pek-ho* (*pek*, white, *ho*, *down*)] सं० पीको, काली चाय की एक उम्दा किस्म।

pelage (pel' āj) [F., from O.F. *pel*, ult. from L. *pilus*, hair] सं० जीवधारी का फर, समूर, बाल, ऊन आदि।

Pelagian[1] (pē lā' ji ăn) वि० और सं० भिक्षु पैलेगियस (४ थी-५ वीं शती) का अनुयायी, जिसने जन्मतः पाप के सिद्धांत को अस्वीकार किया था। **Pelagianism** सं० पैलेगियनवाद* (मा० १ भी), पैलेगियन का सिद्धांत।

pelagian[2] (pē lā' ji ăn), **pelagic** (pē lăj' ik) [L. *pelagius*, Gr. *pelagios*, from *pelagos*, sea] वि० खुले समुद्र का, खुले समुद्र में रहने वाला (विशे० समुद्रवासी)। सं० समुद्री जानवर।

pelargonium (pel ăr gō' ni ŭm) [Gr. *pelargos*, stork] सं० पैलार्गोनियम, एक प्रकार के पौधे जिनके पुष्प भड़कीले और पत्तियाँ सुगंधपूर्ण होती हैं (इसका प्रचलित नाम geranium है)।

Pelasgic (pē lăz' jik, -gik) वि० पैलेस्जियनों (एक प्राचीन जाति जो पूर्वी भूमध्यसागर और ऐजियन के किनारों और द्वीपों में रहती थी) का, पैलेस्जियनों से संबद्ध। **~architecture** यूनान में स्थापित राजधीरी या स्थापत्य का प्राचीनतम रूप।

pelerine (pel' er in, -ēn) [F. *pélerine*, fem. of *pélerin*, L. *peregrinus*, PILGRIM] सं० (फर का) जनाना गुलूबंद या मफ़लर।

pelf (pelf) [M.E. *pelfe*, O.F. *pelfre*, etym. doubtful] सं० धन, दौलत, माया, ज़र (प्रायः तिरस्कार से प्राप्त)।

pelican (pel' i kăn) [F., from late L. *pelicānus*, Gr. *pelekan*, prob. rel. to *pelekus*, axe] सं० पेलिकन* (वि० १ भी), एक प्रकार का विशाल जल-पक्षी जिसके शरीर में मछली इकट्ठी करने के लिए एक थैली जैसी होती है और जिसके बारे में कहा जाता है कि यह अपने बच्चे को अपने रक्त से पालता है।

pelisse (pē lēs') ([F, from L. *pellicia*, fem. of *pellicius*, of skin, from *pellis*, skin] सं० १. पैलिस्सी, स्त्रियों की एक प्रकार की बिना बालों की या बाँहोंदार पोशाक जो घुटनों तक होती है; २. बच्चे का लबादा जो कपड़ों के ऊपर पहना जाता है; ३. एक प्रकार की जाकेट।

pellagra (pē lăg' rā, -lā' grā) [prob. from It. *pelle agra*, rough skin] सं० पैलाग्रा* (आ० भी), एक प्रकार का रोग जिसका लक्षण खाल का फटना है और जो प्रायः उन्माद या विक्षिप्तता में परिणत हो जाता है। **pellagrous** वि० उपरिलिखित रोग से पीड़ित, पैलाग्राजन्य* (आ० भी)।

pellet (pel' ĕt) [O.F. *pelote*, med. L. *pelōta*, dim. of L. *pila*, ball] सं० १. टिक्की* (आ० भी), कारतूस, रोटी आदि की छोटी गोली; २. गोली* (कू०, वि० १ भी); ३. गुटिका, बटी, दवा आदि की गोली; ४. छर्रा, छोटे छर्रे की गोली; ५. सिक्को आदि में गोल उभार। क्रि० स० (विशे० कारतूस की) गोली से मारना।

pellicle (pel' i kĕl) [F. *pellicule*, from L. *pellicula*, dim. of *pelli*, skin] सं० १. पतली खाल, सूक्ष्म चर्म; २. झिल्ली, जाला, परदा, ३. (वि० १) तनुत्वक्*। **pellicular** वि० झिल्लीदार, परदेवाला।

pellitory (pel' i tor i) [obs. *pelleter*, A.-F. *peletre*, L. *piretārum*, Gr. *purethron*, feverfew, coalesving with obs. *parietory*, A.-F. *paritarie*, L. *parietāria*, from *paries parietis*, wall] सं० १. (~of Spain) पैलिटरी, एक पौधा जिसकी जड़ों में बहुत तीव्र सुगंध होती है और जिसका प्रयोग प्रदाह आदि उत्पन्न करने में किया जाता है; २. (~of the wall) दीवारों पर या दीवारों की जड़ों में उगे आने वाला हरे फूलों वाला एक झाड़ी जैसा पौधा।

pell-mell (pel mel) [F. *pêle-mêle*, prob. a redup. of *mêle*, from *mêler*, late L. *misculāre* L. *miscēre*, to mix] क्रि० वि० अव्यवस्था से, अस्त-व्यस्त या गड्डमड्ड तरीक़े से। वि० बेतरतीब

---

a=अ, Father) आबर, ā=ए, (Fat) फैट; ā=ए, (Fate) ए डेट, aw=a=ऑ, (Fall) फ़ॉल; e=एअ, (Fair) फ़ेअर; ē=ई, (Bell) बेल, ē=ई, (Her) हर; ē=ई, (Beef) बीफ़; i=इ, (Bit) बिट; ī=आइ, (Bite) बाइट; o=ऑ, (Not) नॉट; ō=ओ, (No) नो; ō=ओ, (North) नोर्थ ōō=ऊ, (Food) फ़ूड; u=उ, (Bull) बुल; ū=उ, (Sun) सन, ū=यू, (Muse) म्यूज़; ou=आउ, (Bout) बाउट; o=ओइ, (Join), ज्वॉइन

अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त, गड़बड़। सं० वेतरतीबी, अव्यवस्था, अस्तव्यस्तता, अस्पष्टता।

pellucid (pelū' sid) [F. *pellucide*, L. *pellūcidus*, from *pel-, perlūcre* (per-, *lūcre*, to shine)], वि० १. पारदर्शी, पारभासी* (वि० १ भी), स्वच्छ, स्पष्ट, उज्ज्वल; २. शैली या प्रकाशन में स्पष्ट; ३. मानसिक रूप से स्पष्ट, (अभिव्यक्ति अथवा विचारों में) सुलझा हुआ। **pellucidly** क्रि० वि० १. पारदर्शक या स्वच्छ रूप में; २. स्पष्टतापूर्वक; ३. सुलझे हुए रूप में। **pellucidity** सं० १. पारदर्शिता, स्वच्छता, स्पष्टता, उज्ज्वलता, २. शैली या प्रकाशन की स्पष्टता; ३. मानसिक स्पष्टता।

Pelmanism सं० पैलमैन-पद्धति, स्मृति को नियंत्रित करने की एक पद्धति जिसका आविष्कार २० वीं शती में हुआ।

pelmet (pel' met) सं० तंग हाशिया (विशे० खिड़की या दरवाजे पर जो परदे लटकाने की छड़ों को छिपाने के लिए बनाया जाय)।

pelota (pe lō' ta) [Sp., from *pella*, L. *pila*, ball] सं० पैलोटा, बॉस्क लोगों का टेनिस से मिलता-जुलता एक खेल।

pelt[1] (pelt) [M.E. rel. to PELL] सं० १. बकरी या भेड़ का लोमयुक्त कच्चा चमड़ा, २. पशु की रोयेंदार कच्ची खाल; ३. ऊन या समूर सहित भेड़ आदि की कच्ची खाल। **peltry** सं० कच्चे चमड़े का कारखाना।

pelt[2] (pelt) [etym. doubtful] क्रि० स० और अ० १ अस्त्र वर्षा करना, कोई चीज फेंक कर मारना (ला० भी); २. जोर की (वर्षा) होना, बौछार होना; ३. अस्त्रों से बारबार आघात करना, गोलियों की निरंतर वर्षा करना, ओलों बरसाना। सं० वर्षा, बौछार, अस्त्रवर्षा, गोलियों की लगातार बौछार। (**at**) **full ~** खूब तेजी से, अत्यन बेग से, क्षिप्र गति से।

pelta (pel' tā) [L., from Gr. *peltē*, perh. rel. to *pella*, hide] सं० १. प्राचीन रोम तथा यूनानियों द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली हल्की छोटी ढाल, २. (वन०) चर्माकार (ढाल की आकृति का) ढांचा, ढालनुमा वनावट। **peltate, -tated** वि० १. ढालदार, चर्मयुक्त, छत्रिकाकार* (वि० १ भी)।

pelvis (pel' vis) [L., basin] सं० १. (श्र० वि०) कोष्ठ, कुक्षि, श्रोणी-चक्र, वस्ति, वस्ति प्रदेश* (क्रु, वि० १ भी), श्रोणि-प्रदेश* (वि० १ भी)/ श्रोणि* (आ०, कृ० भी)। **pelvic**, वि० १. कुक्षीय, २. श्रोणीय*, वस्त्यिदेशीय* (वि० १ भी), श्रोणिक* (आ०, कृ० भी)।

Pembroke सं० पेंब्रोक, वेल्स का एक नगर। **~-table** पेंब्रोक की मेज, चार पायों की एक मेज जिसमें कब्जेदार तख्ते लगे होते हैं और जो बाहर की तरफ फैल कर दूसरे पायों पर स्थित हो सकते हैं।

pemmican (pem' i kăn) [Cree *pimikan*] सं० १. पेमिकन, उत्तरी अमरीका के मूल निवासियों के खाने की एक प्रकार की रोटी जिसमें सूखा और पिसा हुआ मांस और पिघली हुई चरबी पड़ी रहती है; २. यात्रियों के कलेवे के लिए गाय का तला हुआ और किशमिश मिला गोश्त, ३. (ला०) अति सूक्ष्म या सघनित साहित्यिक कृति।

pemphigus (pem' fig ŭs) [Gr. *pemphix*, a bubble] सं० १. (निदा०) छाला, फफोला, झलका, फुलका, पेम्फीगस* (आ० भी)। **pemphigous** वि० फफोलेदार, छालेदार, झल्केदार। **pemphigoid** वि० फफोले जैसा, छाला-सा।

pen[1] (pen) [A.-S. *penn*, whence prob. *pennian* (found only in *onpennad*, unpenned)] सं० १. बाड़ा* (क्रु० भी), गायों, भेड़ों और मुर्गियों आदि के लिए या अन्य कार्यों के लिए बनाया हुआ घेरा, अहाता, छोटा बाड़ा; २. खेत, अन्नक्षेत्र, रोपनी, बुवारोपण। क्रि० स० १. बंद करना, रोकना, अवरुद्ध करना, ठूँसना; २. (पशुओं आदि को) बाड़े में बंद करना, अहाते में घेरना। **submarine ~** पनडुब्बियों का बाड़ा (प्राय: छतदार)।

pen[2] (pen) [M.E. and O.F. *penne*, L. *penna*, a feather] सं० १. पंख की कलम, स्याही में डुबो कर लिखनेवाली पंख की कलम; २. लेख, रचना, कृति, रचना-शैली या पद्धति (जैसे made a living with his ~; wields a formidable ~), ३. हंसिनी, राज-हंसिनी, मरालिनी। ४. पेन* (वि० १ भी)। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **penned**) लिखना, रचना, लेखबद्ध करना, साहित्य-निर्माण या सृजन को लिपिबिद्ध करना, (पत्रादि) लिखना। **~-and-ink** १ कलम-दावात, लिखने के उपकरण; २. मसि-लेखनीकृत, लिखित। **~-feather** लेखनी पक्ष (जिससे कलम बनाई जाय)। **penholder** सं० लोहे, सींग आदि की निब लगी लकड़ी आदि की कलम। **penknife** जेबी चाकू, कलम-तराश। **penman** सं० लेखक, रचयिता (a good, bad etc ~), वयकार, कलाकार, साहित्यकार। **penmanship** सं० लेखन-कला, रचना-प्रक्रिया, लिखने का ढर्रा या हस्तलेख-शैली, साहित्यिक कृति की शैली या लेख-चातुरी। **pen-name** सं० साहित्यिक नाम, उपनाम, वह नाम जो कवि या लेखक साहित्य-क्षेत्र में अपने लिए ग्रहण करे। **penwiper** सं० कलमपोंछ, कलम पोंछने की गद्दी या कपड़े का छोटा टुकड़ा। **penful** सं० कलम भर (स्याही)।

penal (pē' năl) [F. *pénal*, L. *penālis*, from *poena*, penalty, Gr. *poinē*, fine] वि० १. दाडिक, दंड (जैसे **~** laws दंड-विधि), दंडनीय (अपराध), (विशे०) विधिवत् दंडनीय; २. दंड-स्वरूप निर्धारित, दंड-विधान द्वारा निर्णीत (जैसे **~** servitude सपरिश्रम या कठोर कारावास या बंदीकरण)। ३ दंड-स्थान, दंड भोगने या देने का स्थान (जैसे **~** colony)। **penalize** क्रि० स० १ (किसी कार्य को) दंडनीय घोषित करना, दंडाधीन करना, दंडनीय या सजा के योग्य ठहराना, २ (खेल-कूद) किसी अनियमितता के कारण किसी खिलाड़ी के ऊपर प्रतिबंध लगाना, प्रतियोगी को दंड देना (ला० भी)। **penally** क्रि० वि० दाडिक रूप से, दंड-स्वरूप, दंड-विधान स्वरूप, दंडनीय ढंग से।

penalty (pen' al ti) [F *pénalité*, med. L. *penālitas*, as prec.] सं० १. शास्ति* दंड* (भा० १, २ भी), (विशे०) अर्थदंड या उसकी (विधि-भंग, नियम-भंग, संविदा-भंग के लिए); २. (खेल-कूद) पेनाल्टी, प्रतियोगिता में नियम-भंग के कारण दिया गया दंड या पूर्व विजय के फलस्वरूप लगाई गई अनधिपात्यक शर्त; ३ (बिज, नाव का खेल) खेल के नियमानुसार खिलाड़ी के प्राण अर्थ में वृद्धि। **the ~ of** दंड, अनुचिता (विशे० किसी गुण या योग्यता के फलस्वरूप)। **~ area** (फुटबाल) पेनाल्टी का क्षेत्र, वह घेरा जहाँ से गोलकीपर द्वारा किए गए नियम भंग के कारण प्रतिपक्षियों को (गोल की ओर) पेनाल्टी किक मारने का लाभ मिलता है।

penance (pen' ans) [O.F. *penance*, *peneance*, L. *paenitentia*, PENITENCE] सं० (धर्म० प्रयोग) तपः*/ तपस्या* (भा० २ भी), तपश्चर्या, प्रायश्चित्त-स्वरूप आत्मनिग्रह या तपश्चर्या (विशे० पादरी या गुरोहित द्वारा निर्धारित)। क्रि० स० प्रायश्चित्त करने का निर्णय देना, तपश्चर्या आरोपित करना। **do ~** प्रायश्चित्त करना, तपश्चर्या या तपस्या द्वारा आत्मनिग्रह करना।

Penates (pē nā' tēz) [L., rel. to *penes*, within] सं० (बहुव०) (रोमन पु०) पेनेटीज*/ गृह-देवता*/ कुल-देवता* (भा० १ भी) (विशेष मध्यरात्रि और रसोईघर का)।

pence दे० PENNY।

pencil (pen' sil) [O.F. *pincel* (F. *pinceau*), L. *pēnicillum, -lus*, dim. of *pēniculus*, brush, dim. of PENIS] सं० १. (अप्र०) कलाकार या चित्रकार की तूलिका, रँगने की कूची (छोटी कूचियों या ब्रशों के विशे० सामासिक शब्दों में जब भी प्रचलित, जैसे table~ camelhair~); २. (ला०) चित्रकार की कला या शैली; ३. पेंसिल; ४. प्रकाश विज्ञान) एक बिंदु पर मिलनेवाली रश्मि-संवर्ग या किरणों की राशि; ५. (गणि०) एक ही बिंदु पर मिलने वाली सरल रेखाओं से निर्मित आकृति; ६. पेंसिलनुमा चीज या पेंसिल की आकृति की कोई वस्तु। क्रि० स० १. पेंसिल से निशान या चिह्न लगाना; २. पेंसिल से लिखना, संकेत में तीव्रता से लिखना; ३. (घोड़े का नाम) बाजी वाले रजिस्टर पर दर्ज करना; ४. (विशे० भू० कृ० में) रंग या पेंसिल की सूक्ष्म हल्की रेखाओं से चित्रित लगाना, हल्का निशान लगाना। ~case पेंसिलदान, पेंसिल या पेंसिल में लगने वाले सीसे को बंद करने का एक पोला (विशे० धातु का) ढक्कन। **penciller** सं० (घुड़दौड़ संबंधी ग्रा०) पेशेवर बाजी लगाने वाला या उसका मुहर्रिर।

pendant (pen' dănt) [F., orig. pres. p. of *pendre*, L. *pendēre*, to hang] सं० १. झुमका, लटकता हुआ जेवर या आभूषण, (विशे० हार या कंगन से सम्बद्ध) लटकन* (ई० १ भी); २. (नौ० वि०) (pennant भी) कूप रस्सी, एक छोटी रस्सी जो मस्तूल के निम्न भाग से बँधी होती है और उसके निचले सिरे में एक नाका या फंदा रहता है जिसमें हुक पिरोये जाते हैं, कोणाकार ध्वज या झंडा जो युद्धपोतों के पालों पर उड़ता रहता है; ३. घड़ी के ऊपर लगा हुआ वह गोलाकार आधार जिससे उसे लटकाया जाता है, घड़ी का लोलक, लोलदंड या अधर; ४. (विभिन्न उच्चारण भी) समकक्ष, समानांतर, सहचर, पूरक (to के साथ प्रयुक्त); ५. (ई० १) प्रलंब*। **broad~** अबाबीली की पूँछ की आकृति की कमान, अधिकारी के पोत पर लहराने वाली पार्श्वस्थ मूलक पताका, वह झंडा जो कमान अफ़सर के जहाज पर उसकी पहचान के लिए लहराता है।

pendent (pen' dent) [as PENDANT] वि० १. अधर, प्रलंबित, लटकता या झूलता हुआ; २. बाहर निकला हुआ; ३. अनिश्चित या अनिर्णीत, विचाराधीन; ४. (व्या०) अपूर्ण रूपात्मक, जिसका संगठन अपूर्ण हो। **pendency** सं० विचाराधीनता, अनिश्चय, लंबमानता। **pendentive** सं० (वास्तु०) गुंबजीय त्रिभुज, गुंबज के चार त्रिभुजों में से एक। **pending** (pen' ding) वि० और पूर्व० १. लंबित, लंबमान, विचाराधीन, निर्णय या अंतिम व्यवस्था की प्रतीक्षा में (जैसे a suit, a treaty was then~); २. पूर्व० बीच में (जैसे ~these negotiations, सूत्र० = while these negotiations are~); ३. निर्णय न होने तक, जब तक पूर्ण या घटित न हो (जैसे ~his return)

pendragon सं० पेन्ड्रागन, प्राचीन ब्रिटेन या वेल्स का राजकुमार।

pendulous (pen' dū lŭs) [L. *pendulus*, hanging, from *pendēre*, to hang] वि० १. लटका हुआ, लटकता हुआ, लंबमान (विशे० पक्षी का घोंसला, फूल आदि); २. हिलता-डोलता, दोलायमान; ३. निर्णयी* (वि० १ भी)। **pendulate** क्रि० अ० १. पेंडुलम की भाँति चलना, घूमना या झूलना; २. (ला०) अनिश्चय में होना। **penduline** वि० प्रलंबमान, लटकता हुआ (घोंसला संबंधी), ऐसा घोंसला बनानेवाला (पक्षी संबंधी)। **pendulously** क्रि० वि० १. लटकते हुए ढंग से, प्रलंबवत्; २. हिलते-डोलते रूप में।

pendulum (pen' dū lŭm) [L., neut. of *pendulus*, prec.] सं० (बहु० -ums) १. पेंडुलम, (घड़ी का) लटकन, दोलक, (विशे० घड़ी को वांछित और नियमित करने के लिए उसमें लगा हुआ भारी सिरे का डंडा, लोलक); २. प्रदोलित होनेवाला व्यक्ति, वस्तु (शा० और ला०); ३. (वि० १) लोलक*। **swing of the~** राजनीतिक दलों के बीच सत्तारूढ़ दल के बदले दूसरे दल को सत्ता मिलना या राजनीतिक दलों के बीच सत्ता-विकल्प होना।

Penelope (pē nel' ŏ pē) [Gr. *Pēnelopē*, wife of Ulysses] सं० पतिव्रता, सती-साध्वी।

peneplain सं० १. (भूगर्भ०) पेनिप्लेन, एक कटिबंध जो लगभग पूरा चौरस मैदान है, समप्राय भूमि* (कृ०, वि० भी)।

penetralia (pen ĕ trā' li ă) [L., pl. of *penetrāle*, as foll.] सं० (बहुव०) मंदिर या गृहा का सब से भीतरी भाग।

penetrate (pĕn' ĕ trāt) [L. *penetrātus*, p.p. of *penetrāre*, rel. to *penitus*, within] क्रि० स० और अ० १. प्रवेश होना, घुसना, पैठना; २. (दृष्टि का अंधकार, सघनता आदि में) वेधना, प्रवेश करना, काम करना; ३. भेदना, बींधना, विद्ध या विदीर्ण करना; ४. (किसी व्यक्ति या वस्तु को) व्याप्त करना, रँगना, अनुप्राणित करना, आच्छादित करना; ५. (ला०) समझना, जान लेना, आशय ग्रहण करना, विवेक करना, तह तक पहुँचना (व्यक्ति के मस्तिष्क, अर्थ, अभिप्राय, योजना, सच्चाई की); ६. मार्ग बनाना, (किसी स्थान में) प्रवेश करना, से गुजरना या हो कर निकलना, को जाना; ७. (हृदय) मर्मज्ञ या कुशाग्र, सूक्ष्ममति या विदग्ध, कोलाहल के बीच सरलता से सुन पड़ने वाली (ध्वनि आदि)। **penetrative** वि० १. चुभनेवाला, घुसनेवाला, छेदनेवाला; २. तीक्ष्ण बुद्धि, सूक्ष्ममति। **penetratively** क्रि० वि० १. छेदते हुए, चुभते हुए; २. तीक्ष्णता से, मर्मज्ञता से, कुशाग्रता पूर्वक। **penetrability** सं० १. प्रवेशनीयता; २. वेधनीयता; ३. ग्राह्यता। **penetrable** (pen' ĕ trăbl) वि० १. प्रवेश्य, छेद्य, भेद्य, घुसने योग्य; २. सुग्राह्य। **penetratingly** क्रि० वि० १. छेदते हुए, प्रवेश करते हुए, चुभते हुए; २. वेधनीयता से, तीक्ष्णता से, मर्मज्ञता से। **penetration** सं० १. वेधन* (आ० भी)/ प्रवेश* (आ०, वि० १ भी), घुसना; ३. मर्मज्ञता, कुशाग्रता। **penetrator** सं० १. घुसने वाला; २. तह को पहुँचनेवाला, ताड़ जानेवाला, मर्मज्ञ, तीक्ष्णमति।

penguin (pen' gwin) [etym. doubtful] सं० पेंग्विन* (वि० १ भी), दक्षिणी गोलार्द्ध का एक समुद्री पक्षी जिसके बाजू पंखदार होते हैं जिनकी सहायता से वह पानी के नीचे तैर सकता है, (विशे०) बड़ा आकृ पक्षी।

penial (pē' ni ăl) [PENIS] वि० लिंगीय, लिंग संबंधी, दे० PENIS।

penicil (pen' i sil) [L., *pēnicillus*, PENCIL] सं० १. (प्राकृ० इति०) बालों का छोटा गुच्छा; २. (शल्य) फाहा, पट्टी। **penicillate** वि० १. (प्राकृ० इति०) गुच्छेदार, लटदार, बुँदराले; २. पेंसिल या कूँची की धारियों से चिह्नित।

penicillin (pen i sil' in) सं० पेनिसिलिन* (आ०, कृ०, वि० १ भी), एक रोगनाशक औषधि (सर्वप्रथम फफूंद से आविष्कृत) जो किसी रोग के कीटाणुओं की वृद्धि को रोकने के काम में आती है (विशे० उच्चारण में)।

peninsula (pē nin' sū lă) [L. *peninsula*, (*pene*, almost, *insula*, island)] सं० प्रायद्वीप, द्वीपकल्प, भूमि का एक अंश जिसके चारों तरफ़ जल भरा हो। **the Peninsula** स्पेन तथा पुर्तगाल। **peninsular** वि० १. प्रायद्वीप संबंधी, प्रायद्वीपीय; २. प्रायद्वीपीय या प्रायद्वीप में फ्रांसीसियों और अंग्रेजों आदि के बीच का (१८०८-१४ का) युद्ध। सं० १. प्रायद्वीपवासी; २. प्रायद्वीपीय युद्ध में भाग लेनेवाला सैनिक। **peninsulate** क्रि० स० (भूमि को) प्रायद्वीप बना देना, (भूमि का) प्रायद्वीपी-करण करना।

penis (pē' nis) [L., tail] सं० लिंग, शिश्न* (आ०, कृ० भी), पुंजेन्द्रिय।

penitent (pen' i tĕnt) [O.F., from L. *penitentem*, nom *-tens*, pres. p. of *pœnitĕre*, rel to *punire*, to PUNISH] वि० १. पश्चात्तापी, पछताने या अफ़सोस करने वाला। सं० १. पश्चात्तापी अपराधी, पछतानेवाला अपराधी, किसी पुरोहित के निर्देशानुसार किसी अपराध के मोचनार्थ या परिशोधनार्थ प्रायश्चित करनेवाला व्यक्ति; २. (बहुव०) पारस्परिक अनुशासन आदि के लिए संबद्ध या एकत्र विशिष्ट रोमन कैथोलिक आदेश। **the ~psalms** प्रायश्चित या पश्चाताप संबंधी स्तोत्र या मंत्र। **penitence** सं० पश्चाताप, परिताप* (मा० २ भी)। **penitential** वि० पश्चाताप या तपस्या सूचक। **penitentially, penitently** (pen' i tĕnt li) क्रि० वि० सपश्चाताप, पछताने के साथ या पश्चाताप करते हुए, प्रायश्चित-जनित रूप से। **penitentiary** (pen i ten' shā ri) सं० १. प्रायश्चित्तागार* (मा० ३ भी), प्रायश्चित्तगृह, प्रायश्चित संबंधी प्रश्नों तथा भगवद्विधान की मीमांसा करनेवाले पादरी का कार्यालय; २. परिशोधनगृह, सुधारागार* (मा० ३ भी), सुधारशाला, सुधार की इच्छा रखनेवाले वेश्याओं के लिए शरणार्थी आश्रम; ३. सुधार-बंदीगृह। वि० तपस्या संबंधी, सुधारात्मक या सुधारोन्मुख व्यवहार संबंधी। **Grand Penitentiary** धर्मदण्डाधिकारी, अपराध-शोधन के संबंध में व्यवस्था करनेवाला अधिकारी।

pennant (pen' ănt) [conf. of PENNON and PENDANT] सं० एक त्रिभुजाकार झण्डा (नौविद०), युद्धपोत के मस्तूल शिखर पर फहराता हुआ नुकीला झण्डा, पताका* (मा० १ भी), दे० PENDANT, PENNON।

penniform (pen' i fôrm) [L. *penna*, feather, *-FORM*] वि० (शाक० इति०) पक्षाकार, पक्षरूप, पंख के रूप या आकृतिवाला। **penniferous** वि० पंखदार, परदार।

penniless (pen' i lĕs) वि० दरिद्र, निर्धन, अकिंचन।

pennill (pen' il) [W., from *pen*, head] सं० (बहुव० **penillion**, pĕ nil' yon) पेनिल, वेल्स की कवि गोष्ठी में बाजे के साथ गाई जानेवाली आशु कविता (का पद्यांश)।

pennon (pen' on) [M.E. and O.F. *penon*, prob. from L *penna*, feather, see PEN²] सं० १. लंबा सकीर्ण झंडा, त्रिभुजाकार या अबाजीवी की दुम की आकृति का (विशे० भाला), सैन्यदलों की सैनिक पताका; २. पोत या जलयान का लंबा नोकदार झंडा या पट्टी जो हवा में लहराती हो; ३. झंडा, पताका, ध्वजा। **pennoned** वि० झंडेदार, ध्वजयुक्त।

penny (pen' i) [A.-S. *pening* (cp. Dut., Dan and Swed. *penning*, G. *pfennig*)] सं० १. (बहुव० **pennies, pence** जिसके सिक्कों की संख्या और रकम निर्दिष्ट हो) एक अंग्रेजी कास्य मुद्रा जो १/१२ शिलिंग होता है (बहु० में दो से लेकर ११ तक के अंकों के शब्दों को पेंस के साथ मिला कर लिखा जाता है किंतु उसके आगे के अंकों के शब्दों को पृथक लिखा जाता है, जैसे six-pence, eighteen pence); २. अंकों के साथ d. (DENARIUS) लिखा जाता है (जैसे 6d.); ३. उस धनराशि के लिए जिसमें उनके पेनी के सिक्के सम्मिलित हों या जो एक-एक पेनी के सिक्कों का समुच्चय हो वहाँ बहुव० का रूप pennies आता है (जैसे gave me my change in pennies, doled it out in single pennies); (बोल०) डाकघर की सीधी हिस्सा, एक सेंट; ४. (इं०) =DENARIUS। **a ~for your thoughts** उस व्यक्ति के लिए कहा जाता है जो किसी सोच में बेसुध हो। **a ~plain and twopence coloured** तुच्छ प्रदर्शन या बाह्याडंबर पर व्यंग्य। **a pretty ~**खासी रकम, पर्याप्त धनराशि। **five~, ten~ etc. nail** कीलों की माप या पैमाना (पूर्वकाल में इसका मूल्य पाँच पेनी, दस पेनी प्रतिशत था)। **in for a ~,in for a pound** किसी भी लागत पर एक चीज जो शुरू कर दी गई है उसे समाप्त होना ही है, उठाए हुए कार्य को किसी भी मूल्य पर पूर्ण करके ही छोड़ना चाहिए। **Peter's ~**दे० PETER। **~-a-line** वि० सस्ते मूल्य की, छिछली (रचना या कृति)।**~-a-liner** वेतनभोगी, सस्ता या घासलेटी साहित्यकार। **~blood** (ब्रा०) =p. DREADFUL। **~farthing** (मोल०) प्राचीन ढंग की एक बाइसिकिल। **~-in-the-slot** दे० SLOT। **~post** (इति०) पेनी डाक (जो पहले एक पेनी में साधारण डाक ले जाती थी)। **~wise** १. अमितव्ययी, कम-खर्च, किफायतशारी से काम लेनेवाला; २. (विशे० ~ wise & pound foolish) अशर्फ़ियों की लूट और कोयलों पर मुहर। **~worth, pennorth** (pen' i wĕrth, pen' ŏrth) सं० पेनी के मूल्य का, जितना एक पेनी में खरीदा जा सके (not a ~worth किसी मूल्य का नहीं, एक पेनी के लायक भी नहीं, a good, bad, ~worth सौदा, अच्छा या बुरा)।

pennyweight (pen' i wāt) सं० (संक्षे० dwt.)एक पेनी का बोझ या भार, एक पेनी के बराबर तौल, २४ रत्ती या एक ग्रेन, एक औंस का बीसवाँ भाग।

pennywort (pen' i wĕrt), **wallwort** सं० (वन०) एक पौधा जिसके पत्ते गोल और नतोदर या खोखले होते हैं और जो दीवारों और चट्टानों की दरारों में उगता है।

pension[1] (pen' shun) [F., from L. *pensionem*, nom. *-sio*, payment, from *pendere*, to pay] सं० १. निवृत्तिवेतन, उत्तर-वेतन*/ पेंशन* (मा० ३ भी); २. जनसेवावृत्ति (उन लोगों को जो नौकरी पेशा में न रहे हों, उनके सदभ्यवहार, हितेच्छा तथा प्रच्छन्न सेवाओं आदि के कारण या कलाकार, वैज्ञानिक आदि को जनसाधारण के लाभार्थ कार्य करते रहने के लिए दी जाय); ३. वे की सराय (Gray's Inn) के सदस्यों को परामर्शदात्री समिति। क्रि० स० पेंशन या निवृत्ति वेतन देना, पेंशन के रूप में घूस देना या पेंशन मुकर्रर करना। **Ministry of Pensions** पेंशन या निवृत्तिवेतन-मंत्रालय, १९१४-१८ के युद्धकाल में स्थापित विभाग। **old-age~** वृद्धावस्था का निवृत्ति-वेतन, बुढ़ापे की पेंशन, किसी श्रमिक, ग़रीब या इतरव्यक्तियों को निश्चित आयु के बाद साप्ताहिक या मासिक सरकारी वृत्ति। **pensionable** वि० निवृत्तिवेतन योग्य, सनिवृत्तिवेतन (पदादि)। **pensionary** वि० और सं० निवृत्तिवेतन-भोगी, किराये के सैनिक, भाड़े के टट्टू, किसी का पिट्ठू।

pension[2] (Pon' si on) [Fr.] सं० बोर्डिंग हाउस, बोर्डिंग स्कूल, (भिन्न उच्चारण) बोर्डिंगहाउस या पथिकावास जहाँ निश्चित दर पर ठहरने की व्यवस्था हो। **live on~** बोर्डिंग हाउस में रहना।

pensioner (pen' shŭn ẽr) सं० १ पेंशनभोगी* (प्र० भी), उत्तर-वेतनजीवी, निवृत्ति-वेतनभोगी; २. (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय) स्नातक-पूर्व (पूर्व-स्नातक) जो छात्र वृत्ति-उपजीवी हो (=COMMONER at Oxford university)। **Grand Pensioner** (इति०) हालैण्ड और जीलैण्ड का प्रथम मंत्री (१६१९-१७९४)।

pensive (pen' siv) [F. *pensif*, *-sive*, from *penser*, to think,

L. *penstāre*, freq. of *pendere*, to weigh] वि० १. विचारमग्न, चिंतनलीन; २. उदास, विषादग्रस्त, शोकाकुल। **pensively** क्रि० वि० १. विचारमग्नतापूर्वक; तल्लीनतापूर्वक; २. शोकाकुलता से, अत्यमनस्कता से। **pensiveness** सं० १. तल्लीनता, ध्यानमग्नता, विचारमग्नता; २. शोकाकुलता, अन्यमनस्कता, चिंताग्रस्तता।

penstock (pen' stok) [PEN', STOCK] सं० जलप्रणाली, अवनिर्गम मार्ग, जल (बाढ़ का) निकालने का मार्ग, पातनल*/ पेनस्टॉक* (ई० १ भी)।

pent (pent) [for *penned*, p.p. of PEN'] वि० संवृत, चौकसी से बंद किया हुआ या निर्मित किया हुआ (in या up के साथ प्रयुक्त)।

pent-, penta-[Gr. *pente*, five] *comb. form.* **pentacapsular** (pen tă kăp' sū lăr) [CAPSULAR] यूनानी शब्द pente =पंच-, पाँच, पंचक* (ई० १ भी) का समास में प्रयुक्तरूप (स्वर से पूर्व० pent)।

pentachord (pen' tă kôrd) [Gr. *chordē*, CHORD] पंच-तंत्रीवाद्य, पंचालाप। सं० पंचकोण जो तंत्र में प्रयुक्त होता है, (संभवतः दे० PENTAGRAM।

pentad (pen' tăd) [Gr. *pentas -ados*, from *pente*, five] सं० १. पंच, पंचायत, पाँच की संख्या, पाँच का समूह या समुदाय; २. पंचदिवसावधि, पाँच दिन का समय; ३. (रसा०) पंचतत्त्व, पंचयोजी, वह तत्त्व जो पाँच की सामूहिक शक्ति रखता हो।

pentadactyl (pen tă dăk' til) [PENTA-, Gr. *daktulos*, toe] वि० और सं० १. पंच-अँगुलिया. (मनुष्य या पशु) जिसके प्रत्येक हाथ या पैर में पाँच-पाँच अँगुलियाँ हों; २. पंच गुलि* (वि० १ भी)। **pentadactylic** वि० पंचांगुलीय। **pentadactylism** सं० पंचअँगुलियापन, पंचांगुलिवाद।

pentagon (pen' tă gŏn) [L. *pentagōnus*, Gr. *pentagōnos* (PENTA-, *gōnia*, angle)] सं० पंचभुज, पंचकोण, (प्रायः आयताकार) पंचभुज आकृति। **pentagonal** वि० पंचभुजी, पंचकोण का, पाँच भुजाओं का।

pentagram (pen' tă grăm) [Gr. *pentegrammon*] सं० पंचकोण तारा (पंचभुज क्षेत्र की प्रत्येक भुजा को दोनों ओर इतना बढ़ाया जाय कि दूसरी से मिल जायँ, इस प्रकार बननेवाली आकृति पंचकोण तारा बनेगी, पहले तंत्रादि की सिद्धि के लिए प्रयुक्त)।

pentagynian, pentagynous वि० पंच गर्भ-केशरयुक्त, पंच पुष्पयोनियुक्त, पंचगर्भा। **pentahedron** (pen tă hē' dron) [Gr. *hedra*, base] सं० पंचमुखी ठोस आकृति। **pentahedral** वि० पंचमुखी ठोस आकृतिवाला।

pentamerous (pen tăm' ĕr us) [Gr. *meros*, part] (वन०, S- merous भी लिखा जाता है) पंचावयु, पैण्टामेरस, (प्राणि०) पाँच सदियों वाला। **pentameter** (pen tăm' e tĕr; [L., from Gr. *pentametros* (*metron*, METRE)] सं० १. यूनानी और लैटिन छंद) पेंटामीटर, पंचपदी छंद या काव्य, पंचपदी पद्य; २. (अंग्रेज़ी में) दस अक्षरों की पंक्ति। **pentandrian, pentandrous** १. पाँच अलग-अलग पराग-केशरवाला; २. (वि० १) पंच-पुंकेसरी*।

pentane (pen' tān) सं० पेंटेन, पैरेफिन का एक हाइड्रोकार्बन, पेट्रोल आदि में पाया जानेवाला वर्णहीन तरल पदार्थ जिसके परमाणु में पाँच कार्बन-अणु होते हैं।

pentapetalous (pen tă pet' ă lŭs) [PENTA-, PETALOUS] सं० पंचपंखुड़िया, पंचपुष्पदलयुत। **pentapody** (pen tăp' o di) [Gr. *pentapous* (*pous podos*, foot)] वि० पंचपदीय, पंचचरणयुक्त (पद्य या काव्य)।

pentastich (pen' tă stik) [Gr. *pentastichos* (*stichos*, row)] सं० पंचपदी, पंचपाई, पाँच पंक्तियों का समूह (काव्य में)।

Pentateuch (pen' tă tūk) [L. *Pentateuchus*, Gr. *Pentateuchos* (PENTA-, *teuchos*, tool, book) सं० पेंटाट्यूक, पुराने टेस्टामेंट के प्रथम पाँच खंड जो परंपरा से हज़रत मूसा द्वारा लिखे माने जाते हैं। **Pentateuchal** वि० उक्त पाँच पुस्तकों का या उनसे संबंधित।

pentathlon (pen tăth' lon) [Gr. (PENT- *athlon*, contest)] सं० १. (यूनानी पु०) पाँच क्रीड़ा-प्रतियोगिताओं का शारीरिक प्रतियोगिता जिसमें दौड़, कुश्ती, भाले फेंकने आदि पाँचों बातों में सभी प्रतियोगी शामिल होते हैं; २. आधुनिक चतुर्वार्षिक खेलकूद-प्रतियोगिता सम्मेलन में होनेवाला ऐसा प्रतियोगितादल।

pentatomic (Pen ta tom' ik) वि० (रसा०) पंचपरमाणुयुक्त, जिसमें पाँच परमाणु हों। **pentatonic** वि० (संगी०) पंचस्वराय, पंचध्वनिमय, पंचालापीय, पंचसुरा। **pentavalent** (pen tav' ă lent) वि० पंचसंयुज, पंचयुजी* (हु० भा), हाइड्रोजन के पाँच परमाणुओं की सामूहिक शक्ति रखनेवाला, पंचसंयोजक*/ पंचसंयोजी* (आ०, वि० १ भी)।

Pentecost (pen' te kost) [L. *pentēcostē*, Gr. *pentēkostē*, fiftieth (day), from *pentekonta*, fifty] सं० १. पाटकोस्ट, यहूदियों का धान्योत्सव, यहूदियों का एक फ़सली त्योहार जो मिस्र-प्रमुक्तता से उनका मुक्ति-त्योहार के दूसर दिन के बाद पचासवें दिन मनाया जाता है; २. (बाद में) सिनाई पर्वत पर दिए गए आदेश का वर्षगाठ जो यहूदा उपासक-मंडल मनाता है। **pentecostal** वि० उक्त त्योहारों से संबंधित, इन उत्सवों का।

penthouse (pent' hous), **pentice** (pen tis) [M.E. *pentice*, *pentis*, prob. from O.F. *apentis*, late L. *appendātium*, from *appendere*, to APPEND] सं० १. ढलुआ छत, बाहरी, छोपवान (विशेष जो मुख्य भवन का दीवारों से सटी हुई); २. खिड़की, चौबारा, चाँदनी, पाल इस प्रकार तना हुआ।

pentode (pen tod) [PENT-] वि० पन्टोड* (इ० २, वि० १ भी), पाँच विद्युत् द्वार वाला (वेतार के तार को संवाहन-नियंत्रक यंत्र)।

Pentonville सं० पेंटावल, लंदन का एक कारावास जो इस सिद्धांत के अनुसार बनाया गया था कि कैदियों को पृथक्-पृथक् कोठरियों में रखा जाय।

penistemon (pent stĕ' mon) [PENT-, *stémon*, erron, for STAMEN] सं० १. चमकीले फूलों वाला एक उद्यानीय पौधा; २. (वि० १) पन्टस्टामन*।

penult, penultima (pe nult', -ti ma) [L. *penultima*, fem. adj. (*pene*, almost, *ultimus*, last)] वि० उपांत, उपांतम, उपान्त्य, उपांतिक, अंतिम से पहली या एक कम, या पूर्व का। सं० एकान अंतयाकर, उपांत्याक्षर।

penumbra (pe num' bra) [L. *pene*, almost, *umbra*, shadow] सं० बहुव० **-bras**) १. उपच्छाया* (वि० १ भी); २. खड्डच्छाया, आंशिक छाया; ३. आंशिक प्रेत, (तब दिखाई पड़ते हैं जब किसी ग्रह की छाया के सामने यदि कोई अपारदर्शक पिंड रखा जाय तो उस पिंड की छाया के दो भाग स्पष्ट मालूम होते हैं; ४. छाया के बीच का गहरा भाग, मुख्य छाया तथा बाहर की ओर की हल्की भाग उपच्छाया कहलाता है, ग्रहण-काल में पृथ्वी या चंद्रमा का छाया का यही आकार बना होता है; ५. जिन प्रदेश पर मुख्य छाया पड़ता है वहाँ अंधेर-सबसे दिखलाई पड़ता है तथा जहाँ उपच्छाया पड़ता है वहाँ आंशिक अंधेर

दिखलाई पड़ता है। **penumbral** वि० उपर्युक्त गुण वाला,उपच्छाया संबंधी, खंडच्छायायुक्त, आंशिक छायायुक्त।

penury (pen' ū ri) [F. *pénurie*, L. *penūria*, cogn. with Gr. *peina*, hunger, *penia*, poverty] सं० १. निराश्रयता, गरीबी, निर्धनता; २. अभाव, कमी, अल्पता (of के साथ प्रयुक्त)।

penurious (pē nūr' i ŭs) वि० १. गरीब, निःस्व, मोहताज, साधनहीन, तंगहाल; २. कंजूस, कृपण, सूम, नीच, कदर्य। **penuriously** क्रि० वि० १. दीनता से, कंगाली से; २. कंजूसी से, कृपणता से, लुपपने से। **penuriousness** सं० १. दारिद्र्य, दैन्य, निर्धनता, कंगाली; २. कंजूसी, कृपणता, नीचता।

peon (pē' ŏn) [Sp., from L. *pedōnem*, nom. *pedo*, foot-soldier, see PAWN[1]] सं० १. (भारत में) पैदल सिपाही, चपरासी* (प्र० भी); २. (स्पेन, अमरीका) रोजहा, दिनहा, मजदूर, श्रमिक; ३. (मेक्सिको) गुलाम, कर्जदार, ऋण के सम्बन्ध में अपने स्वामी का काम करने वाला, ऋणदास। **peonage** सं० १. चपरासगीरी, अमलदारी; २. दासकर्म, नौकरी, चाकरी; ३. ऋण-सेवा* (मा० ३ भी)।

peony (pē' ŏ ni) [A.-S. *peonie*, L. *paōnia*, Gr. *paiōnia* from *Paiōn*, god of healing] सं० पेओनी, एक पौधा (विशे०) जिसके फूल बड़े, गोल और सफेद या लाल रंग के होते हैं।

people (pē' pŭl) [A.-F. *people*, *poeple*, O.F. *puple* (F. *peuple*). L. *populum*, nom. *populus*] सं० १. जनता, समाज, लोक, राष्ट्र (जैसे the English~, English speaking peoples, a warlike~); २. किसी स्थान-विशेष, समूह या वर्ग के लोग (जैसे the~of the western countries were in revolt, the~ here are furious), राजा आदि की प्रजा या राजा द्वारा शासित जनसमूह, क्षेत्रीय पुरोहित का यजमान-समूह, हलके के पादरी के यहाँ उपासनार्थ एकत्र धार्मिक जनता या यजमान-क्षेत्र के निवासी (बहु० के रूप में); ३. सशस्त्र अनुयायी या अंगरक्षक, राजा या अमीरों के अनुचर, मजदूर या कर्मचारी आदि (बहु० के रूप में); ४. माता-पिता या अन्य रिश्तेदार, कुटुंबी (जैसे his~are sure to hear of it); ५. जनसाधारण, साधारण जनसमूह, जनता, सामान्य जन (बहु० के रूप में); ६. मतदान-अधिकार प्राप्त नागरिक समूह या समाज (एक० और बहु० के रूप में); ७. लोग* (जैसे ~don't like to be kept waiting)। क्रि० स० १. बसाना, बस्ती करना, जनपूर्ण करना, आबाद करना, लोगों से भरना या जनाकीर्ण करना, (पशुओं आदि से) भरना, स्थान पूर्ण करना; २. (व्यक्तियों, भवेषियों आदि का) बसना, आबाद होना, जगह घेरना, भरना, (विशे०) भू० कृ० में (जैसे thickly peopled country)। **People's Palace** पूर्वी लंदन की श्रमिकों के लिए निर्मित एक संस्था जिसमें पुस्तकालय, मनोरंजक सामग्रियों और शैक्षिक कक्षाओं आदि का प्रबंध है।

pep (pep) [PEPPER] सं० (ग्रा०) ओज, साहस, जीवन, सरगर्मी, भावना। **peppy** वि० (ग्रा०, अमरीकी) जोशीला, ओजस्वी या ओजपूर्ण, स्फूर्तिमय, मुस्तैद।

peperino (pep èr ē' nō) [It. from *pepere*, PEPPER] सं० (भू वि०) बालू, अंगारों आदि से बनी हुई हल्की रंध्रमय (प्रायः भूरी) ज्वालामुखी चट्टान।

pepper (pep' èr) [A.-S. *pipor*, L. *piper*, Gr. *peperi*, of Oriental orig. (cp. Sansk. *pippali*)] सं० १. मरिच, मरीच, उत्पन, काली मिर्च* (क्रि० भी) जिसका संपुष रूप में (~corns) या पीस कर चूर्ण बना कर इस्तेमाल करते हैं; २. (लो०) चरपरी या तिक्त वस्तु। क्रि० स० १. मिर्च छिड़कना, मिर्च डालना; २. छिड़कना, (जैसे मिर्च छिड़की जाती है); ३. पथराव करना, गोलियों या पत्थरों की बौछार करना, बरसाना (आ० या ला०); ४. सख्त सजा देना, कठोर दंड देना। **black~** काली मिर्च का पौधा। **black, white~** गोल काली मिर्च, सफ़ेद मिर्च। **Cayenne~**पीसी हुई गोल मिर्च। दे० CAYENNE। **~and-salt** ऊनी धूप-छाँह कपड़ा। **~box** १. मिर्चदानी, छिद्रिल मिर्च-पात्र; २. टीन की छोटी मीनार। **~castor, caster** दे० PEPPER-BOX। **~corn** काली मिर्च का दाना, (विशे०) अत्यल्प किराया। **~mint** १. पोदीना-विशेष, मिर्च-पोदीना; २. अर्क पोदीना, पोदीना का सत्त, पिपरमेंट या मिर्च-पोदीना की पपड़ी। **~pot, -castor** पश्चिम-भारतीय लाल मिर्च आदि युक्त पकाए मांस की तश्तरी (भी), (उपनाम या चिढ़ाने के नाम के रूप में) जमाइकावासी (भी)। **peppery** वि० १. मिर्च का मिर्च जैसा,मिर्च भरा; २. (ला०) तिक्त, कड़ुआ, पीड़क, गर्मिजाज।

pepsin (pep' sin) [F. *pepsine* (Gr. *pepsis*, digestion, cogn. with *peptein*, to cook, -IN)] सं० १. पाचक रस (पाकस्थली रस का खमीर जिससे प्रोटीन आदि आमाशय में जाकर सुपाच्य बन जाते हैं); २. पेप्सिन* (आ०, कृ०, वि० १ भी)।

peptic (pep' tik) वि० हाजमेदार, पाचक, अग्निवर्द्धक,अग्नेयकारक। सं० (बहु०, हँसी में) आमाशय, मेदा, पाचनद्रिय। **~glands** पाचक ग्रंथियाँ (जिनसे आमाशय का पाचक रस निःसृत या क्षरित होता है), रसोत्पादक पाचक ग्रंथियाँ।

peptone (pep' ton) सं० अलब्ध्यमिनाथ पदार्थों का एक वर्ग जो पानी में घुलनशील हो और जो ताप से जमाया न जा सके (पाचन की प्रक्रिया के समय पेप्सिक की क्रिया से प्रोटीन पैप्टोन की स्थिति में लाए जाते है), पेप्टोन* (आ०, कृ०, वि० १ भी)। **peptonize** क्रि० स० पैप्टोन या पाचन की स्थिति में लाना।

per (pĕr)[L.] पूर्व० १. द्वारा, से, की सहायता से या के साधन से; २. लैटिन मुहावरों में (प्रायः ital.); ३. पूर्व०, द्वारा, की सहायता से या के साधन से (जैसे ~post, rail, steamer, bearer); ४. प्रत्येक के लिए, फी आदमी या प्रति व्यक्ति (जैसे a shilling ~ man, ~cent, ~second)। **as ~usual** (हँसी में) सामान्यतया, साधारणतया, सदा की भाँति। **~annum** (इतना) वर्ष के अंत तक, सालाना, प्रतिवर्ष या वार्षिक। **~caput** (और संस्कृत रूप में ~capita) प्रति व्यक्ति* (आ० भी), फी आदमी, प्रत्येक। **~contra** क्रि० वि० और स० प्रतिकूल, विरुद्ध (हिसाब आदि के)। **~diem, mensem** प्रतिदिन या दैनिक, मासिक या प्रतिमास। **~mille** फी हजार, प्रति सहस्र। **~procurationem** (संक्षे० **~proc, pro** भू० कृ०) वकील के द्वारा, पेशकार या मुख्तयार के जरिए। **~saltum** तत्काल, तुरत, निर्बाध। **~se** स्वभावतः, वास्तव में, अपने आप, आत्मप्रेरणा से। **~second** (अनिश्चित समय पर तीव्र गति का) प्रतिक्षण,पल-पल, सेकंड-सेकंड।

per- [prec.] समास में–पूर्व शब्द; १. लैटिन अर्थों में; २. में से, सपूर्ण, पूरा (perforate, pervade); ३. पूरी तरह, सपूर्णतया, पूर्णतया, बिल्कुल, नितांत, सब, बहुत (जैसे perturb); ४. विनाश या ध्वंस तक (जैसे pervert, perdition)। ५. (रसा०) पर-, संयोग या संयोजन में किसी तत्त्व के अधिकतम को प्रकट करने वाले शब्द के रूप में, द्वियगी यौगिकों के नामों में -ide (पहले -uret के रूप में प्रयुक्त, जैसे perchloride, periodide, peroxide, persulphide;) ६. आक्साइडों, अम्लों आदि के नामों के उन विशेषणों में जिनके अंत में -ic वाला

है (जैसे perchloric, periodic, permanganic) इनके (आक्साइडों और अम्लों आदि के) क्षारों आदि के नामों में (जैसे perachlorate, periodate, permanganate, persulphate)।

peradventure (pĕr ăd ven' chŭr) [M.E. *peraventure*, O.F. *par aventure*] क्रि॰ वि॰ शायद, कदाचित, स्यात्, यदि कहीं, कहीं, संभवतः। **if, lest**~यदि कहीं ऐसा हुआ, यदि संयोग से।

perambulate (pĕr ăm' bū lāt) [L. *perambulātus*, p.p. of *perambulāre* (PER- *ambulāre*, to walk)] क्रि॰ स॰ १. किसी में हो कर चलना, घूमना, गश्त लगाना, निकल जाना; २. चल-फिर कर देखना या निरीक्षण करना (किसी क्षेत्र का); ३. किसी क्षेत्र के चारों ओर घूम-फिर कर सीमा-स्थापन या हदबंदी करना। **perambulation** सं॰ १. सैर, भ्रमण, पर्यटन, पैदल दौरा; २. किसी क्षेत्र का निरीक्षण, माप आदि; ३. सीमा निर्धारण के लिए किसी क्षेत्र के चारों ओर परिक्रमा। **perambulatory** (pĕr ăm' bū lă tŏr i) वि॰ पर्यटन संबंधी, गश्ती आदि।

perambulator, pram (pĕr răm' bū lā tŏr, prăm) सं॰ पैराम्बुलेटर, (अमरी॰) बच्चा गाड़ी, बच्चों की हाथ-गाड़ी जो पीछे से चलाई जाती है (बोल॰ संक्षे॰ pram)।

percale (pĕr kāl', -kal') [F., etym. doubtful] सं॰ परकेल या परकाल, एक प्रकार का गफ़्फ़ार सूती कपड़ा।

perceive (pĕr sēv', [O.F. *perceiv-*, stem of *perceivre*, *percoivre* (F. *percevoir*), L. *percipere* (PER-, *capere*, to take)] क्रि॰ स॰ १. ज्ञानेंद्रियों या मस्तिष्क द्वारा ज्ञान प्राप्त करना, जानना या विचरना, प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करना, समझना (किसी परिस्थिति आदि के विषय में); २. किसी भी ज्ञानेन्द्रिय द्वारा (विशे॰ दृश्येन्द्रिय आँखों द्वारा), ज्ञात करना, देखना।

percentage (pĕr sen' tăj) सं॰ १. प्रतिशत* (आ॰ भी), फ़ीसदी, प्रतिसैकड़ा, प्रतिशतता* (वि॰ १ भी), दर, अनुपात; २. (शिथिल प्रयोगों में) अनुपात, समानुपात (जैसे only a small~of books are worth reading)

percept (pĕr' sept) [L. *perceptum*, neut. p.p. of *percipere*, to PERCEIVE] सं॰ १. (दर्श॰) संवोध, प्रतिबोध, इंद्रियानुभूत विषय, प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय, २. मस्तिष्क की उपज, अनुभूति या अनुभव (प्रत्यक्ष ज्ञान की क्रिया के विपरीत)। **perceptible** (per sep' tibl) वि॰ अनुभव-गम्य, प्रत्यक्ष-योग्य, इंद्रियों या मस्तिष्क द्वारा अनुभाव्य, ज्ञेय या बोधगम्य। **perceptibility** सं॰ अनुभव-गम्यता, प्रत्यक्ष योग्यता, बोधगम्यता। **perceptibly** क्रि॰ वि॰ बोधगम्यता से, प्रत्यक्ष रूप से, अनुभवगम्यता से। **perceptive** वि॰ १. प्रातिभौपेक्ष, प्रतिबोधी, प्रत्यक्ष ज्ञान विषयक; २. सहजानुभूति संबंधी। **perceptively** क्रि॰ वि॰ १. प्रत्यक्ष-ज्ञानचालता से, अनुभूति-क्षमतापूर्वक; २. सहजानुभूति के रूप में। **perceptiveness, perceptivity** सं॰ १. प्रत्यक्ष ज्ञान शक्ति, अनुभूति-क्षमता; २. सहज ज्ञान, सहजानुभूति।

perception (per sep' shŭn) सं॰ १. प्रत्यक्ष ज्ञान, प्रत्यक्ष बोध* (आ॰, मा॰ २ भी), बोध-क्षमता; २. (सत्य या सौंदर्यगत विशेषताओं आदि का) सहजज्ञान, सहजानुभूति; ३. (दर्श॰) वह क्रिया जिसके द्वारा मस्तिष्क अपनी अनुभूतियों को कारण की तरह बाह्य वस्तुओं के साथ संबंधित करता है, (क्रियाया आदि की) वस्तुनी, संघट्ट, एकीकरण; ४. (आ॰, वि॰ १) अवगम*; ५. (मा॰ २) प्रत्यक्षण*।

perch[1] (pĕrch) [F. *perche*, L. *perca*, Gr. *perkē*] सं॰ खाने-वाली यूरोपीय मछली जिसके तैरने के अंग बहुत काँटे वाले होते हैं और जो ताजे पानी में रहती है।

perch[2] (pĕrch) [M.E. and O.F. *perche*, L. *pertica*, pole] सं॰ १. अड्डा* (क्रि॰ भी), पक्षियों के बैठने का डंडा, बैठने का एक कोई स्थान या अड्डा (जैसे bird takes its~); २. (ला॰) उच्च या सुरक्षित स्थान; ३. चौपहिया गाड़ियों का धुरा, बीच का डंडा या दंड; ४.(~pole,rod भी) पैमाना या मापदंड,मध्य(विशे॰ १।। गज भूमि का), साढ़े पाँच लंबाई का माप; ५. (वि॰ १) पक्षिसदृश। **perch** क्रि॰ अ॰ और स॰ १. (पक्षियों का) किसी शाखा या डाल पर उतरना, विश्राम करना; २. (व्यक्ति आदि का) स्थित होना, उतरना, सचित होना, आ कर बस जाना (upon के साथ प्रयुक्त); ३. (किसी वस्तु पर) खड़ा होना, टिकना, सदा हुआ होना (विशे॰ भू॰ कृ॰ में, जैसे town perched on a hill)। **bird takes**~ पक्षी नीचे उतर कर डंडे पर बैठता है। **hop the**~मरना, मर जाना। **knock (person) off his**~व्यक्ति को जीत लेना या हराना, बर्बाद करना या पदच्युत कर देना। **square**~ ३० १/४ वर्ग गज़। **percher** सं॰ गौरैया जाति का एक बड़ा पक्षी जो अपने पैरों से किसी स्थान पर बैठता है।

perchance (pĕr chans') [M.E. and O.F. *par chance* (*par*, by) CHANCE,] क्रि॰ वि॰ १. संयोगवश, इत्तिफ़ाक़न, संपोगात्; २. संभवतः, कदाचित्, शायद, हो सकता है।

percipient (per sip' i ĕnt) [L. *percipiens -nient*, pres. p. of *percipere*, to PERCEIVE] वि॰ १. प्रत्यक्षदर्शी, बोधक्षम, ग्रहणशील, ज्ञानपूर्ण। सं॰ १. प्रत्यक्षदर्शी व्यक्ति, (विशे॰ टेलीपैथी, बिना बाले हुए मनोभावों का आदान-प्रदान) वह व्यक्ति जो इंद्रिय-ज्ञानातीत वस्तुओं को प्रत्यक्ष देखे या जान ले। **percipience,-ency** सं॰ १. प्रत्यक्ष ज्ञान-शक्ति, बोधक्षमता; २. इन्द्रियातीत ज्ञान।

percolate (pĕr' ko lāt) [L. *percōlātus*, p.p. of *percōlāre* (PER-, *cōlum*, strainer)] क्रि॰ अ॰ और स॰ १. (किसी द्रव का) छनना, चूना या टपकना, रसना या स्रवित होना, छन-छन कर या बूँद-बूँद करके टपकना (ला॰ भी), रिसना* (वि॰ १ भी); २. चुआना, रसाना, छानना, निचारना, कपड़छान करना; ३. (व्यक्ति या छानना का) छानना (द्रव-पदार्थ, पाउडर), छलनी के छिद्रों आदि द्वारा छानना। **percolation** सं॰ १.निचोड़, रसाव, टपकाव, क्षरण; २. अंतःस्रवण* (१ के अ॰ रूप, वि॰ १ भी); ३.परिस्रवण*/परकोलेशन*(आ॰भी)। **percolator** (pĕr' ko lā tor) १. सं॰ छानना, छलनी, चुआन या टपकाने वाला, छानने वाला; २. (वि॰ १) स्रावित्र; ३. (आ॰) परिस्रावित्र*/परकोलेटर*।

percuss (per kŭs') [L. *percussus*, p.p. of *percutere* (PER-, *quatere*, to shake)] क्रि॰ स॰ (चिकि॰) किसी अंग की परीक्षा के लिए उँगली से ठाक-बजा कर आवाज़ सुनना, धीरे-धीरे आला या उँगली मार कर पराक्षा करना।

percussion (pĕr kŭsh' ŏn) [L. *percussio*, as prec.] सं॰ १. प्रतिघात, टक्कर, भिड़त; २. (चिकि॰) परिताड़न* (आ॰ भी), उँगली मारना, (इ॰, ई॰ ३, वि॰ १) आघात। **instrument of**~ (संगी॰) थपकी वाला बाजा, थाप या ताल्रके बजाने का वाद्य यंत्र। ~**-cap** तोप का छोटा ताम्र यंत्र या टोपी जिसमें विस्फोटक बारूद भरी रहती है और जिस पर हथाड़े से चोट की जाती है। **percussive** वि॰ १. संघर्षशील, टकरवार, प्रति-घाती; २. (चिकि॰) परिताड़नीय, उँगली मार कर बजाने योग्य।

percutaneous (pĕr kū tā' nē ŭs) वि॰ १. चमनिर्मित,

चर्मकृत, चमड़े से बना हुआ या किया हुआ, त्वचा-अवेशी* (आ० भी)।

perdition (pĕr dish' ŭn) [M.E. and O. F. *perdicion*, L. *perditiōnem*, nom. *-tio*, from *perdere*, to destroy (PER-, *dare*, to give)] सं० नरकभोग, नरकयंत्रणा, सर्वनाश या सत्यानाश।

perdu (pĕr dū, pĕr' dū) [F., p.p. of *perdre*, to lose, as preo.] वि० १. (सैन्य०) शत्रु की घात में बैठा हुआ, (विशे० lie ~); २. (प्रायः फंच की तरह, स्त्री० -due) प्रच्छन्न, छिपा हुआ या आवृत।

perdurable (pĕr dūr' ăbl) [O.F., from late L. *perdūrābilis*] वि० १. चिरस्थायी, स्थायी; २. अमर, सनातन, अपरिवर्तनशील; ३. टिकाऊ, मजबूत। **perdurability** सं० १. चिरस्थायित्व, नित्यता, अमरता; २. टिकाऊपन, मजबूती। **perdurably** क्रि० अ० १ चिरस्थायित्वपूर्वक; २. नित्यता से, सनातनता से, अपरिवर्तन शीलता से, ४. टिकाऊपन से, मजबूती से।

peregrination (per ĕ gri nā' shŭn) [F. *pérégrination*, L. *peregrinātiōnem*, nom. *-tio*, from *peregrinări*, from *peregrinus*, foreign, as foll.] सं० सफ़र, यात्रा, विदेश-प्रवास। **peregrinate** (per' ĕ gri nāt) क्रि० अ० (अब विनोद में) सफ़र करना, यात्रा करना। **peregrinator** सं० मुसाफ़िर, यात्री, यात्रा करने वाला।

peregrine (per' ĕ grin) [L. *peregrinus*, from *peregre*, abroad (PER, *ager*, field)] वि० और सं० आयात, विदेशी, परदेशी. प्रवासी (व्यक्ति) ~**falcon** एक प्रसिद्ध शिकारी बाज।

peremptory (per' emp-, per emp' tor i) [A.-F. *peremptorie*, L. *peremptōrius*, destructive, from *perimere* (PER-, *emare*, to take, to buy)] वि० १. आखिरी, अंतिम; २. अनुल्लंघनीय, अनतिक्रम्य, अस्वीकृत न किया जा सकने वाला (वसूल्य या आदेश); ३. सर्वथा सुनिश्चित, एकदम तय, अनिवार्य, अपरिहार्य; ४. दबंग, रोबीला, प्रभुत्वप्रिय (व्यक्ति)। ~**mandamus** वि० अनतिक्रमणीय या अनुल्लंघनीय परमादेश। ~**writ** अनुल्लंघनीय लेख, अनतिक्रमणीय आज्ञा-पत्र। **peremptorily** क्रि० वि० १. अंतिम रूप से; २. अनुल्लंघनीय रूप से; ३. निश्चयपूर्वक, अनिवार्यतः। **peremptoriness** सं० १. अंतिमरूपता; २. अनुल्लंघनीयता, अनिवार्यता, अपरिहार्यता; ३. प्रभुत्वप्रियता।

perennial (pe ren' i ăl) [L. *perennis* (PER-, *annus*, year)] वि० १. बारहमासी, सदाबहार, साल की सभी ऋतुओं में प्रवहमान (धारा); २. चिरस्थायी* (आ०, कृ०, वि० १ भी), चिरजीवी, अमर, शाश्वत, सनातन, नित्य; ३. कई वर्ष रहने वाला (पौधा, तुल० ANNUAL), बहुवर्षी*/ बहुवार्षिक* (आ०, कृ०, वि० १ भी)। सं० एकाधिक वर्ष-जीवी पादप, कई वर्ष रहने वाला पौधा। **perennially** सं० १. बारहों मास फलने-फूलने का गुण, सदाबहार, वर्ष-पर्यंत प्रवहमानता; २. चिरस्थायित्व, अमरता, सनातनता। **perennially** क्रि० वि० १. बारहमासी रूप से, वर्ष की सभी ऋतुओं में प्रवहमान रहते हुए; २. चिरस्थायित्व की दृष्टि से, सनातन रूप से, नित्यतः।

perfect (pĕr' fekt) [M.E. and O.F. *perfit*, L. *perfectus* (PER-, *factus*, p.p. of *facere*, to make)] वि० १. पूरा, पूर्ण, परिपूर्ण* (वि० १ भी), संपूर्ण, निर्दोष, त्रुटिहीन, दोषरहित; २. पक्का, पुख्ता, सुअर्थीत (पाठ या अध्याय); ३. निष्णात, पारंगत, निपुण, (कर्त्ता आदि में) निष्ठ; ४. सही, ठीक, यथार्थ (जैसे a ~square ठीक वर्ग, a ~circle ठीक वृत्त); ५. एकदम पूरा, निरा, बिल्कुल, कोरा, सारा (जैसे a ~stranger निरा अजनबी, ~nonsense निरी बकवास); ६. (व्या०) पूर्ण (काल), (वन०) जिसमें फूल के डंठल के चारों ओर पत्तियों का गुच्छा हो। सं० पूर्ण काल। क्रि० स० १. पूरा करना, पूर्ण करना, संपूर्ण करना; २. निपुण बनाना, निष्णात करना, पारंगत करना; ३. तरक़ी देना, सुधार करना, ठीक दिशा में आगे बढ़ाना। **future** ~ पूर्ण भविष्यत् काल, will have done 'कर लिया होगा' के अर्थ का परिचायक काल। ~**interval** (संगी०) तान का अंतर, पूर्ण अंतराल, संगीत का अष्टक भी। **perfectible** वि० १. पूर्ण करने योग्य; २. निष्णात बनाने योग्य; ३. सुधार करने या आगे बढ़ाने के योग्य। **perfectibility** सं० १. पूर्णता, संपूर्णता; २. पैनापुष्य; ३. सुधार; ४. (भा० २) पूर्णत्वक्षमता*। **perfection** (per fek' shŭn) सं० १. पूर्णता, संपूर्णता; २. पुख्ता या निपुण बनाने का कार्य; ३. पूर्ण विकास, पूर्ण वृद्धि; ४. निर्दोषता, त्रुटिहीनता, ५. (विशिष्ट अर्थों में) तुलनात्मक श्रेष्ठता; ६. पूर्ण व्यक्ति; ७. निर्दोष वस्तु; ८. (गुण आदि का) उत्कृष्टतम स्तर, चरम अवस्था, पराकाष्ठा, पूर्ण उदाहरण या प्रतिबिंब; ९. (बहुव० के साथ) उपलब्धि, प्राप्ति, सिद्धि। **perfectionist** सं० १. परफेक्शनिस्ट, पूर्णतावादी, ऐसा व्यक्ति जो यह माने कि धार्मिक या नैतिक पूर्णता प्राप्त की जा सकती है; २. आनंदिया क्रीक, न्यूमार्क के साम्यवादी संप्रदाय का सदस्य। **perfectionism** सं० पूर्णतावाद। **perfectly** (pĕr' fekt li) क्रि० वि० १. संपूर्णतः, पूरी तरह से; २. पक्की तौर पर, पुख्ता तौर पर, ३. सैद्धांपुष्यपूर्वक; ४. सही तौर पर, यथार्थतः; ५. (विशे०) बिल्कुल, खूब, भली प्रकार, पूरी तरह, पूर्णतः। **perfectness** सं० १. संपूर्णता; २. पुख्तगी, ३. निपुणता; ४. यथार्थ।

perfervid (pĕr fĕr' vid) वि० चंड, अत्यंत प्रचंड, अत्यंत।

perfidy (pĕr' fi di) [F. *perfidie*, L. *perfidia*, fro. *perfidus*, treacherous (PER-, *fides*, faith)] सं० दग़ा, धोखाधड़ी, विश्वासघात* (भा० १ भी)। **perfidious** वि० दग़ाबाज, धोखेबाज, विश्वासघाती। **perfidiously** क्रि० वि० दग़ा देते हुए, विश्वासघात-पूर्वक। **perfidiousness** सं० दग़ाबाज़ी, विश्वासघातकता।

perfoliate (pĕr fō' li āt) [PER-, *folium*, leaf, -ATE] वि० १. (वन०) जिसका डंठल पत्ती के ठीक बीच में निकल गया हो; २. (वि० १) स्तभवेष्टी*।

perforate (pĕr' fō rāt) [L. *perforātus*, p.p. of *perforāre* (PER-, *forāre*, to bore)] क्रि० स० और अ० १. छेद करना, छेद बनाना (विशे० काग़ज पर छोटे छोटे और पास-पास छिद्रों की रेखाएँ खींचना ताकि उस काग़ज पर छपे हुए टिकट या कूपन आदि आसानी से अलग हो सकें); २. भद्दक खोलना, द्वार के रूप में प्रयोग करने के लिए छेद बनाना। वि० (वि० १) छिद्री*। **perforation** छिद्र*/ छिद्रण* (ई० १ भी), बेधन, गुज़ारना, घुसेड़ना, घुसाना, सुरंग करना, चुभाना।

perforce (pĕr fôrs') [earlier *parforce*, O.F. *par force*, by FORCE] क्रि० वि० ज़बर्दस्ती, बलात्, बलपूर्वक। सं० (विरल) आवश्यकता, ज़रूरत।

perform (per fôrm') [M.E. *perfourmer*, prob. var. (assim. to FORM) of M.E. and O.F. *perfournir* (*par-*, PER-, *fournir*, to FURNISH)] क्रि० स० और अ० १. (आदेश, प्रतिज्ञा, कार्य, आँपरेशन आदि को) क्रियान्वित करना, कार्य-रूप में परिणत करना, क्रियात्मक अभिव्यक्ति देना; २. (सार्वजनिक उत्सव, नाटक, संगीत आदि) मनाना,

आयोजन करना; ३. नाटक में अभिनय करना, खेलना, गाना, आदि; ४. (सधे हुए जानवरों का) आम तमाशे आदि में तमाशा दिखाना, क्रिया-चातुरी प्रदर्शित करना। **performable** वि० १. क्रियान्वित करने योग्य; २. आयोजन करने योग्य। **performance** सं० १. (आदेश आदि का) (भा० १, वि० २) निष्पादन*, परिणति, संपादन; २. पालन; ३. अद्भुत कौशल, निराली क्रिया-चातुरी; ४. नाटक या सार्वजनिक प्रदर्शनी का आयोजन (जैसे there are two~s a day)। **performer** सं० १. क्रिया-साधक; २. आयोजक; ३. अभिनेता, आदि; ४. सधा हुआ (जनता को तमाशा दिखाने वाला) जानवर। **performing** वि० १. क्रियाशील आयोजन-निरत; २. अभिनय करने वाला; ३. तमाशा दिखाने वाला (जानवर आदि)।

perfume (pèr fūm') [F. *parfumer* (*par-*, PER-, L. *fūmāre*, to smoke, from *fūmus*, smoke)] सं० १. किसी जलते हुए पदार्थ की गंध; २. खुशबू, महक, सुगंध* (वि० ३ भी); ३. गंध, द्रव्य; ४. सेंट, इत्र। कि० स० १. (किसी वस्तु को) इत्र से बसाना, सेंट या इत्र की सुगंध देना; २. (विशे० भू० कृ० में) महकाना, सुगंधित करना, खुशबू ~ बनाना। **perfumeless** वि० १. बेमहक, सुगंधहीन, गंधहीन। **perfumer** (pèr fū' mèr) सं० १. गंधी, इत्रनिर्माता; २. इत्र-फरोश। **perfumery** सं० १ सुगंधशाला* (वि० ३ भी), २. इत्रादि सुगंधित वस्तुएँ या सामग्री; ३. गंधी का व्यवसाय, इत्र-फरोशी; ४. गंध-निर्माणशाला या इत्र आदि बनाने या बेचने का स्थान।

perfunctory (pèr fungk' tō ri) [late L. *perfunctōrius*, from *perfunctus*, p. p. of *perfungī* (PER-, *fungī*, to perform)] वि० १. निभाया गया, भुगताया गया, केवल कर्तव्य समझ कर किया गया, २. निभाने वाला, भुगताने वाला, केवल कर्तव्य समझ कर यंत्र-सेन प्रकारेण करने वाला; ३. बेमन का, उथला, यंत्रवत्, यंत्र-चालित (जैसे a ~ inspection, ~ inquirer, in a ~ manner;)। **perfunctorily** कि० वि० १. निभाते हुए, भुगताते हुए, कर्तव्य-मात्र समझ कर करते हुए, २. बेमन से, यंत्रवत् क्रियाशील होते हुए। **perfunctoriness** सं० निभाने या भुगताने का भाव या क्रिया, बेमन से करने का भाव, यंत्र-चालित क्रियाशीलता।

perfuse (per fūz') [L. *perfūsus*, p.p. of *perfundere* (PER-, *fundere*, to pour)] कि० स० १. (पानी आदि से) छिड़कना करना, छिड़कना; २. (प्रकाश आदि) फैलाना, व्याप्त करना, छाना, ३. (पानी आदि) उँड़ेलना, बरसाना। **perfusion** सं० १. (आ०) इवनिवेशन*; २. छिड़काव; ३. फैलाव, व्याप्ति; ४. वर्षा, बौछार। **perfusive** वि० १. छिड़कने वाला; २. फैलने वाला, व्याप्ति-योग्य; ३. बौछार करने योग्य।

pergamaneous (pèr gă mē' nē ŭs) [from L. *Pergamēna*, PARCHMENT] वि० लिखने के योग्य किए गए चमड़े का या इस चमड़े जैसा।

pergola (pèr' gō lă) [It., from L. *pergula*, projecting roof, balcony, etc., from *pergere*, to proceed] सं० १. मंडप*, परनाला* (कृ० भी); २. लता-मंडप, लता-वितान।

perhaps (pèr hăps', præps) [PER, HAP] कि० वि० शायद, संभवतः, कदाचित्, स्यात्, हो सकता है (जैसे ~ he has lost it, he has ~ lost it, ~ you would like to see it ?.)।

peri (pĕr' i) [Pers. *parī*] सं० (फ़ारसी पुं०) १. परी, अप्सरा; २. अच्छा व्यक्ति; ३. सुंदर या आकर्षक व्यक्ति।

peri- [Gr., around, about] उप० परि-। **periapt** (per' i ăpt) [F. *periapte*, Gr. *periaptōn* (*haptein*, to fasten)] सं० गंडा, ताबीज, जंतर, यंत्र।

periclase (per' i klās) [Gr. PERI-, very, *klasis*, fracture] सं० पेरिक्लेस* (वि० १ भी), एक धातु जो मैगनेशियम और लोहे की भौटो-आक्साइड से मिल कर बनती है और विशे० विसूवियस नामक पर्वत में उपलब्ध होती है।

pericope (pè rik' ō pē) [late L., from Gr. *perikopē* (PERI-, *kopein*, to cut)] सं० १. छोटा अवतरण या वचांश; २. पैरिकोप, सार्वजनिक प्रार्थना-सभा में पढ़ा जाने वाला इंजील का अंश।

pericranium (per i krā' ni ŭm) [CRANIUM] सं० १. कपाल-छद, खोपड़ी के चारों ओर लिपटी हुई झिल्ली; २. (विनोद में) खोपड़ी, कपाल, मगज, मस्तिष्क।

peridot (per' i dot) [F. *péridot*, etym. doubtful] सं० जबरजद, पैरिडॉट* (वि० १ भी), ओलिवाइन नामक रत्न-विशेष (को जौहरियों द्वारा दिया गया नाम)।

perigee (per' i jē) [F. *périgée*, late L. *perigēum*, *perigeum*, Gr. *perigeion* (PERI-, *gē*, earth)] सं० १. ग्रह (विशे० चंद्र) की कक्षा का वह बिंदु जिस पर वह ग्रह पृथ्वी से निकटतम होता है (तुल० APOGEE); २. (वि० १) भूमि-नीच*, उप-भू। **perigean** वि० उपयुक्त बिंदु से संबद्ध।

perihelion (per i hē' li on) [PERI-, Gr. *hēlion*, sun] सं० १. ग्रह-कक्षा का वह बिंदु जिस पर वह ग्रह सूर्य के निकटतम होता है (तुल० APHELION); २. (वि० १, २) उपसौर*/ रविनीच*। **~advance** (वि० १) रविनीच की प्रगति*।

peril (per' il) [O.F. *péril*, L. *periculum*, *periculum*, rel to *periri*, to try] सं० खतरा, जोखिम, भय। कि० स० खतरा उठाना, जोखिम उठाना। **perilous** वि० खतरनाक, जोखिम-भरा, भयपूर्ण। **perilously** खतरनाक स्थिति में, भयपूर्वता से। **perilousness** सं० भयपूर्णता।

perimeter (pè rim' e tèr) [L. and Gr. *perimetros* (*metron*, measure)] सं० १. परिमाप, परिधि; २. परिमाप की लंबाई; ३. परीमीटर, घेरा मापने का यंत्र।

perineum (per i nē' ŭm) [late L. *perinēum* *-neum*, Gr. *peri-*, *pērinaion*, from *pēris* *-inos*, scrotum] सं० (द्वि० वि०) १. सीवन; २. मूलाधार* (आ० भी), गुदा और अंडकोष या योनिमुख के बीच का भाग। **perineumal** वि० गुदा और अंडकोष या योनिमुख के मध्यवर्ती स्थान से संबद्ध।

period (pēr' i od) [F. *période*, L. *periodus*, Gr. *periodos* (PERI-, *odos*, way)] सं० १. योग, गणित ज्योतिषीय संयोगों के पुनर्घटन द्वारा सूचित काल-चक्र; २ नक्षत्र या ग्रह का परिक्रमण-काल; ३. (रोग की) मियाद, आवर्तकाल* (इं० २ भी), काल*/ अवधि* (आ०, इं० २, भा० १, वि० १ भी); ४. (बहुव०) माहवारी, मासिक धर्म, (भू गर्भ०) कल्प; ५. (त्रिकोणमिति) आवर्तनांक; ६. (गणि०) आवर्तक* (वि० २ भी); ७. युग, जमाना, इतिहास या जीवन का अनिश्चित खंड; ८. काल-खंड, समय का कोई खंड या हिस्सा; ९. पूर्ण वाक्य (विशे० कई वाक्य-खंडों वाला); १०. (बहुव०) अलंकृत भाषा; ११. पूर्ण विराम, वाक्य के अंत में पूर्ण विराम, पूर्ण विराम का चिह्न (।); १२. आवर्तक; १३. घटा* (भा० २ भी)। वि० काल-विशेष से संबद्ध, युग-विशेष के लक्षणों से युक्त (विशे० फ़र्नीचर, वेष-भूषा और वास्तुशास्त्र); १३. प्रकम* (आ० भी)। **the~** आजकल, इस वक्त, इस ज़माने में, इस समय (the girl, costume, etc. of the ~ आजकल की लड़कियाँ, पोशाक आदि)।

put a ~to खत्म कर देना, समाप्त कर देना, सफ़ाया कर देना। **periodic** वि० १. नक्षत्रों आदि के परिक्रमण संबंधी (जैसे ~motion परिक्रमणगति); २. आवर्त, नियतकालिक* (आ० भी), एक निश्चित अंतराल के उपरांत पुनर्घटित होने वाला, मौसमी, क्रमिक, बार-बार होने वाला, रुक-रुक कर होने वाला, व्यवधान या अंतराल के बाद घटित होने वाला; ४. अलंकृत भाषा में व्यक्त; ५. (वि० १, २) आवर्ती*; ६. (कृ०) मियादी*/ आवधिक*। **periodical** वि० १.दे० PERIODICAL (अंतिम अर्थ को छोड़ कर); २. नियतकालिक, निश्चित व्यवधान या अंतराल के उपरांत प्रकाशित होने वाला (जैसे मासिक); ३. (वि० १) आवर्ती*। सं० नियतकालिक पत्रिका या (साहित्यिक लेखों आदि का) संग्रह, (जैसे मासिक पत्रिका)। **periodically** क्रि० वि० नियतकालिक रूप से, नियत समय पर (जैसे मासिक रूप से)। **periodicity** सं० १. नियतकालिकता, एक निर्धारित अंतराल के उपरांत पुनर्घटित होने की विशेषता; २. (वि०) आवर्तिता*। **~table** (रसा०) आवर्त-सारणी।

peripatetic (per i pə tet' ik) [F. *péripatétique*, L. *peripatēticus*, Gr. *peripatētikos* (PERI-, *patein*, to walk)] वि० १. अरस्तू का, अरस्तू-जैसा (अध्यापन के समय अरस्तू के टहलते रहने की पद्धति के आधार पर यह नाम पड़ा); २. अपने व्यवसाय के सिलसिले में घूमने वाला, फेरी लगाने वाला, स्थान-स्थान पर जाने वाला। सं० (मुख्यतया विनोद में) फेरी वाला, फेरी लगा कर सौदा बेचने वाला। **peripatetically** क्रि० वि० घूम-घूम कर, फेरी लगाकर। **peripateticism** सं० १. घूमने या फेरी लगाने का काम, भ्रमणशीलता; २. चक्रमण-संप्रदाय* (मा० २ भी)।

peripeteia (per i pē ti' ə) [Gr. (PERI-, *pet-*, stem of *piptein*, to fall)] सं० नाटक या जीवन में घटित भाग्य-परिवर्तन।

pimento (pi men' tō) [Port. *pimenta* (cp. Sp. *pimienta*), L. *pigmentum*, as prec.] सं० १. पिमेंटो, एक वृक्ष का गोल मिर्च जैसा सुगंधित फल; २. जमैका की गोल मिर्च; ३. इसका वृक्ष।

pimp (pimp) [cf.yqn. doubtful, cp. F. *pimpant*, spruce, attractive, seductive] सं० दलाल, कुटना, भिट्*/ वेश्या-दलाल* (आ० ३ भी)। क्रि० स० दलाली या कुटनापन करना।

pimpernel (pim' per nel) [O.F. *pimprenelle* (F. *pimprenelle*), med. L. *pipinella*, perh. corr. of *bipinnella*, dim. of *bipennula*, dim. of *bipennis* (bi-, *penna*, feather)] सं०

पिंपनेल, एक छोटा बारहमासी पौधा जो खेतों या बंजरभूमि में होता है और जिसके फूल लाल रंग के होते हैं।

pimping (pim' ping) [etym. doubtful] सं० १. छोटा, तुच्छ, क्षुद्र; २. कमज़ोर, अल्पवय, बीमार-सा।

pimple (pim' pĕl)[etym. doubtful] सं० १. फुंसी, फुंड़िया; २. मुँहासा; ३. (ला०) पिटिका०। **pimpled** वि० फुंसीदार, फुंसियों से भरा। **pimply** वि० फुंसियों से युक्त।

pin (pin) [A.-S. *pinn* (cp. Dut. and G. *pin, pinne*, Icel. *pinni*, Norw. and Swed. *pinne*)] सं० १. पिन* (इ० २, कु० भी), आलपीन; २. कील* (ला०, इ० २ भी), खूँटी; ३. (बीज आदि की) खूँटी; ४. (बहुव०, बोल०) पैर, पाँव; ५. ४१/२ वेबन का छोटा पीपा; ६. शलाका* (इ० २ भी)। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **pinned**) १. (पिन से) नत्थी करना, संलग्न करना; २. दो वस्तुओं को आलपीन से जोड़ना; ३. पिन चुभोना; ४. छेदना; ५. किसी को (दीवार आदि में) सटा कर दबाए रहना जिससे वह भाग न सके; ६. (किसी व्यक्ति को) वचन या नियम से बाँधना; ७. बाड़ लगाना। **don't care a ~** बिलकुल चिंता न करो। **~one's faith on** किसी पर पूरा भरोसा करना। **~and needle** सनसनाहट, झुनझुनी। **~up** सं० १. किसी प्रिय या सुप्रसिद्ध व्यक्ति का दीवार में लगा हुआ चित्र; २. जिसका चित्र दीवार में लगा हुआ हो (जैसे ~up girl)। **~cushion** पिन कुशन, आलपीन लगाने की गद्दी। **~feather** पक्षाकुर। **~fire cartridge** आलपीनी कारतूस। **~head** १. आलपीन या सुई की नोक; २. (ला०) बारीक या अत्यंत छोटी वस्तु। **~hole** सूची छिद्र* (वि० २ भी), बहुत छोटा छिद्र। **~money** वार्षिक धनराशि जो स्त्रियों को वस्त्रादि के लिए दी जाती है। **~point** १. सूच्याग्र, सुई की नोक; २. (ला०) बहुत छोटी वस्तु; ३. जिसे बेधने में बहुत सच्चे निशाने की आवश्यकता हो। क्रि० स० ऐसे लक्ष्य को बेधना। **~prick**(ला०) टीस, कसक, असह्य पीड़ा। **~table** सं० एक प्रकार का जुए का खेल। **~tail** सं० नुकीली पूँछ वाली वस्तु या तीतर की एक जाति। **~tail-duck** बुई चुचट। **split ~** बाल की पच्चर मारना। **thole ~** दे० THOLE। **~wheel** छोटा कथरहन चक्र।

pinafore (pin' á fôr) [PIN, AFORE] सं० बच्चों को कपड़ों के ऊपर (कपड़ों को गंदा होने से बचाने के लिए) पहनाया जाने वाला कपड़ा। **pinafored** वि० उक्त प्रकार का कपड़ा पहने हुए।

pinaster (pi nás' tĕr) [L., wild pine] सं० पिनैस्टर, दक्षिणी-पश्चिमी यूरोप का देवदार।

pince-nez (pins' nēz) एक आँख का चश्मा, (दे० MONOCLE)।

pincers (pin' sĕrz) [M.E. *pynsors, pinsours*] सं० (बहुव०) १. चिमटी* (क्रि० भी), चिमटा, सँड़सी* (इ० २, क्रि० भी); २. केकड़े आदि की सँड़सी। **~movement** (सैन्य०) सेना का किसी स्थान आदि को घेरने के लिए आगे बढ़ना।

pinch (pinch) [O.North F. *pinchier* (F. *pincer*), etym. doubtful] सं० १. चुटकी, चिकोटी, चिकोटी; २. (ला०) तंगी, तकलीफ़, क्लेश, कष्ट; ३. तंगहाली, बनाभाव (जैसे at a~), थोड़ी-सी मात्रा जो अँगूठे और उँगली के बीच आ जाय, चुटकी भर (जैसे a ~ of salt); ४. संकोच* (वि० १ भी)। क्रि० स० और अ० १. चुटकी काटना, चिकोटी भरना; २. ज़ोर से दबाना; ३. (ला०, शीत, भूख आदि से) पीड़ित होना; ४. (किसी व्यक्ति से धन आदि) ऐंठना, वसूलना; ५. (किसी व्यक्ति को शोधन आदि देने में) कमी करना, कोताही करना; ६. कंजूसी करना, सुमपन करना; ७. (घोड़े को) ऐंड लगाना; ८. हवा के रुख पर नाव चलाना; ९. (ग्रा०) चुराना; १०. गिरफ़्तार करना, बंदी बनाना; ११. संरक्षण में लेना। **that is where the shoe pinches** परेशानी यहां है।

pinchbeck (pinch' bek) [Christopher Pinchbeck (c. 1670-1732), inventor] सं० पिंचबैक, ताँबे और जस्ते का मिश्रण जो सोने जैसा दिखाई देता है। वि० दिखावटी, नकली, कृत्रिम।

Pindari (pin da' ri) [Hind.] सं० पिंडारी, १८ वीं सदी में भारत के ठगों की एक प्रशाखा।

Pindaric (pin dár' ik) वि० यूनानी कवि पिंडार का। सं० पिंडारी गीत, पद्य।

pine[1] (pīn) [A.-S. *pīn*, L. *pinus*] सं० देवदार, चीड़* (वि० १ भी), सनोबर। **~-apple** १. अनन्नास* (क्रि० भी); २. (ग्रा०) हथगोला। **~-beauty, -carpet** देवदार कीट। **~cone** देवदार का चरका या फल। **~-marten** पाइन मार्टेन, नेवले की एक जाति जो ब्रिटेन में पाई जाती है। **pinery** सं० अनन्नास का बग़ीचा; २. देवदार के वृक्ष लगाने का काम। **piny** वि० १. देवदार या चीड़ का; २. देवदार-बहुल।

pine[2] (pīn) [A.-S. *pīnian*, to torture, from *pīn*, torment, pain] क्रि० अ० १. घुलना, (शोक में) दुर्बल या क्षीण होना; २. लालसा करना। सं० १. पीड़ा, दुःख; २. अभाव, अकाल।

pineal (pin' ē-, pī' nēāl) [F. *pinéal* (L. *pinea*, pineconе -AL) वि० १. (ग्रं० वि०) देवदार के फल के आकार का; २ (आ०, वि० १) पिनियल*। **~gland** शीर्षग्रंथि।

pinfold (pin' fōld) [A.-S. *punfald* (POUND[2], FOLD[1]) सं० कांजीहौद, मवेशीखाना। क्रि० स० (कांजीहौद में) बंद करना।

ping (ping) [imit.] सं० १. सनसन, सनसनाहट, झनझनाहट। क्रि० अ० सनसनाने की आवाज़ करना। **~pong** सं० टेबिल टेनिस।

pinguid (ping' gwid) [L. *pinguis*, fat] वि० १. (प्रायः हास्य में) मोटा, स्थूलकाय; २. चर्बीदार।

pinguin (ping' gwin) [etym. unknown] सं० १. पिंग्विन, अनभ्रास जैसा पौधा; २. इसका फल।

pinion[1] (pin' yŏn) [O.F. *pignon*, L. *penna*, var. *pinna*, feather, wing] सं० १. डैना, पंख; २. डैने का बाहरी जोड़; ३. (काव्य०) पार्श्व, स्कंध; ४. (इ० २ क्रु०, वि० १) पलात*। पिनियन*। क्रि० स० १. पर काटना, पंख काटना; २. (किसी व्यक्ति की) भुजा बाँधना, भुजा बाँधना; ३. (हाथ) बाँधना, जकड़ना; ४. (व्यक्ति को) किसी वस्तु से बाँधना।

pinion[2] (pin' yon) [F. *pignon*, O.F. *pinon*, *penon*, L. *pinna*, pinnacle, gable, cp. prec.] सं० १. छोटा दाँतेदार पहिया; २. पहिए में लगा हुआ दंतियार बुरा।

pink[1] (pingk) [etym. doubtful] सं० १. पिंक* (वि० १ भी), एक फूलदार पौधा; २. हल्का गुलाबी रंग; ३. लोमड़ी-शिकारी का लाल कोट; ४. इस कोट का कपड़ा; ५. लोमड़ी-शिकारी। वि० १. हल्के गुलाबी रंगों का, गुलाबी* (वि० १ भी)। **in the ~** (ग्रा०) अच्छा स्वास्थ्य। **the ~** अत्युत्तम अवस्था। **~eye** सं० १. चोखों का बुखार; २. मनुष्य की आँख जाना। **pinkish** वि० गुलाबी-सा। **pinkness** सं० गुलाबीपन। **pinky** वि० गुलाबी।

pink[2] (pingk) [M.E. *pinken* (cp. L.G. *pinken*, also PICK[1] F. *piquer*)] क्रि० स० १. तलवार बोंक देना; २. चमड़े में छेद करके उसे सजाना; ३. सजाना, सुसज्जित करना।

pink² (pingk) [M. Dut. *pinks* (now *pink*),etym. doubtful)] सं० (इति०) पिंक, एक प्रकार की नौका।

pink⁴ (pingk) [etym. unknown] सं० किसी सफ़ेद पदार्थ में वनस्पति रंग मिला कर तैयार किया हुआ रंग।

pink⁵ (pingk) [etym. doubtful, cp. Dut. *pink ooghen*, pink eye] वि० १. छोटी आपदी; २. मिचकाहट; ३. अचलुकी, अर्धनिमीलित।

Pinkster सं० ईस्टर के बाद का सातवाँ सप्ताह। **~flower** गुलाबी रंग का एक फूल।

pinnace (pin' ás) [F. *pinasse*, prob. ult. from L. *pinus*, PINE¹] सं० पिनास, मुढपोत की नाव जो अब भाप या पेट्रोल से चलती है।

pinnacle (pin' á kel) [O.F. *pinacle*, late L. *pinnāculum*, dim. of PINNA] सं० १. शिखर* (मा० १ भी), (भवन के ऊपर का) कलश, कंगूरा; २. पहाड़ की चोटी; ३. पराकाष्ठा, चरम सीमा; ४. शिखरिका* (इं० ३, वि० १ भी)। क्रि० स० कलश या कंगूरा लगाना।

pinnate, -nated (pin' át, -á ted) [L. *pinnātus*, from PINNA] वि० १. (बन०) पिच्छाकार, ऐसी संयुक्त पत्ती जिसमें डंडी के दोनों ओर भी पत्तियाँ निकली हों; २. (प्राणि०) पक्षवत्। **pinnately** क्रि० वि० पक्षवत्, पक्षाकार रूप से।

pinner (pin' ér) [PIN, -ER] सं० (क्रियातत अर्थों में) लोलक या झालरदार टोपी जिसकी दोनों झालरें टँकी हुई होती हैं।

pinni- समस्त पदों में मीनपक्ष के अर्थ में प्रयुक्त।

pinnigrade (pin' i grād) [L. *pinni-* PINNA,-*gradus*, walking] वि० और सं० मछली के पंख जैसे पैरों वाला (पशु०)।

pinnule (pin' ūl) [L. *pinnula*, dim. of PINNA] सं० (बन०) पिच्छिका, पल्लवी, पक्षवत् पत्ती का उपविभाग; २. (प्राणि०) मीनपक्षांग। **pinnular** वि० मीनपक्षांग युक्त।

pinny दे० PINAFORE।

pinoc(h)le सं० पिनोक्कि, (अब०) ताश का एक खेल।

pinole (pi nō' lā, pi nól') [Am. -Sp., from Aztec *pinolli*] सं० पिनोल, एक प्रकार का मीठा सत्तू (आटा) जिसे मेक्सीट (फलदार वृक्ष) के रस से अथवा चीनी मिला कर बनाया जाता है।

pint (pint) [F. *pinte*, perh. through Sp. *pinta*, from late L. *pincta*, *picta*, fem. p.p. of *pungere* to paint] सं० पाइन्ट* (वि० २ भी), द्रवों की माप (लगभग ६ छटाक)।

pintado (pin ta' dō) [Port. or Sp., p.p. of *pintar*, ult. from L. *pingere* (p.p. *pinctus*, *pictus*), to PAINT] सं० १. पिंटडो (अब प्राय: ~bird, petrel), समुद्री काक की एक जाति; २. चीनी मुर्गी।

pintle (pin' tel) [A.-S. *pintel*, penis, etym. doubtful] सं० धुरी जैसी कील या सिरेंगी।

pinto वि० और सं० (अमरीकी प्रयोग) चितकबरा (घोड़ा)।

pioneer (pi ó ner') [F. *pionnier*, from *pion*, PAWN¹] सं० १. (सैन्य०) सफ़रमैना, सेना के आगे चलने वाली टुकड़ी; २. प्रथम या आदि नेता; ३. अग्रणी। क्रि० अ० तथा स० १. मार्ग साफ़ करना; २. पथप्रदर्शन करना।

pious (pī' ūs) [L. *pius* orig. dutiful] वि० धार्मिक, भक्त, ममाला। **~founder** (मानव-हितार्थ और धर्म के प्रचार के लिए) किसी महाविद्यालय का संस्थापक। **~fraud** दे० FRAUD। **piously** क्रि० वि० धार्मिकतापूर्वक।

pip¹ (pip) [prob. from M. Dut. *pippe*, ult. from pop. L. *pipita*, corr. of *pītuita*] सं० १. पिप, मुर्गियों का एक रोग; २. (शि०) चिड़चिड़ापन, बदमिजाजी (जैसे हम has given me the pips)।

pip² (pip) [prob. from PIPPIN] सं० १. सेब, नासपाती, संतरे आदि का बीज* (कु० भी)। **pipless** वि० बिना बीज का।

pip³ (pip) [formerly *peep*, etym. doubtful] सं० १. (ताश या पाँसे आदि की) बिंदी, बिंदुकी, बुंदकी; २. (सैनिक अफ़सरों के कंधों पर लगा हुआ पदसूचक) सितारा, तारक चिह्न; ३. अचखिले फूल के गुच्छे की कली; ४. अनन्नास के ऊपरी छल का चौकोर भाग।

pip⁴ (pip) [perh. from PIP²] क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **pipped**) १. (बोलo) चोट न देना, मतपथ के स्थान पर काली गोली डाल कर विरोध प्रकट करना; २. हराना, पराजित करना; ३. गोली मारना।

pip⁵ (pip) [perh. var. of PEEP¹ or imit.] सं० पिप, पी-पी, पीं-पीं, रेडियो पर समयसूचक पिप ध्वनि (जैसे the six pips of the time signal)।

pip⁶ (pip) सिगनल बालों का P अक्षर।

pipe (pīp) [A.-S. *pipe* (cp. Dut. *pijp*, G. *pfeife*, Icel. pipa), late L. *pīpa*. from L. *pīpāre*, to chirp] सं० १. नल* (कु०, वि० १ भी), नलिका*/ नली* (इं० १, २ वि० १ भी); २. बाँसुरी, अलगोजा; ३. मल्लाह की सीटी या सीटी की आवाज़; ४. लय, स्वर, गीत-लहरी, ५. (पक्षियों की) चहचहाहट, कूक, कू-कू; ६. पक्षियों के नलीदार अंग; ७. स्वेदनलिका; ८. कण्ठी वायु; ९. पक्षियों को पकड़ने की नली; १०. सिगार; ११. हुक्का; १२. चिलम भर तम्बाकू; १३. शराब का पीपा प्राय: १०५ गैलन का। क्रि० अ० और स० १. बंसी बजाना, मुरली बजाना; २. चिल्लाना, चीखना, पी-पी करना; ३. बंशी या साटी बजा कर किसी व्यक्ति को बुलाना; ४. बंशी या सीटी बजा कर मार्ग प्रदर्शन करना; ५. सीटी बजा कर (जहाज के कर्मचारियों का) भोजन के लिए बुलाना; ६. चहचहाना, कूकना; ७. पिक को कलम लगाना; ८. (फूल-गरी या गोट आदि से) वस्त्र सजाना; ९. नल या नला उपाना; १० नल द्वारा तरल पदार्थ एक स्थान से दूसरा जगह ले जाना। **King's or Queen's~** लंदन के बंदरगाह का भट्ठा जिसमें अवैध तम्बाकू जलाया जाता था। **~away** साटा देना, प्रस्थान की सूचना देना। **~down** १.(सी० वि०) काम स हटाना; २.(ला०) शांत होना; ३. गुलपाड़ा कम करना। **~one's eyes** रोना, आँसू बहाना। **~up** १. बंशी आदि बजाने लगना; २. राग अलापने लगना। **put that in your~and smoke it** सह जाओ, पी जाओ। **~-clay** १. बढ़िया मिट्टी; २. (ला०, सैन्य०) बड़ा को बहुत बढ़िया बनाए रखने की अत्यधिक चिंता, नल-मुरीदा। क्रि० स० बढ़िया मिट्टी चढ़ाना। **~-dream** (अमरीका प्रयोग) पानक, सनका। **~-fish** (वि० १) नल-मीन*। **~-light** कार्यक्र का बिंदी जिससे चिलम सुलगाई जाती है। **~-line** पेट्रोल का कारखाने से दूर के जाने के नल। **~-major** सैनिक बैंड का अफ़सर। **~-rack** चिलमदान। **~-roll** (इति०) प्राचीन राजाओं कोष का कार्यालय। **~-stone** एक प्रकार की कड़ी लाल मिट्टी जिससे रेड इंडियन लोग चिलम बनाते थे। **pipeful** दे० चिलम भर। **pipeless** वि० १. बिना नल का; २. बिना चिलम का। **piper** सं० १. बाँसीवादक; २. गीत-नाच धूम कर गाने-बजाने वाला; ३. बीन बाजा बजाने वाला; ४. मछलियों की एक जाति; ५. बंदम घोड़ा, लिकम्मा घोड़ा, चरित्रक घोड़ा; ६. जंगली मुर्गियों की बतख़ कर काले

वाला कुत्ता। **pay the ~ and call the tune** खर्च उठाओ क्रुद्ध पाओ, पैसे की मेज तमाशा देख। **pipy** वि० १. नलदार; २. चिलमवाला।

pipette (pipet') [F., dim. of PIPE] सं० १. (आ०, वि० १) पिपेट*; २. सूक्ष्म नलिका (विशे० ओषधि-परीक्षा में प्रयुक्त)।

piping (pi' ping) सं० क्रियागत अर्थों में १. बजाने वाले की क्रिया, बंशीवादन; २. वस्त्रों को सजाने की गोटा-किनारी; ३. केक पर चीनी के रेखों से की हुई सज्जा। वि० १. बंशी-वादन संबंधी। **~hot** खौलता हुआ, अधिक गरम। **~times of peace** चैन की बंशी बजाने का काल, शांतिमय।

pipistrelle (pip' i trel) [F., from It. *pipistrello*, ult. from L. *vespertilio* from *vesper*, evening] सं० चिपिस्ट्रेल, एक प्रकार का लाल-भूरा मिश्रित छोटा चमगादड़।

pipkin (pip' kin) [etym. doubtful] सं० १. एक छोटी मिट्टी की हांडी, हंडिया; २. कुनाली।

pippin (pip' in) [O.F. *popin*, PIP or seed, etym. doubtful] सं० पिपिन, विभिन्न प्रकार के सेबों का नाम।

pipsqueak सं० १. (आ०) बम का गोला जिसके फटने पर 'पिट्' जैसी आवाज पैदा होती है; २. (ला०) घटिया आदमी, दो कौड़ी का आदमी या चीज, निकृष्ट व्यक्ति या वस्तु।

piquant (pē' kant) [F., as foll] वि० १. चरपरा, चटपटा, तेज, तीखा; २. क्षुधाकारक, उत्तेजक; ३. (आ०) मचिकर, प्रलोभक, कमनीय। **piquancy** सं० १. चरपराहट, चटपटापन; २. क्षुधा-कारक तत्त्व। **piquantly** क्रि० वि० १. चटपटेपन से; २. रुचिरता से।

pique[1] (pēk) [F. *piquer*, to prick, see PIKE[1]] क्रि० स० १. खिझाना, चिढ़ाना, कुढ़ाना; २. किसी के गर्व या अहंभाव को चोट पहुँचाना; ३. (कौतूहल, दिलचस्पी) पैदा करना, उभारना, ४. गर्व करना, घमंड करना। सं० १. कुमाँच; २.शत्रुता, बैर; ३ रंजिश, विरोध-भाव।

pique[2] (pēk) [F. *pic*, etym. doubtful] सं० पिक ताश के दृपतिया खेल (piquet) में विरोधी के एक भी प्वाइंट बनाने से पहले ३० प्वाइंट बना लेना, ३० प्वाइंट की जीत। क्रि० स० और अ० १. तीस प्वाइंट जीतना या बनाना; २. तीस प्वाइंट बनाना।

piquet[1] (pē' kā) [F., p.p. of *piquer*, see PIQUE[2]] सं० पिक, एक प्रकार का बटे हुए सूत से बना हुआ कपड़ा।

piquet[1] (pi ket', pik' et) [F., etym. doubtful] सं० पिकेट, ताश का एक दुपतिया (केवल दो व्यक्तियों के लिए) खेल।

piquet[2] सं०, आरक्षी टुकड़ी। दे० PICKET।

piracy (pī' rá si) सं० १. समुद्री-लूटमार; २. डकैती, समुद्री डाका, समुद्र-वस्तुता*/ जलवस्युता* (मा० १ भी)।

piragua (pi rág' wa) [Sp., from Carib., dug-out] सं० १. वृक्ष के एक ही तने से बनी हुई नाव; २. दो मस्तूली नाव।

pirate (pī' rāt) [F., from L. *pirāta*, Gr. *peiratēs*, from *peiran*, to attempt] सं० १. समुद्र-वस्यु* (द्वारा प्रयुक्त जहाज); २. जलवस्यु*/समुद्र-वस्यु*/समुद्री डाकू* (मा० १ भी); २. लुटेरा, डाकू; ३. साहित्यिक चोर, बिना अधिकार किसी ग्रंथ की नकल करने या उसे छापने वाला; ४. वह बस जो अनधिकृत मार्ग पर चले, अधिक किराया ले या यात्रियों को लूटे। क्रि० स० और अ० १. लूटना, डाका डालना; २. (पुस्तक आदि को) अनधिकृत रूप से प्रकाशित या नकल करना; ३. समुद्री डाका डालना, डकैती करना।

piratic, -al (pī rāt' ik, -ál) वि० १. समुद्री डाकू संबंधी; २. डकती संबंधी। **piratically** क्रि० वि० बेईमानी या लूटेरेपन से।

pirogue (pi rōg') [F., as PIRAGUA] दे० PIRAGUA।

pirouette (pir ú et') [F., a whirligig, a top (cp. It. *piruolo*, top)] सं० पिरूएट, एक-पाद या एकांगुष्ठ नृत्य। क्रि० अ० एक पाँव या अँगूठे के बलना चना।

piscatory (pis' ka tor i) [L. *piscātorius*, from *piscātor*, fisher, from foll.] वि० मछेरों या मछली पकड़ने से संबंधित। **piscatorial** (pis ka tor i ál) वि० मछली पकड़ने का आदी या उसमे रस लेने वाला। **piscary** (pis' ka ri) सं० (Common of ~) दूसरे के पानी में मछली पकड़ने का अधिकार।

pisces (pis' ēz) [L., pl. of *piscis*, fish] सं० १. (बहु०) मछलियाँ; २. (ज्यो०) मीन, पिसीज या मीन राशि; ३. (प्राणि०) पिसीज (मत्स्य-वर्ग)। **pisciculture** (pis' i kŭl tyur) [CULTURE] सं० १. मत्स्य-संवर्धन, मछलियों पालना, मत्स्य-पालन* (वि० १ भी)। **pisciculural** वि० मत्स्य-संवर्धन संबंधी। **pisciculturist** सं० मत्स्य-पालक।

piscina (pi sē'-, si' nā) [L., as prec.] सं० १. (बहु० **-nas, -næ**) मत्स्य-ताल, पिस्किन, प्राचीन रोमन हमाम; २. (ईसाई धर्म) पिस्किन, पानी के निकास के लिए पत्थर का छेद वाला बर्तन।

piscine (pis' in) [as prec.] वि० मछली का, मछली संबंधी, (ज्यो०) मीन राशिवाला। **piscivorous** (pi siv' o rus) [-VOROUS] वि० मछली खाने वाला, मत्स्यभक्षी* (वि० १ भी)।

pisgah (plz gá) सं० पिज्गा, वह पर्वत जहाँ से मूसा को कैनान देश के दर्शन हुए। **~glance, prospect** (लो०) भविष्य की झलक या आशा।

pish (pish) [instinctive sound] वि० छी-छी, थू-थू, छीः, थूः, उफ़, ऊँह। क्रि० अ० छी-छी करना, थू-थू करना।

pishogue (pi shōg') [Ir. *piseog*] सं० १. जादू, टोना, जंतर, २. मोह-जाल।

pisiform (pī' si-, piz' i fôrm) [L *pisum*, pea,-FORM] वि० १. मटर के आकार का; २. गोलकास्थि* (वि० १ भी), कर्तुलिका* (आ० भी)। **~bone** कलाई की हड्डियों में से एक छोटी हड्डी।

pismire (pis' mīr) [PISS (with allu. to smell of an ant-hill), obs. *mire*, ant (cp. Dut. *mier*, E. Friv. *mire*)] सं० चींटी।

piss (pis) [O.F. *pissier* (F. *pisser*), prob. mult.] सं० पेशाब, मूत्र (अब सभ्य व्यवहार में नहीं आता)। क्रि० अ० १. पेशाब करना, मूतना; २. पेशाब के साथ खून आना; ३. पेशाब से भिगो देना। **pissed** वि० नशे में धुत।

pistachio (pis tā'-, -ta' shi-, -tach' ō) [It. *pistacchio* or Sp. *pistacho*, L. *pistācium*, Gr. *pistakon*] सं० १. पिस्ता; २. पिस्ते का वृक्ष, पिस्ताई रंग।

pistil (pis' til) [L *pistillum*, PESTLE] सं० गर्भकेसर, स्त्रीकेसर* (कृ०, वि० १ भी)। **pistillary** (pis' til a ri), वि० **pistillate, pistilliferous, pistilline** (pis' til in) वि० गर्भ-केसर संबंधी, स्त्रीकेसरी* (कृ० भी)।

pistol (pis' tol) [F. *pistole*, from *pistolet*, pistol, orig. dagger, It. *pistolese*, dagger, from *Pistoja*, where made] सं० पिस्तौल, तमंचा। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **pistolled**) पिस्तौल से मारना। **beyond ~shot** पिस्तौल की मार से परे। **within ~shot** १. पिस्तौल की मार के अंदर। **~grip** पिस्तौल का दस्ता।

pistole (pis tōl') [F., prob. from *pistolet*, perh. as prec.]

सं० (इति०) पिस्तौल, विदेशों में चालू सोने का सिक्का, (विशे० १८ शिलिंग के बराबर मूल्य का) स्पेनी सिक्का।

pistolgraph सं० पिस्टलग्राफ़, तुरंत फ़ोटो खींचने का यंत्र।

piston (pis' tŏn) [F., from It. *pistone*, var. of *pestone*, pestle, cogn. with *pestare*, from late L. *pistāre*, freq. of *pinsere*, to pound, see PESTLE] सं० १. पिस्टन* (ई० १, ३, वि० १ भी), चकली; २. फैलता हुआ वाल्व। **~rod** पिस्टन की छड़, पिस्टन-दंड* (ई० १, वि० १ भी); पिस्टन-रॉड* (ई० १ भी)।

pit (pit) [A.-S. *pyt* (cp. Dut. *put*, G. *pfutze*), L. *puteus*, well] सं० १. गड्ढा, गढ़ा, गर्तक* या गर्त (आ०, कृ०, मा० १, वि० १ भी); २. खात, खड्ड (जो खानों आदि में काम के लिए खोदा जाता है (जैसे chalk, clay, gravel, coal, saw, tan ~); ३. चोर-गड्ढा, अंध-कूप, जंगली जानवरों या शत्रुओं को फँसाने का छल-गर्त, ४. खोहर, खोखला (पशु, वनस्पति या अन्य किसी तल में); ५. दाग, निशान (जैसे चेचक के); ६. (रंगशाला में) बैठने की सब से घटिया जगह; ७. इस जगह बैठने वाले लोग; ८. (मोटर दौड़) कारों में पैट्रोल आदि डालने या उनके ठहराने का स्थान; ९. विशेष व्यवसाय के लिए नियत एक्सचेंज का भाग (जैसे wheat ~); १०. (कृ०) अप्ट*/गुठली*। क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **pitted**) १. (तश्तियां आदि को सुरक्षा के लिए) गड्ढे में रखना, खत्ते में रखना, (मुर्गे, कुत्ते आदि को) लड़ने के लिए उकसाना, २. (ला०) (किसी व्यक्ति को दूसरे से) भिड़ाना या लड़ाना, ३. निशान या गड्ढे बनाना (विशे० भू० कृ० रूप में)। **the ~ (of hell)**, नरक, नरक का गर्त। **cock ~**; १. पाले हुए मुर्गे लड़ाने का स्थान। २. वायुयान चालक के बैठने का स्थान। **dig a ~ for** १. किसी के लिए गड्ढा खोदना; २. किसी को छलने की योजना बनाना। **~ of the stomach** उदराद्रि, नीचे की पसलियों के बीच का गड्ढा। **~ fall** १. औगी, चोर-गड्ढा, बड़े जानवरों को पकड़ने के लिए ढका हुआ गड्ढा; २. (ला०) अज्ञात छल या आपत्ति। **~man** १. खनिक, खान-मजदूर; २. वह दण्ड या सन्धि जो मशीन के विभिन्न भागों को जोड़ें। ३. ध्वनिलिपि बनाने वाले यंत्र का आविष्कर्ता। **~pony** खान-टट्टू, वह टट्टू जो खान में काम करता है।

pit-a-pat (pit' ă pat) [imit.] क्रि० वि० १. पिट-पिट या धड़-धड़ करते हुए, धड़कते हुए; २. लड़खड़ाते हुए। सं० धड़-धड़, पिट-पिट, धड़कन की आवाज़।

pitch[1] (pich) [A.-S. *pic*, from L. *pix picis* (cp. Dut. *pek*, G. *pech*, Icel. *bik*)] सं० अलकतरा, राल, तारकोल, डामर* (ई० १, ३ भी)। क्रि० स० राल लगाना, पोतना। **~black, ~darkness** घुप अंधेरा। **~blende** (वि०) पिचब्लेंड, यूरेनियम का आक्साइड जो राल जैसी वस्तुओं में पाया जाता है। **~cap** तारकोली टोपी (जो उत्पीड़क-यंत्र के तौर पर प्रयुक्त होती थी)। **~pine** पिचपाइन (एक पेड़), पिच चीड़ (ई० ३ भी)। **~stone** तारकोल जैसी ज्वालामुखी की पुरानी चट्टान।

pitch[2] (pich) [M.E. *pichen,pykken*, etym. doubtful, perh. rel. to PICK][1] क्रि० स० और अ० १. (तंबू आदि) गाड़ना, लगाना, खड़ा करना; २. डेरे डालना, छावनी डालना या छाना; ३. (पांचे या किसी अन्य वस्तु को) व्यवस्था-पूर्वक सजाना, ४. (माल को मंडी आदि में बेचने के लिए) सजा कर या चुन कर रखना; ५. (सड़क पर) पत्थर जड़ना, प्रस्तरबंदी करना; ६. (संगी०) लय या बाजे का सुर निश्चित करना; ७. (ला०) किसी विशेष शैली में अभिव्यक्त करना; ८. गिराना, फेंकना; ९. (बेलों में चपटी वस्तु को) निशाने पर फेंकना; १०. (ला०) कहानी या गप्प सुनाना; ११. (गोल्फ़ में गेंद को) निशाने पर फेंकना; १२. ज़ोर से गिरना; १३. (जहाज़ का) लम्बाकार डुबकी लगाना। सं० १. (जहाज़ की) लंबाकार डुबकी; २. (क्रिकेट) गेंद फेंकने का ढंग; ३. (गोल्फ़ में ~shot भी) उछाल कर फेंका हुआ गेंद जो निशाने के पास गिरता है; ४. मंडी में बिक्री के लिए रखा हुआ माल; ५. वह स्थान जहां गलियों में घूमने वाला मदारी या घुड़दौड़ का शर्तबाज़ खड़ा होता है; ६. (क्रिकेट) पिच, विकेटों के बीच और आस-पास का स्थान, अंतराल; ७. वह ऊंचाई जहां से बाज अपने शिकार पर झपटता है; ८. (गुण की) कोटि, श्रेणी, दरजा; ९. (संगी०) स्वर की उत्तासता या तारत्व* (आ०, मा० २ भी), पिच,* (ई० १, ३ भी), थाह; १०. ढलान का दरजा, ढाल (ई० १३ भी); ११. (छत की ढलान के) झुकाव का दरजा; १२. (भूगर्भ०) असनति* (वि० १ भी); १३. (यां०) किसी मशीन या पेंच के सिलसिलेवार बिंदुओं या रेखाओं के बीच का अंतर (जैसे कंटिंहार पट्टियों के कांटों के बीच)। **fly high etc.** ~बहुत ऊँची उड़ान भरना (ला० भी)। **~and-toss** पिच और टॉस, एक खेल जिसमें सिक्के निशाने पर फेंके जाते हैं। **~in** (बोल०) ज़ोरशोर से काम शुरू कर देना। **~into** १. (बोल०) मुक्कों, गालियों आदि की बौछार करना; २. (किसी व्यक्ति या खाने पर) टूट पड़ना। **~on one's head** सिर के बल ज़ोर से गिरना। **~ed battle** घमासान युद्ध, घोरयुद्ध। **~-fork** सं० जेली, कौंटिया, दुकनी, तंगली। क्रि० स० १. कौंटिये से समेटना; २. (ला०) किसी को बलपूर्वक किसी कार्य या पद पर लगा देना। **~-pipe** मुंह से बजाई जाने वाली बाँसुरी जिससे सुर नियत करने में सहायता मिलती है। **~-wheel** दाँतदार पहिया जो दूसरे के साथ जुड़ा हुआ होता है। **~upon** अचानक चुन लेना।

pitcher[1] (pich' er) सं० १. (pitch के क्रियागत अर्थों में) गेंद फेंकने वाला खिलाड़ी (विशे० बेस-बाल में); २. खांचे वाला जो निश्चित स्थान पर कूदना लगाता है; ३. पिचर, फ़्रंचबंदी में प्रयुक्त होने वाला पत्थर।

pitcher[2] (pich' er) [M.E. and O.F. *picher*, med. L. *picārium*, *bicārium*, BEAKER] सं० १. घड़ा, मटका, गागर, सुराही; २. (बन०) कलश-पत्र, सुराही जैसा पत्ता। **little pitchers have long ears** छोटी सुराहियां, बड़ कान, बच्चे भी छुप कर बात सुन सकते हैं। **~-plant** १. पिचर पौधा, पिचर पेड़, ऐसा पौधा जिसके पत्ते सुराही जैसे होते हैं; २. घटपर्णी* (वि० १ भी)। **pitcherful** सं० घड़ा भर मटका भर।

pitchy (pich' i) वि० १. तारकोल का; २. तारकोल की तरह काला।

piteous (pit' ē us) क्रि० वि० दयनीय, शोचनीय। **piteously** क्रि० वि० दयनीय ढंग से। **piteousness** सं० दयनीयता।

pith (pith) [A.-S. *pitha* (cp. Dut. and Dan. *pit*)] सं० १. गूदा, मज्जा* (कृ०, वि० १ भी), नारंगी आदि के छिलकों का गूदा; २. रीढ़ का पट्ठा, पृष्ठ-रज्जु, ३. (ला०) सार, तत्त्व, निचोड़, सारांश (प्राय: ~ & marrow of); ४. बल, शौर्य, सत्ता, शक्ति, ५. (कृ०, वि० १ भी) पिथ*। क्रि० स० रीढ़ का पट्ठा काट कर पशु की हत्या करना। **of ~and moment** महत्वपूर्ण एवं सामयिक।

pithless वि० १. बिना गूदे का; २. सारहीन, तत्त्वहीन; ३. बलहीन; ४. सत्ता-हीन; ५. शक्ति-हीन, निःसत्त्व।

pithecanthrope (pith e kăn' thrōp) L. [Gr. *pithekos*,ape, *anthrōpos*, man)] सं० पिथेकैन्थ्रोप नर-वानर विकास-क्रम में बंदर और मानव के बीच की कल्पित कड़ी। **pithecoid** (pith' e koid) वि० बानर-सा।

pithy (pith' i) वि० १. गूदे का; २. गूदे-जैसा, गूदेदार; ३. सुगं-

तुला और प्रभावपूर्ण (कथन), सार-युक्त। **pithily** क्रि० वि० सार-पूर्ण, नपे-तुले ढंग से। **pithiness** सं० सारपूर्णता, नपा-तुला होना।

pitiable (pit' i ăbl) वि० १. दयनीय, कारुणिक; २. घृणास्पद। **pitiableness** सं० १. दयनीयता; २. घृणास्पदता। **pitiably** क्रि० वि० १. दयनीय ढंग से; २. घृणास्पद रीति से। **pitiful** वि० १. करुणामय, कृपानिधान; २. शोचनीय, दयनीय (वस्तु आदि); ३. घृणित, घृणास्पद। **pitifully** क्रि० वि० १. करुणापूर्वक; २. शोचनीय ढंग से; ३. घृणित रूप से। **pitifulness** सं० १. कारुणिकता; २. दयनीयता; ३. घृणास्पदता। **pitiless** वि० निर्दयी, कठोर-हृदय। **pitilessly** क्रि० वि० निर्दयता से। **pitilessness** सं० निर्दयता।

pitpan (pit' păn) [etym. doubtful] सं० पिटपैन, वृक्ष के तने को खोखला कर के बनाई हुई एक प्रकार की नाव जो मध्य अमरीका में प्रयुक्त होती है।

pittance (pit' ăns) [O.F. *pitance*, etym. doubtful, perh. from L. *pietas*, PIETY] सं० १. (इति०) किसी धार्मिक आश्रम को सदावर्त के लिए दान आदि; २. भत्ता; ३. पारिश्रमिक (प्रायः अत्यल्प जैसे a mere ~)। ४. कम संख्या या मात्रा।

pittize (pit' iz) सं० नाट्यशाला में सब से घटिया सीट पर बैठने वाला व्यक्ति।

pituitary (pi tū' itär i) [L. *pituitārius*, from *pituita*, phlegm] वि० १. पीयूषिका, श्लेष्मा संबंधी; २. श्लैष्मिक, कफोत्पादक, बलगमी **पीयूषिका*** (आ० भी)। **~gland, body** पीयूषिका, पीयूष ग्रंथि* (आ० २ भी)। **pituitrin** सं० १. पोष-काय द्वारा उत्पन्न रस; २. इस रस का मिश्रण (जो औषधि के रूप में प्रयुक्त होता है); ३. (आ०) पिट्यूइड्रिन*।

pity (pit' i) [O.F. *pitet*, L. *pietātem*, nom. *-tas*, PIETY] सं० १. दया, करुणा* (आ० २ भी), तरस; २. खेद-विषयक, शोक-प्रसंग। क्रि० स० (किसी के लिए) दया-भाव रखना, तरस खाना। **for pity's sake** भगवान के लिए। **more's the ~** यह और भी खेदजनक बात है। **take~on** (किसी पर) तरस खाना, दया करना। **pityingly** क्रि० वि० १. दया करते हुए, तरस खाते हुए; २. अनुकंपापूर्वक।

pityriasis (pit i rī' ă sis) [Gr. *pityriasis*, from *pityron*, bran] सं० (चिकि०) खाल का रोग जिसमें खाल से भूसी जैसे छिलके गिरते रहते हैं।

pivot (piv' ŏt) [F., perh. from It. *piva*, L. *pipa*, PIPE] सं० १. भ्रमण-धुरी, धुरी, धुराग्र* (आ०, वि० १ भी), कीलक* (वि० १ भी), चक्रनाभि; २. (सैन्य०) पंक्ति के सिरे का सिपाही जिसके चारों ओर फौजी दस्ता घूमता है; ३. (ला०) केंद्रीय बात या तत्त्व, आधारबिंदु। क्रि० स० और अ० १. धुरी लगाना; २. धुरी द्वारा जोड़ना; ३. धुरी पर घूमना; ४. (ला०) चारों ओर चक्कर काटना (प्रायः ~upon)। **pivotal** वि० १. धुरी का, केंद्रीय; २. (ला०) अत्यधिक महत्त्वपूर्ण; ३. (वि०) धुराग्रीय।

pixy (pik' si) [etym. doubtful] सं० परी जैसी स्त्री। **pixilated** वि० (बोल०) सनकी, सिरफिरा, खब्ती।

pizzle (piz' el) [cp. Flem. *pēzel*, L.G. *pesel*, Dut. *pees*, sinew] सं० (अब अप्रच०) किसी चौपाये का लिंग, विशे० बैल का जो प्राचीन काल में चाबुक का काम देता था।

placable (plā' kă bel, plăk' ă bel) [F., from L. *plācābilis*, from *plācāre*, to PLACATE] वि० १. आराध्य; २. मृदु; ३. क्षमाशील। **placability** सं० १. आराध्यता; २. मृदुता; ३. क्षमाशीलता। **placably** क्रि० वि० १. शीघ्र प्रसन्न होकर; २. मृदुतापूर्वक; ३. क्षमाशीलता से।

placard (plăk' ärd, plă kard') [O.F. *placard*, *plaquard*, from *plaquier*, Dut. *plakken*, to paste, to glue] सं० १. इश्तिहार, विज्ञप्ति-पत्र, पोस्टर*/ प्लेकार्ड* (वि० भी)। क्रि० स० १. (दीवारों आदि पर) पोस्टर लगाना; २. (माल की) इश्तहार-बाजी करना, विज्ञापन देना।

placate (plā kāt', plă' kāt, plā kāt') [L. *plācātus*, p.p. of *plācāre*] क्रि० स० १. शांत करना; २. संतोष दिलाना; ३. मनाना या पक्ष में कर लेना, (अब प्रायः अमरीकी) विपक्षियों को लोभ दे कर उनका विरोध नरम करना।

place (plās) [F., from L. *platea*, Gr. *platria*, a broad way, a street, orig. fem. of *platus*, flat, wide] सं० १. स्थान, जगह, ठिकाना, ठौर; २. नगर, कस्बा, गाँव आदि; ३. भवन-समूहों के नामों के साथ (जैसे Ely etc. ~)। ४. मकान, घर, निवास-स्थान; ५. भूमि समेत ग्राम-गृह; ६. भवन या स्थान (जो किसी विशेष कार्य के लिए नियत कर दिया गया हो (जैसे ~of amusement, worship); ७. किसी शरीर या तल पर विशेष या स्थान-विशेष; ८. (पुस्तक आदि का कोई) अंश या अवतरण; ९. दरजा, स्थिति, हैसियत; १०. (दौड़) दरजा या नंबर; ११. संख्या-क्रम में किसी संख्या का स्थान (जैसे calculated to 50 decimal places); १२. दलील या वक्तव्य के अंतर्गत बात का क्रम; १३. उचित या स्वाभाविक स्थिति (जैसे take your places); १४. (गाड़ी आदि में) सीट, गुंजाइश, समाई; १५. पद; १६. कार्य (विशे० सरकारी); १६. कार्य-भार, जिम्मेदारी। क्रि० स० १. (किसी वस्तु को) स्थान-विशेष पर रखना; २. (जीवों को) करीने से रखना; ३. (किसी व्यक्ति को) नियुक्त करना (विशे० पादरी); ४. (किसी के लिए) असामी ढूँढना, व्यवसाय का प्रबंध करना; ५. (धन) लगाना (व्यवसाय में); ६. ग्राहक को (माल) बेचना; ७. (किसी फर्म आदि के पास) माल का आर्डर देना; ८. विश्वास रखना, भरोसा करना (किसी व्यक्ति या बात पर); ९. स्थिति निश्चित करना, १०. स्थान निश्चित करना; ११ पूरी तरह पहचानना, १२. विभिन्न की परिस्थिति याद करना; १३. किसी वर्ग-विशेष में रख देना; १४. दौड़ में स्थितियाँ (प्रायः पहली तीन) की घोषणा; १५. (~kick) गेंद लगाना। **another ~** (लोकभाषा में प्रयुक्त) लार्ड-सदन (के लिए)। **be ~** पहले तीन में आ जाना। **in ~** उचित, संगत। **in ~ of** बजाय, के स्थान पर। **out of ~** अनुचित, असंगत। **give ~ to** १. (किसी के लिए) जगह बनाना; २. जगह देना। **take ~** घटित होना। **take the ~ of** १. किसी की जगह लेना; २. स्थानापन्न होना। **there is no ~for doubt** संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। **~brick** (हवा के रुख होने के कारण रह गई) अधपकी ईंट। **~kick** (फुट बाल) दूसरे खिलाड़ी द्वारा धरती पर टिकाए हुए बाल को लगाई हुई किक। **~man** सरकारी कर्मचारी, विशे० वह व्यक्ति जो किसी स्वार्थ के लिए ऐसे पद पर लगाया जाए।

placebo (plă sē' bō) [L., I shall please, 1st sing. fut. of *placēre*, to please] सं० १. प्लेसेबो, मृतक के लिए की गई प्रार्थना का प्रथम चरण; २. (चिकि०) औषधि जो रोग-नाश के लिए नहीं बल्कि रोगी को प्रसन्न करने के लिए दी जाए, कूट-भेषज* (आ० भी)।

placenta (plă sen' tă) [L., from Gr. *plakous plakounta*, contr. of *-ounta*, flat cake, from *plax*, flat plate] सं० १.

प्लेसेन्टा* (कृ०, ग्र० भी), जरायु, आंवल, गर्भ-पोष; २. (बन०) बीजांडासन, पुष्पकेसर का वह भाग जिसके साथ बीजांड चिपके रहते हैं; ३. (आ०, कृ० प्र०) अपरा*; ४. (कृ०) जेर*। **placental** वि० १. आंवल संबंधी; २. (आ०) अपरा*।

placer[1] (plā' sĕr) सं० १. पुस्तक के पृष्ठों को तह कर के रखने वाला (जिल्दसाज); २. भट्ठे में मिट्टी का बर्तन तपाने के लिए रखने वाला (कुम्हार); ३. रखने वाला या व्यवस्थित करने वाला।

placer[2] (plā' sĕr', plă thĕr') [Am. Sp. from *plaza*, PLACE] सं० १. जलोढ़*/अवसाद* (वि० ३ भी), बरेती, नदी आदि की घाटी में रेत, बजरी आदि की वह जिसमें मूल्यवान खनिज-कण पाए जाते हैं; २. प्लेसर* (वि० १ भी)।

placid (plăs' id) [F. *placide*, L. *placidus*, as prec.] वि० १. मृदु; २. शांत; ३. अक्षोभ्य, गंभीर। **placidity** मृदुता; २. शांतता; ३. अक्षोभ्यता। **placidly** क्रि० वि० १. मृदुता से; २. शांत भाव से; ३. गंभीरतापूर्वक।

placket (plăk' ĕt) [var. of PLACARD]सं० जेब, जीरा (विशे० वह जो स्त्रियों के लहँगे में होता है)। **~-hole** जेब का मुँह।

placoid (plăk' oid) [Gr. *plax plakos*, flat plate, -oid]वि० १. थाली के आकार के (छिलके); २. ऐसे छिलकों वाली (मछली); ३. (वि०१.) पट्टाभ*। **~scale** पट्टाभ शल्क* (वि० १ भी)। **~tooth** पट्टाभ दंत* (वि० १ भी)।

plagal (plā' găl) [med. L. *plagālis*, from *plaga*, perh. from med. Gr. *plagios*, orig. oblique, slanting, from Gr. *plagos*, side] वि० (संगी०) प्लैगल, (ईसाई रीति-गीतों में) उदात्त तथा सप्तक के बीच की मिश्र-ध्वनि।

plage (plazh) [F.] सं० समुद्र-तट (विशे० वह जो मनोरंजन-स्थल के तौर पर प्रयुक्त होता है)।

plagiarise (plā' ji ă rīz) [PLAGIARY, -IZE] क्रि० स० किसी के विचार, लेख, आविष्कार आदि को चुरा लेना, साहित्यिक चोरी करना। **plagiarism** सं० (विचार आदि की) चोरी, साहित्यिक चोरी। **plagiarist** सं० (विचारों आदि का) चोर, साहित्यिक चोर।

plagio- [Gr. *plagios*] यूनानी शब्द plagios (टेढ़ा, तिरछा) का समास में प्रयुक्त रूप। **plagiocephalic** (plā j' ō sē făl' ik) [CEPHALIC] टेढ़े सिर वाला, तिर्यक्-कपाल। **plagioclastic** (खनि०) तिरछी दरार वाले खनिज-पदार्थ। **plagiostome** वह मछली जिसका मुँह धोनी के नीचे तिरछा होता है।

plague (plāg) [O.F. *plage*, *plague*, L. *plāga*, a stroke, cogn. with *plangere*, to beat (cp. Gr. *plēgē*, blow, *plēssein*, to strike)] सं० १. विपत्ति, आफ़त, संकट, क्लेश (विशे० बैबी दद); २. (बोल०) उत्पात, तकलीफ़, कष्ट; ३. प्लेग*/ ताऊन* (आ० भी), महामारी (विशे० फिलीपीन्स)। क्रि० स० प्लेग होना, (बोल०) तंग करना, परेशान करना। **~on it** (दुरात्मीय) उसका बुरा हो। **~-spot** १. शरीर का वह भाग जिस पर प्लेग की गिल्टी हो; २. वह स्थान जहाँ प्लेग पड़ी हुई हो; ३. (आ०) अनैतिकता का स्रोत या चिह्न। **plaguesome** वि० परेशान करने वाला। **plaguy** (plā' gi) वि० और क्रि० वि० १.(बोल०) दिक करने वाला, सताने वाला; २. अत्यधिक दिक करते हुए; ३. अत्यधिक रूप से। **plaguily** क्रि० वि० परेशान करने के ढंग से।

plaice (plās) [O.F. *plois*, late L. *platessa*, prob. from Gr. *platus*, broad] सं० प्लेस, चपटी मूरीपीय मछली (जो खाने के काम आती है)।

plaid (plăd, plād) [Gael. *plaide*, cp. Ir. *ploid*] सं० प्लेड, ऊनी चारखाना, चारखानेदार ऊनी कपड़ा जिससे हाईलैण्ड-पोशाक बनती है। **plaided** वि० १. चारखानेदार; २. हाईलैण्ड-पोशाकधारी।

plain[1] (plān)[O.F., from L. *plānum*, nom. *plānus*, flat] वि० १. स्पष्ट; २. जाहिर, व्यक्त; ३. सादा; ४. सरल, आसान; ५. सीधा-सादा; ६. बे-सजावट (चित्र आदि); ७. बे-रंग; ८. सादा, बिना मसाले का (खाना); ९. सात्विक, सरल (जीवन); १०. स्पष्टवादी, खरा; ११. सहज, भोला-भाला; १२. सादा जीवन व्यतीत करने वाला; १३. कुरूप; १४. सपाट* (वि० १ भी)। क्रि० वि० साफ़-साफ़, स्पष्ट। सं० मैदान, मैदानी (गैर-पहाड़ी) प्रदेश। **be ~ with** (किसी को) खरी-खरी कहना। **~as a pikestaff** दे०PIKESTAFF। **~cards** सादे पत्ते (ताश में वे पत्ते जिनमें बादशाह, बेगम, गुलाम न हों)। **~-chant** एक प्रकार का मध्यकालीन संगीत जिसमें नियम का विशेष ध्यान नहीं रखा जाता। **~-dealing** स्पष्ट-व्यवहार, साफ़दिली। **~-sailing** १. आसान जहाजरानी; २.(आ०) आसान कार्य-विधि। **plainsman** मैदानी प्रदेश का रहने वाला आदमी। **~-spoken** स्पष्टवादी। **~-suit** सादा हाथ (जो तुरुप न हो)। **~-tile** साफ़ चपटी खपरैल। **plainly** क्रि० वि० १. स्पष्ट रूप से, साफ़ तौर से; २. बिना सजावट या रंग के। **plainness** सं० १. सादगी; २. स्पष्टता; ३. खरापन; ४. हमवारी; ५. साधारणता; ६. कुरूपता।

plain[2] (plān) [O.F. *plaign-*, stem of *plaindre*, L. *plangere*, to beat (the breast)] क्रि० अ० १. (काव्य०) शोक मनाना; २. शिकायत करना; ३. विलाप करना।

plaint (plānt) [O.F., from L. *planctus*, lamentation (with which O.F. *plainte*, from L. *plancta*, fem. p.p. of *plangere*, see prec., has been assim.)] सं० १. (विधि) वादपत्र, अभियोग आरोप; २. (काव्य०) विलाप, मातम; ३ शिकायत।

plaintiff (plān' tif) सं० अभियोक्ता, परिवादी, मुद्दई।

plaintive (plān' tiv) [O.F. *plaintif, -tive* (as prec., -IVE)] वि० १. शोकाभिव्यंजना*; २. शोकपूर्ण; ३. शोकाकुल। **plaintively** क्रि० वि० १. शोकपूर्ण ढंग से; २. शोकाकुल हो कर। **plaintiveness** सं० शोकपूर्णता, शोकाकुलता।

plait (plāt) [O.F. *ploit, pleit*, L. *plicitum*, p.p. of *plicāre*, to fold] सं० १. (अब प्राय: pleat) तह; २. शिकन, क्रीच; ३. पर्त, (अब विरल रूप से plait[2]) चोटी, चुटिया, वेणी* (मा० १ भी), बटा हुआ फ़ीता या बास। क्रि० स० १. तह लगाना; २. क्रीच बनाना; ३. (बालों या घास आदि को) बटना या गूथना।

plan (plăn) [F., var. of PLAIN[2]] सं० १. रेखा-चित्र (मकान आदि का), नक्शा*, प्लान* (इं० १, ३, वि० १ भी); २. (नगर, ज़िले आदि का) विवरणपूर्ण रेखा-चित्र, रेखांक* (विधि भी); ३. (कार्यवाही संबंधी) समय-सूची या स्थान-सूची; ४. प्रबंध-योजना; ५. योजना*/ आयोजना* (आ०, मा० १, ३ भी), (इं० १, ३, कृ०, मा० ३, वि० १ भी), रूप-रेखा; ६. कार्य-विधि, नियोजन* (मा० ३ भी); ७. काल्पनिक तलों में से कोई एक जो दृष्टि-पथ के लंबाकार हो और चित्र में दिखाई गई वस्तुओं के बीच में से निकले, ८. (इं० १, ३) अनुविक्षेप*। क्रि० स० और अ० १. (भूमि या खड़ी इमारत का) रेखा-चित्र बनाना; २. (इमारत बनाने से पूर्व) योजना-चित्र बनाना; ३. मुक्ति करना या निकालना; ४. तैयारी करना; ५. (कार्य-क्रम आदि) पूर्व-निश्चित करना; ६. योजनाएँ बनाना। **planless** वि० १. बिना योजना; २. पहले की तैयारी के बिना।

planch (planch) [F. *planche*, PLANK] सं० प्लैंक, धातु या पत्थर आदि की सिल, विशे० पकी हुई मिट्टी की सिल जो अनेमल करने में काम आती है।

planchet (plan' chēt) [dim. of prec.] सं० प्लैंशेट, धातु की तश्ती जिसके सिक्के बनते हैं।

planchette (plan shet') [F., dim. of *planche*, PLANK] सं० प्लैंशेट, एक तख्ती जिसमें दो पहियों पर उपधारित एक पैंसिल लगी होती है जो मुताअ्या का संदेश ग्रहण करने वाले (माध्यम) के स्पर्श मात्र से लिखने लगती है।

plane[1] (plān) [F., from L. *platanum*, nom. *-nus*, Gr. *platanos*: from *platus*, broad] सं० १. प्लेन, plantenus जाति का लंबा फैलावदार वृक्ष जिसके पत्ते हाथ की हथेली जैसे होते हैं। **~tree** इस जाति का वृक्ष।

plane[2] (plān) [F., from late L. *plāna*, as foll., whence *plānāre*, to plane, and F. *planer*] सं० १. रंदा* (इं० १ भी); २. धातु साफ करने का रंदा। क्रि० स० रंदा फेरना, रंदे से छीलना या साफ़ करना, (अभ०) समतल बनाना, हमवार करना। **moulding~** सांचे बनाने का रंदा। **smoothing~** (समतल या चिकना बनाने के काम आने वाला) रंदा। **trying~** दे० TRY।

plane[3] (plān) [L. *plānus*, flat, level (cp. PLAIN[1] in use in this sense till 17th cent.)] वि० १. पूर्णतः समतल, बिल्कुल हमवार; २. समतलीय (कोण, चित्र आदि)। सं० १. तल* (आ० भी), समतल* (इ० १, वि० १ भी), हमवार सतह; २. काल्पनिक समतल; ३. पतली और चपटी वस्तु (जैसे मेज की सतह या विमान की मेज जैसी छत), (बोल०) विमान; ४ स्फटिक के विभिन्न पहलू; ५. खान के अंदर प्रमुख मार्ग; ६. (ला०) स्तर (विचार, ज्ञान आदि का)। क्रि० अ० विमान में यात्रा या सैर करना। **~sailing** १. जहाज की स्थिति निर्धारित करना यह समझते हुए कि वह चपटी सतह पर चल रहा है; २. (ला०) सहज कार्य-पद्धति (अब प्रायः plain sailing)। **~table** १. प्लेन टेबुल, समतल-मापक, एक यंत्र जो नक्शे बनाने के लिए धरातल-पर्यवेक्षण में काम आता है। **plane table survey** क्रि० स० इस यंत्र से क्षेत्र का पर्यवेक्षण करना।

planet (plān' ĕt) [O.F. *planete*, late L. *planēta*, Gr. *planētēs* from *planan*, to lead astray, *planas thai*, to wander] सं० (इति) ग्रह*, नक्षत्र* (वि० १ भी), ऐसा आकाश-पिंड जो अपनी गति का आभास देता है, (विशे० फ० ज्यो०) वह जिसकी गति का प्रभाव व्यक्तियों और घटनाओं पर माना जाता है। सं० प्लैनेट, ईसाइयों के विशेष धार्मिक पर्वों पर पहना जाने वाला परिधान। **major planets** प्रधान-ग्रह (बुध, शुक्र, धरती, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस, वरुण, प्लूटो)। **minor planets** निम्न-ग्रह (इनके मार्ग मंगल और बृहस्पति के बीच हैं)। **primary planets** प्राथमिक ग्रह, वह जो सूर्य के गिर्द घूमते हैं। **secondary planets** गौण ग्रह, उपग्रह (satellites भी)। **~-struck, -stricken** व्याकुल, परेशान, आतंकित। **planetarium** सं० कृत्रिम नभोमंडल* (वि० १ भी), नक्षत्रशाला। **planetary** (plăn' ĕ tăr i) वि० १. ग्रहों संबंधी; २. अलौकिक; ३. सांसारिक; ४. घूमने वाला, अस्थिर; ५. डाँवाडोल; ६. (वि०) ग्रहीय। **~hour** दिन या रात का १/१२ भाग। **~influence** ग्रह-प्रभाव। **~motions** ग्रह-गति। **~system** (वि०) ग्रह-निकाय, ग्रह-व्यवस्था। **~wind** भूमंडलीय पवन* (वि० १ भी)। **planetesimal** सं० ग्रहाणु*। **~hypothesis** यह परिकल्पना कि ग्रहों की वर्तमान अवस्था अनेक ग्रहाणुओं के ठंडे होने का फल है, ग्रहाणु-परिकल्पना* (वि० १ भी)। **planetoid** सं० क्षुद्रग्रह* (वि० १ भी)।

plangent (plăn' jĕnt) [L. *plangens-ntem*, pres. p. of *plangere*, see PLAINT] वि० १. (ध्वनि) रोमांचकारी; २. प्रकंपनपूर्ण; ३. शोकाकुल; ४. निरंतर; ५. आग्रहपूर्ण। **plangency** सं० (आवाज का) रोमांचकारी, प्रकंपनपूर्ण, शोकाकुल, निरंतर या आग्रहपूर्ण होना।

plani- [L. *plānus*, PLANE[3]] सं० (समास में) १. हमवार, समतल; २. चपटा। **planimeter** (plă nim' ĕ tĕr) १. तलमापी, २. (वि०) क्षेत्रफल-मापी, प्लैनीमीटर। **planimetry** (plă nim' ĕ tri) धरातल-मापन। **planimetric,-al** धरातल-मापन संबंधी। **planipetalous** चौड़ी-चपटी पत्तियों वाला।

planish (plăn' ish) [F. *planiss-*, stem of *planir* (now *aplanir*), from *plan*, level, PLANE[2]] क्रि० स० १. चपटा करना; २. (सिक्के बनाने के लिए धातु के टुकड़ों को) चपटा करना; ३. (चित्र आदि पर) रोलर फेर कर पॉलिश करना। **planisher** सं० १. चपटा करने वाला (व्यक्ति); २. प्लेनिशर, चपटा करने का यंत्र।

planisphere (plăn' i sfēr) गोल तल का मानचित्र। **revolving~** रिवॉल्विंग प्लेनिस्फेयर, एक यंत्र जिसमें आकाश का वह भाग प्रकट होता है जो किसी विशेष समय या स्थान पर दिखाई देता है। **planispheric** गोल तल के मानचित्र संबंधी।

plank (plăngk) [O.North. F. *planke*, late L. *planca*, prob. cogn. with Gr. *plax plakos*, flat plate] सं० १. लकड़ी का तख्ता या तख्ती (मोटाई २ से ६ इंच, चौड़ाई ९ इंच या कुछ अधिक), पटड़ा, पटरी, पाटा*; २. राजनीतिक या अन्य कार्य-क्रम की एक मद। क्रि० स० १ तख्ते लगाना या बिछाना; २ तख्तों का फ़र्श करना; ३. तख्ती से ढकना, ४. (ग्रा०) (~down, रुपया-पैसा रख देना; ५. रुपया तुरंत अदा कर देना। **walk the~** (समुद्री डाकुओं के बंदियों आदि का) जहाज के पक्ष में बँधे तख्ते पर आँखें बाँध कर चलना। **~bed** बिना गद्दे का तख्ता (जो कारागार में कैदियों को सोने के लिए दिया जाता है)। **planking** सं० तख्ता-बंदी, सुहागा फेरना*, पाटा फेरना* (क्रि० भी)।

plankton (plăngk' tŏn) [G, from Gr. *plankton*, neut. of *plankinos*, wandering, from *plazesthai*, to wander] सं० १. (जीव०) प्लैंकटन, प्लवक* (आ०, वि० १ भी), तैरने जीव (ऐसे अति-सूक्ष्म जीव जो समुद्रों, नदियों, झीलों के पानी में तैरते मिलते हैं)।

plano- [*PLANO*[2]] लैटिन शब्द planum = समतल, चपटा) का समास में प्रयुक्त रूप। **planoconcave** (ऐसा लेन्स आदि) जिसका एक तल चपटा और दूसरा नतोदर हो, समनतलावनत* (आ० भी)। **planoconvex** (ऐसा लेन्स आदि) जिसका एक तल चपटा और दूसरा उन्नतोदर हो, समतलोन्नत* (आ० भी) **planometer** (pla nom' ĕ tĕr) समतल-मापक, प्लैनोमीटर।

plant[1] (plant) [A.-S. *plante*, L. *planta*, a sucker, shoot, or slip (in later senses from foll.)] सं० १. पौधा* (क्रि०, वि० १ भी), बूटा* (आ०, वि० १ भी), पादप, वनस्पति* (क्रि० भी); २. फ़सल; ३. विकास, उगना, बढ़ती; ४. स्थिति, दशा; ५. (उद्योग संबंधी) यंत्रोपकरण*, संयंत्र* प्लांट* (आ०, इ० १, २, वि० १ भी); ६. (ला०) मानसिक कार्य का यंत्र; ७. (योजनाबद्ध) ठगी, चोरी, छल। **in~**विकास में, उगता हुआ। **lose~** मर जाना, बुरझा जाना। **miss~** (बीज का) न फूटना, न उगना। **~louse** पौधों

का कीड़ा। **plantlet** सं० छोटा पौधा। **plantlike** वि० पौधा-सा पौधे जैसा।

plant[2] (plant) [A.-S. *plantian*, L. *plantāre*, as prec.] क्रि० अ० और स० १. (बीज) बोना, (पौधा या पेड़) लगाना; २. (अंकुर) जमाना, रोपित करना; ३. नदी, तालाब आदि में (मछलियों या उनके अंडे बढ़ने के लिए) छोड़ना; ४. (भूमि आदि में या पर) गाड़ना, जमाना; ५. (किसी को) नियुक्त करना (विशे० जासूसी पर); ६. (संप्रदाय, नगर, चर्च आदि) स्थापित करना, कायम करना, नींव डालना; ७. (किसी व्यक्ति को किसी स्थान पर) बसाना, आबाद करना; ८. (विचार आदि को) मन में जमाना, हृदयंगम करना; ९. (भूमि में) पौधे लगाना, वृक्ष लगाना या आबादी करना; १०. (घूँसा आदि) जमाना; ११. (आ०) (चोरी का माल) छिपाना; १२. दबाना, गाड़ना; १३. (ग्राहक को खरीदते समय धोखे में डालने के लिए) खान में (स्वर्ण-चूर्ण या कच्ची धातु) डालना; १४. षड्यंत्र रचना; १५. त्यागना, तजना, छोड़ देना। **~oneself** अपने आपको किसी स्थिति पर लगाना, स्थित होना। **~out** पौध लगाना, पौधे आदि को गमले से निकाल कर खुले स्थान पर लगाना। **plantable** वि० लगाने या उगाने योग्य।

Plantagenet सं० प्लेंटेजेनट, जाफरे (फाउन्ट आफ आंजू) द्वारा प्रस्थापित वंश का सदस्य, विशे० हैनरी द्वितीय से रिचर्ड तृतीय तक के अंग्रेज़ सम्राट्। वि० इस वंश संबंधी।

plantain[1] (plān' tān) [O.F., from L. *plantāginem*, nom. *-go*, prob. from *planta*, foot-sole, from the prostrate leaves] सं० प्लेंटेन, एक प्रकार की झाड़ी (विशे० Greater ~) जो धरती के साथ-साथ फैलती है।

plantain[2] (plān' tān) [Sp. *plantano*, *platano*, L. *plantanus*, PLANE][1] सं० १ केले का वृक्ष, २. केला* (आ० भी) (फल); ३ (आ०) करनी*।

plantar (plān' tär) [L. *plantāris*, from *planta*, foot-sole] वि० १. (श० वि०) पाँव के तलवे का, २. पदतल-* (आ० भी)।

plantation (plān tā' shun) [l. *plantātio*, *a*. PLANT][2] सं० १. बगीचा, बाग*, बागान* (कृ० भी), बाड़ी, खेती; २. भूमि या जायदाद जिस पर कपास, तंबाकू आदि बोए जाते हैं (पहले यह कार्य गुलामों द्वारा कराया जाता था); ३ (इति०) आबादकारी, उपनिवेश। **~agriculture** रोपण-कृषि* (वि० १ भी)। **~song** खेत-गीत (विशे० वह गीत जो हब्शी गुलाम अमरीकी उपनिवेश-खेतों पर काम करते समय गाते थे)।

planter (plan' tėr) सं० १. कृषक, किसान, खेतिहर, २. (आयरलैण्ड में) वह अंग्रेज़ आबादकार जो १७ वीं शताब्दी (१९ वीं शताब्दी) में अपहृत भूमि पर बसे या बसाए गए, आबादकार, अंग्रेजों के मालिक (विशे० गरम देशों के अंदर); ३. प्लांटर, रोपण-यंत्र, बोने का यंत्र। **plantership** सं० कृषिकारिता, किसानी, बाग़ का मालिक होना।

plantigrade (plān' ti grād) [F. (L. *planta*, sole, *-gradus* walking)] वि० और सं० १. तलवों के बल चलने वाला (पशु); २. पूरा तलवा धरती पर रख कर चलने वाला (मनुष्य); ३. (वि० १) पादतलचारी*।

plantocracy सं० कृषक-शासन, वेस्ट-इंडीज आदि में सफल आबादकार-वर्ग।

planuty (plāngk' sti) [etym. unknown] सं० (आयरिश संगी०) कूट-राग।

plaque (plak) [F., see PLACK] सं० १. धातु या चीनी मिट्टी की (सादी या अलंकृत) तख्ती; २. अवैतनिक पद का सूचक बिल्ला; ३. (चिकि०) दाद, दद्रु, चकत्ता* (आ० भी)। **plaquette** (pla ket') सं० छोटी तख्ती या पट्टी।

plash[1] (plāsh) [A.-S. *plæse* (cp. Dut. and L.G. *plas*) prob. cogn. with foll.] सं० १. दलदल; २. जोहड़, डबरी, तलैया। **plashy** वि० १. दलदली, कीचड़ भरा; २. डबरी-युक्त।

plash[2] (plāsh) [prob. imit., cp. Dut. *plassen*, G. *platschen*, Swed. *plaska*] क्रि० स० और अ० १. छपकना, छप-छप करना, चंचोलना; २. छींटे उड़ाना। सं० डुबकी का स्वर, छपछपाहट। **plashy** वि० १. छप-छप करने वाला; २. छींटे उड़ाने वाला (क्रिया आदि)।

plash[3] (plāsh) [O.F. *plessier*, *plassier*, to PLEACH] क्रि० स० १. (टहनियाँ) झुका कर बाड़ बनाना; २. इस प्रकार की बाड़ को ठीक करना।

plasm (plăzm) [late L. and Gr. *plasma*, from *plassein* to mould] सं० १. जीवनाणु; २. जीवन-रस, प्राण-रस। **plasma** सं० १. हरा स्फटिक या बिल्लौर; २. रक्तरस; ३. दुग्धरस; ४. लसिका, ५. जीवनाणु, जीवन-रस, जीव-द्रव्य*; प्लैज्मा* (आ०, वि० १, २ भी); ६. वि० प्लाविका* (आ० भी)। **plasmatic** रक्त-रस, दुग्ध-रस या लसिका संबंधी। **plasmic** (plăz' mik) वि० जीवन-रस संबंधी। **plasmodium** सं० (जीव०) प्लाज्मोडियम* (आ० भी). अमीबाभ-कोशिकाओं का समूह। **plasmolyse** (plăz' mō liz) सं० १ रक्त-रस का सूखना, प्रोटोप्लाज्म का सिकुड़ना; २. जीवद्रव्याकुंचन* (वि० १ भी)। क्रि० स० रक्त-रस सुखाना, प्रोटोप्लाज्म सिकुड़ाना।

plaster (plas' ter) [A.-S. from L. *emplastrum*, Gr. *emplastos*, *emplaston*, from *emplassein*, to daub on (EM-, *plassein* to mould)] सं० १. फाया; २. पट्टी*/पलस्तर*/प्लास्टर* (आ०, ई० ३ भी), लेप; ३. गच, दीवारी पलस्तर, सफ़ेदी। क्रि० स० १. (दीवार आदि पर) पलस्तर करना, लेप करना, अस्तरकारी करना, गच करना; २. (ला०) अत्यधिक प्रशंसा आदि) करना, ३. पलस्तर लगाना या चढ़ाना; ४. फाया लगाना, ५. (हास्य०) बदला चुकाना (मार, चाय आदि का); ६. बिखेरना (धरती पर पलस्तर की तरह); ७. शराब की तेज़ी कम करने के लिए खड़िया मिलाना। **~of Paris** पेरिस का पलस्तर (नफ़ेद खड़िया का पलस्तर जो सीमेंट के तौर पर भी प्रयुक्त होता है), पेरिस-प्लास्टर* (वि० १ भी)। **sticking-~** चिपकने वाला पलस्तर। **plasterer** सं० पलस्तरकार, पलस्तर करने वाला, गचकार। **plastery** वि० पलस्तरी, पलस्तरदार।

plastic (plās' tik) [L. *plasticus*, Gr. *plastikos*, as prec.] वि० १. (मिट्टी, मोम आदि) ढालने वाला, ढालने योग्य; २. प्राकृतिक आकृतियाँ विकसित करने वाला; ३. अमूर्त को मूर्त करने वाला; ४. साँस में ढला हुआ; ५. (ला०) लचीला, लचकीला, नरम, नम्य, नमनीय; ६. (जीव०) सजीव तंतु बनाने योग्य; ७. ऐसे तंतु बनाने की प्रक्रिया संबंधी (भी); ८. सुश्लिष्ट* (आ०, ई० २, मा० २, वि० १ भी); ९. प्लैस्टिक* (आ०, ई० २, मा० २, वि० १ भी)। **~arts** मूर्तियाँ बनाने की कलाएँ (जैसे मूर्ति-कला)। **~bronchitis** दमे का रोग (चिपकन वक्षसंबंधी)। **~clay** (भूवर्ण०) तीसरी पर्त का मध्य-भाग। **~surgery** प्लास्टिक सर्जरी, शरीर की बनावट के दोष दूर करने के लिए शल्य-क्रिया। **plastically** क्रि० वि० १. ढालने की दृष्टि से; २. (ला०) नमनीयता से; ३.

आकार देते हुए। **plasticity** सं० १. डक्तशीलता, नमनीयता; २. बुधद्दमा*/ प्लैस्टिकता* (आ०, इ० ३, कु०, मा० २, वि० १ भी); ३. (रूप) परिवर्तन-क्षमता* (मा० ३ भी)।

Plasticine (plăs' ti sēn) सं० प्लैस्टिसीन* (वि० ३ भी), प्लास्टिसाइन, एक प्रकार की नमनीय वस्तु जो स्कूल के बच्चों द्वारा मिट्टी के स्थान पर ढाल कर चीजें बनाने के काम आती है।

plastics (plăs' tiks) सं० (बहु०) प्लास्टिक, राल आदि पदार्थों का एक मिश्र द्रव्य जिसको किसी भी आकार में ढाला जा सकता है।

plastron (plăs' tron) [F., from It. *piastrone*, from *piastria*, breast-plate, see PLASTER] सं० १. चर्मी वक्षस्त्राण, चर्मी कवच (जो पट्टेबाज या तलवार चलाने वाले छाती पर पहनते हैं); २. नेजेबाज अश्वारोही का वक्षावरण; ३. स्त्रियों की चोली का सामने वाला (अलंकृत) भाग; ४. पुरुष की कमीज का कलफदार आगे का भाग; ५. कछुवे आदि का उदर भाग, अन्य पशुओं का यह भाग, ६. (इति०) इस्पाती कवच; ७. अचर वर्म*/ फ्लैस्ट्रन* (वि० १ भी)।

plat[1] [var. of PLOT] सं० प्लाट, मैदान, भूखंड। **grass**~ घास का मैदान।

plat[2] (plăt) दे० PLAIT।

platan (plăt' ăn) [L. *platanus*, PLANE[1]] सं० चिनार (वृक्ष)।

plate (plāt) [O.F., fem. of *plat*, flat, perh. from Gr. *platus*, broad] सं० १. (धातु आदि का) पत्रा, पत्र, पट्टिका*/ पट्ट* (आ०, इ० १, २, ३, कृ०, मा० १, वि० १ भी), पट्टी; २. यंत्र-पत्रक; ३. चित्रांकन-पत्रक, इससे बना चित्र; ४. नाम आदि की तख्ती (किसी चीज पर लगाने के लिए); ५. फ़ोटोग्राफ़ी की प्लेट, धातु या शीशे का टुकड़ा जिस पर प्रभावशील फ़िल्म चढ़ी हो, ६. मुद्रण-पट्टिका, मुद्रण के लिए टाइप की हुई तख्तियाँ; ७. लेटवाँ शहतीर या बल्ली (जैसे roof, wall, window ~); ८. (~rail भी) रेल की पटरी का प्राचीन रूप; ९. (समूह०, एकव०) चाँदी, सोने या अन्य धातु की बर्तन खाने की मेज (अन्य बरतनों समेत): १०. दौड़ (प्रायः घुड़दौड़) में जीतने पर मिलने वाला सोने या चाँदी का कप; ११. घुड़दौड़; १२. तश्तरी* (मा० १ भी), रकाबी, प्लेट* (आ० इ० १, २, ३, कृ०, वि० १ भी), थाली, इसमें रखी सामग्री (जैसे a ~ of strawberries), ऐसा ही भिक्षा-पात्र, १३ नकली दाँतों की आधार-प्लेट जो किसी प्लास्टिक पदार्थ से बनाई जाती है। क्रि० स० १. (सुरक्षा या सजावट के लिए) चादरें चढ़ाना या मढ़ना (विशे० जहाज पर); २. खोल चढ़ाना, मूलम्मा चढ़ाना, ३ मुद्रण-पट्टिका तैयार करना। **half**-~ आधी प्लेट, $6\frac{1}{2} \times 8\frac{1}{2}$ इंच की फ़िल्म-प्लेट। **home**-~ बेस-बाल में बल्लेबाज की जगह। **quarter**-~ चौथाई प्लेट $4\frac{1}{4} \times 3\frac{1}{4}$ इंच की फ़िल्म-प्लेट। **selling**-~ वह घुड़दौड़ जिसमें जीतने वाले घोड़े को निश्चित मूल्य पर बेचना पड़ता है। **whole**-~ पूरी प्लेट, $6\frac{1}{2} \times 8\frac{1}{2}$ इंच की फ़िल्म-प्लेट। ~-**basket** छुरी, काँटे आदि रखने की टोकरी। ~-**glass** बढ़िया मोटा शीशा जो दुकानों की खिड़कियों में लगाया जाता है। ~-**layer** रेल की पटरी जमाने या मरम्मत करने वाला। ~-**mark** मुद्रण के पश्चात् रहे हुए प्लेट के निशान। ~-**marked mount** फ़ोटो जड़ने के लिए फ्रेम। ~-**powder** खाने के बरतन साफ़ करने का चूर्ण। ~-**rack** लकड़ी का चौखटा जिस पर प्लेटें आदि धो कर सुखाने के लिए रखते हैं। **plate ful** कि० तश्तरी भर। **plateless** वि० बे-तश्तरी। **plating** सं० १. प्लेटिंग*/ प्लेट-मढ़ना*/ प्लेटी* (कृ० भी); २. पानी चढ़ाना*/ लेपन*/ मंडन*/ (मा० १ भी); ३. पट्टन*, विद्युत-लेपन* (इ० ३, वि० १ भी); ४. (क्रियागत अर्थों में विशे०) सोने, चाँदी आदि का पानी या खोल; ५. इनामी-दौड़।

plateau (plă tō') [F., dim. of *plat*, a platter, a dish, orig. flat, as prec.] सं० १. (बहुव०-**eaux**) प्लेटो, पठार* (इ० १, मा० २, वि० १ भी), ऊँची समतल भूमि, अलकृत रकाबी या ट्रे; २. अलंकार-फलक; ३. प्लेटो, स्त्रियों की टोपी जो ऊपर से चपटी होती है; ४. (आ०) अधिस्फा*; ५. माल भूमि* (इ० १ भी)।

platen (plăt' ĕn) [M.E. *plateyne*, O.F. *platine*, from *plat*, flat, as prec.] सं० १. प्लैटन* (इ० १ भी), छापे की मशीन में दाब देने वाली तख्ती; २. टाइप-मशीनों में ऐसी ही तख्ती, पीडक पट्ट* (इ० १ भी)।

plater (plā' tĕr) सं० १. मुलम्माकार, कलईगर; २. पत्तरकार; ३ जहाज की चादरें चढ़ाने या बनाने वाला; ४. दौड़ का घटिया घोड़ा जो केवल इनाम के लिए दौड़ में भाग लेता है।

platform (plăt' form) [F. *plateforme*, a model, a ground plan *'plat*, flat, see PLATE, FORM)] सं० १. चबूतरा, चौतरा पड़ा, २ (रेलवे) प्लेटफ़ार्म* (वि० १ भी); ३. मंच* (मा० १ भी), वेदी* (वि० १ भी); ४. (ला०) किसी राजनीतिक दल का आधारभूत सिद्धांत, कार्य-क्रम या चुनाव-घोषणापत्र; ५. चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा। क्रि० स० और अ० १. चबूतरे पर रखना; २ मंच पर बिठाना; ३. भाषण देना। **the** ~ (ला०) मंच से दिया गया भाषण।

plating दे० PLATE।

power (pou' ér) [M.E. and O.F. *poër* (F. *pouvoir*), late L. *potēre*, from L. *pot-*, stem of *posse*, to be able] सं० १. कार्यक्षमता, काम करने का माद्दा (जैसे will do all in my ~), मन और शरीर की विशेष शक्ति (जैसे taxes his ~); २. ताक़त, बल, ओज; ३. क्रियाशील गुण (जैसे has a high heating ~); ४. शासन, सरकार, प्रभाव, अधिकार, प्राधिकार (over के साथ प्रयुक्त); ५. नियंत्रण, निजी प्रभुत्व (over के साथ प्रयुक्त), राजनीतिक प्रभुत्व (जैसे the party now in ~); ६. प्राधिकृति, प्रत्यायक्त प्राधिकार (जैसे a bill to extend & define their powers); ७. प्रभावशाली व्यक्ति, वस्तु और निकाय (संघ) (जैसे the press had not become a ~ in the State). गठित प्राधिकारी वर्ग, अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव रखने वाला राज्य; ८. देवता (जैसे merciful powers); ९. (अशि०) बड़ी संख्या या मात्रा (जैसे saw a ~ of people); १०. (गणि०) घात* (इ० २ भी), किसी संख्या को स्वयं में तीन या दस बार गुणा करने पर आने वाला गुणनफल; ११. शक्तियंत्र, वह यंत्र जिसमें कलों आदि में शक्ति पहुँचायी जाती है; १२. यांत्रिक शक्ति (विशे० गुण०, जैसे ~-lathe, ~-loom); १३. वहनशक्ति, विद्युत्-शक्ति उत्पन्न करने की सामर्थ्य (विशे०, जैसे horse-~); १४. शीशे की (छोटी वस्तु को बड़ा कर के दिखाने की) क्षमता, १५ सामर्थ्य*, क्षमता*, शक्ति* (आ०, विधि, वि० १ भी)। **~ of attorney** दे० ATTORNEY। **horse-power** दे० HORSE। **horse powered** वि० अश्व-शक्ति का। **~dive** सं० (विमान का) बिना इंजन बंद किए लगाया गया गोता। क्रि० अ० बिना इंजन बंद किए गोता लगाना। **~politics** बलप्रयोग की धमकी पर आधारित राजनय। **~-station** बिजलीघर, शक्तिउत्पादन-स्थान। **powerful** वि० बलवान, शक्तिशाली (जैसे ~ grasp, horse, mind, ally, book, speech, ordour)। **powerfully** क्रि० वि० शक्तिशाली रूप में। **powerless** वि० निर्बल, प्रभावहीन। **powerlessly** क्रि० वि० निर्बलता से, अशक्तता से। **powerlessness** सं० अशक्तता, निर्बलता।

powwow (pou' wou) [N. Am. Ind.] सं० १. पाउवाउ, उत्तरी अमरीका के आदिवासी चिकित्सक या ओझा; २. जादुई समारोह, उत्तरी अमरीका के आदिवासियों का समारोह, (अमरीकी) राजनीतिक या दूसरे समारोह, (ला०) सैन्य-ब्यूह-निर्धारणार्थ अधिकारियों का समारोह। क्रि० अ० और स० १. व्यावहारिक चिकित्सा करना, ओझाई करना, सोलझनी करना; २. राय-मशविरा या वाद-विवाद करना, ३. जादू, मंत्र-तंत्र से इलाज करना।

pox (poks) [pl. of POCK] सं० (बोल०) उपदंश, गरमी, स्फोट* (आ० भी)। **chicken-~** दे० CHICKEN। **cow~** दे० COWPOX। **small~** दे० SMALL।

praam दे० PRAM[2]।

practicable (präk' ti ká bèl) [F. *practicable*, from *practiquer*, to PRACTISE, assim. to foll.] वि० १. व्यवहार्य, साध्य; २. (मार्ग, राह, रपटा) जाने योग्य; ३. (नाट्यशाला में खिड़की आदि) वास्तव, असल। **practicability**, **practicableness** सं० साध्यता, व्यवहार्यता, व्यावहारिकता। **practicably** क्रि० वि० वास्तव में, असल में।

practical (prăk' ti kăl) वि० १. वास्तविक, व्यावहारिक, क्रियात्मक (तुल० सैद्धान्तिक); २. उपयोगी, लाभप्रद; ३. (परिकल्पनाशील न हो कर) कार्यप्रवृत्त। ~ joke दे० JOKE। **practically** क्रि० वि० व्यावहारिक रूप से, वास्तव में, वस्तुतः। **practicality, practicalness** सं० व्यावहारिकता।

practice (prăk' tis)[prob. from PRACTISE] सं० १. अभ्यास* (मा० २ भी), अभ्यासगत कार्य या कार्य-प्रणाली (जैसे naval~, the~of advertising, makes a~of cheating); २. कार्य-प्रणाली, वैधानिक प्रक्रिया की रीति, विधि, पद्धति* (विधि भी); ३. आदत, आचार, प्रयोग, आचरण* (मा० २ भी), व्यवहार* (मा० १, २ भी) (जैसे has been the regular~); ४. अभ्यास, प्रैक्टिस, अनुशीलन-काल, अभ्यास-काल (जैसे ball, target~); ५. वकील, डॉक्टर आदि की व्यावसायिक वृत्ति या संबंध (जैसे has a large~, sold his~); ६. (गणि०) व्यवहारगणित। **in**~ व्यवहार रूप में, क्रिया रूप में, प्रयोग में। **is good**~ इनसे कौशल में वृद्धि होती है, यह निपुणता बढ़ाता है। **out of**~ निष्प्रवृत्त, अव्यवहृत, व्यवहार या प्रयोग में न आने वाला। **put (plan, method) in(to)**~ योजना, पद्धति को पूर्ण बनाना। **practician** (prăk tish' ăn) सं० कर्मचारी, कर्मकार, कामगर, व्यवसायी, वृत्तिक।

practise (prăk' tis) [O.F. *practiser* (F. *pratiquer*), med. L. *practicāre*, from *practica*] क्रि० स० और अ० १. काम में लाना, कार्यान्वित करना, २. (पेशा या वृत्ति) करना, अख्तियार करना; ३ (कला या वाद्य आदि का) अभ्यास करना (जैसे ~the flute, the piano, music, running); ४. (किसी कार्य या विषय में स्वयं को) अभ्यस्त करना। **practising doctor, barrister** चिकित्सक या वकालत की वृत्ति करने वाला (मात्र उपाधिधारी या निवृत्ति प्राप्त नहीं)। ~**(up) on** (किसी व्यक्ति या उसके भोलेपन, सौजन्य आदि से) फायदा उठाना। **practised** वि० अभ्यस्त।

practitioner (prăk tish' on ĕr) सं० व्यवसायी, कर्मी (विशे० औषधि का)। **general**~ सर्वचिकित्सक जो औषधि और शल्य दोनों का ही ज्ञान रखता हो और दोनों प्रकार की चिकित्सा करना हो।

pra-, pre- [L. *pre*, before] उप० पूर्व अर्थवाची उपसर्ग (कुछ शब्दों के पहले लगाया जाता है)। **præcocial** (pre kō' shi ăl) [L. *præcox cacis*, -AL] वि० (पक्षी) जिनके बच्चे अंडे से निकलते ही अपने आप दाना चुगने योग्य हो जाते हैं।

prætor (prē' tŏr) [L., for *præitor*, from *præire* (PRÆ-, *ire*, to go)] सं० १. (रोम० इति०) (मूलत) प्रायटर, रोम दण्डाधिकारी जो सेनापति भी हो; २ (बाद में) प्रायटर; ३. प्रति वर्ष निर्वाचित अधिकारी जो दण्डाधिकारी का काम भी करता हो; ४. (रोमन मैजिस्ट्रेट) प्रेटर* (मा० १ भी)। **prætorial** वि० प्रायटरीय। **prætorian** वि० प्रायटर-संबंधी, रोम के सेनापति या सम्राट् के अंगरक्षक संबंधी। सं० प्रायटर-पदासीन व्यक्ति, अंगरक्षक। **prætorship** सं० प्रायटरपद।

pragmatic(prăg măt' ik) [F. *pragmatique*, L. *pragmaticus*, Gr. *pragmatikos*, from *pragma pragmatos*, deed, from *prassein*, to do] वि० १. हस्तक्षेपी, दूसरे के काम में टाँग अड़ाने वाला, अनधिकार चेष्टा करने वाला, दखल देने वाला; २. हठवादी, दांभिक; ३. उपयोगवाद संबंधी; ४. ऐतिहासिक तथ्यों को उनकी उपयोगी शिक्षाओं के संबंध से निरूपित करने वाला; ५. राजविषयक, राज-काज संबंधी; ६. संज्ञासंज्ञात् मीमांसा* (मा० २ भी)। ~**sanction** राजकीय स्वीकृति, राजकीय अध्यादेश (विशे० चार्ल्स षष्ठ का वह अध्यादेश जिसके द्वारा सन् १७२४ ई० में आस्ट्रेलिया के शासन में उत्तराधिकार का मामला तय कर दिया गया था)। **pragmatality, pragmaticalness** सं० १. हस्तक्षेप; २. दम्भ; ३. ऐतिहासिक तथ्यों को उनकी उपयोगी शिक्षाओं से निरूपित करना, उपयोगज पिता। **pragmatically** क्रि० वि० हस्तक्षेप करते हुए।

pragmatism (prăg' má tizm) सं० १. हस्तक्षेप, पांडित्य-प्रदर्शन; २. यथानव्यवाद, दम्भ, दर्प, दांभिकता; ३. (दर्शन०) उपयोगवाद, उपयोगितावाद, वह दार्शनिक मत जिसके अनुसार सिद्धान्तों की सत्यता का निर्णय वस्तुओं तथा तथ्यों के आधारहीन परिणामों के आधार पर होता है; ४. अर्थक्रियावाद*/ व्यावहारिकतावाद* (मा० २ भी)। **pragmatize** क्रि० स० १. वास्तविक बताना, सत्य का आभास कराना; २.(पौराणिक कथाओं को) युक्ति-संगत बताना, बुद्धि-संगत बनाना। **pragmatist** सं० उपयोगितावादी। **pragmatistic** वि० उपयोगवादी का सा, उपयोगवाद संबंधी।

prairie (prăr' i) [F., through a pop. L. *prātāria*, from L. *prātum*, meadow] सं० घास का विस्तृत मैदान। (वि० १) प्रशाद्वलमृदा*, प्रेअरी*। ~**-chicken, -hen** उत्तरी अमरीकी पक्षी। ~**-dog** श्वमूषक, उत्तरी अमरीकी चूहा जो कुत्ते की तरह भूँकता है। ~**oyster** कच्चा अंडा जो खड़ा निगल लिया जाय। ~**-schooner** पूर्वकाल में निर्वासितों को मैदान पार कराने की एक सफेद गाड़ी।

praise (prāz) [M E. *preiser*, O.F. *preitier*, late L.*pretiāre*, from L. *pretium*, price, value, cp. PRICE] क्रि० स० १. प्रशंसा करना, सराहना, गुणगान करना; २. स्तुति करना, वंदना करना, यशोगान या कीर्तिगान करना। सं० १. प्रशंसा, श्लाघा, सराहना; २. स्तुति, यशोगान, वंदना। **praiseful** वि० प्रशंसा भरा, स्तुतिपूर्ण। **praisefulness** सं० प्रशंसापूर्णता। **praiseworthy** वि० १. प्रशंसनीय, प्रशंसा हुं, श्लाघनीय, सराहनीय; २ वंदनीय, स्तुति-योग्य। **praiseworthily** क्रि० वि० प्रशंसनीय ढंग से, श्लाघनीय रूप में। **praiseworthiness** सं० प्रशंसनीयता, श्लाघनीयता।

Prakrit (prá krit) [Sansk *prākrta*, natural, vulgar] सं० प्राकृत, उत्तर और मध्य भारत की भाषा जिसका विकास संस्कृत के साथ-साथ लोक-भाषा के रूप में हुआ।

praline (pra' lēn) [F.] सं० प्रेलाइन, चाशनी में मेवों को पाग कर बनने वाली मिठाई, मेवा-पागदी।

pram (prăm) सं० १. (बोल०) बच्चा-गाड़ी, बच्चों की (धमाने वाली) गाड़ी, २. दूध वालों का छकड़ा, ठेला।

prance (prans)[etym. doubtful, perh rel to PRANK*] क्रि० अ० और स० १ (घोड़े के लिए) कुदान भरना, कुदक कर चलना; २. (घोड़े को) कुदकाना, ३ (ला०) इतरा कर चलना इतराना। सं० कुदक, कुदान।

prandial (prăn' di ăl) [L. *prandium*, breakfast] वि० (हास्य०) भोज-संबंधी, भोजीय, भोजन संबंधी।

prang (prăng) [onomat.] क्रि० स० (वायुसेना, ग्रा० लक्ष्य पर) सफलतापूर्वक बम गिराना।

prank[1] (prăngk) [M.E. *pranken*, cp. G. *prangen*, to make a show, Dut. *pronken*, G. *prunken*, to make a show of; also Eng. PRINK] क्रि० स० और अ० १. सजाना, सज्जित

करना; २. अलंकृत करना, विभूषित करना, सजाना; ३. साजबाज करना, सँवरना, बनना-ठनना, बनाव-सिंगार करना।

prank[2] (prăngk) [etym. unknown] सं० १. इठलाना, चुहल, कूदफाँद, अठखेलियाँ, परिहास, मजाक; २. (ला०) डामडौल, भड़भड़ आदि (मशीन की)। **prankful, prankish** वि० चुहल से भरा, अठखेलियों से युक्त। **prankishness** सं० इठलाहट, चुहलबाजी।

prase (prāz) [F., from L. *prasius*, Gr. *prasios*] सं० हरित-स्फटिक, संदमी हरे रंग का पारदर्शक स्फटिक।

prate (prāt) [M.E. *pralen*, cp. Dut. *praten*, Dan. *prate*, Swed. *prata*] क्रि० अ० और स० १. चहकना, पटर-पटर करना; २. बकबक करना, चकचक करना, बड़बड़ करना, जल्पन करना, बेहूदा बात करना; ३. बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहना। सं० बड़बड़, चकचक, जल्पन, बकवाद। **prater** सं० बकवादी, चकचक करने वाला। **prating** सं० बकबक, चकचक, आदि।

praties सं० आलू।

pratincole सं० वैसने और आवतों में अबाबीलों की तरह और बड़े करवाचक से मिलती-जुलती चिड़िया।

prattle (prăt'tl) [freq. of PRATE] क्रि० अ० और स० अनाड़ियों के या बहके-बहके ढंग से बात करना, बकबक करना। सं० १. अनाड़ियों जैसी बातचीत, बकबक; २ बच्चों जैसी बातें, बच्चों की तोतली बातें। **prattler** सं० बकवादी। **prattling** सं० बकवास।

Pravda (prav' dă) [Rus., truth] सं० सोवियत रूस की कम्युनिस्ट पार्टी की केन्द्रीय समिति का अधिकृत मुख्य समाचार पत्र।

pravity (prăv' i ti) [L. *prāvitas*, from *prāvus*, perverse, bad] सं० १. (क्वचित्) चरित्रभ्रष्टता, पतन, पतनावस्था; २. (भोजन आदि में) खराबी, दूषितता, विकार।

Prawn (prawn) [M.E. *prane*, *prayne*, etym. doubtful] सं० झींगा* (मछली) (वि० १ भी)। क्रि० अ० झींगे पकड़ना। **prawning** सं० झींगा पकड़ना, झींगामारी।

Praxis (prăk'sis) [Gr., rel. to *prassein*, to do] सं० १ आचार, चर्या, क्रम, पद्धति, रीति, दस्तूर, रस्मरिवाज; २. (व्या०) अभ्यास के लिए उदाहरण, अनुशीलनार्थ उदाहरण।

pray (prā) [O.F. *prier* (F. *prier*), late L. *precāre*, L. *precāri*, from *prex precis*, prayer] क्रि० स० और अ० १. (ईश्वर या इष्ट की) प्रार्थना करना, विनती करना, स्तुति करना, स्तवन करना, वंदना करना; २ अनुमति की प्रार्थना करना, याचना करना; ३. श्रद्धापूर्वक स्मरण करना, ध्यान करना; ४ चिरौरी करना, गिड़गिड़ाना, मिन्नत करना। **~consider** मेरी आपसे प्रार्थना या अभियाचना है कि इस पर विचार करें। **~in aid of** सहायता के लिए प्रार्थना। **what is the use of that ~** जरा बताइए तो इसका क्या उपयोग है? **prayer**[1] (prā' ĕr) सं० प्रार्थना करने वाला, प्रार्थनाशील, भजन-परायण, उपासक, आराधक।

prayer[2] (prār) [M.E. and O.F. *preiere*, med. L. *precāria*, as PRECARIOUS] सं० प्रार्थना, स्तुति, स्तवन, विनती, अर्चना, भजन, उपासना, जप-तप (उदा० Lord's prayer)। **book of common ~** इंग्लैण्ड के गिरजे की प्रार्थना-पुस्तक। **Lord's ~** दे० LORD। **~-book** प्रार्थना-पुस्तक, भजन-ग्रंथ। **~-meeting** प्रार्थना-सभा। **~-wheel** (तिब्बती लामा का) प्रार्थना-चक्र* (मा० ३ भी), घूमता हुआ चक्र जिस पर अनेक प्रार्थनायें अंकित रहती हैं (विशे० तिब्बती बौद्धों द्वारा प्रयुक्त)। **prayerful** वि० प्रार्थनापूर्ण, याचनापूर्ण, स्तुतिपूर्ण, अर्चनापूर्ण। **prayerfully** क्रि० वि० प्रार्थनापूर्वक, विनती के साथ। **prayerfulness** सं० प्रार्थनापूर्णता, याचनापूर्णता। **prayerless** वि० प्रार्थनाशून्य, उपासनाशून्य। **prayerlessly** क्रि० वि० प्रार्थनाशून्यता से, उपासनाशून्यता से। **prayerlessness** सं० प्रार्थनाशून्यता, उपासनाशून्यता।

pre- [O.F. and med. L. *pre-*, L. PRÆ-, before] उप० १. (समय, स्थान, क्रम, मात्रा, महत्त्व आदि में) पहले, पूर्व* (आ० भी), लैटिन शब्दों के अतिरिक्त English pre- उप० के रूप में असंख्य क्रियायें और क्रिया-संज्ञायें बनाता है; २. दूसरे यौग शब्दों में pre-उप० एक-के साथ लिखा जाता है; ३. 'चीज को पहिले करने या किए हुए' अर्थ में क्रियाओं या क्रिया-संज्ञाओं में जुड़ता है; ४. पुरु*/पुरा*/प्राक्* (आ० भी)।

preach (prēch) [O.F. *prechier*, L. *praecare* (PRÆ-, *dicĕre*, to proclaim, rel. to *dicere*, to say)] क्रि० अ० और स० १. प्रवचन करना; २. धर्मोपदेश देना, शिक्षा देना, सीख देना; ३. व्याख्या करना, बारे में कहना, मीमांसा करना (बाइबिल धर्मग्रंथ आदि); ४. प्रतिपादन करना, समर्थन करना, पोषण करना (सिद्धान्त आदि का)। सं० उपदेश, धर्म-प्रवचन। **~down** (प्रवचन में) घटा कर कहना, दुराई करना। **~up** प्रशंसा करना, बढ़ा-चढ़ा देना। **preachable** वि० प्रवचनीय, धर्मोपदेश योग्य। **preacher** स० धर्मोपदेष्टा, प्रवचनकारी। **preachership** सं० धर्मोपदेशकपद। **preachment** (निंदात्मक) प्रवचनकारिता, धर्मोपदेशकारिता। **preachify** क्रि० अ० व्याख्यान या प्रवचन करना, वक्तृता झाड़ना, उबा देने वाले उपदेश देना। **preachy** वि० (बोल०) उपदेशप्रिय, प्रवचनप्रेमी। **preachiness** सं० उपदेशप्रियता, प्रवचनप्रेम।

preacquaint (prē ă kwānt') क्रि० स० पूर्व-परिचित कराना। **pre-Adamite** (prē ăd' ă mīt) सं० आदमपूर्व व्यक्ति। वि० आदम के पहले के युग का। **pre-Adamic, pre-Adamitic** वि० आदम के पूर्व युग का। **pre-admission** (prē ăd mish' ŭn) सं० पूर्व प्रवेश, पूर्वानुज्ञा। **preadmonish** (prē ăd mon' ish) क्रि० स० पूर्व-उपदेश देना। **preadmonition** सं० पूर्वोपदेश। **preadvise** (prē ăd vīz) क्रि० स० पूर्वपरामर्श देना।

preamble (prē ăm' bel) [O.F. *preambule*, med. L. *proambulum*, from L. *proambulus*, going before (PRÆ-, *ambulāre*, to walk)] सं० १. उपोद्घात, प्रस्तावना* (मा० १ भी), भूमिका, प्राक्कथन (संधि, संलेख आदि का), २. (मा० १, विधि) उद्देशिका*। क्रि० अ० प्रस्तावना होना, उपोद्घात होना।

preannounce (prē ă nouns') क्रि० स० पूर्वघोषणा करना। **prearrangement** सं० पूर्वप्रबंध (करना)। **preaudience** (prē aw' dyens) सं० (विधि) पूर्वश्रवण मिलना (वकील को दूसरे से पहले अपनी बहस करने का अधिकार मिलना)।

prebend (preb' end) [O.F. *prebende*, med. L. *prabenda*, payment, pension, orig. neut. pl. ger. of L. *præbēre*, to grant (PRÆ-, *habēre*, to have)] सं० १. कैथीड्रल या कॉलेज के गिरजे की आमदनी का अंश जो सदस्य को वृत्तिरूप में दिया जाय, २ इसकी आधारभूत भूमि। **prebendal** वि० उक्त वृत्ति-संबंधी। **prebendary** सं० गिरजे को वृत्ति पाने वाला, धर्मवृत्ति प्राप्त। **~stall** गिरजे में उक्त वृत्ति-प्राप्त लोगों के बैठने की जगह। **prebendaryship** सं० वृत्तिप्राप्त का पद।

precalculable क्रि० पूर्वगणनीय। **precalculate** सं० पूर्वगणन करना। **precalculation** सं० पूर्वगणना।

precarious (pre kâr' i us) [L. *Precārius*, obtained by

prayer, from *precārī* to PRAY] वि० १. परेच्छाश्रित, परनिर्भर, दूसरे की इच्छा पर अवलंबित; २. परायत्त (जैसे ~ tenure परायत्त भूमि-अधिकार); ३. मान लिया गया, तर्क से परे, युक्तिरहित, स्वयंस्वीकृत (जैसे ~ assumption स्वयंस्वीकृत विश्वास); ४. अवसर-आश्रित, अनिश्चित, अनियत, दैवाधीन, राम-भरोसे (जैसे makes a ~ living); ५. संकटपूर्ण, जोखिम से भरी हुई, खतरे से युक्त। **precariously** क्रि० वि० १. परायत्त रूप में, परनिर्भरता से; २. तर्कहीत ढंग से, स्वयंस्वीकृत रूप में, जोखिमपूर्ण ढंग से, खतरे के रूप में, अनिश्चितता पूर्वक। **precariousness** सं० १. परायत्तता, परनिर्भरता, पराधीनता, २. संकटमयता; ३. अनिश्चितता।

precatory (prek' á tór i) [late L. *precātōrius*, from *precātor iōris*, as prec.] वि० १. (व्या०) प्रार्थना-सूचक, प्रार्थना-बोधक (शब्द या रूप); २. (वसीयतनामे में) प्रार्थना-परक (किसी बात को करने की प्रार्थना को सूचित करने वाला)। **~trust** इच्छासूचक न्यास जिनका करना आवश्यक हो। **precative** वि० प्रार्थना-सूचक, प्रार्थनात्मक।

precaution (pre kaw' shun) [F. *précaution*, med. L. *præcautiōnem*, nom. *-tio*, from L. *præcavēre* (PRÆ-, *cavēre*, to beware)] सं० पूर्वोपाय* (इ० ३, वि० १ भी), रोक-थाम, पूर्वविधान, एहतियात, (इ० ३, वि० १) पूर्वावधान*, (विधि) पूर्वविधानी*। **precautionary** वि० पूर्वोपाय संबंधी, रोकथाम संबंधी, पूर्वावधानीय।

precede (pri sēd') [F. *précéder*, L. *præcēdere* (PRÆ-, *cēdere*, to go)] क्रि० स० और अ० १. (महत्त्व या पद में) प्राथमिक होना, प्रमुख होना (जैसे (such duties ~ all others, sons of baron ~ baronets); २. पहले होना, पूर्व आना, अग्रवर्ती होना (जैसे the words that ~ this paragraph); ३. आगे चलना, आगे-आगे जाना, पुरःसरण करना (जैसे preceded by our guide); ४. पूर्वकालिक होना, पहले घटित होना, पूर्वस्थित होना (जैसे in the years preceding his accession); ५. प्राथमिकता या अग्रता देना, पहले करना। **precedence,-cy** (pre sē' dens, -si) [विरल] सं० १. पूर्ववर्तिता, पुरःसरण, पूर्व-भाविता, अग्रता* (भा० १ भी), महत्ता, श्रेष्ठता, प्राथमिकता (जैसे takes ~ of all others); २. प्रथमाधिकार, पूर्वाधिकार, अग्राधिकार।

precedent[1] (pres' e dént) सं० १. पूर्वघटन, निदर्शन, उदाहरण, उदाहरणस्वरूप ली गई पहली घटना (जैसे there is no ~ for this, it is without ~, do not take this as a ~); २. (विधि) पूर्वनिर्णय या न्याय जिसे नियम अथवा आदर्श के रूप में रक्खा जाता है, ३. पूर्वोदाहरण*/ पूर्वनिर्णय*/ नजीर* (भा० १ भी)। **precedented** वि० पूर्वघटना-पुष्ट, पूर्वदृष्टान्त-युक्त, पूर्वदृष्टान्त-समर्थित।

precedent[2] (pre cē' dént) वि० (अब विरल) पूर्ववर्ती* पूर्व दृष्टान्त* (भा० २ भी), पूर्वभावी, प्रमुख, प्राथमिक (जैसे condition ~)। **precedently** क्रि० वि० पूर्ववर्ती रूप में, प्राथमिकता से।

precentor (prē sen' tór) [late L. *præcentor* (PRÆ-, *cantor*, from *cantāre*, freq. of *canere*, to sing)] सं० (कुछ प्रेस-बिटेरियन गिरजों में) मुख्य गायक, प्रमुख गायक, समवेत गान का नेतृत्व करने वाला, राग उठाने वाला। **precent** (prē sent') क्रि० अ० और स० मुख्य गायक होना, भजन उठाना, संगीत निर्देशन करना। **precentorship** सं० प्रमुख गायक का पद, गीत-नेतृत्व। **precentrix** सं० प्रमुख गायिका, गीत-निर्देशिका।

precept (prē' sept) [O.F. (F. *précepte*), L. *præceptum*, neut. p.p. of *præcipere* (PRÆ-, *capere*, to take)] सं० १. समादेश, आदेश, अनुशासन, नीतिवचन, नीति, उपदेश* (भा० २ भी); २. धर्मादेश, ईश्वरीय आदेश; ३. लेखपत्र, वारंट, ४. अधिकारपत्र, समादेश, आदेशपत्र; ५. कर-संग्रह या भुगतान का आदेश। **preceptive** वि० समादेश संबंधी। **preceptor** सं० उपदेष्टा, शिक्षक, गुरु, आचार्य, उपाध्याय। **preceptoral** वि० उपदेष्टा संबंधी, आचार्य-विषयक। **preceptorship** सं० उपदेष्टा या आचार्य का पद। **preceptory** सं० (इति०) धर्मसैनिकों का एक अधीन वर्ग-विशेष, उस वर्ग की बस्तियाँ, भवन आदि। **preceptress** सं० आचार्याणी उपदेशिका, आचार्या।

precession (pre sesh' un) [late L. *præcessio*, from *præcēdere*, to PRECEDE] सं० (ज्यो०) अग्रगति, अग्रगमन, पुरस्सरण* (वि० १ भी), अयन गति (जैसे ~ of the equinoxes)। **precessional** वि० पुरःसरण संबंधी, अयनगतिक।

pre-Christian (prē kris' tyán) [PRE-, CHRISTIAN] ईसापूर्व।

precinct (prē' singkt) [med. L. *præcinctum*, orig. neut. p.p. of L. *præcingere* (PRÆ-, *cingere*, to gird)] सं० १. हाता, प्रांगण, कोट या प्राचीर से बद्ध क्षेत्र (विशे० देवालय का); २. (बहुव०) पर्यन्त, परिसर, उपान्त* (भा० १ भी); ३. सीमा, मर्यादा, अवधि, ४. उपक्षेत्र* (भा० १ भी), प्रक्षेत्र, हल्का (अमरीका से), ५ प्रसीमा* (भा० १ भी)।

precious (presh' us) [O.F. *precios* (F. *précieux*), L. *pretiōsus*, from *pretium*, PRICE] वि० १. मूल्यवान, बहुमूल्य, क़ीमती, महार्घ, अमोल, अनमोल, अत्युत्कृष्ट, श्रेष्ठ, अमूल्य; २. परिमार्जित, परिष्कृत, बढ़िया। क्रि० वि० (बोल०) असाधारणतः, असामान्यतया, अत्यंत, नितान्त। **made a ~ mess of it** खूब बिगाड़ा है। **my ~** मेरे प्रिय। **~metals** सोना, चाँदी, (कभी-कभी) प्लैटिनम। **~stones** रत्न, बहुमूल्य रत्न*, मणि* (वि० १ भी)। **preciously** क्रि० वि० १. मूल्यवान् रूप में, बहुमूल्य ढंग से, अत्युत्कृष्टता-पूर्वक। **preciousity** (presh i os' i ti), **preciousness** सं० बहुमूल्यता, अत्युत्कृष्टता।

precipice (pres' i pis) [F. *précipice*, L. *præcipitium*, a falling headlong, precipice, from *præceps*, headlong (PRÆ-, *caput*, head)] सं० १. खड़ी चट्टान, पर्वत का खड़ा ढालू भाग, कगार, दरख* (वि० १ भी); २. (विधि) प्रपात*।

precipitate (pre sip' i tāt) [L. *precipitātus*, p.p. of *præcipitāre*, as prec.] सं० १. (रसा०) अवक्षेप* (आ० भी), निस्सादन, तलछट घोल का अवक्षिप्त पदार्थ, २. (भौति०) वाष्प के शीतली-करण से संघनित आर्द्रता (उदाहरणार्थ वर्षा, ओस), प्रक्षेप। वि० १. मुँहभर, अधोमुख, औंधामुँह; २. जोर का, तज; ३. अंधाधुंध, भागाभाग, अति शीघ्र; ४. जल्दबाजी से भरा हुआ, शीघ्रतापूर्ण, अविचारपूर्ण। क्रि० स० १. सिर के बल गिराना, औंधेमुँह ढकलना; २. (ला०) डालना, फेंकना, फँसाना, ३. उतेजित करना, शीघ्रता करना, (किसी काम के होने में) जल्दी करवाना, शीघ्र होने में सहायक होना; ४. (रसा०) अवक्षेपण करना या होना, प्रक्षेपण करना, वाष्प को द्रवीभूत करना। **precipitable** वि० अवक्षेपणीय* (वि० १ भी)। **precipitability** सं० अवक्षेपणीयता। **precipitant** सं० अवक्षेपक। **precipitately**

कि० वि० १. सिर के बल, औंधे मुँह, मुँहभर, अंधाधुंध; २. बिना विचारे; ३. जल्दबाजी में; ४. उतावली से। **precipitance,-tancy, precipitateness** सं० हतुतगमन, अधःक्षेपण, शिघ्रकारिता, जल्दबाजी, उतावली। **precipitation** सं० अवक्षेपण* (आ०, इ०३, कृ० भी), वर्षण* (इ० १, कृ०, वि० १ भी), (वर्षा अथवा हिम) पतन। **precipitator** सं० औंधे मुँह पटकने वाला, अवक्षेपक, निस्सादक।

precipitous (pre sip' i tŭs)[M.F. *precipiteux*, as PRECIPICE] वि० कगार जैसा, खड़ी चट्टान जैसा, खड़ा, ढालू। **precipitously** कि० वि० १. कगार के रूप में, २. खड़ेपन से, ढालूपन से। **precipitousness** सं० खड़ापन, ढालूपन।

précis (prā' sē) [F., as foll.] सं० सार, सारांश। कि० स० सार निकालना, सारांश बनाना।

precise (pre sis') [F. *précis, -ise*, L. *præcisus*, p.p. of *præcidere* (PRÆ-, *cædere*, to cut)] वि० १. ठीक-ठीक, यथातथ्य, यथार्थ, बिल्कुल वैसा ही, स्फुट, व्यक्त, सुनिश्चित; २. नियमानुकूल, नियमानुसारी, ३. परिशुद्ध* (वि० १ भी)। **the ~moment** ठीक उसी समय। **precisely** कि० वि० १. यथातथ्य रूप में, यथार्थतः; २. नियत रूप से, हूबहू; ३. बिल्कुल ठीक, बिल्कुल यही (स्वीकरण के रूप में)। **preciseness** सं० १. यथातथ्यता, यथार्थता, स्फुटता, व्यक्तता; २. नियमानुकूलता, नियमानुसारिता। **precisian** सं० १. नियमानुवर्ती, कट्टर, नियमाग्रही, सख्त-पाबंद, २. नियमपरायण, नेमी (विशे० धार्मिक)। **precisianism** सं० नियम परायणता, नियमाग्रह। **precision** (pre sizh' un) सं० १. यथार्थता, यथातथ्यता, सुनियतता, (गुण०) सूक्ष्मस्वरूप, यथातथ्य स्वरूप; २. परिशुद्धता*/परिशुद्धि* (वि० १ २ भी) (जैसे ~ bombing, ~ instruments)। **precisionist** सं० यथार्थताप्रिय, यथातथ्यताप्रिय, नियमनिष्ठ।

preclude (pre klood') [L. *præcludere* (PRÆ-, *claudere*, to shut), *p.p. præclusus*] कि० स० १. छोड़ देना, शामिल न करना; २. निवारण करना, रोकना, प्रतिरोध करना, ३. व्यावहारिक न रहने देना, व्यवधान उपस्थित करना (जैसे so as to ~ all doubt), ४. (विधि) प्रवारण करना*। **preclusive** वि० निवारक, निरोधक।

precocious (pre kō' shus)[L. *præcox-cōcis*, from *præcoquere* (PRÆ-, *coquere*, to cook¹)] वि० १. (पौधे के लिए) अकाल-पुष्पी, शीघ्रफलदायी, अकाल परिपत, समय से पहले पुलित या फलित होने वाला; २. (व्यक्ति) अकाल-विकसित, ३. अकाल-परिपत, अकालपक्व। **precociously** कि० वि० १. अकाल परिपक्वतापूर्वक; २. समय से पूर्व विकसित रूप में। **precociousness, precosity** सं० १. अकालपक्वता, अकालपरिणति; २. (आ०) कालपूर्वप्रौढ़ता*; कालपूर्वपक्वता*; ३. (मा० २) अकालप्रौढ़ता*/ अकालपक्वता*।

precogitation (prē koj i tā' shun) सं० १. पूर्वज्ञान, पूर्वबोध, पूर्वपरिचय, पहले की जानकारी; २. (स्काँट० कानून) प्राथमिक साक्ष्य-परीक्षा (विशे० यह जानने के लिए कि विचार के लिए उपयुक्त आधार है कि नहीं)।

precompose (prē kom pōz) कि० स० पूर्वसरचना करना।

preconceive (prē kon sēv') कि० स० पूर्वचिन्तन करना, पूर्वकल्पना करना, पूर्व-निर्धारित करना, पूर्वधारणा बनाना। **preconception** सं० पूर्वचिंतन, पूर्वकल्पना, पूर्वनिर्धारण, पूर्वधारणा* (मा० २ भी)। **precondemn** (prē kon dem') कि० स० पूर्वाभियोजन करना। **precondition** (prē kon dish' un) सं० पहले की शर्त।

preconize (prē' kō nīz)[med. L. *præcōnizāre*, from *præco -cōnis*, herald] कि० स० १. घोषणा व उद्घोषणा करना, ढिंढोरा पीटना, २. सार्वजनिक रूप से सराहना करना; ३. नाम लेकर पुकारना; ४. (रोम गिर्जे में) पादरी की नियुक्ति होना, सार्वजनिक रूप से स्वीकृति या सहमति देना। **preconization** सं० पोप द्वारा सार्वजनिक स्वीकृति।

pre-Conquest (prē kon' kwest) स० विजयपूर्व, नॉर्मन-विजय के पूर्व का समय।

preconscious (prē con' shus) वि० चेतन पूर्व। **preconsider** (prē kon sid' er) कि० स० पूर्वविचार करना। **preconsideration** सं० पूर्वविचारणा। **preconstruct** (prē kon' trăkt) कि० अ० पूर्वसंविदा करना। स० पूर्वसंविदा। **precordial** वि० प्राक्-हृदीय, पुरोहृद* (आ० भी)। **precostal** (pre kos' tăl) वि० पूर्वपार्श्वीय, पुरः पर्शुका* (आ० भी)।

precursive वि० प्रारंभिक, अग्रवर्ती, पुरोगामी।

precursor (pri kĕr' sor) सं० १. पूर्वगामी* (आ०, मा० १ वि० १ भी), अग्रगामी, अग्रदूत (विशे० John the Baptist), २. पूर्वपदाधिकारी। **precursory** वि० प्राथमिक, पूर्ववर्ती, अग्रवर्ती, अग्रदूत संबंधी।

predaceous (pre dā' shus) [L. *præda-*] वि० १. (पशुओं के लिए) हिंसक, हिंस, शिकारप्रिय, मृगयाजीवी, लूँखवार, रक्तप्रिय; २ हिंस्र पशु संबंधी, हिंस्रकीय, हिंस्र (जैसे ~ instincts); ३. परभक्षी* (कृ० भी)। **predacity** सं० हिंसकता, हिंसात्मा।

predate (prē dāt') कि० स० पूर्वतिथि डालना, पहले की तारीख डालना।

predatory (pred' a tor i)[L. *prædātōrius*, from *prædātor*, plunderer, from *præda*, booty] वि० १. दस्यु-स्वभाव, दस्यु-व्यवसायी, तस्कर-वृत्ति संबंधी, २. (पशु) हिंस्र, हिंसक शिकारी; ३ (भूगोल) लूटक, ४. (प्राणि०) परभक्षी।

predecease (prē de ses') कि० स० (किसी के) पहले मृत्यु होना। सं० पूर्वमृत्यु।

predecessor (prē' de ses or) [F. *prédécesseur*, late L. *prædēcessor* (PRÆ-, *dēcessor*, from *dēcēdere*, to go away, see DECEASE)] सं० १. पूर्वज*, पूर्ववर्ती*/पूर्वाधिकारी* (मा० १, वि० २ भी), पूर्वगामी व्यक्ति (जैसे my ~); २ पूर्वघटित, पूर्वगामी संस्कृति, इतिहास आदि (जैसे will share the fate of its ~); ३. पूर्वज पुरखा, पितर, बाप-दादा।

predefine (prē de fin') कि० स० पूर्वपरिभाषा देना, पूर्ववर्णन करना।

predella (pre del a) [It., stool, dim. prob. from O.H.G. *pret*, board] सं० १. वेदी की पीठिका, प्रार्थना-मंच की पीठिका के लम्बाकार थरातल पर की चित्रकला व चित्रकारी; २. वेदी के पिछले भाग की उठी हुई अल्मारी, उक्त अलमारी पर बने चित्र व खुदाई; ३. वेदीपीठ* (मा० १ भी)।

predestinate (prē des' ti nāt) [L. *prædestinātus*, p.p. of *prædestināre* (PRÆ-, *destināre*, to DESTINE)] कि० स० मुक्ति अथवा किसी भी बात के लिए अनुप्रेरित करना, पूर्व-निश्चित होना, भाग्य में होना, नियति में होना, प्रारब्ध में होना। वि० पूर्वनिश्चित, नियति में लिखा। **predestine** कि० स० १. पूर्व-विधान करना, पूर्वनियत करना; २. (धर्म०) प्रारब्ध बनाना, भाग्य-रेखा खींचना, भाग्य में लिखना। **predestinarian** सं० दैववादी, अदृष्टवादी, विधानवादी, भाग्यवादी, प्रारब्धवादी। वि० दैववाद संबंधी, प्रारब्ध संबंधी। **predestination** सं० १.

मुक्ति या अमरत्व विधान (विशिष्ट मानवता के अनादि काल से); २. विधि-विधान, भावी, अदृष्ट, भाग्य, प्रारब्ध, नियति, पूर्वनियति* (मा० २ भी)।

predetermine(prē dē tėr' min)[late L. *predeterminare*]क्रि० स० १. पूर्वनिश्चित करना, अग्रनिश्चय करना, पहले से तय करना, पहले से नियत करना; २. पूर्वप्रेरित करना, पूर्वनिर्दिष्ट करना (व्यक्ति को किसी काम के लिए)। **predeterminate** वि० पूर्वनिश्चित, पूर्वनियत। **predetermination** सं० १. पूर्वनिश्चय, पूर्वनियतन; २. पूर्वप्रेरण; ३. पूर्वनिर्धारण* / पूर्वनियति* (मा० २ भी)।

predial (prē' di āl) [F. *prédial*, med. L. *prædiālis*, from L. *prædium*, farm] वि० १. कृषि संबंधी खेती संबंधी, कृषीय, क्षेत्रीय; २ ग्रामीण, गाँव का, दासों का, खेत पर काम करने वाला। सं० खेत पर काम करने वाला दास, हरवाहा।

predicable (pred' i kă bel) [F. *prédicable*, L. *prædicabilis*, from *prædicāre*, to PREDICATE] वि० प्रतिपाद्य, स्थानीय, प्रकथनीय, विधेय, स्थापित करने अथवा पुष्टि करने योग्य। सं० १. विधेय अभिधान, स्थापना; २. (बहुव०) अरस्तू द्वारा किए गए विधेयों के वर्ग जो अपने कर्ता के संबंध से देखे जाते हैं (प्रजाति, लक्षण, गुण, उपलक्षण), विधेय-वर्ग, विधेय-धर्म* (मा० २ भी)।

predicability सं० प्रतिपाद्यता, स्थानीयता, विधेयता।

predicament (pré dik' a ment) [late L. *prædicāmentum*, as prec.] सं० १. विधेय वस्तु (विशे० बहुव०) अरस्तू की दस श्रेणियाँ, २. पदार्थ* (मा० २ भी), ३. दुःखद परिस्थिति, विकट परिस्थिति, धर्मसंकट। **predicamental** वि० दस श्रेणियों से संबंधित।

predicant (pred' i kant) [L. *prædicans -antem*, pres. p. of *prædicāre*, see foll.] सं० संत डोमिनिक का मतावलंबी संन्यासी। वि० (उस संप्रदाय के लिए) उपदेशक, प्रचारपरक।

predicate (pred' i kāt) [L. *prædicātus*, p.p. of *prædicāre* (PRAE-, *dicare*, to proclaim), see PREACH] सं० १. (तर्क०) विधेयक, स्थाप (तथ्य) (he is a fool मे a fool), २. (व्या०) विधेय* (मा० २ भी) (उपर्युक्त उदाहरण मे is a fool); ३. गुण, विशेषता। क्रि० स० १. (किसी वस्तु की सत्यता या अस्तित्व के विषय मे) कहना, प्रकथन करना २. अभिधान करना, स्थापना करना, निरूपण करना, निर्देश करना (many truths may be ~ about humanity we ~ goodness or badness of a motive); ३. (तर्क०) कर्ता के संबंध मे स्थापना करना, प्रतिपादन करना, विधान करना। **predication** (pred i kā' shun) सं० विधान, अभिधान, स्थापना। **predicative** वि० १. विधेयकारी, अभिधानकर्ता, स्थापक, प्रतिपादक, निरूपक, २. (व्या०) विधेय। सं० विधेय का भाग। **predicatively** क्रि० वि० वैधेयिक रूप से, विधेय रूप मे।

predicatory (pred' i kā tor i) [late L. *prædicātōrius*, from *prædicātor*, a proclaimer, a preacher, as prec.] वि० उपदेश या धर्म-प्रचार संबंधी, ओपदेशिक।

predict (pre dikt') [L. *prædictus*, p.p. of *prædicere* (PRAE-, *dicere*, to say)] क्रि० स० भविष्यवाणी करना, आगम बताना, पूर्वकथन करना, पहले से बताना या कहना। **predictable** वि० भविष्यवचनीय, पूर्वकथनीय। **predictability** सं० भविष्यवचनीयता, पूर्वकथनीयता। **prediction** सं० १. भविष्यवाणी*/ भविष्यैक्ति*/ पूर्वकथन* (मा० २, ३ भी); २.(मा० २, ३, वि० १) प्रागुक्ति*, ३. भविष्यकथन* (मा० २ भी); ४. पूर्वानुमान* (वि० २ भी)। **predictive** वि० भविष्यकथनात्मक, पूर्वसूचक। **predictively** क्रि० वि० भविष्यवाणी करते हुए, पूर्वसूचक के रूप में। **predictor** सं० १. क्रियागत अर्थों मे, भविष्य-वक्ता आदि; २. पूर्वसूचकयंत्र, पूर्वनिर्देशक यंत्र, एक यंत्र-विधेय जिसके द्वारा विमान की उड़ान, दिशा, गति आदि की सूचना मिलती है।

predigest (prē di-, -di jest') क्रि० स० पहले से खाने को सुपाच्य बना देना (ला० भी)। **predigestion** सं० सुपाच्यीकरण।

predikant (pred' i kānt) [Dut. as PREDICANT] सं० पुर्तगाली प्रोटेस्टेंट गिरजा के अध्यक्ष-पादरी (विशे० दक्षिणी अफ्रीका में)।

predilection (prē di lek' shun) [F. *prédilection* (PRF-, L. *dilectio*, from *diligere*, see DILIGENT)] सं० पूर्वग्रह, अधिमान, पक्षपात, पूर्वस्नेह, रुझान, पूर्वाभिरुचि*, प्रवणता* (मा० २ भी)।

predispose (prē dis pōz') [F. *prédisposer*] क्रि० स० योग्य, प्रवृत्त अथवा उद्यत बनाना, प्रवण बनाना, उन्मुख करना (भावना, रोग या कार्य आदि के)। **predisposition** सं० १. योग्यता, क्षमता, उन्मुखता, झुकाव, उद्यतता, पूर्वप्रवणता* (मा० २ भी) (दमा, मलेरिया आदि के प्रति); २. (आ०) पूर्वप्रवृत्ति*, ३. (मा० ३) पूर्ववृत्ति* / पूर्वानुकूलता*।

predominate (prē dom' i nāt) [through F. *prédominer* or a med. L. *præ-dominārī*] क्रि० अ० १. (किसी पर) प्रभुता होना, मुट्ठी मे रखना, प्रभाव मे रखना, सत्ता स्थापित करना; २. प्रबल होना, हावी होना, श्रेष्ठ होना, बढ़ा होना; ३. अधिक होना, प्रचुरता मे होना, अनेरिक होना (garden in which dahlias ~); ४. प्रभावी* (क्रु० भी)। **predominance, -nancy** सं० १. प्रभुत्व, दबदबा, सत्ता; २. प्राबल्य या प्राधान्य; ३ प्रचुरता, प्राचुर्य, अधिकता, अनेरिक। **predominant** वि० प्रमुखरूप, प्रभविष्णु,प्रधान, प्रबल, विशिष्ट, प्रचुर, अधिक। **predominantly, predominatingly** क्रि० वि० १. प्रभावपूर्णता से; २. प्राधान्य या प्रबलतापूर्वक, सान्निरेक।

predoom (prē doom') क्रि० स० पूर्वविनाश। **predorsal** (prē dôr' săl) वि० अग्रपृष्ठीय।

pre-elect (prē e lekt') क्रि० स० पूर्वनिर्वाचित करना। **pre-election** पूर्व निर्वाचन, चुनाव के पहले (पूर्व-प्रतिज्ञाएँ आदि)।

pre-eminent (prē em' i nent) [F. *prééminent*, L. *præēminentem*, nom. *-ens*, pres. p. of *præēminēre* (PRÆ-, *ēminēre*, see EMINENT)] वि० सर्वप्रधान, सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्कृष्ट, उत्तम, विशिष्ट, बढ़ कर, बढ़-चढ़ कर, वरेण्य। **pre-eminence** सं० प्राधान्य, उत्कर्ष, प्रमुखता, श्रेष्ठता, वैशिष्ट्य, वरेण्यता। **pre-eminently** क्रि० वि० प्राधान्यता से, सर्वप्रधान रूप से, प्रमुखता से, श्रेष्ठतापूर्वक, वैशिष्ट्यपूर्वक।

pre-emption (prē emp' shun) स० १. पूर्वक्रय, पूर्वक्रयाधिकार; २. अग्रक्रय; ३. पूर्वक्रय-अधिकार* / हक शफा* (क्रु० भी)। **pre-empt** क्रि० स० और अ० १. पूर्वक्रय से प्राप्त करना, पूर्वक्रयाधिकार से प्राप्त करना; २. (अमरीका) सार्वजनिक भूमि को इस प्रकार अधिकृत करना कि पूर्वक्रय का अधिकार प्राप्त हो जाय; ३. (ला०) पूर्वाधिकार करना, हथिया लेना, ४. (ताश-ब्रिज में) पूर्वक्रय में बोली बोलना। **pre-emptive** वि० पूर्वक्रयिक, पूर्वक्रय संबंधी। ~**bid** (ताश) ब्रिज में वह बोली जो इस विचार से बोली जाय कि इससे ऊँची दूसरी बोली नहीं हो सकती, सर्वोच्च बोली।

preen[1] (prēn) [prob. var. of PRUNE, conf. with foll.]

कि० स० १. पंखों को चोंच से सँवारना, ठीक करना; २. (व्यक्ति का) स्वयं को सजाना-सँवारना।

preen[2] (prēn) [A.-S. *prēon* (cp. L. G. *preen, preem*, Dut. *priem*, G. *pfriem*, Icel. *prjónn*)] सं० रत्नजटित पिन, जड़ाऊ पिन (स्त्रियों के वस्त्र में विशे० गले में लगाने की)। कि० स० १. किसी बंद या रस्सी आदि से बाँधना, जकड़ना; २. (विचारों, दृष्टि आदि को) आबद्ध कराना, गड़ाना।

pre-engagement सं० पूर्वनियुक्त करना, पूर्वनियुक्ति। **pre-establish** (prē ĕs tăb' lish) कि० स० पूर्वस्थापन (करना)। **pre-estimate** (prē es' ti māt) कि०स० पूर्वाकलन (करना)। **pre-exilian** (prē ek sil' i an) निर्वासन के समय से पूर्व (विशे० यहूदियों का बेबीलोन में तिष्कानन)। **pre-exilic** वि० निर्वासन के समय से पूर्व का। **pre-exist** (prē ĕg zist') कि०अ० पूर्व-अस्तित्व होना, पहले से होना। **pre-existence** सं० पूर्व-अस्तित्व। **prefabricated** वि० (भवन आदि के) अंगभूत भागों को अलग-अलग तैयार करने वाला। **prefabrication** सं० पूर्वनिर्माण, अलग निर्माण।

preface (pref' ăs) [O.F., med. L. *prefātia, prefātio*, from *prefārī* (PRÆ-, *fārī*, to speak)] सं० १. आमुख, प्रस्तावना, मुखबंध, उपोद्घात, उपक्रम, भूमिका, २. भाषण का प्रारंभिक भाग, ईसा स्मृति भोज के प्रारंभिक भाग का परिचय। क्रि० स० और अ० १. पुस्तक आदि में प्रस्तावना लिखना, आमुख लिखना; २. (कार्य, व्याख्यान) प्रारंभ करना, उपक्रम करना, भूमिका बाँधना, उठाना, ३. (घटना आदि का दूसरी घटना के) भूमिका या प्रस्तावना रूप होना; ४. प्राक्कथन करना, प्रस्तावना का उपक्रम करना। **prefatorial, prefatory** (pref' ă tōt i) वि० भूमिका या आमुख या प्रस्तावना रूप।

prefect (pré' fekt) [O.F. (F. *préfet*), L. *præfectus*, an overseer, orig. p.p. of *præficere* (PRÆ-, *facere*, to make)] सं० १. (प्राचीन रोम) प्राध्यक्ष; २. रोम के विभिन्न अधिकारियों का पद, प्रीफेक्ट* (मा० २ भी), फ्रेंच विभाग का मुख्य प्रशासनाधिकारी; ३. (कुछ वार्ता० विद्यालयों में) कक्षा-प्रधान, कक्षा-प्रमुख, वर्गनायक। **prefectoral, prefectorial** वि० प्राध्यक्षीय, प्रशामकीय, नायकोचित। **prefecture** (pré' fek tūr) सं० १. प्राध्यक्ष या प्रशासक का पद अथवा उसकी अवधि; २. प्राध्यक्ष का निवासस्थान, उसके अंतर्गत जिला। **prefectural** वि० प्राध्यक्ष के पद, उसकी पदावधि या उसके क्षेत्राधिकार से संबंधित।

prefer (pré fĕr') [F. *préférer*, L. *præferre* (PRÆ-, *ferre*, to bear)] कि० स० (मू० और भू० पू० **preferred**) १. पदोन्नति करना, उन्नत करना, उन्नत कर के कोई पद देना; २. वक्तव्य, सूचना आदि को (अधिकारी के समक्ष, अपराधी के विरुद्ध) समक्ष लाना, पुरोभरण करना, आगे लाना, प्रस्तुत करना, उपस्थित करना; ३. पसंद करना, अधिक रुचिकर समझना, प्रशंसा करना, श्रेयस्कर मानना। **preferred** वि० (क्रियागत अर्थों में), (वि० १) वरीय*, अभिमत*। **~shares, stock, etc.** पूर्वाधिकार प्राप्त अंश, स्कंध आदि। **preferable** (pref' ĕr ăbl) वि० पसंद करने योग्य, रुचिकर। **preferably** कि० वि० अधिक पसंद कर के, रुचिकर रूप में। **preference** (pref' ĕr ens) सं० १. पसंद, रुचि, अभिरुचना; २. पसंद की चीज, रुचिकर वस्तु, ऋणशोधन में पूर्वाधिकार, प्राथमिकता या अधिमान; ३. किसी देश या व्यक्ति को व्यापार में दूसरों की अपेक्षा अधिक मान; ४. (वि० १) वरीयता*; ५. अभिरुचि* (आ० भी)। **~-bonds** पूर्वाधिकार बंध। **~-shares** पूर्वाधिकार अंश। **~stock** पूर्वाधिकार स्कंध।

preferential (pref ĕr en' shăl) वि० १. अधिमानात्मक, रुचिकर जैसा; २. (कर आदि) पक्षपातपूर्ण, रियायती (विशे० इंग्लैण्ड और उसके उपनिवेशों के बीच व्यापार के लिए सुविधात्मक); ३. (वि० १) वरणात्मक*। **preferentialism** सं० १. सुविधावाद, अधिमान्यता; २. रियायत देने का सिद्धान्त (व्यापार आदि में)। **preferentialist** सं० सुविधावादी, रियायत देने के सिद्धांत को मानने वाला। **preferentially** कि० वि० अधिमान्यतया, अधिमानात्मक रूप से, सुविधात्मक रूप से, रियायत के तौर पर।

preferment (pré fĕr' mĕnt) सं० १ उन्नति, पदोन्नति; २. प्रमुख अधिकारी (विशे० गिरजाघर में)।

prefigure (pré fig' ur) [late L. *prefigurāre*] कि० स० पूर्वचित्रण करना, पहले से चित्रण करना, श्लोक दिखाना, चित्र या प्रतिरूप द्वारा पहले से प्रदर्शित करना, पहले से नमूना या उदाहरण उपस्थित करना। **prefiguration, prefigurement** सं० पूर्वचित्रण, पूर्वप्रदर्शन। **prefigurative** वि० पूर्वचित्रणात्मक, पूर्वप्रदर्शन सम्बन्धी।

prefix (pré fiks') [O.F. *prefixe*] सं० १. उपसर्ग, उपपद, नाम के पूर्व का पद-सूचक शब्द (Mr., Mrs., Dr., Sir); २. (वि० १) पूर्वलग्न*। कि० स० १. भूमिका या परिचय-स्वरूप अंश जोड़ना, पूर्व-योजित करना, पूर्वविन्यस्त करना; २. (शब्द में) प्रत्यय के रूप में जोड़ना। **prefixion, prefixture** सं० पूर्वयोजन, पूर्वविन्यास।

preform (prē fôrm') कि० स० पहले से बनाना, पूर्वनिर्माण करना, पूर्वरचना करना। **preformation** सं० पूर्वनिर्माण, प्राक्भवन* (कु० भी), पूर्वरचना, पूर्वगठन, पूर्वोत्पादन* (वि० २ भी)। **theory of ~** (जीव०) पूर्वरचना सिद्धान्त, यह सिद्धान्त कि पूर्ण विकसित जीव के सभी अंग प्रथम-अणु में विद्यमान रहते हैं केवल उन्हें विकसित मात्र होना होता है। **preformative** वि० पूर्वनिर्माण संबंधी, पूर्वरचनात्मक, पूर्वगठनात्मक। सं० रचनात्मक अक्षर या वर्ण।

prefrontal (prē fron' tăl) वि० पुरोमुखीय, पुरोललाटीय।

preglacial (prē glā' shăl) वि० हिमयुगपूर्व।

pregnable (preg' năbl) [late M.E. and F. *prenable*, a IMPREGNABLE] वि० जेय, अदुर्जेय, अदुर्गम।

pregnant (preg' nănt) [L. *pregnans* -*ntis* (PRÆ- *gnā*- root of *gnāscī*, to be born)] वि० १. गर्भवती, गर्भिणी, अनन्तर्वत्नी, आपन्नसत्त्वा, गाभिन* (कु० भी), औरई (स्त्री अथवा मादा पशु), सगर्भा* (कु० भी), २. सारगर्भित, सारपूर्ण, अर्थपूर्ण, कल्पनापूर्ण, मन की उड़ान से भरा हुआ; ३. फलगर्भ, फलप्रद, परिणाम-कारी; ४. (शब्द या कृत्य) अर्थपूर्ण, सारगर्भित, विचारपूर्ण। **~construction** अपरिहार्यपूर्ण भरचना। **pregnancy** सं० १. गर्भावस्था* (कु० भी), गर्भवती होने की अवस्था; २. सगर्भता* (आ० भी)। **pregnantly** कि० वि० अर्थपूर्ण या सारगर्भित रूप में।

prehensile (pre hen' sil, -sil) [F. *préhensile*, from L. *prehens-*, p.p. stem of *prehendere* (PRÆ-, *hendere*, cogn. with Gr. *chandanein*, to seize)] वि० (प्राणि०) परिग्राही* (वि० १भी), (पूँछ या अन्य अंग) ग्रहणक्षम, पकड़ने में समर्थ। **prehensility** सं० परिग्राहिता, ग्रहणक्षमता, पकड़ सकने की योग्यता। **prehension** सं० १. ग्रहण, धारण, पकड़; २. मानसिकधारण; ३. परिग्रहण* (कु० भी)।

prehistoric (prē his tor' ik) वि० प्रागैतिहासिक* (मा० १, वि० १ भी), इतिहास-पूर्वकाल का। **prehistorically** कि०वि० प्रागैतिहासिक रूप से, प्रागैतिहासिक काल में। **prehistory** सं० प्रागैतिहासिक सामग्री, प्रागैतिहासिक युग या काल, प्रागितिहास* (मा० १ भी)।

preignition सं० अकाल विस्फोट, इंजन में तेल आदि ईंधनों में मिले हुए विस्फोटक पदार्थ का समय से पूर्व विस्फोट।

prejudge (prē jŭj′) [F. *préjuger*, L. *præjūdicāre*] क्रि० स०१. पूर्वनिर्णय करना या देना,बिना मुकदमा चलाये या उपयुक्त जाँच किए (किसी व्यक्ति के प्रति) निर्णय करना; २. पूर्व निष्कर्ष निकालना, पहले से मत स्थिर करना (व्यक्ति, काम, कारण आदि के विषय में)। **prejudgement, prejudication** (prējoo di kā′ shŭn) सं० पूर्वनिर्णय, पूर्वनिश्चय।

prejudice (prej′ ŭ dis) [O.F., from L. *præjūdicium* (PRÆ-, *jūdicium*, from *jūdex*, JUDGE)] सं० १. पूर्वग्रह* (मा० २, ३ भी), रुझान, अनुकूलता अथवा अननुकूलता(divest your mind of ~, has a ~ against foreigners, this is mere ~); २. हर्ज, क्षति, हानि; ३. प्रतिकूल प्रभाव*(विधि भी), अपकार। क्रि०स०१. कमज़न, अधिकार आदि को सत्यता को संदिग्ध कर देना; २. पूर्वग्रह उत्पन्न करना, बिगाड़ना; ३.(किसी व्यक्ति को)मिलाना, फोड़ना, फोड़ लेना, विपक्ष में कर देना। **without ~** पूर्वग्रहरहित, पक्षपातरहित, निष्पक्ष। **prejudicial** वि० १. पूर्वग्रहकारी; २. हानिकारक, अननुकूल। **prejudicially** क्रि० वि० पूर्वग्रहयुक्तता से, अननुकूलता से।

prelate (prel′ āt) [O.F. *prelat*, L. *prælātus* (PRÆ-, *lātus*, p.p. of *ferre*, to bear)] सं० १. प्रिलेट, गिर्जाध्यक्ष, धर्माध्यक्ष, लाट पादरी, २ (इति०) मठपति, अध्यक्ष। **prelacy** सं० १. गिरजे के उच्च धर्माध्यक्ष (लाटपादरी) का पद; २. उच्चधर्माधिकारीगण; ३. गिर्जाध्यक्षों का शासन (episcopacy का विलोम)। **prelatess** सं० १. धर्माध्यक्षा, अध्यक्षा; २ (हास्य०) प्रिलेट या अध्यक्ष की पत्नी। **prelatic,-al** (pre lăt′ ik, -al) वि० प्रिलेट संबंधी, धर्माध्यक्षीय। **prelatically** क्रि० वि० धर्माध्यक्ष के रूप में, प्रिलेट के रूप में। **prelatize** क्रि० स० गिरजाघरों को प्रिलेट शासन के अंतर्गत लाना। **prelature,-try,-ty** सं० १. प्रिलेट का पद, अध्यक्ष का पद; २. अध्यक्षगण।

prelect (pre lekt′) [L. *prælectus*, p.p. of *prælegere* (PRÆ-, *legere*, to choose, to read)] क्रि० अ० (किसी विषय पर श्रोताओं के समक्ष विशे० विश्वविद्यालय में) भाषण देना, व्याख्यान देना, बोलना। **prelection** सं० वार्ता, वक्तृता, व्याख्यान। **prelector** सं० वार्ताकार, भाषणकर्ता, व्याख्याता।

prelibation (prē li bā′ shŭn) [late L. *prælibātio* (PRÆ-, *libātio*, from *libāre*, to taste)] सं० पूर्वास्वाद, पूर्वभुक्ति, पूर्वानुभूति, पूर्वानुभव (ला०)।

preliminary (pre lim′ i nā ri) [PRE-, *limen -minis*, threshold, -ARY] वि० प्रस्तावनात्मक, प्रारंभिक* (मा० १ भी), उपक्रमस्वरूप। सं० पूर्व प्रबंध, तैयारी, उपक्रम (प्राय: बहुव० में)। **preliminarily** क्रि० वि० प्रथमत:, प्रारंभिक रूप से, उपक्रमस्वरूप। **prelims** (prē′ limz) सं० बहुव०(बोल०) पूर्वपरीक्षण, पूर्वपरीक्षा (preliminary exam. का संक्षिप्त रूप)।

prelimit (prē lim′ it) क्रि० स० पहले से सीमित करना।

prelude (prel′ ūd) [F. *prélude*, late L. *prælūdium* (PRÆ-, *lūdere*, to play)] सं० १. प्रस्तावना, भूमिका, आमुख, पूर्वरंग, उपक्रम, आरंभ, २.(संगी०)स्वरमिलाप, स्वर मिलाना। क्रि०स० और अ० १. प्रस्तावना या भूमिका के रूप में होना, प्रास्ताविक कार्य या घटना होना; २. लक्षण दिखाना, पूर्व-प्रतिबिंबित करना, ३. भूमिका बाँधना, उपक्रम करना, ४. आलाप भरना, अलापना। **preludial,-dious** वि० प्रस्तावना संबंधी, परिचयात्मक, भूमिकास्वरूप। **preludize** (prel′ ū diz) क्रि० स० १. प्रस्तावना या भूमिका लिखना, भूमिका बाँधना; २. उपक्रम करना, स्वर मिलाना। **prelusion** सं० स्वर मिलाना, आलाप। **prelusive** वि० आलाप संबंधी।

premature (prem′ ă tūr, prē′ mă tūr) [L. *præmātūrus* (PRÆ-, *mātūrus*, ripe)] वि० १. अकाल-प्राप्त, अकालकृत, अपूर्णकाल, समय-पूर्व, उपयुक्त या नियत समय से पूर्व होने या किया जाने वाला; २. शीघ्रतापूर्ण, जल्दबाज़ी से भरा हुआ; ३. (आ०) काल-पूर्व*/ अपक्व*; ४. (कृ०) प्राक्पक्व*। **prematurely** क्रि० वि० समयपूर्व किया हुआ। **prematureness, prematurity** सं० अपूर्णकालता, अकालघटनत्व।

premaxillary (prē măk′ si lă ri) वि० हनु-अग्रीय।

premeditate (pre med′ i tāt) [L. *præmeditātus*, p.p. of *præmeditāri* (PRÆ-, *meditāri*)] क्रि० स० १. पूर्वचिंतन करना, पूर्वविचार करना, पूर्वयोजना बनाना; २. पहले से विचारना, सोचना, मन में गढ़ना (विशे० भू० कृ० में)। **premeditatedly** क्रि० वि० पूर्वचिंतित रूप में, पूर्वविचारपूर्वक। **premeditation** सं० पूर्वचिन्तन* (विधि भी), पूर्वविचार, पूर्वविमर्श।

premier (prē′ mi ĕr, prem′ yer) [F., from L. *primārius*, PRIMARY] वि० (अब प्रमुखत: ब्रा०) प्रधान, अगुआ, अग्रणी, अग्रकालिक, सर्वप्रथम (जैसे secured ~ place in race)। सं० ग्रेट ब्रिटेन या ब्रिटिश उपनिवेशों का) प्रधानमंत्री* (मा० १ भी)। **premiership** सं० प्रधानमंत्री-पद।

premillennarianism, premillennialism (prē mi len′ al ism) सं० करोड़ों वर्ष पूर्व, विश्वास कि ईसा का दूसरा आगम मिलेनियम के पहले होगा।

premise (prem′ is) [F. *prémisse*, L. *præmissa* (*propositio* or *sententia*), fem. p.p. of *præmittere* (PRÆ-, *mittere*, to send)] सं० १. (तर्क०, प्राय: -ss) पक्ष, पूर्वकथन जिससे आगे अनुमान किया जाय; २. (बहुव०) पूर्वोक्त या पूर्वकथित बातें या तथ्य, (विशे० विधि) पूर्वोक्त गृह या भूमि या कृषि; ३. (बहुव०) भवन, गृहसीमा, (to be drunk on the ~); ४. आधार वाक्य* (मा० २ भी)। क्रि० स० (prē mīz′) प्रस्तावना के रूप में कहना, लिखना। **major ~** (मा० २) साध्य-आधारवाक्य* दे० MAJOR। **minor ~** (मा० २) पक्ष-आधार वाक्य* दे० MINOR।

premium (prē′ mi um) [L. *præmium* (PRÆ-, *emere*, to buy, to take)] सं० १. प्रीमियम* (कृ०, वि० १, विधि भी), पारितोषिक, प्रतिफल, पुरस्कार, इनाम; २. बीमे का प्रीमियम, प्रव्याज, लाभांश, बोनस; ३. अवसाय-शिक्षण का शुल्क; ४. एक मुद्रा को अधिक मूल्य वाली मुद्रा में बदलने का शुल्क; भुनवाई, बट्टा। **at a ~** १. बट्टा काट कर, वास्तविक मूल्य से अधिक देकर; २. (ला०) अतिप्रतिष्ठित, अतिसम्मानित। **put a ~ on** उत्तेजित करना, प्रेरित करना, बढावे के रूप में होना।

premolar (prē mō′ lăr) सं० १. पुरोदन्त; २. दाढ़ों के आगे का दाँत, खीस (मानवों में BICUSPID); ३. (आ०, वि० १) अग्र-चर्वणक*; ४. (कृ०) अग्रदाढ़*।

premonition (prē mo nish′ ŭn) [F., from late L. *præmonitio*, from *præmonēre* (PRÆ-, *monēre*, to warn)] सं० १. पूर्वबोध, अग्रबोध, चेतावनी, पूर्वसूचना; २. (आ०) ससक्रमण-प्रतिरक्षा*। **premonitor** सं० पूर्वबोधक, पूर्वसूचक। **premonitorily** क्रि० वि० पूर्वबोध-सहित, पूर्वसूचना के साथ। **premonitory** वि० पूर्वबोधक, पूर्वसूचक* (आ० भी)।

Premonstratensian (pre mon strā ten′ shăn, -si′ ăn) [med. L. *Præmonstratensis*, from *Præmonstrātus*, Prémontré] वि० और सं० प्रिमाण्ट्रेटी, फ्रांस के प्रिमाटर में सन्

१९१९ में स्थापित नैष्ठिक धर्माचार्यों के संप्रदाय का (सदस्य) अथवा तत्स्थानीय भिक्षुणियों या संन्यासिनों के क्रम की (सदस्या)।

premorse (pre môrs') [L. *prāmorsus*, p.p. of *prāmordere* (PRÆ-, *mordere*, to bite)] वि० (वन०, कृमि०) डुंडा, बूचा, जिसका सिरा कटा हुआ हो।

premotion (prē mō' shŭn) स० पहले से (दैवी कार्य द्वारा) प्राणी की इच्छा निश्चित होना।

prenatal (prē nā' tăl) [NATAL¹] वि० जन्मपूर्व*¹ प्रसवपूर्व* (आ० भी)।

preoccupy (prē ok' ŭ pī) [L. *præoccupāre* (PRÆ-, *occupāre*, to OCCUPY)] क्रि० स० १. पहले से लगा लेना, पूर्वग्रहण करना, पूर्वधारण करना; २. (मस्तिष्क को) लवलीन या तल्लीन करना, निमग्न करना, डुबाना; ३. (भू० कृ०) निमग्न, तल्लीन, चिंतनरत, अन्यमनस्क, अनमना; ४. पहले से अपना लेना, या लेना। **preoccupation** सं० १. पूर्वनिर्णय, पूर्वधारणा, पूर्वग्रह, पक्षपात, तरफ़दारी; २. किसी स्थान पर पहले से अधिकार; ३. सर्वप्रथम या सर्वोपरि व्यवसाय या व्यापार; ४. लवलीनता, तल्लीनता, निमग्नता, मग्नता; ५. (आ०) पूर्वव्यस्तता*। **preoccupiedly** क्रि० वि० तल्लीनता से, अनमने भाव से, अन्यमनस्कतापूर्वक।

prep (prep) [short for PREPARATION] सं० (स्कूल ग्रा०) तैयारी, उपकल्पन, विधान, आयोजन (preparation का संक्षिप्त रूप)।

preparation (prep a rā' shun) स० १. तैयारी* (मा० २, विधि भी), विरचना* (आ० भी), निर्मिति*, विरचन* (वि० ३ भी), उपकल्पन, योजन, विधान, सज्जीकरण; २. (प्राय: बहु०) तैयारियाँ, साजबाज, सभार, प्रबंध, व्यवस्था, इन्तज़ाम; ३. (संक्षिप्त रूप prep) स्कूल के लिए पाठ की तैयारी, तैयार करना (विशेष रूप से तैयार की हुई वस्तु जैसे भोजन या दवा); ४. (संगी०) रागविधान, लयविधान; ५. योग*, योग निर्माण* (आ० भी)। **make ~ for** तैयारी करना, सरंजाम बाँधना।

prepare (prē pâr') [F. *préparer*, L. *præparare* (PRÆ-, *parāre*, to make ready)] क्रि० स० और अ० १. (व्यक्ति या वस्तु को) तैयार करना, सन्नद्ध करना, तत्पर करना, उद्यत करना, उत्सुक करना, प्रस्तुत करना, सिद्ध करना, २. (भोजन आदि) पकाना, तैयार करना, बनाना; ३. (पाठ आदि का) पूर्वानुशीलन करना; ४. (किसी व्यक्ति को किसी विद्यालय या सेना आदि के लिए) तैयार करना, (शिक्षा देकर) निष्णन्न करना; ५. विनिर्मित करना, विरचित करना; ६. (संगी०) राग मिलाना, राग बैठाना, सुर साधना; ७. तैयार होना, उद्यत होना, सन्नद्ध होना; ८. तैयारियाँ करना, साजसामान जुटाना। **preparative** वि० १. तैयारी से संबंधित; २. प्रारंभिक, उपक्रमानुकूल, तैयार करनेवाला। सं० १. तैयारी, सज्जा, साजसरंजाम; २. (नौ० सेना) बिगुल या भेरी की आवाज़, सज्जित हो जाने का संकेत। **preparatively** क्रि० वि० १. तैयारी के रूप में; २. तैयार करते हुए। **preparatory** वि० १. तैयारी से संबंधित, सज्जाकारी, सज्जानुकूल, प्रारंभिक कर्षण* (कृ० भी)। स० उपक्रमसाधन, साधन। **~school** जहाँ पर बच्चे उच्चतर स्कूल के लिए तैयार किए जाते हैं। **am packing it up ~to sending it by post** डाक में भेजने के उपक्रमस्वरूप बद कर रहा हूँ। **preparatorily** क्रि० वि० तैयारी के रूप में, उपक्रम-रूप में। **preparedness** स० तत्परता, तैयारी (विशे० समाप्य आक्रमणों के लिए सोसेना और सेना की)।

prepay (prē pā') क्रि० स० १. मूल्य आदि पहिले से चुकाना या भुगतान करना, पेशगी देना; २. डाक-शुल्क देना, शुल्क पहले से देना (विशे० टिकट लगा कर)। **prepayable** वि० पूर्वदेय, पूर्वशोधनीय। **prepayment** सं० पूर्वशोधन, अग्रिम भुगतान।

prepense (prē pens') [formerly *prepensed*, p.p. of *prepense*, *purpense*, O.F. *purpenser* (*pur-*, *pour-*, L. *prō*, forth, O.F. *penser*, to think)] वि० पर्यालोचित, जानाबूझा, सामिप्राय, साशय, (विशे० malice ~ में)। **malice ~** पूर्वचिन्तित विद्वेष (दुर्भावना)। **of malice ~** पूर्वचिन्तित विद्वेष या दुर्भावना संबंधी। **prepensely** क्रि० वि० पर्यालोचित रूप में, जानबूझ कर, इरादे के साथ या अभिप्राय पूर्वक।

preperception (prē per sep' shun) स० १. पूर्वसंधारण; २. विशेषण और संज्ञाओं में 'पहले से, पूर्व का' अर्थ में।

preponderate (pre pon' der āt) [L. *præponderātus*, p.p. of *præponderāre* (PRÆ-, *ponderāre*, to PONDER)] क्रि० अ० १. अपेक्षाकृत भारी या वज़नी होना, २. अपेक्षाकृत अधिक नैतिक या बौद्धिक महत्त्व का होना, नैतिकता या बुद्धिमानी में गुरुतर होना, ३. प्रबल होना, प्रमुख अभिप्रायी होना, (तराज़ू के पल्ले का) झुकना। **preponderance, -ancy** स० आधिक्य, भाराधिक्य, प्रचुरता, बाहुल्य, प्रधानता, उत्कृष्टता। **preponderant** वि० अधिक, गुरुतर, प्रधान, अधिक प्रभावशाली। **preponderantly** क्रि० वि० १. गुरुतर ढंग से, भाराधिक्यपूर्वक; २. प्रधानता के साथ, अधिक प्रभावशाली ढंग से।

preposition (prep o zish' un) [L. *præpositio*, from *præpōnere* (PRÆ-, *pōnere*, to put, p.p. *positus*)] स० पूर्वसर्ग, विभक्ति या संबंध सूचक अव्यय (जैसे found him at home में at, wait in the hall में in, what did you do it for ? में for, that is what I was thinking of में of)। **prepositional** वि० पूर्वसर्गीय, पूर्वसर्गिक। **prepositionally** क्रि० वि० पूर्वसर्ग के रूप में।

prepositive (pre poz' i tiv, [late L. *præpositivus*, as prec.] वि० (व्या०, अव्यय शब्द आदि) उपसर्गणीय, पहले स्थित करने या रखने या लगाने योग्य।

prepositor (pre poz' i tor) [L. *præpositor*, as prec.] दे० PRAEPOSTOR।

prepossess (pre po zes') क्रि० स० १. (किसी व्यक्ति को भाव, विचार आदि से) प्रेरित करना, अनुप्राणित करना, रंग देना, ओतप्रोत करना; २. (विचार आदि का किसी व्यक्ति पर, प्राय: कर्मवाच्य में) प्रभाव रखना, छा जाना, अधिकार कर लेना, ३. पूर्व-भावना, पूर्वग्रह, प्राय: अनुकूल रूप से। **prepossessing** वि० हृदय-ग्राही, आकर्षक, पहली बार दृष्टि पड़ने पर अच्छी लगनेवाली। **prepossessingly** क्रि० वि० चित्ताकर्षक ढंग से। **prepossessingness** स० हृदयग्राहिता, चित्ताकर्षकता। **prepossession** स० (किसी व्यक्ति या वस्तु के लिए) पक्षपात, पूर्वग्रह, पहले से ही झुकाव।

preposterous (pre pos' te us) [L. *præposterus* (*prae*, before, *posterus*, coming after)] वि० १. अप्राकृतिक, अस्वाभाविक, असंगत, विसंगत, सामान्य ज्ञान के प्रतिकूल; २. औंधा, मूर्खतापूर्ण; ३. अनर्गल, हास्यास्पद। **preposterously** क्रि० वि० १. अप्राकृतिक या असंगत ढंग से; २. मूर्खतापूर्ण ढंग से; ३. अनर्गल या हास्यास्पद ढंग से। **preposterousness** स० १. अप्राकृतिकता, असंगति; २. मूर्खता, औंधापन; ३. हास्यास्पदता।

prepotent (pre pō' tent) [L. *prepotens -ntem*, pres. p. of *prepposse* (PRE-, *posse*, to be able)] वि० १. अत्यधिक शक्तिशाली, अत्यंत सशक्त, अपेक्षाकृत सशक्त, दूसरों से अधिक

बलवान; २. (जी०) अपेक्षाकृत अधिक उत्पादन-शक्ति वाला या पैतृक गुणों को पहुँचाने या पारेषण करने वाला; ३. अधिक्षम* (कृ० भी)। **prepotence, -cy** सं० १. अत्यंत सक्षमता; २. अपेक्षाकृत सक्षमता; ३. अधिक्षमता* (कृ० भी)।

pre-prandial (prē prăn' di al) भोजन-पूर्व।

pre-preference (prē pref' ĕr ens) वि० (भाग, दावा आदि के लिए) अधिमान प्राप्त अंश आदि के पहले की कोटि का।

prepuce (prē' pūs) [L. *prepitium*] सं० १. लिंगाग्र चर्म, शिश्नाग्रच्छदा, लिंग के मुख पर की ढीली ढीली चमड़ी; २. (वि० १) शिश्न-मुंड-संधि*; ३. (आ०) शिश्नमुण्डच्छद*। **preputial** वि० १. लिंगाग्रचर्मीय, शिश्नाग्रच्छदीय, लिंग के मुख पर की ढीली चमड़ी से संबंधित; २. (आ०) शिश्नमुण्डच्छद-*।

Pre-Raphaelite (prē răf' ā ĕl īt) [PRE-, *Raphael*, -ITE] सं० पूर्व-रफायली, वह कलाकार जिसका उद्देश्य ऐसी कला का निर्माण है जो रफेल के पहले प्रचलित थी। **~Brotherhood** (संज्ञे० P.R.B.) अंग्रेज कलाकारों का गुट जिसमें हार्मन हंट (Holman Hunt), मिलायस (Millais), डी० जी० रोजेटी (D.G. Rossetti) सम्मिलित थे। **Pre-Raphael** वि० रफेल के पूर्व (की कला-शैली) का। **Pre-Raphael(ite)ism** सं० पूर्व-रफेलवाद।

prerequisite (prē rek' wi zit) वि० पूर्वाकांक्षित, पूर्वापेक्षित (वस्तु)। सं० किसी कार्य के करने के पूर्व जिसका पालन आवश्यक हो।

prerogative (prē rog' ă tiv) [F. *prérogative*, L. *prærogativa*, a previous choice, privilege, fem. of *prærogativus* (PRE-, *rogātivus*, rel. to *rogātus*, pp of *rogāre*, to ask)] सं० १. (Royal ~ भी) परमाधिकार* (मा० १ भी); २. विशेषाधिकार (जैसे it is our ~ to (do), we have the ~ of (doing), ३ जन्मसिद्ध अधिकार, दैवी अधिकार (जैसे it is the ~ of man to drink without thirst), ४. (पडि०) प्रथम मत देने का अधिकार और इस तरह अनगामी मनदाताओं को प्रभावित करने का अधिकार। वि० १. विशेषाधिकारी, विशेषाधिकारयुक्त; २. (रोमन ट्रिबि) प्रथम मतदाधिकारी। **~courts** परमाधिकार न्यायालय* (मा० १ भी)। **the ~ of mercy** दया का परमाधिकार।

presage (prĕs' ăj, [F. *présage*, L. *præsāgium* (PRE-, *sāgire*, to perceive quickly)] सं० १. शकुन, लक्षण, पूर्वलक्षण; २. पूर्वाभास, पूर्वसूचना, खटका। क्रि० स० (pre sāj') १. शकुन बताना, भविष्यवाणी करना, पूर्व लक्षण बताना; २. (घटना आदि का) पूर्वाभास देना (जैसे such ideas are held to ~insanity); ३. (व्यक्ति का) भविष्यवाणी करना, पूर्वाभास पाना (भी)। **presageful** वि० १. शकुनपूर्ण, पूर्वलक्षणयुक्त; २. पूर्वाभासयुक्त।

presbyopia (prĕs-, prez bi ō' pi a) [Gr. *presbus*, old man, *ōps*, from *ōpe ōpos*, eye] सं० (वि० १) जरा-दूरदर्शिता*, दूरदृष्टि, जराक्षिदोष, दूरदृष्टिदोष, (आ०) जरादूरदृष्टि*। **presbyopic** वि० जराक्षिदोषात्मक, दूरदृष्टि संबंधी।

presbyter (prĕs'-, prez' bi tĕr) [late L., from Gr. *presbuteros*, elder, comp. of *presbus*, see prec.] सं० १. प्रेस्बीटर, (प्रारंभिक गिरजों के) व्यवस्थापक पादरियों में से एक; २. (बिशपों द्वारा संगठित गिरजों का) द्वितीय श्रेणी का पादरी, पुरोहित; ३. (पादरी-संघ-शासित गिरजों का) बड़ा पादरी, ज्येष्ठ पादरी; ४. प्रेसबिटर* (ईसाई चर्च का बिशप जैसा एक अधिकारी) (मा० १ भी)। **presbyteral, presbyterial** वि० प्रेज्बीटर संबंधी। **presbyterate, presbytership** सं० प्रेस्बीटर का पद या स्थान।

Presbyterian (prez bi tĕr' i ăn) वि० १. प्रेस्बीटेरियन, समान पद के अनेक वृद्ध पादरियों द्वारा सामूहिक रूप से शासित। सं० पादरी-संघ-शासन का समर्थक, पादरी-संघ-शासित गिरजे का सदस्य। **~Church** पादरी-संघ-शासित गिरजा। **United ~Church** यूनाइटेड सेसेशन और रिलीफ़ गिरजों को संयुक्त करके सन् १८४७ में स्थापित और अब स्कॉटलैण्ड के संयुक्त स्वतंत्र गिरजे का अंग। **Presbyterianism** सं० १. पादरी-संघ-सत्तावाद; २. प्रेसबिटेरियनवाद* (प्रेसबिटरों द्वारा चर्च-प्रशासन के सिद्धान्त) (मा० १ भी)। **Presbyterianize** क्रि० स० प्रेस्बीटरवादी बनाना।

presbytery (prez' bi tē ri) सं० १. गिरजे का पूर्वान्त्य भाग, पूजास्थान; २. प्रेस्बीटर-संप्रदाय, पादरी सत्तावादियों का संप्रदाय (विशे० वह जो किसी जिले में न्यायालय के रूप में कार्य करे); ३. इस न्यायालय से संबद्ध जिला; ४. (रोमन कैथोलिक चर्च) पादरी का निवास स्थान।

prescient (presh' i ent, prē' shi ent) [F., from L. *prascientem*, nom.-*ens*, pres. p. of *prascire* (PRÆ-, *scire*, to know)] वि० आगमज्ञानी, पूर्वज्ञानी, भविष्यदर्शी। **prescience** सं० पूर्वज्ञान, आगमज्ञान, पूर्ववोध। **prescientific** (prē si en tif' ik) वि० (आधुनिक) विज्ञानपूर्व। **presciently** क्रि० वि० आगमज्ञान के साथ, दूरदर्शी के समान।

prescind (pre sind') [L. *præsindere* (PRÆ-, *scindere*, to cut)] क्रि० स० और अ० (समूची वस्तु में से एक अंश) काटना, काट कर अलग करना (विशे० अकालिक या अकस्मात् काटना)। **~from** ध्यान न देना, पत्ता काट देना, उपेक्षा करना।

prescribe (pre skrīb') [L *præscribere* (PRÆ-, *scribere*, to write), p.p. *præscriptus*] क्रि० स० और अ० १. नियत करना, निर्धारित करना, (अधिकृत रूप से) निर्देशन करना (जैसे do not ~ to me what I am to do); २. (चिकि०) नुसखा देना (ला० भी); ३. आदेशात्मक अधिकारों का स्थापन करना; ४. (आ०) औषधनिर्देशन*। **prescript** (prē' skript) सं० अध्यादेश, विधान, आदेश।

prescription (pre skrip' shun) सं० १. आदेश, निर्देशन; २. नसखा* (आ०, कृ० भी), औषध-निर्देश; ३. (मा० १) दीर्घ भोगाधिकार*, परंपरासिद्ध अधिकार,* (ला० परंपराधिकार, रूढ़ि-अधिकार, सनातन रीति; ४. (आ०, कृ०) औषधपत्र*/ औषधकल्प*। **negative ~** (विधि) अल्पकालिक अधिकार, अधिकार मांगने या दावा करने की अवधि की सीमा। **positive ~** अबाध अधिकार-भोग, परंपरागत अधिकार या पद।

prescriptive (pre skrip' tiv) वि० १. आदेशात्मक; २. रूढ़िगत, रूढ़िसिद्ध (जैसे ~right), ३. परंपरागत, परंपरागिद्ध। **prescriptively** क्रि० वि० आदेशात्मक रूप से, रूढ़िगत दृष्टि से, परंपरागत रूप से।

preselective (prē se lek' tiv) वि० पहले से चुने और बैठाये हुए (मोटरकार की गियर का)।

presence (prez' ens) [O F., from L. *præsentia*, as PRESENT] सं० १. उपस्थिति* (विधि भी), मौजूदगी (जैसे your ~ is requested); २. उपस्थिति-स्थान, वह स्थान जहाँ कोई उपस्थित हो (जैसे admitted to, banished from, his ~); ३. रंग-ढंग, रहन-सहन (जैसे a man of noble ~)। **the ~** किसी उच्च (विशे० राजपदाधिकारी) व्यक्ति के सामने सेवार्थ उपस्थिति (जैसे remained in, retired from the ~)। **in the (august etc.) ~** इस

व्यक्ति की उपस्थिति में। **~of mind** प्रत्युत्पन्नमतित्व। **real ~** दे० REAL[2]। **~-chamber,-room** बैठक, साक्षात्कार कक्ष।

present[1] (prez´ ent) [O.F., from L. *præsentem*, nom. *-ens*, pres. p. of *præesse* (PRÆ-, *esse*, to be)] वि० १. हाजिर, उपस्थित, विद्यमान (जैसे no one else was~); २. विचाराधीन, विचारगत, प्रस्तुत, पेश, जिस (विषय) पर चर्चा हो रही हो (जैसे no excuse in the~case); ३. वर्तमान, मौजूद (जैसे the ~Duke of York, in the~fashion); ४. (व्या०) वर्तमान काल। सं० १. आजकल; २. वर्तमान काल; ३. भेंट, उपहार, तोहफ़ा, सौगात। **~to the mind, the imagination** मन या कल्पना में स्पष्ट, जिसकी याद ताज़ा हो। **the ~volume** प्रस्तुत ग्रंथ। **the ~worth of** १०० पौंड का वर्तमान मूल्य (वह धन जो आज से १२ वर्षों के बाद चक्रवृद्धि ब्याजसहित १०० पौंड हो जायगा)। **the ~writer** प्रस्तुत लेखक, इन पंक्तियों का लेखक। **at ~**अभी, इस समय, फ़िलहाल (जैसे do not want anything more~)। **by these presents** (विधि या हँसी में) इस प्रलेख के अनुसार (जैसे know all men by these presents)। **for the~**अभी तो, फ़िलहाल, अभी के लिए (जैसे that will do ~)। **make a ~of** उपहार देना, भेंट देना।

present[2] (pre zent´)[O.F. *presenter*, L. *præsentare*, as prec.] क्रि० स० और अ० १. मिलाना, भेंट कराना, परिचित कराना, साक्षात्कार कराना, २. (किसी व्यक्ति को प्रभु सत्तासंपन्न के समक्ष) प्रस्तुत करना, पेश करना, औपचारिक परिचय कराना; ३. (थियेटर मैनेजर का अभिनेता को) प्रस्तुत करना या अभिनयार्थ सामने लाना, (नाटक) प्रस्तुत करना; ४. (किसी पादरी की) नियुक्ति के लिए सिफ़ारिश करना; ५. दिलाना, प्रत्यक्ष करना (जैसे ~a ragged appearance); ६. (गुण आदि) प्रकट करना, व्यंजित करना (जैसे cases that~some difficulty); ७.(सैन्य०) (बंदूक आदि) लक्ष्य साधने को पकड़ना, ८.(~arms भी) सैन्य अभिवादन के लिए (बंदूक आदि) पकड़ना; ९. (विचार आदि का) सूझना, उत्पन्न होना, प्रस्तुत होना; १०. (विधि) वैधानिक या औपचारिक ढंग से (अधिकारी को) सूचना देना, आवेदित करना; ११. (शस्त्र) तानना, निशाना लगाने के लिए (शस्त्र को) क़ायदे में लाना; १२. उपहार या भेंट देना, अभिवादन करना, सम्मान प्रदर्शित करना, (किसी व्यक्ति की मंज़ूरी के लिए) बिल भेजना। सं० (prez´ ent) अस्त्राधि (विशे०, बंदूक) का संधान, लक्ष्य-संधान या निशाने की स्थिति, शस्त्र के साथ सलामी देने की स्थिति। **~! साधो!** बंदूक का निशाना ठीक करने का आदेश। **~oneself** परीक्षा आदि में बैठना। **~person with thing** व्यक्ति को भेंट या उपहार देना। **presentable** वि० १.प्रदर्शनीय,सभ्य, परिचय-योग्य; २. भेंट या उपहार में देने योग्य। **presentability** सं० १.प्रदर्शनीयता, दर्शनीयता, भेंट-योग्यता, उपहार्यत्व। **presentably** क्रि० वि० १. प्रदर्शनीय ढंग से, परिचयार्हता पूर्वक, भेंट करने के योग्य होते हुए।

presentation (pre zen tā´ shŭn) सं० १. समर्पण, प्रदान; २. प्रदर्शन, अभिनय; ३. परिचयकरण; ४. (पार०) साक्षात्कार, प्रत्यक्षदर्शन, ५. (विधि) उपस्थित करना*; ६. प्रस्तुति*/ उदय* (आ०, मा० २ भी); ७. गर्भप्रस्तुति* (कृ० भी); ८. पुरोधान* (मा० २ भी)। **~copy of book etc.** भेंट-पुस्तक, उपहार-ग्रंथ। **presentational** वि० साक्षात्कार संबंधी, प्रत्यक्ष दर्शन या अनुभव संबंधी। **presentationism** सं० (पार०) पुरोधानवाद* (मा० २ भी), प्रत्यक्षवाद, साक्षात्कारवाद, यह सिद्धांत कि ज्ञान प्रत्यक्ष होता है। **presentation (al) ist** सं० प्रत्यक्षवादी, साक्षात्वादी। **presentative** (pre zen´ tă tiv) वि० १. गिरजे की संपत्ति, वृत्ति आदि के संबंध में, जिनके लिए संरक्षक को किसी पादरी का नाम प्रस्तावित करने का अधिकार हो, अथवा संरक्षक उस पादरी को उसकी देखभाल का जिम्मा दे सके; २.उद्बोधात्मक, सुझावपूर्ण; ३. (पार०) प्रत्यक्षात्मक, अनुभवात्मक, प्रत्यक्ष ज्ञान की प्रकृति का।

presentee (prez en tē´) सं० १. प्रस्तावित पादरी; २. पद के लिए प्रस्तावित व्यक्ति; ३. न्यायालय में पेश किया जाने वाला व्यक्ति; ४. पुरस्कार-विजेता।

presentient (pre zen´ shi ent) [L. *presentiens -ntem*, pres. p. of *præsentire* (PRÆ-, *sentire*, to feel)] वि० पूर्वज्ञानी, पूर्वबोध रखने वाला।

presentiment (prē zen´ ti ment) सं० (आने वाली घटना, विशे० दुर्घटना का) आगाही, पूर्वाभास, पूर्वबोध।

presentive (pre zen´ tiv) वि० प्रत्यक्षात्मक, प्रत्यक्षकर (शब्द) जो किसी वस्तु या कल्पना को मस्तिष्क में प्रत्यक्ष कर दे (symbolic का विलोम)।

presently (prez´ ent li) क्रि० वि० अभी, तुरंत, घड़ी भर में, थोड़ी-सी देर में।

presentment (pre zent´ ment) [O.F. *presentement*] सं० १. (विधि) जूरी द्वारा ज्ञात तथ्यों का सशपथ कथन; २. प्रधान पादरी या उपप्रधान पादरी के निरीक्षण के समय पैरिश के अधिकारियों द्वारा किसी अपराध का आरोप, ३. अभिनय, तमाशा, प्रदर्शन; ४. खाका, रेखाचित्र, छायाकृति; ५. बयान, विवरण (of के साथ प्रयुक्त), ६. सुझाव, उद्भावना, उद्बोधन।

preserve (pre zĕrv´) [F. *préserver*, late L. *præservāre* (PRÆ-, *servāre*, to keep)] क्रि० स० १. सुरक्षित रखना, बनाये रखना, जीवित रखना (नाम, स्मृति आदि), २. पूर्ववत् रखना, ज्यों का त्यों रखना, ३.(गुण, दशा आदि) नष्ट न होने देना, स्थिर रखना, अचार डालना या रखना, मुरब्बा बनाना, ४. (रसा०) परिरक्षित रखना, रासायनिक विधि से किसी वस्तु की सुरक्षा करना, ५. (शिकार, शिकारस्थल, नदी आदि को) निजी व्यवहार के लिए सुरक्षित रखना। सं० १. जैम, मुरब्बा, २. सुरक्षित शिकारस्थल, रक्षा या बचाव का अहाता (प्रायः ला०); ३. मछली के लिए पानी का रक्षित भाग, ४. (बहु०) धूप और धूल से बचने का चश्मा। **well preserved** वह व्यक्ति जो अवस्था अधिक होते हुए भी लक्षण या देखने में कम उम्र का दिखाई दे। **preservable** वि० १. परिरक्षणीय; २. (याद आदि) सँजोये रखने योग्य; ३. पूर्ववत् रखने योग्य। **preservation** सं० १. सुरक्षा, बचाव, रक्षण* (आ० भी), संरक्षण, परिरक्षण* (ई० ३, मा० २, वि० १, विधि भी); २. भले या बुरे प्रकार से सुरक्षित रहने की स्थिति (जैसे in an excellent state of ~, in (a state of) fair ~)। **preservative** (prē zĕr´ vă tiv),**-atory** वि० और सं० १. रक्षक (ओषधि, उपाय आदि); २. (ई० ३, कृ०) परिरक्षक* (रसा० भी)। **preservatize** क्रि० स० परिरक्षण करना। **preserver** सं० परिरक्षक, संरक्षक।

preside (pre zid´) [F *présider*, L. *præsidēre* (PRÆ-, *sedēre*, to sit)] क्रि० अ० १. अध्यक्षता या सभापतित्व करना (प्रायः over के साथ प्रयुक्त), अध्यक्ष-पद ग्रहण करना; २. नियंत्रण रखना, अधिपति या सर्वेसर्वा होना, सर्वोच्च सत्ताधारी होना (प्रायः ला०)। **~over the organ, piano, etc.** अरगन या पियानो-वादक का कार्य करना।

presidency (prez´ i den si) सं० १. प्रेसीडेन्सी*/ प्रदेश* (मा० १ भी), अध्यक्ष या सभापति का पद; २. इसकी अवधि; ३. महाप्रांत (विशे० बंगाल, मद्रास, बंबई जो पहले प्रेसिडेंसी कहलाते थे)।

president (prez′ i dènt) सं० १. अध्यक्ष*/ प्रधान* (मा० १ भी); २. (कुछ कॉलिजों के) प्रधान, प्रधानाध्यापक; ३.(अमरीकी प्रयोग) बैंक का प्रधान; ४. परामर्शदात्री परिषद् आदि का प्रधान (जैसे ~of the Board of Trade); ५. अमरीका तथा अन्य गणतंत्र राज्यों के राष्ट्रपति* (मा० १ भी); ६. (इति०) राज्यपाल, उपनिवेश का शासक। **Lord President of the Council** (ब्रिटेन की) प्रिवी कौंसिल का अध्यक्ष। **presidentess** सं० १. अध्यक्षा, समानेत्री; २. राष्ट्रपति की पत्नी। **presidential** वि० अध्यक्षीय। **presidentially** क्रि० वि० अध्यक्षपद से, अध्यक्ष के अधिकार से। **presidentship** सं० १. अध्यक्षता, अध्यक्ष-पद; २. राज्यपतित्व, राष्ट्रपति-पद।

presidial, -ary (pri sid′ i ăl, -ăr i) [F. *présidial*, late L. *praesidialis*, from *praeses -idis*, PRESES] वि० दुर्गरक्षक सेना का, दुर्गरक्षक सेना के रूप में काम करने वाला।

presidium सं० १. विभिन्न साम्यवादी संस्थाओं की स्थायी समिति; २. प्रेसीडियम*/अध्यक्ष मंडल*/प्रधान परिषद्* (रूस) (मा० १ भी)।

press[1] (pres) [F. *presser*, L. *pressāre*, freq. of *premere*] क्रि० स० और अ० १. दबाना, दाबना, भार डालना (जैसे let a heavy weight ~it); २. स्नेह के रूप में दबाना (जैसे he pressed my hand); ३. (किसी वस्तु को) दाब कर ऊपर-नीचे खिसकाना (up, down, against आदि के साथ प्रयुक्त); ४. ज़ोर डालना, भार डालना (on, against आदि के साथ प्रयुक्त), ५. निचोड़ना, (रस) निकालना (out of, from आदि के साथ प्रयुक्त); ६. कुचलना, कर निकालना (जैसे pressed beet); ७. (शत्रु, आक्रमण-शक्ति आदि को) दबाना, पीड़ित करना, दमन करना (विशे० भू० कृ० में) (जैसे hard pressed); ८. अत्याचार करना, कुचलना, (आवेग, मन, उत्साह आदि को) संयमित करना, ९. आग्रह करना, प्रेरित करना, प्रभाव डालना, प्रोत्साहन देना, १०. अत्यावश्यक होना, तत्काल कार्यवाही चाहना (जैसे time presses, nothing remains that presses); ११. प्रार्थना करना, निवेदन करना, मिश्रित करना, हाथ जोड़ना; १२. (शब्दों या रूपक के) अर्थों पर अड़ना, इसकी ठीक-ठीक व्याख्या का दुराग्रह करना, १३. (किसी व्यक्ति पर अपनी कार्य पद्धति, विचारधारा) थोपना या लादना, (उपहार आदि) सिर मढना, आग्रहपूर्वक या बलात् देना; १४. भीड़ लगना, उमडना, मेला लगना, जुटाव होना (up, round आदि के साथ प्रयुक्त); १५. जल्दबाजी करना, आगे चलना या बढना, पग बढ़ाना (on, forward आदि के साथ प्रयुक्त)। सं० १. जनसमूह, भीड़; २. युद्ध की धकापेल, रेलपेल; ३. कशमकश, खींचतान, अस्तव्यस्तता, व्यस्तता (जैसे the ~of modern life); ४. दबाव, दाब (जैसे give it a slight ~); ५. (नौ० वि०) पाल का दबाव, उतना दबाव जितना हवा में ठहर सके; ६. शिकजा, दबाने का पेच, कोल्हू, दाबयंत्र*/ प्रेस* (कृ०, मा० १ भी); ७. (printing-~भी) छापाखाना, छपाईघर, मुद्रणालय; ८. छपाई की मशीन; ९. मुद्रणकला; १०. सामूहिक रूप से समाचारपत्र (जैसे favourably noticed by the ~); ११. (वस्त्र, पुस्तक आदि रखने की) बड़ी खानेदार दीवारी आलमारी। **am pressed for space, time, funds** (कर्मवाच्य में) स्थानाभाव, समयाभाव या धनाभाव से ग्रस्त हूँ। **to (the) ~** छपने वाला है। **correct the ~** छपाई की अशुद्धियों का संशोधन करो। **freedom of the ~** कुछ भी छापने या प्रकाशित करने की स्वतंत्रता। **have a good ~** इसका अच्छा प्रकाशन हुआ या प्रेसवालों ने इसे अच्छे ढंग से छापा या विज्ञापित किया, इस पर प्रेस वालों ने भरपूर ध्यान दिया। **in the ~** छप रहा है। **~the button** बटन दबाना, यंत्रचालन करना, (ला०) निश्चयात्मक पग उठाना। **~campaign or stunt** प्रचार-आंदोलन, समाचारपत्रों में लेख, पत्र आदि देकर किया गया राजनीतिक या अन्य प्रचार। **~agent** प्रचार-प्रतिनिधि, विज्ञापन प्रमुख, किसी नाटक-मंडली या अभिनेता द्वारा नियुक्त व्यक्ति जिसके ऊपर विज्ञापन और मुद्रणालयों द्वारा प्रचार-कार्य कराने का भार रहता है। **~box** प्रस-प्रतिनिधियों का स्थान। **~-cutting** दे० CUTTING (**~-gallery** लोकसभा में पत्रकारों के बैठने का स्थान या गैलरी। **~man** १. पत्रकार; २. छपाई की मशीन को चलाने वाला। **~-mark** पुस्तक-संख्या, पुस्तकालय की पुस्तकों में पड़े हुए निशान जिससे उनके स्थान का निश्चय होता है। **pressing** वि० १. दबाना* (ई० ३, कृ० भी) (क्रियागत रूपों में) (विशे० अत्यावश्यक, अविलंब, जोरदार, (जैसे ~need, danger); २ आग्रही, दुराग्रही, दृढाग्रही (जैसे a ~invitation, since you are so~)। **pressingly** क्रि० वि० अत्यावश्यक रूप में, दुराग्रहपूर्वक।

press[2] (pres) [from PRESS[1]] क्रि० स० १. सेना या नौसेना में भर्ती होने को विवश करना (लो० भी, विशे० ~thing into the service of); २. (घोड़े, नाव आदि को) राजकीय या सार्वजनिक कार्यों के लिए बेगार में पकडना। सं० (इति०) नौसेना या सेना (प्रायः कम) में अनिवार्य भर्ती। **~-gang** जहाजी नौकरी के लिए बेगार पकडने वाला गिरोह।

pressure (presh′ ŭr) [O.F., from L. *pressūra*, from PRESS[1]] सं० १. दबाव* (कृ० भी), दाब* (आ०.ई० १, २, कृ०, वि० १ भी), चाप, जकड़; २. दबाव या दाब का बोझ या माथा या भार; ३. उत्पीडन, अत्याचार, विपत्ति, मनस्ताप; ४. संकट, तंगी, परेशानी (जैसे financial ~), ५. अविलंबता, अत्यावश्यकता (जैसे wrote hastily & under ~); ६. जबरदस्त प्रभाव, बलात् या विवशकारी प्रभाव (जैसे ~must be brought to bear upon him)। **atmospheric~** वायुमंडलीय दाब। **blood ~** रक्तचाप। **high ~** अधिक दाब, (लो०) अत्यधिक क्रियाशीलता, अत्यधिक तेजी या गतिशीलता आदि (जैसे working at high ~. high ~work)। **low ~** अल्पदाब। **pressurize** क्रि० स० (विशे० भू० कृ० में) समदाबक्षम, वायुदाबक्षम, वायुयान आदि को ऐसा बनाना कि वायुचाप, तापमान आदि इस प्रकार नियन्त्रित हों कि बिना असुविधा और ऑक्सीजन के प्रयोग उड़ान ले सकें।

Prester John (pres′ ter jon) सं० प्रेस्टर जॉन, एक काल्पनिक पुरोहित तथा राजा जो मध्ययुग में अबीसीनिया या किसी पूर्वी देश में शासन करता था।

prestidigitation (pres ti dij i tā′ shun) [F. *preste*, It. PRESTO, L. *digitus*, finger, -ATION] सं० बाजीगरी, हाथ की सफ़ाई। **prestidigitator** सं० बाजीगर, मायावी, जादू करने वाला।

prestige (pres tēzh′, pres′ tij) [F., from L. *praestigium*, a trick, illusion, glamour. from *praestringere* (PRAE-, *stringere*, to bind)] सं० इज्ज़त, प्रतिष्ठा* (मा० ३ भी)।

presto (pres′ tō) [from prec.] क्रि० वि० (बाजीगर के फ़ार्मूलों में) तुरत, झट से, छू! छूमंतर!। वि० शीघ्रगामी, द्रुतगामी, छूमंतरवाला, बाजीगरी।

presume (prē zūm′) [O.F. *presumer*, L. *praesūmere* (PRAE-, *sūmere*, to take)] क्रि० स० और अ० १. साहस करना, आज्ञा लिए बिना करना, ढीठता करना; २. मान लेना, कल्पना करना, उपधारित

करना* (विधि भी) (जैसे I ~that he has seen them)। ~(up) on (किसी की सज्जनता या उससे जान-पहिचान से) बेजा फ़ायदा उठाना, उसका दुरुपयोग करना। **presumable** क्रि० वि० संभाव्य, अनुमेय। **presumably** क्रि० वि० अनुमानतः, संभाव्यतः। **presumedly** क्रि० वि० अनुमानित ढंग से, परिकल्पित रूप से। **presumingly** क्रि० वि० दुरुपयोग करते हुए, अनुचित लाभउठाते हुए।

presumption (prē zŭmp'shŭn) सं० १. शेखी, अभिमान, घृष्टता, गुस्ताखी; २. अनुमान, पूर्वानुमान, ख्याल (जैसे this was a mere ~); ३. आधारभूत कल्पना, उपधारणा* (विधि भी), धारणा का कारण (जैसे there is a strong ~ against its truth); ४. प्रकल्पना* (मा० ३ भी)। **the** ~ सहज तथा एकमात्र अनुमान, स्वाभाविक अनुमान या धारणा। **~of fact** (विधि) सत्यानुमान*. ठोस तथ्य के आधार पर की गई धारणा या अनुमान। **~of law** १. वैधानिक अनुमान, किसी वस्तु की सत्यता का अनुमान जब तक अन्यथा सिद्ध न हो; २. विधि द्वारा स्थापित अनुमान जो व्यापक रूप से किन्हीं विशेष परिस्थितियों पर लागू हो।

presumptive (prē zŭmp' tiv) वि० संभावित, अनुमानित (जैसे ~evidence)। **heir** ~ अनुमानित उत्तराधिकारी, वह जिसका पैतृक अधिकार किसी निकटतर उत्तराधिकारी के पैदा हो जाने पर छिन जाय (तुल० APPARENT)। **presumptively** क्रि० वि० संभावित या अनुमानित रूप से।

presumptuous (prē zŭmp' tū us) [O F. *presumptueus*, late L. *presumptuōsus*, *presumptiōsus*, as prec.] वि० दुराशी, घृष्ट, उद्धत, गुस्ताख़। **presumptuously** क्रि० वि० दुराशापूर्वक, घृष्टता से, ढिठाई से। **presumptuousness** सं० दुराशा, धृष्टता, गुस्ताखी।

presuppose (prē su pōz') [F. *présupposer*] क्रि० स० पहले से मान लेना, पूर्व धारणा बनाना या पूर्वानुमान करना, सम्मिलित या सन्निहित करना, उपलक्षित करना (जैसे effects ~causes)। **presupposal**, **presupposition** सं० १. पूर्वधारणा; २. पूर्वानुमान, पूर्वकल्पना, पूर्वमान्यता* (मा० २ भी)।

pretend (prē tend') [F. *prétendre*, L. *prætendere* (PRÆ-, *tendere*, to stretch), p.p. *prætensus*] क्रि० स० और अ० १. बनना, दिखलाना, प्रदर्शित करना; २. नाटक में स्वांग रचना, स्वरूप धारण करना; ३. झूठा अधिकार दिखाना, झूठमूठ दावा करना (जैसे you should ~ illness); ४. मिथ्यारोप लगाना; ५. जोखिम उठाना, महत्त्वाकांक्षा प्रदर्शित करना, साहस करना; ६. (अधिकार, पद का) दावा करना, अधिकार जताना। **~to win in marriage** विवाह करने की कोशिश करना। **~to** (गुणवान) बनना, (गुणवान आदि) होने का ढोंग रचना। **pretence** (prē tens') सं० १. दावा; २. प्रदर्शन, दिखावा, आडंबर (जैसे devoid of all ~); ३. छल, बहाना* (विधि भी) (जैसे under the ~of helping); ४. स्वांग, स्वरूप-धारण। **pretendedly** क्रि० वि० १. कपटपूर्वक, बहाने से; २. छद्म वेश में; ३. छल से, साहसपूर्वक। **pretender** सं० मिथ्याभिमानी, कपटी, झूठा दावा करने वाला, (गद्दी का) मिथ्या दावेदार* (मा० १ भी) **Old Pretender** जेम्स द्वितीय का पुत्र जिसने अपने को ब्रिटिश सिंहासन का अधिकारी प्रदर्शित किया था। **Young Pretender** जेम्स द्वितीय का पौत्र जिसने ब्रिटिश सिंहासन का दावा किया था। **pretendership** सं० झूठा दावा।

pretension (prē ten' shŭn) सं० १. दावा; २. सच्चा या उचित दावा (जैसे he has no pretensions to the name); ३. मिथ्याभिमान, आडंबर।

pretentious (prē ten' shus) वि० १. ढोंगी, आडंबरी, मिथ्याभिमानी; २. दिखावटी. भड़कीला, आडंबरपूर्ण। **pretentiously** क्रि० वि० १. ढोंग के साथ; २. आडंबर पूर्वक, दिखावट के साथ। **pretentiousness** सं० मिथ्याभिमान, दिखावटीपन।

preter- [L. *preter*, past, beyond, comp. of *præ*, before] 'अतीत', 'के परे', 'से ज़्यादा' के अर्थों में प्रयुक्त प्रत्यय। **~canine** (prē ter kān' in) वि० अतिश्वान। **~human** (prē ter hū' măn) वि० अतिमानव।

preterit, preterite (pret' er it) [O.F., from L. *præteritus*, p.p. of *præterire* (PRETER-, *ire*, to go)] वि० (क्रिया) (~tense) भूतकालिक, बीता हुआ, गुज़रा हुआ। **~present (tense)** १. भूत-वर्तमान काल, वह जो मूलतः बीता हुआ है किन्तु वर्तमान की तरह प्रयुक्त होता है (जैसे can, may, shall); २. (हंसी में) विगत-व्यतीत, अतीतकालीन। **preteritness** (pret' er it nes) सं० अतीतावस्था, भूतकालिकता।

preterition (prē ter ish' un) [late L. *præteritio*, as prec.] सं० १. उपेक्षा, अवहेलना, परित्याग (of के साथ प्रयुक्त); २. (धर्म०) मृत्यु, ऐसी मौत जिसमें दिवगत आत्मा को स्वर्ग नहीं मिले, ३. (मा० १) प्रिटेरिशन*, विस्मरण* (काल्विन का सिद्धान्त)।

pretermit (prē ter mit') [L. *prætermittere* (PRETER-, *mittere*, to send, to let go)] क्रि० स० १. (तथ्य आदि का) उल्लेख न करना; २. उपेक्षा करना, लापरवा, (चलन, निरंतर होने वाली क्रिया को) कुछ समय के लिए छोड़ देना, उसको त्यागना; ३. (असमय प्रयोग) छोड़ देना, परित्याग करना। **pretermission** सं० त्याग, छुटकारा, परित्याग।

preternatural (prē ter nat' ū ral) वि० अतिप्राकृत, प्रकृति से परे, अलौकिक या लोकोत्तर (भी)। **preternaturally** क्रि० वि० अतिप्राकृत ढंग से, अलौकिक रूप से। **preternaturalism** सं० १. अति-प्राकृतिकता; २ लोकोत्तरवाद।

preternsensual (prē ter sen' sū al) वि० इन्द्रियातीत।

pretext (prē' tekst) [F. *prétexte*, L. *prætextus*, p.p. of *prætexere* (PRÆ-, *texere*, to weave)] क्रि० स० बहाना बनाना, मिथ्या तर्क देना, हीला करना, सच्चाई ढकना करना। सं० बहाना, हीला, हीला-हवाला, व्याज। **on, under. upon the~ of or that** अपना अधिकार या स्वत्व जताते हुए।

pretone (prē' tōn) [TONE] स० ज़ोर दे कर उच्चरित होने वाले शब्दांश के पहले का अक्षर या स्वर। **pretonic** वि० इससे संबंधित।

pretor etc. दे० PRÆTOR।

pretty (prit'i) [A.S. *prætig*, *prættig*, from *prætt*, *prætt*, trick, trickery (cp. Dut. *part*, Norw. *pretta*)] वि० १. कमनीय, मनमोहक, मनोहर, रमणीय, सलोना, भोली (सूरत); २. चित्ताकर्षक, सुहावना, मनोहारी (जैसे ~cottage, song, scene, story); ३. बढ़िया, उत्तम, श्रेष्ठ (has a ~wit; व्यंग्य से, a ~ mess you have made); ४. (लुप्तपद) सुंदर बच्चा या प्रीतिपात्र (जैसे my ~)। क्रि० वि० ठीक-ठीक, खासा, खूब (जैसे (a~ well, find it ~difficult)। मा० १. गिलास या बड़े पात्र में उभरी हुई रेखा (जैसे fill it up to the ~); २. बेरोक-टोक (बोल०)। **that is ~much the same thing** यह लगभग वैसी ही बात है। **~~** अतिसौंदर्यप्रिय, अतिशृंगारप्रिय, अतिकमनीयताप्रिय। **pretties** आभरण, आभूषण, साज़बाज, गहना गुरिया, सजावट की हल्की चीज़ें। **prettify** क्रि० स० मनोहर या रमणीय बनाना, अति कोमल, रमणीयता या चारुता के साथ प्रस्तुत करना। **prettily** क्रि० वि० सुरम्य या कमनीय रूप से,

सुन्दरतापूर्वक या रमणीयता के साथ (जैसे ~dressed)। **eat, ask, behave ~** (शिशु-शिक्षण) तरीके से या बढ़िया ढंग से खाओ, पूछो, व्यवहार करो। **prettiness** सं० १. कमनीयता, चारुता, सुशोभित वस्तु, आजरुप आदि; २. साहित्य या कला में शैली का चमत्कार या कृत्रिम सौंदर्य। **prettyish** वि० कमनीय या सलोना-सा, बढ़िया-सा, सुहावना-सा। **prettyism** सं० चमत्कारवाद, शैली में कृत्रिम सौंदर्यवाद।

prevail (prē vāl') [L. *prævalēre*, PRÆ-,valēre to be strong] क्रि०अ० १. प्रबल होना, विजय पाना, निष्पात होना (against, over के साथ प्रयुक्त); २. मान्य होना, व्याप्त होना; ३. प्रचलित होना, चलन में होना, प्रचारित होना। ~(up) on कह-सुन कर राजी करना, ज़ोर डाल कर कराना। **prevailingly, prevalently** क्रि० वि० सर्वत्र प्रचलित या व्यापक रूप से, साधारण रीति से। **prevalence** (prev' á lens) सं० प्रचलन, प्रचार, फैलाव, प्रसार, व्यापकता। **prevalent** वि० प्रचलित, प्रचारित, व्यापक, मान्य।

prevaricate (pre vär' i kāt) [L. *prævāricātus*, p.p. of *prævāricārī* (PRÆ-, *vāricus*, straddling, from *vārus*, bent)] क्रि०अ० १. टालटूल करना, टालमटोल करना; २. छलकपट करना, वाक्छल करना। **prevarication** सं० १. छलकपट, वाक्छल; २. टालमटोल। **prevaricator** सं० १. वाक्छली; २. टालटूल करनेवाला।

prevenient (prē vē' ni ent) [L. *prævenīens -ntem*, pres. p. of *prævenīre*, to precede, to anticipate, to prevent (PRÆ-, *venīre*, to come)] वि० पूर्ववर्ती, पिछला, पहिले का, निरोधाधी, निरोधपरक (of के साथ प्रयुक्त)। ~**grace** ईश्वर की पूर्वकृपा जिसके फलस्वरूप व्यक्ति का हृदय निष्पाप हो जाता है और वह प्रायश्चित्त के लिए तत्पर हो जाता है।

prevent (pre vent') [L. *præventus*, p.p. of *prævenīre*, as prec.] क्रि० स० १. रोकना, रुकावट डालना, रोकथाम करना, व्याघात करना (जैसे this may ~him from writing); २. (धर्म०) रास्ता दिखाना, मार्ग प्रदर्शन करना (जैसे God prevents us with His grace)। **preventable, -ible** वि० रोकने योग्य, निवारण करने योग्य। **prevention** सं० रुकावट, रोक, रोकथाम, निवारण*/ निरोध* (आ०, कृ०, वि० १ भी)। **preventer** सं० १. (क्रियागत अर्थों में) इसके अतिरिक्त; २. (नौ० वि०) रस्सी, जंजीर, बल्ली, चटखनी आदि। **preventive** वि० निरोधक* (आ०, मा० ३, वि० १ भी)। निवारक, (विशे० क्वचित्) रोगनिवारक, निरोधी* (वि० १ भी) सं० निरोधक अभिकर्ता, कार्य, मान, बज़न, औषधि आदि। ~**service** तटरक्षा-सेवा-कार्य, समुद्रतट-रक्षा का कार्य। **preventative** वि० और सं० निवारक, निरोधक (व्यक्ति, कार्य, औषधि)। **preventively** क्रि० वि० निवारक रूप से, निरोधक रूप से।

preview, prevue (pré' vū') सं० पूर्वजाँच, किसी चलचित्र, नाटक या ग्रंथ को जनसाधारण के समक्ष लाने के पूर्व उसकी परीक्षा। क्रि० स० पूर्वविचार या पूर्वपरीक्षण करना।

previous (pré' vi us) [L. *prævius* (PRÆ-, *via*, way)] वि० १. पूर्ववर्ती, प्राथमिक; २. (आ०) पूर्ववत्, पहले का; ३. जल्दबाज़ (जैसे you have been a little too ~)। क्रि० वि० पहले, पूर्व, आगे से (जैसे has called ~to writing)। **Previous Examination** कैम्ब्रिज की बी० ए० की प्राथमिक परीक्षा की डिग्री। ~**question** (संसद) पूर्वप्रश्न, मुख्य प्रश्न पर मत लेने के संबंध में (मुख्य प्रश्न को बचा जाने के उद्देश्य से) उठाया गया प्रश्न। **previously** क्रि० वि० पूर्वतः, पहले। **previousness** सं० पूर्ववर्तिता, पूर्वकालिकता।

previse (pré vīz') [L. *prævīsus*, p.p. of *prævidēre* (PRÆ-, *vidēre*, to see)] क्रि० स० पूर्वेक्षण करना, भविष्य देखना, पहले से देख लेना (घटना आदि)। **prevision** सं० १. दूरदर्शिता; २. पूर्वदृष्टि*/ पूर्वज्ञान* (आ० ३ भी)। **provisional** वि० दूरदर्शितापूर्ण। **previsionally** क्रि० वि० दूरदर्शितापूर्वक।

prey (prā) [O.F., *praie, preia*, L. *prœda*, booty] सं० १. शिकार, गोश्तखोर जानवर (वह जो भोजन की तलाश में मारा जाय जैसे beast, bird, fish), बलि; २. लूट का माल, लूट-सामग्री, ३. बलिदान का पशु या पुरुष, शिकार, बलि। क्रि० अ० १. उदर्स्थी भोजन छीनना; २. अपहरण करना, छीनना, लूट-खसोट करना। ~**upon** १. (जानवर आदि की) तलाश करना, ढूँढना; २. (व्यक्तियों को) लूटना, ३. (रोग और भाव आदि का) ग्रसना, विनाशक प्रभाव डालना।

priapism (prī' á pizm) सं० १. व्यभिचार, लम्पटता; २. लिंग की अविचल दृढ़ता।

price (pris) [M.E. and O.F. *pris* (F. *prix*), L. *pretium*, cp. PRAISE, PRIZE] सं० १. दाम, भाव*/ मूल्य* (वि० १ भी), क़ीमत; २. (दाँव लगाना) लाभांश, दाँवों का अनुपात, दाँव पर रखा हुआ धन (जैसे the starting ~ of a horse); ३. (ला०) किसी चीज़ की प्राप्ति के लिए, जो काम करना पड़े, देना पड़े या जो उत्सर्ग करना पड़े (जैसे must be done at any ~)। क्रि० स० मूल्य रखना, मूल्य निर्धारित करना, क़ीमत लगाना, (ला०) मूल्यांकन करना, मूल्य का अनुमान लगाना। **above, beyond, without ~** अनमोल, अमूल्य। **every man has his ~** हर आदमी को किसी न किसी लालच से मनाया जा सकता है। **set ~on person's head** किसी को पकड़ने या मारने पर रुपया देने की कहना, किसी की गिरफ़्तारी या हत्या के लिए पुरस्कार की घोषणा करना। **what ~the concert of Europe?** (आ०) किसी व्यक्ति के किसी सुहावपूर्ण कार्य में असफल होने पर यह अन्य किया जाता है। **would not have it. do it, etc., at any ~** किसी भी मूल्य पर, किसी भी बात पर तैयार न होना। ~**current** वर्तमान मूल्य, वर्तमान दाम। ~**list** मूल्यसूची, भावसूचनाक, मूल्य सूचनाक। **high ~** जिसका मूल्य अधिक रखा गया हो। **low ~** जिसका मूल्य कम रक्खा गया हो। ~**catalogue** मूल्य-सूची। **priced** वि० समूल्य, जिसका मूल्य निर्धारित कर दिया गया हो (विशे० समास में जैसे high, low ~)। **priceless** वि० १. अमूल्य, मूल्य से पर, २. (आ०) अत्यन्त विनोदपूर्ण, अत्यन्त मनोरंजक; ३. अत्यत मूढतापूर्ण। **pricelessness** सं० अमूल्यता, अनमोलपन।

prick (prik) [A.-S. *prica* (cp. Dan. *prik*, Swed. *prick*) cogn. with *prician*, to prick (cp Dan. *prikke*, Dut. *prikkren*)] सं० १. छेदन, चुभाना, २. (ला०) अकुश, ३. (अशि०) लिंग। क्रि० स० और अ० १. थोड़ा बीधना, छेद करना, छेदना; २. (ला०) तीव्र वेदना देना, सालना, ३. बधेलना, ठलना; ४. (सूची में नाम आदि) चिह्नित करना, ५. मनोनीत कर लेना, (निर्दिष्ट स्थान का शासनाधिकारी) चुनना; ६. चिह्नों से चिह्नित करना। **kick against the pricks** दीवाल पर सिर दे मारना, अतःकरण की भर्त्सना, ज़मीर की लानत। ~**in** बीज लगाना, किसी पौधे को भूमि में लगाना। ~**off** पौधे को कुछ अतर से लगाना। ~**out** पौधों को सीधी पंक्ति में दूर-दूर लगाना। ~**up one's ears**

१. (कुत्ते का) कान खड़ा करना; २. चौकन्ना होना; ३. (ला० व्यक्ति का) एकाएक ध्यान देना, चौकन्ना होना, सचेत होना, सावधान होना; ४. ध्यान से कान खोल कर सुनने लगना। **~-eared** वि० चौकन्ना, कान खड़े करने वाला, ध्यान से कान खोल कर सुनने वाला। **~-ears** सं० (बहुव०) १. खड़े कान; २. कुछ विशिष्ट कुत्तों के सीधे उठे हुए कान; ३. (विशे० round ears) व्यक्ति के विशेष कान; ४. उठे हुए कानों वाला विशिष्ट व्यक्ति। **pricker** सं० बेधक, (क्रियागत अर्थों में) (विशे०) बेध-यंत्र, छेदनी, खोदने और सुराख करने का यंत्र, बेधनी*/ चुभनी* (मा० १ भी)।

pricket (prik' et) [from prec., in allu. to the straight unbranched horns] सं० दो साला हिरनौटा, मृगछौना, जिसके सींग सीधे होते हैं। **pricket's sister** दो साल की हिरनी।

prickle[1] (prik' el) [A.-S. *pricel*, cogn. with prec.] सं० १. काँटा, कंटक, शूक* (आ० भी); २. छोटा काँटा; ३. साही का नुकीला काँटा; ४. तीक्ष्णवर्ष* (आ०, वि० १ भी)। कि० स० और अ० काँटे की भाँति चुभना, चुभन अनुभव करना। **prickling** सं० नोक, चुभन। वि० बेधक, भेदक, चुभने वाला। **prickly** वि० १. (विशे० पौधों और जानवरों के नाम में) काँटेदार; २. सनसनाहटपूर्ण, काँटा गड़ने या चुभने-सा दर्द देने वाला; ३. (वि० १) तीक्ष्णवर्षी*। **~heat** गर्मी के दाने, अँधौरी* (आ० भी), अम्हौरी, अलाई, गर्मी के कारण होने वाले दाने जो मर्म देशों में सामान्यतः होते हैं, धमेराजिका*/ त्रिकली ह्रीट* (आ० भी)। **~pear** नागफनी* (वि० १ भी)। **prickliness** सं० १. नुकीलापन, कटीलापन; २. सनसनाहट।

prickle[2] (prik' el) [etym. unknown] सं० १. लकीली ठहनियों की बनी हुई टोकरी या टोकरा, झाबा; २. माप।

pride (prid) [A.-S. *prýto, prýte*, cogn. with *prût*, PROUD] सं० १. अभिमान, घमंड, गर्व* (मा० २ भी), शेखर, उद्धत, गर्वीला, उद्धत आचरण; २. (Proper~ भी) उचित अभिमान, आत्म-सम्मान; ३. (सिंहों का) लहेड़ा, शूण्ड (विशे० ~of grease)। कि० स० घमंड करना। **false~** १. झूठा गर्व, मिथ्याभिमान, हेंकड़ी; २. किसी अच्छी वस्तु से उसे बुरा कह कर दूर रहना। **peacock in his~** मस्त मोर की पूँछ का फैलना और पक्षों का झुकना, प्रसन्न-मदन मोर। **~of place** १. मद, गर्व, २. उच्च पद का मद, राजमद। **~of the morning** कुहरा या प्रात:-कालीन बौछार। **~oneself upon** (अपनी किसी वस्तु, गुण या कार्य पर) गर्व करना, इतराना। **~will have a fall** घमण्डी का सर सदा नीचा होता है। **take~in** (किसी वस्तु, व्यक्ति और कार्य पर) गर्व का अनुभव करना। **prideful** वि० (विशे० स्कॉटलैण्ड में) गर्वीला, अहंकारी। **pridefully** क्रि० वि० सगर्व, अहंकारसहित। **prideless** वि० निरभिमान, अभिमान-रहित।

priest (prēst) [A.-S. *prēost*, PRESBYTER] सं० १. पुजारी* (मा० १ भी), अब राजपादरी के अर्थ में प्रयुक्त) पुरोहित, पादरी, वह जो पादरी से नीचे का गिरजे का अधिकारी और गिरजे का एक उच्च धर्माधिकारी भी होता है, २. जिसे ईसा मसीह के अंतिम भोज आदि का अनुष्ठान और उचित कार्यों का फ़ैसला देना है; ३. वेदी (गिरजे की एक मेज़) का मिनिस्टर; ४. (विशे०) ईसा मसीह के अंतिम भोज के स्मारक रात्रि-भोज का अधिकारी; ५. ग़ैर-ईसाई धर्म का राजपुरोहित या पादरी; ६. (आयरलैण्ड में) मछली मारने की मोगरी। कि० स० (किसी व्यक्ति को) पादरी बनाना। **~-craft** पुरोहिती, पुरोहित का छल। **~-in-the-pulpit** एकबीजपत्रीय, मोनोकोटिलेडन जाति का एक ऐरम जंगली पौधा। **~of nature** प्रकृतिपूजक, प्रकृतिवादी। **~of science** विज्ञानपूजक, विज्ञानवादी। **~-ridden** पुरोहित या पादरी के वशीभूत। **priest's hood** १. प्रीस्टहुड, एकबीजपत्रीय, मोनोकोटिलेडन जाति का ऐरम जंगली पौधा; २. पुरोहित वर्ग। **~-vicar** सहायक पादरी। **priestess** सं० पुजारिन। **priestless** वि० पादरी-रहित, पुरोहित-विहीन। **priestlike** वि० पुरोहित जैसा, व्यवहार में पुरोहित या पादरी के सदृश। **priestling** सं० अल्पायु पुरोहित, कोरा पुरोहित, छोटा पुरोहित। **priestly** वि० पादरीवत, पादरी के योग्य, पादरी या पुरोहित की तरह। **~code** (पुराने टेस्टामेंट की टीका) पुरोहितीय संहिता, पुरोहित-योग्य संहिता। **~writer** पुरोहितीय संहिताकार। **priestliness** पादरीपन, पादरीगीरी पुरोहिताई।

prig (prig) [prob. var. of PRICK] सं० १. दम्भी, आचार और कथन में दम्भी व्यक्ति, घमण्डी व्यक्ति, उपदेशात्मक व्यक्ति; २. (ग्रा०) चोर, उचक्का। क्रि० स० (ग्रा०) चुराना, चोरी करना। **priggery, priggishness, priggism** सं० परोपदेशकता, दम्भ, रूपगर्व, दाम्भिकता। **priggish** वि० दम्भी, परोपदेशक। **priggishly** क्रि० वि० दम्भपूर्वक।

prim (prim) [prob. 17th cent. slang] वि० १ (व्यक्ति, आचार, वाणी आदि का) रस्मी, औपचारिक, व्यावहारिक; २. नियमानुकूल; ३. तकल्लुफ़ी। क्रि० स० १ बनना, २. अपने लिए लेना, अपने अधिकार में लेना, ३. (मुख, ओंठ आदि से) औपचारिकता या शिष्टाचार प्रदर्शित करना। **primly** क्रि० वि० १. व्यावहारिकतापूर्ण, २. अतिशिष्टतापूर्ण। **primness** सं० औपचारिकता, तकल्लुफ़।

primacy (prī' ma si) [O.F. *primacie*, med. L. *primâtia*, L. *primâtus*, from *primus*, PRIME[1]] सं० १ प्रधान पादरी का पद; २. पूर्व-ख्याति, श्रेष्ठता।

primage (prī' maj; [med. L. *primâgium*, etym. doubtful] सं० अतिरिक्त भाड़ा, सुरक्षार्थ भाड़ा, वह अतिरिक्त भाड़ा जो पोत के स्वामी को इसलिए दिया जाता है कि माल के उत्तार-चढ़ाव में एहतियात बर्ती जाए।

primal (prī' mal) [L. *primâlis*, from *primus*, PRIME[1]] वि० आदिम, प्रधान, सब से पहले का, बुनियादी, सारभूत। **primally** (prī' ma li) क्रि० वि० आदिम युग में, प्रारम्भ में, प्रधान रूप से, बुनियादी तौर पर।

primary (prī' ma ri) [L *primârius*, from *primus*, PRIME[1]] वि० १. प्राथमिक* (आ०, कृ०, मा० ३, वि० १ भी), प्रारम्भिक, मौलिक, प्रथम, जो किसी क्रम में सर्वप्रथम हो और दूसरा उसका स्थान न प्राप्त कर सके (जैसे the ~ vowel sounds, ~meaning of a word); २ मूल* (कृ० मा० ३ वि० १ भी); ३. प्रधान महत्त्व का, प्रमुख, मुख्य*, प्रधान* (आ०, कृ०, वि० १ भी); ४. (भूगर्भ०) भू-त्वक्, (जमीन का) निम्नतम पर्त, ५. (जीव०) आद्य, प्रथम, विकास की प्रारम्भिक अवस्था का। **~amputation** शरीर का वह अंश जहाँ प्रदाह या शोथ के ओर अधिक फैलने के पूर्व काट डालने की क्रिया हो। **~assembly, meeting** (तुल० इनि०) प्रारम्भिक सभा, निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों का चुनाव। **~battery** प्रारम्भिक बिजली उत्पादक यंत्र। **~colour** (वि० १) प्राथमिक वर्ण* या रंग* दे० COLOUR भी। **~education** प्राथमिक शिक्षा, प्रारंभिक शिक्षा, जिससे शिशु की अविकसित बुद्धि को विकास का अवसर मिले, (विशे०) अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा। **~planet** (वि० १) मूल ग्रह*, प्रधान

ग्रह, वे ग्रह जो सूर्य की सीधे परिक्रमा करते हैं। ~scholar (तुल० उच्च माध्यमिक) प्राथमिक विद्यार्थी, प्राथमिक पाठशाला का विद्यार्थी। ~school प्राइमरी स्कूल, प्रारंभिक पाठशाला। ~tenses (व्या०) काल, भूत, भविष्य, वर्तमान और भविष्यद्भूत)। primarily क्रि० वि० प्रारम्भतः, मूलतः, प्रारम्भिक रूप से।

primate (prī' māt) [late L. *primas -ātis*, from L. *primus*, PRIME[1]] सं० १. प्रधान पादरी; २. (प्राणि०) प्राइमेट, दे० PRIMATES। **Primate of all England** कैण्टरबरी का प्रधान पादरी या पुरोहित। **Primate of England** यार्क का प्रधान पादरी या पुरोहित। **primatial** (prī mā' shāl) क्रि० वि० स्तनपायी प्राणियों में सर्वश्रेष्ठता की दृष्टि से।

primates (prī mā' tēz) [pl. of prec.] सं० (बहु०) (प्राणि०) (एकव० के लिए दे० PRIMATE) स्तनपायी प्राणियों में सर्वोच्च श्रेणी के जीव (मनुष्य, बंदर तथा वमगादड आदि को ले कर)।

prime[1] (prīm) [F., from L. *primus*, first] सं० १. पूर्वास्था, (किसी वस्तु का) सब से बढ़िया हिस्सा, सर्वोत्तम अंश; २. शुरुआत, आरम्भ, आरम्भिक अवस्था; ३ (६ बजे प्रातः काल) जो समय ईश्वर-प्रार्थना के लिए धर्मग्रंथ में नियत किया गया है; ४. सबेरा, भोर; ५. (रसा०) किसी व्यवस्था में एक अंग; ६. पटेबाजी में एक पैंतरा। वि० १. मुख्य, पहला (जैसे ~agent, motive), २. (विशे० पद्य और प्रबंधों के संबंध में) प्रधान* (वि० १ भी), मूल; ३. (गणि०) संख्याओं का अभाज्य, ऐसी संख्या जिसमें किसी दूसरी संख्या का भाग न दिया जा सके (जैसे २, ३, ५, ७, ११)। ~minister प्रधानमंत्री* (मा० १ भी)। ~mover दे० MOVER। ~vertical (circle) पूर्वी और पश्चिमी वृत्त। primely क्रि० वि० उत्तमतापूर्वक। primeness सं० उत्तमता।

prime[2] (prīm) [etym. doubtful] क्रि० स० और अ० १. (इंजि०) तैयार करना, (बंदूक में) बारूद डालना, भर कर तैयार करना, (पम्प को) तेल देना; २. आवश्यक चीजों से सजाना, (किसी व्यक्ति को समाचार, घटना या तथ्य) समझा कर प्रश्नों के उत्तर देने के लिए तैयार करना; ३. (व्यक्ति को शराब) पिलाना, (मदिरा पिला कर) मौज में लाना, ४ (काठ पर) रंग-रोगन के पहले अस्तर चढाना, रंग या रोगन की पहली तह चढाना, ५ (इंजन के वाष्पित्र, ब्वॉयलर का) पानी को बेलन (सिलिंडर) में भाप के साथ फुहार के रूप में छोड़ना।

primer (prī' mēr) [O F., from med. L. *primārius*, PRIMARY] सं० १ कायदा, प्राथमिक (प्रारम्भिक) पाठ्य-पुस्तक (जैसे ~of evolution, Latin ~); २ (इंजि०) साधारण जनसमुदाय के व्यवहार की प्रार्थना-पुस्तक (विशे०) सुधार, संशोधन के पूर्व; ३. प्रारंभक* (वि० २ भी); ४. (विशे०) बारूद आदि में आग लगाने आदि में प्रयुक्त टोपी या बेलन आदि, अस्तर* (इ० ३ भी)। great, long~ छापे के हुरूफों की किस्में, दे० TYPE।

primeval (prī mē' vāl) [L. *primevus* (*prim -us*, PRIME[1], *ævum*, age)] वि० आदिम, आदिम-काल का। primevally, primeavally क्रि० वि० शुरू-शुरू में, आदिम-युग में।

priming[1] (prī' ming) सं० १. (विशे०) बारूद का मिलमिला जो रंजकपात से बंदूक तक होता है; २. रंग का अस्तर, कलाकारों द्वारा पहले अस्तर के लिए प्रयुक्त मिलौनी या रंगों का मिश्रण; ३ पौनी और बीयर शराब की मिलौनी का मिश्रण; ४. रटवाना, जल्दी-जल्दी सिखाना, दिमाग में ठूँसना, ब्राइमन* / ब्राइम करना* / भराई* / पतियाना* / (दे० १ भी)।

primings[2] (prī' ming) सं० ज्वार की उठान, ज्वार-भाटे की गति की वृद्धि जो भाटे से बंद हो कर फिर ज्वार की ओर पूरे वेग से बढ़ती है (तुल० LAG[1])।

primiparous (prī mip' ă rŭs) [L. *primus*, PRIME[1], *-parous*, from *parere*, to bring forth] वि० प्रथमप्रसवा, पहली बार बच्चा जनने वाली।

primitive (prim' i tiv) [F. *primitif, -tive*, L. *primitivus*, as prec.] वि० १. आदिम* (मा० ३ भी), आद्य* (आ०, वि० १ भी) (जैसे the ~church); २. पुरानी चाल का; ३. सीधा-सादा; ४. अकिंचिन, मौलिक; ५. प्राचीनिक; ६. (व्या० शब्द) मूल जो दूसरे से न निकला हो, अव्युत्पन्न; ७. (गणि० रेखा, आकृति आदि) पूर्वग, जिससे दूसरी निकली हो, जिस पर कुछ बनावट (बनाव) शुरू हो; ८. (रंगों का) असली; ९. (भूगर्भ०) आदि, सब से पुराने समय का; १०. (जीव०) आदिम* (मा० १ भी), विकास के बिल्कुल शुरू के दर्जे का, विकास की पहली अवस्था का। सं० १. नयी पैदावार या पुनर्जागरण काल के पूर्व का चित्रकार; २. इस तरह के चित्रकार का चित्र। ~method पूर्वकालीन पद्धति* (वि० १ भी)। **Primitive Methodism** ईसाई मजहब का एक खास तरीका। **Primitive Methodist** एक विशेष ईसाई सम्प्रदाय का सदस्य। **Primitive Methodist connexion** मेथॉडिस्टों (Methodists) की एक जमाअत, जिसकी शुरुआत (Hugh Bourne) ने सन् १८१० में मुख्य जमाअत से अलग हो कर बुनियाद रखी थी। the ~Church ईसाइयों के आरम्भिक या पहले समय का गिर्जा। **primitively** क्रि० वि० अव्वलन, आदिम रूप से। **primitiveness** सं० आदिम यौगिकता, आदिमता* (मा० १ भी)।

primogeniture (prī mō jen' tūr) [F. *primogéniture*, med. L. *primogenitūra* (L. *primō*, PRIME, GENITURE)] सं० १. बड़ाई, बुजुर्गी; २. (हक का) वह कानून जिसके अनुसार बड़ा बेटा अपने बाप की जायदाद का वारिस होता है, ज्येष्ठाधिकार* (मा० १ भी) (विशे० सामनी कानून जिसके बड़े बेटे को अपने बाप का पूरा उत्तराधिकार मिलता है), ज्येष्ठ संतति अधिकार* (मा० ३ भी)। **right of ~** बड़े बेटे का हक। **primogenital, -ary** वि० ज्येष्ठता संबंधी। **primogenitor** सं० पुरखा, बुजुर्ग, पूर्वज, बाप-दादा, दादा-परदादा।

primordial (prī môr' di ăl) [F., from late L. *primordi-ālis*, from *prim ordium*, origin (*primus*, PRIME[1], *ordīri*, to begin)] वि० १. आदिम, आदिकालीन, आद्य*, (आ०, वि० १. भी), आदिकालिक* (वि० १ भी); २. मौलिक* (मा० २, वि० १ भी), अमल, प्राक्तन* (मा० १, २ भी)। **primordiality** सं० आरम्भिकता, मौलिकता। **primoradially** क्रि० वि० मौलिक रूप से, आदिम अवस्था में।

primrose (prim' rōz) [M.E. and O.F. *primerose* (med. L. *prima rōsa*, early rose), corr. of M.E. and O.F. *primerole*, ult from L. *primulo*, dim. from *primus*, PRIME[1]] सं० १. प्रिमरोज* (क्रि० भी), एक किस्म का वसंत का पीला फूल; २. वसन्ती शुलाब ३. इस फूल का रंग। **Primrose dame, knight, habitation** १. ओ० बी० ई० (Order of the British Empire) उपाधि धारिणी स्त्री; २. (Primrose League) प्रिमरोज लीग का सदस्या या सदस्य। **Primrose Day** १. प्रिमरोज दिवस, बैकंसफील्ड के बेंजामिन डिज़रायली अर्ल की स्मृति में स्थापित अनुदार दल

(Conservative Association) का एक दिन जो निधन दिवस (अप्रैल १९, सन् १८८१) के रूप में मनाया जाता है। **Primrose League** प्रिमरोज लीग, बेंजामिन डिजरायली के निधन दिवस की स्मृति में स्थापित एक अनुदार दल। **~peerless** प्रिमरोज पीयरलेस, द्विपुष्प नर्सिस, (पहले) नर्सिस। **the ~path** भोग-विलास, भोग-विलास के पीछे दौड़ना रहना। **primrosy** वि० बसंती, बसंती रंग का।

primula (prim' ū lă) [L.] सं० प्रिमुला, एक बारहमासी पौधा जिसमें पीले, सफ़ेद, पाटल और बैंजनी रंग के फूल लगते हैं।

primum mobile (prī' mŭm mō' bi lē) [L., first moving thing] सं० १. प्रिमममोबाइल, टॉलेमी पद्धति में मध्ययुग में परिकल्पित बाह्यतम क्षेत्र जो अपने मंडलों सहित २४ घंटों में पृथ्वी की परिक्रमा करता है; २. (ला०) गति या क्रिया का मुख्य स्रोत; ३. आदिप्रवर्तक।

primus (prī' mŭs) [L., first] वि० (विद्यालय में) प्रथम, पहले क्रम का नाम, अनेक भाइयों में सब से बड़ा व्यक्ति (जैसे Jones ~, प्राय: Jones I लिखा जाता है, इसी प्रकार, secundus II, tertius III, quartus IV., quintus V, sextus VI., septimus VII., octavus VIII., nonus IX., decimus X); सं० १ स्कॉटलैण्ड के बिशप संबंधी गिर्जे का प्रधान पादरी; २. प्राइमस स्टोव, प्राइमस चूल्हा, प्राइमस नाम का चूल्हा जो तेल से जल कर भाप रूप में परिणत हो खाना तैयार करता है। **~inter pares** समान लोगों में प्रमुख, मित्र-मंडली का प्रमुख या अगुवा।

prince (prins) [F., from L. *principem*, nom. *-ceps* (*prin-, prin-us*, PRIME[1], *capere*, to take)] सं० १. (अब अल०) सार्वभौम शासक; २. किसी छोटे राज्य का शासक, सही तौर पर या नाम मात्र का सामंत या राजा, ३ राज-वर्ग के लोग, किसी राजपरिवार का पुरुष, (विशे० इंग्लैण्ड में) राजा का पुत्र या पौत्र और राजकुमारी; राजकुमार*/ नरेश* (मा० १ भी) ४. द्यूक, मार्क्विस, राजपुरुष, अमीरी खिताब जिनका पद द्यूक से छोटा हो, नवाब, आदि (कौ दी जाने वाली उपाधि); ५. रोम के कैथोलिक गिर्जे के धर्माध्यक्ष (कार्डिनल) का पद, प्रिंस; ६. (ला०) (क्रिस्सानबीलों, झूठों आदि का) पहला, सरदार, बड़ा। **Prince Albert** (अमरीका में, बोल०) लम्बा ढीला कोट। **~bishop** प्रिंस बिशप, वह पादरी जो राजपुरुष भी हो। **Prince Consort** मलिका का पति, महारानी-पति*/प्रिंस कंसर्ट* (मा० १ भी)। **Prince of Darkness, the air, the world, etc.** शैतान, पिशाच। **Prince of Denmark** हैमलेट (शेक्सपीयर के नाटक 'हैमलेट' का नायक)। **Prince of peace** मसीहा। **prince of the (Holy Roman) Church** कारडीनल की उपाधि। **Prince Regent** राज अभिभावक, वह व्यक्ति जो राजा की अल्प-वयस्कता या अक्षमता के समय शासन करता है। **Prince of Wales' feathers** वेल्स के राजकुमार का पदक, ब्रिटिश राजसिंहासन के उत्तराधिकारी का पदक (जिसमें शुतुरमुर्ग के तीन पंख भी लगे होते हैं)। **prince royal** बड़ा पुत्र, इंग्लैण्ड के राजेश्वर का ज्येष्ठ-पुत्र। **Prince Rupert's drops** काँच की नासपाती की तरह की गोलियाँ जिनके बारीक सिरों को अलग करने से वे फटकर चूर हो जाती हैं (चार्ल्स प्रथम के भतीजे प्रिंस रूपर्ट ने इनका आविष्कार किया था)। **prince's feather** प्रिंसेस फ़ेदर, एक पौधा विशेष, (विशे० ऐसा पौधा जिसमें पंख रूप कटिदार लाल फूल लगते हैं)। **prince's metal** ताँबे और जस्ते की एक मिली हुई धातु। **princedom** सं० राजकुमार-पद। **princekin** सं० छोटा-मोटा राजकुमार। **princelet** सं० राव आदि। **princeling** सं० राजन्य आदि। **prince-like** वि० राजकुमारोचित, राजकुमार के समान। **princely** वि० १. राजकुमारोचित, राजकुमार का, क्रीमती; २. शानदार। **princeliness** सं० राजसीपन, राजसी ठाट-बाट आदि। **princess** (prin' ses, prin ses') सं० राजकुमारी* (मा० १ भी), सार्वभौम शासक की पुत्री या पौत्री। **~dress, pattiocat** पेटीकोट, एक प्रकार की जनानी पोशाक जिसमें अंगिया और स्कर्ट एक ही टुकड़े के होते हैं। **Princess Regent** रीजेंट की तरह कार्य करने वाली, राज-अभिभाविका, (इसी तरह) प्रिंस रीजेंट की पत्नी। **princess royal** (इंग्लैण्ड के सार्वभौम शासक की) ज्येष्ठ राजकुमारी (की उपाधि)।

principal (prin' si păl) [F., from L. *principālis*, from *princeps -cipis*, see PRINCE] वि० १. मुख्य*, प्रमुख* (आ० वि० १ भी), प्रधान, सदर, सब से महत्त्वपूर्ण, खास, प्रधान; २. मूल*/ धन* (वि० १ भी); ३. (व्या०) प्रधान (वाक्य), (क्रिया के) मूल (भाग)। सं० १. प्रधान, शासक, आला, अधिनायक, प्रिंसिपल*, प्रधानाचार्य* (मा० २ भी); २. एजेंट, अधिकर्ता, मुख्तार आदि (जैसे I must consult my ~); ३. मुख्य अपराधी, असली कर्जदार, जिसके लिए कोई व्यक्ति जमानत आदि ले, ४ द्वन्द्व-योद्धा; ५. धरन; ६. मूल धन, पूँजी, जमा; ७. प्रिंसपल, एक प्रकार का आरयन बाजा; ८. मुख्य रैक्टर* (वृं० ३ भी)। **~in the first degree** मुख्य अपराधी, प्रधान अभियुक्त। **~in the second degree** सहयोगी अभियुक्त। **~boy, girl** अभिनेती जो प्रधान नायक का अभिनय करे, स्त्रीजातीय, मूक अभिनय का अभिनेता या अभिनेत्री। **~clause** (व्या०) प्रधान उप-वाक्य। **~parts** (व्या०) (क्रिया के) प्रधान (भाग)। **~sentence** (मा०) प्रधान वाक्य। **principally** (prin' si păl i) क्रि० वि० खासकर, विशेषतया, मुख्य रूप से। **principalship** सं० प्रिंसिपल या प्रधानाचार्य का पद। **principate** सं० १. (रोम० इति०) प्राचीन रोमन सम्राटों का राज्य जिसमें गणतंत्र के भी कुछ तत्त्व विद्यमान थे; २. रियासत, राज।

principality (prin si păl' i ti) सं० १. हुकूमत, २. राज्य* (मा० १ भी), मुल्क, रियासत, सामंत प्रदेश*/सामन्त प्रदेश*/ देशी राज्य* (मा० १ भी); ३. (बहु०) देवदूतों का प्रथम क्रम, दे० ORDER[2]। **the Principality** वेल्स का राज्य।

principle (prin' si pel) [F. *principe*, L. *principium*, beginning, from *princeps -cpis*, see PRINCE] सं० १. मूलभूत स्रोत, प्राथमिक तत्त्व (जैसे hold water to be the first ~) २. मूलभूत सत्य, आधारभूत युक्ति (जैसे first principles of political economy); ३. (भौति०) सिद्धान्त* (आ०, मा० २ भी), सामान्य नियम, नियम* (आ०, मा० २. वि० १ भी), मूल सिद्धान्त* (मा० ३ भी) (बहुधा आविष्कर्ता के नाम के साथ जैसे Pascal's ~); ४. कार्यनियामक सिद्धांत (जैसे moral, conservative principles, a dangerous ~); ५. (बहु० और सामू० एक०) सत्याचरण या सदाचार संबंधी व्यक्तिगत मान्यता, सिद्धांत, धर्म (जैसे man of high ~, has ability but no principles, ~is everything), ६. क्रम, रीति (जैसे I refuse on ~); ७. प्रकृति का नियम जो मशीन आदि के संचालन में लागू होता है (जैसे in all these instruments the ~is the same); ८. (रसा०) (किसी पदार्थ के) कतिपय गुण तथा प्रभाव, विशिष्ट-रासायनिक तत्त्व (जैसे bitter, colouring ~); ९. तत्त्व* (आ, मा० २ भी)। **on ~** सिद्धान्ततः (जैसे I refuse on ~ निःस्वार्थ भावसे, स्वार्थ के लिए नहीं)। **principled** वि० सिद्धांतयुक्त।

prink (pringk) [rel. to PRANK²] क्रि० स० और अ० १. (अपने आपको) सजाना, बनाठना रहना, साफ़ सुथरा रहना या करना; २. (पक्षी के पंख) सँवारना; ३. बनाव-शृंगार करना।

print (print) [O.F. *preinte*, from *prent*, p.p. of *preindre*, L. *premere*, to PRESS] सं० १. चिह्न, छाप, ठप्पा, प्रिंट* (क्रि० १ भी) (जैसे finger, foot~); २. छींट, छापेदार सूती कपड़ा (मुख० जैसे ~dress); ३. छपाई, मुद्रण, मुद्रा, मुद्राक्षर (जैसे large, small, clear~); ४. छपाई या मुद्रण (का काम); ५. (मुख्यतः अमरीका में) मुद्रित प्रकाशन या छपी हुई वस्तु (विशे० समाचारपत्र), चित्र, छींट, बेलबूटे, अलंकरण आदि की छपी हुई सज्जा; ६. (फ़ोटो०) निगेटिव से उतारा गया चित्र। क्रि०स० १. चिह्न लगाना, छाप लगाना, मोहर लगाना, ठप्पा लगाना या मारना; २. (लो०) (मस्तिष्क या स्मृति में विचारों, दृश्यों की) छाप लगाना, ३. प्रभावित करना; ४. छपवाना, मुद्रित करना, प्रकाशित करना (जैसे not bound to ~every opinion you hold); ५. छापे की भाँति लिखना; ६. (सूती कपड़ों पर) छापना, छींट बनाना; ७ काग़ज़ के चित्रों को मिट्टी के बर्तनों आदि पर उतार कर रँगना; ८. (फ़ोटो०) (out, off के साथ प्रयुक्त), निगेटिव के ज़रिये चित्र उतारना या प्रिंट करना। **book in** ~ १. छपे हुए रूप में, मुद्रित; २. बिक्री के रूप में, बाज़ार में। **out of** ~ अलभ्य, बाज़ार में नहीं। **rush into** ~ उत्तेजना में पूरतगति या समाचारपत्र में लिख भेजना। **~-hand, -letters** छापे के से अक्षर। **~-seller** तक्काशी या धातु पत्थर, लकड़ी आदि पर खोदे हुए चित्रों का विक्रेता। **~-shop** उक्त वस्तुओं की दूकान। **~-work** छींट का कारख़ाना। **printable** वि० १. छपाई या मुद्रण के योग्य; २. छींट बनाने के योग्य। **printless** वि० छाप-रहित।

printer (prin' tər) सं० १. मुद्रक, छापनेवाला (क्रियागत अर्थों में); २. मुद्रण व्यवसायी; ३. मुद्रण यंत्र, छपाई मशीन। **Printer's Bible** वह बाइबिल या इंजील जिसमें Princes के स्थान पर printers छप गया है। **printer's devil** दे० DEVIL। **printer's mark** मुद्रक की मुहर, व्यवसाय की छाप जिसे मुद्रक प्रयोग में लाता है। **printer's pie** दे० PIE।

printing (prin' ting) सं० छपाई, छापे की, (समास में) मुद्रण की आदि (क्रियागत अर्थों में)। **~-ink** छापे की स्याही। **~-press** प्रेस, मुद्रण यंत्र।

prior[1] (pri' or) [L., comp. of obs. *pri*, before] वि० १ पूर्ववर्ती, आदिम; २. प्रधान, प्रमुख। क्रि० वि० १. पूर्वतः २. प्रथमतः (जैसे existing ~ to his appointment)। **priority** (pri or' iti) सं० पूर्ववर्तिता* (मा० २ भी), पूर्वता, पूर्वत्व, अग्रता* (अ०, मा० १, वि० १ भी), प्राथमिकता* (अ०, मा० १ भी)।

prior[2] (pri' ər) [late A.-S., as prec.] सं० १. प्रायर, मठाध्यक्ष, महंत, धार्मिक संस्था का प्रधान अधिकारी; २. (मठ में) सहायक मठाधीश; ३. (इति०) इटली के कुछ गणतंत्रों में मुख्य दण्डाधिकारी या मजिस्ट्रेट। **priorate, priorship** सं० प्रायर या मठाधीश आदि का पद। **prioress** सं० मठाध्यक्षा, महन्तिन। **priory** सं० (मठाध्यक्ष या मठाध्यक्षा द्वारा शासित) मठ, विहार आदि। **alien** ~, **~alien** विदेशाधित या परराष्ट्राधित मठ।

prise (priz) दे० PRIZE[1]।

prism (prizm) [late L. *prisma*, from Gr. *prisma -matos*, from *prizein*, to saw] सं० १. त्रिपार्श्व या चतुष्पार्श्व पिंड, २. प्रकाश की विभिन्न रंगों में विश्लिष्ट करने वाला त्रिपार्श्व; ३ (बहुव०) इंद्रधनुष का रंग; ४. (आ०, वि० १) [प्रिज़्म*] **prismal** (priz' məl) वि० त्रिपार्श्विक या चतुष्पार्श्विक। **prismatic, -al** (priz mat' ik, -əl) वि० १. [प्रिज़्मी* (क्रु० भी), समपार्श्विक या त्रिपार्श्व की तरह; २. (रंगों का) पारदर्शी क्षेत्र द्वारा निर्मित, समपार्श्वीय; ३. तेज़, चमदार; ४. (आ०, ई० १) [प्रिज़्मीय*]। **the ~ colours** समपार्श्विक रंग, सप्त रंग जो पीले संकेत में से हो कर प्रकाश के आने से बनते हैं। **~compass** १. त्रिपार्श्वीय कंपास, समपार्श्विक दिक्सूचक; २. एक शीशे की कल जिससे दूरी तथा ऊँचाई नापते हैं। **~glasses, binoculars** दोनों आँखों में लगने वाला ऐनक जिसे समत्रिपार्श्व से कसते या छोटा करते हैं। **~powder** बंदूक की एक विशेष प्रकार की बारूद। **prismatically** क्रि० वि० समपार्श्विक रूप से। **prismoid** सं० १. समपार्श्व के सदृश क्षेत्र, जिसके बहुभुजाकीय शीर्ष असमान होते हैं; २. (वि० १) [प्रिज़्माभ*]। **prismoidal** वि० (वि० १) [प्रिज़्माभीय*]। **prismy** (priz' mi) वि० समपार्श्विक।

pseudoscope (sū' do scōp) [-SCOPE] सं० विपरीतदर्शी*, स्यूडोस्कोप* (वि० १ भी), कपटवीक्षण-यंत्र, एक यंत्र जिससे उभरी वस्तु गर्तोदर और गर्तोदर उभरीदार प्रतीत होती है। **pseudoscopic** वि० कपट वीक्षण संबंधी।

pshaw (pshaw) [an instinctive sound] विस्म० छि:-छि:, थू-थू। सं० धिक्कार, छी: । क्रि० अ० और स० १. थू-थू करना; २. किसी वस्तु पर छि:-छि: करना।

psi सं० साई, यूनानी वर्ण-माला का एक अक्षर (*ψ, ϕ*) = ps।

psilanthropism (sī lăn' thro pizm) [Gr. *psilanthrōpos* (*psilos*, bare, mere, *anthrōpos*, man), -ISM] सं० मानव-मसीहवाद, यह सिद्धांत कि ईसामसीह मानवमात्र थे। **psilanthropic** वि० उक्त सिद्धांत से संबंधित। **psilanthropist** सं० मानव-मसीहवादी, उक्त सिद्धांत को मानने वाला।

psilosis (sī' lō sis) [Gr. *psilos*, bare] स० (निदा०) ऊपर के बाल या मांस उड़ाना, दे० SPRUE ।

psittaceous (si tā' shus), **psittacine** (sit' ă sīn) [L. *psittacus*, parrot, -ACEOUS, -INE] वि० १. तोते का; २. तोते-जैसा। **psittacosis** (sit ă kō' sis) सं० सिटैकोसिस*/ शुकरोग* (आ० भी), मोतीझिरा या निमोनिया से मिलता-जुलता संक्रामक रोग जो तोतों से फैलता है।

psoas (sō' ăs) [Gr., acc pl. of *psoa*, mistaken for the sing.] सं० (~magnus, parvus) कूल्हे की दोनों पेशियां।

psora (sŏr' a) [L. and Gr.] सं० सोरा, खुजली, एक संक्रामक चर्मरोग। **psoriasis** (so rī' ă sis) सं० दानेदार खुजली (जिसमें शरीर पर लाल चकत्ते पड़ जाते है)। सोरियासिस* (आ० भी)।

Psyche (sī' ki) [Gr. *psuchē*, breath, life, soul] सं० १. चित्त* (मा० १, २ भी), आत्मा, मानस*, मन* (मा० २ भी); २. साइकी, यूनानी देवमाला में इसे Eros अर्थात् कामदेव की प्रेमिका माना जाता है और इसकी मूर्ति पर तितली के पर दिखाए जाते है); ३. साइकी* (मा० २ भी), दिन में उड़ने वाले पतंगो की एक जाति।

psychiater, psychiatrist (si kī' ă tăr, -trist) सं० मनो-चिकित्सक, मानसरोग-चिकित्सक। **psychiatric, -al** वि० मनो-चिकित्सा संबंधी, मनोविकारी* (आ० भी)। **psychiatry** सं० मनो-चिकित्सा, मनोविकारचिकित्सा* (आ० भी)।

psychic (sī' kik) [Gr. *psuchikos*] वि० १. चैत्र*, चित्तीय*, मानस* (मा० २ भी), मानसिक* (आ०, मा० २ भी)। सं० १. संवेदनशील व्यक्ति, ऐसा व्यक्ति जिस पर मानसिक प्रभाव शीघ्र पड़ें; २. माध्यम; ३. मनोविज्ञान में मनोवैज्ञानिक अनुसधान, ५. मन.*(आ० भी)। **~force** मनोबल, आत्मबल। **psychical** वि० १. आत्मिक; २. मानसिक, ३. मानव-जीवन के पाशविक-पक्ष से संबंधित, ४. आधिभौतिक। **psychicism** सं० अध्यात्मवाद। **psychicist** सं० अध्यात्मवादी।

psycho- (PSYCHE) (समास में) मन या आत्मा सबधी।

psycho-analysis (sī kō a nal' i sis) मनोविश्लेषण* (आ० भी)। **psycho-analyse** क्रि० स० मनोविश्लेषण करना। **psycho-analyst** सं० मनोविश्लेषक* (आ० भी)। **psycho-analytic, -al** वि० मनोविश्लेषणीय।

psycho-dynamic (sī kō dī nam' ik) वि० मनोगति-संबंधी। **psyche-dynamics** सं० (बहुव०) मनोगति विज्ञान। **psycho-genesis** (sī' ko jen' e sis) [GENESIS], **psychogony** (sī kog' o nī) सं० मनोविकास विज्ञान, मनोजनन* (आ० २ भी)। **psychogenetic, -al, psychogonical** वि० मनोविकास संबंधी। **psychogram** (sī' ko gram) [-GRAM] सं० प्रेत-संदेश। **psychograph** सं० मनोलेख* (मा० २ भी), प्रेतलेखनी, प्रेत-लेख-यंत्र। **psychography** सं० १. वर्णनात्मक मनोविज्ञान; २. प्रेत-लेखन (भी)।

psychology (sī kol' ó ji) [PSYCHO, -LOGY] सं० १. मनोविज्ञान* (आ०, मा० २, वि० १ भी); २. मनोविज्ञान पर निबंध या ग्रंथ; ३. मनोवैज्ञान प्रणाली। **psychological** वि० मनोवैज्ञानिक। **~moment** १. मनोवैज्ञानिक क्षण, मनोवैज्ञानिक दृष्टि से उपयुक्त क्षण; २. (असंगत विशे० हास्य०) ठीक समय पर, बिल्कुल मौके पर। **psychologically** क्रि० वि० मनोवैज्ञानिक ढंग से, मनोवैज्ञानिक तौर पर। **psychologist** (si kol' o jist) सं० मनोवैज्ञानिक, मनोविज्ञानी* (आ०, ग्र०, मा० २ भी)। **psychologize** क्रि० स० और अ० १. मनोवैज्ञानिक अध्ययन करना; २. मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से बहस करना।

psychomancy (sī' komăn si) [PSYCHO-, -MANCY] सं० प्रेत विद्या।

psychometer (si kom' é tĕr) सं० (आ०, वि० १) साइकोमीटर*, शुष्काई ताप-मापक, आर्द्रतामापी* (आ० भी) **psychometry** (si kom' é tri) [-METRY] सं० मानस-मिति, मानस-शक्ति, मापन, मनोमिति* (आ० भी)। **psychometric, -al** वि० मानस-मिति संबंधी। **psychomotor** (sī ko mō' tor) [MOTOR] वि० मनोप्रेरणा, मनःप्रेरक* (आ०भी)। **psychoneurosis** सं० १. मनस्तन्त्रिका-विक्षिप्ति*/ विक्षिप्ति* (आ० भी)। २. स्नायविक विकृति; ३ मनस्तन्त्रिका ताप* (मा० २ भी)

psychopath (sī' kō păth) सं० मानसरोगी, मनोविकृति* (मा० २ भी)। **psychopathist** सं० मानसरोग-चिकित्सक। **psychopathology** सं० मानसरोग निदान, मनोविकृति विज्ञान* मनोविकृति विज्ञान (आ०, मा० २ भी)। **psychopathy** मनोविकृति*, मानस-रोग-चिकित्सा (मा० २, ३ भी)।

psychophysics (sī kō fiz' iks) सं० मनो-भौतिकी* (आ० भी)। **psychophysical** सं० मनो-भौतिक। **psycho-physicist** सं० मनो-भौतिकी-वेत्ता।

psychophysiology (sī kō fiz i ol' ó ji) सं० मनोदैहिक विद्या। **psychophysiological** वि० मनोदैहिक। **psychophysiologist** सं० मनोदैहिक शास्त्री।

psychosis (si kō' sis) सं० (बहुव० **psychoses**) सं० मनो-वैज्ञानिक विकार, मानसिक रोग, मनोविक्षिप्ति*/ साइकोसिस* (आ० मा० २, ३ भी)।

psychotherapeutic (sī kō the ra pū' tik) वि० मनो-चिकित्सा संबंधी। **psychotherapy** (sī kō thĕr' a pi) सं० मनो-चिकित्सा।

psychrometer (sī krom' e tĕr) सं० शुष्काई ताप-मापक, तापमापी*, साइकोमीटर* (वि० १ भी)।

ptarmigan (tar' mi gan) [Gael. *tarmachan*, etym. doubtful] सं० टार्मिगन, मुर्ग़ाबीतर की जाति का एक पक्षी जिसके पंख गरमी में काले और हरे होते हैं और सरदी में सफ़ेद।

pter, pteri-, ptero- [Gr. *pteron*, feather, a wing] समास में पंख के लिए प्रयुक्त।

pteridology (ter i dol' o ji) [Gr. *pteris -idos*, fern, from *pteron*, feather, -LOGY] सं० पर्ण-विद्या। **pteridological** वि० पर्ण-विद्यासंबंधी। **pteridologist** सं० पर्ण-विद्या-विशारद।

pterodactyl (tĕr o dăk' til) [PTERO-, Gr. *daktulos*, finger] सं० पक्षि-सर्प (जो अब अप्राप्य है)। **pterography** (tĕrog' rafi) [-GRAPHY] सं० पंख-वर्णन, पंख-विद्या। **pterographic, -al** वि० पंख-वर्णनया पंख-विद्या संबंधी। **Pteropod** (ter' ó pod) [Gr *pous podos*, foot] सं० घोंघा जिसके पैर का मध्य-भाग फैल कर पंख-रूपी झिल्ली बन गया हो। **pterosaur** (ter o sawr) [Gr. *sauros*, lizard] सं० टेरोसार, एक प्रकार की पंख-युक्त छिपकली जो आजकल अप्राप्य है। **pteropus** (ter' o pŭs) सं० (बहुव० -pi) एक प्रकार के चमगादड़ जैसे फ़्लाइंग फ़ाक्स*।

pterygoid (ter' i goid) [Gr. *pterugoeides* (*pterux -ugos*, wing,-oid)] वि० १. पक्षीय, पक्षाम* (आ० भी); २. ऋणक*/ टेरिगॉइड* (कु० भी)। ~**process** पक्षीय जोड़ या उभार।

pterygo- समास में प्रयुक्त।

ptisan (tiz' ăn, ti zăn') [F. *tisane*, L. *ptisana*, Gr. *ptisanē*, peeled barley, from *ptissein*, to peel] सं० पौष्टिक काढ़ा (विशे० जौ का पानी)।

Ptolemaic (tol e mā' ik)वि० १. टॉलेमी का (टॉलेमी सिकंदर महान के समय का प्रसिद्ध गणित-ज्योतिषी था); २. टॉलेमी वंश का (यह वंश मिस्र में सिकंदर महान की मृत्यु के उपरांत क्लियोपेत्रा के समय तक राज्य करता रहा)। ~**system** १. गणित-ज्योतिष में टॉलेमी की व्यवस्था जिसके अनुसार धरती स्थिर और अन्य ग्रह-उपग्रह इसके चारों ओर घूमते हुए माने जाते थे; २.(वि० १) टॉलेमी पद्धति*।

ptomaine (tō' mān, tō mān') [It. *ptomaina*, from Gr. *ptōma*, corpse, cogn. with *piptein*, to fall] सं० टोमेन* (आ० भी), विषैला सड़ांध-पूर्ण पदार्थ जो पशुओं या वनस्पतियों के सड़ने से उत्पन्न होता है। ~**poisoning** टोमेन चढ़ जाना।

ptosis (tō' sis) [Gr., falling, as prec.] सं० पक्षाघात के कारण ऊपरी पलक का ढलक जाना, वर्त्मपात* (आ० भी)।

pub (pŭb) सं० (बोल०) सराय, भठियारखाना (जहां रहने-खाने की व्यवस्था के अतिरिक्त शराब भी मिलती है)।

puberty (pū' bĕr ti) [F. *puberté*, L. *pūbertātem*, nom. *-tas*, from *pūber*, youth,or *pūbes*, hair] सं० वयस्कता, यौवनारम्भ* (आ०, कु०, मा० २ भी)। **age of**~ आयु जिससे वयस्कता शुरू होती है (इंग्लैण्ड में विधि के अनुसार लड़कों के लिए १४ वर्ष की और लड़कियों के लिए १२ वर्ष)।

pubescence (pū bes' ĕns) सं० १. रोमिलता*, मृदुलोमधता* (कु०भी), वयःप्राप्ति, वयस्कता की आयु पर पहुँचना; २. रोयें, लोम (जो पौधों या पशुओं पर होते हैं)। **pubescent** वि० १. वयः प्राप्त, वयस्कता की आयु पर पहुँचा हुआ; २. रोयेंदार, रोमिल* (आ० भी)।

public (pŭb' lik) [F., from L. *pūblicus*, contr. of *populicus*, from *populus*, people] वि० १. आम, सार्वजनिक* (आ०, प्र०, मा० ३ भी), सर्वजनीय; २. लोककृत; ३. लोकार्थ; ४. जन-प्रतिनिधि; ५. विश्वविद्यालय का, विश्वविद्यालयीय; ६. सार्वजनिक, जनता के लिए खुला हुआ; ७. खुले आम; ८. लोक-हितैषी, सार्वजनिक कार्य में लगा हुआ; ९. अंतर्राष्ट्रीय; १०. सरकारी* (प्र०भी)। सं० १. जन* (आ० भी), जनता*/ लोग*/ लोक*/ पब्लिक* (प्र०, मा० ३, विधि भी), सर्व-साधारण; २. जन-वर्ग, जनता का भाग-विशेष। **in**~ खुले आम, सार्वजनिक रूप से। ~**Act** (संसद का) सार्वजनिक अधिनियम। ~**assembly** सार्वजनिक सभा। ~**Bill** (संसद) सार्वजनिक विधेयक। ~**education** सार्वजनिक प्रशिक्षण। ~**-house** सराय जिसमें रहने-खाने के अतिरिक्त मद्यपान की भी व्यवस्था हो। ~**life** सार्वजनिक जीवन (जनसेवा में लगा हुआ जीवन)। ~**man** सार्वजनिक कार्यकर्ता। ~**orator, lecturer** विश्वविद्यालयीय वक्ता। ~**prosecution** सरकारी मुकद्दमा। ~**prosecutor** सरकारी वकील। ~**school** पब्लिक स्कूल, वह पाठशाला जो सार्वजनिक प्रबंध में हो (इनमें विद्यार्थियों को विश्वविद्यालयों या सार्वजनिक सेवाओं के लिए तैयार किया जाता है और आंतरिक प्रबंध में विद्यार्थियों का सहयोग लिया जाता है)। ~**spirit** १. देश-भक्ति; २. देशप्रेम। ~**-spirited** वि० देश-प्रेम से भरा हुआ। ~**-spiritedly** क्रि०वि० देश-भक्ति की भावना से। ~**-spiritedness** सं० देशप्रेम। **publicly** (pub' lik li) क्रि० वि० १. खुले तौर पर; २. सार्वजनिक रूप से।

publican (pŭb' li kăn) सं० १. (रोम० इति० और इंग्लैंड) कर समाहर्ता, महसूल वसूल करने वाला; २. मद्य-विक्रेता; ३. (प्राचीन रोम का एक अधिकारी) पब्लिकान* (मा० १ भी)।

publication (pŭb li kā' shŭn) सं० १. प्रकाशन* (प्र०, विधि भी), प्रव्यापन, विज्ञापन; २. (पुस्तक, चित्र, संगीत आदि का) प्रकाशन; ३. प्रकाशित पुस्तक आदि, प्रकाशन।

publicist (pŭb' li sist) सं० १. अंतर्राष्ट्रीय विधान-लेखक, अन्तर्राष्ट्रीय विधिवेत्ता* (मा० १ भी), अंतर्राष्ट्रीय विधान-शास्त्री; २. पत्रकार, सामयिक विषयों पर लिखने वाला अन्तर्राष्ट्रीय लोक-लेखक*/ अन्तर्राष्ट्रीय प्रचारक* (मा० १ भी), लोकपत्रकार*/ प्रचारक*/ प्रेस प्रतिनिधि* (मा० ३ भी)। **publicism** सं० १. अन्तर्राष्ट्रीय विधानकारिता; २. पत्रकारिता। **publicistic** वि० पत्रकारीय। **publicize** क्रि० स० पत्रों में लिखना।

publicity (pŭb lis' i ti) सं० १. विज्ञापन, विख्यापन* (मा० ३ भी), विख्यापित, प्रकाशन; २. कुख्याति; ३. विज्ञापन या प्रचार का कार्य, प्रचार* (प्र०, मा० १, ३ भी)। ~**agent** प्रचार-प्रमुख (वह व्यक्ति जिसे अभिनेता आदि अपने प्रचार के लिए नियुक्त करते हैं)।

publish (pŭb' lish) [M.E. *publischen*, F. *publier*, L. *publicāre*, as prec.] क्रि० स० १. प्रकाशित करना* (विधि भी), प्रचारित करना; २. (राजाज्ञा आदि) जारी करना, प्रसारित करना; ३. (विवाह की) पहले से सूचना जारी करना, एलान करना; ४. पुस्तक आदि प्रकाशित करना। **publishable** वि० प्रकाशनीय, प्रकाशनयोग्य। **publisher** सं० प्रकाशक।

puccoon (pŭ koon') [N. Am. Ind.] सं० पुक्कून, उत्तर अमरीका में पाया जाने वाला एक पौधा जिससे लाल या पीला रंग निकलता है।

puce (pūs) [F., from L *pūlicem*, nom. *pūlex*, flea] वि० गहरा भूरा रंग।

Puck (pŭk) [A.-S. *pūca*, cogn. with Icel. *pūki*, Ir. *puca*, POOKA] सं० १. एक, शरीर मुटना, चंचल परी-बच्चा; २. (ला०) शरीर बच्चा; ३. एक प्रकार का पशु रोग, ४. रबर की गेंद (जो बर्फ़ पर हॉकी में काम आती है)। **puckish, pucklike** वि० पक की तरह चंचल और शरीर।

pucka, pukka (pŭk'ă) [Hindi, cooked. ripe] वि० १. पूरा-पूरा; २. असली, पक्का; ३. पका हुआ।

pucker (pŭk' er) [prob. rel. to POKE1] क्रि० अ० और स० १. सिकुड़ना, सिकोड़ना; २. बल पड़ना या डालना, तह पड़ना या डालना; ३. चुचट पड़ना या डालना। सं० बल, तह, चुचट। **puckery** वि० चुचटदार।

pud (pŭd) [etym. doubtful, cp. Dut. *poot*] सं० १. (बच्चों की बोली) बच्चे का हाथ; २. कुछ पशुओं का अगला पाँव।

pudding (pud' ing) [M.E., etym. doubtful] सं० १. पुडिंग, पोटीन, हलवा; २. सुअर का पोटीन (जो सुअर की आँत में जई का आटा आदि भर कर बनाते हैं); ३. पोटीनी या पोटीन-सम; ४. नगीली कलेजी (जो चोर आदि रखवाके कुत्ते के आगे डाल देते हैं); ५.(नौवि० puddenning भी) गद्दी या पट्टा (जो रगड़ से बचाने के लिए लगाया जाता है)। **more praise than**~ लाभ कम प्रशंसा अधिक। ~**-cloth** पोटीनी कपड़ा, वह कपड़ा जिसमें पोटीन

के विभिन्न अंश उठालने के लिए बाँध दिए जाते हैं। ~-face सं० बड़ा मोटा मुँह, फूला हुआ मुँह। ~-head सं० बुद्धू, अहमक़। ~-heart सं० कायर। ~-pie सं० पुडिंग पाई, एक प्रकार की पेस्ट्री। ~-stone सं० गोल कंकरों की संयुक्त चट्टान। puddingly सं० वि० पोटीनी, पोटीन-जैसा।

puddle (pŭ' dĕl) [M.E. *podel*, dim. from A.-S. *pudd*, a ditch] सं० १. पोखरा, गड्ढा, डबरा; २. (बोल०) गड़बड़, गड़मड़; ३. गारा, रेत और चिकनी मिट्टी का पानी में गाढ़ा मिश्रण; ४. आँवा* (इं० १, ३ भी)। क्रि० अ० और स० १. छप-छप करना, छींटें उड़ाना; २. कीचड़ में लोटना, बदतमीज़ी से कोई काम करना; ३. (पानी को) गँदला करना (आ० भी); ४. गारा बनाना; ५. (नहर आदि के किनारे) गारे का बंद बनाना; ६. पिघले हुए लोहे को हिला कर लोहवार बनाना। puddler सं० १. पडलर, गारा बोलने वाला; २. लोहा हिलाने वाला, लोहा हिलाने का यंत्र। puddly वि० गँदला, कीचड़ भरा।

pudency (pū' dĕn si) [late L. *pudentia*, from L. *pudens -ntis*, pres.p. of *pudêre*, to make or be ashamed] सं० लज्जाशीलता, विनम्रता।

pudge (pŭj) [cp. PODGE] सं० (बोल०) गुलगोथना, नाटा-मोटा मनुष्य, पशु या कोई अन्य वस्तु। pudgy वि० नाटा और मोटा।

pudsy (pŭd' zi) [etym. doubtful, perh. rel. to PUDGY] वि० गुदगुदा, मासल, गुद्द र।

puerile (pū' er il) [L. *puerilis*, from *puer*, boy] वि० १. बाल-सुलभ, नासमझी भरा, बच्चों-जैसा, बालपन-* (आ० भी)। puerilely क्रि० वि० १. बच्चों जैसे ढंग से, २. तुच्छता से। puerileness, puerility सं० १. बचपना, नासमझी; २. तुच्छता।

puerperal (pū ĕr' pĕr ăl) [L. *puerperus* (*puer*, boy, -*parus*, bringing forth, from *parere*, to bring forth)] वि० १. प्रासविक, प्रसूतीय; २. प्रसवजन्य; ३. प्रासूतिक*/प्रसूति-* (आ० भी)।

puff (pŭf) [M.E. *puffen*, imit.] सं० १. झोंका, वायु-झकोरा; २. साँस, फूँक; ३. सनसनाहट या फुफकार, ४. भाप या धुएँ की मात्रा जो एक बार में निकले, ५. नरम गोल फूलाव (बालों या पोशाक में सजावट के लिए बनाया हुआ), ६. (powder ~ भी) पफ़, पाउडर लगाने की गद्दी; ७. एक प्रकार की हल्की-फुलकी पेस्ट्री, ८. (पुलाव आदि की) अत्यधिक प्रशंसा, ९. (माल का) अति प्रशंसात्मक विज्ञापन। क्रि० अ० और स० १. फूँक मारना, धौंकना; २. (वायु आदि का) झोंकों के रूप में निकलना; ३. साँस फूलना, हाँफना (विशे० ~and blow), ४. दंभ निकालना, साँस फूला देना, ५. (इंजन या सिगरेट पीने वाले का) धुआँ छोड़ना, धुआँ निकालना; ६. (मुख, धुएँ आदि को) फूँक मार कर उड़ा देना; ७. (हुक्के आदि के) कश लगाना, ८. फूलाना; ९. फूल जाना; १०. माल का अति प्रशंसा द्वारा विज्ञापन करना, ११. नीलाम पर बोली चढ़ाना। ~out हाँफते हुए कहना। ~up १. दिमाग़ चढ़ा देना; २. घमंड पैदा कर देना। ~-adder अफ्रीकी विषधर जो आवेश में आकर खजली फैला लेता है। ~-ball एक प्रकार की खुम्बी। ~-box पाउडर का डब्बा। ~-paste हल्की पीठी (जो पेस्ट्रियों पर लगी होती है)। puff-puff १. (बच्चों की बोली) इंजन; २. रेलगाड़ी। puffer वि० १. धुआँ या वायु निकालने वाला; २. अति प्रशंसक; ३. नीलाम में बोली चढ़ाने वाला। puffery सं० १. विज्ञापन; २. अति प्रशंसा; ३. झालर, सजावट। puffy वि० १. झोंकेदार; २. हाँफ जाने वाला; ३. फूला हुआ, मोटा फूलस; ४. स्थूल। puffiness सं० १. झोंकेदार होना, दम का फूला होना; २. मोटा होना।

puffin (pŭf' in) [etym. doubtful] सं० पफ़िन, उत्तरी अतलांतिक का एक समुद्री पक्षी।

pug[1] (pŭg) [etym. unknown] सं० १. पग, एक प्रकार का चपटी नाक वाला कुत्ता (~-dog भी); २. बड़ा नौकर, प्रमुख सेवक; ३. लोमड़ी (का व्यक्तिवाचक नाम); ४. पटरी-बदल इंजन। ~-nosed वि० चपटी नाक वाला। puggish, puggy वि० चपटी नाक वाला।

pug[2] (pŭg) [etym. doubtful] सं० गारा* (इं० ३ भी), ईंट बनाने का गारा। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० pugged) (ईंटें बनाने के लिए) गारा बनाना; २. (फ़र्श के नीचे या खाली स्थानों में) गारा भरना* (इं० ३ भी) (ताकि आवाज़ बाहर न निकले)। ~-mill पग मिल*, रौंद चक्की* (इं० ३ भी), ईंटों का गारा बनाने की मशीन। pugging सं० गारे या बूरे की भरती।

pug[3] (pŭg) [Hindi *pag*] सं० पग, जानवर का पद-चिह्न। क्रि० स० पद-चिह्नों से खोज निकालना।

pugaree, puggree (pŭg' ă rē) [Hind. *pagrī*] सं० १. पगड़ी; २. अंग्रेज़ी टोपी के गिर्द धूप से बचाव के लिए लिपटा हुआ कपड़ा। pugareed वि० पगड़ी बाँधे हुए।

pugilist (pū' ji list) सं० १. मुक्केबाज़, लड़ाका; २. (ला०) चोर विवादी। pugilism (pū' ji lizm) [L. *pugil*, boxer, as prec.,-ism] सं० १. मुक्केबाज़ी; २. (ला०) विवाद-प्रियता। pugilistic वि० १. मुक्केबाज़ी से संबंधित; २. (ला०) विवाद-प्रियतापूर्ण। pugilistically क्रि० वि० १. मुक्केबाज़ी से; २. (ला०) विवाद-प्रियता से।

pugnacious (pŭg nā' shus) [L. *pugnax -ācis*, from *pugnāre*, to fight, as prec.] वि० कलही, युद्धप्रिय, झगड़ालू। pugnaciously क्रि० वि० झगड़ालूपन से। pugnacity सं० झगड़ालूपन।

puisne (pū' ni) [O.F. *puis*, L. *postea*, from *post*, after, *nē*, L. *ndtus*, born] सं० सुप्रीम कोर्ट का छोटा जज। वि० (विधि) बाद का, पीछे का, अनुवर्ती। ~mortgagees, mortgagees~to the plaintiff अनुवर्ती।

puke[1] (pūk) [etym. doubtful] क्रि० अ० और स० मतली होना, क़ै करना, उल्टी करना। सं० मतली, क़ै, उल्टी।

puke[2] (pūk) [prob. from M. Dut. *puyck*] सं० १. एक प्रकार का ऊनी कपड़ा, २. ऊनी कपड़ा के लिए पहले प्रयुक्त होने वाला गहरा रंग।

pule (pūl) [perh. from F. *piaulter* or imit.] क्रि० अ० झींकना, ठुनकना, रीं-रीं करना। pulingly क्रि० वि० झींकते हुए, री-रीं करते हुए।

pull (pul) [A.-S *pullian*, etym doubtful] क्रि० स० और अ० १. खींचना (जैसे don't ~ my hair), २. (किसी वस्तु को) अपनी ओर या किसी दिशा-विशेष में खींचना, ३. चढ़ाना, ४. (सहायता, महसूल) प्राप्त कर लेना, ५. बल से खींचना (जैसे the horse pulls well); ६. किसी के पक्ष में भ्रमण डालना; ७. ज़ोर लगा कर आगे बढ़ना; ८. (घोड़े का) मुँहज़ोरी करना; ९. (हुक्के आदि से) कश लगाना या खींचना; १०. (सुराही आदि से) घूँट खींचना, चूसना; ११. (पौधे को) जड़ से उखाड़ देना, १२. (चीज़ को) फाड़ डालना, टुकड़े-टुकड़े कर देना; १३. तोड़ना; १४. छापना, प्रूफ़ निकालना या उठाना, १५. खेना, १६. चप्पू से (नाव) चलाना; १७. (नाव का) चलना या खींचा जाना, १८. (ग्रा०) घिरछाहर करना, १९. (जुएखाने आदि पर) छापा मारना; २०. (घुड़दौड़ में) घोड़े को रोकना (ताकि वह हार

जाए); २१. (क्रिकेट) आँख पर फेंकी हुई गेंद को ऑन पर मारना; २२. (गोल्फ़) गेंद को दाहिने हाथ से खेलने वाले खिलाड़ी के बाईं ओर फेंकना। सं० १. खिंचाव, आकर्षण, झटका; २. खिंचाव-शक्ति, कर्षण-बल; ३. (ला०) प्रभाव डालने का माध्यम; ४. (मुद्रण) कच्चा प्रूफ़; ५. (घुड़दौड़ में रोकने के लिए) घोड़े की बाग़ खींचना; ६. नौका-विहार, नाव में घोड़ी देर की सैर; ७. (क्रिकेट) गेंद को लेग की ओर ले जाने वाली चोट; ८. (गोल्फ़) गेंद को बाईं ओर ले जाने वाली चोट; ९. (मदिरापान में) माँग से अधिक शराब की उपलब्धि; १०. शराब का गहरा घूँट; ११. दस्ता। **~about** इधर-उधर खींचना, दुर्व्यवहार करना। **~caps, wigs** लड़ाई-झगड़ा करना। **~devil** संघर्ष में अपने पक्ष को बढ़ावा देना। **~down** १. (भवन आदि) गिरा देना, ढा देना; २. स्वास्थ्य, साहस या मूल्य गिरा देना। **~his ears or him by the ears** उसके कान खींचो, उसे बड़ा डाँटो। **~his nose or him by the nose** उसकी नाक खींच कर उसका अपमान करो। **~his sleeve or him by the sleeve** उसका ध्यान अपनी ओर खींचो (धक्का हिला कर)। **~in** (गाड़ी आदि का) स्टेशन पर आना। **~off** (इनाम, प्रतियोगिता) जीत लेना। **~off one's hat** टोपी उतार कर नमस्कार करना। **~oneself together** १. (मुसीबत के बाद) फिर एकत्र होना; २. अपने आप को सँभालना, होश में आना। **~out** खे कर नाव को निकाल ले जाना, (गाड़ी का) स्टेशन से निकल जाना। **~out of the fire** डूबती नाव बचा लेना, हारे हुए खेल को जीत लेना। **~the bell** घंटी (की रस्सी) खींचो, घंटी बजाओ। **~through** फिर वि० और उप० (बीमारी, खतरे आदि से) बच कर निकल आना या निकाल लेना। **~together** मिलजुल कर काम करना। **~to pieces** १. तोड़ कर टुकड़े-टुकड़े कर देना; २. (ला०) (किसी व्यक्ति या वस्तु की) कटु आलोचना करना। **~up** १. (व्यक्ति, घोड़े, गाड़ी को) रोकना; २. डाँटना; ३. संभलना, रुकना; ४. (दौड़ आदि में) आगे आना। **~-back** १. एकाघट, रोक, विघ्न, बाधा; २. स्त्री की स्कर्ट के घुच्चों को रोके रखने की व्यवस्था। **~over** से स्वीटर। **~-through** सं० राइफ़ल की नली साफ़ करने की रस्सी। **pulled** फिर गिरे हुए स्वास्थ्य या साहस वाला। **~-bread** रोटी के खस्ता टुकड़े। **puller** सं० क्रियागत अर्थों में १. (विशे०) खींचने वाले यत्र, २. मुँहज़ोर घोड़ा।

pullet (pul′ ĕt) [M.E. and O.F. *polete* (F. *poulet*), dim. of *poule*, late L. *pulla*, hen, fem. of L. *pullus*, a young animal, cogn. with FOAL] सं० पुठोर* (कु० भी), छोटी मुर्ग़ी (अंडे देना शुरू करने से पहले पंख झड़ने तक)।

pulley (pul′ i) [O.F. *polie* (F. *poulie*), prob. ult. from a late Gr. *polidion*, dim. of *polos*, POLE²] सं० १. चरखी* (कु० भी), घिरनी* (इं० १, ३, कु० भी); २. घिर्री, गरारी, चक्का; ३. कप्पी*/पुली* (इं० १, ३, कु० भी)। क्रि० स० गरारी चढ़ाना या चलाना।

pullicat (pul′ i kăt) [*Pulicat*, on the coast of Madras] सं० १. रंगीन रूमाल; २. रंगीन रूमाल बनाने की सामग्री।

Pullman (pul′ măn) [George M. *Pullman* (1831-1897), inventor] वि० और सं० (~कार भी) पुलमैन, रेल का डब्बा जिसमें सोने का पूरा प्रबंध होता है।

pullulate (pul′ ū lāt) [L. *pullulātus*, p.p. of *pullulāre*, to sprout, from *pullulus*, dim. of *pullus*, see PULLET] क्रि० अ० १. (अंकुर, कली का) फूटना, फूलना, चटकना; २. (बीज का) फूटना, उग आना; ३. (ला० आदर्शों या सिद्धांतों का) विकसित होना, उभरना। **pullulant** वि० फूटने वाला, अंकुरित होने वाला। **pullulation** सं० अंकुरण, फूटना, विकास।

pully-hauly वि० (बोल०) खींच-तान का। सं० कशमकश, खींचतान। **pully-haul** क्रि० स० और अ० खींचतान करना या होना।

pulmo [Latin *pulmo-mōnis*, lung] समास में फेफड़ा के लिए प्रयुक्त रूप। **pulmobranchiate** (pŭl mō brăng′ ki āt) [BRANCHIATE] वि० फेफड़ेदार गलफड़े वाले (जानवर)। **pulmometer** (pŭl mom′ e tĕr) [-METER] सं० फेफड़ा-मापक, फेफड़ों की शक्ति मापने का यंत्र। **pulmometry** सं० फुफ्फुस-मापन।

pulmonary (pŭl′ mo nā ri) वि० फेफड़ों का, फेफड़ों से संबंधित, फुफ्फुसी* (आ० भी)। **~artery** फेफड़ा-धमनी, वह धमनी जो हृदय से फेफड़ों तक रक्त पहुँचाती है। **pulmonic** (pŭl mon′ ik) वि० फेफड़ों का।

pulmonate (pŭl′ mo nāt) वि० (प्राणि०) फेफड़ों के रोग में ग्रस्त।

pulp (pŭlp) [L. *pulpa*] सं० १. गूदा, मज्जा* (आ० भी), लुगदी, लुगदा; २. धातु का लोंदा। क्रि० स० और अ० १. पिलपिला करना, गूदा या लुगदी बनाना; २. (काँझी की फलियों से) गूदा निकालना। **pulper** सं० १. गूदा बनाने वाला; २. फलों आदि का गूदा बनाने वाला यंत्र। **pulpify** क्रि० स० गूदा बनाना। **pulpless** वि० बे-गूदा। **pulpous, pulpy** वि० गूदेदार। **pulpiness** सं० गूदेदार होना।

pulpit (pul′ pit) [L. *pulpitum*] सं० १. (गिर्जे में) धर्मोपदेश-आसन, व्याख्यान-मंच; २. उपदेशक-व्यवसाय; ३. उपदेशक-वर्ग; ४. (पुस्तक के शीर्षक में) उपदेश-संग्रह। **~eloquence** उपदेश-भावन। **~orator** उपदेशक। **~style** उपदेशात्मक शैली। **pulpitarian** वि० और सं० १. उपदेश करने वाला; २. उपदेशवादी; ३. उपदेशक। **pulpiteer** (pul pi tēr′) सं० पेशेवर उपदेशक (प्राय: अपमान-सूचक)। क्रि० अ० उपदेश करना। **pulpiteering** सं० उपदेश।

pulque (pul′ kā) [Mex. Sp.] सं० पोल्की, एक प्रकार की शराब जो मैक्सिको में बनती है। **~brandy** पोल्का ब्राडी।

pulsate (pul′ sāt) [L. *pulsātus*, p.p. of *pulsāre*, freq. of *pellere*, to drive, p.p. *pulsus*] क्रि० स० और अ० १. कंपपूर्वक फड़कना, धड़कना, स्पंदित होना (शा० ला०), २. थरथराना, काँपना, सिहरना; ३. (हीरे को) पछोड़ना, खान की मिट्टी से अलग करना। **pulsatile** (pŭl′ sa til, -til) सं० १. स्पन्दनकारी, स्फुरणशील, फड़कने या धड़कने वाला; २. (वाद्य के लिए) उँगलियों या मिज़राब से छेड़ कर बजने वाला।

pulsatilla (pŭl sa til′ ă) [med. L., dim. of *pulsāta*, beaten, as prec.] सं० १. पल्साटिला, हवाई-फूल; २. हवाई फूल का औषधोपयोगी रस या सार।

pulsation (pŭl sā′ shun) [as PULSATE, -TION] सं० १. धड़कन; २. थरथराहट, सिहरन; ३. स्पंदन* (आ०, वि० १ भी)।

pulsator (pŭl sā′ tor) सं० हीरा-पछोड़ने। **pulsatory** (pŭl′ sa tō ri) वि० धड़कने या काँपने वाला।

pulse[1] (pŭls) [M.E. and O.F. *pous*, L. *pulsum*, nom. *-sus*, as prec.] सं० १. नाड़ी* (आ०, कु० भी), नब्ज़, स्पंद* (आ०, इं० २, वि० १ भी); २. धमनियों या हृदय की धड़कन; ३. (ला०) स्फूर्ति, उत्साह (जीवन का); ४. छपछपाहट, थपथपाहट; ५. (संगी०) स्पन्दन* (कु० भी) प्रकम्पन; ६. (ध्वनि या प्रकाश की) लहर, कम्पन। क्रि० स० और अ० १. स्पन्दित होना, स्पन्दन करना. २. धड़कना, चलना, स्फुरित होना, स्फुरण करना (शा० एवं ला०),

(संगी) प्रकंपित होना। **pulseless** वि० नाड़ी-स्पंदहीन* (जा० भी), निःस्पंद, निष्प्राण। **pulselessness** सं० निःस्पन्दता, निष्प्राणता।

pulse[2] (pŭls) [M.E. and O.F. *pols*, L. *puls pultis*, pottage of meal, etc.] सं० दाल, दालें।

pulsimeter (pŭl sim' ĭ tĕr) सं० नाड़ीमापक यंत्र, स्पंदनसूचक या नाड़ीगति-सूचक यंत्र। **pulsometer** सं० पल्सोमीटर, एक प्रकार का पम्प जिसमें दो खाने ऐसे बने होते हैं कि भाप अंदर पहुँच कर पानी को प्रत्येक खाने में बारी-बारी से पहुँचाती रहती है।

pultaceous (pŭl tā' shŭs) [L. *puls pultis*, PULSE[2], -ACEOUS] वि० अवलेप या पुल्टिसी* (जा० भी), पुल्टिस-सा, कोमल, नरम, मुलगुला, गुदार।

pulverize (pŭl' vĕr īz) [late L. *pulverizāre*, from L. *pulvis -veris*, dust] क्रि० स० और अ० १. चूर्ण कर देना, पीस देना, पेषण करना; २. (पानी आदि भी) फुहार बनाना; ३. (ला०) चूर-चूर कर देना, ध्वस्त करना, कुचल देना। ४. पददलित करना, धूल में मिला देना; ५. चूर-चूर हो जाना, धूल में मिल जाना। **pulverizable** वि० पीसने या चूर-चूर करने योग्य, पेषणीय, क्षोदनीय। **pulverization** सं० पीस डालना, चूर-चूर कर डालना, मुरमुरी करना* (क्रि० भी) पेषणीयता। **pulverizator, pulverizer** सं० फुहार बनाने वाला, चूर्णन* (जा०, क्रि० भी), मुरमुरीकारी* / पटेला*, चूर्णक* / पेषक* (क्रि० भी)। **pulverulent** (pŭl ver' ū lent) वि० चूर्णमय, धूलिल* (वि० १ भी), धूलिमय, चूर्णयुक्त, धूलियुक्त (चट्टान), मुरमुरी, बलुई (चट्टान)।

pulvinate (pŭl' vi nāt), **pulvinated** वि० १. (स्था०) सूजा हुआ, स्फीत, फूला हुआ, (विशे०) उभरा हुआ: २. (वन०) तल्प-युक्त, गद्दे जैसा, फूला हुआ।

puma (pū' mă) [Peruv.] सं० दे० COUGAR।

pumice (pŭm' is) [O F. *pomis*, late L. *pumicem*, L. *pūmicem*, nom -ex] सं० झाँवा* (ई०, हिं० वि० १ भी), स्पंज का टुकड़ा। क्रि० स० झाँवे से घिसना या साफ़ करना। **~-hoof** (घोड़ों के) खुर जो रोग के कारण स्पंज जैसे होने हो जाते हैं। **pumiceous** (pū mish' ŭ) वि० झाँवे-जैसा।

pummel क्रि० स० घमक्कमाना, घूँसे बरसाना, मुष्टिवर्षा करना।

pump[1] (pŭmp) [M.E. *pumpe*, Dut. *pomp*, G. *pumpe*, F. *pompe*] सं० १. पंप* (क्रि०, वि० १ भी), हवा भरने या पानी निकालने का उपकरण; २. भौंकनी; ३. (ला० रूप में) हृदय, कोड़ों के मुँह के लिए प्रयुक्त; ४. पंप-चालन; ५. जिरह के द्वारा किसी से बात निकलवाने का यत्न, इस कला में निपुण व्यक्ति। क्रि० अ० और स० १. पंप चलाना, पंप से पानी चढ़ाना, हवा भरना; २. पम्प के द्वारा कुआँ ओगराना या जहाज से पानी निकालना; ३. (पानी) बरसाना, झड़ी लगाना; ४. (व्यक्ति से) जानकारी प्राप्त करना, बात उगलवा लेना, भेद जानना, चतुराई या प्रश्नों की बौछार से हाल जान लेना; ५. कुरेद-कुरेद कर सब कुछ निकलवा लेना; ६. कठिन परिश्रम से बेदम कर देना, थका कर चूर कर देना, दम फुला देना (विशे० कर्म-वाच्य में); ७. (दाबमापक में पारे का) तत्काल चढ़ना-उतरना। **~up** (टायर में) हवा भरना। **bicycle ~** साइकिल पंप। **~-brake** सं० जहाज के पम्प का ब्रेक। **~-handle** क्रि० स० (रोल०) ज़ोर से हाथ मिलाना। **~-room** पम्प कक्ष, वह कमरा जिसमें पम्प चलाया जाता है (विशे० जिसमें पम्प से रोगियों के लिए खनिज जल बाँटा जाता है)। **pumper** सं० पंप चलानेवाला, पंपचालक। **pumpship** क्रि० अ० (ला०) पेशाब करना, मूत्र त्याग करना।

pump[2] (pŭmp) [etym. doubtful] सं० पंप जूता, पंप शू।

pumpernickel (pum' pĕr nikl) [G., etym. doubtful] सं० राई के आटे की रोटी (जर्मनी)।

pumpkin (pŭmp' kin) [earlier *pumpion*, POMPION] सं० लौकी, घिया, पेठा, कद्दू।

pun[1] (pŭn) [etym. doubtful] सं० १. श्लेष, अनेकार्थक शब्द का प्रयोग; २. शब्दक्रीड़ा। क्रि० अ० (भू० और भू० कृ० **punned**) श्लेष बोलना, श्लेष में बात करना, अनेकार्थक शब्द का प्रयोग करना। **punster** सं० श्लेष बोलने वाला, श्लेष-भाषी **punningly** क्रि० वि० श्लेष प्रयोग करते हुए।

pun[2] (pŭn) [dial. form of POUND[2]] क्रि० स० (भूमि आदि को) कूटना* (ई० ३ भी), दुरमुट से कूट कर ठोस बनाना, दुरमुट से समतल करना। **panner** सं० दुरमुट* (ई० ३ भी), मुँगरी।

punch[1] (pŭnch) [prob. from PUNCHEON[1]] सं० १. छिद्रक* (ई० २ भी), छिद्रक* (ई० १, २, ३ भी), छेदनी, बेधनी* (प्र० भी), बरमा, पंच; २. सुंजी* (ई० १, ३ भी), गोदनी; ३. मुक्का, घूँसा, मुष्टिक (ग्रा०); ४ उत्साह, बल, ज़ोर। क्रि० स० १. घूँसा मारना, मुक्का मारना; २. छड़ी से कोंचना, आर मारना; ३. (अमरीकी प्रयोग) आर मार कर पशुओं को हाँकना; ४. अर्राई लगाना व करना; ५. छेद करना, बरमाना, बेधन करना* (प्र० भी), बेधना; ६. कील पैठाना व घुसाना। **~-bell** सं० कंडक्टर की घंटी द्वारा छेदनी। **driving ~** मेख या कील आदि पैठाने का यंत्र। **starting ~** कील उखाड़ने का यंत्र। **punching** सं० १. छिद्रण*/छेद करना* (ई० १, ३ भी), पंचिंग* (ई० २ भी)। **~-ball** सं० हवा-भरा गेंद जो इलास्टिक पट्टियों से बँधा रहता है और घूँसेबाजी के अभ्यास के लिए प्रयुक्त होता है। **puncher** सं० १. छिद्रकार; २. पंच या छेद करने का यंत्र।

punch[2] (pŭnch) [perh. from Hindi *panch*, five, from its consisting originally of five ingredients, or from PUNCHEON[2]] सं० १. शराब में गरम पानी, दूध, चीनी, नीबू और मसाले आदि डाल कर बनाया हुआ पय-विशेष, पंचपेय; २. पंचपेय का पात्र, प्याला; ३. पंचपेय की दावत। **~-bowl** सं० १. पंचपेय मिलाने या बनाने का बरतन; २. पहाड़ी में खड्ड या गर्त।

Punch[3] (pŭnch) [short for PUNCHINELLO] सं० १. पंच नामक कठपुतली के खेल का पात्र जो विचित्र, कौनी पुतली द्वारा खेला जाता है; २. लंदन के एक व्यंग्य प्रमुख साप्ताहिक का नाम। **as pleased, as proud as ~** १. बेहद प्रसन्न; २. अतिशय गर्वित।

punch[4] (pŭnch) [etym. doubtful)] सं० १. (suffolk ~ भी) छोटे पैरों वाला मोटा टट्टू; २. (बोल०) छोटा-मोटा व्यक्ति या चीज़।

puncheon[1] (pŭn' chŏn) [O. North. F. *ponchon*, O.F. *poinçon*, L. *punctiônem*, nom. -tio, a pricking, from *pungere*, to prick, p.p. *punctus*] सं० १. लघु मध्य चूनी*, गुटका*, चूनी* (ई० ३ भी), छोटा खम्भा; २. सिल्ली, शहतीर* का हिस्सा; ३ अड़वार (विशे० कोयले की खान में छत सँभालने का, अब बिरल दे० PUNCH छिद्रक, बरमा, पंच)।

puncheon[2] (pŭn' chŏn) [perh. ident. with prec.] सं० (इति०) ७२ से लेकर १२० गैलन (की समाई) का पीपा।

punchinello (pŭn chi nel' ō) [It. *polichinello, Pulcinello*, a character in Neapolitan low comedy] सं० १. इटली के कठपुतली खेल का प्रधान पात्र; २. ठिंगना और हुड़ाकड़ा व्यक्ति।

punctate (pŭngk' tāt) [L. PUNCT-UM, -ATE] वि० १. (प्राणि०, निदा०) बुँदकीदार, बब्बेदार, चित्तीदार, बिंदु चिह्नित;

२. कुंचित*/ विभुक्ति* (आ० भी)। **punctation** सं० बुंदकी या चिती बनाने का कार्य।

punctilio (pŭngk' til' i ō) [Sp. *puntillo*, or It. *puntiglio*, dim. of *punto*, POINT, as prec.] सं० (बहुव० -os) १. (उत्तम या शिष्टाचार में) सूक्ष्म विचार, बारीकी, अति सूक्ष्मता; २. अनावश्यक, औपचारिकता, दिखाऊ, तकल्लुफ़, प्रदर्शनपूर्ण शिष्टाचार, अति शिष्टाचार। **punctilious** वि० १. सूक्ष्मताप्रिय, बारीकियों पर ध्यान देने वाला; २. अति शिष्टाचारी, शिष्टाचार का प्रदर्शन करने वाला। **punctiliously** क्रि० वि० सूक्ष्म विचार या सूक्ष्म नियम, विधिपूर्वक, अति शिष्टाचार से। **punctiliousness** सं० १. सूक्ष्म बातों पर ध्यान देना; २. अति शिष्टाचार।

punctual (pŭngk' tū ăl) [med. L. *punctuālis*, from *punctus*, a POINT] वि० १. समयनिष्ठ, समय-पालक, वक्त का पाबंद, समय से काम करने वाला; २. ठीक समय का; ३. (रेखा०) बिन्दु का। **punctuality** सं० समयनिष्ठा, समय-पालकता, वक्त की पाबंदी। **punctually** क्रि० वि० १. समय-पालकतापूर्वक, वक्त की पाबंदी करते हुए; २. ठीक समय पर, नियत समय पर।

punctuate (pŭngk' tū āt) [med. L. *punctuātus*, p.p. of *punctuāre*, as prec.] क्रि० स० १. विरामचिह्न लगाना, चिह्नांकित करना; २. विस्मयादि बोधक शब्दों द्वारा (भाषण में) टोकना या बाधा देना; २. (असंगत) बल देना, ज़ोर देना। **punctuater** सं० विराम चिह्न लगाने वाला। **punctuation** सं० विराम चिह्नांकन, यहूदी या हिब्रू भाषा में स्वर या विराम चिह्न लगाने का कार्य। **punctuative** (pŭngk' tū ă tiv) वि० विरामचिह्नात्मक, विरामचिह्नीय।

punctum (pŭngk' tŭm) [L., orig. neut. of *punctus*, POINT] सं० १.(बहुव० -ta) चिती, बुंदकी, बिंदी, दाग़, धब्बा; २.नोक, रन्ध्रक*/ बिन्दु* (आ० भी)। **punctule** सं० छोटी बिंदी या बुंदकी। **punctulate** (pŭngk' tū lāt) वि० १. बिंदीदार, चितीदार; २. धब्बेदार। **punctulation** सं० बिंदु लगाने या बुंदकी डालने का काम।

puncture (pŭngk' tyŭr) [L. *punctūra*, as prec.] सं० पंचर, छेदन, वेधन*; वेध* (आ० भी)। क्रि० स० और अ० १.पंचर करना, छेदना, चुभोना, वेधना; २. पंचर होना।

pundit (pŭn' dit) [Hindi *pandit*, from Sansk. *pandita*, learned] सं० १.संस्कृत और दर्शन का हिन्दू विद्वान, २. (हिंदीत में) पंडित, विद्वान, अध्यापक।

pungent (pŭn' jĕnt) [L. *pungens-ntem*, pres. p. of *pungere*, to prick] वि० १. (प्राणि०) तीक्ष्ण* (वि० १ भी), पैना, नुकीला, तीक्ष्ण* (आ० भी), तेज़; २. (मर्मस्पर्शी या व्यंग्य) मर्मभेदी, मर्मच्छेदी, मर्मांतक, कसकने वाला, कचोटने वाला; ३. मार्मिक, हृदयस्पर्शी; ४ तीखा, तीता, कटु, तिक्त। **pungency, -gence** सं० १. तीक्ष्णता, तीव्रता, तिक्तता; २. मार्मिकता; ३. मर्मवेधिता। **pungently** क्रि० वि० १. तीक्ष्णता से, तेज़ी व तीक्ष्णेपन से; २. मार्मिकतापूर्वक।

Punic (pū' nik) [L. *Pūnicus*, *Pœnicus*, from *Pœnus*, Gr. *Phoinix*, Phoenician] वि० कारथैजी, कारथैज या कारथैज के निवासियों से संबंधित। सं० कारथैजी भाषा। **~Wars** कारथैजी युद्ध।

punish (pŭn' ish) [F. *puniss-*, pres. part. stem of *punir*, L. *pūnire*, from *pœna*. Gr. *poinē*, fine, PENALTY] क्रि० स० १. (अपराधी को) दंड देना, सज़ा देना, दंडित करना, ताड़न करना; २. डाँड लेना, जुर्माना करना, अर्थदंड देना; ३. (बोल०) (मुष्टियुद्ध में विरोधी पर) प्रबल आघात करना, (दौड़ या प्रतियोगिता के लिए) थका डालना; ४. (कमज़ोर बल्लेबाज़ी या बल्लेबाज़, या टेनिस की चोट से) पूरा लाभ उठाना; ५. (भोजन आदि पर) टूट पड़ना, खूब खाना। **punishable** वि० दण्डनीय, सज़ा पाने लायक़। **punishability, punishableness** सं० दण्डनीयता, सज़ा पाने लायक़ होना। **punishably** क्रि० वि० दण्डनीय रूप से, सज़ा पाने के लायक़ होकर। **punisher** सं० दण्ड देने वाला। **punishing** सं० दण्ड देना, सज़ा देना। **punishment** सं० दण्ड* (मा० ३, विधि भी), सज़ा। **punitive** (pū' ni tiv), **punitory** वि० दण्डात्मक, दण्डस्वरूप। **~tax** दण्डात्मक कर। **~police** दण्डात्मक पुलिस, किसी ज़िले में क़ानून-विरुद्धता होने पर वहाँ देने के लिए भेजा गया पुलिस-जत्था जिसका खर्च उस ज़िले के निवासियों को ही उठाना पड़ता है।

punk (pŭngk) [etym. doubtful] सं० १. (अमरीकी प्रयोग) भुनी हुई लकड़ी, लकड़ी पर उगने वाला कुकुरमुत्ता जो ईंधन के काम आता है; २. रद्दी चीज़, कूड़ा-करकट, कचरा। वि० (ग्रा०) निरर्थक, बेकार, रद्दी, सड़ा-गला।

punner (pŭn' ĕr) [PUN², -ER] सं० ज़मीन या गड्ढा खोदने के लिए प्रयोग में लाने वाला औज़ार।

punnet (pŭn' ĕt) [etym. doubtful] सं० (फल, तरकारी रखने के लिए) छोटी टोकरी, डलिया, झबिया।

Punster दे० PUN².

punt¹ (pŭnt) [A.-S., from L. *ponto*, prob. from Gallic] सं० पंट, चौड़े पेंदे की उथली नाव जो एक लम्बी बल्ली को तल में डाल कर चलाई जाती है। क्रि० स० और अ० १. बल्ली से नाव खेना; २.पंट में माल ढोना। **punter**¹, **puntist, puntsman** सं० पंट या उथली नाव को खेने वाला।

punt² (pŭnt) [F. *ponter*, etym. unknown] क्रि० अ० १. (फेरो या दूसरे ताश के खेलों में) माल के विरुद्ध दाँव रखना या लगाना; २. (बोल०) घोड़े पर बाज़ी लगाना, दाँव रखना, शर्त बदना। सं० शर्त लगाने वाला खेलाड़ी; जीतने के अंक। **punter**² सं० शर्त लगाने वाला, दाँव लगाने वाला, बाज़ी लगाने वाला।

punt³ (pŭnt) [etym. doubtful] क्रि० स० भूमि पर गिरने से पूर्व फ़ुटबाल की गेंद पर ठोकर लगाना, पंट मारना। सं० इस प्रकार की ठोकर, पट। **~about** १. अभ्यासार्थ फ़ुटबाल पर ठोकर लगाना; २. इस तरह के अभ्यास के लिए प्रयुक्त गेंद।

punty (pŭn' ti) [PONTIL] सं० काँचकारी में प्रयुक्त लोहे की छड़।

puny (pū' ni) [PUISNE] वि० १. नाटा, ठिंगना, बौना; २.हीन, दुर्बल, कमज़ोर; ३. तुच्छ, क्षुद्र। **puniness** सं० १. नाटापन, ठिंगनापन, बौनापन; २. हीनता, दुर्बलता; ३. तुच्छता, क्षुद्रता।

pup (pŭp) सं० पिल्ला, कुत्ते का बच्चा। क्रि० स० और अ० १. बच्चा देना (कुत्ते का); २. पिल्ले देना। **conceited ~** घमंडी बालक या युवा। **in~** गाभिन। **sell person a~** किसी व्यक्ति को भावी मूल्य के आधार पर कोई वस्तु बेच कर ठगना।

pupa (pū' pă) [L., a girl, a puppet] सं० (बहुव० -pæ) १. कोष* (कृ० भी), (तितली आदि का) पोटा, हेमकोश्या, २. (आ०, कृ०, वि० १) प्यूपा*। **pupal** वि० पोटा संबंधी, हेमकोश्या संबंधी। **pupate** (pū' pāt) क्रि० अ० पोटा बन जाना, हेमकोश्या बन

जाना। **pupation** (pū pā' shŭn) सं० प्यूपीकरण* (कृ० भी), पोटा बनना। **pupiparous** वि० (कृमि०) पोटा या हेमकोश्या (स्तर तक पहुँचे हुए) बच्चे पैदा करने वाला।

pupil (pū' pil) [F. *pupille*, L. *pūpillum*, nom. *-lus*, dim. of *pūpus*, boy] सं० १. शिष्य, चेला, छात्र, विद्यार्थी; २. (चिकि०) अवयस्क व्यक्ति; ३. किशोर; ४. (आँख की) पुतली, (आँख का) तारा* (आ०, कृ० भी), कनीनिका* (वि० १ भी)। **~-teacher** सं० प्रशिक्षण पाने वाला छात्र-शिक्षक। **pupilage** सं० अवस्यकता, नाबालिगी। **pupilship** सं० छात्रत्व। **pupilar** वि० शिष्य या छात्र संबंधी। **pupilarity** (pū pi lăr' i ti) सं० १. अवयस्कता; २. विद्यार्थी-अवस्था। **pupilary** (pū' pi lăr i) वि० पुतली संबंधी, तारा-* (आ० भी)। **pupilise** क्रि० स० और अ० १. शिष्य बनाना, चेला बनाना; २. शिक्षा देना, अध्यापन करना।

puppet (pŭp' et) [O.F. *poupette*, dim. from L. *puppa*, *pūpa*, see PUPA] सं० १. पुतली, कठपुतली (कठपुतली के तमाशे में प्रयुक्त होने वाली); २. (किसी के हाथ का) खिलौना, इशारों पर नाचने वाला। **~-clack,- valve** सं० वह डक्कन जो कब्जे से लगा हुआ नहीं होता, वरन् जिसे पूरा हटाना पड़ता है। **~-play,-show** कठपुतली का तमाशा। **puppetry** सं० कठपुतली का तमाशा, इशारे परनाचना।

puppy (pŭp' i) [prob. from F. *popupée*, doll, irreg. as prec.] सं० १. पिल्ला, कुत्ते का बच्चा, २. घमंडी और मूर्ख युवक, बाँका, छैला। **puppydom, puppyhood** सं० बाँकापन, छैलापन। **puppyish** वि० १. निरा बुद्धू, २. अकड़बाज। **puppyism** सं० बाँकापन, छैलापन।

pur- [A.-F. form of O.F. *por-*, *pur-* (F. *pour-*), L. *por-*, PRO-] उपस० 'आगे', 'के लिए', 'प्रति', 'पक्ष में' आदि अर्थवाची उपसर्ग (जैसे purchase, purport, pursue)।

purana (poo ra' nă) [Sansk., from *pura*, formerly] सं० पुराण।

puranic वि० पौराणिक।

Purbeck (pĕr' bĕk) [Isle of *Purbeck*, a peninsula in Dorset] वि० परबेकी, डारसेट के प्रायद्वीप परबेक का। **~marble** परबेकी संगमरमर। **~lime-stone** परबेकी पत्थर, परबेक में प्राप्त कड़ा चूना-पत्थर।

purblind (pĕr' blind) [orig. totally blind (perh PURE or PUR-, BLIND)] वि० १. चुंधा, कम दृष्टि वाला, अर्द्धांध; २. (ला०) कुन्द, मन्द, सुस्त, बुद्धू। क्रि० स० चौंधियाना, क्षीणदृष्टि बनाना। **purblindness** सं० चुंधापन, अंधप्रायता, क्षीण-दृष्टित्व।

purchase (pŭr' chăs) [M.E. *purchasen*, A.-F. *purchacer*, O.F. *pur- pourchacier*, to procure (PUR-, CHASE[1])] सं० १. क्रय, खरीद, खरीदारी; २. (इति०) लेना में आयोग क्रय या कमीशन की खरीद, लौदा, मोल ली हुई वस्तु, ३. वार्षिक उत्पादन या पैदावार; ४. (विधि) क्रीत सम्पत्ति, अर्जित संपत्ति, खरीद; ५. यांत्रिक लाभ, यंत्रजन्य सुविधा (प्रायः ला०); ६. प्रभाव, असर, शक्ति, सामर्थ्य; ७. लाभ या सुविधा के लिए यंत्र या उपाय, (विशे० नौवि०) रस्सी, रस्सा, भार उठाने की कल, चरखी। क्रि० स० १. खरीदना* (विधि भी), क्रय करना, मोल लेना, बेसाहना, २. (विजय, स्वाधीनता आदि बलिदान या श्रम से) अर्जित करना, हासिल करना; ३. (नौवि०) रस्सी या उठाने की कल से (लंगर आदि) खींचना, उठाना। **life is not worth an hour's ~** यह संसार एक घड़ी को भी विश्वासयोग्य नहीं। **~-money** क्रय-मूल्य, क्रय-धन, मोल। **purchasable** वि० क्रय योग्य, खरीदने लायक। **purchaser** सं० लेता, ग्राहक, खरीदार।

pure (pūr) [O.F. *pur*, fem. *pure*, L. *pūrum*, nom. *-us*] वि० १. शुद्ध*/ विशुद्ध* (कृ० भी), अमिश्रित, खालिस, बिना मिलावट का; २. (ध्वनि के लिए) संगत, (संगी०) स्वर, सुर-संगत; ३. शुद्ध, असंकर, शुद्ध-रक्त वाला; ४. (व्या०) (स्वर के लिए) पूर्वस्वरयुक्त, धातु के लिए (स्वरान्त्य), अन्य व्यंजन रहित (व्यंजन); ५. निष्ठ, निरा, पूरा, बिल्कुल; ६. अविकृत, शुद्ध, अक्षुण्ण; ७. अनघ, निष्पाप, पूत, पावन, पवित्र, आ० लृ०; ८. निर्मल-चरित्र, शुद्ध, अकलंक। **~mathematics** शुद्ध गणित। **~science** शुद्ध विज्ञान। **purely** क्रि० वि० बिल्कुल, सरासर, शुद्ध रूप से। **pureness** सं० पवित्रता, निर्मलता, शुद्धता, ब्रह्मचर्य।

purfle (pĕr' fel) [O.F. *porfiler*, as PROFILE] सं० किनारा, (विशे० वस्त्र का कढ़ा हुआ किनारा)। **purfling** सं० (विशे०) सारंगी या सितार के पीछे और आगे के आग के बेलबूटे।

purgation (pur gā' shŭn) [M.E. and O.F. *purgacion*, L. *purgātiōnem*, nom. *-tio*, from *purgāre*, to PURGE] सं० १. शोधन, शुद्धि, परिष्कार; २. जुलाब, रेचन, विरेचन; ३. आत्म-शुद्धि, पापमोचन, दोषनाशन (विशे० रोमन कैथोलिक मत में); ४. (इति०) सीगंध या परीक्षा आदि के द्वारा दोषमोचन, निर्दोषता प्रकाश। **purgative** (pĕr' gă tiv) वि० १. जुलाबी, विरेचक* (आ० भी), रेचक* (आ०, कृ०, वि० १ भी), शोधक, शोधनशील, परिष्कर्ता। सं० जुलाब, विरेचन-औषधि।

purgatory (pĕr' ga tŏr i) [M.E. and A.-F. *purgatorie* (O.F. *purgatoire*), med. L. *purgātōrium*] सं० १. प्रायश्चित्त-स्थल, पापमोचन स्थान, (विशे० रोमन कैथोलिक मत में) आत्मा की शुद्धि का स्थल; २. कष्टस्थल। वि० परिशोधक, शुद्ध या पवित्र करने वाला। **purgatorial** वि० पापमोचनसंबंधी, कष्टस्थल संबंधी।

purge (pĕrj) [O.F. *purger*, L. *purgāre*] क्रि० स० १. (शरीर या अंतरात्मा को) शुद्ध करना, पवित्र करना, निर्मल करना, मुक्त करना, परिष्कृत करना, शोधन करना; २. (अशुद्धताओं पाप आदि से) धो डालना, साफ़ कर देना, निकाल देना; ३. (औषधि०) रेचन करना, जुलाब लेना, पेट साफ़ करना; ४. निर्दोषता सिद्ध करना, सफ़ाई देना; ५. दोष का निराकरण करना; ६. (कानून) दोषमार्जन करना, प्रायश्चित्त या क्षमा-याचना द्वारा (अपराध या दण्ड का) प्रायश्चित्त करना; ७. (किसी राजनीतिक दल, सेना आदि) अवांछनीय व्यक्ति-विहीन करना, बेकार लोगों को हटा देना; ८. ऐसे व्यक्तियों का अपवर्जन करना। सं० १. शुद्धि, परिष्कार, शोधन, मार्जन, सफ़ाई, पृथक्करण, अपवर्जन; २. रेचन, विरेचन, जुलाब; ३. दल-शोधन* (मा० १भी)। **Pride's ~** (इति०) लोक पार्लियामेंट से प्रेस्बीटीरियन और रॉयलिस्ट सदस्यों का कर्नल प्राइड द्वारा निष्कासन या अपवर्जन।

purify (pūr' i fi) [F. *purifier*, late L. *pūrificare*, (*pūrus*, PURE, *-ficāre*, *facere*, to make)] क्रि० स० १. शुद्ध करना; पवित्र करना, मार्जन करना, शोधन करना (पाप, अशुद्धता आदि का); २. संस्कार करना, परिष्कार करना; ३. विजातीय तत्त्वों को दूर करना। **purification** सं० १. शुद्धि*/ शोधन* (कृ, मा० २, वि० १ भी), मार्जन, पवित्रीकरण, निर्मलीकरण*, स्वच्छीकरण* (वि० १ भी),

परिष्कार; २. संस्कार, (विशे० यहूदी कानून के अनुसार प्रसूता के प्रसवोत्तर संस्कार), नहान। **purificator** (pūr'if i kā tŏr) सं० मद्यपात्र और याजक की उँगलियाँ और होंठ साफ़ करने की साफ़ी। **purificatory** वि० शोधनात्मक, परिष्कार संबंधी। **purifier** सं० शोधक, परिशोधक।

Purim (pūr' im) [Heb. *pūrim*, pl. of *pūr*, prob. lot] सं० प्योरिम, हामन के षड्यंत्र की विफलता की स्मृति में मनाया जाने वाला यहूदी त्योहार।

purist (pūr' ist) [F. *puriste*] सं० शुद्धतावादी, विशुद्धिवादी (विशे० भाषा में)। **purism** सं० शुद्धतावाद, विशुद्धिवाद। **puristic, -al** (pūr is' tik, -ăl) वि० शुद्धतावादी, विशुद्धिवादी।

Puritan (pūr' i tăn) स० १. (इति०) इंग्लैण्ड के प्रोटेस्टेंट मत का सदस्य, इस मत के अनुसार एलिज़ाबेथ के गिर्जा संबंधी सुधार अपूर्ण थे और उसमें से अशास्त्रीय और भ्रष्ट प्रक्रियाओं को निकालना आवश्यक था, प्यूरिटन* (मा० १ भी); २. किसी भी धर्मतंत्र शुद्धतावादी दल का सदस्य; ३. नैष्ठिक व्यक्ति, निष्ठावान् व्यक्ति, कट्टर व्यक्ति, शुद्धाचारवादी* (मा० २ भी), विशुद्धिवादी। वि० प्यूरिटनों का, विशुद्धिवादियों का, नैष्ठिक। **puritanic,-al** वि० प्यूरिटनी, विशुद्धिवादी संबंधी। **puritanically** क्रि० वि० प्यूरिटनों की भाँति, विशुद्धिवादी दृष्टिकोण से। **Puritanism** (pūr' i tăn izm) सं० १. विशुद्धिवाद, शुद्धाचारवाद* (मा २ भी), परिशुद्धतावाद* (मा० ३ भी); २. प्यूरिटन मत, प्यूरिटनवाद* (मा० ३ भी); ३ कट्टरतावाद। **puritanize** क्रि० अ० और स० प्यूरिटन के समान काम करना, प्यूरिटन बनाना।

purity (pūr' i ti) [F. *pureté*] सं० शुद्धता* (वि० १ भी), विशुद्धि, शुचिता, पवित्रता, निर्मलता, निष्कलंकता, अकलुषता।

purl[1] (pĕrl) [perh. from obs. *pirl*, to twist] सं० १. चाँदी सोने का तार जो कढ़ाई के काम आता है, किनारी. ज़री बकलबत्तू; २. बेल, बेल का एक बूटा; ३. झालर; ४. (बुनाई) उल्टा फंदा, उल्टी बुनाई। क्रि० अ० और स० १. ज़री का काम बनाना; २. झालर लगाना; ३. उल्टी बुनाई से बुनना।

purl[2] (pĕrl) [etym. doubtful] सं० १. (इति०) पर्ल, एल और बियर जिसमें नागदौन का अर्क मिला हो; २. बीयर और जिन का मिश्रण जो सबेरे पिया जाता है।

purl[3] (pĕrl) [cp. Norw. *purla*, Swed. *porla*, to bubble up] क्रि० अ० (सोते आदि का) कल-कल करके बहना। स० कलकल, छलछल।

purl[4] (pĕrl) [prob. from *pirl*, PURL[1]] क्रि० स० और अ० १. उलट-पुलट करना; २. ऊपर-नीचे कर देना, भहरा पड़ना। सं० गहराना, घमाका। **purler** सं० (बोल०) मुँह के बल गिराने वाला मुक्का, सिर के पीछे से दिया हुआ मुक्का। **come, take a ~** सिर के बल गिरना, मुँह के बल आ रहना।

purlieu (pĕr' lū) [A.-F. *purale*', O.F. *puralee*(PUR-, *aley*, see ALLEY'), assim. to TIEU] सं० १. जंगल की सीमा पर स्थित भूमि (विशे० वह जो पहले जंगल का भाग रही हो और अब भी जंगलाती क़ानून के अंतर्गत हो); २. (किसी की) सीमा, हद; ३. सीमा, सीमान्त, सरहद (शा० एवं ला०)।

purlin (pĕr' lin) [etym. doubtful] सं० पर्लिन* (इं० ३ भी), धन्नी, शहतीर, बँडेर।

purloin (pur loin') [A.-F. and O.F. *purloigner* (PUR-, *loign*, *loin* L. *longe*, FAR)] क्रि० स० १. चुराना, चोरी करना; २. हथियाना, मूसना। **purloiner** सं० चोर, उचक्का।

purple (pĕr' pĕl) [M.E. *purpre*, A.-S. *purpure*, L. PURPURA] सं० १. बैंजनी रंग, नीललोहित रंग, विशेष प्रकार के घोंघे से निकाला हुआ गहरा लाल रंग; २. सम्राट् या मंत्री आदि की पोशाक; ३. धर्माचार्य का पहनावा या पद। वि० १. बैंजनी* (मा० २ भी), नील-लोहित* (क्रु०, मा० २, वि० १ भी), गहरा लाल, खूनी; २. बैंजनी रंग का, गहरे लाल रंग का। क्रि० स० और अ० १. गेहूँ का रोग, गेरुई; २. बैंजनी बनाना या हो जाना। **purplish, purply** वि० बैंजनी-सा, बैंजनीपन लिए हुए।

purport (pûr pôrt') [A.-F. and O.F. *purporter* (PUR-, *porter*, L. *portāre*, to carry)] क्रि० स० १. (लेख या भाषण का) अर्थ रखना, भाव होना, आशय होना, मतलब होना, तात्पर्यित होना* (विधि भी); २. बताना, पता देना, कहना; ३. अर्थ बताना, आशय बताना। सं० १. अर्थ, अभिप्राय, आशय, तात्पर्य* (विधि भी), मतलब, भाव, (विरल) उद्देश्य, मन्तव्य।

purpose (pĕr' pos) [M.E. and O.F. *pourpos*, L. *propŏsitum*, p.p. of *prŏpōnere*, to propose, see PRO- POUND] सं० १. प्रयोजन*/ उद्देश्य* (मा० २ भी), अभिप्राय, मक़सद; २. संकल्प, निश्चय। क्रि० स० १. प्रयोजन रखना, उद्देश्य रखना, अभिप्राय रखना, मंसूबा बाँधना, २. संकल्प रखना। **on ~** विशिष्ट उद्देश्य से, प्रयोजन-सहित। **to little or no ~** व्यर्थ, निरुद्देश्य, निष्प्रयोजन, अकारण। **to some ~** किसी प्रयोजन से। **to the ~** काम का, संगत, प्रयोजनानुरूप। **purposeful** वि० प्रयोजनमय, उद्देश्यपूर्ण, मतलब-भरा। **purposefully** क्रि० वि० सप्रयोजन, विशिष्ट उद्देश्य से, खास मतलब से। **purposefulness** सं० सप्रयोजनता, उद्देश्यपूर्णता, अर्थपूर्णता। **purposeless** वि० निष्प्रयोजन, निरुद्देश्य, निरर्थक। **purposelessly** क्रि० वि० निष्प्रयोजनता से, निरुद्देश्यता से, निरर्थक रूप में। **purposelessness** सं० निष्प्रयोजनता, निरुद्देश्यता, निरर्थकता। **purposely** क्रि० वि० जानबूझ कर। **purposive** वि० १. सप्रयोजन* (मा० २ भी), सोद्देश्य, प्रयोजनात्मक; २. प्रयोजनवादी (व्यक्ति या आचरण)।

Purpura (pĕr' pû rā) [L., from Gr. *porphura*] सं० १. परप्यूरा* (आ० भी), एक चर्मरोग जिसमें शरीर पर बैंजनी रंग के दाग पड़ जाते हैं; २. एक प्रकार का घोंघा जिससे बैंगनीपन लिए हुए गहरा लाल रंग निकाला जाता है, रक्तचित्तिता* (आ० भी)। **purpuric** (pûr pûr' ik) वि० १. परप्यूर विषयक, उस चर्मरोग संबंधी जिसमें शरीर पर बैंजनी दाग पड़ जाते हैं; २. शीताग्नि संबंधी। **~-acid** परप्यूरिक एसिड, अम्ल जिसके लवण बैंजनी रंग के होते हैं। **purpurin** (pĕr' pû rin) सं० मजीठी, लाल रंग, जो पहिले मजीठ से निकाला जाता था।

purr (pĕr) [imit.] क्रि० अ० और स० १. घुरघुराना, घुरघुर करना। स० घुरघुर, घुरघुराहट।

purse (pĕrs) [A.-S. *purs*, late L. *bursa*, Gr *byrsa*, hide, leather] सं० १. बटुआ, मनीबैग, पैसी, पर्स; २. (ला०) धन, निधि, कोष; ३. एकत्र निधि (किसी विशेष उद्देश्य से); ४. (पशुओं, वनस्पतियों में इस आकार का) थैली-सा, आशय। क्रि० स० और अ० १. सिकोड़ना, झुर्रियाँ या बल पड़ना या डालना (होंठ, भौं आदि); २. (विरल) थैली में डालना, बटुए में रखना। **heavy or long ~** धनिकता। **hold the ~strings** व्यय का नियंत्रण करना। **light ~** निर्धनता। **loosen the ~strings** उदार भाव से अर्थ करना। **~of silver or gold** (तुर्की साम्राज्य में) ५०० पूल, १००० कूश की थैली। **the public~** जननिधि, सामान्य कोष। **tighten the ~**

strings कंजूसी करना । **~-bearer** सं० १. कोषाध्यक्ष, कोष-रक्षक; २. लॉर्ड चांसलर के आगे थैली या बटुए में राजमुद्रायें रख कर चलने वाला कर्मचारी, कोषवाहक । **~-net** १. थैलीजाल, (झरगोशों आदि को पकड़ने के लिए) थैली की शक्ल का जाल जिसका मुँह डोरी से बंद किया जा सकता है; २. खर्की जाल* (वि० १ भी)। **~-proud** धनगर्वोन्मत्त । **~-strings** बटुये की डोरियाँ। **purseful** वि० बटुआ भर, थैली भर। **purseless** वि० निर्धन, बटुआरहित।

purser (pĕr' sĕr) सं० (जहाज विशे० यात्री-जहाज में) हिसाब-किताब रखने वाला, पोत-लेखाधिकारी । **pursership** सं० पोत-लेखाधिकारी का पद।

purslane (pĕr' slān) [O.F. *porcelaine*, L. *porcillăca*, PORTULACA, assim. to PORCELAIN] सं० कुलफा, लोनिया, नोनी, लोणी।

pursue (pūr sū') [A.-F. *pursuer*, O.F. *porsseure* (F. *poursuivre*), late L. *prŏsequere* (PRO-, *sequere*, *sequi*, to follow)] क्रि० स० और अ० १. पीछा करना, खदेड़ना, दौड़ाना, चहेरना, पहेरना; २. (ला०) पालन करना, वृद्ध रहना, लगे रहना, अनुशीलन करना; ३. (लक्ष्य आदि) कार्यान्वित करना, पूरा करना, अनुसरण करना, प्रवृत्त होना; ४. (योजना आदि) अनुशीलन करना, लगना, लगे रहना; ५. (सड़क, जाँच, व्यवहार आदि पर) चलते रहना, आगे बढ़ना, अनुसार चलना; ६. (अध्ययन, व्यवसाय आदि में) रत रहना, लगे रहना; ७. अनुसरण करना, पीछे जाना। **pursuable** वि० अनुसरणीय, पीछा करने योग्य। **pursuance** सं० अनसरण, अनुष्ठान, अनुशीलन (विशे० in ~ of अनुशीलन में)। **pursuant** वि० पालक, अनुसारी, अनुवर्ती । क्रि० वि० पालन या अनुसरण करते हुए। **pursuantly** क्रि० वि० के अनुसार, के अनुरूप, का पालन करते हुए। **pursuer** सं० (क्रियागत अर्थों में) वादी, अभियोगी, अभिग्रहक (दीवानी और स्कॉट० विधि में)।

pursuit (per sūt') सं० १. अनुसरण, अनुगमन, अनुधावन; २. अनुशीलन, पालन; ३. खोज, तलाश; ४. व्यवसाय, आपार, उद्योग, उद्यम, कार्य, वृत्ति, धंधा।

pursuivant (pĕr' swi vănt) [O.F. *porsvant* (F. *porsuivant*), pres. p., as prec.] सं० १. परमबेट, शस्त्र-विद्यालय का अधिकारी; २. (काव्य०) अनुचरी, अनुगामी, परिचर, अनुगत।

pursy[1] (pĕr' si) [formerly *pursive*, A.-F. *porsif*, O.F. *polsif* (F. *poussif*), from *polser* (F *pousser*), to breathe with labour, from L. *pulsāre*, to PULSE[1]] वि० १. फूफ्फस, पोला, फूला हुआ; २. मोटा, जिसका दम जल्दी फूल जाय, स्थूलकाय। **pursiness** सं० १. फुफ्फसपन, पोलापन; २. मोटापन, स्थूलकायता, दम फूलने की अवस्था।

pursy[2] (pĕr' si) [PURSE, -Y] वि० १. पर्स की भाँति, पर्स के मुँह की भाँति सिकुड़ा हुआ; २. धनी; ३. धनगर्वित।

purulent (pūr' ú lent) [F., from L. *pūrulentus*, from *pūs* (*pūris*, PUS] वि० पीपदार, मवाद भरा, पूयस्रावी । **purulence**, **-leacy** सं० १. मवाद या पीप से भरा होना; २. पूयस्राव या पूयस्रावित। **purulently** क्रि० वि० पूयस्राव करते हुए, मवाद या पीप से भरे हुए रूप।

purvey (pur vā') [A.-F. *purveier* (F. *pourvoir*), to PROVIDE] क्रि० स० और अ० १. रसद पहुँचाना, रसद पहुँचाने का काम करना; २. आवश्यक वस्तुयें (विशे० खाद्य सामग्री संबंधी) पहुँचाना या पहुँचना, पूर्ति-विभाग के अध्यक्ष का काम करना। **purveyance** सं० १. रसद-संग्रह, खाद्य-व्यवस्था; २. खाद्य, रसद, खूराक; ३. नियत मूल्य पर खाद्य-सामग्री मोल लेने या थोड़े आदि का बेगार में प्रयोग करने का अधिकार। **purveyor** सं० १. रसद पहुँचाने वाला, खाद्यसामग्री जुटाने वाला; २. (इति०) राजपरिवार या राजा के लिए रसद का प्रबंध करने वाला।

purview (pĕr' vū) [A.-F. *purveu* (F. *pourvu*), p. p. of *purveier*, see prec.] सं० १. (किसी संविधि या प्रविधान के विधायक अंश, मुख्यांश; २. (किसी अभिनियम, प्रलेख, योजना, पुस्तक, व्यवसाय आदि का) विस्तार, उद्देश्य, लक्ष्य, क्षेत्र, सीमा, परिसर, दृष्टिक्षेत्र, कल्पना-क्षेत्र।

pus (pŭs) [L.] सं० पीप, मवाद, पूय* (आ० भी), पस।

push (push) [O.F. *pousser*, L. *pulsāre*, to PULSATE] क्रि० स० और अ० १. ढकेलना, धक्का देना, ठेलना, पेलना; २. खिसकाना, सरकाना, लुढ़काना, ढुनगाना, हिलना-डुलना, सरकना, खिसकना, उछलना, कूदना; ३. धक्का देना, टक्कर मारना; ४. (बिलियर्ड) गेंद में ठोकर मारना, आघात करना; ५. (बाइ०) सींगों से टक्कर मारना; ६. आगे बढ़ाना व बढ़ना, प्रस्फुटित करना व होना, फूटना (out या forth के साथ जैसे plants ~ out new roots); ७. धक्का देकर आगे बढ़ना, (भीड़ आदि) चीर कर निकल आना; ८. जोर मारना, अपने व्यवसाय आदि में दूसरों की अपेक्षा अधिक सफल होने के लिए जोर लगाना; ९. आग्रह करना, उकसाना, प्रेरित करना; १०. (स्वत्व आदि का) स्थापन करना, प्रतिपादन करना; ११. प्रयत्नशील होना, सचेष्ट होना, (अपना भाग्य बनाने में) बढ़ना, विस्तार करना (विजय आदि का); १२. (विज्ञापन द्वारा) किसी माल आदि की बिक्री और उपयोग में वृद्धि करना या जोर पर लाना; १३. बाध्य करना, विवश करना, बाध्य हो जाना, विवश हो जाना। सं० १. धक्का, ठेल; २. (अटा) गेंद में लगाया हुआ धक्का, किसी व्यक्ति की प्रगति के लिए प्रभाव का उपयोग; ३. (किसी शस्त्र अथवा सीध का) वार, टक्कर, हूल; ४. जोरदार प्रयत्न, पूरा जोर, एँड़ी-चोटी की कोशिश; ५. (सेना०) हल्ला, चढ़ाई, प्रबल आक्रमण; ६. (चाप आदि का) निरंतर दबाव; ७. (परिस्थिति का) दबाव, भार, बोझ, जटिलता, विषमता; ८. असाधारण साहस का काम, आगे बढ़ने का पूर्ण प्रयत्न; ९. (ग्रा०) दस्यु दल, चोरों का गिरोह, अपराधी वर्ग। **get the ~** नौकरी से निकलना। **give the ~** (ग्रा०) नौकरी से निकालना। **~through** किसी काम को अंत तक पहुँचाना, निभा देना, पूरा कर देना। **~-ball** भारी और बड़े गेंद को ढकेल कर खेला जाने वाला खेल। **~-bike** (ग्रा०) साधारण साइकिल। **~-pin** पुशपिन, बच्चों का एक खेल जिसमें एक तख्ते पर पिने गड़ी हुई होती है और उनके बीच से गोलियाँ लुढ़का कर लक्ष्य तक पहुँचाया जाता है। **pusher** सं० ढकेलने वाला, ढकेलने की मशीन, वह पुर्जा जो ढकेलने का काम करता है। **~aeroplane** सं० वह हवाई जहाज जिसका वायु-यंत्र पीछे होता है। **pushful** वि० उद्यमपूर्ण, उद्यमी। **pushing** वि० आगे बढ़ने वाला, होनहार। **pushingly** क्रि० वि० आगे बढ़ते हुए।

Pushtoo (push' too) [Pers. *Pashto*] सं० पश्तो (भाषा)।

pusillanimous (pū si lăn' i mus) [eccles. L. *pusillanimis* (*pusillus*, small, petty; *animus*, soul)] वि० १. भीरु, कमजोर दिल वाला, बुजदिल, डरपोक; २. नीचाशय, तुच्छ, ओछा, संकीर्ण हृदय। **pusillanimity** सं० भीरुता, बुजदिली, संकीर्ण-हृदयता। **pusillanimously, pusillanimousness** क्रि० वि० भीरुतापूर्वक, बुजदिली से, संकीर्ण-हृदयता से।

ă=a, (Father) फादर; ā=ए, (Fat) फैट; ā=ए, (Fate) फेट, aw=a=आं, (Fall) फॉल, ā=एअ, (Fair) फेअर; e=ऐ, (Bell) बेल; ē=इ, (Her) हर; ē=ई, (Beef) बीफ; i=इ, (Bit) बिट, ī=आइ, (Bite) बाइट; o=आ, (Not) नॉट; ō=ओ, (No) नो; ō=ऑ, (North) नॉर्थ; oo=उ, (Food) फूड; u=उ, (Bull) बुल; ū=अ, (Sun) सन, ū=यु, (Muse) म्यूज; ou=आउ, (Bout) बाउट; oi=ऑय, (Join) ज्वॉइन।

puss (pus) [cp. Dut. *poes*, L. G. *puus*, Norw. *puse*, Swed. dial. *pus*; prob. imit.] सं० १. पूसी, बिल्ली (पुकारने का नाम); २. खरगोश, चीता आदि का कहने का नाम; ३. (बोल०) लड़की। **~-moth** पतंगा, यूरोपीय बड़ा पतंगा। **pussy** सं० १. (शिशु० पूसी, म्याऊँ (बिल्ली के लिए); २. कोई कोमल रोयेंदार वस्तु (उदा० फूलों के गुच्छे आदि)। **~-foot** १. मद्य निषेध, नशाबंदी; २. इसके लिए प्रयत्न करने वाला (अमरीका के एक मद्यनिषेधवादी के उपनाम के आधार पर)।

pustule (pŭs' tūl) [F., from L. *pustula*, prob. conn. with Gr. *physalis*, *phuskē*, a bladder, *phusan*, to blow] सं० १. मुँहासा, दाना; २. मसा, गाँठ, चर्मकील, किण; ३. पूयस्फोटिका* (आ० भी); ४. स्फोट* (हू० भी)। **pustular, pustulous** वि० १. मुँहासों से भरा; २. मसे से युक्त। **pustulate** (pŭs' tū lāt) क्रि० स० और अ० १. छाले पड़ना, फफोले पड़ना; २. छाले या फफोले डालना। वि० (pŭs' tū lāt) फफोलेदार, छालों से भरा। **pustulation** सं० छाले डालना या पड़ना।

put[1] (put) [late A.-S. *putian* (in *putung*), *potian*, to put, *pytan*, to put or thrust out] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **put**) १. (पत्थर या लोहे के गोले को) शारीरिक व्यायाम के लिए फेंकना; २. थोपना, झोंकना; ३. मारना, छोड़ना, दागना; ४. (कोयले की खान में) कोयले का ठेला व ट्राम चलाना या ढकेलना; ५. (नौवि०) पोत आदि का बंदरगाह से दूर व इसकी ओर आना, रवाना होना, रु. रवाना डालना; ७. लगाना, अंकित करना, लिखना, रखना; ८. जोतना, नाधना; ९. (गाय को साँड के पास) लगाना; १०. पार उतारना, पार ले जाना, ११. समाधेय करना, सचार करना; १२. प्रस्तुत करना, उपस्थापित करना, पेश करना; १३. दे देना, छोड़ देना, अर्पित या समर्पित कर देना; १४. डालना, मिलाना; १५. फूतना, दाम लगाना; १६. अनुदित करना, उल्था करना; १७. अभिव्यक्त करना, व्यक्त करना; १८. महत्त्व देना व समझना; १९. आधारित करना; २०. लगाना, प्रयुक्त करना, काम में लाना; २१. रखना, कल्पना करना; २२. किसी के स्थान पर रखना; २३. दाँव लगाना, दाँव पर रखना; २४. (पूँजी आदि) लगाना, अधिष्ठित करना, विनियुक्त करना; २५. (किसी के समक्ष) रखना, उपस्थापित करना; २६. निवेदित करना, (मानने के लिए) कहना, आमंत्रित करना; २७. (कर आदि) लगाना, लादना, आरोपित करना; २८. (अपमान या तिरस्कार आदि) होना, किया जाना, २९. शिकार बनना, अपदस्थ होना; ३०. कार्यान्वित करना, परिणत करना, बना देना, कर देना; ३१. कर देना, रखना, ३२. बोया जाना, भर दिया जाना; ३३. (काम में) लगाना, प्रवृत्त करना; ३४. प्रकल्पित करना (घोड़े के और ला० रूप से व्यक्ति के लिए); ३५. बाध्य होना, मजबूर होना। सं० १. प्रक्षेपण, फेंक, फेंकाई; २. किसी वस्तु की नियत मात्रा का नियत मूल्य और नियत समय पर जुटाने का विकल्प, विक्रय-विकल्प। **~about** (जहाज को) विपरीत दिशा में ले चलना, (घोड़ों या मनुष्यों के दल को) मोड़ना, घुमाना, (जहाज का) मुड़ना, घूमना, (विशे० स्कॉट०) कष्ट देना, तकलीफ़ देना। **~across** सफलतापूर्वक सपादन या स्थापन करना। **~away** १. (भविष्य में उपयोग के लिए धन आदि) अलग रख देना, रख छोड़ना; २. (आ०) खा-पी डालना; ३. (आ०) बंदी बनाना, क़ैद करना; ४. (आ०) गिरवी या रेहन रखना, बन्धक रखना। **~back** १. बाड़ मारना, प्रगति अवरुद्ध करना; २. घड़ी की सुइयों को पीछे घुमाना; ३. पूर्ववत् कर देना, पूर्वस्थिति में लाना। **~by** १. (तर्क व प्रश्न) टाल जाना, उड़ा जाना; २. बचा जाना, कतराना, भविष्य के लिए रख छोड़ना। **~down** १. दबा देना, कुचल देना, दमन करना; २. रचड़ देना, नीचा दिखाना, डबाना पर ताला डालना; ३. सर्वसीली बात को बंद करना; ४. समझना, फूतना, झिम्मेदार ठहराना, मत्थे मढ़ना। **~forth** १. (बल) लगाना, उद्योग करना, (वाक्पटुता) प्रदर्शित करना; २. चलाना, चलन में लाना, (पौध का) अंकुरित होना, पत्ती, कली आदि निकलना। **~forward** १. आगे लाना (अपने को); २. (सिद्धान्त) स्थापित करना, प्रतिपादित करना, रखना। **~in** १. पद पर प्रतिष्ठित करना, नौकरी पर लगाना, भर्ती करना; २. पेश करना, प्रस्तुत करना (प्रलेख, साक्ष्य, प्रार्थना, अधिकार, जमानत); ३. (चुनाव आदि के बारे में) दावा करना, अध्यर्थन करना; ४. घूँसा, गोली, उक्ति) मार देना, धर देना, कहना; ५. (झालू चीज़) रख देना, बीच में ला देना; ६.किसी काम को सम्पूर्ण के अंश रूप में करना; ७. (बोल०) समय व्यतीत करना। **~off** १. स्थगित करना; २.(किसी व्यक्ति से भेंट आदि)स्थगित करना, टालना; ३. टालमटोल करना, बचना, हीले-हवाले करना; ४. रोकना, बाधा डालना, बर-जना; ५. सिर पर थोपना, मत्थे मढ़ना; ६. कपड़े उतारना; ७. (नाव, जहाज आदि का) तट से दूर जाना। **~on** १. कपड़े पहिनना व पहिनाना; २. (बोल०) स्वाँग करना, नाटक करना, झूठ-मूठ दिखाना, दिखावा करना; ३. मोटा हो जाना, (भार या माँस) बढ़ जाना; ४. (मूल्य या खेल के रन आदि) बढ़ाना; ५. (घोड़े आदि पर रुपया) लगाना; ६. (घड़ी की सुइयाँ) आगे करना, बढ़ाना; ७. चलाना, कार्यान्वित करना, ज़ोर लगाना, गति बढ़ाना; ८. किसी काम पर लगाना व नियुक्त करना; ९. (क्रिकेट में) किसी को गेंदबाज़ी का काम सौंपना, १०. (गाड़ी आदि के) चलने का प्रबंध करना। **~out** १. (कंधे आदि की) हड्डी उतर जाना, जोड़ अलग हो जाना; २. (क्रिकेट) बल्लेबाज़ को आउट कर देना, बुझाना, ठंडा करना, गुल करना, ३. चढ़ाई देना, हड़बड़ा देना, ४. चिढ़ाना, खिजाना, ५. असुविधा में डालना, कष्ट देना, ६. ब्याज पर रुपया देना, रुपया लगाना; ७. (भवन से बाहर के जाकर करने के लिए काम) देना। **~over** (चित्र, नाटक आदि के लिए) प्रशंसित होना, वाहवाही पाना। **~(oneself) over** अपने व्यक्तित्व से दर्शकों को प्रभावित करना। **~through** (काम) पूरा करना, (किसी को) टेलीफ़ोन पर मिलाना। **~together** १. जोड़ना,मिलाना, मिला कर पूरा करना; २. (क्रिकेट) रन बनाना। **~up** १. (किसी व्यक्ति को) चुनौती के सवार के रूप में नियुक्त करना; २. नाटक को प्रस्तुत करना, प्रदर्शित करना; ३. (शिकार को) छिपने के स्थान से निकालना, हाँका करना; ४. बेड़ा लगाना, ५. (मूल्य) बढ़ाना, चढ़ाना, ऊँचा करना; ६. प्रार्थना करना; ७. याचना करना; ८. (निर्वाचन के लिए) नाम प्रस्तावित करना; ९. विवाह-घोषणा प्रकाशित व प्रसारित करना; १०. नीलाम पर चढ़ाना; ११. पार्सल बनाना,/पार्सल में रखना; १२. निजोरी में रखना, १३. (तलवार को) म्यान में रखना; १४. (मनुष्य या घोड़े को) विश्राम देना, ठहराना और खिलाना-पिलाना, १५. बनाना, भवन-निर्माण करना। **~up with** (अपमान, खिजाने वाले व्यक्ति को) सह जाना, पी जाना, शम खा जाना। **~(person) up (to)** व्यक्ति को किसी काम में लगाना। **putter** सं० रखने वाला, उपस्थापक, मारवाह।

put[2] (pŭt) [*colloq.*] सं०१. (प्राचीन ग्रा०) उजबक, उजड्ड, बाँगड़ू, सनकी, झक्की; २. गँवार, देहाती।

put[3] दे० PUTT।

putative (pū' tā tiv) [F. *putatif*, fem. *-tive*, late L. *putātīvus*, from *putāre*, to think] वि० १. ख्यात, प्रसिद्ध;

२. कथित। **putatively** क्रि० वि० १. ख्यात रूप से; २. कथित रूप से।

puteal (pū' tē āl) [L. *putēāle*, neut. of *putēālis*, from *puteus*, well] सं० (प्रा० रोम) कुयें की जगत।

putlog (pūt' log) [etym. doubtful] सं० (वह) बड़ी थूनी (जिस पर मचान के तख्ते टिके रहते हैं)।

putrefy (pū' trē fī) [F. *putréfier*, L. *putrefacere* (*putre-*, as in *putrère*, to be rotten, *facere*, to make)] क्रि० अ० और स० १. सड़ना, सड़ जाना; २. मवाद पड़ना, पीप पैदा हो जाना; ३. भ्रष्ट हो जाना, पतित होना, खराब हो जाना; ४. (क्वचित्) सड़ाना, गंदा करना, भ्रष्ट करना आदि। **putrefaction** सं० १. पूयन*/सड़ान* (कु० भी), सड़न, सड़ांध, २. मवाद पड़ जाना, पूयीभवन* (आ० भी)। **putrefactive** (pū'trē fāk tiv) वि० सड़ाने वाला। **putrescent** (pū tres' ənt) वि० १. सड़ता हुआ, सड़ती हुई, सड़ान की हालत में; २. पूयनशील। **putrescible** वि० सड़ने वाला, पूयनशील।

putrid (pū' trid) [L. *putridus*, from *putrère*, to rot, from *puter*, rotten] वि० १. सड़ा हुआ, गला हुआ; २. उपसा हुआ, दुर्गंधित; ३. (ला०) भ्रष्ट, दूषित; ४. (ग्रा०) घटिया, रद्दी, नितान्त अशुद्धिकर। **~fever** १. टाइफ़स, सन्निपात। **~sore throat** डिफ्थीरिया, गलिन कफ-रोग। **putridity, putridness** सं० सड़न, सड़ांध, दुर्गंधि। **putridly** क्रि० वि० सड़ते हुए, दुर्गंधि के साथ।

putt (pūt) [var.of PUT[1]] क्रि० अ० और स० १. (गोल्फ़) गेंद मारना; २. (गोल्फ़ के गेंद को) इस तरह धीरे से मारना कि गर्त्त में चला जाय। सं० वह वार या चोट जिससे गेंद गर्त्त में चला जाय। **putting-green** गोल्फ़ के मैदान का वह भाग जिसमें गर्त्त होता है।

puttoo सं० (आंग्ल-भारतीय) पट्टू, कश्मीरे का एक प्रकार का कपड़ा।

putty (pūt' i)]F. *potee*, orig. potful, see POT] सं० १. काँच या धातु को चमकाने के लिए टीन या सीसे का चूरा; २. चूने, पानी का बाल्-रहित पतला गारा, पुचारा; ३. काँच फलक जोड़ने का मसाला; ४. पुटीन* (दे० १, ३ भी)। क्रि० स० पुटीन से भरना, जोड़ना, लगाना। **~-medal** छोटी सेवा के उपयुक्त पदक।

puzzle (pūz' əl) [etym. doubtful] सं० १. किंकर्त्तव्यविमूढ़ता, हैरानी, उलझन, हतबुद्धिता, समस्या; २. गूढ़ समस्या, गोरखधन्धा, पेचीदा मामला; ३. पहेली, प्रहेलिका। क्रि० स० और अ० १. किंकर्त्तव्यविमूढ़ कर देना, हतबुद्धि कर देना, हैरान करना, उलझन में डालना; २. परेशान होना, किंकर्त्तव्यविमूढ़ होना, उलझन में पड़ना; ३. (समस्या) सुलझाना, समाधान करना, हल करना। **~-headed, -pated** वि० हतबुद्धि, किंकर्त्तव्यविमूढ़। **~-peg** घामक खूँटी, कुत्ते को ज़मीन पर नाक रगड़ने से रोकने के लिए उसके निचले जबड़े में बेधी खूँटी। **puzzledom, puzzlement** सं० हैरानी, किंकर्त्तव्य-विमूढ़ता, उलझन। **puzzler** सं० किंकर्त्तव्यविमूढ़ कर देने वाला, उलझन में डालने वाला। **puzzlingly** क्रि० वि० किंकर्त्तव्यविमूढ़ करते हुए, उलझन पैदा करते हुए।

pyaemia (pī ē' miā) [Gr. *puon*, pus. *haima*, blood] सं० पाइमिया* (कु० भी), पूयरक्तता* (आ०, कु० भी), एक रोग-विशेष जिसमें रक्त के विषैले हो जाने के कारण त्वचा पर पीपदार दाने निकल आते हैं। **pyaemic** वि० इस रोग संबंधी।

pycno- [Gr. *puknos*, thick, dense] यूनानी शब्द puknos (=मज़बूत, सघन) का समास में प्रयुक्त रूप। **pycnostyle** (pik' no stil) [Gr. *stulos*, column] वि० और सं० वह भवन-निर्माण शैली जिसमें स्तम्भ पास-पास (१ ½ व्यास के अंतर पर) हों, उक्त शैली में बना हुआ।

pye-dog (pī' dog) [Hind.] सं० पाही कुत्ता, लावारिस और देशज कुत्ता।

pygmy (pig' mi) [L. *pygmæus*, Gr. *pugmaios*, dwarfish, from *pugmē*, fist, the length from elbow to knuckles] सं० १. पिगमी, मनुष्यों की एक ठिगनी जाति जिसके बारे में प्रचलित था कि इथियोपिया और भारत के कुछ भागों में पाई जाती थी; २. बौना, वामन; ३. (ला०) अल्पबुद्धि, परी। वि० १. बौनों का, वामन संबंधी; २. बौना, ठिगना। **the ~** पिगमी, विषुवतीय अफ्रीका की वामन जाति। **pygmean** वि० वामन-सदृश, वामनोचित, बौने का सा।

pyjamas (pi-, pī ja' məz) [Pers. and Hind. *pāejmah* (*pāe*, by, *jāmah*, clothing, garment)] सं० (बहुव०) पाजामा।

pylon (pī' lon) [Gr. *pulōn*, from *pulē*, gate] सं० १. गोपुर* (मा० १ भी), पुर, तोरण, सिंहद्वार* (मा० १ भी) (विशेषकर मिस्र के मंदिर का); २. कोट, पुर।

pylorus (pi lōr' ĭs) [late L., from Gr. *pulōros*, gate-keeper (*pulē*, gate, *ouros*, keeper, watcher)] सं० पाइलोरस* (आ० भी), (शारी०) जठरनिर्गम* (आ० भी), आमाशय का उदर में खुलने वाला द्वार, ग्रहणीद्वार। **pyloric** वि० ग्रहणीद्वार संबंधी, जठरनिर्गमी* (वि० १ भी), जठरनिर्गम-* (आ० भी)।

pyo- [Gr. *puon*, pus] यूनानी शब्द (puon) मवाद का समास में प्रयुक्त रूप। **pyogenesis** (pī o jen' ē sis) [GENESIS] सं० पूयन, पूर्व मांस, क्लेदजनन, पूयजनन मवाद बनना, पस बनना। **pyoid** (pī' oid) वि० पूय-युक्त, मवाद भरा। **pyorrhœa** (pī o rē' ā) सं० पायरिया, दन्तपूय, पूयस्राव*/पायोरिया* (आ० भी)।

pyr- दे० PYRO-। **pyracanth** (pīr' ā kānth) [L. *pyracantha*, Gr. *puracantha* (see ACANTHUS)] सं० पाइराकैथ, एक सदाबहार कटिदार झाड़ी जिसमें सफ़ेद फूल और लाल फल लगते हैं।

pyramid (pi' rā mid) [L. *pyramis -idis*, Gr. *puramis -idos*, prob. of Egypt. orig.] सं० १. पिरैमिड*, (मिस्र के प्राचीन राजाओं का) समाधि-स्तूप* (मा० १ भी), स्मारक के रूप में चौकोर आधार पर बनाया गया स्तूप (विशे० मिस्री), २. इस रूप का बना हुआ कोई भवन; ३. पिरामिड के आकार की कोई वस्तु; ४. वस्तुओं का ढेर; ५. पिरामिड, वह कविता जिसकी पंक्तियाँ क्रमिक रूप से लम्बी या छोटी होती जाती हैं, ६. पिरामिड, (बिलियर्ड का) वह खेल जिसमें (प्राय. १५) रंगीन गेंद और एक सफ़ेद गेंद होता है। **pyramidal** (pi rām' i dāl). **pyramidical** वि० १. पिरैमिड-* (वि० १ भी)। **pyramidally, pyramidically** क्रि० वि० पिरामिड के रूप में। **pyramidist** (pir' a mid ist) सं० पिरामिड-विशेषज्ञ। **pyramidwise** क्रि० वि० पिरामिड जैसा।

pyre (pīr) [L. *pyra*, Gr. *pura*, cogn. with *pur*, fire] सं० ईंधन का ढेर (विशे० चिता)।

Pyrethrum (pi rē' thrum, -reth' rŭm) [L., from Gr. *purethron*, as prec.] सं० गुलदाउदी का एक प्रकार, पाइरीथ्रम* (आ० भी)।

pyretic (pī ret' ik) [Gr. *puretos*, fever, -ic] वि० तापकारी, ज्वरकारी* (आ० भी), ज्वर उत्पन्न करने वाला, ताप संबंधी, ज्वर संबंधी। **pyrexia** (pī rek' si ā) सं० (निदान०) ज्वर* (आ० भी), ताप, बुखार। **pyrexial, -ical** वि० ज्वरीय, ज्वर संबंधी, ताप संबंधी।

pyrheliometer (pir hē li om' è tèr) [PYR-, HELIOMETER] सं० १. पाइरेलियोमीटर, सूर्य-उष्मामापक; २. सूर्यग्निमान।

pyridine (pir'-, pīr' i dīn) [PYR-, -ID, -INE] सं० (रसा०) पिरिडीन, अस्थि-तैल के शुष्क डिस्टिलेशन से प्राप्त उपक्षार जो दमे में लाभकारी होता है।

pyrites (pī rī' tēz) [L., from Gr. *puritès*, orig. pertaining to fire, from *pur*, fire] सं० मालिक*/ पाइराइटीज* (वि० १ भी)। **pyritic, -al** (pī-, pi rit' ik, -ăl), **pyritous** (pir' i tus), **pyrtiziferous** वि० मालिक, सोनामाखी या पिराइटीस संबंधी। **pyritize** (pīr' i tīz) क्रि० स० मालिक बनाना।

pyro (pīr' ō) PYROGALLIC का संक्षिप्त रूप।

pyro- [Gr. *pur pyros*, fire] यूनानी शब्द pur (=अग्नि) का समास में प्रयुक्त रूप। **pyroacetic** (pīr o ă sē' tik) [ACETIC] वि० (रसा०) अग्निसौत्तिक। **pyro-electric** (pīr' ō e lek' trik) वि० अग्निविद्युत्। **pyro-electricity** सं० अग्निविद्युत्, तप्त किए जाने पर विद्युत् उत्पन्न करने की विशेषता या गुण। **pyrogallic acid** (संक्षि० PYRO) पाइरोगैलिक एसिड, एक प्रकार का अम्ल जो छायाचित्रण आदि में प्रह्लासन-कर्त्ता का कार्य करता है, अग्नि-दुस्फोटक अम्ल।

pyrogenetic (pīr' o je net' ik) वि० तापकारी, उत्तापक, अग्नि-जनक। **pyrogenic** वि० ज्वरकारक, ज्वरोत्पादक। **pyrogenous** (pī roj' è nŭs) वि० १. आग्नेय (शिला); २. दहन जन्य, किसी इतर पदार्थ के जलने से उत्पन्न पदार्थ। **pyrography** (pi rog' ra fi) [-GRAPHY] सं० अग्नि से काष्ठ पर कारीगरी करने की कला (दे० POKER, POKER-WORK)। **pyrogravure** (pīr o grá vūr') सं० अग्नि-उत्कृति का कार्य, गरम सलाई से खुदाई करके बेल-बूटे बनाने की कला।

pyrolatry (pī rol' ă tri) [PYRO-, -LATRY] सं० अग्निपूजा, अग्न्युपासना। **pyroligneous** (pīr o lig' ne us) [LIGNEOUS] वि० पाइरोलिग्निनी* (आ० भी), काष्ठ पर अग्नि या उष्मा के प्रभाव से उत्पन्न, काष्ठप्रसूत। **~acid** (वि० १) पाइरोलिग्नियस अम्ल या एसिड*।

pyromania (pīr ō mā' ni ā) [-MANIA] सं० चीजों को जला डालने का पागलपन, दहनोन्माद* (आ० भी)। **pyromaniac** सं० दहनोन्मादी। **pyromaniacal** वि० दहनोन्माद संबंधी।

pyrometer (pī rom' è tèr) [PYRO-, -METER] सं० पाइरोमीटर, उत्तापमापक यंत्र, अग्निमान, उत्तापमापी* (दे० १ भी)। **pyrometric, -al** वि० उत्तापमापात्मक, उत्तापमापमूलक। **pyrometrically** क्रि० वि० उत्तापमापात्मक रीति से। **pyrometry** सं० उत्ताप-मापन। **pyromorphous** (pīr o mōr' fŭs) [Gr. *morphé*, form, -OUS] वि० अग्निग्राही, वह वस्तु जो हवा में आते ही आग पकड़ ले।

pyrope (pīr' op) [O.F. *prope*, L. *pyrōpus*, Gr. *purōpos*(*pur*, fire, *ōps*, face, eye)] सं० पाइरोप* (वि० १ भी), गहरी लाल मणि, तामड़ा।

pyro-photograph (pīr ō fō' tō gräf) [PHOTOGRAPH] सं० काँच या चीनी पर ताप देकर बनाया गया चित्र, अग्निछाया।

pyro-photographic वि० अग्निछाया-चित्र संबंधी। **pyro-photography** सं० अग्निछाया-चित्रकला। (Pyro- उपसर्ग उन वैज्ञानिक शब्दों में भी प्रयुक्त होता है जो उस तत्व में अग्नि या उष्मा के कारण उद्भूत किसी परिवर्तन को व्यक्त करते हैं या लाल और पीला रंग का होना बताते हैं)।

pyrotechnic (pīr ō tek' nik) [PYRO-, Gr. *technè*, art, -ic] वि० १. आतशबाजी का या उससे संबंधित; २. (ला०) चमत्कारयुक्त, विचक्षण। सं० (बहुव०) आतशबाजी, आतशबाजी दिखाने की विद्या या कला। **pyrotechnical** वि० आतशबाजी संबंधी। **pyrotechnically** क्रि० वि० आतशबाजी के ढंग से। **pyrotechnist** सं० आतशबाज़।

pyroxene (pir' ok sēn, pīr' ok sēn) [PYRO- Gr. *xenos*, stranger] सं० १. पाइरॉक्सीन* (कृ० भी), कैल्शियम और मैग्नेशियम के सैकत से निर्मित खनिज; २. आग्नेय शिला का अंश।

pyroxylin (pir' ok si lin [F. *Pyroxyline* (Gr. *xulon* wood)] सं० १. पाईरॉक्सिलिन* (वि० १ भी), अग्निकाष्ठ; २. सेलूलोज का नाइट्रेट जो ईथर या ऐल्कोहॉल में घुल कर कैलोडियन बन जाता है और वार्निश या कृत्रिम चमड़े का आधार बनता है।

pyrrhic[1] (pir' ik) [L. *pyrrhica*, Gr. *purrhichè*, from *Purrhichos*, the inventor] सं० १. (~dance) प्राचीन यूनानियों का युद्ध-नृत्य; २. छन्द का पद या चरण (∪ ∪)। वि० इस चरण से युक्त।

Pyrrhic[2] (pir' ik) वि० (~victory) महँगी विजय, वह विजय जिसके लिए बहुत मूल्य चुकाना पड़ा हो (जैसे कि एपिरस नरेश पाइरस को एस्कलम के युद्ध में रोमनों की विजय महँगी पड़ी थी)।

Pyrrhonism (pir' o nizm) सं० पायरोवाद, ग्रीस के पायरो (२०० ई० पू०) का संशयवादी दर्शन, वह सिद्धान्त कि ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति असंभव है, संशयवाद। **Pyrrhonian** (pi rō' ni ăn) वि० और सं० संशयवादी। **Pyrrhonic** वि० संशयवाद संबंधी। **Pyrrhonist** (pir' ō nist) सं० संशयवादी।

Pyrus (pīr' us) [med. L., from L. *pirus*, PEAR] सं० पाइरस, जपावर्ग के वृक्ष जिनमें नाशपाती और सेब के वृक्ष आते हैं, सेबी। **~Japonica** रक्तवर्ण सेबी।

Pythagorean (pi thăg o rē' ăn) वि० १. पैथागोरसीय; २. पैथागोरसवादी, पैथागोरस (सामोस का छठी शताब्दी ई० पू० में हुआ प्रसिद्ध दार्शनिक जो पुनर्जन्म में विश्वास करता था), का अनुयायी। **~proposition** पैथागोरस की प्रमेय।

Pythian (pith' i ăn) [L. *Pythius*, Gr. *Puthios*, from *Puthō*, former name of Delphi] सं० और वि० डेल्फी में अपोलो के उपदेश तथा डेल्फी की पुजारिन संबंधी। **the~** अपोलो, डेल्फी में उसकी पुजारिन।

python[1] (pī' thŏn) [L., from Gr. *Puthōn*. prob. from *Puthō*, see PYTHIAN] सं० १. (यूनानी पुरा०) (ग्रीक देव कथा में एक प्रकार का अजगर या महासर्प) पाईथन* (भार० १ भी), एक विशाल सर्प या दानव जिसका अपोलो ने डेल्फी के निकट वध किया था; २. विकराल सर्प जो अपने शिकार को रौंद डालता है।

python[2] (pī' thon) [late L. *pytho -ōnem*, or late Gr. *puthōn*, prob. rel. to prec. but history obscure] सं० पाइथन, एक प्रसिद्ध प्रेत, इस प्रेत से आविष्ट व्यक्ति। **pythoness** सं० प्रेताविभृत स्त्री। **pythonic** वि० उक्त प्रेत संबंधी।

pyx (piks) [L. *pyxis*, Gr. *puxis*, a box, from *puxos*, box-tree] सं० १ पिक्स, (ईसा० मत) पवित्र रोटी रखने का पात्र; २. राजकीय

टकसाल की वह पेटी जिसमें चाँदी और सोने की मुद्राएँ वार्षिक जाँच के लिए नमूने के रूप में रक्खी जाती हैं। फि० स० १. मुद्रा को उस पेटी में रखना; २. सिक्के को तौल कर या कसौटी में कस कर देखना।

pyxidium (pik sid' i ùm) [Gr. *pyxidion*, dim. of prec.] सं० (बहुव० **-dia**, बन० शा०) करंडक फल, ढक्कनदार डोडा, शीर्ष-स्फोटी, वह डोडा जिसका सिरा संदूक के ढक्कन की भाँति खुल जाता है।

Q

Q, q (बहुव० **Qaes, Q's, Qs**) १. अंग्रेजी वर्णमाला का सत्रहवाँ अक्षर; २. (स्केटिंग) पलटा, मोड़, चक्कर। **reverse ~** छोर बदलने के पश्चात् मोड़। **~department** क्वार्टर मास्टर जनरल का विभाग।

qua (kwā) [L., abl. fem. sing. of *qui*, rel. pron.] संयो० रूप में (जैसे objects to the church not ~church, but ~ establishment)।

quack[1] (kwăk) [imit., cp. Dut. *kwakken*, G. *quacken*, Icel. *kvaka*, also L. *coaxâre*, Gr. *koax*, a croak] क्रि० अ० और सं० १. कैं-कैं (करना), बतख की तरह कैंकें (करना); २. चीखना, बेवकूफ़ की तरह चिल्ला-चिल्ला कर बकना।

quack[2] (kwăk) [short for QUACKSALVER] सं० कुवैद्य, ग्रथर्वेद्य, नीमहकीम, कठ वैद्य, धूर्त, ठग, अनाड़ी, अताई (प्राय. गुणवाचक, जैसे ~doctor, remedies)। क्रि० अ० और स० १ नीमहकीमी करना कठवैदकी करना, धूर्तता करना, २. शेखी बघारना, मिथ्याभिमान के साथ बातें करना, ३. (चिकित्सा आदि सबकी), प्रशंसात्मक विज्ञापन छपाना। **quackery, quackism** सं० १. मिथ्याभिमान, २ नीमहकीमी, अनाड़ीपन, कठवैदकी धूर्तता। **quackish** वि० नीमहकीम का या सा।

quacksalver (kwăk' săl vèr) [Dut. *kwakzalver*, earlier *quacksalver*] सं० १. मिथ्याचिकित्सक, नीमहकीम, २ अपनी दवाओं की शेखी मारने वाला।

quad[1] (kwɔd) (QUADRANGLE का संक्षेप) सं० १. वर्गकोशिका* (क्रि० २ भी), २. कॉलेज आदि का प्राँगण (चतुर्भुजाकार)।

quad[2] (kwɔd) [QUADRAT का संक्षेप] सं० (मुद्रण में व्यवहृत) चतुष्कोनक, टाइप में क्वाड को ठीक बैठाना।

quad[3] दे० QUOD।

quad[4] (kwɔd) [QUADRUPLET] सं० चतुष्क, एक साथ जन्म लेने वाले चार बच्चों में से एक।

quadrable वि० १. वर्ग्य, वर्गाकार बनाने योग्य, दे० QUADRATE।

quadragenarian (kwɔd rà jè nâr' i ăn) [L. *quadrāgēnārius*, from *quadrāgēnī*, distrib. of *quadrāginta*, forty (*quadrus*, cogn. with *quatuor*, four, *-ginta*, prob. for *dṛkinta*, tenth, from *decem*, ten)] वि० और सं० चालीस-साला, चालीस वर्षीय (व्यक्ति)।

Quadragesima (kwɔd rà jes' i mà) [med. L., fem. of *quadrāgēsimus*, fortieth, as prec.] सं० (~Sunday भी) ईसाइयों के चालीस दिन के व्रत का प्रथम रविवार। **quadragesimal** वि० चालीस दिन तक चलने वाला व्रत (विशे० ईसाइयों का उपवास)।

quadrangle (kwɔd' răng gèl) [F., from L. *quadrangulum*] सं० १. चतुष्कोण* (क्रि० १ भी) (विशे० वर्ग या आयत); २. (quad[1] भी), चौकोर हाता, प्राँगण, चौकोना आँगन या चौक। **quadrangular** वि० चतुष्कोणीय। **quadrangularly** क्रि० वि० चतुष्कोण के रूप में।

quadrant (kwɔd' rànt) [L. *quadrans -ntis*, as QUADRI-] सं० १. क्वाड्रेन्ट*, वृत्तपाद* (६० अ, क्र० भी), वृत्त की परिधि का चतुर्थांश* (६० २, वि० १ भी); २. क्षेत्र की चौथाई; ३. कोण-मापक यंत्र। **quadrantal** वि० १. वृत्त की परिधि का चतुर्थांश-विषयक; २. पाडाकार, पादीय।

quadrat (kwɔd' răt) [var. of foll.] सं० (quad[2] भी) क्वाड, धातु का खंड जो छपाई में खाली जगह भरने के काम आता है, वर्ग-जालिका* (वि० २ भी)। **em ~** एम क्वाड, चौड़ा क्वाड। **en ~** एन क्वाड संकीर्ण क्वाड।

quadrate (kwɔd' rât) [L. *quadrātus*, p.p. of *quadrāre*, to square, from *quadrus*, square] वि० वर्गाकार, आयताकार (विशे० ग० वि० नामों में, जैसे ~bone, muscle)। सं० १. चौकोर टुकड़ा या चहर (विरल); २. वर्गाकार या आयताकार अस्थि (हड्डी) या पेशी; ३. चतुरस्र* (आ० भी)। क्रि० स० और अ० १. (विरल) वर्ग बनाना; २. (गणि०) (वृत्त आदि को) वर्गाकार बनाना; ३. जोड़ खाना, अनुकूल होना; ४ जोड़ बैठाना, अनुकूल करना या ठीक बैठाना। **~bone** पक्षियों और रेंगने और पेट के बल चलने वाले जंतुओं के सिर की आयताकार या वर्गाकार हड्डी। **~muscle** कटियों, रानों, प्रकोष्ठों आदि में आयताकार या वर्गाकार हड्डी। **quadrable** वि० (गणि०) बर्गीय, जो समान वर्ग के रूप में व्यक्त किया जा सके या जो बीजगणित में नियत संख्या में स्पष्ट किया जा सके। **quadratic** (kwɔd rât' ik) वि० १. वर्गाकार (विरल); २. (गणि०) द्विघात* (क्र०, वि० १ भी) (विशे० ~equation); ३. (वि० १) वर्ग०/ द्विघात*। सं० १. वर्ग समीकरण, द्विघात समीकरण; २. (बहुव०) बीजगणित की वह शाखा जिसमें इनका व्यवहार होता है। **~equation** सं० द्विघात समीकरण* (वि० १ भी)। **quadrature** (kwɔd' rà tyùr) सं० १. (गणि०) क्षेत्रकलन* (वि० १ भी), पादस्थिति (विशे० ~of the circle); २. (ग० ज्यो०) वह स्थान जहाँ चन्द्रमा सूर्य से ठीक समकोण पर हो, दूसरे ग्रह से ९०° दूर वाले ग्रह की स्थिति-विशेष; ३. (वि० १) समकोणिक*।

quadrennial (kwɔd ren' i ăl) [L. *quadriennium* (QUADRI-, *annus*, year)] वि० चतुर्वार्षिक, चतुर्वर्षीय, चौमासा, चार वर्ष का या प्रत्येक चौथे वर्ष होने वाला।

quadri- [L., rel. to *quatuor*, four] 'चार' के अर्थ में समास में प्रयुक्त (आधुनिक प्रयोग विशे० वैज्ञानिक शब्दों में)। **quadric** (kwɔd' rik) वि० १. (गणि०) द्विघात*, द्विघाती* (वि० १ भी)। सं० द्वितीय अंश का (घरातल)। **quadrifid** (kwɔd' ri fid) वि० चार फाँक का।

quadriga (kwɔd rī' gà) [L., orig. in pl. form *quadrigæ*, for *quadrijugæ* (QUADRI-, *jugum*, yoke)] सं० (बहुव० ~gæ) चौघोड़ा रथ, चतुरश्व रथ* (मा० १ भी), प्राचीन-कालीन रथ जिसमें साथ-साथ चार घोड़े जुते होते थे (जैसे मूर्तिकला में या सिक्कों पर)।

quadrilateral (kwɔd ri lăt' èr ăl) [L. *quadrilaterus*] वि० और सं० चतुर्भुज। **the Quadrilateral** (इति०) उत्तरी इटली के चार गढ़ और किले जो उनसे सुरक्षित हैं।

quadrilingual (kwod ri ling' gwăl) [QUADRI-,LINGUAL] वि० चार भाषाओं में प्रयुक्त।

quadrille (kwă-, kă dril') [F., from Sp. *cuadrillo*, a squadron a band, dim. of *cuadra*, square, as QUADRI-] सं० क्वाड्रिल, अठारहवीं सदी का एक प्रचलित खेल जिसे चार आदमी ताश के ४० पत्तों से खेलते थे; २. क्वाड्रिल, कौकोर नृत्य जिसमें चार जोड़े पाँच लोगों में बँट कर एक साथ नाचते है (set of~ भी); ३. संगीत की वह लय जो इस प्रकार के नृत्य के अवसर पर बजायी जाती है।

quadrillion (kwă dril' yon) [F. (QUADRI-, MILLION, cp. BILLION)] सं० १. एक करोड़ शंख, १ के बाद २४ शून्य वाली संख्या; २. (अमरीका मे) १ के बाद १५ शून्य वाली संख्या (तुल० BILLION)।

quadripartite (kwod' ri par' tīt) वि० चतुष्खंडीय* (भा० १ भी)। चार भाग किया हुआ। **quadrireme** (kwod' ri rēm) [*L. quadrirēmi-* (*rēmus*, oar)] सं० प्राचीन काल का जहाज जिसमें पतवारों की चार पंक्तियाँ होती थी।

quadrisyllabic (kwod ri si lăb' ik) वि० चार अक्षर का। **quadrisyllable** स० चार अक्षर का शब्द। **quadrivalent** वि० (रसा०) चतु: संयोजक, चतुर्यक्त* (क्रि० भी)।

quadrivium (kwod riv' i ŭm) [L. (QUADRI-, *via*, way)] सं० (इति०) मध्यकालीन विश्वविद्यालयों में गणित, ज्यामिति, ग० ज्यो० तथा संगीत का अध्ययन-क्रम (तुल० TRIVIUM)।

quadroon (kwod roon') [Sp. *cuarteron*, from *cuarto*, fourth, as QUARTO, assim. to QUADRI-] सं० १. दोग़ला, ऐसे वर्णसंकर जिनके माता-पिता में से एक शुद्ध यूरोपीय और दूसरे मे यूरोपीय और हब्शी के रक्त का सम्मिश्रण हो; २. दो विभिन्न जातियों से जन्मा मनुष्य, जानवर या वनस्पति।

quadrumanous (kwod roo' mă nŭs) वि० चतुर्भुजी या चतुर्हस्त जंतु (जैसे बंदर, लंगूर, गीबड़ आदि)।

quadruped (kwod' ru ped) [L. *quadrupes -pedis* (*quadru-*, QUADRI-, *pes pedis*, foot)] स० चतुष्पाद, चौपाया जानवर (विशे० दूध पिलानेवाला)। वि० चौपाया। **quadrupedal** वि० चतुष्पदीय, चौपाये का।

quadruple (kwod' ru pel) [F., from L. *quadruplum*, nom. *-plus* (*quadru-*, QUADRI-, *-plus*, fold)] वि० १. चौहरा, चौगुना, चार भागो या पक्षो का (जैसे ~alliances), २. किसी रकम या संख्या का चौगुना; ३. (वि० १) चतुर्गुण*। सं० चौगुनी संख्या या मात्रा (जैसे विशे० the ~of)। क्रि० स० और अ० चौगुना करना, चौगुना हो जाना। **~algebra** चार अनाश्रित इकाइयो का बीजगणित। **~rhythm or time** वादन में वह आघात जिससे एक साथ चार लय निकलें। **quadruplet** (kwod' rŭ plet) सं० १. (बहुव०) एक साथ उत्पन्न चार बच्चे (बोल० quads); २. एक साथ कार्यरत चार वस्तुएँ, ३. ऐसी साइकिल जिस पर चार आदमी एक साथ सवार हो सकें; ४. चतुष्क* (वि० १ भी), चतुर्जं* (आ० भी)। **quadruplicate** वि० १. चौगुना चार बार दुहराया या प्रतिलिपि किया हुआ। सं० चार प्रतिलिपियाँ। क्रि० स० १. चौगुना करना; २. चार प्रतिलिपियाँ तैयार करना। **in~** (एक ही प्रकार के) चार उदाहरणों में, (एक ही प्रकार की) चार प्रतिलिपियों में। **quadruplication** सं० चौगुना करने के कार्य, चार प्रतिलिपियाँ तैयार करने का कार्य।

quadruplicity सं० चौगुनापन, चतुर्गुणावस्था। **quadruply** क्रि० वि० चतुर्गुण करके, चौगुना करता हुआ।

quaere (kwēr' ē) [L., imp. of *quærere*, to ask, to INQUIRE] क्रि० स० (संक्षे० qu) पता लगाना, किसी प्रश्न के जानने की इच्छा करना। सं० सवाल, प्रश्न, शंका।

quaestor (kwēs' tôr) [L., for *quæsitor*, from *quærere*, see prec., p.p. *quæsitus*] सं० क्वेस्टर, प्राचीन रोम का अधिकारी, राज्य का कोषाध्यक्ष। **quaestorial** वि० क्वेस्टर का, कोषाध्यक्ष का। **quaestorship** सं० क्वेस्टर या कोषाध्यक्ष का पद।

quaff (kwaf) [etym. doubtful] क्रि० अ० और स० खूब पीना, (प्याला आदि) खाली करना, बड़े-बड़े घूँट करके पीना।

quag (kwăg) [onomat.] सं० दलदल, कीचड़ भरा स्थल, कंपायमान दलदल। **quaggy** वि० दलदली, कीच भरा। **quagmire** सं० १ दलदल* (वि० १ भी), कीचड़, पंक, पंकिल भूमि, कीचड़ भरा स्थल (आ० और ला०)।

quagga (kwăg' ă) [S. African native, prob. imit. of its cry] सं० १. क्वागा, गधा और ज़ेबरा के सदृश दक्षिणी अफ्रीका का एक चौपाया जिसकी खाल पर ज़ेबरा से कम धारियाँ होती हैं; २. बूरचेल (स्थान) का ज़ेबरा।

quaggy, quagmire दे० QUAG।

quahaug (kwă hawg', kwaw' hog) [N. Amer. Ind., *poquauhock*] सं० (अमरीका में) क्वाहौग, उत्तरी अमरीका में पाई जाने वाली एक प्रकार की समुद्री मछली जो खाने के काम आती है।

quaich (kwāch) [Gael. *cuach*, prob. from L. *caucus*, Gr. *kauka*] सं० (स्कॉट०) क्वाच, शराब पीने का विशेष प्रकार का प्याला जिसमे दो दस्ते होते है और जो प्राय: लकड़ी का बना होता है।

Quai d'Orsay (kă' dôr să') [F.] सं० फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय (के लिए प्रयुक्त)।

quail[1] (kwāl) [etym. doubtful] क्रि० अ० और स० १. दबना, डरना, चकरा जाना, काँपना, ठंडकना; २. डर मे पीछे हटना, पस्त होना या साहस छोड़ना; ३. (विरल) डराना, निरुत्साहित करना, दबाना या घमकाना।

quail[2] (kwāl) [O.F. *quaille* (F. *caille*), prob. from Teut. (cp. Dut. *kwakkel*, O.H.G. *quatala*), prob. of imit. orig.] सं० १. क्वेल, बतिका, लवा, एक भ्रमणशील चिड़िया जो खाने के काम आती है; २. (वि० १) बटेर*। **~-call, -pipe** क्वेल बाँसुरी, एक प्रकार की बाँसुरी जिससे लवा की आवाज की तरह ध्वनि निकलती है और इस चिड़िया को फँसाने में काम देती है। **quailery** स० क्वेल चिड़िया का निवास या जनन-स्थल।

quaint (kwānt) [M.E. and O.F. *cointe*, L. *cognitum*, nom. *-tus*, p.p. of *cognoscere*, to know, to learn] वि० अनोखा, विलक्षण, अजीब, विचित्र, असाधारण, नि:राला, अपरूप (विशे० पुरानी चाल का चेहरा, शृंगार, रीति-रिवाज आदि)। **quaintly** क्रि० वि० विलक्षणता से। **quaintness** स० अनोखापन, विलक्षणता, अपरूपता।

quake (kwāk) [A.-S. *cwacian*, prob. of imit. orig., cp. QUAG] क्रि० अ० १. काँपना, थरथराना, कँपकँपाना, डगमगाना, हिलना। सं० १. कँपकँपी, थरथराहट, कंपन; २. (बोल०) भूचाल, भूकंप। **quaking-grass** सं० क्वेकिंग घास, घास जिसके नीचे की डंठल पतली होती है और हवा चलने से हिलती है। **quakingly**

वि० वि० काँपते हुए, थरथराते हुए, हिलते-डोलते हुए। **quaky** वि० कंपायमान, कंपनशील।

Quaker (kwā' kėr) [prec., -ER, orig. applied in derision 1650)] सं० १. (१६५० ई० में स्थापित एक ईसाई सम्प्रदाय का सदस्य) क्वेकर* (मा० १ भी), (इस संस्था से बाहर वालों का दिया हुआ नाम) क्वेकर, एक धार्मिक सम्प्रदाय का सदस्य जिसके कुछ विशिष्ट विश्वास हैं और जिनकी सभाएँ बिना पादरियों के होती हैं; २. (अमरीकी प्रयोग) जहाज़ या किले की नक़ली बन्दूक; ३. (~bird, -moth भी) क्वेकर, एक प्रकार का रंगीन पक्षी, कीड़ा; ४. (quakers-meeting) मित्रों की धार्मिक सभा जिसमें तब तक शांति रहती है जब तक कोई सदस्य आध्यात्मिक चेष्टा नहीं करता, मौन सभा या ऐसा संघ जिसमें संकेतों से बातचीत की जाय। **Quakerdom** सं० क्वेकर की संस्था। **Quakeress** सं०, (स्त्री०) क्वेकर संप्रदाय की सदस्या। **Quakerish** वि० क्वेकर संप्रदाय के सदस्य की भाँति या उससे संबंधित। **Quakerly** वि० क्वेकर की तरह, क्वेकर के रूप में।

qualify (kwol' i fī) [F. *qualifier*, med. L. *qudlificāre* (L. *qudlis*, such, *-ficāre*, *facere*, to make)] क्रि० स० और अ० १. योग्य करना या होना, विशेषता बताना; २. गुण या योग्यता प्राप्त करना, लायक बनाना, योग्य ठहराना, ज़रूरी शर्तें पूरी करना, पूरा उतरना, पात्र बनना या बनाना, अर्ह करना या होना, ३. कुछ शर्तें पूरी करना (विशे० किसी के पद के लिए), परीक्षा में उत्तीर्ण होना या शपथ लेना; ४. (कथन, विचार) बदलना या परिसीमित करना, नियंत्रित करना, सीमाबद्ध या शर्तयुक्त करना; ५. कम करना, रोकना, हल्का करना; ६. (स्पिरिट के साथ पानी मिला कर) तेज़ी या लज्जत को कम करना; ७. अर्हता प्राप्त करना* (प्र० भी)। **qualifying examination** पात्रता-परीक्षा।

qualification (kwol i fi kā' shun) सं० १. परिसीमन, सीमित परिस्थिति, सीमाबद्धता (जैसे statement with many qualifications, hedged with qualifications); २. परिभाव, अदल-बदल, कमी, घटाव; ३. योग्यता, गुण, खूबी; ४. अर्हता*/ योग्यता* (प्र० भी), सोपाधिता (जैसे the ~for citizenship may be a certain income), सोपाधि पृष्ठांकन; ५. कौशल (जैसे the ~ of his policy as opportunist is unfair)। **qualificative,-tory** (kwol' i fi kā tiv,-tor i) वि० योग्यता संबंधी।

quality (kwol' i ti) [F. *qualité*, L. *qūlitātem*, nom. *-tas*, from *qudlis*, as prec.] सं० १. श्रेष्ठता की मात्रा, धर्म, स्वभाव, प्रकृति, कोटि, दरजा, किस्म; २. सामान्य श्रेष्ठता या सद्गुण; ३. गुणता*/ विशेषता*/ गुण* (आ०, इं० ३, वि० १ भी), प्रकार, क्षमता, लक्षण, धर्म; ४. (अप्र० या अशि०) कुलीनता प्रतिष्ठा, कोटि; ५. (तर्क०) (कथन का) स्वीकारात्मक या नकारात्मक होना; ६. (ध्वनि, स्वर आदि का) विशिष्ट गुण, उत्कृष्टता* (इं० ३ भी)। **has ~** श्रेष्ठ है। **people of the ~** उच्चवर्ग, समृद्ध समाज। **give a task of one's ~** अपनी कार्यक्षमता दिखलाना। **qualitative** वि० गुणवाचक गुण संबंधी, गुणात्मक* (कृ०, मा० ३, वि० १ भी), गुणविषयक (विलोम quantitative विशे० ~analysis)।

qualm (kwawm, kwam) [perh. from A.-S. *cwealm*, pestilence; or rel. to G. *qualm*, vapour, dial. swoon, Dut. *kwalm*, Dan. *kvalm*, Swed. *qvalm*, vapour, closeness] सं० १. वमनेच्छा, अस्थिक मूर्च्छा या मचली की दशा, २. चक्करवी, खटका, संदेह, डर, हिचक, शंका, संकोच, संशय; ३. मनस्ताप, मनोव्यथा, आत्मग्लानि, अंतरात्मा का संकल्प-विकल्प। **qualmish** वि० १. जी मचलाने वाला, आशंकित, शंकाशील; २. मनस्तापी, आत्मग्लानि-विषयक।

quandary (kwon' dār i) [etym. doubtful] सं० किंकर्तव्य-विमूढ़ता, दुविधा, असमंजस, धर्मसंकट, कठिनाई, हैरानी, मुश्किल, उलझन (जैसे am in a ~)।

quant (kwont) [perh. from L. *contus*, Gr. *kontos*] सं० लग्गा, लग्गी, नाव चलाने के लिए एक प्रकार की लग्गी जिसके सिरे पर लकड़ी का एक फाल लगा होता है ताकि वह कीचड़ में न धँस जाय। क्रि० स० लग्गी लगाना, लग्गी से नाव चलाना।

quantic (kwon' tik) [L. *quantus*, how much] सं० (गणि०) समघाती* (वि० १ भी), समघातक, दो या दो से अधिक चल राशियों का समघाती फल।

quantify (kwon' ti fi) [med. L. *quantificāre* (*quantus*, as prec., *-ficāre*, *facere*, to make)] क्रि० स० १. (तर्क०) किसी पद या तर्कवाक्य के प्रयोग की परिमात्रा करना (all या some आदि के प्रयोग द्वारा); २. परिमाण निर्धारित करना, नापना, मापना, परिमाण के रूप में प्रकट करना। **quantifiable** वि० नापने योग्य, जिसका परिमाण निर्धारित किया जा सके। **quantification** सं० नापने की क्रिया, परिमाण-निर्धारण।

quantitative (kwon' ti tā tiv, -tā tiv), **quantitive**(kwon' ti tiv) [QUANTITY] वि० १. परिमाण संबंधी, परिमाणवाचक (विलोम qualitative विशे० ~analysis); २. मात्रामूलक, मात्रात्मक*, परिमाणात्मक* (कृ०, मा० ३, वि० १ भी), मात्रा संबंधी, स्वर की मात्रा पर आश्रित या स्वर संख्या मूलक (जैसे ~accent, scansion, verse आदि)। **quantitatively** क्रि० वि० १. परिमाणात्मक रूप में, परिमाण रूप में; २. मात्रात्मक ढंग से या मात्रा की दृष्टि से, स्वर संख्यामूलक रूप में, मात्रानात्मक*/ मात्रात्मकतः* (वि० ३ भी)।

quantity (kwon' ti ti) [O.F. *quantité*, L. *quantitātem*, from *quantus*, as prec.] सं० १. परिमाण* (इं० ३, मा० १ भी), मात्रा* (आ०, इं० ३, वि० १ भी), वज़न, तौल, संख्या, नाप, राशि* (इं० २, वि० १ भी); २. जमा, योग, जोड़ (जैसे the ~ of the current depends on the size of the plates); ३. विशिष्ट या प्रचुर परिमाण (जैसे a small ~ of blood; the ~ of heat in an animal body); ४. (बहुव०) इकराना, अधिकता, बहुलता, आधिक्य (जैसे is found in quantities on the shore); ५. (छंद०) स्वर की ध्वनियों का विस्तार (दे० LONG); ६. (तर्क०) प्रस्थापना के उद्देश्य की व्याप्ति, उद्देश्य-व्याप्ति; ७. (गणि०) राशियुक्त वस्तु, इस वस्तु का द्योतक नक्शा या संकेत। **negligible** ~ (परिवर्तित अर्थों में) तुच्छ या नगण्य व्यक्ति, क्षुद्रजन। **unknown ~** (परिवर्तित अर्थों में) वह व्यक्ति या वस्तु जिसके कार्य के विषय में भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। **~-mark** सं० स्वरविस्तार चिह्न, स्वर विस्तार का संकेत करने के लिए स्वर के ऊपर लगाया गया चिह्न। **~-surveyor** सं० भवन-निर्माण विवरण की तैयार करने वाला व्यक्ति।

quantivalence (kwon-, kwān tiv' ā lens) [L. *quanti-*, *quantus*, how much, *-valence*. as in EQUIVALENCE] सं० (रसा०) चतुःसयोजक, वह मात्रा या परिमाण जिसमें किसी तत्त्व में यौगिक के अन्य तत्त्वों के अणु होते हैं।

quantum (kwon' tüm) [L., neut. of *quantus*, how much, so much] सं० १. (बहुव० **-TA**, विरल) मात्रा* (आ० भी),

परिमाण; २. हिस्सा, भाग; ३. नियत परिमाण, अभीष्ट[1] मात्रा, क्वांटम* (आ० वि० १ भी)। **~sufficient** (संज्ञा० quant. suff., या quantums) पर्याप्त मात्रा, (साधारण प्रयोग में) यथेष्टमात्रा, यथेष्टरूप में। **~theory** क्वांटम-सिद्धांत* (वि० १ भी)।

quasquaversal (kwā kwā vĕr' sāl) [late L. *quāquāversus* (*quāquā*, whithersoever, *versus*, towards)] वि० (भूगर्भ०) प्रत्येक दिशा में संकेत करने वाला।

quarantine (kwor' ăn tēn) [from O.F. *quarantine* (F. *quarantaine*), or from It. *quarantina*, from *quaranta*, L. *quadrāginta*, forty, see QUADRAGENARIAN] संज्ञा० १. संगरोधन, संगरोध; २. रोक, प्रतिबंध, संसर्ग-निषेध, क्वारन्टाइन* [प्र०, वि० १, विधि भी]। क्रि० स० संगरोधित करना, संगरोध नियम लागू करना।

quarenden, -der (kwor' ĕn dĕn, -dĕr) [etym. doubtful] संज्ञा० क्वारेंडेन, डेवनशायर और सामरसेट में पाया जाने वाला एक प्रकार का सेब।

quarrel[1] (kwor' el) [M.E. and O.F. *quarel* [F. *carreau*), It. *quadrello*, dim. of *quadro*, med. L. *quadrus*, square, cp. QUADREL] संज्ञा० (इतिहा०) क्वारेल, कलह, छोटा किंतु भारी बाण (जो कलदार धनुष से प्रयुक्त होता था)।

quarrel[2] (kwor' el) [M.E. and O.F. *querele*, L. *querēla*, complaint, from *queri*, to complain] संज्ञा० १. शिकायत, विवाद, अनबन या अनुयोग का अवसर (जैसे have no ~against or with him); २. कलह, फ़साद, लड़ाई-झगड़ा नाइसफ़ाक़ी, तकरार। क्रि० अ० (भू० और भू० कृ० **quarrelled**) १. आपत्ति करना, नुक्ताचीनी करना, मीन-मेख निकालना (जैसे I never ~with providence); २. हुज्जत करना, हाथापाई करना, उग्रता के साथ झगड़ना, फूट डालना, झगड़ा-फ़साद करना, अनबन होना। **espouse one's ~, fight one's quarrels for him** किसी के लाभ के लिए झगड़ा मोल लेना या उसका पक्षपात करना। **find ~ in a straw** ज़रा-ज़रा से मामले में झगड़ा करना, छिद्रान्वेषी होना। **in a good ~** न्यायसम्मत या न्यायोचित फ़साद में पड़ना। **pick a ~** किसी बहाने से झगड़ा खड़ा कर देना, झगड़ा मोल लेना। **~with one's bread and butter** रोज़ी छोड़ देना, रोज़ी पर लात मार देना। **quarrellous, quarrelsome** वि० झगड़ालू, फ़सादी, लड़ाका। **quarrelsomely** क्रि० वि० झगड़ालू ढंग से, फ़साद कर के। **quarrelsomeness** संज्ञा० झगड़ालूपन, फ़सादीपन, लड़ाकापन।

quarry[1] (kwor' i) [med. L. *quareia*, *quarreia*, *quadrāria*, from L. *quadrāre*, to square, as QUADRATE] संज्ञा० १. खुली खान* (इं० ३, वि० १ भी), पत्थर की खुदाई या खदान; २. खदान* (इं० ३, विधि० भी), पत्थर की खान, (ला०) समाचार-स्रोत; ३. लड़ज़ा, फ़र्श पर बिछाई जाने वाली चपटी ईंट। क्रि० स० और अ० १. खान से खोद कर (पत्थर) निकालना; २. परिश्रम कर के पुस्तक आदि से (तथ्य आदि को) संग्रह करना या निकालना; ३. दस्तावेज़ या प्रलेख आदि परिश्रम कर के ढूँढ निकालना। **quarryman** १. खान में काम करने वाला मज़दूर, खनिक; २. खदानकार* [प्र० भी]।

quarry[2] (kwor' i) [M.E. *quirre*, O.F. *cuirée*, from *cuir*, L. *corium*, skin] संज्ञा० १. अहेर, आखेट, शिकार; २. इच्छित शिकार, अभिप्रेत आखेट।

quarry[3] (kwor' i) [later form of QUARREL[1]] संज्ञा० जालीदार खिड़कियों में प्रयुक्त हीरकाकार शीशा, शीशे का फलक।

quart[1] (kwôrt) [F. *quarte*, fem. of *quart*, L. *quarta*, fem. of *quartus*, fourth] संज्ञा० १. क्वार्ट पैमाना, चौथाई गैलन, दो पाइंट; २. चौथाई गैलन की बोतल या पात्र; ३. बीअर (यवमदिरा) का पात्र या बोतल (still takes his ~); ४. (वि० १) क्वार्ट*। **put ~into pint pot** सेर के बर्तन में सवा सेर डालना। **~bottle of wine or spirit** १/६ गैलन। **~-pot** चौथाई गैलन की बोतल या पात्र।

quart[2] (kart) सं १. चौथिया, पटेबाज़ी में एक दाँव या स्थिति, दे० CARTE; २. ताश के एक खेल में चार पत्तों का क्रम। क्रि० अ० और सं० १. पटेबाज़ी में एक दाँव-विशेष का प्रयोग करना; २. खेलते समय (सिर आदि को) पीछे कर लेना। **~and tierce** पटेबाज़ी में एक दाँव-विशेष का अभ्यास। **~~major** इक्का, बादशाह, बेग़म, गुलाम के पत्ते।

quartan (kwôr' tăn) [F. *quartaine*, L. *quartāna* (*febris*), fem of *quartānus*, fourth, from *quartus*, see QUART[1]] वि० और सं० चातुर्थिक, चौथिया, चतुर्थक* (आ० भी), ज्वर, चौथिया-ज्वर।

quartation (kwôr tā' shŭn) [L. *quartus*, fourth] संज्ञा० चतुर्थांशीकरण*/क्वार्टेशन* (वि० ३ भी), सोने के एक भाग को तीन भाग चाँदी मिला कर गलाना (साफ़ करने के लिए)।

quarte दे० CARTE[2]।

quarter (kwôr' tĕr) [O.F., from L. *quartārius*, a fourth part, from *quartus*, fourth] संज्ञा० १. चतुर्थांश* (वि० १ भी), चौथाई भाग, चौथाई, चौथा हिस्सा (जैसे divide the apples into quarters, can get it at the stores for a ~or of the or for ~the price; ~mile, yard etc.); २. (संयुक्त राज्य अमरीका, कनाडा में प्रयुक्त) २५ सेंट या चौथाई डॉलर, ३. किसी पशु या पक्षी के चार अंगों में से एक (प्रायः fore, hind ~), ४ (बहुव०) प्राणदंड के बाद चार भागों में विभक्त देशद्रोही या विश्वासघाती के अंग का एक भाग; ५. (प्रायः बहुव० में, प्रायः hind-quarters) जीवित मनुष्य या पशु के कूल्हे (या का कूल्हा); ६. जहाज़ के एक रुख़ का आधा पहलू; ७. (वंशावली वि०) क्वार्टर्ड शील्ड या ढाल के चार भागों में से एक (dexter & sinister chief, dexter and sinster base); ८ क्वार्टर, (बड़ी मात्राओं, मूल्यों आदि के बयान के लिए) आठ बुशल का गल्ले का माप, ९ (संज्ञा० quarters) हंटरवेट की चौथाई २८ पौंड, १०. चौथाई फ़ैदम, १/४ फुट; ११. वर्षपात, तीन माह, वर्ष का चतुर्थ भाग; १२. भत्ता आदि की तिमाही किस्त; १३. (अब मुख्यतः स्काटलैण्ड में प्रयुक्त) स्कूल की त्रैमासिक अवधि; १४. पक्षचतुर्थांश, चन्द्रकला का चौथाई भाग; १५. किसी घंटे के १५ मिनट पूर्व या पश्चात् का समय (जैसे at a ~to, past six), १६. (चैनल द्वीप में) २५ पौंड की राशि, संपत्ति या आय की इकाई के रूप में जिसके आधार पर कराधान किया जाता है; १७ दिशा प्रदेश, प्रांत, स्थान (जैसे wind blows from all four quarters at once; had the news from a good ~); १८. मुहल्ला टोला, पट्टी (जैसे the jewish, manufacturing, residential etc. ~); १९. (बहुव०) निवास, वासस्थान, (विशे०) छावनी, पड़ाव; २०. क्षमा, दया आश्रय, आत्म-समर्पण करने वाले शत्रु को मृत्यु-दंड से मुक्ति (जैसे give, receive ~, ask for or cry for ~); २१ चौथाई मील या दो फ़र्लांग की दौड़ (जैसे won the ~, has done the ~ in 50''); क्रि० स० १. चार या चार भागों में विभक्त कर देना, देशद्रोही या विद्रोही के शरीर के) चार टुकड़े कर देना; २. (वंशावली वि०)

डाल के एक पहलू पर (कुलचिह्न) अंकित करना या उस पर खोल चढ़ाना; ३. अपने वंशपरंपरागत कुलचिह्नों में (दूसरे की खोल) जोड़ना; ४. अँतरे पहलुओं पर रखना; ५. खड़ी और पड़ी रेखा खींच कर (ढाल को) पहलुओं में बाँट देना; ६. (विशे० सैन्य को) किसी विशिष्ट स्थान पर तैनात करना, पड़ाव पर टिकाना; ७. (कुत्ते का) (किसी मैदान में) प्रत्येक दिशा में दौड़ना या गूजरना। **and a~ five** ५ ¹/₄, फ़ैरम। **a~ less five** ४ ³/₄, फ़ैरम। **at close quarters** दे० CLOSE¹। **had~ of an hour** अधिक बुद्धद अनुभूति या अनुभव। **beat to quarters** (नौ० वि०) जहाज के मल्लाहों को अपने-अपने स्थान पर बुलाना (युद्ध प्रारंभ करते समय)। **beat up quarters of** दे० BEAT¹। **it has gone the~** पन्द्रह मिनट व्यतीत हो गए। **on the~** जहाज के पिछले चौथाई भाग पर। **~of an hour** लगातार १५ मिनट का समय। **second~of the century** किसी शताब्दी के २६ वें वर्ष से लेकर ५० वें वर्ष तक का समय। **take up one's quarters** ठिकाना, बसना, रहना। **what~is the wind in** ?(क्षा० और ला०) कैसा चल रहा है? हवा का रुख क्या है? **winter quarters** सेना का शीतकालीन पड़ाव। **~-bell** हर पन्द्रह मिनट पर बोलने वाला घंटा या बजने वाली घंटी। **~-binding of books** पुस्तक की जिल्द जिसकी पीठ पर चमड़ा चढ़ा हो और कोनों पर चमड़ा न हो। **~-bound** वि० उपर्युक्त प्रकार की जिल्दवाली। **~-butt in billiards** अंटा खेलने का डंडा जो साधारण डंडे या लंबी बट से छोटा होता है। **~-day** त्रैमासिक भुगतान का दिन, जब कि किसी अवधि का प्रारंभ या अंत होता है। **~-deck** १. जहाज के पिछले भाग और पिछले मस्तूल के बीच के ऊपरी डेक का भाग; २. जहाज या नौसेना के अफ़सर या अधिकारी (तुल० Low, में Lower deck)। **~-ill** एक पशु रोग जिससे पशुओं का कोई अंग सड़ जाता है। **~-left, right** (सैन्य०) बायें या दायें ओर चौथाई मोड़। **~-light** बंदरगाही में दरवाजे की खिड़की के अलावा खिड़की। **~-line** (नौ० वि०) वह स्थिति जब जहाज का अगला भाग अपने सामने वाले जहाज के पहलू में हो। **~-miler** २ फर्लांग की दौड़ में भाग लेने वाला व्यक्ति। **~-plate** क्वार्टर प्लेट का क्वार्टर प्लेट, इस प्लेट पर ली गई तस्वीर। **~-sessions** त्रैमासिक न्यायालय जिसमें फ़ौजदारी और दीवानी के कुछ सीमित अधिकारों पर विचार किया जाता है। **~-staff** लगभग, लट्ठा, ६ से ८ फीट तक लंबी मजबूत लाठी जिसको प्राचीन काल में किसान हथियार के रूप में प्रयुक्त करते थे। **~-tone** (संगी०) अर्धस्वर, आधे सुर का आधा। **~-wind** जहाज के पहलू की ओर बहने वाली हवा। **quarterage** सं० १. तिमाही या त्रैमासिक भुगतान; २. तिमाही पारिश्रमिक, भत्ता, पेंशन आदि। **quartered** वि० चौथाई का चौथाई, जिसका एक या एक से अधिक पहलू चार भागों में विभक्त हो। **quartering** स० क्रियागत अर्थों में (विशे० वंशावली विज्ञान, बहुव०) अन्य परिवारों की उत्तराधिकारिणियों के साथ परिवार संबंध प्रदर्शित करने के लिए ढाल पर अंकित चिह्न। **quarterly** वि० १. तिमाही, त्रैमासिक; २. (प्र०) त्रैमासिक*। सं० त्रैमासिक पत्र या पत्रिका। क्रि० वि० १. प्रति तीन मास पर, हर तीसरे महीने, तीन बाह में एक बार; २. (वंशावली विज्ञान) ढाल के चार पहलुओं में, एक दूसरे के सर्वथा विरुद्ध दो पहलुओं में।

quartermaster (kwôtər ér mă stér) सं० (नौ० वि०) १. क्वार्टर मास्टर, कर्णधार, शिविर नायक, एक छोटा अफ़सर जो जहाज के पथ-प्रदर्शन, संकेत, अन्दर सामान रखवाने आदि का उत्तरदायी होता है, (सैन्य०, संक्षे० Q. M.) वह अफ़सर जो सेना के डेरों, रसद, वस्त्र आदि का प्रबंध करता है; २. (पद) क्वार्टर मास्टर। **Quartermaster-General** (संक्षे० Q.M.G.) १. क्वार्टर मास्टर-जनरल, सेना का एक उच्च अधिकारी जो सेना के आवास, राशन, वस्त्र आदि के नियंत्रण विभाग का सर्वोच्चाधिकारी होता है; २. (पद०) क्वार्टर-मास्टर-जनरल।

quarters (kwôr' tèrn) [O.F. *quarteron*, from *quarte*, fourth] सं० (~-loaf भी) क्वार्टर्म, चार पौंड की डबल रोटी।

quartet (kwôr tet') [F. *quartette*, It. *quartetto*, from *quarto*, L. *quartus*, fourth] सं० १. चौराग़ा, चार ध्वनियों या वाद्यों के लिए एक गीत, एक राग जो चार ध्वनियों को मिला कर गाया जाय या चार बाजों पर गाया जाय, इस राग के गायक; २. चौका, चार वस्तुओं का समूह, चतुष्क* (वि० १ भी)। **piano~** पियानो क्वार्टेट, पियानो के साथ तीन तारवाले बाजे।

quarto (kwôr' tō) [L. *in quarto* (abl. of *quartus*, fourth), in a fourth part] सं० १. (4to, 4° भी लिखा जाता है) चौथाई ताव; २. इस प्रकार मुड़े हुए तावों वाली पुस्तक, चार तह किए हुए काग़ज पर छपी पुस्तक। **~paper** चौथाई ताव काग़ज, दो बार मुड़ा हुआ काग़ज।

quartz (kwôrts) [G. *quarz*, etym. unknown] सं० बिल्लौर, क्वार्टज़*/ स्फटिक* (इ० ३, कृ०, मा० १, वि० १ भी), एक कड़ा चमकीला पत्थर जिसमें कभी-कभी सोना भी पाया जाता है।

quash (kwosh) [O.F. *quasser*, L. *quassāre*] क्रि० स० खंडित करना, रद्द करना या अस्वीकृत करना, खारिज करना, समाप्त करना, तोड़-फोड़ डालना (विशे० वैधानिक कार्यवाही या प्राधिकार द्वारा)।

Quashie (kwosh' i) ! Ashanti *kwasi*, boy born on Sunday] स० नीग्रो, हब्शी (विशे० काले रंग का)।

quasi (kwā' si) [L., as if] संयो० अर्थात्, यानी, गोया कि।

quasi- उप० लगभग- कल्प-, वस्तु: प्रायः प्रतिमानिक, प्रतीयमानतः, अर्द्ध-, आधा- (जैसे engaged in a ~-war)।

quassia (kwosh'-, kwāsh' ă) [named by Linn. eus after *Quasi* (QUASHIE), a Negro who used its bark in fever] सं० १. क्वासियाग़* (क्रु० भी), दक्षिणी अमरीकी विशे० सुरीनम वृक्ष, २. (इस वृक्ष और अन्य वृक्षों की लकड़ी, छाल या जड़ से बना हुआ) कड़वा काढ़ा या क्वाथ।

quater-centenary (kwā' tèr sen' tē nár i) [L. *quater*, four times, CENTENARY] सं० चार सौ वर्षों बाद मनाये जानेवाली सालगिरह।

quaternary (kwă tér' nă ri) [L. *quaternārius*, from *quaterni*, four at a time, distrib. of *quater*, four times] वि० १. चतुर्भागात्मक, चार भागों वाला (विशे० चतुष्क* (वि० १ भी), चार रासायनिक तत्त्वों से निर्मित; २. संख्या चार से संबंधित; ३. (भूगर्भ०) आधुनिकतम युग से संबंधित, तृतीय युग के पश्चात् का। सं० चौकड़ी, चतुष्क, चार वस्तुओं का समवाय, संख्या चार। **the Pythagorean~** एक चतुष्क (१+२+३+४=१०) जिसका पाइथागोरियनवाद में रहस्यपूर्ण महत्त्व है।

quaternion (kwa tér' n on) सं० १. चौकड़ी, चौका, चौवा, चतुष्क; २. दोहरा किया हुआ चार तावों का एक दस्ता, ३. पाइथा-

दौरस का चतुष्क, रहस्यपूर्ण संख्या चार या दस; ४. (गणि०) दो दैशिकों का भजनफल, वह कारक जो एक दैशिक को दूसरे दैशिक से परिवर्तित कर देता है, (बहु०) दैशिककलन का एक रूप जिसमें इस कारक का प्रयोग होता है। **quaternity** सं० १. चतुष्कत्व, चार होना; २. चार व्यक्तियों का समूह, (विशे०) चतुर्मूर्ति।

quatorzain (kăt' or zān) [F. *quatorzaine*, from *quatorze*, L. *quātuordecim* (*quator*, four, *decem*, ten), fourteen] सं० क्वाटर्जेन, चौदह पंक्तियों की कविता, अनियमित सानेट या चतुर्दशपदी।

quatrain (kwot' rān) [F., from *quatre*, L. *quātuor*, four] सं० क्वाड्रे, चतुष्पदी, वह चतुष्पदी जिसमें पहली, तीसरी और दूसरी चौथी पंक्तियों में तुक समान हो।

quatre दे० CATER[2]

quatrefoil (kăt' ĕr foil) [O.F. *quatre*, L. *quātuor*, four, FOLL[1]] सं० इमारत में चौपत्तिया छिद्र, बेल या गुलकारी (विशे० चार पत्तियों के फूल का चित्र जो इमारत में पच्चीकारी में बनाया जाता है)।

Quattrocento (kwa trō chen' tō) [It., lit. four hundred (L. *quātuor*, four, *centum*, hundred), usu. fourteen hundred] सं० (इटली की कला में) पंद्रहवीं शताब्दी। **quattrocentist** सं० और वि० पंद्रहवीं शताब्दी का (कलाकार आदि)।

quaver (kwā' ver) [freq. of obs. *quave*, M.E. *quaven*, rel. to QUAKE] क्रि० अ० और सं० १. (विशे० स्वर या संगीतात्मक सुर का) काँपना, लरजना, लहराना, स्पंदित होना; २. गाने में गिटकिरी भरना या लेना; ३. तरन्नुम के साथ गाना, स्वरकंपन के साथ गाना; ४. काँपती हुई आवाज (प्राय: up के साथ प्रयुक्त) में कुछ कहना। सं० १. गिटकिरी, सुर में कंपकंपी; २. स्वर कंपन, स्वर स्पंदन, बोलने में कँपकँपाहट या लड़खड़ाहट; ३. (संगी०) आठवाँ स्वर, मध्यम सुर। **quaveringly** क्रि वि० १. थरथराते हुए, काँपते हुए; २. गिटकिरी भरते हुए; ३. कंपित स्वर में या स्वर कंपन के साथ। **quavery** वि० लड़खड़ाहट वाला, कँपकँपाहट वाला (स्वर)।

quay (kē) [M.E. *key*, A.-F. *kate*, O.F. *kay* (F. *quai*), prob. Celt. (cp. W. *cae*, Bret. *kaé*, hedge, enclosure)] सं० १. रुके, घाट, जहाज से माल उतारने-चढ़ाने के लिए जल में पत्थर या लोहे का बना हुआ कृत्रिम घाट; २. (वि० १) जहाजी घाट*। **quayage** सं० उपर्युक्त घाट का महसूल या चुंगी।

queasy (kwē' zi) [formerly *queisy*, *coisy*, perh. from O.F. *coisé*, p.p. of *coisir*, to hurt] वि० १. मतली लाने वाला (भोजन); २. तुनुकमिजाज, संवेदनशील; ३. नकचढ़ा, बहमी, रोगी, कमजोर; ४. जल्द बिगड़ जाने वाला (पेट आदि)। **queasiness** सं० १. अपच, अजीर्ण, बदहजमी; २. तुनुकमिजाजी, नाजुकपन।

quebracho (kē bra' chō) [Sp., contr. of *quebrahacha* (*quebrar*, to break, *hacha*, axe)] सं० क्वेब्राचो, अमरीका का एक प्रकार का पेड़ जिसकी लकड़ी बहुत कठोर होती है और छाल दवा के काम आती है, इस वृक्ष की छाल या वल्कल।

raid (rād)[Sc., from A.-S. *rād*, ROAD] सं० १. आक्रमण, हमला, धावा* (मा० १, ३ भी); २. अचानक आक्रमण; ३. (पुलिस का संदिग्ध या अवैध सामग्री के अड्डों पर) छापा* (मा० १, ३ भी)। क्रि० अ० और स० १. धावा बोलना, छापा मारना, अचानक आक्रमण करना; २. (व्यक्ति, स्थान, जानवर आदि पर) धावा बोलना। **raider** सं० छापामार।

rail[1] (rāl) [O.F. *reille*, L. *régula*, RULE] सं० १. रेलिंग, आड़, रोक; २. शलाका, सलाख; ३. रास्ते या दरवाजे में लगी हुई आड़ी छड़, बेरिकर*/ बेण्टनी*/ जंगला* (मा० १ भी); ४. (रेलगाड़ी की) पटरी, सरिया, रेल। क्रि० स० और अ० १. बाड़ लगाना, रोक लगाना; २. (बेंच आदि में) लकड़ी की पट्टियाँ लगाना; ३. (रेलगाड़ी की) पटरी बिछाना; ४. रेलगाड़ी पर यात्रा करना, रेलमार्ग से (माल का) यातायात का संचालन करना (जैसे ~rug, station, stock, system आदि)। **~chair** जिसमें रेल की पटरी ठहरी रहती है। **~head** १. वह दूरस्थ स्थान जहाँ तक रेलवे की कोई नई पटरी ले जानी हो; २. (सैन्य०) रेलवे का वह स्थान जहाँ से सड़क द्वारा माल की निकासी का प्रारम्भ होता है। **~motor** रेलमोटर, स्वचालित रेलयान (एवं गुण०)। **~road** सं० (अमरीका में) रेल की पटरी, रेल का रास्ता, रेलमार्ग* (वि० १ भी)। क्रि० स० १. (किसी व्यक्ति या वस्तु को) घसीट ले जाना, फँसा देना। **railing**[1] सं० छड़ों का घेरा या बाड़, रेलिंग*/ जंगला* (इं० ३, मा० १ भी), बेरिकर*/ बेण्टनी* (मा० १ भी)। **railless** वि० बिना रेल का।

rail[2] (rāl) [F. *railler*, etym. doubtful] क्रि० अ० गाली देना, अपशब्द कहना (प्राय: at या against के साथ प्रयुक्त)। **railer** सं० बदजबान, बकी। **railing**[2] सं० गाली, फटकार। वि० गाली भरा, दुर्वचनपूर्ण। **railingly** क्रि० वि० दुर्वचन कहते हुए। **raillery** सं० हँसी-ठट्ठा, चुहल, दिल्लगी।

rail[3] (rāl) [F. *râle*, etym. doubtful] सं० रेल, एक प्रकार का पक्षी (विशे० land rail, water rail) दे० LAND।

railway (rāl' wā) [RAIL[1]] सं० १. रेलवे*/ रेलमार्ग*/ रेल* (इं० ३ भी), रेल की पटरी; २. रेल प्रणाली (बहुधा वाक्यांशों में गुण० जैसे railway accident); ३. (वि० १) रेलमार्ग*, रेलवे*, रेल*; ४. रेल* (विधि भी)। **at ~speed** रेल की गति से। **by ~** रेल द्वारा, रेलमार्ग से। **off the railways** असंगठित, अव्यवस्थित, ऊटपटांग। **Railway Act** रेल अधिनियम। **Railway Bill** रेल विधेयक (विशे० संसद में नई रेल के निर्माण पर विधेयक प्रस्तुत करना)।

raiment (rā' mĕnt) [short for obs. *arrayment* (ARRAY, -MENT)] सं० (काव्य०) वस्त्र, पोशाक।

rain (rān) [A.-S. *regn*, *rēn* (cp. Dut. and G. *regen*, Icel., Swed., and Dan. *regn*), whence *regnian*, to rain, *rénig*, rainy] सं० वृष्टि, वर्षा* (वि० १ भी), मेह, बारिश; २. (बहुव०) झड़ी, मूसलाधार वर्षा; ३. (किसी अन्य तरल पदार्थ के बिंदुओं या ठोस वस्तुखण्ड आदि की) बौछार (जैसे a ~ of ashes, frogs, pearls, rice, fire; ला० भी जैसे ~of melody, kisses, congratulations); ४. (बहुव० के रूप में) पावस; ५. अतलांतिक महासागर का वर्षा-क्षेत्र जो ४-१०° उत्तरी अक्षांश पर पड़ता है। क्रि० अ० और स० १. मेह बरसना; २. बौछार होना, झड़ी लगना (जैसे it rained blood, frogs, invitations, tracts आदि); ३. बरसना, झड़ी लगाना (जैसे flowers rained from their hands; tears rained down her cheeks; blows ~upon him; his eyes ~ tears; ~influence; he rained benefits upon us)। **God, the sky, the clouds ~ पानी बरसता है। it has rained itself out** वर्षा हो चुकी है। **it never rains but it pours** यदि कोई घटना एक बार घटी तो फिर उसका क्रम अटूट चलता है। **it rains cat & dogs** मूसलाधार वर्षा हो रही है। **it rains in** पानी घर के अंदर तक पहुँच गया है, आदि। **~bird** रेन बर्ड, एक प्रकार का बरसाती पक्षी (विशे० हरे रंग का कठफोड़वा)। **~ bow** सं० १. इन्द्र-धनुष* (वि० १ भी); २. (गुण०) विविध रंगों का। **lunar ~bow** चंद्रमा की किरणों से उत्पन्न धनुष। **sea ~bow** समुद्री इंद्रधनुष, समुद्र की फुहारों से निर्मित इंद्रधनुष। **secondary ~bow** बड़ा इन्द्रधनुष। **~box** रेनबॉक्स, एक प्रकार का संदूक जिससे नाटक में वर्षा जैसी ध्वनि पैदा की जाती है। **~coat** रेन-कोट, बरसाती। **~doctor** जादू के बल से जलवृष्टि करनेवाला। **~drop** १. बूँद, मेह की बूँद; २. (वि० १) वर्षा-बिन्दु*। **~fall** वृष्टि*/ मेह*/ वर्षा* (क्रु० भी, विशे० वृष्टि का परिमाण, किसी देश के नियमित काल में वृष्टि का प्रमाण)। **~gauge** १. वृष्टि-मापी; २. (इं० १, वि० १) वर्षामापी*/ वृष्टिमापी*। **~glass** बैरोमीटर, वायु-दाब-मापी। **~proof** रेनप्रूफ, बरसाती। **~tight** रेनप्रूफ, वर्षा का प्रभाव जिस पर न पड़े। **~or shine** पानी बरसता हो या खुला हो। **~water** बरसाती पानी, वर्षा-जल* (इं० ३ भी)। **~worm** बरसाती केंचुआ। **rainless** वि० सूखा। **rainy** वि० १. बरसाती, वर्षा ऋतु का (जैसे ~weather, climate, day, month, country आदि); २. बरसाती (बादल, पवन आदि)। **~day** (ला०) दुर्दिन, उकरत का वक्त (विशे० आर्थिक विपत्तावस्था, जैसे provide against a ~day)। **rainily** क्रि० वि० बरसाती ढंग से। **raininess** सं० बरसातीपन।

raise (rāz) [Icel. *reisa* (cp. Dan. *reise*, Swed. *resa*)] क्रि० स० १. (प्राय: up के साथ प्रयुक्त) उठाना, ऊँचे उठाना, उठा कर खड़ा करना, तरक्की करना, बढ़ाना (जैसे raised him from his knees; ~the standard of revolt); २. बढ़ाना, निर्माण करना, बनाना, रचना करना, उत्पन्न या उत्पादन करना, उपजाना, बोलना, कहना, अश्व बनाना, प्रारम्भ करना, चलाना (विवाद

१४०

आदि का), अवसर देना, (किसी बात से) निष्कर्ष निकालना, पेश करना, आगे बढ़ाना (जैसे ~palace, large family, blister, one's own vegetables, storm, shout, hymn, controversy, prejudice, claim, demand, objection, question आदि); ३. तरक्की देना, पदोन्नति करना; ४. भूमि से खींचना या निकालना, ऊपर की ओर बढ़ाना या मोड़ना, उच्चतर बनाना; ५. पवित्रतर बनाना, (ध्वनि आदि को) तीव्रतर करना, (नौ० वि०), (भूमि या पोत का) दृष्टि में आना, मात्रा बढ़ाना या अधिक करना, स्तर ऊँचा करना या बढ़ाना (जैसे thousands of tons of coal were raised; trying to~ a degraded class); ६. उगाहना, संग्रह करना, वसूली करना, मुहय्या करना (जैसे ~tax, loan, subscription, money, army, fleet); ७. दस्तबरदार होना, घेरा, मार्गविरोध) उठा लेना, हटा लेना, उठाने या हटाने को (शत्रु को) बाध्य करना; ८. (घाटबंदी) हटा लेना या उठा लेना। सं० वेतनवृद्धि, पोकर का दाँव, ब्रिज की बोल। **a deliverer was raised up** देव ने एक उद्धार-कर्त्ता उत्पन्न कर दिया या देवकृपा से एक मुक्तिदाता मिल गया। **no one raised his voice** किसी ने आवाज़ नहीं उठाई या विरोध नहीं किया। **~a dust** (शा० और ला०) १. धूल उड़ाना; २. सत्य पर पर्दा डालना। **~a laugh** लोगों को हँसाना। **~bread** (खमीर से) रोटी फुलाना। **~Cain, hell, the devil, the mischief etc.** गड़बड़ करना, उपद्रव करना। **~cloth** कपड़े पर रोओं आदि उठाना या जमाना। **~colour in dyeing** रंग में चमक पैदा करना। **raised pastry, pie etc.** रेज़्ड पेस्ट्री जो अगल-बगल तश्तरी आदि के सहारे के बिना खड़ी हो। **~one from the dead** किसी मृत व्यक्ति को जीवित कर देना। **~one's eyes** आँख उठाना। **~one's glass to** किसी का जाम-सेहत पीना। **~one's hat** विनत होना, झुकना। **~one's reputation** ख्याति या यश में चार चाँद लगाना। **~the country, city etc.** संकट के समय देश या नगरवासियों को जागृत करना। **~the wind** (ला०) (किसी कार्य के लिए) धन जुटाना, रुपए इकट्ठा करना।

raisin(rā' zin)[O.F. *raizin* (F. *raisin*), pop. L *racimum*,L. *racēmum*, RACEME] सं० किशमिश, मुनक्का, सुखाया हुआ अंगूर।

rait दे० RET।

raj (rāj) [Hindi] सं० (आंग्ल भा०) राज, शासन, हुकूमत (जैसे the British ~in India)।

Rajah, Raja (ra' jā) [Hindi, from Sansk, *rāj*,to reign, rel. to L. *rex*, king] सं० राजा, भारतीय नरेश। **Rajahship** सं० राजत्व।

Rajpoot (rajʹ poot) [Hindi *rajpūt* (Sansk. *rāja*, see prec., *putra*, son)] सं० राजपूत।

rake[1] (rāk) [A.-S. *raca* (cp. Dut. *raak*, G. *rechen*, Icel. *reka*)] सं० १. बिट, लंपट; २. जेली*, रेक*, पजा*, पाँचा* (कृ०, ई० ३ भी); २. हेंगा, पटेला, पाँचे जैसे अन्य यंत्र या औज़ार (उदा० जूए की मेज या बिसात पर से रुपये समेटने का यंत्र); ३. ढाल* (ई०३ भी)। क्रि० स० और अ० १. (पाँचे से) समेटना, बटोरना, कुरेदना, हटाना (जैसे ~out the fire, ~up or together all possible charges, ~off the leaves); २. पाँचा फेरना, पाँचे से बुहारना या साफ़ करना, चिकना करना; ३. खोद निकालना, ढढोरना (जैसे raked all history for proofs); ४. पाँचे से सफ़ाई करना, बराबर करना, समतल करना; ५. खुरचना, खुरच कर साफ़ करना; ६. गोली बरसाना, गोलाबारी करना, (जहाज़ पर) गोलाबारी करना; ७. (खिड़की से) दृष्टि डालना, नज़र दौड़ाना, खिड़की आदि का इस प्रकार बना होना कि बाहर का दृश्य अच्छी तरह दिखाई पड़े; ८. पाँचा चलाना, (पाँचे की तरह) खोजना, छानबीन करना।

rake[2] (rāk) [short for RAKE-HELL, see prec.] सं० शोहदा, गुंडा, आवारा, लुच्चा, विलासी, दुराचारी, लंपट, बाँका, छैला, आवारा, व्यसनी। **rakish**[1] वि० शोहदे जैसा, विलासी जैसा। **rakishly** क्रि वि० बंकिमन से, छैले की तरह, शोहदेपन से, विलासी के रूप में। **rakishness** सं० बाँकपन, छैलापन, शोहदापन, विलासिता।

rake[3] (rāk) [etym. doubtful] क्रि० अ० और स० १. (जहाज के अगले या पिछले भाग का) आगे बढ़ा हुआ होना; २. पेंदे से निकला हुआ होना; ३. (मस्तूल का) जहाज के पश्च भाग की ओर झुका हुआ होना; ४. पीछे की ओर मोड़ना (जैसे bicycle's front forks are raked)। सं० निकासा, झुकाव, मोड़, खम, देंढ़ापन। **rakish**[2] वि० १. शीघ्रगामी जहाज (जिसके विषय में दस्पूपोत होने का सदेह हो); २. छापामार जहाज।

râle (ral) [F., from *râler*, etym. doubtful] सं० राल* (आ० भी),(निदान०)अवस्थ फेफड़ों में सांस की घरघराहट, घर्रा।

rallicar(t, सं० रैलिकार, ताँगा, दो पहियों वाली गाड़ी जिसमें चार लोग बैठ सकते हैं।

rally[1] (rălʹ i) [F. *rallier* (RE-, *aller*, to ALLY)] क्रि० स० और अ० १. फिर से एकत्र होना, श्रेणीबद्ध होना, जमा होना, जुटना, जुटाना, (विशे० सेना का) मदद को आना; २. युद्ध फिर से आरम्भ होना; ३. होने का कारण बनना; ४. सहायता अथवा सम्मिलित रूप से कार्य के लिए एकत्र होना, पास आना; ४. इच्छा-शक्ति का प्रयोग करके शक्ति को फिर से जुटाना, बल लाभ करना; ५. तत्क्षण समाप्त न समझना; ६. आरोग्य लाभ करना, शक्ति-लाभ होना, प्रकृतिस्थ होना। सं० १. जनता, जमाव, जमघट, मजमा, सभा, रैली, एकीकरण व सम्मिलन, समाहरण, ब्यूहीकरण; २. प्रकृतिस्थता, बल-लाभ; ३. (टेनिस, बल्ले आदि में) तेज़ या फुर्तीला खेल।

rally[2] (rălʹ i) [*F railler*, to RAIL[2]] क्रि० स० चुहल करना, विनोद करना, ठठोली करना, चुटकी लेना, फबती कसना। **rallyingly** क्रि० वि० विनोदपूर्वक, चुहल करते हुए, ठठोली के रूप में।

ram[1] (răm) [A.-S. (cp. Dut. and O.H.G. *ram*, G. *ramme*, prob. rel. to Icel. *ramr*, strong)] सं० १. मेढ़ा, भेड़ा, दुम्बा, मेष; २. मेषराशि; ३. नोकीली अगाड़ी वाला युद्धपोत, ४. पोत के अग्रभाग की नोक; ५. नींव आदि की कड़ी गाड़ने की मशीन की मोंगरी; ६. दुरमुट, दुरमुस, थापी, मोगरा, (तोप का) मूसल; ७. पानी ऊपर चढ़ाने की मशीन, रैम*, मेष यंत्र* (ई० १ भी); ८. स्थिरद्रविक दाब की चकली व पिस्टन; ९. जल पम्प की धौंकनी व प्लंजर; १०. धक्का* (क्रि० २ भी)। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **rammed**) १. कूटना, पीट कर समतल बनाना, थापी या मोंगरी से) दुरमुट चलाना; २. (किसी स्तम्भ या पौधे को) चारों ओर की मिट्टी कूट कर मज़बूत करना; ३. ठोकना, गाड़ना; ४. (वाष्पी गज से) ठूँस कर बंदूक को भरना; ५. ठूँसना, ठूँस कर भरना (जैसे rammed his clothes into a bag); ६. पूर भरना, कई आदि को भरना, ठूँसना; ७. (किसी जहाज़ का, दूसरे जहाज़ को) काट मारना; ८. दे मारना, पटक देना, धक्का देना (जैसे rammed his head against the wall)। **rammer** सं० दुरमुट* (ई० ३ भी), थापी*/ मुँगरी*(कृ० भी)।

ram[3] (răm) [etym. doubtful] सं० (नौवि०) नाव की पूरी लम्बाई।

Ramadan (răm ă dan') [Arab. (cp. Pers. and Turk. *Ramazân*), from *ramada*, to be hot] सं० रमजान, हिजरी वर्ष का नौवाँ महीना जब कि मुसलमान रोज़ा रखते हैं।

ramal (rā' măl) [L. *rāmus*, branch, -AL] वि० १. (वन०) शाखा संबंधी, डाल से निकला हुआ, शाखीय* (वि० १ भी)।

ramble (răm' bĕl) [etym. doubtful] क्रि० अ० और सं० १. भ्रमण करना, टहलना, सैर करना, घूमना; २. आवारागर्दी करना, भटकते फिरना; ३. बातचीत में बहक जाना, असंबद्ध बोलना या लिखना। **rambler** सं० क्रियागत अर्थों में, (विशे०) एक प्रकार की गुलाब की बेल, रैंबलर। **crimson ~** लाल रैंबलर। **rambling** वि० १. भ्रमणशील, घुमक्कड़; २. असंबद्ध, शिथिल, असंलग्न; ३. इधर-उधर चहने वाला; आरोहणशील; ४. (घर, रास्ता आदि) अनियमित, अनियत रूप से आयोजित। **~ thoughts** असंबद्ध विचार, मुक्त विचार-सरणि (विशे० कवियों की)। **ramblingly** क्रि० वि० १. भ्रमण करते हुए; २. असंबद्ध रूप में; ३. असंलग्न रीति से; ४. आरोहणशीलता से।

rambustious वि० (बोल०) दे० RUMBUSTIOUS।

rambutan (răm boo' tăn) [Malay, from *rambut*, hair] सं० रैंबूटन, पूर्वी द्वीपसमूह के एक वृक्ष का लाल फल जो नर्म काँटों से ढँका रहता है और जिसका गूदा ईषत् कषाय-मधुर होता है।

ramekin (răm' e kin) [F. *ramequin*, etym. doubtful] सं० रैमिकिन, छोटे साँचे में पकी थोड़ी पनीर जिसमें अंडे, रोटी के टुकड़े आदि मिले रहते हैं।

ramie (răm' i) [Malay *rămî*] सं० रैमे, चीन और पूर्वी द्वीपसमूह की एक प्रकार की बिच्छू-बूटी का पतला मज़बूत रेशा जिससे टिकाऊ या पायदार सामग्री बनी जाती है।

ramify (răm' ifī) [F. *ramifier*, med. L. *rāmificāre* (L. *rāmus*, branch, *-ficāre*, *-facere*, to make)] क्रि० स० और अ० १. शाखाओं में विभक्त होना, विशाखित होना; २. श्रेणी विभाजन होना; ३. विशाखन करना, शाखाओं के रूप में फैलाना (रेखाओं आदि को)। **ramification** सं० १. शाखा में निकलना, शाखाओं का विन्यास; २. प्रशाखन*; बहुशाखन* (आ० भी); ३. विशाखन, श्रेणीविभाजन (शाखाओं की भाँति); ४. वेधीदर्पियाँ, वेधदार पेच।

rammish (răm' ish) [RAM[1], -ISH], **rammy** वि० दुर्गंधमय, दुर्गंधित, बदबूदार।

ramose (rā mōs') **ramous** (rā' mus) [L. *rāmōsus*, from *rāmus*, branch] वि० शाखी, प्रशाखी, शाखामय।

ramp[1] (rămp) [O.F. *ramper*, to creep, crawl, climb, etym. doubtful] सं० १. ढाल, ढलान*, प्रवणी* (दे० ३ भी), रपटा, (प्रायः दुर्गनिर्माण में) भूमि की दो सतहों को मिलाने वाली ढाल जमीन या दीवाल के ऊपर का ढालुआ उतार; २. टेढ़े-मेढ़े मेहराब के दोनों किनारों की सतहों का मेलवाँ ढाल, सीढ़ी के बारजे का ऊपरी ढाल। क्रि० स० और अ० १. (विशे० घेर के लिए) पिछले पैरों पर खड़ा होना, आक्रामक मुद्रा धारण करना; २. (अब प्रायः हास्य०) चीखना-चिल्लाना, गरजना, गुस्सा होना, झपटना; ३. (वास्तु० दीवार के लिए) विभिन्न सतहों पर चढ़ाव या उतार होना; ४. (वास्तु० सैं०) चढ़ाव-उतार में बनाना।

ramp[2] (rămp) [etym. doubtful] सं० (ग्रा०) चुहदाऊ में बाजी या शर्तें लगाने वाले (बुकमेकर) से कल्पित ऋण वसूल करने की कोशिश। क्रि० अ० और स०। अत्यधिक दाम लेना (जैसे black market ~ in whisky); २. किसी को लूटे ऋण में फँसाना; ३. (ग्रा०) हिंसा करके लूटना।

rampage (răm pāj') [etym. doubtful] क्रि० अ० १. बलवा या दंगा करना, ऊधम मचाना, उग्रता दिखाना, शोरगुल मचाना, चीख-पुकार मचाना। सं० बलवा, दंगा, गड़बड़, मारपीट, हंगामा, ऊधम। **rampageous** वि० उग्रतापूर्ण। **rampageously** क्रि० वि० शोर से, हंगामे से, उग्रतापूर्वक। **rampageousness** सं० उग्रता, दंगाईपन, बलवाईपन, गड़बड़ी, मारपीट आदि।

rampant (răm' pănt) [F., pres. p. of *ramper*, to RAMP[1]] वि० १. (मुख्यतः शेर के लिए, विशे० कुलचिह्नों में) उकड़ूँ बैठा हुआ, पंजे उठा कर बैठा हुआ; २. अनियंत्रित, दुर्दान्त, प्रबल, असंयत; ३. तीक्ष्ण, उग्र, आक्रमणशील, उच्छृंखल; ४. संविधित, अत्यधिक; ५. (वास्तु०) आरोहणोन्मुख मेहराब आदि। **rampancy** सं० उग्रता, अनियंत्रण, दुर्दान्तता, उच्छृंखलता। **rampantly** क्रि० वि० दुर्दान्त भाव से, उग्रता से।

rampart (răm' part) [F. *rempart*. from *remparer*, to fortify (RE-, EM-, *parer*, L. *parāre*, see PARRY)] सं० १. दुर्ग-प्राचीर*/ परकोटा* (मा० १ भी), प्राकार, आड़, पुश्ता, फ़सील, दीवार, क़िलाबंदी, चौड़ा और पत्थरों से जड़ा हुआ मिट्टी का प्राकार, नगरकोट, शहरपनाह; २. (ला०) रक्षा, हिफ़ाज़त, बचाव। क्रि० स० रक्षा या बचाव करना, प्राचीर बना कर सुरक्षित करना, फ़सील या दीवार बनाना।

rampion (răm' pi on) [prob. rel. to F. *rapiponce* or It. *rampon-zolo*, etym. doubtful] सं० रैंपियन, सफेद कंद के समान घंटाकृति फूल जो सलाद की तरह प्रयुक्त होता है।

ramshackle (răm' shăk' ĕl) [var. of obs. *ramshackled*, prob from *ramtackle*, freq. of RANSACK] वि० भग्नप्राय, टूटा-फूटा, अस्थिर, डगमग, क्षीर्ण, जर्जर (प्रायः घर या वाहन के लिए)।

ramson (răm' zon, -sŏn) [A.-S. *hramsan*, pl. of *hramsa* (cp. G., Dan., and Swed. *rams*, also Gr. *kromuon*)] सं० (वनुव०) रैंमसन, चौड़ी पत्ती का लहसुन।

ran[1] (răn) [etym. unknown] सं० सुतली या रस्सी की एक नाप।

ran[2] दे० RUN।

rance (rans) [etym. doubtful] सं० रैंस, नीली और सफ़ेद धारियों और धब्बों वाला लाल संगमर्मर।

ranch (rănch), **rancho** (ran' chō) [Sp. *rancho*, mess, a party eating together prob. rel. to RANK[1]] सं० १. पशु-संवर्धनशाला; २. अमरीकी में पशुपालन-स्थान, पशुशाला, बाड़ा; ३. मवेशी बाड़ा, रैन्च* (अमरीका), परकोटा* (मा० १, वि० १ भी)। क्रि० अ० पशुपालन-संस्था चलाना या संचालित करना।

rancid (răn' sid) [L. *rancidus*] वि० १. बासी, बसा हुआ, सड़ा हुआ, जहा, पूतिगंधी, सड़ी हुई बासी चरबी की तरह दुर्गंधपूर्ण; २. (वि० १) विकृतगंधी*। **rancidity, rancidness** सं० १. तीव्र दुर्गंध, सड़ी हुई बासी चरबी के समान दुर्गंध; २. खटवास*, विकृतगंधिता* (रू०, वि० १ भी), विकृतगंधता* (आ० भी)।

rancour (răng' kŏr) [O.F., from L. *rancōrem*, nom. *-cor*, cogn. with prec.] सं० द्वेष, विद्वेष, मत्सर, वैर, डाह, कीना, तीव्र घृणा, अदावत, दुश्मनी, मनमुटाव। **rancorous** वि० विद्वेषपूर्ण, मत्सरपूर्ण, वैरयुक्त, डाह-भरा, कीना रखने वाला।

rancorously क्रि० वि० विद्वेषपूर्वक, मत्सरभाव से, वैर रखते हुए, दाह करते हुए, अदावत के रूप में।

rand (rănd) [A.-S., also Dut. and G., Swed. and Dan., cp. Icel. *rönd*] सं० १. जूते का भीतरी तल्ला, पंजे और एड़ी के बीच का चमड़े का टुकड़ा, पैताबा; २. नदी-घाटी के दोनों ओर की पहाड़ियाँ (दक्षिणी अफ्रीका में)। the Rand जोहान्सबर्ग (नामक स्थान)।

randan[1] (răn' dăn) [etym. doubtful] सं० १. तीन व्यक्तियों द्वारा खेने का ढंग जिसमें बीच वाला व्यक्ति कलवारी और दूसरे डाँड़ से खेते हैं; २. तीन खेवैयों वाली नाव।

randan[2] (răn' dăn) [perh. rel. to RANDOM] सं० नाचरंग, आनन्दोत्सव।

random (răn' dŏm) [from RANDOM after TANDEM] क्रि० वि० तीन घोड़ों से जुती टमटम के साथ। सं० रैंडम, तीन घोड़ों वाली टमटम।

random (răn' dŏm) [F. *randon*, from *randir*, to press forward, to gallop] सं० अटकलपच्चू, बेतरतीब, ऊटपटांग, मनमाना, बिना सोचे-समझे, निरुद्देश्य भाव से। वि० १. अटकलपच्चू, बिना सोचे-समझे किया हुआ, बिना किसी क्रम के, निरुद्देश्यतापूर्ण; २. (शिल्प०) विभिन्न आकार और रूप के पत्थरों से बना हुआ; ३. यादृच्छिक*/ संयोगिक*/ अनियमित* (आ०, कु०, मा० २, वि० १ भी)। ~thoughts, thinking निरुद्देश्य चिंतन (विशे० दार्शनिकों का यदृच्छ-चिंतन)। randomly क्रि० वि० निरुद्देश्यता से, अटकलपच्चू ढंग से।

randy (răn' di) [RAND[3], -Y] वि० १. असभ्य, शोर मचानेवाला, हल्ला करनेवाला, उद्धत, बेचैन; २. विलासी, ऐयाश। randiness सं० असभ्यता, हल्ला-गुल्ला, विलासिता, ऐयाशी।

ranee (ra' ni, ra' nē) [Hindi *rānī*, Sansk. *rājñī*, fem. of *rājā* RAJAH] सं० रानी, राजा की पत्नी।

rang दे० RING[3]।

range (rānj) [O.F. *ranger*, *renger*, from *rang*, RANK[1]] १ क्रि० स० और अ० पंक्ति में रखना, क्रम से लगाना, श्रेणियों में बाँटना, श्रेणीबद्ध करना, विन्यस्त करना (जैसे ranged their troops, ranged themselves on each side); २. एक पंक्ति में होना, विशेष प्रदेश में पहुँचना, विस्तृत होना, विस्तारित होना; ३. दो छोरों के बीच अदलते-बदलते रहना; ४. बराबर होना, प्रतिष्ठित होना, स्थान पाना, समुचित पदगौरव व प्रतिष्ठा लाभ करना; ५. घूमना, संचरण करना, फैले होना (जैसे his thoughts ranged over past, present & future); ६. (बंदूक के लिए) गोली फेंकना, गोली की पहुँच में होना, दूर तक जाना (जैसे ranges over a mile); ७. चारों ओर जाना, समुद्र में किनारे-किनारे नाव चलाना। सं० १. वस्तुओं (विशे० इमारतों या पर्वतों) की श्रेणी, पंक्ति, क़तार, अवलि, माला; २. विस्तार, क्षेत्र, अभिसीमा* (मा० ३ भी), परिक्षेत्र, प्रसर* (आ० भी), परिसर* (ई०२, कु०, वि० २ भी), परास* (प्र०, मा० ३, वि० १ भी), दिशा; ३. शिकारगाह; ४. चरागाह, रेंज*, वन खंड* (प्र० भी); ५. चाँदमारी का अभ्यास करने का स्थान, चाँदमारी* (प्र० भी); ६. क्षेत्र, विस्तार, विस्तृति; ७. विस्तार-क्षेत्र, दिग्विस्तार; ८. अँगीठी, चूल्हा। ~oneself समाज में एक निश्चित स्थिति बना लेना। ~finder रेंज फाइंडर, बंदूक की मक्की, लक्ष्य की दूरी मापने का यंत्र, अंतर नापने का यंत्र, परासमापी, दूरीमापी। ranger सं० क्रियागत अर्थों में; १. उपवन रक्षक, वनरक्षक; २. प्रवर कन्या-बालचर; ३. (बहुव०) अश्वारोही या अन्य सैनिक-दल; ४. बालिका स्काउंटों की अध्यक्षा, संयुक्त राज्य अमरीका के सैन्यदल का सदस्य (दे० COMMANDO)। rangership सं० वनरक्षक पद। ranging fancy अस्थिर भावनाएँ।

rank[1] (răngk) [F. *ranc* (now *rang*), prob. from O.H.G. *hring*, *hrinc*, RING[1]] सं० १. पंक्ति*, श्रेणी* (प्र० भी), लाइन, क़तार (अब मुख्यतः खड़ी हुई गाड़ियों की); २. (सितरंज) तख्ते पर आरपार बिछे मोहरों की पंक्ति; ३. एक दूसरे के कंधे से कंधा सटा कर खड़े हुए सैनिकों की पंक्ति; ४. क्रम, विन्यास, व्यवस्था; ५. विशिष्ट सामाजिक स्थिति, मर्यादा, मापक्रम में स्थान, श्रेणी में स्थान; ६. कोटि* (वि० १ भी); ७. पद* / ओहदा* (प्र० भी)। क्रि० स० और अ० १. (सैनिकों को) क़तार में खड़ा करना, पंक्तिबद्ध करना; २. क्रमबद्ध करना, पद या स्थान प्रदान करना; ३. पद के अनुसार आदर देना, समादर करना; ४. स्थान होना, स्थिति होना (ranks among the great powers); ५. किसी विद्यालिया आस्तिर पर अधिकारों की सूची पर नाम होना; ६. मार्च करना। (past और off के साथ प्रयुक्त)। keep, break ~ पंक्ति में रहना या तोड़ना। ~ and fashion ऊँची स्थिति के लोग, बड़े आदमी। rank & file सामान्य सैनिक। rear ~ पीछे की क़तार। rise from the ~ १. साधारण सैनिक पद से अफ़सरी प्राप्त व्यक्ति; २. अपने प्रयत्नों से बना हुआ व्यक्ति। the ~ were broken पंक्ति टूट गई थी।

ranker सं० सैनिक अफ़सर (जो मामूली सिपाही रह चुका हो)।

rank[2] (răngk) [A.-S. *ranc*, cp. Dut. *rank*, Icel. *rakka*, straight, slender] वि० १. प्रभूत, प्रचुर, गाढ़ा, गझ, खुरबरा, भद्दा, अति-उर्वर; २. दुर्गंधित, गंधमय, तीव्रसंवर्पूर्ण, चिरौंता, अश्लील, भ्रष्ट, दूषित; ३. उग्र, प्रबलद, मलिन, भद्दा, कुरूप, स्थूल, भारी। rankly क्रि० वि० दुर्गंधपूर्ण, घृणायुक्त, उग्रता से, प्रचुरता से। rankness सं० दुर्गन्धमयता, भद्दापन, प्रचुरता, अश्लीलता।

rankle (răng' kel) [O.F. *rancler*, from *rancle*, *drancle*, an eruption or sore, med. L. *dracunculus*, dim. of *draco*, DRAGON] क्रि० अ० १. (हेय, निराशा अथवा उनके कारण के लिए) प्रबल होना, तीक्ष्ण होना, मर्मच्छेदी होना; २. असहनत पीड़ा पहुँचाना, सालना, कष्ट देना, टीस मारना, चुभना, खटकना।

ransack (răn' săk) [Icel. *rannsaka* (*rann*, house, *sækja*, to seek, cogn. with A.-S. *sēcan*, SEEK)] क्रि० स० १. अच्छी तरह ढूँढना (स्थान, बर्तन, किसी का मन) छान मारना, कोना-कोना देख डालना, खखोल डालना, ढूँढ डालना; २. लूटना, छीनना, ठगना, डाका डालना, तबाह और बरबाद कर देना, लूट-खसोट करना* (मा० १ भी)।

ransom (răn' sŏm) [O.F. *ranson* (F. *rancon*), L. *redemptionem*, nom. *-tio*, REDEMPTION] सं० १. निष्क्रय*/ मुक्ति-मूल्य*/ फिरौती* (मा० १ भी), (युद्धबंदियों की मुक्ति के लिए) मुक्ति-धन, बन्दियों के छुटकारे के लिए दिया गया धन; २. किसी विशेष सुविधा या छूट के उपलक्ष में ऐंठा हुआ धन। क्रि० स० १. क़ैद से छुड़ाने के लिए धन देना, स्वतंत्रता या मुक्ति खरीदना, मुक्तिधन देना; २. निष्क्रय या निस्तार करना; ३. छोड़ देना, किसी से वसूल करना, उद्धार करना, मुक्त करना, स्वतंत्र करना। hold one to ~ मुक्ति धन ले कर छोड़ देने की इच्छा से रखना। worth a king's ~ बहुमूल्य, महान्। ransomless वि० मुक्तिधन-रहित।

rant (rănt) [M. Dut. *randtun*, *ranten*, cp. G. *ranzen*, to spring or dance about] क्रि० अ० और स० १. अलंकारिक भाषा का प्रयोग करना, दाबाडम्बर करना, डींग मारना, शेखी बघारना, नाटकीय ढंग से पढ़ना, उच्च स्वर में उपदेश देना, हल्ले-गुल्ले के साथ

उपदेश देना। सं० १. वाग्वाडंबर, बक-झक; २. डींग, शेखी, चीख, पुकार, अनर्गल प्रलाप, लम्बा चौड़ा भाषण। **ranter** सं० उच्चस्वर से धार्मिक उपदेश देने वाला (विशे० मेथॉडिस्ट मत के प्रारंभिक अनुयायी)।

ranunculus (rə nŭn' kū lŭs) [L., dim. of *rāna*, frog] सं० (वनु० -luses, -li, -li) घृत वाले पौधों की एक जाति जिनमें बटरकप भी सम्मिलित हैं। **ranunculaceous** वि० इस जाति से संबंधित।

rap[1] (răp) [prob. imit., cp. Swed. *rappa*, to beat, G. *rappeln*, to rattle] सं० १. हल्की ठोकर, थपक, थपथपाहट, खट-खट, दरवाजे आदि की); २. पैनेपट पर की हुई खट-खट। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **rapped**) और अ० १. ठोकर मारना, थपक देना; २. खटखटाना। **~on the knuckles** बच्चे को दी हुई सजा, (ला०) भर्त्सना या झिड़की। **~out** १. चिल्ला उठना, अचानक बोल पड़ना; २. कठोर भाषा का प्रयोग करना।

rap[2] (răp) [ctym. doubtful] सं० अणु (don't care a ~ कण भर भी परवाह नहीं, रत्ती भर भी परवाह नहीं)।

rapacious (rə pā' shŭs) [L. *rapax -pācis*, from *rapere*, to seize, see RAPE[1]] वि० १. लालची, अति लोभी, ग्रसनशील, सर्वग्राही; २. उत्पीड़क; ३. लूँखार। **rapaciously** क्रि० वि० १. ग्रसनशील रूप में; २. उत्पीड़कता से; २. लूँखारपन से। **rapacity** (rə pās' i ti) सं० १. लालच या अति लोभ, ग्रसनशीलता, सर्वग्राहिता; २. उत्पीड़कता; ३. लूटेरापन; ४. लूँखारपन।

rape[1] (răp) [prob. from L. *rapere*, to seize] क्रि० स० (काव्य०) हठसंभोग, बलात्कार करना, आधर्षण करना। सं० १. बलात् ग्रहण; २. बलात्कार* (भा० ३ भी), बलात्संग* (विधि भी), आधर्षण (ला०. देश के लिए)।

rape[2] (răp) [prob. from A.-S., etym. doubtful] सं० रेप, सेक्स के छः प्रशासकीय खंडों में से एक।

rape[3] (răp) [L. *rāpum* or *rāpa*, turnip] सं० तोरिया* (कृ० भी), भेड़ों को खिलाने का चारा, ऐसे पौधे जिनके बीजों से तेल निकाला जाता है। **wild** ~ जंगली तोरिया। **~-cake** तोरिये की खली। **~-oil** तोरिए का तेल जिसका रबर, साबुन और चिकनाई बनाने में प्रयोग किया जाता है।

rape[4] (răp) [F. *râpe*, med. L. *raspa*] सं० रेप, शराब बनाने के बाद बची हुई अंगूर की लुगदी जो सिरका बनाने के काम आती है, सिरका बनाने का बर्तन।

Raphaelesque (răf ā el esk') वि० रफ़ेल की तरह का, रफ़ेलकी शैली का।

raphia दे० RAFFIA।

rapid (răp' id) [L. *rapidus*, from *rapere*, to seize, see RAPE[1]] वि० १. क्षिप्रिका*, क्षिप्रक* (ई० १, वि० १ भी), जल्दी, झटपट, सरपट, शीघ्र, तेज, द्रुत, शीघ्रगामी; २. (ढाल के लिए) खड़ी, प्रवण। सं० (प्रायः बहुव०) तेज धार वाली नदी की सतह का खड़ा उतार। **rapidity** (rə pid' i ti), **rapidness** सं० तेजी, शीघ्रता, द्रुतगति। **rapidly** क्रि० वि० तेजी से, शीघ्रता से, द्रुतगति से।

rapier (rā' pi er) [F. *rapière*, etym. doubtful] सं० कटार, कटारी, छोटी तलवार या छुरी। **~-thrust** (प्रायः ला०) व्यंग्योक्ति।

rapine (răp' in) [F. *rapine*, L. *rapina*, from *rapere*, to scize] सं० लूट-पाट, डाका, मारधाड़, तबाही, बरबादी।

rapparee (răp' ă rē) [Ir. *rapaire*, a noisy fellow, a robber] सं० (इति०, १७ वीं शताब्दी में) आयरलैण्ड का अनियमित सैनिक अथवा समुद्री डाकू।

rappee (rə pē') [F. *râpé*, from *râper*, to RASP] सं० घटिया सूँघनी, नास।

rapport (rə pôrt', ra' pôr) [F., from *rapporter* (RE-, AP-, *porter*, L. *portāre*, to carry)] सं० सामरस्य* (भा० २ भी), घनिष्ठता, सौहार्द* (आ० भी), सौहार्द-स्थापन* (भा० १ भी), सामरस्य स्थापन*/सम अनुभति स्थापन* (भा० ३ भी), रिश्ता, संबंध, तालल्लक, नाता, वास्ता।

rapt (răpt) [L. *raptus*, p.p. of *rapere*, to seize, see RAPE[1]] वि० १. तल्लीन, निमग्न, आत्मविस्मृत, डूबा हुआ, लवलीन; २. मगन, प्रसन्न, उल्लसित। **listen with ~ attention** मगन मन से सुनना, तल्लीन भाव से सुनना।

raptorial सं० रैप्टोरियल, शिकारी पक्षियों की एक जाति। वि० शिकारी पक्षियों का या शिकारी पक्षियों से संबंधित।

rapture (răp' chĕr, răp' tyŭr) [RAPT, -URE] सं० १. परमानंद* (भा० २ भी), आत्म-विस्मरण, लवलीनता, तल्लीनता; २. हर्षातिरेक, प्रोल्लास; ३. (विशे० धर्म०) एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने की क्रिया (विशे० स्वर्ग को ले जाना)। **be in, go into raptures** हर्षोन्मत्त होना, मगन हो जाना। **raptured, rapturous** वि० मगन, अतिप्रसन्न, हर्षातिरेकपूर्ण, प्रोल्लसित, हर्षातिरेकयुक्त। **rapturously** क्रि० वि० हर्षातिरेक से, प्रोल्लसित हो कर।

rare[1] (râr) [L. *rārus*] वि० १. अघन, गझिन नहीं; २. विरल* (वि० १ भी); ३. असामान्य, असाधारण (It is ~for a person to do); ४. अनुपम, अद्वितीय दुर्लभ* (वि० १ भी), दुष्प्राप्य, अप्राप्य, अतुलनीय, अनोखा, उत्तम, श्रेष्ठ, बहुत अच्छा, पतला, क्षीण, कम, नायाब। **~-earth metals** कतिपय धातुओं का जारेय (जो कुछ खनिजों में पाया जाता है)। **rarely** क्रि० वि० कभी-कभी, क्वचित्, यदाकदा। **rareness** सं० विरलता, अप्राप्यता, सूक्ष्मता।

rare[2] (râr) [var. of *rear*, A.-S. *hrēr*] वि० (अमरीकी प्रयोग) अधपका, अधभुना, कम गला हुआ (मांस)। **rarebit** दे० WELSH RABBIT।

raree-show (râr' ē shō) [corr. of RARE[1], SHOW] सं० संदूक में रख कर इधर-उधर ले जाया और दिखाया जाने वाला तमाशा, कोई भी तमाशा।

rarefy (râr' ē fī) [obs. F. *raréfier*, L. *rārefacere* (*rārus*, RARE[1], *facere*, to make)] क्रि० स० और अ० १. सघनता या ठोसपन कम करना, हल्का या पतला करना (विशे० हवा); २. परिष्कृत करना, शुद्ध करना, साफ़ करना (स्वभाव आदि); ३. सूक्ष्म बनाना (विचार आदि); ४. विरल होना। **rarefaction, rarefication** (râr' ē fi kā' shun) सं० विरलन* विरलीकरण*, विरली भवन*, विरलता* (आ०, ई० ३, वि० १ भी)। **rarefactive** वि० विरल, अघन, सूक्ष्म।

rarity (râr' i ti) [F. *rareté*, L. *rāritātem*, nom. *-tas*, from *rārus*, RARE[1]] सं० १. विरलता, सूक्ष्मता, अघनता; २. असामान्य वस्तु, दुर्लभ मानी जाने वाली वस्तु।

rascal (rās-, ras' kăl) [O.F. *rascaille*, *rescaille* (F. *racaille*), rabble, dreggs, outcasts] सं० और वि० धूर्त, शठ, बदमाश, पाजी, नीच, दुष्ट, लफंगा (बच्चों से खेल में you lucky ~)। **rascaldom, rascalism, rascality** सं० धूर्तता, शठता, बदमाशी, दुष्टता, लफ़ंगापन। **rascally** (rās-, ras' kă li) क्रि० वि० धूर्तता या शठता या बदमाशी से।

rase दे० RAZE।

rash[1] (răsh) [cp. Dan. and Swed. *rask*,Dut. and G. *rasch*, quick, vigorous] वि० १. जल्दबाज, उतावला* (विधि भी), अधीर, बेधड़क, साहसपूर्ण, असमीक्ष्यकारी, उद्धत, उद्दंड, अदूरदर्शी, अविवेकी। **rashly** क्रि० वि० बिना सोचे-समझे, जल्दबाजी से, अविवेकपूर्णता से। **rashness** सं० १. जल्दबाजी, उतावलापन* (विधि भी), अधीरता, अविवेक।

rash[2] (răsh) [perh.from M.F. *rasche* (F. *rache*)] सं० पित्ती (उछलना), बिस्फोट* / पित्तिका* (आ० भी), चकत्ता, दद्दोरा, लाल चकत्ता, लाली, दाने, लून की गरमी की बीमारी।

rash[3] (răsh) [form of obs. *arrache*, F. *arracher*, see RACE[2]] क्रि० अ० छीनना, झपटना, फाड़ डालना, उखेलना।

rasher (răsh' er) [from obs. *rash*, to cut, var. of RAZE, or rel. to RASH[1], with the sense rashly or hastily cooked] सं० रैशर, सूअर के मांस का पतला टुकड़ा या क़तला।

rasp (rasp) [O.F.*rasper* (F. *râper*), from Teut. (cp. O.H.G. *raspôn*, G.*raspeln*)] क्रि० स० और अ १. मोटी रेती (से रेतना), सोहन (करना); २. (व्यक्ति या उसकी भावनाओं को) रगड़ लगना, उत्तेजित कर देना; ३. रगड़ने की आवाज करना, कटकटाना (दाँत आदि)। **raspatory** सं० रैस्पेटरी* (आ० भी),शल्य चिकित्सा में प्रयुक्त रेती। **rasper** सं० रोक, ऊँची बाड़ (विशे० शिकार में)।

raspberry (raz' bĕr i) [obs. *rasp*, *raspis*, perh. rel. to RASP[4]] सं० १. रसभरी (का पौधा), लाल, सफ़ेद और पीले रंग की खटमिट्ठी बेरियों (का पौधा); २. (ग्रा०) अरुचि-प्रदर्शक ध्वनि, इशारा अथवा संकेत। **~-cane** रसभरी के पौधे। **~-syrup** रसभरी का सिरका या रस।

rasse (răs' i, răs) [Javanese *rase*] सं० (जावा का) मुश्क-बिलाव।

rat (răt) [A.-S. *ret* (cp. Dut. *rat*, G. *ratz*, F. *rat*,] स० १. उन्दुर* (आ० भी), चूहा, मूस, मूषक, बड़ा (जंगली) चूहा; २. विश्वासघातक,दग़ाबाज़, मुखबिर*/ पिशुन* (मा० ३ श्री); ३. (राज०) कठिनाइयों के समय अपने दल को त्याग देने वाला व्यक्ति (जैसे चूहे भग्न-प्राय घर या जहाज़ को छोड़ कर भाग जाते हैं); ४. थाली का बैंगन; ५. हड़ताल करने वालों का साथ न देकर कम मज़दूरी पर या हड़ताली मजदूर की जगह पर काम करने वाला मजदूर। क्रि० अ० (भू० और भू० कृ० **ratted**) १. चूहे पकड़ना, २. अपने दल को त्यागना, प्रतिपक्ष का आश्रय लेना; ३. शहरी करना। **black or old-English ~** इंगलैण्ड में पहले पाया जाने वाला काला चूहा (अब मुख्यतः भूरे चूहे ही पाये जाते हैं)। **like a drowned ~** पूरी तरह भीगा हुआ व्यक्ति, सराबोर। **rats !** वाहियात, व्यर्थ, निरर्थक। **smell a ~** संदेह होना, आशंका होना, संदेहयुक्त होना। **~-catcher** चूहेमार, घरों से चूहे हटाने वाला। **ratsbane** चूहे मारने का विष (अब केवल का०)। **rat's poison** चूहे मारने का विष। **rat's-tail** (बहु० rat-tails) चूहे की पूँछ जैसी चीज़, एक प्रकार की रेती। **~-tail** बिना बालों वाली दुम का घोड़ा। **~-tailed** वि० उस घोड़े जैसा, बिना बाल की दुम वाला। **~-tail spoon** दुम की तरह हैंडल वाला चम्मच। **~-trap** १. चूहेदानी; २. चूहे मारना, पकड़ना (कुत्ते या आदमी के लिए); ३ (राज० में) अपने दल को कठिनाई के समय त्यागना। **ratter** सं० चूहेमार। **ratty** वि० १. चूहों जैसा; २. चिड़चिड़ा, गुस्सैल, चिड़कूआ, तुनकमिज़ाज।

rata (ra' tà) [Maori] सं० राटा, न्यूज़ीलैण्ड में पाया जाने वाला लाल फूलों और कड़ी लाल लकड़ी वाला पेड़।

ratafia (răt à fē' à) [F., etym. doubtful] सं० १. रैटाफ़िया, बादाम, शफ़ताल, ख़ूबानी आदि की गिरी से सुवासित शराब; २. इसी प्रकार सुवासित बिस्कुट; ३. एक प्रकार की बेरी।

ratal दे० RATE[1]।

rataplan (răt' à plăn) [F., imit.] सं० डमडम, कुडुमडुम, ढपाढप, ढोल, ताशा या नगाड़े की आवाज। क्रि० अ० और स० ढोल, ताशा या नगाड़ा बजाना, डमाडम या ढपाढप करना।

ratch (răch) [etym. doubtful, cp G. *ratsche*, also F. *rochet*, whence prob. the form *ratchet*] सं० रेचेट, नली या पहिये के किनारों पर लगे दाँते जिनसे वे एक ही ओर को ढुलक सकें। क्रि० स० दाँते लगाना, दाँतेदार बनाना। **~-wheel** ऐसे दाँतों से युक्त पहिया।

rate[1] (rāt) [O.F. from med. L. *rata*, fem. of L. *ratus*, p.p. of *rèri*, to think, to judge] सं० १. दर* (आ०, मा० ३, प्र०, वि० १, विधि भी) निर्ख, संख्या, मूल्य, गति (जैसे going at the ~ of 6 miles an hour); २. स्थानीय आवश्यकताओं के लिए लगाया हुआ कर, स्थानीय कर* (मा० १ भी); ३. कक्षा, श्रेणी, कोटि, दर्जा (first, third ~); ४.(~payer) नगरपालिका को कर देने वाला व्यक्ति। क्रि० स० और अ० १. मूल्य आँकना, योग्यता समझना, क़द्र करना; २. सिक्कों या धातुओं का मूल्य निश्चित करना (जैसे the copper coinage is rated much above its real value); ३. समझना, मानना (जैसे I ~him among my benefactor); ४. (प्रायः कर्म० में) कर लगाया जाना, कर वसूल किया जाना (किसी स्थानीय आवश्यकता के लिए, जैसे we are highly rated for education शिक्षा के लिए ऊँचा कर देना पड़ता है)। **~up** १ विशेष खतरे के काम में लगे लोगों से बीमे के लिए अधिक ऊँचा शुल्क लेना, २. (नौ०) टन-भार के हिसाब से (जहाज़ की) कोटि या श्रेणी निश्चित करना; ३. कोटि या श्रेणी निश्चित होना। **ratal** सं० वह रक़म जिसके आधार पर कर लगाया जाय। **rateable** (rā tăbl) वि० कर योग्य, महसूली, नगरपालिका-कर देने के योग्य। **rateability** सं० कर देने की योग्यता। **rateably** (rā' ta blĭ) क्रि० वि० कर देते हुए, कर देने की योग्यता रखते हुए। **rater** सं० १. दर निर्धारित करने वाला। **-rater** स०निर्धारक* (मा० २ भी), निश्चित टन-भार की दौड़ नौका।

rate[2] (rāt) [etym. doubtful] क्रि० स० और अ० क्रोध में डाँटना, (क्व०) बहुत ज़ोर से चीखना-चिल्लाना।

ratel (rā' tel) [S. Afr. Dut., etym. doubtful] सं० रैटल, दक्षिणी अफ्रीका में पाया जाने वाला पशु-विशेष।

rath[1] (rath) [Ir.] सं० रैथ, प्रागैतिहासिक पर्वतीय दुर्ग (प्रा० आयरलैण्ड)।

rath[2] (rath), **rathe** (rāth) [A.-S. *hrathe*, adv. from *hrad*, a, quick] वि० (काव्य०) वर्ष या दिन में पहले आने या फूलने वाला। क्रि० वि० जल्दी से, पहले से, बीछड़ता से। **rath-, rathe-ripe** वि० समयपूर्व परिपक्व। सं० पहले तैयार होने वाले सेब या मटर आदि।

rather (ra' ther) [compar. of RATHE[2]] क्रि० वि० १. वस्तुतः, वास्तव में, दरअसल; २. एक प्रकार से, कुछ हद तक, थोड़ा, कुछ-कुछ; ३. अपेक्षा, अपेक्षाकृत।

rathskeller स० (अमरीकी प्रयोग) तहखाने का बियर-पानगृह या जलपानगृह।

ratify (răt' i fī) [F. *ratifier*, med. L. *ratificāre* (*ratus*, RATE[1], *-ficāre*, *facere*, to make)] क्रि० स० अनुसमर्थन करना, सत्यांकन करना, नियमित स्वीकृति अथवा हस्ताक्षर आदि के द्वारा पुष्टि करना, प्रमाणित करना। **ratification** सं० सत्यांकन*/ अनुसमर्थन* (प्र०, मा० १ भी), अनुमोदन, तसदीक़* (प्र० भी), पुष्टि।

ratine सं० रैटाइन, एक कपड़े की तरह का एक वस्त्र।

rating[1] (rā' ting) सं० १. किसी जहाज़ की श्रेणी के कुल आदमी; ४. टन-भार के अनुसार दौड़ नौकाओं का वर्ग।

rating[2] (rā' ting) सं० झिड़की, भर्त्सना, धिक्कार, तिरस्कार वचन।

rating[3] (rā' ting) सं० सीमा (यंत्र, उपकरण आदि को सही रूप में जिस स्थिति में चालू किया जा सके)।

ratio (rā' shi ō) [L, as RATE[1]] सं० अनुपात* (आ०, इं० २, वि० १ भी), दो वस्तुओं का परस्पर पारिमाणिक संबंध (are in the ~ of 2 : 3) निस्बत, भाग, हिस्सा।

ratiocinate (răsh i os' i nāt) [L. *ratiōcinātus*, p.p. of *ratiōcinārī*, as prec.] क्रि० अ० १. युक्तिपूर्वक विचार करना; २. विधिवत् तर्क करना; ३. प्रमाण-कथनों का प्रयोग करना। **ratiocination** सं० १. युक्तिवाद; २. विधिवत् तर्क; ३. प्रमाण-कथनों का प्रयोग। **ratiocinative** वि० युक्तिवाद संबंधी आदि।

ration (răsh' un) [F., from L. RATIO] सं० १. (प्राय: बहु०) राशन* (इ० भी), रसद, आहारांश, निश्चित आहार (विशे० सैनिकों के लिए); २. रातिब (पहले पशुओं के लिए प्रयुक्त); ३. खाद्यान्नों की कमी के समय असैनिकों के लिए भी निश्चित आहार-मात्रा, राशन; ४. भोजन-सामग्री। क्रि० स० राशन करना, निश्चित आहार-मात्रा देना। **~book, card** राशन-पुस्तक, पत्र जिसमें दर्ज होने पर व्यक्ति राशन पा सकता है।

rational (răsh' ō năl) [L. *ratiōnālis*, as prec.] वि० और सं० १. विवेकशील, युक्तियुक्त, विचारशील, तर्कयुक्त; २. उपपन्न; ३. तर्कसंगत, युक्तिसंगत, तर्कसम्मत, तर्कपरक, रूढ़िविरोधी; ४. (गणि०, परिमाण अथवा अनुपात के लिए) परिमेय* (वि० १ भी) (*surd* का विलोम)। **rationally** क्रि० वि० युक्ति-युक्तता से, विचारशीलता से, तर्कपरकता से।

rationale (răsh ō nă' li) सं० १. युक्तियुक्त विवरण, तर्कसम्मत विवरण, कारणों का कथन (अब विरल); २. (किसी बात का) मूल कारण, तर्कसम्मत आधार।

rationalism (răsh' on ă lizm) सं० १. बुद्धिवाद* (मा० ३ भी), तर्कबुद्धिवाद* (मा० २ भी), तर्कवाद* / ताकिकवाद* (मा० ३ भी), हेतुवाद, धर्म अथवा दर्शन में प्रत्येक तत्त्व को हेतु से व्याख्या करने का वाद, अथवा तर्क को सर्वोपरि मानने का वाद; २. ज्ञान के लिए तर्क को ही प्रमाण मानने का सिद्धान्त। **rationalist** सं० तर्कवादी, हेतुवादी। **rationalistic** वि० तर्कवाद संबंधी, हेतुवाद संबंधी। **rationalistically** क्रि० वि० तर्कवाद के ढंग से, हेतुवादी ढंग से। **rationality, rationalness** (răsh' ō năl nės) सं० युक्तियुक्तता, तर्क-संगति, तर्कपरता, विचारशीलता।

rationalize (răsh' on ă līz) क्रि० स० और अ० १. तर्क द्वारा व्याख्या करना, तर्क से सिद्ध कर देना; २. तर्कसम्मत बनाना, युक्ति-युक्त बनाना; ३. तर्कवादी की भाँति होना या व्यवहार करना; ४. (गणि०) परिमेयों में व्यक्त करना; ५. (अर्थ०) श्रम, समय और मामग्री के अपव्यय को दूर करके (किसी उद्योग का) परिष्कार करना, (उद्योग का) वैज्ञानिकीकरण। **rationalization** सं० वैज्ञानिकीकरण, यौक्तिकीकरण* (आ० भी), संयुक्तिकीकरण* (आ० २ भी), सुव्यवस्थीकरण* / आधुनिकी-करण* (मा० ३ भी)।

ratite (rāt' līt) [L. *ratis*, raft, -ITE] वि० पक्षियों की उस जाति का जिसमें निराधार स्तनास्थि के शुतुर्मुर्ग, कैसोवरी, कीवी आदि पक्षी आते हैं।

ratline, ratling (rāt' lin, -ling) [etym. doubtful, perh. rel. to O.F. *raalingue*, small cords strengthening a sail, etc.) सं० (प्राय: बहु०) जहाज़ में मस्तूल की रस्सियों पर सीढ़ी की तरह लगी हुई रस्सियाँ।

ratoon (rā toon') [Sp. *retoño*, shoot, sprout] सं० पेड़ी*/ झूरी*/ फसल* (कु० भी), काट देने के बाद गन्ने की जड़ में फूटने वाला अँखुआ। क्रि० स० अँखुआ फूटना।

rattan (rā tăn') [Malay *rōtan*, from *rāut*, to parc] सं० १. पूर्वी द्वीप-समूह के लंबे पतले अनेक पोरों वाले लचीले डंठलों के ऊपर चढ़ने वाले ताड़ या खजूर; २. छड़ी की तरह या अन्य कामों में प्रयुक्त ऐसे ताड़ का टुकड़ा; ३. घर बनाने में प्रयुक्त ऐसे टुकड़े।

rat-tat (răt tăt') [imit.] सं० खट-खट, खटखटाहट।

ratteen (rā tēn') [F. *ratine*, etym. doubtful] सं० गझिन ऊनी कपड़ों से बनी वस्तु।

ratten (răt' ĕn) [etym. doubtful, perh. var. of obs. *ratton*, O.F. *raton*, RAT[1]] क्रि० स० लड़ाई-झगड़े में औज़ार या कलपुर्ज़े आदि हटा कर या तोड़-फोड़ कर (किसी कारीगर या मालिक को) सताना, तोड़-फोड़ करना।

rattle (răt' el) [M.E. *ratelen* (cp. Dut. *ratelen*, G. *rasseln*] क्रि० अ० और स० १. खड़खड़ाना, झनझनाना, झड़झड़ाना (he rattled at the door); २. बड़बड़ाना, बकते जाना, बेसिर पैर की बकना, ३. झड़झड़ा कर चलना, घड़ाम से गिरना; ४. सरपट दौड़ाना (गाड़ी या घोड़ा की सवारी); ५. झाड़ाते से चलना (हवा); ६. (उंजीर, दरवाज़ा, खिड़की, बरतन) खड़काना, झड़झड़ाना, खनखनाना, तेज़ी से पढ़ना; ७. उमाड़ना, उकसाना; ८. (प्रा०) उत्तेजित करना, परेशान करना, घबड़ाना, डराना; ९. झड़काना कर जाना। सं० १. झुनझुना* (मा० १ भी), बजने वाला खिलौना (मुख्यत: बच्चों का खिलौना); २. भयभीत करने के लिए बजने वाला यंत्र; ३. सर्प की पूँछ पर चक्राकार रेखाओं की समष्टि; ४. पौधों की जातियाँ जिनके बीज पक जाने पर छिलके के भीतर खड़खड़ाते हैं; ५. खड़खड़ाहट, खनखनाहट, झड़झड़ाहट; ६. शोरगुल, गुलपाड़ा, बकबक। **~bag, -bladder, -box** बक्स या थैला जिसमें बजने वाली चीजें भरी होती हैं। **~-brained, -headed, -pated** बुद्धिहीन या कूढ़मग्ज़ व्यक्ति। **~snake** अमरीका का एक सर्प-विशेष। **~trap** खड़खड़िया गाड़ी आदि, (बहु०) अटर-सटर चीज़ें। **rattler** सं० क्रियागत अर्थों में १. (विशे०) किसी वस्तु का बहुत ही अच्छा नमूना या बानगी; २. अमरीका में पाया जाने वाला एक सर्प-विशेष।

raucous (raw' kus) [L. *raucus*] वि० भारी, भर्राई हुई, कठोर, कर्णकटु, कर्कश, फटी, बैठी (आवाज़)। **raucously** क्रि० वि० (आवाज़) भारीपन से, भर्त्सना हुए ढंग से, कर्कशतापूर्वक।

rauque वि० (विरल) (आवाज़) भारी, भर्राई, फटी, बैठी आदि।

ravage (răv' aj) [F., from *ravir*, to RAVISH] क्रि० स० और अ० १. नष्ट करना, तहस-नहस करना; २. लूट-पाट करना, उपद्रव मचाना। सं० १. विध्वंस* (मा० १ भी), नाश, लूटपाट, उपद्रव, बरबादी, तबाही; २. (बहु०) उपद्रव के परिणाम, विध्वंस के फल।

rave[1] (rāv) [prob. from O.F. *raver*, var. of *rêver*, to dream (cp. REVERIE)] क्रि० अ० और स० १. प्रलाप करना, बकना

(जैसे सन्निपात में); २. (समुद्र या हवा आदि के लिए) गरजना, सांय-सांय करना, प्रचण्ड शब्द करना; ३. अत्यधिक प्रशंसा करना; ४. प्रलाप के रूप में कहते जाना। सं० (हवा की) सांय-सांय, सनसनाहट। ~one's grief दुःख में प्रलाप करना। ~oneself hoarse बकबक करते-करते आवाज़ बैठ गई। storm raves itself out तूफ़ान गरज-गरज कर थम गया। raving सं० प्रलाप, गर्जन, बड़बड़। ~mad बहुत पागल (इतना कि बक-झक करे)।

rave[2] (rāv), **rathe**[1] (rāth) [etym. doubtful] सं० १. छकड़े की पटरी या गड़ारी; २. (बहुव०) गाड़ी की समाई बढ़ाने के लिए स्थायी अथवा उठाऊ कटहरा, ढाँचा या जँगला।

ravel (rāv' əl) [prob. from M. Dut. *ravelen*] क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **ravelled**) और अ० १. लपेट लेना, फँसा लेना, फँस जाना, उलझना या उलझाना, पेचीदा या जटिल होना, बनाना; २. (डोरा आदि या ला० रूप से समस्या, प्रश्न आदि के लिए विशे० भू० कृ० में कहते जाना) the ravelled skein of life जीवन के उलझे हुए धागे); ३. सुलझाना, खोलना, उपेड़ना, जटिलता दूर करना, बिखे-बिखे तागे या विभाग अलग करना। सं० १. गुत्थी, गाँठ, फँसाव, उलझन, जटिलता, पेचीदगी, २. तागे का खला सिरा। **ravelling** सं० १. फँसाव, उलझन, पेचीदगी, गुत्थी; २. विघटन* (ई० ३ भी)।

ravelin (rāv' ĕ lin) [F., from It. *rivellino*, earlier *ravellino*] सं० (दुर्ग०) दुर्ग के बाहर की मुख्य परिखा या खाई के बाहर का खुला मोर्चा।

raven[1] (rā' vĕn) [A.-S. *hræfn* (cp. Dut. *raaf*., G. *rabe*, Icel. *hrafn*. Dan. *ravn*)] सं० द्रोणकाक, डोमकौआ, अशुभ समझा जाने वाला, काला, बैठी हुई आवाज़ का काक-जातीय (विटिश) पक्षी। वि० चमकते काले रंग वाला, स्याह, आबनूसी (विशे० ~locks काले बाल)।

raven[2] (rāv' ĕn) [O.F. *raviner*, from L. *rapina*, RAPINE] क्रि० अ० और स० १. लूटना, लूटपाट मचाते हुए घूमना, शिकार की ताक में घूमना; २. खूब खाना, पेटू या मरभुक्खा होना।

ravenous (rāv' e nŭs) [O.F. *ravineux*, as prec.] वि० १. लोलुप, लुटेरा (अब विरल); २. भुक्खड़, पेटू, मरभुक्खा; ३. बुभुक्षित, अत्यधिक भूखा, क्षुधार्त। **ravenously** क्रि० वि० भुक्खड़पने से, मरभुक्खे की तरह। **ravenousness** सं० भुक्खड़पन या मरभुक्खापन आदि (अब विरल)।

ravin (rāv' in) [O.F. *ravine*, L. *rapina*, RAPINE] सं० १. (काव्य०, आ०) लूटपाट, डाका, हत्की; २. शिकार को पकड़ना और खाना; ३. बिगाड़ना, बरबाद करना। **beast of~** शिकारी पशु, हिंस्र पशु।

ravine (rə vēn') [F., orig. a torrent, as prec.] सं० तंग घाटी, उपघाटी, गहरी सँकरी घाटी, पर्वत की उपत्यका, दर्रा, खड्ड* (वि० १ भी)। **ravined** वि० घाटी दार, दर्रा-युक्त।

ravish (rāv' ish) [F. *ravis-*, pres. p. stem of *ravir*, L. *rapere*, to seize, to snatch] क्रि० स० १. (व्यक्ति, वस्तु) बलात् ले जाना, हर लेना, अपहरण करना, उठा ले जाना (अब विरल); २. जीवन या दृष्टि से परे ले जाना; ३. बलात्कार करना, सतीत्व नष्ट करना; ४. हर्ष विह्वल बनाना, आनन्दोन्मत्त करना; ५. प्रसन्न करना। **ravisher** सं० बलात्कार करने वाला। **ravishing** वि० प्रसन्न करने वाला। **ravishingly** क्रि० वि० प्रसन्न करते हुए। **ravishment** सं० १. अपहरण; २. बलात्कार; ३. प्रसन्नता देना।

raw (raw) [A.-S. *hrēaw* (cp. Dut. *raauw*, G. *roh*, Icel. *hrār*, also L. *crūdus*, *cruor*, blood, Gr. *kreas*, raw flesh)] वि० १. अपक्व* (वि० १ भी), कच्चा, बिना पका हुआ; २. असम्पूर्ण, अधूरा; ३. अनगढ़, असंस्कृत, अपरिष्कृत; ४. अनुभव शून्य, अकुशल, नया, अनाड़ी; ५. उभड़ी हुई चमड़ी वाला, अतः छूने में कष्ट पाने वाला; ६. (वातावरण या वायु के लिए) नम, ठंडी; ७. (वर्णन शैली के गुण० के रूप में) अनगढ़, अपरिमार्जित, चिकौपिटी। सं० १. अशिक्षित अथवा (विशे०) घोड़े की खाल पर कच्चा रंगाव जहाँ छूने से चोट लगे; २. मर्म जहाँ बात लगे। क्रि० स० (घोड़े की पीठ को मलते-मलते) खाल कच्ची कर देना, निकाल देना। ~head & bloody-bones होवा (बच्चों को डराने के लिए)। touch one on the~ मर्मच्छेदी बात कहना। ~boned निकली हुई हड्डियों वाला, अति कृशकाय। ~brick कच्ची ईंट। ~cloth अधबुना कपड़ा। ~cream कच्चे दूध से बनाई हुई क्रीम। ~deal अनुचित व्यवहार। ~grain बिना सत्त निकाला अनाज। ~edge बिना किनारे या गोट का कपड़ा। ~hide १. बेकमाया चमड़ा; २. ऐसे चमड़े की रस्सी या चाबुक; ३. कच्चा चमड़ा*/ कच्चा चर्म* (वि० १ भी)। ~material कच्चामाल*/ कच्ची सामग्री* (प्र०, वि० १ भी)। ~silk कच्चा रेशम। ~spirit अमिश्रित या विशुद्ध शराब। rawish वि० कच्चा-सा, अनाड़ी-सा, अनगढ़-सा। rawness सं० कच्चापन, अनाड़ीपन, अनगढ़पन।

ray[1] (rā) [O.F. *rai*, *ray*, nom. *rais*, L. RADIUS] सं० १. किरण*, अर* (आ०, वि० २ भी), कर, रश्मि* (वि० १ भी); २. अंशु, अर्करेखा* (वि० २ भी), (वैज्ञानिक प्रयोग) प्रकाश-किरण, प्रकाश-तरंग; ३. इसी प्रकार की दूसरी विस्तारण रेखायें (जैसे उष्मा अथवा दूसरी अप्रकाशित ऊर्जाओं की तरंगें); ४. वृत्त का व्यास (विरल), किसी बिंदु पर मिलने वाली अथवा उससे पार होने वाली अनन्त संख्या में से एक; ५. मिश्रित फूल का किनारे का अंश जैसे डेज़ी (गुलबहार) संकुल, स्टारफ़िश (एक प्रकार की मछली) के चमकते अंग। क्रि० अ० और स० (प्रकाश अथवा ला० रूप से विचार, आशा आदि के लिए) बिखरें होना, निकलना, फूटना, किरण फूटना, किरणों के समान फैलना, विकिरण होना (काव्य०)। **Becquerel rays** रेडियो-सक्रिय पदार्थों द्वारा निःसारित किरणें (दे० RADIO-ACTIVE)। **Röntgen or X-Rays** एक्स-किरणें, सामान्य प्रकाश द्वारा दुर्भेद्य पदार्थ में प्रवेश कर सकने वाली तेजो रश्मियाँ। **rayed** वि० १. किरण-युक्त; २. प्रकाशयुक्त; ३. चमकीला। **rayless** वि० अंधकारपूर्ण, किरण-रहित। **raylet** सं० छोटी किरण।

ray[2] (rā) [M.E. and O.F. *raye* (F. *raie*) L. *raia*] सं० शार्क की तरह की एक बड़ी समुद्री मछली (विशे०) स्केट (खाने के काम आती है।

ray[3] (rā) सं० (संगी०) स्वर-लिपि में सरगम का द्वितीय स्वर।

Rayah (rī' ā) [Arab. *ra'ījah*, flock, from *ra'ā*, to feed] सं० (तुर्की की) ग़ैर-मुस्लिम रियाया।

rayon (rā' on) [F., from *rai*, RAY[1]] सं० रेयॉन, सेलूलोज से बनाया हुआ नक़ली रेशम।

raze (rāz) [F. *raser*, pop. L. *rāsāre*, freq. of L. *rādere* (p.p. *rāsus*), to scrape] क्रि० स० १. हल्की चोट देना; २. मिटा देना, उन्मूलित कर देना, रबड़ कर मिटा देना (विरल, केवल ला० में ~person's name from remembrance), मटियामेट करना, भूमिसात् करना, मिट्टी में मिला देना (नगर, घर, दीवार आदि)।

razee (rə zē') [F. *raste*, p.p. of prec.] सं० ऊपरी डेकों को हटा देने से घटी हुई ऊँचाई वाला जहाज (लड़ाई के काम

आने के लिए)। क्रि० स० जहाज को इस प्रकार कम ऊँचाई का करना।

razor (rā' zər) [O.F. *rasor* (F. *rasoir*), late L. *rāsōrium*, from *rādere*, TO RAZE] सं० क्षुर, उस्तरा, छुरा (बाल बनाने वाला)। **be on a ~ edge or razor's edge** (मुहावरा अनु०) कठिन परिस्थिति में होना। **safety-~** बचाव-उस्तरा, उस्तरा जिससे बाल बनाते समय बाल छिल जाने का अंदेशा न हो। **~-back** छुरे की धार सी तेज पीठ (अधिकतर गृध० के रूप में प्रयुक्त)। **~-backed** क्रि० छुरे की धार-सी पीठ वाला। **~-bill** छुरे की तरह चोंच वाली एक प्रकार की चिड़िया। **~-billed** छुरे की तरह चोंच वाली। **~-edge** १. तेज धार, पहाड़ की चक्करदार छाड़; २. सोचनीय या चिंताजनक परिस्थिति; ३. विभाजन की सुनिश्चित रेखा। **~-shell** सावधान उस्तरे की मूठ के समान खोल वाला घोंघा। **~-grinder** १. उस्तरा तेज करने की शिल्पी; २. पक्षियों की एक जाति। **~-strop** उस्तरा-कस, उस्तरा तेज करने का चमोटा।

razzia (răz' i à) [F., from Algerian *ghāziah*, var. of Arab. *ghazwah*, from *ghazu*, making *war*] सं० धावा, छापा, आक्रमण, हमला (विशे० अफ्रीकी मुसलमानों द्वारा)।

razzle-dazzle (răz' él dăz' él) [redupl. of DAZZLE] सं० १. (ग्रा०) उत्तेजना, चहल-पहल, रौब-धूप, हुल्लड़, रंग-रंग; २. ऊपर-नीचे होने वाला पचकर; ३. समुद्र में (शत्रु द्वारा फेंकी गई) विस्फोटक सुरंगें साफ़ करने वाली इतालवी नाव (जर्मनी की)।

re[1] (rā) [It., see GAMUT] सं० १ (संगी०) रे, सरगम का दूसरा स्वर; २. D पुर, बड़े C के स्वामाविक अनुक्रम में दूसरा।

re[2] (rē) [L., abl. of *rēs*, thing, matter, affair] पूर्व० (Res का सम्प्रदान कारक के रूप में) इसके विषय में, बारे में (मुख्यतः क़ानूनी या व्यापारिक प्रयोग में, क्रीबेक के रूप में निरूपित विषय के निर्देश के लिए प्रयुक्त)। **~-infects** अपने उद्देश्य को पूरा किए बिना ही।

re- [L., back, again] उप० पुन., वापस, बिना आदि के अर्थ में प्रयुक्त; १. प्रत्युत्तर में, बदले में, आपस में, परस्पर (जैसे react प्रतिक्रिया, reciprocal वि० पारस्परिक, recompense, क्षतिपूर्ति करना); २. विरोध (जैसे rebel, recusant आदि); ३. पीछे, बाद में (जैसे relic, relinquish, relish, remain, remorse, rest आदि); ४. एकान्त, एकाकीपन, गोपनीयता गुप्तता (जैसे recluse, recondite, recourse, refuge, remote, repository, reticent आदि); ५. अलग, दूर, बाहर, नीचे, आगे चल कर (जैसे rebate, relax, release, relegate, remiss, renounce, repress, repudiate, reside, resolve, retail आदि); ६. बार-बार का, पुनः-पुनः, तीव्र (जैसे redolent, redouble, redoubtable, reduplicate, refine, refulgent, regard, rejoice, remark, renown आदि); ७. नकारात्मक, बिना (जैसे reproach, reproof, reprobate, resign, reveal आदि); ८. एक बार फिर, पुनः, दुबारा, फिर से, नये सिरे से।

reach (rēch) [A.-S. *recan* (cp. Dut. *reiken*, G. *reichen*] क्रि० स० और अ० १. फैलना, फैलाना, पहुँचना, पहुँचना; २. हाथ बढ़ाना या फैलाना; ३. आगे बढ़ने के लिए हाथ-पैर मारना; ४. आगे बढ़ने का प्रयत्न करना; ५. पहुँचना, प्राप्त कर लेना (निश्चित स्थल या लक्ष्य तक); ६. जैसे हाथ अथवा हाथ, शस्त्र या प्रभाव द्वारा पहुँच होना, कर पाना, प्रभावित करना, प्राप्त करना; ७. देना, पहुँचाना (जैसे reached him the book; reached down his hat)। सं० १. पहुँचने की क्रिया; २. पहुँच, फैलाव, प्रसार; ३. प्रभाव-क्षेत्र, मानसिक शक्तियों के प्रयोग की सीमा; ४. दायरा, परिधि, हद; ५. विस्तार या प्रसार (विशे० नदी का वह भाग जो दो मोड़ों के बीच दृष्टिगोचर हो); ६. (गौ०) पाल के रस्से की लम्बाई। **above, out of, beyond one's ~** पहुँच के बाहर, अशक्य, अप्राप्य। **has a wide~** हर तरह पहुँच, अधिक प्रभाव। **no help was within~** कोई सहायता प्राप्य न थी। **within one's ~** पहुँच के भीतर, शक्य अथवा प्राप्य। **reachable** वि० पहुँचने योग्य, प्राप्तव्य, पहुँच के भीतर।

react (rē ăkt') क्रि० अ० और स० १. प्रतिक्रिया करना, प्रत्याघात करना, प्रतिक्रिया करना; २. (रसा०, एक द्रव्य का दूसरे पर प्रयोग) सक्रिय करना या होना, प्रत्यक्ष करना, प्रभावित करना; ३. प्रभावित होना, असर करना, किसी के प्रभाव में पड़ कर बदल जाना; ४. (सैन्य०) जवाबी हमला करना; ५. किसी के प्रति घृणा से प्रेरित होना, उलटी ओर या पीछे मुड़ पड़ना या झुकना, पुरानी क्रिया पर घूम कर आ जाना। **reaction** सं० १. प्रतिक्रिया* (आ०, ई० २, भा० १, २, ३ भी), असर, अभिक्रिया* (आ० भी), घात-प्रतिघात; २. (रसा०) एक पदार्थ द्वारा दूसरे में उत्पादित क्रिया या गति; ३. अंग या अवयव आदि का बाह्य जगत् के प्रति उद्दीपन, बाह्य उद्दीपन के प्रति अंग आदि की प्रतिक्रिया, सहानुभूतिपूर्ण भावना (what was his ~ to this *news*?); ४. पुनरावर्तन, विरुद्ध स्थिति के बाद पहली स्थिति का लौट आना (जैसे सुस्ती या अवसाद, शीत स्नान के बाद ताप की अनुभूति, उत्तेजना के बाद की म्लानता); ५. (सैन्य०) जवाबी हमला; ६. पुरानी बातों की ओर झुकाव, प्राचीनता की अभिरुचि (विशे० राजनीति में); ७. (तेजाब का तार) कमज़ोर या क्षीण सिलसिलों को मज़बूत या दृढ़ बनाने की प्रक्रिया। **reactionary** वि० १. प्रतिक्रियात्मक* (आ० भी), प्रतिक्रियाशील; २. प्रतिगामी; ३. प्रतिक्रियावादी। सं० १. प्रतिक्रियावादी व्यक्ति, उन्नति-विरोधी व्यक्ति या प्रतिरोधक; २. पूर्वविश्वा का समर्थक। **reactionist** सं० और वि० प्रतिघात-शील, प्रतिरोधक (व्यक्ति, समुदाय)। **reactive** वि० प्रतिक्रियाशील, प्रत्याघाती। **reactivity** सं० जवाब, प्रतिकार। **reactor** सं० रिएक्टर*, प्रतिघातक* (पं० २ भी), आणविक (NUCLEAR REACTOR भी)।

read (rēd) [A.-S. *rēdan* (cp. Dut. *raden*, G. *rathen*, Icel. *ratha*, Goth. *rēdan*, rel. to Sanak. *rāth*, to succeed)] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **read**, red) १. समझना, बाँचना, बूझना, ताड़ना; २. होनी या भविष्य बताना, शकुन निकालना; ३. भाव खोल सकना, मतलब लगा सकना; ४. मन में दुहराना, बोलना या (प्रायः about, out, off आदि या गौण कर्म के साथ प्रयुक्त) ज़ोर-ज़ोर अथवा ऊँचे स्वर में, संकेतों को खूब देख-देख कर, उँगलियाँ रख-रख कर (पंचकर, पुस्तक, कहानी, पत्र आदि के या निरपेक्ष) शब्दों का उच्चारण करना; ५. (प्रायः over, through के साथ प्रयुक्त); पढ़ना, बाँचना, अध्ययन, स्वाध्याय करना (भू० कृ० में वि० के समान well, deeply, slightly, little इत्यादि के साथ प्रयुक्त पारंगत, किसी विषय या साहित्य से पूर्ण अभिज्ञ); ६. किसी चीज़ को कहा या छपा हुआ, पाना; ७. (किसी उक्ति, कार्य या आचरण का) कोई विशेष अर्थ लगाना, कोई खास मतलब निकालना; ८. लेखक

repoint (rē point') क्रि० स० १. (गच या ईंटों से) नए जोड़ भरना; २. (भवन-निर्माण) जोड़ों को फिर भरना। **repolish** (rē pol' ish) क्रि० स० फिर से पॉलिश करना। **repopulate** (rē pop' ū lāt) क्रि० स० फिर से आबाद करना।

report (re pōrt') [O.F. *reporter*, L. *reportāre* (RE-, *portāre*, to bring)] क्रि० स० और अ० १. आकर हाल सुनाना, स्थिति ज्ञान कराना, संवाद सुनाकर देना; २. आँखों देखा हाल बताना; ३. किसी की कही हुई बात बताना, ४. (किसी बात के बारे में) सरकारी या नियामत वक्तव्य देना, ५. (अधिकारियों को अभियुक्त या अभियोग की) खबर देना; ६. (किसी के विरुद्ध) शिकायत करना; ७. वापसी या पहुँच की सूचना देना, हाज़िरी देना. हाज़िर होना; ८. (प्रकाशनार्थ) संवाद लिखना, रिपोर्ट लिखना, कार्रवाई को शब्दशः या सारांश रूप में लिखना; ९. रिपोर्ट तैयार करना, लिखना या भेजना; १०. मत प्रकट करना, राय देना; ११. रिपोर्ट करना*/रिपोर्ट

देना*/ प्रतिवेदन देना*/ प्रतिवेदन करना* (प्र० भी)। सं० १. चर्चा, अफ़वाह; २. ख्याति, नाम (अच्छा या बुरा); ३. निर्धारित वक्तव्य या मत (जो जाँच पड़ताल के बाद दिया जाए); ४. विवरण* (मा० २,प्र० भी), रिपोर्ट* (प्र०, मा० २, वि० १, विधि भी), समाचार (विशे० समाचारपत्र के लिए); ५.(बिस्फोट का) शब्द, ध्वनि, आवाज़, धमाका; ६.प्रतिवेदन* (प्र०, वि० १ भी)। **move to ~ progress** लोक-सदन में बहस बंद रखने का प्रस्ताव रखना (प्राय: बाधा डालने के लिए)। **the ~ goes** कहा जाता है, अफ़वाह है। **~ stage** सभा में समिति की रिपोर्ट के पश्चात् विधेयक पर बहस की अवस्था। **reportable** वि० १. सूचना देने योग्य; २. समाचार बनने योग्य। **reportage** सं० १. संवाद भेजना; २. संवाद लेखन-शैली। **reporter** (rɛ pôr' tĕr) सं० १. संवाददाता* (मा० १ भी), रिपोर्टर; २. प्रतिवेदक* (प्र०, मा० १ भी)।

repose[1] (rɛ pōz') [L. *repos-*, p.p. stem of *repōnere* (RE-, *pōnere*, to place, p.p. *positum*), assim. to foll.] क्रि० स० (विश्वास) रखना, करना (in के साथ प्रयुक्त)। **reposal** सं० विश्वास-स्थापन।

repose[2] (rɛ pōz') [F. *reposer*, late L. *repausāre* (RE-, *pausāre*, to PAUSE, conf. with L. *pōnere*, see prec.)] क्रि० स० और अ० १. आराम करना, सुस्ताना; २. (तकिए आदि पर) सिर टिकाना, सहारा लेना; ३. आराम पहुँचाना, आराम देकर ताज़ा दम करना; ४. लेटना; ५. लेटा या लिटाया हुआ होना, रखा होना; ६. निर्भर होना, आधारित होना; ७. (स्मृति में) स्थित रहना। सं० १. विश्राम, (क्रिया या उत्तेजना में) विराम; २. (परिश्रम से) अवकाश, ३. नीद; ४. शांति; ५. मौन; ६. शांत-चित्तता; ७. (कला में) विश्रांतिप्रभाव; ८. समन्वयपूर्ण संयोग; ९. (व्यवहार में) रख-रखाव, ठहराव (विशे० lacks~ में)। **reposeful** वि० १. शांति-पूर्ण; २. शांतिदायक; ३. समन्वित; ४. ठहराव वाला। **reposefully** क्रि० वि० १. शांतिपूर्वक; २. समन्वय के साथ; ३. ठहराव के साथ।

repository (rɛ poz' i tor i) सं० १. पात्र; २. भंडार* (मा० १भी), रखने की जगह; ३. उपलब्धि-स्थल; ४. संग्रहालय; ५. वस्तु-भंडार, निधान, आधान* (वि० ३ भी), गोदाम; ६. दुकान; ७. कक्ष, समाधि; ८. राज़दाँ, जिसे गुप्त भेद बता दिए जायँ।

repossess (rē' pə zes') क्रि० स० १. पुन: प्राप्त करना; २. फिर से अधिकार में ले लेना। **repossession** सं० पुनरधिकार। **repot** (rē pot') क्रि० स० पौधे को निकाल कर बड़े गमले में लगाना।

repoussé (rɛ poo' sā) [F., p.p. of *repousser* (RE-, *pousser* to PUSH)] वि० और सं० १. नक़्क़ाशी, उभरा हुआ सजावटी काम (जो एक ओर से कूटने से बनता है); २. इस प्रकार किया हुआ काम, ठप्पे का काम* (मा० १ भी)।

repped दे० REP[1]।

reprehend (rep rɛ hend') [L. *reprehendere* (RE-, *prehendere*, to seize, cp. COMPREHEND), p.p. *reprehensus*] क्रि० स० आरोप करना, दोष निकालना, बुरा-भला कहना, निंदा करना, झिड़कना। **reprehensible** वि० १. दूषणीय; २. आरोप-योग्य। **reprehensibly** क्रि०वि० १. मलामत करते हुए; २. दोष देते हुए। **reprehension** सं० १. निंदा, मलामत; २. दोषारोपण।

represent (rep rɛ zent') [O.F. *representer*, L. *repræsentāre*] क्रि० स० १. वर्णन करना, विवरण देना, बताना, कहना, निरूपण करना* (वि० १ भी); २. चित्रित करना; ३. कल्पना करना, कल्पना-चित्र बनाना; ४. अनुरूप चित्र प्रस्तुत करना; ५. स्थिति समझाना, समझाना-बुझाना; ६. शिकायत पेश करना; ७. प्रोत्साहन देना; ८.(कुछ) समझना; ९. कहना; १०. अभिनय करना, (किसी रूप में) प्रस्तुत करना; ११. नाटक खेलना; १२. अभिनय करना; १३. प्रतिनिधि या प्रतीक होना; १४. प्रतिमूर्ति होना; १५. अनुरूप होना; १६. नमूना होना; १७. स्थानापन्न होना, स्थान-पूर्ति करना; १८. (किसी के) बदले में या मातहत कार्य करना; १९. वकील होना; २०. प्रतिनिधि होना (संसद आदि में); २१. (वि० १) निरूपित करना*। **representable** वि० १. वर्णनीय, प्रदर्शनीय; २. अभिनेय; ३. चित्रण-योग्य।

representation (rep rɛ zen tā' shŭn) सं० १. निवेदन, निरूपण* (वि० १, २ भी), अभिव्यक्ति; २. चित्रण; ३. बकालत; ४. प्रतिनिधान* (मा० २ भी); ५. रूपण* (विधि भी); ६. व्याप-देशन* (प्र०, मा० १, विधि भी); ७. प्रतिनिधित्व*/ अभिवेदन*/ अभ्यावेदन* (प्र०, मा० १ भी); ८. प्रतिनिधि* (मा० ३ भी)। **proportional ~** आनुपातिक प्रतिनिधित्व, चुनाव-व्यवस्था जिसमें अल्प-संख्यकों को उनकी संख्या के अनुपात से प्रतिनिधित्व मिल जाए। **representational** वि० १.अभिव्यक्ति या चित्रण संबंधी; २. बकालती; ३. प्रतिनिधि-रूपी।

representative (rep rɛ zen' tă tiv) वि० १. प्रदर्शक, प्रती-कात्मक; २. गुज़ारेकारी (शक्ति); ३. (वर्ग या वर्ग* का) लाक्षणिक, बानगी रूप; ४. प्रतिनिधि, प्रतिनिधित्वपूर्ण (जैसे ~ chamber, House etc.); ५. प्रतिनिधि, प्रतिनिधियुक्त (जैसे ~ government, institutions); ६. प्रतिनिधि*, निरूपक* (वि० १ भी); ७. (विधि०, प्र०) प्रतिनिधि*। सं० १ बानगी, नमूना, लाक्षणिक प्रतिरूप; २. उदाहरण; ३. (किसी का) कारिंदा, मुख्तार या वकील; ४. बदल; ५. उत्तराधिकारी; ६. (संसद आदि में) प्रतिनिधि, सदस्य। **House of Representatives** प्रतिनिधि-सदन, अमरीकी कांग्रेस का निम्न सदन। **representatively** क्रि० वि० १. प्रतीक रूप से; २. बानगी या नमूने के तौर पर; ३. प्रतिनिधि-रूप से। **representativeness** सं० १. प्रतीकात्मकता; २. प्रतिनिधि।

repress (rɛ pres') [L. *repressus*, p.p. of *reprimere* (RE-, *premere*, to PRESS)] क्रि० स० १. निरोध करना, रोकना, २. दबाना, ३. दबाए रखना; ४. शमन करना, दमन करना* (मा० ३ भी); ५. (बिस्फोट, फ़साद आदि) रोकना, अवरुद्ध करना। **repressive** वि० निरोधी, दमनकारी।

repression (rɛ presh' ŭn) सं० १. निरोध, निग्रह, दमन* (आ०, मा० २, ३ भी) (विशे० मनोविज्ञान में स्वाभाविक इच्छाओं का); २. जुल्म, अत्याचार।

reprieve (rɛ prēv') [from obs. *repry*, to remand, A.-F. and O.F. *repris*, p.p. of *reprendre* (RE-, L. *prehendere*, to seize, see COMPREHEND)] क्रि० स० १. (दण्डित व्यक्ति की) फाँसी रोकना या स्थगित करना; २. (आ०) मुहलत देना। सं० १. (फाँसी की) रोक या स्थगन; २. मृत्यु-दंड में परिवर्तन (का आज्ञा-पत्र); ३. मुहलत; ४. दंड-निलंबन*/ दंड-स्थगन*/ (मा० ३ भी)।

reprimand (rep' ri mand) [F. *réprimande*, *reprimende*, *from reprimer*, to REPRESS] सं० और क्रि० स० (दोष के लिए सरकारी तौर पर) फटकार, फटकारना।

reprint (rē print') क्रि० स० (पुस्तक आदि को) दुबारा छापना, फिर से छापना, पुन: मुद्रित करना। सं० (rē' print) १. (पुस्तक आदि का) दूसरा संस्करण; २. पुनर्मुद्रण।

reprisal (rē prī' zăl) [O.F. *reprisaille* (cp. F. *représaille*, It. *ripresaglia*), from foll.] सं० १. (इति०) (विदेशियों के माल आदि की) प्रतिकार के रूप में जब्ती; २. प्रतिकार, प्रतिशोध, प्रत्याघात*/ प्रतिहिंसा* (मा० १ भी), बदला। **letters of~** प्रतीकारात्मक जब्ती के वारंट।

reprise (rē prīz') [F., fem. of *repris*, p.p. of *reprendre*, see REPRIEVE] सं० १. वार्षिक लगान, किराया या कर; २. (विरल) कार्य का पुनरारंभ, फिर से काम शुरू कर देना; ३. एक चोट, एकदम न किए जाने वाले काम के सिलसिले में एक कर्म या कड़ी। **beyond, besides, above reprises** वार्षिक लगान आदि देने के बाद बचत।

reproach (rē prōch') [F. *reprocher*, etym. doubtful (perh. from a pop. L. *reproprĭāre*, from L. *prope*, near, cp. as APPROACH, or from L. as APPROVE)] क्रि० स०१. डाँटना, फटकारना, मलामत करना; २. झिड़कना; ३. (दृष्टि आदि का) मलामत भरी या निंदापूर्ण होना। सं० १. लज्जाप्रद या अपमानसूचक बात (जैसे the state of the roads is a~to civilization); २. बदनामी, अपमानित अवस्था; ३. डाँट, फटकार; ४. निंदा; ५. (बहु०) ईसा की मलामत, रोमन कैथोलिक रस्म जिसमें ईसा द्वारा अपने अनुयायियों को की गई मलामत की नक़ल की जाती है। **reproachful** वि० मलामतपूर्ण। **reproachfully** क्रि० वि० मलामतपूर्वक, मलामत करते हुए। **reproachfulness** सं० मलामतपूर्ण होना। **reproachingly** क्रि० वि० (विरल reproachfully के लिए) मलामतपूर्वक। **reproachless** वि० (विरल irreproachable के लिए) बेदाग़, निर्दोष।

reprobate (rep' ro bāt) [L. *reprobātus*, p.p. of *reprobāre*, see REPROVE] वि० और सं० १. ईश्वर द्वारा परित्यक्त (व्यक्ति); २. मरदूद, गया बीता, नारकी, पापी; ३. दुश्चरित्र, भ्रष्टाचारी। क्रि० स० १. निन्दा करना, बुरा-भला कहना, बुराई करना; २. (ईश्वर का) किसी को अपनी कृपा से वंचित करना; ३. मुक्ति से वंचित करना। **reprobation** सं० १. बुरा-भला कहना; २. निंदा; ३. मुक्ति से वंचित करना।

reproduce (rē pro dūs') क्रि० स० १. दुबारा पैदा करना; २. २. नक़ल करना, चरबा उतारना; ३. संतान उत्पन्न करना; ४. प्रतिलिपि या प्रतिकृति तैयार करना, पुनः प्रस्तुत करना। **reproduceable, reproducible** वि० प्रतिकृति बनाने योग्य, पुनः प्रस्तुत करने योग्य, संतानोत्पत्ति के योग्य, पुनः प्राप्य*/ पुनरुत्पाद्य* (वि० २ भी)। **reproductive, -tory** वि० १. पुनः प्रस्तुत करने वाला; २. संतान उत्पन्न करने वाला, जनन संबंधी, जनन-जननीय* (वि० १ भी)। **reproductively** क्रि० वि० पुनः प्रस्तुत करते हुए, पुनः प्रस्तुति योग्यता*/ पुनः प्रस्तुतीकरण योग्यता* (मा० ३ भी), पुनराप्यता* (वि० ३ भी)। **reproductiveness** सं० संतानोत्पत्ति-क्षमता।

reproof (rē proof') [O.F. *reprove*, from *reprover*, L. *reprobāre*, to disapprove (RE-, *probāre*, to PROVE)] सं० १. दोष, आरोप, उलाहना; २. फटकार, डाँट, लानत-मलामत। क्रि० स० (कोट आदि को) फिर से जलरुद्ध बनाना। **reprove** (rē prouv') क्रि० स० मलामत करना, बुरा-भला कहना, डाँटना। **reprovingly** क्रि० वि० मलामत करते हुए।

reprovision (rē pro vizh' ŭn) क्रि० स० १. दुबारा उपलब्ध कराना; २. पुनर्व्यवस्था करना, सामग्री फिर से जुटाना।

reps देo REP[1]।

reptant (rep' tănt) [L. *reptans -ntem*, pres. p. of *reptāre*, freq. of *rĕpere*, to creep] वि० (प्राक० इति०) रेंगने वाला।

reptile (rep' tīl, -til) [F., from late L. *reptilis*, from, *rĕpere*, to creep, p.p. *reptus*] सं० १. सर्पणशील, रेंगने वाला जानवर; २. सरीसृप जाति का जन्तु (साँप, छिपकली, मगरमच्छ, कछुवा आदि); ३. कमीना, ओछेबाज़, नीच, अधम (व्यक्ति); ४. (वि० १) सरीसृप*। वि० रेंगने वाला (जानवर)। **the~ press** ख़ुशामदी नीम-सरकारी अख़बार। **reptilian** वि० और सं० १. सरीसृप संबंधी; २. सरीसृप (जीव)। **reptilliferous** वि० सरीसृप जंतु-पूर्ण। **reptiliform** (rep til' i fôrm), **reptilous, reptiloid** (rep' ti loid) वि० सरीसृप जंतु जैसा।

republic (rē pŭb' lik) [F. *république*, L. *rēspublica* (*rēs*, thing, concern, PUBLIC)] सं० १. गणराज्य*/ गणतंत्र* (मा० १ भी), राज्य; २. (ला०) जनतंत्रात्मक (पशु या जंतु) समाज। **the~ of letters** १. साहित्यिक लोक; २. साहित्य। **republican** वि० और सं० १. गणतंत्र संबंधी, गणतंत्रीय, गणतंत्रात्मक; २. गणतंत्रवादी (व्यक्ति); ३. मिल-जुलकर रहने वाले (पक्षी)। **republicanism** सं० गणतंत्रवाद। **republicanize** क्रि० स० गणतंत्रीय बनाना।

republish (rē pŭb' lish) क्रि० स० १. पुनः प्रकाशित करना; २. (पुस्तक का) दूसरा संस्करण प्रकाशित करना; ३. (वसीयतनामा या डिग्री के रूप में) प्रसारित करना, मुनादी करना। **republication** सं० पुनः प्रकाशन।

repudiate (re pū' di āt) [L. *repudiātus*, p.p. of *repudiāre*, from *repudium*, divorce (RE-, *pud-*, stem of *pudēre*, to feel shame)] क्रि० स० और अ० १. (पत्नी को) तलाक़ देना (प्रायः प्राचीन जातियों और ग़ैरईसाइयों के लिए प्रयुक्त); २. अपनाने से इनकार करना, अस्वीकार करना; ३. रद्द करना; ४. संबंध तोड़ लेना; ५. इनकार करना; ६. (अधिकारों को) न मानना; ७. अवज्ञा करना; ८. (कर्तव्य, ऋण) चुकाने से इनकारी होना; ९. (राज्य का) लोकऋण रद्द कर देना; १०. प्रत्याख्यान करना। **repudiation** सं० १. इनकार* (मा० १ भी); २. रद्द करना, प्रत्याख्यान* (मा० १ भी); ३. अस्वीकृति। **repudiator** सं० १. इनकार करने वाला; २. रद्द या अस्वीकार करने वाला।

repugn (rē pūn') [F. *répugner*, L. *repugnāre* (RE-, *pugnāre*, to fight)] क्रि० अ० और स० (विरल) १. विरोध करना; २. मुक़ाबिला करना, विरुद्ध लड़ना; ३. विपरीत होना, प्रतिकूल पड़ना।

repugnance, repugnancy (re pŭg' năns, -si) सं० १. (विचारों, वक्तव्यों, स्वभावों आदि की) असंगति; २. प्रतीपता, प्रतिकूलता* (मा० १ भी), विरोध; ३. द्वेष, चिढ़, नफ़रत, घृणा; ४. अरुचि, जुगुप्सा* (मा० २ भी)। **repugnant** वि० १. प्रतीप, विरुद्ध* (विधि भी), विरोधी; २. बेजोड़, असंगत; ३. (काव्य०) कठोर, अविनीत; ४. अवरोधक; ५. नागवार, अरुचिकर।

repullulate (re pŭl' ŭ lāt) [L. *repullulāre*] क्रि० अ० (विरल) १. फिर से उगना, पुनः अंकुरित होना; २. (रोग का) फिर से शुरू होना या दौरा पड़ना। **repullulation** सं० १. नया उगाव; २. प्रादुर्भाव, दौरा।

repulse (rē pŭls') [L. *repulsus*, p.p. of *repellere* (RE-, *pellere*, to drive)] क्रि० स० १. (हमला, हमलावर को) पीछे हटा देना, परास्त कर देना; २. (ला०) विवाद में हरा देना; ३. (मित्र का

हाथ या मित्रता की चेष्टा करने वाले को) झटक देना, झिड़क देना; ४. (प्रार्थना, पेशकश या ऐसा करने वाले को) झिड़क देना। सं० १. पराजय; २. तिरस्कार, झिड़की (देना या खाना)। **repulsion** सं० १. पराजित करना, पीछे धकेलना* (मा० १ भी), परास्त करना या झिड़कना (विरल); २. (भौति०) विकर्षण, पिंडों की एक दूसरे को परे हटाने की प्रवृत्ति; ३. जुगुप्सा, अनिच्छा, अरुचि घृणा, करावत, नफ़रत; ४. विकर्षण; ५. प्रतिकर्षण* (मा० २, वि० १ भी)। **capillary attraction or ~** केशाल विकर्षण, कुछ द्रवों (जैसे नली में पारा) का स्वभाव कि वह केशाल में डाले जाने पर दीवारों से परे हट जाते हैं जिससे ऊपरी स्तर उदुब्ध हो जाता है। **repulsive, repulsory** वि० १. विरोधकारी, विरोधक (काव्य०); २. (भौति०) विकर्षणकारी; ३. (अ०) घृणास्पद या सहानुभूतिहीन (व्यवहार आदि); ४. घृणास्पद, घृणोत्पादक; ५. अरुचिकर, अनिच्छाकारी। **repulsively** क्रि०वि०घृणात्मक ढग से। **repulsiveness** सं० घृणोत्पादकता।

repurchase (rē pĕr' chās) क्रि० स० वापस खरीद लेना, फिर खरीदना। सं० वापस खरीद,फिर मोल ली वस्तु, पुनः क्रय*/ फिर से खरीद* (प्र० भी)। **repurify** क्रि० स० फिर से साफ़ करना, पुनर्मार्जन करना, फिर शुद्ध करना।

reputable (rep' ū tă bel) वि० माननीय, आदरणीय, सुविख्यात, प्रतिष्ठित, सम्मानित, नेकनाम, मान्य, नामी, प्रसिद्ध, विख्यात, यशस्वी। **reputably** क्रि० वि० प्रतिष्ठापूर्वक।

reputation (rep ū tā' shŭn) [L. *reputātio*, from *reputāre*, to REPUTE] सं० १. नाम, ख्याति* (विधि भी); २. सुकीर्ति; ३. साख; ४. विशिष्टता; ५. सम्मान, सुयश, नाम, शोहरत; ६. प्रसिद्धि, (कुछ करने या होने के लिए)।

repute (ré pūt') [F. *réputer*, L. *reputāre* (RE-, *putāre*, to think)] क्रि० स० (कर्तृ० में विरल) १. समझना, गिनना; २. (कर्म०) विना जाना, समझा जाना, मशहूर होना; ३. (कर्म०) नेकनाम या बदनाम होना, अच्छा या बुरा मशहूर होना, ४. (भू० कृ०) ख्याति से समझा गया (वास्तव में न होना, जैसे his reputed father), तथाकथित। सं० प्रसिद्धि, ख्याति, यश। **reputed pint etc.** शराब की बोतल जो पाइंट आदि के तौर पर बेची जाती हो किंतु जिसमें सरकारी नाप के बराबर शराब होने का कोई प्रमाण न हो। **reputedly** क्रि० वि० १. मशहूरी के तौर पर; २. भ्रांतिभरणा के रूप में।

request (rē kwest') [O.F. *requeste* (RE-, QUEST)] सं० १. प्रार्थना, विनय, विनती, निवेदन* (विधि भी); २. प्रार्थित वस्तु, वह चीज़ जिसके लिए प्रार्थना की जाए; ३. माँग। क्रि० स० १. अनुज्ञा माँगना; २. प्रार्थना या निवेदन करना (कि अनुगृहीत किया जाए); ३. माँगना; ४. (कुछ करने के लिए) प्रार्थना करना। **by ~** व्यक्त इच्छा के अनुसार।

requicken (rē kwik' en) क्रि० स० और अ० फिर से जान डालना या पड़ना, पुनःतैयार करना या होना, स्फूर्ति भरना, तीव्र गति प्रदान करना।

requiem (rē' kwi ĕm, rek' wi ĕm) [L., rest (the first word of the introit *Requiem aternam dona ies, Domine*)] सं० १. अन्त्येष्टि-गीत, शांति-पाठ, क्षांतिहा, मृतक की आत्मा की शांति के लिए की गई सामूहिक प्रार्थना; २. इसके लिए संगीत।

require (rē kwīr') [O.F. *requerre* (F. *requérir*), assim. to L. *requirere* (RE-, *quærere*, to seek)] क्रि० स० और अ० १. (किसी व्यक्ति को काम की) आज्ञा देना; २. (किसी व्यक्ति से काम की) मांग करना, तलब करना; ३. (किसी व्यक्ति से कोई कार्य या वस्तु) आवश्यक समझना, ताक़ीद करना; ४. आवश्यक बना देना; ५. जरूरत होना, तक़ाज़ा होना, सफलता आदि के लिए निर्भर होना; ६. (विरल) आवश्यक होना; ७. अपेक्षा करना* (विधि भी)। **requirement** सं० १. माँग; २. आवश्यकता।

requisite (rek' wi zit) [L. *requisitus*, p.p. of *requirere*, as prec.] वि० और सं० १. आवश्यक* (वि० १ भी), (सफलता आदि के लिए) अनिवार्य; २. अपेक्षित*/ वांछित* (विधि भी)। सं० माँग, हाजत, तक़ाज़ा। **requisiteness** सं० आवश्यक होना, अनिवार्य होना।

requisition (rek wizish' ŭn) [F. *réquisition*, L. *requisitionem*, nom.-*tio*, as prec.] सं० अपेक्षा, माँग*, अभिग्रहण* (मा० १ भी), अधियाचन, (काम करने के लिए विशे० नियमित और प्रायः लिखित) आज्ञा; २. (सेना के लिए सामग्री आदि प्रस्तुत करने के लिए) नगर आदि को दिया गया आदेश; ३. अभिग्रहण, (प्रयोग या काम के लिए) बुलाया जाना या लगाया जाना; ४. अध्यपेक्षा* (विधि भी)। क्रि० स० १. (सैनिक आवश्यकता के लिए) माँग करना; २. (सैनिक आवश्यकता की सामग्री के लिए) नगर को आदेश देना ३. काम लेना, काम में लाना। **in under or in ~** प्रयुक्त हो रहा है। **put in, call into ~** सहारा लेना, (की ओर) मुँह करना।

requite (rē kwīt') [RE-, *quite*, var. of QUIT] क्रि० स० १. बदला देना; २. बदला चुकाना, इनाम देना; ३. बदला लेना, प्रतिकार करना; ४. लौटाना, वापस करना; ५. बदले में देना। **requital** सं० १. बदला, प्रतिकार, प्रतिफल, प्रतिशोध; २. इनाम।

re-read (rē' rēd') क्रि० स० फिर से पढ़ना।

reredos (rēr' è dos) [M.E. *rere*, REAR², F. *dos*. L. *dorsum*, back] सं० (बहुव-**doses**) रेरेडोस,(गिर्जा में) वेदी के पीछे दीवार पर डाला हुआ अलंकृत आवरण।

resaddle (rē săd' el) क्रि० स० (घोड़े आदि को) फिर से कसना, फिर जीन कसना। **resale** (rē sāl') सं० पुनर्विक्रय, फिर से बेचना, खरीदी हुई चीज़ की बिक्री। **resalable** वि० पुनः विक्रय योग्य।

rescind (rè sind') [F. *rescinder*, L. *rescindere* (RE-, *scindere*, to cut, p.p. *scissus*)] क्रि० स० १. खण्डन करना, काट देना, खत्म करना, रद्द करना, मंसूख करना; २. विखण्डित करना* (प्र०, विधि भी), विखण्डन करना* (मा० १ भी)। **rescission** सं० १. विखण्डन* (मा० १ भी), खण्डन; २. रद्द करना।

rescript (rē' skript) [L. *rescriptum*, neut. p.p. of prec.] सं० १. शाही निर्देश (जो रोमन सम्राट् मजिस्ट्रेट द्वारा किसी वैधानिक मामले में माँगे परामर्श के उत्तर में लिखित रूप में जारी किया करते थे); २. (किसी प्रश्न के उत्तर में) पोप का व्यवस्था-पत्र, पोप का फ़तवा, पोप की व्यवस्था* (मा० १ भी); ३. राजकीय, शासकीय या सरकारी घोषणा-पत्र या घोषणा, सरकारी ऐलान; ४. पुनर्लिखित वस्तु; ५. पुनः लिखना; ६. लेख-सामग्री; ७. पांडुलिपि (जिस पर कुछ और लिखने के लिए उसका कुछ भाग मिटा दिया गया हो)।

rescue (rcs' kū) [O.F. *rescoure* (F. *recourre*) [ult. RE-, L. *excutere*, EX-*cutere*, *quatere*, to shake)] क्रि० स० १. आक्रमण या खतरे से बचाना, रक्षा करना, मुक्त कराना, रिहाई दिलाना; २. (किसी व्यक्ति को) अवैध रूप से रिहा कर देना; ३. बलपूर्वक (सम्पत्ति) छीन लेना। सं० १. बचाव, रिहाई, मुक्ति, उद्धार निस्तार; २. अवैध रिहाई; ३. बलात् अपहरण। **~-bid** बचाव का,

दौड़, जिज के खेल में साथी को कठिनाई से उबारने के लिए बोला गया दौड़। **rescuer** सं० बचाने वाला, रिहाई दिलाने वाला, उद्धारक, परित्राता।

research (ré sĕrch') [F. *recerche* (now *recherche*) सं० १. गवेषणा*/ अनुसंधान* (मा० १, ३, वि० १ भी), अन्वेषण, खोज, सावधानीपूर्ण जांच-पड़ताल; २. (प्रायः बहुव०) शोध, तत्व-परीक्षण, किसी विषय में वैज्ञानिक अध्ययन और गवेषणा द्वारा नए तथ्यों की खोज का प्रयास; ३. शोध* (मा० १, ३ भी)। क्रि०अ० अनुसंधान करना। **researcher** स० अनुसंधानकर्त्ता*, अनुसंधायक* (मा० ३, वि० १ भी)।

reseat (rē sēt') क्रि० स० (गिरजा, नाट्यशाला आदि में) नई सीटें लगाना।

resect (rē sekt')[L. *resectus*, p.p. of *resecāre* (RE-, *secāre*, to cut)] क्रि० स० (शल्य०) (हड्डी आदि को) तराशना, काट कर हमवार करना। **resection** सं० तराश, छिलाई, उच्छेदन* (मा० भी)।

reseda (rē sē' dă) [L., prob. imper. of *resedāre*, to assuage (first word of a charm for allaying tumours)] सं० १. रेज़ेडा, पौधों की एक जाति (जिसमे mignonette और इस जैसे अन्य पौधे शामिल हैं); २. धानी रंग, mignonette के पौधे जैसा रंग।

reseek (rē sēk') क्रि० स० पुनः तलाश करना, फिर से खोजना।

reseize (rē sēz') [O.F. *resaisir* (F. *ressaisir*)] क्रि० स० १. पुनः अधिकार कर लेना; २. (माल या इस्तावेज को वैधानिक अधिकार के अनुसार) रोके रखना या अधिकार में ले लेना, पुनः अभिग्रहण करना। **reseizure** सं० पुनरभिग्रहण। **resell** (rē sel') क्रि० स० फिर से बेच देना (प्रायः खरीदने के बाद)।

resemble (re zem' bĕl) [O.F. *resembler* (F. *ressembler*) (RE-, *sembler*, L. *similāre*, *simulāre*, from *similis*, SIMILAR)] क्रि० स० समता होना, सदृश होना, समरूप होना, मिलता-जुलता होना, समाकार होना। **resemblance** सं० साम्य* (मा० २ भी), सादृश्य, समरूपता। **resemblant** वि० (विरल) सदृश, समरूप।

resent (rē zent')[F. *ressentir* (RE-, *sentir*, L. *sentire*, to feel)] क्रि० स० १. बुरा मानना, नाराज़ होना, नाराज़गी प्रकट करना, रूठ जाना, रुष्ट हो जाना; २. (अपमान या हानि को) दिल में बिठाए रखना। **resentful** वि० क्रोधशील, नाराज़, रुष्ट। **resentfully** क्रि० वि० नाराज़गी से, रोष प्रकट करते हुए। **resentment** सं० कोप, क्रोध, नाराज़गी, रोष।

reservation (rez er vā' shun) सं० (क्रियागत अर्थों में और भी या विशे० धर्म०) १. पादरी के रिक्त पद पर (किसी को) मनोनीत करने का पोप का (आरक्षित) अधिकार; २. बड़ों का (छोटों को) क्षमा करने का (आरक्षित) अधिकार; ३. उत्सव के अनंतर यूखेरिस्ट की कुछ सामग्री (विशे० रोटी) को किसी उद्देश्य के लिए बचा रखने की प्रथा; ४. रक्षण* (प्र०, विधि भी); ५. रक्षण-खंड; ६. (अमरीकी) आरक्षित भूखंड (विशे० केवल मूल निवासियों के बसने के लिए); ७. रोक, शर्त, प्रतिबंध; ८. (अमरीका में) आदिवासियों के लिए सुरक्षित स्थान; ९. (स्टीमर में वर्थ, होटल में कमरा, रेल गाड़ी में सीट आदि का) पूर्वरक्षण; १०. आरक्षण* (प्र०, मा० १, विधि भी)। **mental**~ १. पूरी बात न कहना, झूठी बात न कहना; २. वह शर्त आदि जिसका कथन न किया जाय (बिना कहे ही जिसका समावेश मान लिया जाय)।

reserve (rē zĕrv') [O.F. *reserver*, L. *reservāre* (RE-, *servāre*, to keep)] क्रि० स० १. अवशेष, बचा रखना, आगे के लिये रख छोड़ना, भविष्य के लिये महफ़ूज़ रखना; २. (अपने या दूसरे के लिए विशे० क़ानून या लिखा-पढ़ी से आधिपत्य या नियंत्रण) सुरक्षित रखना, महफ़ूज़ रखना (*for* और *to* के साथ प्रयुक्त); ३. अलग रख छोड़ना, (किसी प्रयोग अथवा भाग्य के लिए) अलग करना या रख छोड़ना; ४. आरक्षित करना* (विधि भी)। सं० १. (आगे के लिए) रखी हुई चीज़, रक्षित वस्तु, अतिरिक्त संचय या राशि; २. (सैन्य० एकव० या बहुव०) रक्षित सेना, आपत्तिकाल में बुलाई जाने वाली सेना; ३. रक्षित सेना का सैनिक (reservist स० भी); ४. (खेलों में) रिज़र्व, सुरक्षित खिलाड़ी (जो आवश्यकता पड़ने पर किसी खिलाड़ी के स्थान पर खेलने के लिए चुना जाय); ५. ऐसी वस्तु जो प्रयोग में तो नहीं लाई जाती लेकिन (आवश्यकता पड़ने पर) जो उपलब्ध रहती है; ६. (किसी विशेष प्रयोग के लिए) रक्षित स्थान; ७. (प्रदर्शनियों में) विशिष्टता जिसके अर्थ यह हैं कि किसी अन्य चित्र के उपयुक्त न समझे जाने पर विशिष्टता प्राप्त चित्र को पुरस्कृत किया जायगा; ८. (किसी वस्तु से सबद्ध) शर्त, प्रतिबंध, रोक, हद या विशेषता (जैसे I accept your statement without~); ९. आत्म-संयम, आत्म-निग्रह, (कलात्मक साहित्यिक अभिव्यंजना में) अनतिवादिता, संतुलन; १०. मितभाषिता, रूखाई, हार्दिकता का अभाव; ११. सत्य का स्वेच्छित गोपन, सत्य को जानबूझ कर छिपाने का भाव या क्रिया; १२. निचय*/ सचिति*(आ०, वि० १ भी)। **banker's**~ साहूकार की रक्षित धन-राशि। **I accept your statement without**~ मैं आपके वक्तव्य को पूर्णतया (बिना किसी शर्त के) स्वीकार करता हूँ। **sale or auction without**~ बिना शर्त (कि कम से कम इतना मूल्य आने पर ही चीज़ बेची या नीलाम की जायगी) बिक्री या नीलाम। **with all proper reserves** बिना पृष्ठांकन। ~**price** १. नियत मूल्य (जिसमे कम मूल्य स्वीकार नहीं किया जायगा); २. आरक्षित क़ीमत* (प्र० भी)।

reserved (rē zĕrvd') वि० मितभाषी वाक्संयमी, भावों या सम्मतियों को देर से प्रकट करने वाला, गंभीर (वाचाल नहीं)। ~**list** (अमरीकी नहीं) रक्षित-सूची, नौ-सेना के उन अधिकारियों की सूची जो सेवामुक्त तो हो गए हैं किंतु (काम पड़ने पर) जिन्हें बुलाया जा सकता है। ~**seats** आरक्षित स्थान, रिज़र्व की हुई सीटें, थियेटर आदि की सुरक्षित सीटें। **reservedly** (re zĕr' vĕd li) क्रि० वि० मितभाषितापूर्वक, कम बोलते हुए, देर से (भाव या मत) प्रकट करते हुए।

reservoir (rez' er vwar) [F. *réservoir*, late L. *reservātorium*, as prec.] सं०१. कुंड*/ आगार*/ (इं० ३, वि० १ भी), जलाशय* (आ०, इं० ३, वि० १ भी), तालाब, अलागार, टंकी, हौज़* (इ० ३, वि० १ भी); २. किसी द्रव का लज़ाना या द्रव के लिए बनाया गया पात्र; ३. द्रव आदि एकत्र करने का स्थान; ४. मशीन का वह पुर्ज़ा या शरीर का वह अवयव जिसमें कोई द्रव पदार्थ भरा हो, ६. खजाना, स्थान, भंडार* (वि० २ भी), निधि (उदा० जानकारी या तथ्यों का भंडार)। क्रि० स० १. टंकी या हौज़ में जमा करना; २. खज़ाने मे जमा करना, भंडार में सुरक्षित रखना। ~**pen** फ़ाउंटेन पेन।

reset[1] (rē set') [RE-, SET[1]] क्रि० स० फिर से जड़ना (विशे० रत्नों को)।

reset[2] (rē set') [O.F. *recet*, L. *receptum*, p.p. of *recipere*, to RECEIVE] सं० १. (स्कॉट०) अपराधी-रक्षण; २. चोरी की वस्तु; ३. चोरित-वस्तु-ग्रहण। क्रि० स० १. अपराधी को शरण देना; २. अपहृत धन ग्रहण करना; ३. चोरी का माल पाना। **resettle** (rē set' tl) क्रि० स० किसी स्थान

को नई आबादी से बसाना, पुनर्वासन करना। **resettlement** सं० पुनर्वासन, पुनःस्थापन*/ पुनर्वास* (मा० १ भी)। **reshape** (rē shāp') क्रि० स० फिर से गढ़ना, नया रूप देना। **reship** (rē ship') क्रि० स० और अ० फिर से जहाज पर चढ़ाना या चढ़ना। **reshipment** सं० फिर से लादा हुआ माल। **reshuffle** (rē shuf' əl) क्रि० स० फिर से स्थान बदलना उलट-पुलट करना, (विशे०) ताश के पत्तों को फिर से फेंटना।

reside (rē zīd') [F. *résider*, L *residēre* (RE-, *sedēre*, to sit)] क्रि० अ० १. रहना, निवास करना* (विधि भी), बसना, टिकना, ठहरना, (व्यक्तियों का) घर बसाना, घर करना, रहना, बसना, स्थायी रूप से निवास करना (at, in, abroad आदि के साथ प्रयुक्त); २. (अफ़सरों का) बस जाना, निवास-स्थान में होना; ३. (शक्ति, अधिकार आदि का व्यक्ति आदि में) होना, रहना, निहित होना; ४. (गुणों का) रहना, मौजूद या विद्यमान होना।

residence (rez' i dĕns) सं० १. अधिष्ठान, वास, रहना, बसना, मुकाम, निवास* (विधि भी); २. निवास-स्थान, आवास; ३. घर, मकान, (विशे०) हवेली, भवन, आलीशान मकान (जैसे desirable family ~ for sale)। **have, take up one's ~** रहना, बसना, रहना शुरू करना। **~is required** (अफ़सरों आदि का) कुछ निश्चित घंटों अथवा हरदम निवास-स्थान पर रहना आवश्यक है। **Residency** सं० रेज़ीडेंसी* (मा० १ भी), राज्य-प्रतिनिधि-निवास।

resident (res' i dĕnt) वि० १. बासी, बाशिंदा, रहनेवाला, निवासी (जैसे whether ~ at home or abroad, the ~ population); २. स्थायी (ऋतु-परिवर्तन के साथ देशांतर-गमन न करने वाले पक्षी); ३. (स्थान-विशेष का) नियमबद्ध निवासी; ४. अंतर्वर्ती, अंगीभूत, स्थित (जैसे a right ~ in the nation)। सं० १. बाशिंदा, निवासी, (क़स्बे या पड़ौस का) स्थायी निवासी (VISITOR का विलोम); २. रेज़ीडेंट* (मा० १ भी), राज्य-प्रतिनिधि। **residentship** सं० रेज़ीडेंट का पद।

residential (rez i den' shăl) वि० १. रहने के क़ाबिल, बसने के उपयुक्त, निवास-योग्य, लोगों के निजी मकानों के योग्य या उनसे बसा हुआ, उपयुक्त (जैसे ~estate, street, quarter); २. निवास संबंधी (जैसे the ~ qualification for voters)। **residentiary** सं० रेज़िडेंशियरी, (अपने) निवास-स्थान पर ही रहने वाला पादरी। वि० सरकारी निवास-स्थान से आबद्ध, (प्रायः सं० के बाद, Canon, Canonry ~, at his ~house)।

residue (rez' i dū) [A.-F. (F. *résidu*), L. *residuum*, nom. *-duus*, remaining, as prec.] सं० १. बाक़ी, शेष, अवशेष* (वि० १ भी), बाक़ी रह जाने वाला भाग या पदार्थ; २. संपदा का अवशेष (भार, कर्ज और प्रतिरूप आदि का भुगतान हो चुकने के बाद बची हुई संपदा); ३. (रसा० आदि) तलछट, बाक़ी,शेष, अवशिष्टांश; ४. (विधि) **अवशिष्ट***। **residual** वि० (गणि०) अवशिष्ट* (आ०, ई० १, वि० १, २ भी), शेष, बाक़ी, अवशेष* (मा० १ भी), बचा-खुचा, बचा हुआ। सं० १. अवशेष राशि; २. अवशिष्टांश, बचा हुआ भाग, अवशेष पदार्थ। **residuary** वि० १. अवशिष्ट* (मा० १ भी), किसी संपदा के अवशिष्ट से संबद्ध (जैसे ~bequest, clause, legatee आदि); २. शेष का, बाक़ी का, अवशिष्टांश-विषयक (जैसे mere ~substances; the ~ aberration; some ~ odds & ends)। **residuum** (rē zid' ū um) सं० १. (बहु० **~dua**) शेष, अवशेष* (मा० २भी), बचाखुचा, बक़ाया, अवशिष्टांश; २. (विशे० रसा० आदि) तलछट, जलने आप बन कर उड़ने के बाद बचा हुआ पदार्थ; ३. हिसाब में न आने वाली रक़म, वह रक़म जिसका ठीक पता न चलता हो, हिसाब की ठीक न की हुई मूल; ४. नीचे वर्ग के लोग, निम्न श्रेणी के मनुष्य।

re-sign (rē sīn') क्रि० स० और अ० दोबारा दस्तख़त या हस्ताक्षर करना।

resign (rē zīn') [O.F. *resigner*, L. *resignare*, to unseal (RE-, *signāre*, to seal, see SIGN)] क्रि० स० और अ० १. (पद, अधिकार, दावा, संपत्ति, भार, कार्य-भार, जीवन, आशा आदि) छोड़ देना, त्यागना, हाथ धोना, तिलांजलि देना; २. (अपने भाग्य आदि पर) सब्र करना, संतोष करना, शांति-पूर्वक स्वीकार करना; ३. त्यागपत्र देना, इस्तीफ़ा देना* (प्र० भी)। **resignation** (rez ig nā' shŭn) सं० RESIGN[1] के क्रियागत अर्थों में विशे० पद-त्याग, इस्तीफ़ा*, त्यागपत्र* (प्र०, मा० २ भी), शांतिपूर्वक दुःख आदि का सहन, समर्पण*/ आत्मसमर्पण* (मा० २ भी), संतोष, सब्र, अपने को ईश्वर पर छोड़ना, त्याग-पत्र देना, इस्तीफ़ा देना। **resigned** (rē zīnd') वि० संतोषी, सब्र कर लेने वाला, शांतिपूर्वक (भाग्य के दिए हुए) कष्टों को सहने में प्रवृत्त। **resignedly** (rē zī' nĕd li) क्रि० वि० सब्र करके, संतोषपूर्वक।

resile (rē zīl') [obs. F. *resiler*, L. *resilīre* (RE-, *salire*, to leap)] क्रि० अ० १. (लचीली वस्तुओं का) लच कर उभर आना, खिंच कर सिकुड़ जाना, दबाव या खिंचाव के बाद फिर अपनी मूल अवस्था में आ जाना; २. लचीला होना, लचकदार होना, लच कर उभरने या खिंच कर सिकुड़ने की ताक़त रखना। **resilience, -ency** (rē zil' i ĕns, -ĕn si) सं० १. लोच, लचक; २. लचीलापन, स्थिति-स्थापकत्व, स्थिति-स्थापन* (मा० २ भी)। **resilient** वि० १. लच-कीला* (ई० ३ भी), लचीला, लोचदार, लचकदार; २. स्थिति-स्थापक* (मा० २ भी), प्रतिस्फर्द्धी* (इ० ३ भी)।

resin (rez' in) [F. *résine*, L. *résina*, rel. to Gr. *rhētinē*] सं० १. सजास, रेज़िन*/ राल* (आ०, ई० ३, वि० १ भी), बैरोजा, लीसा, धूना, लाख; २. रासायनिक प्रक्रिया से प्राप्त इसी प्रकार के (राल से मिलते-जुलते) पदार्थ। क्रि० स० राल लगाना, राल मलना। **resinate** सं० रालदार चीज़। **resiniferous** वि० रालदार, राल-युक्त। **resinification** सं० राल मिलाना, राल बनाना, राल मिलाने या बनाने की प्रक्रिया। **resiniform** (rez' i ni fôrm) वि० रालनुमा। **resinify** क्रि० स० और अ० राल मिलाना, राल बनाना। **resino-** समास में। **resinoid** (rez' i noid) वि० रालनुमा। सं० रालनुमा चीज़। **resinous** वि० १. राल का, राल से प्राप्त होने वाला; २. (वि० १) रेज़िनी*।

resipiscence (res i pis' ĕns) [L. *resipiscentia*, from *resipiscere* (RE-, *sapere*, to be wise, see SAPIENT)] सं० भूल-स्वीकृति, ग़लती का अहसास, ठीक रास्ते पर आना, मिज़ाज ठीक हो जाना आँखें खुल जाना। **resipiscent** वि० भूल या ग़लती को स्वीकार करने वाला, ठीक रास्ते पर लौट आने वाला।

resist (rē zist') [O.F. *resister*, L. *resistere* (RE-, *sistere*, redupl. of *stare*, to stand)] क्रि० स० और अ० १. रोकना, रोक देना, बाधा देना, अड़चन डालना; २. मुक़ाबला करना सामना या विरोध करना; ३. दूर रखना, निवारण करना, बाहर रखना; ४. प्रभावित या क्षत न होना; ५. बचना, दूर रहना; ६. प्रतिरोध करना* (विधि भी), विरोध करना, बाधा डालना, प्रतिकूल होना। सं० किसी चीज़ की सतह पर उस चीज़ पर प्रयोग किए जाने वाले पदार्थ, (रंग, रोग़न आदि) से बचाने के उद्देश्य से लगाया जाने वाला मसाला (विशे० Calico एक प्रकार के कपड़े पर लगाया

जाने वाला)। **resistant, resistent** सं० सहृ*/प्रतिरोधी* (आ०, वि० १ भी), प्रतिरोधक* (वि० १ भी), विरोधी, बाधक। **resister** सं० बाधा डालने या प्रतिरोध करने वाला (व्यक्ति या वस्तु)। **resistible** वि० प्रतिरोधनीय। **resistibility, rcsistibleness** सं० प्रतिरोधनीयता, प्रतिरोध (करने) की शक्ति। **resistive** वि० प्रतिरोधात्मक, बाधाप्रद, बाधा-स्वरूप। **resistless** वि० प्रतिरोध-विहीन, निर्बाध। **resistlessly** क्रि० वि० बिना प्रतिरोध या बाधा के।

resistance (re zis' tans) सं० १. प्रतिरोध* (आ०, ई० २, ३, मा० १, २, वि० १, विधि भी), अवरोध, विरोध, रोकने या बाधा पहुँचाने की शक्ति; २. अवज्ञा; ३. अड़चन, बाधा, रुकावट; ४. (विद्युत्, चुंबक, ताप की) अचालकता; ५. (विद्युत्) रैजिस्टेंस, यंत्र का बिजली की धारा को निश्चित अवरोध पहुँचाने वाला भाग; ६. प्रतिरोधक* (ई० २, वि० १ भी)। **line of ~** अड़चन या बाधा की दिशा। **passive ~** निष्क्रिय प्रतिरोध, सविनय अवज्ञा। **take of least ~** (ला०) सब से आसान रास्ता पकड़ना। **Resistance Movement** प्रतिरोधक आंदोलन (विशे० विजित देश में अपराजित लोगों द्वारा किया गया प्रतिरोधात्मक आंदोलन)।

resole (rē sōl) क्रि० स० (जूते में) नया तल्ला लगाना।

resoluble (rē sol' ūbl) वि० घुलनशील, घुलने योग्य, (प्रायः) विश्लेष्य, विघटनीय।

resolute (rez' o loot, -lūt) [L. *resolūtus*, p.p. of *resolvere*, see full.] वि० पक्का, अटल, अडिग, दृढ़निश्चयी, निर्भीक, स्थिरचित्त, लगन का पक्का, कृतसंकल्प, धुन वाला (व्यक्ति, उसका स्वभाव अथवा आचरण)।

resolution (rez o lū' shon, rez o loo' shūn) सं० १. शमन*/विभेदन*(आ० भी), पृथक्करण, विश्लेषण* (वि० १ भी), विघटन, विश्लेषण, रूपांतरण; २. (चिकि०) (बिना पीप आए) सूजन का पचकना या मिटना; ३. एक लंबे अक्षर के स्थान पर दो छोटे अक्षर रखना; ४. स्वर-मिलन में जाने के लिए असंगति का विघटन; ५. (या०) एक बल के स्थान पर दो या दो से अधिक बलों का नियोजन; ६. (संदेह, समस्या, प्रश्न आदि को) सुलझाना, हल ढूँढ़ना; ७. संकल्प (तुल० MOTION), (विधान-सभा या सार्वजनिक सभा के मत की) लिखित अभिव्यक्ति; ८. संकल्प का रूप; ९. इरादा, निश्चय, संकल्प* (प्र०, मा० १ भी), १०. दृढ़ स्वभाव या आचरण; ११. जीवट, दृढ़ता, कृतसंकल्पता। **good ~** नेक इरादा, शुभ-संकल्प। **resolutive** (rez' o loo-, -lū tiv) वि० १. घोलक, घुलाने की शक्ति रखने वाला; २. विश्लेषण करने वाला, विघटनकारी (मुख्यतः चिकि०)। सं० विघटनकारी या घुलाने वाला पदार्थ या औषधि आदि। **~condition** (चिकि०) वह शर्त आदि जिसके पूरा हो जाने पर अनुबंध खत्म हो जाता है।

resolve (re zolv') [L. *resolvere* (RE-, *solvere*, to loosen, see SOLVE)] क्रि० स० १. निश्चय करना; २. प्रस्ताव पास करना, ३. विघटित करना, खंडित करना, खंडन करना, खंड करना, वियोजित करना, विभेदन करना, ४. दूर करना, निराकरण करना। सं० १. संकल्प; २. प्रस्ताव। **resolvent** वि० १. (मुख्यतया चिकि० और रसा०) शोधहर, सूजन आदि दूर करने वाली; २. विश्लेषक, विघटनकारी। सं० १. शोधहर औषधि; २. विश्लेषक या विघटनकारी पदार्थ आदि।

resonant (rez' o nānt) [L. *resonans -ntem*, pres. p. of *resonāre* (RE-, *sonāre*, to SOUND²)] वि० १. अनुनादित, झंकृत, गुंजायमान, गूँजने वाली (आवाज); २. गूँजने वाला अनुनासी* (आ० भी), जिसमें आवाज झंकृत होती हो (ऐसा कमरा आदि); ३. अनुनादित या झंकृत (स्थान)। **resonance** सं० १. गूँज, गमक, अनुनाद* (आ०, ई० २, ३, वि० १ भी)। **resonantly** क्रि० वि० गूँजते हुए, अनुनादित या झंकृत होते हुए।

resonator (rez' o nā tōr) सं० १. रेंजोनेटर, अनुनादक* (यंत्र) (मा० २, वि० १ भी), एक प्रकार का यंत्र जो किसी विशेष ध्वनि से ही प्रभावित होता है और इसका प्रयोग ध्वनि-संधान में से उस विशेष ध्वनि का पता लगाने में किया जाता है; २. ध्वनि-अनुनादक यंत्र, ध्वनियों को अनुनादित करने वाला यंत्र।

resorb (rē sōrb') [L. *resorbēre* (RE-, *sorbēre*, to drink in, p.p. *sorptus*)] क्रि० स० दुबारा या फिर से सोख लेना। **resorbence** सं० दुबारा सोखना या सोखने की क्रिया। **resorbent** वि० दुबारा सोखने वाला। **resorption** सं० फिर से सोखने या सोखे जाने की क्रिया, पुनः शोषण* (आ० भी)।

resorcin (re zōr' sin) [RES-IN, ORCIN] सं० रिजासिन, मुख्यतः रँगने आदि के काम आने वाला राल और पोटाश के योग से बनने वाला एक यौगिक।

resorption दे० RESORB।

resort (re zōrt') [O. F. *resortir* (F. *ressortir*), to come out, etym. doubtful] वि० स० १. मदद लेना, सहारा लेना, शरण या अवलंब लेना (जैसे ~ to force, experiment etc. या कभी-कभी कोई प्रत्यक्ष पदार्थ या व्यक्ति); २. बड़ी संख्या में जाना; ३. आना-जाना, आते-जाते रहना प्राय. जाना (जैसे visitors resorted to him, to the shrine by the hundred; watched the inn to which he was known to ~)। सं० १. शरण-स्थल, आश्रय-स्थल; २. सहायता करने वाली वस्तु, तदबीर, युक्ति (जैसे a carriage, repetition of the experiment was the only ~); ३. अड्डा, अलाड़ा, थल, युक्ति; ४. सहारा, आधार, अवलंब, शरण (जैसे cannot be done without ~ to compulsion); ५. आवाजाही, आमदरफ्त, आना-जाना; ६. आमदरफ्त की जगह, तफ़रीह-गाह, आमोद स्थल (प्रायः किसी विशेष उद्देश्य या गुण के कारण) लोगों के आने-जाने का स्थान (जैसे health, holiday ~)

re-sort (rē sōrt') फिर से छाँटना, दुबारा छाँटना।

resound (re zound') [RE-, SOUND², after F. *resonner*, cp. RESONANT] क्रि० अ० और स० १. (with के साथ प्रयुक्त, किसी स्थान का) गूँजना, प्रतिध्वनित होना, २. (आवाज़, वाद्ययंत्र आदि का) गूँज पैदा करना, प्रतिध्वनि उत्पन्न करना, गूँजते रहना, गुंजायमान कर देना; ३. (प्रसिद्धि, घटना आदि का) फैलना, चर्चा होना, धूम मचाना, सनसनी पैदा करना; ४. (प्रायः प्रशंसा आदि का) शोर होना, धूम मचना, ज़ोर-ज़ोर से दुहराना, ५. (स्थान का ध्वनि को) लौटा देना, प्रतिध्वनि उत्पन्न करना। **resoundingly** क्रि० वि० गूँजते हुए, प्रतिध्वनित होते हुए, प्रतिध्वनि उत्पन्न करते हुए।

resource (re sōrs', -zōrs') [F. *ressource*, from O.F. *resourdre*, from L. *resurgere* (RE-, *surgere*, to rise)] सं० १. (प्रायः बहु० में) साधन* (वि० १ भी), सरमाया; २. (बहु०) (देश के पोषण तथा प्रतिरक्षा के) सामूहिक साधन; ३. (फ्रेंच के अनुकरण पर, अब विरल) सहायता की संभावना (जैसे lost without ~); ४. तदबीर, युक्ति, उपाय, चारा (जैसे fight was his only ~), ५. फ़ुरसत का दिलबहलाव, अवकाश के समय करने का हल्का-फुल्का काम; ६. सूझ-बूझ, हाज़िरदिमाग़ी, युक्ति खोजने या झट से उपाय निकालने की बुद्धि, कुशाग्र व्यवसाय-बुद्धि, ७. (वि० १) सम्पदा*। **resourceful** वि० १. साधनसंपन्न; २. सूझबूझ का, हाज़िरदिमाग़, युक्ति-कुशल। **resourcefully** क्रि० वि० १. साधन संपन्नता से, २. समझ-बूझ

से, हाजिरदिमाग़ी से। **resourcefulness** सं० १. साधनसंपन्नता; २. सूझबूझ, युक्ति-कुशलता। **resourceless** वि० १. साधन-विहीन; २. बिना सूझबूझ का, युक्ति-हीन। **resourcelessness** सं० १. साधन-विहीनता; २. युक्ति-हीनता।

respect (rĕ spekt') [F., from L. *respectus*, p.p. of *respicere* (RE-, *specere*, to look)] सं० १. प्रसंग, संदर्भ, बाबत, विषय, संबंध (जैसे is true with ~ to the French) (to के साथ प्रयुक्त); २. ख्याल, ध्यान (जैसे did it quite without ~ to the results); ३. (of के साथ प्रयुक्त) लिहाज, दृष्टि, पहलू, पक्ष (जैसे is admirable in ~ of style); ४. इज्जत, आदर, सम्मान, श्रद्धा (जैसे has won the ~ of all); ५. (बहुव० my, his आदि के साथ) आदाब, प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन आदि (जैसे give him my ~)। क्रि० स० १. संबंध रखना, संबद्ध होना, संबंधित होना; २. इज्जत करना, लिहाज करना, आदर करना, सम्मान करना, श्रद्धा की दृष्टि से देखना (जैसे ~ privileges, property, neutral territory, etc.)। **~ innocence or the innocent** भ्रष्टाचार आदि से बचना या दूर रहना। **~ of persons** पक्षपात (विशे० शक्तिशाली के लिए किया गया)। **~ oneself** १. अवांछनीय व्यवहार या विचारों से स्वयं को बचाना या दूर रखना; २. आत्मसम्मान (का ध्यान) रखना। **respectable** वि० १. पूजनीय, आदरणीय, सम्माननीय; २. अच्छी-खासी (रक़म आदि), काफ़ी, पर्याप्त, काफ़ी से ज्यादह, विपुल, प्रभूत (जैसे a ~ hill, antiquity आदि); ३. शरीफ़, आबरूदार, प्रतिष्ठित, भद्र, चरित्रवान्, (व्यवहार में) ईमानदार और नेक, ४. शरीफ़ों जैसा (व्यवसाय, वेशभूषा आदि)। सं० (प्राय: बहुव०) भलामानस, शरीफ़ आदमी, प्रतिष्ठित व्यक्ति। **respectability** सं० १. आदरणीयता, सम्माननीयता; २. भले आदमी, भद्र जन; ३. (सामाजिक दृष्टि से) आदरणीय या सम्मानित व्यक्ति। **respectably** क्रि० वि० १. आदरणीय रूप में; २. शराफ़त के साथ, भद्रजनोचित रूप में। **respectful** वि० १. आदरपूर्ण, सम्मानसूचक; २. काफ़ी, पर्याप्त (जैसे stood at a ~ distance)। **respectfully** क्रि० वि० आदरपूर्वक, ससम्मान। **respectfulness** सं० आदरपूर्णता, सम्मान-सूचकता। **respective** वि० १. (प्रत्येक का) अपना-अपना, प्रत्येक का, निजी, व्यक्तिगत, अलग-अलग। **respectively** क्रि० वि० १. क्रमश:* (वि० १, विभि भी), क्रमानुसार* (वि० १ भी), तरतीब से, क्रम से, बारी-बारी से।

respell (rēs pel') क्रि० स० फिर से हिज्जे करना (विशे० ध्वनि के अनुसार)।

respire (re spir') [F. *respirer*, L. *respirāre* (RE-, *spirāre*, to breathe)] क्रि० अ० और स० १. साँस लेना, साँस लेना-छोड़ना; २. (सुगंध, सुशीलता आदि) फैलाना, प्रकट करना; ३. फिर हिम्मत बाँधना, दम लेना, दम में दम आना। **respirable** (res' pir-, rē spir' ăbl) वि० श्वसनीय, (हवा, गैस आदि) जिसमें साँस ली जा सके। **respiration** १. श्वसन* (आ०, वि० १ भी), साँस लेना, श्वास-क्रिया; २. साँस, श्वास; ३. (पौधे का) ऑक्सीजन लेना और कार्बन डाइ-ऑक्साइड निकालना; ४. श्वासोच्छ्वास* (वि० १भी)। **respirator** (res' pi rā tor) सं० १. रेस्पिरेटर*, श्वसित्र* (आ० भी), साँस यंत्र, श्वास यंत्र; साँस लेने का एक यंत्र; २. (सैन्य०) जहरीली गैस से बचने के लिए पहना जाने वाला एक रासायनिक यंत्र। **respiratory** वि० श्वसन* (आ०, वि० १ भी), साँस लेने से संबंधित।

respite (res' pit) [O.F. *respit*, from. L., as RESPECT] सं० १. विराम; २. फ़ुरसत, अवकाश, आराम, चैन। क्रि० स० १. मोहलत देना, विराम स्वीकृत करना; २. (दंड आदि) स्थगित करना; ३. (दर्द, चिंता आदि से) कुछ समय के लिए छुटकारा देना; ४. (सैन्य०) वेतन रोक लेना।

resplendent (rĕ splen' dĕnt) [L. *resplendens -ntem*, pres. p. of *resplendēre* (RE-, *splendēre*, to shine, to glitter)] वि० देदीप्यमान, चमकीला, जगमगाता हुआ, उज्ज्वल, दीप्तिमान। **resplendence,-cy** सं० चमकीलापन, उज्ज्वलता, दीप्ति। **resplendently** क्रि० वि० चमकते हुए, जगमगाते हुए, उज्ज्वलतापूर्वक।

respond (re spond') [O.F. *respondre* (F. *répondre*), L. *respondēre* (RE-, *spondēre*, to pledge, p.p. *sponsus*)] क्रि० अ० १. जवाब या उत्तर देना (विशे० गिरजे में उपस्थित लोगों का पादरी के सवालों के नियत उत्तर देना); २. जवाब देना, किसी के जोड़ पर कुछ करना, जवाब में कुछ (काम) करना (जैसे responded with a drop-kick, lefthander etc.); ३. महसूस करना, प्रभावित होना, प्रतिक्रिया प्रकट करना (जैसे does not ~ to kindness, nerve responds to stimulus, etc.); ४. (बिरल) जवाब होना, जोड़ का होना, सदृश या अनुरूप होना। सं० १. (धर्म) दे० RESPONSORY, पादरी द्वारा कही गई पंक्तियों का (उपस्थित लोगों द्वारा) दुहराना भी; २. (वास्तु०) भित्ति-स्तंभ, जवाबी भित्ति-स्तंभ* (इं० ३ भी), महराब को सहारा देने के लिए दीवार से लगा कर बनाया गया स्तम्भ। **respondent** वि० १. प्रत्यर्थी*/ प्रतिवादी* (प्र० भी), जवाब देने वाला; २. महसूस करने वाला, प्रभावित होने वाला; ३. मुद्दाअलेह, उत्तरवादी। सं० १. वह व्यक्ति जो जवाब दे या प्रतिपाद्य विषय की आलोचना आदि का उत्तर दे, २. मुद्दाअलेह या उत्तरवादी व्यक्ति (विशे० तलाक के मामलों में); ३. उत्तरदाता*/अनुकारक*/अनुकारात्मक* (आ० ३ भी)। **respondence, -cy** सं० १. जवाब, उत्तर; २. जोड़, सादृश्य, अनुरूपता।

response (re spons') [O.F., from L. *responsum*, neut. p.p. of *respondĕre*, to RESPOND] सं० (शाब्दिक या क्रियात्मक) १. प्रतिवाक्य*/ प्रतिवेदन* (आ० भी), उत्तर* (वि० २ भी), प्रत्युत्तर* (आ० ३ भी); २. असर, प्रभाव, प्रतिक्रिया (जैसे called forth no ~ in his breast); ३. (धर्म०) दे० RESPONSORY, पादरी द्वारा कही गई तथा उत्तर-स्वरूप उपस्थित लोगों द्वारा दुहराई गई पंक्तियों का कोई भाग (भी), ४. अनुक्रिया* (इं० २, आ० २, ३, वि० १, २, आ० भी)।

responsible (re spon' si bĕl) वि० १. जिम्मेदार, उत्तरदायी; २. नीतिवान, समझदार, सूझ का; ३. प्रतिष्ठित, मातबर, विश्वसनीय; ४. जिम्मेदारी वाला, उत्तरदायित्वपूर्ण (जैसे a ~ office)। **~ ruler, government** उत्तरदायी (न कि निरंकुश) शासक या सरकार। **responsibility** सं० १. जवाबदेही, जिम्मेदारी, उत्तरदायित्व*/ दायित्व* (आ०, आ० १, २, ३ भी) (जैसे declines all ~ for it); २. फ़र्ज़, कार्यभार, जिम्मेदारी या उत्तरदायित्व का काम (जैसे a family is a great ~)। **I did it on his own ~** उसने यह अपनी जिम्मेदारी पर किया (उसके अधिकार में यह नहीं था)। **is not afraid of ~** वह जिम्मेदारी से नहीं घबराता (विस्तृत निर्देशन की अपेक्षा नहीं, वह सूझबूझ वाला आदमी है)। **responsibly** क्रि० वि० १. जिम्मेदारी से, उत्तरदायित्वपूर्वक; २. मातबरी या विश्वसनीयता की दृष्टि से।

responsion (re spon' shŏn) सं० (बहुव०) ऑक्सफ़ोर्ड की बी० ए० डिग्री की तीन परीक्षाओं में से प्रथम।

responsive (re spon' siv) वि० १. अनुक्रियाशील, अनुक्रियात्मक,

जवाबी, उत्तर देने वाला; २. पादरी द्वारा पढ़ी गई पंक्तियों को उत्तर-स्वरूप दुहराने वाला; ३. संवेदनशील, प्रभाव्य, (किसी प्रभाव के प्रति) तत्पर प्रवृत्त; ४. परदुखकातर, सहानुभूतिपूर्ण। **responsively** क्रि० वि० रत्। जवाब देते हुए; २. प्रभावित होते हुए; ३. सहानुभूतिपूर्वक। **responsiveness** सं० १. अनुक्रियाशीलता; २. संवेदनशीलता, प्रभाव्यता, तत्पर प्रवृत्ति; ३. परदुःख कातरता, सहानुभूतिपूर्णता।

ressaldar, risaldar (rēs·al dar') [Hind.] सं० रिसालदार।

rest[1] (rest) [A.-S. *rest*, *ræst* (cp. Dut. *rust*, G. *raste*, Icel. *röst*), whence *restan*, to rest (cp. Dut. *rusten*, : G. *rasten*)] क्रि० अ० और स० १. ठहरना, सत्र करना, काम रोकना, क्रिया थिरत होना, किसी व्यापार से मुक्त होना; २. सोना, सदा के लिए सोना, मौत की गोद में सोना; ३. आमोद होना, शांत होना, अकेले चुपचाप पड़े रहना; ४. आराम देना, निश्चित करना, सुख या शांति प्रदान करना (जैसे stayed a day to ~ myself; says the goggles ~ his eyes); ५. (भू० कृ०) विश्राम द्वारा पुनरुज्जीवित, आराम के कारण फिर से तरोताजा (जैसे are quite rested); ६. पड़ना, लेटना; ७. भरोसा करना, निर्भर होना, आश्रित होना; ८. (आँखों आदि का) गड़ना, जमना, (किसी वस्तु पर) स्थिर हो जाना (जैसे his gaze rested on a strange object); ९. टिकना, (किसी सहारे पर) टिका होना; १०. (किसी में) यक़ीन करना, विश्वास करना, विश्वस्त होना (जैसे be content to ~ in God); ११. सहारे से रखना, सहारा या टेक लगाना, (किसी चीज़ के) सहारे रखना या टेकना (जैसे ~one's elbow, load, on the table); १२. किसी खास हालत में रहना या होना। सं० १. आराम, विश्राम, लेटना, सोना, शयन (विशे० रात में बिस्तर पर, जैसे go, retire to ~); २. फ़ुरसत, छुट्टी, अवकाश; ३. फ़ुरसत का वक्त, अवकाश का समय; ४. (नाविकों, बग्घी हाँकने वालों या किन्हीं दूसरों के) रहने की (रहने के लिए दी गई) जगह; ५. सहारा, टेक, अवलंब, आधार, ६. (संगी०) नियत मध्यांतर या इसका निरूपक चिह्न; ७. (आशय में) विराम, (छंद की) यति; ८. विराम* (क्रि० १ भी)। **at ~** चैन से, निरुद्विग्न, निश्चित, दुःखातीत (प्रायः मृतक के लिए प्रयुक्त)। **day of ~** इतवार, रविवार। **land was allowed to ~** ज़मीन परती छोड़ दी गई। **lay to ~** दफ़न करना, क़ब्र में लिटाना या सुलाना। **let us ~ here** हम यहाँ आराम करें। **~ or God ~ his soul** ईश्वर उसकी आत्मा को शांति दे। **rests in the churchyard** (क़ब्रिस्तान में) दफ़न (पड़ा) है, क़ब्र में (शांतिपूर्वक) लेटा है। **~ (up) on one's oars** कुछ देर के लिए खेना (या और कोई काम) बंद करना। **~ with** हाथ में होना, अधिकार या अख्तियार में होना। **set person's mind at ~** किसी के मस्तिष्क को आराम देना। **set question at ~** मसले को तय कर देना। **the matter cannot ~ here** मामला यहीं खत्म नहीं हो सकता (अर्थात् इसकी और जाँच-पड़ताल होनी चाहिए)। **~-balk** ऊँगरा। **~-care** (इलाज के तौर पर प्रायः कुछ सप्ताहों तक बिस्तर पर किया गया) आराम। **~-day** आराम (करने) का दिन, (विरल) इतवार, रविवार। **~-house** रैस्ट हाउस, डाकबँगला, विश्राम-गृह। **restful** वि० शांत, शांतिप्रद, निश्चिन्त, सुखदायी। **restfully** क्रि० वि० शांति से, निश्चिन्तापूर्वक, सुख से। **restfulness** सं० शांति, शांतिप्रदता, निश्चिन्तता, सुखदायकता। **restless** वि० १. बेचैन, बेकल, व्याकुल, हैरान, अधीर, अशांत, आंदोलित; २. चंचल, सदा गतिवान्, चलत, अस्थिरत; ३. अशांत* (वि० १ भी)। **restlessly** क्रि० वि० १. बेचैनी से, बेकली से, व्याकुल होकर; २. चंचलता से, अस्थिर रूप में। **restlessness** सं० १. बेचैनी, बेकली, व्याकुलता; २. चंचलता, विराम-शून्यता।

rest[2] (rest) [F. *reste*, from *rester*, L. *restāre* (RE-, *stāre*, to stand)] सं० १. शेषांश, अवशिष्ट ऊनक* (आ० भी), बक़ाया हिस्सा; २. बाक़ी लोग, शेष व्यक्ति; ३. शेष परिमाण या संख्या; ४. रिबर्थ फ़ंड, सुरक्षित निधि; ५. (बा० शेष-माल (स्टॉक) की जाँच-पड़ताल और बक़ाया निकालना; ६. (टेनिस आदि) गेंद का लगातार खेला जाना (अर्थात् किसी भी खिलाड़ी से चूक न होने के कारण खेल की अवाध गति में गेंद की स्थिति)। **& the ~ or all the ~ of it** आदि-आदि, वग़ैरह-वग़ैरह। **for the ~** इसके अलावा, बाक़ी के बारे में, शेष के विषय में।

rest[3] (rest) [form of ARREST] सं० (इति०) रेस्ट, भाले की टेक (ज़ॉस की प्लेट पर लगा हुआ एक डिब्बानुमा यंत्र जो आक्रांता के भाले के फल को फँसा लेता है और जिससे फिर आक्रांता उस भाले को निकाल नहीं सकता)।

restamp (rē stămp') क्रि० स० फिर से टिकट लगाना। **restart** (rē stärt') क्रि० स० और अ० फिर दुबारा शुरू करना। **restate** (rē stāt') क्रि० स० फिर से कहना (विशे० अधिक बोधगम्य और विश्वासोत्पादक शब्दों में कहना)। **restatement** सं० पुनःकथन।

restaurant (res' tō rănt, res tō ran') [F., from *restaurer*, to RESTORE] सं० रेस्तोराँ, जलपान-गृह, उपाहार-गृह।

rest-harrow (rest' hăr ō) [Rest[3], HARROW[1]] सं० रैस्ट-हैरो, एक प्रकार की झाड़ी।

restitute क्रि० स० और अ० (विरल) मुआवज़ा देना, क्षति-पूर्ति करना, हरजाना देना।

restitution (res ti tū' shŭn) [O.F., from L. *restitutiōnem*, nom. *-tio*, from *restituere* (RE- *statuere*, to set up)] सं० १. मालिक को माल वापस करना, वास्तविक स्वामी को उसकी वस्तु लौटाना, वापस देना*/ वापस दिलाना* (आ० १ भी); २. मुआवज़ा, क्षतिपूर्ति (विशे० make ~); ३. पुनरुद्धार, वस्तु को उसकी मूल (वास्तविक) अवस्था में लाना (विशे० धर्म० the ~ of all things); ४. स्थिति-स्थापन, (लचक के साथ) पूर्व रूप-ग्रहण; ५. प्रत्यावर्तन*/ प्रत्यानयन* (आ० वि० १ भी), प्रत्यर्पण* (आ० २ भी); ६ प्रत्यास्थापन* (आ० १, वि० १, विधि भी)। **~ of conjugal rights** एक विधि वाद (law-suit), वैवाहिक मुक़दमा।

restive (res' tiv) [formerly *restiff*, O.F. *restif*, from *rester*, to REST[3]] (ग़ैर अमरीकी, अश्व०) वि० १. अड़ब्बा, दुर्दम, अड़ियल, अड़ा हुआ, बेक़ाबू, बिगड़ैल, बिगड़ा हुआ (घोड़ा); २. बेक़ाबू, सिरफिरा, उच्छृंखल, जिस पर नियंत्रण न किया जा सके (ऐसा व्यक्ति); ३. (अशुद्ध) बेचैन, अधीर। **restively** क्रि० वि० १. (घोड़े का) अड़ियलपन से, बेक़ाबू होते हुए; २. (व्यक्ति का) बेक़ाबू होते हुए, सिरफिरेपन से, नियंत्रण तोड़ते हुए; ३. बेचैन होते हुए। **restiveness** सं० १. (घोड़े का) अड़ियलपन; २, (व्यक्ति की) उच्छृंखलता, सिरफिरापन, अनुशासनहीनता; ३. बेचैनी, अधीरता।

restoration (res tōrā' shŭn) सं० १. रेस्टोरेशन*/पुनरावर्तन* (आ० १ भी), क्रियागत अर्थों में (विशे० the Restoration) १६६० ई० में राजतंत्र की पुनः स्थापना (का काल); २. विलुप्त जीव, भग्न भवन आदि के कल्पित मूल रूप का नमूना या चित्रण; ३. पुनःस्थापन* (आ० २, वि० १ भी), प्रत्यावर्तन, फिर से चालू करना, बहाली, वापसी, दुरुस्ती, मरम्मत, उद्धार। **restorationism** सं० पुनरुद्धारवाद, पुनरुत्थान का सिद्धांत, यह सिद्धान्त कि अंततः सभी मनुष्य

ə ण, (Father) फ़ादर; ă=अ्ँ, (Fat) फ़ैट; ā=ए, (Fate) फ़ेट, aw·a=आ, (Fall) फ़ाल, ă=एअ, (Fat) फ़ैअर; e=ऐ, (Bell) बैल; ē·a, (Her) हर; ĕ=ए, (Bed) बैड; ī=ई, (Bit) बिट; ī=आइ, (Bite) बाइट, o=ओ, (Not) नॉट; ō=ओ, (No) नो; ŏ=ऑ, (North) नॉर्थ; oo=ऊ, (Food) फ़ूड; u=उ, (Bull) बुल; ŭ=अ, (Sun) सन, ů=अ, (Muse) म्यूज़; ou=आउ, (Bout) बाउट; o·i=ओइ, (Join) ज्वॉइन।

शाची जीवन में सुखी हो जाएँगे। **restorationist** सं० पुनरुद्धारवादी, पुनरुत्थानवादी, उपर्युक्त सिद्धांत का समर्थक।

restorative (rɛ stôr' ə tiv) वि० और सं० १. स्वास्थ्यप्रद, बलवर्द्धक; २. स्वास्थ्यप्रद औषधि, भोजन या वस्तु। **restoratively** क्रि० वि० स्वास्थ्यप्रद रूप से, बलवर्द्धक रीति से। **restorer** सं० वापस करने वाला, पुनः प्रचालक।

restore (rɛ stor') [O.F. *restorer*, L. *restaurāre* (RE-, *sta-*, root of *stāre*, to stand, cp. G. *stauros*, stake)] क्रि० स० १. लौटाना, वापस करना; २. क़फ़ारा करना; ३. (मरम्मत, रँगाई आदि कर के) असली हालत पर लाना; ४. (विनष्ट पशु या नष्ट-भ्रष्ट इमारत आदि की) असली हालत का चित्र या नमूना बनाना; ५. बहाल करना, सम्मान या अधिकार बहाल करना; ६. (किसी व्यक्ति को) अच्छा करना, स्वस्थ करना; ७. पुनः स्थापित करना; ८. फिर से नया बना देना, फिर से जारी करना; ९. (लेख में छूटे हुए शब्दों, विनष्ट पशु के गायब हुए अवयवों आदि को) अनुमान से पूरा करना; १०. स्थान-पूर्ति करना, पुनः उसी स्थान पर रखना; ११. पूर्व स्थिति या पूर्वावस्था में लाना; १२. (विधि) प्रत्यावर्तन करना*। **restorable** वि० जिसे वापस, बहाल या पुनः प्रचलित किया जा सके।

restrain (rɛ strān') [O.F. *restraign-*, pres. p. stem of *restraindre* (F. *restreindre*, L. *restringere* (RE-, *stringere*, to draw tight, p.p. *strictus*)] क्रि० स० १. रोकना, रोके रखना, नियंत्रण में रखना, सीमा में रखना; २. दबाना, दबाए रखना; ३. सीमित रखना, घेरना; ४. बंदी करना; ५. अवरुद्ध करना, निग्रह करना, अवरोध लगा देना* (विधि भी)। **restrainable** वि० १. दमनीय, रोकने योग्य; २. बंदी करने योग्य। **restrainedly** क्रि० वि० दबाते हुए (विशे० आत्मसंयम के साथ)। **restraint** सं० १. रोकना या रोका जाना; २. बंदिश, बंधन, रोक, नियंत्रण, संयम* (भा० २, ३ भी); ३. बंदीवास (विशे० पागलखाने में); ४. (व्यवहार में) निग्रह, तकल्लुफ़; ५. आत्म-निग्रह, आत्म-संयम; ६. (साहित्य शैली का) संयम* (भा० १ भी); ७. अवरोध* (विधि भी); ८. निरोध*/ निग्रह* (भा० १, २, ३ भी)। **under** ~ (पागलखाने में) बंद, क़ैद। **without** ~ १. बिना रोकटोक; २. बहुलता से। ~**of princes** जहाज़ लाने ले जाने पर पाबंदी।

restrict (rɛ strikt') [L. *restrictus*, see RESTRAIN[2]] क्रि० स० बंधन में रखना, घेरना, सीमा में बाँधना। **restriction** सं० १. रोक*/ प्रतिबंध* (भा० २ भी), पाबंदी; २. (विधि) निर्बन्धन*। **restrictive** वि० प्रतिबंधात्मक। **restrictedly, restrictively** क्रि० वि० प्रतिबंधपूर्वक, सीमित रूप से।

restuff (rɛ stŭf') क्रि० स० पुनः भरना या ठूँसना, दुबारा ठूँस कर भरना।

rice (ris) [O.F. *riz*, It. *riso*, L. *oryza*, Gr. *oruza*, prob. from O. Pers.] सं० १. चावल* (आ०, कृ० भी); २. धान का पौधा। **~-bird** जावा की गौरैया, उत्तरी अमरीका की गाने वाली चिड़िया। **~-milk** चावल की खीर। **~-paper** फारमोसा के एक पौधे के सूखे से बनाया हुआ एक प्रकार का काग़ज़ जो चीनी चित्रकारों के द्वारा प्रयुक्त होता है।

rich (rich) [A.-S. *rice* (cp. Dut. *rijk*, G. *reich*, Icel. *ríkr*), rel. to L. *rex*, king, perh. ult. drived from it] वि० १. (व्यक्तियों, सभाओं, राज्यों आदि के संबंध में) धनी, मालदार; २. प्राकृतिक साधन सम्पन्न, धनधान्यपूर्ण (देश), समृद्धिशाली (युग), उपजाऊ (मिट्टी); ३. क़ीमती, बहुमूल्य (जैसे ~offerings, a~ harvest); ४. (लिबास, लकड़ी के सामान, मकानों, भोजों आदि के संबंध में) बढ़िया, रौबदार, मज़बूती, शानदार; ५. (भोजन या खाद्य पदार्थ के संबंध में) पौष्टिक, जिसमें बड़ी मात्रा में तेल, मक्खन, अंडे, चीनी, मिर्च-मसाला हो; ६. दर्शनीय, सुंदर, गहरा (रंग), मधुर, मीठी (ध्वनियाँ), अच्छी (गंध); ७. भरपूर, प्रचुर; ८. अत्यंत मनोरंजक, मनोरंजनपूर्ण, विनोदपूर्ण, दिलचस्प, मज़ेदार (घटनाएँ); ९. बढ़िया, शानदार (जैसे rich clad, rich bound, rich glittering)। **richen** क्रि० अ० और स० (क्वचित्) धनी होना या करना, समृद्धिशाली होना या बनना। **riches, richesse** सं० (प्रायः बहु०) की भाँति) साधनों की बहुलता, विपुल संपदा, धन-दौलत, अमीरी। **richly** क्रि० वि० १. अमीरी से, २. समृद्धि के साथ, ३. बहुतायत से; ४. ठाट-बाट के साथ आदि, (मुख्यतः deserve के साथ प्रयुक्त) पूर्णतः, पूरी तरह, खूब (जैसे ~deserves a thrashing)। **richness** सं० १. अमीरी; २. उर्वरता; ३. बहुमूल्यता; ४. पौष्टिकता; ५. मिठास; ६. बहुलता; ७. दिलचस्पी।

Richard स० व्यक्तियों का नाम। **~Roe** निष्कासन-अभियोग में प्रतिवादी के लिए विशेष नाम। **Poor Richard's sayings** बेजामिन फ्रैंकलिन (Benjamin Fraiklin) द्वारा (Poor Richardo) नामक कल्पित नाम से लिखे गए जन्त्रियों या पंचांगों के सूत्र। **Richard's himself again** अब जान में जान आयी।

Richardsonian (rich ärd sŏ' ni ăn) वि० उपन्यासकार सैमुअल रिचर्डसन (१६८९-१७६१) की कृतियों एवं शैली-विषयक। सं० रिचर्डसन का अनुगामी या प्रशंसक।

rick[1] (rik) [A.-S. *hréac* (cp. Dut. *rook*, Icel. *hraukr*)] स० सूखी घास का ढेर, मटर, अनाज आदि का ढेर (विशे० जो ठीक तरह से बनाया और छाया गया हो)। क्रि०स० ढेर या अम्बार लगाना। **~-barton** खलिहान का बाड़ा। **~-cloth** घास की गंजी या अनाज के ढेर पर डाला गया कपड़ा। **~-stand** लकड़ी या पत्थर के छोटे खम्भे जिन पर घास के अम्बार ऊपर उठाये जाते हैं। **~-yard** घास के ढेर या अनाज के खलिहान का बाड़ा।

rick[2] दे० WRICK।

rickets (rik' ĕts) [perh. rel. to prec., supposed by F. Glisson, med. writer (1597-1677), to be corr. from RACHITIS] सं० (एक०व० या बहु०व०) रिकेट्स* (आ० भी), बच्चों का एक रोग जिसमें हड्डियाँ मुलायम या पतली पड़ जाती हैं, (विशे० रीढ़ की हड्डी का, टेढ़ी टाँगों आदि का)। **rickety** वि० १. रिकेट्स रोग से ग्रसित; २. जीर्ण, जर्जरित, कमज़ोर, डाँवाडोल, ढीलाढाला, नाज़ुक, असुरक्षित (वस्तु विशे० लकड़ी का सामान)। **rickettiness** सं० ढीलापन, कमज़ोरी।

ricksha (w) दे० JINRICKSHA।

ricochet (rik' ŏ shā, -shet) [F., etym. doubtful] सं० १. जल या भूमि पर गोली की उछाल, (विशे०) तोप के गोले या बंदूक की गोली का उछलते हुए जाना (प्रायः गूणव० जैसे ~fire)। क्रि० अ० और स० एक या कई बार उछलना, (किसी फेंके हुए गोले या गोली का) एक बार या कई बार उछलते हुए जाना, (तोप या तोपची का) उछलते हुए निशाना लगाना।

rictus (rik' tŭs) [L., p.p of *ringi*, to open the mouth wide] सं० (बहुव० **rictuses or rictūs**) मनुष्य या पशु के मुँह का फैलाव या चौड़ाई, चिड़िया की चोंच की चौड़ाई, पुण-मुख।

rid[1] (rid) [Icel. *rythja*, conf. with REDD] क्रि० स० (भू० **ridded, rid**; भू० कृ० **rid**, विरल **ridded**), (किसी व्यक्ति को) मुक्त करना, (किसी स्थान को) छोड़ देना, भार से मुक्त करना (प्रायः भू० कृ० में be या get के साथ प्रयुक्त, जैसे must get ~of him)। **riddance** सं० छुटकारा, निजात, मुक्ति, निस्तार (विशे० a good riddance उदा०, आनंद का)। **is a good~** अच्छी छुट्टी मिली, चलो छुटकारा मिला।

rid[2] दे० RIDE।

rid (d) el सं० (धर्म०) वेदी का पर्दा।

riddea दे० RIDE।

riddle[1] (rid' ĕl) [A.-S. *rædels*, from *rædan*, to READ (cp. Dut. *raadsel*, G. *rätsel*)] सं० १. प्रहेलिका, पहेली, कूट प्रश्न, ऐसा प्रश्न, बात या विवरण जिसमें सुनने वालों की बुद्धि-परीक्षा की जाती है; २. चकराने वाला या रहःस्पूर्ण तथ्य, पेचीदा बात, रहस्यपूर्ण व्यक्ति, उलझाने वाली चीज़। क्रि० अ० और स० १ पहेलियाँ में बातें करना, पहेलियाँ बुझाना; २. पहेली सुलझाना। **~me** मुझसे पहेली बुझाते हो (चुनौती देते हो)। **riddled** (**part**) पहेलियों में कहा हुआ। **riddlingly** क्रि० वि० पहेलियाँ बुझाते हुए, चक्कर में डालते हुए, गोलमोल ढग से।

riddle[2] (rid' el) [A.-S. *hriddel*, *hridder*, from *hrid-*, to shake (cp. G. *reiter*, also L. *cribrum*)] सं० १. मोटी छलनी; २. आलपीनों वाली पट्टी जिससे तार सीधे किए जाते हैं। क्रि० स० १. छानना, जिससे (अनाज आदि) छाना जाता है, बीनना, (ला०) (प्रमाण, सत्य की) छानबीन करना; २. (जहाज या शरीर को) गोलियों से चलनी कर डालना; ३. (ला०) प्रश्नों की झड़ी लगा देना; ४. (किसी व्यक्ति, सिद्धांत का) तथ्यों के साथ खंडन करना, आलोचना करना; ५. छेद करना* (कृ० भी)।

ride (rid) [A.-S. *ridan* (cp. Dut. *rijdan*, G. *reiten*, Icel. *ríthá*, Dan. *ride*)] क्रि० अ० और स० (भू० **rode, rid** भू० कृ० **ridden, rid**) १. घोड़े पर चढ़ना, सवारी करना, सवार होना, चढ़ कर जाना, घोड़े की पीठ या साइकिल या रेलगाड़ी या किसी और सवारी में चक्कर चढ़ कर जाना, घोड़े की सवारी की तरह किसी चीज़ पर बैठना या बैठ कर जाना या चढ़ना, घोड़े पर बैठना और उसे हाँकना; २. लंगर पर रुकना, ऊपर-ऊपर उतराना या तैरना; ३. (सूर्य आदि का) तैरते हुए दिखाई देना; ४. घोड़े पर सवार हो कर पार करना, चढ़ कर के पार जाना (जैसे ~the country, desert etc.); ५. चढ़ना, सवार होना, सिर पर सवार होना, छाती पर चढ़ना, सताना, दबाना, प्रभाव में रखना; ६. सध्ती से हुकूमत करना; ७. अत्याचार करना; ८. चढ़ाना, सवार करना, दौड़ाना (जैसे ~child on one's back); ९. (भूमि का) अच्छा, बुरा, कठोर या मुलायम होना, चढ़ने के लिए विशेष प्रकार का होना (जैसे

rides well, soft, hard आदि); १०. सार्वजनिक सवारी की यात्रा, बस आदि का सफ़र, सवारी घोड़ा, साइकिल, आदमी की पीठ पर सवारी करने में लगा हुआ समय; ११. सड़क-विशेष, जंगल के बीच घोड़े की सवारी का रास्ता; १२. (सैन्य०) सवार रंगरूटों का दस्ता, नव-सैनिक अश्वारोहियों का गुल्म। **bone rides** हड्डी टूट जाने पर हड्डी के एक टुकड़े का दूसरे पर चढ़ना। **nightmare rides** भयानक स्वप्न का (सोने वाले को) दबाना आदि भयाक्रिभूत करना। **~a-cock-horse** दे० A-COCK-HORSE। **~a ford** नदी के उथले भाग को घोड़े पर सवार होकर पार करना। **~& side** दो या अधिक यात्रियों के एक घोड़े की यात्रा जिसमें एक सवार हो कर आगे निकल कर किसी स्थान पर घोड़े को दूसरे की प्रतीक्षा में बाँध कर छोड़ देता है। **~at anchor** लंगर पर खड़ा होना। **~bodkin** दे० BODKIN। **~for a fall** उतावलेपन से सवार होना, (ला०) उतावलेपन से या अहरदहिता से काम करना, अंधाधुंध काम करना। **~off on a side issue** मुख्य विषय को टालने के लिए किसी दूसरी या नयी बात को छेड़ देना। **~one down** घोड़ा दौड़ा कर बराबर पहुँच जाना, किसी के पीछे घोड़ा दौड़ाना। **~one off** (पोलो खेल में) अपने घोड़े से दूसरे के घोड़े को एक तरफ़ हटा देना। **~one's horse** (ला०) अपनी रुचि या ढंग पर चलना। **~horse to death** १. घोड़े को दौड़ाते-दौड़ाते मार डालना, २. अपने घोड़े को किसी शत्रु पर दौड़ाना। **~one on rail** अत्याचार के रूप में किसी व्यक्ति को टाँगें फैला कर पटरी पर चलाना। **~out the storm** (शा० और ला०) तूफ़ान से अच्छी तरह से बच निकलना, संकट में से सुरक्षित रूप से निकल आना। **~rope rides** एक रस्सी का बल दूसरे पर चढ़ता है। **~roughshod** दे० ROUGHSHOD। **~the whirlwind** १. बवंडर का चलाना; २. क्रांतिकारी शक्तियों का संचालन करना। **~to hounds** शिकारी कुत्तों के साथ शिकार खेलना। **~12 st. etc.** अश्वारोहण की पोशाक पहनने पर १२ स्टोन भार होना। **ridable** वि० सवारी के योग्य। **rider** सं० क्रियागत अर्थों में (घुड़सवार भी, विशे०) १. (नौ० वि०, बहुब०) अतिरिक्त तख्ते या लोहे के चादर जो जहाज़ के ढाँचे को मजबूत बनाए रखने के लिए लगाए जाते हैं; २. (एकब०) ऊपरी रस्सा या रस्से का बल; ३. वह पत्थर जो हटा कर दूसरे की जगह पर रखा गया हो; ४. किसी प्रलेख (विशे० संसदीय विधेयक के तृतीय वाचन पर संशोधन या अनुपूरक के रूप में); जुड़ा हुआ अपर खण्ड; ५. अनुवृद्धि* (मा० १ भी); ६. स्वाभाविक परिणाम, क़ानूनी फ़ैसले या निर्णय के साथ दी हुई राय; ७. (गणि०) आरोहक* (मा० १ भी), आनुभाषी सवाल, ऐसी समस्या जो विद्यार्थियों के उन सिद्धांतों संबंधी विशेष ज्ञान को परीक्षा करती है जिन पर कि उसका निष्कर्ष आधारित रहता है; ८. मशीन का ऊपरी पुर्ज़ा। **riderless** वि० १. अश्वा-रोहीहीन; २. ऊपरी तख्ते वाला (जहाज़); ३. अनुवृद्धिरहित; ४. आरोहकरहित आदि। **riding**[1] सं० क्रियागत अर्थों में, घुड़-सवारी, (विशे० घुड़सवारों के लिए हरा-भरा मार्ग जो जंगल के बीच या उसके पास से गुज़रता हो)। **~breeches** घुड़सवारी की बिरजिस। **~habit** दे० HABIT[1]। **~lamp light** लंगर पर रुके हुए जहाज़ का लैम्प या रोशनी।

ridel दे० RIDDEL।

ridge (rij) [A.-S. *hrycg* (cp. Dut. *rug*, G. *rücken*, Icel. *hryggr*, Dan. *ryg*)] सं० १. डोल*/ मेड़* (कृ० भी), दो ढालू चरातलों के संगम की रेखा (जैसे the~of a roof); २. पर्वतमाला, पहाड़ी की संधी तंग चोटी, जल-विभाजिका, दो नदियों के प्रवाह-प्रदेश के बीच स्थित विभाजक रेखा या अत्युच्च सीमा; ३. खेत की नालियों के बीच का उभरा हुआ भाग (कृ० वि०); ४. (बागवानी) खरबूजे आदि की ऊँची क्यारी; ५. टीरिया, बराबल के आरपार उभरी हुई पहाड़ी; ६. कटक* (आ०, वि० १ भी)। क्रि० स० और अ० १. नालियाँ या डोल बनाना, भूमि को इस प्रकार जोतना कि बीच में मेड़ें-सी बन जायँ; २. उभरी हुई रेखाओं से चिह्नित करना, (कबड़ी आदि को) ऊँची क्यारियों में बोना; ३. समुद्र में ऊँची लहरें उठाना या उठना। **~piece** १. बड़ेरे, छप्पर के मँगरे या मँगरा पर रखी हुई कड़ी या शहतीर; २. लंबे ढेरे की आड़ी चोब या बाँस। **~tile** छप्पर के मँगरे के काम आनेवाला खपड़ा, कूटदाइल* (इं० ३ भी)। **~way** पहाड़ी की चोटी पर का रास्ता। **ridgy** वि० १. पर्वत-श्रेणी वाला; २. मँगरे वाला।

ridicule (rid' i kūl) [L. *ridiculus*, laughable, from *ridēre*, to laugh] सं० १. हँसी, उपहास, मखौल, ठट्ठा, मज़ाक। क्रि० स० हँसी उड़ाना, मज़ाक उड़ाना। **ridiculous** (ri dik' ū lŭs; वि० १. हास्यास्पद, उपहास्य, हँसी के योग्य; २. बेतुका; ३. असंभव। **ridiculously** क्रि० वि० १. हास्यास्पद रूप से; २. बेढंगेपन से। **ridiculousness** सं० उपहास्यता, असंगति, नामाक़ूलियत।

riding[1] दे० RIDE।

riding[2] (ri' ding) [orig. *thriding* (THIRD, -ING)] सं० १ यार्कशायर का प्रशासकीय खंड (ज़िले के परगने की भाँति); २. संयुक्त राज्य ब्रिटेन या अन्य औपनिवेशिक देश का इस प्रकार का परगना या मंडल।

rife (rīf) [late A.-S. *ryfe* (cp. Icel *rifa*, Dut. *rijf*)] वि० १. सामान्य, सब जगह पाया जाने वाला, प्रचलित, फैला हुआ; २. प्रचुर, सामयिक, मौजूदा (प्राय. be, grow, wax के साथ प्रयुक्त) भरपूर, परिपूर्ण (जैसे language is ~with maxims)। **rifeness** सं० प्रचुरता, परिपूर्णता आदि।

riffle (rif' ĕl) [etym. doubtful] सं० (सोना साफ़ करने में) नांद या नाली में पानी निकलने के स्थान पर ऐसी झरी या नली-सी लगा देना ताकि सोने के कण पकड़े जा सकें, अवखातिका* (वि० १ भी), ऊमिका* (इं० १ भी)।

riffraff (rif' răf) [formerly *riff and raff*, F. *rif et raf*, prob from Teut. (cp. M. Dut. *rijf ende raf*)] सं० १. निम्न वर्ग के लोग, आवारागर्द, २. कूड़ा-करकट।

rifle (rī' fĕl) [O.F. *rifler*, to scrape, , scratch, strip, plunder (cp. L.G. *rifeln*, G. *riefeln*, Dan. *rifle*, Swed. *reffla*)] क्रि० स० और अ० १. तलाशना और चुराना, २. लूटना, (विशे० जेबों या रखागृहों में रखी हुई सभी वस्तुओं को झाड़-पोंछ कर) लूट ले जाना; ३. लूट के माल की तरह ले मारना; ४. बंदूक़ में पेंचदार नली लगाना जिसमें गोली घूमती हुई जाती है; ५. बंदूक़ चलाना, राइफ़ल से मारना। सं० १. बंदूक़ की पेंचदार नली; २. (पहले rifle-gun) राइफ़ल (विशे० पेंचदार नली वाली बंदूक़ जो कंधे से चलाई जाती है); ३. (बहुब०) राइफ़लधारी सैनिक दल। **~bird** गहरे हरे रंग का आस्ट्रेलियाई पक्षी। **~brigade** ब्रिटिश सेना का दल-विशेष या रेजीमेंट। **~corps** राइफ़लधारी स्वयंसेवकों का निकाय या दल। **~green** सं० १. राइफ़लधारी सिपाहियों की वर्दी जैसा गहरा हरा रंग। वि० उस गहरे हरे रंग का। **~man** १. राइफ़लधारी सैनिक (विशे० ब्रिटिश सेना का सदस्य); २. (पद०) बंदूक़ची, राइफ़लमैन। **~pit** ऐसी खन्दक़ या खाई जिसमें छिप कर राइफ़लधारी निशाना मारते हैं। **~range** राइफ़ल की मार, राइफ़ल चलाने के अभ्यास का स्थान। **~shot** राइफ़ल

की मार, राइफ़ल से दगी हुई गोली। **rifling** सं० १. लूटना; २. बंदूक में पेंचदार नली लगाना; ३. राइफ़ल की निशानेबाज़ी।

rift (rift) [from Scand. (cp. Dan. and Norw. *rift*, Icel. *ript*, from *rifa*, to RIVE)] सं० (भूमि या चट्टान में) दरार, छेद, किसी वस्तु में दरार, कटाव, चिराव, फटन, बादलों के बीच का फटाव, अनुपात०* / रिफ्ट* (वि० १ भी)। क्रि० स० (भू० और भू०कृ० **riven**) दरार डालना, चीरना, काटना, फाड़ना। **little ~ within the lute** (लो०) विछिप्तता अथवा मतभेद का आरम्भ, आरंभिक पागलपन या अविश्वास, कोई छेद या त्रुटि जो पीछे से भयंकर रूप धारण करे। **~-valley** भूमि के फटने के कारण बनी हुई घाटी। **riftless** वि० बिना दरार का। **rifty** क्रि० वि० दरार-वाला, कटावदार, छिद्रयुक्त।

rig[1] (rig) [etym. doubtful, Norw. and Swed. *rigga*, may be from Eng.] क्रि० स० और अ० १. पोत को आवश्यक वस्तुओं से सज्जित करना, जहाज़ को बल्लियों, रस्सियों आदि से लैस करना या किया जाना, जहाज़ को ज़रूरी चीज़ें मुहैया करना, इस प्रकार सज्जित कर के समुद्री यात्रा के लिए तैयार करना या होना, सफ़र के लिए लैस करना; २. (वायुमान के) पुर्ज़ों को ठीक तरह से बैठाना, कील-काँटा दुरुस्त करना (out, up के साथ प्रयुक्त); ३. वस्त्रों अथवा अन्य आभूषणों से सज्जित करना, पोशाक पहनाना; ४. लिबास या वर्दी वगैरह ठीक तरह पहनाना; ५. जल्दी-जल्दी में ठीक करना, झटपट उलटा-सीधा बना कर (ढाँचा) खड़ा कर देना। सं० १. जहाज़ में मस्तूल, पालों आदि के लगाने का ढंग या तरीक़ा; २. सजधज, रूप, वस्त्राभूषणों द्वारा बनी हुई आकृति (किसी व्यक्ति या पदार्थ की)। **~-out, -up** इस प्रकार की सहायक वस्तुएँ। **rigged** वि० बल्लियों, रस्सों आदि से व्यवस्थित। **rigger** सं० क्रियागत अर्थों में (विशे०) १ जहाज़ को तयार करने वाला; २. बेंचक; ३. हवाई जहाज़ के कील-काँटे फिट करने वाला; ४. (यां०) पहिदार चक्का या पहिया; ५. सज्जक*/रिगर* (ब्र० भी)। दे० OUT-RIGGER; दे० THIMBLE-RIGGER। **rigging** सं० जहाज़ के रस्से, मस्तूल, बल्लियाँ आदि। **~-loft** जहाज़ की मरम्मत के स्थान पर की गैलरी जहाँ पर जहाज़ में रस्से, बल्लियाँ आदि फिट किये जाते हैं।

rig[2] (rig) [etym. doubtful] सं० रिग* (कृ० भी), चाल, छल, घिस्सा, ठगने की युक्ति। क्रि० स० १. चाल चलना; २. धोखा देना, मूल्यों में कृत्रिम घटा-बढ़ी करना, बेईमानी करना। **~ the market** कोई चाल चल कर बाज़ार-भाव को घटाना-बढ़ाना।

Riga सं० बाल्टिक (Baltic) सागर का बंदरगाह (जैसे ~deal, hemp etc.) **~ balsam** सनोबर का तेल जो औषधि के रूप में भी काम आता है।

rigadoon (rig'ă doon') [F. *rigaudon, rigodon*, etym. doubtful, perh. from *Rigaud*, name of a dancing master] सं० १. युग्म-नृत्य, दो जनों का सजीव नृत्य; २. इस नृत्य के अनुरूप संगीत।

rigescent (ri jes' ent) [L. *rigescens -ntem*, pres. p. of *rigescere*, incept. of *rigēre*, to be stiff] वि० कठोर, कड़ा या सख्त होता हुआ, अकड़ता हुआ, ऐंठता हुआ। **rigescence** सं० कठोरता, कड़ापन, सख्ती, अकड़ते जाना।

riggers दे० RIG[1]।

right (rit) [A.-S. *riht* (cp. Dut. *regt*, G. *recht*, Icel. *rettr*), cogn. with L. *rectus*, rel. to *reg-*, root of *regere*, to rule] वि० १. सम, लम्ब कोण; २. समकोणीय, लम्बकोणीय; ३. न्याय, न्यायोचित, नेक, न्यायसंगत, धर्मानुकूल, यथायोग्य, ठीक; ४. अच्छी अवस्था में, अच्छा-भला, स्वस्थ, तंदुरुस्त, दुरुस्त, संतोषप्रद, सोचा-विचारा हुआ, ठीक; ५. अपसव्य, दाहिना, सीधा, दायाँ, दक्षिण* (आ०, वि० १ भी)। क्रि० स० और अ० १. अपने को ठीक करना, संतुलन प्राप्त करना, (जहाज़ का) सीधा खड़ा होना; २. (किसी अपराध की) क्षति-पूर्ति करना, (अपराधी से) बदला लेना; ३. न्याय-संगत सिद्ध करना, जायज़ करार देना, उपयुक्त या पहली अवस्था में लाना; ४. (भूलें) सुधारना, (ग़लतियाँ आदि) ठीक करना, संशोधन करना, सँवारना, ठीक तरह से जमाना। सं० १. न्याय, न्यायसंगत बात, सचाई, इंसाफ़, इंसाफ़ का बर्ताव; २. औचित्य, सच्चा दावा, उचित*/सत्* अधिकार* (मा० २ भी), हक़* (मा० १ भी), वह वस्तु या चीज़ जिस पर किसी का हक़ हो; ३. (बहुव०) वास्तविक अवस्था, यथार्थ स्थिति, सही हालात, सच्ची कैफ़ियत; ४. दायीं ओर, सीधे हाथ का हिस्सा या रुख़; ५. (राज०) संसद के अनुदारदलीय सदस्य, दक्षिणपंथी या पुराणपंथी सदस्य। क्रि० वि० १. सीधे; २. बिल्कुल, पूर्णतया, पूरी तरह (off, out आदि के साथ प्रयुक्त); ३. ठीक, ऐन; ४. बहुत, निहायत, पूरी तरह, पूर्णतः; ५. ईमानदारी से, सही तरीक़े से, मुनासिब तौर पर, ठीक से, संतोषजनक रूप में; ६. सीधे हाथ की ओर, दाहिनी तरफ़। **all ~, ~ oh!** (ग्रा०) बहुत ठीक, ठीक! दुरुस्त, बिल्कुल सही (किसी आज्ञा या प्रस्ताव का समर्थन प्रकट करते हुए)। **are you ~ now ?** अब आप अच्छी तरह से हैं? **assert stand on one's ~** अपने हक़ पर क़ायम रहना, अपने अधिकारों के लिए दृढ़ रहना या आग्रह करना। **at ~ angles** समकोण पर स्थित। **be in the ~** सचाई पर होना, न्याय या सत्य के पक्ष पर होना। **by ~ or rights** यदि न्याय बरता गया। **Declaration or Bill of rights** अधिकार घोषणा. अधिकार विधेयक, १६८९ ई० की वैधानिक व्यवस्था। **do one ~** किसी के साथ न्याय करना या इंसाफ़ करना, ईमानदारी बरतना। **eyes ~** ! (परेड में सैनिकों को दिया जाने वाला आदेश) दाएँ देख, दाहिनी ओर देख! **get ~** अच्छी अवस्था पर पहुँचना या प्राप्त होना। **in one's ~ mind** स्वस्थ चित्त से, सही दिमाग़ से। **is as ~ as rain, or as a trivet** बिल्कुल ठीक। **Miss ~** भावी पत्नी, होने वाली बीबी। **Mr. ~** भावी पति, होने वाला शौहर। **on the ~ side of forty** चालीस से इधर हैं। **pearess in her own ~** वह महिला जिसे अपनी व्यक्तिगत योग्यता से सम्मान, पद प्राप्त हो, न कि किसी से विवाह करने पर। **~-about** सीधे हाथ की ओर से पूरा घूम जाना, बिल्कुल पीछे मुँह करना (जैसे सेना को चक्कर-about), पार्सल का सामान भेजना। क्रि० स० और अ० औंधा करना, उलटाना। **~-about turn** दाहिनी ओर से घूम जाने की दशा या अवस्था। **~ & left** क्रि० वि० १. दोनों ओर की; २. चारों ओर, चारों तरफ़ (जैसे the crowd divided ~ & left)। वि० दुहत्था, दुतरफ़ा। सं० १. दुतरफ़ा निशाना; २. मुक़ेबाज़ के दोनों हाथों के प्रहार। **~ & left shot** दुतरफ़ा पेंच जिसके आमने-सामने के दोनों सिरों पर डोरे बँधे रहते हैं। **~ helm** पतवार को जहाज़ों के बीच रखना। **~ of way** १. भूमि पर आने-जाने का अधिकार; २. वह मार्ग जिस पर आने-जाने का हक़ हो। **~ off, ~ away** (मुख्यतः अमरीका में) तुरंत, तत्काल, झटपट, फ़ौरन। **~ you are** (स्वीकार करने या समर्थन करने का ढंग) निस्संदेह, आप ठीक कहते हैं। **send to the ~ about** भगा देना, खदेड़ देना। **serves him ~** उसके बिल्कुल उपयुक्त है, वह इसके ही योग्य है। **set or put ~** १. व्यवस्थित करना; २. भ्रांत धारणा का निवारण करना, ग़लतफ़हमी दूर करना; ३. न्यायसंगत सिद्ध करना। **the ~**

न्यायपक्ष, सचाई। **the ~side of a fabric** कपड़े की सीधी ओर या तरफ़। **woman's rights** नारी अधिकार, पुरुषों से समानता के अधिकार। **~arm** (ला०) १. दाहिनी भुजा; २. सच्चा मित्र, मददगार, सर्वाधिक विश्वस्त सहायक। **~bank** दाहिना किनारा। **~cone** समकोणीय शंकु। **~cylinder** समकोणीय बेलन। **~down** पूरा, पक्का, सरासर, बिल्कुल। **~hand** १. दाहिना-हाथ, सीधा हाथ; २. अच्छा हाथ (जैसे (put one's ~hand to the work); ३. मैत्री का हाथ, दोस्ती का हाथ (जैसे give the ~hand of fellowship); ४. दाहिना हिस्सा, दाहिनी ओर (at, on, to के साथ प्रयुक्त to one's ~hand=दाहिनी ओर रखा हुआ, सीधी तरफ़ का)। **~-handman** १. पंक्ति में दाहिनी ओर खड़ा हुआ सैनिक; २. विश्वासी सहयोगी, प्रमुख सहायक। **~-hand screw** दाहिनी ओर घूमे हुए डोरे वाला पेंच। **~-handed** सीधे हाथ से काम करने का अभ्यस्त। **~-handed blow** सीधे हाथ का प्रहार। **~-handed tool** सीधे हाथ से ठीक तरह चलने वाला औज़ार। **~hander** सीधे हाथ का प्रहार या सीधा हाथ चलाने वाला व्यक्ति। **~-minded** दे० सुविचार। **~-mindedness** सं० सुविचारिता, नेकी। **~prism** समकोणीय समतल पाइर्व। **~sailing** सीधे या दूर दक्षिण, पूर्व, पश्चिम या उत्तर की जल-यात्रा। **~turn** पूर्वस्थिति से बिल्कुल समकोण बनाती हुई स्थिति में घूमना। **~whale** दे० WHALE। **rightable** वि० सुधारयोग्य, संशोधनीय, ठीक या दुरुस्त किए जाने लायक़। **righten** क्रि० स० (विरल) संशोधित करना, सुधारना, स्वस्थ बनाना, अच्छा बनाना। **rightful** वि० १. न्यायसंगत, जायज़, ठीक (कार्य आदि); २. वैधानिक अधिकार; ३. अधिकारगत; ४. न्यायानुकूल (पद, सम्पत्ति आदि)। **rightfully** क्रि० वि० न्यायपूर्वक, इंमाफ़ से, जायज़ तौर पर। **rightfulness** सं० १. न्यायपूर्णता; २. अधिकारगत होना। **rightless** वि० अधिकारहीन, बेहक़। **righty** क्रि० वि० १. ठीक-ठीक; २. उचित रूप से; ३. यथार्थ में; ४. न्यायानुसार। **rightness** सं० १. सीधापन; २. न्यायसंगतता; ३. औचित्य; ४. ईमानदारी; ५. सत्यता; ६. समीचीनता; ७. संशोधप्रदता आदि। **rightward** वि० और क्रि० वि० १. दाहिनी ओर का; २. सीधी तरफ़, दाहिनी ओर; ३. दक्षिणपंथी।

righteous (rī' tyŭs, rī' chŭs) [A.-S. *rightwis* (RIGHT, WISE[1] or -WISE)] वि० न्यायनिष्ठ, नेक, धर्मात्मा (व्यक्ति), साधु, संयत (जीवन, कर्म)। **righteously** क्रि० वि० न्यायपूर्वक, साधुभाव से आदि। **righteousness** सं० नेकी, न्यायप्रियता, साधुता आदि।

rigid (rij' id) [L. *rigidus*] वि० १. कठोर, कर्कश, अनमनीय* (मा० १ भी), कड़ा, बेलोच (जैसे a ~bar, stem, frame, airship); २. कट्टर, दृढ़* (वि० १ भी), अमर्त्तिग, सूक्ष्माचार, नियमनिष्ठ (जैसे ~justice, principles, Catholics, adherence to rules, economy); ३. दुस्संशोध्य* (मा० १ भी)। **rigidity** (ri jid' i tĭ) सं० अनमनीयता, सख्ती, कठोरता*/दृढ़ता* (आ०, ई० ३, वि० १ भी)। **rigidly** क्रि० वि० १. अनमनीय रूप से; २ कठोरता से, सख्ती से।

rigmarole (rig' má rōl) [prob. corr. of RAGMANROLL] सं० १. अनर्थ कथा, बकवास, बेसिरपैर की बात, बेकार की गप्प; २. (गुणवा०) असंगत, बेमतलब, गोरखधंधा।

rigour (rig' ŏr) [O.F., from L., *rigōrem*, nom. *-or*, from *rigēre*, to be stiff] सं० १. दृढ़ता, काठिन्य, कड़ाई, सख्ती, कठोरता, उग्रता, (बहुव०) सर्दी या मौसम की भीषण उग्रता, क़ानूनी कड़ी कार्रवाई या सख़्तियाँ आदि (जैसे with the utmost~of the law); २. शीत, कष्ट, अकाल आदि की भीषण उग्रता; ३. तप, दृढ़ता, कट्टरता। **rigorism** सं० कठोरतावाद*/निग्रहवाद* (मा० १ भी), कट्टरतावाद। **rigorist** सं० कठोरतावादी, कट्टरतावादी। **rigorous** वि० कड़ा, सख्त, कठोर, उग्र। **rigorously** क्रि० वि० कड़ाई से, सख्ती से आदि।

Rig-Veda (rig vā' dă) [Sansk. *ric*, praise, *veda*, knowledge] सं० ऋग्वेद।

rile (ril) [va. of ROIL] क्रि० स० (ग्रा०) खिझाना, चिढ़ाना, उत्तेजित करना, ग़ुस्सा दिलाना।

rilievo (rē lyā' vō) [It., RELIEF[2]] सं० (बहुव० **-vi, -ve**) उत्कीर्ण वस्तु, मूर्त्ति।

rill (ril) [cp. L.G. and G. *rille*. Dut. *ril*] सं० १. अवनालिका*/रिल* (क्रु० भी), चरमा, मोता, नाला, क्षुद्र नदी; २. क्षुद्र सरिता* (वि० १ भी)। क्रि० अ० क्षुद्र नदी की भाँति उबलना या बहना। **rille** सं० (ग० ज्यो०) चन्द्र उपत्यका, चंद्रमा के तल पर की खाई या संकीर्ण घाटी, चंद्र-घाटी* (वि० १ भी)। **rillet** सं० छोटा नाला।

rillettes (ri lets') [F.] सं० (बहुव०) रिलेट्स, सुअर के क़ीमे, मुर्ग़, चर्बी आदि से तैयार होने वाला एक पकवान।

rim (rim) [A.-S. *rima* (cp. Icel. *rimr, rimi*, strip, ridge)] सं० १. अर्वट* (मा० १ भी), रिम*-घेरा* (क्रु० भी), पहिए का घेरा, छलनी का घेरा; २. (काव्य०) सरकिल या गोलाकार पदार्थ; ३. (नौ० वि०) पानी की सतह; ४. कगार, कोर*/किनारा* (मा० १ भी), किसी वस्तु का ऊँचा किनारा (विशे० गोलाकार किनारा); ५. (क्रु०, वि० १) नेमि*। क्रि० स० १. रिम लगाना; २. किनारा या कगार बनाना। **golden ~** मुकुट, ताज। **~-brake** रिम पर का ब्रेक। **rimless** वि० १. बिना रिम का; २. बिना कगार का। **rimmed** वि० १. रिम या घेरे वाला; २. कगारदार।

rime[1] दे० RHYME।

rime[2] (rīm) [A.-S. *hrīm* (cp. Dut. *rijm*, Icel. *hrim*, O.V. *rime*)] सं० (मुख्यत: काव्य०) १. कुहरा, तुषार, पाला; २ (वि० १) तुहिन*। क्रि० स० पाला पड़ना, कुहरा छाना, तुषार से ढकना। **rimy** वि० कुहरे से ढँका हुआ।

rimer दे० REAMER।

Rimmon सं० दमिश्क में पूजे जानेवाले एक प्राचीन देवता। **low down in the house of ~** अपने विश्वासों के साथ समझौता करना, दूसरे की बात मान लेना।

rimose, -mous (rī' mōs, -mus) [L. *rimōsus*, from *rima*, chink] वि० १. (बन० आदि) दरार, दरारयुक्त, फटावदार; २. विदरित* (वि० १ भी)।

rind (rind) [A.-S., cp. Dut. *run*, G. *rinde*] सं० १ छिलका* (क्रु० भी), बक्कल, पेड़ या पौधे की छाल; २. फल या तरकारी का छिलका; ३. पनीर या अन्य पदार्थ पर की झिल्ली या पपड़ी, ४. सुअर के नमकीन गोश्त में ऊपर की चमड़ी; ५. बाहरी पहलू या हालत, ऊपरी तल या सतह। क्रि० स० बक्कल निकालना, छाल उतारना। **rinded** वि० १. बक्कलदार, छिलके वाला; २. बाह्य पक्ष सहित।

rinderpest (rin' dĕr pest) [G. *rinder*, pl. of *rind*, ox, PEST] सं० रिंडरपेस्ट, पायुर करने वाले पशुओं का रोग (विशे० बैल या पशुओं की महामारी या प्लेग), खुरपका।

ring[1] (rinɡ)[A.-S. *hring*(cp. Dut. and G. *ring*, Icel. *hringr*)] सं० १. अँगूठी, मुंदरी, छल्ला (उँगली या शरीर के अन्य भाग में पहनी जानेवाली. इस प्रकार की वस्तु जैसे वलय, बाली, नथ आदि); २. चक्र, छल्ला*/ रिंग*/ वलय* (आ०, इ० १, वि० १ भी), कोई भी सामान्य आकार की गोलाकार वस्तु; ३. (किसी अन्य पदार्थ का) गोल घेरा, बेलबूटर, रिमका, कुंडा, कुलाबा; ४. पिंडी, ऐंडली, गोला, वलय, कुंडल, चक्र, छल्ले के आकार का कोई भाग या चिह्न; ५. टोली, गुट, कुंजी, चक्र, व्यक्तियों की मंडली, पेड़ों का कुंज; ६. (आ०) व्यापारियों की मंडली, बाजार को हाथ में लेने के लिए व्यापारियों या राजनीतिज्ञों का गुट, शासन-नीति पर नियंत्रण करने के लिए राजनीतिज्ञों का गुट; ७. हाता, बाड़ा, अखाड़ा, मंडल (सर्कस की घुड़सवारी. दंगल, दौड़ या पशु प्रदर्शन के लिए); ८. गोलाकार या चक्करदार मार्ग। कि० अ० और स० १. (भू० और भू० कृ० **ringed**) बाज का मँडराना. चक्कर काटते हुए ऊपर उठना; २. लोमड़ी का शिकारी कुत्तों के आगे चक्करदार रास्ता बनाते हुए दौड़ना; ३. घेरना (round, about, in के साथ प्रयुक्त, गाय: भू० कि० में), चारों ओर अहाता बना देना (शिकार या मवेशी को) चारों ओर से घेर कर हाँकना; ४. अँगूठी या छल्ला पहनाना; ५. सुअर या बैल की नाक में छल्ला डालना, नाथना। **make rings round** किसी से बराबरी करते हुए अतुलनीय रूप से अधिक तेजी से जाना या काम करना। **nose**-~ नथ, नथनी। **the**~ पुस्तक संग्रहकर्त्ता या सम्पादक। ~-**bark** कि० स० पेड़ की छाल से छिल्के उतारना ताकि उसकी बाढ़ मारी जाय या और उसमें फल आवें। ~-**bolt** कुंडेदार कीलदार कीला। ~-**bone** रिंग-बोन, घोड़ों का रोग जिसमें घोड़े के टखने में कुछ विकार हो जाता है। ~-**cartilage** दे० CRICOID। ~-**dove** वनकपोत विशेष। ~-**fence** बाड़ा, पूरा अहाता। ~-**finger** अनामिका* (वि० १ भी) (विशे० बाएँ हाथ की तीसरी उँगली)। ~-**goal** रिंग-गोल, एक प्रकार का खेल जिसमें हलका कड़ा लकड़ियों से गोल की आर लुढ़काते हैं। ~-**hunt** आग लगा कर जंगली जानवरों के हाँकने का शिकार। ~-**leader** रिंगलीडर, विद्रोह, दंगे आदि का नेता या अगुआ। ~-**lock** छल्लेदार ताला। ~ **man** पुस्तकों का संग्रहकर्त्ता या सम्पादक। ~-**master** रिंगमास्टर, सरकस के खेल का प्रबंधक। ~-**neck** रिंगनैक, ऐसी बतख जिसके गले में विशेष रंग का छल्ला रहता है। ~-**necked** गर्दन में किसी रंग के छल्लेवाली (बतख)। ~-**net** सैमन मछली का जाल या फ़ीता (भी)। ~-**ouzel** रिंग आउजल, अल्पैक बर्ड (black-bird) से मिलता-जुलता एक पक्षी। ~-**snake** रिंगस्नेक, यूरोप में बहुतायत से पाया जाने वाला एक जाति का साँप। ~-**stand** अँगूठीदान, अँगूठियाँ रखने का स्थान। ~-**streaked** (वि०) जिसके शरीर के गिर्द रंग की धारियाँ बनी हों। ~**tail** १. एक तरह की कुतिया. २. तीन साल तक का सुनहरा गरुड़; ३. छल्लेदार पूँछ वाला एक प्रकार का स्तनधारी जन्तु (opossum)। ~-**tailed** रगदिरंगे छल्लोंवाला, पूँछवाला, सिरे पर छल्लेदार पूँछवाला (एक आस्ट्रेलियाई जंतु)। ~-**taw** गोलियों को घेरे में रख कर खेला जानेवाला खेल। ~-**wall** गोलाकार अहाता। ~-**worm** दाद*/ दद्रु* (आ०, कृ० भी), एक प्रकार का चर्म रोग। ~-**water** भँवर, लहर वृत्त। **ringed** वि० १. अँगूठीयुक्त; २. वलयित, छल्लेदार आदि। **ringless** वि० १. अँगूठीरहित, वलयहीन; २. बिना छल्ले का आदि। **ringlet** सं० १. (चिरल) छोटी अँगूठी या छल्ला; २. घास के बीच गहरे रंग का चक्र जिस पर सामान्य जन की धारणा के अनुसार परियाँ नाचती हैं; ३. छल्ले के आकार का चिह्न; ४. घूँघर, घुँघराले बाल या लट। **ringleted, ringlety** वि० घूँघर वाले।

ring[2] (ring) [A.-S. *hringan* (cp. Dut. and G. *ringen*, Icel. *hringja*), prob. imit.] कि० अ० और स० (भू० **rang**, भू० कृ० **rang**) १. बजना, बजाना, खनखनाना, झनझनाना, आवाज़ करना (bell, trumpet, coin, sound, प्राय: out के साथ प्रयुक्त (जैसे with a ringing laugh; a shot rang out;) २. (घंटे का) प्रार्थना, भोजन आदि के लिए बजाना, घंटा बजा कर बुलाना या घोषणा करना, घंटा बजा कर (समय) बतलाना; ३. (किसी स्थान का) गूँजना, प्रतिध्वनित होना (प्राय: again के साथ प्रयुक्त शब्द, कीर्ति, बात, चर्चा आदि से); ४. (कानों में) घंटा बजने की आवाज़ गूँजना, (कानों का) किसी ध्वनि से गूँज जाना (जैसे has a ringing in the ears); ५. घंटा या घंटी बजाना (भी), सहानुभूतिपूर्ण ध्वनि करना; ६. बजा कर रुपया परखना, सिक्के को परखने के लिए टक कर बजाना; ७. बुलाने के लिए घंटी बजाना (जैसे did you~, Sir ?); ८. ज़ोर-ज़ोर से अनेक ध्वनियाँ वाले घंटे बजाना, घंटों से तरह-तरह की ऊँची आवाज़ें निकालना, मृत्यु के घंटे बजाना, मृत्यु की सूचना; ९. बजा कर घंटा (समय) बतलाना, घंटा या घंटे बजा कर समय की घोषणा करना; १०. घंटा या घंटी बजा कर पुकारना, घंटी बजाना (up के साथ प्रयुक्त); ११. घंटी बजा कर भीतर आना या बाहर जाना। सं० १. घंटे का शब्द या घंटनाद, गिरिजाघर के घंटे; २. टनटनाहट, टनटन, खनखन, झंकार, स्वर में खनक; ३. सिक्के की ठनक, बर्तन की झनक या ठनक; ४. घंटा या घंटी बजाना, घंटा बजने की आवाज़ (जैसे three rings for the hall porter; give bell a~; heard a loud ~at the door); ५. घंटी बजाना, टेलीफ़ोन पर बुलाना या टेलीफ़ोन करना (जैसे give me a~)। ~**at door** प्रवेश पाने के लिए द्वार पर की घंटी बजाना, भीतर आने की आज्ञा चाहना। ~**curtain up or down** (नाटक में) घंटी बजा कर पर्दा उठाना या गिराना। ~**false or true** १. (सिक्का) नकली या असली-सा बजना; २. (ला०) भावनाओं का बुरा रूप प्रकट होना। ~**for** नौकर को बुलाना, काफ़ी आदि के लिए घंटी बजाना। ~**in one's ears** कानों में गूँजना। ~**in one's heart** याद आती रहना। ~**off** टेलीफ़ोन की बातचीत बंद करना। ~**the knell of** मृत्यु का घंटा बजाना, अंत की सूचना देना। ~**true** सिक्के का खरा बजना, आवाज़ से खरा मालूम होना, (ला०) भावनाओं की सचाई दिखाई देना। ~**up** बाते करने के लिए टेलीफ़ोन पर बुलाना, टेलीफ़ोन की घंटी बजाना। ~**up bell** गिरजे के घंटे को ऊपर चढ़ाकर बजाना। **ringer** सं० १. कोइदृत (खेल में पिन के ऊपर फेंके जाने की चूड़ी या छल्ला), एक प्रकार का छल्ला जो कोइदृत नामक खेल में फेंके जाने पर आलपीन के चारों ओर गिरता है; २. शिकारी कुत्ते के आगे चक्कर काट कर मानवेवाली लोमड़ी। **bell**~ १. घंटा या घंटी बजाने वाला; २. घंटी बजाने की कल। **ringing** सं० बलयन, (बन०) वलयीकरण, स्वनन, टनटनाहट, बजाना, बजना। ~ **frost** बड़े ज़ोर का पाला, जब कि भूमि पैर के नीचे बजने या झनझनाने लगती है। ~-**engine** नींव में कुंदे गाड़नेवाला इंजन।

ringent (rin'jent) [L. *ringens*-*ntem*, pers. p. of *ringere*, to gape] वि० १. मुँह फैलाये, खीस निकाले, २. (विशे० बन०) विवृत, फैला हुआ।

rink (ringk) [prob. rel. to RANK[1] or RING[1]] सं० १. बर्फ़ का पाट जिस पर curling नामक खेल खेला जाता है; २. प्राकृतिक अथवा कृत्रिम बर्फ़ का पाट या फ़र्श जिस पर स्केटिंग की जाती है। क्रि० अ० बर्फ़ के पाट या क्षेत्र पर फिसलना या स्केटिंग करना। **rinker** सं० बर्फ़ पर स्केटिंग करने वाला या फिसलने वाला।

rinse (rins) [F. *rincer*, etym. doubtful] क्रि० स० १. (बर्तन, मुँह) साफ़ाल०*/ खँगालना* (क्रि० भी), कुल्ला कर के साफ़ करना, पानी भर कर और हिला कर साफ़ करना; २. लिपिस्त या द्रव डालना, पानी डालना या हलकेसे धोना; ३. कपड़ों को साफ़ पानी में खँगालना ताकि साबुन निकल जावे; ४. खँगाल करके मैल दूर करना, साफ़ करना (out या away के साथ प्रयुक्त); ५. मदिरा के साथ (भोजन को) गले के नीचे उतारना (down के साथ प्रयुक्त)। सं० खँगालना, खँगालने या साफ़ करने की क्रिया (जैसे give it a~)।

riot (rī´ŏt) [O.F. *riote*, whence, *rioter*, to riot (cp. It. *riotta*), etym. doubtful] सं० १. बवचलनी, ऐयाशी; २. आमोद-प्रमोद, बमाचौकड़ी, रंगरेलियाँ, धूमधाम; ३. हुल्लागुल्ला, कोलाहल, रेलपेल (जैसे a ~ of emotion, colour, sound); ४. (शिकार में) बिना सोचे-समझे किसी पशु की गंध का पीछा करना; ५. (भीड़ के द्वारा) उपद्रव*/ दंगा* (भा० भी), हंगामा, दंगा, फ़साद, बलवा* (विधि भी), अशांति, उत्पात। क्रि० अ० और स० १. रंगरेलियाँ मनाना, विलासी जीवन बिताना; २. भोग विलास में (धन और समय) नष्ट कर डालना, (सारा जीवन) अय्याशी में गुज़ार देना, ३. उपद्रव निरोधक क़ानून के विरुद्ध राजनीतिक दंगा खड़ा करना। **read the riot Act** १. बलवा क़ानून पढ़ के सुनाना; २. (शा० और हास्य०, माता पिता आदि का) शोर बंद करने का आदेश जारी करना। **run~** (मूल०) १. शिकारी कुत्ते का यों ही शिकार की ओर दौड़ना, (अब ला० अर्थ में प्रयुक्त) (किसी व्यक्ति का) उपद्रवी होना, मनचाहा करना; २. (जीभ का) बेलगाम चलना या कतरनी की तरह चलना, (कल्पना की) अनियंत्रित उड़ान। **Riot Act** बलवा अधिनियम या क़ानून। **rioter** सं० बलवाई, बंगाई, उपद्रवी। **riotous** वि० १. मतवाला; २. उपद्रवी; ३. अय्याशी का; ४. दंगे का। **riotously** क्रि० वि० विलासितापूर्वक, अय्याशी से, उपद्रवी की भाँति। **riotousness, riotry** सं० १. उच्छृंखलता; २. मतवालापन; ३. बुँडागीरी; ४. उपद्रवीपन।

rip[1] (rip) [prob. from Scand. (cp. Norw. and Swed. dial. *ripa*, Dan. *rippe*)] क्रि० स० १. फाड़ना, किसी (वस्तु) से कोई चीज़ तेज़ी से या ज़ोर से काट लेना या फाड़ लेना (जैसे ~out the lining; ~the boards off); २. लंबी चीर बनाना, ज़ोर से अलग काट लेना या फाड़ लेना (प्राय: up के साथ प्रयुक्त, जैसे had his belly ripped up); ३. (लकड़ी या चट्टान को) चीरना, काटना, आरे से (लकड़ी) चीरना (जैसे ~saw; प्राय: thus के साथ प्रयुक्त); ४. (छत या छप्पर) खोल देना, उघाड़ देना, खपरे उतार देना, स्लेटें और लकड़ी की पट्टियाँ उतारना; ५. (दरार या रास्ता) बनाना, निकालना; ६. (घाव को) खोल देना, घाव ताज़ा करना, (ज़ख़्म) फिर से छेड़ना, शुरू करना, (रज) फिर से ताज़ा करना, (असीत को) बात छेड़ना या गड़े मुर्दे उखाड़ना। क्रि० अ० १. एक ही झटके से फट जाना या चिर जाना; २. (जहाज़ का) ज़ोर से या तेज़ी से चलना, बेरोक दौड़ना या सबेग अग्रसर होना; ३. (वर्तमान रू० ग्रा०, तुल० ratting) बढ़िया, सुंदर, उम्दा, अव्वल दर्जे का। स० काटना, फाड़ना, लम्बी दरार या काट। **let her~** तेज़ी से जाने दो, उसकी रफ़्तार को कम न करो। **~cord** (वै०) डोरा जिसमें पैराशूट बंधा रहता है और जिसके खोंचने से खुल जाता है। **ripper** स० १. फाड़नेवाला, चीरनेवाला (rip के विभागत अर्थों में) छप्पर, खपरैल आदि को उजाड़ने या खोलने का औज़ार; २. एक तरह का आरा; ३. (ग्रा०) बहुत ही अच्छा आदमी; बढ़िया चीज़। **rippingly** क्रि० वि० बड़ी अच्छी तरह, बड़े मज़े से।

rip[2] (rip) [etym. doubtful, perh. var. of *rep*, short for REPROBATE] सं० १. निकम्मा घोड़ा, बेदम घोड़ा; २. अय्याश, लम्पट, कामुक (व्यक्ति)।

rip[3] [etym. doubtful, perh. from RIP[1]] सं० १. समुद्र या नदी में बड़े हुए पानी का पाट या फैलाव; २. झरना।

riparian (rī pâr´ i ăn) [L. *ripārius*, from *ripa*, bank] वि० नदतटीय* (ई० १ भी), नदी-तट का या नदी के तट पर, नदी-तट-स्थित (विधि० ~proprietor, ~rights)। सं० नदी-तट का स्वामी या हक़दार, अनुतट*/ तटवर्ती* (भा० १ भी)।

ripe (rīp) [A.-S. *ripe* (cp. Dut. *rijp*, G. *reif*), whence *ripian*, to ripen] वि० १. पक्व, पका हुआ, तैयार, परिपक्व; २. प्रौढ़, पूर्ण, पूर्ण विकसित, समर्थ, अच्छी अवस्था में। क्रि० स० और अ० (मुख्यतः काव्य) पकना आदि। **die at a~age** वृद्धावस्था में मरना। **persons of riper years** प्रौढ़ व्यक्ति, वयस्क जन। **soon~soon rotten** जो जल्दी पकता है, वह जल्दी सड़ता है। **~beauty** पूर्णयौवना (नारी), प्रौढ़ा, रूपवती, विकसित सौंदर्य। **~lips** बिंबाधरोष्ठ,बरे-भरे-से लाल होंठ, पके हुए फल की भाँति लाल होंठ। **ripely** क्रि० वि० १. पकेपन से, पूर्णता के साथ, परिपक्व; २. अवस्था के साथ आदि। **ripen** क्रि० स० और अ० १. पकाना, पकना; २. परिपक्व होना या करना; ३. पूर्ण बनना या बनाना आदि। **ripeness** सं० १. पकापन, परिपक्वता; २. प्रौढ़ता।

ripost (ri pŏst´) [F. *riposte*, It. *risposta*, repartee] सं० १. (खड्ग-युद्ध में) जवाबी वार, प्रतिघात; २. (परिवर्तित०) बदला, प्रतिघात। क्रि० अ० जवाबी वार करना, प्रत्याक्रमण करना।

ripper दे० RIP[1]।

ripple[1] (rip´ ĕl) [cp. Dut. *repel* (v. *repelen*), G. *riffel* (v. *riffeln*)] सं० सन या सनी के बीज साफ़ करने का औज़ार या दाँतेदार औज़ार। क्रि० स० औज़ार से सनी के बीज साफ़ करना।

ripple[2] (rip´ el) [etym. doubtful] सं० १. ऊर्मि, तरंग, हिलोर, उर्मिका* (ई० २, वि० १ भी), पानी की सतह का आंदोलित होना, छोटी लहर या लहरें; २. बालों या फीतों का लहरीलापन, ३. आरोह-अवरोहपूर्ण मधुर ध्वनि (विशे० a ~of conversation)। क्रि० अ० और स० १. लहरें उठाना या उठना, हिल्लोर पैदा करना; २ छोटी लहरों का बनना या शब्द करना, कलकल करना, भनभनाना। **~-cloth** नरम ऊनी कपड़ा जिस पर लहरें बनी रहती हैं और जो ड्रेसिंग गाउन के काम आता है। **~-mark** १. लहर के चिह्न के रूप में बनी हुई मेड़, लहरदार या उभरी हुई जगह जो रेत, कीचड़ या चट्टानों पर हवा और पानी से बन जाती है; २. (वि० १) तरंग-चिह्नु*। **ripplet** स० ऊर्मि, छोटी से छोटी लहर। **ripply** वि० लहरदार, लहरीला।

Rip Van Winkle स० रिप वान विंकिल, व्यक्ति जिसकी जानकारी की बातें या विचार बहुत पुराने हों।

rise (rīz) [A.-S. *risan*, cp. Dut. *rijzen*, G. *reisen*, Icel. *risa*, O.H.G. *risan*] क्रि० अ० और स० (भू० **rose**, भू० कृ० **risen**, rizˊ ĕn) १. मृतशयन, उठना, उठ बैठना, खड़ा होना, बिस्तर छोड़ना; २. (सभा का) उठ जाना या बरखास्त होना; ३. सीधा खड़ा होना, सीधा होना; ४. घरती छोड़ना; ५. पुनर्जीवन प्राप्त करना या जी उठना; ६. सिर उठाना, बग़ावत करना, विद्रोह या राजद्रोह करना; ७. ऊँचा उठना, ऊँचा जाना, ऊपर को आना या जाना, ऊपर को बढ़ना, उगना या ऊपर उठना, ऊँचे उड़ना, ऊपर की ओर निकलना या बढ़ना, उमड़ना या फैलना, ऊँचाई पाना, ऊपर की ओर उन्मुख होना; ८. तल पर आना,

(परिस्थितियों के) ऊपर दिखाई पड़ना, और अधिक शक्ति या तीव्रता लाना या भरना, प्रवर्तिशील होना; ९. किसी आवश्यकता या स्थिति के अनुरूप क्षमताएँ उत्पन्न करना या सामर्थ्य जगाना, मौके के मुताबिक हिम्मत दिखाना (जैसे does not ~ to the occasion); १०. फूटना, उगना, मूलस्रोत होना, जन्म लेना या उत्पन्न होना; ११. (विरल प्रायः काव्य०) उठना, उद्भूत होना (जैसे a rumour rose); १२. (विशे० अर्थों में प्रेरणा-पूर्वक) उठाना, चढ़ाना या ऊपर उठते या चढ़ते हुए देखना (जैसे did not ~ a fish, a bird, all day). सं० १. सूर्योदय (विरल at ~ of sun, day; तुल० sunrise etc.); २. चढ़ाव, चढ़ाई, ऊँचाई, टीला, पहाड़ी; ३ सामाजिक उत्थान, तरक्की, बलवृद्धि, पदो-न्नति, मूल्यवृद्धि, रक्तवृद्धि, बुलंदी, स्वरारोह, वेतनवृद्धि; ४. (मछली का) ऊपर उठना (not a sign of a ~); ५. सीढ़ी, महराब, ढाल आदि की सीधी ऊँचाई, जीने की दो सीढ़ियों को जोड़ने वाला बीच का खड़ा टुकड़ा; ६. उद्गम, आरंभ, मूल, उत्पत्ति-स्थान। for a ~ मजदूरी या पारिश्रमिक में वृद्धि के लिये। blisters ~ फफोले उठते हैं, छाले निकल आते हैं। bread will not ~ पावरोटी का खमीर नहीं उठेगा। fish rises मछली चारे के लिए ऊपर आती है। get or take a ~ out of one (ला०) छेड़ कर क्रुद्ध करना या अन्य कोई दुर्बलता प्रकट करना। gorge rises क्रोध आता है या खून खौलता है। her colour rose उसका रंग निखर आया, अधिक उज्ज्वल और गहरा हो गया। horse rises to a fence घोड़ा टट्टी फाँद जाता है। house rises at actress बिगेटर हॉल या दर्शक अभिनेत्री की प्रशंसा में खड़े हो जाते हैं। my whole soul rises against it मुझसे यह बर्दाश्त नहीं होता या मेरी आत्मा इसके विरुद्ध विद्रोह करती है। ~ from table खाना छोड़ देना। ~ in the world समाज में उन्नति करना या उन्नत स्थान ग्रहण करना। ~ Sir Thomas etc. 'नाइट' की उपाधि देते समय प्रयुक्त कथन शैली। should ~ above petty jealousies ओछी बातों से ऊपर रहना या छोटी-मोटी ईर्ष्या-द्वेष की बातें भुलाना। spirits ~ तबीयत खुश होना, और अधिक प्रसन्न होना। stomach rises चित्त आती है, घृणा या नफ़रत होती है। the rising generation नई पीढ़ी, नई पौध, उदीयमान पीढ़ी। tree rises 20 ft. पेड़ २० फुट का हो गया। ~ ship दूर से जहाज को पानी के तल पर धीरे-धीरे उठते हुए देखना। riser सं० १. सीढ़ी, महराब, ढाल आदि का सीधा ऊँचापन; २. उद्गत*, उद्गामी* (ई० १ भी)। rising सं० RISE के क्रियागत अर्थों में (विशे०) १. विद्रोह*/ विप्लव* (मा० १ भी), बलवा, बगावत; २. फोड़ा, फुंसी, मुँहासा। ~again पुनर्जीवन, मृतों का पुनरुत्थान। ~5.11 आयु में पाँच या ग्यारह साल के लगभग। ~ ground चढ़ाव, ऊपर को उठती हुई भूमि।

risible (riz' i bel) [F., from late L. *risibilis*, from *ridere*, to laugh] वि० १. हँसने वाला, हास्योन्मुख; २. हँसी का या हास्य संबंधी (जैसे ~ nerves, faculties, etc.); ३. (विरल) हास्य-जनक, असंगत, उपहासास्पद। risibility. risibleness सं० हास्योन्मत्तता, हँसने की प्रवृत्ति।

risk (risk) [F. *risque*, It. *risco*] सं० जोखिम* (कु०, विधि, वि० २ भी), खतरा, विपदा, क्षतिभय। क्रि० स० १. खतरे में डालना, जोखिम में डालना, विपन्न करना; २. खतरे का साहसपूर्वक सामना करना, खतरा मोल लेना या जोखिम सिर पर उठाना। at owner's ~ मालिक की जिम्मेदारी पर, स्वामी के दायित्व पर। run the risks of खतरे में पड़ना, जोखिम उठाना। take risks खतरा मोल लेना। ~-money अति-भय-धन, खतरे की रकम जो खतीकी को आकस्मिक कमी पूरी करने के लिए दी जाती है। riskful, risky वि० १. भयपूर्ण या जोखिम से भरा हुआ; २. खतरनाक; ३. अनुचित, आपत्तिजनक, महा, अश्लीलता-पूर्ण (कहानी, नाटकीय स्थिति आदि)। riskily क्रि० वि० १. खतरे के साथ, ख़याहवह रूप में; २. आपत्तिजनक रूप में या अश्लीलता-पूर्वक। riskiness सं० १. खतरनाकपन, ख़याहवहा, विपत्ति-संकुलता; २. महापन, अश्लीलता। riskless वि० खतरे से खाली, बिना जोखिम का।

risotto (ri zot' ō) [It.] सं० रिज़ोटो, एक प्रकार का सालन जो चावल, मुर्गी के बच्चे, प्याज आदि से तैयार किया जाता है।

rissole (rē' sōl, ris' ōl) [F., from O.G. *roussole*, perh. from L. *russeolus*, reddish, from *russus*, red] सं० रिसोल, रेसोल, मछली या गोश्त का तला हुआ कोफ़्ता।

rite (rit) [L. *ritus*] सं० धर्मकर्म, कर्मकांड, धार्मिक विधि, धार्मिक कृत्य*, संस्कार* (मा० २. ३ भी) (जैसे the rites of hospitality; burial or funeral rites). conjugal or nuptial rites पति-पत्नी का सहवास या संभोग। the Latin, Anglican rite रोम या इंग्लैण्ड के चर्च का कर्मकांड। riteless वि० संस्कारहित, कर्मकांडमुक्त।

ritual (rit' ū āl) [F., from L. *ritualis*, from *ritus*, RITE] वि० सांस्कारिक, कर्मकांड-विषयक, संस्कार संबंधी। सं० १. धार्मिक कृत्य अथवा उपासना को पालन करने का निर्दिष्ट आदेश या विधि; २. पूजापाठ या कर्मकांड की पुस्तक; ३. कर्मकांड* (मा० १, ३ भी) या धार्मिक संस्कारों का संपादन या पालन; ४. कल्प*/ संस्कार*/ उपचार* (मा० ३ भी)।

ritualism (rit' ū ā lizm) सं० कल्पवाद* (मा० ३ भी), कर्मकांड-वाद, धार्मिक संस्कारों के प्रति कट्टरतापूर्ण अनुराग, कर्मकांडपरता* (मा० २ भी)। Ritualist सं० कर्मकांडवादी, कर्मकांडी* (मा० १ भी)। ritualistic वि० कर्मकांडी या कर्मकांडवादी का। ritualistically क्रि० वि० कर्मकांडी के रूप में। ritualize क्रि० अ० और स० धार्मिक विधि या संस्कार का रूप देना या पाना। ritually क्रि० वि० धार्मिक संस्कार के अनुसार, विधिपूर्वक।

rivage (ri' vāj) [F., from *rive*, L. *ripa*, bank] सं० (काव्य०) किनारा, साहिल, तट, कूल।

rival (ri' val) [F., from L. *rivalis*, orig. on the same stream, from *rivus*, stream] सं० प्रतियोगी, प्रतिद्वन्द्वी, प्रतिस्पर्धी (विशे० स्त्री या पुरुष के प्रेम का), प्रतिद्वन्द्वी (वस्तुएँ भी)। वि० बैरी, विरोधी, प्रतिद्वन्द्वी। क्रि० स० और अ०* हो० करना, प्रतियोगिता करना, समानता दिखाना; २. (विरल) विरोध या प्रतियोगिता में होना। without a ~ अद्वितीय, अजात प्रतियोगी। rivalry सं० होड़, मुकाबला, प्रतियोगिता, प्रतिद्वन्द्विता* (मा० १ भी), स्पर्धा*/ प्रतिस्पर्धा* (मा० २, ३ भी)। rivalship सं० प्रतियोगी भाव, प्रतिस्पर्धी भाव।

rive (iv) [Icel. *rifa*, cp. Dan. *rive*, Swed. *rifva*] क्रि० स० और अ० (भू० कृ० riven, विरल rived) १. फाड़ना, चीरना, टुकड़े करना, जोर का मरोड़, टुकड़े-टुकड़े कर देना (काव्य०, अप्रच०); २. (कारीगर का) लकड़ी या पत्थर को दो टुकड़ों में करना, विभक्त कर के (लकड़ी की लंबी पट्टियाँ) बनाना; ३. टुकड़े होना, बँटना, चोट पड़ने से (लकड़ी आदि का) मुँह बाना, बदरूप टुकड़ों में विभक्त होना। river सं० लकड़ी को विभक्त कर के लंबी पट्टियाँ बनानेवाला, फाड़ने या चीरनेवाला व्यक्ति।

riven दे० RIVE।

river (riv' ér) [A.-F. *rivere*, O.F. *riviere*, pop. L. *ripâria*, from *ripa*, bank (cp. RIPARIAN)] सं० १. नदी* (ई० १, वि० १ भी), दरिया* (ई० १ भी), सरिता; २. जीवन-सरिता, जिन्दगी का दरिया (the के साथ प्रयुक्त); ३. धारा, बहाव, प्रवाह (a~of lava); ४. (गुणवाचक, बहुत से पशुओं, पौधों और वस्तुओं के नाम के साथ उपसर्ग की भाँति प्रयुक्त) नदी का, नदी में पाया जानेवाला, नदी में स्थित। **rivers of blood** खून की नदियाँ, बहुत ज्यादा खून खराबा। **the~** नदियों के नाम से पहले प्रयुक्त पद (the~ Ganges)। **~-god** नदीदेव, वरुण। **~-horse** दरियाई घोड़ा। **~-side** नदी तट, नदी का कछार, घाट या किनारा या किनारे की भूमि (प्राय: गुणवाचक, जैसे a river-side villa)। **riverain** वि० १. नदी संबंधी, नदीक्षेत्रीय, नदी के आसपास का; २. तीरवर्ती, तटवर्ती, नदीतटीय, नदतटीय* (ई० १, वि० १ भी)। सं० नदीतटवासी, नदी किनारे रहनेवाला। **riverine** वि० नदी तटीय, तीरवर्ती, तटवर्ती, साहिली, नदीय* (वि० १ भी)। **rivered** वि० नदीयुक्त, नदी वाला। **riverless** वि० नदीरहित, सरिताशून्य, बेदरिया।

rivet (riv' ét) [F., from *river*, to clinch, etym, doubtful] सं० रिविट, रिपिट, कील। क्रि० स० १. रिपिट करना, रिपिटों से जोड़ना या मजबूत बनाना (together, down, to, into, on आदि के साथ प्रयुक्त, क्रि० वि० या उप० आदि); २. जड़ना, मजबूत या पक्का जमाना, कस के पकड़ लेना (~error etc.); ३. आँख, ध्यान आदि को एकाग्र करना, लगाना, केंद्रित करना, जमाना (upon के साथ प्रयुक्त); ४. (ध्यान) आकर्षित करना, (किसी का ध्यान) खींचना। **~error** ग़लती पर डटे रहना। **riveter** सं० १. रिविट कसनेवाला, कील जड़नेवाला, २. चित्त एकाग्र करनेवाला, (ध्यान को) आकर्षित करनेवाला।

rivière (riv' i ár) [F. RIVER] सं० जवाहरात का हार (विशे० एक से अधिक लड़ी का)।

rivulet (riv' ū lét) [perh. through L. *rivulus*, dim. from *rivus*, as prec.] सं० १. नाला* (कु० भी), नदिका* (ई० १, कु०, वि० १ भी), छोटी नदी; २. कीड़ों, पतंगों के प्रकार।

rix-dollar (riks' dol ár) [Dut. *rijksdaler* (now *-daalder*), G. *reichsthaler* (reich, RICH, THALER)] सं० (इति०) यूरोप के कुछ राज्यों में १६ वीं से १९ वीं शताब्दी तक प्रचलित चाँदी का एक सिक्का और लेखे की एक रक़म जिसका मूल्य साढ़े चार शिलिंग और सवा दो शिलिंग के बीच में था।

roach[1] (rōch) [O.F. *roche*, *roce*, perh. from Teut. (cp. G. *roche*, A.-S. *reohhe*)] सं० रोच, पोखरों में पलनेवाली कार्प मछली से मिलती-जुलती मीठे पानी की छोटी मछली। **sound as a~** पूर्ण स्वस्थ, बिल्कुल तन्दुरुस्त। **~backed, bellied** उभरी हुई पीठ-वाला, उभरे हुए पेटवाला, उभरोदर रूप का।

roach[2] (rōch) [etym. doubtful] सं० (नौ० वि०) वर्गाकार पाल के निचले भाग में ऊपर की ओर को आनेवाली मोड़ या वक्रता।

roach[3] सं० COCKROACH का संक्षेप।

road (rōd) [A.-S. *rád*, from *rîdan*, to RIDE] सं० १. (प्राय: बहु० **roadstead** भी) चिखिल बंदर, पोताश्रय, लंगरगाह, जहाजों के लंगर डालने का स्थान, खुला पोताश्रय* (वि० १ भी); २. रास्ता, सड़क*/ मार्ग* (ई० ३, वि० १, विशे भी), अनपथ; ३. पाने का उपाय या रास्ता, प्राप्ति का मार्ग (the~to ruin, success); ४. किसी का मार्ग या जाने का रास्ता (get out of the, my~)। क्रि० स० (कुत्ते का) गंध के सहारे (शिकार) का पीछा करना, सूँघते-सूँघते खोजना। **in the, my~** (बोल०) किसी के रास्ते का रोड़ा, किसी के काम में बाधा डालने वाला (व्यक्ति, वस्तु)। **on the~** यात्रा या सफ़र में, यात्रा करते हुए। **royal~** to सरल तरीक़ा, आसान उपाय या ढंग, सीधा मार्ग। **rule of the~** मार्ग-नियम, रास्ते पर आने-जाने का क़ायदा (गाड़ियों, सवारों, जहाजों आदि के लिए)। **take the~** रवाना होना, यात्रा के लिए प्रस्थान करना। **the~** बड़ी सड़क, मुख्य मार्ग, राजमार्ग। **~-book** मार्गसूचिका, मार्गनिर्देशक पुस्तक। **~-fund** सड़क फंड जो सड़कों और पुलों को बनवाने और उसकी मरम्मत-सुरक्षा करवाने के लिए रक्खा जाता है। **~-hog** बेढंगे मोटर या साइकिल चालक, बहुत तेज़ी से मोटर या साइकिल चलानेवाला। **~house** सराय, सड़क के किनारे की धर्मशाला। **~-man** सड़क की मरम्मत करनेवाला। **~-metal** सड़क बनाने के काम आने-वाला पत्थर, गिट्टी आदि। **~-sense** चालन-चातुर्य, सड़क पर सावधानी से और सुरक्षापूर्वक मोटर या साइकिल चलाने की कुशलता। **~side** मार्ग-पार्श्व, सड़क का किनारा (विशे० गुणवा-चक, जैसे roadside plants, inn)। **~way** सड़क, मार्ग का मध्य भाग (बिलोम side-path), पुल या रेल की पटरी का वह भाग जिस पर सवारियाँ जाती हों। **~worthy** सड़क पर चलायी जाने योग्य, यात्रा के योग्य (व्यक्ति या वाहन)। **roaded** वि० मार्गयुक्त, रास्ते का। **roadless** वि० बेरास्ते, मार्गरहित, मार्गशून्य।

roadster (rōd' stèr) सं० १. पोताश्रय या चिखिल बंदर पर जहाज; २. (घोड़ा, साइकिल आदि) सड़क पर चलने की सवारियाँ; ३. तजुर्बेकार मुसाफ़िर, अनुभवी यात्री; ४. (वि० १) भंजिश*।

roam (rōm) [etym. doubtful] क्रि० अ० और स० १. रमना, सैर करना, निरुद्देश्य घूमना (क्रि० वि० विरल रूप में सं०, जैसे a half hour's~); २. इधर-उधर घूमना, मारा-मारा फिरना; ३. (किसी देश, समुद्रों आदि की) बिना विचारे या बिना किसी निश्चित उद्देश्य के यात्रा करना।

roan[1] (rōn) [O.F. (cp. It. and Sp. *roano*, Port. *ruão*), etym. unknown] वि० चितकबरा. चितला, चित्तीदार (प्राय: प्रधान रंग चारों ओर फैला हुआ, जैसे black, blue, red~)। सं० चितकबरा घोड़ा, चितली गाय।

roan[2] (rōn) [perh. from *Rouen*, France] सं० रोन, बकरे के उन्दा कमाये हुए चमड़े के स्थान पर जिल्द बाँधने में प्रयुक्त भेड़ का नर्म चमड़ा।

roar (rōr) [A.-S. *rârian* (cp. G. *ræen*, M. Dut. *reeren*, G. *rehren*), prob. imit.] क्रि० अ० और स० १. दहाड़ना, चिंघाड़ना, गुर्राना (शेर का), (घोड़ा से) चीखना, चीत्कार करना, (दर्द से) कराहना या चिल्लाना; २. अट्टहास करना या ठट्ठा मारकर हँसना; ३. (सागर का) गरजना, (बादल का) गरजना, (बिजली का) कड़कना, (तोप से) धड़ाका होना, (भट्टे का) भड़कना (जैसे the ~of waves; roars of laughter); ४. (बीमार घोड़े का) ज़ोर से हाँफना; ५. (किसी स्थान का) हल्लागुल्ला से भरा होना, कोलाहलपूर्ण होना, शोर से गूँज उठना (प्राय: again के साथ प्रयुक्त); ६. ज़ोर-ज़ोर से या चिल्ला कर बात करना, (बुरे गायन को) ऊँचे स्वर से गाना, ऊँची ध्वनि से (सपथ के शब्दों का) उच्चारण करना (प्राय: at के साथ प्रयुक्त); ७. चीख-चीख कर कानों को बहरा करना या आवाज़ भारी कर लेना, गर्जन के साथ घोत कर देना; ८. (वर्तमान कृ०) उपद्रवी, झगड़ालू, ऊधमी, तेज़, ९. क्रियाशील, उद्यतिशील। सं० १. (सिंह, मेघ आदि का) गर्जन, दहाड़;

२. (व्यक्ति या समुदाय की) धीत्कार; ३. अट्टहास या ज़ोर की हँसी की आवाज़। **set table in a ~** ज़ोरों सभा को बड़ी ज़ोर से हँसाना। **you need not ~** आपको इतनी ज़ोर से बातें करने की ज़रूरत नहीं। **roarer** सं० खुर्र-खुर्र करनेवाला घोड़ा। **roaring** सं० (बीमारी से) घोड़े की खुर्र-खुर्र (होकना)। **a ~night** १. तूफ़ानी रात; २. मस्ती की या आमोद-प्रमोद की रात। **the ~game** कलिंग खेल जो बर्फ़ पर गोल पत्थरों से खेला जाता है।

roast (rōst) [O.F. *rostir* (F. *rôtir*), from Teut. (cp. O.H.G. *rôstan*, from *rôst*, grate, grid-iron)] क्रि० स० और अ० १. भूनना, ताप में सुखाना (विशे० मांस, जैसे prefers roasted meat); २. (कच्ची धातु को) भट्टी में गरमाना, तपाना या गलाना; ३. (कॉफ़ी के बीजों को) पीसने के लिए भूनना; ४. (किसी व्यक्ति को दंडार्थ) आग में झुलसाना, (स्वयं) झुलसना; ५. मज़ाक उड़ाना, ठिठोली करना, चुहल करना, चुटकियाँ लेना; ६. भूनना, झुलसना, मज़ाक सहना; ७. (वर्त्तमान कृ०) अतितप्त, बहुत गर्म। सं० १. मांस भूनना; २. भूनने की क्रिया। **rule the ~** मालिक होना, शासन करना। **roaster** सं० क्रियागत अर्थों में, विशे० १. भूनने के लिए एक प्रकार का चूल्हा या तंदूर; २. (कच्ची धातु गलाने की) भट्टी; ३. (कॉफ़ी के बीजों को भूनने का) बर्तन; ४. सुअर, आदि जो भूनने के योग्य हो। **roasting-jack** सीखदान, मांस भूनने की छड़ जो मांस को घुमाती रहती है।

rob (rob) [O.F., *robber*, *robeir*, rel. to REAVE] क्रि०स० १. लूटना, बलपूर्वक अपहरण करना या रुपया-पैसा छीन लेना, वंचित करना; २. डाका डालना, लूटमार करना। **robber** सं० १. लुटेरा* (विधि भी), डाकू, डकैत। **robbery** सं० १. डाका, डकैती, लूट* (विधि भी)।

robe (rōb) [O.F., cogn. with ROB², cp.A.-S. *réaf*, spoil, clothing, G. *raub*. Icel. *rauf*, booty] सं० १. वसन, वस्त्र; २. ऊपर पहनने का लंबा ढीला कपड़ा; ३. एक टुकड़े से बना हुआ स्त्रियों का पहनावा; ४. बच्चे का झँगुला, ऊपर पहनने का कोट; ५. (प्रायः बहुव०) ऊपर पहनने का लंबा चोगा, जामा (जो पहनने वाले के पद, श्रेणी, व्यवसाय आदि का सूचक होता है), गाउन, पोशाक, खिलअत। क्रि० अ० और स० १. पोशाक पहनना, कपड़े पहनाना; २. अपनी पोशाक धारण करना। **man of the ~** वक़ील। **the long ~** वक़ील या क़लर्क का पहनावा। **~de-chambre** ड्रेसिंग गाउन, चोग़ा कोट।

Robert (rob' ĕrt) [F., personal name, from Teut.] सं० (बोल०) पुलिस का सिपाही।

robin (rob' in) [O.F., fam.for ROBERT] सं० (~redbreast भी) १. रॉबिन, लाल सीनेवाला छोटा पक्षी; २. अमरीकी, औपनिवेशिक और भारतीय पक्षी विशेष; ३. रॉबिन-, रॉबिन का (पौधों के नाम के पूर्व); ४. (क्रि० ए) रॉबिन* **robin's eye** एक बूटी का नाम। **round ~** दे० ROUND। **Robin Goodfellow** चालाक या चंचल भूत-पिशाच। **Robin Hood** रॉबिन हुड, मध्ययुग का जंगल में रहनेवाला लुटेरा, इस प्रकार का डाकू। **~-run-the-hedge** भूमि पर फैलने वाली एक प्रकार की बेल।

roborant (rŏ' bŏ rănt) [L. *róbórans -ntem*, prcs. p. of *róbordre*, to strengthen, from *róbur-boris*, strength] वि० और सं० (चिकि०) बलकारक, शक्तिवर्द्धक (औषधि)।

roburite (rŏ' bŭr it) सं० तेज़ बारूद, निरुवाली प्रबल विस्फोटक।

robot (rō' bot) [Karel Capek's play "R.U.R." (1923)] सं० १. रोबोट, मनुष्य के आकार की स्वयंचालित मशीन, मनुष्य की भाँति बुद्धिमान और आज्ञाकारी यंत्र; २. (परिवर्तित अर्थों में) यंत्रमानव, मशीन जैसा आदमी; ३. स्वयंचालित यातायात संकेतक (सिगनल); ४. उड़ता हुआ बम या गोला।

robust (rŏ būst') [F. *robuste*, L. *róbustus*, as prec.] वि० १. दृढ़देह, हट्टाकट्टा, तगड़ा, हृष्टपुष्ट, बलिष्ठ; २. (व्यायाम, अनुशासन आदि) बलापेक्षी, शक्तिपूर्ण, ताक़त का; ३. विवेकशील, स्पष्टवादी, व्यर्थ की बारीकियों का ख्याल न करने वाला। **robustious** वि० उत्पाती, उपद्रवी, धूमधाम करनेवाला, भड़कीला। **robustly** क्रि० वि० १. हट्टेकट्टेपन से; २. दृढ़ता से, मज़बूती के साथ; ३. विवेकशीलतापूर्वक। **robustness** सं० १. दृढ़ांगता, तगड़ापन; २. दृढ़ता, मज़बूती; ३. खरापन, स्पष्टवादिता विवेकशीलता।

sciolist (sī' o list) [L. *sciolus*, smatterer, dim. of *scius*, knowing, from *scire*, to know] सं० विद्वत्ता का ढोंग करनेवाला, अल्पज्ञ। **sciolism** सं० अल्पज्ञता, ज्ञान का मिथ्या अहंकार। **sciolistic** वि० अल्पज्ञता-विषयक, मिथ्या अहंकार सबंधी।

sciomachy दे० SKIAMACHY।

scion (sī' ŏn) [F., perh. from *scier*, to saw, L *secāre*, to cut] सं० १. क्रलम* (वि० १ भी), पौधा लगाने के लिए काटी हुई टहनी; २. वंशज (विशे० किसी उच्च कुल का कुमार), राजवंशज* (मा० १ भी)।

scirocco दे० SIROCCO।

scirrhus (sir'-, skir' us) [late L, from Gr. *skirros*, *skiros*, hardened swelling, from *skiros*, hard] सं० कठोर कैन्सर* (आ० भी), ग्रंथि का कड़ापन, कर्कट (कैंसर) का प्रारंभिक रूप। **scirrhoid** वि० ग्रंथि जैसा, कर्कट के प्रारंभिक रूप जैसा। **scirrhous** वि० कर्कट रोग जनित कड़ी मांस-ग्रंथि युक्त, कड़ी गाँठदार या गिल्टीदार। **scirrhosity** सं० गठीलापन, गिल्टी, मांस-ग्रंथि।

scissel (sis' el) [F. *cisaille*, from *civeler*, to CHISEL] सं० धातु की कतरन, धातु के टुकड़े जो चद्दर की गोल चकतियाँ काट लेने पर शेष रहते हैं।

scissile (sis' il) [L. *scissilis*, from *scindere*, to cut, p.p. *scissus*] वि० काटने के लायक, काटे जाने योग्य। **scission** (sish' un) सं० कर्तन, छेदन, तराश, विभाजन, चीर, चीरन।

scissors (siz urz) [M.E. *sisoures*, O.F. *cisoires*, L. *cisōrium*, from *cīs-*, *cæs-*, p.p. stem of *cædere*, to cut] सं० कैंची, कतरनी, सरौता (प्राय. pair of scissors भी), कर्तरिका*, (आ० भी)। **scissor** क्रि० स० १. कैंची से काटना या कतरना, कैंची चलाना (off, up, into के साथ प्रयुक्त), २. कतरना, काटना-छाँटना, (किताब में से कतरन आदि) निकालना। **button hole ~** काजी कैंची। **lamp ~** लैंप की बत्ती काटने की कैंची। **nail ~** नाखून काटने की कैंची। **~-bird,-tail** लंबी काँटेदार पूँछ वाली चिड़िया (विशे० काँटेदार पूँछ वाली मक्खी को पकड़ने वाली चिड़िया)। **~-tooth** मांसभक्षी पशुओं के कैंची जैसे दाँत, कतरनी दाँत। **~paste** ओरों की पुस्तकों से काट-काट करके पुस्तक-रचना करना या उसका संपादन करना। **scissoring** सं० काट-छाँट। **scissorwise** क्रि वि० कतरनी की भाँति, कैंची की तरह।

sciurine (sī' ū rin) [L. *sciūrus*, Gr. *skiouros* (*skia*, shadow, *oura*, tail)] वि० १. गिलहरी की जाति का; २. गिलहरी जैसा।

sciuroid (sī ū' roid) वि० गिलहरी सदृश, गिलहरी का।

Sclav, Slavonian, etc. दे० SLAV आदि।

scler-, sclero- [Gr. *sklēros*, dry, hard] यूनानी शब्द skleros (=कड़ा) का समास में प्रयुक्त रूप। **sclera** (sklēr' ă) सं० स्क्लेरा*/ श्वेतपटल* (आ० भी), दृढ़ पटल* (वि० १भी)। **sclerenchyma** (sklēr eng' ki mă) [Gr. *enchuma*, infusion, see PARANCHYMA] सं० मूँग का बाहरी कड़ा भाग, बादाम आदि का कड़ा ऊपरी आवरण।

scleriasis (skle ri' ă sis) सं० (निदा०) ऊतक का कड़ापन।

scleritis सं० दृढ़ पटल की सूजन, श्वेत पटल शोथ* (आ०भी)।

sclerodermatous, sclerodermic वि० कठोर चमड़ी वाला। **sclerogen** (sklēr' ŏ jen) सं० वह पदार्थ जो पौधों की खोलों के भीतर की ओर होता है (जैसे अखरोट के छिलके के भीतर)। **scleroid** (sklōr' oid) वि० (वन०, प्राणि०) दृढ़ गठन का, कठ-कलेजे वाला।

scleroskeleton (skle rō' skel' ĕ ton) सं० १. अस्थि-मांस-संयोजक शिरा या नस, स्नायु, रज्जु की हड्डी में बदलने की प्रक्रिया में बने हुए दृढ़ भाग; २. नसों का सत्त्व। **sclero-keletal, sclerosteous** वि० कंकाल की प्रकृति का।

sclerotic (skle rot' ik) वि० १. स्क्लेरोसिस का या उसके साथ; २ स्क्लेरा या श्वेत-पटल सबंधी। सं० आँख का पुतले के आसपास की झिल्ली या कला, आँख का सफ़ेद हिस्सा, श्वेतपटल* (आ० भी)। **sclerotitis** सं० श्वेत पटल की सूजन। **sclerotomy** सं० दृढ़ पटल-कर्तन। **sclerous** (sklēr' us) वि० कठिन* (आ० भी), (निदा०, श्व० वि०, वन०) अस्थिमय, हड्डियों वाला।

scobs (skobz) [L.] सं० बुरादा, छीलन छालन, खरचन, तलछट।

scobiform (skō' bi fōrm) वि० (वन०, बाँजों का) चूरा-सा, बुरादा-सा।

scoff[1] (skof) [prob. from Scand. (cp. M.Dan. *skof*, Icel. *skauf*, also O.F Fris. *schof*, M.Dut *schobben*), perh. rel. to SHOVE] स० १. फिकरा, व्यंग्य, उपहास, विद्रूप, ताना; २. हँसी का, मज़ाक की चीज, मजाक का पात्र या लक्ष्य। क्रि० अ० १. (विशे० धर्म या सम्मानित वस्तु के संबंध में) अपमानसूचक शब्द कहना, ताना मारना या आक्षेप करना; २. व्यंग्य करना, फ़िकरे कसना। **scoffer** सं० १. हँसी उड़ाने वाला; २. धर्म-निंदक, धर्म पर उपहास करनेवाला। **scoffingly** क्रि वि० उपहास करते हुए, व्यंग्यपूर्वक।

scoff[2] (skof) [S. Afr. Dut.] स० (ग्रा०) खाना, खुराक, भोजन, भक्ष्य। क्रि स० भकोसना, लालच के साथ खाना।

scold (skōld) [M E. *scolden*, cp. Dut. *schelden*, G. *schelten*, O.Fris. *skelda*] क्रि अ० और स० १. दोष देना, भर्त्सना करना, झाड़ना-झिड़कना, २. डाँटना, फटकारना, लताड़ना। सं० कर्कशा, लड़ाका या कटुभाषिणी औरत। **scolding** स० और वि० १. भर्त्सना; २. डाँट-फटकार, डाँट डपट, झिड़की, घुड़की।

scolex (skō' leks) [Gr. *skōlēx*, worm] सं० (बहुव० **scoleces** (skō lē' sēz)) शीर्ष, फ़ीताकृमिशीर्ष* (वि० १ भी)।

scoliosis (skol i ō' sis) [Gr. *skoliōsis*, from *skolios*, bent] सं० रीढ़ की हड्डी का एक ओर का घुमाव। **scoliotic** वि० मेरुदंड के घुमाव से संबंधित।

scollop दे० SCALLOP।

scolopaceous (skol'o pā' shŭs), **scolopacine, scolopacoid** वि० कुनाल, चहा या दीर्घ-चंचु पक्षी जैसा।

scolopendra, scolopender (skol ó pen' drā, -der) [L. and Gr. *skolopendra*] सं० (प्राणि०) शतपद जीव। **scolopendriform, scolopendrine** वि० शतपद का, शतपदों से संबंधित, शतपदों जैसा।

scolopendrium (skol ó pen' dri ŭm) [L., from Gr. *skolopendrion*, from a supposed resemblance to prec.] सं० (वन०) स्कोलोपेंड्रियम, महौन पत्तियों को वनस्पति-विशेष।

scomber (skom' bĕr) [L., from Gr. *skombros*] सं० (बहुव०-**bri**) स्कौम्बर, एक जाति की मछली। **scombrid** सं० स्कौम्बर जाति की मछली। **scombroid** वि० और सं० स्कौम्बर मछली जैसा।

scon दे० SCONE।

sconce (skons) [O.F. *esconse*, hiding-place, concealed light, dark-lantern, L. *absconsa*, fem. of *-sus*, var. of *absconditus*, p.p. of *abscondere*, to hide, cp. ABSCOND] सं० १. दीपाधार, मुठियादार बत्तीदान या चिरागदान; २. दीवारगीर; ३. सिर, खोपड़ी (के लिए पुराना हँसी का शब्द), ४. गढ़, बुर्ज (प्रायः रपटा, दरों आदि को ढँकने वाला); ५. (बोल०) अलाव या अँगीठी के पास बैठने का स्थायी पत्थर। क्रि० स० (विश्वविद्यालय के अधिकारियों पर) अनुशासन भंग करने पर जुर्माना करना (अनुशासन भंग करने पर)।

scone (skon, skōn) [cp. M. Dan. *skon-roggen*, muffin of bolted rye-flour (L. G. *schön*, fine, *roggen*, rye)] सं० स्कोन, जौ या गेहूँ की तिकोनी नरम रोटी।

scoop (skoop) [perh. through O.F. *escope*, from Swed. *skopa*, or M.Dut. *schöpe*, bailing-vessel, or M.Dut. *schoppe* (Dut. *schop*), shovel, cp. G. *schöpfen*, to draw water] सं० १. स्कूप* (आ० भी), दर्वी, छोटा मूँठ का गहरा करछा; २. बड़ा, लंबी मूठिया का और बड़े चमचे के आकार का पानी आदि में डुबोने का बर्तन; ३. रुखानी जैसा औजार जो चोरफाड़ के या पनीर निकालने के काम आता है, ४. कोयला नापने का पात्र, कोयला डालने का करछा; ५. करछा चलाने की हरकत या कार्य (जैसे with a, at one~); ६. (आ०) तगड़ा मुनाफ़ा, पोल का लाभ; ७. (आ०) समाचारपत्र के लिए विशेष समाचार (जो अन्य पत्रों को प्राप्त न हुआ हो)। क्रि० स० १. (करछा आदि से) उठाना, निकालना (प्रायः up के साथ प्रयुक्त); २. खोखला करना, खाली करना (प्रायः out के साथ प्रयुक्त); ३. (आ०) काफ़ी मुनाफ़ा कमाना, पोला करना; ४. (आ०) (किसी विरोधी समाचार-पत्र, संवाददाता आदि से) पहले ही किसी विशेष समाचार को फैलाना या प्रकाशित करना। **~-net** १. नदी के तल को स्वच्छ करने का जाल; २. छोटा हथजाल जिससे मछली मारने का चारा पकड़ा जाता है। **~-wheel** रहट। **scooper** सं० १. छेनी; २. कलम; ३. नक्काशी करने का औजार; ४. स्कूपर, एक जाति की लंबी चोंच वाली पनडुब्बी चिड़िया।

scoot (skoot) [var. of SHOOT] क्रि० अ० (आ०) भागना, लपकना, फुदकना, तेजी से निकल भागना, रफूचक्कर होना। **scooter** सं० स्कूटर, बच्चे का खिलौना, दोनों सिरों पर पहिये लगा हुआ तख्ता जिस पर हैंडिल के सहारे खड़े हो कर बच्चे एक पैर से ढकेल कर भगाते है। **motor ~** मोटर स्कूटर, इसी प्रकार की अन्य मोटरचालित सवारी।

scopa (skō' pā) [L., in pl., twigs] सं० (बहुव० **-pæ**) (कृमि विज्ञान) छोटे बुश जैसे रोओं का एक गुच्छा जो (विशे०) मधुमक्खियों की टाँगो पर होता है। **scoparious, scopate** (skō' pāt), **scopiform** वि० मधुमक्खी की टाँग पर के रोओं जैसा। **scopulate, scopuliform** वि० मधुमक्खी की टाँग पर के रोओं से युक्त।

scope (skōp) [prob. through It. *scopo*, from Gr. *skopos*, a watcher, a mark, rel. to *skeptesthai*, to look out] सं० १. आशय, अभिप्राय, हेतु, उद्देश्य, लक्ष्य, इरादा (अब विरल); २. दृष्टिकोण, गुंजाइश, क्षेत्र*/विस्तार* (मा० २ भी), कार्यक्षेत्र, ज्ञान या शक्ति का क्षेत्र, समझ की हद, जहाँ तक पहुँच हो सके, अवसर, मौक़ा, निकास, छेद, सूराख; ३. (नौ० वि०) जहाज़ के लंगर पर आते समय लंगर के रस्से की लंबाई।

scorbutic (skôr bū' tik) [obs. *scorbute* (F. *scorbut*), low L. *scorbūtus*, scurvy, prob. from L G., cp. SCURF] वि० और सं० स्कर्बीजनक*/ स्कर्बी* (आ० भी), स्कर्बी संबंधी, स्कर्बी के समान, शतावर या स्कर्बी से ग्रस्त (व्यक्ति)। **scorbutically** क्रि० वि० शीतावर या स्कर्बी से पीड़ित होते हुए।

scorch (skôrch) [O.F. *escorcher*, late L. *exscortāre* (EX-, L *cortex -ticis*, bark)] क्रि० स० और अ० १. झुलसाना, झुलसना* (कर० भी); २. गर्मी से बदरंग या कुरूप हो जाना, ३. (आ०) (मोटर-चालक या साइकिल-चालक का) सरपट जाना, तेज से तेज चाल से जाना। सं० इस प्रकार मोटर दौड़ाने या सवारी का मोह या आकर्षण। **scorched earth policy** फ़सल जला डालने और कोई भी काम में आन वाली वस्तु को हटाने या बर्बाद करने की नीति जिससे देश पर कब्ज़ा करने वाला शत्रु उनका उपयोग न कर सके। **scorcher** सं० (आ०) बढ़िया बानगी, अपनी किस्म का उम्दा नमूना। **scorching** वि० १. झुलसाने वाला; २. प्रखर। **scorchingly** क्रि० वि० १. प्रखरता पूर्वक, २. झुलसाते हुए।

score (skôr) [A.-S. *scor*, twenty, Icel. *skor*, twenty, notch, cogn. with SHEAR] सं० १. रेखा, चिह्न, लकीर या दरार (खींचे हुए या काटे हुए); २. (अब विरल) दौड़ प्रतियोगिता में दौड़ आरंभ करने का रेखा या बिंदु या निशानेबाज़ी में खड़े होने का स्थान, ३. (नौ० वि०) छेद या सूराख जिससे बमदे का चौड़ा फीता अँटकाया जाता है या अँटका कर बाँधा जाता है, ४ चालू खाता, हिसाब का गणना, हिसाब-किताब या लेखा-जोखा, (विशे०) आमेद प्रमेद सबंधी व्ययों का गणन* (आ० भी); ५. खेल में जीत की गिनती, खेल की तालिका; ६. (संगी०) बंद कम के आधार पर संगीत रचना की स्वर-लिपि, ७. बास, कोडी (score या scores के प्रयोग के लिए दे० DOZEN); ८. दर्जा, श्रेणी, बाबत, विषय प्रान्तीक* (मा० २ भी), समक* (वि० १ भी); ९. (आ०) फिकरा, फबती, व्यंग्योक्ति; १०. खासक्रिस्मती, सौभाग्य का वस्तु (जैसे what a~)। क्रि० स० और अ० १. रेखाओं द्वारा चिह्नित करना; २. लकीर खींच कर काटना, घाव बनाना या लापरवाही से काटना, लीक बनाना; ३. नीचे लकीर कर देना (जैसे ~out words); ४. सराय के खाते में लिखना, दर्ज

करना; ५. (ला०) (किसी के द्वारा किए गए अपराध या दुर्व्यवहार आदि को) मन में रखना; ६. (क्रिकेट आदि में जीत का) हिसाब रखना; ७. किसी वस्तु का हिसाब रखना; ८. जीतना, सफल होना, खेल में अंक बना लेना, फ़ायदा उठाना, खुशक़िस्मत होना या भाग्य से पा जाना; ९. (संगी०) समबेत वादन या गायन के लिए व्यवस्था करना, स्वरलिपि तैयार करना। **pay off old scores** (ला०) पिछले अपराध के लिए (व्यक्ति को) दंडित करना या उसे सज़ा दे कर बदला चुकाना। **~off** (ग्रा०) जोड़-तोड़ का जवाब देना, निरुत्तर करना, लज्जित या अपमानित करना। **scorer** सं० (क्रिकेट आदि खेल में) रन बनाने वाला। **scoring** सं० संगत बैठाना या मिलाना, स्वर लिपिबद्ध करना, अंक-प्राप्ति* (मा० २ भी)।

scoria (skôr' i ā) [L., from Gr. *skória*, refuse, from *skôr*, dung] सं० (बहु० **-iae**) खानेदार लावा या खानेदार लावा के टुकड़े। **scoriaceous** वि० खानेदार लावा युक्त या खानेदार ज्वालामुखी के तरल पदार्थ युक्त। **scorify** (skôr' i fī) क्रि० स० मैल या मलबे में परिवर्तित करना, (क़ीमती धातु को खरे-खोटे की) जाँच के लिए आग पर परखना या उसे सीसा आदि में गला कर जाँचना। **scorification** सं० १. मैल या तलछट में परिवर्तित करने की क्रिया; २. (क़ीमती धातु को) सीसा आदि में गला कर जाँचने की क्रिया। **scorifier** सं० तपाने वाला, गला कर जाँचने वाला।

scorn (skôrn) [from M.E. *scorn*, O.F. *escorne*, perh. from *escorner*, to deprive of horns (ex-, L. *cornu*, horn), or M.E. *scarn*, O.F. *escarn*, O H.G. *skern*, mockery, sport] सं० १. अवज्ञा, अवमान, उपेक्षा, घृणा, तिरस्कार, उपेक्षापूर्ण उपहास, २. हिक़ारत या नफ़रत की चीज़ या पात्र। क्रि० स० १. घृणा करना, २. उपेक्षापूर्ण उपहास करना, छोटा समझना या ध्यान देने के अयोग्य समझना; ३. बुरा समझ कर न करना। **scornful** वि० अवज्ञापूर्ण, घृणापूर्ण, तिरस्कारयुक्त, उपेक्षाणीय, अवहेलनात्मक। **scornfully** क्रि० वि० अवज्ञापूर्वक, घृणापूर्वक, तिरस्कारपूर्वक, अवहेलनापूर्वक, उपेक्षा के साथ। **scornfulness** तिरस्कारपूर्णता, घृणापूर्णता, अनादरपूर्णता, उपहासपूर्णता।

Scorpio (skôr' pi ō) [as foll.] सं० वृश्चिक राशि, बिच्छू। **scorpioid** स० और वि० (वन०) वृश्चिकवत्।

scorpion (skôr' pi on) [L. *scorpiōnem*, nom., *-pio*, Gr *skorpios*] सं० १. बिच्छू, वृश्चिक; २. एसा कोड़ा जिसमें कीलें लगी हों; ३. बड़े-बड़े पत्थर फेंकने वाला पुराना फ़ौजी यंत्र। **~-broom, -thora** एक प्रकार की झाड़ी जिसमे पीले फूल लगते हैं और जिससे प्रायः झाड़ू बनते है। **~-fish** बिच्छू मछली, एक विशेष प्रकार की मछली। **~-plant** (~-broom भी) विशेष प्रकार का पौधा। **~-shell** विशेष प्रकार का बिच्छू सीपी।

Scorzonera (skôr zo nēr' ā) [It., perh. from *scorzone*, a snake] सं० स्कोरजोनरा, एक प्रकार का पौधा जिसकी जड़ साग के रूप में काम आती है।

scot[1] (skot) [O.F. *escot*, Iccl. *skot*, cp. A.-S. *scot*, Dut. *schot*, G. *schoss*, shot[2]] सं० (इति०) कर, देय भाग, महसूल, टैक्स। **pay ~and lot** स्वायत्त-शासन-प्राप्त नगर (BOROUGH) की आर्थिक समस्याओं मे शरीक होना या आर्थिक भारों में सहभागी होना। **~-free** १. (आधुनिक प्रयोग मे) कर मुक्त, बिना महसूल के (विरल), २. (प्रायः) सुरक्षित, सही सलामत, अक्षत।

Scot[1] (skot) [A.-S. *Sottas*, pl.] सं० १. (बहु०) चलिक कबीला जो छठी शती के आसपास आयरलैण्ड से स्कॉटलैण्ड में आ बसा था; २. स्कॉटलैण्ड का मूल निवासी।

Scotch[1] (skoch), **Scottish** (skot ish), **Scots** (skots) वि० १. स्कॉच, स्कॉटलैण्ड का या उसका संबंधी, स्कॉटलैण्ड के निवासियों का, स्कॉटलैण्ड के निचले प्रदेश की अंग्रेज़ी बोलियों में प्रचलित। सं० (Scots) अंग्रेज़ी की स्कॉच बोली (इसे (Lowlands~ भी कहते है), स्कॉटलैण्ड की ह्विस्की। **the~** स्कॉटलैण्ड के निवासी। **~& English** चौरासीहाँचनी, अखिमिचौनी **~& soda** स्कॉच ह्विस्की और सोडा मिश्रित मिलास। **~broth** शोरवा जो औ और तरकारी को मिला कर बनता है। **~cap** स्कॉटलैण्ड की टोपी। **~catch or snap in music** संगीत में स्कॉटलैण्ड की लय। **~terrier** छोटी जाति का स्कॉटलैण्ड का कुत्ता। **~whisky** स्कॉच ह्विस्की। **Scotice** (skot' i st), क्रि० वि० स्कॉच बोली में। **Scotticism** सं० स्कॉच बोली का वाक्यांश, शब्द या मुहावरा (लोकोक्ति)। **Scotticize** क्रि० स० और अ० १. स्कॉच भाषा की लोकोक्ति का या स्कॉटलैण्ड वासियों के आचार-व्यवहार का अनुकरण करना; २. स्कॉटलैण्ड की रीतियो से अनुप्राणित होना, वहाँ की पढ़तियों, विशेषताओं को अपनाना।

scotch[2] (skoch) [M.E. *scocche*, prob. from SCORE] क्रि० स० १. खरोंच देना, छील देना; २. ज़ख्मी करना, घायल कर देना; ३. क्षत-विक्षत करना। सं० १. खरोंच, रगड़, ज़ख्म, चिरता, घाव, क्षत, काट; २. आड़, रोक; ३. हाकधाच नामक खेल में धरती पर बनी हुई रेखा या चिह्न।

scotch[3] (skoch) [etym. doubtful] सं० पहिये को ढुलकने से रोकने के लिए लकड़ी के कुंदे आदि की टेक। क्रि० स० (पहिये, पीपे आदि मे) रोक लगाना, टेक लगाना।

scoter (skō' tér) [etym. doubtful] सं० स्कोटर, बड़ी समुद्री बतख।

scotia (skō' ti ā) [Gr. *skotia*, darkness, cp. SCOTO-] सं० मेहराबदार या नतोदर ढलाई (विशे० खंभे के मूल मे)।

Scotism (skō' tizm) सं० (इति०) जोहँस डन्स स्कॉटस (Johannes Duns Scotus मृत्यु १३०८) के पारभौतिक सिद्धांत। **Scotist** सं० और वि० जोहँस डन्स स्कॉटस का पारभौतिक सिद्धांतवादी।

Scotland Yard (skot' lând yard') [locality in London] स्कॉटलैण्ड यार्ड, लदन की पुलिस (के लिए प्रयुक्त), अपराध की छानबीन का प्रधान कार्यालय।

Scoto-[1] दे० SCOT[1].

scoto-[2] [Gr. *skotos*, dullness] यूनानी शब्द SKOTOS (अँधेरा) का समास मे प्रयुक्त रूप।

scotodinia (skot ō din' i ā) सं० घुमनी, चक्कर, अँधेरी।

scotograph (skot' ō gráf) सं० स्कोटोग्राफ़, अँधेरे में लिखने की मशीन।

scotoma, scotomy (skot ō' mā, -mi) सं० १. आँखों के दृश्य भाग के हिस्से का धुँधलापन, तमोबिंदु, अंधक्षेत्र।

scoundrel (skoun' drěl) (प्रायः unknown] सं० १. अधम, निकृष्ट; २. खल, बदमाश, लुच्चा, दुष्ट, पाजी। **scoundreldom** सं० दुष्टों का संसार, गुंडाशाही या बदमाशों की दुनिया। **scoundrelism** सं० अविवेक, नीचता, पाजीपन, बदमाशी, दुष्टता। **scoun-**

drelly वि० अविवेकपूर्ण, नीचतापूर्ण, दुष्टतापूर्ण, पाजीपन से भरा हुआ।

scour[1] (skour)[prob. through M. Dut. *schüren*, O.F. *escurer*, pop. L. *excūrāre* (EX-, *cūrāre*, to CURE[1])] क्रि० स० और अ० १. रगड़ कर साफ़ करना, मल-मल कर चमकाना (जैसे ~metal); २. (नाली, बंदरगाह, नल आदि को) पानी बहाकर या ज़ोर से पानी फेंक कर साफ करना; ३. (शौचादि, डॉक्टर आदि का) आँतों को साफ़ करना, जुलाब देना; ४. (जंग, धब्बा आदि को) रगड़ कर छुड़ाना या दूर करना, (ला० भी) कलंक धोना (away, off के साथ प्रयुक्त)। स० १. तेज़ धारा से नाले आदि की सफ़ाई (जैसे the ~ of the tide); २. पशुओं आदि का घेरना, पेचिश; ३. वस्त्रों को स्वच्छ करने का पदार्थ। **scourer** सं० १. परिमार्जक, स्वच्छकर्ता, माँजने या साफ़ करने वाला, रगड़ने वाला; २. माँजने या साफ़ करने की मशीन।

scour[2] (skour) [O.F. *escourre*, L. *excurrere* (EX-, *currere*, to run)] क्रि० स० और अ० १. शीघ्रता से जाना, (विशे०) तलाश में जल्दी-जल्दी फिरना, तेज़ी से पूरा घूम आना; २. जल्दी करना, जल्दी से तय करना, तेज़ी से तलाश करना।

scourge (skĕrj) [A.-F. *escorge* (F. *écourgée*), ult. from L. *excoriāre*, to strip the skin off (EX-, *corium*, hide)] सं० १. बला, आफ़त, मुसीबत, बवाल, मनुष्य या वस्तु जो ईश्वरीय दंड या प्रतिहिंसा के यंत्र या प्रतीक माने जाते हैं (जैसे बर्बर लोगों की विजय, महामारी, महायुद्ध)। क्रि० स० मारना-पीटना या दंड देना, सताना, जुल्म करना या अत्याचार करना। **the white** ~ हमेशा पाया जाने वाला (स्थान गत) क्षय रोग।

scout[1] (skout)[O.F. *écoute*, cavesdropper, from *escouter* (F. *écouter*), to listen, L. *auscultāre*, see AUSCULTATION] सं० १. (सैन्य० आदि) शत्रु या पास-पड़ोस की खबर लाने को भेजा हुआ व्यक्ति, २. शत्रु या किसी प्रांत-विशेष की स्थिति तथा अवस्था की जाँच करने के लिए नियुक्त जहाज़; ३. छोटा द्रुतगामी हवाई जहाज़, ४. (ऑक्सफोर्ड) कॉलेज का नौकर, सेवक; ५. सूचना (विशे० सैन्य०) प्राप्त करने का कार्य (जैसे on the ~); ६. विशेष प्रकार के समुद्री पक्षी आदि। क्रि० अ० स्काउट की भाँति काम करना, गुप्तचर या जासूस का काम करना। **Boy Scout** बालचर[*] स्काउट[*] (प्र० भी)। **~-master** स्काउट मास्टर, बालचर नायक, गुप्तचर अधिनायक।

scout[2] (skout) [perh. from Scand. (cp. Icel. *skuti*, a taunt, rel. to *skjóta*, to SHOOT)] क्रि० स० तिरस्कार या उपहास के साथ (किसी प्रस्ताव, सुझाव को) नामंज़ूर या अस्वीकार करना।

scow (skou) [Dut. *schouw*] सं० स्को, चपटे पेंदे की किश्ती।

scowl (skoul) [M.E. *scoulen*, Dan. *skule*, cp. Icel. *skolla*, to skulk] क्रि० स० और अ० त्यौरी चढ़ाना, नाक-भौं चढ़ाना, भौंह चढ़ा कर क्रोध प्रदर्शित करना, तेवर बदलना, क्रुद्ध दिखाई पड़ना। स० सरोष भ्रूभंग, नाराज़गी, डरावनी सूरत या क्रोधपूर्ण आकृति। **~down** (व्यक्ति, विरोध आदि को) क्रोधपूर्वक या तेवर बदल कर दबा देना या वश में कर लेना। **scowlingly** क्रि० वि० भौंह चढ़ाते हुए, त्यौरी के साथ, तेवर बदलते हुए।

scrabble (skrăb' el) [var. of SCRAPPLE] क्रि० अ० और स० १. घसीट लिखना, उल्टा-सीधा लिखना, निरर्थक निशान बनाना, बटसट लिखना, किलकिल-कटि लीखना; २. (प्राय०: about के साथ प्रयुक्त) किसी चीज़ को पाने को इधर-उधर खरोंचना या हाथ-पैर मारना, इधर-उधर टटोलना।

scrag (skrăg) [cp. Norw. *skragg*, a poor creature, Dan. *skrog*, carcase, a poor creature, N. Fris. *skrog*, a lean man] सं० १. क्षीण, कृश, अस्थिप्राय व्यक्ति, दुबला-पतला मरियल जानवर, पतला पौधा आदि; २. पशु के मांस का हड्डी वाला हिस्सा (विशे० बकरे की गर्दन या उसके नीचे का गोश्त); ३. (ग्रा०) आदमी की गर्दन। क्रि० स० १. (ग्रा०) फाँसी देना, गला घोंट कर मार डालना, गला घोंटना; २. (फुटबाल) खिलाड़ी को गर्दन पकड़ कर रोक लेना, ३. (विद्यालय, ग्रा०) शीघ्र गंभीरता देने के लिए किसी हथियार से गला ऐंठना, गर्दन दबोचना। **scragged, scraggy** वि० १. रूखे, कर्कश, २. क्षीण, दुबला-पतला। **scraggedness, scragginess** सं० क्षीणता, कृशता, दुबलापन, दुर्बलता। **scraggily** क्रि० वि० क्षीणता से, दुबलेपन के साथ।

scram[1] (skrăm) [var. of SHRAM] क्रि० स० सुन्न करना। वि० सुन्न, छोटा।

scram[2] (skrăm) [SCRAMBLE] विस्म० (ग्रा०) (अमरीकी प्रयोग) निकल जाओ, रफ़्फ़ा हो।

scramble (skrăm' bel) [prob. var. of SCRABBLE] क्रि० स० और अ० १. हाथों और घुटनों के बल चढ़ना, किसी डाल या ऊँचाई पर घिसट-घिसट कर चढ़ना, पेट के बल चढ़ना; २. कोई वस्तु प्राप्त करने के लिए (प्रतिद्वन्द्वियों के साथ) संघर्ष करना, छीनाझपटी करना, छीना-झपटी करना, कशमकश करना; ३. लूट या छीना-झपटी के लिए (सिक्के) बिखेरना, ४. अंडों को तोड़ कर मक्खन, दूध के साथ कड़ाही में पकाना। स० १. ऊँची-नीची भूमि की चढ़ाई, २ किसी वस्तु को पाने के लिए छीना-झपटी, धक्कामुक्की या संघर्ष या कशमकश। **~for pennies** बिखेरे जाने वाले सिक्कों के लिए बच्चों में संघर्ष। **scramblingly** क्रि० वि० १. कठिनाई से चढ़ते हुए; २. होड के साथ, संघर्ष या प्रतियोगितापूर्वक धक्कामुक्की या छीना-झपटी के साथ।

scran (skrăn) [etym. doubtful] सं० (ग्रा०) भोजन, खाद्य-पदार्थ, बचा-खुचा खाने का सामान। **bad~to pou!** उसकी क़िस्मत फूटे, उसका सत्यानाश हो।

scranny, scrawny वि० (अमरीकी) (मुख्यत: बोल०) दुर्बल क्षीण, मरियल, दुबला-पतला।

scrap[1] (skrăp) [Icel. *skrap*, SCRAPE] सं० १. खंड, अंश, टुकड़ा, घज्जी, चिथड़ा, बचा-खुचा माल, (बहुव०) बची-खुची वस्तुएँ, रद्दी चीज़ें, २. कतरन, समाचारपत्र से काटा हुआ चित्र या लेख, ३ (समूहवाचक) छीलन-छालन, बेकाम की चीज़ें, धातु आदि की कतरन जो फिर से काम में लाने को इकट्ठा की जायँ, ४ (एकव० या बहुव०) फोक, ज़बीमल चरबी या मछली का अवशेष या बचा हुआ भाग, तेल निकाली हुई मछली। क्रि० स० रद्दी के ढेर में डालना, बेकार समझ कर फेंक देना, अलग कर देना। **~book** ऐसी पुस्तक जिसमें चित्र या कतरन रक्खी जाती हैं। **~cake** वह केक जो मछली के फोक से बनाई जाय। **~heap** रद्दी या बेकार की चीज़ों का ढेर (ला० भी)। **~heap policy** व्यर्थ की वस्तु को फेंक देने की नीति, अनावश्यक वस्तुओं के निवारण की नीति। **scrappy** वि० टुकड़ों से बना, ग़ैरसंबंधित, असंबद्ध। **scrappily** क्रि० वि० खंडशः, टुकड़े-टुकड़े में, रद्दी तौर पर, व्यर्थ रूप से। **scrappiness** सं० खंडत्व, रद्दीपन, व्यर्थता, खंडान्वितता।

scrap[2] (skrăp) [etym. doubtful] सं० (ग्रा०) लड़ाई, हाथापाई, छीनाझपटी (विशे० जिसकी पहले कोई कल्पना न हो)। क्रि० अ० झड़प हो जाना, धर-पकड़ होना, छीनाझपटी होना।

scrape (skrāp) [M.E. *scrapen*, Icel. *skrapa* (cp. Dan. *skrabe*, Dut. *schrapen*), cogn. with A.-S. *scrēpan*, to scratch] क्रि० स० और अ० १. चिकना करना, एक-सा करना, खुरदुरापन साफ़ करना, बराबर करना; २. (बाहर निकला हुआ भाग, धब्बे आदि को) रगड़ कर या छील कर साफ़ करना, हटा देना, मिटा देना; ३. खुरच कर खोदना, खोद कर पौधा (खोखला) करना (प्राय: out के साथ प्रयुक्त); ४. खुरचने की ध्वनि के साथ सीखना, घिसने की आवाज़ के साथ निकालना, रगड़ने की आवाज़ पैदा करना, ५. किसी वस्तु से रगड़ खाना या बाल-बाल बचना, रगड़ से बचाना या छूते हुए जाना; ६. नोच-खसोट कर या कठिनाई या कंजूसी से धन इकट्ठा करना; ७. शिकायत करना, बहुत हाथ खींच कर खर्च करना. मितव्ययिता करना। सं० १. घर्षण किया, खुरचने का शब्द या क्रिया; २. झुकने में पैर को पीछे ले जाना, ३. अजीब संकटपूर्ण स्थिति, क्लेशप्रद अवस्था जो सदाचार उल्लंघन या पलायन से उत्पन्न हो जाती है। **~ of the pen** एक या दो शब्द लिखना (विशे०) महत्त्वपूर्ण (जैसे हस्ताक्षर)। **~acquaintance with** किसी से जबरदस्ती जान-पहिचान करना, मैत्री या परिचय लादना। **~bow across fiddle strings, ~fiddle** बजाना न जानते हुए भी सारंगी बजाना। **~down** पैर घिस कर शांति स्थापित करना। **~one's chin** दाढ़ी बनाना। **~one's feet** बेअदबी के कारण या वक्ता के स्वर को दबाने के लिए पैर घिसना (विशे० शिष्टाचारवश झुकते हुए पैर को पीछे करना)। **~penny** कंजूस, कृपण। **~ship's bottom** संपियों को साफ़ करना, जहाज के तल में लगी हुई सीपियों को दूर करना। **~through** क्रि० वि० या उप० १. बच जाना, बाल-बाल बचना, २ (प्राय ला०) परीक्षा में कठिनाई से उत्तीर्ण होना, मुश्किल से पास होना। **scraper** सं० १. खुरक*/ खुरचनी* (मा० १ भी), २. खुरदुरापन साफ़ करने वाला, समतल करने वाला; ३. खुरच या रगड़ कर (बाहर निकले हुए भाग, धब्बे आदि को) साफ़ करने वाला। **scraping** सं० आखुरण* (आ० भी), खुरचना* (आ०, कृ० भी), (विशे० बाहर निकले हुए भाग, धब्बे को) खुरच कर या रगड़ कर साफ़ करने की क्रिया।

scratch[1] (skrăch) [prob. from prec. and M.E. *cracchen*, M.Dut. *kratsen*] क्रि० स० और अ० १. (नाखून, पंजों या किसी नोकदार वस्तु से) खरोंचना, खुरचना, नोचना, बकोटना, खरोंच मारना, हल्का घाव बना देना, (किसी वस्तु का कोई भाग) नुच जाना, खुरच जाना, चिह्नित हो जाना; २. खरोंच कर के अक्षर, चित्र आदि बनाना, खरोंच कर छेद बनाना, घसीटना, ३. नाखूनों से बिना चाव किए खुजलाना, खाज मिटाना, अपने को खुजाना, खरोंच लेना, किसी वस्तु की खोज में धरती नोचना या उसे कुरेदना, ४. दौड़ते समय करना, नितव्ययिता या कृपणता से धन एकत्र करना, ५. (लिखे हुए शब्दों पर) रेखा खींच देना, लकीर फेर देना, पेंसिल आदि से काट देना, (दौड़ के लिए घोड़ों की सूची में से) नाम काट देना, खारिज कर देना, (प्रतियोगिता-सूची में से प्रतियोगी का) नाम उड़ा देना, काट देना, (घोड़े या किसी प्रतियोगी का नाम) वापस ले लेना। सं० (बहुव०-**ches**) १. खरोंचने या नोचने का चिह्न, आवाज़; २. खुजलाने की क्रिया, खुजाना; ३. खरोंच* (आ० भी), हल्का घाव, ३. प्रस्थान रेखा, जहाँ से प्रतियोगी दौड़ आरंभ करते है, ५. (बहुव०) घोड़ों का रोग जिसमें खाल सूख कर चटकती है; ६. ।~wig भी) छोटे बालों की नक़ली टोपी जो सिर के एक भाग को ढकती है। वि० ऊल-जलूल तरीक़े से या अंधाधुंध रूप से एकत्र, अव्यवस्थित रूप से संग्रहीत, पैंचमेल या इधर-उधर से जोड़ा-बटोरा। **a ~ of the pen** सुगमता पूर्वक दिया हुआ हस्ताक्षर या लिखित आदेश। **~along** (मा०) गुज़र करना, किसी प्रकार जीवन-यापन करना। **~man or scratch** ऐसा प्रतियोगी जिसे किसी विशेष प्रतियोगिता में बृसरों की बराबरी में सुविधा या अनुकूलता प्राप्त न हो और दौड़ाया न जाय। **~my back & I will ~yours—claw me** दे० CLAW[1]। **~one's head** विशे० चिन्तातीतक किया। **~race** बराबर की दौड़, जिसमें किसीपर किसी प्रकार का बंधन न हो (विलोम handicap)। **~the surface of** बहुत भीतर न जाना, ऊपर-ऊपर ही रह जाना, गहराई में न जाना। **~cat** ईर्ष्यालु, बन्धा औरत। **~-work** चित्तिसज्जा-कार्य, दीवार को पच्चीकारी से सजाना। **scratchy** वि० १. भोंडा, बेतुका, अव्यवस्थित, कलाहीन, असावधानी से किया हुआ; २. (क़लम) खरखर करनेवाला, काग़ज़ को खुरदुरा करने वाला; ३. (नाविक, दल आदि) विषम चरित्र का, अनमेल, असंगठित। **scratchily** क्रि० वि० १. भोंडे ढंग से, अव्यवस्थित रूप से; २. खरखराती हुई (क़लम); ३. वैषम्य के साथ, अनमेल रूप में। **scratchiness** सं० १. भोंडापन, बेतुकापन, कलाहीनता; २. चिरचिराहट, खरखराहट; ३. वैषम्य, पैंचमेलपन।

Scratch[2] (skrach) [cp. Icel. *skratte*, O.H.G. *scrato*, goblin] सं० (Old Scratch) शैतान, राक्षस।

scrawl (skravl) [perh. var. of SCRABBLE] क्रि० स० और अ० १. घसीटना, बुरे और भद्दे ढंग से लिखना, जल्दी में सिचपिच लिखना; २. काग़ज़ पर घसीट कर या अस्पष्ट लिखना या बुरी तरह चित्रित करना। सं० कुलेख, घसीट, घसीट कर लिखा हुआ पत्र या टिप्पणी, उतावली का लेख।

scray (skrā) [W. *ysgraen* or *ysgraill*, cp. F. *screau*] सं० स्क, समुद्री अबाबील, समुद्री पक्षी-विशेष।

scream (skrēm) [cp. Icel. *skræma*, to scare, to terrify] क्रि० स० और अ० १. (दर्द या डर से) चीखना, चिल्लाना, चीत्कार करना, आर्तनाद करना, (भाप के इंजन का) तेज़ सीटी बजाना; २. अट्टहास करना, अवश हो कर हँसना, ३. चीख कर बोलना (प्राय: out के साथ प्रयुक्त)। सं० १. आक्रन्दन, चीत्कार, उच्च रव, चीख, आर्तनाद; २. अट्टहास, हँसी का दौरा, ३. (मा०) अत्यधिक हास्योत्पादक कार्य, खूब हँसाने वाली बात, ४. शैली या मनोवेग, भावावेश आदि में बहुत प्रबंद बलप्रयोग। **screamer** सं० १. पक्षियों की जातियाँ (जैसे काड़े खाने वाला पक्षी स्क्विट); २. (मा०) कहानी आदि जिस को सुनने वाले कहक़हे लगाएँ या जिसको सुनने से ठहाका लगे, किसी वस्तु का असाधारण रूप से उत्कृष्ट नमूना। **screaming farce, fun etc.** ऐसी नक़ल या विनोद जिसे देख कर दर्शक सहसा ज़ोर से खिलखिला उठें, बहुत ही हँसाने वाला खेल या तमाशा। **screamingly** क्रि० वि० १. चीत्कार के साथ, चीखते हुए; २. खिलखिलाते हुए, ३. (इंजिन का) तेज़ सीटी बजाते हुए। **screamy** वि० बहुत अधिक बलाघात युक्त, तीव्र ध्वनि युक्त (भाषण-शैली या भावावेश में)। **screamily** क्रि० वि० बलाघातपूर्वक, उच्च घोष के साथ, स्वर पर विशेष बल देते हुए। **screaminess** सं० तीव्र बलाघात युक्तता, बलाघात प्रयोग की प्रवृत्ति (भाषण-शैली या भावावेश में)।

scree (skrē) [Icel *skritha*, landslip, from *skritha*, to glide, cp. A.-S. *scrithan*] सं० लुढ़कने वाले छोटे-छोटे पत्थरों से ढँकी हुई पहाड़ की खड़ी ढाल (प्राय: बहुव० इसी अर्थ में)।

screech (skrēch) [M.E. *scriken, schriken,* from Icel. as SCREAK] क्रि० स० और अ० (भय, पीड़ा, क्रोध में) कठोर या कर्कश ध्वनि में चीखना या चिल्लाना (प्रायः अपमानजनक रूप में या हँसी में और विशे० कर्ण कटु स्वर के लिए प्रयुक्त)। ~-owl घोर से चीखनेवाला उल्लू, घुग्घू।

screed (skrēd) [North. var. of SHRED] सं० १. लंबा उबा देनेवाला नीरस भाषण (विशे० शिकायतों की सूची) या लंबा अद्यधिक पत्र; २. गारे-चूने या लकड़ी की पट्टियों में से एक जिससे वह फ़र्श जिसमें प्लास्टर होना हो विभिन्न टुकड़ों में विभाजित किया जाता है।

screen (skrēn) [M.E. *scren,* O.F. *escren* (F. *ecran*),prob. from O.H.G. *skrank,* barrier (cp. G. *shranke*)] सं० १. लकड़ी या पत्थर की ओट या आड़, इस प्रकार की ऐसी आड़ जो दो कक्षों या हिस्सों को एकदम अलग न कर के पर्दों का काम दे; २. पर्दा, चिक, लकड़ी की हटाये जाने योग्य आड़; ३. ओट, कनात, व्यवधान, इनके द्वारा छिपाने अथवा रक्षा करने का उपाय; ४. पट* (आ० भी), सूचनापट्ट, नोटिस बोर्ड (प्रायः जिसमें जाली लगी रहती है); ५. स्क्रीन* (आ० भी), सफ़ेद पर्दा जिस पर चलचित्रों का प्रदर्शन किया जाता है; ६. शरीर-रक्षक जो बिजली, चुबक आदि तथा अन्य ऐसी ही वस्तुओं के प्रभाव से बचाता है; ७. बड़ी जाली या चलनी जिससे कोयला आदि छाना जाता है; ८. (फ़ोटोग्राफ़ी) पारदर्शक प्लेट जो फ़ोटो की फिर से तैयार करने में काम आती है; ९. (क्रिकेट) दो हटायी जाने योग्य बड़ी सफ़ेद लकड़ियों या फिरमिच के सीधे खड़े उन्नत ढाँचों में से एक जो विकेट की सीध में सीमा के पास रक्खा जाता है ताकि बल्लेबाज गेंद को अच्छी तरह देख सके; १०. परदा*/ आवरण* (आ०, वि० १. भी)। क्रि० स० १. आड़ में देना, पनाह देना, पूरी तरह या आंशिक रूप से छिपाना या ओझल करना (from के साथ प्रयुक्त), (प्रायः ला०) किसी का दोष अपने ऊपर लेकर या उसे दूसरी दिशा में टाल कर उचित तिरस्कार या निंदा से बचाना; २. लालटेन या चित्रपट पर (किसी वस्तु या दृश्य को) प्रदर्शित करना; ३. कोयले की चलनी से छानना; ४. (ला०) (व्यक्तियों को) पूरी छानबीन और विवेचन के साथ जाँचना। **a cavalry**~ अश्वारोही जो शत्रु के गुप्तचरों को प्रधान सैन्य केन्द्र के सपर्क से अलग रखता है। **screened coal** छना हुआ कोयला। **screening** सं० १. स्क्रीनिंग*/ पटेक्षण* (आ० भी), २. छानना*/ चालना* (इ० १, ३ भी); ३. छानस* (इ० ३ भी)। **screenings** सं० (बहु व०) छानने या चालने से निकला हुआ कूड़ा-कर्कट।

screeve (skrēv) [perh. through It. *scrivare,* from L. *scribere,* to write] क्रि० अ० (ग्रा०) फ़र्श पर चित्रकारी करना।

screw[1] (skroo) [formerly *scrue,* O.F. *escroue* (F. *écrou*), etym. doubtful] सं० १.पेंच* (इ० २, ई०, वि० १ भी), स्क्रू*(वि० १ भी); २. (~-propeller भी) हवाई जहाज या पानी के जहाज की पंखी चलाने का घुमावदार या सर्पिल पेंच जिसे बार-बार घुमाते हैं; ३. (~steamer भी, संक्षे० SS) पेंच या पेंचों से चलने वाला स्टीमर; ४. पेंच का एक घुमाव या मोड़; ५. टेढ़ी चक्करदार गति, तिरछा घुमाव, टेढ़ा घुमावदार मोड़ (जैसे बाल में फँसी हुई क्लिपर की गेंद का); ६.तंबाकू आदि का छोटा मरोड़ा हुआ कागज़ (of के साथ प्रयुक्त); ७. कंजूस, सूम, मक्खीचूस, लोभक या उचित से अधिक धन माँगने वाला व्यक्ति; ८. (ग्रा०) वेतन या मजदूरी की रकम। क्रि० स० और अ० १.पेंच या पेंचों से बाँधना या कसना, तंग करना; २. (पेंच) घुमाना, पेंच की तरह मरोड़ना (जैसे सारंगी की खूँटियाँ मरोड़ना, प्रायः up के साथ प्रयुक्त); ३. अधिक कसा हुआ या समर्थ या योग्य बनाना; ४. पेंच रखना, दबाना, बल प्रयोग करना, कठोरता बरतना; ५. कंजूस होना, कृपण होना; ६. दबाव डाल कर (राय) लेना, (सहमति के लिए) विवश करना, (पैसा) छीनना, (धन) हड़प लेना या बल पूर्वक छीनना; ७.तोड़ मरोड़ देना, विकृत करना, सिकोड़ना, संकुचित करना; ८. (पेंच का) घूमना, फिरना; ९. लुढ़कती हुई गेंद या मनुष्य आदि का भी टेढ़ा-मेढ़ा रास्ता लेना, पथभ्रष्ट होना। **common**~ साधारण पेंच, मामूली स्क्रू। **differential or Hunter's**~ पार्थक्य सूचक पेंच या हंटर पेंच। **endless or perpetual**~ बराबर या लगातार घूमनेवाला पेंच। **female or interior**~ भीतर चूड़ियों वाला पेंच, दे० FEMALE। **have, there is a**~ **loose** कोई पेंच ढीला है, विश्वास में कुछ खलल है या उसके मस्तिष्क में किसी प्रकार का दोष है। **interrupted**~ बिसी चूड़ियों वाला पेंच। **lefthanded**~ बाईं ओर घूमनेवाला पेंच। **male or exterior**~ बाहरी पेंच, बाहर की ओर चूड़ियों वाला पेंच, दे० MALE। **right & left**~ ऐसा पेंच जिसके दोनों सिरों पर अलग-अलग विमुख दिशाओं की चूड़ियाँ बनी हों। **~one's courage to the sticking place**, **~up ones courage** इतना साहस करना कि किसी निश्चित स्थिरता तक पहुँच जाना, दृढ़ निश्चय पर पहुँचने का साहस करना। **~up door** कुंडी लगाना, दरवाजा बंद करना विशे० (विश्वविद्यालय में वास्तविक मज़ाक)। **~up person** उसका दरवाजा बंद करना। **~-bolt** डिबरीदार पेंच। **~-coupling** जोड़ का पेंच जिसमें भीतर की ओर विपरीत दिशाओं में चूड़ियाँ बनी हों ताकि दो बलों या छड़ों को जोड़ा जा सके। **~-cutter** पेंच काटने का हाथ का औज़ार। **~-driver** पेंचकस* (इ० ३ भी)। **~-eye** ऐसा पेंच जिसमें तागे के लिए छेद या सूराख बना हो। **~-gear** दाँतेदार पहिये वाला पेंच। **~-hook** पेंचदार हुक, पेंचदार काँटा या आँकड़ा। **~-jack** दंत-चिकित्सक का एक यंत्र जिसके द्वारा घने दाँतों को दूरी ठीक की जाती है। **~-pile** घुमावदेंच जिसके नीचे की ओर पेंच होता है और वह घुमा कर बैठाया जाता है। **~-pine** अनन्नास जैसी कुंडलित या सर्पिल पत्तियों वाला पौधा। **~-plate** धातु का प्लेट जिसमें पेंच काटने के ठप्पे होते हैं, लोहे की प्लेट भी जिसमें बाहरी पेंच बनाने के लिए चूड़ियोंदार छेद होते हैं। **~-pod** उत्तरी अमरीका का एक प्रकार का पेड़ जिसकी फलियाँ या छीमियाँ कुंडलित या सर्पिल होती हैं। **~-press** विशे० मुद्रक और जिल्दसाज़ों के काम आने वाली दबाने की पेंचदार मशीन। **~-tap** भीतरी पेंच बनाने का औज़ार। **~-valve** ऐसा ढँकना या डाट जो पेंच से खुलता है। **~-wheel** पेंचदार पहिया। **~-wrench** पेंच की सँड़सी, रिंच या घुमाने का औज़ार। **screwable** वि० कसने लायक, पेंच कसने लायक। **screwed** वि०(ग्रा०) मत्त, मदमस्त, मदहोश, मदोन्मत्त, पिये हुए या मतवाला।

screw[2] (skroo) [var. of SCREW] सं० दूषित, जर्जर या निकम्मा घोड़ा। **screwy** वि० १. निकम्मा, चलाचलाया (घोड़ा); २. (ग्रा० भी) कुछ-कुछ सनकी, अव्यवस्थित चित्त, दृग्ण मस्तिष्क वाला।

scribble[1] (skrib' ēl) [SCRIBE, -LE] क्रि० स० और अ० १. (लिखाई या रचना की दृष्टि से) घसीट लिखना, जल्दी में लिख देना, असावधानी से लिखना; २. (हल्के व्यंग्य अथवा अत्यंत साधारण होने के भाव में) पचकार या लेखकहोना। सं० घसीट,

जल्दी में लिखा गया नोट। **scribblement** सं० घसीट लिखाई। **scribbler**[1] सं० १. घसीट लिखनेवाला; २. असावधानी से या जल्दी में लिखने वाला व्यक्ति; ३. अत्यंत साधारण पत्रकार या लेखक। **scribbling-diary, -paper** कोई बात नोट करने के लिए पुस्तिका अथवा कागज।

scribble[2] (skrib' el) [Swed. *skrubbla*, freq. of *skrubba*, to SCRUB] क्रि० स० (ऊन या रुई को) मोटी तरह बुनना, बुनने की मशीन में देना। **scribbler**[2], **scribbling machine** सं० बुनाई मशीन, बुनकनी।

scribe (skrīb) [L. *scriba*, from *scribere*, to write] सं० १. लेखक* (मा० १ भी); २. लिखने वाला, लेखन-काम व्यक्ति; ३. (बाइबिल) प्राचीन यहूदी अभिलेख-कर्ता अथवा अभिलेख-संरक्षक; ४. ईसामसीह के समय का यहूदी धर्मशास्त्री और न्यायज्ञ; ५. लकड़ी, ईंटों आदि पर रेखाएँ खींचने के लिए नुकीला औजार। क्रि० स० इस औजार से रेखा खींचना, चिह्न बनाना। **scriber** सं० चिह्न बनाने वाला, रेखा खींचने वाला। **scribing-tool, compass-es** वृत्त खींचने वाले परकार। **scribing-awl, -iron** चिह्न बनाने के लिए लोहा। **scribal, scribaceous** वि० यहूदी धर्मशास्त्री या न्यायज्ञ संबंधी।

scrim (skrim) [etym. doubtful] सं० सौझें आदि के आवरण-वस्त्र का अस्तर।

scrimmage (skrim' aj) [var. of SKIRMISH] सं० १. खींचातानी, कशमकश; २. गुत्थमगुत्था, छीना-झपटी, हाथापाई; ३. झड़प, मुठभेड़।

scrimp (skrimp)[ep. Swed. and Dan. *skrumpen*, shrivelled, G. *schrumpfen*, cogn. with A.-S. *scrimman*] क्रि० स० और अ० १. कृपणता के साथ देना, अल्प परिमाण में देना, २. तंग करना। **scrimpy** वि० कृपणतापूर्ण, कम, अल्पमात्रिक।

scrimshank (skrim' shāngk) [etym. unknown] क्रि० अ० (सेना द्वा०) काम से कतराना, कर्तव्य की न निभाना। **scrimshanker** सं० काम से कतराने वाला, कर्त्तव्य न निभाने वाला व्यक्ति।

scrimshaw (skrim' shaw) [prob. a surname] क्रि० स० और अ० घोंघे, हाथीदाँत आदि पर पच्चीकारी करना या रंगीन नमूनों से सज्जित करना (समुद्र पर नाविकों का मनोरंजन)। सं० इस प्रकार की पच्चीकारी या रंगीन नमूने से युक्त सीपी या घोंघा।

scrip[1] (skrip) [SCRIP[2]] सं० १. पावती पत्र, पर्णक, कच्ची रसीद, कच्चा पुर्जा, बैंक या कंपनी में दिए हुए रुपयों का कच्चा प्रमाण-पत्र जिससे धारक को नियत समय पर पक्का प्रमाण-पत्र और लाभांश आदि मिल जायँ; २. (संग्रह) ऐसे कच्चे प्रमाण-पत्र।

scrip[2] (skrip)[A.-S. *scrippa*, cp. Icel. *skreppa*, rel. to SCRAP[1]] सं० छोटा थैला।

script (skript) [O.F. *escript* (F. *écrit*), L. *scriptum*, something written, neut. p.p. of *scribere*, see SCRIBE] सं० १. (विधि०) मूल प्रलेख, असल दस्तावेज (विलोम copy); २. लिखाई, हस्तलिपि; ३. हस्तलिखित अक्षर; ४. लिपि* (मा० १ भी), हस्तलिपि सदृश मुद्रित अक्षर, टाइप में हस्तलिपि की अनुकृति; ५. रेडियो वार्ता, उसका लिखित रूप, फ़िल्म-कथा की टाइप-प्रति; ६. परीक्षार्थी का लिखित उत्तर। **scriptorium** सं० (बहु० -ria) लेखन-कक्ष (विशे० मठ इत्यादि में लिखने के लिए अलग कमरा)।

scripture (skrip' chŭr) [M.E. from O.F. *escripture*, L. *scriptūra*, as prec.] सं० १. धर्मग्रंथ* (मा० २ भी); २. बाइबिल, ईंजील, बाइबिल का उद्धरण; ३. शैव-ईसाई सम्प्रदाय के धर्मग्रंथ (यथा वेद, स्मृति, शास्त्र)। **~reader** निर्धनों के घरों में बाइबिल-पाठ के लिए नियुक्त व्यक्ति। **scriptural** वि० १. बाइबिल के सिद्धांतों पर आधारित, उनके अनुसार, उनसे संबंधित, उन पर बल देने वाले; २. बाइबिल संबंधी, बाइबिल से लिया हुआ (क्वचि०)। **scripturalism** सं० बाइबिलवाद, बाइबिल के सिद्धान्तों पर आधारित विश्वास। **scripturalist, scripturist** सं० बाइबिलवादी, बाइबिल के सिद्धांतों का विश्वासी। **scripturally** क्रि० वि० बाइबिल के सिद्धान्तों के अनुसार। **scripturalness** सं० बाइबिल की सैद्धान्तिकता।

scrivener (skriv' ĕ nĕr) [M.E. *scrivein*, O.F. *escrivain* (F. *écrivain*), It. *scrivano*, late L. *scrīb̆ānus*, SCRIBE, -ER] सं० (इति०) दस्तावेजों का मसौदा लिखने वाला, नक़ल नवीस, अर्जीनवीस, प्रलेख-प्रमाणक, दलाल, महाजन। **~palsy** लेखक के हाथ का पक्षाघात जिसके कारण वह लिखने के योग्य नहीं रह जाता है।

scrobe (skrob) [L. *scrobis*, trench] सं० खाँचा। **scrobiculate, -ated, scrobiculous** वि० (वन०, प्राणि०) झुर्री से युक्त, शिकनदार।

scrofula (skrof' ū lă) [L., orig. dim. of *scrōfa*, breeding sow] सं० कंठमाला, गंडमाला, गलसुआ रोग। **scrofulous** वि० गंडमाला से पीड़ित। **scrofulously** क्रि० वि० गंडमाला के रूप में। **scrofulousness** सं० गंडमाला की अवस्था।

scroll (skrōl) [formerly *scrowl*, dim. of M.E. *scrowe*, *scrove*, O.F. *escrowe*, from Teut. (cp. M. Dut. *schroode*, O.H.G. *scrōt*, strip) SHRED] सं० १. लपेटा हुआ कागज, पुराने लपेटे हुए ढंग की पुस्तक; २ सजावटी, गोल या लच्छे जैसी डिज़ाइन; ३. झारगी का गोल सिरा; ४. अधबृत के चिह्न से युक्त रेशम की पट्टी; ५. कुंडलित घुमावदार या बहुती धार जैसी रेखाओं वाला, (लकड़ी या पत्थर पर) बेलबूटों का काम। क्रि० स० और अ० १. कागज को तरह लपेटना, कुंडलित करना; २. बेलबूटे बनाना, नक़्क़ाशी करना। **~-bone** घुमावदार हड्डी, कुंडलित अस्थि। **~-gear** ऐसा गियर जिसमें दाँतदार पहिये हों। **~-head** जलयान के अगले सिरे की कुंडलित सजावट। **~-lathe** घुमावदार कटाव के लिए लोहे या पीतल की खराद, एक प्रकार का औज़ार। **~-saw** नक़्क़ाशी आरा, महीन आरा। **~-wheel**, दाँतदार पहिया। **~-work** बारीक काट के द्वारा बना हुआ बेलबूटों का काम।

scroop (skroop) [imit.] सं० कर्कश ध्वनि। क्रि० अ० कर्कश ध्वनि करना।

scrotum (skrō' tum) [L.] सं० (बहु० **-ta**) १. मुष्क, अण्डकोष, फोता, पैलर; २. वृषण कोष* (आ०, वि० १ भी)। **scrotal, scrotiform** वि० अण्डकोष संबंधी, अंडकोषीय, मुष्कीय। **scrotitis** सं० अण्डकोष की जलन। **scrotocele** (skrō' tō sēl) सं० अण्डकोषीय शोथ।

scrounge (skrounj) [etym. doubtful] क्रि० स० १. (प्रा०) वस्तुओं को हथिया लेना, दबा बैठना; २. भीख माँगते फिरना; ३. हथिया कर या भीख माँग कर जमा करना। **scrounger** सं० हथियाने वाला, दबा लेने वाला।

scrub (skrŭb) [M.E. *scrobben*, M. Dan. *skrubbe* (cp. Swed. *skrubba*, Dut. *schrobben*, also SHRUB[2])] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **scrubbed**) १. स्वच्छ करने या चमकाने के लिए रगड़ना या मलना (विशे० साबुन और पानी को के कर ब्रश से); २. झाड़-पोंछा लगाना, (कोयले की गैस से) कुछ

तत्त्वों को निकाल लेना। सं० १. बुहारी, सफ़ाई, झड़ाई-पोंछाई; २. (बोल०) खिलाड़ी जो किसी नियमित टोली का सदस्य न हो; ३. दूसरों और कमज़ोर टोली; ४. बेसबॉल का खेल जिसमें कुछ खिलाड़ी कम हों। ५. स्कर्* / जंगली झाड़ी* (आ० भी), झाड़झंखाड़, बादफूस; ६. छोटे खड़े हुए बालों वाला झश या मूँछें; ७. छोटा-सा या तुच्छ व्यक्ति; ८. बेकार का जानवर या पौधा। ~-oak अमरीकी (छोटी किस्म का) बलूत। **scrubber** सं० १. (विशे०) कोयला-गैस से पानी छिड़क कर अमोनिया और राल निकाल देने का यंत्र; २. रगड़ने के लिए कड़ा ब्रश; ३. गैस निकालने का यंत्र-विशेष; ४. मार्जक* / स्क्रबर* (क्रु०, वि० १ भी)। **scrubbing** सं० झाड़-पोंछ, बुहारी, सफ़ाई। **scrubby, scrubbed** वि० झाड़झंखाड़ युक्त, तुच्छ, निकृष्ट, हीन। **scrubbiness** सं० १. झाड़-झंखाड़ से भरा होना; २. तुच्छता, क्षुद्रता, हीनता।

scruff (skrŭf) [formerly *scuft*, Icel. *skopt* (*skoft*), hair of head] सं० १. गरदन का पिछला भाग (जैसे take by the ~of the neck); २. पपड़ी* (क्रु० भी)।

scrum, scrummage (skrŭm' aj) [var. of SCRIMMAGE] सं० खींचातानी, गुत्थम-गुत्था, हाथापाई। **scrum half** फ़ुटबॉल को मैदान के बीचोंबीच रखनेवाला खिलाड़ी।

scrumptious (skrŭmp' shus) [perh. orig. mean. stingy, from SCRIMP] वि० (ग्रा०) मज़ेदार, बढ़िया, उत्कृष्ट, सब से अच्छा।

scrunch दे० CRUNCH।

scruple (skroo' pĕl) [F. *scrupule*, L. *scrūpulum*, nom. of dim. of *scrūpus*, sharp stone] सं० १. संदेह, आशंका, संशय; २. हिचक, झिझक, सोच-विचार, सकल्प-विकल्प, किसी आचरण या कार्य को करने के संबंध में नैतिक आधार पर संकोच या दुविधा; ३. नैतिक आपत्ति। क्रि० अ० और स० १. (विरल) नैतिक आपत्ति होना या नैतिक आपत्ति से प्रभावित होना; २. नैतिक आपत्ति के कारण करने में हिचकिचाना (विशे० नकारात्मक)। **man of no scruples** नैतिक आपत्तियों या संकोच से शून्य व्यक्ति। **scrupulous** (skroo' pū lŭs) वि० १. किसी भी बात में कष्ट पहुँचाने में सकोचशील; २. छोटी-छोटी बातों में नैतिक आपत्तियों और संकोचों से युक्त; ३. बात पर बारीकी से ध्यान देने वाला; ४. अति सतर्क, ५. बहुत सावधान, सत्यनिष्ठ, साफ़ दिल का। **scrupulously** क्रि० वि० नैतिक आपत्ति का ध्यान रखते हुए, अति सावधानी से, अति सतर्कतापूर्वक, बारीकी से। **scrupulosity, scrupulousness** सं० नैतिक आपत्ति या संकोच से युक्त होना, अतिशय सावधानी, अत्यधिक सतर्कता।

scrutator (skroo tā' tŏr) [L., as foll.] सं० सूक्ष्मपरीक्षक, जाँच करने वाला (विशे० समाचारपत्रों में प्रकाशित पत्रों के हस्ताक्षरों की)।

scrutineer (skroo ti nēr') सं० मतपत्रों में अनियमितताओं की जाँच करने वाला व्यक्ति, मतपत्र परीक्षक।

scrutinize (skroo' ti nīz) क्रि० स० जाँच करना, निकट से देखना, सूक्ष्म परीक्षण करना, छानबीन करना। **scrutinizingly** क्रि० वि० जाँच या सूक्ष्म परीक्षण करते हुए।

scrutiny (skroo' ti ni) [late L. *scrūtinium*, from *scrūtārī*, to search carefully, from *scrūta*, broken pieces, cogn. with SHRED] सं० १. जाँच, सूक्ष्म दृष्टि, सूक्ष्म परीक्षण, संवीक्षा, छानबीन; *(ग्रं० भी) २. निर्वाचन के मतपत्रों की सरकारी जाँच ताकि अनियमितता की गुंजायश न हो (जैसे demand a~)।

scry (skrī) [DESCRY] क्रि० अ० स्फटिक-दर्शन में (स्फटिक का प्रयोग करना। **scryer** सं० स्फटिक-दर्शक, (स्फटिक) प्रयोगकर्ता।

scud (scŭd) [Norw. *skudda*, allied to SHOOT] क्रि० अ० और स० १. अति वेग से सहसा दौड़ना या उड़ना; २. तेज़ी से सीधा भागना, उतराते हुए से भागना; ३. (नौ०) हवा के रुख पर भागना, पवन की दिशा में चलना। सं० १. तीव्र धावन, भागाभागी; २. भरे हुए उड़ते बादल।

scudo (skoo' dō) [It., from L. *scūtum*, shield] सं० बहुव० -di,-dē] स्कूडो, इटली का पुराना चाँदी का चार शिलिंग का सिक्का।

scuff[1] (skŭf) [etym. doubtful, cp. Swed. *skuffa*, Icel. *skūfa*, to SHOVE, perh. conf. with SCRUFF or SCURF in some senses] क्रि० अ० पैर घसीट कर चलना, घिसटना, ढंग कर चलना।

scuff[2] सं० गरदन का पीछे का भाग (अब प्रायः scruff)। दे० SCRUFF।

scuffle (skŭf' ĕl) [freq. of SCUFF[1]] क्रि० अ० धक्कम-धक्का करना, गुत्थमगुत्था करना, धींगामुश्ती करना, हाथापायी करना। सं० हाथापायी, धक्कमधुक्का, धींगामुश्ती, गुत्थमगुत्था।

scull (skŭl) [etym. doubtful] स० १. छोटे पतवार, डाँड़, चप्पू (जिन दोनों को एक ही खेने वाला चलाता है); २. नाव के पिछले भाग में किसी दाँत पर स्थित डांड़ जो जहाज को ढकेलने वाली मशीन के पुर्ज़े की तरह काम करता है। क्रि० स० और अ० छोटे डाँड़ों से नाव खेना। **sculler** सं० १. डाँड़ चलाने वाला, खिवैया, नाव खेने वाला; २. दो डाँड़ों से खई जाने वाली नाव, छोटी किश्ती।

scullery (skŭl' ĕr i) [O.F. *escuelier*, L. *scutellārius*, dish-keeper, from *scutella*, see SCUTTLE, -ERY] सं० रसोईघर के पीछे का भाग जहाँ बरतन धोये जाते हैं।

scullion (skŭl' i ŏn) [O.F. *escouillon*, *escouvillon*, Sp. *escobillon*, sponge for a cannon, from *escobilla*, sponge, dim. of *escoba*, L. *scōpa*, pl. *scōpæ*, a besom] सं० (काव्य०, भाषण०) रसोईघर का छोटा नौकर जो बरतन धोता है।

sculp (skŭlp) [short for SCULPTURE] क्रि० स० उत्कीर्ण करना, नक्काशी करना।

sculpin (skŭl' pin) [perh. corr. of obs. *scorpene*, SCORPENA] सं० स्कल्पिन, अमरीका की विशेष प्रकार की इकदार सिर वाली समुद्री मछली, विच्छू-मछली।

sculpture (skŭlp' chŭr) [F., from L. *sculptūra*, from *sculpere*, to carve] स० १. मूर्तिकरण, प्रतिमाकरण, पत्थर, लकड़ी, मिट्टी या धातु आदि से मूर्तियाँ, आकृतियाँ, खिलौने आदि बनाने की कला, शिल्पकला, मूर्तिकला, संगतराशी; २. मूर्ति, प्रतिमा, काट कर या खोद कर बनाई हुई कोई वस्तु; ३. (वन० प्राणि०) सीपी आदि पर उभरे या धँसे हुए निशान। क्रि० स० और अ० १. मूर्ति बनाना, मूर्तिकला द्वारा सज्जित करना; २. मूर्तिकार होना, संगतराश होना, मूर्ति निर्माण करना; ३. (भू० क्रु०, वन० एवं प्राणि०) सीपी का उभरे या धँसे चिह्नों के साथ होना। **sculptor** स० १. शिल्पी, स्कल्पटर, मूर्तिकार* (ग्रं०, विधि भी), संगतराश। **sculptress** सं० स्त्री शिल्पी या मूर्तिकार। **sculptural** वि० मूर्तिकला-विषयक। **sculpturesque** (skŭlp tū resk') वि० मूर्ति निर्माण के योग्य।

sculpturally क्रि० वि० मूर्तिकला से संबंध रखते हुए, मूर्ति कला की दृष्टि से।

scum (skŭm) [Dan. *skum* (cp. Icel. *skūm*, G. *schaum*), rel. to SKIM] सं० १. फेन, उबलने या खमीर बनाने के समय तरल पदार्थ के ऊपर आ जाने वाली गंदगी; २. उच्छिष्ट, कूड़ा, मैल, झाग, तलछट; ३. नीचे स्तर के लोग; ४. मल*/ मट्टी* (क्रि० १ भी)। क्रि० स० और अ० १. फेन या मैल उतारना, झाग लेना, ऊपर को झिल्ली उतारना; २. मैल आना, फेन बनना, झाग उतराना। **scummy** वि० मैलयुक्त, झागदार।

scumble (skŭm' bel) [freq. of prec.] क्रि० स० तैल चित्रों को पतले धुधले रंग से हल्का बनाना। म० रंगों का किया हुआ हल्कापन।

scuncheon (skŭn' chŭn) [extension of SCONCE] सं० वर्गाकार बीनार के कोनों पर के पत्थर या महराब जो अष्टभुजी शिखर के एकान्तर पार्श्वों को सहारा देते है।

scunner (skŭn' er) [Sc., etym. doubtful] सं० १. तीव्र अरुचि, नापसंदगी, २. अरुचिकर वस्तु। क्रि० अ० और स० १. अरुचि उत्पन्न करना, २. उबा देना; ३. अरुचि अनुभव करना, ऊबना।

scupper (skŭp' er) [prob. from O.F. *escope*, SCOOP] सं० डेक से पानी बहाने के लिये जहाज के पार्श्व में छिद्र, नाला, परनाला, परनाल।

scurf (skĕrf) [A.-S. (cp. Swed *skorf*, Icel. *skurfur*), rel. to *sceorfan*, to scarify] सं० १ शुष्क चर्म, २. खुरंट, सिध्म, सूखी पपड़ी (विशेष किण्वम), रूसी (dandruff भी); ३. किसी वस्तु पर आई हुई मैल की तह। **scurfiness** सं० खुरंट बंधा होना, किण्वम से भरा होना। **scurfy** वि० खुरट बंधा, किण्वम से भरा।

scurrilous (skŭr' i lus), **scurrile** (skŭr' il) [L. *scurrilis*, from *scurra*, buffoon] वि० १ अत्यधिक अश्लील, बेहद फूहड़, गंदी, घृण्य, भद्दा, नँवारा (भाषा या व्यक्ति के लिए); २. भँडैती से भरा या भँडैती करने वाला। **scurrilously** क्रि० वि० १. अश्लीलतापूर्वक, फोशपन से; २. भँडैती करते हुए। **scurrilousness** सं० घोर अश्लीलता, फ़ोशपन, भँडैती।

scurry (skŭr' i) [perh. from obs. *scurrier*, a scout, as SCOUR²] क्रि० अ० १ जल्दी-जल्दी छोटे-छोटे कदमों से भागना; २. रफू-चक्कर हो जाना, दुम दबाकर भागना। स० तेज भागना, तेज भागने की आवाज, कम दूरी की तेज़ घुड़दौड़। **polo~** पोलो के घोड़ों की दौड़।

scurvy (skĕr' vi) [SCURF] वि० कुत्सित, तुच्छ, क्षुद्र, नगण्य, नीच, अधम, घृण्य, गहा, घृणायोग्य, कमीना। सं० लवणरक्त, रोग-विशेष जिसमे मसूड़े सूज जाते है और शरीर पर चकत्ते पड़ जाते हैं (यह तरकारियों कम और नमकीन गोश्त ज्यादा खाने से नाविकों को होती है)। **~-grass** (~-ress का अशुद्ध रूप) सरसों की जाति का पौधा जो इस रोग के निवारण के लिए प्रयुक्त होता है। **scurvied** वि० स्कर्वी रोग से पीड़ित। **scurvily** क्रि० वि० नीचता से, अधमता से।

scut (skŭt) [cp. Icel. *skutt*] सं० छोटी सी दुम (विशेष खरगोश या हिरन की)।

scutage (skū' tāj) [med. L. *scūtāgium*, from *scūtum*, shield (cp. O. F. *escuage*)] सं० (इतिं०) सामन्ती जमीदार द्वारा वैकल्पिक सेवाओं के लिए दिया गया पारिश्रमिक।

scutch (skŭch) [O.F. *escoucher*, *escousser*, perh. from Scand. (cp. Norw. *skaka*, scutcher)] क्रि० स० (रेशेदार पदार्थ विशे० सन को) कूटकर तैयार करना। सं० १. सन कूटने का औजार; २. पटसन, सन कूटने के बीच अलग किया हुआ मोटी किस्म का सन। **~-blade, rake, scutcher, scutching flax, -sword** सन कूटने के उपकरण।

scutcheon (skŭch' ŏn) [ESCUTCHEON] सं० १. ताले के छेद पर लगा हुआ घूमने वाला पीतल का आच्छादक; २. नाम या और कुछ खोदने के लिए धातु-पट्टिका।

scutellum (skū tel' ŭm) [dim. of SCUTUM] सं० १. (बहु० **la**) स्कुटेलम* (आ०, वि० १ भी), (प्राणि०) पौधों, कीड़ों या पक्षियों में छोटी बचाव-खाल, परत या शल्क (विशे० चिड़ियों के पंजों की कड़ी शल्क)। **scutellar** वि० उपर्युक्त शल्क संबंधी। **scutellate, scutellated** वि० इस खाल से युक्त। **scutellation** सं० उपर्युक्त शल्क की रचना।

scuttle[1] (skŭtl) [A.-S. *scutel*, dish, L. *scutella*, salver, dim. of *scutra*, tray, platter] सं० (प्राय: coal-~) कोयला रखने का तसला आदि (विशे० वह जिसमें एक चूल्हे में जलाने योग्य कोयला आता है)।

scuttle[2] (skŭtl) [O.F. *escoutilles*, pl. hatches (cp. F. *écoutille*), Sp. *escotilla*, from *cu-otar*, to cut out round the neck, from *escote*, tucker, from Teut. (cp. Dut. *schoot*, G. *schoss*, lap, bosom)] सं० १ घर की दीवाल या छत, जहाज के डेक, पार्श्व या पटाव में ढक्कनदार छेद; २. मोटरकार के ढाँचे को उसके इंजन के ढकने से जोड़ने वाला भाग। क्रि० स० १. जहाज मे छेद करना, २. जहाज के पेंदे की नालियाँ खोल देना।

scuttle[3] (skŭtl) [origin. *scuddle*, freq of SCUD] क्रि० अ० १. जल्दी करना, जल्दी भागना, तेजी से भागना, २. भाग खड़ा होना; ३. संकट या कठिनाई से बचकर भगाना। सं० तेजी से भागना, भाग खड़ा होना।

scutum (skū' tum) [L., from *sku-*, to cover, cogn. with sky] सं० १. (बहु० **-ta**) (रोम० प्राचीन) आयताकार, अंडाकार या अर्ध-बेलनाकार ढाल*/ स्कूटम* (आ०, वि० १ भी); २. (शारीर०) जानवरों, घुटने की हड्डी; ३. (वन० और प्राणि०) ढाल जैसा परत या शल्क, अस्थियुक्त चमड़ी का अंश। **scutal, scutate** वि० उक्त परत या शल्क संबंधी।

Scylla (sil' a) [L, from Gr. *Skulla*] सं० होमर द्वारा उल्लिखित छः सिर वाला दानव जो मेसीना अंतरीप के सामने-सामने स्थित एक चट्टान और जलावर्त में रहता था और उनके बीच से गुजरते निकल जाना असंभव था। **~and Charybdis** एक खतरे से बचकर दूसरे में पड़ने का भय।

scyphus (sī' fŭs) [L., from Gr. *skuphos*] १. स० (बहु० **-phi**, fi) (ग्रीक प्राच) दो हैडलों वाला प्याला जिसके हैडलों की ऊँचाई उसकी ऊँचाई जितनी होती थी; २. (वन०) फूल या पर्वतीय वनस्पति का प्याले के आकार का भाग। **scyphiform, scyphose** वि० १. प्याले के आकार का; २. फूल के प्याले जैसे भाग वाला।

scythe (sīth) [A.-S. *sithe* (cp. Dut. *zeis*, Icel. *sigthr*, L.G *saged*), cogn. with L. *secāre*, to cut] सं० १. हँसिया, दरांती* (आ० १ भी); २. पुराने युद्ध-रथों की धुरी में लगा हुआ फल। क्रि० स० हँसिये से काटना। **scythed** वि० हँसिये जैसे फल से युक्त।

Scythian (*sith'* i ăn) वि० और सं० प्राचीन सीथिया (काले सागर के उत्तर का प्रदेश) का (निवासी)।

sea (sē) [A.-S. *see*, cp. Dut. *zee*, G. *see*, Icel. *sær*] सं० १. उदधि, पयोधि, समुद्र* / सागर* (वि० १ भी), महासागर या उसका कोई भी भाग; २. समुद्र का विशेष अंश जो पूरी तरह या आंशिक रूप से स्थल से घिरा रहता है और जिसका विशेष नाम होता है (North Sea उत्तरी सागर, Mediterranean Sea भूमध्यसागर); ३. समुद्र का लहराना या ऊपर उठना, ऊँची-ऊँची लहरें। **arm of the~** गहरी खाड़ी। **at~** १. समुद्र के बीच (विशे० जहाँ से स्थल न दिखाई देता हो); २. (ला०) विभ्रमित, विमूढ़। **go to~,over or beyond seas** समुद्र-पार, विदेश। **follow the~** नाविक होना, नाविक बनना। **inland~** पूरी तरह स्थल के बीच सागर (जैसे कैस्पियन सागर, कभी-कभी बड़ी झीलों के लिए भी प्रयुक्त)। **long~** लम्बी नियमित लहरों वाला सागर। **mistress of the~or seas** सर्वाधिक समुद्री शक्ति संपन्न राज्य। **on the~** जहाज पर अथवा समुद्रतट पर। **put to~** बन्दरगाह या स्थल छोड़ना। **seas mountains high** पर्वताकार लहरों से युक्त सागर। **ship a seas** जहाज में लहरों का भर जाना। **short seas** छोटे और विशृंखल लहरों से युक्त सागर। **the four seas** ग्रेट ब्रिटेन के उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण स्थित सागर। **the high seas** निकटवर्ती देश के तीन मील के अधिकार-क्षेत्र के बाहर का खुला सागर। **The Seven Seas** उत्तरी ध्रुव महासागर, दक्षिणी ध्रुव महासागर, उत्तरी और दक्षिणी प्रशान्त महासागर, उत्तरी और दक्षिणी अतलान्तिक महासागर, हिन्दमहासागर। **when the~ gives up its dead** ईसाई मत के अनुसार कल्पान्त में जब सभी मृतात्माएँ प्रबुद्ध होंगी। **~arrow** एक प्रकार की उड़ने वाली मछली जो काँटे में चारे के रूप में खिलाई जाती है। **~asparagus** मुलायम झिल्ली वाला। **~barrow** स्कैट मे लगा अंडों का खाना। **~bathing** समुद्र में नहाना। **~bear** १. ध्रुवीय (सफ़ेद रंग का) भालू, २. एक सील मछली जिसकी खाल फर बनाने लायक होती है। **~bells** समुद्र किनारे उगने वाला झंखाड़। **~belt** पहियों की तरह दहनियों वाला झंखाड़। **~board** सागर-तट, तट-रेखा। **~boat** समुद्र में जाने के संबंध में विशेष गुण वाला जहाज, जहाज में लगी हुई नाव जिस पर बैठकर मुसीबत के वक्त लोग जहाज छोड़कर समुद्र में उतर जाते हैं। **~born** सागर से उत्पन्न (काव्य० विशे० अफ्रोदिती, एक देवी)। **~borne** समुद्र संतरित (माल इत्यादि), **~bow** समुद्रधनुष, सागर के फेन में इन्द्रधनुषी आभा। **~breeze** सागर से भूमि की ओर बहने वाली हवा (विशे० दिन में), (विलोम, स्थल-वायु जो रात में भूमि से सागर की ओर बहती है), समुद्री हवा। **~calf** सामान्य सील मछली। **~canary** सफ़ेद ह्वेल मछल, (जो सीटी बजाती है)। **~captain** महान नाविक अथवा अध्यक्ष (आल० और काव्य०, साधारण प्रयोग में जहाँ स्थल सेना के कप्तान को छोड़ देना हो) भूतपूर्व अथवा वर्तमान कप्तान। **~change** रूपान्तरण। **~chestnut** समुद्री अखरोट। **~coast** समुद्र-तट। **~cock** १. सोंकाच, पक्षियों और मछलियों के प्रकार; २. समुद्र के जल को जहाज के अंदर आने के लिए टोंटी। **~colander** चलनी की तरह दहनियों वाला झंखाड़। **~cook** (गौ०) एक गाली। **~cow** समुद्री गाय। **~crow** समुद्री पक्षी। **~cucumber** एक प्रकार का घोंघा। **~devil** एक प्रकार की समुद्री मछली। **~dog** सील मछली का प्रकार, कुत्ता मछली, पुराना नाविक (विशे० एलिज़ाबेथ के समय में समुद्री कप्तान)। **~eagle** एक प्रकार का मछलियाँ पकड़ने वाला गिद्ध। **~elephant** एक प्रकार की सील मछली जिसके सूँड होती है। **~fan** एक प्रकार का मूँगा। **~faring** समुद्र में आना-जाना (विशे० आदत के रूप में)। **~fight** समुद्र पर युद्ध (जंगी जहाजों के बीच)। **~flower** एक समुद्री फूल। **~fog** समुद्री कुहरा जो स्थल में थोड़ी ही दूर तक आता है। **~fowl** समुद्री चिड़िया। **~fox** लंबी पूँछ वाली शार्क मछली। **~front** समुद्र की ओर का भाग (नगर का)। **~furbelow** एक प्रकार के भूरे समुद्री सेवार। **~gauge** १. जहाज के लिए डूबकरी जल-गहराई; २. एक प्रकार का (गहराई) मापक यंत्र। **~gherkin** एक प्रकार का समुद्री जानवर। **~gilliflower,** **~pink** समुद्री गुलाबी फूल। **~girt** सागर-मेखला, (काव्य०, अर्ब) चारों ओर घिरे हुए समुद्र। **~god,-goddess** समुद्री देवी या देवता। **~going** समुद्र-संतरण योग्य। **~grape** १. एक प्रकार की समुद्री झाड़ी; २. (बहुव०) कटुल मछली के अंडे। **~green** नील-हरित। **~gull** समुद्री चिड़िया। **~hedgehog** एक प्रकार का समुद्री जानवर। **~hog** एक प्रकार की मछली, सूंस। **~horse** १. (पुराण०) समुद्र देवता के रथ में जुता हुआ घोड़ा जिसका पिछला धड़ मछली जैसा होता है; २. दरियाई घोड़ा। **~island cotton** जाजिया और दक्षिणी कैरौलिना से दूर के द्वीपों पर उगने वाली बढ़िया कपास। **~kale** एक प्रकार की वनस्पति जो कच्ची खाई जाती है। **~kidney** समुद्री-जिगर, जिगर की शक्ल का सामान्य कोशिक प्राणियों का आधार। **~king** मध्ययुगीन स्कैंडिनेवियाई समुद्री डाकू। **~lace** सी-लेस, एक प्रकार का समुद्री झंखाड़ जिसमें लंबी डोरी की तरह टहनियाँ होती हैं। **~lawyer** नुकसानदेही करने वाला आदमी (के लिए नौ० सेना में प्रयुक्त शब्द)। **~legs** लुढ़कने-पुढ़कने वाले जहाज के डेक पर चलने की क्षमता। **~lemon** सी-लेमन, एक पीला लंबा घोंघा। **~leopard** चित्तीदार सील मछली। **~letter** युद्ध के समय निरपेक्ष जहाज के साथ रहने वाला सरकारी रक्षा-पत्र जिसमें उसके माल और यात्रियों का वर्णन रहता है। **~level** समुद्रतल, पहाड़ों की ऊँचाई आदि आँकने के लिए प्रयुक्त। **~lily** लिली के आकार के समुद्री प्राणि-विशेष। **~line** समुद्र-क्षितिज। **~lion** बड़े कानों वाली विशे० भालों वाली सील मछली। **Sea Lord** नाविक बोर्ड के नौसेना-सदस्य। **~man** १. नाविक (बहुव०-**men**); २. (गौ०) नाविकों की श्रेणी (able-bodied seamen दे० ABLE)। **~man-like,** **~manly** वि० नाविकों जैसा। **~manship** सं० नाविक पद। **~mark** रास्ता दिखाने के लिए सागर पर बने हुए प्रकाशस्तम्भ आदि। **~mat,** **~melon** सी-मैलन, एक प्रकार के घोंघे। **~mew** एक प्रकार का समुद्री पक्षी। **~mile** भौगोलिक मील। **~monster** सागर का कोई भी विशालकाय और भयानक पशु। **~moss** काई की तरह का समुद्री झंखाड़। **~mouse** एक रोएँदार समुद्री कीड़ा। **~mud** खाद की तरह प्रयुक्त नमकीन दलदल का जमाव। **~necklace** ह्वेल के अंडों की क़तार। **~needle** एक प्रकार की मछली। **~nettle** पेड़ुसा या समुद्री मछलियाँ। **~nymph** जलपरी। **~oak** एक प्रकार का समुद्री झंखाड़। **~moose** समुद्र का कीचड़। **~orange** एक प्रकार का गोल नारंगी घोंघा। **~orb** सी-ओर्ब, एक प्रकार की गोल मछली। **~otter** क्रीमती फ़र से युक्त प्राणी। **~owl** दे० LUMP[1]। **~ox** दरियाई गाय। **~pad** सीपैड, समुद्री मछली (स्टारफ़िश)। **~parrot** एक समुद्री चिड़िया। **~pass** युद्ध के समय निरपेक्ष जहाज का

पासपोर्ट। ~pay समुद्र पर युद्धकालीन सेवाओं का वेतन। ~peach, -pear सीपीयर, एक प्रकार के घोंघे। ~pen पर की आकृति के बीच। ~pie नमकीन गोश्त की बनी खाद्य-वस्तु, सी-पाई, एक प्रकार की चिड़िया। ~piece समुद्र दृश्य चित्र। ~piet सी पाइट, एक प्रकार की चिड़िया। ~pig एक समुद्री जानवर। ~pike सी पाइक, कुछ समुद्री मछलियां। ~pilot सी-पाइलॉट, एक प्रकार की चिड़िया। ~pink सी पिंक, समुद्रतटीय फूल। ~plane समुद्र पर उतर सकने और उड़ान ले सकने वाला हवाई जहाज। ~poacha सी पोचु, एक छोटी मछली। ~port पत्तन। ~power समुद्र पर अधिकार। ~pumpkin सी पंपकिन, एक प्रकार के समुद्री प्राणी विशेष। ~purse स्केट में अंडों का खाना। ~rabin सी रैबिन, लाल समुद्री पक्षी। ~raven सी रैवेन, एक विशेष प्रकार का पक्षी। ~room समुद्र में खाली जगह जहाँ से जहाज बगैरह मुड़े। ~rover समुद्री डाकू या डाकुओं का जहाज। ~salt समुद्री नमक। ~scape समुद्रदृश्य चित्र। Sea Scouts बालचरों का नाविक सहायक दल। ~serpent समुद्री सांप (The Sea Serpent एक विशालकाय सर्प दैत्य जो कहा जाता है कि दिखाई देता है, पर जिस पर वैज्ञानिकों का विश्वास नहीं है)। ~shore समुद्र तट-भूमि, ऊँच और नीचे जल-चिन्हों के बीच का स्थान। ~sick समुद्र पर जहाज की गति के कारण मतली या कै से पीड़ित। ~sickness समुद्र पर मतली और कै। ~side समुद्र-तटीय स्थान (विशे० छुट्टी बिताने का स्थान)। ~sleeve कटूल मछली। ~snail छोटी फिसलने वाली मछली। ~snipe स्नाइप मछली। ~squirt एक प्रकार के घोंघे। ~strawberry एक प्रकार के अन्नकोशी प्राणी। ~sunflower एक प्रकार का समुद्री पौधा। ~swallow समुद्री अबाबील। ~tang(le) एक प्रकार का समुद्री झंखाड़। ~toad सी टोड, एक प्रकार की मछली। ~urchin भूत, परी। ~wall समुद्र बंध। ~ware समुद्री झंखाड जो नाद आदि बनाने के लिए इकट्ठा किया जाता है। ~water समुद्र-जल। ~way जहाज का प्रगति, खुले समुद्र मे जहाज का स्थिति। ~weed समुद्र मे उगने वाला झंखाड़। ~whip सी-व्हिप, चाबुक की आकृति का झुंगा। ~whipcord एक प्रकार का समुद्री झंखाड़। ~wife सी-वाइफ, एक प्रकार की रंगीन मछली। ~wind समुद्री हवाएँ। ~wing सी विंग, एक प्रकार का घोंघा। ~wolf सूँड वाली सील मछली, समुद्री डाकू। ~worthy वि० (जहाज के लिए) सतरण-योग्य! ~worthiness स० सतरण योग्यता। seaward (s) वि० और क्रि० वि० समुद्र की ओर।

seal[1] (sēl) [A.-S. *seolh*, cp. Icel. *selr*, Dan. *sæl*, Swed. *sjdl*] सं० १. सील, एक बड़ा मांसभक्षी समुद्री जानवर; २. जलस्थान, (cared ~or oltory) सामान्य सील से भिन्न जिनके कान दिखलाई देते हैं और जो बड़ी होती हैं (जैसे समुद्री-रीछ, समुद्री-सिंह, समुद्री-हाथी, जैसी सूँड वाली सील) और फर से युक्त सील मछलियाँ। क्रि० अ० सील का शिकार करना, सील पकड़ना। sealer सं० (विशे०) सील का शिकार करने वाला आदमी या जहाज।

seal[2] (sēl) [O.F. *seel* (F. *sceau*), L. *sigillum*, cogn. with *signum*, SIGN] सं० १. मुद्रा* (प्र०, मा० १, वि० १ भी), मोहर* (प्र०, मा० १ भी), (जैसे given under my hand and ~मेरे द्वारा हस्ताक्षरित और मुद्रांकित); २. कमरे, मकान या बक्स में लगाई गई मोहर जिससे बिना स्वामी की जानकारी के उसेखोला न जा सके (जैसे leaden-~), मोहर लगा हुआ सीसे का टुकड़ा जिसमें बंधने के लिए तार लगे रहते हैं; ३. (ला०) स्वीकृति, विश्वास अथवा मौन की मोहर लगी हुई–(ऐसी सूचनाओं के लिए जिनके विषय में गोपनीयता आवश्यक है या चाही जाती है); ४. काग़ज की मोहर जो अभिलेखों में मोम की मोहर की जगह लगाई जाती है; ५. (ला०) महत्त्वपूर्ण अथवा भविष्यसूचक चिह्न (जैसे has the~of death in his face); ६. मोम या काग़ज पर मोहर लगाने के लिए प्रयुक्त रत्न, धातु का टुकड़ा आदि; ७. (~ring की) मुद्रिका, मुद्रा से युक्त अँगूठी; ८. प्रमाण या पुष्टीकरण के रूप में किया हुआ काम, दी हुई वस्तु अथवा चिह्न; ९. छेद बंद करने (विशे० गंदी नाली को बंद करने) के लिए प्रयुक्त पदार्थ। क्रि० स० १. मोहर लगाना* (मा० १, वि० १ भी), मुद्रांकित करना, पक्का करना, सच्ची लगन प्रगट करना; २. (बिल्कुल) बंद करना* (आ०, वि० १ भी), रोक देना; ३. विशिष्ट चिह्न अंकित करना; ४. अलग रख देना, निर्दिष्ट करना, पूर्ण रूप से निश्चित करना; ५. (नौसेना में) सरकारी रूप से (किसी डिज़ाइन या नमूने को) स्वीकार करना; ६. कस कर बंद कर देना, दीवाल में सीमेंट से जड़ देना। set one's~ to मोहर लगाना, प्रामाणिकता देना। Fisher's Seal पोप की मुद्रा (जिस पर संत पीटर को मछली मारते हुए दिखाया गया है)। sealing-wax मोहर लगाने की लाख, मोहरी लाख*/ मुद्रण लाक्षा* (वि० ३ भी)।

sealyham (sē' li hăm) [village in Pembrokeshire] सं० टैरियर कुत्ते की एक जाति-विशेष।

seam[1] (sēm) [A.-S. (cp. Dut. *zoom*, G. *saum*. Icel. *saumr*), *rel to* sew] सं० १. संस्तर* (वि० १ भी), कपड़े आदि की सीवन, सीवन जोड़*/ मगजी जोड़* (इं० १, ३ भी); २. लकीर, जोड़, समानांतर किनारों के बीच की दरार; ३. घाव का निशान; ४. दो पर्तों या स्तरों की विभाजन-रेखा; ५. दो मोटे स्तरों के बीच कोयले आदि की पतली रेखा; ६. (शारी०) दो हड्डियों का सीवन जैसा जोड़ (जैसे कपाल की हड्डियों में), सेवनी, सेवनी संधि। क्रि० स० १. सीवन मिलाना, बीच में मिलन-रेखा बनाते हुए जोड़ना, टाँका लगाना; २. मोड़ आदि में धारियाँ बनाना। ~,seaming-lace सीवन बेल, सिलाई का फीता, पद आदि पर ऊपर सिया जाने वाला फीता। ~presser सं० १. खेती का वह औजार जिससे हल के द्वारा बनाई गई लकीरों को समतल करते हैं; २. दर्जी का सीवन बराबर करने का लोहा। seamless वि० सीवन रहित, बिना दरार के। seamstress, sempstress सं० दर्जिन, कपड़ा सीने वाली स्त्री। seamy वि० संधियुक्त, सीवनयुक्त।

seam[2] (sēm) [F. *saim*, ult. from L. *sagina*, fattening, fatness] स० चर्बी, वीज।

seam[3] (sēm) [A.-S. *sēam*, O.H.G. *soum*, med. L. *sauma*, Gr. *sagma*, pack-saddle] स० १. घोड़े पर लदा हुआ अन्न जिसका माप १९ सेर हो; २. ६ बैलन बालू आदि का बोझ।

Seanad Eireann (Shān' ăd ār' ėn) [Ir.] सं० आयरलैंड की संसद का उच्च सदन।

séance (sā' ans) [F., a sitting, from O.F. *seoir*, L. *sedēre*, to sit] स० १. किसी सभा या विचार-मंडल की बैठक; २. आध्यात्मिक या अभ्यात्म संबंधी बैठक, मृतात्माओं के बुलाने या तत्संबंधी अनुसंधान की सभा।

sear[1], **sere**[2] (sēr) [A.-S. *séar* (cp. O. Dut. *sore*, also Gr. *auos*, for *sausos*, dry, and AUSTERE), whence *séarian*, to scar] वि० (पत्तियों,फलों आदि के संबंध में एवं ला० आयु संबंधी) संशुष्क, शुष्क, विशीर्ण, म्लान, मुरझाया हुआ, सूखा, मृतप्राय। क्रि० स० १. मुरझाना, सूखना, शुष्क करना, पाला मारना, झुलसा देना (क्वचित)। २. गर्म लोहे से दागना, कलंक लगाना, जला कर निशान बनाना; ३. कड़ा बनाना, जड़ बनाना। **searing iron** दाग लगाने का लोहा, चाव को जलाने का लोहा।

sear[1] दे० SERE[1]।

search (sĕrch) [M.E. *serchen*, O.F. *cercher* (F. *chercher*), *circâre*, to go round, from CIRCUS] क्रि० अ० और स० १. खोजना, ढूँढना, तलाशी लेना; २. (किसी मनुष्य, उसकी आकृति उसके जेब, स्थान, पुस्तक आदि को) टटोलना, कुरेदना (ला० एवं शा०); ३. (बदूकबाजों के लिए) खाई में पैठना, घुसना; ४. पूछताछ करना, पड़ताल करना, पता लगाना, पूरी तरह परीक्षा लेना। सं० १. अनुसंधान, अन्वेषण, शोध, खोज* (वि० १ भी), ढूँढ; २. तलाशी* (मा० १, विधि भी); ३. पैठ; ४. पड़ताल; ५. परीक्षण। **~me !** (विस्मय०) मुझे छान लो, मुझे तो कुछ भी ज्ञात नहीं !। **the right of ~** अन्तर्राष्ट्रीय कानून में तटस्थ जहाज को रोककर उसकी तलाशी लेने का अधिकार। **~light** बेहद तेज बत्ती जिसे घुमा कर भिन्न-भिन्न दिशाओं की ओर फेंका जा सकता है (युद्ध में शत्रु-जहाज को देखने, शत्रु की गतिविधि का पता लगाने आदि के लिए)। **~party** खोई वस्तु या लोगों का पता लगाने के लिए निकलने वाला खोज-दल। **~warrant** तलाशी लेने का वारंट। **searcher** सं० अन्वेषक, शोधक, तलाश करने वाला, तलाशी लेने वाला, पड़ताल करने वाला। **searching, searchings** स० १. किसी अपराध अथवा अन्य किसी कारण से उत्पन्न मानसिक ऊहापोह; २. मन का चोर। **searchingly** क्रि० वि० १. ढूँढते हुए, खोजते हुए, २. अच्छी तरह जाँच करते हुए। **searchless** वि० बिना खोज के, खोज-विहीन।

season (sē' zŏn) [O.F. *seson* (F. *saison*), L. *satiônem*, nom. *-tio*, from *serere*, to sow] सं० १. ऋतु* (ई० ३, क्रि०, वि० १ भी), काल, समय* (ई० ३ भी), उपयुक्त समय, उचित काल; २. ऐसा समय जब कोई भी वस्तु काफ़ी और प्रचलित हो; ३. अवधि; ४. फ़सल, मौसम। क्रि० अ० और स० १. विदेशी जलवायु के प्रभाव से स्वस्थ स्थिति में लाना; २. विशेष तैयारी से मजबूत बनाना; ३. अभ्यस्त करना, आदत बनाना, ४. प्रौढ़ बनाना, पक्का करना, ५. नमक-मसाला या हँसी-मजाक मिलाकर मजेदार बनाना, चरपरा बनाना, मनोरंजक बनाना; ६. प्रशमित करना, नरम करना, कम करना; ७. नमक-मसाले मिलाकर उपभोग योग्य हो जाना। **close ~** पशुओं के शिकार बंद होने की अवधि। **in ~** प्रयोग के लिये उपयुक्त। **in ~and out of ~** सभी समय में प्राप्त होने वाला। **open ~** पशुओं के शिकार का समय। **~ticket** टिकट जिससे निश्चित समय के भीतर यात्रा या प्रवेश हो सके। **seasonable** वि० १. समयोचित, कालानुरूप, ऋतु के उपयुक्त, कालोचित, समयोपयुक्त (जैसे seasonable weather, ऋतु के उपयुक्त मौसम, जैसे जाड़ों में ओला-पाला); २. ठीक मौके का, अवसरोचित। **seasonableness** सं० १. ऋतु-अनुसारता; २. अवसरोपयुक्तता। **seasonably** क्रि० वि० ऋतु के अनुकूल, अवसर के लिए उपयुक्त रूप से। **seasonal** वि० ऋतु संबंधी, विशेष ऋतु पर होने वाला, मौसमी*/ ऋतुनिष्ठ* (क्रु०, वि० १ भी)। **seasonally** क्रि० वि० ऋतु के अनुसार। **seasoner** सं० मसाला मिलाने वाला। **seasoning** सं० १. संयोचण*/ पकाई* (ई० ३ भी), मसाला मिलाना; २. परिपक्वन*/ सीज-निंग* (वि० ३ भी)। **seasonless** वि० ऋतुविहीन, हर मौसम में होने वाला, सदाबहार।

seat (sēt) [M.E. *sete*, Icel. *seti*, cogn. with SIT] सं० १. आसन, पीठ, बैठने की चौकी (जैसे कुर्सी, मोढ़ा, चौकी, सिंहासन आदि); २. आसन-ग्रहण, विराजना, बैठना (जैसे took his ~on the throne); ३. कुर्सी-गद्दी का वह भाग जिस पर बैठने वाला अपने को टिकाता है; ४. मशीन का वह भाग जो दूसरे भाग को सहारा देता है; ५. नितम्ब, पाजामा या पतलून का नितम्ब पर आने वाला भाग; ६. स्थिति, स्थल, वास-स्थान, केन्द्र; ७. ग्राम का आवास-स्थान (जिसमें बड़े-बड़े लॉन आदि हों; ८. आसन ग्रहण करने का अधिकार, सदस्यता पाने का हक़, सदस्य की हैसियत से बैठने का हक़; ९. घोड़े या साइकिल आदि पर बैठने का ढंग। क्रि० स० १. बैठाना, आसीन करना, आसन देना, बिठाना; २. गिरिजाघर, कमरे आदि में सीटें लगाना, आसन लगाना (जैसे is seated for 5000); ३. कुर्सी का आसन पोठिका या पतलून के पीछे के भाग को मरम्मत करना; ४. एक विशेष स्थिति में लगा देना, जमाना, लगाना, गाड़ना, निहित करना (जैसे a deep-seated desire)। **seated** वि० आसीन, बैठा हुआ। **seater** स० १ निश्चित संख्या के बैठने के लिए मोटर कार, हवाई जहाज आदि (जैसे two~ आदि)। **seating** स० आसन ग्रहण, बैठने का प्रबन्ध। **seatless** वि० बेठगी तरह से (घोड़े आदि पर) बैठने वाला, बिना पोठिका के।

sebaceous (sē bā' shŭs) [L. *sēbāceus*, from *sēbum*, tallow] वि० त्वग्वसामय* (आ० भी), चर्बी का, चर्बी भरा, वसा-युक्त (विशे०, जैसे ~glands, follicles, ducts जिसमें से चर्बीदार स्निग्ध पदार्थ निकलता है जिसे ~tumour कहते हैं और जिससे त्वचा स्निग्ध होती है)।

sebesten (sē bes' tĕn) [Arab. *sebastân*, Pers. *tabristân*] सं० सेबेस्टन, कॉर्डियामिक्सा वृक्ष का बेर जैसा फल जो पूर्व में (और पहले यूरोप में) औषधि के रूप में प्रयुक्त किया जाता है।

secant (sē' kănt, sek' ănt) [L. *secans -ntem*, prcs, p of *secâre*, to cut] वि० और स० १. सीकेन्ट*/ व्युत्क्रम कोटिज्या* (ई० ३ भी), (गणि०) छेदिका, (वक्र रेखा का कई स्थानों पर) काटने वाला रेखा, छेदक* (वि० १ भी)। व्युत्कोज्या, कोटिज्या, (विशे०) वृत्त की त्रिज्या जो स्पर्श रेखा को मिलाने वाले चाप के सिरे से बनती है; २. (ज्यामिति) छेदक रेखा* (वि० १ भी) **~of an angle** कोण को छेदिका, कोण को रेखाओं को लंब से सीमित करने पर बड़ी या छोटी रेखाओं का अनुपात।

secateurs (sek' ă tĕrs) [F.] स० (बहुव०) कलम कैंची* (क्रु० भी), झाड़ियों को कतरने की कैंची।

secco (sek' ō) [It.] वि० (संगी०) सादा, अनलङ्कृत। सं० टेम्परा, चित्रकला।

secotine सं० १. सरेस के स्थान पर काम आने वाला एक प्रकार का तरल पदार्थ; २. इस पदार्थ से चिपकाना।

secede (sē sēd') [L. *sēcĕdere* (*sē-*, *cedere*, to go, p.p. *cessus*)] क्रि० अ० १. विलग्न होना*/ पृथक् होना* (मा० १ भी); २. औपचारिक रूप से किसी संगठन को सदस्यता छोड़ना; ३. संबंध-विच्छेद करना। **seceder** स० संबंधविच्छेदक, अलग होनेवाला।

secern (sé sĕrn') [L. *ēcernere* (sē-, *cernere*, to seperate)] क्रि० स० १. पृथक् करना, भेद दिखलाना, श्रेणीबद्ध करना; २. उत्सर्जित करना, निकालना। **secernment** वि० १. (शारी०) रिसने वाला, विस्रवणशील, विस्रावणशील। सं० विस्रावक अंग, वह औषधि जो विस्रवण को बढ़ाती है।

secession (sé sesh'ŭn) [L. *sēcessio*, SECEDE] सं० पार्थक्य*, विलग्नता* (मा० १ भी), अलग होना, पृथक् होना* (मा० १ भी), संबंधविच्छेद (जैसे War of ~, १८६१-५ ई० का अमरीकी गृहयुद्ध जिसमें दक्षिण के राज्य उत्तरी राज्यों से पृथक् होना चाहते थे)। **secessionism** स० संबंधविच्छेद नीति। **secessionist** सं० संबंधविच्छेद करने वाला, पलटवाग*/ पृथकतावादी* (मा० १ भी)।

seclude (sé klood') [L. *sēclūdere* (sē-, *claudere*, to shut)] क्रि० स० १. (व्यक्ति, स्थान विशे० अपने आप को) किसी संगति या समुदाय से पृथक् रखना; २. दूर रखना, स्वतंत्र रखना; ३. जन-संसर्ग से अलग रहना, एकान्तवास करना। **secludedly** क्रि० वि० एकान्त भाव से, अलग होकर, अकेले रहते हुए। **seclusion** सं० १. एकांतता, एकान्तवास, विविक्तता, संसर्ग-त्याग, अकेलापन, सयोग से दूर, २. एकांत स्थल, सूनी जगह। **seclusionist** स० एकांतवासी, एकांतप्रिय, अकेला रहने वाला।

second[1] (sek' ond) [F., from L. *secundus*, orig. following, from *sequi*, to follow] वि० और स० १. द्वितीय* (वि० १ भी), दूसरा; २. अन्य, एक दूसरा, अतिरिक्त, अनुपूरक, गौण प्रकार का, गौण, माध्यमिक, हीन, छोटा, अवांत, उपाश्रित; ३. मध्य व्यक्ति के स्थान पर, कोई और व्यक्ति, अन्य व्यक्ति, ४. (संगी०) ऐसा अंतरिकाम जिसमें वर्णक्रम से निकट सुर अलग किये जाते हैं, इस प्रकार पृथक्कृत दोनों सुरों का समन्वय, ५. घटिया सामान (विशे० मोटे अन्न का आटा अथवा उसकी रोटी); ६ द्वन्द्वयुद्ध या मुक्केबाजी में प्रधान द्वारा चुना हुआ दूसरा सहकारी; ७. नेकड, बिनट का सातवां भाग, (शिथिल प्रयोग) अल्प काल, पलभर। क्रि० स० १. अनुपूर्ति करना, बढ़ावा देना, समर्थन करना; २. (वाद-विवाद समिति के सदस्य का) किसी प्रस्ताव के पक्ष में आवश्यक व औपचारिक अनुमोदन करना; ३. (सैन्य०) कर्मचारी समुदाय या अन्य किसी नियुक्ति के लिए किसी पदाधिकारी को अस्थायी अवकाश दे देना, ४. पदाधि कारियों को अस्थायी रूप से दूसरे विभाग को स्थानांतरित करना। **a good** ~ चलचित्र या फ़िल्म का कोई भाग जिसमें मनुष्य को बहुत बड़े आकार में प्रदर्शित किया जाता है। **come in, finish** ~ दौड़ में दूसरे नंबर पर आना। **come off** ~ **best** (दौड़ आदि में) दूसरा स्थान पाना। ~ **in command** अधिकारी अफ़सर के बाद वाला अफ़सर। ~ **to none** अद्वितीय, अनुपम। ~ **advent** ईसा का प्रत्यागमन। ~ **ballot** द्वितीय मत-ग्रहण, निर्वाचन-पद्धति जिसके द्वारा प्रथम बार के मतग्रहण में विजेता को यदि कुल वोटों के आधे से अधिक वोट प्राप्त नहीं हुए हैं तो फिर दूसरी बार मत लिया जाता है, उसमें केवल विजेता और उसके बाद आने वाले दूसरे उम्मीदवार के बीच मत डलवाये जाते हैं। ~ **cause** द्वितीय कारण। ~ **chamber** पार्लियामेंट का उच्च सदन। ~ **childhood** दे CHILDHOOD। ~ **class** वि० द्वितीय श्रेणी का। स० (परीक्षा में) द्वितीय श्रेणी। ~ **day** सीमवार, चंद्रवार। ~ **distance** किसी दृश्य की आगे की भूमि और पृष्ठ भूमि के बीच की जगह। ~ **fiddle** दो में से कोई एक छोटा, नीचा या गौण। ~ **floor** (पहली मंजिल के ऊपर) दूसरी मंजिल। ~**-hand** १. प्रयुक्त, पुराने (कपड़े, ग्रन्थ, फ़र्नीचर आदि); २. (सूचना आदि) दूसरे से प्राप्त, सुनी हुई (न कि स्वयं देखी हुई)। ~**nature** अभ्यासलब्ध स्वभाव। ~**person** १. (व्या०) मध्यम पुरुष; २. दूत आदि में दूसरा आदमी; ३. द्वितीय श्रेणी प्राप्त करने वाला व्यक्ति। ~**teeth** वयस्क दाँत, दूध के दाँत के बाद आने वाले दाँत। ~**thoughts** बाद में किसी बात को लेकर विचार। **secondly** क्रि० वि० दूसरे, दूसरे नंबर पर।

second[2] (se kónd') क्रि० स० १. (सैन्य) अस्थायी रूप से कार्य-मुक्त करना; २. अवैतनिक, अस्थायी अवकाश दे देना, किसी विभाग में स्थानांतरित करना

secondary (sek' on dá ri) वि० १. द्वितीयक*/ अनुषंगी* (आ०, ई० २, वि १ भी), दूसरे स्थान का, बाद का, अवलंबित, अधीनस्थ, लिया हुआ, व्युत्पन्न; २. कम महत्त्व का, अप्रधान, गौण* (आ०, ई० २, प्र०, वि० १ भी), मुख्य, आनुषंगिक, अप्रधम, द्वितीय कोटि का, निम्न श्रेणी का, कम महत्त्व का। सं० प्रतिनिधि, नायब, गिरिवाचर का छोटा अधिकारी, पंख के दूसरे जोड़ पर उगने वाला पर, कीड़े के पिछले पंख। ~**education** माध्यमिक शिक्षा। ~**planet** उपग्रह। ~**school** माध्यमिक पाठशाला। **secondarily** क्रि० वि० गौण रूप से।

seconde (se' gond) [F.] सं० तलवारबाजी में एक पैंतरा।

secrecy (sé' kre si) सं० १. रहस्य, राज़, संगोपनशीलता, राज़ रखने की योग्यता, २. छिपाने की प्रवृत्ति, गोपन वृत्ति, रहस्य गोपन, गोपनीयता* (प्र०, मा० १ भी)। **in** ~ रहस्य में छिपे हुए।

secret (sé' krét) [O.F., from L. *sēcrētus*, p.p. of *sēcernerl*, to SECERN] वि० १. गुप्त* (प्र०, मा० १, विधि भी), निभृत, गोपनीय, गुह्य, निजी, व्यक्तिगत, छिपा हुआ, रहस्य में; २. रहस्यमय, राज़ रखने वाला; ३. निर्जन, एकांत, निभृत, सूना (स्थान आदि के विषय में)। सं० १. गोप्य वस्तु, गोपनीय वस्तु, गूढ़ वस्तु, रहस्य की बात, राज़; २. कुंजी, भेद; ३. (रोमन-कैथोलिक चर्च) धर्म-परायण व्यक्ति की गुप्त या मानसिक प्रार्थना; ४. (बहुव०) गुह्यांग। ~**service money** गुप्त सरकारी धन, ऐसी रकम जो सूचना आदि पाने पर खर्च करने के लिए होती है, किन्तु उसका कोई ब्यौरा नहीं दिया जाता। **secretly** क्रि० वि० गुप्त रूप से, अप्रकट रूप से।

secretaire (sek ré târ') [F. *secrétaire*, as foll.] सं० लिखने का डेस्क।

secretary (sek' ré tár i) [F. *secrétaire*, late L. *sēcrētārius*, orig. a confidential officer, as SECRET] सं० १. पत्र-व्यवहार, साहित्यिक कार्य या सूचना प्राप्त करने का काम करने के लिए नियुक्त सहायक, सेक्रेटरी; २. सस्था या कंपनी या निगम द्वारा अभिलेख रखने और कार्य-संचालन के लिए नियुक्त किया जाने वाला व्यक्ति, सेक्रेटरी, मंत्री; ३. सचिव* (प्र०, मा० १ भी); सरकारी विभाग का अध्यक्ष; ४. लिखने-पढ़ने का खानेदार डेस्क; ५. मोटे अक्षरों की हस्तलिपि की अनुकृति का टाइप। ~**bird** साँपों को खाने वाला अफ्रीकी पक्षी जिसकी कलँगी ऐसी होती है जैसे लेखक के कानों पर पेंसिल खुसी हुई हो। **secretarial** वि० सचिव संबंधी, मंत्री संबंधी। **secretariat** (sek re tár' i át) सं० १. सचिवालय* (मा० १ भी), सचिव का कार्यालय, सेक्रेटेरियट, सरकारी प्रशासन दफ़्तर का कर्मचारी वर्ग; २. सामूहिक रूप से प्रशासन दफ़्तर; ३. सचिवालय भवन। **secretaryship** स० सचिव पद।

secrete (sé krēt') [L. *sēcrētus*, SECRET] क्रि० स० १. (वस्तु, व्यक्ति) स्वयं को छिपाना, गुप्त स्थान में रखना,

छिपा कर रखना; २. (शा०, गिल्टी या अवयव) निःसृत करना, निकालना। **secretion** सं० १. संगोपन, छिपाव (जैसे the ~of stolen goods); २. निःसरण, स्राव* (आ०, कृ०, मा० २ भी), स्रवण* (कृ० भी), वह प्रक्रिया जिसके द्वारा रक्त या वृक्ष-रस से शरीर के लिए उपयोगी विशेष तत्त्व अथवा निर्गमन योग्य जैसे मल-मूत्रादि अलग होते हैं। **secretor** सं० निःसरणकर्ता, निकालने वाला। **secretory** वि० स्रावी*/स्राव* (आ० भी), निःसारक।

secretive (sē krē' tiv) वि० १. गोपनशील, छिपाने वाला; २. संयतवाक्, चुप्पा; ३. अनावश्यक रूप से कम बोलने वाला। **secretively** क्रि० वि० गोपनशीलता से, चुप्पा रह कर। **secretiveness** सं० गोपनशीलता, चुप्पापन।

sect[1] (sekt) [O.F.*secte*, L. *secta*, a following, faction (med. L. *suite*, suit, costume), from *sequī*, to follow] सं० १. शाखा, मार्ग, पंथ* (मा० १, ३, विधि भी), मत, संप्रदाय* (मा० १, ३ भी), समान धार्मिक मत या सिद्धान्त वालों का दल, गिरोह, जमात, टुकड़ी, धार्मिक पंथ; २. किसी विशेष दार्शनिक, दर्शनशास्त्र या मत के अनुयायी, पंथ संबंधी। **sectarian** वि० और सं० १. साम्प्रदायिक, संप्रदायवादी*/ पंथवादी* (मा० १ भी), पंथी। **sectarianism** सं० पंथवाद*/ संप्रदायवाद* (मा० १, ३ भी), साम्प्रदायिकता।

sect[2] (sekt) [prob. from L. *sectum*, neut. p.p. of *secāre*. to cut] सं० (शेक्स०) कलम (कटाई)।

sectile (sek' til,-til) [F., from L. *sectilis*, as foll.] वि० छेद्य* (वि० १ भी), काटने योग्य (विशे० मुलायम धातुयें, जैसे अबरक, सेलखड़ी)।

section (sek' shŭn) [F., from L. *sectiōnem*, nom. -*tio*, from *secārе*, to cut, p.p. *sectus*] सं० १. काटना, कर्तन, छेदन; २. विभाग, खण्ड* (फ़िल्टर का) (इ० २, ३, वि० १ भी), काट* (इ० ३, वि० १ भी), टुकड़ा, भाग, अनुभाग* (प्र०, मा० १, २ भी), संवर्तन* (इ० ३, वि० १ भी), अंश, हिस्सा; ३. नाव या लकड़ी के घर का हिस्सा जो भेजने की सुविधा के लिए अलग-अलग हिस्सों में बनाये जाते हैं; ४. किसी पुस्तक का छोटा अध्याय, परिच्छेद* (आ०, इ० ३, वि० १ भी), ५. दफ़ा, धारा* (प्र०, विधि भी), (सेना०) पल्टन या फ़ौज का दस्ता; ६. किसी ठोस चीज़ का आर-पार कटा हुआ खंड; ७. (प्राकृ०, इति०) उपजाति, छोटी जाति। क्रि० स० १. किसी ठोस चीज़ को आर-पार काटना; २. विभागों, वर्गों में विभक्त करना। **microscopic**~ किसी वस्तु का आरपार काटा हुआ खण्ड जिसे अन्वीक्षण यंत्र में रख कर देखते हैं। **sectional** वि० खण्ड संबंधी, प्रकरण संबंधी। **sectionalism** सं० क्षेत्रीयता* (मा० १ भी), वर्गवाद, फ़िरकापरस्ती। **sectionalize** क्रि० स० वर्गवादी बनाना, फ़िरकापरस्त बनाना। **sectionally** क्रि० वि० खंड के रूप में, धारा के रूप में।

sector (sek' tŏr) [L., orig. cutter, as prec. (late L., sector)] सं० १. त्रिज्या खण्ड* (वि० १ भी), द्वैत्रिज्य, खण्ड*/ क्षेत्र* (मा० १ भी); २. विपक्षी सेनाओं द्वारा अधिकृत स्थान का एक खंड; ३. गणित का एक उपकरण जिसमें दो पटरियाँ एक साथ जुड़ी रहती हैं; ४. सेक्टर* (प्र०, मा० १, वि० १ भी)। **~of sphere** गोले का द्वैत्रिज्य, एक त्रिज्या के आसपास द्वैत्रिज्य की परिक्रमा द्वारा निर्मित घनाकृति। **sectoral** वि० त्रिज्या खंड संबंधी, इस उपकरण संबंधी। **sectorial** वि० और सं० त्रिज्याखंड* (आ० भी), (मांसाहारी पशुओं का दाँत) सामने के जबड़े के साथ कैंची की तरह काम करने वाला।

secular (sek' ū lar) [O.F. *seculier*, L. *saeculāris*, from *saeculum*, generation, age, perh. cogn. with *serere*, to sow] वि० और सं० १. ऐहिक* (मा० १, २ भी), लौकिक* (मा० २, ३ भी), व्यावहारिक, एक युग या शताब्दी में एक बार होने वाला, शतवर्षीय; २. बहुकालपर्यन्त स्थायी, सुदीर्घकालीन* (मा० ३ भी), दीर्घकालीन* (वि० १ भी); ३. धर्म-निरपेक्ष* (मा० १, २ भी), अधार्मिक; ४. गृहस्थ पादरी। **the ~arm** असैनिक न्यायतंत्र, जहाँ पर अपराधी धार्मिक न्यायालयों से कठोर दण्ड के लिए भेज दिया जाता था। **~acceleration** ग्रह नक्षत्रों की गति में और प्रगति। **~bird** आख्यायिकाओं का पक्षी-विशेष जो अपने को भस्म कर के उसी राख के ढेर से पुनः उत्पन्न होता था। **~change** धीमा परिवर्तन। **~cooling or refrigeration** पृथ्वी का तरल अवस्था से कड़ा पड़ना। **~education** लौकिक शिक्षा, धर्म-निरपेक्ष शिक्षा। **~fame** स्थायी कीर्ति। **~games** बहुत समय के अंतराल से होने वाले प्राचीन रोमन उत्सव। **~hymn** उक्त उत्सवों पर गाई जाने वाली प्रार्थना। **secularism** सं० धर्म-निरपेक्षता*/ धर्म-निरपेक्षतावाद*/ इहलोकवाद*/ ऐहिकता* (मा० १, २ भी)। **secularist** वि० और सं० धर्म-निरपेक्षतावादी। **secularize** (sek' ū lă rīz) क्रि० स० इस धरती का बनाना, इहलौकिक बनाना। **secularization** सं० लौकिकीकरण* (मा० ३ भी), इहलोक का बनाना। **secularity** सं० धर्मनिरपेक्षता, इहलौकिकता। **secularly** क्रि० वि० धर्मनिरपेक्षता से।

secund (sek' ŭnd, sē' kund) [L., SECOND] वि० (वन० प्राणि०) एक ओर का, एकनरुखा। **secundly** क्रि० वि० एक ओर को।

secure (sē kūr') [L. *sēcūrus* (sē-, *cūra*, care)] वि० १ निरापद, निश्चिन्त, बेअंदेशा; २. अनाक्रम्य, अपराजेय; ३ सुरक्षित, मजबूती से बँधा हुआ, सुदृढ़, दृढ़ता से बँधा हुआ, ४. सुरक्षित, निश्चित। क्रि० स० १. (नगर या बंदरगाह आदि को दीवाल आदि उठा कर) सुरक्षित बनाना, अपराजेय बनाना, किलेबंदी करना, प्राचीर निर्माण करना; २. दृढ़ता से बद करना, घरना, रोकना; ३. गारंटी करना, हानि से सुरक्षित करना। **securable** क्रि० रक्षणीय, सुरक्षणीय, प्राप्त करने योग्य, विश्वास देने योग्य। **securely** क्रि० वि० निरापद रूप से, निर्भयता से, सुरक्षित रूप से।

securi- [L. *securis*, axe] समास में कुल्हाड़ी के अर्थ में प्रयुक्त रूप। **securiform** (se kū' ri fôrm) वि० (विशे०) कुल्हाड़ी के आकार का।

security (se kū' ri ti) [F. *sécurité*. L. *sēcūritātem*, nom. -*tas*, from *sēcūrus*, SECURE] सं० १. सुरक्षा* (आ०, प्र०, मा० १, २ भी), विशेषणगत अर्थों में, साथ ही विशे० संरक्षक वस्तु, सुरक्षित रखने वाली वस्तु; २. जमानत* (प्र० भी), प्रतिभूति* (प्र०, विधि भी); ३. ज़ामिन, प्रतिभू, बचक स्टॉक, हुंडी आदि के प्रमाण-पत्र। **in ~for** जमानत के रूप में।

sedan (sē dăn') [town in France] सं० (~-chair भी) डोली, तामझाम, बंद मोटर-गाड़ी जिसमें ड्राइवर को मिलाकर चार व्यक्ति बैठते हैं।

sedate (sē dāt') [L. *sēdātus*, p.p. of *sēdāre*, causal of *sedēre*, to sit] वि० (व्यक्ति या उसके व्यवहार, रूप, भाषण या लेखन के विषय में) धीर, शान्त, गंभीर, प्रशांत, शामक* (वि० ३ भी), स्थिर, सुस्थ, संतुलित, निश्छिन्न। **sedately** क्रि० वि० प्रशांत, स्थिर, सुस्थ, संतुलित, गंभीर या निश्छिन्न भाव से। **sedateness** सं० प्रशांतता, सुस्थता, संतुलन, गंभीरता, निश्छेप।

sedative (sed' ə tiv) वि० और सं० (औषधि, प्रभाव आदि) शांतिप्रद, प्रशामक*/शामक* (आ०, कृ० भी), उपशामक, उपशमकारी।

sedentary (sed' ən tə ri) [F. *sédentaire*, L. *sedentārius*, from *sedēre*, to sit] वि० १. बैठा हुआ, आसीन (जैसे ~posture, statue); २. (व्यक्ति के लिए) बैठकुआ, (स्वभाव या आजीविका के कारण) बैठने का अभ्यस्त, कुलआ, निरुद्योगी; ३. (प्राणि०) इधर-उधर न जाने वाला (पक्षी आदि), एक स्थान पर पड़ा रहने वाला, घात में बैठी हुई (मकड़ी आदि)। सं० बैठा रहने वाला व्यक्ति, निरुद्योगी व्यक्ति, घात में बैठी हुई मकड़ी। **sedentarily** क्रि० वि० निरुद्योगपूर्वक, बैठे हुए। **sedentariness** सं० निरुद्योगशीलता, बैठकुआपन।

sederant (sē dēr' ənt) [L. they sat, as prec.] सं० धार्मिक अथवा दूसरी संस्था की बैठक।

sedge (sej) [A.-S. *secg*, cp. L.G. *segge*, rel. to SAW[1]), L. *secāre*, to cut] सं० १. कीचड़ या पानी के किनारे उगने वाला जोड़-रहित ठोस वाला घास की तरह का पौधा; २. इस प्रकार के पौधों का थाला, हमला। **~-bird, -warbler, -wren** इन पौधों के बीच बैठने वाली फुदकी चिड़िया। **sedged, sedgy** वि० उपर्युक्त घास सदृश पौधों से भरा हुआ, हमलों से भरा हुआ।

sedilia (sē dil' i ə) [L., pl. of *sēdile*, cogn. with *sedēre*, to sit] सं० (बहु०) (एक० sedile विरल) प्रधान गिरिजाघर में पादरियों के बैठने के लिए पत्थर की तीन सजी हुई पीठिकाएँ जिन पर प्रायः चँदोवा तना रहता है।

sediment (sed' i ment) [O F. from L. *sedimentum*, as prec.] सं० १. तरल पदार्थों के तले में जम जाने वाला पदार्थ; २. तलछट* (ई० १, कृ०, वि० १ भी), गाद, किरट, अवसाद* (कृ०, वि० १ भी)। **sedimentary** अवसादी*/; तलछटी* (ई० ३ भी), तलछटयुक्त, गाद का।

sedition (sē dish' un) [O F., from L. *sēditiōnem*, nom. *-tio* (L. *sed-*, *sē-*, *ire*, to go, supine *-itum*)] सं० १. राजद्रोह* (विधि भी), बग़ावत, राजसत्ता के विरुद्ध आंदोलन; २. शांति-भंग, व्यवस्था भंग करने वाला आचरण या भाषण, ३. विप्लव, उपद्रव, दंगा। **seditious** वि० राजद्रोहात्मक, विप्लवकारी, उपद्रवयुक्त। **seditiously** क्रि० वि० राजद्रोह के रूप में, विप्लव या उपद्रव करते हुए। **seditiousness** सं० राजद्रोहात्मकता, विप्लवकारिता, बाग़ीपन।

seduce (sē dūs') [L. *sēdūcere* (*sē-*, *dūcere*, to lead, p.p. *ductus*)] क्रि० स० १. विभ्रष्ट करना* (विधि भी); २. पथभ्रष्ट करना, कुपथ पर ले जाना, पाप की ओर प्रवृत्त करना, बिगाड़ना, दूषित करना, विकारयुक्त बना देना, ३. (किसी स्त्री को) सतीत्व समर्पण के लिए तैयार कर लेना, सतीत्वनष्ट करना, भ्रष्ट करना, चरित्रनाश करना। **seducement** सं० पथभ्रंश, सतीत्वनाश, चारित्र्य भ्रंश। **seducer** सं० पथभ्रष्ट करने वाला, सतीत्वनाशक। **seducible** वि० पथभ्रष्ट करने योग्य, दूषणीय। **seducingly** क्रि० वि० स्त्रीविलोभन* (मा० ३ भी), पथभ्रष्ट करते हुए, सतीत्व समर्पण के लिए आग्रह करते हुए, भ्रष्ट करते हुए।

seduction (sē dūk' shun) सं० १. पथभ्रष्ट करना या पथभ्रंश, सतीत्व-हरण; २. पाप-प्रेरक गुण, आकर्षक गुण, विमोहक गुण। **seductive** वि० १. पथभ्रष्ट करने वाला, २. विमोहक, आकर्षक। **seductively** क्रि० वि० १. पथभ्रष्ट करते हुए; २. विमोहक या आकर्षक रूप में। **seductiveness, seductress** सं० १. पथभ्रष्टकारिता; २. विमोहकता, आकर्षकता।

sedulous (sed' ū lus) [L. *sēdulus*, from *sēdulō*, honestly, diligently (SE-, *dolō*, abl. of *dolus*, guile)] वि० १. उद्यमी, परिश्रमी, मेहनती, लगन-भरा; २. इच्छापूर्वक और जानबूझ कर चलाया जाने वाला (काम), श्रम-साध्य (जैसे with ~ care, ~flattery, attentions)। **sedulousness** सं० परिश्रमयुक्तता, लगन, श्रमसाध्यता। **play the ~ape** अनुकरण करके साहित्यिक शैली अपनाना। **sedulously** क्रि० वि० परिश्रमी ढंग से, श्रमसाध्यता से, लगन से। **sedulity, sedulousness** सं० परिश्रमयुक्तता, लगन।

see[1] (sē) [A.-S. *sēon*, cp. Dut. *zien*, G. *sehen*, Icel. *sjá*, Dan. and Swed. *se*] क्रि० अ० और स० (भू० **saw**, भू० कृ० **seen**) १. देखना, अवलोकना; २. सूझना, दिखाई पड़ना; ३. देख लेना, अवेक्षण करना, दिखाइ दे जाना; ४. अखबार में देखना, अखबार में पढ़ कर जानना; ५. समझना, बूझना, समझ लेना; ६. अनुभव करना, सामने आना, ऊपर बीतना; ७. स्वीकार करना, स्वीकृति देना, सहने-योग्य समझना; ८. साथ जाना, पहुँचाना, साथ देना, विदा देना; ९. मत रखना, दृष्टि रखना, देखना; १०. निश्चय करना, करा देना, ध्यान देना, देख-रेख में करवाना, ११. परीक्षण करना, जाँच करना; १२. विचार करना, सोच-विचार में पड़ना; १३. (जुआ) दाँव लेना, चुनौती स्वीकार करना। **as far as I can** ~ मेरी समझ में। **has seen service** पुराना या पक्का। **has seen better days** कभी उन्नति-शिखर पर भी था। **I** ~ मैं समझ गया। **~after** ध्यान रखना। **~good** ठीक या उपयोगी समझना। **~life** जीवन का अनुभव प्राप्त करना। **~one's way to do or doing** चला पाना, युक्ति निकाल पाना। **~over house** चारों ओर घूम कर देखना। **~stars** सिर पर चोट लगने से आँखों के आगे तारे नाचना। **~the back** मेहमान से मुक्ति पाना। **~the light** जन्म लेना, जीवित रहना। **~the sights** नगर आदि में दृश्य देखना। **~thing done** किसी चीज़ के करने का पर्यवेक्षण करना। **~thing through** पूरा कर डालना। **~things** भ्रम होना। **~through** आरपार देखना, समझ लेना, धोखा न खाना, स्वभाव जानना। **~vision** दृष्टा होना। **things seen** आँखों देखी बातें। **will ~about it** देखेंगे (टालने का एक ढंग)। **you ~** समझे? मैं कहना चाहता हूँ कि...। **seeing** (वर्त० कृ०) देखते हुए, ध्यान में रखते हुए। **~that you do not know it yourself** देखते हुए कि तुम स्वयं ही उसे नहीं जानते। **worth ~** देखने योग्य। **~-bright** एक पौधा जिसका अर्क आँखों के अंजन के रूप में प्रयुक्त होता है। **seer** सं० १. दिव्यदर्शी, द्रष्टा, ज्ञानी, मनीषी, पैग़म्बर; २. अलौकिक, अंतर्दृष्टि से युक्त व्यक्ति; ३. (विशे०) भविष्यद्रष्टा।

see[2] (sē) [O.F. *se*, *sed*, L. *sēdes*, from *sedēre*, to sit] सं० बड़े पादरी का अधिकार-क्षेत्र। **Holy See** धर्ममण्डल।

seed (sēd) [A.-S. *sed* (cp. Dut. *zaad*, G. *saat*, Icel. *sathi*, Dan. *sæd*, Swed. *säd*), cogn. with SOW[1]] सं० १. बीज* (कृ० भी), बीज आने पर फूल देना बंद कर देना, (ला०) गद्दा या अस्त-व्यस्त दिखाना; २. बीर्य; ३. (बाइबिल) बच्चे, संतान; ४. (बन०) बीज, संतान उत्पन्न करना। **in** ~ अ० और स० १. बीज देना; २. बीज छिटकाना; ३. (फल से) बीज निकालना; ४. मन से बीज निकालना, (खल०) बड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अच्छे खिलाड़ियों को छाँटना। **~-cake** एक प्रकार की मिठाई जिसमें खुबूद के लिए समूचे बीज

विशे० जीरा पड़ा रहता है। ~-coral बीज जैसे मूँगे के छोटे टुकड़े। ~-corn, -grain बीज के लिए रक्खा गया अनाज। ~-eater एक प्रकार का पक्षी। ~-fish मछली जो अंडे देने जा रही हो। ~-leaf, -lobe पहली पत्ती। ~-oysters प्रजनन-क्षेत्र में जमा करने के लिए छोटे घोंघे। ~-pearl छोटे मोती। ~-plot क्यारी, बियाड़, (ला०) विल्वल भूमि। seeds man बीज बेचने वाला। ~-time बोने का समय। ~-vessel बीज की देवली का छिलका। ~-wool बिनौला युक्त कपास। seeding machine बोने की मशीन। seeding plough बीज जमा कर लेने वाला हल। seeder सं० बीज निकालने की मशीन, किसानिश आदि के बीज निकालने का उपकरण, मछली जो अंडा देने जा रही हो। seedling सं० बीज्/*पौद*/रोप* (कृ० भी), बीज से (न कि क़लम से) उगाया गया पौधा, छोटा कोमल पौधा, नवोद्भिद*/पौध*/बेहन* (वि० १ भी)। seedy वि० १. बीजपूर्ण, बीजयुक्त, बीज देने वाला; २. (कांडों के लिए) अपूर का बेलों के बीच झंझाड़ों के कारण एक विशेष प्रकार की खुशबू वाली; ३. (बोल०) फूहड़, अस्तव्यस्त, फटेहाल कपड़ों में, फटे-पुराने कपड़े लपेटे हुए। ~toe घोड़े के पैर की एक बीमारी। seedily क्रि० वि० अस्तव्यस्तता से, फूहड़पन के साथ। seediness सं० १. बीज-युक्तता, फूहड़पन, अस्तव्यस्तता।

seek (sēk) [A.-S. *sēcan* (cp. Dut. *zoekan*, *G. suchen*, Icel. *sækja*, also L. *sāgire*, to perceive, Gr. *hēgeisthai*, to lead)] क्रि० स० और अ० भू० और भू० कृ० **sought, sawt**) १. ढूँढना, खोज करना, पाने को उत्सुक होना, (किसी से किसी वस्तु को) माँगना, लक्ष्य बनाना, पीछे जाना, करना, चाहना, जाने-पहुचने का यत्न करना; २. शिकार में मरे हुए जानवर को ढूँढने की आज्ञा। ~out १. विशेष उद्देश्य के लिए पा लेना (विशे० ससर्ग पाने के लिए); २. खोज डालना, तलाश कर डालना, ३. पीछे जाना, ढूँढना, तलाश करना। seeker सं० ढूँढने वाला, अन्वेषक, खोजने वाला।

seem (sēm) [A.-S. *sēman*, to conciliate, cogn. with SAME] क्रि० अ० १. दिखाई देना, प्रतीत होना, मालूम होना, लगना; २. (सही) प्रतीत होना, (वास्तविक) लगना (इस अर्थ में प्रयोग होने पर seem के पहले it लगता है और बाद में that आता है जैसे it seems to me that it will rain, that such talk is absurd; कभी-कभी बाद में that नहीं भी लगता जैसे it seems you were lying); ३. ज़ाहिरी, बाहरी, ऊपरी। ~good to अच्छा लगना, अच्छा लग कर अपनाया जाना, प्रकट, केवल ऊपरी, प्रकट भी और वास्तविक भी।

seemingly क्रि० वि० प्रकट रूप में, ज़ाहिरा तौर पर, बाहर से, ऊपर से।

seemly (sēm' li) [*M.E. semlish*, Icel. *semiligr* (*sæmr*, becoming, from *samr*, SAME, -LY)] वि० उचित, संगत, शोभन, शोभनीय, सुशोभ्य, सुहावना। क्रि० वि० (विरल) शोभनता से, सुशनुमापन से। seemliness सं० शोभनता, सुहावनापन, शोभनीयता, सुशनुमापन से।

seen दे० SEE[1]।

seep (sēp) [A.-S. *sipian*, rel. to SIP] क्रि० अ० रिसना, बहना, टपकना, चूना, बूँद-बूँद करके निकलना (ला० भी)। seepage सं० १. रिसन* (इ० १, ३, कृ० भी), रिसना* (कृ० भी), स्राव, रसाव, टपकाव; २. निस्पदन*/ निस्पंद* (कृ०, वि० १ भी)।

seer स० सेर (तौलने या नापने का भार, लगभग २ पौंड)।

seer-fish (sēr' fish) [*seer*, cort. of Port. *serra*, saw, FISH] सं० भारत में आम तौर से पाई जाने वाली एक प्रकार की मछली।

seersucker (sēr' sūk ĕr) [corr. of pers. *shir*, *O. shakkar*, milk and sugar] सं० क्षीर-शक्कर, नीली और सफ़ेद धारियों का भारतीय कपड़ा।

see-saw (sē' saw) [redupl. of SAW[2]] वि०, क्रि० अ० और स० १. आगे-पीछे झूलने वाला, ऊपर-नीचे होने वाला (जैसे आरा); २. ऊपर-नीचे होना, आगे-पीछे जाना। सं० १. झूलाझूमी टेढ़ल, एक खेल जिसमें बीच के आधार पर टिके हुए एक तख़्ते के दोनों सिरों पर बैठ कर दो लड़के बारी-बारी से ऊपर-नीचे होते हैं; २. वह तख़्ता; ३. झूलाझूमी खेलना; ४. झूलाझूमी की तरह ऊपर-नीचे होना; ५. अस्थिर मत रखना।

seethe (sēth) [A.-S. *sēothan*, cp. Dut. *zieden*, G. *sieden*, Icel. *sjotha*] क्रि० स० और अ० [भू० **seethed**, विरल **sod** और भू० कृ० **seethed**, विरल **sod, sodden**) (ला०) उबलना, ताव में आना, जोश खाना, खौलना, परेशान होना, व्यग्र होना।

segar सिगार (cigar के लिए अशुद्ध प्रयोग)।

segment (seg' ment) [L. *vegmentum*, from *secāre*, to cut] सं० १. खंडाश*/सेग्मेन्ट* (आ० भी), खड* (आ०, ई० १, ३, कृ०, वि० १ भी), वृत्तखण्ड* (इ० ३ भी), कटा हुआ अंश, विच्छेद्य अंश, किसी वस्तु का कटा या काटे जाने योग्य भाग; २. (रेखा०) किसी आकृति का रेखा आदि के द्वारा कटा हुआ भाग। क्रि० स० १. अंशों में विभक्त करना, खण्ड-खण्ड करना; २. (शरीर०) कोरक-विन्यास द्वारा पुनः उत्पन्न करना। ~gear दंतुर चक्रक, दाँतेदार गरारी। ~rack दाँतेदार झिझका। ~saw दाँतेदार आरा। ~valve खण्डयुक्त द्वार का एक किवाड़। ~wheel दंतुर चक्र, दाँतेदार पहिया। ~of circle वृत्तखण्ड। ~of line दो बिन्दुओं के मध्य का किसी रेखा का अंश। ~of sphere गोलीय खण्ड। **segmental,-ary,-ate** वि० १. अंशीय, अंश संबंधी; २. खण्डयुक्त*/खण्ड* (वि० १ भी)। **segmentally** क्रि० वि० अंश के रूप में, खण्डीय रूप में। **segmentatic** स० खंडं भवन* (आ० भी), खण्डीकरण (विशे० एक कोश या कोशाणु से अनेक कोशों या कोशाणुओं की रचना)।

segregate (seg' ré gāt) [L. *sēgregātus*, p p. of *sēgregāre* (SE-, *grex gregis*, flock)] क्रि० स० और अ० अलगाना, पृथक् करना* (भा० ३ भी), वियुक्त करना, मनभ तोड़ना। वि० (प्राणि०) १. सरल; २. एकांत, निःसंग, एकमात्र, असंपृक्त। ~polygamy (वन०) पुष्पक्रम जिसमें सामान्य या सदल के अतर्गत प्रत्येक फूल का अपना परिपुष्प भी होता है। **segregation** सं० पृथक्करण* (इ० ३, कृ०, भा० १, २, ३ भी), वियोग, अलगाव। **segregative** वि० अलगाव वाला, अलगाने वाला।

Seid (sād, sēd) [Arab. *seyid*, prince] स० फ़ातिमा और अली से उत्पन्न मुहम्मद का वंशज।

Seidlitz powder (sed' lits) [village in Bohemia with mineral spring] सं० सेड्लिट्ज़ चूर्ण* (वि० ३ भी), सिडलिट्ज़, एक प्रकार की रेचक या दस्तावर औषधि।

seigneur (sān yĕr), **seignior** (sē' nyŏr) [F., as SENIOR] सं० सामन्त, जागीरदार, ताल्लुक़ेदार, रईस। (the) **grand**~ उच्च श्रेणी या पदवी का सामंत। **seigniorage** (sē' nyo rāj) स० शासक या सामंत का प्राप्य (विशे० टकसाल में बनने वाली मुद्राओं का एक अंश)। **seigniorial** क्रि० सामंती, ज़मींदारों का। **seigniory** (sē' nyŭr i) सं० १. राजसत्ता, प्रभुत्व सत्ता; २. राजा, स्वामी, प्रभु; ३. जागीर, ताल्लुक़ा, इलाक़ा; ४. मध्ययुगीन इटली के गणतंत्र की नगरपालिका परिषद्।

seine (sān, sēn) [F., from L. *sagēna*, Gr. *sagēnē*] सं० महाजाल, मछली मारने का बड़ा जाल जिसमे ऊपरी सिरे पर तिरैया बँधे होते हैं और निचले सिरे में भार, उसे प्रायः किनारे पर खींचा जाता है। क्रि० अ० और स० महाजाल से मछली पकड़ना। **~-gang** महाजालियों का समूह। **~-needle** महाजाल बुनने की तीली। **~-roller** जाल-बेलन, जिस पर जाल लपेटते हैं। **seiner** सं० महाजाल से मछली पकड़ने वाला, महाजाली।

seismic, seismal (sīz' mik, -māl) [Gr. *seism-as*, earthquake, from *seiein*, to shake, -IC, -AL] वि० (विरल) १. भूकम्प संबंधी, भूकम्प-विषयक, २. भूकंपी* (वि० १ भी)।

seismo- भूकम्प अर्थ में समास में प्रयुक्त। **seismogram** सं० १. भूकम्प अभिलेख* (वि० १ भी), भूकंप का विभिन्न यंत्रों द्वारा प्रस्तुत आलेख। **seismograph** सं० भूकम्प-लेखी। **seismography** सं० भूकम्प-लेखन। **seismographer** सं० भूकम्पलिख। **seismographic,-al** वि० भूकम्प-लेखन संबंधी। **seismometry** सं० भूकम्प मापन। **seismometric,-al** वि० भूकम्प मापन संबंधी। **seismoscope** (sīz' mō skōp) [-SCOPE] सं० १ भूकम्पवीक्षण, २. भूकंप की शक्ति और स्थान आदि सूचक यंत्र। **seismoscopic** वि० भूकम्पवीक्षण संबंधी। **seismology** सं० भूकम्प विद्या। **seismologist** सं० भूकम्पविद्। **seismological** वि० भूकंपविद्या संबंधी।

seize (sēz) [O.F. *seisir, saisir*, to put in possession of, late L. *sacire*, to take possesion of, perh. from Teut. and cogn. with SET¹] क्रि० स० और अ० १. (क़ानून) अधिकार में करना, अधिकृत करना, अपने कब्जे में करना; २. (निषिद्ध वस्तुओं, दस्तावेज आदि) बारट या क़ानूनी अधिकार के द्वारा जब्त करना, कुर्क करना, ज़बरन ले लेना; ३. छीन लेना, अपहरण करना, बलात् ग्रहण करना, हथिया लेना, ४. किसी वस्तु को जल्दी से पकड़ना, उत्सुकतापूर्वक हथियाना; ५. (नौ०) रस्सी से कई फेरे देकर बाँधना; ६. मशीनों का अनावश्यक ताप या घर्षण के कारण रुक जाना, जकड़ जाना। **seized or seised of** भू० कृ० आधिपत्य में, क़ब्जे में। **seizer** सं० (विधि०) आधिपत्य कर्ता। **seizable** आधिपत्य के योग्य, बलात् ग्रहण करने योग्य। **seizing** सं० कई फेरे देकर रस्सी से नाव को बाँधना। **seizin** सं० १. (क़ानून) उत्पन्न भूमि-अधिकार; २. माफ़ी को ज़मीन पर कब्जा करना, इस प्रकार से आधिपत्य में गई भूमि। **seizure** सं० १. ग्रह*/ आक्रमण* (आ० भी), क्रियागत अर्थों में (विशे०) मूर्च्छा आदि का आकस्मिक आक्रमण, क़ब्जा*/ अधिग्रहण* (मा० १ भी); २. बोमारी का दौरा।

sejant (sē' jánt) [A.-F. *seiant*, pres. p. of *seier*, O.F. *seoir*, L. *sedēre*, to sit] वि० (कुलचिह्न विज्ञान) आगे की टाँगों को ऊपर कर के बैठा हुआ, उकड़ूँ बैठा हुआ।

sekos (sē' kos) [Gr.] सं० (पुरावि०) धार्मिक समझा जाने वाला अहाता, (विशे०) किसी प्राचीन मंदिर का, मंदिर का अन्तर्भाग।

selachian (sé lā' ki án) [Gr. *selachos*] सं० सिलेकियन, शार्क या कुत्ता मछली की जाति की मछली, इन मछलियों से संबंधित।

seladang सं० १. मलाया देश का बड़ा जंगली साँड़; २. मलाया का छोटी सूँड़ वाला सुअर से मिलता-जुलता जानवर।

selah (sē' lā) [Heb.] बाइबिल के प्रार्थना-गीतों के पाठ में अज्ञात अर्थ वाला एक हिब्रू शब्द जो कदाचित् संगीत संबंधी निर्देश रहा होगा।

seldom (sel' dóm) [A.-S. *seldan*, *-don*, *-dom* (*seld*, *-om*, dat. pl.), cp. Dut. *zelden*, G. *selten*, Icel. *sjaldan*] क्रि० वि० क्वचित्, कदाचित्, कभी-कभी, विरले ही, कभी-कभार।

select (sē lekt') [L. *sēlectus*, p.p. of *sēligere* (SE-, *legere*, to choose)] वि० १. चुनी हुई, छाँटी हुई, उत्तम, उत्कृष्ट, विशिष्ट; २. सीमित, कुछ विशिष्ट लोगों को ही स्वीकारने वाला (समाज, संस्था आदि)। क्रि० स० चुनना, छाँटना, पसंद करना। **~committee** प्रवर समिति, छोटी संसदीय समिति जो किसी विशेष काम के लिए नियुक्त की जाती है। **~man** (अमरीका के न्यू इंग्लैण्ड प्रदेश में) प्रति वर्ष निर्वाचित परिषद् का सदस्य। **selection** सं० १. वरण* (आ०, इ० ३, कृ०, वि० १ भी), चयन, चुनाव, पसंद, पसंदगी, चुना हुआ, २. (जीव०) उन पशुओं और पौधों का चयन-कार्य जो विकासवाद के अनुसार रहने और बढ़ने के योग्य है, प्रवरण*/ सेलेक्शन* (प्र० भी)। **selective** वि० वरणात्मक* (आ०, कृ० भी), चुनने वाला, पसंद करने वाला। **selectively** क्रि० वि० चुनते हुए। **selectivity** सं० १. (बेतार ग्राहक यंत्र के संबंध में) बिना कही और से बाधा पड़े विशेष तरंगदायाम को पकड़ने की शक्ति, ग्राहकता; २. वरणात्मकता* (मा० २ भी); ३. वरण-क्षमता* (इ० २, वि० १ भी)। **selector** सिलेक्टर*/ वरक* (इ० १, २ भी), चुनने वाला, पसंद करने वाला। **selectness** सं० चुना हुआ होना, विशिष्टता।

selen-, seleni-, seleno- [G. *selen* or SELENIUM, or Gr. *Selēnē*, the moon] सिलिनी* (वि० ३ भी), चन्द्रमा अर्थ में समास रूप में प्रयुक्त।

selenate (scl' e nát) सं० सिलेनी लवण।

selenic (se len' ik) वि० सिलीनियम संबंधी।

selenite (sé le nit) सं० चन्द्रकांत, स्फटाचूर्ण, सेलिनाइट* (वि० १ भी), सेलिनाइम, एक प्रकार की चमकदार सेलखड़ी।

selenitic वि० स्फटाचूर्ण संबंधी, सेलखड़ी संबंधी, चन्द्रवासी संबंधी।

selenium (sé lē' ni úm) [Gr. *Selēnē*, the moon, -IUM] सं० सेलिनियम* (कु० भी), अचायक पदार्थ।

selenocentric (se lē no sen' trik) [SELENO,-CENTRIC] वि० चन्द्र केन्द्रीय। **selenodont** [Gr. *odous odontos*, tooth] स० (स्तनधायी) पशु जिसके दाँतों का ऊपरी भाग अर्ध चन्द्र के आकार का होता है। **selenographer** (sé lē' nog' rá fer) सं० चन्द्रालेखक। **selenographic** वि० चन्द्रालेख संबंधी। **selenography** (sel é nog' rá fi) सं० चन्द्रालेखन विद्या। **selenology** सं० चन्द्रविज्ञान। **selenologist** सं० चन्द्रविज्ञान-विद्। **selenotropic** (sé lē nó trop' ik) [F. *sélénotropique* (Gr. *tropos*, from *trepein*, to turn, -IC)] वि० चन्द्रन्मुख (पौधों के जंग)। **selenotropism, -tropy** (sé lē not' ro pizm, -ro pi) सं० १. चन्द्राभिमुखता।

Seleucid (sé lū' sid) [L. *Seleucidēs*, Gr. *Seleukidēs* (*Seleukos*, -ID)] सं० बहुव० **-cids, -cidæ** सल्यूकस राजवंश जिसने सीरिया में ३१२-६३ ई० पू० में राज्य किया।

self (self) [A.-S., cp. Dut. *zelf*, G. *selbe*, Icel. *sjálfr*, Dan. *selv*, Swed. *sjelf*] सं० १. (बहुव० selves) निज, स्व*/ अहम्*/ आत्म*/ व्यक्तित्व*/ आत्मा* (मा० २, ३ भी), आत्मभाव, अहं, आपा, खुदी; २ किसी का उत्कृष्ट व्यक्तित्व; ३. निजी स्वार्थ; अपनी रुचि और हित, पात्र का अपने तक ही सीमित होना। वि० एक ही रंग का, एकरंगी, विशुद्ध एक रूप, अभिन्न

(विशे० रंग), एक ही सामग्री का बना हुआ अथवा एक टुकड़ा। **selfdom. selfhood, selfness** सं० (क्वचित्) व्यक्तित्व, पृथक् एवं चेतन अस्तित्व, ऊँचा, खुदी। **selfish** वि० १. स्वार्थपरायण, स्वार्थी, स्वार्थपर, स्वार्थनिष्ठ, मतलबी, खुदग़र्ज़; २. (मस्तक्य आदि के लिए) स्वार्थपूर्ण, स्वार्थमय, मतलब का; ३. आत्महित-समर्थक, स्वार्थप्रेरक, स्वलाभप्रद। **~theory of morals** वह सिद्धान्त जिसके अनुसार प्रत्येक कार्य का उद्गम किसी-न-किसी सुख को प्राप्त करने की इच्छा से होता है। **selfishly** क्रि० वि० स्वार्थपरता से, स्वार्थी रूप मे, मतलबीपन से। **selfishness** सं० स्वार्थपरता, स्वार्थसेविता* (मा० २ भी), मतलबीपन। **selfless** वि० निःस्वार्थ, स्वार्थहीन, त्यागी, बेग़र्ज़। **selflessness** सं० निस्वार्थता, बेग़र्ज़ी।

self--उप० प्रत्यय या अप्रत्यक्ष आत्मार्थक कार्य, स्वयंक्रिय अथवा स्वतंत्र कार्य का द्योतक सजीव उपसर्ग की भाँति प्रयुक्त; अधिक प्रचलित शब्द वर्णक्रमानुसार दे दिये गए है और बाद में वे, किस वर्ग मे आते हैं यह अंक द्वारा निर्देशित कर दिया गया है; प्रत्यक्ष आत्मार्थक कार्य अभिव्यक्त करने के लिए उस क्रिया के कृ० के साथ लगता है जिसमे self कर्म के रूप मे प्रयुक्त हो सकता है। इसं प्रकार क्रिया-संज्ञाओं और भू० कृ० मे भी लगाया जाता है, और उनसे स०, वि०, क्रि० वि० सभी बनते हैं। 'बिना किसी बाहरी सहायता अथवा कारक के' अर्थ में किसी भी शब्द मे लगाया जाना है (जिसमें self किसी कारक के साथ प्रयुक्त होता है। विविध अर्थों मे self क्रिया मे कारक के साथ ही प्रयुक्त होता है। कुछ संज्ञाओं और उनसे व्युत्पन्न शब्दों में self एक-सा, स्वाभाविक, अकृत्रिम अर्थों मे लगाया जाता है)। **~abandonment** सं० आत्मत्याग। **~abasement** सं० आत्म-अनादर। **~abhorrence** स० आत्मद्वेष। **~abnegation** सं० आत्मनिस्कार। **~absorbed** वि० आत्मलीन। **~absorption** स० स्वाङ्गीषण* (वि० २ भी), आत्मलीनता। **~abuse** सं० आत्म-दुरुपयोग (हस्तमैथुन आदि करना)। **~accusation** सं० आत्माभियोग। **~accusatory** वि० आत्माभियोगकारी। **~acting** स० स्वयंकर्मा। **~action** स० स्वयंक्रिया। **~activity** सं० क्रियाशीलता। **~adjusting** वि० और स० स्वयंसमजक। **~adjustment** सं० स्वयंसमजन। **~admiration** स० आत्मप्रशंसा। **~affirmation** स० (मनोवि०) आत्मस्वीकृति। **~aggrandizement** सं० आत्मवर्धन। **~appointed** वि० स्वयंनियुक्त। **~appreciation** सं० आत्मगुणबोध। **~approval** स० आत्मानुमोदन। **~approbation** स० आत्म-प्रशंसा। **~asserting. ~assertive** वि० आत्मस्थापक। **~assertion** स० आत्मस्थापन, अपने मत पर जोर देना। **~assumed** वि० स्वयंकल्पित। **~assurance** स० आत्मा-बोधन। **~begotten** वि० आत्मजनित, स्वयंनिर्मित। **~betrayal** सं० आत्मछलन। **~binder** स० स्वयं बाँधने वाली मशीन (कटी हुई अनाज की गड्डियों को)। **~born** वि० स्वयंजनित। **~centred** वि० आत्मकेंद्रित। **~centredness** सं० आत्म-केंद्रिता। **~closing** वि०, स० स्वयं बद होने वाला। **~cocking** सं० ऐसी बंदूक जिसका चुटकां उसके घोड़े से उठाई जाती है। **~collected** वि० स्थितप्रज्ञ, स्थिरमनि। **~colour** सं० स्वाभाविक रग, एकसा रग। **~coloured** वि० स्वाभाविक रग का, एकसे रग का। **~command** सं० आत्म-अधिकार, आत्मसंयम। **~communion** सं० आत्मचिंतन। **~complacent** वि० आत्मतुष्ट। **~complacency** सं० आत्म-तुष्टि। **~conceit** सं० अहंकार। **~conceited** वि० अहंकारी। **~condemned** वि० आत्मनिंदित। **~condemnation** सं० आत्मनिंदा। **~confidence** सं० आत्मविश्वास। **~confidently** क्रि० वि० आत्मविश्वासपूर्वक। **~congratulation** सं० आत्माभिनंदन। **~conquest** सं० आत्मजय। **~conscious** वि० १. आत्मसजग (विशे० नाटक आदि में); २. (दर्श०) आत्म-प्रबुद्ध। **~consciousness** स० आत्मसजगता, आत्मप्रबोध। **~consistent** वि० आत्मानुरूप, आत्मसंगत। **~consistency** सं० आत्मस्थिरता। **~consuming** वि० आत्मोपभोगकारक। **~contained** वि० स्वयंपूर्ण, आत्मसमित। **~contempt** सं० आत्मा अवज्ञा। **~contemptously** क्रि० वि० आत्मावज्ञा-पूर्वक। **~content** सं० आत्मतृप्ति, आत्मतोष। **~contented** वि० आत्मतृप्त। **~contradictory** वि० परस्पर विरोधी। **~control** सं० आत्मसंयम। **~convicted** वि० स्वय को अपराधी मानने वाला। **~critical** वि० आत्मालोचक। **~criticism** सं० आत्मा-लोचन। **~culture** सं० आत्मसंस्कार। **~deceiving** वि० अपने को धोखा देनेवाला। **~deceiver** सं० आत्मवंचक। **~deceit, ~deception** सं० आत्मवंचना। **~defence** स० आत्म-रक्षा। **~denial** स० आत्मत्याग, मन को मारना। **~dependence** स० आत्मनिर्भरता। **~dependent** वि० आत्मनिर्भर। **~depreciation** स० आत्मावमूल्यन। **~depreciative** वि० आत्मावमूल्यनकारी। **~despair** सं० आत्मनैराश्य। **~destroying** वि० आत्मघाती, आत्मनाशकारी। **~destruction** सं० आत्महनन। **~determining** वि० १. आत्मनिर्णयकारी; २. (राज०) स्वतंत्र नीति वाला। **~determination** सं० आत्मनिर्णय। **~development** सं० आत्मविकास। **~devotion** स० आत्मार्पण, आत्मनिवेदन। **~discipline** स० आत्मानुशासन, आत्म-संयम। **~disparagement** सं० आत्मरक्षा। **~display** स० आत्मप्रदर्शन, अपना दिखावा। **~dispraise** सं० स्वनिंदा, आत्मनिंदा। **~distrust** स० आत्मविश्वास। **~distrustful** वि० आत्मविश्वासपूर्ण। **~educated** वि० आत्मशिक्षित। **~education** स० आत्मशिक्षण। **~effacement** सं० आत्मलोपन। **~elective** वि० स्वनिर्वाची। **~enjoyment** स० स्वमोदन। **~esteem** स० आत्मादर। **~evident** वि० स्वयंसिद्ध। **~evidently** क्रि० वि० स्वयंसिद्धता से। **~examination** स० आत्मपरीक्षण। **~executing** वि० स्वय सचालिका। **~existent** वि० स्वतः सभूत, आत्मभू। **~explaining** वि० आत्मव्याख्यागोपन। **~explanatory** वि० आत्म-विवरणशील। **~faced** वि० अनग्र। **~feeding.** **~feeder** वि० और स० (भट्ठी, मशीन आदि) स्वयभरक। **~fertile** वि० स्वयं उर्वर। **~fertility** सं० स्वय उर्वरता। **~fertilized** वि० स्वतः निषेचित। **~fertilizer** सं० स्वतः निषेचक। **~flattering** वि० आत्मप्रशसक। **~flattery** स० आत्मप्रशसा। **~forgetful** वि० आत्मविस्मरणशील। **~generating** वि० आत्मजनक, स्वजनक। **~glazed** वि० एक ही रंग, रोगन के (बर्तन)। **~glorification** स० आत्ममहत्व-प्रदर्शन। **~governing** वि० स्वायत्त। **~government** सं० स्वायत्त शासन। **~gratulation** स० आत्माभिनंदन। **~heal** सं० स्वयंरोगनिवारक, स्वयंचिकित्सक। **~help** आत्मसहायता। **~humiliation** सं० आत्महीनतापदर्शन। **~immolation** सं०

आत्मबलिदान। ~-important सं० अहम्मन्य। ~-importance सं० अहम्मन्यता। ~-imposed वि० आत्मारोपित। ~-impotent वि० स्वतःशक्तिहीन। ~-improvement सं० आत्म-सुधार, आत्मोत्थान। ~-inductive वि० (विद्यु०) स्वतःप्रेरक। ~-induction सं० स्वतःप्रेरण। ~-indulgent वि० सुखासक्त, विलासी। ~-indulgence सं० सुखासक्ति, विलासप्रियता। ~-inflicted वि० स्वत:दण्डित। ~-interest सं० स्वार्थ, आत्महित। ~-interested वि० स्वार्थी, स्वार्थ-निष्ठ। ~-invited वि० आत्माहूत। ~-involved वि०आत्मलीन। ~-justification सं० अपनी सफ़ाई। ~-kindled वि० स्वतः प्रज्वलित, स्वयं जला हुई। ~-knowledge सं० आत्मज्ञान, आत्मबोध। ~-laudation सं० आत्मस्तवन। ~-love सं० स्वार्थपरता। ~-luminous वि० स्वत:दीप्त। ~-made सं० स्वनिर्मित। ~-mastery वि० आत्मप्रभुत्व। ~-mortification सं० आत्मनिग्रह, आत्मपीड़न। ~-moving वि० स्वयंचल। ~-motion सं० स्वयंगति। ~-murder सं० आत्महत्या। ~-murderer सं० आत्मघाती। ~-opinion सं० स्वमत। ~-opinioned,-opinionated सं० स्वमनाग्रही। वि० स्वमतयुक्त। ~-partial सं० आत्मपक्ष-समर्थक। ~-partiality सं० आत्मपक्षपात। ~-pity सं० आत्मकरुणा, आत्मदया। ~-pleasure सं० आत्मरंजन। ~-pleasing वि० आत्मरंजक। ~-poised वि० आत्मसंतुलित। ~-pollution सं० दे० SELF ABUSE। ~-portrait सं० आत्मचित्रण, अपना चित्र बनाना, (साहित्यिक या चित्रकारी)। ~-possessed वि० १. अध्यग्र, स्थिरात्मा, २. स्वस्थचित्त। ~-possession सं० अध्यग्रता, स्थिरात्मता। ~-praise सं० आत्मप्रशंसा। ~-preservation सं० स्वरक्षण। ~-profit सं० स्वलाभ। ~-propogating वि० अपनी वंशवृद्धि करनेवाला। ~-propelled वि० स्वयं प्रेरित,स्वचालित। ~-raker सं० फ़ालतू कटने का पावा वाला मशीन जो अपने आप अनाज को बाँधने के लिए तैयार करती जाती है। ~-realization सं० आत्मानुभूति, आत्मबोध। ~-recording वि० स्वाभिलेखी (वैज्ञानिक यंत्र-विशेष); ~-regarding वि० अहम्मन्य, आत्ममानी। ~-regard सं० आत्ममान। ~-registering दे० SELF RECORDING। ~-regulating वि० स्व-नियन्त्रण* (वि० २ भी), अपने आप को ठीक करने वाला, व्यवस्थित करने वाला, आत्मविनियामक। ~-reliant सं० आत्मनिर्भर। ~-reliance सं० आत्मनिर्भरता। ~-renunciation सं० स्वार्थहीनता, आत्मत्याग। ~-repression सं० आत्मनिरोध, आत्मदमन। ~-reproach सं० आत्मभर्त्सना, आत्मप्रताड़न। ~-reproachful वि० आत्मभर्त्सनायुक्त। ~-repuguent वि० स्वतःअमगत, आत्मविरोधी। ~-respect सं० आत्मसम्मान, स्वाभिमान। ~-respecting, ~-respectful वि०आत्मसम्मानयुक्त, स्वाभिमानी। ~-restraint सं० आत्मसंयम। ~-restrained वि० आत्मसंयमी, ~-revealing अपने आप को प्रकट करने वाला, आत्मोद्घाटक। ~-revelation सं० आत्मोद्घाटन। ~-reverent सं० आत्मपूजक। ~-reverence सं० दे० SELF-RESPECT। ~-righteous वि० धर्माभिमानी, साधुम्मन्य। ~-righteousness सं० धर्माभिमान, साधुम्मन्यता। ~-righting सं० उलटने पर स्वतः सीधा हो जाने वाली नाव। ~-sacrifice सं० आत्मबलिदान, आत्मत्याग। ~-same बिल्कुल वही। ~-satisfied वि० आत्मतुष्ट। ~-satisfaction सं० आत्मतुष्टि। ~-scorn सं० आत्म-उपहास। ~-seeker सं० स्वार्थान्वेषी, स्वार्थनिष्ठ। ~-seeking वि० और सं० स्वार्थपरायण, स्वार्थसेवी। ~-slaughter सं० आत्मवध। ~-sown बिना बोये उगा हुआ। ~-sterile, ~-sterility दे० SELF IMPOTENT। ~-styled वि० मिथ्याचारी, पाखण्डी। ~-sufficing वि० आत्मनिर्भर। ~-sufficient वि० आत्मनिर्भर, दाम्भिक, घृष्ट, उद्धत। ~-sufficiency सं० आत्मनिर्भरता, दाम्भिकता। ~-suggestion सं० अपने से बोलना (मेस्मरिज्म या समोहन की अवस्था में)। ~-support सं० आत्मसाहाय्य, स्वावलंबन। ~-supporting वि० आत्मसहायक, स्वावलम्बी। ~-surrender सं० आत्मसमर्पण। ~-sustained वि० आत्माधारित। ~-sustaining वि० आत्म-निर्भर। ~-taught वि० आत्मशिक्षित। ~-tormenting वि० आत्मपीड़क। ~-torture सं० आत्मयंत्रणा, आत्मपीड़न। ~-violence सं० आत्महिंसा। ~-will, ~-willed दे० SELF OPINION। ~-winding सं० अपने आप चाभी भर लेने वाली घड़ी। ~-worship सं० आत्मपूजा, आत्मार्चन।

Seljuk (sel jook') [Turk. *seljūq*] सं० सेल्जुक (मध्य एशिया और पश्चिम एशिया के मुस्लिम वंशों का पूर्वज) वंशीय। **Seljukian** वि० और सं० सेल्जुक वंशीय।

sell[1] (scl) [A.-S. *sellan* (cp. *selja*, O.H.G. *saljan*), cogn. with SALE] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **sold**) १. बेचना, विक्रय करना; २. (ला०) जीवन गँवाने के पहले आक्रमणकारियों को मार देना या घायल कर देना; ३. किसी को ठग लेना, धोखा देना; ४. विकेता होना, बेचने के लिए चीजें रखना; ५. धन के लोभ में या किसी पुरस्कार के लिए विश्वासघात करना (जैसे «one's country); ६. धन या किसी दूसरे विचार से नीच कार्य करना, भ्रष्टाचारपूर्ण सौदा करना; ७. (ग्रा०) वचन को पूरा न करके निराश करना, प्रतिज्ञाभंग करके हताश करना, बादाखिलाफ़ी करना, ठगना, झाँसा देना; ८. (सामयी के संबध में) ग्राहक पाना, ग्राहक मिलना। ~**off** कम दामों पर बेच डालना, सब सामान निकाल देना। ~**out** (इति०) अपना पद बेचकर सेना से निकल जाना, अपने सब सेयर या सब सामान बेच डालना, किसी लालच में आकर भेद खोल देना। ~**up** कर्ज़दार के माल को कानूनी कार्रवाई से बेच लेना। **seller** सं० विक्रेता, बेचनेवाला।

sell[2] [M.E. and O.F. *selle*, L. *sella*, cogn. with *sedere*, to sit] सं० १ सीट, सिंहासन, आसन, गद्दी, जीन, काठी। **sellifform** वि० काठी की शकल का।

sellanders दे० SALLENDERS।

seltzer (selt' sĕr) [corr. of *Selters*, town of Nassau] सं० १. (~water भी) जोषधि रूप खनिजयुक्त जल, (जर्मनी के selters नामक स्थान से प्राप्त); २. इस जल की तरह के कृत्रिम पेय, सोडावाटर। **seltzogene** सं० दे० GAZOGENE।

selvage दे० SELVEDGE। **selvaged** वि० (बुने हुए कपड़े के) किनारे से युक्त। **selvagee** (sel vă jē') सं० रस्सी के सूती धागों का लच्छा जो आपस में बाँधा जाता है और गोफन का काम देता है।

selvedge (scl' vĕj) [M. Dut. *selfegge* (SELF, EDGE)] सं० १. इस प्रकार बुना हुआ कपड़े का किनारा कि खुल न सके, किनारा, कोर; २. ताले के किनारे की पत्ती।

selves (बहुव०) दे० SELF।

semantics (se măn' tiks) [Gr. *semantikos*, significant] वि० (भाषा०) १. अर्थ-विज्ञान संबंधी; २. अर्थ संबंधी। सं० (बहुव०) अर्थविज्ञान, भाषाविज्ञान की एक शाखा।

semaphore (sem' à fôr) [F. *sémaphore* (Gr. *sêma*, sign, *pherein*, to bear)] वि० १. संकेत यंत्र, रेलवे का सिगनल जिसमे लालटेनों को व्यवस्था रहती है; २. दो झंडियों या हाथों द्वारा प्रेषित सेना के संकेत, हाथ या सिगनल-खम्भों से संकेत देना, सिगनल देना, संकेत से समाचार भेजना। **semaphoric,-al** वि० संकेत या सिगनल के यंत्र से संबंधित। **semophorically** क्रि० वि० संकेत यंत्र के द्वारा, सिगनल देते हुए।

semasiology (se măz i ol ó ji) [Gr. *sêmasia*, signification, as prec.] सं० अर्थविज्ञान। **semasiological** वि० अर्थ विज्ञान संबंधी।

sematic (sé măt' ik) [Gr. *sêma -matos*, sign, -ic] वि० १. (प्राणि० वि०) (पशुओं मे रंग या निशान के बारे में) शत्रुओं को भगाने या ध्यान आकर्षित करने वाला; २. दिखाई देने वाला।

semblance (sem' blâns) [O.F., from *sembler*, L. *simulâre*, see SIMULATE] सं० १. आभास* (मा० २ भी), मादृश्य, औपम्य, आनुरूप्य, तुल्यता; २. आकार, रूप, स्वरूप; ३. बाह्यरूप।

semé (sem' ā) [F., p.p. of *semer* L. *sêminâre*, to sow, from SEMEN] वि० कुलचिह्न, अनेक छोटे कुलचिह्न से आच्छादित, ढँका हुआ, कढ़ा हुआ (जैसे तार आदि से)।

semeiography (sē mī og' rá fi) [Gr. *sêmeion*, sign, -GRAPHY] सं० (औष०) रोगलक्षण-वर्णन। **semiology** सं० (चिकित्सा) रोगविज्ञान का वह अंग जो बीमारी के लक्षणों से संबंधित हो। **semeiological, semeiotical** वि० रोगलक्षण से संबंधित, लाक्षणिक, रोगलक्षणसूचक। **semeiotics** सं० लक्षण-विषयक।

semen (sē' men) [L., seed, cogn. with *serere*, to sow] सं० रेतस, (नर का) शुक्र* (कृ०, आ० भी), वीर्य* (कृ० भी), धातु।

semester (se mes' tér) [F. *semestre*, L. *semestris* (*se-*, *sex*, six, *mensis*, month)] सं० जर्मन तथा अन्य विश्वविद्यालयों मे अर्द्धवार्षिक पाठ्यक्रम या सत्र।

semi- [L., cp. Gr. *hêmi-*, A. -S. *sam-*, Sansk. *sâmi-*, prob. cogn. with SAME] उप० १. आधा, अर्द्ध (जैसे ~circle); २. एक ओर, एक तरफ़, एक बगल (जैसे ~detached) एक ओर, दो दिशाओं में से एक दिशा को (जैसे ~infinite) किसी विशेष मे (जैसे ~vowel), ३. कुछ अधिक नही, कुछ अधिक अच्छा नही (जैसे ~barbarism); ४. थोड़ा ही, कुछ कम ही (जैसे ~official); ५. निम्न कोटि में, निचली श्रेणी में, छोटे दर्जे का (जैसे ~civilized); ६. वस्तुतः वर्णनीय न होना, वस्तुतः अनुल्लेखनीय (जैसे ~smile); ७. अधूरा, अपूर्णता (जैसे ~bull, ~double); ८. होता हुआ, घटन-शील प्रकाशित आदि, प्रत्येक अर्थात्, हर एक आधा, दुहरा (जैसे ~annual); **~annual** वि० छमाही, अर्द्धवार्षिक। **~annually** क्रि० वि० अर्द्धवार्षिक के रूप में। **~barbarian** वि० अर्द्ध-सभ्य। **~barbarism** सं० अर्द्ध-सभ्यता, आधा जंगलीपन। **~breve** (sem' i brēve) सं० प्लुत स्वर, दीर्घतम स्वर (दे० BREVE)। **~bull** सं० कच्चा हुक्म, अढाँचा, (जो पोप निर्वाचन के उपरांत और सिंहासनारोहण के पूर्व मुहर को एक खाली छोड़ कर जारी करता है)। **~centennial** वि० पचास-साला, प्रत्येक पच्चासवें वर्ष पर होने वाला। **~chorus** सं० अर्द्ध कोरस, अर्द्ध समवेत मंडलगायन, अर्द्धगायक वृन्द, उसके द्वारा गाया हुआ पद। **~circle** (sem' i sĕr' kl) सं० अर्द्धवृत्त, आधा दायरा। **~circular** वि०, १. अर्द्धगोल, अर्द्धवृत्ताकार; २. अर्द्धवृत्ताकार सामग्री; ३. कोण-मापक यंत्र। **~colon** सं० आधा कोलन, अर्द्धविराम (चिह्न;)। **~cylinder** सं० आधा सिलिंडर, अर्द्ध बेलन। **~cylindrical** वि० आधे सिलिंडर जैसा, अर्द्ध-बेलनाकार। **~detached** वि० १. केवल एक ही ओर दूसरे से संयुक्त या मिला हुआ (घर); २. एक ही दीवार का (घर)। **~dome** सं०, १. अर्द्ध आधा गुम्बद; २. गुम्बद के आकार का। **~double** (बन०) जिसके बाह्य पुंकेसर (स्टेमेन) दलों या पंखड़ियों मे परिवर्तित हो जाते हैं। **~final** सं० सेमी फ़ाइनल (खेल)। **~finalist** सं० सेमी फ़ाइनल का खिलाड़ी। **~fluid** वि० और सं० अर्द्धतरल, चिपचिपा, लसदार, गाढ़ा (तरल पदार्थ)। **~fused** वि० अर्द्धगलित। **~infidel** वि० अर्द्ध-नास्तिक, अर्द्ध-अनीश्वरवादी। **~infinite** वि० अर्द्ध-अनत, जो एक दिशा मे सीमित और दूसरी ओर अनत तक विस्तृत हो। **~lunar** वि० अर्द्ध चंद्राकार, अर्द्धचन्द्राकृति (विशे० श० वि० मे नाम, जैसे semilunar, semibone, semicartilage)। **~monthly** वि० पाक्षिक, अर्द्धमासिक। **~mute** वि० और सं० लगभग गूँगा (व्यक्ति), बहरा होने के कारण (जन्मजात) गूँगा।

seminal (sem' i nál) [O.F., from L. *sêmnâlis*, from SEMEN] वि० १. बीज या वीर्य संबंधी, अंकुरीय, बैजिक, प्रजनन-विषयक, सतति-उत्पत्ति संबंधी, २. शुक्रीय* (वि० १ भी)। **in the ~ state** मौलिक, आदिम, प्राथमिक, अविकसित। **~fluid** वीर्य, रज, धातु। **~principles** गर्भाधान के सिद्धान्त, गर्भधारण के नियम। **seminally** क्रि० वि० बैजिक रूप मे, वीर्य से संबंधी, प्रजननीय ढंग से, सन्तानोत्पादन के संबंध मे।

seminary (sem' i nar i) [L. *sêmnârium*, seed-plot, as foll.] सं० १. शिक्षालय, विद्यामंदिर (स्कूल के खास अर्थ से कुछ विशेष महत्त्व का) तुल० (ACADEMY), २. (ला० विरल) (रोमन कैथोलिक धर्म संघ के) धर्म-प्रशिक्षालय, पादरी पद के लिए तैयार करने का ट्रेनिंग स्कूल, ३. सेमिनार, विश्वविद्यालय मे शोध और विवाद संबंधी गोष्ठी। **seminarist** सं० शिक्षार्थी, विद्यार्थी, धर्मशिक्षणार्थी।

semination (sem i nā' shŭn) [L. *sêmnâtio*, from *sêmnâre*, to sow, from SEMEN] सं० (बन०) बुआई का तरीक़ा, बीज बोने का ढंग। **seminifreous** स० १. बीजयुक्त, २. वीर्यधारी।

semiology, semiotics, -meiol (-mio) सं० रोग के लक्षणो पर आधारित निदान चिकित्सा की एक शाखा।

semi-official (sem i o fish' ăl) [SEMI, OFFICIAL] वि० अर्द्ध सरकारी (विशे० सरकारी अधिकारों द्वारा समाचार-पत्रों को भेजे गये संवाद, जिसमे शर्त होती है कि वे अधिकारी के नाम से औपचारिक रूप से जोड़े नही जायेंगे)। **semi-officially** क्रि० वि० अर्द्ध सरकारी रूप से, अर्द्ध सरकारी तौर पर। **semi-plume** सं० एक पंख। **semi-precious** वि० अल्प मूल्यवान् (मणि, रत्न आदि)। **semiquaver** स० (संगी०) अर्द्ध स्वर-कम्पन, अर्द्ध संगीत-स्वर विशेष। **semirigid** (वायुयान के संबंध में) जिसका पेंदे का कड़ा खाम पटरा गैस की टंकी से संयुक्त हो। **semi-smile** सं० अर्द्धमुस्कान।

Semite (sem' ĭt, sē' mīt) [late L. and Gr. *Sêm*] सं० और वि० सैमाइट, सामी* (मा० १ भी), शेम (Shem) वंशोत्पन्न जातियाँ

से से किसी एक का (सदस्य) (वि० हिंदू, आर्मीनियन, फोनीशियन, अरब, असीरियाई जातियों) । **Semitic** (sé mit'ik) वि० (सं० भी) १. सामी, सैमाइट संबंधी, यहूदियों से संबंधित; २. सामी भाषा; ३. सिमिटिक भाषाएँ जिनमें हिब्रू (इबरानी) शामिल हैं। **Semitism** (sém' i-, sé' mitizm) सं० १. सामीवाद, सामीपन; २. भाषा में सामी प्रयोग। **Semitist** सं० सामीवादी, सामीवादविद्। **Semitize, Semitize** (sem' i tīz) क्रि० स० सैमिटिक या सैमाइट बनाना।

semitone (sem'i tōn) [SEMI-, TONE] सं० (संगी०) अर्द्धस्वर, आधुनिक यूरोपीय संगीत में लघुतम विराम (जैसे diatonic semitone), लघु या दीर्घ रूप में होने वाला। **semit-transparent** वि० अर्द्धपारदर्शक। **semi-tropical** वि० अर्द्ध उष्णकटिबंधीय, उष्ण कटिबंध की सीमा पर के प्रदेश। **semi-tubular** वि० अर्द्ध नलिकाकार, आधी नली की शक्ल का। **semi-uncial** वि० बड़े आकार के और छोटे आकार के अक्षरों के बीच का। **semi-vocal** वि० अर्द्ध स्वर वर्ण संबंधीय, ध्वनि या अक्षर, स्वर और व्यंजन का माध्यमिक, स्वर और व्यंजन के बीच का (जैसे y, w), ऐसे व्यंजन जो अनुच्चरित न हों (जैसे l. m, z)। **semivowel** सं० अंतस्थ, अर्द्धस्वर। **semi-weekly** वि० अर्द्धसाप्ताहिक।

semmit (sem' it) [Sc., var. of SAMITE] सं० (स्कॉट०) सलूका।

semolina (semolē' na), **semola** (sem'ō lā) [It. *semolino*, dim. of *semola*, bran. L. *simila*, fine wheat flour] सं० १. चोकर, भूसी; २. सूजी* (आ० भी), दलिया।

sempiternal (sem pi tēr' nāl) [O.F., *sempiternel*, L. *sempiternus* (*sempi-*, *semper*, always) *-ternus*, cp. *nocturnus*] वि० १. (अल०) शाश्वत, २ (विरल) चिरतन, अनत।

sempster, sempstress दे० SEAM[1]।

sen (sen) [Jap.] सं० सेन, जापानी ताबे का सिक्का जो येन (yen) का सौवाँ भाग होता है।

senarius (se nār' i us) [L., as (*sēni*, six each)] सं० छ: चरणों की लैटिन कविता, (विशे० iambic trimeter)। **senary** (sē' na ri) वि० षट्संख्यक, छ के क्रम वाला या आधार पर, छ: का, छ: छ: से।

senate (sen' āt) [O.F., *senat*, L. *senātum*, nom *-tus*, from *sen-*, base of *senex*, old] सं० १ सेनेट*/ प्राचीन रोम की संसद्* (प्र०, मा० १ भी), वरिष्ठ सभा* (प्र०, मा० २ भी); २. सेनेट* (अमरीकी संसद की उच्च सदन), अभिप्रद्* (मा० १ भी), सीनेट* (प्र०, मा० २ भी), प्राचीन रोम की व्यवस्थापिका सभा (प्राचीन रोमन गणतंत्र और साम्राज्य का राज्य-परिषद् जो विधान निर्माण को जनप्रिय विधान-सभाओं, प्रशासन को, मजिस्ट्रेटों को और न्यायशास्त्रि न्यायव्यवस्थाओं को विभाजित करती थी; ३. व्यवस्थापक सभा (अनेक देशों में विधान-सभा का उच्चतर सदन); ४. (अल०) विधान-सभा या उसकी कार्यवाहियों या उसके सदस्य; ५. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय तथा अन्य संस्थाओं की प्रबंधक सभा। **senator** स० सभासद*/ सीनेट-सदस्य* (मा० १ भी)। **senatorial** वि० सीनेट संबंधी, सीनेट सदस्य संबंधी। **senatorially** क्रि० वि० सीनेट के संबंध में, सीनेट सदस्य के रूप में। **senatorship** सं० सीनेट की सदस्यता।

send (send) [A.-S. *sendan*, cp. Dut. *zenden*, G. *senden*, Icel. *senda*] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **sent**) १. भेजना, प्रेषित करना (वस्तु आदि), सवादवाहक या सवाद भेजना, पहुँचाना, (व्यक्ति को) विदा करना; २. (ईश्वर, विधाता आदि के संबंध में) आज्ञा देना, भेजना, प्रदान करना, सजा देना, घटित होने देना; ३. ठेलना, चलाना, आगे बढ़ाना (जैसे ~bullet); ४. खारिज करना, निकालना, पदच्युत करना, कार्यमुक्त करना; ५. (mad या crazy के साथ) पागल या सनकी बना देना, दीवाना, या उन्मत्त कर देना; ६. संवाद या पत्र प्रेषित करना, समाचार, खबर या चिट्ठी भेजना; ७. (जहाज का) डूबना, गोता खाना, उलटना, (लहर के उतार के कारण)। सं० (नौ० वि०; sended) भाटा, किसी उतरती लहर का झोंका, बहाव (प्राय: ~of the sea)। **~down** रेस्टिकेट, निष्कासन, विद्यार्थियों को दंड-स्वरूप विश्वविद्यालय से निकाल देना। **~for him** आमंत्रण, बुला भेजना, बुलावा भेजना। **~for the book** मँगाना, आर्डर देना, खरीद, के तौर पर मँगाना। **~of letter, parcel** किसी के हाथ से लेकर डाक को प्रेषित करना। **~up, in** किसी के प्रस्थान के समय उपस्थित रहना, अपने काम से किसी प्रदर्शनी आदि में कोई वस्तु भेजना, किसी प्रतियोगिता में अपना नाम लिखाना या भेजना। **~~off** स० १. किसी पुस्तक की प्रशंसात्मक समालोचना; २. विदाई, विदा, विदाई की दावत, विदाई के समय का आत्मीयता प्रदर्शन। **~word** संदेश भेजना। **sender** स० प्रेषक, भेजने वाला, कार्य मुक्त करने वाला, समाचार या संवाद भेजने वाला।

sendal (sen' dāl) [O.F. *sendal*, *cendal*, low L. *cendalum*, Sansk. *sindhu-*, pertaining to the Indus or Scinde] सं० सेंडल, मध्ययुगीन रेशमी वस्त्र जो राजसी पोशाकों आदि के काम आता था।

senega, -ka (sen' é gà, -kà) [N. Am. Ind. *Seneca* Indians] सं० सेनेगा, एक प्रकार का अमरीकी पौधा जिसकी जड से खाँसी की औषधि बनती है (जिसे Seneca, snake root भी कहते हैं)।

senescent (sé nes' ént) [L. *senescens -ntem*. pres. p. of *senescere*, from *senex*, old] वि० बुढ़ाते हुए, वृद्ध-प्राय, वार्धक्य प्राप्त। **senescence** स० जरा*/ जागता* (आ० भी), बुढ़ापा, वार्धक्य।

seneschal (sen' é shāl) [O.F., from Teut. (cp. Goth. *sins*, cogn. with L. *senex*, old, *skalks*, servant)] स० दीवान, कारिंदा, मुसाहिब (मध्ययुगीन विशाल भवन का दीवान)।

sengreen (sen' grēn) [A.-S. *sin- grēne* (*sin*, ever, GREEN)] स० दीवारों और छतों पर उगने वाली गुलाबी फूलों वाली बूटी।

senile (sē' nil, nīl) [L. *senilis*, see foll.] वि० वृद्ध तथा दुर्बल, वृद्धावस्था की दुर्बलता सूचक, जराजन्य* (आ० भा), जरा जर्जित, बुढ़ापे का। **senility** स० १. जरा* (मा० २ भा), वृद्धावस्था; २. बुढ़ापा।

senior (sē' nyor) [L. older, comp. of *senex senis*, old] वि० १. वरीयान*/ वरिष्ठ*/ ज्येष्ठ* (प्र०, मा० १ भी), उच्च, आयु में बड़ा, पद में ऊँचा, बड़ दर्जे या पद का (जैसे the~service नौ सेना); २. बड़ा मनुष्य, एक ही नाम का दूसरा ज्येष्ठ व्यक्ति (जैसे John, Smith sen.), स्कूल में एक ही नाम के दो लडकों में बडे को Smith sen. कहेंगे। स० १. वृद्धजन, वय में बड़ा व्यक्ति; २. नौकरी में उच्चपदस्थ व्यक्ति; ३. पद में ऊँचा व्यक्ति (जैसे is my~); ४. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का सर्वप्रथम गणित स्नातक; ५. प्राचीन ग्रीक और लैटिन साहित्य का सर्वप्रथम विद्यार्थी, श्रेष्ठ व्यक्ति। **~classic** प्राचीन ग्रीक और लैटिन की परीक्षा में सर्वप्रथम स्नातक। **~man** विश्वविद्यालय

का श्रेष्ठ व्यक्ति। **seniority** सं० ज्येष्ठता*/ वरिष्ठता* (मा० १ भी), बड़प्पन, वयोवृद्धता।

senna (sen' à) [It. *sena*, Arab. *sand*] सं० सनाय की पत्तियाँ, एक प्रकार की रेचक औषधि।

sennet (sen' ét) [O.F. *segnet*, dim. of *seing*, L. *signum*, sign] सं० (इति०) सेनेट, शेक्सपियर के तथा और नाटकों के रंगमंचीय निर्देशन में तुरही का संकेत।

sennit (sen' ét) [prob. contr. of SEVEN-KNIT] सं० (नौ० वि०) तीन से लेकर नौ बल तक का गोल या चपटा रस्सा।

senous(s)i सं० सेनुसी, संस्थापक के नाम से उत्तरी अफ्रीका के मुसलमानों का धार्मिक या राजनैतिक सम्प्रदाय (प्राय: the~ एक० व्या० बहुव० में)।

sensation (sen sā' shùn) [med. L. *sensātio*, from late L. *sensātus*, *sensate*, from L. *sensus*, SENSE] सं० १. संवेदन* (आ०, मा० २ वि० १, विधि भी), संवेदना* (आ० भी), बोध, चेतना, ज्ञान, इन्द्रियबोध, एहसास, समझ, इस प्रकार की चेतना के विषय; २. सनसनी, उत्तेजनापूर्ण, भारी उत्तेजना, स्फुरण, सम्भ्रम, खलबली, हंगामा, जोश, संवेदनात्मक विषयों का साहित्यिक प्रयोग। **made a great~** बहुत ही चर्चा हुई। **~among the audience** शांति अथवा करतल ध्वनि द्वारा अभिव्यक्ति। **sensational** वि० १. इंद्रियबोध सबंधी; २. सनसनीखेज, उत्तेजनावर्धक। **sensationally** क्रि० वि० १. इंद्रियबोध सहित; २. संवेदना या तीव्र अनुभव के साथ, सनसनी में, जोश में। **sensationalism** सं० १. संवेदनवाद* (मा० २ भी), (दर्श०) संवेदना सिद्धांत, यह सिद्धांत कि सब ज्ञान इन्द्रियों द्वारा ही प्राप्त होता है; २. साहित्य या राजनीतिक आंदोलन में सनसनी फैलाना या संवेदना निर्द्धात का प्रयोग। **sensationalist** सं० १. संवेदनावादी; २. सनसनीबाज।

sense (sens) [F. *sens*, L. *sensum*, nom. *-sus*, feeling, from *sentire*, to feel, p.p. *sensus*] सं० १. इन्द्रिय* (मा० २ भी), ज्ञानेन्द्रिय, बोधेन्द्रिय (जैसे कि पंच senses, देखना, सुनना, सूँघना, चखना, छूना); २. (बहुव०) सामान्य बुद्धि, विवेकशीलता, सहजबुद्धि, स्वस्थचित्त, सामान्य मन:स्थिति; ३ इंद्रियबोध-शक्ति, संवेदनशीलता, प्रत्यक्षज्ञान की योग्यता, अभिज्ञान* (वि० २ भी); ४. चेतना, संज्ञा, संवेद*/ ज्ञान*/ बोध* (आ० भी), संवेदन*/ संवित्ति*/ बोधश्रवणेन्द्रिय* (मा० २ भी); ५. विवेकशीलता, विवेक, हाजिरजवाबी, कुशाग्रबुद्धि; ६. व्यावहारिक ज्ञान, व्यावहारिक सूझबूझ, व्यावहारिक निश्चय, सामूली जानकारी; ७. अर्थ, अभिप्राय, मत, मशा; *८.* समुदायगत भावना। क्रि० स० इन्द्रियों द्वारा अनुभव करना, (विशे०) अस्पष्ट रूप से अवगत होना, मालूम करना। **a man of~** चतुर, व्यवहार-कुशल, अक्लमंद। **does not make~** मुश्किल, दुरूह, समझ में न आने योग्य। **frightened out of his senses** अचेतन, संज्ञाहीन। **he will soon come to his senses** मूर्खता, पागलपन। **in a~** एक रूप में, एक प्रकार से (जैसे what you say is true in a~)। **in one's senses** स्वस्थचित्त। **sixth or muscular~** छठी इंद्रिय, जिससे मांस पेशी की गति का अनुभव होता है। **take the~of meeting** किसी सभा की राय जानना। **the five senses** देखना, सुनना, सूँघना, चखना, छूना। **~-body** जीवों में संवेदन उत्पन्न करने वाला अवयव। **senseless** वि० मूर्ख, बुद्धिहीन, संज्ञारहित, बेहोश, असंगत, बेमतलब। **knock~** ऐसा मारना कि मूर्छित होकर गिर पड़े। **senselessly** क्रि० वि० नासमझी से, असंगति में, अचेतनता में। **senselessness** सं० अचेतावस्था, मूर्खता, असंगति, नासमझी।

sensible (sen' si bel) [F., from late L. *sensibilis*, as prec.] वि० १. गोचर, इन्द्रियग्राह्य; २. प्रशंसनीय, तारीफ़ के लायक; ३. परिचित, जागरूक, आगाह; ४. विचारवान, संगत, संयत, व्यावहारिक, तर्कसंगत, सुधी। **sensibly** क्रि० वि० १. गोचरता से, प्रत्यक्षत:; २. प्रशंसापूर्वक; ३. चेतना से; ४. चतुरता से; ५. अक्लसे। **sensibleness** सं० १. गोचरता; २. प्रशंसनीयता; ३. संवेदनशीलता; ४. संगति आदि।

sensibility (sen si bil' i ti) सं० १. ग्राह्यता, इन्द्रियग्राह्यता, एहसास (जैसे skin lost its~); २. बधनहीनता, भावात्मक प्रभावों के प्रति विशेष निर्बधता (जैसे sense & ~), संवेदता*/ संवेदनशीलता* (आ० भी) (जैसे ~to kindness etc), अति संवेदनशील; ३. (बहुव०) संवेदन-शक्ति*/ संवेदनग्राहिता* (मा० २ भी), अनुभूति-शीलता (विभिन्न दिशाओं में)।

sensitive (sen' si tiv) [O.F. *sensitif*, *-tive*, med. L. *sensitivus*, as prec.] वि० १. (क्रिस्त्र०) इंद्रिय या इन्द्रिय ज्ञान संबंधी, २. सूक्ष्म-ग्राही*/ संवेदी* (आ०, इ० ३, वि० १ भी), संवेदनशील* (इ० ३, मा० २, वि० १ भी); २. ग्रहणशील (विशे० बाह्य प्रभावों से शीघ्र ही प्रभावित होनेवाला), नाजुकमिजाज; ३. (उपकरण आदि के संबंध में) तत्काल प्रभाव ग्रहणशील, जिसमें छोटे से छोटे परिवर्तन अंकित किये जा सकें; ४. (रसा०) सुग्राही* (आ०, इ० ३, वि० १ भी)। सं० (हिपनोटिज्म, सम्मोहन आदि के) प्रभावों को ग्रहण करने वाला व्यक्ति। **~market** ऐसी बाजार जिसकी दरों में जल्दी-जल्दी उतार-चढाव हों। **~paper** (फोटो०) प्रकाश में प्रभाव की शीघ्र ही ग्रहण करने वाला फोटो छापने का कागज। **~plant** छुईमुई। **sensitively** क्रि० संवेदनशीलता से, कोमलता से आदि। **sensitiveness, sensitivism** सं० संवेदनशीलता, सुग्राहिता*/ सूक्ष्म-ग्राहिता* (इ० १ भी)। **sensitivity** सं० (रसा० फोटो०, श० वि०, मनो०) सुग्राहिता*/ सूक्ष्मग्राहिता* (इ० १ भी)। **sensitization** सं० अति संवेदनशीलन* (मा० २ भी), सक्रिय करण* (वि० २ भी), सुग्राहीकरण*/ सूक्ष्मग्राहीकरण* (आ० भी)। **sensitize** क्रि० स० सुग्राही बनाना, (फोटो के कागज को) प्रकाश-ग्रहणशील बनाना। **sensitizer** सं० प्रकाश-प्रभावग्राही कर्त्ता (मसाला आदि)। **sensitometer** फोटो-पेपर (कागज) की संवेदता मापने का यंत्र।

sensorium (sen sōr' i ùm) [late L., as prec.] सं० (बहुव० ~s or -ria) १. मस्तिष्क, संज्ञाकेंद्र, ज्ञानेंद्रिय, संवेदन-तंत्र* (मा० २ भी), संवेदन-क्षेत्र* (आ० भी), चेतनास्पद, मस्तिष्क, सुषुम्ना, गोदनाली, २. (जीव०) स्नायुमंडली, नाड़ी तंत्र या स्नायुसंस्थान सहित सम्पूर्ण संज्ञा केन्द्रीय यंत्र। **sensory** (sen' sor i) वि० १. संवेदनात्मक* (मा० २ भी), इंद्रिय या इन्द्रिय-ज्ञान संबंधी, संवेदी* (आ०, मा० २, वि० १ भी)।

sensual (sen' shu àl, -sū àl) [late L. *sensuālis*, as prec.] वि० १. (विरल) इंद्रिय संबंधी, संवेदना विषयक, संज्ञाकेन्द्रीय, २. इंद्रिय-सुख, विषयानुराग, विषयासक्त* (मा० २ भी); ३. इन्द्रियलोलुप, इन्द्रियपरायण, भोगी, विलासी, कामुक, ऐयाश, लम्पट, व्यभिचारी; ४. (दर्श०) प्रत्यक्षवादी, संवेदनावादी, संवेदनवाद के अनुसार या उससे संबंधित। **sensualism, sensuality** सं० १. इन्द्रिय-परायणता, प्रत्यक्षवाद; २. मांसलता, दैहिकता, विषयासक्ति आदि। **sensualist** सं० १. विषयासक्त, भोगासक्त, इन्द्रियासक्त, इन्द्रियपरायण व्यक्ति;

२. विषय-सुखानुरागी; ३. मांसलतावादी, प्रत्यक्षतावादी। **sensualize** (sen' shu-, -sü ā līz) क्रि० स० कामुक बनाना, विषयासक्त बनाना। **sensualization** सं० इन्द्रियानुरागीकरण। **sensually** क्रि० वि० मांसलता, प्रत्यक्षतावादिता, इन्द्रियासक्ति से।

sensuous (sen' sū ŭs)[L. *sensu-*] वि० इन्द्रिय-जनित, इन्द्रिय-गत*/ ऐन्द्रीय*/ इन्द्रियनिष्ठ* (मा० २ भी)। **sensuously** क्रि० वि० इन्द्रियजनित रूप से आदि। **sensuousness** सं० ऐन्द्रीयता।

sent दे० SEND।

sentence (sen' tĕns) [O.F., from L. *sentent.a*, from *sentire*, to feel] सं० १. अभिमत, निर्णय (विरल); २. सजा, दंड*/ कारावास* (मा० ३ भी), दण्डाज्ञा, दण्डादेश* (विधि भी); ३. (व्या०) वाक्य, जुमला (सिथिलत: व्या० में), अधीन उपवाक्य; ४. भाषण या कथन, लघु-रूप (प्राय: जो दो पूर्ण विरामों के मध्य में हो और जिसमें कई वाक्य-उपवाक्य हों)। क्रि० स० अभिमत देना, फैसला देना, सजा देना, दण्डादेश देना। **complex~** मिश्रित वाक्य। **compound~** संयुक्त वाक्य। **simple~** साधारण वाक्य। **sentential** वि० (विरल) वाक्य घटित, फिकरे का।

sententious (sen ten' shus) वि० १. सारगर्भित, सूत्रमय, संक्षिप्त, प्रभावपूर्ण शैली से युक्त, २. अर्थपूर्ण, बनावटी ढंग, शब्दाडम्बरपूर्ण (शैली का)। ३. पाखण्डी, मिथ्यावादी (व्यक्ति)। **sententiously** क्रि० वि० १. संक्षिप्तत:, सारगर्भिता से; २. बनावटी ढंग से, पाखण्डपूर्वक। **sententiousness** सं० संक्षिप्तता, अर्थपूर्णता।

sentient (sen' shi ent) [L. *sentiens -ntem*, pres. p. of *sentire*, to feel] वि० संवेदन-समर्थ* (आ० भी), बोध-क्षम। **sentience** सं० संवेदनता*/ संवेदिता* (मा० २ भी), बोधक्षमता। **sentiently** क्रि० वि० बोधक्षमतापूर्वक।

sentiment (sen' ti ment) [M.E. and O.F. *sentement*, med. L. *sentimentum*, as prec.] सं० १. स्थायीभाव* (मा० २ भी), मनोभाव, भाववृत्ति*/ भावना* (मा० ३ भी), मनोविकार, भाव, खयाल, दृष्टिकोण, भावावेग; २. (कला) रसानुभूति, संवेदना, सहानुभूति; ३. भावुकता, मानसिक दुर्बलता, घुणास्पद, बुरी लगने वाली सुकुमारता; ४. आशय, अभिप्राय, अर्थ।

sentimental (sen ti men' tăl) वि० १. रसिक, सरस; २. भावुक, भावपूर्ण, रहमदिल। **sentimentalism** सं० अतिभावुकता* (मा० २ भी), भावुकतावाद, रसिकता। **sentimentalist** सं० भावुकतावादी, रसिकतावादी। **sentimentality** सं० भावुकता* (मा० २ भी), भावपूर्णता। **sentimentalize** क्रि० अ० और स० भावुक बनाना आदि। **sentimentally** क्रि० वि० भावुकतापूर्वक, रहमदिली से।

sentinel (sen' ti nel) [O.F. *sentinelle*, from It. *sentinella* or dim. of *sentine*, dim. of *sente*, L. *sēmita*, path] सं० १. रक्षा-पुरुष, रक्षक, सतरी, चौकीदार, पहरेदार, (तुल० SENTRY); २. (~crab के अर्थ में भी) एक प्रकार का केकड़ा (जिसकी लम्बी पलकें होती हैं और जो हिंद महासागर में पाया जाता है)। क्रि० स० १. (काव्य०) पहरा देना, पहरा रखना, चौकीदारी करना, रक्षा करना, २ (विरल), पहरेदा रखना, चौकीदार बैठाना।

sentry (sen' tri)[perh. corr. of prec., or from O.F. *senteret*, from *sentier*, med. L. *semitārius*, from *sēmita*, as prec.] सं० (sentinel के स्थान में सैन्य० के समान प्रयुक्त) संतरी, प्रहरी, पहरेदार आदि। **~-board** जहाज में सतरी के खड़े होने का प्लेटफार्म। **~-box** सतरी केबिन, प्रहरी कक्ष (लकड़ी का छोटा कमरा जिसमें संतरी खड़ा रह सके)। **~-go** ड्यूटी, गश्त, (संतरी के रूप में ड्यूटी पर गश्ती का कार्य)।

sepal (sep' ăl) [F. *sépale* (L. *sépar-*, SEPARATE, assim. to PETAL)] सं० १. सेपल, पुष्पकोष की पत्ती, बाह्यदल* (क्रु०, वि० १ भी)।

separate (sep' á rāt) [L. *sēparātus*, p.p. of *sēparāre* (SE-, *parāre*, to arrange)] क्रि० अ० और स० १. पृथक् कर्णवर्म* (क्रु० भी०), अलग करना या होना, पृथक् होना, अलहदा करना या होना; २. विभाजित करना, या होना; ३. भिन्न मार्ग ग्रहण करना, बिखर जाना; ४. दूध, अनाज, कच्ची धातु, फल, प्रकाश आदि को मिलने न देना, छांटना, बाटना; ५. (मक्खन आदि को दूध आदि से) मथ कर निकालना, अलग करना। वि० १. वियुक्त, विच्छिन्न, भिन्न, अलहदा, पृथक्* (विधि भी); २. निजी, व्यक्तिगत, अलग (from के साथ प्रयुक्त)। सं० पृथक् विवरण के लिए किसी सभा की कार्यवाहियों, पत्रिका आदि से लेकर पुनः मुद्रित की हुई किसी एक लेख की प्रतिलिपि, उसकी कापी। **~estate** विवाहित स्त्री की पृथक् भूसंपत्ति, जो पति के अधीन नहीं रहती है। **~maintenance** निर्वाह भत्ता जो पति अपनी पत्नी को त्यागने पर देता है जब कि वह उसकी सहमति से अलग रहती है। **separability, separableness** सं० भेद्यता, अलगाने की योग्यता। **separable** क्रि० पृथक् होने या करने योग्य। **separably** क्रि० वि० अलगाते हुए, विभाज्य रूप में। **separately** क्रि० वि० १. अलग से, अलहदा तौर पर, भिन्नत:; २.(विधि) पृथक्त:*। **separateness** सं० भिन्नता, निजीपन, अलगाव। **separation** सं० वियोगत अर्थों में, १. अंतराल* (वि० २ भी), विभेद, विच्छेद, (विशे०) आंशिक तलाक, डाइवोर्स, आंशिक-विवाहविच्छेद, २. वियोग, वियुक्ति* (मा० ३ भी), जुदाई (बिना विवाह बन्धन को तोड़े हुए); ३. (आ० इ० २, कु०, मा० ३) वि० १ पृथक्करण*/ पृथक्भवन*/ पार्थक्य*, अंतराल* (इ० २ भी)। **judicial ~** अदालती या न्यायिक तलाक, अदालत निर्दिष्ट दम्पति विच्छेद। **~ allowance** संबंध विच्छेद भत्ता जिसे एक सैनिक सरकारी सहायता के साथ अपनी पत्नी को भेजता है। **separatism** सं० पार्थक्यवाद*/ पृथकतावाद* (मा० १ भी), धर्म और राजनीति में भिन्नमतावलंबन। **separatist** सं० और वि० पार्थक्यवादी*/ पृथक्तावादी* (मा० १ भी), भिन्नतावलंबी, पृथक् होने का समर्थक। **separative** वि० विभाजक, अलगाने वाला। **separator** सं० पृथक्कर*/ पृथक्कारक* (इ० ३ भी), पृथक्कारी* (आ० भी), (मक्खन आदि को) निकालने या बांटने की मशीन। **separatory** वि० (विरल) विभाजक, भागों में बांटने या छांटने वाला।

sephardi (sé far' di) [mod. Heb.] सं० (बहुव० **-dim**) स्पेनी या पुर्तगाली यहूदी।

sepia (sē' pi á) [L. and Gr.] सं० १. सीपिया* (वि० १ भी), एक प्रकार की समुद्री मछली का काला द्रव; २. उपयुक्त द्रव से तैयार किया हुआ भूरा रंग; ३. लालों लिए हुए गहरा भूरा रंग; ४. इस प्रकार के रंग से बनाया हुआ चित्र (~drawing भी)। **warm~** लाल रंग और भूरे रंग का मिश्रण।

sepoy (sē poi) [perh. through Port. *sipae*, from Hind. and Pers. *sipāhī*, from *sipāh*, army] सं० सिपाही, अंगरेजी सेना का भारतीय सिपाही।

seps (seps) [L. and Gr. *sēps*, from *sēpein*, to make rotten] सं० सेप्स, एक प्रकार की साँप जैसी छिपकली।

sepsis (sep' sis) [Gr. *sépsis*, as prec.] सं० १. (चिकि०) पूतिता* (आ० भी०), विलयन, सड़न, गलन, क्षतदूषण; २. किसी अंग का विघातग्रस्त होना, रक्तदोष, खून की खराबी।

sept (sept) [O.F. *septe*, var. of *secte*, SECT] सं० कुल* (मा० १ भी), उपकुल* (मा० ३ भी), वंश, जाति (विशे० आयरलैंड में प्रयुक्त)।

sept-, septem-, septi-, उप० सात के अर्थ में प्रयुक्त।

septa दे० SEPTUM।

septal (sep' tăl) वि० १. वंशीय, वंश का; २. नाक के पर्दे से संबंधित; ३. फलों के भीतरी पर्दों से संबंधित (विशे० पौस्त की फली के); ४. पटीय*/ पट-* (आ०, वि० १ भी)।

septan (sep' tăn) [L. *sept-em*, seven] वि० हर सातवें दिन आने वाला बुखार। **septangle** [ANGLE²] सं० सप्तभुज। **septangular** वि० सात भुजाओं की आकृति वाला।

septate (sep' tāt) [late L. *séptatus*, as prec.] वि० १. (बन०, प्राणि०, श० वि०) पटलमय, पटयुक्त* (कृ०, वि० १ भी); २. फलों या फलियों के भीतरी पर्दों वाला; ३. नाक के पर्दे वाला; ४. दो भागों में बंटा हुआ। **septation** सं० १. पटलमयता, फलों के भीतरी पर्दों वाला कोना; २. दो भागों में विभाजित।

September (septem' bĕr) [M.E. and O.F. *Septembere*, L. *September* (*septem*, seven, cp. DECEMBER)] सं० सितम्बर, वर्ष का नवां महीना। **Septembrist** सं० २ और ३ सितम्बर सन् १७९२ ई० को पेरिस में हुए हत्याकांड में भाग लेने वाला।

septempartite (sep tém par' tit) [*septem*, as prec., PARTITE] वि० सात भागों में विभक्त।

septenarious (sep té năr' i us) [L. *from septéni*, seven apiece, from *septem*, seven] स० (बहुव०-sli) सप्त-पदी कविता (विशे० लैटिन की)।

septenary (sep' té năr i) [as prec.] सं० और वि० १. सप्तात्मक, सात के आधार पर, सात-सात करके; २. सप्तक। **septenate, -tenous** वि० (बन०) सात भागों वाला।

septenium (sep ten' i um) [L. (*septem*, seven, *annus*, year)] सं० सात साल। **septennial** वि० हर सात साल में होने वाला। **septennially** क्रि० वि० सात साल में, सप्तवार्षिक।

septet (sep tet') [G., from L. *septem*, seven] स० सात गायकों या वादकों के समूह के लिए (रचित रचना)।

septfoil (sept' foil) [L. *sept-em*, seven, FOIL¹] सं० सप्तपत्री, सतपतिया, एक प्रकार के पीले फूलों वाला पौदा, सात फूले हुए गोल भागों वाली आकृति (विशे० रौमन कैथोलिक सात संस्कारों के प्रतीक स्वरूप)।

septic, -al (sep' tik, -ăl) [Gr. *sēptikos*, from *sḗptos*, rotten, from *sḗpein*, to cause to rot] वि० १. पूति* (आ० भी), (चिकि०) सड़न या गलन-सबंधी, पीप या मवाद पड़ा हुआ; २. विषाक्त, जहरबाद का। सं० १. विषगलनकारी, सड़न-गलन पैदा करने वाला, घाव में पीप पैदा करने वाला (पदार्थ); २. खून को विषाक्त करने वाला। **~tank** वह टैंक जिसमें जीवाणुओं द्वारा मल को नष्ट किया जाता है। **septicemia** (sep ti sē' mi a) सं० पूतिजीवरक्तता*/ सेप्टिसीमिया* (आ० भी), (निदा०) जहरबाद, रक्तविषाक्तता। **septicemic** वि० जहरबाद का, रक्त विषाक्तता संबंधी। **septically** क्रि० वि० १. सड़ाते-गलाते हुए, घाव में पीप पैदा करते हुए; २. जहरीलापन। **septicity** सं० १. सड़न, गलन; २. जहरबाद, रक्तदोष।

septiform (sep' ti fôrm) [late L. *septiformis* (*septem*, seven, -FORM)] वि० सप्तरूप, सप्तविध। **septilateral** वि० सप्तभुजी, सात भुजा का। **septillion** सं० एक के बाद ४२ शून्य लगाने से बनी हुयी संख्या। **septimal** (sep' ti măl) वि० सात का, सात के अंक से संबंधित। **septime** (sep' tim) स० सेप्टाइम, पटेबाजी का एक दाँव।

septinsular (sep tin' sū lăr) [L. *septem*, seven, INSULAR] वि० सप्तद्वीपीय, सात द्वीपों का (विशे० एशिया माइनर स्थित आयोनिया के)। **septisyllable** स० सप्ताक्षरी, सात अक्षरों का शब्द।

septuagenarian (sep tū ă jé năr' i ăn) [L. *septuāgēnārius*, from *septuāgēni*, seventy each, from *septuāginta*, seventy] वि० और स० ६९ और ७९ साल के बीच की उम्र का (व्यक्ति)। **septuagenary** वि० ७० का। **Septuagesima** सं० ईसाइयों के लेंट त्योहार के पहले का तीसरा रविवार।

Septuagint (sep' tū ă jint) [L. *septuāginta*, seventy] सं० बाइबिल के ओल्ड-टेस्टामेंट का ग्रीक रूपान्तर [जिसके संबंध में कहा जाता है कि इसे २७० ई० में ७० अनुवादकों द्वारा किया गया था]।

septum (sep' tŭm) [L., from *sē-, sepīre*, to enclose, from *sēpes, sapes*, hedge] सं० १. (श० वि०, बन० प्राणि०, (बहु० -ta) नाक के बीच का पर्दा; २. पौस्त की फली के खाने, पट* (आ०, कृ०, वि० १ भी)।

sepulchre (sep' ul kĕr) [O.F. *sepulcre*, L. *sepulcrum* (*sepelire*, to bury, p.p. *sepultus*, -*crum*, suf.)] स० समाधि, मकबरा। क्रि० स० कब्र में दफनाना। **the Holy Sepulchre** पवित्र समाधि जिसमें ईसामसीह दफनाये गये थे। **whited ~** कपटी, मक्कार या फ़रेबी आदमी। **sepulchral** (se pŭl' krăl) वि० १ कब्र या समाधि संबंधी, मकबरे का; २. मकबरे का जैसा; ३. शोकसूचक, चिंताद्योतक; ४. उदास; ५ भयानक (जैसे a ~ look, voice)। **sepulchrally** क्रि० वि० १ मकबरे के संबंध में; २. शोकपूर्णता से, चिन्तता से; ३. उदासी में, ४. भयानकता से।

sepulture (sep' ul tyur) [O.F., from L. *sepultūra*, as prec.] स० दफनाना, समाधिस्थकरण, कब्र में गाड़ने की क्रिया।

sequacious (se kwā' shus) [L. *sequax -ācis*, from *sequi*, to follow, -ous] वि० १. (पंडि०) अनुकरणशील, जिसमें मौलिकता न हो, २. नीचतापूर्ण, ३. (तर्क या तार्किक के लिए प्रयुक्त) सचत, प्रासंगिक, युक्तियुक्त। **sequaciously** क्रि० वि० १. अनुकरणशीलता से, मौलिकता के अभाव में, २. प्रासंगिकता पूर्वक, संगति से। **sequacjausness, sequacity** सं० १. अनुकरणशीलता; २. मौलिकता का अभाव; ३. प्रासंगिकता, संगति।

sequel (sē' kwĕl) [O.F. *sequele*, L. SEQUELA] १. सं० उत्तरार्घ, उत्तर भाग, पिछला भाग; २. बाद के प्रभाव; ३. फल, परिणाम; ४. (विरल प्रयोग) तर्कों का निष्कर्ष। **in the ~** बाद में जिस प्रकार बातें बढ़ीं।

sequence, -cy (sē' kwĕns, -kwĕn si) [O.F., from L. *sequentia*, from *sequens -ntis*, pers. p. of *sequi*, to follow] सं० १. क्रम, अनुक्रम, श्रेणीबद्धता; २. माला, शृंखला; ३. सिलसिला, तरतीब, तांता; ४. एक ही रंग के तीन या उससे अधिक नम्बरवार लगे हुए ताश के पत्ते; ५. बिना किसी कारण या बंधन के बना हुआ

सिलसिला या क्रम; ६. (सिने०) कहानी का घटनाक्रम; ७. (संगी०) भिन्न अलापों पर प्रयुक्त एक ही स्वर के पदसमूहों का क्रम; ८. (ईसाई धर्म०) alleluia के बाद गाई जाने वाली प्रार्थना या भजन; ९. (वि० १.) अनुक्रम*। **sequent** वि० १. क्रमबद्ध, क्रमिक; २. सिलसिलेवार, तरतीबवार; ३. (वि० १) अनुवर्ती*। **sequential** (sé kwen' shal) वि० १. आनुक्रमिक, क्रम संबंधी; २. शृंखलागत। **sequentially** क्रि० वि० क्रमपूर्वक, सिलसिले में। **sequentiality** सं० १. क्रमिकता; २. शृंखलाभयता।

sequester (sé kwes' ter) [O.F. *sequestrer*, late L. *sequestārе*, to surrender, to commit, from *sequester*, agent, trustee, from *sequi*, to follow] क्रि० स० और अ० १. अलग रखना, पृथक करना; २. एकांत में रखना या रहना, समाज से अलग रहना (विशे० भू० कृ० में); ३. किसी की सम्पत्ति पर अधिकार कर उसकी आय से ऋणों का परिशोधन करना; ४. (विधवा द्वारा) अपने पति की सम्पत्ति का अधिकार त्याग देना; ५. (सम्पत्ति) जब्त करना, कब्जा करना, अधिकार करना। **sequestrable** वि० १. पृथक्करणीय, अलग करने योग्य; २. एकांत में रखने योग्य, ३. अन्यायी रूप से आधिपत्य करने योग्य; ४. जब्त करने योग्य। **sequestration** सं० १. पृथक्करण, विविक्तीभवन* (आ० भी), २. ऋणों की सम्पत्ति पर अन्यायी आधिपत्य; ३. जब्ती, कब्जा, ४ (विधवा द्वारा) पति की सम्पत्ति का त्याग। **sequestrator** (sé' kwes tra' tor) सं० १. पृथक् करने वाला; २. अन्यायी रूप से आधिपत्य करने वाला, कब्जा करने वाला।

sequestrum (se kwes' trum) [med L., as prec.] सं० (बहु० ~**-ra**) विविक्त*/ विविक्ताश* (आ० भी), अस्थि का निर्जीव अंश जो कि सजीव अंश से अलग कर दिया गया हो पर अपने स्थान पर लगा हो। **sequestrotomy** सं० निर्जीव अस्थि की शल्य चिकित्सा। **sequestral** वि० निर्जीव अस्थि-अंश संबंधी।

sequin (sé' kwin) [F., from It. *zecchino*, from *zecca*, mint, Arab. *sikka*, die] सं० १. (टनि०) मेक्विन, वेनिस का सोने का सिक्का; २. नादों के सिक्के जैसा गहना जिसे कपड़ों पर टाकते है।

Sequoia (sé kwoi' á) [Cherokee] सं० सेकोइया, कैलिफोर्निया का देवदार की जाति का बहुत ऊँचा पेड़।

sérac (sé rák') [Swiss F., orig. a cheese in the form of a cube] सं० १. बर्फ के आकार का बर्फ की चट्टानें जो कि ग्लेशियर में शहर कटाव या खाईयां हो जाने के कारण बनती है; २. (वि० १) सिरेक।

seraglio (sé ra' lyō) [It. *serraglio*, enclosure, from *serrare*, late L. *serare*, to bolt, to shut in, from L. *sera*, bolt, from *serere*, to bind, to join] सं० १. चहारदीवारी से घिरा हुआ महल, (विशे० इनि०) कुस्तुनतुनिया में सुल्तान का महल (जिसमे उसके सरकारी दफ्तर भी होते थे); २. हरम, रनिवास, अन्तःपुर।

serai दे० CARAVANSERAI।

serang (se rāng') [Hind.] सं० (आंग्ल भारतीय) नाविक दल का प्रधान।

seraph (ser' áf) [orig. *seraphim*, Heb. *serāphim*, pl., from Arab. *sharaf*, high] सं० (बहु० **-aphim**, **-aphs**) १. फ़रिश्ता* (मा० १ भी), देवदूत, २. सर्वोच्च श्रेणी का देवदूत। **seraphic**, **-al** (sé ráf' ik, -al) वि० १. देवदूत संबंधी; २. सर्वोच्च श्रेणी के देवदूत का। **Seraphic Doctor** सेंट बोनावेन्तुरा। **seraphically** क्रि० वि० देवदूत की भांति, देवदूत की तरह। **Order of the Seraphim** स्वीडन के सामंतों की उपाधि।

seraphina (ser á fē' ná), **seraphine** (ser' a fēn) [prec., -INE] सं० हारमोनियम का आरंभिक रूप।

Serb, Serbian (sérb, sér' bi án), वि० और सं० सर्बिया की (भाषा या निवासी)।

Serbonian (sér bō' ni án) सं० १. नील नदी के बहाने (डेल्टा) और स्वेज के स्थलडमरूमध्य के बीच का खतरनाक दलदल; २. (ला०) विषम परिस्थिति, ऐसी परिस्थिति जिससे बचना कठिन हो।

sere[1] (sēr) [O.F. *serre*, grasp, lock, from *serrer*, late L. *serāre*, to lock, see SERAGLIO] सं० १ भरी हुई बन्दूक को चलने से रोकने के लिए लगी हुई रोक; २. क्रमक* (वि० १ भी)।

sere[2] दे० SEAR[1]।

serenade (ser é nād') [F. *sérénade*, It. *serenata*, orig. fem. p.p. of *serenare*, to make serene, see foll.] सं० प्रेमी द्वारा प्रेमिका की खिड़की के नीचे खड़े होकर गाया हुआ साध्य-गीत या बजाई हुई धुन। क्रि० स० प्रेमिका की खिड़की के नीचे खड़े होकर कोई गीत गाना या धुन बजाना। **serenader** सं० उपर्युक्त प्रकार से गीत गाने या धुन बजाने वाला प्रेमी। **serenata** सं० (संगी०) १. रवालों का राग या गान; २. वाद्यवृन्द या बीन-बाजे पर बजाये जाने वाले सरल राग।

serendipity (se ren dip' i ti) [coined by Horace Walpole, after the fairy tale *The Three Princes of Serendip*] सं० किसी आकस्मिक घटना द्वारा उपयोगी और अप्रत्याशित अन्वेषण करने की शक्ति।

serene (sé rēn') [L. *serēnus*] वि० १. (आकाश, हवा आदि संबंधी) स्वच्छ, निर्मल, २. (समुद्र संबंधी) अक्षुब्ध, शान्त, प्रशान्त, स्थिर, ३. धीर, दृढ़, अविचलित, शान्तिपूर्ण। सं० (आकाश सागर आदि का) निरभ्र, स्वच्छ, शान्त विस्तार। क्रि० स० (काव्य० आकाश, भौंह आदि को) शान्त करना, स्थिर रखना। **serenely** क्रि० वि० १. स्वच्छता और शान्ति से; २. स्थिरता से; ३. धीरता पूर्वक, दृढ़ता से। **serenity** (sé ren' i ti), **sereneness** सं० १. शान्ति; प्रशांतता* (मा० २ भी); २. स्वच्छता; ३. स्थिरता; ४. धैर्य, धीरता।

serf (sērf) [F., from L. *servus*, slave] सं० १. भूदास* (कृ० भी), कृषकदास*/ चाकर*/ खिदमती*/ सर्फ* (मा० १ भी) कर्मिया, भूमि से बद्ध दास २. पौंड़ित व्यक्ति; ३. कमीन, नीच। **serfage**, **-dom**, **-hood**, **-ism** सं० १. कृषिदासता*/ चाकरी (मा० १ भी); २. कर्मिया-प्रथा; ३. कर्मियागिरी।

serge (sērj) [F., from L. *sérica*, fem. of *séricus*, silken, orig. Chinese, from L. and Gr. *Sēres*, the Chinese] सं० सर्ज, एक प्रकार का बहुत चलने वाला ऊनी कपड़ा। **silk**~ रेशमी सर्ज जो कि दर्जी अस्तर लगाने के काम में लाते है।

sergeant, (*Law*) **serjeant** (sar' jént) [O.F. *sergant*, *serjant* (F. *sergent*), late L. *servientem*, nom. *-iens*, orig. pres. p. of *servire*, to SERVE] सं० १. (इति०) उच्च श्रेणी का अधिवक्ता या वकील; २. (सेना) हवलदार, सारजेन्ट* (प्र०

भी); ३. (पुलिस का) दीवान, हवलदार। **common~** लंदन नगर की पुलिस का सिपाही। **company ~-major** (C. S.M.) कम्पनी का हवलदार-मेजर। **Serjeant-at-Arms** अदालतों, संसदों आदि का पुलिस अधिकारी। **~fish** एक प्रकार का; समुद्री मछली जिसपर हवलदार के पदसूचक शब्द की धारियाँ बनी होती हैं। **~-major or regimental-~-major** (R. S.M.) हवलदार मेजर या रेजीमेंटी हवलदार मेजर **sergeancy, serjeancy, sergeantship** सं० हवलदारी, हवलदार का पद।

sergette (ser jet') [F.], सं० महीन सर्ज, बारीक सर्ज का कपड़ा।

serial (sēr' i ăl), वि० १. क्रमिक* (वि० १ भी), यथाक्रम, सिलसिलेवार, आनुक्रमिक, क्रमबद्ध, क्रमागत; २. (कहानी आदि) धारावाहिक प्रकाशित, क्रमशः अथवा नियत समय पर प्रकाशित होने वाला (प्रकाशन)। सं० १. धारावाहिक कहानी; २. (विरल प्रयोग) माला प्रकाशन, क्रमशः प्रकाशित पत्र-पत्रिका। **~rights** धारावाहिक रूप में प्रकाशित कहानी का कापीराइट। **serialist** सं० धारावाहिक कहानी का लेखक। **seriality** सं० सिलसिला, क्रमिकता, आनुक्रमिकता, क्रमबद्धता। **serially** क्रि० वि० १. क्रमानुसार, क्रमपूर्वक, क्रम से; २ धारावाहिक रूप में। **seriate,-ated** वि० पंक्तिबद्ध* (वि० १ भी), सिलसिलेवार, क्रमिक, क्रमबद्ध, मालाबद्ध। **seriate** क्रि० स० सिलसिलेवार रखना, क्रमबद्ध करना, क्रम से रखना। **seriatize** क्रि० स० १. सिलसिलेवार रखना, क्रमबद्ध करना; २. धारावाहिक रूप से प्रकाशित करना। **seriatim** क्रि० वि० १. यथाक्रम, क्रमशः, एक-एक कर के, व्यवस्थित रीति से एक विषय के बाद दूसरा आरंभ करना। **seriation** सं० कालानुक्रम* (भा० १ भी), क्रमबद्धता, शृंखलाबद्धता।

Seric (sēr' ik) [L. *sēricus*] वि० (अलं०) चीनी, चीन का।

sericate (ser' i kāt)-, **cated** (-kā tĕd), **sericeous** (sē rish' i us) [late L. *sericeus*, silken, L. *sericum*, silk, as prec.] वि० (वन०, प्राणि०) रेशमी, कोमल, चिकना, साटन जैसा, चमकीला, चमकीले, मुलायम, रोएँदार।

sericulture (ser i kŭl' chur) सं० रेशम के कीड़ों का पालन, कच्चे रेशम का उत्पादन। **sericultural** वि० रेशम के कीड़ों के पालन से संबंधित, कच्चे रेशम के उत्पादन-विषयक। **sericulturist** सं० रेशम के कीड़े पालने वाला, कच्चे रेशम का उत्पादक या व्यवसायी।

seriema (ser i ē' ma) [Tupi-Guarani] सं० सेरीमा, साँप को खाने वाला, बगुले के आकार का चोखने वाला क्रेन जैसा पक्षी।

series (sēr' i ēz, sēr' ēz) [L., from *serere*, to join together, cp. Gr. *eirein*, to bind] स० (बहु व० unchanged) १. सीरीज* (क्र० भी), अवलि* (विधि भी), श्रेणी* (आ०, वि० १ भी), माला/ पंक्ति; २. एक ही विषय पर या एक ही लेखक की लेखमाला, लेखक्रम, किसी पत्रिका की अंकमाला, अंकावली (विशे० first, second ~); ३. पुस्तकमाला, ग्रन्थमाला (किसी एक शीर्षक के अन्तर्गत या किसी एक प्रधान संपादक द्वारा संपादित); ४. (भूगर्भ) सामान्य गुणों का स्तर क्रम, पर्तों का ताता; ५. (रसा०) समान गुणों के तत्वों या समानमूलकों के यौगिकों की श्रेणी; ६. (गणि०) श्रेणी; ७. (भौ०) वैटरियों का सैट जिसमें प्रत्येक का धनात्मक विद्युद्ध दूसरे के ऋणात्मक से सबद्ध हो, ८. (प्राणि०) जातिमाला, जाति-क्रम, परस्पर संबंधित जातियाँ। **in~** व्यवस्थित क्रम में। **~of stamps, coins** भिन्न नामों के किन्तु एक ही समय में एक ही शासन में छपे हुए डाक टिकट या बने हुए सिक्के।

serif (ser' if) [etym. doubtful; perh. from Dut. and Flem. *schreef*, a line] सं० (अब विरल) रेखा सं० टाइप के अक्षर का शीर्षा या नोक जो ऊपर और नीचे निकली रहती है (जैसे This में T की नोक); दे० SANSERIF (इस प्रकार लिखे हुए This में T sanserif है बिना नोक हीने के कारण)।

serin (ser' in) [F., etym. doubtful] सं० सेरिन, मध्य यूरोप का एक पक्षी। **serinette** (ser i net') सं० १. सेरिनेट, पालतू पक्षियों को गाना सिखाने का एक बाजा; २. छोटा अर्गन-बाजा या म्यूजिक बॉक्स (संगीत पेटिका)।

seringa (sē ring' gā) [F. and Port., from L. SYRINGA] सं० बाजीर के रबड़ के वृक्ष।

serious (sēr' i ŭs) [O.F. *serieux*, late L. *sēriōsus*, L. *serius*, etym. doubtful] वि० १. घोर, गंभीर, विचारशील, चिंतनशील, विचारवान; २. महत्वपूर्ण, गंभीर, विचारणीय, चिन्त्य, अहम (जैसे this is a ~matter, question, step); ३. सच्चा, निष्कपट, सरल; ४. स्वाभाविक, यथार्थ, ५. विनोद या व्यंग रहित, बिना हँसी या बनावट के; ६. धार्मिक, असांसारिक, धर्म विषयक, आचार संबंधी, नैतिक (जसे ~subjects etc.), (अब मुख्यतः हास्य में) धार्मिक, धर्मधुरीण, मुमुक्षु, मुक्ति-आकांक्षी। **serio-comic,-comical** वि० गाभीर्य और हास्य मिश्रित, गाभीर्य-हास्य समन्वित, गंभीरता-विनोद मिश्रित, गंभीर बातों को हँसी में उड़ाने वाला या हँसी में गंभीर बात कहने वाला। **serio-comically** क्रि० वि० गाभीर्य-हास्य समन्वय से, गंभीरता और विनोद को प्रदर्शित करते हुए। **seriously** क्रि० वि० १. गम्भीरतापूर्वक, विचारशीलता से; २. महत्वपूर्णता से, विचारणीय रूप में, सचाई से, निष्कपटता से; ३. धार्मिकता से; ४. (*हास्य*) मुमुक्षु के रूप में। **seriousness** स० १ गाम्भीर्य, गंभीरता, महत्वपूर्णता, विचारणीयता; २. सचाई, वास्तविकता, निष्कपटता, सरलता, स्वाभाविकता, ३. धार्मिकता, (हास्य) मुमुक्षता, मोक्षभाव।

serjeant दे० SERGEANT।

sermon (sĕr' mŏn) [O.F., from L. *sermōnem*, nom. *-mo*, speech, discourse] स० १. धर्मोपदेश, प्रवचन* (भा० १, २ भी), धर्म व्याख्यान, धार्मिक-वार्ता; २. भर्त्सना, निंदावचन। क्रि० स० धर्मोपदेश देना, प्रवचन देना, शिक्षा देना। **lay ~** सामान्य भाषण या व्याख्यान। **Sermon on the Mount** ईसामसीह का गिरि-प्रवचन। **sermonet, sermonette** सं० लघु-प्रवचन, छोटा धर्मोपदेश। **sermonize** क्रि० स० और अ० धर्मोपदेश करना, प्रवचन करना। **sermonizer** स० धर्मोपदेशक, प्रवचनकर्ता।

sero- SERUM का समास रूप। **sero-purulent** (sēr o pū' ru lent) [PURULENT] वि० रक्तोदक और पीप का। **sero-sanguinolent** (sēr' o săng gwin' o lent) [SANGUINOLENT] वि० रक्तोदक और रक्त का।

sérotine (sri' ō tin) [F. *séroline*, L. *sērōtina*, fem. of *-tus*, from *sērum* adv., *sērus*, late] सं० सेरोटाइन, यूरोप का अबरोट जैसे साफ भूरे रंग का चमगादड़।

serotinous (sē rot' i nus) [from L., as prec.] वि० (वन०) पछीता, पछीती, उत्तरती ऋतु में उगने वाला।

serous (sēr' us) वि० १. रक्तोदकीय, रक्तोदकवत्, २. जलीय, जलवत्, पतला, पनीला; ३. सदृश जैसा; ४. सीरमी* (आ०, वि० १ भी)। **serosity** (se ros' i ti) स० १. रक्तोदकीयता, रक्तोदक-सादृश्य; २. पनीलापन, जलीयता, पतलापन।

slab[2] (slăb) [Prov. *slab*, puddle, Icel. *slabb*, mire (cp. Swed. dial. and Norw. slabb, M. Dan. *slab*)] वि० लसदार, चिपचिपा, गाढ़ा और चिपकने वाला (तरल पदार्थ)। **slabby** वि० स्यूल, गाढ़ा, मोटा, मलिन, गंदा। **slabbiness** सं० स्थूलता, मुटापा, मलिनता।

slabber दे० SLOBBER।

slack[1] (slăk) [A.-S. *sleac* (cp. Icel. *slakr*, Swed. and Dan. *slak*, O.H.G. *slah*), cogn. with LAG and LAX] वि० १. शिथिल, सुस्त, ढीला; २. काहिल, लापरवाह, उदासीन। क्रि० वि० धीरे-धीरे, मंद गति से, अपर्याप्त रूप से। सं० १. रस्सी का ढीला भाग (जैसे haul in the ~); २. मंदा, व्यापार की मंदी का समय आदि; ३. (बोल०) आलस्य, निष्क्रियता, विश्राम का समय, खाली समय; ४. (बो०) ढिलाई, उजड्डपन, अशिष्टता; ५. (बहुव०) पाजामा; ६. कोयला का चूरा या राख जिससे ईंट बनाई जाती है। क्रि० स० और अ० १. काम में ढीला होना, बल या गति का कम हो जाना (प्रायः off, away के साथ प्रयुक्त), (रस्सी को) ढीला करना, ढील डालना; २. (बोल०) विश्राम करना, आलसी या सुस्त होना। **a ~ rope** ढीली रस्सी। **keep a ~ hand or rein** असावधानी से सावधानी से शासन करना, लगाम ढीली करना, (ला०) शिथिलता या असावधानी से शासन करना, लापरवाही से हुकूमत चलाना। **~in stays** (नौ० वि०)

(चलने में) सुस्त, मंद, धीमा। ~away or off ढीला पड़ जाना, तनाव कम होना। ~up रोकने के पहले रेलगाड़ी की चाल कम करना या रफ्तार धीमी करना। ~water भाटा, ज्वार का लौटना (विशे० हुलके ज्वार का धीमा पानी)। ~weather अलस लाने वाला मौसम या ऋतु। **slacken** क्रि० स० और अ० शिथिल करना, धीमा करना या होना, मंद करना, ढीला पड़ना, असावधान होना। **slacker** सं० ढीला-ढाला (आदमी), सुस्त, असावधान आदमी। **slackly** क्रि० वि० ढीलेपन से, सुस्ती से, असावधानी से। **slackness** सं० शैथिल्य, शिथिलता, सुस्ती।

slack[2] (slăk) [Icel. *slakki*, cp. Norw. *slakke*] सं० १. गड्ढा, ढाल, घाटी; २. दलदल।

slag (slăg) [Swed. *slagg*, cp. Norw. *slagga*, to flow over, G. *schlacke*, *slag*] सं० १. स्लेग*; धातुमल* (इं० ३, वि० १ भी), गलाने पर निकला हुआ धातु का मैल; २ ज्वालामुखी का निकला हुआ पदार्थ, कीट* (वि० १ भी), मैल, लावा। क्रि० अ० १. धातु का मैल बनना, ज्वालामुखी का लावा होना; २. धातु का मैल सदृश राशि में इकट्ठा होना, जमना। **slaggy** वि० १. धातु-मैलयुक्त; २. ज्वालामुखी के कीट से भरा हुआ, ३. धातुमलीय* (वि० १ भी)।

slain दे० SLAY[1]।

slake[1] (slāk) [A.-S. *slacian*, from *slæc*, *sleac*, SLACK[1]] क्रि०स० और अ० १. (प्यास और अस० खून के बदले की भावना) शमन करना; २. शांत करना, बुझाना* (वि० १ भी), तृप्त करना, ३. (slack के अर्थ में भी) पानी के साथ रासायनिक पद्धति से (चूने को) मिलाना। **slakeless** वि० (काव्य०) अशांत, अतृप्त, तृषित, न बुझनेवाला।

slake[2] (slāk) [Icel. *slrikja*, also Norw.] क्रि० स० (स्कों०) पोतना, लीपना। सं० मैल, चिकनाई।

slalom (sla' lom) [Norw.] सं० स्की दौड़ (कुछ लंबी-चौड़ी लकड़ी पैरों में बाँधकर बर्फ पर की नीचे की ओर की दौड़ जिसमें बीच-बीच में कुछ कृत्रिम रुकावटें खड़ी कर दी जाती हैं)।

slam (slăm) [cp. Norw. *slemha*, Icel. *slambra*, prob. imit. in orig.] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **slammed**) १. (दरवाजा) जोर से बंद करना या होना; २. किसी वस्तु को धमाके के साथ फेंकना; ३ (ग्रा०) मारना, ठोकना, आसानी से दूसरे को हराना। सं० १. धमाका, दरवाजा भेड़ने की आवाज, २. ब्रिज आदि (ताश) के खेल में हर चाल जीतना। **grand, little** ~ (ब्रिज में) १२, १३ चालें जीत लेना।

slander (slan' dĕr) [O.F. *esclander*, L. *scandalum*, SCANDAL] सं० १. मौखिक अपवचन*; अपमान वचन* (मा० १ भी), अपवाद, पिशुन वचन, झूठी रिपोर्ट; २. निंदा, बदनामी करना; ३. (विधि) (मौखिक) झूठ, बदनामी या मानहानि। क्रि० स० मानहानि करना, बदनामी करना, झूठी निंदा करना। **slanderer** स० अपवादी, मिथ्यानिंदक, मानहानि करने वाला। **slanderous** वि० अपवादपूर्ण, निंदात्मक, मानहानिपूर्ण। **slanderously** क्रि० वि० ग्लानि के साथ, मानहानि के साथ। **slanderousness** सं० अपवादात्मक, मानहानिपूर्णता।

slang[1] (slăng) [prob. from Norw. *sleng*, slinging, from *slengja*, to SLING] सं० ग्राम्य भाषा (वे शब्द या मुहावरे जो कि परिनिष्ठित (स्टेंडर्ड) अंग्रेजी में प्रयुक्त नहीं होते हैं) इतर भाषा, देशस्थ भाषा, किसी वर्ग या व्यवसाय के लोगों की बोली या भाषा। क्रि० स० अपशब्द प्रयोग करना, गाली देना। **slangy** वि० ग्राम्य भाषा संबंधी, अपभाषा बोलने वाला। **slangily** क्रि० वि० ग्राम्य भाषा, अपभाषा के रूप में। **slanginess** सं० ग्राम्य भाषापन, अपभाषापन।

slang[2] (slăng) [prob. from Dut. *slang*, snake] सं० बेंत, सिकड़ी, जंजीर, श्रेणी, माला।

slant (slant) [prob. through M.E. *slenten*, *sclenten*, from Norw. *sienta*] क्रि० अ० और स० ढालू होना या करना, तिरछा होना या रखना, खड़ी या पड़ी लकीर की ओर तिरछे जाना। वि० १. (मुख्यत: काव्य०) तिर्यक्*; तिरछा* (वि० १ भी), आड़ा; २. ढालू। सं० १. ढाल, टेढ़ी या तिरछी अवस्था, झुकाव; २. (अमरीकी) विचारधारी, नुक्तेचीनचर, दृष्टिकोण। **a ~of wind** (नौ० वि०) अनुकूल वायु, मुआफ़िक़ हवा। **on the or a ~** तिरछेपन से। **slantendicular** वि० (ह्रास्य में प्रयुक्त) तिरछेपन के आधार पर निर्मित) वक्र, टेढ़ा, तिरछा। **slantingly** क्रि० वि० ढाल के साथ, तिरछे होकर। **slantly,-ways, -wise** क्रि० वि० ढलवाँ, तिरछा आदि।

slap[1] (slăp) [cp. L.G. *slapp*, imit. of sound] क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **slapped**) थप्पड़ मारना, चपत मारना। सं० थप्पड़, तमाचा। क्रि० वि० बहुत तेज, द्रुत, बड़ा, बढ़िया, अचानक, पूरी तौर से, तड़ से, पट से, वेग से, ठीक से। **~in the face** (ग्रा० लं० भी) १. थप्पड़, २. बेइज्जती, अपमान। **~-bang** तेजी से, जोर से, बिना समझे-बूझे, धड़ाधड़। **~-dash** क्रि० वि० जोर-शोर से, तड़ाक से, अंधाधुंध। वि० साहसी, प्रबल, उग्र-स्वभाव, मौजी। सं० मौजी कर्म। **~-jack** स० (अमरीकी) रूखा-फीका, तंबे पर पकाया हुआ एक प्रकार का मीठा पुआ। **~-stick** सं० १. मूक अभिनय करने वाले विदूषक द्वारा प्रयुक्त लचकदार लकड़ी की पट्टी, २. (ला०) हल्के ढंग का मज़ाक, स्वैं ढंग का कोलाहलपूर्ण ओछा प्रहसन। **~-up** वि० (ग्रा०) बिल्कुल नया-नया, बिल्कुल नये फैशन का, आज के जमाने का।

slap[2] (slăp) [cp. Dut. and L. G. *slop*, G. *schlupf*] सं० १. दर्रा; २. दर्रा; ३. अंतराल।

slash (slăsh) [O.F. *esclachier* (ex-, EX-, M.H.G. *klecken*, to break noisily, from *klac*, noise), perh. conf. with *esclicer*, to SLICE] क्रि० अ० और स० १. दीर्घ छिद्र करना, २ तलवार, चाकू, कोड़े आदि से अंधाधुंध प्रहार करना, ३. (किसी को) कोड़े से मारना, कोड़ा फटकारना, ४. (सैन्य०) पेड़ों की आड़ बनाने के लिए पेड़ों को गिराना। सं० १. गहरा घाव, तलवार आदि के झटके से मारने में बना हुआ घाव; २. पेड़ों के गिराने या नष्ट होने से इकट्ठा हुआ कूड़ा-करकट। **slashed sleeve etc.** कटी आस्तीन जिसमें से अस्तर दिखाई दे। **slashing criticism** खुली आलोचना, कटु या तीव्र आलोचना।

slat[1] (slăt) [M.E., var. of foll.] सं० लकड़ी या धातु की तीली (जैसी खिड़कियों या चिक में लगाई जाती है)।

slat[2] (slăt) [etym. doubtful] क्रि० अ० और स० १. (पाल, रस्सियाँ आदि का) मस्तूल आदि से फड़फड़े की आवाज करते हुए टकराना; २. किसी धरातल पर जोर से मारना या टकराना।

slate[1] (slāt) [M.E. *slat*, *sclat*, O.F. *esclat* (F. *eclat*), from *esclater*, to break to pieces, late L. *exclapitare* (EX-, L. G. *klappen*, to CLAP)] सं० १. भूरी, हरी या नीली बैंगनी चट्टान जो आसानी से चिकनी चौरस पर्तों में चटक जाती है, एक चट्टान जिसके परत आसानी से अलग-अलग हो जाते हैं; २. इसके टुकड़े

जो छत पाटने या लिखने के काम आते हैं, छतों की छाने के काम के चौके; स्लेट के चौके; ३. बच्चों के लिखने की स्लेट* (इं० ३, क्र०, वि० १ भी) जो लकड़ी में जड़ी रहती है। वि० स्लेट का, स्लेटी। क्रि० स० स्लेट से छत पाटना, (विशे०) छत छाना। **~-black, -blue, -grey** स्लेट का सा काला, नीला, मटमैला रंग। **~-club** स्लेट-क्लब जिसमें सदस्यों को थोड़ा-थोड़ा साप्ताहिक चंदा देना पड़ता है। **~-colour (ed)** गहरा नीला या हरा मटमैला रंग (का)। **~-pencil** स्लेट पेंसिल। **slater** सं० स्लेट से छत छाने वाला या पाटने वाला। **slaty** वि० स्लेटी, स्लेट जैसा, स्लेटी पत्थर या रंग का।

slate[2] (slāt) [etym. unknown; prob. conn. with prec.] क्रि० स० (बोल०) कड़ी आलोचना करना, (विशे० पुस्तक समीक्षा में लेखक की) कड़वी आलोचना करना, फटकारना। **slating** सं० कड़ी आलोचना।

slattern (slăt' ėrn) [from obs. *slatter*, to be wasteful or untidy, freq. of obs. *slat*, to splash, cp. Icel. *sletta*] सं० फूहड़ स्त्री, अपरिष्कृता नारी। **slatternly** वि० फूहड़, फूहड़ स्त्री का-सा। **slatternliness** सं० फूहड़पन।

slaughter (slaw' tėr) [Icel. *slātr*, slaughtering, meat, cogn. with SLAY[1]] सं० हत्या, क्रूरतापूर्ण वध (विशे० बहुतेरे मनुष्यों या पशुओं का) संहार, वध, हत्याकाण्ड, पशुवध। क्रि० स० १. लोगों का बर्बरता पूर्वक वध करना, हनन करना या बहुत बड़ी संख्या में मारना; २ (व्यक्ति को) काट डालना, हलाल करना, **~house** बूचड़खाना, कसाईखाना, कबेला। **slaughterer** सं० घातक, हत्यारा, क्रातिल, कसाई। **slaughterous** वि० (अल०) हत्यारा, हत्यागराधी, हत्याकारी। **slaughterously** क्रि० वि० हत्यावृत्ति से।

Slav (slav, slāv) [F. *Slave* or G. *sklave*, med. L. *Slavus*, *Sclavus*, or late Gr. *sklabos*, *sklabenos*, from Slavonic] सं० स्लाव, पूर्वी यूरोप (रूस, बल्गेरिया, इलीरिया, पोलैंड, साइलेशिया पोमेरेनिया, बोहेमिया आदि) के भागों में बसने वाली जाति का व्यक्ति। वि० स्लावी का, स्लाव संबंधी। **Slavdom, Slavism** सं० स्लाववाद। **Slavic** वि० स्लावी की। सं० स्लावों की भाषा या स्लावी भाषा। **Slavonian** (slă vō' ni an) वि० और सं० १. स्लाव जाति की (भाषा, व्यक्ति); २. पुराने आस्ट्रियाई जिले स्लावोनिया का निवासी। **Slavonic** वि० स्लावोनिक, स्लावों की (भाषा)। **Slavonicize** क्रि० स० स्लावी बनाना। **Slavophil** (slāv' o fil) [-PHIL] सं० स्लावभक्त, स्लाव का दोस्त। **Slavophobe** सं० स्लाव-शत्रु, स्लाव का दुश्मन।

slave (slāv) [F. *esclave*, med. L. *sclavus*, a SLAV captive] सं० १. दास* (मा० १ भी), भृत्य, किंकर, गुलाम* (मा० १ भी), क्रीतदास, चाकर; २. नीच व्यक्ति, पराधीन व्यक्ति (किसी सशक्त प्रभाव के अंतर्गत); ३. टहलुआ। क्रि० अ० १. गुलाम की भांति सेवा या खिदमत करना; २. टहल करना। **~-bangle** (सोने, काँच आदि के) कड़े जिन्हें स्त्रियाँ कुहनी के ऊपर पहनती हैं। **~-born** दासवंशजात। **~-driver** लेख वृद्धवर, गुलामों को हाँकने वाला या उनका काम देखने वाला, (परिवर्तित) निष्ठुर मालिक, क्रौरतापूर्वक काम करवाने वाला। **~-grown** दासश्रम या गुलामी की मेहनत से उत्पन्न की गई (वस्तुएँ)। **~-holder** दास-स्वामी, गुलामी का मालिक या प्रभु। **~-hunter** दास-क्रेता, बेचने के लिए गुलामों की पकड़ने वाला (विशे० अफ्रीकियों या नीग्रो को)। **~-ship** दास-व्यवसाय-रीत, बेचने के लिए गुलामों को भरने वाला जहाज। **~States** उत्तरी अमरीका की दक्षिणी रियासतें या राज्य जिनमें कि गृहयुद्ध के पूर्व दासता प्रचलित थी। **~-trade** दास-व्यवसाय, गुलामों का रोजगार, (विशे०) अफ्रीकी नीग्रो को पकड़कर अन्यत्र भेजकर उन्हें बेचने का काम। **~trader** दास-व्यवसायी, गुलामों का सौदागर। **slaver**[1] सं० दास-व्यापारी, दास व्यवसाय करने वाला (जहाज या व्यक्ति)। **slavery**[1] सं० १. दास्य, दासत्व, दासभाव, दास्यवृत्ति, दासता*/ गुलामी* (मा० १, ३ भी), दास-प्रथा* (मा० ३ भी), गुलामों को रखना; २. चाकरी, टहल; ३. (ग्रा०) दासी, (विशे०) नौकरानी या दाई।

slaver[2] (slāv' ėr) [Icel. *slafra* (cp. L.G. *slabbern*)] क्रि० अ० और स० १. मुँह से थूक या लार गिराना या गिरने देना; २. (कपड़ों आदि पर) अपना थूक या लार टपकाना, (चूमने में दूसरे के गाल को) लार या थूक से सानना। सं० १. मुँह से बहती हुई लार या थूक; २ (ला०) ओछी जी-हजूरी, खुशामद, चापलूसी।

slavery[2] वि० १. लारयुक्त, २. चाटुकार।

Slavic दे० SLAV।

slavish (slā' vish) वि० १. दासवत्, दासोचित, २. नीच, हीन, अधम, परिभ्रमी। **~imitation** अधानुकरण। **slavishly** क्रि० वि० १. दासवत्; २. अधमतापूर्वक। **slavishness** सं० १. दासवृत्ति; २. नीचता।

Slavonian, Slavonic etc. दे० SLAV।

slaw (slaw) [Dut. *slaa*, SALAD] सं० (अमरीकी) स्ला, मसालेदार बदगोभी या करमकल्ले का सलाद।

slay[1] (slā) [A.-S. *slēan* (cp. Dut. *slaan*, G. *schlagen*, Icel. slā)] क्रि० स० (भू० **slew**, भू०कृ० **slain**) मार डालना, वध करना। **slayer** सं० हत्यारा, घातक, क्रातिल।

slay[2], **sley** (slā) [A.-S. *slege*, cogn. with SLAY[1]] सं० बुनकी, कपो (जुलाहों की)।

sleazy, sleezy (slē' zi) [etym. doubtful] वि० १. बहुत ही महीन या पतला, कमजोर (कपड़ा); २. (विरल) निराधार, बेबुनियाद।

sled (sled), **sledge**[1] (slej) [M.E. *slede*, M.Dut. *sledde* (Dut. *slede*), cp. Icel. *slethi*, Swed. *slade*, Dan *slede*, cogn. with SLIDE (2nd form assim. to foll.)] सं० १. स्लैड, स्लेज बर्फगाड़ी, स्लेज*/ हिमगाड़ी* (मा० १ भी), बर्फ पर फिसला कर चलाने वाली गाड़ी, (विशे०) बर्फ पर फिसलने वाली घोड़ों या कुत्तों या रेंडियरों वाली गाड़ी (अब इंग्लैण्ड में इस शब्द का नहीं के बराबर प्रयोग होता है, केवल खेती में बोझा ढोने वाली गाड़ी के लिए प्रयुक्त)।

sledge[2] (slej) [A.-S. *slege* (cp. Dut. *slegge*, Icel. *sleggja*) cogn. with SLAY[1]] सं० लोहारों का बड़ा हथौड़ा, घन* (मा० १ भी)। **sledgehammer** (प्रायः गुणवाचक और ला०) घन।

sleek (slēk) [Icel. *slikr*, cp. Dut. *slijk*, G. *schlick*, grease] वि० मृदु, स्निग्ध, मुलायम और चिकना (बाल, रोम, त्वचा आदि), खाता-पीता तथा स्वच्छ (पुरुष या जीव)। क्रि० स० मुलायम और चमकीला करना (विशे० हाथ फेर कर या खिला-पिला कर) चिकना या स्वच्छ बनाना। **sleekly** क्रि० वि० मृदुता या चिकनेपन से। **sleekness** सं० कोमलता, चमकीलापन।

sleep (slēp) [A.-S. *slēpan*, *slēpan* (cp. Dut. *slapen*, G.

schlafen), from *slāp*, rel. to G. *schlaff*, loose] क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **slept**) १. सोना, आँख लगना, झपकी लगना; २. सोने में गुज़ारना, सो कर दूर करना; ३. अलसाना, सुस्त होना, निष्क्रिय होना, ऊँघना; ४. कब्र में सोना, दफन होना; ५. रात भर के लिए बसेरा करना या ठहरना (in आदि के साथ प्रयुक्त); ६. साथ सोना, संभोग करना (with के साथ प्रयुक्त); ७. सोने की स्थान देना, सोने का प्रबंध करना। सं० निद्रा, नींद, स्वाप, सुप्ति, झपकी; २. निद्राकाल, निद्रावस्था; ३. (ला०) आराम, विश्राम, शांति, खामोशी, लापरवाही, गफ़लत, मौत, मृत्यु आदि। **broken ~** भग्ननिद्रा, बेचैनी की या बार-बार उचटने वाटने वाली नींद। **go to ~** सो जाना। **in one's ~** नींद में, सोते समय। **~that knows no breaking** मौत। **the ~ of the just** गहरी नींद। **~-walker** स्वप्नचारी, नींद या सपने में चलने वाला। **~-walking** स्वप्नाटन, नींद या सपने में चलना-फिरना (एक प्रकार का रोग)। **sleepless** वि० जाग्रत, सतर्क, निद्राहीन, निद्रारहित। **sleeplessly** क्रि० वि० १ बिना नींद के; २. बिना आराम लिये, सावधानी से। **sleeplessness** सं० १. निद्राहीनता, बेचैनी; २. अशांति, सावधानी।

sleeper (slē' pĕr) सं० १. शामिक, सोने वाला, निद्रालु; रेल की पटरी के नीचे बिछाए जाने वाले शहतीर, स्लीपर* (दे० ३ भी); २. (ला०) शामिका गाड़ी।

sleeping (slē' ping) वि० सोया हुआ, सुप्त। सं० सोना, शयन। **let ~dogs lie** व्यर्थ में परेशानी न मोल लो। **~like a dog or top** गहरी नींद आना। **~on, upon, over a question** किसी प्रश्न को दूसरे दिन के लिए टाल देना। **~-bag** सोने का खोल या थैला जिसमें घुस कर बाहर मैदान में भी सोया जा सकता है। **~-carriage** शयन-यान, सोने का डिब्बा जिसमें बिस्तर लगा कर यात्री सो लेते हैं। **~-draught** नींद लाने वाली औषधि, अफीम मिश्रित निद्राजनक ओषधि। **~-suit** सोने का कपड़ा, कुर्ता-पाजामा।

sleepy (slē' pi) वि० १. निद्रालु, तंद्रालु, उनीदा; २. आलसी, सुस्त, निर्जीव, शांत, नीरस; ३. उतरी हुई, सूखी हुई (विशे० नाशपाती, अन्य फल भी)। **~head** असावधान व्यक्ति। **sleepily** क्रि० वि० १. ऊँघते हुए, झपकते हुए, सुस्ती से, २. असावधानी से; ३. खामोशी से। **sleepiness** सं० १ ऊँघ झपकी, सुस्ती; २. असावधानी; ३. खामोशी।

sleet (slēt) [cp. E. Fris. *slaite*, Norw. *slātr*, hail, G. *schlosse*, hailstone] सं० करकापात शिलावृष्टि, उपलवृष्टि, मेह के साथ मिले हुए ओले या हिम की वर्षा सहिमवृष्टि* (वि० १ भी)। क्रि० अ० उपल वृष्टि होना। (it sleets तुषार या बर्फ पड़ती है, ओले गिरते हैं)। **sleety** वि० शिलावृष्टियुक्त, ओले या बर्फभरी मेह का। **sleetiness** सं० शिलावृष्टि की अवस्था, बर्फीले मेह या ओले के मेह की अवस्था।

sleeve (slēv) [A.-S. *styf*, rel. to SLIP] सं० १. लोम*/ ब्यास्तर* (दे० ३ भी). बाँह* (क्र० भी), आस्तीन; २. वह नली जिसके भीतर लोहे की छड़ या एक नली हो। **have card, plan etc., up one's ~** मन में कोई बात या योजना छिपाये रखना, मौके के लिए कोई चीज छिपाये रखना। **laugh in one's ~** घृर्तता से, गुप्त रूप में हँसना, चालाकी से हँसना। **mandarin ~** ढीली आस्तीन जो कुहनी के नीचे खुली हो। **turn, roll, up one's sleeves** १. आस्तीन चढ़ा लेना; २. लड़ने या काम करने को तैयार हो जाना। **~coupling** नलों को मिलाने वाला टूबुल या नली। **~-fish** एक जाति की चारे के योग्य मछली। **~-link** स्त्रीवलिक, कर्फ़ों का बटन। **~-nut** नलों या कड़ियों को मिलाने को ढिबरी जो दाएँ व बाएँ को घूमती है। **~-valve** वाल्व-आस्तीन। **sleeved** वि० आस्तीनदार, बाँह वाला। **sleeveless** वि० अबाहुप, बिना बाँह या आस्तीन के।

sleigh (slā) [form of SLED] सं० (मुख्यतः बर्फ़ पर चलने वाली गाड़ी के अर्थ में) स्लेज* (वि० १ भी)। क्रि० अ० और स० स्लेज गाड़ी में यात्रा करना या जाना, उसमें कोई वस्तु ले जाना। **~-bell** स्लेजगाड़ी के घोड़े के साज़ में लगी हुई टनटनाती हुई घंटी।

sleight (slīt) [Icel. *slægth*, from *slægr*, SLY] सं० हस्तलाघव, कौशल, इंद्रजाल, चतुराई, चालाकी, पेंच, होशियारी। **~of hand** हस्तकौशल, करतब, हाथ की सफाई, पटेबाज़ी में तेज़ी या फुर्ती।

slender (slen' der) [M E. *slendre*, O.F.*esclendre*, M.Dut. *slinder*, cp.G. *schlendern*, to saunter (prob. cogn. with SLIDE)] वि० १. तनु* (दे० ३ भी), कृश, क्षीण, पतला, नाज़ुक, कमज़ोर, सुकुमार, छरहरा; २. किंचित, मुश्किल से काफ़ी, नाकाफ़ी, थोड़ा, अल्प, सूक्ष्म, कम। **slenderly** क्रि० वि० १. सुकुमारता या नज़ाकत में; २. कमी से। **slenderness** सं० १. तनुता, कृशता, सुकुमारता, दुबलापन, कमज़ोरी, नज़ाकत; २. कमी।

slept दे० SLEEP।

sleuth (slooth) [var. of SLOT²] सं० १ (शा० और ला०) शिकारी कुत्ता जो गंध सूँघकर पीछा करता है; २. (विशे० अमरीका में) जासूस।

slew दे० SLAY।

slice (slīs) [M E. *sclice*, O.F. *esclice*, from *esclicier*, to slit, from Teut. cogn. with SLIT] सं० १. कत्तल* (क्र० भी), स्लर खड़े*, तराश* (वि० १ भी), पतला चौड़ा टुकड़ा (विशे० मांस, डबलरोटी, या केक से कटा हुआ); २. अंश, भाग, साझा; ३ चपटी छुरी या पतले चौड़े फल का औज़ार (झाबे की छड़ों को नाप करने या कड़ाई-तवे आदि से जेंची उठाने के काम का)। क्रि० स० और अ० १. टुकड़े काटना (प्रायः up के साथ प्रयुक्त), फाँकें करना, (हवा को) काटते हुए जाना, २. (पानी, गेंद को) गलत काटना, (डाँड़ या गोल्फ के डंडे) गलत काट करना। **~the ball** ऐसी चोट लगाना कि दाहिने हाथ के खिलाड़ी की दाहिनी ओर को काटती जाय।

slick (slik) [var. of SLEEK] वि० १. पटु, होशियार, दक्ष; २. पूरी तरह; ३ ठीक, साफ़। क्रि० वि० (बोल०) सीधे तौर पर, सही तौर पर, पूरी तरह। क्रि० स० चिकना और चमकीला बनाना, सुंदर और मड़कीला करना। **slicker** सं० (अम०) ठग, धोखेबाज़, प्रवंचक, बरसाती कीट (भी)।

slide (slīd) [A.-S. *slīdan*, cp. L.G. *slidden*, G *schlittern*, freq. from *slīd-*] क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **slid, slidden**) १. फिसलना, खसकना, सरकना (दे० ROLL भी); २ बेआलूम या बेरोक फिसलना या सरकना (बीड़ में बिना स्केटों के बर्फ़पर) फिसलते जाना; ३. चुपचाप निकल जाना, बिना हस्तक्षेप के जाना, उदासीन रहना; ४. बेसुध होकर या अनजानपन से बढ़ना (जैसे slides into sin), (संगी० में) एक सुर से दूसरी सुर की ओर अलापना। सं० १. सर्पी*/ सर्पण आधार* (वि० २ भी); २. बर्फ़ पर व्यक्तियों के फिसलने से बना मार्ग, ढलाव या फिसलन जो बर्फ़ पर गाड़ी (tobogganं) चलाने से बन जाती है; ३. फिसलने या सरकने की क्रिया; ४. झुर्री

हुई पटिया जिस पर से सामान नीचे फिसलाया जाता है, ५ (~way के अर्थ में भी) सर्राफ के वे पुर्जे जिन पर या जिनके बीच में फिसलने वाले चाप चलते हैं; ६. फिसलने वाला मशीन, पुर्जा या औजार; ७. (~-valve के अर्थ में भी) फिसलने वाला टुकड़ा जो कि इधर उधर फिसलकर छेद को खोलता और बंद करता है; ८. स्लाइड* (आ०, वि० १ भी), जादुई लालटेन का विलेमा या चित्रदार शीशे का टुकड़ा जिसे अनुवीक्षण यंत्र या चित्र-प्रक्षेपक यंत्र में खिसका कर रखते हैं। **let things~** उदासीन रहना, बेपरवाह रहना। **~over delicate subject** किसी गंभीर विषय को यों ही छेड़ जाना या कह जाना, मात्र संकेत करके या छूकर निकल जाना। **~-rule** स्लाइड रूल, बिसर्पी गणक, सरकने वाला पैमाना जिससे गणित की कुछ प्रक्रियाएँ अपने आप हो जाती हैं। **slidable** वि० सरकने योग्य, फिसलने लायक। **slider** सं० सरकने वाला, फिसलने वाला। **sliding** वि० सरकने वाली। **~-door** कब्जों पर सरकता, हार या कब्जों पर खिसकने वाला दरवाजा। **~-scale** विषम अनुपात, मापश्रेणी (जो मूल्य आदि के अनुसार अपने आप घटती बढ़ती है विशे० कर, मजदूरी, मूल्य), एक सारिणी (जिसमें किसी एक वस्तु के कम-बढ़ होने पर दूसरी वस्तु में भी निश्चित अनुपात में कमी या बढ़ती की जाती है। **~-seat** स्लाइडिंग सीट, सरकने वाली गद्दी जो रेस-बोट में डाँड़ चलाने के लिए सुर्साते के काम आती है।

slight[1] दे० SLEIGHT।

slight[2] (slit) [M.Dut. *slicht*, cp. O.L.G. *slut*, G *schlicht*, Icel. *sléttr*] वि० १. पतला, कमजोर, दुर्बल, २. (a और some का पहले प्रयोग) साधारण, मामूली, हल्की, ३. थोड़ा, अल्प, अपर्याप्त, नाकाफी, कम (प्रायः not the ale's a~ के साथ प्रयुक्त)। क्रि० स० १. (किसी व्यक्ति, अध्ययन शाखा आदि को) महत्त्वहीन समझना, निरादर करना, अपमान करना, तुच्छ समझना, उपेक्षा करना। सं० उपेक्षा, अपमान, अवज्ञा, निरादर। **put a~upon** निरादर करना। **slightingly** क्रि० वि० तुच्छ समझते हुए निरादर करते हुए। **slightish** वि० १. कृश-सा, दुबला-पतला, २. साधारण सा; ३. हल्का सा; ४. अल्प सा। **slightly** क्रि० वि० १. नाजुक ढंग से, साधारणतः, २. थोड़े रूप में इत्यादि। **slightness** सं० १. दुर्बलता, कमजोरी; २. साधारणता, ३. कमी।

slily दे० SLYLY।

slim (slim) [cp. M.Dut. *slim*, sly, G. *schlimm*, bad, cunning] वि० १. इकहरा, दुबला-पतला, दुर्बल, कमजोर, नजाकत, इकहरे बदन का, पतले आकार का; २ जोड़-तोड़ बैठाने वाला, धूर्त, अविवेकी। क्रि० अ० (भू० और भू० कृ० **slimmed**) पथ्य और व्यायाम से मोटापा कम करना। **slimly** क्रि० वि० १. दुबले-पतलेपन से, नजाकत से, २. चालाकी से। **slimmish** वि० १. दुर्बल-सा; २. धूर्त-सा। **slimness** सं० १. छरहरापन, कमजोरी; २. धूर्तता।

slime (slim) [A.-S. *slim*, cp. Dut. *slym*, G. *schlam*, Icel *slim*, also L. *limus*, mud] सं० १. पंक, कीच, (विशे०) पतला या चिपचिपा पदार्थ या कोई लसदार वस्तु; २. (वि० १) अवर्क०। क्रि० स० और अ० १. (अपने शिकार की निगलने के पहले) कीचड़ में लथेड़ना, २. (आ०) शारीरिक या नैतिक दृष्टि से फिसलकर पार हो जाना या साफ बच जाना। **~gland** चिपचिपा या पतला पदार्थ, बहाने वाले चोषे आदि। **~pit** पतली राख का गर्त। **slimy** वि० १. पंकिल, पंकमय, कीचड़ से लथपथ; २. चिकना, जिसे हाथ में पकड़ना कठिन हो; ३. घिठौना, वजैरह; ४. खुशामदी, चापलूस; ५. (वि० १) अवर्क०*। **slimily** क्रि० वि० १. पंकिल रूप में, चिपचिपेपन से; २. खुशामद से। **sliminess** सं० १. पंकिलता; २. चिकनापन; ३. खुशामदी।

sling[1] (sling) [Icel. *slyngva*, cp. G. *schlingen*, to wind, twist, sling] क्रि० स०, पौर अ० (भू० और भू० कृ० **slung**) १. (चिरल) फेंकना; २. गोफनी से फेंकना, गोफने में रखकर (पत्थर) फेंकना या मारना, गोफना चलाना; ३. छींके में लटकाना, गले की पट्टी में (हाथ को) लटकाना, झुलाना, सहारे से लटका कर रखना, किसी लटकन में रखकर किसी सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना। सं १ स्लिंग* (आ०, इं०१, कू०, मो), गोफनी, गोफन* (आ०, मा० १ भी) २. छींका, झूला, गाशी, लटकते हुए भार की सँभालने या सहारा देने की पट्टी, लटकन, गलपट्टी (विशे० घायल हाथ, बंदूक, जहाजी नाव, माल को टाँगने की), उपबन्धन* (इं० १, ३ भी)। **~-cart** स्लिंग-कार्ट, ऐसी गाड़ी जिसमें बीसा चुरी के डंडे से लटकता रहता है। **~-dog** स्लिंग-डॉग, सामान उठाने के यंत्र में लगा हुआ आँकड़ा (जिसमें सामान लटका दिया जाता है)। **~-ink** (ग्रा०) लेखक या पत्रकार होना, लिखना। **~-shot** स्लिंगशाट, धातु बाल या गेंद से संबद्ध तस्मा या चमड़े का फीता (विशे० दण्ड सर्वत्र)। **slinger** सं० १. गोफना चलाने वाला; २. पाशो चलाने वाला।

sling[2] sling) [prob. from G. *schlingen*, to swallow] सं० (मुख्यतः अमेरीका में) एक प्रकार की ताड़ी (विशे० gin-)।

slink[1] (slingk) [A.-S. *slincan*, cp. G. *schleichen*] क्रि० अ० (भू० और भू० कृ० **slunk** या विरल भू० **slank**) छिपकर जाना, चोरी से खसक जाना, अपराधी भाव से या लज्जा के कारण छिप के जाना, लम्पत होना (प्रायः off, away, by आदि के साथ प्रयुक्त)।

slink[2] (slingk) [prob. var. of SLING[1]] क्रि० स० और अ० (मादा पशु का) बच्चा गिराना, समय के पहले ही गर्भ गिराना या पेट गिराना, वक्त के पहले ही बच्चा पैदा करना। सं० १. समय के पहले उत्पन्न पशु, (विशे०) बछड़ा, २. बछड़े का मांस। **~butcher** उक्त बच्चे की बेचने वाला, कसाई।

slip (slip; [M.E. *slippen* (cp. Dut. *slippen*, G. *schleifen*), cogn. with A.-S. *slúpan*, also with L. *lūbricus*, slippery] क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **slipped**) १. संयोग से फिसल जाना, थोड़ी दूर तक अनजान में हो फिसलना* (कू०, वि० १ भी), पैर चूक जाना, सच न पाना, जगह से हट जाना; २. सरक जाना, फिसलते हुए जाना; ३. फिसल कर निकल जाना, पकड़ में न आना, बच जाना, साफ खिसक जाना; ४. बिना देखे ही, चुपचाप या जल्दी से हो चलते बनना, ५. भूल करना, असावधानी या लापरवाही से गलती कर जाना; ६. बंधन-मुक्त करना, मारमुक्त करना; ७. (कपड़ों को) जल्दी-जल्दी पहनना या उतारना; ८. गुप्त रूप से मिलाना, चोरी से भीतर डालना, एकाएक या आकस्मिक रूप से खिसका कर डालना; ९. बच कर निकल जाना, भाग जाना, बच जाना। सं० १. भर्भकर भूल, अपराध; २. फिसलाहट, रपट; ३. ढीला-ढाला वस्त्र आदि (जैसे तकिये को खोलो या गिलाफ, चोली, साया, पटाकोट); ४. कुत्ते का पट्टा या तस्मा, बिल्ली या किसी चिपकी हुई चीज को एकाएक खोलने का खटका; ५. पत्थर का बनावटी ढाल जिस पर जहाज उतारे जा सकें; ६. ढाल, चौरस भूमि जिस पर जहाज बनते और सुधारे जाते हैं; ७. पतली लकड़ी या कागज आदि की लम्बी-पतली पट्टी, ऐसे कागज पर मुद्रक का प्रूफ; ८. कलम, शाखा, टहनी, काड; ९. (क्रिकेट के खेल में) फील्डर; १०. (एक या बहुत) खिलाड़ी के खड़े होने का स्थान; ११. पतली चिकनी मिट्टी

जो बर्तनों पर कलई या बेल-बूटे बनाने के काम आती है; १२. (रंग मंच, बहुब०) नाटकीय स्थल जिसमें से दृश्य निकाल दिये गये हों या ऐसा स्थल जहाँ पात्र या अभिनेता रंगमंच पर आने से पहले खड़े होते हैं; १३. (बहुब०) नहाने की जाँघिया; १४. सील (छोटी चपटी मछली जो स्वादिष्ट समझी जाती है); १५. विमान की यात्रा में दूरी का लोप (जो उस साधन या माध्यम की प्रकृति के कारण उत्पन्न होता है जिसमें कि चालक-चक्र घूमता है); १६. सर्पण* (इ० इ,कृ० भी), १७. पर्ची* (कृ० भी'); १८ (पुरा०, मात्रों पर) लेप* (मा० १ मों)। a~of a boy दुबला-पतला लड़का। cow slips its calf समय से पहले गाय बच्चा देती है। give on the~ बचकर बाहर निकल जाना, भाग निकलना। let~the dogs of war (काव्य०) लड़ाई शुरू करना। ~off or away बिना सूचना दिए या आज्ञा लिए चल देना। ~of the tongue, pen लिखने या कहने की आकस्मिक भूल। ~up सं० (बोल०) भूल, त्रुटि। ~carriage कटा डिब्बा, पूरी गाड़ी से किसी स्टेशन पर कटकर जाने वाला रेलगाड़ी का डिब्बा। ~cover लट्ठे या सूती छींट आदि का गिलाफ जो कमीनर पर ऊपर से सजा दिया जाता है। ~galley गैली, टाइप-गैली (जिसमें कम्पोज किये हुए टाइप रखे जाते हैं)। ~greyhounds कुत्तों का पट्टा खोल देना। ~hook हौला हुक जिसको जल्दी से खोला जा सके। ~into (ग्रा०) मुक्के मारना, ठोकना, गरमगरम करना। ~knot झटके से या तानने से खुल जाने वाली गाँठ, फिसलनी गाँठ (जो डोरों के तानने से कसती या खुल जाती है)। ~rope जहाजी रस्सा (जिसके दोनों सिरे जहाज पर होते हैं और किसी एक को खोलने से जहाज खुल जाता है)। ~shod स्लीपर पहने हुए, चप्पल चटकाने-वाला, फूहड़, असावधान, (ला० भाषण, लेखन, वक्ता, लेखक, कार्य-शैली आदि के संबंध में) लापरवाह, असावधान, बेतुका, अनिश्चित, अव्यवस्थित, ढीला-ढाला। ~slop १. अव्यवस्थित कृति या लेखन, २. (शा० और ला०) पनीला पदार्थ, फीका, स्वादरहित पेय, भोजन, भावुकतापूर्ण बातों या रचना, हल्की बातें। ~stream विमान-चालक चक्र या यंत्र द्वारा पीछे की ओर धकेला हुआ वायुप्रवाह। ~way जहाज का कारखाना (जहाँ तल के जहाज बनते या सुधारे जाते हैं)। slippy वि० फिसलाऊ (अशि०)।

slipper (slip' er) सं० १. स्लीपर, पादुका, चट्टी, चेतली, २. चाटा या हेगा की तरह चाबी के पहिये में लगी हुई रोक; ३. कुत्तों की दौड़ कराने वाला आदमी। कि० स० बच्चों को दंडस्वरूप स्लीपर लगाना या स्लीपर से प्रहार। bed~ स्लीपर के आकार का शय्यागत रोगी के काम आने वाला शौचपात्र। ~bath स्लीपर के आकार का नहाने का टब। ~wort स्लीपर के जैसे फूल। slippered वि० चट्टी या स्लीपर पहने हुए। slippering सं० चट्टियों या स्लीपरों की मार।

slippery (slip' er i) वि० १. फिसलाऊ, फिसलाहा, पिच्छिल (भूमि); २. (ला०) चतुराई या कार्यकुशलता से सलटाने योग्य (विषय, मामला); ३. अस्थिर, चपल, फिसलकर निकल जाने वाला, पकड़ में न आने वाला; ४. (ला०) अविश्वसनीय, बेऐतबार, चलता हुआ, नापायेदार, बेईमान, धर्मविचारहीन, अनैतिक। slipperily क्रि० वि० १. फिसलाऊपन से; २. अस्थिरतापूर्वक, चपलता के साथ; ३. अविश्वसनीय रूप से, बेऐतबारी के साथ, बेठिकाने से। slipperiness सं० १. फिसलन, चिकनापन; २. अस्थिरता; ३. अविश्वसनीयता, बेऐतबारी, बेईमानी, अनैतिकता।

slit (slit) [A.-S. *slitan*, cp. Icel. *slita*, Dut. *slijten*, G. *schleissen*, *schlitzen*] क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **slit**) १. लड़ाई में काटना या फाड़ना, चाक करना, पतले लंबे टुकड़े काटना। सं० १. चीर* (कृ० भी), लंबा चीरा; २. काट, फाँट, कटाव, चाक; ३. स्लिट*/ रेखाछिद्र* (आ०, कृ०, वि० १ भी)। ~one's weasand गला काटना। ~trench (सैनिक या शस्त्र के लिए) तंग या सँकरी खाई। slitting-rollers धातु को चद्दर काटने की बड़ी कैंची।

slither (slith' ér) [var. of SLIDDER] क्रि० अ० (बोल०) रुक-रुककर फिसलना, रपटते या सरकते हुए चलना।

sliver (sliv' er) [dim. of obs. *slive*, a slip, from A.-S *slifan*, to cast off (in *tō-slīfan*)] सं० १. छोटी मछली का काटा हुआ हिस्सा जो काँटे में चारे के रूप में लगाया जाता है, २. छिपटी, लकड़ी का फटा हुआ टुकड़ा, चटखी। क्रि० स० और अ० १. छिपटें बनाना, छिपटें होना, छिपटें करना या टुकड़े काटना, २. चारे के लिए मछली का टुकड़ा काटना।

slobber (slob' er) [var. of SLUBBER] क्रि० अ० और स० १. बच्चों या अहीनस्थ व्यक्ति की अवस्था में मुँह से लार बहना, २. (किसी के कपड़ों या चूमने में किसी व्यक्ति को) थूक से गीला कर देना; ३ भद्दे ढंग या फूहड़पन से (काम) करना, कच्चा काम करना, घपला करना। सं० राल, लार, अर्धोन्मत्त अवस्था का बातचीत, भावुकता का चुंबन। slobberiness सं० अर्द्धोन्मत्तता, मस्ती, बेसुधपन। slobbery वि० अर्धोन्मत्त, मस्त, बेसुध।

sloe (slō) [A.-S. *slā*, cp. Dut. *slee*, G. *schlehe*, Dan *slaaen*] सं० स्लो (कँटीली जंगली झाड़ी का नीला काला बेर जैसा फल)। काली कँटीली झाड़ी (का फल)। ~gin इन फलों की तेज शराब जो जिन (जो की मदिरा) में मिलाई जाती है।

slog (slog) [etym. doubtful] क्रि० अ० और स० १. घुँसाना, (मुक्केबाजी) और क्रिकेट में अंधाधुंध हाथ चलाना, जोर से और बिना देखे कस कर चोट लगाना; २. दृढ़तापूर्वक चलते जाना या लगातार काम किये जाना (प्राय. on, away के साथ प्रयुक्त)। सं० अटकल-पच्चू हाथ। slogger सं० अंधाधुंध हाथ चलाने वाला, अविराम चलने या काम करने वाला।

slogan (slō' gán) [Gael. *sluagh-ghairm* (*sluagh*, host, *gairm*, outcry)] सं० १. पर्वतीय (स्काटलैंड आदि का) युद्धघोष; २ नारा* (मा० १ भी), पुकार, दलगत घोषणा, सूत्र शब्द; ३. विज्ञापनबाजी में प्रयुक्त छोटे आकर्षक कथन या शब्द।

sloid (sloid) [Swed. *slöjd*, skill, cogn. with SLEIGHT] सं० शिल्प-शिक्षण की पद्धति, (विशे० मू० स्वीडन में) स्कूली की लकड़ी की खुदाई की दस्तकारी।

sloop (sloop) [Dut. *sloep*, L.G. *sluup*, from *slupen*, to glide along, cogn. with SHALLOP] सं० १. स्लूप, एक किस्म का एक मस्तूल वाला जहाज; २. (विशे०) ब्रिटेनी स्टेशनों पर पुलिस के काम के लिए या सामान्य प्रयोग के लिए छोटा युद्धपोत। ~of war (इति०) तोपों की रखे हुए छोटी नावों से बँधा हुआ पोत या जहाज। ~rigged एक मस्तूल के जहाज की भाँति रस्सियों से बँधा हुआ।

slop[1] (slop) [A.-S. *sloppe*, *slyppe*, in *cū slyppe*, see COWSLIP, rel. to SLIP] सं० १. (केवल बहुब० में) धोवन, बँदला पानी*, मलिन जल* (आ० भी), (रसोईघर के बर्तनों का) जूठन आदि; २. (बहुब०) पतला शोरबा, रोजों का पथ्य जैसा पेय, अल्कोहल रहित पेय। क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **slopped**,

१. छलकना, छलकाना, बर्तन के किनारे के ऊपर बहना या बहाना (प्रायः over, out के साथ प्रयुक्त); २. पैंदला पानी, धोवन या जूठन (फ़र्श या कपड़ों पर) गिराकर गड़बड़ करना। **~over** (ला०) भावुक या भावप्रवण होना, मदोन्मत्त सा होना। **~basin, bowl** कूड़ा-करकट या जूठन डालने का बर्तन। **~pail** शयनकक्ष की बाल्टी या पात्र जिसमें कूड़ा-करकट और धोवन आदि डालते हैं। **sloppy** वि० १. पानी से तर (सड़क), कीचड़-काँदो या पानी से भरी (सड़क); २. धोवन, जूठन, गँदले पानी से तर (फ़र्श, मेज़ आदि); ३. उलटा-सीधा, बेढंगा, बेकायदा, क्रमहीन (काम); ४. निर्बल भावुकतापूर्ण, मदोन्मत्ततापूर्ण (भावना या बातें)। **sloppily** क्रि० वि० १. पंकिलता के साथ, क० दो पानी से भरे हुए रूप में; २. क्रमहीनतापूर्वक, अव्यवस्थापूर्वक, बेढंगेपन से; ३. भावुकतापूर्वक। **sloppiness** सं० १. गदापन, पंकिलता; २. क्रमहीनता, बेढंगापन; ३. मस्ती, भावुकता, उन्मत्तता।

slop[2] (slop) [Icel. *sloppr*, cogn. with STRIP] सं० (केवल बहुव० में) बने-बनाये कपड़े, नौसेना में नाविकों को दिये गए बने-बनाये कपड़े, बिछावन। **~room** कमरा जिसमें जहाज़ पर के नाविकों को वस्त्र मिलते हैं। **~seller,-shop** बने-बनाये कपड़े बेचने वाला, दूकान।

slop[3] (slop) [slang] सं० (प्रा०) पुलिसमैन, पुलिस का आदमी।

slope (slōp) [M.E., *cogn.* with SLIP] सं० १. प्रवणता* (इ० ३, कु० भो), ढाल*, ढलान* (इ० ३, कु०, वि० १ भो), उतार, २. ऊँची या नीची भूमि का टुकड़ा, उतार वाली ज़मीन या ढालवाँ भूमि, ३. कवे पर झुकी हुई बंदूक रखने वाले सिपाही की स्थिति (पोज़ीशन) (जैसे come to the ~)। क्रि० अ० और स० १. ढाल होना, ढाल होना, धरती पर आड़े पड़ना या तिरछा होना, ऊपर या नीचे का ढालू होना; २. ढाल पर या ढालवाँ ढंग से रखना, ३. ज़मीन या व्यवस्थित करना; ४. (प्रा०) चलते बनना, भाग खड़े होना, ताक झाँकना या खानते फिरना, मटरगश्ती करना। **~arms** कंधे के ऊपर बंदूक की तिरछी रखनी। **slopingly** क्रि० वि० ढालू रूप में, ढालवाँ होते हुए।

slosh (slosh) क्रि० स० (प्रा०) मारना, कूटना, पीटना। सं० घँसा, थप्पड़, ज़ोरदार प्रहार।

slot[1] (slot) [perh. from O.F. *esclot*, pit of the breast or stomach] सं० १. स्लाट*[1] खाँचा* (इ० १, ३ भा), छिद्र, किसी मशीन में बना हुआ छेद, सूराख या दीर्घ छिद्र जिसमें कोई छोटा हिस्सा बैठाया जा सके, (विशे०) सिक्के आदि को डालने का छेद; २. नाटक के रंगमंच पर नटक में खुलने वाला दरवाज़ा। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **slotted**) मशीन में इस प्रकार के दीर्घ छिद्र रखना। **~-machine** स्वयंचालित मशीन जिसकी सूराख में सिक्का डालने पर छोटी चीज़ें अपने आप बाहर निकल आती हैं।

slot[2] (slot) [A.F. and O.F. *esclot*, Icel. *sloth*, cp. SLEUTH] सं० हिरन आदि का पदचिह्नित मार्ग।

sloth (slōth) [M.E. *slouthe*, A.-S. *sleurth*, from *slāw*, SLOW] सं० १. तंद्रा, आलस्य, सुस्ती, आलस, निष्क्रियता, २. स्लौथ, दक्षिणी अमेरिका का स्तनपायी पशु जिसके पैर पंजों जैसे होते हैं और जो बराबर पेड़ों पर रहता है और ज़मीन पर बहुत अहिस्ते चल पाता है। **~-bear** भारतीय और लंका का सहृद खाने वाला काला रीछ। **~-monkey** एक जाति का लंगूर। **slothful** वि० काहिल, काहिल, सुस्त। **slothfully** क्रि० वि० निष्क्रियतापूर्वक, आलस या काहिली के साथ। **slothfulness** सं० काहिलापन, आलस्य, सुस्तीपन, आलसीपन।

slouch (slouch) [Icel. *slōkr*, cp. Norw. *slōk*, slouching fellow, cogn. with SLACK] क्रि० अ० और स० १. लापरवाही से झुकना, झुकाना या लटकना, लटकाना; २. ढीला-ढाला होकर चलना, लड़ा होना या बैठना; ३. टोप का किनारा एक तरफ़ से नीचे की ओर झुकाना, मोड़ लेना (विलोम cock)। सं० १. शिथिल भाव; २. ढीली ढाली चाल; ३. झुकाव, टोप के किनारे का नीचे की ओर झुकाव; ४. (प्रा०) अक्षम या अयोग्य कर्मी या किसी काम को करनेवाला व्यक्ति (विशे० is no ~at, this show is no ~)। **slouchingly** क्रि० वि० ढीले-ढाले ढंग से झुका हुआ या लटका हुआ।

slough[1] (slou) [A.-S. *sloh*, cogn. with G. *schlingen*, to devour] सं० दलदल, पंकिल भूमि, कीचड़ वाली जगह। **the ~of Despond** पाप या अपराध में निराशापूर्ण छटपटाहट की अवस्था। **sloughy** (slou'i) वि० दलदली, पंकिल।

slough[2] (sŭf) [M.E. *sloh*, etym. doubtful, cp. L.G. *slu*, *sluve*, husk, covering, perh. rel. to SLEEVE] सं० १. केंचुल, केंचुली, किसी जंतु के शरीर से अलग होनेवाला या उतरने वाला कोई हिस्सा, २. खुरंड, घाव आदि का मुरदार मांस, मरी हुई खाल, स्लफ़* मृतोतक* (आ० भो); ३. (ला०) छोड़ी हुई आदत आदि, परित्यक्त वृत्ति। क्रि० स० और अ० केंचुल की भाँति उतार फेंकना, केंचुल छोड़ना या उतारना। **sloughy** वि० १. केंचुल सा, २. खुरंड का, मरी हुई खाल से संबंधित; ३. (ला०) त्यक्त वृत्ति विषयक।

Slovak (slo vak', slō' vak) [Czech] सं० और वि० उत्तरी हंगरी की स्लाव जाति का (व्यक्ति)।

sloven (slŭv' ĕn) [M.E. *slouyn* (perh. M.Dut. *slof*, Flem. *sloef*, -EN] सं० फूहड़, बेसलीका आदमी, गलीज़ आदमी, बेढंगा या मैला-कुचैला आदमी। **slovenly** वि० फूहड़, बेसलीका, बेढंगा, मैला-कुचैला। क्रि० वि० फूहड़पन से। **slovenliness, slovenry** सं० फूहड़पन, बेढंगापन, बेसलीकेपन।

Slovene (slo vēn') [Gr. *Sklabinos*, see SLAV] सं० कैरिंथियावासी स्लाव जाति। **Slovenian** वि० स्लाव जाति का। सं० स्लोवेनियन, स्लोवैनीज़ जाति या वहां की भाषा।

slow (slō) [A.-S. *slāw*, cp. Dut. *sleeuw*, Icel. *sleer*] वि० १. मंद, सुस्त, धीमा, दीर्घसूत्री, २. उत्तरोत्तर, धीरे-धीरे; ३. अनिच्छुक, विमुख, मंथर, पराङ्मुख, स्थिरगति, शांत, ठंडा; ४. सुस्त, ठीक समय से पीछे (घड़ी), मंदबुद्धि, कुंद, निर्बोध, मोटी समझ का, ५. निर्बल, नीरस, बेमज़ा, रूखा-सूखा, ६. (फोटोग्राफ़ी के लेन्स के संबंध में) छोटे द्वारक का, ७. धीमा करने वाले, धीमापन लाने वाले (उत्प्रेरक, फर्श)। क्रि० वि० (तुलनात्मक slower, सर्वोत्कृष्ट slowest) धीरे-धीरे, हौले-हौले, मंद-मंद, मंथर गति में। क्रि० अ० और स० (गति या रफ़्तार) कम करना, (रेलगाड़ी, जहाज़ की गति) धीमी करना (प्रायः down, up, off के साथ प्रयुक्त)। **~coach** मंदमति, मंदबुद्धि, विचारों में समय से पीछे। **~-match** दियासलाई जिसमें विस्फोटक पदार्थों में धीरे-धीरे आग लगे। **~-motion** (गुणवाचक, चलचित्र के संबंध में) मंदगति-युक्त जिसमें प्रत्येक सकड़ में प्रकाशदर्शनों की संख्या बढ़ जाती है। **slowly** क्रि० वि० धीरे-धीरे, हौले-हौले, मंथर गति से। **slowness** सं० १. धीमापन, सुस्ती, मंथरता, दीर्घसूत्रता; २. मंदबुद्धि, मंदमति।

slow-worm (slō' wĕrm) [A.-S. *slā-wyrm* (prob. *slā, slah*, from *slēan*, to SLAY, WORM, from its being formerly supposed to be venomous)] सं० स्लोवर्म, साँप और छिपकली के बीच का छोटा अहानिकर जंतु।

sloyd दे० SLOID।

slub (slŭb) [etym. doubtful] स० ऊन की पूनी। क्रि० स० ऊन की पूनी बनाना।

slubber (slŭb' ĕr) [cp. Dan. *slubbre*, to slaver, also L.G. *stubbern*, to lap up, to scamp] क्रि० स० और अ० १. लूहड़पन या बेढंगेपन से कोई काम करना, चपलेबाजी से काम करना; २. लार से धब्बे डालना, गंदा करना या सानना।

sludge (slŭj) [M.E. *sluche*, etym. doubtful] सं० १. अवमल*/स्लज* (अ० इ० ३,क्रु० भी), अवपंक* (वि० १ भी), गाढ़ी चिकनी कीचड़; २. मोरियो का पानी। **sludgy** वि० अवपंकी, कीचभरा, कीचड़ वाला।

slue (sloo) [etym. doubtful] क्रि० स० और अ० घुमाना, फिराना (विशे० चूल या धुरी पर)। सं० घूमना या फिरना।

slug (slŭg) [orig. sluggard, from obs. *slug*, M.E. *sluggen* (cp. Dan. *slug*, Swed. *sloka*, Norw. *sloka*, to SLOUCH)] सं० १. पौधों को नष्ट करने वाला शुक्तिहीन शम्बूक, घोंघा आदि, २. बंदूक की बेडौल गोली; ३. धातु का बीस सा टुकड़ा; ४. सीसे टाइप मुद्रण में टाइप की पंक्ति। क्रि० स० उद्यान में इन कीड़ों को एकत्र करके नष्ट करना।

sluggard (slŭg' ärd) स० काहिल, आलसी, सुस्त या आरामतलब (आदमी)। **sluggish** वि० १.मद* (अ० भी),काहिल, निश्चिंत,जड़ या निस्तेज,अकर्मण्य, मंदठर; २. सुस्त कदम, मदगति। **sluggishly** क्रि० वि० आलस या सुस्ती से। **sluggishness** स० काहिली, सुस्ती, आलस्य, निश्चिंतता, अकर्मण्यता।

sluice (sloos) [M.E. *scluse*, O.F. *escluse*, late L *exclūsa*, flood-gate, orig. fem. p.p. of *excludere*, to EXCLUDE] सं० १. मोरी*/ कुलाबा* (कु० भी), स्लुस*/ तूम* (इ० १ भी), २. तूम फाटक, तूम वाल्व; ३. जलद्वार या तूम फाटक से या उसके ऊपर या नीचे से निकलने वाला पानी; ४.गन्दी बस्ती* (इ० ३ भी); ५. कृत्रिम जलधारा या जल-प्रणाली (एक प्रकार की धुलाई)। क्रि० स० और अ० १. बाँध में तूम फाटक लगाना; २. बाँध खोल कर पानी भरना; ३. पानी से खँगारना; ४. (किसी वस्तु पर) खुले ढंग से पानी डालना या फेंकना, खूब पानी डालना, ५. (पानी का) तूम फाटकों या बाँध के द्वारा से बेगपूर्वक बाहर आना, जोर से बाहर निकलना।

sluit, sloot सं० (दक्षिणी अफ्रीका) सकीर्ण जल निर्गम, सकरी पानी की नाली।

slum[1] (slŭm) [Cant., etym. doubtful] स० गंदा मुहल्ला, गली या बस्ती। क्रि० अ० (भू० और भू० कृ० **slummed**) गंदी बस्तियों में जाकर वहाँ के निवासियों की अवस्था देखना या पड़ताल करना। **slummer** स० गरीब गंदी बस्तियों का निरीक्षक।

slum[2] (slŭm) स० कूड़ आयल का चिकनाई से खाली भाग, काम लाते समय चिकने तेल का बचा-बचाया चिपचिपा जैसा हिस्सा।

slumber (slŭm' bĕr)[M.E. *slumeren*, freq. of *slumer* (from n. *slume*, A.-S. *slūma*, slumber), cp. Dut. *sluimeren*, G. *schlummern*, Swed. *slumra*] क्रि० अ० और स० १. झपकी लेना; २. सोकरसमय गँवाना। स० झपकी, हल्की नींद, विश्राम। **~away** (वक्त) सोकर या झपकी लेकर गुजारना। **~suit** (**shop**) पायजामा, रात के सोने के लिबास (की दूकान)। **slumberer** स० झपकी लेने वाला, हल्की नींद सोने वाला। **slumberous** वि० निद्राजनक, झपकी लाने वाला। **slumberously** क्रि० वि० झपकी में, हल्की नींद में।

slummock (slŭm' ŏk) [etym. unknown] क्रि० अ० १. (बोल०) मरभुक्खों की तरह खाना, मुखड़ के भी तरह निगलना या लीलना; २. बेढंगेपन या भद्दे ढंग से चलना या बोलना।

slump[1] (slŭmp) [cp. Dan. *slumpe*, Norw. and Swed. *slumpa*, to fall: prob. imit.] स० १. मंदी*/ गिरावट* (कु० भी), भावों में एकाएक गिरावट, माँग की घटती, (किसी विषय, उद्योग में) दिलचस्पी की कमी या उसके फलस्वरूप आर्थिक ह्रास; २. अवपात* (इ० ३, वि० १ भी)। क्रि० अ० भाव उतरना, एकाएक भाव गिर जाना, पूर्णतः असफल होना या पूरी तरह नाकामयाब होना।

slump[2] (slŭmp) [Sc., from L.G., cp Dut. *slomp*] सं० पूर्ण संख्या, एकमुश्त रकम। क्रि० स० सारा धन लगा देना।

slung दे० SLING[1]।

slunk दे० SLINK[1]।

slur (slĕr) [M Dut. *sleuren*, to trail] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **slurred**) १. अक्षरों या ध्वनियों की अस्पष्ट रूप से मिलाकर लिखना या उच्चारण करना, मिले-जुले अस्पष्ट अक्षर लिखना या मिश्रित ध्वनियाँ निकालना, २. (संगी०) अबाध रूप में एक लय में गाना, भीड या मूलकेना में गाना, एक बोल गाना, संगीत स्वरों पर बक्र चिह्न लगाना, गटकिरी या मरसोल भरना, ३. (अपराध, तथ्य आदि को) टाल जाना, ध्यान देना, नजर अंदाज करना, घटाना या कम करना। सं० १. कलंक, दूषण, लाछन, दोष, दोषारोपण (**to** put a ~ upon one), २. हल्लेलेखन, उच्चारण या गायन में अक्षरों या ध्वनियों या स्वरों के अस्पष्ट मिश्रण का एक अंश, ३ (संगी०) मींड़-चिह्न, मन्दकरी के निशान, एक साथ गीतस्वरों के ऊपर लगाया हुआ बक्रचिह्न(⁀)।

slurry (slŭr' i) [obs. *slur*, fluid mud, cogn. with prov. E. *slur*] स० १. पंक* (वि० ३ भी), पंकल, गारा* (वि० १ भी), घोल* (इ० ३ भी), २. पतला मसाला* (इ० ३ भी)।

slush (slŭsh) [perh from Norw. *slush* or var. of SLUDGE] स० १. पतली कीचड़ या गलता हुआ हिम (तुल० SLUSH), २. (ला०) मूर्खतापूर्ण भावुकता, उल्टी-सीधी उड़ान। **slushy** वि० १. पंकिल, दलदली, २. भावुकतापूर्ण, उड़ानभरी।

slut (slŭt)[cp. Swed. dial. *slata*, Norw. *slott*, Dan. *slatte*] स० १. फूहड़, बेसलीका, मैला-कुचैला औरत, २. (हँसी में) लड़की। **sluttery** सं० फूहड़पन, बेसलीकापन। **sluttish** वि० फूहड़-सी, मैली-कुचैली-सी। **sluttishly** क्रि० वि० फूहड़पन से, गंदेपन से, बेसलीकेपन से। **sluttishness** स० फूहड़पन, गंदापन।

sly (slī) [M.E. *sleigh*, Icel. *slægr*, cogn. with SLAY] वि० १. चतुर, विदग्ध, सयाना, मक्कार, ऐयार, कपटी, २. फितरती, छिपा कर काम करने वाला, गुप्त रीति से किया जाने वाला, ३. ज्ञानकार, उस्ताद, ठट्टेबाज, उकसाने वाला, व्यंग्यरायण। **~boots** (हँसी हँसी में, विशे० बच्चे या पशु के लिए) ऐय्यार, चालबाज, छलिया। **~dog** छिपा रुस्तम। **slyly** क्रि० वि० १. सयानेपन से, चूर्तता से, मक्कारी से; २. गुप्त रीति से; ३. उस्तादी के साथ। **slyness** स० १. सयानापन, मक्कारी; २. फितरत।

slype (slīp) [var. of SLIP] स० मार्ग जो बड़े गिरजे के भीतर से पादरी के घर या सभागृह को जाता है।

ā-ए, (Father) फ़ादर, ă-ऐ, (Fat) फ़ैट; ā-ए, (Fate) फ़ेट, aw-ऑ, (Fall) फ़ॉल, â-एअ, (Pair) पेअर; e-ई, (Bell) बेल, ē-ई, (Her) हर; ĕ-ए, (Beef) बीफ़, i-ई, (Bit) बिट, ī-आइ, (Bite) बाइट, o-ओ, (No) नो; ŏ-ऑ, (North) नॉर्थ, oo-ऊ, (Food) फ़ूड, u-उ, (Bull) बुल, ū-यू, (Sun) सन, ŭ-अ, (Mute) म्यूट; ou-आउ, (Bout) बाउट; o-ओं, (Join) जोइन।

smack[1] (smăk) [A.-S. *smæc*, cp. M. Dut. *smac*, L.G. *smakk*, Swed. *smak*, G. *geschmack*] सं० १. आस्वाद, लज्जत, जायका, मज़ा; २. पुट, झलक, असर, किसी विशेषता का आभास। क्रि० अ० १. (विरल०) हल्की सी विचित्र या अप्रत्याशित सा गंध रुचि रखना; २. स्वाद का मज़ा लेना, स्वाद लेकर या किसी ओर ध्यान दिए किसी वस्तु के होने या उसके प्रभावों को बतलाना।

smack[2] (smăk) [M.Dut. *smacke*, cp. L.G. *smakk*, perh. rel. to SNAKE, cp. A.-S. *macr*] सं० स्मैक, मस्तूली किश्ती (विशे० मछली मारने की)। **smacksman** सं० मस्तूली किश्ती का मल्लाह।

smack[3] (smăk) [prob. onomat., cp. Swed. *smacka*, Dan. *smække*, to bang, to slam] सं०, १. चटाक, तड़ाक, होठों को एकाएक खोलने की ध्वनि, पक, कौओं की गड़ाक; २. थप्पड़, चाँटा, तमाचा, चपत; ३. क्रिकेट में ज़ोर की हिट; ४. चटखारे के साथ चुंबन। क्रि० स० और अ० १. (मुँह पर) थप्पड़ मारना, चपत जमाना; २. चटखारे भरना, आवाज़ के होंठ खोलना या चाटना, ३. (कोड़े या चाबुक को) फटकारना। क्रि० वि० (बोल०) चटाख से, पट से, धड़ाके से, चट से, सीधे-नीचे, ठीक तौर पर। **have a ~at** (बोल० किसी चीज़ को) आँखना या परखना, स्वाद लेना। **smacker** सं० १. (ग्रा०) मुन्नर चुंबन, चटाक से लिया हुआ बोसा, २. आवाज़ करती हुई चोट, ३ बड़ी बात, किसी वस्तु का बड़ा या विशिष्ट नमूना, ४. (अमरीकी प्रयोग) टालर।

small (smawl) [A.-S. *smæl*, cp. Dut., Dan., and Swed. *smal*, G. *schmal*] वि० १. लघु, अल्प, छोटा, तुच्छ, कम या जरा सा; २. कम हैसियत का, कमज़ोर किस्म का या हल्का-फुल्का, ३. कितु (प्राय. little के भावप्रबल तात्पर्यों के बिना), ४ (विशेषक गुणवाचक वि० के रूप में) छोटा, छोटी जाति या प्रकार का, ५. थोड़ा, किंचित्, रत्नमात्र, ६. अदना, क्षुद्र, मामूली, साधारण, ७. गरीब, विनीत, अभिमद्र, निर्बल, ८ कमीना, ज़लील, अनुदार, हीन। **a ~** १ किसी वस्तु का सबसे पतला भाग (विशे० ~of the back कमर का पिछला भाग; २. (बहुव०, आसफोई में प्रयुक्त) विश्वविद्यालय का उपाधिपरीक्षा या प्रथम खंड, ३ (बोल०) बीच्चर के छोटे-मोटे कपड़े। **great &~** बड़े और छोटे सभी वर्ग। **has ~ Latin** लैटिन नहीं के बराबर जानता है। **lives in a ~way** मामूली ढंग से या ग़रीबी से या निरभिमान रहना है। **look, feel ~** ग्लानि होना, लज्जित होना या शर्मिन्दगी उठाना। **the still ~voice** विवेक, सूक्ष्म चेतना। **this beer is very ~** ज़ल्दमिश्रित या हल्की। **~capitals** लघु दीर्घाक्षर जो सामान्य दीर्घाक्षरों से कम ऊँचाई का होता है। **~change** १. ताँबे और सिल्वर के सिक्के; २ तुच्छ या नगण्य आक्षेप या टिप्पणियाँ। **~craft** नाव, नौका। **~debt** अल्प ऋण। **~gross** दस दर्जन। **~hand** साधारण लेख। **~holder** छोटी-मोटी ज़मीन का मालिक। **~holding** ज़मीन की छोटी टुकड़ी। **~letters** छोटे वर्ण या अक्षर। **~minded** वि० ओछा, छोटे दिल का, संकीर्ण हृदय का। **~pica** छोटा पाइका, टाइप का छोटा आकार। **~pox** चेचक, माता, मसूरा। **~sword** मज़र, छुरा, करौली। **~talk** निम्न वर्ग या निम्न सामाजिक स्तर के व्यक्तियों की बातचीत। **smallish** वि० हल्का सा, छोटा सा। **smallness** सं० हल्कापन, ओछापन, छोटापन, छोटाई।

smallage (smawl' āj) [small, F. *ache*, L. *apium*. parsley] सं० स्यालेक, सुवाद और सब्ज़ी के काम आने वाली जंगली सिलेरी।

smalt (smawlt) [F., from It. *smalto*, from Teut., cp. G. *schmalz*, cogn. with SMELT] सं० १. स्मास्ट[5] (वि० १ भी), कोबल्ट से नीले रंग में रँगा हुआ काँच; २. इसको चूर-चूर करके या इसके पेषण से बना हुआ वर्णक।

smarmy (smar' mi) [onomat.] वि० (बोल०) चाटुकार कृपापात्र, चिकना, हेय।

smart (smart) [A.-S. *smeortan* (cp. Dut. *smarten*, G. *schmerzen*, Swed. *smarta*, also L. *modère*, to bite, Gr. *smerdaleos*, terrible)] क्रि० अ० (किसी व्यक्ति का या उसके अंग,भाव का अथवा (ला०) चोंके हुए अस्त्र या अपमान का) कसकना, पीड़ा पहुँचाना, तीव्र वेदना का अनुभव कराना, सं० शारीरिक या मानसिक तीव्र वेदना, शूल या कसक, टीस, मर्मवेदना। वि० १. तीक्ष्ण, तेज़, तीक्ष्ण, सजीव या मज़ाक, फुर्तीला या ज़ोरदार; २. तेज़, व्युत्पन्नमति, चट, चलता हुआ, व्यवसायपटु, व्यापारकुशल; ३. अनैतिक रूप से चतुर या धूर्त; ४. अलबेला, बनाठना, चमकीला, प्रसन्नचित्त, मज़ा हुआ, नये रंग वाला; ५. समाज में विख्यात, फैशन में अग्रज़ा, शौकीन, ऊँचे दर्जे का। **a ~officer, servent, lad** तत्पर और बढ़िआन। **Smart Aleck** (अमरीकी प्रयोग) अजि चालाक-चस्त होने वाला व्यक्ति। **~for** दंड पाना, सज़ा पाना, मज़ा चखना (विशे० धमकी की तरह, जैसे you shall ~for this) **!~dealing** कड़ियाँपन का सौदा, धूर्तता का व्यवसाय। **~~money** हरजाना, भुजावजा, क्षतिपूर्ति या दंडस्वरूप दिया हुआ धन। **smarten** क्रि० स० और अ० चंट बनाना, फुर्तीला बनाना,चालाक करना; २.तेज़ या तीक्ष्ण बनाना। **smartly** क्रि० वि० १.तेज़ी से,तीव्रता या तीक्ष्णता से; २. धूर्तता से, चालाकी या चंटपने से; ४. ठाट से, रौब के साथ, सज-धजकर। **smartness** सं० १. तेज़ी, चुस्ती, तीक्ष्णता, तीव्रता, सजीवता, चालाकी, धूर्तता, होशियारी; २. चलतापन, बाँकपन; ३. व्यवसायपटुता; ४. ठाट-बाट, भड़कीलापन, साज-सज्जा।

smartweed (smart' wēd) सं० पानी में पैदा होने वाली मिर्च।

smash (smăsh) [prob. onomat.] क्रि०स० और अ० १. टुकड़े-टुकड़े करना, तोड़-फोड़ कर डालना (up के साथ प्रायक्त), ज़ोर की चोट लगाना या अंधकर प्रहार करना; २. (ग्रह की) पूरी तरह उखाड़ देना और तितर-बितर करना; ३. बड़े ज़ोर से (टेनिस की गेंद को) नीचे की ओर जाल के ऊपर मारना; ४. (व्यापारिक फर्म का) बैठ जाना, दिवाला निकल जाना, बरबाद होना; ५. (सवारी आदि का) किसी दूसरी से या किसी अन्य वस्तु से टकराना, लड़ जाना या भिड़ जाना; ६. (ग्रा०) ओटा या जाली सिक्का चलाना। सं० १. भंजन, चूर्णन, तोड़-फोड़, खंड-खंड; २. घोर पतन, गिर्झत, टक्कर, बरबादी, तबाही; ३. टेनिस में ज़ोर का हाथ जो जाल को ऊपर से नीचे को लगाया जाय; ४. मुक्के की मार, घँसे आदि का ज़ोर का प्रहार; ५. दिवालियापन, तबाही, व्यवसाय संबंधी लगातार असफलताएँ; ६. खराब जिसमें बर्फ का पानी डालकर उसे लज़्ज़तदार बनाया गया हो (प्राय: brandy ~)। क्रि० वि० खंड-खंड करने हुए, बलपूर्वक ध्वंस करने हुए। **go to~** चौपट हो जाना, बर्बाद होना, ध्वस्त होना या टुकड़े-टुकड़े हो जाना, गिर जाना। **~~and-grab** हड़ान को खिड़की आदि तोड़कर बहुमूल्य सामान उठा ले जाने वाली चोरी, डाका। **~up** पूरी तबाही, पूर्ण ध्वंस। **smasher** सं०विशे० (ग्रा०) समाचानकारी या अकाट्य तर्क या भरपूर हाथ या भयंकर पतन। **smashing** वि० (बोल०) बहुत अच्छा अजीब। **a ~blow** भरपूर हाथ, ज़ोर का वार या पूरा-पूरा प्रहार।

smatter (smăt' ĕr) [etym. doubtful] क्रि० अ० अज्ञानता से

अथवा दिखावटी बातें करना, किसी वस्तु की ऊपरी जानकारी होना। क्रि० स० बकबक करना। सं० अल्पज्ञान, ऊपरी जानकारी वाला। **smatterer** सं० अल्पज्ञ, पल्लवग्राही। **smattering** सं० अल्पज्ञान वाला, ऊपरी जानकारी वाला।

smear (smēr) [A.-S. *smerien* (cp. Dut. *smeren*, G. *schmieren*, Icel. *smyrja*), from *smeru*, fat, cogn. with Gr. *muron*, ointment] क्रि० स० और अ० १ लेपना, चुपड़ना, पोतना, धब्बा या दाग लगाना (किसी चिकने पदार्थ का); २. चिह्न लगाना या कलंकित करना, धब्बा डालना; ३. (लेखन, ड्राइंग को) कूचरेखा धुंधली बनाना; ४ बदनाम करना, अपयश फैलाना। सं० लेप* (आ० भी), (किसी चिकने पदार्थ के लेपन से बना) धब्बा, दाग, कलंक। **smeary** वि० धब्बेदार, दागदार, कलंकमय। **smeariness** सं० कलंकमयता, कलंकपूर्णता, धब्बेदार होना।

smectite (smek' tīt) [Gr. *smēktis*, cogn. with SMEGMA, -ITE] सं० रेह, सज्जी, रेह की मिट्टी।

smeech, smitch सं० (बोल०) जलने या सुलगने की गंध।

smegma (smeg' mā) [Gr. *smēgma*, soap, from *smēchein*, to wipe] सं० स्मेग्मा*/ शिश्नमल* (आ० भी)। मुंही हुई खाल से निकलने वाला त्वचवा, साबुन जैसा स्राव (विशे० शिश्नाच्छद का)। **smegmatic** वि० शिश्नाच्छद की सफेद मैल संबंधी।

smell (smel) [M.E. *smel*. v. *smelen* (cp. Dut. *smeulen*, L. G. *smelen*, to SMOULDER)] सं० १. घ्राणशक्ति, गंध-ग्रहणशक्ति, सूँघने की शक्ति, २. गंध* (आ०, मा० २. वि० १ भी), बास, ३. (बोल०) दुर्गंध, बदबू; ४ सूँघने की क्रिया। क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **smelt**[2], **smelled**) १. गंध का अनुभव करना, गंध लेना, सूँघकर गंध का पता लगाना; २. सूँघना, घ्राणेन्द्रिय का प्रयोग करना; ३. (कुत्ते का) सूँघकर शिकार करना, खोज लगाने के लिए इधर-उधर सूँघना, (कुत्ते के) सूँघने की पड़ताल के द्वारा (रहस्य, षड्यंत्रकारी का) पता लगाना या भेद जानना, (कुत्ते का या लो० व्यक्ति का) सूँघ लेना, खोज लेना या तलाश लेना; ४. गंधग्राह्य होना, घ्राणशक्ति होना; ५. गंध निकलना, विशिष्ट प्रकार की गंध निकलना, गंध देना; ६. सड़ना, बदबू देना, तेज़गंध देना या बदबू आने लगना। **~a rat** (लो०) धोखे की शंका करना। **~of the shop** अत्यधिक तकनीकी होना। **~of jobbery, nepotism etc.** भाई-भतीजा वाला या कुल पक्षपात, भ्रष्टाचार आदि की गंध या उसकी बू, बास। **~of the lamp** (पुस्तक, कृति आदि से) प्रकट हो जाना (कि रात में बड़े परिश्रम में लिखी गई है)। **smellable** वि० सुगंधित, महकने वाला, सूँघनेयोग्य। **smeller** सं० १. (बा०) नाक, नासिका; २. जोर का घूँसा, (विशे०) नाक पर, नकताड़ मुक्का। **smelling-bottle** लखलखे या सूँघनी की शीशी, अमोनियम कार्बोनेट और सेंट का मिश्रण (जो मूर्च्छा दूर करने के काम में लाया जाता है)। **smell-less** वि० गंधहीन, गंधरहित। **smelly** वि० (बोल०) दुर्गंधियुक्त, बदबूदार।

smelt[1] (smelt) [cp. M. Dut.*smellen*, G. *schmelzen*, Dan. *smelta*, O.H.G. *smelzen*] क्रि० स० १. प्रद्रावण, (कच्ची धातु को) पिघलाकर धातु निकालना; २. खनिज (धातु) गलाकर सोधना; ३. (वि० १) प्रगाल*।

smelt[2] (smelt) [A.-S., cp. *smealt*, smooth] सं० स्मेल्ट, सामन की जाति की स्वादिष्ट खाद्य मछली।

smelt[3] दे० SMELL।

smew (smū) [var. of obs. *smee*, *smeath*, SMOOTH] सं० स्म्यू, मछलीमार बतख की एक जाति, मछलियों को पकड़ कर खाने वाली बतख।

smilax (smī' lāks) [Gr.] सं० १. स्माइलैक्स* (वि० १ भी), एक लता जिससे सारसापरिला निकलता है; २. सजावट के काम आने वाली एक प्रकार की अंगूरी बेल।

smile (smīl) [M.E. *smilen* (cp. O.H.G. *smīlen*, M.H.G. *smielen*), cogn. with L. *mirārī*, to wonder, and Gr. *meidān*, to smile] क्रि० अ० और स० १. मुस्कराना, मुस्कराते हुए देखना; २. मुस्कराकर व्यक्त करना या मुस्कान के द्वारा प्रकट करना, विशेष प्रकार से मुस्कराना; ३. मुस्करा करके (व्यक्ति का मनस्ताप आदि) दूर करना या मिटा देना, मुस्करा कर किसी व्यक्ति को प्रसन्न या खिन्न करना, राजी या नाराज़ करना; ४. प्रसन्न लगना या प्रसन्नचित्त होना, चमकना, प्रफुल्ल या आनंदित होना, चमचमाना या उज्ज्वल प्रतीत होना। सं० मन्दहास, मुस्कान, स्मित, उत्फुल्ल रूप या प्रमुदाभिव्यक्ति। **come up smiling** नई कठिनाई का सामना करना, नई मुसीबत के सामने आना (मुस्कुराने के संबंध में जो फिर से मुस्कुराने शुरू करे)। **~at the claims of** दूसरों के दावों की हँसी उड़ाना, दूसरों पर हँसना, उनके प्रति उदासीनता या उपेक्षा प्रकट करना। **smileless** सं० मुस्कानरहित, बिना मुस्कराहट के। **smilingly** क्रि० वि० मुस्कराते हुए, मुस्करा कर।

smirch (smērch) [extension of M.E. *smeren*, to SMEAR] क्रि० स० मलिन करना, धब्बा लगना, दाग लगना, मैला करना, चिकने धब्बे लगाना, भद्दा करना या कलंकित करना (शा० और लो०)।

smirk (smērk) [A.-S. *smercian*, cp. M.H.G. *smieren*, *smielen*, to SMILE] क्रि० अ० बनावटी हँसी हँसना, मूर्खों की भाँति मुस्कुराना, मुस्कुराना। सं० विकृतहास।

smite (smīt) [A.-S. *smītan*, cp. Dut. *smijten*, G *schmeissen*, M.Swed. *smita*] क्रि० स० और अ० (भू० **smote**. **smit**, भू० कृ० **smitten, smit**) १. चोट करना, ठोकना या पीटना; (अप्र० या हँसी में) २. बुरी तरह हराना या भारी पराजय देना, ३. पीटना या सज़ा देना ४ (विशे० भू० कृ० में; रोग या इच्छा या आकर्षण से) पीड़ित होना या प्रभावित होना या प्रेरित होना, बँधना या लिंच जाना या आबद्ध या मोहित होना; ५. ज़ोर-शोर से आना, अकस्मात् आ टपकना या आकर टकराना। सं० (बोल०) आघात, प्रहार, चोट या वार, हाथ। **an idea smote him** एकाएक ख़याल आया, एक विचार उठा। **~them hip & thigh** हाथ-पैर तोड़ देना, पूरी तरह पराजित करना। **smiter** सं० घातक, हंता, प्रहारकर्ता, चोट करने वाला।

smith (smith) [A.-S., cp. Dut. *smid*, *G schmied*. Icel. *smithr*, Dan. and Swed. *smed*] सं० अयस्कार, धातुकर्मी*/ लोहार* (इ० ३ भी), धातु का काम करनेवाला। **smithery** सं० १. लुहारी, लुहार आदि धातुकर्मी का काम; २. (विशे० नौ-विभाग के) प्रबंधकर्ता के जहाज़ी गुहों में) लुहार की भट्ठी या दूकान। **smithy** (smith' i) सं० लुहार का कारखाना*/ लोहारशाला* (इ० १ भी), भट्ठी।

smithereens (smith ér ēnz') [dim. of prov. *smithers*, etym. doubtful] सं० (बहुव०) छोटे-छोटे टुकड़े।

Smithfield सं० स्मिथफील्ड, लंदन का मांस बाज़ार (के लिए प्रयुक्त)।

smitten दे० SMITE।

smock (smok)[A.-S. *smoc*, cogn. with *smūgan*, to creep into, cp. SMUGGLE] सं० १. अधोवसन, बच्चों का लिबास या पहनावा; स्त्रियों का अंतर्वसन । क्रि० स० चुन्नटों से सजाना । **~-frock** ढेर में काम करने वालों का चुन्नटदार आमा या ढीला सा कुर्ता । **~-mill** एक प्रकार की हवाई चक्की जिसका सिरा मात्र घूमता है । **smocking** सं० कपड़ों पर बनी चुन्नट की कढ़ाई, कढ़ाई की सजावट ।

smoke (smōk) [A.-S. *smoca* (cp. Dut. *smook*, G. *schmauch*), rel. to *smēocan*, cogn. with Gr. *smuchein*, to smoulder] सं० १. धुआँ*/ धूम* (वि० १ भी), भाप, वाष्प; २. धूमपान, सिगरेट, सिगार, हुक्का आदि के रूप; ३. (ग्रा०) सिगार, सिगरेट । क्रि० अ० और स० १. धुँधुआना, धुआँ देना, धुआँ निकालना या छोड़ना, भाप देना या निकलना, धूमायित होना २. (चिमनी या आगका) कमरे में धुँधुआना, धुआँ देना; ३. धुएँ से रँगना, काला करना या धुँधला करना, धुएँ के कारण भोजन का स्वाद बिगड़ना, धुएँ के द्वारा (मारा आदि को) रक्षित करना, धुएँ में दम घटना या साँस रुकना, धुएँ से कीड़ों को नष्ट करना या मारना; ४ (बीड़ी सिगरेट, सिगार, हुक्का, अफ़ीम, गाँजा आदि) पीना, उसका धुआँ घोंटना या बाहर फेंकना; ५. धूम्रपान करना; ६. धूम्रपान करके या बीड़ी-सिगरेट आदि पीकर अपने को किसी विशिष्ट अवस्था में लाना; ७ आभास मिलना, इंगित या संकेत मिलना, ताड़ जाना, भाप जाना, शक में पड़ना, समझ जाना । **end, go up, in ~**-बेकार या अकारथ जाना, व्यर्थ जाना । **from ~ into smother** एक बुराई से दूसरी बुराई की ओर, बद से बदतर हालत में । **like ~** (ग्रा०) बिना रुकावट या कठिनाई के, जल्दी से, सुगमतापूर्वक । **~-ball,-bomb** १. एक प्रकार का धुएँ का गोला जिसमें घना धुआँ निकलता है और सैन्य कार्यवाहियों को गुप्त रखने में सहायक होता है, २ पशुओं की घेर कर शिकार करने में प्रयुक्त धुएँ का गोला, ३. एक प्रकार का चिकित्सीय यंत्र जिसके द्वारा दमा आदि रोगों में वाष्प-निःश्वसन करते हैं । **~-bell** रेल या चिमनी के ऊपर का नक्शे जो छत को काला होने से बचाता है । **~-consumer** धूम्रभक्षी यंत्र जिसमें अंटी-चूल्हे आदि का धुआँ रोकर काम में लाया जाता है । **~-consuming** वि० धुँआलोर या धूम्रभक्षी (यंत्र) । **~-dried** धुएँ में सुखाया हुआ । **~-jack** स्मोक जैक, चिमनी में गर्मवायु के वेग से भूँजने के सीख को फिराने वाली मशीन । **~-plant, -tree** एक प्रकार का सुंदर सजी हुई झाड़ी जिसके फलों के गुच्छे परों की भाँति होते हैं और ऊपर धुआँ सा रहता है । **~-rocket** छेद खोजने के लिए लगने वाली धूमोद्गमन बत्ती । **~-screen** (मैन्य०, जलसैन्य०) धूमावरण । **~-stack** स्मोक स्टैक, स्टीमर का धुआँ और भाप निकालने वाले नल । **~-stone** करैनगोम पत्थरों में पाया जाने वाला एक प्रकार का भूरा या काला सिलीकर पत्थर । **smokeless** वि० धूम्ररहित, निर्धूम, धूमरहित, बिना धुएँ का । **smokelessly** क्रि० वि० बिना धुएँ के । **smokelessness** सं० धूमहीनता, धुएँ का न होना । **smoker** सं० १ धूम्रपान का शौकीन, बीड़ी सिगरेट का आदी; २. रेलगाड़ी में धूम्रपान का डिब्बा । **smoker's heart, throat** अत्यधिक धूम्रपान से उत्पन्न हृदयरोग या कंठरोग । **smoking** सं० १. धूम्रपान; २. धूमन, धुआँ देना । **~-cap, jacket** कामदार या चिलकनी टोपी जो धूम्रपान करते समय लगाई जाती है । **~-car, carriage or compartment** धूम्रपान का डिब्बा, रेलगाड़ी में तमाखू पीने का डिब्बा । **~-concert** ऐसी संगीत-सभा जिसमें धूम्रपान की छूट हो । **~-mixture** चूरट या गाढ़पा में पीने के लिए तमाखू का मिश्रण । **~-room** धूम्रपान कक्ष, होटल या घर का कमरा जिसमें धूम्रपान किया जाता हो । **smoky** वि० धूमाच्छादित, मधूम, धूमिल, धुँधला, धुमाकार, धुएँ से काला । **smokily** क्रि०वि० धुआँ देते हुए, धुँधलाते हुए, धूमिल या धुँधले रूप में । **smokiness** सं० धुँधलापन, धुआँकारापन, धूमिलता, धूमलता ।

smolt (smōlt) [perh. from A.-S. *smolt*, serene, shining] सं० स्मोल्ट, दूसरी साल की सामन मछली ।

smooth (smooth) [A.-S. *smethe* (rare *smōth*)] वि० १. सम, समतल, चिकना* (वि० १ भी), चिक्कण, चौरस, तरंग या झिलोर से मुक्त (तरल); २. मधुर, मीठा, मृदु, स्वादिष्ट; ३. एकरूप, प्रशांत, धीर, ठंडा, स्थिरचित्त, विनयशील या मिलनसार, प्रसन्नात्मक, लक्षाभदी या चाटुकारितापिय । क्रि० स० और अ० १. चिकना या चौरस करना, समान या बराबर करना, समतल करना (प्राय: out, over, down, away के साथ प्रयुक्त); २. बाधाओं या असुविधाओं से मुक्त करना, रुकावट दूर करना (जैसे ~the way); ३. दीर्घ कोड़ेंकना, गलतियों पर लीपापोती करना, कमरों पर पर्दा डालना; ४. शांत होना (प्राय: down के साथ प्रयुक्त) । सं० बालों को चिकना करने वाला हाथ या मसनलकारी स्पर्श । **am now in ~water** मैं सारी आपत्तियों और कठिनाइयों झेल ली । **had a ~passage** समझ पार करने में कोई कठिनाई नहीं हुई । **~over or away differences, perplexities, difficulties etc.** भेद, जटिलताएँ, कठिनाइयाँ आदि मिटाना या दूर करना । **~-bore** सादा बंदूक जिसमें पेंचदार ताल होना है । **~breathing** (यूनानी व्या० में) आरम्भिक स्वर की अल्पप्राण ध्वनि । **~-face** (वि० ०) कपटपूर्ण मैत्रीभाव, मक्कारों की दोस्ती । **~-faced** क्रि० कपटी, झूठा मित्र, चिकने चेहरे वाला दोस्त । **~-hair** (वि० ०) सिर पर चिकने सपाट बिछे हुए बाल । **~-things** (वि० ०) चाटकारिता, लक्षाभद, अनुचित प्रोत्साहन । **~-verse** सरल प्रवाहपूर्ण कविता या पद्य । **smoothing** सं० समरीकरण, सपाट करना । **~-iron** इस्तरी, कपड़ों को चिकना करनेवाला लोहा । **~-plane** छोटा रंदा । **smoothly** क्रि० वि० १. चिकनेपन से, चौरसपन के साथ, २. मीठेपन से, शांतिभाव से, मेल-जोल के साथ, चापलूसी से, खुशामद से । **smothness** सं० १. चिकनापन*; समरसता* (भा० १ भी), समतलता; २. मधुरता, मीठापन, शांतभाव, शांति, मिलनसीलता, मिलनसारिता, ३. चाटकारिता, लक्षाभद ।

smother (smŭth' ər) [M.E. *smorther*, from A.-S. *smorian*, to choke, stifle, cp Dut. *smooren*, G. *schmoren*, cogn. with SMOKE and SMOULDER] सं० (विरल) धूल के बादल, धुआँ, धूल आदि के कारण उत्पन्न धुँधलापन, अस्पष्टता या अँधेरा । क्रि० स० और अ० १. दम घटना या घोंटना, साँस रोकना, गला घोंट कर मारना, हवा निकाल कर हत्या करना; २. चुंबन, उपहार, दया आदि से अभिभूत करना, लाद देना या नाक में दम करना, ३. (आग को) ठंडा कर देना, राख से दबा देना, ४. दबा देना* (कु० भी), प्रकट न होने देना, नजर से बचाना, प्रकाशन या प्रचार से बचाना, दबा रखना (प्राय: up के साथ प्रयुक्त), पूरी तरह ढक लेना या ढक जाना (in के साथ प्रयुक्त); ५. (विरल) दम घुट कर मरना, साँस लेने में कठिनाई होना या दम घटना । **smothered mate** (शतरंज में) वजीरीजिब, जिसमें वजीर के द्वारा बादशाह को चलने के लिए घर देने के लिए कोई मोहरा न रह जाय या कोई मोहरा चलने की जगह न रहे । **smothery** वि० दम घोंटने वाला, तंग, बंद, श्वास-रोधक ।

smoulder (smōl' dər) [M.E. *smolderen*, from *smolder*,

smoke, cogn. with SMELL and SMOTHER] क्रि० अ० १. सुलगना* (वि० १ भी), अंदर ही अंदर जलना; २. (भावनाओं आदि के लिए) भीतर ही भीतर घुटना, बनी रहना। सं० अंगार, बिना लपटों की आग।

smudge (smʌj) [M.E. *smogen*, cogn. with SMUT] क्रि० स० और अ० १. (लिखने या रेखाचित्र की) पंक्तियाँ धुँधली करना, अस्पष्ट करना, धब्बे डालना; २. (चेहरे, कागज और सतह पर) धब्बा डालना, गंदे निशान डालना, मैला करना; ३. (व्यक्ति के कार्यवृत्त, यश आदि को) बिगाड़ना, विकृत करना, दोष लगाना, कलंक लगाना; ४. (स्याही, रेखाचित्र आदि का) धुँधला होना, हल्का होना। सं० बना धुआँ* (कु० भी); २. दाग, धब्बा, गंदा निशान, (ला०) कलंक; ३. घर के बाहर कीड़ों की भगाने के लिए जलाई गई घने धुएँ से युक्त आग। **smudgy** वि० धब्बेदार, कलंकित, दागदार। **smudgily** क्रि० वि० धब्बेदार रूप में, कलंकित रूप में। **smudginess** सं० १. धब्बेदार रूप; २. कलंकयुक्तता।

smug[1] (smʌg) [cp. M.Dan. *smug*, smooth, L.G. *smuk*, G. *schmuck*, neat, spruce] वि० १. साधारण स्थिति का, संकीर्ण-बुद्धि, अमहत्त्वाकांक्षी व्यक्ति जिसमें विचार-मग्नता का भी अभाव हो; २. आत्मतुष्ट। सं० (प्रा०) समाज के अनुपयुक्त व्यक्ति, घर-घुस्सा, मुँहचोर। **smugness** सं० १. आत्मतुष्टि, २. असामाजिकता।

smug[2] (smʌg) [etym. doubtful] क्रि० स० और अ० १. (प्रा०) छीनना, झपट लेना, ले उड़ना; २. विरोध करना।

smuggle (smʌg' el) [L.G. *smuggeln* (cp. Dan. *smøge*, Icel. *smuga*, lurking-hole). cogn. with SMOCK] क्रि० स० १. तैर-कानूनी तौर पर आयात या निर्यात करना, (विशे० बिना चुंगी दिए हुए) छिपा कर माल को निकासी करना या माल मँगाना; २. छिपा देना, ३. चोरीपनयन। **smuggler** सं० चोकीमार, चुंगीचोर, तस्कर-व्यापारी, गैरकानूनी तौर पर बिना चुंगी दिए माल का आयात या निर्यात करने वाला। **smuggling** सं० तस्करी*/ तस्कर व्यापार* (भा० १ भी), तैर कानूनी तौर पर आयात या निर्यात।

smut (smʌt) [cp. L.G. *schmutt*, G. *schmutz*, Swed. *smuts*] सं० १ कालिख का धब्बा; २ कर्कश, कलींस, ३. अश्लील बातें, झूठ शब्द. गंदी कहानियाँ; ४. काला रोग, अनाज का रोग, करखा जिसमें बाले काले चूर्ण में बदल जाती हैं। क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **smutted**) कालिख लगाना, जाला लगना, कालिख लगाना। **ditto, brother**~ (शिष्ट०) उत्तर-प्रत्युत्तर, जवाब। **~-ball** कुकुरमुत्ता। **~-mill** अनाज से काला रोग साफ करने की मशीन। **smutty** वि० काले धब्बे से युक्त, करखालगा। **smuttily** क्रि० वि० धब्बा लगाए हुए, कालिख के साथ। **smuttiness** सं० करखा, कालिख, काजल जैसा धुएँ का धब्बा।

Smyrniot (smēr' ni ot) वि० और सं० स्मर्नावासी (या संबंधी)।

snack (snăk) [var. of SNATCH] सं० १. हल्का नाश्ता, थोड़ा सा भोजन, २. हल्की, चटपटी खाने की चीजें। **go snacks** बाँट लेना, खाने में सम्मिलित होना।

snaffle (snăf' el) [cp. Dut. *mavel*, muzzle, G. *schnabel*, bill, snout] सं० इकहरी लगाम 'जिसमें बेकौटों का दहाना हो)। **ride one on the~** नम्रता से काम लेना। **~-bit** बेकौटों का दहाना। **snaffled** वि० इकहरी लगाम चढ़ा हुआ।

snag (snăg) [prob. from Scand. (cp. Norw. dial. *snag*, Icel. *snagr*), perh. rel. to KNAG] सं० १. बाहर को निकली हुई ऊबड़-खाबड़ वस्तु (जैसे टूटा हुआ या टेढ़ा-मेढ़ा दाँत); २. कट जाने पर शाख की गाँठ; ३. नदी के तल में जमी हुई भारी चट्टान या शहतीर जिससे नाव चलाने में बाधा पड़ती है; ४. (लो०) अप्रत्याशित बाधा, आकस्मिक अवरोध। क्रि० स० १. (जहाज या नाव का) पानी के नीचे की चट्टान या कुंडे से टकराना; २. (भूमि, जल-मार्ग अथवा पेड़ के तने से, ठूँठ काटना। **snagged, snaggy** वि० ठूँठ-दार, गाँठदार, कुंदेवाला।

snail (snāl) [A.-S. *snegl*, dim. of *snaca*, SNAKE] सं० १. घोंघा* (कु०, वि० १ भी); २. (~wheel भी) घोंघे से मिलती-जुलती दीवाल घड़ी की घंटे निर्दिष्ट करने वाली चर्खी; ३. घोंघे जैसी फलियों वाले पौधे। क्रि० स० और अ० बाग को घोंघों से खाली करना, घोंघे मारना। **~-like** घोंघे जैसा। **~-slow** घोंघे की तरह धीरे चलने वाला। **snailery** सं० घोंघे पकड़ने का व्यवसाय।

snake (snāk) [A.-S. *snaca* (cp. L. G. *snake*, Icel. *thâkr*, Dan. *sneg*), cogn. with SNEAK] सं० १. साँप, सर्प, भुजंग, नाग, विषधर; २. (ला०) मायावी या नजरबंद व्यक्ति, गुप्त शत्रु, ३. (ला०) कोष को प्रकट करने वाला शब्द) कपटी और निर्दयी आदमी। **~in the grass** गुप्त शत्रु। **~-bird** एक लंबी गर्दन वाली चिड़िया जो मछलियाँ खाती हैं। **~-charmer** सँपेरा। **~-charming** साँप पकड़ना, दे० SERPENT भी। **~-fence** बाड़ के रूप में लंबे-लंबे डाले हुए पेड़ के तने जो टेढ़े-मेढ़े कर के एक दूसरे के सिरों पर रक्खे रहते हैं। **~-hair** (बौद्ध पुराणकथा) टार्टरस द्वारा अपराध की सजा देने के लिए भेजी गयी सर्प-केशर डाइनें। **~-lizard** एक प्रकार की छिपकली जिसके पैर या तो नाममात्र को होते हैं अथवा बिलकुल नहीं होते। **~-locked** सर्प केश, साँप-की लटों वाली। **~-root** अमरीकी पौधों की एक जाति-विशेष जो सर्पों का विष हरण करने में प्रयुक्त होती है। **snake's-head** सोसन पौधा। **~-stone** सर्पमणि, चक्कदार प्रस्तरीभूत शंख। **~-weed** एक प्रकार का पौधा। **~-wood** स्नेक-वृक्ष, दक्षिणी अमरीका की एक इमारती लकड़ी जिस पर साँप जैसे निशान होते हैं। **snakish, snake-like** वि० साँप की तरह टेढ़े-मेढ़े चलनेवाला। **snaky** वि० १. साँपों से भरा, सर्पबहुल; २. विषैलेपन, स्नेहहीनता, विश्वासघात या अकृतज्ञता में सर्प की भाँति, साँप जैसा।

snap (snăp) [prob. from M.Dut. *snappen*, cp. G *schnappen*, Dan. *snappe*, cogn. with SNAPPLE] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **snapped**) १. काटने दौड़ना, काट खाना, २ (ला०) मर्मच्छेदी बातें कहना; ३. जल्दी से उठा लेना, झपट लेना (ला० भी), बात (खत्म होने के पहले ही) काट देना; ४. (क्रिकेट) गेंद को विकेट पर पकड़ लेना; ५. तड़-काना, चिटकाना, चटाख से तोड़ना; ६. गोली की आवाज होना, चटाख से बोलना, ७. किटकिटाना, चटाख से बंद करना, (दाँतों को) किटकिटाना; ८. अचानक फ़ोटो उतार लेना (विशे० न जानते हुए या अनिच्छुक व्यक्ति की)। सं० १. स्नैप* (आ० भी); २. खटाक, चटाख की आवाज कड़क, फट, तड़, चटाका, फटाका, तड़ाका; ३. एक प्रकार की कुंडी, चिटखनी, खटका; ४. छोटी कुरमुरी मिठाई; ५. ताश का एक खेल; ६. (प्रायः cold~) पाले का अचानक पड़ना; ७. शैली की नाजगी एवं सजीवता; ८. (प्रा०) सरल काम; ९. स्नैपशाट, आशु चित्र, १०. जोश, तेजी, स्फूर्ति, फुर्ती; ११. (नाटक) थोड़े दिनों के लिए अभिनेता का काम; १२ शीघ्रता से की हुई, ताज्जुब का कारण (विशे० संसदीय कार्रवाई के लिए) (जैसे a ~ division)। वि० १. तात्कालिक, फ़ौरी, आशु; २. खटकेदार। क्रि० वि० खट से।

~into it (ग्रा०) शीघ्रता से चलना। **~out of it** (ग्रा०) किसी आदत को छोड़ देना। **~bolt, -lock** स्प्रिंग के कारण चटाख से स्वयं बंद हो जाने वाली कुंडी या ताला। **~hook, -link** स्प्रिंग लगा हुआ काँटा या फंदा जिससे अंदर जाया जा सकता है पर फंदा नहीं टूटता। **snapping-turtle** १. अमरीकी कछुए की एक जाति-विशेष जो सूँघकर होती है।

snapdragon (snăp' drăg on) स० १. (वन०) स्नैप-ड्रैगन, एक प्रकार का पौधा; २. एक प्रकार की क्रिसमस के समय खेला जाने वाला खेल।

snapshot (snăp' shot) स० शीघ्रता से लगाया हुआ निशाना, हाथ के कैमरे से लिया गया फ़ोटो।

snare (snâr) [A.-S. *snear*, cp. Dut. *snaar*, G. *schnur*, Icel. *snara*, string] स० १. पाश* (आ० भी), जाल, पक्षियों या जानवरों को पकड़ने का फंदा (विशे० डोरी का बना हुआ); २. (शल्य०) कृमि पकड़ने या निकालने के लिए तार का फंदा; ३. शत्रु को बंदी बनाने, हराने, असफल करने और क्षतिग्रस्त करने के लिए चली हुई चाल, फंदा; ४. लुभाने वाली वस्तु, मोह-जाल; ५. ताँत या खाल की डोरियाँ जो ढोल में बँधी रहती हैं। क्रि० स० १. पक्षियों, पशुओं को जाल में पकड़ना; २. आदमी को जाल में फँसाना (इस अर्थ में ensnare का प्रयोग अधिक होता है)। **snarer** स० जाल में फँसाने वाला, पकड़ने वाला।

snark स० अल्पज्ञात गुणों और विशेषताओं वाला एक काल्पनिक जानवर।

snarl (snarl) [orig. *snar*, M.Dut. *snarren*, to trawl, cp. G. *schnarren*, Swed. *snarra*, to make guttural noises, prob. imit.] क्रि० अ० और स० १. (कुत्ते का) गुर्राना, गुर्र-गुर्र करना, २. (व्यक्ति का) बड़बड़ाना, टरीना; ३. क्रोध में जली-कटी सुनाना, कटु आलोचना करना। स० १. घुर्राहट; २. बड़बड़ाहट, जली-कटी बातें। **snarler** स० गुर्राने वाला, बड़बड़ाने वाला। **snarlingly** क्रि० वि० गुर्राते हुए, बड़बड़ाते हुए। **snarly** वि० गुर्राने वाला, चिड़चिड़ा।

snatch (snăch) [M.E. *snacchen*, cogn. with SNACK and SNAKE (cp. Dut. *snakken*)] क्रि० स० और अ० १. छीनना, छीन लेना, लपक लेना, २. निकाल लेना, उड़ा ले जाना, ३. हाथ से झपटना, झपट्टा मारना। स० १. झपट्टा, छीनना, छीनने की क्रिया; २. (बहुव०) गात या बातों के कुछ अंश, काम का क्षणिक अवेग। **snatchily** क्रि० वि० अनियमित रूप में, बेसिलसिले से। **snatchy** वि० अनियमित, बेसिलसिला।

sneak (snēk) [A.-S. *snican*, to creep, cogn. with SNAKE cp. Icel. *smūga*, to hanker after)] क्रि० अ० और स० १. सटकना, खिसकना, चुपके से चल देना; २. चुपचाप निकल जाना; ३. चुपके-चुपके जाना, गुप्त रूप से निकलना; ४. (स्कूल० ग्रा०) भंडा-फोड़ करना, पोल खोलना, ५. गुप्त बात बताना, चुगली खाना या करना, गुप्त भेद बताना, हाल बता देना, ६. (ग्रा०) लेकर रफ़ू देना, चुराना, लेकर चम्पत होना। स० १. नीच कायर व्यक्ति, २ (स्कूल ग्रा०) भेदिया; ३. (क्रिकेट) भूमि से लगती हुई फेंकी गई गेंद। **~-chief** चोर, उठाईगीर। **sneakers** स० (बहुव०) बेचाप बूटे, जिनमें आवाज न हो। **sneakingly** क्रि० वि० चुपके-चुपके, गुपचुप ढंग से।

sneck[1] (snek) [Sc., cp. SNACK and SNATCH] स० (मुख्यतः स्कॉट०) सिटकनी, साँकल, अर्गला। क्रि० स० साँकल या अर्गला लगाना।

sneck[2] (snek) [etym. doubtful, cp. SNICK] क्रि० स० काटना। ह० काट।

sneer (snēr) [M.E. *sneren*, cp. N.Fris. *sneere*, M.Dan. *snarre*, rel. to SNARL[1]] क्रि० अ० और स० १. हँसी उड़ाना, उपहास करना, खिल्ली उड़ाना, व्यंग्य वचन कहना, २. बोली मारना, चिढ़ाना, मज़ाक करना। स० उपहास, खिल्ली, मज़ाक **sneerer** सं० उपहास करने वाला। **sneeringly** क्रि० वि० उपहास करते हुए, खिल्ली उड़ाते हुए।

sneeze (snēz) [M.E. *sneesen*, A.-S. *fnēosan* (cp. Dut. *fnezen* Icel. *fnasa*, also Gr. *pneein*, to breathe)] क्रि० अ० छींकना। सं० छींक। **not to be sneezed at** अच्छा है, बुरा नहीं है। **~into a basket** तलवार के घाट उतरना, मार दिया जाना।

snick (snik) [etym. doubtful] क्रि० स० १. छोटा दाँता बनाना, छोटी दरार डालना; २. (क्रिकेट) बल्ले से गेंद को छूकर उसकी दिशा बदल देना। स० १. हल्का सा दाँता, छोटी दरार; २ (क्रिकेट) बल्ले का हल्का स्पर्श। **snickersnee** [prob. corr. of obs. *snick or snee*, a fight with knives] स० छुरा, बड़ा चाकू (हथियार की तरह प्रयुक्त)।

snicker (snik' er) [imit., cp. SNIGGER] क्रि० अ० घोड़े का हिनहिनाना, ही-ही करना। स० हिनहिनाहट।

snide (snid, [etym. doubtful] वि० बनावटी, नक़ली, कृत्रिम, जाली। स० नक़ली गहने, खोटे सिक्के। **snidesman** स० खोटे सिक्के चलाने वाला।

Snider (snī' der) [Jacob *Snider* (1820-66) inventor] सं० स्नाइडर, पुराने ढंग की तोड़ेदार बंदूक।

sniff (snif,) **snift** (snift) [M.E. *snyfen*, cp. Dan. *snive*, Icel. *snuppa*, M.Dan. *snufte*, imit. in orig.] क्रि० अ० और स० १. सुड़कना, सूँ-सूँ करना, फुसकारना (विशे० घृणा भाव से), २. (सुघ आदि के लिए) ज़ोर से साँस की खींचना। स० ऊपर खींची हुई हवा, सूँ-सूँ। **~-at** नाक चढ़ाना, घृणा प्रदर्शित करना। **sniffy** वि० १. नकचढ़ा, घृणापूर्ण, नछरत-भरी, २. कुछ-कुछ बदबूदार। **sniffing-valve** स० स्टीम इंजन के बलन में हवा निकलने का मार्ग।

snigger (snig' er) [var. of SNIGGER] क्रि० अ० खी-खी करना, बेहूदा हँसना, २. अस्पष्ता क बात पर हँसना। स० इस प्रकार का हँसा, खा-खी।

sniggle (snig' el) [from SNIG, etym. doubtful] क्रि० अ० चारे का छेद में डाल कर ईल (बाम) मछली पकड़ना।

snip (snip) [cp. Dut. and L. G. *snippen*, G. *schnippen*, cogn. with SNAP] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **snipped**) १. कतरना, २. कुतर डालना। स० १. कर्तन* (आ० भी), कुतरना, २. कुतरन, ३. (बोल०) दर्ज़ी, ४. (चुड़वाई, ग्रा०) निश्चय, निश्चितता। **~-snap-snorum** स० गोलाई में बैठ कर अलग-अलग स्वतन्त्र रह कर खेला जाने वाला ताश का खेल। **snipper** स० इस प्रकार छिप कर दूर से मारने वाला। **snippet, snipping** स० १. कतरन, (कपड़े का) छोटा कटा हुआ टुकड़ा, २ (बहुव०) ज्ञानकथन, फुटकर बातें, इधर-उधर के छिट-पुट तथ्य। **snippety** वि० फुटकर तथ्यों की जानकारी वाला। **snippy** वि० लंबा चाँच या नाक वाला। **snippetiness** स० फुटकर तथ्यों का जानकारी।

snipe (snip) [Icel. *snīpa*, cp. Dut. *snip*, G. *schnepfe*, cogn. with SNAP] सं० चहा, कुनाल, एक पक्षी जिसका शिकार किया जाता है। क्रि० अ० १. चहा पक्षी का शिकार करना; २ (सैन्य०) छिप कर दूर से शत्रु-शिविर पर अथवा व्यक्तियों पर गोला चलाना।

snivel (sniv' el) [M.E. *snevelen*, cogn. with A.-S. *snofl*, mucus, cp. SNUFF[1], SNUFFLE] क्रि० अ० (भू० और भू० कृ० **snivelled**) १. नाक बहना; २. रो-रो करना, मिनमिनाना, ठुनकना; ३. झूठा पश्चाताप दिखाना, अतिभावुक होना। सं० १. नासास्राव, रेंट, नाक; २. रो-रो, ठुनकना; ३. झूठा पश्चाताप, अतिभावुकता; ४. मक्कारी की बातें, कपट वचन। **sniveller, snivelling** वि० और सं० अतिभावुक, ठुनकने वाला (व्यक्ति)

snob (snob) [etym. doubtful] सं० १. सामाजिक स्थिति और धन को अत्यधिक मान देने वाला; २. साधारण स्थिति वाले सदस्यों के कारण शर्माने वाला, सामाजिक स्थिति में ऊँचे लोगों से अत्यंत हीन बन कर व्यवहार करने वाला और बाहरी चीजों से व्यक्ति के गुणों की परखने वाला व्यक्ति; ३. घमंडी, मिथ्या बैभव-प्रेमी। **snobbery, snobbishness, snobbism** सं० मिथ्या बैभव-प्रेम। **snobbish, snobby** वि० मिथ्या बैभव-प्रेमी। **snobbishly** क्रि० वि० बैभव-प्रेम से।

snock सं० (व० अफ्रीका) स्नाक, खाई जाने वाली एक बड़ी समुद्री मछली।

snood (snood) [A.-S. *snōd*, from *snā-*, to spin, cogn. with SNARE] सं० १. (स्कॉ० एवं साहित्यिक) स्कॉटलैण्ड में लड़कियों के बाल बाँधने का फ़ीता; २. मछली मारने की कंटिया की बड़ी डोरी के साथ बाँधने का सूत या तांत। **snooded** वि० फ़ीतेदार।

snook[1] (snook) [Dut. *snork*, pike] सं० स्नूक, समुद्री मछलियों की जातियाँ।

snook[2] (snook) [etym. doubtful] सं० (ग्रा०) खुड़ी करना, अँगूठे को नाक पर रख कर और उंगलियों को फैला कर अनादर प्रकट करने का एक तरीक़ा, (टिप्पणीकार आदि) अवज्ञासूचक शब्द।

snooker (snoo' ker) [etym. doubtful] सं० स्नूकर, बिलियार्ड टेबल का एक खेल।

snoop (snoop) [Dut. *snoepen*] क्रि० अ० और सं० १. (मू० अमरीकी बोल०) ऐसी बातों में पड़ना जिनसे कोई मतलब न हो, बेमतलब नाक घुसेड़ना, क़ानून की कमज़ोरियों को खोजते हुए घूमना, क़ानून तोड़ने के उपाय खोजना, २. चोरी करना, चुराना। **snooper** सं० न जानने की बातों का भेद लगाने वाला।

snooze (snooz) [etym. doubtful, prob. onomat] क्रि० अ० और सं० १. (विशे० दिन के समय) हल्की झपकी (लेना); २ निश्चिन्त उदासीनता में समय बिताना। **~time away** बेकार वक्त गुजारना।

snore (snôr) [prob. imt.] क्रि० अ० और सं० १. खर्राटे भरना, घुर-घुर करना, २. खर्राटों में समय बिताना, ३. खर्राटों या घुरकने से जाग जाना। सं० खुर्राटा। **snorer** सं० खर्राटे भरने वाला।

snort (snôrt) [M.E. *snorten*, prob. imit. (cp. prec., also L.G. *snurten*, Dut. *snorken*, Swed. *snarka*)] क्रि० अ० और सं० १. फूकार करना, फुफकारना, फुनफुनाना, (भाप के इंजन का) फक्-फक् करना; २. फुनफुना करके या नथुने फुला कर आग्रह पूर्ण निषेध करना। सं० फूकार, फुनफुनाहट। **snorter** सं० १. (ग्रा०) फुफकारती या सनसनाती हवा; २. बलसूचक या आवेश सूचक प्रदर्शन।

snot (snot) [A.-S. *gesnot* (cp. L.G. *snotte*, Dut. and Dan. *snot*), cogn. with SNOUT] सं० १. (ग्रा०) नाक, रेंट; २. श्लेष्म गालो। **~rag** रूमाल। **snotty** वि० १. रेंटभरा, गंदा; २. (बोल०) उद्विग्न, खीजा हुआ, चिड़चिड़ा। सं० जहाज का छोटा अधिकारी। **snottily** क्रि० वि० रेंटभरा हुआ, खीज कर, परेशानी से। **snottiness** सं० १. रेंटभरापन; २. चिड़चिड़ापन।

snout (snout) [M.E. *snute*, cogn. with A.-S. *snytan*, to blow the nose (cp. Dut. *snuit*, G. *schnauze*, Swed. *snut*)] सं० १. नासा, थूथन, थूथनी (अपमान० रूप में मनुष्य की नाक के लिए भी प्रयुक्त); २. किसी वस्तु का आगे निकला भाग। **~-beetle** एक प्रकार का चौंचदार कीड़ा। **~-ring** सुअर के मुँह पर चढ़ाया हुआ मुस्का ताकि वह भूमि न खोद सके। **snouted** वि० १. थूथन से युक्त, २. थूथन वाला।

snow[1] (snō) [A.-S. *snāw*, Dut. *sneeuw*, G. *schnee*, Dan. *sne*, Icel. *sneo*, also L. *nix nivis*, Gr. *nipha*] सं० १ हिम* (वि० १ भी), तुषार, बर्फ़, शीत, २. (बहुव०) गिरा हुई बर्फ़, हिमराशि, ३. सफ़ेदी में हिम के समान कोई भी चीज़, ४ (ग्रा०) कोकीन। क्रि० अ० और स० बर्फ़ गिराना, बर्फ़ गिरना, बर्फ़ से ढंक देना, हिम की तरह चारों ओर आच्छादित कर लेना। **~-ball** १. बर्फ़ की गेंद (विशे० फेंक कर मारने के लिए), २. ऐसी निधि जिसमें एक नियत संख्या के द्वारा चंदा देने वाले खोजने पड़ते हैं; ३ एक प्रकार का पुडिंग (विशे०) मेवे बीज में रख कर ठंडा किया हुआ बादाम का गोला। **~-ball-tree** सफ़ेद फूलों के गुच्छों वाला वृक्ष। **~-blind (ness)** हिमान्ध (ता), बर्फ़ पर चलने से उत्पन्न दृष्टि-क्षमता। **~-blink** हिमक्षेत्रों या बर्फ़ीले मैदानों की आकाश पर पड़ने वाली आभा। । **~-boots** बर्फ़ पर चलने के लिए साधारण जूतों पर पहने जाने वाले रबड़ अथवा कपड़े के जूते। **~-bound** बर्फ़ पर चलने में बाधित। **~-cap** सफ़ेद कलगीदार गाने वाली चिड़िया। **~-capped** हिमशिखर (पर्वत के लिए)। **~-drift** हिमराशि। **~-fall** हिमपात, गिरी हुई बर्फ़। **~-field** हिमक्षेत्र, हिमप्रदेश। **~-gauge** हिममापक यंत्र। **~goggles** हिम में यात्रा करने के समय लगाया जाने वाला चश्मा। **~-goose** हिमश्वेत हंस। **~-grouse** एक प्रकार का सफ़ेद तीतर। **~-ice** तुषार हिम, बर्फ़ के गलेदार पर फिर से बनी हुई बर्फ़। **~-leopard** हिमप्रदेशीय तेंदुआ। **~-line** हिमरेखा। **~-owl, snowy owl** बर्फ़ जैसी श्वेत उल्लू। **~-plant** स्पिलांट, बर्फ़ पर उगने वाली लाल काई। **~-plough** सड़क या बर्फ़ साफ़ करने का हल जैसा उपकरण। **~-plume** पर्वत की चोटी अथवा घाटी पर हवा से उड़ाई हुई बर्फ़ की झालर। **~-shovel** बर्फ़ खोदने का फावड़ा। **~-slip** पर्वत से नीचे को खिसकती हिमराशि। **~-storm** बर्फ़ का तूफ़ान। **~-white** हिमश्वेत। **snowless** वि० हिमरहित। **snowy** वि० हिमश्वेत, बर्फ़ीला। **snowily** क्रि० वि० हिमश्वेतता के साथ। **snowiness** सं० हिमश्वेतता।

snow[2] (snō) [Dut. *snauw*, or L.G. *snaw*, etym doutful] सं० दो मस्तूलों वाले जहाज की भाँति छोटा जहाज जिसमें छोटा सहायक पाल वाला जहाज हो।

snowberry (snō' be ri) सं० (वन०) सफ़ेद मकोय वाली बाग की झाड़ी।

snowbird (snō' bėrd) सं० एक प्रकार की गाने वाली छोटी चिड़िया।

snowdrop (snō' drop) सं० (वन०) आरंभिक वसंत का सफ़ेद फूलों वाला पौधा।

snowman (snō' măn) स० १. बच्चों आदि के द्वारा बनाया हुआ बर्फ़ का पुतला।

snub (snŭb) [Icel. *snubba*, to chide, cp. Dan. *snubbe*, to nip off] क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **snubbed**) १. डाँट देना, फटकार देना, झिड़कना, तिरस्कार करना, अवज्ञा करना; २. रस्सों के द्वारा जहाज का मार्ग अवरुद्ध करना। सं० १. डाँट, फटकार, तिरस्कार, झिड़की, अवज्ञा; २. चपटी नाक। वि० छोटी और चपटी या ऊपर को मुड़ी हुई (नाक)। **~-nosed** बैठी नाक वाला* (मा० १ भी), चपटी नाक वाला। **snubbing** सं० डाँट, झिड़की, तिरस्कार। **snubbingly** क्रि० वि० डाँटते हुए, तिरस्कार के साथ।

snuff¹ (snŭf) [prob. from M. Dut. *snuffen*, to clear the nose, prob. cogn. with M. Dut. *snuyven* (Dut. *snuiven*)]. क्रि० अ० और स० १. (अव इसके स्थान पर sniff का प्रयोग होता है) सुड़क ना, नाक से खींचना; २. नास लेना, सूँघना। सं० १. सूँघने की क्रिया; २. नस्य*/ सूँघनी* (आ० भी), नास; ३. सूँघनी के रूप में लिया गया औषधि चूर्ण। **up to ~** बच्चा या नादान नहीं है। **~-box** सूँघनी की डिबिया। **~-butter** बादामी या भूरा पीला। **~-colour** बादामी रंग। **~-coloured** बादामी रंग का। **~-mill** नास पीसने की चक्की, नास का डिब्बा। **~-taker** नास लेने वाला। **~-taking** नास लेने की क्रिया। **snuffy** वि० सूँघनी, नास जैसा। **snuffiness** सं० सूँघनी जैसा गुण।

snuff² (snŭf) [etym. doubtful, cp. prov. *snop*, to crop shoots, cogn. with SNUB] क्रि० स० और अ० (दीप या उसकी बत्ती का गुल) उंगलियों से या कैंची से झाड़ना। सं० दिये की बत्ती का जला हुआ भाग (विशे० खराब बत्ती में)। **can ~a candle with a pistol** पिस्तौल चला कर जोत को बुझाये बिना ही बत्ती का गुल झाड़ना। **~out** गुल झाड़ कर बुझा देना, (ला०) नष्ट कर देना। **~-dish.-tray** गुलकतरनी रखने का पात्र। **snuffers** सं० (बहु०) गुल काटने की कैंची।

snuffle (snŭf' el) क्रि० अ० और स० १. सुं-सुं करना, फुं करना, २. नाक से बोलना, मिमियाना, ३. (विशे०) प्यूरिटनों में धार्मिक आचार के एक ढंग के अनुसार नकली सुर में बात करना। सं० सुं-सुं, सूँघना। **snuffler** सं० नाक से बोलने वाला। **snufflingly** क्रि० वि० मिमियाते हुए, मिनमिनाते हुए।

snug (snŭg) [cp. L. G. *snugger*, Dan *snuge*, neat, tidy, smooth, short-haired] वि० १. बर्फ और शीत से बचा हुआ; २. आरामदेह; २ (आमदनी, भोजन) पर्याप्त, काफ़ी, अच्छी-खासी। **snuggery** सं० १. सुखद स्थान, आरामदेह जगह (विशे० व्यक्ति का निजी कमरा); २ सराय का प्राइवेट कमरा। **snugly** क्रि० वि० सुरक्षापूर्वक, सुविधापूर्वक, आराम से। **snugness** सं० सुरक्षित अवस्था, सुविधापूर्णता, सुखकारिता, सुखदता।

snuggle (snŭg' el) क्रि० अ० और स० गरमाहट के लिए करवट बदलना या पास आना, स्नेह के साथ बच्चे को पास खींच लेना, चिपका लेना।

so (sō) [A.-S. *swā*, cp. Dut. *zoo*, G. *so*, Icel. *svā*, Dan. *saa*] वि० और संवी० १. तथा, तद्वत, इतना, उतना, उसी प्रकार, उतना ही, मिलता-जुलता; २. इतना, उस ढंग का; ३. औरों! इतना, अक्लीम, बेहद; ४. जिससे कि, बशर्ते कि, चूंकि; ५. इसके अनुसार, परिणामस्वरूप, इस लिए, अतः, ६. इसी लिए, इस तरह, ऊपर से, बात्तव में; ७. वह, यह, ऐसा, यही तो; ८. उस स्थिति में, वैसा होने पर (soh भी); विस्म० बस, अब बस! रहने दो! ठहरो! **~-ever, whosoever** जो भी कोई। **~-and-~** अमुक व्यक्ति।

soak (sōk) [A.-S. *socian*, cogn. with SUCK] क्रि० स० और अ० १. सीलना, सील लेना, पी लेना; २. तरल पदार्थ में रखना, भिगोना* (वि० १ भी), डुबोना, सिर से पैर तक भिगो देना, तर-बतर कर देना या हो जाना; ३. (ग्रा०) कठोर दण्डाज्ञा, कर आदि के द्वारा पैसा चूसना; ४. निरंतर पीते जाना, शराब में डूब जाना। सं० खूब पियक्कड़। **soakage** सं० १. नमी का प्रवेश पाना; २. चूषणगर्त। **soaker** सं० सोकर* (इ० ३ भी), (विशे०) पियक्कड़, घोर मद्यप। **soaking** सं० अवशोषण* (इ० १ भी), शोषण, चूषण, भिगोना* (इ० ३ भी), भीगना, भिगाई* (इ० ३ भी)।

soap (sōp) [A.-S. *sāpe*, cp. Dut. *zeep*. G. *seife*, also L. *sēbum*, tallow] सं० साबुन*/ सीप* (आ०, वि० १ भी), फेन। क्रि० स० साबुन लगाना, साबुन से रगड़ना, सबुनियाना। **soft ~** १. मुलायम साबुन,; २. (ला०) चाटुकारिता, चापलूसी, खुशामद। क्रि० स० चापलूसी करना। **~-berry, -nut, -plant, -pod, -root, -wort** वे पौधे जिनसे साबुन बनाने के पदार्थ प्राप्त होते हैं। **~-boiler** साबुन बनाने वाला। **~-boiling** साबुन बनाना। **~-box** १. साबुनदानी; २. मंडक पर भाषण देने वाले का उठाऊ आसन जिस पर खड़े हो कर वह बोलता है। **~-bubble** साबुन का बुलबुला। **~-earth, -stone** सेलखड़ी, गैलखड़ी। **~-opera** (अमरीकी प्रा०) रेडियो का धारावाहक या मालाकम। **~-works** साबुन बनाने का कारखाना। **soapless** वि० बिना साबुन के, बेसाबुन। **soapy** वि० १ साबुन जैसा, साबुन से भीगा हुआ; २. साबुन लगाया हुआ, साबुन का फेन उठाया हुआ; ३. (व्यक्ति या उसके आचरण के संबंध में) चाटुकार, चाटुकारितापूर्ण। **soapily** क्रि० वि० १. साबुन के रूप में, साबुन से भीग कर, २. चापलूसी से। **soapiness** सं० १. साबुनीपन, साबुन जैसा होना, २ चाटुकारिता, खुशामदीपन।

soar (sōr) [F. *essorer*, prob. from a pop. L. *exaurare* (Ex-, *aura*, air)] क्रि० अ० १. (आ० एव ला०) ऊँचा उड़ना, बुलंदी पर उड़ना, उड़ान भरना; २. पक्षी को बिना फड़फड़ाये ही हवा में तिरना। **soaringly** क्रि० वि० बहुत ऊँचे उड़ते हुए, हवा में मंडराते हुए।

sob (sob) [M.E. *sobben*, prob. imit., perh. rel. to A.-S. *sōfian*] क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **sobbed**) सुबकना, सिसकना, सिसकी भरना, हिचकी भर कर रोना। सं० सिसकी, सुबकी। **~out** सिसकी लेते हुए बोलना। **~stuff** (अमरीकी) अति भावुक रचना। **sobbingly** क्रि० वि० सिसकते हुए, सुबकते हुए।

sober (sō' bėr) [F. *sobre*, L. *sōbrius* (sō-, se-, *ebrius*, drunk), see EBRIETY] वि० १. अप्रमत्त, शराब न पिये हुए, होश में; २. मितपायी, पानसंयमी, परिमिताचारी, संयमी, सुलझा हुआ, स्वस्थ-चित्त; ३. शांत, गंभीर, अल्पभाषी, आत्मसंयमी; ४. (रंग) सादा, सूफ़ियाना, भड़कीला नहीं, चटक नहीं। क्रि० स० और अ० १. शान्त, गंभीर या अमल बनाना, अनुत्तेजित; होना २. स्थिरचित्त, संयत मन होना। **in ~ fact** वस्तुतः। **~sides** गंभीर व्यक्ति। **~-suited** (काव्य०) सादे या सूफ़ियाना रंग के कपड़ों में। **soberly** क्रि० वि० १. बिना नशे के, २. गंभीरतापूर्वक। **sobriety** (sō brī' ė ti) सं० अप्रमत्तता, गंभीरता, शांत भाव, स्थिरचित्तता, सजीदगी।

Sobranje (sō bra' nye) [Bulg.] सं० बल्गेरिया की राष्ट्रीय विधान-सभा।

sobriquet (sō' bri kā) [F., etym. doubtful] सं० उपाधि, उपनाम, कल्पित नाम, उर्फ़।

soc (sok), **soke** (sōk) [A.-S. *sōcn*, cogn. with SEEK (cp. Icel. *sókn*, Norw. *sokn*, Dan. sogn, parish, Goth, *sôkns*, enquiry)] सं० १. स्थानीय न्यायालय स्थापित करने का अधिकार; २. इसके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जिला। **socage** सं० जागीरदारी व्यवस्था में पट्टा जिसके अनुसार काश्तकार को या तो लगान देना पड़ता है या दूसरी कोई सेवा करनी पड़ती है, खिदमती आरार्जी।

soccer दे० SOCKER।

sociable (sō' shā bĕl) [F., from L. *sociābilis*, from *sociāre*, to accompany, from *socius*, companion, rel. to *sequī*, to follow] वि० १. मिलनसार, मेलमिलापी, संलापप्रिय, संगती, समाजप्रिय, मिलने-जुलने वाला, लोगों में मिलने-बैठने वाला, २. (सभा आदि) मैत्रीपूर्ण। सं० १ एक प्रकार की खुली बग्घी जिसमें बगल की सीटें आमने-सामने होती हैं; २. एक प्रकार की निर्पाहया साइकिल। **sociability, sociableness** सं० मिलनसारिता*, समाजशीलता* (मा० ३ भी), मिलनसीलता* (मा० २ भी), मेल-मिलापप्रियता, संगतीपन, समाजप्रियता। **sociably** क्रि० वि० मिलनसारी से, मेल-मिलाप के ढंग से, समाजप्रियता से।

social (sō' shal) [F., from L. *socialis*, as prec.] वि० १ समाजपरक*; सामाजिक* (आ०, मा० ३ भी),समूह में रहने वाला, २. समाजप्रिय, आश्रित, सापेक्ष, सहकारी, बड़े संगठन का मदस्य, साथ-साथ रहने वाला; ३ सामाजिक, समाज संबंधी, मनुष्यों और उनके वर्गों के पारस्परिक संबंधों का; ४. सामाजिक, समाज का, समाजोन्मुख, ५. संगियों की या उनके साथ। सं० सम्मिलित समारोह, जलसा, सामूहिक सभा (विशेष किसी क्लब, संघ आदि की)। **~bees, wasps** एक छत्ते में रहने वाली मिड़ें या मधुमक्खियाँ। **~democrat** समाजवादी जनतांत्रिक। **~plants** सहबंधनशील पौधे, साथ-साथ उगने वाले पौधे। **~security** सामाजिक सुरक्षा। **sociality** (sō shi ăl' i tĭ) १. सामाजिकता, २. समाजप्रियता। **socialize** क्रि० स० सामाजिक बनाना* (मा० ३ भी), समाजीकरण, समाजवाद के सिद्धान्तों पर व्यवस्थित करना। **socialization** सं० समाजीकरण* (मा० २ भी)। **socially** क्रि० वि० सामाजिकता में।

Socialism (sō' shălizm) [SOCIAL, -ISM], सं० १. समाजवाद* (मा० १ भी), समाजतंत्र, वह सिद्धान्त जिसके अनुसार वैयक्तिक स्वतंत्रता सामूहिक हित के आगे गौण होती है; २. प्रतियोगिय उत्पादन के स्थान पर सहकारी पद्धति, भूमि एवं पूंजी पर राष्ट्रीय स्वामित्व, उत्पादन का राज्य द्वारा वितरण, ३. निःशुल्क शिक्षा तथा बच्चों का भरण-पोषण, दाय भाग (उत्तराधिकार) का उन्मूलन **Christian ~** ईसाई समाजवाद, जिसमें ईसाई-धर्म के सिद्धान्तों को साधारण जीवन में अपना कर समाजवाद के उद्देश्यों की प्राप्ति बताई जाती है। **Socialist** सं० समाजवादी। **Socialistic** वि० समाजवाद संबंधी, समाजवादी। **Socialistically** क्रि० वि० समाजवाद के सिद्धांतों के आधार पर।

society (so sī' ĕ tĭ) [F. *société*, L. *societātem*, nom. *-tas*, from *socius*, see SOCIAL] सं० १.संघ, समाज* (आ०, मा० १, ३, वि० १ भी); २. सभ्य राष्ट्र के जीवन का सामाजिक ढंग, रीति-रिवाज, संगठन; ३. कोई सामाजिक समुदाय, ४. किसी समाज का उच्च वर्ग, शिष्ट समाज, सभ्यसमाज, पैसे वाले लोग; ५. संगति, सोहबत, साथ; ६. सहयोगिता, साथ, मित्रता, ७. सभा, सामाज्य, लक्ष्य या हित का भावना में एकनाबद्ध मनुष्यों का समुदाय। **Royal Society** रॉयल सोसायटी (१६६२ ई० में प्राकृतिक ज्ञान के विकास के लिए स्थापित)। **~verse** चमत्कारपूर्ण मनोरंजक कविता।

Socinian (so sin' i ăn) [Faustus and Laelius *Socinus*, 16th-cent. Ital. theologians, -IAN] वि० सोकिनस वादी (१७ वीं शताब्दी में इटली में हुए लेलियस और फ़ास्टस सोकिनस जिनका मत आधुनिक एकेश्वरवादियों से मिलता है)। सं० उपर्युक्त वाद का अनुयायी व्यक्ति। **Socinianism** सं० सोकिनसवाद।

sociology (sō shi ol' o jĭ) [F. *sociologie*] सं० १. समाजशास्त्र, समाज विज्ञान* (मा० ३, वि० १ भी), मानव-समाज की प्रकृति और उसके विकास का विज्ञान। **sociological** वि० समाजपरक* (आ० भी), समाज विज्ञान संबंधी। **sociologically** क्रि० वि० समाज विज्ञान की दृष्टि से। **sociologist** सं० समाज वैज्ञानिक। समाजशास्त्री।

sock¹ (sok) [A.-S. *soc*, L. *soccus*, a shoe worn by comic actors] सं० १. (दुकानों पर) घुटने के नीचे तक का मोजा, जुर्राब, २.सूखनल्ला, गर्मी के लिए रखा हुआ जूते का भीतरी तल्ला; ३ प्राचीन विदूषक का हल्का जूता। **pull up your ~** उद्योग के लिए तत्पर रहो।

sock² (sok, [etym. doubtful], क्रि० स० १.(आ० गेंद या पत्थर उछालना, मारना, फेंकना; २. (किसी व्यक्ति पर) मारना, प्रहार करना, चोट करना। सं० १ प्रहार, वार, चोट; २. फेंकने की वस्तु। क्रि० वि० धड़ से, अकस्मात, एकाएक, ठीक, ऐन।

sock³ (sok: [etym. doubtful] सं० (स्कूल आ०) मिठाई या पेस्ट्री आदि जो बक्त-बक्त खाने के लिए जब में डाली जा सके। क्रि० स० १ इस प्रकार मिठाई खाना; २. किसी को कुछ देना।

sock⁴ (sok) [O.F. *soc*, perh. from Celt] सं० (स्कोट०) कुर्जी फाल, कुसिया।

sockdolager सं० (आ०, अमरीकी) निर्णायक तर्क, पक्का दलील, चोट।

socker (sok' er) [corr. of ASSOCIATION] सं० (बोल०) फ़ुटबाल का वह रूप जिसमें गोल-रक्षक के सिवा कोई खिलाड़ी फ़ुटबाल को हाथ से नहीं छूता।

socket (sok' et) [M.E. and O.F. *soket*, dim. of *soc*, sock¹ (O.E.D.); dim of *souche*, tree-stump, from Teut. (Skeat.)] सं० १ सॉकेट* (इ० १, २, ३, वि० १ भी), आधार, पात्र, भोजन, कप, किसी वस्तु को बैठाने या मजबूती से जड़ा करने या घूमते रहने के लिए बनाया गया गड्ढा), २. घर, खाना, पर्चा-पर्त*/ गतिका* (आ०, वि० १ भी)। क्रि० स० १.खाने में रखना या बैठाना, २.(गोल्फ) छड़ी का गेंद से चोट लगाना। **socketed** वि० घर में जमाई हुई, कूपन्धित।

sockeye सं० सॉकआई, नीली पीठ वाली सामन मछली।

socle (sō' kel) [G., from *zoccolo*, L. *ocellus*, dim. of *ocrus*, SOCK¹] सं० (वास्तु०) स्तम्भ या मूर्ति का आधार-स्वरूप पाषाणपीठ, नीचे की पत्थर की चौकी।

Socratic, -al (so krăt' ik, -al) वि० १. सुकरात संबंधी, सुकरात सदृश, सुकरात के अनुसार, २. सुकरातों। सं० सुकरात का अनुयायी। **~method** सुकराती पद्धति, प्रश्नोत्तर शैली। **~irony** सुकरातों व्यंग्योक्ति। **Socratically** क्रि० वि० सुकरात के सिद्धांतों के अनुसार।

sod¹ (sod) [cp. M. Dut. *sode*, Dut. *zode*, perh. cogn with SEETHE, cp. foll.] सं० १. सतृण भूमि* (कृ० भी), दूब लगी भूमि का ऊपरी पर्त; २. घास लगी मिट्टी का ढेला, ३. तृणावृत भूखण्ड, सतृण चप्पा*/ सतृण भू-खण्ड* (वि० १ भी)।

कि० स० घास लगी मिट्टी की पर्तों से या डेलों से ढकना। **sodding mallet, spade** भूमि पलटने के औजार। **under the ~** समाधि में, कब्र में।

sod[2] दे० SEETHE।

sod[3] सं० (अश्लि०) लौंडेबाज। दे० SODOMITE भी।

soda (sō' dă) [It., prob. fem. of *sodo, solido*, glasswort, prob. from L. as SOLID] सं० १. सोडा* (वि० १ भी), सोडियम का क्षार; २. सोडा वाटर, खारा पानी जिसमें शराब या दूध मिलाया जाता है। **~-fountain** सोडे की बोतल (जिससे सोडा फौवारे के रूप में बाहर निकलता है), सोडा की दूकान।

sodality (so dăl' i ti) [F. *sodalité*, L. *sodālitas*, from *sodālis*, comrade] सं० मंडल, धार्मिक संघ या संगठन (मुख्यतः रोमन कैथोलिक संस्थाओं के नामों में)।

sodden (sodn) [p.p. of SEETHE] वि० १. आर्द्र, सिक्त, तर, तर-बतर, खूब भीगा हुआ, सीझा हुआ, २ (रोटी) कच्ची, भारी, कुचकुची; ३. नित्य मद्यपान के कारण हतबुद्धि, शक्तिहीन; ४. सुस्त, जड़; ५. निश्चेष्ट। क्रि० स० और अ० १. आर्द्र या तर होना या करना, २ कुचकुची बनाना; ३. हतबुद्धि करना। **soddenness** सं० १. आर्द्रता, सिक्तता, गीलापन; २. कच्चापन, कुचकुचापन, ३. अधिक मदिरा-पान के कारण जड़ता।

sodium (sō' di ŭm) [SOD-A, -IUM] सं० सोडियम* (कु०, वि० १ भी), सोडा, नमक तथा अन्य पदार्थों में पाया जाने वाला चाँदी जैसा नर्म एक मृदुल धातु-तत्त्व जो अपने शुद्ध रूप में पानी के तत्त्वों को अलग-अलग कर देता है। **sodic** वि० सोडियम संबंधी।

sodomite (sod' o mīt) [Gr. *Sodomitēs*, inhabitant of Sodom] सं० पु० गंदा-मैथुनकारी* (मा० ३ भी), लौंडेबाज। **sodomy** सं० पु० गंदा-मैथुन* (मा० ३ भी), लौंडेबाजी।

soever (sō ev' er) प्रत्य० के रूप में कभी-कभी अलग प्रयुक्त, किंतु प्रायः सदैव वाचक, सर्व क्रि० वि० या वि० के साथ जुड़ा हुआ किंतु कभी-कभी बीच में उनके आगे प्रयुक्त हो जाता है जिससे एक अनिश्चित अर्थ निकलता है (जैसे 'कितना भी', 'कोई भी', 'कहीं भी' इत्यादि)।

sofa (sō' fă) [prob. through F., from Arab. *suffah*] सं० सोफा, कई लोगों के बैठने या एक आदमी के लेटने का कोच या गद्दा। **~-bedstead** एक प्रकार का सोफा जो रात को पलंग का भी काम दे, सोफा-पलंग।

soffit (sof' it) [F. *soffite*, it. *soffitta*, ceiling, fem. of *soffitto*, p.p. (SUB-, L. *figere*, to FIX)] सं० अध.स्तल* (इ० ३ भी), महराब, बाज, छज्जे आदि की निचली सतह या नीचे का तल।

soft, softism दे० SUFI।

soft (sawft, soft) [A.-S. *sēfte*, adv. (*sēfte*, a.). cp. G. *sanft*, Dut. *zacht*, also Gr. *hēmeros*, mild, Sansk. *sāmen*, mildness] वि० १. मृदु*/नर्म* (वि० १ भी), मुलायम, कोमल* (आ०, वि० १ भी), नाजुक, लचकदार, लचीला, भार से दब जाने वाला, आसानी से करने योग्य; २. चिकना, चिक्कण, समृण ; ३. मधुर, सुन्दर, मनोहर, मृदु, शांतिप्रद, समझौतोन्मुख (जैसे ~ air); ४. बरसाती, नम, आर्द्र, गलनशील, ५. हल्का, मीठा, सुपाच्य (पानी); ६. मीठा, निरम्ल, खट्टा या तीता नहीं; ७. सुहावना, मीठा, मन्द, भड़कीला या आँखों में चकाचौंध पैदा करने वाला नहीं, हल्केढंग से परिभाषित, धीमा, मद्धिम, मध्यम, हल्की आवाज का; ८. (ध्वनि) उष्म घोष (b, g, d. are ~mutes), अल्पप्राण(~or smooth breathing); ९. विनयी, सौम्य, शांत, मिलनसार, सहृदय, अभिवादनशील, रसिक, सम्मानपूर्ण; १०. सहानुभूतिशील या संवेदनशील, रहमदिल या करुणाशील; ११. शांतिमय, निर्विघ्न; १२. (ग्रा०) सहल, सरल, आसान; १३. ढीला या शिथिल, कमजोर, क्षीण, सुस्त, निष्क्रिय, मूर्ख या बुद्धिहीन। सं० कमजोर, बुद्धू आदमी, भोंदू, घौंघा(बसंत (softy भी सं० की भाँति प्रयुक्त)। क्रि० वि० कोमलता से, धीमेपन से। विस्म० शांत! चुप! कुछ तो ठहरिए, जरा रुकिए! **a ~answer** (बिशे०) गाली देने या भला बुरा कहने का विनम्र ढंग। **~-corn** पैर की उँगलियों के बीच की मुलायम घाई। **~drinks** (बोल०) मद्यरहित पेय, बे-नशे का शर्बत आदि। **~goods** कपड़े आदि। **~-headed, -witted** सनकी, झक्की, खब्ती। **~-hearted** वि० रह मदिल, कोमलहृदय। **~-heartedness** सं० कोमलहृदयता, रहमदिली। **~palate** तालू का पिछला भाग या पश्चाद् भाग। **~pedal** क्रि० अ० और स० धीमे-धीमे बजाना, आवाज धीमी करना। **~roe** मछली के अंडे या दीर्यकोश। **~solder** मुलायम झाल या टाँका। **~-soap** दे० SOAP। **~tack** (सं० वि०) रोटी। **~tissues of body** शरीर की कोमल ऊतक। **~-wicket** गीली भूमि (क्रिकेट में) या मैदान। **soften** (sowfan) क्रि० अ० और स० १. मुलायम या नरम होना या करना, मन्दी दूर करना या नरमाना, २ (~up भी) बम गिराकर (बचावों की) शक्ति को कम करना या घटाना। **softener** सं० १. मृदुकर, मृदुकारी; २. बम गिराकर सेना की रक्षात्मक शक्तियों को घटाने वाला। **softening of the brain** मस्तिष्क का विकृत अपविकास। **softish** वि० मुलायम या कमजोर-सा, ढीला-ढाला, शिथिल-सा। **softly** क्रि० वि० कोमलतापूर्वक, मृदुता के साथ, ढीले-ढालेपन से, बुद्धूपन से। **softness** सं० १. कोमलता, मृदुता, नजाकत; २. ढीला-ढालापन, शिथिलता। **softy** सं० बुद्धू।

softa (sof' ta) [Turk., from Pers. *sūhtah*, lighted] सं० सफना, पवित्र धर्मविधि और धर्मशास्त्र का मुसलम न अध्येता।

soggy (sog' i, [etym. doubtful] वि० गीला, तर, सिक्त, आर्द्र, भीगा हुआ। **sogginess** स० तरी, गीलापन, सिक्तता, आर्द्रता।

soh दे० SO।

soho (so hō') [A.-F., prob. instinctive] विस्म० चू-चू, घोड़े आदि को शांत करने का शब्द, पुचकारने की ध्वनि।

soil[1] (soil) [A.-F., prob. from L. *solium*, seat, or late L. *solea*, sole, ground, conf. with *solum*, ground] सं० १ मृत्तिका, मिट्टी*; मृदा* (इ० १, ३, वि० १ भी), जमीन का ऊपरी स्तर, २. स्थल* भूमि*, जमीन* (आ०, इ० ३, कृ०, वि० १ भी)। **one's native ~** मातृभूमि, जन्मभूमि। **soiled** वि० मिट्टी का, मिट्टी वाला।

soil[2] (soil) [A.-F. *soyler*, O.F. *soillier*, *suillier* (F. *souiller*), prob. from *soil*, a boar's soil, L. *suillus*, pertaining to swine, from *us*, pig (cp. SULLY)] क्रि० स० और अ० गंदा करना, मैला करना या धब्बे लगाना, कलंकित करना, बिखाड़ना या प्रलीद करना (जैसे soiled linen), गंदा हो जाना, धब्बे पड़ जाना (जैसे soils easily)। सं० कलुष, कलंक, गंदा निशान, धब्बा, दाग। **~pipe** मल-नल। **soil-less** वि० बेदाग, कलंकहीन, बिना धब्बे के।

soil[3] (soil) [perh. from prec., or from O.F. *soeler* (*F. souiller*), to saliate, ult. from L. *satullus*, dim of *satur*, full]क्रि० स० (डोरों को) ताजी हरी घास खिलाना (विशे० जुलाब का असर पैदा करने के लिए)।

soiree (swa' rā) [F., orig. evening from L. *sērus*, late] सं० संध्याकालीन समारोह या सभा, शाम का जलसा (जिसमें विशे० संगीत, वार्तालाप, किसी सामाजिक उद्देश्य की प्रगति या चर्चा आदि के कार्यक्रम हों)।

sojourn (sŭj'-, soj' urn, sō' jûrn) [O.F. *sojourner* (F. *séjourner*), (sub-, L. *diurnāre*, to stay, from *diurnus*, DIURNAL)] सं० निवास, ठहराव, टिकाव। क्रि० अ० डेरा डालना। **sojourner** सं० आगन्तुक, निवासी, टिकने वाला, डेरा डालने वाला, पड़ाव डालने वाला।

sol[1] (sol) [L.] सं० (हँसी में) सूरज, सूर्य।

sol[2] (sol) [L. *sol-re*. see GAMUT] सं० (संगी) यूरोपीय संगीत के अष्टक का पंचम स्वर।

sola (sō' lā) [Hind. *solā*, Hindi *sholā*] स० सोला, मज्जेदार डठल का उष्ण प्रदेशीय दलदली पौधा। **~topee** मज्जे या गूदे से बनी धूप की टोपी।

solace (sol' ăs) [O.F. *solaz*, L. *sōlācium*, cogn. with *sōlāri*, to console] सं० आश्वासन, दिलासा, तसल्ली, सांत्वना, धीरज या ढाढस। क्रि० स० (दुःख में) सांत्वना देना। **~oneself with** मन बहलाना, शांति पाना, संकट में अपने आपको धीरज देना।

solan, solan goose (sō' lăn goos) [Icel. *sūla*, perh. *and* goose] सं० सोलन, हंस-जातीय पक्षी विशेष।

solanum (sō lā' num) [late L.] सं० सोलेनम* (वि० रूपी), पौधों की बड़ी जाति (जिसमें आलू आदि सम्मिलित हैं)।

solar (sō' lăr) [L. *sōlāris*, from sol.¹] वि० सौर* (आ०, वि० १ भी), सूर्य विषयक या सूर्य द्वारा नियमित। **~flowers** सूरजमुखी फूलों की जातियाँ। **~month** सौर मास, वर्ष का ठीक बारहवाँ हिस्सा। **~myth** सूर्यपुराण, सूर्यकथा जिसमें सूर्य की गतिविधि को प्रतीकों द्वारा व्यक्त किया गया है। **~plexus** आमाशय-जालिका, आमाशय के स्नायु-समूह का नाम। **~system** सौर जगत्, सौर मंडल, सौर परिवार।

solarism (sō' lă rizm) सं० सूर्यपुराणवाद, सूर्य संबंधी पौराणिक कथाओं में आस्था। **solarist** सं० सूर्यपुराणवादी, सूर्य-कथाओं में विश्वास रखने वाला व्यक्ति।

solarium (sō lâr' i um) सं० १. सूर्य-रश्मि चिकित्सा गृह* (आ० भी), सूर्य-स्नानागार (धूपघर) जो कांच का बना होता है तथा धूप लेने या चिकित्सा संबंधी प्रयोग में आता है, सौर-चिकित्सा-गृह* (वि० १ भी)।

solarize (sō' lă riz) क्रि० अ० और स० (फोटोग्राफ़ी) अधिक समय खुला रखने से बिगड़ जाना या बिगाड़ देना, सूर्य की किरणों से नष्ट करना या नाश होना। **solarization** सं० अधिक प्रकाश से बिगड़ना या बिगाड़ने का कार्य।

solatium (sō lā' shi ŭm) [L., SOLACE] सं० (बहुव० **-tia**) क्षतिपूर्ति, हर्जाना, मुआवजे या सांत्वना के लिए दी हुई वस्तु।

sold दे० SELL।

soldanella (*sol dă nel' ă*) [It., etym. doubtful] सं० सोल्डानेला, एक प्रकार का फूलों वाला पौधा जो आल्प्स के प्रदेश में उत्पन्न होता है।

solder (so' dĕr, sol' der, sō' der) [M.E. *soudur, soudre*, O.F. *soudure*, from *souder*, L. *solidāre*, to make firm, as foll.] सं० १. धातुलेप, टाँका*/ झाल*/ सोल्डर* (इं० १, २, ३, ह्रु०, वि० १ भी); २. (ला०) जोड़ने वाला या तादात्म्य स्थापित करने वाला माध्यम। क्रि० स० टाँका लगाना*/ झालना*/ सोल्डर करना* (इ० १, २, ३, ह्रु०, वि० १ भी)। **hard ~** (टाँका लगाने का) वह मसाला जो अधिक ताप की अवस्था में पिघलता है। **soldering-iron** टाँका लगाने का औज़ार।

soldier (sōl' jĕr) [O.F., from late L. *soldārius* (SOLD,[2] -ARY)] सं० १. भट, सैनिक, फ़ौज का सिपाही (आ० और ला०); २. प्रायवेट या ओहदेदार सेनाधिकारी; ३. विशिष्ट योग्यताप्राप्त सैन्य कमाण्डर; ४. (ग्रा०, नौ० वि०) कामचोर मल्लाह; ५. एक प्रकार का लाल मछली; ६. (~ant भी) लड़ाकू चींटी, पिपीलिका या दीमक; ७. (~beetle भी) एक प्रकार का मांसाहारी लालकीड़ा; ८. (~crab भी) एक प्रकार का केंकड़ा। क्रि० अ० १. सैनिक का काम करना या फ़ौज में नौकरी करना, २. (नौ० वि०, ग्रा०) काम से जी चुराना या काम से बचना। **come the old ~over** अधिक अनुभव के कारण रौब जमाना या हुक्म से काम लेना। **old~** १. बूढ़ा सिपाही या वृद्ध सैनिक (आ०), २. अनुभवी व्यक्ति, नज़ुर्बेकार आदमी, ३. ब्याली बोतल, ४. टीटा, सिगार का बचा हुआ हिस्सा। **red~** शूकर-रोग, सुअरों की बीमारी। **~of Christ** ईसा मसीह का सैनिक, ईसाई धर्म का उत्साही प्रचारक। **~of fortune** जो किसी भी राज्य या व्यक्ति के अधीन वैतनिक सैनिक हो सकता है। **~orchis** एक प्रकार का मालब मिश्री का पौधा। **soldier's wind** (नौ० वि०) जाने और लौटने के लिए अनुकूल हवा। **soldier-like** वि० सैनिकवत्, फ़ौजी सिपाही जैसा। **soldierly** वि० सैनिकोचित, वीरतापूर्ण, सैनिक की भाँति, सिपाही जैसा। **soldiership** सं० सैनिकत्व, सिपाहीगीरी। **soldiery** सं० १. (राज्य, जिले आदि का) सैनिकदल, सैन्यदल, फ़ौजी सिपाहियों की टुकड़ी, २ विशिष्ट प्रकार का सैनिक वर्ग।

soldo (sol' dō) [It.] सं० (बहुव० **-di**; सोल्डो, इटली का आधे पेनी के बराबर का सिक्का।

sole[1] (sōl)[A.-S. from L. *solea*, from *solum*, the ground] सं० १. पादतल, पैर का तलवा; २. पादुकातल, जूते का तला या तल्ला, ३. किसी वस्तु का तल भाग या पेंदा (जैसे बड़ूद के बमूल का तला), ४. (वि० १) तर्ल*। क्रि० स० जूते में तल्ला लगाना। **~channel** जूते के तल्ले में सब ओर की सीवन को ढकर। **~leather** तल्ले का दबाया हुआ चमड़ा। **~plate** इंजन आदि का तला, बेड-प्लेट। **soled** वि० तल्लेदार, तल्ला लगा हुआ।

sole[2] (sōl) [L. *solea*, see prec.] सं० सोल, एक प्रकार की स्वादिष्ट मछली।

sole[3] (sōl) [A.-F., from O.F. *sol*, L. *sōlum*. nom. *-lus*] वि० १ एक मात्र, केवल, सिर्फ़, एक ही; २ (विधि) अविवाहित, कुँआरा। **solely** क्रि० वि० केवल, एक मात्र ढंग से।

solecism (sol' ĕ sizm) [L. *solaecismus*, Gr. *soloikismos*, from *soloikos*, speaking incorrectly (*Soloi*, in Cilicia, where the Attic colonists spoke bad Greek, *-oikos*, dwelling)] सं० १. व्याकरण के विचार से अपप्रयोग या अशुद्ध प्रयोग, मुहावरे की भूल, अशुद्धोच्चारण, लेखन की भूल; २ मिश्टाचारविलंघन, अनुचित व्यवहार। **solecist** सं० व्याकरण, भाषा, लेखन की भूल करने वाला, अनुचित पद

प्रयोगकर्ता। **solecistic** वि० अपप्रयोग या अशुद्ध प्रयोग संबंधी।

soleмn (sol' ĕm) [M.E. and O.F. *solempne*, L. *sōlemnis*, *sollennis*, prob. from *sollus*,whole, entire, cp. Gr. *holos*] वि० १. विधिपूर्ण, सविधि, संस्कार सहित,यथारीति, धर्मसंस्कारयुक्त, बाजाब्ता; २. रहस्यात्मक रूप से प्रभावशाली, चित्ताकर्षक या मनोहारी; ३. गुरु गंभीर, अहम, महत्वपूर्ण, ४. गंभीर, धीर, सत्यनिष्ठ, विचारशील, संजीदा, धीरशांत या धीमी चाल का, ५. आडंबरपूर्ण, ठाठदार, शानदार, दिखावटी गंभीरतापूर्ण या महत्वपूर्ण, फीका। **solemnly** क्रि० वि० १ सत्यनिष्ठा से, विधिपूर्वक, औपचारिक रूप से, चित्ताकर्षक ढंग से; २. गंभीरतापूर्वक; ३. धीरता से; ४. आडंबर से। **solemnness** सं० १. (विरल) धार्मिकता, संस्कार-युक्तता, औपचारिकता; २. चित्ताकर्षकता; ३. महत्ता, अहमियत; ४. गंभीरता, धीरता, संजीदगी; ५. आडंबरपूर्णता।

solemnity (so lem' ni ti) सं० १. धार्मिक संस्कार, धर्म-कर्म, तौज त्योहार; २. गांभीर्य, गंभीरता, धीरता, अहमियत, महानता।

solemnize (sol' em nīz) क्रि० स० १. (पर्व आदि) मनाना, अनुष्ठित करना, संपादित करना; २. (विवाह-संस्कार आदि) विधिवत् पूरा करना, धूमधाम से करना; ३. गंभीर या महत्वपूर्ण बनाना, गौरवान्वित करना, अहमियत या संजीदगी पैदा करना। **solemnization** सं० १.अनुष्ठान, संपादन; २. गौरवीकरण, महतीकरण।

solen (sō' len) [L., from Gr. *sōlēn*] सं० सोलेन* (वि० १ भौ), एक प्रकार का सीप, जो कपाट या कोशवाला एक प्रकार का घोंघा।

solenoid (sō' le noid, sō lē' noid) [F. *solenoide* (prec., -OID)] सं० १. परिनालिका* (इ० २,वि० १ भौ)।

solfeggio (sol fej' ō) [It., from SOL-FA] सं० (बहुव० -gi,-gios) १ स्वरग्राम, सरगम; २. ध्वनि के लिए सरगम का अभ्यास।

solferino (sol fe rē' nō) [It., from the battle of *Solferino*, 1859, the year of its discovery] सं० एक प्रकार का बैंजनी-लाल रंग जो रोजनीलिन से निकाला जाता है।

solicit (so lis' it) [O.F. *solicter*, L. *sollicitare*, from *sollicitus*, SOLICITOUS] क्रि० स० और अ० १. दरख्वास्त करना, मिन्नत करना, अनुनय करना* (विधि भी), अनुरोध या प्रार्थना करना, निवेदन करना, २. तकाजा करना, बार-बार या हर समय मांगना, ३. सार्वजनिक स्थान में (वेश्या का किसी व्यक्ति को) रिझाना, लुभाना, दुराचार करने के लिए प्रवृत्त करना, ४. बार-बार मांगना या पीछे पड़ जाना। **solicitation** सं० १. अनुरोध, निमंत्रण; २. रिझाव, लुभाव; ३. तकाजा, बार-बार मांग।

solicitor (sō lis' i tor) [O.F. *soliciteur* (prec.)] सं० १ निवेदक, दरख्वास्त या मिन्नत करने वाला (विरल), २. सॉलिसिटर* (ब्र० विधि भौ), एक प्रकार का वकील जो मुकदमों की मिसल तैयार करता है (तुल० BARRISTER, LAWYER, ATTORNEY); ३. (अमरीकी) पक्ष प्रचारक, कन्वासर। **Solicitor-General** महा-सॉलिसिटर* (ब्र० भौ), बादशाह महान्यायवादी।

squint (skwint) [etym. uncertain] क्रि० अ० और सं० १. भेंगा होना, ढेढ़ा होना; २. टेढ़ा देखना जल्दी-जल्दी पलक मारना, ३. (आँखें) अधखुली या अधमुँदी रखना। सं० १. भेंगापन, ढेढ़ापन, भेंगापन, भेंगी नज़र, २. कनखियों से देखना, तिरछी नज़र, ३ (बोल०) नज़र, दृष्टि; ४. झुकाव, रुझान, प्रवृत्ति, ५. सिरजे कं, दीवार का तिरछा कटाव (विशे० जिसमें से बेदी दिखाई पड़ सके)। वि० भेंगा, ढेढ़ा, आँख कौर कर देखने वाला। **~-eyed** (ला०) खतरनाक, परहेज़ी, (दूसरों का) बुरा चाहने वाला। **squinter** सं० १ भेंगा, टेढ़ा,, २. जल्दी-जल्दी पलक झपकाने वाला, ३. अधखुली आँखें रखने वाला।

squire (skwir' [ESQUIRE] सं० १. (देहात का) स्क्वायर* (बड़ा भूस्वामी-इल्तेज़) (मा० १ भी), महाजन (विशे० जमींदार); २. स्त्री-रक्षक (रक्षा के लिए साथ जाने वाला); ३. स्त्री-सेवी व्यक्ति, ४. (इतिह) शीमत (knight) का अनुचर। क्रि० स० (पुरुष का स्त्री के) रक्षार्थ साथ जाना। **~of dames** स्त्री-सेवा, स्त्री-संगति

का इच्छुक व्यक्ति। **squirearchy** सं० १. जमींदारों की सरकार या जमींदारों का प्रभाव (विशे० १८३२ के सुधार-विधेयक के पूर्व), २. जमींदार वर्ग या तबक़ा। **squirearch** सं० जमींदार। **squirearchal, -archical** वि० जमींदाराना, जमींदार का। **squireen**(skwīrēn') सं० (स्क्वैअर का) छोटा जमींदार (विशे० आवरलैण्ड का)। **squirehood, squirelet, squireling, squireship** सं० १ जमींदारी, २. स्क्वॉयरगण, ३ स्क्वॉयर रक्षक का पद, कार्य, आदि। **squirely** क्रि० वि० १ जमींदार की तरह; २ स्क्वॉयर-रक्षक के रूप में (स्क्वॉयर के रक्षार्थ) साथ जाते हुए।

squirm (skwʉrm) [perh from M.E. *quirr*, var. of WHIRR] क्रि० अ० १. कुलबुलाना, कसमसाना, बिलबिलाना, २ (लाo) (कसमस कर या बिलबिला कर) झुँझलाहट या तकलीफ़ को व्यक्त करना या अनुभव करना। स० १. कुलबुलाहट, कसमसाहट, बिलबिलाहट; २ (नौ० वि०, रस्सों की) कुंडला, जेबड़ा।

squirrel (skwir'el) [O.F. *escuirel, escurel*, late L. *scūrellus*, dim. of *scūrus*, Gr. *skiouros*, perh. shadow-tail (*skia*, shadow, *oura*, tail)] सं० १. गिलहरी* (वि० १ भी०)। **~-fish** स्किरनफिश, एक प्रकार का मकड़ा। **~-hawk** गिलहरियों का शिकार करने वाला एक क़िस्म का पक्षी। **~-monkey** मारमोसेट (अमरीका का एक झब्बेदार पूँछ वाला छोटा बंदर) और अन्य छोटे बंदर। **~-tail** जो (बाली) में मिलता-जुलता एक घास।

squirr (skwʉrr) [cp L.G. *sat'jen*, cogn. with WHIRR] क्रि० स० अ० १. पिचकारी मारना या र बाँध कर छोड़ना, २. (द्रव आदि को) इस प्रकार निकलना या छूटना, ३. (~gun भी) एक प्रकार की (गुहियानुमा) पिचकारी। स० १. पिचकारी, २ पानी आदि का (पिचकारी जैसी) धार; ३. (बोल०) महत्त्वशून्य व आत्म-प्रशंसक (या रोब गाँठने वाला) व्यक्ति।

St. सेंट Andrew आदि के लिए प्रयुक्त, दे० SAINT।

stab (stăb) [M.E. *stabbe*, cp. Swed. dial. *stabbe*, Icel. *stabbi*, stump] क्रि०स०, और अ० (भू०कृ० **stabbed**). १. (छुरा, चाक़ू आदि) घोंपना, मारना, भोंकना; २. (छुरे या चाक़ू आदि से) निशाना बाँध कर आघात करना; ३. (लाo) चोट पहुँचाना, (किसी व्यक्ति, उसकी भावनाओं या चेतना आदि को) तीव्र आघात पहुँचाना, ४. (किसी के सम्मान या किसी व्यक्ति आदि को) मिट्टी में मिलाना, आघात पहुँचाना; ५. (ईंटों की दीवार को) प्लास्टर करने से पहले (अोज़ार से) खुरदरा बनाना। स० १. (चाक़ू या छुरे आदि का) चोट, प्रहार, आघात, वेध* (आ० भी), २ (इस तरह लगा या किया गया) घाव, व्रण, ३. (व्यक्ति के भावनाओं आदि पर किया गया) आघात या चोट, ४. वेधन* (विधि भी)। **~in the back** क्रि० पीठ पीछे वार करना, चुगली करना या मिथ्या कलंक लगाना। स० पीठ पीछे का वार, चुगली, बदनामी। **stabber** सं० १. घातक, चाक़ू, छुरा आदि मारने वाला, २. किसी को भावनाओं आदि की चोट पहुँचाने वाला।

stability (stă bil' i tī) सं० १. स्थिरता* (आ० भी), टिकाऊपन, मज़बूती; २. दृढ़ता, दृढ़संकल्पता, ३ (और भी विशे०) स्थिरीकरण; ४. स्थायित्व* (आ० इ० २. ३. कृ०, वि० १ भी)।

stabilize (stāb' i liz) [STABLE¹] क्रि० स० स्थिर या दृढ़ करना। **stabilization** (stāb i li zā'shŭn) सं० १. स्थिरता; २. दृढ़ता, मज़बूती, ३. स्थिरीकरण। **stabilizer** स० स्थिर या दृढ़ करने-वाला, (विशे०) हवाई जहाज़ से जुड़ा हुआ (उसे दृढ़ बनाने वाला) छोटा हवाई जहाज़।

stable¹ (stā' bel) [O.F. *estable*, L. *stabilem*, nom. *-lis*, from *stāre*, to stand] वि० १. स्थिर* (आ०, कृ० भी), स्थायी* (वि० १ भी), सुस्थापित, टिकाऊ मज़बूत, दृढ़; २. दृढ़, दृढ़ संकल्प, अटल निश्चय वाला, अडिग। **stableness** सं० १. स्थिरता, स्थायित्व, टिकाऊपन; २. दृढ़ता, दृढ़संकल्पता। **stably** क्रि० वि० १. स्थिरतापूर्वक, टिकाऊपन से; २. दृढ़तापूर्वक, दृढ़ संकल्प से।

stable² (stā' bel) [O.F. *estable*, L. *stabilem*, as prec.] सं० १. अस्तबल* (कृ० भी), घुड़साल, अश्वशाला; २. (अल्प प्रचलित) पशुशाला; ३. किसी अस्तबल विशेष के (डाँड में भाग लेने वाले) घोड़े; ४. (बहु० सैन्य०) अस्तबलों की इकाई या कार्य। क्रि० स० और अ० १. घोड़े को (अस्तबल में) बाँधना; २. (घोड़े का अस्तबल या घुड़साला में) बँधना, बाँधा जाना। **~-boy, -man** सईस, अश्वपाल, अस्तबल में घोड़ों का रक्षक सेवक। **~-call** घोड़ों को खिलाने-पिलाने आदि का (अश्व-सेना का) संकेत। **~-companion** १. एक ही अस्तबल के घोड़े, २. (बोल०) एक ही स्कूल, कॉलेज आदि के सहपाठी। **stabling** स० (विशे०) घोड़ों आदि के लिए स्थान।

stack (stăk) [Icel. *stakkr*, Swed. *stack*, pan. *stak*] सं० १ अनाज के मट्ठों का (गोल या चौकोर) ढेर; २ सूखी घास, भूसे आदि का ढेर या चट्टा, ३ (लकड़ी को नाप के रूप में) १८८ घन फ़ुट का ढेर, ४ किसी चीज़ का राशि या ढेर; ५. (बोल०) अबार, विपुल राशि, बड़ा परिमाण, ६ राइफलों का पिरामिडनुमा समूह, ७. (साथ-साथ लगी हुई) चिमनियों या अँगीठाका: ८. (smoke-~भी) चिमनी, रेल के इंजन या स्टीमर का चिमनी या धूमनाल: ९ स्टैक* (वि० १ भी)। क्रि० स० १ (अनाज आदि का) ढेर लगाना, चट्टा लगाना; २ (उतरते हुए हवाई जहाज़ को) विभिन्न स्तरों (उपरी-नीचाई) पर उड़ने का आदेश देना। **~-funnel** चट्टे का नेत्र जैसा चिमनी। **~-stand** सूखी जगह जिसके ऊपर चट्टा लगाया जाय: **stacte** (stăk' tē) [L. and Gr. from *stazein*, to drip] सं० स्टैक्टे, प्राचीन यहूदियों द्वारा धूप (आदि सुगंधित द्रव्यों के निर्माण में प्रयुक्त एक पदार्थ।

stactometer (stăk tom' e ter; [Gr. *staktos*, as prec + METER] सं० स्टैक्टोमीटर, विंदु-मापन-नलिका।

stadium (stā' di ŭm) [L., from Gr. *stadion* from *sta-*, root of *histanai*, to stand] सं० (बहुव०-**dia**) १ (यूनानी पुरा०) लंबाई की माप, लगभग २०२ गज़ की), २. (पैदल) दौड़ का मार्ग या स्थान, ३ स्टेडियम*, क्रीड़ा मार्वदड* (भा० १ भी), अखाड़ा, क्रीड़ांगन, ४. (किसी) रोग की अवस्था या अवस्था।

Stadtholder (stat'-, stat' hol der) [Dut *stadhouder* (STAD, HOLDER.] सं० १ (इनि० नीदरलैंड्स के प्रांत या नगर का वाइसराय या गवर्नर; २. यूनाइटेड प्रॉविंसेज़ (हालैंड, ज़ालैंड और पाँच अन्य प्रांत जो १५७९ में मिलाकर गए थे और जिन्हें मिलाकर नीदरलैंड गणराज्य बना था) का मुख्य न्यायाधीश। **Stadtholderate, -ship** स० उपर्युक्त पद।

staff¹ (staf) [A.-S. *staf*, cp. Dut. *staf*, G. *stab*, Icel. *stafr*] सं० (बहुव० **staffs, staves**) १. दंड, लाठी, छड़ी (अब मुख्यतया लाo); २. अधिकारदंड, हुकूमत की लाठी, अधिकार सूचक दंड, ३. डंडा, बेंत, ४. शलाका*/ स्टाफ* (आ० भी); ५. समुद्री तुलातापी, ६. स्टाफ, शस्त्र-चिकित्सकों का एक स्टॉल का बना हुआ यंत्र; ७. (सैन्य०) प्रशासी वर्ग, सेना के अधिकारीगण. ८. कर्मचारी वृन्द, कर्मचारी*/ स्टाफ* (प्र०, भा० २ भी), किसी संस्था के सहायक कर्मचारी; ९. (संगी०) (आरोहावरोह) स्वरलेखन-पंक्ति। क्रि० स० १. (किसी संस्था को) सहायक कर्मचारी देना या

नियुक्त करना। **general ~** जनरल स्टाफ, सेना के प्रमुख कार्यालयों में महासेनापति के व्यक्तिगत प्रशासनीवर्ग के कर्मचारी। **~-college** प्रशासनिक महाविद्यालय। **~ officer, -sergeant** प्रशासनिक अधिकारी। **staffed** वि० कर्मचारी-युक्त, कर्मचारीवृन्द से पूर्ण।

staff[2] (staf) [perh. var. of *stirrup*] सं० स्टाफ, एक प्रकार का मसाला जो प्लास्टर ऑफ पेरिस, सीमेन्ट आदि को मिलाकर बनाया जाता है।

stag (stăg) [A.-S. *stagga*, Icel. *steggr*, he-bird, male animal] सं० १. (नर) हरिण, मृग, हिरन, २. (परिपक्वता प्राप्त कर लेने पर किया गया) बधिया बैल या साँड़* (कृ० भी)। **~-beetle** एक प्रकार का गुबरैला (जिसके ऊपरी जबड़े पर हिरन की सींग की तरह की रचना रहती है)। **~-evil** घोड़ों के जबड़ों का एक रोग। **~-horn** प्रवाल-कीटों की एक जाति। **~-hound** हिरनों की झलक या गंध से ही उनका शिकार करने वाले एक प्रकार के बड़े कुत्ते। **~-party** ऐसी दावत या प्रीतिभोज जिसमें केवल पुरुष ही सम्मिलित हों।

stage (stāj) [O.F. *estage* (F. *étage*), prob. through a l.. *staticum*, from *stāre*, to stand] सं० १. मचं* (आ०, वि० १ भी), मचान, चबूतरा (उद्या० मकान बनवाने में कारीगरों के बैठने के लिए बनाया गया पाड़), सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप) का चकला (वह तल जिस पर कोई चीज रखकर सूक्ष्मदर्शी से देखी जाती है); २. स्टेज, रंगमंच, पदं* (ह० २ भी), ३. (ला०) ड्रामा, नाटक; ४ नाट्य-कला या नाट्य-साहित्य, ५ अभिनय-वृत्ति, अभिनेता का व्यवसाय, ६. (ला०) रंगमंच, कार्य-क्षेत्र, ७. विद्, हालत, अवस्था* (आ०, कृ०, वि० १ भी), स्थिति; ८ रास्ते का नियमित ठहराव, (गेम) दो ठहरावों के बीच का फासला। क्रि०म० और अ० १. (नाटक को) रंगमंच पर प्रस्तुत करना या प्रदर्शित करना, २. नाटकीय रूप में अवतरित होना या (किसी बात को) घटित करने की व्यवस्था करना; ३. (नाटक का) अभिनीत होना, रंगमंच पर प्रस्तुत होना। **hanging ~** झूला, रस्सियों में बँधा हुआ, लटका हुआ एक तख्ता जो पेंटर के काम आता है। **landing ~** वह तख्ता या मचान जिसके द्वारा जहाज से उतर कर बंदरगाह में पहुँचते हैं। **went on the ~** रंगमंच पर आ गया, अभिनेता हो गया। **~-coach** दो स्थानों के मध्य (नियमित ठहरावों पर ठहरती हुई) चलने वाली गाड़ी। **~-coachman, driver** उपर्युक्त गाड़ी का कोचवान। **~-craft** १. नाट्य-लेखन-निपुणता, २. नाट्य-लेखन-अनुभव, अभिनय-निपुणता। **~-direction** स्टेज-डाइरेक्शन, रंग-मंच निर्देश, अभिनय-निर्देश। **~-door** पश्चद्वार, मंच-द्वार (जिसमेंहोकर पात्रादि प्रवेश करते हैं)। **~-effect** रंगमंचीय प्रभाव, वास्तविक जीवन में कृत्रिम अथवा नाटकीय (थियटर आदि का) प्रभाव। **~-fever** अभिनय-पिपासा, स्टेज पर अपने अभिनय करने की अदम्य इच्छा। **~-fright** (विशे० रंगमंच पर प्रथम बार आने पर) दर्शकों के सामने अभिनय करने में संकोच या घबराहट। **~-manager** स्टेज मैनेजर, रंगमंच-व्यवस्थापक, नाटक के पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) आदि का व्यवस्थापक। **~-right** अभिनय-स्वत्व, किसी नाटक की रंगमंच पर खेलने के पूरे अधिकार। **~-struck** अभिनय-पिपासु, (रंगमंच पर) अभिनय करने की बलवती इच्छा रखने वाला व्यक्ति। **~-whisper** ऐसी कानाफूसी जो सर्वोधित व्यक्ति के सुनने की अपेक्षा दूसरों को सुनाने के लिए होती है। **stager** सं० (old ~) पुराना खिलाड़ी, अनुभवी आदमी; निपुण व्यक्ति। **staging** सं० १. नाट्य-मंचन, (नाटक का) रंगमंच पर अभिनय; २. दो स्थानों के मध्य (नियमित ठहराव पर ठहरती हुई) चलने वाली गाड़ी (स्टेज कोच) को हाँकना या चलाना; ३. पाड़ का ढाँचा या उसके बाँस-बल्ली वगैरह। **~post** वायु-मार्ग का (नियमित) विराम-स्थल। **stagy** वि० बनने वाला, दिखावा करने वाला, आचरण, शैली, रंग-रूप आदि में नाटकीय। **staginess** सं० बनना, दिखावा, नाटकीयता।

staggard (stăg' ărd) सं० चार साल का (नर) हिरन।

stagger (stăg' ĕr) [M.E. *staketen*, Icel. *stakra*, freq. of *staka*, to push] क्रि० अ० और स० १. लड़खड़ाते हुए चलना, डगमगाती या लटपट चाल से चलना; २. हिचकिचाना, झिझकना, गड़बड़ाना; ३. पाँव उखाड़ देना, अनस्थिर-चित्त करना; ४. (किसी दूसरे में) हिचकिचाहट या झिझक पैदा करना, गड़बड़ाना; ५. टेढ़े-तिरछे ढंग से जमाना (विशे० पंक्तियों में तोलियों को); ६. (छुट्टियाँ, काम के घंटों आदि को) इस प्रकार व्यवस्थित करना कि वे एक दूसरे के साथ न पड़ें (बल्कि उनमें अंतर रहे)। सं० १. डगमग या लटपट चाल, २. (या०) टेढ़ी-तिरछी रचना या व्यवस्था; ३. (विशे० घोड़ों और चौपायों में) स्टैगर, मस्तिष्क और मेरुदंड की कुछ बीमारियाँ, ४. (बहु० व०) चक्कर। **staggerer** स० (विशे०) गड़बड़ा देने वाला या अस्थिरचित्त, कमजोर कर देने वाली दलील, आपत्ति या घटना। **staggeringly** क्रि० वि० १. लड़खड़ाते हुए, डगमग-डगमग, लटपट चाल से, २. हिचकिचाते हुए, गड़बड़ाते हुए; ३. अनस्थिर चित्त से।

Stagirite (The ~) सं० अरस्तू।

stagnate (stăg' nāt) [L. *stagnātus*, p.p. of *stagnāre*, from *stagnum*, pool] क्रि० अ० १. (द्रव का) बँध जाना, गतिहीन हो जाना, निस्तरंग हो जाना, प्रवाह-हीन हो जाना; २. (जीवन, क्रिया, मस्तिष्क, व्यापार, व्यक्ति आदि का) सुस्त पड़ जाना, स्तब्ध हो जाना, मंद पड़ जाना, प्रवाह हीन हो जाना, गतिहीन या निर्वेग हो जाना, गतिरोध आ जाना। **stagnant** वि० १. बँधा हुआ*, स्तब्ध* (वि० १ भी), हिलता-डुलता या प्रवाहहीन (द्रव), २. सुस्त, ठलुए, मंद, प्रवाहहीन, गतिहीन, निर्वेग (जीवन आदि), ३. निष्क्रिय* (आ० भी)। **stagnancy, stagnation** सं० (द्रव की) गति-हीनता, निस्तरंगता, प्रवाह-हीनता, (जीवन आदि की) सुस्ती, मंदता, प्रवाह-हीनता, गति-हीनता, निर्वेगता। **stagnantly** क्रि० वि० १. (द्रव का) बँधते हुए, गतिहीन होकर, निस्तरंगता से, प्रवाह-हीन रूप में; २. सुस्ती से, ठलुए होकर, गतिहीन या निर्वेग रूप में।

stagnicolous वि० ठलुए या बँधे हुए पानी में रहने वाला।

staid (stād) [STAYED, p.p. of STAY][1] वि० संजीदा, धीर, गंभीर, शांत, प्रशांत। **staidly** क्रि० वि० संजीदा तौर पर, गंभीरतापूर्वक, शांतिपूर्वक। **staidness** स० संजीदगी, धैर्य, धीरता, गंभीरता, प्रशांतता।

stain (stān) [M.E. *tienen*, as DISTAIN] क्रि० स० और अ० १. दाग लगाना या डालना, खराब करना, धब्बा लगाना, २. (ला०) बदनाम करना, कलंकित करना, नाम पर बट्टा लगाना; ३. (लकड़ी, शीशे आदि को) छींट डालकर रँगना (या पेंतले के अतिरिक्त अन्य किसी उपाय से रँगना), ४. सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप) द्वारा देखने के लिए (किसी पदार्थ को) ऐसे रंग से रँगना जिसका प्रभाव उसके कुछ हिस्सों पर (अन्य हिस्सों की अपेक्षा) अधिक पड़े; ५. (टंकारों पर लगाने के कागज को) रँगना) छापना। सं० १. दूषण, लांछन, दाग*, धब्बा* (आ०, वि० १ भी), छींटा; २. अभिरंजक* (आ० भी), दाग देने या छींटा लगने वाला पदार्थ; ३. (ला०) दाग, कालिख, कलंक, कलंक का टीका। **stainable** वि०

[1] **stā**, (Father) ज़ोर; **ā**=ई, (Fat) फ़ैट; **ā**=ए, (Fate) फ़ेट; **a**=अ—अं, (Fall) फ़ॉल; **ă**=ए, (Fair) फ़ेअर; **e**=ए, (Bell) बे॰ल, **ē**=ई, (Her) हर; **ĕ**=ई, (Best) बैस्ट; **i**=आइ, (Bit) बिट; **ī**=आइ, (Bite) बाइट; **o**=ओ, (Not) नॉट; **ō**=ओ, (No) नो; **ŏ**=ऑ, (North) नॉर्थ **ō**=ऊ, (Rude) रूड; **o**=ऊ, (Bull) बुल; **ŭ**=अ, (Sun) सन; **ū**=यू, (Mute) म्यूट; **ou**=आउ, (Bour) बाउर, **o**=ओइ, (Join जॉइन)

१. दाग लगने योग्य; २. बदनाम होने योग्य। **stainer** सं० दाग लगाने वाला, चब्बा लगाने वाला, बदनाम करने वाला, कलंक लगाने वाला। **stainless** वि० १. बेदाग, निष्कलंक; २. स्टेनलैस (स्टील भी)। **~steel** स्टेनलेस स्टील, जगरहित मिश्र धातु जिससे बर्तन बनते हैं। **stainlessly** क्रि० वि० बेदाग रह कर, निष्कलंकता से।

stair (stăr) [A.-S. *stæger* (cp. Dut. *stanger*, G. *steg*, Icel. *stigi*), from Teut. *steigan*, to climb, cogn. with Gr. *steichein*, to ascend, to go] सं० १. सोपान* (इ० ३ भी), (अब प्राय: अंदर की) पैड़ी, सीढ़ी* (इ० ३ भी), २. (अब प्राय: बहु०) जीना, सीढ़ियाँ। **below stairs** निचली मंजिल पर, (विशे० नौकरों के रहने की जगह, जैसे was coolly discussed below stairs नौकरों के बीच बहस)। **~case** जीना। **corks-crew ~case** चक्करदार जीना। **down, up stairs** नीचे, नीचे की मंजिल, ऊपर, ऊपर की मंजिल। **flight, fair of stairs** जीना, सीढ़ियाँ। **~-rod** दो पैड़ियों के बीच गलीच बर्तरह को ठीक से बिछाए रखने वाला डंडा। **~way** पैड़ी, जीना।

staith (stăth) [A.-S. *staith*, bank, shore] सं० (अमरीकी नदी) तटवर्ती कोयले का डिपो जहाँ से जहाजों के लिए कोयला खरीदा जाता है।

stake (stāk) [A.-S. *staca* (cp. M.Dut. and Swed. *stake*, Icel. *stjaki*, Dan. *stage*), cogn. with STACK] सं० १. टेक* (कृ० भी), कील, खूँटा, मेख; २. वह खंभा जिसपर ज़िंदा जला देने के लिए (किसी व्यक्ति को) बाँधा जाता है, (ला०) जीवित जला कर किया गया वध; ३. टॉनसाज की अहरन या निहाई, ४. दाँव, शर्त को रकम या धन, (विशे० शर्त लगाने वाले दोनों व्यक्तियों या दलों द्वारा किसी तीसरे आदमी के पास) जमा किया धन, ५. (बहु०) दाँव, बाजी (विशे० घुड़दौड़ में) पर लगाया जाने वाला धन; ६. (बहु०) बाजी की घुड़दौड़, ७. (ला०) सघर्षनिरत या विवादग्रस्त सिद्धांत। क्रि० स० १. खूँटे से बाँधना, खूँट से सहारा देना; २. (क्षेत्र को) खूँटे गाड़ कर (उसकी सीमा आदि) प्रकट करना, ३. शर्त लगाना, बाजी लगाना। **at ~** बाजी पर, जुए पर, खतरे में। **have a ~ in the country** देश के आर्थिक कल्याण में रुचि रखने वाला (उदा० जैसे जमींदार)। **~-boat** नौका-दाह में दाह का रास्ता दिखाता हुई लंबर डाल कर खड़ी हुई नाव। **~-net** खूँटों पर तना हुआ मछली पकड़ने का जाल।

stalactite (stăl' ăk-, stă lăk'-, -tīt) [F. (Gr. *stalaktos*, dripping, from *stalazein*, to drip)] सं० स्टैलेक्टाइट* (आ० भी), चूने के कार्बोनेट का (पानी के रिसने के कारण बना हुआ) हिमवर्तिका के आकार का) जमाव जो गुफा की छत से लटकता रहता है। **stalactic** वि० उपर्युक्त जमाव से संबद्ध। **stalactiform** वि० हिमवर्तिका के आकार का। **stalactitic** वि० उपर्युक्त जमाव से युक्त।

stalagmite (stăl' ăg-, stă lăg'-, -mīt) [F. (Gr. *stalagmos*, dripping, as prec.)] सं० फ़र्श पर चूने के कार्बोनेट का जमाव जो प्राय: STALACTITE से संयुक्त हो जाता है। **stalagmitic** वि० ऐसे जमाव से संबद्ध। **stalagmitically** क्रि० वि० जमा होता हुआ (चूने के कार्बोनेट का जमाव)।

stale[1] (stāl) [O.F. *estäler*, to make water, from Teut., cogn. with STALL[1]] वि० १. नीरस, बासी, बुसा हुआ, युग के लिए पुराना या उपयोगिता-शून्य; २. (ला०) पुराना, अरोचक, नीरस, पिटा-पिटाया, घिसा-पिटा; ३. जरूरत से अधिक अभ्यास करने वाला (कसरती)। सं० चौड़ों और चौपायों का पेशाब। क्रि० स० और अ० १. बासी करना, बे-मजा कर देना, मामूली या सामान्य बनाना; २. (घोड़े आदि का) मूतना, पेशाब करना। **~-bread** १. बासी रोटी; २. ऐसी रोटी जो उसी दिन को पकाई गई न हो। **stalely** क्रि० वि० बासीपन से, बुसे हुए ढंग से, अरोचक या पिटे-पिटाए रूप से। **staleness** सं० १. बासीपन, निरुपयोगिता; २. नीरसता, पुरानापन, अरोचकता।

stale[2] (stāl) [A.-S. *stalu*, theft, see STEAL] सं० भोला-भाला, प्रवंचित।

stalemate (stāl māt) [perh. from M.E. *stal*, O.F. *estal*, a fixed position, cp. STALE, MAT[1]] सं० (शतरंज) जिस खेल की वह अवस्था जब कि बादशाह पर कोई मोहरा चाल नहीं हो और उस चलने के लिए कोई घर भी न बचा हो, ऐसी अवस्था में खेल बराबर माना जाता है), गत्यवरोध* (मा० १ भी)। क्रि० स० जिस करना, (लो०) गतिरोध लाना, गत्यवरोध उत्पन्न करना।

stalk[1] (stawk) [A.-S. *stealcan*, perh. with feet uplifted, cp. *stealc*, high] क्रि० अ० और स० १. (प्राय. along आदि के साथ) शाही ढंग से डग भरना, रोब से चलना, प्रभावशाली ढंग से चलना; २. जा दबोचना, शिकार की घर लेना, ३ (शिकार का) दबे पाँवों पीछा करना। सं० (शिकार का) जा दबोचना या दबे पाँवों पीछा करना; २. शाही चाल, प्रभावशाली गति। **stalker** सं० १. शाही ढंग से चलने वाला, २. (शिकार का) दबे पाँवों पीछा करने वाला। **stalking-horse** १. वह घोड़ा जिसके पीछे शिकारी छिप जाता है; २. (ला०) बहाना हीला।

stalk[2] (stawk) [M.E. *stalke*, dim. of *stale*, A.-S *stela*, cp. Dut. *steel*] सं० १. (बन०) डंठल*, वृंत* (आ०, कृ०, वि० १ भी), स्कंध* (इ० ३ भी), (शिविक अर्थों में) किसी अवयव का कोई आधार; २. प्राणियों में वृंत-सदृश आधार, ३. शराब के विलास का तना या मध्य भाग, ४. (बोतलों) मजरी जैसा अलंकरण; ५. (फैक्टरों आदि का) लंबा, चिमनी या धुआंकश। **~-eyed** वृंत सदृश आधार पर चढ़ा हुए आंखों वाला (केकड़ा आदि)। **stalked** वि० डंठलदार, सवृंत। **stalkless** वि० वृंतहीन, बिना डंठल का। **stalklet** सं० छोटा सा डंठल।

stall[1] (stawl) [A.-S. *steal*, *stealle* (cp. Dut. *stal*, G *stall*, Icel. *stallr*, O.H.G. *stal*), cogn. with STABLE[2], STEAD] सं० १. थान, अस्तबल या गोशाला (में एक घोड़े या गाय का बंधने का स्थान); २. स्टाल, बाजार में या किसी इमारत में चीजों की बिक्री की दूकान या कमरा, तंबला, वह मंच आदि जिस पर चीज बेची या प्रदर्शित की जाती है; ३ स्टाल, गिरजे के (पादरी के लिए सुरक्षित) पूर्वी भाग में गद्दा हुई कुर्सी या चौकी जो पीछे और दुबर-उधर से लगभग बंद रहती है और प्राय: जिसके ऊपर बंडोबा रहता है (विशे० पादरी का); ४. (ला०) पादरी का पद, सम्मान आदि; ५. (अमरीका नहीं) रंगशाला में कुर्सियां (आदि) का कतार; ६. कोयले की खान में काम करने की जगह। क्रि० स० और अ० १ (पशु आदि को) थान पर (विशे० मोटा करने के लिए) बाँधना, थान पर बाँध कर खिलाना; २. (अस्तबल आदि में पशुओं के लिए अलग-अलग) थान बनाना, ३. (घोड़े या गाड़ी का) कीचड़ या बर्फ में धँस जाना; ४. (मोटर इंजन का) एक जाना, बंद हो जाना; ५. (विमान या वैमानिक का) गति खोकर टिक न पाना या अस्थिर होना। **~off** टाल-मटोल कर छुटकारा पाना। **~-fed** थान पर खाने वाला (फलस्वरूप मोटा)। **~-feed** (पशु को) थान पर बाँध कर खिलाना या मोटा

करना। **stallage** सं० (सैर अमरीकी) बाजार आदि में दुकान लगाने की जगह, स्टाल खड़ा करने का भाड़ा या अधिकार।

stall[3] (stawl) [var. of STALE[2]] सं० १. जेबकतरे का साथी (जो जेब कतरते समय आदमी का ध्यान बँटाए रहता है)। क्रि० अ० और स० १. (अमरीकी) ध्यान बँटाना; २. (अमरीकी) रोकना, देर लगाना, बाधा डालना, अड़चन या संकट पैदा करना।

stallion (stăl' yŏn) [O.F. *estalon* (F. *étalon*), cogn. with STALL[1]] सं० नर घोड़ा (विशे०नस्ल बढ़ाने के लिए पाला गया घोड़ा जिसे बधिया नहीं किया जाता), साँड़ घोड़ा*/ स्टलियन*/ बाजी* (कु० भी)।

stalwart (stawl' wĕrt)[A.-S. *stælwyrthe* (*stathol*, foundation. WORTH)] वि० १. हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा, मजबूत; २. दिलेर, निर्भीक, दृढ़निश्चयी, स्थिरचित्त। सं० (राज०) (राजनैतिक दल का) पक्का समर्थक, कट्टर अनुयायी। **stalwartly** क्रि० वि० १. तगड़ेपन से, मजबूती से; २. दिलेरी से, निर्भीकता से, स्थिर चित्त से। **stalwartness** सं० १. हृष्ट-पुष्टता, तगड़ापन, मजबूती; २. दिलेरी,निर्भीकता, दृढ़निश्चय।

stamen (stā' mĕn)[L. *stāmen-minis*, orig. warp in upright loom, from *stāre*, to stand] सं० पुंकेसर* (कु० भी), परागकेशर।

stamened वि० पुंकेसरयुक्त, परागकेशरयुक्त।

staminal (stăm' i năl), **stamineous** (stă mĭn' e us) वि० पुंकेसरीय, परागकेशरीय। **staminate** (stăm' i nāt) वि० स्त्री केसरमंडल में स्थित, पुंकेसर युक्त, पुंकेसरमय। **staminiferous** (stăm inif' er us) वि० पुंकेसरयुक्त, परागकेशरयुक्त।

stamina (stăm' i nă) [L., pl. of prec.] सं० सार, तत्त्व, सहन-शक्ति, जीवट, दम, सामर्थ्य।

stammer (stăm' er)[M.E. *stameren*[1]cp. A.-S *stamm*, *stamor*. stammering, Dut. *stameren*. G *stammern*], ult from *sta-*, to stand] क्रि० अ० और अ० हकलाना, तुतलाना, रुक-रुक कर बोलना। सं० हकलापन, तुतलाहट। **stammerer** सं० हकला, तुतला, तुतलाने वाला। **stammeringly** क्रि० वि० हकलाते हुए।

stamp (stămp)[A.-S. *stempe*[1]cp. Dut. *stampen*, G *stampfen*, Icel. *stappa*, Swed. *stampa*, also G *stemben*[1]] क्रि० स० और अ० १. अंकित करना, छाप लगाना, ठप्पा लगाना, २ (लिफ़ाफ़े, दस्तावेज़ पर) टिकट या स्टाम्प लगाना, ३ (कच्ची धातु आदि) कूटना, दुरुस्त बनाना, ४ धरती पर ज़ोर से पाँव पटकना; ५ गुण प्रकट करना; ६. स्मृति में अंकित करना। सं० १. मुद्रा, मुद्रिका; २ ठप्पा या मुहर लगाने का यंत्र, *स्टाम्प** (प्र० विधि भी); ३. ठप्पा, चिह्न; ४. सरकारी मुहर(जो प्रामाणिकता प्रकट करने के लिए लगाई जाती है); ५. टिकट या स्टाम्प, ६. मुहर या छाप, चिट (जो किसी माल पर उसका गुण प्रकट करने के लिए लगाई जाए), ७ (ला०) निशान, मुहर; ८. विशिष्टता; ९ चरित्र, प्रकार, १०. (धातु कूटने की) मोगरी; ११. पाँव का पटकना। **~out** समाप्त करना, दबा देना, (विद्रोह आदि) कुचल देना। **~collector** टिकटों का संग्रह करने वाला। **~duty** महसूल-स्टाम्प, महसूल जो कुछ वैधानिक दस्तावेज़ों पर लगाया जाता है। **~machine** स्टैंप-मशीन, काग़ज़ बनाने के लिए चीथड़े कूटने का मशीन। **~mill** कच्ची धातु आदि कूटने का पंप। **~office** वसूल जहाँ से सरकारी स्टाम्प जारी होते हैं और जहाँ महसूल वसूल किया जाता है। **stamper** सं० अंकित करने वाला, मुहर लगाने वाला; २. स्टैंपर, पत्थर कूटने का मशीन।

stampede (stăm pēd') [Sp. and Port. *estampido*, from *estampar*, to STAMP] सं० १. (घोड़ों या पशुओं में) अचानक हड़बड़ी या भगदड़; २. आतंकित लोगों की भगदड़; ३. (राज०) आकस्मिक आंदोलन। क्रि० स० और अ० भगदड़ में डाल देना, भगदड़ मचाना या पड़ना।

stance (stăns) [O.F. *estance*, late L. *stantia*, see STANZA] सं० (गोल्फ़, क्रिकेट) अवस्थिति* (आ० भी), खिलाड़ी की स्थिति जो गेंद को मारने के समय होती है।

stanch (stanch)[O.F. *estancher*, late L. *stancāre*, L. *stagnāre*. to STAGNATE] क्रि० स० १. प्रवाह (विशे० रक्त का) रोक देना; २. स्राव (विशे० घाव से) रोक देना। वि० १. विश्वस्त, वफ़ादार; २. दृढ़, पक्का, (जहाज़, जोड़ आदि जिसमें हवा या पानी न घुस सके)। **stanchly** क्रि० वि० विश्वस्त रूप से, दृढ़ता से। **stanchness** सं० १. विश्वस्तता; २. दृढ़ता।

stanchion (stăn'-, stan' shŏn) [O. North. F. *estanchon* (F. *étançon*), dim. of *estance*, STANCE] सं० १. लौहस्तम्भ, स्थाणक* (ई० ३ भी), खम्भा, स्तंभ, टेक, थूना, खड़ा डंडा; २. आगल, पशुओं को बाड़े के अंदर रोके रखने के लिए द्वार पर लगाया गया डंडा। क्रि० स० १ टेक देना, थूना लगाना; २. आगल में (पशुओं को) बाँधना।

stand (stănd) [A.-S. *standan*, *standan*, cp. Dut. *staan*, G. *stehen*, Icel· *standa*, Swed. *stå*, also L. *stāre*, Gr. *histanai*] क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **stood**, stud) १. खड़ा होना, उठ खड़ा होना, सीधा खड़ा होना; २ निश्चित ऊँचाई का होना, ३. स्थित होना, ४. स्थिर होना; ५. स्थिति बनाए रखना, कायम रहना, अडिग रहना; ६. बने रहना, उचित बने रहना; ७. अपरिवर्तित रहना; ८. निश्चित स्थिति या पद पर होना; ९. अपने आपको निश्चित स्थिति या पद पर पाना; १०. विशेष स्थिति में पहुँच कर वहाँ स्थिर होना; ११. (नौ० वि०) निश्चित मार्ग अपनाना; १२. (कुत्ते को) शिकार का चिह्न दिखाना; १३. (कुत्ते को) शिकार के पीछे लगाना, १४. सीधा या निश्चित स्थिति में रखना या खड़ा करना, १५. सहन करना, झेलना, बिना झुके या हौसलापन खोते जाना; १६ मुकद्दमा भुगतना; १७. अवसर के मुकाबले में होना, १८. अपने व्यय में सेवा करना। सं० १. ठहराव, अटकाव, रुकाव; २ स्थिति (जो विरोध के लिए धारण की जाए); ३ (धारण की हुई) स्थिति ४. तिपाई, चौकी, पीठ*/पीढ़ा* (मा० १ भी), मेज़, रैक, ५. अड्डा, ठुकान; ६ गाड़ियों के ठहरने की जगह; ७. चबूतरा, गवाहों का कटहरा; ८. लड़ी खेती; ९. (रंगमंच) पड़ाव, १०. जंगल या जंगल की लकड़ी (वाणिज्य के लिए); ११. आधार*/ स्टैन्ड* (ई० २, मा० १, वि० १ भी)। **be at a ~** (अप्र०) आगे बढ़ने के अयोग्य, असमंजस में होना। **corn stands higher than ever** अनाज का भाव बेशुमार से ऊँचा है। **how do we ~ in the matter of horses?** क्या हमारे पास काफ़ी और मुनासिब घोड़े हैं! **I ~corrected** संशोधन स्वीकार करता हूँ। **I take my ~ on the precise wording of the act** मेरा तर्क अधिनियम के शब्दों पर आधारित है। **make a ~** शत्रु के विरुद्ध या सिद्धांत के पक्ष में डटना। **It stands to reason** १. तर्कसंगत बात है, ज़ाहिर है, २.(सामान्य) आप नहीं मानेंगे तो मैं विषय उठूँगा। **shall ~you in the corner** (बंडे) तुम्हें कोने में खड़ा कर दूँगा। **~by** १. पक्ष लेना, सहायता करना, साथ देना, (शर्त या वचन) निभाना, २. (नौ० वि० लंगर आदि को) पकड़ने के लिए तैयार रहना। क्रि० वि० १. पास खड़े होना; २. तमाशाई होना; ३. खड़े देखते रहना, ४. (मूल नौ० वि०) तैयार खड़े रहना। **~by** सं०

व्यक्ति या वस्तु जिस पर भरोसा किया जा सके। ~down १. मवाहीं के कटहरे या अन्य ऐसी स्थिति से हट जाना; २.(सैन्य०) डुपटी देकर चले जाना। ~fast, firm डटे रहना। ~for १. प्रतिनिधि होना, प्रतीक होना; २. (पद के लिए) उम्मीदवार होना; ३. (चुनाव-क्षेत्र से) संसद में प्रतिनिधि बनने का उम्मीदवार होना; ४. (किसी बात का) पक्ष लेना; ५. (बोल०) बर्दाश्त करना, सहन करना, झेल जाना। ~in किसी व्यक्ति का खर्च आना, लागत आना। ~in with किसी के साथ साठ-गाँठ रखना। ~off परे हटना, दूरी बनाये रखना, (कर्मचारी को) अस्थायी तौर पर अलग कर देना। ~off (half) रुकी फुटबाल में हाफ़ बैक खेलने वाला एक खिलाड़ी। ~off & on (नौ० वि०) जहाज का तट के साथ आगे-पीछे हटते हुए चलना ताकि कोई स्थान-विशेष सामने रहे। ~of arms एक व्यक्ति के पूरे हथियार। ~of colours फ़ौजी दस्ते के झंडे या निशान। ~on १. (पूर्व०) ज़ोर देना, कठोर पाबंदी बरतना; २. (नौ० वि०) एक ही मार्ग पर चलते जाना। ~one's ground अपनी स्थिति पर जमे रहना (शा० और ला० दलील आदि में)। ~out १. विरोध आदि को पार कर जाना; २. विशिष्टता प्राप्त कर लेना। ~over स्थगित हो जाना। ~to कि० वि० १. (अप्र०) टूट पड़ना, २. काम में जुट जाना, ३ (सैन्य०) हमले की तैयारी में मोर्चा सँभालना (विशे० पौ फटने से पहले और सूर्यास्त के पश्चात्); ४. (वचन आदि) निभाना, ५ (अपनी स्थिति, मोर्चे, विशे० ला० कर्तव्य पर) डटे रहना। ~up उठ कर खड़े हो जाना, सीधे खड़े रहना। ~up for १. पक्ष लेना, २. (किसी व्यक्ति या आदर्श की) हिमायत करना। ~up to १. (विरोधी का) साहसपूर्वक सामना करना, २. चीज़ों का (बावजूद कठिनाइयों के) बने रहना। ~up with १. साथी के साथ नृत्य के लिए खड़े होना; २. (किसी के साथ) नृत्य करना। ~-offish वि० दूर का, बेगाना सा, रूखा। ~-offishly क्रि० वि० बेगानेपन से, रूखेपन से। ~-offishness सं० बेगानापन, रूखापन। ~-pipe खड़ा या सीधा नल* (इं० १ भी)। ~-point दृष्टिकोण। ~rest (खड़े होकर काम करने वाले व्यक्ति के) सहारे के लिए ऊपर से डालूवाँ ऊँचा स्टूल। ~still ठहराव, ठहराव, अवरोध। ~-up १. (कालर का) खड़ा होना, २ साफ़-सीधी लड़ाई। standing सं० (विशे०) साख, ख्याति, स्थिति, अवधि, समय। वि० (विशे०) प्रस्थापित, स्थिर, स्थायी (जैसे ~army)। ~orders स्थायी आज्ञा, (विशे०) संसद के कार्य-संचालन से संबंधित। ~rigging जहाज के मस्तूल को सहारा देने वाली स्थायी रस्सियाँ। ~water खड़ा या थमा हुआ पानी।

standard (stăn' dărd) [O.F. *estandard*, from O.H.G. *standan*, to STAND, combined with O.F. *estendard*, from L. as EXTEND] सं० १. स्टैन्डर्ड* (इं० भी), ध्वज, पताका केतु, झंडा*/ निशान* (मा० १ भी) (विशे० घुड़सवार सेना का), २. (ला०) संघटनकारी सिद्धांत; ३. स्तर, नाप या तोल जिससे अन्य वस्तुओं को आँका जाए; ४. मान-दंड, ५. कमाल, स्तरात्मक गुण; ६. आदर्श; ७. (प्रारंभिक पाठशालाओं में) कक्षा, ८. औसत गुण, ९. लकड़ी का नाप; १०. खड़ी बल्ली* (इं० ३ भी), सीधी टेक या धूरी; ११. पानी या गैस का मोड़ा नल; १२. वृक्ष या झाड़ (जो बे सहारे खड़ा हो); १३. झाड़ी जिसे सीधे तने पर प्यौंद कर के सीधे वृक्ष की तरह बना दिया जाए; १४. प्रतिमान*/ स्तर*/ (मा० २ भी), मानक*/ प्रामाणिक* (इ० २, ३, क० प्र०, मा० २, वि १ भी) **double**~सोने और चाँदी दोनों का टकिया मिश्रित धातु से अनुपात **gold, silver**~धटिया धातु से सोने या चाँदी का अनुपात। **monetary**~ सोने या चाँदी के सिक्के में असली धातु और मिलावट का अनुपात। **multiple, tabular**~ मूल्य-स्तर जो बहुत सी चीज़ों के मूल्यों की औसत निकाल कर प्राप्त किया जाता है। ~**bearer** १. झंडा-बरदार; २.(ला०) किसी आंदोलन में मुख्य भाग लेने वाला व्यक्ति। ~**bread** गेहूँ की रोटी जिसमें कम से कम ⅔ भाग गेहूँ का आटा (भूसी समेत) हो। ~**lamp** ऊँचे दुरबीनी स्तम्भ पर लगा हुआ दीपक। ~**novels** उच्च स्तर के माने हुए उपन्यास। **standardize** क्रि० स० १. स्तर या आदर्श के अनुकूल बनाना; २. स्तर पर लाना; ३. (रसा०) तुलना के लिए विश्लेषण द्वारा (घोल का) विशिष्ट मान प्राप्त करना; ४. मानकीकरण* (इ०३ भी)। ~**standardization** सं० स्तरीकरण, प्रामाणीकरण, मानकीकरणी* (इं० २, क०, मा० २, वि० १ भी)।

stand patter स० (अमरीकी) वह राजनीतिज्ञ जो अपने दल के सिद्धांतों (विशे० आयात-निर्यात संबंधी) का दृढ़ अनुयायी हो।

stanhope (stăn' ŏp) सं० १. दो या चार पहियों की हल्की खुली गाड़ी, २. (~-press भी) लोहे का छापाखाना जिसका आविष्कार लार्ड स्टैनहोप ने किया। ~**lens** स्टैनहोप लैन्स।

staniel (stăn' yĕl) [A.-S. *stăngiella* (STONE, *giellan*, to YELL)] सं० शिकरा, एक प्रकार का छोटा बाज।

stank दे० STINK।

stannary (stăn' ă ri) [late L. *stannăria*, from *stannum*, tin, perh. rel. to *stagnum*, pool, see STAGNATE] सं० १. कलई की खान; २. कलई की खानों का प्रदेश। वि० कलई की खानों का। ~**courts** (कार्नवाल और डवन का) कलई खानिकों का न्यायालय।

stannic (stăn' ik) वि० (रसा०) कलई का। **stannate** सं० स्टैनेट। **stanniferous** वि० १. कलई-युक्त, २. कलई उपजाऊ। **stannous** वि० १. कलई संबंधी, २. कलई-युक्त।

stanza (stăn' zā) [It., from late L. *stantia*, abode, from *stāre*, to stand] सं० श्लोक, बंद (चार या अधिक पंक्तियों का)। **stanza'd, stanzaed, stanzaic** वि० बंदों में विभक्त (कविता)।

staple[1] (stā' pĕl) [A.S. *st-pul*, cp. Dut. *stapel*, G. *staffel*, step, rung, G. and Swed. *stapel*, heap, emporium, Dan. *stabel*, hinge, pile] सं० १. कुंडा* (इं० ३ भी), नोकदार छल्ला, २ इब्बे के समान ताला; ३. धातु की तली जो आगंन बाजे या अन्य ऐसे बाजों के पर्दों को पकड़े रखती है; ४. (तार की सिलाई के लिए) मुड़ा हुआ तार। क्रि० स० १. कुंडी जड़ना; २. कुंडी लगाना। **stapling machine** (जिल्दसाज़ी) स्टैप्लिंग मशीन, तार की सिलाई करने की कल।

staple[2] (stā' pĕl) [O.F. *estaple*, L.G. *stapl*, cogn. with prec] सं० १. किसी प्रदेश का विशेष दिसावरी माल; २. कच्चा माल, ३. मुख्य तत्व या सामग्री, ४. (गुण-निर्धारण की दृष्टि से) कपास, ऊन आदि का रेशा या सूत.रेशा* (इ०, वि० १ भी)। वि० १. प्रधान, प्रमुख* (वि० १ भी), मुख्य। क्रि० स० अलग-अलग करना, (गुण के अनुसार) वर्गीकरण करना। **stapler** सं० वर्गीकरण करने वाला।

star (stär) [A.-S. *steorra*, cp. Dut. *ster*, G. *stern*, Icel. *stjerna*, Swed. *stjerna*, also L. *stella*, Gr. *astēr*] सं० १. तारक* (वि० २ भी), नक्षत्र, सितारा, तारा* (वि० १ भी),

(fixed~ भी) स्थिर तारा, ऐसा तारा जो धरती से दूर होने के कारण स्थिर प्रतीत हो; २. सितारे जैसी वस्तु (जैसे पदक), तारक-चिह्न, घोड़े के माथे पर सफ़ेद टीका, तारा; ३. (ताश) अतिरिक्त बाज़ी जो खिलाड़ी अपनी बाज़ियाँ समाप्त होने पर खरीदता है; ४. प्रमुख अभिनेता या अभिनेत्री (जैसे film~); ५. कोई प्रतिभावान या विख्यात व्यक्ति (जैसे literary~); ६. भाग्य-नक्षत्र (जिसका प्रभाव मनुष्य के जीवन पर माना जाता है)। क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **starred**) १. तारे जड़ना; २. तारों से सजाना (विशे० भू० कृ० रूप में); ३. (सूची आदि के किसी नाम पर) तारक-चिह्न देना; ४. प्रमुख अभिनेता होना, नाटक या फ़िल्म के सितारे के रूप में सामने आना; ५. (ताश का खेल) अतिरिक्त बाज़ी खरीदना। **bright, particular** ~आशाप्रद व्यक्ति। **ill-starred** अभागा। **binary** ~ एक दूसरे के गिर्द घूमते हुए दो सितारे। **day** ~ (काव्य०) सूर्य। **double, multiple** ~ दो या तीन से छः तक सितारों का समूह जो खाली आँख से एक सितारा जैसा दिखाई देता है। **evening** ~ साँझ-सितारा। **morning** ~ प्रात-सितारा। **shooting** ~ छोटा उल्का। **the** ~ **system** विख्यात अभिनेताओं के नाम के पीछे अन्य वर्तियाँ छिपाने की प्रवृत्ति। ~**-apple** एक प्रकार का सेब जैसा फल जो वेस्ट-इंडीज में पाया जाता है। **Star-Chamber** स्टार-चेम्बर (इंग्लैंड की एक विख्यात अदालत जो १६४० में बंद कर दी गई)। ~**-drift** आकाश के किसी भाग में किसी नक्षत्र-समूह की सामूहिक गति। ~**-finch** स्टार-फिंच, एक प्रकार का पक्षी। ~**fish** नक्षत्र-मछली (जिसके पंच सितारों की तरह होते हैं)। ~**-gazer** (हास्य०) गणित-ज्योतिषी। ~**light** सितारों का प्रकाश। ~**lit** सितारों से प्रकाशित। ~**of Bethlehem** सुमन जैसा एक पौधा जिसमें सफ़ेद सितारों के समान फूल होते हैं और बाहर हरे रंग की लकीरें। **Star of India** एक विलायत जो भारत पर अंग्रेज सम्राट का सीधा अधिकार होने की घोषणा के तौर पर १८६१ में जारी किया गया था। ~**-shell** एक प्रकार का गोला जिसके वायु में फटने से प्रकाश फैल जाता है और शत्रु के हालात ज्ञात हो जाते हैं। ~**-spangled** सितारों भरा (विशे० अमेरिकन झंडा)। ~**-stone** नीलम का एक प्रकार। ~**stream** तारा-प्रवाह, सितारों की दो व्यवस्थित संततियों में से एक। ~**-turn** किसी मनोरंजन या समारोह का प्रमुख भाग। **starless** वि० वे सितारा। **starlet** सं० छोटा सितारा। **starlike** वि० सितारे के समान। **starry** वि० सितारों सजधजी, तारों भरा।

starboard (star' bôrd) [A.-S. *stéorbord* ,steor, rudder, as STEER[1])] सं० जहाज का दाहिना पक्ष। क्रि० स० पतवार को इस दिशा में लगाना।

starch (starch) [M.E. *strich*, strong, cp. A.-S. *stercan*, to stiffen, cogn. with STARK] वि० (अब विरल) नियमों का कठोरता से पालन करने वाला, नियमनिष्ठ। सं० १ मंड, मद*, स्टार्च* (कृ० भी), निशास्ता, २. कलफ़, माँड़ी; ३. (ला०) व्यवहार में अकड़न या कठोरता, तकल्लुफ़। क्रि० स० कलफ़ लगाना, माँड़ी देकर अकड़ा देना। **starchedly** क्रि० वि० अकड़पूर्ण व्यवहार से। **starchedness** सं० अकड़पूर्ण व्यवहार। **starcher** सं० १. कलफ़ लगाने वाला; २. कलफ़दार कालर, कलफ़ लगाने की कल। **starchly** क्रि० वि० नियम-बद्धता से। **starchness** सं० नियम-बद्धता। **starchy** वि० मंडमय* (कृ० भी), अकड़ा हुआ (शा० और ला०)। **starchiness** सं० १ (कलफ़ की) अकड़न; २. अकड़े रहना।

stare (stâr) [A.-S. *starian* (cp. Dut. *staren*, Icel. *stara*, also G. *starr*, stiff), prob. rel. to Gr. *stereos*, firm] क्रि० अ० और स० १. घूरना, टकटकी बाँध कर देखना, आँखें फाड़-फाड़ कर देखना; २. (प्राय: कृ० में) आँखों में खटकना या चुभना, बुरा लगना; ३. घूर कर ठहरा देना या सेंधा देना। सं० ताक, टकटकी। ~**down** घूर कर झेंपा देना। ~(**person**) **in the face** स्पष्ट होना, साफ़ दिखाई पड़ना। **staringly** क्रि० वि० घूर कर, ताड़ते हुए।

stark (stark) [A.-S. *steare* (cp. Dut. *sterk*, G. *stark*, Icel. *sterkr*), cogn. with prec.] वि० १. कड़ा, कठोर; २. (काव्य०) दृढ़; ३. (काव्य०) आग्रही, हठी; ४. निरा, निपट। क्रि० वि० बिल्कुल, पूरे तौर पर।

starling[1] (star' ling) [A.-S. *stær* (cp. G. *staar*, Icel. *stari*, *starri*)] सं० सारिका, मैना।

starling[2] (star' ling) [cp. Dan. and Swed. *stor*, stake] सं० बचाव लट्ठे,* रक्षक स्थूणा* (इ० ३ भी), पुल के खम्भे के आस-पास सुरक्षात्मक बाँध।

start (start) [M.E. *sterten*, cp. Dut. *storten*, G. *sturzen*, Dan. *styrte*, Swed. *störta*, to cast down, etc.] क्रि० अ० और स० १. (कष्ट, विस्मय आदि से) चौंक उठना, उछल पड़ना; २. (आकस्मिक आघात या जोश के कारण) अपनी जगह से उछल जाना, बिदकना, भड़कना; ३. (लकड़ी आदि का) अपनी स्थिति से खिसक जाना, हट जाना, निकल जाना; ४. चल पड़ना; ५. प्रस्थान करना; ६. (यात्रा, व्यवसाय, पुस्तक, सिग्नेट आदि) प्रारंभ करना; ७. शुरू करना, चलाना, चालू करना; ८. (शिकार को) माँद से निकालना, ९. (उद्योग, समाचारपत्र, व्यापार, घड़ी को चाबी देकर, आपत्तियाँ, झगड़ा आदि) जारी करना, चालू करना, पैदा करना, उठा देना, शुरू कर देना; १०. शुरू करा देना; ११. (किसी व्यक्ति का) व्यापार आदि शुरू कराना; १२. (व्यक्तियों को दौड़ में) दौड़ने का इशारा देना; १३. (लकड़ी, दाँत आदि) हिल जाना या हिलाना; १४. (नौ० वि०) पीपे से शराब उडेलना। सं० १. आश्चर्य या दर्द आदि का) आकस्मिक प्रकोप या होना; २. (बहुव०) बे-सिलसिला प्रयास या हरकत; ३. (यात्रा, कार्य या दौड़ का) प्रारंभ; ४. दौड़ में प्रारंभ का स्थान; ५. दौड़ में दी गई सुविधा; ६. व्यापार में सु-अवसर। **a run** ~ (बोल०) विस्मयकारी घटना। **get the** ~ **of his rivals** अपने प्रतियोगियों से आगे बढ़ गया। ~**in** (बोल०) करने लगना। ~**out**(के लि० प्रारंभ करने के लिए कदम उठाना। ~**up** १. एकाएक उठ खड़े होना, चौंक उठना, २. उठना; ३. अस्तित्व, या हरकत में आना; ४. मन में आना। ~**with** प्रारंभ में, पहले तो, पहले-पहल। **starter** सं० १. (विशे० दौड़ में इशारा देने वाला; २. दौड़ में भाग लेने वाला घोड़ा या प्रतियोगी; ३. प्रवर्तक* (इ० १, भी), जामन* (कृ० भी), स्टार्टर* (इ० १ भी)। **starting** सं० १. प्रारंभण, आरंभण, प्रयाण, प्रस्थान; २. प्रारंभ करना, प्रस्थान करना, चौंकना (क्रियागत अर्थों में)। वि० प्रवर्तक, आरंभिक। ~**-gate** आड़ या टट्टी जो घुड़दौड़ में प्रारंभ के समय हटाई जाती है ताकि सभी एक साथ दौड़ें। ~**-post** वह खम्भा या स्थान जहाँ से दौड़ प्रारंभ होती है। ~**prices** घुड़दौड़ में अंतिम बोली।

startle (startl) [M.E. *stertlen*, freq. of prec.] क्रि० स० १. चौंका देना, भौचक्का कर देना, हड़बड़ा देना, डरा देना, बौखला देना, घबरा देना; २. (कृ०) विस्मयकारी, चौंका देने वाला।

startler सं० चौंकाने वाला, चकितकारी। **startlingly** क्रि० वि० चौंकाते हुए, चकित करते हुए।

starve (starv) [A.-S. *steorfan*, to die, cp. *sterfan*, to kill, Dut. *sterven*, G. *sterben*] क्रि० अ० और स० १. क्षुधा से पीड़ित होना: २. भूख से मरना; ३. भूखों मरना, फ़ाके करना; ४. दाने-दाने को तरसना, अतीव निर्धनता में दिन काटना; ५. (बोल०) भूख महसूस करना, भूख लगना; ६. (अब विरल) ठंड से मर जाना; ७. ठंड लगना; ८. (ला०) मानसिक या आध्यात्मिक अभाव अनुभव करना; ९. (सहानुभूति, मनोरंजन, ज्ञान आदि के लिए) तीव्र आकांक्षा होना; १०. भूख से मारना; ११. भूखे रखना, कम खाने को देना (शा० और ला०); १२. इस प्रकार सेना आदि को हथियार डालने पर विवश करना; १३. ठंड से मार देना, ठंड की यातना देना। **starvation** सं० अनाहार, भूखमरी, फ़ाका। **starveling** सं० १. भूखा-टूटा, भूखमरा (व्यक्ति या पशु); २ मरियल, दुबला। वि० भूखों मरने वाला।

stasis (stās' is) [Gr., from *sta-*, root of *histanai*, to stand] सं० (चिकि०) स्थैतिकता* (आ० भी), शरीर के किसी रस के बहाव में अवरोध।

state (stāt) [O.F. *estat*, L. STATUS] सं० १. स्थिति*/ अवस्था* (प्रा०, आ०, वि० १ भी), दशा, हालत; २. राज्य* (मा० १, विधि भी), रियासत; ३. Jersey और Guernsey की विधान सभा, ४. नागरिक (अर्थात् असैनिक) शासन; ५. पद, प्रतिष्ठा; ६. शान, ठाट-बाट; ७. (स्था०) (chair of ~ भी) सिंहासन, राजगद्दी, छत्र; ८. (पुस्त०) किसी पुस्तक के एक ही संस्करण के दो या अधिक विभिन्न अंश, ९. खुदे हुए या अंकित धातु-पत्र के विकास की किसी अवस्था में लिया हुआ चित्र या छापा। वि० १. राज्य का; २. राज्य के लिए; ३. राज्य संबंधी; ४. राज्य के लिए सुरक्षित; ५. राजकीय समारोहों पर होने वाला। क्रि० स० १. व्यक्त करना, बयान करना (भाषण या लेख द्वारा); २. निश्चित करना, निर्धारित करना; ३. (बीज०) प्रतीकों द्वारा (समस्या, संबंध आदि की) शर्तें व्यक्त करना। **free states** वे राज्य जिनमें दास प्रथा नहीं थी। **he was in quite a ~about it** वह इस बात पर काफ़ी मुहक्मा (या विगड़ा) हुआ था। **in ~** पूरे रख रखाव के साथ। **keep ~** ठाट-बाट बनाए रखना, शान से रहना, मिलना कठिन होना। **lie in ~** शव का अंतिम दर्शन के लिए रखा जाना। **~of life** व्यक्ति का पद और व्यवसाय। **slave states** वे राज्य जिनमें दास-प्रथा प्रचलित थी। **Southern States** अमरीका के दक्षिणी भाग के राज्य। **States of the Church, Papal States** पोप-राज्य, रोम के पोप की जागीरें जो प्राय मध्य इटली में थीं। **~call** (बोल०) रस्मी बुलाकात। **~craft** शासन-कला, राज-कौशल। **~criminal** राजनीतिक अपराधी। **State Department** अमरीकन सरकार का विदेश विभाग। **~-prisoner** १. राजद्रोह का अभियुक्त; २. राजनीतिक बंदी। **State rights** वह अधिकार जो अमरीकन राज्यों के पास सुरक्षित हैं और केंद्र को नहीं दिए गए। **~room** १. राज्य-कक्ष, सरकारी अधिकारियों के लिए सुरक्षित स्थान; २. अग्नि-बोट पर प्राइवेट शयन-कक्ष। **State Socialism** राजकीय समाजवाद, ऐसी व्यवस्था जिसके अंदर उत्पादन के साधन राज्य के हाथ में आ जायँ। **~socialist** राजकीय समाजवादी। **~trial** अभियोग जो राज्य की ओर से (विशे० राजनीतिक अपराध के लिए) चलाया जाए। **statable** वि० वर्णनीय, कथनीय। **statedly** क्रि० वि० निश्चित रूप से।

stately (stāt' li) वि० गरिमापूर्ण, प्रभावशाली, भव्य (आचरण, भाषा, व्यक्ति, साहित्य-शैली, लय, भवन, आकार आदि)। **statelíness** सं० प्रभावपूर्णता, भव्यता।

statement (stāt' mėnt) सं० १. कथन* (मा० २ भी), बयान* (प्र०, मा० १ भी); २. उक्ति, वक्तव्य* (मा० १ भी); ३. लेखा, विवरण* (मा० १, प्र० भी), हिसाब।

stater (stā' ter) [Gr., from *sta-*, see STATIC] सं० स्टेटर, प्राचीन ग्रीक सिक्के।

statesman (stāts' mān) सं० १. राजनीतिज्ञ, राजनीति-विशारद*/ राजनीतिमर्मज्ञ*/ राज्य-मर्मज्ञ*/निपुण राजनीतिज्ञ*/राज्यवेत्ता* (मा० १ भी); २. राजदर्शी; ३. (उत्तर इंग्लैण्ड में) मेहतर भूमिधारी। **statesmanlike** वि० राजनीतिज्ञोचित। **statesmanship** सं० राजनीतिक ममंसता।

static, statical (stāt' ik, -al) [Gr. *statiko-*] वि० १. स्थैतिक, स्थिति-विज्ञान संबंधी, २. भार का काम करने वाली किंतु अचल। **~ataxia** बिना हिले या गिरे न रह सकना। **~electricity** स्थिर विद्युत्। **~water** स्थानीय जल जो दबाव से न पहुँचाया जाता हो। **statics** सं० (बहुव०) स्थिर* (मा० २ भी), स्थैतिकी*/ स्थितिविज्ञान*(कु०भी), वायु-मंडल-शास्त्र। **statically** क्रि० वि० स्थिर रूप से, स्थैतिक दृष्टि से, *स्थैतिकतया*। स्थैतिक रूप में* (इ० ३ भी)।

station (stā' shūn) [F., from L. *stationem*, nom. *-tio*, from *stare*, to stand] सं० १. स्थिरता, टिकाव, २. स्थान, स्थल* (आ०भी), ठिकाना, भवन (जिसमें किसी को ठहराया जाए); ३. ~व्यवस्था, ता०वि० जहाज पर स्थित सिपाहियों को दिए गए मार्च, ४ *स्थानीय* आवश्यकता की वस्तुएँ उपलब्ध कराने वाला डिपो या दफ़्तर; ५. रेलवे स्टेशन, ६. जीवन में स्थिति, हैसियत, (उच्च) पदवी, पद, गेंदा, ७. (पर्स-वेक्षण) स्थान जहाँ से नाप लिए जाते है (प्रामाणिक दूरी प्राय १०० या ६६ फ़ुट); ८. फ़ौजी छावनी; ९. छावनी में रहने वाले अधिकारी और अन्य लोग; १०. (आस्ट्रेलिया) भेड़-शाला, ११ (धर्म०) बुद्ध और शुक्र को फाका, १२ (इतिह०) ईसा को यातना के १४ चित्र जिनके समक्ष कई गिरजों में पूजा की जाती है; १३ विरजा (विशे० रोग का) जहाँ यात्री पूजा के लिए जाते है, १४ (वन० जीव०) (जलवायु, घरनी आदि के अनुसार) किसी पौधे या पशु का आवास; १५. प्रेक्षणस्थल*/ केन्द्र*, स्टेशन*(इ० २, प्र०, वि० १ भी)। क्रि० स० किसी के लिए, स्थान निर्धारित करना, २ (किसी व्यक्ति या स्वयं को) किसी स्थान पर टिकाना। **coastguard ~** तट-रक्षक चौकी। **goods ~** माल गाड़ियों का स्टेशन। **life boat ~** बचाव-डिंडगी रखने का स्थान। **naval ~** जहाजों का अड्डा। **~bill** (सं० वि०) जहाज के अधिकारियों की नियुक्तियों की सूची। **~calendar** वह बोर्ड जिस पर गाड़ियों के चलने का समय और प्लेटफार्म लिखा रहता है। **~house** पुलिस-थाना। **~master** स्टेशन मास्टर। **~pointer** निर्देश के अनुसार चार्ट या रेखाचित्र पर स्थान स्थिर करने का त्रिभुज-कोण-मापक।

stationary (stā' shō nar i) [L. *stationarius*, as prec.] वि० १. स्थिर, अचल* (वि० १ भी); २. टिकाऊ, अवहनीय; ३. प्रत्यक्षत: गति-शून्य (ग्रह); ४. (मात्रा, संख्या, गुण, कौशल आदि में) एक सा, अपरिवर्तनीय। **~ engine** स्थिर या स्थायी व्यक्ति, (विशे० बहुव०) स्थायी सेना। **~ air** वायु जो साधारणतया सौंग लेते समय फेफड़ों में रहती है। **~diseases** स्थानीय रोग जो जल-वायु के प्रभाव से उत्पन्न होते हैं और थोड़े समय के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। **stationariness** सं० अचलता, स्थायित्व।

stationer (stā' shō nēr)[orig. a bookseller, having a stall or stand, as prec.] सं० स्टेशनर, (कलम, दवात आदि) लेखन-सामग्री-विक्रेता। **Stationer's Hall** स्टेशनर्स हाल, लंदन की स्टेशनर कम्पनी जहाँ पुस्तकें कापी-राइट के लिए दर्ज कराई जाती थीं। **stationery** सं० स्टेशनरी, लेखन-सामग्री।

statist (stāt' ist) सं० सांख्यिक, अंक-शास्त्री।

statistics (stā tis' tiks) सं० (बहुव०) १. व्यवस्थित या क्रमबद्ध आँकड़े, स्थिति-विज्ञान* / स्टैटिक्स* (इं० ३ भी); २. सांख्यिकी* (आ०, इं० ३, फ्रं०, ग्रं०, वि० १ भी), अंक-शास्त्र। **statistic, -al** वि० आँकड़ों संबंधी, सांख्यिकीय* (फ्रं०, ग्रं० भी)। **statistically** क्रि० वि० आँकड़ों के अनुसार। **statistician** (stāt is tish' ăn) सं० सांख्यिकीविद्* (मा० २ भी), सांख्यिक, अंक-शास्त्री। **statistology** (stāt is tol' o jĭ; सं० सांख्यिकी, अंक-शास्त्र।

stator (stā' tŏr)[Gr. *stator*, fixed] सं० (विद्युत्) स्टेटर, क्षमक, स्थाता, जनक या चालक का स्थिर भाग। **~armature** स्टेटर आर्मेचर, स्थाता वर्म।

statoscope (stăt' ŏ skōp)सं० स्टेटोस्कोप, निर्देश बैरोमीटर जिससे हवा के दबाव के सूक्ष्म परिवर्तन भी ज्ञात हो जाते हैं।

statue (stăt' ū) [O.F., from L. *statua*, from *stature*, to cause to stand as foll.] सं० प्रतिमा, प्रतिकृति, मूर्ति, पुतला, वुत। **statuary** वि० मूर्ति का, मूर्तिमयी। सं० १. मूर्तिकार* (मा० १ भी), २. मूर्ति-कला* (मा० १ भी); ३. मूर्तिविषयक*, (मा० १ भी) ४. मूर्ति संग्रह*/ मूर्तिसमूह*। (मा० १ भी)। **statued** वि० मूर्ति-सज्जित। **statuesque** वि० मूर्तिवत् (गरिमा-पूर्ण या सुंदर)। **statuesquely** क्रि० वि० मूर्ति की भाँति। **statuesqueness** सं० मूर्ति-समान होना।

stature (stăt' ūr) [F., from L. *statūra*, upright posture, from *stāre*, to stand, p.p. *status*] सं० मूर्ति* (मा० १ भी), कद, (शरीर का) ऊँचाई। **statured** वि० कद का या कद वाला।

status (stā' tŭs, [L., as prec.] सं० १. (बहुव० समवत अप्रयुक्त) गत अवस्था*/ स्टेटस* (आ० भी), सामाजिक स्थिति* (फ्रं०, मा० १ भी), पदवी, प्रतिष्ठा* (फ्रं०, मा० १ भी), हैसियत* (फ्रं०, मा० १ भी); २. (विधि) किसी व्यक्ति का दूसरे से विधि द्वारा निर्धारित संबंध, ३ अवस्था, मर्यादा* (मा० १ भी), ४. प्रस्थिति* पद* (मा० २ भी)। **~in quo** अपरिवर्तित स्थिति, ज्या का त्यो। **~quo ante** पूर्व-स्थिति।

statute (stăt' ūt) [F. *statut*, L. *statūtum*, neut. p.p. of *statuere*, see STATE] सं० १. संविधि* (मा० १ भी), (विधान-कारी सभा का पास किया हुआ) लिखित विधेयक (जैसे संसद का अधिनियम), २. नियम, संस्थापक आदि का अध्यादेश (जो स्थायी बनाया जाता हो)। **declaratory ~** घोषणात्मक विधान, ऐसा विधान जो वर्तमान विधान की व्याख्या करता हो। **private ~** व्यक्तिगत विधान (जिसका प्रभाव केवल कुछ व्यक्तियों पर हो, सार्वजनिक न हो)। **~-book** विधान-संग्रह। **~-law** विधान जो लिखा जा चुका हो या ऐसे विधानों का समूह। **~-roll** लिखित विधान, विधान-संग्रह। **statutable, statutory** वि० १ अनुरचित, विधि-बद्ध, कानूनी, २. विधिक*/ सांविधिक* (फ्रं०, मा० १ भी)। **statutably** क्रि० वि० विधान के अनुसार।

stauroscope सं० स्टौरिस्कोप*; मिविभेदर्शी* (मा० २ भी), स्फटिकों पर ध्रुवीय प्रकाश का प्रभाव आंकने का यंत्र।

stave (stāv) [var. of STAFF, from M.E. dat. *sing.*] सं० १. (गोल पीपे की) पट्टी; २. कुएँ की मेड़ या अन्य गोल खोल का भाग-तख्ता; ३. सीढ़ी का डंडा, पैड़ी; ४. (कविता का) बंद, छंद; ५. (संगी०) दे० STAFF। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **staved, stove**) १. (पीपे, नाव में) सूराख करना; २. (प्रायः ~in) (टोपी, बक्से को) तोड़-मोड देना, कुचल देना; ३. (पीपे आदि में) तख्ते जोड़ना; ४. (धातु आदि को) कूट कर या दबा कर दृढ़ बनाना। **~off** (तबाही, सर्दी, गर्मी) बचाना, दूर रखना, टाल देना। **~rhyme** अनुप्रास (विशे० प्राचीन ट्यूटानिक काव्य में)।

staveacre (stāv' zā kĕr) [O. F. *stavesaigre*, *staphisaigre*, L. *staphisagria* (Gr. *staphis*, raisins, *agria*, wild)] सं० स्टेवज़ाकर, एक प्रकार की जड़ी जिसके बीज चीलर मारने के लिए प्रयुक्त होते हैं।

stay[1] (stā) [O.F. *ester*, L. *stāre*, STAND (acc. to O.E.D.)] क्रि० स० और अ० १. (अब मुख्यतः संज्ञा) (क्रियाशक्ति या फैलाव आदि) रोकना* (विधि भी), बंद कर देना; २. (व्यय-घोषणा, निर्णय) स्थगित कर देना, मुल्तवी करना, ३. सहारा देना, थामना, पृष्ठाबंदी करना; ४. रहना, ठहरना, टिकना; ५. (बोल०) सम्मिलित होने के लिए देर तक प्रतीक्षा करना; ६. अस्थायी रूप से ठहरना; ७. (हरकत, कार्य या भावना के बीच) रुक जाना; ८. सहन-शक्ति दिखाना (विशे० दौड़ में)। सं० १. आवास, बसेरा; २. आवास-अवधि; ३. न्यायिक कार्यवाही का स्थगन; ४. (प्राय. साहि०) रोक, प्रतिबंध; ५. सहन-शक्ति, ६. सहारा, आसरा; ७. (कपड़ों के नीचे पहनने की) अंगिया। **has come to ~** (बोल०) अब इसे स्थायी समझना चाहिए। **~-at home** क्रि० वि० और स० घर-घुस, घर-घुस व्यक्ति। **~in strike** श्रमिकों का हड़ताल। **~of execution** अदालत के निर्णय के अनुसार कार्यवाही का स्थगन। **~one's stomach** भूख शांत करना (विशे० थोड़ी देर के लिए)।

stay[2] (stā) [O.F. *estayer*, to prop, *estaye*, prop, M. Dut. *stāde*, *stāye*, O.H.G. *stata*, fit place or time, cogn. with STEAD] सं० सहारा, अवलम्ब, (बहुव०) अँगिया। क्रि० स० अवलम्बन, सहारा देना। **~-bar, -rod** घूनी, अडबाड (भवन या कलों में)। **~-lace** अँगिया की डोरी **~maker** अंगिया बनाने वाला। **stayer** स० जीवट वाला, निश्चर परिश्रम करने वाला, महनशील व्यक्ति। **stayless** वि० बिना अंगिया के।

stay[3] (stā [perh. from A.-S. *steg*, etym. doubtful, or prec.] सं० (नौ० वि०) जहाज के मस्तूल का रस्सा। क्रि० स० १. मस्तूल आदि को रस्सों से बाँधना या सहारा देना; २. जहाज को दूसरी दिशा में ले जाना। **~sail** (stāl) सं० पाल जो रस्से से थमा हुआ हो।

stead (sted) [A.-S. *stede* (cp. Dut. *stede*), cogn. with *steth*, bank, Dut. *stad*, G *stadt*, town, L. *statis*, Gr. *stasis*, and STAND] सं० स्थान, भूमि (अब प्राय साहि०)। **stand (person) in good ~** (किसी व्यक्ति के) काम आना। **in person's ~** किसी व्यक्ति के स्थान पर।

steadfast (sted' fāst) [A.-S. *stedefæst*] वि० स्थिर, दृढ़, अटिग।

steady (sted' i) वि० १. स्थिर, अचल, अचर*/ अपरिवर्ती* (वि० १ भी), दृढ़, स्थित, २. सुस्थिर, जमा हुआ, अविचलित; ३. सम्यक्, व्यवस्थित, बराबर, ४. स्थिरचित्त, स्थिरबुद्धि, दृढ़; ५. शांत और परिश्रमी। सं० १. (हाथ या औज़ार के काम में प्रयुक्त) सहारा, टेका, २. (बोल०) स्थिर-प्रेमिक; ३. सुदृढ़ करना या होना। ~! दृढ़ रहो, सबसित और सतुलित रहकर सोच-विचार से काम करो। **keep her ~** (नौ० वि०) जहाज को सीधा

रखो। ~ ou! रुको, ठहरो। **steadily** क्रि॰ वि॰ १. बराबर या व्यवस्थित रूप से। **steadiness** सं॰ १. दृढ़ता; २. एकरूपता।

steak (stāk) [M.E. *steike*, Icel. *steik*, from *steikja*, to roast on a spit, cogn. with STICK] सं॰ मांस या मछली का टुकड़ा (जो तलने या भूनने के लिए काट लिया जाय)। **fillet** ~ पुट्ठे का टुकड़ा। **Hamburg** ~ गोमांस के कीमे की टिकिया।

steal (stēl) [A.-S. *stelan*, cp. Dut. *stelen*, G. *stehlen*, Icel. *stela*], क्रि॰ स॰ और अ॰ (भू॰ कृ॰ **stole** और भू॰ कृ॰ **stolen**) १. चुराना, चोरी करना, चोरी से उड़ा लेना, छल या चोरी से उड़ा लेना; २. (~away भी) जीत लेना, छल लेना, लुभा लेना, (विशे॰ किसी का दिल) मोह लेना; ३. चोरी से चुपचाप इधर-उधर जाना। **~a march on** आगे बढ़ जाना, पहले से कर लेना। **stealer** सं॰ चोर।

stealth (stelth) सं॰ गुप्तता, चुपके-चुपके, गुप्त कार्यवाही। **by** ~ मक्कारी से, चोरी-छिपे। **stealthy** वि॰ गुप्त, चुपचाप, प्रच्छन्न। **stealthily** क्रि॰ वि॰ छल से, गुप्त रूप से। **stealthiness** सं॰ गोपनीयता, छिपाव।

steam (stēm) [A.-S. *stēam*, cp. Dut. *stoom*] सं॰ १. भाप* (कृ॰ वि॰ १ भी), वाष्प* (आ॰ भी); २. नमी, भाप की बूँदें; ३. वाष्पोच्छ्वास, ४. (बोल॰) शक्ति, सत्ता। क्रि॰ स॰ और अ॰ १. भाप से भोजन पकाना, २. भाप देना; ३. (लकड़ी को) भाप देकर नरम करना; ४. भाप छोड़ना, ५. भाप बनकर उड़ना या निकलना; ६. भाप से चलना; ७. (बोल॰) ज़ोर-शोर से काम करना, बहुत प्रगति करना। **dry** ~ शुष्क भाप। **get up** ~ विशेष प्रयास के लिए शक्ति बटोरना। **~boat** अगनबोट, वाष्प-नौका। **~boiler** भाप की भट्टी, (इंजन चलाने के लिए) भाप तैयार करने का बायलर। **~box,-chest** वाष्प-कोष्ठ, वह कोष्ठ जिसमे से होकर भाप बायलर से सिलेंडर म पहुँचती है। **~brake, -crane,-gun,-hammer,-plough, whistle, -winch etc.** भाप से काम करने वाली कले। **~coal** भाप बनाने के लिए प्रयुक्त कोयला। **~colour** भाप देकर पक्का किया हुआ रग। **~cylinder** वाष्प-सिलडर जिसमे भाप के इजन का पिस्टन घूमता है। **~engine** भाप का इजन। **~gas** अत्युत्तप्त वाष्प। **~gauge** भाप-मापक जो बायलर के साथ भाप का दबाव मापने के लिए लगा रहता है। **~heat** वाष्प-ऊष्मा। **~jacket** वाष्प-चोल। **~navvy** भाप से चलने वाली खोदने की कल। **~port** वाष्प-मार्ग। **~power** वाष्प-शक्ति। **~roller** स्टीम-रोलर, सड़क कूटने का इजन, (ला॰) दमनकारी शक्ति। क्रि॰ स॰ कुचल डालना, रौंद डालना। **~ship** भाप से चलने वाला जहाज़। **~tight** वाष्प-रोक, इतना दृढ़ कि भाप के गुज़रने से टूट न सके। **~tug** जहाज़ को खेने वाला स्टीमर। **steamer** सं॰ १. (विशे॰) अगन-बोट या भाप से चलने वाला जहाज़, स्टीमर; २. भाप का इंजन; ३. भाप से भोजन पकाने का बर्तन। **boiler is a bad** ~ बायलर म अच्छी भाप नही बनती। **steamy** वि॰ वाष्पमय। **steaminess** सं॰ वाष्पीयता।

tallage, talliage (tăl' ŋj, -i ăj) [O.F. *taillage*, from *tailler*, to cut, see TAIL²] सं० (इति०) एक प्रकार का कर जो १३वीं शताब्दी में बंद कर दिया गया।

tallow (tăl' ō) [M.E. *talgh*, cp. M. Dut. *talgh*, Dut. *talk*, L. G., Dan., and Swed. *talg*, Icel. *tālgr*] सं० १. चर्बी को पिघला कर बनाया जाने वाला एक पदार्थ (जो मोमबत्तियाँ या साबुन बनाने में व्यवहृत होता है); २. चर्बी, पशु वसा* (वि० १ भी)। क्रि० स० चर्बी लगाना, चर्बी से चिकना करना, भेड़ों को मोटा करना। **~-chandler** मोमबत्तियाँ बनाने और बेचने वाला। **~-drop** गुंबदनुमा नवीना तराशी (जिसमें दोनों ओर गोलाई रखते हैं)। **~-face** पीले चेहरे वाला आदमी। **~-tree** वसावृक्ष, एक प्रकार का वृक्ष जिससे वनस्पति की चर्बी प्राप्त होती है। **tallower** सं० मोमबत्ती आदि के लिये चर्बी तैयार करने वाला, चर्बी-फ़रोश। **tallowish, tallowy** वि० चर्बीदार, चर्बी से युक्त।

tally (tăl' i) [F. *taille*, notch, incision, as TAIL³] सं० १. गणना-पट्ट, हिसाब-पट्टी, काष्ठ-खंड जिस पर हिसाब रखने के लिए एक सिरे से दूसरे सिरे तक दोनेदार चिह्न अंकित रहते थे और जिसे बीच से काट कर अलग कर दिया जाता था। (दोनों दल उसमें से एक एक टुकड़ा रखते थे, और उसी से हिसाब मिलाते थे); २. इस प्रकार रक्खा जाने वाला हिसाब, ३. प्रेषित अथवा प्राप्त माल की किसी निश्चित संख्या की प्रविष्टि के लिए बनाया गया चिह्न या निशान; ४. एक इकाई की भाँति व्यवहृत ऐसी संख्या; ५. किसी वस्तु से उसकी पहचान के लिए लगा हुआ काठ, धातु या कागज़ का टिकट; ६. किसी वस्तु का प्रतिलिपि या नक़ल। क्रि० स० और अ० हिसाब रखना, प्रेषित या प्राप्त संख्या को पंजी में प्रविष्ट करना, खाते में दर्ज करना, खतियाना: २. (नौवि०) पाल या बादबान को कसना; ३. सदृश,

होना, एक सा होना। ~-man, tallier सं० पंजी में वर्ग करके चिह्न लगाने वाला व्यक्ति। ~-sheet पंजी मिलाने के लिए खाता। ~-shop वह व्यक्ति जो सामान नमूनों के अनुसार बेचता है, वह दुकान जिसमें खरीदारों का खाता खुला हो। ~system, trade ग्राहकों का खाता खोल कर माल बेचने का तरीका।

tally-ho (tăl' i hō) [prob. from F. *talaut*] विस्म० और सं० लुहे-लुहे! शू-शू! (शिकारी की देख कर शिकारियों की पुकार की ध्वनि)। क्रि० स० और अ० लुहा-लुहा करना, इस ध्वनि से शिकारी कुत्तों को उत्तेजित करना।

talma (tăl' mă) [F. J. *Talma* (1763-1826), F. tragedian] सं० टाल्मा, उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में प्रचलित एक प्रकार की बिना आस्तीन की मखरवनी या लबादा (जिसे स्त्री और पुरुष पहनते थे)।

talmi-gold (tăl' mi gōld) [G., orig. a trade-name] सं० पीतल जिस पर सोने का हल्का मुलम्मा हो।

Talmud (tăl' mŭd) [late Heb. from *lāmad*, to teach] सं० यहूदी कानून और धर्मकथाओं की पुस्तक जिसमें मिश्ना (उपदेश-वाक्य) और जेमारा (उस पर टीका) सम्मिलित हैं, तलमद। **Talmudic,-al** वि० तलमदी। **Talmudist** (tăl' mŭ dist) सं० १. तलमद का संग्रहकर्ता; २. मानने वाला; ३. (अब प्रायः) विद्वानों। **Talmudistic** वि० तलमद के संग्रहकर्ता, मानने वाले या विद्वानों संबंधी।

talon (tăl' ŏn) [F., heel, late L. *tālōnem*, nom. *tālo*, L. TALUS] सं० पंजा (विशे० शिकारी पक्षी का); २. (बॉटने के बाद बचे हुए ताश के) पत्ते; ३. अर्थला का अंश (जिसे बंद करने समय कुंडी में डालते हैं); ४. वक्र रचना; ५. तलवार के फल के कब्जे का पिछला सिरा। **taloned** वि० पंजे से युक्त।

talus (tā' lŭs) [L., ankle, heel] सं० १ टैलस* (इं० १, कू० भी), (घारीव०) टखना, टखने की हड्डी, घटिकास्थि* (आ० भी); २ पंक्तिविन्यास का एक रूप; ३. दीवार का ढलाव या ढलवाँ सिरा जो ऊपर की ओर सँकरा होता जाता है; ४. (भूगर्भ०) खड़े टीले के नीचे के पत्थरों के टुकड़ों का ढलवाँ समूह, शैल-मलवा* (कू० भी)।

tamable (tā' măbl) वि० पालने योग्य। **tamability, tamableness** सं० पालनीयता, वश्यता।

tamandua (tă măn' dŭ ă), **tamanoir** (tam a nwar') [Tupi- Guarani *tamandua*, whence F. *tamanoir*] सं० टैमैंडुआ, चींटी खाने वाले पशुओं की जातियाँ।

tamarack (tăm' ă răk) [N Am.Ind] सं० टैमैरैक, अमरीकी पेड़ों की एक जाति।

tamarin (tăm' ă rin) [native name] सं० तमारिन, दक्षिण अमरीका में पाई जाने वाली छोटे बंदरों की एक जाति जिनकी पूँछ रुएँदार होती है।

tamarind (tăm' ă rind) [M.F., from Sp. *tamarindo*, Arab. *tamr*, ripe date, *Hind*, India] सं० इमली* (कू०, वि० १ भी), अम्लिका, तमरहिंद। ~-fish इमली के गूदे को मिला कर पकाई हुई मछली।

tamarisk (tăm' ă risk) [L. *tamariscus*] सं० टैमारिस्क, एक प्रकार का पौधा (विशेषतः एक प्रकार का गुल्म जिसकी डालों में पर की तरह हल्के और नरम पत्ते तथा सफ़ेद और गुलाबी फूल आते हैं और जो समुद्र-तट पर लगाया जाता है)।

tamasha (tă ma' shă) सं० (आंग्ल भारतीय) तमाशा, सार्वजनिक समारोह।

tambour (tăm' bŏr) [F., see TABOR] सं० १. तंबूर* (आ० २ भी), ढोलक, ढोल; २. गोल फ्रेम जिस पर कढ़ाई के लिए रेशम आदि ताना जाता है; ३. इस प्रकार कढ़ी हुई चीज़; ४. (स्था०) स्तंभ के मुख्य भाग का बेलनाकार प्रस्तर, विभिन्न संरचनाओं का गोलाकार भाग, किसी वस्तु का गोलाकार भाग, गिरजाघर की बरसाती में पलस्तर की बनी डुयोढ़ी जिसमें टूटवाँ दरवाज़े होते हैं; ५. मखलियाँ जो ढोल जैसी ध्वनि उत्पन्न करती हैं अथवा आकृति में ढोल की सी होती हैं; ६. (दुर्ग०) सड़क, फाटक वग़ैरह की हिफ़ाज़त के लिए बना हुआ लोहे का कटहरा। क्रि० स० और अ० फ्रेम पर चढ़ा कर कढ़ाई करना, सजावटी काम बनाना।

tambourine (tăm bŏ rēn') [F., dim. of prec.] सं० १. एक प्रकार की लंबी पतली ढोलकी जो फ्रांस के प्रोवेन्स नामक प्रदेश में बजाई जाती है; २. तंबूरी नृत्य (इसके साथ नाच में बजाई जाने वाली धुन); ३. खँजड़ी, लकड़ी, धातु या बेंद से कसी हुई छोटी ढोलकी जिसमें एक ओर झनकने वाले छोटे-छोटे धातु के टुकड़े लटकते रहते हैं।

tame (tām) [A.-S. *tam*, whence *temian*, v. (cp. Dut. *tam*, G. *zahm*, Dan. and Swed. *tam*, also L. *domāre*, Gr. *damaein*, to tame)] क्रि० स० १. पालना, पालतू बनाना, हिलाना, घरेलू बनाना (जंगली जानवर, चिड़िया आदि को); २. वशीभूत करना, सीधा बनाना, कम करना (व्यक्ति, भावना, उत्साह आदि)। वि० १. पालतू, हिला हुआ, घरेलू; २. (बोल०) खेती की हुई (भूमि), कृषि-उत्पन्न (पौधा); ३. निःसत्व। ~cat (ला०) किसी के ऊपर पड़ा हुआ आदमी, फीका, निस्तेज, दब्बू, हल्का, कमज़ोर। **tameless** वि० (काव्य०) बर्बर, जंगली। **tamely** क्रि० वि० पालतू ढंग से; २. अक्षम रीति से, दब्बूपन से। **tameness** सं० १ पालतूपन; २. दब्बूपन, निःसत्वता। **tamer** सं० पालने वाला।

Tammany (tăm' ă ni) [*Tammany* Hall, meeting-place, named after Indian chief *Tamanend*] सं० गोल ऊनी या कपड़े की टोपी जो माथे पर फिट बैठती है किन्तु ऊपर ढीली होती है।

tamp (tămp) [etym. doubtful] सं० १. सूराख को बारूद के ऊपर चिकनी मिट्टी आदि से भर देना (जिससे ज़ोर का विस्फोट हो); २. (सड़क के पत्थरों की) कुटाई करना, पीटना। **tamping** सं० बारूद की तह पर लगाई जाने वाली वस्तु (मिट्टी वग़ैरह)।

tampan (tăm' păn) [native name] सं० तम्पान, दक्षिणी अफ्रीका का विषैला कृमि।

tamper (tăm' pĕr) [var. of TEMPER] क्रि० अ० १. हस्तक्षेप करना, दख़ल देना, वसीयतनामे या पांडुलिपि का अनधिकृत परिवर्तन करना; २. गुप्त या भ्रष्ट प्रभाव डालना, घूस देना, रिश्वत देना।

tampion (tăm' pi ŏn) [var. of TAMPOON] सं० १. बंदूक के मुँह का लकड़ी का अवरोधक; २. डाट (विशे० अरगन बाजे की नलिका के ऊपरी भाग का)।

tampon (tăm' pŏn) [O.F., also *tapon*, from *tampe*, *tape*, Dut. *tap*, bung] सं० टैम्पन* (आ० भी), रक्तस्राव रोकने के लिए अवरोध, डाट। क्रि० स० अवरोध लगाना (घाव या रक्त-स्राव में)। **tamponage, tamponment** सं० रक्तावरोधन।

tan[1] (tăn) [F. *tan* (whence *tanner*, to tan), G. *tanne*, fir-tree, O.H.G. *tanna*, fir, oak] क्रि० स० और अ० (मुँ०

और भू० कृ० tanned) १. चर्म-शोधन करना* (वि० १ भी) (टैनिक एसिड से युक्त तरल पदार्थ में डाल कर अथवा खनिज लवणों के प्रभोग से), कच्चे चमड़े को कमाना; २. धूप में भूरा या काला करना या हो जाना; ३. (नकली संगरमरमर, मछली अथवा जाल आदि को) कड़ा बनाना; ४. (ग्रा०) मारना, पीटना। सं० १. चमड़े को कमाने के लिए प्रयुक्त छालखाल आदि की छाल, बक्कल; २. उसका रंग, कत्थई रंग, धूप में तपे चमड़े का पीलापन लिए हुए भूरा रंग। वि० भूरे, साँवले रंग का। **the~** (ग्रा०) सरकस। **~-balls** छालबाल की छाल के गोले जो जलाने के काम आते हैं। **~-liquor, -ooze, -pickle** चमड़े को शोधने में व्यवहृत द्रव्य पदार्थ। **~-yard** चमड़ा रँगने का कारखाना। **tannable** वि० कमाने लायक (चमड़ा)। **tannage** सं० (चमड़ा) कमाना। **tanner**[1] (चमड़ा) कमाने वाला, चर्मशोधक* (प्र० भी)। **tanning** सं० चमड़े को कमाना या धूप में तपने के कारण सँवलियाना।

tan[2] दे० TANGENT।

tanager (tăn' ă jĕr) [Tupi-Guarani *tangara*] सं० अमरीका की गाने वाली चिड़ियों की जातियाँ जिनमें से अधिकांश के पर चमकीले होते हैं। **tanagrine, tanagroid** वि० तनागरी, तनागराकार।

Tanagra सं० १. प्राचीन यूनान का एक नगर, २. भूरी लाल मिट्टी से बनी एक प्रकार की मूर्तियाँ (जो उक्त नगर के मकबरों के पास पाई गई हैं)।

tandem (tăn' dĕm) [L., at length] क्रि० वि० (गाड़ी में जुते हुए घोड़ों से संबंधित) आगे-पीछे। सं० १. आगे-पीछे जुते हुए घोड़ों से युक्त (गाड़ी); २. आगे-पीछे लगी दो या अधिक सीटों वाली बाइसिकिल या तिपहिया साइकिल। वि० आगे-पीछे सीटों वाली।

tang[1] (tăng) [M.E., sting, cogn. with foll.] सं० तीव्र गंध या स्वाद, किसी वस्तु की विशेषता। क्रि० स० दन्ते में बिठाने के लिए नोक बनाना। **tangy** (tăng' i) वि० नोकदार, तीव्र (स्वाद या गंध में)।

tang[2] (tăng) [Icel. *tangi*, cogn. with TONGS] सं० चूल* (ग्रा० १ भी), छेनी वगैरह की नोक जो दस्ते या मूठ के अंदर बिठाई जाती है, किसी औजार का दस्ते के अंदर रहने वाला भाग। क्रि० स० चूल बैठाना।

tang[3] (tăng) [imit.] क्रि० स० और अ० १. टन्न से होना, टनटनाना, घंटे इत्यादि का गूँजती हुई ध्वनि उत्पन्न करना; २. घंटी आदि की ध्वनि से मधुमक्खियों को बुलाना, एकत्र करना, बिठाना। सं० १. झनझनाहट, टनटनाहट, घंटे आदि की गूँजती ध्वनि; २. (तार की) झंकार।

tang[4] (tăng) [see TANGLE] सं० टाँग, समुद्री घास या सेवार की एक जाति।

tangent (tăn' jent) [L. *tangens -ntem*, pres. p. of *tangere*, to touch] वि० एक रेखा अथवा तल के किसी बिन्दु पर स्पर्श करती हुई (काटती हुई नहीं), स्पर्शी* (वि० १ भी)। सं० स्पर्शज्या*/ टैंजेंट* (वि० १ भी), सरल रेखा, स्पर्श रेखा* (वि० १ भी)। **~of an angle** स्पर्शज्या या किसी समकोण त्रिभुज में स्पर्श-रेखा के समक्षवर्ती लम्ब एवं आधार का अनुपात। **fly, go off at a~** प्रस्तुत विषय को छोड़ कर बहक जाना, एकाएक बात पलट देना। **tangency** सं० स्पर्शज्यात्व। **tangential** वि० स्पर्शज्या संबंधी, स्पर्श रेखीय* (वि० १ भी)। **tangentially** क्रि० वि० स्पर्शज्या के रूप में।

Tangerine (tăn jĕr ĕn') वि० और सं० टैंजियर-निवासी। **~orange** टैंजियर में पायी जाने वाली छोटी चिपटी नारंगी।

tanghin (tăng' gin) [F., from Malagasy *tangena*] सं० टैंगिन, मैडागास्कर का एक वृक्ष जिसके फल का विषैला गूदा पहले अग्नि-परीक्षाओं में व्यवहृत होता था।

tangible (tăn' ji bĕl) [F., from late L. *tangibilis*, from *tangere*, to touch] वि० १. स्पर्शनीय, स्पर्श द्वारा अनुभवगम्य; २. निश्चित, स्पष्टतः बोधगम्य, ठोस; ३. (विधि) मूर्त, दैहिक, शारीरिक, वास्तविक, भौतिक। **tangibility, tangibleness** सं० स्पर्शयोग्यता, स्पर्शनीयता। **tangibly** क्रि० वि० स्पर्श करते हुए।

tangle (tăng' gĕl) [conn. with Dan. *tang*, cp. Swed. *tång*, Icel. *thang*, dim. *thöngull*, seaweed] क्रि० स० और अ० (तागे, बाल आदि) बटना, गूँथना, उलझाना या उलझना, (झमेले को) उलझन में डालना (जैसे tangled affair)। सं० १. उलझे हुए तागों आदि का गुच्छा; २. उलझाव, जटिलता, उलझन, पेचीदगी, टैंगिल*/ पासा* (आ० भी); ३. विभिन्न प्रकार के समुद्री सेवार; ४. तलभाजंग की एक यूथिन (विशे० सामुद्रिक)। **tanglesome, tangly** वि० उलझा हुआ, जटिल, संभ्रिश।

tango (tăng' gō) [Am. Sp.] सं० एक दक्षिण अमरीकी नृत्य। क्रि० अ० उक्त नृत्य करना।

tangram (tăng' grăm) [etym. doubtful] सं० चीनी पहेली-वर्ग (जो सात टुकड़ों में कटा होता है और जिन्हें जोड़ कर विभिन्न आकृतियाँ बनती हैं)।

tanist (tăn' ist) [Ir. *tanaiste*, heir to a prince, from *tan*, territory] सं० १ (इनि०) केल्टिक सामन्त का प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी; २. उसके वंश का सबसे सबल वयस्क। **tanistry** सं० केल्टिक पट्टेदारी जिसके अनुसार किसी सामन्त का उत्तराधिकारी अपने परिवार के निर्वाचन द्वारा लिया जाता था (आयर्लैंड में जेम्स प्रथम के राज्य-काल में समाप्त)।

tank (tăngk) [Port. *tanque* (cp. Sp. *estanque*), from late L. as STANCH[1]] सं० १. टंकी* (आ० भी), हौज* (वि० १ भी), लकड़ी धातु आदि का बड़ा पात्र जो द्रव्य पदार्थों, गैस आदि के लिए होता है, कुंड* (आ० भी); २. रेल के इंजन का वह पृथक् भाग जिसमें बायलर के लिए पानी भरा रहता है; ३. पानी सुरक्षित रखने का हौज, ४ (सेना०) तोपों से सज्जित जंगी मोटर गाड़ी जिसके पहियों पर जंजीर चढ़ी रहती है। **~-buster** (ग्रा०) टैंक का प्रतिरोध करने वाले अस्त्रों से सज्जित हवाई जहाज। **~-drama** (नाट्य, ग्रा०) उत्तेजनाजनक नाटक जिसमें डूबने आदि का दृश्य दिखाने के लिए पानी के हौज से काम लिया जाता है। **~-engine** हौजदार रेल का इंजन जिसमें पानी और ईंधन का घर अलग में न रह कर उसी के भीतर बने रहते हैं। **tankage** सं० १. हौज भराई; २. टंकी की समाई, ३ एक प्रकार की खाद जिसे सड़ी चर्बी से तैयार करते हैं; ४. गर्न-अवशेष* (कृ० भी)।

tankard (tăng' kărd) [F. *tanquard*, M.Dut. *tanckart*] सं० १. शराब का बड़ा जाम (जो प्रायः चाँदी या जस्ते का बना हुआ और ढक्कनदार होता है), पानपात्र* (ग्रा० १ भी); २. इसमें का पेय, उसकी मात्रा।

tanker (tăng' ker) सं० तरल पदार्थों (विशे० खनिज तैलों) को ले जाने के लिए टंकियों से युक्त जहाज।

tanner[1] दे० TAN[1]।

tanner[2] (tăn' er) [etym. doubtful] सं० (ग्रा०) छः पेंस।

tannic (tăn' ik) [TAN, -ic] वि० चाहबलूत की छाल का, कसे का। **~-acid** तनीन, कसे का सेजाब जो चमड़ा कमाने और लिखने की स्याही तथा औषधियों में व्यवहृत होता है। **tannate** सं० तनीन लवण। **tanniferous** (tă nif' er ŭs) वि० चमड़ा कमाने वाला।

tannee, tannec (tăn'-, tăn' rĕk) [F. *tannec*, Malagasy *tan'ndraka*] सं० लाल चूहा।

tansy (tăn' zi)[O.F. *tanasie, athanasie*, L. and Gr. *athanasia*, immortality, see ATHANASY] सं० तर्जी, एक खुशबूदार बूटा (जिसके फूल पीले, पत्ते बेतिदार और सुगंधित होते हैं और जो औषधि एवं रसोई में व्यवहृत होती है)।

tantalise (tăn' ta liz) [TANTALUS] क्रि० स० १. आशा या तृष्णा उत्तेजित करना, (व्यक्ति इत्यादि को) ऐसी आशा दिला कर तरसाना (जो पहुँच के भीतर मालूम होती हो और मिलते-मिलते रह जाती हो), २. ललचाना, झूठी आशाएँ या लोभ देकर मानसिक कष्ट देना। **tantalism, tantalization** सं० तरसना या तरसाया जाना, ललकना। **tantalizingly** क्रि० वि० तरसते हुए, ललकते हुए, ललकाये जाते हुए।

tantalum (tăn' tă lŭm) [from foll.] सं० टैंटेलम* (वि० १ भी), एक प्रकार का विरल सफेद धात्विक तत्व।

Tantalus (tăn' ta lus) [L., from Gr. *Tantalos*] सं० १. (ग्रीक पुरा०) टैंटलस, ज़िउस देवता का पुत्र जिसे गले-गले तक पानी में प्यासे खड़े रहने का अभिशाप था; जैसे ही वह पानी पीने को झुकता पानी नीचे उतर जाता था, २. मारस जातीय पक्षी, ३. बोतलों का खाना जिसमें बंद होने पर बोतलें बाहर से दिखाई देती है। **tantalus-cup** एक प्रकार का खिलौना प्याला जिसमें मनुष्य की आकृति झुकाने और उठाने से निनाद का निदान समझाया जाता है।

tantamount (tăn' ta mount) [A.-F. *tant amunter*, to amount to so much] वि० बराबर, समान।

tantara (tăn ta' ra) [imit.] सं० विगुल या भोंपू का स्वरानुक्रम।

tantivy (tăn' ti vi, tăn tiv' i)[prob. imit.] सं० १. शिकारियों की आवाज़, २. तेज़ गति, भागदौड़, झपट। वि० तेज़, तेज़ी का, क्षिप्र। क्रि० वि० तेज़ी से, क्षिप्रतापूर्वक।

tantrum (tăn' trŭm)[perh. from W. *tant*, passion, impulse] सं० आवेश* (आ० भी), क्रोध या चिड़चिड़ेपन की अभिव्यक्ति, मचलना* (मा० २ भी)।

Taoism (tă' ō izm, tou' izm) [Chin. *tao*, way, -ism] सं० चीनी दार्शनिक तात्त्वीयता (५०० ई० पू०) का सिद्धान्त-विशेष।

tap[1] (tăp) [F. *taper*, *tapper*, prob. from Teut. (cp. L.G. and G. *tappen*, Icel. *tapsa*;, prob. imit.] क्रि० स० और अ० १. खटखटाना, हल्का आघात करना; २. बल में मारना, दस्तक देना, थपकी देना; ३. (जूते की एड़ी पर) चमड़ा लगाना। सं० १. दस्तक, थपकी, खटखटाहट (जैसे he and a ~at the door); २. (बहुव०) सैनाधावासों में खाने की घंटी या पुकार; ४. (अमरीका) सन्ध्याधान में रोशनी बुझाने का नक्कारे द्वारा संकेत। **~-dancing** एक प्रकार का नृत्य जिसमें पैर से थपकी देते रहते हैं।

tap[2] (tăp) [A.-S. *teppa*, cp. Dut. *tap*, G. *zapfen*, Icel. *tappi*, O.H.G. *zapfo*] सं० बेघ* (आ० भी), टैप*, भीतरी चूड़ी-काट* (इं० १, २ भी), डाँडी*, अस निष्कासन* (वि० १ भी) (जिससे तरल पदार्थ निकाला जाता है); २. डाट, डेंट; ३. विशेष प्रकार से बनाई हुई शराब; ४. (an excellent ~) पेंच तराश (जिससे किसी चीज़ के अंदर चूड़ियाँ या पेंच बनाये जायँ)। क्रि० स० (मूल और मू० रू० **tapped**) १. टोंटी लगाना; २. (पीपे में) छेद करना, तरल पदार्थ निकालना, शरीर में से जमा तरल पदार्थ को निकालना, इस उद्देश्य से शल्योपचार करना; ३. वृक्ष में काट कर के रस निकालना, ४. फैल जाना, सबध स्थापित करना, व्यापार या कारोबार फैलाना, ५. किसी व्यक्ति से किसी बात के लिए प्रार्थना करना, दरख्वास्त करना; ६. किसी विषय को छेड़ना, ७. (तारों से) संदेश का अन्तर्श्रवण करने के लिए धारा को आंशिक रूप से मोड़ना; ८. (किसी चीज़ में) पेंच या चूड़ियाँ बनाना। **on** ~ १. काम या डाट लगा हुआ (पीपा); २. (मदिरा या अन्यपदार्थ) टोंटीदार पात्रे में; ३. खुलने का हुआ निश्चित दर पर माँग के अनुसार प्राप्त करना। **~-borer** बरमा। **~-room** होटल में शराब मिलने का कमरा। **~-root** जड़ का असली या बड़ा हिस्सा, मूसला जड़* (वि० १ भी)। **tapster** [A.-S. *tappestre* (-STER)] सं० टैप्स्टर, मदिरा-विक्रेता (जो मदिरालय में शराब बेचने पर नौकर हो)।

tape (tāp) [A.-S. *teppe*, L. *tapēte*, cp. TAPPET and TAPESTRY] सं० १. फीता*, टेप* (इ० ३ भी), पट्टी; २. विजय स्तंभों से बँधा हुआ फीता (breast the ~ दौड़ जीतना); ३. कलों या मशीनों में चक्कियों वगैरह पर चढ़ा हुआ चक्कर खाने वाला मजबूत पट्टा; ४. कागज़ की लंबी पट्टी जिस पर तार के संवाद अंकित होते जाते है, ५. (ग्रा०) नशीला पेय। क्रि० स० १. टेप लगाना, टेप से बाँधना; २. किताब को बाँधना; ३. (किसी आदमी को देख कर) भाँप लेना। **~-ine, -measure** नापने वाला फीता। **tapeless** वि० फीते या पट्टी से रहित। **tapeworm** सं० आँतों के केंचुए, फीता कृमि* (आ० भी)।

taper (tā' pĕr) [A.-S. *taper*, cp. Ir. *tapar*, W. *tampr*] सं० शमादान*, टेपर* (इ० १, २, ३ भी), पतला मोमबत्ती। वि० (अब मुख्यतः काव्य और अलं०) नुकीली, सूच्याग्र। क्रि० स० (प्राय. **~off**) १. पतला होना, २. नुकीला होना। **taperingly** क्रि० वि० नुकीला होते हुए, सूक्ष्म होते हुए। **taperness** सं० नुकीलापन। **taperwise** वि० नुकीलापनयुक्त।

tapestry (tăp' es tri) [F. *tapisserie*, from *tapisser*, to furnish with tapestry, from TAPIS] सं० चित्र आदि की बुनावट का कपड़ा (जो पर्दों के रूप में या फ़र्नीचर पर मढ़ने के लिए प्रयुक्त होता है)। **Bayeaune** ~ बयो में सुरक्षित पर्दे का एक विशेष पट जिसमें विलियम प्रथम के जीवन-दृश्य अंकित है। **Russian** ~ रूसी टेपेस्ट्री, मोटा सन मिला कपड़ा जो पर्दों के लिए प्रयुक्त होता है। **tapestried** वि० उक्त कपड़े से मढ़ा हुआ।

tapioca (tăp i ō' kă) [Port., from Tupi-Guarani *tipioka*, cassava-juice] सं० १. कसावा, सफ़ेद सख्त दानों के रूप में प्राप्त एक पदार्थ जो पुडिंग में प्रयुक्त होता है, टैपियोका* (वि० १ भी)।

tapir (tā' pir) [Tupi-Guarani *tapira*] सं० टापिर, सुअर की तरह का खुरदार पशु जिसके एक छोटा सूंड होती है और जो गैंडे से मिलता-जुलता है। **tapiroid** वि० टापिर जैसा।

tappet (tap' et) [perh. dim. of TAP[1]] सं० टेपेट*, थपकी* (कू० भी), टैपिट, खटका, दस्तकी, मर्शाल का एक पुर्जा जिससे बक्कर के साथ या रुक-रुक कर हरकत होती है। **~-loom** टैपेटलूम, दस्तकी करघा या गिरनी जिसमें दस्तकों के ज़ोर से हथौड़े काम करते है।

tapster दे० TAP[2]।

tapu दे० TABOO।

tar[1] (tar) [A.-S. *teoru* (cp. Dut. *teer*, Icel. *tjara*, Dan. *tjære*, Swed. *tjära*), cogn. with TREE] सं० डामर,अलकतरा, तारकोल, टार* (दे० ३, वि० १ भी)। कि० स० (भू० और भू० कृ० **tarred**) तारकोल लगाना। **a touch of the ~brush** हबशी रक्त का सम्मिश्रण (चमड़ी के रंग के प्रसंग में)। **~& feather** दम्पत्यरूप शरीर पर तारकोल फेर कर चिपका देना। **~board** मिल्ल की मजबूत तख्ती (जो जिल्दसाज इस्तेमाल करते हैं)। **~macadam** सड़क कूटने का तारकोल मिला पत्थर चूरीरूह, कोलतार मिले हुए कंकड़। **~water** टार-वाटर, अरालरस, सज्जरसतत्व। **tarry** वि० तारकोल का, राल का सा, जिस पर राल या तारकोल लगा हो।

tar[2] (tar) [short for TARPAULIN] सं० नाविक, मल्लाह।

tara (ta' rá) [native name] (~fern) ताराफ़र्न, न्यूजीलैण्ड आदि देशों में पाया जाने वाला पर्णाय वृक्ष (जिसका तरकारी के तौर पर भी इस्तेमाल होता है)।

taradiddle दे० TARRADIDDLE।

tarantass (tăr án tăs') [Rus. *tarantasu*] सं० टारानटास, रूसी बग्घी, एक प्रकार की स्कन्द-रक्षित चार पहियों की रूसी गाड़ी।

tarantella (tăr án tel' á)[It., from *Taranto*, L. *Tarentum*, S. It. town] सं० टारनटेला, तरनतेल (के लिए होने वाला संगीत), इटली का नृत्यविशेष (जो पहले एक विषधर मकड़ी के काटने से होने वाले नाचने-कूदने के रोग-विशेष का निदान समझा जाता था)।

tarantula (tá rán' tú lá) सं० १. तरन्तुला, दक्षिणी यूरोप (विशे० तारेन्तम नगर) की एक बड़ी सी मकड़ी जिसके काटने को पहले नाचने के रोग का कारण समझा जाता था, जिसमें मनुष्य हर समय नाचता था; २. मकड़ी की कुछ अन्य जातियों का नाम। **tarantism** (tă' rán tizm) सं० नृत्य रोग, नाच की सनक (विशे० जो दक्षिणी इटली में उन लोगों में फैला जिन्हें उनके विचारों में तरन्तुला नामक विषधर मकड़ी काट लेती थी)।

tarantantara (tăr á tăn' tá rá [imit.] सं० तुरही या बिगुल की आवाज़।

taraxacum (tá răk' sá kum)[mod. L., prob. from Arab. or Pers.] सं० १. टैरेक्सकम, दुग्धतिक्ता, तारक-जातीय पौधा-विशेष (जिसमें डेंडीलायन या दंतसिंह भी सम्मिलित है); २. इससे तैयार की हुई औषधि।

tarboosh (tar boosh') [Arab. *tarbûsh*] सं० तरबूश, ऊंची बाड़ की तुर्की टोपी।

tardigrade (tar' di grād)[L. *tardigradus* (*tardus*, slow, *gradi*, to walk)] वि० और स० (प्राणि०) धीरे-धीरे चलने वाला (पशु)।

tardy (tar' di) [F. *tardif*, L. *tardus*] वि० १. मंथर गति, धीरे-धीरे चलने वाला, दीर्घसूत्री, सुस्त, आलसी; २. विलम्बयुक्त, देर का, गतकाल; ३. अनिच्छुक, हिचकिचाने वाला, आगा-पीछा करने वाला। **tardily** क्रि० वि० १. विलंबपूर्वक, देर से; २. अनिच्छापूर्वक। **tardiness** सं० सुस्ती, आलस्य, हिचकिचाहट।

tare[1] (tăr) [M.E., cp. M.Dut. *terwe*, Dut. *tarwe*, wheat] सं० टेयर, बासपात, हानिकर उपज, सेम जातीय या रबी की जाति का पौधा-विशेष, सामान्य रबी।

tare[2] (tăr) [F., from Sp. *tara*, Arab. *tarhah*, rejected, from *taraha*, to fling] सं० १. चढ़ा, माल के पैकिंग या पेटी आदि के वजन के लिए दी हुई छूट; २. ईंधन या भरे हुए सामान के वजन को काट कर मोटर गाड़ी का वजन या मोटर गाड़ी का असली वजन जिसमें तेल वगैरह शामिल न हों; ३. (रसा०) उस पात्र का भार या वजन जिसमें रख कर कोई पदार्थ तौला जाता है; ४. खाली गाड़ी का भार*/ टेयर*, आधेय तुलन* (वि० ३ भी)। कि० स० चढ़ा निकालना, (माल के पैकिंग या पेटी आदि का) भार या वजन मालूम करना। **~& tret** असली वजन और चढ़ा निकालने के लिए हिसाब का क़ायदा।

targe दे० TARGET।

target (tar' gĕt) [O.F. *targuete*, dim. of *targue*, var. *targe* (cp. Icel. *targa*, A.-S. *targe*, O.H.G. *zarga*)] सं० १. चांदमारी का पैड, निशान, लक्ष्य* (आ०, प्र०, वि० १ भी), बंदूक, पिस्तौल आदि के लिए प्रायः आयताकार लक्ष्य; २. कोई वस्तु जिसे देखा जाय या जिस पर निशाना लगाया जाय (गुणवाचक भी जैसे ~-area); ३. (ला०) निशाना (खरी-खोटी सुनाने, अपमान करने, फ़ब्ती कसने का), लक्षित परिणाम (जैसे export, fuel, savings ~ गुणवाचक भी); ४. (ला०) वह व्यक्ति, वस्तु जो घृणा, अवज्ञा आदि के लक्ष्य स्वरूप हों (for के साथ प्रयुक्त); ५. रेल का छोटा गोलाकार सिगनल (जो स्विच पर रहता है), नीचा हत्था; ६. भेड़ का ऊपर का चड़, गर्दन और सीना (मिला हुआ), ७. वर्म, ढाल (विशे० छोटी और गोली)। **~-card** कार्ड जो लक्ष्य की भाँति रंजित रहता है और शरवेधार्थ होता है, चांदमारी की किताब (जिसमें शरवेध का विवरण दर्ज किया जाता है)। **~-ship** निशाने का जलपोत, पुराना जहाज जो लक्ष्य की भाँति व्यवहृत होता है। **targeted** वि० वर्मयुक्त, ढाल से युक्त।

Targum (tar' gum) [Chaldee, interpretation] सं० तरगम, यहूदी,लिपियों के विभिन्न प्राचीन अरामी या कल्दानी अर्थानुवादों में से प्रत्येक अर्थानुवाद। **Targumic, Targumistic** वि० तरगमीय, उपर्युक्त अर्थानुवाद से संबंधित। **Targumist** (tar' gu mist) सं० तरगमीय अर्थानुवादों का विश्लेषक, तरगम का विश्लेषक।

tariff (tăr' if) [O.F. *tarife*, arithmetic, Sp. *tarifa*, Arab. *ta'rif*, information, from *'irf*, knowledge, from arafa, to know] सं० १ टैरिफ़* (प्र, बा० १ भी), आयात-निर्यात कर-सूची, महसूलनामा (सामूहिक रूप में ये प्रशुल्क), २. इन प्रशुल्कों को लगाने वाली विधियाँ, ३. माल के किसी खास वर्ग पर लगाया हुआ कर या प्रशुल्क; ४. भिन्न-भिन्न श्रेणी के माल पर लगा हुआ शुल्क या कर, ५. शरहनामा, मूल्य इत्यादि की सूची, ६. दर-सूची* (प्र, मा० १ भी)। कि० स० १. (माल पर लगने वाला) आयात-निर्यात करों की सूची बनाना; २. महसूल मुकर्रर करना, कर निर्धारित करना। **retaliatory ~** प्रतिकारात्मक-टैरिफ़ या शुल्क (अपने माल के निर्यातों पर विदेशी से लगने वाले आयात दरों का संतुलन करने के लिए किसी देश द्वारा लगाया गया आयात कर)। **~-reform** प्रशुल्क सुधार, आयात-निर्यात करों की विषमताओं का बहिष्कार। **~-wall** शुल्क सीमा, किसी देश की व्यापारिक रोक या सीमा जो आयात-निर्यात करों के लिए होती है तथा जिसके भीतर माल का व्यापार सिथिल होता है।

tarlatan (tar' lá tán) [F. *tarlatane*, etym. doubtful] सं० बारीक मलमल।

tarn (tarn) [Icel. *tjörn*, gen. *tjarnar*, Swed. dial. *tjärn*, *tärn*] सं० छोटी पहाड़ी झील, गिरि ताल*/ टार्न* (वि० १ भी)।

tarnish (tar' nish) [F. *ternir-*, stem of *ternir*, M.H.G. *ternen*, cp. O.H.G. *tarnan*, to obscure, to darken, from *tarni*, secret] क्रि० स० और अ० चमक या रंग खो देना, बदरंग कर देना, जंग खा जाना, प्रतिष्ठा को मलिन करना, बदरंग होना*, वर्ण-विकृति होना*, मलिन होना* (वि० १ भी)। सं० १. मलिनता; २. कालिमा, कलंक; ३. (खनि०) खनिज पदार्थ के खुली सतह पर निर्मित रंगों की झिल्ली। **tarnishable** वि० कलुषणीय, मैला हो जाने वाला।

taro (tär' ō) [native name] सं० टारो, कचु के कुल के तारक जातीय पौधे की एक जाति जिसका मूल भोज्य पदार्थ की भाँति इस्तेमाल होता है (विशे० प्रशांत महासागरीय द्वीप में)।

tarot, tarot (tär' ō) [F. *tarots*, spotted cards, It. *tarrocchi*, etym. doubtful] सं० टैरॉक, एक प्रकार के ताश का खेल जिसमें ७८ पत्ते होते है।

tarpan (tar' pan) [Tatar] सं० तरपान, तातार का जंगली घोड़ा।

tarpaulin (tar paw' lin) [TAR[1], *palling*, covering, from PALL[1]] सं० १. तिरपाल, (विशे०) किरमिच या विलायती टाट जिस पर राल चढ़ा रहता है, २. छाजन के रूप मे इसकी चादर, ३. मल्लाह का राल चढ़ा हुआ या तैलयुक्त टोप।

Tarpeian (tar pē' an) वि० तारपेयन। **~rock** तारपेयन शैल जहाँ से प्राचीन रोम के अपराधी फेंक दिए जाते थे।

tarpon (tar' pon) [etym. doubtful] सं० तारपन, एक प्रकार की बड़ी शिकारी मछली जो अमरीका के दक्षिणी समुद्र-तट पर पाई जाती है।

tarradiddle (tăr a didl') [etym. doubtful] सं० कपोल-कल्पना, गप, मनगढ़ंत।

tarragon (tăr' a gon) [Sp. *taraguna*, Arab. *tarkhūn*, Gr. *drakōn*, DRAGON] सं० तारगॉन, बर्मबूट (जिसकी पत्तियाँ कडवी होती है) से मर्दमित पौधा-विशेष जो सलाद, अचार, सिरका आदि बनाने के काम आता है। **~vinegar** तारगोन सिरका, इन पौधे का बना हुआ सिरका।

tarras (tăr' as) [Dut. *tarasse*, *terrase*, now *ter*-, cp. O.F. *terrace*] सं० १. ऐसा पत्थर जिसमें ज्वालामुखीय पदार्थों की अधिकता रहती है तथा जो सीमेन्ट आदि बनाने के काम में आता है; २. ऐसी सीमेन्ट जो पुश्ता बाँध मे प्रयुक्त होती है।

tarrock (tar' ok) [etym. doubtful] सं० १. तारॅक, एक प्रकार का समुद्री पक्षी; २. सामान्य जलचर पक्षी विशेष, कुररी।

tarry[1] (tar' ri) दे० TAR[1]।

tarry[2] (tăr' i) [M.E. *tarien*, to irritate, to delay, A.-S. *tergan*, to vex (influenced by M.E *targen*, O.F. *targer*, late L. *tardicāre*, L. *tardāre*, to delay, from *tardus*, see TARDY)] क्रि० अ० और स० १. (अब साहित्यिक) रह जाना, ठहरना, टिकना, बसेरा करना (at, in आदि के साथ प्रयक्त), २. प्रतीक्षा करना, इंतजार करना (प्राय. for के साथ प्रयुक्त); ३. देर करना, आलस्य करना, अटकाना, देर लगाना; ४. किसी का इंतजार करना।

tarsia (tar' si ā) [It.] सं० लकड़ी मे एक प्रकार की पच्ची-कारी का काम।

tarsier (tar' si er) [F., from foll.] सं० तारसिअर, बड़ी आँखों वाला रात्रिकालीन अफ्रीकी छोटा लंगूर जिसका पाँव चपटा होता है।

tarsus (tar' sus) [Gr. *tarsos*, flat surface] सं० (बहुव० **-si**, -sī) १. गुल्फ* (क्रि० वि० १ भी), पदकूर्च*/ नेत्रच्छदपुटिका*/ टार्सस* (आ०, क्रि० वि० १ भी), कूर्चास्थि, टखने की हड्डियाँ, टखना; २. पक्षी की पाद जंघा; ३. (कृमि०) कीड़े के पैर आदि का सिरा; ४. पलक या पपोटे में रंगों का जाल। **tarsal, tarsioid** वि० १. कूर्चास्थि, टखने की हड्डियों का; २. कीड़े के पैर वगैरह के सिरे का; ३. पपोटा जाल का, ४. गुल्फास्थि,* टार्सल* (वि० १ भी)। **tarso-** समास मे प्रयुक्त रूप।

tart[1] (tart) [A.-S. *teart*, pob. cogn. with TEAR[1]] वि० १. एसिड, अम्ल, तीव्र-स्वादु अम्ल, खट्टा; २. कटु, कठोर, मर्म (वचन या स्वभाव के लिए) चुभती हुई, तीखी (बात या जवाब के लिए जैसे a ~rejoinder); ३. चिड़चिड़ा, कड़वा (स्वभाव आदि)। **tartly** क्रि० वि० १. अम्ल पूर्वक, खट्टेपन के साथ; २. तीखेपन के साथ, चिड़चिड़ेपन के साथ। **tartness** सं० १. अम्लता, खट्टापन; २. कठोरता; ३. तल्खी।

tart[2] (tart) [O.F. *tarte*, prob. var. of *tourte*, *torte*, L. *torta*, fem. p.p. of *torquēre*, to twist] सं० १. टार्ट, एक प्रकार की फलमिश्रित मिठाई, मीठा समोसा जिसमें सेब आदि फल काट कर भरे हों (जैसे apple, cherry ~); २. (आ०) युवती, स्त्री (विशे० दुश्चरित्रा, व्यभिचारिणी)। **tartlet** सं० टार्टलेट, छोटा मीठा समोसा।

tartan[1] (tar' tan) [etym. doubtful] सं० और वि० १. चारखाना (ऊनी कपड़ा) जिसकी धारियाँ रंग-बिरंगी और परस्पर एक दूसरे को समकोणों पर काटती हैं (विशे० जैसा स्कॉटलैंड के पहाड़ी लोग पहनते हैं); २. इस प्रकार की धारियों वाले दूसरे वस्त्र (जैसे silk ~, ~velvet); ३. स्कॉटलैंडवासियों के पहनने का लम्बा ऊनी जामा (जिसकी क्रमवीले मे भिन्न बनावट होती है); ४. (विरल) स्कॉटलैंड की पहाड़ी, ५. स्कॉटलैंड की पहाड़ी जातियाँ।

tartan[2], **tartane** (tar' tan) [F. *tartane*, perh. from Arab. *tartdah*] सं० टार्टन, एक मस्तूल वाला जहाज जो भूमध्यसागर मे चलता है।

tartar[1] (tar' tar) [F. *tartre*, late L. *tartarum*, Arab. *durd*, dregs, tartar of wine] सं० १. टार्टर, शराब खींचने के बाद पीपे पर जमा हुआ पदार्थ (पोटाश और चूने के मिश्रण की गुलाबी या लाल तलछट जो पपड़ी की शक्ल मे जमा रह जाती है); २. दाँतों पर जम जाने वाला थूक या राल अथवा चूर्ण, भास्मीय इत्यादि की तह, दाँत का मैल, पोलापन जो दाँतों पर जम जाता है। **~emetic** पोटाश और एंटिमनी का अचि-व्यासधीय जो वमनकारी औषधि और रेचक औषधि के रूप में व्यवहृत होता है, टार्टर-एमेटिक* (वि० १ भी)। **tartareous, tartaric** (tär ik), **tartarous** (tar' tā rus) वि० (रसा०) शोरे का, क्षारज-मिश्रित, शराब द्वारा पीपे मे जमे हुए पदार्थ का या तत्संबंधी। **tartarize** क्रि० स० क्षारज-मिश्रण या शोरा मिलाना, शोरा बनाना या जमाना। **tartarization** सं० क्षारज-मिश्रण या शोरा मिलाने या मिलाए जाने की क्रिया। **tartrate** सं० टार्ट्रेट* (वि० ३ भी), टार्टरिक एसिड का नमक, क्षारजिक अम्ल का नमक।

Tartar[3] (tar' tár), **Tatar** (ta' tár) [Pers. *Tātār*] वि० और सं० १. तातार का, तातारी (देशवासी), तुर्क, कोसक इत्यादि जातियों का (व्यक्ति या सदस्य); २. बर्बर, अक्रम्य,जंगली, नामानुस (व्यक्ति)। **catch a ~**अपेक्षाकृत अधिक शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी से जा भिड़ना या सामना पड़ना। **Tartarian** वि० तातारी। **Tartarous** दे० TARTAROUS।

tartareous, -ric, tartarine दे० TARTAR[1]।

Tartarus (tar' tà rùs) [L., from Gr. *Tartaros*], सं० १. (यूनानी पु०) तरतरुस, यमलोक या नर्क के नीचे का पाताल जहाँ टीटान या असुरगण बंदी किए गए थे, २. यमलोक या नरक का वह स्थान जहाँ दंड दिया जाता है। **Tartarean** (tár' é án) वि० १. तरतरुसी, यमलोक के नीचे के रसातल का या तत्संबंधी, २. नरक के दंडस्थल का या तत्संबंधी।

tartrate दे० TARTAR[1]।

Tartuffe (tar tuf') [F., a character in Molière's *Tartuffe*] सं० धार्मिक पाखंडी व्यक्ति, बगला भगत। **Tartuffism** सं० धार्मिक पाखंड।

task (task) [O. North. F. *tasque*, O.F. *tasche* (F. *tâche*) late L. *tasca*, TAX] सं० १. कार्य, कर्तव्य, कार्य-भार, कार्य (जो किसीके सिपुर्द किया जाए); २. सबक़ (जो मदरसे में पढ़ाया या तैयार किया जाए जैसे has done his ~); ३. काम (जो ख़ुद अपने ज़िम्मे ले लिया जाय)। क्रि० स० १. काम लादना, कार्य का भार देना, कार्य सौंपना; २. मेहनत लेना। **take to ~** फटकारना, (किसी वस्तु या व्यक्ति के लिए उसकी) ज्ञानत-मलामत करना। **~force** (अमरीकी) किसी विशेष कार्य के लिए विशेष रूप से संगठित दल की इकाई। **~master, ~mistress, tasker** काम लेने वाला या वाली, कस कर काम कराने वाला या वाली।

Tasmanian (táz má' ni án) वि० और सं० तस्मानियन (निवासी)। **~devil** तस्मानी बनबिलाव, बिल्ली की जाति का मांसभक्षी पशु (जो बूआँ पर रहता है, तस्मानिया के द्वीप में विशेष रूप से पाया जाता है, दे० DASYURE भी)। **~-wolf** तस्मानी भेड़िया, भेड़िये की जाति का मांसभक्षी पशु-विशेष।

tass[1] (tás) [O.F. *tasse*, goblet, later, cup, prob. from Arab. *tass*, basin] सं० (स्कॉटलैण्ड) छोटा घूँट या चुस्की (कॉफ़ी वग़ैरह की)।

Tass[2] सं० तास, सोवियत यूनियन की समाचार एजेंसी।

tassel (tás' el) [O.F. *tasel*, *tassel*, It. *tassello*, med. L. *tassellus*, etym. doubtful] सं० १. नरमबरी* (मक्का)/ बल्लर* (कू० भी), झब्बा, गुच्छा, फुँदना, झालर (गद्दे-तकिए आदि में सजावट के रूप में लगाया जाने वाला ढीले तागों या डोरों का लटकता हुआ फुँदना); २. फुँदने की तरह का कुछ पौधों का शीर्ष-भाग, (विशे० भारतीय अनाज के पौधे के ठंडल के शीर्ष भाग पर का) गुच्छा (जैसे मकई के पौधे में); ३. झोला (जो पुस्तकों में निशानी के तौर पर लगा दिया जाता है)। क्रि० स० १. फुँदना लगाना, झालर लगाना; २. पौधों को मज़बूत बनाने के लिए (मक्का के) ठंडल के शीर्ष भाग का गुच्छा काटना।

taste (tást) [O.F. *taster*, to handle, feel., taste (F. *tâter*), L. *taxāre*, from *tag-*, base of *tangere*, to touch] क्रि० स० और अ० १. (मुँह में रख कर) स्वाद लेना, जायका लेना (किसी भोज्य पदार्थ का, जैसे ~this cheese); २. स्वाद का अनुभव करना, जायका लेना (जैसे can ~nothing when you have a cold, fancy I ~garlic); ३. अनुभव करना, किसी वस्तु की अनुभूति करना (of के साथ प्रयुक्त, जैसे shall not~ (of) death, has never tasted (of) success); ४. (भोजन आदि का अथवा ला०) किसी वस्तु का जायका लेना या स्वाद लेना, सुधीधि देना, लज्जत पाना। सं० १. स्वाद* (आ०, कृ०, मा० २, वि० १ भी), मज़ा, जायका, रस (जैसे cannot endure the ~ of onions, white of egg has no ~); २. रुचि* (मा० २ भी), वह बोध या चेतना जिसके द्वारा इसकी अनुभूति हो जाती है; ३. (विरल) आस्वादन, स्वाद लेने या चखने की क्रिया; ४. (भोजन आदि का) कौर या लघु अंश जो नमूने के तौर पर लिया जाय (of के साथ प्रयुक्त); ५. अभिरुचि, झुकाव, पसंद, रुझान (for के साथ प्रयुक्त, जैसे has no ~ for sweet things, a ~for drawing, scenery, argument); ६. फलात्मक परिमार्जित रुचि, सौंदर्य आदि का रस या आनंद लेने की क्षमता (विशे० कला और साहित्य में); ७. उक्त क्षमता द्वारा प्रेरित अथवा इसकी दृष्टि से कलाकृति, भाषा, व्यवहार आदि के चुनाव या निर्धारण आदि की योग्यता, सफलता। **add pepper etc. to ~** मिर्च आदि उतना डालना जो पसंद या रुचि के अनुकूल हो। **give him a ~of the whip** उसे ज़रा कोड़ों का मज़ा चखा दो। **tastable** वि० आस्वादनीय, सुस्वादयका, लज़ीज़। **tasteful** वि० (व्यक्ति, कलाकृति आदि) सुरुचिपूर्ण, दिलचस्प, नफ़ीस, लुभनुमा, रमणीय। **tastefully** क्रि० वि० सुरुचिपूर्ण रूप में, नफ़ासत के साथ, लुभनुमाई से, स्वादिष्ट रूप में। **tastefulness** सं० सुरुचिपूर्णता, दिलचस्पदगी, नफ़ासत, लुभनुमाई। **tasteless** वि० १. नीरस; २. फीका, स्वादरहित; ३. अरुचिकर में शारीरिक रूप से असमर्थ; ४. कलात्मक अभिरुचिविहीन, कलात्मक अभिरुचि से रहित; ५. (भाषा, व्यवहार आदि संबंधी) सुरुचिहीन, अप्रिय, नापसंदी। **tastelessly** क्रि० वि० १. नीरसतापूर्वक; २. फ़ीकेपन से; ३. कलात्मक अभिरुचि के बिना, कुरुचिपूर्वक, नापसंदी तौर पर। **tastelessness** सं० १. नीरसता; २. फ़ीकापन; ३. रुचिविहीनता, नापसंदगी।

taster (tás' tér) सं० १. आस्वादक, चख कर अच्छा-बुरा बताने वाला (विशे० वह व्यक्ति जो चाय, मदिरा आदि का स्वाद चख कर अच्छा-बुरा बताने के लिए नियुक्त किया जाता है), २. (ला०) प्रकाशक की ओर से प्रकाशनार्थ पुस्तकों की पांडुलिपियाँ पढ़ने के लिए नियुक्त व्यक्ति, ३. (इति०) अपने स्वामी के खाने से पहले उसके भोजन आदि का स्वाद चखने के लिए नियुक्त व्यक्ति; ४. मदिरा-आस्वादक का छोटा प्याला।

tasty (tás' ti) वि० १. (बोल०) रोचक, स्वादिष्ट, लज़ीज़; २. (बोल० वस्त्र, सज्जा इत्यादि संबंधी) सुरुचि-पूर्ण, नफ़ीस, बा-सलीक़ा। **tastily** क्रि० वि० १. (बोल०) स्वादिष्ट रूप में, लज़ीज़ तौर पर; २. नफ़ासत से, सलीक़े से।

tat[1] (tát) [cp. M. Swed. *tatte*, Dan. dial, *tat*, Norw. *taatt*, thread, strand] क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **tatted**) १. झालर, गुंथना; २. क़सीदे का काम करना। **tatting** सं० १. झालर गूँथने का काम, क़सीदे का काम जो पोशाक आदि को सजावट के लिए हो, (तागे को जाली से) झालर गोट या किनारी बनाना, २. झालर बनाने की क्रिया।

tat[2] दे० TATTOO[2]।

ta-ta (ta ta) [instinctive sound] विस्म० विधा !, टा-टा !, विदाई के समय का अंग्रेज़ी अभिवादन या नमस्कार।

Tatar दे० TARTAR[3]।

---

a=आ, (Father) फ़ादर; ā=ऐ, (Fat) फ़ैट; ā=ए, (Fate) फ़ेट; aw=आँ, (Fall) फ़ॉल; ā=एअ, (Fair) फ़ेअर; ā=ई, (Pā'l) पेल, ē=ई, (Her) हर; ē=ई, (Beef) बीफ़; i=इ, (Bit) बिट; ī=आइ, (Bite) बाइट; o=आँ, (Not) नॉट; ō=ओ, (No) नो; ò=आँ, (Nor') नॉर्थ; oo=ऊ, (Food) फ़ूड; u=उ, (Bull) बुल; ū=अ, (Sun) सन; ū=ए, (Mine) माइन; ou=आउ, (Bout) बाउट, oi=ओइ, (Join) जॉइन।

tato (tā't) [Sc., etym. doubtful] सं० (ऊन या बाल का) छोटा टुकड़ा, मुच्छा।

Tate Gallery सं० टेट गैलरी, लंदन की एक प्रसिद्ध चित्रशाला जिसमें ब्रिटिश और आधुनिक विदेशी कलाकारों की कलाकृतियों की स्थायी प्रदर्शनी होती है।

tatou, tatu (ta' tu) [S. Am. native] दे० ARMADILLO।

tatter (tăt' ĕr) [cp. Icel. *tötrar*, L.G. *taltern*, rags, E. Fris. *talte*. rag] सं० १. (प्रायः बहुव० में) चिथड़ा, पुराना, पुजी, टुकड़ा (कपड़े, काग़ज़ वग़ैरह का फटा हुआ), २. खस्ताहाल या फटीचर व्यक्ति। **tatterdemalion** सं० टैटरडेमेलीअन, फटेहाल व्यक्ति, फटे-कटाये तथा मैले वस्त्र पहिने हुए कोई व्यक्ति। **tattered, tattering, tattery** वि० फटा हुआ, फटा-पुराना।

Tattersall's सं० टैटरसाल्ज़, लंदन का वह बाज़ार जहाँ घुड़दौड़ के घोड़ों का क्रय-विक्रय होता है और बाज़ियाँ बदी जाती हैं।

tatting दे० TAT[1]।

tattle (tăt' ĕl) [freq. of obs. *tat*, imit.] क्रि० अ० और स० १. गपशप करना, हल्ला की हाँकना, बकवास करना, २. निरर्थक बातें करना, कोई बातें बिना समझे-बूझे कह डालना। सं० गपशप, व्यर्थ बात, बकवास। **tattler** सं० १. बातूनी, गप्पी; २. टिटिहरी पक्षी।

tattoo[1] (tă too') [Dut. *taptoe* (TAP[2], *toe*, put to, closed), signal for closing tavern taps] सं० १. सैनिकों के मैनाबास में लौट आने के लिए १० बजे रात में बजने वाले नग्फ़ीर, नक़ारे या बिगुल की आवाज़; २ मनोरंजन के साथ बिगल-वादन और सैनिक-मार्च जो मनोरंजन के लिए किया जाता है। क्रि० अ० (मेज़ वग़ैरह पर) उँगलियों से जल्दी-जल्दी और बार-बार तबला सा बजाना। **beat the devil's** ~ उँगलियों से तबला सा बजाना (शैतान के तौर पर)।

tattoo[2] (tă too') [Tahitian *tatan*] क्रि० स० गुदना गोदना, गोद कर नक्शा या चित्र बनाना। सं० गोदन* (मा० ३ भी), गोदना, गोदने की रीति, गोदने के निशान, गुदे हुए चिन्ह आदि।

tatty (tăt' i) [Hind. *tatti*] सं० (आग्ल-भारतीय) टट्टी, खस की टट्टी (जिसे बालू और पानी से शीतल तथा सुगंधित किया जाता है)।

taught दे० TEACH।

taunt[1] (tawnt) [from O.F. *tanter*, *tenter*, L. *tentāre*, to TEMPT, or from F. *tant*, L. *tantum*, so much] क्रि० स० (किसी व्यक्ति इत्यादि का आचरण, बर्ताव आदि, with के साथ प्रयुक्त) ताना देना, ताना मारना, आवाज़ कसना, उलाहना देना। सं० उलाहना, ताना, व्यंग्य, फ़िक़रा, आवाज़। **tauntingly** क्रि० वि० व्यंग्यपूर्वक, ताना मारते हुए, मलामत करते हुए।

taunt[2] (tawnt) [from obs. *ataunt*, in full rig, F. *autant*, as much, cp. prec.] वि० (नौ० वि०, जहाज़ के मस्तूल का) ऊँचा, लम्बा, बुलंद।

taurine (taw' rĭn) [L. *taurinus*, from TAURUS] वि० टौरीन* (रू०, वि० ३ भी), बैल की तरह, बैल या साँड़ की तरह; २. राशिचक्र के द्वितीय चिह्न वृष राशि का या तत्संबंधी। **tauriform** वि० बैल के आकार का, बैल जैसा। **tauromachy** (taw rom' ă ki) [Gr. *machē*, fight] सं० साँड़ों की लड़ाई।

Taurus (taw' rŭs) [L., from Gr. *tauros*] सं० १. वृष*/ टारस* (वि० १ भी), २. वृष राशि जो राशि-चक्र का द्वितीय चिह्न है।

taut[1] (tawt) [M.E. *togt*, *toght*, prob. p.p. of *togen*, to row[1]] वि० १. (नौ० वि०, रस्सी संबंधी) कसा हुआ, तना हुआ; २. (जहाज़ आदि के लिए) काम के योग्य, सुनियोजित, ठीक-ठाक। **tauten** क्रि० स० और अ० १. कसना, तानना; २. सुसज्जित करना। **tautly** क्रि० वि० १. तानकर, कसकर; २. ठीक तौर पर, सुप्रबंधित रूप में। **tautness** सं० १. तनावट, बुढ़ता; २. सुव्यवस्थितता, चालू हालत।

taut[2] (tawt) [Sc., etym. doubtful] क्रि० स० और अ० बाल गूँथना।

tauto- [Gr. for *to auto*, the same] यूनानी शब्द tauto, to auto (वही) का समास में प्रयुक्त रूप। **tautochrone** (taw' tō krōn) [Gr. *chronos*, CHRONO-] सं० ऐसा वक्र जिस पर गुरुत्वाकर्षण से आकांत होकर चलने वाली वस्तु उस वक्र के निम्नतम बिंदु या स्थान पर उतने ही समय में पहुँच जाती है जितने समय में वह अन्य बिंदु या स्थान से चल कर पहुँचती है। **tautochronism** सं० टाटोक्रोनिज़्म, उपर्युक्त वक्र पर किसी वस्तु के किसी भी बिंदु से चलकर वक्र के निम्नतम बिंदु पर समान समय में पहुँचने का नियम या सिद्धांत। **tautochronous** वि० १. वह जिस पर या जिसमें उपर्युक्त सिद्धांत लागू हो; २. (वि० १) एककालिक*।

tautology (taw tol' ŏ ji) [L. and Gr. *tautologia*] सं० पुनरुक्ति* (मा० २ भी) (जैसे arrived one after the other in succession)। **tautologic, -al** वि० पुनरुक्ति संबंधी, पुनरुक्तिपूर्ण। **tautologically** क्रि० वि० पुनरुक्ति द्वारा। **tautologist** सं० पुनरुक्तिकर्ता। **tautologize** क्रि० अ० पुनरुक्ति करना। **tautophony** (taw tof' ŏ ni) [Gr. *phonē*, sound] सं० एक ही ध्वनि की बार-बार आवृत्ति।

tavern (tăv' ĕrn) [F. *taverne*, L. *taberna*, hut, tavern] सं० सराय, पाकशाला, ताड़ीघर, कलवरिया, सार्वजनिक भोजनालय या मदिरालय।

taw[1] (taw) [A.-S. *tawian*, cp. Dut. *touwen*, to curry, O.H.G. *zouwan*, to make, to prepare] क्रि० स० टैनिन के इस्तेमाल के बिना चमड़ा कमाना (विशे० फिटकरी और लवण के घोल में भिगो कर शोधना या कमाना)। **tawer** सं० बिना टैनिन के चमड़ा कमाने वाला व्यक्ति। **tawery** सं० वह कारख़ाना जहाँ बिना टैनिन के चमड़ा शोधा जाए।

taw[2] (taw) [etym. doubtful] सं० १. टा, गोलियों का खेल, २. बिलियर्ड का खेल; २. पाला, बिलियर्ड या अंटे के खेल में सीमा-रेखा, गोलियों में हद की लकीर; ३. एक प्रकार का संगमरमर।

tawdry (taw' drĭ) [from *St. Audrey* (corr. of *Etheldrida*, founder of Ely cathedral), whose fair was held in the Isle of Ely, etc., on 17th Oct.] वि० १. दिखावटी, भड़कीला और भोंडा, देखने में अच्छी पर सस्ती। सं०* फूहड़ लिबास, सस्ता, भद्दा और कुरुचिपूर्ण बेशभूषा। **tawdrily** क्रि० वि०

बड़प्पन और बड़े तरीके पर, फूहड़पन से। **tawdriness** सं० फूहड़पन, भोंड़ापन।

tawny (taw' ni)[M.E. *tanny*, F. *tanné*, p.p. of *tanner*, to TAN[1]] वि० भूरापन लिए हुए पीला, बादामी, पीला-भूरा।

taws, tawse (tawz) [prob. pl of obs. *taw*, lash, from TAW[2]] सं० स्कॉटलैंड का लम्बा, लड़कों को सज़ा देने की चाबुक।

tax (täks) [F. *taxe*, from *taxer*, L. *taxâre*, from *tag-*, base of *tangere*, to touch] क्रि० स० १. (प्रजा, नागरिकों वस्तु, भूमि आदि पर) कर लगाना, महसूल लगाना; २. (न्यू टेस्टामेंट) कर लगाने के लिए (व्यक्ति का नाम) प्रविष्ट या दर्ज करना; ३. (व्यक्ति के साधनों, शक्तियों, योग्यता इत्यादि की अथवा पर) माँग करना, बोझ डालना, भार रूप होना; ४. (विधि) परीक्षा या जाँच करने के पश्चात (मूल्य या लागत इत्यादि के) मदों को स्वीकृत या अस्वीकृत करना, उन पर अनुज्ञा देना अथवा उन्हें अमान्य करना; ५. (व्यक्ति पर किसी मूल या कार्य का) आरोप लगाना, तोहमत लगाना (with के साथ प्रयुक्त)। सं० १. (सरकार की सहायता के अर्थ में व्यक्तियों, सम्पत्ति या व्यापार पर लगने वाला) कर* (इं० ३, प्र०, मा० १, विधि भी), लगान, महसूल; २. (व्यक्ति पर अथवा उसकी शक्तियों या आय पर) अत्यधिक भार, बोझ, दायित्व, अत्यधिक माँग (upon के साथ प्रयुक्त)। **single** ~इकहरा कर। **~-cart, taxed cart** दो पहियों वाली एक प्रकार की गाड़ी जो कृषि या व्यापार के लिए होती है और जिन पर पहले बहुत कम शुल्क लिया जाता था। **~-collector,-gatherer** करसंग्राहक, वसूलदार, कर का संग्रह करने वाला पदाधिकारी। **~-farmer** कर-प्रसंवेदक, वह व्यक्ति जो सरकार से किसी कर के संग्रह का अधिकार या ठीका लेता है। **~-free** कर-मुक्त। **~-payer** कर-दाता। **taxability** सं० कर-देयता, कर-योग्यता। **taxable** वि० कर लगाने योग्य, कर-योग्य* (प्र० भी), महसूली (माल आदि के लिए), काबिले महसूल। **taxably** क्रि० वि० कर-योग्य रूप से, महसूली के तौर पर। **taxation** (täk' sā' shin) सं० कर, करारोपण*/कराधान* (मा० १ भी), कर लगाना*/ कर-निर्धारण* (इ०, मा० १ भी)। **taxing master** न्यायालय का पदाधिकारी जो (मूल्यों या लागत इत्यादि के) मदों को स्वीकृत या अस्वीकृत करता है। **taxless** वि० जिस पर कोई कर न हो।

taxi (täk' si) [short for TAXIMETER] सं० १ टैक्सी (किराए की मोटर-गाड़ी जिस पर मीटर लगा रहता है जो वक्त और फ़ासला गुज़रने के साथ-साथ खुदबख़ुद किराया दिखाता रहता है), टैक्सी की सी बनावट वाली दूसरे प्रकार की मोटर-कार। क्रि० अ० और स० १. टैक्सी में जाना या ले जाना; २. (वैमानिक वायुयान या वायुयान-चालक का) उड़ने से पहले या बाद में भूमि या जल पर चलना या उतरना। **~-man** टैक्सी-ड्राइवर, टैक्सी-चालक। **~-plane** टैक्सी-विमान, किराए का छोटा हवाई जहाज़।

taxidermy (täk' si dĕr mi) [TAXIS, DERM] सं० पशुओं की खाल में भूसा वग़ैरह भर कर उसे सजीववत् बनाने की कला। **taxidermal, taxidermic** वि० उक्त कला से संबंधित। **taxidermist** सं० उक्त कला को जानने वाला।

taximeter (täk sim' ĕ tĕr)[F. *taximètre* (*taxe*, TAX, -METER)] सं० टैक्सीमीटर, एक प्रकार का स्वचालित यंत्र जो टैक्सी में लगा रहता है और समय तथा फ़ासले की अंकित करता है।

taxis (täk' sin) [L. *tax-us*, Gr. *taxos*, yew, -IN] सं० टैक्सिन, सनोबर की जाति के एक सदाबहार वृक्ष की पत्तियों से निकलने वाला राल की तरह का पदार्थ-विशेष या बींद।

taxis (täk' sis) [Gr., from *tassein*, to arrange] सं० १. (शल्य वि०) अनुचालन* (आ०, मा० २ भी), संकर्षण, अवयवों को यथास्थान करने के लिए हाथ का दबाव; २. (मूलतः पुरा०) सैन्यदलों के विभिन्न विभाग या टुकड़ियाँ; ३. (प्राणि०) वर्गीकरण, श्रेणी-विभाजन; ४. (काव्य अलं०) व्यवस्था, तरतीब।

taxonomy (täk son' ō mi)[F. *taxonomie* (prec., Gr. *nom-*, from *nemein*, to deal out)] सं० (प्राणि०) वर्गिकी*/वर्गीकरण* (के सिद्धांत) (क्रु० भी)। **taxology** सं० वर्गीकरण विज्ञान, वर्गीकरण शास्त्र। **taxonomic, -al** वि० वर्गीकरण-संबंधी, वर्गीकरण का। **taxonomically** क्रि० वि० वर्गीकरण-पूर्वक, श्रेणी-विभाजन के रूप में। **taxonomist** सं० वर्गीकरण-शास्त्री, वर्गीकरण वैज्ञानिक।

tea (tē) [Chin (Amoy) *tê* (pron. tâ), *ch'a*] सं० १. चाय का पौधा; २. चाय* (क्रु० भी), इस पौधे की व्यवहार के लिए सुखाई और तैयार की गई पत्तियाँ (जो काली, हरी इत्यादि कई रंगों की तैयार की जाती है); ३. चाय का पानी (जिस हालत में उबाल कर पी जाती है), ४. इस प्रकार के दूसरे पौधों की पत्तियों का सत्व या जोशांदा, अर्क आदि। वि० तीसरे पहर का चाय के साथ का जलपान (विशे० ५ बजे संध्या को)। क्रि० और स० १. चाय पीना, २. चाय पिलाना (व्यक्ति को)। **black, green** ~ भिन्न प्रक्रियाओं द्वारा तैयार की गई चाय की किस्में। **bohea, congou, souchong, pekoe etc.** ~ काली चाय की किस्में। **hyson, gunpowder etc.** ~ हरी चाय के भेद। **~-cake** केक जो चाय के साथ सेंक कर या दूसरे नरीक्ष से खाए जायँ। **~-chest** सन्दूक जिसमें चाय बाहर भेजी जाती है। **~-cloth** १ चाय का मेजपोश, २. चाय की मेज़ या प्यालियाँ पोंछने का कपड़ा। **~-cup** चाय का प्याला, (माप के रूप में) एक प्याली भर (~cupful भी)। **~-fight** (बोल०) चाय की दावत। **~-garden** चाय का बाग़। **~-gown** चाय पीते समय पहनने की स्त्रियों की पोशाक। **~-house** (चीन और जापान का) चाय-घर। **~-kettle** चाय की केतली जिसमें चाय बनाई जाती है। **~-leaf** चाय की पत्ती, (बहु० leaves) निचोड़ी हुई या उबलने के बाद का बेकार पत्तियाँ (जिससे फल साफ़ करने का काम लेते हैं)। **~-party** टी पार्टी चाय की दावत। **~-pot** चायदानी। **~-rose** गुलाब की कुछ जातियाँ जिनमें चाय की सी सुगंध होती है। **~-saucer, -service, -set, -spoon** टी-सॉट, चाय के बर्तन, प्याले आदि जो चाय परोसने के काम आते हैं। **~-table** टी टेबल। **~-tray** टी ट्रे, चाय की ट्रे। **~-urn** चाय का मुँहबंद प्याला, (जिसमें चाय का पानी उबाला या रक्खा जाता है)।

teach (tēch) [A.-S. *tæcan*, cogn. with TOKEN] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **taught**) १ शिक्षण या प्रशिक्षण द्वारा (व्यक्ति इत्यादि को कोई कार्य करने में) प्रेरित या सक्षम करना, पढ़ाना, सिखाना, तालीम देना (to, do के साथ प्रयुक्त); २ पाठशाला में अथवा अन्यत्र (किसी व्यक्ति को किसी विषय, खेल, शिल्प आदि पर अथवा दूसरे उद्देश्य के साथ) अध्यापन करना, शिक्षा देना, पढ़ाना (to के साथ प्रयुक्त), ३ प्रशिक्षण करना, शिक्षित करना; ४. अध्यापक या शिक्षक-रीति से (किसी तथ्य आदि को) समझाना, व्याख्या करना, व्यक्त करना, स्पष्ट करना, मन में करना, बताना (व्यक्ति को, अथवा दूसरे उद्देश्य के साथ अव-

हुत, विशे० how, that etc. to के साथ प्रयुक्त)। **teachable** वि० १. शिक्षणीय, ग्रहणीय, पढ़ने या सीखने में प्रवीण; २. (विषय इत्यादि संबंधी) जो पढ़ाया जा सके, पठनीय, शिक्षणीय, काबिले तालीम। **teachableness** सं० शिक्षणीयता, शिक्षण-योग्यता, पठनीयता। **teacher** सं० १. शिक्षक* (प्र० भी), अध्यापक* (मा० २ भी), मुदर्रिस; २. उपदेशक, पीर, उस्ताद। **teachership** सं० शिक्षक का पद, अध्यापक-पद। **teaching** सं० शिक्षण, अध्यापन (विशे० सीख, शिक्षा, सिद्धांत जो पढ़ाया या सिखाया गया हो)।

teak (tēk) [Port. *teca*, Malayalam *tekka*] सं० १. टीक, सागौन की लकड़ी, इसका वृक्ष (जो पूर्वी भारत में बहुतायत से पाया जाता है); २. जहाज बनाने के काम आने वाली एक प्रकार की टिकाऊ लकड़ी (जो तनती या सिकुड़ती नहीं और न ही लोहे को नुकसान पहुँचाती है)।

teal (tēl) [M.E. *tele*, cp. M.Dut. *teelingh*] सं० टील, पनकुकड़ी, छोटी बत्तख विशेष।

team (tēm) [A.-S *tēam*, family, team (cp. Dut. *toom*), G *zaum*, bridle, Icel. *taumr*, rein), cogn. with *tow*[1]] सं० १. टीम, जोड़ी या जोत, जुते हुए दो या अधिक जानवर, २. (खेल में) एक पक्ष के खिलाड़ी (जैसे फुटबाल के खेल में); ३. जत्था, गहकर्मी-वर्ग, एक साथ कार्य करने वाले व्यक्तियों का समूह या वर्ग। क्रि० स० १. (घोड़े वगैरह को) एक साथ जोतना, २. ठौर पर (काम) उठाना, ऐसे ठेकेदार की काम देना जो मजदूरों के जत्थे में काम लेता हो। **teamaster** सं० जानवरों की जोड़ी या दल को चलाने वाला चालक, वाहक। **teaming** सं० (मजदूर वर्ग से काम लेने वाले ठीकेदार की) ठौर पर देने की क्रिया। **teamwise** क्रि० वि० पंक्तिवत्, दल या जोड़ी या पाँत की तरह। **team-work** सं० टीमवर्क, सहयोगी, सामूहिक कर्म, सम्मिलित प्रयत्न।

teapoy (tē' poi) [Hind. *tīn*, three. Pers *pāī*, *pai* foot, *sipāī*, assim. to TEA] सं० तिपाई, तीन या चार पायों वाली छोटी मेज (विशे० चाय की)।

tear[1] (tār) [A.-S. *teran*, cp. Goth *gatairan*, G *zehren*, to destroy, Icel. *tæra*, to consume, also Gr. *derein*, to flay] क्रि० स० और अ० (भू० **tore**, **tare** भू० कृ० **torn**) १. खींचकर फाड़ना, फाड़ना, चीरना, टुकड़े-टुकड़े करना, विदारना; २. इस प्रकार (फाड़ कर) छेद करना या खोखा बनाना; ३. (मा० और ला०) नोच डालना, खसोट लेना, छीन लेना, उखाड़ डालना; ४. (at के साथ प्रयुक्त) फाड़ने की कोशिश करना, नोचना, खसोटना, ५. फटना, विदीर्ण होना, ६ झपटना, ज़ोर से जाना, तेजी के साथ या सवेग दौड़ना या चलना। सं० दरार, फाड़, चीर, खोंच, छेद, (कपड़े आदि में लगा हुआ) खोंचा। **could not ~ myself away** अपने को अलग न कर सका, किसी तरह दिल न हुआ कि चला जाऊँ। **~it** (ला०) अवसर खो देना, योजनाएँ व्यर्थ कर देना, सारा खेल चौपट कर देना, सत्यानाश कर देना। **~one's hair** सर के बाल नोचना (क्रोध, घबराहट, या निराशा में)। **was torn from her parents** वह अपने माता, पिता से ज़बर्दस्ती अलग कर दी गई। **tearing** वि० १ चीरने वाला, फाड़ने वाला, २ वेगवान, क्षिप्र, उग्र, प्रबल (जैसे ~pace, rage)।

tear[2] (tār) [A.-S. *tēar*, *ter* (cp. Icel *tár*, Dan. *taar*, Goth *tagr*, also Gr. *dakru*, L. *lacrima*, O. L. *dacrima*;] सं० (~-drop भी) आँसू, अश्रु* (मा० भी), अश्रुवत् कोई वस्तु (जैसे किसी द्रव पदार्थ की एक बूँद, राल इत्यादि की गाढ़ी बूँद या कतरा)। **found her in tears** उसे रोती पाया। **tears of strong wine** कड़ी मदिरा से कुछ देर तक भरे हुए निलास में उठने वाले बुदबुदे। **~gas** अश्रु गैस, टीअर गैस (एक प्रकार की विषाक्त गैस जिससे आँसू बहने लगते हैं और कुछ देर के लिए दृष्टि काम नहीं करती है। यह गैस युद्ध इत्यादि में प्रयुक्त होती है)। **tearful** वि० १. साश्रु, अश्रुपूर्ण; २. (घटना, समाचार इत्यादि सबधी) शोकपूर्ण, दुःखदायी। **tearfully** क्रि० वि० १. अश्रुपूर्ण नयनों से, डबडबाई आँखों से; २. दुःखदायी रूप से। **tearfulness** सं० १. अश्रुसिक्तता; २. शोकप्रदता। **tearless** वि० अश्रुरहित।

tease (tēz) [A.-S. *tæsan*, to pluck, pull (cp. M.Dut. *teesen*, Dan. *taese*)] क्रि० स० १. चिढ़ाना, चिक करना, सताना, छेड़खानी करना, तंग करना (उपहासात्मक उक्तियों, प्रश्नों या हल्की खीझों द्वारा); २. (व्यक्ति से किसी वस्तु के लिए या कोई कार्य करने के लिए) अनुनय-विनय करना, पीछे पड़ जाना (for, to, do के साथ प्रयुक्त); ३. तुमना, साफ़ करना, (ऊन, सन आदि के) रेशों का धुनना; ४. (कपड़े आदि का) रोआँ उठाना, रोयें डालना। सं० शरीर, दिल्लगीबाज (वह आदमी जिसे छेड़खानी की या सताने की आदत हो)। **teaser** सं० १. (घोड़ा) उत्तेजक नर* (कृ० भी), छेड़ने वाला, सताने वाला; २. शरीर (विशे० वह व्यक्ति जिसे छेड़खानी या सताने की आदत हो); ३. (बोल०) कठिन प्रश्न या समस्या का कार्य, दुष्कर कार्य, दुःसाध्य वस्तु, पेचीदा काम। **teasingly** क्रि० वि० शरारत से, छेड़खानी के तौर पर।

teasel (tē' zel) [A.-S. *tæsl*, *tæsel*, from prec.] सं० १. टेजल, कुछ पौधे जिनके सिरों पर गोखरू के समान गुच्छे होते हैं और वह कपड़े पर रोएँ उठाने के काम आते हैं, २. बिलायती गोखरू का गुच्छा, ३. वह यंत्र या मशीन जिससे कपड़े पर रोंवें डाले हैं। क्रि० स० कपड़े पर बिलायती गोखरू से रोएँ डालना। **teaseler** सं० कपड़े पर रोएँ उठाने या डालने वाला।

teat (tēt) [M.E. and O.F. *tete* (F. *tette*), L.G. *titte* (cp. M. Dut. *titte*, G. *zitze*, A.-S. *tit*, also Gr. *titthē*)] सं० १. चूचुक* (वि० १ भी), स्तनाग्रभाग (जिससे दूध निकलता है), स्त्री का स्तनाग्र, स्तन की ढेपनी, (पशुओं का) थन* (कृ० भी)। **teated** वि० १ स्तनाग्र का, चूचुक सबधी, २. थन का सा। **teatlike** वि० १. चूचुकवत्, स्तनाग्रवत्, २. थन का सा।

tec सं० (ला०) जासूस, गुप्तचर, दे० DETECTIVE।

technic (tek' nik) [Gr. *technikos*, from *technē*, art] वि० १. (विरल) दे० TECHNICAL; २. सं० दे० TECHNIQUE; ३. (प्राय० बहुव०) कलाओं का सामान्य सिद्धान्त; ४. (बहुव०) प्राविधिक या पारिभाषिक शब्दावली, विस्तार, पढ़तियाँ आदि।

technical (tek' ni kāl) वि० १. तकनीकी* (प्र०, मा० १, वि० १ भी), पारिभाषिक* (वि० १, विधि भी), प्राविधिक* (प्र०, मा० १, वि० १ भी), किसी विशेष कला, विज्ञान, शिल्पिक हस्तकौशल आदि से संबद्ध, २. टैकनिकल, नकनीकी, प्रौद्योगिक (जैसे ~education, school)। **~assault** वैध हमला, कानून की दृष्टि से हमला। **technicality** सं० १. पारिभाषिकता; २. औद्योगिकता; ३ पारिभाषिक अभिव्यक्ति; ४. वैशिष्ट्य। **technically** क्रि० वि० १. पारिभाषिक रूप में, तकनीकी या प्रौद्योगिक रूप में, ३. विधि का दृष्टि में देखने पर। **technicalness** सं० १. पारिभाषिकता; २. प्रौद्योगिकता।

technicism, technicist (tek´ nish´ ən, tek´ ni sist) सं० १. प्रविधिवादी, किसी विशेष कला की प्रविधि में निपुण व्यक्ति या सामान्यतः प्राविधिक सम्बन्धवाली आदि में प्रयोग व्यक्ति, तकनीकज्ञ*/ प्रविधिज्ञ* (वि० १ भी), प्रविधि आदि का जानकार; २. कलाओं का ज्ञाता।

Technicolor (tek´ ni kŭl ər) सं० (सिने०) टैक्नीकलर, रंगीन चलचित्र बनाने की विधि।

technique (tek nēk´) सं० १. (संगीत, चित्रकला आदि) तकनीक*/ प्रविधि* (आ०, कृ०, मा० १, २, ३, वि० १ भी); २. शिल्प विज्ञान, प्रक्रिया* (आ० भी); ३. शिल्प-कौशल, कला-प्रवीणता।

technocracy (tek nok´ rə si) सं० शिल्पतन्त्र*/ तकनीकी तंत्र* (मा० १ भी), शिल्पीतंत्र, प्रविधिज्ञ-तंत्र* (मा० ३ भी), संपूर्ण समाज के कल्याण के लिए किसी देश के औद्योगिक साधनों के देश के प्रौद्योगिक विशेषज्ञों द्वारा संगठन और प्रबंध। **technocrat** सं० शिल्पीतंत्रवादी, उपर्युक्त मत का पोषक व्यक्ति, तकनीकतन्त्री*/ शिल्पतन्त्री* (मा० १ भी)।

technology (tek nol´ ə ji) सं० १. प्रौद्योगिकी* (आ० भी०), प्रविधि, औद्योगिकी, उद्योगविद्या* (वि० १ भी), शिल्पविज्ञान*/ शिल्प विद्या*/ टैक्नालोजी* (मा० १ भी)। **technologic, technological** वि० १. औद्योगिक; २. (कलाओं के विकास के) वैज्ञानिक अध्ययन से संबद्ध। **technologist** सं० १. प्रौद्योगविद, शिल्प-शास्त्री; २. (कलाओं के विकास के) वैज्ञानिक अध्ययन का पक्षपाती; ३. शिल्प विज्ञानी*/शिल्पी* (कृ०, प्र०, मा० १ भी)।

techy दे० TETCHY।

tecnology (tek tol´ ə ji)[Gr. *tekhnologia* (Gr. *tekhōn*, carpenter, -LOGY)] सं० रचना-विज्ञान, निर्माणशास्त्र। **tectologic, -al** वि० रचना विज्ञान विषयक, निर्माण शास्त्र संबंधी।

tectonic (tek ton´ ik) [L. *tectonicus*, Gr. *tektonikos*, from *tektōn*, *-tonos*, carpenter] वि० १. इमारत का, भवननिर्माण-विषयक, रचना से संबद्ध; २. (भूगर्भ०) विवर्तनिक, विरूपता के कारण आकृतिपरक स्थितियों में परिवर्तन से उत्पन्न। सं० वास्तुकला, (उपयोगी और सुंदर) वस्तु-निर्माण-कला।

tectorial (tek tôr´ i əl) [L. *tectōrius*, from *tec-*, p.p. stem of *tegere*, to cover] वि० आवरणवत् (विशे० ~membrane) श्रोतस्था झिल्ली, कान का पर्दा या झिल्ली। **tectrices** (tek´ tri sēz) सं० (बहुव०) (पक्षी विज्ञान) डैनों और पूंछ के ऊपर के) पर।

ted (ted) [prob. from an A.-S. *teddan* (cp. Icel. *tethja*, past *tadda*, to spread manure, from *tath*, manure)] क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **tedded**) फेरना, उलट कर या पलट कर सुखाना। **tedder** सं० १. फेरने वाला व्यक्ति; २. टेडर, पलट कर सुखाने वाला यंत्र।

teddy-bear (ted i bâr´) [Theodore (*Teddy*) Roosevelt (1858-1919)] सं० टेडी-बीयर, बच्चों के खेलने का भालू जैसा खिलौना।

tedious (tē´ di əs) [late L. *tediōsus*, *from tedium*; from *todet*, it wearies] वि० क्लांतिकर, उबा देने वाला, उकता देने वाला, बका देने वाला। **tediously** क्रि० वि० उबाते हुए, क्लांतिकर रूप से। **tediousness, tedium** सं० उकताहट, ऊब, क्लांति-कारिता, उबा देने का स्वभाव या विशेषता।

tee[1] (tē) [r] सं० १. अंग्रेजी का T अक्षर; २. T के आकार की वस्तु (विशे० पाइप); ३. (खेलों में) वह निशान जिस पर निशाना लगाया जाय; ४. (गोल्फ़) टी, वह खाली की गई जगह जहां से खेल के आरम्भ में हर छेद की ओर गेंद मारी जाती है; ५. टी, रेते की छोटी ढेरी या लकड़ी; ६. रबर आदि की कोई वस्तु जिस पर रख कर गेंद को मारते हैं। क्रि० स० और अ० (रेते की ढेरी या लकड़ी रबर आदि की कोई चीज़) पर (गेंद) रखना। **~off** १. टी से खेल शुरू होना; २. (ला०) शुरू करना, श्रीगणेश करना।

tee[2] (tē) [Burmese *h'ti*, umbrella] सं० छत्र-कलश, (मंदिर आदि का) छतरीनुमा (प्रायः सोने का पत्तर चढ़ा हुआ) कलश।

teem[1] (tēm) [A.-S. *fȳman*, *fīeman*, from *tēam*, or TEAM] क्रि० स० उंडेलना होना, उर्वर होना, परिपूर्ण होना, समृद्ध होना।

teem[2] (tēm) [Icel. *tæma*, from *tómr*, empty. cp. TOOM] क्रि० स० और अ० (बोल०, परिभाषिक रूप में) (नाव या गाड़ी को) खाली करना, (कोयला या पिघली हुई धातु आदि को) लौटाना, उंडेलना। **teemer** सं० खाली करने वाला, लौटने या उंडेलने वाला।

-teen [A.-S. *-tyne*, *tīen*, TEN] संख्या-वाचक प्रत्य०, १३ से १९ तक संख्याओं का प्रत्य० जिसका अर्थ दस जोड़ देना होता है।

teens (tēnz) [from prec.] सं० (बहुव०) १. (अमरीका में भी teen age, years) किसी की आयु के १३-१९ वर्ष। **teen-age** वि० (अमरीकी) १३-१९ वर्ष का, कुमार-अवस्था*/ किशोर-अवस्था* (मा० ३ भी)। **teenager** (tēn ā´jər) सं० (अमरीकी) १२-२० वर्ष के बीच की आयु वाला व्यक्ति।

teeny दे० TINY।

teeth दे० TOOTH।

teethe (tēth) [from prec.] क्रि० अ० दाँत उगना, दाँत निकलना। **teething** सं० दाँत निकलना, दाँत उगने की अवस्था, दन्तोद्भवन* (आ० भी)।

teetotal (tē tō´ təl) [redupl. of TOTAL] वि० १. पूर्ण मद्य-निषेध-विषयक, पूर्ण मद्य-निषेधवादी; २. (बोल०) पूरा, पूर्ण, समग्र। **teetotalism** सं० पूर्ण मद्य-निषेधवाद। **teetotaller** सं० शराब न पीने वाला व्यक्ति, पूर्ण मद्यनिषेधवादी, नशा न करने वाला, मादक द्रव्यों से दूर रहने वाला। **teetotally** क्रि० वि० पूरी तरह से, पूर्णता से, समग्रता से।

teetotum (tē tō´ təm) [for *T-totum*, take all (T. L. *tōtum*, the whole), marked on one of the sides] सं० १. टीटोटम, बच्चों का एक प्रकार का चौलूटा लट्टू जिसके किनारों पर अक्षर लिखे रहते हैं और जिनसे घुमाने वाले की हार-जीत का पता चलता है; २. लट्टू, फिरकनी। **like a ~** लट्टू की तरह, फिरकनी की भांति, घूमते हुए।

teg (tĕg) [etym. doubtful, cp. Swed. *tacka*, ewe] सं० ऐसी भेड़ जिसका दूसरा साल चल रहा हो।

tegular (tĕg´ ū lər) [L., *tegula*, tile, as prec.. -AR] वि० खपरैल का, पटिया का, खपरैल या पटरे जैसा। **tegularly** क्रि०

वि० खपरैल या पटिये की तरह से। **tegulated** वि० खपरैलदार, पटिया-युक्त।

tegument (teg' ū ment) [O.F., from L. *tegumentum*, as prec.] सं० छादिका, जीव के शरीर (के किसी भाग) का प्राकृतिक आच्छादन। **tegumental, tegumentary** वि० उक्त आच्छादन का, उक्त आच्छादन से युक्त।

tehee (tē hē') [imit.] सं० १. दबी हुई हँसी, संयत हास; २. घृणापूर्ण हँसी, घृणाव्यंजक हास। क्रि० अ० १. दबी हुई हँसी हँसना; २. घृणाव्यंजक रूप से हँसना।

teind (tēnd) [M.E. *tende*, cogn. with TITHE] सं० (स्कॉटलैंड में) दशमांश कर।

teknonology, teknonymy दे० TEGNOLOGY।

telamon (tēl' ă mŏn) [L., from Gr. *Telamōn*, mythical hero] सं० (बहुव० **-mones,**-mō'nēz) (वास्तु०) टैलेमान, पुरुष की आकृति का खंभा।

telautograph (tel aw' tō grăf) [TELE-, AUTOGRAPH] सं० टेलीटोग्राफ़, ऐसा टेलिग्राफ़ जो लेखन आदि की ठीक नकल कर देता है।

tele[1]- (Gr. *tēle-*, pref. from *tēle*, adv., far off] समास में (विशे० परिणामों को दूर से ही उत्पन्न करने अथवा अभिलक्षित करने वाले यंत्रों के नामों में) प्रयुक्त। **telebarometer** (tel ē bă rom' ē ter) [BAROMETER] सं० टेली बैरोमीटर।

telecommunication सं० टेलिकम्यूनिकेशन, दूरसंचार, दूर से होने वाला (जैसे तार, तार-प्रेषण, टेलीफोन या रेडियो से) संचार।

tele[2]- संज्ञि० दे० TELEVISION। **telecast** (tel' i kast) सं० टेलिविजन पर प्रसारित कार्यक्रम। **telefilm** सं० टेलिविजन पर प्रसारित सिनमा-फ़िल्म। **telegenic** (tel i jen' ik) वि० टेलिविजन पर प्रसारित होने योग्य। **teleprompter** सं० टेलिप्राम्प्टर। **telerecording** सं० टेलीविजन पर प्रसारित करने के लिए अभिलेखित कार्यक्रम आदि।

teleda (tel' e dă) [Javanese] सं० टेलेडू, जावा और सुमात्रा का एक बदबूदार (बिज्जू जैसा) चौपाया।

telegony (tel eg' ō nē) [Gr. *tele*, far, *gonos*, off-spring] सं० (जीव०) टेलिगोनी, एक ही माता के गर्भ से पश्चात्वर्ती जनक से उत्पन्न संतति में दिखाई देने वाला पूर्ववर्ती जनक का प्रभाव। **telegonic** वि० उक्त प्रभाव-विषयक।

telegram (tel' e grăm) सं० टेलिग्राम*/ तूरलेख* (इ० २ भी), तारं० (प्र० भी)।

telegraph (tel e grăf) [TELE-, GRAPH] सं० १. दूरलेख*/ टेलिग्राफ़* (इ० २ भी), तारयंत्र, दूरवर्ती स्थानों को समाचार या संकेत संचारित करने वाला यंत्र; २. समाफ़ोर, दूर से संकेत करने का स्तंभ जिसकी भुजाएँ सरक सकती हों; ३. समाचारपत्रों के शीर्षक (जैसे Daily Telegraph आदि)। क्रि० स० और अ० १. तार करना, तार भेजना, तार से सूचित करना; २. (व्यक्ति को कुछ करने का) संकेत करना। **~-board** वह तख्ता जिस पर घुड़दौड़ में भाग लेने वाले घोड़ों की संख्या या क्रिकेट की रन-संख्या आदि लिखी रहती है ताकि वह दूर से दिखाई दे सके। **~-key** टेलिग्राफ़ के विद्युत्-परिपथ को बनाने और तोड़ने का साधन। **~-cable, -line, -pole, -post, -wire** (टेलिग्राफ़ का सबध स्थापित करने में प्रयुक्त) तार, खंभे। **~-plant** टेलिग्राफ़ पौधा, पूर्वी द्वीपसमूह का एक पौधा। **telegrapher, telegraphist** (tē leg' rā fēr, -fist) सं० १. तारयंत्र-निपुण व्यक्ति, तार-प्रेषण में काम करने वाला व्यक्ति; २. संकेतक, तार-संकेतक* (प्र० भी)। **telegraphic** वि० १. तार का, तारयंत्री या तारों का; २. तार जैसा संक्षिप्त, कम शब्दों का, अनावश्यक शब्दों से हीन। **telegraphically** क्रि० वि० १. तार की तरह; २. संक्षेप में। **telegraphy** (tē leg' ra fi) सं० तार-प्रणाली, बहुसंकेती तार-संचार* (वि० २ भी), तार संचार*/ तूरलेखी*, टेलीग्राफ़ी* (इ०२, वि० २ भी)। **wireless ~** बेतार की तार-प्रणाली।

telekinesis (tel ē ki nē' sis) [TELE-, Gr. *kinesis*, motion, see KINESI-] सं० (मनो०) अपने संचालक हेतु या कर्ता से (बिना किसी भौतिक सबध के) कुछ दूर संचालन।

telemark (tel' e mark) [district in Norway] सं० टेलिमार्क, स्की (बर्फ पर चलने की चट्टियों) में चलते समय एकदम मुड़ने या रुकने की क्रिया।

telemeter (tē lem' e tēr) [TELE-, -METER] सं० टेलिमीटर*/ दूरमापी* (वि० २ भी), सर्वेक्षण आदि में अंतर का निर्धारक यंत्र। **telemetric** वि० टेलिमीटर का। **telemetry** सं० टेलिमीटरी, दूरमिति* (वि० २ भी)।

teleology (tel e ol' o jī) [Gr. *teios teleos*, end, -LOGY] सं० चरमकारणवाद, प्रयोजनवाद*/ उद्देश्यवाद* (मा० २ भी) (यह दृष्टिकोण कि विकास उन्हीं हेतुओं या उद्देश्यों के कारण होते हैं जिनकी वे सिद्धि करते हैं), उद्देश्यत्व*/ टीलियोलाजी* (मा० ३, वि० १ भी), प्रयोजनवत्ता* (मा० २ भी)। **teleologic, -al** वि० चरमकारणवाद का, उपर्युक्त सिद्धांत से संबद्ध। **teleologically** क्रि० वि० चरमकारणवाद या उद्देश्यवाद की दृष्टि से। **teleologism** सं० चरमकारणवाद, उद्देश्यवाद। **teleologist** सं० चरमकारणवादी, उद्देश्यवादी।

teleosaurus (tel e o saw' rus) [Gr. *teleos*, complete, see prec., *saurus*, lizard] सं० टेलिसौरस, प्रस्तरीभूत मकर की एक जाति।

telepathy (te lep' ă thi) सं० टैलिपैथी, दूर संवेदन, परस्पर भाव-बोध, मनोभावों के प्रत्यक्ष आदान-प्रदान के बिना ही भावात्मक प्रभाव से एक दूसरे के मन पर होने वाली क्रिया। **telepathic** वि० दूर-संवेदन विषयक। **telepathically** क्रि० वि० दूर संवेदन की दृष्टि से। **telepathist** सं० दूरसंवेदन में विश्वास रखने वाला। **telepathize** क्रि० स० और अ० दूरसंवेदन द्वारा प्रभावित करना या होना।

telephone (tel' e fōn) सं० टेलिफ़ोन*, दूरभाष* (इ० २, वि० १ भी)। क्रि० स० और अ० टेलिफ़ोन करना, टेलिफ़ोन पर समाचार भेजना या बात करना। **telephonic** वि० टेलिफ़ोन का, टेलिफ़ोन-विषयक। **telephonically** क्रि० वि० टेलिफ़ोन द्वारा। **telephonist** (tē lef' ō nist) सं० टेलिफ़ोन करने वाला। **telephony** सं० टेलिफ़ोन द्वारा संभाषण, टेलिफ़ोन विद्या, टेलीफ़ोनी*/ दूरभाषण* (इ० २, वि० १ भी)।

telephotograph (tel e fō' tō graf) सं० दूरच्छाया-चित्र, टेलीफ़ोटो। **telephotographic** वि० टेलिफ़ोटोग्राफ़ी-विषयक। **telephotography** (tel e fō' tog' rā fi) सं० टेलिफ़ोटोग्राफ़ी, दूरचित्री फ़ोटोग्राफ़ी* (वि० २ भी), दूर-फ़ोटोग्राफ़ी* (वि० ३ भी)।

teleprinter (tel i prin tēr) सं० दूरमुद्रक, तारलेखी, टेलीप्रिन्टर* (वि० १ भी)।

telescope (tel' e skōp) [TELE-, SCOPE] सं० टेलिस्कोप* (वि० १ भी), दूरवीन, दूरदर्शक यंत्र, दूरबीन। क्रि० स० और अ० १. (दूयूब के खंडों को) साथ-साथ इस प्रकार दबाना कि वे एक दूसरे में सरक जायँ, (टक्कर लगने पर रेल के डिब्बों का) एक

दूसरे मे आ घुसना; २. इस प्रकार दवाया या चलाया जाना।
telescopic वि० १. टेलिस्कोप का, दूरबीनी, दूरदर्शी-निर्मित, २. केवल दूरबीन से ही दृष्टव्य (जैसे ~stars); ३. जिसके खंड एक दूसरे मे सरकते चले जायँ (जैसे ~funnel)। **telescopically** क्रि० वि० १. दूरबीन की दृष्टि से; २. एक दूसरे में सरकते हुए (खंड आदि)। **telescopiform** वि० दूरबीन की आकृति का।
telescopist (tē les' kō pist) सं० दूरबीन-विशेषज्ञ।
telescopy सं० दूरबीन-विद्या, दूरबीन तैयार करने की कला।
teleseme (tel' ē sēm) [TELE-, Gr. *sēma*, sign] सं० टेलीसीम*, बिजली द्वारा सूचना देने की एक पद्धति-विशेष।
televiewer (tel' ē vū ėr) सं० दूरवीक्षण के संग्राही का प्रयोक्ता।
televise (tel' ē vīz) [TELE-, VISION] क्रि० स० दूरवीक्षण से प्रेषित या संचारित करना अथवा होना।
television (tel' e vi zhŏn) [TELE-, VISION] सं० १. टेलिविज़न*/ दूरवीक्षण* (इं० २, वि० १ भी); २. टेलिविज़न से लिया गया (दूरवर्ती पदार्थों का) दृश्य। **televisor** (tel' ē vī zŏr) सं० दूरवीक्षण उपकरण।
tell (tel) [A.-S. *tellan*, from *talu*, TALE] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **told**, tōld) १. सुनाना, कह सुनाना, लिखकर सुनाना; २. बताना, बतलाना, सुनाना; ३. कहना, बोलना, ४. खबर देना, हाल सुनाना; ५. फ़ैसला करना, निश्चय या निर्धारण करना; ६. भेद करना; ७. निश्चयपूर्वक कहना, आश्वस्त करना; ८. विशिष्ट प्रभाव डालना (जैसे every blow tells); ९. (विशे० हाउस ऑफ कॉमंस में वोट) गिनना, १०. कह देना, (किसी व्यक्ति को) कुछ करने आदि का निर्देश या संदेश देना (जैसे ~him to wait for me)। **~off** १. अन्यत्र किसी काम पर लगा देना; २. (ग्रा०) कलई खोलना, भंडाफोड़ करना, करतूतें बखानना। **~person good-bye** (अमरीकी प्र०) अलविदा करना, विदाई के समय का अभिवादन करना। **~the tale** (ग्रा०) सहानुभूति जागृत करने के लिए करुणाजनक कहानी सुनाना। **~the world** (अमरीकी) डंके की चोट कहना, सबको सुनाकर कहना। **that tells a tale** यह महत्त्वपूर्ण है, उससे (किसी बात पर) प्रकाश पड़ता है या (कुछ) प्रकट होता है। **you never can ~** क्या कहा जा सकता है? बाह्य रूप और संभावनाएँ मायावी होती हैं।
tellable वि० १. सुनने योग्य; २. बताने या कहने योग्य; २. खबर देने काबिल; ३. निश्चय या निर्धारण करने योग्य; ४. भेद करने योग्य, ५. निश्चयपूर्वक कहने योग्य; ६. विशिष्ट प्रभाव डालने योग्य। **teller** सं० १. गणक (विशे० हाउस ऑफ कामंस में वोट गिनने के लिए नियुक्त चार व्यक्तियों, प्रत्येक पक्ष से दो, में से कोई एक); २. बैंक आदि मे रुपया-पैसा लेने या देने वाला व्यक्ति। **tellership** सं० मत पत्र गणक का पद या सेवा। **telling** वि० असरदार, प्रभावशाली। सं० १ कथन, निर्देश, व्याख्या; २. मत गणना। **you're ~me** (ग्रा०) मैं सब कुछ जानता हूँ। **tellingly** क्रि० वि० असर करते हुए, प्रभावशाली ढंग से।
telltale (tel' tāl) सं० १. चुगलखोर, भेद खोलने वाला, दूसरों के निजी मामलों को कहते फिरने वाला व्यक्ति; २. (ला०) सूचक, ऐसी चीज़ या परिस्थिति जिससे किसी व्यक्ति के विचारों या चरित्र पर प्रकाश पड़े; ३. (होंड के मर जाने आदि का) सूचक यंत्र, (किसी काम आदि के पूरे हो जाने की सूचना देने वाली) विविध यांत्रिक वस्तुएँ।
tellural (te lūr' ăl) [L. *tellus -lūris*, the earth,-AL] वि० पृथ्वी का, पृथ्वी संबंधी। **tellurian** वि० पृथ्वी का (निवासी)। **tellurion** सं० टेल्यूरियों, दिशा-राशि-अनुक्रम और ऋतु-परिवर्तन को स्पष्ट करने वाला यंत्र।
tellurium (te lūr' i ŭm) [as prec., -IUM] सं० (रसा०) टेल्यूरियम, एक विरल भंगुर धातु तत्व जो चाँदी जैसा सफ़ेद होता है।
telotype (tel' o tīp) [Gr. *telos*, end, TYPE] सं० १. टेलोटाइप, छापने वाला विद्युत् टेलिग्राफ़; २. इससे छपा हुआ तार।
telpher (tel' fėr) [for *telephore* (TELE-, -PHORE)] वि० बिजली की (रेल आदि)। **telpherage** सं० १. बिजली की रेल का सामान आदि; २. बिजली की रेल की क्रिया आदि।
telson (tel' son) [Gr., limit] सं० पुच्छखंड*/ टेलसन* (वि० १ भी), क्रस्टेशिया के उदर की अंतिम संधि।
temenos (tem' ē nos) [Gr., from *tem-*, base of *temnein*, to cut] सं० (यूनानी पुरा) देवस्थान की चार-दीवारी, मंदिर का अहाता।
temerarious (tem ē rār' i ŭs)[L. *temerārius*, from *temere*, rashly] वि० (साहित्यिक) उतावला, दुर्धर्ष, उद्धत। **temerity** (tē mer' i ti) सं० उतावलापन, औद्धत्य।
temper (tem' per) [A.-S. *temprian*, L. *temperāre*, from *tempus -poris*, time, season] क्रि० स० और अ० १. पानी चढ़ाना* (मा० १ भी), (मिट्टी आदि को) भिगो कर या गूँध कर तैयार करना; २. गर्म और ठंडा फेरके (धातु, विशे० स्टील को) वांछित कड़ा और लचकीला बनाना; ३. (धातु का) इस स्थिति में आना; ४. (न्याय आदि को दया आदि से प्रेरित होकर) कम कठोर करना; ५. (संगी०, पियानो या अरगन को) किसी विशेष स्वर-संगति में बजाना। स० १. मिश्रण, (विशे० सीमेंट, चूने आदि का) गारा या मसाला; २. (कठोरता और लचकीलेपन के सदर्भ में) धातु की अवस्था; ३. मिजाज*; मनोदशा* (मा० २, ३ भी), प्रकृति, मनोवृत्ति, मन की स्थायी या अस्थायी दशा), ४. झुँझलाहट, बौखलाहट, क्रोध। **temperable** वि० १. (भिगो कर या गूँध कर) तैयार करने योग्य (मिट्टी), २. कड़ी और लचीली बनने योग्य (धातु), ३. किसी विशिष्ट स्वर-संगति मे बजने योग्य (बाजा)। **temperative** वि० १. तैयार करने योग्य (मिट्टी); २. कड़ी और लचीली बनने योग्य (धातु); ३. (दया-मिश्रित) कम कठोर (न्याय); ४. विशिष्ट स्वर-संगति मे बजता हुआ (पियानो या अरगन)। **tempered** वि० मिजाज वाला। **temperedly** क्रि० वि० मिजाजी से, मनोवृत्ति से। **temperer** स० १. तैयार करने वाला; २. (धातु आदि को) कड़ा और लचीला बनाने वाला, ३. (दया आदि सहित न्याय आदि को) कम कठोर बनाने वाला; ४. (पियानो या अरगन को) विशिष्ट स्वर-संगति में बजाने वाला।
tempera (tem' per ă) [It] सं० टेम्पेरा चित्रण, डिस्टेम्पर पर बनने वाला चित्रकला।
temperament (tem' per ă ment) [L. *temperāmentum*, as prec.] सं० १. मिजाज, प्रकृति*/ स्वभाव* (आ० भी), चित्तप्रकृति* (मा० २ भी), २. (संगी०) टैपरामेंट, (पियानो आदि को) स्वर-संगति, संस्कार। **temperamental** वि० अनवस्थित स्वभाव* (मा० २ भी), चंचल चित्त के या मन की मौज के अनुसार काम करने वाले (आदमियों के लिए प्रयुक्त)।

temperance (tem' pér ăns) [O.F., from L. *temperantia*, as prec.] सं० १. (भाषण, व्यवहार आदि में) संयम, संतुलन, (विशे० खाने-पीने में) परहेज; २. शराब आदि (मादक द्रव्यों) का संयम या (बिल्कुल प्रयोग) शराब आदि (मादक द्रव्यों) का बिल्कुल प्रयोग न करना, मद्य-निषेध। **~hotel** मद्य रहित होटल (जहाँ शराब न मिलती हो)। **~movement, society, league** शराबबंदी या मद्य-प्रयोग को कम करने के लिए किया गया) आंदोलन, मद्य-निषेध-समाज, मद्य-निषेध-संस्था आदि।

temperate (tem' pér ăt) [L. *temperātus*, p.p. of *temperāre*, to TEMPER] वि० १. मिताचारी* (मा० ३ भी), संयमी, संयत, संतुलित, असंलापी* (आ० भी); २. (भाषण या व्यवहार में, विशे० खाने-पीने में) आत्म-संयमी, आत्म-निग्रही, परहेज करने वाला; ३. समशीतोष्ण। **temperately** क्रि० वि० १. संयत या संतुलित रूप में; २. आत्मनिग्रहपूर्वक, परहेज करते हुए; ३. समशीतोष्णता की दृष्टि से। **temperateness** सं० १. संयम, संतुलन; २. आत्मसंयम, आत्मनिग्रह; ३. समशीतोष्णता।

temperature (tem' per ă tŭr, -chér) [F., from L. *temperātūra*, as TEMPERATE] सं० १. टैंपरेचर*/ ताप*/तापमान* (आ०, इं० ३, कृ० भी); २. (चिकि०) शरीर की आंतरिक उष्णता। **normal ~** मनुष्य का सामान्य ताप(९८.४)। **~-curve** ताप-चक्र* (वि०१ भी)।

tempest (tem' pést) [O.F. *tempeste* (F. *tempête*), L. *tempestātem*, nom. *-tas*, weather, from *tempus*, time] सं० १. तूफ़ान, आँधी, अंधड़, (प्रायः वर्षा, बर्फ़ आदि से युक्त) प्रचंड प्रभंजन; २. (ला०) हंगामा, प्रचंड विप्लव या आन्दोलन। **tempestuous** वि० तूफ़ानी, आँधियों-भरा (मौसम, समय आदि), (ला०) प्रचंड, आंदोलित (व्यक्ति या मन-स्थिति)। **tempestuously** क्रि० वि० १. तूफ़ान की भाँति; २. प्रचंडतापूर्वक, आंदोलित रूप में। **tempestuousness** सं० १. तूफ़ानीपन; २. प्रचंडता, प्रबल आंदोलन।

Templar (tem' plăr) [A.-F. *templer*, O F. *templier*, med. L. *templārius*, from *templum*, TEMPLE[1]] सं० लंदन के टैंपिल (Temple) में रहने वाला वकील या विधि का विद्यार्थी। **Good Templars** मद्य-निषेध-समाज, मद्य-निषेध-संघ। **Knights Templars** धार्मिक सैन्य संप्रदाय का सदस्य जो फिलस्तीन जाने वाले तीर्थ-यात्रियों की रक्षा के लिए बना था (१३१२ में इस संप्रदाय का दमन किया गया)।

template दे० TEMPLET।

temple[1] (tem' pél) [A.-S. *templ*, L. *templum*, cogn. with TEMENOS] सं० १. (विशे० प्राचीन यूनानी, रोमन या मिस्री) देवालय, देव-मंदिर; २. ईसाइयों का सार्वजनिक उपासना-स्थल (विशे० फ्रांस में प्रोटेस्टेंट लोगों का गिरजा), ३. (ला०) प्रभु-निवास, ईश्वर के रहने का स्थान। **Temple-Bar** टैंपिल बार, लंदन के नगर-निगम के कार्य-क्षेत्र की पश्चिमी सीमा का निर्देशक-द्वार (जो १८७९ में हटा दिया गया)।

temple[2] (tem' pél) [O.F. *temples*, L. *tempora*, pl. of *tempus*, time] सं० कनपटी, गंडस्थल। **temporal**[2] वि० कनपटी का, गंडस्थलीय।

temple[3] (tem' pél) [F., see foll.] सं० शिकंजी, करघे की एक रुक (जो कपड़े को ताने रहती है ताकि उसमें सिकन न पड़े)।

templet (tem' plét) [F., dim. of *temple*, L. *templum*, a small timber] सं० १. नमूना, धातु, पत्थर या लकड़ी आदि की कटाई आदि में प्रयुक्त पतले गत्ते या धातु की चादर का कटा हुआ नमूना; २. पच्चर, उकीब, दीवार के भार आदि को बाँटने के लिए लगाई गई लकड़ी या धातु का टुकड़ा आदि।

tempo (tem' pō) [It., from L. *tempus*, see foll.] सं० (संगीत) लय, गति, चाल, वेग, गतिक्रम।

temporal[1] (tem' pó rál) [O.F., from L. *temporālis*, from *tempus -poris*, time] वि० १. दुनियावी, पार्थिव* ऐहिक* (विधि भी), इहलौकिक (विशे० spiritual के विरुद्ध); २. कालिक* (आ०, वि० १ भी), कालवाची, समय-सूचक; ३. शंख-*/(आ० भी) कनपटियों का। सं० (प्राणि०) शंखास्थि, टेम्पोरल, कनपटी की हड्डी। **~lords** (अमरीकी नहीं) पार्थिव पीयर (तुल० SPIRITUAL)। **~power** दुनियावी मामलों में पादरी (विशे० पोप) की शक्ति। **temporally** क्रि० वि० दुनियावी तौर पर, ऐहिक रूप में। **temporalness** सं० ऐहिकता, इहलौकिकता।

temporal[2] दे० TEMPLE[2]।

temporality (tem po rál' i ti) सं० (प्रायः बहु०) १. भौतिक या पार्थिव आधिपत्य (विशे० धार्मिक संघ या पादरी संपत्ति आदि); २. ऐहिकता* (विधि भी)।

temporary (tem' pó rá ri) [L. *temporārius*, as TEMPORAL[1])] वि० अस्थायी* (आ०, इं० २, कृ०, प्र० भी), अल्पकालिक*/अल्पस्थायी* (इ० २, वि० १ भी), काल-विशेष का, आरज़ी। **temporarily** क्रि० वि० अस्थायी रूप से, आरज़ी तौर पर। **temporariness** सं० अस्थायित्व, अल्पकालिकता।

temporize (tem' pó rīz) क्रि० अ० १. अस्थिर रहना, अनिश्चित नीति बरतना, मौका देखकर बात बदल देना; २. टालना, टालमटोल करना, गोल-मोल बात करना, जानकर देर लगाना या उलझाए रखना; ३. अवसर से अस्थायी समझौता कर लेना, किसी प्रकार गुज़ारा कर लेना। **temporization** सं० १. अस्थिरता, अवसरानुकूल आचरण; २. टालमटोल; ३. अवसरानुकूल गुज़र-बसर। **temporizer** सं० १. अवसरानुकूल आचरण करने वाला; २. टालू, टालमटोल करने वाला। **temporizingly** क्रि० वि० १. अनिश्चित नीति से; २. टालमटोल करते हुए।

temporo समास में (जैसे temporo-facial कनपटी और चेहरे के क्षेत्रों का)।

tempt (tempt) [O.F. *tenter*, *tempter*, L. *tentāre*, *temptāre*, freq. of *tenēre*, to hold] क्रि० स० १. (अप्र० इं०) परीक्षा लेना, साहस परखना; २. लुभाना, प्रलोभन देना, लालच देना, ललचाना, फुसलाना, बहकाना, आकर्षित करना। **temptation** सं० लालच, लोभ, प्रलोभन* (आ० २ भी), ललचाने वाली या आकर्षक वस्तु। **tempter** सं० परीक्षक, ललचाने वाला, उकसाने वाला, लुभाने वाला। **The Tempter** शैतान, लुभाने वाला दैत्य। **temptress** सं० मोहिनी, माया, लुभाने वाली।

ten (ten) [A.-S. *tīen*, *tȳn* (Anglian *tēn*), (cp. Dut. *tien*, G. *zehn*, Icel. *tíu*, also L. *decem*, Gr. *deka*)] वि० और सं० दस, कई, (जैसे ~times as easy)। **~-pounder** (इति०) १० पौंड के किराये वाली सम्पत्ति का अधिकारी व्यक्ति जो संसदीय चुनाव में मत देने का अधिकारी होता है। **tenfold** वि० और क्रि० वि० दस गुना। **tenth** वि० और सं० दसवाँ। **tenthly** क्रि० वि० दसवें।

tenable (ten' ăbl) [F., from *tenir*, L. *tenēre*, to hold] वि० १. रक्षणीय, रखने योग्य, समर्थन योग्य (जैसे a ~position,

fortress, theory); २. विशिष्ट समय के लिए उपलब्ध या किसी निश्चित समय तक रखा जाने योग्य (पद आदि)। **tenability, tenableness** सं० १. रक्षणीयता, समर्थनीयता; २. टिकाऊपन।

tenace (ten' ās) [F., as foll] सं० (ताश के खेल में) टेन्स, (किसी रंग के दो पत्ते जिनमें से एक तुरुप खिलाड़ी के उक्त रंग के सबसे बड़े पत्ते से अगला और दूसरा उससे पिछला हो), अगले-पिछले पत्तों का जोड़ा, किसी खिलाड़ी के पास ऐसा जोड़ा होना। **major, minor** ~ इस जोड़ के भिन्न प्रकार (जो भिन्न प्रकार से कहे जाते हैं)।

tenacious (te nā' shŭs) [L. *tenax-ācis*, from *tenēre*, to hold] वि० १. मजबूती से पकड़ रखने वाला; २. (सम्पत्ति, अधिकार, सिद्धांत आदि को) दृढ़तापूर्वक धारण किये हुए, दृढ़, पक्का, कट्टर, हठी, चीमड़; ३. लिगिज्ञ* (वि० ३ भी), ग्रहणशील, धारणशील (स्मृति का); ४. चिमटने वाला, चिपचिपा, चिपकने वाला। **tenaciously** क्रि० वि० १. मजबूती से पकड़े हुए; २. दृढ़तापूर्वक धारण करते हुए; ३. चिपकते हुए आदि। **tenaciousness, tenacity** (té nās' i ti)] सं० संस्किल*/ लगिज्ञता* (कृ० भी), दृढ़ता, ग्रहणशीलता, चीमड़ता आदि।

tenaculum (ten ăk' ū lŭm) सं० (बहु० **tenacula**) धमनी-ग्राही, सर्जन का एक बारीक दारदार आँकड़ा जिससे वह नाड़ियों को ऊपर उठाता है।

tenail, tenaille (té nāl') [F. *tenaille*, L. TENACULUM] सं० (दुर्ग-निर्माण) दमदमा, दो बुर्जों के बीच बड़ी खाई के किनारे बना हुआ मोर्चा।

tenancy (ten' án si) सं० १. माड़ेदारी, रैयतदारी*/ काश्तकारी*/ लगानदारी* (कृ० भी), किसानी, किरायेदारी का काल या स्थिति, २. (विधि) अभिधारण*।

tenant (ten' ánt) [O.F., pres. p. of *tenir*, see TENABLE] सं० १. लगानदार, किरायेदार*/ असामी*/ काश्तकार* (मा० १ भी), किसान; २. (कानून) असामी, पट्टेदार, अचल सम्पत्ति संबंधी कानूनी कार्यवाही का प्रतिवादी; ३. किसी स्थान पर रहने वाला या बसने वाला या आधिपत्य रखने वाला; ४. (विधि) अभिधारी*। कि०स० १. असामी की तरह रहना या कब्जा करना, किराये पर रहना या लेना; २. पट्टे पर लेना (विशे० मू० क्रि० में)। **~-farmer** किसान, काश्तकार। **~-right** माड़ेदार का अधिकार (जब तक वह किराया देता है और अच्छा बर्ताव करता है, उसका अनुचित रूप से किराया नहीं बढ़ाया जाता और यदि किरायेदार को निकाला जाय, तो मालिक उसे मुआवजा देता है)। **tenantable** वि० माड़ेदारी के योग्य या किराये या लगान पर उठाने के लायक। **tenantless** वि० बे-माड़ेदार। **tenantry** सं० माड़ेदार, लगानदार, काश्तकार वर्ग* (कृ० भी)।

tench (tench) [O. F. *tenche* (F. *tanche*), L. *tinca*] सं० टेंच, कार्प जाति की यूरोपीय नदी-नालों में रहने वाली मछली विशेष।

tend[1] (tend) [A.-F. *tendre*, L. *tendere*, to stretch (p.p. *tensus*, *tentus*), cogn. with TENABLE] क्रि० अ० १. किसी ओर को झुकना या प्रवृत्त होना, कायल होना, परिचालित होना (शा० और ला०); २. (कार्य करने के लिए) प्रवृत्त होना* (वि० १ भी), सहायक होना, खिदमत करना।

tend[2] (tend) [shortened from ATTEND] क्रि० स० और अ० १. (रोगी की) चिंता करना, टहल करना, तीमारदारी करना, (पशु-पक्षियों के गल्ले की) रखवाली करना, (मशीन की) देखभाल करना; २. (गौ० वि०) लंगर के रस्से की देखभाल करना कि उसमें बल न पड़ जाय।

tendency (ten' den si) सं० प्रवृत्ति* (सं० १, मा० २, ३, वि० १, विधि भी), झुकाव, रुझान (towards, to के साथ प्रयुक्त)।

tendentious (ten den' shus) वि० (कृति आदि के संबंध में) निहित प्रयोजन, सहायक, समर्थक, किसी लक्ष्य की पूर्ति में सहायक, सोद्देश्य, सप्रयोजन, प्रयोजनसहित, साभिप्राय।

tender[1] (ten' der) [TEND[2]] सं० १. परिचारक, सेवक, रक्षवाला आदि (TEND[2] के क्रियागत अर्थों में); २. बड़े जहाज के लिए सामान या रसद और आदेश ले जाने वाला छोटा जहाज; ३. ईंधन और पानी से भरी हुई इंजन से लगी हुई गाड़ी या डिब्बा; ४. कूँची या झाड़ में लगा हुआ पानी का छोटा डिब्बा।

tender[2] (ten' dér) [F. *tendre*, to TEND[1]] क्रि० स० और अ० १. (अपनी सेवाएँ, त्यागपत्र आदि) प्रस्तावित करना*, पेश करना,* देना* (प्र० भी), प्रदान करना, (रकम) अदा करना, चुकाना, सुगतान करना; २. (किसी वस्तु की पूर्ति या कार्य के संपादन के लिए) टेंडर देना*/ निविदा करना* (प्र० भी)। सं० १. प्रस्ताव, ठेका, टेंडर* (प्र० भी) (विशे०) निर्दिष्ट मूल्य या शर्तों पर कार्य इत्यादि करने का प्रस्ताव, ठेके पर काम करने के बदले की माँग (रुपया); २. टेंडर* निविदा* (ह० १, प्र०, मा० १ भी)। **legal~** वैध टेंडर या वैध निविदा, चलता सिक्का जिसको ऋण के रूप में लेने से कोई मना नहीं कर सकता। **plea of~** प्रतिवादी (जो वादी के दावे को पूरा करने के लिए सदा तत्पर रहा है और अब न्यायालय में रकम लाया है)।

tender[3] (ten' dér) [M. E. and O. F. *tendre*, L. *tenerum*, nom. *tener*] वि० १. सुकुमार, कोमल, नर्म २. संवेदनशील, सुकुमार, सदय, नाजुक, दयालु, दुखने वाला, जिसे जल्दी ही सदमा लगे (शरीर में); ३. दुर्बल, कमजोर, अस्थिर, नाजुक, मन्दशील (शा०. कीर्ति के संबंध में ला०); ४. प्रेमी, स्नेहदय, मधुर, प्यारा; ५. (अपने सम्मान, सुनाम आदि के लिए) जागरूक, चिंतित, बेचैन, धर्मभीरु; ६. (गलत काम करने से) डरने वाला; ७ जटिल, कठिन, नाजुक, जिसमें बड़ी सावधानी की आवश्यकता हो। **of~ age** अल्पवयस्क, सुकुमार। **~-eyed** १. सुनयना, सुकुमार नेत्र वाला या वाली; २. कमजोर आँखों वाला। **~-foot** (औषनिर्विभक और अमरीकी ह्रा०) नौसिखिया, नया आदमी। **~-hearted** सुकुमार, स्नेहदय, सदय, नर्म-दिल। **~-heartedly** क्रि० वि० सुकुमारता से, स्नेहदयतापूर्वक, नर्म-दिली से। **~-heartedness** सं० सुकुमारता, स्नेहदयता, नर्म-दिली। **~-loin** १. (अमरीका में) गाय या बैल का पुट्ठे के नीचे का कोमल मांस; २. (न्यायार्क और दूसरे नगरों के) विलास-क्षेत्र, ऐशगाह। **tenderly** क्रि० वि० १. कोमलता से, नर्मी से, प्रेमपूर्वक; २. सावधानी से आदि। **tenderness** सं० १. कोमलता; २. प्रेम, ३. दयालुता; ४. बिचारशीलता; ५. कमजोरी आदि, ६. मर्पशीलता*। दादवेदना* (आ० भी)।

tendon (ten' dŭn) [F., from med. L. *tendinem*, nom. *-do*, from L. *tendere*, to stretch] सं० कंडरा*, (आ० कृ०, वि० १ भी), मांस-पेशी को हड्डी से जोड़ने वाली शिरा। **tendinous, tendonous** वि० कंडरीय, कांडर, कण्डरा-* (आ० भी), पेशी-बंधनी का।

tendril (ten' dril, [etym. doubtful, prob. from L. as prec.] सं० १. लता-तंतु, बेल या लता का तंतु (जिससे वह दीवार या लकड़ी में चिमटी रहती है); २. प्रतान* (आ०, कृ०, वि०, १ भी)। **tendrilled** वि० तंतुयुक्त, सुतदार।

tenebrific (ten' e brif' ik) वि० अंधकारजनक, अँधेरा पैदा करने वाला। **~-stars** अँधेरा करने वाले या अंधकारजनक तारे, रात करने वाले तारे।

tenement (ten' é mènt) [O.F. from med. L. *tenementum*, from *tenére*, to hold] सं० १. अराजी, भूमिखण्ड, किसी मालिक का भूमि का टुकड़ा; २. (कानून) किसी भी प्रकार की स्थायी सम्पत्ति (जैसे खेत, मातक, सम्भ्रानित पद जिस पर किसी उच्च कुल के व्यक्ति का अधिकार हो), रईस की जागीर, लगान, ओहदा; ३. घर, निवास-स्थान; ४. मकान का एक भाग जिसमें केवल एक परिवार रह सके, कई रहाइश वाला मकान। **tenemental** वि० १. जागीर का, २. निवास-स्थान संबंधी आदि। **tenementary** वि० जागीरी, रईस की स्थायी सम्पत्ति।

tenesmus (té nèz' mus) [med. L., from Gr. *teinesmos*, from *teinein*, to stretch, to strain] सं० १. (निदा०) वेग, ऐंठन, मलोत्सर्ग करने में वृथा प्रयत्न (आँतों की कमजोरी के कारण बार-बार मल-त्याग की वेग हो), २. मूत्राशय का प्रादाहिक विकार, (जिसके कारण बार-बार मूत्रत्याग का वेग हो); ३. सपीड कुंथन*/ निस्त्रानिका* (आ० भी)।

tenet (ten' ét, té' net) [L., he holds, see TENEMENT] सं० (किसी व्यक्ति या सम्प्रदाय का) मत, उसूल, (धार्मिक) सिद्धांत, नियम* (भा० १ भी), विश्वास, मतवाद, नीति।

tenner (ten' ér) सं० (बोल०) टेनर, दस पौंड का नोट, (अमरीकी) दस डालर का नोट।

tennis (ten' is) [M.E. *tenetz*, *tenys*, perh. from O.F. *tenez*, hold, take, as foll.] सं० टेनिस (दे० LAWN tennis)। **~-arm,-elbow,-knee** टेनिस के खेल में हाथ को मोच या हाथ उतर जाना। **~-ball** टेनिस-गेंद। **~-court** टेनिस का कोर्ट (जिस पर टेनिस खेला जाता है)।

tenon (ten' on) [F., from *tenir*, L. *tenére*, to hold] सं० १. लकड़ी की चूल; २. एक लकड़ी के टुकड़े का निकला हुआ सिरा जो दूसरी लकड़ी में बने हुए खाने में ठीक बैठ जाता है (विशे० दे० MORTISE)। क्रि० सं० चूल बनाना या काटना, चूल से जोड़ना, चूल बिठाना। **~-saw** (बारीक काम के लिए छोटी) आरी। **tenoner** सं० १. चूल बनाने या बैठाने वाला, २. चूल बैठाने का यंत्र।

tenor (ten' ór) [M.E. and O.F. *tenour*, L. *tenórem*, nom. *-or*, a holding on, (later) melody or canto fermo, from *tenére*, to hold] सं० १. दिशा, गति, जीवन-प्रवाह, (विशे० ला०) जीवन-धारा, ढब, ढंग, २. (भाषण, लेखन आदि का) सार, अभिप्राय, सामान्य भाव, आशय, मनलब, ३. (कानून) वास्तविक मन्तव्य, असली नियत, ४. मही नकल (भी); ५. (संगी०) चवत सुर, पुरुष का उच्चतम स्वर, चैवत सुर का गायन या गायक; ६. वाद्य-यंत्र, (विशे०) बड़ा वायलिन या वेला, ऊँचे सरगम का चौतारा। **tenorist** सं० (संगी०) चैवत सुर में गाने या बजाने वाला। **~-bell** घंटों की माला में सबसे बड़ा घंटा, घट। **~-voice** ऊँचा सुर।

tenotomy (té not' ó mi) [Gr. *tenón*, tendon, -TOMY] सं० कंडराच्छेदन*/ टीनाटामी* (आ०, भी) (विशे० कंडरा के विभाजन के लिए आपरेशन), एड़ी के ऊपर का नस काटना (ताकि पाँव का जन्म से टेढ़ा होना दूर हो जाय)।

tenrec, tanrec (ten'-, tán' ek) [F. *tanrec*, Malagasy *tándraka*] सं० टेनरक, मैडेगास्कर का सेही से मिलता-जुलता पूँछहीन वृष पिलाने वाला पशु।

tense[1] (tens) [O.F. *tens* (F. *temps*); L. *tempus*, time] सं० १. (व्या०) काल, क्रिया का कालवाचक रूप; २. भिन्न पूर्वों के साथ इन कालों की क्रमिक व्यवस्था। **tenseless** वि० काल रहित।

tense[2] (tens) [L. *tensus*, p.p. of *tendere*, see TEND-[1]] वि० १. आतत*/ तनावपूर्ण* (भा० २ भी), तना हुआ, कड़ा, कस कर खींचा हुआ, कसा हुआ (डोरा, झिल्ली, नस आदि); २. (ला०) कठिन, बेचैन (मन, मनोभाव)। क्रि० स० और अ० तानना, कसना, तनाव लाना। **tensely** क्रि० वि० १. खिंचाव या तनाव की स्थिति में; २. बेचैनी से आदि। **tenseness, tensity** सं० खिंचाव, कड़ापन, आतति*/ तनाव* (भा० २ भी), बेचैनी आदि। **tensible** वि० प्रसारणीय, प्रसार्य, खिंचने योग्य। **tensibility** सं० प्रसरिमा।

tensile (ten' sil, -sil) वि० १. तनन* (इं० ३ भी), तनाव या खिंचाव का (जैसे ~force); २. जो खींचा या ताना जा सके, तनने वाला। **tensility** सं० १. प्रसार्यता, तनने या खिंचने का गुण; २. तन्यता* (वि० १ भी)।

tension (ten' shún) सं० १. विभव* (इं० २ भी), तनाव* (आ०, इं० १, २, ३, भा० २, वि० १ भी), खींचा जाना, तनन* (इं० ३ भी); २. कसाव; ३. क्षोभ, उत्तेजना, असंतोष; ४. क्षुब्ध (राजनैतिक, सामाजिक) अवस्था, तनाव की हालत; ५. (यंत्र०) तनाव जिसके जोर से मशीन का कोई डंडा या पट्टा खींचा या चालू किया जाता है; ६. गैस या वाष्प की प्रसारणशील शक्ति; ७. बिजली के जाने वाली ताकत या शक्ति। क्रि० स० खींचना या तानना, क्षुब्ध करना आदि। **tensional** वि० १. प्रसारण संबंधी, खिंचाव या तनाव का, तनावमूलक* (वि० १ भी); २. क्षोभ का आदि।

tenson (tan son, ten' son) [F. from It. *tenzone*, as TENSION] सं० १. १२वीं शताब्दी के गीतकारों की काव्य-प्रतियोगिता; २. प्रतियोगिता के लिए रची गयी कविता का खण्ड।

tensor (ten' sor) सं० (इ० वि०) टेन्सर, तानिका* (आ० भी), वह पेशी या पुट्ठा जो शरीर के किसी भाग को तना हुआ रखता है।

tent[1] (tent) [O.F. *tente*, L. *tenta*, pl. of *tentum* neut. p.p. of *tendere*, to stretch] सं० १. टेंट, तम्बू, शिविर, खेमा, डेरा, पाल; २. (फ़ोटो dark~ भी) डार्करूम, अँधेरा कपड़कोट या छोलदारी जिसमें फ़ोटो तैयार करते हैं। क्रि० अ० और स० १. तंबू से डेरना, खेमा छाना, तम्बू की तरह किसी वस्तु से छाना; २. तम्बू में ठहरना। **bell~** एक लम्बे बाला गोलाकार तंबू। **~-bed** मसहरीदार पलंग। **~-fly** (धूप और वर्षा से बचाने वाला) खेमे से आगे निकला हुआ छज्ज जैसा भाग। **~-pegging** टेंट गेड़ना, एक खेल जिसमें जमीन में गड़ी मेख को घोड़े को दौड़ाते हुए भाले पर उठाते हैं। **~-pegs** तंबू गाड़ने की मेखें। **~-stitch** सिलाई में तंबू की आकृति का बखिया। **tenter**[1] सं० तंबू में ठहरने वाला, तंबू वाला।

tent[2] (tent) [O.F. from *tenter*, to probe, see TEMPT] सं० घाव में भरी जाने की बत्ती (ताकि घाव का मुँह बंद न हो), किसी खोल की पलीता। क्रि० स० बत्ती रखना, पलीता रखना।

tent[3] (tent) [Sp. *vino tinto*, deep-coloured wine (*tinto*, L. *tinctus*, see TINGE)] सं० टेंट*/ छदि* (आ० भी), स्पेन की गहरे लाल रंग की शराब (जो विशे० संस्कारों में प्रयुक्त की जाती है)।

tent[4] (tent) [Sc. and North., var. of TEND-[2]] क्रि० अ० और स० १. चौकसी रखना; २. ध्यान रखना। **tenter**[2] सं० निरीक्षक, देखभाल करने वाला (विशे० कारखाने में मशीन की देख-रेख करने वाला)।

tentacle (ten' ta kél) [from L. *tentáre*, see TEMPT, after SPECTACLE, etc.] सं० १. अंगक (कुछ कीड़ों या पशुओं का)

कीचदार अंग या बाल जिससे उन्हें स्पर्श-ज्ञान होता है; २. (मन०) पंचिकेस, पौधे का रोआँ जिसमें पौधे की जीवनी-शक्ति होती है; ३. स्पर्शक* (वि० १ भी)। **tentacled** वि० अंग युक्त। **tentacular, tentaculate, -lated, -loid** वि० अंगकीय, पंचिकेशीय। अंगकयुक्त, सांगक। **tentaculiferous,-ligerous** वि० सांगक, पंचिकेशयुक्त। **tentaculiform** वि० अंकवत्, पंचिकेश जैसा।

tentative (ten' tá tiv) [med. L. *tentātīvus*, from *tentāre*, see TEMPT] वि० परीक्षात्मक, प्रयोगात्मक, अन्वीक्षात्मक, जाँच के लिए किया हुआ। सं० प्रयोगात्मक प्रस्ताव या सिद्धांत। **tentatively** क्रि० वि० परीक्षात्मक रूप से, प्रयोगात्मक रूप से।

tenter[1-3], दे० TENT[1-4].

tenter[4] (ten' tér) [prob. through an A.-F. and O.F. *tentour*, from *tendere*, to stretch] सं० वस्त्र या कपड़ा तानने का ढाँचा। **~hook** कपड़े कसने या फँसाने का हुक या अंकड़ा। **on ~hooks** प्रत्याशा में, दुविधा में, असमंजस में।

tenuity (té nū' i ti) [F. *ténuité*, L. *tēnuitātem*, nom. *-tas*, from *tenuis*, thin] सं० १. बारीकी, क्षीणता; २. (वायु, तरल पदार्थ की) विरलता, सूक्ष्मता, हल्कापन; ३. (लेखन-शैली की) सरलता, सादगी, अलंकारहीनता। **tenuis** (ten' ū is) सं० अनुच्चरित व्यंजन।

tenuous (ten' ū us) वि० १. (विरल) पतला, बारीक, सूक्ष्म, अल्प, छोटा; २. (भेदों के संबंध से) सूक्ष्म, नाजुक।

tenure (ten' ūr) [A.-F. and O.F., from med. L. *tenitūra*, *tenūra*, cp. TENOR] सं० १. पट्टा, मिल्कियत का हक, गृह या भूमि या पद पर अधिकार, भू-धारण* (कु० भी), भूमि व्यवस्था; २. पदावधि, कार्य-काल, नियाद; ३. कार्यकाल*/ पट्टेदारी* (मा० १ भी)। **military ~** सैन्यसेवा का भोगाधिकार। **~horn, sword** (इति०) जागीरदारों के चिह्न में बड़ी तुरही या तलवार जो विशेष अवसरों पर अधिकार-चिह्न के रूप में प्रयुक्त किए जाते हैं।

tepefy (tep' é fi) [L. *tepefacere* (*tepēre*, see TEPID, *facere*, to make)] क्रि० स० और अ० कुनकुना करना, थोड़ा सा गरम कर लेना। **tepefaction** सं० कुनकुना।

tephrite (tef' rit) [L. *tephritis* (Gr. *tephra*, ashes, -ITE)] सं० टेफ्राइट* (वि० १ भी), एक प्रकार के आधुनिक ज्वालामुखी* का चट्टान।

tepid (tep' id) [L. *tepidus*, from *tepēre*, to be warm] वि० १. (घा० और ला०) कुनकुना, कुछ-कुछ गर्म; २. शांत, बोझा; ३. (वि० १) सुनसुना*, अल्पोष्ण*। **tepidity** (té pid' i ti), **tepidness** सं० कुनकुनापन, धीमापन। **tepidly** क्रि० वि० कुनकुनेपन के साथ।

ter (tēr) [L.] क्रि० वि० तीन बार।

terephim (ter' á fim) [Heb.] सं० (बहु०) प्राचीन यहूदियों के गृह-देव की छोटी प्रतिमा।

terato- समास में 'दानव' या 'विरूप' अर्थ में प्रयुक्त।

teratogeny (ter á toj' é ni) [Gr. *teras -atos*, MON-STER, -GENY] सं० विरूप जीवोत्पत्ति, दानवोत्पत्ति। **teratogenic** वि० विरूप जीवों की उत्पत्ति-विषयक, विकृत गठन वाले जीव-जंतुओं के जन्म से संबंधित।

teratology (ter á tol' ó ji) सं० १. टेरेटोलाजी* (घा० भी), अद्भुत या अस्वाभिक वस्तुओं या जीवों का अध्ययन; २. (जीव०) विरूपता विज्ञान, वैकृतता, पशु अथवा वनस्पति जगत् के विरूपों अथवा विकृत अंग-रचना वाले प्राणियों तथा वनस्पतियों का अध्ययन। **teratological** वि० विरूप विज्ञानविषयक। **teratologist** सं० विलक्षण अंग-रचना का अध्ययन करने वाला।

terce दे० TIERCE।

tercel, tiercel (tēr' sél) [O. F., dim. of *tiers*, prec.] सं० शिकरा, नर बाज।

tercentenary (tēr sen' té-, -sén tē' ná ri) [TER, CEN-TENARY] वि० त्रिशतवर्षीय, तीन सौ साल का। सं० त्रिशत वार्षिकी, तीन सौवीं वार्षिकोत्सव।

tercet (tēr' sét) [It. *terzetto*, dim. of *terzo*, L. TERTIUS] सं० (संगी०) त्रिपदी (छन्द), दो स्वर मात्राओं में बिठाए हुए तीन स्वर।

terebinth (ter' é binth) [L. *terebinthus*, Gr. *terebinthos*] सं० टर्बिनीन या तारपीन का पेड़ जिसमें से (शियन Chian) तारपीन का तेल निकलता है। **oil of ~** तारपीन का तेल। **terebene** सं० टर्बिनीन, तारपीन के तेल और गंधक का एक पीला या मिश्रण जो कीटाणुमारक दवाओं के रूप में प्रयुक्त होता है। **terebinthine** वि० १. तारपीन के पेड़ का; २. तारपीन के तेल संबंधी। **terebic** (té reb' ik) तारपीन संबंधी।

terebra (ter' é brā) [L., borer (from *terere*, to pierce), whence *terebrāre*, to bore] सं० (बहु० **brae** -brē) बरमा, कुछ कीड़ों को छेद करने वाली वह नली जिससे वे अंडे देते हैं, टेरेब्रा* (वि० १ भी)। **terebrate** क्रि० स० उपर्युक्त नलीयुक्त, बरमेधार।

teredo (tér é' dō) [L., from Gr. *terēdōn*, from *teirein*, to bore] सं० जहाजी कीड़ा, पीत-कीट जो जहाज में छेद कर देता है, टेरोडो* (वि० १ भी)।

tergal (tēr' gál) [L. *tergum*, back] वि० पीठ का, पृष्ठभागीय।

tergeminate (tēr jem' i nat) [*L. tergeminus* [TER, *geminus*, see GEMINATE] वि० (पत्र०) (एंसी पत्ती) जिसकी जड़ पर छोटी पत्तियों का जोड़ा हो और प्रत्येक शाखा को एक जोड़ा शाखें फूटी हों।

tergiversate (tēr' ji vér sāt) [L. *tergiversātus*, p.p. of *tergiversārī* (*tergum*, back *versārī*, freq. of *vertere*, to turn] क्रि० अ० १. अपनी बात से मुकर जाना, अपने ही विरुद्ध हो जाना, स्वधर्म परित्याग करना, अपने दल या सिद्धान्तों या विश्वासों को बदलना; २. परस्पर विरोधी बातें कहना, दुहरी बातें करना। **tergiversation** सं० १. अस्थिरता; २. हीला-हवाला, टाल-मटोल; ३. दल या सिद्धान्तों का परिवर्तन; ४. परस्पर विरुद्ध-मत-प्रकाशन। **tergiversator** (tēr' ji vér sā tór) सं० १. अस्थिर व्यक्ति; २. हीला-हवाला करने वाला; ३. दल या सिद्धांतों को बदलने वाला; ४. परस्पर विरुद्ध मत-प्रकाशक, दुहरी बातें करने वाला।

term (tērm)[O.F. *terme*, L *terminum*, nom. *-us*, cp. Gr. *terma*, limit] सं० १. (प्रा०) हद, सीमा, मर्यादा, नियाद, अवधि (विशे० समय की); २. नियत काल या अवधि*/ नियाद* (अ०, मा० १ भी); ३. (विश्वविद्यालय, स्कूल, क़ानून) शिक्षण-काल, कार्यकाल, (विधि) अदालत की बैठक की अवधि; ४. निश्चित दिन, मुकर्रर तारीख; ५. (क़ानून) (**~of** या **for** years भी) मियादी कब्जा या दखल, भू-सम्पत्ति में सम्पत्तिक अधिकार; ६. (गणि०) पद, अनुपात का पूर्व पद या उत्तर पद, **+या –के द्वारा** शेष से जुड़ा हुआ व्यंजक या संख्या; ७. (तर्क) पद, वह शब्द जो किसी प्रस्तावना का उद्देश्य या विधेय हो; ८. शब्द, पद* (मा० २, वि० १ भी), (पारिभाषिक) शब्द; ९. (बहु०)

शब्द, भाषा, अभिव्यंजना-शैली, कहने का ढंग; १०. शर्त* (प्र०, मा० १ भी), (बहु०) शर्तें, करार, बंधन, निबंधन (विशे० मूल्य, दाम, कीमत); ११. (बहु०) ताल्लुकात, पारस्परिक संबंध। कि० स० नाम रखना या देना, अभिहित करना। **bring person to terms** शर्तें मनवा लेना। **come to terms** शर्तें मान लेना, राजी हो जाना, दब जाना, (make terms भी) समझौता कर लेना। **in terms of** विशेष ढंग से, अनोखे शब्दों में। **Michaelmas, Hilary, Easter, Trinity**~ न्याय प्रशासन के संदर्भ में। **terms of reference** किसी व्यक्ति या व्यक्तिसमूह से निर्णय या रिपोर्ट के लिए पूँछे गए प्रश्न या बातें, जाँच-पड़ताल संबंधी सवाल। **termer,-or** स० (विधि) भूमि को कुछ वर्षों या आजीवन पट्टेदारों में रखने वाला, पट्टेदार, नियत अवधि तक अधिकार रखने वाला। **termless** (काव्य० अल०) असीम, बेहद, बेइन्तिहा, निर्बाध। **termly** वि० और क्रि० वि० (विरल) शतांतिसार या अवधि के अन्त में (घटना या देना इत्या०)।

termagant (tĕr' má gánt) [M.E. *Tervagant*, O.F. *Tervagan*, It. *Trivigante* (per. L. *tri-*, TER, *vagans*, *-ntem*, pres. p. of *vagări*, to wander, with ref. to Selene or the Moon), name of an idol or deity whom the Saracens are represented in mediaeval romances as worshipping] सं० और वि० १. (इति०) मुसलमानों का कल्पित उपद्रवकारी देव जो प्रायः सदाचारपरक नाटकों में चित्रित किया जाता है; २. कर्कशा नारी, लड़ाका नारी। क्रि० वि० उपद्रवी, उपद्रवकारी, फ़सादी, झगड़ालू, कर्कशा। **termagancy** सं० उपद्रवीपन, झगड़ालूपन आदि। **termagantly** क्रि० वि० उपद्रवी की भाँति, कर्कशा की तरह।

terminal (tĕr' mi nál) [L. *termindlis*, from TERMINUS] वि० १. अन्त का, अन्त्य* (आ० भी), सरहदी (जैसे ~station); २. (गणि०) चरम मान; ३. (वन०) अग्रस्थ; ४. (प्राणि० इत्या०) क्रमांतक, किसी क्रम के अन्त का (जैसे ~joints), सत्र या पद सम्बन्धी (जैसे ~accounts); ५. अन्तिम (TERMINUS) पद या सत्र या अंक (आ०, ई० २, वि० १ भी), अंतस्थ*/अन्तिम*/आवधिक* (प्र० भी)। सं० १. सिरा, छोर, अन्त (विशे० विद्युत-परिपथ में संयोग-स्थान); २. (अमरीकी प्रयोग) रेलवे, टर्मिनस; ३. अन्तिम स्टेशन, रेलवे सरहद; ४. टर्मिनल* (ई० २, वि० १ भी)। **terminally** क्रि० वि० अन्तिम (छोर या सिरे) से।

terminate (tĕr' mi nát) [L. *terminātus*, p.p. of *terminâre*, from TERMINUS] क्रि० स० और अ० १. सीमित करना, समाप्ति या सिरे पर आना या पहुँचना; २. (शब्दों का ऐसे वर्णों या शब्दांशों से) अन्त करना; ३. पर्यवसान करना। वि० १. शेषप्राय, अन्त होने वाला, सीमित (जैसे decimol); २. सांत* (वि० १ भी)। **terminable** वि० १. सावधि, जो समाप्त किया जा सके या रोका जा सके; २. समाप्य, किसी निश्चित समय पर अंत होने वाला (जैसे ~annuity); ३. (विधि) पर्यवसेय*, समापनीय* (प्र० भी); ४. समाप्य* (मा० १ भी)। **terminableness** सं० सावधित्व, समाप्यता। **termination** सं० शब्द का अन्तिम अंश, वर्ण या वर्ण-समुदाय विशे० प्रत्यय या व्युत्पत्ति, समाप्ति* (प्र०, मा० १ भी), इतिश्री, पर्यवसान* (विधि भी)। **terminational** वि० (व्या०) अंत्यवर्ण या अक्षर सम्बन्धी। **terminatively** क्रि० वि० समाप्ति को सूचित करते हुए। **terminator** सं० १. व्यक्ति या वस्तु जो समाप्त करे, इतिश्री करने वाला; २. आकाशी-पिंड के प्रकाश और अन्धकार को बाँटने वाली रेखा; ३. (ज्यो०) दीप्ति-सीमान्त।

terminer दे० OYER।

terminism (tĕr' mi nizm) सं० यह सिद्धांत कि मनुष्य के प्राय-श्चित्त के लिए एक सीमित मियाद या अवधि होती है (दे० NOMINALISM)। **terminist** स० ऐसा सिद्धांतवादी।

terminology (tĕr mi nol' ó ji) [as prec. -LOGY] सं० १. शब्दों के समुचित प्रयोग का ज्ञान; २. पारिभाषिक शब्दावली, शब्दावली* (मा० २ भी)। **terminological** वि० पारिभाषिक शब्दावली-विषयक। **terminologically** क्रि० वि० परिभाषा-शास्त्र का दृष्टि से, पारिभाषिक रूप में।

terminus (tĕr' mi nús) [L., see TERM] सं० (बहु० **-ni**) १. (अब विरल) अन्तिम लक्ष्य, उद्देश्य; २. मुख्य या शाखा रेलवे मार्ग का आखिरी स्टेशन, टर्मिनस*/सीमा देवता* (मा० १ भी); ३. (रोमन पुरा०) सीमाओं के देवता, दिक्पाल, सरहदी देवता; ४. वर्गाकार स्तम्भ पर आश्रित अर्द्ध-मानव-प्रतिमा। **~ad quem, aquo** (विवाद, नीति या अवधि इत्या० की) आखिरी या शुरू की बात।

termite (tĕr' mit) [L. *termes-mitis*, woodworm, cogn. with TEREDO] सं० एक प्रकार का घरेलू (मुख्यतः उष्ण वलयिक तथा काष्ठनाशक) कीट, (प्रच० किन्तु अशुद्ध प्रयोग) दीमक* (ह० ३, कृ०, वि० १ भी)। **termitarium, termitary** स० एक प्रकार के काष्ठ कृमि का घर या घोंसला, दीमकों की बाँबी, वल्मीक।

tern[1] (tĕrn) [prob. from Dan. *terne*, cp. Icel. *therna*, Swed. *tärna*] सं० १. दरियाई अबाबील; २. लम्बी कटी पूँछ की समुद्री चिड़िया; ३. कुररी* (वि० १ भी)।

tern[2] (tĕrn) [L. *terni*, by threes, from TER] सं० १. तीन का समूह (विशे० लाटरी की तीन संख्या जिसको प्राप्त करने पर बड़ा पुरस्कार मिले); २. ऐसा पुरस्कार। वि० दे० TERNATE।

ternal, ternary वि० १. तेहरा, तिगुना; २. (गणि०) त्रिचर; ३. त्रिअपी* (वि० १ भी), त्रयगी, त्रिचालुक* (ई० ३ भी); ४. त्रि-आधारी* (वि० २ भी)। **ternate** वि० १. तीन-तीन के क्रम में लगा हुआ, (विशे०) (वन०) त्रिपर्णी, तिपतिया; २. त्रिपर्णकी*/त्रिकविन्यासी (वि० १ भी)। **ternately** क्रि० वि० त्रिपर्णी रूप में।

terne (tĕrn) [F., dull, tarnished] सं० (प्रायः terne-plate) निम्न कोटि की बंग-पट्टिका जिसमें सीसा अधिक मात्रा में मिश्रित हो।

Terpsichorean (tĕrp si kó rē' án) वि० कविता और संगीत की नौ देवियों में से एक, नृत्य की अधिष्ठात्री देवी (Muse)।

terra (ter' á) [It. and L.] सं० मिट्टी (विभिन्न लैटिन और इटाली मुहा० में)। **~carioa** बालू-मिट्टी, कुरुन पत्थर। **~-cotta** सं० टेराकोटा, पकी मिट्टी से बनी प्रतिमा, मृण्मूर्ति। वि० और सं० इसका सुर्ख लाल रंग। **~firma** शुष्क भूमि, सूखी धरती। **~incognita** अज्ञात प्रदेश या भूखण्ड, अनजान इलाका। **~japonica** मलाया में प्राप्त पौधों का क्षार जो चमड़ा रँगाई के कार्य में प्रयुक्त होता है (मूलतः जापान से प्राप्त एक प्रकार की मिट्टी समझी जाती थी)। **~-nera** (काली मिट्टी black earth) प्राचीन कलाकारों द्वारा प्रयुक्त रंग। **~verde** रंग के काम में लायी जाने वाली हरी मिट्टी।

terrace[1] (ter' ás) [O. F., from It. *teraccia*, *terrazza*, from prec.] सं० १. (प्राकृतिक या कृत्रिम) उत्तल, चबूतरा;

२. बेदिका* (सं० १, कृ० भी); ३. (भूगर्भ०) उठा हुआ सामुद्रिक किनारा या समुद्री कगार; ४. छत; ५. ढालू पर बने घरों की क़तार; ६. तलबेदी*/ टैरेस* (सं० १, कृ० भी)। क्रि० स० चबूतरा बनाना। **terraced roof** खुली छत।

terrace[2] दे० TARRAS।

terrain (ter ān') [F., TERRENE] सं० भूभाग, भूखण्ड (प्राकृतिक भूगोल-वेत्ताओं के द्वारा माना गया)।

terramara (ter á ma' rā) [It. TERRA *amara*, bitter earth (L. *amārus*, bitter)] सं० (बहुव०-**re**, रा) १. अस्थि, फॉसफेट इत्यादि मिश्रित उर्वरकों से युक्त मिट्टी का निक्षेप; २. दक्षिणी यूरप में सीपी, शंख आदि का प्रागैतिहासिक निक्षेप।

terraneous (te rā' ni ŭs) वि० भूमि पर पैदा होने वाला, भूमिज।

terrapin (ter' á pin) [Algonkin] सं० टेरापिन, एक प्रकार का कछुवा (विशे० खारी दलदली जगह में पाये जाने वाले)।

terraqueous (ter ā' kwé ŭs) [TERRA, AQUEOUS] वि० पानी और मिट्टी संयुक्त ज़मीन या भूमि)।

terrene (té rēn') [L. *terrēnus*, from TERRA] वि० पार्थिव, सांसारिक, ऐहिक।

terreplein (tār' plān) [F.(*terre*, as prec., *plein*, PLAIN[1])] सं० १. (क़िलाबन्दी) कमरकोट के पीछे क़िले की दीवार या परकोटा की सतह जहाँ तोपें खड़ी की जाती हैं; २. भूमि-सतह के ऊपर, नीचे या सतह पर बना हुआ आधार जिस पर मोर्चा-बन्दी इत्यादि के समय तोपें रखी जाती हैं।

terrestrial (té res' tri ăl) [L. *terrestris*] वि० १. पार्थिव*/ भौतिक* (क्र० वि० १, भी) (विशे० 'आकाशी' का विपरीतार्थक); २. सांसारिक, लौकिक, ऐहिक, धरती या भूमि का (जल का विपरीतार्थक); ३. (जीव०) स्थलीय, स्थलचर, (विपरीतार्थक जलीय या जलचर, आकाशी या नभचर, वृक्षीय या वृक्षचर); ४. स्थलीय* (कृ०, वि० १ भी)। सं० स्थलवासी, धरती पर निवास करने वाले। **~globe** धरती, पृथ्वी। **~magnetism** पार्थिव चुंबकत्व। **terrestrially** क्रि० वि० सांसारिकता के साथ, स्थलजीवी के रूप में।

terret (ter' ét) [etym. doubtful] सं० (गाड़ी के घोड़े के साज को वहीं में लगा हुआ) छल्ला या कड़ी जिसमें रास (बागडोर) रखी गयी हो।

terrible (ter' i bĕl) [O.F., from L. *terribilis*, from *terrēre*, to terrify] वि० १. भयानक, डरावना, विकराल, आतंकपूर्ण; २. (बोल०) बड़ा भारी, घोर (दे० ENFANTTERRIBLE)। **terribleness** सं० भयानकता, भयंकरता, विकरालता, डरावनापन। **terribly** क्रि० वि० (विशे० प्रा०), बहुत, घोर, विकरालता से, प्रचंड रूप से, विकट रूप से।

terricolous (té rik' ó lŭs) [L. terricola, earth dweller (TERRA, *colere*, to dwell)] वि० मिट्टी (ज़मीन) पर(वि० १ भी), इसके भीतर रहने वाला, भूमिश्रयी, (विशे० Terricolæ का, केंचुआ आदि एलिटिडाओं का वर्ग)।

terrier[1] (ter' i ĕr) [F., from med. L. *tarrārius*, from TERRA] सं० १. टैरियर, फुर्तीली और मज़बूत जाति का कुत्ता (जिसमें खोदने की प्रवृत्ति होती है); २. (बोल०) सोमान्त सेना का सदस्य।

terrier[2] (ter' i ĕr) [F. *papier terrier*, as prec.] सं० १. खतौनी, वही या पुस्तक जिसमें असावंजनिक या निगमों की भूमि का स्थान, चौहद्दी आदि अंकित रहती हैं; २. (इति०) काश्तकारों या किरायेदारों की किसी प्रभुता या ज़मींदारी के प्रति स्वीकृतियों का संग्रह।

terrific (tē rif' ik) [L. *terrificus* (*terrēre*, to frighten, -FIC)] वि० भयावह, आतंकपूर्ण, विकट, दहलाने वाला। **terrifically** क्रि० वि० भयंकर रूप से, आतंक से, डरावने तौर से। **terrify** (ter' i fī) क्रि० स० डराना, आतंकित करना, भयभीत करना।

terrigenous (té rij' é nés) [L. *terrigena*, earthdweller] वि० स्थलज, धरती से उत्पादित, भूजात, स्थलजात* (वि० १ भी)। **~metals** मृदा के धातु-भस्म (जैसे एल्यूमिनियम), भूजात धातुएँ।

territorial (ter i tōr' i ăl) [As full., -AL]वि० १. प्रादेशिक* (वि० १ भी), राज्यक्षेत्रीय, प्रदेशी; २. एक क्षेत्र तक सीमित। स० क्षेत्रीय सेना का सदस्य, ऐसी पद्धति जिसके अनुसार स्थानीय नियमों की प्राकृतिक अधिकारों के रूप में अधिक मान्यता दी जाती है। **Territorial Army** (पद०) प्रादेशिक-सेना। **~force** प्रादेशिक सेना या बल। **~waters** जल-प्रांगण। **territorialize** क्रि० स० प्रदेश या क्षेत्र को बढ़ाना या चटाना। **territorially** क्रि० वि० प्रादेशिक रूप में।

territory (ter' i tor' i) [L. *territorium*, from TERRA] सं० १. राज्य-क्षेत्र* (विधि भी), प्रदेश, क्षेत्र* (वि० १ भी), (बा०) सफ़री एजेन्ट का क्षेत्र, २. बड़ा इलाक़ा या क्षेत्र ३. (जंतरीका प्रयोग) देश का वह संगठित भाग जिसपूर्ण प्रादेशिक अधिकार नहीं दिए गए हैं; ४. भू-भाग*/ इलाक़ा*/ अमलदारी*/ अधिकार भूमि* (मा० १ भी)।

terror (ter' ŏr) [M.E. *terrour*, F. *terreur*, L. *terrōrem*, nom. -or, from *terrēre*, to frighten] सं० १. भीति* (आ० भी), आतंक, खौफ़, संत्रास* (मा० २ भी), २. भयाक्रांत, आतंकित, भयावह या खौफ़नाक व्यक्ति या वस्तु। **king of terrors** १. मौत; २. यमराज। **Reign of Terror** फ्रांस की राज्यक्रांति का काल (१७९३-९४) और इसी प्रकार के काल जिसमें अत्याचार या भय का शासन या राज्य रहा हो या जिस काल में इस प्रकार की अत्यधिक क्रांतियाँ हुई हों)। **terrorist** सं० १. आतंकवादी (विशे०) फ्रांस राज्य-क्रांति के जैकोबीन; २. रूस के क्रान्तिकारी। **terrorism** सं० आतंकवाद*/ संत्रासवाद* (मा० १, ३ भी)। **terrorize** क्रि०स० आतंकित करना, भयभीत करना। **terrorization** सं० आतंकता, संत्रास।

terry (ter' i)[etym. doubtful] सं० रोवांदार (जिसके फंदे न काटे गए हों) कपड़ा (गुणवाचक भी)।

terse (tĕrs) [L. *tersus*, p.p. of *tergere*, to wipe] वि० १.(भाषण, शैली, लेखक का) सारगर्भित, संक्षिप्त, सुन्दर; २. सुगठित। **tersely** क्रि० वि० सारगर्भित रूप से, सुन्दरता से, संक्षिप्त रूप से। **terseness** सं० संक्षेप, लघुता, सौन्दर्य, सुघरापन, गठन।

tertial (tĕr' shăl) [From L., as foll] वि० और स० तीसरे क्रम में (उड़ने के पंख के विषय में)।

tertian (tĕr' shăn)[M.E. *terciane*, L. *tertiānus*, from TERTIUS] सं० और वि० (ज्वर या रोग) जिसका संवेग प्रत्येक दूसरे दिन होता है (जैसे **~ague**), तृतीयक* (आ० भी)।

tertiary (tĕr' shá ri) [L. *tertiārius*, as prec.] वि० तृतीयक*

(आ० भी), तीसरे क्रम, पद या निर्माण आदि का। सं० (पक्षी विद्या) तीसरे क्रम (या पंक्ति) में उड़ने का पंख, आकाश या मठ को सभा में तीसरे वर्ग का व्यक्ति। **the ~** टर्शियरी युग, तृतीय युग (भूगर्भीय)।

tertius (tĕr' shŭs) [L., third, cp. TER] वि० (स्कूलों में) एक ही नाम का तीसरा व्यक्ति। **~ganders** (लैटिन) तीसरा खुश व्यक्ति, तीसरा दल या व्यक्ति जो अन्य दो के झगड़े से लाभ उठाने की आशा करता हो।

tesselated (tes ĕ lā' tĕd) [L. *tessellātus*, from *tessela*, dim. of foll.] वि० १. छोटे चौखानों वाला; २. चौपड़ का, (बन०, प्राणि०) रंग-बिरंगे चारखानों वाला। **tessellar** वि० चौखानेदार, चौपड़ का। **tesselation** सं० चौपड़ का काम, चौखानों की रचना, चौकोर।

tessera (tes' ĕr ă) [L., from Gr. *tessares*, four] सं० (बहु० **serae**) १. पच्चीकारी के काम में व्यवहृत सीसे आदि का छोटा कड़ा टुकड़ा या ब्लॉक; २. (रोम० पुरा०) हड्डी का चौकोर टुकड़ा जो संकेत अथवा टिकट के रूप में चलता था; ३. (गणि०) गोलीय आयत* (वि० १ भी)। **tesseral** वि० उक्त टुकड़े से संबंधित।

test[1] (test) [O.F. (F. *tet*), L. *testum*, cp. TESTA] सं० १. टेस्ट*/ परीक्षण* (आ०, इ० २, ३, वि० १ भी), जाँच*/ परख* (इ० २, ३ भी), इम्तहान, (किसी सिद्धांत को परखने के लिए); उदाहरण स्वरूप मामला २. कसौटी, तुलना व परीक्षा का मापदंड; ३. प्रविधि अथवा अन्वीक्षण का आधार; ४. (रसा०) प्रतिकर्मक, किसी यौगिक में उसके अवयव की विद्यमानता को प्रकट करने वाला पदार्थ; ५. चाँदी में मोना अलग करने की भट्ठी के ऊपर का उठाऊ पटल; ६. (बोल०) क्रिकेट का टेस्ट मैच। क्रि० स० १. (किसी कथित वस्तु, गुण का) परीक्षा करना, परखना; २. जाँचना, कसौटी पर कसना, इम्तहान लेना, कठोर परीक्षा करना, ३. (किसी व्यक्ति की सहन-शक्ति पर) बहुत भार डालना; ४. (रसा०) प्रतिकर्मक माध्यम द्वारा परखना। **Test Act** १६७२ ई० से चालू परीक्षण अधिनियम जिसके अनुसार सभी लोगों को पद-ग्रहण से पूर्व परीक्षा देनी पड़ती थी और व्यवस्था का सम्मान तथा भक्ति की शपथ लेनी पड़ती थी। यह अधिनियम १८२८ में समाप्त कर दिया गया)। **~match** क्रिकेट का वह मैच जो किसी विदेशी टीम से हो और जिसकी गणना हार-जीत का निर्णय करने समर्थ हो। **testable**[1] वि० परीक्षणयोग्य, परखने योग्य। **tester**[1] सं० जाँच करने वाला, परीक्षा करने वाला, परखी*/ परीक्षिका* (वि० १ भी)।

test[2] (test) [O.F. *tester*, L. *testāri*, from *testis*, witness] क्रि० स० १. सत्यापित करना; २. प्रमाणित करना। क्रि० अ० (क़ानून) वसीयतनामे को प्रमाणित करना।

test[3] (test) [L. TESTA] सं० १. कुछ जानवरों की कड़ी खाल, २. (जीव०) चोल।

testable[1] दे० TEST[1]।

testable[2] (tes' tăbl) [O.F., from L. *testābilis*, from *testāri*, see TESTATE] वि० (कानून) साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने योग्य।

Testacea (tes tā' shĭ ă) [L. *testaceus*, from TESTA] सं० (बहु०) घोंघा या चाचा मछली वर्ग। **testacean** वि० और सं० कड़ी खाल वाला। **testaceous** वि० १. घोंघा या चोंघा मछली का, उससे संबंधित; २. कड़े और पूरे खोल वाला; ३. (बन०, प्राणि०) ईंट के रंग का। **testaceology** सं० घोंघों के संबंध की विद्या।

testacy (tes' tă si) सं० वसीयत या अंतिम इच्छा-पत्र लिखे हुए होना।

testament (tes' tă mĕnt) [O.F., from L. *testāmentum*, from *testāri*, to testify, see TESTATE] सं० १. वसीयतनामा; २. समझौता, अहदनामा; ३. नये टेस्टामेंट की प्रति। **New Testament** ईसाइयों के धार्मिक नियमों की पुस्तक। **Old Testament** पुरानी धर्म-पुस्तक जिसमें मूसा के लिए हुए धार्मिक नियम दिए हैं। **testamentary, testamental** वि० मृत्युलेख निर्दिष्ट। **testamentarily** क्रि० वि० मृत्युलेख के अनुरूप। **testamur** (tes tā' mŭr) [L., we testify] शि० इम्तहान पास करने का प्रमाणपत्र।

testate (tes' tāt) [L. *testātus*, p.p. of *testāri*, see prec.] वि० वह व्यक्ति जिसकी मृत्यु वसीयतनामा लिखने के बाद हुई है। **testator** सं० वसीयतनामा लिखने के बाद मरने वाला व्यक्ति। **testatrix** सं० वसीयतनामा लिखने के बाद मरने वाली स्त्री।

tester[1] परीक्षिक* (दे० TEST[1])।

tester[2] (tes' tĕr) [M.E. and O.F. *testre*, L. *testa*, late L., head] सं० पलंग के ऊपर का चँदोवा (दे० FOUR)।

tester[3] (tes' tĕr) (corr. of earlier *teston*, O.F.*teston*, as prec.] सं० १. हेनरी आठवें द्वारा चलाई हुई शिलिंग; २. (हास०) छः पेंस।

testicle (tes' ti kĕl) [L. *testiculus*, dim. of TESTIS] सं० अण्ड, फ़ोता, वृषण, अंडग्रन्थि* (कृ० भी), पुरुषों का वीर्यकोष। **testicular, testiculate** वि० १. अण्ड या फोते के आकार का; २. (बन०) इस आकार के अंग से युक्त।

testify (tes' ti fī) [F. *testifier*, L. *testificāre* (*testis*, witness, *-ficāre*, *facere*, to make)] क्रि० अ० और स० १. (व्यक्ति या वस्तु के लिए) देखना, साक्षी होना; २. (विधि०) साक्षी देना, गवाही देना, ३. शपथपूर्वक कहना, घोषित करना (अपना दुख आदि); ४. प्रमाण होना, सबूत होना; ५. परिसाक्ष्य देना* (वि० १ भी)।

testimonial (tes ti mō' ni ăl) [F., from late L. *testimonĭdlis*, from *testimonium*, see foll.] सं० चरित्र, व्यवहार या योग्यता का प्रमाणपत्र, श्रद्धा के रूप में अथवा सेवाओं से प्रसन्न होकर व्यक्ति का समर्पित उपहार, भेंट, शसापत्र* (प्र० भी)। **testimonialize** क्रि० स० प्रशापत्र देना।

testimony (tes' ti mō ni) [L. *testimonium*, from *testis*, witness] सं० १. साक्ष्य* (मा० २ भी), शहादत, परिसाक्ष्य* (विधि भी); २. (विधि) शपथपूर्वक दिया हुआ मौखिक या लिखित बयान, वक्तव्य; ३. घोषणापत्र, अभिसाक्ष्य; ४. (बाइबिल) वसों ईश्वरी आज्ञाएँ; ५. धर्मग्रंथ, ईसाई धार्मिक पुस्तकें; ६. शब्द-प्रमाण* (मा० २ भी)।

testudo (tes tū' dō) [L. *testūdo -dinis*, from TESTA] सं० १. (रोम० प्रा०) सैन्य टुकड़ियों की ढाल से ढाल मिला कर खड़ा करके बनाया हुआ झुंड, सैन्य-झुंड, खान खोदने वालों द्वारा इसी प्रकार बनाई गई आड़; २. कछुओं की एक प्रजाति। **testudinal** वि० कछुए जैसा, उससे संबंधित। **testudinarious** वि० कछुए की खाल के रंग का, कछुए की खाल की भाँति लाल, काली और पीली चित्तियों वाला। **testudinated, -dinate** वि० कछुए की पीठ की भाँति मुड़ा हुआ। **testudineous** वि० कछुए की पीठ जैसा।

testy (tes' tĭ) [M.E. and A.-F. *testif*, from O. F. *teste*(F. *tête*), head] वि० चिड़चिड़ा, झल्ला, तुनकमिजाज, जरा सी बात का बुरा मानने वाला। **testily** क्रि० वि० चिड़चिड़ेपन से, झल्लेपन से। **testiness** सं० चिड़चिड़ापन, झल्लापन।

tetanus (tet' á nús) [L., from Gr. *tetanos*, redupl. from *ten-*, stem of *teinein*, to stretch] सं० *पु०* **टेटनस*** (आ० रू०, मा० २ भी), पेशियों में ऐंठन उत्पन्न करने वाला एक रोग, धनुष्टंकार। **tetanic** (té tăn' ik) वि० धनुष्टंकार का या उसमें होने वाला। सं० नाड़ियों के द्वारा स्नायुओं पर प्रभाव डालने वाली ओषध जैसे कुचले का सत (स्ट्रिकनीन)। **tetanize**, (tet' á nīz) क्रि० स० धनुष्टंकार के लक्षण उत्पन्न करना। **tetanization** सं० धनुष्टंकार का उत्पन्न होना। **tetanoid** वि० धनुष्टंकार जैसा।

tetchy (tech' i) [etym. doubtful] वि० झल्ला, बिड़चिड़ा, कोधी। **tetchily** क्रि० वि० झल्लेपन या चिड़चिड़ेपन से। **tetchiness** सं० झल्लापन, चिड़चिड़ापन।

tete-a-tete (tāt' a tāt') [F., head to head] क्रि० वि० अकेले में, एकांतिक रूप से, गुप्त रूप से। वि० गोपनीय, व्यक्तिगत, निजी। सं० १. (प्रायः दो व्यक्तियों का) गुप्त बातालाप, अकेले की बातचीत; २. दो व्यक्तियों के बैठने के लिए सोफ़ा।

tether (teth' ér) [M.E. *tedir*, cp. Icel. *tjóthr*, Swed. *tjuder*, M. Dut. *tüder*, Dut. *tuier*] सं० १. पगहा, पघा, बन्धन रज्जु, रस्सा, जंजीर, सिराई जिसे बाँध कर पशुओं को चरने छोड़ देते हैं; २. (ला०) ज्ञान की परिधि; ३. अधिकार-क्षेत्र। क्रि० स० पघा या बंटा-गोड़ी बाँधना।

tetra- [Gr., from *tettares*, four] ग्रीक tettares (चार) का समास में प्रयुक्त रूप। **tetrachord** (tet' rá kôrd) [CHORD] सं० १. (संगी) चार सुरों का सप्तक (विशेष प्राचीन संगीत में); २. चौतारा* (वि० २ भी); ३. चतुः स्वर संवाद* (वि० २ भी)। **tetrachordal** वि० चार सुरों का। **tetracyclic** वि० (वन०) चार छल्लों वाला, चतुश्चक्रीय* (वि० ३ भी)।

tetrad (tet' rád) [Gr. *tetras -ados*, as TETRA-] सं० १. चार का अंक; २. चतुष्टय*, चतुष्क* (कु०, वि० १, ३ भी); ३. चतुष्टयाणु जिसमें उद्जन के चार तत्वों को सम्मिलित करने की शक्ति रहती है।

tetradactyl (tet rá dăk' til) [Gr. *tetradaktulos* (TETRA-, *daktilos*, finger)], **tetradactylous** वि० और सं० चार उँगलियों वाला(पशु)। **tetragon** (tet' rá gón) [Gr. *tetragōnon*, -GON] सं० १. चतुर्भुज; २. चतुष्कोण। **tetragonal** (té trăg' o nál) वि० चतुर्भुजीय, चतुष्कोणीय। **tetragram** (tet' rá grăm) [GRAM] सं० चतुर्वर्णीय शब्द, चतुर्भुज। **tetragrammaton** सं० चतुराक्षरी, जेहोवा या अन्य पवित्र शब्द जो चार अक्षरों में लिखे जाते हैं। **tetragynous** (te' trăj' i nús) [Gr. *gunē*, female] वि० (वन०) चार स्त्रीकोषों से संबंधित।

tetrahedron (tet rá hē' dron) [Gr. *hedra*, base] सं० (रेखा०) चतुष्फलीय, ठोस (क्रिस्टल, त्रिपार्श्व)। **tetrahedral** वि० चतुष्फलीय त्रिभुज, त्रिपार्श्व संबंधी। **tetralogy** (té trăl' ó ji) [-LOGY] सं० चातुष्क* (आ० भी), नाटक चतुष्टय (विशेष प्रा० ग्रीक) तीन दुखान्त तथा एक व्यंग्य नाटक।

tetrameral, tetramerous (té trăm' er ál, -ús) [Gr. *tetrameres* (*meros*, part)] वि० चतुरवयव, चतुर्भागी, चतुष्खंडीय।

tetrameter (té trăm' é tér) [L. *tetrametrus*, Gr. *tetrametros* (-METER] सं० चतुष्पदी। **tetramorph** (tet' rá môrf) [Gr. *morphē*, from] सं० चार ईसाई, ईसाई प्रचारकों के गुणों का एक पक्ष वाली आकृति में सामंजस्य। **tetrandrous, -drian** (té trăn' drés, -dri án) [Gr. *anēr andros*, male] वि० चार पुंकोष युक्त, चतुर्पुंकेसरीय। **tetrapetalous** (tet rá pet' á lús) [PETALOUS] वि० चतुर्दलीय, चार पंखड़ियों वाला। **tetraphyllous** वि० चार पत्तों वाला।

tetrapod (tet' rá pod) [TETRA-, Gr. *pous podos*, foot] वि० और सं० चार पैर वाला (जीव)। **tetrapody** सं० चतुष्पदी, चार चरणों वाला पद्य।

tetrarch (tet' rark, té' trark) [late L. *tetrarcha*, L. and Gr. *tetrachēs* (TETRA-, *archein*, to rule)] सं० १. चतुःसूब, (रोमन साम्राज्य में) देश अथवा प्रान्त के चौथाई भाग का शासक या राज्यपाल; २. अधीनस्थ शासक, सुगठित सशस्त्र पैदल सेना के एक उपविभाग का नायक; ३. चतुराधिकार* (वि० १ भी)। **tetrarchate, tetrarchy** सं० चतुर्थ खण्ड के राज्यपाल का पद या क्षेत्र। **tetrarchical** (té trar' ki kál) वि० इस राज्यपाल संबंधी।

tetrastyle (tet' rá stil) [STYLE*] वि० १. चार खम्भों वाली; २. इस प्रकार चार खम्भों वाला भवन। **tetrasyllable** सं० चतुरक्षर, शब्द। **tetrasyllabic** वि० चतुरक्षरी शब्द संबंधी।

tetter (tet' ér) [A.-S. *teter*, cp. Sansk. *dadru*] सं० एक प्रकार का चर्म रोग। **tetterwort** टेटरवर्ट, बड़ी जाति के दो पीले फूलों वाले पौधे जो उसकी औषधि समझे जाते हैं।

Teucrian (tū' krí án) [L. *Teucri*, from Gr. *Teukros*, king of Troy] वि० और सं० प्राचीन यूनानी नगर ट्राय संबंधी, ट्राय निवासी।

Teuton (tū tón) [L. *Teutoni*, *Teutonēs*, from Teut., cp. Goth. *thiuda*, people, G. *deutsch*, German] सं० १. टयूटन* (मा० १ भी) राष्ट्रों का व्यक्ति; २. (इति०) चतुर्थ शताब्दी ईसा पूर्व के (कदाचित्) एल्वे के मुहाने पर रहने वाले टयूटनो के कबीलों का आदमी। **Teuto-** सामासिक रूप। **Teutonic** वि० टयूटनों का, टयूटन संबंधी, जर्मन राष्ट्रिकों (स्केन्डिनेवियाई, एंग्लो-सैक्सन तथा जर्मन जातियों) का। सं० सामुदायिक रूप से टयूटनों की भाषा, मूल टयूटन भाषा और उनकी आधुनिक शाखाएँ। **Teutonicism** [tū' tó nizm), **Teutonism** (tū tó nizm) सं० टयूटनी भाषा का प्रयोग, टयूटन जाति की विशेषता। **Teutonize** क्रि० स० टयूटनी बनाना, टयूटनी रंग चढ़ाना। **Teutonization** सं० टयूटनीकरण, टयूटन बनाना।

text (tekst) [M.E. and F. *texte*, L. *textus -tūs*, style, later the Scriptures, from *texere*, to weave] सं० १. मूल शब्द, मूल पाठ, किसी धर्मग्रंथ का प्रमाण के रूप में उद्धृत अवतरण, २. प्रवचन का विषय, पाठ, ग्रंथांश, कलेक्र* (प्र० भी), ३. विषय, विषय-वस्तु, मजमून* (प्र० भी); ४. किसी पुस्तक का पाठ्य भाग, (अमरीकी०) पाठ्यपुस्तक; ५. (~hand भी) बड़े आकार की लिखाई। **~-book** पाठ्य-पुस्तक। **stick to text book** अपने पथ से विचलित न होना।

textile (tek' stil, -stil) [L. *textilis*, as prec.] वि० बुनाई संबंधी, बुनाई, बुना हुआ, बुनने योग्य (जैसे ~fabrics, materials)। सं० कपड़ा, वस्त्र, बुनी हुई चीज़।

textual (tek' stū ál) [M.E. and F. *textuel*, as TEXT] वि० १. पाठ संबंधी; २. पाठ विषयक, पाठगत। **~criticism** पाठ-लोचन। **~errors** पाठ संबंधी अशुद्धियाँ। **textualist** सं० १. पाठवादी, जो मूल पाठ को कड़ाई से मानता है; २. धर्मग्रंथों के पाठों को उद्धृत करने वाला व्यक्ति। **textualism** सं० पाठवाद, पाठोल्लेख। **textually** क्रि० वि० पाठ की दृष्टि से।

texture (tek'styūr, teks' chūr) [F. from L. *textūra*, from *textus*, TEXT] सं० १. गठन* बुनावट* (इं० ३, फ्रं०, मा० १, वि० १ भी), पोत* (मा० १ भी), तंतु-विन्यास, रचना* (फ्रं० भी); ग्रंथन (चमड़ा, चट्टान, साहित्यिक कृति का); २. कला-कृतियों में वस्तुओं के तल का प्रस्तुति-विधान; ३. (प्राणि०) तनु, तंतु-गठन। **textural** वि० आकारहीन, बेपकस, गठनरहित।

-ch [from var. Teut. suffixes, in second sense from A.-S. *-tha*, *-the*, cp. Gr. *-tos*, L. *-tus*] संज्ञाएँ बनाने वाला प्रत्यय, संख्यावाची शब्दों के अंत में प्रत्यय के रूप में, प्रायः 'वाँ' के अर्थ में (जैसे fourth, tenth, hundredth चौथा, दसवाँ, सौवाँ)।

thalamus (thāl' á mus) [L., from Gr. *thalamos*] सं० १. चेतक* थैलोमस* (आ० भी), थैलेमस* (मा० २ भी),(ग्रीक० पुरा०) भीतरी कमरा, अन्तःपुर, हरम; २. (शारी०) मस्तिष्क का वह भाग जहाँ से तनु शरीर के अन्य भागों को जाते हैं, ३. (वन०) पुष्पासन, पुष्पाक्ष, पुष्पकोष।

thaler (tā' ler) [G, see DOLLAR] सं० टालर, जर्मनी का चाँदी का सिक्का।

Thalia (thá lī' á) [L., from Gr. *Thaleia*, from *thallein*, to bloom] सं० सुखांत ग्राम्य जीवन संबंधी काव्य, इस प्रकार के काव्य की अधिष्ठात्री देवी।

thallium (thāl' i ùm) [Gr. *thall-os*, see foll.,-IUM] सं० १. विरलता से प्राप्त मुलायम सफेद धातुतत्त्व जो चश्मे के लिए उत्तम शीशे बनाने के काम आता है; २. थैलियम* (कृ०, वि० १ भी), सिध्यधातु। **thallic** वि० थैलियम संबंधी। **thallous** वि० थैलियम-युक्त।

thallus (thāl' ùs) [L., from Gr. *thallos*, from *thallein*, to bloom] सं० सुकाय* (वि० १ भी), थैलस, पौधे की जड़, पत्तियां और डंठल से हीन भाग। **thalloid** वि० सुकाय जैसा।

than (thăn, thăn) [A.-S. *thanne*, *thenne*, *thenne*, THEN] संयो० (और अर्थ कारक) (तुलना में प्रयुक्त) से, की अपेक्षा, की बनिस्बत।

thanage दे० THANE।

thanat-, thanato- [Gr. *thanatos*, death] उप० ग्रीक शब्द thanatos (मृत्यु) का संयोग में प्रयुक्त रूप। **thanatoid** वि० १. मृत्यु-सरीखा, देखने में मृत; २. विषैला, साघाती। **thanatophidia** सं० बहुत विषैले साँप। **thanatophobia** (thă nāt ō fō' bi a) सं० मृत्यु भय रोग।

thane (thān) [A.-S. *thegen*, *thegn* (cp. Icel. *thegn*, G. *degen*, O.H.G. *degan*), cogn. with Gr. *lekaon*, child] सं० १. (प्राचीन अंग्रेजी इति०) सामान्य व्यक्ति और बंशानुक्रम के सामन्तों के बीच का पद; २. थेन। **thanage** सं० इंग्लैण्ड के आरंभिक इतिहास में सामंतों तथा सामान्य जनों के बीच की श्रेणी के व्यक्ति का पद या भूमि आदि। **thanedom, thanehood, thaneship** सं० थेन पद या अधिकार।

thank (thăngk) [A.-S. *thanc*, *thonc*, thought, grace (cp. Dut. and G. *dank*, Icel. *thökk*), whence *thancian*, cp. Dut. and G. *danken*] क्रि० स० १. धन्यवाद देना; २. आभार प्रदर्शित करना, कृतज्ञता प्रकट करना। सं० (बहुव०) धन्यवाद, शुक्रिया (निष्पात्मक अव्ययीकरण के रूप में)। **~you** धन्यवाद देने का प्रचलित रूप। **~offering** धन्यवाद देने की एक यहूदी धार्मिक प्रक्रिया। **thankful** वि० १. कृतज्ञ, आभारी; २. धन्यवादपूर्ण। **thankfully** क्रि० वि० कृतज्ञतापूर्वक। **thankfulness** सं० कृतज्ञता, आभारी होना। **thankless** वि० कृतघ्न, अकृतज्ञ। **thanklessly** क्रि० वि० कृतघ्नतापूर्वक। **thanklessness** सं० कृतघ्नता। **thanksgiving** सं० १. कृतज्ञता-प्रकाशन (विशे० धार्मिक विधि के रूप में); २. इस धार्मिक विधि के अवसर पर प्रयुक्त कथन; ३. (बाइ०) कृतज्ञता-प्रकाशन के निमित्त अर्पित भेंट। **Thanksgiving Day** १. धन्यवाद-प्रकाशन का दिन; २. (अम०) नवंबर का अंतिम बृहस्पतिवार।

thar सं० थार, नेपाल में पाया जाने वाला बकरी के आकार का हिरन।

that (*thăt*, *thăt*) [A.-S. *thæt*, orig. neut. of THE] वि० (बहुव० **those**, *thōz*) १. ऐसा, इतना; २. यह; ३. वह, वे। क्रि० वि० इस हद तक, इतने तक, इतना। सर्व० १. यह, वह; २. जो, जिस, जिन, जो कि, जिसे; ३. जहाँ; ४. जब। समुच्चय १. कि; २. जो कि; ३. ताकि। **in ~ way** क्योंकि, इसलिए कि। **now ~** अब, जबकि, चूंकि, अब, इसलिए कि।

thatch (thăch) [A.-S. *thæc* (cp. Dut. *dak*, G. *dach*,Icel. *thak*, also Gr. *tegos*, roof, L. *tegere*, to cover), whence *theccan*, to thatch] सं० १. छप्पर, छानी, पुआल की छत; २. (बोल०) सिर के घने बाल। क्रि० स० छप्पर डालना, छप्पर छाना।

thaumatrope (thaw' má trōp) [Gr. *thauma*, wonder, *-tropos*, turning, from *trepein*, to turn] सं० ऐसा चक्र जिस पर आकृतियाँ बनी रहती हैं और वह घूमता है तो जान पड़ता है आकृतियाँ कुछ कर रही हैं।

thaumaturge (thaw' má tėrj) [med. L. *thaumaturgus*, Gr. *thaumatourgos* (*thauma -atos*, wonder, *-ergos*, working)] सं० बाजीगर, जादूगर, ऐंद्रजालिक। **thaumaturgic, -al** वि० बाजीगरी संबंधी। **thaumaturgist** (thaw' má tėr jist) सं० बाजीगर। **thaumaturgy** सं० बाजीगरी, इन्द्रजाल, चमत्कार विद्या*/इन्द्रजाल विद्या*/करिश्मा दिखाना* (मा० ३ भी)।

thaw (thaw) [A.-S. *thāwian*, cp. Dut. *dooijen*, G. *tauen*, Icel. *thyja*] क्रि० अ० सं० १. पिघलना, गलना, द्रवित होना; २. (मौसम का) इतना गर्म होना कि बर्फ़ पिघलने लगे; ३. (ला०) पिघल जाना, करुणा या दया से द्रवित होना; ४. पिघलाना, गलाना, द्रवित करना (शा० एवं ला०)। सं० पिघलना, गलना, द्रवण, मौसम की बर्फ़ पिघलने वाली गर्मी। **thawless** वि० द्रवणशून्य, कभी न पिघलने वाला। **thawy** वि० द्रवणशील, पिघलने वाला।

the (*the*, *thē*)[A.-S. *the*, fem. *theo*, neut. *thæt* (earlier, *sē*, *sēo*, *thæt*), instrumental case *thy*] वि० १. वही, पूर्व वर्णित; २. प्रत्यक्ष, वर्तमान; ३. सर्वोत्तम, श्रेष्ठ; ४. फ़ैशनेबुल। क्रि० वि० १. जितना भी, जिस हद तक, (केवल बहुव० के साथ प्रयुक्त); २. उतना ही, उस हद तक, इस भाँति, उस कारण, इस कदर।

theandric (thē ăn' drik) [Gr. *theandrikos* (*theos*, god, *anēr andros*, man)] वि० ईसा में दैवी और मानुषी प्रकृति के संयोग संबंधी।

theanthropic, -al (thē án throp' ik, -ăl) [Gr. *theos*, god, *anthrōpos*, man] वि० १. दैवी और मानुषी; २. अवतारवादी, दैवी शक्ति को मानव रूप में मूर्त करने वाला।

thearchy (thē' ar ki) [Gr. *theos*, god, *-archia*, rule, from *archein*, to rule] सं० देवतंत्र, देवशासन (Olympian ~ ओलिंपियाई देवतंत्र)।

theatre, (*Am.* **theater**) (thē' á tėr) [O.F., from Gr *theatron*, from *theasthai*, to behold, from *thea*, view] सं०

१. नाट्यगृह, शाला*/ थियेटर* (आ० भी), नाटकघर, रंगशाला*/ रंगभूमि*(मा० १ भी);२. अध्यापन-कला, वातकिंज;३.(operation ~) शल्यक्रिया कक्ष; ४. नाट्य-साहित्य, नाट्यकला; ५. कार्यक्षेत्र, घटना-क्षेत्र। **good ~**सफल नाटक। **patent ~** पेटेन्ट थियेटर (जो सम्राट द्वारा स्थापित किया गया था और जिसका लाइसेंस लॉर्ड चेम्बरलेन ने नहीं दिया था)। **theatric** वि० (विरल) नाट्य, नाटकोचित।

theatrical (thē ăt' ri kăl) वि० १. नाटकीय, आडंबरपूर्ण, दिखावटी, बनावटी व्यवहार, बातचीत, मुद्रा या व्यक्ति); २. नाटक संबंधी, नाटकोचित, नाट्य संबंधी, अभिनयात्मक। सं० (बहुव०) नाटक, नाटकीय प्रदर्शन, नाट्याभिनय। **theatricalism, theatricality** सं० १. नाटकीयता, कृत्रिमता, बनावटीपन; २ अभिनयात्मकता। **theatricalize** क्रि० स० १. नाटकीय बनाना, कृत्रिम बनाना; २. नाट्य तत्त्व लाना, अभिनयात्मकता उत्पन्न करना। **theatrically** क्रि० वि० १. नाटकीय ढंग से, दिखावटीपन से; २.नाट्य तत्त्व के अनुरूप।

Theban (thē' bán)[L. *Thēbānus*, from *Thēbæ*, Gr. *Thebai*] वि० और सं० थेबीज का (निवासी)। **Thebaid** (thē' bā id· सं० १.थेबीज के चारों ओर का प्रदेश; २. (लैटिन Thebais भी) बीजक के घेरे पर लिखी हुई कविता।

thee (*thē*) दे० THOU।

theft (theft) [A.-S. *thiefth, thēofth, thēoft*] सं० चोरी* (विधि भी), उठाईगीरी।

theic (thē' ik) [mod. L. *thea*, TEA, -IC] सं० बहुत अधिक चाय पीने वाला। **theine** (thē' in) सं० थीइन* (वि० १ भी), चाय का सत। **theism**¹ सं० बहुत अधिक चाय पीना।

their, theirs (thâr thârz) they का संबंधकारक और विशेषण रूप, उनका। **theirs** उनका।

theism² दे० THEIC।

theism³ (thē' izm) [Gr. *theos*, god, -ISM] सं० ईश्वरवाद* (मा० २ भी), आस्तिकता, आस्तिक्यवाद। **theist** सं० ईश्वरवादी, आस्तिक। **theistic, -al** (thē is' tik, -ăl) वि० ईश्वरवाद संबंधी, आस्तिकता संबंधी।

them (*thĕm*, *them*) संबंध० १. उन्हें, उनको; २. इन्हें, इनको।

theme (thēm) [L. *thema*, Gr. *thema -atos*, from *the-*,root of *tithenai*, to put] सं० १. विषय-वस्तु*/ विषय* (मा० १ भी), प्रसंग, वस्तु, प्रकरण; २. स्कूल में दिया गया निबंध, प्रबंध, ३. (व्या०) संज्ञा व क्रिया का मूल जिसमें कारक रूप तथा काल रूप जोड़े जाते हैं; ४. (संगी०) लयात्मक विषय, (विशे० विविधता के साथ विकसित किया हुआ) गान-विषय; ५. (इति०) बेंजेंटाइन साम्राज्य के प्रान्त। **thematic** (thē măt' ik) वि० (संगी०, व्या०) विषय संबंधी, विषय निरूपण संबंधी **thematically** क्रि० वि० विषय रूप से।

Themis (them' is, thē' mis) [L. and Gr., law, as prec.] सं० न्यायेश्वरी, न्यायदेवी, कानून और इंसाफ़ की देवी।

themselves (*thĕm* selvz' [THEM, SELVES] सर्व० स्वतः, स्वयं, अपने आप, खुद।

then (*then*)[M.E. *thenne*, A.-S. *thanne, thonne, thonne* (cogn. with THAT, THE), cp. THAN] क्रि० वि० तब, उस समय, अब, उस वक्त, इसके बाद, तदुपरान्त, उसके पीछे। संयो० तब फिर, तब तो, ऐसी हालत में। वि० तत्कालीन, उस समय का। सं० उस समय, वह समय।

thenar (thē' nar) [Gr. *thenar*] सं० (शारी०) हथेली, तलवा, बेंगूठे के मूल का भाग, अंगुष्ठमूल* (आ० भी)।

thence (*thens*) [M.E. *thennes* (*thenne, -es*) A.-S. *thanon, thonan*, cogn. with THAT, THE] क्रि० वि० (कुछ अप्र०) तभी, उस कारण से। **thenceforth, thenceforward** क्रि० वि० उस समय से, तब से।

theo- [Gr. *theos*, god] ग्रीक थियोस (ईश्वर) का समास में प्रयुक्त रूप।

theocracy (thē ok' rá si) सं०ईश्वरतंत्र, धर्मतन्त्र* (मा० १, २ भी), धर्मसापेक्षतंत्र*/ मजहबी राज* (मा० १ भी), धर्मराज्य, (The Theocracy मूसा के समय से लेकर राज्यतंत्र तक का यहूदी शासनतंत्र)। **theocrat** सं० ईश्वरतंत्र का शासक अथवा प्रजा। **theocratic,-al** वि० ईश्वरतंत्र संबंधी, धर्मशासित* (वि० १)। **theocratist** सं० ईश्वरतंत्रवादी।

theocrasy (thē ok' rá si) [CRASIS] सं० १. तादात्म्य, निश्चिकल्प समाधि; २. चिन्तन द्वारा ईश्वर का आत्मा से संयोग।

theodicy (thē od' i si) [F. *théodicée* (THEO-, Gr. *dikē*, justice)] सं० पाप के अस्तित्व को मानते हुए दैवी विधान का स्थापन।

theodolite (thē od' o lit) [etym. doubtful] सं० विकोण-मापक* (वि० १ भी), थियोडोलाइट, दूरबीन द्वारा क्षैतिज और शीर्षकोणों को मापने का यंत्र। **theodolitic** वि० विकोणमापक संबंधी।

Theodosian (thē ó dō' shi án) वि० (सम्राट्) थियोडोसियस (प्रथम, द्वितीय या तृतीय) का। **~code** थियोडोसियन विधि संग्रह जो थियोडोसियस द्वितीय के समय बना था।

theogony (thē og' o ni) [L. and Gr. *theogonia* (THEO-, *gonia*, from *gen-*, to beget)] सं० देवताओं की वंशावली विषयक कविता। **theogonic** वि० उक्त कविता संबंधी। **theogonist** सं० ऐसी कविता लिखने वाला।

theology (thē ol' o ji) [M.E. and O.F. *theologie*, L. and Gr. *theologia* (THEO-, LOGY)] सं० धर्मशास्त्र, धर्मतत्त्व,(विशे०) ईसाई धर्मशास्त्र, धर्मदर्शन* (मा० १ भी)। **natural ~** प्राकृतिक धर्मशास्त्र, जिसमें प्रकृति तथा तर्कबुद्धि से प्राप्त ईश्वरीय ज्ञान की चर्चा की जाती है। **positive ~** दैवी प्रेरणा पर आधारित धर्मशास्त्र। **speculative ~** अनुमानाश्रित धर्म-शास्त्र। **systematic ~** वैज्ञानिक धर्मशास्त्र। **theologian, theologist, theologue** (thē' o log) सं० धर्मशास्त्री* (मा० १ भी), धर्मशास्त्रज्ञ, धर्मतत्त्वज्ञ, धर्माचार्य। **dogmatic ~** ईसाई धर्मग्रंथों और गिरजाघर की अधिकारपूर्ण शिक्षा का धर्मशास्त्र, कट्टरवादी धर्मशास्त्र। **theological** वि० धर्मशास्त्र संबंधी। **theologically** क्रि० वि० धर्मशास्त्र के अनुसार। **theologise** (thē ol' ó jīz) क्रि० स० और अ० धर्मशास्त्र के अनुरूप बनाना, उसकी चर्चा करना।

theomachy (thē om' á ki) [L. and Gr. *theomachia* (THEO-, *-machia*, fighting)] सं० देवताओं में या देवताओं से संघर्ष। **theomania** (thē o mā' ni a) [-MANIA] सं० १. अपने को ईश्वर समझने का पागलपन, २. धार्मिक उन्माद। **theomaniac** सं० १. इस प्रकार का पागल; २. धार्मिक उन्मादपूर्ण व्यक्ति।

theophany (thē of' á ni) [L. *theophania*, Gr. *theophaneia* (*ephaineir*, to show)] सं० मनुष्य को ईश्वर-दर्शन। **theophanic** वि० ईश्वर दर्शन संबंधी। **theophilanthropy**

(thē ō fi lăn' thrō pi) [PHILANTROPY] सं० ईश्वर और मानव प्रेम का एकीकरण। **theophilanthropic** वि० १. उक्त समाज संबंधी; २. ईश्वर और मानव-प्रेम के एकीकरण संबंधी। **theophilanthropist** सं० १७९६ ई० में पेरिस में स्थापित एक समाज जिसका उद्देश्य था ईसाई धर्म के स्थान पर एक प्रकार के देववाद की स्थापना; २. ईश्वर-प्रेम और मानव-प्रेम को एकाकार कर देने वाला व्यक्ति। **theopneusty** (thē óp nū' sti) [Gr. *theopneustos*, inspired (*pnein*, to blow)] सं० दैवी प्रेरणा। **theopneustic** वि० दैवी प्रेरणा संबंधी।

theorbo (thē ôr' bō) [*Historba*, etym doubtful (cp. F. *théorbe*)] सं० (बहु०) दो शीर्षों वाला बीणा की तरह का वाद्ययंत्र (१७ वीं शताब्दी में बहुत प्रचलित)।

theorem (thē' o rem) [late L. and Gr. *theōrēma*, from *theōrein*, to behold] सं० १. (गणि०) प्रमेय* (इं० २ भी), स्वीकृत तथ्यों द्वारा प्रतिपादित सत्य, विधानम (तुल० problem); २. बीजगणित का नियम जो प्रतीकों और सूत्रों में प्रकट किया जाय; ३. अनुमित सत्य। **theorematic,-al** वि० प्रमेय संबंधी। **theorematist** सं० प्रमेय को स्थापित करने वाला।

theoretic, -al (thē o ret' ik, -al) [late L. *theorēticus*, Gr. *theōrētikos*, from *theōrētos*, as foll] वि० १. सिद्धान्तवादी, सिद्धान्तप्रयोगी, सैद्धान्तिक* (इं० २, वि० १ भी); २. उपपत्ति-विषयक, उपपत्तिक, ३ सिद्धान्तपरक, ४ अव्यावहारिक, अक्रियात्मक, स्थाली। **theoretically** क्रि० वि० १ सिद्धान्तरूपेण, सिद्धांत रूप से, सिद्धान्ततः, सिद्धान्त के अनुसार* (वि० १ भी)। २. अव्यावहारिक रूप में। **theoretician** सं० सिद्धान्तवादी, सिद्धांतप्रयोगी।

theoric (the or' ik) [M.E. *theorike*, O.F. *theorique*, Gr. *theōrikos*, from *theōrein*, to behold, to contemplate] वि० (प्रा० ग्रीक) सार्वजनिक प्रदर्शनों, खेलों, तमाशों का या उनसे संबंधित। ~**fund** सार्वजनिक प्रदर्शनों के लिए निधि जिससे गरीब नागरिकों के लिए मुफ्त सीटों आदि का आयोजन किया जाता था।

theory (thē' o ri) [A.-F. *theorie*, L. and Gr. *theōria*, as prec.] सं० १. सिद्धान्त*, वाद* (आ०, मा० १, २, ३, वि० १ भी), उपपत्ति, मत; २. विचार, परिकल्पना, मत, राय, अनुमान, ३. अनुमान-क्षेत्र, मन, सृष्टि, कल्पना जगत, ४. किसी विज्ञान या विद्या के साधारण सिद्धान्तों की कारिका, सिद्धान्त-शास्त्र, सैद्धान्तिकी (~ of music); ५. (गणि०) उपपत्ति, किसी विषय के सिद्धान्तों को उदाहृत करने के लिए परिणामों का संकलन। **theorist** सं० उपपत्तिकर्ता, सिद्धांतवादी, मतवादी। **theorize** क्रि० स० सिद्धान्त बनाना, मत स्थापित करना। **theorization** सं० मत-स्थापन, सिद्धांत-कथन। **theorizer** सं० सिद्धान्त बनाने वाला, मत स्थापित करने वाला।

theosophy (thē os' ō fi) [med. L. and late Gr. *theosophia* (THEO-, *sophos*, wise)] सं० ब्रह्मविद्या, ब्रह्मवाद, थियोसोफी, आध्यात्मिक आनंद, प्रत्यक्ष सहज ज्ञान या विशेष वैयक्तिक अनुभवों को ईश्वर को जानने का साधन मानने वाला दर्शन। **theosoph** (thē' ō sof), **theosopher,-phist** (thē os' ō fer, -fist) सं० ब्रह्मवादी, थियोसोफिस्ट। **theosophic,-al, theosophistical** वि० ब्रह्मविद्या संबंधी, थियोसोफी संबंधी। **theosophize** (thē os' ō fīz) क्रि० अ० ब्रह्मविद्या या थियोसोफी के सिद्धांतों पर चलना।

therapeutic (ther á pū' tik)[as prec.] वि० १. आरोग्यकर, रोगनाशक, चिकित्सीय* (वि० ३ भी), चिकित्सा संबंधी; २. उपचारार्थ*/ चिकित्सार्थ* (आ० भी)। सं० (बहु०) चिकित्सा, चिकित्सा तत्व, आरोग्य विज्ञान। **therapeutical** वि० चिकित्सा संबंधी। **therapeutically** क्रि० वि० चिकित्सा के आधार पर। **therapeutist** सं० चिकित्सा तत्वज्ञ, चिकित्सक, चिकित्सा-विज्ञानी* (प्र० भी)। **therapy** (ther' á pi) सं० चिकित्सा।

there (*thâir*, *thêr*) [A.-S. *thar*, *thēr* (cp. Dut. *daar*, G. *da*, Icel. *thar* Dan. and swed. *der*), cogn. with THAT, THE] क्रि० वि० १. वहाँ, उस स्थान पर, उस जगह पर, उस बिन्दु पर, उस तथ्य पर, उस बात पर, इसमें, इस बात में। सं० वह स्थान, वह जगह। विस्म० ठीक है न!। **thereabout,-bouts** क्रि० वि० १. उस स्थान के आसपास; २. संख्या के लगभग। **thereanent** क्रि० वि० (स्कॉ०) इस विषय में। **thereby** (*thâr* bi) क्रि० वि० १. परिणामस्वरूप, इस संबंध में (जैसे ~ hangs a tale इस संबंध में कुछ और भी बताना है); २. (विधि) तद्द्वारा*। **therefore** (*thâr* fâr) क्रि० वि० अत., इसलिए। **thereinafter** क्रि० वि० उसी प्रलेख में आगे। **thereinbefore** क्रि० वि० उसी प्रलेख में पहले। **thereupon** क्रि० वि० इस पर, इसके फौरन बाद। **therewithal** उसके साथ, उसके अतिरिक्त।

theriac (thēr' i ăk)[late L. *thēriaca*, *thēriacē*, Gr. *thēriakē*, orig. fem. a. from *thērion*, dim. of *thēr*, wild beast] सं० विषैले जन्तुओं के काटे की औषध (जो अनेक औषधियों से बनाई जाती है)।

therianthropic (thēr i án throp' ik) [Gr. *thērion*, see prec., *anthropos*, man] वि० १. मानव और पशु के संयुक्त रूप के (कल्पित) प्राणी के पूजन संबंधी; २. नृपशु-पूजन संबंधी। **therianthropism** सं० नृपशु-पूजा।

therm (thĕrm) [Gr. *thermē*, heat] सं० (भौति०) १. गाड़ी की इकाई; २. गैस की सप्लाई में एक इकाई (१० THERMAL MY)।

thermæ (thēr' mē) [L.] सं० (बहु०) १. उष्ण स्रोत; २. (चिकि०) उष्ण निर्झर या उष्ण जल स्नान, ३. (प्राचीन रोम में) सार्वजनिक उष्ण स्नानागार, हमाम। **thermal** वि० ताप* (आ० भी), उष्मा का, उष्णीय* (वि० १ भी)। सं० (प्राय. बहु०) उष्ण वायु की ऊपर उठती हुई धारा, थर्मल*/ वैद्युत तापमापी* (वि० ३ भी)। ~**unit** उष्मा इकाई। **British** ~ **unit** (B.Th.U.) ब्रिटिश उष्मा इकाई जो १ ब्रिटी फ़ारेनहाइट से १ पौ० पानी को उठाने के लिए पर्याप्त होती है। ~**equator** उष्मा-विषुवत् रेखा, तापीय भूमध्य रेखा*(वि० १ भी)। ~**springs** उष्ण जलस्रोत, (सार्वजनिक स्नान, संबंधी), गरम झरना*/ गरम चश्मा* (वि० १ भी)। **thermally** क्रि० वि० उष्मा इकाई के रूप में। **thermic** वि० उष्मा संबंधी।

Thermidor (thēr mi dôr', tĕr mi dôr') [as prec., Gr. *dōron*, gift] सं० १९ जुलाई से १० अगस्त, फ्रांसीसी गणतंत्र वर्ष का ग्यारहवाँ महीना। **Thermidorian** सं० थर्मीडोरी, १७९४ में थर्मीडोर में रोबस पियर के वध का समर्थन करने वाले व्यक्तियों में से एक।

thermionics (thēr mi on' iks) [Gr. *thermos*, warm, ION] सं० १. तापायनिकी* (वि० १ भी); २. उष्मायन, उद्दीप्त पदार्थ से निकला हुआ अयन, तापायन* (वि० १ भी)। **thermionic** वि० उष्मायन संबंधी, तापायनिक* (वि० १ भी)। ~**valve or vacuum tube** उष्मायनिक वाल्व या निर्वात नलिका।

thermite (thēr' mit) [G. *thermit* (Gr. *thermē*, heat, -ITE)]

सं० स्फ़ाटरेय, धर्माह्ट, वारीक पिसे हुए अल्यूमिनियम और लोहे के ऑक्साइड का मिश्रण जिसे जलाने से बहुत अधिक उष्मा उत्पन्न होती है (जो धातु को जोड़ने और बम बनाने के काम आता है)।

thermo- [Gr. *thermos*, warm, see THERM] ग्रीक धर्मोस (उष्म) और therm (उष्मा) का समास में प्रयुक्त रूप।

thermo-chemistry सं० उष्मा-रसायन* (वि० १ भी), रसायन की एक शाखा जिसमें रासायनिक प्रक्रियाओं के बीच अंतर्भूत या अवशोषित ताप की मात्राओं का अध्ययन किया जाता है। **thermo-couple** सं० १. वैद्युत युग्म; २. उष्मा युग्म। **thermo-electric** वि० उष्मावैद्युतीय* (वि० १ भी)। **thermo-electricity** सं० उष्मा क अंतर से उत्पन्न विद्युत, ताप-वैद्युत।

thermogenesis (thĕr mō jen' ĕ sis) सं० (मानव-शरीर में) उष्मा-जनन। **thermogenetic, thermogenic** वि० उष्मा-जननिक, तापजनक* (आ० भी)।

thermograph (thĕr' mō gráf) सं० उष्मालिख, तापलेखी* (वि० १ भी)। **thermogram** सं० धर्मोलाम*/ ताप-आलेख* (वि० २ भी)।

thermometer (thĕr mom' ĕ tĕr) सं० तापमापी*/ धर्मामीटर* (कु, वि० १ भी)। **thermometric,-al** वि० तापमापीय। **thermometrically** क्रि० वि० तापमापी के अनुसार। **thermometry** सं० तापमापन, उष्मामापन, तापमिति* (वि० २, ३ भी)।

thermopile (thĕr' mō pīl) सं० उष्मावैद्युत् बैटरी (उष्मा के छोटे पुंजों को मापने के लिए)।

Thermos (thĕr' mos) सं० धर्मस* (वि० १ भी), एक प्रकार की तापरक्षक बोतल (~flask भी)।

thermoscope (thĕr' mō skōp) सं० उष्मांतरदर्शक, उष्मेक्ष, तापदर्शी* (वि० १ भी)। **thermoscopic, -al** वि० उष्मेक्षिक।

thermostat (thĕr' mō stăt) सं० स्वयंचल उष्मास्थापक, तापस्थापी* (वि० १ भी)। **thermostatic** वि० १. उष्मास्थैतिकी; २. उष्मा-साम्य का सिद्धांत, ताप-अनुचलित* (वि० १ भी)।

thermotaxis (thĕr mō tăks' is) सं० १. (उष्ण रक्त वाले प्राणियों में) उष्मा का नियमन; २. ताप-अनुचलन* (आ०, वि० १ भी)।

thereid (thĕr' oid) [Gr. *thēr*, see THERIAC, -OID] वि० पशु जैसी वृत्तियों वाला (जड़-बुद्धि व्यक्ति के लिए)।

therology (thĕr ol' ŏ jī) [*thēr*, as prec., -LOGY] सं० स्तन्यपायी जीव-विज्ञान। **therologist** सं० स्तन्यपायी जीववैज्ञानिक।

thesaurus (thĕ saw' rŭs) [L., from Gr. *thēsauros*, TREASURE] सं० (बहु० -s,-i) शब्दकोष, ज्ञानकोष, बृहद् अभिधान।

these (बहु०) दे० THIS।

thesis (thē' sis) [L., from Gr. *thesis*, from *the-*, root of *tithenai*, to set] सं० (बहु० theses,-sēz) १. शोध-प्रबन्ध* (भा० १ भी), प्रतिपाद्य विषय, प्रबंध, अन्वेषण-निबंध (विशे० उपाधि प्राप्त करने के लिए लिखा गया); २. स्कूल या कालेज में लिखा गया प्रबंध; ३. अंग्रेज़ी मात्रा गणना में स्वराघातहीन पदांश।

Thespian (thes' pi ăn) वि० छठी शताब्दी ईसापूर्व के प्रसिद्ध नाटककार कवि थेस्पिस का। सं० अभिनेता या अभिनेत्री। **the~art** (थैस्पिक कला) नाट्य-कला।

theurgy (thē' ŭr jī) [late L. *theurgia*, Gr. *theourgia* (*theos*, god, *ergon*, work)] सं० १. अतिमानवीय शक्ति, आदि भौतिक शक्ति; २. इस शक्ति को प्राप्त करने की कला; ३. नवप्लेटोनादियों की ऐंद्रजालिकी; ४. अलौकिक शक्ति द्वारा प्रभावोत्पादन। **theurgic,-al** (thē ĕr' jik, -ăl) वि० आधिभौतिक शक्ति संबंधी। **theurgist** सं० आधिभौतिक शक्ति-विशेषज्ञ।

thew (thū) [A.-S. *thēaw*, habit, cp. O.H.G. *thau*, *dau*, discipline, etym. doubtful] सं० (बहु०) पेशी, मानसिक व चारित्रिक बल। **thewed** वि० विशेष प्रकार के पुट्ठे वाला। **thewless** वि० पेशीरहित, कमज़ोर। **thewy** वि० गठा हुआ, गठीला।

they (thā) [A.-S. *thā*, pl. of THE, THAT] सर्व० (कर्मवाची **them**, संबंधवाचक **their**, अप० **theirs**) १. (HE, SHE, IT का बहु०) वे, वे लोग; २. लोग।

thick (thik) [A.-S. *thicce*, cp. Dut. *dik*, G. *dick*, Icel. *thykkr*] वि० १. मोटा, चकला, चौड़ा, स्थूल* (आ० भी); २. घन, सघन, पास-पास, गुथा हुआ, भरा हुआ; ३. बहुत अधिक, बहुतायक; ४. भरा हुआ, लदा हुआ; ५. गाढ़ा; ६. मलिन, मैला, आच्छन्न, धुँधला; ७. ठस, मूर्ख, जड़, बोंचू; ८. (आवाज़) बैठी हुई, अस्पष्ट; ९. (बोल०) घनिष्ठ, नवदीक्षी, आत्मीय। सं० १. किसी भी वस्तु का मोटा बीच का भाग; २. (बोल०) ठस या जड़ बुद्धि व्यक्ति; ३. कोको। क्रि० वि० मोटपन से, घनेपन से। **lay it on~** (आ०) बहुत अधिक प्रशंसा करना। **a bit rather~**, a little **too~** (आ०) असंगत, अत्यधिक। **~ear** सूजा हुआ कान (विशे० मारपीट की चोट से)। **-head** ठस, जड़बुद्धि, मूर्ख, बेदिमाग़। **~-headed** बुद्धू, मूर्ख, बेवकूफ़। **~-set** १. घना, सघन, ठोस; २. (~set hedge) एक प्रकार की घनी झाड़ी। **~-skinned**, (ला०) मानापमानबोध-शून्य, निर्लज्ज। **~-skulled,-witted** बुद्धू। **thicken** क्रि० स० और अ० मोटा, घना या गाढ़ा करना। **thickening** सं० १. गाढ़ा होना; २. स्थूल होना*, मोटा होना* (वि० १ भी)। **thicket** [A.-S. *thiccet*] सं० निबुज, झाड़ियों का झुंड। **thickish** वि० १. मोटा सा, चौड़ा सा; २. गाढ़ा सा। **thickly** क्रि० वि० मोटेपन से, चौड़ेपन से। **thickness** (thik' nes) सं० १. मोटापन, मोटाई*; स्थूलता* (इ० ३, वि० १ भी), घनापन, सघनत्व, मैलापन; २. किसी विशिष्ट मोटाई का टुकड़ा।

thief (thēf) [A.-S. *thēof*, cp. Dut. *dief*, G. *dieb*, Icel. *thjófr*] सं० (बहु० **thieves**) १. चोर* (विधि भी), सेंधमार, २. मोमबत्ती का गुल। **thieve** [A.-S. *gethēofan*] क्रि० अ० और स० चोर होना, चोरी करना, कोई चीज़ चुराना। **thievery, thieveriness** सं० चोरी, चोट्टापन। **thievish** वि० चोर की भाँति, चोट्टेपन से। **thievishly** क्रि० वि० चोर की भाँति, चोट्टेपन से।

thigh (thī) [A.-S. *thēoh*, *théo*, cp. Dut. *dij*, Icel. *thjó*, O.H.G. *dioh*] सं० १. जाँघ* (कु० भी), जंघा, ऊरु* (आ०, कु०, वि० १ भी), रान* (कु० भी); २. पशु की जाँघ। **thighed** वि० जाँघ से युक्त।

thill (thil) [A.-S. *thille*, plank, flooring, cogn. with DEAL²] सं० गाड़ी का बम (सवारी गाड़ी आदि)। **~-horse, thiller** सं० जुता हुआ घोड़ा।

thimble (thim' bĕl) [A.-S. *thýmel*, thumb-stall] सं० १. अंगुत्राना* (वि० १, ३ भी), धातु की टोपी जो सीने के समय उँगली में पहन ली जाती है; २. (यंत्र०) धातु की छोटी सी नली, छल्ला जिसे रस्सी या बाँध के सिरों पर रगड़ से बचाने के लिए लगा देते हैं। **thimbleful** सं० शराब की अत्यल्प मात्रा। **thimblerig** सं० हाथ की सफ़ाई का एक खेल (जिसमें तीन अंगुत्राने होते हैं, एक मटर के दाने को उनमें से एक में छिपा

देते हैं और देखने वाले बाजी बदते हैं कि किस अंगुस्ताने के नीचे मटर है)। क्रि० स० उक्त खेल द्वारा ठगना। **thimblerigger** सं० उक्त खेल दिखाने वाला।

thin (thin) [A.-S. *thynne*, cp. Dut. *dun*, G. *dünn*, Icel. *thunnr*, also L. *tenuis*, Gr. *tanaos*] वि० १. पतला, महीन, बारीक; २. छितरा हुआ, विरल, अघन; ३. अपूर्ण, खाली-खाली, रिक्त, छितरा, कम भरा, (~house कम भरा नाटकघर); ४. फीका, पतला, हल्का, अहीन, कोमल; ५. (ला०) उथला, बोछा, पारदर्शी; ६. क्षुद्र, ओछा; ७. (बोल०) दुबला, कृश, तनु; ८. पतली लाइना वाली (लिपि, टाइप आदि); ९. (ग्रा०) अल्पिकर, अग्रिय, अनुविधायक। क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **thinned**) १. पतला या दुबला होना या बनाना, कम होना, विरल होना, क्षीण होना, घटना; २. पेड़ से कुछ फलों को तोड़ देना (जिसके शेष फल अच्छे रहें)। **~-captain** एक प्रकार का पतला बिस्कुट। **~-skinned** (ला०) संवेदनशील। **thinly** क्रि०वि० बारीकी, पतलेपन, हल्केपन या दुबलेपन के साथ। **thinness** सं० १. पतलापन, दुबलापन; २. बारीकी; ३. सारहीनता। **thinnish** वि० दुबला सा, पतला सा, बारीक सा।

thine (*thin*) दे० THY।

thing[1] (thing) [A.-S., *thing*, cause, sake, office, reason, council (cp. Dut. and G. *ding*, Icel. *thing*, Dan. and Swed. *ting*)] सं० १. वस्तु, चीज (प्राणियों या व्यक्तियों के लिए भी दया, स्नेह, घृणा, अवज्ञा आदि प्रकट करने के लिए); २. पदार्थ, चीज; ३. (काम, तथ्य, विचार, घटना, परिस्थिति के लिए) बात, मामला; ४. नमूना, प्रकार; ५. सम्पत्ति* (विधि भी), चीज, वस्तु, चीजें, बात। **do the handsome ~by** अच्छा व्यवहार करना। **have a~ about** (बोल०) विशेष रूप से भयभीत होना। **know a~ or two** अनुभवी होना। **make a good~of** लाभ उठाना। **thingamajig, thingumabob, thingummy** सं० व्यक्ति या वस्तु जिसका नाम बातचीत में भूल सा जाय (क्या नाम है कि, क्या कहते हैं...)।

thing[2] (thing) [Icel., prec.] सं० स्कैंडिनेविया की जनसभा, (विशे०) विधान सभा।

think (thingk) [A.-S. *thencan, thencean* (cp. G. *denken*, Icel. *thekkja*, Dan. *tenke*), cogn. with THANK] क्रि० स० और अ० (भू०और भू०कृ० **thought**[1]) १. सोचना, विचारना, विचार करना; २. चाहना, इच्छा करना, इरादा रखना; ३. सधारण या अवधारण करना, समझना; ४. (उपस्थिति या अस्तित्व को) मानना, समझना; ५. सोच विचार के द्वारा किसी विशिष्ट स्थिति को पहुँचाना; ६. विचार करना, सोचना-समझना; ७. थोड़ा सा मन होना, कुछ इच्छा होना। **~about** विचार करना, ग़ौर करना। **~aloud** जोर से मन की बात कहना। **~fit or good** अच्छा समझना। **~of** बारे में विचार करना। **~better of** छोड़ देना, छोड़ने का निश्चय करना, किसी व्यक्ति के संबंध में ऊँचा विचार रखना। **~little or nothing of** कुछ न समझना, बहुत कम मानना। **~much, well, highly, meanly** बहुत समझना, अच्छा समझना, ऊँचा समझना, नीचा समझना। **~no small beer of** दे० BEER। **~out** ध्यान से विचार करना। **~over** अच्छी तरह विचार करना। **thinkable** वि० विचार्य, विचारणीय। **thinker** सं० विचारक, विचारशील व्यक्ति। **thinking** वि० और सं० विचारशील (व्यक्ति, प्राणी)।

thio- [Gr. *theion*, sulphur] ग्रीक थियोन (गंधक) का समास में प्रयुक्त रूप। **thioacid** गंधकाम्ल, ऐसा अम्ल जिसमें आक्सीजन के स्थान पर गंधक रहता है, थायोअम्ल*/ थायोएसिड* (वि० १ भी)।

third (thêrd) [A.-S. *thridda*, from *thri*, THREE] वि० और सं० १. तीसरा, तृतीय* (ग्रा० भी); २. तृतीयांश; ३. सैकिंड या कोणीय माप का साठवाँ भाग; ४. (संगी०) किसी सुर और उसके बाद के तीसरे सुर का अंतर; ६. इन पृथक् सुरों का मेल; ७. पति की व्यक्तिगत संपत्ति का तीसरा भाग जो कभी-कभी विधवा को मिलता है। **thirdly** क्रि० वि० तीसरे।

thirst (thêrst)[A.-S. *thurst* (cp. Dut. *dorst*, G. *durst*, Icel. *thorsti*), whence *thyrstan*, cp. Dut. *dorsten*, G. *dürsten*, cogn. with L. *torrêre*, Gr. *terseisthai*, to dry up] सं० १. प्यास, पिपासा, तृष्णा; २. (ला०) तीव्र इच्छा, लालसा, तृष्णा (~of, for, after, glory, person's blood)। क्रि० अ० प्यास लगना, प्यासा होना। **have a~** (बोल०) शराब पीने की इच्छा होना। **thirstless** वि० बिना प्यास के, अतृषित, अपिपासित। **thirsty** वि० १. प्यासा, पिपासाकुल, तृषित; २. मदिरापिय, शराब का शौकीन; ३. सूखा, शुष्क (प्रदेश या मौसम); ३. पिपासाजनक, प्यास उत्पन्न करने वाला (जैसे this is~work)। **thirstily** क्रि० वि० प्यास के साथ, पिपासाकुल होकर।

thirteen (thir tên') [A.-S. *thrêotêne* (THREE, -TEEN)] वि० और सं० तेरह, त्रयोदश। **thirteenth** वि० और सं० तेरहवाँ।

thirty (thêr' ti) [A.-S. *thritigri, thritiig* (THREE, -TY)] वि० और सं० तीस, त्रिंशत्। **thirtieth** वि० और सं० तीसवाँ। **thirtyfold** वि० और सं० तीसगुना।

this (*this*) [A.-S. *thes*, fem. *theos*, neut. *this* (cp. Dut. *deze*, G. *dieser*, Icel. *thessi*), cogn. with THAT, THE] वि० और सर्व० (बहुव० **these**, *thêz*) यह, यह वस्तु, इस, इसकी (निकट की अथवा परिचित संकेतित चीज के लिए)। **~day** आज, अब। **~much** इतना। **thisness** सं० यह होना।

thistle (this' êl) [A.-S. *thistel*, cp. Dut. and G. *distel*, Icel. *thistill*] सं० १. गोखरू, एक प्रकार का कँटीला पौधा जिसमें बैंगनी, पीले या सफ़ेद गोल-गाल फूल लगते हैं; २. स्कांटलैंड का राष्ट्रीय प्रतीक। **Order of the Thistle** स्कांटलैंड में नाइटों की एक श्रेणी। **thistly** वि० गोखरू से युक्त, कँटीला।

tho' दे० THOUGH।

thole (thôl) [A.-S. *thol*, cp. Dut. *dol*, Icel. *tholir*, tree, peg, thole] सं० (~pin भी) पतवार की टेक, नाव में पतवार अटकाने का कीला, ऐसी दो कीलों में से एक।

Thomism (tô' mizm) सं० १. टॉमस एक्वानस (मृत १२७४ ई०) का धर्मशास्त्र सिद्धान्त (जो भाग्य तथा ईश्वर की अनिष्ट फलदायक अनुकम्पा पर विश्वास रखते थे); २. टॉमवाद। **Thomist** सं० और वि० टॉमवादी। **Thomistic** वि० टॉमवाद संबंधी, टॉमवादीय।

thong (thoug) [A.-S. *thwang* (cp. Icel. *thvengr*), cogn. with TWINGE] वि० और सं० १. चमड़े की पतली पट्टी, बद्धी, तस्मा, लगाम, कोड़े आदि में प्रयुक्त। क्रि० स० चमड़े की पट्टी लगाना, बद्धी से मारना।

Thor (thôr) [Icel. *Thorr*] सं० स्कैंडिनेविया का तूफान, युद्ध और कृषि का देवता, थोर। **Thor's hammer** चकमक पत्थर की कुल्हाड़ी।

thorax (thôr' áks) [L., from Gr. *thōrāx -akos*] सं० (बहुव० **thoraces**, thó rā' sēz) १. (शारी०, प्राणि०) वक्ष, छाती, सीना, वक्षस्थल; २. (ग्रीक प्रा०) कवच, उरत्राण, बक्तर। **thoracic** (thó rās' ik) वि० १. वक्ष-* (आ० भी), छाती का, वक्षस्थल संबंधी, वक्षीय* (वि० १ भी)। **thoraci-, thoracico-, thoraco-** इसी अर्थ में समास में प्रयुक्त रूप। **thoracism** (thôr' i ùm) सं० थोरियम* (रू०, वि० १ भी), रेडियम-धर्मी या विषैलनशील धातु तत्त्व जिसके ऑक्साइड का प्रयोग गैसो में होता है। **thorite** सं० थोराइट, नार्वे में पाया जाने वाला एक काला खनिज।

thorn (thôrn) [A.-S., cp. Icel. *thorn*, Dut. *doorn*, G. *dorn*] सं० १. काँटा, कंटक* (वि० १ भी); २. काँटेदार झाड़ या पौधा; ३. अप्रचलित पुराने अंग्रेजी वर्ण (ध) का नाम। **a ~in one's flesh or side** १. चौबीस घंटे का सिरदर्द; २. निरंतर कष्टदायी बात। **be on thorns** काँटों पर होना, हर घड़ी संकट में होना। **sit on thorns** डरते रहना। **thornless** वि० काँटे से रहित, कंटकविहीन। **thorny** वि० कंटकपूर्ण (ला० भी)।

thorough (thûr' ó) [THROUGH] वि० पूर्ण, संपूर्ण, पुरा, पक्का, पूरा-पूरा। सं० चार्ल्स प्रथम के अंतर्गत स्टार्फर्ड और लॉड को समझौता विरोधी या कट्टर नीति। **~-brace** गाड़ी की सी आकार की कमानियों के बीच की पट्टी। **~-bred** वि० १. असील, खालिस नस्ल का (घोड़ा आदि); २. उच्चवंशीय, अभिजात, सभ्भ्रान्त (व्यक्ति)। सं० नस्ली घोड़ा, सुसंस्कृत व्यक्ति, अभिजात व्यक्ति। **~-paced** १.(आ०) सभी चालें सीखा हुआ घोड़ा; २. (ला०) पूर्ण, सम्पूर्ण, सारा का सारा, पूरा-पूरा, पक्का। **~-pin** मोथरा, एक रोग जिसमे घोड़े के पिछले पैर के टखनों के पास सूजन हो आती है। **thoroughly** क्रि० वि० पूरा-पूरा, पूर्णरूपेण। **thoroughness** सं० संपूर्णता, निःशेषता।

thoroughbass (thûr' ó bâs) सं० १. नीचे पुरुस्वर के साथ दिये हुए अंक, स्वरसंगतिसूचक चिन्हों का क्रम; २. (थियेिल प्रयोग) स्वर-संगतिपूर्ण रचना।

thoroughfare (thûr' ó fâr) सं० आम रास्ता, सार्वजनिक मार्ग।

thoroughgoing (thûr o gó' iùg) वि० कट्टर, समझौता-विरोधी।

thorp, thorpe (thôrp) [A.-S. *thorp*, cp. Dut. *dorp*, G. *dorf*, Icel. *thorp*] सं० गाँव, छोटा पुरवा (विशे० नामों के साथ लगा हुआ)।

those दे० THAT।

thou (thou) [A.-S. *thū*, cp. G., Dan., and Swed. *du*, Icel. *thū*, L. *tu*, Gr. *su*, *tu*] सर्व० (कर्म० **thee**) तू, (अब केवल ईश्वर को संबोधन करने में प्रयुक्त)। क्रि० स० और अ० १. किसी को thou कह कर संबोधित करना; २. you के स्थान पर thou का प्रयोग करना।

though (thō) [M.E. *thogh*, Icel. *thō*, cp. Dut. and G. *doch*, A.-S. *thēah*, *theh*, *thāh*] संयो० १. (although भी) यद्यपि, हालाँकि; २. चाहे, भले ही; ३. (बिल्कुल स्वतन्त्र वाक्य में) और फिर भी, मगर; ४. सौर, तो भी। **as ~** गोया, जैसे, मानो। **what ~** तो क्या, इससे क्या।

thought[1] दे० THINK।

thought[2] (thawt) [A.-S. *thōht*, as prec.] सं० १. चिन्तन-शक्ति, विचार-शक्ति, चिन्तन-शक्ति, विचार-शक्ति; २. तर्क-शक्ति; ३. विचार* (आ०, भा० २ भी), मनन, चिन्तन, गंभीर विचार; ४. सोच-विचार; ५. विचार, ख्याल; ६. अचकचरा इरादा, अपरिपक्व विचार; ७. (प्रायः बहुव०) सम्मति, राय; ८. चिन्ता का विषय। **a happy ~** समयोचित विचार, उपयुक्त सम्मति, माकूल ख्याल। **a ~to** थोड़ा सा, जरा सा, कुछ-कुछ (जैसे cut it a ~shorter, seems to me a ~arrogant)। **quick as ~** अति तीव्र, बहुत तेज। **second thoughts** पुनर्विचार, दुबारा सोचना (जैसे second thoughts are best) **you are much in my ~** मैं आपके विषय में प्रायः सोचता हूँ। **~-reader** भाव द्वारा किसी के विचारों का अध्ययन करने वाला, विचार-पाठक। **~-reading** विचार-पठन। **~-transference** अतीन्द्रिय भाव-विनिमय, विचार-स्थानान्तरण। **~-wave** अतीन्द्रिय भाव-विनिमय के माध्यम की तरंग, विचार-बीचि, भाव-तरंग। **thoughtful** वि० १. विचारशील, चिन्तनशील, मननशील, विचारमग्न, ध्यानमग्न; २. विचारपूर्ण, गंभीर (पुस्तक, लेखक आदि); ३. विचारवान, विचारयुक्त, सहानुभूतिशील, सहृदय (व्यक्ति या आचार)। **thoughtfully** क्रि० वि० विचारपूर्वक, चिन्तनपूर्वक, सोच-समझ कर, सहृदयता-पूर्वक। **thoughtfulness** सं० चिंतनशीलता, विचारशीलता, विचारमग्नता, गंभीरता, सहृदयता। **thoughtless** वि० १. अविचारी, अविचारशील, अपरिणामदर्शी, २. विचारहीन, विचार-शून्य, हृदयहीन। **thoughtlessly** क्रि० वि० बिना सोचे-समझे, अविचारपूर्वक, हृदयहीनता से। **thoughtlessness** सं० अविचार-शीलता, विचारहीनता, हृदयहीनता।

thousand (thou' zând) [A.-S. *thūsend* (cp. Dut. *duizend*, G. *tausend*, Icel. *thūsund*), etym. *doubtful*] वि० और सं० हजार, सहस्र, असंख्य, अगणित, बहुत से (जैसे ~times easier)। **~-fold** वि० एक क्रि० हजार गुना। **thousandth** वि० और सं० हजारवाँ, सहस्रांश।

thrall (thrawl) [M.E. *thral*, Icel. *thrall* (cp. Dan. *træl*, Swed. *träl*), cogn. with A.-S. *thregan*, to run] सं० (शा० और ला०) दास, गुलाम, दासता, बन्धन, गुलामी। वि० (अप्र०) दासीकृत, दास बनाया हुआ। क्रि० स० दास बनाना, गुलाम बनाना। **thraldom** सं० दासत्व, दासता, गुलामी।

thrash (thrâsh), **thresh** (thresh) [A.-S. *thersan*, cp. Dut. *dorschen*, G. *dreschen*, Icel. *threskja*] क्रि० स० और अ० १. माड़ना, गाहना, खलियान या मशीन में भूसे से दाने को अलग करना; २. (पैडिल-चक्र, शाखा आदि का) अनाज पीटने की मुँगरी या पिटना की भाँति चलना, तड़ातड़ लगना, बार-बार प्रहार करना; ३. (जहाज का) लहरों से टकराते रहना, आँधी या ज्वार से टकराकर आगे बढ़ना; ४. (विशे०) छड़ी या कोड़े से पीटना, जीत लेना, मात कर देना, आगे बढ़ जाना। **thrasher**[1] सं० माड़ने वाली (मशीन आदि), गल्ले का माड़न या गाहने वाला व्यक्ति या यंत्र, गाहन की मशीन; २. प्रहारक, छड़ी या कोड़े से पीटने वाला, विजेता। **thrashing** सं० छड़ी या कोड़े की मार, विजय। **~-floor** खलिहान। **~-machine, -mill** ग्रेथिंग मशीन, माड़ने या गाहने की मशीन।

thrasher[2] (thrâsher) [prob. var. of THRUSH[1]] सं० ग्रेथर, एक प्रकार की शार्क मछली।

thrasonical (thrá son' i kal) वि० डींग मारने वाला, शेखीबाज, घमंडी, गर्वीला। **thrasonically** क्रि० वि० डींग मारते हुए, शेखी से, घमंड से।

thread (thred) [A.-S. *thræd*, from *thrǽwan*, to THROW (cp. Dut. *draad*, G. *draht*, Icel. *thráthr*)] सं० १. तागा, धागा, डोरा, सूत* (वि० ३ री), तंतु; २. बटे हुए सूत का पतला तागा, सूक्ष्म तंतु; ३. तंतुवत् वस्तु, सूत के आकार की लंबी पतली वस्तु (जैसे स्क्रू के पेच); ४. कच्ची धातु की पतली तह या परत; ५. (ला०) क्रम, मार्ग (जैसे the ~ of life); ६. शृंखला, सबंध। क्रि० स० १. सुई में धागा डालना; २. धागे में माला की गुरिया पिरोना, धागे में गुरिया पिरोकर लड़ी बनाना; ३. (भूल-सुलैथों, गलियों, भीड़ आदि में से) रास्ता निकालना, भीड़ आदि को चीरकर आगे बढ़ना, रास्ता बनाना; ४. बालों में पत्तियाँ निकालना, पट्टियाँ पाड़ना। **~bare** १. जीर्ण शीर्ण, जर्जर, (वस्त्र) जिसका एक-एक तार दिखाई पड़े; २. जीर्ण-शीर्ण वस्त्रधारी, चिथड़ा पहने हुए; ३. (ला०) घिसा-घिसाया, पुराना, घिसा-पिटा। **~bareness** सं० जीर्ण-शीर्णता, जर्जरता, पुरानापन। **~-lace** धागे का लेस या फीता। **~-mark** बैंक नोट के कागज पर धागे का चिह्न जिससे वह जाली न बनाया जा सके। **~-needle** बच्चों का सुई-धागे का एक खेल। **~-paper** तागा लपेटने के लिए बहुत पतला मुलायम कागज। **~-worm** तामे जैसा पतला कीड़ा (जो विशे० बच्चों की गुदा में पड़ जाता है), चुन्ना, सूत्रकृमि। **thready** वि० सूत्रमय, तंतुमय, तंतु निर्मित, धागे का, सूत्रबहुल। **threadiness** सं० सूत्रमयता, तंतुमयता, सूत्रबाहुल्य।

threat (thret) [A.-S. *thrêat*, crowd, trouble, threat, from *âthrêotan*, to afflict (cp. Icel. *thrjóta*, cogn. with L. *trûdere*, to push)] सं० १. धमकी* (विधि भी), धुड़की, डेरावा, भय-प्रदर्शन; २. (कानून) तर्जना, किसी व्यक्ति के शरीर, सम्पत्ति या ख्याति पर चोट पहुँचाने की धमकी जिससे उसके कार्य-स्वातंत्र्य में बाधा उपस्थित हो; ३. आगामी अनिष्ट का संकेत, अंदेशा, खटका। **threaten** क्रि० स० और अ० १. डरावा-धमकाना, धमकी देना, आँख दिखाना, धुड़की देना, २. आघात पहुँचाने की चेतावनी देना. दंड देने या बदला लेने की इच्छा प्रकट करना। **threateningly** क्रि० वि० धमकी के साथ, धुड़की देते हुए, डराते हुए।

three (thrē) [A.-S. *thrêo*, *thrî*, cp. Dut *drie*, G. *drei*, Icel. *thrir*, also L. *três*, Gr. *treis*] वि० और सं० १. तीन, त्रि; २ (स्केटिंग) चार घुमावों में से कोई एक घुमाव जिसमें दिशा एवं किनारा दोनों बदल जाते हैं। **~bottle man** प्राचीन परिपाटी का अत्यधिक मदिरासेवी, तीन बोतलें पीने वाला शराबी। **~-card trick** तिपत्तिया चाल, तीन पत्तों की चाल जिसमें औंधा पड़े हुए पत्तों में से बेगम पर बाजी लगाई जाती है। **~-colour process** लाल, नीले एवं पीले रंगों की फ़ोटोग्राफ़ों को मिलाकर प्राकृतिक रंग देने की प्रक्रिया, त्रिरंग-प्रक्रिया। **~-cornered** १. तिकोना, त्रिकोणीय; २. त्रिज्यीय, त्रिपक्षीय (प्रतियोगिता या मुकाबिला)। **~-decker** १. रणपोत, जिसमें तीन गन-डेकें बनी रहती हैं; २. तिमंजिला पुलमिट या रंगमंच। **~-handed** १. तीन हाथों वाला. त्रिहस्तीय; २. त्रिभर्मे तीन व्यक्ति खेलने हों। **~-halfpence** देड़ पेनी। **~-lane** तिमुना चौड़ा मार्ग जिसमें से ट्रैफ़िक या यातायात की तीन पंक्तियाँ आ-जा सकती हैं। **~-legged race** तीन टाँगों की दौड़, त्रिपदीय दौड़। **~-master** तीन मस्तूलों का जहाज़। **~-fair** तीन जीतों की ढँचाई पर का (कमरा) (प्राय. ~back or front)। **~-penee** तीन पेंस। **~-penny** तीन पेंस का सिक्का। **~-per-cents, (the) ~-per-cents** तीन प्रतिशत ब्याज के (सरकारी) बन्धपत्र या रुक्का। **~-ply** वि० तीन प्लाई का, तीन जालों या मोटाइयों का। सं० तीन प्लाई या तहों की लकड़ी। **~-point landing** विमान का आगे के दो पहियों और पिछले पहिये पर एक ही समय उतरना। **~-quarter(s)** वि० पौना, तीन-चौथाई, कूल्हे तक का (चित्र), तीन-चौथाई चेहरे की (तस्वीर)। सं० हाफ़ बैक खिलाड़ियों के पीछे खड़े हुए तीन या चार में से कोई खिलाड़ी। **~-score** साठ, तीन कोड़ी, साठ वर्ष की आयु; **threesome** सं० १. (प्राय: विशे०) त्रयी, तिगुट्ट; २. तीन व्यक्तियों का खेल। वि० तीन का, तीन संबंधी।

thremmatology (threm ă tol' o ji) [Gr. *thremma -atos*, nursling, from *trephein*, to nourish, -LOGY] सं० पशुओं एवं पौधों के पालने का विज्ञान, पशुपालन-विज्ञान, वृक्ष-रक्षण-विज्ञान।

threnody (thren' ó di), **threnode** (thré' nōd) [Gr. *thrēnōdía* (*thrênos*, dirge, *ôidê*, see ODE)] सं० (किसी व्यक्ति की मृत्यु पर) शोक-गीत, विलाप-गीत, मातमी गीत। **threnetic, -al** (thré net' ik, -ăl), **threnodial, threnodic** वि० विलापीय, शोक संबंधी, शोकपूर्ण, विलाप-गीत से संबंधित। **threnodist** (thren' ó dist) सं० विलाप-गीत का लेखक, शोकगीतकार।

thresh दे० THRASH।

threshold (thresh' ōld) [A.-S. *therscold* (THRESH, suf. doubtful)] सं० १. सीमा* (भा० २ री), देहली*, प्रवासद्वीमा* (आ०, भा० २, वि० १ री), देहरी; २. (शिथिल अर्थों में विशे० ला०) प्रारंभ, प्रवेश।

threw दे० THROW।

thrice (thris) [M.E. *thries*] क्रि० वि० १. (साहि०) त्रिगुण, तिगुना, तीन बार; २. अत्यधिक।

thrid दे० THREAD।

thrift (thrift) [Icel. *thrifa*, to seize, to THRIVE] सं० १. मितव्यय, मितव्ययिता, किफ़ायतशारी; २. एक प्रकार का पौधा (जो विशे० समुद्र-तट पर गहरे लाल रंग में उगता है)। **thriftless** वि० फ़िजूलखर्च, अमितव्ययी, अपव्ययी। **thriftlessly** क्रि० वि० फ़िजूलखर्ची से, अपव्ययिता के साथ। **thriftlessness** सं० फ़िजूल-खर्ची, अपव्ययिता, अमितव्ययिता।

tip[2] (tip) [*M.E. tippen* (cp.Swed. *tippa*), cogn.with TAP*] क्रि० स० और अ० १. झुक जाना या झुका देना, तिरछा हो जाना या कर देना, उलट जाना या उलट देना, झुकना जाना या झुकना देना, ढलमला कर गिर जाना या गिरा देना (विशे० ओढ़े या अत्यल्प प्रयास द्वारा) (over, up के आदि के साथ प्रयुक्त); २. हल्का सा स्पर्श करना, छू देना, अत्यल्प सा आघात करना; ३. (किसी व्यक्ति को तालाब आदि में) ढकेल देना (into के साथ प्रयुक्त); ४. (चढ़े आदि से) उड़ेल देना (into, out आदि के साथ प्रयुक्त); ५. (डा०) कोई वस्तु सरसरी तौर से दे देना, कोई वस्तु बहुत हलके से फेंक या उछाल देना या बढ़ा देना, (कोई बात) इशारे या संकेतपूर्वक कह देना; ६. (घुड़दौड़ या खेल आदि में) गुप्त सूचना देना (घोड़े आदि के विषय में); ७. टिप देना, बख्शीश देना (कुली, बैरा आदि को) (अब विरल, with के साथ प्रयुक्त)। सं० १. बख्शीश* (मा० ३ भी), इनाम, टिप*; २. तोफ़ा* (मा० ३ भी); २. सराहे, घुड़दौड़ आदि के संबंध में गुप्त सूचना या खुफ़िया इत्तला; ३. उम्दा तरीका, गुर, किसी कार्य को करने का सुन्दर उपाय; ४. हल्का सा धक्का, ज़रा-सा चक्का; ५. हल्का सा हाथ (विशे० base-ball के खेल में); ६. कूड़ाखाना। **might have tipped me the wink** तनिक सा संकेत कर दिया होता, ज़रा आँख का इशारा कर दिया होता। **miss one's~** अपने उद्देश्य में विफल होना। **~off** चेतावनी देना, आगाह करना (किसी व्यक्ति को)। **~us a copper** पेनी या आध पेनी (पैसा-धेला) हमें दे डालो। **~us your fin** (ज़रा) हाथ मिलाना। **will give you the straight~** ठीक सूचना, ठीक-ठीक सूचना देना। **~-car,-cart** टिपगाड़ी, एक प्रकार की गाड़ी जिसकी बैठक पीछे झुकाई जा सकती है और घुरे आदि पर अवस्थित रहती है। **~-cat** गुल्ली-डंडा।

tipper सं० १. झुकने या झुकाने वाला, हल्का-सा स्पर्श करने-वाला; २. झुकाने आदि का यंत्र।

Tipperary सं० टिपरेरी का गीत जो विशेषतः १९१४ की ब्रिटिश आक्रमणकारी सेना (B.E.F.) से संबद्ध है।

tippet (tip' ét) [A.-S. *teappet*, L. *tapete*, Gr. *tapēs -etos*, carpet] सं० टिपेट, रोयेंदार दुपट्टा जो कंधों को ढकता हुआ कुछ दूर तक सामने की ओर लटक आता है (जिसे स्त्रियाँ पहनती हैं तथा जो न्यायाधीशों, पादरियों आदि की पोशाक में सम्मिलित है)।

tipple (tip' él) (freq. of TIP[1], (cp. Norw. *tipla*, from *tippa*, to drip, from *tipp*] क्रि० अ० और स० १. बहुत कड़ी शराब का आदी होना; २. मज़े ले-लेकर शराब के जाम पर जाम चढ़ाना। सं० कड़ी मदिरा या शराब। **tippler** सं० अति-पायी, अत्यधिक मात्रा में कड़ी मदिरा पीने वाला।

tipstaff (tip' staf) सं० (बहु० **tipstaves**) (इति०) शिखर-दंड, साम-बड़ी हुई (अर्थात् सिरे पर धातु की टोपी या छल्ले से युक्त) छड़ी जो शरीफ़ के पदाधिकारी का पदचिह्न समझा जाता था।

tipster (tip' stér) सं० (घुड़दौड़ आदि के संबंध में) गुप्त सूच-नाएँ देने वाला, टिप देने वाला।

tipsy (tip' si) [prob. rel. to TIP[1], cp. Swiss *tipseln*, to fuddle oneself] वि० १. मदहोश, धुत, नशे में चूर; २. नशे का, मदहोशी संबंधी (जैसे a ~lurch)। **~-cake** एक प्रकार का केक जो स्पंज की आकृति का बनाया जाता है और जो मदिरा में डुबो कर तथा क्रीम, बादाम आदि की तह जमा कर परोसा जाता है। **tipsify** क्रि० स० मदहोश करना, मदोन्मत्त करना। **tipsily** क्रि० वि० मदहोशों की तरह, मदोन्मत्ततापूर्वक। **tipsiness** सं० मदहोशी, मदोन्मत्तता।

tirade (ti rād') [F., from It. *tirata*, p.p. of *tirare*, late L. *tirāre*, to draw, to pull] सं० १. लंबी तीव्र फटकार (विशे० भर्त्सना या तिरस्कार से भरा हुआ भाषण); २. अलंकारपूर्ण भाषण का लंबा अंश।

tirailleur (tē ra yēr', tir á loor') [F., from *tirailler*, to skirmish, form *tirer*, to shoot] सं० कुशल लक्ष्यवेधक, बढ़िया निशाना लगाने वाला।

tire[1] (tir) [M.E. *tiren*, *teorian*, A.-S. *tyrigan*, etym. doubtful] क्रि० स० और अ० थकाना, थकना, उकता जाना, तंग आ जाना (of, with के साथ प्रयुक्त)। **tiredness** सं० थकन, थकान, उकताहट, ऊब। **tireless**[1] वि० (अलं० और काव्य० भी) अथक, अनथक, अश्रांत्रिक थुनी, अत्यधिक परिश्रमी।

tire[2], **tyre** (tir) [etym. doubtful, perh. from foll.] सं० पहिये की हाल, रबर का टायर, (मोटर, बग्घी, आदि का) टायर, हाल। क्रि० स० (पहिये पर) टायर चढ़ाना, (पहिये पर) हाल चढ़ाना। **tired** वि० टायर का, टायरदार, टायर का हाल चढ़ाया हुआ। **tireless**[2] वि० बेटायर का, बेहाल का।

tiresome (tir' sŏm) वि० १. थका देने या उकता देने वाला; २. शैर दिलचस्प; ३. अनाकर्षक, ४. कष्टकर, भारी लगने वाला। **tiresomely** क्रि० वि० १. क्लांतिकर रूप में; २. अनाकर्षकता पूर्वक; ३ गैरदिलचस्पी से, ४. तकलीफदेह तौर पर। **tiresomeness** सं० १. क्लांतिकरता, २. उचाट, अनाकर्षकता; ३. कष्टकरता।

tiro, tyro सं० (बहु०-os, -os) नौसिखुआ, नवशिक्षित। **tirocinium** सं० १. उम्मीदवारी का जमाना, किसी पद को प्राप्त करने के लिए प्रत्याशिता का समय, २. किसी कला के प्रारम्भिक तत्व।

tis' (tiz) it is का संक्षिप्त रूप।

tissue (ti zan') [PTSAN] सं० दे० PTSAN।

tissue (tish'-, tis' ū) [F. *tissu*, p.p. of *tistre*, now *tisser*, L. *texere*, to weave] सं० १. टिशू, जालीदार कपड़ा, अत्यंत बारीक बुना हुआ कपड़ा, २. (जीव०) किसी अवयव का सार भाग, सेलों और खेल-उत्पादनी से निर्मित तंतु, मांस तंतु, रग, नस; ३. (ला०) जाल (झूठ, अपराध आदि का) (of के साथ प्रयुक्त); ४. ऊतक* (आ०, वि० १ भी)। **~paper** टिशू पेपर, बहुत महीन मुलायम कागज विशेष (चित्र, पुस्तक आदि के आवरणार्थ या रक्षार्थ व्यवहृत)। **tissued** वि० तंतुयुक्त, शिरायुक्त, ऊतकयुक्त।

tit[1] (tit) [Icel. *titlr*, bird, something small, cp. Norw. *tila*] सं० लघु पक्षियों की विभिन्न जातियां (जिनमें titlark और titmouse भी सम्मिलित हैं, इसकी कुछ अन्य जातियों के नाम ये हैं। bearded, blue, cole आदि)। **~bit** सं० १. स्वादिष्ट ग्रास, स्वादिष्ट खाद्य का टुकड़ा; २. मनोरंजक समाचार, चुटकुला, चटपटी खबर।

tit[2] (tit) [perh. corr. of TIP[2]] सं० हल्का धक्का या थपकी। **~for tat** सं० जैसे को तैसा, ईंट का जवाब पत्थर, ठठे शाठ्य।

tit[3] (tit) [A.-S., cp. TEAT] दे० TEAT।

Titan (tī' tăn) [L. and Gr., cogn. with Sansk. *tithā*, fire] सं० १. (यूनानी पुराण) टाइटेन* (मा० १ भी), टिटान, यूरेनस (URANUS) और पे (GE) की भीमकाय तथा दानव जाति की संतानों में से अन्यतम, (और) सूर्य-देवता, KRONOS का जेठा भाई; २. दानव-देवता, अतिमानव; ३. प्रकृति-देवता, नर श्रेष्ठ, आकार, शक्ति, बुद्धि में जो सामान्य मनुष्य से ऊपर हो। **Titanesque, Titanic** वि० टिटान का-सा, टिटानों की तरह शानदार, अतिमानवीचित। **Titaness** सं० १. देवनी, अतिमानवी, अनीव; २. बुद्धिमत्तापूर्ण या बुद्धिसंपन्न नारी।

titanium (ti tā' ni um) [prec.] सं० १.एक प्रकार का गहरे भूरे रंग का धात्विक तत्व, रंजातु, २. टाइटेनियम* (क्रु०, वि० १ भी)। **titanate** सं० १. टिटानियम का या रंजातु का खनिज या नमक, २. (वि० १) टाइटेनेट*।

titbit दे० TIT[1]।

tithe (tith) [A.-S. *tēodha* (TEN, -TH), whence *tēothian*] सं० १. टाइद*/ दशमांशकर* (मा० १ भी) (विशे० द्रव्य के रूप में न लिया जाकर वस्तुओं के रूप में लिया जाने वाला); २. (प्रायः बहु०) उत्पादन-दशांश, खेतों के वार्षिक उत्पादन या फसल का दशमांश (जैसे predial tithes) अथवा व्यक्तिगत उद्योग के वार्षिक उत्पादन का दशमांश (जैसे personal tithes) जो गिरजाघर के लिए वसूल किया जाता है; ३. (अलं०) दसवाँ हिस्सा, दशांश (विशे० not a ~of)। क्रि० स० दस भाग करना, दशमांश (कर स्वरूप) लेना या लगाना। **mixed tithes** १. सूअरों, भेड़ों आदि की चराई का कर; २. मिश्रित दशमांश कर। **~commissioners** दशांश-प्रदेष्टा, वह पदाधिकारी जो दशमांश-कर के बदले में रुपया वसूल करने इत्यादि का प्रबंध करता है। **~pig** दशमांश-शूकर, दस में से एक सुअर जो दशमांश कर के रूप में दिया जाय। **tithable** वि० दशांश कर-योग्य, जिसमें दशमांश कर वसूल किया जा सके। **tithing** सं १. दशमांश कर की वसूली या उगाही, २. (इति०) दस गृहवासी जो एक दूसरे के पड़ोस में रहने-वाले हों तथा एक दूसरे के शांतिपूर्ण आचरण के लिए उत्तरदायी हों।

titian (tish' ăn) [It. artist *Titian* (1477-1576)] सं० १. टिटियन, वेनिस का प्रसिद्ध चित्रकार (मृ० १५७६); २. उसके बनाए हुए चित्रों में से कोई एक चित्र; ३. (गुणवाचक, विशे० केश संबंधी) चमकदार सुनहरे और भूरे। **Titianesque** (~shanesk) वि० वेनिस के प्रसिद्ध चित्रकार टिटियन की शैली में चित्रण।

titillate (tit' i lāt) [L. *titillāus*, p.p. of *titillāre*, to tickle] क्रि० स० १. गुदगुदी करना; २. सहलाना, उत्तेजित करना। **titillation** सं० गुदगुदी।

titivate (tit' i vāt) [prob. arbitrary] क्रि० स० और अ० १. (बोल०) बनना, सँवरना, सजवज के तैयार हो जाना; २. सँवारना (अपने आपको)।

titlark दे० TIT[1]।

title (tī' tel) [O.F., from L. *titulum*, nom. *-us*] सं० १. (अध्याय, कविता आदि का) शीर्षक* (प्र० भी), (किसी पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर लिखित) पुस्तक का नाम; २. (किसी वैधानिक लिखित) प्रमाण या विधान का शीर्षक या उसके शीर्ष स्थान पर लिखित सामग्री; ३. विधान आदि का (शीर्षकों से) विभाजन; ४. उपाधि* (मा० १ भी), पदवी, खिताब* (प्र० भी) (जो पद-सूचक जैसे King, Queen, Judge, Mayor आदि अथवा सम्मानसूचक जैसे Duke, Marquis, Earl, Viscount, अथवा विशिष्टता Baron या योग्यतासूचक उदाहरणतः Baronet, Knight या प्रायः 'degree' शिक्षा संबंधी उपाधि या योग्यता-सूचक (उदाहरणतः D.D., M.A.) होता है, अथवा लोगों को संबोधित करते या उनकी चर्चा करते समय प्रयुक्त किया जाता है। उदाहरणतः Lord, Lady, Sir, Mrs. Miss, Doctor, Professor नामों के

पूर्व उपसर्ग की भाँति प्रयुक्त); ५. हक़* (प्र०, मा० १, विधि भी), स्वत्व*/अधिगम* (मा० १ भी), किसी सम्पत्ति के स्वामित्व का अधिकार/(चाहे वह स्वामित्व उस सम्पत्ति के अधिकरण के साथ हो अथवा अधिकरण के बिना), ऐसे स्वामित्व के हेतु-तथ्य, (~deed भी)/किसी सम्पत्ति के स्वामित्व का अधिकार-पत्र या दस्तावेज़ (जैसे विक्रय-पत्र या बैनामा आदि); ६. किसी वस्तु के प्रति (to के साथ प्रयुक्त) उचित या सर्वस्वीकृत या प्रत्यक्ष स्वत्व अर्थात् दावा, सेवा, योग्यता आदि जो इस प्रकार के स्वत्व या दावे का सृजन करें; ७. सोने की विशुद्धता या खरापन जो करेटों में प्रकट किया जाता है; ८. एक निश्चित कार्यक्षेत्र और आय-स्रोत जिसका होना पादरी बनाए जाने के लिए आवश्यक हो; ९. रोम का प्रत्येक गिरजा (उसमें संबद्ध क्षेत्र या मंडल)। **~page** पुस्तक का मुख-पृष्ठ, टाइटल पेज। **~-role** टाइटिल रोल, नाटक के उस अभिनेता की भूमिका जिसके नाम पर उस नाटक का नामकरण होता है (जैसे Othello)। **titled** वि० उपाधियुक्त, सम्मानसूचक उपाधि से युक्त, नोबिल की उपाधि से युक्त, कुलीनोपाधि-विशिष्ट। **titleless** वि० १. शीर्षकहीन, उपाधिरहित; २. स्वामित्वाभिकार-हीन, अधिकार-पत्र-विहीन। **titling** सं० पुस्तक के पृष्ठ भाग पर पुस्तक का शीर्षक सुनहरे बेल-बूटों के साथ छापना।

titmouse दे० TIT[3]।

titrate (tī' trāt, tit' rāt) [F. *titre*, TITLE, -ATE] क्रि० स० तत्वानुमान करना, अनुमापन करना* (वि० १ भी), (किसी मिश्र में) मिश्रित तत्व की मात्रा या परिणाम ज्ञात करने के लिए उसमें किसी दूसरी वस्तु की एक आदर्श या निश्चित मात्रा मिलाना और देखना कि उसकी कितनी मात्रा उसे मिश्र के रूप-परिवर्तन में अपेक्षित है। **titration** सं० तत्वानुमानन, अनुमापन* (आ०, कृ०, वि० १ भी)।

titter (tit' er) [M.E. *titeren*, freq. of *tit-*, imit.] क्रि० अ० दबी हुई हँसी हँसना, मुँह दबा कर हँसना। स० दबी हुई हँसी। **titterer** सं० दबी हँसी हँसने वाला।

tittle[1] (tit' el) [M.E. *titel*, a small line over a word, etc. (cp. TILDE), as TITLE] सं० अणु, कण, बूँद भर, रत्ती भर।

tittle[2] (tit' el) [prob. var. of TICKLE] क्रि० स० और अ० मंथर गति से कार्य करना, सुस्ती से कार्य करना।

tittlebat सं० टाइटलबैट, एक प्रकार की मछली जिसकी पीठ पर काँटे होते हैं।

tittle-tattle (tit' el tăt' el) [redupl. from TATTLE] क्रि० अ० गपशप करना, बकवास करना। सं० गपशप, बकवास।

tittup (tit' up) [etym. doubtful] क्रि० अ० १. चौकड़ी भरना, छलाँगें भरना, उछलते-कूदते हुए जाना (along आदि के साथ प्रयुक्त); २. (नौ० वि० आदि शा०) सिक्का उछाल कर इस बात का निर्णय करना कि सबको मदिरा कौन व्यक्ति पिलाए। सं० चौकड़ी, छलाँग, उछल-कूद। **tittupy** वि० १. छलाँगें या चौकड़ियाँ भरने वाला, चंचल, चिलबिला, शोख; २. डगमगाने वाला।

titubation (tit ū bā' shŭn) [L. *titubātis*, from *titubāre*, to totter] सं० (चिकित्सा) स्नायविक उत्तेजनावश उत्पन्न आकुलता या अस्थिरता (विशे० जिसके कारण पैर डगमगाएँ), स्नायु-लन*/लड़खड़ाना* (आ० भी)।

titular (tit' ū lăr) [L. *titul-us*] वि० १. उपाधि संबंधी, पदवी के नाते अधिकृत या प्राप्त (जैसे ~possessions); २. नाममात्र का* (मा० १ भी), केवल नामधारी, बराएनाम (जैसे ~sovereignity)। स० बिना कार्यों या दायित्वों का पदाधिकारी (विशे० ऐसा पादरी)। **~bishop** (रोमन कैथोलिक चर्च) नाम मात्र का धर्माधिकारी (जो किसी ऐसे क्षेत्र का अधिकारी कहलाता हो जो ईसाइयों के हाथ से निकल कर मुसलमानों के शासन में चला गया हो)। **~saint** गिरजे का संरक्षक जिसे। **titularly** क्रि० वि० नाम मात्र को, बराएनाम।

tmesis (mē' sis) (L. and Gr., from Gr. *temnein*, to cut] सं० (भा०) एक शब्द के भागों को कोई और शब्द बीच में रख कर पृथक कर देना।

to (tō, tŭ, too) [A.-S. *tō*, cp. Dut. *toe*, G. *zu*, Rus. *do*] पूर्व० १. को, के प्रति, की दिशा में, की ओर, की तरफ़, को; २. पास, को, पर, में, के लिए; ३. के अनुसार; ४. तक, पर्यन्त, की सीमा तक, की हद तक; ५. की अपेक्षा, की तुलना में, के अनुपात में, के अनुकूल, से संगत, के संबंध में, निस्बत से, बनिस्बत; ६. के रूप में, बतौर, हैसियत से; ७ को, के यहाँ, के लिए, का, वाले; ८. के अन्तर्भूत, के अन्तर्गत, में अन्तर्निविष्ट; ९. सिलसिले में, बारे में, १०. अनुसार*। क्रि० वि० स्वाभाविक या इच्छित अवस्था में, ठहराव की अवस्था में, बन्द या रुकी हुई अवस्था में। **~and fro** इधर-उधर, यहाँ-वहाँ।

to- [A.-S. *to-*, cp. G. *zer-*, also L. DIS-] उप० को (जैसे to-break, to-burst)।

toad (tōd) [A.-S. *tādige*, etym. doubtful] सं० १. भेक*, टोड* (वि० १ भी), एक प्रकार का उभयचर अर्थात् जल-थल-चर जंतु जो मेंढक के सदृश होता है (किंतु जिसका शरीर कुरूप और सामान्यतः गठीदार होता है और जो प्रलय-काल के अतिरिक्त अन्य किसी भी समय जन में नहीं रहता), घृणास्पद व्यक्ति, अवांछनीय व्यक्ति। **~-eater** चाटुकार, चापलूस, टुकड़खोर। **~-eating** वि० चाटुकारितापूर्ण, खुशामदाना। स० टुकड़खोरी, चाटुकारिता। **~-flax** एक प्रकार का सदाबहार वृक्ष जिसके फूल हल्के पीले होते हैं तथा उन पर नारंगी रंग की चित्तियाँ होती हैं, टोड-फ्लैक्स* (वि० १ भी)। **~-in-the-hole** अंडे, इधर आटे में पका हुआ गाय का मांस।

toadstone (tōd' stōn) [*G. todtes gestein*, dead stone] सं० १. टोडस्टोन, एक प्रकार का पत्थर जिसकी कुछ जातियाँ अन्वन मूल्यवान होती हैं (और जिसके विषय में यह अनुमान किया जाता है कि वह भेक या मेंढक के शरीर में मिलता-जुलता है या यह कि वह भेक के शरीर में बनता है। पहले इसका व्यवहार मंत्र-तावीज के रूप में होता था), २. एक प्रकार का ज्वालामुखीजनित प्रस्तर।

toadstool (tōd' stool) सं० साँप की छतरी, छत्रक*/कुकुरमुत्ता* (वि० १ भी)।

toady (tō' di) सं० दे० TOAD-EATER। क्रि० स० जलील तरीके से खुशामद करना, हीनतापूर्वक अत्यधिक चाटुकारिता करना (किसी व्यक्ति की)। **toadyish** वि० चाटुकार, खुशामदी। **toadyism** सं० खुशामद, हीन चाटुकारिता।

toast (tōst) [M.E. *tost*, from *toster*, to toast, L. *torrēre*, to parch, p.p. *tostus*] सं० १. टोस्ट, सेंकी हुई पावरोटी का टुकड़ा (विशे० आग में); २ किसी के स्वास्थ्य की शुभकामना के लिए मदिरा-पान, वह व्यक्ति (विशे० स्त्री) जिसके स्वास्थ्य के लिए मदिरा पी जाय, वह वस्तु, भावना आदि जिसकी अक्षयता के लिए मदिरा पी जाय। क्रि० स० और अ० १. टोस्ट बनाना या बनना, सेंकना, सिकना (रोटी, पनीर, मांस आदि का),

२. आग में तापना, (हाथ, पैर आदि) सेंकना ; ३. किसी के स्वास्थ्य या सम्मान के नाम पर मदिरा-पान करना। **anchovies etc. on ~** खाने की मेज पर टोस्ट पर रख कर परोसी जाने वाली छोटी विलायती मछली की चटनी आदि। **~list, -master** वह व्यक्ति या आतिथेय जो सरकारी प्रीतिभोजों में स्वास्थ्य-कामना के साथ भोजन आरम्भ करता है। **~rack** टोस्टगीर, तोशगीर, खाने की मेज पर रहने वाला वह रैक या ढाँचा जिस पर टोस्ट रक्खे रहते हैं। **~water** (~ & water भी) टोस्ट का पानी, जिसमें टोस्ट पड़ा रहता है और जो ठंडक के लिए पिया जाता है। **toaster** सं० टोस्ट सेंकने वाला, टोस्ट सेंकने का यंत्र या उपकरण। **toasting** सं० सेंकने या सिकने की क्रिया या भाव आदि। **~fork** टोस्ट सेंकने का लम्बा काँटा, (हास्य०, ~iron भी) तलवार।

tobacco (tə bāk' ō) [Sp. *tabaco*, prob. from native name of pipe] सं० १. **तंबाकू*** (कृ० भी), तंबाकू का पौधा; २. बनी हुई तंबाकू की पत्तियाँ जिन्हें पाइप में भर कर धूमपान किया जाता है (संक्षेप -bacco)। **~-cutter** टबैको-कटर, वह यंत्र जिससे तंबाकू के रेशे अलग-अलग करते हैं। **~-heart** तंबाकू के अत्यधिक सेवन के फलस्वरूप उत्पन्न हृदय की अशांति या बेचैनी। **~-pouch** तंबाकू की थैली या बटुआ। **~-stopper** पाइप में तंबाकू को भर कर दबाने का यंत्र। **tobacconist** सं० तंबाकू बनाने या बेचने वाला।

toboggan (tə bog' ăn) [Algonkin] सं० १. टबोगन, बर्फ़-गाड़ी, बर्फ़ पर चलने की गाड़ी विशेष। क्रि० अ० टबोगन या बर्फ़ गाड़ी पर चलना, फिसलना। **~-shoot, -slide** वह ढलवान या ढाल जो बर्फ़गाड़ी पर बैठ कर फिसलने के लिए विशेष रूप से बना होता है तथा जो अनेक भागों में विभाजित रहता है जिससे विभिन्न टबोगनों के बीच आपस की टक्कर न हो। **tobogganer, -ist** सं० बर्फ़गाड़ी पर चलने या फिसलने वाला। **tobogganing** सं० बर्फ़गाड़ी पर फिसलने वाला।

toby (tō' bi) [personal name, *Tobias*] सं० टोबी, जग या मग (विशे० पीने का बर्तन जो सामान्यतः एक बूढ़ व्यक्ति की आकृति का होता है, जिसके सिर पर एक निकोनी टोपी या हैट होता है)। **~collar** टोबी कॉलर, थोड़ा मुड़ा हुआ तथा चुस्तदार कॉलर।

toccata (tō ka' tā) [It., p.p of *toccare*, to TOUCH] सं० (संगी०) पियानो, अरगन आदि आदि के लिए तैयार की हुई एक प्रकार की द्रुत और उत्तेजनापूर्ण संगीत-रचना।

tocher (toch' ĕr) [Gael. *tochar*] सं० (स्कॉटलैण्ड) दहेज।

toco, toko (tō' kō) [perh. from Gr. *tokos*, sec foll.] सं० १. (प्रा०) ताड़न, कोड़े की मार; २. मजा, तकलीफ़, प्रताड़ना।

tocsin (tok' sin) [M.F. *toquesing* (O.F. *toquer*, to TOUCH, *sing*, SIGNAL.)] सं० (अब मुख्यतः ला०) खतरे की घंटी, सावधान करने का संकेत [इस रूप में बजाई जाने वाली घंटी)।

tod (tod) [Icel. *toddi*, tod or wool, cp. Dut. *todde*, G. *zolle*, rag] सं० (बो०) लोमड़ी।

to-day, today (tə dā') [A.-S. *tōdæg*, for or on (this) day] क्रि० वि० आज, आज के (का) दिन, इस दिन। सं० यह दिन।

toddle (tod' dl) [var. of TOTTER] क्रि० अ० और स० १. बच्चों की तरह चलना, चलना सीखने वाले बच्चे की भाँति ठुमक-ठुमक कर या लटपटा कर चलना; २. इस प्रकार राह बनाना या दूरी तय करना; ३. बेपरवाह या आराम से टहलते हुए चलना (round, to आदि के साथ प्रयुक्त)। सं० १. बच्चों की तरह चलना, थिरते-पड़ते चलना, ठुमुक चाल; २. मटरगश्ती; ३. (बोल०) ठुमुक-ठुमुक कर चलने वाला बच्चा। **toddler** सं० ठुमुकने वाला, उगमगा कर चलने वाला (विशे० चलना सीखने वाला बच्चा)।

toddy (tod' i) [Hind. *tāḍi*, *tāri*, from Hind. and Pers. *tār*, palm] सं० १. **ताड़ी*** (कृ० भी); २. एक शराब, पानी और चीनी से बना गरम पेय।

to-do (tə doo') सं० उपद्रव, झमेला, हो-हल्ला, खलबली, विशोभ।

tody (tō' di) [L. *tōdus*] सं० टोडी, मीनरंक या रामचिड़िया की जाति से संबंधित एक पश्चिमी द्वीपसमूह का पक्षी।

toe (tō) [A.-S. *tā*, cp. Dut. *teen*, G. *zehe*, Icel. *tā*, Dan. *taa*] सं० १. पदाग्र* (इ० १, ३, वि० २ भी), पादाग्रुलि* (वि० १ भी), पादाग्रुण्ड* (आ० भी), पैर की उँगली; २. मोजे या जूते का पंजा या वह भाग जो पैर की उँगलियों को ढके रहता है; ३. खुर का अगला भाग; ४. लोहे का टुकड़ा जो नाल के आगे ठोंक दिया जाता है जिससे घोड़े के फिसलने का भय न रहे; ५. (भवन आदि के) पुश्ते, सहारे, अड़वाड़ आदि की बैठक अर्थात् आधार का निकला हुआ भाग (जिससे भवन आदि में मजबूती आती है), पना, गाल्फ़ के डंडे का चौड़ा सिरा जो आगे निकला होता है; ६. (प्रा०) लोहे के डंडे या घुरे या शहतीर का पाया, भाप के इंजन में लगे हुए उस घूमने वाले डंडे का बाजू जो इंजन के गति-यंत्र को उठाता रहता है। क्रि० स० और अ० १. (जूते, मोजे आदि में) पंजा लगाना, पंजे की मरम्मत करना; २. (स्कूल के बालकों की, बोल०) ठोकर मारना (व्यक्ति आदि को); ३. दौड़ आरम्भ करने समय (रेखा, चिह्न आदि को) पाँव की उँगली से छूना; ४. (गोल्फ़) पैर की उँगली के निकटस्थ (गेंद को) डंडे के पने से मारना। **ball of ~** पैर की उँगली के नीचे पाँव की गद्दी पर का मासल भाग। **great ~** पैर का अँगूठा। **little ~** कनकी उँगली, पैर की सबसे छोटी उँगली। **the light fantastic ~** (हास्य०) नाच, नृत्य। **~in, out** चलने में पैर की उँगलियाँ अंदर समेटना या फैलाना। **toed, toeless** वि० बे-उँगलियों का, पंजे आदि से रहित।

toff (tof) [etym. doubtful] सं० (प्रा०) भद्र पुरुष, छैला।

toffee, toffy (tof' i) [F. and Malay *tafia*, see RATAFIA] सं० टॉफी (जैसे almond ~) । **can't shoot etc. for ~** (प्रा०) उसे गोली चलाना आदि नहीं आता।

toft (toft) [late A.-S., *from* Icel. *topt*, pron 'toft'] सं० १. (विधि) आसपास के भूमि सहित भवन; २. वह आसपास की भूमि जो पहले भवन को रही हो। **toftman** सं० (इति०) आसपास की भूमि से युक्त भवन का स्वामी।

tog (tog) [perh. from foll.] सं० (प्रा०) प्राय. बहु०) पोशाक, परिधान, वेश-भूषा। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **togged**) पोशाक या कपड़े पहनाना (व्यक्ति को, स्वयं को, प्रायः out के साथ प्रयुक्त)। **long togs** (नौ० वि०) तट पर पहनने की पोशाक। **toggery** सं० वस्त्र, परिधान, पोशाक।

toga (tō' gă) [L., cogn. with *tegere*, to cover] सं० टोगा* (मा० १ भी), (पुराने रोम का) चोगा* (मा० १ भी), एक प्रकार की ढाली-ढाली ऊपरी पोशाक (जो रोमी नागरिकता और नागरिक जीवन का चिह्न समझा जाती थी। इसे १४ वर्ष से कम अवस्था के बालक नहीं पहनते थे, अतः यह वयस्कता या बालिगी का चिह्न भी समझी जाती थी)। **~virilia** (vi ri' lis) [L. virilis, VIRILE] बालिग पुरुषों का चोगा। **togaed** (tō' gād), **togated** (tō gā' ted), **toged** वि० चोगा पहने।

together (to geth' ér) [A.-S. *tógadere* (To, *gador*, together, see GATHER] क्रि० वि० १. सहित, साथ-साथ, इकट्ठे; २. एक साथ ही, संग-संग; ३. परस्पर, आपस में; ४. एक में, मिला कर; ५. अनवरत, लगातार, बराबर। **~with** और उसके साथ, समेत, सहित।

toggle (tog' el) [prob. dim of *tog*, cogn. with TUG] सं० (नौ० वि०) टागिल, वह कील जिसे रस्सी आदि के फंदे में ठोंक कर एक जगह जड़ देते हैं, दो डंडियों या धातु-फलक जो एक कब्जे से जड़ी हुई होती हैं तथा किसी वस्तु पर समकोण से दबाव डालती है। **~harpoon,-iron** सं० टागिल-आइरन, ह्वेल आदि को मारने का एक विशेष प्रकार का भाला (हारपून) जिसमें एक स्थिर नोक नहीं होती तथा सचल फल लगा होता है। **~joint** उन दो डंडियों या धातु-फलकों की संधि या जोड़ जो किसी वस्तु पर समकोण से दबाव डालने वाला कब्जा या शिकंजा। **~rope** वह रस्सी जिसमें कील ठोक कर जड़ दिया जाता है तथा जिसके एक सिरे पर काठ की मूठ लगी होती है तथा दूसरे सिरे में फंदा बना होता है।

toil[1] (toil) [A.-F. *toiler*, to strive, prob. from O.F. *toillier*, to mix, to trouble, L. *tudiculâre*, from *tudicula*, machine for bruising olives, dim. of *tudes*, mallet, cogn. with *tundere*, to beat], क्रि० अ० और स० १. (किसी कार्य में) कठिन परिश्रम करना (at, on, through के साथ प्रयुक्त); २. घसीट कर चलना, पहाड़ी आदि के ऊपर मुश्किल से कदम उठाना (along, up आदि के साथ प्रयुक्त)। सं० कठिन परिश्रम, जाल, फंदा। **~worn** थका, हारा, क्लांत। **toiler** सं० कठोर परिश्रमी व्यक्ति। **toilful, toilsome** वि० मशक्कती, कठोर, श्रमसाध्य। **toilfully** क्रि० वि० कठोर परिश्रमपूर्वक। **toilless** वि० सरल, श्रमरहित। **toilsomely** क्रि० वि० कठिनता-पूर्वक। **toilsomeness** सं० कठिनता, श्रमसाध्यता।

toil[2] (toil) [F. *toile*, see foll.] सं० (अब केवल बहुव०) फंदा, जाल (शा० और लाo) (जैसे taken in the toils)।

toilet (toi' lét) [F. *toilette*, dim. of TOILE] सं० १. प्रसाधन, केश-विन्यास, शृंगार आदि करना (जैसे make one's ~); २. वेश-भूषा, पोशाक (की शैली); ३. (~-table भी) शृंगार की मेज जिसमें प्रायः दर्पण लगा होता है; ४. टाइलेट, गुसलखाना (मुँह हाथ धोने का कमरा), पैखाना; ५. (चिकि०) शल्य-क्रिया के पश्चात् अंगविशेष का प्रक्षालन। **~-cover** मेजपोश। **~-paper** टॉयलेट पेपर, जो पैखाने में व्यवहृत होता है। **~powder** टॉयलेट पाउडर। **~service,-set** टॉयलेट सेट, शृंगार-प्रसाधन। **~soap** टॉयलेट सोप, नहाने-धोने का साबुन। **~vinegar** टॉयलेट विनेगर, एक प्रकार का सुगंधित पदार्थ जिसे मुँह धोने के जल में मिलाते हैं।

Tokay (tó kā') सं० १. टोके, एक प्रकार की सुगंधित और मसालेदार मदिरा जो हंगरी के टोके नामक स्थान में बनती है; २. एक प्रकार का अंगूर।

toke सं० (ग्रा०) खाना (विशे० सूखी रोटी)।

token (tō' kén) [A.-S. *tácen*, *tácn* (cp. Dut. *teeken*, G. *zeichen*, Icel. *tákn teikn*), cogn. with TEACH] सं० १. (प्रेम आदि का) चिह्न, प्रतीक, लक्षण, संकेत* (प्र० भी) (of के साथ प्रयुक्त, प्रायः in ~of); २. यादगार, निशान, कोई उपहार जो स्मृति-चिह्न के रूप में दिया जाय; ३. अंगूठी, छल्ला, सिक्का आदि (जो किसी बात की पुष्टि या प्रमाण-स्वरूप दिया जाय); ४. (ई०) पूर्व निश्चित या नियत संकेत या निशान; ५. (इति०) सिक्के के स्थान पर प्रयुक्त धातु का टुकड़ा (जो राजकीय स्वीकृति के बिना ही व्यापारियों, बैंकों आदि में प्रचलित था तथा जिसका वास्तविक मूल्य उसके तथाकथित मूल्य से काफी कम था)। **~money** टोकन-मनी, प्रतीक-द्रव्य, प्रतीक-मुद्रा, वे मुद्राएँ या सिक्के जिनके तथाकथित मूल्य पारिवक मूल्य से अधिक होते हैं और जो ऊँची दर पर विनिमेय होते हैं। **~payment** (राज०) देय ऋण की राशि का एक लघु अनुपात में भुगतान (विशे० एक देश द्वारा दूसरे देश को) जिससे यह सूचित हो कि देय ऋण से हमें इन्कार नहीं है, (शिथिलतः) प्रतीक भुगतान, अलामती अदायगी। **~vote** टोकन वोट, द्रव्य संबंधी संसदीय मत जिसमें व्यक्त औपचारिक विवरण अंतिम या अनिवार्य नहीं होता। **tokenless** वि० चिह्नरहित, प्रतीकरहित।

toko दे० TOCO।

tola (tō' lā) [Hind.] सं० तोला।

told दे० TELL।

Toledo (tó lē' dō) सं० स्पेन देश के टोलेडो नामक स्थान पर निर्मित उत्कृष्ट तलवार (की धार)।

tolerable (tol' ér ábl) वि० १. सहनीय, कामचलाऊ, २. अच्छा, साधारण। **tolerableness** सं० सहनता; २ साधारणता। **tolerably** क्रि० वि० १. सह्य रूप में, २. ठीक, खासा।

tolerance (tol' ér áns) सं० १. सहनशीलता, धैर्य, सहिष्णुता; २. उदारता; ३. सहनशक्ति, ४. सहन, बर्दाश्त।

tolerant (tol' ér ánt) वि० १. सहनशील, उदार, २. (चिकि०) अभ्यस्त, आदी। **tolerantly** क्रि० वि० सहनशीलतापूर्वक।

tolerate (tol' ér āt) [L. *tolerâtus*, p.p. of *tolerâre*, cogn. with *tollere*, to bear, cp. Gr. *tlênai*, to suffer] क्रि० स० १. सहन करना, बरदाश्त करना (किसी आदत, कार्य, व्यक्ति के कर्तृत्व आदि, doing के साथ प्रयुक्त), २. उदारता बरतना, सहिष्णुता बरतना (व्यक्ति, धार्मिक सम्प्रदाय, मत के विषय में); ३. सोहबत बर्दाश्त करना, किसी व्यक्ति का संग या साथ सहन करना; ४. (तकलीफ, पीड़ा आदि) सहन करना, बर्दाश्त करना (विशे० चिकि० औषध, द्रव्य आदि का प्रयोग), बिना हानि के सह लेना। **toleration** सं० १. सहन, बर्दाश्त, २. सहिष्णुता*/ सहनशीलता* (भा० ३ भी), उदारता, ३. धार्मिक सहिष्णुता, धार्मिक विषयों में निजी निर्णय की स्वतंत्रता या अधिकार की प्रतीति, धार्मिक मतभेदों के परे समस्त सामाजिक संविधानों आदि को भोगने की स्वतंत्रता। **Act of ~** धार्मिक सहिष्णुता-विधान, १६८९ का एक विधान जिसके द्वारा इंग्लैण्ड में भिन्न मतावलंबियों को कुछ शर्तों के साथ उनकी पूजा के स्वरूपों पर लगे कुछ बंधनों से मुक्त किया गया। **tolerator** (tol' er ā tor) सं० सहन करने वाला।

toll[1] (tōl)[A.-S. *toll*, *toln* (cp. Dut. *tol*, G. *zoll*, Icel. *tollr*), perh. from late L. *tollônium*, *telônium*, Gr. *telônion*, toll-house, from *telos*, tax] सं० १ कर, पथ-कर* (प्र० भी), चुंगी का महसूल, बाजार का महसूल, सड़क का महसूल आदि; २. (पिसाई का) गल्ला, चक्की वाले का पिसाई के बदले लिया हुआ अनाज का भाग; ३. टोल*/ राहदारी* (प्र०, भा० १ भी)। क्रि० स० और अ० कर लेना, पर लेना, कर चुकाना या देना। **road ~** (ला०) सड़क पर होने वाली दुर्घटनाएँ। **~bar;-gate** चुंगी का फाटक, चुंगी की रोक। **tollbooth, ~-booth** (tol'-, tól' buth) सं० १. नगर जेल; २. (भूतः) बाजार से कर वसूली के लिए बनाया गया अस्थायी भवन। **~-house** चुंगीघर, चुंगी की चौकी, कर-निर्धारण-गृह। **~through** (कानून) निकास कर, महसूल चुकाए, वह

कर या महसूल जो सड़क या पुल से गुजरने के लिए किसी ख़ास्से द्वारा लिया जाता है। **~-traverse** वह कर जो किसी की निजी भूमि पर से गुजरने का लिया जाय। **tollable** वि० (व्यक्ति या वस्तु संबंधी) महसूल के क़ाबिल, कर योग्य। **tollage** सं० मार्ग कर।

toll[2] (tōl) [M.E. *tollen*, to attract, to entice, etym. doubtful] क्रि० स० और अ० १. (घंटा) धीरे-धीरे नियत आघात पूर्वक बजाना; २. (घंटे या घड़ी का) बजना या बजाना; ३. (गजर, घंटा आदि) बजा कर मृत्यु की सूचना देना, ताल के साथ बजना, (व्यक्ति, उसकी मृत्यु आदि के कारण) बजना या बजाना (घंटा आदि का)। सं० (घंटे या घड़ी की) चोट, बजने की ध्वनि।

Toltec (tol' tek) [Mex.] सं० टॉल्टेक, उस जाति का व्यक्ति जिसके विषय में यह प्रसिद्ध है कि वह अजटेक जाति से पूर्व मैक्सिको पर शासन करती थी। **Toltecan** वि० टॉल्टेक जातीय।

tolu (to loo') [Santiago de *Tolu*, seaport in Colombia] सं० टोलू, राल जो दक्षिणी अमरीका के एक वृक्ष से निकलती है।

toluene (tol' ū ēn) सं० बेंज़ीन जैसा हाइड्रोकार्बन जो रंग बनाने में काम आता है, बिरालु, टालूईन* (वि० १ भी)। **toluic** वि० (रसा०) बिरालिक, टौलू का, टौलू संबंधी।

tom (tom) [short for *Thomas*] सं० १. नर जंतु (विशे० बिल्ला)। **long ~** लंबी तोंद। **Old Tom** तेज़ जिन (शराब)। **Tom Thumb** बौना।

tomahawk (tom' a hawk) [Algonkin] सं० १. टोमहाक, उत्तरी अमरीका के वर्बर इंडियनों का अस्त्र जिसकी नोक, मींग, पत्थर या लोहे की बनी होती है। क्रि० स० टोमहाक मारना, टोमहाक चलाना टोमहाक से मार डालना, (समीक्षा में) निर्दयता या अमहृदयतापूर्वक आलोचना करना।

tomalley (tō mal' i) [var. of TOURMALINE] सं० टोमली, झींगा मछली की कलेजी जिसका व्यवहार चटनी के रूप में होता है।

toman (to man' [Pers. *tūmān*] सं० तोमन, ईरान का सोने का सिक्का।

tomate (tō ma' tō) [Sp and Port. *tomate*, Mex *tomatl*] सं० (बहु० **-otes**) टमाटर* (क्रि० वि० १ भी) (का पौधा)। **currant ~** छोटा टमाटर जो किशमिश, मनक्का, बेर आदि के बराबर होता है। **tree ~** बड़ी क़िस्म के टमाटर का पौधा जो वृक्ष की भाँति सीधा उगता है।

tomb (toom) [O.F. *tumbe* (F. *tombe*), L and Gr. *tumba*, prob. cogn. with TUMULUS] सं० १. समाधि*, क़ब्र* (मा० १भी) (विशे० मनुष्य की)। २ दूम. शव या मूर्दों के रखने का तहख़ाना; ३. मज़ार, मक़बरा* (मा० १भी)। क्रि० स० दफ़नाना, क़ब्र में गाड़ना, छिपा देना, किसी वस्तु के भीतर दबा देना। **the ~** मौत। **tombless** वि० बेक़ब्र, समाधिरहित। **tomb-stone** १. समाधि-शिला, २. समाधि-प्रस्तर* (विशे० भी)।

tombac, tomback (tom' bak) [F. *tombac*, Port. *tambaca*, Malay *tambaga*, Sansk *tāmrakam*, copper] सं० टॉमबैक* (वि० ३ भी), तुम्बक, ताँबे और ज़िंक का मिश्रण जो कई नामों से व्यवहृत होता है तथा जिससे सस्ते क़िस्म के आभूषण बनते हैं।

tombola (tom' bo la [It., from *tombolare*, to tumble] सं० (कांस और दक्षिणी मक्सिक राज्य अमरीका में) तुम्बोला, एक प्रकार की लॉटरी जो सूदर या नफ़ीस वस्तुओं पर डाली जाती है।

tome (tōm) [F., from L. *tomum*, nom. -us, Gr. *tomos*, section, from *temnein*, to cut] सं० (पुस्तक का) खंड (विशे० बहुत बड़ा या बृहदाकार)।

tomentum (tō men' tum) [L. wool-stuffing] सं० १. (बन०) घनरोम, कंबल के-से रोएँ; २. (ह० वि०) मस्तिष्क की भीतरी झिल्ली की ऊनी धागों सदृश रोमों से परिपूर्ण सतह या अंतर्वर्ती तल। **tomentose,-ous** वि० कंबल की तरह का रोएँदार।

tommy (tom' i) [fam. form. of TOM] सं० १. TOM का सुपरिचित रूप, (ग्रा०) टॉमी, सैनिक, फौज का सिपाही; २. (यॉ०) टॉमी, एक प्रकार का पेचकश, (~-bar भी) पेचकश का लंबा दस्ता या सलाख; ३. विनिमयात्मक पारिश्रमिक, रोटी या खाने पीने की दूसरी वस्तुएँ (विशे० जो मजदूरी के रूप में दी जायँ); ५. इस प्रकार की मजदूरी देने की रीति, विनिमय-पारिश्रमिक रीति (अब अवैध); ६. खाना (जो मजदूर अपने साथ ले जाते हैं)। **soft ~** (नौ० वि०) नरम या ताज़ी रोटी। **Tommy Atkins** ब्रिटिश सैनिक। **~-gun** (अमरीकी) टौमी गन, छोटी मशीन गन, एक प्रकार की बड़ी और स्वतः चालित बंदूक। **~-shop** १. (पहले) वह दूकान जहाँ से मजदूरों को रोटी लेनी पड़ती थी; २. (अब) कारख़ानों में खाने-पीने की दूकान, नानवाई की दूकान।

to-morrow, tomorrow (tō mor' ō) [To, MORROW, as TO-DAY] सं० कल (मुहावरा जैसे ~ never comes)। क्रि० वि० १. कल के दिन; २. (गुण०) आगामी, कल का, कल वाला। **~week** आज से नवें दिन, आगामी सप्ताह में।

tompion (tom' pi on) [var. of TAMPION] दे० TAMPION।

tom-tom (tom' tom) [Hindi, *tam-tam*, imit.] सं० १. (भारतीय) ढोल; २. घंटा, घंडियाल। क्रि० अ० ढोल बजाना।

-tomy [Gr *-tomia*, from *temnien*, to cut] प्रत्य० विभाग या खंड का सूचक १. (सीक तना काट) कोई काटी हुई वस्तु या भाग, २. (-tomos कर्तन) काटने की क्रिया या भाव से आगत तथा शल्य क्रिया संबंधी उपकरणों या औजारों के नामकरण में व्यवहृत (जैसे phlebotomy)।

ton[1] (tŭn) [var. of TUN] सं० १. टन* (वि० २ भी), एक तौल जो २२४० पौंड के बराबर या (short ~) २००० पौंड के बराबर होती है, २. विभिन्न वस्तुओं के लिए (प्रायः परस्पर भिन्न) माप (जैसे इमारती लकड़ी (४० फुट), पत्थर (१६ घन फुट), नमक (४२ बुशेल, एक बुशेल प्रायः ३ सेर), मंदिरा (दे० TUN) आदि के लिए); ३. जहाज के आंतरिक विस्तार के माप की इकाई (जैसे १०० घन फुट); ४. जहाज की माल ले जाने की क्षमता की माप (जैसे ४० घन फुट); ५. (बॉल०) बहुत बड़ी संख्या या परिमाण। **metric ~** मैट्रिक टन, एक तौल की इकाई जो १००० किलोग्राम (२२०४.६२ पौंड) की होती है।

ton[2] (ton) [F., TONE] सं० प्रचलित फ़ैशन, रिवाज या प्रथा। **tonish** वि० फ़ैशन के अनुसार सुसज्जित, शैली विशिष्ट। **tonishness** सं० फ़ैशन की अनुरूपता, शैली-विशिष्टता।

tonal (tō' nāl) वि० १. सुर संबंधी, लहजे का, सुरों का; २. लय-संबंधी, लय का। **tonality** (to nal' i ti) सं० १. (संगी०) सुर-संगति, स्वर की विशेषता, सुर-सामंजस्य; २. चित्र की रंग-समावेश-पद्धति, चित्र के रंगों का क्रम या तरतीब। **tonally** क्रि० वि० १. स्वर या सुर के अनुसार; २. लय के अनुसार, लहजे के लिहाज से।

to-name (too' nām) सं० (मुख्यतः स्कॉटलैंड) टॉनेम, वह नाम जो विशेषतः किसी व्यक्ति के ईसाई नाम तथा पारिवारिक नाम के अतिरिक्त रखा जाता है।

tondo (ton' dō) [It., from L. *rotundus*, ROUND*] सं० १. टॉनडो चित्र, गोल चित्र (जो दीवार के तख्ते या आवरण चित्र पर बना हो); २. उभरी हुई नक्काशी में बने किसी डिजाइन का बृत्त या दायरा।

tone (tōn) [M.E. and F. *ton*, L. *tonum*, nom. *-us*, Gr. *tonos*, from *teinein*, to stretch] सं० १. ध्वनि, आवाज़ (विशे० सुर या ध्वनि की विशिष्टता या गुण); २. भाव, चेष्टा, लहजा (जिससे भावना, संवेग आदि प्रकट हों); ३. (ब्या०) बल, किसी शब्द के एक विशिष्ट पद पर दिया जाने वाला जोर; ४. (संगी०) संगीत-ध्वनि, नाद, स्वर, (विशे० संगीत के स्वरारोह और बल के प्रसंग में), ताल* (आ० भी); ५. सरगम के दो सुरों का अंतराल (उदाहरण C—D, F—F sharp)); ६. (चिकि०) नुस्खता, शारीरिक अवयवों की उचित दशा जिसमें मानसिक वृत्तियां उचित रूप से कार्य करें, पेशियों तथा स्नायु-मंडल का तनाव; ७. समाज इत्यादि की नैतिक स्थिति, सामान्य विशेषता (नैतिक मूल्यों या भावनाओं आदि की); ८. आभा चित्र में या फोटो में रंगों का प्रकाश और छाया का सामंजस्य अथवा उसके द्वारा उत्पन्न होने वाला मिला-जुला प्रभाव; ९. रंगत, रंग का आभास या छाया, आब; १०. रंग की कोटि या मात्रा; ११. (फोटोग्राफी) तैयार या फिनिश फोटो की रंगत; १२. (आ०,ई० २,आ० २, वि० १ भी) स्वरक*/टोन*/रंग*। कि० स० और अ १. (ध्वनि, चित्र आदि में) राग उत्पन्न करना, तान भरना, उचित रंग भरना; २. (संगी०) इच्छित स्वर मिलाना, बजाने के लिए किसी बाजे (प्यानो आदि) के सुर मिलाना या ठीक करना; ३. (फोटोग्राफ) रासायनिक विलयन द्वारा (किसी फोटो में उसे) तैयार करते समय रंग-परिवर्तन करना, (फोटो का) इस प्रकार के रंग-परिवर्तन के साथ तैयार होना; ४. मेल खाना (प्राय: अ०)। **~down** १. (चित्र का) रंग हल्का करना; २. (भाषण, अभिव्यक्ति आदि का) स्वर उतारना, मद्धिम करना, अस्फुट करना, मद्धिम, अस्फुट आदि होना (भाषण, अभिव्यक्ति आदि का)। **~up** १. रंग गहरा करना; २. स्वर ऊँचा करना; ३. शारीरिक या मानसिक शक्ति का बढ़ाना या बढ़ना। **~arm** टौन आर्म, वह बाहु जो टोंटी की तरह होती है तथा ग्रामोफोन की ध्वनि-पेटी (sound-box) और ग्रोपू के बीच होती है। **~poem** १. बाद्य मंडली या आर्केस्ट्रा के लिए तैयार की हुई संगीत-रचना जिसमें किसी कविता की विषय-वस्तु का रूपांतरण हो; २. काव्यात्मक चित्र, वह चित्र जिसके क्रम में काव्यगत विशेषता हो। **toned paper** टोन्ड-पेपर, रंगीन कागज (विशे० मेहदी के से लाल रंग का या हिनाई रंग का)। **toneless** वि० १. ध्वनिरहित, खामोश; २. बेसुरा; ३. बे भाव, बेरंगत; ४. अनैतिक; ५. सुस्त। **tonelessness** सं० १. नी बता; २. बेसुरापन, रसहीनता आदि। **tonometer** (tō nom' ĕ tĕr) [-METER] सं० टोनोमीटर*/तनावमापी* (आ०, वि० १ भी), संगीत के सुरों की उच्चता मापने का यंत्र।

tong (tong [Chin. *t'ang*, a meeting-place] सं० टॉंग, चीन की एक गुप्त परिषद या सभा।

tonga (tong' gā) [Hindi *tanga*] सं० ताँगा, टांगा।

tongs (tongz) [A.-S. *tange*, sing. (cp. Dut. and Dan. *tang*, G. *zange*, Icel. *töng*), cogn. with Gr. *daknein*, to bite] सं० (बहुव०) १. चिमटा* (कु० भी), सँड़सी; २. संदंशिका*/टॉन्स* (कु०, वि० १ भी), चिमटा (जिससे कोयला आदि पकड़ते हैं)। **would not touch with a pair of ~** मैं तो उस (किसी घृणित वस्तु या व्यक्ति) के पास भी न फटकूँ।

tongue (tŭng) [A.-S. *tunge* (cp. Dut. *tong*, G. *zunge*, Icel. and Swed. *tunga*), cogn. with L. *lingua*, O.L, *dingua*] सं० १. जीभ*/जिह्वा* (आ०, कु० भी), रसना, ज़बान; २. बैल आदि पशुओं की जीभ जो भोजन के रूप में व्यवहृत होती है; ३. बोली, बोल, बोलने का ढंग या शक्ति, ज़बान, भाषण-क्षमता,भाषण-प्रवृत्ति; ४. भाषा, किसी राष्ट्र आदि की भाषा; ५. आकृति में जीभ जैसी वस्तु या भाग की (विशे० कमसूबमाप) कोई वस्तु, कार्य में जिह्वा-सदृश (सशब्द, चंचल आदि) कोई वस्तु (उदाहरणत: भूमि का वह सकीर्ण खंड जो पानी में दूर तक चला गया हो, अंतरीप, रास, जूते या बूट आदि की जीभ या मुलायम चमड़े का टुकड़ा जो तस्मे के छेदों के नीचे लगा होता है, घंटे का घुंघक या लकर, बस्तूर का सुवा, तख्ते का आगे निकला हुआ सिरा जो दूसरे की साल अर्थात् कटी हुई जगह में ठीक बैठ जाय); ६. तराजू की सुई या काँटा, कुछ संगीत के वाद्ययंत्रों की नली में लगा हुआ पतला सा टुकड़ा (जो बजाने से हिलने लगता है), लपटों की लौ, रेल की स्विच, नोकदार पटरी; ७. विवर्ष* (वि० १ भी)। कि० स० और अ० (बाँसुरी आदि के वादन में) ज़बान की लोक से बजाना (जिससे स्वर रुक-रुक कर उत्पन्न हो)। **confusion of tongues** १. जबानों की गड़बड़; २. बाबुलिद (Gen. XI, I—J) में वर्णित वह गड़बड़ी जो भाषाओं की विपरीतता के कारण मीनार के निर्माण में मची थी। **furred or dirty ~** मैली ज़बान (जो कि रोग का लक्षण है)। **gift of ~** वाणी का वरदान, वाचिक शक्ति, अज्ञात भाषा में बोलने की सामर्थ्य (विशे० जो रहस्य-पूर्ण ढंग से प्राचीन काल के ईसाइयों को प्राप्त थी)। **give or throw ~** (शिकारी कुत्तों का) शिकार की गंध पा कर भूंकना। **have lost, find one's ~** लज्जा से बात न कर सकना या ज़बान बंद हो जाना। **hold one's ~** खामोश रहना। **keep a civil ~ in one's head** सभ्यता से बात करना। **long ~** गज भर की ज़बान, बकवास की आदत। **on the tongues of men** प्रसिद्ध, जिसकी चर्चा हो। **put out one's ~** जीभ निकालना (किसी को चिढ़ाने या डाक्टर को दिखाने के लिए)। **put, speak with one's ~ in one's cheek** किसी को बनाना, ऐसी बातें करना जिनसे वह व्यक्ति प्रसन्न हो किंतु वास्तव में उसकी हँसी उड़ती हो। **~-bit** लगाम का वह भाग जिसमें लगी हुई प्लेट घोड़े की जीभ को लगाम पर जाने से रोकती है। **~tie** हकलाना या बोलने में रुकावट जो जीभ के पुटक (एक विशे० पुट्ठे) के छोटे होने के कारण होती है। **~tied** १. उपर्युक्त कारण से जिसे बोलने में रुकावट हो; २ (ला०) मूक, (अज्ञान या लज्जा के कारण) चुप। **tongued** वि० (किसी विशिष्ट) भाषा का, भाषी। **tongueless** वि० बेज़बान, मूक, खामोश। **tonguelet** सं० लघु आकार की जीभ या जीभसदृश वस्तु।

tonic (ton' ik) [Gr. *tonikos* (TONE, -IC)] वि० १. बोधक (चिकित्सा इत्यादि सबकी); २. (ला०,सफलता, दुर्धान, दृढ आदि संबंधी) बलवर्द्धक, फूलन देने वाला, वल्य*; टॉनिक* (आ०, कु० भी), पौष्टिक* (कु० भी); ३.(संगी०) सुरों का (विशे० सप्तक के आधारभूत सुरों का)। सं० १. बलवर्द्धक औषधि (शा० और ला०); २. (संगी०) संगीत का आधारभूत सुर। **~accent** बलाघात, शब्द के किसी विशिष्ट पद पर दिया जाने वाला जोर। **Tonic Sol-fa** सोलफा, देखकर गाने की सुर-नालिका युक्त संगीत-पद्धति विशेष (जिसमें सरगम के सुर अक्षरों से तथा अंतराल खड़ी लकीरों से प्रकट किये जाते हैं)। **tonically** क्रि० वि० १. सुर के अनुसार; २. बल बर्द्धक रूप में। **tonicity** (tō nis' i ti) सं० १. सुर; २. शक्ति-प्रवता; ३. पेशियों आदि की स्वस्थ लोच, तानता*/तनाव* (आ० भी)।

to-night, tonight (tŏ nīt') क्रि० वि० और सं० (इस) यह रात्रि (को), आज की रात।

tonish दे० TONY*।

tonite (tō' nīt) [L. *ton-āre*, to thunder] सं० डॉनिट, तुल-स्कोट, एक प्रकार का विस्फोटक पदार्थ (जैसे गोला आदि) जो शोरे और गंधक के लेजाव में डुबो हुई रुई से तैयार किया जाता है।

Tonka bean (tong' kă bēn) [Guiana *tonka*] सं० टोंका बीन, दक्षिणी अमरीका में प्राप्त होने वाले एक वृक्ष का सुगंधित बीज (जिसका उपयोग सुगंध-द्रव्यों या पदार्थों के तैयार करने में किया जाता है)।

tonnage (tŭn' ăj) सं० १. टन के तौल में जहाज का आंतरिक घन विस्तार अथवा भारवहन-सामर्थ्य; २. किसी देश के व्यापारिक जलपोतों द्वारा वहन किया हुआ समस्त माल तथा उसकी लागत, ३. जहाजों के मालों पर लगने वाले कर (जो पहले तौल के अनुसार वसूले जाते थे और अब निश्चित रजिस्टर्ड साइज या आकारों के अनुसार वसूले जाते हैं); ४. जहाज के माल पर प्रतिटन के हिसाब से लगने वाला कर; ५. टनमार*/ टनमान*(क्रि०भी)। ~ & **poundage** (इति०) मदिरा-कर और व्यापारिक आयात-निर्यात कर की आय जो आवश्यक रूप से इंग्लैंड के सम्राट् को दी जाती थी (१४ वीं से १८ वीं शताब्दि तक) और जिसे चार्ल्स प्रथम ने अवैध रूप से बिना संसद की स्वीकृति के वसूल किया था। ~-**deck** जहाज की दूसरी मंजिल का डेक।

tonneau (ton' ō, to nō') [F., cask] सं० कुछ मोटरकारों का पिछला भाग जिसमें बैठने के लिए सीटें होती हैं।

-tonner सं० इतने टनों का जहाज (वह जहाज जिसमें टनों की एक निश्चित संख्या की समाई या गुंजाइश हो, जैसे two thousand-~)।

tonometer दे० TONE।

tonsil (ton' sil) [F. *tonsille*, L. *tonsilla*, a sharp stake, (*pl.*) tonsils, prob. dim. of *tonsa*, oar] सं० टौन्सिल*, गलगुण्डिका* (आ०, क्रि० १ भी), गलसुआ, कोवा। **tonsillar, tonsillitic** वि० टॉन्सिली*, गलगुण्डिका-* (आ० भी), टौन्सिल या गलसुआ संबंधी। **tonsillitis** सं० टौन्सिल या गलसुओं की सूजन।

tonsorial (ton sōr' i ăl) [L. *tonsōrius*, from *tonsor -sōris*, barber, from *tondere*, to shave, p.p. *tonsus*] वि० (हास्य०) हजामत का, नाई का।

tonsure (ton' shŭr) [F., from L. *tonsūra*, as prec.] सं० १. (रोमन कैथोलिक गिरजे में) सिर-मुंडन (विशे० पुरोहित-जीवन या मठीय जीवन में प्रवेश करने वाले व्यक्ति के शीश के एक भाग या सूतानी सिरके में सम्पूर्ण शीश का मुंडन कर्म करा दिया जाता है); २. मुंडित शीश जिसे या पुरोहित के शीश का मंडित भाग; ३. (ला०) पवित्र श्रेणियों में प्रवेश। क्रि० स० सिर मुंडाना, पुरोहित या मठभिक्षु के रूप में प्रवेश देना।

tontine (ton tēn') [F., from Lorenzo *Tonti*, It. banker, originator, c. 1653] सं० एक कोष जिसका वितरण जीवित सदस्यों में होता रहता है (सदस्यों की संख्या में मृत्यु के कारण कमी होने से जीवित रह जाने वाले सदस्यों की आय बढ़ जाती है)। ~**period** ऋणांशकाय-अवधि, एक निश्चित अवधि (जिसके समाप्त होने से पूर्व ऋणांश कोष-बीमे या ऋणांश कोष-बीमा के बाकी लाभांश या लाभ प्रीमियम आदि नहीं ग्रहण करते)। ~**policy of insurance** ऋणांश कोष-बीमा या गोप, एक प्रकार का बीमा (जिसमें कई व्यक्ति मिल कर बीमा कराते हैं तथा वे इस पर सहमत होते हैं कि (~period) ऋणांश कोष अवधि के अंत तक उनमें से कोई लाभ-प्रीमियम आदि नहीं ग्रहण करेगा)।

too (too) [TO] क्रि० वि० १. अतीव, बहुत अधिक, आवश्यकता से अधिक, अवांछनीय रूप से अधिक, हद से अधिक; २. और, तथा. अपि, भी, साथ ही (जैसे take the others ~); ३. इसके अतिरिक्त, और फिर यह, और मजा यह; ४. (बोल०) भी, जरा, ज्यादा (जैसे you are ~ kind)। **too-too** वि० अत्यंत भावावेगपूर्ण।

took दे० TAKE।

tool (tool) [A.-S. *tōl* (cp. Icel. *tōl*, pl.), cogn. with *tawian*, see TAW*] सं० १. यंत्र, कलयंत्र, यांत्रिक साधन, उपकरण* (मा० १ भी); २. (बहुव०) युद्ध के साधन और सामग्री (अस्त्र-शस्त्रादि); ३. औजार* (इ० २, कृ०, मा० १, वि० १ भी), वह औजार जो कल या मशीन के निर्माण में प्रयुक्त हो (उदाहरणतः बर्तनी या खराद); ४. यंत्रोपकरण; ५. (ला०) किसी कार्य या शोध में व्यवहृत वस्तु, सामग्री आदि; ६. औजार की तरह दूसरों द्वारा प्रयुक्त (व्यक्ति), वह व्यक्ति जिससे कोई दूसरा त्रिय तरह चाहे काम लेता हो, ७. पुस्तक की जिल्द की पुस्त या किनारों पर औजारों को गरम करके किया हुआ अंकन या नक्काशी। ~-**holder** कल यंत्रधर, खराद में लगा हुआ वह उपकरण या भाग जो औज़ार को (जिसे खराद पर चढ़ाना हो) ग्रहण करता है। ~-**post, -rest** यंत्राधार, खराद में चढ़े हुए काटने के औज़ार में लगाया जाने वाला दस्ता। **tooler** सं० (पत्थर को) छेनी से सुडौल करने वाला, (विशे० संगतराश) की अर्थात् पत्थर काटने की) चौड़ी छेनी, रदा। **tooling** सं० १. समानांतर रेखाओं में पत्थर को सुडौल करना या समतलीकरण; २. पुस्तक की जिल्द का पृष्ठ और किनारों पर गरम किये हुए औजारों से चित्राकंन द्वारा अलंकरण। **blind** ~ अंध चित्रालंकरण, बिना सोने आदि का पानी चढ़ाये हुए पुस्तक की जिल्द की पुस्त और किनारों पर चित्रालंकरण।

toon (toon) [Hind. *tun*] सं० तुन, पूर्वी भारतीय वृक्ष विशेष (जिसकी लकड़ी ठोस तथा लाल होती है और जिसका फ़र्नीचर बनाने में प्रचुर उपयोग होता है)।

toot[1] (toot) [cp. M. Swed. and Norw. *tuta*, Icel. *thjōta*, L.G *tuten*, M. Dut. *tuyten*, of imit. orig] क्रि० स० और अ० १. (तुरही, बिगुल, सीटी आदि) बजाना, फूंकना (विशे० कटु-कर्कश स्वर में बजाना), २. उक्त ध्वनि का निकलना या निकालना; ३. (माउस मुर्ग-जातीय पक्षी-विशेष का) बोलना, चिल्लाना। सं० तुरही, नरसिंघा, बिगुल, सीटी आदि की ध्वनि।

toot[2] (toot) [A.-S. *tōtian*, see TOUT[1]] क्रि० स० ताक-झांक करना।

tooth (tooth) [A.-S. *tōth*, cp. Dut. *tand*, G. *zahn*, Icel. *tönn*, also L. *dens dentis*, Gr *odous odontos*] सं० (बहुव० **teeth**) १. दंत* (मा० भी), दाँत* (कृ०, वि० १ भी), (खाद्य पदार्थ को चबाने के लिए) पशु-प्राणियों के दोनों जबड़ों में सफ़ेद रंग की हड्डी के अंग; २. दांता, दन्त-सदृश वस्तु (उदाहरणत. आरी, आरा, चर्खी, पांचा आदि में), ३. दांत का उगना, लगना, लगाना, चढ़ाना, बनाना; ४. (दांतेदार पहियों या चक्रियों को) एक दूसरे से फंसाना। **armed to the teeth** पूर्ण रूप से अस्त्र-शस्त्र सुसज्जित। **cast thing in person's teeth** किसी बात का ताना देना। **cut one's eye teeth** समझ आना, सांसारिक अनुभव प्राप्त होना।

escape by the skin of one's teeth बाल-बाल बच जाना। **fight, struggle ~ & nail** जी तोड़ कर लड़ना या प्रयत्न करना। **false, artificial ~** बनावटी दाँत, नकली दंत। **in the teeth of** (विरोध आदि के) होते हुए भी, बावजूद, (निर्देश आदि के) विरुद्ध, विपरीत, (वायु की) विपरीत दिशा में। **long in the ~** बूढ़ा (मु० अब्द संबंधी, अंग्रेजी में लंबे दाँतों का होना वृद्धावस्था का पर्याय बन गया है)। **show one's teeth** धमकाना, क्रोध प्रकट करना। **toothache** दंतपीड़ा। **~-bill** (पक्षी संबंधी) जिसकी चोंच दाँतेदार हो। **~-brush** दंत-ब्रश, दाँतों का ब्रश। **~-comb** घने महीन साल्हों वाली कंघी। **~-ornament** वि० DOC[1]। **~-paste, -powder** दंतपेस्ट, दंत-मंजन। **~-pick** दांत कुरेदनी। **toothed** वि० दन्तुरित, दंत-, दशन, दाँतों का, दाँत का। **toothless** दन्तरहित, दन्तहीन, गलित दंत। **toothlet** स० लघु दंत, दन्तुली, छोटा-सा दाँत।

toothful (tooth' fúl) स० शराब की एक बंद।

toothing (too' thing) स० दाँत लगाने या बनाने वाला इत्यादि के क्रियासत अर्थों में (विशे० पत्थर या ईंटें जो दीवार के सिरे के आगे निकली हुई छोड़ दी जाती हैं जिससे आवश्यकता पड़ने पर आगे बढ़ाई जा सकें)। **~-plane** खरखरा या खरेरेदार रंदा जिससे किसी तल या सतह को असम या ऊबड़-खाबड़ किया जाता है।

toothsome (tooth' sùm) वि० स्वादिष्ट, सुस्वादु, रुचिकर। **toothsomely** क्रि० वि० स्वादिष्ट रूप में। **toothsomeness** स० सुस्वादुता।

tootle (too' tel) [freq. of TOOT[2]] क्रि० अ० धीरे-धीरे तथा बार-बार (बिगुल आदि, विशे० बाँसुरी) बजाना।

top[1] (top) [A.-S., cp. Dut. and Dan. *top*, Icel. *toppr*, Swed. *topp*, G. *zopf*, tuft, tree-top] सं० १. शिखर, सर्वोच्च भाग, २. पत्तियाँ (शलजम, मूली आदि की); ३. (भूमि का) तल, (मेज आदि का) ऊपरी सतह; ४. जूते का ऊपरी भाग (पना या ऊँगी), ५. गाड़ी का टप (टमटम आदि की छतरी); ६. सासपान (भोजन बनाने का एक ढक्कनदार बर्तन) का ढक्कन; ७. (पुस्तक के पृष्ठ का) शीर्ष भाग; ८. पुस्तक का ऊपरी किनारा, ९. सर्वोच्च श्रेणी या वर्ग, सर्वोच्च पद, श्रेष्ठतम स्थान (का व्यक्ति), १०. पराकाष्ठा, सर्वोत्कृष्ट नमूना, चरम उच्चता, ११. शीश, चंदिया, सिर का सर्वोच्च भाग; १२. (नौ० वि०) मस्तूल का मचान (निचले मस्तूल की चोटी के चारों ओर बना हुआ वह चबूतरा जिस पर खड़े होकर ऊपर के पाल या बादबान फैलाए जाते हैं), १३. (बहुव० विज का बेल) किसी रंग के दो सबसे बड़े पत्ते; १४. (मोटर का) सबसे ऊँचा गियर (प्राय. on~); १५. (बहुव०) धातु के बटन जिनमें केवल ऊपर की तरफ़ कलई आदि होती है; १६. बालों, रेशों आदि का गुच्छा (विशे० माप के रूप में १॥ पौंड)। वि० सर्वोच्च, सबसे ऊँचा, सबसे तेज आदि। क्रि० म० (भू० और भू० कृ० **topped**) १. टोप हैट सिर पर रखना; २. (नौ० वि०) (बल्ली आदि के) एक सिरे को दूसरे से ऊँचा कर देना, ३. फूलगी छाँटना, पौधे की फलगी या पत्तियाँ छाँटना या कतरना जिससे वह और बढ़े; ४. (पहाड़ी आदि के) शिखर पर पहुँच जाना; ५. अपेक्षाकृत ऊँचा होना, कद में लंबा या ऊँचा होना; ६. अपेक्षाकृत श्रेष्ठ होना, बढ़ जाना; ७. (गल्फ़) (गेंद के) ऊपरी सिरे पर हाथ पड़ना; ८. (किसी विशिष्ट क्रद या ऊँचाई का) होना, (इतना) ऊँचा होना (जैसे he tops 6 ft.)। **at the ~ of the tree** वृक्ष की टुनगी या फुनगी पर, (ला०) व्यवसाय आदि की सर्वोच्च श्रेणी या चोटी पर। **come to the ~** चोटी का होना। **on the ~ of** अतिरिक्त, अलावा। **on ~** ऊपर। **the ~ of the morning (to you)** प्रभात शुभ हो, (आयर्लैण्ड में प्रातः नमस्कार की शुभकामना)। **~off or up** (किसी वस्तु, कार्य आदि को) पूरा कर देना अथवा जो कुछ कमी हो उसे पूरा कर देना। **~one's part** अपना कार्य पूर्ण रूप से निभाना। **~up** (~off or up भी), आर्थिक रूप से भरे हुए पात्र को ऊपर तक भर देना या और भरना। **~-boot** वह बूट या जूता जिसकी ऊँची प्रायः भिन्न वस्तु या रंगों की हो तथा इस प्रकार बनी हो कि देखने में मोड़ी या दुहरी की हुई प्रतीत हो। **~-coat** ओवरकोट। **~-dog** (प्रा०) विजयी, प्रबल, स्वामी, वर्चस्वंत। **~-dress** धरती में खाद बजाय हल चला कर मिलाने के ऊपर से बिछा देना। **~-dressing** इस प्रकार धरती पर खाद बिछाने की प्रक्रिया, इस प्रकार बिछाई जाने वाली खाद। **~-gallant** (top-, to gal' ant) मस्तूल, बादबान, बल्ली, रस्सा आदि जो सबसे ऊँचे मस्तूल में भी ऊपर हो। **~-hamper** ऊपर के हल्के बादबान, बल्लियाँ आदि। **~-hat** टॉपहैट, ऊँची रेशमी हैट या टोप। **~-heavy** शीर्ष भाग भारी होने के कारण असंतुलित, ऊपर भारी, नीचे हल्का, जिसके गिरने का भय हो (प्रायः ला० योजना आदि सम्बन्धी)। **~-hole** (प्रा०) उच्च कोटि का, प्रथम श्रेणी का, ठाट का। **~-knot** शीश-बंध, वेणी, शिखा, केशगुच्छ, चोटी, कलँगी, फीता आदि (जो उस स्थान पर पहनाया या लगाया जाय)। **~-lantern, -light** जलपोत के पृष्ठवर्ती मस्तूल में लगा हुआ दीप या बत्ती या उसका प्रकाश। **~man, -sawyer** (शा०, बड़े आरे के चलाने में) ऊपर का आराकश, ऊपर का आरा चलाने वाला व्यक्ति, (नौ० वि० top-man भी) मस्तूल चढ़ाने वाला (जहाज़ का कर्मचारी)। **topmast** निचले मस्तूल से ऊपर का मस्तूल। **~sail** (topsel' चोकोर पाल या बादबान जो निचले पाल या बादबान से ऊपर होता है। **~sawyer** (बड़े आरे के चलाने में) ऊपर का आराकश (ला०) उच्च वर्ग का व्यक्ति, बड़ा आदमी। **~sides** जहाज़ का वह भाग जो अन्त के तल या सतह से ऊपर हो। **topmost** वि० सर्वोच्च, शिखरस्थ, सबसे ऊँचा। **topper** स० १. शिखर पर पहुँचने वाला, २. बड़ा भला आदमी, सहयोगी, ३. बढ़िया फल (जो दूकान में प्रदर्शनार्थ होता है)। **topping** वि० उत्कृष्ट। **~-lift** वह रस्सी जो मस्तूल के निचले सिरे से पाल या बादबान के नीचे की बल्ली तक होती है। **toppingly** क्रि० वि० उत्कृष्टतापूर्वक, बहुत खूबी से।

top[2] (top) [late A.-S. *topp*, ult from M.H.G. *tupf*, cogn. with DIP] स० टॉप*, लट्टू* (वि० १, २ भी), फिरकी, भ्रमि* (वि० २ भी)। **old ~** पुराना परिचित, पुराना मित्र, अरे मित्र!। **sleep like a ~** गहरी नींद सोना। **~-shell** एक प्रकार का अनेक जातीय शंख-सीप या घोंघा सदृश्य जिसका कठोर बाह्य आवरण लट्टू की आकृति का होता है।

topaz (tō' păz) [O.F. *topazе*, L. *topazus*, *topazion*, G. *topazos*, *topazion*, cp. Sansk. *tapas*, fire, from *tap*, to shine] स० १. पुखराज, टोपज* (वि० १ भी), २. टोपैज, एक प्रकार का कनरवकारी पत्थर। **false ~** नक़ली पुखराज, एक प्रकार का पीला पत्थर। **topazolite** (tō păz' o lit) सं० १. (पीले या हरे रंग का) गार्नेट या तामड़ी (नामक पत्थर); २. टोपैज़ोलाइट* (वि० १ भी)।

tope[1] (tōp) [Tamil *toppu*] सं० आम और अन्य वृक्षों के उपवन या कुंज।

tope[2] (tōp) [Hindi *top*, corr. from Sansk. *stūpa*, mound] स० (बौद्ध स्मारक) स्तूप* (मा० १ भी)।

tope[3] (tōp) [perh. from F. *tôpe* (from *töper*, to cover a stake in dicing), as an int. 'accepted ! agreed !' afterwards a drinking phrase; or from Teut. as TOP[1], in allu. to putting the tops of the thumbs together and crying *topp*] क्रि० अ० अत्यधिक मद्यपान या शराबखोरी करना (विशे० आदतन)।

toper सं० शराबी, अत्यधिक शराबखोर (विशे० आदतवश)।

tope[4] (tōp) [prob. Cornish] सं० टोप, डॉगफ़िश और शार्क मछली की छोटी जाति।

toph (tŏf), **tophus** (tō' fŭs) [L. *tŏphus*, TUFA] स० (बहुव० **-phi**) चूना जो कि दाँतों में जम जाता है अथवा रेत जो अवयवों के जोड़ों में संचित हो जाती है (जिससे ग्रंथिवात या गठिया रोग हो जाता है)। **tophaceous** (tō fā' shŭs) वि० उपर्युक्त चूना या रेत का या।

Tophet (tō' fĕt) [Heb. *tŏpheth*] सं० टॉफ़ेट, जेरुसलम के निकट हिनोम की घाटी में स्थित एक स्थान (जहाँ पहले मूर्तिपूजकों द्वारा उपासना की जाती थी और फिर कालांतर में वहाँ नगर का कूड़ा-करकट डाला जाने लगा जिसके लिए अग्नि प्रज्वलित रहती थी), नरक, जहन्नुम।

topi, topee (tō' pi, tō' pē) [Hind., hat] स० टोपी, हैट (दे० SOLA)।

topia (tō' pi ă) [L., fancy gardening, from Gr. *topos*, place] स० (रोम० पुरातत्व) पौधों आदि को काटने-छाँटने की कला। **topiary** वि० पौधों को काटने-छाँटने की कला संबंधी। **~art** झाड़ और पौधों को सुंदर आकृतियों में काटने-छाँटने या तराशने की कला। **topiarian** वि० सुकर्तन-निपुण, सुकर्तक।

topic (top' ik) [F. *topique*, L. *topica*, Gr *topika*, topics, neut. pl. of *topikos*, local, from *topos*, place] सं० विषय* (मा० २ भी), प्रसंग, (तर्क० बल०) प्रस्तावना, विचारों या धारणाओं का वह वर्ग जिससे तर्क निकाले जा सकें। **topical** वि० १. विषय संबंधी, प्रसंग संबंधी; २. सामयिक या स्थानिक घटनाओं से संबंधित, ३. स्थान-* (आ० भी), स्थानिक; ४. (विशे०) (चिकि०) आंगिक, शरीर के किसी विशिष्ट अंग में प्रभावगत। **topically** क्रि० वि० १. विषयानुसार, प्रसंगानुसार; २. सामयिक रूप से; ३. आंगिक रूप से।

Tridentine (trī den' tin) [med. L. *Tridentinus*, from *Trdentum*, Trent, a city of Tyrol] वि० रामन कैथोलिक सिद्धान्तों के आधारस्वरूप काउन्सिल ऑफ ट्रेण्ट (१५४५-६३) से संबंधित। सं० रामन कैथोलिक।

tridigitate (trī dij' i tāt) वि० तीन अँगुलियों या अँगूठों वाला। **tridimensional** (trī di men' shō nāl) [DIMENSIONAL] वि० तीन विस्तारों वाला।

triduo (trē' du ō), **triduum** (trī' dū úm) [It. and Sp. *triduo*, L. *triduum* (TRI-, *dies*, day)] सं० सन्तदिवस (सप्तदश दे) से पूर्व के तीन दिन की प्रार्थना या सन्त के आशीर्वादार्थ की गयी प्रार्थना।

triennial (trī en' i ál) [L. *triennium* (TRI-, *annus*, year), -AL] वि० १. त्रैवार्षिक, तीन बरस में होने वाला, तीसरे बरस होने वाला (पौधा आदि)। सं० १. (ईसाइयों में) किसी मृत व्यक्ति की आत्मा के लिए तीन वर्ष तक प्रतिदिन गिरजा में होने वाली सम्मिलित प्रार्थना; २. किसी घटना आदि की प्रत्येक तीसरे साल की वर्षगांठ।

trier (trī' er) सं० प्रयोक्ता, आजमाने वाला, प्रयोग करने वाला (विशे० व्यक्ति जिसकी नियुक्ति इसलिए की जाती है कि वह देखे कि गवाह की चुनौती तथ्यसम्मत है या नहीं)।

trierarch (trī' ĕr ark) [L. *trierarchus*, Gr. *trierarchos* (*triērēs* trireme, *-archos*, from *archein*, to rule)] सं० १. प्राचीन यूनानी युद्धपोत का नायक; २. वह धनी पुरुष जिसे बलात् अपने व्यय से प्राचीन यूनानी युद्धपोतों का निर्माण कराना और उन्हें शस्त्रसज्जित कराना पड़ता था। **trierarchy** (trī' ĕr ar ki) सं० १. प्राचीन यूनानी युद्धपोत नायक का पद या कर्तव्य; २. धनी व्यक्तियों के व्यय से निर्मित एथेन्स का जहाजी बेड़ा।

trifacial (trī fā' shăl) वि० और सं० ट्राइफ़ेशल, त्रिपृष्ठी।

trifid (trī' fid) [L. *trifidus* (TRI-, *fid-*, stem of *findere*, to cleave)] वि० (वन०, प्राणि०) त्रिशाख, त्रिदर, त्रिभक्त, तीन भाग किया हुआ।

trifle (trī' fel) [M.E. and O.F. *truffe*, var. of *treffe*, mockery, cheating, cp. It. *truffa*, etym. doubtful] सं० १. तुच्छ वस्तु, सामान्य चीज़; २. अल्प मात्रा, बहुत थोड़ा (विशे० ~); ३. एक प्रकार की मिठाई जो क्रीम या अण्डे की मफ़ेदी को फेंटकर उसमें बादाम आदि मिलाकर बनायी जाती है; ४. सामान्य कॉसी। क्रि० अ० और स० १. व्यर्थ या तुच्छ बातें करना; २. खिलवाड़ करना; ३. समय गँवाना; ४. फिजूलखर्ची करना। ~**with** १. हेरफ़ेजती करना, अपमान करना, तिरस्कार करना; २. चुटकियों में उड़ा देना। **trifler** सं० बकवादी, वाचाल, बहुत बोलने वाला। **triflingly** क्रि० वि० १. नगण्यतया, तुच्छ रीति से; २. ओछेपन के साथ, बेहूदगी से। **triflingness** सं० छोटाई, क्षुद्रता, तुच्छता।

trifoliar (trī flōr' ăl), **trifolious** वि० तीन फूलों से युक्त, तीन फूल का। **trifoliate, -ated** वि० (वन०) तीन पत्तों वाला, त्रिपत्रिया, त्रिपर्णी, ट्राइफोलिएट।

triforium (trī fōr' ĭ um) [med. L. (TRI-, *foris*, door opening)] सं० (बहु० **-ia**) गिरजाघरों की मेहराबों के ऊपर की गैलरी, त्रिद्वारी*/त्रिदरी* (मा० १ भी)।

triform, -ed (trī' fōrm,-fōrmed; [L. *triformis*] वि० तीन भागों से बना हुआ। **trifurcate, -acted** (trī fĕr' kat, -kā ted) [FURCATE] वि० तीन शाखाओं वाला। क्रि० स० और अ० तीन शाखाओं में बाँटना।

trig[1] (trig) [Etym. doubtful] क्रि० स० १. मजाना, मँवारना, अलकृत करना; २. पत्थर आदि लगाकर गाड़ी के पहिये को रोकना, पहिये में आड़ लगाना। सं० आड़, अड़वाड़, रोक।

trig[2] (trig) [Icel. *tryggr*, cp. Norw., Swed., and Dan *trygg*] वि० बना-ठना, सजा-सँवरा।

trigamous (trig' ă mŭs) [Gr. *trigamos* (TRI-, *gamos*, marriage)] वि० त्रिपत्नीक, तीन पत्नियों वाला (जिसने तीन विवाह किये हों)। **trigamist** सं० तीन पत्नियों वाला पुरुष। **trigamy** सं० त्रिपत्नीत्व, तीन विवाह करने की प्रथा।

trigeminal (trī jem' ĭ năl; [L. *trigeminus* (TRI-, *geminus*, born with another)] वि० त्रिगुना, त्रिधारा* (आ० भी)। **trigeminous** सं० गणि, संबंधनशीलता तथा स्वाद नीतों के कार्यों को करने वाली कपाल-तन्त्रिका।

trigger (trig' ĕr) [formerly *tricker*, Dut. *trekker*, from *trekken*, to pull, cp. TREK] सं० १. खटका*/ट्रिगर* (आ०, ह० ३, वि० २ भी), बन्दूक का घोड़ा; २. रोक, अटकाव; ३. विमोचक* (वि० २ भी)। **hair-~** बाल कमानी। **triggered** वि० घोड़ेदार, घोड़ा लगा हुआ।

triglot (trī' glot) [TRI-, Gr. *glotta*, tongue] वि० तीन भाषाओं में रचित।

triglyph (trī' glif, trig' lif) [L. *triglyphus*, Gr. *trigluphos* (TRI-, *gluphein*, to carve)] सं० डोरिक शिखाइन में तीन धारियों वाला नमूना, चिद्वारी।

trigon (trī' gŏn) [L. *trigōnum*, Gr. *trigōnon* (TRI-, *-gōnos*, *gōnia*, angle)] सं० १. (ग० ज्यो०) ज्योतिश्चक्र या राशिमण्डल के तीन चिह्नों के चार समुदायों (watery, earthly, airy, fiery ~) में से प्रत्येक; २. डायल घुमाने में प्रयुक्त त्रिभुजाकार यन्त्र, त्रिभुजाकार वीणा; ३. (गणि०) त्रिकोण* (आ० भी), त्रिभुज। **trigonic** वि० तिकोना, त्रिकोणात्मक, त्रिभुजाकार। **trigonal** (trig' ŏ năl) १. (गणि०) त्रिकोणीय, त्रिसमनताक, समतिर-षट्फलकीय, त्रिभुजाकार, त्रिभुजात्मक, त्रिकोणात्मक; २. (वन० प्राणि०) तिकोना।

trigoneutic (trig ŏ nū' tik) [TRI-, Gr. *goneuein*, to beget] वि० एक वर्ष में तीन बार अंडे देने वाला।

trigonometry (trig ŏ nom' ĕ tri) [Gr. *trigōnon*, TRIGON, -METRY] सं० त्रिकोणमिति* (वि० १ भी), गणित की एक शाखा जिसका संबंध त्रिभुज के कोणों और भुजाओं से है और जिसका प्रयोग ज्योतिष, जल-संचार और सर्वेक्षण में होता है। **trigonometer** सं० त्रिकोणमिति, समकोण त्रिभुज संबंधी प्रश्नों का हल करने का पैमाना। **trigonometric, -al** वि० त्रिकोणमितीय* (वि० १ भी)। **trigonometrically** क्रि० वि० त्रिकोणमिति के ढंग से।

trigram (trī' grăm), **trigraph** सं० एक ध्वनि प्रकट करने वाले तीन अक्षरों का समूह। **trigynous** (trī' ji nŭs) [Gr. *gunē*, female] वि० तीन गर्भकेशरों से युक्त। **trihedral** वि० तीन धरातलों वाला। **trijugate, -gous** (trī' jū gāt, -gŭs. trī jōō gāt-gŭs) [JUGATE] वि० (वन०) तीन युग्मों में व्यवस्थित। **trilabiate** वि० तीन ओंठों वाला, त्र्योष्ठी, ट्राइलेबिएट। **trilaminar** वि० तीन परतों वाला। **trilateral** वि० तीन पक्षों या दलों से सम्बन्धित। सं० त्रिभुज। **trilaterally** क्रि० वि० त्रिभुज के रूप में। **trilemma** सं० तीन वस्तुओं के बीच का चुनाव। **trilinear** वि० तीन रेखाओं का, तीन रेखाओं से युक्त, त्रिरेखीय* (वि० १ भी)। **trilingual, -guar** वि० तीन भाषाओं का, तीन भाषाओं में अभिव्यक्त। **trilliteral** वि० तीन अक्षरों का (semitic भाषाओं का जिनमें अधिकांश के मूल तीन व्यंजनों में हैं)। **trilith, trilithon** (trī' lith,-ŏn)[Gr. *trilithon*, neut. of *trilithos* (*lithos*, stone)] सं० तीन शिलाखंडों से निर्मित स्मारक (इनमें दो शिलाखंड सीधे खड़े होते हैं और तीसरा इनके ऊपर पड़ा रहता है)। **trilithic** वि० इस प्रकार के स्मारक से संबंधित।

trilby (tril' bi) [heroine of novel *Trilby*] सं० (बोल०) एक प्रकार का टोप (~hat भी)।

trill (tril) [It. *trillare*, imit.] क्रि० अ० १. (किसी व्यक्ति का) स्पन्दनशील स्वर या कंपित स्वर उत्पन्न करना; २. (वस्तु का) खनकना, खनकती हुई आवाज़ पैदा करना; ३. किसी गीत को कंपित स्वर में गाना, लहराती हुई आवाज़ से गाना; ४. काँपना, कम्पित होना। सं० १. कंपित स्वर; २. कंपन, खनक; ३. कंपित स्वर से उच्चरित व्यंजन; ४. स्वर-कंप* (वि० २ भी)।

trilling (tril' ing) [TRI-, LING] सं० १. तिहरा बिल्लौर, जिसमें तीन बिल्लौर एक में जुड़े हुए हों; २. एक साथ उत्पन्न होने वाले तीन बच्चों में से प्रत्येक।

trillion (tril' yŏn) [after MILLION] सं० १. एक पर अठारह बिंदु रखने से प्राप्त संख्या; २. (अमरीकी ट्रिलियन) एक पर बारह बिंदु रखने से प्राप्त संख्या। **trillionth** सं० उक्त संख्याओं द्वारा विभाजित संख्या।

trilobate (trī lō' bāt, trī' lō bāt), **trilobated** (trī' lō bā tĕd), **trilobed** (trī' lōbd) [LOBATE] वि० तीन फेफड़ों या फुफ्फुसों से युक्त, त्रिपफड़ क। **trilobite** (trī' lō bīt) सं० पैलियोज़ोइक (जीवाश्म) प्राणियों के वर्ग का सदस्य जिसका शरीर तीन मुख्य भागों में विभाजित होता है।

trilocular (-lok' ū lăr) [LOCULUS] वि० तीन कोशाओं से युक्त, त्रिकोशा।

trilogy (tril' ŏ jĭ) [Gr. *trilogia*)] सं० १. (ग्रीक पुरा०) नाटकत्रय, तीन युक्तान्त नाटक (जो क्रम से एक के बाद एक खेले जायँ); २. ग्रन्थत्रय, भाषणत्रय (जो प्रत्येक अपने में पूर्ण हों किंतु विषय-वस्तु एक ही हो)।

trim (trim) [A.-S. *trymian*, to make firm, to set in order, from *trum*, firm, stable] वि० १. सुव्यवस्थित, ठीक-ठाक; २. सुसज्जित, सजा-सजाया; ३. साफ़-सुथरा। क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **trimmed**) १. व्यवस्थित करना, ढंग से जमाना; २. साफ़-सुथरा करना; ३. सजाना-सँवारना; ४. काटना-छाँटना; ५ (दिये की बत्ती) ठीक करना; ६. (झाड़ी को) एक-सा करना; ७. (दाढ़ी को) छाँटना; ८. (अनावश्यक या बेकील भागों को) कतर देना, छाँट देना, छील देना; ९. सजना-धजना, स्वच्छ वेशभूषा धारण कराना या करना; १०. (बल्लों पर) झालर टाँकना; ११. (नौ० वि०) सामान या यात्रियों की अवला-बली से (जहाज या नाव का) बोझ बराबर करना, ठीक कर लेना; १२. मस्तूलों और पालों को हवा के रुख के अनुसार व्यवस्थित करना; १३. राजनीति अथवा विचार-विमर्श में मध्यममार्गी होना, विरोधी दलों में से किसी एक के भी साथ न होना; १४. अवसरवादी होना; १५. (बोल०) झाड़ना, आड़े हाथों लेना, कस कर खबर लेना, तीव्र भर्त्सना करना; १६ ठगना, मूँडना, किसी सौदे में मुनाफ़े में रहना। सं० १. सजावट, तत्परता की अवस्था, तैयारी की हालत; २. (विशे० नौ वि०) सुव्यवस्था, सुस्थिति, अच्छी दशा, अच्छी हालत। **~of the masts** (नौ० वि०) मस्तूलों की सुव्यवस्था। **~person's jacket** कोई लगाना। **~the shore** (मछलियों के झुंड का) किनारे-किनारे चलना। **trimly** क्रि० वि० १. ठीक तरह, सुव्यवस्थित रूप में, सुधार रूप से; २. स्वच्छतापूर्वक, साफ़-सुथरे तौर पर। **trimmer** सं० १. कपड़ों में गोट या झालर आदि टाँकने वाला व्यक्ति; २. तटस्थ व्यक्ति; ३. अवसरवादी, ४ काट-छाँट करने का औज़ार (माली की कैंची आदि), ५. अँगीठी आदि में उसे उठाने के लिए सिरों पर लगा हुआ लकड़ी का टुकड़ा; ६. ट्रिमर* (इं० २ भी); ७. काट-कछी* (इं० ३ भी)। **trimming** सं० १. सुव्यवस्था; २. सजाव-सिंगार; ३. काट-छाँट*, कतरन*, छँटाई* (इं० ३ भी), समाकर्तन*, छाँटना*, कतरन* (कृ० भी); ४. कपड़ों पर गोट, झालर आदि टाँकना; ५. (बहुव०, बोल०) सजाव-सिंगार या सोने की अन्य वस्तुएँ; ६ ट्रिमन* (इं० २ भी)। **trimness** सं० १. सुव्यवस्था, सुस्थिति, स्वच्छता; २. सुगार, साज-सिंगार।

trimensual (trī men' sū ăl), **trimestrial** (-mes' trī ăl) [*L. trimestus*, TRI-, *mensis*, month] वि० षैमासिक। **trimerous** (trī' mĕr ŭs) [Gr. *trimerēs* (*meros*, part)] वि० तीन सदस्यों का, तीन सन्धियों का, त्रितयी* (वि० ३ भी)। **trimeter** (trim' ĕ-, trī' mē tĕr) (L. *trimetrus*, Gr. *trematros* (METRE)] स० और वि० तीन पदों वाला, त्रिपदी। **trimetric, -al** वि० त्रिपदात्मक, त्रिपदीयुक्त।

trimorphism (trī môr' fizm) [TRI-, Gr. *morphē*, form, -ISM] सं० (जीव०, वन०, मणिज वि०)। त्रिरूपता। **trimorphic, -morphous** वि० तीन स्पष्ट रूपों में अस्तित्व वाला, त्रिरूपात्मक।

trine (trīn) [L. *trinus*, from *trēs*, three] वि० १. तिगुना, तिहरा, त्रिगुणात्मक; २. (फलo ज्यो०) १२०° की दूरी पर अलग रहने वाले दो ग्रहों के आकार या पक्ष का, उस पक्ष में स्थित। सं० (फo ज्यो०) उपर्युक्त आकार या पक्ष। **trinal, -ary** वि० तिगुना, तिहरा।

trinervate (trī nĕr' vāt) वि० (वन०) त्रिनंतु, त्रिशिरा।

tringle (tring' gel) [F. etym. doubtful] सं० १. पर्दा लटकाने की छड़ या लकड़ी; २. मसहरी का डंडा या लकड़ी; ३. छोटा वर्ग, वर्गाकार सज्जा; ४. (गोलन्दाजी में) पिछली रोक (वह छड़ या पटिया जो तोप के पीछे उसके धक्के को रोकने के लिए लगती है)।

trinitrotoluene (trī nī trō tol' ū ēn) सं० एक अत्यधिक विस्फोटात्मक पदार्थ (संक्षे० TNT, T.N.T.)।

trinity (trin' i ti) [O.F. *trinite*, late L. *trinitātem*, nom. *-tas*, from *trinus*, TRINE] सं० १. तिगड्डा, चय, तीन होना; २. त्रिमूर्ति, तीन का समूह; ३. कला में त्रिमूर्ति की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति। **the Trinity** ईसाई धर्म के अनुसार ईश्वर, ईसामसीह और इनदोनों में संबंध स्थापित करने वाली पवित्र आत्मा या इनका सिद्धांत। **TrinityBrethren** उपर्युक्त संगठन के सदस्य। **Trinity House** ऐसा संगठन जिसका कार्य पोतचालकों को लाइसेंस देना, प्रकाशगृहों का निर्माण करना आदि है। आ है। **~ring** आयरलैण्ड की प्राचीन शैली की काँसे की अँगूठी जिस पर तीन फूल बने होते हैं। **Trinity Sunday** ईस्टर के बाद का आठवाँ रविवार।

trinket (tiing' ket [etym. unknown, perh from M.E. *trenket*, O. North. F. *trenquet*, knife, from *trenquer*, var. of *tranchier*, to cut, see TRENCH] स० १. तुच्छ आभूषण, मात्र चमक-दमक के गहने, २. फैंसी चीज़। **trinketry** स० उक्त प्रकार के गहने या अन्य वस्तुएँ।

trinoctial (trī nok shăl) [TRI-, L. *nox noctis*, night, -AL] वि० त्र्यात्री, पक्ष का, तीन रातों में रहने वाला। **trinodal** (trī nō' dăl) [NODAL] वि० (शरीर वि०, वन०) त्रिग्रंथि, तीन जोड़ों वाला। **trinomial** (trī nō' mĭăl) [L. *nōmen* name] वि० और सं० १. (बीज०) त्रिपदी, २ (जीव०) त्रिनाम।

trio (trē' ō) [It., from L. *trēs*, three] स० १. (संगी०) तीन व्यक्तियों द्वारा गायी जाने योग्य या तीन वाद्यों के लिए उपयुक्त संगीत-रचना, २. तीन गायकों या वादकों का समूह, ३. एक नृत्य विशेष (minuet) या प्रयागगीत आदि का द्वितीय खंड; ४. तिकड़ी, तीन की टोली; ५. पिक्वेट (Piquet) नामक ताश के खेल में तीन इक्कों, बादशाहों, बेगमों या गुलामों का सूट। **piano ~** पियानो-त्रय अर्थात् वायलिन, वायलञ्चिलो और पियानो।

triode (trī' ōd) [TRI-, (ELECTR) ODE] वि० ट्रायोड* (इं० २, वि० १ भी), तीन विद्युदग्रों वाला (बेतार के तार का वाल्व)।

trioecious (trī ō ē' shus) [Gr. *treis*, three; *oikos*, a house] वि० भिन्न-भिन्न पौधों पर नर, मादा और द्विलिंगी पुष्प युक्त।

triole (trē' ōl) [F., dim. of TRIO] स० (संगी०) त्रिक, त्रिसमूह, समतुकान्त पद्यत्रय।

triolet (trē' o let) [F., dim. of TRIO] सं० अष्टपदी, आठ पंक्तियों की कविता विशेष जिसमें तुकें इस प्रकार से होती हैं कि पहली पंक्ति चौथी और सातवीं के रूप में और दूसरी आठवीं के स्थान पर आती है।

Trioues (trĭ ō′ nēz) [L., ploughing-ox] सं० (बहु०) सप्तर्षि, हल।

trip (trip) [M.E. *trippen*, O.F. *troper*, *triper*, *tripper*, M. Dut. *trippen*, cp. Swed. *trippa*, Dan. *trippe*] क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **tripped**) १. हल्के-हल्के और तेजी से चलना या नाचना, तेजी और नजाकत से नाचना; २. (ला०, लय का) सहज गति से चलना, (लय में) प्रवाह होना; ३. ठोकर खाना, गलत जगह पैर पड़ना; ४. भूल करना, गलती करना; ५. असंगत या अनिश्चित कार्य करना, नैतिक अपराध करना; ६. रोड़ा अटकाना, बाधा डालना, टाँग मारना (प्रायः up के साथ); ७. किसी व्यक्ति की भारी भूल पकड़ लेना; ८. (नौ० वि०) रस्से आदि से (लंगर को) समुद्र-तल से उठाना; ९. (बल्ली आदि को) पशी के स्थान पर खड़ी स्थिति में करना, १०. (मशीन का कोई भाग) खटका दबा कर खोल देना; ११. चालू करना*/ प्रवृत्त करना* (क्रि० २ भी)। सं० १. सैर, सफ़र, पर्यटन, आमोद-यात्रा; २. समुद्री यात्रा, जल यात्रा; ३. द्रुत चरण, सत्वर पदविक्षेप; ४. फेरा*/ यात्रा* (इ० १ भी); ५. (ला० और ला०) ठोकर; ६. विघ्न, बाधा; ७. जलयात्रा में पकड़ी हुई मछलियाँ। **trippingly** क्रि० वि० १. द्रुतगति से, तेजी और नज़ाकत से, २. हल्के से।

tripartite (trī par′ tīt, trip′ ar tīt) [TRI-, L. *partitus*, p.p. of *partiri*, to divide, from *pars partis*, PART] वि० १. तीन भागों में विभक्त, २ (वन०) त्रिभागी, त्रिदलीय (पत्ता या पत्ती); ३. (सधि) त्रिदलीय*, त्रिपक्षीय* (भा० १ भी)। **~indenture** त्रिभागी प्रतिज्ञापत्रया अनुबंधपत्र। **tripartitely** क्रि० वि० १. त्रिभाग सहित; २. त्रिदलीय रूप में। **tripartition** सं० तीन भागों में होना।

tripe (trip) [F. (cp. Sp. and Port. *tripa*, It. *trippa*), etym doubtful] सं० १. ओझड़ी, पशु के उदर-भाग का मास; २. (अब अशि०, प्रायः बहु०) आँत, पेट; ३. (ग्रा०) घटिया सामान, बेतुकी बात; ४. (ग्रा०) घटिया सीट, इस प्रकार से मेंद फेंकना जो आसान हो। **~de-roche** (trēp de rōsh) [F. rock-tripe] सं० कार्ड के समान किसी वनस्पति से प्राप्त कड़वी पौष्टिक वस्तु। **~man,-seller** पशु के उदर भाग का मास पका कर बेचने वाला व्यक्ति। **tripery** सं० ओझड़ी के पकने और बिकने का स्थान।

tripedal (trip′ e dăl) [L. *tripedalis* (TRI-, *pes pedis*, foot)] वि० त्रिपदीय।

tripersonal (trī pĕr′ so nal) [TRI-, PERSONAL] वि० तीन व्यक्तियों का। **tripetalous** वि० त्रिपर्णी। **triphthong** (trif′ thong) [after DIPHTHONG] सं० एक ध्वनि उत्पन्न करने वाले तीन स्वर। **triphyllous** (trī fil′ ŭs) [Gr. *phullon*, leaf] वि० त्रिपर्णी। **tripinnate** वि० पक्षवत् त्रिपर्णी। **triplane** (trī′ plān) [PLANE¹] सं० ट्राइप्लेन, तीन पखों वाला हवाई जहाज।

triple (trip′ el) [F., from L. *triplus* (TRI-, *-plus*, cogn. with *plénus*, full)] वि० तिगुना, तिहरा, त्रिगुण*, त्रिवार*, त्रि-*, त्रिस:*, त्रिक*, त्रित.* (वि० १ भी)। क्रि० स० और अ० १. तिगुना या तिहरा करना या होना, २. किसी वस्तु में तीन गुना बड़ा या अधिक होना; ३. (इंजन में) भाप के लिए तीन बेलन लगाना या भाप के तीन बेलनों वाला (इंजन) बनाना। **Triple Alliance** १. त्रिपक्षीय संधि,* २. १६६८ ई० में लुई चौदहवें के विरुद्ध इंग्लैण्ड, स्वीडन और नीदरलैण्ड की संधि, ३. १७१७ ई० में स्पेन के विरुद्ध फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन और नीदरलैण्ड की संधि, ४. १८८२-८९ ई० में रूस और फ्रांस के विरुद्ध जर्मनी, आस्ट्रिया और इटली की संधि। **~crown** पाँच का त्रिमुकुट। **~-headed** त्रिशीर्ष, तीन सिर का। **~-nerved** त्रिस्नायु, तीन नसों या रगों का। **~time** (संगी०) तिताला, तीन ताल का। **triplet** सं० १. त्रिक* (वि० १, २ भी), त्रिगुट, तीन वस्तुओं का समूह; २. त्रिपदी कविता, समतुकान्त पद्यत्रय; ३. (संगी०) तीन स्वर (जो दो स्वरों के ताल पर बजाये या गाये जाते हों); ४. (बौल०) एक साथ उत्पन्न तीन बच्चों में से कोई एक; ५. (नौ० वि०) रस्से और लंगर के बीच की जंजीर की कड़ियाँ। **triplex** वि० तिगुना, तिहरा। सं० १. (संगी०) तिताला, तिहरी ताल; २. त्रिभागी कृति, ऐसी रचना जिसके तीन भाग हों; ३. त्रि-प्रभावी* (कृ० भी)। **~glass** तीन तहों का शीशा (जो मोटरकार में लगाया जाता है और जिनमें से दो तहों के बीच में पारदर्शी प्लास्टिक का टुकड़ा होता है)। **triplicate** (trip′ li kăt) वि० १. तिहरा, (विशे०) तीन प्रतियों वाला। सं० तृतीयक, तीन प्रतियों या भागों में से एक, तृतीयक की स्थिति। क्रि० स० तिगुना करना, तिहरा करना, तीन प्रतियाँ बनाना। **~ratio** गणित-निष्पत्ति। **triplication, triplicature** (trip′ li kā tūr) सं० तीन प्रतियाँ बनाना। **triplicity** सं० तिगुनापन, तिहरापन, त्रिगुणात्मकता।

tripod (trī′ pod) [L. *tripus -podis*, Gr. *tripous -podos* (TRI-, *pous podos*, foot)] सं० १. तिपाया, त्रिपाद, तिपाई* (इ० १, वि० १ भी), त्रिपदी* (इ० १ भी), तीन पाये का स्टूल, मेज, बर्तन आदि; २. कैमरे को रखने की लंबे पैरों वाली तिपाई; ३. (ग्रीक पुरा०) डेल्फी की कॉमे की वेदी जिस पर बैठ कर महिला पादरी देववाणी सुनाया करती थी (इस वेदी की अनुकृति पीथियन खेलों में पुरस्कार स्वरूप दी जाती थी)। **tripodal** वि० त्रिपदाकार, तिपाई जैसा, तिपाई का।

tripoli (trip′ ō li) [*Tripoli*, N. Africa] सं० त्रिपोली* (वि० १ भी), सैकत क्षोद, कुरुम पत्थर।

tripos (trī′ pōs) [L. *tripus*, TRIPOD] सं० (बहु० **-ses**) १. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की बी० ए० (आनर्स) परीक्षा; २. इसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सूची।

triptych (trip′ tik) [Gr. *triptuchon*, neut. of *triptuchos* (TRI-, *ptuché*, fold, from *ptussein*, to fold)] सं० १. त्रिफलक-चित्र, तीन फलकों या तख्तों पर बनी हुई तस्वीर; २. उक्त चित्र जो एक साथ जड़े हुए फलकों पर हो; ३. त्रिपट, एक साथ जड़ी हुई तीन तख्तियाँ।

tripudium (trī pū′ dī ŭm) [L., etym. doubtful] सं० (रोम० पुरा०) एक धार्मिक नृत्य। **tripudiate** क्रि० अ० १. आनंदविभोर होकर नाचना; २ (upon के साथ) विजय अथवा विद्वेष के भाव में नाचना।

triquetra (trī kwēt′-, -kwet′ rā) [L., fem. of *triquetrus*, three-cornered (TRI-, *quetrus*, etym. doubtful)] सं० ट्राइक्वेट्रा, एक प्रकार का सुडौल तिकोना गहना। **triquetrous, -tral** वि० तिकोना, (विशे० वन०) त्रिकोर (तना, डंठल)। **triquetrously** क्रि० वि० तिकोने रूप में।

triradial (trī rā′ di āl), **triradiate, -ated** वि० तीन दिशाओं में विकिरण करने वाला।

trireme (trī′ rēm) [L. *triremis* (TRI-, *rēmus*, oar)] सं० ट्राइरीम, प्राचीन ग्रीस का डाँड़ों की तीन पंक्तियों वाला युद्ध-पोत।

trisect (trī sekt′) [TRI-, L. *sectus*, p.p. of *secāre*, to cut] क्रि० स० १. (रेखा, कोण आदि को) तीन भागों में बाँटना, (विशे०) तीन सम भागों में विभक्त करना; २. समत्रिभाजित करना* (वि० १ भी)। **trisection** सं० त्रिभाजन, समत्रिभाजन* (वि० १ भी)। **triserial,-iate** वि० (शरीर वन०) त्रिक, त्रित।

trismus (triz' mŭs) [Gr. *trismos*, from *trizein*, to squeak, to creak] सं० (नित्य०) हनुस्तम्भ*/ ट्रिसमस* (आ० भी), जबड़े के अकड़ जाने का रोग।

trispermous (tri spĕr' mŭs) वि० (वन०) तीन बीजों वाला।

trisporous (tri spōr' ŭs), **trisporic** वि० तीन बीजाणुओं से युक्त, त्रिबीजाणु।

tristich (tris' tik) [Gr. *tristichos* (*tris*, thrice) from *treis*, three, *stichos*, row)] सं० तीन ऊर्ध्व कतार। **tristichous** वि० तीन ऊर्ध्व कतारों में व्यवस्थित। **tristigmatic, tristylous** वि० (वन०) त्रिवर्तिकापित या त्रिवर्तिका, तीन स्टीगमा या स्टाइल वाले। **trisulcate** (tri sŭl' kāt) [SULCATE] वि० (वन०) तीन खांचों वाला, तीन अंकों या खरों में विभाजित। **trisyllable** (tri-, trī sil' ăbl) [SYLLABLE] सं० तीन अक्षरों वाला शब्द, त्र्यक्षारिक शब्द। **trisyllabic** वि० उक्त अक्षर संबंधी। **trisyllabically** क्रि० वि० उक्त अक्षर के साथ। **tritagonist** (tri tăg' ŏnist) [Gr. *tritagonistes* (*tritos*, third, agonistes, see AGONISTIC) सं० यूनानी नाटक का तृतीय पात्र या अभिनेता।

trite (trīt) [L. *tritus*, p.p. of *terere*. to rub] वि० १. पुराना, जीर्ण; २. घिसा-पिटा, घिसा-घिसाया, मामूली, अति सामान्य (अभिव्यंजना, भाव, उद्धारण आदि)। **tritely** क्रि० वि० साधारणतः, मामूली तौर पर, सामान्य रूप में। **triteness** सं० १. पुरानापन; २. मामूलीपन, साधारणता, सामान्यता।

triternate (trī tĕr' nāt) वि० (वन०) तिक, त्रयी, तीन छोटी-छोटी पत्तियों से युक्त, त्रिपर्णी। सं० ऐसी तीन त्रिपर्णियाँ जिनमें २७ छोटी पत्तियाँ हों। **trithelism** (trī' thē izm) [THEISM] सं० त्रिदेववाद, यह सिद्धांत कि ईश्वर (पिता), ईसामसीह (पुत्र) और इन दोनों को मिलाने वाली पवित्र आत्मा त्रिदेव हैं। **trithelist** सं० त्रिदेववाद। **trithelistic, -al** की० वि० त्रिदेव विषयक।

Triton (trī' tŏn) [L. and Gr.] सं० १. (ग्रीक पुराण) ट्राइटोन* (वि० १ भी), नरमीन, Poseidon और Amphitrite नामक समुद्री देवों का पुत्र; २. एक समुद्री देव जिसकी पूँछ मछली जैसी होती है, कभी-कभी घोड़े की तरह आगे के दो पैर होते हैं और घोंघे का विगुल लिये रहता है, ट्रीटन*/ समुद्र का देवता* (मा० १ भी)।

tritone (trī' tōn) सं० (संगी०) तीन सुरों का मध्यान्तर।

triturate (trī' ŭ rāt) [late L. *triturātus*, p.p. of *triturāre*, from *tritūra*, rubbing, as TRITE] क्रि० स० १. महीन चूर्ण बनाना, पीस कर बारीक कर देना; २. दाढ़ों से खूब चबाना; ३. संपेषण करना*/ घोटना* (वि० १ भी)। **triturable** वि० १. चूर्णीय, बारीक चूर्ण बनाने योग्य; २. चर्वणीय, चबाने के योग्य। **trituration** सं० १ विचूर्णन, चूर्णीकरण; २. चर्वण, खूब चबाना या चबाया जाना; ३. अवपेषण*/ घोटना* (आ० भी)। **triturator** (trī' ŭ rā tŏr) सं० विचूर्णक, बारीक पीसने वाला (यंत्र)।

triumph (trī' ŭmf) [M.E. and O.F. *triumphe*, L. *triumphum*, nom. *-us*, Gr. *thriambos*, hymn to Bacchus] सं० १. (प्राचीन रोम में) विजयोत्सव, विजय-यात्रा* (मा० १ भी), विजय तथा विजयी सेनापति के सम्मान में मनाया गया समारोह, जीत का जुलूस* (मा० १ भी) और जलसा; २. जीत, विजय* (मा० १ भी), जय, फ़तह; ३. कामयाबी, सफलता, महान सिद्धि या प्राप्ति; ४. विजयोल्लास, जीत की खुशी, इसका प्रदर्शन। क्रि० अ० १. विजयोत्सव का आनंद लेना; २. विजय प्राप्त करना; ३. सफल होना; ४. (शत्रु को पराजय पर) खुशी मनाना, फूला न समाना, आनंद विभोर होना। **triumphal** वि० १. विजय विषयक; २. विजयोत्सव या विजयोल्लास संबंधी; ३. विजयोत्सव में प्रयुक्त। **~arch** विजय-तोरण, विजय-द्वार। **~crown** विजय-मुकुट (जो रोम में विजयी सेनापति को पहनाया जाता था)। **triumphant** वि० १. विजयी, विजेता; २. सफल, कामयाब; ३. विजयोल्लसित (व्यक्ति); ४. विजयाभिमानपूर्ण, उल्लासयुक्त (भाषण, स्वर आदि)। **triumphantly**, क्रि० वि० १. विजेता के रूप में; २. **triumphingly** सफलतापूर्वक; ३. उल्लास के साथ। क्रि० वि० विजय के अभियान पर इतराते हुए।

triumvir (trī ŭm' vĕr) [L. (*trium*, gen. of *trēs*, three, *vir*, man)] सं० (बहु० **triumvirs,-viri**) (प्राचीन रोम में) त्रिशासक, एक पद के तीन पदाधिकारियों में से एक, प्रथम या द्वितीय शासकवर्ग में से एक, ट्रायमविर*/ त्रिशासक* (मा० १ भी)। **triumviral** वि० त्रिशासकीय, त्रिकर्तव्य, त्रिकशासन संबंधी। **triumvirate** सं० १. तीन शासकों का पद या पदाधिकार; २. शासकवर्ग, तीन शासकों का गुट। **first ~** प्रथम त्रिकर्तृत्व, ६० ई० पू० पोम्पे (Pompey) में जूलियस सीज़र (Julius Caesar) मार्क एन्टोनी (Mark Antony) और कैसस् (Gr. sius) का संयुक्त शासन। **second ~** द्वितीय त्रिकर्तृत्व, ४३ ई० पू० का मार्क एन्टोनी, ऑक्टेवियन (Oct.vian) और लैपीडस (Lepidus) का संयुक्त शासन।

triune (trī' ūn) [TRI-, L. *ūnus*, one] वि० त्र्यात्मक (जैसे ~Godhead)। **triunity** सं० त्र्यात्मकता।

trivalent (trī' vā-, triv' ă lent) वि० १. (वन०) त्रियुक्त* (कू० भी); २. (रसा०) त्रिसयुज, त्रिसयोजक। **trivalence, trivalvular** (trī văl' vŭlăr) [VALVULAR] सं० त्रिसयुजता।

trivet (triv' ĕt) [formerly *trevet*, A.-S. *trefet*. L. *tripēs -pedem* (TRI-, *pēs pedis*, foot)] सं० १ घरौंची, इंगनी या केतली आदि को रखने की लोहे की तिपाई, २. अँगीठी आदि में बर्तन को साधने के लिए लोहे का कुंदा या कड़ा। **right as a~** (बोल०) सुशहाल, बहुत अच्छा, बिल्कुल ठीक।

trivial (triv' i ăl) [F. from L., *trivialis*, ordinary, from *trivium*, cross-roads (TRI-, *via*, way)] वि० १. नगण्य, तुच्छ, क्षुद्र, महत्त्वहीन; २. अनैतिक (व्यक्ति)। ३. साधारण, सामान्य, बहुत ही मामूली, ४. (वन०, प्राणि०) संधिपत्रिचित, जाना-मझाना, अवैज्ञानिक (नाम)। **trivialism, triviality, trivialness** सं० १. तुच्छता, नगण्यता, क्षुद्रत्व, क्षुद्रता, २. पदार्थ; ३. ओछी बात, ओछापन; ४. क्षुद्र वस्तु, ५ महत्त्वहीनता; ६. ओछापन, खोखलापन; ७. अनैतिकता, ८. मामूलीपन, सामान्यता। **trivialize** क्रि० स० १. महत्त्वहीन बना देना; २. ओछा या अनैतिक बनाना; ३. बहुत ही सामान्य बनाना, मामूली बना देना। **trivially** क्रि० वि० १. क्षुद्रता, तुच्छतया, क्षुद्र रूप में, तुच्छता से; २. ओछेपन में, ३. अनैतिक रूप से, ४. मामूली या सरसरी तौर पर। **trivium** (triv' i ŭm) सं० १. [इति०, मध्ययुगीन सप्तप्रदायों में] त्रिकला, प्रारंभिक तीन कलाएँ (अर्थात् व्याकरण, अलंकार-शास्त्र तथा तर्कशास्त्र); २. (रसा०) हाइड्रोजन का भारी समस्थानिक (आइसोटोप) जो हाइड्रोजन के साधारण परमाणु से तिगुना भारी होता है; ३. त्रिभुजिका* (वि० १ भी)।

-trix [L, fem. of *-tor*] प्रत्य० ऐसा प्रत्यय जिसके लगाने से -tor से बनने वाले पुंलिंग शब्द की स्त्रीलिंग संज्ञा बन जाती है (जैसे administrator से administratrix; executor से executrix)।

trizone (trī' zōn) सं० त्रिक्षेत्र, त्रिप्रदेश, द्वितीय महायुद्ध के

पश्चात् जर्मनी के ब्रिटेन, अमरीका और फ्रांस द्वारा अधिकृत प्रदेश। **trizonal** वि० उक्त प्रदेशों से संबंधित।

troat (trōt) [limit.] क्रि० अ० और स० संभोगाकुल या मस्त हिरन का बुक्कुराना या वैसी आवाज निकालना। सं० बुक्कुराहट, मस्त हिरन की आवाज।

trocar (trō' kär) [F. (*trois*, three, *carre*, L. *quadra*, square)] सं० ट्रोकार* (आ०, कृ० भी), (औष०) जलोदर के रोग में शरीर से पानी निकालने का यंत्र।

trochaic दे० TROCHEE।

trochal दे० TROCHE।

trochanter (trō kăn' tēr) [Gr. from *trechein*, to run] सं० १. ट्रोकेण्टर* (आ० भी), (शा०, वि० प्राणि०) शिखरक, उरुकूट; २. जांघ की हड्डी के ऊपरी भाग के दो सिरे; ३. कीड़ों की टाँग का दूसरा जोड़।

troche (trōk, trōch trōsh) [Gr. *trochos*, wheel, as prec.] सं० दवा की छोटी टिकिया। **trochal** (trō' kăl) वि० (प्राणि०) चक्राकार, गोलाकार, पहिये की आकृति का।

trochee (trō' kē) [L. *trochæus*, Gr. *trochaior*, running, as prec.] सं० ट्रोकी, छंद का एक गण जिसमें गुरु-लघु होते हैं।

trochil, -us (trok' il, -ŭs) [Gr. *trochilos*, from *trechein*, to run] सं० विशेष प्रकार की चिड़ियाँ (जैसे मंद-मंद शब्द करने वाली चिड़िया, वह चिड़िया जिसके बारे में प्राचीन लेखकों ने कहा है कि मगर के दाँत कुरेदती थी)।

trochlea (trok' lē ă) [L., from Gr. *trochalia*, pulley, from *trechein*, to run] सं० (बहु० **-ee**) (श०वि०) १. चक्रक* (आ०, वि० १ भी); २. चिरनी या चर्खी जैसा पुर्जा या भाग, ३. ट्रोकलिया* (वि० १ भी)। **trochlear** वि० (श० वि०, बन०) चक्रक* (आ० भी), चिरनी जैसा। **trochleate** वि० (बन० शा०) चिरनीदार।

trochoid (trok' oid, trō' koid) [Gr *trochoeidēs* (*trochos*, see TROCHE, -OID)] वि० १. (श० वि०) चक्राभ* / त्रिज्याज* / ट्रोकोइड* (वि० ३ भी), आरी घुरी पर घूमने वाला, २. लट्टू के आकार का (शल्य)। सं० १. घूमने वाला, चक्र; २. एक प्रकार का पौधा। **trochoidal** (tro koi' dăl) वि० उक्त चक्र संबंधी, चक्रीय*, चक्री* (वि० १ भी)। **trochometer** दे० HODOMETER।

troglodyte (trog' lo dīt) [F., from L. *trōglodyta*, Gr. *trōglodutēs* (*trōglē*, cave, *duein*, to enter)] सं० १. कन्दरावासी, गुहावासी, गुफा में रहने वाला (विशे० पूर्व इतिहास-काल के पश्चिमी यूरोप में), २. (ला०) एकान्त-वासी, ३. एक प्रकार का पक्षी, ४. मनुष्य की आकृति का बंदर, ५. ट्रग्लोडाइट* (वि० १ भी)। **troglodytic, -al** वि० १ गुहावासी संबंधी, २. एकान्तवासी संबंधी। **troglodytism** (trog' lo dī tizm) सं० १. गुहावास, कन्दरावास, २. एकान्तवास।

Trojan (trō' jan) [L. *Trōjānus*, from *Trōja*, *Troia*] वि० ट्राय का। सं० १. ट्रायवासी, २. (ला०) साहसपूर्ण काम करने वाला या लड़ने वाला या आपदाओं को सहन करने वाला व्यक्ति। **~War** सुदरी हेलन के लिए ट्रायवासियों और यूनानियों का युद्ध, ट्रॉय का युद्ध, (जिसमें यूनानियों का नायक Agamemnon और ट्रॉयवासियों का Priam था)।

troll[1] (trōl) [O.F. *troller*, *traueler*, G. *trollen*, to roll, to stroll, cp. M. Dut. *drollen*] क्रि० स० और अ० १. दिल खोल कर गाना, मुक्त हृदय से गाना; २. मछली मारना या पकड़ना, चारे की तरह के एक प्रकार की चमकीली धातु के टुकड़े को नाव के पीछे-पीछे खींच कर मछली पकड़ना। स० १. कई लोगों के द्वारा बारी-बारी से गाया हुआ गीत, बीच में पकड़ा हुआ बोल या अंतरा; २. मछली मारने की लकड़ी की रील; ३. मछली पकड़ने के चारे की तरह प्रयुक्त चमकीली धातु।

troll[2] (trōl) [Icel., cp. Swed. *troll*, Dan. *trold*] स० ट्रॉल, स्कैण्डिनेवियाई पौराणिक कथाओं का एक अलौकिक प्राणी।

trolley, trolly (trol' i) [TROLL[1]] सं० १. ठेला* (ई० १ भी) (जिसमें कुली स्टेशनों पर माल लाद ले जाते हैं); २. फल, मछली आदि बेचने वाले का ठेला जो हाथ से खींचा जाता है या जिसमें गधे को जोतते हैं; ३. ठेलागाड़ी जो रेल की पटरियों पर इंजीनियरों को ले जाने के लिए हाथ से चलाई जाती है, ४. (**~-table**) पहियेदार मंच जिस पर रख कर भोजन परोसा जाता है; ५. ट्रॉली* (ई० १, कृ० भी), ट्राम गाड़ियों की वह चर्खी जो ऊपर लगे हुए तारों से बिजली का करेंट लेती है। **~-lace** मोटे डोरे के काम का फीता। **~-bus** बिजली से चलने वाली बस। **~-car** (अमरीका में) बिजली से चलने वाली ट्राम। **~-pole** ट्रॉली का डंडा जो गाड़ी में लगा रहता है और इसके सिरे पर ट्रॉली होती है।

trollop (trol' op) [etym. obscure] सं० १. गंदी, फूहड़ स्त्री; २. बेश्या, रंडी। **trollopy** वि० १. गंदी और फूहड़; २. आवारा, वेश्यावृत्ति वाली।

trombone (trom bōn') [It., from *tromba*, trumpet] सं० ट्रम्बोन* (वि० २ भी), रमतूला, एक प्रकार का बड़ा बिगुल या बड़ी तुरही। **trombonist** सं० रमतूला बजाने वाला।

trommel (trom' el) [Gr., drum] सं० (खनन में प्रयुक्त) ढोल या बेलन के आकार की कच्ची धातु को छानने वाली छलनी।

tromometer (tro mom' e ter) [Gr. *tromos*, trembling, from *tremein*, to tremble, -METER] सं० भूचाल के हल्के धक्कों को नापने का यंत्र।

trompe (tromp) [F., TRUMPE[1]] सं० धौंकनी, भट्ठी की आग धौंकने का उपकरण।

troop (troop) [F. *troupe*, O.F. *trope* (cp. Sp. *tropa*, It. *truppa*), etym. doubtful] सं० १. झुंड, गिरोह, टोली, समूह, लोगों या पशुओं का जमाव या जमघट, २. (बहु०) सैनिक, सिपाही, ३. सैन्यदल, टुकड़ी, फ़ौज* (विधि भी); ४. अश्वारोही दल, घुड़सवारों का दस्ता (जिसमें प्राय. ६० अश्वारोही, दो लेफ्टिनेंट और कप्तान होते हैं); ५. अश्वारोही दल का नायकत्व; ६. तोप चलाने वालों और सशस्त्र सैनिकों का दल, ७. कूच का नगाड़ा; ८ अभिनेताओं या खेल-तमाशा करने वालों की मंडली। क्रि० स० और अ० १. एकत्र होना, इकट्ठा होना, जमा होना (प्राय. up, together आदि के साथ), २. दल या बड़े समुदाय के रूप में चलना, फ़ौज की शक्ल में चलना (along, in, out आदि के साथ); ३. (बहु० कर्ता के साथ) तेजी से चल देना या चले जाना (off, away के साथ); ४. रेजीमेंट को टुकड़ियों में बाँटना, सैन्य दल बनाना। **~-carrier** सैनिकों को ले जाने वाला बड़ा हवाई जहाज। **~-horse** रिसाले का घोड़ा, अश्वारोही दल का घोड़ा। **~-ship** सैनिक पोत, सिपाहियों को लाने, के जाने वाला जहाज। **trooper** सं० १. घुड़सवार सैनिक, अश्वारोही सैनिक, २. सेना का घोड़ा; ३. सैनिक पोत, सेनावाही पोत। **swear like a ~** सिपाही की भाँति अधिक गाली-गलौज करना। **trooping the colour** नगर-रक्षक सैनिकों की तैनाती के समय की परेड।

tropæolum (tro pē' o lùm) [mod. L., from Gr. *tropaios*, turning, as foll] सं० १. एक प्रकार का भारतीय पौधा जिसकी पत्तियाँ तेज होती हैं और खाई जाती हैं; २. एक प्रकार की बेल जिसके फूल पीले या चटकीले लाल रंग के होते हैं।

trope (trōp) [F., from L. *tropus*, Gr. *tropos*, turn, trope, from *trepein*, to turn] सं० १. (किसी शब्द का) लाक्षणिक प्रयोग (आलंकारिक या व्यंग्यात्मक प्रयोग); २. खीस्तयाग (Eucharist) के अवसर पर अलंकार के हेतु सम्मिलित की गयी शब्दावली या पद्य; ३. समतल*/ ट्रोप* (वि० १ भी)।

trophic (trof' ik) [Gr. *trophē*, nourishment, from *trephein*, to nourish] वि० पोषणज* (आ० भी), पौष्टिकता संबंधी, पोषण विषयक (जैसे ~nerves)।

tropho- समास में 'भोजन' के अर्थ में प्रयुक्त। **trophoneurosis** सं० स्नायविक कुव्यवस्था के कारण दूषित पोषण।

trophy (trō fi) [F. *trophée*, L. *tropæum*, Gr. *tropaion*, neut. a. from *tropē*, defeat, from *trepein*, to turn] सं० १.(प्राचीन यूनान में) विजित शत्रु के शस्त्रास्त्र जिन्हें युद्ध क्षेत्र में या किसी अन्य स्थान पर विजय की स्मृति के रूप में रखा जाता था; २. रोम का विजय-स्मारक; ३. जय-स्मारक, विजय-चिह्न (आ० और ला०); ४. पुरस्कार, पारितोषक; ५. (किसी घटना या व्यक्ति का) स्मृति-चिह्न; ६. दीवार पर सजाई हुई स्मृति-चिह्न रूप या प्रतीक रूप वस्तुएँ। **trophied** वि० जय-चिह्न-मण्डित, विजय-स्मारक-युक्त।

tropic (trop' ik) [F. *tropique*, late L. *tropicum*, nom. *-cus*, Gr. *tropikos kuklos*, the tropic circle, from *tropē*, solstice, turning, from *trepein* to turn] सं० १. कर्क या मकर रेखा, विषुवत रेखा के २३° २७' अक्षांश उत्तरी और दक्षिणी समानांतर रेखा; २. ऋतिवृत्त, भूमंडल के उन वृत्तों या रेखाओं में से प्रत्येक जहाँ पर पहुँचकर फिर सूरज लौटने लगता है अर्थात् उष्ण कटिबंध की सीमारेखा अक्षांश रेखाएँ। वि० दे० TROPICAL (केवल अंतिम अर्थ को छोड़ कर)। **the tropics** १. उष्ण प्रदेश, कर्क और मकर रेखाओं के बीच का भाग; २. अयन मंडल*; उष्ण कटिबंध* (वि० १भी)। **~of Cancer** कर्क रेखा। **~of Capricorn** मकर रेखा। **~bird** उष्ण कटिबंध का पक्षी जो समुद्री अबाबील की भाँति होता है। **tropical** वि० १. उष्ण कटिबन्ध-* (आ० भी), उष्णकटिबंधीय, उष्णदेशीय, उष्णप्रदेशीय (जैसे ~plants, disease, heat), २. (ला०) तीव्र, उत्तेजनापूर्ण; ३. (Trope से) लाक्षणिक। **tropically** क्रि० वि० १. उष्ण कटिबंध के अनुसार; २. उत्तेजनापूर्वक; ३. लाक्षणिक रूप से। **tropicopolitan** वि० और सं० उष्णकटिबंधीय या उसमें पाया जाने वाला (पशु, पौधा)।

tropology (tro pol' ó ji) सं० १. लाक्षणिकता, शब्दों का लाक्षणिक प्रयोग; २. धर्मग्रंथ की लाक्षणिक व्याख्या। **tropist** (trō' pist) सं० १. लाक्षणिक भाषा प्रयोग करने वाला; २. धर्मग्रंथ की लाक्षणिक व्याख्या समझने वाला। **tropological** (trop ó loj' i kàl) वि० लाक्षणिक प्रयोग संबंधी या उससे युक्त। **tropologically** क्रि० वि० लाक्षणिक प्रयोग के रूप में।

troposphere (trō' pō sfēr) [Gr. *tropos*, a turn, SPHERE] सं० परिवर्तमंडल, पृथ्वी के धरातल से लगभग सात मील तक फैला हुआ वायुमंडल का भाग जिसमें तापक्रम ऊँचाई के साथ-साथ कम होता जाता है, क्षोभमंडल*/ ट्रोपोस्फियर* (वि० १भी)। **tropopause** सं० उत्परिवर्तमंडल, परिवर्तमंडल और समतापमंडल के बीच का सैंकरा स्तर, क्षोभसीमा* (वि० १ भी)।

trot (trot) [M.E. *trotten*, F. *trotter*, etym. doubtful, perh. from L. *tolātim*, at a trot, from *tollere*, to lift, throughl ate L. *tolātārius*, trotting] क्रि० अ० और स० (भू० और भू० कृ० **trotted**) १. (घोड़ों आदि का) दुलकी चलना, दुलकी चाल से चलना; २. (घोड़ों को) दुलकी चलाना; ३. (व्यक्ति का) मजे से दौड़ना, लंबे-लंबे क्रदम रखते हुए मजे की दौड़ दौड़ना; ४. हल्की दौड़ से (दूरी) पूरी करना (प्रायः along के साथ प्रयुक्त); ५. (किसी व्यक्ति को) दौड़ा मारना, दौड़ पर चढ़ाना; ६. (घोड़े को) दुलकी चाल चलवा कर नियंत्रित करना। सं० १. दुलकी चाल; २.लंबे-लंबे डगों से मजे से दौड़ने का व्यायाम (जैसे proceeded at a ~, went for a ~); ३. (ला०) दौड़-धूप, दुड़ परिश्रम, मेहनत का काम; ४. उगमना कर चलने वाला बच्चा। **kept him on the ~** उसको व्यस्त रखा। **~out** १. घोड़े से दुलकी चलवा कर दिखाना; २. (ला०, किसी व्यक्ति, वस्तु, बड़ी बात, विषय को किसी के सामने) इस प्रकार प्रस्तुत करना कि वह उसकी प्रशंसा करने लगे। **trotter** १. दुलकी चाल के लिए प्रसिद्ध एक जाति का घोड़ा, २. (बहुव०) पशुओं के पैर (जो पका कर खाये जाते हैं जैसे pig's, sheep's ~); ३. (हास्य में प्रयुक्त) मनुष्य का पैर।

trotyl सं० (रसा०) ट्रोटिल, टी० एन० टी०, एक अस्थायिक विस्फोटक पदार्थ।

troubadour (tro' bà door) [F., from Prov. *trobador*, from *trobar* (F. *trouver*, to find), prob. through a pop. L. *tropāre*, to compose poetry, from *tropus*, TROPE] सं० (११वीं शती के Provence के एक वर्ग का) गीतकार* (आ० १ भी), गीत-लेखक, चारण*/ भाट* (आ० १ भी)।

trouble (trub' el) [O.F. *troubler*, *trubler*, from L. *turbula*, dim. of *turba*, crowd] क्रि० स० तथा अ० १. गड़बड़ करना, आंदोलित करना या होना, अशांति उत्पन्न करना या होना; २. उत्तेजित या कंपित करना या होना, ३. बेचैन या परेशान करना या होना, चिंतित होना, फिक्र करना; ४. मनाना, दुख देना, तकलीफ़ देना, कष्ट देना, फिक्र करना, ५. कष्ट उठाना, तकलीफ़ उठाना। सं० १. मुसीबत, विपत्ति, कष्ट; २. तकलीफ़, परेशानी; ३. बीमारी, रोग, मर्ज़, शिकायत (जैसे liver ~); ४. (खनिज-कर्म) भामुली खराबी, छोटा सा दोष। **ask or look for ~** (ला०) झगड़े में पड़ना, झंझेले में पड़ना, अपने सिर परेशानी या मुसीबत लेना। **be in, get into ~** दोष लगना, दंड मिलना। **troublesome** (trūbl' som) वि० कष्टप्रद, कष्टदायक, दुखदायी, तकलीफ़ देने वाला या दिक करने वाला (व्यक्ति, वस्तु, काम आदि)। **troublesomely** क्रि० वि० कष्टप्रद रूप में, तकलीफ़ देते हुए। **troublesomeness** सं० कष्टप्रदता, कष्टकरता, दुःखदायीपन।

trough (trof, trawf) [A.-S. *trog* (cp. Dut., G., and *Icel. trog*, Dan. *trug*, Swed. *tråg*), cogn. with TREE] सं० नाँद* (आ० १ भी), कूँड़, लकड़ी या किसी और चीज की नाली जिसमें पानी आदि बह सके, डोणी*/ द्रोणिका* (आ०, इ० १, आ० १, वि० १ भी)। **~of barometric depression** बैरोमीटर (भारमापी) के दबाव के क्षेत्र में सर्वाधिक नीचे की रेखा। **~of the sea** दो लहरों के बीच का गर्त।

trounce (trouns) [O.F. *trons*, TRUNCHEON] क्रि० स० (आ० और ला०) बुरी तरह पीटना या हराना, कस कर मार लगाना, दंड देना, सजा देना। **trouncing** सं० अच्छी मरम्मत, खूब पिटाई, करारा दंड।

troupe (troop) [F., TROOP] सं० अभिनेताओं, नटों आदि की मंडली। **trouper** सं० किसी नाटक कंपनी का सदस्य, मंडली वाला।

trouser (trou' zĕr) [prob. Ir. *triubhas*, but cp. F. *trousses*, breeches, bundles, see TRUSS] सं० १. (प्राय: बहु०, pair of trousers भी) पायजामा, पतलून; २. प्रारंभिक १२वीं सदी में स्त्रियों का लंबा झालरदार पायजामा। **~batten** पतलून या पायजामे के बटन। **~pocket or trouser's pocket** पतलून की जेब। **~stretcher** पायजामे या पतलून का खिंचना (जिसमें उसको दबा कर रखा जाता है ताकि सिकन न पड़ जाय)। **trousered** वि० पायजामा या पतलून पहने, पायजामाधारी। **trousering** सं० पायजामा या पतलून का कपड़ा।

trousseau (troo' sō, troo sō') [F., bundle, O.F. *trousse*l, dim. of *trousse*, TRUSS] सं० (बहु०-eaux) नववधू के वसन-भूषण, दुलहिन का साज-सामान।

trout (trout) [A.-S. *truht*, L. *tructa*, Gr. *trōkkēs*, from *trōgein*, to gnaw] सं० ट्राउट* (मछली) (वि० १ भी)। क्रि० अ० ट्राउट का शिकार करना। **~coloured** बहु छोटा जिस पर काले या किंशमिशी तिल से बने होते हैं। **~farm** वह स्थान जहाँ ट्राउट मछलियाँ पाली जाती हैं। **troutlet, troutling** सं० छोटी ट्राउट मछली। **trouty** वि० ट्राउट मछलियों से भरा हुआ।

trove दे० TREASURE।

trover (trō' vĕr) [O.F. (F. *trouver*), see CONTRIVE] सं० १. (विधि) वित्ति, निजी संपत्ति को संप्राप्ति; २. दूसरे के द्वारा किसी की संपत्ति भार ले पर होने वाला मुकदमा।

trowel (trou' ĕl) [M.E. *truel*, F. *truelle*, latc L. *truella*, dim. of *trua*, ladle] सं० १. (राज की) कन्नी*/ करनी* (इं० ३ भी); २. (माली की) खुरपा, खुरपा। क्रि० स० कन्नी से (पलस्तर) चढ़ाना, (दीवाल पर) गारा चढ़ाना, गारा फैलाना। **lay it on with a ~** (ला०) बहुत ज्यादा खुशामद करना।

troy (troi) [prob. from *Troyes*, town S.E. of Paris] सं० (~weight भी) सोने और चाँदी को तौलने के बाटों की प्रणाली या तौल विशेष।

truant (troo' ănt) [A.-F. *truaunt*, W. *truan*, wretched, cp. Ir. *trogha*, miserable, Gael. *truaghan*, a wretched creature] सं० १. कामचोर आदमी, काम पर अनुपस्थित रहने वाला व्यक्ति, (विशे०) स्कूल से बिना छुट्टी लिये भागने वाला विद्यार्थी। वि० १. कामचोर, सुस्त, आवारा, बेकार घूमने वाला (व्यक्ति); २. निष्क्रियतापूर्ण, आलसी जैसा, कामचोर जैसा (आचरण, चरित्र, विचार आदि)। क्रि० अ० (काम या कक्षा से) भागना, भाग जाना। **play ~** काम से या कक्षा से जी चुरा कर भागना, बाहर-बाहर घूमना। **~-school** (इति०) औद्योगिक विद्यालय जिसमें काम से या कक्षा से भागने वाले बच्चों की पकड़ का प्रबन्ध होता है। **truancy** सं० कामचोरी, कामचोरपन, भगोड़ापन। **truantly** क्रि० वि० कामचोर की भाँति, आवारा की तरह।

truce (troos) [M.E. *triwes, treowes*, pl., from A.-S. *trēow*, compact, faith, see TRUE] सं० १. युद्ध-विराम-संधि, विराम संधि* (इं भी), अल्पकालिक युद्ध-विराम; २. पीड़ा से विश्राम, काम से छुट्टी। **~of God** (इति०) कुलों के पारस्परिक संघर्ष को रोक देना (विशे० चर्च के उत्सवों के अवसर पर)। **truceless** वि० युद्धविराम-संधि रहित, विश्राम रहित, विरामशून्य।

trucial (troo' si ăl) वि० युद्धविराम-संधि विषयक, युद्धविरामसंधि से आबद्ध (केवल १८३५ ई० की ब्रिटेन और ओमन प्रायद्वीप (Oman Peninsula) के कुछ शेखों की विरामसंधि के संदर्भ में)।

truck[1] (trŭk) [M.E. *trukken*, A.-F. *troquier* (F. *troquer*), from O.F *troque*, barter, W.Flem. *trok*, sale, *trokken*, to procure goods, cogn. with TREK] क्रि० अ० तथा स० १. सौदा करना, लेन-देन करना, व्यापार करना; २. विनिमय करना, एक वस्तु का दूसरी से बदल लेना; ३. (तैयार सामान बेचने के लिए) फेरी लगाना। सं० १. व्यापार, लेन-देन, वस्तु-विनिमय; २. बिक्री का छोटा-मोटा सामान, छोटी चीजें; ३. (अमरीकी प्रयोग) बाजार में बिकने वाली तरकारियाँ, फल आदि; ४. (बोल०) कूड़ा-करकट, रद्दी माल; ५. (ला०) बकवास, बेकार की बात; ६. (~system भी) मजदूरों को मजदूरी पैसे की अपेक्षा सामग्री के रूप में देने की प्रणाली या पैसे इस शर्त पर दिये जाना कि मजदूर मालिक के यहाँ से ही सामान खरीदेंगे। **Truck Acts** विनिमय अधिनियम, १८३१ और १८७० ई० का अधिनियम (जिसमें मजदूरों को मजदूरी जिन्स के रूप में दी जाने वाली प्रथा की समाप्ति या उसकी जाँच का आदेश था)। **~shop** मजदूरों को सामग्री के रूप में मजदूरी देने की दूकान। **truckage**[1] सं० लेन-देन, सौदेबाजी।

truck[2] (trŭk) [L. *trochus*, Gr. *trochos*, wheel, from *trechein*, to run, or perh. short for foll.] सं० १. ट्रक* (कि० १ भी), भारी सामान लादने का चार या छह पहियों का मजबूत मोटर ठेला; २. मालगाड़ी का खुला डिब्बा; ३. सैनिकों को ले जाने वाली मोटरगाड़ी; ४. रेलवे स्टेशन पर दो या तीन या चार पहियों वाला ठेला जिसे कुली लोग काम में लाते हैं; ५. रेलगाड़ी आदि का निचला ढाँचा जिसमें पहिये लगे होते हैं और जिस पर डिब्बे बने होते हैं; ६. (नौ० वि०) मस्तूल के सिरे पर का लकड़ी का थाली जैसा टुकड़ा जिसमें पाल की रस्सियों के लिए छेद होते हैं; ७. (विरल प्रयोग) बिना टायर का छोटा पहिया। क्रि० स० १. ठेले या ट्रक में माल ढोना; २. ट्रक में ले जाना। **~bolster** मोटर के निचले ढाँचे में लोहे के आड़े शहतीर जिस पर एक सिर टिका होता है। **truckage**[2] सं० १. ट्रक से माल ढोना; २. ट्रक का भाड़ा, ठेला भाड़ा, ३. ठेले देना।

truckle (trŭk' el) [from TROCHLEA; cp. prec.] क्रि० अ० दबना, अधीनता स्वीकार करना, हीनता दिखाना, चापलूसी करना। सं० (प्राय: ~-bed) पहियों वाली छोटी चारपाई जो बड़ी चारपाई के नीचे लुढ़कायी जा सके (पहले विशे० नौकर इस्तेमाल करते थे)। **truckler** सं० दब्बू, दबने वाला, चापलूसी करने वाला।

truculent (trŭk' ū-, troo' kū lent) [O.F., from L. *truculentum*, nom. *-tus*, from *trux trucis*, savage] वि० १. लड़ाकू, आक्रमणशील, विग्रही; २. भीषण, कराल, क्रूर। **truculence, ~-lency** सं० १. लड़ाकूपन; २. क्रूरता, निर्दयता। **truculently** क्रि० वि० लड़ाकू की भाँति, क्रूर की भाँति।

trudge (trŭj) [F. *trucher*, to beg, prob. from Teut. (cp. Dut. *troggelen*, also Icel. *thrūga*, Swed. *truga*, Dan. *true*, to press)] क्रि० अ० और स० कष्टपूर्वक चलना, डोर लगाकर चलना, इस तरह चल कर दूरी पूरी करना। सं० उक्त प्रकार की चाल।

trudgeon, trudgen (trŭj' ŏn)[John *Trudgen* (fl. 1860-70) who introduced it] सं० तैराकी का वह ढंग जिसमें दाहिना और बायाँ हाथ बारी-बारी से मारते हैं और पैर वैसे ही चलते रहते हैं।

true (troo) [A.-S. *trēowe, trȳwe*, cp. Dut. *trouw*, G. *treu*, Icel. *tryggr, trūr*] वि० १. सच्चा, तद्रूप, वास्तविक*; यथार्थ* (आ०, वि० १ भी), यथातथ्य* (वि० १ भी); २. उचित, वाजिब, तर्कसंगत, युक्तिसंगत, प्रामाणिक; ३. ठीक, सही; ४. असली, विशुद्ध, अकृत्रिम; ५. स्वाभाविक, यथानाम; ६. (आदर्श या नमूने के) पूर्णतः अनुरूप; ७. ठीक, सधी हुई (ध्वनि या आवाज़); ८. विश्वस्त, निष्ठावान्, सच्चा; ९. दृढ़, पक्का, अटल; १०. सीधा, ठीक तरह से लगा हुआ (पहिया, लम्बा. शहतीर आदि)। क्रि० वि० सच-सच, ठीक-ठीक, सच्चे रूप में (जैसे tell me ~)। क्रि० स० (औज़ार, पहिया, ढाँचे आदि को) फिट करना, ठीक तरह से लगाना। **~bill** सच्चा आरोप-पत्र, प्रमाणों के आधार पर बड़े जूरी द्वारा समर्थित अपराध-पत्र। **~blue** खरा, सच्चा, ईमानदार, अटल सिद्धांतों या दृढ़ निष्ठा का (व्यक्ति)। **~born** सुजात, शुद्ध, जन्मतः (जैसे a ~born Englishman)। **~bred** कुलीन, सुजात। **~hearted** निष्कपट, सरलहृदय, सच्चे हृदय का। **~heartedness** निष्कपटता, साधुता, सरलता। **~horizon** खगोलीय क्षितिज* (वि० १ भी)। **~love** १. प्रियतम, प्यारा; २. प्रिया, प्रियतमा; ३. एक पौधा जिसकी पत्तियाँ दुहरी गठी गाँठ की तरह होती हैं। **~love (s's) knot** दुहरी गठी हुई गाँठ। **~rib** १. असली पसली जो छाती की हड्डी से जुड़ी रहती है, मुख्य पसुँका* (वि० १ भी)। **trueness** सं० १. सच्चाई, यथार्थता; २. औचित्य, युक्तिसंगतता, प्रामाणिकता; ३. अकृत्रिमता, स्वाभाविकता; ४. निष्ठा, दृढ़ता; ५. ईमानदारी।

truffle (trŭf' el, trū' fel)[O.F.*truffe*, prob. from L. TUBER] सं० भूमि के नीचे उगने वाला कुकुरमुत्ता जो खाया जाता है। **truffled** वि० कुकुरमुत्ते वाला।

trug (trŭg) [etym. doubtful] सं० १. लकड़ी का बना दूध का बर्तन; २. लकड़ी की डलिया।

truism (troo' izm) सं० १. स्वयंसिद्ध सत्य; २. स्वयंसिद्ध प्रस्तावना अर्थात् ऐसी बात जिसमें स्वयं ही उसकी शर्त निहित हो; ३. घिसा-पिटा सत्य, सामान्य उक्ति।

truly (troo' li) क्रि० वि० १. सचमुच, सच्चे दिल से, सत्यभाव से; २. ईमानदारी से, सचाई के साथ; ३. वास्तव में, सच में; ४. वफ़ादारी से, निष्ठापूर्वक, भक्तिभाव से, सच्चे रूप में; ५. ठीक तौर पर, सही ढंग से; ६. (पत्रों के अंत में व्यवहृत) भवदीय, आपका।

trump[1] (trŭmp) [O.F. *trompe* (whence *tromper*, to play on this, to deceive), O.H.G. *trumpa*, from O.Slav., cp. Rus. *truba*, Pol. *trabat*] सं० १. (काव्य०) बिगुल, तुरही; २. तूर्यध्वनि, तुरही की आवाज़।

trump[2] (trŭmp) [F. *triomphe*, a card-game, TRIUMPH] सं० १. (ताश के खेल में) तुरप, ट्रंप, तुरप का पत्ता; २. (ला०) बहुमूल्य साधन; ३. (बोल०) प्रशंसनीय साहस; ४. उदारता वाला (व्यक्ति); ५. साधन-सम्पन्न व्यक्ति, उदार पुरुष, अच्छा आदमी। क्रि० स० और अ० १. तुरप से हराना, तुरप लगाना या चलना; २. (ला० भी) अंतिम साधन काम में लाना। **a call for ~** (अपने साथी को) तुरप चलने का संकेत। **put person to his trumps** (ला०) किसी व्यक्ति को ऐसा विवश करना कि उसे अपने अंतिम साधन का प्रयोग करना पड़े। **~up** १. (कहानी) गढ़ लेना; २. (बहाने आदि) बनाना। **turn up trumps** १. अप्रत्याशित रूप से अच्छा परिणाम निकलना; २. भाग्य चमकना, किस्मत खुलना। **~-card** तुरप का पत्ता, (ला०) मूल्यवान साधन, अच्छा उपाय।

trumpery (trŭm' pĕ ri) सं० १. निरर्थक दिखावटी वस्तुएँ, टीम-टाम का रद्दी माल; २. बेसकूती, नाशसती, मूर्खता। वि० भड़कीला, नुमायशी लेकिन निकम्मा, दिखावटी और निरर्थक।

trumpet (trŭm' pĕt) [O.F. *trompette*, dim. of TRUMP[1]] सं० १. तूर्य* (वि० १ भी), तुरही, नरसिंहा, भेरी, अरगन बाजे का इसी नकल का पर्दा; २. तूर्यवादक, तुरही बजाने वाला (विशे० अश्वारोही जो दूत के रूप में भेजा जाता था); ३. तुरही के आकार की वस्तु (विशे० एक प्रकार की कीप); ४. तूर्य ध्वनि, तुरही का शब्द, तुरही जैसी आवाज़। क्रि० स० तथा अ० १. तुरही बजाकर घोषित करना; २. (ला०) प्रचारित करना, विज्ञापित करना; ३. तुरही बजाना; ४. (हाथी आदि का) तुरही के शब्द की भाँति चिंघाड़ना। **Feast of Trumpets** यहूदियों का नव वर्ष के आरंभ का उत्सव। **sea ~** एक प्रकार का घोंघा। **~-call** १. तुरही की आवाज़ या पुकार; २. (ला०) शीघ्र कार्य करने का आह्वान। **~-conch, -shell** शंख, घोंघे की जातियाँ। **~-flower** तूर्य-पुष्प* (वि० १ भी), तुरही की आकृति के फूलों वाला पौधा। **~-leaf** तुरही जैसी पत्तियों वाला पौधा। **~-major** अश्वारोही सैनिक दल का प्रमुख तुरही वादक। **trumpeter** सं० १. तूर्यवादक, तुरही बजाने वाला (विशे० अश्वारोही सैनिक जो तुरही बजाकर संकेत देता है); २. विशेष प्रकार का कूजन वाला एक घरेलू कबूतर, अन्य पर्वा जो तुरही जैसी आवाज़ करते है (विशे० ~swan)। **~-swan** ट्रंपेटर स्वान, उत्तरी अमरीका का बड़ा राजहंस।

truncal दे० TRUNK।

truncate (trŭng' kāt) [L. *truncātus*, p.p. of *truncāre*, from *truncus*, TRUNK] क्रि० स० १. रुण्डित करना, कर्तन करना, (पेड़ का) डाले या टहनियाँ काटना, छाँटना; २. विकलांग करना, (धड़ से) सिर, हाथ, पैर आदि उड़ा देना, काट डालना; ३. (शंकु, पिरामिड का) सिरा या चोटी काटना; ४. (ला०, उद्धृत अवतरण के) आगे या पीछे के भाग को उड़ा देना; ५. (किनारे को) रंदे से तराशना। वि० १. कटा-छँटा; २. सिरकटा, रुण्डित; ३. सिर पर कटा हुआ सा। **truncately** क्रि० वि० १. सिरकटे की तरह, रुण्डित रूप में; २. कटी-छँटी अवस्था में। **truncation, truncature** (trŭng' ka tūr) सं० (प्राणि०) शृंग-कर्तन, सिरा या चोटी काटना आदि, छेदन*, छिन्नकरण* (वि० २ भी)।

truncheon (trŭn' shŏn, -chŏn) [O.North. F. *tronchon*, O.F. *troncon*, dim. of *tronc*, TRUNK] सं० १. सोंटा, छोटा डंडा, पुलिस वाले का डंडा; २. यष्टि, राजदण्ड, अधिकार-यष्टि (विशे० अंग्रे मार्शल Earl Marshal का दंड)।

trundle (trŭn' dĕl) [M.F. *troundeler*, L.G. *trōndeln*, cogn. with TREND] सं० १. छोटा सा चौड़ा पहिया (जैसे कुर्सी या मेज के पाये का); २. ढेलगाड़ी या दो चक्कों वाला छोटा पहिया; ३. नीचे पहियों का ठेला या ट्रक; ४. लंगर के ऊपर चरखे, (भौर उठाने के बंध के) सिवले भाग का सिरा। क्रि० स० और अ० १. (ठेले, पहिये आदि का) लुढ़काना या लुढ़कना; २. (ग्रा०) क्रिकेट के खेल में बैट फेंकना। **trundler** सं० १. लुढ़कने वाला; २. (ग्रा०) बैट फेंकने वाला।

trunk (trŭngk) [F. *tronc*, L. *truncum*, noun. -*us*, stem, piece cut off] सं० १. पेड़ का तना, धड़*/स्कंध*/कांड* (आ०, ई०, वि० १ भी); २. (मनुष्य या पशु का) धड़; ३. किसी

ढाँचे का मुख्य भाग; ४. (trunk-line भी) रेलवे या नहर की प्रमुख लाइन या धारा; ५. टेलीफोन की मुख्य लाइन (विशे० एक नगर से दूसरे नगर तक); ६. टूंक, पेटी, कन्डेसर इत्यादि रखने वाला संदूक; ७. रोशनदान की लकड़ी की बनी खान की सुरंग; ८. कच्चा धातु को अलग करने की लकड़ी की नाली या नांद; ९. झुक इंजनों में काम आने वाला खुला बेलन (trunk-engines); १०. सूंड (विशे० हाथी की); ११. (बहु०) (trunk-hose भी) कमर से आधी जांघ तक की विदूषक जो १६वीं और १७वीं सदी में पहनी जाती थी। कि० स० (कच्ची धातु को) काठ की नाली या नांद के द्वारा अलग करना। ~call ट्रंक काल, एक नगर से दूसरे नगर को टेलीफोन द्वारा भेजा हुआ समाचार। ~-drawers (बहु० में) जाँघिया। ~nail सुदर बड़े सिर वाली कील जिसे संदूक या तालुत आदि में लगाते हैं। ~road मुख्य मार्ग, खास सड़क। trunkful सं० संदूक भर। trunkless वि० १. बिना तने का; २. कबंध रहित, बिना धड़ का; ३. शुण्ड-रहित। truncal वि० १. कबंधीय, धड़ संबंधी, मनुष्य के धड़ का; २. पेड़ के तने का।

trunnion (trŭn' yŏn) [F. *trognon*, dim. of *tron*, *tronc*, prec.] सं० १. तोप को काल, ताप या मोर्टार को दोनों ओर निकलाहुआ बेलनाकार भाग जिस पर वह सधा रहती है; २. भाप के इंजन के नीचे का पोला भाग जिसमें से भाप निकलती है। trunnioned वि० १. कालादार, कालयुक्त; २. जिसमें भाप निकलने का स्थान हो।

truss (trŭs) [O.F. *trusser*, *trosser*, from L. THYRSUS] क्रि० स० १. (छत पुल आदि का) थूना या खम्भा लगाकर सहारा देना; २. पकान के पहले (पक्षी के पंख) बांधना; ३. (व्यक्ति को) मुश्कें बांधना, भुजाएँ बांधना; ४. (प्राय: up के साथ) अपराधी का फांसी पर लटकाना; ५. (बाज आदि का चिड़िया को) पकड़ना, धर दबोचना। स० १. (छत, पुल आदि का) आधारस्वरूप ढांचा, थूनी, बांध में जुड़ा हुआ तुहरा खम्भा, खम्भदार फहिया; २. सूखी घास का पुराना गट्ठा (५६ पौंड का या नया ६० पौंड का या पुआल का ३६ पौंड का); ३. फूली का गुच्छा, ४. चतूतरा जिस पर कोई स्मारक स्थापित हो; ५. (सं० वि०) लोहे के भारी कल्पुर्जे जिनमें नोंक का बल्लियां मस्तूल से जकड़ी रहती हैं, ६. (शल्य०) हानिया पेटी, उतरी हुई आंतों का कसने को पट्टा; ७. ट्रस* हर्नियापेटी* (आ०, कृ० भी); ८. केबी* (इ० ३ भा०)। ~bridge नोंद के ढांच से सधा हुआ पुल, पीपोंमेदार पुल।

trust (trŭst) [M.E., cp. O.Fris. *trâst*, Icel. *traust*, Dan. and Swed. *trost*, G. *trost*, comfort, consolation] स० १. भरोसा, यकीन, विश्वास* (प्र० भी), निष्ठा, आस्था; २. उम्मीद, पूरी आशा (that के साथ प्रयुक्त); ३. भरोसे का आदमी या चीज, विश्वस्त व्यक्ति या वस्तु (प्रेम he is our sole ~), ४. (बिना परीक्षा किये हुए किसी के वक्तव्य की सत्यता पर) विश्वास, प्रतीति, सहज विश्वास; ५. साख, ऐतबार; ६. (किसी पद या कार्य की) जिम्मेदारी, दायित्व; ७. (विधि) न्यासनिष्ठा, दूसरे के हित के लिए प्रयोग की जाने योग्य संपत्ति का किसी व्यक्ति का नाममात्र के लिए स्वामी बनाकर उसके प्रति किया हुआ विश्वास; ८ दूसरे व्यक्ति का उपर्युक्त संपत्ति से लाभ उठाने का अधिकार, ९. न्यास*, ट्रस्ट* (प्र०, मा० १ भी), धरोहर, न्यास-संबंध; १०. भार, जिम्मा, दायित्व, संरक्षा, किसी को देख-रेख में रखा हुआ व्यक्ति या वस्तु, ११. (वाणि०) उद्योग-मंडल, बाजार की होड़ का सामना करने के लिए अनेक कम्पनियों का संगठित समुदाय; १२. इस प्रकार के मंडल के शाहीदार (जो अपना सर्वस्व या आंशिक भंडार केन्द्रीय समिति को सुपुर्द कर देते हैं और अपना मतदान का अधिकार छोड़ देते हैं किन्तु उन्हें लाभांश प्राप्त होता है)। कि० स० और अ० १. भरोसा करना* (विधि भी), ऐतबार करना, किसी के चरित्र या व्यवहार पर विश्वास करना; २. धरोहर रखना, किसी के पास कोई चीज छोड़ जाना, बिना किसी आशंका के किसी व्यक्ति के हवाले कोई वस्तु करना; ३. (ग्राहक को माल) उधार देना; ४. आशा करना, (विरल प्रयोग) पूरी या पक्की आशा करना; ५. (in के साथ प्रयुक्त) विश्वास रखना। cat cannot be trusted with milk बिल्ली को दोस्त दूध से नहीं हो सकती। do not~him with your typewriter उसे अपने टाइपराइटर का प्रयोग मत करने दो। ~to (विशे० अनुचित) विश्वास करना, (बेजा तौर पर) भरोसा करना। ~deed १. न्यास-पत्र; २. वह दस्तावेज जिसके द्वारा संपत्ति का स्वामी अपनी संपत्ति किसी ट्रस्टदाता को इसलिए सौंपे कि ट्रस्ट चुकाने के उपरांत वापस कर दे; ३. किसी प्रकार का न्यासपत्र। ~money (गुणवाचक) न्यासधन। trustee (trŭs tē')स० १. ट्रस्टी* (मा० १ भी), न्यासी* (प्र०, मा० १, विधि भी), न्यासधारी* (कृ० भी), दूसरे को धरोहर रखने वाला व्यक्ति; २. किसी कालेज आदि की व्यवस्था करने वाली समिति (प्राय: निर्वाचित)। trusteeship सं० ट्रस्टी का पद, न्यासधारी* (कृ० भी), न्यासिता*/ न्यासधारिता* (मा० १ भी)। trustful वि० विश्वासी, विश्वासशील, दूसरों पर भरोसा या ऐतबार करने वाला। trustfully क्रि० विश्वास-शीलता से, भरोसा या ऐतबार करते हुए। trustfulness सं० विश्वासशीलता। trustworthy वि० विश्वसनीय, विश्वस्त, विश्वासपात्र, भरोसे का। trustworthiness सं० विश्वसनीयता, विश्वासपात्रता। trusty सं० नेकचलन कैदी।

truth (trooth, *pl.* trooths) [A.-S. *tréowthu*, from *tréowe*, TRUE] स० १. सचाई, सच्चापन, सत्यता* (मा० २, वि० १ भी); २. असलियत, वास्तविकता, यथार्थता* (वि० १ भी); ३. ईमानदारी, निश्छलता, निष्कपटता; ४. वफ़ादारी, निष्ठा, भक्ति; ५. सत्य* (मा० २ भी), हकीकत, सच बात। home truths खरी-खरी बातें, चुभती हुई बातें। in, of ~सचमुच, वाकई, वस्तुत:। to tell the~, ~to tell सच तो यह है कि, सच पूछो तो। truthful वि० १. सच्चा, सत्यवादी, सत्यप्रिय, सच बोलने वाला, सच्ची, यथार्थ, वास्तविक (कथा, कहानी आदि)। truthfully क्रि० वि० सचाई के साथ, सच्चे रूप में, सत्यवादी की भाँति। truthfulness सं० १. सच्चापन, सत्यवादिता*/ सत्यशीलता* (मा० २ भी)। २. सचाई, सत्यता, यथार्थता। truthless वि० १. झूठा, ग़लत, मिथ्या, असत्य (वक्तव्य आदि); २. कपटी, झूठा, मिथ्याभाषी, अपनी बात पर न रहने वाला (व्यक्ति)। truthlessness सं० १. झूठापन, असत्यहीनता; २. असत्यवादिता, वेईमानी।

try (trī) [M.E. *trien*, *E. trier*, late L. *tritâre*, to triturate, from *tritus*, TRITE] क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० tried) १. जाँचना, परखना, आजमाना, परीक्षा लेना; २. कठोर परीक्षा लेना, कड़ा इम्तिहान लेना; ३. (किसी तथ्य को खोज निकालने के लिए) प्रयत्न करना, तजुरबा करना, करके देखना, आजमा कर देखना; ४. (किसी मुकदमा या मामले की) अदालती जाँच करना या पड़ताल करना, न्यायालय में विचार करना; ५. (किसी हत्या के मामले में) मुकदमा चलाना; ६. परीक्षण या प्रयोग के द्वारा (किसी समस्या या विवादग्रस्त प्रश्न को) निपटाना या सुलझाना; ७. (किसी वस्तु को पाने या किसी काम को करने का) प्रयत्न करना, कोशिश करना, जोर लगाना; ८. खुरदरे पटिये को रेदा करके साफ़ करना या चिकना करना (~up भी); ९. (~out भी) (धातु,

चरबी, तेल को) पिर्घला कर या ताव देकर बूड करना। सं० १.(बोल०) प्रयत्न, कोशिश; २. ट्राई, गोल के सामने गेंद को ले जाते और गोल मारने की कोशिश करने का अधिकार। **~on** सं० (बोल०) धोखा देने का प्रयत्न। **~out** सं० लोकप्रियता की परीक्षा या जाचआइश, पूर्वपरीक्षण* (आ० २ भी)। **~sail** (trɪ́səl, trēsl) सं० (ह्रा०) छोटा पाल जो मुख्यी मौसम में मस्तूल पर चढ़ाया जाता है और एक लट्ठे से बँधा रहता है। **trying** वि० १. मुश्किल, कठिन; २. कष्टप्रद, कष्टकर, क्लेशकर। **~square** बढ़ई की गुनिया। **tryingly** क्रि० वि० कठिनतापूर्वक, कष्टप्रद रूप में।

trypanosome (trɪ' pān ō sōm) [Gr. *trupanon*, a borer; *soma*, a body] सं० ट्रिपेनोसोम* (आ० भी), असिकाय, असिकायाति, एक प्रकार के परजीवी कीटाणु जिनमें से कुछ निद्रारोग तथा अन्य बीमारियाँ उत्पन्न कर देते हैं।

trypsin (trip' sin) [Gr., from *tribein*, to rub] सं० क्लोमरस, पेट में चर्बी वाली चीजों को हजम करने वाला) प्रमुख पाचक खमीर, ट्रिप्सिन* (आ०, कृ०, वि० १ भी)।

Tsar (tsar, zar) [Rus. *tsari*, L. *Cæsar*] सं० रूसी सम्राट की उपाधि, ज़ार (CZAR आदि का प्रायः आधुनिक रूप)।

tsetse (set' si) [native name] सं० अफ्रीका की जहरीली मक्खी जिसके काटने से प्रायः घोड़े, मवेशी, कुत्ते आदि मर जाते हैं।

tuan (too' án) [Austral. abor.] सं० मालिक, स्वामी, साहब, हुजूर (मलयवासियों के द्वारा यूरोपियनों के सम्मान में प्रयुक्त शब्द)।

tub (tŭb) [M.Dut. *tobbe*, *dobbe*, etym. doubtful] सं० १. कठौता, (लकड़ी की) नाँद* (विधि भी); २. कपड़े धोने का टब, मक्खन आदि रखने की नांद; ३. मक्खन, अनाज, चाय आदि नापने का पैमाना या नपना जो भिन्न तौलों का होता है; ४. नहाने का चौड़ा टब, टब में नहाना; ५. खान खुदाई में कच्ची धातु और कोयले को उठाने के लिए नाँद या संदूक; ६. (हीन भाव से प्रयुक्त) मामूली सी किश्ती। क्रि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **tubbed**) १. टब में नहलाना या नहाना; २. नाँद में पोधा लगाना; ३. छोटी किश्ती खेना; ४. नाव चलाना सिखाना; ५. (संदूक आदि पर) लकड़ी या लोहे का खोल चढ़ाना। **~eight** आठ खेवों की किश्ती। **~pair** दो खेवों की किश्ती। **~thumper** (ह्रा०) गला फाड़कर चिल्लाने वाला धर्मोपदेशक या वक्ता। **~thumping** वि० चिल्ला-चिल्लाकर उपदेश देने वाला। सं० चिल्लाकर उपदेश देना या बोलना। **~~wheel** ढोल की आकृति का घूमने वाला टब जिसमें खाने बोई जाती हैं। **tubbing** सं० १. टब में नहलाना या नहाना; २. नाँद में पोधा लगाना; ३. किश्ती चलाना सिखाना; ४. खोल चढ़ाना; ५. खोल। **tubful** सं० नाँदभर, टब भर। **tubby** वि० १. गोलमटोल, मोटा और गोल, टब की शक्ल का; २. घोंघी और हल्की आवाज का (बाजा)।

tube (tūb) [F., from L. *tubum*, nom. *-us*, cogn. with prec.] सं० १. नाल*/नली*/नलिका* (आ०, इ० १, वि० १ भी); २. रंग आदि रखने की धातु की नली; ३. (वायु-वाद्य या फूंक कर बजाये जाने वाले बाजे की) नली; ४. (ह्रा० वि०) नलिका, नाली (विशे० जिसमें से हवा जाती है (bronchial ~); ५. तापायनिक वाल्व; ६. लंदन की नल के आकार की बिजली की लाइन। क्रि० स० नली लगाना, नली में रखना। **pneumatic ~** रबड़ आदि की नली जिसमें हवा भरी जा सके। **~colours** टयूब में रखे हुए रंग, ट्यूब के रंग। **~flower** पूर्वी द्वीप समूह की एक सुंदर झाड़ी। **~shell** दुहरे खोल वाला जन्तु जो नली के आकार का होता है। **~~well** नलकूप* (वि० १ भी)। **tubal, tubar** वि० विम्बसंबंधी। **tubbing** सं० १. नली-निर्माण, नली बनाना; २. नलिका समूह; ३. नालियाँ बनाने का सामान।

tuber (tū' bĕr) [L., hump, lump, swelling, tumour, truffle, cogn. with TUMID] सं० १. कंद* (आ०, कृ०, वि० १ भी), मूल, टयूबर* (आ० भी); २. एक प्रकार का कुकुरमुत्ता जो भूमि के नीचे उगता है; ३. (श०वि०) नुमड़ा, सूजा हुआ भाग। **tuberiferous** वि० १. गाठदार, ग्रंथिल; २. कंदयुक्त। **tuberiform** वि० ग्रंथिरूप, गाँठ जैसा।

tubercle (tū' bĕr kĕl) [F., from L. *tūberculum*, dim. of prec.] सं० १. अर्बुद, गुटिका, हड्डी पर की छोटी गाँठ; २. तपेदिक का कीटाणु; ३. (वन० ह्रा०) दाना, बीजदाना, बारीक ग्रन्थि; ४. मुक्किका*/अष्टिका*/टयूबरकल* (आ० भी)। **tubercled, tubercular** (tū bĕr' kū lăr), **tuberculate, -lated** वि० तपेदिक के कीटाणुवाला, मक्खिकीय* (आ० भी)। **tuberculoid** वि० १. अर्बुद सा; २. यक्ष्मा के कीटाणु जैसा; ३. नुलिकाभ* (आ० भी)। **tuberculous, tuberculose** वि० १. यक्ष्मा का; २. यक्ष्मा-ग्रस्त, यक्ष्मा-पीड़ित। **tuberculation** सं० १. अर्बुद या यक्ष्मा के कीटाणुओं का बनना, उनका समूह या क्रम; २. अर्बुद-रचना, ग्रन्थि-रचना। **tubercularize, tuberculize** क्रि० स० तपेदिक के कीटाणु प्रविष्ट करना। **tubercularization, tuberculization** सं० यक्ष्मा संक्रमण।

tuberculin (tū bĕr' kū lin) सं० टयूबरकुलिन* (आ० भी), एक प्रकार की औषधि जो यक्ष्मा के कीटाणुओं से बनाई जाती है और यक्ष्मा का इलाज करने या परीक्षा करने में काम आती है।

tuberculosis (tū bûr kū lō' sis) सं० तपेदिक, क्षय, यक्ष्मा*/टयूबरकुलोसिस* (आ० भी), दिक़। **tuberculosed** वि० क्षय-ग्रस्त, यक्ष्मा-पीड़ित, तपेदिक का बीमार।

tuberose (tū' bĕr ōz) वि० गाँठदार, गुमइदार, गाँठ जैसा; कंदाकार* (वि० १ भी)। सं० रजनीगंधा, गुलशबी, एक प्रकार का बाग का पौधा जिसमें डूंडिया रंग के सुगंधित फूल लगते हैं।

tuberosity, tuberousness सं० गाँठदारपन, गण्डक* (आ० भी)।

tubi- [L. *tubus*, TUBE] समासों में प्रयुक्त। **tubicorn** वि० खोखले सींगों वाला। सं० खोखले सींगों का जुगाली करने वाला पशु। **tubilingual** वि० नली जैसी जीभ वाला।

tubular (tū' bū lăr) [L. *tubulus*, dim. of *tubus*, TUBE] वि० १. नालरूप, नलिकीय*/नलिकाकार* (आ०, इ०, वि० १ भी), नलाकार* (इ० ३ भी), नली की शक्ल का; २. नालमय, नलिकायुक्त, नली वाला; ३. नलिकाकृत, नालकृत; ४. नलिकागत, नलिकास्थ, नली में का, ५. नली से गुजरती हुई वायु की ध्वनि की भाँति (श्वास ग्रहण की ध्वनि)। **~boiler** नलिकाकार वाष्पित्र, नली की शक्ल का बॉयलर। **~ bridge** आयताकार नल की आकृति का पुल जिसमें से रेलगाड़ी गुजरती है। **tubule** सं० १. छोटी नली, छोटी टबूल, नलिका* (आ०, वि० १ भी)। **tubuli-** समस्त पदों में 'नली' के अर्थ में प्रयुक्त नलिका* (आ० भी)। **tubulose, tubulous** वि० १. नलीदार, नलिकायुक्त; २. नली का।

tuck[1] (tŭk) [M.E. *tukken*, L.G. *tukken*, *tokken*, cogn. with TOUCH] क्रि० स० तथा अ० १. चुस्त डालना, पल्ले डालना, कपड़े को चुनकर टाँक डालना; २. (कपड़ों को) समेटना, चढ़ाना, अंगेटना, ऊपर को खोंचना (जैसे ~in the loose ends); ३. सिकोड़ना, समेटना, छोटे घेरे में बाँध लेना या कर लेना, (up या in के साथ); ४. (किसी

व्यक्ति या अपने आपको) सुरक्षित रूप से पूरी तरह ढँक लेना, अच्छी तरह छिपा लेना; ५. (किसी वस्तु को कोने में) ठूँस कर रख जाना; ६. (फालतू चीजों को) अलग कहीं समेट कर चलता करना; ७. बड़े जाल में से निकाल कर छोटे जालों में रखना, बड़ा जाल खाली करना; ८. (ग्रा०, जा के साथ) अपराधी को सूली पर चढ़ा देना, फाँसी पर लटका देना। सं० १. कपड़े की चुन्नट या प्लेट; २. (नौ० वि०) जहाज के ढाँचे का वह भाग जहाँ पिछले पटिये आकर मिल जाते हैं; ३. (ग्रा०) जाड़ा सामग्री (विशे० मिठाई, पेस्ट्री)। **tucked up his shirt sleeves** आस्तीनें चढ़ा लीं। **~in** (ग्रा०) डटकर भोजन करना, छक कर खाना। **~-in, -out** पेट भर भोजन। **~-net, -seine** छोटा जाल जिसमें बड़े जाल से निकाल कर मछलियाँ रखते हैं। **~-pointing** ईंटों की दीवाल के जोड़ में रंगीन मसाला भरना, बीच की दरार जिसमें बढ़िया सफेद चूना का पुदीन कुछ उभरी हुई शक्ल में भरा जाता है। **~-shop** मिठाई आदि की दुकान।

tuck[2] (tŭk) [TUCKET] सं० तुरही की आवाज।

tuck[3] (tŭk) [M.F. *étoc, estoc*, It. *stocco*, G. STOCK'] सं० (लंबी और पतली) कटार।

tucker[1] (tŭk' er) दे० TUCK[1]।

tucker[2] (tŭk' ĕr) सं० १. १७वीं और १८वीं सदी की स्त्रियों का कंधे और गले में डालने का जालीदार रूमाल; २. टंक, सोने की मशीन का वह पुर्जा जिससे प्लेटें डाली जाती हैं।

tucum (too' kum) [Braz.] सं० टूकम, ब्राजील का खजूर का पेड़ जिसके रेशे से रस्सियाँ बनती हैं।

-tude [L. *-tūdinem*, nom. *-tūdo*] प्रत्यय जिससे भाववाचक संज्ञायें बनती हैं (जैसे beautitude)।

Tudor (tū' dor) वि० इंग्लैंड के हेनरी सप्तम से एलिजाबेथ तक के ट्यूडर शासका का, ट्यूडर काल का। **~flower** ट्यूडर फूल, ट्यूडर काल के स्थापत्य का तीन पखुड़ियों वाला फूल। **~rose** पंचदलीय फूल। **~style** ट्यूडर स्थापत्य शैली।

Tuesday (tūz' dā, -di) [A.-S. *Tiwes deg*, day of the god of war (*Tiw*, cogn. with L. *deus*, Gr. *Zeus*)] सं० मंगलवार, भौमवार।

tufa (tū' fā) [It. for *tufo*, L. *tōphus*, a soft, sandy stone, cp. Gr. *tophos*] सं० टूफा* (वि० १ भी), ज्वालामुखीय या किसी दूसरे मूल के कड़े या कांटरयुक्त गठन की चट्टान। **tufaceous** वि० टूफाई, उपर्युक्त चट्टान का।

tuff (tŭf) [F. *tuf*, It. *tufo*, see prec.] सं० टफ* (१० १, क्रु०, वि० १ भी), एक प्रकार का ज्वालामुखीय खंडित शिला, ज्वालामुखी चट्टान के टुकड़े। **~cone** ज्वालामुखी के मुँह के आसपास राख का बना हुआ निकोना सा ढेर।

tuft (tŭft) [F. *touffe*, from Teut. (cp. Swed. dial. *tuppa*, Icel. *toppr*, G. *zopf*)] सं० १. तागों का गुच्छा या लच्छा; २. घास का गुच्छा; ३. स्तबक* (आ० भी); ४. कलँगी, परों का तुर्रा; ५. (ग्रा० वि०) छोटी रक्त नलियों का समूह, रक्तनली पुंज; ६. दाढ़ी; ७. उपाधिधारी स्नातक। क्रि० स० और अ० १. गुच्छा लगाना, गुच्छे से सजाना; २. तमियाना, गद्दे आदि में तागे डालना; ३. गुच्छों की आकृति में उगना। **~-hunter** बड़े-बड़े लोगों से मेल-जोल करने का शौकीन। **~-hunting** रईसों की संगत का शौक। **tuftad, tufty** वि० १. गुच्छेदार, लच्छीदार, कलँगीदार; २. घना।

tug (tŭg) [M.E. *toggen*, perh. from Icel. *tog*, rope, cogn. with TOW'] क्रि० स० तथा अ० (भू० और भू० कृ० **tugged**) १. जोर से खींचना, कसकर खींचना; २. झटके से तानना; ३. झटका देना; ४. अगलबोट की सहायता से (नौका को) बीच में खींच लेना, अगलबोट का किसी को) खींचना; ५. (ग्रा०; किसी विषय को) जबरदस्ती कहीं खींच लाना, आग्रहपूर्वक किसी विषय की चर्चा करना। सं० १. खिंचाव, जोर की खींच, कर्ष*[1] आकर्ष* (आ० भी); २. भारी खिंचाव या तनाव, उग्र या कठोर प्रयत्न, (विशे० ग्रा०) झटका, आघात, तनाव, जोर; ३. (ईटन Eton कॉलेज का छा० प्रयोग) कॉलेज का छात्र; ४. (tugboat भी) दूसरी नावों को खींचने वाली अगलबोट; ५. गाड़ी के बम या रस्सों को अटकाने के लिए घोड़े की काठी का छल्ला या फंदा; ६. (खान खुदाई) लोहे का वह कुंदा जिसमें वजन उठाने वाली रस्सियाँ और चरखियाँ लगाते हैं। **~-carrier, -chain, -iron, -slide, -spring** ऐसा स्प्रिंग, जिसमें काठी का छल्ला झटके को कम करने के लिए लगा रहता है। **~of war** १. रस्साकशी; २. अच्छा-खासा मुकाबला। **tugger** सं० खींचने वाला, तानने वाला, झटके से कसने या उठाने वाला।

tuism (tū' izm) [L. *tū*, thou, -ISM] सं० स्वबाद, जिसमें सभी विचारक्रम मध्यम पुरुष को संबोधित किया जाता है।

tuition (tū ish' ŭn) [F., from L. *tuitionem*, nom. *-tio*, from *tueri*, to watch, to guard, p.p. *tuitus*] सं० १. ट्यूशन, शिक्षण, अध्यापन; २. पढ़ाई की फीस; ३. पैसे लेकर पढ़ाना। **tuitional, tuitionary** वि० शिक्षण संबंधी।

Tula-metal (tū' lă met' ăl) [*Tula*, town in Russia, METAL] सं० मीनाकारी के कार्य में प्रयुक्त होने वाली चांदी, ताँबा और सीसा मिश्रित धातु। **Tula-work** सं० मीनाकारी।

tulchan, -chin (tŭl' chan, *-chin*) [etym. doubtful] सं० (स्काटलैंड में) करती, घास-फूस भरी हुई बछड़े की खाल जो गाय दुहते समय उसके पास रख दी जाती है।

tulip (tū' lip) [F. *tulippe*, It. *tulipa*, *tulipano*, Turk. *tulbend*, *dulbend*, TURBAN] सं० १. मिश्र रंगों के घंटी की आकृति वाले चमकीले फूलों का पौधा, लाल; २. बंदूक का घंटी की शक्ल का मुँह। **~-root** जई के पौधे का एक रोग जिसमें तने का नीचे का भाग फूल आता है। **~-tree** बड़े हरे और पीले रंग के लाला फूलों की तरह के फूलों वाला एक उत्तर अमरीकी पौधा, जिसका भीतरी भाग नारंगी रंग का होता है। **tulipomania** सं० लाला फूलों का बेहद शौक (जो विशे० १६३६ ई० के आस-पास हालैंड में पाया जाता था)। **tulipomaniac** सं० लाला फूलों का बेहद शौकीन।

tulle (tool, tul) सं० घूँघट तथा अन्य वस्त्रों में काम आने वाली बढ़िया रेशम की जाली।

tulwar (tŭl' wär) [Hind.] सं० तलवार।

tum, tum-tum[2] (tŭm, tŭm' tŭm) [imit.] सं० टुनटुन, पँचतारे (बेंजो) या इसी तरह के दूसरे बाजे की आवाज।

tumble (tŭm' bĕl) [M.E. *tumblen*, freq. from A.-S. *tumbian*, cp. Dut. *tuimelen*, G. *taumeln*, *tummeln*, Swed. *tumla*, Dan. *tumle*] क्रि० स० और अ० १. (down, over, off, from आदि के साथ) ढह पड़ना, धड़ाम से गिरना, पछाड़ खाना, एकाएक गिर पड़ना; २. (लहरों का) उठना-गिरना; ३. (रोगी का) तड़पना, करवटें बदलना; ४. बिना समझे-बूझे चलना या हिलना, तेजी से झपटना, लड़खड़ाते या गिरते-पड़ते जाना, भटकते-भटकाते जाना; ५. नटों का करतब दिखाना, कलाबाजी खाना; ६. (कपड़े, बाल आदि) गौचना,

खड़ोतना; ७. सिकुड़न डालना, बिगाड़ देना, बेढंगा कर देना; ८. उलट-पुलट करना, उबल-पुबल करना, उल्टा-सीधा करना; लापरवाही या बेदर्दी के साथ पेंकना या धकेलना; ९. (चिड़िया, खरगोश आदि को) निशाना लगा कर लुढ़का देना या गिरा देना; १०. हल्की हुई वस्तुओं को घूमने वाले ढोल में डालकर चमकाना या पालिश करना। सं० १. लड़खड़ाहट, पछाड़; २. कलाबाजी; ३. गड़बड़ी, अव्यवस्था, अभ्यवस्थित अवस्था। ~in १. लकड़ी के टुकड़े को दूसरे में बैठाना या जमाना; २. (नौ० वि० ~home भी) जहाज की बचलों का सबसे ज्यादा चौड़ाई पर भीतर की ओर मुड़ना; ३. (ग्रा०) सोना। ~over लापरवाही से इधर-उधर उछालना, उलट देना। ~to (ग्रा०) (विचार आदि) समझना, ग्रहण करना। ~up १. बिस्तर से उठना, हुंबिया या गड़बड़ी में डाल देना; २. डेक पर तेजी से दौड़कर चढ़ना। ~-bug एक प्रकार का गुबरैला। ~-down भग्न, टूटा हुआ, नष्ट-भ्रष्ट। tumbling सं० ढह पड़ना, गिर पड़ना, लुढ़कना, चक्कर खाना। ~-barrel,-box,-wheel घूमने वाला सड़क या पीपा जिसमें ढली हुई चीजों पर आपस को रगड़ के द्वारा चमक पैदा की जाती है।

tumbler (tŭm' blĕr) सं० १. बाजीगर, नट, कलाबाज; २. लोटन कबूतर (जो उड़ने में कलाबाजियाँ खाया करता है); ३. खिलौना जो छूने से झूलने लगता है; ४. भिलास* (मा० १ भी) (पहले गोल पेंदे का गिलास इस अर्थ में था); ५. ताले या बंदूक के घोड़े का एक पुर्जा; ६. टम्बलर* (मा० १ भी)। **tumblerful** सं० गिलास भर।

tumbrel (tŭm' brel) [O.F. *tumbrel, tumberel,* from *tomber,* to fall, cogn. with prec.] सं० १. (इति०) युद्ध-सामग्री ढोने की दो पहियों वाली गाड़ी; २. मैलागाड़ी, गोबर की गाड़ी; ३. फ्रांस की क्रांति में विद्रोहियों को जूली पर के जाने वाली खुली गाड़ी; ४. दण्ड देने का उपकरण, सजा देने का औजार।

tumid (tū' mid) [L. *tumidus,* from *tumēre,* to swell] वि० १. स्फीत* (आ० भी), फूले हुए, सूजे हुए, शोथयुक्त (शरीर के अंग); २. (ला०) क्रत्रिम, आडम्बरपूर्ण। **tumescent** (tū' mes' ent) वि० सूजने वाला। **tumescence** सं० १. सूजने या फूलने की प्रवृत्ति; २. सूजन*/शोथ फुल्लता* (आ० भी)। **tumidity, tumidness** सं० १. सूजन, शोथ; २. आडंबरपूर्णता। **tumidly** क्रि० वि० १. सूजन के साथ; २. शब्दाडम्बर के साथ। **tumefy** (tū' mifi) क्रि० स० और अ० १. सुजाना, फुलाना; २. फूलना, सूजना, फूला हुआ होना; ३. घमंड से फूलना (ग्रा० एवं ला०)। **tumefacient** वि० (निदा०) सूजा हुआ, फूला हुआ, सूजन-फूलने वाला। **tumefaction** सं० (निदा०) सूजन, अर्बुदाकार स्थिति, फूल जाना*/फुल्लन* (आ० भी)।

tummy दे० STOMACH।

tumour (tū' mŏr) [F. *tumeur,* L. *tumōrem,* nom. *-or,* as TUMID] सं० फोड़ा, अर्बुद*/ गुल्म* (आ०, कु०, वि० १ भी), रसौली* (कु० भी)। **malignant**~ जहरीला फोड़ा, सांघातिक अर्बुद।

tum-tum[1] (tŭm' tŭm) [prob. imit.] सं० १. बोलचाली या खराब में कूटकर उबाले हुए केलों का भोजन; २. टमटम।

tum-tum[2] दे० TUM।

tumult (tū' mŭlt) [*F. tumulte,* L. *tumultus,* as foll.] सं० १. हंगामा, दंगा-फसाद, खलबली; २. चिल्लाहट, चीख-पुकार; ३. हो-हल्ला, हल्ला-गुल्ला, शोरगुल, कोलाहल; ४. उत्तेजना, घबड़ाहट, मन की क्षुब्ध अवस्था, मानसिक हलचल। **tumultuary, tumultuous** वि० १. कोलाहलप्रिय, अशांतिप्रिय; २. कोलाहलपूर्ण। **tumultuously, tumultuarily** क्रि० वि० खलबली या हंगामे के रूप में, कोलाहल के साथ। **tumultuousness, tumultuariness** सं० हलचल, क्षुब्धता, अव्यवस्था, परेशानी, आकुलता।

tumulus (tū' mū lŭs) [L., from *tumēre,* to swell] सं० (बहु० -li) १. समाधि, स्तूप* (मा० १ भी); लापास्तूप*/ टयूमुलस* (वि० १ भी)। **tumular, tumulary, tumulose, tumulous** वि० समाधिस्तूप संबंधी।

tun (tŭn) [A.-S. *tunne,* cp. Dut. *ton,* G. *tonne,* Icel. and Swed. *tunna*] सं० १. बीअर शराब आदि का पीपा (पहले नाप के रूप में प्रयुक्त २५२ गैलन का); २. हौज या टब जिसमें शराब का खमीर उठाया जाता है। क्रि० स० (शराब को) पीपों में रखना। ~-dish सं० एक प्रकार का कीप जो शराब खींचने के काम आती है।

tuna (tū' nă) [Sp.] सं० अमरीका मछली, तूना।

tundra (toon' dră) [Rus.] सं० टुंड्रा, उत्तरी रूस का कोई बालू और दलदली मैदान।

tune (tūn) [A.-F. *ton* (F. *ton*), L. *tonum,* nom. *-us,* TONE] सं० १. लय, तान, धुन* (वि० १ भी), सुर; २. (गायन या बादन में) स्वर-संगति, स्वर का मेल, बाजे का गायन आदि के साथ संगत; ३. ताल-मेल, स्वरैक्य, तालैक्य; ४. अनुकूल मनोदशा, (किसी काम के लिए) उपयुक्त मानसिक अवस्था। क्रि० स० और अ० १. (बायलिन, पियानो आदि का) सुर मिलाना, २. (ला०) (किसी वस्तु को किसी मानदण्ड, प्रयोजन, परिस्थितियों आदि के) अनुकूल बैठाना, समंजित करना, समायोजित करना, ३. (ग्रा० और ला०, with के साथ) मेल खाना, अनुकूल होना, संगति में होना, सुर मिलाना, समस्वारत करना* (वि० १ भी), समस्वरण करना* (इ० १ भी), एक स्वर होना; ४. (काव्य०, संगी०) गाना; ५. संगीत के माध्यम से प्रकट करना, संगीत में व्यक्त करना। **change one's**~, **sing another**~ सुर बदल देना, रंग बदल देना, भाषा या व्यवहार का ढंग बदलना। **piano is out of**~ पियानो बसुरा है। **to the**~**of£. 5 etc.** पाँच पौंड का भारा रकम के अनुसार। ~**in** रेडियो आदि का किसी प्रसारण केन्द्र से कार्यक्रम सुनने के लिए मिलाना। ~**up** १. (बाद्य-बृन्द का) सुर मिलाना, स्वर-संगति बैठाना, २ (हास्य०, व्यंग्य का) रोना या चिल्लाना शुरू करना। **tunable** वि० १. सुर मिलाने योग्य; २. समजनीय, समायाजनीय; ३. स्वर-संगति योग्य; ४. सुरीला। **tunableness** सं० १. स्वर-समजनीयता; २. समायाजनीयता; ३. सुरीलापन; ४. सुस्वरता। **tunably** क्रि० वि० सुरीलेपन से, स्वर-समजनीयता से। **tuneful** सं० १. सुरीला, मधुर; २. मीठा, मधुर। **tunefully** क्रि० वि० सुरीलेपन से। **tunefulness** सं० १. सुरीलापन; २ मधुरता। **tuneless** वि० १. बेसुरा, बेढंगा, बेमेल; २. सुरताल-रहित (बाजा)। **tuner** सं० १. समस्वरक* (इ० २ भी), सुर ठीक करने वाला, सुर मिलाने वाला; २. अरगन बाजे का सुर ठीक करने का यंत्र। **tuning** सं० सुर मिलाना, समस्वरण* (इ० २, वि० १ भी)। वि० समस्वरक* (वि० १ भी)। ~**-fork** स्वरित्र। ~**-hammer** सुर मिलाने का हथौड़ी जिससे पियानों आदि की खूँटियाँ घुमाकर तार कसते और ढीला करते हैं। ~**-pegs** सुर मिलाने की खूँटियाँ। ~**-pins** सुर मिलाने की पिनें।

tungsten (tŭng' sten)[Swed. (*tung,* heavy, *sten,* STONE)] सं०

टंगस्टन* (वि० १ भी) लोहे की तरह भूरे रंग का भारी धातु-तत्त्व जिसका गलनांक बहुत ऊँचा होता है और बिजली को बत्तियों के तन्तुओं के काम आता है। **tungstate** सं० टंगस्टन से बना हुआ। **tungstic** वि० टंगस्टन संबंधी।

tunic (tū' nik) [A.-S. *tunece*, L. *tunica*] सं० १. (प्राचीन ग्रीस और रोम का) छोटी आस्तीन का कोगा; २. स्त्रियों का ढीला ब्लाउज या कोट जिसमें कमर में पेटी बँधी रहती है, कंचुक* (वि० १ भी); ३. फौज या पुलिस के सैनिक को वर्दी का छोटा चुस्त कोट; ४. (प्राणि०) ascidia नामक जन्तुओं को चमड़े जैसी झिल्ली या खोल; ५. (ग० वि०) आवरण, झिल्ली; ६. (वन०) छिलका, परत।

tunicate (tū' ni kāt) वि० और सं० (प्राणि०, श० वि०, वन०) कंचुकित, झिल्लीदार, परतदार।

tunicle (tū' nik el) सं० १. बढ़िया या मुलायम परत या झिल्ली (विशे० वन०, प्राणि०); २. (रोमन कैथोलिक चर्च में प्रयुक्त) कुर्ता, चोला, (बहु०) विशप के पहनने का चोगा।

tunnel (tŭn' el) [O.F. *tonnel* (F. *tonneau*), dim. of *tonne*, TUN] सं० १. सुरंग* (आ०, इ० १, ३, वि० १ भी); २. बिल; ३, (खनि० कर्म) एक सिरे पर खुला हुआ खान का रास्ता; ४. धुँआरा, धुआँकश का बड़ा नल। कि० स० और अ० (भू० और भू० कृ० **tunnelled**) १. (पहाड़ों आदि के बीच से) सुरंग खोदना; २. धुआँकश में नल लगाना; ३. बीच से रास्ता बनाना या निकालना, सुरंग खोदकर रास्ता निकालना। **~borer** सुरंग खोदने का मशीन। **~net** सुरंग के आकार का जाल जिसका मुँह चौड़ा और दूसरा सिरा सँकरा होता है।

tunny (tŭn' i) [F. *thon*, L. *thunnus*, Gr. *thunnos*] सं० टुनी, भोजन के काम आने वाली बड़ी समुद्री (scomber जैसी) मछली।

tup (tŭp) [M.E. *tuppe*, cp. Swed. and Norw. *tupp*, cock, Dan. *top*, cock's crest, Icel. *toppr*, crest, TOP] सं० १. मेढ़ा, मेष; २. भाप के हथौड़े का मुँह जहाँ से चोट की जाती है। कि० स० मेढ़े का भेड़ से जोड़ा खाना।

tuque (tūk) [F. <Canadian, var. of TOQUE] सं० टुक, कनाडा को एक तरह की टोपी।

Turanian (tū rā' ni án) [*Turan*, mythical founder of the Turkish race] वि० तूरानी (विशे० भाषाओं के मूल अल्ताई समुदाय की)।

turban (tĕr' bán) [F., earlier *turbant*, It. *turbante*, Turk. *tulbend*, *dulbend*, Pers. *dulband*, prob. from Hindi)] सं० १. पगड़ी, साफ़ा, पगहा; २. आरंभिक १९वीं सदी में स्त्री का शिरोवस्त्र; ३. (बाद में) स्त्री या बच्चे का कम चौड़े छज्जे का या बिना छज्जे का टोप; ४. इकहरे खोल वाले घोंघे का चक्र। **~shell** एक प्रकार का घोंघा। **~stone** कत्र की लोह। **~top** एक तरह का कुकुरमुत्ता। **turbaned** वि० साफ़े वाला, पगड़ीधारी।

turbary (tĕr' bá ri) [O.F. *torberie*, Late L. *turbāria*, from O.H.G. *zurba*, TURF] सं० १. दूसरे का भूमि पर घास खोदने का अधिकार; २. वह स्थान जहाँ से दूब की तह या दलदल का कोयला खोदा जाता है।

turbid (tĕr' bid) [L. *turbidus*, from *turbāre*, to disturb, from *turba*, crowd] वि० १. गँदला, मैला, मलिन, अस्वच्छ (पानी या रंग); २. (ला०) परेशान, व्याकुल, अथ, उलझन में। **turbidity, turbidness** सं० १. गँदलापन, मैलापन; २. परेशानी, उलझन, व्याकुलता; ३. आविलता* (आ०, इ० १, ३, वि० ३ भी)। **turbidly** क्रि० वि० १. गँदलेपन से, मैलेपन से; २. परेशानी के साथ, व्याकुलता से।

turbinate (tĕr' bi nát) [L. *turbinatus*, as foll.] वि० १. लट्टू के आकार का, लट्टू रूपी* (वि० १ भी); २. (ग० वि०) शंखाकार (विशे० नाक की कुछ हड्डियाँ); ३. लट्टू की तरह घूमने वाला या चक्कर खाने वाला। **turbinal, turbiniform, turbinoid** वि० १. टर्बाइनल*/नासाशुक्तिका* (आ० भी), लट्टू जैसा, लट्टूनुमा, शंखाकार; २. शंखाकार, शंख रूप; ३. घूमता हुआ। **turbination** सं० १. लट्टू जैसा आकार; २. शंखाकारिता; ३. लट्टू की तरह चक्कर खाना।

turbine (tĕr' bin, -bīn) [F., from L. *turbinem*, nom. *turbo*, wheel, top, whirlwind, as prec.] सं० टर्बाइन* (इं० २, वि० १ भी), एक प्रकार का चर्खा जो पानी के बहाव के जोर से चलता है। **air~** वायुचालित टर्बाइन, वायु-चक्र, हवा से चलने वाला चर्खा। **steam~** वाष्प-चक्र, भाप से चलने वाला चर्खा। **~boat** भाप से चलने वाले चक्रों द्वारा संचालित नौका।

turbit (tĕr' bit) [etym. doubtful] सं० टर्बिट, चपटे सिर और छोटी चोंच का एक प्रकार का पालतू कबूतर।

turbot (tĕr' bot) [F., from L. *turbo*, see TURBINE] सं० टर्बोट, भोजन के काम आने वाली बड़े आकार की चपटी मछली।

turbulent (tĕr' bū lént) [F. from L. *turbulentus*, as TURBID] वि० १. अशांत, व्यग्र, क्षुब्ध; २. परेशान, अव्यवस्थित अवस्था में, ३. अशांत, आंदोलित, खलबलीपूर्ण, कोलाहलपूर्ण; ४. झगड़ालू, फसादी, कलहप्रिय; ५. विक्षुब्ध* (वि० १ भी)। **turbulence, -lency** सं० १. अशांति, क्षोभ, विक्षोभ* (वि० १ भी); २. खलबली, कोलाहल; ३. झगड़ालूपन। **turbulently** क्रि० वि० १. अशांत रूप से; २. खलबली के साथ; ३. झगड़ालूपन से।

Turco सं० (इति०) फ्रांस की नौकरी में अलजीरिया का अचूक निशाने बाज़ या छोटी-मोटी लड़ाई लड़ने वाला सिपाही। **Turcophil** सं० तुर्क प्रिय*/तुर्कपक्षग्राही* (भा० १ भी)। **Turcophilism** सं० तुर्कप्रियता। **Turcophobe** सं० तुर्कभीत, तुर्कों से डरने वाला।

turd (tĕrd) [A.-S. *tord*] सं० (अशिष्ट भाषा में) गू का लेंड़, लेंडा, लेंड़ी।

Turdus (ter dus) [L.] सं० टार्डिन वंशीय पक्षी कुल। **turdiform, turdine, turdoid** वि० टर्डाइन, अबाबील जैसा पक्षी, टर्डाइन जैसा।

tureen (tu-, tūrēn') [orig. *terreen*, TERRINE] सं० सूप (रसा) रखने की गहरी ढक्कनदार रकाबी।

turf (tĕrf) [A.-S., cp. Dut. *turf*, Icel. and Swed. *torf*, Dan. *tørv*] सं० (बहु० **turfs, turves**) १. दूब चौरा; २ वह स्थान जिस पर दूब उगी हुई हो, ३. ऐसा ढेला जिस पर घास की जड़ें हों; ४. (आयरलैण्ड में) ईंधन के रूप में काम आने वाली सड़ी-गली वनस्पति। कि० स० १. (भूमि पर) घास उगाना; २. (किसी व्यक्ति या वस्तु को) बाहर फेंकना। **the~** घुड़दौड़ का रास्ता, घुड़दौड़ का व्यवसाय या पेशा। **on the~** घुड़दौड़ के व्यवसाय में लगा हुआ। **~bound** दूब से ढका हुआ। **~drain** घास से ढकी हुई नाली। **~man** घुड़दौड़ का प्रेमी। **turfy** वि० जहाँ दूब उगी, हुई हो, दूब की तह वाला। **turfiness** सं० सतृणभूमिता, दूब की उगाई। **turfite** सं० घुड़दौड़-प्रेमी, घुड़दौड़ का पेशा।

turgid (tĕr' jid) [L. *turgidus*, from *turgēre*, to swell] वि० १. स्फीत, शोथयुक्त, सूजा या फूला हुआ; २. शब्दाडम्बरपूर्ण, बड़े-बड़े और कठिन शब्दों वाली (भाषा)। **turgescent** वि० १. शोथयुक्त, सूजा हुआ; २ शब्दाडम्बरपूर्ण। **turgescence** सं० १. सूजन, शोथ, स्फीति* (वि० १ भी); २. शब्दाडम्बर, ३. उच्छ्वासता*

(आ० भी)। **turgidity, turgidness** वि० वि० सूजन के साथ, शब्दाडम्बरपूर्वक। **turgidly** सं० १. सोथयुक्तता, स्फीतता, स्फीति* (वि० १ भी); २. शब्दाडम्बरपूर्णता।

turion (tûr' i ôn) [L. *turionem*, nom. *-io*] सं० छोटा बचकलदार अंकुर। **turioniferous** वि० बचकलदार अंकुर वाला।

Turk (tėrk) [F. *Turc*, med. L. *Turcus*, Pers. *Turk*] सं० १. तुर्क; २. ओटोमनों के वंश का व्यक्ति; ३. अंगरेज, उग्र, क्रूर; ४. मुसलमान, ५. तुर्की घोड़ा। **Turk's-cap** कुमुदिनी या अन्य पौधों का एक प्रकार। **Turk's-head** १. खम्भे या बाँस पर लगा हुआ बनावटी सिर जो जहाज आदमानों के काम आता है; २. पचड़ी की तरह की सजावटदार गाँठ; ३. एक प्रकार का गोल बुश या झाड़; ३. केक पकाने की एक प्रकार की कड़ाही। **Turkism** सं० तुर्कवाद।

Turkey[1] (tėr' ki) सं० तुर्की का देश, तुर्की का बना कालीन। **~carpet** तुर्की कालीन जो खालिस ऊन का बना होता है और देखने में मखमली दिखाई पड़ता है। **~leather** तुर्की चमड़ा (जिस पर दाँई दूर करने के पहले तेल लगाते हैं)। **~red** एक प्रकार का लाल रंग, लाल रंग का सूती कपड़ा। **~-stone** चाकुओं पर धार धरने का एक प्रकार का तेलिया पत्थर, सान का पत्थर।

turkey[2] (tėr' ki)[as prec. (from the belief that the bird came from Turkey)] सं० सुन्दर पर वाले (pheasant) पक्षी से संबंधित अमरीका का बड़ा मुर्गे जैसा पक्षी जो खाया जाता है। **~-buzzard, -vulture** अमरीकी गिद्ध। **~-cock** १. पोलू, फालमुर्ग, उपर्युक्त नरपक्षी; २. (ला०) शानदार, ठाटदार, आडम्बर-प्रेमी; ३. अकड़बाज, आत्म-प्रशंसक। **~corn** मक्का, मकई। **~-poult** पोलू का बच्चा। **~-trot** एक प्रकार का नृत्य।

Turkish (tėr' kish) वि० तुर्की का या तुर्कों का। सं० तुर्की (भाषा)। **~bath** तुर्की स्नान, उष्ण वायु-स्नान, तुर्की स्नानगृह। **~delight** एक प्रकार का शक्कर चढ़ा हुई चिपचिपी मिठाई। **~mustc** तुर्की संगीत। **~pound** तुर्की पौंड, पहले लगभग १८ शिलिंग २ पेंस का सिक्का। **~towel** लम्बे रुओं का खुरदुरा तौलिया।

Turkoman (tėr' kō mân) [med L. *Turco-*, *Turcus*, TURK, MAN] सं० (बहुव० **-mans**) तुर्कमान, तुर्किस्तान, फारस और रूस के तुर्की कबीलों का व्यक्ति। **~carpet** तुर्कमानी कालीन (जिसमें बढ़िया रंग के सुलायम और लंबे रुएँ होते हैं)।

turmalin दे० TOURMALINE।

turmeric (tėr' mė rik) [corr. of F. *terre-merite*, perh. corr. of Arab. *kurkum*, CURCUMA] सं० १. हल्दी का पौधा; २. पिसी हुई हल्दी; ३. हल्दी*/हरिद्रा* (कृ०, वि० १ भी)। **~-paper** हल्दी में सुखाया हुआ कागज जिसमें खार की परीक्षा की जाती है।

turmoil (tėr' moil) [etym. doubtful, perh. from MOIL] सं० १.हंगामा, विक्षोभ*/खलबली* (भा० १ भी), हलचल; २. परेशानी, घबराहट।

turn (tėrn) [A.-S. *turnan*, *tyrnan* (cp. O.F. *torner*, F. *tourner*), L. *tornâre*, from *tornus*, lathe, Gr. *tornos*] क्रि० स० और अ० १. घुमाना, फिराना, चक्कर खिलाना; २. घूमना, फिरना, चक्कर खाना; ३. (कलाबाजी) खाना, (गुलाँट) लगाना; ४. उलटना, पलटना, उलट देना, औंधा करना; ५. (ला०) दिमाग दौड़ाना; ६. घुमाना, मोड़ना, रुख बदलना, नई दिशा देना; ७. मुड़ना, घूमना, अनुकूल बनना या होना; ८. दूसरी ओर को मोड़ देना या मुड़ना, चारों तरफ जाना या घूमना, सेना के एक पक्ष पर चढ़ाई करना; ९. चलाना, खेलना, हटाना, रखना; १०. प्रकृति में परिवर्तन करना या होना; ११. रूप या अवस्था आदि) बदल देना, विभाह देना; १२. बना देना, बन जाना, हो जाना; १३. खराब या खाद्य या चाक पर चढ़ाना; १४. (किसी वस्तु का) खराब या चाक पर चढ़ना; १५. आकार देना, रूप प्रदान करना, (विशे०) चमकीली सतह देना, रजमीय बनाना। सं० १. फेरा*/चक्कर* (सं० २ भी), चक्कर, घूम, परिक्रमा; २. दिशा-परिवर्तन; ३. स्थिति-परिवर्तन, वृत्ति-परिवर्तन; ४. एक ओर मुड़ा हुआ भाग; ५. झुकाव, मोड़; ६. (स्केटिंग या बर्फ पर चलने में) चार चक्करों में से कोई चक्कर (दे० THREE); ७. रुझान, झुकाव, मनोवृत्ति; ८. निजाज, तबियत, स्वभाव, प्रकृति; ९. थोड़ी सी पहलकदमी, थोड़ा इधर-उधर घूमना, थोड़े या गाड़ी की थोड़ी देर को सवारी (जैसे take a ~ in the garden); १०. करतब, कला-प्रदर्शन; ११. अवसर, संयोग; १३. बारी, पारी; १४. (संगी०) सांगित्य का एक रूप जिसमें प्रधान स्वर के साथ ही सुंदरता के लिए ऊपर-नीचे के स्वर भी आते हैं; १५. (बहुव०) माहवारी, मासिक धर्म; १६. रस्सी की कुंडली का प्रत्येक चक्र या फेरा; १७. (मुद्रण०) उल्टा टाइप जो खोले हुए अक्षर के स्थान पर निशानी के लिए कुछ देर को रख देते हैं, गलत ढंग से रखा हुआ उल्टा अक्षर; १८. (बोल०) मानसिक आघात, धक्का (जैसे gave me quite a~); १९. लपेट*/कुंडल* (सं० ३ भी)। **all turns to his profit** प्रत्येक वस्तु में उसे लाभ होता है। **be turned (of)** 40 etc. चालीस से अधिक आयु होना। **by turns** बारी-बारी से, क्रम से। **can ~his hand to anything** वह कोई भी काम सीख सकता है। **dress must be turned** कपड़े को उलटवाना चाहिए। **everything turns on his answer** उसके उत्तर पर ही सब कुछ निर्भर करता है। **exquisitely turned wrist** बहुत ही सुडौल कलाई। **head turns** सिर घूमना, चक्कर आना। **in~** बारी-बारी से। **milk will ~** दूध फट जायगा। **scarcely know where or which way to~** (ला०) कोई मार्ग नहीं सूझना, कोई सहारा नहीं दिखाई देता। **success has turned his head** सफलता ने उसका सिर फिरा दिया है। **thunder will ~ milk** बादल गरजने से दूध फट जायगा। **tide turns** ज्वार की दिशा बदलती है। **~a deaf ear to** दे० DEAF। **~about** घूम कर रुख या दिशा बदलना। **~against** विरुद्ध हो जाना। **~an army** घूम कर फौज की दूसरी तरफ जाना ताकि एक पहलू या पक्ष से घावा कर दिया जाय। **~an honest penny** दे० PENNY। **~down** १. तह कर देना, २. नाप के पर्ने को उल्टा कर के रखना, ३. टोंटी को घुमा कर कम करना, ४. (प्रस्ताव को) अस्वीकार कर देना। **~in** १. भीतर की ओर मोड़ना, अंदर का कर लेना; २. अंदर को हो जाना, ३. सो जाना। **~it into French** इसका अनुवाद फ्रांसीसी भाषा में करो। **~off** १. टोंटी बंद कर देना; २. (सूक्ति) लिख डालना; ३. (रचना) कर डालना; ४. नौकर को नौकरी से निकाल देना; ५. (ग्रा० अपराधी को) फाँसी देना, ६. विवाह कर देना। **~on** १. टोंटी घुमा कर नल को खोल देना, पानी खोल देना, २. (बोल०) खुला छोड़ देना, स्वतन्त्रता देना; ३. निर्भर होना; ४. शत्रु के रूप में सामना करना, विरोधी या शत्रु होना। **~on the waterworks** १. आँसुओं की झड़ी लगाना; २. रोने-चिल्लाने लगना। **~out** १. निष्कासित करना, निकाल बाहर करना; २. बर्खास्त करना, ३. बाहर की ओर निकालना या झुकाना; ४. माल बनाना; ५. भीतरी भाग को बाहर करना, प्रकट करना, सामने लाना; ६. काम पर आना; ७. बिस्तर से उठना; ८. पाया जाना, बात सिद्ध होना।

~over १. उलट देना, गिरा देना; २. (किसी व्यक्ति को किसी वस्तु का) प्रबंध सौंपना, हस्तांतरित करना; ३. किसी विशेष सीमा तक व्यवसाय करना। ~over pages of book पन्ने उलटना। ~person's flank हरा देना, वाद-विवाद में पराजित करना। ~round इधर-उधर घुँह फिराना, अपनी नीति या मत बदल देना। turns even his errors to account अपनी भूलों से भी लाभ उठाता है। turns everything upside down or inside out हर चीज़ को उलट-पलट कर देता है। ~the edge of knife, remark १. (चाकू को) कुन्द कर देना, खुंडा करना; २. बात की कटुता हर करना। ~the scale १. पल्ला झुका देना; २. (मामले का) फैसला कर देना, निर्णय करना। ~to माँ झुक करना। ~up १. (ताशों में, तुरुप का पत्ता) खोलना, खोल कर निकालना; २. आ पहुँचना, प्रकट होना; ३. (घटना का) होना, (अवसर का) आना, प्रस्तुत होना; ४. (बोल०) क़ै करना। turned comma उलटा अर्द्ध-विराम। was turned adrift in the world संसार से निकला हुआ। well-turned phrase सुंदर मुहावरा। will ~a bullet गोली का सामना करना या उसे मोड़ देना। ~bench बढ़ईखाड़ के उठाऊ खराद। ~buckle किसी छड़ के टुकड़ों को जोड़ने वाला बकसुआ। ~cap बुआकस का घूमने वाला ढकना, चिमनी का घूमता हुआ ढक्कन। ~coat १. मतलबी यार; २. अपना पक्ष या दल बदलने वाला। ~cock पानी के नल को लाइन को खोलने या बंद करने वाला व्यक्ति। ~down तह किया हुआ (कॉलर)। ~key जेल की तालियाँ रखने वाला। ~out १. बाहर निकलना या निकालना; २. काम पर आना, ३. कर्मचारियों की हड़ताल; ४. लोगों का जमाव, ५. साज-सामान, साज-सज्जा; ६. उत्पादन, निश्चित समय में तैयार किया हुआ सामान; ७. शाखामृग* (इ० १ भी)। ~over १. गाड़ी का उलटना, विक्रय राशि, बिक्री; २. समाचारपत्र का वह लेख जो एक पृष्ठ से दूसरे पृष्ठ पर भी जारी हो। ~pike १. (इति०) भाली का रक्षात्मक ढाँचा, २. चुंगी का फाटक (छोटा सा फाटक जो सड़क में लगाया जाता है ताकि घोड़ा-गाड़ी आदि बिना कर दिये निकल न सकें), ३. ऐसे फाटक वाली सड़क। ~round (जहाज की) बदरगाह में घुसने, सामान उतारने, फिर से लादने और वहाँ से रवाना होने की क्रिया। ~screw पेचकस। ~side (कुर्ता की) चक्कर आने की बीमारी। ~sole सूरजमुखी। ~spit लंबे बदन और छोटी टाँगों का कुत्ता जिससे पहले मांस भूनने का काँटा या छड़ पलटाने का काम लिया जाता था। ~stile चक्करदार दरवाज़ा। ~stone plover को जाति का पक्षी। ~table गोल घूमने वाला प्लेटफ़ार्म जिस पर से इंजनों को घुमाया जाता है। ~up उपस्थित वस्तु, आयी हुई चीज़, (बोल०) गलबली, हलचल, गड़बड़। turner सं० १. चाकू या खराद पर काम करने वाला, २. टर्नर*/ खरादी* (इ० १, प्र० भी); ३. एक प्रकार का लोटन कबूतर। turnery सं० १. खराद का सामान; २. खराद करना; ३. खराद का कारखाना। turning सं० १. खराद या चाक का प्रयोग; २. (सड़क का) मोड़। ~point मोड़, आवर्तन-बिंदु, परिवर्तन-स्थल, वर्तन-बिन्दु* (वि० १ भी)।

turnip (tĕr' nip) [perh. TURN, or F. TOUR, A.-S. *næp*, L. *nāpus*, turnip] सं० १. शलजम का पौधा, २. शलजम* (इ०, वि० १ भी)। **turnipy** वि० शलजम जैसा, शलजम के स्वाद का।

turpentine (tĕr' pén tin) [M.E. and M.F. *turpentine*, L. *terebinthinus*, Gr. *terebinthinos*, from *terebinthos*, TEREBINTH] सं० १. तारपीन* (वि० १ भी); २. तारपीन का तेल। क्रि० स० तारपीन का तेल लगाना। ~tree तारपीन का पेड़।

turpeth (tĕr' péth)[O.F. *turbith*, Arab. and Pers. *turbid*, purge] सं० दर्पेथ, एक पूर्वी पौधे की जड़ जो जुलाब के काम आती है।

turpitude (tĕr' pi tūd) [F., from L. *turpitūdo*, from *turpis*, base] सं० नीचता, दुष्टता, ओछापन, कमीनापन।

turquoise (tĕr' koiz, -kwoiz) [O.F., fem. of *turquois*, Turkish, see TURK], सं० फ़ीरोज़ा* (मा० १ भी), टर्कोइज़* (वि० १ भी), एक प्रकार की नीलमणि। ~green फ़ीरोज़ी रंग, हरे और नीले के बीच का रंग।

turret (tûr' ĕt) [F. *tourneau* dim. or *tour*, TOWER] सं० १. कंगूरा* (मा० १ भी), बुर्ज, बुर्जी; २. (सेना०) क़िले या जहाज़ में तोप और तोपचियों के लिए छोटा सा घूमने वाला बुर्ज, टरेट* (इ० १ भी), ३. (इति०) कई खंडों की पहियेदार बनाकर इमारत जो किलों पर आक्रमण करने के काम आती थी। ~clock बुर्ज पर की घड़ी। ~gun घूमती हुई बुर्ज की तोप। ~ship घूमती फिरती बुर्ज वाला जहाज़। turreted वि० बुर्जदार, कंगूरी* (वि० १ भी)। turriculate, -lated (tû rik' ū lāt, -lā tĕd) वि० (शंख शास्त्र) लंबे चक्र वाला सूक्ष्म मार्ग (शंख)।

turtle[1] (tĕr' tel) [A.-S., from L. *turtur*, prob. imit. of *coo*] सं० (अब प्रायः ~dove) टर्टिल, एक प्रकार की फ़ाख्ता (विशे० जंगली जो अपने मधुर कूजन और अपने नर और बच्चों के प्यार के लिए प्रसिद्ध है)।

turtle[2] (tĕr' tel) [corr. of Port. *tartaruga* or Sp. *tortuga*, late L. *tortūca*, TORTOISE] सं० कछुवा, कच्छप* (वि० १ भी)। क्रि० अ० कछुओं का शिकार करना, उन्हें तलाशना। ~cowry बड़िया किस्म की बड़ी कौड़ी। ~shell कछुए का खोल (विशे० गहरे काले रंग का जो जड़ने के काम आता है)। turtler सं० कछुए का शिकारी। turtling सं० कछुए का शिकार।

Tuscan (tûs' kăn) वि० तुस्कनी का। सं० तुस्कन भाषा, तुस्कनी के निवासी। ~straw गेहूँ का बढ़िया पीला भूसा जिससे टोप बनाते हैं।

tush[1] (tûsh) [cp. TUT[1]] विस्म० अधैर्य या अवमानना की स्थिति में उच्चरित शब्द।

tush[2] (tûsh) [var. of TUSK] सं० बड़ा नोकदार दाँत (विशे० घोड़े का आगे का बड़ा दाँत)।

tusk (tûsk) [A.-S. *tusc*, *tux*, cp. O. Fris. *tusk*, *tosch*, Icel. *toskr*] सं० १. हस्ति-दंत, हाथी का लम्बा नुकीला दाँत, गजदंत* (वि० १ भी); २. सूअर की कोप, इसी प्रकार का दाँत या हँसिये, ताले आदि का भाग। क्रि० स० उक्त प्रकार के दाँतों से फाड़ना या चीरना। tusked, tusky वि० उक्त दाँत का, उक्त दाँत वाला, दाँर्धदती। tusker सं० बड़े-बड़े दाँतों वाला हाथी।

tussis (tûs' is) [L., cough] सं० खाँसी। **tussal, tussicular** (tû sik' ū lăr), **tussive** वि० औष०, चिकि०) कास-* (आ० भी), खाँसी संबंधी।

tussle (tûs' el) [var. of TOUSLE] सं० १. हाथापाई; २. कशमकश, खींचतान, मुकाबला, संघर्ष। क्रि० अ० कशमकश होना, खींचतान होना।

tussock (tŭs' ŏk) [cp. Swed. dial. *tuss*, wisp of hay] सं० १. घास का जमाव, घास-गुच्छ; २. बालों की लट, ३. (~-moth भी) एक प्रकार का पतिंगा जिसका प्रारंभिक रूप गुच्छे की तरह होता है। **~-grass** पैटागोनिया (Patagonia) आदि की दलदली भूमि में उगने वाली लंबी सुंदर घास। **tussocky** वि० गुच्छेदार।

tussore, tussur, tusser (tŭs' ŏr, -ŭr, -ĕr) [Hind. *tassar*, from Sansk. *tassara*, shuttle] सं० टसर।

tut[1] (tŭt) [instinctive sound] विस्म० हट! (अधीरता, निरादर या भर्त्सनासूचक) । सं० 'हट' का शब्द या प्रयोग। क्रि० अ० किसी से 'हट' कहना।

tut[2] (tŭt) [etym. doubtful] सं० (खनि०) काम, नौकरी, मजदूरी। **~-work** फुटकर काम।

tutelage (tū' té lăj) [L. *tūtēla*, guardianship] सं० १ संरपरस्ती*/ अभिभावकता* (मा० १ भी), संरक्षकत्व, अभिभावकत्व, २. संरक्षण-प्राप्ति, संरक्षण-प्राप्ति का समय। **tutelar, -lary** वि० १. संरक्षात्मक, संरक्षणकारी; २. अभिभावक रूप, संरक्षकवत्, ३. अभिभावकीय, संरक्षक संबंधी।

tutenag (tū' té năg) [F. *tutenague*, prob. from Arab. and Pers. *tūtiyā*, TUTTY] सं० १. तुत्तीनाग, चीन और पूर्वी द्वीप समूह से आयात किया हुआ जस्ता; २. जर्मन सिलवर की तरह मज़बूत मिलावटी धातु।

tutor (tū tŏr) [M.E. *tutour*, F. *tuteur*, L. *tūtōrem*, nom. *-tor*, from *tueri*, to look after, p.p. *tūtus*] सं० १. अनुशिक्षक* (मा० २ भी), निजी शिक्षक, गृह-शिक्षक; २. (इ-लैण्ड के विश्वविद्यालयों में) ट्यूटर, प्रायः वह फेलो जो अपने अधीन पूर्व स्नातकों की शिक्षा का निर्देश करता है; ३. (विधि) किसी नाबालिग का अभिभावक। क्रि० स० और अ० १. किसी का निजी शिक्षक होना; २. पढ़ाना, शिक्षा देना; ३. (अपनी वासनाओं पर) संयम रखना; ४. (दूसरे पर) नियंत्रण रखना, काबू में रखना, ५. गृह-शिक्षक या ट्यूटर के रूप में जीविका चलाना। **tutorage** सं० गृह-शिक्षण, अभिभावकता। **tutoress** सं० गृह-शिक्षिका, अभिभाविका। **tutorial** वि० गृहशिक्षकीय, पढ़ाई का घंटा। ***tutorially** क्रि० वि० गृह-शिक्षक के रूप में। **tutorship** सं० गृह-शिक्षकत्व।

tutsan (tŭt' săn) [O.F. *toutesaine* (*toute*, L. *tōtum*, nom. *-us*, all, *saine*, *sānus*, sound, SANE)] सं० टुटसन, एक प्रकार का पौधा (जिसके बारे में कहा जाता है कि इससे घाव अच्छे हो जाते हैं)।

tutti-frutti (tut' i frut' i) [It., all fruits, cp. prov. and FRUIT] सं० पचमेल फलों की आइसक्रीम।

tutty (tŭt' i) [M.E. and O.F. *tutie*, Arab. and Pers. *tūtiyā*] सं० अशुद्ध जस्ते का आक्साइड जो पालिश करने के पाउडर के रूप में प्रयुक्त होता है।

tuxedo (tŭks ē'dō) [New York club] सं० दिन के भोजन के समय पहनी जाने वाली जाकेट।

tuyere (too yăr', twi yăr, twēr) [F., from *tuyau*, TEWEL] सं० १. वायु-नलिका, भट्ठी का हवादान; २. शुंडिका*/ ट्वीयर*/ हवा टोंटी*/ टीवेर* (इ० १, वि० १ भी)।

twaddle (twod' dl) [formerly, *wattle*, var. of TATTLE] क्रि० अ० निरर्थक या बेकार की बातें करना, छिछली या नीरस बातों में पड़ना। सं० गपशप, बकवास, निरर्थक बात। **twaddler** सं० बकवादी, बाचाल, निरर्थक बातें करने वाला। **twaddly** वि० बेमज़ा, नीरस, निरर्थक।

twang[1] (twăng) [var. of TANG[1]] क्रि० अ० और स० १. (सितार आदि) झंकारना, बजना या बजाना, टुनटुन होना या करना; २. (हीन भाव से प्रयुक्त) सितार आदि अनाड़ीपन से बजाना, टुनटुन करना; ३. नाक से बोलना; ४. भिनभिनाना। सं० १. (तार की) झंकार; २. भिनभिनाने की आवाज़; ३. अनुनासिकता* (आ० भी)। **twangle** क्रि० अ० और स० अनाड़ीपन से बजाना, टुनटुन करना।

twang[2] दे० TWINGE।

twankay (twăng' kā) [Chin., name of river] सं० ट्वांकाय, एक प्रकार की हरी चाय।

'twas (twoz) it was का संक्षिप्त रूप।

twayblade (twā' blād) सं० विशेष प्रकार का रुआंस, आर्किड पौधा जिसमें हरे या बैंगनी फूल और पत्तियों का एक जोड़ा होता है।

tweak (twēk) [M.E, *twikken*, A.S. *twiccian*, cp. G. *zwicken* and TWITCH] क्रि० स० १. नोचना, खसोटना, चुटकी काटना, तेज़ी से चुभोना और मरोड़ना; २. झटकना, ३. झटका देकर खींचना। सं० १. चुटकी, चिकुँटी; २. झटका। **tweaker** सं० (प्रा०) गुलेल।

tweed (twēd) [prob. from erroneous reading of TWEEL] सं० एक प्रकार का दोमूती खुरदरा ऊनी या ऊनी-सूती कपड़ा।

tweedle (twē' del) [perh. var. of TWIDDLE] सं० सारंगी जैसी आवाज़। **tweedledum and tweedledee** जैसे नागनाथ वैसे साँपनाथ, ऐसी वस्तुएँ जिनमें केवल नामों का अंतर हो।

'tween (twēn) [short for BETWEEN] क्रि० वि० और पूर्व० बीचोबीच, मध्य, दरमियान। **~-decks** जहाज के डेकों के बीच (की जगह)। **tweeny** सं० (बोल०) वह नौकर जो दूसरे और नौकरों अर्थात् रसोइया और नौकरानी के काम में हाथ बटाये।

tweet सं० (चिड़िया की) चूँ-चूँ या चहचहाहट। क्रि० अ० (चिड़िया का) चहचहाना या चूँ-चूँ करना।

tweezer (twē' zer) [obs. *tweese*, a small case for instruments, F. *étui*, -EER] सं० (बहुव०) (छोटी वस्तुओं का उठाने, बाल खींचने आदि की) छोटी चिमटी, मोचनी। क्रि० स० चिमटी से बाल खींचना या काँटा निकालना।

twelfth (twelfth; [A.-S. *twelfta*, from lofl] वि० बारहवाँ, द्वादश। सं० द्वादशांश, बारहवाँ भाग। **the ~ of August** जंगली सुअरों के शिकार के शुरू होने की तिथि। **Twelfth cake** बारहवीं की रात का केक। **Twelfth Day** बड़े दिन के बाद का बारहवाँ दिन। **Twelfth Night** बारहवीं की रात, बारहवीं रात जिसमें अनेक समारोह मनाये जाते हैं। **twelfthly** क्रि० वि० बारहवें।

twelve (twelv; [A.-S. *twelf* (*twā*, two, *lif*, *cogn.* with LEAVE[2]] वि० और सं० बारह, द्वादश। **~fold** वि० १. बारह तह का; २. बारह गुना। **~month** एक वर्ष। **~penny** वि० एक झिलिंग का।

twenty (twen' ti) [A.-S. *twentig* (*twegen*, TWAIN, *-tig*)] वि० और सं० बीस, कोड़ी। **twentieth** वि० बीसवाँ। **twenty-fold** वि० बीस तह का, बीस गुना। क्रि० वि० बीस गुने तौर पर। **twentyish** वि० लगभग बीस। **twenty-fourmo** (24 mo) १. चौबीसवाँ पन्ना; २. ताव के चौबीस पन्ने वाली पुस्तक। **twenty-mo** १. एक ताव के बीस पन्नों में से एक; २. बीस पन्ने वाली पुस्तक; एक ताव के बीस पन्ने तह करके बनायी हुई पुस्तक।

'twere (twēr,) it were का संक्षिप्त रूप।

twerp, twirp (twĕrp) [etym. unknown] सं० (ग्रा०) कमीना आदमी, नीच व्यक्ति।

twi- समस्त पदों में दो या दुगने के अर्थ में प्रयुक्त।

twibill (twī' bil) [A.-S. *twi*, two, double, as foll., BILL¹)] सं० दुफला फरसा, एक प्रकार का कुदाल।

twice (twīs) [M.E. *twies*, A.-S. *twiges*, gen. of *twā*, two] क्रि० वि० १. दोबारा, दो बार, दूने रूप में; २. दुगने रूप में, दुगने अंश या संख्या में। **at ~** दुहरी अवस्था में। **did it in ~** (बोल०) इसको दो बार में किया। **~born** द्विज, द्विजन्मा। **twicer** सं० वह कम्पोजीटर जो प्रेस को चलाने का भी काम करता है, दुहरा काम करने वाला।

twiddle (twid' dl) [cp. Norw. *tvidla*, var. of *tvilla*, *tvirla*, TWIRL] क्रि० स० तथा अ० १. सहज रूप से घुमाना, यों ही फिराना; २. (किसी चीज के साथ) खेलना। सं० थोड़ा सा घुमाव या चक्कर। **twiddling-line** घुमाने वाला तार, वह तार जिसके खींचने से दिक्सूचक पत्र सुगमता से घूम सकता है।

twifold (twī' fōld) [*twi-*, see TWIBILL,-FOLD] वि० और क्रि० वि० दुहरा, दुहरे रूप में।

twig¹ (twig) [A.-S. (cp. Dut. *twijg*, G. *zweic*), cogn. with *two*] सं० १. छोटा अंकुर या अलुआ; २. टहनी* (क्रि० वि० भी), छोटी डाल; ३. (ग० वि०) लघु धमनी; ४. (भौ०) लघु विनिरर्थक चालक (conductor); ५. अनुमानकरण दंड, तिलस्मी लकड़ी (कहते हैं इससे भूमि के नीचे का पानी, धातु आदि का पता होता है, विशे० work the ~)। **twigged** वि० टहनी वाला। **twiggy** वि० शाखादार। **twigless** वि० बिना टहनी का।

twig² (twig) [perh from Ir. *tuigim*, I understand] क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **twigged**) (बोल०, किसी व्यक्ति को) समझना; २. (शब्दों या योजना का) अर्थ समझना, अभिप्राय समझना; ३. देखना।

twilight (twī' lit) [M.E. (A.-S. *twi-*, see TWIBILL, LIGHT¹)] सं० १. संध्यालोक, सूर्योदय से पहले और सूर्यास्त के बाद का धुँधला प्रकाश, सुबह का धुँधलका, शाम का झुटपुटा, २. हल्की रोशनी, धूमिल या धुँधला प्रकाश, ३. (ला०) अपूर्ण ज्ञान या बोध की अवस्था। क्रि० स० (विरल प्रयोग) धूमिल प्रकाश से प्रकाशित करना, मद्धिम रोशनी से रोशन करना। **~of the gods** (नौर्वे० पुरा०) देवों और दैत्यों का ऐसा संघर्ष जिसमें उन्होंने एक दूसरे को नष्ट किया था। **~arch or curve** संध्यालोक चाप या संध्यालोक वक्र (जो संध्यालोक के सर्वाधिक प्रकाशमय अंचल की सीमा होता है जहाँ का वातावरण सूर्य की किरणों को नीचे-नीचे ग्रहण करता है)। **~sleep** कष्टरहित गति-जनन की एक विधि का नाम।

twill (twil) [A.-S. *twilic*, cogn. with G. *zwillich*, two threaded (*twi-*, two, *-lic*, perh from L. *bilix*, bi-, *licium*, thread)] सं० १. दोहील, दुसूती या खेस की बुनाई का कपड़ा; २. दुसूती या खेस की बुनाई बुनना।

twill it will का खंडित रूप।

twin (twin) [M.E., from A.-S. *getwinne* (cp. Icel. *tvinnr*), cogn. with *two*] वि० १. जुड़वाँ, (बत्तं०) यमज; २. जोड़ों में उगने वाला; ३. दो, एक साथ बँधे हुए और समान भागों वाला, यमल* (आ०, वि० १ भी), ४. यमक* (इ० २ भी)। सं० १. **दो जुड़वाँ** वस्तुओं में से एक २. (विशे०) जुड़वाँ बच्चा; ३. किसी व्यक्ति या वस्तु का पूर्ण रूप से मिलता-जुलता प्रतिरूप या प्रतिमूर्ति; ४. संयुक्त मणिभ जिसका एक भाग दूसरे की तुलना में प्रतिकूल स्थिति में पड़ता हो। क्रि० स० और अ० जुड़वाँ बनना या होना, जोड़ा बनना या होना, जोड़ देना या जुड़ जाना। **~boat, -steamer** जुड़वाँ नाव, जुड़वाँ स्टीमर जिसके दो ढाँचे हों और डेक एक ही हो। **~children** जुड़वाँ बच्चे। **~flower** पतली सदाबहार बेल जिसमें सुगंधित फूलों का एक जोड़ा फलता है। **~screw** दो चक्रों वाला जलयान जिनके मुख्य ढाँचे अलग-अलग होते हैं और विरोधी दिशाओं में चलते हैं। **twinling** सं० जुड़वाँ यान या बच्चा। **twining** सं० जुड़वाँ रत्नों या मणियों का निर्माण। **twinship** सं० जुड़वापन, यमजाता।

twine (twin) [M.E. *twinen*, from A.-S. *twin*, twisted thread (cp. Dut. *twijn*, G. *zwirn*, Icel. *tvinni*), cogn. with *two*] सं० १. डोरी* (क्रु० भी), सुतली, जूना*, रस्सी* (क्रु० भी); २. ऐंठन, बल, मरोड़ी, ३. गुँथी हुई चीज, उलझन। क्रि० स० और अ० १. बटना, माँजना; २. गुँथी हुई वस्तुओं से (हार) बनाना; ३. हार लपेटना; ४. गूँथना; ५. (किसी दूसरी वस्तु के चारों ओर) लपेटना; ६. (पौधे, सौंप आदि के किसी के चारों ओर) लिपटना, कुंडली बनाना। **twiner** सं० बटने वाला, माँजने वाला, बल्लरी* (वि० १ भी)। **twiningly** क्रि० वि० १. बटते हुए, माँजते हुए; २. लपेटते हुए; ३. गुंथते हुए; ४. कुंडली खाते हुए।

twinge (twinj) [A.-S. *twengan*, cp. Dut. *dwingen*, G. *zwingen*, Icel. *thvinga*, Dan. *twinge*, to constrain, to compel] क्रि० स० (विरल प्रयोग) तीव्र पीड़ा उत्पन्न करना, तेज दर्द पैदा करना, चुभन या टीस उठना। सं० टीस, चुभन, तीव्र पीड़ा (जैसे a ~of toothache)।

twinkle (twing' kĕl) [A.-S. *twinclian*, freq. of v. represented by obs. *twink*, var. of *twiccan*, to TWITCH] क्रि० स० तथा अ० १. (प्रकाश, तारे आदि का) टिमटिमाना, झिलमिलाना, जगमगाना, चमकना; २. (पलकों का) जल्दी-जल्दी झपकना, (पैरों को नाच में) जल्दी-जल्दी आगे-पीछे हटाना, ३. (आँखें) मिचकाना या चलाना, पलक मारना; ४. (आँखें) चलना; ५. (आँखों का हँसी में) चमक उठना, हँसी की झलक दिखाई पड़ना; ६. चमचमाना, झिलमिलाना। सं० १. झपक; २. आँखों की चमक; ३. हँसी की झलक; ४. द्रुतगति, ५. नाचने में पैरों की द्रुत गति; ६. चमक, झलक, झिलमिलाहट, जगमगाहट। **twinkler** सं० झिलमिलाने वाला, आँखें चलाने वाला। **twinkling** सं० निमिष, पल भर, पलक मात्र। **in a ~, in the ~of an eye** पलक मारते ही, क्षण भर में, बहुत जल्दी से, नीचता से।

twirl (twĕrl) [freq. from A.-S. *thweran*, to turn, cp. Norw. *tvirla*] क्रि० स० और अ० १. जल्दी-जल्दी घुमाना, फिराना; २. घूमना, फिरना, चक्कर खाना; ३. (यों ही या अकारण ही) अँगूठा घुमाना, चलाना। सं० १. घुमाव, मरोड़; २. घुमावदार लिखावट आदि।

twist (twist) [M.E. *twisten*, from A.-S. *twist*, rope (in *mast-twist*, mast-rope), cogn. with *two*] सं० १. (बटी हुई) डोरी, डोरा, रस्सी, रस्सा; २. एक प्रकार का मजबूत रेशमी या सूती धागा; ३. लंबी ऐंठनदार रोटी; ४. तम्बाकू का लम्बा पिंडा, ५. मरोड़े हुए सिरों वाला कागज का पुड़ा या पुड़िया; ६. ऐंठन* (इ० ३ भी), मरोड़* (वि० १ भी), बटने की क्रिया, ऐंठ, पेच; ७.

uraemia (ū rē' mi à) [mod. L. (Gr. *ouron*, urine, *haima*, blood)] सं० (चिकि०) मूत्रीमिया, मूत्रज रक्तदूषण।

uraeus (ū rē' ŭs) [Gr. *ouraios*, from *oura*, tail] सं० यूरियस, मिस्री राजाओं आदि की सर्पाकार टोपी।

Ural-Altaic (ūr' ăl ăl tā' ik) वि० १. यूरल-अल्टाइक, यूरल और अल्टाइक पर्वतमाला (के निवासियों) का; २. (भाषा०) यूरल-अल्टाइक या फिनिक भाषा-परिवार का।

uranium (ū rā' ni ŭm) [URAN-US, -IUM] सं० १. यूरेनियम* (क्रु०, वि० १ भी), एक रेडियो सक्रिय सफेद धातुतत्व। **uranic** वि० यूरेनियम का या यूरेनियम विषयक। **uranous** (ūr' à nŭs) वि० यूरेनियमयुक्त।

urano- समास में ग्रीक ouranos (आकाश) के अर्थ में प्रयुक्त।

uranography (ūr à nog' rà fi) [*urano-*, from foll., -GRAPHY] सं० गगनशास्त्र, नभशास्त्र। **uranographic, -al** वि० गगनशास्त्र संबंधी। **uranographist** सं० गगनशास्त्री। **uranometry** सं० ज्योतिर्गमिति।

Uranus (ūr' à nŭs) [Gr. *ouranos*. heaven] सं० १. (ग्रीक पु०) यूरेनस, Ge (पृथ्वी) का पुत्र और Kronos (सैटर्न) तथा the Titans आदि का पिता; २. १७९१ ई० में हार्शल (Herschel) द्वारा अनुसंधित यूरेनस नामक ग्रह, ३. यूरेनस* (वि० १ भी)।

urban (ėr' băn) [L. *urbānus*, from *urbs urbis*, city] वि० शहरी, नगर*/नगरीय* (भा० २ भी), नागरिक, पौर, नगर या कस्बे में रहने वाला या उसमें स्थित (जैसे ~district, population)। **~sanitary district** पौर स्वास्थ्य विभाग के अधीन क्षेत्र। **urbanize** क्रि० स० शहरी बनाना, नगरीय बनाना, शहर बनाना। **urbanization** सं० नगरीकरण* (क्रु०, भा० १, ३ भी) शहर बनाना।

urbane (ėr bān')[as prec.] वि० शिष्ट, सभ्य, विनीत, सुसंस्कृत, शिष्ट आचरण का, भद्र, सुशील। **urbanely** क्रि० वि० शिष्टतापूर्वक, सभ्यतापूर्वक, सविनय, नम्रतापूर्वक। **urbanity** सं० भद्रता, सुशीलता, शिष्टता, शिष्टाचार, सभ्यता।

urceolar, -late (ûr' sé ò lár, -lāt) वि० १.(वन) कुमाकार, घटाकार, जिसका मुँह छोटा और शरीर बड़ा हो; २. कुमाकार* (वि० १ भी)।

urchin (ėr' chin) [M.E. *urchon*, O. North. F. *herichun* (F. *hérisson*), ult. from L. *ēricus*, from *ēr*, hedgehog, cogn. with Gr. *chēr*] सं० १. शरारती या चंचल लड़का, नटखट बालक, उद्दंड बालक; २. लड़का, छोकरा, बालक। **sea-~** दे० ECHINUS।

Urdu (oor' doo)[Hind., camp. as arising in the camps, etc., as a means of communication between the Mohammedans and the conquered Hindus] सं० उर्दू, हिन्दुस्तानी, लश्करी भाषा।

urea (ū rē' à) [Gr. *ouron*, urine] सं० (रसा०) विशे० स्तनपायी पशुओं के मूत्र में पाया जाने वाला एक मिश्रण जो घुलनशील, रंगहीन और स्फटिमय होता है; २. यूरिया* (आ०, कृ०, वि० १ भी)।

-uret [*-ur* (SULPH-UR), -ET] प्रत्य० (रसा०) संज्ञा और इनसे व्युत्पन्न शब्दों में लगने वाला प्रत्य० जिनसे मिश्रण या संयोग का अर्थ निकलता है, आजकल इसके स्थान पर ~IDE का प्रयोग होता है, -एम,-मिहेल (जैसे sulph ~)।

ureter (ū rē' tėr)[Gr. *ourētēr*, from *ourein*, to make water] सं० १. मूत्रवाही नली, मूत्रनलिका, मूत्रवाहिका, वह नली जिससे मूत्र किडनी या गुर्दा से मूत्राशय में जाता है; २. मूत्रवाहिनी* (क्रु०, वि० १); ३. गवेनी* (आ० भी)। **ureteritis** सं० मूत्रवाहिका में क्षोभ या प्रदाह।

urethra (ū rē' thrā) [L., from Gr. *ourēthra*, as prec.] सं० (बहु० **-thræ**) १. वह नली जिसके द्वारा मूत्र मूत्राशय से निकलकर बाहर आता है, मूत्रप्रसेकनलिका, मूत्र-नाली; २. मूत्रमार्ग* (आ०, कृ०, वि० १ भी)। **urethral** वि० मूत्रप्रसेकनलिकीय, मूत्रमार्गीय, मूत्रमार्ग-* (आ०भी) **urethritis** सं० मूत्रमार्गप्रदाह। **urethrocele** (ū rē' thrō sēl [CRE] सं० मूत्रमार्गशोथ। **urethrotomy** सं० मूत्रमार्गशस्त्रक्रिया।

uretic वि० और सं० दे० DIURETIC।

urge (ėrj) [L. *urgēre*, cogn. with Gr. *heirgein*, to repress, Eng. WREAK] क्रि० स० १. जोर से चलाना, आगे बढ़ाना, प्रेरित करना, हाँकना, जल्दी कराना, समयास आगे करना (जैसे urged his horse forward, urged him on, we urged our flight north wards); २. दबाव डालना, जोर देना, अनुरोध करना (जैसे ~ him to action, to take steps); ३. (किसी विषय का) जोरदार समर्थन करना, उसकी वकालत करना; ४. (किसी व्यक्ति से) अत्यधिक तर्क या प्रार्थना करना, (किसी बात के लिए) पीछे पड़ना; ५. जोर देना, जोर के साथ पेश करना, उत्तेजित करना, उकसाना, बार-बार कहना (जैसे in vain you ~ his youth, urged the difficulty of getting supplies, argument was urged in vain)। सं० (साहित्यिक)* प्रेरणा, उत्तेजना, उत्कंठा, उत्सुकता, लालसा, लगन, अन्तःप्रेरण* (भा० २, ३ भी)।

urgency (ėr' jėn sī) सं० १. अत्यावश्यकता, अनिवार्यता, अपरिहार्यता, अविलंबता; २. (संसद) औपचारिक घोषणा, उस भवन में जहाँतीन सौ से कम सदस्य न हों, तीन और एक के अनुपात से पड़े हुए मत द्वारा इस बात की औपचारिक घोषणा कि अमुक विषय अत्यावश्यक है और उसे अन्य विषयों की तुलना में प्राथमिकता मिलेगी।

urgent (ėr' jėnt) वि० १. अत्यावश्यक, अत्यावश्यकता* (आ० भी), अनिवार्य, अविलंब (जैसे am in ~need, the matter is ~); २. आग्रही, मिन्नती, दृढ़ (जैसे was~ with me for (or to disclose) further particulars); ३. अर्जेण्ट* (विधि भी); ४. तुरत*/ अति आवश्यक* (प्र०, भा० १ भी)। **urgently** क्रि० वि० अत्यावश्यक रूप से, अपरिहार्य रूप से, अविलंबतापूर्वक, साग्रह, मिन्नत से।

urinal (ūr' i nāl, ū rī' nāl) सं० १. मूत्रपात्र* (आ० भी), मूत्राधार, पेशाबदान; २. मूत्र स्थान, मूत्रालय, पेशाबघर* (आ० भी); ३. रोगियों के लिए बिस्तर में पेशाब करने का पात्र; ४. परीक्षण के लिए पेशाब की शीशी, काकरा।

urine (ūr' in) [F., from L. *ūrina*, cogn. with Gr. *ouron*, Sanak. *va'ri*, water, A.-S. *wer*, the sea] सं० १. मूत्र* (आ०, कृ० भी), पेशाब। **uric** वि० मूत्रीय, मूत्र संबंधी। **~acid** १. मूत्राम्ल, एक अम्ल जो अनुओं और चतुष्पों के शुद्ध मूत्र में अल्प मात्रा में और पक्षियों और सरीसृपों के मूत्र में प्रधान तत्त्व के रूप में रहता है; २. मूत्राम्ल*/ यूरिक एसिड* (वि० १ भी)। **urinary** वि० और सं० १. मूत्रीय, मूत्र का, पेशाब का (जैसे ~organs, diseases); २. मूत्र की खाद का हौज; ३. (सैन्य०) पेशाबखाने, मूत्रालयपंक्ति; ४. मूत्रीय* (वि० १ भी)। **urinate** क्रि० अ० पेशाब करना, मूत्र विसर्जित करना, लघुशंका से निवृत्त होना। **urination** सं० मूत्रविसर्जन, पेशाब करना। **urino-** 'मूत्र' अर्थ में समास में प्रयुक्त रूप। **urinology** सं० मूत्र-विज्ञान, मूत्रविद्या, मूत्रशास्त्र। **urinometer** सं० मूत्रमान, मूत्र-परीक्षण यंत्र*/ मूत्रघनत्वमापी* (कृ० भी)। **urinometric** वि० मूत्र-मापीय, मूत्र-परीक्षण यंत्र से संबंधित। **urinometry** सं० मूत्रमानविद्या। **urinoscopic** वि० मूत्रपरीक्षणीय, मूत्रपरीक्षण से संबंधित। **urinoscopy** सं० मूत्रपरीक्षण, मूत्रनिरीक्षण। **urinous** वि० मूत्रीय, मूत्रवत्, मूत्रसदृश।

urn (ėrn) [F. *urne*, L. *urna*] सं० १. अस्थिकलश, अस्थिघट, गोठाधार गोलाकृति का एक पात्र (जो प्राचीन काल में विशे० मृत व्यक्तियों की अस्थियाँ संजोने के लिए या घरेलू बर्तन के रूप में या नाप के लिए व्यवहृत होता था); २. (ला०) कोई वस्तु जिसमें मृत शरीर या इसके अवशेष सुरक्षित रखे जाते हैं (जैसे समाधि, कब्र); ३. बड़ा गोलाकार चायदान जिसमें चाय, काफी आदि स्पिरिट लैंप से गर्म रखते हैं। क्रि० सं० अस्थिकलश में सुरक्षित रखना, अस्थिपात्र में बंद करना। **~flower** कलश-पुष्प, घटपुष्प, गुलकूजा, एक प्रकार का पौधा जिसमें घड़े की आकृति का फूल निकलता है। **urnful** सं० अस्थिपात्र भर, कलश भर।

Ursa (ėr' sā) [L., she-bear] सं० १. रीछ, भालू; २. ऋक्ष, नक्षत्र। **ursiform** वि० रीछ के आकार का, रीछ की तरह, भूकवत्। **ursine** वि० १. भूकीय, भूकवत्, भूकसदृश, रीछ का, रीछ के सदृश; २. जिस पर बहुत घने कड़े बाल उगे हों।

Ursuline (ėr' sū lin, -lin) [St. *Ursula*, -INE] वि० और सं० रोगियों की परिचर्या और बालिकाओं की शिक्षा हेतु स्थापित संस्था (की भिक्षुणी)।

urticaria (ėr ti kār' i a) सं० (निदा०) एक रोग जिसमें शरीरपर चकत्ते और फफोले पड़ जाते हैं, बिछुआ, चकता, छाला, पीतपर्णिका। **urticate** (ėr' ti kāt) क्रि० स० १ बिछुआ पौधे की तरह डंक मारना; २. (लकवा मारे गए अंग आदि में) पुनश्चेतना जाग्रत करने के लिए उसे बिछुआ पौधों से पीटना या मारना। **urtication** सं० बिछुआ पौधे की तरह डंक मारने की क्रिया, चेतनाशून्य शरीरावयव में चेतना-शक्ति जाग्रत करने की दवा।

urubu (oo' ru boo) [native name] सं० अरूबू, अमरीका का एक काला गिद्ध, कृष्णवर्णीय अमरीकी गृद्ध।

urus (ūr' ūs) [L., from Gr. *ouros*] सं० उरुस, सींडर द्वारा उल्लिखित एक प्रकार का जंगली साँड़, दे० AUROCHS।

us हमको, हमें, हम लोगों का, (संबं० 's, कभी-कभी, काव्य०, और अप्र०) हम स्वयं, हम खुद, हम लोग (जैसे let's get us from the walls)।

usage (ū zij) सं० १. प्रयोगविधि, उपयोग करने का ढंग (जैसे met with harsh~; damaged by rough~), २. परंपरागत प्रथा, रीति, रिवाज, रस्म, दस्तूर (जैसे sanctified by~, an ancient~, contrary to the ~of the best writers); ३. (कानून) वह प्रथा, रीति, चलन या रस्म जो चालू हो किन्तु अति प्राचीन परंपरागत न हो; ४. प्रथा* (विधि भी); ५. प्रयोग*/ प्रचलन*/ रूढ़ि*/ लोकाचार* (भा० १ भी)।

usance (ū zans) सं० (बैं०) विदेशी हुंडियों का चुकाने की मान्य अवधि या मियाद (जैसे the~ on Indian bills is— months, bill drawn at half or double~)।

use[1] (ūs) [A.-F. and O.F. *us*, L. *ūsus* -*ūs*, from *ūtī*, to use (in legal senses from A.-F. *oes*, L. *opus*, employment, need)] सं० १. उपयोग, प्रयोग, उपभोग, नियोजन, व्यवहार (जैसे should recommend the ~of a lift, taught him the~of the globes, put it to a good~, is meant for~ not ornament, is in daily~); २. उपयोगाधिकार, प्रयोगाधिकार, प्रयोग-सायर्थ्य (जैसे stipulated

for the~ of the piano, lost the~ of his left arm); ३. उपयोगिता, लाभ, प्रयोजन (जैसे a blunt knife is of~ for this work, it is (of) no~)। **useful** (ūs' ful) वि० १. उपयोगी, लाभदायक, लाभकारी, काम का; २. (प्रा०) अत्युत्तम, बहुत बढ़िया, अति योग्य, बहुत काबिल। **usefully** क्रि० वि० उपयोगी रूप से, लाभदायक रीति से। **usefulness** सं० उपयोगिता, लाभदायकता, लाभप्रदता, उपयुक्तता। **useless** वि० १. अनुपयोगी, निष्प्रयोग, निष्प्रयोजन, निरर्थक, व्यर्थ, बेकार (जैसे a mass of ~erudition, contents were rendered~ by damp); २. (प्रा०) निकम्मा, सुस्त, अनुपयुक्त (जैसे am feeling ~)। **uselessly** क्रि० वि० निरर्थक रूप से, व्यर्थ, बेकार में, अनुपयोगिता के साथ। **uselessness** सं० अनुपयोगिता, निरर्थकता, उपयोगाभाव, लाभराहित्य।

use[1] (ūz) क्रि० स० और अ० १. प्रयोग करना, उपभोग करना, इस्तेमाल में लाना, व्यवहार में लाना, बरतना, विशिष्ट रीति से बरतना, पेश आना, बर्ताव करना; २. (अब व के साथ केवल भूतकाल में प्रयुक्त) अभ्यस्त होना, आदी होना (जैसे I used to take the bus, bell used always to ring at one); ३. (अब केवल भूत कृदन्त में प्रयुक्त) अभ्यस्त, आदी (जैसे am not used to this sort of thing,); रीति, प्रथा, रिवाज, रस्म; ४. ५. (किसी गिरजाघर या किसी पादरी के अधीनस्थ प्रदेश में प्रचलित) कर्मकांड, उपासना-पद्धति (जैसे Anglican, Roman~); ६. (कानून) सपत्ति-उपभोग, भू-सपत्ति से प्राप्त लाभ। **may I ~your name**? क्या मैं मान्यता, संदर्भ आदि के लिए आपके नाम का उद्धृत कर सकता हूँ? **~up** (किसी वस्तु का) पूर्ण उपभोग कर लेना, पूरा का पूरा खर्च कर डालना, किसी वस्तु की अवशिष्ट उपयोगिता को प्रयोग में लाना, खपा देना, काम में लाते-लाते घिसा देना, पुराना कर देना। **usable** (ū' zibl) वि० उपभोग्य, उपयोग्य, प्रयोज्य, उपयोग के योग्य, उपभोग-योग्य, काम के लायक। **user**[1] (ū' zėr) सं० उपयोक्ता, उपभोक्ता, व्यवहर्ता, बरतने वाला। **user**[2] सं० (कानून) किसी अधिकार आदि का निरंतर उपभोग, उपयोग। **right of ~** १. उपभोगाधिकार; २. निरंतर उपभोग के कारण सहज अधिकार।

usher (ish' er)[F. *huissier*, L. *ostiārium*, from *ostium*, door] स० १. प्रवेश्टा, प्रवेशक* (मा० भी), प्रवेष्टाधिकारी या प्रवेष्टा सेवक जो न्यायालय आदि का द्वारपाल होता है, सार्वजनिक स्थानों में आगंतुकों को आसन पर बिठाता है या उच्चवर्गीय व्यक्ति के आगे-आगे चलता है; २. (अब निन्दा०) सहायकाध्यापक। क्रि० स० १. प्रवेष्टा का कार्य करना, द्वारपाल का कार्य करना, उच्चवर्गीय व्यक्ति के आगे-आगे चलना, घोषणा करना, प्रवेश कराना, आसन दिखाना (जैसे was at length ushered (in) to his presence, star ushers in the dawn)। **ushership** सं० द्वारपाल-पद, प्रवेष्टा पद, प्रवेशक का कार्य, स्वागतकर्तृत्व, घोषणाकर्ता का कार्य या पद।

usquebaugh (ūs' kwē ba, -baw) [Ir. *uisge beatha* (*uisge*, water, see WHISKY[1], *beatha*, life, cogn. with Gr. *bios*, L. *vita*)] स० १. ह्विस्की; २. आयरलैंड का एक प्रकार का पौष्टिक पेय जो ह्वीस्की आदि से तैयार किया जाता है।

ustion (ūs' tyun) [L. *ustio*, from *urere*, to burn, p.p. *ustus*] स० (चि०) अग्नि कर्म, ज्वलन, प्रज्वलन, दहन। **ustulation** सं० चूर्ण बनाने के लिए किसी तम द्रव्य को जला कर सुखाना, शुष्कीकरण, शराब को जलाना, मदिरा दहना।

usual (ū' zhū āl) [L. *ūsuālis*, from *ūsus*, USE] वि० साधारण, मामूली, सामान्य, प्रचलित, प्राथिक, रीतिगत, दैनिक, यथास्वभाव (जैसे asked the ~questions, with his~ disregard of convention)। **usually** क्रि० वि० प्रायः, साधारणतः, सामान्यतः, यथारीति, यथापद्धति, प्रचलित रूप से। **usualness** सं० साधारणता, सामान्यता, प्रचलितता, रीति-सम्मतता, प्राथिकता, दैनिकता।

usucaption, -capion (ū zū kăp' shun, -kăp' yun) [L. *ūsūcapio -ōnis* (*ūsū*, by use, see USE, *capere*, to take)] सं० (विधि) किसी संपत्ति पर निश्चित कालावधि तक निरंतर और निर्बाध अधिकार के कारण अधिकार या स्वामित्व की प्राप्ति, स्वामित्व-लाभ, अवधिजनित अधिकार* (मा० १ भी)।

usufruct (ū' zū frükt) [L. *ūsusfructus* (USE, *fructus*, FRUIT)] स० किसी व्यक्ति की संपत्ति को बिना किसी प्रकार हानि पहुँचाये उपभोग करने का अधिकार, उपभोगाधिकार, फलोपभोग* (मा० १ भी)। क्रि० स० किसी व्यक्ति की संपत्ति को बिना हानि पहुँचाये उपभोग करना। **usufructuary** वि० और सं० उपभोगाधिकारी, उपभोगाधिकारी व्यक्ति।

usurer (ū' zhur ėr) [O.F. *usurier*, med. L. *ūsūrārius*, from L. *ūsūra*, use, enjoyment, interest, from *ūsus*, USE] सं० सूदखोर, अत्यधिक ब्याज पर उधार देने वाला व्यक्ति। **usuring** (ū' zhėring, ū zhoor-', -zūrūs), **usurious** वि० सूदखोर, अत्यधिक ब्याज लेने वाला। **usuriously** क्रि० वि० सूदखोरों की तरह, सूदखोरी से, अत्यधिक ब्याज पर। **usuriousness** सं० सूदखोरी, ब्याजखोरी। **usury** (ū' zhū ri) सं० १. सूदखोरी* (मा० ३ भी) अधिक ब्याज-ग्रहण, कानून द्वारा स्वीकृत ब्याज की दर से अधिक दर पर रुपया उधार देना, अधिक ब्याज पर ऋणदान; २. अत्यधिक ब्याज, ज्यादा सूद; ३. (अब प्रायः ला०) सूद-ब्याज (जैसे the service was repaid with ~)।

usurp (ū zėrp') [F. *usurper*, L. *ūsurpāre*, to employ, to acquire, etym. doubtful] क्रि० स० और अ० १. बुद्धिजीविता* (मा० ३ भी); २. (गद्दी, पद, शक्ति, संपत्ति आदि) हड़प लेना, हथिया लेना, दबा बैठना, अनुचित रीति से अधिकार कर लेना; ३. (विरल) अनधिकार प्रवेश करना, अनधिकार कब्जा जमाना। **usurpation** सं० अन्यायपूर्वक अधिकारापहरण, अनुचित रूप से हस्तगतीकरण, अनधिकार अधिकार-स्थापना, जबर्दस्ती का कब्जा। बलाद्ग्रहण*/ हड़पना*/ हथियाना* (मा० १ भी)। **usurper** सं० अधिकारापहारी, अनुचित अधिकारकर्ता, अधिकारहरणकर्ता, जबर्दस्ती कब्जा करने वाला। **usurpingly** क्रि० वि० अपहरण करते हुए, अन्याय रूप से अधिकार करते हुए, अनुचित रूप से हस्तगत करते हुए, हड़पते हुए।

ut (ut) [L., see OAMUT] स० किसी सरगम का सुर (अब प्रायः DO[3])।

utensil (ū ten' sil) [M.F. *utensile*, L. *ūtensilia*, utensils, from *ūtensilis*, fit for use, from *ūtī*, to use] सं० (विशे० घरेलू कार्यों में प्रयुक्त) उपकरण, सामान, औजार, बर्तन, पात्र, बासन (जैसे kitchen, cooking utensils)।

uterine (ū' tėr in, -in) [M.F. *uterin*, fem. *-ine*, late L. *uterinus*, from L. *uterus*, womb] वि० १. गर्भाशयीय, गर्भ-कोशीय, गर्भाशय संबंधी; २. जिनकी माता एक ही हो किन्तु पिता भिन्न हों, एक ही माँ से उत्पन्न, सहोदर (जैसे his ~brother), गर्भाशय-* (मा० भी)। **uteritis** सं० गर्भाशय-शोथ, गर्भाशय-

प्रहार। **uterus** सं० (बहु० -ri) १. गर्भाशय* (आ०, कृ०, वि० १ भी), गर्भकोश, योनि।

utilitarian (ū til i târ' i án) वि० और सं० १. उपयोगिता संबंधी, उपयोगिता पर आधारित; २. उपयोगितावादी* (व्यक्ति) (भा० २, ३ भी), **utilitarianism** सं० १. उपयोगितावाद* (भा० २, ३ भी), यह सिद्धान्त कि जो कार्य लाभप्रद है वही ठीक है; २. यह सिद्धांत कि प्रत्येक व्यक्ति के कर्म का एक मात्र ध्येय अधिकतम सुविधाओं के लिए अधिकतम सुख है।

utility (ū til' i ti) [F. *utilité*, L. *ūtilitātem*, nom. -*tas*, from *ūtilis*, useful, from *ūti*, to use] सं० १. उपयोगिता* (भा० २ भी), लाभप्रदता; २. उपयोगी वस्तु; ३. (नाटकशाला, ~-man भी) नाटकों में सब से कम अभिनय करने वाला।

utilize (ū' ti liz) क्रि० सं० उपयोग करना, इस्तेमाल करना, काम में लाना, लाभ उठाना। **utilizable** वि० उपभोग्य, लाभप्रद, काम का। **utilization** सं० १. उपयोगीकरण, लाभप्रदता, उपयोग, इस्तेमाल; २. उपयोग* (वि० १ भी)।

utmost (ŭt' möst) [A.-S. *ūtemest*, double, superlative of *ūt*, OUT] वि० १. दूरतम, चरम, अंतिम (जैसे the~ limits); २. अधिकतम, परम, अतिशय, बेहद (जैसे showed the~ reluctance)। सं० १. चरमक प्रयत्न, यथाशक्ति प्रयास; २ चरम चेष्टा।

Utopia (ū tō' pi á) [lit. nowhere, coined by Sir Thomas More as title of his book (published 1516) describing an imaginary island with a perfect social and political system (Gr. *ou*, not *topos*, place)] सं० १. (सर टामस मूर द्वारा १५१६ ई० में प्रकाशित उटोपिया नामक पुस्तक में उल्लिखित) काल्पनिक द्वीप जिसकी सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था अपने आप में संपूर्ण और आदर्श है; २. सुखलोक, आदर्शलोक, राजराज्य, काल्पनिक आदर्श* (भा० ३ भी), यूटोपिया*/ काल्पनिक राज्य*/ काल्पनिक समाज*(भा० १, ३ भी)। **Utopian** वि० और सं० १. उटोपिया-(वासी), उटोपिया का (निवासी); २. उत्साही किंतु अव्यवहारिक सुधारक (की विशेषता), अवास्तविक सुधारक। **Utopianism** सं० मात्र विचारशीलता, मात्र कल्पनाशीलता, अवास्तविकता, अव्यावहारिकवाद, कल्पनावाद, काल्पनिक आदर्शवाद* (भा० ३ भी)।

utrecht सं० (~-velvet भी) हालैंड की अँगोरा नामक बकरी के बाल से बना एक प्रकार का मखमल।

utricle (ū' tri kél) [F., from L. *ūtriculus*, dim. of *ūter*, leather bag or bottle] सं० १. पतु या पौधे का तेल, सुश्मकोष, योनिका; २. शरीर में (विशे० कान के आंतरिक भाग में) छोटी थैली, क्षुद्रस्थली, पोली जगह; ३. दृत्ति*/ मूत्रिंद्रिका* (आ०, वि० १ भी)। **utricular** वि० सुश्मकोषीय, योनिकीय, क्षु स्थलीय, पोली जगह से संबंधित।

utter[1] (ŭt' ér) [A.-S. *utter a*, comp. of *ūt*, OUT] वि० संपूर्ण, निःशेष, समस्त, पूरा (जैसे ~misery, an~denial)। **~barrister** साधारण छोटा बैरिस्टर जो उस न्यायालय में बहस नहीं कर सकता जिसमें क्विंस कांउसल करता है। **utterly** क्रि० वि० संपूर्णतः, पूरा-पूरा, बिशेष, बिल्कुल, सरासर। **uttermost** वि० अत्यंत, चूड़ान्त, परम, अतिशय, बेहद। **utterness** सं० संपूर्णता, निःशेषता, पराकाष्ठत्व।

utter[2] (ŭt' ér) [M.E. *uttren*, as prec., cp. A.-S. *ūtian*, from *ūt*, OUT] क्रि० स० १. चीखना, चिल्लाना, विलाप करना, जोर-जोर से बोलना; २. (अपने विचार, सत्य, असत्य आदि) बोलकर या लिखकर प्रकट करना, कहना, लिखना, बयान करना; ३. (नोट, कोटा सिक्का आदि) चलाना, जारी करना। **utterance** सं० १. कथन, विचार प्रकाशन, शब्दों में अभिव्यक्तीकरण (जैसे gave~ to his rage); २. वाक्यांश, उच्चारण, बोली (जैसे defective~); ३. बोल, अभिव्यक्त शब्द, उच्चारित शब्द (जैसे his pulpit utterances)।

uvula (ū' vū lá) [mod. L. dim. of prec.] सं० १. (बहु -lae) अलिजिह्वा, कौवा, काकलक* (आ० भी), उपजिह्वा, तालुजिह्वा; २. मूत्राशय और मस्तिष्क के पिछले भाग में लटकता हुआ कौवे की तरह का अवयव, ३, (आ० १. भा० २, ३ वि० भी) मूत्रेला*; ४. अलिजिह्वा* (भा० २ वि० १ भी)। **uvular** वि० अलिजिह्वीय, काकलकीय, उपजिह्वीय, तालुजिह्वीय।

uxorious (ŭk sōr' i ŭs) [L. *uxōrius*, from *uxor*, wife] वि० स्त्रीभक्त, स्त्रीपरायण, पत्नीव्रत, भार्यासक्त, बीवी का गुलाम। **uxoriously** क्रि० वि० स्त्रीभक्तिपूर्वक, स्त्रीपरायणता के साथ, भार्यासक्तवत्, बीवी के गुलाम की तरह। **uxoriousness** सं० स्त्रीभक्ति, स्त्रीपरायणता, भार्यासक्ति, बीवी की गुलामी।

Uzbeg (ūz' beg) [native name] सं० उजबक, मध्य एशिया की एक तुर्की जाति का व्यक्ति।

V

V, v (बहु० **Vs, V's, Vees**) १. अंग्रेजी वर्णमाला का बाइसवाँ वर्ण; २. वी आकार की वस्तु (जैसे कार्ड जोड़); ३. (रोमन अंक) ५ (जैसे IV ४, VI ६, VIII ८, V १५, VV ५५); ४. (victory का चिन्ह बनाने के लिए) हाथ की केवल अनामिका और मध्यमा उँगलियों को फैलाकर बनाया गया V वर्ण।

vacant (vā' kánt) [F., from L. *vacans -ntem*, pres. p. of *vacāre*, to be empty] वि० १. खाली, रिक्त* (प्र० भी), शून्य, २. बेकार, बेकाम, विचारशून्य, अनवधान, सुप्त, काहिल, सुस्त। **vacancy** सं० १. रिक्तत्व, शून्यत्व, रिक्तता, रिक्ति* (प्र०.भी), शून्यता; २. विचार-शून्यता, अनवधानता, बेख्याली, आलस्य, कर्महीनता, सुस्ती, काहिलपन, स्थान-रिक्तता, पदशून्यता, रिक्त स्थान, खाली जगह। **vacantly** क्रि० वि० बेकारी के साथ, विचारशून्यता से, सुस्ती से, मूर्खतापूर्वक।

vacate (vā kāt') क्रि० स० १. (सैन्य-स्थल, स्थान, मकान, गद्दी, पद को) खाली करना, छोड़ देना, रिक्त करना, परित्याग करना, २. (कानून, समझौता आदि) रद्द कर देना, मिटाना, विलुप्त करना।

vacation (vā kā' shŭn) सं० १. (मकान, पद आदि का) परित्याग, छोड़ना; २. (न्यायालय, विश्वविद्यालय आदि में) छुट्टी, तातील, कार्य-विराम, अवकाश, विश्रामावकाश* (भा० १, वि० १ भी), दीर्घावकाश* (भा० २ भी)।

vaccinate (vāk' si nāt) [F. *vaccin*, vaccine, L. *vaccinus*, a., from *vacca*, cow] क्रि० स० चेचक या किसी अन्य रोग से बचने के लिए टीका लगाना* (आ०, कृ० भी), गोधना। **vaccination** सं० चेचक आदि का टीका* (आ०, कृ० भी), गोधना। **vaccinationist** सं० टीका लगाने का समर्थक, टीके का पक्षपाती, टीकावादी* (आ० भी)। **vaccinator**

सं० वैक्सीनेटर* (आ० भी), टीकादार, (प्र०) टीका लगाने वाला* (व्यक्ति)। **vaccine** (vāk' sin) वि० १. गाय का, गव्य, गोविषयक, गाय के थन की चेचक से संबंधित, चेचक के टीके से संबंधित। सं० वैक्सीन*/ टीका* (आ, कृ० भी), गाय के थन की चेचक का या किसी अन्य रोग का वेष या विष (जो टीका लगाने में प्रयुक्त होता है)। **~-farm** वैक्सीन फार्म, वह स्थान जहाँ चेचक का वेष या रस जमा किया जाता है। **~-point** टीका लगाने की सुई। **vaccinal, vaccinic** वि० गाय के थन की शीतला या किसी अन्य रोग के विष से संबंधित। **vaccinia** सं० (चिकि०) गौ-शीतला* (आ० भी), गाय के थन की शीतला या चेचक जिसका टीका लगाया जाता है, वैक्सीनिया* (आ० भी)।

vacillate (vās' i lāt) [L. *vacillātus*, p.p. of *vacillāre*] क्रि० अ० १. एक ओर से दूसरी ओर झूलना, हिलना, झूमना, डोलायमान होना, आलोड़ित होना; २. ढुलमुल विचार का होना, अस्थिरचित्त होना, डाँवाडोल होना, द्विविधा में पड़ना, पशोपेश में पड़ना। **vacillatingly** क्रि० वि० झूमते हुए, डोलायमान होते हुए, पशोपेश करते हुए, द्विविधा के साथ। **vacillation** सं० झूमना, आलोड़न, द्विविधा, संशय, अस्थिरचित्तता, अनिश्चय* (आ० २ भी)।

vacuole (vāk' ū ōl) सं० (जीव०) शरीर में छोटा रिक्त स्थान जिसमें वायु, द्रव आदि भरे रहते है, कोटर, रसवानी* (कृ० भी), वानी, वैक्यूओल*/ रिक्तिका* (आ०, कृ० भी)। **vacuolar, vacuolate** वि० कोटरीय, रसवानीय, शरीर के छोटे रिक्त स्थान से संबंधित, रिक्तिकायुत* (वि० १ भी)।

vacuous (vāk' ū us) [L. *vacuus*, rel. to *vacāre*, see VACANT] वि० १ खाली, शून्य, रिक्त, खोखला, २. निरर्थक, अर्थशून्य, अनिर्व्यंजनाशून्य। **vacuity** (va kū' i ti), **vacuousness** सं० १. खालीपन, खोखलापन, शून्यता, रिक्तता, २. निरर्थकता, अर्थशून्यता।

vacuum (vāk' ū ŭm) [L., neut. of prec.] सं० (बहुव० **-ms.-ua**) १. शून्य, शून्य स्थान (जिसमें कोई भी पदार्थ न हो); २. निर्वात स्थल, निर्वात्म पात्र, वह स्थल या पात्र जिसमें से हवा निकाल ली गई हो; ३. (विशिष्ट अर्थों में) हवा के दबाव में कमी, सामान्य वायुमंडलीय दबाव से कम दबाव, निर्वात* (इ० २, वि० १ भी)। **Guerickian ~** वायु-पंप द्वारा बनाया गया शून्य, वह शून्य स्थल जिसमें से वायु-पंप द्वारा वायु खींच ली गई हो। **Torricellian ~** १ वह शून्य स्थल जिसमें से वायु पारापंप द्वारा खींच ली गई हो, २. पारद-पंप द्वारा बनाया गया शून्य। **~-brake** रेलगाड़ी का वैक्यूअम ब्रेक, हवा बाहर खींचकर रेलगाड़ी के पहिए की गति को रोकने वाला ब्रेक, निर्वात ब्रेक। **~-cleaner** किसी स्थल को शून्य बनाकर धूल आदि साफ करने का यंत्र, वैक्यूअम क्लीनर। **~flask** फ्लास्क, वायुशून्य पात्र जिसके अन्दरूनी खाने में रखी गई वस्तु का तापक्रम नहीं बदलता। **~-gauge** निर्वात गेज*/ वैक्यूअम गेज* (वि० १ भी), शून्यमाप, निर्वातप्रमापी, किसी स्थल को निर्वात करने के पश्चात् उसकी वायु के दबाव को नापने का यंत्र। **~-tube** वैक्यूअम-ट्यूब, निर्वात नलिका*/ निर्वात नली* (वि० १ भी), शून्यनलिका, काँच की मोहरबंद निर्वात-नलिका जिसका प्रयोग बिजली के चार्ज या भार को देखने में किया जाता है।

vade-mecum (vā' di mē' kŭm) [L., go with me] सं० लघु पुस्तिका या अन्य कोई वस्तु जो सदैव साथ रखी जाती है, सदा साथ में रहने वाली पुस्तक, सहचर पुस्तक।

vagabond (vāg' à bŏnd) [F., from late L. *vagabundus*, from *vagāri*, to wonder] वि० १. आवारा* (मा० ३ भी), आवारागर्द, घुमक्कड़, घुमन्ता; २. खानाबदोश, रमता, यायावर; ३. निर्वासित, मारा-मारा फिरने वाला, यत्रेच्छागामी, मनमौजी, सैलानी, स्वेच्छाचारी; ४. चलने-फिरने वाली, अस्थिर (मकड़ी)। सं० १. आवारा, आवारागर्द व्यक्ति, अकर्मण्य, बेकाम व्यक्ति, परिभ्रमी व्यक्ति, खानाबदोश आदमी; २. (बोल०) गुंडा, बदमाश, लुच्चा, लफंगा। क्रि० अ० (अब बोल०) भटकना, आवारागर्दी करना, खानाबदोशी करना, गुंडागिरी करना, बेकाम घूमना, सैलानी करना। **vagabondage, vagabondism** सं० १. आवारागर्दी; सैलानीपन; २. स्वेच्छाचारिता; ३. खानाबदोशी, लुच्चई। **vagabondish** वि० आवारा मिजाज, खानाबदोशों का सा, स्वेच्छाचारी प्रवृत्ति का, सैलानी तबियत का। **vagabondize** क्रि० अ० आवारा फिरना, भटकना, मारे-मारे फिरना, खानाबदोश सा टहलना, आश्रयहीन होकर घूमना, घूमते रहना।

vagary (vā gâr' i) [perh. directly from L. *vagāri*, see prec.] सं० मौज, तरंग, सनक, बहम, उच्छृंखलता, बुद्धिचापल्य।

vagina (và jī' nà) [L.] सं० १. झिल्ली कोष, प्रावरणी, कंचुक, २. (प्राणि०) योनि* (आ०, कृ० भी), संभोगपथ, भग, रजद्वार, ३. (बन०) आच्छद, पत्ती के डंठल के सिरे द्वारा तने के चारों ओर बनाया गया कोष, आवरण, तने के चारों ओर पत्ती की आँखें जहाँ से पत्तियाँ निकलती हैं, पत्रकोष। **vaginal** (và jī' nàl, vāj' i nàl) वि० योन्यात्मक, भगीय, योनिक, योनि संबंधी, रजद्वारीय, कोषीय, प्रावरणीय। **vaginate, -nated** वि० १. झिल्लीदार, आवरणमय, प्रावरणीयुक्त, भगीय, रजद्वारीय, आच्छदी* (वि० १ भी)। **vaginitis, vaginotomy** सं० योनिशोथ* (आ०, कृ० भी), भगशोथ, संभोगपथ में सूजन।

vagrant (vā' grànt) [formerly *vagarant*, A.-F. *wakerant*, O.F. *waucrant*, pres. p. of *walcrer*, from Teut., cogn. with O.H.G. *walkan*, to walk about, to full cloth, see WALK (confused with L. *vagāri*, see VAGUE)] वि० सैलानी, घुमक्कड़, मौजी, आवारागर्द, घुमन्ता, स्वेच्छाचारी, भ्रमणशील, परिभ्रमी। सं० १.आवारा, आवारागर्द व्यक्ति, अकर्मण्य, बेकाम व्यक्ति; २. परिभ्रमी, स्वेच्छाचारी व्यक्ति; ३. खानाबदोश आदमी, बहेतू आदमी, ४. (विधि) निकम्मा और आवारा* (मा० ३ भी)। **vagrancy** सं० सैलानीपन, आवारागर्दी* (मा० ३ भी), आवारापन, स्वेच्छाचारिता। **vagrantly** क्रि० वि० सैलानीपन के साथ, आवारागर्दी करते हुए, खानाबदोश की भाँति, स्वेच्छाचारिता से।

vague (vāg) [from obs. v. to wander, F. *vaguer*, L. *vagāri*, from *vagus*, wandering] वि० अस्पष्ट, अनिश्चित, धूमिल, गोल-माल, अनिर्दिष्ट, सदिग्ध। **vaguely** क्रि० वि० अस्पष्टतः, अनिश्चित रूप में, गोल-माल ढंग से, अनिर्दिष्टतापूर्वक। **vagueness** सं० अस्पष्टता, अनिश्चितता, अनिर्दिष्टता, सदिग्धता, धूमिलता।

vain (vān) [F., from L. *vānum*, nom. *-us*, empty, vain] वि० १. थोथा, निःसत्व, निराधार, नगण्य, तुच्छ; २. व्यर्थ, निरर्थक, वृथा, निष्फल, विफल; ३. अहंकारी, घमंडी, अभिमानी, अहंमन्य। **in ~** व्यर्थ, निरर्थक, बेकार, बिना। **vainglory** सं० अहंमन्यता, अहंकार, घमंड। **vainglorious** वि० अहंकारी, वृथा अभिमानी, शेखीबाज़। **vaingloriously** क्रि० वि० वृथा अभिमान से, शेखी से, अहंमन्यतापूर्वक, सगर्व। **vaingloriousness** सं०

अहंकारिता, अहंमन्यता, शेखीबाजी, डींगापन, मिथ्या अभिमान। **vainly** क्रि॰ वि॰ १. निःसत्व रूप से, थोथे तरीके से; २. अहंमन्यतापूर्वक, गर्व से। **vainness** सं॰ १. डींगापन; २. निष्फलता; ३. तुच्छता, निरर्थकता; ४. अहंकारिता, अहंमन्यता।

vair (वार) [F., from L. *varius*, variegated, VARIOUS] सं॰ (वंशचिह्नविज्ञान) चित्रित खाल जिस पर कवच की आकृति के नीले और रजत वर्ण के चित्र बने रहते हैं।

Vaisya (vīs' yà) [Sansk. *vaicya*, from *vic*, settler] सं॰ वैश्य, महाजन।

vakeel, -il सं॰ (पूर्वीय द्वीप-समूह) न्यायालय में रहने वाला राजदूत, कमिश्नर, वकील* (वि॰ भी)।

valance (val' ăns) [prob. from *Valence* in France] सं॰ १. कुर्सी की पीठ की खोल या शिलापट्ट, मेजपोश; २. पलंग की झालर, गद्दे, रजाई या तकिये की झालर। **valanced** वि॰ शिलापट्टदार, खोलदार, झालरदार।

vale[1] (vāl) [M.E. and F. *val*, L. *vallem*, nom. *-lis*] सं॰ १. घाटी, उपत्यका (अब मुख्यतः काव्य॰ या नामों में प्रयुक्त); २. पानी का नल या नाली।

vale[2] (vā' lē) [L., farewell. imper. of *valēre* to be strong] विस्म॰ और सं॰ विदा, शुभ विदाई, जय गणेश, स्वस्तिवाद।

valediction (văl ĕ dik' shŭn) [L. *valedictus*, p.p. of *valedīcere* (VALE[2], *dicere*, to say)] सं॰ विदाई के समय प्रयुक्त शब्द, आशीर्वाद, स्वस्तिवाद, प्रस्थानकालीन शुभाशीष। **valedictory** वि॰ आशीर्वादात्मक, स्वस्तिवाचनिक। सं॰ दीक्षात भाषण, समावर्तन भाषण।

valence (vā' lĕns) [late L. *valentia*, strength, from *valēre*, to be strong] सं॰ (रसा॰) उद्जन अणु की तुलना में अणु की योजक या पूरक शक्ति, कर्षण-शक्ति* (मा॰ २ भी)।

Valencia सं॰ १. स्पेन का एक प्रान्त; २. (प्रायः बहु॰) मिलावटी धारीदार वस्त्र जिसमें ऊन का ताना और रेशम, सूत या लिनेन का बाना होता है; ३. (बहु॰) बैलेंशा के बादाम, किशमिश।

Valenciennes (va lan syen', văl' ĕn sĕns) [*Valenciennes* in France] सं॰ एक प्रकार का मूल्यवान फीता, गोटा।

valency (vā' lĕn si) [VALENCE] सं॰ (रसा॰) संयाजकता*/ (कृ॰ भी), सयोज्यता, संयोगशक्ति, संयोजन-शक्ति की इकाई।

valentine (văl' ĕn tīn) सं॰ १. (St. Valentine's day) १४ फरवरी, महात्मा वैलेंटाइन दिवस जब कि वे करल किए गए थे और इस दिन पक्षी संयोग करते थे, २. इस दिन चुनी गई प्रेयसी, सेंट वैलेंटाइन दिवस पर प्रेमी-प्रेमिका द्वारा परस्पर भेजे गए प्रणय-पत्र, प्रेमोपहार, चित्र।

valerian (vă lēr' i ăn) [O.F. *valeriane*, late L. *valēriana*, etym. doubtful] सं॰ १. वालेरियन, एक प्रकार का पौधा, २. इस पौधे की जड़ जो मादक पदार्थ के रूप में प्रयुक्त होती है। **common** ~ कामन वालेरियन, एक प्रकार का पौधा जिसमें गुलाबी या श्वेत पुष्प निकलते हैं (जिसकी सुगंध बिल्लियों और चूहों को अति प्रिय है), बिल्लीलोटन, बिलाईकन्द। **valerate** (văl' ĕr āt) सं॰ १. उक्त जड़ से निर्मित क्षार, वैलेरियन क्षार या लवण; २. बिलाईकन्द का क्षार। **valeric** (vă ler' ik) वि॰ वैलेरियन की जड़ का, मूल का, बिलाईकंदीय।

valet (văl' ĕt) [F., var. of VARLET] सं॰ नौकर, चाकर, टहलुआ, भृत्य। क्रि॰ अ॰ (भू॰ **valeted**) नौकरी करना, सेवक बनना, भृत्य होना। **~de chambre** (văl ă dĕ shambr') सं॰ नौकर, चाकर, भृत्य। **~de place** (वि॰ फ्रांस में) समाचार-वाहक, पत्रवाहक, संदेशवाहक, दौड़कर खबर पहुँचाने वाला, हरकारा।

valetudinarian (văl ĕ tū di nār' i ăn) [F. *valétudinaire*, L. *valētūdinārius*, from *valētūdo* -*dinis*, health, from *valēre*, to be well] वि॰ १. रोगी, मरीज, अस्वस्थ, रुग्ण; २. स्वास्थ्य सुधारने में प्रयत्नशील; ३. स्वास्थ्य-चिन्तक, स्वास्थ्य निर्माण में आवश्यकता से अधिक ध्यान देने वाला, स्वास्थ्यपरायण। सं॰ रोगी व्यक्ति, अस्वस्थ व्यक्ति, रुग्णजन, स्वास्थ्य-चिन्तक व्यक्ति। **valetudinarianism** सं॰ रोगग्रस्तता, स्वास्थ्यशीलता, स्वास्थ्यदौर्बल्य, स्वास्थ्यहानि। **valetudinary** वि॰ और सं॰ अस्वास्थ्यकर (वस्तु), स्वास्थ्य के लिए हानिप्रद (वस्तु)।

Valhalla (văl hăl' a) [Icel. *valhöll*, gen. *valhallar*, hall of the slain (*valr*, slain, HALL)] सं॰ १. (नार्स का पु॰) वह राजभवन जिसमें वीरगति प्राप्त व्यक्तियों की आत्माएँ उत्सव मनाती हैं, शहीदों का क्रीड़ाभवन, २. महान व्यक्तियों का चिरशान्ति-भवन (विशे॰ रटिस्बन के समीप Temple of Fame)।

valiant (văl' yănt, -i ănt) [O.F. *valant* (F. *vaillant*), pres. p. of *valoir*, to be worth, L. *valēre*, to be strong] वि॰ शूरवीर, पराक्रमी, बहादुर, दिलेर, साहसी (व्यक्ति)। **valiantly** क्रि॰ वि॰ शूरवीरता के साथ, पराक्रम के साथ, साहस-पूर्वक, दिलेरी से।

valid (văl' id) [F. *valide*, L. *validus*, a prec.] वि॰ १. दृढ़, अकाट्य, न्याय्यसत, तर्कसत, सबल, प्रबल, युक्तियुक्त (तर्क, आपत्ति), २. (क़ानून) वैध, मान्य, सप्रमाण, क़ानून के अनुसार, न्याय्य, न्यायसगत, मान्य* (वि॰ १ भी), विधिमान्य* (प्र॰, मा॰ १, विधि भी)। **validate** क्रि॰ स॰ मान्य करना, वैध करना, क़ानून बनाना, न्यायसगत करना, मान्यता प्रदान करना, सुदृढ़ करना, पुष्ट करना, सही करना, युक्तियुक्त करना, विधिमान्य बनाना* (मा॰ १ भी)। **validation** सं॰ वैधीकरण, वैधता, सुदृढ़ीकरण, पुष्टीकरण, मान्यकरण, न्याय्यसगता, न्यायसगति, युक्ति-युक्तता। **validity** (vă lid' i ti), **validness** सं॰ १. दृढ़ता, अकाट्यता, न्यायसगतता, सबलता, प्राबल्य, वैधता* (मा॰ २, वि॰ १ भी), सप्रमाणता,प्रामाणिकता, मान्यता* (वि॰ १भी), विधिमान्यता* (प्र॰, मा॰ १, विधि भी), ४.प्रामाण्य* (मा॰ २ भी)। **validly** क्रि॰ वि॰ १. दृढतापूर्वक, उचित रीति से, प्रमाणपूर्वक, न्यायपूर्वक, सप्रमाण, सयुक्तिक, २ क़ानून के ढग से।

valise (va lēs') [F., from late L. *valisia*, etym. doubtful] सं॰ १. (वस्त्र रखने के लिए) चमड़े का छोटा थैला, सफरी थैला; २. (सैन्य॰) सैनिक का किटबैग, झोला।

valkyrie (văl' kir i) [Icel. *valkyrja*, chooser of the slain (*valr*, slain, *-kyrja*, chooser, from *kjósa*, cogn. with CHOOSE)] सं॰ ओडिन देवता की परिचारिका जो युद्ध में तलवार के घाट उतारे जाने वाले व्यक्तियों का चुनाव करती थी, वैल्कीरि। **Valkyrian** वि॰ वैल्कीरि सबधी, उक्त परिचारिका से संबंधित।

vallecula (vă lĕk' ū lă) [late L., dim. of *vallis*, VALE[1]] सं॰ १. (शा॰ रू॰, वन॰, बहु॰ **-lae**) कूड़, हल-रेखा, सीता, लीक, नाली, झरी; २. कन्दरिका*/ वैलीकुला* (आ॰, वि॰ १ भी)। **vallecular** वि॰ हल-रेखीय, कूड़ का, लीक का, झरीदार, लकीरदार। **valleculate** वि॰ कूड़ेदार, लकीरदार, नालीदार।

valley (vălˈi) [O.F. *valee* (F. *vallée*), from *val*, VALE[1]] सं० १. घाटी* (वि० १ भी), उपत्यका; २. उपत्यका सदृश निम्नस्थल, घाटी की तरह नीची भूमि; ३. (वास्तु०) छत के बरातल को विभाजित करने पर बना हुआ अल्पकोण। **~of the shadow of death** अति दुःख (काल), घोर विपत्ति (काल), महान् कष्ट (का समय)।

vallonia (vălōˈ ni á) [It., from Gr. *balanos*, oak] सं० शाहबलूत वृक्ष के फल का रस जो चमड़े को साफ़ करने, रँगने और स्याही बनाने में प्रयुक्त होता है। **~oak** वैलोनिया नामक शाहबलूत।

valum (vălˈ ŭm) [L.] सं० रोमन पुरातत्त्व परिखा, किलेबंदी के लिए मिट्टी का प्राकार, मिट्टी की बहुत ऊँची दीवार।

valorize (vălˈ ŏr īz) [L. *valere*, to be worth, -IZE] क्रि० स० सरकारी कार्रवाई द्वारा (किसी वस्तु का) मूल्य बढ़ाना या स्थिर रखना। **valorization** सं० मूल्यवृद्धि, मूल्य का स्थिरीकरण, मूल्यनिर्धारीकरण* (वि० १ भी)।

valour (vălˈ ŏr) [O.F. *valor*, *-lur* (F. *valeur*), L. *valōrem*, nom. *-or*, from *valēre*, to be strong, to be worth] सं० (अब मुख्यतः काव्य०, अल० या हास्य) शौर्य, पराक्रम, विक्रम, बहादुरी। **valorous** वि० शूरवीर, पराक्रमी, बहादुर, दिलेर। **valorously** क्रि० वि० शूरवीरता के साथ, पराक्रम के साथ, दिलेरी से, बहादुरी के साथ।

valuable (vălˈ ū ăbl) वि० १. कीमती मूल्यवान्, बहुमत्य; २. मूल्यांकनीय; ३. जिसका मूल्य आँका जा सके। सं० (प्रायः बहुव०) कीमती चीज़ें, बहुमूल्य वस्तुएँ, (विशे० व्यक्तिगत संपत्ति की छोटी-छोटी वस्तुएँ)।

valuation (văl ū āˈ shiin) सं० मूल्यांकन* (मा० २ भी), मूल्यनिर्धारण, अंदाज़ी कीमत, मूल्य, दाम, कीमत, मूल्यन* (क्रु० भी)।

value (vălˈ ū) [F., fem. of *valu*, p.p. of *valoir*, to be worth, L. *valēre*, see VALOUR] सं० १. उपयोगिता, विशेषता, खूबी, गुण; २ अदाज़ी कीमत, मूल्यन, मूल्यांकन, मोल, मूल्य-निर्धारण, भाव* (आ०, मा० २, ३, वि० १, विधि भी); ३ कीमत, मूल्य* (आ०, मा० २, ३, वि० १, विधि भी); दाम; ४. (चित्र० प्रकाश और छाया के अनुसार) चित्र के एक भाग का दूसरे भाग से संबंध, ५ (बीजगणित) राशि, परिमाण, संख्या; ६. (जीव०) वर्गीकरण की श्रेणी। क्रि० स० १. दाम लगाना, मूल्यांकन करना, कीमत आँकना; २. महत्त्व देना, आदर देना, कदर करना, सम्मान देना। **give the note its full time ~** (संगी०) किसी सुर पर पूरा समय देना, किसी सुर के गाने में यथेष्ट समय लगाना, पूरे समय तक गाना। **got good ~ for his money** पूरा पैसा वसूल हो गया, जितना व्यय किया उससे पूरा लाभ मिला। **out of ~** (चित्र०) बहुत हल्का, बहुत गाढ़ा। **the precise ~ of a word** किसी शब्द का ठीक अर्थ। **commercial, economic, exchange, or exchangeable ~**, **~in exchange** विनिमयमूल्य, किसी वस्तु की क्रयशक्ति,(अर्थ०) वस्तु-विनिमय। **valueless** वि० १. निर्मूल्य, मूल्यहीन, बेकार, व्यर्थ, दो कौड़ी का, अल्पमूल्य; २.अर्थाभ्य, असार,निकम्मा, तुच्छ। **valuelessness** सं० मूल्यहीनता, निर्मूल्यता, अल्पमूल्यता, अयोग्यता, असारता, निकम्मापन, तुच्छता।

valuer सं० १. (व्यवसायिक) मूल्य-निर्धारक, मूल्यांकन करने वाला, दाम लूतने वाला; २. योग्यता का प्रशंसक, महत्त्वदाता।

valve (vălv) [F., from L. *valva*, leaf of a folding door, coqn. with *volvere*, to roll, to turn round] सं० १. वैल्व, द्रव या इसी प्रकार की अन्य किसी वस्तु का नियंत्रणकारी यंत्र, वाल्व, उपद्वार, अभिद्वार; २. (श० वि०; प्राणि०) रक्तनियंत्रिका झिल्ली (जो रक्त को एक दिशा विशेष में प्रवाहित करती है और अन्य दिशाओं में जाने से रोकती है), रक्तकपाटिका; ३. (शंख विज्ञान) सीपी या घोंघे का एक भाग, एक ही भाग का बना हुआ सीप या घोंघा, सीपी; ४. (वन०) बीज के छिलके पर बनी हुई आँख; पराग पात्र के झुलने पर इसका प्रत्येक आधा भाग; ५. (अब विरल) दरवाजे का एक किवाड़ या पल्ला, कपाट*/वाल्व*/कपाटिका* (आ०, इ० २, वि० १ भी)। **key ~** आर्गन, मुरली आदि के छेद, आर्गन-छिद्र, मुरलिका छिद्र। **~set** बेतार के तार का एक यंत्र जिसमें थर्मियानिक वाल्व लगे रहते हैं। **valval** वि० (वन०) आँख-दार। **valvar** वि० वाल्व संबंधी, अभिद्वारिक, उपद्वारसंबंधी, कपाट संबंधी। **valvate** वि० (श० वि०, वन०) रक्तनियंत्रिका झिल्ली से संबंधित, आँख से संबंधित। **valved** वि० वाल्वयुक्त, उपद्वारयुक्त, अभिद्वारमय, झिल्लीदार, आँखदार। **valveless** वि० १ बिना वाल्व का, उपद्वारशून्य, अभिद्वारहीन, झिल्लीरहित, बिना आँख का। **valvelet** सं० १. लघु वाल्व, छोटा उपद्वार; २. कपाटिका। **valvule** सं० (श० वि०,वन०) छोटी झिल्ली,छोटी आँख। **valviferous** वि० वाल्वमय, उपद्वारयुक्त, अभिद्वारमय, झिल्लीदार, आँखदार। **valviform, valvular** कपाटिकी* (आ० भी), वाल्व सदृश, अभिद्वारवत्, उपद्वार के आकार का, झिल्ली की आकृति का। **valvulitis** सं० झिल्ली में शोथ, सूजन, कपाटिका-शोथ* (आ० भी)।

vambrace (vămˈ brās) [M.F. *avant-bras* (AVANT-, *bras*, arm)] सं० (इति०) बैन्डेस, कोहनी के निचले भाग का कवच। प्रकोष्ठ कवच, बाहुत्राण।

vamose (vá mōsˈ) [Sp. *vamos*, let us go, L. *vādimus*, we go, from *vādere*, to go] क्रि० अ० और स० १. (श०) भग जाना, रफ़ूचक्कर होना, चंपत होना; २. (किसी स्थान से) डेरा उखाड़ देना, नौ-दो ग्यारह होना, कूच कर देना, पलायन करना।

vamp[1] (vămp) [M.E. *vaumpe*, *vampay*, *vauntpe*, M.F. *avant-pied* (AVANT-, *pied*, foot)] सं० १. जूते का अगला ऊपरी भाग, पंजा; २. पैबंद, चिप्पी, चकती; ३. (संगी०) पहले से बिना किसी तैयारी के तुरंत की संगत, मिलान। क्रि० अ० और स० १. जूते में नया अगला ऊपरी भाग जोड़ना, नया पंजा लगाना; २. मरम्मत करना, पैबंद लगाना, रफ़ू करना, नई चमक देना; ३.बिखरी सामग्री लेकर (साहित्यिक लेख आदि) तिल डालना; ४. (संगी०) संगत करना, साथ देना। **vamper** सं० १. मोची, चर्मकार, जूते की मरम्मत करने वाला; २. मरम्मत करने वाला, चकती लगाने वाला, रफ़ू करने वाला, बिखरी सामग्री (इकट्ठा कर साहित्यिक लेख आदि) का लेखक; ३. (संगी०) संगत देने वाला, साथ देने वाला।

vamp[2] (vămp) [VAMPIRE] सं० १. (बोल०) पुरुषों को बेवकूफ़ बनाकर लूटने वाली औरत, मर्दों को फँसाकर रुपया-पैसा खींचने वाली औरत, पुरुषों को बहकाने या उल्लू बनाने वाली औरत; २. बदचलन औरत। क्रि० स० और अ० १. लुभाना, फुसलाना, लालच देना, चूसना; २. (चरित्रहीन औरतों की भाँति मर्दों को) फाँसना, रिझाना, उल्लू बनाना।

vampire (vămˈ pir) [F., from G. *vampyr*, Serbian *vampir*, prob. from Turk.] सं० १. (प्रायः जादूगर, अधार्मिक, पापी आदि की) दुष्टात्मा (जो रात को समाधि त्याग कर सोते हुए व्यक्तियों का रक्त चूसती है), भूत, प्रेत, पिशाच; २. शोषक व्यक्ति, दूसरों को चूसकर जीवन-निर्वाह करने

वाला व्यक्ति, दे० VAMP[2]; ३. (~bat) एक प्रकार के चमगादड़ (जिनमें से कुछ घोड़े, पशु और सोते हुए व्यक्तियों का रक्त चूसते हैं), रक्तशोषक चमगादड़; ४. (रंगशाला में) एक छोटा स्प्रिंगदार बेरा जो किसी पात्र के सहसा आने या विलुप्त करने के लिए बना होता है। **vampiric** वि० १. दुष्टात्मवत्, भूत-प्रेत सदृश, पिशाच-सदृश; २. पिशाच व्यक्ति के समान, चूसने वाले व्यक्ति की भाँति; ३. रक्तशोषक चमगादड़ की तरह। **vampirism** (vām' pi rizm) सं० १. भूत-प्रेत आदि में विश्वास, भूतवादी, दुष्टात्मावादी, पिशाचवादी; २. (ला० और लाο) रक्तशोषण, घोर अत्याचार।

vamplate (vām' plāt) [F. *avant-plate* (AVANT-, PLATE)] सं० (इति०) हस्तकवच, भाले से हाथ की रक्षा करने के लिए लौहकवच।

van[1] (vān) [short for VANGUARD] सं० १. हरावल दस्ता, युद्ध-सेना का सर्वप्रथम जत्था, सबसे आगे की टुकड़ी, सबसे अगला जहाजी बेड़ा; २. युद्धस्थल पर सेना का अग्रभाग, (लाο) किसी आंदोलन आदि का नेता, क्रांति का नायक (जैसे in the ~ of civilization)। **~guard** १. हरावल दस्ता; २. (लाο) किसी आंदोलन में आगे रहने वाले नेता, अग्रणी, अगुआ।

van[2] (vān) [shortened from CARAVAN] सं० मेज-कुर्सी या अन्य माल ढोने की बड़ी बन्द गाड़ी, बैन। क्रि० वि० बैन में माल ढोना, गाड़ी में ले जाना। क्रि० स० (भू० और भू० कृ० **vanned**) उक्त गाड़ी में ले जाना। **luggage ~** रेलवे मालगाड़ी का डिब्बा। **guard's ~** रेलवे गार्ड का डिब्बा।

van[3] (vān) [F., from L. *vannum*, nom. *-us*, FAN] सं० (अप्र०, काव्य०) पंख, बैना। क्रि० स० कल से धोकर (कच्ची धातु के गुण या प्रकार की) परीक्षा करना। **vanner** सο धातु-परीक्षक, धातुशोधक।

vanadium (vă nā' di ŭm) [mod. L., from *Vanadis*, a Scand. goddess] सं० वैनैडियम* (कृ० भी), कुछ प्रकार के इस्पात को पुष्ट करने के लिए अल्प मात्रा में प्रयुक्त एक कठोर धूरी धातु। **vanadate** (vān' á dāt) सं० १. वैनैडियम का क्षार, उक्त धातु का क्षार; २. वैनेडेट* (वि० १ भी)। **vanadic** (vă nād' ik) वि० वैनैडिक* (वि० ३ भी), वैनैडियम का, उक्त धातु से संबंधित। **vanadous** (vān' á dŭs) वि० वैनेडियम से युक्त, उक्त धातुमय।

Vandal (vŭn' dăl) [L. *Vandalus*, from Teut. (cp. A.-S. *Wendle*, pl., cogn. with G. *wandeln*, to WANDER)] वि० और सं० १. जर्मनी की वैंडल नामक जाति का (व्यक्ति), जर्मनी की एक जातिविशेष का (व्यक्ति) जिसने गाल, स्पेन, उत्तरी अफ्रीका और रोम को लूट-खसोट कर उनकी पुस्तकों और कला-कृतियों को ध्वंस कर दिया था; २. (लाο भी) जानबूझकर या अज्ञानतावश कलाकृतियों आदि का ध्वंसक, कला-विध्वंसक। **Vandalic** वि० वैंडलीय, उक्त जातिविशेष से संबंधित। **vandalism** सं० कलाविध्वंसक* (या० १ भी), कलाकृति का विनाश।

vandyke (văn dik') सं० १. व्यक्तिवाचक (Sir Anthony Van Dyck) फ्लैंडर का एक चित्रकार जिसकी मृत्यु १६४१ ई० में हुई थी, इसके द्वारा निर्मित चित्र; २. फ़ीते, गोटे, वस्त्र आदि के किनारी का एक बहुत बिंदु, बड़ी बिंदी, (~cape, collar भी) विशुमय कालर या गर्दनी, बिंदकीदार कालर या गर्दनी। वि० वैनडाइक द्वारा निर्मित चित्रों में चित्रित वस्त्र की शैली पर आधारित, जिसमें विशेष बिंदकीदार किनारियाँ बनी हैं। क्रि० स० (वस्त्र आदि को) उक्त शैली के आधार पर काटना। **~beard** नुकीली दाढ़ी। **~brown** गहरा बादामी या भूरा।

vane (vān) [A.-S. *fana*, small flag (cp. Dut. *vaan*, G. *fahne*, Icel. *fáni*, Swed. *fana*, Dan. *fane*), cogn. with L. *pannus*, cloth, PANE] सं० १. वायुनिर्देशक यंत्र, बेदरकाछ, वायु की दिशा का निर्देशन करने वाला यंत्र; २. जलप्रवाह का निर्देशन करने वाला यंत्र, प्रवाह-निर्देशक यंत्र; ३. (dog ~ भी) जहाज पर वायु-निर्देशन के लिए प्रयुक्त एक यंत्र विशेष; ४. विडमिल या हवाचक्की आदि का पंखा, भूमि-निरीक्षण यंत्र की दृष्टिशक्ति, कोणमापक यंत्र आदि की दृष्टिशक्ति, पिच्छ-फलक* (वि० १ भी), वेन* (फल* (ई० १, २ भी), फलिका* (ई० २ भी)। **vaned** वि० जहाँ वायुनिर्देशक या प्रवाहनिर्देशक यंत्र लगा हो, पंखीदार यंत्र से युक्त, पंखेदार। **vaneless** वि० जहाँ वायुनिर्देशक या प्रवाहनिर्देशक यंत्र न लगा हो, बिना पंखे का।

vang (văng) [Dut., from *vangen*, to catch, cogn. with FANG] सं० (नी० वि०) जहाज के पाल को सँभालने वाले पोल या डंडे के सिरे से लेकर डेक तक बँधे हुए दो रस्सों में से एक रस्सा।

vangee (văn' jē) [retym. doubtful] सं० जहाज का पंप चलाने की कल, वेंजी।

vanilla (vă nil' a) [Sp. *vainilla*, small pod, dim. of *vaina*, case, sheath, pod, L. VAGINA] सं० १. एक प्रकार के ऊँच वृक्ष जिसमें सुगंधित पुष्प लगते हैं, २. (~-bean) वनिल्ला का फल, वैनिल्ला* (आο, वि० १ भी), ३. वनिल्ला के फल का रस जो बर्फ़ी, चाकलेट आदि को स्वादिष्ट करने के लिए प्रयुक्त किया जाता है। **vanillate** सं० (रसा०) वनिल्ला से बना एक प्रकार का क्षार। **vanillic** वि० वनिल्लामिश्रित, वनिल्लामय। **vanillism** सं० वनिल्ली खाज, वनिल्ला के वन में कार्य करने वाले श्रमिकों को होने वाली खुजली।

vanish (văn' ish) [M.E. *vanissen*, prob. through A.-F. *evanis-*, pres. p. stem of *evanir*, O.F. *esvanir*, L. *évānescere*, from *vānus*, empty, VAIN] क्रि० अ० १. अचानक गुम हो जाना, एकाएक गायब हो जाना, अकस्मात् लुप्त हो जाना* (वि० १ भी), अन्तर्धान हो जाना; २. धीरे-धीरे मिट जाना, समाप्त होना, क्रमशः नष्ट हो जाना; ३ (गणि०) शून्य हो जाना। सं० (ध्वनिशास्त्र) सीप ध्वनि जिस पर प्रस्पृष्ट ध्वनि समाप्त होती है (जैसे ō, ā की समाप्ति पर ŏŏ)। **vanishing cream** वैनिशिंग क्रीम, वह लेप जो लाल पर मलते ही उड़ जाता है। **vanishing fraction** (गणि०) वह भिन्न जिसका मूल्य शून्य में परिवर्तित हो जाता है, शून्य भिन्न। **vanishing line** लोपी-रेखा* (वि० १ भी)। **vanishing point** १. वह बिंदु जहाँ पर एक धरातल पर स्थित सभी समानान्तर रेखाएँ मिलती हैं; २. लोपी बिन्दु* (वि० १ भी)।

vanity (văn' i ti) [F. *vanité*, L. *vānitātem*, nom. *-tas*, from *vānus*, VAIN] सं० १. निस्सारता, असारता, शून्यत्व, अवास्तविकता, थोथापन, निस्सार वस्तु, वास्तविकता शून्य वस्तु, २. थोथा घमंड, मिथ्याभिमान, अहंमन्यता, वैयक्तिक गुणों या कार्यों के कारण अहंकार; ३. दिखावा, आत्म-प्रदर्शन, ऊपरी तड़क-भड़क; ४. (ओल्ड टेस्टामेंट) धर्मसम्मत देवी-देवता। **~bag, case** वैनिटी बैग, वैनिटी केस, वह थैला जिसमें सजाव-शृंगार की सामग्री रखकर महिलाएँ लेकर चलती हैं। **Vanity Fair** (Pilgrim's Progress नामक पुस्तक में उल्लिखित) असार संसार, मिथ्या जगत्, क्षणभंगुर संसार।

vanquish (vāng' kwish) [M.E. *venkissen*, O.F. *veinquiss-*, pres. p. stem of *veinquir, veincre* (F. *vaincre*), L. *vincere*] क्रि० स० (था० और ला०; अब मुख्यतः अलं०) जीतना, पराजित करना, हराना, परास्त कर देना, परास्त करना* (मा० १ भी), पराभूत करना, हावी होना। **vanquishable** वि० पराजेय, विजित करने योग्य, हराने के क़ाबिल, जीतने योग्य। **vanquisher** सं० विजयी, विजेता, हराने वाला, परास्त करने वाला।

vantage (van' tāj) [short for ADVANTAGE] सं० लाभ, फ़ायदा, सफलता के लिए उपलब्ध स्थिति या दशा।

vapid (vāp' id) [L. *vapidus*, cogn. with VAPOUR] वि० फीका, बेमज़ा, निस्स्वाद, नीरस, स्वादहीन। **vapidity, vapidness** सं० फीकापन, नीरसता, स्वादहीनता, बिरसता। **vapidly** क्रि० वि० फीकेपन से, नीरसता के साथ, नीरस रूप में, नीरस ढंग से।

vapour (vā' pŏr) [F. *vapeur*, L. *vapórem*, nom. *-por* (whence *vaporāre*, to steam), cogn. with Gr. *kapnos*, smoke, and VAPID] सं० १. भाप, वाष्प, हवा में तरी या नमी (जैसे कुहरा), (विशिष्ट अर्थों में) मेघसदृश हल्का पदार्थ (जैसे धूआँ), (भौत०) साधारणतः तरल या ठोस पदार्थ की भाप; २. (चिकि०) श्वास के साथ अंदर जाने वाली एक प्रकार की दवा (जैसे ~of iodine), ३. निस्सार वस्तु, वाग्जाल-कतांशून्य वस्तु, मिथ्या कल्पना, कपोल-कल्पना। क्रि० अ० १. भाप निकालना, भाप उगलना, २. गप्प ठोंकना, डींग हाँकना, शेखी मारना, बाँधी बात करना, व्यर्थ बकना, अहंमन्यता प्रकट करना। **~-bath** वाष्प-स्नान, भाप से स्नान, वाष्प-स्नानागार, वाष्पस्नान का यंत्र। **~-burner** वाष्पदाहक यंत्र, जलाने या गर्म करने के लिए हाइड्रो-कार्बन या उदगार से भाप बनाने की कल। **~-engine** भाप से चलने वाला इंजिन, वाष्पचालित इंजन। **vaporiferous** वि० १. (भौत०) वाष्पोत्पादक (जिससे भाप निकाली जाती है); २. वाष्पमय। **vaporific** वि० वाष्पीय, वाष्पिक, गैस सबंधी। **vaporiform** (vā' pŏr i fôrm) वि० वाष्पसदृश, वाष्पाकार, भाप की भाँति। **vaporimeter** सं० वाष्पमापी* (वि० १ भी)। **vaporize** क्रि० स० और अ० भाप बनाना, वाष्प में परिणत करना, वाष्पीकरण करना, भाप में बदल देना, भाप बनना, भाप में बदल जाना, वाष्पीकरण होना। **vaporizer** सं० वाष्पी-करण यंत्र। **vaporable, vaporizable** वि० वाष्पीकरणीय, भाप में परिणत करने या होने योग्य। **vaporization** सं० वाष्पीकरण, वाष्पायन, वाष्पन* (क्रि० भी)। **vaporability** सं० वाष्पता, भाप में परिणत होने या करने की योग्यता। **vaporous, vapoury** वि० वाष्पीय, वाष्पमय, वाष्पयुक्त। **vaporosity, vaporousness** सं० वाष्पयुक्तता, वाष्पमयता। **vaporously** क्रि० वि० वाष्पीयता के साथ, वाष्पमयता के साथ। **vapourer** सं० डींग मारने वाला, गप्प ठोंकने वाला, शेखी बघारने वाला, मिथ्याभिमानी, अहंमन्य, आत्मश्लाघी।

vapulation (vāp ū lā' shŭn) [L. *vāpulāre*, to be flogged] सं० (विरल) कोड़ेबाज़ी का, बेंतबाज़ी, कोड़े की मार। **vapulatory** सं० वि० कोड़ेबाज़ी का, बेंतबाज़ी का।

Varangian (vă ran' ji ăn) [med. L. *Varingus*, Icel. *Væringi*, confederate, from *várar*, oaths, cogn. with L. *vērus*, true] सं० नार्स के डाकू (विशे० वे जिन्होंने बाल्टिक तटों को नवीं शताब्दी में लूटा था)। **~Guard** बाइज़ेंटाइन सम्राटों के अंगरक्षक जिनमें नार्स के कुछ डाकू भी रहते थे।

varec (văr' ek) [F. *varech*, cogn. with WRECK, cp. Swed. *vrak*] सं० १, वैरेक, समुद्री घास, समुद्र का सेवार; २. समुद्र की बड़ी घास।

variable (vâr' i ăbl) [F., from late L. *variābilis*, from *variāre*, to VARY] वि० १. परिवर्तनीय, बदलने वाला; २. अस्थिर, अस्थायी, परिवर्तनशील* (मा० २ भी), घटने-बढ़ने योग्य, चंचल प्रवृत्ति का, अदृढ़; ३. (ग० ज्यो०, नक्षत्रों का) जिनके प्रकाश या आकार में समय-समय पर परिवर्तन होता रहे, प्रकाश या आकार में परिवर्तनशील (नक्षत्र); ४. (गणि०) चर*/ परिवर्ती* (आ०, ई० ३, मा० २, ३ भी), अनिश्चित परिमाण की (राशि); ५. (बन०, प्राणि० वह जाति) जिसमें अपनी शाखा से विभिन्न वर्ग या व्यक्ति सम्मिलित हों; ६. परि-वर्तनशील*/ परिवर्ती* (वि० १ भी), (शरीर-रचना) जिसके आकार या क्रिया में परिवर्तन होता रहे। सं० १. परिवर्तनशील, अस्थिर वस्तु (विशे० राशि); २. (नौ० वि०) अस्थिर, चंचल वायु; ३. (बहुव०) पूर्वोत्तर और दक्षिण पूर्व व्यापारी वायु के मध्य स्थित प्रदेश। **~gear** परिवर्तनशील गियर जो विभिन्न गति देता है, बदलने वाला गियर। **variability, variableness** सं० परिवर्तनशीलता* (मा० २, वि० १ भी), परिवर्ननीयता, अस्थिरता, अस्थायित्व, चंचलता, अदृढ़ता, परिवर्तिता* (वि० १ भी), प्रकारान्तरता* (आ० भी)। **variably** क्रि० वि० हेर-फेर से, परिवर्तनशीलता के साथ, अस्थायित्व से, अस्थिरतापूर्वक।

variance (vâr' i ăns) [L. *variāntia*, as prec.] सं० १. असहमति, अमतैक्य, मतांतर; २. भेद, विरोध; ३. अनबन, कलह; ४. (विधि) बहस और सबूत में फ़र्क़, तर्क और प्रमाण में अंतर, प्रलेख और राज-घोषणा में अंतर। **variant** वि० १. भिन्न, जुदा-जुदा, अलग-अलग, परिवर्तनशील, अस्थिर, अस्थायी, अदृढ़, बदलने वाला; २. परिवर्त* (आ०, वि० १ भी)। सं० पाठान्तर, प्रकारांतर*/ रूपांतर* (आ० भी) (रूप पाठ या वर्तनी आदि का)।

variation (vâr i ā' shŭn) [F., from L. *variātiōnem*, nom. *-tio*, as prec.] सं० १. भिन्नता, विभिन्नता* (ई० ३, प्र०, वि० १ भी), परिवर्तन* (आ०, ई० २, ३, मा० २, वि० १ भी), हेर-फेर, विविधता* (ई० ३, ह्रा०, प्र०, वि० १ भी), परिवृत्ति*/ विभेद* (आ०, मा० ३ भी), तब्दीली, कमीबेशी, घटीबढ़ी, फेरफार* (विधि भी); २. (व्या०) रूपान्तर, रूप, शब्दरूप; ३. (ग० ज्यो०) अपनी मध्य कक्षा, मार्ग या गति से आकाश ग्रह की च्युति, ग्रह की चाल या मार्ग में परिवर्तन; ३. (जीव०) रचना या क्रिया में पहले से अंतर; ५. (गणि०) विचरण* (ई० २, ३, ह्रा०, मा० २ भी), अनुपाततः; ६. परिवर्तनशील दो राशियों के मध्य संबंध (का सिद्धांत); ७. भिन्न प्रकार, प्रकारान्तर, (विशे० संगी०) परिवर्तित या विभक्त रूप में दुहराई गई धुन या विषय, भिन्न धुन, विषयान्तर। **variational** वि० परिवर्तन संबंधी, भेद संबंधी, रूपान्तर विषयक, प्रकारान्तर संबंधी।

varicated दे० VARIX।

varicella (vâr i sel' ă) [dim. of VARIOLA] सं० दे० छोटी-माता*/ बेरिसेला* (आ० भी)। **varicellar** वि० छोटी चेचक से संबंधित। **varicelloid** छोटी चेचक के सदृश।

varicoloured (vâr- vâr' i kŭl ŏrd)* [VARI-, COLOUR] वि० १. रंग-बिरंगा, पचरंगी, चित्र-विचित्र, २. अनेक रंगों का।

varicose (vâr' i kōs) [L. *varicōsus*, from VARIX] वि० १. फूली हुई नस से संबंधित, अपस्फीत* (आ० भी), शिरा का, स्फीत शिरा से प्रभावित, अपस्फीत शिरा को अच्छा करने के लिए

बनाया गया। **varicocele** सं० अंडकोश की रगों की सूजन के कारण उभरी हुई गिल्टी, अंडकोश की अर्बुद, वृषणशिरापस्फीति* (आ० भी)। **varicosed** वि० जिसे स्फीति शिरा को अच्छा करने की दवा दी गई हो। **varicosity** सं० शिरास्फीति, शिरा-वृद्धि, रग में सूजन, अपस्फीत* (आ० भी)।

variegate (vâr' i gāt, vâr' i ē gāt) [L. *variegātus*, p.p. of *variegāre* (VARI-, *agere*, to drive, to make)] क्रि० स० १. रंग-बिरंगा करना, चित्र-विचित्र या धब्बल करना, चितकबरा बनाना; २. (मुख्यतः भू०कृ० विशे० बन०) हरे-पीले पत्ते, हरे-पीले पत्ते वाले पौधे। **variegation** सं० रंग-बिरंगापन, चित्र-विचित्रता, धबलता*/चितकबरापन* (वि० १ भी)।

variety (vâ ri' ĕ ti) [F. *variété*, L. *varietātem*, nom. *-tas*, from *varius*, VARIOUS] सं० १. विभिन्नता, प्रकार*/ विभेद* (भा० १ भी), विचित्रता; २. विविध वस्तुओं का समूह, अनेकता, नानात्व; ३. अपने मूलवर्ग से कुछ गुणों में विभिन्न वर्ग (का व्यक्ति, पौधा); ४. (जीव०) उपभेद, प्रकारभेद, वस्तुभेद* (इ० २, कृ०, वि० १), किस्म*/ उपजाति*/ वैराइटी* (इ०३, कृ०, वि० १ भी), भेद* (आ० भी)। **climatic ~** जलवायु-वैभिन्य, जलवायु के प्रभाव के कारण विविधता। **geographical ~** निश्चित प्रदेश में सीमित भौगोलिक प्रभेद या भिन्नता। **~ entertainment or show** विविध विनोद, ऐसा उत्सव या प्रदर्शन जिसमें नृत्य, गाने आदि के विभिन्न आमोद-प्रमोद रहते हैं। **~theatre** विविध विनोद की नाट्यशाला, ऐसी रंगशाला जहाँ विविध उत्सव या प्रदर्शन होते हैं। **varietal** वि० प्रकारभेदीय, वस्तुभेदमय, उपभेदयुक्त। **varietally** क्रि० वि० वस्तु-भेद से, प्रकारभेद के कारण, उपभेद की दृष्टि से। **variform** (vâr' i form) वि० विविध रूपों का, अनेक आकारों का, विभिन्न रूप वाला, विविधरूपा।

variola (vâ ri' ō lâ) [med. L., dim. from L. *varius*, VARIOUS] सं० बड़ी चेचक, बड़ी माता, मसूरिका* (आ० भी)। **variolar, variolic** वि० १. बड़ी चेचक से संबंधित, बड़ी माता का; २. चेचक का सा दाग पड़ने वाला। **variolous** (vâ ri' ō lŭs) वि० चेचक के दाग वाला। **variolation** (vâr i ō lā' shŭn) सं० चेचक का टीका, मसूरिकाकरण*/ वैरियोलेशन* (आ० भी)। **variole** (vâr' i ōl) सं० (प्राणि०, वन०) वेरिओल, चेचक के दाग की भाँति हल्का गड्ढा, चेचक का सा दाग। **variolate, -lated** वि० जिसमें चेचक का सा दाग हो, चेचक का सा दाग वाला। **variolite** सं० (शरीर पर चेचक के दाने की भाँति) भूमि पर उभरी हुई पथरीली चट्टान, उठी हुई पथरीली चट्टान (जो भूमि पर उसी प्रकार दीख पड़ती है जिस प्रकार चेचक के दाने शरीर पर उभरे हुए दीखते हैं), वेरिओलाइट* (वि० १ भी)। **variolitic** वि० उभरी हुई चट्टान का, उभरी हुई चट्टान से संबंधित। **varioloid** वि० चेचक की भाँति। सं० चेचक का लघु रूप (जो चेचक का टीका लगाने के कारण हो जाता है), लघु शीतला, हल्की चेचक।

variorum (vâr i ôr' ŭm) [L., gen. of *varius*, see foll.] वि० नाना टीका-समन्वित, अनेक टीकाकारों की टिप्पणियों से युक्त। सं० नाना टीका-समन्वित संस्करण।

various (vâr' i ŭs) [L. *varius*] वि० अनेक, विभिन्न, विविध, नाना रूप, अलग-अलग, कई, बहुत से, नाना, (अशि०) बहुत। **variously** क्रि० वि० विविध रूप से, कई प्रकार से, अनेक भाँति। **variousness** सं० अनेकता, विभिन्नता, विविधता, पृथकता।

varix (vâr' iks) [L., prob. from VARUS*] (बहु० **-ices, -ixes**) १. (निदा०) रग में स्थायी सूजन, स्थायी शिरास्फीति, स्फीत शिरा, वैरिक्स*/ अपस्फीति* (आ० भी), सूजी हुई रग; २. (संज्ञ विज्ञान) संज्ञ या चीचे के अंदर उभरी हुई पेंच, कुटिल-शिरा* (आ० भी); ३. उत्कूट* (वि० १ भी)। **varicated** (vâr' i kā téd) वि० (संज्ञविज्ञान) उभारदार, फूला हुआ। **varication** सं० उभार, फुलाव।

varlet (var' lĕt) [O.F. *varlet, vaslet*, dim. of VASSAL] सं० १. (इतिह०) मध्यकालीन बाल-भृत्य जो सरदार का अनुचर बनने की तैयारी कर रहा हो; २. (अप्र०, विशे० हास्य में) नीच व्यक्ति, छोटा आदमी, पाजी, शैतान, दुष्ट व्यक्ति, चाकर, नौकर, टहलुआ।

varmint (var' mint) [corr. of VERMIN] सं० १. (अशि०, हास्य) शैतान आदमी, दुष्ट व्यक्ति, अविश्वसनीय व्यक्ति, धूर्त व्यक्ति या पशु; २. (शिकार, ग्रा०) लोमड़ी, लोंकड़ी।

varnish (var' nish) [F. *vernis*, etym doubtful, whence *vernisser, vernir*, to varnish] सं० १. वार्निश* (ई० ३, वि० १ भी), रोगन, अनुलेप; २. बर्तन आदि पर चमक, दीप्ति; ३. कृत्रिम या प्राकृतिक चमक-दमक, कान्ति, ४. दिखावटी व्यवहार, ऊपरी अच्छा बर्ताव, ऊपरी सद्व्यवहार; ५. दृगाचरण को सदाचरण का रूप प्रदान करना, दोषाच्छादन, दोष छिपाने की कलई। क्रि० स० १. वार्निश करना* (ई० ३, वि० १ भी), रोगन लगाना, चमकाना, कलई करना; २ टीपटाप करना; ३. सँवारना, बात चिकनाना। **~tree** वार्निश का वृक्ष, लता वृक्ष। **varnisher** सं० वार्निश करने वाला। **varnishing-day** १. रोगन फेरने का दिन, २ चित्र-प्रदर्शनी दिवस के पूर्व का दिन (जब चित्र-प्रदर्शक अपने चित्रों में वार्निश फेरता है या रोगन लगाता है)।

varsal (var' sâl) [corr. of UNIVERSAL] वि० (बोल०, अब विरल) दे० UNIVERSAL।

varsity (var' si ti) [corr. of UNIVERSITY] सं० (बोल०) यूनिवर्सिटी, विश्वविद्यालय (प्रायः विशे० रूप में प्रयक्त)।

varsovienne (var sō vyen') [F., from *Varsovie*, Warsaw] सं० पोलैंड के मजरका नृत्य से मिलते-जुलते नृत्य (के लिए संगीत)।

varus[1] (vâr' ŭs) [L., knock-kneed] सं० १. अंगों के भीतर की ओर मुड़ जाने के कारण कुरूपता या अंगविकृति, २. घुटना मुड़ा हुआ व्यक्ति।

varus[2] (vâr' ŭs) [L., blotch, pimple] सं० मंहासा।

vary (vâr' i) [F. *varier*, L. *variāre*, from *varius*, VARIOUS] क्रि० स० अ०(भू० और भू० कृ० **varied**) १. बदलना, परिवर्तन होना*/ विचरित होना* (वि० १ भी), परिवर्तित करना, परिवर्तन लाना, विभिन्न बनाना, विविध बनाना, फेरफार करना* (विधि भी), नाना रूप देना; २. (संगी०) (विषय में) परिवर्तन लाना, आरोह-अवरोह लाना, उतार-चढ़ाव लाना; ३. बदल जाना, परिवर्तित हो जाना, विभिन्न रूप होना।

vascular (vâs' kū lâr) [VASCULUM] वि० १. रक्त, रस आदि की नली का, रक्तवाहिका नली में युक्त, जिसमें रक्तसंवाहिनी नलिका हो, नलिकायुक्त, नलिकामय; २. संवहनी* (वि० १ भी)। **vascularity** सं० नलिकायुक्तता, नलिकामयत्व, नलिकाटमकता। **vascularize** क्रि० स० नलिकामय करना, नलिकामय बनाना। **vascularization** सं० नलिकात्मीकरण, नलिकामय बनाना। **vasculary** क्रि० वि० नलिकात्मकता से, नलिका के द्वारा। **vasculose** सं० पौधों के कोशों का प्रमुख तत्त्व, दे० VASCULAR।

vasculum (vās' kū lŭm) [L., dim. of *vas*] सं० (बहुव० **-la**) १. वनस्पतिशास्त्री की (प्रायः टिन की) सपाट पिटारी; २. (प्रा० रू०) लघुकोश, लिंग।

vase (vaz, vāz, *Am.* vās, vawz) [F. *vase*, L. *vasum*, vasc, vessel, cogn. with *vas*] सं० १. सजावट के लिए पात्र, कलश, घड़ा, पक्षी बिट्टी या किसी अन्य वस्तु से निर्मित पात्र जो कई कार्यों में (किंतु मुख्यतः सजावट के लिए) प्रयुक्त होता है (जैसे flower~); २. द्वार-स्तंभ आदि को अलंकृत करने के लिए संगमर्मर आदि का बड़ा कलश। **~painting** (विशे० प्राचीन ग्रीस में) कलश पर चित्रकारी, कलश पर चित्रकारी का नमूना या उदाहरण। **vaseful** वि० कलशभावना में, घड़े भर।

vaseline (vās' e lēn) सं० वैसिलीन* (आ०, कु०, वि० १ भी), पेट्रोल से निकाला गया एक तैल पदार्थ जो चिकनाहट के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

vasi-, vaso- [VAS] समास में प्रयुक्त रूप। **vasiform** (vās' i fôrm) वि० नलिकाकार, नली की आकृति का। **vasoconstrictor** वि० और सं० रक्तसंवाहिनी नली का संकुचित करने वाला, सवाहिनी-संकोचक, नलिका-संकोचक। **vasodilator** वि० और सं० रक्तसंवाहिनी को सुजाने वाला, रक्त-संवाहिका का स्फीतक। **vasomotor** वि० और सं० रक्तनली का संचालक, रक्तवाहिनी-प्रेरक, वाहिका-प्रेरक* (आ० भी)। **vasosensory** वि० नलिकाओं को संवेदना पहुँचाने वाला।

vassal (vās' ăl) [F., from med. L. *vassallus vassus*, from Celt. (cp. Bret. *gwaz*, W. and Corn. *gwas*, O. Ir. *fos*, servant)] सं० १. (इति०) बड़े जमींदार का असामी, भू-सामत का असामी; २. (अल०) दास, गुलाम, नौकर चाकर, टहलुआ, पराधीन भृत्य। **great~** सीधे राजा से भूमि प्राप्त करने वाला, बड़ा जमींदार, महान् भू-सामन्त। **rear~** भू-सामत से भूमि प्राप्त करने वाला असामी। **vassalage** सं० १. (इति०) असामीपन, बड़े जमींदार का असामी होना, २. दासत्व, गुलामी, पराधीनता, परतन्त्रता। **vassalry** सं० असामीवर्ग, भृत्यवर्ग, दासजन।

vast (vast) [F. *vaste*, L. *vastus*, empty, waste, vast] वि० बृहत्, विशाल, महान्, बहुत बड़ा, अति विस्तृत, विपुल। सं० (काव्य०, अल०) विस्तृत स्थल, बृहत् स्थान, बहुत बड़ी जगह। **vastly** क्रि० वि० (विशे० बोल०) बृहत रूप से, विशाल रूप से, विपुलता के साथ, विस्तारपूर्वक, सविस्तर। **vastness, vastidity, vastitude** सं० विशालता, विपुलता, विस्तृति, बृहत्त्व।

vat (văt) [formerly *fat*, A.-S. *fet* (cp. Dut. *vat*, G. *fass*, Icel. and Swed. *fat*, Dan *fad*), cogn. with Dut. *vatten*, G. *fassen*, to catch, to contain] सं० बेट, बड़ी नाद, कुंड, हौज। क्रि० सं० (भू० और भू० कृ० **vatted**) नाद में रखना, नांद में बनाना। **vatful** सं० नाद भर, हौज भर, कुंड भर।

Vatican (văt' i kăn) सं० १. रोमस्थित वैटिकन पहाड़ी पर पोप-भवन और आनुषंगिक कार्यालय, पोप-प्रासाद, पोप-सदन, २. (लो०) पोप-शासन, पादरी सरकार। **~Council** अखिल ईसाई संप्रदाय परिषद् (१८६९-७०) जिसने यह घोषित किया था कि पोप अपने अधिकार-पद से भाषण देते समय कभी त्रुटि नहीं कर सकता, अभोववाद परिषद्, अभोववाद सभा। **Vaticanism** सं० पादरी का अभोववाद, यह मत कि पादरी कभी त्रुटि नहीं करता। **Vaticanist** सं० अभोववादी, पादरी के अभोववाद में विश्वास रखने वाला, इस मत का मंडन करने वाला कि पादरी कभी कोई त्रुटि नहीं करता।

vaticinate (vă tis' i nāt) [L. *vāticinātus*, p.p. of *vāticinārī* (*vāti-*, see prec., *canere*, to sing)] क्रि० स० भविष्यवाणी करना, आगम बताना, भविष्य कहना। **vaticination** सं० भविष्यवाणी, भविष्य-कथन, आगम-सूचना। **vaticinator** (va tis' i nā tŏr) सं० भविष्यवक्ता, आगम बताने वाला।

vaudeville (vōd' vil) [F., corr. of *Vau* (*Val*) *de Vire*, valley of the Vire] सं० वैडेविल, छोटा सा नाटक जिसके बीच में गाने और नाच भी होते हैं; २. विविध विनाद, विभिन्न आमोद-प्रमोदयुक्त उत्सव; ३. फ्रांस का एक लोकप्रिय गीत (जैसे टेक के साथ कई आधुनिक गान); ४. (इति०) आमोद-प्रमोद का गीत, हास्यपूर्ण गीत (विशे० वे जिनकी रचना नारमैंडी-स्थित वा दि वायर नामक स्थान में उत्पन्न कवि ओ० वैडेलिन (मृत्यु १४१८ ई०) ने की थी)। **vaudevillist** सं० १. विनोदपूर्ण नाटक का लेखक, फ्रांस के लोकप्रिय गीत को गाने वाला; २. कवि ओ० वैडेलिन द्वारा रचित गीतों को गाने वाला।

Vaudois[1] (vō dwà') [F.] वि० और सं० (बहुव० यही) स्विट्ज़रलैंड में स्थित वाड के (निवासी, स्थानीय भाषा)।

Vaudois[2] (vō dwa') [F., from med. L. *Valdenses*, WALDENSES] वि० और सं० (बहुव० यही) वाल्डेन्सेस का (व्यक्ति, सदस्य)।

vault[1] (vawlt) [M.E. and O.F. *voute*, fem. of *volt*, vaulted, L. *volūtus*, p.p. of *volvere*, to roll] सं० १. (वास्तु०) मेहराबदार छत, अविच्छिन्न तोरण या मेहराब, तोरण-पंक्ति जिसके केंद्रीय तोरण से अन्य तोरण जुड़े रहते हैं; २. चापछद* (इ० ३ भी), तोरण सदृश आच्छादन गुंबद (जैसे the~of heaven), ३. मेहराबदार कमरा; ४. मेहराबदार कमरा या तहखाने की कमरा जो गोदाम के काम आता है (जैसे wine~आदि); ५. गिरजे या कब्रिस्तान में मेहराबदार मकबरा (जैसे family~), ६. (वि० रू०) किसी छेद या गुहा का मेहराबदार ढक्कन, तारणवर्त्म आच्छादन। क्रि० स० १. मेहराबदार बनाना, तारणाकार बनाना, मेहराब से सजाना, तहखाना बनाना, मेहराबदार मकबरा बनाना (विशे० भू० कृ० में)। **vaulting** सं० मेहराब की बनावट, मेहराबदार कमरे, छत या तहखाने की बनावट।

vault[2] (vawlt) [M.E. *volter*, as prec.] क्रि० अ० और स० १. हाथों या डंडे के बल कूदना, फाँदना, उछलना; २. हाथ के बल या डंडे के सहारे छलाँग लगाकर (फाटक आदि पर) पहुँचना, कूद कर ऊपर जाना। सं० (हाथ या डंडे के सहारे) कूद, छलांग, उछाल। **vaulting-horse** कूद-फांद के अभ्यास के लिए लकड़ी का घोड़ा, काष्ठाश्व। **vaulter** सं० वाल्टर, कूदने वाला, छलाँग लगाने वाला, कुदक्कड़।

vaunt (vawnt) [F. *vanter*, late L. *vāntāre*, freq. from *vānus*, VAIN] क्रि० अ० और स०, १. शेखी मारना, डींग हाँकना, आत्मश्लाघा करना, मिथ्याभिमान प्रदर्शित करना, २. अहंकारी होना, शेखीबाज होना, अहंमन्य होना। सं० १. शेखी, डींग; २. आत्मश्लाघा, आत्मप्रशंसा। **vaunter** सं० शेखीबाज, आत्मश्लाघी, अहंमन्य, मिथ्याभिमानी। **vauntingly** क्रि० वि० शेखी बघारते हुए, डींग हाँकते हुए, मिथ्याभिमान के साथ, अहंमन्यतापूर्वक।

vavasour (văv' a sor, -soor) [O.F. *vavassour*, med. L. *vassus vassōrum*, VASSAL of vassals] सं० (इति०) बहुत बड़ा जमींदार, बड़ा सामंत जिसके पास बहुत भूमि और असामी होते हैं।

vavasory सं० (इति०) सामंती, सामंत-अवधि, जमींदारी, सामंत भूमि, बड़े जमींदार की भूमि।

've have का बोल० संक्षे० जो I, We, You, They और Who के साथ जोड़ा जाता है (जैसे I've आदि)।

veal (vēl) [O.F. *veël* (F. *veau*), L. *vitellum*, nom.-*lus*, dim. of *vitelus*, calf, cogn. with Gr. *italos*, calf, *etos*, year, L. *vetus*, old, cp. WETHER] सं० गोवत्समांस, बछड़े का मांस (जैसे ~cutlet)। **vealy** वि० १. गोवत्समांसवत्, बछड़े के मांस की तरह; २. (बोल०) अपरिपक्व, कच्चा।

vector (vek' tor) [L., carrier, from *vehere*, to carry, p.p. *vectus*] सं० १. विष्ट, वह कल्पित रेखा जिसकी लंबाई और दिशा निश्चित कर ली गई हो किंतु स्थान या स्थिति निश्चित न की गई हो, सदिश रेखा, अन्य बिन्दु की तुलना में किसी बिन्दु की स्थिति की निश्चायक राशि या मात्रा, बिंदु की सापेक्ष राशि; २. रोगवाहक* (आ०, कृ० भी), रोग या छूत को फैलाने वाला, सदिश*/ वैक्टर* (आ०, इ० २, ३, मा० २, वि० १ भी)। **~quantity** विष्ट राशि, उक्त रेखा या बिंदु को प्रकट करने वाली राशि, सदिश राशि* (वि० १ भी), बिंदु को सापेक्ष राशि। **vectorial** वि० सदिशरेखीय, बिंदु की सापेक्ष राशि से संबंधित, रोग या छूत फैलाने वाले का।

vedette (ve det') [F., from It. *vedetta*, var. of *viduta*, fem. p.p. of *vedere*, L. *videre*, to see] सं० नाके के सामने घुड़सवार पहरेदार, अश्वारोही प्रहरी जो नाके के सामने पहरा देता हो।

veer (vēr) [F. *virer*, late L. *virāre*, cp. *virola*, ring, L. *viriola*, bracelet, dim. of *viria*, in *virie*, armlets] क्रि० अ० और स० १. सूर्यगति के अनुसार (विशे० वायु की) दिशा बदल जाना; २. (ला०) विचार बदलना, विचार, आचरण या भाषा में परिवर्तन होना या करना; ३. (नौ० वि०) ढीला करना, जाने देना, छोड़ देना। **~and haul** १. (रस्से आदि को) बारी-बारी से कसना और ढीला करना, २. (ला०) डुलमुल विचार होना, पशोपश में पड़ना। **veeringly** क्रि० वि० १. सूर्यगति के अनुसार दिशा बदलते हुए; २. रुख बदलते हुए; ३. विचार बदलते हुए, ४. (नौ० वि०) ढील देते हुए।

vega (vā' ga) [Sp] सं० अभिजित नक्षत्र-मंडल का दीप्ततम नक्षत्र या ग्रह।

vegetable (vej' é tabl) [F., from late L. *vegetābilis*, from *vegetāre*, to enliven, to quicken, from L. *vegetus*, lively, from *vegēre*, to move, to quicken, cogn. with VIGIL and VIGOUR] वि० १. पौधों का, वनस्पतीय पौधों से प्राप्त, पौधों से संबंधित, उद्भिज्जसंबंधी, पौधों से युक्त, वनस्पति* (आ० भी)। सं० सब्जी, भाजी, शाक* (कृ० भी), साग, तरकारी, सागभाजी* (कृ० भी) (जैसे बंदगोभी, आलू, सम)। **~colic** कच्चा फल खाने से पेट में मरोड़, आन्त्रशूल। **~physiology** वनस्पति शरीर शास्त्र, उद्भिज शरीर शास्त्र। **vegetability** सं० वनस्पतियता, उद्भिज्जत्व, पौधों से युक्त होना।

vegetal (vej' é tāl) वि० १. वनस्पतीय, पौधे का, उद्भिज संबंधी; २. पशुओं और पौधों में उभयनिष्ठ, पशुओं और पौधों दोनों में होने वाला। सं० पौधा, वनस्पति, साग, भाजी, तरकारी, शाक, सब्जी। **vegetality** सं० वनस्पतीयता, उद्भित्व, उद्भिज्जप्रकृतित्व।

vegetarian (vej e tār' i ān) सं० शाकाहारी, शाकाहार का समर्थक, निरामिष भोजन करने वाला, जो सब्जी का भोजन करता हो और मांस बिल्कुल न खाता हो। **vegetarianism** सं० शाकाश्निवाद, शाकाहारी सिद्धान्त, निरामिष भोजनवाद।

vegetate (vej' e tāt) क्रि० अ० १. वनस्पतिवत् उगना या बढ़ना, पौधों की तरह बढ़ना; २. (ला०) निष्क्रिय जीवन व्यतीत करना, उदास या क्रियाशून्य जीवन बिताना। **vegetation** सं० १. (शा० और ला०, पौधे की भाँति) प्ररोहण, उद्भेद* (आ० भी), वृद्धि, विकास, पेड़ पौधे*/ वनस्पति* (कृ०, वि० १ भी), उद्भिस्समूह, हरियाली; २. (निंदा०) प्रवाह, त्वचा-विकार। **vegetative** वि० १. वनस्पतीय, उद्भिदीय, वनस्पति की तरह, पौधे की भाँति; २. (ला०) क्रियाशून्य, निष्क्रिय, उदास, वर्धी* (आ० भी)। **vegetatively** क्रि० वि० १. वनस्पति की तरह, पौधे जैसा, उद्भिद्वत्; २. (ला०) निष्क्रिय रूप से, उदासी से। **vegetativeness** सं० १. वनस्पतीयता, उद्भित्व, वनस्पति के सदृश प्ररोहण; २.(ला०)निष्क्रियता, क्रियाशून्यता, बेकारी। **vegeto-** समास रूप।

vehement (vē' é ment) [O.F., from L. *vehementem*, nom. *-ens*, perh. from *vehere*, to carry, or *vē*, apart from, *mens mentis*, mind] वि० १. तीव्र, वेगपूर्ण, उत्कट, तीक्ष्ण, तेज, उग्र; २. सवेग, आवेगपूर्ण, प्रचंड, प्रबल, प्रखर। **vehemently** क्रि० वि० सवेग, उत्कटता-पूर्वक, तीक्ष्णता के साथ, तेजी से, उग्रतापूर्वक, प्रबलता से, प्रखरतापूर्वक। **vehemence, -mency** सं० तीव्रता उत्कटता, तीक्ष्णता, उग्रता, प्रचंडता, प्रखरता, प्रबलता, तेजी।

vehicle (vē' i kel) [L. *vehiculum*, from *vehere*, to carry] सं० १. गाड़ी, वाहक* (कृ० ३ भी), यान, अनुपान*/ वाहन* (आ० भी), सवारी, द्रव आदि जो औषधियों या रंग का माध्यम होता है, २ माध्यम (विचारों, भावों या कार्यों का)। **vehicular, -lary, -latory** वि० गाड़ी, यान, वाहन अथवा सवारी संबंधी।

Vehmgericht (fām' ge richt) [G. *feme*, punishment, tribunal, *gericht*, judgment, law] सं० (बहुव० **-gerichte**) १ जर्मन अनियमित न्यायाधिकरण प्रणाली (विशे० वेस्ट फेलिया में १४वीं १५वीं शताब्दी में प्रचलित) जिसमें बड़े-बड़े अपराधों के मुकदमे रात में गुप्त रूप से सुने जाते थे; २. ऐसा गुप्त न्यायाधिकरण। **vehmic** (fā' mik) वि० जर्मन न्यायाधिकरण या न्याय-प्रणाली संबंधी।

veil (vāl) [M.E. and O.F. *veile*, L. *vēlum*, whence *velāre*, O.F. *voiler*, to veil] सं० १. घूँघट, अवगुंठन, झीना आवरण, आच्छादन; २. मुख को ढकने के लिए हैट में लगा हुआ पतला कपड़ा, पर्दा, ३. (ला०) बहाना, हीला, आड़; ४. पादरी लोगों का गुलूबंद, ५. सर्दी के कारण अथवा स्वाभाविक रूप से बैठी हुई आवाज। क्रि० स० १. घूँघट करना, अवगुंठन डालना; २. (ला०) छिपाना, ढकना, आड़ लेना। **beyond the ~** मृत्यु के उपरान्त की स्थिति। **draw a ~over** बात खत्म करना, विवाद से बचना। **take the ~** ईसाई भिक्षुणी बन जाना। **veiling** सं० घूँघट पट, अवगुंठन वस्त्र। **veilless** वि० अवगुंठनहीन, बिना ढका।

vein (vān) [M.E. and F. *veine*, L. *vēna*] सं० १. शिरा* (आ०, कृ०, वि० १ भी), रग, वाहिनी, २. (प्रत्य०) नस; ३. रक्तवाहिनी, ४. (कृमिवि०, वन०) पत्र या पत्ते की नस; ५. (भूगर्भ०, खनी) चट्टान जिसमें मिट्टी एकत्र हो जाती है; ६. लकड़ी या संगमर्मर आदि पर धारियाँ, लकीरें; ७. विशिष्ट गुण या स्वभाव, विशेष मनःस्थिति। क्रि० स० नसों से भरना, शिराविशिष्ट करना। **Pulmonary veins** फुप्फुसीय शिरा। **systemic veins** शिरा जो रक्त को दाहिनी ओर फेरती है। **veinage, veining** सं० नाड़ी-विन्यास शिराओं का क्रम। **veinless** वि० नसों का, वाहिनीरहित।

veld, veldt (felt) [Dut. *veld*, FIELD] सं० वेल्ट, दक्षिण अफ्रीकी घास का मैदान (जिसमें न तो खेती ही होती है, न पूरी तरह से जंगल ही है)।

velitation (vel i tā' shŭn) [L. *vēlitātio*, from *vēlitārī*, to skirmish, from *vēles*, light-armed soldier, a velite] सं० १. साधारण कहा-सुनी, २. विवादास्पद कहा-सुनी। **velite** (vē' lit) सं० (प्राचीन रोम०) हल्के हथियारों से सज्जित सैनिक।

velleity (ve lē' i ti) [med. L. *velleitas*, from *velle*, to wish] सं० निष्क्रिय इच्छा, इच्छा मात्र* (मा० २ भी)।

vellicate (vel' i kāt) [L. *vellicātus*, p.p. of *vellicāre*, from *vellere*, to pluck] क्रि० स० और अ० (विरल) फड़कना, फड़काना। **vellication** सं० फड़कन। **vellicative** (vel' i kā tiv) वि० फड़कन-युक्त।

vellum (vel' ŭm) [M.E. *velim*, F. *vélin*, L. *vitulinus*, of a calf, from *vitulus*, see VEAL] सं० १. बछड़े का कमाया हुआ महीन चमड़ा; २. कमाये हुए बारीक चमड़े पर हस्तलेख। **~-paper** पतले चमड़े की नक़ल पर बनाया हुआ कागज़। **vellumy** वि० १. बछड़े के चमड़े का; २. लेख्य चर्म का।

velocipede (vē los' i pēd) [L. *vēlox*, as foll., *pēs pedis*, foot] सं० विलोसिपीड, साइकिल की एक पुरानी किस्म। **velocipedist** सं० उक्त साइकिल चलाने वाला।

velocity (ve los' i ti) [F. *vélocité*, L. *vēlōcitātem*, nom. *-tas*, from *vēlox-lōcis*, swift, cogn. with *volāre*, to fly] सं० १. वेग* (इं० १, ३, कृ०, वि० १ भी), तेज़ी, प्रवेग, गतिमात्रा, २ (यन्त्र०) किसी निश्चित दिशा में गति। **initial ~** प्रारम्भिक वेग* (वि० १ भी)। **muzzle ~** बंदूक की गोली आदि का वेग।

velocimeter (vel ō sim' e tĕr) [-METER] सं० वेगमान।

velours, velure (vel oor', vel ūre') [F *velours*, O.F. *velous*, med. L. *villōsus*, shaggy, from VILLUS] सं० वेलूर, एक प्रकार की मखमल जो हैट बनाने में प्रयुक्त होती है। क्रि० स० मखमल मढ़ना। **velutinous** (ve lū' ti nus) वि० (वन०, कृमि०) मखमली, मखमल सदृश कोमल।

velum (vē' lŭm) [L., sail, covering, from *vehere*, to carry] सं० बहुव० **-la** १. (शारी०, वन०, प्राणि वि०) प्रावरणी, पिधानिका, (विशे०) कोमल तालु।

velveret (vel ver et') सं० निम्न कोटि की मखमल।

velvet (vel' vĕt) [A.-F. from late L. *vellutum*, ult. from L. VILLUS] सं० १. मखमल, एक प्रकार का कपड़ा; २ हिरण के निकलते हुए सींग का ढकने वाला रोमयुक्त चमड़ा, ३. (अंतरिक्ष) लाभ, फ़ायदा। वि० मखमली, मखमल की तरह कोमल। **terry ~** ऐसी मखमल जिसका रोयाँ उभरा हुआ या सूत कटा हुआ न हो। **~glove** मखमली नरमी, कपट-सौजन्य। **~paw** बिल्ली का मखमली पंजा, (लाo) कोमलता की ओट में निष्ठुरता। **~-pile** मखमल की तरह का रोयेदार कपड़ा। **velveted, velvety** वि० मखमल मढ़ा हुआ, मखमली। **velveteen** सं० १. मकली मखमल, सूती वस्त्र जिसमें मखमल की तरह रोयाँ हो; २. सूत और रेशम से मिला कर बनाया हुआ मखमल। **velveting** सं० मखमल का माल, मखमल की राशि।

vena (vē' nă) [L.] सं० (बहुव० **venæ**) नस, सिरा। **venal**[1] वि० नस का। **venation** (vē nā' shun) सं० १. पत्तियों या कीड़े के पंख पर नसें, नाड़ी-विन्यास, शिरा-रचना, २. शिरा-विन्यास* (कृ०, वि० १ भी)। **venational** वि० नाड़ी-विन्यास संबंधी।

venal[2] (vē' năl) [O.F., from L. *vēnālis*, from *vēnus*, *vēnum*, sale] वि० उत्कोचग्राही, स्वार्थ के लिए सिद्धान्तों का बलिदान करने वाला, उत्कोच्य। **venality** (vē năl' i ti) सं० उत्कोच-ग्राहिता, उत्कोच्यता। **venally** क्रि० वि० उत्कोच-ग्राहिता से।

vend (vend) [F. *vendre*, L. *vendere* (*vēnum*, see VENAL[2]) *dare*, to give)] क्रि० स० १. बेचना, विक्रय करना (अब मुख्यतः विधि०); २. बिक्री के लिए छोटी-मोटी चीज़ें रखना। **vendee** सं० खरीदार, ग्राहक। **vendor** सं० बेचने वाला, विक्रेता। **vendible** वि० बिकाऊ। **vendibility, vendibleness** सं० बिकाऊपन, विक्रयशीलता। **vendibly** क्रि० वि० बिकाऊ रूप में।

vendace (ven' dās) [O.F.*vendese*,*vandoise*, etym. doubtful] सं० वेंडेस, ब्रिटिश तथा महाद्वीपीय झीलों में पाई जाने वाली छोटी और कोमल मछली।

Vendean (*van* dē ăn) वि० और सं० १. वेन्दीय, वेन्दी निवासी, वेन्दी का रहने वाला; २. १७९३-१८०५ के फ्रांसीसी राजदल का एक सदस्य।

vendetta (ven det' ă) [It., from L. *vindicta*, revenge, see VINDICTIVE] सं० १. वेन्डेटा*/ प्रतिशोध* (इटली) (मा० ३ भी), वंश-वैर, दुश्मनी जो मृत या आहत व्यक्ति का परिवार मारने वाले के परिवार से निकाले; २. कार्सिका में प्रचलित वह व्यवहार।

veneer (ve nēr') [G. *furniren*, to inlay, F. *fournir*, to FURNISH] क्रि० स० १. (लकड़ी या फर्निचर पर) अच्छी लकड़ी का पत्तर चढ़ाना; २. (मिट्टी के बर्तनों पर) किसी अच्छे पदार्थ का मुलम्मा करना; ३. (लाo) कृत्रिम शिष्टाचार से अपना वास्तविक रूप छिपाना। सं० १. पत्तर, मुलम्मा; २. विनीयर*/ पृष्ठावरण* (इ० ३, वि० १ भी) (शाo और लाo)। **~-moth** वेनि-यरभाष, एक पतिंगा जिसका रंग मुलम्मा जैसा दिखाई देता है।

venerable (ven' er a bĕl) [O.F., from L. *venerābilis*, as foll.] वि० १. (चरित्र, अवस्था तथा सपर्क के कारण) पूजनीय, मान्य, आदरणीय, पूज्य*/ श्रद्धेय* (मा० १ भी); २ इलैण्ड के गिरजाघर में बिशप के सहकारी पादरी की उपाधि **venerability, venerableness** सं० पूजनीयता, श्रद्धेयता। **venerably** क्रि० वि० पूजनीय रूप में, श्रद्धेयतापूर्वक।

venerate (ven' er āt) [L. *venerātus*, p.p. of *venerārī*, cogn with VENUS and with Sansk. *van*, to serve, to honour] क्रि० सं० १. आदर करना, मान करना, श्रद्धा करना; २. सम्मान करना। **veneration** सं० १. आदर, मान, श्रद्धा, भक्ति, पूजा, २. (प्रायः हास्य०) श्रद्धा अनुभव करने की क्षमता। **venerator** सं० आदर करने वाला व्यक्ति, श्रद्धालु व्यक्ति।

venereal (ve nēr' e ăl) [L. *venereus*, from VENUS] वि० मैथुन संबंधी, संभोग का (जैसे ~desire), रतिज* (आo भी)। **~disease** मैथुनजनित रोग। **~remedies** इन रोगों की दवाएं।

venesect (ven' e sekt) [L. *vēna*, VEIN, *secāre*, to cut, p.p. *sectus*] क्रि० सं० और अ० रक्तमोक्षण करना।

Venetian (ve nē' shăn) [L. *Venetia*,country of the Veneti] वि० वेनेशियन, वेनिस देश का, वेनिस-संबंधी। सं० १. वेनिस निवासी, वेनिस का रहने वाला, २. झिलमिली (~blind भी)। **~carpet** धारीदार दरी या शतरंजी। **~chalk** दे० फ्रेंच चाक। **~glass** वेनिस या उसके आस-पास का बना हुआ काँच। **~lace** वेनिस की बनी हुई बेल या झालर। **~mast** कुंडलित या सर्पिल,

घुमावदार ढंग से रंजित या रँगा हुआ शोभार्थ स्तम्भ। ~pearl नक़ली ठोस मोती। ~window तीन दरवाज़ों वाली खिड़की।

vengeance (ven' jáns) [F., from *venger*, to *avenge*, L. *vindicāre*, see VINDICATE] सं० बदला* (मा० २ भी), प्रतिहिंसा, प्रतिशोध* (मा० २ भी), वैर-साधन। with a ~ ज़ोर-शोर से, उत्कट रूप में, अधिकता से, बढ़-चढ़ कर। vengeful वि० बदला चाहने वाला, प्रतिशोधशील, प्रतिहिंसाग्राही। vengefully क्रि० वि० प्रतिशोध-भाव से, बदले की भावना से।

venial (vē' ni ál) [O.F., from late L. *veniālis*, from *venia*, grace, pardon] क्षम्य, क्षमायोग्य; २. (धर्म शा०) अमर, अमर्त्य। veniality, venialness सं० मार्जनीयता, क्षम्यता, क्षंतव्यता। venially क्रि० वि० मार्जनीयता से, क्षम्य रूप में।

Venice (ven' is) [city in N. Italy] सं० (गुण०) वेनिस-, वेनिसी।

venison (ven' zŏn) [O.F. *veneisun* (F. *venaison*), L. *vēnātiōnem*, nom. *-tio*, from *vēnāri*, to hunt, see VENERY] सं० हरिण-मांस।

venom (ven' ŏm) [M.E. and O.F. *venim* (F. *venin*), L. *venēnum*, poison] सं० १. (दंश का) विष* (आ० भी), ज़हर* (वि० १ भी) (साँप, बिच्छू आदि का); २. (ला०) द्वेष, दाह, मत्सर। venomed, venomous वि० ज़हरभरा, विषैला* (वि० १ भी)। venomously क्रि० वि० ज़हरीलेपन से, विषैलेपन से। venomousness सं० ज़हरीलापन, विषैलापन।

venose, -eous (vē' nōs, -nus) [L. *vēnōsus*, from *vēna*, VEIN] वि० (शारी०, प्राणि०, वन०) शिरा का, शिरा में का। ~blood १. शिरा-रक्त; २. शिराओं में बहने वाला रक्त। ~congestion शिराबाहित रक्त का जमना, एक जगह इकट्ठा हो जाना। venosity (ve nos' i ti) सं० इंद्रिय अथवा शरीर में शिरा-रक्त का आधिक्य, धमनी में ख़ून के आधिक्य के कारण फेफड़े में ख़ून का कम बहाव। venously क्रि० वि० शिरा या नाड़ी के संबंध से।

vent[1] (vent) [formerly *fent*, F. *fente*, from *fendre*, L. *findere*, to cleave] सं० १. बंदूक की नली; २. बैरल का छेद; ३. वाद्य-यंत्र का रंध्र; ४. चिमनी का छेद; ५. दीवाल का सूराख़; ६. द्वार*/मुख*/निकास* (वि० १ भी)। क्रि० स० और अ० १. छेद बनाना; २. ऊर्ध्वविलाव आदि का पृथ्वी की सतह पर आकर साँस लेना। ~faucet पीपे आदि में छेद करने के लिए छोटा बरमा। ~peg पीपे आदि के सूराख़ को बंद करने वाली खूँटी। ~plug बंदूक की नली की डाट या ढँकी अथवा काग। ventage सं० छिद्र, रंध्र, सूराख़। ventless वि० छिद्रहीन, बेसूराख़।

vent[2] (vent) [F. *venter*, to blow, from *vent*, L. *ventum*, nom. *tus*, wind] क्रि० अ० (विशेष रूप से शिकार किये गये ऊर्ध्वविलाव आदि का) साँस लेना। सं० (ऊर्ध्वविलाव आदि का) पृथ्वी की सतह पर आकर साँस लेने की क्रिया।

vent[3] (vent) [F. *vente*, from *vendre*, L. *vendere*, to VEND] सं० विक्रय, बाज़ार।

venter (ven' tér) [L.] सं० १. (शारी०) पेट, उदर; २. पेशी या झिल्ली का नलीदार स्थल; ३. उदरत्राण*, जड़पा* (वि० १ भी); ३. (विवि०) गर्भाशय, बच्चादानी, माँ, जननी।

ventidact (ven' ti dŭkt) [L. *ventus*, wind] सं० (वास्तु०) वायुमार्ग, हवादान (विशे० ज़मीन के नीचे का)।

ventil (ven' til) [L. *ventilus*, breeze, dim. of *ventus*, wind] सं० बेंटिल, वाद्ययंत्र में कपाट, पियानो बाजे में वायु के नियमन के लिए झिलमिली।

ventilate (ven' ti lāt) [L. *ventilātus*, p.p. of *ventilāre*, to blow, winnow, ventilate, from *ventus*, wind] क्रि० स० १. (कमरे में) हवा का संचार करना, अच्छी तरह से हवा आने देना; २. वायु-संचरित करना; ३. ऑक्सीजन से साफ़ करना; ४. सार्वजनिक राय अथवा बहस के लिए रखना। ventilation सं० १. वायु संचारण; २. संवातन* (आ०, कृ०, वि० १ भी); ३. हवादारी* (कृ० भी)। ventilator सं० संवातक* (आ० भी), रोशनदान, वायुमार्ग।

ventral (ven' trál) [L. *ventrālis*, from VENTER] वि० (वन०) अधर, उदर संबंधी, उदरीय, पेट का। सं० पेटपरी मछली के पंख (~ fins भी)। ventrally क्रि० वि० औदरीयता से, पेट के बल।

ventricose, -cous (ven' tri kōs', -kŭs) वि० १. तुंदियल, दीर्घोदर, २. (वन०) बीच में फूला हुआ।

ventricle (ven' tri kél) [F. *ventricule*, L. *ventriculum*, nom. *-us*, dim. of VENTER] सं० १. (शारी०) गुहा, कोष्ठक, गह्वर। ventricular वि० गुहा का, कोष्ठक या गह्वर संबंधी, निलय* (आ० भी)। ventriculous वि० १. गुहायुक्त, कोष्ठक या गह्वरयुक्त।

ventricose दे० VENTRAL

ventriloquism (ven tril' o kwizm) [L. *ventriloquus* (*venter-tris*, see VENTER, *loqui*, to speak), -ism] सं० गरुड़वाद, इस प्रकार बोलना कि शब्द वक्ता के मुख से नहीं, दूसरी ओर से आते जान पड़ें। ventriloquist सं० गरुड़वादी। ventriloquy, ventrilocation सं० गरुड़वाद। ventriloquize क्रि० स० शब्दस्थानांतर करना। ventriloquial, ventriloquistic, ventriloquous वि० गरुड़वाद संबंधी।

ventro- venter (उदर) का समास में प्रयुक्त रूप। ventrodorsal वि० पेट से पीठ की ओर फैलने वाला।

venture (ven' túr, -chur) [shortened from AD-VENTURE] सं० १. जोखम, जोखम का काम; २. व्यापार या वाणिज्य में सौदा, लाभकारी व्यवहार। क्रि० स० और अ० १. साहस करना, भय दूर करना, हिम्मत बाँधना, २. प्रस्तुत करना, सामने रखना; ३. ख़तरे में डालना, जोखम में देना; ४. ख़तरा लेना, जोखम लेना, ५. किसी चीज़ में पड़ने, लगने का साहस करना। venturer सं० (विशे० इतिं०) कोई विशेष व्यापारिक सौदा करने वाला। venturesome वि० साहसिक, ख़तरा लेने वाला, जोखम उठाने वाला। venturesomely क्रि० वि० साहसिकतापूर्वक, ख़तरा लेते हुए, जोखम उठाते हुए। venturesomeness सं० १. साहसिकता; २. ख़तरा लेना।

venue[1] (ven' ū) [F., coming, from *venir*, L. *venire*, to come] सं० १. (विधि) वह प्रदेश जहाँ जूरी एकत्र होते हैं और मुक़दमा सुना जाता है (मूलतः अपराध-स्थान); २. बयान में अपराधस्थान का निर्देश; ३. अड्डा, स्थान* / स्थल* (प्र० भी), मिलनस्थल।

venue[2] दे० VENEW

Venus (vē' nus) [L.] सं० १. (रोमन पुराण०) प्रेम की देवी; २. (ज्यो०) शुक्र, एक ग्रह (शुक्र); ३. काम-भाव, रति; ४.

रूपवती स्त्री; ५. वीनस*/ सौन्दर्य-देवी* (मा० १ भी)। **Mount of ~** (हस्तवि०) अंगुष्ठमूल। **Venus's basin, bath or cup** एक कटिदार पौधा। **Venus's comb** एक-साला या फ़सली पौधा जिसके फल कंघी के समान होते हैं। **Venus's flytrap** वह पौधा जिसकी पत्तियाँ कीड़े फँसा लेती हैं।

veracious (vé rā' shŭs) [L. *vērax, -acis*, from *vērus*, true] वि० १. सत्यवादी, सत्यवक्ता, सत्यनिष्ठ, २. (कथन) सच, सही, यथार्थ। **veraciously** क्रि० वि० १. सत्यवादिता से, २. सच्चाई से। **veracity** सं० १. सत्यवादिता* (मा० २, विधि भी), सत्यशीलता* (मा० २ भी), सत्यभाषिता; २. यथार्थता, यथातथ्यता।

veranda (vé răn' dă) [Port. *varanda*, prob. from *vara*, L. *vāra*, forked pole] सं० बरामदा।

veratrine (ver' ă trin) सं० वेरैट्रिन* (कृ० भी), बेराट्राइन, गुलाब के से एक पौधे का विषैला संयुग (जो गठिया, वातरोग आदि में लगाया जाता है)। **veratrate** सं० बेराट्राइन क्षार। **veratric** वि० बेराट्राइन का। **veratrize** क्रि० स० बेराट्राइन की मालिश करना।

verb (vĕrb) [F. *verbe*, L. *verbum*, word, cogn. with WORD and Gr. *eirein*, to speak] सं० (व्या०) क्रिया, क्रिया पद।

verbal (vĕr' băl) वि० १. शाब्दिक, शब्द संबंधी; २. मौखिक, अलिखित; ३. शब्दशः, अक्षरशः (अनुवाद); ४. (व्या०) क्रिया का, क्रिया संबंधी। **verbalist** सं० शब्दचितक, शब्दसमीक्षक। **verbalism** सं० १. शब्दचिन्तन; २. शाब्दिक आलोचना, वाचिकता*/ शाब्दिकता* (मा० २ भी)। **verbalize** क्रि० स० और अ० १. (संज्ञा आदि से) क्रिया बनाना; २. बकी होना, बढ़-बढ़ कर बात करना। **verbalization** सं० बढ़-बढ़कर बातें बनाना। **verbally** क्रि० वि० शब्दशः, मौखिक रूप से।

verbatim (vĕr bā' tim) क्रि० वि० शब्दशः, अक्षरशः।

verbena (vĕr bē' nă) [L., in pl. *verbēnæ*, sacred boughs, of olive, etc.] सं० बरबीना, बरबेन जाति का पौधा।

verbiage (vĕr' bi ăj) [F., from *verbe* VERB] सं० अनावश्यक बहुशब्द प्रयोग, शब्दबाहुल्य। **verbicide** सं० १. (हास्य०) शब्द को बिगाड़ने वाला; २. शब्दहत्या।

verbose (vĕr bōs') वि० शब्दबहुल, वाग्आडम्बरी। **verbosely** क्रि० वि० शब्दबहुलता के साथ। **verboseness, verbosity** सं० शब्दबाहुल्य, शब्दाडम्बर।

verdant (vĕr' dănt) [O.F., from L. *viridans -ntem*, pres. p. of *viridāre*, from *viridis*, green] वि० १. (घास इत्यादि के लिए) हरा, ताजा, तरोताज़ा, हरा-भरा, सर-सब्ज़, शाद्वल, २. (व्यक्ति) अनाड़ी, अपरिपक्व। **verdancy** सं० १. हरापन, ताज़ापन; २. हराभरापन; अनाड़ीपन, अपरिपक्वता। **verde antico** (vĕr' dē ăn tē' kō) सं० १. हरा सजावटी पत्थर; २. पुराने काँसे पर हरी खुदाई।

verderer (vĕr' dĕr ĕr) [A.-F. *verder*, late L. *viridārius*, forester, as prec.] सं० (इति०) वनाधिकारी या राजकीय वन का न्यायाधिकारी।

verdict (vĕr' dikt) [M.E. and O.F. *verdit*, L. *vērēdictum* (*vērē*, truly, DICTUM)] सं० १. पंच-मत, जूरियों का फ़ैसला; २. अधिनिर्णय*/ अभिमत* (मा० २, विधि भी), फ़ैसला, निर्णय, फ़तवा। **open ~** अपराधी के ज्ञान के बिना अपराध का निर्देश। **partial ~** आंशिक अपराधी होने का निर्णय। **privy or sealed ~** गुप्त लिखित निर्णय जो न्यायालय के उठने पर खोला जाने के लिए दाता है। **special ~** १. विशेष फ़ैसला; २. तथ्य या वस्तु-स्थिति को प्रमाणित करते हुए न्यायालय के ऊपर निर्फ़ल का भार सौंपते हुए न्याय-सम्मों का निर्णय।

verdigris (vĕr' dē gris, -grēs) [M.E. *verdegrees*, *grese*, A.F. *vert de Grece*, green of Greece (VERT[1], L. *Græcia*, Greece)] सं० ताम्रमल, ताम्रझिल्ली, तूँबे का मोरचा।

verditer (vĕr' dī tĕr) [A.-F. *verd de terre*, green of earth (O.F. *verd*, see prec., F. *terre*, L. *terra*, earth)] सं० नीला या हरा रंग जो नाइट्रेट या भूमीय से बनाया जाता है, मुद्धरि।

verdure (vĕr' dyur) [F., from O.F. *verd*, L. *viridis*] सं० १. हरियाली, हरापन, हरियाली, शाद्वलता, सब्ज़रंग; २. हरित उद्भिद्, हरी वनस्पति; ३. (ला०) ताज़गी, टटकापन। **verdured, verdurous** वि० हरा-भरा, हरित, हरियालीमय। **verdureless** वि० अंकुरित, जिसमें हरियाली न हो।

verge[1] (vĕrj) [F., from L. *virga*, twig, rod] सं० १. किनारा, तट, सीमा, हद (प्रायः ला०); २. फूलों की क्यारी के चारों ओर की घास; ३. अधिकार-दंड (विशप का), पदचिन्ह; ४. (स्था०) स्तम्भ का मुख्य भाग; ५. सैनिक अधिकार-क्षेत्र।

verge[2] (vĕrj) [L. *vergere*, to bend, to incline] क्रि० अ० नीचे की ओर प्रवृत्त होना, निर्दिष्ट दिशा में झुकना, तत होना, ढलना। **~on** बिल्कुल निकट पहुँच जाना, एकदम पास पहुँच जाना।

vergency सं० (प्रकाश०) केंद्रीकरण, संसरण अथवा अपसरण की नाप के रूप में, दूरबीन के शीशे के बीच से देखी हुई दूरी का, अन्योन्य अथवा पारस्परिक संबंध। **vergent** वि० निकट लाने वाला।

vergee (ver jē') [F., from VERGE[1]] सं० १. द्वीपों के रकबे की नाप; २. एक एकड़ का ४/९ भाग।

verger (vĕr' jĕr) सं० १. गिरजाघर का कर्मचारी (जो लोगों को बैठने की जगह निर्दिष्ट करता है); २. गिरजा के आंतरिक भाग का निरीक्षक कर्मचारी। **vergership** सं० उक्त कर्मचारी का पद।

veridical (vē rid' i kăl) [L. *vēridicus* (*verus*, true, *dicere*, to say)] वि० १. सत्यवादी (प्रायः व्यंग्य में); २. (मनोवि०, अध्यात्म, दृष्टि आदि का) सत्यानुकूल, तथ्यानुकूल, यथार्थ, यथार्थानुकूल। **veridically** क्रि० वि० १. सत्यता से, सत्यवक्ता के तौर पर; २. सच्चाई से (प्रायः व्यंग में)। **veridicous** वि० सत्यवादितापूर्ण।

verify (ver' i fī) [O.F. *verifier*, med. L. *vērificāre* (*vērus*, true, *-ficāre*, *facere*, to make)] क्रि० स० १. सत्य प्रमाणित करना, सत्य निरूपण करना; २. यथार्थ का प्रतिपादन करना, (सच्चाई की) जाँच करना* (वि० १ भी); ३. सत्य का पता लगाना, यथार्थ (कार्य और घटना को) पूरा करना, भरना, पूर्ति करना, सत्य के आधार पर समर्थन करना; ३. (विधि) प्रमाण से सिद्ध करना, सत्यापन करना, सत्यापित करना* (वि० १ भी)। **verifiable** वि० सत्यसाधनीय। **verifiability** सं० सत्यापनीय (वि० १ भी) सत्यसाधनीयता। **verification** सं० सत्यापन, जाँच* (आ०, प्र०, मा० १, २, वि० १, विधि भी), प्रमाणीकरण। **verifier** सं० सत्योद्घाटक, सत्यनिरूपक, सत्यापन करने वाला।

verisimilitude (ver i si mil' i tūd) [M.F., from L. *vērisimilitūdo*, from *verisimilis* (*vēri*, gen. of *vērus*, true,

similis, like)] सं० सत्याभास, सत्यसादृश्य । **verisimilar, -lous** वि० सत्याभासी ।

veritable (ver' i tă bĕl) [O.F., from *verité*, VERITY] वि० यथार्थ, ठीक, सत्य, वास्तविक । **veritably** क्रि० वि० यथार्थता से, सत्यता से, वास्तविक रूप से ।

veritas सं० लायड केपलेा या जहाज के समान रजिस्टर्ड फासीसी जहाज ।

verity (ver' i ti) [O.F. *verité*, L. *vēritātem*, nom. *-tas*, from *vērus*, true] सं० १. सच्चाई, वास्तविकता, यथार्थता (कथन की) ; २. सच्चा बयान, सच्चा कथन; ३. सच बात, यथार्थ चीज; ४. वास्तविक चीज ।

verjuice (vĕr' jooe)[F. *verjus* (O.F. *verd*, VERT[1], JUICE)] सं० अम्ल द्राक्षारस, खट्टे सेबों या जंगली अंगूरों का अर्क जो खाना पकाने में प्रयुक्त होता है । **verjuiced** वि० उक्त अर्क से मिश्रित ।

vermeil (vĕr' mil) [F., VERMILION] सं० १.चांदी का मुलम्मा, २. मुलम्मे पर लगने वाला रोगन या वार्निश, नारंगी रंग की लाल-मणि; ३. (काव्य०) लाक्षा रस ।

Vermes (vĕr' mēz) [L., pl. of*vermis*] सं० (बहुव०) प्राणियों का एक प्राचीन वर्गीकरण जिसके अन्तर्गत केंचुए, समुद्री कीड़े, जुएँ आदि हैं ।

vermi (कृमि, कीट का) समास में प्रयुक्त रूप। **vermicide** (vĕr' mi sīd) [-CIDE] सं० कृमि नाशक औषधि ।

vermicidal वि० कृमिनाशक औषधि संबंधी, कृमिनाशी* (आ०भी)।

vermicular vĕr mik' ū lăr) वि० १. कीड़े जैसा, कृमि-संदृश, कीटाकृति; २. कीड़ा खाया हुआ सा; ३. घनी लहरदार रेखा-युक्त, घनी लहरियादार । **vermiculate** वि० दे० VERMICULAR (प्रायः ला०) । **vermiculation** सं० १. कीड़ा लगना, कीटाकीर्णन; २. कृमि गति; ३. कीड़े लगे होने की दशा । **vermiform** (vĕr' mi fôrm) वि० कृमि रूप* (वि० १ भी), कीटाकार, कृम्याकार, कीड़े के आकार का, कृमिवत्* (आ० भी) । **vermifuge** सं० पेट के कीड़ों को दूर करने की दवा, कृमि निस्सारक* (आ० भी)। **vermigrade** वि० कृमिगतिक। **vermivorous** वि० कृमिभक्षी ।

vermicelli (vĕr mi sel' i,-chel' i) [It., pl. of *vermicello*, dim. of *verme*, worm, as prec.] सं० सेवई ।

vermilion (vĕr mil' yŏn) [F. *vermillon*, from *vermeil*, L. *vermiculus*, dim. of *vermis*, worm, see VERMES] सं० सिंदूर* (वि० १ भी), हींगुर, रक्तहिंगुल । वि० सिंदूरी, लाल । क्रि० सं० सिंदूर से रंगना, लाल रंग से रंगना ।

vermin (vĕr' min) [F. *vermine*,from L. *vermis*, see VERMES] सं० १. (प्रायः बहुव० की भाँति प्रयुक्त) फसल नष्ट करने वाले पशु-पक्षी (लोमड़ियाँ, नेवले, चूहे, छछूंदर, उल्लू) ; २. हानिकारक कृमि, पीड़क जंतु* (आ०, वि० १ भी), (पिस्सू, खटमल, चीलर आदि), ३. (ला०) नीच व्यक्ति, दुष्ट व्यक्ति । **verminate** क्रि० अ० १. कीड़े पैदा होना या करना; २. कीटाकीर्ण हो जाना । **vermination** सं० कीटजनन, कीटाकीर्णन । **verminous** वि० कीड़े भरा, कीड़े लगा, कीटाकीर्ण । **verminously** क्रि० वि० १. कीड़े भरा हुआ; २. कीटाकीर्णता से ।

vermuth (vĕr' moot, vĕr' muth) [F. *vermouth*, G. *wermuth*, wormwood] सं० नागदौन से सुवासित सफेद शराब ।

vernacular (vĕr năk' ū lăr) [L. *vernăculus*, from *verna*, home-born slave] वि० (भाषा, मुहावरा, शब्द के लिए) देशी, स्थानीय । सं० देश भाषा, देशी बोली, स्थानीय बोली । **vernacularism** सं० देशी भाषावाद । **vernacularity** सं० देशीपन, देहातीपन ।

vernal (vĕr' năl) [L. *vernālis*, from *vernus*, pertaining to spring, from *ver*, spring, cogn. with Gr. *ear*, Icel. *vār*] वि० वसंती, वासंती,वसंत ऋतु संबंधी, वसंत कालीन । **~equinox** दे० EQUINOX, (वि० १) वसंत विषुव*। महाविषुव* । **~fever** मौसमी बुखार, मलेरिया । **~grass** सूखी घासों के बीच उत्पन्न सुगंधित घास । **vernally** क्रि० वि० वासंती रूप में, वसंत ऋतु के अनुकूल । **vernation** सं० १ कली के अंदर दलों का विन्यास, कलिकान्तर विन्यास; २. (वन०) किसलय-विन्यास* (क्रु०, वि० १ भी) ।

vernier (vĕr' ni ĕr) [F., from Pierre, *Vernier* (*c.* 1580-1637), inventor] सं० वर्नियर* (इ० १, वि० १ भी), मचल लघुमाप यंत्र (जिससे बैरोमीटर या षष्ठक आदि के उपविभाजन के भिन्नात्मक अंशों का माप लिया जाता है) ।

veronal (ve' rō năl) [uncertain etym.] सं० वेरोनल* (क्रु० भी), उपशामक औषधि, अवसादक औषधि ।

Veronese (ver ō nēz') वि० वेरोना का, वेरोना संबंधी । सं० वेरोना वासी, वेरोना का रहने वाला ।

veronica (ve ron' i ka) [name of woman said to have wiped the sweat from Christ's face on the way to Calvary, corr. of Gr. *Berenikē*] सं० १ नीले, बैंजनी, हल्के गुलाबी रंग या उजले रंग के फूलों वाला पौधा; २. वेरोनिका* (वि० १ भी), महात्मा ईसा की आकृति से चित्रित कपड़ा जिससे सत वेरोनिका ने उनके मुह से पसीना पोंछा था और तभी वह उस आकृति से चित्रित हो गया था ।

verricule (ver' i kūl) [L. *verriculum*, net, from *verrere*, to sweep] सं० (कृमि०) घने खड़े बालों का गुच्छा या लट । **vericulate** वि० गुच्छेदार ।

verruca (ver' ū ka) [L.] सं० (चिकि०, प्राणि०, वन०, बहुव० **-cae**) वेरूका, मस्सा, गाठ, मस्से के समान विस्तार । **verruciform** (vĕ roo' si fôrm), **verrucose, -cous, verruculose** वि० गाँठदार, गाँठ या मस्से की शक्ल का, मस्सेदार ।

versant (vĕr' sănt) [F., from *verser*, L. *versāre*, freq. of *vertere*, to turn] सं० एक ही दिशा की ढलुआ जमीन, ढालू, ढालू भूमि, ढलुआ जमीन ।

versatile (vĕr' sa til) [F. *versatil*. L. *versātilis*, as prec.] वि० १. बहुविद्, सर्वतोमुखी प्रतिभा वाला, कब्जे पर घूमने वाला, घूमने में समर्थ, २. (वन०, प्राणि०) एक आधार पर ऊपर-नीचे होने वाला, ३. परिवर्तनशील, अस्थिर । **versatilely** क्रि० वि० बहुविज्ञता से, बहुमुखी प्रतिभा से । **versatility** सं० १. बहुविज्ञता, बहुमुखी प्रतिभा; २. अस्थिरता ।

verse (vĕrs) [A.-S. *fers*, L. *versus* -sūs, a turning, furrow, row, verse, from *vertere*, to turn, p.p. *versus*] सं० १. छंद, छन्दोबद्ध पंक्ति, पद्य, कविता, २. बाइबिल में अध्यायों का उपविभाजन; ३. उपासना के स्तोत्र का संक्षिप्त वाक्य। क्रि० सं० और अ० १. कविता में प्रकट करना, छंद बनाना; २. छंदबद्ध होना या करना । **~man,-monger** सं० भद्दी कविता करने वाला, तुकबंदियाँ बनाने वाला । **~-mongering** सं० भद्दा पद्यलेखन। **verselet** सं० छोटा छंद, छोटी कविता । **verset** सं० वरसेट, अरगन बाजे पर बजाया जाने वाला छोटा उपक्रम अथवा मध्य गीत । **versicle** सं० छोटा पद्य, विशेषतः प्रार्थना गीतों के वे छोटे-छोटे पद जो बारी-बारी से पादरी और अन्य लोगों द्वारा

गाये जाते हैं। **versicular** वि० छंदों में, पद्यों में। **~division** छंदों में विभाजन। **versify** (vĕr' si fī) क्रि० स० और अ० १. (गद्य को) पद्य में बदलना, छन्दबद्ध करना; २. कविता में अभिव्यक्त करना; ३. कविता करना। **versification** सं० छन्द रचना, पद्य रचना। **versigier** सं० कवि, पद्यलेखक।

versed (vĕrst) [L. *versātus*, p.p. of *versārī*, to turn about, see VERSANT] वि० १. अभिज्ञ, कुशल, निपुण, अनुभवी (विषय व्यवसाय आदि में); २. उल्टा, विलोम, विपरीत।

verselet, verset, versicle etc. दे० VERSE।

versicolour, -coloured (vĕr' si kŭl' or, -ŏrd) [L. *versicolor* (*versi-*, *versāre*, to turn, COLOUR)] वि० १. रंग-विरंगा, अनेक रंगों वाला; २. प्रकाश में रंग बदलने वाला।

versify दे० VERSE।

version (vĕr' shŭn) [F., from med. L. *versiōnem*, nom. *-sio*, from *vertere*, to turn, p.p. *versus*] सं० १. अनूदित पुस्तक, अनुवाद; २. अनुवाद अंश (विशे० स्कूलों में अनुवाद शिक्षण के रूप में); ३. व्यक्तिगत दृष्टिकोण से विवरण; ४. ग्रन्थ के नमय गलत स्थिति के बच्चे को घुमाकर ठीक करना (जिससे पहले सिर बाहर आये), वर्त्तन, गर्भवर्तन* (आ० कृ० भी)। **versional** वि० अनुवाद संबंधी।

verso (vĕr' sō) [as prec.] सं० १. पुस्तक का बाँया पृष्ठ; २. सिक्के का विपरीत भाग।

verst (vĕrst) [Rus. *versta*] सं० वर्स्ट, लंबाई नापने का रूसी माप (३५०० फुट)।

vert[1] (vŭrt) [F., from L. *viridem*, nom. *-dis*, green] सं० (इति०, विधि०) जंगल की जीवित वनस्पति, पेड़-पौधा, उसको काटने का अधिकार, (कुल चिह्न विज्ञान) चमकदार हरा रंग।

vert[2] (vĕt)[*-vert*, in PERVERT or CONVERT] सं० (बोल०) धर्म परिवर्त्तक। क्रि० स० गिरजा परिवर्त्तन करना।

vertebra (vĕr' te brā) [L., from *vertere*, to turn] सं० (बहुव० **-brae**) रीढ़ की हड्डी का प्रत्येक टुकड़ा, पृष्ठ वर्शाय कशेरुका* (आ०, क्रु०, वि० १भी)। **vertebral** वि० पृष्ठ-वर्शाय संबंधी, कशेरुका* (आ०, वि० १ भी)। **vertebrally** क्रि० वि० पृष्ठ वर्शाय के रूप में। **vertebrate** वि० और सं० १ रीढ़धार प्राणी (विशे० मेरुदण्डीय विभाग का प्राणी जिसमें स्तनपायी पशु, चिड़ियाँ, सर्पादि मगर और मछलियाँ आते हैं)। २. कशेरुकी* (वि० १ भी) ३. पृष्ठवंशी* (आ० भी)। **vertebrated** वि० रीढ़ वाला। **vertebration** सं० रीढ़ की हड्डी के टुकड़ों की संरचना या विभाजन। **vertebro-** सामासिक रूप।

vertex (vĕr' tĕks) [L., whirlpool, summit, from *vertere*, to turn] सं० (बहुव० **-tices**) १. चरम बिंदु, चोटी, शिखर, शीर्ष* (आ० ह० ३, वि० १), २. (शारी०) शीर्ष, चाँद, अग्र, अग्रभाग; २. (रेखा गं०) त्रिभुज या बहुभुज का प्रत्येक कोटीय बिंदु या शिरोबिंदु। **~of an angle** कोणबिंदु, वह कोणीय बिंदु जहाँ रेखायें मिलती है।

vertical (vĕr' ti kăl) वि० और सं० १. चोटी का, शिखर का, शीर्ष का; २. उच्चक, सीधा खड़ा, ऊर्ध्वाधर, लंबवत्* (आ० १भी), ३. (शा०) उच्चकीय, शीर्ष संबंधी; ४. ऊर्ध्वाधर*, उदग्र*, खड़ा* (आ० १, वि० १ भी)। सं० खड़ी रेखा, उदग्र समतल, ऊर्ध्वाधर समतल, अनुलंब समतल, उद्वृत्त*/ ऊर्ध्वाधर रेखा (वि० १ भी), लम्ब* (आ० भी)। **~angles** सम्मुख कोण, आमने-सामने के कोण, शीर्ष कोण* (वि० १ भी)। **~circle** (वि० १) ऊर्ध्वाधर वृत्त*। **~fins** मछली के सिर और पूंछ के छिलके। **~plane** उदग्र समतल। **verticality, verticalness** सं० शीर्षता, उदग्रता, ऊर्ध्वधरता। **vertically** क्रि० वि० लम्ब रूप में, उदग्रता से।

verticil (vĕr' ti sil) [L. *verticillus*, dim. of VERTEX] सं० (बन०, प्राणि०) चक्रक, आवर्त्त, कोशमंडल, वलय। **verticillate, -lated** वि० मंडलाकार, वर्तुल, चक्रकी* (वि० १ भी)। **verticillately** क्रि० वि० मंडलाकार रूप में।

vertigo (vĕr' ti gō) [L., as VERTEX] सं० चक्कर, भ्रमि* (आ० भी), घुमनी, घूर्णन। **vertiginous** वि० चक्कर खाता हुआ। **vertiginously** वि० वि० चक्कर खाते हुये। **vertiginousness** सं० चक्कर, घूर्णन।

vertu दे० VIRTU।

vervain (ver' vān)[M.E. and O.F. *verveine*, L. VERBENA] सं० बरबेन, एक प्रकार का पौधा जिसमें नीले, उजले, और बैंगनी रंग के छोटे फूल लगते हैं (जिन्हें पहले तावीज के रूप में पहना जाता था)।

verve (vĕrv)[F., perh. from L. *verba*, words, see VERB] सं० ओजगुण, उत्साह, सजीवता, शक्ति (साहित्यिक या कलात्मक कृति में)।

vervet (vĕr' vĕt) [etym. doubtful] सं० बर्बेट, दक्षिण अफ्रीका का छोटा बंदर जिसे मदारी लोग पालते हैं।

very (ver' i)[M.E. *verai*, O.F. *verai* (F. *vrai*), L. *verax -ācis*, see VERACIOUS] वि० १. असली, वास्तविक, पूरा-पूरा, नितांत; २. वही, यही, बिल्कुल वही। क्रि० वि० १. पूर्णतया, एकदम, संपूर्ण रूप में; २. अति, अतिशय, अजीब, भारी, अत्यंत, अधिक, बहुत-बहुत ही। **~well** बहुत अच्छा, ठीक, अच्छा।

Very light (vār' i līt) [name of inventor] सं० (गुण०) (वेरी द्वारा आविष्कृत) फेंका जाने वाला प्रकाश का गोला जिसके द्वारा संकेत आदि के लिए युद्ध क्षेत्र में अस्थायी प्रकाश किया जाता है।

vesica (vē sī' kà) [L.] सं० (बहु० **-cae**) १. (शारी०) मूत्राशय*/ बस्ति* (आ० भी), वास्तिमूत्राधार कोष; २. अंडाकार-चिह्न जो मध्य-कालीन मूर्तिकला तथा चित्र कलादि में प्रकाश मंडल के रूप में बनाया जाता था। **vesical** (ves' i kăl) वि० मूत्राशय संबंधी; मूत्राशय* (आ० भी)। **vesicate** क्रि० स० फफोले उठा देना, छाले डाल देना। **vesicant, vesicatory** वि० छाले या फफोले उठाने वाला, जलस्फोट*/ स्फोटकर* (आ० भी)। **vesication** सं० छाले या फफोले डालने की प्रक्रिया। **vesicle** (ves'i kl) सं० १. छोटा कोष, फफोला, स्फोट, फोड़ा, २. (बन०) पुटिका* (आ०, वि० १ भी); ३. भ्रूणभ्रं०) स्फोटगर्त* (वि० १ भी), प्राणिज आशय* (वि० १ भी); ४. जालस्फोट* (आ० भी)। **vesico-** समास में प्रयुक्त रूप। **vesicocele** (ves' i kō sēl) -CELE सं० मूत्राशय-दोष। **vesicotomy** सं० मूत्राशय में छेद करने की प्रक्रिया। **vesicular** (vē sik' ū lăr), **-late, -liferous, -liform** (ve sik' ū li fòrm), **-lose, -lous** वि० कोठकी* (आ० भी), आशयकयुक्त। **vesiculation** सं० आशयक, विन्यास, स्फोटगर्त-भवन* (वि० १ भी)। **viesiculo-** vesicle का समास में प्रयुक्त रूप।

vesper (ves' pĕr) [L., cogn. with HESPER] सं० १. वीनस, शुक्र तारा, २. (काव्य०) संध्या, सायं, साँझ, (बहुव०) गिरजा में नायकालीन उपासना का समय; ३. सांध्योपासना

की घंटी। **Sicilian Vespers** सन् १२८३ में सिसली में फ्रांसीसियों का क़त्ले आम जो सांध्योपासन के समय आरंभ हुआ था। **vespertine** (ves' pər tin -tīn) वि० १. सायंकालीन, सांध्य, सायं का, शाम का; २. (वन०) शाम को खिलने वाला फूल; ३. (प्राणि०) सायंकाल में उडने वाला; ४. (वणि० ज्यो०) सूर्यास्त के समय क्षितिज अभिमुख होने वाला।

vespiary (ves' pi ā ri) [from L. *vespa*, wasp, after APIARY] सं० भिडों या बर्र का छत्ता। **vespiform** वि० भिड की तरह, बर्राकार। **vespine** वि० भिड़ का, बर्र का, बर्रे संबंधी।

vessel (ves' el) [A.-F., from O.F. *vaissel* (F. *vaisseau*), L. *vascellum*, dim. of VAS] सं० १. बर्तन* (मा० १ भी), बासन, पात्र (जैसे पीपा, प्याला, बोतल, थाली आदि); २. जहाज*/पोत* (मा० १ भी), जलयान; नैया, किश्ती (बड़ी); ३. ४. (शारी०) नलिका, संवाहिनी, धमनी; ५. (बाइबिल, विशे० हास) प्रायः या प्रबलक व्यक्ति। **weaker** ~ नारी, स्त्री। **vesselful** सं० बर्तन भर, पात्र भर, जहाज भर।

vest (vest) [L. *vestis*, garment, cogn. with Gr. *esthēs*, clothing, Sansk. *vas*, to put on, and Eng. WEAR] सं० १. (कुर्ता०) वास्कट, वेस्टकोट, फतुही, सदरी; २. बनियाइन (under~ भी); ३. परिधान जिसका अगला भाग V आकृति का होता है। क्रि० स० और अ. १. विहित करना, सौंपना (व्यक्ति को अधिकार, सत्ता, संपत्ति आदि); २. हवाले करना, विधिपूर्वक देना; ३. (काव्य०) पहनाना, सज्जित करना, वस्त्राभूषित करना। **vested** वि० निहित, स्थित, निक्षिप्त। **~rights, interests, estate** कभी भी रद्द न होने वाला अधिकार। **vesting** सं० वास्कट या फतुही का कपड़ा। **vestiture** सं० (प्राणि०) केश, बाल, धर्मरोमक, बरातल को ढकने वाली चीज।

Vesta (ves' tā) [L., cogn. with Gr. *Hestia*] सं० १. (रोम० पुराण) वेस्ता, रोमन गृह-देवी, अन्न देवी; २. (वणि० ज्यो०) एक उपग्रह, एक छोटा नक्षत्र, पतली लकड़ी अथवा लाख या मोम की बनाई हुई दियासलाई विशेष (wax ~ भी)। **vestal** वि० वेस्ता का, वेस्ता संबंधी, वेस्ता को समर्पित कुमारियों का। सं० (~virgin) वेस्ता को समर्पित कुमारिया, सती, साध्वी, मिलुणी, संन्यासिनी।

vestibule (ves' ti būl) [L. *vestibulum*, etym. doubtful] सं० १. द्वयोढ़ी, अलिंद, दलान, दहलीज; २. चर्च का द्वारमंडप, बरसाती; ३. (शा०) कोटर (विशेषतः कान का), अर्धमंडप*/अंतराली*/ गलियारा* (मा० १ भी)। **vestibular, -late** वि० कर्णकोटर संबंधी। **vestibuled** वि० द्वयोढ़ीदार, दहलीज-दार।

vestige (ves' tij) [F., from L. *vestigium*, footstep, etym. doubtful] सं० १. पदांक, पदचिह्न (अब केवल ला०); २. चिह्न, अंक, लक्षण, संकेत, निशान; ३. (शिथिल०) लेश, कण, ४. (जीव०) वंशक्रम से विकसित अंग जिनका अब विशेष उपयोग न हो (अंश अथवा इन्द्रिय आदि), अवशेषक; ५. अवशेष (आ०, वि० १ भी)। **vestigial, vestigiary** वि० पदचिह्न संबंधी, लेश संबंधी, अवशेषी*/ अवरोधी* (आ०, वि० १ भी)।

vestiture दे० VEST।

vestment (vest' ment) [M.E. *vestiment*, O.F. *vestement*, L. *vestimentum*, from *vestire*, to clothe, from *vestis*, see VEST] सं० १. राजकीय अथवा आधिकारिक पहिनावा, पोशाक, पादरियों का परिधान, पूजा वस्त्र; २. वेदी वस्त्र।

vestry (ves' tri) [O.F. *vestiarie*, L. *vestiārium*, wardrobe, neut. of *vestiārius*, VESTIARY] सं० १. गिरजाघर का वह कक्ष जहाँ पोशाकें रक्खी और पहनी जाती हैं; २. मुख्य गिरजाघर से सटा हुआ छोटा सा कक्ष जहाँ प्रार्थना बैठकें होती हैं; ३. पादरियों के हल्के के सदस्य करदाता; ४. (select ~ भी) करदाताओं के प्रतिनिधि; ५. इनकी बैठकों के लिये प्रयुक्त। **vestral** वि० कक्ष, उक्तकक्ष संबंधी। **vestrydom** सं० पादरियों के हल्के के प्रतिनिधियों का (भ्रष्ट, अयोग्य) शासन।

vesture (ves' tyür) [O.F. *vesteure*, late L. *vestītūra*, VESTITURE] सं० १. (काव्य० आलं०) वस्त्र, परिधान, वेषभूषा, पोशाक, लिबास। क्रि० स० कपड़ा पहनाना, वस्त्रों से सज्जित करना। **vesturer** सं० १. गिरजे का पूजन वस्त्र का अधिकारी; २. गिरजे का उपकोषाध्यक्ष, छोटा खजांची।

Vesuvian (vē sū' vi ăn) वि० विसूवियस संबंधी, ज्वालामुखी। सं० १. वेसुवियन, एक प्रकार की बड़ी दियासिलाई; २. विसूवियस में पाया जाने वाला हरे अथवा बादामी रंग का पदार्थ विशेष।

vet (vet) [VETERINARY] सं० (बोल०) पशु चिकित्सक।

vetch (vech) [M.E. and O.North. F. *veche*, O.F. *vece*, L. *vicia*] सं० बेचं* (क्र० भी), एक छीमीदार पौधा जो चारे आदि के लिये व्यवहृत होता है। **vetchling** सं० बेचलिंग, बेच की तरह का पौधा। **vetchy** वि० घास पात से भरा।

veteran (vet' er ăn) [L. *veterānus*, from *vetus -teris*, old] वि० १. अत्यन्त अनुभवी, कुशल, दक्ष, निपुण। सं० (सयुक्त राज्य अमरीका) भूतपूर्व कर्मचारी। **veteranize** क्रि० स० अनुभवी बनाना, निपुण करना, दक्ष करना, कुशल बनाना।

veterinary (vet' ĕr i nār i) [L. *veterinārius*, from *vetrina bestiæ*, beasts of burden, perh. from *vetus -teris*, see prec.] वि० १. पालतू जानवरों की चिकित्सा संबंधी। सं० पशुचिकित्सा* (क्र० भी)/ पशुचिकित्सक (संक्षि० रूप Vet)। **veterinarian** सं० पशुचिकित्सक।

veto (vē' tō) [L., I forbid] सं० १. निषेधाधिकार*/वीटो* (प्र०, मा० १ भी), अधिपति, राष्ट्रपति, राज्यपाल तथा संसद आदि का किसी अधिनियम को निषेध करने का वैधानिक अधिकार, २. निषेध-पत्र, निषेध* (मा० १ भी)। क्रि० स० १ निषेध जारी करना (किसी बिल आदि के विरुद्ध), २. अधिकृत रूप से मना कर देना। **suspensive, suspensory** ~ किसी भी अधिनियम का स्थगन करने वाला निषेधाधिकार। **vetoist** (vē' tō ist) सं० निषेधाधिकारी।

vex (veks) [F. *vexer*, L. *vexāre*] क्रि० स० १. विक्षाना, चिढ़ाना, कुपित करना, क्रुद्ध करना; २. उद्विग्न करना, परेशान करना, बेचैन करना। **vexation** सं० १. क्षोभ, परेशानी, चिढ़ाना, कुपित करना, २. छोटी-छोटी बातों पर मुकदमा लड़कर परेशान करना, ३. उद्विग्नता, परेशानी। **vexatious** वि० विक्षाने वाला, उद्वेगकर। **vexatiously** क्रि० वि० क्षोभ सहित, उद्विग्न होकर। **vexatiousness** सं० क्षोभ, उद्विग्नता, परेशानी। **vexedly** (vek' sĕd li) क्रि० वि० क्षोभकर, तंग होकर। **vexingly** क्रि० वि० विक्षाते हुए।

vexillum (vek sil' ŭm) [L., from *vehere*, see VETTURA] सं० १. (प्राची० रोम) सैनिक निशान, पताका (विशे० उस टुकड़ी का जिसमें ३००० से ६००० तक फौज रहती है); २. ऐसे ध्वज वाले सैनिकों की टुकड़ी; ३. एक विशेष फूल की बड़ी पंखुरी;

४. पादरी के वस्त्र के ऊपर या चारों ओर लपेटा हुआ झंडा; ५. जुलूस का ध्वज या निशान अथवा क्रॉस पर की बनावट; ६. (बन०) ध्वज* (वि० १ भी), ७, (प्राणि०) पिच्छ-फलक (वि० १ भी)। **vexillar, -late, -lary** वि० ध्वज या निशान संबंधी, पताका संबंधी।

viable (vī' ăbl) [F. *vie*, life] वि० १. जीवित रहने में समर्थ, जीवितक्षम, जीवनक्षम* (आ० मा० १, २, वि० १ भी); २. (पौधा, पशु आदि) विशेष जलवायु में पनप सकने योग्य; ३. (बीज) उग सकने योग्य, अंकुरणक्षम* (कु० भी)। **viability** सं० जीवित-क्षमता, जीवन योग्यता, जीवन-क्षमता* (आ० भी), अंकुर-क्षमता* (कु० भी)।

viaduct (vī' ă dŭkt) [L. *via ducta* (VIA, ducta, fem. p.p. *dūcere.*, to lead, to conduct)] सं० १. मेहराबदार पुल जिस पर घाटी या खड्ड पर से सड़क या रेल की पटरी निकाली जाय; २. ऐसी सड़क या रेल-पथ, (ई० ३) मार्ग सेतु*/ घाटी सेतु*।

vial (vī' ăl) [O.F. *viole*, *fiole*, L. *phiala*, PHIAL] सं० शीशी, बोतल। **pour out vials of wrath** १. बदला लेना, क्रोध प्रकट करना, २. क्रोध में बरसना। **vialful** वि० बोतल भर, शीशी भर, कुपिका भर।

viameter (vī ăm' ē tĕr) [VIA, -METER] सं० चक्कर मापी, ओडोमीटर।

viand (vī' ănd) [F. *mande*, L. *vivenda*, things to live on, provisions, neut. pl. ger. of *vivere*, to live] सं० (प्राय: बहु० में) खाद्य सामग्रियां, रसद।

viaticum (vi ăt' i kŭm) [L., from VIA] सं० १. (प्राचीन रोम०) सरकारी अधिकारी को दिया गया यात्रा-खर्च, २. मरते हुए व्यक्ति को दी जाने वाली स्मारक-रोटी; ३. चल बैदी, सुवाह्य बेदी।

vibraculum (vi brăk' ū lŭm) [mod. L., as foll.] सं० (बहु० -la) १. जानवरों का रोयेंदार तितिम्मा जिसके द्वारा वह भोजन अपने पास खींच लेता है; २. (वि० १) कशाभवर्ष*। **vibracular** वि० तितिम्मेदार।

vibrant (vī' brănt) वि० १. दोलनशील, हिलने-डोलने वाला; २. दोलायमान, स्पंदनशील; ३. (आवाज के लिए) गूंजायमान, अनुनादित।

vibrate (vī' brāt, vi brāt') [L. *vibrātus*, p.p. of *vibrāre*, to shake, to brandish] क्रि० अ० और स० १. दोलायमान होना, हिलना-डुलना; २. (आवाज का) अनुनादित होना, गूंजायमान होना, ३. (भौतिकी) आंदोलित होना, प्रदोलित होना; ४. कांपना, थरथराना, स्पंदित होना (उद्वेग के कारण); ५. (पेण्डुलम का) दोलित होकर लेकिंडों का मापना। **vibratile** (vī' brā til, -til) वि० दोलनशील, स्पंदनशील। **vibratility** सं० दोलनशीलता, स्पंदनशीलता। **vibrative** (vī' brā tiv), **vibratory** वि० कम्पायमान, दोलायमान, आंदोलित होने वाला।

vibration (vī brā' shŭn) सं० १. कंपन* (ई० ३, मा० २, वि० १ भी), स्पंदन, प्रदोलन; २. (भौति०) कंपन। **amplitude of ~** कंपन का आयाम, कंपन विस्तार या विस्तृततम कंपन। **forced ~** प्रभावित कंपन, प्रभावित कंपन* (वि० १ भी)। **free ~** मुक्त कंपन* (वि० १ भी), कंपन जिसका काल बाह्य शक्तियों द्वारा परिवर्तित नहीं होता है। **vibrational** वि० १. स्पंदनात्मक, प्रदोलनात्मक; २. (भौति०) कांपनिक, कम्पन करता हुआ। **vibrationcle** सं० हल्का कंपन या प्रदोलन।

vibrator (vī' brā' tŏr) सं० १. कंपायमान या थरथराता हुआ व्यक्ति या पदार्थ, (विशे० बिजली, टेलीग्राफी) कंपनशील भाग; २. (संगी०) अरगन आदि का कंपनशील फलक; ३. (मुद्रण) स्याही देने का कंपनशील और गतिशील बेलन; ४. (चिकि०) बिजली का या अन्य अगमदर्श आंजार, कंपित्र*/ कम्पक* (आ०, ई० २, ३, वि० १ भी)।

vibrissa (vi bris' ă) [L., hair in the nostril, as prec.] स० (बहुव०-sae) १. प्राय: सभी स्तनपायी जानवरों के मुंह के आसपास उगने वाले कड़े, रूखड़े बाल और मनुष्य की नाक के केश; २. दृढ़ रोम* (वि० १ भी), नासारोम* (आ० भी); ३. चिड़ियों के मुंह के आसपास की कड़ी पांखें।

vibroscope (vī' brō skōp) [-SCOPE] सं० कंपन मापक यंत्र।

viburnum (vī bĕr' nŭm) [L.] स० विबरनम, मधु या शहद देने वाली फलों की झाड़ी विशेष।

vic स० (ग्रा०) हवाई जहाज की (v) की आकार की बनावट।

vicar (vik' ăr) [O.F. *vicaire*, L. *vicārius*, orig. a.,deputed, from *vic-*, see VICE-] सं० विकार, गिरजे का पादरी (तुल० RECTOR)। **Vicar of Bray** व्यवस्थित धर्म त्यागी व्यक्ति (१७वीं शताब्दी के काव्य के प्रसंग में)। **Vicar of (Jesus) Christ** पोप। **~apostolic** धर्म प्रचारक मंडल का प्रधान पादरी या विशप। **~choral** पादरी या साधारण सहायक जो किसी गिरजे के प्रार्थना के पद सहायक रूप में गाता है। **~forane** विशप द्वारा नियुक्त स्थानीय अधिकार क्षेत्र का उपपादरी या सहायक धर्माधिकारी। **~general** (रोमन कैथोलिक चर्च) विशप का सहायक जो अधिकार क्षेत्र आदि से संबद्ध रहता है। **vicarage** सं० विकार का पेशा, निवास। **vicarial** (vi kâr' i ăl) वि० विकार का, उसका काम करने वाला। **vicariate** सं० धर्म प्रचारक मंडल के प्रधान विशप का पद। वि० उक्त पद के अधिकार से युक्त।

vicarious (vi kâr' i us) वि० १. उपनियुक्त, प्रत्यधिकृत; २. पदाधिकृत, दूसरे की जगह काम करने वाला, ३. उत्तमर्गी* (आ० भी); ४. प्रतिस्थानिक* (मा० २ भी)। **vicariously** क्रि० वि० उपनियुक्त रूप में, प्रत्यधिकृत रूप में। **vicariousness** सं० उपनियुक्ति, प्रत्यधिकृतत्व।

vice[1] (vis) [F., from L. *vitium*] सं० १. दुर्गुण* (मा० २ भी), बुराई, बदी या पाप, (विशे०) पापाचार, दुराचार, भ्रष्टता, दुर्व्यसन*/ व्यसन* (मा० ३ भी), व्यभिचार; २. (चरित्र, साहित्यिक शैली आदि का) दोष, खोटापन, धब्बा, कलंक; ३. घोड़े का ऐब या दुर्गुण आदि; ४. (अब विरल) शारीरिक प्रक्रिया की विकृति, ५. भोंड़, मसखरा।

vice[2] (vis) [M.E., spiral staircase, F. *vis*, screw, L. *vitis*, vine] सं० १. बाँक*/ शिकजा* (ई० १, वि० १ भी), जकड़ कर पकड़ रखने का औजार, वाइस* (ई० १, वि० १ भी)। क्रि० स० बाँक में कसना, शिकंजे में दबाना या पकड़ना (ला० भी)। **bench ~** बेंच में (जैसे बढ़ई आदि के) लगा बाक या शिकजा।

vice[3] (vī' sē) [as VICE-] उप० 'स्थान पर' 'बदले में' 'प्रतिनिधि रूप में' (जैसे gazetted as captain ~captain Jones promoted)।

vice[4] (vĕs) सं० (डोल०) VICE-PRESIDENT,-CHAIRMAN आदि का संक्षिप्त रूप।

vice- [L., abl. from gen. *vicis*, change, alteration (nom. sing. does not occur)] उप० (प्र०) 'प्रतिनिधि'*, सहकारी, सहायक के अर्थ में। **~admiral** वाइस एडमिरल, तृतीय श्रेणी का एडमिरल। **~admiralty** वाइस एडमिरल का पद और कार्यालय।

~admiralty courts ब्रिटिश उपनिवेशों में वाइस एडमिरल का न्यायाधिकरण या न्यायालय। **~-chamberlain** (विशे०) राजभवन का उप-गृहप्रबंधक। **~chancellor** उपकुलपति* (विश्वविद्यालय) (प्र० भी)। **~consul** वाइस कौंसुल। **~-king** वायसराय। **vice-dean** (विश्वविद्यालय का) सहायक डीन। **~queen** (विरल) महिला वाइसराय, वाइसराय की पत्नी। **~regal** वि० वाइसराय संबंधी। **~reine** वाइसराय की पत्नी।

vicegerent (vis ge' rènt), (often incorr. called "vicere-gent") [F. (*L. gerens -ntem*, pres. p. of *gerere*, to carry on)] वि० और सं० उपनियुक्ति प्राप्त डिप्टी या सहायक (व्यक्ति) (जैसे regard the pope as God's ~)। **vicegerency** सं० उपनियुक्ति, सहायकत्व, डिप्टीगीरी।

vicennial (vi sen' i ăl) [L. *annus*, year] वि० बीस साला, बीसवर्षीय, बीसवर्षी, बीस वर्षों तक रहने या होने वाला।

viceroy (vis' roi) [VICE-, F. *roi*, king] सं० वाइसराय* (प्र० १ भी)। **viceroyal** वि० बड़े लाट या वायसराय संबंधी। **viceroyalty, viceroyship** सं० वायसराय का पद या कार्यालय।

Vichy (vē' shi) सं० एक प्रकार का सोडा (खनिज पदार्थ युक्त जल)।

vicinage (vis' i năj) [F. *voisinage*, from *voisin*, L. *vicinus*, neighbouring, from *vicus*, village, street (assim. to L.)] सं० १. पड़ोस, पास-पड़ोस, पड़ोसी प्रदेश; २. पड़ोसीगण, पड़ोसभाव, पास-पड़ोस का संबंध। **vicinity** (vi sin' i ti) सं० १. पड़ोस, अगल-बगल के प्रदेश या जिले, निकटता, नजदीकी, समीपता (to के साथ प्रयुक्त), २. घनिष्ठता, निकट संबंध (to के साथ प्रयुक्त)।

vicious (vish' ius) [F. *vicieux*, L. *vitiosus*, from *vitium*, VICE¹] वि० १. बद, बुरा, दूषित, पापासक्त, २. कुकर्मी, दुर्वृत्त, दुश्चरित्र, चरित्रभ्रष्ट, ऐबी (घोड़ा आदि); ३. (भाषा, तर्क आदि) मिथ्या, अयथार्थ, त्रुटिपूर्ण, छिछला, दोषपूर्ण, ४. बदमिजाज, असंतुलित चित्त, विद्वेषपूर्ण। **viciously** क्रि० वि० १. दुष्टतापूर्वक, दुष्ट भाव से, पापवृत्ति से; २. पापेच्छा से, चरित्रभ्रष्टता से; ३. दोष के साथ (भाषा, तर्क आदि); ४. बदमिजाजी के साथ। **viciousness** सं० १. अवर्म, दुराचारिता, दुराचरण, दुश्चरित्रता; २. (भाषा, तर्क आदि का) थोथापन, अयथार्थता; ३. बदमिजाजी।

vicissitude (vi-, vi sis' i tūd) [L. *vicissitūdo -dinis*, from *vicissim*, by turns, as VICE²] सं० १. भाग्य परिवर्तन, विपर्यय, उलटफेर; २. (अप्र० काव्य०) नियमित परिवर्तन, हेर-फेर या घुमाव-फिराव। **vicissitudinary, -dinous** वि० १. परिवर्तनशील, विपर्ययशील; २. नियमित परिवर्तनशील।

victim (vik' tim) [F. *victime*, L. *victima*, cogn. with Goth. *weihan*, to consecrate, *weihs*, holy] सं० १. बलि, २. कष्ट या नुकसान उठाने वाला; ३. शिकार। **victimize** क्रि० स० १. ठगना, मूँड़ना, शिकार बनाना, अपने स्वार्थ-साधन में किसी को क्षति पहुँचाना; २. (श्रमिक संघ) ताक में दम करना, कार्यमुक्ति आदि का (मुखिया को) शिकार बनाना। **victimization** सं० बलिदान, ठुकवाँई, शिकार बनाने या बनने की स्थिति, शिकार बनाना* (प्र० ३ भी)।

victor (vik' tor) [L., from *vict-*, p.p. stem of *vincere*, to conquer] सं० (अल०) विजयी, विजेता* (प्र० १ भी), फतह करने वाला (गुणवाचक भी)। **victress** सं० विजयिनी, जीतने वाली, फतह करने वाली या मैदान मारने वाली।

victoria (vik tōr' i ă) [Queen *Victoria* (1819-1837-1901), L., victory, as prec.] सं० १. चार पहियों की गाड़ी; २. एक प्रकार की बड़ी कबूतरिनी; ३. पालतू कबूतरों की जातियाँ। **Victoria Cross** (संक्षे० v.c.) असामान्य वीरता के लिए दिया जाने वाला इंग्लैण्ड का पदक (जिसका प्रारंभ १८५६ में महारानी विक्टोरिया ने किया था)। **Victorian** (vik tōr' i ăn) वि० और सं० विक्टोरिया कालीन, विक्टोरियन युगीन (व्यक्ति, विशे० लेखक)। **Royal ~Order** विक्टोरियन आर्डर, एक सम्मान जो सर्वसम्पन्न सेवा की पूर्ण सेवा के लिए रानी विक्टोरिया ने १८९६ में देना प्रारंभ किया था।

victorine (vik tō rēn') [fem. name] सं० (प्रति०) स्त्रियों का रोयेंदार दुपट्टा जिसके छोर लंबे किंतु सकुचित होते हैं।

victorious (vik tōr' i ŭs) वि० १. विजयी, विजेता, २. विजय-विजय का, विजय संबंधी। **victoriously** क्रि० वि० सविजय, विजय-पूर्वक, जीत के साथ। **victoriousness** सं० जय, जीत, विजय।

victory (vik' to ri) [M.E. and O.F. *victorie*, L. *victoria*, as VICTOR] सं० जीत, जय, विजय, विजयलक्ष्मी, विजयश्री।

victress दे० VICTOR।

victual (vit' ĕl) [M.E. and O.F. *vitaille*, L. *victuālia*, neut. pl. of *victuālis*, pertaining, to nourishment from *victus*, food, from *vivere*, to live] सं० (प्राय: बहु०) खाद्य सामग्री, रसद, अन्न सामग्री। क्रि० स० और अ० रसद पहुँचाना, खाद्य सामग्री एकत्र करना, खाना खाना या भोज्य-सामग्री भक्षण करना। **victualler** (vit' ler) सं० १. रसद बेचने वाला (विशे० licensed ~ अनुज्ञप्तिधारी शराब आदि का विक्रेता); २. दूसरे जहाजों के लिए रसद ढोने वाला जहाज। **victualless** वि० बिना रसद का, अन्न सामग्री विहीन। **victualling** सं० victual के क्रियागत अर्थों में। **~-bill** रसदनामा, इकरारी सामान को जहाज तक पहुँचाने का सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा दिया जाने वाला अभिपत्र। **~-note** (नौ० वि०) जहाज के स्टीवर्ड का प्राधिकृत रूप में नाविकों या जहाजियों को रसद देने का आदेश। **~-department,-office** रसद संबन्धी दफ्तर। **~-yard** रसदखाना।

vicugna, vicunia (vi koo' nyă) [Sp., from Peruvian, *vicuña*] सं० विकून्या, दक्षिणी अमेरिका का ऊँट सदृश स्तनपायी जानवर जिसका शिकार उसके मांस तथा ऊन के लिए होता है। **~wool** (या०) कई और ऊन का फेंट या मिश्रण, विकून्या का ऊन भी।

vidette दे० VEDETTE।

vie (vi) [M.E. *vien*, shortened from *envien*, O.F. *envier* L. *invitāre*, to INVITE] क्रि० अ० (vying) श्रेष्ठता या उत्कृष्टता के लिए प्रवास या संघर्ष करना, प्रतिद्वन्द्विता या प्रतियोगिता जारी रखना, होड़ लगाना।

Viennese (vi e nēz') वि० और सं० (बहु० वही) वियना के (निवासी)।

view (vū) [A.-F., from O.F. *veue*, fem. of *veu*, p.p. of *voir*, L. *vidēre*, to see] सं० १. अवलोकन, पर्यवेक्षण, (विधि) मुआइना*/निरीक्षण*; २. नजर, दृष्टि, निगाह, दीक्षणशक्ति, दृष्टिसीमा; ३. दृश्य* (प्र० भी), (दृश्य का निरूपण करने वाली) तस्वीर आदि; ४ मानसिक दृष्टिकोण; दृष्टिकोण; ५. अभिप्राय, उद्देश्य, इरादा आशय। क्रि० स० १. देखना, निरीक्षण करना; २. ध्यान में रखना, विचार करना, मन ही मन राय कायम करना या फैसला कर लेना। **in ~** की विचार या ख्याल से, देखते हुए, (अधि०) मतलब या अभिप्राय से। **on ~** प्रदर्शनार्थ, सार्वजनिक निरीक्षण के लिए। **to the ~** खुले तौर पर, खुल्लमखुल्ला, सार्वजनिक रूप में।

with a ~to, with the ~of, (अशि०) **with a ~of** १. अभिप्राय से, प्रयोजन या उद्देश्य से; २. पाने की आशा में; ३. इस पर नज़र रखते हुए। **~finder** कैमरे का दृष्टिक्षेत्र दिखाने वाला हिस्सा; दृश्यदर्शी* (वि० १ भी)। **~halloo** लोमड़ी को आड़ से निकलते देखकर शिकारियों द्वारा की जाने वाली आवाज़। **viewable** वि० दृष्टिगोचर; दृश्यमान, दिखाई पड़ने वाला। **viewer** सं० निरीक्षक, दर्शक, पर्यवेक्षक (विशे० टेलीविजन रिसीवर का उपयोग करने वाला व्यक्ति)। **viewless** वि० (काव्य०, अलं०) अदृश्य, अगोचर। **viewy** वि० (बोल०) सनकी, झक्की, धुनी या दीवाना। **viewiness** सं० सनकीपन, झक्कीपन, धुन।

vigil (vij' il) [F. *vigile*, L. *vigilia*, from *vigil*, awake, from *vigère*, to be lively] सं० १. रतजगा, जागरण, जागरूकता (जैसे keep ~); २. (प्रा० बहु०) रात्रि-पूजा, नैश-पूजन, रात्रि की उपासना; ३. किसी उत्सव का पूर्वदिन या पूर्वसंध्या (विशे० व्रत की संध्या)। **vigilance** सं० १. सतर्कता* (मा० १ भी) या जागरूकता, चौकसी* (मा० १ भी) या खबरदारी, सजगता; २. (चिकि०) अनिद्रा, अनिद्रा रोग। **~committee** शांति या सुरक्षा व्यवस्थापक समिति। **vigilante** (vij i lăn' tē) सं० शांति या सुरक्षा व्यवस्थापक समिति का सदस्य।

vigilant (vij' i lănt) वि० सतर्क, चौकस, जागरूक, सचेत। **vigilantly** क्रि० वि० सतर्कता से, जागरूकता से, चौकसी के साथ, सावधानी से।

vignette (vin yet') [F., dim. of *vigne*, VINE] सं० १. (वास्तु०) गुलकारी, झा.ड़-बूटा, बेलबूटा; २. पाण्डुलिपि के मोटे अक्षरों को चारों ओर से सजाने वाली अलंकारिक रेखा या बेल आदि; ३. पुस्तक के आवरण पर निर्मित रेखा-चित्र आदि जो किनारी से घिरा न हो; ४. केवल सिर और कंधे तक का चित्र जिसमें शेष छायांकन या रेखांकित हों; ५. (ला०) चरित्र-चित्रण। क्रि० स० इस शैली में (व्यक्ति का) चित्र उतारना, इस तरह (चित्र का) छायांकित या रेखांकित करना। **vignetter, vignettist** सं० इस शैली का चित्रकार।

vigour (vig' ŏr) [O.F. *vigur, vigor*, L. *vigôrem*, nom. *-or*, from *vigère*, to be lively] सं० १. शक्ति, तेज, सत्व, २. विकासोन्मुख या उन्नतिशील शारीरिक स्थिति; ३. ओज* (विज्ञान भी), ऊर्ज, जीवनशक्ति; ४. ओजस्विता, तेजस्विता, मर्मस्पर्शिता, प्राण-संचारण। **vigourless** वि० १. अशक्त, निस्तेज; २. अस्वस्थ, निर्जीव; ३. प्रभावहीन, अनुत्साही। **vigorous** वि० १. शक्तिमान, तेजस्वी; २. स्वस्थ, जीवनशक्ति-पूर्ण; ३. ओजस्वी, मर्मस्पर्शी, ऊर्जस्वी, हृदय को छूने वाला। **vigorously** क्रि० वि० १. शक्तिपूर्वक, तेजस्वितापूर्वक; २. जीवनशक्ति के साथ, पौरुषता से; ३. ओजस्वितापूर्वक, मर्मस्पर्शी ढंग से। **vigorousness** सं० १. शक्ति-सम्पन्नता, तेजस्विता; २. प्रभावपूर्णता, मर्मस्पर्शिता, ओजोस्फोपन, ओजस्विता।

viking (vī' king, vik' ing) [Icel. *vikingr* (prob. *vig*, war, cogn. with *vincere*, to conquer, *-ING*)] सं० आठवीं से दसवीं शताब्दी के बीच का उत्तर सागर का समुद्री डाकू या लुटेरा। **vikingism** सं० जलदस्युवाद, इन डाकुओं के तौर-तरीके।

Vilayet (vil á yet') [Turk.] सं० विलायत, तुर्की साम्राज्य का एक प्रदेश।

vile (vil) [M.E. and O.F. *vil*, L. *vilis*, cheap, base] वि० १. निकम्मा, नीच, पतित, अधम; २. घृणित, लज्जाजनक; ३. (बोल०) खराब, घृणित वस्तु। **vilely** क्रि० वि० निकम्मेपन से, घृणित ढंग से, लज्जाजनक रूप में। **vileness** सं० १. निकम्मापन, अधमता; २. नीचता, हेयता, क्षुद्रता।

vilify (vil' i fī) क्रि० स० १. बदनाम करना, निंदा करना, क्षुब्धन या तौहमत लगाना, अपयश फैलाना; २. (विरल) पवच्युत करना, नीचे गिराना। **vilification** सं० निंदा, बदनामी, तौहमत। **vilifier** सं० निंदक, अपयादक, निंदा या बदनामी करने वाला व्यक्ति।

villipend (vil' i pend) [L. *vilipendere* (VILE, L. *pendere*, to weigh)] क्रि० स० (साहित्यिक) तिरस्कार करना या अपमानजनक व्यवहार करना, तुच्छ समझना।

villa (vil' á) [L., farm-house, from *vicus*, village] सं० १. ग्राम-निवास-गृह, ग्रामस्थित बँगला या आवास; २. किसी उपनगर में अलग स्थित मकान; ३. निलय* (वि० १ भी)। **villadom** सं० ग्राम्यसमाज, ग्रामीण समाज, ग्राम मंडली।

village (vil' áj) [F., from L. *villâticus*, pertaining to a VILLA] सं० देहात, ग्राम*/गांव* (विधि भी)। **villager** सं० देहाती, ग्रामीण, ग्रामवासी (विशे० देहातीपन या गँवारूपन के अर्थ में)।

villain (vil' án) [O.F. and M.E. *vilein*, servile, base, from late L. *villânus*, a farm-servant, as VILLA] सं० १. खल, पाजी, दुर्जन, दुष्ट, शठ; २. (इति०, villein भी) वि० और सं० पट्टेदार खेतिहर अथवा आसामी। वि० दुजन या दुष्ट का या उसके द्वारा किया हुआ। **villainage** सं० पट्टेदार खेतिहरों या आसामियों की जागीर। **villainous** वि० अधम, नीच, घृणित, (बोल०) निहायत रद्दी, घृणित रूप से, बुरा। **villainously** क्रि० वि० अधमतापूर्वक, नीचतापूर्वक, घृणित ढंग से। **villainousness** सं० दुष्टता, अधमता, नीचता, कमीनापन। **villainy** सं० दुष्टकर्म, अधमकार्य, अधन्यकर्म, पाजीपन का काम।

villein विo और सं० कृषिदास* (मध्ययुगीन यूरोप) (मा० १ भी)।

villus (vil' ŭs) [L., shaggy hair] सं० (बहु० **-li** १. (बन०, बहुध०) दोघरोम, फल-फूलों आदि के ऊपरी लंबे कोमल रेशे; २. (प्राणि०) उद्वर्ध* (वि० १ भी); ३. अंकुर* (आ० भी); ४. आन्त्रांकुर* (कृ० भी)। **villiform, -oid** वि० १. रेशा-कुटाकार; २. लंबा रेशानुमा। **villose, villous** वि० १. रेशा-कुर संबंधी; २. रोमेदार, रेशेदार। **villosity** सं० १. रेशांकुरत्व, २. रेशेदारपन।

vim (vim) [L., acc. of VIS] सं० (बोल०) शक्ति, ओज, तेजस्विता।

viminal (vim' i nál) [L. *viminâlis*, from *vimen -minis*, twig, from *viére*, to twist] वि० (बन०) टहनी संबंधी, टहनी की उत्पत्ति करने वाला। **vimineous** (vi min' é ŭs) वि० टहनीदार।

vinaceous (vi-, vi nā' shŭs) [L. *vinâceus*, from *vinum*, wine] वि० १. अंगूर या शराब संबंधी; २. शराब के समान लाल।

vinaigrette (vin á gret') [F., dim. of *vinaigre*, VINEGAR] सं० १. सुगंधित सिरका आदि की बोतल; २. सुगंधित बोतल।

vincible (vin' si bĕl) [L. *vincibilis*, from *vincere*, to conquer] वि० (विरल) जेय, जीतने योग्य।

vinculum (ving' kū lŭm) [L., a bond, from *vincire*, to bind] सं० (बहु० **-la**) (गणि०) रेखा बंधनी, रेखा कोष्ठक, बन्धनी* (आ० भी)।

---

vindicate (vin' di kāt) [L. *vindicātus*, p.p. of *vindicāre* (VIM or *vēnum*, favour, *dicāre*, to assert, from *dicere*, to say)] क्रि० स० १. सफलतापूर्वक पक्ष प्रतिपादन करना, पुष्टि या समर्थन करना; २. गुण प्रमाणित करना, सत्ता स्थिर करना, (किसी के चरित्र को) निर्दोष साबित करना, न्यायसंगत सिद्ध करना, अपवाद को निर्मूल साबित करना। **vindicable** वि० प्रामाण्य, प्रतिपाद्य, प्रमाणित या पुष्टि करने योग्य। **vindicability** सं० समर्थनीयता, प्रतिपाद्यता, प्रामाण्यता। **vindication** सं० १. समर्थन, प्रतिपादन; २. अपवाद का निर्मूलन। **vindicative** (vin' di kā tiv) वि० समर्थनकारी, समर्थनशील। **vindicator** सं० प्रतिपादक, पुष्टिकारक, समर्थक, प्रमाणित करने वाला। **vindicatress** सं० समर्थिका, प्रतिपादिका। **vindicatory** वि० १. समर्थनशील, समर्थनकारी; २. (विधि) दांडिक या दंडात्मक।

vindictive (vin dik' tiv) [shortened from VINDICATIVE, see prec., from conf. with L. *vindicta*, revenge] वि० प्रतिकारशील, प्रतिहिंसात्मक, कोषप्रेरित या बदला लेने का उद्यत। **~damages or exemplary damages** प्रतिशोधात्मक हानिपूर्ति। **vindictively** क्रि० वि० प्रतिकार भावना से, प्रतिहिंसा की भावना से। **vindictiveness** सं० प्रतिकारिता, प्रतिहिंसात्मकता।

vine (vin) [F. *vigne*, L. *vinea*, vineyard, from *vinum*, wine. cogn. with Gr. *onos*, wine, *oinē*, vine, cp. L. *vitis*, vine, *vimen*, twig, from *viēre*, to twist] सं० १. द्राक्षालता, अंगूर की बेल* (कु० भी), दाख का पौधा; २. कोई बेल या लता। **~-borer** द्राक्षालता आदि को नष्ट करने वाले कीड़े। **~-disease** द्राक्षालता की बीमारी। **viny** वि० द्राक्षालता का या उससे संबंधित। **vinery** सं० द्राक्षा या अंगूर की लता फैलाने का शीशे का घर। **vineyard** (vin' yārd) सं० अंगूर का बाग या खेती। **vini-** *समास में* (लैटिन vinum) शराब के अर्थ में प्रयुक्त। **viniculture** (vin' i kul t;r) सं० अंगूर की खेती* (मा० १भी)। **viniculturist** सं० अंगूर उपजाने वाला। **viniferous** (vi nif' ér ŭs) [-FEROUS] वि० शराब बनाने वाला, मद्योत्पादक। **vinification** सं० शराब बनाने के समय अल्कोहली वाष्प एकत्र करने वाला उपकरण। **vinometer** (vi nom' é tér) सं० विनोमीटर, शराब का अल्कोहल नापने का उपकरण। **vinous, -nose** (vī' nŭs, -nōs) वि० मदिरा संबंधी, शराब के समान, मद्यजनित। **vinosity** सं० मदिरा का गुण, मदिरा जैसा होने की स्थिति।

vinegar (vin' é gár) [F. *vinaigre* (*vin*, L. *vinum*, wine, *aigre*, see EAGER)] सं० सिरका* (आ०, वि० १ भी), चुक्र* (वि० १ भी), (ला०, प्रायः गुणवाचक) बहुत। क्रि० स० सिरका डालना, सिरके की तरह खट्टा बनाना (शा० और ला०)। **aromatic ~** सुगंधित सिरका। **toilet ~** नहाने के पानी में मिलाने वाला सुगंधित सिरका। **~Bible** १७१० ई० में संपादित बाइबिल जिसमें अंगूर बाटिका की कथा स्यूक २० के ऊपर है। **~-plant** अति सूक्ष्म कुकुरमुत्ता जो किण्वन की उत्पत्ति करता है। **vinegarish** वि० सिरकेदार। **vinegary** वि० सिरके के स्वाद का।

vinery, vineyard दे० VINE।

vini-, vinic, vinous etc. दे० VINE।

vint दे० VINTAGE।

vintage (vin' táj) [M.E. *vindage*, *vendage*, F. *vendange*, L. *vindēmia*, see VINDEMIAL] सं० १. द्राक्षाफलन ऋतु, अंगूर इकट्ठा करने का समय, अंगूर की मौसमी उपज (से बनी शराब); २. (काव्य०, अलं०) शराब, मदिरा। **~wine** प्रसिद्ध मौसमी अंगूर की शराब, प्रशस्ट फसली अंगूरी शराब। **vint** क्रि० स० (शराब) तैयार करना, (मदिरा) बनाना। **vintager** सं० अंगूर की फसल इकट्ठा करने वाला या तोड़ने वाला। **vintner** सं० मदिरा विक्रेता, शराब बेचने वाला।

viol (vī' ŏl) [F. *viole*, Prov. *viula*, late L. *vitula*, cp. FIDDLE] सं० वायल, ६ तारों वाला मध्यकालीन बाजा, बायलिन से पहले का बाजा।

viola[1] (vē ŏ' lä) [It.] सं० १. वायला, बड़ी वायलिन का प्रकार (इतिः भी)। **~da braccio** बगल में लेकर बजायी जाने वाली बड़ी वायलिन। **~da gamba** बहुत धीमी आवाज की वायलिन।

violist सं० वायल-वादक वायल या वायला बजाने वाला।

viola[2] (vī' o la) [L., violet] सं० वायला, एकवर्षीय और नीले लोहित फूलदार पौधा। **violaceous** वि० १. नीललोहित या बैंगनी वर्णीय, बैंगनी रंग का, २. बैंगनी जाति या वंश का।

violate (vī' o lāt) [L. *violatus*, p.p. of *violāre*, cogn. with VIS] क्रि० स० १. अतिक्रमण करना, तोड़ना या भंग करना, (शपथ, समझौता, विधि, शर्तों, अन्तर्विवेक का) अनादर करना या उसके खिलाफ काम करना; २. (पवित्र वस्तु की) निंदा करना, ३. (किसी व्यक्ति का एकांत या उसकी गोपनीयता आदि) भंग करना, उसमें विघ्न डालना, व्याघात करना, ४. बलात्कार करना, हरे ले जाना। **violable** वि० १. अतिक्रमणीय, लंघनीय, तोड़ने योग्य; २. बेअदबी या नियम भंग करने लायक; ३. व्याघात करने योग्य; ४ बलात्कार करने योग्य। **violation** सं० १. अतिक्रमण*/उल्लंघन* (प्र०, मा० १, विधि भी), भंग, २. अपवित्रीकरण; ३. बाधा, व्याघात; ४. बलात्कार। **violator** सं० १. अतिक्रामक, उल्लंघक; २. व्याघाती, बाधक; ३. बलात्कार करने वाला।

violence (vī' o lens) [F, from L. *violentia*, as prec.] सं० १. प्रबलता, उग्रता, प्रबलता; २. बल प्रयोग*/हिंसा* (विधि भी), बलात्कार, अत्याचार, उत्पीड़न।

violent (vī' o lent) वि० १. प्रचंड, चंड* (वि० १ भी), प्रबल; २. हिंसापूर्ण, हिंसात्मक; ३. उत्कट या अत्यन्त तीव्र, उग्र, आवेशपूर्ण, क्रुद्ध, उग्रमत, अत्यन्त बेचैन। **~presumption** (विधि) हिंसात्मक प्रकल्पना*। **violently** क्रि० वि० १. प्रचंडतापूर्वक; २. हिंसापूर्वक; ३. अत्यन्त तीव्रता से, आवेगपूर्वक, उग्रमत रूप से, अत्यन्त बेचैनपूर्वक।

violet (vī' o let) [F. dim. of *viole*, VIOLA[2]] सं० और वि० १ वायलेट*/बैंजनी* (कु० भी), बायलेट, एक पीले, बैंगनी, सफेद और अन्य रंग के फूलों वाला पौधा (विशेषतः वायल VIOLA का पाटल); २. उसका नीला-लाल (बैंगनी) रंग, बैंगनी* (वि० १ भी); ३. रक्त-लोहित तितली या पतंगा विशेष। **~powder** एक सुगंधित पाउडर। **~-wood** सुगंधित लकड़ी।

violescent वि० बैंगनी, नीला-लाल सा।

violin[1] (vī o lin') [It. *violino*, dim. of VIOLA[2]] सं० १. वायलिन, बेला; २. (violinist भी) वायलिन बजाने वाला। **violinist** सं० वायलिन वादक।

violin[2] (vī' o lin) [VIOLA[2], -IN] सं० वायलिन, मधुर पाटल या वायलिट पौधों से निकलने वाला एक तत्व।

violist दे० VOIL।

violoncello (vē ŏ lon chel' ō) सं० वायलिनचैलो, बास वायलिन, एक प्रकार की बेला जो घेरे में दबाकर बजायी जाती है। **violoncellist** सं० वायलिनचैलो वादक, उक्त प्रकार की वायलिन बजाने वाला।

viper (vī'pĕr) [F. *vipère*, L. *vipera*, perh. *vivipara*, SEE VIVIPAROUS] सं० १. वाइपर* (आ० वि० १ भी), व्याल* (आ० भी), विषैले सांपों की जातियाँ (विशे० Common ~ ऐडर, इंगलैंड का एकमात्र विषैला साँप); २. (ला०) कपटी पुरुष, दग़ाबाज़। **viperiform** वि० वाइपराकार, वाइपर के आकार का। **viperine** वि० वाइपरवत्, वाइपर जैसा। **viperish** वि० (ला०) मलिन, कपटी। **viperoid** वि० वाइपरवत्, वाइपरनुमा। **viperous** वि० (ला०) विश्वासघाती, कपटी।

virago (vi rā' gō) [L., man-like maiden, from *vir*, man] सं० १. कर्कशा नारी, बदमिज़ाज औरत, झगड़ालू नारी, २. पुरुषों के समान शक्ति वाली स्त्री।

virelay (vir' ĕ lā) [O.F. *virelai*, from *virer*, to turn, to VEER] सं० विरेले, एक ही छंद में भिन्न रूप से गठित दो तुकों वाली (विशे० प्राचीन फ्रांसीसी) कविता का भेद।

vireo (vir' ē ō) [L.] सं० वाइरिओ, (अमरीका) एक छोटी हरे रंग की गाने वाली चिड़िया विशेष (greenlet भी)।

virescent (vi res' ent) [L. **virescens -ntem*, pres. p. of *virescere*, incept. of *virēre*, to be green] वि० हल्का रंग, धानी। **virescence** सं० १. हरापन; २. (वन०) पत्तुड़ियों आदि पर का असाधारण हरापन।

virgate (vĕr' gāt) [L. *virgātus*, from *virga*, rod] वि० (प्राकृतिक इतिं०) पतला, छरहरा, सीधा और खड़ा। सं० (इति०) बर्गेट, ज़मीन नापने का माप।

Virgilian (vĕr jil' i an) [Maro Publius *Vergilius*, -AN], वि० वर्जिल का, वर्जिल संबंधी, वर्जिल की शैली में (जो रोम का कवि था और १९वीं सदी में मरा था)।

virgin (vĕr' jin) [O.F. *virgine*, L. *virginem*, nom. *-go*, etym. doubtful] सं० १. कुमारी, अक्षतयोनि कन्या; २. साधुनी; ३. पवित्र (संक्षिप्त B.V.M.) कुमारी मेरी; ४. कुमारी मेरी की मूर्ति, चित्र; ५. मादा कीड़ा जो बिना गर्भधारण किये अंडा देती है। वि० १. कुमारी, अक्षतयोनि; २. अव्यवहृत; ३. पवित्र, सती, निष्कलंक, ४. (कीड़ों के लिए) बिना गर्भ धारण किये अंडा देने वाली। **~comb** मधुमक्खी का छत्ता जो केवल एक ही बार मधु या शहद के लिए व्यवहृत किया गया हो (न कि बच्चों के लिए)। **~honey** शुद्ध शहद, जो बिना दबाव या ताप के छत्ते से निकाला गया हो। **~queen** कुमारी रानी मक्खी। **Virgin Queen** रानी एलिज़ाबेथ। **virginal** वि० १. अक्षत, २. पवित्र। सं० (इति०) वर्जिनल, एक प्रकार का बर्गाकार बाजा जो १६वीं-१७वीं सदी में बजाया जाता था। **virginally** क्रि० वि० कुमारी की तरह, पवित्रता से। **virginhood, virgin-head, virginity** सं० १. कौमार्य; २. पवित्रता।

Virginia (vir jin' yā) [one of the U.S., from prec., after Queen Elizabeth I, 'the Virgin Queen'] सं० १. वर्जिनिया, अमरीका का एक राज्य; २. वहाँ का तंबाकू। **~creeper** वि० एक जंगली बेल या लता जिसका उपयोग सजावट के लिए होता है। **Virginian** वि० वर्जिनिया का, वर्जिनिया संबंधी। सं० वर्जिनिया का निवासी।

Virgo (vĕr' gō) [L., virgin] सं० १. कन्या राशि, कन्या*/ वर्गो* (वि० १ भी), छठा ग्रह या नक्षत्र; २. तारा मंडल। **~intacta** (कानून) अक्षत योनि कन्या, अछूती स्त्री या लड़की।

viridescent (vir i des' ent) [late L. *viridescens -ntem*, pres. p. of *viridescere*, from *viridis*, green] वि० हलका हरा, हरा सा, हरा होने वाला। **viridescence** सं० धानी रंग, हलका हरा रंग। **viridity** (vi rid' i ti) सं० हरियाली (विशे० सीप आदि की)।

virile (vir'-, vīr' il) [F. *viril*, fem. *-ile*, L. *virilis*, from *vir*, man] वि० १. पौरुषेय, मर्दानगी का; २. बलिष्ठ, पौरुष-सम्पन्न; ३. वीर्यवान, पूर्ण वयस्क पुरुष संबंधी, सतेज, जनन शक्ति युक्त; ४. मस्तिष्क, चरित्र, साहित्यिक शैली आदि) पौरुष सम्पन्न, स्फूर्तिप्रद, सतेज, पुरुषोचित। **virility** (vi ril' i ti) सं० १. पुरुषत्व, पुंसत्ता*/ पुंसत्व* (आ० भी); २. बल, शक्ति।

virose, virous (vīr' ōs, -us) [L. *virōsus*, from VIRUS] वि० १. विषैला, विषाक्त, जहरीला; २. (वन०) बदबूदार, दुर्गन्धयुक्त।

virtu (vĕr too', vĕr' too) [It. *virtù, vertù*, as VIRTUE] सं० कला में प्रवीणता। **articles or objects of ~** कलापूर्ण वस्तु, कलाकृति जो (कारीगरी, प्राचीनकला, आदि के कारण) मूल्यकारी हों। **virtuoso** सं० (बहु० **-sos**) १. कलाविद्, कला-प्रवीण व्यक्ति, कलानुरागी; २. (ललित) कला प्रवीण व्यक्ति। **virtuosity, virtuosoship** सं० १. कलाप्रवीणता; २. कलानुराग।

virtue (vĕr' tū, -choo) [M.E. and F. *vertu*, L. *virtūtem*, nom. of *-tus*, from *vir*, see VIRILE] सं० १. नैतिक साधुता या उच्चता, नेकी, सद्गुण; २. कोई विशेष नैतिक गुण, श्रेष्ठ पवित्र आचार; ३. कौमार्य्य, सतीत्व, शुद्धता (जैसे a woman of ~) ४. सद्गुण* (मा० २, ३ भी); ५. सामर्थ्य, क्षमता, बल; ६. (बहुव०) दवद्रत की सातवीं श्रेणी। **by or in ~of** बल से, कारण से। **make a ~of necessity** अप्रियवस्तु को भी बाध्य होकर कर्तव्य समझकर करो। **natural virtues** स्वाभाविक गुण (न्याय विवेक, सहिष्णुता, साहस)। **theological vertues** धार्मिक गुण (विश्वास, आशा, दान)। **the seven cardinal virtues** सात प्रधान गुण (स्वाभाविक और धार्मिक गुण)। **virtueless** वि० १. असाधु; २. भ्रष्ट, अपवित्र; ३. शोभनहीन। **virtual** वि० १. वास्तविक, असली, यथार्थ; २. कल्पित*/ आभासी* (वि० १ भी)। **virtuality** सं० वास्तविकता। **virtually** क्रि० वि० वास्तव में, वस्तुतः। **virtuous** वि० १. नेक, पुण्यात्मा; २. पवित्र, साधु स्वभाव, सती। **virtuously** क्रि० वि० १. नेकी से; २. पवित्रतापूर्वक, सतीत्वभाव से। **virtuousness** सं० १. नेकी; २. पवित्रता, सतीत्व।

viralent (vir' ü lent) [F., from L. *virulentus*, from foll.] वि० १. विषैला, जहरीला; २. विषपूर्ण; ३. सांघातिक, घातक; ४. उग्र* (आ० भी)। **virulence, -lency** सं० १. जहरीलापन; २. सांघातिकता; ३. उग्रता* (आ० भी), तीव्रता*/ प्रबलता* (कु० भी)। **virulently** क्रि० वि० १. जहरीलेपन से; २. सांघातिक रूप से आदि। **viruliferous** वि० (चिकि०) जहर उत्पन्न करने वाला, विषाक्त बनाने वाला।

virus (vir' ŭs) [L., slime, poison, cogn. with Gr. *ios*, Sansk, *viskam*] सं० १. सक्रामक विष, विषाक्त द्रव्य जो रोग उत्पन्न करता है; २. (ला०) नैतिक विष, मलिनता, कटु भावपन, तीक्ष्णपन; ३. (आ०, कु०, वि० १) वाइरस*/ विषाणु*।

visa, vise (vē' zā, vē' zā) [F. *viser*, to inspect] सं० वीज़ा*/ प्रवेशपत्र* (प० भा० १ भी), दृष्टांक, परिपत्र पर मुहर। क्रि० स० परिपत्र या पासपोर्ट पर दृष्टांक लगाना।

visage (viz' āj) [F., from L. *visum*, nom. *-us*, p.p. of *vidēre*, to see] सं० (अब मुख्यतः साहित्य में) मुख, चेहरा,

अनुहार । **visaged** वि० अनुहार का, मुख का।

visard दे० VISOR ।

vis-a-vis (vĕ za vē') [F., face to face (*vis*, face, L. *visum*, see VISAGE)] क्रि० वि० १. आमने-सामने; २. प्रतिकूल में। सं० १. सम्मुख स्थित व्यक्ति, आमने-सामने या समता में (विशे० नाच में); ३. आमने-सामने की सीट या गाड़ी (जिसमें व्यक्ति एक दूसरे की ओर समता में बैठे हों)।

viscacha (vis kach' ā) [Am. -Sp., from native name] सं० दक्षिणी अमरीका का एक कुतरने वाला जानवर या चूहा विशेष (जो बिल में रहता है और जिसका रोयेंदार चमड़ा बहुत कीमती होता है)।

viscera (vis' ter ā) [L., pl. of *viscus*] सं० बहु० विसरा, शरीर के आंतर यंत्र (जैसे दिमाग, हृदय, आंत विशे० आमाशय में आंत), अभ्यंतर अंग* (कृ० भी)। **visceral** वि० विसरा का, आंत का, अंतस्थ, आशय*/ आंतरांग* (आ०, वि० १ भी)। **viscerate** क्रि० स० आंत निकालना। **visceri-, viscero-** समास रूप।

viscid (vis' id) [F. *viscide*, L. *viscidus*, from *viscum*, mistletoe, bird-lime, cogn. with Gr. *ixos, ixia*] वि० १. चिपचिपा, लसदार; २. स्यान*/ विस्कासी* (आ०, वि० १ भी)। **viscidity** (vi sid' i ti) सं० चिपचिपाहट, लसलसाहट। **viscin** (vis' in) सं० एलगी, एक प्रकार का लासा जो आकाश बेल से निकाला जाता है और चिड़ियों को फँसाने में व्यवहृत होता है। **viscometer, viscosimeter** सं० १. सान्द्रता या लसलसाहट नापने का यंत्र; २. (वि० १) स्यानतामापी,* विस्कासितामापी*। **viscometry** सं० लसलसाहट नापने का कार्य। **viscose** सं० (नकली रेशम बनाने में) लसलस बनाया हुआ कोषयुक्त वनस्पति विशेष या सेलूलस जिससे सूत खींचे जा सकें, विस्कोस* (वि० १ भी)। **viscosity** सं० १. लसलसाहट, चिपचिपाहट; २. (भौति०) स्यानता* (आ० ई० १, ३, कृ० भी), विस्कासिता* (ई० ३ भी)। **viscous** वि० लसदार (भौति०), स्यान, विस्कासी। **viscousness** सं० १. लसलसाहट; २. (भौति०) सांद्रता, स्यानता।

viscount (vī' kount) [A.-F. *visconte*, O.F. *viscomte* (F. *vicomte*) [VICE-, COUNT²)] सं० बाइकाउंट, इंग्लैण्ड में अर्ल और बैरन के बीच का सरकारी उच्चपद। **viscountcy** सं० बाइकाउंट का पद। **viscountess** सं० बाइकाउंट की पत्नी। **viscountship, viscounty** सं० बाईकाउंट का पद या ओहदा।

viscous दे० VISCID ।

vise दे० VISA ।

visible (viz' i bĕl) [F., from L. *visibilis*, from *vis-us*, see prec.] वि० १. दृश्यमान, दृष्टिगोचर; २. प्रत्यक्ष, जाहिर, खुला; ३. दृश्य* (वि० १ भी)। **~Church** धर्म विश्वासी। **~horizon** सं० १. दृष्टिसीमा, दृष्टि-पथ रेखा; २. दृष्ट क्षितिज* (वि० १ भी)। **visibility** सं० (वि० के अर्थों में विशे० नौ० वि०) १. दृश्यमानता, दृश्यता* (वि० १ भी); २. पदार्थों को देख पाने योग्य वायु-मंडल की अवस्था। **visibly** क्रि० वि० प्रत्यक्षतः।

vision (vizh' ŭn) [F., from L. *visionem*, nom. -*sio*, from *vidēre*, to see, p.p. *visus*] सं० १. दृष्टि* (आ०, भा० २, वि० १ भी), दृष्टि-शक्ति; २. स्वप्नजात वस्तु, मूर्च्छा, समाधि आदि में देखी हुई वस्तु; ३. दर्शन, आभास, छाया, झांकी, झलक, कल्पना आदि में देखी हुई वस्तु; ४. (बिना वस्तु के) कल्पना शक्ति, राजनैतिक दूर-दृष्टि, राजनैतिक चतुराई। क्रि० स० १. देखना, अवलोकना; २. दर्शन करना, दृष्टिगत कर देना। **reflected, refracted ~** (प्रकाश की किरणों के प्रतिबिम्बित होने से) आंखों का चौंधिया जाना। **the field of ~** दृष्टि-क्षेत्र। **visional** वि० १. काल्पनिक; २. अव्यवहारिक। **visionally** क्रि० वि० १. काल्पनिक रूप से, अव्यवहारिक रूप से। **visionary** वि० १. अवास्तविक, काल्पित; २. कल्पना-प्रिय, अव्यवहार्य। सं० कल्पना-प्रिय व्यक्ति, अव्यवहार्य भावों या सिद्धांतों वाला व्यक्ति। **visionariness** सं० १. अवास्त-विकता, काल्पनिकता; २. अव्यवहार्यता।

visit (viz' it) [F. *visiter*, L. *visitāre*, freq. of *visere*, to behold, from *vidēre*, see prec.] क्रि० स० १. देखने के लिए जाना, मिलने के लिए आना [व्यक्ति के यहाँ, किसी स्थान और पद पर; दोस्ती, व्यापार, कार्य या उत्सुकता से]; २. मुआयना, निरीक्षण या देख-रेख करने जाना या आना; ३. (बीमारी आदि का) आक्रमण करना या होना, संकट आना; ४. (ई०) (किसी व्यक्ति के पाप पर) दंड देना, प्रायश्चित्त करना, (upon, with के साथ प्रयुक्त) सात्वना देना, बदला चुकाना। सं० १. आगमन, (व्यक्ति, स्थान पर); २. समन; ३. प्रवास (अस्थायी); ४. मुआइना, निरीक्षण* (आ०, भा० १ भी)। **visitable, visitatorial, visitorial** वि० दर्शनीय, निरीक्षणीय, साक्षात्कार के योग्य। **visiting** सं० आवागमन, दर्शन, मिलन, मुआइना। **~-book** मुलाकात के लिए आने वालों को पुस्तिका या रजिस्टर। **~-card** सदशन पत्र, परिचय कार्ड, मुलाकाती कार्ड, यह पत्रक जिस पर मिलने वाले का नाम और पता रहता है तथा मिलने के आदेश के लिए प्रेषित किया जाता है।

visitant (viz' i tănt) वि० (काव्य०) आगतुक। सं० १. सैलानी चिड़िया; २. (काव्य० अल०) दर्शक, गिरिजाघरों की सन्यासिनें, (विशे० जो बालिकाओं की शिक्षा से संबंधित होती हैं)।

visitation (viz i tā' shŭn) सं० १. निरीक्षण, मुआइना, जाँच (विशेष का अपने धार्मिक जिलों में); २. (बोल०) अनुचित दीर्घ-कालीन आतिथ्य; ३. विदेशी जहाज का निरीक्षण या मुआइना, ४. ईश्वर-प्रदत्त यंत्रणा या दंड, इसकी तुलना में अन्य कोई प्रमुख अनुभव; ५. (ईसायियत संबंधी) ईसा की माँ तथा एलिजाबेथ (Luke 1.39) के मिलन अवसर पर का सम्मान समारोह; ६. (प्राणि०) पक्षियों का बड़ी संख्या में आकस्मिक देशान्तरगमन (स्थानान्तरण)। **right of ~** मुआइना का हक (पर तलाशी का नहीं)। **~of the sick** इंगलैण्ड के एक विशेष धर्म समाजियों का गिरजा।

visitor (viz' i tŏr) सं० १. दर्शक*, आगतुक*, मुलाकाती* (ब्र० भी), अतिथि, अभ्यागत, दर्शनार्थी; २. (कॉलिज आदि में) निरीक्षक* (आ० भी)। **visitor's book** (होटल आदि का) विजिटर बुक, दर्शक पंजी* (ब्र० भी), वह पुस्तिका जिसमें दर्शक अपनी राय लिखा करते हैं।

visor (vīez' r) [M.E. and A.-F. *visere*, O.F. *visiere*, from *vis*, face, see VISAGE] सं० १. (इति०) शिरस्त्राण का मुख ढकने वाला भाग; २. टोपी का निकला हुआ या बड़ा हुआ अगला हिस्सा। ३. टोपी का छाज; ४. (इति०) नकाब। **visored** वि० नकाबपोश। **visorless** वि० बेनकाब, बेपर्दे।

vista (vis' tă) [It., fem. of *visto*, p.p. of *vedere*, L. *vidēre*, to see] सं० १. सकीर्ण वीथी में दोनों ओर स्थित वृक्ष, पंक्तियों के बीच का दृश्य; २. सिंहावलोकन, जग में किसी घटना-क्रम या श्रेणी की कल्पना। **vistaed** वि० मानसिक सिंहावलोकन करने वाला।

visual (vizh' ū ál, viz' ū ál) [F., from late L. *visualis*, from *visus*, sight, from *vidēre*, to see] वि० १. दृष्टि-संबंधी, दृष्टिगत, चाक्षुष* (वि० १ भी); २. दृष्टि-* (आ० भी)। **~angle** १. दृष्टिकोण, दर्शन-कोण*। (वि० १ भी)। **~rays** आँख का चौंधियाना (प्रकाश किरणों का आँखों में चमकना)। **~point** दृष्टिबिंदु, क्षितिज रेखा पर का वह बिंदु जिस पर (दृष्टिगत किरणें केन्द्रित होती हैं) आँखें टिकती हैं। **visuality** सं० दृष्टिगत होना। **visualize** क्रि० स० १. दृष्टिगोचर करना, दृष्टिगत करना, दृश्यमान करना (मानसिक बिम्ब, विचार आदि); २. (अनुभूत या पूर्वालोकित वस्तुओं का) सूत्रिमान करना, मन में चित्रित करना। **visualization** सं० मानसिक दर्शन, अभिव्यक्तीकरण, प्रत्यक्षीकरण, दीक्षण* (आ० भी)। **visually** क्रि० वि० देखने में।

vital (vī' tál) [F., from L. *vitālis*, from *vita*, life, cogn. with *vivere*, to live, and Gr. *bios*, life] वि० १. जैव*/जीव-संबंधी* (आ०, वि० १ भी), जीवन-संबंधी; २. जीवनी, प्राण के लिए अत्यावश्यक; ३. प्राणभूत, जीवनप्रद; ४ प्राणघातक, सांघातिक, क्षतिकारक। सं० (बहु०) शरीर के प्राणधारा अंग (जैसे फेफड़ा, कलेजा, मस्तिष्क)। **~centre** (चिकि०) जीवांग या प्राणांग केन्द्र, वह अंग जहां सांघातिक चोट हो। **~force, principle** जीवनी शक्ति, जैव शक्ति* (वि० १ भी)। **~power** जीवनी शक्ति। **~statistics** जीवनक्रम (जन्म, विवाह, मौत आदि) संबंधी आंकड़े* (ब्र० भी) / जन्म-मरण के आंकड़े* (वि० १ भा)। **vitalism** सं० (जीव०) जीवन-शक्तिवाद, वादशक्ति का सिद्धांत (जिसकी उत्पत्ति भौतिक और रासायनिक शक्ति से भिन्न है)। **vitalist** सं० जीवन शक्तिवादी। **vitalistic** वि० जीवन-शक्ति-वादीय। **vitality** सं० १. जीवनी शक्ति, प्राणशक्ति* (आ० भी), (ला० किसी संस्था या भाषा के लिए) सहनशक्ति के साथ कार्य शक्ति या क्षमता या योग्यता; २. (वि० १) जीवन-शक्ति*। **vitalize** क्रि० स० जीवनी शक्ति देना, प्राण डालना, सशक्त करना। **vitally** क्रि० वि० जीवनावश्यक रूप से।

vitamin (vī tā min) [L. *vita*, life, AMINE] सं० १. विटामिन* (कु० वि० १ भी), खाद्य पदार्थों का पुष्टिकर तत्व।

vitellus (vi-, vi tel' ús) [L., dim. of *vitulus*, calf, see VEAL] सं० (बहु० -li) १. अंडे की जर्दी; २. अंडे का आवश्यक भाग। **vitellary** (vit' é lár i), **vitelline** (vi tel' in) वि० अंडे की जर्दी का, जर्दी संबंधी, पीतक* (आ० भी)। सं० (रसा०) विटालिन, अंडे की जर्दी में पाई जाने वाला प्रमुख प्रोटीन। **vitelli-, vitello-** समासों में प्रयुक्त रूप।

viti लैटिन शब्द vitis (अंगूरलता) का समास में प्रयुक्त रूप।

viticide (vi' ti-, vit' i sīd) [L. *vitis*, VINE, -CIDE] सं० द्राक्षा या अंगूरलाशक कीट आदि। **viticulture** (vit' i kúl tyur) सं० अंगूरोत्पादन*/ द्राक्षाकृषि* (कृ० भी)। **viticultural** वि० अंगूरोत्पादन संबंधी। **viticultur(al)ist** सं० अंगूरोत्पादक, अंगूर उपजाने वाला।

vitiate (vish' i āt) [L. *vitiāre*, from *vitium*, VICE[1]] क्रि० स० १. बिगाड़ना, नष्ट करना, दूषित करना* (विधि भी), गुणों से वंचित करना; २. बेअसर कर देना, अनुपयोगी कर देना। **vitiation** सं० दूषण, कलुष, बरबादी। **vitiator** (vish' i ā tór) सं० दूषक, बिगाड़ने वाला।

vitreous (vit' ré ús) [L. *vitreus*, from *vitrum*, glass, perh. cogn. with *vidēre*, to see] वि० १. काँचवत्, शीशे का (प्रकृतितः); २. काँच सदृश (कड़ापन, चटखीपन, पारदर्शिता और बनावट आदि में), काचसम*, काचाभ* (वि० १ भी)। **vitreosity, vitreousness** सं० कांचसदृश्य। **vitrescence** सं० शीशा बनाने का मिलान। **vitrescent** वि० शीशा बनाने के योग्य। **vitriform** वि० शीशे के आकार का।

vitrify (vit' ri fī) क्रि० स० और अ० कांच में बदलना, शीशे में परिणत करना या होना, शीशे सा बनाना या बन जाना। **vitrification** सं० १. कांच में रूपांतरकरण, कांचन* (वि० १ भी)। **vitrifaction** सं० कांच में रूपांतर या परिणत। **vitrifiability** सं० कांच में रूपांतरत्व।

vitriol (vit' ri ol) [M.E. and O.F. *vitriole*, med. L. *vitriolus*, L. *vitreolus*, dim. of *vitreus*, VITREOUS] सं० १. गंधकाम्ल, गंधक का तेजाब, सल्फ्यूरिक एसिड, गंधकीय लवण; २. (ला०) उग्र भाषण, तीव्र तथा क्रूर व्यंग्य, काचर*/ विट्रिऑल* (वि० ३ भा)। **blue or copper ~** तूतिया। **oil of ~** गंधकाम्ल। **~-throwing** तेजाब का फेंकना (किसी के मुँह पर)। **white ~** सफेदा, यशद श्वेत, हीरा कसीस। **vitriolation, -lization** सं० गंधक के तेजाब से जलाने का कार्य, गंधक का अम्ल बनाने का कार्य। **vitriolic** वि० १. क्रूर, व्यंग्यपूर्ण; २. तेजाब के समान क्षयकारी। **vitrioline** (vit' ri o lin) वि० गंधकाम्ल के प्रकार का। **vitriolisable** वि० गंधक का तेजाब बनाने के योग्य। **vitriolize, vitriolate** क्रि० स० गंधक द्रावक नमक या लवण बनाना, गंधक का तेजाब बनाना।

Vitruvian (vi troo' vi án) वि० विट्रुवियस का, विट्रुवियस संबंधी, आगस्टाइन युग के रोमन स्थापत्य संबंधी। **~scroll** एक प्रकार की बेल जो मकान, खम्भों आदि पर बनाई जाती है।

vitta (vit' á) [L.] सं० बहुव० -tæ, -te) १. (रोमन पुरा०) जूड़ा बंध, दाम, माल, हार (पुराहित, जूड़ा, बलि के पशु और प्रतिमा का शृंगार); २. (विशेष कर ऊँचे टापू की) झालर या झूलता हुआ अंश; ३. (वन०) टैल नलिका* (वि० १ भी); ४. (प्राणि०) रंगों की धारियां। **vittate** वि० १. मालाधार; २. तैलनालि-कामय; ३. धारादार।

vituperate (vī tū' pér āt) [L. *vituperātus*, p.p. of *vituperāre* (*vitu-*, *vitium*, VICE[1], *parāre*, to get ready)] क्रि० स० गाली देना, अपशब्द कहना। **vituperation** सं० गाली, अपशब्द, निंदा। **vituperative** वि० निंदात्मक, भर्त्सनामय। **vituperatively** क्रि० वि० तिरस्कार पूर्वक। **vituperator** सं० गालीबाज, गाली देने वाला।

viva दे० VIVA VOCE।

vivacious (vi vā' shús) [L. *vivax -ācis*, from *vivere*, to live] वि० १. सजीव, उत्साह या उमंग से पूर्ण; २. (वन०) सदाबहार, बारहमासी। **vivaciously** क्रि० वि० सोत्साह, प्रसन्नता हाकर। **vivacity, vivaciousness** सं० सजीवता, उत्साह, जिंदादिली।

vivarium (vi vār' i úm) [L., from *vivus*, alive] सं० (बहुव० -aria) जीवित पशुओं के प्राकृतिक रूप से रखने का बनाया हुआ स्थान, जुगीजिकल गार्डन, चिड़ियाखाना अथवा इसके सदृश अन्य स्थान।

viva voce (vī' vá vó' sé) [L., with the living voice] क्रि० वि०, वि० मौखिक। सं० (संक्षिप्त रूप viva) मौखिक परीक्षा* (इं० भी)। **कि० स० मौखिक रूप से परीक्षा लेना।**

vivers (vĕ' vĕrz) [F. *vivres*, from *vivre*, as VIVE] सं० (बहु०) (खाद्य) रसद, खाने की चीजें।

vives (vīvz) [O.F. *avives*, Sp. *avivas*, Arab. *addhība* (*al*, the, *dhība*, she-wolf)] सं० कान का रोग (विशे० भेड़ियों का)।

vivid (viv' id) [L. *vividus*, from *vivus*, living] वि० १. (प्रकाश और रंग के लिए) उज्ज्वल, शोख, चमकदार; २. (मानसिक गुण या संस्कार के लिए) स्पष्ट, सजीव, जीवंत, बलशाली। **vividly** क्रि० वि० उज्ज्वलरूप से, चमकीलेपन से। **vividness** सं० स्पष्टता, सजीवता आदि।

vivify (viv' i fī) [F. *vivifier*, late L. *vivificāre* (L. *vivus*, living, *-ficāre*, *facere*, to make)] क्रि० स० १. जीवन डालना, सजीव करना; २. सरस बना देना (मुख्यतः ला०)।

viviparous (vī vip' à rŭs) [late L. *vivaparus* (*vivus*, alive, *parere*, to produce)] वि० जीवित बच्चा जनने वाली, जो बच्चा जने न कि अंडा (तुल० OVIPAROUS), सजीव प्रजक*/ जरायुज* (कु०, वि० १ भी)। **viviparously** क्रि० वि० जरायुज रूप में।

viviparity (viv i păr' i ti), **viviparousness** सं० जरायुजता* (वि० १ भी), अपत्यप्रसवन।

vivisection (viv i sek' shŭn) [F. (L. *vivus*, alive, SECTION)] सं० चीरफाड़, (विशिष अर्थ में) टोका लगाना, सुई देना। **vivisect** (viv' i sekt) क्रि० स० (वैज्ञानिक खोज के लिए) जीवित जंतुओं की चीरफाड़ करना। **vivisectional** वि० चीरफाड़ संबंधी। **vivisectionist, vivisector** (viv' i sek tŏr) सं० ऐसी चीरफाड़ करने वाला।

vixen (vik' sĕn) [A.-S. *fyxen*, fem. of FOX, cp. G. *füchsin*, fem. of *fuchs*] सं० १. लोमड़ी; २. झगड़ालू स्त्री, कर्कशा नारी। **vixenish, vixenly** वि० झगड़ालू, कर्कशा।

viz दे० VIDELICET।

vizard दे० VISOR।

vizcacha दे० VISCACHA।

vizier (vi zēr') [Arab. *wazīr*, counsellor, orig. porter, from *wazara*, to bear a burden] सं० वजीर, उच्चाधिकारी, विशेष मंत्री (मुसलमानी देशों में)। **vizierate, viziership** सं० वजारत, वजीरी, मंत्रित्व। **vizierial** वि० वजीर का, मंत्रीय।

Vlach (vlăk) [Boh.] वि० और सं० ब्लाक, दक्षिण पूर्व यूरोपीय जैटिन भाषी, रूमानिया।

Vlei (vli) [S. Afr. Dut. prob. from Dut. *vallei*, VALLEY] सं० (दक्षिणी अफ्रिका) खाई, गड़ा [जिसमें बरसात में पानी जम जाता है।

vocable (vō' kà bel) [F., from L. *vocābulum*, from *vocāre*, to call, cogn. with *vox vōcis*, VOICE] सं० शब्द, पद (विशे० अर्थ की अपेक्षा रूप वाला)।

vocabulary (vó kăb' ù lár i) [F. *vocabulaire*, late L. *vocābulārium*, as prec.] सं० १. शब्द समूह, शब्द-कोश, शब्द-भंडार* (भा० १ भी); २. शब्दावली।

vocal (vō' kăl) [F., from L. *vōcālis*, from *vox vocis*, VOICE] वि० १. स्वर-संबंधी; २. (काव्य० वृत्त० पानी आदि के लिए) ध्वनिमय; ३. (ध्वनि०) स्वराक्षरित, ध्वनित, स्वर की प्रकृति का। सं० स्वर-* (आ० भी), (रोमन कैथोलिक चर्च) मताधिकारी (निर्वाचन में)। **~auscultation** (छिद्र की) धुकधुकी की परीक्षा, दब के अंतःस्वर की परीक्षा। **~cords** स्वरतंत्री, वोकतंत्री, स्वर यंत्र, वाक्तंत्र* (वि० १ भी)। **~emasis** १. शब्द संगीत, गायन; २. मौखिक संगीत। **~thrill or fremitus** हृदय की धड़कन या धुकधुकी। **vocalic** वि० स्वर का, स्वर संबंधी। **vocalism** (vō' kà lizm) सं० १. स्वर साधना, ध्वनि का व्यवहार; २. स्वर या उच्चरित ध्वनि। **vocalist** सं० गायक* (प्र० भी) (वाद्यकार के विपरीत)। **vocality** (vó kăl' i ti), **vocalness** सं० वाचिकता, उच्चारण। **vocalize** (vō' kà līz) क्रि० स० और अ० १. स्वरान्वित करना या होना; २. गाने के स्वर लगाना; ३. (हिंदू आदि) स्वर बिन्दु से लिखना; ४. (हँसी में) बोलना, गाना, गुनगुनाना, चीखना आदि; ५. (संगी०) स्वर-आलाप, स्वर-साधना। **vocalization** सं० स्वरोच्चारण, शब्दोच्चारण* (आ० भी), स्वर-साधना आदि। **vocally** क्रि० वि० बोलकर, स्वर में, शब्दों में।

vocation (vó kā' shŭn) [F., from L. *vocātiōnem*, nom. *-tio*, from *vocāre*, see VOCABLE] सं० १. (ईश्वरीय) आह्वान, योग्यता की भावना; २. व्यवसाय* (प्र०, मा० १, ३ भी), पेशा, रोजगार; ३. वृत्ति* (मा० ३ भी)। **vocational** वि० व्यावसायिक* (मा० २ भी), रोजगार का। **vocationally** क्रि० वि० व्यवसाय के रूप में, रोजगार के रूप में।

vocative (vok' à tiv) [F. *vocatif*, fem. *-ive*, L. *vocātīvus*, as prec.] वि० (व्या०) संबोधक। सं० संबोधन कारक, संबोधन पद।

vociferate (vo sif' er āt) [L. *vōciferātus*, p.p. of *vōciferāre*, *-ferāri* (*vox vōci*, VOICE, *ferre*, to bear)] क्रि० स० चीखना, चिल्लाना (शब्द आदि), शोर करना, हल्ला मचाना। **vociferance, vociferation** सं० (विरल) चीख-पुकार, चिल्लाहट, चीख, चीत्कार। **vociferant** (vó sif' er ánt) वि० और सं० १. शोरगुल से भरा; २. चीखने वाला। **vociferator** सं० चीखने वाला, हल्लागुल्ला करने वाला आदि। **vociferous** वि० कोलाहलकारी (व्यक्ति), चीखने-चिल्लाने वाला। **vociferously** क्रि० वि० १. चीखते हुए; २. शोर के साथ। **vociferousness** सं० चीख, चिल्लाहट, शोर, हंगामा।

vodka (vod' ka) [Rus., dim. of *voda*, water] सं० वोदका, रूस की एक शराब विशेष।

voe (vō) [Icel. *vāgr*, *vogr*] सं० (शैटलैंड) छोटा खाड़ी।

vogue (vōg) [F., orig. (sway, from *voguer*, to sail forth, It. *vogare*, to row, G. *wogen*, to fluctuate, cp. A.-S. *weg*, wave] सं० अब मुख्यत. साहित्यिक) १. फैशन, रिवाज, चलन; २. लोकप्रियता, सार्वजनिक व्यवहार। **~la galere** क्रि० अ० यह लो, यह देखो (शा० बरामदे की सजावटों)।

voice (vois) [M.E. and O.F. *vois*, L. *vōcem*, nom. *vox*, cogn. with Gr. *epos*, word, Sansk. *vākyam*, speech] सं० १. वाक्* (आ०, ई० २ भी), शब्द स्वर, आवाज (विशे० मनुष्य के बोलने, चिल्लाने, गाने आदि में); २. स्वरोच्चारण, बोली; ३. (ला०) शब्द, भाव या मत प्रकाशन, मताधिकार, राय देने का अधिकार; ४. (व्याकि०) स्वर यंत्र द्वारा उच्चरित स्वर या आवाज; ५. (व्या०) क्रिया-वाच्य। क्रि० स० १. व्यक्त करना, कहना, प्रकाशित मत; २. (संगी०) अरगन बाजे की ध्वनि के गुण और) उसके स्वर को मिलाना; ३. (ध्वनि०) उच्चारण करना, स्वर-यंत्र की सहायता से बोलना (विशे० भू० कृ० में)। **voiced** वि० अस्पष्ट स्वर (गलत बनावट के कारण)। **with one ~** सर्व सम्मति से, एक मत से। **voiced** वि० स्वरित, सघोष, ध्वनित। **voiceful** वि० (काव्य०) मुखर, बुलंद आवाज का। **voiceless** वि० मूक,

अवाक्, गूँगा, (ध्वनि०) अघोष, अनुच्चरित । **voicelessness** सं० मूकता, घुप्पी, गूँगापन ।

void (void) [O.F. *void*, fem. *voide*, perh. from L. *vacuus*, empty, or *viduus*, bereft] वि० १. खाली, रीता, शून्य* (प्र०, मा० १, विधि भी); २ (कार्यालय के पद के लिए) (वि० १ भी) रिक्त*; ३. (विशे० कानून, कृति, प्रतिज्ञा, ठेका आदि) अमान्य, नाजायज, व्यर्थ; ४. (काव्य० अलं०) व्यर्थ, निरर्थक, असार, बेकार, प्रभावहीन*/ अर्थहीन* (मा० १ भी)। स० १. रिक्त स्थान, खाली या शून्य स्थान। क्रि० स० १. अमान्य कर देना, रद्द कर देना, नाजायज ठहरा देना; २. (विष्ठा या मल आदि) निकालना। **voidable** वि० १. अमान्य करने योग्य; २. शून्य-करणीय* (विधि भी)। **voidance** सं० १.पादरी पद से निकाला जाना; २. पद की रिक्तता; ३. अमान्यीकरण; ४. निरर्थकता। **voided** वि० १. रिक्त, खाली; २. (वह चिह्न विज्ञान में) कटा हुआ, मध्यवर्ती (क्षेत्र); ३.शून्यीकृत। **voidly** क्रि० वि० व्यर्थ करते हुए, खाली करते हुए। **voidness** सं० रीतापन, खालीपन, व्यर्थता।

voile (voil) [F., veil] सं० बारीक, पतला अर्द्ध-पारदर्शी सूती ऊनी या रेशमी का कपड़ा ।

vola (vō' lä) [L., palm, sole] स० (बहु० **-læ**, -le) स० १ हथेली, २ तलवा। **volar** वि० (श० वि०) हथेली का, तलवा का।

volant (vol' ănt) [F., pres. p. of *voler*, see VOL] वि० १. (प्राणि०) उड़ता हुआ, २. उड़ने योग्य; ३. (वंश चिह्न विज्ञान) उड़ता दिखाया हुआ; ४. (काव्य०) फुर्तीला, तेज, चुस्त।

Volapük (vō la pook') [Volapük (*vol*, world, *pük*, speech)] स० वालपूक, जे० एo ईग्नर द्वारा १८७९ ई० के लगभग खोजी हुई कृत्रिम अंतर्राष्ट्रीय भाषा। **Volapukist** स० वोलयूक भाषा का समर्थक।

volatile (vol' ă til) [F. *volatil*, fem. *-tile*, L. *voltilis*, from *volāre*, to fly, p.p. *volātus*] वि० १. उड़वायी, शीघ्र वाष्प रूप हो जाने वाला, वाष्पशील* (वि० १ भी), २. (ला०) चंचल, सजीव, प्रफुल्लित, क्रियादिन, परिवर्तनशील (~wit, writer)। **volatileness, volatility** स० १. वाष्पशीलता* (वि० १ भी); २. जिंदादिली। **volatilize** (vo lăt' i liz) क्रि० स० और अ० १. भाप बन जाना या बना देना, वाष्प-रूप होना या करना; २. (वि० १) वाष्पित करना* वाष्पित होना*। **volatilizable** वि० वाष्प या भाप बन जाने योग्य। **volatilization** सं० वाष्पीकरण* (कृ०, वि० १ भी)।

volcano (vol kā' nō) [It., from L. *volcānus*, VULCAN] सं० ज्वालामुखी (पर्वत)* (वि० १ भी)। **volcanic** (vol kăn' ik) वि० ज्वालामुखी संबंधी, ज्वालामुखी का, ज्वाला मुखीय* (वि० १ भी)। **volcanically** क्रि० वि० ज्वालामुखी की तरह से। **volcanicity** सं० ज्वालामुर्खीपन। **volcanism** सं० ज्वालामुखीपना। **volcanist, volcanologist** स० ज्वालामुखी पर्वत संबंधी विषयों को जानने वाला। **volcanological** वि० ज्वालामुखी की विद्या संबंधी। **volcanology** सं० ज्वालामुखी पर्वत संबंधी विद्या*/ ज्वालामुखी विज्ञान (वि० १)*।

vole[1] (vōl) [F. *volet*, L. *volāre*. to fly] स० (ताश के कुछ खेलों में) हर प्रकार की चालों पर विजय। क्रि० अ० हर प्रकार की चालों को मात कर देना।

vole[2] (vōl) [shortened from *vole-mouse* (cp. Icel. *vollr*, Norw. *voll*, Swed. *vall*, field, cogn. with WOLD)] सं० चास*/ बोलमूषक* |(कृ० भी), चूहे की तरह का एक जानवर। **water-~** वाटर वोल, बड़े आकार का वोल।

volet (vol' ā) [O.F., shutter, from *voler*, see VOLE[1])] सं० विंग, चौकोर तख्ता, चित्रकार का काष्ठ-फलक।

